

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

❊ जन्मदिवस 19–03–1971 ❊ मुनिदीक्षा–11–05–1989 ❊ आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)



माणक हिन्दी कोश

भाग 2



प्रधान सम्पादक
रामचन्द्र वर्मा

प्रकाशक
हिन्दी साहित्य सम्मेलन
प्रयाग (उत्तरप्रदेश)

(परम्परानायक)



परम पूज्य **चारित्र–चक्रवर्ती,**
आचार्यश्री **आदिसागर** जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)



परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)



परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, **आचार्यश्री** सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

शब्द-संख्या—२११२७

मानक हिन्दी कोश

[हिन्दी भाषा का अद्यतन, अर्थ-प्रधान और सर्वांगपूर्ण शब्द-कोश]

दूसरा खंड

[ख—त]

प्रधान सम्पादक
रामचन्द्र वर्म्मा
सहायक सम्पादक
बदरीनाथ कपूर, एम. ए., पी-एच. डी.

हिन्दी साहित्य सम्मेलन • प्रयाग

प्रकाशकीय

हिन्दी के प्रेमियों और सेवियों के सामने मानक हिन्दी कोश का यह द्वितीय खण्ड प्रस्तुत करते हुए हमें विशेष प्रसन्नता है। इसके प्रथम खण्ड के प्रकाशकीय वक्तव्य तथा सम्पादक के "आरम्भिक निवेदन" में इस कोश के उद्देश्य तथा प्रयोजन के विषय में सब बातें यथासम्भव विस्तार से कह दी गयी हैं। हिन्दी जैसी जीवित और विकास की ओर गतिशील भाषा के कोश का प्रणयन कभी सर्वथा सर्वांगपूर्ण नही हो सकता। राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित हुए हिन्दी को अभी थोड़ा ही समय हुआ है। पिछले कुछ वर्षों मे तीव्र गति से हिन्दी में नये शब्द आये हैं। पिछली कुछ सदियों से जिन कतिपय विदेशी भाषाओं का सम्पर्क हिन्दी से रहा है उनसे कही अधिक विदेशी भाषाओं से हिन्दी का सम्पर्क अब होने लगा है। अपने देश की सहोदरा भाषाओं से भी हिन्दी का सम्पर्क अब बढ़ने लगा है। जब हम यह चाहते हैं कि कम से कम समस्त भारत के लोग अन्तरप्रादेशिक विचार-विनिमय और भावाभिव्यक्ति के लिए हिन्दी का माध्यम अपनावें, तब इसकी कल्पना करना कठिन नहीं है कि हम हिन्दी के क्षेत्र को कितना व्यापक बना रहे हैं। हिन्दी की उप-भाषाओं के बहुसंख्यक सेवक भी अपनी रचनाओं से हिन्दी के शब्द-भण्डार की अभिवृद्धि कर रहे हैं। ऐसी अवस्था में हिन्दी के सर्वांगपूर्ण कोश के प्रणयन का यह कार्य सूत्रपात्र मात्र कहा जायगा।

हमें खेद है कि प्रथम खण्ड के प्रकाशित होने के तुरन्त बाद द्वितीय खण्ड प्रकाशित न हो सका। इस बीच कुछ समय बीत गया। मानक हिन्दी कोश को पाँच खण्डों में प्रकाशित करने का विचार है। हम प्रयास कर रहे हैं कि आगे के सब खण्ड शीघ्र प्रकाशित हो जायँ।

प्रथम खण्ड के प्रति हिन्दी के मनीषी विद्वानों तथा अन्यान्य हिन्दी-प्रेमियों ने जो सद्भाव प्रकट किये हैं उसके लिए हम उनके कृतज्ञ हैं।

हम इस कोश के प्रधान सम्पादक, उनके सहयोगी तथा अन्य ऐसे सभी लोगों के प्रति कृतज्ञ हैं जिन्होंने इसके मुद्रण और प्रकाशन में विशेष योगदान किया है। सम्मेलन मुद्रणालय के प्रबन्धक और कर्मचारी अपने ही हैं फिर भी उन्हें साधुवाद देना आवश्यक है क्योंकि कठिन परिस्थिति में विशेष सतर्कता के साथ उन्होंने इसके मुद्रण का कार्य सम्पन्न किया है।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन
प्रयाग

गोपालचन्द्र सिंह
सचिव, प्रथम शासन निकाय

संकेताक्षरों का स्पष्टीकरण

अं०—अंगरेजी भाषा
अ०—(कोष्ठक में) अरबी भाषा
अ०—(कोष्ठक से पहले) अकर्मक क्रिया
अज्ञेय—स० ह० वात्स्यायन
अनु०—अनुकरणवाचक शब्द
अप०—अपभ्रंश
अर्द्ध० मा०—अर्द्ध-मागधी
अल्पा०—अल्पार्थक
अ० य०—अव्यय
आस्ट्रे०—आस्ट्रेलिया के मूल निवासियों की बोली
इब०—इबरानी भाषा
उग्र—पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'।
उदा०—उदाहरण
उप०—उपसर्ग
उभय०—उभयलिंग
कबीर—कबीरदास
कश०—कश्मीरी भाषा
केशव०—केशवदास
कोंक०—कोंकणी भाषा
कौ०—कौटिलीय अर्थ-शास्त्र
क्रि०—क्रिया
क्रि० प्र०—क्रिया प्रयोग
क्रि० वि०—क्रिया विशेषण
क्व०—क्वचित्
गुज०—गुजराती भाषा
चन्द्र०—चन्द्रवरदाई
जायसी—मलिक मुहम्मद जायसी
जावा०—जावा-द्वीप की भाषा
ज्यो०—ज्योतिष
डि०—डिंगल भाषा
ढो० मा०—ढोल मारू रा दूहा
त०—तमिल भाषा
ति०—तिब्बती
तु०—तुरकी भाषा
तुलसी—गोस्वामी तुलसीदास
ते०—तेलगु भाषा
दादू—दादूदयाल
दिनकर—रामधारी सिंह 'दिनकर'
दीनदयालु—कवि दीनदयालु गिरि
दे०—देखें
देव—देव कवि
देशा०—देशज
द्विवेदी—महावीरप्रसाद द्विवेदी
नपुं०—नपुंसक लिंग
नागरी—नागरीदास
निराला—प० सूर्यकान्त त्रिपाठी
ने०—नेपाली भाषा
पं०—पंजाबी भाषा
पद्माकर—पद्माकर कवि
पन्त—सुमित्रानन्दन पन्त
पर्या०—पर्याय
पा०—पाली भाषा
पुं०—पुंलिंग
पु० हिं०—पुरानी हिन्दी
पुर्त्त०—पुर्त्तगाली भाषा
पू० हिं०—पूर्वी हिन्दी
पैशा०—पैशाची भाषा
प्रत्य०—प्रत्यय
प्रसाद—जयशंकर प्रसाद
प्रा०—प्राकृत भाषा
प्रे०—प्रेरणार्थक क्रिया
फा०—फारसी भाषा
फ्रां०—फ्रांसीसी भाषा
बंग०—बंगाली भाषा
बर०—बरमी भाषा
बहु०—बहुवचन
बिहारी—कवि बिहारीलाल
बुं० खं०—बुंदेलखंडी बोली
भारतेन्दु—भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
भाव०—भाववाचक संज्ञा

भू० कृ०—भूत कृदन्त
भूषण—कवि भूषण त्रिपाठी
मतिराम—कवि मतिराम त्रिपाठी
मल०—मलयालम भाषा
मि०—मिलावें
मुहा०—महावरा
यहू०—यहूदी भाषा
यू०—यूनानी भाषा
यौ०—यौगिक पद
रघुराज—महाराज रघुराज सिंह, रीवां-नरेश
रसखान—सैयद इब्राहीम
रहीम—अब्दुर्रहीम खानखानां
राज० त०—राजतरंगिणी
लश०—लश्करी बोली अर्थात हिंदुस्तानी जहाजियों की बोली
लै०—लैटिन भाषा
व० वि०—वर्ण-विपर्यय
वि०—विशेषण
वि० दे०—विशेष रूप से देखें
विश्राम—विश्रामसागर
व्या०—व्याकरण
शृं०—शृंगार सतसई
सं०—संस्कृत भाषा
संयो०—संयोजक अव्यय
संयो० क्रि०—संयोज्य क्रिया
स०—सकर्मक क्रिया
सर्व०—सर्वनाम
सिं०—सिन्धी भाषा
सिंह०—सिंहली भाषा
सूर—सूरदास
स्त्री०—स्त्रीलिंग
स्पे०—स्पेनी भाषा
हरिऔध—पं० अयोध्यासिंह उपाध्याय
हिं०—हिन्दी भाषा

*यह चिह्न इस बात का सूचक है कि यह शब्द केवल पद्य में प्रयुक्त होता है।
†यह चिह्न इस बात का सूचक है कि इस शब्द का प्रयोग स्थानिक है।

संस्कृत शब्दों की व्युत्पत्ति के संकेत

अत्या० स०—अत्यादि तत्पुरुष समास (प्रा० स० के अन्तर्गत)
अव्य० स०—अव्ययीभाव समास
उप० स०—उपपद समास।
उपमि० स०—उपमित कर्मधारय समास।
कर्म० स०—कर्मधारय समास
च० त०—चतुर्थी तत्पुरुष समास।
तृ० त०—तृतीया तत्पुरुष समास।
द्व० स०—द्वन्द्व समास
द्विगु स०—द्विगु समास
द्वि० त०—द्वितीया तत्पुरुष समास
न० त०—नञ्तत्पुरुष समास
न० ब०—नञ्बहुव्रीहि समास
नि०—निपातनात् सिद्धि
पं० त०—पञ्चमी तत्पुरुष समास
पृषो०—पृषोदरादित्वात् सिद्धि
प्रा० ब० स०—प्रादि बहुव्रीहि समास
प्रा० स०—प्रादि तत्पुरुष समास
ब० स०—बहुव्रीहि समास
बा०—बाहुलकात्
मयू० स०—मयूरव्यंसकादित्वात् समास
शाक०—शाकपार्थिवादित्वात् पररूप
ष०त० —षष्ठी तत्पुरुष समास
स० त०—सप्तमी तत्पुरुष समास
√—यह धातु चिह्न है।

विशेष—पृषो०, नि० और बा० ये तीनों पाणिनीय व्याकरण के संकेत हैं। इनके अर्थ हैं, 'पृषोदर' आदि शब्दों की भाँति, 'निपातन' (बिना किसी सूत्र-सिद्धान्त) से और 'बाहुलक' (जहाँ जैसी प्रवृत्ति देखी जाय वहाँ उस प्रकार) से शब्दों की सिद्धि। जिन शब्दों की सिद्धि पाणिनीय सूत्रों से संभव नहीं होती उनकी सिद्धि के लिए उपर्युक्त विधियों का प्रयोग किया जाता है। इन विधियों से किसी शब्द को सिद्ध करने के लिए वर्णों के आगम, व्यत्यय, लोप आदि आवश्यकतानुसार किये जाते हैं।

मानक हिन्दी कोश

दूसरा खण्ड

ख

ख—देवनागरी लिपि में क वर्ग का दूसरा अक्षर जो अघोष, स्पृष्ट तथा महाप्राण है और कंठ से उच्चरित होता है।

ख—पु० [स०√खन् (खोदना)+ड] १. गड्ढा। २ शून्य स्थान। ३. आकाश। ४. निकलने का मार्ग। निकास। ५. छेद। सूराख। ६. बिल। बिवर। ७ ज्ञानेन्द्रिय। ८. कूँआ। ९ तीर से उगा हुआ घाव। १०. नगर। शहर। ११. मुख। १२. गले की वह नाली जिससे प्राणवायु आती-जाती है। श्वासनलिका। १३. गाड़ी के पहिये की नाभि का छेद जिसमे धुरा रहता है। आखा। १४ जन्म-कुंडली मे लग्न से दसवाँ स्थान। १५ बिंदु। निफर। १६. सूर्य। १७. शब्द। १८. क्षेत्र। १९. कर्म। काम। २० अभ्रक।

खंक†—वि० [स० कंकाल] दुर्बल। बलहीन।
वि० दे० 'खुनखा'।

खंकर—पु० [स०√खन् (खोदना)+क्विप्√कृ (बिखेरना)] अपने-कर कर्म० स०] बालों की लट। अलक।

खंख—वि० [स० कंक] १ छूछा। खाली। रिक्त। २. उजाड़। ३. सुनसान। ४ दरिद्र। निर्धन।

खंखणा—स्त्री० [सं०] घंटी, घुघरू आदि के बोलने का शब्द।

खंखर*—पु० खकर।
वि०=खख।

खंखरा†—पु० [देश०] १. तांबे का बड़ा देग। २ बाँस का बड़ा टोकरा।
वि०=खाँखर (खोखला)।

खंखार—पु०=खखार।

खंखारना—अ०=खखारना।

खंग—पु० [सं० खड्ग] १. तलवार। २. गैंडा।

खंगड़ा†—वि० [?] १. उजड्ड। २. उद्दंड।
पुं० दे० 'अंगड़-खंगड़'।

खंगना†—अ० [सं० क्षय] कम होना। घटना। छीजना।

खंगर—पुं० [देश०] १. एक साथ चिपकी और पकी हुई कई ईंटें या उनके टुकड़े।
वि० १. सूखा। शुष्क। २. दुबला-पतला। क्षीण।
मुहा०—खंगर लगना=सूखा नामक रोग होना, जिससे शरीर दिन पर दिन दुबला होता जाता है।

खंगवा—पुं० [देश०] पशुओं के खुर पकने का एक रोग।

खंगहा—वि० [हि० खाँग+हा (प्रत्य)] (पशु) जिसे खाँग हो या निकला हो।
पु० १ गैंडा। २. सूअर। ३. मुर्गा।

खंगारना—स०=खँगालना।

खंगालना—स० [सं० क्षालन, गु० खखाडवुं, मरा० खगड़णे] १. किसी पात्र के अदर पानी डालकर उसे हिला-डुलाकर थोड़ा धोना। २. पानी से भरे हुए बरतन में कोई चीज डुबाकर उसे हलका या थोड़ा धोना। ३ ऐसा काम करना कि किसी के घर की चीजें निकालकर इधर-उधर हो जायँ। चालाकी से सब कुछ ले लेना या नष्ट कर देना। ४ अंदर की चीज हिला-डुलाकर बाहर निकालना।

खंगी—स्त्री० [हि० खँगना] खँगने अर्थात् कम होने या छीजने की अवस्था, क्रिया या भाव। कमी। छीज।

खंगैल—वि० [हि० खाँग] १. (पशु) जो खाँग या लंबे दाँतों से युक्त हो। जैसे—गैंडा, हाथी आदि। २. (पशु) जो खँगवा रोग से पीड़ित हो।

खंगौरिया†—स्त्री०=हँगली (गहना)।

खंघारना†—स०=खँगालना।

खंचना†—अ० [हि० खाँचना] १. खाँचा जाना। २ अंकित या चिह्नित होना।
अ० [हि० खाँची] पूरी तरह से भरा हुआ होना।
†अ०=खिचना।

खंचाना—स० [हि० खाँचना] १. किसी से खाँचने (अंकित करने) का काम कराना।
मुहा०—अपनी खँचाना=अपने मतलब या स्वार्थ की बात कहते चलना; दूसरे की न सुनना।
२. दे० 'खाँचना'।

खंचिया†—स्त्री०=खाँची (टोकरी)।

खंचुला†—पुं०=खाँचा (बड़ा टोकरा)।

खंचैया†—वि० [हि० खाँचना] खाँचनेवाला।

खंज—पु० [स०√खञ्ज् (लँगड़ाना)+अच्] पैर और जाँघ की नसों को जकड़ लेनेवाला एक वात-रोग, जिससे रोगी उठने-बैठने या चलने में असमर्थ हो जाता है।
वि० १. जिसे उक्त रोग हुआ हो। २. पंगु। लँगड़ा।
†पुं०=खंजन (पक्षी)।

खंजक—वि० [सं० खञ्ज+कन्] १. जो खंज रोग से पीड़ित हो। जिसे खंज रोग हुआ हो। २. पंगु। लँगड़ा।

पु० [?] एक प्रकार का वृक्ष जिसमें से रूमीमस्तगी की तरह का गोंद निकलता है।

खंजकारि—पु० [खंजक-अरि ष० त०] खेसारी।

खंजखेट—पु० [स० खञ्ज√खिट् (गति)+अच्]=खंजन (पक्षी)।

खंजड़ी—स्त्री०=खंजरी।

खंजन—पु० [स०√खञ्ज्+ल्यु—अन] १ काले या मटमैले रंग की और लंबी पूँछवाली एक प्रसिद्ध चिड़िया जो बहुत ही चंचल होती और बराबर इधर-उधर बैठती-उठती रहती है।

विशेष—इसी चंचलता के कारण कविगण इसकी उपमा चंचल नेत्रों से देते हैं।

२. उक्त पक्षी के रंग का घोड़ा। ३ गगोदक नामक वर्णवृत्त का दूसरा नाम।

खंजनक—वि० [स० खंजन+कन्] १. जिसे खंज रोग हुआ हो। २ लँगड़ा।

खंजन-रति—पुं० [उपमित स०] (खंजन पक्षी की तरह का) ऐसा गुप्त सभोग जिसका जल्दी किसी को पता न चले।

खंजना—स्त्री० [स० खञ्ज+यच्+विषृ—टाप्]=खंजनिका।

खंजनासन—पुं० [सं० खंजन-आसन. उपमित स०] उपासना के लिए एक प्रकार का आसन। (तंत्र)

खंजनिका—स्त्री० [सं० खंजन+ठन्—इक, टाप्] दलदल में रहनेवाली खंजन की जाति की एक चिड़िया। सर्पिणी।

खंजर—पु० [फा०] [स्त्री० अल्पा० खंजरी] एक प्रकार की छोटी तलवार। कटार।

खंजरी—स्त्री० [सं० खंजरीट=एक ताल] एक प्रकार की छोटी डफली।

खंजरी—स्त्री० [फा० खंजर] १. एक प्रकार का छोटा खंजर। कटार। २. एक प्रकार का कपड़ा जिस पर उक्त के आकार की धारियाँ होती है।

खंजरीट—पु० [स० खञ्ज√ऋ (गति)+कीटन्] १. खंजन या खँडरिच नामक पक्षी। २. संगीत में एक प्रकार का ताल।

खंजा—स्त्री०[स० √खञ्ज्+अच्—टाप्] एक अर्द्धसम वर्णिक छंद जिसके विषम चरणों में ३० लघु और एक गुरु तथा सम चरणों में २८ लघु और एक गुरु होता है।

खंड—पु० [स०√खंड् (टुकड़ा करना)+घञ्] १. किसी टूटी या फूटी हुई वस्तु का कोई अंश। टुकड़ा। २. किसी संपूर्ण वस्तु का कोई विशिष्ट भाग या विभाग। जैसे—रामायण का तृतीय खंड। ३ किसी इमारत या भवन का कोई मंजला या मंजिल। (स्टोरी) ४. किसी धारा या उपधारा का कोई स्वतंत्र अंश। ५. कुछ विशेष कार्यों के लिए व्यवस्थित रूप से किया हुआ विभाग। ६. पुराणों के अनुसार पृथ्वी के नौ मुख्य विभाग जो इस प्रकार है.—भरत, इलावृत, किंपुरुष, भद्र, केतुमाल, हरि, हिरण्य, रम्य और कुरु। ७ उक्त के आधार पर नौ की संख्या का सूचक शब्द। ८ किसी राज्य का कोई प्रदेश या प्रांत। ९. कच्ची चीनी। खाँड़।

पु० [स० खड्ग] खाँडा नाम का शस्त्र। उदा०—किक्क मग्ग रह पाइ किक्क खल खडणि खडे।—चंदवरदाई।

वि० [खड+अच्] १. खंडित। अपूर्ण। विकलांग। विभक्त। २. लघु या छोटा।

खंड-कंद—पुं० [कर्म० स०] शक्करकंद।

खंडक—वि० [सं०√खंड+ण्वुल्—अक] १. खंड या विभाग करनेवाला। २. खंडन करनेवाला।

पु० [खंड+क] १ खाँड या मिसरी। २ नाखूनोंवाला प्राणी।

खंड-कथा—स्त्री० [कर्म० स०] १. कोई अधूरी या छोटी कहानी। कथा या कहानी का टुकड़ा या भाग। २ प्राचीन भारतीय साहित्य में, करुण रस प्रधान एक प्रकार की कथा या कहानी जिसमें ब्राह्मण या मंत्री नायक होता था और जिसमें प्रायः विरह का वर्णन होता था। ३. परवर्ती काल में और आज-कल भी उपन्यास का वह प्रकार या भेद जिसके प्रत्येक खंड या भाग में अलग-अलग छोटी कहानियाँ होती हैं।

खंड-काव्य—पु० [कर्म० स०] ऐसी पद्यबद्ध रचना जिसमें किसी महापुरुष या विशिष्ट व्यक्ति के जीवन की किसी एक या कुछ महान् घटनाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन होता है। जैसे—मेघदूत, सिद्धराज।

खंड-ग्रहण—पु० [कर्म० स०] वह ग्रहण जिसमें सूर्य या चंद्रमा के सारे बिंब पर छाया न पड़े, कुछ ही अंश पर छाया पड़े। 'खग्रास' का विरुद्धार्थक। (पार्शल इक्लिप्स)

खँडचिला—पु० [देश०] मान की एक जाति। उदा०—औ सवार तिलक खँडचिला।—जायसी।

खंडज—पु० [स० खंड√जन् (उत्पन्न होना)+ड] एक प्रकार की शक्कर या गुड़।

खंडत†—वि० खंडित।

खंड-ताल—पु० [कर्म० स०] संगीत में, एक प्रकार का ताल।

खंड-धारा—स्त्री० [ष० स०] कैंची। कतरनी।

खंडन—पु० [सं०√खंड्+ल्युट्—अन] १. खंड-खंड अथवा टुकड़े-टुकड़े करने की क्रिया या भाव। २. विभक्त या विभाजित करना। हिस्सों में बाँटना। ३. कही हुई कोई बात अथवा प्रतिपादित किये हुए सिद्धांत के दोष दिखलाकर उसे अमान्य या गलत ठहराना। (कन्ट्राडिक्शन) ४ अपने संबंध में किसी द्वारा लगाये गये आरोप या अभियोग का निराकरण करते हुए उसे झूठा सिद्ध करना। (रेप्यूटेशन) ५ नृत्य में, मुँह या होंठ इस प्रकार चलाना जिससे खाने, पड़ने, बड़बड़ाने आदि का भाव प्रकट होता हो। ६. कार्य की सिद्धि में होनेवाली बाधा अथवा इससे उत्पन्न निराशा। ७. विद्रोह या विरोध।

वि० खंड या टुकड़े करनेवाला।

खंडनक—वि० [स० खंडक] १. खंड या टुकड़े करनेवाला। २. खंडित करनेवाला। ३. जिससे कोई तर्क या बात खंडित होती है। ४ कोई ऐसी परस्पर विरोधी बात जिससे अपने ही पक्ष का खंडन होता हो। (कन्ट्रेडिक्टरी)

खंडन-मंडन—पु० [द्व० स०] किसी बात या सिद्धांत के पक्ष तथा विपक्ष अथवा उसकी अच्छाई तथा बुराई दोनों के संबंध में दोनों पक्षों का कुछ कहना।

खंडना*—स० [सं० खंडन] १. खंड या टुकड़े करना। तोड़ना। २. हिस्से लगाना। ३. मत, सिद्धांत आदि का खंडन करना और उसे अयुक्त सिद्ध करना।

खंडनी—स्त्री० [सं० खंड] १. मध्ययुग में, वह कर जो राज्य बड़े जमींदारों और राजाओं से लेता था। २. किस्त। ३. खंडी।

खंडनीय—वि० [सं०√ खंड्+अनीयर्] १. जो तोड़े-फोड़े जाने के योग्य हो। २. (मत या सिद्धान्त) जिसका खंडन होना आवश्यक और उपयुक्त हो।

खंड-पति—पु०[ष० त०] राजा।

खंड-परशु—पुं०[ष० स०] १. महादेव। शिव। २. विष्णु। ३. परशुराम। ४. राहु। ५. टूटे हुए दाँतोंवाला हाथी।

खंडपाल—पु० [स०खंड√पाल् (बचाना)+णिच्+अण्] हलवाई।

खँडपूरी—स्त्री०[हि० खाँड+पूरी] एक प्रकार की मीठी पूरी जिसमें मेवे आदि भरे रहते हैं।

खंड-प्रलय—पु०[ष० त०] वह प्रलय जिसमें पृथ्वी को छोड़कर सृष्टि का और कोई पदार्थ बाकी नहीं रह जाता और जो एक चतुर्युगी अथवा ब्रह्मा का एक दिन बीत जाने पर होता है।

खड-प्रस्तार—पु०[ष० स०] संगीत में एक प्रकार का ताल।

खड-फण—पु०[ष० स०] साँप की एक जाति।

खँडबरा—पु०[हि० खाँड+बरा] १. एक प्रकार का पकवान। मीठा बड़ा। २ मिसरी का लड्डू। खँडौरा।

खंड-मेरु—पु०[ब० स०] छंद शास्त्र में प्रस्तार के अंतर्गत मेरु नामक प्रक्रिया या रीति का एक अंग या विभाग।

खंड-मोदक—पु०[मध्य० स०] गुड़।

खंडर†—पु०=खँडहर।

खँडरना *—स०[स० खण्डन] १. खड-खंड या टुकड़-टुकड़े करना। उदा०—ताहि गियपुत्र तिल-तूल सम खंडरै।—केशव। २ =खंडना (खंडन करना)।

खँडरा—पु०[सं० खड+हि० बरा] १. एक प्रकार का मीठा बड़ा। २. बेसन का बना हुआ बड़ा।

खंडरिच—पुं०=खंजन (पक्षी)।

खंडल—पुं०[स० खंड√ला (लेना)+क] खड धारण करनेवाला।
†पु० खंड। (डिं०)

खंडल छोर†—पुं०[हि० खाँड+छोरना=खोलना] बुंदेलखंड में होली के दिनों में होनेवाली एक प्रकार की प्रतियोगिता जिसमें बाँस के ऊपरी सिरे पर बँधा हुआ गुड़ और रुपया खोल लाने का प्रयत्न किया जाता है।

खंड-लवण—पु०[कर्म० स०] काला नमक।

खंडला—पु०[सं० खंड] छोटा खड या टुकड़ा। कतला।
†पुं०=खँडेरा।

खंडवारा—पु०=खँडेरा (बड़ा)।

खंड-वर्षा—स्त्री०[कर्म० स०] ऐसी वर्षा जो रह-रह अथवा रुक-रुककर हो अथवा नगर के किसी एक भाग में तो हो और दूसरे भाग में न हो।

खँडवानी—स्त्री० [हि० खाँड+पानी] १. पानी में खाँड आदि घोलकर बनाया हुआ शर्बत। २. बरातियों के पास भेजा जानेवाला जलपान और शर्बत।

खंड-विकार—पुं०[ष० त०] खाँड से बनी हुई चीनी या सफेद शक्कर।

खंड विला—पुं०[?] एक प्रकार का धान और उसका चावल।

खंड-वृष्टि—स्त्री०=खंड वर्षा।

खंड-व्यायाम—पुं०[ब० स०] ऐसा नृत्य जिसमें केवल कमर और पैरों को गति देते हैं।

खंडशः (स्)—अ० य० [सं० खंड+शस्] खंडों के रूप में। खंड-खंड करके।

खंड-शर्करा—स्त्री०[उपमित स०] १. खँडसारी। चीनी। २. मिसरी।

खंड-शीला—स्त्री०[ब० स०, टाप्] १. वह युवती जिसका कौमार्य खंडित हो चुका हो। २. दुश्चरित्रा स्त्री। ३. वेश्या।

खंडसार—पुं०[सं० खंड+सृ (गति)+अच्] चीनी।

खँडसार—स्त्री०[सं० खंड+शाला] वह कारखाना जहाँ पुराने देशी ढंग से चीनी बनती है।

खँडसारी—स्त्री० [देश०] खँडसार में बनी हुई अर्थात् देशी चीनी।

खँडसाल—पुं०=खँडसार।

खँडहर—पुं०[सं० खंड+हि० घर] १. वह स्थान जिस पर बनी हुई इमारत या भवन खड-खंड होकर गिरा पड़ा हो। गिरे या टूटे हुए मकान का बचा हुआ अंश। २. चित्रकला में, किसी चित्र में का वह स्थान जो भूल से खाली छूट गया हो और जिसमें सौंदर्य के विचार से कुछ अंकित होना आवश्यक तथा उचित हो।

खंडा†—पुं०[सं० खंड] चावल का छोटा टुकड़ा। किनकी।
†पु०=खाँडा (शस्त्र)।

खंडाभ्र—पुं०[स० खंड-अभ्र कर्म० स०] १. दाँतों का एक रोग। २. बिखरे हुए बादल।

खंडाली—स्त्री०[सं० खंड-आ√ला (लेना)+क-ङीष्] १. तेल नापने का एक परिमाण। २. वह स्त्री जिसका पति धर्मद्रोही हो। ३. छोटा तालाब। ताल।

खंडिक—पुं०[सं० खंड+ठन्—इक] १. वह विद्यार्थी जो किसी ग्रन्थ के विभिन्न विभागों का अलग-अलग अध्ययन करता हो। २. एक प्राचीन ऋषि। ३. काँस।

खंडिका—स्त्री०[सं० खंडिक+टाप्] १. दे० 'खंडिक'। २. किसी देय राशि का वह अंश जो किसी एक निश्चित समय पर दिया जाय अथवा दिया जाने को हो। किस्त। (इन्स्टालमेन्ट)

खंडित—वि०[स० √खंड्+क्त] १. (वस्तु) जिसका कोई अंश या भाग उसमें कट या टूटकर अलग हो गया हो। जैसे—खंडित भारत, खंडित मूर्ति। २. (कुमारी) जिसका कौमार्य नष्ट हो चुका हो। ३. जो पूरा न हो। अपूर्ण। ४. (विचार या सिद्धान्त) जिसकी त्रुटियाँ या दोष दिखलाकर खंडन किया गया हो और उसे गलत ठहराया गया हो।

खंडित-विग्रह—वि० [ब० स०] विकलांग।

खंडित-व्यक्तित्व—पुं० [सं० ष० स०] मनोविज्ञान में, प्रबल मानसिक संघर्ष के कारण उत्पन्न होनेवाली ऐसी मानसिक स्थिति जिसमें मनुष्य का अपनी चेतना-शक्ति पर पूरा-पूरा अधिकार नहीं रह जाता। (स्प्लिट पर्सनैलिटी)

खंडिता—स्त्री०[सं० खंडित+टाप्] साहित्य में वह नायिका जो रात भर अन्यत्र पर-स्त्री गमन करनेवाले अपने प्रिय को प्रात: पर-स्त्री-संसर्ग के चिह्नों से युक्त देखकर दुखी होती हो। इसके कई भेद हैं—मुग्धा खंडिता, मध्या खंडिता, प्रौढ़ा खंडिता, आदि आदि।

खंडिनी—स्त्री०[सं० खंड+इनि—ङीप्] पृथिवी।

खँडिया—पुं०[सं० खंड+हि० इया (प्रत्य०)] वह जो कोल्हू में पेरने के लिए गन्नों के खंड-खंड करता या गँड़ेरियाँ बनाता हो।

†पु० =खंड (टुकड़ा)।

खंडी†—स्त्री० [सं० खंड] १. गाँव के आस-पास के बुर्जों का समूह। २. राज-कर। ३. चौथ नामक कर जो मराठे वसूल करते थे। ४. लगान या किराये की खड़िका। किस्त।

मुहा०—खंडी करना—=किस्त बाँधना।

खंडुआ†—पु०[हिं० खंड]१. कुआँ जिसकी बँधाई पत्थर के ढोकों से हुई हो। २. दे० 'कंडुआ'।

खंडेश्वर—पु०[सं० खंड-ईश्वर, ष० त] एक खंड (देश) का स्वामी। राजा।

खँडौरा†—पु०[हिं० खाड़+औरा (प्रत्य०)] १ मिसरी का लड्डू। २ ओला।

खँडौरी†—स्त्री०[स० खंड] कूटे हुए चावल के टूटे कण।

खंतरा—पु०[स० अन्तर] १. दरार। खोडरा। २ अंतराल। कोना।

खंता†—पुं०[सं० खनित्र] [स्त्री० अल्पा० खंती] १ जमीन खोदने का उपकरण। जैसे—कुदाल, फावड़ा आदि। २. वह गड्ढा जिसमें से कुम्हार बर्तन बनाने के लिए मिट्टी निकालते हैं। ३. गड्ढा। गर्त्त।

खंति—स्त्री०[हिं०] १ इच्छा। उदा०—जब देहीं तब पूजिहैं, जो मन मंझहु खंति।—चन्दबरदाई। २. चतुरता। ३. चसका। उदा०—खंति लागी त्रिभुवनपति खेड़ै।—प्रिथीराज।

स्त्री०[हिं० खंता] एक जाति जो जमीन खोदने का काम करती है।

खंदक—पु०[अ०] १ किसी गढ, भवन या महल के चारों ओर रक्षा के लिए बनाई हुई चौड़ी तथा गहरी नाली। खाई। २. बहुत बड़ा तथा गहरा गड्ढा। ३. दो बातों या मतों के बीच का बहुत बड़ा अन्तर।

खंदना†—स० =खोदना।

खंदा†—पु०=खंता।

खँदाना†—स० =खुदवाना।

खंदोली—स्त्री०[हिं० खटोली] बच्चे का बिछौना।

खँधवाना—स० [हिं० खाली]=खंदाना (खुदवाना)।

स० [?] खाली कराना।

खंधा—पु०[स० स्कंधक] आर्यागीति नामक छंद।

†पु० १. =खंडिका। २ =कंधा।

खंधार—पु०[सं० खंडाधीश] १ राजा। २. मालिक। स्वामी। उदा०—पड खड का सील्या खधार।—नरपति नाल्ह। ३. छावनी। शिविर।

२. =कधावार (छावनी)। उदा०—उहाँ त लूसौं कटक खँधारू। —जायसी।

†पुं० १. =कांधार।

खंधारी†—वि० =कधारी।

खंधासाहनी—स्त्री० =खंधा (छंद)।

खँधियाना†—स०[?] (पदार्थ को पात्र में से) बाहर गिराना या निकालना। खाली करना।

खंबायची, खंबायती—स्त्री० =खम्भाच।

खंभ—पु०[स० स्कंभ, प्रा० खंभ] १. स्तंभ। खंभा। २. किसी चीज को पकड़े या रोके रहनेवाला सहारा।

खंभा—पु०[सं० स्कम्भ] १. ईंट, पत्थर, लकड़ी, लोहे आदि की बनी हुई गोल या चौकोर रचना जिस पर छत आदि टिकी रहती है।

२. ऐसा आधार जो अपने ऊपर कोई बड़ी या भारी चीज लिये या सँभाले हुए हो।

खंभात—पुं० [स० स्कभावती] गुजरात का वह पश्चिमी प्रांत या भाग जो इसी नाम की खाड़ी के किनारे है।

खंभायची काम्हड़ा—पुं०=खम्भाच काम्हडा।

खँभार†—पु०[स० क्षोभ, प्रा० खोभ] १. क्षोभ। २. घबराहट। बेचैनी। ३. भय या उसके कारण होनेवाली चिंता। आशंका। ४. खेद, रंज या शोक।

†पु०=गभारी (वृक्ष)।

खंभारी—स्त्री०[स० काश्मरी, प्रा० कम्हरी] =गंभारी।

खंभावती—स्त्री०[सं० स्कभावती] ओड़व संपूर्ण जाति की एक रागिनी जो रात के दूसरे पहर में गाई जाती है।

खँभिया†—स्त्री० [हिं० खंभा] १. खंभा का अल्पार्थक रूप। छोटा या पतला खंभा। २. खूँटा।

खंभेली†—स्त्री०=खँभिया।

खँवें—स्त्री० [सं० खं] जमीन में खोदा हुआ वह गड्ढा जिसमे अनाज भरकर रखा जाता है। खत्ता।

खँवेड़ा†—पु०[हिं० खवें] बहुत बड़ा खत्ता।

खँसना†—अ०=खिसकना।

खइ†—स्त्री० [स० क्षयी] १. क्षयकारिणी क्रिया। २. युद्ध। ३. लड़ाई-झगड़ा। उदा०—खई मिटि जायगी। अरुसे ही के रस मैं।—सेनापति।

ख-कक्षा—स्त्री०[ष० त०] आकाश की परिधि। (ज्योतिष)

ख-कुंतल—पुं०[ब० स०] शिव।

खक्खट—वि०[सं० √खक्ख् (हँसना)+अटन्] १. कर्कश। २. कठिन। ३. कठोर।

†पुं०=खड़िया।

खक्खर—पुं०[सं० √खक्ख्+अरन्] भिखारी की खड़ी।

खक्खा—पुं० [अ० कहकहा] जोर की हँसी। अट्टहास। कहकहा।

पुं० [हिं० ख (वर्ण)] १. खत्री। २. पंजाबी सिपाही। ३. अनुभवी और चतुर पुरुष। ४. बड़ा हाथी।

खखड़ा—वि०=खोखला। (पूरब)

खखरा—वि०=खँखरा।

खखरिया†—स्त्री०[देश०] एक प्रकार की पतली अलोनी खस्ता पूरी।

खखला—पुं०=खोखला।

खखार—पुं०[अनु०] खखारने पर मुँह के रास्ते निकलनेवाली बलगम।

खखारना—अ०[सं० क्षरण] १. पेट की वायु को इस प्रकार मुँह के रास्ते निकालना कि वह गले में से निकलते समय शब्द करे तथा अपने साथ कफ या बलगम भी लेती आवे। २. उक्त प्रक्रिया से मुँह में आई हुई बलगम को थूकना।

खखेदना*—स०[हिं० खदेड़ना] १. भगाना। २. पीछा करना। ३. दबाना। ४. घायल करना।

खखेदा*—पुं० [हिं० खखेदना] १. भगदड़। २. दाब। ३. चोट। ४. धक्का। ५. छेद।

खखेरा—पुं०[हिं० खखारना] कलंक। उदा०—मनहु विद्यापति सुनवर यौवति कहइते होये खखेरा।—विद्यापति।

खजोडर† —पु०[सं० ख और कोटर] पेड़ के कोटर में बना हुआ किसी पक्षी का घोसला।

खखोरना†—स० [देश०] १. किसी वस्तु को खोजना। २. चारों तरफ खोजते फिरना।

ख-गंगा—स्त्री० [ष० त०] आकाश गंगा।

खग—पु०[सं० ख√गम्(गति)+ड] १. वह जो आकाश या हवा में उड़ता हो। जैसे—ग्रह, नक्षत्र, किन्नर, गंधर्व, देवता, मेघ आदि। २. हवा में पंखों के सहारे उडनेवाले जीव। पक्षी। ३. वायुयान। ४. तीर। बाण। ५. वायु। हवा।

†पुं०=खड्ग।

खग-केतु—पुं०[ष० त०] गरुड़।

खगना†*—अ०[हिं० खाँग=काँटा] १. गडना। २. चित्त मे जमना या बैठना। ३ लीन होना। ४ अंकित या चिह्नित होना। ५ खडा होना। उदा०—मनि सूधे सभाय लख्यो मज जात सो टेढ़ो हूँ मारग बीच खग्यो।—घनानन्द। ६ अडना। ७. उलझना। फँसना। उदा०— न्हात रही जल में सब तरुनी, नव तुव नैना कहाँ खगे।— सूर। ८ कसा जाना।

स० १. कसना। २. बाँधना। ३ लीन करना।

अ० [सं० क्षीण] १ क्षीण होना। २ कम होना। घटना।

खग-नाथ—पुं०[ष० त०] गरुड़।

खग-पति—पु०[ष० त०] १ गरुड़। २. सूर्य।

खगवार—पु०[सं० खड्गवान्?]गले का हँसुली नामक आभूषण। उदा०—पन्ना सो जटित मानौ हेम खगवारो है।—सेनापति।

खगहा—वि० दे० 'खँगहा'।

खगांतक—पुं०[खग-अंनक, ष० त०] बाज पक्षी।

खगासन—पु०[खग-आसन, ब० स०] १ विष्णु। २. उदयगिरि।

खगि†—स्त्री०=खड्गी।

ख-गुण—वि० [ब० स०] (राशि) जिसका गुणक शून्य हो। (गणित)

खगेंद्र—पुं०[खग-इंद्र, ष० त०] गरुड़।

खगेश—पुं०[खग-ईश, ष० त०] पक्षियों के राजा, गरुड़।

ख-गोल—पुं०[ष० स०] १. आकाश-मंडल। २ ग्रह। ३. दे० 'खगोल विद्या'।

खगोलक—पुं०[सं० खगोल+कन्] = खगोल।

खगोल भिति—स्त्री० [ष० त०] गणित ज्योतिष का वह अंग या शाखा जिसमें तारों, नक्षत्रों आदि की नाप-जोख, दृश्य स्थितियों, गतियों आदि का विचार होता है। (एस्ट्रोमेट्री)

खगोल-विद्या—स्त्री०[ष० त०] आकाश के ग्रहों, नक्षत्रों आदि की गति-विधि का विवेचन करनेवाली विद्या। ज्योतिष। (एस्ट्रानोमी)

खग्ग—स्त्री०=खड्ग।

ख-ग्रास—पुं०[ब० स०] वह ग्रहण जिसमे चंद्र या सूर्य का पूरा बिंब ढक जाय। (टोटल इक्लिप्स)

खचन—पुं०[सं० √खच् (बाँधना, जड़ना) +ल्युट्—अन] १. कोई चीज जड़ने या बाँधने की क्रिया या भाव। २. अंकित करना।

खचना—अ०[सं० खचन] १ जड़ा जाना। २ अंकित होना। ३. अच्छी तरह से भरा जाना। ४. अटकना। फँसना।

स० १ जड़ना। २ अंकित करना।

खचमस—पुं० [सं० ख√चम् (खाना) +असच्] चंद्रमा।

खचर—पुं० [सं० ख√चर् (गति)+ट] १ आकाश में चलनेवाले पदार्थ, प्राणी आदि। जैसे—ग्रह, नक्षत्र, देवता, मेघ, वायु आदि। २. पक्षी। चिडिया। ३. तीर। बाण। ४ राक्षस। ५ संगीत मे रूपक ताल का एक नाम। ६. कमीस।

खचरा—वि० [हिं० खच्चर] १ दोगला या वर्ण-संकर। २. दुष्ट। पाजी। ३ जो कोई बात जानते हुए भी बतलाना न हो। मचला।

खचाखच—वि० [अनु०] (स्थान) जिसमे आवश्यकता से अधिक व्यक्ति सट-सट कर भरे हो अथवा जिसमे बहुत अधिक सामान रखा गया हो। जैसे—गाड़ी का डिब्बा यात्रियों से या आलमारी पुस्तकों से खचाखच भरी थी।

खचाना—अ० [हिं० खचाखच] खचाखच भरा जाना या भरा होना।

स० दे० 'खँचाना'।

खचारी (रिन्)—वि०, पु० [स० ख√चर+णिनि] खचर।

खचावट—स्त्री० [हिं० खींचाना] खचने या खचाने की क्रिया या भाव। खचन।

खचित—वि० [भ०√खच्+क्त] १. जड़ा हुआ। जडित। जैसे—मणि खचित। २ अंकित या चित्रित किया हुआ। उदा०—कुसुम खचित, मारुत सुरभित खग कुल कूजित ।—पंत। ३ युक्त। ४. अच्छी तरह से भरा हुआ। खचाखच।

पु० ऐसा दुशाला जिसमें बहुत से बेल-बूटे हों। (कौटिल्य)

ख-चित्र—पुं० [स० त०] १. वैसी ही अनहोनी, असंभव या बे-सिर पैर की बात जैसी आकाश पर चित्र अंकित करना है। २ ऐसी वस्तु जो अस्तित्व में न हो।

खचिया†—स्त्री० दे० 'खाँची'।

खचीला†—पु० [हिं० खँचाना] १ रेखा। लकीर। २. चिह्न। निशान।

खचेरना—स० [हिं० खदेरना] दबाकर वश में करना। उदा०—कैसे, कहौ, सुनौं जस तेरे औरै आनि खचेरे।—सूर।

खच्चर—पु० [देश०] १ एक प्रसिद्ध पशु जो गधे और घोड़ी या घोड़े और गधी के संयोग से उत्पन्न होता है। अश्वतर। २ दोगला अथवा वर्णसंकर व्यक्ति।

खज—वि० [स० प्रा० खज्जखाद्य] (वह) जो खाया जाने को हो अथवा खाये जाने के योग्य हो।

खजक—पु० [सं०√खज् (मथना) +अच्+कन्] मथानी।

खजप—पु० [सं० खज्+कपन्] घी।

खजमज—वि० [अनु०] साधारण से गिरा हुआ। कुछ खराब। जैसे—आज तबीयत कुछ खजमज है।

खजमजाना—अ० [अनु०] (तबीयत) कुछ भारी लगना। अस्वस्थता सी जान पड़ना।

ख-जल—पुं० [मध्य० स०] ओस।

खजला—पु०=खाजा (मिठाई)।

खजलिया—पु०[देश०] अंगूर का एक रोग जिसमें उसके पत्ते सड़ने लगते हैं।

खजहजा—पु० [सं० खाद्याद्य<प्रा० खज्जज्ज<खाद्यद्य, खजहजा] १. खाने योग्य उत्तम फल या मेवा। खाजा। उदा०—और खजहजा आव न नाऊँ।—जायसी। २. खाजा नामक पकवान।

खजा—स्त्री०[स०√खज्+अप्+टाप्] १. मथानी। २. प्रतियोगिता। ३. युद्ध।

खजानची—पु० [फा०] १ वह व्यक्ति जो किसी व्यक्ति, सभा, समिति आदि के कोष या खजाने का प्रधान अधिकारी हो। कोषाध्यक्ष। (ट्रेजरर) २. वह व्यक्ति जिसके पास रोकड या आय-व्यय का हिसाब रहता है। रोकड़िया। (कैशियर)

खजाना—पुं० [अ० खजानः] १. किसी व्यक्ति, संस्था आदि की संचित धनराशि। (ट्रेजर) २ वह स्थान जहाँ पर संचित की गई धनराशि रखी जाती है। (ट्रेजरी) ३ वह भवन या स्थान जहाँ किसी राज्य या संस्था की आय का धन रहता है और जहाँ से व्यय के लिए धन निकलता है। (ट्रेजरी) ४ कर या राजस्व जो खजाने में जमा करना पड़ता है। ५. वह स्थान जहाँ कोई चीज बहुत अधिकता से पाई जाती अथवा होती हो। भाडार।

मुहा०—खुले खजाने=सबके सामने या देखते हुए। खुलेआम। खुलकर।

६. किसी उपकरण या उपयोग में आनेवाली वस्तु का वह विशिष्ट अश या विभाग जिसमें उसकी आवश्यक सामग्री भरकर रखी जाती है। जैसे—(क) बन्दूक का खजाना अर्थात् वह जगह जिसमें बारूद भरी जाती है। (ख) लालटेन का खजाना, जिसमें तेल भरा जाता है।

खजित्—पु० [स० ख√जि (जीतना)+क्विप्] एक प्रकार के शून्यवादी बौद्ध।

खजिल—वि० [फा] लज्जित। शर्मिंदा।

खजीना—पुं० खजाना। भांडार। उदा०—सीया को प्रभु परचो दीन्हो दियारे खजीना पूर। —मीरां।

खजुआ—पु० १ खाजा (पकवान)। २ दे० 'भरवाँस' (अन्न)।

खजुरहट—स्त्री० [हि० खजूर] नैपाल की तराई में होनेवाला एक प्रकार का छोटा खजूर जिसकी पत्तियाँ चटाई बनाने के काम आती है, पर फल किसी काम का नहीं होता।

†स्त्री० खजली।

खजुरा†—पु० खजूरा।

खजुराही†—स्त्री० [हि० खजूर] वह प्रदेश या स्थान जहाँ खजूरों के बहुत से पेड़ हों।

खजुरिया†—स्त्री० [स० खर्जूरिका] १ छोटे फलोंवाली खजूर। २. खजूर नाम की मिठाई। ३. एक प्रकार की दाल।

वि० खजूर संबंधी। खजूरी।

खजुलाना†—स० खुजलाना।

खजुली—स्त्री० १ खुजली। २. =खजूरी।

खजुवा—पु० खाजा (पकवान)।

खजूर—स्त्री० [स० खर्जूर, प्रा० खज्जूर, पा० खज्जूरी, ब० खाजुर, उ० खजूरी, गि० खजूरी] १. ताड की तरह का एक पेड़ जो प्रायः रेगिस्तान में होता है और जिसमें बेर के आकार के लंबोतरे मीठे फल लगते हैं। २. उक्त पेड़ का मीठा फल जो खाया जाता है। ३. आटे, घी, शक्कर आदि के संयोग से बननेवाली एक प्रकार की मिठाई।

खजूर छड़ी—स्त्री० [हि० खजूर+छड़ी] एक प्रकार का रेशमी कपड़ा जिस पर खजूर की पत्तियों की तरह की धारी या बेल बनी होती है।

खजूरा†—पु० [हि० खजूर] १. फूस से छाई हुई छत की बँडेर जो प्रायः खजूर की होती है। मँगरा। २. कई लड़ों का बटा हुआ वह डोरा जिससे स्त्रियाँ चोटी गूँथती हैं। चोटी। ३. दे० 'कन-खजूरा'।

खजूरी—वि० [हि० खजूर] १. खजूर संबंधी। खजूर का। २. आकार-प्रकार के विचार से खजूर की तरह का। ३. तीन लड़ों में गूँथा हुआ। जैसे—खजूरी चोटी (स्त्रियों की)।

खजेहजा†—पु०=खजहजा।

खजोहरा—पु० [सं० खर्जु, हि० खाज] एक तरह का रोगदार छोटा कीड़ा जिसके स्पर्श से खुजली होने लगती है।

ख-द्योति(तिस्) पुं० [ब० स०] खद्योत। जुगनूँ।

खटंगा—पु० [खट्वांग] जबलपुर के पास का प्रदेश। कटंग।

खट—पु० [अनु०] दो वस्तुओं के टकराने अथवा एक वस्तु को दूसरी वस्तु से मारने पर होनेवाला शब्द।

पद—खट से—(क) खट शब्द करते हुए। (ख) तत्काल। तुरन्त।

पु० [स० खट् (चाहना)+अच्] १. कफ। बलगम। २. वह पुराना और टूटा-फूटा कूआँ जिसमें जल न रह गया हो।.अधा कुआ। ३. घूँसा। मुक्का। ४. एक प्रकार की घास जो छप्पर या छाजन बनाने के काम आती है। ५ कुल्हाड़ी। ६ हल।

पु० [सं० पट्] सवेरे के समय गाया जानेवाला एक प्रकार का षाड़व राग।

खटक—स्त्री०[हि०] १. खटकने की क्रिया या भाव। २. खटकनेवाला तत्त्व या बात। ३. आशंका। खटका।

पु० [सं०√खट्+वुन्—अक] १. धटक। २. आधी खुली मुट्ठी। ३. मुष्टिका। मुट्ठी।

खटकना—अ० [अनु०] १. दो वस्तुओं के परस्पर टकराने से शब्द उत्पन्न होना। २. (कोई बात मन में) प्रशस्त या भली न जान पड़ने के कारण कुछ कष्टदायक जान पड़ना। खलना। ३. अनिष्ट की आशंका होना। ४. रह-रहकर हलकी पीड़ा होना। ५. आपस में अनबन होना। ६. उचटना।

खटकरम—पु० [सं० षट्कर्म्म] तरह-तरह के व्यर्थ के और झंझटों से भरे हुए काम। खटराग।

खटकरमी—वि० [हि० खटकरम] इधर-उधर के और व्यर्थ के काम करनेवाला।

खटका—पु० [हि० खट] १. खट से होनेवाला शब्द। २ इस प्रकार का कोई शब्द या संकेत होने पर अथवा कोई अनिष्टकारक घटना होने पर मन में होनेवाली आशंका और दुश्चिंता। ३. चिंता। फिक्र। ४. वह कमानी, पेंच अथवा ऐसा ही कोई टुकड़ा जिसके घुमाने, दबाने आदि से 'खट' शब्द करते हुए कोई काम होता है। (स्विच) जैसे—बन्दूक का खटका, बिजली की बत्ती का खटका। ५. किवाड़े की सिटकनी। ६. पेड़ में बँधा हुआ वह बाँस जिसे खड़खड़ाकर चिड़ियाँ उड़ाते हैं। ७. संगीत में, किसी स्वर के उच्चारण के बाद उसमें कुछ ही नीचे

के स्वर पर होते हुए फिर ऊँचे स्वर की ओर का बढ़ाव जो बहुत कलापूर्ण और सुन्दर होता है।

खटकाना—स० [हिं० खटकना] १. एक वस्तु से दूसरी वस्तु पर इस प्रकार आघात करना कि वह खटखट शब्द करने लगे। खटखट शब्द उत्पन्न करना। जैसे—दरवाजा खटकाना। २. किसी के मन में खटका उत्पन्न करना। ३. परस्पर अनबन कराना।

खटकामुख—पु० [स० खटक-आमुख, ष० त०] १. नृत्य में, हाथों की एक विशिष्ट मुद्रा। २. बैठकर तीर चलाने का एक प्रकार का आसन या मुद्रा।

खटकीड़ा (कीरा)—पु० [हिं० खाट+कीड़ा] खटमल।

खटखट—स्त्री० [अनु०] १ दो वस्तुओं के बराबर टकराते रहने से होनेवाला शब्द जो प्रायः कर्णकटु हो। २ झंझट। झमेला। ३. आपस में होनेवाली कहा-सुनी और लड़ाई-झगड़ा।

खटखटा—पु० [अनु०] खेतों में बाँधा हुआ वह बाँस जो पक्षियों को उड़ाने के लिए दूसरे छोटे बाँस से खटखटाया जाता है। खटका।

खटखटाना—स० [अनु०] किसी प्रकार का आघात करके खटखट शब्द उत्पन्न करना।

खटखटिया—स्त्री० [खट खट से अनु०] वह खड़ाऊँ, जिसमें खूँटी के स्थान पर रस्सी या फीता आदि लगा रहता है और जिसे पहनकर चलने में खटखट शब्द होता है।

खट-खाबक—पु० [ष० त०] १. कौआ। २. गीदड़।

खटना—अ० [?] धन उपार्जन करना या कमाना। (पश्चिम)

अ० [?] अधिक तथा कठोर परिश्रम करना। (पूरब)

खटपट—स्त्री० [अनु०] १. दो कड़ी वस्तुओं के आपस में टकराने का शब्द। २ दो पक्षों में होनेवाली सामान्य अनबन या वैर-विरोध। ३ आपस में होनेवाली फूट।

खटपटिया—वि० [हिं० खटपट] १. लोगों से खटपट करने या लड़ने-झगड़नेवाला। जिसकी दूसरों से न बनती हो। २. दो पक्षों में फूट डालनेवाला।

पु० काठ की चट्टी। खटखटिया।

खटपद—पुं०=षट्पद।

खटपदी—स्त्री०=षट्पदी।

खटपाटी—स्त्री० [हिं० खाट+पाटी] खाट या पलंग की पाटी।

मुहा०—**खटपाटी लेना या लगना** = रूठकर काम-धन्धा छोड़ देना और चुपचाप कहीं बैठ या लेट जाना। उदा०—मैं तोहि लागि लेब खटपाटी।—जायसी।

खटपापड़ी—स्त्री० [देश०] अमली या करमई नाम का पेड़।

खटपूरा—पुं० [हिं० खड्डू+पूरा] खेत की मिट्टी समतल करने की मुँगरी।

खटबारी—स्त्री०=खटपाटी।

खटबुना—पु० [हिं० खाट+बुनना] वह जो खाट बुनने का काम करता हो।

खटभिलावाँ—पु० [देश०] चिरौंजी का पेड़। पयाल।

खटमेल—पुं० [देश०] छोटे कद तथा छोटी-छोटी पत्तियोंवाला एक पेड़ जिसमें पीले फूल तथा दानेदार छोटी फलियाँ लगती हैं।

खटमल—पुं० [हिं० खाट+मल या मल्ल] खाट, चौकी आदि में रहनेवाला मटमैले उन्नाबी रंग का एक प्रसिद्ध कीड़ा जो मनुष्य के शरीर का रक्त अपने डंक द्वारा चूसता है। उड़स।

खटमली—वि० [हिं० खटमल] खटमल के रंग का। गहरे या मटमैले उन्नाबी रंग का।

पुं० उक्त आकार का रंग।

खट-मिट्ठा—वि०=खट-मीठा।

खट-मीठा—वि० [हिं० खट्टा+मीठा] जो खाने में कुछ खट्टा, पर साथ ही मीठा भी लगता हो। जैसे—खट-मीठा फालसा।

खटमुख—पु०=षट्मुख।

खटमुत्ता—वि० [हिं० खाट+मूत(मूत्र)] (बच्चा) जिसे खाट पर ही मूतने की आदत पड़ गई हो।

खटरस—वि० पु०=षट्रस।

खटराग—पु० [स० षट्राग] १. लड़ाई-झगड़ा। २. झंझट। बखेड़ा। ३. कूड़ा-करकट।

खटरिया—पु० [देश०] एक प्रकार का कीड़ा।

खटलर—पु० [देश०] सान धरनेवालों का लकड़ी का एक उपकरण या औजार।

खटला—पु० [देश०] कान के निचले भाग में किया जानेवाला वह छेद जिसमें आभूषण आदि पहने जाते हैं।

पुं० [सं० कलत्र] स्त्री और बाल-बच्चे। परिवार। (महाराष्ट्र)

खटवाटी—स्त्री०=खटपाटी।

खटाई—स्त्री० [हिं० खट्टा] १. खट्टे होने की अवस्था, गुण या भाव। २. कोई खट्टी वस्तु। जैसे—कच्चा आम, इमली, किसी तरह का अचार आदि।

मुहा०—**खटाई में डालना**—ऐसी युक्ति या बहाना करना जिससे किसी का काम कुछ दिनों तक बिना पूरा हुए यों ही पड़ा रह जाय। काम लटकाये रखना, उसे खतम न करना।

विशेष—सुनार लोग गहना बना लेने पर उसे साफ करने के लिए कुछ समय तक खटाई में छोड़ देते हैं जिससे उसकी मैल कट जाय। और इसी बहाने से वे ग्राहक का प्राय. दौड़ाया और लौटाया करते हैं। इसीसे यह मुहावरा बना है।

खटाक—पु० [अनु०] किसी ऊँचे स्थान पर से काँच, मिट्टी आदि की चीजों के जमीन पर गिरकर टूटने का शब्द।

खटाखट—पु० [अनु०] 'खटखट' का शब्द।

अव्य० १. खट-खट शब्द के साथ। २. निरन्तर या लगातार शब्द करते हुए। ३ चटपट। तुरंत।

खटाना—अ० [हिं० खट्टा] किसी वस्तु में खट्टापन आना। खट्टा होना।

अ० [हिं० खटना=परिश्रम करना] १. किसी स्थान पर गुजारा या निर्वाह होना। निभना। १. परीक्षा आदि में ठीक या पूरा उतरना। स० किसी को खटने अर्थात् विशेष परिश्रम करने में प्रवृत्त करना। खूब मेहनत कराना।

खटापट—स्त्री०=खटपट।

खटापटी—स्त्री०=खटपट।

खटाल—पु० [बं० कटाल] पूर्णिमा के दिन उठनेवाली समुद्र की ऊँची लहर। ज्वार।

खटाव—पु०[हि० खटाना] १. खटने या खटाने की क्रिया या भाव। २ गुजर, निबाह। निर्वाह। ३. नाव बाँधने का खूँटा।

खटास—पु०[स० खट्टाश] मुख्य बिलाव। गंध बिलाव।
स्त्री०[हि० खट्टा] १. वह तत्व जिसके कारण कोई चीज खट्टी होती है। २. खट्टे होने का गुण या भाव। खट्टापन।

खटिक—पु०[स० खटिक] [स्त्री० खटकिन] एक प्रसिद्ध जाति जो तरकारियों, फल आदि बेचने का व्यवसाय करती है।

खटिका—स्त्री०[स० खट+कन्—टाप्, इत्व] १. खड़िया मिट्टी। २. कान का छेद।

खटिनी—स्त्री०[स० खट+इनि—ङीष्] खड़िया मिट्टी।

खटिया—स्त्री०[सं० खट्वा] छोटी खाट। चारपाई।

खटी—स्त्री०[स० √खट्+अच—ङीष्] =खटिनी।

खटीक—पु०=खटिक।

खटुली†—स्त्री०=खटोली।

खटेटी†—स्त्री०[हि० खाट+पीठ ?] ऐसी वाली खाट जिसपर बिस्तर न बिछा हो।

खटोल—पु०[देश०]=खटोला।

खटोलना—पु०=खटोला।

खटोला—पु०[हि० खाट+ओला (प्रत्य०)] [स्त्री०अल्पा० खटोली] छोटी खाट या चारपाई।
पु०[?] बुंदेलखंड के उस भाग का नाम जिसमे आज-कल दमोह, सागर आदि जिले है और जहाँ किसी समय शैली की बस्ती थी।

खट्ट—वि०[स० √खट्ट (छिपाना)+अच्] खट्टा।
पु०[?] एक प्रकार का पीला मगमरमर।

खट्टा—वि०[स० खट्ट, प्रा०, खट्ट, बं० खाटा, उ० खटा, सि० खटो, गु० खाट्] आम, इमली आदि के से स्वादवाला।
मुहा०—(जी या मन) खट्टा होना=अप्रसन्न और उदासीन होना। नाराज होना। (किसी से) खट्टा खाना=अप्रसन्न रहना। मुँह फुलाना। खट्टी छाछ से भी जाना=थोड़े लाभ से भी वंचित होना।
पु० एक प्रकार का बड़ा नीबू।
पु०=खाट (चारपाई)।

खट्टा-मीठा—वि०=खट-मीठा।
पु० समार का ऊँच-नीच या दुःख-सुख। जैसे—आप तो सब खट्टा-मीठा चख या देख के बैठे है।

खट्टाश(स)—पु०[स० खट्ट √अश् (व्याप्ति)+अच्] [स्त्री० खट्टाशी (सी)] बिल्ली की तरह का एक प्रकार का जंगली जंतु जिसका मुँह चूहे की तरह निकला हुआ होता है। (सिवेट-कैट)

खट्टिट—स्त्री०[स० √खट्ट+इन्] अरथी।

खट्टिक—वि०[स० खट्ट+ठन्—इक] वध या हिंसा करनेवाला।
पु० १. बहेलिया। २ कसाई।

खट्टिका—स्त्री० [स० खट्ट+कन्+टाप्, इत्व] १. छोटी खाट। २. अरथी।

खट्टी—स्त्री०[सं० ?] १. खट्टी नारंगी या नीबू। २. गलगल।
स्त्री०[हि० खटना] आय। कमाई।

खट्टी-मीठी—स्त्री० [हि० खट्टी+मीठी] एक प्रकार की लता।

खट्टू* पु० [प० खटना=रुपया पैदा करना] कमानेवाला। कमाऊ (विपर्याय—निखट्टू)।

खट्वांग—पु०[स० खट्वा-अंग, ष० त०] १ चारपाई के अंग; जैसे—पाटी, पावा आदि। २ शिव का एक अस्त्र। ३. प्रायश्चित के दिनों मे भिक्षा माँगने का एक प्रकार का पात्र। ४. तन्त्र के अनुसार एक प्रकार की मुद्रा जिससे देवता बहुत प्रसन्न होते है। ५. साधुओं की वह लकड़ी जिस पर हाथ रखकर वे बैठते है। अधारी। टेकनी। ६ राजा दिलीप का एक नाम।

खट्वांग-धर—पु[ष० त०] शिव।

खट्वांगी (गिन्)—पु०[खट्वांग इनि] शिव।

खट्वा—स्त्री०[स०√खट् (चाहना)+क्वन्, टाप्] खाट जिसपर सोते है। चारपाई।

खट्वाका—स्त्री० [स० खट्वा+कन्+टाप्] छोटी खाट। खटिया।

खट्विका—स्त्री० [स० खट्वा+कन्—टाप्, इत्व] छोटी खाट। खटिया।

खड़ंजा—पु० [हि० खड़ा+अंग] १. ऊँचाई के बल मे बैठाई हुई ईंट। २ उक्त रूप मे ईंटों की होनेवाली जुड़ाई या उससे बननेवाला फर्श।
*पु० दे० 'झाँवा'। (क०)

खड—पु०[स० खड् (काटना)+अप्] १. धान की पेड़ी। पयाल। २. धान। ३ श्योनाक। सोनापाढा। ४ चाँदी, सोने का वह चूर्ण जिससे चीजों पर गिलट चढाते है।
पु० खर (घास)।

खड़क—स्त्री०=खटक।

खड़कना—अ० [अनु०] [भाव० खड़खड़ाहट] 'खड़खड़' शब्द होना। खटकना।

खड़का†—पु० १.=खटका। २. खरका।

खड़काना—स०=खटकाना।

खड़की—स्त्री०[स० खड्क√कृ (करना)+ड—ङीप्] खिड़की।

खड़खड़ा—पु० [अनु०] १ खटखटा। २.=खड़खड़िया।

खड़खड़ाना—अ० [हि० खड़खड़] खड़खड़ शब्द होना।
स० खड़खड़ (खटखट) शब्द करना।

खड़खड़ाहट—स्त्री० [हि० खड़खड़ाना] खड़खड शब्द होने की क्रिया, भाव या शब्द।

खड़खड़िया—स्त्री०[हि० खड़खड़ाना] १ पालकी जिसे चार कहार उठाते है। पीनस। २. काठ का वह ढाँचा जिसमे जोतकर गाड़ी खींचने के लिए घोड़े सुधारे जाते है।

खड़ग—पु०=खड्ग।

खड़गी—वि० [स० खड्गिन्] जो खड्ग लिये हो। खड्गधारी।
पुं० गैंडा।

खड़जी—पु०=खड़गी।

खड़बड़—स्त्री०[अनु०] १. वस्तुओं को उलटने-पलटने से होनेवाला शब्द। २. परस्पर होनेवाली अनबन या झगड़ा। खटपट। ३. अव्यवस्थित करनेवाला बड़ा परिवर्तन। उलट-फेर। ४. हलचल।

खड़बड़ाना—अ०[अनु०] १. खड़बड़ शब्द होना। २. खड़बड़ या घबराहट में पड़ना। ३. व्यक्ति या व्यक्तियों का ऐसी स्थिति में

होना कि वे दृढ़, शान्त या स्थिर न रह सकें। विचलित होना। ४. पदार्थों का क्रम-रहित या तितर-बितर होना।

स० १ खड़बड़ शब्द उत्पन्न करना। २. व्यक्ति या व्यक्तियों को ऐसी स्थिति में करना कि वे दृढ़, शान्त या स्थिर न रह सकें। विचलित करना। ३. चीजें अस्त-व्यस्त या तितर-बितर करना।

खड़बड़ाहट—स्त्री० [हिं० खड़बड़ाना] खड़बड़ करने या होने की अवस्था या भाव।

खड़बड़ी—स्त्री० [हिं० खड़बड़ाना] १ खड़बड़ करने या होने की अवस्था या भाव। खड़बड़ाहट। २. अस्त-व्यस्तता। व्यतिक्रम। ३. दे० 'खलबली'।

खड़बिड़ा—वि०=खड़बीहड़।

खड़बीहड़†—वि० [हिं० खड्ड+बीहड़] १. (प्रदेश या प्रान्त) जो समतल न हो। ऊँचा-नीचा। ऊबड़-खाबड़। २ बेढंगा। ३ विकट।

खड़मंडल—वि० [स० खड-मण्डल] १ अव्यवस्थित रूप में उलटा-पलटा हुआ। अस्त-व्यस्त। तितर-बितर। २ (वर्ग या समाज) जो क्रमबद्ध या व्यवस्थित न रह गया हो।

खड़सान—पुं० =खरसान।

खड़ा—वि० [स० स्थान, ब्रज० ठाढा, ठढ़ा] [स्त्री० खड़ी] १. जो धरातल से सीधा ऊपर की ओर उठा हुआ हो। ऊँचाई के बल से ऊपर की ओर गया हुआ। जैसे—खड़ी फसल। खड़ा मकान। २. (जीव या पशु-पक्षी) जो अपने पैरों के सहारे शरीर सीधा करके ऊपर उठा हो। जो झुका, बैठा या लेटा न हो। जैसे—नौकर सामने खड़ा था।

पद—खड़े खड़े—इतनी जल्दी की बैठने तक का अवकाश न हो। जैसे—वे आये और खड़े-खड़े अपना काम निकालकर चल दिये। **खड़ी सवारी**—किसी के आने-जाने के संबंध में, आदर या व्यंग्य के लिए, चटपट, तुरन्त। जैसे—खड़ी सवारी आई और चली गई।

३. कोई काम करने के लिए उद्यत, तत्पर या कटिबद्ध। जैसे—आप खड़े हो जायँ तो विवाह के सब काम सहज में निपट जायँगे। ४ निर्वाचन में चुने जाने के लिए उम्मेदवार के रूप में प्रस्तुत होनेवाला। जैसे—इस क्षेत्र से दस उम्मेदवार खड़े हैं। ५. जो चलते-चलते कहीं पहुँचकर ठहर या रुक गया हो। जैसे—मोटर या गाड़ी खड़ी कर दो। ६ एक स्थान पर जमा या रुका रहनेवाला। जैसे—खड़ा पानी। ७ (अन्न या दाना) जो गला, टूटा या पिसा न हो। पूरा। समूचा। जैसे—खड़े चावल। ८. ठीक, पूरा या भरपूर। जैसे—खड़ा जवाब (देखे)। ९. जो नये रूप में बनकर या यों ही घटनाक्रम अथवा संयोग से उपस्थित या प्राप्त हुआ हो। जैसे—(क) झगड़ा या प्रश्न खड़ा करना। (ख) कोई चीज बेचकर रुपए खड़े करना। १०. जो किसी प्रकार तैयार करके काम में आने के योग्य बनाया गया हो। जैसे—खेमा खड़ा करना। ११. (ढाँचा) प्रस्तुत करना। बनाना। जैसे—चित्र खड़ा करना, योजना खड़ी करना। १२. बिना बीच में विश्राम किये तत्काल या तुरंत पूरा किया जानेवाला। जैसे—खड़ा हुकुम।

पद—खड़े खाट=(कपड़ों की धुलाई के संबंध में) धोबी से कराई जानेवाली ऐसी धुलाई जो तुरंत या एकाध दिन के अन्दर ही करा ली जाय। **खड़े पाँव**—बिना बीच में रुके या बैठे। जैसे—(क) विदेश से आकर खड़े पाँव स्थानीय देवता के दर्शन करने जाना। (ख) कहीं जाना और खड़े पाँव लौट आना।

खड़ाऊँ—स्त्री० [सं० काष्ठपादुका, पा० कट्ठपादुका, प्रा० खडामुआ, खड़ाउआ, उ० खराउ, बं० खरम, का० खराव, कश्म० कडाव, मरा० खड़ावा] काठ की बनी हुई एक प्रकार की प्रसिद्ध पादुका जिसमें आगे की ओर पैर का अंगूठा और उँगली फँसाने के लिए खूँटी लगी रहती है।

खड़ाका—पुं० [अनु०] खड़खड़ शब्द। खटका।

क्रि० वि० चटपट। तुरन्त।

खड़ा जवाब—पुं० [हिं० खड़ा+जवाब] कोई ऐसी बात जिसमें स्पष्ट शब्दों में (क) किसी को कराग उत्तर दिया गया हो। अथवा (ख) उसके अनुरोध की रक्षा न कर सकने की अपनी असमर्थता बतलाई गई हो।

खड़ा दसरंग—पुं० [देश०] कुश्ती का एक पेंच जिसे हनुमंत बंध भी कहते हैं।

खड़ानन*—पुं०=खड़ानन।

खड़ा पठान—पुं० [देश०] जहाज के पिछले भाग का मस्तूल। (लश०)

खड़िका—स्त्री० [सं० खड+छीप्+कन्—टाप्, इत्व] खड़िया मिट्टी।

खड़िया—स्त्री० [स० खटिका] १ एक प्रकार की चिकनी, मुलायम और सफेद मिट्टी। २ उक्त मिट्टी की बनाई हुई डली या बत्ती जिससे नक्शे आदि पर लिखा जाता है।

पद—खड़िया में कोयला=अच्छे के साथ बुरे की मिलावट।

स्त्री० [स० कांड या हिं० खड़ा] अरहर के पेड़ से फलियाँ और पत्तियाँ पीटकर झाड़ लेने के बाद बचा हुआ ठठल। रहठा। खाड़ी।

खड़ी—स्त्री० [हिं० खड़िया] खड़िया (मिट्टी)।

स्त्री० [हिं० खड़ा] छोटा पहाड़। पहाड़ी।

स्त्री०=बारह-खड़ी।

वि० [हिं० खड़ा का स्त्रीलिंग रूप] दे० 'खड़ा'।

खड़ी चढ़ाई—स्त्री० [हिं० खड़ी+चढ़ाई] वह भूमि जो थोड़ी ढालुआ होने पर भी बहुत-कुछ सीधी ऊपर की ओर गई हो।

खड़ी डंक—स्त्री० [देश०] मालवेभ की एक कमरत।

खड़ी तैराकी—स्त्री० [हिं० खड़ी तैराकी] जल में सीधे खड़े होकर पैरों के द्वारा तैरने की क्रिया या भाव।

खड़ी पाई—स्त्री० [हिं०] १ खड़े बल में सीधी छोटी रेखा। २. इस प्रकार (।) खींची जानेवाली वह रेखा जो लिखते समय किसी वाक्य के समाप्त होने पर लगाई जाती है। पूर्ण विराम।

खड़ी फसल—स्त्री० [हिं०] खेत की वह उपज या पैदावार जो तैयार तो हो गई हो परन्तु अभी काटी न गई हो। (स्टैंडिंग क्राप)

खड़ी बोली—स्त्री० [हिं० खड़ी+बोली] १. मेरठ, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, अम्बाला, पटियाला के पूर्वी भागों तथा रामपुर, मुरादाबाद आदि प्रदेशों के आसपास की बोली। २. उक्त बोली का परिष्कृत, सांस्कृतिक तथा साहित्यिक रूप जिसे आजकल हिंदी कहा जाता है। ३. नागरी अक्षरों में लिखी हुई उक्त भाषा।

खड़ी मसकली—स्त्री० [हिं० खड़ा+अ० मसकला=रेती] सिकली करनेवालों का एक औजार जिससे बरतनों आदि को खुरचकर जिला करते हैं।

खड़ी सवारी—पद दे० 'खड़ा' के अन्तर्गत।

खड़ी हुंडी—स्त्री०[हिं० खड़ी+हुंडी] ऐसी हुंडी जिसके रुपयो का अभी तक भुगतान न हुआ हो।

खड़ुआ†—पुं० [हिं० कड़ा] एक प्रकार का कड़ा। (आभूषण)

खड़ेघाट—पद दे० 'खड़ा' के अन्तर्गत।

खड़ेपाँव—पद दे० 'खड़ा' के अन्तर्गत।

खड्ग—पुं० [स०√खड्+गन्] १. एक प्रकार की चौडी, छोटी तलवार। खाँडा। २ गैंडा नामक जंतु। ३. एक बुद्ध का नाम।

खड्ग-कोश—पुं०[ष० त०] म्यान।

खड्गधर—पु०[ष० त०]=खड्गधारी।

खड्गधार—पु०[स० खड्ग√ धृ (धारण)+अण्] बदिकाश्रम के पास का एक पर्वत।

खड्ग-धारा—स्त्री०[ष० त०] १. तलवार की धार या फल। २. ऐसा विकट काम जो खड्ग या तलवार पर चलने के समान हो।

खड्गधारी (रिन्)—पुं० [स० खड्ग√धृ+णिनि] वह जो हाथ में खड्ग या तलवार लिये हुए हो।

खड्ग-पुत्र—पु० [ष० त०] [स्त्री० अल्पा० खड्गपुत्रिका] एक प्रकार की कटार।

खड्ग-बंध—पु० [ब० स०] चित्र-काव्य का एक भेद जिसमे किसी पद्य के शब्द इस ढंग से रचे जाते हैं कि वे खड्ग के चित्र में ठीक से बैठ सकें।

खड्ग-लेखा—स्त्री०[ष० त०] तलवारों की पंक्ति या रेखा।

खड्ग-हस्त—वि०[ब० स०] १. जो हाथ में खड्ग लेकर लड़ने के लिए तैयार हो। २ हरदम विकट रूप मे लडने के लिए उद्यत।

खड्गाधार—पुं०[खड्ग-आधार, ष० त०] खड्गकोश।

खड्गारीट—पु०[सं० खड्ग-अरि, ष० त० खड्गारि √ इट (जाना)+क] १ चमड़े की ढाल। २. तलवार की धार। ३. वह जिसने असिधारा का व्रत लिया हो।

खड्गिक—पु० [स० खड्ग+ठन्—इक] १. खड्गधारी। २. शिकारी। ३ कसाई। ४. भैंस के दूध का फेन।

खड्गी (ङ्गिन्)—पुं० [स० खड्ग+इनि] १. खड्गधारी। २ गैंडा।

खड्ड—पु०[स० खात, प्रा० खड्डो, सिं० खडा, गु० खाड, पं० खड्ड, म० खड्डा] १. प्राकृतिक रूप से बना हुआ बहुत गहरा गड्ढा। जैसे—पहाड या मैदान का खड्ड। २. खोदा हुआ बड़ा गड्ढा।

खड्डा—पु० १. =खड्ड। २ =गड्ढा।

खणक—वि० [स० खनक] खोदनेवाला।
पु० चूहा। (डिं०)

खणनाड़िका—स्त्री० [स० क्षण-नाडिका] घर्मघड़ी। (डिं०)

खतंग†—पु० [फा० खडग] १. एक विशिष्ट प्रकार का तीर। २. तरकश। तूणीर। उदा०—तरकस पंच किरयं, तीर प्रति खतंग तीन मय।— चन्दबरदाई। ३. दे० 'खदंग'।
पु० [?] एक प्रकार का कबूतर।

खत—पुं० [अ० खत्] १. रेखा। लकीर। २. अक्षर लिखने का ढग। लिखावट। ३. वह जो कुछ लिखा जाय। लेख। ४. चिट्ठी। पत्र। ५. वह पत्र जिस पर कुछ हिसाब-किताब, लेन-देन आदि लिखा हो। उदा०—जनम जनम के खत जु पुराने, नामहि लेत फटैं रे।—मीरां। ६. कनपटी और दाढ़ी पर के बाल।
मुहा०—खत आना या निकलना—कनपटी और गाल पर बाल उगने लगना अर्थात यौवनकाल आरम्भ होना। **खत बनाना**=(क) दाढी के बाल उस्तरे से साफ करना। (ख) हजामत बनाना।
पु० [सं० क्षत] घाव। जख्म। उदा०— सूजन देत न सरमई, खोंटि खोंटि खत खोद। —बिहारी।
†स्त्री०[सं० क्षिति] पृथ्वी। (डिं०)

खत-कश—पु०[अ० खत्+फा० कश] बढइयों का लकडी पर रेखा खींचने का एक उपकरण या औजार।

खतकशी—स्त्री०[अ० +फा०] १. चित्रकला मे चित्र बनाने के लिए रेखाएँ खींचना। २. खूब बना-बनाकर लिखने का काम या ढंग।

खत-किताबत—स्त्री० [अ०] १. चिट्ठी-पत्री। पत्र-व्यवहार। पत्रालाप। २. लिखा-पढ़ी।

खतखोद†—स्त्री० [सं० क्षत+हिं० खुदाई] क्षत या घाव के भरने पर जमनेवाली झिल्ली। खुरड।

खतना—पुं०[अ० खतन:] मुसलमानो की एक रस्म, जिसमे बच्चों के लिंग के अगले भाग का ऊपरी चमड़ा काट दिया जाता है। सुन्नत। मुसलमानी।
†स० काटना। काटकर अलग करना।
अ० [हिं० खाता] खाते में चढ़ाया या लिखा जाना।

खतम—वि०[अ० खत्म] १. (काम या बात) जो पूरा या पूर्ण हो चुकी हो। जिसमें और कुछ करने को बाकी न रह गया हो। २. जिसका अंत हो चुका हो। जो अस्तित्व मे न रह गया हो।
मुहा०—(किसी को) खतम करना—मार डालना।

खतमा*—पुं० [अ० खुतबः] १. प्रशंसा। तारीफ। २. दे० 'खुतबा'।

खतमी—स्त्री०[अ०] गुलखैरू की जाति का एक पौधा, जिसकी पत्तियां और फूलों का उपयोग, हकीमी दवाओ में होता है।

खतर—पुं०=खतरा।

खतरनाक—वि०[अ०] १. (काम) जो खतरे से भरा हो। जोखिम का। २. जो किसी प्रकार के खतरे का कारण बन सकता हो। जैसे—खतरनाक आदमी, खतरनाक बीमारी।

खतरम्मा—पु०[हिं० खत्री] १. खत्रियों का समाज। २ वह मुहल्ला जिसमे खत्री लोग रहते हों।

खतरा—पु०[अ० खतरः] १. अनिष्ट, संकट आदि की आशंका या संभावना से युक्त स्थिति। २. डर। भय।

खतरेटा—पुं० [हिं० खत्री+एटा (प्रत्य०)] खत्री। (उपेक्षासूचक शब्द)

खता—पुं०[अ०] [वि० खतावार] १. अपराध। कसूर। २. चूक। भूल। ३. धोखा।
मुहा०—खता खाना= धोखे में पड़कर हानि उठाना। **खता खिलाना**=धोखा देकर किसी की हानि करना। उदा०—तीनि बार सौंधे एक दिन में, कबहूँक खता खवाई।—कबीर।
पुं० [सं० क्षत] घाव। जख्म।

†स्त्री० [सं० क्षिति] पृथ्वी। (डिं०)

खताई—पु० [अ०] उत्तरी चीन के खता नामक स्थान का बना हुआ कागज जिस पर मध्ययुग में चित्र अंकित होते थे।
स्त्री० दे० 'नान खताई'।

खताकार—पुं०=खतावार।

खतावार—वि० [अ० खता+फा० वार] जिसने कोई भूल, दोष या अपराध किया हो। अपराधी। दोषी।

खतिया†—स्त्री०=खाती।

खतियाना—स०[हिं० खाता] १. खाते में लिखना या चढ़ाना। २. विभिन्न मदों को विभिन्न खातों में चढ़ाना।

खतियौनी—स्त्री०[हिं० खतियाना] १. वह बही जिसमें विभिन्न मदों के अलग-अलग खाते हों। २. इन अलग-अलग खातों में विभिन्न मदों के विवरण भरने का काम। ३. पटवारी की वह पंजी, जिसमें यह लिखा जाता है कि कौन-सा खेत किसकी जोत में है। उस पर कितना लगान है और कितनी वसूली हुई है।

ख-तिलक—पुं०[ष० त०] सूर्य।

खतीब—पु०[अ०] १. किसी बादशाह के सिंहासन पर बैठने के समय खुतबा पढ़नेवाला व्यक्ति। २. इस्लाम अर्थात् मुसलमानी धर्म का उपदेशक।

खतौनी—स्त्री० दे० 'खतियौनी'।

खत्ता—पु०[स० खात] [स्त्री० खत्ती] १. जमीन में किसी कार्य के लिए खोदा हुआ गड्ढा। जैसे—नील या शोरा बनाने का खत्ता। २. गड्ढा। ३. कोठा या बड़ा पात्र जिसमें अन्न या गल्ला रखा जाता हो।

खत्म—वि०=खतम।

खत्र†—पुं०=क्षत्रिय। (डिं०)

खत्रवट—स्त्री०[हिं० खत्री+वट (प्रत्य०)] १. खत्री (क्षत्री) होने का भाव। उदा०—खत्र बेचिया अनेक खत्रियाँ, खत्रवट थिर राखी खुम्माण। —पृथ्वीराज। २. क्षत्रियधर्म। बहादुरी। वीरता।

खत्रवाट—स्त्री०=खत्रवट।

खत्रिय—पुं०=क्षत्रिय। (डिं०)

खत्री—पुं०[सं० क्षत्रिय, प्रा० खत्तिय] [स्त्री० खतरानी, भाव० खत्रीपन] १. पंजाब में रहनेवाले क्षत्रियों की संज्ञा। ये लोग प्रायः व्यापार करते हैं। २. क्षत्री।

खत्रीवाट†—स्त्री०=खत्रवट।

खदंग—पु०[फा०] १. एक प्रकार का पेड़ जिसकी लकड़ी के तीर बनाये जाते थे। २. तीर। बाण।

खदंगी*—स्त्री०[फा० खदंग] एक प्रकार का छोटा तीर।

खद*—पुं०[सं० क्षत=कटा हुआ] मुसलमान। (डिं०)
*वि०=खाद्य।

खदखदाना—अ०=खदबदाना।

खदबदाना—अ० [अनु०] किसी तरल पदार्थ का उबलते समय खद-खद शब्द करना।

खबरा†—वि० [सं० क्षुद्र] तुच्छ। निकम्मा।
पुं० जोतने आदि के लिए निकाला जानेवाला बछड़ा।
पुं० दे० 'खत्ता'।

खदशा—पुं०[अ० खदशः] १. आशंका। भय। २. शक। संदेह।

खदान—स्त्री०[हिं० खोदना या खान] १. जमीन या पहाड़ खोदने पर बननेवाला गड्ढा। २. दे० 'खान'।

खदिका—स्त्री० [सं० ख√दा (देना)+क—टाप्+कन्, इत्व] लावा।

खदिर—पुं० [सं० √खद् (स्थिर रहना)+किरच्] १. खैर का पेड़। २. कत्था। खैर। ३. इन्द्र। ४. चन्द्रमा। ५. एक प्राचीन ऋषि।

खदिरपत्री—स्त्री०[ब० स०, ङीष्] लाजवंती या लजाधुर नाम की लता।

खदिर-सार—पुं० [ष० त०] कत्था। खैर।

खदिरी—स्त्री० [सं० खदिर+ङीप्] १. वराहकांता। २. लज्जावंती नामक लता। छुई-मुई।

खदी—स्त्री०[देश०] तालों आदि में होनेवाली एक प्रकार की घास।

खदीजा—स्त्री०[अ० खदीज] मुहम्मद साहब की पहली पत्नी, जिसने स्त्रियों में सबसे पहले इस्लाम धर्म ग्रहण किया था।

खदीव—पुं०[फा०] मिस्र के पुराने बादशाहों की उपाधि।

खदुका—पु०[सं० खादक=अधमर्ण] १. किसी से कर्ज लेकर व्यवसाय करनेवाला व्यवसायी। २. ऋणी। कर्जदार।

खदुहा†—पुं०=खदुका।

खदूरवासिनी—स्त्री० [सं० ख-दूर√वस् (बसना)+णिनि—ङीप्] बौद्धों की एक देवी या शक्ति का नाम।

खदेड़ना—स० [हिं० खनना] बलपूर्वक अथवा डरा-धमका कर कहीं से भगाना या हटाना।

खदेरना†—स०=खदेड़ना।

खद्दड़ (र)—पुं० [हिं० खद्दी=करघा] १ आज-कल सीमित अर्थ में, हाथ से काते हुए सूत का हाथ ही से बुना हुआ कपड़ा। २. व्यापक अर्थ में किसी चीज (जैसे—ऊन, रेशम आदि) का हाथ से काते हुए सूत का हाथ से बुना हुआ कपड़ा।

खद्धा†—पुं०=गड्ढा।

खद्योत—पुं० [सं० ख√द्युत् (चमकना)+अच्] १. जुगनूँ। २. सूर्य।

खद्योतक—पु० [सं० खद्योत√कै (चमकना)+क] १. सूर्य। २. जुगनूँ। ३. एक प्रकार का वृक्ष, जिसके फल बहुत जहरीले होते हैं।

खद्योतन—पुं० [सं० ख√द्युत्+णिच्+ल्यु—अन] सूर्य।

खन†—पुं० [सं० क्षण] १ समय का बहुत छोटा भाग। क्षण। २ वक्त। समय।
अ०व० क्षण भर में। उसी समय। तत्काल। तुरन्त। उदा०—चोरी धाय सुनत खन धाई।—जायसी।
†पुं० [?] एक प्रकार का वृक्ष।
†पुं० दे० 'खंड'।

खनक—वि० [सं० खन् (खोदना)+घञ्—अक] कोई चीज विशेषतः जमीन खोदनेवाला।
पुं० १. चूहा। २. वह व्यक्ति जो जमीन खोदने का काम करता हो। ३. खान खोदनेवाला मजदूर। ४. सेंध लगाकर चोरी करनेवाला चोर।
स्त्री० [अनु०] धातु-खंडों के आपस में टकराने से होनेवाला शब्द।

खनकना—अ० [हिं० खनक] धातु-खंडों का आपस में टकराकर खन-खन शब्द करना।

खनकाना—स० [अनु०] धातुखडो को इस प्रकार टकराना या हिलाना कि वे खन-खन शब्द करने लगें।

खनकार—स्त्री० [अनु०] खन-खन शब्द करने या होने की अवस्था या भाव।

खनखजूरा—पु०=कनखजूरा।

खनखना—वि० [अनु०] जिससे 'खन खन' शब्द उत्पन्न हो।
पु० एक प्रकार का झुनझुना।

खनखनाना—अ० खन-खन शब्द होना। जैसे—हथियारो का खनखनाना।
स० खन-खन शब्द उत्पन्न करना। जैसे—हथियार खनखनाना।

खनखाब—पुं० [?] घोड़ों का एक प्रकार का ऐब या दोष।

खनन—पुं० [स०√खन्+ल्युट् –अन] जमीन आदि खोदने की क्रिया या भाव।

खननी†—स० [सं० खनन] गड्ढा करने के लिए जमीन खोदकर उसमे से मिट्टी निकालना। खोदना।

खनयित्री—स्त्री० [सं०√खन्+णिच्+तृच्+ङीप्] जमीन खोदने का एक उपकरण। खती।

खनवाना—स० [हिं० खनना] खनने या खोदने का काम किसी से कराना।

खनहन†—वि० [स० क्षीण और हीन] १. दुबला-पतला। कमजोर। २ कोमल, मुन्दर और सुडौल। ३ अच्छा और ठीक तरह से काम देनेवाला।

खना—प्रत्य० [हिं० खाना का संक्षिप्त] एक प्रत्यय जो कुछ शब्दों के अंत में लगकर 'आघात करनेवाला' का अर्थ देता है। जैसे—कट-खना, मर-खना आदि।

खनाई—स्त्री० [हिं० खनना] खनने का काम, भाव या मजदूरी। खोदाई।

खनिक—पुं० [स०√खन्+इ+कन्] १. जमीन में सुरग बनाकर छत्ता लगानेवाली मधुमक्खियों की एक जाति। २. गड्ढा खोदनेवाला व्यक्ति। ३ खान (खदान) का मालिक।

खनिज—वि० [स० खनि√जन् (उत्पन्न होना)+ड] खान से खोदकर निकाला हुआ। (मिनरल)
पु०=खनिज-पदार्थ।

खनिज-पदार्थ—पुं० [कर्म० स०] १ वे वस्तुएँ जो खान में से खोदकर निकाली जाती हो। २ धातुओं का वह मूल रूप जिसमें वह खान से निकलती है।

खनिज-विज्ञान—पु० [कर्म० स०] वह विज्ञान जिसमें खानों का पता लगाने, उनमें से खनिज पदार्थ निकालने तथा उन पदार्थों के स्वरूप आदि का विवेचन होता है। (मिनरालोजी)

खनित्र—पुं० [स०√खन्+इत्र] जमीन खोदने का एक उपकरण। खंता।

खनियाना*—स० [हिं० खान] १ खान खोदना। २. खाली करना।

खनि-बस्ति—स्त्री० [मध्य०स०] खान में काम करनेवाले मजदूरो की बस्ती।

खनी—वि० [सं० खनिक] १. खोदनेवाला। २ खान में काम करनेवाला। ३. खान में से निकलनेवाला। खनिज।

खनोना†—स० [हिं० खनना] खनना। खोदना।

खन्ना†—पु० [सं० खनन=काटना से] वह स्थान जहाँ बैठकर पशुओं के लिए चारा काटा जाता है।

खपची—स्त्री० [तु० कमची] १ बाँस की पतली तीली, जो प्रायः चटाइयाँ, टोकरियाँ आदि बनाने के काम आती है। २ बाँस की पतली परन्तु अधिक चौड़ी पट्टी जिसे प्रायः डाक्टर लोग किसी टूटी हुई हड्डी को सीधी जोड़ने के लिए किसी अंग में बाँधते है। (स्प्लिन्ट) ३ कबाब भूनने की लोहे की सीक।

खपटा†—पुं० [स्त्री० अल्पा० खपटी]=खपड़ा।

खपड़ैलार†—पु० [हिं० खपड़ा+डालना] किसी ऋतु में पहली बार ऊख पेरने के समय की एक रसम।

खपड़ा—पुं० [स० खर्पट प्रा० खप्पट] [स्त्री० खपड़ी] १ कुछ विशिष्ट आकार के पकाये हुए मिट्टी के वे खड जो प्रायः छप्पर पर इस दृष्टि से बिछाये जाते है कि वर्षा का पानी छप्पर मे से नीचे न चूए।
विशेष—ये दो प्रकार के होते हैं—(क) खपुआ और (ख) नरिया। (देखें)
२. मिट्टी के घड़े का निकला भाग, गोल आधा भाग। ३ ठीकरा। ४. खप्पर। ५ कछुए की पीठ पर का कड़ा आवरण।
पु० [देश०] गेहूँ मे लगनेवाला एक प्रकार का कीड़ा।
पु० [सं० क्षुरपत्र] चौड़े फलवाला तीर।

खपड़ी—स्त्री० [स० खर्पर] १ छोटी नाँद के आकार का भड़भूजे का दाना भूँजने का अर्द्ध गोलाकार पात्र। २. उक्त आकार का एक छोटा मिट्टी का बरतन।
†स्त्री०=खोपड़ी।

खपड़ैल—स्त्री० [हिं० खपड़ा] वह छाजन जिस पर खपड़ा बिछा हुआ हो। खपड़े से छाई हुई छाजन।

खपत—स्त्री० [हिं० खपना] १. खपने या खपाने की क्रिया या भाव। २. माल की वह बिक्री जो उसे कहीं खपाने के लिए होती है। बिक कर माल समाप्त होना। ३. अन्त, नाश या समाप्ति। उदा०—रख्खे जु साँइ मिट्टे कवन, मिनरव मोहि उनपनि खपति।—चन्दबरदाई।

खपती—स्त्री० [हिं० खपना]=खपत।

खपना—अ० [सं० क्षय, प्रा० खय] [संज्ञा खपत] १. (अनावश्यक, खराब अथवा फालतू वस्तुओं का) उपयोग या व्यवहार में आना। काम में आना। उसे—(क) ईटो केटुकड़े भी दीवार मे खप गये। (ख) इन रुपयों मे यह खोटा रुपया भी खप जायगा। २ चीजों का बिक कर समाप्त होना। जैसे—दिसावर मे माल खपना। ३. गुजर होना। निभना। ४ नष्ट होना। उदा०—उपजै, खपै, जोनि फिर आवे।—कबीर। ५. अस्त्र-शस्त्र आदि से काटा या मारा जाना। हत होना। जैसे—लड़ाई में सिपाहियो का खपना। ६ कोई काम करने के लिए बहुत अधिक परिश्रम करते हुए तंग या परेशान होना। जैसे—दिन भर खपने पर अब यह काम पूरा हुआ है।

खपरट—पु० [हिं० खपड़ा] खपड़े का टूटा हुआ अंश या टुकड़ा। ठीकरा।

खपरा—पुं०=खपड़ा।

खपराग—पु० [ष० त०] अंधकार। अँधेरा।

खपरिया—स्त्री० [सं० खर्परी] १. भूरे रंग का एक खनिज पदार्थ या उप-धातु जिसे वैद्यक में क्षय, ज्वर, विष, कुष्ठ आदि का नाशक माना गया है। २. चने की फसल में लगनेवाला एक प्रकार का कीड़ा।

खपरैल—स्त्री० [हिं० खपड़ा+ऐल (प्रत्य०)] खपड़े से छाई हुई छाजन। खपड़ैल।

खपली—पुं० [हिं० खपड़ा] पश्चिमी और दक्षिणी भारत में होनेवाला एक प्रकार का गेहूँ, जिसे गोंची या कफली भी कहते हैं।

खपवा†—स्त्री० [हिं० खपाना?] पुरानी चाल की एक प्रकार की कटार।

खपाच—स्त्री० [हिं० खपची] १. रेशम फेरनेवालों का एक औजार जो बाँस की दो खपचियों को बाँधकर बनाया जाता है। २. दे० 'खपची'।

खपाची†—स्त्री०=खपची।

खपाट—पु० [हिं० खपची] भाथी के मुँह पर लगी हुई वे खपचियाँ जिन्हें खोलने और बंद करने पर चूल्हे या भट्ठी में हवा जाती है।

खपाना—स० [हिं० खपना का स०] १ (कोई वस्तु) इस प्रकार उपयोग या व्यवहार में लाना कि वह समाप्त हो जाय। जैसे—इमारत के काम में लकड़ी खपाना। २ माल आदि बेच डालना। ३ अवकाश या गुंजाइश निकालना। जैसे—इस विभाग में दो-तीन आदमा खपाये जा सकते हैं। ४. तंग या परेशान करना। किसी काम या बात के लिए व्यर्थ दिक करना। ५ किसी काम में बहुत अधिक परिश्रम करके अपनी शक्ति का व्यय या ह्रास करना। जैसे—किसी काम में सिर खपाना। ६ नष्ट करना। ७ मार डालना। जैसे—डाकुओं ने यात्रियों को जंगल में ही कहीं खपा दिया।

खपुआ†—वि० [हिं० खपना=नष्ट होना] कायर। डरपोक। भगोड़ा।

पुं० चूल या छेद में कोई चीज कसकर बैठाने के लिए उसके इधर-उधर ठोंका जानेवाला लकड़ी का टुकड़ा या पच्चड़।

पुं० [हिं० खपड़ा] छप्पर छाने का वह खपड़ा जो चिपटा और चौकोर होता है।

खपुर—पुं० [स० मध्य० स०] १. कभी-कभी आकाश में भ्रमवश दिखाई देनेवाला एक गन्धर्व-मंडल, जो कई प्रकार के शुभ और अशुभ फलों का सूचक माना जाता है। २ पुराणानुसार एक आकाशस्थ नगर जो पुलोमा और कालका नाम की दैत्य-कन्याओं के प्रार्थना करने पर ब्रह्मा ने बनाया था। गन्धर्वनगर। ३. राजा हरिश्चन्द्र की पुरी जो आकाश में स्थित मानी जाती है। ४ [ख √पृ (पूर्ण करना) + क] सुपारी का पेड़। ५. भद्र-मुस्तक। ६ बबूलका नामक वनस्पति।

ख-पुष्प—पुं०[ष० त०] १ आकाश-कुसुम। २ उक्त की तरह की अनहोनी या असंभव बात।

खप्पड़†—पु० १ =खपर। २ =खपड़ा।

खप्पर—पु०[सं० खर्पर, प्रा० प० खप्पर; गु० खापरी, मरा० खापर, उ० खपरा, बँ० खाबर] १. वह पात्र जो काली की मूर्ति के हाथ में रहता है और जिसके सम्बन्ध में यह कल्पना है कि वह इसी में भरकर शत्रुओं का रक्त पीती थीं। २. दरियाई नारियल का वह आधा भाग या उसके आकार का कोई पात्र जिसमें कुछ विशिष्ट प्रकार के साधु भिक्षा लेते हैं। ३. लोपड़ी।

खफकान—पुं०[अ०] १. हृदय की धड़कन का रोग। २. पागलपन।

खफकानी—वि० [अ०] १. खफकान रोग से पीड़ित। २. पागल। ३. खब्ती।

खफगी—स्त्री०[फा०] खफा होने की अवस्था या भाव। अप्रसन्नता। नाराजगी।

खफा—वि० [अ०] १. किसी से अप्रसन्न या असन्तुष्ट। नाराज। २ जिसे गुस्सा चढ़ा हो। क्रुद्ध।

खफीफ—वि०[अ०] १. मात्रा, मान आदि के विचार से अल्प, थोड़ा या हल्का। जैसे—खफीफ चोट आना। २. बहुत ही साधारण या तुच्छ और फलतः लज्जित। (व्यक्ति के सम्बन्ध मे, किसी विशिष्ट प्रसंग में) जैसे—किसी को चार आदमियों के सामने खफीफ करना।

खफीफा—पुं०[अ० खफीफ] वह दीवानी अदालत जिसमें लेन-देन के छोटे-छोटे मुकदमों पर विचार होता है।

खफा—पुं०[देश०] कुश्ती का एक पेंच।

खबर—स्त्री० [अ०] १. वृत्तान्त। हाल। जैसे—वहाँ पहुँचते ही वहाँ की खबर देना। २ इस प्रकार कही भेजा जानेवाला हाल। पैगाम। संदेश। ३. किसी नई घटना या बात की मिलनेवाली सूचना।

मुहा०—खबर उड़ना=किसी अनोखी या नई बात की जगह-जगह चर्चा होना।

४. नई घटनाएँ या ताजी बातें जो समाचार-पत्रों में छपती हैं अथवा रेडियो द्वारा प्रसारित की जाती हैं। ५ जानकारी। ज्ञान। जैसे—हमें भी इस बात की खबर है। ६ सुध। होश। जैसे—उसे किसी बात की खबर नहीं रहती। ७. किसी की दशा की ओर जानेवाला ध्यान।

मुहा०—(किसी की) खबर लेना—(क) असहाय, दीन या दुःखी व्यक्ति की ओर (उसका कष्ट दूर करने के लिए) ध्यान देना। (ख) अच्छी तरह दंड देना। (परिहास और व्यंग्य)

खबरगीर—वि० [अ०+फा०] १. खबर भेजनेवाला। २. देख-रेख करनेवाला।

पुं० १. गुप्तचर। जासूस। २ चौकीदार। पहरेदार।

खबरगीरी—स्त्री०[फा०] १. किसी की खबर लेते रहने अर्थात् उसकी देख-रेख करते रहने का काम या भाव। २. खबरगीर का काम या पद।

खबरदार—वि० [फा०][भाव० खबरदारी] १ जानकारी रखनेवाला। परिचित। २. चौकन्ना और सजग। सावधान।

खबरदारी—स्त्री० [फा०] खबरदार अर्थात् चौकन्ने या सजग रहने की अवस्था या भाव। सावधानी।

खबरि†—स्त्री०=खबर।

खबरिया*—स्त्री०=खबर।

खबरी—पुं०[फा०] खबर या संदेश भेजने या लानेवाला। दूत। (डिं०)

ख-वाण्य—पु० [ष० त०] ओस।

खबीस—पुं० [अ०] [भाव० खबासत, खबीसी] १. दुष्ट, निकृष्ट या बुरे कर्म करनेवाला व्यक्ति। २. कजस। कृपण।

पुं० [सं० कपिश] रंगीन मिट्टी। (बुंदेल०)

खबीसी—स्त्री० [अ०] खबीस होने की अवस्था या भाव।

खब्त—पुं०[अ०] [वि० खब्ती] १. किसी बात की झक या सनक। जैसे—आज तुम पर यह नया खब्त चढ़ा (या सवार हुआ) है। २. पागलपन।

खब्ती—वि०[अ०] १. जिसे किसी बात का खब्त या झक हो। झक्की। सनकी। २. पागल।

खब्बर—पुं० [देश०] दूब नाम की घास।

खब्बा—वि०[प०] १ बायाँ। दाहिने का उलटा। २. (व्यक्ति) जो बाएँ हाथ से काम-काज करता हो। ३. उलटे रास्ते पर चलनेवाला।

खभड़†—वि० [हिं० खाभड़] १. बुड्ढा और दुर्बल। २. दुबला-पतला।

खभड़ना—रा०=खभरना।

खभरना†—स० [हिं० भरना] १. मिलाना। मिश्रित करना। २. उथल-पुथल करना या मचाना।

खभरुआ—पु०[हिं० खभरना=मिलना] कुलटा या पुंश्चली स्त्री का पुत्र।

खभार—पुं०=खँभार।

खम—पुं०[अ०] १. टेढ़ापन। वक्रता। २ घुमाव या झुकाव।

मुहा०—खम खाना=(क) झुक या दबकर टेढा होना, दबना या मुड़ना। (ख) किसी के सामने झुकना या दबना। हारना।

खम ठोंकना=लड़ने के लिए ताल ठोकना।

पद—खम ठोंककर=(क) लड़ने या सामना करने के लिए ताल ठोंककर। (ख) दृढता या निश्चय पूर्वक।

३. गाने के समय लय मे लोच या सौन्दर्य लाने के लिए उसके मोड पर क्षण भर के लिए रुकना।

वि० झुका हुआ या टेढ़ा।

खमकना—अ० [अनु०] खम खम शब्द होना।

खमकाना—स० [अनु०] खम खम शब्द उत्पन्न करना।

ख-मणि—पु० [स० त०] सूर्य।

खमणी—वि० =क्षम (समर्थ)।

खमदम—पु० [अ० खम+दम] शक्ति और साहस का सूचक पुरुषार्थ या क्षमता।

खमदार—वि०[फा०] १ झुका हुआ। टेढ़ा। २ घुँघराला (बाल)।

ख-मध्य—पु० [ष० त०] १. आकाश का ठीक मध्य भाग या बिन्दु। २. सिर के ऊपर का बिन्दु।

खमसना†—अ०[?] किसी मे मिल जाना। मिश्रित होना।

स० मिश्रित करना। मिलाना।

खमसा—पु० [अ० खमसः -- पाँच सबधी] १. एक प्रकार की गजल, जिसके प्रत्येक पद्यांश या बद मे पाँच-पाँच चरण होते हैं। २. सगीत में एक प्रकार का ताल जिसमें पाँच आघात और तीन खाली होते हैं।

खमा*—स्त्री०=क्षमा।

खमाल†—पु०[देश०] जंगली खजूर के हरे फल, जो चौपायों को खिलाये जाते हैं।

पुं० [अ० हम्माल] जहाज पर माल लादने का काम। लड़ाई।

खमियाजा—पु०[फा० खमयाजः] १. अँगडाई। २. प्राचीन काल का वह दड, जो अपराधी को शिर्कजे में कसकर दिया जाता था। ३. दंड के रूप मे होनेवाला बुरे कामो अथवा भूल-चूक का फलभोग।

मुहा०—खमियाजा उठाना=भूल-चूक का दंड या फल पाना।

खमीदा—वि०[फा० खमीद:] खम खाया हुआ। झुका हुआ। टेढा।

खमीर—पु०[अ०] १. गूँधकर कुछ समय तक रखे हुए (गेहूँ, चावल, दाल आदि) आटे की वह स्थिति जब उसमें सड़न के कारण कुछ खट्टापन आना आरम्भ होता है। (ऐसे आटे की रोटी में एक विशिष्ट प्रकार का स्वाद आ जाता है।)

मुहा०—खमीर बिगड़ना=गूँधे हुए आटे का अधिक सड़ने के कारण बहुत खट्टा हो जाना।

२. उक्त प्रकार से थोड़ा सड़ाकर तैयार किया हुआ आटा। ३. कटहल, अनन्नास आदि को सड़ाकर तैयार किया हुआ वह पाँस जो पीने का तम्बाकू बनाते समय सुगंधि के लिए उसमें मिलाया जाता है। ४. किसी पदार्थ या व्यक्ति की मूल प्रकृति। जैसे—पाजीपन तो आपके खमीर में ही है।

खमीरा—वि० [अ० खमीर:] [स्त्री० खमीरी] १. (वस्तु) जिसका या जिसमें खमीर उठाया गया हो। जैसे— खमीरा आटा। २. इस प्रकार उठाये हुए खमीर से बननेवाला (पदार्थ)। जैसे—खमीरी रोटी। ३ जिसमें किसी प्रकार का खमीर मिलाया गया हो। जैसा—खमीरा तमाकू।

पु० चीनी या क्षीरे में पकाकर बनाया हुआ ओषधियो का अवलेह। जैसे—बनफशे का खमीरा।

खमीरी—वि० दे० 'खमीरा'।

ख-मीलन—पु० [स० ष० त०] तंद्रा।

ख-मूर्ति—पु० [स० ब० स०] शिव।

खमो—पुं० [देश०] एक प्रकार का छोटा सदाबहार पेड़।

खमोश—वि० [भा० खमोशी] =खामोश।

खम्माच—स्त्री०[हिं० खंबावती] मालकोस राग की एक रागिनी।

खम्माच कान्हड़ा—पुं० [हिं० खम्माच+कान्हड़ा] सपूर्ण जाति का एक सकर राग।

खम्माच टोरी—स्त्री० [हिं० खंभावती+टोरी] संपूर्ण जाति की एक रागिनी जो खंभावती और टोरी के मेल से बनती है।

खम्माची—स्त्री०=खम्माच।

खर्वग—पु०=खंग।

खय†—पुं०=क्षय।

खयना†—अ० [सं० क्षय] १. क्षीण होना। २ खिसक कर नीचे आना। उदा०—कच समेटिकर भूज उलटि, खये सीस-पट डारि।—बिहारी।

खया*—पुं०=खवा (भुज-मूल)।

खयानत—स्त्री० [अ०] १. अमानत या धरोहर को अनधिकारपूर्वक या अनुचित रूप से अपने काम में लाना। २. अमानत या धरोहर में से कुछ अंश निकाल या बदल देना। ३. बेईमानी।

खयाल—पुं०[अ०] १. किसी पुरानी अथवा भूली हुई बात की स्मृति। याद। जैसे—न जाने क्यों मुझे आज कई वर्षों बाद अपने मित्र का खयाल आया है। २. मन में उपजने अथवा होनेवाली कोई नई बात। विचार। जैसे—नया खयाल। ३. आदरपूर्ण ध्यान। जैसे—वे उनका बहुत खयाल रखते है। ४. मन में होनेवाली किसी प्रकार की धारणा या विचार। जैसे—इस बारे में आपका क्या खयाल है।

मुहा०—(किसी को) खयाल में लाना=महत्त्वपूर्ण समझना। जैसे—आप तो किसी को खयाल में ही नहीं लाते।

५. उदारता या कृपा की दृष्टि। जैसे—इस अनाथ बालक का भी

खयाल रखिएगा। ६. किसी राग या रागिनी का वह रूप जो एक विशिष्ट प्राचीन शैली में गाया जाता है। जैसे—केदारे या देश का खयाल।

विशेष—(क) यह गायन की गति के विचार से प्रायः दो प्रकार (विलंबित और द्रुत) का होता है। (ख) इस रूप या शैली का प्रचलन ई० १५ वीं शताब्दी के अंत मे जौनपुर के सुलतान हुसैन शर्की ने ध्रुपद के अनुकरण पर और उसके विकसित रूप में किया था। (ग) उसका मुख्य विषय ईश्वर या राग-रागिनी के स्वरूप का चिंतन या ध्यान होता है, और इसी लिए इसका नाम 'खयाल' पड़ा है। ७ लावनी गाने का एक ढंग या प्रकार। ८. एक प्रकार का लोक-नाट्य जो नौटंकी से बहुत-कुछ मिलता-जुलता होता है। इसमें पात्र प्रायः पद्यबद्ध रचनाओं को गाते हुए वार्तालाप करते है।

खयाली—वि० [फा०] १. खयाल संबंधी। २. केवल खयाल या विचार मे रहने या होनेवाला। ३. कल्पित।

मुहा०—खयाली पुलाव पकाना=केवल कल्पना के आधार पर या निराधार मन्सूबे बाँधना।

खरजा—पुं० =खड़जा।

खर—पुं० [स० ख+र] १ गधा। २ खच्चर। ३. कौआ। ४. बगला नामक जल-पक्षी। ५ तृण। तिनका। ६. मृन्पात्र रखने की वेदी। ७. सफेद चील। कंक। ८. कुरर पक्षी। ९ सूर्य का एक पार्श्वचर। १० साठ संवत्सरों में से पचीसवाँ संवत्सर। ११. छप्पय छंद का एक भेद। १२. रावण का भाई एक राक्षस जो पंचवटी में रामचंद्र के हाथों मारा गया था।

वि० १ कठोर। कड़ा। मस्त। २. तीक्ष्ण। तेज। ३. घन और स्थूल। भारी और मोटा। ४. अमांगलिक। अशुभ। जैसे—खरमास। ५ तेज धारवाला। ६. निरछा। ७ कठोर-हृदय। निष्ठुर। ८. कर्कश। कुरकुरा।

मुहा०—(घी) खर करना=गरम करके इस प्रकार तपाना कि उसमें का मठा जल जाय।

†पुं०=खराई।

†पुं०=खड़।

पुं० [अ०] गधा। जैसे— खर-दिमाग=गधे का-सा मस्तिष्क रखने-वाला अर्थात् कुंद या मूढ़।

खरक—पुं० [स० खडक=स्थाणु] १. चौपायों आदि को बंद करके रखने का घेरा। बाड़ा। २. पशुओं के चरने का स्थान। चरागाह।

†स्त्री० १.=खटक। २.=खड़क।

खरकता—पुं० [देश०] लटोरे की तरह का एक पक्षी।

खरकना—अ० १.=खटकना। २.=खड़खड़ाना। ३.=खड़कना (चुपचाप खिसक जाना)।

खरकर—पुं० [ब० स०] सूर्य।

खरकवट—स्त्री० [देश०] वह पटरी जो करघे में दो खूँटियों पर आड़ी रखी जाती है और जिस पर ताना फैलाकर बुनाई होती है।

खरका—पुं० [हिं० खर=तिनका] बाँस आदि के टुकड़े काट और छीलकर बनाया हुआ कड़ा पतला तिनका जो पान आदि में खाँसने के काम आता है।

मुहा०—खरका करना—भोजन के उपरान्त दाँतों में फँसे हुए अन्न आदि के कण तिनके से खोदकर बाहर निकालना।

†पुं०=खरक।

खर-कुटी—स्त्री० [कर्म० स०] नाई की दूकान।

खरकोस—पुं० [स० खर√कुश् (शब्द) +अण्] तीतर नामक पक्षी। (डिं०)

खर-कोसल—पु० [च० त०] जेठ का महीना।

खरखरा†—वि० =खुरदुरा।

खरखशा—पु० [फा० खर्खशः] १. व्यर्थ अथवा बिना मौके का झगड़ा या बखेड़ा। २. किसी काम या बात के बीच मे पड़नेवाली बाधा।

खरखोकी*—स्त्री० [हिं० खर+खोकी=खानेवाली] आग जो खर, तृण आदि खा जाती अर्थात नष्ट कर डालती है।

खरग†—पु०=खड्ग।

खरगोश—पु० [फा०] चूहे की तरह का पर उससे कुछ बड़ा एक प्रसिद्ध जंतु, जिसके कान लंबे, मुँह गोल तथा त्वचा नरम और रोएँदार होती है। खरहा। चौगड़ा।

खरच—पु० [अ० खर्च] १. धन, वस्तु, शक्ति आदि का होनेवाला उपभोग। जैसे—(क) शहर मे रोज हजार मन नमक का खरच है। (ख) इस काम में दो घंटे खरच हुए। २. धन की वह राशि, जो किसी वस्तु (या वस्तुओं) को क्रय करने मे अथवा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए व्यय की जाती है। व्यय। जैसे—(क) उनका महीने का खरच ५००) है। (ख) इस पुस्तक पर १०) खरच पड़ा है।

मुहा०—खरच उठाना=विवश होकर व्यय का भार सहना। जैसे—उसका सारा खरच हमें उठाना पड़ता है। **खरच चलाना**—आवश्यक व्यय के लिए धन देते रहना। जैसे—घर का सारा खरच वही चलाते है। **(किसी को) खरच में डालना**=किसी को ऐसी स्थिति मे लाना कि उसे विवश होकर खरच करना पड़े। जैसे—तुमने हमें व्यर्थ के खरच में डाल दिया। **(रकम का) खरच में पड़ना**=व्यय की मद मे लिखा जाना।

३. किसी वस्तु को निर्मित अथवा प्रस्तुत करने में होनेवाला व्यय। लागत। जैसे—इस पुस्तक को प्रकाशित करने में १०००) खरच बैठेगा।

खरचना—स० [फा० खर्च] १. धन का खरच या व्यय करना। २ किसी वस्तु को उपयोग या काम में लाना। बरतना। (सब०)

खरचा—पु०[फा० खर्च] १. खाने-पहनने, खरचने आदि के लिए मिलने-वाला धन या वृत्ति। २. दे० 'खरच'।

खरची—स्त्री० [हिं० खरच] १. खरच या व्यय मे लगनेवाला धन। २. वह धन जो दुश्चरित्रा स्त्रियों को कुकर्म कराने के बदले मे (अपना खरच चलाने के लिए) मिलता है।

मुहा०—खरची कमाना=अपने निर्वाह या धनोपार्जन के लिए (स्त्रियों का) कुकर्म कराते फिरना। **खरची पर चलना या जाना**=धन कमाने के लिए (स्त्रियों का) प्रसग या संभोग कराना।

खरचीला—वि० [हिं० खरच+ईला (प्रत्य०)] जो आवश्यक से अधिक अथवा व्यर्थ के कामो मे बहुत सा रुपया खरच करता हो। जी खोलकर या बहुत खरच करनेवाला।

खरज—पु० दे० 'षडज'।

खरजूर—पु० = खजूर।

खरत(द)नी—स्त्री० [हिं० खराद] खरादने का औजार या उपकरण।

खरतर—वि० [सं० खर+तरप्] अपेक्षया अधिक उग्र, कठोर या तेज। उदा०—असि की धारा से खरतर है ओजों का वह जो अभिमान।

खरतरगच्छ—पु० [सं० खरतर√गम् (जाना) + श] जैनियों की एक शाखा या सप्रदाय।

खरतल†—वि० [हिं० खर+तर] १ जो कोई बात साफ और स्पष्ट शब्दों में दूसरे से कह दे। २. उग्र। तीव्र। प्रचड।

खरतुआ—पु० [हिं० खर+बत्थुआ] बथुए की जाति की एक घास जो आप से आप खेतों में उग आती है।

खर-दड—पु० [ब० स०] कमल।

खरदनी—स्त्री० = खराद।

खरदा—पु० [देश०] अगूर के पौधों में होनेवाला एक रोग।

खर-दिमाग—वि० [फा०] [भाव० खरदिमागी] गधों की तरह का दिमाग रखनेवाला। बहुत बडा मूर्ख।

खरदुक*—पु० [?] एक प्रकार का पुराना पहनावा।

खर-दूषण—पु० [द्व० स०] १ खर और दूषण नामक राक्षस जो रावण के भाई थे। २ [ब० स०] धतूरा।

वि० जिसमें बहुत अधिक दोष या बुराइयाँ हों।

खरधार—वि० [ब० स०] (अस्त्र) जिसकी धार बहुत तेज हो।

खरध्वंसी (सिन्)—पु० [सं० खर√ध्वस् (नष्ट करना) + णिच् + णिनि] १. खर राक्षस का नाश करनेवाले श्रीरामचन्द्र। २ श्रीकृष्ण।

खरना—स० [हिं० खरा] १ साफ या स्वच्छ करना। २. ऊन को पानी में उबालकर साफ करना।

खर-नाद—पु० [ष० त०] गधे के रेंकने का शब्द।

खरनादिनी—स्त्री० [सं० खर √नद् (शब्द) + णिनि—ङीप्] रेणुका नाम का गध द्रव्य।

खरनादी (दिन्)—वि० [सं० खर√नद् + णिनि] जिसकी आवाज या स्वर गधे की तरह का हो।

खर-नाल—पु० [ब० स०] कमल।

खरपत—पु० [देश०] धोंगर नामक वृक्ष।

खरपा—पु० [सं० खर्व] चौबगला।

खरब—पु० [सं० खर्व] १. सख्या का बारहवाँ स्थान। सौ अरब। २ उक्त स्थान पर पडनेवाली सख्या। उदा०—अरब खरब लौ दरब है, उदय अस्त लौ राज।—तुलसी।

खरबानक—पु० [देश०] एक प्रकार का पक्षी। उदा०—कै खरबान कसैं पिय लागा। जौ घर आवै अबहूँ कागा।—जायसी।

खरबूजा—पु० [फा० खर्पज] १. ककड़ी की जाति की एक बेल। २. इस बेल के फल जो गोल, बड़े, मीठे और सुगंधित होते हैं।

कहा०—खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग पकड़ता है=एक की देखा-देखी दूसरा भी वैसा ही हो जाता है।

खरबूजी—वि० [हिं० खरबूजा] खरबूजे के रग का।

पु० उक्त प्रकार का रग।

खरबोजना—पु० [हिं० खार+बोझना] रगरेजों का वह घड़ा जिस पर रंग का माट रखकर रंग टपकाते है।

खरब्बा†—वि० [हिं० खराब] खराब या बुरे चलनवाला। बदचलन।

खरभर†—पुं० [अनु०] १ वस्तुओं के हिलने-डुलने अथवा आपस में टकराने से होनेवाला शब्द। खड़बड़। २ शोर। रौला। ३ खलबली।

खरभरना—अ० [हिं० खरभर] १ क्षुब्ध होना। २ घबराना।

स० १. क्षुब्ध करना। २ घबराहट में डालना।

खरभराना—स० [हिं० खरभर] १. खरभर शब्द करना। २ व्यर्थ शोर या हल्ला करना।

अ०, स०=खडबडाना।

खरभरी†—स्त्री० =खलबली।

खर-मस्त—वि० [फा०] १ गधों की तरह सदा मस्त या प्रसन्न रहनेवाला। २. गधों की तरह बिना समझे-बूझे दुष्टता या पाजीपन करनेवाला।

खर-मस्ती—स्त्री० [फा०] १ खरमस्त होने की अवस्था या भाव। २. हँसी में किया जानेवाला पाजीपन।

खर-मास—पु० [कर्म० स०] पूस और चैत के महीने; जिनमें हिंदू कोई शुभ काम नहीं करते हैं।

खरमिटाव†—पु० [हिं० खराई+मिटाना] जलपान। कलेवा।

खर-मुख—पु० [ब० स०] एक राक्षस जिसे केकय देश में भरत जी ने मारा था।

वि० १. गधे के-से मुखवाला। २ कुरूप। बदसूरत।

खरल—पु० [सं० खल] पत्थर, लोहे आदि का वह पात्र जिसमें कोई वस्तु रखकर पत्थर, लकड़ी या लोहे के डडे से कूटी या महीन की जाती है।

मुहा०—खरल करना=ओषधि आदि को खरल में डालकर महीन चूर्ण के रूप में लाना।

खरली†—स्त्री० दे० खली'।

खरवट—स्त्री० [देश०] काठ के दो टुकडों का बना हुआ एक तिकोना उपकरण जिसमें कोई वस्तु रखकर रेती जाती है।

खर-वल्ली—स्त्री० [कर्म० स०] आकाश-बेल।

खरवाँस—पु०=खर-मास।

खर-वार—पु० [कर्म० स०] अशुभ या बुरा दिन अथवा वार।

खर-वारि—पु० [कर्म० स०] १ वर्षा का जल। २. ओस। ३. कोहरा।

खर-विद्या—स्त्री० [कर्म० स०] ज्योतिष-विद्या।

खरशिला—पु० [कर्म० स०] मंदिर आदि की कुरसी का वह ऊपरी भाग जिस पर सारी इमारत खडी रहती है।

खर-श्वास—पु० [कर्म० स०] वायु।

खरस—पु० [फा० खिर्स] भालू। रीछ। (कलंदरों की बोली)

खरसा†—पु० [सं० षड्स] एक प्रकार का पकवान।

पु० [देश०] १. गरमी के दिन। ग्रीष्म ऋतु। २. अकाल।

स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली।

†पुं० [फा० खारिश] खुजली।

खरसान—स्त्री० [हिं० खर+सान] एक प्रकार की बढ़िया सान जिस पर हथियार रगड़ने से बहुत अधिक तेज और चमकीले हो जाते हैं।

खर-सिंधु—पु० [ब० स०] चंद्रमा।

खरखुसा—वि० [फा० खर+सुम] (घोड़ा) जिसके सुम अर्थात् खुर गधे के खुरों जैसे बिलकुल खड़े हों।

खरखेला—वि० [फा० खारिश, हिं० खरसा=खाज] जो खुजली रोग से पीड़ित हो।

खर-खगी—स्त्री० [ब० स०, क्रीर] पृथिवी।

खरखर—वि० [ब० स०] [स्त्री० खरखरी] कठोर या कर्कश स्वरवाला।

खर-खस्तिक—पुं० [कर्म० स०] शीर्ष बिंदु।

खर-हर—वि० [ब० स०] (राशि) जिसका हर शून्य हो। (गणित)

पु० [देश०] बलूत की जाति का एक पेड़।

खरहरना†—अ० [हिं० खर (तिनका)+हरना] झाड़ देना। झाड़ना।

स० [हिं० खरहरा] घोड़े के शरीर पर खरहरा करना।

खरहरा—पु० [हिं० खरहरना] [स्त्री० अल्पा० खरहरी] १ अरहर, रहठे आदि की डंठलों का बना हुआ झाड़ू। झखरा। २. एक प्रकार का ब्रुश जिसके दाँते प्रायः धातु के होते हैं, तथा जिससे रगड़कर घोड़े के बदन पर की धूल निकाली जाती है।

खरहरी—स्त्री० [देश०] एक प्रकार का मेवा (कदाचित् खजूर)।

खरहा—पु० [हिं० खर=घास+हा (प्रत्य)] [स्त्री० खरही] खरगोश।

खरही†—स्त्री० [हिं० खर] (घास या अन्न आदि का) ढेर। राशि।

खरांडक—पु० [सं० खर-अंड, ब० स०, कर्] शिव के एक अनुचर का नाम।

खरांशु—पु० [सं० खर-अंशु, ब० स०] सूर्य।

खरा—वि० [सं० खर=तीक्ष्ण] [स्त्री० खरी] १ जिसमें किसी प्रकार का खोट या मेल न हो। विशुद्ध। 'खोटा' का विपर्याय। जैसे—खरा दूध, खरा सोना। २. लेन-देन व्यवहार आदि में ईमानदार, सच्चा और शुद्ध हृदयवाला। जैसे—खरा असामी। ३ सदा सब बातें सच और साफ कहनेवाला। जैसे—खरा आदमी।

मुहा०—(किसी को) खरी खरी सुनाना=सच्ची और साफ बात दृढ़तापूर्वक कहना। (किसी को) खरी खोटी सुनाना ठीक या सच्ची बात बतलाते हुए किसी अनुचित आचरण या व्यवहार के लिए फटकारना। ४. जिसमें किसी प्रकार का छल-कपट न हो। जैसे—खरी बात, खरा व्यवहार। ५. बिलकुल ठीक और पूरा। उचित तथा उपयुक्त। जैसे—खरा काम, खरी मजदूरी। ६ (प्राप्य धन) जो मिल गया हो या जिसके मिलने में कोई संदेह न रह गया हो।

मुहा०—रुपये खरे होना=प्राप्य धन मिल जाना या उसके मिलने का निश्चय होना। जैसे—अब हमारे रुपए खरे हो गये।

७. (पदार्थ) जो झुकाने या मोड़ने से टूट जाय। ८ (पकवान) जो तलकर अच्छी तरह सेंक लिया गया हो। करारा। जैसे—खरी पूरी, खरा समोसा।

अव्य० १. वस्तुतः। सचमुच। उदा०—ऊधौ! खरिए जरी हरि के सूलन की।—सूर। २ निश्चित रूप से। ठीक या पूरी तरह से।

*पुं० [सं० खर] तृण। तिनका। (क्व०)

मुहा०—खरा-सा=तिनका भर। बहुत थोड़ा या जरा-सा। उदा० —चले मुदित मन डरु न खरोसो।—तुलसी।

खराई—स्त्री० [देश०] सबेरे अधिक देर तक जलपान या भोजन न मिलने के कारण होनेवाले साधारण शारीरिक विकार। जैसे—नुकसान होना, गला बैठना आदि।

मुहा०—खराई मारना=इस उद्देश्य से जलपान करना कि उक्त प्रकार के शारीरिक विकार न होने पावें।

†स्त्री०=खरापन।

खराऊँ—स्त्री०=खड़ाऊँ।

खराज—पुं०=खिराज।

खराद—पु० [अ० खर्रात से फा० खर्राद] एक प्रकार का यंत्र जो लकड़ी अथवा धातु की बनी हुई वस्तुओं के बेडौल अंग छीलकर उन्हें सुडौल तथा चिकना बनाता है।

मुहा०—खराद पर उतारना=कोई चीज उक्त यंत्र पर रखकर सुडौल और सुंदर बनाना। खराद पर चढ़ाना—(क) किसी पदार्थ का इस तरह से ठीक, सुंदर और सुडौल होना। (ख) संसार के ऊँच-नीच देख-कर अनुभवी और व्यवहार कुशल होना।

स्त्री० १. खरादने की क्रिया या भाव। २. वह रूप जो किसी चीज को खरादने पर बनता है। ३. बनावट का ढंग। गढ़न।

खरादना—स० [हिं० खराद] १. कोई चीज खराद पर चढ़ाकर उसे सुन्दर और सुडौल बनाना। २. काट-छाँटकर ठीक और दुरुस्त करना।

खरादी—पु० [हिं० खराद] वह व्यक्ति जो खरादने का काम करता हो। खरादनेवाला।

खरापन—पु० [हिं० खरा+पन] १. खरे अर्थात् निर्मल, शुद्ध अथवा निश्छल या स्पष्टवादी होने की अवस्था, गुण या भाव। २. सत्यता।

खराब—वि० [अ०] [भाव० खराबी] १. (वस्तु) किसी प्रकार का विकार होने के कारण जिसका कुछ अंश गल या सड़ गया हो। जैसे—ये फल खराब हो गये हैं। २ (बात या व्यवहार) जो अनुचित अथवा अशिष्ट हो। ३. (व्यक्ति) जिसका चाल-चलन अच्छा न हो। पतित। मर्यादाभ्रष्ट।

मुहा०—(किसी को) खराब करना=किसी का कौमार्य खंडित करना। ४. दुर्दशा-ग्रस्त। जैसे—मुकदमा लड़कर वे खराब हो गये। ५. जो मांगलिक अथवा शुभ न हो। बुरा। जैसे—खराब दिन।

खराबी—स्त्री० [फा०] १. खराब होने की अवस्था या भाव। २. दोष। ३. दुरवस्था। दुर्दशा। जैसे—तुम्हारा साथ देने के कारण हमें भी खराबी में पड़ना पड़ा।

खरारि—वि० [सं० खर-अरि, ष० त०] खरी अर्थात् राक्षसों आदि को नष्ट करनेवाला।

पुं० १. विष्णु। २. रामचंद्र। ३. श्रीकृष्ण। ४. बलराम (धेनुक नामक असुर को मारने के कारण) ४ एक प्रकार का छंद जिसके प्रत्येक चरण में ३२ मात्राएँ होती हैं।

खरारी—पुं०दे० 'खरारि'।

खरालिक—पुं० [सं० खर-आ√ला (लेना)+णिनि+कन्] १. नाई। २. तकिया। ३. लोहे का तीर।

खराश—स्त्री० [फा०] कोई अंग छिलने अथवा छीले जाने पर अथवा रगड़ खोने पर होनेवाला छोटा या हलका घाव। खरोंच। छिलन।

खरिक—पुं० [देश०] वह ऊख जो खरीफ की फसल के बाद बोया जाय।

†पु०=खरक।

खरिच—पु०=खरच।

खरिया—स्त्री० [हिं० खर+इया (प्रत्य०)] १. रस्सी आदि की बनी हुई जाली जिसमें घास, भूसा आदि बाँधा जाता है। २. झोली।

स्त्री० [देश०] १. वह लकड़ी जिसकी सहायता से तौद में नील कसकर भरते या दबाते हैं। २. मानभूम, राँची आदि में रहनेवाली एक जंगली जाति।

स्त्री० [हिं० खार=राख] कंडे की राख।

स्त्री० दे० 'खड़िया'।

खरियान†—पुं०=खलियान।

खरियाना†—स० [हिं० खरिया] झोली में भरना।

स०=खलियाना।

खरिहट†—स्त्री० [हिं० खर] लकड़ी का टुकड़ा जिसमें वह डोरा बँधा रहता है जिसमें कुम्हार लोग चाक पर से तैयार की हुई चीज काटकर अलग करते हैं।

खरिहान—पु०=खलियान।

खरी—स्त्री० [स० खर+ङीष्] गधी।

स्त्री० [देश०] एक प्रकार का ऊख।

स्त्री०=खली।

खरीक*—पुं० [सं० खर] तिनका।

खरी-अंध—पु० [ब० स०] शिव।

खरीता—पु० [अ० खरीतः] [स्त्री० अल्पा० खरीती] १. थैली। २. जेब। खीसा। ३. बड़ा लिफाफा; विशेषतः वह लिफाफा जिसमें राजाओं के आदेश-पत्र आदि भरकर भेजे जाते थे।

खरीतिया†—पु० [अ० खरीता] मुसलमानी शासन काल का एक प्रकार का कर जो अकबर ने उठा दिया था।

खरीद—स्त्री० [फा०] १. खरीदने की क्रिया या भाव। क्रय। २. वह जो कुछ खरीदा जाय। जैसे—यह सौ रुपए की खरीद है। ३. वह मूल्य जिस पर कोई वस्तु खरीदी जाय। जैसे—दस रुपए तो इसकी खरीद है।

खरीददार—पु० [फा०] १. जो कोई वस्तु खरीदता हो। ग्राहक। २. गुणग्राहक। चाहनेवाला।

खरीदना—स० [फा० खरीदन] मोल लेना। क्रय करना।

खरीदार—पु०=खरीददार।

खरीदारी—स्त्री० [फा०] कोई वस्तु खरीदने की क्रिया या भाव। खरीदने का काम।

खरीफ—स्त्री०[अ० खरीफ़] १. वह फसल जो आषाढ़ से आधे अगहन के बीच में तैयार होती है। जैसे—धान, मकई, बाजरा, उर्द, मोठ, मूँग आदि। २ आषाढ़ से आधे अगहन तक की अवधि या भोगकाल।

खरीस—स्त्री० [देश०] मुरगे की तरह की एक चिड़िया जो प्रायः पानी के किनारे रहती है।

खरील—पु० [देश०] सिर पर पहनने की एक प्रकार की बेंदी (गहना)।

खरी-विषाण—पु० [सं० ष० त०] ऐसी वस्तु जिसका उसी प्रकार अस्तित्व न हो जिस प्रकार गधी या गधे के सिर पर सींग नहीं होता है।

खरे—वि० [सं०√खन् (खोदना)+कु, न्=र्] १. सफेद। २. मूर्ख। ३. निष्ठुर।

खरे—अव्य० [हिं० खरा] अच्छी तरह। उदा०—केहिनर केहि सर राखियो, खरे बढ़े पर पार।—बिहारी।

पु० [हिं० खरा] एक आने प्रति रुपए की दलाली जो साधारणतः उचित और चलित मानी जाती है। (दलाल)

खरेई—अ०य० [हिं० खरा+ई=ही] १. वस्तुतः। सचमुच। उदा०—सूरदास अब धाम देहरी चढ़ि न सकत खरेई अमान।—सूर। २ बहुत अधिक।

खरेठ—पु० [देश०] एक प्रकार का अगहनी धान।

खरेदुआ†—पु०=खरोरी।

खरेरा—पु०=खरहरा।

खरोंच—स्त्री० [सं० क्षरण] १. नख अथवा अन्य किसी नुकीली वस्तु से छिलने से पड़ा हुआ दाग या चिह्न। खराश। २. कुछ विशिष्ट पत्तों को बेसन में लपेट कर तैयार किया हुआ पकौड़ा। पतौड़।

खरोंचना—स० [स० क्षुरण] किसी नुकीली वस्तु से किसी वस्तु को खुरचना या छीलना।

खरोंट—स्त्री०=खरोंच।

खरौंई†—अव्य० दे० 'खरेई'।

खरोंच—स्त्री०=खरोंच।

खरोंचना—स०=खरोंचना।

खरोंट—स्त्री०=खरोंच।

खरोंटना—स०=खरोंचना।

खरोरा†—पु०=खँडौरा।

खरोरी—स्त्री० [हिं० खड़ा] छकड़े, बैलगाड़ी आदि में दोनों ओर के वे दो-दो खूँटे जिन पर रोक के लिए बाँस बँधे रहते हैं।

खरोस—पु० [फा०] १. जोर की आवाज। २. कोलाहल। शोर। ३. आवेग या आवेश। जैसे—जोश-खरोश।

खरोष्ठी, खरोष्ठी—स्त्री० [स० खर=उष्ट्र, मयू० स०, खरोष्ट्र+ङीप्] [खर-ओष्ठ, मयू० स०, खरोष्ठ+ङीष्] भारत की पश्चिमोत्तर सीमा की अशोककालीन एक लिपि जो दाहिनी ओर से बाईं ओर लिखी जाती थी। गांधार लिपि।

खरौंट†—स्त्री०=खरोंच।

खरौंटना†—स०=खरोंचना।

खरौहाँ†—वि० [हिं० खारा+औहाँ] जो स्वाद में कुछ-कुछ खारा हो।

खर्ग—पुं० [स०] एक प्रकार का इंद्रजाल।

खर्ग*—पु०=खड्ग।

खर्ब—पुं० दे० 'खरब'।

खर्बना—स०=खरचना।

खर्बा—पुं०=खरबा।

खर्बी—स्त्री०=खरबी।

खर्बीला—वि०=खरबीला।

खर्जन—पुं० [स०√खर्ज् (खुजलाना)+ल्युट्—अन] १. खुजलाना। २. खुजली।

खर्जरा—स्त्री० [सं०√ खर्ज्+घञ्, खर्ज√रा (देना) +क-टाप्] सज्जी मिट्टी।

खर्जिका—स्त्री० [सं०√खर्ज+ण्वुल्-अक, टाप्, इत्व] उपदंश या गरमी नाम का रोग।

खर्जु—स्त्री० [सं०√खर्ज्+उन्] १. खुजली। २ जंगली खजूर। ३ एक प्रकार का कीड़ा।

खर्जुल—पुं० [सं० खर्जु√हन् (नष्ट करना)+टक्] १. धतूरा। २. आक। ३. चकमर्द। चकवँड।

खर्जूर—पुं० [स०√खर्ज्+उरच्] १. एक प्रकार की खजूर। २. चाँदी।

खर्जू—स्त्री० [सं०√खर्ज्+ऊ] १. खुजली। २. एक प्रकार का कीड़ा।

खर्जूर—पु० [सं०√खर्ज्+ऊरच्] १. खजूर नामक वृक्ष। २. इस वृक्ष का फल। ३. चाँदी। ४. हरताल। ५. बिच्छू।

खर्जूरक—पु० [स० खर्जूर+कन्] बिच्छू।

खर्जूर-भेद—पुं० [ष० त०] ज्योतिष में एकादंगल नामक योग जिसमें विवाह कर्म वर्जित है।

खर्जूरी—स्त्री० [सं० खर्जूर+ङीष्] खजूर।

खर्पर—पुं० [स०=कर्पर, पृषो० ह्रस्व] १. खप्पर नामक पात्र। २. काली देवी का रुधिर पीने का पात्र। ३. हड्डियों की राख से बननेवाली वह छिद्रिल घरिया जिसमें चाँदी-सोना गलाने पर उसमें मिला हुआ खोट रसकर बाहर निकल जाता है। (म्यूपेल) ४. खोपड़ा।

खर्परी—स्त्री० [स० खर्पर+ङीष्] खपरिया।

खर्व—वि० [स०√खर्व् (गति)+अच्] १. जिसका कोई अंग कटा या टूटा हो। विकलांग। २. छोटा। लघु। ३. बौना।

पु० [स०] १. संख्या का बारहवाँ स्थान। सौ अरब। खरब। २. बारहवें स्थान पर पड़नेवाली संख्या।

वि०, पुं०=खर्व।

खर्वट—पु० [सं०√खर्व्+अटन्] पहाड़ पर बसा हुआ गाँव। पहाड़ी बस्ती।

खर्राट—वि०=खुर्राट।

खर्रा—पु० [खर खर से अनु०] १. वह बहुत लंबा पर बहुत कम चौड़ा कागज जिसमें कोई बड़ा हिसाब या विवरण लिखा हो और जो प्रायः मूठ्ठे की तरह लपेटकर रखा जाता है। (रोल) २. एक प्रकार का रोग जिसमें पीठ पर फुंसियाँ होती हैं और चमड़ा कड़ा पड़ जाता है।

खर्राच—वि० [अ०] बहुत खरच करनेवाला। खरचीला।

खर्राटा—पुं० [अनु० खर खर] सोते समय मुँह के रास्ते जोर से साँस लेने पर होनेवाला खर-खर शब्द।

विशेष—प्रायः गले या नाक में भरी हुई बलगम से हवा के टकराने पर ऐसा शब्द होता है।

मुहा०—खर्राटा भरना, मारना या लेना=पूरी नींद में और बेसुध होकर सोना।

खर्व—वि० [सं०√खर्व्+अच्] १. खंडित या भग्न अंगवाला। विकलांग। २. छोटा। लघु। ३. नाटा। बौना। ४. तुच्छ। नगण्य। ५. नीच।

पुं०१. सौ अरब की अर्थात् बारहवें स्थान की संख्या। २. कुबेर की एक निधि। ३. कूजा नामक वृक्ष। ४. ठिगने कद का व्यक्ति। बौना।

खर्विता—स्त्री० [सं०√खर्व्+क्त+टाप्] १. चतुर्दशी से युक्त अमावास्या जो बहुत कम होती है। २. ऐसी तिथि जिसका काल-मान बीती हुई तिथि के काल-मान से कुछ कम हो।

खर्वीकरण—पुं० [सं० खर्व+च्वि√कृ (करना)+ल्युट्-अन] कम या छोटा करने की क्रिया या भाव।

खल—वि० [सं०√खल् (चलना, गिरना)+अच्] [भाव० खलता] १. क्रूर और दुष्ट स्वभाववाला। दुर्जन। पाजी। लुच्चा। २. अधम। नीच। ३. निर्लज्ज। ४. धोखेबाज। ५. चुगलखोर। पिशुन।

पुं० [सं०] १. सूर्य। २. पृथ्वी। ३. जगह। स्थान। ४. खलिहान। ५. तलछट। ६. धतूरा। ७. तमाल वृक्ष। ८ खरल। ९. पत्थर का टुकड़ा या ढोंका। १०. सुनारों का किटकिना नाम का ठप्पा।

†पु०=खरल।

खलई—स्त्री०=खलता।

खलक—पुं० [सं० ख√लक (लेना)+क+कन्] धड़ा।

पुं० [अ० खल्क] १. जगत् या सृष्टि के प्राणी। २ जगत्। संसार। सृष्टि।

खलकत—स्त्री० [अ०] १. जगत् या संसार के सब लोग। २. जन-समूह। भीड़।

खलखल—स्त्री० [अनु०] १. तरल पदार्थ उँड़ेलने अथवा उबालने पर होनेवाला शब्द। २. हँसने आदि में होनेवाला उक्त प्रकार का शब्द।

खलखलाना—अ० [अनु०] १. खल खल शब्द होना। २. खौलना।

स० १. खल खल शब्द उत्पन्न करना। २. उबालना। खौलाना।

खलड़ी—स्त्री० [हिं० खाल+डी (प्रत्य०)] खाल। त्वचा।

खलता—स्त्री० [सं० खल+तल्-टाप्] खल होने की अवस्था या भाव। दुष्टता।

पुं० [हिं० खरीता] एक प्रकार का बड़ा पैला।

खलत्व—पुं० [सं० खल+त्व] खलता (दे०)।

खलधान—पुं० [सं०√धा (धारण करना)+ल्युट्-अन, खल-धान, ष० त०] खलियान।

खलना—अ० [स० खर=तीक्ष्ण] १. अनुचित, अप्रिय या कष्टदायक प्रतीत होना। दूषित या बुरा जान पड़ना। अखरना। २. नेत्रों को भला प्रतीत न होना। ठीक प्रकार से न जँचना या न फबना। खटकना।

स० किसी धातु को इस प्रकार खाली अर्थात् पोला करना कि वह झुक या मुड़ सके। (सोनार)

खलनी—स्त्री० [फा० खाली] सोनारों का एक औजार जिस पर रख कर चूड़ी आदि बनाई जाती है।

खलबल—स्त्री० [अनु०] १. शोर। हल्ला। २. कुलबुलाहट। ३. दे० 'खलबली'।

खलबलाना—अ० [हिं० खलबल] १. खलबल शब्द करना। २. उबलना। खौलना। ३. कीड़े-मकोड़ों का हिलना-डोलना। कुलबुलाना। ४. दे० 'खड़बड़ाना'।

स० १. खलबल शब्द करना। २. खलबली या हलचल उत्पन्न करना।

खलबली—स्त्री० [हिं० खलबल] १. खलबल करने या होने की अवस्था या भाव। जैसे—पेट में खलबली होना। २. घबराहट, भय आदि के कारण भीड़ या जन-समूह में मचनेवाली हलचल। ३. क्षोभ।

खलभलाना—अ०, स०=खलबलाना।

खल-मूर्ति—पुं० [ब० स०] पारा।

खल-यज्ञ—पुं० [मध्य० स०] प्राचीन काल में होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ।

खलल—पुं० [अ०] १. किसी चलते हुए काम में पड़नेवाली बाधा या विघ्न। अड़चन।

पद—**खलल-दिमाग**—मस्तिष्क में होनेवाली विकृति। पागलपन।

खलसा—स्त्री० [सं० खालिश] एक प्रकार की बड़ी मछली।

खलहल†—पुं०=खलल।

स्त्री०=खलबल।

खलाइत—स्त्री० [हिं० खाल+इत (प्रत्य०)] घोंकनी। भाथी।

खलाई—स्त्री०=खलती।

खलाना*†—स० [हिं० खाली] १. पात्र आदि में भरी हुई चीज बाहर निकालना। खाली करना। २ किसी को कहीं से बाहर निकालना। ३ घुंडी बनाने के लिए पत्थर की कटोरी इस प्रकार बनाना कि उसका भीतरी भाग खाली रहे। (सुनार)

स० [हिं० खाल=गड्ढा] १. जमीन खोदकर गड्ढा बनाना। २. भरी हुई जमीन खोदकर खाली करना। जैसे—कुआँ खलाना। ३. नीचे की ओर इस प्रकार दबाना कि वह खाली जान पड़े।

मुहा०—**पेट खलाना**=पेट पचकाकर यह सूचित करना कि हम बहुत भूखे हैं, हमें कुछ मिलना चाहिए।

स० [हिं० खाल] मरे या मारे हुए पशु की खाल उतारना। जैसे—बकरी या शेर खलाना।

खलार†—वि० [हिं० खाली] नीचा। गहरा। जैसे—खलार भूमि।

पुं० आस-पास के तल से नीचा स्थान।

खलाल—पु०[अ०] धातु का वह लंबा, नुकीला, छोटा टुकड़ा जिससे दाँतों में फँसा हुआ अन्न आदि खोदकर निकालते है।

वि० [हिं० खलास] (ताश के खेल में) जो पूरी बाजी हार चुका हो।

पु० उक्त प्रकार की हार।

खलास—वि० [अ०] १. किसी प्रकार के बंधन से छूटा हुआ। मुक्त। २ जिसके पास या साथ कुछ रह न गया हो। गरीब। दरिद्र। ३. खतम। समाप्त। ४. संभोग के समय जिसका वीर्य-पात हो चुका हो।

खलासी—स्त्री० [हिं० खलास] छुटकारा। मुक्ति।

पु० जहाज पर या रेलों में छोटे-मोटे काम करनेवाला मजदूर।

खलि—स्त्री० [सं० √खल् (गति) +इन्] खली।

खलित*—वि० [सं० स्खलित] १. चलायमान। चंचल। डिगा हुआ। २. अपने स्थान से गिरा या हटा हुआ। ३. जिसका वीर्यपात हो चुका हो। ४. अस्पष्ट या अर्थरहित (बात)।

वि० [सं० √खल्+क्त] अधम। नीच। पतित।

खलिन—पु० [सं० ख-लीन, स० त०, पृषो० ह्रस्व] १. घोड़े की लगाम। २. लोहे का वह उपकरण जिसके दोनों ओर लगाम बँधी रहती है।

खलियान—पु० [सं० खल और स्थान] १. वह समतल भूमि या मैदान जहाँ फसल काटकर रखी, माँडी तथा बरसाई जाती है। २. अव्यवस्थित रूप से लगाया हुआ ढेर।

खलियाना†—स०=खलाना (सब अर्थों में)।

खलिवर्द्धन—पु०[ष० त०] मसूड़ों का एक रोग जिसमें उनकी जड़ का मांस बढ़ जाता और पीड़ा होती है।

खलिश—पुं०[सं० ख√लिश् (गति या मिलना)+क] खलसा नाम की मछली।

स्त्री० [फा०] १. कोई खटकने, गड़ने या चुभनेवाली चीज। काँटा। २. उक्त प्रकार की चीज गड़ने या चुभने से होनेवाली कसक, टीस या पीड़ा। खटक।

खलिहान†—पुं०=खलियान।

खली (लिन्)— वि० [स० खल इनि] जिसमें तलछट हो।

पु० १. शिव। २. एक प्रकार के दानव जिन्हें वशिष्ठ देव ने मारा था।

स्त्री० तेलहन का वह अंश जो उसे पेरकर तेल निकालने पर बच रहता और गौओं-भैंसों आदि को भूसे में मिलाकर खिलाया जाता है।

वि० [हिं० खलना] खलने या खटकनेवाला। अनुचित और अप्रिय।

खलीज—स्त्री० [अ०] खाड़ी। (भूगोल)

खलीता—पु०=खरीता।

खलीफा—पु० [अ०] १. उत्तराधिकारी। २. मुसलिम राष्ट्र में एक सर्वोच्च पद जिस पर मुहम्मद साहब का उत्तराधिकारी नियुक्त होता था और समार भर के मुसलमानों का नेता माना जाता था। (कैलिफ) ३. प्रधान अधिकारी। ४. बड़ा, बुड्ढा और मान्य व्यक्ति। ५. मुसलमान नाइयों दरजियों आदि का उपनाम। ६. बहुत बड़ा चालाक या धूर्त। खुर्राट।

खलील—पु० [अ०] सच्चा दोस्त।

खलु—क्रि० वि० [सं० √खल+उन्] निश्चयद्योतक शब्द। निश्चित रूप से। अवश्य।

खलूरिका—स्त्री० [सं० अव्युत्पन्न] १. वह मैदान जहाँ सैनिक शिक्षा दी जाती हो अथवा जहाँ सैनिक व्यायाम आदि करते हों। २ चाँदमारी का स्थान।

खलेरा—वि० [अ० खाल:=मौसी] जो खाला (मौसी) के संबंध से कुछ लगता हो। मौसेरा। जैसे—खलेरा भाई।

खलेल—पुं०[हिं० खली+तेल] खली आदि का वह अंश जो फुलेल में रह जाता है और निथारने या छानने पर निकलता है।

वि० पु०=लालाब।

खल्क—स्त्री० दे० 'खलक'।

खल्कत—स्त्री०=खलकत।

खल्ल—पुं०[सं० √खल्+घिवप्, खल्√ला (लेना)+क] १. प्राचीन काल का एक प्रकार का कपड़ा। २. चमड़ा। ३. चमड़े की बनी हुई मशक। ४. चातक पक्षी। ५. औषध को खरल में डालकर घोंटने या पीसने की क्रिया।

खल्लड़—पुं०[सं० खल्ल, हिं खाल] १. मृत पशु की उतारी हुई खाल। २. चमड़े की मशक या थैला। ३. औषध, मसाले आदि कूटने का खरल।

खल्ला—पुं०[हिं० खाली] १. नृत्य में यह दिखलाने की क्रिया कि हमारा पेट खाली है। २. बिना साफ की हुई खाल से बनाया हुआ जूता।

†पुं०=खलियान।

खल्लातर—पुं०[सं० ?] ज्योतिष में एक प्रकार का योग।

खल्लिका—स्त्री० [सं० खल्ल+कन्—टाप्, इत्व] कड़ाही।

खल्ली—पुं० [सं० खल्ल+ङीष्] एक प्रकार का वात रोग जिसमें हाथ पाँव मुड़ जाते है।

†स्त्री०=खली (तेलहन की)।

खल्लीट—पुं० वि०=खल्वाट।

खल्व—पुं०[सं० √खल्+क्विप, खल्√वा+क] १. सिर के बाल झड़ जाने का रोग। गंज। २ एक प्रकार का धान। ३. चना।

खल्वाट—पुं०[सं० खल्√वट् (लपेटना)+अण्] वह रोग जिसमे सिर के बाल झड़ जाते हैं। गंज नामक रोग।

वि० जिसके सिर के बाल झड़ गये हों। गंजा।

ख-वल्ली—स्त्री० [ष० त०] आकाशवल्ली (बौर)।

खवा—पुं० [स० स्कन्ध] कंधा। भुजमूल।

मुहा०—खवे से खवा छिलना=इतनी अधिक भीड़ होना कि सबको धक्के लगते हों।

खवाई—स्त्री० [हिं० खाना] १. खाने या खिलाने की क्रिया, भाव या पारिभाषिक।

स्त्री० [?] नाव में का वह गड्ढा जिसमे मस्तूल खड़ा किया जाता है।

खवाना†—स०=खिलाना (भोजन कराना)।

खवार—वि०=ख्वार।

खवास—पुं० [अ०]१ वह खास नौकर जो अंग-रक्षक का भी काम करता हो। २. राजपूताने में, राजाओं की विशिष्ट प्रकार की निजी सेवाएँ करनेवाले सेवकों की जाति या वर्ग। ३ उक्त जाति या वर्ग का कोई व्यक्ति।

खवासी—स्त्री०[हिं० खवास+ई (प्रत्य०)] १. खवास का काम, पद या भाव। २. चाकरी। नौकरी। ३. हाथी के हौदे, गाड़ी आदि में पीछे की ओर का वह स्थान जहाँ खवास बैठता है। ४. अँगिया में बगल की तरफ लगनेवाला जोड़।

ख-विद्या—स्त्री०[स० ष० त०] ज्योतिष विद्या।

खवी—स्त्री० [फा० खवीद=हरी घास या फसल] एक प्रकार की घास।

खवैया—पुं०[हिं० खाना+ऐया (प्रत्य०)] बहुत खानेवाला।

वि० [हिं० खवाना=खिलाना+ऐया (प्रत्य०)] खिलाने या भोजन करानेवाला।

खश†—पुं०=खस।

खशखश—पुं०[फा०] पोस्ते का पौधा और उसका बीज। खसखस।

खशी (शिन्)—वि० [सं० खश+इनि] पोस्ते के फूल के रंग का। हलका आसमानी।

पुं० हलका आसमानी रंग।

खशम—पुं०[अ० मि० सं० खण्ड] कोप। क्रोध। रोष।

ख-श्वास—पुं०[ष० त०] वायु।

खष्प—पुं०[सं०√खन् (खोदना)+प, न=ष] १. हिंसा। २. क्रोध।

खस—पुं०[सं० ख√सो (नष्ट करना)+क] १. वर्त्तमान गढ़वाल और उसके उत्तरी प्रदेश का पुराना नाम। २. इस प्रदेश में रहनेवाली एक प्राचीन जाति।

स्त्री० [फा०] गाँडर नामक घास की जड़ें जो सुगंधित होती है और जिसकी टट्टियाँ बनाई जाती है।

पद—खस की टट्टी=खस नामक घास की जड़ों की बनाई जानेवाली एक प्रकार की टट्टी या परदा जिसे गरमी के दिनों में दरवाजों पर कमरे ठंढे रखने के लिए लगाते है।

खसकंता—स्त्री०[हिं० खसकना+अंत (प्रत्य०)] चुपके से खिसक या भाग जाने अथवा कहीं से उठकर चल देने की क्रिया या भाव।

खसकना—अ०[अनु०] १ पाँव तथा घुटने के बल बैठे-बैठे धीरे-धीरे किसी ओर बढ़ना या हटना। २. चुपचाप कहीं से चले जाना या हट जाना। ३ किसी वस्तु का अपने स्थान से कुछ हट जाना। जैसे—खंभा या दीवार खसकना।

खसकाना—स० [खसकाना का प्रे०] १. खसकाने का काम करना। २. किसी की कोई चीज धीरे से उठा लाने में प्रवृत्त करना।

खसकाना—स०[हिं० खसकना] १. किसी वस्तु को धीरे-धीरे हटाते हुए उसके स्थान से इधर-उधर करना। २ धीरे से किसी की कोई वस्तु उठाकर चलते बनना।

खसखस—स्त्री०[स० खसूखस?] पोस्ते का दाना या बीज।

खसखसा—वि० [हिं० खसखस] खसखस के दानों की तरह का, अर्थात् बहुत छोटा। जैसे—खसखसी दाढ़ी।

वि० [अनु०] भरभुरा।

खसखसी—वि० [हिं० खसखस] खसखस या पोस्ते के दानों के रंग का। कुछ मटमैला सफेद। मंगतिया।

पुं० उक्त प्रकार का रंग। (पर्ल)

खस-खाना—पुं० [फा०] खस की टट्टियों से घिरा हुआ कमरा या घर जिसमे बड़े आदमी गरमियों के दिनों में दोपहर के समय रहते हैं।

खस-खास—स्त्री०=खसखस।

खसतिल—पुं० [स० खस√तिल् (चिकना होना)+क] पोस्ता।

खसना†—अ० [प्रा० कसइ=गिरना] १. अपनी जगह से धीरे-धीरे हटना। खिसकना। २. नीचे की ओर आना। गिरना।

†स० [अ० खसी=बकरी का बच्चा] १. काट या तोड़कर अलग करना। २. नष्ट करना। उदा०—इह तउ बसतु गुपाल की जब भावै लेइ खसि।—कबीर।

खसनीब—पुं० [?] एक प्रकार का गंधा बिरोजा।

खसबो*—स्त्री०=खसबू।

खसम—पुं० [अ०] १. स्त्री का पति। खाविंद।

मुहा०—खसम करना=किसी पर-पुरुष से पति-संबंध स्थापित करना। २. मालिक। स्वामी। ३. रहस्य संप्रदाय में, (क) जीव या जीवात्मा। (ख) परमात्मा।

वि० [सं० ख=आकाश+सम=समान] आकाश या शून्य के समान सब प्रकार के भावों या विचारों से रहित। (रहस्य सम्प्रदाय) जैसे—खसम स्वभाव।

खसरा—पुं०[अ० खसरः] १. पटवारी या लेखपाल का वह कागज जिसमें

प्रत्येक खेत का क्षेत्रफल या नाप-जोख आदि लिखी रहती है। २. हिसाब का कच्चा चिट्ठा।

पुं०[फा० खारिश] एक प्रकार का संक्रामक रोग जिसमें शरीर पर बहुत से छोटे-छोटे दाने निकल आते हैं और बहुत कष्ट होता है। मसूरिका।

ख-खर्प—पु० [सं० ब० स०] गौतम बुद्ध।

खसलत—स्त्री० [अ०] आदत। स्वभाव।

खसाना—स० [हिं० खसना] नीचे की ओर ढकेलना या फेंकना। नीचे गिराना।

खसारा—पु० [अ० खसारः] १. नुकसान। हानि। २. घाटा। टोटा।

खसासत—स्त्री० [अ०] १. खसीस होने की अवस्था या भाव। कंजूसी। २. क्षुद्रता। नीचता।

ख-सिंधु—पु०[स० ष० त०] चंद्रमा।

खसिया—वि० [अ० खस्सी] १. (पशु) जिसके अंडकोश निकाल लिए गये हों। बधिया। २. नपुंसक।

पुं०=खस्सी (बकरा)।

खसियाना†—स० [हिं० खसिया] नर पशुओं के अंडकोश निकाल या कूटकर पौरुष हीन करना। खसी या बधिया करना।

खसी—पु०=खस्सी।

वि०=खसिया।

खसीस—वि० [अ०] कंजूस। सूम।

खसोट—स्त्री० [हिं० खसोटना] खसोटने की क्रिया या भाव।

वि० खसोटनेवाला। (यौ० के अंत में) जैसे—कफन खसोटना।

खसोटना—स० [स० कृष्ट] १ झटके से अथवा बलपूर्वक उखाड़ना। नोचना। जैसे—(क) बाल खसोटना। (ख) पत्ते खसोटना। २. बलपूर्वक किसी की चीज छीनना।

खसोटा—पु०[हिं० खसोटना] [स्त्री० खसोटी] १. नोच-खसोट करनेवाला व्यक्ति। २. लुटेरा। ३ कुश्ती का एक पेंच।

खसोटी—स्त्री०[हिं० खसोटना] खसोटने की क्रिया या भाव। खसोट। उदा०—कफन-खसोटी को करम सबही एक समानै।—भारतेंदु।

ख-स्तनी—स्त्री०[स० ब० स०, ङीप्] पृथिवी।

खस्ता—वि० [फा० खस्त] १. बहुत थोड़ी दाब से टूट जानेवाला। भुरभुरा। २. जो खाने में मुलायम तथा कुरकुरा हो। जैसे—खस्ता कचौड़ी, खस्ता पापड़। ३. टूटा-फूटा। भग्न। ४. दुर्दशा-ग्रस्त।

ख-स्थलिक—पु०[उपमि० स०] वह कल्पित बिंदु जो सिर के ठीक ऊपर आकाश में माना जाता है। शीर्षबिंदु। पाद-बिंदु, का विपर्याय। (जैनिय)

खस्सी—पु०[अ०] १ बकरा। २ बधिया किया हुआ पशु। ३. नपुंसक। हिजड़ा।

वि० बधिया किया हुआ।

ख-हर—पु० [ष० स०] गणित में वह राशि जिसका हर शून्य हो।

खाँ—वि० [फा० ख्वाँ] उच्चारण करने, पढ़ने या बोलनेवाला।

पुं० दे० 'खान'।

खाँई†—स्त्री०=खाई।

खांक†—स्त्री० [सं० खं] छेद। सूराख।

खांकर†—वि० दे० 'खंकर।'

खाँग†—पु०[सं० खंज्, प्रा० खग्ग] १ काँटा। कंटक। २. कुछ पक्षियों के पैरों में निकलनेवाला काँटा। जैसे—तीतर या मुरगे का काँटा। ३. कुछ विशिष्ट पशुओं के मस्तक पर आगे की ओर सींग की तरह का निकला हुआ अंग। जैसे—भैंडे या जंगली सूअर का खाँग। ४. खुरवाले पशुओं का एक रोग जिसमें उनके खुरों में घाव हो जाता है। खुरपका।

स्त्री० [हिं० खाँचना] १. घिसने, छीजने आदि के कारण होनेवाली कमी। छीजन। २. कमर। त्रुटि। उदा०—राखौं देह नाथ केहि खाँगी।—तुलसी।

खाँगड़, खाँगड़ा—वि० [हिं० खाँग+ड (प्रत्य०)] १. जिसके पैर में खाँग रोग हो। २. जिसके मस्तक या मुँह पर खाँग हो। ३. जिसके पास अस्त्र-शस्त्र हों। हथियारबंद। ४. बलिष्ठ या हृष्ट-पुष्ट।

खाँगना†—अ० [हिं० खाँग] पैर में खाँग (देखे) निकलने के कारण ठीक तरह से चलने में असमर्थ होना। उदा०—कहहु सो पीर काह बिनु खाँगा।—जायसी।

खाँगी†—स्त्री० [हिं० खाँगना] १. कमी। त्रुटि। २. घाटा।

खाँची—स्त्री०=खाँगी।

खाँचा†—स्त्री०[हिं० खाँचना] १. खाँचने की क्रिया या भाव। २. खाँचने के कारण बननेवाला चिह्न या निशान। ३. दो वस्तुओं के बीच का जोड़। संधि। ४. दे० 'खचन।'

†पुं०=खाँचा।

खाँचना†—स० [सं० खचन] [वि० खँचैया] १ अंकित करना। चिह्न बनाना। खींचना। २. जल्दी-जल्दी घसीटकर और भद्दी तरह से लिखना। ३ चिह्न या निशान लगाना। ४. खचित या अच्छी तरह से युक्त करना। उदा०—सूरदास राधिका सयानी रूप-रासि-रस खाँची।—सूर। ५. दृढ़तापूर्वक कोई प्रतिज्ञा करना या बात कहना। उदा०—जानहुँ नहिं कि पैज पिय खाँचो।—जायसी।

खाँचा—पुं० [हिं० खाँचना] [स्त्री० अल्पा० खँचिया, खाँची] १. किसी चीज में खोदकर बनाया हुआ कुछ गहरा और लंबा निशान। २. पतली टहनी आदि का बना हुआ बड़ा टोकरा। झाबा। ३. बड़ा पिंजरा।

खाँची—स्त्री०[हिं० खाँचा] छोटा खाँचा। खँचिया।

खाँड़—स्त्री० [सं० खंड] ऐसी चीनी जो कम साफ होने के कारण बहुत सफेद न हो, बल्कि कुछ लाल रंग की हो। कच्ची चीनी या शक्कर।

†पुं०=खाँडा। उदा०—जाति सूर और खाँडइ सूरा।—जायसी।

खाँड़ना†—स० [सं० खंड] १. खंड खंड करना। २. खंड खंड कर अथवा कुचल-कुचलकर खाना। चबाना। ३. दाँतों से काटना। उदा०—मेरे इनके बीच परैं जनि अधर दसन खाँड़ैगी।—सूर।

खाँडर*—पु० [सं० खंड] छोटा टुकड़ा।

खांडव—पु०[सं० खंड+अण्, खांड√वा (गति)+क] १. दिल्ली के आसपास का एक पुराना वन जिसे अर्जुन ने जलाकर मनुष्यों के बसने

योग्य बनाया था। २. खाँड़ की बनी हुई खाने की चीज। मिठाई।

खांडव-प्रस्थ—पु०[ष० त०] एक गाँव जो पांडवों को धृतराष्ट्र की ओर से मिला था। यही पर पांडवों ने इन्द्रप्रस्थ बसाया।

खांडविक—पुं०[सं० खांडव+ठञ्—इक] मिठाई बनानेवाला। हलवाई।

खांडा—पु० [स० खड्ग; खण्डक; प्रा० खग्गड; बं० खाँरा, खांड, मरा० खांडा; प० खण्डा; गु० खाडु] चौड़े और तिरछे फलवाली एक प्रकार की छोटी तलवार। खड्ग।

†पु० [स० खड] टुकड़ा। भाग।

खांडिक—पु०=खांडविक (हलवाई)।

खांडी—पु० दे० 'पाड़व'।

खांदना—†स० [सं० स्कदन] १. दबाना। २. खोदना।

खांधना*—स० [सं० खादन] १. खाना। उदा०— नैन नासिका मुख नहीं चोरि दधि कौनै खाँधी।—सूर। २. दे० 'खोदना'।

खांधा†—वि० [?] टेढ़ा। तिरछा। (राज०) उदा०—खाँधी बाँधे पापडी मधरां चाले चाल।

खांप—स्त्री० १. =फाँक। २. =टुकड़ा।

स्त्री० [हि० खांपना] खाँपने की क्रिया या भाव।

खांपना†—स० [स० क्षेपण, प्रा० खेपण] १. खाँसना। २. अच्छी तरह बैठाकर लगाना। जड़ना। ३. चारपाई बुनने के समय किसी चीज से ठोंककर उसकी बुनावट कसना और घनी करना।

खांभ*—प०=खंभा।

†पुं०=खाम (लिफाफा)।

खांभना—स० [हि० खाम] लिफाफे मे बंद करना।

खांवाँ—पु०[स० स्कंधक] १. गहरी और चौड़ी खाई। २. मिट्टी की चहारदीवारी।

पु० [?] सफेद फूलोंवाला एक प्रकार का पौधा।

खांसना—अ० [सं० कासन, प्रा० खांसन] गले मे रुका हुआ कफ या और कोई अटकी हुई चीज निकालने या केवल शब्द करने के लिए झटके से वायु कंठ के बाहर निकालना। खाँसी आने या होने का-सा शब्द करना।

खांसी—स्त्री० [स० कास] १. एक शारीरिक व्यापार जिसमें फेफड़ो से निकलनेवाली हवा श्वास नाली मे रुकने पर सहसा वेगपूर्वक मुँह के रास्ते बाहर निकलने का प्रयत्न करती है। २. इस प्रकार खाँसने से होनेवाला शब्द। ३. एक रोग जिसमें मनुष्य या पशु बराबर खाँसता रहता है। (कफ, उक्त सभी अर्थों में)

खाई—स्त्री० [सं० खात; पा० खातो; दे प्रा० खाइआ, पा० खाअ, खाइआ; बं० उ० खाइ; सिं० खाही; गु० मरा० खाई] १. वह छोटी नहर जो किले आदि के चारों ओर रक्षा के लिए खोदी जाती थी। २. युद्ध क्षेत्र में खोदे जानेवाले वे लंबे गड्ढे जिनमें छिपकर सैनिक शत्रुओं पर गोले-गोलियाँ चलाते हैं। (ट्रेंच)

खाऊ—वि० [हि० खा+ऊ (प्रत्य०)] १. बहुत खानेवाला। पेटू। २. अनुचित रूप से दूसरों का धन लेनेवाला।

पद—खाऊ वीर=दूसरों का माल हड़प जानेवाला।

खाक—स्त्री०[फा०] १. धूल। मिट्टी।

पद—खाक का पुतला=मिट्टी से बना हुआ प्राणी अर्थात् मनुष्य।

खाक-पत्थर=नगण्य अथवा व्यर्थ का सामान।

मुहा०—(किसी को) खाक उड़ना=कुख्याति या बदनामी होना। **(कहीं पर) खाक उड़ना**=पूर्ण विनाश हो जाने पर उसके चिह्न दिखाई देना। **खाक उड़ाना**=(क) व्यर्थ का काम या परिश्रम करना। (ख) व्यर्थ इधर-उधर मारे मारे फिरना। **खाक छानना**=कुछ ढूँढने के लिए व्यर्थ दूर दूर के चक्कर लगाना। जैसे—नौकरी के लिए उसने सारे शहर की खाक छान डाली है। **(किसी चीज पर) खाक डालना**=सदा के लिए किसी वस्तु को उपेक्ष्य या तुच्छ समझकर छोड़ देना अथवा बात को भुला देना। **खाक में मिलना**=(क) नष्ट या बरबाद होना। (ख) ढह जाना। **खाक हो जाना**=मिट्टी मे मिलकर मिट्टी का रूप धारण कर लेना।

२. भस्म। राख।

मुहा०—खाक करना=(क) बिलकुल जला डालना। (ख) नष्ट करना।

३. परम तुच्छ या हीन वस्तु।

वि० बहुत ही तुच्छ या हेय।

अव्य० कुछ भी नहीं। नाम को भी नहीं। जैसे—पढ़ना-लिखना तो तुम खाक जानते हो।

खाकरोब—पुं० [फा०] झाड़ू देनेवाला। चमार या मेहतर।

खाकसार—वि० [फा०] १. खाक, धूल या मिट्टी में मिला हुआ। २. अपने सम्बन्ध में दीनता या नम्रता दिखाते हुए, यह सेवक। अकिंचन। जैसे—खाकसार हाजिर है।

पु० १. मुसलमाना का एक आधुनिक संगठन जो लोक-सेवा के लिए बना था। २. उक्त संगठन का सदस्य।

खाकसारी—स्त्री० [फा०] खाकसार होने की अवस्था या भाव।

खाकसीर—स्त्री० [फा० खाकशीर] खूबकलाँ नामक ओषधि (एक प्रकार की घास का बीज)।

खाका—पु० [फा० खाक.] १. रेखाओं आदि द्वारा बनाया हुआ किसी आकृति या चित्र का आरंभिक रूप जिसमे रंग आदि भरे जाने को हो। ढाँचा। २. वह कागज जिस पर उक्त प्रकार का, रेखाओं का ढाँचा बना हो। नक्शा। मानचित्र। जैसे—एशिया या हिंदुस्तान का खाका।

मुहा०—(किसी बात या व्यक्ति का) खाका उड़ाना=उपहास करना। दिल्लगी उड़ाना। **(किसी चीज का) खाका उतारना**=किसी चीज की सूरत का नक्शा कागज पर खींचना। कच्चा नक्शा बनाना। **खाका झाड़ना**=चित्रकला मे एक विशेष प्रक्रिया से किसी चित्र की मुख्य रूप-रेखाएँ किसी दूसरे कागज पर ले आना।

३. रेखाओं का ऐसा अंकन जो समय-समय पर होनेवाले उतार-चढ़ावों, परिवर्तनो आदि का सूचक होता है। (ग्राफ) जैसे—बुखार का खाका। ४. किसी पत्र, लेख, विधान आदि का वह आरंभिक रूप जिसमें अभी कई बातें घटाने-बढ़ाने को होती है। मसौदा। (ड्राफ्ट) ५. वह कागज जिसमें किसी काम के खर्च का अनुमान से ब्योरा लिखा हो। चिट्ठा। तखमीना।

खाकान—पुं०[तु०] १. सम्राट्। २. चीन के पुराने सम्राटों की उपाधि।

खाकी—वि० [फा०] १. मिट्टी से सम्बन्ध रखनेवाला। मिट्टी का।

२ खाक अर्थात् मिट्टी के रंग का। भूरा। जैसे—**खाकी कपड़ा।**

पद—खाकी अंडा=(क) ऐसा अंडा जो अन्दर से सड़ गया हो और जिसमें से बच्चा न निकले। गंदा अंडा। बयंडा। (ख) वर्ण-संकर। दोगला।

३. (भूमि) जिसमें सिंचाई न हुई हो या न होती हो।

पुं० १ एक प्रकार के साधु, जो सारे शरीर में राख लगाये रहते हैं। २. मुसलमान फकीरों का एक सम्प्रदाय जो खाकी शाह नामक पीर ने चलाया था। ३ खाकी या भूरे रंग के कपड़ों की वर्दी जैसी पुलिस और सेना के सिपाही पहनते हैं।

खाख†—स्त्री०=खाक।

खाखरा*—पुं० [?] एक तरह का पुराना बाजा।

खाखस†—पुं० =खसखस।

खाग†—पुं० [सं० खड्ग] तलवार। उदा०—बैरी बाडे बागडौ सदा खणकै खाग।—कविराजा सूर्यमल।

†पुं० दे० 'खांग'।

खागना—अ० [हिं० खांग काटा] १ चुभना। गड़ना। २ दे० 'खांगना'।

अ० [?] साथ लगना। सटना।

स० [?] साथ लगाना। सटाना।

खागीना—पुं० [फा० खाग] १ अंडों की बनी हुई तरकारी या सालन। २ अंडा।

खाज—स्त्री० [सं० खर्जु] १. मनुष्यों को होनेवाला खुजली नामक रोग। २ पशुओं विशेषतः कुत्तों को होनेवाला एक संक्रामक रोग जिसमें उनका सारा शरीर खुजलाते-खुजलाते सड़ जाता है और बाल झड़ जाते हैं।

पद—कोढ़ की खाज—पहले के कष्ट में आकर मिलनेवाला दूसरा बड़ा कष्ट।

खाजा—पुं० [सं० खाद्य, प्रा० खज्ज] १. पक्षियों आदि का खाद्य पदार्थ। जैसे—बुलबुल का खाजा। २ मनुष्यों का उत्तम खाद्य पदार्थ। ३ एक प्रकार की मिठाई। ४ एक प्रकार का वृक्ष, जिसके फलों की गिनती सूखे मेवों में होती है। ५ उक्त वृक्ष का फल।

खाजी*—स्त्री० दे० 'खाजा'।

खाट—स्त्री० [सं० खट्वा; प्रा० खट्टा, सिं० खटोलो, खत, प० खट्ट; बँ० खाटूली, गु० मरा० खाट, खाटला] [स्त्री० अल्पा० खटिया, खटोला] पावों, पाटियों आदि का बना हुआ तथा रस्सियों आदि से बुना हुआ एक प्रसिद्ध चौकोर उपकरण जिस पर लोग बिछौना बिछाकर सोते हैं। चारपाई।

मुहा०—(किसी की) खाट कटना=इतना बीमार पड़ना कि उसके मल-मूत्र त्याग के लिए चारपाई की बुनावट काटनी पड़े। **खाट पर पड़ना या खाट से लगना**=इस प्रकार बीमार पड़ना कि खाट से उठने योग्य न रह जाय। **खाट से उतारना**=मरणासन्न व्यक्ति को भूमि पर लेटाना।

खाटा*—वि०=खट्टा।

खाटिका*—स्त्री० [सं०√खट् (चाहना)+इञ्,खाटि+कन्—टाप्] अरथी।

खाटिन†—पुं० [देश०] एक प्रकार का धान जो अगहन में तैयार होता है।

खाटी—स्त्री०=खाटिका।

खाटो†—वि०=खट्टा।

खाड़*—पुं० [सं० खात] गड्ढा। गर्त।

खाडव—वि०, पुं० =षाड़व।

खाड़ी—स्त्री० [सं० खात् या हिं० खाड़] १. खड्ड। गड्ढा। गर्त। २. समुद्र का वह अंश या भाग जो तीन ओर स्थल से घिरा हो। उपसागर। (बे)

स्त्री० [हिं० खोह] अरहर का सूखा और बिना फल-पत्ते का पेड़।

स्त्री० [हिं० काढ़ना] किसी चीज में से आखिरी बार निकाला हुआ रंग। (रंगसाज)

खाड़ू—पुं० [हिं० खड़ या खड़ा] वे लंबी लकड़ियाँ जो दो दीवारों आदि के ऊपर रखी जाती हैं और जिनके ऊपर खपड़े छाये जाते हैं।

खाढर†—पुं०=खादर।

खात—पुं० [सं०√खन् (खोदना)+क्त] १ खोदने का काम। खोदाई। २ खोदी हुई जमीन। गड्ढा। ३ वह गड्ढा, जिसमें भरकर खाद तैयार की जाती है। ४ तालाब। ५ कुआँ।

स्त्री० [?] १ मद्य बनाने के लिए रखा हुआ महुए का ढेर। २. वह स्थान जहाँ मद्य बनाने के लिए उक्त प्रकार से महुआ रखकर सड़ाते हैं।

†वि० गंदा या मैला।

†स्त्री०=खाद।

खातक—वि० [सं०√खन्+ण्वुल्—अक] खोदनेवाला।

पुं० १. छोटा तालाब। २ खाई। ३. अधमर्ण। ऋणी। कर्जदार।

खातमा—पुं० [फा० खात्म.] १. 'खत्म' होने की अवस्था या भाव। अंत। समाप्ति। २ मृत्यु।

खात-व्यवहार—पुं०[पं० त०] गणित का वह विभाग जिसमें गड्ढे, तालाब आदि के क्षेत्रफल निकालने की क्रियाएँ होती हैं।

खाता—पुं० [हिं० खत या सं० क्षत्र शासन?] १ किसी कार्य, विभाग, व्यक्ति आदि के आय-व्यय या लेन-देन का लेखा। २ वह बही जिसमें विभिन्न व्यक्तियों आदि से होनेवाले लेन-देन का ब्यौरेवार हिसाब लिखा जाता है

मुहा०—खाता खोलना—बही में किसी का नाम चढ़वाकर उसके साथ होनेवाले लेन-देन का हिसाब शुरू करना।

पद—खाते बाकी=वह रकम जो खाते में किसी के नाम बाकी निकलती हो।

३. मद। विभाग। जैसे खर्च-खाता, धर्म-खाता, माल-खाता।

पुं० [सं० खात] अन्न रखने का गड्ढा। बखार।

खाता-बही—स्त्री० [हिं० खाता+बही] वह बही जिसमें विभिन्न मदों या व्यक्तियों के अलग-अलग खाते बने या हिसाब लिखे होते हैं। (लेजर)

खाति—स्त्री० [सं० √खन्+क्तिन्] खोदाई।

खातिब—पुं० [हिं० खाना, फा० रातिब का अनु०] उतना भोजन जितना कोई एक बार में खाता हो।

खातिर—स्त्री० [अ०] १. आव-भगत। सत्कार। २. आदर। सम्मान। अव्य० वास्ते। लिए।

खातिरजाह्—वि० [फा०] जितना या जैसा चाहिए, उतना या वैसा। यथेष्ट।
क्रि० वि० मनोनुकूल। संतोषजनक रूप में।

खातिरजमा—स्त्री० [अ०] तसल्ली। संतोष।
क्रि० प्र०—रखना।

खातिरदारी—स्त्री० [फा०] खातिर अर्थात् आदर-सम्मान करने की क्रिया या भाव।

खातिरी—स्त्री० [फा० खातिर] १ खातिरदारी। आव-भगत। २. इतमीनान। तसल्ली।
†स्त्री० [हिं० खाद] हाथ से सींचकर और खाद की सहायता से उपजाई जानेवाली फसल।

खाती—स्त्री० [स० खात] १. खोदी हुई भूमि। गड्ढा। २. छोटा तालाब।
पु० १. जमीन खोदने का काम करनेवाला मजदूर। २. बढ़ई।
स्त्री० [सं० घात] वैर। शत्रुता। उदा०—कान्ह कै बल मो सों करी खाती।—नन्ददास।

खातून—स्त्री० [तु०] तुर्की भाषा में भले घर की स्त्रियों का संबोधन। बीबी। श्रीमती।

खातेदार—पु० [हिं० खाता+फा० दार] वह खेतिहर जिसके नाम पटवारी के खाते में कोई जमीन जोतने-बोने के लिए चढ़ी हो। (टेन्योर होल्डर)

खात्मा—पु०=खातमा।

खाद—पु० [स०√खाद् (खाना)+घञ्] खाना। भक्षण।
स्त्री० [सं० खात, खाद्य या खाद्य] १. सड़ाया हुआ गोबर, पत्ते आदि जो खेत को उपजाऊ बनाने के लिए उसमें डाले जाते हैं। २. रासायनिक प्रक्रिया से तैयार की हुई और खेतों में छोड़ी जानेवाली कोई ऐसी चीज जो उसकी उपज बढ़ावे। (मैन्योर)
क्रि० प्र०—डालना।—देना।
वि० [स० खाद्य] (पदार्थ) जो खाने के योग्य हो।

खादक—वि० [स०√ खाद्+ण्वुल्—अक] १. खानेवाला। भक्षक। २. ऋणी।
पु० किसी धातु का वह भस्म जो खाया जाता हो (वैद्यक)।

खादन—पु० [सं०√खाद्+ल्युट्—अन] [वि० खादित, खाद्य] १. खाने की क्रिया या भाव। भक्षण। २. दाँत।

खादनीय—वि० [सं०√खाद् +अनीयर्] जो खाया जाने को हो अथवा खाने के योग्य हो। खाद्य।

खादर—पु० [हिं० खाड़] १. नदी के पास की वह नीची भूमि जो बाढ़ आने पर डूब जाती है। कछार। तराई। २. गढ़ा। ३. चरागाह।
मुहा०—खादर लगना=पशुओं के चरने के लिए खेत में घास उगना।

खादि—पुं० [सं०√खाद्+इन्] १. भक्ष्य। खाद्य। २. कवच। ३. दस्ताना।
स्त्री० १. उँगलियों में पहनी जानेवाली अँगूठी। २. हाथों में पहना जानेवाला कड़ा। कंगन।
स्त्री० [सं० छिद्र] दोष। ऐब।

खादित—भू० कृ० [सं०√खाद्+क्त] खाया हुआ। भक्षित।

खादिम—पुं० [अ०] १. वह जो खिदमत या सेवा करता हो। सेवक। २. मुसलमानों में दरगाह का अधिकारी और रक्षक।

खादिर—पुं० [सं० खदिर+अण्] कत्था। खैर।

खादिरसार—पुं०=खादिर।

खादी (दिन्)—वि० [सं०√खाद् +णिनि] १. खानेवाला। भक्षक। २. रक्षक। ३. कँटीला।
†वि० [हिं० खादि=दोष] १. दोष निकालनेवाला। छिद्रान्वेषी। २. दोषों से भरा हुआ।
स्त्री० दे० 'खद्दर'।

खादुक—वि० [सं०√खाद्+उकञ्] किसी को कष्ट देने अथवा हानि पहुँचानेवाला। हिंसक।

खाद्य—वि० [सं०√खाद्+ण्यत्] जो खाया जाने को हो अथवा खाये जाने के योग्य हो। भक्ष्य। भोज्य। (एडिबुल)
पु० १. खाये जानेवाले पदार्थ। जैसे—अन्न, फल आदि। २. भोजन।

खाद्य-अनुभाजन—पु० [ष० त०] खाने की चीजों विशेषत अनाज आदि से संबंध रखनेवाला अनुभाजन। (फूड रैशनिंग)

खाद्यान्न—पुं० [सं० खाद्य-अन्न, कर्म० स०] वे अन्न जो खाने के काम आते हों। जैसे—गेहूँ, चना, जौ, मटर आदि। (फूडग्रेन्स)

खान—पु० [सं० खात] गड्ढा।

खाद्य*—वि० =खाद्य।
†स्त्री०=खाद।

खाद्य*—पुं० [सं० खाद्य] १. खाद्य पदार्थ। २. खाद्यान्न।

खाद्यक—वि० [सं० खादुक<खाद्यक] खानेवाला। उदा०—कहेसि पंखि खाद्यक मानवा।—जायसी।
पु०=खाद्य (खाद्यान्न)।

खाद्यु—वि०, पुं० खाद्यक।

खान—स्त्री० [सं० खानि:; प्रा० खाणी; बं० खानी; सिं० खाणी; का० खाण, गु० मरा० खाण] १. जमीन के अंदर खोदा हुआ वह बहुत बड़ा तथा गहरा गड्ढा, जिसमें से कोयला, चाँदी, ताँबा, सोना आदि खनिज पदार्थ निकाले जाते हैं। आकर। खदान। (माइन) २. वह स्थान, जहाँ कोई वस्तु अधिकता से होती है। किसी चीज या बात का बहुत बड़ा आगार। जैसे—यह पुस्तक अनेक ज्ञातव्य विषयों की खान है। ३ खजाना। भंडार।
पुं० [हिं० खाना] १. खाने की क्रिया या भाव। जैसे—खान-पान। २. खाद्य-सामग्री। भोजन।
पुं० [तु० खान] [स्त्री० खानम] १. तुर्की के पुराने राजाओं या सरदारों की उपाधि। स्वामी। २. सरदार। ३. मालिक।
स्त्री०[फा० खाना] कोलू का वह छेद जिसमें ऊख की गँड़ेरियाँ या तेलहन भरकर पेरते हैं। खाँ। घर।

खानक—पुं० [सं० खन् (खोदना)+ण्वुल्—अक] १. खान, जमीन या मिट्टी खोदनेवाला मजदूर। २. मकान बनानेवाला कारीगर या मिस्त्री। राज।

खानकाह—स्त्री० [अ०] मुसलमान फकीरों, साधुओं, अथवा धर्म-प्रचारकों के ठहरने या रहने का स्थान। दरगाह। मठ।

खानखानाँ—पुं० [फा० खानेखानान] सरदारों का सरदार। बहुत बड़ा सरदार।

खानखाह—क्रि० वि० दे० 'खानमखाह'।

खानगाह—स्त्री० =खानकाह।

खानगी—वि० [फा०] १ अपने घर या गृहस्थी से सम्बन्ध रखनेवाला। घरू। घरेलू। २ आपस का। निजी।

स्त्री० केवल व्यभिचार के द्वारा धन कमानेवाली वेश्या। कसबी।

खानजादा—पु० [फा०] [स्त्री० खानजादी] १ बहुत बड़े खान या सरदार का लड़का। २ एक प्रकार के क्षत्रिय, जिनके पूर्वज मुसलमान हो गये थे।

खानदान—पु० [फा०] [वि० खानदानी] कुल। घराना। वंश।

खानदानी—वि० [फा०] १ अच्छे और ऊँचे खानदान अर्थात् कुल या वंश का (व्यक्ति)। २ (काम या पेशा) जो किसी खानदान या कुल में बहुत दिनों से होता आया हो। पुश्तैनी। पैतृक। ३. (धन-सम्पत्ति) जो पूर्वजों के समय से अधिकार में हो। जैसे—खानदानी मकान।

खानदेश—पु० [खाँद=जंगली जाति+देश] बंबई राज्य का एक प्रदेश, जो सतपुड़ा की पर्वतमाला के दक्षिण में पड़ता है।

खान-पान—पु० [हिं० खाना+पीना] १. खाने और पीने की क्रिया, भाव या प्रकार। २. खाने-पीने का ढंग या रीति-रवाज।

खानम—स्त्री० [तु० खान का स्त्री०] १ खान या सरदार की पत्नी। २. ऊँचे कुल की महिला।

खानसामा—पुं० [फा०] वह नौकर जो खाने की सामग्री का प्रबंध करता हो। खाना बनानेवाला, रसोइया (मुसल०)।

खाना—स० [भ० खादन, प्रा० खाअन, खान] [प्रे० खिलाना] १. पेट भरने के लिए मुँह में कोई खाद्य वस्तु रखकर उसे चबाना और निगल जाना। भोजन करना। जैसे—रोटी खाना।

पद—खाना-कमाना=काम-धंधा करके जीवनयापन या निर्वाह करना।

मुहा०—खा-पका जाना या खा डालना=धन या पूँजी खर्च कर डालना। **(किसी को) खाना न पचना**=आराम या चैन न पड़ना। जैसे—बिना मन की बात कहे इस लड़के का खाना नहीं पचता।

२. हिंसक जन्तुओं का शिकार पकड़ना और भक्षण करना। जैसे—उस बकरी को शेर खा गया।

मुहा०—खा जाना या कच्चा खा जाना=मार डालना। प्राण ले लेना। जैसे—जी चाहता है कि इसे कच्चा खा जाऊँ। **खाने दौड़ना**=बहुत अधिक क्रुद्ध होकर ऐसी मुद्रा बनाना कि मानो खा जाने को तैयार हो।

३. विशेष क्रीड़ा का काटना। डसना। ४. लाक्षणिक अर्थ में (क) किसी से रिश्वत लेना। जैसे—आजकल दफ्तरों के बाबू खूब खाते हैं। (ख) किसी का धन या पूँजी हड़प जाना। जैसे—यारों ने बुढ़िया की खा डाला है। ५. न रहने देना। नष्ट या बरबाद करना। ६ तंग या परेशान करना। जैसे—कान, दिमाग या सिर खाना। ७. अपने आप में अन्तर्भुक्त करना। जैसे—लोटा पाँच सेर घी खा गया। ८. आघात, प्रहार, वेग आदि सहन करना। जैसे—गम, गाली, धक्का या मार खाना।

मुहा०—मुँह की खाना=ऐसा आघात सहना कि मुँह सामने करने के योग्य न रह जाय।

पु० १. वह जो कुछ खाया जाय। खाद्य पदार्थ। २. भोजन।

पुं० [फा० खान] १. घर। मकान। जैसे—गरीबखाना, यतीम-खाना। २. दीवार, अलमारी, मेज आदि में बना हुआ वह अंश या विभाग जिसमें वस्तुएँ आदि रखी जाती हैं। ३. छोटा बक्स या डिब्बा। जैसे—घड़ी या चश्मे का खाना। ४. रेलगाड़ी का डिब्बा।

खाना खराब—वि० [फा०] [संज्ञा खानाखराबी] १. जिसका घर-बार सब नष्ट हो गया हो। जिसके रहने आदि का कहीं ठिकाना न रह गया हो। २ जो दूसरों का घर नष्ट करने या बिगाड़नेवाला हो।

खानाजंगी—स्त्री० [फा०] १. आपस अर्थात् घर के लोगों की लड़ाई। २. किसी देश में होनेवाला आन्तरिक विग्रह।

खानाजाद—वि० [फा०] १ (दास) जो घर में रखी हुई दासी के गर्भ से उत्पन्न हुआ हो। २ जो बाल्यावस्था से ही घर में रखकर पाला-पोसा गया हो।

पु० १. गुलाम। दास। २. तुच्छ सेवक।

खानातलाशी—स्त्री० [फा०] चुरा-छिपाकर रखी हुई चीज के लिए किसी के घर की होनेवाली तलाशी। घर की तलाशी।

खाना-बाना—पु० [हिं०] भोजन की सामग्री।

खानादारी—स्त्री० [फा०] घर-गृहस्थी के सब काम करने या सँभालने की क्रिया या भाव।

खाना-पीना—पुं० [हिं० खाना+पीना] १ खाने-पीने का व्यवहार या संबंध। खान-पान। २. बहुत से लोगों के साथ बैठकर खाने-पीने की क्रिया या भाव। ३. खाने-पीने के लिए तैयार की हुई चीजें।

खानापूरी—स्त्री० [हिं० खाना+पूरना] चक्र, सारणी आदि के कोठों में यथास्थान अभिप्रेत या उद्दिष्ट शब्द, संख्याएँ आदि भरना या लिखना।

खानाबदोश—वि० [फा०] जिसके रहने का कोई निश्चित स्थान न हो और इसी लिए जो अपनी गृहस्थी की सब चीजें अपने कन्धे पर लाद कर जगह-जगह घूमता फिरे। यायावर। (नोनेड)

खानाशुमारी—स्त्री० [फा०] किसी गाँव, नगर, बस्ती आदि में बसे और बसे हुए घरों या मकानों की गिनती करना।

खानि—स्त्री० [स० खनि] १. खान, जिसमें से धातुएँ आदि खोदकर निकाली जाती हैं। २ ऐसा स्थान जहाँ कोई चीज बहुत अधिकता से उत्पन्न होती अथवा पाई जाती हो। ३. बहुत सी चीजों या बातों के इकट्ठे रहने या होने का स्थान। ४. ओर। तरफ। दिशा। ५ ढंग। तरह। प्रकार।

खानिक—स्त्री०=खान या खानि।

वि० [हिं० खान] खान में निकलनेवाला। खनिज।

खानिज—पु० [भ० √ खन्+घञ्, खान+डलच्] सेंध लगाकर चोरी करनेवाला चोर।

खानोवक—पु० [सं० खान-उदक, ब० स०] नारियल का पेड़।

खाप—स्त्री० [?] आघात। वार। उदा०—हलकी-सी खाप कर गया। —वृंदावनलाल वर्मा।

खापगा—स्त्री० [भ० ख-आपगा, ष० त०] आकाश गंगा।

खापट—स्त्री० [?] वह भूमि जिसमें लोहे का अंश अधिक हो।

खापड़=खप्पर।

खापरा—पुं० १.=खपड़ा। २.=खापट।

खाबा†—पुं० [फा० ख्वाब] स्वप्न।

खाबड़-खूबड़ †—वि०=ऊबड़-खाबड़।

खाभा—पुं० [?] कोल्हू के नीचे के बरतन में से तेल निकालने का मिट्टी का छोटा पात्र।

खाम—पुं० [सं० स्कम्भ,पा० प्रा० खंभ; बँ० खाँबा, उ० खंब; गु० मरा० खांब] १. खंभा। स्तम्भ। २. जहाज या नाव का मस्तूल।

पुं० [हिं० खामना] १. चिट्ठी रखने का लिफाफा। २. संधि। जोड़। ३. जोड़ या संधि पर लगाया जानेवाला टाँका।

†वि० [सं० आम] १ कटा-फटा या टूटा-फूटा हुआ। २. क्षीण।

वि० [फा०] १. कच्चा। २. जो दृढ़ या पुष्ट न हो। ३. जिसे अनुभव न हो। ४. अनुचित और निराधार। जैसे—खाम खयाली।

खामखयाली—स्त्री० [फा०] ऐसी अनुचित धारणा या विचार, जिसका कोई पुष्ट आधार न हो। अकारण या व्यर्थ की धारणा।

खामखाह, खामखाही—क्रि० वि०=बेमतलब।

खामना—स० [सं० स्कंभन=मूँदना, रोकना, प्रा० खंभन] १. गीली मिट्टी आदि से किसी पात्र का मुँह बंद करना। २. गोंद लगाकर लिफाफे का मुँह बंद करना।

खामी—स्त्री० [फा०] १. खाम या कच्चे होने की अवस्था या भाव। कच्चापन। २. अच्छी तरह पक्व या पुष्ट न होने की अवस्था या भाव। ३. अनुभव, ज्ञान आदि की अपूर्णता। नादानी। ४. कमी। त्रुटि।

खामुशी—स्त्री०=खामोशी।

खामोश—वि० [फा०] १. जो कुछ बोल न रहा हो। चुप। मौन। २. शांत।

खामोशी—स्त्री० [फा०] खामोश होने की अवस्था या भाव। मौन। चुप्पी।

खाया—पुं० [फा० खाय.] १. अंडकोष। २. पक्षियों आदि का अंडा।

खाया-बरदार—पु० [अ०+फा०] [भाव० खायाबरदारी] अनावश्यक रूप में और हर समय खुशामद या चापलूसी तथा छोटी-मोटी सेवाएँ करता रहनेवाला व्यक्ति।

खार—पुं० [सं० क्षार, प्रा० खार] १. कुछ विशिष्ट वनस्पतियों आदि को जलाकर अथवा रासायनिक प्रक्रिया से निकाला जानेवाला खारा पदार्थ जो ओषधियों तथा औद्योगिक कार्यों में प्रयुक्त होता है। क्षार। २. सज्जी। ३. नौनी मिट्टी। कल्लर। रेह। ४. धूल। मिट्टी। ५. भस्म। राख। ६. एक प्रकार की झाड़ी जिसके अंगों को जलाने से खार नामक पदार्थ निकलता है।

पुं० [फा० खार] १. काँटा। २. कुछ पक्षियों के पैरों में निकलनेवाला काँटा। खाँग। ३. दूसरों की अभिवृद्धि, उन्नति, ऐश्वर्य आदि देखकर मन में होनेवाला दुःख। ४. मन में दबा रहनेवाला और काँटे की तरह चुभनेवाला गहरा द्वेष।

मुहा०—(किसी से) खार खाना=किसी के प्रति मन में दुर्भाव या द्वेष रखना और फलतः उसे हानि पहुँचाने की ताक में रहना। **खार गुजरना**=मन में बुरा लगना। खटकना। **खार निकालना**=मन में छिपे हुए द्वेष के कारण किसी को कष्ट पहुँचाकर अथवा उसकी हानि करके सन्तुष्ट या सुखी होना।

*पुं० [हिं० खाल=नीचा स्थान] १. बरसाती नाला। खाल। उदा०—दई न जात खार उतराई, चाहत चढ़न जहाजा। —मूर।२. पानी का छोटा गड्ढा। डाबर।

†वि० [सं० क्षार] १. खारा। २. वास्तविक।

†वि० [सं० खर] खराब। बुरा।

खारक†—पुं० [सं० क्षारक, पा० खारक] छुहारा।

खारदार—वि० [फा०] काँटों से युक्त। काँटीला।

पुं० एक प्रकार का सलमा।

खलारवा†—पु० [देश०]जहाज पर काम करनेवाला मजदूर। खलासी। पु०—खाका।

खारा—वि० [सं० क्षार] [स्त्री० खारी] १. (पदार्थ) जिसमें क्षार का अंश या गुण हो। २. (जल) जिसमें क्षार मिला या घुला हो। जो स्वाद में कुछ नमकीन हो। ३. अप्रिय या अरुचिकर।

पु० [सं० क्षारिक या खारना] १. घास-फूस आदि बाँधने की जाली। २. वह जाली जिसमें भरकर तोड़े हुए आम या दूसरे फल नीचे गिराये जाते हैं। ३. बड़ा और चौलूटा दौरा। खाँचा। झाबा। ४. बाँस का बड़ा पिंजड़ा। ५. सरकंडे आदि का बना हुआ एक प्रकार का गोल या चौकोर ऊँचा आसन जिस पर पश्चिम में विवाह के समय वर और कन्या को बैठाते हैं।

पुं० [फा० खार] १. कड़ा और भारी पत्थर। २. एक प्रकार का कपड़ा।

खारि—स्त्री० [सं० ख-आ√रा (देना)+क—ङीष्, ह्रस्व] १६द्रोण की एक पुरानी तौल।

खारिक†—पुं० [सं० क्षारक] छुहारा।

खारिज—वि० [अ०] १. जो किसी स्थान, सीमा आदि से बाहर कर दिया अथवा हटा दिया गया हो। निकाला हुआ। बहिष्कृत। २. (प्रार्थना-पत्र आदि) जो अस्वीकृत कर दिया गया हो।

मुहा०—खारिज करना=विचार के अयोग्य मानना। नामंजूर करना। (डिस्मिस) (नालिश, दरख्वास्त आदि)।

खारिजा—वि० [अ०] १. खारिज किया या बाहर निकाला हुआ। २. बाहरी। बाह्य। ३. दूसरे राष्ट्रों या विदेशों से सम्बन्ध रखनेवाला।

खारिजी—वि० [अ०] १. बाहरी। बाह्य। २. परराष्ट्र संबंधी।

पु० १. इस्लाम का एक संप्रदाय जो अली की खिलाफत को न्याय-संगत नहीं मानता और इसी लिए इसके अनुयायी बहिष्कृत समझे जाते हैं। २. सुन्नी मुसलमानों के लिए उपेक्षासूचक शब्द।

खारिश—स्त्री० [फा०] खुजली (देखें)।

खारी—स्त्री० [सं० ख-आ√रा+क—ङीष्] चार अथवा सोलह द्रोण की एक पुरानी तौल।

स्त्री० [हिं० खाला] लोना मिट्टी में से निकाला जानेवाला नमक। खारा नमक।

वि० क्षार या खार से युक्त। खारा।

खारीनाट—पुं० [हिं० खारी+ना=मटका] नील का रंग तैयार करने का एक ढंग।

खाकसी—पु० [सं० क्षारक] आल के रंग में रंगा हुआ एक प्रकार का मोटा लाल कपड़ा जिसकी चैलियाँ आदि बनती थीं।

खारेजा—पुं० [फा० खारिजा] एक प्रकार का जंगली कुसुम या बरें। बनबरें। बनकुसुम।

खारो—वि० दे० 'खारा'।

खार्जूर—वि० [सं०खर्जूर+अण्] १ खजूर सम्बन्धी। खजूरी। २ खजूर का बना हुआ।

पुं० प्राचीन काल में खजूर के रस से बननेवाली मदिरा या शराब।

खार्वा—स्त्री० [सं० खर्व+अण्—टाप्] त्रेतायुग।

खाल—स्त्री० [सं० क्षाल, प्रा० खाल] १. पशुओं आदि के शरीर पर से खींच कर उतारी हुई त्वचा जिस पर बाल या रोएँ होते हैं। जैसे—बकरी या शेर की खाल।

मुहा०—(किसी की) खाल उधेड़ना या खींचना=(क) किसी के शरीर पर की खाल खींच कर उतारना। (ख) बेंतों आदि से बहुत अधिक मारना। **अपनी खाल में मस्त रहना**=अपने पास जो कुछ हो उसी से प्रसन्न और सन्तुष्ट रहना।

२. चरसा। मोट। ३. चौंकनी। भाथी। ४. मृत शरीर। ५. आवरण।

स्त्री० [सं० खात या अ० खाली] १. नदी आदि के किनारे की नीची भूमि। गहराई या नीचाई। ३. समुद्र की खाड़ी। ४. खाली स्थान। अवकाश। ५. पशुओं आदि के चरने का ऐसा स्थान जिसके बीच में छोटा ताल भी हो। (कुमाऊँ) कश्मीर में इसे मर्ग कहते हैं।

खालफूंका—पुं० [हिं० खाल+फूंकना] चौंकनी या भाथी चलानेवाला।

खालसा—वि० [अ० खालिस=शुद्ध जिसमें किसी प्रकार का मेलन हो] १. जिस पर केवल एक का अधिकार हो किसी दूसरे का साझा न हो। २. (भूमि या सम्पत्ति) जिस पर राज्य या सरकार ने अधिकार कर लिया हो। जैसे—अंगरेजों ने झाँसी का राज्य खालसा कर लिया था।

मुहा०—खालसा या खालसे लगना=राज्य या शासन के अधिकार में चला जाना।

पु० १. सिक्खों का एक संप्रदाय। २. सिक्ख।

वि० [अ० खलास] १. छूटा हुआ। २. मुक्त। मोक्ष-प्राप्त। उदा०—कहँ कबीर ने भये खालसे राम भगति जिन जानी—कबीर।

खाला—वि० [हिं० खाल या खाली] [स्त्री० खाली] नीचा। निम्न (स्थान)।

पद—ऊँचा-खाला=(क) ऊबड़-खाबड़ (स्थल)। (ख) ऊँच-नीच। भला-बुरा।

स्त्री० [अ० खाल:] माता की बहन। मौसी।

मुहा०—(किसी काम या बात को) खाला जी का घर समझना=बहुत सहज या सुगम समझना।

खालिक—पुं० [अ०] सृष्टि की रचना करनेवाला। ईश्वर। स्रष्टा।

खालिस—वि० [अ०] १. (द्रव्य या पदार्थ) जिसमें कोई दूसरी चीज मिलाई न गई हो। विशुद्ध। जैसे—खालिस दूध, खालिस सोना। २. जिसमे किसी प्रकार का खोट या दोष न हो। जैसे—खालिस लेन-देन का बरताव

खाली—वि० [अ० मि सं० खल्ल] १. (पात्र) जिसके अन्दर कोई चीज न हो। रीता। जैसे खाली लोटा, खाली बक्स। २. जिस पर अथवा जिसके ऊपर कुछ या कोई स्थित न हो। जैसे—खाली कुरसी, खाली जगह, खाली मकान। ३ जिसमें आवश्यक या उपयुक्त पदार्थ या वस्तु न हों। जैसे—खाली पेट—जिसमें पचाने के लिए अन्न न पड़ा हो या न रह गया हो। खाली हाथ जिसमे (क) गहना या जेवर (ख) धन या सम्पत्ति (ग) हथियार न हो।

पद—खाली दिन (क) ऐसा दिन जिसमें कोई विशिष्ट कार्य न हो अथवा न हुआ हो। जैसे—रविवार बहुत से लोगों के लिए खाली दिन होता है। (ख) ऐसा दिन जिसमें कुछ भी आय अथवा कार्य न हुआ हो। जैसे—आज का सारा दिन खाली गया।

४. (व्यक्ति) जिसके हाथ मे कोई काम-धधा या रोजगार न हो। जैसे—इधर महीनो से वह खाली बैठा है। ५. (व्यक्ति) जो प्रस्तुत समय मे कोई काम न कर रहा हो या काम पूरा कर के छुट्टी पा चुका हो। जैसे—कल सबेरे जब हम खाली रहे तब आना। ६ जो इस समय उपयोग मे न आ रहा हो। जैसे—यदि चाकू खाली हो तो हमें देना। ७. जो निष्फल या व्यर्थ सिद्ध हुआ हो। जैसे—वार खाली जाना।

मुहा०—खाली देना=ऐसा कौशल या क्रिया करना जिससे किसी का किया हुआ आघात प्रहार या वार निष्फल हो जाय। माफ बच निकलना। जैसे—वह शत्रुओ के सब वार खाली देता गया।

८. जिसमें या जिससे किसी प्रकार के उद्देश्य या प्रयोजन की सिद्धि न होती हो। जैसे—खाली बातें करने से कुछ नही होता। ९. किसी चीज या बात से बिलकुल रहित या विहीन। जैसे—(क) अब तो यह जंगल हिंसक पशुओ से खाली हो गया है। (ख) उनकी कोई बात मतलब से खाली नही होती।

अव्य० बिना किसी को साथ लिये हुए, अकेले। जैसे—(क) खाली तुम्ही आना और किसी को अपने साथ मत लाना। (ख) यह काम खाली तुम्ही कर सकते हो।

पु० ताल देनेवाले बाजो (ढोलक, तबला, मृदंग आदि) में बीच में पड़नेवाला वह ताल जो बिना बाएँ हाथ का आघात किये इसलिए खाली छोड़ दिया जाता है कि उसके आगे और पीछे के तालो की गिनती ठीक रहे। जैसे—(क) रुद्र ताल १६ तालों का होता है जिसमें ११ आघात और ५ खाली होते हैं। (ख) लक्ष्मी ताल १८ तालों का होता है जिसमे १५ आघात और ३ खाली होते है।

खालू—पुं० [फा०] खाला अर्थात् मौसी का पति। मौसा।

खाले—क्रि० वि० [हिं० खाला] नीचे की ओर। उदा०—सीस नाइ खाले कहँ ढरई।—जायसी।

खाव†—स्त्री० [सं० खं] १.खाली जगह। अवकाश। २. जहाज में माल रखने का स्थान। (लश०)

खावाँ—पु०=खाँवाँ।

खावास†—पुं०=खवास।

खाविंद—पुं० [फा०] १. स्त्री का पति। खसम। शौहर। २. मालिक। स्वामी।

खाविंदी—स्त्री० [फा०] १. पति या स्वामी होने की अवस्था या भाव। २. प्रभु या स्वामी की ओर से होनेवाला अनुग्रह या कृपा।

खास—वि० [अ०] १. किसी विशिष्ट वस्तु या व्यक्ति से संबंध रखने-

वाला। 'आम' का विपर्याय। २. जो साधारण से भिन्न हो। विशेष। पद—खासकर=विशेष रूप से।
३. किसी के पक्ष में, व्यक्तिगत रूप से होनेवाला। निज का। आत्मीय। जैसे—यह घर खास हमारा है। ४. ठेठ। विशुद्ध।
स्त्री० [अ० ख़ासा] १. मोटे कपड़े की बनी हुई थैली। २. बोरा।

खास कलम—पुं० [अ०] निजी पत्र-व्यवहार करने के लिए रखा हुआ मुंशी।

खासगी—वि० [अ० खास+गी (प्रत्य०)] १. राजा या मालिक आदि का। २. निज का। निजी।

खासदान—पुं० [उर्दू] पान, कत्था आदि रखने का डिब्बा। पानदान।

खास नवीस—पु०=खास कलम।

खास बरदार—पुं० [फा०] वह नौकर या सिपाही जो राजा की सवारी के ठीक आगे आगे चलता था।

खास बाजार—पु० [फा०] वह बाजार जो राजा के महल के सामने विशेष रूप से इसलिए लगता था कि राजा वहाँ से अपने लिए आवश्यक वस्तुएँ मोल ले।

खासा—पु० [अ० खास:] १. राजाओं, रईसों आदि के लिए विशिष्ट रूप से और अलग बननेवाला भोजन। २. राजा की सवारी का घोड़ा या हाथी।
मुहा०—खासा चुनना=बादशाही दस्तरख्वान पर अनेक प्रकार के बढ़िया भोज्य पदार्थ लाकर रखना।
३. एक प्रकार का पतला सूती कपड़ा। ४. एक प्रकार का मोयनदार पकवान।
वि० [स्त्री० खासी] १. जितना आवश्यक हो उतना। यथेष्ट। जैसे—इधर खासा गरम है। २. अच्छा। भला। ३. सुंदर। सुडौल। ४. भरपूर। पूरा।

खासियत—स्त्री० [अ०] १. किसी वस्तु या व्यक्ति मे होनेवाला कोई विशिष्ट गुण। विशेषता। २. प्रकृति। स्वभाव। ३. प्रभाव। असर।

खासिया—स्त्री० [सं० खस] १ असम देश की एक पहाड़ी। २. उक्त पहाड़ी में बसनेवाली एक जंगली जाति जो 'खस' भी कहलाती है।

खासियाना—पु० [हिं० खासिया पहाड़ी] एक प्रकार की मेंजीठ।

खासी—स्त्री० [अ०] खासे राजा के बाँधने की तलवार, ढाल या बंदूक।

खासीयत—स्त्री०=खासियत।

खास्तर्ई—पुं० [फा०] १. कबूतर का एक रंग। २. इस रंग का कबूतर।

खास्सा—पुं० [अ० खास्स:] १. किसी में होनेवाला कोई विशेष गुण। २. स्वभाव। ३. आदत। बान।

खाह—अव्य० [फा० ख्वाह] जो इच्छित हो। चाहे। या।

खाहमखाह—क्रि० वि० [फा० ख्वाहम ख्वाह] १. चाहे आवश्यकता अथवा इच्छा हो चाहे न हो। बिना आवश्यकता के और प्रायः व्यर्थ। जैसे—तुम खाहमखाह दूसरों के झगड़े में क्यों पड़ते हो?

खाहाँ—वि० [फा० ख्वाहाँ] चाह रखने या चाहनेवाला, इच्छुक।

खाहिश—स्त्री० [फा० ख्वाहिश] इच्छा। चाह।

खाहिशमंद—वि० [फा०] इच्छुक।

खाहीनखाही†—क्रि० वि० दे० 'खाह-मखाह'।

खिखिर—पुं० [सं० खिम्√कृ (करना)+क, पृषो० सिद्धि] १. चार-पाई का पाया। २. एक प्रकार का गंध द्रव्य।

खिंग—पुं० [फा०] बिलकुल सफेद रंग का घोड़ा। नुकरा।

खिंगरी—स्त्री० [देश०] मैदे आदि का बना हुआ पूरी की तरह का एक सूखा पकवान।

खिंचना—अ० [हिं० खींचना] १. किसी की ओर बलपूर्वक लाया जाना। खींचा जाना। २. किसी के प्रयत्न से किसी ओर जाना या बढ़ना। ३. किसी वस्तु या स्थान में से बाहर निकाला जाना। ४. किसी आकर्षण अथवा शक्ति के कारण उसकी ओर जाना या बढ़ना। जैसे—चुंबक की तरफ लोहा खिंचना। ५. किसी के गुण, रूप, सौंदर्य आदि के कारण उसकी ओर आकृष्ट होना। ६. प्रलोभन, स्वार्थ आदि के कारण एक पक्ष से दूसरे पक्ष की ओर चलना या जाना। ७. किसी वस्तु के गुण, तत्व, सार आदि निकलना या निकाला जाना। ८. भभके आदि से अर्क, शराब आदि तैयार होना। ९. अंकित होना या लिखा जाना। जैसे—लकीर खिंचना। १०. उतरना या बनना। जैसे—चित्र या फोटो खिंचना। ११. तनना। १२. माल की खपत होना। खपना। जैसे—माल खिंचना।

खिंचवा—वि० [हिं० खींचना] खींचनेवाला।

खिंचवाना—स० [हिं० खींचना] खींचने का काम किसी से कराना। किसी को कोई चीज खींचने मे प्रवृत्त करना। जैसे—चित्र या फोटो खिंचवाना।

खिंचाई—स्त्री० [हिं० खींचना] १. खींचने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. दे० 'खींच'।

खिंचाना—स०=खिंचवाना।

खिंचाव—पुं० [हिं० खिंचना] खींचे जाने अथवा खिंचे हुए होने की अवस्था या भाव।

खिंचावट—स्त्री० [हिं० खिंचना] १. खींचने की क्रिया। २. खींचने या खिंचे हुए होने की अवस्था या भाव।

खिंचावट—स्त्री०=खिंचावट।

खिंचिया†—वि०=खिंचवा।

खिंडाना†—स० [सं० क्षिप्त] दानेदार वस्तु को छितराना या बिखेरना। जैसे—चावल या चीनी खिंडाना।

खिंडिल—पुं० [स०] ऊबड़-खाबड़ या बीहड़ भूमि।
पु०=किष्किंधा।

खिचड़ैयार—पुं० [हिं० खिचड़ी+वार] मकर संक्रांति। (इस दिन खिचड़ी दान की जाती है)

खिचड़ा—पुं० [हिं० खिचड़ी] कई दालों को मिलाकर बनाई जानेवाली खिचड़ी।

खिचड़ी—स्त्री० [सं० कृसर, प्रा० खिच्च, बं० खिचरी, उ० खिचुरा, गु० खिच] १. दाल और चावल को एक में मिलाकर उबालने से बनने वाला भोज्य पदार्थ।
मुहा०—खिचड़ी पकाना=आपस में मिलकर चोरी-चोरी कोई परामर्श या सलाह करना। डाई चावल की खिचड़ी अलग पकाना=सबकी सम्मति के विपरीत अपनी ही बात की पुष्टि करना अथवा अपने विचार के अनुसार काम करना। खिचड़ी खाते पहुँचा उतरना=बहुत अधिक कोमल या नाजुक होना। (परिहास और व्यंग्य)

२. विवाह की एक रसम जिसमें दामाद को पहले-पहल घर बुलाकर खिचड़ी खिलाई जाती है। ३ एक ही में मिली हुई कई तरह की या बहुत सी वस्तुएँ। जैसे—खिचडी भाषा। ४ मकर संक्राति। ५. बेरी का फूल। ६. भाँड, वेश्या आदि को नाच, गाने आदि में भाग लेने के लिये दिया जानेवाला पेशगी धन। बयाना। साई।

वि० [स० कृसर] १. आपस में मिला-जुला। २ जो अपना स्वतंत्र अस्तित्व खो चुका हो।

खिचना—अ०=खिंचना।

खिचवाना—स० खिचवाना।

खिचाव—पुं०=खिचाव।

खिजना—अ० दे० 'खीझना'।

खिजमत†—स्त्री०=खिदमत।

खिजलाना—अ० [हिं० खीजना] कोई चीज न मिलने पर या काम न होने पर आतुरतापूर्वक खिन्न और व्याकुल होना। खीजना।

स० किसी को खीजने मे प्रवृत्त करना। दिक या विकल करना।

खिजाँ—स्त्री० [फा०] १. पतझड की ऋतु। फाल्गुन और चैत के दिन। २. अवनति या उतार के दिन।

खिजाना—स० खिजलाना।

खिजाब—पु० [अ०] सफेद बालो को काला या रगीन करने की औषधि। केश-कल्प। औषध के रूप मे प्रस्तुत किया हुआ वह लेप जिसे सिर पर लगाने से सफेद बाल काले हो जाते हैं।

खिजाबी—वि० [अ०] १ खिजाब सबधी। २. (बाल) जिस पर खिजाब लगा हो।

पु० वह जो सिर पर खिजाब लगाता हो।

खिजालत—स्त्री० [अ०] लाज। लज्जा। शरमिन्दगी।

खिज्र—पु० [अ०] १. मुसलमानो के विश्वासानुसार एक पैगम्बर जो अमृत पीकर अमर हो गये थे और जो अब भूले-भटके यात्रियों को ठीक रास्ते पर लगानेवाले माने जाते है। २ पथ-प्रदर्शक।

खिझ†—स्त्री०=खीझ।

खिझना—अ० खीझना।

खिझाना—स०=खिजलाना।

खिझुवर†—वि० [हिं० खीझना] जो जरा सी बात पर खिजला या खीज उठता हो। खीजनेवाला।

खिझौना—वि० [हिं० खीजना] १. खिजानेवाला। दिक करनेवाला। २. जल्दी खीजनेवाला।

खिड़कना—अ० [हिं० खिसकना] चुपचाप कही से टल या हट जाना।

खिड़काना—स० [हिं० खिसकना] १ किसी उद्देश्य से किसी को कही से टालना या हटाना। २ आधे-तीहे मूल्य पर चुपचाप बेच डालना।

खिड़की—स्त्री० [सं० खट्टाक्किका, प्रा० खड्डकी, खडक्किआ; दे०प्रा० खड्क्की, उ०ब०खिरकी] १. घर, गाडी, जहाज आदि की दीवारो मे बना हुआ वह बडा झरोखा जिसमें से धूप और रोशनी अन्दर आती है, तथा जिसमे से झाँक कर बाहर का दृश्य देखा जाता है। २. उक्त झरोखे में लकडी, लोहे आदि का बना हुआ दरवाजा जिसके द्वारा झरोखा खुलता तथा बन्द होता है। ३. किले या नगर का चोर दरवाजा। ४. खिड़की की तरह खुला हुआ कोई स्थान। जैसे—खिड़कीदार अंगरखा या पगड़ी।

खिड़की बंद—वि० [हिं०+फा०] (मकान) जो पूरा किराये पर लिया गया हो और जिसमे कोई दूसरा किरायेदार न रहता हो।

खिण—पुं०=क्षण। (डिंगल)

खित—स्त्री० [सं० क्षिति] पृथ्वी। (डिं०)

खिताब—पु० [अ०] १. उपाधि। २. पदवी।

खिताबी—वि० [अ०] खिताब-संबंधी। खिताब का।

खित्त—पुं० [सं० क्षेत्र] १. क्षेत्र। २. खेत। ३. रणस्थल। उदा०—तौंअर राऊ पहारि, खित्त अनभग मोट मन—चन्दवरदाई।

खित्ता—पुं० [अ० खित्त.] १. भूभाग। प्रदेश। २. प्रांत।

खित्रिय—पु०=क्षत्रिय।

खिदमत—स्त्री० [फा०] टहल। सेवा।

खिदमतगार—पु० [फा०] किसी की छोटी-छोटी और वैयक्तिक सेवाएँ करनेवाला नौकर। टहलुआ।

खिदमतगारी—स्त्री० [फा०] १. खिदमतगार का काम या पद। २. टहल। सेवा।

खिदमती—वि० [फा० खिदमत] १. अच्छी तरह खिदमत या सेवा-टहल करनेवाला। २ अच्छी तरह की जानेवाली खिदमत से सबंध रखने या उसके पुरस्कार मे मिलने या होनेवाला। जैसे—खिदमती जागीर।

खिदिर—पु० [सं० √खिद्(दैन्य)+किरच्] १. चंद्रमा। २ तपस्वी।

खिद्र—पु० [सं०√खिद्+रक्] १. रोग। बीमारी। २. गरीबी। दरिद्रता।

खिन—पु० =क्षण।

वि० =खिन्न।

खिनक*—अव्य० [स० क्षण—एक] क्षण भर। बहुत थोडी देर तक।

खिन्न—वि० [सं०√खिद्+क्त] १. (व्यक्ति) जो चिंता, थकावट आदि के कारण कुछ उदास तथा कुछ विकल हो। २. अप्रसन्न। असतुष्ट। ३. असहाय। दीन-हीन।

खिपना†—अ० [सं० क्षिप्त] १. खपना। २. तल्लीन होना।

खिपाना†—स०=खपाना।

खिभिरना†—स०=खदेड़ना। उ०—खोलि खग्ग खिभिरे बली, जनु पाइक खुंतार—चन्दवरदाई।

खियानत—स्त्री०=खयानत।

खियाना—अ० [सं० क्षीण, पा० खिय, प्रा० खिज्ज, सि० खिजन्, म० शिज (णें)] १. रगड़ खाते रहने अथवा घिसते रहने के कारण किसी वस्तु का क्षीण होना। २. कमजोर या दुर्बल होना।

स० [हिं० खाना] खाना खिलाना। भोजन कराना।

खियाल†—पुं०=खयाल।

खियावना†—स०=खिलाना।

खिर—स्त्री० [देश०] करघे की ढरकी।

खिरका—पु० [अ० खिरक:] कंथा। गुदड़ी।

खिरकी—स्त्री०=खिड़की।

खिरक्की†—स्त्री०=खिड़की।

खिरचा†—पुं०=खरचा ।

खिरद—स्त्री० [फा०] अक्ल । बुद्धि ।

खिरदमंद—वि० [फा०] बुद्धिमान् ।

खिरनी—स्त्री० [स० क्षीरिणी] १. एक प्रकार का ऊँचा छतनार और सदाबहार पेड़। २. उक्त वृक्ष का छोटा, पीला, मीठा फल ।

खिरमन—पु० [फा०] १. खलियान । २. काट कर रखी हुई फसल ।

खिराज—पु० [अ०] १. राज्य द्वारा लिया जानेवाला कर । राजस्व । २. वह धन जो मध्य युग में बड़े राजा अपने अधीनस्थ मांडलिकों या छोटे राज्यों से लेते थे ।

खिराम—पु० [फा०] आनन्दपूर्वक धीरे-धीरे चलने या टहलने की क्रिया या भाव ।

खिरामां—वि० [फा०] जो सुखपूर्वक, मस्ती से धीरे धीरे चल रहा हो।

खिरिवना—स० [सं० कीर्णन] १. सूप में अनाज रखकर उसे इस प्रकार हिलाना कि खराब दाने नीचे गिर जायँ । २. खुरचना ।

खिरिसा—पु० [?] एक प्रकार की मिठाई । उदा०—सोठि लाइकै खिरिसा धरा।—जायसी ।

खिरेंटी—स्त्री० [स० खरयष्टिका] बरियारा या बीजबंद नामक पौधा। बला ।

खिरौरा—पु० [हिं० खिरौरी] बड़ी खिरौरी ।

खिरौरी†—स्त्री० [स० खदिरवाटिका] कत्थे को उबाल या पकाकर तैयार की हुई गोल टिकिया ।

पुं० [हिं० खाँड़+बड़ा] खाँड का लड्डू ।

खिलंदरा—वि०=खिलाड़ी ।

खिलअत—स्त्री० [अ०] पहनने के वे वस्त्र जो बड़े राजा या बादशाह की ओर से किसी को सम्मानित करने के लिए दिये जाते थे ।

खिलकत—स्त्री० [अ० खल्क] १. सृष्टि । २. जन-समूह। भीड़-भाड़ ।

खिलकौरी†—स्त्री०=खिलवाड ।

खिलखिलाना—अ० [अनु०] बहुत प्रसन्न होने पर जोर से हँसना । (खिलखिलाते समय मुँह से खिल खिल शब्द होता है ।)

खिलखिलाहट—स्त्री० [हिं० खिलखिलाना] १. खिलखिलाने की क्रिया या भाव । २ खिलखिलाने से मुँह से होनेवाला शब्द ।

खिलजी—पुं० [अ० खिल्ज] अफ़गानिस्तान की सीमा पर रहनेवाली पठानों की एक जाति ।

खिलत—स्त्री०=खिलअत ।

खिलना—अ० [स० स्खल] १. कली या फूल का पखुड़ियाँ खोलना । २. कोई सुखद कार्य या बात होने पर आनंदित या प्रसन्न होना । ३. ऐसी आकृति बनाना जिससे प्रसन्नता प्रकट हो। प्रफुल्लित होना । ४. ठीक बैठना। सुन्दर लगना। फबना। जैसे—साड़ी पर गोट खिल रही है । ५. किसी चीज के सब अंगों का फूल की पत्तियों की तरह अलग-अलग हो जाना। जैसे—चावल खिलना । ६. बीच से फटना। दरार पड़ना । जैसे—पानी भरने से दीवार खिलना । ७. टुकड़े टुकड़े होना। फूटना। जैसे—पानी पड़ने से चूना या मिट्टी खिलना।

खिलवत—पु० [अ०] १. ऐसा स्थान जहाँ कोई न हो। निर्जन या शून्य स्थल । २. ऐसा स्थान जहाँ आपस के या एक दो इष्ट व्यक्तियों के सिवा और कोई न हो। एकान्त स्थल ।

खिलवत खाना—पुं० [फा०] ऐसा कमरा या घर जिसमें आपस के थोड़े से व्यक्तियों के सिवा और कोई न आता-जाता हो।

खिलवाड़—पुं० [हिं० खेल] १. मन बहलाने या समय बिताने के लिए यों ही किया जानेवाला ऐसा काम जो बच्चों के खेल की तरह का हो।

मुहा०—(किसी काम को) खिलवाड़ समझना—बहुत ही सहज या सुगम समझना ।

२. मनबहलाव । दिल्लगी । ३. लाक्षणिक अर्थ में, बहुत ही साधारण रूप से किया हुआ काम ।

खिलवाड़ी—वि० [हिं० खेलाड़ी] जिसका मन खिलवाड में ही अधिक रमता या लगता हो ।

खिलवाना—स० [हिं० खिलाना का प्रे०] खिलाने या भोजन कराने का काम किसी दूसरे से कराना । किसी को खिलाने में प्रवृत्त करना ।

स० [हिं० खिलाना=प्रफुल्लित करना] खिलने या खिलाने में प्रवृत्त करना । प्रफुल्लित कराना ।

स० [हिं० 'खीलना' का प्रे०] खीलें या तिनके लगाने का काम किसी से कराना । खीलने में प्रवृत्त करना ।

स० दे० 'खेलवाना' ।

खिलवार*—पु० १.=खिलवाड़ । २ =खिलाड़ी ।

खिलाई—स्त्री० [हिं० खाना] १. खाने अथवा खिलाने की क्रिया या भाव ।

पद—खिलाई-पिलाई=खाने-पीने और खिलाने-पिलाने की क्रिया या भाव ।

२. खाने या खिलाने का पारिश्रमिक ।

स्त्री० [हिं० खेलाना] १. बच्चों को खेलाने का काम । २ वह दाई जो बच्चों को खेलाने के लिए नियुक्त की गई हो। धाय ।

स्त्री० [हिं० खिलना=प्रफुल्लित होना] खिलने या खिलाने (प्रफुल्लित होने या करने) की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक ।

खिलाड़—वि०=खिलाड़ी ।

खिलाड़ी—पु० [हिं० खेल+आड़ी (प्रत्य०)] १. वह जो खेल खेलता हो। खेलाड़ी । २. खिलवाड़ी । ३ तरह-तरह के खेल या तमाशे दिखानेवाला व्यक्ति । जैसे—जादूगर, पहलवान सँपेरा आदि ।

†पु० [?] एक प्रकार का बैल ।

खिलाना—स० [हिं० खाना] १ किसी को कोई चीज खाने में प्रवृत्त करना। जैसे—मिठाई खिलाना, जहर खिलाना। २. किसी को भोजन कराना । जेंवाना । जैसे—ब्राह्मण खिलाना ।

स० [हिं० खिलाना] किसी को खिलने अर्थात् प्रफुल्लित या विकसित होने में प्रवृत्त करना । ऐसा काम करना जिससे कुछ या कोई खिले ।

स०=खेलाना । (अशिष्ट रूप)

खिलाफ़—वि० [अ०] १. (व्यक्ति) जो किसी मत, विचार, व्यक्ति आदि का विरोध करता हो। २. (बात) जो किसी बात, वस्तु या सिद्धांत से मेल न खाती हो। विपरीत । ३. उलटा । ४. अन्यथा ।

अव्य० १. तुलना में । २. मुकाबले में । सामने ।

खिलाफ़त—स्त्री० [अ०] १. किसी की मृत्यु के बाद उसका उत्तराधिकारी बनना । २. मुसलमानों में पैगंबर के उत्तराधिकार का पद या स्वत्व । ३. खिलाफ होने अर्थात् विरोध करने की क्रिया या भाव ।

खिलायक—स्त्री० [अ० खल्कत] जन-समूह। भीड़। उदा०—धाय नही घर, दायँ परी जुरि आई खिलायक, आँख बहाऊँ।—केशव।

खिलाल—स्त्री० [हिं० खेल] (ताश आदि के खेल में) पूरी बाजी की हार।

खिलौना—पु० [हिं० खेल+औना (प्रत्य०)] १. बच्चो के खेलने के लिए बनाई हुई धातु, मिट्टी आदि की आकृति, चीज या सामग्री। २. बहुत ही साधारण या महत्वहीन वस्तु। ३ किसी के मन बहलाने का साधन या सामग्री।

पद—(किसी के) हाथ का खिलौना—(क) किसी की आज्ञा, संकेत आदि पर ही सब काम करनेवाला व्यक्ति। (ख) ऐसा व्यक्ति जिसका उपयोग केवल दूसरों के मनोविनोद के लिए ही होता हो।

खिलौरी—स्त्री० [हिं० खील=भुना हुआ दाना] खरबूजे, धनिये आदि के भुने हुए बीज जो भोजनोपरांत मुँह का स्वाद बदलने के लिए खाये जाते है।

खिल्ली—स्त्री० [हिं० खिलना=मुस्कराना या हँसना] हँसने-हँसाने के लिए किसी को तुच्छ सिद्ध करते हुए कही जानेवाली हास्यास्पद बात।

मुहा०—(किसी की) खिल्ली उड़ाना—दूसरों को हँसने-हँसाने के लिए किसी के सबध में कोई ऐसी बात कहना जिससे वह कुछ तुच्छ या हेय सिद्ध होता हो।

स्त्री० [हिं० खील=तिनका] १. पान का बीड़ा जो खील या सीक से खोंसा हुआ हो। २ लगे हुए पान का बीड़ा।

†स्त्री० =खील (बड़ा काँटा या कील)।

खिल्लीबाज—वि० [हिं० खिल्ली+फा० बाज] [भाव० खिल्लीबाजी] दूसरो की खिल्ली या दिल्लगी उडानेवाला।

खिल्लो—वि० [हिं० खिलना=प्रसन्न होना] बहुत अधिक या प्रायः हँसती रहनेवाली स्त्री के लिए उपहास या व्यग्य का सूचक विशेषण।

खिवना†—अ० [स० क्षिप्] चमकना। (राज०) उदा०—मारु दीठी अउझकइ, जाँणि खिवी घण सझ।—ढोला मारू।

खिवाई—स्त्री० =खेवाई।

खिवाही—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की ईख।

खिसकना—अ० [सं० कृष्; प्रा० खिसइ; सिं० खिसनु, गु० खिसवूँ, खसवूँ; मरा० खिसषे] १. चुपके अथवा धीरे से दूसरो की दृष्टि बचाते हुए कही से उठकर चल देना। २. चूतड के बल बैठे-बैठे किसी ओर थोड़ा-सा बढना या हटना। खसकना।

खिसकाना—स० [हिं० खिसकना] १. चुपके अथवा धीरे से किसी की कोई वस्तु उठाकर चल देना। २ किसी वस्तु को खीचकर किसी ओर कुछ हटाना-बढ़ाना।

खिसना†—अ० =खसना।

खिसलना—अ० =फिसलना।

खिसलाना—स० 'खिसलना' का प्रे० रूप।

खिसलाव†—पु० [हिं० खिसलना या फिसलना] १. खिसलने या फिसलने की क्रिया या भाव। २. ऐसा चिकना स्थान जिस पर पैर फिसलता हो।

खिसलाहट—स्त्री० [हिं० खिसलना या फिसलना] फिसलने या खिसलने की क्रिया या भाव।

खिसाना*—अ० =खिसियाना।

खिसारा—पु० [अ० खिसार] १. घाटा। टोटा। २. नुकसान। हानि।

†वि० [हिं० खिसाना या खीस] १. खिसियाया हुआ। २. जल्दी नाराज हो जानेवाला।

खिसारी—स्त्री० =खेसारी।

खिसिआनपन—पु० [हिं० खिसिआना+पन] खिसियाने की क्रिया या भाव।

खिसिआना—वि० [हिं० खीस हिं० खिसियाना] [स्त्री० खिसिआनी] १. क्रुद्ध। २. अप्रसन्न। रुष्ट। ३. लज्जित।

अ० =खिसियाना।

खिसिआहट—स्त्री० =खिसिआनपन।

खिसियाना—अ० [हिं० खीस=दाँत] १ लज्जित होकर दाँत निकाल देना या सिर झुका लेना। २ किसी पर अप्रसन्न या रुष्ट होकर बिगड़ना। नाराज होना।

खिसी†—स्त्री० [हिं० खिसियाना] १. क्रोध। २. अप्रसन्नता। ३. लज्जा। ४. ढिठाई। धृष्टता।

खींच—स्त्री० [हिं० खीचना] १. खीचने अथवा खिंचे हुए होने की अवस्था या भाव। २. खीच-तान (दे०)। उदा०—अति सोक सोच संकोच के खींच-बीच नरपति परे।—रत्ना०।

खींच-तान—स्त्री० [हिं० खीचना+तानना] १. किसी वस्तु को विभिन्न दिशाओं की ओर विभिन्न पक्षों द्वारा एक साथ खीचकर ले जाने की क्रिया या प्रयास। २. व्यक्तियों का एक दूसरे के विरुद्ध किया जानेवाला उद्योग या प्रयत्न। ३ किसी बात या वाक्य के अर्थ या आशय का बलपूर्वक किसी एक ओर खीचा या ताना जाना। शब्द या वाक्य का जबरदस्ती साधारण से भिन्न कोई दूसरा अर्थ लगाया जाना।

खींचना—स० [सं० कृष्, प्रा० खंच, ब० खेचा, प० खैच, गु० खेचवूं, का० खंझून, मरा० खेचणे] १. किसी वस्तु को बलपूर्वक अपनी ओर लाना। जैसे—हवा में से पतग या कुएँ मे से बाल्टी खीचना। २ किसी को अपने साथ लेते हुए आगे बढ़ना। जैसे—घोड़ा गाड़ी खीचता है। ३. किसी वस्तु या स्थान में स्थित कोई दूसरी वस्तु बलपूर्वक बाहर निकालना। जैसे—म्यान से तलवार खीचना। ४. किसी को दूसरे पक्ष मे से अपने पक्ष में मिलाना। ५. किसी वस्तु मे का तत्त्व, सार या सुगंध निकालना। जैसे—इत्र खीचना। ६ भभके से अर्क, शराब आदि चुआना। ७. चूसना। सोखना। जैसे—मक्की की रोटी बहुत घी खीचती है। ८. किसी का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करना। अपनी ओर उन्मुख करना। जैसे—इस पुस्तक ने विद्वानों का ध्यान अपनी ओर खीच लिया है। ९. कलम, पेंसिल आदि से अकित या चित्रित करना। जैसे—लकीर खींचना। १०. अनुकृति आदि के रूप में उतारना या बनाना। जैसे—फोटो या चित्र खींचना। ११. कौशलपूर्वक किसी के अधिकार से कोई चीज निकालकर अपने हाथ में करना। जैसे—किसी से रुपए खींचना। १२. व्यापारिक क्षेत्र में, खपत या बिक्री का माल अधिक मात्रा या मान में मँगाना या अपने अधिकार में करना। जैसे—दूसरे महायुद्ध में अमेरिका ने संसार का सारा सोना खींच लिया था।

खींचाखींची—स्त्री० =खींच-तान।

खींचातान—स्त्री० =खींच-तान।

खींचातानी—स्त्री० =खींच-तान।

खीजर—पु० [देश०] एक प्रकार का वन-बिलाव। कटारन।

खीझ†—स्त्री० =खिजड़ी। उदा०—करमाबाई को खीझ अरोग्यो होइ परसण पावंद।—मीरां।

खीझ—स्त्री०=खीझ।

खीजना—अ० = खीझना।

खीझ—स्त्री० [हिं० खीझना] १ खीझने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. ऐसी बात, जिससे कोई खीझे। चिढ़ानेवाली बात।

मुहा०—(किसी की) खीझ निकालना=किसी को खूब चिढ़ानेवाली कोई बात ढूंढ निकालना या पैदा करना।

खीझना—अ० [स० लिखते, प्रा० खिज्जइ] किसी अप्रिय या अरुचिकर कार्य, बात, व्यवहार आदि का प्रतिकार न कर सकने पर उससे खिन्न होकर झुंझलाना।

खीण†—वि० = क्षीण।

खीचा†—स्त्री०=कंथा।

खीन*—वि०=क्षीण।

खीनता*†—स्त्री० = क्षीणता।

खीनताई*—स्त्री०=क्षीणता।

खीप—पु० [देश०] १. एक प्रकार का घना सीधा पेड़। २. लज्जालु नाम का पौधा। लजाधुर। ३. गंध-प्रसारिणी नाम की लता। गँधेली।

खीमा†—पु० = खेमा।

खीर—स्त्री० [सं० क्षीर] दूध में चावल उबालने तथा चीनी मिलाने से बननेवाला एक प्रसिद्ध भोज्य पदार्थ।

मुहा०—खीर चटाना=पहले-पहल बच्चे को अन्न खिलाना आरम्भ करने के लिए उसके मुँह में खीर डालना। अन्न-प्राशन करना।

†पुं०=क्षीर।

खीर-चटाई—स्त्री० [हिं० खीर+चटाई] बच्चे को पहले-पहल अन्न खिलाने के समय खीर चटाने की रसम। अन्न-प्राशन।

खीरमोहन—पु० [हिं० खीर+मोहन] गुलाब जामुन के आकार की एक प्रसिद्ध बँगला मिठाई।

खीरा—पु० [सं० क्षीरक] ककड़ी की जाति का एक प्रकार का फल।

मुहा०—(किसी को) खीरा-ककड़ी समझना=बहुत ही तुच्छ या हेय समझना।

खीरी—स्त्री० [सं० क्षीर] गाय, भैंस आदि मादा चौपायों का वह भाग जिसमें दूध बनता तथा रहता है तथा जिसके निचले भाग में थन होते हैं।

खीरोदक—पुं० [सं० क्षीरोदक] एक प्रकार का पेड़।

खील—स्त्री० [सं० पा० प्रा० खैं० खील; गु० खिलो; उ० कीड़ा; मरा० खिड़, खिड़ा] १. खिला या भुना हुआ चावल। लावा। २. चावल को भूनकर तथा चाशनी में पकाकर जमाई हुई कतली। ३. किसी चीज का बहुत छोटा टुकड़ा। जैसे—शीशे का गिलास गिरते ही खील-खील हो गया।

†स्त्री० [हिं० कील] १. कील। मेख। (दे० 'कील') २. बाँस आदि की पतली सींक जो पत्तों आदि को जोड़कर दोना बनाने के काम आती है। ३. मांस-कील।

स्त्री० [सं० खिल] वह भूमि जो जोती जाने से पहले बहुत दिन परती छोड़ी गई हो।

खीलना—स० [हिं० खील] १. पत्रों में खील लगाकर दोना, पत्तल आदि बनाना। खील लगाना। २. दे० 'कीलना'।

खीला†—पु० [हिं० कील] [स्त्री० खीली] १. बाँस आदि की पतली छोटी सींक। २. बड़ी और मोटी कील। ३. खूँटा।

खीली—स्त्री०=खिल्ली (पान का बीड़ा)।

खीवन—स्त्री० [सं० क्षावन] मतवालापन। मत्तता।

खीवर*—वि० [सं० क्षावन] १ मतवाला। २. वीर। शूर। (डिं०)

खीस—स्त्री० [?] १. पशुओं के लंबे तथा नुकीले दाँत। खाँग। जैसे—सूअर की खीस। २. खुले हुए और बाहर से दिखाई देनेवाले दाँत।

मुहा०—*खीस या खीसें काढ़ना या निकालना=कोई भूल हो जाने पर निर्लज्जतापूर्वक हँसना या दाँत निकालना।

३. लज्जा। शरम।

स्त्री० [देश०] १. नई ब्याई हुई गाय, भैंस आदि का १०-१२ दिनों का वह दूध जो पीने योग्य नहीं होता। पेउस। २. उक्त पशुओं के स्तन के अन्दर की मांस-कील।

मुहा०—खीस निकालना=नई ब्याई हुई गाय, भैंस आदि के थनों में से मांस-कील निकालना।

विशेष—ये मांस-कीलें गर्भकाल में थनों में दूध रुके रहने से बन जाती हैं।

†वि० [सं० क्षिप्त=नष्ट] नष्ट। बरबाद। उदा०—लगे करन मरव-खीसा—तुलसी।

क्रि० वि० निरर्थक। व्यर्थ। उदा०—निठुरा आगे रोइबो आँसू गारिबो-खीस—रहीम।

स्त्री० [हिं० खीज] १. अप्रसन्नता। नाराजगी। २. क्रोध। गुस्सा।

स्त्री० [फा० खिसारा] १. नुकसान। हानि। २. घाटा। टोटा। ३. कमी। न्यूनता।

खीसना*—अ० [हिं० खीस] नष्ट या बरबाद होना। उदा०—तुम्हरे दास जाहि अघ खीसा। —तुलसी।

स० नष्ट या बरबाद करना।

खीसा—पु० [फा० कीस] [स्त्री० अल्पा० खीसी] १. छोटा थैला। थैली। २. खलीता। जेब। ३. कपड़े की वह थैली जिसमें नहाने के समय बदन मलकर साफ करते हैं।

†पुं० =खीस।

खीह*—स्त्री०=खीझ।

खीहना†—अ०=खीझना। उदा०—तुही तुही कह गुरुड खीहा।—जायसी।

खुंजनी—स्त्री० [सं०] एक प्रकार की वीणा।

खुंगह—पुं० [सं०] काले रंग का घोड़ा।

खुंदकड़ा—पुं० [हिं० खूँट+काढ़ना] कान की मैल निकालनेवाला व्यक्ति। कनमैलिया।

खुंटना†—स० [हिं० खूँटना] खूँटने का काम किसी से कराना।

अ० खूँटा या ठोड़ा जाना।

खुंडिला—पुं० [देश०] कान में पहनने का कर्णफूल। उदा०—मनि कुंडल खुंडिला औ खूँटी।—जायसी।

खूंद—पु० [देश०] १. एक प्रकार की मोटी घास। २. पहाड़ी टट्टुओं की एक जाति।

खूंडला—पु० [स० खंडल] १. टूटा-फूटा मकान। २. छोटा झोपड़ा।

खूंदकार—पु० [फा० ख्वान्दगार] सेवक। नौकर।

खूंदवाना—स० =खुंदाना।

खूंदाना—स० [हि० खूंदना] १. खूंदने में प्रवृत्त करना। २. (घोड़ा) कुदाना या कुदाते हुए चलाना।

खूंदिन†—स्त्री० = खूंद।

खूंदी†—स्त्री० =खूंद।

खूंबी†—स्त्री० =खूभी।

खूंभी†—स्त्री० [सं० कुंभ] १. कान में पहनने का एक गहना। २. दे० 'खूभी'।

स्त्री० [स० स्कम्भ] खंभे के नीचे का वह भाग जो ऊपर के भाग से कुछ बाहर निकला रहता है। उदा०—खूंभी पर्ना प्रवाली खंभ।—प्रिथीराज।

खूआर†—वि० दे० 'ख्वार'।

खूआरी*†—स्त्री० दे० 'ख्वारी'।

खूक्ख—वि० [स० शुष्क] १. जिसके पास कुछ भी धन-सम्पत्ति न हो। परम दरिद्र या निर्धन। २. जिसमें तत्त्व या सार न रह गया हो। खोखला। निस्सार। ३. जो ताश के खेल में पूरी बाजी हार गया हो।

खूखंड—पु० [देश०] एक प्रकार की राई।

खूखड़ा†—पुं० [हि० खूक्ख] पेड़ जिसे घुन लगा हो अथवा जिसका गूदा सड गया हो।

पुं० [नया० खुकुरा] [स्त्री० अल्पा० खूखडी] कटार की तरह का एक प्रकार का बड़ा छुरा जो प्रायः नेपाली लोग रखते हैं।

खूखड़ी—स्त्री० [देश०] १. तकुए पर लपेट कर सूत आदि का बनाया जानेवाला पिंड। कुकड़ी। २. छोटा खूखड़ा।

खूखला†—वि० = खोखला।

खूखड़ा†—पु० खूखड़ा।

खूगीर—पु० दे० 'खूगीर'।

खूचर—स्त्री० [स० कुचर =परायं दोष निकालनेवाला] किसी अच्छी बात में भी झूठ-मूठ का निकाला जानेवाला दोष या की जानेवाली आपत्ति। छिद्रान्वेषण।

क्रि० प्र०—करना।—निकालना।—लगाना।

खूचुर†—स्त्री० = खूचर।

खूजलाना—स० [स० कर्ष, खर्जन] [संज्ञा खूजलाहट, खूजली] शरीर के किसी अंग में खूजली होने पर उस स्थान को नाखूनों अथवा उँगलियों से बार बार मलना या रगड़ना।

†अ० =खूजली होना।

खूजलाहट—स्त्री० [हि० खूजलाना] खूजली होने की अवस्था या भाव।

खूजली—स्त्री० [हि० खूजलाना] १. शरीर के किसी अंग में रक्त का संचार रुक जाने के कारण होनेवाली सुरसुरी। २. एक चर्मरोग जिसमें शरीर पर छोटे-छोटे दाने निकल आते हैं और बहुत अधिक खूजलाहट होती है।

खूजवाना—स० [हि० खोजना] किसी खोई हुई वस्तु को खोजने में किसी को प्रवृत्त करना। खोज कराना। खोजवाना।

खूजाई—स्त्री०। हि० खोजना+आई (प्रत्य०)] खोजने या ढूंढने की क्रिया या भाव।

खूजाना†—अ०, स० =खूजलाना।

स० =खूजवाना।

खूज्झा†—पु० खूझा।

खूझड़ा—पु० =खूझा।

खूझरा—पु० [स० कु+हि० जड़] १. जमीन पर उभरने अथवा फैलनेवाले पेड़ों की जड़ें। २ एक में गुथे हुए किसी चीज के बहुत से तंतु या रेशे। जैसे-नारियल की जटा या रेशम का खूझरा।

खूटक*†—स्त्री० =खुटका।

खूटकना—स० [स० खुट या खुड] किसी वस्तु का ऊपरी अश या भाग दाँत या नाखूनों से नोचना या तोड़ना।

खूटका†—पुं० [हि० खटका] ऐसी बात जो मन में खटक या चिंता उत्पन्न करती हो। खटका।

खूटचाल—स्त्री० [हि० खोटी+चाल] १ दुष्ट उद्देश्य से किया जानेवाला काम या कही जानेवाली बात अथवा किसी को चिढ़ाने या कष्ट पहुँचाने के लिए चली जानेवाली बुरी चाल। खोटा या बुरा चाल-चलन। दुराचार।

खूटचाली*—पुं० [हि० खूटचाल+ई (प्रत्य०)] १ खूटचाल चलनेवाला दुष्ट व्यक्ति। २. बुरी चाल चलनेवाला व्यक्ति। दुराचारी।

खूटना†—अ० [स० खुड या खोट] १ समाप्त होना। खतम होना। २. कम पड़ना। घटना। ३ टूट कर अलग होना।

†अ० =खूलना। उदा०—निपट विकट जौलौं जुटे, खूटहि न कपट कपाट। —बिहारी।

खूटपन—पुं० [हि० खोटा+पन, पना (प्रत्य०)] खोटे या दुष्ट होने की अवस्था, गुण या भाव।

खूटला—पु० [देश०] कान में पहनने का एक प्रकार का गहना।

खूटाई—स्त्री०=खोटाई।

खूटाना*—अ० [हि० खूटना] समाप्त होना।

खूटिला—पु० [देश०] कान का एक प्रकार का आभूषण।

खूटेरा†—पु० [स० खदिर] खैर का पेड़।

खूटी†—स्त्री० [खूट से अनु०] तिल और गुड़ (या चीनी) से बननेवाली एक प्रकार की मिठाई। रेवड़ी।

स्त्री० =कुटी।

खूठेरा†—पुं० [देश०] एक प्रकार का मोटा धान।

खूड़ला—पुं० [देश०] वह खानेदार अलमारी या दरवा जिसमें मुर्गे-मुर्गियाँ बन्द की जाती हैं।

खूड़ा—पु० [देश०] वर्षा या आंधी आदि से बचाव के लिए सिर पर डाला जानेवाला कंबल या कोई कपड़ा। बोची।

क्रि० प्र०—देना।—मारना।—लगाना।

खूड़ी—स्त्री० [पं० खुड्ड=बिवर] १. वह गड्ढा जिसमें देहाती लोग मल-त्याग करते हैं। २ पाखाने में पैर रखने के पावदान।

खूड़ी†—स्त्री०=खुड़ी।

खूतका—पु०=कुतका।

खूतबा—पु० [अ० खुत्बः] १. तारीफ। प्रशंसा। २. प्रशंसात्मक

लेख या कविता। ३. मुसलमानी राज्यों में नये राजा के सिंहासन पर बैठने की घोषणा।

मुहा०—(किसी के नाम का) खुतबा पढ़ा जाना=किसी के सिंहासनासीन होने की घोषणा होना।

खुत्थ—पुं०=खुत्थी।

खुत्थी†—स्त्री० [?] पौधों का वह भाग जो फसल काट लेने पर पृथ्वी के ऊपर बचा रह जाता है। खूंटी।

स्त्री० [?] १. गुत्थी। थैली। २. धन-सम्पत्ति। ३. किसी पदार्थ का सार भाग। सत्त।

खुथी—स्त्री०=खुत्थी।

खुद—अव्य०[फा०] स्वयं। आप।

पद—खुद-ब-खुद (देखें)।

खुदका—पुं०=कुतका।

खुदकाश्त—स्त्री० [फा०] ऐसी जमीन जिसे उसका मालिक स्वयं जोतता-बोता हो।

खुदकुशी—स्त्री० [फा०] आत्महत्या।

खुदगरज—वि०[फा०] [भाव० खुदगरजी] अपना ही काम या मतलब देखनेवाला। स्वार्थी।

खुदगरजी—स्त्री०[फा०] खुदगरज होने की अवस्था या भाव। स्वार्थ-परायणता।

खुदना—अ० [हिं० खोदना का अ०] १. जमीन आदि का खोदा जाना। जैसे—खान या नहर खुदना। २. खुदने के रूप में अंकित या चिह्नित होना। जैसे—बरतन पर नाम खुदना।

खुद-परस्त—वि० [फा०] [भाव० खुद-परस्ती] वह जो अपने आप को ही सबसे बढ़कर समझता हो।

खुद-ब-खुद—अव्य० [फा०] आप से आप। अपनी ही इच्छा से। स्वत. (बिना किसी की प्रेरणा आदि के)।

खुद-मुख्तार—वि० [फा०] [—भाव० खुद-मुख्तारी] जिस पर किसी दूसरे का प्रभुत्व या शासन न हो। स्वतन्त्र।

खुद-मुख्तारी—स्त्री [फा०] खुदमुख्तार होने की अवस्था या भाव। स्वतन्त्रता।

खुदरा—पुं०[फा० खुर्दा, सं० क्षुद्र] १. छोटी और साधारण वस्तु। फुटकर चीज। २. किसी पूरी चीज में के छोटे-छोटे अंश, खंड या टुकड़े। जैसे—दस रुपए के नोट का खुदरा। ३. चीजों की बिक्री का वह प्रकार जिसमें वे इकट्ठी या पूरी नहीं, बल्कि टुकड़े-टुकड़े या थोड़ी-थोड़ी करके बेची जाती हैं। 'थोक' का विपर्याय। जैसे—थोक के व्यापारी खुदरा माल नहीं बेचते।

†वि० १. जो छोटे-छोटे अंशों या टुकड़ों के रूप में हो। जैसे—खुदरा नोट, खुदरा सौदा। २. थोड़ा-थोड़ा करके बिकनेवाला। (रिटेल)

†वि० =खुरदुरा।

खुदराई—स्त्री० [फा०] खुदराय होने की अवस्था या भाव।

खुदराय—वि० [फा०] १. अपनी ही राय या विचार के अनुसार सब काम करनेवाला। दूसरों की राय न मानने या न सुननेवाला। २ स्वेच्छा-चारी। निरंकुश।

खुदवाई—स्त्री० [हिं० खुदवाना] १. खुदवाने की क्रिया,भाव या मजदूरी।

खुदवाना—स० [हिं० खोदना का प्रे०] खोदने का काम दूसरे से कराना।

खुदा—पुं० [फा०] १. परमात्मा। परमेश्वर।

मुहा०—खुदा-खुदा करके=बहुत कठिनता से। बड़ी मुश्किल से। खुदा लगती कहना=ऐसी ठीक और सच्ची बात कहना, जिससे ईश्वर प्रसन्न हो।

पद=खुदा का घर—मसजिद। जिसमें ईश्वर का निवास माना जाता और उपासना की जाती है। खुदा की मार=दैवी प्रकोप। खुदा-न-ख्वास्ता- ईश्वर न करे कि ऐसा हो। '(अशुभ बातों के प्रसग में) जैसे—खुदा-न-ख्वास्ता अगर आप बीमार पड़ जायँ तो ?

खुदाई—स्त्री०=खोदाई।

वि० [फा० खुदाई] खुदा या ईश्वर की ओर से आने या होनेवाला। ईश्वरीय।

पद—खुदाई रात—ऐसी रात जिसमें बराबर जागते रहकर ईश्वर का ध्यान किया जाय।

स्त्री०१,. खुदा होने की अवस्था, पद या भाव। ईश्वरता। २ ईश्वर की रची हुई सारी सृष्टि। ३. सृष्टि में रहनेवाले सभी प्राणी या लोग।

खुदा-परस्त—वि० [फा०] [भाव० खुदापरस्ती] ईश्वर को मानने तथा उसकी उपासना करनेवाला। आस्तिक।

खुदावंद—पु० [फा०] १. ईश्वर। २. मालिक। स्वामी।

अव्य० जी हजूर। हाँ, सरकार। (बड़ों से बातचीत करने अथवा उन्हें सम्बोधित करने के समय।)

खुदाव—पुं० [हिं० खोदना] १. किसी चीज के ऊपर किया हुआ खुदाई का काम। २. किसी चीज के ऊपर आकृति, रूप आदि खुदे होने का ढग।

खुदा-हाफिज—पद [फा०] ईश्वर तुम्हारी रक्षा करे। (विदाई आदि के समय)

खुदी—पु० [फा०] १. 'खुद' का भाव। अहभाव। २. अभिमान। घमंड। ३. शेखी।

खुद्दी—स्त्री० [सं० क्षुद्र] १. चावल, दाल आदि के बहुत छोटे-छोटे टुकडे। किनकी। २ तरल पदार्थ के नीचे की तलछट।

खुनकी—स्त्री० [फा०] हलकी सरदी। ठंढक।

खुनखुना—पुं० [अनु०] घुनघुना या झुनझुना नाम का खिलौना।

खुनस—स्त्री० [सं० खिन्नमनस्] [वि० खुनसी] क्रोध। गुस्सा।

खुनसाना—अ० [हिं० खुनस] गुस्से या नाराज होकर कुछ कहना या बिगड़ना।

खुनसी—वि० [हिं० खुनसाना] गुस्सा करनेवाला। क्रोधी।

खुनिस†—स्त्री०=खुनस।

खुफिया—वि० [फा०] छिपकर रहनेवाला अथवा छिपकर काम करनेवाला। गुप्त।

क्रि० वि० गुप्त रूप से। छिपकर। जैसे—खुफिया जाँच करना।

खुफियाखाना—पुं० [फा०] वह स्थान जहाँ दुश्चरित्रा स्त्रियाँ धन लेकर व्यभिचार करती हों।

खुफिया पुलिस—स्त्री०[फा० खुफिया+अं० पुलिस] १. पुलिस का वह

विभाग जो गुप्त रूप से अपराधों आदि की जाँच करता है तथा अपराधियों का पता लगाता है। २. उक्त विभाग का कर्मचारी।

घुमना—अ० [सं० भ्रम्] गड़ना। घुमना।

घुमराना*†—अ० [सं० भ्रम्ब] उपद्रव या उत्पात करने के लिए इधर-उधर घूमना।

घुमिया†—स्त्री० = घुमी।

घुमी—स्त्री०[हिं० घुमना] कान में पहनने का फूल।

घुस—पु० [फा०] शराब रखने का पड़ा या मटका।

घुसखाना—पुं० [फा०] शराबखाना। मदिरालय।

घुमरा—पुं०[अ० कुबर=हजरत अली का एक गुलाम] [भाव० घुमरी] एक प्रकार के मुसलमान फकीर।

पुं० [अ० घुमराह] छोटी चटाई।

घुमरी—स्त्री०=कुमरी (पंडुक पक्षी)।

घुमा—स्त्री०=घुमारी।

घुमान*—वि० [सं० आयुष्मान्] बड़ी आयुवाला। दीर्घजीवी।

पुं० शिवाजी महाराज की एक उपाधि।

घुमार—पुं० [फा०] १. घुमारी (दे०)। २. आध्यात्मिक या ईश्वरीय प्रेम का नशा या मद।

घुमारी—स्त्री० [अ० घुमार] १. भाँग, शराब आदि का नशा उतरते समय अथवा उतर जाने के बाद की वह स्थिति जिसमें शरीर आलस्य से भरा होता है, आँखें चढ़ी होती हैं, गला सूखा रहता है और तबीयत कुछ-कुछ बेचैन सी रहती है। २. रात भर जागते रहने से अथवा बहुत अधिक थके रहने के कारण होनेवाली सुस्ती।

घुमी—स्त्री० [अ० कुमा] १. बहुत ही छोटे छोटे उद्भिज्जों या वनस्पतियों का एक वर्ग जिसमें फूल, पत्ते आदि बिलकुल नहीं होते, केवल एक छोटे डंठल के सिरे पर सफेद या मटमैले रंग का छाता-सा होता है। गुच्छी, कुकुरमुत्ता आदि वनस्पतियाँ इसी वर्ग के अंतर्गत हैं। (मशरूम) २. दाँतों में लगवाई जानेवाली सोने की कील या पत्तर। ३. कानों में पहनने का एक प्रकार का, गहना। ४. हाथी के दाँतो पर चढ़ाया जानेवाला छल्ला।

घुमारि*—स्त्री०=घुमारी।

घुरंड—पुं०=घुरंड।

घुरंड—पु० [स० क्षुर-खरोचना+अंड] घाव के सूखने पर उसके ऊपर जमनेवाली झिल्ली या पपड़ी।

घुर—पु०[सं० √घुर् (काटना) +क; पा० प्रा० खुर, छुर; बं०, उ० पं० गु० खुर; मरा० खूर] १. सींगवाले पशुओं के पैरों का अगला सिरा जो प्रायः गोल तथा बीच में से फटा हुआ होता है। टाप। सुम। २. चारपाई या चौकी के पाये का निचला छोर जो पृथ्वी पर रहता है। ३. नख नामक गंध-द्रव्य।

घुरक—स्त्री० [हिं० खुटका] १. खटका। अंदेशा। उदा०—सुआ न रहै लुक जिअ, जबहिं काल सो आउ।—जायसी। २. चिंता। सोच।

†स्त्री० खुजली।

पु० [सं० खुर√ कं (चमकना) +क] १. तिल का पेड़। २. एक प्रकार का नृत्य।

घुरक रोंगा—पुं०[हिं० घुरक+रोंगा] एक प्रकार का नरम और सफेद रोंगा जो जल्दी गल जानेवाला होता है। हिरनखुरी रोंगा।

विशेष—बैद्यक में यह भस्म बनाने के लिए अच्छा माना जाता है।

घुरका—पुं० [देश०] एक प्रकार की घास।

घुरघुर—पु०[अनु०] वह शब्द जो गले या नाक में बलगम आदि अटकी या फँसी रहने के कारण साँस लेते समय होता है। घरघर शब्द।

घुरघुरा—वि० [सं० क्षुर-खरोचना] जिसके ऊपरी तल पर ऐसे कण या रवे हों जो छूने या हाथ फेरने से गड़ें। 'चिकना' का विपर्याय। खुरदुरा।

घुरघुराना—अ० [हिं० घुरघुर अनु०] १. घुरघुर शब्द होना। जैसे—गला घुरघुराना। २ छूने में घुरघुरा या ऊबड़-खाबड़ लगना। स० घुरघुर शब्द उत्पन्न करना।

घुरघुराहट—स्त्री० [हिं० घुरघुर] १ घुरघुराने की क्रिया या भाव। घुरघुर होने की अवस्था या भाव। खुरदरापन। ३ साँस लेने के समय गले में से कफ के कारण होनेवाला घुरघुर शब्द।

घुरचन—स्त्री० [हिं० घुरचना] १ घुरचने की क्रिया या भाव। २. कड़ाही, तसले आदि में से पकी या बनी हुई वस्तु निकाल लेने के बाद उसमें बचा तथा चिपका हुआ उस वस्तु का वह अंश जो घुरचकर निकाला जाता है। ३ एक विशेष प्रकार से बनाई हुई रबड़ी जो कड़ाही में से घुरचकर निकाली जाती है। ४ किसी वस्तु का बचा-खुचा या अन्तिम अंश। जैसे—स्त्रियाँ अपनी अंतिम सन्तान को पेट की खुरचन कहती हैं। ५. वह उपकरण जिससे कटाही, तसले आदि में से कोई चीज खुरचकर निकाली जाती है। खुरचनी।

घुरचना—स० [सं० क्षुरण] १. कड़ाही, तसले आदि में चिपका तथा लगा हुआ किसी वस्तु का अंश किसी उपकरण अथवा चम्मच आदि से रगड़कर निकालना। २. किसी नुकीली वस्तु को किसी दूसरी वस्तु पर इस प्रकार रगड़ना कि वह दूसरी वस्तु कुछ छिल जाय। जैसे—नाखून से मांस खुरचना, कील से लकड़ी खुरचना।

घुरचनी—स्त्री० [हिं० घुरचना] कोई चीज खुरचने का उपकरण या औजार। जैसे—कसेरों या चमारों की खुरचनी।

घुरचाल—स्त्री०[हिं० खोटी+चाल] १. किसी को चिढ़ाने या कष्ट पहुँचाने के लिए चली जानेवाली दुष्टतापूर्ण चाल। २. किसी काम में व्यर्थ की ही जानेवाली आपत्ति या डाली जानेवाली बाधा। ३. दुष्टता। पाजीपन।

घुरचाली—वि०[हिं० घुरचाल] १. जो जान-बूझकर दूसरों को चिढ़ाता अथवा परेशान करता हो। घुरचाल करनेवाला। २. पाजी। दुष्ट।

घुरजी—स्त्री०[फा०] गधे, घोड़े, बैल आदि की पीठ पर रखा जानेवाला एक प्रकार का बड़ा झोला या थैला जिसमें सामान आदि भरा जाता है।

घुरट—पुं०[हिं० खुर] एक रोग जिसमें पशुओं के खुर पक जाते हैं। खुर पकने का रोग।

†पुं०= खुरंड।

घुरतार—स्त्री०[हिं० खुर+तार (प्रत्य०)] घुरवाले पशुओं के चलने से होनेवाला शब्द। खुरों या टापों की ध्वनि। उदा०—बज्जहि हय खुरतार, गाल बज्जहि सु उंट भव।—चंदबरदाई।

खुरची†—स्त्री० दे० 'कुलथी'। (कदन्न)

खुरदरा—वि० [हिं० खुर+दर अनु०] जिसकी सतह रुक्ष अथवा दानेदार हो। जैसे—खुरदरा कपड़ा। 'चिकना' का विपर्याय।

खुरदा†—वि०=खुदरा।

खुरदार्थ†—पुं० [हिं० खुर+दाना] कटी हुई फसल में से भूसा और अन्न के दाने अलग अलग करने के लिए बैलों से उसे कुचलवाने या रौंदवाने का काम। खुरों के द्वारा होनेवाली दँवाई।

खुरदारी—पुं० [फा० खुर+दार] भालू का जुलाब। (कलंदरों की बोली)

खुरपका—पु० [हिं० खुर+पकना] गाय, भैंसों आदि के खुर पकने का रोग।

खुरपा—पुं० [सं० क्षुरप्र, प्रा० खुप्प] [स्त्री० अल्पा० खुरपी] १. लोहे का मुठियादार एक छोटा उपकरण जिसमे जमीन खोदी तथा घोड़ी जाती है। २ उक्त आकार-प्रकार का घास छीलने का एक छोटा उपकरण।

पद—खुरपा-आली=घास छीलने और उसका गट्ठर बाँधने के उपकरण।

३ चमारों या मोचियों का वह उपकरण जिससे वे चमड़ा छीलकर साफ करते है।

खुरफ—पुं० [फा० खुरफा] कुलफा नामक साग।

खुरबंदी—स्त्री०[फा०] घोड़े, बैल आदि के खुरों में नाल जड़ने का काम।

खुरमा—पुं० [अ० खुर्म] १. छुहारा नामक सूखा फल। २. एक प्रकार का पकवान जो मीठा भी बनता है और नमकीन भी।

खुरयाऊ—पुं० [देश०] एक प्रकार का फाग जो बुंदेलखंड में गाया जाता है।

खुरली—स्त्री० [सं० खुर√ला(लेना)+क+ङीष्] १. सेना का युद्धाभ्यास। २. अभ्यास करने का स्थल।

स्त्री० [पं०] वह नाँद जिसमें पशुओं को चारा खिलाया जाता है।

खुरसीटा†—पु०=खुरपका (रोग)।

खुरहर†—पुं० [हिं० खुर+हा (प्रत्य०)] [स्त्री० अल्पा० खुरहरी] १. जमीन पर पड़ा हुआ गौओं, घोड़ों आदि के खुरों का चिह्न या निशान। खुर की छाप। २. उक्त प्रकार के चिह्नों से बना हुआ वह जंगली मार्ग जिस पर पशु चलते हैं। ३ पगडंडी।

खुरहरा†—वि० [हिं० खुरखुर से अनु०] [स्त्री० खुरहरी] १. जो ऊपर से चिकना न हो। खुरदरा। २. (खाट या पलंग) जिस पर बिस्तर न बिछा हो और इसी लिए जिस पर रस्सी या सुतली शरीर में गड़ती या चुभती हो।

खुरहा†—पुं०=खुरपका (पशुओं का रोग)।

खुरहुर†—पुं०=खुरहर।

खुरहुरी—[सं० क्षुद्रफली > खुद्दहली > खुरहरी] १. एक प्रकार का फलदार वृक्ष जिसे मेवन भूई आदि भी कहते हैं। उदा०—नरियर फरेफरी खुरहुरी।— जायसी। २. उक्त वृक्ष का फल।

खुरा—पुं० [हिं० खुर] १. खुरपका (दे०)। २. लोहे का वह काँटा जो हल के फाल में जड़ा रहता है। ३. वह पक्की चौकोर जमीन जो नालियों या मोरियों के ऊपरी भाग पर पानी आदि गिराने के लिए होती है। (पश्चिम)

खुराई—स्त्री० [हिं० खुर] वह रस्सी जिससे पशुओं के अगले या पिछले दोनों पैर इसलिए बाँध दिये जाते हैं कि वह भागने न पावें।

खुराक—पुं० [फा० खुराक] १. वह जो कुछ खाया जाय। खाद्य पदार्थ। भोजन। जैसे—आदमियों की खुराक अलग होती है, जानवरों की अलग। २. भोजन की उतनी मात्रा जितनी एक बार अथवा एक दिन में खाई जाय। ३. किसी वस्तु की उतनी मात्रा जितनी एक बार में लेनी उचित या उपयुक्त हो। जैसे—दवा की खुराक।

खुराकी—स्त्री० [फा०] १ भोजन आदि की सामग्री। २. भोजन करने अथवा भोजन आदि की सामग्री लेने के लिए दिया जानेवाला धन।

वि० जिसकी खुराक बहुत अधिक हो।

खुराघात—पुं० [सं० खुर-आघात, तृ० त०] खुर से किया हुआ आघात या प्रहार।

खुराफात—स्त्री० [अ० खुराफात का बहुवचन] १. बहुत ही बेहूदी बातें। २. गाली-गलौज।

मुहा०—खुराफात बकना=गंदी या बेहूदी बातें कहना।

३. ऐसा काम या बात जिससे किसी दूसरे के काम मे बाधा पड़ती हो, किसी की परेशानी बढती हो या कोई उपद्रव खड़ा होता हो।

खुराफाती—वि० [हिं० खुराफात] १. खुराफात-संबंधी। २. खुराफात के रूप में होनेवाला।

पुं० वह जो प्रायः कुछ न कुछ खुराफात करता रहता हो।

खुरायला—पुं० [हिं० खुर+आयल] ऐसा जोता हुआ खेत जिसमे अभी बीज न बोये गये हों।

खुरालिक—पुं० [सं० खुर-आलि, ष०त०, खुरालि √कै (प्रतीत होना)+क] १. लोहे का तीर। २. तकिया। ३. उस्तरा, कैंची आदि रखने की नाइयो की थैली। किसबत।

खुरासान—पुं० [फा०] [वि० खुरासानी] फारस देश का एक प्रदेश या भूभाग।

खुरासानी—वि० [फा०] १. खुरासान-संबंधी। २. खुरासान प्रदेश मे रहने अथवा होनेवाला।

पुं० खुरासान का निवासी।

स्त्री० खुरासान की बोली या भाषा।

खुराही—स्त्री० [हिं० खुर+फा० राह] १. जमीन पर पड़े हुए गौओं, घोड़ों आदि के खुरों के चिह्नों से बना हुआ मार्ग। २ रास्ते का ऊँचा-नीचापन सूचित करनेवाला एक शब्द। (कहारो की भाषा)

खुरिया—स्त्री० [फा० (आब) खोरा] १. कटोरी। छोटी प्याली। २. घुटने पर की गोल हड्डी। चक्की।

खुरी—स्त्री० [हिं० खुर] १. खुर या टाप का चिह्न या छाप। सुम का निशान।

मुहा०—खुरी करना—(क) चलने के लिए आतुर होने पर घोड़े, बैल आदि सुमवाले पशुओं का पैर से जमीन खोदना। (ख) जल्दी मचाना। (व्यंग्य)

२. उपद्रव। ३. धृष्टता। पाजीपन।

†स्त्री० [?] बहते हुए पानी की वह जबरदस्त धार जिसके विपरीत नाव न चल सके। (मल्लाह)

खुश्क—स्त्री० दे० 'खुरक'।

खुश्बना—अ०=खुरचना।

खुश्बनी—स्त्री०=खुरचनी।

खुश्हरा—वि०=खुरहरा।

खुश्हरी—स्त्री० दे० 'खुरहरी'।

खुश्—पुं० दे० 'खुरी'।

खुश्क—स्त्री० [देश०] नारियल में की गरी। (बुदेल०)

खुरैरा—वि० [स्त्री० खुरैरी]=खुरहरा।

खुर्द—वि० [फा०] छोटा। लघु। "कलाँ" का उल्टा।

खुर्दनी—वि० [फा०] खाने योग्य (वस्तु)।
स्त्री० खाई जानेवाली वस्तु। खाद्य पदार्थ।

खुर्दबीन—स्त्री० [फा०] वह यंत्र जिसके द्वारा देखने पर छोटी चीजें बड़ी दिखाई पड़ती है। सूक्ष्मदर्शक यंत्र। (माइक्रोस्कोप)

खुर्दबुर्द—क्रि० वि० [फा०] जो खा-पकाकर समाप्त या बहुत बुरी तरह से नष्ट-भ्रष्ट कर दिया गया हो।

खुर्दा—भू० कृ० [फा० खुर्दः] खाया हुआ। भक्षित।
पु० छोटी-मोटी चीज। साधारण या तुच्छ वस्तु।
वि० दे० 'खुदरा'।

खुर्रम—वि० [फा०] १. ताजा। २. प्रसन्नचित्त। खुश।

खुर्रमगाह—स्त्री० [अ० फा०] राजाओं आदि का शयनागार।

खुर्राट—वि० [देश०] १. बड़ा-बूढ़ा। वृद्ध। २ बहुत अनुभवी। ३. चालाक तथा चालबाज। धूर्त। काइयाँ।

खुर्राटा—पुं० दे० 'खर्राटा'।

खुर्सद—वि०[फा०] १. जो कोई बात मानने के लिए तैयार हो गया हो। राजी। २. प्रसन्न।

खुल्ला—वि० [हिं० खुलना] १. जो आगे से खुला हुआ हो। जिसके आगे कोई आड़ न हो। जैसे—खुलता मकान। २. (रंग) जो हलका तेज हो और देखने में भला जान पड़ता हो।

खुल्ली—स्त्री०=कुलथी।

खुलना—अ० [स० क्षुर (कटना या खुदना, प्रा० खुल्ल, मरा० खुलणे] हिन्दी 'खोलना' का अकर्मक रूप जो भौतिक या मूर्त और अभौतिक या अमूर्त रूपों में नीचे लिखे अर्थों में प्रयुक्त होता है—

भौतिक या मूर्त रूपों में—

१. बँधी या बाँधी हुई चीज का बधन इस प्रकार हट जाना कि वह बँधी न रह जाय। जैसे—(क) गाँठ या रस्सी खुलना। (ख) बेड़ी या हथकड़ी खुलना। २ चारों ओर लिपटी या लपेटी हुई चीज का अपने स्थान से अलग किया जाना या होना। जैसे—धोती या पगड़ी खुलना। ३. शरीर पर धारण की हुई चीज का उतरना या उतारा जाना। जैसे—कमीज या कोट खुलना। ४. जो चीज किसी प्रकार के आवरण आदि के कारण आँखों से ओझल हो, उसके आगे का आवरण इस प्रकार हट जाना कि वह चीज सामने आ जाय। अनावृत होना। जैसे—रंग-मंच पर का परदा खुलना, संदूक या उसका ढक्कन खुलना। ५. किसी घिरे, छाये या बन्द स्थान के आगे लगे हुए किवाड़ों या पल्लों का हटकर या हटाये जाने पर इस प्रकार इधर या उधर हो जाना कि बीच में आने-जाने का मार्ग हो जाय। जैसे—(क) किले का फाटक खुलना। (ख) कोठरी या मकान का दरवाजा खुलना। ६.अवरोध, बाधा आदि हटने के फलस्वरूप किसी चीज का सार्वजनिक उपयोग या व्यवहार के लिए सुगम होना। जैसे—प्रदर्शनी खुलना। ७. मोड़ी, लपेटी या तह की हुई चीज का इस प्रकार विस्तृत किया जाना या होना कि उसके सिरे यथासाध्य दूर तक फैल जायँ। जैसे—पढ़ाई के समय पुस्तक खुलना। ८. टाँके, सिलाई आदि के द्वारा जुड़ी या जोड़ी हुई चीज का जोड़, टाँका या सिलाई टूट या हट जाने के कारण संयोजक अंगों का अलग अलग होना। जैसे—(क) चूड़ी या हार का टाँका खुलना। (ख) जूते की सीअन खुलना। ९. यांत्रिक क्रिया या साधन से बंद की हुई चीज में विपरीत क्रिया के फलस्वरूप ऐसी स्थिति होना कि वह बंद न रह जाय। जैसे—खबरों, गीतों या भाषणों के सुने जाने के लिए रेडियो खुलना। १० मरम्मत आदि के लिए यंत्रों के कल-पुरजे या कील-काँटों का अलग अलग होना या अपने स्थान से हटाया जाना। जैसे—घड़ी खुलने पर ही इसके भीतरी दोषों का पता लगेगा। ११. ठहरे या रुके हुए यानों आदि का उद्दिष्ट या गंतव्य स्थान की ओर चलने या जाने के लिए प्रस्थित होना। जैसे—ठीक समय पर नाव या रेल खुलना। १२. जिसका अगला भाग या मुँह बन्द हो या बन्द किया गया हो, उसका बन्द न रह जाना। जैसे—(क) बोतल का काग खुलना। (ख) खरच करने के लिए रुपयों की थैली खुलना। १३. शरीर के अंग या तल में किसी प्रकार का अवकाश या विवर हो जाना। जैसे—(क) दवा या पुलटिस से फोड़े का मुँह खुलना। (ख) लाठी की चोट से किसी का सिर खुलना। १४ रुपए-पैसे आदि के संबंध में, अनावश्यक रूप से व्यय होना अथवा पास से निकल जाना। जैसे—बात की बात में हमारे तो सौ रुपए खुल गए। १५ अवकाश या वातावरण के संबंध में, उस पर छाये हुए बादलों का छिन्न-भिन्न होकर दूर हट जाना। जैसे—चार दिन की बरसात के बाद आज आसमान खुला है। १६. किसी कार्य या किसी विशिष्ट रूप में फिर से या नये सिरे से आरम्भ होना या चलना। जैसे—आपस का लेन-देन या व्यवहार खुलना। १७ किसी प्रकार की संस्था का किसी विशिष्ट क्षेत्र में नया काम करने के लिए परिचालित या स्थापित होना। जैसे—(क) अछूतों या लड़कियों के लिए पाठशाला खुलना। १८. नियत समय पर कार्यालयों आदि की ऐसी स्थिति होना कि वहाँ सब लोग आकर अपना अपना काम कर सकें। जैसे—दफ्तर या दूकान खुलना। १९. शरीर के किसी अंग का अपने कार्य के लिए उपयुक्त बनना या प्रस्तुत होना। जैसे—खाने के लिए मुँह, अच्छी तरह देखने के लिए आँखें या सुनने के लिए कान खुलना। २०. शरीर के किसी अंग का कोई अनुचित काम करने के लिए स्वच्छन्द होकर अभ्यस्त होना। जैसे—गालियाँ बकने के लिए जबान या मारने-पीटने के लिए हाथ खुलना।

अभौतिक या अमूर्त रूपों में—

१. अज्ञेय, अस्पष्ट या दुर्बोध बात का ऐसे रूप में सामने आना या होना कि वह लोगों की समझ में आ जाय। जैसे—(क) किसी घटना का रहस्य या श्लोक का अर्थ खुलना। २. बातचीत में किसी के सामने ऐसे रूप में उपस्थित होना कि कुछ भी छिपा या दबान रह जाय। जैसे—(क) अफसर के डाँट बताते ही उचक्का उसके सामने खुल गया। (ख) चलो, अच्छा हुआ, अब सब बातें खुल गईं। ३. जो क्रम परम्परा

या परिपाटी किसी प्रकार बंद कर दी गई हो या समाप्त हो चुकी हो, उसका फिर से आरम्भ होना। जैसे—(क) बिरादरी में हुक्का-पानी खुलना। (ख) माफी माँगने पर वेतन या वृत्ति खुलना। ४. भाग्य के संबंध में, कष्ट या विपत्ति के दिन दूर होने पर सुख-सौभाग्य आदि के दिन दिखाई देना। जैसे—यह नई नौकरी उन्हें क्या मिली है कि उनकी तकदीर खुल गई है। ५. किसी प्रकार के अवरोध या बंधन से मुक्त और स्वच्छन्द होना।

पद—खुलकर=बिना किसी बाधा के। अच्छी तरह। जैसे—खुलकर भूख लगना या पाखाना होना।

मुहा०—खुलकर खेलना=कलंक, लज्जा आदि का ध्यान या विचार छोड़कर स्वच्छन्दतापूर्वक सब प्रकार के अनुचित काम करने लगना। ६ देखने में भला या सुहावना लगना। सुशोभित होना। खिलना। जैसे—इस साड़ी पर काली गोट खूब खिलेगी।

खुलवा†—पु० [देश०] धातु को गलाकर साँचों में ढालनेवाला व्यक्ति।

खुलवाना—स० [हिं० खोलना] दूसरे को कोई चीज खोलने में प्रवृत्त करना। खोलने का काम दूसरे से कराना।

खुला—वि० [हिं० खोलना] [स्त्री० खुली] १ जो बंद या भेड़ा हुआ न हो। जैसे—खुला दरवाजा। २. जो बँधा न हो। जो बंधन से कसा या जकड़ा न हो। जैसे—खुला कुत्ता या खुली गाय। ३. जिसमें किसी प्रकार की आड़, बाधा या रोक न हो। जैसे—खुली सड़क, खुली हवा। ४. जो सँकरा न हो। लंबा-चौड़ा। विस्तृत। जैसे—खुला कमरा, खुला मैदान। ५. जो बंद या छिपका न हो। जिसकी तह न लगी हो। जैसे—खुली पुस्तक। ६. (मशीन यंत्र आदि) जिसका कोई पेंच इस प्रकार घुमा दिया गया हो कि वह काम करने लगे। जैसे—खुला रेडियो। ७ जो किसी चीज से ढका या छाया हुआ न हो। जैसे—खुली छत या बरामदा। ८. जो गुप्त या छिपा न हो। साफ। स्पष्ट।

मुहा०—खुले खजाने=सबके सामने। स्पष्ट रूप से। **खुले दिल से**=(क) उदारतापूर्वक। (ख) शुद्ध हृदय से। **खुले बंदों**=(क) =खुले खजाने। (ख) निःशंक होकर। बेधड़क। **खुले मैदान**=सबके सामने। खुले खजाने। **खुली हवा**=वह हवा जिसकी गति का अवरोध न होता हो।

खुलाई—स्त्री० [हिं० खोलना] १. खुलने, खुलवाने या खोलने की क्रिया या भाव। २. खुलवाने या खोलने का पारिश्रमिक या मजदूरी। ३. चित्रकला में, चित्र तैयार हो जाने पर मंद पड़ जानेवाली आकार-रेखाओं पर फिर से रंग चढ़ा कर उन्हें चमकाना। उन्मीलन। तहरीर।

खुला पल्ला—पु०[हिं० खुला+पल्ला] ढोलक, तबला, मृदंग आदि बजाने में दोनों हाथों से एक साथ या केवल बाएँ हाथ से खुली थाप देकर बजाना आरम्भ करना। (संगीत)

खुलासा—वि० [अ० खुलासः] १. खुला हुआ। २. विस्तीर्ण। विस्तृत। ३. जिसके आगे कोई अवरोध या रुकावट न हो। ४. (कथन) साफ। स्पष्ट।

पुं० संक्षिप्त कथन या विवरण। सारांश।

खुलासी—स्त्री० दे० 'खलासी'।

खुल्लि*—वि० [हिं० खुलना] खुला हुआ। उन्मीलित। उदा०—ललित वचन, अध-खुलित दृग, ललित स्वेद, कन जोति।—बिहारी।

खुलेआम—क्रि० वि० [हिं० खुलना + फा० आम] खुलकर और सबके सामने। प्रत्यक्ष रूप से।

खुल्ल—वि० [सं०] १. छोटा। लघु। जैसे—**खुल्लतात**=पिता का छोटा भाई, अर्थात् चाचा।

खुल्लम-खुल्ला—क्रि० वि०[हिं० खुलना] १. बिना किसी से छिपाये हुए। खुलकर और सबके सामने। २. सर्वसाधारण को सूचित करते हुए।

खुवार†—वि०=ख्वार।

खुवारी†—स्त्री०=ख्वारी।

खुश—वि० [फा०] १. जो अपनी स्थिति तथा परिस्थितियों से पूर्णतया संतुष्ट हो। प्रसन्न। २. जो अपने अथवा किसी के द्वारा किये हुए कार्य से संतोष तथा सुख अनुभव कर रहा हो। आनंदित। ३. जो प्रिय, रुचिकर या शुभ हो। सुंदर। जैसे—खुशबू, खुशखबरी। ४. अच्छा। उत्तम। जैसे—खुशखत, खुशनवीस।

खुशकिस्मत—वि०[फा०] अच्छी किस्मतवाला। भाग्यवान्।

खुशकिस्मती—स्त्री०[फा०] अच्छी किस्मत। सौभाग्य।

खुशकी—स्त्री०=खुश्की।

खुशखत—वि० [फा०] १. सुन्दर तथा स्पष्ट अक्षरों में लिखा हुआ। २. सुंदर तथा स्पष्ट अक्षर लिखनेवाला।

खुशखबरी—स्त्री० [फा०] प्रसन्न करनेवाला और शुभ समाचार। अच्छी खबर।

खुशदिल—वि० [फा०] १. सदा प्रसन्न रहनेवाला। २. सदा हँसता रहनेवाला।

खुशनवीस—वि० [फा०] (व्यक्ति) जो अच्छे अक्षर खूब बना बनाकर लिखता हो। जिसकी लिखावट सुन्दर तथा स्पष्ट हो।

खुशनवीसी—स्त्री०[फा०] सुन्दर अक्षर लिखने की कला, गुण या भाव।

खुशनसीब—वि० [फा०] [भाव० खुशनसीबी] जिसका नसीब अर्थात् भाग्य अच्छा हो। भाग्यवान्। सौभाग्यशाली।

खुशनसीबी—स्त्री० [फा०] खुशनसीब होने की अवस्था या भाव। सौभाग्य।

खुशनुमा—वि० [फा०] जो देखने में बहुत अच्छा हो। नयनाभिराम। सुन्दर।

खुशबयान—वि० [फा०] [भाव० खुशबयानी] अच्छे ढंग से किसी घटना, बात आदि का वर्णन करनेवाला।

खुशबू—स्त्री०[फा०] १. अच्छी गंध। सुगंध। २. सुगंध देनेवाला पदार्थ। सुगंधि।

खुशबूदार—वि० [फा०] जिसमें से खुशबू आती या निकलती हो। सुगंधित।

खुश-मिजाज—वि० [फा०] १. अच्छे मिजाज या स्वभाववाला। २. सदा हँसता रहनेवाला। प्रसन्न-चित्त। हँसमुख।

खुशरंग—वि० [फा०] अच्छे या बढ़िया रंगवाला।

पुं० अच्छा और बढ़िया रंग।

खुशहाल—वि० [फा०] [भाव० खुशहाली] घर-गृहस्थी, रहन-सहन आदि के विचार से अच्छी स्थिति में और सुखी।

खुशहाली—स्त्री० [फा०] खुशहाल होने की अवस्था या भाव।

खुशाब—पु० [फा०] धान के खेत में उगी हुई घास आदि निराने का एक कश्मीरी ढंग।

खुशामद—स्त्री० [फा०] अपना काम निकालने अथवा यों ही किसी को प्रसन्न करने के लिए किसी की की जानेवाली अतिरिक्त या झूठी प्रशंसा। चापलूसी।

खुशामदी—वि० [फा० खुशामद+ई (प्रत्य०)] १. खुशामद करनेवाला। चापलूस। २. हलूआ नामक व्यंजन। (बुंदे०)

खुशामदी टट्टू—पुं० [हिं० खुशामदी टट्टू] वह जो सदा किसी की खुशामद मे लगा रहता हो।

खुशियाली†—स्त्री० [फा० खुशहाली] १. प्रसन्न तथा सुखी होने की अवस्था। २. कुशलक्षेम।

खुशी—स्त्री० [फा०] १ मन मे होनेवाली सुखद अनुभूति। प्रसन्नता। २. ठगो की भाषा मे उनका कुल्हाड़ा और डंडा जो उनके गिरोह के आगे चलता था।

खुश्क—वि० [स० शुष्क से फा० खुश्क] १. (पदार्थ) जिसमे से जल का अंश सूखकर बिलकुल निकल गया हो। सूखा। जैसे—खुश्क जमीन, खुश्क जलवायु। २ जो चिकना न हो अथवा जिसमे चिकनाहट न लगी हो। जैसे—खुश्क रोटी। ३. (वेतन) जो केवल रुपयो के रूप मे मिलता हो और जिसके साथ भोजन आदि न मिलता हो। ४. (व्यक्ति) जिसके हृदय मे कोमलता, रसिकता आदि का अभाव हो। रूखे स्वभाववाला।

खुश्क-साली—स्त्री० [फा०] ऐसी स्थिति जिसमें ठीक ऋतु मे या समय पर पानी बिल्कुल न बरसा हो। अनावृष्टि का वर्ष। सूखा।

खुश्का—पु० [फा० खुश्क से] पानी मे उबालकर पकाया हुआ चावल जिसमें घी आदि का अंश न हो। भात।

खुश्की—स्त्री० [फा०] १. खुश्क या सूखे होने की अवस्था या भाव। सूखापन। शुष्कता। २. नीरसता। ३ वृष्टि का अभाव। अवर्षा। सूखा। ४. ऐसी जमीन जो जल मे परे या दूर हो। स्थल। ५. पूरी, रोटी आदि बेलने के समय उसकी लोई मे लगाया जानेवाला सूखा आटा। पलेथन। ६ शरीर के अन्दर या बाहर की वह स्थिति जिसमे तरी या स्निग्धता बिलकुल न रह गई हो।

खुसरा—पु० खुसिया।

पु० [प०] नपुसक। हिजड़ा।

खुसाल—वि० [फा० खुशहाल] प्रसन्न। आनदित।

क्रि० वि० खुशी से। प्रसन्नतापूर्वक।

खुसिया—पु० [अ० खुसिय.] अडकोश। फोता।

खुसिया-बरदार—वि० [अ०+फा०] [भाव० खुसिया-बरदारी] किसी को प्रसन्न करने के लिए उसकी छोटी-मोटी सभी प्रकार की सेवाएँ करनेवाला।

खुसिल्लिया†—स्त्री० खुशियाली।

खुसुरफुसुर—स्त्री० [अनु०] १. कान के पास मुँह ले जाकर बहुत धीमी आवाज मे की जानेवाली बातें। कानाफूसी। २. इस प्रकार दो पक्षों मे होनेवाली बातचीत।

क्रि० वि० उक्त प्रकार की बहुत धीमी आवाज से।

खुसूसन्—क्रि० वि०[अ०] खास तौर पर। विशेष रूप से। विशेषतः।

खुसूसियत—स्त्री० [अ०] खास खूबी, गुण या विशेषता।

खुस्याल†—वि० क्रि, वि० दे० 'खुसाल'।

खुही—स्त्री०[स० खोलक]धूप, सरदी आदि से शरीर को बचाने के लिए सिर तथा शरीर पर विशेष ढग से लपेटी हुई चादर। घुग्घी।

खूँ—पु० [फा०] खून। रक्त।

खूँखार—वि० [फा० खूँख्वार] [भाव० खूँखारी] १. खून-पीने या पान करनेवाला। हिंसक। २ बहुत बड़ा क्रूर या निर्दय।

खूँट—पु० [सं० खड] १. कपड़े आदि का छोर या सिरा। २ किसी ओर का भाग या सिरा। प्रांत। ३. ओर। तरफ। दिशा। ४. खड। भाग। ५ भारी, चौकोर या गोल पत्थर जो मकान की मजबूती के लिए कोनों पर लगाया जाता है। ६ देवी-देवताओ को चढ़ाने के लिए बनाई हुई छोटी पूरी। ७. लकड़ी पर लगनेवाला महमूल।

पु० [देश०] १. घी आदि तौलने की आठ सेर की एक तौल। २. फाल मे पहनने का गहना।

स्त्री० [हिं० खोट] कान की मैल।

स्त्री० [हिं० खूटना समाप्त होना] कोई ऐसी कमी या त्रुटि जिसकी पूर्ति करना आवश्यक हो।

खूँटना—स० [स० खुड=तोड़ना] १. अलग करने के लिए तोड़ना। खोटना। जैसे—फूल या मेहदी खूँटना। २ दबी हुई चीज या बात ऊपर या सामने लाने के लिए प्रयत्न करना। ३. चिढ़ाने या तग करने के लिए छेड़-छाड़ करना। उदा०—उनको अधिक खूँटा जाता था।—वृंदावनलाल।

अ० [सं०] खतम या समाप्त होना। खूटना। उदा०—खाई खिलाने खैचि बसन न खूँटे है।—केशव।

खूँटा—पु० [स० क्षोड़] [स्त्री० अल्पा० खूँटी] १. पत्थर, लकड़ी, लोहे आदि का वह टुकडा जो जमीन मे खड़ा गाड़ा गया हो और जिसमें गाय, भैंस अथवा खेमो, नावो आदि की रस्सी बाँधी जाती हो।

मुहा०—खूँटा गाड़ना=(क) केंद्र निश्चित या निर्धारित करना। (ख) सीमा या हद बाँधना।

२. रहस्य सम्प्रदाय मे मन, जिससे वृत्तियाँ बँधी रहती है।

खूँटी—स्त्री० [हिं० खूँटा का स्त्री० अल्पा०] १. जमीन आदि में गाड़ा जानेवाला छोटा खूँटा। जैसे—खेमे की खूँटी, खडाऊँ की खूँटी। २. खेतो मे खूँटों की भाँति निकले हुए (फसल के) वे डठल जो फसल काट लेने पर बचे रहते हैं। ३. दीवार में कोई चीज टाँगने, बाँधने, लटकाने आदि के लिए गाड़ी जानेवाली कील आदि। ४. दाढ़ी पर के बालों के वे छोटे छोटे अंश या अंकुर जो उस्तरे से दाढ़ी बनाने पर भी बचे रहते हैं।

मुहा०—खूँटी निकालना या लेना=इस प्रकार मूँड़ना कि बाल त्वचा के बाहर निकला हुआ न रह जाय।

५. नील की फसल एक बार कट जाने पर उसी जगह आप से आप उगनेवाली उसकी दूसरी फसल। दोरेजी। ६. किसी चीज के विस्तार का अंतिम अंश या भाग। सीमा। हद।

खूँटी उखाड़—पु० [हिं० खूँटी+उखाड़ना] घोड़े की एक भौंरी। (कहते

हैं कि जिस घोड़े के शरीर पर यह भौंरी होती है, वह खूँटे से बँधे रहने पर बहुत उपद्रव करता है।)

खूँटीगाड़—पुं० [हिं० खूँटी+गाड़ना] घोड़े की एक भौंरी। (कहते हैं कि जिस घोड़े के शरीर पर यह भौंरी होती है, वह सदा खूँटे से बँधा रहना ही पसंद करता है।)

खूँदा—पुं० [सं० क्षोद-खूँटा] जुलाहों का लोहे का वह पतला छड़ जिसमें वे नारा लगा कर ताना तानते हैं।

†वि० दे० 'खोदा'।

खूँदी—स्त्री० [हिं० खूँदा] वह पतली लकड़ी जिसकी सहायता से जुलाहे ताना कसते हैं।

खूँद—स्त्री० [हिं० खूँदना] खूँदे हुए घोड़े के खूँदने अर्थात् जमीन पर बार बार पैर पटकने की क्रिया या भाव।

खूँदना—अ० [सं० खण्डन तोड़ना] [भाव० खूँद] १. चंचल या तेज घोड़ों का खड़े रहने की दशा में पैर उठा-उठाकर जमीन पर पटकना। २. जमीन पर पैर इस प्रकार पटकना कि उसका कुछ अंश खुद या कट जाय। उदा०—आजु नराएन फिर जग खूँदा।—जायसी। ३. पैरों से कुचलना या रौंदना। ४ अव्यवस्थित या तितर-बितर करना।

†अ० कूदना। उदा०—चढ़ तो जाइ बारबह खूँदी।—जायसी।

खूँभी†—स्त्री० =खुम्भी।

खूँ-रेजी—स्त्री० [फा०] रक्तपात (दे०)।

खू—स्त्री० [फा०] १. आदत। २. स्वभाव।

खूकी—स्त्री० [देश०] गेहूँ नाम का छोटा कीड़ा जो रबी की फसल को नुकसान पहुँचाता है। कूकी।

खूकू†—पुं० [फा० खूक] मूजर।

खूगीर—पु० [फा०] १. थोड़े की जीन के नीचे बिछाया जानेवाला ऊनी कपड़ा। नमदा। २. चारजामा। जीन। ३. रद्दी या व्यर्थ की चीजें या सामान।

मुहा०—खूगीर की भरती=अनावश्यक और व्यर्थ की चीजों या व्यक्तियों का वर्ग या समूह।

खूब—स्त्री० [देश०] जल-डमरू मध्य। (लश०)

खूबा—पु० [सं० गुच्छ, प्रा० गुच्छ] १. किसी फल, तरकारी आदि का वह रेशेदार अंश जो खाये जाने के योग्य न समझकर फेंक दिया जाता है। २. सूत, रेशम आदि के तंतुओं या धागों का उलझा हुआ पिंड जो जल्दी काम में न आ सकता हो।

खूबना†—अ० [सं० खुडन] १. अवरुद्ध होना। रुकना २. बंद होना। ३. समाप्त होना। न रह जाना।

स० १. रोकना या रोक-टोक करना। २ बंद करना। ३. अंत या समाप्ति करना। ४. छेड़ना।

खूबा—वि० [हिं० खोट] १. जिसमें किसी प्रकार की न्यूनता या कमी हो। २. दे० 'खोटा'।

खूबा†—पुं० [सं० क्षुद्र] वह रद्दी अथवा बेकार अंश जो किसी वस्तु को छानने अथवा साफ करने पर बच रहता है।

खूबड़ (बर)—पुं० =खूद।

खून—पुं० [फा०] १. लाल रंग का वह प्रसिद्ध तरल पदार्थ जो मनुष्यों, पशुओं आदि के शरीर में नाड़ियों, शिराओं आदि में से होकर चक्कर लगाता रहता है। रक्त। रुधिर। लहू।

मुहा०—(आँखों में) खून उतरना=अत्यन्त क्रोध के कारण आँखें लाल हो जाना। **खून उबलना या खौलना**=आवेश में लानेवाला क्रोध उत्पन्न होना। **(किसी के) खून का प्यासा होना**=किसी की हत्या करने के लिए विकल होकर अवसर ढूँढ़ते रहना। **(किसी के सामने) खून खुश्क होना या सूखना**=किसी से बहुत अधिक डर लगना। **(किसी का) खून पीना** किसी को बहुत अधिक तंग या परेशान करना। बहुत दुःखी करना, या सताना। **(किसी का) खून बहाना**=किसी का वध या हत्या करना। **(अपना) खून बहाना**=किसी के लिए प्राण दे देना या देने पर उतारू होना। **खून बिगड़ना**=रक्त का ऐसा विकार होना कि किसी प्रकार का त्वचा संबंधी रोग हो जाय। **खून सफेद हो जाना**=मनुष्यत्व, सौजन्य, स्नेह आदि से बिलकुल रहित हो जाना।

पद—खून का जोश=रक्त संबंध के कारण होनेवाला मानसिक आवेग। जैसे—लड़के के लिए माता-पिता में या भाई के लिए भाई में होता है। २ किसी व्यक्ति की इस प्रकार की जानेवाली हत्या कि उसका शरीर लहू-लुहान हो जाय।

मुहा०—खून सिर पर चढ़ना या सवार होना=किसी को मार डालने अथवा कोई अनिष्ट या भीषण कार्य करने पर उतारू होना।

पद—खून खराबा, खून खराबी=मार-काट। रक्तपात।

खून-खराबा—पु० [हिं० खून+खराबा] १. लकड़ियों आदि पर की जानेवाली एक प्रकार की बानिश। २. दे० 'खून-खराबी'।

खून-खराबी—स्त्री० [हिं० खून+खराबी] ऐसा लड़ाई-झगड़ा जिसमें शरीर से खून बहने लगे। मार-काट।

खूनी—वि० [फा०] १. खून संबंधी। खून का। जैसे—खूनी बवासीर। २. जिसमें से खून झलकता या टपकता हो। खून से भरा हुआ। जैसे—खूनी आँखें। ३. खून के रंग जैसा गहरा लाल। जैसे—खूनी रंग। ४. (व्यक्ति) जिसने किसी का खून किया हो। हत्यारा। ५ (व्यक्ति) जो हरदम खून-खराबा या मार-काट करने के लिए तैयार रहता हो। बहुत बड़ा उपद्रवी और दुष्ट। ६. घातक। मारक। जैसे—खूनी वार।

पु० खून की तरह का गहरा लाल रंग।

खूब—वि० [फा०] सब प्रकार से अच्छा और उत्तम। बढ़िया।

अ०व० अच्छी तरह से। भली भाँति। जैसे—खूब बकना, खूब मारना।

खूब कलाँ—पु० [फा०] फारस देश की एक प्रकार की घास जिसके बीज दवा के काम आते हैं।

खूबड़खाबड़—वि० =ऊबड़-खाबड़।

खूबसूरत—वि० [फा०] [भाव० खूबसूरती] जिसकी सूरत अर्थात् आकृति अच्छी हो। जो देखने में बहुत भला लगता हो। सुन्दर।

खूबसूरती—स्त्री० [फा०] खूबसूरत होने की अवस्था या भाव। सुन्दरता। सौन्दर्य।

खूबानी—स्त्री० [फा०] एक प्रकार का बढ़िया फल। जरदालू।

खूबी—स्त्री० [फा०] १. खूब होने की अवस्था या भाव। अच्छाई। अच्छापन। भलाई। २. गुण। विशेषता।

खूरन—स्त्री० [स० क्षुर हिं० खुर] हाथी के पैरों के नाखूनों में होनेवाला एक रोग।

खूसट—पु० [स० कौशिक] उल्लू।
वि० १. बहुत बडा मूर्ख। २. जो रसिक न हो। शुष्कहृदय।

खूसर—वि० खूसट।

खूसटीय—वि० दे० 'मसीही'।

खेई—स्त्री० [देश०] १. झडबेरी की सूखी झाडी। २. झाड-झंखाड़।

खेऊ—पु० [देश०] एक प्रकार का जगली पेड।

खेखसा—पु० [देश०] परवल की जाति का एक फल जिसकी तरकारी बनती है।

खेचर—वि० [स० खे √चर् (गति)+ट, अलुक्-समास] आकाश मे चलने या उड़नेवाला। आकाशचारी।
पुं० १. सूर्य, चन्द्रमा आदि ग्रह और नक्षत्र जो आकाश मे चलते रहते है। २. देवता। ३. वायु। हवा। ४. आकाशयान। विमान। ५. चिड़िया। पक्षी। ६. बादल। मेघ। ७. भूत-प्रेत, राक्षस, विद्याधर, बेताल आदि देव-योनियाँ। ८. शिव। ९. पारा। १०. कसीस।

खेचरान्न—पु०[स० खेचर-अन्न, कर्म० स०] चिचडी।

खेचरी—स्त्री० [स० खेचर+ङीप्] १. आकाश मे उड़ने की शक्ति जो एक सिद्धि मानी जाती है। २. हठयोग की एक मुद्रा जिसमें जबान उलट कर तालू से और दृष्टि दोनो भौंहो के बीच ललाट पर लगाई जाती है। इसे प्रतीकात्मक पद्धति मे 'गोमांस भक्षण' भी कहते है। ३. तत्र मे उँगलियो की एक मुद्रा।

खेचरी गुटिका—स्त्री० [सं० व्यस्तपद] तत्र के अनुसार एक प्रकार की गोली जिसके संबध मे यह कहा जाता है कि इसे मुँह में रखने पर आदमी आकाश में उड़ सकता है।

खेचरी मुद्रा—स्त्री० [स० व्यस्तपद] १. योग साधन की एक मुद्रा जिसके साधन से मनुष्य को कोई रोग नही होता। २. एक प्रकार की मुद्रा जिसमे दोनो हाथों की एक दूसरे पर लपेट लेते है। (तत्र)

खेजड़ी—स्त्री० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष।

खेट—पु० [स०√खिट् (डरना)+अच्] १. किसानो की बस्ती। २. छोटा गाव। ३ घास। ४ तिनका। तृण। ५ घोडा। ६ ढाल। ७ छडी। लाठी। ८. शरीर की खाल या चमड़ा। ९. कफ। १० एक प्रकार का अस्त्र। ११. आखेट। शिकार।
पु० [खे √अट् (गति)+अच्, परस्प] ग्रह, नक्षत्र आदि।

खेटक—पु० [स० खेट+कन] १. किसानो की बस्ती। २. छोटा गाँव। ३. ढाल। ४. बलदेव जी की गदा का नाम। ५. आखेट। शिकार।

खेटकी (किन्)—पुं० [स० खेटक+इनि] १. वह ब्राह्मण जो भविष्य सबधी बाते बतलाता हो। भड़हर। २. शिकारी। ३. बधिक।

खेटी (टिन्)—वि० [स०√खिट्+णिनि] १ गाँव में रहनेवाला (व्यक्ति)। २ कामुक।

खेड़—पु० खेट (गाँव)।

खेड़ना—ग० [स० खेटन] १. चलाना। उदा०—खेंति लागै त्रिभुवन पति खेंडै।—प्रिथीराज। २. 'खदेडना'।

खेड़ा—पु०[स० खेट] १. किसानो की बस्ती। छोटा गाँव। २. कच्चा मकान।
पद—खेड़े की बूब—तुच्छ या रद्दी वस्तु।

पु० [देश०] कबूतरो, चिड़ियो आदि को खिलाया जानेवाला रद्दी अन्न।

खेड़ापति—पुं० [हि० खेडा+स० पति] गाँव का पुरोहित या मुखिया।

खेड़ी—स्त्री० [देश०] १ वह मासखड जो जरायुज जीवों, (जैसे—मनुष्य गाय, भैंस आदि) के नवजात शिशुओं या बच्चो की नाल के दूसरे सिरो मे लगा रहता है। २. मूल धातुओ को गलाने पर उनमें से निकलनेवाली मैल। धातुमैल। (स्लैग) ३. एक प्रकार का बढिया लोहा।

खेड़ा—ग० [फा० खैल, हि० खेड़ा] समूह।

खेड़ी—स्त्री०=खेडी।

खेत—पु०[स० क्षेत्र] १ वह भू-खड जो फसल उपजाने के लिए जोता-बोया जाता है।
मुहा०—खेत कमाना=खेत मे खाद आदि डालकर उसे उपजाऊ बनाना। **खेत करना** जोतने-बोने के लिए भूमि को समतल करना। २. खेत में खड़ी हुई फसल।
मुहा०—खेत काटना=खेत मे उपजी हुई फसल काटना। ३. वह प्रदेश जहाँ कोई चीज उत्पन्न होती हो। जैसे—अच्छे खेत का घोड़ा। ४ युद्ध क्षेत्र। समर भूमि।
मुहा०—खेत आना=युद्ध मे मारा जाना। (**किसी मे**) **खेत करना** लड़ना। युद्ध करना। उदा०—जमुके करै केहरि सों खेतू।—कबीर। **खेत माँडना**=युद्ध का आयोजन करना। **खेत लेना**=युद्ध मे जीतना। विजयी होना। **खेत रहना**=युद्ध मे मारा जाना।
५. तलवार का फल। ६. रहस्य सप्रदाय मे, शरीर।

खेत बँट—स्त्री० [हि० खेत+बाँटना] खेतो के बँटवारे का वह प्रकार जिसमें हर खेत टुकडे-टुकड़े करके बाँटा जाता है। 'चकबंद' का उलटा।

खेतिया—पु० खेतिहर (किसान)।

खेतिहर—पु०[स० क्षेत्रधर या हि० खेती+हर] जमीन को जोत-बोकर उसमें फसल उपजानेवाला व्यक्ति। किसान। कृषक।

खेती—स्त्री०[हि० खेत+ई० (प्रत्य०)] १. खेत को जोतने-बोने तथा फसल उपजाने की कला तथा काम। २ खेत मे बोई हुई फसल।

खेती पचारी—स्त्री० दे० 'खेतीवारी'।

खेतीबारी—स्त्री० [हि० खेती+बारी=बाग-बगीचा] खेत बोने-जोतने और उससे अन्न उपजाने का काम। कृषिकर्म।

खेती-भूमि—स्त्री० [हि० खेती+स० भूमि] ऐसी भूमि जिस पर खेती होती हो या हो सकती हो। (कलन्रेबुल लैड)

खेत्र—पु०=क्षेत्र।

खेद—पु०[स०√खिद् (दुःखी होना)+घञ्] १. किसी व्यक्ति द्वारा कोई अपेक्षित काम न करने अथवा कोई काम या बात ठीक तरह से न होने पर मन में होनेवाला दुःख। जैसे—खेद है कि बार-बार लिखने पर भी आप पत्र का उत्तर नही देते। (रिग्रेट) २. परिश्रम आदि के कारण होनेवाली शरीर की शिथिलता। थकावट।

खेदना—स०=खदेड़ना।

खेदा—पु० [हि० खेदना] १. जंगली हाथियों के झुंड पकड़ने की वह क्रिया या ढंग जिसमें वे चारों ओर से खेद या खदेडकर लट्ठों के बनाये हुए एक घेरे के अन्दर लाकर फँसाये या बन्द किये जाते हैं। २. चीते, शेर आदि हिंसक पशुओं का शिकार करने के लिए उनको उक्त प्रकार

से खदेड़ और घेर कर किसी निश्चित स्थान पर लाने की क्रिया या ढंग। ३. आखेट। शिकार। (क्व०)

खेवाई—स्त्री० [हिं० खेवना] खेवने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

खेवित—वि० [सं० खेव+इतच्] १. जिसे खेव हुआ हो या पहुँचाया गया हो। क्षिप्त या दु:खी। २. थका हुआ। शिथिल।

खेवी (विन्)—वि० [सं०√खिद्+णिनि] १. खेद उत्पन्न करनेवाला। २. थका हुआ। शिथिल।

खेना—स० [स० क्षेपण, प्रा० खेवण] १. डाँड़ों की सहायता से नाव को चलाने के लिए गति देना। २. जैसे-तैसे या कष्टपूर्वक दिन बिताना। जैसे—रेंड़ापा खेना।

खेप—स्त्री० [सं० क्षेप] १. बहुत सी चीजें या आदमी किसी प्रकार हर बार ढो या लादकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की क्रिया या भाव। लदान। जैसे—जब चलते चलते रस्ते में यह खेप तेरी ढल जावेगी।—नजीर। २ उतनी चीजें या उतने आदमी जितने एक बार उक्त प्रकार की ढुलाई में एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाये जायँ। लदान। जैसे—चार खेप में सब चीजें वहाँ पहुँच जायँगी।

मुहा०—खेप भरना=कहीं ले जाने के लिए माल इकट्ठा करके लादना। **खेप हारना**=(क) उक्त प्रकार से ढोया जानेवाला माल गँवाना या नष्ट करना। (ख) एक बार किया हुआ परिश्रम व्यर्थ जाना।

स्त्री० [स० आक्षेप] १ ऐब। दोष। २. खोटा सिक्का।

खेपड़ी—स्त्री० [स० क्षेपणी] नाव खेने का डाँड। (डिं०)

खेपना—स० [हिं० खेप] १. कष्टपूर्वक दिन बिताना। २. बरदाश्त करना। सहना।

खेम—पु०=क्षेम।

खेम कल्याणी—स्त्री०=क्षेमकरी।

खेमटा—पु० [देश०] १. संगीत में बारह मात्राओं का एक ताल। २. उक्त ताल पर गाया जानेवाला गीत। ३. उक्त ताल पर होनेवाला एक प्रकार का नाच।

खेमा—पु० [अ० खीम] १ मोटे कपड़े का बना हुआ वह तंबू जो बाँसों आदि की सहायता से जमीन पर खड़ा किया जाता है।

मुहा०—खेमा गाड़ना=अभियान, यात्रा आदि के समय खेमा खड़ा करके पड़ाव डालना।

२. इस प्रकार खड़ा करके बनाया हुआ स्थायी घर।

खेय—वि० [सं० खन् (खोदना)+क्यप्, इत्व] जो खोदा जा सके।

पु० १ खाई। २. पुल।

खेर मृतिया—स्त्री० [?] एक प्रकार का छोटा शिकारी पक्षी।

खेरवा—पुं० [हिं० खेना] समुद्री मल्लाह।

खेरा—पुं०=खेड़ा (गाँव)।

खेरापति—पु०=खेड़ापति (गाँव का मुखिया)।

खेरी—स्त्री० [देश०] १. एक प्रकार की घास। २. एक प्रकार का गेहूँ। ३. एक प्रकार का जल-पक्षी।

स्त्री० दे० 'खेड़ी'।

खेरौरा—पुं०दे० 'खिरौरा'।

खेल—पुं० [सं० केलि] १. समय बिताने तथा मन बहलाने के लिए किया जानेवाला कोई काम।

विशेष—खेल कई दृष्टियों से खेले जाते हैं। कुछ मनोविनोद के लिए, जैसे—ताश या शतरंज का खेल; कुछ व्यायाम के लिए, जैसे—कबड्डी, गेंद, तैराई आदि; कुछ दूसरों का मनोविनोद करके धन उपार्जन करने के लिए, जैसे—कठपुतली या जादू का खेल; आदि आदि।

मुहा०—(किसी को) खेल खेलाना=व्यर्थ की बातों में फँसाकर तंग करना। **खेल बिगाड़ना**=(क) किसी का बना हुआ काम खराब करना। (ख) रंग-भंग करना।

२. बहुत साधारण या तुच्छ काम। ३. कोई अद्भुत या विचित्र काम। जैसे—कुदरत या भाग्य के खेल।

पुं० [?] वह छोटा कुंड जिसमें चौपाये पानी पीते हैं।

खेलक—पुं० [हिं० खेलना] खिलाड़ी।

खेलना—अ० [सं० खेलन; प्रा० खेलई; अप० खेड्डण; पं० खेड़ना; मरा० खेडणें, उ० खेलिबा; ब० खेला] १. मन बहलाने या समय बिताने के लिए फुरती से उछलना-कूदना, दौड़ना-धूपना, हँसना-बोलना और इसी प्रकार की दूसरी हल्की शारीरिक क्रियाएँ करना। जैसे—बच्चों को खेलने के लिए भी कुछ समय मिलना चाहिए।

पद—खेलना-खाना=अच्छी तरह खाना-पीना और निश्चिन्त होकर आनन्द तथा सुख-भोग करना। जैसे—लड़कपन की उमर खेलने-खाने के लिए होती है।

२. कोई ऐसा आचरण करना जिसमें कौशल, धूर्तता, फुरती, साहस आदि की आवश्यकता हो। जैसे—किसी के साथ चालाकी खेलना।

३. किसी चीज को तुच्छ या साधारण समझकर अनुचित रूप से अथवा मर्यादा का उल्लंघन करते हुए इस प्रकार उसका उपयोग करना अथवा उसके प्रति आचरण करना कि वह दुष्परिणाम उत्पन्न कर सकता या हानिकारक सिद्ध हो सकता हो। खेलवाड़ या मजाक समझकर और परिणामों का ध्यान छोड़कर कोई काम करना। जैसे— आग या पानी से खेलना, जंगली जानवरों से खेलना, किसी के मनोभावों से खेलना। उदा०—स्वर्ग जो हाथों को है दूर खेलता उसमें भी मन लुब्ध।—दिनकर।

मुहा०—जान या जी पर खेलना=ऐसा काम करना जिसमें जान जाने की आशंका या संभावना हो। जान जोखिम का काम करना। **मुहा०—सिर पर मौत खेलना**=मृत्यु का इतना समीप होना कि जीवित बचने की बहुत ही थोड़ी संभावना रहे।

४. किसी के साथ ऐसा कौशलपूर्ण आचरण या व्यवहार करना कि वह थककर परास्त या शिथिल हो जाय। जैसे—बिल्ली का चूहे के साथ खेलना अर्थात् बार बार पंजे मारकर उसे इधर-उधर दौड़ाना और परेशान करना। ५. तृप्ति या सुख प्राप्त करने के लिए सहज और स्वाभाविक रूप से इधर-उधर संचार करना या हटते-बढ़ते रहना। क्रीड़ा करना। जैसे—उसके चेहरे पर मुस्कराहट खेल रही थी। उदा०—उसके चेहरे पर लाज की लाली उसके सहज गौर वर्ण में ऐसी खेलती रही।—अमृतलाल नागर। ६. किसी के साथ संभोग करना। (बाजारू)

पद—खेला-खाया (देखें)।

स० १. मन बहलाने या समय बिताने के लिए किसी खेल या खेलवाड़ में सम्मिलित होना। जैसे—कबड्डी, गेंद, ताश, या शतरंज खेलना। २. कौशल दिखाने के लिए कोई अस्त्र या शस्त्र हाथ में लेकर चालाकी

और फुर्तीसे उसका संचालन करना अथवा प्रयोग या व्यवहार दिखलाना। जैसे—तलवार, पट्टा, बनेठी या लाठी खेलना। ३. नाटक आदि में योग देते हुए अभिनय करना। जैसे—महाराज प्रताप या सत्य हरिश्चन्द्र खेलना। ४. धन लगाकर हार-जीत की बाजी में सम्मिलित होना। जैसे—जूआ या सट्टा खेलना।

विशेष—खेलने के उद्देश्य, प्रकार आदि जानने के लिये देखें 'खेल' के अन्तर्गत उसका 'विशेष'।

खेलनि—स्त्री०=खेल।

खेलनी—पु०[सं०√खेल (खेलना)+ल्युट्+अन+ङीप्] शतरंज का खिलाड़ी।

स्त्री० वे चीजें जिनसे कोई खेल खेला जाता हो।

खेलना—पुं०[हि० खेलना] १ पुत्र के जन्म के समय गाये जानेवाले उन गीतों की संज्ञा जिनमें शिशु के रोदन, माता, पिता और परिवार के अन्य लोगों के आनन्दमग्न और इस आनन्दमग्न के उपलक्ष्य में किये जानेवाले कार्यों का वर्णन होता है। 'सोहर' से भिन्न।

†२. सोहर।

खेलवाड़—पुं० [हि० खेल+वाड़ (प्रत्य०)] १. केवल खेल या क्रीड़ा के रूप में बच्चों की तरह किया जानेवाला काम। २. बहुत ही तुच्छ या सामान्य काम।

खेलवाड़ी—वि०[हि० खेल+वार (प्रत्य०)] १. प्राय. या सदा खेलवाड़ में लगा रहनेवाला। २. दे० 'खिलाड़ी'।

खेलवाना—स० [हि० खेलना] १ किसी को खेलाने में प्रवृत्त करना। २. अपने साथ किसी को खेलने देना।

खेलवार—पु०[हि०खेल+वाला] १ खेलनेवाला। खेलाड़ी। २. शिकारी। उदा०—मानो खेलवार खोली सीस ताज बाज की।—तुलसी।

पुं० दे० 'खेलवाड़'।

खेला—स्त्री०[स०√खेल्+अ-टाप्] १ खेल। २. जादू।

खेलाई—स्त्री०[हि० खेल] १. खेलने अथवा खेलाने की क्रिया या भाव। जैसे—आज कल वहाँ गतरंज की खूब खेलाई हो रही है। २. खेलने या खेलाने के बदले में दिया जानेवाला पारिश्रमिक।

स्त्री० दे० 'खिलाई'।

खेला-खाया—वि० [हि० खेलना+खाना] [स्त्री० खेली-खाई] जिसने किसी के साथ खिलाभिता या सभोग के सुख का अनुभव और ज्ञान प्राप्त कर लिया हो।

खेलाड़ी—वि० [हि० खेल+वार (प्रत्य०)] १. प्रायः या बराबर खेलता रहनेवाला। खेलवाड़ी। जैसे—खेलाड़ी लड़का। २. दुश्चरित्रा या पुंश्चली (स्त्री)।

पु० १ खेल में किसी पक्ष से सम्मिलित होनेवाला व्यक्ति। २. कुछ विशिष्ट प्रकार के खेल-तमाशे करने या दिखानेवाला व्यक्ति। जैसे—मदारी या साँप का खेलाड़ी, गेंद का खेलाड़ी।

खेलाना—स० [हि० खेलना का प्रे०] १. किसी को खेलने में प्रवृत्त करना। २ अपने साथ खेल या खेलने में सम्मिलित करना। ३. तरह-तरह की बातें करके इधर-उधर दौड़ाते रहना अथवा किसी काम या बात की झूठी आशा में फँसाये रखना। ४. किसी को त्रस्त, दुःखी या परास्त करने के लिए उसके साथ ऐसा आचरण या व्यवहार करना कि वह बिलकुल विवश और शिथिल हो जाय। जैसे—बिल्ली का चूहे को खेलाना।

मुहा०—खेला-खेलाकर मारना=दौड़ा-दौड़ाकर बहुत तंग, दुःखी या परेशान करना। उदा०—हतिहौं तोहिं खेलाई खेलाई।—तुलसी।

खेलार—पु० खेलवार (खिलाड़ी)।

खेलि—स्त्री०[स० खे√अल् (गति)+इन्] खेल। क्रीड़ा।

पुं० १. पशु- पक्षी आदि जीव-जन्तु। २. सूर्य। ३. तीर। बाण। ४ गीत।

खेलुआ—पु०[हि० खिलना या खिलाना] चमड़ा रंगनेवालों का एक औजार जो थाली की तरह का होता है।

खेलौना—पुं० खिलौना।

खव—पु०[देश०] एक प्रकार की घास।

खेवइया—पु० दे० 'खेवैया'।

खेवक—वि० [हि० खेना+क (प्रत्य०)] खेनेवाला। उदा०—जेहि रे नाव करिया औ खेवक बेग पाव सो तीर।—जायसी।

पु० केवट। मल्लाह।

खेवट—पु०[हि० खेत+वट (प्रत्य०)] पटवारियों या लेखपालों का वह लेखा जिसमें यह लिखा रहता है कि किस खेत का कौन-कौन मालिक या पट्टीदार है, उसे कौन जोतता-बोता है और मालगुजारी कितनी है।

पु०—[स० केवट] मल्लाह। माँझी।

खेवटदार—पु०[हि०+फा०] खेत में का पट्टीदार या हिस्सेदार।

खेवटिया—पु०=केवट (मल्लाह)।

खेवड़ा—पु०=खेवरा।

खेवड़ा—पु०[सं० क्षपणक, प्रा० खवणअ, हि० खवड़ा] १. बौद्ध भिक्षु। २. एक प्रकार के तांत्रिक साधु।

खेवनी—स्त्री०[स० क्षेपणी] नाव का डाँड़। (डिं०)

खेवनहार—वि० [हि० खेना+हार (प्रत्य०)] १. नाव खेनेवाला। २. खेकर या और किसी प्रकार सकट आदि से पार लगानेवाला।

पु० केवट। मल्लाह।

खेवना—स०=खेना।

खेवनाव—पु०[देश०] एक प्रकार का ऊँचा पेड़।

खेवरना—स०[हि० खौर] १. खौर अर्थात् चदन का टीका लगाना। २. स्त्रियों का चंदन, केसर आदि से मुँह चित्रित करना।

खेवरा—पु० [स० क्षपणक प्रा० खवडा] क्षपणक जैन साधु।

पु० दे० 'खेवड़ा'।

खेवरिया—वि० [हि० खेना] खेनेवाला। खेवक।

खेवरियाना—स० [देश०] एकत्र या जमा करना।

खेवा—पु०[हि० खेना] १. लदी हुई नाव को एक स्थान से दूसरे स्थान पर खेकर ले जाने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. उक्त के आधार पर ढो अथवा लादकर कोई वस्तु एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की क्रिया या भाव। खेप। ३. उतनी सामग्री जितनी एक बार में ढोकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाई जाती हो। ४. कोई काम या उसका कोई अश एक बार में पूरा करने का अवकाश या समय। जैसे—इस खेवे में सारा झगड़ा निपट जायगा। ५. किसी परम्परागत कार्य के विचार से उसके पूर्वकालीन अथवा उत्तरकालीन विभागों में से कोई एक विभाग। जैसे—पिछले खेवे के शृंगारी कवियों ने तो हद कर दी थी।

पुं० नाव का डाँड़। उदा०—चलै उताइल जिह्न कर खेवा।—जायसी।

खेवाई—स्त्री०[हिं० खेना] १. नाव खेने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. वह रस्सी जिसमें डाँड़ नाव से बँधा रहता है।

खेवैया—पुं० [हिं० खेना] १. नाव खेकर पार ले जानेवाला व्यक्ति। केवट। मल्लाह। २ किसी प्रकार के संकट से पार लगानेवाला व्यक्ति। जैसे—डगमग डगमग डोले नैया, पार करो तो जानूँ खेवैया।—गीत।

खेस—पुं० [फा० खिस] करघे पर बुना हुआ एक प्रकार का मोटा कपड़ा जो चारपाई आदि पर बिछाया अथवा जाड़े में ओढ़ा जाता है।

खेसर—पुं० [सं० खे√सृ (गति)+ट अलुक् स०] खच्चर।

खेसारी—स्त्री० [स० कुसर या खंजकारि] एक प्रकार का कदन्न। लतरी। दुविया मटर।

खेह—स्त्री० [स० क्षार, प० खेंह] १. धूल-मिट्टी। उदा०—सैतब खेंह उड़ावन झोली।—जायसी।

मुहा० खेह खाना (क) व्यर्थ समय खोना। (ख) इधर-उधर की ठोकरें खाना। कष्ट भोगना।

२. भस्म। राख।

खेहति*—स्त्री० दे० 'खेंह'।

खेहर—स्त्री०=खेवह।

खेहा—पुं० [?] बटेर की तरह का एक पक्षी।

खेग—पुं० [फा० खिग] घोड़ा। (डिं०)

खेचना—स०=खींचना।

खेंचनी†—स्त्री० [हिं० खींचना] लकड़ी की वह तख्ती जिस पर तेल लगाकर सिकली किये हुए अस्त्र आदि साफ किये जाते हैं।

खेंचा-खेंची—स्त्री० खींचतान।

खेंचातान—स्त्री०=खींचतान।

खेंचातानी—स्त्री०=खींचतान।

खेंकारा—वि० [स० क्षयकारी] नष्ट या बरबाद करनेवाला। उदा०—अब कुछ ताको सहज सिंगारा। बरनौ जग पातक खेंकारा। —नंददास।

खेंनी—स्त्री० [हिं० खाना] सुरती के पत्ते का चूरा जो चूना मिलाकर खाया जाता है।

खैबर—पुं० [देश०] भारत और अफगानिस्तान के बीच की एक घाटी या दर्रा।

खैमा—स्त्री० [देश०] एक प्रकार का जल-पक्षी।

खैयाम—पुं० [अ०] १ खेमा सीनेवाला व्यक्ति। २. फारसी का एक प्रसिद्ध कवि उमर खैयाम।

खैर—पुं० [सं० खदिर] १. एक प्रकार का बबूल। कथ कीकर। सोनकीकर। २. उक्त वृक्ष की लकड़ियों के टुकड़ों को उबालकर निकाला हुआ सार पदार्थ जो पान पर लगाया जाता है। कत्था। ३. भूरे रंग का एक प्रकार का पक्षी।

स्त्री० [फा० खैर] कुशल। क्षेम।

अव्य० [फा०] १. ऐसा ही सही। अस्तु। अच्छा। २. कोई चिन्ता नहीं। देखा जायगा। (उपेक्षा सूचक)

खैर-आफियत—स्त्री० [फा०] कुशल-मंगल। कुशल-क्षेम।

खैरख्वाह—वि० [फा०] [भाव० खैरख्वाही] भलाई चाहनेवाला। शुभचिंतक।

खैरख्वाही—स्त्री० [फा०] शुभचिंतन। शुभकामना।

खैरबाद—पद [फा०] किसी से बिछुड़ते समय कहा जानेवाला पद जिसका अर्थ है—कुशलपूर्वक रहो।

खैर भैर—पुं० [उत्पत्ति द]१. हुल्लड़। २. चहल-पहल। रौनक। उदा०—खैर भैर चहूँ ओर मच्यो अति आनंद पूरन समाई।—रघुराज।

खैरवाल—पुं० [देश०] कोलियार का वृक्ष।

खैरसल्ला—स्त्री० [अ० खैर+सलाह] कुशल-क्षेम। कुशल-मंगल।

खैरसार—पु० [सं० खदिर-सार] कत्था। खैर।

खैरा—वि० [हिं० खैर] खैर या कत्थे के रंग का। कत्थई।

पु० १. उक्त प्रकार का रंग। २. कत्थई रंग के खुरोंवाला बैल। ३. खैरे रंग का कोई पक्षी या पशु। ४. धान की फसल का एक रोग।

पुं० [देश०] १. तबला बजाने में एक ताले (ताल) की दून। २ एक प्रकार की मछली।

खैरात—स्त्री० [अ०] [वि० खैराती] १. दरिद्रों, भिक्षमगों आदि को दान रूप में दिया जानेवाला धन या पदार्थ। २. दान।

खैरात खाना—पुं० [अ०+फा०] वह स्थान जहाँ से लोगों को खैरात मिलती हो अथवा मुफ्त में सबको भोजन-वस्त्र आदि बाँटे जाते हों। या होनेवाला। जैसे—खैराती दवाखाना।

खैराती—वि० [फा०] खैरात के रूप में अथवा खैरात के धन से चलने

खैराद—पु०=खराद।

खैरियत—स्त्री० [फा०] १. कुशल-क्षेम। राजी-खुशी। २ कल्याण। भलाई।

खैलर—स्त्री० [स० ध्वेल] मथानी।

खैला—पुं० [सं० ध्वेड] जवान बछड़ा जिसे अभी हल आदि में जोता न गया हो।

स्त्री० [फा० खैल] फूहड़ स्त्री।

खोंइचा—पुं० [हिं० खूँट] १. धोती या साड़ी का अंचल। किनारा।

मुहा०—खोंइचा देना या भरना=शकुन के रूप में किसी स्त्री के आँचल में चावल, गुड़ आदि देना।

२ वह धन जो लड़की को विदाई के समय माँ-बाप देते हैं।

खोंखना—अ० [की खों से अनु०] खाँसना।

खोंखला—वि०=खोखला।

खोंसी—स्त्री०=खाँसी (कास)।

खोंखों—पुं० [अनु०] खाँसने का शब्द।

खोंगा—पु० [देश०] रुकावट। बाधा।

पुं०=खोंगाह।

खोंगाह—पु० [सं०] मफेद और भूरे रंग का घोड़ा।

खोंगी—स्त्री० [हिं० खोंसना का देश०] १. खोसी हुई वस्तु। २. लगे हुए पानों का बँधा हुआ बीचड़ा।

खोंच—स्त्री० [सं० कुच] १. किसी नुकीली चीज से कपड़े का थोड़ा-सा फटा हुआ अंश। २. दे० 'खरोंच'।

स्त्री० [देश०] झोली। उदा०—चातिक चिन कृपा घनानद चोंच की खोंच सु क्यों कीर धारयो।—घनानंद।

†स्त्री० १. मुट्ठी। २ मुट्ठी भर चीज।
†पुं० [सं० कौंच] एक प्रकार का बगला।

खोंचन†—स्त्री० [सं० कुंचन] १. खोंचने अर्थात् गड़ाने या चुभाने की क्रिया या भाव। २. गड़ने या चुभनेवाली चीज ३ खटकने या चुभनेवाली बात। तीखी बात।उदा०—धिक वै मातु पिता धिक भ्राता देत रहत यों हा खोचन।—सूर।

खोंचा—पुं० [हिं० खोंचन] १. वह बाँस जिसपर पक्षियों को फँसाने के लिए बहेलिये लासा लगाते है। २. वह लकड़ी जिससे वृक्षों के फल तोड़े जाते है। लग्घी। ३. दे० 'खोंचे'। ४. दे० 'खोंचन'।

खोंचिया†—पु० [हिं० खोंची] १. खोंची लेनेवाला। (दे० खोंची) २. भिखमंगा। भिक्षुक।
पुं० [हिं० खोंचा] १ खोंचा लगाकर फल तोड़नेवाला। २. खोंचा लगाकर चिड़ियाँ फँसानेवाला, बहेलिया।

खोंची—स्त्री० [हिं० खोंचा] १ सेवकों अथवा भिखारियों को दिया जानेवाला अन्न। २ जमीन या मकान का किसी ओर निकला या बढ़ा हुआ कुछ अंश या भाग।

खोंट—स्त्री० [हिं० खोंटना] खोंटने का काम।
पु० वह जो खोंटा गया हो।
पु० खरोंट।

खोंटना—स० [स० खड] १ पौधों आदि का ऊपरी भाग चुटकी से दबाकर तोड़ना। २. टुकड़े-टुकड़े करना।

खोंटा—वि०=खोटा।

खोंड़र—पु० [स० कोटर] पेड़ का भीतरी खोखला भाग, जिसमे पशु-पक्षी अपने घर या घोंसले बनाते है।

खोंड़हा—वि०=खोड़ा।

खोंड़ा—वि० [सं० खड से] जिसका कोई अंग टूटा हुआ हो अथवा न हो।
पुं० [स्त्री० अल्पा० खोंडिया] अन्न रखने का बड़ा बरतन। कोठिला। (बुन्देल०) उदा०—अब की साल खोंडिया और बड़े मर दूगा अन्न से—। वृन्दावनलाल वर्मा।

खोंतल†—पु० खोता (चिड़ियों का घोंसला)।

खोता—पु० खोता (घोंसला)।

खोथा—पु० खोता (घोंसला)।

खोप(न)—स्त्री० [हि० खोपना] १. खोपने या चुभने के कारण फटा हुआ अंश। चीर। दरार। २. सिलाई में दूर-दूर पर लगे हुए टाँके। जिलगा। ३. दे० 'खरोंच'।
*स्त्री०=कोपल।

खोंपना†—स० [अनु०] कोई नुकीली चीज किसी में गड़ाना या धँसाना। धंपना।

खोपा—पु० [हि० खोपना] [स्त्री० खोपिया, खोंपी] १ हल की वह लकड़ी जिसमे फाल लगा रहता है। २ छाजन आदि का कोना। ३. भूसा रखने का छप्पर से छाया हुआ गोलाकार स्थान। ४. स्त्रियों के बालो का बँधा हुआ एक प्रकार का जूड़ा।

खोसना—स० [स० कोश+हि० ना प्रत्य०; गु० खोसवुं; मरा० खोसणे, उ० खोसिवा] एक वस्तु का कुछ अंश दूसरी वस्तु मे इस प्रकार डालना, रखना या लगाना कि वह उसमे अटक या फँस जाय। जैसे—(क) कमर में धोती की लाँग खोंसना। (ख) टोपी में कलगी खोंसना।

खोआ†—पु० [सं०क्षोद, आ० खोद] दूध का गाढ़ा किया हुआ वह रूप जिसमें चीनी आदि मिलाकर बरफी, पेड़े और दूसरी मिठाइयाँ बनाई जाती है। खोया। मावा।

खोइड़ार—पुं० [हिं० खोई+आर (प्रत्य०)] वह स्थान जहाँ रस पेरने के बाद गन्ने की खोई जमा की जाती है।

खोइया†—पु० [देश०] ब्रज में होनेवाला एक प्रकार का नाट्य जो घर से बरात चली जाने पर वर-पक्ष की स्त्रियाँ रात के समय करती है। इसमे वे दूल्हा और दुलहिन बनकर विवाह का नाट्य तथा राम और कृष्ण की लीलाएँ आदि करती है।
स्त्री० दे० 'खोई'।

खोइलर†—स्त्री० [स० क्वेल] वह लकड़ी जिससे कोल्हू में पड़े हुए गन्ने के टुकड़े उलटते-पलटते हैं।

खोइहा†—पु० [हिं० खोई+हा (प्रत्य०)] वह मजदूर जो गन्ने की खोई उठाकर फेकता है।

खोई—स्त्री० [स० क्षुद्र] १ कोल्हू मे पेरे हुए गन्नो का बचा हुआ रस-विहीन अंश। सीठी। २. भाड में भुने हुए चावल या धान। लाई। लावा। ३ रामदाने की जाति का एक अन्न। ४ सिर पर लपेटी जानेवाली कपड़े की तह। लपेटा हुआ कपड़ा या चादर।

खोकंद—पु० [फा०] तुर्किस्तान या तुर्की का एक प्रसिद्ध नगर।

खोखर†—वि० खोखला।
पुं० [?] सम्पूर्ण जाति का एक प्रकार का राग।

खोखरा—पुं० [हिं० खुक्ख या खोखला] टूटा हुआ जहाज। (लश०)
वि० खोखला।

खोखल†—वि०=खोखला।

खोखला—वि० [हिं० खुक्ख+ला, गु० खोख, मरा० खोक] १. ऐसी वस्तु जिसका भीतरी अंश या भाग निकल गया हो या न रह गया हो। जैसे— खोखला पेड़। २. जिसमें सत्त्व या सार न हो। थोथा। निस्सार।
पु० १. खाली और पोली जगह। २. बड़ा छेद। बिवर।

खोखा—पु० [बँ० खोका] [स्त्री० खोखी] बालक। लड़का।
पु० [हिं० खाखला] १. ऐसी हुडी जिसका रुपया चुकता हो चुका हो। २. वह कागज जिस पर हुंडी लिखी जाती है।

खोगीर—पु०=खुगीर।

खोचकिल†—पुं० [देश०] चिड़ियों का घोंसला।

खोज—स्त्री० [हिं० खोजना] १. किसी खोई या छिपी हुई वस्तु को ढूँढने का काम। २. कोई नई बात, तथ्य आदि का पता लगाने का काम। शोध। ३.किसी व्यक्ति या पशु के चलने से जमीन या मिटटी पर बननेवाला चिह्न या निशान।
मुहा०—खोज मिटना=वे चिह्न या लक्षण नष्ट करना जिनसे किसी बात या घटना का पता चल सकता हो।
४. उक्त चिह्नों के आधार पर इस बात का पता लगाने का काम कि कोई किस ओर गया है। ५. गाड़ी के पहिये की लीक।

खोजक*—वि०=खोजी।

खोजड़ा—पुं० [हिं० खोज] १. किसी के चलने से जमीन पर बननेवाला चिह्न। २. दे० 'खोज'।

खोजना—स० [सं० खुज=कोरना] १. किसी खोई, छिपी अथवा इधर-उधर रखी हुई वस्तु के पता लगाने का प्रयत्न करना। ढूंढ़ना। २. अनुसधान या शोध करना।

खोज-मिटा—वि० [हिं० खोज+मिटना] [स्त्री० खोजमिटी] १. जिसके ऐसे चिह्न मिट चुके हो जिनके द्वारा किसी का पता लगाया जा सकता हो। २. एक प्रकार का अभिशाप या गाली। (स्त्रियाँ)

खोजवाना—स० [हिं० खोजना] खोजने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को कुछ खोजने में प्रवृत्त करना।

खोजा—पुं० [फा० ख्वाज] १. प्रतिष्ठित और मान्य व्यक्ति। २. मुसलमान राजाओं के अन्तःपुरों में रहनेवाला नपुंसक सेवक। ३. नौकर। सेवक। ४. बम्बई राज्य में मुसलमानों का एक सम्प्रदाय।

खोजाना†—स०=खोजवाना।

खोजी *†—वि० [हिं० खोज+ई (प्रत्य०)] खोजनेवाला। ढूंढनेवाला। (क्व०)

पु० वह व्यक्ति जो पैरों के चिह्न देखकर चोरों, डाकुओं, पशुओं आदि का पता लगाता हो।

खोज्ञ—वि० पु०=खोजी।

खोट—पुं० [स० कूट] १. वह दूषित या निकृष्ट पदार्थ जो किसी दूसरे अच्छे पदार्थ में लोगों को ठगने के उद्देश्य से मिलाया जाय। जैसे—सुनार ने इस गहने में कुछ खोट मिलाया है। २. किसी चीज में या बात में होनेवाला ऐब या दोष। खोटापन। जैसे—तुम में यही तो खोट है कि सच बात कहती नहीं बताते। ३ किसी व्यक्ति अथवा कार्य के प्रति मन में होनेवाली कपट-पूर्ण या दुष्ट धारणा अथवा भाव। मन में होनेवाली बुरी भावना। जैसे—उस (व्यक्ति) में अब भी खोट है।

खोटता*—स्त्री०=खोटाई (खोटापन)।

खोटपन—पुं०=खोटापन।

खोटा—वि० [सं० कूट, प्रा० मरा० गु० कूड़; मि० कूर; सिंह० कुलु] [स्त्री० खोटी] १. (वस्तु) जो अपने वास्तविक या शुद्ध रूप में न हो। जिसमें किसी प्रकार की मिलावट हुई हो। जैसे—खोटा सोना। २. झूठा। नकली। बनावटी। जैसे—खोटा सिक्का। ३. (व्यक्ति) जो जान-बूझकर किसी को कष्ट पहुँचाता या किसी की हानि करता हो। अथवा जिसके मन में किसी के प्रति वैर हो। जो शुद्ध हृदयवाला न हो। 'खरा' का विपर्याय, उक्त सभी अर्थों में। ४. खोट से भरा हुआ। खोट युक्त। अनुचित और बुरा। जैसे—खोटी बात।

पद—खोटा खरा=भला-बुरा। उत्तम और निकृष्ट। जैसे—किसी को खोटी-खरी बातें सुनाना=फटकारते हुए अच्छा रास्ता बतलाना।

मुहा०—खोटा खाना=(क) अनिच्छनीय या बुरे उपायों से कमाकर खाना। (ख) अनुचित और बुरा आचरण या व्यवहार करना। (**किसी के साथ**) **खोटी करना**=खोटापन या दुष्टता करना।

खोटाई—स्त्री० [हिं० खोटा+ई (प्रत्य०)] १. खोटे होने की अवस्था या भाव। खोटापन। २. कपट। छल। धोखेबाजी। ३. ऐब। दोष।

खोटाना—अ० दे० 'खुटना' (समाप्त होना)।

खोटापन—पुं० [हिं० खोटा+पन (प्रत्य०)] खोटे होने की अवस्था, गुण या भाव। खोटाई।

खोटि—स्त्री० [सं०√खोट् (खाना)+इन्] दुश्चरित्रा। व्यभिचारिणी।

खोड़—स्त्री० [हिं० खोट] १. किसी प्रकार का ऐब, दोष या हीनता। जैसे—कष्ट, रोग आदि। २. देवता, पितर, भूत-प्रेत आदि का कोप या बाधा। दैव कोप। ऊपरी फेर। ३. कमी। न्यूनता। उदा०—नाल्ह कहहिं जिणि आवइ हो खोड़ि।—नरपति नाल्ह।

†वि०=खोंडा।

खोड़र(ा)—पुं० [सं० कोटर] पुराने पेड़ का खोखला भाग।

खोड़िया†—स्त्री० दे० 'खोरिया'।

खोद†—पुं० [हिं० खोदना] १. खोदने की क्रिया या भाव। २. खोद-खोदकर बातें पूछने की क्रिया या भाव। ३. जाँच-पड़ताल।

पद—खोद-बिनोद।

पु० [फा० खोद] लड़ाई के समय सिर पर पहना जानेवाला लोहे का टोप। शिरस्त्राण।

खोदई—स्त्री० [देश०] एक प्रकार का छोटा पेड़।

खोदना—स० [सं० खुद्; प्रा० खुद मरा० खोदणें, गुज० खोदवुं; उ० खोदिबा; बँ० खोदा] १. कुदाल आदि से जमीन पर आघात करके गड्ढा बनाना। जैसे—कब्र, कुआँ या नहर खोदना। २ उक्त प्रकार के आघात से कोई चीज तोड़ना। जैसे-दीवार या मकान खोदना। ३. उक्त प्रकार की क्रिया करके किसी चीज पर जमी, लगी अथवा अंदर पड़ी हुई वस्तु बाहर निकालना। जैसे— खेत में के पौधे अथवा खान में के खनिज पदार्थ खोदना। ४. किसी वस्तु पर जमी अथवा लगी हुई मैल निकालना। जैसे—कान या दाँत खोदना। ५ धातु, पत्थर, लकड़ी आदि पर किसी औजार या उपकरण से कुछ लिखना या बेल-बूटे बनाना। जैसे—बरतनों पर नाम खोदना। ६ किसी के अंग में उँगली, छड़ी आदि गड़ाना या उससे दबाना। ७. कोई बात जानने के लिए किसी से तरह-तरह के प्रश्न करना।

मुहा०—खोद-खोदकर पूछना=हर बात पर शंका करके बार-बार कुछ और पूछना।

८. उत्तेजित करने या उसकाने का प्रयत्न करना।

खोदनी—स्त्री० [हिं० खोदना] खोदने का छोटा औजार। जैसे—नख-खोदनी, दंत-खोदनी।

खोद-बिनोद†—पुं० [हिं० खोद+बिनोद] १. बहुत छोटी-छोटी बातें तक पूछने का काम। २. छेड़-छाड़।

खोदवाना—स० [खोदना का प्रे० रूप] किसी को खोदने में प्रवृत्त करना। खोदने का काम दूसरे से कराना।

खोदाई—स्त्री० [हिं० खोदना] १. खोदने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. भूगर्भ-स्थित वस्तुओं को बाहर निकालने के लिए जमीन खोदने की क्रिया या भाव। (एक्स्केवेशन) ३. पत्थर, लकड़ी लोहे आदि पर किसी नुकीली चीज से बेल-बूटे बनाने का काम।

खोना—स० [सं० क्षेपन] १. कोई वस्तु अनजान में या भूल से कहीं इस प्रकार छोड़ या गिरा देना कि वह खोजने पर जल्दी न मिले। किसी वस्तु से वंचित होना। गँवाना। जैसे—ताली, पुस्तक या रुपये खोना। २. असावधानी, दुर्घटना, मृत्यु आदि के कारण बहुत बड़ी क्षति से

ग्रस्त होना। जैसे—आँखें खोना, जान खोना, मान खोना आदि। ३. असावधानता, प्रमाद आदि के कारण हाथ से योंही निकल जाने देना। सदुपयोग न कर पाना। जैसे—सुयोग खोना। ४. खराब या बरबाद करना। जैसे—घर की दौलत खोना।

अ० अन्यमनस्क हो जाना। प्रकृतिस्थ न रह जाना। जैसे—हमारा प्रश्न सुनते ही वह तो खो गये।

पद—खोया-सा-(क) अन्यमनस्क, उदास या खिन्न। (ख) घबराया हुआ।

मुहा०—खोया जाना=चकपका जाना। सिटपिटा जाना। हक्का-बक्का होना।

†पु०-दोना (पत्तों का)।

खोन्चा—पु० [फा० स्वान्चा] फेरी लगाकर सौदा बेचनेवालों का वह थाल जिसमे वे फल, मिठाइयाँ आदि रखते है।

मुहा०—खोन्चा लगाना=खोन्चे मे रखकर गली-गली घूमते हुए सौदा बेचना।

खोपड़ा—पु० [स० खर्पर; प्रा० खप्पर; पं० खोप्पा; मि० खोपो; गु० खोपरूं, मग० खोबरें] १. हड्डियो का वह ढाँचा जिसके अन्दर मस्तिष्क सुरक्षित रहता है। (स्कल्) २ मस्तिष्क। ३. सिर। ४. नारियल। ५. नारियल के अन्दर की गरी। ६. भिक्षुओ का दरियाई नारियल का बना हुआ खप्पर।

खोपड़ी—स्त्री० [हि० खोपड़ा] १. सिर की हड्डी। कपाल। २ सिर।

मुहा०—(किसी की) खोपड़ी खाना या चाटना=बहुत सी बातें कह या पूछकर तंग करना। दिक या परेशान करना। **खोपड़ी खुजलाना**=ऐसा अनुचित या दुष्टतापूर्ण कार्य करना, जिसमे मार खाने की नौबत आवे। **(किसी की) खोपड़ी गंजी करना**=सिर पर बहुत प्रहार करना। खूब मारना। **(किसी की) खोपड़ी गढ़ना**=जबरदस्ती या चालाकी से किसी से धन वसूल करना। **खोपड़ी चटकना**=गरमी, पीड़ा, प्यास आदि के कारण जी व्याकुल होना।

३. गोलाकार और बहुत बड़ा ऊपरी आवरण। जैसे—कछुए की खोपड़ी, नारियल की खोपड़ी।

खोपरा†—पु०=खोपड़ा।

खोपा—पु० [ग० खर्पर, हि० खोपड़ा] १ छप्पर का कोना। २. मकान का बाहरी कोना। ३ स्त्रियों की गुथी हुई चोटी की निकोनी बनावट। ४ गरी का गोला।

खोबा—पु० [देश०] गत्र या पल्लस्तर पीटने की थापी।

खोभ—स्त्री० [हि० खोभना] खोभने की क्रिया या भाव।

*पु०-क्षोभ।

खोभना—स० [स० क्षुभ्] किसी नरम या मुलायम वस्तु मे कोई कड़ी तथा नुकीली चीज धँसाना, गड़ाना या चुभाना।

खोभरना—अ० [?] बीच मे आकर आड़ा या तिरछा पड़ना।

स०=खोभना।

खोभरा*—पु० [हि० खुभना] १ रास्ते मे पड़नेवाली वह उभरी हुई चीज जो चुभती हो या जिसमे ठोकर लगती हो। उदा०—जैसे कोई पाँवनिपैं जार कूँ चढ़ाई लेत ताकूँ तौ न कोऊ काटि खोभरे को दुःखहै।—सुन्दर। २ कूड़ा-करकट।

खोभराना—अ०=खुभराना।

खोभार—पु०[?] जर्मन में खोदा हुआ वह गड्ढा जिसमें कूड़ा-करकट फेंका जाता है।

खोभ—पु०[अ० कौम] १. जाति। २. झुंड। समूह।

पु०[स० क्षोभ] किले का बुर्ज।

खोय—स्त्री०[फा० खू] १. आदत। बान। २. प्रकृति। स्वभाव।

खोया—पु०-खोआ।

खोर—स्त्री० [हि० खुर] १ बस्तियों की तंग या सँकरी गली। कूचा। २ वह नाँद जिसमे चारा डालकर पशुओ को खिलाया जाता है।

स्त्री०[हि० खोरना] नहाना। स्नान।

वि० [हि० खोडा] जिसका कोई अंग टूट गया हो। उदा०—धनुष-बान सिरान केधौ गरुड़ वाहन खोर।—सूर।

वि० [फा०] एक विशेषण जो शब्दो के अन्त में प्रत्यय के रूप मे लगकर खानेवाले का अर्थ देता है। जैसे—आदमखोर, नशाखोर, रिश्वतखोर, हरामखोर आदि।

पु० [देश०] बबूल की जाति का एक ऊँचा पड़।

खोरड़ा†—वि० [?] [स्त्री० खोरड़ी] सफेद केशवाला। उदा०—अब जण होई खोरड़ी, जाए कहा करेस।—ढोला मारू।

खोरना†—अ० [स० क्षालन] स्नान करना। नहाना।

खोरनी—स्त्री०[हि० खोरना] वह लकड़ी जिससे भट्ठी या भाड़ में ईंधन झोंका जाता है।

खोरा—पु०[स० खुल्ल या खोलक, फा० आबखोरा] [स्त्री० अल्पा० खोरिया] १. छोटा कटोरा या प्याला। २ एक प्रकार का गिलास।

†वि० दे० 'खोडा'।

खोराक—स्त्री०=खुराक।

खोराकी—वि० स्त्री०-खुराकी।

खोरि—स्त्री०[हि० खुर] १. तंग या सँकरी गली। २. छोटी कोठरी। उदा०—खोरिन्ह महँ देखिअ छिटिआने।—जायसी।

स्त्री० [हि० खोट] १ दोष के रूप में मानी जानेवाली अनुचित और लज्जाजनक बात। २. बुरा काम करने के समय होनेवाला भय या संकोच। उदा०—कत सकुचत निधरक फिरौ रनि यौ खोरि तुम्हे न।—बिहारी।

खोरिया†—स्त्री० [?] वह आनन्दोत्सव जो वर पक्ष की स्त्रियाँ बरात घर से चल चुकने पर नाच-गाकर मनाती है।

†स्त्री० [हि० खोरा] १ छोटी कटोरी या गिलास। २. वे बूदे या सितारे जो स्त्रियाँ अपने मुँह पर शोभा के लिए लगाती हैं।

खोरी—स्त्री०[फा० खूट से हि० खोर+ई प्रत्य०] खाने की क्रिया या भाव। जैसे—रिश्वतखोरी, हरामखोरी, हवाखोरी आदि।

*स्त्री०-कटोरी।

स्त्री०=खोर (सँकरी गली)।

खोल—पुं० [सं० खोलक] [स्त्री० अल्पा० खोली] १. किसी चीज का ऊपरी आवरण। २. कुछ विशिष्ट प्रकार के कीड़े-मकोड़ों का वह ऊपरी प्राकृतिक आवरण जिसके अंदर वे रहते हैं। जैसे—घोंघे, सीपी आदि का खोल। ३. कपड़े का सिला हुआ झोले या थैले-जैसा आवरण जिसमें कोई चीज धूल, मिट्टी, मैल आदि से सुरक्षित रखने के लिए

रखी जाती है। गिलाफ। जैसे—तकिये या लिहाफ का खोल, सारंगी या सितार का खोल। ४. मोटे कपड़े की बनी हुई दोहरी चादर।

पु० छोटे मृदंग की तरह का एक प्रकार का बाजा।

वि० [स०√खोड् (लँगड़ाना) +अच्. ड=ल] जिसका कोई अंग टूटा-फूटा या विकृत हो। विकलांग।

पुं० शिरस्त्राण। खोद।

खोलना—स० [सं० क्षुर् (काटना या खोदना); प्रा० खुल्ल, मरा० खोलणे; सिं० खोलणु; उ० खोलिबा; बँ० खोला] हिन्दी 'खुलना' का सकर्मक रूप जो भौतिक या मूर्त और अभौतिक या अमूर्त रूपों में नीचे लिखे अर्थों में प्रयुक्त होता है।

भौतिक या मूर्त रूपों में—१. किसी को जकड़ने या बाँधनेवाला उपकरण, चीज या तत्त्व इस प्रकार हटाना कि वह बँधा न रह जाय। बंधन से मुक्त या रहित करना। जैसे—(क) खूँटे में बँधी हुई गौ, घोड़ा या बकरी खोलना। (ख) गठरी या रस्सी की गाँठ खोलना। २. जकड़ी या लपेटी हुई चीज इस प्रकार अलग या ढीली करना कि वह निकल कर दूर हो जाय। जैसे—कमरबंद, पगड़ी या हथियार खोलना। ३ जड़ी, जमाई या बैठाई हुई चीज निकाल या हटाकर अलग या दूर करना। जैसे—(क) दरवाजे का पेच खोलना। (ख) बोतल का कार्क या डाट खोलना। ४ जिसका मुँह बंद किया गया हो, उसके मुँह पर का बंधन हटाकर उसमें चीजों के आने-जाने का रास्ता करना। जैसे—(क) चिट्ठी निकालने के लिए लिफाफा खोलना। (ख) रुपए निकालने या रखने के लिए तोड़ा, थैली या बटुआ खोलना। ५. जो प्राकृतिक या स्वाभाविक रूप में बिलकुल बंद हो, उसे आघात आदि से काट, चीर या तोड़कर खंडित करना। जैसे—(क) नश्तर से घाव या फोड़े का मुँह खोलना। (ख) पत्थर या लाठी मारकर किसी का सिर खोलना। ६ बंद किया या भेड़ा हुआ जगहा या दरवाजा इस प्रकार खींचना या ढकेलना कि बीच में आने-जाने का मार्ग हो जाय। जैसे—खिड़की या फाटक खोलना। ७. आगे, ऊपर या सामने पड़ा हुआ आवरण, ढक्कन या परदा इस उद्देश्य से हटाना कि अन्दर, उस पार या नीचे की चीजें अथवा भाग सामने आ जायँ। जैसे—(क) पेटी या संदूक खोलना। (ख) मंदिर का पट खोलना। (ग) दर्व, पिलाने या दाँत उखाड़ने के लिए किसी का मुँह खोलना। ८ मोड़ी, लपेटी या तह की हुई चीज के सिरे आमने-सामने की दिशाओं में इस प्रकार फैलाना कि उसका अधिकतर भाग ऊपर या सामने हो जाय। विस्तृत करना। जैसे—(क) पढ़ने के लिए अखबार या किताब खोलना। (ख) बिछाने के लिए चादर या बिस्तर खोलना। ९ टँकी या सिली हुई चीज के टाँके या सिलाई अलग करना, तोड़ना या हटाना। जैसे—(क) साड़ी पर टँकी हुई गोट या फीता खोलना। (ख) लिहाफ का अस्तर या पल्ले खोलना। १०. शरीर पर धारण की या पहनी हुई चीज उतार या निकाल कर अलग या दूर करना। जैसे—कमीज, कुरता या जूता खोलना। ११. यांत्रिक साधन से बंद होनेवाली चीज पर ऐसी क्रिया करना कि वह बंद न रह जाय। जैसे—(क) ताला या हथकड़ी खोलना। (ख) पानी निकालने के लिए टंकी की टोंटी खोलना। १२. यंत्रों आदि की मरम्मत या सफाई करने के लिए कल-पुरजे या कील-काँटे निकालकर उसके कुछ या सब अंग अलग-अलग करना या बाहर निकालना। जैसे—घड़ी या बाजा खोलना। १३. ठहराये या रोके हुए यान अथवा सवारी को उद्दिष्ट या गंतव्य स्थान की ओर ले जाने के लिए आगे बढ़ाना या चलाना। जैसे—नाव या मोटर खोलना। १४. अवरोध बाधा या सकावट हटाकर या उसके संबंध का कोई कृत्य अथवा घोषणा करके सार्वजनिक उपयोग या व्यवहार के लिए सुगमता या सुविधा करना। जैसे—(क) जन-साधारण के लिए नहर, मंदिर या सड़क खोलना। (ख) चराई या शिकार के लिए जंगल खोलना। (ग) शरीर का विकृत रक्त निकालने के लिए किसी की फसद खोलना। (घ) रोजा खोलना (अर्थात् उपवास या व्रत का अंत करके खाना-पीना आरंभ करना)। १५. उद्योग, कला, व्यापार, शिक्षा आदि के संबंध का कोई नया कार्य आरंभ करना या संस्था खड़ी करना। जैसे—कारखाना, कोठी या पाठशाला खोलना। १६ नित्य नियम समय पर नैमित्तिक कार्य के बंद की जानेवाली संस्था या स्थान का कार्य फिर से आरंभ करने के लिए वहाँ पहुँचना और काम शुरू करना। जैसे—ठीक समय पर दफ्तर या दूकान खोलना। १७ किसी विशिष्ट क्रिया या प्रकार से कोई कार्य आरंभ करना या चलाना। जैसे—(क) खबरें या भाषण सुनने के लिए रेडियो खोलना। (ख) लेन-देन के लिए खाता या हिसाब खोलना। १८ शरीर के कुछ विशिष्ट अंगों का कार्य आरंभ करने के लिए उन्हें उचित या सजग स्थिति में लाना। जैसे—(क) अच्छी तरह देखने या सुनने के लिए आँखें या कान खोलना। (ख) खाने के लिए मुँह या बोलने के लिए जबान खोलना।

अभौतिक या अमूर्त रूपों में—१ अज्ञेय, अस्पष्ट या दुर्बोध को ज्ञेय, स्पष्ट या सुबोध करना। जैसे—(क) किसी वाक्य या श्लोक का अर्थ या आशय खोलना। (ख) किसी की पोल या भेद खोलना। २. जानकारी के लिए स्पष्ट रूप से सामने रखना। परिचित या विदित कराना। जैसे—किसी के आगे अपना उद्देश्य, विचार या हृदय खोलना।

पद—जी खोलकर—(क) निष्कपट भाव या शुद्ध हृदय से। जैसे—जी खोलकर किसी से बातें करना। (ख) सकीर्णता आदि का भाव या विचार छोड़कर। जैसे—जी खोलकर खर्चना, गाना या पढ़ाना।

खोलि—स्त्री० [स०√खोल् (गतिहीनता) +इन्] तरकश। तूणीर।

खोलिया—स्त्री० [देश०] बढ़इयों का एक उपकरण जिससे वे लकड़ी पर बेल-बूटे आदि खोदते हैं।

खोली—स्त्री० [हिं० खोल का स्त्री० रूप] १. तकिये आदि का गिलाफ। २. रहने की छोटी कोठरी। (महा०)

खोवा—पु०=खोआ।

खोसड़ा—पु० [पं०] जूता, विशेषत. फटा-पुराना जूता।

खोसना*—स० १. दे० 'छीनना'। २. दे० 'खोंगना'।

खोह—स्त्री० [स० गोह] १. कंदरा। गुफा। २ गहरा गड्ढा। ३ दो पहाड़ों के बीच का गड्ढा अथवा तंग रास्ता। दर्रा। ४ खाई। (पश्चिम)

पु० दे० 'खोदर'।

खोही—स्त्री० [सं० खोलक] १. पत्तों की छतरी। २. घोंघी।

खौं—स्त्री० [स० खन्] १. खात। गड्ढा। २. वह गहरा गड्ढा, जिसमें किसान अन्न संचित करते हैं।

खाँचा—पु० [फा० ख्वानचा] १. खाने-पीने की चीजें रखने की लकड़ी की पेटी या सदूक। २. दे० 'खानचा'।

खाँट—स्त्री० [हि० खोटना] १. खोटने की क्रिया। खरोच। २ दे० 'खरोंट'।
पु० खूरंड।

खाँड़ा†—पु० [स० खन या खात] १ अनाज रखने का गड्ढा। २ गड्ढा।

खाँवना†—स० १ दे० 'खंदना'। २ दे० 'खुरचना'।

खाँका†—वि० [हि० खाना] [स्त्री० खाँकी] बहुत अधिक खानेवाला।

खाँज—पु० [अ०] गभीर चिंतन। मनन।

खाँड़—पु०=खाँर।

खाँफ—पु० [अ०] [वि० खाँफनाक] १ दूरस्थ या संभावित भय। भीति। २ डर। भय। ३ आशंका। खटका।

खाँफनाक—वि० [अ०] १ भीति उत्पन्न करनेवाला। २ डरावना। भयानक।

खाँर—पु० [स० क्षार] १ मस्तक पर लगाया जानेवाला चदन का आडा धनुषाकार और लहरियेदार तिलक। २ पीतल का वह टुकडा जिसमे उक्त प्रकार के तिलक मे लहरिया बनाया जाता है। ३ माथे पर पहनने का स्त्रियो का एक गहना। ४ मछली फँसाने का एक प्रकार का जाल।

खाँरना—स० [हि० खाँर] १. चदन का टीका या तिलक लगाकर उस पर लहरिया बनाना। २. खाँर (तिलक) लगाना।

खाँरहा—वि० [हि०खाँरा (प्रत्य०)] [हि०खाँरही] १.जिसके सिर के बाल झड गये हों। २ जिसे खाँरा नामक रोग हुआ हो।

खाँरा—पु० [स० क्षार] १ सिर के बाल झडने का रोग। गज। २ कुत्ते, बिल्ली आदि को होनेवाली एक प्रकार की खुजली, जिसमे उनके शरीर के बाल झड जाते है।
वि० (पशु) जिसे उक्त रोग हुआ हो।

खाँरि†—स्त्री० खाँर।
†—स्त्री० खाँरि (तग गली)।

खाँरी—स्त्री० [देश०] सुनारो की बोली मे, राख।
मुहा०—खाँरी करना चाँदी या सोना भस्म करके उसकी राख बनाना।
†स्त्री० खाँरि।
†स्त्री० खोपडी।

खाँऊ†—पु० [अनु०] बैल या साँड के डकारने का शब्द।

खाँलना—अ० [स० क्वल] आग पर रखे हुए तरल पदार्थ का अधिक गरम होने पर उसमे उबाल आना या बुलबुले उठने लगना।
मुहा०—(किसी का) मिजाज खौलना आवेश या क्रोध मे होना। जैसे—उनकी बातें सुनते ही हमारा मिजाज खौल गया।

खौलाना—स०[हि० खौलना] १ तरल पदार्थ को इतना अधिक गरम करना कि उसमे उबाल आने लगे। २. (अनुचित या कडी बात कह कर) किसी को उत्तेजित और क्रुद्ध करना।

खौहड़†—वि० दे० 'खौहा'।

खौहा—वि० [हि० खाना] १ बहुत अधिक खानेवाला। पेटू और भुक्खड़। २. दूसरों की कमाई से दिन बितानेवाला।

ख्यात—वि० [स०√ख्या (वर्णन करना)+क्त] जिसकी जगत् या समाज मे ख्याति हो। प्रसिद्ध। मशहूर।
†स्त्री० [स० ख्याति] वह काव्य-ग्रन्थ जिसमे किसी वीर पुरुष की कृतियो का वर्णन हो।

ख्याति—स्त्री० [स०√ख्या+क्तिन्] १ प्रतिष्ठित, प्रसिद्ध या मान्य होने पर जगत् या समाज मे होनेवाला नाम। शोहरत। २ अच्छा काम करने पर होनेवाली प्रसिद्धि या बडाई। कीर्ति। यश।

ख्यापक—वि० [स०√ख्या+णिच्+ण्वुल्—अक] १ घोषणा करनेवाला। २ कोई बात विशेषत. अपराध या भूल स्वीकार करनेवाला।

ख्यापन—पु० [स०√ख्या+णिच्+ल्युट्—अन] १ घोषणा करना। २ कोई बात विशेषत. भूल या अपराध स्वीकार करना।

ख्याल†—पु० [अ० ख्याल=ध्यान] [वि० ख्याली] १ दे० 'खयाल'। २ केवल खयाल या ध्यान मे आ जाने पर मनमाने ढग से और कौतुक या परिहास के रूप मे किसी को बिठाने या चिढाने के लिए किया जानेवाला कोई अनुचित काम। तग या परेशान करने के लिए किया जानेवाला मजाक। उदा०—(क) यह सुनि रिसनिसि भई बेहाल। जानि परयौ नाँह हरि की ख्याल।—सूर। (ख) माका जानि करजी जुवती कोउ, देखी हरि के ख्याल।
मुहा०—(किसी के) ख्याल पड़ना किसी को चिढाने या तग करने के लिए उतारू होना या पीछे पडना। उदा०—(क) ख्याल परे ये सखा सबै मिलि, मेरै मुख लपटायो।—सूर। (ख) ए गथ मेरे ख्याल परी हैं, अब ही बातन लै निरुआरति।—सूर।
†पु०=खेल (क्रीड़ा)।

ख्यालिया—पु० [हि० ख्याल (गीत)] वह गवैया जो ख्याल गाने मे निपुण हो।

ख्याली—पु० [हि० ख्याल] १ खब्ती। झक्की। सनकी। २ खेलवाडी। वि०=खयाली।

ख्रिस्टान—पु० [हि० ख्रीष्ट] ईसा मसीह के चलाय हुए सप्रदाय का अनुयायी। मसीही।

ख्रिस्टीय—वि० [अं० क्राइस्ट] ईसा मसीह या उनके चलाये हुए धर्म से सम्बन्ध रखनेवाला।
पु० ईसा मसीह के मत का अनुयायी। ईसाई। मसीही।

ख्रीष्ट—पु० [अ० क्राइस्ट] [वि० ख्रिष्टीय] ईसा मसीह।

ख्वाँ—वि० [फा०] १. पढ़नेवाला। २ कहने या गानेवाला (यौगिक शब्दों के अत में) जैसे—किस्सा-ख्वाँ, गजल-ख्वाँ।

ख्वांदा—वि० [फा० ख्वांदः] पढ़ा-लिखा। शिक्षित।

ख्वाजा—पुं० [फा० ख्वाज] १. घर का मालिक। स्वामी। २. नेता सरदार या हाकिम। ३. बहुत बड़ा त्यागी और पहुँचा हुआ फकीर। महात्मा। ४. दे० 'खोजा'।

ख्वाजासरा—पु० दे० 'खोजा'।

ख्वान—पुं० [फा०] थाल। परात।

ख्वानपोश—पु० [फा०] वह कपड़ा जिससे पकवान, मिठाई आदि से भरे थाल ढकते हैं।

खवाना†—स० [हि० खाना का प्रे०] खिलाना। उदा०—खवाय विष, गृह लाय दीन्ही तउन पाए जरन।—सूर।

खवैया—पु० दे० 'खोनवा'।

खाब—पु० [फा०] १. सोने की अवस्था। नींद। २. वह जो कुछ नींद में दिखाई पड़े। स्वप्न।

खाबगाह—स्त्री० [फा०] सोने का कमरा या स्थान। शयनागार।

खार—वि० [फा०] [भाव० खारी] (व्यक्ति) जो बहुत ही बुरी तरह से नष्ट-भ्रष्ट और तिरस्कृत हो चुका हो।

खारी—स्त्री० [फा०] खार होने की अवस्था या भाव। दुर्गत। दुर्दशा।

खास्तगार—वि० [फा०] [भाव० खास्तगारी] चाहने या इच्छा करनेवाला। इच्छुक।

खास्ता—वि० [फा० खास्त] चाहा हुआ। इच्छित।

खाह—अव्य० [फा०] १. या। अथवा। २. या तो। चाहे।

पद—खाह-म-खाह—(क) चाहे कोई चाहे या न चाहे। जबरदस्ती। (ख) निश्चित रूप से। अवश्य।

खाहाँ—वि० [फा०] १. इच्छा रखनेवाला। इच्छुक। २ चाहनेवाला। प्रेमी।

खाहिश—स्त्री० [फा०] [वि० खाहिशमंद] अभिलाषा। इच्छा। चाह।

खाहिशमंद—वि० [फा०] खाहिश रखनेवाला। आकांक्षी। इच्छुक।

खेतर†—पु० [देश०] गोफना। डेलबाँस। (लश०)

खेना†—स० दे० 'खोना'।

ग

ग

ग—देवनागरी वर्णमाला मे कवर्ग का तीसरा व्यंजन जो कंठ्य स्पर्शी, अल्प-प्राण तथा सघोष है।

प्रत्य० कुछ शब्दों के अंत मे प्रत्यय रूप मे लगकर यह निम्नलिखित अर्थ देता है। (क) गानेवाला; जैसे—सामग। (ख) चलने या जानेवाला; जैसे—उरग, निम्नग, सर्वग आदि।

पु० [स०√गै (गाना)+क] १ संगीत मे 'गांधार' स्वर का संक्षिप्त रूप और सूचक वर्ण। २ छंद शास्त्र में गुरु मात्रा या उससे युक्त वर्ण का सूचक वर्ण। जैसे—यह दो जगण और ग, ल (अर्थात् गुरु और लघु मात्रा) का छंद है। ३. गीता। ४ गणेश। ५ गधर्व।

गंग—पु० [सं० गङ्गा] एक मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में ९ मात्राएँ और अंत मे दो गुरु होते है।

स्त्री० गगा (नदी)।

गंगई—स्त्री० [अनु० गें गें से] मैना की तरह की भूरे रंग की एक चिड़िया। गलगलिया। सतभइया।

गंगका—स्त्री० [स० गंगा+कन्—टाप्, अत्व]=गगा।

गंगकुरिया—स्त्री० [स० गङ्गा-कूल] एक प्रकार की हल्दी। (उडीसा)

गंगतिरिया—स्त्री० [हि० गगा+तीर] दलदलों मे होनेवाला एक प्रकार का पौधा।

गंगन*—पुं०=गगन।

गंगबरार—पु० [हि०गगा+फा० बरार=बाहर या ऊपर लाया हुआ] किसी नदी की धारा के पीछे हटने से निकल आनेवाली जमीन।

गंगरी—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की कपास।

गंगला—पुं० [?] १. एक प्रकार का शलजम। २ एक प्रकार का वृक्ष।

गंगशिकस्त—पुं० [हि० गगा+फा० शिकस्त=तोड़ा हुआ] वह भूमि जो नदी की धारा के आगे बढ़ने के कारण जल-मग्न हो गई हो। वह भूमि जिसे बरसात में नदी काट ले गई हो।

गंगांबु—पु० [सं० गगा-अंबु ष० त०] १. गंगाजल। २. पवित्र तथा शुद्ध जल। ३. वर्षा का जल।

गंगा—स्त्री० [स० √गम् (जाना)+गन्—टाप्] १. भारतवर्ष की एक प्रधान और पवित्र नदी जो हरिद्वार के ऊपर से निकलकर कलकत्ते के पास बंगाल की खाड़ी मे गिरती है। जाह्नवी। भागीरथी।

मुहा०—गंगा नहाना किसी कर्तव्य का पालन करके उससे छुट्टी पाना या निश्चिंत होना।

२. हठ-योग में, इडा (नाडी) का दूसरा नाम। ३ रहस्य सप्रदाय में, मन को शुद्ध करनेवाली पवित्र वाणी।

गंगा-गति—स्त्री० [स० त०] १. मृत्यु। २ मृत्यु के उपरांत होनेवाली मुक्ति। मोक्ष।

गंगा-छिल्ली—स्त्री० [मध्य० स०] जल-कुक्कुटी। (पक्षी)

गंगा-जमनी—वि० [हि० गगा+जमुना] १. गगा और यमुना के मेल की तरह दोतरह का या दो रंगों का। जैसे—गंगा-जमुनी दाल (कैवटी दाल), गंगा-जमुनी साड़ी। २ सोने और चाँदी अथवा तांबे और पीतल के मेल से बना हुआ, जैसे—गगा-जमुनी कुरसी या लोटा। ३ सफेद और काला मिला हुआ। ४ अबलक। चितकबरा।

स्त्री० कान में पहनने का एक प्रकार का गहना।

गंगा-जल—पु० [ष० त०] १. गंगा नदी का जल जो बहुत पवित्र माना जाता है। २. पुरानी चाल का एक प्रकार का बढ़िया सूती कपड़ा जिसकी पगड़ियाँ बनती थी।

गंगाजली—स्त्री० [स० गंगाजल] शीशे या धातु की सुराहीनुमा लुटिया जिसमें यात्री तीर्थों से पवित्र जल लाते है।

मुहा०—गंगाजली उठाना हाथ मे गगाजली लेकर शपथपूर्वक कोई बात कहना।

पु० भूरे रंग का एक प्रकार का गेहूँ।

गंगा जाल—पु० [हि० गंगा+जाल] रीहा घास का बना हुआ मछुओं का जाल। (बगाल)

गंगा-दत्त—पु० [तु० त०] भीष्म पितामह का एक नाम।

गंगावह—पुं०=गगाजली।

गंगा-द्वार—पुं० [ष० त०] हरिद्वार।

गंगा-धर—पु० [ष० त०] १. महादेव। शिव। २. समुद्र। ३ वैद्यक मे एक प्रकार का रस। ४. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे आठ रगण होते है। इसे खजन और गगोदक भी कहते हैं।

गंगाचार—पुं० [गगा√धृ (धारण करना)+अण्] समुद्र।

गंगा-पथ—पु० [ष० त०] आकाश। (डिं०)

गगा-पाट—पु० [हिं० गगा+पाट] घोडे की एक भोरी जो पेट के नीचे होती है।

गंगा-पूजेया—स्त्री० गगा-पूजा।

गंगा-पुत्र—पु० [ष० त०] १. भीष्म। २ पुराणानुसार लेट पित्ता और तीवरी माता मे उत्पन्न एक सकर जाति। ३. ब्राह्मणो की एक जाति जो पवित्र नदियो के किनारे घाटो पर बैठकर अथवा तीर्थस्थानो मे रहकर दान लेती है। ४ उक्त जाति का व्यक्ति।

गंगा-पूजा—स्त्री० [ष० त०] विवाह के बाद की एक रीति जिसमे वर और वधू को किसी तालाब या नदी के किनारे ले जाकर उनसे पूजा कराई जाती है।

गंगा-यात्रा—स्त्री० [मध्य० स०] १ मरणासन्न व्यक्ति को मरने के लिए गगा-तट पर या किसी पवित्र जलाशय के किनारे ले जाने की पुरानी प्रथा। २. मृत्यु। स्वर्गवास।

गंगाराम—पु० [हिं० गंगा+राम] तोते को सबोधित करने का एक नाम।

गंगाल—पु० [हिं० गगा+आलय] पानी रखने का एक प्रकार का बड़ा पात्र। कडाल।

गंगाला—पुं० [हिं० गगा+आलय] वह भूमि जहाँ तक गंगा के चढाव का पानी पहुँचता है। कछार।

गंगा-लाभ—पु० [ष० त०] मृत्यु। स्वर्गवास।

गंगावतरण—पु० [गगा-अवतरण, ष० त०] वह अवस्था जिसमें गगा जी स्वर्ग से उतरकर धरती पर आई थी। गगा का स्वर्ग से पृथ्वी पर आना।

गंगावतार—पु० [गगा-अवतार, ष० त०] = गगावतरण।

गंगावासी (सिन्)—वि० [स० गंगा√वस् (बसना)+णिनि] गगा के तट पर रहनेवाला।

गंगा-सागर—पु० [मध्य० स०] १ कलकत्ते के पास का वह स्थान जहाँ गगा नदी समुद्र मे मिलती है और जो एक तीर्थ माना जाता है। २ एक प्रकार की बडी झारी। ३. खद्दर की छपी हुई आठ-नौ हाथ लबी जनानी धोती।

गंगा-सुत—पु० [ष० त०] = गगा-पुत्र।

गंगिका—स्त्री० [स० गगा+कन्+टाप्, इत्व] गगा नदी।

गंगेऊ†—पु० [स० गागेय] १. भीष्म। २. कार्तिकेय।

गंगेटी—स्त्री० [स० गगाटी] दवा के काम आनेवाली एक प्रकार की जड़ी या बूटी।

गंगेय*—वि०, पु० गागेय।

गंगेरन—स्त्री० [स० गागेरकी] नागबला नाम का पौधा।

गंगेरुआ—पु० [स० गागेरुक] एक प्रकार का पहाड़ी वृक्ष।

गंगेरू—स्त्री० =गंगेरन।

गंगेश—पु० [गंगा-ईश, ष० त०] महादेव। शिव।

गंगोज*—पु० =गगादन।

गंगोत्तरी—स्त्री० [स० गगावतार] उत्तर भारत का एक प्रसिद्ध तीर्थ जहाँ गगा नदी ऊँचे पहाडो से निकलती है।

गंगोदक—पु० [गगा-उदक, ष० त०] १. गगा नदी का जल जो बहुत पवित्र माना जाता है। २. गगा-धर वर्ण-वृत्त का दूसरा नाम। दे० 'गगा-धर'।

गंगोल—पु० [स०] गोमेदक मणि।

गंगौटी—स्त्री० [हिं० गंगा+मिट्टी] गगा के किनारे की मिट्टी या बालू।

गंगौलिया—पु० [हिं० गगौल] एक प्रकार का खट्टा नीबू।

गंज—पु० [स० कञ् या खञ्] १. एक रोग जिसमे सिर के बाल सदा के लिए झड जाते हैं। खल्वाट। (बालडनेस) २ सिर मे निकलनेवाली एक प्रकार की फुसियाँ।

पु० [फा०] १. खजाना। कोश। २. ढेर। राशि। ३ झड। समूह। ४ अनाज रखने का कोठा या खत्ता। ५ पालतू कबूतरों के रहने की अलमारी। दरबा। ६ मद्य-पात्र। ७ मद्य-शाला। ८. एक प्रकार की लता। ९ अवज्ञा। तिरस्कार। १० ऐसी चीज जिसके अदर या साथ बहुत-सी चीजें लगी हुई हो। जैसे—गज-चाल्टी, गज-चाकू। ११ कुछ नामो के अत में प्रत्यय के रूप मे लगकर ऐसी वस्तियों या बाजारों का वाचक शब्द जहाँ बनियें रहते हों अथवा व्यापार करते हो। जैसे—दारागज, भारतगज, पहाडगज, महाराजगज, विश्वेश्वर गज आदि।

गंज-गुठारा*—पु० गंजगोला।

गंजगोला—पु० [हिं० गज+गोला] तोप का वह गोला जिसके अदर छोटी-छोटी बहुत सी गोलियाँ भरी रहती है। (लश०)

गंज-चाकू—[हिं० गज+फा० चाकू] वह चाकू जिसमे फाल के अतिरिक्त कैंची, मोचना आदि कई उपकरण एक साथ लगे रहते हैं।

गंजन—पु० [सं०√गंज् (शब्द)+ल्युट्—अन] १. अवज्ञा। तिरस्कार। २. दुर्गत। दुर्दशा। ३. नष्ट, पददलित, परास्त आदि करने की क्रिया या भाव। ४. सगीत मे ताल के आठ मुख्य भेदो मे से एक।

वि० [√गंज+णिच्+ल्यु—अन] १ अवज्ञा या तिरस्कार करनेवाला। २. नष्ट करनेवाला।

गंजना—अ० [हिं० गाँज] १. गाँज या ढेर लगना। २ पूरित होना। भर जाना।

गंजना—स० [स० गजन] १. गजन अर्थात् अपमान या तिरस्कार करना। २. पूरी तरह से नष्ट-भ्रष्ट करना। ३ परास्त करना। हराना।

गंजनी—स्त्री० [?] एक प्रकार की घास।

गंजफ़ा—पु०=गजीफ़ा।

गंज-बाल्टी—स्त्री० [फा०+हिं०] वह बड़ी बाल्टी जिसके अदर और साथ कटोरे, कडाही, गिलास, थालियाँ आदि भी रहती है।

गंजा—पु० [हिं० गज] वह जिसके सिर के बाल झड गये हो। गज रोग का रोगी।

गंजाई—स्त्री० [हिं० गंजना] गाँज (ढेर या राशि) लगाने की क्रिया या भाव। (डम्पिंग)

गंजाना—स० [हिं० गजना] गाँजने का काम दूसरे से कराना। अच्छी या पूरी तरह से ढेर या राशि लगवाना।

†अ० =गंजना।

गंजिका—स्त्री० [स०√गंज्+अ—टाप्+कन्—टाप्, ह्रस्व, इत्व] मदिरालय।

गंजिया—स्त्री० [सं० गंजिका] १. सूत की जालीदार थैली जिसमें रुपया-

पैसा रखते हैं। २. घास बाँधने का जाल। ३. मिट्टी का एक प्रकार का छोटा बरतन।

गंजी—स्त्री० [हिं० गज] १. ढेर। राशि। जैसे—अनाज की गंजी। २. शक्कर-कंद।

स्त्री० [गनेसी (स्थान-नाम)] कमीज या कुरते के नीचे पहनी जानेवाली एक प्रकार की छोटी कुरती। बनियाइन।

वि० [हिं० गाँजा] गाँजा पीनेवाला। जैसे—गंजी यार किसके, दम लगाया, खिसके।—कहा०।

गंजीना—पु० [फा० गंजीन] खजाना। कोश।

गंजीफा—पु० [फा० गंजफ़] १ ताश की तरह के एक पुराने खेल का उपकरण जिसमें ८ रंगों के ९६ पत्ते होते थे। ये पत्ते प्रायः लाख और कागज के योग से बनते थे और इन पर ताश के पत्तों की तरह बूटियाँ और तसवीरें होती थीं। ताश के पत्ते संभवतः इसी के अनुकरण पर बने थे। २ उक्त उपकरण से खेला जानेवाला खेल। ३. ताश की गड्डी और उससे खेला जानेवाला खेल।

गंजेड़ी—वि० [हिं० गाँजा+एड़ी (प्रत्य०)] प्राय. या बहुत गाँजा पीनेवाला। गंजी।

गंटम—पु० [?] ताड़-पत्र पर लिखने की लोहे की कलम।

गंठिय—वि० [स० ग्रथित] जिसमें गाँठ पड़ी हुई हो। बाँधा हुआ।

गंठ—स्त्री० [हिं० गाँठ] गाँठ का संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक शब्दों के आरंभ में लगने पर प्राप्त होता है। जैसे—गँठ-जोड़ा, गँठ-बंधन आदि। †स्त्री० =गाँठ।

गंठकटा—पु० [हिं० गाँठ+काटना] वह व्यक्ति जो दूसरे की गाँठ में बँधे हुए रुपए-पैसे चोरी से खोल या काटकर निकाल लेता हो। गिरहकट।

गंठ-छोरा—पु० [हिं० गाँठ+छोरना=छीनना] १. गठरी छीनकर ले भागनेवाला। उचक्का। २. दे० 'गँठ-कटा'।

गंठ-जोड़ा—पुं० हिं० गाँठ+जोड़ना] गँठ-बंधन (दे०)।

गंठ-बंधन—पु० [हिं० गाँठ+बंधन] १ विवाह के समय वर के दुपट्टे के एक छोर की कन्या की चादर के एक छोर से गाँठ लगाकर बाँधने की रीति। २ कोई धार्मिक कृत्य करते समय उक्त प्रकार से पति-पत्नी के पल्लों में गाँठ लगाने की रीति। ३ लाक्षणिक अर्थ में दो चीजों, बातों या व्यक्तियों में होनेवाला घनिष्ठ संग-साथ या संपर्क। ४ गुप्त सचिव। साठ-गाँठ।

गंठिअन—स्त्री०. गठियन।

गंठुआ—पु० [हिं० गाँठ] कपड़ा बुनते समय टूटे हुए तागों को अथवा नई पाई के तागों को पुराने उतरे हुए कपड़े के तागों से जोड़ने का काम।

गंड—पु० [स० √गड (मुख का एक भाग होना)+अच्] १. गाल। कपोल। २. कनपटी। ३. गले में पहनने का काला धागा। गंडा। ४. फोड़ा। ५ चिह्न। निशान। ६. दाग। ७. गाँठ। ८. गँडा। ९. मंडलाकार चिह्न या लकीर। गंडासी। १०. नाटक का एक अंग जिसमें सहसा प्रश्नोत्तर होने लगते हैं। ११. ज्येष्ठा, अश्लेषा और रेवती के अंत के पाँच दंड और मूल, मघा, तथा अश्विनी के आरंभ के तीन दंड। (ज्योतिष)

वि० बहुत बड़ा या भारी। जैसे—गंड मूर्ख, गंड शिला आदि।

गंडक—पुं० [सं० गण्ड+कन्] १. गले में पहनने का गंडा या जंतर। २. गाँठ। ३. गँडा। ४. चिह्न। निशान। ५ वह प्रदेश जिसमें से होकर गंडकी नदी बहती है। ६. उक्त प्रदेश का निवासी। ७ गडमाला नामक रोग।

स्त्री०=गंडकी (नदी)।

गंडका—स्त्री० [सं० गण्डक+टाप्] बीस वर्णों का एक वर्णवृत्त।

गंडकी—स्त्री० [सं० गण्डक+ङीष्] १. मादा गैंडा। २. उत्तर भारत की एक प्रसिद्ध नदी जो पटने के पास गंगा में मिलती है।

पुं० सत्रह मात्राओं का एक ताल। (संगीत)

गंडकी-शिला—स्त्री० [ष० त०] भगवान् विष्णु की गोल पत्थर की बनी हुई एक प्रकार की मूर्ति। शालग्राम की बटिया।

गंड-गोपालिका—स्त्री० [मध्य० स०] ग्वालिन नाम की क्रीड़ा।

गंडतर†—पु० [हिं० गाँड़+तर=नीचे] छोटे बच्चों के नीचे का वह कपड़ा जो इसलिए बिछाया जाता है कि उनका मल-मूत्र बिछावन पर न लगे। गँतरा।

गँडदार—पु० [स० गड या हिं० गडासा+फा० दार] १. महावत। हाथीवान। २ दे० 'गडदार'।

गंड-दूर्वा—स्त्री० [कर्म० स०] १ गाँडर नामक घास जिसकी जड़ खस कहलाती है। २. दूब नाम की घास।

गंड-देश—पुं० [ष० त०] =गंड-मंडल।

गंडनी—स्त्री० [स० गडाली] सरकंडे की जाति की एक वनस्पति। सरपोका। सर्पाक्षी। सरहटी।

गंड-मंडल—पुं० [ष० त०] कनपटी। गंड-स्थल।

गंड-मालक—पु० [ब० स०] कंठमाला नामक रोग।

गंड-माला—स्त्री० [ब० स०] कंठमाला नामक रोग।

गंड-मालिका—स्त्री० [ब० स०] लज्जालू लता। लाजवंती।

गंड-माली (लिन्)—वि० [स० गंडमाला+इनि] जिसके गले में कंठ-माला नामक रोग की गिल्टियाँ निकली हुई हों।

गँडरा—पु० [सं० गंडाली] [स्त्री० गँडरी] १. मूँज की जाति की एक घास। २. एक प्रकार का धान।

गंडल*—पु०=गंड-स्थल (कनपटी)।

गंडली—स्त्री० [सं० गण्ड√ली (लीन होना)+क्विप्-ङीप्] छोटी पहाड़ी।

पुं० शिव।

गंड-सूचि—स्त्री० [ष० त०] नृत्य में भाव बतलाने की एक मुद्रा।

गंड-स्थल—पु० [ष० त०] [स्त्री० गंडस्थली] कनपटी।

गंडांत—पुं० [सं० गंड-अंत, ष० त०] ज्येष्ठा, अश्लेषा और रेवती के अंत के पाँच या तीन दंड तथा मूल, मघा और अश्विनी के अंत के तीन दंड। (ज्योतिष)

गंडा—पुं० [सं० गंडक=गाँठ] १. तागे, रस्सी आदि में लगाई जानेवाली गाँठ। २. दैविक उपद्रवों, बाधाओं आदि से रक्षित रहने के लिए कलाई या गरदन में लपेटकर बाँधा जानेवाला मंत्र-पूत डोरा या सूत। ३. पशुओं के गले में बाँधा जानेवाला पट्टा।

पुं० [सं० गंड=चिह्न] आकृति, गोल या गोलाकार धारी या रेखा। जैसे—कनखजूरे की पीठ पर का गंडा, तोते के गले का गंडा।

पु० [?] चीजें गिनने में चार का समूह। जैसे—दो गंडे पैसे या चार गंडे आम।

गंडारि—स्त्री० [गंड-अरि, ष० त०] कचनार।

गंडाली—स्त्री० [सं० गंड√अल् (भूषित करना)+अण्-ङीप्] गाँडर घास।

गँडासा—पु० [हिं० गंड+आसा (प्रत्य०)] हँसिये की तरह का घास काटने का एक औजार।

गंडिनी—स्त्री० [सं० गंड+इनि—ङीप्] दुर्गा।

गँड़िया†—पु० गाँडू।

गंडीर—पु० [सं०√गड्+ईरन्] १ पोई नाम की लता। २ थूहर। सेहुड।

गंडीरी—स्त्री० [सं० गंडीर+ङीष्] =गंडीर।

गंडु—पु० [सं०√गड्+उन्] १ गाँठ। २ तकिया।

गंडुक*—पु०=गंडूष।

गंडु-पद—पु० [ब० स०] फीलपाँव नामक रोग।

गंडू—पु० गाँडू।

गंडूक—पु० गंडूष।

गंडू-पद—पु० [गंडू+ऊङ्, गंडू-पद, ब० स०] केचुआ।

गंडूल—वि० [सं० गंडू√ला (लेना)+क] १ जिसमें गाँठें हों। गाँठदार। २ झुका हुआ। टेढ़ा।

गंडूष—पु० [सं०√गड्+ऊषन्] [स्त्री० गंडूषा] १. हथेली का गड्ढा। चुल्लू। २ पानी से किया जानेवाला कुल्ला। ३. हाथी के सूँड की नोक।

गँडेरी—स्त्री० [सं० गण्ड] १. ईख या गन्ने के छोटे टुकड़े जो कोल्हू में पेरने के लिए काटे जाते हैं। २. चूसने के लिए ईख या गन्ने को छीलकर काटे हुए छोटे टुकड़े। ३. किसी चीज के छोटे लंबोतरे टुकड़े।

गंडोपधान—पु० [गंड-उपधान ष० त०] गल-तकिया।

गँडोरा—पु० [सं० गंडोल ईख] हरी कच्ची खजूर।

गंडोल—पु० [सं०√गड्+ओलच्] १ गुड़। २. कच्ची या लाल शक्कर। ३ ईख या गन्ना। ४ कौर। ग्रास।

गंतव्य—वि० [सं०√गम् (जाना)+तव्यत्] १. (स्थान) जहाँ किसी को जाना या पहुँचना हो अथवा जहाँ कोई जाने को हो। २. गम्य।

गंता (तृ)—पु० [सं०√गम्+तृच्] [स्त्री० गंत्री] वह जो किसी स्थान की ओर जा रहा हो। जानेवाला।

गंतु—पु० [सं०√गम्+तुन्] १ पथिक। यात्री। २ पथ। मार्ग।

गंत्रिका—स्त्री० [सं० गंत्री+कन्-टाप्, ह्रस्व] बैलगाड़ी।

गंत्री—स्त्री० [सं०√गम्+ष्ट्रन्—ङीप्] १ गाड़ी। २ बैलगाड़ी।

गंद—पु० [सं० गंध से फा० गन्द] १ बुरी चीज। २. बुरी बात।

मुहा०—**गंद बकना** गंदी बातें कहना या गालियाँ देना।

३ दे० 'गंदगी'।

गंदगी—स्त्री० [फा०] १ गंदे होने की अवस्था या भाव। मैलापन। २ खराब, मली और सड़ी-गली चीजें। ३. गुह। मल। ४ बहुत ही निकृष्ट बातें, विचार या व्यवहार। जैसे—समाज या साहित्य में गंदगी फैलाना बहुत बुरा है। ५ अपवित्रता। अशुद्धता।

गंदना—पु० [सं० गंधन] १ लहसुन और प्याज की तरह का एक प्रकार का कंद जो सरकारी आदि में डाला जाता है। २ एक प्रकार की घास।

गंदम—पु० [देश०] [स्त्री० गंदमी] एक प्रकार की चिड़िया।

पुं० [फा० गंदुम] गेहूँ।

गँदला—वि० [हिं० गंदा+ला (प्रत्य०)] १. (जल) जो स्वच्छ या निर्मल न हो। जिसमें धूल-मिट्टी आदि मिली हो। २ मलिन। मैला।

गंदा—वि० [सं० गन्ध से फा० गन्द] [स्त्री० गंदी] १ धूल, मिट्टी, मैल आदि से युक्त। जैसे—गंदा कपड़ा, गंदा कमरा। २. दूषित या बुरा। निंदनीय। जैसे—गंदा आचरण, गंदे विचार।

गंदापानी—पुं० [फा० गंदा+हिं० पानी] १. मद्य। शराब। २ पुरुष का वीर्य। ३. स्त्री का रज।

गँदीला—पु० [सं० गंध] एक प्रकार की घास।

गंदुम—पुं० [सं० गोधूम से फा०] [वि० गंदुमी] गेहूँ।

गंदुमी—वि० [फा० गंदुम] १ गेहूँ के रंग का। गेहुँआ। जैसे—गंदुमी कपड़ा। २ गेहूँ या उसके आटे का बना हुआ। जैसे—गंदुमी रोटी।

गंदोलना—स० [फा० गंदा] कोई चीज, विशेषतः पानी गंदा करना।

गंध—स्त्री० [सं०√गंध् (गति)+अच्] १ कुछ विशिष्ट पदार्थों के सूक्ष्म कणों का वायु के साथ मिलकर होनेवाला वह प्रसार जिसका अनुभव या ज्ञान नाक से होता है। बास। (ओडर)

विशेष—हमारे यहाँ गंध को पृथ्वी का गुण माना गया है।

२ सुगंध। ३ वह सुगंधित द्रव्य जो शरीर में लगाया जाता है। ४ बहुत ही हलके रूप में लगनेवाला किसी बात का पता। जैसे—देखो, इस बात की किसी को गंध न लगने पावे। ५. बहुत ही थोड़ा या नाम मात्र का अंश। जैसे—उसमें सौजन्य की गंध भी नहीं है।

गंध-कंदक—पु० [ब० स०, कप्] कसेरू।

गंधक—स्त्री० [सं० गंध+अच्+कन्] [वि० गंधकी] पीले रंग का और कुछ अप्रिय तथा उग्र गंधवाला एक प्रसिद्ध दह्य खनिज पदार्थ जिसका प्रयोग रसायन और वैद्यक में होता है।

गंधकवटी—स्त्री० [सं० मध्य० स०] वैद्यक में एक प्रकार की गोली या वटी जो पाचक कही गई है।

गंधकारिता—स्त्री० [सं० गंध√कृ (करना)+णिनि√तल्—टाप्, इत्व] वस्त्रों, शरीर आदि में लगाने के लिए सुगंधित द्रव्य तैयार करने की कला या विद्या। (परफ्यूमरी)

गंधकाश्म (न्)—पु० [सं० गंधक-अश्मन्, कर्म० स०] अपने मूल रूप में खनिज गंधक, (अपनी ज्वलनशीलता के विचार से)। (ब्रिम स्टोन)

गंध-काष्ठ—पु० [ब० स०] अगर नामक सुगंधित द्रव्य। अगरु।

गंधकी—वि० [गंधक से] १. गंधक के रंग का। हलका पीला। २. गंधक से बना हुआ। जैसे-गंधकी तेजाब।

पुं० उक्त प्रकार का रंग।

गंध-कुटी—स्त्री० [ष० त०] मंदिर में का वह कमरा या दालान जिसमें बहुत-सी देवमूर्तियाँ रखी हों।

गंध-केलिका—स्त्री० [सं० गंध√केल् (चालन)+ण्वुल्-टाप्, इत्व] कस्तूरी।

गंध-कोकिल—पु० [मध्य० स०] सुगंध कोकिल नामक गंध द्रव्य।

गंध-गज—पु० [मध्य० स०] बहुत बड़ा और मस्त हाथी।

गंध-गात—पुं० [सं० गंधगात्र] चंदन। (डिं०)

गंध-जल—पुं० [मध्य० स०] सुगंधित जल या पानी। जैसे—केवड़ा जल, गुलाब जल आदि।

गंध-जात—पु० [ब० स०] तेज-पत्ता।

गंधज्ञ—स्त्री० [स० गध√ज्ञा (जानना)+क—टाप्] नासिका। नाक।

गंध-तुर्य—पु० [मध्य० स०] एक प्रकार की तुरही। (बाजा)।

गंध-तैल—पु० [मध्य० स०] वह तेल जिसमें किसी पदार्थ के कुछ ऐसे तत्त्व मिले हों जो उस पदार्थ की गंध देते हों। गंध से युक्त किया हुआ तेल। सुगंधित तेल।

गंधद—पु० [स० गध√दा (देना)+क] चंदन।
वि० गंध देनेवाला। जिसमें गंध हो।

गंध-दला—स्त्री० [ब० स०] अजमोदा।

गंध-दारु—पु० [मध्य० स०] अगरु। अगर।

गंध-द्रव्य—पु० [मध्य० स०] दवाओं में डालने, शरीर में लगाने या औषधों में मिलाने का कोई सुगंधित पदार्थ।

गंध-धूलि—स्त्री० [ष० स०] कस्तूरी।

गंधन—पु० [स०√गंध्+ल्युट्—अन] १. उत्साह। २. प्रकाश। ३. वध। ४ सूचना। ५ सोना। उदा०—गंधन मूल उपाधि बहु भूखन तन गन ज्ञान। —तुलसी।

गंध-नाकुली—स्त्री० [मध्य० स०] रास्ना।

गंध-नाडी—स्त्री० [मध्य० स०] नाक। नासिका।

गंध-नाल— पु० [ष० तं०] १. नासिका। नाक। २. नाक का छेद। नथुना।

गंध-नालिका—स्त्री० [ष० तं०] गंधनाल।

गंध-नाश—पु० [ब० स०] एक रोग जिसमें सुगंध, दुर्गंध आदि का अनुभव करने की शक्ति नष्ट हो जाती है। (एनोस्मिआ)

गंधप—पु० [स०√गंध+√पा (पीना)+क] पितरों का एक वर्ग।

गंध-पत्र—पु० [ब० स०] १. साफेद तुलसी। २. बेल। बिल्व। ३. मरुआ।

गंधपत्रा—स्त्री० [स० गन्धपत्र+टाप्] कपूर कचरी।

गंधपत्री—स्त्री० [स० गन्धपत्र+ङीष्] अजमोदा।

गंध-पर्णी—स्त्री० [ब० स०, ङीप्] मत्स्यपर्णी।

गंध-पलाशी—स्त्री० [ब० स०, ङीप्] हल्दी।

गंधपसार, गंधपसारी—स्त्री० गंधप्रसारिणी।

गंध-पाषाण—पु० [मध्य० स०] गंधक।

गंध-पिशाचिका—स्त्री० [तृ० तं०] सुगंधित द्रव्य जलाने पर निकलने-वाला धुआँ।

गंध-पुष्प—पु० [मध्य० स०] १ केवड़ा। २ बेंत।

गंध-प्रत्यय—पु० [ब० स०] नासिका। नाक।

गंध-प्रसारिणी—स्त्री० [ष० तं०] एक प्रकार का पौधा जिसके दुर्गंधयुक्त पत्ते दवा के काम आते हैं।

गंध-फल—पु० [ब० स०] कपित्थ। कैथ।

गंध-फला—स्त्री० [स० गन्धफल+टाप्] प्रियंगु।

गंधफली—स्त्री० [सं० गंधफल+ङीष्] १. प्रियंगु। २. चंपा।

गंधबंधु—पु० [सं० गंध्√बध (बाँधना)+उण्] आम का वृक्ष और उसका फल।

गंधबबूल—पु० [सं० गध+हिं० बबूल] बबूल की जाति का एक छोटा पेड़।

गंधबिलाव—पु० [सं० गंध+हिं० बिलाव=बिल्ली] बिल्ली की तरह का एक जंगली जंतु जिसके अडकोश में एक प्रकार का सुगंधित तरल पदार्थ निकलता है। गंध-मार्जार।

गंधबेण—पु० [स० गंधवेणु] रूसा या रोहिष नामक सुगंधित घास।

गंध-माता (तृ)—स्त्री० [स० ष० तं०] पृथ्वी।

गंध-माद—पु० [ब० स०] भौरा। भ्रमर।

गंधमादन—पु० [स० गध√मद (प्रसन्न होना)+णिच्+ल्यु-अन] १. पुराणानुसार एक पर्वत जो इलावृत और भद्राश्व खंड के बीच में कहा गया है और अपने सुगंधित वनों के लिए प्रसिद्ध था। २ एक प्रकार का गंध-द्रव्य। ३. भौरा। ४ गंधक। ५ रावण का एक नाम।

गंधमादनी—स्त्री० [स० गधमादन+ङीप्] १ मद्य। शराब। २ लाक्षा। लाख।

गंधमादिनी—स्त्री० [स० गध√मद्+णिच्+णिनि—ङीप्] लाक्षा। लाख।

गंध-मार्जार—पु० [मध्य० स०] गंधबिलाव। (देखें)

गंध-मालती—स्त्री० [तृ० तं०] एक प्रकार का गंध-द्रव्य।

गंध-मासी—स्त्री० [मध्य० स०] जटामासी।

गंध-मुंड—पु० [स० गध√मड् (निवारण करना)+णिच्+अच्] एक प्रकार की लता।

गंध-मूल—पु० [ब० स०] पान की जड़। कुलंजन।

गंधमूली—स्त्री० [स० गधमूल+ङीष्] कपूर कचरी।

गंध-मूषिका—स्त्री० [मध्य० स०] छछूंदर।

गंध-मृग—पुं० [मध्य स०] वह मृग जिसकी नाभि में कस्तूरी होती है। कस्तूरी मृग।

गंधरब*—पु०=गंधर्व।

गंध-रस—पु० [ब० स०] सुगंधसार नामक गंध-द्रव्य।

गंध-राज—पु० [ष० तं०] १. चंदन। २. लाल नामक गंध-द्रव्य। ३ बेले की जाति का एक पौधा और उसका फूल। मोगरा। बेला।

गंधराज-गुग्गुल—पु० [कर्म० स०] एक प्रकार का गुग्गुल जिसे जलाने पर वातावरण सुगंधित हो जाता है।

गंधराजी—स्त्री० [स० गन्धराज+ङीप्] लाल नामक गंध-द्रव्य।

गंधरी†—स्त्री० [स० गंधर्व] गंधर्व जाति की कन्या या स्त्री।

गंधर्व—पु० [स० गध √अर्व् (मारना)+अच्, परस्व०] [स० स्त्री० गंधर्वी, हिं० स्त्री० गंधर्विन] १. पुराणानुसार एक प्रकार के देवता जो स्वर्ग में गाने-बजाने का काम करते हैं।
विशेष—यह लोग सोम के रक्षक, रोगों के चिकित्सक, सूर्य के अश्वों के वाहक, स्वर्गीय ज्ञान के प्रकाशक, यम और यमी के जनक आर्य माने जाते हैं। इनका स्वामी वरुण है।
२. एक आधुनिक जाति जिसकी लड़कियाँ गाने-नाचने का काम और वेश्या-वृत्ति करती हैं। ३. बालिकाओं की वह अवस्था जब उनका यौवन आरम्भ होता और उनके स्वर में माधुर्य आता है। ४ मृग। हिरन। ५. घोड़ा। ६. एक शरीर से दूसरे शरीर में गई हुई आत्मा। ७. वैद्यक के अनुसार एक प्रकार का मानसिक रोग। ८ संगीत में एक प्रकार का ताल। ९. विधवा स्त्री का दूसरा पति।

गंधर्व-तैल—पु०[मध्य० स०] रेंड़ी का तेल।

गंधर्व-नगर—पु०[ष० त०] १. नगर, ग्राम आदि का वह मिथ्या आभास

जो कुछ विशिष्ट प्रकार की प्राकृतिक अवस्थाओं में सूर्य की किरणें पड़ने पर आकाश में या स्थल पर भ्रम से दिखाई पड़ता है। २. वेदान्त में, उक्त के आधार पर किसी प्रकार का मिथ्या भ्रम। ३. चन्द्रमा के चारों ओर का घेरा या मंडल। ४. संध्या के समय पश्चिम दिशा में रंग-बिरंगे बादलों में फैली हुई लाली। ५. महाभारत के अनुसार मानसरोवर के पास का एक नगर।

गंधर्व-पुर—पु०[ष० त०] गंधर्व-नगर।

गंधर्व-रोग—पु० [मध्य० स०] एक प्रकार का उन्माद या पागलपन।

गंधर्व-लोक—पु० [प० त०] वह जगत् या संसार जिसमें गंधर्व रहते हैं।

गंधर्व-वधू—स्त्री०[ष० त०] एक प्रकार का गंध द्रव्य जिसे चीड़ा भी कहते हैं।

गंधर्व-विद्या—स्त्री० [ष० त०] गान विद्या। संगीत।

गंधर्व-विवाह—पु० [मध्य० स०] हिन्दू धर्म-शास्त्रों के अनुसार आठ प्रकार के विवाहों में से एक जिसमें वर तथा कन्या अपनी इच्छा से एक दूसरे का वरण करते हैं। (कलियुग में ऐसा विवाह वर्जित है।)

गंधर्व-वेद—पु० [ष० त०] चार उपवेदों में से एक जिसमें संगीतशास्त्र का विवेचन है।

गंधर्व-संगीत—पु० [ष० त०]वैदिक युग के मध्य के वे लोक-गीत जिनसे देशी संगीत (आधुनिक लोकगीत) का विकास हुआ है।

गंधर्वा—स्त्री० [सं० गंधर्व+टाप्] दुर्गा का एक नाम।

गंधर्वास्त्र—पु० [गंधर्व-अस्त्र, मध्य०स०] एक प्रकार का प्राचीन अस्त्र।

गंधर्वी—स्त्री० [स० गंधर्व+ङीप्] १. गंधर्व जाति की स्त्री। २. पुराणानुसार घोड़ों की आदि माता जो सुरभी की पुत्री थी।

वि० गंधर्व-संबंधी। गंधर्वों का। जैसे—गंधर्वी माया या रूप।

गंधर्वोन्माद—पु० [गंधर्व-उन्माद, मध्य० स०] एक प्रकार का उन्माद।

गंधवती—स्त्री० [स० गंध+मतुप्, वत्व, ङीप्] १. पृथ्वी। २. मदिरा। ३. वनमल्लिका। ४. मुरा नामक गंध द्रव्य। ५. वरुण की पुरी का नाम। ६ व्यासदेव की माता का एक नाम।

गंधवह—वि० [स० गंध √वह् (ले जाना)+अच्] १. गंध ले जाने या पहुँचानेवाला। २. सुगंधित।

पु० १. वायु। हवा। २. नाक, जिससे गंध का ज्ञान होता है। (डिं०)

गंधवाह—पु०[स० गंध √वह्+अण्] वायु। हवा।

गंध-सफेदा—पु०[स० गंध+हिं० सफेद] १. सफेद छालवाला एक प्रकार का लंबा वृक्ष। (यूकिलप्टस) २. उक्त वृक्ष के फूलों में से निकलनेवाला एक प्रकार का सुगंधित तेल।

गंध-सार—पु०[ब० स०] १. चंदन। २. गंधराज नामक बेला। मागरा। ३ कपूर।

गंधहर—पु०[स० गंध√हृ (हरण करना)+अच्] नाक। (डिं०)

गंध-हस्ती—पु० [मध्य० स०] ऐसा हाथी जिसके कुंभ से मद बहता हो। मदोन्मत्त हाथी।

गंधा—वि० स्त्री०[सं० √गंध+णिच्+अच्—टाप्] गंध से युक्त। (यौ० शब्दों के अंत में) जैसे—रजनी गंधा, मत्स्य गंधा।

गंधाजीव—पु० [स० गंध-आ √जीव् (जीना)+अच्] इत्र, तेल आदि बनाने और बेचनेवाला, गंधी।

गंधाढ्य—वि० [स० गंध-अङ्ग, ष० त०] [भाव० गंधाढ्यता] १. (व्यक्ति) जिसे गंध का अनुभव न होता हो। २ (व्यक्ति) जो गंधों के प्रकार या स्वरूप न जानता हो। जो यह न बतला सकता हो कि यह गंध किस चीज की या किस प्रकार की है।

गंधाढ्यता—स्त्री० [स० गंधाढ्य+तल्—टाप्] -गंध-ताप (दे०)।

गंधाढ्य—वि [गंध-आढ्य, तृ० त०] जिसमें बहुत अधिक खुशबू या सुगंध हो।

पु० १. चंदन। २ नारंगी का वृक्ष। ३ एक प्रकार का गंध-द्रव्य। ४. कई प्रकार के पौधों की संज्ञा।

गंधाना—पु० [हिं० गंधन] रोला छंद का एक नाम।

अ० [हिं० गंध] किसी पदार्थ में से गंध या महक का फैलना। गंध छोड़ना या देना।

स० गंध या महक फैलाना।

गंधानुबासन—पु० [गंध-अनुवासन, तृ० त०] किसी चीज का सुगंधि से युक्त करना। सुवासित करना।

गंधाबिरोजा—पु० [हिं० गंध—बिरोजा] चीड़ या साल नामक वृक्ष का गोंद या निर्यास जो प्रायः फोड़े-फुंसियों पर लगाया जाता है। चंद्रस।

गंधाभला—स्त्री० [गंध-अम्ल, ब० स०] जंगली नींबू।

गंधार—पु० [स० गंध√ऋ (गति)+अण्] १ भारत के उस पश्चिमोत्तर प्रदेश का पुराना नाम जो तक्षशिला में कुनड़ या चित्राल नदी तक था। २. दे० 'गांधार'।

गंधारी—स्त्री०=गांधारी।

गंधालिका—स्त्री० [स०] उड़ने तथा डंक मारनेवाले उन छोटे-छोटे कीड़ों का वर्ग जिसमें बर्रे, भौंरे, मधुमक्खियाँ आदि सम्मिलित है। (वास्प)

गंधाली—स्त्री० [स० गंध-आली, ब० स०] गंधप्रसारिणी लता।

गंधालु—वि० [स० √गंध्+आलुच्] १. सुगंधदार। २. सुवासित।

गंधाशन—पु० [गंध-अशन, ब० स०] वायु। हवा।

गंधाश्मा (श्मन्)—पु० [मध्य० स०] गंधक।

गंधाष्टक—पु० [गंध-अष्टक, ष० त०] आठ प्रकार के गंधों के मेल में बना हुआ गंध। अष्ट-गंध।

गंधिक—वि० [स० गंध+ठन्—इक] गंधवाला।

पु० १. गंधक। २. गंधी।

गंधिनी—स्त्री० [स० गंध+इनि—ङीप्] मदिरा। शराब।

गँधिया—पु० [हिं० गंध] १. एक प्रकार का छोटा बरसाती कीड़ा, जिससे बहुत दुर्गन्ध निकलती है। २. हरे रंग का एक प्रकार का कीड़ा जो धान आदि की फसल में लगता है।

स्त्री० १. गाँधी नाम की बरसाती घास। २ गंध-प्रसारिणी नामक लता।

गंधी—पु० [स० गांधिक; प्रा० गांधिअ; गु० प० बँ० गाँधी; मरा० गंधे] १. वह जो सुगंधित तेल, इत्र आदि बनाता और बेचता हो। अत्तार। २ गँधिया घास।

स्त्री० १. गँधिया घास। २. गँधिया कीड़ा।

गंधी पतंग—पुं० [सं० व्यस्तपद] धान की बालों में लगनेवाला गँधिया नाम का कीड़ा।

गँधीला*—वि० [हिं० गंध] १. जिसमें किसी प्रकार की गंध हो। २. अप्रिय या बुरी गंधवाला। बदबूदार।
†वि०=गँदला।

गंधेंद्रिय—स्त्री० [सं० गंध-इंद्रिय, मध्य० स०] सूँघने की इंद्रिय। नासिका। नाक।

गंधेज—स्त्री० [स० गध] अगिया नाम की घास।

गंधेल—पुं० [स० गध] एक प्रकार का छोटा वृक्ष या झाड़।

गंधेला—पुं० [हिं० गध] [स्त्री० अल्पा० गंधेली] १. एक प्रकार की चिड़िया। २. गंध-प्रसारिणी लता।
वि० जिसमें से दुर्गंध आती हो। बदबूदार।

गंधोच्छल—वि० [स० गंध-उच्छल, तृ० त०] गंध से भरा हुआ। जिसमें से खूब गंध निकल रही हो। उदा०—वह शोधसक्ति जो गंधोच्छल। —निराला।

गंधोत्कट—पुं० [गध-उत्कट, तृ० त०] दौना। दमनक। (पौधा)
वि० उत्कट गंधवाला।

गंधोत्तमा—स्त्री० [गध-उत्तमा, तृ० त०] अंगूरी शराब।

गंधोपजीवी (विन्)—पुं० [सं० गध-उप√जीव् (जीना) +णिनि] इत्रफरोश। गंधी।

गंधोपल—पुं० [स० गध-उपल, मध्य० स०] गंधक।

गंधौली†—स्त्री०[स० गध से] कपूर कचरी।

गंध्य—वि० [सं० गंध+यत्] १. गंध-संबंधी। २. जिसमें गंध हो। गंध-युक्त।

गंध्रप*—पुं० गंधर्व।

गंभारी—स्त्री० [स०√गम्+भृ (धारण करना)+अण्—ङीप्] एक प्रकार का बड़ा वृक्ष।

गंभीर—वि० [स० गम्+ईरन्, नि० भकार] १. जिसकी गहराई की थाह जल्दी न मिले। गहरा। जैसे—गभीर नद या समुद्र। २ घना। सघन। ३. भारी या विकट। घोर। जैसे—गभीर नाद। ४. (कथन या विषय) जिसे समझने के लिए बहुत सोच-विचार करना पड़े। गूढ़। जटिल। दुरूह। जैसे—गंभीर समस्या। ५. चिंतित या भयभीत करनेवाला। चिंताजनक। जैसे—गंभीर स्थिति। ६. (व्यक्ति) जो किसी बात की गहराई तक जाता हो, जल्दी विचलित न होता हो और अपने मन के भाव जल्दी दूसरों पर प्रकट न होने देता हो। शांत। धीर।
पुं० १. जंबीरी नीबू। २. कमल। ३. महादेव। शिव। ४. एक प्रकार का राग। (संगीत)

गंभीरक—वि० [सं० गम्भीर+कन] गहरा। गंभीर।

गंभीरवेधी (विन्)—पुं० [सं० गम्भीर√विद् (जानना)+णिनि] ऐसा मस्त हाथी जो साधारण अंकुश की चोट की परवा न करे।

गंभीरिका—स्त्री० [सं० गंभीर+कन्—टाप्, इत्व] एक प्रकार की डोलक।

गँवार†—वि०, पुं०=गँवार।

गंमित*—वि० [सं० गम] १. जिसके पास तक गम या पहुँच हुई हो। २. किसी जानकार द्वारा बतलाया हुआ। जैसे—गुरु गंमित ज्ञान।

गँवे—स्त्री० दे० 'गौं'।

गँवई—स्त्री० [हिं० गाँव] [वि० गँवइँ०] १. छोटा गाँव। जैसे—गाँव-गँवई के लोग। २. गाँव।
वि० १. गाँव का। गाँव में रहनेवाला। २. गँवार।
पुं० देहाती।

गँवनना*—अ० [सं० गमन] गमन करना। जाना।
स०=गँवाना।

गँवना†—अ०=गमन करना।

गँवरदल—वि० [हिं० गँवार+दल] गँवारों की तरह का। गँवार के समान। गँवारू।
पुं० गँवारों का दल या समूह।

गँवरमसला—पुं० [हिं० गँवार+अ० मसल] ग्रामीणों या देहातियों में प्रचलित उक्ति या उनकी कहावत।

गँवहिया†—पुं० [सं० गोघ्न=अतिथि] १. गँवार। देहाती। २. अतिथि। मेहमान।

गँवाऊ—वि० [हिं० गँवाना] धन-संपत्ति गँवाने या नष्ट करनेवाला। 'कमाऊ' का विपर्याय।

गँवाना—स० [सं० गम] १. कोई चीज अनावधानी, उपेक्षा, प्रमाद आदि के कारण व्यर्थ अपने पास से निकल जाने देना। भूल, मूर्खता आदि के कारण किसी उपयोगी या मूल्यवान् वस्तु से वंचित होना। खोना। जैसे—(क) जूए या सट्टे में धन गँवाना। (ख) मेले में कपड़ा या छड़ी गँवाना। २. समय के सम्बन्ध में, व्यर्थ नष्ट करना या बितान। जैसे—लड़कों का खेल-कूद में समय गँवाना। ३ दूर करना। निकालना। हटाना। उदा०—कहहिं गँवाइअ छिनकु स्रम, गँवनब अबहिं कि प्रात।—तुलसी।

गँवार—वि० [हिं० गाँव+आर (प्रत्य०)] [वि० गँवारी, गँवारू, स्त्री० गँवारिन] १. गाँव में रहनेवाला (व्यक्ति)। देहाती। २. उक्त कारण से जो शिष्ट, सभ्य तथा सुशिक्षित न हो। असभ्य।* ३. अनजान। अनाड़ी। जैसे— हम तो इन सब बातों में गँवार ठहरे।

गँवारता*—स्त्री०=गँवारपन।

गँवारपन—पुं० [हिं० गँवार+पन (प्रत्य०)] गँवार होने की अवस्था या भाव। देहातीपन।

गँवारी—वि० [हिं० गँवार] १. गँवारों की तरह का। ग्राम्य। जैसे—गँवारी पहनावा या बोली। २. दे० 'गँवारू'।
स्त्री० १. गँवारपन। देहातीपन। २ गँवारों की-सी मूर्खता। ३. गाँव की रहनेवाली या गँवार की स्त्री।

गँवारू—वि० [हिं० गँवार+ऊ (प्रत्य०)] १. गाँव अथवा गाँव में रहनेवालों से संबंध रखनेवाला अथवा उनके जैसा। जैसे—गँवारू पहनावा, गँवारू चाल आदि। २. शिष्टता, सभ्यता, आदि से रहित।

गँवेली*—स्त्री०=गँवारी (गँवार स्त्री)।

गंस*—पुं० [सं० ग्रंथि] १. मन में खटकनेवाली बात। २. मन में छिपा हुआ द्वेष या वैर। ३. दे० 'गाँसी'। (तीर की)

गँसना*—स० [सं० ग्रथन] १. अच्छी तरह कसकर जकड़ना, बाँधना या लगाना। गाँठना। २.कपड़े की बुनावट में बाने को कसना या दबाना जिसमें बुनावट गफ या घनी हो। ३. कस या दूँसकर भरना।

अ० १. कसकर जकड़ा या बाँधा जाना। २. बुनावट में सूतों का खूब पास पास होना। ३. कसकर या ठसाठस भरा जाना।

गँसीला—वि० [हिं० गाँसी] [स्त्री० गँसीली] गाँस या गाँसी की तरह नुकीला और चुभने या खटकनेवाला।
†वि० दे० 'गसीला'।

गँह—स० [स० ग्रहण] ग्रहण करना। पकड़ना। उदा०—गहँ आस एकै विश्वास प्राण गँहवास।—घनानन्द।

गइंद*—पु० =गयंद (हाथी)।

गइनाही*—स्त्री० [स० गहन] १. गहनता। गंभीरता। २. किसी बात या विषय की पूरी जानकारी। गहन ज्ञान।

गइयर—पुं०, स्त्री० =गैयर।

गई—वि० स्त्री० [हिं० गया का स्त्री० रूप] १ जो बीत चुकी हो। बीती हुई। जैसे—गई रात। २. पुरानी। जैसे—गई बात।
मुहा०—गई करना या कर जाना=किसी अनुचित बात के संबंध में यह समझकर चुप हो जाना कि जाने दो, ध्यान मत दो।

गईबहोर—वि० [हिं० गया+बहुरि] १. बिगड़ा हुआ काम या बात बनानेवाला। २. खोई हुई चीज ला देनेवाला।

गउमुख—वि०, पु०=गोमुख।

गउर*—पुं०=गौर (विचार)।
वि०=गौर (गोरा)।

गउरव*—पु०=गौरव।

गउव—पु० [सं० गवय] १. नील गाय। २. गौ। गाय। उदा०—गउव सिंघ रेंगहि एक बाटा। —जायसी।

गऊ—स्त्री० [स० गो] गाय। गौ।

गऊघाट—पु० [हिं०] गाय-बैलों आदि के पानी पीने के लिए बनाया हुआ ढालुआँ और बिना सीढ़ियों का घाट।

गकरिया—स्त्री०=गाकरी (लिट्टी)।

गक्खर—पु०[?] पुरानी चाल का एक प्रकार का हथियार।

गगन—पु० [स० √गम (जाना)+युच—अन, ग आदेश] १. आकाश। आसमान।
मुहा०—गगन खेलना=नदी आदि के बहते हुए पानी का रह-रहकर उछलना। **(किसी चीज का) गगन होना**=उड़ते-उड़ते बहुत ऊपर आकाश में चले जाना। जैसे—कबूतर या पतंग का गगन होना। २. आकाशस्थ ईश्वर या दैव। उदा०—गगन कटोरहि जगत बँधाएउ। —जायसी। ३. शून्य स्थान। ४. छप्पय नामक छंद का एक भेद। ५. अवरक। ६. रहस्य सम्प्रदाय में (क) अंतःकरण या हृदय (ख) ब्रह्म के रहने का स्थान या हृदय रूपी कमल।

गगन-कुसुम—पु० [मध्य० स०] आकाश-कुसुम। कोई अलौकिक या अवास्तविक वस्तु।

गगनगढ़*—पु० [स०+हिं०] बहुत ऊँचा किला या महल।

गगन-गति—वि० [ष० स०] आकाश में चलनेवाला। आकाशचारी।
पुं० १ चन्द्रमा, सूर्य आदि ग्रह। २. देवता। ३. वायु। हवा। ४. पक्षी।

गगन-गिरा—स्त्री० [मध्य० स०] आकाशवाणी।

गगनचर—वि० [स० गगन√चर (गति)+ट] आकाश में उड़ने या चलनेवाला। आकाशचारी।
पुं० १. ग्रह, नक्षत्र आदि। २. देवता। ३. पक्षी।

गगनचुंबी (बिन्)—वि० [स० गगन√चुंब् (चूमना)+णिनि] इतना अधिक ऊँचा कि आकाश को चूमता हुआ जान पड़े। बहुत ऊँचा। अभ्रंकष। (स्काई स्क्रैपर)

गगन-घूलि—पु० [स० ष० त०] १. कुकुरमुत्ते का एक भेद। २. केतकी या केवड़े पर की सुगंधित धूल।

गगन-ध्वज—पु० [ष० त०] १. सूर्य। २. बादल। मेघ।

गगन-पति—पु० [ष० त०] इन्द्र।

गगन-भेड़—स्त्री०[हिं० गगन+भेड़] करकुल या कूँज नामक जल-पक्षी।

गगनभेदी (दिन्)—वि०[स० गगन √भिद (फाड़ना)+णिनि] १. आकाश को भेदने या फाड़ डालने वाला (शब्द या स्वर)। आकाशभेदी। २ बहुत अधिक ऊँचा।

गगन-मंडल—पु० [ष० त०] १ पृथ्वी के ऊपर का आकाश रूपी घेरा या मंडल। २ हठ-योग की परिभाषा में, ब्रह्माण्ड (सिर में ऊपर की ओर का भीतरी भाग) और ब्रह्म-रंध्र।

गगन-रोमंथ—पु० [ष० त०] अनहोनी या असंभव बात।

गगनवटी*—पु० [स० गगनवर्त्ती] सूर्य। (डिं०)

गगन-वाटिका—स्त्री० [स० त०] वैसी ही असंभव बात जैसी आकाश में वाटिका या बाग-बगीचे के होने की होती है। आकाश-कुसुम।

गगन-वाणी—स्त्री०=आकाशवाणी।

गगन-विहारी (रिन्)—[स० गगन-वि०√हृ (हरण करना)+णिनि] आकाशचारी। गगनचर।
पुं० १. सूर्य, चन्द्रमा आदि ग्रह। २ देवता।

गगन-सिंधु—स्त्री० [ष० त०] आकाश-गंगा।

गगन-स्पर्शन—पु० [ष० त०] १. वायु। हवा। २. आठ मरुतों में से एक मरुत् का नाम।

गगन-स्पर्शी (र्शिन्)—वि० [स० गगन√स्पृश् (छूना)+णिनि] आकाश को स्पर्श करनेवाला। बहुत अधिक ऊँचा।

गगन-स्पृश्(श्)—वि० [स० गगन√स्पृश्+क्विप्] गगनस्पर्शी।

गगनांगना—स्त्री० [गगन-अंगना, मध्य० स०] अप्सरा।

गगनांबु—पु० [गगन-अंबु, मध्य० स०] आकाश में गिरा हुआ अर्थात् वर्षा का जल। बरसाती पानी।

गगनाध्वग—वि०,पुं० [गगन-अध्वग, ष० त०] =गगनचर।

गगनानंग—पुं० [गगन-अनंग, स० त०] एक प्रकार का मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में पचीस मात्राएँ होती हैं।

गगनापगा—स्त्री० [गगन-आपगा, ष० त०] आकाश-गंगा।

गगनेचर—पु० [अलुक् स०] १. ग्रह, नक्षत्र आदि। २ देवता। ३. चिड़िया। पक्षी।
वि० आकाश में उड़ने या चलनेवाला।

गगनोल्मुक—पुं० [गगन-उल्मुक, स० त०] मगलग्रह।

गगरा—पु० [सं० गर्गर=दही मथने का बर्तन] [स्त्री० अल्पा० गगरी] तवि, पीतल आदि का बना हुआ पानी रखने का बड़ा घड़ा। कलसा। गागर।

गगरिया*—स्त्री०=गगरी।

गगरी—स्त्री० [हिं०गगरा का स्त्री० अल्पा० रूप] छोटा गगरा।

मुहा०—गगरी फोड़ना=मृतक के दाहकर्म की समाप्ति करना। उदा०—अंत की बार गगरिआ फोरी। —कबीर।

गगल—पु० [सं० गरल] साँप का जहर। सर्प-विष।

गगली—पु० [देश०] एक प्रकार का अगर या अगरु।

गगोरी—पु० [सं० गर्ग] एक प्रकार का छोटा कीड़ा।

गच—स्त्री० [अनु०] किसी नरम या मुलायम चीज में किसी कड़ी, नुकीली या पैनी चीज के धँसने अथवा धँसाने से होनेवाला शब्द। जैसे—कलेजे, तरबूज या लौकी में गच से छुरी धँसना या धँसाना।

स्त्री० [चीनी कचु, तुर्की गज] १. चूने-सुर्खी का मसाला। २. चूने-सुर्खी से कूटकर बनाई हुई पक्की और साफ-सुथरी जमीन या फर्श। ३. चूने, सुर्खी आदि से दीवारों पर किया हुआ पलस्तर या लेप। ४. साफ-सुथरा तल या सतह। ५ संगरहित या मिलखडी को फूँककर तैयार किया हुआ चूना। (प्लास्टर ऑफ पेरिस)

वि० बहुत ही चमकीले और साफ तलवाला। उदा०—ज्यौं गच काँच विलोकि सेन जड छाँह आपने तन की।— तुलसी।

गचकारी—स्त्री० [हिं० गच + फा० कारी] १ चूने, सुर्खी आदि को मिलाकर तैयार किए हुए मसाले से दीवारों का पलस्तर, जमीन का फर्श आदि बनाने का काम। २. उक्त प्रकार की बनावट के लिए गच पीटने का काम।

गचगर—पु० [हिं० गच + फा० गर=बनानेवाला] वह कारीगर या राज जो गच बनाता हो। गच पीटने और बनानेवाला मिस्तरी।

गचगीरी—स्त्री० गचकारी।

गचना—स० [अनु० गच] १. बहुत अधिक कस या ठूसकर भरना।

[सं० दे० 'गाँसना'।

गचपच—वि०=गिचपिच।

गचाका—पुं० [हिं० गच से अनु०] गच से गिरने या बोलने का शब्द।

क्रि० वि० १ एकदम से। सहसा। २. पूरी तरह से। भरपूर। (बाजारू)

गच्चा†—पुं० [अनु०] १. गड्ढा। गर्त्त। २. जोखिम, हानि आदि की सभावना या उसका स्थल। ३. ऐसा धोखा या भ्रम जिससे भारी हानि हो।

मुहा०—गच्चा खाना=धोखे में आकर अपनी हानि कर बैठना।

गच्छ—पुं० [स० √गम् (जाना) + क्विप्, तुक्, गत्√ छो (काटना) + क] १. पेड। गाछ। २ जैन साधुओं के रहने का मठ। ३. जैन साधु का गुरु-भाई।

गछना*—अ० [स० गच्छ=जाना] चलना। जाना।

स० १. देन, निर्वाह, व्यवहार आदि के लिए अपने ऊपर या जिम्मे लेना। २.चलाना। निभाना।

गजंद (दा)*—पुं० [सं० गजेंद्र] हाथी।

गज—पुं० [सं० √गज् (मत्त होना) + अच्] [स्त्री० गजी] १. हाथी। २. दिग्गज। ३. आठ की संख्या। ४. दीवार के नीचे का पुश्ता। ५. महिषासुर का एक पुत्र। ६. राम की सेना का एक बंदर। ७. रहस्य संप्रदाय में, मन जो हाथी की तरह बलवान् होता है और जल्दी वश में नहीं आता।

पुं० [फा० गज] १. लंबाई नापने की एक माप जो सोलह गिरह, तीन फुट अथवा छत्तीस इंच के बराबर होती है। (लकड़ी नापने का गज अपवाद रूप से दो फुट या चौबीस इंच का माना जाता है।) २.उक्त माप का वह उपकरण या साधन जो कपड़े, लकड़ी, लोहे आदि का बना होता है। ३. लोहे का वह छड जिससे पुरानी चाल की बंदूकों में बारूद भरते थे। ४. सारंगी बजाने की कमानी। ५. पुरानी चाल का एक प्रकार का तीर। ६. वह पतली लकड़ी जो बैलगाड़ी के पहिये में मूँडी से पुट्ठी तक लगाई जाती है। ७. इमारत में लकड़ी की वह पटरी जो चाँड़िया के ऊपर रखी जाती है।

गजअशन*—पु०=गजाशन।

गजआलाही—पु० [फा० गज + इलाही] अकबरी गज जो ४१ अंगुल का होता और इमारत के काम में आता है।

गज-कंद—पुं० [ब० स०] हस्तिकंद।

गजक—पुं० [फा० कजक] १. नशीली वस्तु (जैसे—अफीम, भाँग, शराब आदि का सेवन करने के समय मुँह का स्वाद बदलने के लिए खाई जानेवाली कोई चटपटी या स्वादिष्ट चीज। जैसे—कबाब, पापड, समोसा आदि। २. गुड़ या चीनी का पाग बनाकर और उसमें अन्न के दाने, सूखे मेवे आदि डालकर जमाई जानेवाली एक प्रकार की पपड़ी। ३. तिल पपड़ी। ४. जलपान।

विशेष—पूरब में यह शब्द प्रायः स्त्रीलिंग में बोला जाता है।

गजकरनआलू—पुं० [सं० गजक-नालु] अरुआ नामकी लता जिसमें लंबा कद होता है।

गज-कुंभ—पुं० [ष० त०] हाथी के माथे पर दोनों ओर उठे या उभरे हुए अंश।

गज-कुसुम—पुं० [ब० स०] नागकेसर।

गज-केसर—पुं० [ब० स०] एक प्रकार का बढ़िया धान।

गज-गति—स्त्री० [ष० त०] १. हाथी की चाल। २. हाथी की-सी मंद और मस्त चाल। ३. एक प्रकार का वर्णवृत्त। ४ रोहिणी, मृगशिरा और आर्द्रा में शुक्र की स्थिति वा गति।

वि० हाथी की-सी मस्त चाल चलनेवाला। झूम-झूमकर चलनेवाला।

गज-गती—स्त्री० [फा० गज (नाप) + हिं० गति] कपड़ों की वह फुटकर बिक्री जो गज के हिसाब से नापकर होती हो। (पूरे थान या थोक की बिक्री से भिन्न)

गज-गमन—पु० [ष० त०] हाथी की-सी मंद और मस्त चाल।

गजगा—पु० [सं० गज से] हाथियों का एक प्रकार का गहना।

गजगामी (मिन्)—वि० [स० गज√गम्+णिनि] [स्त्री० गजगामिनी] हाथी की तरह झूम-झूमकर मस्ती से चलनेवाला।

गजग्राह—पुं० [सं० गज-ग्राह से] हाथी या घोड़े पर डाली जानेवाली झूल। पाखर।

गजगौण*—पु०=गजगमन।

गजगौनी—वि० स्त्री०=गजगामिनी। (गजगामी का स्त्री० रूप)

गजगौहर—पुं० [हिं० गज + फा० गौहर] गजमोती। गजमुक्ता।

गज-घाव—पुं० [सं० गज + हिं० घाव] एक प्रकार का हथियार जिससे युद्धक्षेत्र में हाथियों पर वार किया जाता था।

गज-चर्म (र्मन्)—पुं० [ष० त०] १. हाथी का चमड़ा। २ एक प्रकार का चर्मरोग जिसमें शरीर का चमड़ा हाथी के चमड़े की तरह कड़ा और खुरदरा हो जाता है।

गज-चिंघिटा—स्त्री० [मध्य० स०] इंद्रायन।

गज-छाया—स्त्री० [ष० त०] फलित ज्योतिष में एक प्रकार का योग।

गजट—पुं० [अं० गजेट] वह राजकीय सामयिक पत्र जिसमें शासन-संबंधी सूचनाएँ प्रकाशित होती हैं। वार्त्तामान (दे०)।

गज-ढक्का—स्त्री० [मध्य० स०] हाथी पर रखकर बजाया जानेवाला बड़ा धौंसा।

गजता—स्त्री० [सं० गज+तल्—टाप्] १ हाथी होने की अवस्था या भाव। २. हाथियों का झुंड या समूह।

गज-दंत—पुं० [ष० त०] १. हाथी का दाँत। २. एक दाँत के ऊपर निकलनेवाला दूसरा दाँत। ३ वह पत्थर जो छज्जे का भार संभालने के लिए उसके नीचे लगाया जाता है। ४ दीवार में लगी हुई कपड़े टाँगने की खूँटी। ५. एक प्रकार का घोड़ा। ६. नृत्य में एक प्रकार का भाव प्रकट करने की मुद्रा।

गजदंती—वि० [सं० गजदंत+हिं० ई (प्रत्य०)] हाथी-दाँत का बना हुआ। जैसे—गजदंती चूड़ा या चूड़ियाँ।

गज-दान—पुं० [ष० त०] १. किसी को हाथी दान करके देना। २. हाथी के मस्तक से बहनेवाला दान या मद।

गजधर—पुं० [फा० गज+हिं० धर] मकान बनानेवाला मिस्त्री। राज। मेमार।

गज-नक—पुं० [मध्य० स०] गैंडा।

गजनज़र—पुं० [अ०] शेर। सिंह।

गजनवी—वि० [फा०] १. गजनी नगर का रहनेवाला। जैसे—महमूद गजनवी। २. गजनी नगर से संबंध रखनेवाला।

गजना*—अ० [सं० गर्जन] =गाजना (गरजना)।

गज-नाल—स्त्री० [ब० स०] १. पुरानी चाल की एक प्रकार की तोप जो हाथी पर रखकर चलाई जाती थी। २. वह बड़ी तोप जिसे हाथी खींचकर ले चलते थे।

गज-नासा—स्त्री० [ष० त०] हाथी की नाक अर्थात् सूँड़।

गज-निमीलिका—स्त्री० [ष० त०] कोई चीज या बात देखते हुए भी यह प्रकट करना कि हम नहीं देख रहे हैं। जान-बूझकर अनजान बनना।

गजनी—पुं० [फा० मि० स० गज्जन] [स्त्री० गजनबी] अफगानिस्तान के एक नगर का नाम जो महमूद की राजधानी थी।

†स्त्री० एक प्रकार की चिकनी मिट्टी। गाजनी।

गज-पति—पुं० [ष० त०] १. बहुत बड़ा हाथी। २. वह राजा जिसके पास बहुत से हाथी हों। ३. कलिंग देश के पुराने राजाओं की उपाधि।

गजपाँव—पुं० [हिं० गज+पाँव] एक प्रकार का जलपक्षी।

गजपाय*—पुं० =गजपाल।

गजपाल—पुं० [स०गज√पाल् (रक्षा करना)+णिच्+अच्] महावत। हाथीवाल।

गज-पिप्पली—स्त्री० [मध्य० स०] एक प्रकार का पौधा जिसके कुछ अंग दवा के काम आते हैं। गजपीपल।

गजपीपल—पुं०=गज-पिप्पली।

गज-पुट—पुं० [मध्य० स०] धातुओं के फूँकने की एक रीति। (वैद्यक)

गज-पुर—[ष० त०] हस्तिनापुर।

गज-पुप्पी—स्त्री० [ब० स०, ङीप्] नाग-पुष्पी नामक पौधा।

गज-प्रिया—स्त्री०[ष० त०] शल्लकी या सलई (वृक्ष और उसकी लकड़ी)।

गज-बंध—पुं० [ब० स०] एक प्रकार का चित्रकाव्य जिसमें किसी छंद में अक्षरों की योजना इस प्रकार होती है कि वे हाथी के चित्र में बैठाये जा सकते हैं।

गज-बंधन—पुं० [ष० त०] १. हाथी बाँधने का खूँटा। २ हाथी बाँधने का सिक्कड़।

गजब—पुं० [अ० गजब] १ भीषण कोप। बहुत तेज गुस्सा। कोप। प्रकोप।

पद—गजब इलाही=ईश्वर का या दैवी कोप।

२. उक्त प्रकार के कोप के कारण पड़नेवाली बहुत बड़ी विपत्ति या संकट।

मुहा०—(किसी पर) गजब गुजारना=ऐसा काम करना जिससे किसी पर बहुत अधिक विपत्ति पड़े। उदा०—गजब गुजारत गरीबन की मार पै। —पद्माकर **(किसी पर) गजब ढाना**=किसी के लिए भीषण विपत्ति या संकट उत्पन्न करना।

३ बहुत बड़ा अनिष्ट। अनर्थ। ४. अन्याय। जुल्म।

मुहा०—गजब ढाना=अन्याय या जुल्म करना। जैसे—ये आँखें गजब ढाती हैं।

५ बहुत ही अद्भुत या विलक्षण काम या चीज।

पद—गजब का=जो गुण, मात्रा आदि के विचार से बहुत बढ़-चढ़कर हो। बहुत अधिक और असाधारण। जैसे—गजब की शेखी।

गज-बाँक—पुं०=गज-बाग।

गज-बाग—पुं० [स० गज+फा० बाग=लगाम] हाथी को चलाने का अंकुश।

गजबीला—वि० [हिं० गजब] [स्त्री० गजबीली] गजब करने या ढानेवाला।

गजबेली—स्त्री० [सं० गज+वल्ली] कांति-सार लोहा।

गज-भक्षक—पुं० [ब० स०] पीपल।

गज-मणि—उभय० [मध्य० स०] गज-मुक्ता।

गज-मद—पुं० [ष० त०] मत्त हाथी के मस्तक से बहनेवाला दान या मद।

गजमनि—स्त्री०=गज-मणि (गजमुक्ता)।

गज-मुक्ता—स्त्री० [मध्य० स०] एक प्रकार का कल्पित मोती जो हाथी के मस्तक में स्थित माना जाता है। गज-मणि।

गज-मुख—पुं० [ब० स०] वह जिसका मुख हाथी के समान हो, अर्थात् गणेश जी।

गज-मोचन—पुं० [ष० त०] विष्णु का वह रूप जिसे धारण करके उन्होंने ग्राह से एक हाथी का उद्धार किया था।

गजमोती—पुं० [सं० गजमौक्तिक, प्रा० गजमोत्तिअ] गज-मुक्ता।

गज-मौक्तिक—पुं० [मध्य० स०] गज-मुक्ता।

गजर—पुं०[स० गर्ज० हिं० गरज से वर्ण-विपर्यय] १. प्राचीन काल में, एक एक पहर पर समय-सूचक घंटा या घड़ियाल बजने का शब्द। पारा। २. बहुत तड़के या प्रभात के समय बजनेवाले घंटे या घड़ियाल का शब्द। उदा०—सुबह हुई, गजर बजा, फूल खिले हुवा चली।—कोई शायर।

मुहा०—गजरदम या गजरबजे=बहुत तड़के या सबेरे।

३. आज-कल चार, आठ और बारह बजने पर उतनी बार घंटा बज चुकने के बाद फिर उतनी ही बार परंतु जल्दी जल्दी फिर उतने ही घंटे बजने का

शब्द। ४. आज कल की घड़ियों में कुछ विशिष्ट यांत्रिक क्रिया से जगाने आदि के लिए घंटी के जल्दी जल्दी और गन-गन करके बजने का शब्द।
पुं० [हिं० गजर बजर=मिला-जुला] लाल और सफेद मिला हुआ गेहूँ।

गज-रथ—पुं० [मध्य० स०] वह रथ जिसे हाथी खींचते हों।

गजर-दम—क्रि० वि० [हिं० गजर+फा० दम] प्रभात के समय। बहुत सबेरे। तड़के।

गजर प्रबंध—पुं० [हिं० गजर+सं० प्रबंध] नाच-गाना आरंभ करने से पहले गाने और बजानेवालों का अपना स्वर और बाजे ठीक करना या मिलाना।

गजर बजर—वि० [अनु०] बिना समझे-बूझे यों ही एक दूसरे के साथ मिलाया या रखा हुआ।
पुं० बेमेल चीजों की एक दूसरी मे मिलावट।

गजर-भत्ता†—पुं० गजर भात।

गजरभात—पुं० [हिं० गाजर+भात] गाजर और चावल उबालकर बनाया जानेवाला मीठा भात।

गजरा—पुं० [हिं० गज=समूह] १. फूलों की घनी गुँथी हुई बड़ी माला। हार। २. उक्त प्रकार की वह छोटी माला जो कलाई पर गहने के रूप में पहनी जाती है। ३. मशरू नामका रेशमी कपड़ा।
पुं० [हिं० गाजर] गाजर के पत्ते जो चौपायों को खिलाये जाते हैं।

गजराज—पुं० [ष० त०] बहुत बड़ा हाथी।

गजरी—स्त्री० [हिं० गजरा] एक गहना जो स्त्रियाँ कलाई में पहनती है।
स्त्री० [हिं० गाजर] एक प्रकार की छोटी गाजर।

गजरौट—स्त्री० [हिं० गाजर+औट (प्रत्य०)] गाजर की पत्ती। गजरा।

गजल—स्त्री० [फा० गजल] १ वह कविता जिसमें नायिका के सौंदर्य और उसके प्रति प्रेम का वर्णन हो। २ फारसी और उर्दू में एक प्रकार का पद्य जिसमें दो-दो कड़ियों का एक-एक चरण होता है तथा प्रत्येक दूसरी कड़ी में अनुप्रास होता है।
विशेष—(क) इसके गाने की पद्धति दिल्ली से चली थी। (ख) यह कई प्रकार के हलके रागों और धुनों में गाई जाती है। (ग) एक गजल के विभिन्न चरणों में एक-एक स्वतंत्र भाव होता है।

गजलील—पुं० [ब० स०] ताल के साठ मुख्य भेदों मे से एक।

गज-वदन—पुं० [ब० स०] गणेश जी।

गजवान†—पुं० =हाथीवान (महावत)।

गज-विलसिता—स्त्री० [ब० स०] एक प्रकार का छंद या वृत्त।

गज-वीथी—स्त्री० [ष० त०] १. हाथियों की पंक्ति। २. शुक्र की गति के विचार से रोहिणी, मृगशिरा और आर्द्रा नक्षत्रों का वर्ग जिसके बीच से होकर शुक्र चलता है।

गज-व्रज—पुं० [सं० गज√व्रज (गति)+अच्, उप० स०] हाथियों पर चलनेवाली सेना।
वि० हाथी की-सी चालवाला।

गज-शाला—स्त्री० [ष० त०] वह स्थान जहाँ हाथी बाँधे जाते हों। फीलखाना।

गज-स्नान—पुं० [ष० त०] हाथियों की तरह किया जानेवाला स्नान जिसमें वे नहा चुकने के बाद फिर ढेर सी धूल और मिट्टी उड़ाकर अपना सारा शरीर गंदा कर लेते हैं। फलतः ऐसा काम जो कर चुकने के बाद न करने के समान कर दिया जाय।

गजही—स्त्री० [हिं० गाज=फेन] वह मथानी जिससे कच्चा दूध मथकर मक्खन निकाला जाता है।

गजा*—पुं० [?] वह डंडा जिससे बड़ा ढोल या नगाड़ा बजाया जाता है।

गजाजीव—पुं० [सं० गज-आ√जीव् (जीना)+अप्] वह जिसकी जीविका हाथी पालने अथवा हाथी चलाने से चलती हो।

गजाधर—पुं० =गदाधर।

गजानन—पुं० [गज-आनन, ब० स०] गणेश जी, जिनका मुँह हाथी के समान है।

गजायुर्वेद—पुं० [गज-आयुर्वेद, ष० त०] वह शास्त्र जिसमें हाथियों के रोगों और उनके निदान का विवेचन होता है।

गजारि—पुं० [गज-अरि, ष० त०] १. हाथी का शत्रु अर्थात् शेर। सिंह। २. एक प्रकार का साल वृक्ष।

गजारी*—पुं० =गजारि।

गजारोह—पुं० [सं० गज-आ√रुह (चढ़ना)+अण्] १. हाथी पर चढ़ना। २. महावत।

गजाल—पुं० [देश०] १. एक प्रकार की मछली। २ खूँटा या खूँटी।

गजाशन—पुं० [गज-अशन, ष० त०] पीपल का पेड़।

गजासुर—पुं० [गज-असुर, मध्य० स०] एक दैत्य जिसका वध शिवजी ने किया था।

गजास्य—पुं० [गज-आस्य, ब० स०] गणेश जी।

गजिया—स्त्री० [हिं० गज] तारकशों और बिटाई करनेवालों का एक औजार।

गजी—पुं० [फा० गज़] एक प्रकार का देशी मोटा सस्ता कपड़ा। गाढ़ा। सल्लम। जैसे—गजी-गाढ़ा पहनना। (अर्थात् देशी, मोटा और सस्ता कपड़ा पहनना)
वि०, पुं० [सं० गज+इनि] गजारोही।
स्त्री० [सं० गज+ङीष्] हाथी की मादा। हथिनी।

गजेंद्र—पुं० [गज-इंद्र, ष० त०] १. हाथियों का राजा, ऐरावत। २. बहुत बड़ा हाथी। गजराज। ३. पुराणानुसार वह हाथी जिसे जल में ग्राह (घड़ियाल) ने पकड़ लिया था और जिसे भगवान् कृष्ण ने आकर छुड़ाया था।

गजेंद्र-गुरु—पुं० [ष० त०] रुद्रताल का एक भेद। (संगीत)

गज्ज—स्त्री० =गरज (गर्जन)।

गज्जन—पुं० दे० 'गजनी'।

गज्जना*—अ० =गरजना।

गज्जर†—पुं० [अनु०] ऐसी भूमि जिसमे कीचड़ होने के कारण पैर धँसते हों। दलदल।

गज्जल—पुं० [?] अंजीर।

गज्जूह*—पुं० [सं० गज+यूथ] हाथियो का झुंड या दल।

गज्झा†—पुं० [सं० गज्ज=शब्द] तरल पदार्थ मे होनेवाले बहुत से छोटे-छोटे बुलबुलों का समूह। गाज। फेन।

मुहा०—गच्चा छोड़ना देना या मारना = मछली का पानी के अंदर से बुलबुले फेंकना।

पुं० [स० गंज, फा० गंज] १ ढेर। राशि। २. कोश। खजाना। ३. धन-संपत्ति। दौलत।

मुहा०—गच्चा मारना अनुचित रूप से और एक साथ बहुत-सा धन प्राप्त करना।

४ फायदा। मुनाफा। लाभ। (बाजारू)

गछिन†—वि० [हिं० गजना] १ घना। सघन। २. गाढ़ा और मोटा (कपड़ा या उसकी बुनावट)।

गट—पु० [अनु०] किसी तरल पदार्थ को पीते समय गले से होनेवाला शब्द।

पद—गट से एक दम से। एक बारगी।

पु० [सं० गण] १. ढेर। राशि। समूह। २. जत्था। झुंड।

गटई†—स्त्री० [स० कण्ठ या हिं० गट] गरदन। गला।

†स्त्री० १ गिट्टी। २. =गोटी।

गटकना—अ० [स० कण्ठ या हिं० गट] कोई चीज इस प्रकार खाना या पीना कि गले से गट शब्द हो।

स० १. कोई चीज खाना, पीना या निगलना। २. हड़पना।

गटकीला—वि० [हिं० गटक+ईला (प्रत्य०)] १. जो गटका जा सके। गटके जाने के योग्य। २. जिसे गटकने की स्वभावतः जी चाहे। उदा०—घर घर माखन गटकीले।—नारायण स्वामी।

गटगट—पु० [अनु०] तरल पदार्थ को निगलने या पीने के समय गले से उत्पन्न होनेवाला शब्द।

क्रि० वि० गले से उक्त प्रकार का शब्द करते हुए, जल्दी जल्दी और तेजी से। जैसे-गटगट सारी बोतल पी जाना।

गटना†—स० [स० ग्रन्थन, प्रा० गठन] १. अच्छी तरह या कस कर पकड़ना। उदा०—अपनी रुचि जितही तित खैंचति इंद्रिय ग्राम गटो।—सूर। २ किसी से युक्त या सबद्ध करना। मिलाना या लगाना। ३ गाँठ-बाँधना या लगाना।

अ० किसी से बधा, मिला या लगा होना। युक्त होना।

गटपट—स्त्री० [अनु०] १ दो व्यक्तियों में होनेवाली घनिष्ठता। २. सभोग। सहवास। ३ विभिन्न वस्तुओं में होनेवाला मेल। मिलावट।

गटर—वि० [?] १. बड़ा। २ अधिक।

गटरमाला—स्त्री० [हिं० गटर+माला] बड़े दानोंवाली माला।

गटा†—पु० गट्टा।

गटागट—क्रि० वि० =गटगट।

गटापारचा—पु० [मलायालम] १. एक प्रकार का गोंद। २. उक्त गोंद का वह रूप जो उसे रासायनिक क्रियाओं से स्वच्छ तथा कड़ी करने पर प्राप्त होता है तथा जिसमें विभिन्न प्रकार की वस्तुएँ बनाई जाती हैं।

गटी—स्त्री० [स० ग्रन्थि, प्रा० गठि] गाँठ।

स्त्री० गट (समूह)।

क्रि० वि० [हिं० गट समूह] बहुत अधिक।

गट्ट—पु० =गट।

गट्ठा—पु० [स० ग्रन्थ, प्रा० गट, हिं० गाँठ] १. गाँठ। २. हथेली और पहुँचे के बीच का जोड़। कलाई। ३ पैर की नली और तलवे के बीच की गाँठ। ४ नीचे के नीचे की वह गाँठ जहाँ दोनों नयें मिलती हैं और जो फरसी या हुक्के के मुँह पर रहती है। ५. किसी चीज का मोटा और कड़ा बीज। जैसे—कमल-गट्टा। ६ एक प्रकार की देहाती मिठाई।

गट्ठी—स्त्री० [देश०] १. जहाज या नाव में पाल बाँधने के खंभे के नीचे की जूल। (लश०) २. नदी का किनारा।

गट्ठू†—पुं० [हिं० गट्ठा] दस्ता। मुठिया।

गट्ठर—पुं० [हिं० गाँठ] [स्त्री० अल्पा० गट्ठी, गठरी] १. बड़े कपड़े में रख, लपेट तथा गाँठ लगाकर बाँधा हुआ रूप। जैसे—धोबी के कपड़ों का गट्ठर। २. रस्सियों आदि से बँधा हुआ सामान। जैसे—घास या लकड़ियों का गट्ठर।

मुहा०—गट्ठर साधना =घुटनों को छाती से लगाकर और ऊपर से हाथ बाँधकर अर्थात् सारे शरीर को गट्ठर का रूप देकर ऊँचाई पर से पानी में कूदना।

गठजा—पु० [हिं० गाँठ] [स्त्री० अल्पा० गठ्ठी, गठिया] १. गट्ठर (दे) २. प्याज, लहसुन आदि की गाँठ। ३ जरीब का बीसवाँ भाग जो तीन गज का होता है। कट्ठा।

गठ्ठी—स्त्री० १. =गठरी। २ =गाँठ।

गठकटा—वि०=गँठ-कटा।

गठजोड़ा (जोरा)—पु०=गँठ-जोड़ा (गँठबंधन)।

गठडंड—पु० [हिं० गट्ठा+डंड] एक प्रकार का डंड। (व्यायाम)

गठन—स्त्री० [स० घटन] १ गठे हुए होने की अवस्था या भाव। २. वह अवस्था या स्थिति जिसमें किसी वस्तु के विभिन्न अंग या अवयव किसी खास ढंग से बने हुए दिखाई पड़ते हों। बनावट। रचना।

गठना—अ० [हिं० गाँठना] १. दो वस्तुओं का परस्पर मिल कर एक होना। जुड़ना। सटना।

पद—गठा-बदन=हृष्ट-पुष्ट शरीर।

२. मोटी सिलाई होना। बड़े-बड़े टाँके लगना। जैसे—जूता गठना। ३. कपड़ों आदि की बुनावट। ४. गुप्त परामर्श, विचार, षड़यंत्र आदि में सम्मिलित होकर उसके निश्चय से सहमत होना। ५. अच्छी तरह निर्मित होना या बनना। ६ आपस में खूब मेल-मिलाप और साहचर्य होना। ७. स्त्री-पुरुष या नर-मादा का सभोग होना।

गठबंधन—पु०=गँठबंधन।

गठरी—स्त्री० [हिं० गट्ठर का स्त्री० और अल्पा०] १. किसी वस्तु अथवा वस्तुओं को कपड़े से चारों ओर से लपेटकर गाँठ बाँधने पर बननेवाला रूप। छोटा गट्ठर।

मुहा०—गठरी बाँधना =(असबाब बाँधकर) यात्रा की तैयारी करना। **(किसी को) गठरी कर देना** =मार-पीटकर या बाँधकर बेकाम कर देना।

२ लाक्षणिक अर्थ में, कमाई या पूँजी। धन। जैसे—घबराओ मत, उस बुढ़िया की गठरी तुम्हीं को मिलेगी।

गठरोग—पु० [हिं० गाँठ] चौपायों का एक रोग।

गठवाँसी—स्त्री० [हिं० गट्ठा+अंश] कट्ठे वा बिस्वे का बीसवाँ अंश। बिस्वांसी।

गठबाई—स्त्री० [हिं० गाठना] (जूता) गठवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

गठवाना—स० [हि० गाठना] १. गठने या गाँठने का काम दूसरे से कराना। २. बड़ी और मोटी गाँठें लगवाना। जैसे—जूता गठवाना। ३. जोड़ लगवाना। ४. प्रसग या संबोध कराना।

गठा†—पुं० =गट्ठा।

गठाना—स०=गठवाना।

पुं० [हि० घुटना] नदी का वह भाग जहाँ घुटने भर जल हो। कम गहरा स्थान। (माँझी)

स०=गठवाना।

गठानी—स्त्री० [देश०] एक प्रकार का पुराना देहाती कर।

गठाव—पु० [हि० गठना] गठे होने का भाव। गठन।

गठिआ—स्त्री० गठिया।

गठित—वि० [हि० गठा] गठा हुआ। (असिद्धरूप)

गठिबंध—पुं०=गँठबंधन।

गठिया—स्त्री० [हि० गाँठ] १. टाट का वह थैला या बोरा जिसमें घोड़ों, बैलों आदि पर लादने के लिए अनाज भरा जाता है। खुरजी। २. कोरे कपड़ों आदि की वह बड़ी गठरी जो बाहर भेजने के लिए बाँधी जाती है। ३. शरीर के अगों की गाँठों या जोड़ों में होनेवाला एक प्रकार का रोग जिसमें पीड़ा और सूजन होती है। (रिमुमेटिज्म) ४. पौधों या वृक्षों में होनेवाला एक प्रकार का रोग।

गठियाना†—स० [हि० गाँठ] १. किसी वस्तु के दो छोरों अथवा दो विभिन्न वस्तुओं के दो छोरों को जोड़ने या बाँधने के लिए उनमें गाँठ लगाना। जैसे—टूटे हुए धागे को गठियाना। २. कोई चीज बाँधकर ऊपर से गाँठ लगाना। जैसे—धोती के पल्ले में पैसे गठियाना।

गठिवन—पुं० [स० यथिपर्ण] सेंमल के आकार का एक पहाड़ी पेड़ जिसकी पत्तियों में जगह-जगह गाँठें होती है। इसकी कलियाँ औषध के काम आती है।

गठीला—वि० [हि० गाँठ+ईला (प्रत्य०)] [स्त्री० गठीली] जिसमें बहुत-सी गाँठें पड़ी हों। गाँठोंवाला।

वि० [हि० गठन] १. जिसकी गठन या बनावट अच्छी और सुदर हो। गठा हुआ। २. हृष्ट-पुष्ट। मजबूत।

गठुआ—पुं० [हि० गाँठ] १. कपड़े का वह टुकड़ा जिससे जुलाहे ताने के तागों को गठकर ठस करते है।

गठुवा—पु०=गठुआ।

गठौंद†—स्त्री० [हि० गाँठ+बध] १. गाँठ बाँधने की क्रिया या भाव। २. थाती। धरोहर।

गठौत—स्त्री० [हि० गठना] १ गँठबंधन। २. मेल-मिलाप या संग-साथ। ३. आपस में अच्छी तरह सोच-समझकर तै की हुई गुप्त बात। ४. किसी काम या बात की उपयुक्तता।

गठौती—स्त्री०=गठौत।

गड़ंग—पुं० [हि० गड़+अंग] अस्त्र-शस्त्र, बाकस आदि रखने का स्थान।

पु० [सं० गर्व] १. घमंड। शेखी। २. आत्म-श्लाघा।

गड़ंगिया†—वि० [हि० गड़ंग] १. डींग मारनेवाला। शेखीबाज। २. बहुत बढ़-बढ़कर बातें करनेवाला।

गड़त—स्त्री० [हि० गाड़ना] १. अभिचार या टोटके के लिए, मंत्र आदि पढ़कर कोई चीज कहीं गाड़ने की क्रिया। २. उक्त प्रकार से गाड़ी जानेवाली चीज।

गड—पुं० [सं० √गद् (सीचना)+अच्] १. ओट। आड़ २. घेरा। मंडल। ३. चार-दीवारी। प्राचीर। ४. गड्ढा। ५. खाई।

गडक—पु० [देश०] एक प्रकार की मछली।

गड़कना—अ० [अनु०] गड़-गड़ शब्द होना।

अ० [अ० गर्क] १. डूबना। २. नष्ट होना।

अ०=गरजना।

गड़काना—स० [अनु० गड़+क] गड़-गड़ शब्द उत्पन्न करना। गडगड़ाना।

स०=गरकाना (गरक करना या डुबाना)।

गड़क्क†—पुं० [अ० गर्क] १. डूबने या डुबाने से होनेवाला शब्द। २ पानी की उतनी गहराई जितने में आदमी डूब सके।

गड़गज—पुं०=गरगज।

गड़गड़ा—पुं० [ग्रा० गड़ गड शब्द से अनु०] लंबी नली या नटकवाला बड़ा हुक्का।

गड़गड़ाना—अ० [हि० गड़गड़] १. गडगड होना। जैसे—हुक्का गड़गड़ाना। २. गरजना।

स० गड़-गड़ शब्द उत्पन्न करना।

गड़गड़ाहट—स्त्री० [हि० गड़गड़ाना] गड़गड रूप में होने या गड़गड़ाने का शब्द। जैसे—गाड़ी या बादलों की गड़गड़ाहट।

गड़गड़ी—स्त्री० [हि० गड़गड़] एक प्रकार की बड़ी डुगी या छोटा नगाड़ा।

गड़गूदड़—पुं० [हि० गूदड़] चिथड़ा। लत्ता।

गड़च्चा†—पुं० 'दे०' 'गच्चा'।

गड़बार—पुं० [हि० गँड़ासा+फा० दार] १. वह व्यक्ति जो मतवाले हाथी को सँभालने के लिए हाथ में भाला लेकर उसके साथ साथ चलता है।* २. महावत।

गड़ना—अ० [स० गर्त, प्रा० गड्ड=गड्ढा] १. हिन्दी 'गडना' का अकर्मक रूप। २. जमीन के अन्दर खोदे हुए गड्ढे में गाड़ा जाना। जैसे—गाय का खभा गड़ना, कब्र में मुरदा या लाश गड़ना।

मुहा०—गड़े मुरदे उखाड़ना=पुरानी या बीती हुई बातें फिर से उठाकर उनके सम्बन्ध में झगड़ना या तर्क-वितर्क और वाद-विवाद करना। ३. ऊपर से किसी प्रकार का दबाव पड़ने पर नीचेवाले तल में धँसना या प्रविष्ट होना।

मुहा०—(लज्जा के मारे) जमीन में गड़ना=लज्जा के कारण ऐसी स्थिति में होना कि मुँह दिखाने या सिर उठाने का साहस न होना हो। जैसे—मैं तो उनकी बातें सुनकर लज्जा के मारे जमीन में गड़ गया। ४. किसी चीज का कुछ अश जमीन के अन्दर इस प्रकार जमना या स्थापित होना कि वह चीज वहाँ स्थित हो जाय। जैसे—किले पर झंडा गड़ना। ५. उक्त के आधार पर लाक्षणिक रूप में, कहीं प्रविष्ट होकर स्थापित या स्थित होना। उदा०—उर में मालन-चोर गड़े। ६. किसी कड़ी और नुकीली चीज का शरीर के किसी अंग में कुछ छेद करते हुए उसके अन्दर धँसना या पहुँचना। चुभना। जैसे—पैर में काँटा या हाथ में सूई गड़ना। ७. किसी परकीय या बाह्य पदार्थ के शरीर में आने या होने के कारण उसके दबाव से किसी अंग में पीड़ा या कष्ट होना। जैसे—भोजन न पचने के कारण पेट गड़ना; धूलका कण पड़ने के कारण

आँख गड़ना। ८. लाक्षणिक रूप में किसी अनुचित, अनुपयुक्त या अशोभन बात का मन में कुछ कसक या खटक उत्पन्न करना। खटकना। जैसे—इतने सुन्दर चित्रों के बीच में वह भद्दा चित्र हमें तो गड़ रहा था। ९. आँख या ध्यान के सम्बन्ध में, किसी विशिष्ट उद्देश्य से किसी चीज या बात पर स्थित या स्थिर होना। जमना। जैसे—(क) मेरी आँखें उसके चेहरे पर गड़ी थीं। (ख) सबका ध्यान उसकी बातों पर गड़ा था।

गड़पंख—पु० [सं० गरुड़+हिं० पंख] १. एक प्रकार की बड़ी चिड़िया। २. लड़कों का एक प्रकार का खेल, जिसमें वे किसी को तंग करने के लिए पक्षी की तरह बनाकर बैठाते हैं।

गड़प—स्त्री० [अनु०] १ पानी, कीचड़ आदि में किसी चीज के गहरा गिरने या डूबने का शब्द। २. किसी वस्तु को बिना चबाये निगल जाने की क्रिया या भाव।

पद—गड़प से=चटपट। तुरन्त।

गड़पना—स० [अनु० गड़प] १. किसी वस्तु को बिना चबाये निगल जाना। जल्दी में या या निगल लेना। २. किसी की चीज लेकर पचा जाना। अनुचित रूप से दबा बैठना। हड़पना।

गड़प्पा—पुं० [हिं० गाड] १ बड़ा गड्ढा। २ पशुओं को फँसाने के लिए बनाया हुआ गड्ढा। ३ बहुत बड़े धोखे की जगह।

गड़बड़—वि० [अनु०] १. जिसमें ठीक क्रम, परम्परा, व्यवस्था आदि का अभाव हो। विशृङ्खल। जैसे—तुम्हारा यह लेखा बहुत गड़बड़ है। २. बिना किसी क्रम, नियम या व्यवस्था के अथवा खराब या भद्दी तरह से आपस में मिला या मिलाया हुआ। जैसे—तुमने अलमारी की सब पुस्तकें गड़बड़ कर दीं। ३. बे-ठिकाने या बे-सिर-पैर का। अंड-बंड। ऊट-पटाँग। जैसे—तुम्हारी इस तरह की गड़बड़ कार्रवाई यहाँ नहीं चलने पायेगी। पु० [स्त्री० गड़बड़ी, वि० गड़बड़िया] १. ऐसी अवस्था जिसमें क्रम, नियमितता, व्यवस्था आदि का बहुत अधिक और खटकनेवाला अभाव हो। जैसे—तुम जहाँ पहुँचते हो, वहीं कुछ न कुछ गड़बड़ करते हो। २ असावधानता, भूल, भ्रम आदि के कारण कुछ का कुछ कर देने की क्रिया या भाव। ३. उत्पात। उपद्रव।

गड़बड़-घोटाला—पु० दे० 'गड़बड़ झाला'।

गड़बड़-झाला†—पु० [अनु०] ऐसा काम, बात या स्थिति जिसमें बहुत अधिक गड़बड़ी हो।

गड़बड़ा†—पु० =गड़प्पा।

गड़बड़ाध्याय—पु० दे० 'गड़बड़ा-झाला'।

गड़बड़ाना—अ० [हिं० गड़बड़] १. गड़बड़ी, चक्कर या धोखे में पड़ना। २ क्रम आदि लगाने के समय भूल करना। भ्रम में पड़ना। ३. अस्त-व्यस्त या तितर-बितर होना।

स० १. गड़बड़ी, चक्कर या धोखे में डालना। २. भ्रम में डालना। ३. क्रम आदि के विचार से आगे-पीछे या इधर-उधर करना। ४. अस्त-व्यस्त या तितर-बितर करना।

गड़बड़िया—वि० [हिं० गड़बड़] १. जो कोई काम ठीक-ठिकाने अथवा व्यवस्थित रूप से न करता हो। क्रम, व्यवस्था आदि बिगाड़नेवाला। गड़बड़ करनेवाला। २ उपद्रव या दंगा करनेवाला। अशांति फैलानेवाला।

गड़बड़ी—स्त्री०=गड़बड़।

गड़रावा—पुं० [देश० गड़रा=गाड़ा+हिं० तवा] एक प्रकार का लोहा जो किसी समय मध्यभारत की खानों में निकलता था।

गड़रिया—पु० दे० 'गड़ेरिया'।

गड़री—पु० =गड़ेरिया।

गड़रू—पु० दे० 'गुड़रू'।

गड़-लवण—पुं० [स० गर्तलवण या गडलवण] साँभर नमक।

गड़वाट—स्त्री० [हिं० गाड़ी+बाट] कच्ची सड़क पर बना हुआ गाड़ी के पहियों का चिह्न। लीक।

गड़वा†—पु० १. =गाड़ा। २ गड्ढा।

गड़वाल—स्त्री० [हिं० गाड़ना] १. कोई चीज जमीन में गाड़ने की क्रिया। २. गड्ढा खोदने का काम। ३. जमीन पर पड़ा हुआ गाड़ियों के पहियों का निशान।

गड़वाना—स० [हिं० गाड़ना का प्रे० रूप] गाड़ने का काम किसी से कराना। गाड़ने में लगाना।

स० [हिं० गड़ाना] गड़ाने का काम दूसरे से कराना।

गड़हन—पु० [हिं० जड़हन का अनु० ?] एक प्रकार का धान। उदा०—गड़हन, जड़हन, बड़हन मिला। —जायसी।

गड़हा—पु० [स्त्री० अल्पा० गड़ही] =गड्ढा।

गड़ा—पु० [हिं० गड़] कटी हुई फसल के डंठलों का ढेर। राज। खरही।

पु० [गण=समूह] ढेर। राशि।

पद—गड़ा-बँटाई। (देखे)

गड़ाकू—स्त्री० [स० गल] एक प्रकार की मछली।

गड़ाना—स० [हिं० गड़ना] हिं० गड़ना का स० रूप। चुभाना। कोई नुकीली तथा कड़ी चीज किसी के अंदर धँसाना।

स० दे० 'गड़वाना'।

गड़ाप—पु० [अनु०] जल में कोई भारी वस्तु गिरने या फेंकने से होने-वाला शब्द।

गड़ापा—पु० =गड़प्पा।

गड़ा-बँटाई—स्त्री० [हिं० गड़ा+बाँटना] फसल की वह बँटाई जिसमें वह दाएँ जाने के पहले डंठलों आदि के सहित बाँटी जाती है। काटकर रखी हुई फसल की बँटाई।

गड़ायत—वि० [हिं० गड़ना] गड़न, चुभने या धँसनेवाला।

गड़ारी—स्त्री० [स० गंड=चिह्न] १. मंडलाकार रेखा। गोल लकीर। वृत्त। २. घेरा। मंडल। जैसे—गड़ारीदार पाजामा। ३. वृत्ताकार चिह्न या धारी। आड़ी-तिरछी रेखाएँ। जैसे—रुपए की औंठ पर की गड़ारियाँ। ४. वह छोटा गोल पहिया जो लोहे के छड़ के चारों ओर घूमता है और जिस पर मोटी रस्सी लगाकर नीचे से भारी चीजें उठाई या ऊपर खींची जाती है। घिरनी। (पुली) जैसे—कूएँ की गड़ारी। ५. उक्त के दोनों किनारों के बीच की दबी हुई जगह जिसमें रस्सी रखी जाती है। ६. एक प्रकार की घास।

गड़ारीदार—वि० [हिं० गड़ारी+फा० दार] १. जिस पर गड़ारियाँ अर्थात् गंडे या धारियाँ पड़ी हों। जैसे—गड़ारीदार रुपया, गड़ारीदार कसीदा। २. जिसमें छोटे-छोटे घेरे हों या पड़ते हों। जैसे—गड़ारी-दार पाजामा=चौड़ी मोहरी का पाजामा।

गड़ावन—पुं० [सं० गड-लवण] एक प्रकार का नमक ।

गड़ासा—पुं०=गँड़ासा ।

गडि—पुं० [सं० √गड् (मुख का एक देश होना)+इन्] १. बच्चा। बछड़ा। २. अल्ही न चलनेवाला या मट्ठर बैल।

गड़ियार—वि०=गरियार।

गड़िवारा—पुं० [स्त्री० गड़िवारिन]=गाड़ीवान।

गडु—पुं० [सं० √गड्+उन्] १. रोग के रूप में शरीर के किसी अंग में उठी हुई गाँठ। जैसे—कूबड़, बतौरी आदि। २. गंड-माला नामक रोग।

†वि० [हिं० गड़ना] गड़ने या चुभनेवाला।

†वि०=गुरु (भारी)।

गडुआ—पुं० [सं० गडु] [स्त्री० अल्पा० गड़ुई वा गडुई] एक प्रकार का टोंटीदार लोटा।

गडुई—स्त्री० [हिं० गडुआ का स्त्री० अल्पा० रूप] पानी रखने का छोटा गडुआ। झारी।

गडुक—पुं० [सं० गडु√कै (प्रतीत होना)+क] टोंटीदार लोटा। गडुआ।

गड़ुर†—पुं० दे० 'गडुल'।

†पुं० =गरुड़।

गडुल—पुं० [स० गडु+ल] वह व्यक्ति जिसका कूबड़ निकला हो।

वि० कूबड़ा। कुब्ज।

गड़ुलना—पु०=गड़ोलना।

गड़ुवा†—पुं० दे० 'गडुआ'।

गड़ेर—पुं० [सं० √गड्+एरक्] बादल। मेघ।

गड़ेरिया—पु० [सं० गड्डरिक, प्रा० गड्डरिअ] [स्त्री० गड़ेरिन] १. भेड़े पालनेवाली एक प्रसिद्ध जाति।

पद—गड़ेरिया धुराण=गड़ेरियों की-सी या गँवारू बात-चीत और कथा-कहानियाँ।

२. उक्त जाति का पुरुष। वह जो भेड़ें चराता या पालता हो। ३. रहस्य सम्प्रदाय में, ज्ञान जो मनुष्य को परमात्मा की ओर ले जाता है।

गड़ेरुआ—पुं० [स० गण्डोल=घास] चौपायों का एक रोग।

गड़ैता—पुं० [देश०] खैरे रंग का एक प्रकार का लंबा साँप जिसकी पीठ पर गड़ारियाँ होती हैं।

गड़ोना†—पु० [?] एक प्रकार का पान। गड़ौना।

†स०=गड़ाना (चुभाना)।

गडोल—पुं० [सं० √गड्+ओलच्] १. घास। कौर। २. गुड़।

गडोलना†—पु० [हिं० गाड़ी+ओला, ओलना (प्रत्य०)] बच्चों के खेलने की छोटी गाड़ी।

गड़ौना—पुं० [हिं० गाड़ना] एक प्रकार का पान जिसे पकाने के लिए जमीन में गाड़कर रखा जाता है।

†पुं० [हिं० गड़ना] गड़ने या चुभनेवाली चीज। जैसे—काँटा।

गड्ड—पुं० [सं० गण] [स्त्री० गड्डी] १. एक ही तरह या आकार-प्रकार की बहुत-सी वस्तुओं का एक के ऊपर एक रखा हुआ समूह। गंज। थाक। जैसे—कागजों या पुस्तकों का गड्ड। २. मूल्य, लागत आदि के विचार से एक साथ रहनेवाली छोटी-बड़ी या कई तरह की चीजों का समूह।

पद—गड्ड में=छोटी-बड़ी, महँगी-सस्ती या सब तरह की चीजें एक साथ और एक भाव से लेने पर।

पुं०=गड्ढा।

गड्डना†—स०=गाड़ना। उदा०—को गड्डे खोवेत्तिको, को विलसै करि मेव।—चन्दबरदाई।

गड्डबड्ड, गड्डमड्ड—वि० [हिं० गड्ड] १. अव्यवस्थित रूप से एक दूसरे में मिलाया हुआ। २. अंड-बंड या बेमेल।

गड्डर—पुं० [स० √गड्+डर] [स्त्री० गड्डरी, वि० गड्डरिक] १ भेड़ा। मेष। २. मेढ़।

गड्डरिक—पुं०[सं० गड्डर+ठन्—इक] गड़ेरिया।

वि० भेड़-संबंधी। भेड़ का।

गड्डरि (लि) का—स्त्री०[सं० गड्डरिक+टाप्] भेड़ों की पाँत।

गड्डलिका-प्रवाह—पु० [ष० त०] भेड़िया-धसान। (दे०)

गड्डरी—पु०=गड़ेरिया।

गड्डा—पुं० [हिं० गड्ड] १. किसी चीज की बड़ी गड्डी। गड्ड। २. आतिशबाजी में चरखियों आदि में लगाया जानेवाला पटाखा जो आतिशबाजी छूटने के समय बहुत जोर का शब्द करता है।

†पु० [देश०] बड़ी बैलगाड़ी।

†पुं० =गड्ढा।

गड्डाल—वि०[अं० गॉड+डेम इट] [स्त्री० गड्डालनी] १. पाजी। लुच्चा। २. नीच।

गड्डी—स्त्री० [हिं० गड्ड का स्त्री०] १. प्रायः एक ही आकार तथा प्रकार की वस्तुओं का क्रमशः ऊपर-तले रखा हुआ समूह। गंज। जैसे—नये नोटों की गड्डी, ताश की गड्डी, पान की गड्डी आदि। २. ढेर। समूह। गाँज। जैसे—आमों की गड्डी।

गड्डूक, गड्डूक—पुं० [सं० गड्डुक, पृषो० सिद्धि] गड्ढा (पात्र)।

गड्ढा—पु० [स० गर्त, प्रा० गड्ड] १. वह जमीन जो प्राकृतिक क्रिया या रूप से आस-पास या चारों ओर की जमीन से बहुत-कुछ गहरी या नीची हो। जमीन में वह खाली स्थान जिसमें लम्बाई, चौड़ाई और गहराई हो। जैसे—मिट्टी धँसने के कारण जमीन में जगह-जगह गड्ढे पड़ गये थे। २ उक्त प्रकार की वह जमीन जो खोदकर आस-पास की जमीन से गहरी और नीची की गई हो। जैसे—पानी जमा करने के लिए गड्ढा खोदना। ३. किसी तल में वह अंश जो आस-पास के तल से कुछ गहरा या नीचा हो। जैसे—आँखों में या गालों पर गड्ढे पड़ना। ४. ऐसी अवस्था या स्थिति जो किसी दृष्टि से विपत्ति लाने, संकट में डालने या हानि करनेवाली हो। जैसे—अभी क्या है! आगे चलकर इस काम में और भी बड़े-बड़े गड्ढे मिलेंगे।

मुहा०—(किसी के लिए) गड्ढा खोदना=ऐसी स्थिति उत्पन्न करना, जिसमें कोई विपत्ति में पड़े या किसी को संकट का सामना करना पड़े। जैसे—जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है, वह आप गड्ढे में पड़ता है।

गड्ढा पाटना या भरना=विपत्ति या संकट की जो स्थिति उत्पन्न हुई हो उसे दूर करके फिर पहलेवाली और ठीक स्थिति लाना।

५. लाक्षणिक रूप में उदर। पेट। जैसे—किसी न किसी तरह सबको अपना गड्ढा तो भरना ही पड़ता है।

गढ़ंत—स्त्री० [हिं० गढ़ना] १. कोई चीज गढ़कर तैयार करने या बनाने

की क्रिया या भाव। गढ़न। (देखें) २. अपने मन से गढ़कर कही जानेवाली बात। कपोल-कल्पित बात। जैसे—समय पर इनकी अनोखी गढंत ने हमें बचा लिया। ३. कुश्ती लडने के तीन प्रकारों मे से एक, जिसमें लडनेवाले पहलवान आपस मे अच्छी तरह गठ या गुथ जाते हैं। वि० (कथन या विचार) जो वास्तविक न हो, बल्कि यो ही अपने मन से गढ़कर तैयार किया या बनाया गया हो। कपोल-कल्पित। जैसे—इनकी सब बाते इसी तरह की गढत होती हैं।

गढ़—पु० [स० गड=खाई] [स्त्री० अल्पा० गढ़ी] १. ऐसा किला जिसके चारो ओर खन्दक या खाई खुदी हो। २ किला। काट। दुर्ग।

मुहा०—गढ़ जीतना या तोड़ना—(क) युद्ध मे किसी किले पर अधिकार प्राप्त करना। (ख) कोई बहुत बडा या विकट काम सपन्न करना। ३. काठ का बडा सन्दूक जिसका उपयोग प्राचीन काल में युद्ध मे होता था। ४ किसी विशिष्ट प्रकार के कार्य अथवा व्यक्तियों का केन्द्र अथवा प्रसिद्ध और मुख्य स्थान। बहुत बड़ा अड्डा। जैसे—(क) यह मुहल्ला तो गुडो या बदमाशों का गढ है। (ख) कलकत्ता और बम्बई पूंजीपतियो के गढ हैं।

गढ़कप्तान—पु० [हिं० गढ+अ० कैप्टेन] गढ़ या किले का प्रधान अधिकारी।

गढ़त—स्त्री० १. =गढन। २ =गढंत।

गढ़न—स्त्री० [हिं० गढ़ना] १ गढ़ने या गढे जाने की क्रिया, ढग या भाव। २. बनावट। रचना।

गढ़ना—स० [स० घटन. प्रा० घड़न, पश्चिमी हिं० घडना] १ कोई नई चीज बनाने के लिए किसी स्थूल पदार्थ को काट, छील या तराशकर तैयार या दुरुस्त करना। कारीगरी से निर्मित करना या बनाना। जैसे—पत्थर की मूर्ति या चांदी-सोने के गहने गढना। २ किसी चीज को काट-छाँट या छील-तराशकर सुन्दर और सुडौल रूप मे लाना। जैसे—दरवाजे का पल्ला गढना। ३. परिश्रम या मनोयोग से अच्छी तरह और सुन्दर रूप में कोई काम करना। जैसे—गढ-गढ़कर लिखना। ४ अपने मन से कोई कल्पित बात बनाकर अथवा कोई बात नमक-मिर्च लगाकर सुन्दर रूप मे उपस्थित या प्रस्तुत करना। जैसे—गढ-गढकर बातें करना। ५ किसी को ठीक रास्ते पर लाने के लिए खूब मारना पीटना। जैसे—मैं किसी दिन तुम्हे गढकर ठीक करूँगा।

मुहा०—(किसी की) हड्डी-पसली गढ़ना=खूब मारना या पीटना।

गढ़पति—पु० [हिं० गढ+पति] १ गढ का मालिक या स्वामी। राजा। २ गढ़ का प्रधान अधिकारी।

गढ़वाना—स० [हिं० गढना का प्रे०] गढने का काम किसी से कराना।

गढ़वार—पु०=गढवाल।

गढ़वाल—पु० [हिं० गढ+वाला] १. गढ का स्वामी अथवा प्रधान अधिकारी। २ उत्तर प्रदेश के उत्तरी भाग का एक पहाड़ी भू-खंड।

गढ़वै—पु० [स० गढपति] गढ़ का प्रधान अधिकारी या रक्षक। किलेदार। उदा०—हठ दृढ गढ गढवै सुचलि लीजै सुरँग लगाय।—बिहारी। वि० [हिं० गढ+वर्त्ती] आश्रय पाने के लिए सुरक्षित स्थान में छिपा या पहुँचा हुआ। उदा०—गरम भाजि गढ़वै भई, तिय-कुच अचल मवासु।—बिहारी।

गढ़ा—पु० [स्त्री० गढ़ी] दे० 'गड्ढा'।

गढ़ाई—स्त्री० [हिं० गढना] गढ़ने की क्रिया, ढग, भाव या मजदूरी।

गढ़ाना—स० [हिं० गढ़ना का प्रे० रूप] गढ़ने का काम किसी से कराना। गढ़वाना।

अ० [हिं० गाढ़=सकट] अप्रिय, कष्टकर या भारी जान पड़ना। खलना। गड़ना। जैसे—तुम्हारी ऐसी ही बाते तो सबको गढाती हैं।

गढ़ाव—पु० [हिं० गढ़ना] गढने या गढाने का काम, प्रकार या रूप। गढ़न।

गढ़िया—पु० [हिं० गढना] वह जो वस्तुओ को गढ़कर उन्हे सुडौल रूप देता हो।

†स्त्री०=छोटा गड्ढा।

गढ़ी—स्त्री० [हिं० गढ] १. छोटा गढ या किला। २. ऊँचाई पर बनी हुई बड़ी और मजबूत इमारत। ३. छोटा गड्ढा।

गढ़ीस*—पु० गढपति।

गढ़ैया—पु०=गढ़िया (गढनेवाला)।

स्त्री०=गड़ही (छोटा गड्ढा)।

गढोई*—पु०=गढ़पति।

गण—पु० [स० √गण् (गिनना) +अच्] १ जत्था। झुड। समूह। २ कोटि। वर्ग। श्रेणी। ३ किसी के आस-पास रहनेवाले व्यक्तियों का वर्ग या समूह। अनुचरो या परिचारकों का वर्ग। ४ शिव के परिषद। प्रमथ। ५ चर। दूत। ६. नौकर। सेवक। ७ ऐसे पदार्थों, प्राणियों, व्यक्तियों आदि का समुदाय जिनमे किसी विषय मे समानता हो। कोटि। वर्ग। जैसे—किसी आचार्य के अनुयायियो या शिष्यों का गण। ८. ऐसे आचार्य का निवास-स्थान जो अपने यहाँ शिष्यों को शिक्षा देता हो। ९ प्राचीन सैनिक-विभाजन में तीन गुल्मो का वर्ग या समूह। १०. नक्षत्रों की तीन चोटियो मे से एक। ११. छन्दशास्त्र मे तीन वर्णों का वर्ग या समूह। जैसे—जगण, तगण, नगण, भगण, यगण, सगण आदि। १२. व्याकरण मे धातुओ और शब्दों के वे समूह जिनमे एक ही तरह से लोप, आगम, वर्ण-विकार आदि बाते होती हो। १३. चोआ नामक गध-द्रव्य। १४. दे० 'गणराज्य'।

गणक—वि० [सं० √गण्+णिच्+ण्वुल्—अक] गिनने या गिनती करनेवाला। गणना करनेवाला।

पुं० [स्त्री० गणकी] १ गणितज्ञ। २ ज्योतिषी।

गणक-केतु—पु० [स० मध्य० स०] एक प्रकार का धूमकेतु।

गण-कर्णिका—स्त्री० [स० गण-कर्ण, ब० स०, कप्, टाप्, इत्व] इंद्रवारुणी लता।

गणकार—वि० [स० गण√कृ (करना)+अण्] १. गणों का सकलन करनेवाला। २. गणों में बाँटने अथवा वर्गीकरण करनेवाला।

गणकी—स्त्री० [सं० गणक+ङीष्] ज्योतिषी की पत्नी।

गण-तंत्र—पु० [ष० त०] वह राज्य या राष्ट्र जिसकी सत्ता जन-साधारण (विशेषतः मतदाताओ या निर्वाचकों) मे निहित होती है। (रिपब्लिक)

विशेष—गणतंत्र की सरकार जन-साधारण द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों की बनी होती है जो निर्वाचकों या मतदाताओं के प्रति उत्तरदायी होती है।

गण-तंत्री (त्रिन्)—वि० [सं० गणतंत्र+इनि] १. गणतंत्र-संबंधी।

२. गणतंत्र के सिद्धान्तों को मानने तथा उनमें विश्वास रखनेवाला। (रिपब्लिकन) ३. (देश) जिसमें गणतंत्र हो।

गणदीक्षी (क्षिन्)—पुं० [सं० गण √दीक्ष् (यज्ञ करना) +णिनि] १. वह पुरोहित जो बहुत-से लोगों की ओर से यज्ञ करता हो। २. वह जिसने गणेश या शिव की दीक्षा ग्रहण की हो।

गण-देवता—पु० [ष० त०] १. समूहचारी देवता। २. वे देवता जो गणों में विभक्त हैं अथवा जिनके गण बने हैं। जैसे—आदित्य, जिनकी संख्या १२ है और इसी लिए जिनका स्वतन्त्र गण है। इसी प्रकार मरुत्, रुद्र आदि भी गण-देवता कहे जाते है।

गण-द्रव्य—पु० [ष० त०] वह सपत्ति जिस पर किसी वर्ग या समुदाय का सामूहिक अधिकार हो।

गण-धर—पु० [ष० त०] जैनों में एक प्रकार के आचार्य।

गणन—पु० [स० √गण्+ल्युट्—अन] [वि० गणनीय, गणित, गण्य] १ गिनने या गिनती करने की क्रिया या भाव। गिनना। (काउंटिंग) २. गिनती।

गणना—स्त्री० [स०√गण्+णिच्+युच्—अन] १. गिनती करने की क्रिया या भाव। गणन। जैसे—आपकी गणना नगर के अच्छे वैद्यों में होती है। २. किसी प्रदेश, भूभाग या राज्य के जीवों, मनुष्यों आदि की होने-वाली गिनती। (सेन्सस) जैसे—मनुष्य-गणना, पशु-गणना आदि। ३ गिनती। सख्या। ४. केशव के अनुसार एक अलंकार जिसमें एक-एक सख्या लेकर उसमें सम्बन्ध रखनेवाले पदार्थों का उल्लेख होता है। जैसे—गगा-मग, गंगेश-दृग, ग्रीवं-रेख, गुण-लेखि। पावक, काल, त्रिशूल, बलि, संख्या तीनि बिलेखि। —केशव। (इसमे वही चीजें गिनाई गई है; जो तीन-तीन होंती है।)

गण-नाथ—पु० [ष० त०] १ गणों का नाथ या स्वामी। २. गणेश। ३. शिव।

गण-नायक—पुं० [ष० त०] १. गणेश। २. शिव।

गण-नायिका—स्त्री० [ष० त०] दुर्गा।

गणनीय—वि०[सं०√गण्+अनीयर्] १. गिनने में आने के योग्य। गिने जा सकने के लायक। २. जो गिनी जाने को हो। ३. प्रतिष्ठित या मान्य वर्ग मे आ सकने के योग्य।

गणप—पुं० [सं० गण √पा (रक्षा करना) +क] गणेश।

गण-पति—पु० [ष० त०] १. गण का स्वामी। २. गणेश। ३. शिव।

गण-पर्वत—पु० [ष० त०] शिव के गणों के रहने का पर्वत अर्थात् कैलास।

गण-पाठ—पु० [ष० त०] व्याकरण में एक ही नियम के अधीन रहनेवाले शब्दों का वर्ग।

गण-पुंगव—पुं० [स० त०] किसी गण या वर्ग का प्रधान व्यक्ति। मुखिया।

गण-पूर्त्ति—स्त्री० [ष० त०] किसी सभा, समिति आदि की बैठक के कार्य-संचालन के लिए आवश्यक मानी जानेवाली निर्धारित अल्पतम सदस्यों की उपस्थिति। इयत्ता। (कोरम)

गण-भोजन—पुं० [ष० त०] बहुत-से लोगों को एक साथ बैठाकर कराया जानेवाला भोजन। सहभोज।

गण-मुख्य—पुं० [ष० त०] गण का प्रधान व्यक्ति। मुखिया।

गण-राज्य—पुं० [ष० त०] १. प्राचीन भारत में एक प्रकार के राज्य, जिनमें किसी राजा का नहीं, बल्कि प्रजा के चुने हुए लोगों का शासन होता था। २. दे० 'गण-तन्त्र'।

गण-संख्या—स्त्री० [ष० त०] गणना या गिनती की सूचक संख्या। (कार्डि-नल नम्बर) जैसे—एक, दो, तीन, चार आदि।

गणहास—पुं० [सं० गण√हस् (हँसना) +णिच्+ अण्] एक प्रकार का गंध-द्रव्य।

गणाग्रणी—पुं० [स० गण-अग्रणी, ष० त०] १ गण का अगुआ या मुखिया। २ गणेश।

गणाचल—पुं० [स० अण-अचल, ष० त०] कैलास, जहाँ शिव के गण रहते हैं। गण-पर्वत।

गणाधिप—पु० [स० गण-अधिप, ष० त०] १. गण या गणों का अधिपति या स्वामी। २. गणेश। ३. जैनी साधुओं का प्रधान या मुखिया।

गणाध्यक्ष—पुं० [स० गण-अध्यक्ष, ष० त] १. गणों का अध्यक्ष या स्वामी। २ गणेश। ३. शिव।

गणान्न—पुं०[सं० गण-अन्न, ष० त०] बहुत-से लोगो के लिए एक साथ बनाया जानेवाला भोजन।

गणि—स्त्री०[सं० √गण्√इन्] गणना।

गणिका—स्त्री० [सं० गण +ठन्—इक, टाप्] १ रडी। वेश्या। २. साहित्य में, वह नायिका जो केवल धन के लोभ से लोगों का मनोरजन करती हो। वेश्या नायिका। ३. पुराणानुसार जीवंती नाम की एक परम दुराचारिणी वेश्या जो केवल अपने तोते को राम-राम पढाते समय मरने के कारण मोक्ष की अधिकारिणी हुई थी। ४. रहस्य-संप्रदाय में, माया जो मनुष्यों को अपने जाल में फँसाये रखती है। ५. गनियारी नामक वृक्ष।

गणि-कारिका—स्त्री० [ष० त०] गनियार का पेड।

गणिकारी—स्त्री० [सं० गणि√कृ +अण्—ङीप्] गनियार का पेड़।

गणित—पुं० [सं०√गण्+क्त] वह शास्त्र जिसमें परिमाण, मात्रा, संख्या आदि निश्चित करने की रीतियों का विवेचन होता है। हिसाब। पाटीगणित, बीजगणित और रेखागणित ये तीनों इसी के प्रकार या भेद है। (मैथेमेटिक्स)

गणितज्ञ—वि० [सं० गणित√ज्ञा (जानना)+क] १. गणित शास्त्र का ज्ञाता या पडित। २. ज्योतिषी।

गणेड—पु० [स० √गण्+एड] कर्णिकार वृक्ष।
स्त्री० १. वेश्या। २. हथिनी।

गणेडका—स्त्री० [सं० गणेड √कै (शब्द करना) +क—टाप्] १. वेश्या। २. कुटनी। ३. हथिनी।

गणेश—वि० [सं० गण-ईश, ष० त०] गणों का मालिक या स्वामी। गणों में प्रधान।
पुं० हिंदुओं के एक प्रसिद्ध देवता जो विद्या के अधिष्ठाता और विघ्नों के विनाशक माने गये है। गणपति। विनायक।
विशेष—इनका मुँह और सिर बिल्कुल हाथी का माना गया है, इसी लिए इन्हें गजानन भी कहते हैं।

गणेश-कुसुम—पुं० [उपमि० स०] लाल कनेर।

गणेश-क्रिया—स्त्री० [ष० त०] हठ-योग की एक क्रिया, जिससे गुदा के अन्दर का मल साफ करके निकाला जाता है।

गणेश-चतुर्थी—स्त्री० [मध्य० स०] भादों और माघ की शुक्ला चतुर्थियाँ, जिनमें गणेश का पूजन और व्रत होता है।

गणेश बौध—स्त्री०=गणेश-चतुर्थी।

गणेश-पुराण—पुं० [मध्य० स०] एक उपपुराण, जिसमें गणेश का माहात्म्य वर्णित है।

गणेशभूषण—पुं० [सं० गणेश√भूष् (अलंकृत करना)+णिच्+ल्यु—अन] सिंदूर।

गण्य—वि० [सं० √गण् (गिनना)+यत्] १. गण-संबंधी। २ जो गिना जाने को हो या गिना जा सकता हो। ३. जो महत्त्व, योग्यता आदि के विचार से मान्य हो सकता हो। ४. प्रतिष्ठित। जैसे—नगर के सभी गण्यमान्य विद्वान् वहाँ उपस्थित थे।

पद—गण्य-मान्य=प्रतिष्ठित।

गतंड†—पुं० [सं० गतांड] [स्त्री० गतंडी] हिजड़ा। नपुंसक।

वि० बधिया। (राज०)

गत—भू० कृ० [सं० √गम् (जाना)+क्त] १ जो सामने से होता हुआ पीछे चला गया हो। गया या बीता हुआ। जैसे—गत जीवन, गत दिवस। २. जो नष्ट या लुप्त हो चुका हो। जैसे—गत वैभव, गत यौवन। ३. रहित। विहीन। जैसे—गत चेतना, गत ज्ञाति, गत नासिका। ४. जो इस लोक से चला गया हो। मृत। स्वर्गीय। जैसे—गतात्मा।

प्रत्य० एक प्रत्यय जो कुछ शब्दों के अंत में लगकर ये अर्थ देता है—(क) संबंध रखनेवाला। जैसे—जातिगत, जीवनगत, व्यक्तिगत आदि। और (ख) आया, मिला या लगा हुआ। जैसे—अंतर्गत, बहिर्गत आदि।

स्त्री० [सं० गति] १. अवस्था। दशा। २. दुर्दशा।

मुहा०—(किसी की) गत बनाना=दुर्दशा करना।

३. रूप। वेष। ४. उपयोग। प्रयोग। ५. विशिष्ट ताल और लय में बँधे हुए बाजों की धुन या बोल। ६. नाच में एक विशेष प्रकार की गति अथवा ऐसी गति से युक्त नाच का कोई टुकड़ा।

मुहा०—गत लेना=नाच में विशेष प्रकार की गति प्रदर्शित करना। ७. मृतक का क्रिया-कर्म।

गतक—पुं० [सं० गत+कन्] गति।

गतका—पुं० [सं० गदा या गदक] १. एक प्रकार का डंडा जो हाथ में लेकर पटा-बनेठी की तरह खेला जाता है। २. उक्त डंडा हाथ में लेकर खेला जानेवाला खेल जिसमें वार करने और रोकने के ढंग सिखाये जाते हैं।

गतकाल—पुं० [कर्म० स०] बीता हुआ समय। भूत।

गत-कुल—पुं० [ब० स०] वह संपत्ति जिसका कोई अधिकारी न बचा हो। लावारिस जायदाद या माल।

गत-चेतन—वि० [ब० स०] जिसमें चेतना न रह गई हो। अचेतन।

गत-जीव—वि० [ब० स०] मरा हुआ। मृत।

गत-प्रत्यागता—स्त्री० [कर्म० स०] वह स्त्री जो अपने पति का घर पहले तो अपनी इच्छा से छोड़कर चली गई हो और फिर आप से आप कुछ दिनों बाद लौट आई हो। (धर्मशास्त्र)

गत-प्राण—वि० [ब० स०] मरा हुआ। मृत।

गत-प्राय—वि० [सुप्त्पा स०] जो करीब करीब जा या बीत चुका हो। अन्त या समाप्ति के बहुत पास पहुँचा हुआ। जैसे—गत-प्राय रजनी।

गत-भर्तृका—स्त्री० [ब० स०] १. विधवा स्त्री। २. स्त्री, जिसका पति विदेश गया हुआ हो।

गतर—पुं० [सं० गति] १. अंग। २. शारीरिक बल या शक्ति। पौरुष। जैसे—अब हमारा गतर नहीं चलता। ३. रक्षा या शरण का स्थान।

गत-वय (स्), वयस्क—वि० [ब० स०] जिसका वय बहुत कुछ बीत चुका हो अर्थात् बूढ़ा। वृद्ध।

गत-संग—वि० [ब० स०] उदासीन। विरक्त।

गत-सत्त्व—वि० [ब० स०] १. सारहीन। निःसत्त्व। २ मृत।

गतांक—वि० [गत-अंक, ब० स०] (व्यक्ति) जो गया-बीता या निकम्मा हो।

पुं० [कर्म० स०] सामयिक पत्र का पिछला अर्थात् वर्त्तमान से पहले का अंक।

गतांत—वि० [गत-अंत ब० स०] जिसका अंत पास आ गया हो।

गताक्ष—वि० [गत-अक्षि, ब० स०] जिसकी आँखें न रह गई हों अर्थात् अंधा।

गतागत—वि० [गत-आगत, द्व० स०] १. गत और आगत। गया और आया हुआ। २. आत्मा का आवागमन अर्थात् जन्म और मरण। ३. साहित्य में एक प्रकार का शब्दालंकार जिसमें पदों या चरणों की रचना इस प्रकार की जाती है कि उन्हें सीधी तरह पढ़ने से जो अर्थ निकलता है, उलटकर पढ़ने से भी वही अर्थ निकलता है। जैसे—माल बनी बल केशवदास सदा बस केल बनी बलमा।—केशव।

गतागति—स्त्री० [गत-आगति, द्व० स०] १ आना और जाना। २ मरना और फिर जन्म लेना।

गतानुगत—पुं० [गत-अनुगत ष० त०] प्रथा का अनुसरण।

गतानुगतिक—वि० [सं० गतानुगत+ठक्—इक] १. आँख मूँदकर दूसरों का अनुसरण करनेवाला। अंधानुयायी। २. पुरातन आदर्श देखकर उसी के अनुसार चलनेवाला।

गतायात—पुं० [सं० गत-आयात, द्व० स०] जाना और आना। यातायात।

गतायु (षु)—वि० [सं० गत-आयुस्, ब० स०] १. जिसकी आयु समाप्त हो चली हो। २ वृद्ध।

गतार†—स्त्री० [सं० गंत्री] १. बैल के जुए में वे दोनों लकड़ियाँ जो उपरौंछी और तरौंछी के बीच समानान्तर लगी रहती हैं। २. वह रस्सी जो जूए में बँधे हुए बैल के गले के नीचे ले जाकर बाँधी जाती है। ३. बोझ बाँधने की रस्सी।

गतार्त्तवा—वि० स्त्री० [सं० गत-आर्त्तव, ब० स०] १. (स्त्री०) जिसका रजोदर्शन बन्द हो चुका हो। २. बाँझ। बंध्या।

गतार्थ—वि० [सं० गत-अर्थ ब० स०] १. (पद या शब्द) जिसका कुछ अर्थ न रह गया हो। २. (पदार्थ) जो काम के योग्य न रह गया हो। ३. (व्यक्ति) जिसके हाथ से अर्थ या धन निकल गया हो। जो अपनी पूँजी गँवाकर निर्धन हो गया हो।

गति—स्त्री० [सं०√गम् (जाना)+क्तिन्] १. किसी वस्तु, व्यक्ति अथवा उसके किसी अंग या अवयव के स्पंदित या हिलते-डुलते रहने की अवस्था या भाव। (भौतिक) २. चलने अथवा चलते हुए अपना काम करते रहने की अवस्था या भाव। जैसे—गाड़ी या घड़ी की मन्द गति। ३. अवस्था। दशा। ४. बाना। वेश। ५. पहुँच। पैठ। ६. प्रयत्न

की सीमा। अंतिम उपाय। ७. एक-मात्र सहारा या अवलंब। उदा०—जाके गति है हनुमान की।—तुलसी। ८. चेष्टा। प्रयत्न। ९. ढंग। रीति। १०. मृत्यु के उपरान्त जीवात्मा का दूसरे शरीर में होनेवाला गमन जैसे—धर्मात्माओं को उत्तम गति प्राप्त होना। ११. मुक्ति। मोक्ष। १२. दे० 'गत' (नृत्य और संगीत की)।

गतिक—पुं० [सं० गति+कन्] १. चलने की क्रिया या भाव। चाल। २. मार्ग। रास्ता। ३. आश्रय।
वि० १. गति-संबंधी। २. भौतिक गति या चाल से संबंध रखनेवाला। (डायनामिक)

गति-भंग—पुं० [ष० त०] कविता-पाठ, संगीत आदि की गति या लय का बीच में भंग या विकृत होना।

गति-भेद—पुं० [ष० त०] गतिभंग।

गति-मंडल—पु० [ष० त०] नृत्य में शरीर के विभिन्न अंगों की एक प्रकार की मुद्रा।

गतिमान् (मत्)—वि० [सं० गति+मतुप्] १. जिसमें गति हो। जो चल अथवा हिल-डुल रहा हो। चलता हुआ। २. जो अपना कार्य ठीक प्रकार से निरंतर कर रहा हो।

गतिया†—पु० [हिं० गत+इया (प्रत्य०)] संगीत में गत या लय ठीक रखनेवाला; अर्थात् ढोलक, तबला या मृदंग बजानेवाला।

गति-रोध—पु० [सं० ष० त०] १. बीच में कठिनाई या बाधा आ पड़ने के कारण किसी चलते हुए काम या बात का रुक जाना। २. किसी प्रकार के झगड़े या बात-चीत के समय बीच में उत्पन्न होनेवाली ऐसी स्थिति जिसमें दोनों पक्ष अपनी-अपनी बातों पर अड़ जाते हैं और समझौते का कोई रास्ता निकलता हुआ दिखाई नहीं देता। (डेडलॉक)

गति-विज्ञान—पु० [ष० त०] विज्ञान का वह अंग जिसमें द्रव्यों की गति और उन्हें परिचालित करनेवाली शक्तियों का विवेचन होता है। (डायनामिक्स)

गति-विद्या—स्त्री० [ष० त०]=गति विज्ञान।

गति-विधि—स्त्री०[ष० त०] आचरण-व्यवहार आदि करने अथवा रहने-सहने का ढग-ढंग। जैसे—सेना की गति-विधि का निरीक्षण करना।

गति-शास्त्र—पुं० [ष० त०] =गति-विज्ञान।

गतिशील—वि० [ब० न०] १. चलनेवाला या चलता हुआ। २. आगे की ओर बढ़नेवाला। उन्नतिशील। ३. जो स्वयं चलकर दूसरों को भी चलाता हो।

गति-हीन—वि० [पं० त०] १. जिसमें गति न हो। २. ठहरा या रुका हुआ। ३. जिसके लिए कोई गति या उपाय न हो। असहाय और दीन।

गत्त†—स्त्री०=गति।

गत्ता—पुं० [सं० गात्रक] [स्त्री० गत्ती] कागज के कई तावों या परतों को एक दूसरी पर चिपका कर बनाई हुई दफ्ती।

गत्तालखाता—पुं० [सं० गर्त्त, प्रा० गत्त+हिं० खाता] १. डूबी हुई या गई बीती रकम का खाता या लेखा। बट्टाखाता। २. वह अवस्था जिसमें कोई चीज नष्ट या समाप्त मान ली जाती है और उसके संबंध में आदमी निराश हो जाता है।

गत्थ—स्त्री० दे० 'गथ' (पूँजी)।

गत्यवरोध—पुं० [सं० गति-अवरोध, ष० त०]=गतिरोध।

गत्वर—वि० [सं०√गम्+क्वरप्, मलोप, तुक्] [स्त्री० गत्वरी] १. गति में रहने या होनेवाला। चलनेवाला या चलता हुआ। गमनशील। २. नष्ट हो जानेवाला। नश्वर।

गत्वरा—स्त्री० [सं० गत्वर+टाप्] पुरानी चाल की एक प्रकार की नाव।

गद्य—पुं० [सं० ग्रन्थ, प्रा० गत्थ] १. पास का धन। जमा। २. किसी कार्य या व्यापार में लगाया जानेवाला धन। पूँजी। ३. धन-सम्पत्ति। माल। ४. गरोह। झुंड। ५. समूह।

गथना—स० [सं० ग्रथन] १. एक साथ मिलाना। जोड़ना। २. बातें बनाना।
अ० १. एक साथ मिलाया जाना। मिलकर इकट्ठा या एक होना। २. घुसना। पैठना। ३. दे० 'गुथना'।

गद—पुं०[सं० √गद्(बोलना)+अच्] १. एक प्रकार का विष या जहर। २. बीमारी। रोग। ३. श्रीकृष्ण के छोटे भाई का नाम। ४. राम की सेना का एक बन्दर। ५. एक असुर का नाम।
पुं० [अनु०] किसी मुलायम वस्तु पर किसी कड़ी वस्तु के आघात से होनेवाला शब्द।

गदका—पुं०=गतका।

गदकारा—वि० [अनु० गद+कार (प्रत्य०)] [स्त्री० गदकारी] १. गुदगुदा और मुलायम। २. मांसल।

गदकारी—स्त्री० [फा०] चित्रकला में चित्र अंकित करने से पहले स्थान-स्थान पर रंग भरने की क्रिया या भाव। रंगामेजी।

गदगद—वि०=गद्गद्।

गदगदा—पुं०[देश०] रत्ती नामक पौधा।

गदचाम—पुं० [सं० गदचर्म] हाथी का एक रोग।

गदन—पुं० [सं० √गद्+ल्युट्—अन्] १. कथन। २. वर्णन।

गदना—स० [सं० गदन] १. कहना। बोलना। २. वर्णन करना।

गदबदा—वि० [अनु०] भरे हुए अथवा दोहरे शरीरवाला। उदा०—नंगेतन, गदबदे साँवले, सहज छबीले।—पंत।

गदम—पुं० [देश०] वह लकड़ी जो नाव को एक बल पर खड़ी करने के लिए उसके पेंदे के नीचे लगाई जाती है। आड़। थाम।

गदर—पुं० [अ०] शासन को उलटने के लिए होनेवाला सैनिक विद्रोह।
पुं० [हिं० गदराना] गदराने की क्रिया या भाव।
वि० यथेष्ट मात्रा में सब जगह मिलनेवाला।
पुं० [हिं० गदकारा] पुष्टि मार्ग के अनुसार एक प्रकार की रूईदार बगलबंदी जो जाड़े में ठाकुर जी को पहनाते हैं।

गदरा—वि०=गदर।

गदराना—अ०[अनु०] १. जवानी में शरीर के अंगों का भरकर सुन्दर और सुडौल होना। जैसे—गदराया हुआ बदन। २. फलों आदि का पकने पर होना। ३. आँख का कीचड़ से भरना। ४. बहुत या अधिक मात्रा में होना या पाया जाना।

गदला—वि०=गँदला।

गदलाना—स० [हिं० गदला] गँदला करना।
अ० गँदला होना।

गद्दह—पुं०=गधा।

गद्दह पचीसी—स्त्री० दे० 'गधा-पचीसी'।

गवहरा—पुं० १. =गधा। २. =गद्दा।

गवहला—पुं० =गदहिला।

गवहलोह—स्त्री० [हि० गदहा=गधा+लोटना] १. गधों की तरह जमीन पर इधर-उधर लोटने की क्रिया या भाव। २ कुश्ती का एक दाँव या पेंच। ३. दे० 'गधा लोटन'।

गवह हेंचू—पुं० दे० 'गधा हेंचू'।

गवहा—वि० [सं० गद√हा (त्याग)+क्विप्] गद अर्थात् रोग हरने-वाला।

पुं० चिकित्सक। वैद्य।

पु० दे० 'गधा'।

गवहिया—स्त्री०=गधी।

गवहिला—पु० [सं० गदभी, पा० गद्रभी प्रा० गद्दही] [स्त्री० गदहिली] १. वह गधा जिस पर ईंट, मिट्टी आदि ढोई जाती है। २. एक प्रकार का जहरीला कीड़ा।

गवांतक—पु० [सं० गद-अंतक, ष० त०] अश्विनीकुमार।

गवांबर—पु० [सं० गद-अंबर, मध्य० स०] मेघ।

गवा—स्त्री० [स० गद+टाप्] १ एक प्रकार का प्राचीन अस्त्र जिसमें लंबे डंडे के आगे मोटा गोला लगा होता था। २. उक्त आकार की वह चीज जो कसरत या व्यायाम करने के लिए हाथों से उठाकर शरीर के इधर-उधर घुमाई जाती है। लोढ़।

पु० [फा०] १ भिश्ती। भिश्तमंगा। २. फकीर।

गवाई—वि० [फा० गदा=फकीर+ई० (प्रत्य०)] १. तुच्छ। नीच। क्षुद्र। २. रद्दी। वाहियात।

स्त्री० भिश्तमंगा होने की अवस्था या भाव। भिश्तमंगापन।

गवाका—पु० [अनु०] किसी को उठाकर जमीन पर इस प्रकार पटकने की क्रिया जिसमें गद शब्द हो।

वि० गदगदाये हुए सुडौल शरीरवाला।

गवागद—पु० [सं० गद्-आ√गम् (गाना)+ड, गदागं√ईप् (शोध करना)+क] अश्विनी कुमार।

अव्य० [अनु०] १. गद गद शब्द करते हुए। २. एक के बाद एक। लगातार। (मुख्यत: आघात या प्रहार के लिए) जैसे— गदागद घूँसे लगना।

गवाग्रज—पु० [सं० गद-अग्रज, ष० त०] गद के बड़े भाई, श्रीकृष्ण।

गवाग्रणी—पु० [स० गद-अग्रणी, स० त०] क्षय या यक्ष्मा नामक रोग।

गवाधर—वि० [स० गदा√धृ (धारण करना)+अच्] गदा धारण करने-वाला।

पु० विष्णु जिनके हाथ में गदा रहती है।

गवारोति—पु० [सं० गद-अरोति, ष० त०] औषध। दवा।

गवाला—पु० [हि० गद्दा] हाथी की पीठ पर कसा जानेवाला गद्दा।

गवावादन—पुं० [स०] एक प्रकार का प्राचीन बाजा जिसमें बजाने के लिए तार लगे रहते थे।

गवि—स्त्री० [स०√गद् (बोलना)+इन्] उक्ति। कथन।

गवित—भू० कृ० [स० गद्+क्त] कहा हुआ। उक्त। कथित।

गवी (विन्)—वि० [स० गद+इनि] [स्त्री० गदिनी] १. रोगी। बीमार। २. [गदा+इनि] जो गदा लिये हुए हो। गदाधारी।

गवेल—पुं०=गदेला।

गवेला—पुं० [हि० गद्दा] [स्त्री० अल्पा० गदेली] १. रूई आदि से भरा हुआ बहुत मोटा गद्दा। २. टाट का वह मोटा गद्दा जो हाथी की पीठ पर बिछाया जाता है।

पु० [?] छोटा लड़का। बालक।

गवेली—स्त्री० =गदौरी (हथेली)।

गवोरी†—स्त्री० [हि० गद्दी] हथेली।

गद्गद—वि० [सं० √गद्गद् (स्पष्ट न बोलना)+अच्] १ बहुत अधिक प्रेम, श्रद्धा, हर्ष आदि के आवेग से इतना भरा हुआ कि अपने आपको भूल जाय और स्पष्ट बोल न सके। २ (कंठ या वाणी) जो उक्त आवेग के कारण अवरुद्ध हो। ३ बहुत अधिक प्रसन्न या हर्षित।

पुं० [स०] एक प्रकार का रोग जिसमें रोगी शब्दों का स्पष्ट उच्चारण नहीं कर सकता अथवा एक एक अक्षर का रुक-रुककर और कई बार में उच्चारण करता है। हकलाने का रोग।

गद्गदिका—स्त्री० [सं० गद्गद+कन्—टाप् इत्व] हकलाने की क्रिया, भाव या रोग। हकलाहट।

गह—पुं० [अनु०] १. मुलायम चीज या जगह पर भारी चीज के मारने से होनेवाला शब्द।

मुहा०—(किसी को) गह मारना टोंटका या टोना करके किसी पर ऐसा आघात करना कि वह वश में हो जाय।

२. अधिक भोजन करने अथवा गरिष्ठ वस्तुएँ खाने पर होनेवाला पेट का भारीपन।

मुहा०—(किसी चीज का) गह करना कोई ऐसी वस्तु खा लेना जो जल्दी पच न सकती हो और जिसके फलस्वरूप पेट भारी हो जाता हो।

वि० बेवकूफ। मूर्ख।

गहम—पुं० [देश०] एक प्रकार की छोटी चिड़िया।

गहर—वि० [अनु० गह् से] १ जो अच्छी तरह पका न हो। अधपका। २. गदराया हुआ।

पु० १.=गदा। २ गहर।

गहा—पुं० [हि० गह से अनु०] १. बिछाने की मोटी रुईदार भारी तोशक। २. वह बिछावन जो हाथी की पीठ पर हौदा कसने से पहले रखकर बाँधा जाता है। ३. घास, रुई आदि मुलायम वस्तुओं का बोझ। ४. किसी मुलायम चीज की मार या ठोकर।

गहार—वि० [अ०] जो अपने धर्म, राज्य, शासन, संस्था आदि के विरुद्ध होकर उसे हानि पहुँचाता अथवा पहुँचाना चाहता हो। गद्दर करनेवाला। बागी। विद्रोही।

गहारी—स्त्री० [अ०] गहार होने की अवस्था या भाव।

गही—स्त्री० [हि० गद्दा का स्त्री० अल्पा० रूप] १. वह छोटा गद्दा जो ऊँट, घोड़े आदि की पीठ पर जीन के नीचे बिछाया जाता है। २. वह छोटा गद्दा जिस पर बैठते या लेटते हैं। ३ वह स्थान जहाँ पर गद्दी आदि बिछाकर बैठकर कोई काम या व्यवसाय किया जाय। जैसे—कोठीवाल या महाजन की गद्दी। ४. किसी स्थान पर बैठने अथवा किसी पद को सुशोभित करने की अवस्था या भाव। जैसे—(क) राजा की गद्दी। (ख) बाप-दादा की गद्दी। ५. किसी राजवंश की पीढ़ी या

आचार्य की शिष्य-परम्परा। जैसे—(क) चार गद्दी के बाद इस वंश में कोई न रहेगा। (ख) यह अमुक गुरु की चौथी गद्दी है। ६. कपड़े आदि की कई परतों की वह मुलायम तह जो किसी चीज के ऊपर या नीचे उसे आघात, झटके आदि से बचाने के लिए रखी जाती है। ७ हाथ या पैर की हथेली।

मुहा०—गद्दी लगाना=घोड़े को हथेली या कुहनी से मलना।

८. एक प्रकार का मिट्टी का गोल बर्तन जिसमें छीपी रंग रखकर छपाई का काम करते हैं।

पुं० [स० गल्दिक] १. चंबा के पास का एक पहाड़ी प्रदेश। २. उक्त प्रदेश के निवासी जो प्राय. भेड़-बकरियाँ पालकर जीविका चलाते हैं। ३ गड़ेरिया।

गद्दीनशीन—वि० [हिं० गद्दी+फा० नशीन] [भाव० गद्दीनशीनी] १. जो राजगद्दी पर बैठा हो। २. जो किसी की गद्दी पर आकर बैठा हो अर्थात् उत्तराधिकारी।

गद्य—पुं० [स०√गद् (बोलना)+यत्] १. बोल चाल की भाषा में लिखने का वह लेखन प्रकार जिसमें अलंकार, मात्रा, वर्ण, लय आदि के बन्धन का विचार नहीं होता। वचनिका। 'पद्य' का विपर्याय। (प्रोज) २. ऐसी सीधी-सादी बोली या भाषा जिसमें किसी प्रकार की बनावट न हो।

गद्य-काव्य—पुं० [कर्म० स०] वह गद्य जिसमें कुछ भाव या भावनाएँ ऐसी कवित्वपूर्ण सुन्दरता से व्यक्त की गई हों कि उसमें काव्य की-सी संवेदनशीलता तथा सरसता आ जाय।

गद्याणक—पुं० [स० गद्याण+कन्] कश्मीर देश का एक प्राचीन मान।

गद्यात्मक—वि० [ग० गद्य-आत्मन्, ब० स०, कप्] [स्त्री० गद्यात्मिका] १ गद्य के रूप में लिखा हुआ। २ गद्य-संबंधी।

गधा—पुं० [स० गर्दभ, प्रा० गद्दह] [स्त्री० गधी] १. घोड़े की तरह का पर उससे बहुत छोटा एक प्रसिद्ध चौपाया जिस पर कुम्हार, धोबी आदि बोझ ढोते हैं। गदहा।

मुहा०—(किसी स्थान पर) गधे से हल चलवाना=पूरी तरह से उजाड़ना या नष्ट करना। **(किसी को) गधे पर चढ़ाना**=बहुत अधिक अपमानित करना। बदनाम और बेइज्जत करना।

२. गधे की तरह निरा बुद्धिहीन। बहुत बड़ा बेवकूफ या मूर्ख।

गधागधी—स्त्री० दे० 'गधाहेंचू'।

गधापचीसी—[हिं० गदहा+पचीसी] १६ से २५ वर्ष तक की अवस्था जिसमें प्राय: कुछ विशेष ज्ञान नहीं होता और जिसमें ऊल-जलूल काम किये जाते हैं।

गधापन—पुं० [हिं० गदहा+पन (प्रत्य०)] १. गधे होने की अवस्था या भाव। २. मूर्खता। बेवकूफी।

गधालोटन—पुं० [हिं० गधा+लोटना] १. थकावट मिटाने के लिए या मस्त होकर गधे का जमीन पर इधर-उधर लोटना। २. वह स्थान जहाँ इस प्रकार गधा लोटा हो। (कहते हैं कि ऐसे स्थान पर पैर रखने से आदमी में थकावट आ जाती है।)

गधा हेंचू—पुं० [हिं० गधा+हेंचू (गधे की बोली)] लड़कों का एक प्रकार का खेल।

गधीला—पुं० [देश०] [स्त्री० गधीली] एक जंगली जाति।

गधूल—पुं० [?] एक प्रकार का फूल।

गधेरा—पुं० [हिं० गधा+एरा] गधे का मालिक। जैसे—कुम्हार, धोबी आदि। उदा०—उसी समय गली की मोड़ से गधेरा आया।—वृंदावन लाल।

गन*—पुं०=गण।

स्त्री० [अं०] बन्दूक।

गनक*—पुं० [सं० गणक] ज्योतिषी।

गनकेसरा—पुं० [सं० गणकेसर] एक प्रकार की घास।

गनगनाना—अ० [अनु० गनगन] १. (शरीर) सरदी के कारण थरथर काँपना। २. शरीर के रोओं का सरदी आदि के कारण खड़े होना। रोमांच होना।

गनगौर—स्त्री० [सं० गण-गौरी] राजस्थान का एक पर्व जो चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से चैत्र शुक्ल तृतीया तक होता है और जिसमें कन्याएँ तथा स्त्रियाँ गणेश और गौरी की पूजा करती हैं।

गनती†—स्त्री०=गिनती।

गनना—स्त्री०=गणना।

स० =गिनना।

गननाना—अ० [अनु० गनगन] १. किसी स्थान का गनगन शब्द से भर जाना। गूँजना। २. चक्कर लगाना। घूमना।

स० कोई स्थान गनगन शब्द से पूर्ण या युक्त करना।

गननायक—पुं० =गणनायक।

गनप—पुं० १. =गणप। २. =गणपति।

गनपति—पु०=गणपति।

गनराय—पु० [स० गणराज] गणेश।

गनवर—स्त्री०[?] नरकट नामक घास।

गनाना†—अ० [हिं० गिनना] १ गिना जाना। २ गिनती में आना।

स०=गिनाना।

गनाल—स्त्री० [सं०घननाल] पुरानी चाल की एक प्रकार की बड़ी तोप।

गनिक—पुं० [सं० गणक] ज्योतिषी। उदा०—गनिक होंद जब देखै; कहै न भेद।—जायसी।

गनिका†—स्त्री०=गणिका।

गनिबौ*—अ० [हिं० गिनना का भविष्यत् कालिक व्रज रूप] गिना जायगा। गिनती होगी। उदा०—मूकनि में गनिबौ कि तू हठ्यो दै इठिलाहि। —बिहारी।

गनियारी—स्त्री०[सं० गणिकारी] रूमी की जाति का एक प्रकार का वृक्ष।

गनी—वि० [अ० गनी] १. धनवान्। संपन्न। २. बहुत बड़ा दाता। उदार।

*स्त्री० [हिं० गिनना] गिनती। उदा०—इह समान है जाके सेवक बर बापुरे की कहा गनी।—सूर।

स्त्री०[अं०] टाट जिसके बोरे बनते हैं।

गनीम—पुं० [अ०] १. दूसरों का माल लूटनेवाला व्यक्ति। लुटेरा। डाकू। २. दुश्मन। वैरी। शत्रु।

गनीमत—स्त्री० [अ०] १. डाके या लूट का माल। २. मुफ्त में या बिना प्रयास मिलनेवाला धन। ३. बिलकुल प्रतिकूल या विपरीत स्थिति में भी होनेवाली कोई थोड़ी-सी संतोषजनक या समाधानकारक बात। जैसे—वह सही सलामत घर लौट आया यही गनीमत है।

मुहा०—किसी का दम गनीमत होना=किसी का अस्तित्व विपरीत परिस्थितियों में भी किसी प्रकार समाधानकारक होना। जैसे—बाबू साहब का भी दम गनीमत।

गनेल—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास।

गनेश*—पुं० =गणेश।

*वि० मंगलमय। शुभ। उदा०—आ यह समय गनेसू।—तुलसी।

गनौरी—स्त्री० [सं० गुञ्जा] नागरमोथा।

गन्ना—पुं० [सं० काण्ड] सरकंडे की जाति का एक प्रसिद्ध गाँठदार लंबा पौधा जिसके मीठे रस से गुड़, चीनी आदि बनाई जाती है। ईख। ऊख।

गन्नी—पुं० [अं० गनी] १. पटसन, पाट आदि का बना हुआ टाट जिसके बोरे आदि बनते हैं। २. सन का बना हुआ एक प्रकार का कपड़ा।

गप—स्त्री० [सं० गल्प०, प्रा० गप्प बँ० गप्प, गुज० मरा० और पं० गप] [वि० गप्पी] १. केवल मन बहलाने के लिए की जानेवाली इधर-उधर की बातें। मनोविनोद के लिए की जानेवाली व्यर्थ की बातचीत।

मुहा०—गप लड़ाना=आपस में इधर-उधर और प्रायः व्यर्थ की बातें करना।

पद—गप-शप=इधर-उधर की बातें। बहुत ही साधारण कोटि का या व्यर्थ का वार्त्तालाप।

२. बिलकुल कपोल-कल्पित और झूठी बात, अथवा ऐसी बात जिसका कुछ भी ठीक-ठिकाना न हो।

मुहा०—गप उड़ाना=झूठी और व्यर्थ की बात का लोगों में प्रचार या प्रसार करना।

३. ऐसी अतिरंजित बात जिसमें सत्य का अंश बहुत ही कम या नाम मात्र का हो।

क्रि० प्र०—हाँकना।

४. अपना बड़प्पन प्रकट करने के लिए कही जानेवाली बहुत-कुछ अतिरंजित या मिथ्या सी बात। डींग।

क्रि० प्र०—मारना।

पुं० [अनु०] १. कोई चीज झट से खाने अथवा निगलने की क्रिया अथवा इस क्रिया से होनेवाला शब्द। जैसे—वह गप से लड्डू निगल गया।

२. खाने की क्रिया या भाव। जैसे—मीठा-मीठा गप, कड़ुआ-कड़ुआ थू। ३. कोई नुकीली चीज किसी मुलायम वस्तु में जल्दी या झटके से धँसाने की क्रिया अथवा इस क्रिया से उत्पन्न होनेवाला शब्द। जैसे—डाक्टर ने गप से बाँह में सूई चुभा दी।

गपकना—स० [अनु० गप+हि० करना] १. जल्दी-जल्दी खा या निगल जाना। २. हजम करना। हड़पना।

गपड़ैया—स्त्री० [?] रेगमाही।

गपड़ चौथ—पुं० [हि० गपोड़=बातचीत+चौथ] आपस में होनेवाली इधर-उधर की या व्यर्थ की बातचीत।

वि० अंड-बंड। ऊट-पटांग।

गपना—स० [हि० गप] १. मन बहलाने अथवा समय बिताने के लिए इधर-उधर की बातचीत करना। गप करना। २. झूठमूठ की अथवा मन-गढ़ंत बातें कहना अथवा ऐसी बातों का प्रचार करना।

गपशप—पुं० [हि० गप+शप अनु०] इधर-उधर की अथवा व्यर्थ की बातें।

गपागप—क्रि० वि० [हि० गप=निगलने का शब्द] १. गप गप शब्द करते हुए। जैसे—वह सारी मिठाई गपागप खा गया। २. बहुत जल्दी-जल्दी या चटपट। ३. बहुत अधिक मात्रा या मान में।

गपिया—वि० [हि० गप] =गप्पी।

गपिहा†—वि०=गप्पी।

गपोड़—पुं०=गपोड़ा।

वि०=गप्पी।

गपोड़ा—पुं० [हि० गप+ओडा (प्रत्य०)] १ बहुत अधिक बढ़ा-चढ़ाकर कही हुई बात। २. बिलकुल कपोल-कल्पित और मिथ्या बात। बहुत बड़ी गप।

गपोड़िया—वि० [हि० गपोड़ा] बहुत बढ़ा-चढ़ाकर मन-गढ़त बातें कहनेवाला। गप्पी।

गपोड़ेबाज—वि०=गप्पी।

गपोड़ेबाजी—स्त्री० [हि० गपोड़ा+फा० बाजी] १ झूठ-मूठ की या व्यर्थ की बातों में समय बिताने की क्रिया या भाव। २ बकवाद।

गप्प—स्त्री० =गप।

गप्पी—वि० [हि० गप] बहुत अधिक गप हाँकने और व्यर्थ की कपोल-कल्पित बातें कहनेवाला। गपोड़िया।

गप्फा—पुं० [अनु० गप] १. बहुत बड़ा कौर या ग्रास। २. सहज में होनेवाला बहुत बड़ा आर्थिक लाभ।

गफ—वि० [सं० ग्रप्स=गुच्छा] (कपड़ा) जिसकी बुनावट बहुत ठस हो।

गफलत—स्त्री० [अ०] १. प्रमाद के कारण होनेवाली असावधानी या बेपरवाही। २. अचेत या बेसुध होने की अवस्था या भाव।

गफिलाई—स्त्री०=गफलत।

गफूर—वि० [अ०] १. क्षमा या माफ करनेवाला। दयालु।

गफ्फार—वि० [अ०] बहुत बड़ा उदार तथा दयालु (ईश्वर या व्यक्ति)।

गबड़ी†—स्त्री०=कबड़ी।

गबड़ी†—स्त्री० =कबड़ी।

गबदी—पुं० [देश०] एक प्रकार का छोटा पेड़।

गबद्द—वि० [हि० गाबदी] जड़। मूर्ख।

गबन—पुं० [अ०] किसी अधिकारी अथवा सेवक द्वारा शासन अथवा स्वामी का धन अपने काम में लाने के लिए अनुचित रूप से तथा चोरी से निकाल या ले लेना।

गबर—पुं० [अं० स्कोर] जहाज में सब पालों के ऊपर रहनेवाला पाल। (लश०)

गबरगंड—वि०[हि० गोबर+सं० गंड=मूर्ख] बहुत बड़ा मूर्ख। जड़।

गबरहा—वि० दे० 'गोबरहा'।

गबरा†—वि०=गब्बर (घमंडी)।

गबरू—वि० [फा० खुबरू] १. जवान। मुवा। २. भोला-भाला।

पुं० दूल्हा। पति।

गबरून—पुं० [फा० गब्बरून] एक प्रकार का मोटा धारीदार कपड़ा।

गबीना†—पुं० [देश०] कतीरा (गोंद)।

गबेजा—पुं० दे० 'गबेजा'।

गब्बर—वि० [सं० गर्व, पा० गब्ब] १. अभिमानी। घमंडी। २. ढीठ। हठी। ३. अड़ियल। ४. कीमती। बहुमूल्य। ५. धनी। मालदार।

गब्बी†—वि०=गब्बर।

गब्बू†—पुं०=गबरू।

गभ—पुं० [फा०] पारस देश का अग्निपूजक मूल निवासी।

गभ—पु० [सं०=भग पृषो० सिद्धि] भग।

गभरू—पु०=गबरू।

गभस्ति—पु० [स०√गम् (जाना)+ड, ग√भस् (प्रकाशित करना)+क्तिच्] १. किरण। रश्मि। २. सूर्य। ३. बाँह। बाहु।
स्त्री० अग्नि की स्त्री, स्वाहा।

गभस्ति-पाणि—पुं० [ब० स०] सूर्य।

गभस्तिमान्—पुं० [सं० गभस्ति-मतुप्] १. पुराणानुसार एक द्वीप का नाम। २. एक पाताल का नाम।

गभस्ति-हस्त—पु० [ब० स०] सूर्य।

गभार†—वि० [सं० गंभीर] गहरा।

गभीर—वि० [स० गम् (जाना)+ईरन्, भ आदेश] =गंभीर।

गभीरिका—स्त्री० [स० गभीर+टाप् +कन्, ह्रस्व, इत्व] बड़ा ढोल।

गभुआर†—वि० [स० गर्भ+हि आर (प्रत्य०)] १. गर्भ या जन्म के समय का (बच्चे के सिर के बाल)। २. (बालक) जिसके सिर के गर्भ या जन्म के बाल कटे न हों। जिसका मुंडन न हुआ हो। ३. अनजान। नासमझ।

गभुराना—अ० [स० गह्वर] मान, रोष आदि के कारण धीरे-धीरे होंठों में ही कुछ कहना। बड़बड़ाना। बुड़बुड़ाना।

गभुवार—वि०=गभुआर।

गम—पु० [स०√गम्+अप्] १. चलना या जाना। गमन। २. मार्ग। रास्ता। ३. गति। चाल। ४. पहुँच। पैठ।
पु० [अ० गम] १. मन में होनेवाला गहरा या भारी दुःख।
मुहा०—गम खाना=अपमानित, उत्तेजित, दुःखित अथवा पीड़ित होने पर भी प्रतिकार न करना और शांत रहना।
२. शोक। ३ चिंता। परवाह। फिक्र।

गमक—वि० [स०√गम्+णिच्+ण्वुल्—अक] १. गमन करनेवाला। २. जानेवाला। पता। ३. बतलाने या सूचित करनेवाला। सूचक।
स्त्री० [अनु० गमगम से] १. महक। सुगंध। २. संगीत में किसी स्वर को अधिक रंजक तथा श्रुति मधुर बनाने के लिए उसमें उत्पन्न किया जानेवाला एक विशिष्ट प्रकार का कंपन।
विशेष:—कभी कभी किसी स्वर को उसके ठीक ऊपर या नीचेवाले स्वर के साथ मिलाकर वेगपूर्वक उच्चारण करने से भी गमक उत्पन्न होती है। संगीतशास्त्र में इसके ये १५ भेद कहे गये हैं—तिरिप, स्फुरित, कम्पित, लोच, आन्दोलित, बलि, विभिन्न, कुरुल, जाहुत, उल्लासित, प्लावित, गुम्फित, मुद्रित, नमित, और मिश्रित।
३. तबले की गंभीर परन्तु मधुर आवाज।

गमकना—अ० [हि० गमक] गमक या महक देना। महकना।

गमकीला†—[हि० गमक] १. गमक से युक्त। २. सुगंधित।

गमखोर—वि० [फा० गमख्वार] [भाव० गमखोरी] दूसरों द्वारा किये गये अत्याचार, अन्याय आदि को चुपचाप सहनेवाला। गम खानेवाला।

गमखोरी—स्त्री० [फा० गमख्वारी] गमखोर होने की अवस्था, गुण या भाव। अत्याचार, अन्याय आदि चुपचाप सहने की प्रवृत्ति।

गमगीन—वि० [अ० +फा०] १. दुःखी। २. संतप्त।

गमछा—पुं०=अँगोछा।

गमत—पुं० [सं० गमन या गमथ=पथिक] १. रास्ता। मार्ग। २. २. पेशा। व्यवसाय।

गमतखाना—पुं० [?] नाव में का वह नीचेवाला भाग जहाँ नदी का पानी रस कर इकट्ठा होता है। बँधाल। (लश०)

गमतरी—स्त्री०=गमतखाना।

गमथ—पु० [सं०√गम्+अथच्] १. मार्ग। राह। २. पथिक। ३. व्यवसाय। व्यापार। ४. आमोद-प्रमोद।

गमन—पुं० [सं० √गम्+ल्युट्—अन] [वि० गम्य] १. चलना या जाना। २. प्रस्थान या यात्रा करना। ३. मार्ग। रास्ता। ४. यान। सवारी। ५. स्त्री के साथ किया जानेवाला संभोग। जैसे—वेश्या-गमन। ६. वैशेषिक दर्शन के अनुसार किसी वस्तु के क्रमशः एक स्थान से दूसरे स्थान को प्राप्त होने का कर्म (पाँच कर्मों में से एक)।

गमनना—अ० [सं० गमन] गमन करना। जाना।

गमन-पत्र—पु० [ष० त०] वह पत्र जिसके द्वारा किसी को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने अथवा ले जाने का अधिकार मिलता हो। चालान। रवन्ना।

गमना—अ० [सं० गमन] १. गमन करना। जाना। २. खोना। हाथ से निकल जाना। ३. नाव में पानी रसना। (लश०)

गमनाक—वि० [फा०] १. गम अर्थात् दुःख या शोक उत्पन्न करनेवाला। २. गम या दुःख से पीड़ित।

गमनागमन—पुं० [स० गमन-आगमन द्व० स०] १. जाना और आना। २. एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने-जाने की क्रिया या भाव। यातायात।

गमनीय—वि० [सं० √गम्√गम्+अनीयर्] [स्त्री० गमनीया] गमन करने योग्य। गम्य।

गमला—पु० [पुर्त० से] १. नाँद के आकार का मिट्टी, धातु या लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का पात्र जिसमें फूल-पत्तियाँ, पौधे आदि लगाये या रखे जाते हैं। २. चीनी मिट्टी का वह बर्तन जिसमें पाखाना फिरते हैं। (कर्माड)

गमागम—पु० [सं० गम-आगम, द्व० स०] आना-जाना। गमनागमन।

गमाना—स०=गँवाना।

गमार†—वि० [स्त्री० गमारी]=गँवार।

गमी—स्त्री० [अ० गम] १. घर या परिवार के किसी आदमी की शोकजनक मृत्यु। २. ऐसी मृत्यु के उपरान्त उसका होनेवाला शोक।

गम्मत†—स्त्री० [सं० गमथ] १. हँसी। दिल्लगी। परिहास। विनोद। २. मजेदार घटना या बात। ३. आनन्द, बहार या मौज की स्थिति।

गम्य—वि० [सं०√गम्+यत्] [स्त्री० गम्या] १. जिस तक या जिसमें गमन हो सके। जिस तक पहुँचा जा सके। २. जिसके अंदर जा या पहुँच सकें। जिसके अंदर पैठ या प्रवेश हो सके। जैसे—बुद्धि-गम्य। ३. जो पाया या प्राप्त किया जा सके। योग्य। ४. जिसका साधन हो सके। साध्य। ५. जिसके साथ गमन या संभोग किया जा सके।

गम्यता—स्त्री० [सं० गम्य+तल्—टाप्] गम्य होने की अवस्था या भाव।

गयंद—पु० [सं० गजेंद्र, प्रा० गयिंद, गरद] १. बड़ा हाथी। २. दोहे का एक प्रकार या भेद। ३. रहस्य-संप्रदाय में, ज्ञान।

गय—पुं० [स०] १ घर। मकान। २. आकाश। ३. धन। ४. प्राण। ५. पुत्र। बेटा। ६. औलाद। संतान। ७. एक असुर, जिसके नाम पर गया नामक तीर्थ बना है। ८. गया नामक तीर्थ। ९. राम की सेना का एक बन्दर।

†पु० गज (हाथी)।

†स्त्री० गति।

गय-गामि*—वि० स्त्री० [सं० गजगामिनी] हाथी के समान झूमकर चलनेवाली।

गयण—पु० [स० गगन, प्रा० गयण] आकाश। गगन। उदा०—पंखी कवण गयण लगि पहूँचे।—प्रिथीराज।

गयनंग—पु०[सं० गगन] आकाश। उदा०—गनन गनन गयनंग, छलन छलिक्य उछरंगिय।—चंदबरदाई।

गयनाल—स्त्री० [हिं० गय+नाल -नली] हाथी पर रखकर चलाई जानेवाली एक प्रकार की तोप। गजनाल।

गयल—अ० [हिं० 'जाना' क्रिया का भूतकालिक पूर्वी रूप] गया।

†स्त्री०=गैल (गली)।

गयवली—पु० [देश०] एक प्रकार का पेड़।

गयवा—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली।

गय-शिर—पुं० [ष० त०] १. आकाश। २ एक पर्वत जो गया में है। ३. गया तीर्थ।

गया—अ० [स० गत, प्रा० गअ; अप० गअल; गु० गओ, मरा० गेला; पं० गिआ, मै० गेल; बँ० गेलो; सिंह० गिय] [स्त्री० गयी] हिं० 'जाना' क्रिया का भूतकालिक एक वचन का रूप।

पद—गया गुजरा या गया बीता=(क) जो बहुत ही बुरी हालत में हो। दुर्दशा-ग्रस्त। (ख) तुच्छ। हीन।

मुहा०—गयी करना=(क) बीती हुई बात पर ध्यान न देना। (ख) छोड़ देना। जाने देना।

स्त्री० [स० गय+अच्—टाप्] आधुनिक बिहार राज्य का एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थान, जहाँ पिंडदान आदि करने का माहात्म्य है।

मुहा०—गया करना=गया में जाकर पिंडदान, श्राद्ध आदि करना।

गयापुर—पु०=गया (बिहार राज्य का एक नगर)।

गयारी—स्त्री० [देश०] किसी काश्तकार के मरने पर लावारिस छोड़ी हुई जोत।

गयाल†—स्त्री० [देश०] किसी व्यक्ति के मरने पर उसकी छोड़ी हुई ऐसी सपत्ति जिसका उत्तराधिकारी कोई न हो।

पु० आसाम में पाया जानेवाला एक पशु जिसका मांस खाया जाता और जिसकी मादा का दूध पिया जाता है।

गयावाल—वि० [हिं० गया+वाल] गया में रहने या होनेवाला।

पुं० गया तीर्थ का पंडा या पुरोहित।

गयास—स्त्री० [अ०] १ सहायता। २. मुक्ति। छुटकारा।

गरँड़े—पु० [देश०] चक्की के चारों ओर बना हुआ मिट्टी का घेरा जिसमें पिसा हुआ आटा आदि गिरता है। उदा०— गरँड़े चून बिन सागर रीता, बाहु कहे पीसत दिन बीता।—ग्राम्यगीत।

गर—पुं०[सं० √गृ (लीलना)+अच्] १. प्राचीन भारत में एक प्रकार का कड़ुआ और मादक पेय पदार्थ। २. एक प्रकार का रोग। ३. रोग। बीमारी। ४. विष। ५ वत्सनाभ। बछनाग। ६. ज्योतिष में ग्यारह करणों में से पाँचवाँ करण।

वि० रोगी।

†पु० [हिं० गला] गरदन। गला।

प्रत्य० [स० कर (कर्त्ता) से फा०] एक प्रत्यय जो कुछ शब्दों के अंत में लगकर ये अर्थ देता है—(क) कोई काम करनेवाला अथवा कोई चीज बनानेवाला। जैसे—कारीगर, सिकलीगर, सौदागर आदि। और (ख) किसी से युक्त होने के भाव का सूचक होता है। उदा० —जोई गर, बँसगर, बुअगर भाई।—पाच।

अव्य० [फा० अगर का संक्षिप्त रूप] अगर। यदि।

गरई—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की छोटी मछली।

गरक—वि० [अ० गर्क] १. डूबा हुआ। निमग्न। २. जो नदी आदि में डूबकर मर गया हो। ३. नष्ट। बरबाद। ४ मग्न। लीन।

गरकाब—पु०[फा०] डूबने की क्रिया या भाव। डुबाव।

वि० १. डूबा हुआ। जलमग्न। २ बहुत अधिक लीन या निमग्न।

गरकी—स्त्री० [अ०] १ डूबने की क्रिया या भाव। डूबना। डुबाव।

मुहा०—किसी को गरकी देना=बहुत अधिक कष्ट या दुःख देना। २ इतना अधिक पानी बरसना या बाढ़ आना जिससे फसल डूबकर नष्ट हो जाय। बूड़ा। अतिवृष्टि। ३ पानी में डूबी हुई जमीन। ४. वह नीची भूमि जो बाढ़ में प्रायः डूब जाती हो। ५ कौपीन। लँगोटी। ६. गराड़ी।

गरगज—पु० [हिं० गढ+गजग] १. वास्तु में, वह चौड़ा और बड़ा ढालुआ रास्ता जिस पर हाथी आ-जा सकते हों। २ किले का बुर्ज। ३. वह ऊँची भूमि या टीला जहाँ से शत्रु का पता लगाया जाता है। ४. नाव की छत। ५. फाँसी की टिकठी।

वि० बड़ा तथा शक्तिशाली। जैसे—गरगज घोड़ा।

गरगरा†—पुं० [अनु०] गराड़ी। घिरनी। (लश०)

गरगवा—पु० [देश०] १. नर गौरैया। चिड़ा। २. एक प्रकार की घास।

गरगाब†—पु० वि०=गरकाब।

गर-चे—अव्य० [फा० अगरचे] यद्यपि।

गरज—स्त्री० [स० गर्जन] १. गरजने की क्रिया या भाव। २. बहुत गंभीर या घोर शब्द। जैसे—बादल या सिंह की गरज।

स्त्री० [अ०] १. किसी उद्देश्य अथवा प्रयोजन की सिद्धि के लिए मन में होनेवाली स्वार्थजन्य इच्छा।

मुहा०—(अपनी) गरज गाँठना=अपना स्वार्थ सिद्ध करना।

पद—गरज का बावला=स्वार्थांध।

२. आवश्यकता। जरूरत।

अव्य० १. इतना होने पर। आखिरकार। २. तात्पर्य यह है कि।

गरजन*—पु० [सं० गर्जन] गरजने की क्रिया या भाव। गरज।

गरजना—अ० [स० गर्ज्; प्रा० गज्ज; सि० गाज; गु० गाजवुं; पं० गज्जणा; मरा० गाज (णें)] १. गंभीर तथा घोर शब्द करना। जैसे—बादल

या सिंह का गरजना। २. (किसी वस्तु का) चटकना, तड़कना या फूटना। जैसे—मोती गरजना।

गरज-गंद—वि० [फा०] [भाव० गरजमंदी] १. जिसे गरज या आवश्यकता हो। जरूरतवाला। २. चाहनेवाला। इच्छुक। ३. अपना काम या मतलब निकालनेवाला। स्वार्थी।

गरजी—वि०=गरजमंद।

गरजुआ—पु० [हिं० गरजना] एक प्रकार की खुमी।

गरजू†—वि०=गरजमंद।

गरट—पुं० [सं० ग्रंथ] झुंड। समूह। उदा०—गाजनि गज्जि गंजे गरट, रहे रोहि रण रंग।—चंदबरदाई।

गरटना—अ० [हिं० गरट] (पशुओं का) झुंड बनाकर चलना।

गरट्ट†—पु० गरट।

गरट्टना†—अ०=गरटना।

गरण—पुं० [सं० √गृ+ल्युट्-अन्] निगलने की क्रिया या भाव।

गरध—स्त्री० =गध (धन या पूँजी)।

गरधिना—स० =गूँथना। उदा०—इह करि रुकंन कुडलि करहि गरधि माल पुहपं घनिय।—चंदबरदाई।

गरद—वि० [स० गर √दा (देना)+क] जहर या विष देनेवाला।

पु० जहर। विष।

स्त्री० [फा० गर्द] १. धूल। राख। २. मटमैले रंग का एक प्रकार का रेशमी कपड़ा।

गरदन—स्त्री० [फा०] १ जीवो, प्राणियों आदि के धड़ और सिर के बीच का अंग। ग्रीवा। गला।

मुहा०—गरदन उठाना=विरोध करना। **(तलवार से) गरदन उड़ाना**=सिर काटना। **गरदन उतारना या काटना**=(क) सिर काटना। (ख) बहुत बड़ी हानि करना। **(किसी की) गरदन झुकना**=(क) बे-सुध या बेहोश होना। (ख) मर जाना। **(किसी के आगे) गरदन झुकना**=(क) अधीन होना। (ख) लज्जित होना। **(किसी के आगे) गरदन झुकाना**=(क) आत्म-समर्पण करना। (ख) लज्जित होकर सिर नीचा करना। **गरदन ढलकना या ढलना**=मरने के बहुत समीप होना या मर जाना। **(किसी का) गरदन न उठाना**=बीमारी के कारण बिलकुल चुपचाप या बे-सुध पड़े रहना। **(किसी की) गरदन नापना**=गरदन से पकड़कर किसी को धक्का देते हुए बाहर निकालना। **(अपनी) गरदन पर खून लेना**=हत्या का अपराधी या दोषी बनना। **(अपनी) गरदन पर जूआ रखना**=मुसीबत मोल लेना। **गरदन फँसना**=संकट में पड़ना। **गरदन मरोड़ना**=गला दबाकर किसी को मार डालना। **गरदन मारना**=सिर काटना। **गरदन में हाथ देना या डालना**=कहीं से निकाल बाहर करने के लिए गरदन पकड़ना। गरदनियाँ देना।

२. वह आड़ी लंबी लकड़ी जो जुलाहों की लपेट के दोनों सिरों पर आड़ी साली जाती है। साल। ३. गगरा, लोटा आदि बरतनों का गरदन के आकार का ऊपरी गोल भाग।

गरदन-घुमाव—पुं० [हिं० गरदन+घुमाना] कुश्ती का एक पेंच।

गरदन-तोड़—पुं० [हिं० गरदन+तोड़ना] कुश्ती का एक दाँव।

गरदन-तोड़ बुखार—पुं० [हिं०+फा०] एक प्रकार का संक्रामक और सांघातिक ज्वर।

गरदन-बन्द—पु०=गलूबंद।

गरदन-बाँध—पुं० [हिं० गरदन+बाँधना] कुश्ती का एक पेंच।

गरदना—पु० [हिं० गरदन] १. मोटी गरदन। २ गरदन पर किया जानेवाला आघात। २. गरदन पर का मांस। (कसाई)

गरदनियाँ—स्त्री० [हिं० गरदन+इया (प्रत्य०)] किसी की गरदन को हाथ से पकड़कर उसे धक्का देते हुए कहीं से तिरस्कारपूर्वक बाहर निकालना।

गरदनी—स्त्री० [हिं० गरदन] १ मिले हुए कपड़े का वह अंश जो गले के चारों ओर पड़ता है। गरेबान। २. गले में पहनने की हँसली (गहना)। ३. घोड़े की पीठ पर डाला जानेवाला कपड़ा जो एक ओर उसकी गरदन में बँधा रहता है। ४. कुश्ती में कोहनी और पहुँचे के बीचवाले अंश से विपक्षी की गरदन पर किया जानेवाला आघात। कुंदा। घस्सा। रद्दा। ५. कुश्ती का एक पेंच। ६. दीवार के ऊपर की कंगनी। कारनिस। ७ दे० 'गरदनियाँ'।

गर-गर्भ—पु० [ब० स०] भूजंग। साँप।

गरदा—पुं० [फा० गर्द] हवा के साथ उड़नेवाली धूल या मिट्टी।

गरदान—वि० [फा०] १. घूम-फिरकर एक ही स्थान पर आनेवाला। २. एक ही बिन्दु या स्थान के चारों ओर घूमनेवाला।

पुं० १. शब्दों का रूप साधन। २ वह कवूतर जो घूम-फिर कर पुनः अपने स्थान पर आ जाता है। ३. चक्कर। फेर।

गरदानना—स० [फा० गरदान] १. व्याकरण में किसी शब्द के भिन्न भिन्न विकारी रूप बनाना या बतलाना। २. विस्तारपूर्वक और कई बार समझाकर कोई बात कहना। उद्धरणी करना। ३ ध्यान देना या महत्त्वपूर्ण समझना। जैसे—हम तुम्हें क्या गरदानते है!

गरदी—वि० [हिं० गरद] गरद नाम के कपड़े की तरह का मटमैला या पीला। टसरी।

पुं० उक्त प्रकार का रंग। टसरी। (ड्रैब)

गरदुआ—पु० [हिं० गरदन] पशुओं को होनेवाला एक प्रकार का ज्वर।

गरधरन—पु० [सं० गरलधर] विष को धारण करनेवाला, शिव।

गर-ध्वज—पुं० [ब० स०] अभ्रक।

गरना*—अ० [हिं० 'गारना' का अ०] १. गारा या निचोड़ा जाना। निचुड़ना। २ किसी चीज के निकल जाने पर उससे रहित या हीन होना।

†अ० १.=गहना। २.=गलना। उदा०—रकत न रहा विरह-तन गरा।—जायसी।

गरनाल—स्त्री० [हिं० गर+नली] चौड़े मुँह की एक प्रकार की तोप। चननाल।

गर-प्रिय—पुं० [ब० स०] शिव।

गरब†—पुं० १.=गर्व (अभिमान)। २. =गर्भ।

गरबई*—स्त्री०=गर्व।

गरब-गहेला—वि० [सं० गर्व=अभिमान+सं० गृहीत, प्रा० गहिल्ल] [स्त्री० गरब-गहेली] बहुत गर्व करनेवाला। अभिमानी। घमंडी।

गरबना*—अ० [सं० गर्व] गर्व करना। इतराना। उदा०—कबीर कहा गरबियौ काल गहै रे केस।—कबीर।

गरबा—पुं० [देश०] [गुज० गरबा=घड़ा] एक प्रकार का गुजराती लोक-नृत्य जिसमें बहुत सी स्त्रियाँ कमर या सिर पर घड़ा रखकर तथा मेरा बनाकर नाचती हैं।

गरबाना†—अ० [सं० गर्व] घमंड में आना। अभिमान करना। शेखी करना।

गरबित*—वि०=गर्वित।

गरबीला—वि० [सं० गर्व] जिसे गर्व हो। अभिमानी। घमंडी।

गरभ—पुं० १.=गर्भ। २.=गर्व।

गरभधान*—पुं० १.=गर्भ। २.=गर्भाधान।

गरभाना—अ० [हिं० गर्भ] १. गर्भ धारण करना। २. गर्भवती होना। ३. गेहूँ, जौ, धान आदि के पौधों में बाल लगना।
स० गर्भ धारण कराना।

गरभी*—वि० [सं० गर्वी] अभिमानी। घमंडी।

गरम—वि० [सं० घर्म से फा० गर्म] [क्रि० गरमाना; भाव० गरमाहट, गरमी] १. (पदार्थ) जिसका ताप-मान जीवों या प्राणियों के सहज और स्वाभाविक ताप-मान से कुछ अधिक हो। जैसे—नहाने का गरम पानी; दोपहर की गरम हवा। २ (प्राणी या शरीर) जिसका ताप-मान सहज या स्वाभाविक से कुछ अधिक या ऊपर हो। उस प्रकार का जैसा ज्वर या बुखार में होता है। जैसे—रोज संध्या को इसका बदन गरम हो जाता है। ३. (शरीर) जिसमें सहज और स्वाभाविक ताप-मान वर्तमान हो। प्रथम ताप-मानवाला। जैसे—शरीर का गरम रहना जीवन का लक्षण है। ४.(पदार्थ) जो अग्नि, धूप आदि के संयोग से जल या तप रहा हो। जिसे छूने से शरीर में जलन होती हो। जैसे—कड़ाही (या तवा) गरम है; इसे मत छूना। ५. (पदार्थ) जिसमें विद्युत् की धनात्मक या सहिक धारा प्रवाहित हो रही हो। जैसे—बिजली का गरम तार छूना प्राणियों के लिए घातक होता है। ६. (प्रदेश या भू-भाग) जो विषुवत् रेखा पर या उसके आस-पास स्थित हो और इसी लिए जहाँ गरमी अपेक्षया अधिक पड़ती हो। जैसे—अरब, चीन, भारत आदि गरम देश हैं। ७. (औषध या खाद्य पदार्थ) जो शरीर के अंदर पहुँचकर उष्णता या ताप उत्पन्न करता हो। जिसकी तासीर या प्रभाव तापकारक हो। जैसे—जायफल, मिर्च, लौंग, आदि मसाले गरम होते हैं। ८. (पदार्थ) जो शरीर के ऊपरी भाग पर से शीत का प्रभाव कम करके उसमें हलकी उष्णता या ताप लाता हो। जैसे—जाड़े में सब लोग गरम कपड़े पहनते हैं। ९. (प्रकृति या स्वभाव) जिसमें उग्रता, क्रोध, द्वेष आदि तीव्र बातें अधिक प्रधान तथा प्रबल रहती हों। जैसे—वे गरम मिजाज के आदमी हैं।

मुहा०—(किसी से) गरम पड़ना या होना=आवेश या क्रोध में आकर किसी से लड़ने-झगड़ने पर उतारू होना।
१०. जो किसी रूप में उग्र, उत्कट या तीव्र हो अथवा जो किसी कारण से ऐसा हो गया हो। जैसे—तुम्हारी ऐसी ही बातों से हमारा मिजाज गरम हो जाता है। ११. (मादा पशु) जो काम-वासना के वश में होकर गर्भ धारण करने के लिए उत्सुक या उपयुक्त हो। जैसे—कुतिया या गौ का गरम होना। १२. जिसमें आवेश, उत्साह, तीव्रता आदि बातें यथेष्ट मात्रा में हों। जिसमें अभी तक किसी प्रकार की मंदता, शिथिलता, ह्रास आदि के लक्षण न दिखाई देते हों। जैसे—(क) अभी तुम्हारा खून गरम है; जब बड़े होगे, तब तुममें सहनशीलता आवेगी। (ख) अभी यह मामला (या विवाद) इतना गरम है कि इसका निपटारा हो ही नहीं सकता। १३. (चर्चा या बात) जिसका यथेष्ट प्रचलन हो। जैसे—आज शहर में एक नई खबर गरम है। १४. बिलकुल तुरत या हाल का। बहुत ही ताजा। जैसे—अभी तो चोट गरम है; कुछ देर बाद दरद बढ़ेगा। १५. (बाच-चीत) जिनके प्रसग में कुछ उग्रता, उत्तेजना या कटुता आ गई हो। जैसे—संसद में इस विषय पर खूब गरम बहस हुई थी। १६ (बाजार या भाव) जिसमें खूब चहल-पहल या तेजी हो। जो चलता हुआ या बढ़ती पर हो। जैसे—आज सोने का बाजार गरम है।

मुहा०—(किसी चीज या बात का) बाजार गरम होना=बहुत अधिकता, तीव्रता या प्रबलता होना। जैसे—(क) आज-कल हैजे का बाजार गरम है। (ख) शहरों में चोरियों का बाजार गरम है।

गरम कपड़ा—पुं० [हिं०] शरीर गरम रखनेवाला और जाड़े में पहनने का कपड़ा। ऊनी अथवा रूईदार कपड़ा।

गरम पानी—पुं० [हिं०] १. वीर्य। शुक्र। (बाजारू) २. मदिरा। शराब।

गरम मसाला—पुं० [हिं०] भोजन में मिलाई जानेवाली एसी चीजें जो उसे चरपरा, पाचक और सुस्वादु बनाती है। जैसे—दालचीनी, धनियाँ, मिर्च, लौंग आदि।

गरमाहट—स्त्री० [हिं० गरम+आहट (प्रत्य०)] १. गरम होने की अवस्था या भाव। २ कुछ हलकी गरमी। जैसे—कमरे में अब गरमाहट आई है।

गरमाई†—स्त्री० [फा० गरमी से पंजाबी] १. गरमी। २. ऐसी वस्तु जिसके उपयोग या सेवन से शरीरिक शक्ति बढ़ती हो। जैसे—जच्चा को गरमाई खिलाओ; तभी वह जल्दी स्वस्थ होगी।

गरमागरम—वि० [हिं० गरम+गरम] १. ऐसा गरम जिसमें अभी ठंडक बिलकुल न आने पाई हो। काफी गरम। जैसे—गरमागरम चाय या दूध। २. बिलकुल ताजा या तुरत का। जैसे—गरमागरम खबर। ३. उत्तेजना से युक्त। जैसे—गरमागरम बहस।

गरमागरमी—स्त्री० [हिं० गरमा+गरम] १. किसी काम में जल्दी से निबटाने या समाप्त करने में होनेवाली तेजी। तत्परता। मुस्तैदी। २. अनबन या झगड़ा होने की स्थिति या भाव। ३. आवेशपूर्ण कहा-सुनी।

गरमाना—स० [फा० गर्म, हिं० गरम+आना (प्रत्य०)] १. कोई चीज आग पर रखकर उसे साधारण या हलका गरम करना। जैसे—पीने के लिए दूध या खाने के लिए ठंडी रोटी गरमाना। २. साधारण उष्णता या ताप से युक्त करना। जैसे—आग तापकर या धूप सेंककर हाथ-पैर गरमाना; रजाई ओढ़कर शरीर गरमाना। ३. ऐसा काम करना या ऐसी स्थिति उत्पन्न करना जिससे किसी में कुछ गरमी (आवेश, उत्तेजना, उत्साह, तीव्रता, प्रसन्नता आदि) उत्पन्न हो। जैसे—(क) कोई तीखी बात कहकर किसी आदमी को गरमाना। (ख) शराब पिलाकर मैसे को गरमाना। (ग) कुछ दूर दौड़ाकर घोड़े को गरमाना। (घ) गवैये का आरम्भ में धीरे-धीरे कुछ समय तक गाकर अपना गला

गरमाना। ४. किसी के जेब, हाथ आदि के संबंध में, उसमें कुछ धन रखकर उसे प्रसन्न या संतुष्ट करना। जैसे—उसने थानेदार (या पेशकार) का जेब (या हाथ) गरमाकर उसे अपने अनुकूल कर लिया।

अ० १. साधारण या हलकी उष्णता अथवा ताप से युक्त होना। गरम होना। जैसे—(क) थोड़ी देर आँच पर रहने से दूध या पानी का गरमाना। (ख) आग तापने या कबल ओढ़ने से शरीर का गरमाना। २. आवेश, उत्तेजना आदि उग्र अथवा तीव्र मनोभावों से युक्त होना। जैसे—जरा सी बात पर इस तरह गरमाना अच्छा नहीं होता। ३. किसी आरम्भिक या औपचारिक क्रिया के प्रभाव से किसी प्राणी या उसके किसी अंग का तेजी पर आना और ठीक तरह से अपना काम करने के योग्य होना। जैसे—(क) कुछ दूर दौड़ने से घोड़े का गरमाना। (ख) कुछ देर तक धीरे-धीरे गा लेने पर गवैये का गला गरमाना। ४. स्वाभाविक रूप से पशुओं आदि का उमग मे आना और काम-वासना से युक्त होना। जैसे—गौ या घोड़े का गरमाना। ५ जेब, हाथ आदि के संबंध में, रुपये पैसे की उत्साह-वर्धक या सुखद प्राप्ति होना। जैसे—आज कई दिन बाद इनका जेब (या हाथ) गरमाया है।

गरमी—स्त्री० [फा०] १. गरम होने की अवस्था, गुण या भाव। जैसे—आग या धूप की गरमी। २. वर्षा से पहले और वसंत के बाद की ऋतु। ग्रीष्म काल। जेठ-असाढ के दिन। जैसे—इस साल गरमी में पहाड़ पर जाने का विचार है। ३. किसी प्रकार का मानसिक आवेग या उमग। जोश।

मुहा०—(अपनी) गरमी निकालना=मैथुन या संभोग करना। (बाजारू)। (किसी की) गरमी निकालना=ऐसा कार्य करना जिससे किसी का आवेग या क्रोध सदा के लिए अथवा कुछ दिनों के लिए दूर होकर मंद या शांत पड़ जाय।

५ दुष्ट मैथुन से जननेंद्रिय में होने वाला एक भीषण रोग। आतशक या फिरंग रोग। (सिफलिस) ६. घोड़ों और हाथियों को होनेवाला एक प्रकार का रोग। ७. दे० 'ताप'।

गरमीदाना—पुं० [हिं० गरमी+दाना] अधिक गरमी पडने के कारण शरीर पर निकलनेवाले छोटे-छोटे लाल दाने। अँभौरी। पित्ती।

गररा*—पुं० [हिं० गर्रा] घोड़ों की एक जाति।

गरराना*—अ० [अनु०] घोर या भीषण ध्वनि करना। गरजना।

गररी†—स्त्री० [देश०] किलँहटी या सिरोही नामकी चिड़िया।

गरल—पुं० [सं०√गृ (निगलना)+अलच्] १. जहर। विष। २. बिच्छू, साँप आदि विषैले कीड़ों का जहर। ३. घास का बँधा हुआ पूला।

गरल-धर—वि० [ष० त०] विष धारण करनेवाला।

पुं० १. महादेव। शिव। २. साँप।

गरलारि—पुं० [गरल-अरि, ष० त०] मरकत मणि। पन्ना।

गरवा*—पुं० [सं० गुरु] १. भारी। २. महान्।

पुं० दे० 'गला'।

गर-व्रत—पुं० [ब० स०] मयूर। मोर।

गरसना—स०=ग्रसना।

गरह†—पुं०=ग्रह।

गरहन—पुं० [सं० गर√हन् (नष्ट करना)+क] काली तुलसी। बबरी।

†पुं०=ग्रहण।

गरहर—पुं० [हिं० गर=गल+हर] वह काठ जो नटखट चौपायों के गले में बाँधकर लटकाया जाता है। कुंदा। ठेकुर।

गरहेड़ुवा—पुं० [सं० गवेडुका] कसेई। कौड़िल्ला। (पक्षी)

गराँ—वि० [फा०] १. भारी। वजनी। २. कठिन। ३. अप्रिय। नागवार। ४. महँगा।

गरांडील—वि० [फा० गरा या अं० ग्रांड?] १. जो लंब-तड़ंग तथा मोटा-ताजा हो। २. बहुत बड़ा या भारी।

गराँव—स्त्री० [हिं० गर=गला] पशुओं के गले में बाँधी जानेवाली बटी हुई दोहरी रस्सी जिसके एक सिरे पर मुद्धी और दूसरे सिरे पर गाँठ होती है।

गरा†—पुं०=गला।

गराऊ†—पुं० [सं० गुरु, पु० हिं० गुरु गरुअ] पुराना अथवा बूढ़ा भेड़ा। (गँड़ेरियों की बोली)

गराज—पुं० [अं० गैरेज] मोटर गाड़ी या इसी तरह की और कोई सवारी रखने या रहने का घिरा हुआ स्थान। गिराज।

†स्त्री०=गरज (गर्जन)।

गराड़ी—स्त्री०=गड़ारी।

गराना—स० १. दे० 'गलाना'। २. दे० 'गारना'।

गरानी—स्त्री० [फा०] १. भारीपन। गुरुता। २. महँगी। ३. भोजन न पचने के कारण होनेवाला पेट का भारीपन।

†स्त्री०=ग्लानि।

गरामी—वि० [फा०] १. बुजुर्ग। वृद्ध। २. प्रसिद्ध। ३. सम्मानित।

गरारा—वि० [सं० गर्व, पु० हिं० गारो+आर (प्रत्य०)] १. अभिमानी। घमंडी। २. प्रबल। बलवान्। ३. तेज। प्रचंड।

पु० [हिं० घेरा] १. पायजामे की ढीली मोहरी। जैसे—गरारेदार पायजामा। २. ढीली मोहरी का पायजामा। ३. खेमा, तंबू आदि भरने का बडा थैला।

पु० [अ० गरार, अनु०] १. मुँह में पानी भरकर गर गर शब्द करके कुल्ली करना। २. चौपायों का एक रोग जिसमें उनके गले में घुर-घुर शब्द होता है।

गरारी—स्त्री० दे० 'गड़ारी।'

गराव—पुं० [देश०] मध्य युग की एक प्रकार की बड़ी नाव।

गरावन†—पु०=गड़ावन।

गरावना†—स० =१. =गड़ाना। २. =गलाना।

गरावा†—पुं० [देश०] ऐसी भूमि जो अधिक उर्वर न हो। कम उपजाऊ जमीन।

गरास—पुं०=ग्रास।

गरासना*—स० [सं० ग्रास] १. निगलना। २. दे० 'ग्रासना' या 'ग्रसना'।

गरिका—स्त्री० [सं० गुरु+णिच्, गर् आदेश गरि+कन्—टाप्] नारियल की गरी।

गरित—वि० [सं०+इतच्] १. जहर या विष से युक्त। २. जिसमे विष मिलाया गया हो।

गरिमता*—स्त्री० दे० 'गरिमा'। उदा०—उरजनि नहिन गरिमता तैसी। —नंददास।

गरिमा (मन्)—स्त्री० [सं० गुरु+इमनिच्, गर् आदेश] १. गुरुत्व। भारीपन। २. महत्त्व। महिमा। ३. अहंकार। घमंड। ४. आत्म-श्लाघा। शेखी। ५. आठ सिद्धियों में से एक, जिसके फल-स्वरूप मनुष्य अपने शरीर का भार जितना चाहे, उतना बढ़ा सकता है।

गरिया—पु० [देश०] दक्षिण और मध्यभारत में होनेवाला एक प्रकार का वृक्ष।

गरियाना†—अ० [हिं० गारी=गाली] गालियाँ देना। दुर्वचन कहना।

गरियार—वि० [सं० गुरु=भारी] १ (पशु) जो कही बैठ जाने पर जल्दी अपनी जगह से न हिले। फलतः मठ्ठर या सुस्त। जैसे—गरियार बैल। *२. काम-धंधा करने में सुस्त। आलसी। उदा०—जीह पतोहू घिया गरियार।—घाघ।

गरियारा—पु०=गलियारा।
वि०=गरियार।

गरियालू—पु० [हिं० करिया से करियालू] एक प्रकार का काला-नीला रंग जो ऊन रंगने के काम आता है।
वि० उक्त प्रकार के रंग का। काला-नीला।

गरिष्ठ—वि० [सं० गुरु+इष्ठन्, गर् आदेश] १. बहुत भारी। २ (खाद्य पदार्थ) जो बहुत कठिनता से या देर में पचता हो। ३. महत्त्वपूर्ण।
पु० १. एक प्राचीन तीर्थ। २. एक दानव का नाम।

गरी—स्त्री० [सं०√गृ (लीलना)+अच्+ङीप्] देवताड़।
स्त्री० [सं० गुलिका, प्रा० गुडिया] १. नारियल के अंदर का वह सफेद मुलायम गूदा जो खाया जाता है। २ किसी कड़े बीज के अंदर का मुलायम और जमा हुआ गूदा।

गरीब—वि० [अ० गरीब] [स्त्री० गरीबिन, गरीबिनी, (क्व०), भाव० गरीबी] १. दीन और नम्र। २. दरिद्र। निर्धन। ३ निरुपाय। बेचारा।
पु० ईरानी संगीत में एक प्रकार का राग।

गरीबखाना—पु० [फा०] (अपनी नम्रता दिखलाने के लिए) इस गरीब (अर्थात् मुझ अकिंचन) के रहने का स्थान। मेरा घर।

गरीबनिवाज—वि० [फा० गरीब+नेवाज] दीनों पर दया करने और दु खियों का दुःख दूर करनेवाला। दयालु।

गरीबपरवर—वि० [फा०] गरीबों की परवरिश करनेवाला। गरीबों का पालनवाला। दीन-पालक।

गरीबी—स्त्री० [अ० गरीब] १. गरीब होने की अवस्था या भाव। २. २ दीनता। नम्रता। ३ दरिद्रता। निर्धनता।

गरीयस्—वि० [सं० गुरु+ईयसुन्, गर् आदेश] [स्त्री० गरीयसी] १. बहुत अधिक भारी। २. बहुत प्रबल और महान्। ३. महत्त्वपूर्ण।

गरु*—वि० [सं० गुरु] १ भारी। वजनदार। २ गौरवशाली। ३. जिसका स्वभाव गंभीर या शांत हो। धीर।

गरुअत—वि० [सं० गुरु] बड़ा। महान्।

गरुआ†—वि० [सं० गुरु] [स्त्री० गरुई] १ भारी। वजनी। २ अभिमानी। घमंडी।
पु० =गरुआ।

गरुआई—स्त्री० [हिं० गरुआ] गुरुता। भारीपन।

गरुआना*—अ० [सं० गुरु] भारी या वजनदार होना।
स० भारी करना या बनाना।

गरुड़—पुं० [सं० गरुत्√डी (उड़ना)+ड, पृषो० तलोप] १. गिद्ध की जाति का एक प्रकार का बहुत बड़ा पक्षी जो पुराणों में विष्णु का वाहन कहा गया है। २. सफेद रंग का एक प्रकार का जल-पक्षी जिसे पड़वा ढेक भी कहते हैं। ३. प्राचीन भारत की एक प्रकार की सैनिक व्यूह-रचना। ४. गरुड़ पक्षी के आकार का एक प्रकार का प्रासाद। ५. पुराणानुसार चौदहवें कल्प का नाम। ६. श्रीकृष्ण के एक पुत्र का नाम। ७. छप्पय छंद का एक प्रकार या भेद। ८. नृत्य में, एक प्रकार की मुद्रा।

गरुड़गामी (मिन्)—पुं० [सं० गरुड़√गम् (जाना)+णिनि] १. विष्णु। २. श्रीकृष्ण।

गरुड़-घंटा—पु० [ष० त०] ठाकुर जी की पूजा में बजाया जानेवाला वह घंटा जिसके ऊपर गरुड़ की आकृति बनी रहती है।

गरुड़-ध्वज—पुं० [ब० स०] १. विष्णु। २ प्राचीनकाल के बने हुए ऐसे स्तंभ जिनपर गरुड़ की आकृति होती थी।

गरुड़-पक्ष—पु० [ष० त०] नृत्य में दोनों हाथ कमर पर रखने की एक मुद्रा।

गरुड़-पाश—पुं० [मध्य० स०] पुरानी चाल का एक प्रकार का फंदा जो शत्रु को फँसाने के लिए उसके ऊपर फेंका जाता था।

गरुड़-पुराण—पु० [मध्य० स०] अठारह पुराणों में से एक जिसमें यमपुर तथा अनेक प्रकार के नरकों का वर्णन है। प्रेत-कर्म का विधान भी इसी में है।
विशेष—हिन्दुओं में किसी के मर जाने पर दस दिन तक इसकी कथा सुनने का माहात्म्य है।

गरुड़-प्लुत—पु० [ष० त०] नृत्य में एक प्रकार की मुद्रा।

गरुड़-भक्त—पु० [ष० त०] प्राचीन भारत का एक सम्प्रदाय जो गरुड़ की उपासना करता था।

गरुड़-यान—पु० [ब० स०] १. विष्णु। २ श्रीकृष्ण।

गरुड़-वृत्त—पु० [ष०त०] एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमश नगण, जगण, भगण, जगण, तगण तथा अंत में एक गुरु होता है।

गरुड़-व्यूह—पु० [उपमि० स०] प्राचीन भारत में सैनिक व्यूह-रचना का एक प्रकार जिसमें सेना का मध्य भाग अपेक्षया अधिक विस्तृत रखा जाता था।

गरुड़-सिंह—पु० [उपमि० स०] प्राचीन भारतीय वास्तु में, वह कल्पित सिंह जिसका अगला भाग गरुड़ के समान तथा पिछला सिंह के समान होता था।

गरुड़ांक—पुं० [गरुड़-अंक] ब० स०] विष्णु।

गरुड़ांकित—पुं० [गरुड़-अंकित, उपमि० स०] दे० 'गरुड़ाश्मा'।

गरुड़ाग्रज—पुं० [गरुड़-अग्रज, ष० त०] अरुण, जो गरुड़ का बड़ा भाई कहा गया है।

गरुड़ाश्मा (श्मन्)—पुं० [गरुड़-अश्मन्, उपमि० स०] पन्ना नामक रत्न।

गरुत्—पुं० [सं०√गृ (शब्द)+क्विप्] पंख। पर।

गरुता†—स्त्री०=गुरुता।

गरुत्मान् (मत्)—पु० [सं० गरुत्+मतुप्] १. गरुड़। २. पक्षी। ३. अग्नि।

गरुल—पुं० [सं० गरुड़] गरुड़। उदा०—कंत गरुल होतहिं निरवयी।—जायसी।

गरुवाई†—स्त्री० =गुरुता।

गरुहर†—वि० =गुरु (भारी)।

गरू*—वि० =गुरु।

गरूर—पु० [अ० गरूर] अभिमान। घमंड।

गरूरत—स्त्री० =गरूर।

गरूरताई*—स्त्री० =गरूर।

गरूरा*—वि० [फा० गरूर] [स्त्री० गरूरी] १. अभिमानी २. घमंडी।
पु०=गरूर।

गरेठना†—स०=गरेरना (घेरना)।

गरेठा—वि० =टेढ़ा।

गरेबान—पु० [फा०] किसी सिले हुए कपड़े का वह अंश जो गले के चारों ओर पड़ता है।

गरेरना—स०=घेरना (छेकना या रोकना)।

गरेलना†—स० गरेरना।

गरेरा*—पु० घेरा।
वि० [स्त्री० गरेरी] (वास्तु रचना) जिसमें घुमाव-फिराव हो।
चक्करदार।
†पुं० =गदेला (छोटा लड़का)।

गरेरी—स्त्री० गद्दारी।

गरेहुआ†—वि० [स० गुरु] १. भारी। २. भीषण। विकट।

गर्रंडा—स्त्री०=गर्रांव (पशुओं के गले में बाँधने की रस्सी)।

गरोह—पु० [फा०] झुंड। जत्था।

गर्क—वि० [अ०] १. डूबा हुआ। २ तल्लीन। विचारमग्न।

गर्ग—पु० [स० √गृ (स्तुति करना)+ग] १. एक वैदिक ऋषि जो आंगिरस भरद्वाज के वंशज और ऋग्वेद के एक सूक्त के मंत्र-द्रष्टा थे।
२ ज्योतिष शास्त्र के एक प्राचीन आचार्य। ३ धर्मशास्त्र के प्रवर्त्तक एक प्राचीन ऋषि। ४. बैल। ५. साँड़। ६. गगोरी नाम का छोटा कीड़ा। ७. बिच्छू। ८ केंचुआ। ९. एक पर्वत का पुराना नाम। १०. ब्रह्मा के एक मानस पुत्र जिनकी सृष्टि गया में यज्ञ के लिए हुई थी। ११. संगीत में, एक प्रकार का ताल।

गर्गर—पुं० [स० गर्ग√रा (देना)+क] १. भँवर। २. एक प्रकार का पुराना बाजा। ३. गगरा। गागर। ४ एक प्रकार की मछली।

गर्गरी—स्त्री० [सं० गर्गर+ङीष्] १. दही जमाने की मटकी। दहेंड़ी। २. मथानी। ३. गगरी। कलसी।

गर्ज—स्त्री०=गरज।

गर्जक—पुं० [सं०√गर्ज (गरजना)+ण्वुल्—अक] एक प्रकार की मछली।
वि० गरजनेवाला।

गर्जन—पुं० [स० √गर्ज्+ल्युट्—अन] १. घोर ध्वनि या भीषण शब्द करने या होने की क्रिया या भाव। गरज।
पद—गर्जन-तर्जन=क्रोध में आकर जोर-जोर से बोलना और डाँटना-डपटना।
२. शाल की जाति का एक प्रकार का वृक्ष।

गर्जना—स्त्री०[सं०] गर्जन (दे०)।
अ०=गरजना।

गर्जा—स्त्री० [सं०√गर्ज्+अङ्—टाप्] बादलों की गरज।

गर्जित—भू० कृ० [सं० √गर्ज्+क्त] गरजा हुआ।

गर्दर—पु० [अ०] लोहे का ढला हुआ वह मोटा और लंबा छड़ जो बड़ी छतें आदि पाटने में शहतीर की जगह लगाया जाता है।

गर्त—पुं० [सं०√गृ (लीलना)+तन्] १. गड्ढा। गहरा। २ छेद। ३. दरार। ४. घर। ५. रथ। ६ जलाशय। ७ एक नरक का नाम।
८.एक शब्द जो स्थान-वाचक कुछ नामों में उत्तर-पद के रूप में लगता है। जैसे—चक्रगर्त, त्रिगर्त आदि।

गर्तकी—स्त्री० [स० गर्त+कन्—ङीष्] वह स्थान जहाँ कपड़े बुने जाते हैं।

गर्ता—स्त्री० [स० गर्त+टाप्]१ बिल। २. गुफा।

गर्ताश्रय—पु० [गर्त-आश्रय, ब० स०] बिल में रहनेवाले जंतु। जैसे—चूहा, खरगोश आदि।

गर्तिका—स्त्री० [स० गर्त+ठन्—इक, टाप्] =गर्तकी।

गर्द—स्त्री० [फा०] गरदा। धूल।
मुहा० के लिए देखें 'धूल' के मुहा०।

गर्दखोर—वि० [फा०] (कपड़ा या उसका रंग) जो गर्द या मिट्टी आदि पड़ने से जल्दी मैला या खराब न होता हो। जैसे—खाकी रंग।
पु० पैर पोंछने का टाट आदि।

गर्दखोरा†—वि०=गर्दखोर।

गर्द-गुबार—पु० [फा०] धूल और मिट्टी जो हवा के साथ उड़कर इधर-उधर गिरती है।

गर्दन—स्त्री०=गरदन।

गर्दना—पु० दे० 'गरदना'।

गर्दभंग—पु० [हि० गर्द+भंग] एक प्रकार का गाँजा जिसे चूरू चरस भी कहते हैं।

गर्दभ—पु० [सं० √गर्द् (शब्द करना)+अभच्] १. गधा। गदहा। २. सफेद कुमुदनी या कोई। ३. विदंग। ४. गदहिला नाम का कीड़ा।

गर्दभक—पु० [सं० गर्दभ+कन्] १ गुबरैला नाम का कीड़ा। २. एक प्रकार का चर्मरोग।

गर्दभ-याग—पु० [तृ० त०] अवकीर्ण याग।

गर्दभांड—पुं० [सं० गर्दभ√अम् (जाना)+ड] पल्लवा या पाकर नामक वृक्ष।

गर्दभा—स्त्री० [सं० गर्दभ+टाप्] सफेद कटकारी।

गर्दभिका—स्त्री० [सं० गर्दभ+ङीष्+कन्—टाप्, ह्रस्व] एक प्रकार का रोग जिसमें लाल फुंसियाँ निकलती हैं। गदहिला।

गर्दभी—स्त्री० [सं० गर्दभ+ङीष्] १. गर्दभ की मादा। गधी। २. एक प्रकार का कीड़ा। ३. अपराजिता लता। ४ सफेद कंटकारी। ५. गर्दभिका या गदहिला नामक रोग।

गर्दाबाद—वि० [फा० गर्द+आबाद]१. गर्द या धूल से भरा हुआ। २. टूटा-फूटा। ध्वस्त। ३. उजाड़। वीरान। ४. बेसुध। बेहोश।

गर्दालू—पु० [फा० गर्द+आलू] आलूबुखारा।

गर्दिश—स्त्री० [फा०] १. चारों ओर घूमने की क्रिया या भाव।

चक्कर। २. विपत्ति या संकट में डालनेवाला दिनों (या भाग्य) का फेर।

गर्दुआ—पु० =गरदुआ।

गर्दू—पुं० [फा०] १. आकाश। २. गाड़ी। रथ।

गर्द्ध—पु० [सं० गृध् (चाहना)+अच्] [वि० गर्द्धी, गर्द्धित] १. लालच। लोभ। २. गर्दभांड। पाखर।

गर्द्धित—वि० [सं० गर्द्ध+इतच्] लोभ से युक्त। लुब्ध।

गर्द्धी (द्धिन्)—वि० [सं० √गृध्+णिनि] [स्त्री० गर्द्धिनी] १ लोभी। २. लुब्ध।

गर्नाल—स्त्री०=गरनाल।

गर्भ—पु०=गर्भ।

गर्भा—पु० [?] १. मिट्टी का वह पात्र जो कुछ देवी-देवताओं की पूजा के लिए मंगल कलश के रूप में सजाकर प्रस्थापित किया जाता है। २. वह गीत जो उक्त पात्र को प्रस्थापित करते समय गाया जाता है। (गुजरात)

गर्भीला—वि०=गर्भीला।

गर्भंड—पुं० [गर्भ-अंड, ष० त०, परकप] बहुत बड़ी या उभरी हुई नाभि।

गर्भ—पुं० [सं०√गृ (सीचना)+भन्] १. पेट के अन्दर का भाग। उदर। २. स्तनपायी (मादा) प्राणियो के शरीर का वह भीतरी भाग जिसमें शुक्र और रज के संयोग से नये प्राणी उत्पन्न होते, बढते, पनपते और अंत मे जन्म लेते हैं। गर्भाशय। ३. उक्त के आधार पर मादा स्तनपायी प्राणियो के गर्भवती होने की अवस्था या काल।

मुहा०—**गर्भ गिरना** =गर्भपात होना। **गर्भ रहना** =पेट में बच्चा आना।

४. लाक्षणिक अर्थ मे, किसी वस्तु का वह भीतरी भाग जिसमें कोई चीज छिपी या दबी रहती अथवा पनपती, बढ़ती या स्थित रहती है। जैसे—यह बात तो अभी भविष्य के गर्भ मे हीं है। ५. गर्भ में आनेवाला नया जीव। (रूढ़०) ६. फलित ज्योतिष मे नये मेघों की उत्पत्ति जिससे वृष्टि का आगम होता है।

गर्भक—पुं० [स० गर्भ√कै (शब्द)+क] १. पुत्रजीव वृक्ष। पतजिव। २. फूलो का गुच्छा जो बालों में खोंसा जाता है। [गर्भ+कन्] दो रातो और उनके बीच के दिन की अवधि।

गर्भकार—वि० [स० गर्भ√कृ (करना)+अण्] (व्यक्ति) जिसके संपर्क से स्त्री ने गर्भ धारण किया हो।

पु० सामगान का एक प्रकार का भेद।

गर्भ-काल—पु० [ष० त०] १. गर्भाधान के लिए उपयुक्त काल। ऋतुकाल। २. वह सारा समय जब तक स्त्रियों को गर्भ रहता हो। गर्भ-धारण से प्रसव तक का समय।

गर्भ-केसर—पु० [ष० त०] फूल के बीच मे के वे केसर या सींके जो उसके स्त्रीलिंग अंग के रूप में होते हैं। उसी के साथ पराग केशर का संपर्क होने पर फल और बीज उत्पन्न होते हैं। (कार्पेल, पिस्टिल)

गर्भ-कोष—पु० [ष० त०] गर्भाशय।

गर्भ-गृह—पुं० [उपमि० स०] १. मकान के मध्य की कोठरी। बीच का घर। २. मन्दिर के बीच की वह कोठरी जिसमें प्रतिमा या मूर्ति रहती है। ३. वह कोठरी जिसमें गर्भवती स्त्री सन्तान प्रसव करती है। सौरी। ४. आँगन।

गर्भघाती (तिन्)—वि० [सं० गर्भ√हन् (नष्ट करना)+णिनि] [स्त्री० गर्भघातिनी] गर्भ गिराने या नष्ट करनेवाला।

गर्भ-चलन—पु० [ष० त०] गर्भाशय में बच्चे का इधर-उधर हिलना-डोलना।

गर्भ-च्युति—स्त्री० [ष० त०] १. प्रसव। २. गर्भपात।

गर्भज—वि० [स० गर्भ√जन् (उत्पन्न होना)+ड] १. जो गर्भ से उत्पन्न हुआ हो। (अंडज, स्वेदज आदि से भिन्न) २. दे० 'जन्म-जात'।

गर्भ-जात—वि० [ष० त०]=गर्भज।

गर्भदंश—पु०=संदंश।

गर्भद—वि० [स० वृर्भ√दा (देना)+क] गर्भकार।

पुं० पुत्रजीव वृक्ष।

गर्भदा—स्त्री० [सं० गर्भद+टाप्] सफेद भटकटैया।

गर्भ-दासी—स्त्री० [ष० त०] =गर्भदा।

गर्भ-दास—पु० [ष० त०] [स्त्री० गर्भदासी] दासी का पुत्र, अर्थात् जन्मजात दास। गोला।

गर्भ-दिवस—पु० [च० त०] १. गर्भकाल। २. कार्तिकी पूर्णिमा से लेकर लगभग १९५ दिनों का समय जब कि मेघों के गर्भ मे आने अर्थात् आकाश में बनने का समय होता है। (बृहत्संहिता)

गर्भ-दुत—पुं० [ष० त०] वैद्यक मे पारे की शुद्धि के लिए किए जानेवाले संस्कारो में से तेरहवाँ संस्कार।

गर्भ-द्रुह—वि० [सं० गर्भ√द्रुह् (बुराई सोचना)+क्विप्] [स्त्री० गर्भ-द्रुहा] गर्भ का द्रोही, अर्थात् गर्भ न चाहने या उसे नष्ट करनेवाला।

गर्भ-धरा—वि० [ष० त०] गर्भ धारण करनेवाली। गर्भवती।

गर्भ-धारण—पुं० [ष० त०] गर्भ मे नया जीव धारण करना। गर्भवती होना।

गर्भ-नाड़ी—स्त्री० [ष० त०] वह नाड़ी जो एक ओर गर्भ के बच्चे की नाभि से और दूसरी ओर गर्भाशय से मिली होती है।

गर्भ-नाल—स्त्री० [ष० त०] १. फूलो के भीतर की वह पतली नाल जिसके सिरे पर गर्भ केसर होता है। २. दे० 'गर्भ-नाड़ी'।

गर्भ-निष्क्रम—पु० [ष० त०] वह झिल्ली जो बच्चे के जन्म लेने पर गर्भ से निकलती है। आँवल। खेड़ी।

गर्भ-पत्र—पुं० [ष० त०] १. कोपल। गाभा। २. दे० 'गर्भनाल'।

गर्भपाकी (किन्)—पुं० [स० गर्भ-पाक, ष० त०, +इनि] साठी धान।

गर्भ-पात—पुं० [ष० त०] १. गर्भ का गिरना। पेट के बच्चे का पूरी बाढ़ के पहले गर्भ से निकलकर गिर पड़ना और व्यर्थ हो जाना। (गर्भ-स्राव से भिन्न; दे० 'गर्भ-स्राव')

गर्भ-पातक—वि० [ष० त०] (औषध या पदार्थ) जिसके प्रयोग या व्यवहार से गर्भपात हो जाय। गर्भ गिरानेवाला।

पुं० लाल सहिजन।

गर्भ-पातन—पु० [सं० ष० त०] जान-बूझकर पेट या गर्भ का गिराना, जिससे गर्भस्थ जीव मर जाता है। (यह विधिक दृष्टि से अपराध भी है और नैतिक तथा धार्मिक दृष्टि से पाप भी।)

गर्भ-पातिनी—स्त्री० [सं० गर्भपातिन्+ङीप्] १. कलिहारी। २. विशल्या नामक ओषधि।

गर्भपाती (तिन्)—वि० [सं० गर्भ √पत् (गिरना)+णिच्+णिनि] [स्त्री० गर्भपातिनी] गर्भपात करने या गिरानेवाला।

गर्भ-भवन—पु० [ष० त०] १. वह कोठरी जिसमें स्त्री बच्चा प्रसव करती है। सौरी। २. दे० 'गर्भ-गृह'।

गर्भ-मंडप—पुं० [ष० त०] १. गर्भ-गृह। २. पति और पत्नी का शयनागार।

गर्भ-मास—पु० [ष० त०] वह महीना जिसमें स्त्री ने गर्भ धारण किया हो।

गर्भ-मोक्ष—पु० [ष० त०] प्रसव।

गर्भरा—स्त्री० [सं० गर्भ√रा (देना)+क—टाप्] प्राचीन काल की एक प्रकार की बड़ी नाव।

गर्भवती—स्त्री० [सं० गर्भ+मतुप्—वत्व, ङीप्] स्त्री, जिसके पेट में बच्चा हो। गर्भिणी।

गर्भ-वास—पु० [स० त०] १. बच्चे का गर्भाशय में रहना। २. गर्भाशय।

गर्भ-विज्ञान—पु० [ष० त०] वह विज्ञान जिसमें इस बात का विवेचन होता है कि गर्भ में कलल किस प्रकार बनता है, उसमें जीवन का संचार कैसे होता है और उसकी वृद्धि या विकास किस प्रकार होता है। (एम्ब्रायोलोजी)

गर्भ-व्याकरण—पु० [ष० त०] आयुर्वेद का वह अंग जिसमें बालक के गर्भ में आने, बढ़ने, जन्म लेने आदि की बातों का विवेचन होता है।

गर्भ-व्यूह—पु० [उपमि० स०] युद्ध में सेना की एक प्रकार की व्यूह-रचना जिसमें सेना अपने सेनापति या रक्षणीय वस्तु को चारो ओर से घेरकर खड़ी होती और लड़ती थी।

गर्भ-शंकु—पु० [ष० त०] वह सँडसी जिससे मरा हुआ बच्चा गर्भ में से निकाला जाता था। (फर्सेप्स)

गर्भ-शय्या—स्त्री० [ष० त०] पेट के अंदर का वह स्थान जिस पर गर्भ स्थित रहता है।

गर्भ-संधि—स्त्री० [मध्य० स०] नाट्य शास्त्र में एक प्रकार की संधि। जिस संधि में उपाय कहीं दब जाय और खोज करने पर बीज का और भी विकास हो उसे गर्भ-संधि कहते हैं।—प० विश्वनाथप्रसाद मिश्र।

गर्भस्थ—वि० [स० गर्भ√स्था (ठहरना)+क] गर्भ में आया या ठहरा हुआ (बच्चा)।

गर्भ-स्थली—स्त्री० [मयू० स०] गर्भाशय।

गर्भ-स्थापन—पु० [ष० त०] गर्भाशय में वीर्य पहुँचाकर गर्भ-धारण कराना। (सेमिनेशन)

गर्भ-स्राव—पु० [ष० त०] गर्भ के गिरने या नष्ट होने की वह अवस्था जब कि वह पिंड बनने से पहले बहुत-कुछ तरल रूप में रहता है। (एबोर्शन)

विशेष—साधारणतः तीन-चार महीने तक गर्भ तरल रूप में रहता है और गर्भ-स्राव होने पर वह रक्त के रूप में बहकर निकल जाता है। पर इससे अधिक बड़े होने पर जब वह पिंड का रूप धारण करके निकलता है, तब उसे गर्भपात कहते हैं।

गर्भस्रावी (विन्)—वि० [सं० गर्भ√स्रु (बहना) + णिच्+णिनि] [स्त्री० गर्भ-स्रावित्री] गर्भ-स्राव करने या करानेवाला।

पुं० हिंताल नामक वृक्ष।

गर्भ-हत्या—स्त्री० [ष० त०] गर्भ में आये हुए जीव या प्राणी को किसी प्रकार नष्ट कर देना या मार डालना।

गर्भांक—पुं० [सं० गर्भ-अंक, उपमि० स०] १. नाटक के अंक का एक अंश जिसमें केवल एक घटना का दृश्य होता है। २. एक नाटक में दिखलाया जानेवाला कोई दूसरा नाटक या उसका दृश्य।

गर्भागार—पु० [सं० गर्भ-आगार, उपमि० स०] १. गर्भ-गृह। २. आँगन। ३. गर्भाशय।

गर्भाधान—पु० [सं० गर्भ-आधान, ष० त०] १. स्त्री के गर्भ या पेट में पुरुष के वीर्य से जीव या प्राणी की सृष्टि का सूत्रपात। संयोग करके वीर्य गर्भाशय में स्थित करना या होना। २. गृह्यसूत्र के अनुसार मनुष्य के सोलहों संस्कारों में से पहला संस्कार जो उस समय होता है जब स्त्री ऋतुमती होने के उपरान्त शुद्ध होती है।

गर्भारि—पु० [स० गर्भ-अरि, ष० त०] छोटी इलायची।

गर्भाशय—पुं० [सं० गर्भ-आशय, ष० त०] स्त्रियों या मादा पशुओं के पेट में वह स्थान जिसमें वीर्य के पहुँचने पर जीव या प्राणी की सृष्टि का सूत्रपात होता है। बच्चेदानी। (यूट्रस)

गर्भिणी—वि० [स० गर्भ+इनि-ङीप्] स्त्री या मादा प्राणी जिसे गर्भ हो। गर्भवती।

स्त्री० १. खिरनी का पेड़। २. प्राचीन भारत में एक प्रकार की बड़ी नाव जो समुद्रों में चलती थी।

गर्भित—वि० [स० गर्भ+इतच्] १. जिसने गर्भ धारण किया हो। गर्भ से युक्त। २. जिसके गर्भ अर्थात् भीतरी भाग में कुछ हो या छिपा हो। जैसे—सारगर्भित कथन। ३. भरा हुआ। पूरित। ४. साहित्यिक रचना का एक दोष जो किसी एक भाव के सूचक वाक्य के अन्तर्गत किसी दूसरे भाव का सूचक कोई और वाक्य भी सम्मिलित किये जाने पर होता है।

गर्भी (न्)—वि० [सं० गर्भ+इनि] १. गर्भवाला। २. गर्भित।

गर्भीला—वि० [सं० गर्भ+हि० ईला (प्रत्य०)] १. जिसके गर्भ अथवा भीतरी भाग में कोई चीज स्थित हो। २. (रत्न) जिसके अन्दर से आभा निकलती हो।

गर्भोदक—पु० [स० गर्भ-उदक, ब० स०] पुराणानुसार एक समुद्र जिसमें श्रीकृष्ण को शेषशायी महाविष्णु के दर्शन हुए थे।

गर्भोपघात—पु० [सं० गर्भ-उपघात, ष० त०] गर्भ-हत्या।

गर्भोपनिषद्—पु० [सं० गर्भ-उपनिषद्, मध्य० स०] अथर्ववेद सम्बन्धी एक उपनिषद् जिसमें गर्भ की सृष्टि, अभिवृद्धि, प्रसव आदि का वर्णन है।

गर्म—वि० [फा०] दे० 'गरम'।

गर्रा—वि० [देश०] लाल के रंग जैसा। लाली।

पुं० १. लाली रंग। २. लाली रंग का घोड़ा। ३. लाली रंग का कबूतर।

पुं० [अ० गर्र:] १. अभिमान। घमंड। २. कोई ऐसा उग्र कार्य जो, अपने अभिमान और बल के प्रदर्शन के लिए किया गया हो। ३. सतलज नदी का एक नाम जो उसे बहावलपुर के आस-पास प्राप्त है।

स्त्री०=गराड़ी। (बुन्देल०) उदा०—गर्रा पै डोरी डार गुइयाँ अरी डार गुइयाँरी।—लोकगीत।

गर्री—स्त्री० [हिं० गरेरना] १. खलिहान में लगाई हुई डंठल की गाँज। २. तागा लपेटने का एक औजार।

गर्व—पु० [सं० √गर्व् (अहंकार करना)+घञ्] [वि० गर्वित, गर्ववान्] १. अपने किसी श्रेष्ठ कार्य, बात, वस्तु, व्यक्ति आदि के संबंध में होनेवाली न्यायोचित अहभावना। जैसे—हमें अपने देश, धर्म तथा संस्कृति पर गर्व है। २. अपनी शक्ति, समर्थता आदि की दृष्टि से मन में होनेवाली अयुक्तिपूर्ण अहंभावना। जैसे—उन्हें अपनी डंडेबाजी पर गर्व है। ३. अभिमान। घमंड। ४ साहित्य मे वह अवस्था जब मनुष्य अपने किसी गुण या विशेषता के विचार से दूसरों की अपेक्षा अपने को बहुत बड़ा-चढा समझता है तथा अपने आचरण या व्यवहार से अपनी श्रेष्ठता प्रकट करता है और कभी-कभी अपने उत्कर्ष की भावना से दूसरों की अवज्ञा भी करता है। (इसकी गणना संचारी भावों मे होती है)

गर्वर—वि० [सं० √गॄ (लीलना)+वरच्] जिसे गर्व हो।

गर्वरी—स्त्री० [सं० गर्वर+ङीष्] दुर्गा।

गर्ववंत—वि० [स० गर्ववान्] (व्यक्ति) जिसे अपने अथवा अपनी किसी चीज, बात या व्यवहार पर गर्व हो। अभिमानी। घमडी।

गर्वाना—अ० [सं० गर्व] स्वय गर्व करना।

स० किसी को गर्वित करना या कराना।

गर्विणी—वि० स्त्री० [सं० गर्व+इनि—ङीप्] १ गर्व करनेवाली (स्त्री०)। २. मान करने या रूठनेवाली। मानिनी।

गर्वित—वि० [स०√गर्व्+क्त] [स्त्री० गर्विता] १. गर्व से युक्त। २ गर्व या अभिमान करनेवाला।

गर्विता—स्त्री० [स० गर्वित+टाप्] साहित्य मे वह नायिका जिसे अपने रूप, गुण आदि का अथवा अपने पति या प्रेमी के परम अनुराग का गर्व या घमड होता है।

गर्विष्ठ—वि० [सं० गर्व+इष्ठन्] १. जिसे गर्व हो। गर्वीला। २ अभिमानी। घमडी।

गर्वी (विन्)—वि० [सं० गर्व+इनि] अभिमानी। घमडी।

गर्वीला—वि० [स० गर्व+हि० ईला (प्रत्य०)] [स्त्री० गर्वीली] १ गर्व करनेवाला। गर्व से युक्त। २. अभिमानी।

गर्हण—पु० [स०√गर्ह् (निंदा करना)+ल्युट्—अन] [वि० गर्हणीय, गर्हित] किसी को बहुत बुरा समझकर की जानेवाली उसकी निन्दा। भर्त्सना।

गर्हणा—स्त्री० [स०√गर्ह्+णिच्+युच्—अन्, टाप्] =गर्हण।

गर्हणीय—वि० [स० √गर्ह्+अनीयर्] जिसका गर्हण या निन्दा करना उचित हो। गर्हण का पात्र (अर्थात् निंदनीय या बुरा)।

गर्हा—स्त्री० [स० गर्ह्+अ—टाप्] गर्हणा। निंदा।

गर्हित—भू० कृ० [स० √गर्ह्+क्त] १. जिसकी गर्हणा या निन्दा की गई हो। २ इतना दूषित या बुरा कि उसे देखने पर मन में घृणा उत्पन्न होती हो।

गर्ह्य—वि० [स०√गर्ह्+ण्यत्] =गर्हणीय।

गलंती, गलंतीका—स्त्री० [स०√गल् (श्ररण होना)+शतृ—ङीप्+कन्—टाप्] [√गल्+शतृ—ङीप्] १. छोटी कलसी। २ छेददार घड़ा जिसमें मे शिवलिंग पर पानी टपता रहता है।

गलंश—पु० दे० 'गलतंस'।

गल—पुं० [सं०√गल् (खाना)+अप्] १ गला। कंठ। गरदन। २. एक प्रकार का पुराना बाजा। ३. गड़ाकू मछली। ४. दाल।

पु० हि० 'गला' का संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक शब्दो के आरंभ में लगने पर प्राप्त होता है। जैसे—गलफाँसी, गलबहियाँ आदि।

गलई—स्त्री० =गलही।

गल-कंबल—पु० [स० स० न०] गाय के गले के नीचे का वह भाग जो लटकता रहता है। झालर। लहर।

गलक—पुं० [स० गल+कन्] १ गला। २. गड़ाकू मछली। ३ मोती। उदा०—गुहे गलक कुतल मेह कैसे।—जायसी।

गलका—पु० [हि० गलना] १ हाथ की उँगलियो के अगले सिरे पर होनेवाला जहरीला फोड़ा जिसमें हाथ मे टपक पडती है। इसकी गिनती चेचक या माता मे होती है। २. एक प्रकार की चाबुक।

गलकोड़ा, गलकोड़ा—पु० [हि० गला+कोड़ा] १. कुश्ती का एक पेंच। २ मालखभ की एक कसरत। ३. एक प्रकार का कोडा या चाबुक।

गलगंजन—पु० [हि० गल+गांजना] १. शोर-गुल। २ डींग।

गलगंजना—स० [हि० गलगंजन] १. जोर जोर से चिल्लाना। शोर-गुल करना। २. डींग हाँकना।

गल-गंड—पु० [स० त०] एक प्रकार का रोग जिसमे गले की अवटुका नामक ग्रन्थियो मे सूजन होती है और जो बडी गाँठ के रूप में बाहर निकल आती है। घेघा। (गायटर)

गलगल—स्त्री० [देश०] १ मैना की जाति की एक चिड़िया जो कुछ सुर्खी लिये काले रंग की होती है। गिरगोटी। गलगलिया। २. एक प्रकार का बड़ा खट्टा नीबू जिसका अचार पडता है। ३ चरबी की बत्ती का वह टुकड़ा जो चलते हुए जहाजो की सीमे की उस नली मे लगा रहता है जिससे समुद्र की गहराई नापी जाती है। (लश०) ४. एक प्रकार का मसाला जो लकड़ियों को जोडने अथवा उनके छेद बद करने के काम आता है।

गलगला—वि० [हि० गलना या गीला] [स्त्री० गलगली] १ भीगा हुआ। आर्द्र। तर। २. आँसुओ मे भरा हुआ (नेत्र)। ३ बहुत ही कोमल या मुलायम।

गलगलाना—अ० [हि० गलगला] १ गीला या तर होना। भीगना। २. कठोर पदार्थ का बहुत कोमल हो जाना। ३. (हृदय का) आर्द्र या दयालु होना। मन का कोमल भावों से युक्त होना। ४. हर्षित होना।

गलगाजना—अ० [हि० गाल+गाजना] १. खुशी से गाल बजाना। २. शोर-गुल करना। ३. डींग मारना।

गलगुच्छा—पु०=गलमुच्छा।

गलगुथना—वि० [हि० गाल] जिसका शरीर खूब भरा हुआ और गाल फूले हों। जैसे—गलगुथना बच्चा।

गल-ग्रह—पु० [ष० त०] १. गले में पड़ा हुआ कष्टदायक बधन। २. इस रूप में होनेवाली विपत्ति अथवा संकट। ३. आई हुई वह आपत्ति जो कठिनता से टले। ४. मछली फँसाने का काँटा। ५. गले में कफ अटकने या रुकने के कारण होनेवाला एक रोग। ६. ज्योतिष के अनुसार कृष्ण पक्ष की चतुर्थी, सप्तमी, अष्टमी, नवमी, त्रयोदशी, अमावस्या और प्रतिपदा।

गलघोंटू—वि० [हि० गला+घोंटना] गला घोंटने या दबानेवाला।

पुं० १. ऐसा काम या बात जो गला घोंटनेवाली हो। २. व्यर्थ का और कष्टदायक भार।

गलचा—स्त्री० [?] कंबोज देश और उसके आस-पास बोली जानेवाली कुछ बोलियों का वर्ग या समूह।

गलछट—स्त्री०=गलफड़ा।

गलजँवड़ा—पुं० [सं० गल+यत्र, प० जदरा] १. वह जो सदा पीछे या साथ लगा रहे। गले का हार। २. गले में लटकाई जानेवाली कपड़े की वह पट्टी जो चोट खाये हुए हाथ को सहारा देने के लिए बाँधी जाती है और जिसकी लपेट में हाथ या कलाई रहती है।

गलजोड़—पुं०=गलजोल।

गलजोल—स्त्री० [हिं० गला+जोत] १. वह रस्सी जिससे एक बैल का गला दूसरे बैल के गले से बाँधा जाता है। गलजोड़। २. गले में पड़ा हुआ किसी प्रकार का कष्टदायक बंधन। ३ दे० 'गलजेवड़ा'।

गलतंप—पुं० [हिं० गला+झाँपना] हाथी के गले में बाँधी जानेवाली लोहे की जंजीर।

गलतंग—वि० [स० गलित+अंग] बेमुरौ। बेअदब। बेहोश।

गलतंस—पुं० [स० गलित+वंश] १. ऐसी सम्पत्ति जिसका कोई उत्तरा-धिकारी न रह गया हो। लावारिस जायदाद। २. ऐसा व्यक्ति जिसकी सम्पत्ति का कोई उत्तराधिकारी न रह गया हो।

गलत—वि० [अ०] १. (मौखिक या लिखित प्रश्नोत्तर या हिसाब-किताब) जिसमें कथन या गणन संबंधी कोई भूल हो अथवा जो नियम या सिद्धान्त की दृष्टि से ठीक न हो। २. (लेख) जो अशुद्धि, व्याकरण आदि की दृष्टि से शुद्ध न हो। जिसमें किसी प्रकार की भूल या भूलें हों। ३ जो तथ्य के अनुरूप न हो। जो असत्य या झूठ हो। जैसे—तुम गलत कहते हो, मैंने कभी ऐसा नहीं कहा था। ४. जो उचित या विहित न हो। दूषित या बुरा। जैसे—उन्होंने गलत रास्ता अपनाया है।

गल-तकिया—पुं० [हिं० गाल+तकिया] गाल के नीचे रखा जानेवाला एक प्रकार का गोल छोटा तकिया।

गलतनामा—पुं०=शुद्धिपत्र।

गलतनी—स्त्री० [हिं० गला+तनना] बैल के गेरुँव में बाँधी जानेवाली रस्सी। पगहा।

गलत-फहमी—स्त्री० [अ० + फा०] किसी की कही हुई बात का अर्थ या आशय कुछ का कुछ समझना। कोई बात समझने में कुछ धोखा खाना।

गलतां—वि० =गलतान।

गलता—पुं० [फा० गलतान] १. एक प्रकार का बहुत चमकीला, मोटा कपड़ा जिसका ताना रेशम का और बाना सूत का होता है। २. दीवार में बनी हुई कँगनी या छज्जी। कारनिस।

गलताड़—पुं० [सं० प० न०] जूए या जुआठे की वह खूँटी जो अन्दर की ओर होती है।

गलतान—वि० [फा०] १. लड़खड़ाता या लुढ़कता हुआ। २. घूमता या चक्कर खाता हुआ।

पुं० एक प्रकार का रेशमी कपड़ा।

गलती—स्त्री० [अ० गलत+ई फा०] १. कथन या गणना संबंधी भूल। २. नियम, रीति, व्याकरण, सिद्धान्त, आदि की दृष्टि से होनेवाली कोई भूल। अशुद्धि। ३. ठीक प्रकार से कोई काम न करने, न देखने या न समझने की अवस्था या भाव।

पुं० [हिं० गलना] अभिषेक-घट जिसमें छिद्र होता है। उदा०—पुन गलती पुजारा, गाड़ुवा नैव डाल्ती।

गलथना—पुं० [स० गलस्तन, पा० गलत्थन, गलथन] कुछ बकरियों के गले में लटकता हुआ लंबोतरा मांस-पिंड।

गलथैली—स्त्री० [हिं० गाल+थैली] पशुओं विशेषत. बंदरों के गले के अन्दर थैली के आकार का वह अंग जिसमें वे खाने की वस्तु पहले भर लेते हैं और तब बाद में धीरे-धीरे निकालकर खाते हैं।

गलबधू—वि० [स० गलत्-अश्रु, ब० स०] जिसके आँसू बह रहे हों। रोता हुआ।

गलन—पुं० [सं० √गल्+ल्युट्—अन] १. गलने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. किसी तरल पदार्थ का किसी पात्र में से चूना या रिसना।

गलनहाँ—पुं० [हिं० गलना+नहँ—नाखून] १. हाथियों का एक रोग जिसमें उनके नाखून गलगलकर निकलने लगते हैं। २. वह हाथी जिसे उक्त रोग हो।

गलना—अ० [स०गलन] १. ताप की अधिकता के कारण किसी घन पदार्थ का तरल होना। जैसे—बरफ, मक्खन या सोना गलना। २. किसी तरल पदार्थ में डाले हुए कड़े या घन पदार्थ का कोमल होकर उसमें घुल कर मिल जाना। जैसे—दूध या पानी में चीनी गलना। ३. आग पर रखकर उबाले या पकाये जाने पर किसी कड़ी वस्तु का इतना नरम हो जाना कि धीरे से उँगली से दबाने पर वह टूट-फूट या दब जाय। जैसे—तरकारी या दाल गलना।

मुहा०—(किसी की) दाल गलना=कौशल, प्रयत्न आदि में सफलता होना। (प्राय नहिक रूप में प्रयुक्त) जैसे—यहाँ आपकी दाल नहीं गलेगी, अर्थात् प्रयत्न सफल न होगा।

४. उक्त के आधार पर किसी वस्तु का इतना नरम, (क्षीण या जीर्ण) हो जाना कि छूने भर से फट जाय। जैसे—रखे-रखे कपड़ा या कागज गलना। ५. शरीर का क्रमश क्षीण होते-होते बहुत ही दुर्बल और निस्सार होना। जैसे—चिन्ता करते करते उनका शरीर गलकर आधा रह गया है। ६. रोग आदि के कारण शरीर के किसी अंग का धीरे-धीरे कटकर नष्ट होना। जैसे—कोढ़ से पैर या हाथ की उँगलियाँ गलना। ७. बहुत अधिक सरदी के कारण ऐसा जान पड़ना कि पैर या हाथ की उँगलियाँ तरल होकर गिर या बह जायँगी। जैसे—पूस-माघ में तो यहाँ हाथ-पैर गलने लगते हैं। ८. इच्छा न होने पर भी व्यर्थ व्यय होना। जैसे—सौ रुपए गल गए। ९. निष्फल अथवा व्यर्थ हो जाना। जैसे—जूए में दाँव या चौपड़ के खेल में मोहरा गलना। १०. गड्ढे आदि में बनाई या रखी हुई चीज का धीरे-धीरे नीचे धँसना या बैठना। जैसे—कूएँ की बनावट में जमवट गलना। ११. (किसी नक्षत्र का) वर्षा करना। पानी बरसाना। जैसे— गली रेवती जल को नासै।—भड्डरी। १२. समय से पहले लाद या पतन होना। जैसे—गर्भ गलना।

गलफड़ा—पुं० [फेफड़ा का अनु०] १. जल में रहनेवाले जीवों का वह अवयव जिससे वे पानी में साँस लेते हैं। (यह स्थल में रहनेवाले प्राणियों के फेफड़े का ही आरंभिक रूप है)। २. गाल का चमड़ा।

गलकरा—पुं०=गलकड़ा।

गलकाँस—स्त्री०=गलफाँसी।

गलफाँसी—स्त्री०[हिं० गला+फाँसी] १. गले में पड़ी हुई फाँसी या उसका फंदा। २. ऐसा बहुत बड़ा संकट जिससे छुटकारा मिलना बहुत कठिन हो। ३. मालखंभ की एक प्रकार की कसरत।

गलफूट—स्त्री० [हिं० गाल+फूटना] (क) अंड-बंड बकने या (ख) नींद में बड़-बड़ाने की अवस्था, क्रिया या भाव।

गलफूला—वि० [हिं० गाल-फूलना] [स्त्री० गलफूली] जिसके गाल फूले हुए हों।

पुं० गले के फूलने या सूजने का एक रोग।

गलफेड़—पुं० [सं० गल-पिंड] गले के आस-पास की गिलटियाँ।

गलबंदनी—स्त्री०=गलूबंद(आभूषण)।

गलबदरी—स्त्री० [हिं० गलना+बदरी=बादल] शीतकाल की बदली जिसमें हाथ-पाँव गलने लगते हैं।

गलबली†—पुं० [अनु०] १. कोलाहल। २. गड़बड़।

गलबहियाँ (बाहीं)—स्त्री० [हिं० गला+बाँह] दो व्यक्तियों के परस्पर गले में हाथ डालकर आलिंगन करने की अवस्था या भाव।

गलबा—पुं० [अ० गल्बः] अभिभूत करनेवाली प्रबलता। जैसे—नींद का गलबा।

पु०=बलवा (विद्रोह)।

गलमँदरी—स्त्री० [हिं० गाल+मुद्रा] १. व्यर्थ की बकवाद। २. दे० 'गल-मुद्रा'।

गलमुच्छा—पुं० [हिं० गाल+मूछ] गालों पर के वे बाल जो बीच में ठोढ़ी पर के बाल मूँड़ दिए जाने पर भी बचाकर रखे और बढ़ाये जाते हैं।

गलमुद्रा—स्त्री० [सं० ष० त०] शिव के पूजन के समय उन्हें प्रसन्न करने के लिए गाल बजाने (अर्थात् गालों की सहायता से विशिष्ट प्रकार का स्वर निकालने) की क्रिया या भाव। गलमँदरी।

गलवाना—स० [हिं० 'गलाना' का प्रे० रूप] किसी वस्तु को गलाने का काम दूसरे से कराना। किसी को गलाने में प्रवृत्त करना।

गल-शुंडी—स्त्री० [सं० त०] जीभ की जड़ के पास की छोटी घंटी। कौआ। जीभी।

गल-शोथ—पुं० [ष० त०] कुछ रोगों (जैसे—जुकाम, तुंदिका, शोथ आदि) के कारण गले के भीतरी भाग में होनेवाली सूजन और पीड़ा। (मॉर ग्रोट)

गलसिरी—स्त्री० [सं० गल-श्री] गले में पहनने का कंठ-श्री नामक गहना।

गलसुआ—पुं० [हिं० गाल+सूजन] एक रोग जिसमें गाल के नीचे का भाग सूज जाता और उससे पीड़ा होती है। कनपेड़ा।

गलसुई—स्त्री० १. दे० 'गल तकिया'। २. दे० 'गलसुआ'।

गल-स्तन—पुं० [स० त०] [वि० गलस्तनी] कुछ बकरियों के गले में लटकनेवाला मांस-पिंड। गलथना।

गल-स्वर—पुं० [ब० स०] एक प्रकार का प्राचीन बाजा जो मुँह से फूँककर बजाया जाता था।

गल-हेंड†—पुं०=गलगंड (रोग)।

गलही—स्त्री० [सं० गल+हिं० ही (प्रत्य०)] नाव का वह अगला कोना जो गोलाकार और कुछ ऊपर उठा हुआ होता है।

गलांकुर—पुं० [स० गल-अंकुर, मध्य० स०] एक रोग जिसमें गले के अन्दर का कौआ या घंटी सूज जाती है। (टान्सिल्स)

गला—पुं० [सं० गल, प्रा० गल, पा० गलो, द्र० गाद्, गरीर्, उ० पं० बं० गला, गु० गलु०, मरा० गठा, सिं० गरो] १. शरीर का वह गोलाकार अवयव जो धड़ के ऊपर और सिर के नीचे होता है और जिसके अन्दर साँस लेने, स्वरों का उच्चारण करने और खाने-पीने की चीजें पेट तक पहुँचानेवाली नलिकाएँ होती हैं। गरदन। ग्रीवा।

मुहा०—(अपना या दूसरे का) गला काटना=छुरी, तलवार या किसी धारदार औजार से काटकर सिर को धड़ से अलग करना और इस प्रकार मृत्यु का कारण बनना। गरदन काटकर हत्या करना। जैसे—चोरों ने चलते-चलाते बुढ़िया का गला भी काट डाला। **(किसी का) गला काटना**=किसी का सब-कुछ छीन लेना अथवा इसी प्रकार की और कोई बहुत बड़ी हानि करना। जैसे—दूसरों का गला काट-काटकर ही तो वे बड़े आदमी बने हैं। **(किसी का) गला घोंटना**=गला दबाना (दे० आगे)। **(किसी बात या व्यक्ति से) गला छूटना**=कष्ट, संकट आदि (अथवा त्रस्त करनेवाले व्यक्ति) से पीछा छूटना। छुटकारा मिलना। जान बचना। पिंड छूटना। जैसे—चलो, इनके आ जाने से हमारा गला छूट गया। **(किसी का) गला जकड़ना**=कोई बंधन लगाकर या बाधा खड़ी करके किसी को बोलने में बलपूर्वक रोकना। **(किसी से) गला जोड़ना**=मैत्री या घनिष्ठ संबंध स्थापित करना। गहरा मेल-मिलाप पैदा करना। **(किसी का) गला टीपना या दबाना**=(क) हाथ या हाथों से गला इस प्रकार चारों ओर से दबाना कि उसका दम घुट जाय या साँस रुक जाय और वह मर जाय या मरने को हो जाय। (ख) कोई काम करने या स्वार्थ साधने के लिए जबरदस्ती किसी को विवश करना। अनुचित रूप से बहुत अधिक दबाव डालना। **(किसी का) गला पकड़ना**=किसी को किसी बात के लिए उत्तरदायी ठहराना। जैसे—यदि इस युक्ति से हमारा काम न हुआ तो हम तुम्हारा गला पकड़ेंगे। **गला फँसना**=किसी प्रकार के कष्टदायक बंधन में पड़ना। जैसे—तुम्हारे ही कारण अब इसमें हमारा भी गला फँस गया है। **(किसी का) गला रेतना**=किसी की क्रमशः और निर्दयतापूर्वक बहुत अधिक कष्ट पहुँचाकर अथवा उसकी बहुत अधिक हानि करके अपना मतलब निकालना। जैसे—इस तरह दूसरों का गला रेतकर अपना काम निकालना ठीक नहीं है। **(कोई बात) गले तक आना**=किसी कार्य, बात या व्यापार की इतनी अधिकता होना कि उसका निर्वाह या सहन करना बहुत अधिक कठिन हो जाय। जैसे—अब बात गले तक आ गई, तब मैं भी बिगड़ खड़ा हुआ।

विशेष—जब नदी या बाढ़ का पानी बढ़ता-चढ़ता आदमी के गले तक पहुँच जाता है, तब वह असह्य भी हो जाता है और आदमी अपने जीवन से निराश भी हो जाता है। लाक्षणिक रूप में यह मुहावरा ऐसी ही स्थिति का सूचक है।

(कोई चीज या बात) गले पड़ना=इच्छा न होते हुए भी जबरदस्ती या भार रूप में आकर प्राप्त होना। जैसे—यह व्यर्थ का झगड़ा आकर हमारे गले पड़ा है। उदा०—"गरे परि कौ लागि प्यारी कहैये।

(अपने) गले बाँधना=जान-बूझकर या इच्छापूर्वक अपने साथ या पीछे लगाना। उदा०—लोभ पास जेहि गर न बँधाया। —तुलसी। (किसी के) गले बाँधना, मढ़ना या लगाना=किसी की इच्छा के विरुद्ध उसे कोई चीज देना अथवा कोई भार सौंपना। (किसी को) गले लगाना=(क) आलिंगन करना। (ख) अपराध, दोष आदि का विचार छोड़कर अपना बनाना। जैसे—उच्च वर्णों के लोगों को चाहिए कि वे हरिजनों को गले लगावें।

पद—गले का डोलना या हार=ऐसी वस्तु या व्यक्ति जो सदा साथ रखा जाय अथवा रहे। जिसका या जिससे जल्दी साथ न छूटे।

२. शरीर के उक्त अंग का वह भीतरी भाग जिसमें खाने, पीने, बोलने, साँस लेने आदि की नालियाँ रहती हैं। मुँह के अन्दर का वह विवर जिसका संबंध पेट, फेफड़ों आदि से होता है।

मुहा०—गला आना या पड़ना=गले की घंटी में पीड़ा या सूजन होना। गलांकुर रोग होना। गला उठाना या करना=गले की घंटी बढ़ जाने पर उसे उँगली से दबाकर और उस पर कोई दवा लगाकर उसे ऊपर उठाना। घंटी बैठाना। (किसी चीज का) गला काटना=चरपरी या तीखी चीज खाने पर उसका गले के भीतरी भाग में हल्की खुजली, चुन-चुनाहट या जलन पैदा करना। जैसे—जमीकंद या सूरन यदि ठीक तरह से न बनाया जाय तो गला काटता है। गला घुटना=प्राकृतिक कारणों अथवा अस्वस्थता, रोग आदि के फल-स्वरूप साँस आने-जाने में बाधा होना। दम घुटना। गला जकड़ना=गले की ऐसी अवस्था होना कि सहज में कुछ खाया-पिया या बोला न जा सके। (किसी चीज का) गला पकड़ना=कसैली या खट्टी चीज खाने पर गले में ऐसा विकार या हलकी सूजन होना कि खाने-पीने, बोलने आदि में कष्ट हो। जैसे—ज्यादा खटाई खाओगे तो गला पकड़ लेगी। गला फँसना=गले के अन्दर किसी चीज का पहुँचकर इस प्रकार अटक फँस, या रुक जाना कि खाने-पीने, बोलने साँस लेने आदि में कष्ट होने लगे। जैसे—सुपारी खाने में गला फँस गया है। जरा-सा पानी पी लें तो ठीक हो जाय। (किसी चीज का) गले के नीचे उतरना=बहुत ही कष्ट से या लाचारी हालत में किसी चीज का खाया जाना। जैसे—अब तो पानी भी कठिनाई से गले के नीचे उतरता है। (किसी बात का) गले के नीचे उतरना=(क) ठीक प्रकार से समझ में आना। (ख) ग्राह्य, मान्य या स्वीकृत होना। जैसे—उनका उपदेश तुम्हारे गले के नीचे उतरा या नहीं?

३. शरीर के उक्त अंग का वह अंश जिससे बोलने के समय शब्दों आदि का और गाने के समय स्वरों आदि का उच्चारण होता है। स्वर-नाली। जैसे—जब तक गवैये का गला अच्छा न हो तब तक उसके गाने में रस नहीं आता।

मुहा०—गला खुलना=गले का इस योग्य होना कि उसमें से अच्छी तरह या ठीक तरह से स्वर निकल सके। गला गरमाना=गाने, भाषण देने आदि के समय आरंभ में कुछ देर तक धीरे-धीरे गाने या बोलने के बाद कंठ-स्वर का तीव्र या प्रबल होकर पूरी तरह से काम करने के योग्य होना। गला फटना=बहुत चिल्लाने, बोलने आदि से अथवा स्वर-नाली में कोई रोग होने के कारण कंठ-स्वर का इस प्रकार विकृत हो जाना कि उससे ठीक, सुरीला और स्पष्ट उच्चारण न हो सके। जैसे—चिल्लाते-चिल्लाते गला फट गया पर तुमने जवाब न दिया। गला फाड़ना=बहुत जोर से चिल्ला-चिल्लाकर बोलना और फलतः अपना कंठ-स्वर कर्णकटु तथा विकृत करना। जैसे—तुम लाख गला फाड़ा करो, पर वहाँ तुम्हारी सुनता कौन है? गला फिरना=गाने के समय स्वरों और उनकी श्रुतियों पर बहुत ही सहज में और सुन्दरतापूर्वक अथवा सुरीलेपन से कंठ-स्वर का उच्चरित होना अथवा ऊपर और नीचे के स्वरों पर सरलतापूर्वक आना-जाना। जैसे—हर गिटकिरी, तान, पलटे और फंदे पर उसका गला इस तरह फिरता था कि तबीयत खुश हो जाती थी। गला बैठना=बहुत अधिक गाने, चिल्लाने, बोलने आदि से अथवा कुछ प्रकृत कारणों या विकारों से कंठ-स्वर का इतना धीमा या मंद पड़ना कि कंठ से होनेवाला शब्दों का उच्चारण सहज में दूसरों को सुनाई न पड़े। ४. कमीज, कुरते, कोट आदि पहनने के कपड़ों का वह अंश जो गरदन पर और उसके चारों ओर रहता है। गेरवान। ५. घड़े, लोटे, सुराही आदि पात्रों का वह ऊपरी गोलाकार तंग और लंबोतरा भाग जो उनके पेट और मुँह के बीच में पड़ता है और जिससे होकर उन पात्रों में चीजें आती-जाती (अर्थात् निकलती या भरी जाती) हैं। जैसे—गगरे का गला टूट गया है।

गलाऊ—वि० [हिं० गलाना] गलानेवाला।

वि० [हिं० गलना] जो गल सकता हो। गलनशील।

गलाना—स० [हिं० गलना का प्रे० रूप] १. किसी घन या ठोस पदार्थ को इतना अधिक गरम करना या तपाना कि वह तरल हो जाय। जैसे—मक्खन या सोना गलाना। २. कड़े और कच्चे अन्नों, तरकारियों आदि को उबाल या पकाकर नरम या मुलायम और खाये जाने के योग्य करना। जैसे-आलू या दाल गलाना। ३. तरल पदार्थ में किसी क्रिया से कोई विलेय वस्तु घुलाना। जैसे—तेजाब में चाँदी गलाना। ४. बहुत अधिक चिंता या श्रम करके अपने शरीर को क्षीण और दुर्बल बनाना। जैसे—देश की सेवा में तन या शरीर गलाना। ५. किसी प्रकार नष्ट या बरबाद करना। ६. ठंढक या सरदी का अपनी तीव्रता से हाथ-पैर इतना सुन्न करना कि वे गल कर अलग होते हुए जान पड़ें। जैसे—हाथ-पैर गलानेवाली सरदी पड़ना। ७. वास्तु-शास्त्र में, किसी खड़ी रचना पर इतना दबाव या बोझ डालना कि वह धीरे-धीरे नीचे धँस कर अदृश्य हो जाय। जैसे—पुल बनाने के लिए कोठी या खंभा गलाना।

गलानि—स्त्री०=ग्लानि।

पुं० [सं०] एक प्रकार की मछली।

गलार—वि० [हिं० गाल] १. बहुत गाल बजानेवाला अर्थात् बकवादी। २. झगड़ालू।

स्त्री० [?] मैना (पक्षी)।

पुं० [?] एक प्रकार का वृक्ष।

गलारी—स्त्री० [सं० गल्प, प्रा० गल्ल] गिलगिलिया नाम की चिड़िया। गल-गलिया।

गलावट—स्त्री० [हिं० गलाना] १. गलने की क्रिया या भाव। २. गलने के कारण घटने या नष्ट होनेवाला अंश। ३. ऐसी वस्तु जो दूसरी वस्तुओं को गलाने में सहायक होती हो।

गलि—पुं० [सं० गंडि ड को ल] १. बछड़ा। २. सुस्त बैल।

गलित—वि० [सं० √गल्+क्त] १. (पदार्थ) जो पुराना या बासी होने के कारण गल या सड़ गया हो। गला हुआ। २. (तत्त्व या शरीर) जो पुराना होने के कारण रस, सार आदि से रहित हो गया हो। जैसे—गलित अंग, गलित यौवन। ३. पुराने होने के कारण जो खंडित और जीर्ण-शीर्ण हो चुका हो। नष्ट-भ्रष्ट। ४ जिसमें गलने-गलाने आदि की प्रवृत्ति हो। जैसे—गलित कुष्ठ। ५ चुआ या चुआया हुआ। ६. जो आवेग, उमंग आदि की अधिकता के कारण मत्त होकर अ-वश या आपे से बाहर हो गया हो। उदा०—अति मद-गलित ताल पुल तें गुरु मुगल उरोज उतगनि कौ।—सूर।

गलितक—पु० [सं० गलित√कै (प्रतीत होना)+क] नृत्य में एक प्रकार की अंग-भंगी या मुद्रा।

गलित-कुष्ठ—पु० [कर्म० स] आठ प्रकार के कुष्ठों में से एक जिसमें रोगी के अंग गल-गलकर गिरने लगते हैं।

गलित-यौवना—वि० स्त्री० [ब० स०] (स्त्री०) जिसका यौवन बीत जाने के कारण बहुत-कुछ नष्ट हो चुका हो।

गलिया—स्त्री० [हिं० गली] चक्की के ऊपर के पाट में का वह छेद जिसमें दलने या पीसने के लिए अनाज डाला जाता है।

वि० [सं० गलित] (पशु) जो बहुत ही मट्ठर या सुस्त हो।

गलियारा—पु० [हिं० गली+आरा (प्रत्य०)] [स्त्री अल्पा० गलियारी] १. गली की तरह का लंबा, सीधा रास्ता। २. किसी देश में से होकर जाने-वाला वह स्थल-मार्ग जिस पर एकाधिकार किसी दूसरे देश का होता है। (कारिडोर)

गलियारी—पु० [हिं० गलियारा] छोटी या तंग गली।

गली—स्त्री० [सं० गल] १ वह सँकरा मार्ग जिसके दोनों ओर घर आदि बने होते हैं तथा जिस पर चलकर लोग प्रायः घरों को जाते हैं। (लेन)

पद—गली-कूचा। (दे०)

मुहा०—गली कमाना—गली में झाड़ देकर या उसकी नालियों, मोरियों आदि साफ करके जीविका उपार्जित करना। **गली गली मारे फिरना**—(क) व्यर्थ इधर-उधर घूमना। (ख) जीविका के लिए इधर से उधर भटकना। (ग) किसी पदार्थ का चारों ओर अधिकता से मिलना।

२ किसी गली के आस-पास के घरों का समूह, मुहल्ले के नामवाचक रूप में। जैसे—कचौरी गली, गणेश गली आदि।

गलीचा—पु० [फा० गालीचः (कालीन चा –तु० काली या कालीन से)] १ ऊन की बुनी हुई एक प्रकार की मोटी चादर जिस पर लोग बैठते हैं। २ कँकरीली जमीन। (कहार)

गलीज—वि० [अ०] १. गंदला। मैला। २. अपवित्र। नापाक।

स्त्री० १ कूड़ा-करकट। गंदगी। २. मल-मूत्र आदि।

गलीत—वि० [सं० गलित] १. गंदा या मैला। २. अनुचित या बुरा।

३ दे० 'गलित'।

गलीम*—पु० गनीम।

गलू—पु० [सं०] एक प्रकार का पत्थर जिससे प्राचीन काल में मद्यपात्र आदि बनते थे।

गलेफ†—पु० गिलाफ।

गलेबाज—वि० [हिं० गला+बाज] [भाव० गलेबाजी] १. जिसका गला बहुत अधिक या तेज चलता हो। बहुत अधिक, जोर से या बढ़-बढ़ कर बातें करनेवाला। २. बहुत सी तानें और पलटे लेनेवाला और गले का काम अच्छी तरह दिखलानेवाला (गवैया)।

गलेबाजी—स्त्री० [हिं० गला+बाजी] १. बहुत जोर से या बढ-बढ़ कर बातें करने की क्रिया या भाव। २ गाते समय बहुत अधिक तानें और पलटे लेना।

गलेचा†—पु०=गलीचा।

गलोना—पुं० [देश०] एक प्रकार का कंधारी या काबुली सुरमा।

गलौ*—पु० [सं० स्त्री] चद्दर।

गलौआ—पु० [हिं० गाल] बंदरों के गालों के अंदर की थैली जिसमें वे जल्दी-जल्दी खाने की वस्तुएँ भर लेते हैं और बाद में फिर से उसमें से निकालकर चबा-चबा कर खाते हैं।

वि० [हिं० गलाना] १. जो गलाकर फिर से नया बनाया गया हो। २ जो गलाया जाने को हो।

गलौंछ—पु० [सं० त०] एक प्रकार का रोग जिसमें गले के अंदर सूजन हो जाती है और साँस लेने में कठिनता होती है।

गल्प—स्त्री० [सं० अल्प वा कल्प] १. मिथ्या प्रलाप। गप्प। २ डींग। शेखी। ३. भावपूर्ण या विचार-प्रधान कोई छोटी घटनात्मक कहानी। ४. मृदंग के बारह प्रबंधों में से एक।

गल्पारा—पु० दे० 'गलियारा'।

गल्ल—पु० [सं०√गल्+ल] गाल। कपोल।

†स्त्री० [सं० गल्प] १. बात। (पंजाब) २ शोर। हल्ला।

गल्लई—स्त्री० [अ० गुल, हिं० गुल्ला] शोर-गुल।

वि० [हिं० गल्ला=अनाज] अनाज या गल्ले के रूप में होने अथवा दिया-लिया जानेवाला। जैसे—खेत की पैदावार का गल्लई बँटवारा।

गल्लक—पु० [सं०√गल्+क्विप्, गल्√ला (लेना)+क] १. मद्य पीने का पात्र। २. एक प्रकार का राल।

गल्लह—पु० [स० गल्ल] ख्याति। प्रसिद्धि। उदा०—बात विनोद वसंतरै, सुनी दाहिमी गल्लह।—चंदबरदाई।

गल्ला—पु० [फा० गल्लः] १. कुछ विशिष्ट प्रकार के पशुओं का झुंड। दल। जैसे—बकरियों या भेड़ों का गल्ला। २ वह थैली या संदूक जिसमें दूकानदार रोज की बिक्री से आनेवाला धन रखते हैं। गल्लक। जैसे—बाहनी न बट्टा, गल्ले में हाथ। (कहा०)

पुं० [अ० गल्ल:] १. अनाज। अन्न। २. उतना अन्न जितना चक्की में पीसने के लिए एक बार डाला जाता है। ३. पेड़-पौधों आदि की उपज या पैदावार।

पुं० [?] एक प्रकार का बेंत जिसे मोला भी कहते हैं।

गल्लाकरोश—पुं० [फा०] अनाज बेचनेवाला व्यापारी।

गल्ली—स्त्री०=गली।

गल्वर्क—पुं० [सं०√गल्+उनु, गलु-अर्क ब० स०] प्राचीन भारत में गलू नामक पत्थर का बननेवाला मद्य-पात्र। गलू पत्थर का बना हुआ प्याला।

गल्ह—वि० [सं० गल्भ] धृष्ट। ढीठ।

†स्त्री० [सं० गल्प] बात।

गल्हाना—स० [हिं० गल्ह] १. बातें करना। २. बहुत बढ़-बढ़कर बातें करना। डींग हाँकना।

गर्व—स्त्री० दे० 'गौ'।

गव—पु० [सं० गवय] रामचंद्र जी की सेना का एक बन्दर।

गवईस†—पुं०=गौरीश (शिव)।

गवक्ष†—पु०=गवाक्ष।

गवन—पु० [सं० गमन] १. गमन। जाना। २. गति। चाल। उदा०—छाँड़ि सुख-धाम अरु गरुड़ तजि सौंवो पवन के गवन तै अधिक धायो। —सूर। ३. दे० 'गौना'।

गवनचार—पुं० [हिं० गवन+चार] विवाह के बाद वधू का पहले-पहल वर के घर जाना। गौना।

गवनना*—अ० [अ० गमन] गमन करना। जाना।

गवना—पु०=गौना।

*अ०=गवनना (जाना)।

गवय—पु० [स०√गु (शब्द करना)+अप्, गव√या (जाना)+क] [स्त्री० गवयी] १. नीलगाय। २. राम की सेना का एक बंदर। ३. एक प्रकार का छंद जिसके प्रथम चरण में १९ मात्राएँ होती हैं और ११ मात्राओं पर विराम होता है। इसका दूसरा चरण आधा दोहा होता है। ४. निमिगिल वर्ग का एक स्तनपायी बड़ा जल-जंतु। (डयूगांग)

गवरल†—स्त्री०=गौरी।

गवरि—स्त्री० =गौरी।

गवर्नमेंट—स्त्री० [अं०] १. राज्य का शासन करनेवाली सत्ता। शासन। सरकार। २ उन व्यक्तियों का वर्ग या समूह जो देश का शासन और उसके कार्यों का संचालन करते हैं।

गवर्नर—पु० [अ०] १. शासन करनेवाला व्यक्ति। शासक। हाकिम। २ किसी प्रदेश या प्रांत का वह सबसे बड़ा अधिकारी जो सम्राट् अथवा केंद्रीय शासन की ओर से नियुक्त हुआ हो। आज-कल का राज्यपाल।

गवर्नर-जनरल—पु० [अ०] वह प्रधान शासक जिसके अधीन किसी देश के विभिन्न प्रांतों के गवर्नर काम करते हैं।

गवर्नरी—स्त्री०[अ० गवर्नर+हिं० ई (प्रत्य०)] गवर्नर का काम, पद या शासन।

वि० गवर्नर सबंधी। गवर्नर का।

गवर्मेंट—स्त्री०=गवर्नमेंट।

गवल—पु० [स० गव√ला (लेना)+क।] जंगली भैंसा। अरना।

गवष†—पु०=गवाक्ष।

गवहियाँ†—पुं० [सं० गोघ्न=अतिथि] अतिथि। मेहमान।

वि०, पुं०=गँवार।

गवाक्ष—पुं० [सं० गो-अक्षि, ष० त०] १. दीवारों में बना हुआ छोटा झरोखा। छोटी खिड़की। २. रामचंद्र की सेना का एक बंदर।

गवाक्षित—वि० [सं० गवाक्ष+इतच्] १. (दीवार) जिसमें गवाक्ष बने हों। २. खिड़कीदार (मकान)।

गवाक्षी—स्त्री० [सं० गवाक्ष+ङीष्] १. इंद्रवारुणी। २. अपराजिता।

गवाक्ष*—पुं०=गवाक्ष।

गवाची—स्त्री० [सं० गो√अञ्च् (गति)+क्विन्—ङीष्] मछलियों की एक जाति का वर्ग।

गवाछ†—पुं० =गवाक्ष।

गवादन—पुं०[सं० गो-अदन, ष० त०] गौओं, बैलों, भैंसों आदि के खाने की घास या चारा।

गवाधिका—स्त्री० [सं० गो-अधि√ के (प्रतीत होना)+क—टाप्] लाक्षा। लाख।

गवामयन—पुं०[सं०गवाम्-अयन,अलुक् स०] दस या बारह महीने में पूरा होनेवाला एक वैदिक यज्ञ।

गवार—वि० [फा०] 'गवारा' का संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक शब्दों के अंत में लगने पर प्राप्त होता है। जैसे—खुशगवार, नागवार आदि।

†स्त्री० दे० 'ग्वार'।

गवारा—वि० [फा०] १. जो अंगीकृत या गृहीत करने के योग्य हो। २. पचने या हजम होनेवाला। अनुकूल। रुचिकर। ३. बरदाश्त करने या सहने योग्य। सह्य।

गवारिश—स्त्री० [फा०] औषधियों का चूर्ण। (इसी का अरबी रूप जबारिश है।)

गवालीक—पु० [सं० गो-अलीक, ष० त०] वह मिथ्या भाषण जो गौ आदि पौपायों के संबंध में हो। (जैन)

गवाक्ष—वि०, पुं० [सं० गो√अश् (खाना)+अण्] गवाशन।

गवाशन—वि० [स० गो√अश्+ल्यु—अन] गौ का मांस खानेवाला। गो-भक्षी।

पु० १. चमार। २. चांडाल।

गवासन—वि० [स० गवाशन] गौ की हत्या करनेवाला।

पु० कसाई।

स्त्री० [हिं० गाना] गाने की क्षणिक प्रवृत्ति या शौक। जैसे—कभी कभी आपको भी गवास लगती है।

गवाह—पु० [फा०] १. ऐसा व्यक्ति जिसने कोई घटना स्वयं देखी हो अथवा जिसे किसी घटना, तथ्य, बात आदि की ठीक और पूरी जानकारी हो। साक्षी। जैसे—बहुत से लोग इस घटना के गवाह हैं। २ वह व्यक्ति जो न्यायालय में अथवा किसी न्यायकर्त्ता के समक्ष अपनी जानकारी बतलावे अथवा तथ्य का सत्यापन या समर्थन करे। साक्षी। ३. वह जो दो पक्षों में होनेवाले लेन-देन, व्यवहार, समझौते आदि के सचमुच घटित होने के प्रमाण किसी लेख्य पर हस्ताक्षर करे अथवा आवश्यकता होने पर उक्त घटना का सत्यापन या समर्थन करे। (विटनेस; उक्त तीनों अर्थों में)

गवाही—स्त्री० [फा०] किसी घटना के संबंध में गवाह की कही हुई बात या दिया हुआ बयान। गवाह का कथन। साक्ष्य। (एविडेन्स)

मुहा०—गवाही देना—किसी साक्षी का किसी ओर से समर्थन करना या उसे ठीक बतलाना (**किसी काम या बात में**) **मन गवाही देना**—मन या अंतःकरण का यह कहना कि यह बात ठीक है अथवा ऐसा होना चाहिए या होगा। जैसे—हमारा मन तो गवाही देता है कि वे अवश्य यहाँ आवेंगे।

गविआ†—स्त्री०=गौ। उदा०—बदल बिआएल गविआ बाँझे।—कबीर।

गविष्टि—स्त्री० [स० गवेष्टि] १. इच्छा या कामना। २. लड़ने-झगड़ने की इच्छा या प्रवृत्ति।

वि० [ब० स०] जो गौ या गौएँ लेना-चाहता हो।

गविष्ठ—पुं० [सं० गवि√स्था (ठहरना)+क] सूर्य।

गवीचुक—पुं० [सं०√गवेचुक, पृषो, सिद्धि] कौड़िल्ला नामक पक्षी।

गवीश—पुं० [सं० गो-ईश, ष० त०] १. गोस्वामी। २. विष्णु। ३. साँड़।

गवेसी*—वि० [सं० गवेषण से] गवेषणा या खोज करनेवाला। उदा०—को बर बाँधि गवेसी होई—जायसी।

गवेजा†—स्त्री० [सं० गवेषण ?] १. बातचीत। २. वाद-विवाद। बहस।

गवेचु—पु० [सं० गवे√धा (धारण करना) +कु, अलुक् स०] कसेरु या कौड़िल्ला नामक पक्षी।

गवेचुक—पु० [सं० गवेष्+कन्] = गवेषु।

गवेचक—पु० [स० गो√ईद् (गति) +उकञ्] गेरू।

गवेल†—वि० [हि० गाँव] [स्त्री० गवेली] १. गाँव या देहात-संबंधी। २. गँवार। देहाती।

गवेश—पु० = गवेष।

गवेष—पु० [स० √गवेष् (ढूँढना)+घञ्] = गवेषण।

गवेषक—वि० [स० √गवेष्+ण्वुल्—अक] गवेषणा करनेवाला।

गवेषण—पु० [स०√गवेष्+ल्युट्—अन] १. खोई हुई गाय को ढूँढ़ने का काम। खोजना। २. चाहना। ३. दे० 'गवेषणा'।

गवेषणा—स्त्री० [स०√गवेष्+णिच्+युच्—अन, टाप्] १ गौ पाने की इच्छा करना। २. खोई हुई गौ ढूँढ़ने निकलना। ३. कोई चीज खोजने या ढूँढ़ने का काम। ४. किसी बात या विषय का मूल रूप या वास्तविक स्थिति जानने के लिए उस बात या विषय का किया जानेवाला परिश्रम-पूर्वक अध्ययन और अनुसंधान। (रिसर्च)

गवेषित—भू० कृ० [स०√गवेष्+क्त] १. (विषय) जिसके संबंध में गवेषणा हुई हो। २. (कोई नई बात या तथ्य) जिसका अध्ययन, अनुशीलन आदि से पता चला हो।

गवेषी (षिन्)—वि० [स० √गवेष्+णिनि] गवेषण करनेवाला। गवेषक।

गवेसना*—स० [स० गवेषणा] खोजना। ढूँढना।
स्त्री०=गवेषणा।

गवेसी—वि०=गवेषी।

गवैहाँ—वि० [हि० गाँव+ऐहा (प्रत्य०)] १. ग्रामीण। देहाती। २. गँवारों की तरह का। देहाती।

गवैया—पु० [हि० गाना] वह जो संगीत-शास्त्र का ज्ञाता हो और उसके अनुसार अच्छा गाता हो। गायक। (म्यूजीशियन)

गव्य—वि० [स० गो+यत्] गो से उत्पन्न या प्राप्त। जैसे—दूध, दही, घी गोबर, गोमूत्र आदि।
पद—पंच-गव्य। (देखें)
पु० १. गौओं का झुंड। २. दे० 'पंच-गव्य'।

गव्या—स्त्री० [स० गव्य+टाप्] १. गौओं का झुंड। २. दो कोस की दूरी या नाप। ३. ज्या। ४. गोरोचन।

गव्यूत—पु०=गव्यूति।

गव्यूति—स्त्री० [स० गो-यूति, ष० त०, अव् आदेश] दो कोस या दो हजार धनुष की दूरी की एक प्राचीन नाप।

गश—पु० [अ० गश से फा०] किसी प्राणी के संज्ञाहीन होने की अवस्था। बेहोशी। मूर्च्छा।

गश्त—पुं० [फा०] सुरक्षा बनाये रखने और अनियंत्रित बातों का पता लगाने तथा उन्हें रोकने के लिए समय-समय पर किसी अधिकारी का किसी क्षेत्र में अथवा उसके चारों ओर घूमना।
क्रि० प्र०—लगाना।

गश्तसलामी—स्त्री० [फा० गश्त+अ० सलाम] वह भेंट या नजर जो दौरे पर आनेवाले हाकिमों को दी जाती थी।

गश्ती—वि० [फा०] १. चारों ओर गश्त लगानेवाला। जगह-जगह घूमता-फिरता रहनेवाला। जैसे—गश्ती पुलिस। २. जो चारों ओर सभी सबद्ध व्यक्तियों के पास भेजा जाता हो। जैसे—गश्ती चिट्ठी, गश्ती हुक्म।
स्त्री० १. आवारों की तरह चारों ओर चक्कर लगानेवाली स्त्री। २. कुलटा। व्यभिचारिणी।

गस†—स्त्री०=गाँस।

गसना—स० [स० कषण=कसना] १. कस या जकड़कर बाँधना। गोयना। २. बुनावट में बाने के तागों को आपस में अच्छी तरह मिलाकर बैठाना। ३. दे० 'गसना'।
†स०=धसना।

गसौला—वि० [हि० गसना] [स्त्री० गसौली] १. जकड़ा या बँधा हुआ। २. गठा हुआ। गठीला। ३. (कपड़ा) जिसके सूत खूब सटे या मिले हों। गफ।

गस्त†—स्त्री०=गश्त।

गस्सा†—पुं० [स० ग्रास, प्रा० गास, गस्स] भोजन का कौर। ग्रास।
मुहा०—गस्सा मारना=जल्दी जल्दी कौर या ग्रास मुँह में रखना।

गहँडिल†—वि० [हि० गड्ढा] गड्ढे में का अर्थात् गँदला (पानी)।

गहक†—स्त्री० [हि० गहकना] गहकने की क्रिया या भाव।

गहकना—अ० [स० गद्गद] १. प्रबल चाह या लालसा से युक्त होना। ललकना। २. आवेश या उमंग में आना।

गहकोड़ा†—पु०=गाहक (दलाल)।

गहकना—अ०=गहकना।

गहगच—पु० [अनु०] १. दलदल। २. जंजाल। झंझट।

गहगड्ड—वि० [सं० गह=गहरा+गड्ड=ढेर] १. गहरा या घोर (नशा)। २. इकट्ठा और बहुत अधिक। जैसे—गहगड्ड माल मारना।

गहगह*—वि०=गहगहा।

गहगहा—वि० [सं० गद्गद्] १. परम प्रसन्न। प्रफुल्लित। २. उमंग से भरा हुआ। ३. धूम-धामवाला। (बाजा)

गहगहाना—अ० [हि० गहगहा] १. बहुत प्रसन्न होना। आनंद से फूलना। २. फसल या हरियाली का लहलहाना।
स० बहुत अधिक प्रसन्न या प्रफुल्लित करना।

गहगहे—क्रि० वि० [हि० गहगहा] १. बहुत प्रफुल्लता से। प्रसन्नतापूर्वक। बहुत अच्छी तरह। उदा०—ते बहुरे बोलत गहगहे। २. जोरों से। ३. धूम-धाम से।

गहगौर†—वि० [हि० गहगहा+गौर=गोरा] [स्त्री० गहगौरी] बहुत अधिक प्रसन्नता के कारण जिसका गौर वर्ण खूब खिला हो। उदा०—पूरन जोबन है गहगौरी।—नंददास।

गहडोरना—स० [देश०] (पानी) गंदा करना।

गहथा†—वि० [सं० ग्रस्त] (चंद्रमा या सूर्य) जिसे ग्रहण लगा हो। उदा०—गहथा आथा गहथा ऊगे।—भड्डरी।

गहन—वि० [सं० गाह (बिलोना) +ल्युट्, ह्रस्व] १. (जलाशय) इतना या ऐसा गहरा जिसकी थाह जल्दी न मिले। जैसे—गहन ताल या दह। २. (स्थान) जिसमें प्रवेश करना बहुत ही कठिन हो। दुर्गम। ३. (बात या विषय) जो जल्दी सबकी समझ में न आ सके। दुरूह। जैसे—गहन विषय। ४. घना। निबिड़। जैसे—गहन वन।

पुं० १. गहराई। गहरापन। २. अभेद्य या दुर्गम स्थान। ३. चारों ओर से घिरा या छिपा हुआ स्थान। ४. गुफा। ५. जंगल। ६. कष्ट। दुःख। ७. जल। पानी। ८. कलक।

पु० [सं० ग्रहण, प्रा० गहण, ग्रहण] [स्त्री० हिं० गहना] १. गहने या पकड़ने की क्रिया या भाव। २. धारण करने की क्रिया या भाव। ग्रहण। ३. जिद। टेक। हठ। ४. गहना नामक उपकरण या औजार। ५. पानी बरसने पर धान के खेतों में की जानेवाली हलकी जोताई।

*वि० (यौ० के अंत में) पकड़नेवाला।

†पु० [हिं० गहना] कोई चीज बंधक या रेहन रखने की क्रिया या भाव।

†पु० =ग्रहण।

गहनता—स्त्री० [सं० गहन +तल्—टाप्] १ गहन होने की अवस्था या भाव। २ दुर्गमता। ३ गंभीरता। गहराई।

गहना—स० [वै० स० गृभायति, गृह्णाति, सं० ग्रह, प्रा० गिण्हजु, सिं० गिन्हणु, उ० धेनू, सिंह० गन्नवा, मरा० घेणें] १. हाथ से कसकर या अच्छी तरह से पकड़ना। जैसे—चरण गहना।

मुहा०*—**गह डारना** =पकड़कर गिरा या दबा देना। उदा०—तन निरबैर भया सब हिन कै, काम क्रोध गहि डारा।—कबीर।

२. धारण करना। जैसे—शस्त्र गहना। ३. ग्रहण करना। जैसे—हठ गहना।

पु० [सं० ग्रहण =धारण करना] १. शरीर पर पहनने के अलंकार या आभूषण। जेवर।

मुहा०—**(कोई चीज) गहने रखना** =किसी के पास बंधक या रेहन रखना।

२. कुम्हारों का एक औजार जिसका उपयोग घड़े आदि बनाने में होता है। ३ एक प्रकार का उपकरण जिससे खेतों की घास निकाली जाती है।

†स० =गाहना।

गहनि—स्त्री० [हिं० गहना (क्रि०)] १. गहने अर्थात् धारण करने या पकड़ने की क्रिया या भाव। २. जिद। टेक। हठ।

गहनी—स्त्री० [?] १. मसालों से नाव के छेद आदि बंद करने की क्रिया। २. चौपायों का एक रोग जिसमें उनके दाँत हिलने लगते हैं। ३. गहना नामक उपकरण या औजार।

गहनु*—वि० =गहन।

पुं० =ग्रहण।

गहने†—क्रि० वि० [हिं० गहना=बंधक] बंधक या रेहन के रूप में।

वि० बंधक या रेहन रखा हुआ।

गहबर—वि० [सं० गह्वर] १. गंभीर। गहरा। २. दुर्गम। विकट। ३. घबराया हुआ। उद्विग्न। व्याकुल। ४. बेचैन। विकल। ५. किसी के ध्यान में इतना मग्न या लीन होना कि आस-पास की बातों की कुछ भी खबर न हो। ६. चटकीला। चमकदार। उदा०—गंगा गहबरि पिअरि चढ़उबै, होरिल जब होइहैं हो।—लोकगीत। ७. घना। निबिड़। उदा०—जँह आवे तम पुंज कुंज गहबर तरु छाहीं।—नंददास।

गहबरन—स्त्री० [हिं० गहबरना] व्याकुलता। घबराहट।

गहबरना*—अ० [हिं० गहबर] १. घबराना। २. बेचैन या विकल होना। ३. करुणा आदि से जी भर आना।

गहबराना—स० [हिं० गहबरना] घबड़ा देना।

अ० =गहबरना।

गहभरना—स० [हिं० भरना] अच्छी तरह भरना।

गहमह—स्त्री० [अनु०] १. चहल-पहल। रौनक। २. जगमगाहट। उदा०—गई रवि किरण ग्रहे थई गहमह—प्रिथीराज।

गहमहना—अ० [हिं० गहगहाना] बहुत प्रसन्न होना।

गहमागहम—स्त्री० [हिं० गहमना] चहल-पहल। रौनक।

गहम्मह—वि० [स० गहन] गहरा। उदा०—घटिय सेस दिन रह्यौ सबै भर भीर गहम्मह।—चंदवरदाई।

गहर—स्त्री० [?] देर। उदा०—कीजै नगहर बेग मेरौ दुख हर मेरे।—सेनापति।

पु० [सं० गह्वर] १. दुर्गम। २. गूढ़।

*वि० =गहरा।

*स्त्री० =गहराई।

गहरगूल—वि० [हिं० गहरा] अत्यन्त गहरा।

गहरना—अ० [हिं० गहर =देर] देर लगाना। विलंब करना।

अ० [अ० कट्टर] १. झगड़ना। २. कुढ़ना। ३. क्रोध करना।

गहरवार—पुं० [गहरिदेव =एक राजा] क्षत्रियों की एक जाति।

गहरा—वि० [सं० गभीर, पा० गामीरो, प्रा० गहीर, उ० गहिर, पं० गैरा, सिं० गहरो, गु० घेरु, ने० गैरो, मरा० गहिरा] [वि० स्त्री० गहरी] [भाव० गहराई, गहरापन] १. जिसका तल चारों ओर के स्तर या विस्तार से नीचे की ओर अधिक दूरी तक हो। जैसे—गहरा कूआँ, गहरा बरतन, गहरी नदी। २. (पानी) जिसकी थाह बहुत नीचे हो। गंभीर 'उथला' या 'छिछला' का विपर्याय। ३. लाक्षणिक अर्थ में (विषय या व्यक्ति) जिसकी थाह न मिलती या न लगती हो। गूढ़। रहस्यमय। 'ओछा' का विपर्याय।

पद—**गहरा पेट** =ऐसा हृदय जिसमें छिपी हुई बातों का जल्दी औरों को पता न चले।

मुहा०—**गहरे में चलना** =ऐसा आचरण या व्यवहार करना जिसका भेद सहज में सबको न मालूम हो सके।

४. जो अंदर या भीतर की ओर अधिक दूरी तक चला गया हो। जैसे—गहरा मकान। ५. (रंग) जो बहुत अधिक चटकीला हो। 'हलका' का विपर्याय। ६. (आँख) जिसमें नींद भरी हो। ७. साधारण की अपेक्षा बहुत अधिक। जैसे—गहरी दोस्ती।

पद—**गहरा असामी** =धनी या मालदार व्यक्ति। **गहरा हाथ** =(क) भारी आघात। (ख) भारी रकम। **गहरे लोग** =चतुर या सयाने लोग।

मुहा०—**गहरी घुटना** =(क) घनिष्ठता होना। (ख) गहरी भाँग छनना। **गहरी छनना** =गहरी घुटना।

८. जिसका परिणाम या फल बहुत उग्र या तीव्र हो। जैसे—गहरा नशा, गहरी चोट। ९. विकट।

गहराई—स्त्री० [हिं० गहरा+ई० (प्रत्य०)] १. गहरे होने की अवस्था या भाव। गहरापन। २. (विषय आदि की) गंभीरता या गहनता। ३. घनता। निबिड़ता।

गहराना†—अ० [हिं० गहन] गहरा होना। उदा०—संध्या का गहराया झुटपुट। भीलों का-सा घरे सिर मुकुट।—पंत।

स० गहरा करना। जैसे—कूआँ गहराना।

अ० [सं० गह्वर, पु० हिं० गभुराना] १. जिद या हठ करना। अड़ना। २. मान, रोष आदि के कारण होंठों में बुदबुदाना। गभुराना। उदा०—दौंऊ अधिकाई भरे, एकै गौ गहराइ।—बिहारी।

गहराव†—पु० गहराई।

गहरू*—स्त्री० गहर (देर या विलंब)।

गहरे†—क्रि० वि० [हिं० गहरा] १ अच्छी तरह। २. यथेष्ट।

गहरेबाज—वि० [हिं० गहरा+बाज] [भाव० गहरेबाजी] गहरे में अर्थात् नेर्ज़े से चलने या चलानेवाला (एक्का और उसका घोड़ा)।

गहरेबाजी†—स्त्री० [हिं० गहरा+बाजी] एक्के के घोड़े की खूब तेज कदम चाल।

गहलोत—पुं० [?] राजपूताने के क्षत्रियों का एक वंश।

गहवर—पु० [सं० गह्वर] १. कंदरा। गुफा। २. देवालय। मंदिर।

गहवरिया—वि० [सं० गह्वर] १. गहरा। २. सघन। उदा०—तरु गहवरिया थिय तरुण।—प्रिथीराज।

गहवा†—पु० [हिं० गहना=पकड़ना] सँड़सी।

गहवाना—स० [हिं० गहना का प्रे०] किसी से पकड़ने का काम कराना। पकड़वाना। गहाना।

गहवारा—पु० [फा०] १. झूला। २. पालना।

गहह्वर—वि० दे० 'गह्वर'।

गहाई†—स्त्री० [हिं० गहना] गहने या गहाने अर्थात् पकड़ने या पकड़वाने की क्रिया या भाव। पकड़।

गहागड्ड—वि० गहगड्ड।

गहागह—वि०=गहगह।

गहाना—स० [हिं० गहना] १. किसी को कुछ गहने या धारण करने में प्रवृत्त करना। पकड़ाना। २. (कष्ट, विपत्ति आदि से) ग्रस्त या युक्त कराना।

गहासना*—स० ग्रसना। उदा०—जौ चंदहिं पुनि राहु गहासा।—जायसी।

गहिरदेव—पु० [हिं० गहिर+देव] काशी के एक राजकुमार जिसे गहरवार लोग अपना आदि पुरुष मानते हैं।

गहिरा†—वि० गहरा।

गहिराई†—स्त्री० गहराई।

गहिराव†—पु० गहराव।

गहिरो*—वि०=गहरा।

गहिला†—वि० [हिं० गहेला] [स्त्री० गहिली] उन्मत्त। पागल।

गहिलाना—स० [सं० गाहन से] १. प्रवाहित करना। बहाना। २. धोकर दूर करना या हटाना। उदा०—....जल काजल गहिलाइ।—डोलामारू।

गहिलोत—पु०=गहलोत।

गहीर*—वि० १.=गहरा। २. =गभीर।

गहीला—वि० [हिं० गहेला] [स्त्री० गहेली] १. उन्मत्त। पागल। २ अभिमानी। गर्वीला।

गहु†—स्त्री० [स० गह्वर या गँह] तंग या सँकरा मार्ग। गली।

गहुआ—पु० [हिं० गहना=पकड़ना] छोटे मुँहवाली एक प्रकार की सँड़सी।

गहूरी—स्त्री० [हिं० गहना] १ किसी चीज को पकड़ने या पकड़वाने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. किसी दूसरे के माल को अपने यहाँ हिफाजत से रखने की मजदूरी।

गहेजुआ†—पु० [देश०] छछूंदर।

गहेलरा†—वि०=गहेला।

गहेला—वि० [हिं० गहना+एला (प्रत्य०)] [स्त्री० गहेली] १ कोई चीज ग्रहण या धारण करनेवाला। जैसे—गरब गहेला। २ अभिमानी। गर्वीला। ३. उन्माद रोग से ग्रस्त। पागल। विक्षिप्त। ४. गँवार।

गहैया—वि० [हिं० गहना+ऐया (प्रत्य०)] १. गहने या पकड़नेवाला। २. अंगीकार, स्वीकार या ग्रहण करनेवाला।

गह्वर—पुं० [सं० √गाह् (छिपाना)+वरच् पृषो० सिद्धि] १ ऐसा अँधेरा और गहरा स्थान जिसके अंदर की चीजों या बातों का बाहर से कुछ भी पता न चले। २. दुर्भेद्य और विषम स्थान। ३. छिपने या छिपकर रहने आदि के लिए जमीन में खुदा या खोदा हुआ कोई अँधेरा और गहरा स्थान। जैसे—गुफा, बिल, बिवर आदि। ४. झाड़ियों या लताओं से घिरा हुआ स्थान। कुंज। ५ जंगल। वन। ६ बहुत ही गंभीर और गूढ़ बात या विषय। ७. दंभ, पाखंड या इसी प्रकार की और कोई बात। ८. जल। पानी। ९. रुदन। रोना।

वि० १ दुर्गम। विषम। २. छिपा हुआ। गुप्त। ३ गंभीर। गहरा।

गह्वरी—स्त्री० [सं० गह्वर+ङीष्] कंदरा। गुफा।

गाँकर†—स्त्री० दे० 'गाकरी'।

गांग—वि० [स० गगा+अण्] गंगा-संबंधी। गंगा का।

पु० १. गंगा का किनारा या तट। २. भीष्म। ३. कार्तिकेय। ४. वर्षा का जल। ५. सोना। स्वर्ण। ६. धतूरा। ७ बड़ा तालाब। ताल। ८. हिलसा मछली।

*स्त्री० =गंगा। उदा०—गांग अर्जुन जौ लहिजल तौ लहि अम्मरमाथ। —जायसी।

गांगट—पु० [सं० गांग√अट् (गति)+अच्] केकड़ा।

गांगण†—स्त्री० [?] एक प्रकार की फुंसी या छोटा फोड़ा।

गांगायनि—पु० [सं० गंगा+फिञ्-आयन] १. भीष्म। २. कार्तिकेय। ३. एक प्रवरकार ऋषि।

गांगी—स्त्री० [सं० गाग+ङीप्] दूर्वा।

गांगेय—वि० [सं० गंगा+ढक्-एय] १. गंगा-संबंधी। २. गंगा से उत्पन्न।

पु० १. भीष्म। २. कार्तिकेय। ३. सोना। स्वर्ण। ४. धतूरा।

५. कसेरू। ६. हिलसा मछली। ७. दक्षिण भारत के गंगवाड़ी प्रदेश का एक प्राचीन राजवंश।

गांगेयी—स्त्री० [सं० गांगेय+ङीप्] हिलसा मछली।

गांगेरुक—पुं० [सं० गांग√ईर् (गति)+कु+क] गोरख इमली का बीज।

गांगेरुका—स्त्री० [सं० गांगेरुक+टाप्] १. नागबल्ली। २. एक प्रकार का क्षुप अन्न।

गांगेरुकी—स्त्री० [सं० गांगेरुक+ङीप्] गांगेरुका।

गांगेष्ठी—स्त्री० [सं० गांगे√स्था (ठहरना)+क+ङीष्, अलुक् स०] एक प्रकार की लता। कटशंकरा।

गांग्य—वि० [सं० गंगा+व्यञ्] १. गंगा का। २. गंगा में या गंगा से उत्पन्न होनेवाला।

गांछना†—स० =गूथना।

गांज—पुं० [हिं० गाँजना] १. गाँजने अर्थात् ढेर लगाने की क्रिया या भाव। २ ढेर। राशि। जैसे—भूसे या लकड़ी का गांज।

गांजना—स० [फा० गंज] ढेर या राशि लगाना। एक के ऊपर एक रखना या लगाना। जैसे—भूसा गाँजना, लकड़ी गाँजना।
स० [सं० गञ्जन] तोड़ना-फोड़ना। नष्ट करना। उदा०—अई चीत गढ़ ओर सूँतू गाँजियो न जाय।—बाँकीदास।

गांजा—पुं० [सं० गञ्जा, गृज; प्रा० उ० गजा; बं० मरा० गाँजा; सिं० गांजी, गु० गांजे] १ भाँग की जाति का एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी मादक सूखी कलियाँ या फूल चिलम में रखकर तमाकू की तरह पीये जाते हैं।

गांठ—स्त्री० [स० ग्रंथि, पा० गठि] [वि० गँठीला] १. कपड़े, डोरे, रस्सी आदि के सिरों को घुमाकर और एक दूसरे में फँसाकर कसने या बाँधने से बननेवाला रूप जो आस पास के तलों से कुछ उभरा हुआ, गोलाकार और मोटा होता है। ग्रंथि। गिरह। जैसे—कोई चीज बाँधने के लिए रस्सी में गाँठ लगाना।
मुहा०—गाँठ जोड़ना या बाँधना=(क) निबाह के समय अथवा उसके बाद कोई धार्मिक शुभ कार्य करने के समय वर और वधू के कपड़ों के पल्ले या सिरे आपस में उक्त प्रकार से बाँधना। (ख) परस्पर बहुत ही घनिष्ठ संबंध स्थापित करना।
२. डोरे या रस्सी के किसी अंश के घूमफिरकर फदा बनाने और उस फदे में उलझने या फँसने से बननेवाला उक्त प्रकार का रूप। जैसे—इस डोरे या नस में कई जगह गाँठें पड़ गई हैं। ३. कोई चीज बाँधकर अपने पास रखने के लिए कपड़े के पल्लों को आपस में फँसाकर दिया जानेवाला उक्त प्रकार का रूप। ४. उक्त के आधार पर कोई चीज अपने अधिकार में होने की अवस्था या भाव। उदा०—खोटे राम गाँठ लिअ डोल महँगी वस्तु मोलावैं।—कबीर।
मुहा०—किसी की गाँठ कतरना या काटना=किसी की गाँठ से बँधा हुआ या किसी के पास का धन चालाकी या चोरी से ले लेना। चुरा या ठग कर ले लेना। **(कोई बात) गाँठ बाँधना**=किसी बात पर इस उद्देश्य से पूरा ध्यान देना कि वह सदा बहुत अच्छी तरह याद रहे। जैसे—हमारी बात गाँठ बाँध रखो, किसी समय बहुत काम आवेगी।
पद—गाँठ का=अपने पास का। पल्ले का। जैसे—बात की बात में गाँठ के दस रुपए खर्च हो गए। **गाँठ का पूरा**=जिसके पास यथेष्ट धन हो। **गाँठ से**=अपने पास से। पल्ले से। जैसे—गाँठ से निकालकर खरच करना पड़े, तब पता चले।
५. किसी चीज की बँधी हुई बड़ी गठरी। गट्ठर। जैसे—कपड़े या रेशम की आज चार गाँठें आई हैं। ६. वानस्पतिक क्षेत्र में वृक्षों के कांडों, टहनियों आदि में बीच-बीच में होनेवाला उभारदार, गोलाकार, मोटा अंश या भाग। पर्व। पोर। (बल्ब) जैसे—ईख या बाँस में होनेवाली गाँठें। ७. उक्त आकार के आधार पर कोई उभारदार, गोलाकार और ठोस चीज या रचना। जैसे—प्याज की गाँठ, हल्दी की गाँठ।
पद—गाँठ-गँठीला (देखें)।
८. शरीर के अंगों में का जोड़ या संधि-स्थान। जैसे—आज तो हमारी गाँठ-गाँठ में दरद हो रहा है। ९. उक्त के आधार पर मन में जमा या बैठा हुआ किसी प्रकार का दुर्भाव, द्वेष या बैर जो पारस्परिक सद्भावना के अभाव का सूचक होता है। उदा०—साधू वही सराहिये जाके हिये न गाँठ।
मुहा०—मन की गाँठ खोलना=मन में छिपा हुआ दुर्भाव स्पष्टरूप से इसलिए कहना कि आगे के लिए सफाई हो जाय। **मन में गाँठ पड़ना**=मन में दुर्भाव, द्वेष या वैर-विरोध का भाव जमना या बैठना। जैसे—मेरे पिया के जिया में पड़ गई गाँठ, कौन जतन से खोलूँ।—स्त्रियों का गीत।
१०. किसी प्रकार की उलझन या झगड़े-बखेड़े की अथवा पेचीदी बात या स्थिति।
मुहा०—गाँठ खुलना=उलझन या झंझट दूर होना। पेचीदी समस्या का निराकरण या समाधान होना।
११. कठोरी के आकार का एक प्रकार का घूँघरूदार गहना जो कोहनी के ऊपर पहना जाता है।

गाँठकट—पुं० [हिं० गाँठ+काटना] गाँठ काटनेवाला व्यक्ति। गिरहकट।

गाँठ गँठीला—वि० [हिं० गाँठ] जिसमें जगह-जगह कई या बहुत-सी गाँठें पड़ी हों। जैसे—टूटे से फिर के जुड़े तो गाँठ-गँठीला होय। (कहा०)

गाँठगोभी—स्त्री० [हिं० गाँठ+गोभी] गोभी की जाति का एक प्रकार का कंद जिसके पत्तों का सपुट गोल और बड़ी गाँठ के रूप में होता है और जिसकी तरकारी बनती है।

गाँठदार—वि० [हिं० गाँठ+दार (प्रत्य०)] जिसमें गाँठ या गाँठें पड़ी हों। जैसे—गाँठदार लकड़ी।

गाँठना—स० [सं० ग्रथन, पा० गठन] १. गाँठ देना, बाँधना या लगाना। २ दो चीजें आपस में जोड़ने या मिलाने के लिए डोरी, डोरे आदि से जोड़कर गाँठें लगाना या मोटी सिलाई करना। जैसे—जूता गाँठना। ३. किसी को अपनी ओर मिलाने के लिए उसके साथ स्वार्थपूर्ण संबंध स्थापित करना। जैसे—यदि उन्हें किसी तरह गाँठ सको तो बहुत काम हो। ४. पर-स्त्री को संभोग के लिए तैयार करना और फलतः उसके साथ संभोग करना। ५. अनुचित रूप से कोई काम पूरा या सिद्ध करना। जैसे—अपना मतलब गाँठना। ६. दबोचकर अपने अधिकार या हाथ में करना। जैसे—बिल्ली आज हमारा एक कबूतर गाँठ ले गई।
७. आघात या वार रोककर उसे विफल करना।

गाँठि*—स्त्री०=गाँठ।

गाँठी—स्त्री० [हिं० गाँठ] १. गाँठ। २. कोहनी पर पहनने का एक गहना।

गाँड़—स्त्री० [सं० गर्त, प्रा० गड्ड या कर्ड० गेराडे=पुरुष की जननेंद्रिय ?] १. मल-त्याग करने की इंद्रिय। गुदा। गुह्य।

विशेष—यद्यपि इस शब्द के साथ अनेक मुहावरे हैं पर वे सब अश्लील होने के सिवा अ-साहित्यिक भी हैं, इसलिए वे छोड़ दिये गये हैं।

२. किसी चीज के नीचे का भाग। तल्ला। पेंदी।

गाँडर—स्त्री० [सं० गंडाली] एक प्रसिद्ध घास जिसकी जड़ बहुत सुगंधित होती है और खस कहलाती है। गंडदूर्वा।

गाँडा—पुं० [सं० काँड या खंड] [स्त्री० गँडी] १. किसी पेड़-पौधे आदि का वह निरुम्बा अंश जो उससे काटकर अलग कर दिया गया हो। जैसे—ईख का गाँडा। २. ईख या ऊख की गँडेरी। ३. ईख। गन्ना। ४. चक्की के चारों ओर का घेरा। मेंडरी।

गाँडाली—स्त्री० [सं० गाण्ड-आ√ला (लेना)+क-ङीप] गाँडर नामक घास।

गाँडी—स्त्री० [सं० गंड]=गाँडर।

गाँडीर—वि० [सं० गण्डीर+अण्] गंडीर पौधे से प्राप्त या उसका बना हुआ। गंडीर का।

गाँडीव—पुं० [सं० गाण्डी=ग्रन्थि+व] १. अर्जुन का वह धनुष जो उसे अग्निदेव से प्राप्त हुआ था। २. धनुष।

गाँडीवी (विन्)—पुं० [सं० गाण्डीव+इनि] १. अर्जुन। २. अर्जुन का वृक्ष।

गाँडू—वि० [हिं० गाँड़] १. जिसे गाँड़ मरवाने की लत हो। गुदा-मंजन करानेवाला। २. कायर और निकम्मा।

गाँती—स्त्री०=गाती।

गांतु—वि० [सं०√गम् (जाना)+तुन्, वृद्धि] गमन करनेवाला। चलने या जानेवाला।

पुं० १. पथिक। बटोही। २. गवैया। गायक।

गांत्री—स्त्री०[सं० गन्त्रीड+अण्-ङीप्] बैलगाड़ी।

गांथना*—स० १=गूँथना। उदा०—मालिनि आउ मौर लै गाँथे।—जायसी। २=गठिना।

गांदिनी—स्त्री० [सं० गो√दा (देना)+णिनि. पृषो० सिद्धि] १. अक्रूर की माता जो काशिराज की कन्या और श्वफल्क की भार्या थी। २. गंगा।

गांदी—स्त्री०=गांदिनी।

गांधर्व—वि० [स० गंधर्व+अण्] १. गंधर्व-संबंधी। गंधर्व का २ गंधर्व जाति या देश का। ३ (मंत्र) जिसका देवता गंधर्व हो।

पुं० १. गान विद्या। संगीत-शास्त्र। २. गंधर्व जाति। ३. भारत का एक प्राचीन भाग जिसमें गंधर्व लोग रहते थे। ४. हिन्दू धर्मशास्त्रों के अनुसार आठ प्रकार के विवाहों में से एक जो पहले गंधर्व जाति में प्रचलित था और जिसमें वर और वधू आपस में मिलकर स्वेच्छापूर्वक वैवाहिक संबंध स्थापित कर लेते थे। प्राचीन भारत में यह विवाह क्षत्रियों के लिए विहित था, पर कलियुग में वर्जित है। ५. घोड़ा।

गांधर्व-वेद—पुं० [कर्म० स०] सामवेद का उपवेद जिसमें सामगान के स्वर, लय आदि का विवेचन है। संगीत-शास्त्र।

गांधर्विक—वि० [स० गन्धर्व+ठक्-इक] १. गंधर्व-संबंधी। गंधर्व का। २. गंधर्व विद्या अर्थात् संगीत-शास्त्र का ज्ञाता।

गांधर्वी—स्त्री० [सं० गान्धर्व+ङीष्] दुर्गा।

गांधार—वि० [सं० गान्ध+ऋ (गति)+अण्] १. गंधार देश संबंधी। गंधार का। २. गंधार देश में रहने या होनेवाला।

पुं० १. गंधार नामक प्राचीन देश जो पेशावर से कंधार तक था। २. उक्त देश का निवासी। ३. संगीत के सात स्वरों में से तीसरा स्वर। ४. एक प्रकार का षाडव राग जो अद्भुत, करुण और हास्यरस के लिए उपयुक्त कहा गया है। ५. गंधरस नामक सुगंधित द्रव्य।

गांधार—पुं० [कर्म० स०] गांधार नामक राग का दूसरा नाम।

गांधार-भैरव—पुं० [कर्म० स०] प्रातःसमय गाया जानेवाला एक प्रकार का संकर राग।

गांधारि—पुं० [सं० गन्ध+अण्, गान्ध√ऋ+इन्] दुर्योधन के मामा शकुनि का एक नाम।

गांधारी—स्त्री० [सं० गान्धार+इङ्-ङीप्] १. गांधार देश की स्त्री। २. धृतराष्ट्र की पत्नी और दुर्योधन की माता जो गांधार के राजा सुबल की पुत्री थी। ३ षाडव संपूर्ण जाति की एक रागिनी जो दिन के दूसरे पहर में गाई जाती है। ४ तंत्र तथा हठयोग के अनुसार दाहिनी आँख की एक नाड़ी। ५ जवासा।

पुं० [स० गांधारिन्] १. जैनों के एक शासन देवता। २ गाँजा।

गांधिक—पुं० [सं० गन्ध+ठक्-इक] १ सुगन्धित द्रव्य बनाने और बेचनेवाला व्यक्ति। गंधी। २ गंध द्रव्य। सुगंधित पदार्थ। ३. दे० 'गाँधी'।

गांधी—पुं० [स० गंध से] १. वह जो सुगंधित तेल आदि बनाने का काम करता हो। गंधी। २. गुजराती वैश्यों का एक वर्ग। ३ गेंधिया नाम का कीड़ा। ४. गंधिया नाम की घास।

†स्त्री० हींग।

गांधी टोपी—स्त्री० [गांधी (महात्मा)+टोपी] खद्दर की बनी हुई किस्ती नुमा लंबोतरी टोपी।

विशेष—महात्मा गांधी ने पहले पहल इस प्रकार की टोपी पहनना आरम्भ किया था। इसलिए उन्हीं के नाम पर इसका नाम पड़ा।

गांधीवाद—पुं० [हिं० गांधी+सं० वाद] महात्मा गांधी की विचारधाराओं पर स्थित वह वाद जिसमें सत्य और अहिंसा तथा तप और त्यागपूर्वक अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अग्रसर होने की व्यवस्था है। रामराज्य की स्थापना इस वाद का चरम ध्येय है।

गांभीर्य—पुं० [सं० गम्भीर+ष्यञ्] गंभीर होने की अवस्था, गुण या भाव। गंभीरता।

गाँव—पुं० [सं० ग्राम, पा०, प्रा, गु० गाम, अप० गाँअ, बँ०, उ० गाँ, ने० सिं० गाउँ, मरा० गाँव, गाव] [वि० गँवार, गँवारू] १. खेती-बारी आदि करनेवाले लोगों की छोटी बस्ती जिसमें १०-२० या १००-२०० घर हों। खेड़ा।

मुहा०—गाँव मारना=गाँव में पहुँचकर डाका डालना और वहाँ के सब लोगों को लूटना।

२. मनुष्यों की बस्ती। ३. जगह। स्थान। उदा०—एक तुम्हारे हैं पिय प्यारे, छोड़ि और सब गाँव।—भारतेंदु। ४. बस्ती। ५. रहस्य-संप्रदाय में, काया या शरीर।

गाँवटी—वि० [हिं० गाँव] १. गाँव में रहने या होनेवाला। गाँव का।

देहाती। उदा०—गाँवटी और जंगली जानवरों के चरने से।—वृंदावन लाल वर्मा। २. दे० 'गँवार'।

गाँव-पंचायत—स्त्री०=ग्राम पंचायत।

गाँव सभा—स्त्री०=ग्राम पंचायत।

गाँस—स्त्री० [हिं० गासना] १. तीर, बरछी, भाले आदि हथियारों का नुकीला फल। २. उक्त फल का अथवा किसी नुकीली वस्तु (जैसे—काँटा या सूई) का वह टुकड़ा जो टूटकर घाव के अन्दर रह गया हो और बहुत कष्ट देता हो। ३ किसी के प्रति मन में बैठा हुआ द्वेष या वैर जो बदला लेने की प्रेरणा करता हो। मनोमालिन्य।

मुहा०—(मन की) गाँस निकालना=शत्रु से बदला चुकाकर अपना मन शांत करना।

४ मन में खटकने या चुभनेवाली बात। उदा०—प्रीतम के उर बीच भये दुलही को बिलास मनोज की गासी।—मतिराम। ५. कष्ट या पीडा देनेवाली कोई चीज या बात। ६. किसी प्रकार का बंधन या रुकावट।

मुहा०—(किसी को) गाँस में रखना—अपने अधिकार या वश में रखना। ७. दे० 'गाँठ'।

गाँसना—स० [हिं० गाँस] १. हिन्दी 'गँसना' का सकर्मक रूप। २ छेद करके दो चीजों को एक में मिलाते हुए अच्छी तरह फँसाना, लगाना या सटाना। ३ किसी चीज में गाँसी या नुकीली चीज गड़ाना या धँसाना।

मुहा०—(कोई बात मन में) गाँसकर रखना-कोई अप्रिय या खटकनेवाली बात अच्छी तरह मन में जमा या बैठाकर रखना। उदा० —तुम वह बात गाँसि करि राखी, हम कौ गई भुलाई।—सूर।

गाँस गहना=गाँसकर रखना।

४. अच्छी तरह बाँधकर या रोककर अपने अधिकार, नियंत्रण या शासन में रखना। ५. किसी चीज में कुछ ठूँस या भरकर रखना। ६. जहाज के पेंदे के छेदों में उन्हें बन्द करने के लिए मसाला भरना। (लश०)

गाँसी—स्त्री०=गाँस।

गाँहक†—पु०=गाहक।

गाइ (ई)†—स्त्री०=गाय।

गाइन—वि० [हिं० गाना] गानेवाला।

पुं० गवैया। गायक।

गाउन—पु० [अं०] १. एक प्रकार का लंबा ढीला पहनावा जो प्रायः योरप, अमेरिका आदि देशों की स्त्रियाँ पहनती हैं। २. उक्त प्रकार का वह पहनावा जो कुछ विशिष्ट लोगों (जैसे-डाक्टरों, वकीलों, स्नातकों आदि) को कोई उच्च परीक्षा पारित करने पर उसके चिह्न-स्वरूप मिलता है।

गाऊघप्प—वि० [हिं० खाऊ+गप्प] १. सब कुछ खा-पी जानेवाला। २. दूसरों का माल खा या हड़प जानेवाला।

गाकरी†—स्त्री० [सं० अंगार+कर] आग पर सेंकी हुई बाटी या लिट्टी। अंगा कड़ी।

गागर—स्त्री० [सं० गर्गर] धातु या मिट्टी का बना हुआ ऊँचे गलेवाला एक प्रकार का घड़ा।

मुहा०—गागर में सागर भरना=(क) थोड़े स्थान में बहुत अधिक चीजें भरना। (ख) कोई ऐसी पदावली या वाक्य बोलना या लिखना जिसमें बहुत अधिक भाव भरे हों। (साहित्य)

गागरा†—पु० [स्त्री० गागरी] = गगरा।

गाज—स्त्री० [अं० गाज] १. झीनी बुनावट का एक प्रकार का पतला कपड़ा। २. फूलदार नाम का रंगीन बूटीदार कपड़ा।

गाछ—पु० [सं० गच्छ] १.पेड़। वृक्ष। २ उत्तरी बंगाल में होनेवाला एक प्रकार का पान।

†स्त्री०=गाछ।

गाछी—स्त्री० [हिं० गाछ] १. छोटा पेड़। २. छोटा बगीचा। ३. खजूर की नरम कोंपल जिसे सुखाकर तरकारी बनाई जाती है।

†स्त्री०=खजूरी।

गाज—स्त्री० [सं० गर्ज, प्रा० गज्ज] १. गूँजने की क्रिया, भाव, या शब्द। गर्जन।

पद—गाजा-बाजा कई तरह के बाजे।

२. बिजली। वज्र।

मुहा०—गाज पड़ना-बिजली गिरना या वज्रपात होना। **(किसी वस्तु पर) गाज पड़ना**=पूरी तरह से नष्ट या बरबाद होना। **(किसी व्यक्ति पर) गाज पड़ना** बहुत बड़ी आफत या संकट में पड़ना। **गाज गारना**-गाज पड़ना।

पु० [अनु० गजगज] पानी आदि का फेन। झाग।

स्त्री० [?] काँच की चूड़ी।

गाजना—अ [स० गर्जन, पा० गज्जन] १. गर्जन करना। गरजना। २. शोर मचाना। उदा०—. . .जूँ अबर पर इदर गाजा।—ग्राम्य गीत। ३. खूब प्रसन्न होना।

गाजर—स्त्री० [सं० गृंजन] मूली की जाति का एक प्रसिद्ध मीठा लंबोतरा कद जिसका अचार, तरकारी, मुरब्बा आदि बनाये जाते है।

मुहा०—(किसी को) गाजर-मूली समझना=(क) अशक्त या असमर्थ समझना। (ख) तुच्छ या हेय समझना।

गाजा—पुं० [फा० गाज] एक प्रकार का चूर्ण या लेप जो स्त्रियाँ सौंदर्य बढ़ाने के लिए मुँह पर मलती है।

†पु०=गाँजा। उदा०—गाजा पिये गुरु ज्ञान मिटे।

गाजाधर—पुं०=गदाधर।

गाजी—पु० [अ०] १. मुसलमानों में वह वीर या योद्धा जो धर्म के लिए विधर्मियों से युद्ध करता हो। २ उक्त प्रकार के युद्ध में प्राण देनेवाला व्यक्ति। ३. बहुत बड़ा बहादुर या वीर।

गाजीमर्द—पुं० [अ०+फा०] १. बहुत बड़ा योद्धा या वीर। २. योद्दा।

गाजीमियाँ—पुं० [अ०] महमूद गजनवी का भानजा सालार मसऊद जो बहराइच में श्रावस्ती के जैन राजा सुहृदेव के हाथों मारा गया था।

गाटर—पुं० [प० हिं० गटई=गला] जुआठे की वह लकड़ी जिसके इधर उधर बैल जोते जाते हैं।

पुं० [?] खेत का छोटा टुकड़ा। गाटा।

पुं० [अं० गर्डर] लोहे की मोटी और लंबी धरन।

गाटा†—पु० [हिं० कटना] १. खेत का छोटा टुकड़ा। छोटा खेत। गाटर। २. बैलों की वह घौनी जो पयाल का चूरा कराने के लिए होती है।

गाड़—पुं० [सं० गर्त, प्रा० गड्ड मिलाओ अ० गार] १. जमीन में खोदा

या बना हुआ गड्ढा। २. वह गड्ढा जो अनाज भरकर रखने के लिए जमीन में खोदा जाता है। ३. वह गड्ढा जिसमें ईख की खोई का बचा हुआ रस निचुड़कर इकट्ठा होता है। ४. वह गड्ढा जिसमें पानी भरकर नील भिगोते हैं। ५. कूएँ का भगाड़ (देखा)। ६ खेत की मेंड़।

गाड़ना—स० [प्रा० गड्डा, बँ० गारा, उ० गार, गु० गाडवूं भरा० गाड़णें] १. कोई चीज छिपाने या दबाने के लिए जमीन में खोदे हुए गड्ढे में रखना और तब उस पर इस प्रकार मिट्टी आदि डालना या भरना कि वह ऊपर से दिखाई न दे। जैसे—जमीन में धन गाड़ना। २. उक्त प्रकार से मृत शरीर जमीन के अंदर रखकर मिट्टी आदि से दबाना। दफन करना। दफनाना। जैसे—ईसाइयों और मुसलमानों के मुरदे गाड़े जाते हैं। ३. कोई चीज कहीं दृढ़तापूर्वक खड़ी करने के लिए उसके नीचे का कुछ अंश जमीन में उक्त प्रकार से धँसाना या दबाना। जैसे—खंभा, झंडा या बाँस गाड़ना। ४ (खेमा या तंबू) खड़ा करना। ५. किसी नुकीली चीज की नोक या सिर जमीन या दीवार में इस प्रकार धँसाना या दबाना कि वह जल्दी इधर-उधर न हो सके। जैसे—कील या खूँटी गाड़ना। ६. दूसरों की दृष्टि से बचाने के लिए अथवा और किसी प्रकार चोरी से अधिक मात्रा में कोई चीज इस उद्देश्य से छिपाकर अपने पास रखना कि उपयुक्त अवसर आने पर उससे अनुचित लाभ उठाया जा सके। (होर्डिंग)।

गाडर†—स्त्री० [स० गड्डरी वा गड्डरिका] भेड़।
स्त्री० दे० 'गाडर'।

गाड़क†—पुं०=गारुडी।

गाडव—पु० [सं० गड्+अण्] बादल। मेघ।

गाड़ा†—पुं० [हिं० गाड़ी] १. बड़ी गाड़ी। २. बड़ी बैलगाड़ी। ३. बड़ा छकड़ा।
पुं० [हिं० गाड] १. जंगल का वह गड्ढा जिसमें चोर, डाकू आदि छिपकर बैठते थे। २. दे० 'गाड'।
मुहा०—गाड़े बैठना=(क) किसी की घात में कहीं छिपकर बैठना। (ख) चौकी या पहरे पर बैठना।
पुं० [हिं० गाडना] १. हिंदुओं का वह वर्ग जो मुसलमानों के शासन-काल में डर कर अपने मुरदे गाड़ने लगा था। २. मुलसमान जो अपने मुरदे जमीन में गाड़ते हैं।

गाड़ी—स्त्री० [प्रा० गत्तिआ, गाडडआ, दे०, प्रा० प० गड्डी, गोड्इ, उ० गारी, भि० गाडो, गु० भरा० गाड़ी] १. पहियों पर जड़ा या बैठाया हुआ लकड़ी-लोहे आदि का वह ढाँचा जिसे घोड़े, बैल आदि खींचते हैं और जिस पर सवारियाँ तथा सामान एक जगह से दूसरी जगह पहुँचाये जाते हैं। शकट।
क्रि० प्र०—खींचना।—चलाना।—हाँकना।
पद—गाड़ी भर=बहुत अधिक। ढेर-सा।
मुहा०—गाड़ी जोतना=गाड़ी चलाने के लिए उसके आगे घोड़े या बैल जोतना।
२. रेलगाड़ी।

गाड़ीखाना—पु० [हिं० गाड़ी+खाना] वह कमरा, घर या स्थान जहाँ गाड़ियाँ रखी जाती हों।

गाड़ीवान—पु० [हिं० गाड़ी+अं० मैन का हिं० रूप वान] गाड़ी चलाने या हाँकनेवाला।

गाढ़—वि० [सं०√गाह् (पैठना)+क्त] १. बहुत अधिक। अतिशय। २. दृढ़। पक्का। मजबूत। ३ गंभीर। गहरा। ४. घना। ५. तेज। प्रबल। ६ कठिन। विकट। ७. दुःख या दुर्गम।
स्त्री० कष्ट, विपत्ति या संकट का समय या स्थिति।
पु० [?] जुलाहों का करघा।

गाढ़ता—स्त्री० [सं० गाढ़+तल्—टाप्] १. गाढ़े, गंभीर या गहन होने की अवस्था या भाव। २ कठिनता। दुरूहता।

गाढ़ा—वि० [स० गाढ़] [स्त्री० गाढ़ी] १. (पदार्थ) जिसमें तरलता अपेक्षया कम हो। जो अधिक तरल या पतला न हो। जैसे—गाढ़ा दूध, गाढ़ी भाँग (या उसका घोल)।
मुहा०—गाढ़ी छनना=गाढ़ी भाँग पीयी जाना जिसमें खूब नशा हो।
२ (रंग) जो अधिक गहरा हो। बहुत हलका न हो। जैसे—गाढ़ा लाल, गाढ़ा हरा। ३. (वस्त्र) जिसके सूत परस्पर खूब मिले हों। ठस बुनावट-वाला और अपेक्षया मोटा। ४. दृढ़। पक्का। उदा०—गयौ लक गाढ़ी गहपौ—चंदबरदाई। ५. (संबंध) जिसमें आत्मीयता, घनिष्ठता आदि की अधिकता हो। जैसे—गाढ़ी दोस्ती।
मुहा०—(आपस में) गाढ़ी छनना—(क) घनिष्ठ मित्रता होना। (ख) खूब घुल-मिलकर परामर्श या बातें होना।
६. उग्र। प्रचंड। जैसे—गाढ़ी शत्रुता। ७. बहुत ही कठिन या विकट। जैसे—गाढ़े दिन (दे०)। उदा०—तिन्हहि सरापि दीन्ह अति-गाढ़ा।—तुलसी। ८. जिसमें बहुत अधिक परिश्रम होता हो या हुआ हो।
पद—गाढ़े की कमाई—बहुत परिश्रम से कमाया हुआ धन।
९. जिसमें कष्ट, संकट आदि की अधिकता हो। जैसे—गर्भवती या प्रसूता के गाढ़े दिन।
पु० १. कष्ट, विपत्ति या संकट की अवस्था, प्रसंग या समय। जैसे—गाढ़े में जल्दी कोई साथ नहीं देता। २ जुलाहे का बुना हुआ देशी, मोटा सूती कपड़ा। ३. मस्त हाथी।

गाढ़ी†—क्रि० वि० [हिं० गाढ़ा] १ दृढ़तापूर्वक। २. गहरा रंग लिये हुए। ३. कठिनता या संकट के समय में। उदा०—चोर न लेंहि, घटै नहि कबहूँ, गाढ़े आवत काम।—काष्ठजिह्वास्वामी।

गाणपत—वि० [सं० गणपति+अण्] गणपति-संबंधी। गणपति का।
पु० [सं० गणपति] गणेश जी की उपासना तथा पूजा करनेवाला एक प्राचीन संप्रदाय।

गाणेश—पु० [सं० गणेश+अण्] गणेश का उपासक।
वि० गणेश संबंधी।

गात—पुं० [सं० गात्र, पा० गत्त] १. देह। शरीर। २. स्त्रियों का यौवन-काल।
मुहा०—गात उमगना=यौवन का आगमन या आरंभ होने पर बालिका के स्तन उभरना।
३. पुरुष या स्त्री का गुप्त अंग। ४. गर्भ।
मुहा०—गात से होना=गर्भवती होना।

गातलीम—स्त्री० [अं० गाटलिन] जहाज में वह डोरी जो मस्तूल के ऊपर एक चरखी में लगी रहती और रीगिन उठाने में काम आती है।

गातव्य—वि० [सं०√गै (गाना)+तव्यत्] गाने अथवा गाये जाने के योग्य।

गाता (तृ)—वि० [सं०√गै+तृच्] गानेवाला।
†—पुं०=गत्ता।

गतानुगतिक—वि० [सं० गतानुगत+ठक्—इक] गतानुगति या अंध अनुसरण के रूप में होनेवाला।

गाती—स्त्री० [स० गात्री] १. बच्चों को सरदी से बचाने के लिए उनके शरीर पर लपेटकर गले में बाँधा जानेवाला छोटा कपड़ा। २. उक्त प्रकार से शरीर के चारों ओर चादर लपेटने का ढंग या प्रकार। ३. कपड़े का वह टुकड़ा जो साधु लोग अपने गुप्त अंग ढकने के लिए कमर में लपेट कर उसके दोनों सिरे गले में बाँधते हैं।

गातु—पुं० [स०√गै+तुन्] १. गाने की क्रिया या भाव। गाना। २. गानेवाला। गायक। ३ गर्भ। ४. कोमल। ५. भौंरा। ६. पथिक। बटोही। ७. पृथ्वी।

गात्र—पुं० [स०√गम् (जाना)+त्रन्, आकार आदेश] १. देह। शरीर। २. हाथी के अगले पैरों का ऊपरी भाग।

गात्रक—पुं० [स० गात्र+कन्] शरीर।

गात्र-भंग—स्त्री० [ष० त० टाप्] केवाँच। कौंछ।

गात्र-रुह—पुं० [गात्र√रुह् (जन्म लेना)+क] शरीर के रोएँ। रोम।

गात्रवत्—वि० [स० गात्र+तुप्, वत्व] सुंदर शरीरवाला।

गात्र-वर्ण—पुं० [मध्य० स०] स्वर साधन की एक प्रणाली जिसमें सातों स्वरों में से प्रत्येक का उच्चारण तीन तीन बार किया जाता है। जैसे—सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग आदि।

गात्र-सम्मित—वि० [ब० स०] (गर्भ) जो तीन महीने के ऊपर का होकर शरीर के रूप में आ गया हो।

गात्रानुलेपनी—स्त्री० [गात्र-अनुलेपनी,ष० त०] अंगराग।

गात्रावरण—पुं० [सं० गात्र-आवण, ष० त०] १. शरीर ढकनेवाली कोई चीज। २. युद्ध के समय शरीर को ढकनेवाले कवच, जिरह-बकतर आदि।

गात्रिका—स्त्री० [स० गात्र+कन्—टाप्, इत्व] शाल की तरह की एक प्रकार की पुरानी चादर।

गाथ—पुं० [स०√गा (गाना या स्तुति)+थन्] १. गाना। गान। २. प्रशंसा। स्तुति। स्तोत्र। ३. कथा। कहानी। ४. विस्तारपूर्वक किया जानेवाला वर्णन।

गाथक—पुं० [स०√गा+ण्वुल्] गाथा कहने या लिखनेवाला।

गाथना†—स० [हिं० गथना] १. अच्छी तरह पकड़ना। २. कसना। जकड़ना। ३. गूँथना। ४. गूँथना। पिरोना।

गाथा—स्त्री० [स० गाथ+टाप्] १. गीत, विशेषतः अपनी रमणीयता के कारण सब तरह के लोगों में गाया जानेवाला गीत। २. प्राकृत भाषा का एक छंद जिसमें उक्त प्रकार के गीत लिखे जाते थे।
विशेष—इन गीतों में किसी के किए हुए यज्ञों आदि का प्रशंसात्मक उल्लेख होता था।
३. परवर्ती काल में, आर्या छंद का एकभेद या रूप जिसमें पाली, प्राकृत आदि में ऐसी रचनाएँ होती थीं, जिनमें ताल, स्वर आदि के नियमों का बंधन नहीं होता था। ४. छोटे-छोटे पद्यों में बहुत ही सीधे सादे ढंग से और विस्तारपूर्वक कही हुई वह प्रभावोत्पादक कथा जिसमें प्रायः सच्ची घटनाओं या विशिष्ट तथ्यों का वर्णन होता है। (बैलड) ५. पारसियों तथा बौद्धों के धर्मग्रंथों में की उक्त प्रकार की रचनाएँ। ६. कोई कथा या वृत्तांत। ७. किसी की प्रशंसा या स्तुति।

गाथाकार—पुं० [सं० गाथा√कृ (करना)+अण्] १ गाथाएँ रचनेवाला। २. महाकाव्य का रचयिता। ३. गायक।

गाथिक—पुं० [सं० गाथा+ठक=इक] [स्त्री० गाथिका] =गाथक।

गाधी (धिन्)—पुं० [सं० गाधा+इनि] सामवेद गानेवाला।

गाध†—स्त्री० [सं० गाध=जल के नीचे का तल] १. तरल पदार्थ के नीचे बैठी हुई गाढ़ी चीज। तलछट। २. तेल की कोट। ३. कोई गाढ़ी चीज। जैसे—गोंद।

गाधड़†—वि० [स० कातर या हिं० गीदड़] मट्ठर। सुस्त।
पुं० १. गीदड़। २. कायर। डरपोक। ३ वह बैल जो किसी तरह जल्दी न चलता हो।
स्त्री० [सं० गड्डर] भेड़।

गाधर—वि० [हिं० गदराना] गदराया हुआ।
†पुं० दे० 'गादड़'।
††पुं० [हिं० कादर] वह बैल जो चलता-चलाता बैठ जाता हो।

गाधा—पुं० [सं० गाधा—दलदल] १. खेत में खड़ी फसल जो अभी पकी न हो। २ उक्त फसल के अध-पके अन्न के दाने। ३. महुए का फल जो पेड़ से टपका हो। हरा महुआ।

गाधी—स्त्री० [हिं० गद्दी] १. छोटी टिकिया के आकार का एक प्रकार का कपड़ा। २. दे० 'गद्दी'।

गाधुर—पुं०=चमगादड़।

गाध—पुं० [सं०√गाध् (प्रतिष्ठा)+घञ्] १. स्थान। जगह। २. जल के नीचे का स्थल। तल। ३. नदी का प्रवाह। बहाव। ४. लालच। लोभ।
वि० १. (जलाशय) जो इतना छिछला या कम गहरा हो कि चलया हलकर पार किया जा सके। २. अल्प। थोड़ा।

गाधा—स्त्री० [स० गाध+टाप्] १. गायत्री स्वरूपा महादेवी। २. बहुत अधिक कष्ट या दुःख। उदा०—भव-बाधा गाधा हरन राधा राधा जीय। —सत्यनारायण।
†पुं०=गधा।

गाधि—पुं० [सं०√गाध्+इन्] कुशिक राजा के पुत्र जो विश्वामित्र के पिता थे।

गाधि-पुर—पुं० [ष० त०] कान्यकुब्ज। कन्नौज।

गाधेय—पुं० [सं० गाधि+ढक्—एय] गाधि ऋषि के पुत्र, विश्वामित्र।

गाधेया—स्त्री० [सं० गाधेय+टाप्] गाधि ऋषि की कन्या सरस्वती जिसका विवाह ऋचीक से हुआ था।

गान—पुं० [सं०√गै (गाना)+ल्युट्—अन] वि० गेय, गातव्य] १. गाने की क्रिया या भाव। गाना। २. वह जो गाया जाय। गीत। ३. किसी प्रकार का बखान या वर्णन। जैसे—यज्ञोगान। ४. शब्द। ५. जाना। गमन।

गानगर—पुं० [हिं० गान+फा० गर]=गायक।

गानना*†स०=गाना। उदा०—नर अरु नारि राम गुन गानहिं।—तुलसी।

गाना—स० [सं० गान] १. कविता, गीत आदि के चरणों या पदों का वह क्रमिक, मोहक और सरस उच्चारण जो सुर तालवाले नियमों के अनुसार किसी विशिष्ट लय में होता है। २. पक्षियों आदि का मधुर स्वर में बोलना।

कलरव करना। ३. विस्तारपूर्वक किसी विषय की चर्चा या वर्णन करना। (विशेषतः कविता या छंदों में)।

मुहा०—अपनी ही गाना=अपनी ही बात कहते चलना (और दूसरे की न सुनना)।

४. प्रशंसा या स्तुति करना। ५ आराधना करना। भजना। उदा०—दिन द्वै लेहुँ गोविंदहिं गाइ। —सूर।

पुं० १. लय, राग आदि में कविता, पद्य आदि का उच्चारण करने की क्रिया या भाव। २ गाई जानेवाली चीज या रचना। गीत।

गामी (नि्)—वि० [सं० गान+इनि] १. गानेवाला। २. गमन करने या जानेवाला।

गाफ़िल—वि० [अ०] [भाव० गफलत] १. अचेत। बे-सुध। २ असावधान। ३. लापरवाह।

गाब—पुं० [देश०] एक प्रकार का पेड़ जिसका निर्यास नाव के पेंदे की लकड़ियों पर उन्हें सड़ने-गलने से बचाने के लिए लगाया जाता है।

गाबलीन—स्त्री० [?] जहाज पर पाल चढाने की एक प्रकार की चरखी या गराड़ी।

गाभ—पुं० [स० गर्भ, प्रा० प० गब्भ, सिंहु० गब, सि० गभ, मरा० गाभ] १. गर्भ, विशेषतः मादा पशुओं का गर्भ।

मुहा०—गाभ डालना=(क) मादा पशु का ऐसी क्रिया करना जिससे उसका गर्भ गिर जाय। अपना गर्भ गिराना, बाहर निकालना या फेंकना। (ख) लाक्षणिक रूप में, बहुत ही डर जाना (व्यय और हास्य)

२. किसी चीज का मध्य भाग। ३ दे० 'गाभा'। ४. बरतन ढालने के लिए वह सांचा जिस पर अभी गोबरी की तह न चढ़ाई गई हो (कमेरे)।

गाभा—पुं० [स० गर्भ] १. नया कोमल पत्ता। कल्ला।

मुहा०—गाभा आना बीच में से नया पत्ता निकलना। २ पौधों, वृक्षों आदि के डंठलों या शाखाओं के अंदर का कोमल भाग। ३. लिहाफ, रजाई आदि के फटने पर उनमें से निकलनेवाली रूई। ४. कच्चा अनाज। ५. किसी चीज का भीतरी भाग।

गाभिन—वि० स्त्री० [सं० गर्भिणी] (मादा पशु) जिसके पेट में बच्चा हो। गर्भिणी।

गाभिनी—वि० स्त्री०=गाभिन।

गाम—पुं० [स० ग्राम, पा० गाम] गाँव।

गामचा—पुं० [फा० गामचः] घोड़े के टखने और सुम के बीच का भाग।

गामत—स्त्री० [सं० गमन] १. निकलने का मार्ग। निकास। २. छेद। सूराख (लश०)।

गामा—*पुं० [स० ग्राम] गँवार। ग्रामीण। उदा०—रामते अधिक नाम करतन जेहि, किये नगर-गत गामी।— तुलसी।

गामिनी—स्त्री० [सं०√गम् (जाना)+णिनि-ङीप्] प्राचीन काल की एक प्रकार की बड़ी नाव जो समुद्रों में चलती थी।

वि० स्त्री० स० 'गामी' का स्त्री०।

गामी (नि्)—वि० [सं०√गम्+णिनि] [स्त्री० गामिनी] १. गमन करनेवाला। चलने या जानेवाला। जैसे—शीघ्रगामी। २. गमन या संभोग करनेवाला। जैसे—वेश्यागामी।

गामुक—वि० [स०√गम्+उकञ्] जानेवाला। गामी।

गाय—स्त्री० [स० गौ, प्रा० पा० गावी, बं० उ० ने० गाइ, पं० गाँ, गु०, मरा० गाय] सींगोंवाला एक प्रसिद्ध मादा चौपाया जिसका दूध अत्यंत पुष्टिकारक और स्वादिष्ट होता और पीने तथा दही, पनीर, मक्खन आदि बनाने के काम आता है। साँड़ की मादा।

मुहा०—गाय का बछिया तले और बछिया का गाय तले करना=इधर का उधर और उधर का इधर करना। हेरा-फेरी करना।

२. बहुत सीधा-सादा और निरीह व्यक्ति।

३. सत साहित्य में, (क) आत्मा। (ख) वाणी। (ग) माया।

गायक—पुं० [सं० गै (गाना)+ण्वुल्—अक] [स्त्री० गायिका] १. वह व्यक्ति जो गीत गाता हो। २. वह जो गीत गाकर अपनी जीविका का निर्वाह करता हो। ३. प्रशंसा या स्तुति करनेवाला व्यक्ति।

गायकवाड़—पुं० [मरा०] बड़ौदा के उन पुराने महाराजाओं की उपाधि जो मराठों के उत्तराधिकारी थे।

गायकी—स्त्री० [सं० गान] १. गान-विद्या। २. गान विद्या के अनुसार ठीक तरह से गाने की क्रिया या भाव। ३. गान विद्या का पूरा ज्ञान और उसके अनुसार होनेवाला गाना।

गायगोठ—स्त्री० [हिं० गाय+गोठ] वह स्थान जहाँ गौएँ बाँधी या रखी जाती हैं। गोशाला।

गायन—*पुं०=गायन।

गायत—वि० [अ०] १. बहुत अधिक। २ हद दरजे का।

स्त्री० १. किसी वस्तु की अधिकता। २. गरज। मतलब।

गायताल—पुं० [हिं० गाय+ताल] निकृष्ट या निकम्मा चौपाया।

वि० निकम्मा और निकृष्ट। रद्दी।

गायताल खाता—पुं० [हिं०] खाते या बही का वह अंश जिसमें ऐसी रकमें लिखी जाती हैं जिनके वसूल होने की बहुत ही कम आशा होती है।

गायत्र—पुं० [सं० गायत्र√त्रै (रक्षा करना)+क] [स्त्री० गायत्री] गायत्री छंद।

गायत्री—पुं० [सं० गायत्र+ङीप्] १ एक प्रकार का वैदिक छंद। २. उक्त छंद में रचित एक प्रसिद्ध वैदिक मंत्र जो भारतीय आर्यों में परम पवित्र माना जाता है। सावित्री। ३. दुर्गा। ४. गंगा। ५. छः अक्षरों की एक प्रकार की वर्णिक वृत्ति जिसके कई भेद हैं। ६. खैर का पेड़।

गायन—पुं० [सं०√गै+ल्युट्—अन] १. गाने की क्रिया या भाव। २. गाई जानेवाली छन्दात्मक रचना। गीत। गान। ३. गवैया। गायक। ४. कार्तिकेय।

गायब—वि० [अ०] जो सहसा अन्तर्धान हो गया अथवा परोक्ष में चला गया हो। जो आँखों से ओझल हो गया हो। लुप्त।

मुहा०—(कोई चीज) गायब करना=चालाकी या चोरी से कोई चीज उठा लेना या हटा लेना।

पद—गायब गुल्ला—जो इस प्रकार अदृश्य या लुप्त हो गया हो कि जल्दी उसका पता न चले।

पुं० चौसर, शतरंज, आदि खेलने का वह विशिष्ट कौतुकपूर्ण प्रकार जिसमें कोई कुशल खेलाड़ी स्वयं तो आड़ में छिपा हुआ बैठा रहता है और दूसरे खेलाड़ी की चाल का रूपया विवरण सुन करही उस चाल के उत्तर में अपने पक्ष की चाल चलने का आदेश देता है। बिसात, मोहरे आदि से अलग और दूर रहकर तथा उन्हें बिना देखे खेलने का ढंग या प्रकार।

मुहा०—गायब खेलना=उक्त प्रकार से आड़ में बैठकर चौसर, शतरंज या ऐसा ही कोई खेल (बिना उसके उपकरण देखे) खेलना।

गाय-बगला—पु० [हिं०] एक प्रकार का बगला (पक्षी) जो प्रायः पशुओं के झुंडों के आस-पास मँडराता रहता और उनके शरीर पर के कीड़े खाता है। सुरखिया बगला।

गायब-बाज—पुं० [अ०+फ़ा०] [भाव० गायब-बाजी] वह खिलाड़ी जो गायब (चौसर, शतरंज आदि) खेलता हो।

गायबाना—क्रि० वि० [अ० गायबान.] १ गुप्त रीति से। छिपे छिपे। २. किसी की चोरी से या पीठ पीछे।

गायरौन—पु०=गोरोचन।

गायत्री—स्त्री०=गायत्री।

गायिनी—वि० स्त्री० [स०√गै+णिनि–ङीप्] १. गानेवाली स्त्री। २. वह स्त्री जो गाकर अपनी जीविका का निर्वाह करती हो। ३. एक प्रकार का मात्रिक छंद।

गार—पु० [अ० गार] १. नीची जमीन। २. गड्ढा। ३ जंगली जानवरों के रहने की माँद। ४ कंदरा। गुफा।

वि० [फा०] एक विशेषण जो संयुक्त पदों के अंत में अव्यय की तरह लगकर ये अर्थ देता है—(क) करनेवाला, जैसे—खिदमतगार, गुनहगार, नितमगार। (ख) साधन। जैसे—रोजगार (अर्थात् रोज का साधन)। स्त्री०=गाली। उदा०—सुनहुँ बज बसि लवन मैं बज बासिनि की गार।—नागरीदास।

पु०†=गारा।

गारत—स्त्री० [अ०] लूट-मार।

वि० ध्वस्त। नष्ट। बरबाद।

गारद—स्त्री० [अ० गार्ड] १. सिपाहियों अथवा सैनिकों का वह छोटा दल या दस्ता जो किसी स्थान की रक्षा के लिए नियुक्त किया गया हो। २ पहरा।

मुहा०—**गारद में रखना**=पहरे में रखना (अपराधियों आदि को)।

गारना—स० [स० गालन] १. निचोड़ना। २. पानी के साथ घिस या रगड़कर किसी चीज का रस या सार भाग निकालना। जैसे—चंदन गारना। ३. पानी में डालकर किसी चीज को गलाना या घुलाना। ४. गिराना, निकालना या बहाना। जैसे—आँसू गारना। उदा०—तुम कटु गरल न गारो।—मैथिलीशरण। ५. निकाल या हटाकर अलग या दूर करना। ६. त्यागना। ७. खोना। गँवाना। ८. क्षीण या नष्ट करना। जैसे—तपस्या करके शरीर गारना। ९. किसी का अभिमान चूर्ण करना। उदा०—द्रौपदी को चीर बढ़्यो दुस्सासनै गारी।—सूर।

गारभेली—स्त्री० [देश०] एक प्रकार का जंगली फालसे का वृक्ष जो पूर्वी भारत तथा हिमालय की तराई में होता है।

गारा—पुं० [हिं० गारना] १. दीवारों आदि की जुड़ाई करने के लिए मिट्टी को पानी में सानकर तैयार किया हुआ लसदार चौल। २. उक्त काम के लिए सुर्खी, चूने आदि का तैयार किया हुआ मसाला। ३. मछलियों के खाने का वह चारा जो उन्हें फँसाने के लिए बंसी में लगाया जाता है। उदा०—नेह नीर बसी नयन, बतरस चारो लाई।—बिक्रम सतसई।

वि० १. गीला। तर। २ उदासीन। खिन्न।

मुहा०*—**की गारा करना**=किसी की ओर से उदासीन या खिन्न होना।

पु० [अ० गार?] वह नीची भूमि जहाँ वर्षा का पानी जमा होता हो।

पु० [?] दोपहर के समय गाया जानेवाला संकीर्ण जाति का एक राग।

मुहा०—**गारा करना**=विस्तारपूर्वक और बार-बार कोई बात कहना या सुनाना।

गारा कान्हड़ा—पुं० [देश०] संपूर्ण जाति का एक संकर राग जो संध्या समय गाया जाता है।

गारि—स्त्री०=गाली।

गारी*—स्त्री०=गाली।

गार—*वि० [स० गुरु] भारी।

गारुड़—वि० [स० गरुड़+अण्] गरुड़-संबंधी। गरुड़ का।

पु० १. साँप का विष उतारने का एक प्रकार का मंत्र जिसके देवता गरुड़ कहे गये हैं। २ गरुड़ के आकार की एक प्रकार की सैनिक व्यूह-रचना। ३. एक प्रकार का प्राचीन अस्त्र। ४. पन्ना या मरकत नामक रत्न। ५ सोना। स्वर्ण। ६ गरुड़ पुराण।

गारुड़ि—पु० [स० गरुड़+इञ्] १. संगीत में आठ प्रकार के तालों में से एक। २. दे० 'गारुड़ी'।

गारुड़िक—पु० गारुडी।

गारुड़ी (ड़िन्)—पु० [स० गारुड़+इनि] १. वह व्यक्ति जो साँप का विष मंत्र-बल से उतार देता हो। २ मंत्र से अथवा और किसी प्रकार साँप पकड़ने अथवा उसे वश में करनेवाला व्यक्ति। ३. सँपेरा।

गारुत्मत—पु० [सं० गरुत्मत्+अण्] १ मरकत या पन्ना नामक रत्न। २. गरुड़ का अस्त्र।

गारुरी*—पु०=गारुड़ी। उदा०—जीवत गुनी गारुरी आवे।—जायसी।

गारो (रौ)—पु० [स० गर्व] १. अभिमान। गर्व। उदा०—क्षुद्र पतित तुम तारि रमापति अब न करौ जिय गारौ।—सूर। २ गौरव। ३. प्रतिष्ठा। मान।

गार्ग—वि० [स० गर्ग+अण्] गर्ग संबंधी।

गार्गि—पु० [सं० गर्ग+इञ्] गर्ग मुनि का पुत्र या वंशज।

गार्गी—स्त्री० [सं० गर्ग+यञ्–ङीप्, यलोप] १. गर्ग गोत्र की एक प्रसिद्ध ब्रह्मवादिनी विदुषी जिसकी कथा बृहदारण्यक उपनिषद् में है। यह याज्ञवल्क्य की पत्नी थी। २. दुर्गा।

गार्गीय—वि० [सं० गर्ग+छञ्–ईय] [वि० स्त्री० गार्गेयी] १. जिसका जन्म गर्ग गोत्र में हुआ हो। २. गर्ग संबंधी।

गार्ग्य—वि० [स० गर्ग+यञ्]=गार्गीय।

पु० एक प्राचीन वैयाकरण का नाम।

गार्जर—पु० [सं० गर्जर+अण्] गाजर नामक कंद।

गार्ड—पु० [अं०] १. पहरा देनेवाला व्यक्ति। २. रक्षा करनेवाला व्यक्ति। रक्षक। ३. देख-रेख या निगरानी करनेवाला व्यक्ति। निरीक्षक। ४. रेलवे का वह अधिकारी जो रेलगाड़ी के साथ उसकी देख-रेख और व्यवस्था करने के लिए रहता है।

गार्डन—पु० [अं०] उद्यान। बगीचा।

गार्डन पार्टी—स्त्री० [अं०] उद्यान-गोष्ठी।

गार्दभ—वि० [सं० गर्दभ+अण्] गर्दभ-सम्बन्धी। गधे का।

गार्द्धर्य—पु० [सं० गर्द्ध+ष्यञ्] लालच। लोभ।

गार्ध्र—वि० [सं० गृध्र+अण्] गृध्र-संबंधी।

पुं० १. लालच। लोभ। २. तीर। बाण।

गार्भ—वि० [स० गर्भ+अण्] १ गर्भ-संबंधी। गर्भ का। २. गर्भ से उत्पन्न होनेवाला।

पुं० वे सब काम जो गर्भ के पोषण, रक्षण आदि के लिए किए जाते हो।

गार्हपत—वि० [सं० गृहपति+अण्] गृहपति संबंधी।

पु० गृहपति का भाव। गृहपतित्व।

गार्हपत्य—वि० [सं० गृहपति+ष्यञ्] गृहपति-संबंधी।

पुं० १ गृहपति होने की अवस्था, पद या भाव। २. दे० 'गार्हपत्याग्नि'।

गार्हपत्याग्नि—स्त्री० [स० गार्हपत्य-अग्नि, कर्म० स०] छः प्रकार की अग्नियों में पहली और प्रधान अग्नि जिसका रक्षण गृहपति का कर्तव्य होता था।

गार्हमेध—पु० [स० गार्ह, गृह+अण्, गार्ह-मेध, कर्म०स०] गृहस्थ के लिए आवश्यक धार्मिक कृत्य या यज्ञ। पंच महायज्ञ।

गार्हस्थ्य—पु० [स० गृहस्थ+ष्यञ्] १. गृहस्थ होने की अवस्था या भाव। २. गृहस्थाश्रम। ३. पंच महायज्ञ।

गार्हस्थ्य-विज्ञान—पु० [प० त०] वह विज्ञान जिसमे घर के काम-काज (जैसे खाना-पकाना, सीना-पिरोना, बच्चे पालना आदि) संबंधी बातें बताई जाती हैं। (डोमेस्टिक साइन्स)

गाल—पु० [स०, प्रा०, द्र०, पं०, गल्ल, उ०, ब०, मरा० गाल, सि० गलु] १ मुख-विवर और नासिका के दोनों ओर कनपटी तक के बाहरी विस्तार जिनसे जबड़े ढके रहते हैं। कनपटी के आस-पास, नीचे और सामने का अंग। कपोल।

मुहा०—गाल फुलाना=(क) गर्व-सूचक आकृति बनाना। अभिमान प्रकट करना। (ख) मौन रहकर अथवा रूठकर रोष प्रकट करना। २. उक्त अंगों के बीच का वह भाग जो मुँह के अन्दर होता है और जिससे खाने, पीने, बोलने आदि में सहायता मिलती है।

मुहा०—गाल में चावल भरना या भरे होना=ऐसी स्थिति होना कि जान-बूझकर चुप रहना पड़े अथवा बहुत धीरे-धीरे रुक-रुक कर मुँह से बातें निकलें। **(किसी के) गाल में जाना**=किसी का कौर या ग्रास बनना। किसी के द्वारा खाया जाना। जैसे—काल(या शेर) के गाल मे जाना। **गाल में भरना** कोई चीज खाने के लिए मुँह में भरना या रखना।

३ बहुत बढ़-बढकर बाते करने की प्रवृत्ति या स्वभाव। मुँहजोरी।

मुहा०—गाल करना=बढ़ बढ़कर या उद्धतापूर्वक बातें करना। **गाल फुलाकर कोई काम करना**=अभिमानपूर्वक कोई काम करना। उदा०—वचन कहहिं सब गाल फुलाई।—तुलसी। **गाल बजाना**=(क) बहुत बढ़-बढकर व्यर्थ की बातें करना। (ख) डींग मारना। शेखी हाँकना। (ग) शिव के पूजन के समय मुँह मे हवा भरकर दोनों गालों पर इस प्रकार हलका आघात करना कि बम बम या ऐसा ही और कुछ शब्द निकले। **गाल मारना**=गाल बजाना।

४. किसी चीज की उतनी मात्रा, जितनी एक बार मे खाने के लिए मुँह में रखी जाय। कौर। ग्रास। जैसे—(क) वह अनमने भाव से चार गाल खाकर चटपट उठ गया। (ख) वह एक-एक पूरी का एक-एक गाल करता था।

मुहा०—गाल मारना=ग्रास मुख मे रखना। कौर मुँह में डालना। ५ उतना अन्न जितना एक बार चक्की में पीसने के लिए मुट्ठी से डाला जाता है। झीक। ६ किसी चीज का बीचवाला अश या भाग।

पुं० [?] एक प्रकार का तमाखू का पत्ता।

स्त्री० =गाली (प० और राज०)।

गालगूल—पुं० [हिं० गाल+अनु०] इधर-उधर की अनाप-शनाप या व्यर्थ की बातें। गपशप।

गालन—पु० [स० √गल् (क्षरित होना)+णिच्+ल्युट्] १. गलाने की क्रिया या भाव। २. किसी तरल पदार्थ को इस प्रकार एक पात्र में से दूसरे पात्र में पहुँचाना या ले जाना कि उसमे की मैल पहलेवाले पात्र मे ही रह जाय। (फिल्टरेशन) ३ निचोड़ना।

गालना†—अ० [हिं० गाल] बातें करना। बोलना।

स० गाल में रखकर खाना।

गालबंद—पु० [हिं० गाल+बंद] एक प्रकार का बधन जिसमें चमड़े के तस्मे की किसी काँटी में फँसाकर अँटकाते है। (जहाजी)

गालमसूरी—स्त्री० [हिं०] मध्य युग का एक प्रकार का पकवान। उदा०—दूध बरा उत्तम दधि बाटी, गालमसूरी की रुचि न्यारी।—सूर।

गालव—पुं० [स० √गल् (चुआना या खाना)+अण्, गाल√वा (गति, गम)+क] १. एक प्राचीन ऋषि का नाम जो विश्वामित्र के शिष्य थे। २. पाणिनि से पहले के एक प्राचीन वैयाकरण। ३ एक प्राचीन स्मृतिकार आचार्य। ४ तेंदू का पेड़। ५ लोध का पेड़।

गालव-माता—स्त्री०=गल का (रोग)।

गाला—पु० [हिं० गाल=ग्रास] १. धुनी हुई रूई का पहल जो चरखे पर सूत कातने के लिए बनाया जाता है। पूनी।

पद—रूई का गाला=बहुत उज्ज्वल। प्रकाशमान।

२. रूई का छोटा टुकड़ा जो बहुत हल्का होता और हवा में इधर-उधर उड जाता है।

†पुं० दे० 'गाल'।

गालित—वि० [सं० √गल+णिच्+क्त] १. गलाया हुआ। २ (तरल पदार्थ) जो एक पात्र में से दूसरे पात्र मे इस प्रकार ले जाया गया हो कि उसमें की मैल पहलेवाले पात्र में रह गई हो। ३ निचोड़ा हुआ।

गालिनी—स्त्री० [सं०√गल्+णिच्+णिनि—ङीप्] तत्र की एक मुद्रा।

गालिब—वि० [अ०] १. जो किसी पर छाया हुआ हो। जिसने किसी पर अधिकार जमा लिया अथवा उसे अभिभूत कर लिया हो। २. विजयी। श्रेष्ठ।

गालिबन्—क्रि० वि० [अ०] संभावना है कि। संभवतः।

गालिम—वि० [अ० गालिब] १. जिसने किसी को दबा लिया हो। २. प्रचंड। प्रबल।

गाली—स्त्री०[सं० गालि] १. प्रायः क्रुद्ध होने पर किसी को कही जानेवाली कोई ऐसी अश्लील तथा गर्हणीय बात जिसमें किसी के आचरण, प्रतिष्ठा, स्थिति आदि पर अनुचित आक्षेप या आरोप किया गया हो। दुर्वचन।

क्रि० प्र०—खाना।—देना।—निकालना।—बकना।

२. विवाह आदि शुभ अवसरों पर गाये जानेवाले वे गीत जिनमें लोगों को परिहास के लिए कलंक-सूचक बातें कही जाती हैं।

गाली-गलौज—स्त्री० [हिं० गाली+गलौज अनु०] दोनों पक्षों का एक दूसरे को गालियाँ देना।

गाली-गुफ्ता—पुं०=गाली-गलौज।

गालू—वि० [हिं० गाल०] १. गाल बजानेवाला। बढ़-बढ़कर बातें करनेवाला। २. बकवादी।

गाल्हना—अ०, स०=गालना।

गाव†—स्त्री० =गाय।

पुं०=बैल।

गावकुशी—स्त्री० [फा०] गोवध। (दे०)

गावकुस—पु० [स० ग्रीवा गला+कुश=फल] (घोड़े आदि की) लगाम। (डिं०)

गाव-कोहाल—पु० [फा०] ऐसा घोड़ा जिसकी पीठ पर बैल की तरह कूबड़ निकला हो।

गाव खुर्द—वि० [फा०] १. गायव। लापता। २. नष्ट-भ्रष्ट।

गाव-गिल—स्त्री० [फा०] प्योड़ी नामक रंग।

गावड़—स्त्री० [स० ग्रीवा] गला। गर्दन। (डिं०)

गावड़ी†—स्त्री० १. =गाय। २.=गावड़।

गाव-तकिया—पुं० [फा०] एक प्रकार का लंबा, गोल तथा मोटा तकिया जिसके सहारे प्रायः रईस लोग गद्दी पर बैठते हैं। मसनद।

गावदी—वि० [हिं० गाव+सं० धी] १. सीधा-सादा या ना समझ (व्यक्ति)। २. मूर्ख। जड़।

गावदुम—वि० [फा०] १ जो गाय की दुम (पूँछ) की तरह एक ओर मोटा और दूसरी ओर बराबर पतला होता गया हो। २. ढालुवाँ।

गावदुमा—वि०=गावदुम।

गावना—स० =गाना।

गाव-पछाड़—स्त्री० [हिं० गाव =गरदन+ पछाड़] कुश्ती का एक पेंच जिसमें विपक्षी को गले से पकड़कर गिरा दिया जाता है।

गावल—पु० [?] दलाल।

गावलाणि—पु०=गावल्णि (संजय)।

गावली†—स्त्री०=दलाली।

गावल्णि—पु० [सं० गवल्गण+इञ्] संजय का एक नाम।

गाव-सुम्मा—पु० [हिं० गाव+सुम =खुर] फटे हुए खुरोंवाला घोड़ा।

गावी—स्त्री० [देश०] बड़ी समुद्री नावों पर का पाल।

गास—पु० [स ग्रास] १. विपत्ति। संकट। २. दुःख। कष्ट।

गासिया—पुं० [अ० गाशियः] घोड़े की जीन पर बिछाने का कपड़ा। जीनपोश।

गाह—स्त्री० [सं० गाथा] गाथा (दे०)। उदा०—छंद प्रबंध कवित जति साटक गाह दुहत्थ।—बेंदबरदाई।

पुं० [सं०√गह् (गहना+घञ्] गहनता। गहराई।

पुं० [सं० ग्राह] १. ग्राहक। २. पकड़। ३. ग्राह। मगर।

स्त्री० [फा०] १. कोई विशिष्ट स्थान। जैसे—बंदरगाह, शिकारगाह। २. कोई विशिष्ट काल।

गाहक—पुं० [सं०√गाह (गोता लगाना)+ण्वुल्-अक] अवगाहन करनेवाला।

†पुं०=ग्राहक।

मुहा०—(किसी के) की या प्राण का गाहक होना—किसी की जान लेने पर उतारू होना।

गाहकताई—स्त्री० [सं० ग्राहकता] १. ग्राहक होने की अवस्था या भाव। २. कदरदानी। गुण-ग्राहकता।

गाहकी—स्त्री० [हिं० गाहक] १. गाहक। ग्राहक। २. गाहक के हाथ माल बेचने की क्रिया।

गाहटना—स० [स० गाह] १. मथना। बिलोड़ना। २. नष्ट-भ्रष्ट करना। उदा०—रिण गाहटतैं राय खलाँ रिण। —प्रिथीराज।

गाहन—पुं० [सं० ग्रहण] पकड़ने की क्रिया या भाव। ग्रहण।

पु० [सं०√गाह्+ल्युट्-अन] पानी में पैठकर गोता लगाना।

गाहना—स०[स० अवगाहन] १. पानी में पैठना या धँसना। २. पानी में गोता लगाकर थाह लेना। ३. किसी विषय या बात की गहराई की थाह लेना। अवगाहन करना। ४. जल आदि को क्षुब्ध करना। आलोड़न करना। ५. अनाज के डठलों को डंडे से पीटकर उनके दाने गिराना या झाड़ना। उदा०—चैत काटा और गाहा नहीं कि भादर पड़वा दूँगा। —वृन्दावनलाल। ६. खेत में हेंगा या पाटा चलाना। ७. चलते हुए चक्कर लगाना या दूर तक जाना। ८ कुछ ढूँढने के लिए इधर-उधर दौड़ना-घूमना और परेशान होना। ९. जहाज की दरारों में मन आदि भरना। काल-पट्टी करना। (लश०) १० व्यवस्था बिगाड़ना। गड़बड़ा देना।

गाहा—स्त्री० [सं० गाथा, प्रा० गाहा] १. किसी प्रकार का कथात्मक चरित्र-वर्णन। वृत्तान्त। २ आर्या छन्द का दूसरा नाम।

गाहिता (तृ)—वि० [स०√गाह्+तृच्] १. गोता लगाने या स्नान करनेवाला। २. गाहन करनेवाला।

गाहिनी—स्त्री० [सं० √गाह्+णिनि-ङीप्] एक प्रकार का विषम वृत्त या छंद जिसके चारों चरणों में क्रम से २२, २०, १८ और १२ मात्राएँ होती हैं। यह सिंहनी छंद का बिलकुल उलटा होता है।

गाही—स्त्री०[हिं० गहना=ग्रहण] वस्तुएँ (विशेषतः फल आदि) पाँच-पाँच के समूहों में बाँटकर गिनने का एक मान। जैसे—१० गाही (अर्थात् ५०) आम।

पद—गाही के गाही=बहुत अधिक।

गाह्य—स्त्री०=उपगीति (छंद)।

गाह्-गाहे—क्रि० वि० [फा०] १. बीच-बीच में कुछ स्थानों पर। इधर-उधर। २. बीच-बीच में। थोड़े थोड़े समय पर। कभी-कभी।

गिंजना—अ० [हिं० गींजना] किसी पदार्थ का हाथ आदि से ठीक प्रकार से व्यवहार या स्पर्श न किये जाने के कारण खराब या कुछ मैला होना। गींजा जाना।

गिंजाई—स्त्री० [हिं० गींजना] गिंजने या गींजे जाने की क्रिया या भाव। स्त्री० [सं० गुंजन] एक प्रकार का छोटा बरसाती कीड़ा। खालिल। घिनौरी।

गिंजनी—स्त्री० [देश०] एक पौधा जिसकी छोटी किन्तु लंबोतरी पत्तियों का साग बनता है।

गिंडुरी—स्त्री० दे० 'गेंडुआ'।

गिंडुवा—पुं०=तकिया।

गिंवर—पुं० [देश०] फसल को हानि पहुँचानेवाला एक प्रकार का कीड़ा।

गिंवुक—पुं० [सं०=गेन्दुक, पृषो० सिद्धि] छोटा गेंद।

गिंदौड़ा (दौरा)—पुं० [फा० कद+हिं० औड़ा(प्रत्य०)] [स्त्री० अल्पा० गिंदौड़ी] चीनी, मिसरी आदि की जमाई हुई गोलाकार मोटी परत।

गिर्यं†—स्त्री०=ग्रीवा (गला)। उदा०—कंचन तार बाँधि गिर्यं पाती। —जायसी।

गिज्ञान†—पुं०=ज्ञान।

गिज्ञास—स्त्री०=गंवास।

गिठ†—पु०=ग्रीवा (गला)।

गिगनार—पु०=गगन। उदा०—चाँद चढ़यो गिगनार, किरत्यौं ढल रहियाँ जो ढल रहियाँ। —राज० लोकगीत।

गिचपिच—वि० [अनु०] १. (लिखावट या लेख) जो स्पष्ट न हो और सटा-सटाकर लिखा गया हो। २ एक दूसरे मे मही तरह से मिला हुआ।

गिचिर-पिचिर—वि०=गिचपिच।

गिजई—स्त्री०[देश०] १. सलमे के काम का एक प्रकार का तार। २ हाथ में पहनने का एक प्रकार का आभूषण।

गिजगिजा—वि० [अनु०] [स्त्री० गिजगिजी] १. (खाद्यवस्तु) जो मुलायम तथा गीली हो, जो करारी अथवा सूखी न हो। जैसे—गिजगिजा आम, गिजगिजी रोटी। २. मुलायम या मांसल।

गिज़ा—स्त्री० [अ०] १. खाद्यपदार्थ। खूराक। २. पौष्टिक भोजन।

गिटकिरी—स्त्री० [अनु०] तान लेने मे विशेष प्रकार से स्वर कँपाना जो बहुत कर्ण-मधुर होता है। (संगीत)

स्त्री०= गिट्टी।

गिटपिट—स्त्री० [अनु०] किसी के मुँह से निकलनेवाले ऐसे शब्द या बातें जो सहसा श्रोताओं की समझ में न आती हों।

मुहा०—गिटपिट करना=ठीक प्रकार से कोई बात न कह पाना। टूटी-फूटी या अशुद्ध भाषा में बातें करना।

गिट्टक—स्त्री० [हिं० गिट्टा] १. चिलम के नीचे रखने का ककर। चुगल। २. धातु, पत्थर आदि का छोटा टुकड़ा। गिट्टी। ३. फलों की गुठली। जैसे—आम की गिट्टक। ४. गिटकिरी लेने में स्वर का वह सबसे छोटा अश जो कंठ के एक ही कंप से या एक बार मे निकलता है। दाना। (संगीत)

गिट्टा—पुं० [सं० गिरिज, हिं० गेरू+टा(प्रत्य०)] १. चिलम के छेद पर रखा जानेवाला ईंट, पत्थर आदि का छोटा टुकड़ा। २ कंकड़, पत्थर आदि का कोई छोटा टुकड़ा। ३. पैर के तलवे और पिंडली के बीच की मोटी उभरी हुई हड्डी। टखना।

गिट्टी—स्त्री० [हिं० गिट्टा] १. ईंट (या पत्थर) को फोड़कर उसके किये हुए टुकड़ो का सामूहिक नाम। २ मिट्टी के बरतन का टूटा हुआ छोटा टुकड़ा। ३. चिलम की गिट्टक। ४. वह फिरकी जिस पर बादले का तार लपेटा जाता है।

गिट्ठा—पुं० [देश०] जुलाहे का करघा।

गिट्ठरा—पु०=गेठुरा।

गिडंर†—पु० [सं० गयंद] मतवाला हाथी। उदा०—जथा कवली खंभ, गिड़द गयवर गति डोलं।—जटमल।

गिड़†—पुं० [?] सूअर। उदा०—जिण बन भूल न जावना, गैंद गिवल गिड़राज। —कविराजा सूर्यमल।

गिड़गिड़ाना—अ० [अनु०] अपनी असहाय अथवा दुःखद स्थिति की दीनता-पूर्वक चर्चा करते हुए सहायता की प्रार्थना करना।

गिड़गिड़ाहट—स्त्री० [हिं० गिडगिड़ाना] १. गिड़गिडाने की क्रिया या भाव। २. बहुत गिड़गिड़ाकर की जानेवाली प्रार्थना।

गिड़राज—पु० [स० ग्रहराज] सूर्य। (डिं०)

गिड्डा—वि० [देश०] आकार या कद के विचार से ठिंगना। नाटा।

गिद—पु०[स० अव्युत्पन्न शब्द] रथपालक देवता।

स्त्री० [देश०] आँख मे का कीचड़।

गिद्दा—पु० [हिं० गीत] स्त्रियों के गाने के एक प्रकार के गीत। नकटा। †पु०=गट्टा।

गिद्ध—पुं० [स० गृध्र] १. ऊँची गरदनवाला एक प्रकार का प्रसिद्ध मांसाहारी बड़ा पक्षी जो शव आदि खाता है। २. बहुत बड़ा चालाक या धूर्त। काइयाँ। ३. एक प्रकार का बड़ा कनकौआ या पतंग। ४. छप्पय छद का एक भेद।

गिद्धराज—पु० [हिं० गिद्ध+राज] जटायु।

गिधना*—अ० दे० 'गीधना'।

गिनगिनाना—अ०=गनगनाना।

गिन-तारा—पुं० [हिं० गिनना+तार] वह चौखटा जिसमे क्षैतिज या बडे बल मे कई ऐसे तार लगे होते हैं जिनमे छोटी गोलियाँ पिरोई रहती है, और जिनके द्वारा छोटे बच्चों की गिनती सिखाई जाती है। (एंबेकस)

गिनती—स्त्री० [हिं० गिनना] १ बहुत सी चीजों को एक, दो, तीन करते हुए गिनने की क्रिया या भाव। जैसे—पुस्तको या सिपाहियो की गिनती।

मुहा०—(किसी की) गिनती में लाना या समझना=आदर करने या महत्त्व देने के योग्य समझना।

पद—गिनती के=संख्या में बहुत थोड़े। जैसे—वर्षा के कारण आज की बैठक मे गिनती के ही कुछ लोग आ सके। **गिनती गिनने या गिनाने के लिये**=नाम मात्र को।

२ तादाद। सख्या। ३. उपस्थिति की जाँच। हाजिरी। ४. एक से सौ तक की अंक-माला।

गिनना—स० [स० गणन] १ संख्यासूचक अको का नियमित क्रम से उच्चारण करना। गिननी करना। २ वस्तुओं अथवा उनके समूहों की कुल संख्या जानने के लिए उनकी-नियमित क्रम से गणना करना। जैसे—आम या रुपए गिनना।

पद—गिन-गिनकर=(क) अच्छी और पूरी तरह से। जैसे—गिन-गिनकर मारना या सुनाना। (ख) एक-एक करके और बहुत कठिनता से। जैसे—गिन-गिनकर दिन बिताना। (ग) बहुत धीरे धीरे और साव-धानता से। जैसे—गिन-गिनकर पैर रखना।

३ कुछ महत्त्व का या महत्त्वपूर्ण समझना। जैसे—वह तुम्हे क्या गिनता है। (अर्थात् कुछ नहीं समझता।)

गिनवाना—स० [हिं० गिनना] गिनने का काम दूसरे से कराना।

गिनाना—स० [हिं० गिनना का प्रे०] गिनने का काम दूसरे से कराना। गिनवाना।

†अ० गिनती में आना। गिना जाना।

गिनी—स्त्री० [अं०] १ इंगलैंड में प्रचलित एक प्रकार का सोने का सिक्का। २. एक प्रकार की लंबी विलायती घास जो मैदानों में लगाई जाती है।

गिन्ती—स्त्री०= गिनती।

गिन्नी—स्त्री० [हि० घिरनी] १. चक्कर। २. घुमाने या चक्कर खिलाने की क्रिया।

स्त्री०= गिनी।

गिम—स्त्री० [सं० ग्रीवा] गरदन। गला। उदा०—गिम सजों लावल मुकुता हारे। —विद्यापति।

गिमटी—स्त्री० [अ० डिमिटी] एक प्रकार का बढ़िया मजबूत सूती कपड़ा।

गिय—पु० गिउ (गला)।

गियान*—पुं०=ज्ञान।

गियाह—पु० [स० हय] एक प्रकार का घोड़ा। घोड़ों की एक जाति।

गिर—स्त्री० [स०√गृ (शब्द)+क्विप्] दे० 'गिरा'।

गिरंट—पु० [अ० गार्नेट] १ ग्वारनट नाम का बढ़िया रेशमी कपड़ा। २ एक प्रकार की देशी मलमल।

गिरंथ—पु०=ग्रंथ।

गिरंदा—वि० [फा० गीर=पकड़नेवाला] १. पकड़ने या पकड़कर रखनेवाला। २. फंदे में फँसानेवाला। उदा०—हँस हँस मन मुसि लिया बे बडा गरीब गिरदा है।—आनन्दघन।

गिरंम—वि० भारी। उदा०—तरकस पंच गिरम तीर प्रति खतंग तीन मय।—चंदवरदाई।

गिर—पु० [स० गिरि से] गिरनार काठियावाड़ के देश का भेसा।

†पुं०=गिरि।

(गिर के यौ० के लिए दे० गिरि के० यौ०)

*स्त्री०=गिरा (वाणी)।

गिरई—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की छोटी मछली।

गिरगट—पु०=गिरगिट।

गिरगिट—पु० [स० कृकलास या गलगधि] छिपकली की जाति का एक जंतु जो आवश्यकतानुसार अपना रंग बदल लेता है।

मुहा०—गिरगिट की तरह रंग बदलना=कभी कुछ और कभी कुछ करना, कहना या मानना। एक बात पर स्थिर न रहना।

गिरगिटान—पुं०=गिरगिट।

गिरगिठी—स्त्री०[?] एक प्रकार का छोटा पेड़ जिसकी छाल खाकी रंग की होती है।

गिरगिरी—स्त्री० [अनु०] चिकारे या सारंगी की तरह का एक प्रकार का खिलौना।

गिरजा—पुं० [देश०] एक प्रकार का पक्षी जो कीड़े-मकोड़े खाता है।

पुं० [पुर्त० इग्रिजिया] ईसाइयों का प्रार्थना-मंदिर।

स्त्री०=गिरिजा।

गिरझना—पुं०=गिद्ध। (राज०) उदा०—कायर केरे मांस को गिरझण कबहुं न खाइ।—जटमल।

गिरद—अव्य०=गिर्द।

गिरदा—पु० [फा० गिर्द] १. घेरा। २. चक्कर। ३. तकिया। ४. हलवाइयों आदि का काठ का बड़ा थाल। ५. कपड़े का वह गोल टुकड़ा जो हुक्के के नीचे रखा जाता है। ६. गतके का वार रोकने की ढाल। फरी। ७. खंजरी, ढोल आदि का मेंढरा।

गिरदागिरद—क्रि० वि०=गिर्दागिर्द।

गिरदान—पुं० १.=गिरगिट। २.=गरदान।

गिरदाब—पुं० [फा० गिर्दाब] पानी का भँवर।

गिरदाली—स्त्री०[फा० गिर्द] लोहारों का एक उपकरण जिससे वे गलाया हुआ लोहा एक स्थान पर समेटते हैं।

गिरदावर—पुं० [फा०] वह अधिकारी जो किसी क्षेत्र में घूम-घूमकर कामों की जाँच या देख-रेख करता हो।

गिरदावरी—स्त्री० [फा०] गिरदावर का काम या पद।

गिरदीह—क्रि० वि० [फा० गिर्द] आस-पास। इर्द-गिर्द। उदा०—नरनाहाँ वर गढ़ढ, गाह गिरदीह दुअनधर।—चन्दवरदाई।

गिरधर—वि० पुं०=गिरिधर।

गिरधारन—पु० दे० 'गिरिधर'।

गिरधारी—पु० दे० 'गिरिधर'।

गिरना—अ० [सं० गलन] १ किसी उच्च स्तर या स्थल पर स्थित वस्तु का अचानक तीव्र वेग से जमीन पर आ पड़ना। जैसे—(क) आकाश से हवाई जहाज या तारा गिरना। (ख) छत पर से लड़के का नीचे गिरना। २ किसी ऊँचे स्थान पर बँधी, लगी या लटकती हुई वस्तु का अपने आधार से छूट या टूटकर नीचे के स्थल पर आ पड़ना। जैसे—(क) पेड़ से पत्ता या फल गिरना। (ख) कूएँ में बाल्टी गिरना। ३. जमीन को आधार बनाकर उस पर खड़ी होने, बैठने अथवा चलनेवाली वस्तु का जमीन पर पड़ या लेट जाना। जैसे—(क) दीवार या छत गिरना। (ख) कुरसी या मेज गिरना। (ग) चलती हुई गाड़ी या दौड़ता हुआ लड़का गिरना।

पद—गिरता-पड़ता या गिर-पड़कर=बहुत कठिनाई या मुश्किल से।

गिरा-पड़ा (देखे)।

४. किसी धारा या प्रवाह का नदी या समुद्र में मिलना। जैसे—गंगा नदी कलकत्ते के पास समुद्र में गिरती है। ५ किसी उच्च विभाग, श्रेणी, स्थिति आदि में होने या रहनेवाली वस्तु का अपेक्षया निम्न विभाग, श्रेणी, स्थिति आदि में आना। नीचे आना। जैसे—तापमान गिरना, पारा गिरना। ६ लाक्षणिक अर्थ में, प्रसम स्तर या मान्य आदेश से किसी चीज का अवनति या घटाव पर होना। जैसे—चरित्र गिरना। ७ कारोबार कम या ठप्प होना। जैसे—बाजार गिरना। ८. किसी वस्तु के मूल्य में उतार या कमी होना। जैसे—चीजों का भाव गिरना। १०. किसी वस्तु को देखने, लेने आदि के लिए बहुत से व्यक्तियों का एक साथ आ पहुँचना। जैसे—राशन की दूकान पर ग्राहकों का गिरना। ११. किसी स्थान पर बहुत अधिक भीड़ जमने पर एक दूसरे को चक्के लगाना। जैसे—आदमीपर आदमी गिरना। १२. किसी ऐसे रोग का होना जिसके विषय में लोगों का विश्वास हो कि उसका वेग ऊपर से नीचे को आता है। जैसे—नजला गिरना, फालिज (लकवा) गिरना। १३. सहसा बहुत अधिक मात्रा में उपस्थित या प्राप्त होना। आ पड़ना। जैसे—(क) सिर पर विपत्ति का पहाड़ गिरना। (ख) दिसावर से आकर बाजार में माल गिरना।

गिरनार—पुं० [सं० गिरि+हिं० नार=नगर] गुजरात में स्थित रैवतक नामक एक पर्वत जो जैनियों का तीर्थ है।

गिरनारी, गिरनाली—वि० [हिं० गिरनार] गिरनार पर्वत का। गिरनार सम्बन्धी।

पु० गिरनार का निवासी।

गिरफ्त—स्त्री० [फा०] १ कोई चीज अच्छी तरह पकड़ने की क्रिया या भाव। पकड। २. हथियारों का वह अंग जहाँ से वे पकड़े जाते हैं। ३. अपराध, दोष, भूल आदि का पता लगाने का खास ढंग या हथकंडा।

गिरफ्तार—वि० [फा०] १. जो कोई अपराध या दोष करने के कारण अधिकारियों द्वारा पकड़ा गया हो। २. कष्ट, संकट आदि में ग्रस्त या फँसा हुआ।

गिरफ्तारी—स्त्री० [फा०] १. गिरफ्तार होने की अवस्था, क्रिया या भाव। २ कोई अभियोग लगने या अपराध करने पर उसके विचार के लिए राज्य द्वारा पकड़े जाने की क्रिया, अवस्था या भाव। (अरेस्ट)

गिरबान—पुं० [सं० ग्रीवा] गर्दन। गला।

†पुं० =गरेबान।

गिरबूटी—पुं० [स० गिरि+हिं० बूटी] अंगूर-शेफा (देखें)।

गिरमिट—पुं० [अं० गिमलेट बड़ा वरमा] लकड़ी, लोहे आदि में छेद करने का बड़ा वरमा।

पुं० [अं० एग्रीमेंट] इकरारनामा। संविदा-पत्र।

गिरमिटिया—पुं० [हिं० गिरमिट] किसी उपनिवेश में गया हुआ शर्तबंद हिन्दुस्तानी मजदूर।

गिरवर—पु०=गिरिवर।

गिरवान*—पुं०=गीर्वाण।

पु० [फ़ा० गरेबान] १. कुरते आदि में गले का भाग। २. गरदन। गला।

गिरवाना—स० [हिं० गिराना] १. किसी को कोई चीज गिराने में प्रवृत्त करना। २. किसी से तोड़ने-फोड़ने या गिराने का काम करवाना। जैसे—मकान या दीवार गिरवाना।

गिरवी—वि० [फा०] १ (चीज) जो गिरो या रेहन रखी गई हो। २. रेहन रखे हुए माल से संबंध रखनेवाला। रेहन सबंधी।

†स्त्री० गिरो। बंधक। रेहन।

गिरवीदार—पु० [फा०] वह व्यक्ति जो दूसरों को रुपए उधार देने के बदले में उनकी वस्तुएँ अपने पास बंधक रखता हो। रेहनदार।

गिरवीनामा—पु० [फा०] वह लेख्य जिसमें गिरों की शर्तें लिखी हों। रेहननामा।

गिरवीपत्र—पु० दे० 'गिरवीनामा'।

गिरस्त†—पुं० [सं० गृहस्थ] १ पूर्वी उत्तर प्रदेश के मुसलमान जुलाहे (कदाचित् गृहस्थ साधुओं के वेशज होने के कारण)। २. दे० 'गृहस्थ'।

गिरस्ती—स्त्री० गृहस्थी।

गिरह—स्त्री० [सं० ग्रह से फा०] १. कपड़े, डोरी आदि के सिरे को एक दूसरे में फँसाकर बाँधी जानेवाली गाँठ। २. किसी कपड़े, धोती आदि के पल्ले में कोई चीज विशेषतः पैसे आदि रखकर तथा लपेटकर लगाई जानेवाली गाँठ जिसे लोग प्रायः कमर में खोंसते थे।

पद—गिरहकट (दे०)।

३. खरीता। खीसा। जेब। ४. गाँठ के रूप में उठा हुआ शरीर के दो अंगों का संधि-स्थान। जैसे—बाँह और टाँग के बीच का घुटने पर का जोड। ५. गज का सोलहवाँ अंश या भाग। ६. कलाबाजी। कलैया। ७. कुश्ती का एक दाँव।

पुं० गृह। उदा०—गिरह उजाड़ एक सम लेखी। —कबीर।

गिरहकट—पुं० [फा० गिरह=जेब या गाँठ+हिं० काटना] गिरह या गाँठ में बँधा हुआ धन काटनेवाला व्यक्ति। जेबकतरा।

गिरहत्थ—पु०=गृहस्थ।

गिरहबान—वि० [फा० गिरह=जेब या गाँठ] जिसमें गाँठ या गाँठें पड़ी हों। गठीला।

गिरहबाज—पुं० [फा०] एक प्रकार का कबूतर जो आकाश में उड़ते समय कलैया खाता है।

गिरहर—वि० [हिं० गिरना+हर (प्रत्य०)] जो शीघ्र ही गिर पड़ने को हो। गिराऊ।

गिरही—पु० [सं० गृहिन्] १. गृहस्थ। २ देव-दर्शन के लिए आया हुआ यात्री। (पंडे और मड्डर)

गिरां—वि० [फा० गरा] १. जिसका दाम अधिक हो। बहुमूल्य। महँगा। २. भारी। ३. अप्रिय या अरुचिकर।

गिरा—स्त्री० [सं√गृ(शब्द)+क्विप्–टाप्] १. वह शक्ति जिसकी सहायता से मनुष्य बातें करता या बोलता है। वाक् शक्ति। २ उक्त शक्ति की देवी, सरस्वती। ३. सरस्वती नदी। ४ जबान। जीभ। ५. कही या बोली हुई बात। ६. बोली या भाषा। जबान। ७. सुन्दर कविता।

गिराज—पुं० [अ० गैरेज] मोटर गाड़ी रखने के लिए बना हुआ कमरा या कोठा।

गिराधव—पुं० [सं०] ब्रह्मा।

गिराधी—*पु०=गिराधव।

गिराना—स० [हिं० गिरना] १. किसी उच्च स्तर या स्थान पर स्थित वस्तु को बलपूर्वक नीचे उतारना या लाना। जैसे—परदा गिराना। २. किसी आधार पर खड़ी वस्तु को आघात आदि पहुँचा कर जमीन पर लाना। जैसे—(क) किसी को चबूतरे या कुरसी से नीचे गिराना (ख) रेल की लाइन तोड़ कर गाड़ी गिराना। ३. किसी वस्तु या रचना को तोड़-फोड़ कर उसका नाश या ध्वंस करना। जैसे—दीवार या मकान गिराना। ४. महत्त्व, मूल्य, शक्ति आदि घटाना या कम करना। जैसे—दाम गिराना। ५. धार्मिक, नैतिक आदि दृष्टियों से निम्न स्तर पर लाना। जसे—अधिकार के पद से ही उन्हें इतना गिराया है। ६. प्रवाह को डाल की ओर ले जाना। जैसे—नाली में मोरी का पानी गिराना। ७. किसी चीज को इस प्रकार हाथ से छोड़ देना कि वह नीचे आ पड़े। जैसे—लोटा या दावात गिराना। ८. किसी पात्र में रखी हुई वस्तु को जमीन पर उँडेलना। जैसे—लोटे में का पानी या दावात में की स्याही गिराना। ९. कोई ऐसा रोग उत्पन्न करना जिसके विषय में लोगों का यह विश्वास हो कि उसका वेग ऊपर से नीचे की ओर जाता या होता है। जैसे—बहुत अधिक मानसिक चिंता नजला गिराती है।१०. उपस्थित करना। सामने ला रखना। जैसे—मकान बनाने के लिए ईंटें या मसाला गिराना। ११. युद्ध या लड़ाई में बुरी तरह से घायल करना या मार डालना। जैसे—चार सिपाहियों को तो अकेले उसी ने गिराया था।

गिरासी—स्त्री० [फा०] १. वह स्थिति जिसमें चीजें महँगी हो जाती हैं। मँहगी। २. अपच आदि के कारण होनेवाला पेट का भारीपन।

गिरा-पड़ा—वि० [हिं० गिरना+पड़ना] १. जमीन पर गिरकर पड़ा हुआ। २. टूटा-फूटा। जीर्ण-शीर्ण। ३. पतित। ४. जिसका कुछ भी महत्त्व या मूल्य न हो।

गिरापति—पुं० [सं० ष० त०] ब्रह्मा।

गिरापतु—पुं० [सं० गिरा-पितृ] सरस्वती के पिता। ब्रह्मा।

गिरामी—वि०=गरामी (प्रसिद्ध)।

गिराव—पुं० [अं० ग्रेव] तोप का वह गोला जिसमें छोटी छोटी गोलियाँ और छर्रे भी रहते हैं।
पु०=गिरावट।

गिरावट—स्त्री० [हिं० गिरना] १. गिरने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. अधःपात। पतन।

गिरावना—स०=गिराना।

गिरास—पुं०=ग्रास।

गिरासना†—स०=ग्रसना।

गिरासी—स्त्री० [देश०] गुजरात में रहनेवाली एक उपद्रवी प्राचीन जाति।

गिराह—पुं० [स० ग्राह] ग्राह या मगर नामक जलजंतु।

गिरि—पुं० [स०√गृ+कि] १. पर्वत। पहाड़। २. दशनामी साधुओं के एक वर्ग की उपाधि। जैसे—स्वामी परमानन्द गिरि। ३. संन्यासियों का एक भेद या वर्ग। ४. पारे का एक दोष जो खानेवाले का शरीर अड़ कर देता है। ५. आँख का एक रोग जिसमें ढेढ़र या पुतली फट या फूट जाती है।

गिरि-कंटक—पु० [ष० त०] वज्र।

गिरि-कंदर—पु० [ष० त०] पहाड़ की गुफा।

गिरिक—वि० [स० गिरि+कन्] १. गिरि या पर्वत संबंधी। गिरि या पर्वत में होनेवाला। पहाड़ी।
पु० [स० गिरि√कै (प्रकाशित होना)+क] महादेव। शिव।

गिरि-कदंब—पु० [मध्य० स०] एक प्रकार का कदंब (वृक्ष)।

गिरि-कदली—स्त्री० [मध्य० स०] पहाड़ी केला।

गिरि-कर्णिका—स्त्री० [गिरि-कर्ण, ब० स० कप्, टाप्, इत्व] १. पृथ्वी। २. अपराजिता लता। ३. अपामार्ग। चिचड़ा।

गिरि-कर्णी—स्त्री० [गिरि-कर्ण, ब० स० ङीष्] १. अपराजिता या कोयल नाम की लता। २. जवासा।

गिरिका—स्त्री० [सं० गिरि+क—टाप्] १. चूहे की मादा। चुहिया। २. छोटा चूहा। चुहिया।

गिरि-काण—वि० [तृ० त०] जो गिरि नामक नेत्ररोग के कारण काना हो गया हो।

गिरि-कूट—पुं० [ष० त०] पहाड़ की चोटी।

गिरिचर—पुं० [सं० गिरि√चर् (चलना)+ट] पहाड़ पर रहने या विचरण करनेवाला।

गिरिज—वि० [सं० गिरि√जन् (उत्पन्न होना)+ड] पहाड़ पर, पहाड़ में या पहाड़ से उत्पन्न होनेवाला।
पुं० १. शिलाजीत। २. लोहा। ३. अबरक। अभ्रक। ४. गेरू। ५. एक प्रकार का पहाड़ी महुआ।

गिरिजा—स्त्री० [सं० गिरिज-टाप्] १. हिमालय की पुत्री, पार्वती। गौरी। २. गंगा। ३. पहाड़ी केला। ४. चमेली। ५. चकोतरा।
पु०=गिरजा (ईसाइयों का प्रार्थना-मंदिर)।

गिरिजा-कुमार—पुं० [ष० त०] कार्तिकेय।

गिरिजा-पति—पुं० [ष० त०] महादेव।

गिरिजा-बीज—पुं० [ष० त०] गंधक।

गिरिजा-मल—पुं० [ष० त०] अभ्रक।

गिरि-जाल—पुं० [ष० त०] पर्वत-माला।

गिरिज्वर—पुं० [सं० गिरि√ज्वर् (रुग्ण होना)+णिच्+अच्] वज्र।

गिरित्र—पुं० [स० गिरि√त्रै (रक्षा करना)+क] १. महादेव। शिव। २. समुद्र। सागर।

गिरि-दुर्ग—पु० [सं० कर्म० स०] पहाड़ी किला।

गिरि-दुहिता (तृ)—स्त्री० [ष० त०] पार्वती।

गिरि-द्वार—पुं० [ष० त०] पहाड़ की घाटी। दर्रा।

गिरिधर—पुं० [ष० त०] गिरि अर्थात् गोवर्धन पर्वत को धारण करनेवाले, श्रीकृष्ण।

गिरिधरन—पुं०=गिरिधर।

गिरि-धातु—पु० [ष० त०] गेरू।

गिरिधारन—पु०=गिरिधर।

गिरिधारी (रिन्)—पु० [सं० गिरि√धृ (धारण करना)+णिनि] श्रीकृष्ण।

गिरि-ध्वज—पुं० [ब० स०] इंद्र।

गिरि-नंदिनी—स्त्री० [ष० त०] १. पार्वती। २. गंगा। ३. पहाड़ से निकली हुई नदी।

गिरि-नगर—पु०[स० मध्य० स०] १ गिरनार पर्वत पर बसा हुआ एक नगर जो जैनियों का एक पवित्र तीर्थ है। २ पुराण के अनुसार रैवतक पर्वत।

गिरि-नाथ—पु० [ष० त०] १. महादेव। शिव। २. हिमालय। ३ गोवर्धन पर्वत।

गिरि-निंतब—पु०[ष० त०] पहाड़ की ढाल।

गिरि-पथ—पु० [मध्य० स०] दो पहाड़ों के बीच का मार्ग। घाटी। दर्रा।

गिरि-पीलु—पुं० [ष० त०] फालसा।

गिरिपुष्पक—पु० [गिरि-पुष्प ष० त०, गिरिपुष्प√कै (चमकना)+की] १. पथरफोड़ नाम का पौधा। २. शिलाजीत।

गिरि-प्रस्थ—पु० [ष० त०] पहाड़ के ऊपर का चौरस मैदान।

गिरि-प्रिया—स्त्री० [ब० स०] सुरागाय

गिरि-बांधव—पुं० [ष० त०] शिव।

गिरिभिद्—पु० [सं० गिरि√भिद् (फाड़ना)+क्विप्] पाषाण भेद।
वि० पहाड़ों को फोड़नेवाला (नद, नदी, झरना आदि)।

गिरिमल्लिका—स्त्री० [गिरि-मल्लि, स० त० + कन्—टाप्] कुटज। कोरैया।

गिरि-याण—पुं० [ब० स०] बहुत बड़ा हाथी।

गिरि-भूत्—स्त्री० [ष० त०] १. पहाड़ी मिट्टी। २. गेरू।

गिरि-राज—पुं० [ष० त०] १. बड़ा पर्वत। २. हिमालय। ३. गोवर्धन पर्वत। ४. सुमेरु।

गिरि-वर्तिका—स्त्री० [मध्य० स०] एक प्रकार का पहाड़ी हंस।

गिरि-व्रज—पुं० [ब० स०] १. केकय देश की राजधानी। २ जरासंध की राजधानी, राजगृह।

गिरिश—पु० [स० गिरि√शी (सोना)+ड] महादेव। शिव।

गिरिशाल—पु० [स० गिरि√शल् (गति)+अण्] एक प्रकार का बाज पक्षी।

गिरिशालिनी—स्त्री० [स० गिरि√शल्+णिनि-ङीप्] अपराजिता लता।

गिरि-शिखर—पुं० [ष० त०] पहाड़ की चोटी।

गिरि-संभव—पुं० [ब० स०] एक प्रकार का पहाड़ी चूहा।

गिरि-सार—पु० [ष० त०] १. लोहा। २ शिलाजीत। ३. रोगन। ४ मैनाक पर्वत। ५. मलय पर्वत।

गिरि-सुत—पु० [ष० त०] मैनाक पर्वत।

गिरि-सुता—स्त्री० [ष० त०] पार्वती।

गिरींद्र—पु० [गिरि-इंद्र, ष० त०] १. बहुत बड़ा पर्वत या पहाड़। २ हिमालय। ३ शिव। ४ आठ बड़े पर्वतों के आधार पर ८ की संख्या।

गिरी—स्त्री० [हिं० गरी] कुछ विशिष्ट फलों के बीजों के अंदर का मुलायम गूदा जिसकी गिनती मुख्य मेवों में होती है। जैसे—चिरौंजी के बीजों या बादाम की गिरी।

पु० गिरि।

गिरीश—पु० [गिरि-ईश, ष० त०] १. बहुत बड़ा पर्वत या पर्वतों का राजा। २. हिमालय पर्वत। ३ सुमेरु पर्वत। ४ कैलास पर्वत। ५. गोवर्धन पर्वत। ६ महादेव। शिव।

गिरेबान—पु०=गरेबान।

गिरेवा—पु० [स० गिरि] १ छोटी पहाड़ी। टीला। २. पहाड़ या पहाड़ी पर की ऊँची चढ़ाई।

गिरेश—पु० [सं० गिरा—ईश, ष० त०] १ ब्रह्मा। २ विष्णु।

गिर्रियाँ—स्त्री० [हिं० गेरना डालना] बैलों आदि के गले में बाँधी जानेवाली रस्सी। गेरुवा। पगहा। उदा०—तिय जानि गिर्रियाँ गही बन-माल सुएंचे लला इंच्यो छावन है।—पद्माकर।

गिर्रिया†—वि० [हिं० गिराना+ऐया (प्रत्य०)] १. गिरानेवाला। २. गिरनेवाला। ३. पतनोन्मुख।

गिरों—पु० [फा०] १. कोई चीज किसी के पास जमानत के रूप में रखकर उससे रुपया उधार लेना। रेहन। २ दूसरे की कोई चीज जमानत में रखकर उसके बदले में रुपए उधार देना। रेहन।

पद—गिरों-गढ़ा=दूसरों की चीजें अपने पास रेहन रखने का व्यवसाय।

वि० (वस्तु) जो रेहन रखी गई हो।

गिरोवर—पु० [स० गिरिवर] पर्वत।

गिर्राट—पु०=गिरगिट।

गिर्वा—पु० दे० 'गिरजा'।

स्त्री०=गिरिजा।

गिर्वाधर—पु० दे० 'गिरजा'।

गिर्द—अव्य० [फा०] १. आस-पास। २. चारों ओर।

पद—इर्द-गिर्द (देखे)।

पु० किसी चीज की गोलाई या उसकी नाप। घेरा।

गिर्दागिर्द—अव्य० [अव्य०] १. आस-पास। इर्द-गिर्द। २. चारों ओर।

गिर्दाब—पुं० [फा०] भँवर।

गिर्दावर—वि० [फा०] चारों ओर घूमनेवाला।

पुं० १. वह अधिकारी जो चारों ओर घूम-घूमकर कामों और कर्मचारियों का निरीक्षण करता हो। २. मालविभाग का एक अधिकारी जो पटवारियों के कामों की जाँच करता है।

गिल—पु० [स० गिल् (लीलना)+क] १. मगर नामक जल-जंतु। २ जँवीरी नीबू।

वि० निगलने या खानेवाला।

स्त्री० [फा०] १. मिट्टी। २. गीली मिट्टी। ३. गारा।

गिलकार—पुं० [फा०] गारे और चूने से इमारत का काम करनेवाला कारीगर। मेमार। राज।

गिलकारी—स्त्री० [फा०] गारे और चूने से इमारत बनाने, विशेषतः दीवारों पर पलस्तर लगाने का काम।

गिलकिया—स्त्री० [देश०] नेनुवा या घियातोरी नामक तरकारी।

गिलगिल—पु० [सं० गिल√गिल्+क] नक्र या नाक नामक जलजन्तु।

गिलगिला—वि० [हिं० गीला-गीला] स्त्री० गिलगिली] १. आर्द्र और कोमल। गीला और नरम। २ करुणा, रोष आदि के कारण रोमांचित।

उदा०—कोटरों से गिलगिली घृणा यह झाँकती है।—अज्ञेय।

†पु० एक प्रकार का पक्षी।

गिलगिलिया—स्त्री० [अनु०] सिरोही नाम की चिड़िया। किलहँटी।

गिलगिली—पु० [देश०] घोड़ों की एक जाति।

स्त्री० गिलगिलिया या सिरोही नामक चिड़िया।

गिलजई—पु० [देश०] अफगानिस्तान की एक वीर जाति।

गिल्ट—पु० [अ० गिल्ड=सोना चढ़ाना] १ पीतल, लोहे आदि की बनी हुई ऐसी वस्तु जिस पर सोने, चाँदी आदि का पानी चढ़ा हुआ हो। २ उक्त प्रकार से सोने या चाँदी का पानी चढ़ाने की क्रिया या भाव। ३. सफेद रंग की एक घटिया धातु।

गिल्टी—स्त्री० [सं० ग्रंथि] १. शरीर के अन्दर जोड़ों आदि के पास होनेवाली गोल गाँठ जिसमें से कई प्रकार के रस निकलकर शारीरिक व्यापारों में सहायक होते हैं। २ रक्त में विकार होने के कारण शरीर के अन्दर पड़नेवाली छोटी गाँठ। ३. एक रोग जिसमें शरीर के विभिन्न अंगों में गाँठें निकल आती हैं। ४. दे० 'ग्रंथि'।

गिलन*—पु०=गिलन।

गिलन—पु० [स०√गिल्+ल्युट्—अन] [वि० गिलित] निगलने की क्रिया या भाव।

†पु०=गलन।

गिलना—स० [सं० गिलन] १. निगलना। २. इस प्रकार छिपा या दबा लेना कि किसी को पता न चले। ३. ग्रसना। उदा०—अद्भुत द्रव्य ससि अहि गिल्यौ, साख सुरग मनावही।—चन्दबरदाई।

गिलपिला—वि० [अनु०] आर्द्र और कोमल। पिलपिला।

गिलपिलाना—अ० [अनु०] अस्पष्ट उच्चारण के कारण बोलने में गड़बड़ाना।

गिलम—स्त्री० [फा० गिलीम=कंबल] १. ऊन का बना हुआ मुलायम और चिकना कालीन। २. बड़ा और मोटा पर मुलायम गद्दा (बिछाने का)।

†वि० कोमल। नरम। मुलायम।

गिलमाँ—पुं० [अ० 'गुलाम' का बहु०] इस्लाम के अनुसार वे सुन्दर बालक जो बहिश्त में धर्मात्माओं की सेवा और भोग-विलास के लिए रहते हैं।

गिलमिल—पुं० [हिं० गिलम=कोमल] मध्य युग का एक प्रकार का बढ़िया मुलायम कपड़ा।

गिलम्बा†—वि० दे० 'गिलमा'।

†पुं० दे० 'गिलमाँ'।

गिलहरा—पुं० [देश०] एक प्रकार का चारीदार, मोटा सूती कपड़ा।

पु० गिलहरी का नर।

†पुं०=बेलहरा।

गिलहरी—स्त्री० [सं० गिरि=चुहिया] चूहे की तरह का एक प्रसिद्ध छोटा जन्तु जो प्रायः घरों और बगीचों में रहता और पेड़ों पर चढ़ सकता है।

गिल-हिकमत—स्त्री० [फा० +अ०] औषध बनाने की कपड़ौटी नाम की क्रिया। दे० 'कपड़ौटी'।

गिला—पुं० [फा०] १. उपालंभ। उलाहना। २. निंदा। शिकायत।

गिलाई—स्त्री०=गिलहरी।

गिलाजत—स्त्री० [अ० गलीज का भाव०] १. गलीज या गंदे होने की अवस्था या भाव। गंदगी। २. गंदी और बुरी चीज। ३. मल। गूह।

गिलान†—स्त्री० [हिं० गीला] गीलापन।

†स्त्री० ग्लानि। उदा०—लखि दरिद्र विद्वान को जग-जन करैं गिलान।—दीन०।

गिलाफ—पुं० [अ०] १ कपड़े की वह बड़ी थैली जो तकिये, लिहाफ आदि के ऊपर उनकी रक्षा के लिए चढ़ाई जाती है। खोल। २. तलवार आदि की म्यान। कोष।

†पुं० 'लिहाफ' के स्थान पर भूल से प्रयुक्त होनेवाला शब्द।

गिलाय—स्त्री०=गिलहरी।

गिलायु—पुं० [सं० गिल+क्यङ्+उ] एक रोग जिसमें गले के अंदर गाँठें बँध जाती हैं। इसमें बहुत पीड़ा होती है।

गिलावा†—पुं० [फा० गिल=मिट्टी+आब=पानी] मिट्टी और पानी का बना हुआ वह गाढ़ा घोल जिससे राज मजदूर दीवारों की चुनाई करते हैं। गारा।

गिलास—पुं० [अ० ग्लास] १. पीतल, लोहे, शीशे आदि का बना हुआ पानी पीने का एक प्रसिद्ध लंबोतरा छोटा बरतन। २. किसी वस्तु की उतनी मात्रा जितनी उक्त पात्र में समाती हो। जैसे—मैंने तीन गिलास पानी पीया। ३. आलू-बालू या ओलची नाम का पेड़ जिसका फल बहुत मुलायम और स्वादिष्ट होता है।

गिलित—भू० कृ० [सं०√गिल्+क्त] निगला हुआ।

गिलिम—स्त्री०, वि०=गिलम।

गिली—वि० [फा० गिल=मिट्टी] १. मिट्टी से सम्बन्ध रखनेवाला। २. मिट्टी का बना हुआ।

†स्त्री०=गुल्ली।

गिलेफ†—पुं०=गिलाफ।

गिलोय—स्त्री० [फा०] एक प्रकार की कड़वी बेल जिसके पत्ते दवा के काम आते हैं। गुरुच। गुडूची।

गिलोल†—स्त्री०=गुलेल। उदा०—लोल हैं कलोल ते गिलोल से लसत हैं।—सेनापति।

गिलोला—†पु० दे० 'गुलेला'।

गिलौंदा†—पु०=गुलेदा।

गिलौरी—स्त्री० [देश०] लगे हुए पानों का बीड़ा।

पु० [सं० गल्ल] १. ज्ञान की बातें। ज्ञान-चर्चा। २. मन-बहलाव के लिए की जानेवाली बातचीत (बाजारू)।

गिलौरीदान—पुं० [हिं० गिलौरी+दान] पान रखने का डिब्बा। पानदान।

गिल्टी†—स्त्री०=गिलटी।

गिल्यान†—स्त्री०=ग्लानि।

गिल्ला—पुं०=गिला (शिकायत)।

†वि०=गीला।

गिल्ली—स्त्री०=गुल्ली।

गिल्ली†—स्त्री०=गिलहरी।

गिव†—स्त्री० [सं० ग्रीवा] गरदन। गला। उदा०—बूरहिं गिव अमरन ओहाक।—जायसी।

गिवन†—पुं० [?] गेंड़ा नामक पशु। (राज०)

गिवल†—पु० [?] गेंड़ा। उदा०—जिणवन भूलन जावता, गैंद गिवल गिड़राज।—कविराजा सूर्यमल।

गिष्णु—पुं० [सं०√गा (गाना) +ड्ष्णुच्, आकार का लोप] १. मंत्र सस्वर गानेवाला व्यक्ति। २. गर्वैया। गायक।

गिहथ†—पु० [सं० गृहस्थ] [स्त्री० गिहथिन] गृहस्थ।

गींजना—स० [सं० गुंजन] किसी कोमल या चिकनी वस्तु को हाथ से दबा, मरोड़ या मसलकर खराब करना। जैसे—कपड़ा, फल या फूल गींजना।

गींद†—पुं०=गेंद।

गींदवा†—पुं० [सं० गेंदुक] छोटा गोल तकिया। (राज०) उदा०—मुड़ियाँ मिलसी गींदवां बलंन धणरी बाँह।— कविराजा सूर्यमल।

गींदुआ—पुं०=गींदवा।

गींवा†—स्त्री० [सं० ग्रीवा] गर्दन। गला।

गी (गिर्)—स्त्री० [सं०√गृ (शब्द करना)+क्विप्] १. बोलने की शक्ति। वाणी। २. सरस्वती।

गीउ—स्त्री०=ग्रीवा (गला)।

गीठम—पुं० [देश०] एक प्रकार का घटिया गलीचा।

गीड़†—पु० [हिं० कीट=कीड़ा] आँख से निकलनेवाला कीचड़।

गीत—वि० [सं०√गै (गाना)+क्त] गाने के रूप में गाया या लाया हुआ। गाया हुआ।

पुं० वह छोटी पद्यात्मक रचना जो केवल गाये जाने के लिए बनी हो।

विशेष—(क) इसमें प्रायः एक ही भाव की अभिव्यंजना होती है। (ख) इसमें लय तथा स्वर की प्रधानता अन्य पद्यात्मक रचनाओं से अधिक होती है।

२. प्रशंसा। बड़ाई।

मुहा०—(किसी के) गीत गाना=प्रशंसा या बड़ाई करना। ३. कथन। चर्चा।

मुहा०—(अपना) गीत गाना=बराबर अपनी ही बात कहते जाना।

गीतक—पुं० [सं० गीत+कन्] १. गीत। गाना। २. प्रशंसा। बड़ाई।
वि० १. गीत गानेवाला। २. गीत बनानेवाला।

गीतकार—पुं० [सं० गीत√कृ (करना)+अण्] [भाव० गीतकारिता] वह जो लोगों के गाने के लिए गीत बनाता या लिखता हो।

गीत-क्रम—पुं० [ष० त०] १. किसी गीत के स्वरों के उतार-चढ़ाव अर्थात् गाने का क्रम। २. संगीत में एक प्रकार की तान।

गीत-प्रिय—पुं० [ब० स०] शिव।

गीत-प्रिया—स्त्री० [ब० स० टाप्] कार्तिकेय की एक मातृका।

गीत-भार—पु० [ष० त०] १. गीत का पहला चरण या पद। टेक। २. उक्त (टेक) के विस्तृत अर्थ में की हुई ऐसी प्रतिज्ञा जिसका पूरा निर्वाह किया जाय। टेक।

गीता—स्त्री० [सं० गीत+टाप्] १. ऐसी छंदोबद्ध कथा या वृत्तान्त जो लोगों के गाने के लिए प्रस्तुत किया गया हो। २. किसी का दिया हुआ छन्दोबद्ध और ज्ञानमय उपदेश। जैसे—रामगीता, शिवगीता आदि। ३ तारीफ। प्रशंसा। उदा०—एक रस एक रूप जाकी गीता सुनियत।—केशव। ४. भगवद्गीता। ५. संकीर्ण राग का एक भेद। ६ छब्बीस मात्राओं का एक छंद जिसमें १४ और १२ मात्राओं पर विराम होता है।

गीतातीत—वि० [सं० गीत-अतीत, द्वि० त०] १. जो गाया न जा सके। २. जिसका वर्णन न हो सके। अकथनीय। अनिर्वचनीय।

गीतायन—पु० [सं० गीत-अयन, ष० त०] गीत के साधन, वीणा, मृदंग आदि।

गीति—स्त्री० [सं०√गै+क्तिन्] १. गान। गीत। २. आर्या छन्द का एक भेद जिसके विषम चरणों में १२ और सम चरणों में १८ मात्राएँ होती हैं। उद्गाथा। उद्गाहा।

गीतिका—स्त्री० [सं० गीति+कन्—टाप्] १. छोटा गीत। २ एक मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में १६ और १० के विराम से २६ मात्राएँ होती हैं। इसकी तीसरी, १० वीं, १७ वीं और २४ वीं मात्राएँ सदा लघु होती हैं। ३. एक वर्णिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में, सगण, जगण, भगण, रगण, सगण और लघु, गुरु, होते हैं।

गीति-काव्य—पु० [मध्य० स०] ऐसा काव्य जो मुख्यत: गाये जाने के उद्देश्य से ही बना हो।

गीति-नाट्य—पु०=गीति-रूपक।

गीति-रूपक—पु० [मध्य० स०] एक प्रकार का रूपक जो पूरा या बहुत कुछ पद्य में लिखा होता है। (ऑपेरा)

गीती (तिन्)—वि० [सं० गीत+इनि] गाकर पढ़ने या पाठ करनेवाला।

गीत्यार्या—पुं० [सं० गीति-आर्या, कर्म० स०] एक प्रकार का छंद जिसके प्रत्येक चरण में ५ नगण और एक लघु होता है। अचल धृति।

गीथा—स्त्री० [स०√गै+थक्—टाप्] १. वाणी। २. गीत।

गीदड़—पुं० [सं० गृध्र=लुब्ध या फा० गीदी] १. भेड़िये या कुत्ते की जाति का एक जानवर जो लोमड़ी से मिलता-जुलता होता है। यह प्राय: उजाड़ स्थानों और जंगलों में रहता है; और इसका दिखाई देना या बोलना अशुभ माना जाता है। शृगाल। सियार। (जैकाल)
पद—गीदड़-भभकी (देखें)।
मुहा०—किसी स्थान पर गीदड़ बोलना=बिलकुल उजाड़ या निर्जन होना।
२. कायर या डरपोक व्यक्ति।

गीदड़-भभकी—स्त्री० [हिं०] मन में डरते हुए ऊपर से दिखावटी साहस अथवा क्रोध या रोष प्रकट करते हुए कही जानेवाली बात।
क्रि० प्र०—दिखाना।—देना।

गीदड़रुख—पु० [हिं० गीदड+रुख=वृक्ष] उतरी भारत में होनेवाला मँझोले कद का एक पेड़।

गीदी—वि० [फा०] १. गीध संबंधी। २. (व्यक्ति) जिसमें शक्ति या साहस न हो। कायर। डरपोक।

गीध—पु० [स० गृध्र] १ गिद्ध नामक प्रसिद्ध मांसाहारी पक्षी। गिद्ध। २. लाक्षणिक अर्थ में बहुत ही चतुर और लालची या लोभी व्यक्ति।

गीधना—अ० [सं० गृध्र=लुब्ध] १. गिद्ध की तरह किसी काम, चीज या बात के पीछे पड़ना। २. बहुत ही बुरी तरह से लोभ करना। उदा०—करि अभिमान विषय रस गीध्यो, स्याम सरन नहिं आयो।—सूर। ३. एक बार कोई अनुकूल बात होते देखकर या कुछ लाभ उठाकर बराबर उसकी ताक में लगे रहना। परचना। उदा०—बीधे मोसों आन के गीधे गीधहिं तारि।—बिहारी। ४ किसी से बहुत मेल-जोल रखना।

गीबत†—स्त्री० [अ०] १. अनुपस्थिति। गैर हाजिरी। २. किसी की अनुपस्थिति मे उसकी की जानेवाली निन्दा या बुराई। चुगली।

गीर—वि० [फा०] एक प्रत्यय जो कुछ शब्दों के अत में लगकर निम्नलिखित अर्थ देता है। (क) पकड़नेवाला। जैसे—दामनगीर, राहगीर। (ख) अपने अधिकार में रखनेवाला। जैसे—जहाँगीर।
स्त्री० [सं० गिरा] वाणी।

गी-रथ—पु० [सं०गिर्-रथ, ब० स०] १. बृहस्पति का एक नाम। २. जीवात्मा।

गीरवान*—पुं०=गीर्वाण (देवता)।

गीरवाण, गौरवान—पुं०=गीर्वाण।

गीर्ण—वि० [सं०√गॄ (शब्द करना)+क्त] १. कथित। कहा हुआ। २. विस्तारपूर्वक बतलाया हुआ। वर्णित। ३. निगला हुआ।

गीर्णि—स्त्री० [सं०√गॄ+क्तिन्] १. वर्णन। २. प्रशंसा। स्तुति। ३. निगलने की क्रिया या भाव।

गीर्देवी—स्त्री० [गिर्-देवी, ष० त०] सरस्वती। शारदा।

गीर्पति—पुं० [गिर्-पति, ष० त०] १. बृहस्पति। २. पंडित। विद्वान्।

गीर्भाषा—स्त्री० [गिर्-भाषा, कर्म० स०] दे० 'गीर्वाणी'।

गीर्वाण—पुं० [गिर-वाण ब० स०] देवता। सुर।

गीर्वाणी—स्त्री० [गिर्-वाणी, कर्म० स०] देवताओं की भाषा। देवभाषा। संस्कृत।

गीला—वि० [हिं० गलना] [स्त्री० गीली] १. जो जल से युक्त हो। भीगा हुआ। तर। नम। जैसे—गीला कपड़ा, गीली आँखें। २. जो अभी सूखा न हो। जैसे—गीला रंग। ३. जो शराब पिये हुए हो और जिस पर उसका नशा सवार हो।
पुं० [?] एक प्रकार की जंगली लता।

गीलापन—पुं० [हिं० गीला+पन (प्रत्य०)] गीले होने की अवस्था या भाव। तरी। नमी।

गीली—स्त्री० [देश०] एक प्रकार का बहुत ऊँचा पेड़ जिसके हीर की लकड़ी

चिकनी, भारी और मजबूत होती तथा मेज, कुर्सियाँ बनाने के काम में आती हैं। बरमी।

गीव—स्त्री० =ग्रीवा (गरदन)।

गीष्पति—पुं० [गिर्-पति, ष० त०] १. बृहस्पति। २. पंडित। विद्वान्।

गुंग†—वि०=गूँगा।

गुंचबहरी—स्त्री० [हिं० गुंगा+बहरा] साँप की तरह लंबी मछलियों की एक जाति। बरम। बाँबी।

गुंगा†—वि० [स्त्री० गूंगी] =गूँगा।

गुंगी—स्त्री० [हिं० गूँगा] दो-मुँहा साँप। चुकरेड।

गुंगुआना—अ० [अनु०] १. गूँगे की तरह गूँ गूँ शब्द करना। २. (लकड़ी का) अच्छी तरह न जलना और बहुत धूआँ देना।

गुंचा—पुं० [अ० गुन्चः] १. फूल की कली। कोरक। २. आनंद-मंगल। ३. नाच-रंग।

मुहा०—गुंचा खिलना=(क) खूब नाच-रंग या आनंद-मंगल होना। (ख) मुख की आकृति आनंदपूर्ण और प्रफुल्लित होना। (ग) दे० 'गुल' के अन्तर्गत मुहा० 'गुल खिलना'।

गुंची—स्त्री०=घुँघची।

गुंज—स्त्री० [सं०√गुंज् (गूंजना)+घञ्] १. भौंरों के गुंजन का शब्द। गुंजार। २. पक्षियों आदि का कलरव। ३. आनंद-ध्वनि।

†स्त्री० [स० गुजा] १. घुँघची। २. सोने के तारों का बना हुआ गले में पहनने का गोप नामक गहना। उदा०—मुसाहिब जू ने अपने गले का गुंज उतारा और पूरन को पहना दिया।—वृन्दावनलाल।

†पुं० [?] सलई का पेड़।

गुंजक—पु० [सं०√गुंज्+ण्वुल्-अक] एक प्रकार का पौधा।

वि० गुंजन करने या गूँजनेवाला।

गुंजन—पु० [सं०√गुंज्+ल्युट्—अन] १. भौंरों के गूँजने की क्रिया। २. गूँजने का शब्द। गुंजार।

गुंजना—अ० [स० गुञ्जन] गूँज से युक्त होना। गूँजना।

गुंजना—अ० [सं० गुञ्जन] भौंरे का गुंजार करना। गुनगुनाना।

गुंज-निकेतन—पुं० [ष० त०] भौंरा। मधुकर।

गुंजरना—अ० [हिं० गुंजार] १. भौंरों का गुंजन करना। २. (स्थान का) गुंजन या मधुर ध्वनि से युक्त होना। ३. गरजना।

गुंजल्क—स्त्री० [फा०] १. कपड़े आदि की शिकन। सिलवट। २. उलझन की बात। गुत्थी। ३. गाँठ।

स्त्री० [स० गुञ्जा] घुँघची नाम की लता और उसके बीज।

गुंजा—स्त्री० [सं०√गुञ्ज्+अच्—टाप्] घुँघची नामक लता और उसके बीज। । (दे० 'घुँघची')

गुंजार—पुं० [सं० गुंज+हिं० आर] भौंरों की गूंज। भौंरों की अनगनाहट।

गुंजारना—अ० [हिं० गुंजार] १. भौंरों का गुंजार करना। २. मधुर ध्वनि उत्पन्न करना।

गुंजारित—वि०=गुंजित।

गुंजित—वि० [सं०√गुंज्+क्त] १. (स्थान) जो भौंरों की गुंजार से युक्त हो। २. (स्थान) जो गूँज या प्रतिध्वनि से भर गया हो।

गुंजिया—स्त्री० [हिं० गूँज=लपेटा हुआ पतला तार] कान में पहनने का एक प्रकार का गहना।

गुंजी (न्जि)—वि० [सं० गुंज+इनि] गूँजनेवाला।

†स्त्री० =गूँज।

गुंडा—पुं० [देश०] पानी का छोटा गड्ढा या ताल।

गुंठन—पुं० [सं०√गुंठ् (ढकना)+ल्युट्—अन] १. किसी वस्तु को किसी दूसरी वस्तु से छिपाने, ढकने, लपेटने आदि की क्रिया या भाव। २. लेप लगाना।

गुंठा०—वि० [हिं० गठना] १. अच्छी तरह से गठा हुआ। २. जो आकार-प्रकार में छोटा, परन्तु गठा हुआ हो। ३ नाटा। ठिगना।

पु० छोटे आकार का एक प्रकार का घोड़ा। टाँगन।

गुंठित—भू० कृ० [सं०√गुंठ्+क्त]। १. ढका हुआ। २. छिपाया हुआ। ३. लेप किया हुआ। ४. चूर किया या पीसा हुआ।

गुंड—वि० [सं०√गुंड् (चूर्ण करना)+अच्] चूर किया या पीसा हुआ।

पुं० १. चूर्ण। २. फूलों का पराग। ३. मलार राग का एक भेद। ४. कसेरू का पौधा।

गुंडई—स्त्री० [हिं० गुंडा+ई प्रत्य०] गुंडे होने की अवस्था, गुण या भाव। गुंडापन।

गुंडक—पु० [सं० गुड+कन्] १. मधुर और मंद स्वर। २. धूल। ३ तैल रखने का बरतन। ४. ऐसा आटा जिसमें धूल या भिट्टी मिली हो।

गुंडली†—स्त्री०=कुंडली।

गुंडा—पुं० [सं० गंडक=गैंडा, मि० असमी गुंडा=गैंडा] [स्त्री० गुंडी] अनियंत्रित रूप से हर जगह उद्दण्डतापूर्वक आचरण या व्यवहार करनेवाला व्यक्ति।

गुंडापन—पुं० [हिं० गुंडा+पन (प्रत्य०)] गुंडे होने की अवस्था या भाव।

गुंडित—भू० कृ० [स० √गुंड्+क्त] १. चूर्ण किया या पीसा हुआ। २. धूल में मिलाया अथवा धूल से ढका हुआ।

गुंडीर—वि० [सं०√गुंड्+ईरन्] १. चूर्ण करने या पीसनेवाला। २. नष्ट-भ्रष्ट करनेवाला।

गुंदला—पुं० [सं० गुडाला] नागरमोथा नाम की घास।

गुंदीला—वि० [हिं० गोंद+ला] (वृक्ष) जिसका निर्यास गोंद के रूप में होता हो। गोंदवाला।

गुंथना—अ० [सं० गुंथ=क्रीड़ा] १. हिं० 'गूँथना' का अ०। गुंथा जाना। २. पानी में मिलाकर माँड़ा या साना जाना। ३. तागों, बालों की लटों आदि का गुच्छेदार लड़ी के रूप में गूँथा या पिरोया जाना।

†अ० दे० 'गुथना'।

गुंथवाना—स० [हिं० गूँथना का प्रे०] गूँथने का काम दूसरे से करवाना। दूसरे को कोई चीज गूँथने में प्रवृत्त करना।

गुंथाई—स्त्री० [हिं० गूँथना] १. गूँथने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

गुंथाबट—स्त्री० [हिं० गूँथना] गूँथने की क्रिया, ढंग या भाव।

गुंफ—पुं० [सं०√गुफ् (गूँथना)+घञ्] [वि० गुम्फित] १. कई चीजों के आपस में मिलकर उलझने या गूँथने की क्रिया, दशा या भाव। २. फूलों का गुच्छा। ३. गुंछ। ४. गल-गुच्छा। ५. कारण माला अलंकार का एक नाम।

गुंफन—पुं० [सं०√गुंफ्+ल्युट्—अन] [वि० गुंफित] १. डोरे, तागे आदि के रूप में होनेवाली चीजों को आपस में इस प्रकार उलझाना या फँसाना कि उनका रूप सुंदर हो जाय। बुनना। २. डोरे आदि में पिरोना। जैसे—माला गुंफन। ३. भरने का काम। भराई। जैसे—शब्दों का गुंफन।

गुंफना—स्त्री० [सं० √गुंफ्+युच्—अन, टाप्] १. गुंफन या उसके फल-स्वरूप प्राप्त होनेवाला रूप। २ शब्दों आदि की मधुर और सुन्दर योजना।
†सं०=गूंथना।

गुंफित—भू० कृ० [सं०√गुंफ्+क्त] १. गूँथा हुआ। २. सुन्दरता-पूर्वक एक दूसरे के साथ मिलाया या लगाया हुआ।

गुंबज—पु०=गुंबद।

गुंबद—पुं० [फा०] वास्तु-रचना में वह शिखर जो आधे गोले के आकार का और अंदर से पोला हो। गुंबज। जैसे—मसजिदों का गुंबद।
पद—गुंबद की आवाज=प्रतिध्वनि।

गुंबदी—वि० [फा०] गुंबद की शकल का।
पु० गुंबद के आकार का वह गोल खेमा जिसके बीचोबीच एक ही खंभा होता है।

गुंबा—पु० [फा० गुंबद] सिर में चोट लगने और उसके फल-स्वरूप खून जमने से पड़नेवाली गाँठ। गुलमा।

गुंभी—स्त्री० [सं० गुफ=गुच्छा] बनस्पति का अंकुर। गाभ।
स्त्री० [हिं० गून] रस्सी, विशेषतः नाव आदि का पाल खींचने की रस्सी। गून।

गुआ—पुं० [सं० गुवाक] एक तरह की सुपारी।

गुआर—स्त्री०=ग्वार (कुलथी)।

गुआर पाठा—पुं० दे० 'ग्वारपाठा'।

गुआरी†—स्त्री०=ग्वार।

गुआलिन—स्त्री० १.=ग्वार (कुलथी)। २.=ग्वालिन।

गुइयाँ—स्त्री०, पुं० दे० 'गोइयाँ'।
पु०[हिं० गोहन=साथ] १. वह व्यक्ति जो खेल-कूद में किसी का साथ देता है। खेल का साथी। २. मित्र।
स्त्री० सखी।

गुगरल—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की बत्तख।

गुगानी—स्त्री० [देश०] पानी की हलकी हिलोर। खलमली। (लश०)

गुगुलिया†—पु० [अनु०] बंदर नचानेवाला व्यक्ति। मदारी।

गुग्गुर—पुं०=गुग्गुल।

गुग्गुल—पुं० [सं०√गुज् (शब्द करना)+क्विप्, गुज्√गुड् (रक्षा करना)+क] १ सलई का पेड़ जिससे धूप या राल निकलती है। २. राल जो सुगंधि के लिए जलाते हैं। ३. एक प्रकार का बड़ा कँटीला पेड़ जो दक्षिण भारत में होता है।

गुच—पुं० [हिं० गोछ] एक प्रकार की भेड़। (पंजाब)

गुची—स्त्री० [सं० गुच्छ] सौ पानों की गड्डी। आधी ढोली।

गुच्ची—स्त्री० [अनु०] १. जमीन में खोदा हुआ वह छोटा लंबोतरा गड्ढा जो लड़के गुल्ली-डंडा आदि खेलने के लिए बनाते हैं। २. जमीन में खोदा हुआ कोई छोटा गड्ढा।
वि० बहुत छोटा। जैसे—गुच्ची-सी आँख।

गुच्छीपाला—पुं० [हिं० गुच्ची=गड्ढा+पाला=सीमा] एक खेल जिसमें लड़के एक छोटा-सा गड्ढा बनाकर उसमें कुछ दूर से कौड़ियाँ फेंकते हैं।

गुच्छ—पुं० [स०√गु (शब्द करना)+क्विप्, गुत्+शो (सूक्ष्म करना)+क] १. गुच्छा। २. ऐसा झाड़ या पौधा जिसमें मोटा तना न हो, केवल पतली टहनियाँ और पत्तियाँ हों। झाड़ी। ३. बत्तीस लड़ों का हार। ४. मोतियों की माला। ५. मोर की पूँछ। ६. घास का पूला।

गुच्छक—पु० [सं० गुच्छ+कन्] =गुच्छ।

गुच्छ-पत्र—पु० [ब० स०] ताड़ का पेड़।

गुच्छ-पुष्प—पु० [ब० स०] १. अशोक वृक्ष। २. छतिवन। ३. रीठा। ४. धव। धातकी।

गुच्छ फल—पु० [ब० स०] १. रीठा। २ निर्मली। ३. दमनक। दौना। ४. अगर। ५. केला। ६. मकोय।

गुच्छल—पु० [सं० गुच्छ√अल् (पर्याप्ति)+अच्, परस्प] एक प्रकार की घास।

गुच्छा—पु० [सं० गुच्छ] १. एक ही प्रकार की बहुत सी वस्तुओं का ऐसा समूह जो एक साथ उगा, उपजा या बना हो। जैसे—अंगूरों का गुच्छा। २ एक साथ इकट्ठी की हुई एक प्रकार की वस्तुओं का समूह। जैसे—तालियों का गुच्छा। ३. तारों, बालों आदि की उक्त प्रकार की रचना या रूप। झब्बा। फुंदना।

गुच्छातारा—पुं० [हिं० गुच्छा+तारा] कचपचिया नाम का तारा-पुंज।

गुच्छार्द्ध—पु० [गुच्छ-अर्द्ध, ष० त०] वह हार जिसमें सोलह अथवा चौबीस लड़ होते हैं।

गुच्छार्ध—पु० गुच्छार्द्ध।

गुच्छी—स्त्री० [सं० गुच्छ] १. करज। कंजा। २. रीठा। ३. खुभी की जाति की एक वनस्पति जो कश्मीर और पंजाब में होती है। और जिसके बीज-कोषों के गुच्छों की तरकारी बनती है।

गुच्छेदार—वि० [हिं० गुच्छा+फा० दार (प्रत्य०)] १. जो गुच्छे या गुच्छों के रूप में हो। २. जिसमें गुच्छा या गुच्छे लगे हों।

गुज—पु० [देश०] बाँस आदि की वह पतली छोटी फाँक जो दो चीजों को जोड़ने के लिए उनमें जड़ी जाती है। बाँस की कील या मेख। (बढ़ई)

गुजर—पुं० [फा०] १. किसी बिन्दु या स्थान से होते हुए आगे बढ़ने की क्रिया या भाव। २. काल-क्षेप या जीवन-यापन की दृष्टि से होनेवाला निर्वाह। जैसे—सौ रुपए में गुजर करना पड़ता है। ३. आने-जाने, निकलने आदि का द्वार या मार्ग। जैसे—इस कमरे में हवा का गुजर नहीं है। ४. पहुँच। पैठ। प्रवेश। जैसे—इतने बड़े दरबार में भला हमारा गुजर कैसे हो सकता है।
पद—गुजर-बसर (देखें)।

गुजरगाह—स्त्री० [फा०] १. किसी के गुजरने अर्थात् आने-जाने का मार्ग या स्थान। २. नदी पार करने का घाट। ३. मार्ग। रास्ता।

गुजरना—अ० [फा० गुजर+ना (प्रत्य०)] १. किसी स्थान से होते हुए आगे बढ़ना। जैसे—यह सड़क बनारस से गुजरती है। २. एक स्थिति से होकर दूसरी स्थिति में पहुँचना।
मुहा०—(किसी का) गुजर जाना=मृत होना। मरना। जैसे—उनके चाचा आज गुजर गये।

३. कोई घटना या बात घटित होना। जैसे— वहाँ तुम पर क्या गुजरी।

मुहा०—किसी पर गुजरना=किसी पर विपत्ति या संकट पड़ना।

४. व्यतीत होना। बीतना। जैसे—इसी प्रकार कितने ही वर्ष गुजर गये। ५. निर्वाह होना। ६. दूर रहना। बाज आना। जैसे—हम तो ऐसे जीने से गुजरे।

गुजरनामा—पुं० [अ०+फा०] वह अधिकार-पत्र जिसकी सहायता से कोई किसी मार्ग से होता हुआ आगे जा सकता है। राहदारी का परवाना। पार-पत्र।

गुजर-बसर—पुं० [फा०] कालक्षेप या जीवन-यापन की दृष्टि से होनेवाला निर्वाह। गुजारा।

गुजरबान—पुं० [फा०] १. नदी पार करानेवाला, अर्थात् मल्लाह। माँझी। २. वह जो घाट की उतराई या कर उगाहता हो।

गुजरात—पु० [सं० गुर्जर-राष्ट्र] [वि० गुजराती] भारतीय संघ के बम्बई राज्य का एक प्रदेश।

गुजराती—वि० [हिं० गुजरात] 'गुजरात' प्रदेश में बनने, होने अथवा उससे संबंध रखनेवाला। जैसे—गुजराती खान-पान, पहनावा या माल।

पु० 'गुजरात' प्रदेश का निवासी।

स्त्री० १. गुजरात की भाषा। २ देवनागरी से मिलती हुई वह लिपि जिसमें उक्त भाषा लिखी जाती है। ३. छोटी इलायची।

गुजरान—स्त्री० [फा०] जीवन का निर्वाह और समय का बीतना (खाने पीने, रहने-सहने आदि के विचार से)। जैसे—हमारी भी किसी तरह गुजरान होती ही है।

गुजरानना—स० [हिं० गुजर] १. किसी के सामने उपस्थित या पेश करना। जैसे—अरजी या नजर गुजरानना। २. व्यतीत करना। बिताना। जैसे—दिन गुजरानना।

गुजरिया—स्त्री०=गूजरी।

गुजरी—स्त्री० [सं० गुर्जर, हिं० गूजर] १. कलाई पर पहनने की एक प्रकार की पहुँची। २ गूजरी नाम की रागिनी। ३ दे० 'गूजरी'।

स्त्री० [हिं० गुजरना] मध्य युग में, दोपहर के बाद सड़कों के किनारे लगनेवाला छोटा बाजार।

गुजरेटा—पु० [हिं० गूजर+एटा=बेटा (प्रत्य०)] [स्त्री० गुजरेटी] १. गूजर का पुत्र या लड़का। २. गूजर जाति का पुरुष या व्यक्ति। गूजर। ग्वाला।

गुजश्ता—वि० [फा० गुजश्त:] बीते हुए काल से संबंध रखनेवाला। गत। भूत।

गुजार—वि० [फा०] गुजारने (अर्थात् करने, देने या सामने लाने) वाला (यौ० के अंत में)। जैसे—खिदमतगुजार, मालगुजार, शुक्रगुजार आदि।

पुं० वह स्थान जहाँ से होकर लोग गुजरते या आगे बढ़ते हों। जैसे—घाट, रास्ता आदि।

गुजारना—स० [फा० गुजर] १. किसी स्थान से होते हुए आगे बढ़ाना। २. (समय) काटना या बिताना। व्यतीत करना। ३. किसी बड़े के सामने उपस्थित, पेश या निवेदन करना। जैसे—अर्ज गुजारना। ४. पालन करना। जैसे—नमाज गुजारना। ४. (कष्ट या विपत्ति) डालना। डाना। उदा०—गजब गुजारत गरीबन की धार पै।—पद्माकर।

गुजारा—पुं० [फा० गुजार:] १. गुजरने या गुजारने की क्रिया या भाव। २. गुजर। निर्वाह। ३. जीवन-निर्वाह के लिए मिलनेवाली आर्थिक सहायता या वृत्ति। ४. वह स्थान जहाँ से लोग नाव पर चढ़कर पार जाते हों अथवा आकर उतरते हों। ५. मार्ग में पड़नेवाला वह स्थान जहाँ कोई अधिकार-पत्र दिखाना या कर देना पड़ता हो।

गुजारिश—स्त्री० [फा०] निवेदन। प्रार्थना।

गुजारिशनामा—पुं० [फा०] निवेदन-पत्र। प्रार्थना-पत्र।

गुजारी—स्त्री० [?] गले में पहनने का एक प्रकार का हार।

गुजारेदार—पुं० [फा०] वह व्यक्ति जिसे जीवन-निर्वाह के लिए गुजारा या वृत्ति मिलती हो।

गुजी†—स्त्री० [?] नयनों में जमा हुआ सूखा मल। नकटी।

गुजुआ—पु० [देश०] [स्त्री० गूजी, गुजुई] गोबरैला नाम का कीड़ा।

गुज्जर†—पुं० दे० 'गूजर'।

गुज्जरेश—पु० [सं० गुर्ज (पति)] गुजरात का राजा।

गुज्जरी—स्त्री० दे० 'गूजरी'।

गुज्झ*—वि०=गुह्य।

गुज्झना—अ० [हिं० गुज्झ] छिपना।

गुज्झा—पु० [स० गुह्यक] १. रेशेदार गूदा। २. रेशों का गुच्छा। ३. बाँस की कील या मेख। गोझा। ४. एक प्रकार की कँटीली घास।

वि० [सं० गुह्य] छिपा हुआ। गुप्त।

गुझ*—वि०=गुह्य।

गुझबाती*—स्त्री० [सं० गुह्य+हिं० बात] १. गुप्त या छिपी हुई बात। २. ऐसी बात जिसका अर्थ या रहस्य सहज में स्पष्ट न होता हो। उदा०—स्याम सनेही कबहूँ न दीन्ही जानि बूझ गुझबाती।—मीराँ।

गुझरौट—स्त्री० [हिं० गुज्झा] १. साड़ी का वह भाग जो स्त्रियाँ चुनकर नाभि के पास खोंस लेती हैं। उदा०—कर उठाय घूँघट करत उसरत पट गुझरौट।—बिहारी। २. स्त्रियों की नाभि के आस-पास का भाग।

पु० [सं० गुह्य-आवर्त] कपड़े की शिकन। सिकुड़न।

गुझिया—स्त्री० [सं० गुह्यक, प्रा० गुज्झआ, गुज्झा] १. एक प्रकार का पकवान। कुसली। पिराक। २. खोए की बनी हुई एक प्रकार की मिठाई।

गुझौट†—पु० दे० 'गुझरौट'।

गुट—पु० [सं० गोष्ठ=समूह] १. झुंड। यूथ। समूह। २. किसी विशिष्ट उद्देश्य से बनाया हुआ व्यक्तियों का वह छोटा दल जो किसी विशिष्ट पक्ष या मत का पोषण करने के लिए बनाया जाता है। जैसे—अब तो कांग्रेस में भी कई गुट हो गये हैं।

क्रि० प्र०—बनाना।—बाँधना।

पद—गुटबंदी (देखें)।

पुं० [अनु०] कबूतरों आदि के बोलने अथवा इसी प्रकार का कोई शब्द।

गुटकना—अ० [अनु०] १. गुटगुट शब्द करना। जैसे—कबूतर का गुटकना, तबले का गुटकना।

अ० दे० 'गटकना' (निगलना)।

स० दे० 'गुटकाना'।

गुटका—पुं० [सं० गुटिका] [स्त्री० अल्पा० गुटकी] १. बहुत छोटे

आकार में छपी हुई पुस्तक। जैसे—गुटका रामायण। २. कोई गोल ठोस चीज। छोटा गोला। जैसे—कटटू। ३. गुप्तचर नाम की मिठाई। ४. सूखे कत्थे में मिलाए हुए इलायची, लौंग, सुपारी आदि जो मसाले के रूप में पान में मिलाकर अथवा पान के स्थान पर खाई जाती है।

गुटकाना—स० [अनु०] १. 'गुटकना' का स० रूप। गुटकने में प्रवृत्त करना। २. धीरे-धीरे किसी साधन के द्वारा गुट-गुट शब्द उत्पन्न करना। जैसे—ढोलक या तबला गुटकाना।

गुटकी—स्त्री० [हिं० गुटिका] छोटी टिकिया। उदा०—गुरु मिलिया रैदास जी, दीन्ही ग्यान की गुटकी।—मीरां।

गुटबंदी—स्त्री० [हिं० गुट+फा० बंदी] १. कुछ लोगों का आपस में मिलकर अपना एक अलग गुट या दल बनाने की क्रिया या भाव। २. पारस्परिक मत-भेद, राग-द्वेष आदि के कारण किसी संस्था, समुदाय आदि के लोगों का छोटे-छोटे गुट बनाना।

गुटबेंगन—पु० [?] एक प्रकार का कँटीला पौधा।

गुटरगूँ—स्त्री० [अनु०] कबूतरों के गुट-गुट करते हुए बोलने का शब्द।

गुटिका—स्त्री० [स० वटी+क, पृषो० सिद्धि] १. छोटी गोली या टिकिया। वटिका। वटी। २. योग की एक प्रकार की सिद्धि जो प्राप्त होनेवाली वह गोली जिसके सम्बन्ध में यह प्रवाद है कि इसे मुँह में रख लेने पर आदमी जहाँ चाहे वहाँ तत्काल अदृश्य होकर पहुँच सकता है।

गुट्ट—पु०=गुट।

गुट्टा—पु० [हिं० गाँठ] लाख की बनी हुई वह चौकोर गोटी जिनसे लड़कियाँ खेला करती हैं।

वि० छोटे कद का। ठिंगना। नाटा।

पु० [प०] गंदे का पौधा और उसका फूल।

गुट्ठल—वि० [हिं० गुठली] १. (फल) जिसमें बड़ी गुठली हो। २. गुठली के आकार का और कठोर या कड़ा। ३. (बात) जो जल्दी समझ में न आवे। जटिल या दुरूह। ४. (व्यक्ति) जिसकी समझ में जल्दी कोई बात न आती हो। जड़। मूर्ख। उदा०—ग्रथ गथित गुट्ठल मति मूरखता जुत पंडिता। —रत्न०।

†पु० १. गुठली की तरह जमी या बँधी हुई गाँठ। (क्व०) २. गिलटी।

गुट्ठा—स्त्री० [हिं० गुठली] १. कड़ी और मोटी गाँठ। २. पैर का टखना।

गुठला—पु० [हिं० गुठली] १. बड़ी और मोटी गुठली। २. उक्त आकार-प्रकार की कोई कड़ी चीज। जैसे—शरीर में मांस का गुठला। वि० [हिं० कुठ] जिसकी धार ठीक काम करने के योग्य न रह गई हो। कुंद। भोथरा। जैसे—गुठला चाकू, गुठले दाँत।

पु० [सं० अगुस्थल, प्रा० अगुट्ठल] अँगूठे में पहनने का एक प्रकार का गहना।

गुठलाना—अ० [हिं० गुठली] १. गुठली की तरह कड़ा और गोल बनना या होना। जैसे—मांस गुठलाना। २. (अस्त्र-शस्त्र की धार का) कुंद या भोथरा होना। ३. खट्टी चीज खाने के बाद दाँतों का और कुछ खाने या चबाने के योग्य न रह जाना।

स० गुठला (कुंद या भोथरा) करना।

गुठली—स्त्री० [स० गुटिका] आम, जामुन आदि फलों के बीच से निकलनेवाला कड़ा तथा बड़ा बीज।

गुड़ंबा—पुं० [हिं० गुड़+अंबा, आम] गुड़ (अथवा चीनी) में कच्चे आम को पकाकर बनाई जानेवाली एक तरकारी।

गुड़—पुं० [सं० गुड, गुल, पा० गुलो, प्रा०, पं० गुड़, बँ०, उ० गुर, सिं० गुड़, गु० गोड, ने० गुलियां, मरा० गुड़] १. ऊख के रस का वह रूप जो उसे पकाकर खूब गाढ़ा करने पर प्राप्त होता है, और जो बाजार में बट्टी, भेली आदि के रूप में मिलता है। जैसे—गुड़ न दे तो गुड़ की सी बात तो कहे। (कहा०)

मुहा०—गुड़ चूँटा होना=(क) ऐसा पारस्परिक घनिष्ट संबंध होना, जैसे गुड़ और चूँटे का होता है। (ख) बहुत अधिक अनुरक्त या लीन होना। **गुड़ बिखाकर छेदा मारना**=कुछ लालच देकर फिर ऐसा बरताव करना जिससे कुछ प्राप्त न हो उल्टे कष्ट भोगना पड़े। **कुल्हिया में गुड़ फोड़ना**=इस प्रकार गुप्त रूप से या छिपकर कोई काम करना कि दूसरों को पता न चले। **गूँगे का गुड़ खाना**=दे० 'गूँगा' के अन्तर्गत मुहा०।

पद—**गुड़ भरा हँसिया**—असमंजस का ऐसा काम जो बहुत अभीष्ट या प्रिय होने पर भी बहुत ही कठिन होने के कारण किया न जा सके। २. रहस्य संप्रदाय में (क) मन, (ख) ईश्वर का ध्यान, (ग) गुरु का उपदेश।

गुड़क—पुं० [सं० गुड़+कन्] १. गोलाकार पदार्थ। २. गेंद। ३. गुड़। ४. गुड़ में पकाकर तैयार की हुई दवा।

गुड़गुड़—स्त्री० [अनु०] १. वेगपूर्वक जल में से होकर वायु के बाहर निकलने पर होनेवाला शब्द। जैसे—हुक्के की गुड़गुड़, कुएँ या नदी में लोटा डुबोने से होनेवाली गुड़गुड़। २. किसी बंद चीज में हवा के चलने से होनेवाला शब्द। जैसे—पेट में होनेवाली गुड़गुड़।

गुड़गुड़ाना—अ० [अनु०] गुड़गुड़ शब्द होना।

स० गुड़गुड़ शब्द उत्पन्न करना। जैसे—हुक्का गुड़गुड़ाना।

गुड़गुड़ाहट—स्त्री० [हिं० गुड़गुड़ाना+हट (प्रत्य०)] गुड़गुड़ शब्द करने या होने की अवस्था या भाव। गुड़गुड़ा।

गुड़गुड़ी—स्त्री० [हिं० गुड़गुड़ाना] १. बार बार गुड़गुड़ शब्द होने की अवस्था या भाव। २. फरसी या और किसी प्रकार का हुक्का जिसमें तमाकू पीने के समय गुड़गुड़ शब्द होता है।

गुड़च—स्त्री० = गुरुच।

गुड़-धनिया—पुं० [हिं० गुड़+धनिया] गुड़ में मिलाये हुए धनिये के बीज जो शुभ अवसरों पर थोड़े-थोड़े खाये-खिलाये जाते हैं।

गुड़धानी—स्त्री० [हिं० गुड़+धान] १. भुने हुए गेहूँ को गुड़ में मिलाकर बनाया जानेवाला लड्डू। २. दे० 'गुड़-धनिया'।

गुड़ना—स० [देश०] डंडा इस तरह फेंकना कि वह अपने सिरों के बल पलटे खाते हुए कुछ दूर तक चला जाय।

स० दे० 'गुथना'।

†अ०=बजना। (राज०)

गुड़प—पुं० [सं० गरुड़] एक प्रकार का पक्षी।

गुड़ला†—वि० दे० 'गँदला'।

गुड़लपना†—पुं०=गँदलापन। उदा०—पृथी पंक जलि गुड़लपन।—भिखारीदास।

गुड़हर—पुं० [हिं० गुड़+हर] १. अड़हुल का पेड़ या फूल। जपा।

२. एक प्रकार का छोटा पौधा जिसकी पत्तियाँ और फूल अरहर की तरह के होते हैं।

गुड़हल†—पुं०=गुड़हर।

गुड़ा—स्त्री० [सं० गुड + टाप्] १. गुटिका। गोली। २. कपास। ३. घूहड़।

गुड़ाकू—पु० [हि० गुड़ +तमाकू] गुड़ मिलाकर बनाया हुआ पीने का तमाकू।

गुड़ाकेश—पुं० [सं० गुड़ाका (निद्रा)-ईश, ष० त०] १. शिव। महादेव। २ अर्जुन।

गुड़ाला—पुं० [?] दे एक प्रकार का कीड़ा।

गुड़िया—स्त्री० [हि० गुड्डा का स्त्री० अल्पा० रूप] १. बच्चों के खेलने का एक प्रकार का छोटा खिलौना जो छोटी लड़की के रूप में कपड़े, रबड़ आदि का बना होता है।

पद—गुड़िया सा=बहुत छोटा, परन्तु खूब सजा हुआ। जैसे—गुड़िया-सा घर। **गुड़ियों का खेल**=बहुत ही छोटा और सहज काम।

मह०—गुड़िया सँवारना=अपने वित्त के अनुसार जैसे-तैसे लड़की का ब्याह करना।

२. कोई सुंदर अथवा सजकर रहनेवाली निकम्मी और मूर्ख लड़की।

स्त्री० [हि० गोड़ =पैर] छोटा पैर (जैसे—बच्चों का)। उदा०—छोटी छोटी गुड़ियाँ अँगुरियाँ छोटी।—सूर।

गुड़िला—पु० [सं० गुड़, हि० गुड़िया का पुराना रूप] १. मनुष्य की आकृति का पुतला। २. दे० 'गुड्डा'।

गुड़ी†—स्त्री० [सं० गुडिका] १. कोई गोल कड़ी चीज। गाँठ। गुट्ठी। २. मन में छिपा हुआ द्वेष। गाँठ।

†स्त्री०=गुड़डी (पतंग)।

गुड़ीला†—वि० [हि० गुड़] १. जिसमें गुड़ मिला हो अथवा जो गुड़ के योग से बना हो। २. गुड़ के से स्वादवाला।

गुड़ुच—स्त्री०=गुरुच।

गुड़ुआ—पुं० [सं० कुडल] १. कोई ऐसी मंडलाकार रचना जिसके बीच में छोटा गड्ढा हो। २. उक्त आकार की वह लकड़ी या लोहे का टुकड़ा जिसमें किवाड़ की चूल बैठाई जाती है। ३. छोटा गड्ढा। ४. एक प्रकार का पक्षी जो प्रातःकाल मधुर स्वर में तुही-तुही बोलता है। उदा०—तुही तुही कह गुडुरू लोहा।—जायसी।

गुड़ुवा—पुं० [?] [स्त्री० गुड़ुई] १. बड़ी गुड़िया। २. दे० 'गुड्डा'।

गुड़ूची—स्त्री० [सं० √गुड़+ऊचट्-ङीप्] गुरुच। गिलोय।

गुड़ुडा—पुं० [सं० गुड=खेलने की गोली] [स्त्री० अल्पा० गुड़िया] १. कपड़े का बना हुआ पुतला जिसे लड़कियाँ खेलती हैं।

मुहा०—(किसी के नाम का) गुड्डा बनाना या बाँधना=भाँड़ों, मिरासियों आदि का किसी कंजूस को अपमानित या बदनाम करने के लिए उक्त प्रकार का गुड्डा बनाना और गली-गली उसकी निंदा करते फिरना।

२. उड़ाने के लिए पतले कागज की बड़ी गुड्डी या पतंग। ३. केवल देखने भर का, पर वस्तुतः अकर्मण्य या निकम्मा व्यक्ति। जैसे—कुसंस्कारों के गुड्डे। ४. बड़ी पतंग।

गुड्डी—स्त्री० [सं० गुड-उड्डीन] १. बहुत पतले कागज का वह चौकोर टुकड़ा जो डोर या नख की सहायता से आकाश में उड़ाया जाता है। छोटा कनकौआ या पतंग। २. घुटने पर की हड्डी। चक्की।

मुहा०—(किसी की) हड्डी-गुड्डी तोड़ना=बहुत अधिक मारना-पीटना। ३. चिड़ियों के डैनों या परों की वह स्थिति जो उड़ने के कुछ पहले होती है। कुंदा। ४. एक प्रकार का छोटा हुक्का। ५ दे० 'गुड़िया'।

गुड्डू—पुं० [?] एक प्रकार का छोटा कीड़ा जो धूल में गोलाकार घर बनाकर रहता है।

गुड्डा†—अ० [हि० गूढ़] छिपना। उदा०—बरसी बन दृग गड़नि में रही गुड्डी की लाज।—बिहारी।

अ० [हि० गुण] गुण सीखना या गुणों से युक्त होना। जैसे—तुम पढ़े तो हो, पर गुड्डे नहीं हो।

गुड़ा†—पुं० [सं० गूढ़] जंगल में चोरों, डाकुओं आदि के छिपने का स्थान।

गुण—पुं० [सं०√गुण् (आमन्त्रण)+अच्] १. किसी वस्तु की वह महत्वपूर्ण या विशिष्ट निजी विशेषता जिसके कारण, वह दूसरी वस्तुओं से अलग मानी तथा रखी जाती हो। २. किसी वस्तु का वह तत्त्व जिसके प्रभाव से खराबियाँ या बुराइयाँ दूर होती हों। गुणकारी या लाभदायक तत्त्व। जैसे—औषध का गुण। (क्वालिटी, प्रापर्टी) ३. किसी व्यक्ति की वह प्राकृतिक विशेषता जिसके कारण समाज में उसकी प्रशंसा होती हो अथवा होनी चाहिए।

मुहा०—(किसी का) गुण गाना=किसी के किये हुए उपकार या अच्छे कामों की खूब चर्चा करना। **गुण मानना**=उपकृत होने पर कृतज्ञता प्रकट करना। उदा०—मानूँ रे ननदिया मैं तेरा गुण मानूँ।—गीत। ४. किसी कला, विद्या, शास्त्र आदि में प्राप्त की जानेवाली निपुणता। प्रवीणता। ५. कला या विद्या। हुनर। ६. प्रकृति के अन्तर्गत मानी जानेवाली तीन प्रकार की वृत्तियाँ जो जीव-जंतुओं, मनुष्यों, वनस्पतियों आदि में पाई जाती हैं। यथा—सत्त्व, रज और तम।

विशेष—सत्त्व, रज और तम ये तीनों गुण संख्या में कहे गये हैं। परन्तु योगशास्त्र में शम, दम और तितिक्षा ये तीनों गुण कहे गये हैं।

७. (उक्त वृत्तियों के आधार पर) तीन की संख्या का सूचक शब्द। ८. राजनीति में, परराष्ट्र के साथ व्यवहार करने के ६ ढंग—संधि, विग्रह, यान, आसन, द्वैध और आश्रय। ९. संस्कृत व्याकरण में 'अ' 'ए' और 'ओ' स्वर। १०. साहित्य में वह तत्त्व जिसके काव्य की शोभा बढ़ती है। जैसे—ओज, प्रसाद, माधुर्य आदि। ११. प्रकृति। १२ रस्सी या तागा। डोरा। १३. धनुष की डोरी।

प्रत्य० एक प्रत्यय जो किसी संख्या के अंत में लगकर उसकी उतनी ही बार और होना सूचित करता है। जैसे—द्विगुण, त्रिगुण, चतुर्गुण आदि। अव्यय के अनुसार। उदा०—इंगित जानै समय गुण, बरनहु दूत अलोम।—केशव।

गुणक—पुं० [सं०√गुण्+ण्वुल्—अक] १. वह अंक जिससे किसी अंक को गुणा करें। (मल्टिप्लायर) २. मालाकार। माली।

गुण-कर—वि० [ष० त०] गुणकारी। लाभदायक।

गुणकरी—स्त्री० [सं० गुणकर+ङीप्] सवेरे के समय गाई जानेवाली एक रागिनी जो किसी के मत से भैरव राग की और किसी के मत से हिंडोल राग की भार्या है।

गुणकली—स्त्री० =गुणकरी (रागिनी)।

गुणकार—पुं० [सं० गुण√कृ (करना) अण्] १. गुणवान्। गुणी। २. संगीतज्ञ। ३. रसोइया। ४. भीमसेन जो अज्ञातवास में रसोइए का काम करते थे।

गुण-कारक—वि० [ष० त०] गुण करनेवाला। फायदेमंद। लाभदायक।

गुणकारी (रिन्)—वि० [सं० गुण√कृ+णिनि] =गुणकारक।

गुण-गौरी—स्त्री० [तृ० त०] १. गौरी के समान गुणवाली सौभाग्यवती स्त्री। २. स्त्रियों का एक प्रकार का व्रत और पूजन। गनगौर (देखें)।

गुण-ग्राहक—पुं० [ष० त०] १. गुण को परखकर उसका आदर और सम्मान करनेवाला व्यक्ति। कदरदान। २. गुणियों का सम्मान करनेवाला।

गुणग्राही (हिन्)—वि० [स० गुण√ग्रह् (ग्रहण करना)+णिनि] [स्त्री० गुणग्राहिणी] =गुण-ग्राहक।

गुणघाती (तिन्)—वि०[गुण√हन् (हिंसा) णिनि] गुण न मानकर उलटे अपकार करनेवाला। कृतघ्न।

गुणज—वि० [सं० गुण√जन् (उत्पन्न होना)+ड] (अंक) जिसका गुणा किसी विशेष दृष्टि या प्रकार से हो सकता हो। (मल्टीपुल्) जैसे—सार्वगुणज। (कामन मल्टीपुल्)

गुणज्ञ—वि० [सं० गुण√ज्ञा (जानना)+क] १. गुण को जानने और पहचाननेवाला। गुण का पारखी। २. (व्यक्ति) जिसमें बहुत से गुण हों।

गुण-दोष—पुं० [द्व० स०] किसी वस्तु की अच्छी और बुरी बातें। अच्छाइयाँ और बुराइयाँ। (मेरिट्स)

गुण-धर्म—पुं० [द्व० स०] किसी पदार्थ में विशेष रूप से पाया जानेवाला उसका कोई गुण या धर्म। वस्तुगत विशेषता। (प्रापर्टी)

गुनन—पुं० [सं०√गुण्+णिच्+ल्युट्—अन] [वि० गुण्य, गुणीय, गुणित] १ गणित में, एक संख्या को दूसरी संख्या से गुणा करना। जरब देना। २. हिसाब करना। गिनना। ३. अनुमान, कल्पना या विचार करना। ४ उद्धरणी करना। रटना। ५. मनन करना। सोचना।

गुनन-फल—पुं० [ष० त०] वह संख्या जो एक संख्या को दूसरी संख्या से गुणन करने पर प्राप्त होती है। (प्राडक्ट)

गुनना—स० [सं० गुणन] १. गुणन या गुणा करना। जरब देना। २. मन में सोचना, समझना या विचार करना। गुनना।

गुननिका—स्त्री० [सं०√गुण्+युच्—अन+कन्—टाप्] १. नाटक में पूर्वरंग। २. नृत्य की कला या विद्या। ३. रत्न। ४. हार। ५. शून्य।

गुनमीय—वि० [स०√गुण्+अनीयर्] जिसका गुनन या गुणा हो सके अथवा किया जाने को हो।

गुनमे*—पुं०=गुणमोती।
वि०—गुणमय।

गुनमोती—पुं० [सं० गुण-मौक्तिक] एक प्रकार का बहुमूल्य मोती। सर्पमणि या गजमुक्ता की भाँति राजस्थानी साहित्य में आभा एवं सौन्दर्य की दृष्टि से इसका विशेष स्थान है। उदा०—गुणमोती मखतूल गुण।—प्रिथीराज।

गुनवंत—वि० [स०गुणवत्] [स्त्री० गुनवती] (व्यक्ति) जिसमें अनेक अच्छे गुण हों। गुण या गुणों से युक्त। गुणवान्।

गुन-वाचक—वि० [ष० त०] जो किसी चीज या बात का गुण या विशेषता सूचित करता हो। जैसे—गुणवाचक विशेषण, गुणवाचक संज्ञा।

गुन-वाद— पुं० [ष० त०] मीमांसा में अर्थवाद का एक भेद।

गुनवान् (वत्)—वि० [स० गुण+मतुप्, वत्व] [स्त्री० गुनवती] (व्यक्ति) जो अनेक प्रकार के गुणों से युक्त हो। गुणी।

गुन-विधि—स्त्री० [ष० त०] मीमांसा में वह विधि जिसमें गुण-कर्म का विधान हो।

गुन-व्रत—पुं० [मध्य० स०] जैनियों में मूलव्रतों की रक्षा करनेवाले तीन व्रत—दिग्व्रत, भोगोपभोगनियम और अनर्थ-दंड-निषेध।

गुन-संग—पुं० [ष० त०] गुणों का पारस्परिक मेल या सामंजस्य।

गुन-सागर—वि० [ष० त०] (व्यक्ति) जिसमें बहुत-से अच्छे-अच्छे गुण हों। बहुत बड़ा गुणी।
पुं० एक राग जो हिंडोल राग का पुत्र कहा गया है।

गुन-हीन—वि० [तृ० त०] जिसमें किसी प्रकार का या कोई गुण अथवा विशेषता न हो।

गुनांक—पुं० [गुन-अंक, ष० त०] गणित में वह राशि या संख्या जिससे किसी दूसरी राशि या संख्या (गुण्यक) का गुणा किया जाता है।

गुना—पुं० [सं० गुनन] [वि० गुण्य, गुणित] गणित की वह क्रिया जो यह जानने के लिए की जाती है कि किसी अंक या संख्या को एक से अधिक बार जोड़ने पर फल कितना होता है। जरब। (मल्टीप्लिकेशन) जैसे—यदि यह जानना हो कि ८ को लगातार ५ बार जोड़ने से कितना होता है तो ८ को ५ से गुणा करना पड़ेगा।

गुनाकर—वि० [गुन-आकर ष० त०] जिसमें अनेक गुण हों। बहुत बड़ा गुणवान्। गुणों की खान।

गुनाढ्य—वि० [गुन-आढ्य, तृ० त०] बहुत गुणोंवाला। गुण-पूर्ण।
पुं० पैशाची भाषा के एक प्रसिद्ध प्राचीन कवि।

गुनातीत—वि० [गुन-अतीत, द्वि० त०] १. गुणों से अलिप्त, परे और भिन्न। २ जिसका सत्त्व, रज आदि गुणों से कोई संबंध न हो और जो इन सब से परे हो। (परमात्मा या ब्रह्म का एक विशेषण।)
पुं० परमात्मा। ब्रह्म।

गुनानुवाद—पुं० [गुन-अनुवाद, ष० त०] किसी के अच्छे गुणों की चर्चा या वर्णन। गुण-कथन। तारीफ। प्रशंसा।

गुनान्वित—वि० [गुन-अन्वित, तृ० त०] गुणों से युक्त।

गुनालय—पुं० [गुन-आलय, ष० त०,] बहुत से गुणोंवाला। गुणाकर।

गुनिका—स्त्री० [सं०√गुण्+इन्+क—टाप्] शरीर पर होनेवाली गाँठ या सूजन।

गुनित—भू० कृ० [सं०√गुण् (आवृत्ति)+क्त] जिसका गुनन किया गया हो। गुणा किया हुआ।

गुनी (निन्)—वि० [सं० गुण+इनि] (व्यक्ति) जिसमें अनेक गुण हों। गुणों से युक्त।
पुं० १. कला-कुशल पुरुष। हुनरमंद। २. वह जिसमें विशेष या अलौकिक गुण या शक्ति हो। ३. झाड़-फूँक करनेवाला ओझा।

गुनीभूत—वि० [सं० गुण+च्वि√भू (होना)+क्त] १. मुख्य अर्थ से रहित। २. गौण बना हुआ।

गुनीभूत व्यंग्य—पुं० [कर्म० स०] काव्य में व्यंग्य का वह भेद या प्रकार

जिसमें अर्थ या तो रस्सी आदि का अंग होता है या काकु से आक्षिप्त या वाच्यार्थ का उपपादक होता है अथवा अर्थ अस्फुट रहता है। इसमें वाच्यार्थ ही प्रधान रहता है, व्यंग्य नहीं।

गुणेश्वर—पुं० [गुण-ईश्वर, ष० त०] १. तीनों गुणों पर प्रभुत्व रखनेवाला। परमेश्वर। ईश्वर। २. चित्रकूट पर्वत।

गुणोपेत—वि० [गुण-उपेत, तृ० त०] १. गुणों से युक्त। २. गुणवान्। गुणी।

गुण्य—पुं० [सं० गुण+यत्] १. वह संख्या जिसका गुणन करना हो अथवा किया जा सकता हो। २. गुणी।

गुण्यांक—पुं० [गुण्य-अंक कर्म० स०] वह संख्या या राशि जिसे गुणा किया जाय।

गुतेला—पुं० [?] एक प्रकार की मछली। बंगु।

गुत्ता—पुं० [देश०] १. लगान पर खेत जोतने-बोने आदि के लिए खेतिहर को देने का व्यवहार। २. लगान।

गुत्थ—पुं० [हिं० गुथना] १. हुक्के के नीचे पर लपेटे हुए सूत की वह बुनावट जो चटाई की बुनावट की तरह होती है। २. उक्त प्रकार की बुनावटवाला नैचा।

गुत्थम-गुत्था—पुं० [हिं० गुथना] १. दो जीवों, पशुओं या व्यक्तियों में लड़ाई होते समय की वह स्थिति जिसमें वे एक दूसरे को कसकर दबाये अथवा पकड़े होते हैं और नीचे गिराने या पटकने की चेष्टा करते हैं। २. उलझाव। फँसाव।

गुत्थी—स्त्री० [हिं० गुथना] १. धागे, रस्सी आदि का उलझा हुआ रूप। २. किसी विषय, समस्या आदि का उलझा हुआ ऐसा रूप जिसका सहसा निराकरण न हो सके।

मुहा०—गुत्थी सुलझाना=कठिन समस्या की मीमांसा करना। कठिनाइयों से बचने का मार्ग निकालना।

गुत्स—पुं० [सं०√गुप् (बेष्टित करना)+स, कित्] दे० 'गुच्छ'।

गुथना—अ० [सं० ग्रुत्सन, प्रा० गुत्थन] १. धागे, रस्सी आदि के अंगों का आपस में उलझ जाना। २. गूँथा या पिरोया जाना। ३. मही तरह से सीया जाना। ४. लड़ते समय एक दूसरे को कसकर दबाना या पकड़ना। पुं० गुलेल में लगी हुई वह रस्सी जिसकी सहायता से ढेला फेंका जाता है।

गुथवाना—स० [हिं० गूँथना का प्रे०] गूथने का काम दूसरे से करवाना।

गुथुवाँ—वि० [हिं० गुथना] १. उलझा हुआ। २. गूथा हुआ।

गुद—स्त्री० [सं०√गुद् (खेलना)+क] मल-द्वार। गुदा।

गुदकार—वि०=गुदकारा।

गुदकारा—वि० [हिं० गुदा या गूदार] १. जिसमें गूदा हो। गूदे से भरा हुआ। २. मुलायम और लचीला। गुदगुदा।

गुद-कील—पुं० [ष० त०] अर्श या बवासीर नाम का रोग।

गुदगर—वि०=गुदकारा।

गुद-गुदा—वि० [हिं० गूदा] [स्त्री० गुदगुदी] १. (गूदेदार वस्तु) जो छूने पर मुलायम तथा भली प्रतीत हो। २. (ऐसी वस्तु) जिसमें कोई मुलायम चीज भरी हुई हो। ३. मांसल।

गुदगुदाना—अ० [हिं० गुदगुदा] १. किसी के कोमल या मांसल अंगों को उँगलियों से इस प्रकार खुजलाना या सहलाना कि वह हँसने लगे। गुदगुदी करना। २. विनोद या परिहास के लिए छेड़ना। ३. किसी के मन में किसी बात की इच्छा या लालसा उत्पन्न करना।

गुदगुदाहट—स्त्री० [हिं० गुदगुदाना+आहट (प्रत्य०)] १. गुदगुदाने की क्रिया या भाव। २. मन में होनेवाली किसी बात की हलकी इच्छा। ३. दे० 'गुदगुदी'।

गुदगुदी—स्त्री० [हिं० गुदगुदाना] १. किसी द्वारा गुदगुदाये जाने से शरीर में होनेवाली हलकी खुजली या सुरसुरी। २. हलकी इच्छा या वासना। ३. उल्लास। ४. संभोग की इच्छा या कामना।

गुद-ग्रह—पुं० [ष० त०] कोष्ठबद्धता का रोग।

गुदड़िया—पुं० [हिं० गूदड़] १. गुदड़ी पहनने या ओढ़नेवाला। २. गूदड़ या रद्दी चीजें खरीदकर बेचनेवाला व्यापारी। ३. खेमा, दरी, फर्श आदि चीजें किराये पर देनेवाला व्यापारी।

वि० गुदड़ी या गूदड़ संबंधी।

गुदड़ी—स्त्री० [हिं० गूथना=मोटी सिलाई करना] १. फटे-पुराने कपड़ों की कई तहों को एक में सीकर बनाया हुआ ओढ़ना या बिछावन। २. टूटी-फूटी तथा फटी-पुरानी वस्तुओं की संज्ञा। ३. वह स्थान जहाँ पर फटी-पुरानी तथा टूटी-फूटी वस्तुएँ मिलती हों।

पद—गुदड़ी बाजार=वह बाजार जिसमें पुरानी या टूटी-फूटी वस्तुएँ बिकती हों। गुदड़ी में का लाल=(क) तुच्छ स्थान में छिपी या दबी हुई उत्तम वस्तु। (ख) ऐसा गुणी जिसके रूप-रंग, वेष आदि से उसके गुणी होने का पता न चलता हो।

गुदनहारी—स्त्री०=गोदनहारी।

गुदना—अ० [हिं० गोदना का अ०] गोदा जाना।

पुं० दे० 'गोदना'।

गुद-निर्गम—पुं० [ष० त०] गुदा से काँच बाहर निकलने का रोग।

गुदनी—स्त्री० दे० 'गोदनी'।

गुद-पाक—पुं० [ष० त०] गुदा के पक जाने का रोग।

गुद-भ्रंश—पुं० [ष० त०] गुदा से काँच निकलने का रोग।

गुदमा—पुं० [देश०] एक प्रकार का मोटा और मुलायम पहाड़ी कंबल।

गुदर*—पुं० [फा० गुजर] १. निर्वाह। २. निवेदन। प्रार्थना। ३. निवेदन आदि के लिए किसी की सेवा में होनेवाली उपस्थिति। हाजिरी।

गुदरना*—अ० [फा० गुजर+हिं० ना० (प्रत्य०)] १. गुजरना। २. सेवा में उपस्थित होना। ३. अलग रहना या होना।

स० दे० 'गुदरानना'।

गुदरानना—स० [फा० गुजर+हिं० ना (प्रत्य०)] १. किसी के आगे रखना या पेश करना। २. निवेदन करना। ३. भेंट करना।

गुदरिया—पुं० [देश०] एक प्रकार का नीचू।

स्त्री०=गुदड़ी।

गुदरी—स्त्री०=गुदड़ी।

गुदरैनाँ—स्त्री० [हिं० गुदरना] १. याद किये हुए पाठ को दोहराना या सुनाना। २. परीक्षा।

गुदवाना—स० [हिं० गोदना] गोदने का काम दूसरे से कराना। गुदाना। जैसे—गोदना गुदवाना।

गुद-स्तंभ—पु० [ष० त०] पेट में से मल का जल्दी न निकलना। मलावरोध। कब्जियत।

गुदांकुर—पु० [गुद-अंकुर, स० त०] १. गुदा में निकलनेवाले बवासीर के दाने या मसे। २ बवासीर।

गुदा—स्त्री० [सं० गुद] वह इंद्रिय जिससे प्राणी मल त्याग करते हैं। मलद्वार।

गुदाज—वि० [फा०] १. गदराया हुआ। गूदेदार। २. गूदेदार। ३. मांस से भरा हुआ। मांसल। मोटे दलवाला। ४. खूब चमकीला और तेज (रंग)।

गुदाजरंग—पुं० [फा०] चित्रकला में, खूब चमकीला रंग।

गुदाना—स०=गुदवाना।

गुदाम—पु० दे० 'गोदाम'।
†पु० दे० 'बुताम' (बटन)।

गुदार†—वि० [हि० गूदा] १. जिसमें अधिक गूदा हो। गूदेदार। २ मांसल।

गुदारना*—स० [हि० गुदरना का स० रूप] १. गुजारना। २. सेवा में उपस्थित करना। ३. अलग करना। ४. छोड़ देना। ५. पढ़कर सुनाना।

गुदारा—पु०[फा० गुजारा] १ नाव पर नदी पार करने की क्रिया। उतारा। २. वह स्थान जहाँ से लोग नाव पर सवार होते या उतरते हैं।
मुहा०—गुदारे लगना=(क) किनारे लगना। (ख) कार्य पूरा या समाप्त होना।
३. दे० 'गुजारा'।
वि०=गुदार।

गुदियारा†—वि०=गूदकारा।

गुदी—स्त्री० [देश०] नदी के किनारे का वह स्थान जहाँ टूटी-फूटी नावों की मरम्मत होती तथा नई नावें बनाई जाती हैं।

गुदुरी†—स्त्री० [हि० गदरना] १. मटर की फली। २. मटर तथा चने की फसल में लगनेवाला एक प्रकार का कीड़ा।

गुदौष्ठ—पु० [गुद-ओष्ठ, ष० त०] गुदा के मुख पर का मांस।

गुद्दा†—पु० [देश०] वृक्ष की मोटी डाली।
पु०=गूदा।
पुं०=कुंदा (लकड़ी का)।

गुद्दी†—स्त्री० [हि० गूदा] १. किसी फल के बीज के भीतर का गूदा। गिरी। मगज। २. सिर का पिछला भाग।
मुहा०—आँखें गुद्दी में होना या चला जाना=ऐसी मानसिक स्थिति होना जिसमें कोई चीज ठीक तरह से दिखाई न दे अथवा कोई बात समझ में न आवे।(परिहास और व्यंग्य) **गुद्दी से जीभ खींचना**=(क) जबान खींचकर निकाल लेना। (ख) बहुत कड़ा दंड देना।
पद—गुद्दी की नागिन=गरदन के पीछे बालों की भौंरी जो बहुत अशुभ मानी जाती है।
३. हथेली पर का गुदगुदा मांसल अंश। गद्दी।

गुन*—पु० [स० गुण] १. गुण। २. ऐसा कार्य जिसे पूरा करने के लिए विशिष्ट गुण या योग्यता अपेक्षित हो। उदा०—काहू नर सों यह गुन होई।—जायसी।

गुनगुना—वि० [अनु०] (व्यक्ति) जो नाक से बोलता हो।
वि०=कुनकुना (कदुष्ण)।

गुनगुनाना—अ० [अनु०] १. भौंरों का गुन गुन शब्द करना। २. इस प्रकार बोलना कि कुछ स्वर नाक से भी निकले। ३. बहुत धीरे-धीरे और अस्पष्ट रूप में गाना।

गुनधुन—स्त्री० [हि० गुनना+धुन] सोच-विचार। चिंतन।

गुनना—अ० [सं० गुणन] १. गुणों आदि से युक्त होना। जैसे—पढ़ना और गुनना। २. मन में सोच-विचार करना। कुछ समझने के लिए सोचना। ३ किसी को कुछ महत्त्व का समझना। जैसे—वह तुम्हें गुनता है।
स० १. कथन या वर्णन करना। २. गुणा करना।
*पुं० गुनी या विचारी हुई बात।

गुनमंत—वि० =गुणवत।

गुनरखा—पु० =गोनरखा।

गुनवंत†—वि० =गुणवान्।

गुनवान—वि० =गुणवान्।

गुनह—पु० [फा०] 'गुनाह' का संक्षिप्त रूप। जैसे—गुनहगार।

गुनहगार—वि० [फा०] १. जिसने कोई गुनाह किया हो। पापी। २. अपराधी। ३. दोषी।

गुनहगारी—स्त्री० [फा०] गुनहगार होने की अवस्था या भाव।

गुनही†—पु०=गुनहगार।
वि० दे० 'गुनहगार'।

गुना—प्रत्य० [सं० गुणन] १. एक प्रत्यय जो संख्यावाचक शब्दों के अंत में यह सूचित करने के लिए लगाया जाता है कि कोई परिमाण, मात्रा या संख्या निरंतर कई बार जोड़ने पर कितनी होती है। जैसे—चौगुना, दस गुना आदि।
पु० गणित में गुणन करने की क्रिया। गुणन।
†पुं० [?] टिकिया के आकार का एक प्रकार का मीठा पकवान।

गुनावन†—पु० [स० गुनन] १. मन में किसी बात पर सोच-विचार करने की क्रिया या भाव। उदा०—लखत भूप यह साज मनहिं मन करत गुनावन।—रत्ना० २. आपस में होनेवाला परामर्श। सलाह-मशविरा।

गुनाह—पु० [फा०] धर्म, विधि, शासन आदि की आज्ञा या मान्यता के विरुद्ध किया हुआ ऐसा आचरण जिसके कारण उसके कर्ता को दण्ड का भागी बनना पड़ता है। अपराध। पाप।

गुनाहगार—पु०=गुनहगार।

गुनाही—वि० [फा० गुनाह] अपराधी या दोषी। गुनहगार।

गुनिया—पु० [हि० गुणी] वह जिसमें कोई विशिष्ट गुण हो। गुणवान्। गुणी।
स्त्री० [हि० कोण] १. वह उपकरण या औजार जिससे बढ़ई, राज आदि कोने की सीध नापते हैं। २. दे० 'कोनिया'।
†पुं० [हि० गुन] नाव की गुन खींचनेवाला मल्लाह। गुनरखा।

गुनियाला*—वि० [हि० गुण] गुणोंवाला। गुणी। उदा०—प्रीति बड़ी है तुज्झ से बहु गुनियाला कंत।—कबीर।

गुनी—वि०, पु०=गुणी।
वि०[सं० गुण] जिसमें डोरी या रस्सी लगी हो। उदा०—बाँचे बाँचे मोहन गुनी सुनी न ऐसी प्रीति।—घनानंद।

गुनीजन—वि० [हिं० गुनी] १. जिसमें गुण हों। गुणवान्। २. गुणन या गुणा करनेवाला। ३. अपने गुणों के द्वारा लाभ पहुँचाने या हित करनेवाला।

गुनोबर—पुं० [फा० सनोबर] देवदार या सनोबर की जाति का पेड़।

गुन्ना—पुं० [अ० गुन्नः] अनुस्वार का वह आधा उच्चारण जो हिंदी में अर्द्ध चंद्र से सूचित होता है। जैसे—रजाँ में नून (अनुस्वार) गुन्ना है।

गुप्ती—स्त्री० [सं० गुण, हिं० गून] रस्सी को बटकर बनाया हुआ एक प्रकार का कोड़ा जिससे ब्रज में होली के अवसर पर लोग एक दूसरे को मारते हैं।

गुपति—वि०=गुप्त।
स्त्री०=गुप्ति।

गुपचुप—क्रि० वि० [हिं० गुप्त+चुप] बिना किसी से कुछ कहे या बतलाए हुए।
पु० १. गुलाब जामुन की तरह की एक प्रकार की मिठाई। २. लड़कों का एक खेल जिसमें वे गाल या मुँह फुलाकर धीरे से उस पर मुक्का मारते हैं। ३. एक प्रकार का खिलौना।

गुपाल*—पुं०=गोपाल।

गुपुत*—वि०=गुप्त।

गुप्त—वि० [सं०√गुप् (छिपाना, रक्षा करना)+क्त] १. (कार्य या व्यवहार) जो दूसरों की जानकारी से छिपाकर किया जाय। जैसे—गुप्त दान, गुप्त मंत्रणा। २ (गुण, वस्तु आदि) जिसके संबंध में लोग परिचित न हों। जैसे—गुप्त मार्ग। ३. जिसे जानना कठिन हो। गूढ़। दुरूह। ४. जिसका पता ऊपर से देखने पर न चले। जैसे—गुप्त भार। ५. छिपाकर रखा हुआ। रक्षित।
पुं० १. मगध का एक प्राचीन राजवंश जिसने सारे उत्तरीय भारत में अपना साम्राज्य स्थापित किया था। (ई० चौथी-पाँचवीं शताब्दी) २. वैश्यों के नाम के साथ लगनेवाला अंश। जैसे—कृष्णदास गुप्त।

गुप्तक—वि० [सं० गुप्त से] किसी चीज को छिपाकर या सँभालकर रखनेवाला। रक्षक।

गुप्त-काशी—स्त्री० [कर्म० स०] हरिद्वार और बदरीनाथ के बीच में पड़नेवाला एक तीर्थ।

गुप्त-चर—पुं० [कर्म० स०] १. प्राचीन भारत में वह व्यक्ति जो गुप्त रूप से दूसरे राज्यों के भेद जानने के लिए इधर-उधर भेजा जाता था। २. जासूस। भेदिया।

गुप्त-दान—पु० [कर्म० स०] ऐसा दान जो अपना नाम, पता और दान की वस्तु का मूल्य, स्वरूप आदि बिना किसी पर प्रकट किये हुए दिया जाय।

गुप्ता—स्त्री० [सं० गुप्त+टाप्] १. साहित्य में, वह परकीया नायिका जो पर-पुरुष से अपना संबंध या संभोग छिपाने का प्रयत्न करती हो। २. रखी हुई स्त्री। रखैली।

गुप्ति—स्त्री० [सं०√गुप्+क्तिन्] १. गुप्त रखने अर्थात् छिपाने की क्रिया या भाव। छिपाव। २. रक्षा करने या रक्षित रखने की क्रिया या भाव। ३. तंत्र में गुरु से मंत्र लेने के समय का एक संस्कार जो मंत्र को गुप्त रखने के उद्देश्य से किया जाता है। ४. कारागार। ५. बुद्धा। ६. बौद्ध का यम नामक अंग।

गुप्ती—स्त्री० [सं० गुप्त] १. कुछ अस्त्रों में रहनेवाली वह व्यवस्था जिसमें आघात करनेवाली चीज किसी आवरण में छिपी रहती है और खटका दबाने पर बाहर निकल आती है। २. वह छड़ी जिसके अंदर गुप्त रूप से किरच या पतली तलवार छिपी रहती है।

गुप्तीदार—वि० [हिं० गुप्ती+फा दार (प्रत्य०)] (अस्त्र) जो गुप्ती-वाली प्रक्रिया से बना हो। जैसे—गुप्तीदार कुलंग, छड़ी या फरसा।

गुप्तोत्प्रेक्षा—स्त्री० [सं० गुप्त-उत्प्रेक्षा, कर्म० स०] उत्प्रेक्षा अलंकार का एक भेद जिसमें 'मानों' 'जानों' आदि सादृश्यवाचक शब्द नहीं होते। प्रतीय-माना उत्प्रेक्षा।

गुप्फा—पुं० [सं० गुल्फ] गुच्छा।

गुफा—स्त्री० [सं० गुहा] जमीन अथवा पहाड़ के अंदर का गहरा तथा अँधेरा गड्ढा। कंदरा।

गुफ्त—वि० [फा०] कहा हुआ।
स्त्री० उक्ति। कथन।

गुफ्तगू—स्त्री० [फा०] दो पक्षों में होनेवाली साधारण बातचीत। वार्ता-लाप।

गुफ्तार—स्त्री० [फा०] १. बात-चीत। २. बात-चीत करने का ढंग।

गुबरैला—पुं० [हिं० गोबर+ऐला (प्रत्य०)] सड़े या सूखे हुए गोबर में पड़ने या रहनेवाला एक प्रकार का छोटा कीड़ा।

गुबार—पु० [अ०] १. गर्द। धूल।
पद—गर्द-गुबार=हवा में उड़नेवाली धूल और मिट्टी।
२. मन में रहनेवाला दुर्भाव या मैल।
मुहा०—(मन का) गुबार निकालना=अप्रिय तथा कटु बातें कहकर मन का क्रोध या दुःख कम करना।
३. आँखों की वह अवस्था जिसमें चीजें धुँधली दिखाई देती हैं।

गुबारा—पुं० दे० 'गुब्बारा'।

गुबिंद—पु०=गोविन्द।

गुब्बा—पुं० [देश०] रस्सी में डाला हुआ फंदा। (लश०)

गुब्बाड़ा—पुं०=गुब्बारा।

गुब्बार—पुं० १=गुबार। २. =अफवाँ।

गुब्बारा—पुं० [हिं० फुप्पा] १. कागज आदि का बना हुआ वह गोलाकार उपकरण जिसके बीच में जलता हुआ लत्ता बाँधने से उसके धुएँ के जोर से वह आकाश में उड़ने लगता है। २. रबड़ की बनी हुई एक प्रकार की थैली जिसमें हवा से कोई हलकी गैस भरने से वह हवा में उड़ने लगती है। ३. हवा से भरी हुई उक्त आकार की वह थैली जिसकी सहायता से सैनिक लोग हवाई जहाजों पर से जमीन पर उतरते हैं। छतरी। ४. गोले के आकार की एक प्रकार की आतिशबाजी जो ऊपर आकाश की ओर फेंकने पर फट जाती है।

गुभीला—पुं० [हिं० गूह=मल] पेड़ के अंदर का सूखा हुआ मल। गोटा। सुहा।

गुम—वि० [फा०] १. जो आँखों के सामने न हो। २. छिपा हुआ। अप्रकट। गुप्त। २. जो मूल आदि के कारण हाथ से निकल गया हो और न मिल रहा हो। खोया हुआ। ३. जिसका पता न हो या न लगता हो। ४. जो ख्यात या प्रसिद्ध न हो। जैसे—गुमनाम।
पुं० ऐसी वातावरणिक स्थिति जिसमें हवा न चल या न बह रही हो।
पुं० [?] समुद्र की खाड़ी। (लश०)

गुमक—स्त्री०=गमक।

गुमकना—अ० [सं० गम] किसी स्थान में शब्द का गूंजना।

गुमका†—पु० [देश०] डंडल या भूसी से दाना अलग करने का काम।

गुमची†—स्त्री०=घुँघची।

गुमजी—स्त्री०=गुमटी।

गुमटा—पुं० [सं० गुंफा+टा (प्रत्य०)] १. वह गोल सूजन जो माथे या सिर पर चोट लगने से होती है। गुलमी। २. कोई अर्द्ध-गोलाकार उभार। ३. कपास के डोडे नष्ट करनेवाला एक प्रकार का कीड़ा।

गुमटी—स्त्री० [फा० गुंबद] १. मकान के ऊपरी भाग में सीढ़ी की छत जो शेष भाग से अधिक ऊपर उठी हुई होती है। २. रेलवे लाइन के किनारे कहीं-कहीं बना हुआ वह छोटा गोलाकार और गुंबद-नुमा कमरा जिसमें खलासी रहता है।

पु० जहाज या नाव में का पानी बाहर फेंकनेवाला खलासी या मल्लाह।

पुं० [हिं० गुमटा का अल्पा० रूप] छोटा गुमटा।

गुमना†—अ० [फा० गुम] गुम हो जाना। खो जाना।

स० गुम करना। खो देना।

गुमनाम—वि० [फा०] १. जिसे या जिसका नाम कोई न जानता हो। अप्रसिद्ध। जैसे—गुमनाम आदमी या बस्ती। २. जिसमें किसी का नाम न लिखा हो। बिना नाम का। जैसे—गुमनाम पत्र, गुमनाम शिकायत।

गुमर—पुं० [फा० गुबार] १. अभिमान। घमंड। शेखी। २. मन में छिपा हुआ दुर्भाव या द्वेष। गुबार।

गुमराह—वि० [फा०] [भाव० गुमराही] जो ठीक या सीधा रास्ता भूलकर इधर-उधर चला गया हो। भटका या भूला हुआ। पथ-भ्रष्ट।

गुमराही—स्त्री० [फा०] गुमराह होने की अवस्था या भाव। पथ-भ्रष्टता।

गुम-सुम—वि० [फा० गुम+अनु० सुम] १. जो कुछ भी बोल-चाल न रहा हो। २. जो बिलकुल हिल-डोल न रहा हो।

क्रि० वि० बिलकुल चुप-चाप और बिना किसी को जतलाये हुए।

गुमान—पुं० [फा०] १. अनुमान। २. कल्पना। ३. अभिमान। घमंड। ४. अनुमान या कल्पना के आधार पर किया जानेवाला संदेह। शक।

गुमाना†—स० [फा० गुम=खोया हुआ] १. गुम करना। खोना। २. हाथ से निकल जाने देना। गँवाना।

अ०=गुमना (गुम होना)।

गुमानी—वि० [हिं० गुमान] गुमान करनेवाला। अभिमानी। घमंडी।

गुमाश्ता—वि० [हिं० गुम] १. गुम करने या खोनेवाला। २. खराब या नष्ट करनेवाला। उदा०—काय कलाली छल किपो, सेज गुमाश्ता रंग।—कविराजा सूर्यमल।

गुमाश्ता—पुं० [फा० गुमाश्तः] वह जो किसी बड़े व्यापारी या कोठीवाल की ओर से बहीखाता लिखने या माल खरीदने और बेचने का काम करता हो।

गुमाश्तागीरी—स्त्री० [फा०] गुमाश्ते का काम या पद।

गुमिदना†—अ० [सं० गुम्फित] लिपटना।

स० लपेटना।

गुम्मट—पुं० १. =गुंबद। २.=गुमटा।

गुम्मर†—पुं०=गुमटा।

गुम्मा—पुं० [देश०] बड़ी और मोटी ईंट।

वि० [हिं० गुम] बिलकुल गुम-सुम या चुप रहनेवाला। चुप्पा।

गुरँब—पु०=गुर्बा। उदा०—औजा अंबित गुरँब गरेठा।—जायसी।

गुरंबा†—पु० दे० 'गुर्बा'।

गुरंभर*—पुं० [हिं० गुर्बा] मीठे आम का पेड़।

गुर—पुं० [सं० गुरुमंत्र] १. वह अमोघ साधन या सूत्र जिससे कोई कठिन काम निश्चित रूप से चटपट तथा सरलता से संपन्न होता हो। २. बहुत अच्छी युक्ति।

†पुं० [सं० गुण] तीन गुणों के आधार पर तीन की संख्या। (डिं०)

†पुं०=गुड़।

पुं०=गुड़।

गुरखाई†—स्त्री० [?] जमीन रेहन रखने का वह प्रकार जिसमें रेहनदार उसकी तीन चौथाई मालगुजारी देता है और एक चौथाई महाजन देता है।

गुरखाई†—स्त्री० = गुरखाई।

गुरगा—पु० [सं० गुरुग] [स्त्री० गुरगी] १. गुरु का अनुगामी। चेला। शिष्य। २. टहलुआ। दास। सेवक। ३. अनुचर। ४. जासूस। भेदिया।

गुरगाबी—पु० [फा०] एक प्रकार का देशी जूता।

गुरच—स्त्री०=गुरुच।

गुरचना†—अ० [हिं० गुरुच] सिकुड़कर गुरुच की बेल की तरह टेढ़ा-मेढ़ा होना और आपस में उलझ जाना।

गुरचियाना—अ०=गुरचना।

गुरची†—स्त्री० [हिं० गुरुच] १. सिकुड़न। बल। २. डोरे आदि के उलझने या फँसने से पड़नेवाली गाँठ या गुत्थी।

गुरचों†—स्त्री० [अनु०] आपस में धीरे-धीरे होनेवाली बात-चीत। काना-फूसी।

गुरज—पुं० [फा० गुर्ज] १. किसी भवन, मीनार आदि का ऊपरी गोलाकार भाग। गुबज। उदा०—सोभित सुबरन बरन में उरज गुरज के रूप।—मतिराम। २. एक प्रकार की गदा। गुर्ज।

गुरजा—पुं० [देश०] लंबा या लोंबा नामक पक्षी।

गुरझन—स्त्री० [स० अवरुधन, पु० हिं० उरझन] १. पेंच की बात। उलझन। २. ग्रंथि। गाँठ।

गुरझना†—अ०=उलझना।

गुरझाना†—स०=उलझाना।

गुरुध्य—पुं० [सं० गुरु+अर्घ] गंभीर, बहुत बड़ा या महत्त्वपूर्ण अर्थ।

गुरदा—पुं० [फा० गुर्दः] १. रीढ़दार जीवों के पेट के अंदर के वे दो अंग जो खाये हुए पदार्थों से बननेवाला रक्त साफ करते हैं और बचे हुए तरल पदार्थ को पेशाब के रूप में नीचे मूत्राशय में भेजते हैं। (किडनी) २. साहस। हिम्मत। ३. एक प्रकार की छोटी तोप। ४. लोहे का एक प्रकार का बड़ा कलछा जिससे पकाते समय घृत चलाया जाता है।

गुरदाह†—पुं०=गुरदा (छोटी तोप)।

गुरदिल—पुं० [देश०] १. जलाशयों के किनारे रहने तथा मछलियाँ खानेवाला किलकिला की जाति का पक्षी। बदामी। २. कचनार।

गुरना†—अ०=घुलना। उदा०—गुरि गुरि आधु हेराई जाँ भुएहु न छाँड़े पास।—जायसी।

गुरनियालू—पुं० [देश०] जमीकंद, रतालू आदि की जाति का एक प्रकार का कंद।

गुरबत—स्त्री० [अ०] १. विदेश का निवास। प्रवास। २. यात्रा-काल में पथिक की दीन स्थिति। निस्सहाय होने की अवस्था। ३. उक्त अवस्था के फलस्वरूप होनेवाली मनुष्य की परवशता तथा विवशता।

गुरबरा—पु० [हिं० गुड़+बरा] [स्त्री० अल्पा० गुरबरी] १. गुड़ डालकर पकाया हुआ मीठा बड़ा। २. गुड़ के घोल में डाला हुआ बड़ा।

गुरबिनी*—स्त्री० [सं० गुर्विणी] १. गुरु-पत्नी। २. गर्भवती स्त्री।

गुरमुख—वि० [हिं० गुरु+मुख] जिसने गुरु से मंत्र लिया हो। दीक्षित।

गुरमुखी—स्त्री० [सं० गुरु+मुख+हिं० ई (प्रत्य०)] पंजाब में प्रचलित देवनागरी लिपि का वह रूप जिसे सिक्खों के पाँचवें गुरु अर्जुनदेव ने चलाया था।

गुरम्मर—पु० [हिं० गुड़+अब] १. गुड़ की तरह मीठे फलोंवाला आम का पेड़। २. दे० 'गुड़ंबा'।

गुरल—पुं० [?] भूरे रंग की एक प्रकार की पहाड़ी बकरी जिसे कश्मीर में रोम और असम में छागल कहते हैं और जिसका मांस बहुत स्वादिष्ट होता है।

गुरवनी—स्त्री० =गुर्विणी (गर्भवती)।

गुरवी*—वि० [स० गर्व] अभिमानी। घमंडी।

गुरसल—पु० [देश०] किलहँटी या गिलगिलिया नामक पक्षी।

गुरसी†—स्त्री० =गोरसी।

गुरसुम—पु० [देश०] सोनारों की एक प्रकार की छेनी।

गुरहा—पुं० [देश०] १. छोटी नावों के अंदर की ओर दोनों सिरों पर जड़े हुए तख्ते जिनमें से एक पर मल्लाह बैठता है और दूसरे पर सवारियाँ बैठती हैं। २. एक प्रकार की छोटी मछली।

गुराई†—स्त्री० [?] तोप लादने की गाड़ी।

स्त्री० =गोराई (गोरापन)। उदा०—साँवरे छैल छुओगे जु मोहिं तो गोरे गात गुराई न रैहै।

गुराउ†—पु० =गोरापन।

गुराब—पु० [देश०] १. तोप लादने की गाड़ी। २. वह नाव जिसमें एक ही मस्तूल हो।

वि० [सं० गुरु] १. बहुमूल्य। उदा०—सुनि सौमेस बधाइ दिय, है गै चीर गुराब।—चंदवरदाई। २. बड़ा या भारी।

†पु० =गुराई।

पुं० [हिं० गुरिया] १. चारा काटने का काम। २. चारा काटने का गँड़ासा।

गुरायसु*—स्त्री० [सं० गुरु+हिं० आयसु] गुरुओं या बड़े लोगों की आज्ञा या आदेश।

गुरिंद†—पुं० [फा० गुर्ज] गदा। (क्व०)

गुरिंदा—पु० [फा० गोयंदा] जासूस। भेदिया।

गुरि—स्त्री० =गुर (युक्ति)।

गुरिग*—स्त्री० =गोरी।

गुरिय*—स्त्री० =गोरी।

गुरिया—स्त्री० [सं० गुटिका] १. धातु, लकड़ी, शीशे आदि का वह छोटा छेददार दाना जिसे माला में पिरोते हैं। मनका। २. किसी वस्तु का छोटा अंश। टुकड़ा। ३. मछली के मांस का टुकड़ा।

स्त्री० [देश०] १. दरी बुनने के करघे की वह बड़ी लकड़ी जिसमें बै का बाँस लगा रहता है। झिल्लन। २. पाटे या हेंगे की वह रस्सी जो बैलों की गरदन के पास जूए के बीच में बाँधी जाती है।

गुरिल्ला†—पुं० =गोरिल्ला।

गुरीरा*—वि० [हिं० गुड़+ईरा (प्रत्य०)] १. जिसमें गुड़ की-सी मिठास हो। २. उत्तम। बढ़िया।

गुरु—वि० [सं० √गृ (उपदेश देना)+कु] १. (वस्तु) जो तौल या भार में अधिक हो। वजनी। जैसे—गुरु भार। २. अधिक लंबाई-चौड़ाई या विस्तारवाला। ३. (शब्द या स्वर) जिसके उच्चारण या निर्वहण में किसी नियत मान से दूना समय लगता हो। जैसे—गुरु अक्षर, गुरु मात्रा। ४. महत्त्वपूर्ण। जैसे—गुरु अर्थ। ५. बल, बुद्धि, वय, विद्या आदि में बड़ा और फलतः आदरणीय या वंदनीय। जैसे—गुरु-जन। ६. कठिन। मुश्किल। जैसे—गुरु-कार्य। ७. कठिनता से अथवा देर में पकने या पचनेवाला। जैसे—गुरु-पाक।

पुं० [स्त्री० गुरुआनी] १. विद्या पढ़ाने या कला आदि की शिक्षा देनेवाला आचार्य। शिक्षक। उस्ताद। २. यज्ञोपवीत कराने और गायत्री मंत्र का उपदेश देनेवाला आचार्य। ३. देवताओं के आचार्य और शिक्षक बृहस्पति। ४. बृहस्पति नामक ग्रह। ५. पुष्य नक्षत्र जिसका अधिष्ठाता देवता बृहस्पति ग्रह है। ६. छंदशास्त्र में, दो कलाओं या मात्राओंवाला अक्षर जिसका चिह्न ऽ है। जैसे—का, दा आदि। ७. संगीत में, ताल का वह अंश जिसमें एक दीर्घ या दो लघु मात्राएँ होती हैं और जिसका चिह्न ऽ है। ८. ब्रह्मा। ९. विष्णु। १०. महेश। शिव। ११. परमेश्वर। १२. द्रोणाचार्य। १३. कोई पूज्य और बड़ा व्यक्ति। १४. कुछ हठयोगियों के अनुसार शरीर के अन्दर का एक चक्र या कमल जो अष्टकमल से भिन्न और अतिरिक्त है।

गुरुआइन†—स्त्री० =गुरुआनी।

गुरुआई—स्त्री० [सं० गुरु+हिं० आई (प्रत्य०)] १. गुरु का कार्य, धर्म या पद। २. चालाकी। धूर्तता।

गुरुआनी—स्त्री० [सं० गुरु+आनी प्रत्य०] १. गुरु की पत्नी। २. विद्या सिखाने अथवा शिक्षा देनेवाली स्त्री। शिक्षिका।

गुरुइ—स्त्री० =गुर्वी (गर्भवती)।

वि० =गुरु (भारी)। उदा०—बिरह गुरुइ खप्पर कै हिया।—जायसी।

गुरु-कुंडली—स्त्री० [ष० त०] फलित ज्योतिष में वह कुंडली या चक्र जिसके द्वारा जन्म-नक्षत्र के अनुसार एक-एक वर्ष के अधिपति ग्रह का निरूपण होता है।

गुरु-कुल—पुं० [ष० त०] १. गुरु का घराना या वंश। २. गुरु, आचार्य या शिक्षक के रहने का वह स्थान जहाँ वह विद्यार्थियों को अपने पास रखकर शिक्षा देता हो। ३. उक्त के अनुकरण पर बननेवाला एक आधुनिक विद्यापीठ जिसमें विद्यार्थियों को प्राचीन सांस्कृतिक ढंग से शिक्षा देने के सिवा उनसे ब्रह्मचर्य आदि का पालन कराया जाता है।

गुरु-गंधर्व—पुं० [कर्म० स०] इन्द्रजाल के छः भेदों में से एक।

गुरु-गम—वि० [सं०+हिं०] १. गुरु के माध्यम से प्राप्त होनेवाला। जैसे—गुरु-गम ज्ञान। २. गुरु का बतलाया हुआ।

गुरु-गृह—पुं० दे० 'गुरु-कुल' २. और ३.।

गुरुघ्न—पुं० [स० गुरु√हन् (हिंसा)+क] गुरु अथवा किसी गुरुजन को मार डालनेवाला व्यक्ति, अर्थात् बहुत बड़ा पापी।

गुरुच—स्त्री० [सं० गुडूची] पेड़ों पर चढ़नेवाली एक प्रकार की मोटी लता जो बहुत कड़वी होती और प्रायः ज्वर आदि रोगों में दी जाती है। गिलोय।

गुरुच खाप—पुं० [?] एक उपकरण या औजार जिससे बढ़ई लकड़ी छीलकर गोल करते हैं।

गुरुचांद्री—वि० [स० गुरुचन्द्रीय] जो गुरु और चन्द्रमा के योग से होता हो। जैसे—गुरुचांद्री योग।

गुरु-जन—पुं० [कर्म० स०] माता, पिता, आचार्य आदि पूज्य और बड़े लोग।

गुरुडम—पुं० [स० गुरु+अं० प्रत्य० डम] दूसरों पर अपना प्रभुत्व स्थापित करने के लिए गुरु बनने का ढोंग रचना।

गुरु-तल्प—पुं० [ष० त०] १. गुरु की शय्या। २. गुरु की पत्नी। ३. गुरु (पूज्य और बड़ी) की स्त्री के साथ किया जानेवाला संभोग जो बहुत बड़ा पाप माना गया है।

गुरु-तल्पग—पुं० [सं० गुरुतल्प√गम् (जाना)+ड] गुरुतल्प नामक पाप करनेवाला व्यक्ति।

गुरुतल्पी (ल्पिन्)—पुं० [गुरुतल्प+इनि] =गुरु-तल्पग।

गुरुता—स्त्री० [स० गुरु+तल्—टाप्] १. गुरु होने की अवस्था या भाव। २. भारीपन। ३. बड़प्पन। महत्ता।

गुरु-ताल—पुं० [ब० स०] संगीत में एक प्रकार का ताल।

गुरु-तोमर—पुं० [कर्म० स०] तोमर छंद का वह रूप जो उसके प्रत्येक चरण के अन्त में दो मात्राएँ बढ़ाने से बनता है।

गुरुत्व—पुं० [स० गुरु+त्व] १. गुरु होने की अवस्था या भाव। २. गुरु का कार्य या पद। ३. भारीपन। ४. बड़प्पन। महत्त्व। ५. पृथ्वी की वह आकर्षण-शक्ति जो अधर में के पदार्थों को अपनी ओर अर्थात् नीचे खींचती है। (ग्रैविटी)

गुरुत्व-केन्द्र—पुं० [ष० त०] पदार्थ विज्ञान में किसी पदार्थ के बीच का वह बिन्दु जिस पर यदि उस पदार्थ का सारा विस्तार सिमट कर आ जाय तो भी उसके गुरुत्वाकर्षण में कोई अन्तर न पड़े। (सेन्टर ऑफ ग्रैविटी)

गुरुत्व-लम्ब—पुं० [ष० त०] किसी पदार्थ के गुरुत्व केन्द्र से सीधे नीचे की ओर खींची जानेवाली रेखा।

गुरुत्वाकर्षण—पुं० [स० गुरुत्व-आकर्षण ष० त०] भौतिक शास्त्र में, वह शक्ति जिसके द्वारा कोई पिंड किसी दूसरे पिंड को अपनी ओर आकृष्ट करता है अथवा स्वयं उसकी ओर आकृष्ट होता है। पिंडों की एक दूसरे को आकृष्ट करने की वृत्ति। (ग्रैविटेशन)

गुरु-दक्षिणा—स्त्री० [मध्य० स०] प्राचीन भारत में सारी विद्या पढ़ चुकने के उपरान्त गुरु को दी जानेवाली उसकी दक्षिणा।

गुरु-दैवत—पुं० [ब० स०] पुष्य नक्षत्र।

गुरुद्वारा—पुं० [स० गुरु-द्वार] १. आचार्य या गुरु के रहने का स्थान। २. सिक्खों का वह पवित्र मन्दिर जहाँ लोग ग्रन्थसाहब का पाठ करने जाते हैं।

गुरु-पचक—पुं० [ब० स०] रोगी या अंग नामक धातु।

गुरु-पाक—वि० [ब० स०] (खाद्य पदार्थ) जो सहज में न पकता या न पचता हो। कठिनता से अथवा देर में पकने या पचनेवाला।

गुरु-पुष्य—पुं० [मध्य० स०] बृहस्पति के दिन पुष्य नक्षत्र पड़ने का योग; जो शुभ कहा गया है।

गुरु-पूर्णिमा—स्त्री० [ष० त०] आषाढ़ की पूर्णिमा जिस दिन गुरु की पूजा करने का माहात्म्य है।

गुरु-बाजा—स्त्री० [ब० स०] संकीर्ण राग का एक भेद।

गुरुबिनी—स्त्री० दे० 'गुरुविनी'।

गुरुभ—पुं० [ष० त०] १. पुष्य नक्षत्र। २. मीन राशि। ३. धनु राशि।

गुरुभाई—पुं० [स० गुरु+हिं० भाई] दो या दो से अधिक ऐसे व्यक्ति जिन्होंने एक ही गुरु से मंत्र लिया या शिक्षा पाई हो। एक ही गुरु के शिष्य।

गुरु-मंत्र—पुं० [मध्य० स०] १ वह मंत्र जो गुरु के द्वारा शिष्य को दीक्षा देने के समय गुप्त रूप से बतलाया जाता है। २. कोई काम करने की सबसे बड़ी युक्ति जो किसी बहुत बड़े अनुभवी ने बतलाई हो।

गुरु-मार—वि० [स० गुरु+हिं० मारना] १. अपने गुरु को दबाकर उसका स्थान स्वयं लेनेवाला। (व्यक्ति) २ गुरु को भी दबा या परास्त कर सकनेवाला (उपाय या साधन)। जैसे—गुरु मार विद्या।

गुरु-मुख—वि० [ब० स०] जिसने धार्मिक दृष्टि से किसी गुरु से मंत्र लिया या सीखा हो।

गुरुमुखी—स्त्री०=गुरमुखी (लिपि)।

गुरु-रत्न—पुं० [कर्म० स०] १. पुष्पराग या पुखराज नामक रत्न। २. गोमेद नामक रत्न।

गुरु-वर—पुं० [स० त०] १. बृहस्पति। २. गुरुओं में श्रेष्ठ व्यक्ति।

गुरु-वार—पुं० [ष० त०] सप्ताह का पाँचवाँ दिन जो बुधवार के बाद और शुक्रवार से पहले पड़ता है। बृहस्पतिवार।

गुरु-वासर—पुं० [ष० त०]=गुरुवार।

गुरुवासी (सिन्)—पुं० [गुरुवास, स० त०, +इनि] गुरु के घर में रहकर शिक्षा प्राप्त करनेवाला शिष्य। अंतेवासी।

गुरुशिखरी (रिन्)—पुं० [मध्य० स०+इनि] हिमालय, जिसकी चोटी सब पहाड़ों की चोटियों में ऊँची है।

गुरु-सिंह—पुं० [ब० स०] एक पर्व जो उस समय लगता है जब बृहस्पति ग्रह सिंह राशि पर आता है।

गुरू—पुं० [सं० गुरु] १. गुरु। आचार्य। २. बहुत बड़ा धूर्त। चालाक।

गुरू घंटाल—पुं० [हिं० गुरु+घंटा] बहुत बड़ा चालाक या धूर्त।

गुरेट—पुं० [हिं० गुर, गुड़+बेट] एक प्रकार का बेलन जिससे कड़ाहे में पकाया जानेवाला ईख का रस चलाया जाता है।

गुरेर—स्त्री० [हिं० गुरेरना] १. गुरेरने की क्रिया, ढंग या भाव। †स्त्री०=गुलेल।

गुरेरना†—स० [सं० गुरु=बड़ा+हेरना=ताकना] आँखें फाड़कर और कोपपूर्वक किसी की ओर देखना। घूरना।

गुरेरा—पुं० [हिं० गुरेरना] १. किसी को गुरेरने या कोपपूर्वक देखने की क्रिया या भाव।

पद—गुरेरा-गुरेरी=एक दूसरे को कोपपूर्वक देखना।

२. आँखना-झाँखना। देखा-देखी।

गुर्ज—पुं० [फा०] १. गदा नामक पुराना शस्त्र। २. मोटा डंडा या सोंटा।
†पुं०=बुर्ज।

गुर्ज-बरदार—पुं० [फा०] गदाधारी सैनिक।

गुर्जमार†—पुं० [फा० गुर्ज+हिं० मार] १. हाथ में लोहे की गदा लेकर चलनेवाले मुसलमान फकीरों का एक संप्रदाय। २. उक्त संप्रदाय का फकीर।

गुर्जर—पुं० [सं० गुरु√ जॄ (जीर्ण होना)+णिच्+अण्] [स्त्री० गुर्जरी]। १. गुजरात देश। २. उक्त देश का निवासी। ३. उक्त देश में रहने वाली एक प्राचीन जाति जो अब गूजर कहलाती है।

गुर्जराट—पु० [सं० गुर्जर-राष्ट्र] गुजरात देश।

गुर्जरी—स्त्री० [सं० गुर्जर+ङीष्] १. गुजरात देश की स्त्री। २. गुर्जर या गूजर जाति की स्त्री। ३. एक रागिनी जो भैरव राग की भार्या कही गई है। गूजरी।

गुर्जी—पुं० [?] १. एक प्रकार का कुत्ता।
†स्त्री० १.=बुर्जी। २.=झोंपड़ी।

गुर्द—पु० [फा०] गुर्दिस्तान का निवासी।

गुर्दा†—पु० =गुरदा।

गुर्दिस्तान—पु० [फा०] फारस के उत्तर का एक प्राचीन प्रदेश। आजकल का कुर्दिस्तान।

गुर्र—वि०, पु० १. =गुर्रा। २. =गर्रा।
स्त्री०=गुर्राहट।

गुर्रा—पु० [अ० गुर्रः] १. मुहर्रम महीने की द्वितीया का चाँद। २. छुट्टी का दिन। ३ काम के बीच में पड़नेवाला नागा। ४. अनशन। उपवास। ५. टाल-मटोल। हीला-हवाला।
क्रि० प्र०—बताना।
पु० वि०, लाल और सफेद मिला हुआ।
पु० दे० 'गर्रा'।

गुर्राना—अ० [अनु०] १. गुर्र गुर्र शब्द करना। जैसे—कुत्ते का गुर्राना। २. क्रोध मे आकर कर्कश स्वर में बोलना। जैसे—आपस में एक दूसरे पर गुर्राना।

गुर्राहट—स्त्री० [हिं० गुर्राना] गुर्राने की क्रिया या भाव।

गुर्री—स्त्री० [देश०] भुने हुए जौ।

गुर्वादित्य—पुं० [सं० गुरु-आदित्य, ब० स०] गुरु अर्थात् बृहस्पति और आदित्य अर्थात् सूर्य का एक साथ एक ही राशि में होनेवाला गमन। इसे एक प्रकार का योग माना गया है।

गुर्विणी—स्त्री० [सं० गुरु+इनि-ङीष्] १. गर्भवती स्त्री। २. गुरु की स्त्री। गुरु-पत्नी।

गुर्वी—स्त्री० [सं० गुरु+ङीष्] =गुर्विणी।

गुलंच—पुं० [सं० गुड√अञ्च् (गति)+अण्, शक० पररूप] एक प्रकार का कंद।

गुलंचा†—पुं० =गुरुच।

गुलंदाज—पुं० =गोलंदाज।

गुल— पुं० [फा०] १. गुलाब। जैसे—गुलकंद, गुलरोगन आदि। २. पुष्प। फूल। जैसे—गुलमेंहदी।
मुहा०—गुल कतरना=कोई अनोखा या विलक्षण काम करना या बात कहना। (परिहास और व्यंग्य)। गुल खिलना=किसी प्रसंग में कोई नई, मजेदार या विलक्षण घटना होना। गुल खिलाना=नई, मजेदार या विलक्षण घटना घटित करना।
३. वह गड्ढा जो हँसने के समय कुछ लोगों के गालों में पड़ता है और सौंदर्यवर्धक माना जाता है। ४. पशुओं के शरीर पर होनेवाला फूल के आकार का रंग या गोल दाग। जैसे—कुत्ते या चीते पर का गुल। ५. गरम लोहे से दागकर शरीर पर बनाया जानेवाला उक्त प्रकार का चिह्न या दाग।
मुहा०—गुल खाना=किसी चीज से अपना शरीर उक्त प्रकार से जलाना या दागना जिसमें शरीर पर उस चीज का दाग या निशान बन जाय। जैसे—प्रियतमा की अँगूठी या छल्ले से अपनी छाती या हाथ पर गुल खाना। (उर्दू कविताओं में प्रयुक्त)
६. दीए की बत्ती का वह अंश जो बिलकुल जल जाने पर छोटे से फूल का आकार धारण कर लेता है।
मुहा०—(चिराग) गुल-करना=(चिराग) बुझाना या ठंढा करना। ७. जलता हुआ कोयला। अंगारा। ८. चिलम पर रखकर पीये जानेवाले तमाकू का वह रूप जो उसे बिलकुल जल जाने पर प्राप्त होता है। जट्ठा। ९. जूते के तल्ले मे एड़ी के नीचे पड़नेवाला अश जो प्रायः पान के आकार का होता है। १०. कारचोबी की बनी हुई फूल के आकार की बड़ी टिकुली जो स्त्रियाँ सुन्दरता के लिए कनपटी पर लगाती हैं। ११. चूने की वह बड़ी गोलाकार बिंदी जो सिर मे दर्द होने पर कनपटियों पर लगाते हैं। १२. कनपटी। १३ एक रग की चीज पर दूसरे रंग का बना हुआ कोई गोल निशान। १४. आँख का डेला। (क्व०) १५. एक प्रकार का रगीन या चलता गाना। १६. गोबर में कोयले का चूरा मिलाकर बनाया हुआ वह गोला जो अगीठियों मे जलाने के लिए बनाया जाता है। १७. युवती और सुदर स्त्री। (बाजारू)
पुं० [अ० गुल] शोर। हल्ला। जैसे—लड़कों का गुल मचाना।
पु० [देश०] १. हलवाई का भट्ठा। २. खेतों में पानी ले जाने की नाली।

गुल-अजायब—पु० [फा० गुल+अ० अजायब -अजीब का बहु०] १. एक प्रकार का फूलदार पौधा। २. इस पौधे का फूल।

गुल-अब्बास—पु० [फा० गुल+अ० अब्बास] १. एक प्रकार का बरसाती पौधा। २. इस पौधे का पीले या लाल रग का फूल।

गुल-अब्बासी—वि० [फा० गुल+अ० अब्बास+ई (प्रत्य०)] गुल-अब्बास के रंग का।
पुं० एक प्रकार का रंग जो हलका कालापन लिये हुए पीला या लाल होता है।

गुल-अशर्फी—पुं० [फा०] १. एक प्रकार का पौधा। २. इस पौधे का फूल जो पीला होता है।

गुलउर†—पुं०=गुलौर।

गुल-औरंग—पुं० [फा०] एक प्रकार का गेंदा और उसका फूल।

गुलकंद—पुं० [फा०] चीनी या मिसरी में मिलाकर और धूप अथवा चाँदनी में रखकर पकाई हुई गुलाब की पत्तियाँ जो प्रायः रेचक होती हैं और औषध के रूप में खाई जाती हैं।

गुलकट—पुं० [फा० गुल+हिं० काटना] कपड़े पर बेल-बूटे छापने का एक प्रकार का ठप्पा। (छीपी)

गुलकार—पुं० [फा०] [भाव० गुलकारी] बेल-बूटे, फूल आदि बनानेवाला कारीगर।

गुलकारी—स्त्री० [फा०] तरह-तरह के बेल-बूटे या फूल-पत्तियाँ बनाने का काम। २. किसी चीज पर बनाये हुए बेल-बूटे या फूल-पत्तियाँ।

गुल-केश—पुं० [फा० गुल+केश] १. मुर्गकेश नामक पौधा। कलगा। २. उक्त पौधे का फूल।

गुलकेश—पुं० [फा० गुल+केश] १. एक प्रकार का पौधा। २. इस पौधे का फूल जो नीले रंग का होता है।

गुलगंजिया—स्त्री० दे० 'गिलगिलिया'।

गुलगपाड़ा—पुं० [अ० गुल+हिं० गप्प] बहुत से लोगों का एक साथ बोलने तथा हँसने से होनेवाला शब्द। शोर-गुल। हो-हल्ला।

गुलगीर—पुं० [फा०] वह कैंची जिससे दीए आदि की बत्ती का गुल काटा जाता है। गुल काटने की कैंची।

गुलगुल—वि० = गुलगुला।

गुलगुला—वि० [अनु०] [स्त्री० गुलगुली] कोमल। नरम। मुलायम।

पुं० १. गोली के आकार का एक प्रकार का पकवान। २. कनपटी।

†पुं० [?] ऊसर में होनेवाली एक प्रकार की घास।

गुलगुलाना†—स० [हिं० गुलगुल] किसी कड़ी और गूदेदार चीज को दबा-दबाकर मुलायम करना।

अ० नरम या मुलायम पड़ना। पिचपिचा होना।

गुलगुलिया—पुं० [?] मदारी, विशेषतः बंदर नचानेवाला मदारी।

गुलगूली—स्त्री० [देश०] पहाड़ी झरनों में रहनेवाली एक प्रकार की काँटेदार बड़ी मछली।

गुलगोथना—वि० =गल-गूथना

गुलचना†—स० [हिं० गुलचा] गुलचा मारना। हलकी, चपत लगाना।

गुलचमन—पु० [फा०] फूलों का बाग।

गुलचला—पुं० [हिं० गोला+चलाना] तोप का गोला चलानेवाला। तोपची।

गुलचाँदनी—स्त्री० [फा० गुल+हिं० चाँदनी] १. एक प्रकार का पौधा जिसमें फूल लगते हैं। २. इस पौधे का सफेद फूल जो प्रायः रात के समय खिलता है।

गुलचा—पु० [हिं० गाल] १. प्रेमपूर्वक किसी के गाल पर लगाई जानेवाली हलकी चपत। २. कोई छोटी, गोल मुलायम चीज।

गुलचाना†*—स० [हिं० गुलचा+ना] १. हलकी चपत लगाना। २. आघात करना।

गुलचिलाला—स०=गुलचाना।

गुलची—स्त्री० [?] लकड़ी में गलता बनाने का बढ़इयों का एक औजार।

गुलचीन—पुं० [?] १. एक प्रकार का बड़ा वृक्ष जो बारहों महीने फूलता है। २. उक्त वृक्ष का फल जो अन्दर की ओर पीला और बाहर सफेद होता है।

गुल-छर्रा—पुं० [हिं० गोली+छर्रा] अनुचित रूप से तथा खूब खुलकर किया जानेवाला आनन्द-मंगल या मौज-विलास।

क्रि० प्र०—उड़ाना।

गुलजलील—पुं० [फा०] असवर्ग का फूल जिससे रेशम रँगा जाता है।

गुलजार—पुं० [फा०] बाग। वाटिका।

वि० १. हरा-भरा। २. सब तरह से भरा-पूरा और सुन्दर। आनंद और शोभा से युक्त। जैसे—घर गुलजार होना। ३. जिसमें खूब चहल-पहल और रौनक हो। जैसे—गुलजार शहर।

गुलझड़ी—स्त्री० [हिं० गोल+झट=जभाव] १. तागों आदि के उलझने से पड़नेवाली गाँठ। २. मन में रहनेवाला द्वेष या वैर-भाव। मन की गाँठ। ३. कपड़े में की सिकुड़न। सिलवट।

गुलझरी—स्त्री० = गुलझड़ी।

गुलझरी—स्त्री०=गुलझड़ी।

गुलतराश—पुं० [फा०] १. वह जो कपड़े, कागज आदि के टुकड़े काटकर उनके फूल बनाता हो। २. वह माली जो पौधे आदि को काट-छाँटकर उन्हें गमले, घोड़े, हाथी आदि की आकृतियों में लाता हो। ३. वह नौकर जो दीपकों के गुल काटने का काम करता हो। ४. दीए की बत्ती पर का गुल काटने की कैंची। गुलगीर। ५. बढ़इयों, संगतराशों आदि का वह औजार जिससे लकड़ी, पत्थर आदि पर बेल-बूटे या फूल-पत्तियाँ बनाते हैं।

गुलता—पु० [हिं० गोल] मिट्टी की वह छोटी गोली जो गुलेल में रखकर चलाई या छोड़ी जाती है।

गुलतुर्रा—पु० [फा०] कलगा नाम के पौधे का फूल जो गहरे लाल रंग का होता है। मुर्गकेश। जटाधारी।

गुलत्थी—स्त्री०=गुलथी।

गुलथी—स्त्री० [हिं० गोल+सं० अस्थि] १. किसी गोली चीज की जमी हुई गाँठ या गुठली। २. माँस की जमी हुई गाँठ। गिल्टी। ३. दे० 'गुत्थी'।

गुलदस्ता—पुं० [फा० गुलदस्तः] १. कई प्रकार के फूलों तथा पत्तियों को विशेष क्रम से सजाकर बाँधा हुआ गुच्छा। २. लाक्षणिक अर्थ में उत्कृष्ट तथा चुनी हुई वस्तुओं का संग्रह या समूह। ३. दे० 'गुलदान'।

गुल-दाउदी—स्त्री०=गुलदाबदी।

गुलदान—पु० [फा०] गुलदस्ता रखने का पात्र। फूलदान।

गुलदाना—पु० [फा०] बूँदिया नाम की मिठाई जिसके लड्डू भी बनते हैं।

गुलदार—वि० [फा०] १. (पौधा या वृक्ष) जिसमें फूल लगे हों। २. (कपड़ा, कागज, पत्थर आदि) जिस पर फूल काढ़े, लिखे या खोदे हुए हों।

पु० १. वह जानवर जिसके शरीर पर फूल के गोल चिह्न हों। २. एक प्रकार का कसीदा।

गुल-दाबदी—स्त्री० [फा० गुल+दाऊदी] एक पौधा और उसके फूल जो गुच्छों में लगते हैं।

गुल-दुपहरिया—स्त्री० [फा० गुल+हिं० दुपहरिया] १. एक प्रकार का पौधा। २. इस पौधे का सुगंधित फूल जो गहरे लाल रंग का होता है।

गुलबुल—स्त्री० [फा०] बुलबुल।

गुलबनफ्शा—स्त्री० [फा०] एक प्रकार की लता।

गुलनार—पुं० [फा०] १. अनार का फूल। २. एक प्रकार का अनार जिसमें सुन्दर फूल ही होते हैं फल नहीं लगते। ३. एक प्रकार का गहरा लाल रंग जो अनार के फूल की तरह का होता है।

गुलपपड़ी—स्त्री० [फा० गुल+हिं० पपड़ी] सोहन हलुए की तरह की एक प्रकार की मिठाई।

गुलकानूस—पुं० [फा०] एक प्रकार का बड़ा वृक्ष जो शोभा के लिए बगीचों में लगाया जाता है।

गुल-काम—वि० [फा०] फूलों के समान रंगवाला, अर्थात् परम सुंदर।

गुलकिरकी—स्त्री० [फा० गुल+हिं० किरकी] १. एक प्रकार का बड़ा पौधा जिसमें गुलाबी रंग के फूल लगते हैं। २. उक्त पौधे के फूल।

गुलकुंदना—पु० [हिं० गोल+फूंदना] एक प्रकार की घास।

गुलकाबली—स्त्री० [फा० गुल+सं० बकावली] १. हल्दी की जाति का एक पौधा जो प्रायः दलदलों या नम जमीन में होता है। २. इस पौधे का लंबोतरा फूल जो कई रंगों का और बहुत सुगंधित होता है। (यह आँखों के रोगों में उपकारी माना जाता है।)

गुलकबस्सर—पु० [फा० गुल+देश० बबसर] ताश के पत्तों में खेले जानेवाले नकश नामक खेल की एक बाजी।

गुल-बदन—वि० [फा०] जिसके शरीर की रंगत फूल के समान सुंदर हो।
पु० एक प्रकार का बहुमूल्य रेशमी धारीदार कपड़ा।

गुलबाबला—पु० [फा०] एक प्रकार का पेड़ जिसके रेशों को बटकर रस्से बनाये जाते हैं। ऊदल।

गुलबूटा—पु० [फा० गुल+हिं० बूटा] (किसी चीज पर) खोदे, छापे, बनाये या सिले हुए फूल, पत्ते, पौधे आदि।

गुलबेल—स्त्री० [फा० गुल+हिं० बेल] एक प्रकार की लता।

गुलबा—पुं० [स० गुल्म] [स्त्री० गुलमी] १. चोट लगने के कारण होनेवाली गोल कड़ी सूजन। २. कीमा भरकर पकाई हुई बकरी की अँतड़ी। दुलमा।
†पु० = गुलाम।

गुलमेंहदी—स्त्री० [फा० गुल+हिं० मेंहदी] १. एक प्रकार का छोटा पौधा जिसके तने में कई रंगों के फूल लगते हैं। २. उक्त पौधे के फूल।

गुलमेख—स्त्री० [फा०] वह कील जिसका ऊपरी सिरा फूल के आकार का गोल और चौड़ा होता है। फुलिया।

गुलरेज—पु० [फा०] आतिशबाजी में, वह अनार या फुलझड़ी जिससे कई प्रकार के फूल झड़ते हैं।

गुलरोगन—पुं० [फा०+अ०] गुलाब की पत्तियों के योग से बनाया हुआ तेल।

गुललाला—पु० [फा०] १. पोस्त के पौधे की तरह का एक पौधा। २. इस पौधे का फूल जो गहरे लाल रंग का और बहुत सुन्दर होता है।

गुलशकरी—स्त्री० [फा०] १. चीनी और गुलाब के फूल के योग से बनी हुई एक प्रकार की मिठाई। २. दे० 'गँगेरन' (पक्षी)।

गुलशन—पु० [फा०] वह छोटा बगीचा जिसमें अनेक प्रकार के फूल खिले हों। फुलवारी।

गुलशब्बो—पुं० [फा०] १. लहसुन से मिलता-जुलता एक प्रकार का छोटा पौधा। २. इस पौधे के सफेद रंग के सुगंधित फूल जो प्रायः रात के समय खिलते हैं। रजनीगंधा। सुगंधराज। ३. रात के समय अँधेरे में खेला जानेवाला एक खेल जिसमें एक दूसरे को चपत लगाते हैं।

गुलसुम—पुं० [फा० गुल+हिं० सुमन] सुनारों का एक औजार जिससे वे गहनों पर बेल-बूटे आदि बनाते हैं।

गुलसौसन—पुं० [फा०] १. एक प्रकार का पौधा। २. इस पौधे का फूल जो हलके आसमानी रंग का होता है।

गुलहजारा—पुं० [फा०] एक प्रकार का गुललाला (पौधा और फूल)।

गुलहथी†—स्त्री०=गुलथी।

गुलाब—पुं० [फा०] १. एक प्रकार का प्रसिद्ध काँटेदार पौधा जो कभी-कभी लता के रूप में भी होता है। इसके सुगंधित फूल गुलाबी, लाल, पीले, सफेद आदि अनेक रंगों के होते हैं। २. इस पौधे या लता का फूल जो अनेक रंगों का, बहुत सुन्दर और बहुत सुगंधित होता है। ३. गुलाब-जल।
मुहा०—गुलाब छिड़कना = गुलाब-जल छिड़कना।

गुलाब-चश्म—पु० [फा०] एक प्रकार की चिड़िया जिसके पैर लाल, चोंच काली और बाकी शरीर खैरे रंग का होता है।

गुलाब-छिड़काई—स्त्री० [फा० गुलाब+हिं० छिड़कना] १. विवाह की एक रीति जिसमें वर पक्ष और कन्या पक्ष के लोग एक दूसरे पर गुलाब-जल छिड़कते हैं। २. उक्त रीति के समय मिलनेवाला नेग।

गुलाबजम—पु० [?] एक प्रकार की झाड़ी जिसकी पत्तियों से एक प्रकार का भूरा रंग निकलता है। सोना-फूल।

गुलाब-जल—पुं० [फा०+स०] गुलाब के फूलों का भभके से उतारा हुआ सुगंधित अरक।

गुलाबजामुन—पु० [फा० गुलाब+हिं० जामुन] १. घी में तली हुई तथा शीरे में भिगोई हुई खोये की एक प्रसिद्ध मिठाई। २. एक प्रकार का फलदार वृक्ष। ३. उक्त वृक्ष का फल जो बहुत स्वादिष्ट होता है।

गुलाब-ताल्—पुं० [फा० गुलाब+तालू] वह हाथी, जिसके तालू का रंग गुलाबी हो। (ऐसा हाथी बहुत अच्छा समझा जाता है।)

गुलाबपाश—पु० [फा०] झारी के आकार का एक प्रकार का लम्बा पात्र जिसमें गुलाब-जल आदि भरकर शुभ अवसरों पर लोगों पर छिड़कते हैं।

गुलाबपाशी—स्त्री० [फा०] गुलाब-जल छिड़कने की क्रिया या भाव।

गुलाब-बाड़ी—स्त्री० [फा० गुलाब+हिं० बाड़ी] आनंद-मंगल का वह उत्सव जिसमें आस-पास के स्थान और चीजें गुलाब के फूलों से सजाई गई हों।

गुलाबास—पु० =गुल-अब्बास।

गुलाबा—पु० [फा० गुलाब] एक प्रकार का बरतन।

गुलाबी—वि० [फा०] १ गुलाब-संबंधी। गुलाब का। २. गुलाब के रंग का। ३. गुलाब के फूल की तरह का। ४. गुलाब अथवा गुलाब-जल से सुगंधित किया हुआ। ५. बहुत थोड़ा या हलका। जैसे—गुलाबी नशा, गुलाबी सरदी।
पुं० गुलाब के फूल की तरह का रंग। (रोज)
स्त्री० १. शराब पीने की प्याली। २. गुलाब की पखड़ियों से बनी हुई एक प्रकार की मिठाई। ३. एक प्रकार की मैना जो ऋतु-भेद के अनुसार अपना रंग बदलती है।

गुलाम—पु० [अ०] १. मोल लिया या खरीदा हुआ नौकर। दास। २. बहुत ही तुच्छ सेवाएँ करनेवाला नौकर। ३. ताश का वह पत्ता जिस पर गुलाम की आकृति बनी रहती है। ४. गंजीफे के पत्तों में, एक प्रकार का रंग।

गुलाम-गर्दिश—स्त्री० [अ०+फा०] १. वह छोटी दीवार जो जनान-खाने में अन्दर की ओर सदर दरवाजे के ठीक सामने अथवा आर या परदे के लिए बनाई जाती है। २. किसी बड़ी कोठी के आस-पास बने हुए वे

छोटे मकान जिनमें नौकर-चाकर रहते हैं।

गुलाम-चोर—पु० [अ०+हिं०] एक प्रकार का ताश का खेल।

गुलाम-जादा—पुं० [अ०+फा०] गुलाम या दास की सन्तान।

गुलाम-दाल—पु० [अ०] १. सस्ती या हल्के दरजे की वह चीज जो बहुत दिनों तक काम देती हो। जैसे—मोटा कबल या दरी। २ बहुत थोड़े दाम पर खरीदी हुई बढ़िया चीज।

गुलामी—स्त्री० [अ० गुलाम+ई (प्रत्य०)] १ गुलाम होने की अवस्था या भाव। दासता। २ बहुत ही तुच्छ सेवाएँ। चाकरी। ३. परतन्त्रता। पराधीनता।

वि० गुलाम-सम्बन्धी। गुलाम या उसकी तरह का। जैसे—गुलामी आदत।

गुलाल—पु० [फा० गुल्लाला] एक प्रकार की लाल बुकनी या चूर्ण जिसे होली के दिनों में हिंदू एक दूसरे पर छिड़कते हैं।

गुलाला—पु० [हिं० गुल्ली] महुए के बीज की गिरी या मींगी।

वि० गुली या महुए के बीज से निकाला हुआ।

पु० दे० 'गुल्लाला'।

गुलाली—स्त्री० [हिं० गुलाल+ई० (प्रत्य०)] चित्रकारी में काम आनेवाला गहरे लाल रंग का एक प्रकार का चूर्ण या बुकनी। किरमिजी। (कारमाइन)

गुलिका—स्त्री० [स० गुड+ठन्—इक—टाप्, 'ड' को 'ल'] १ खेलने का छोटा गेंद। २. गोली। ३. गुल्ली।

गुलियाना†—स० [सं० गिल=निगलना] बाँस आदि के चोंगे में भरकर पशुओं को औषधि आदि पिलाना। डरुआ देना।

स० [हिं० गोल] गोले या गोली के रूप में बनाना या लाना।

गुलिस्ताँ—पु० [फा०] फूलों का बाग। फुलवारी। बाग।

गुली†—स्त्री०=गुल्ली।

गुलुफ†—पु०=गुल्फ।

गुलू—पु० [देश०] १. एक प्रकार का जंगली बड़ा पेड़ जिसका गोंद कतीरा कहलाता है। २ एक प्रकार का बटेर।

स्त्री० एक प्रकार की मछली।

पु० [फा०] १. गरदन। गला। २ कंठ-स्वर।

गुलूबंद—पु० [फा०] १. लंबी पट्टी के आकार का बना हुआ वह कपड़ा जो जाड़े से बचने के लिए गले में, कानों तथा सिर पर लपेटा जाता है। २ गले में पहनने का एक गहना जो लंबी पट्टी के आकार का होता है।

गुलूला—पु०=गुलेला।

गुलेदा—पु० [हिं० गोल] महुए का पका हुआ फल। कोलेदा।

गुले—पु० [देश०] उत्तरी भारत का एक प्रकार का छोटा पेड़।

गुलेदम—पु० [हिं० गोल] सिकलीगरों का मसाला रगड़ने का छोटा गोल पत्थर।

गुलेनार—पु० गुलनार (अनार का फूल)।

गुले राना—पु० [फा० गुल+अ० रअनः] १. एक प्रकार का पौधा। २ उक्त पौधे का सुन्दर फूल जो अन्दर की ओर लाल और बाहर पीला होता है।

गुलेल—स्त्री० [फा० गिलूल] एक प्रसिद्ध छोटा उपकरण जिसमें लगी हुई डोरी की सहायता से मिट्टी की छोटी गोलियाँ दूर तक फेंकी जाती हैं और जिससे छोटी चिड़ियाँ आदि मारी जाती हैं।

†पु०=गुरुच।

गुलेलची—पु० [हिं० गुलेल+ची (प्रत्य०)] वह जो गुलेल चलाने में अभ्यस्त हो। गुलेल चलानेवाला शिकारी।

गुलेला—पु० [फा० गुलूला] १. मिट्टी की वह गोली जिसको गुलेल से फेंककर चिड़ियों का शिकार किया जाता है। २ दे० 'गुलेल'।

गुलेदा—पु० गुलेदा।

गुल्फ—पु० [सं०] टखना। घुट्ठी।

गुल्म—पु० [सं० √गुड् (वेष्टित करना)+मक्, 'ड' को 'ल'] १ ऐसी वनस्पति जिसकी जड़ या नीचे का भाग गोल बड़ी गाँठ के रूप में होता है और जिसमें से कोमल डंठलोंवाली अनेक शाखाएँ निकलती हैं। जैसे—ईख, बाँस आदि। २ पेट में होनेवाला एक रोग जिसमें वायु के कारण गाँठ-सी पड़ जाती या गोला-सा बँध जाता है। ३. रोग के रूप में शरीर के ऊपर बननेवाली किसी प्रकार की गाँठ। ४ प्राचीन भारत में सेना की वह टुकड़ी जिसमें ९ रथ, ९ हाथी, २७ घोड़े और ४५ पैदल सैनिक होते थे। ५ किला। दुर्ग।

गुल्म-वात—पु० [ष० स०] तिल्ली या प्लीहा में होनेवाला एक रोग।

गुल्म-शूल—पु० [ष० स०] पेट में होनेवाली वह पीड़ा जो अन्दर गुल्म रोग होने के कारण होती है।

गुल्मी (ल्मिन्)—वि० [स० गुल्म+इनि] [स्त्री० गुल्मिनी] १. गुल्म या गाँठ के रूप में होनेवाला। २ गुल्म रोग से पीड़ित।

स्त्री० [स० गुल्म+अच्—ङीप्] १. पेड़ों या पौधों का अंकुरमूट। झाड़ी। २. इलायची का पेड़। ३. आँवले का पेड़। ४. खेमा। तंबू।

गुल्मोदर—पु० [स० गुल्म-उदर, मध्य० स०] दे० 'गुल्मवात'। (रोग)

गुल्लक—स्त्री०=गोलक।

गुल्लर†—पु०=गूलर।

गुल्ला—पु० [अ० गुल या हिन्दी हल्ला का अनु०] शोर। हल्ला। जैसे—हल्ला-गुल्ला।

†पु० [स० गुलिक] १. ईख आदि का कटा हुआ छोटा टुकड़ा। गँडेरी। २. कालीन, दरी आदि बुनने के करघों में लगनेवाला बाँस का टुकड़ा। ३. लकड़ी का कोई बड़ा टुकड़ा। बड़ी गुल्ली। ४. रूई ओटने की चरखी में लोहे का वह छड़ जो उसके खूँटे को इधर-उधर हिलने नहीं देता। ५. गोटा, पट्ठा, आदि बुननेवालों का एक प्रकार का मोटा डोरा।

पु० [देश०] एक प्रकार का ऊँचा पहाड़ी पेड़ जिसके हीर की लकड़ी सुगंधित, हल्की और भूरे रंग की होती है। इसे 'सराय' भी कहते हैं।

†पु० १. =गुलेला। २. रस-गुल्ला। (बँगला मिठाई)

गुल्लाला—पु० [फा० गुलेलालः] गुलबाला नामक पौधा और उसका फूल।

वि० उक्त फूल की तरह का गहरा लाल।

पुं० एक प्रकार का गहरा लाल रंग। उदा०—बेहि चपक बरनी करै, गुल्लाला रंग नैन।—बिहारी।

गुल्ली—स्त्री० [सं० गुलिका=गुठली] १. धातु, लकड़ी आदि का कोई गोलाकार, छोटा लंबोतरा टुकड़ा। जैसे—डंडे के साथ खेलने की गुल्ली, छापेखाने में फरमा कसने की गुल्ली, हथियारों पर का मोरचा खुरचने की गुल्ली। २. उक्त आकार और रूप में ढाला हुआ धातु का टुकड़ा। पासा। जैसे—चाँदी या सोने की गुल्ली। ३. मक्के की वह बाल जिसके दाने झाड़ लिये गये हों। लुखड़ी। ४. केवड़े का फूल जो गोलाकार लंबा होता है। ५ ऊख या गन्ने के कटे हुए टुकड़े। गँडेरी। ६ मधुमक्खी के छत्ते का वह भाग जिसमें शहद इकट्ठा होता है। ७. फल के अन्दर की गुठली।

क्रि० प्र०—बँधना।

मुहा०—गुल्ली बँधना- युवावस्था में शरीर के अन्दर वीर्य का एकत्र होकर पुष्ट होना।

८ एक प्रकार की मैना (पक्षी) जिसे 'गगा मैना' भी कहते है।

गुल्ली-डंडा—पुं० [हि०] १. हाथ भर लंबा डंडा और चार-छ. अंगुल गोल लंबोतरी गुल्ली, जिससे बच्चे खेलते है। २ लड़कों का एक प्रसिद्ध खेल जिसमें काठ की उक्त गुल्ली डंडे से मारकर दूर फेंकी जाती है।

मुहा०—गुल्ली-डंडा खेलना=खेल-कूद अथवा इधर-उधर के फालतू कामों में समय नष्ट करना।

गुवा*—पुं० दे० 'गुवाक'।

गुवाक—पुं० [स०√सु (अव्यक्त शब्द करना)+आक, नि० सिद्धि] सुपारी. विशेषतः चिकनी सुपारी।

गुवार†—पुं० =ग्वाल।

गुवारपाठा—पुं० =ग्वारपाठा।

गुवाल*—पुं० =ग्वाल।

गुविंद*—पुं० =गोविन्द।

गुष्टि—स्त्री० =गोष्ठी।

गुसल—पुं० [अ० गुस्ल] नहाने की क्रिया। स्नान। सारे शरीर से नहाना।

गुसलखाना—पुं० [अ० गुस्ल+फा० खानः] नहाने-धोने का कमरा या कोठरी। स्नानागार।

गुसाँई—पुं०=गोसाँई या गोस्वामी।

गुसा*—पुं० =गुस्सा।

गुसैयाँ—पुं० =गोसाँई।

गुसैल—वि०=गुस्सैल।

गुस्ताख—वि० [फा०] [भाव० गुस्ताखी] (व्यक्ति) जो बड़ों की आज्ञा को शिरोधार्य न करता हो और उन्हें अनुचित रूप से तथा अशिष्टतापूर्वक उत्तर देता हो। उद्दंड। बे-अदब।

गुस्ताखी—स्त्री० [फा०] १. गुस्ताख होने की अवस्था या भाव। धृष्टता। उद्दंडता। २. उद्दण्डता का परिचायक कोई कार्य।

गुस्ल—पुं०=गुसल।

गुस्लखाना—पुं०=गुसलखाना।

गुस्सा—पुं० [अ०] १. किसी के द्वारा कोई अनुचित कार्य, विरोध या हानि होने पर मन में होनेवाली वह उग्र भावना जिसमें उस वस्तु या व्यक्ति को तोड़ने-फोड़ने, मारने-पीटने या उसकी किसी प्रकार की हानि करने की इच्छा होती है। क्रोध।

विशेष—इसमें मनुष्य स्वयं अपने पर नियंत्रण खो बैठता है और कभी-कभी अपनी भी हानि कर बैठता है।

मुहा०—(किसी पर) गुस्सा उतारना=किसी को अपने क्रोध की प्रतिक्रिया का पात्र बनाना। **(किसी पर) गुस्सा चढ़ना**=किसी पर क्रोध आना। **गुस्सा निकालना**=क्रुद्ध होने पर हानि करनेवाले की हानि करना। **गुस्सा पीना**=गुस्सा आने पर भी किसी से कुछ न कहना।

गुस्सैल—वि० [अ० गुस्सा+हि० ऐल (प्रत्य०)] (व्यक्ति) जिसे स्वभावतः बात-बात पर गुस्सा आता हो। क्रोधी।

गुह—पुं०[स०√गुह (रक्षा करना, छिपाना)+क] १. विष्णु। २. कार्तिकेय। ३ गौतम बुद्ध। ४. घोड़ा। ५. मेढ़ा। ६ कदरा। गुफा। ७. हृदय। ८. माया। ९. शालिपर्णी। सरिवन। १०. निषाद जाति का एक नायक जो राम को वनवास के समय मिला था और जिसने उन्हें शृंगवेरपुर में गंगा के पार उतारा था। ११. एक प्रकार के बंगाली कायस्थों का अल्ल या उपाधि।

पुं० [सं० गुथ=मैल] गुदा मार्ग से निकलनेवाला मल। पाखाना।

मुहा०—(किसी पर) गुह उछालना=किसी के निंदनीय कार्यों का प्रचार करना। **गुह उठाना**=(क) पाखाना साफ करना। (ख) तुच्छ से तुच्छ सेवा करना। **गुह खाना**=बहुत ही बुरा या अनुचित काम करना। **(किसी का) गुह-मूत करना**=बच्चे का पालन-पोषण करना। **(किसी को) गुह में डंडा फेंकना**=नीच के साथ ऐसा व्यवहार करना जिससे अपना ही अहित या बुराई होती हो। **(किसी को) गुह में लहलाना**=बहुत अधिक दुर्दशा करना।

वि० [सं० गुह्य] रहस्यमय। गूढ़। उदा०—बेधि बार मार हवै गो ग्यान गुह गाँसी।—मीराँ।

गुहज्य†—वि० [स० गुह्य] छिपा हुआ। गुप्त। उदा०—गुहज्य नाम अमीरस मीठाजो खोजै सो पावै।—गोरखनाथ।

गुहड़ा†—पुं० [देश०] चौपायों का खुरपका नामक रोग।

गुहना*—स०=गूथना (पिरोना)।

गुहराना†—स०=गोहराना(पुकारना)।

गुहवाना†—स० [हि० गुहना का प्रे०] गूहने या गूँथने का काम कराना। गुँथवाना।

गुह-षष्ठी—स्त्री० [मध्य० स०] अगहन सुदी छठ जो कार्तिकेय की जन्म-तिथि कही गई है।

गुहाँजनी—स्त्री० [सं० गुह्य-अजन] आँख की पलक पर होनेवाली फुंसी। बिलनी। अंजनहारी।

गुहा—स्त्री० [सं०गुह+टाप्] १. गुफा। कंदरा। २. जानवरों के रहने की माँद। चुर। ३. चोरों-डाकुओं के छिपकर रहने की जगह। ४. अंतःकरण। हृदय। ५. बुद्धि। ६. शालपर्णी। ७. वह कल्पित मूल स्थान जहाँ से सारी सृष्टि का उद्भव तथा विकास माना गया है। उदा०—किस गहन गुहा से अति अधीर।—प्रसाद।

गुहाई†—स्त्री० [हि० गुहना] गूहने (गूथने) की क्रिया, भाव या

मजदूरी।

गुहाचर—पुं० [सं० गुहा√चर् (गति) + ट] ब्रह्म।

गुहाना—स०=गुहवाना।

गुहा-मानव—पुं० [सं० मध्य० स०] इतिहास पूर्व काल के वे मनुष्य जो पाषाण युग में पर्वतों आदि की कंदराओं में रहते थे। (केव-मैन)

गुहार—स्त्री०=गोहार।

गुहारना—स० [हिं० गुहार] रक्षा या सहायता के लिए पुकार मचाना। उदा०—दीन प्रजा दुःख पाइ गई नृप-द्वार गुहारति।—रत्ना०।

गुहाल†—स्त्री०=गोशाला।

गुहाशय—पुं० [स० गुहा√शी (सोना) + अच्] १. बिल या माँद में रहनेवाला जंतु। २ परमात्मा।

गुहिल—पुं० [सं० √गुह + इनन्] जंगल। वन।

गुहिर†—वि० गंभीर।

गुहेरा—पुं० [हिं० गुहना=गूथना] गहने आदि गूथने का काम करनेवाला व्यक्ति। पटवा।

†पुं० गोध (जन्तु)।

गुहेरी†—स्त्री० [स० गौधेरिका] गोहजनी (बिलनी)।

गुह्य—वि० [सं० √गुह + यत्] १ गुप्त रखने या छिपाये जाने के योग्य। २. (अलौकिक या रहस्यमय बात या वस्तु) जिसका ठीक-ठीक अर्थ या स्वरूप समझना कठिन हो। जिसे जानने या समझने के लिए विशेष आध्यात्मिक ज्ञान की आवश्यकता हो। (एसोटिरिक) ३. रहस्यमय।

पुं० १. छल। कपट। २. भेद। रहस्य। ३. डींग। ४. शरीर के गुप्त अंग। जैसे—गुदा, भग, लिंग आदि। ५. कछुआ। ६. विष्णु। ७. शिव।

गुह्यक—पुं० [सं०√गुह + ण्वुल्—अक, पृषा० सिद्धि] किन्नर, गंधर्व, यक्ष आदि देवताओं की तरह की एक देव-योनि जो कुबेर की संपत्ति आदि की रक्षा करती है।

गुह्यकेश्वर—पुं० [स० गुह्यक-ईश्वर ष० त०] कुबेर।

गुह्य-द्वीपक—पुं० [स० कर्म० स०] जुगनूँ।

गुह्य-द्वार—पुं० [सं० कर्म० स०] १. मल-द्वार। गुदा। २. चोर-दरवाजा।

गूँ—पुं० [फा०] १. रंग। जैसे—गुलगूँ गुलाब के रंग का। २. ढंग। प्रकार। ३ वर्ग।

गूँगा—वि० [फा० गुँग=जो बोल न सके] [वि० स्त्री० गूँगी] १. (व्यक्ति) जिसकी वाक्-शक्ति ऐसी विकृत हो कि कुछ भी बोल न सके। जैसे—गूँगा लड़का। २. जिसमें मनुष्य की तरह शब्दों का उच्चारण करने की शक्ति न हो। जैसे—पशु-पक्षी गूँगे होते है।

पुं० वह जो बोल न सकता हो।

पद—गूँगे का गुड़=ऐसी स्थिति जिसमे उसी प्रकार अनुभूति का वर्णन न हो सके, जिस प्रकार गूँगा व्यक्ति गुड़ खाने पर भी उसकी मिठास का वर्णन नहीं कर सकता। **गूँगे का सपना**=गूँगे का गुड़। **गूँगी पहेली**=वह पहेली जो मँह से न कही जाय, इशारों में कही जाय।

मुहा०—गूँगे का गुड़ खाना=कोई ऐसा अनुभव करना जिसका वर्णन न हो सकता हो।

गूँगी—स्त्री० [हिं० गूँगा] पैर मे पहनने का एक प्रकार का छल्ला।

गूँच—स्त्री० [सं० गुञ्ज] गुंजा। घुंघची।

गूँछ—स्त्री० [देश०] गहरे पानी में रहनेवाली एक प्रकार की बड़ी मछली बूँछ।

गूँज—स्त्री० [सं० गुंज] १ भौंरों का गुनगुन शब्द करना। गुंजन। २. मक्खियों के भिनभिनाने का शब्द। ३. किसी तल या सतह से पराव-र्तित होकर सुनाई पड़नेवाला शब्द या ध्वनि। प्रतिध्वनि। ४. किसी स्थान में होनेवाली किसी बात की विस्तृत चर्चा। धूम। जैसे—शहर में इस बात की गूँज है। ५. किसी प्रकार के कार्य की प्रतिक्रिया। (ईको) ६. किसी स्थान पर किसी विशिष्ट बात के होने की अधिक या विस्तृत चर्चा। जैसे—आज-कल शहर में इस बात की बहुत गूँज है। ७ लट्टू में नीचे की ओर जड़ी हुई वह लोहे की कील जिस पर लट्टू घूमता है। ८ नथ, बाली आदि में सुन्दरता के लिए लपेटा हुआ छोटा पतला तार।

गूँजना—अ० [सं० गुञ्जन] १ भौंरों का गुंजारना। गुंजन करना। २. मक्खियों का भिनभिनाना। ३ किसी शब्द का किसी तल से टकरा कर फिर से सुनाई पड़ना। प्रतिध्वनि होना। ४. (किसी चर्चा का) किसी स्थान मे फैलना।

गूँज-स्त्री०=गूँज।

गूँठ—पुं० [हिं० गोंठा=छोटा, नाटा] एक प्रकार का छोटे कद का पहाड़ी टट्टू।

गूँथना†—स०=गूथना।

गूँधना—स०=गूँथना।

गूँधा†—पुं०=गोंदा।

गूँधी—स्त्री० [?] गँधेला नाम का पेड़ जिसकी जड़, छाल और पत्तियाँ औषध के काम में आती हैं।

गूँथना—स० [सं० गुंथ=कीड़ा] १. किसी प्रकार के चूर्ण में थोड़ा-थोड़ा पानी (अथवा कोई तरल पदार्थ) मिलाते तथा हाथ से मलते हुए उसे गाढे अवलेह के रूप में लाना। माँड़ना। सानना। जैसे—आटा गूँथना। २. दे० 'गूथना'।

गूँ—पुं०=गूह (मल)।

गूगल, गूगुल—पुं०=गुग्गुल।

गूजर—पुं० [स० गुर्जर] [स्त्री० गूजरी, गुजरिया] १ गुर्जर देश में रहने-वाली एक प्राचीन जाति। २. अहीर। ग्वाला। ३. क्षत्रियों का एक भेद।

गूजरी—स्त्री० [सं० गुर्जरी] १. गूजर जाति की स्त्री। २. रागिनी। ३. पैरों में पहना जानेवाला एक प्रकार का गहना। ४. गुर्जरी नाम की रागिनी।

गूजी†—स्त्री० [हिं० गुजुवा की स्त्री०] काले रंग का एक प्रकार का छोटा कीड़ा।

गूझना†—अ०=छिपना।

स०=छिपाना।

गूझा—पुं० [सं० गुह्यक, प्रा० गुज्झा] [स्त्री० गुझिया] १. बड़ी गुझिया (पकवान)। २. मलद्वार। गुदा।

†पुं०=गुज्झा (रेखा)।

गूढ़ी—स्त्री० [देश०] १. सीधी का पेड़ लगाने का एक ढंग या प्रकार। २. चौपायों का एक रोग।

गूढ़ी—स्त्री० [स० गुहा वा गुह्य] अनाज की बाली में का वह छोटा गड्ढा जिसमें से दाना निकाल लिया गया हो।

गूढ़—वि० [सं०√गूह् (छिपाना)+क्त] १. छिपा हुआ। गुप्त। जैसे—गूढ़पाद। २ (क्लिष्ट या पेचीदी बात) जिसका अभिप्राय या आशय सहज में लोग न समझ सकते हों। अर्थ-गर्भित। जटिल। दुरूह। जैसे—गूढ़ विषय। ३. जिसमें कोई विशेष अभिप्राय छिपा हो। गंभीर। पुं० १. स्मृति में पाँच प्रकार के साक्षियों में से वह जिसे अर्थी ने प्रत्यर्थी की बात बतला या सुना दी हो। २. गूढ़ोक्ति नामक अलंकार। (साहित्य)

गूढ़चर—पुं० =गुप्तचर। उदा०—गूढ़चर इन्द्रिय अगूढ़ चोर मारि दे।—देव।
वि० छिपकर घूमने-फिरनेवाला।

गूढ़-चारी (रिन्)—वि०, पु० [स० गूढ़√चर् (गति)+णिनि, उप० स०] =गूढ़चर।

गूढ़ज—पुं० [स० गूढ़√जन् (उत्पन्न होना)+ड, उप० स०] वह पुत्र जिसे पति के घर रहते हुए भी पत्नी ने अपने किसी सवर्ण जार से पैदा किया हो।

गूढ़-जात—पु० [प० त०] =गूढ़ज।

गूढ़-जीवी (विन्)—पुं० [स० गूढ़√जीव् (जीना)+णिनि, उप० स०] वह जिसकी जीविका के साधन का किसी को पता न चले।

गूढ़ता—स्त्री० [स० गूढ़+तल्—टाप्] गूढ़ होने की अवस्था या भाव।

गूढ़त्व—पु० [स० गूढ़+त्व] गूढ़ता।

गूढ़-नीड़—पु० [ब० स०] खंजन पक्षी।

गूढ़-पत्र—पुं० [ब० स०] १ करील वृक्ष। २. अकोट वृक्ष। ३ [कर्म० स०] मतदान-पत्र। (बैलट)

गूढ़-पथ—पुं० [कर्म० स०] १ छिपा हुआ रास्ता। जैसे—सुरंग। २. [ब० स०] अंतःकरण या अंतरात्मा।

गूढ़-पद, गूढ़-पाद—पु० [ब० स०] सर्प। साँप।

गूढ़-पुरुष—पुं० [कर्म० स०] जासूस। भेदिया।

गूढ़-पुष्प—पु० [ब० स०] १. पीपल, बड़, गूलर, पाकर इत्यादि वृक्ष जिनमें फूल नहीं होते अथवा नहीं दिखाई देते। २. मौलसिरी।

गूढ़-भाषित—पु० [कर्म० स०] ऐसे शब्दों में कही हुई बात जो सब की समझ में न आती हो।

गूढ़-मंडप—पु० [कर्म० स०] देव मंदिर के अन्दर का बरामदा या दालान।

गूढ़-मार्ग—पुं० [कर्म० स०] सुरंग।

गूढ़-नीपुन—पुं० [ब० स०] काक। कौआ।

गूढ़-लेख—पुं० [कर्म० स०] लिखने या संवाद भेजने की गुप्त लिपि-प्रणाली। (साइफर)

गूढ़-व्यंग्य—पु० [कर्म० स०] काव्य में एक प्रकार की लक्षणा जिसमें व्यंग्य का अभिप्राय जल्दी सब की समझ में नहीं आ सकता।

गूढ़-संहिता—स्त्री० [ष० त०] वह संग्रह जिसमें गूढ़-लेख के नियमों, संकेतों सिद्धान्तों आदि का विवेचन हो। (साइफर कोड)

गूढ़ांग—पुं० [गूढ़-अंग, कर्म० स०] १. इन्द्रिय, गुदा आदि गुप्त अंग। २. [ब० स०] कछुआ।

गूढ़ा†—स्त्री० [स० गूढ़] १. ऐसी बात जिसका अर्थ जल्दी सब की समझ में न आवे। २. पहेली। (राज०)

गूढ़ाशय—पुं० [गूढ़-आशय, कर्म० स०] =गूढ़-पुरुष (जासूस)।

गूढ़ोक्ति—स्त्री० [गूढ़-उक्ति, कर्म० स०] १. गूढ़ कथन या बात। २. साहित्य में एक अलंकार जिसमें कोई व्यंग्यपूर्ण बात किसी दूसरे आदमी को सुनाने के लिए किसी उपस्थित आदमी से कही जाती है।

गूढ़ोत्तर—पुं० [गूढ़-उत्तर कर्म० स०] साहित्य में उत्तर अलंकार का एक भेद जिसमें किसी बात का दिया जानेवाला उत्तर अपने में कोई और गूढ़ अर्थ छिपाये होता है।

गूथना—स० [स० ग्रथन] १. डोरे, तागे आदि के रूप की चीजों को समेट कर सुंदरतापूर्वक आपस में बाँधना। जैसे—चोटी या सिर के बाल गूथना। २. बिखरी हुई अथवा कई चीजों को पिरोकर एक में मिलाना। जैसे—फूलों या मोतियों की माला गूथना। ३. आपस में जोड़ने या मिलाने के लिए मोटे-मोटे टाँके लगाना। गाँथना। जैसे—गुदड़ीगूथ ना।

गूद—स्त्री० [सं० गूढ़ या हिं० गोदना] १. गड्ढा। गर्त्त। २. कम गहरा चिह्न या रेखा।
†पुं० =गूदा।

गूदड़—पु० [हिं० गूथना] [स्त्री० गूदड़ी] जोर्ण-शीर्ण या फटा-पुराना कपड़ा जो काम में आने के योग्य न रह गया हो।
पद—गूदड़साह या गूदड़साईं=फटे-पुराने कपड़े सीकर पहननेवाला साधु।

गूदर†—पुं० = गूदड़।

गूदा—पु० [स० गुप्त, प्रा० गुत्त] [स्त्री० गूदी] १. फल आदि के अन्दर का कोमल और गुदगुदा सार भाग। जैसे—आम, इमली या नारंगी का गूदा। २. किसी चीज के अन्दर का गोला गाढ़ा सार भाग। मज्जा। (पिथ) ३ किसी चीज को कूटकर तैयार किया हुआ उसका कुछ गीला पिंड या रूप। (पल्प) ४. खोपड़ी का सार भाग। भेजा। ५. गिरी। मींगी।

गूदेदार—वि० [हिं० गूदा+फा० दार] जिसके अन्दर गूदा रहता हो।

गून—स्त्री० [सं० ग्रन्थ=रस्सी] १. नाव खींचने की रस्सी। २ रोहा नामक घास।

गूना—पु० [फा० गून:=रंग] एक प्रकार का सुनहला रंग जो धातु की बनी चीजों पर चढ़ाया जाता है।

गूनी*—स्त्री० =गोनी।

गूमड़†—पु० = गुम्मट।

गूमड़ा—पुं०= गुमड़ा या गुम्मड़।

गूमना†—स० [?] १. गूँथना। माँड़ना। सानना। २. कुचलना। रौंदना।

गूमा—पु० [सं० कुंभा, गुंभा] एक प्रकार का पौधा जिसकी गाँठों पर सफेद फूलों के गुच्छे लगते हैं। कुंभा। द्रोणपुष्पी।

गूरा†—पुं०=गुल्ला।

गूल—पुं०=गुल्म (सेना का)।

गूलर—पुं० [सं० उदुंबर] १. पीपल, बरगद आदि की जाति का एक बड़ा पेड़ जिसकी डालों आदि से एक प्रकार का दूध निकलता है और जिसका फल ओषधि, तरकारी आदि के रूप में खाया जाता है। उदुंबर। २. उक्त वृक्ष का फल।

पद—गूलर का फूल (क) दुर्लभ वस्तु। (ख) असंभव बात। (गूलर में फूल होता ही नहीं, इसी आधार पर यह पद बना है।)

मुहा०—गूलर का भेद फड़वाना गुप्त या दबी हुई बात का प्रकट कराना। भेद खुलवाना।

†पुं० = भेदक।

गूलर-कबाब—प० [हिं० गूलर+फा० कबाब] एक प्रकार का कबाब जो उबले और पिसे हुए मांस से गूलर के फल के आकार का ढोंसा या गोलियों के रूप में बनाया जाता है।

गूलू—पु० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष। पुड़ुक।

गूवाक—पु० =गुवाक।

गूषणा—स्त्री० [स० गू√उष् (जलाना)+णि+युच्—अन, टाप्] मोर की पूंछ पर बना हुआ अर्द्धचन्द्र चिह्न। मोर-चंद्रिका।

गूह—पु० [स० गूथ] गूह। मल।

मुहा० के लिए दे० 'गूह' के मुहा०।

गूहन—पु० [स०√गूह+ल्युट्—अन] छिपाने का कार्य।

गूहा छीछी—स्त्री० [हिं० गूह+छीछी] ऐसा गंदा झगड़ा या लड़ाई जिसमें देखने-सुननेवालों तक के मन में घृणा उत्पन्न होती हो।

गूंजन—पु० [स०√गूञ्ज् (शब्द करना)+ल्युट्—अन] १. एक प्रकार का लाल रंग का लहसुन। २. शलजम।

गृत्स—वि० [स०√गृध् (चाहना)+स] चतुर तथा लोभी (व्यक्ति)। मेधावी।

गृधु—वि० [स०√गृध्+कु] कामुक।

पु० कामदेव।

गृध्य—पु० [स०√गृध्+क्यप्] १ इच्छा। कामना। २ लालच। लोभ।

गृध्र—पु० [स०√गृध्+क्रन्] [स्त्री० गृध्री] १ गिद्ध नाम का प्रसिद्ध शिकारी पक्षी। २ जटायु।

वि० लालची। लोभी।

गृध्र-कूट—प० [ष० स०] राजगृह के पास का एक पर्वत।

गृध्र-व्यूह—पु० [मध्य० स०] प्राचीन भारत में सेना की एक प्रकार की व्यूह-रचना जो गिद्ध के आकार की होती थी।

गृध्रसी—स्त्री० [स० गृध्र√गो (नष्ट करना)+क—ङीप्] एक वातरोग जिसमें कमर, कूल्हों और टाँगों में दर्द होता है। (स्याटिका)

विशेष—गृध्रस्या एक नाड़ी का नाम है। कहते हैं कि उसी में वात का प्रकोप बढ़ने से यह रोग होता है।

गृध्रस्या—स्त्री० [स० गृध्रसी+अत्—टाप्?] एक वात-नाड़ी।

गृध्रिका—स्त्री० [स० गृध्र+ङीप्+कन्—टाप्, ह्रस्व] कश्यप की पुत्री जो गिद्धों की आदि माता थी। (पुराण)

गृभ—स्त्री० [स० ग्रीवा] गला। उदा०—फूटल बलय टूटल गृभ-हार। —विद्यापति।

गृष्टि—स्त्री० [स०√ग्रह् (ग्रहण करना)+क्तिच्, पृषो० सिद्धि] १. वह गाय, जिसने एक ही बच्चा हुआ हो। २ वह स्त्री जिसे एक ही संतान हुई हो।

गृह—पु० [स०√ग्रह्+क] १ ईंट, पत्थर, चूने, सीमेंट आदि से बना हुआ वह निवास-स्थान जहाँ कोई व्यक्ति (अथवा परिवार) रहता हो। घर। मकान। जैसे—राजगृह। २. विस्तृत क्षेत्र में, वह क्षेत्र, शहर या राज्य जिसमें कोई रहता हो। ३. राज्य या राष्ट्र के भीतरी कामों का क्षेत्र। जैसे—गृह-मंत्री।

वि० १ (यौ० के आरम्भ में) घर में रखकर पाला हुआ जैसे—गृह-कपोत, गृह-दास। २ गृह या घर से संबंध रखनेवाला। जैसे—गृह-शास्त्र। ३. देश के भीतरी भाग से संबंध रखनेवाला। जैसे—गृह-युद्ध।

गृह-उद्योग—पु० [मध्य० स०] जीविका उपार्जन करने के लिए घर में बैठकर किये जानेवाले रचनात्मक कार्य। जैसे—करघे से कपड़ा बुनना, बाँस की खपच्चियों से टोकरियाँ बनाना, रस्सी बटना आदि आदि।

गृह-कन्या—स्त्री० [ष० त०] चौकुवार। खवरपाठा।

गृह-कर्म—पु० [ष० त०] घर-गृहस्थी के काम-धन्धे।

गृह-कलह—पु० [स० त०] १. घर के लोगों में आपस में होनेवाला झगड़ा या लड़ाई। २ किसी देश या राष्ट्र के निवासियों में आपस में होनेवाला झगड़ा या लड़ाई।

गृह-कार्य—पु० [ष० त०] घर-गृहस्थी के काम-धन्धे।

गृह-कुमारी—स्त्री० गृहकन्या।

गृह-गोधा—स्त्री० [ष० त०] छिपकली।

गृह-गोधिका—स्त्री० [ष० त०] छिपकली।

गृहज—वि० [स० गृह√जन् (उत्पन्न होना)+ड, उप० स०] जो घर में उत्पन्न हुआ हो।

पु० घर में पैदा होनेवाला दास। गोला।

गृह-जन—पु० [ष० त०] घर में रहनेवाले आपस के सब लोग। कुटुंबी।

गृह-जात—वि० [स० त०] जो घर में उत्पन्न हुआ हो।

पु० सात प्रकार के दासों में से वह जो घर में रखे हुए दास या दासी से उत्पन्न हुआ हो।

गृह-ज्ञानी (निन्)—वि० [स० त०] जिसका सारा ज्ञान घर के अन्दर ही सीमित हो। बाहर का कुछ भी हाल न जाननेवाला। कूप-मंडूक।

गृहणी—स्त्री० [स० गृह√नी (ले जाना)+क्विप्, गत्व] १. काँजी। २ प्याज।

†स्त्री० दे० 'गृहिणी'।

गृह-त्याग—पु० [ष० त०] विरक्त होकर और घर छोड़कर कहीं निकल जाना।

गृहत्यागी (गिन्)—वि० [स० गृहत्याग+इनि] जो घर-बार छोड़कर और विरक्त होकर गृहस्थाश्रम से निकल आया हो।

गृह-दाह—पु० [ष० त०] १ घर में आग लगाने या भस्म करने की क्रिया या भाव। २. ऐसा लड़ाई-झगड़ा जिससे घर का सब-कुछ नष्ट हो जाय।

गृह-वीथिका—स्त्री० [मध्य० स०] प्राचीन भारत में चंवल-गृह के आस-पास की नहर जो राजाओं और रानियों के जल-विहार के लिए बनी होती थी।

गृह-देवता—पु० [ष० त०] घर के भिन्न-भिन्न कार्यों के देवता जिनकी संख्या ४५ कही गई है।

गृह-देवी—स्त्री० [ष० त०] घर की स्वामिनी। गृहिणी।

गृह-नीड़—पु० [ष० स०] गौरैया (पक्षी)।

गृहप—पु० [स० गृह√पा (रक्षा करना)+क, उप० स०] १. घर

का स्वामी। गृहपति। २. चौकीदार। पहरेदार। ३. अग्नि। आग। ४ कुत्ता।

गृह-पति—पु० [ष० त०] [स्त्री० गृहपत्नी] १. वह व्यक्ति जिसके पास घर या मकान हो। घर या मकान का मालिक। २ किसी घर अर्थात् घर में रहनेवाले परिवार का मुख्य व्यक्ति। ३. अग्नि। आग। ४ कुत्ता।

गृह-पत्नी—स्त्री० [ष० त०] =गृहिणी।

गृह-पशु—पु० [ष० त०] १. घर में पाला हुआ पशु। पालतू जानवर। २. कुत्ता।

गृह-पाल—पु० [स० गृह√पाल् (रक्षा करना)+णिच्+अण्, उप० स०] १. घर की रखवाली करनेवाला चौकीदार। २. कुत्ता।

गृह-पालित—भू० कृ० [स० त०] जो घर में रखकर पाला-पोसा गया हो। जैसे—गृह-पालित दास या पशु।

गृह-प्रवेश—पु० [स० त०] १. नये बनवाये या खरीदे हुए मकान में विधिपूर्वक पूजन आदि करने के उपरांत, पहले-पहल बाल-बच्चों सहित उसमें प्रवेश करना। २ उक्त अवसर पर होनेवाला समारोह और धार्मिक कृत्य। वास्तु-पूजन।

गृह-बलि—स्त्री० [मध्य० स०] घर में ही नित्य दी जानेवाली बलि। वैश्व-देव।

गृह-भूमि—स्त्री० [ष० त० या मध्य० स०] वह भूमि जिस पर मकान बना हो या जो मकान बनाने के लिए उपयुक्त हो। (कृषि भूमि से भिन्न)

गृह-भेद—पुं० [ष० त०] घर के लोगों का आपस में लड़-झगड़कर एक दूसरे से अलग होना।

गृह-भेदी—(हिन्)—वि० [सं० गृह√भिद् (फाड़ना)+णिनि, उप० स०] घर के लोगों में आपस में लड़ाई-झगड़ा करानेवाला।

गृह-मंत्रालय—पु० [ष० त०] १. वह मंत्रालय जिसमें किसी राज्य या राष्ट्र के गृह-संबंधी कार्यों की देख-भाल करनेवाले लोग काम करते हैं। गृहमंत्री का कार्यालय। (होममिनिस्ट्री) २ उक्त मंत्रालय का अधिकारी वर्ग।

गृह-मंत्री (न्त्रिन्)—पु० [ष० त०] राज्य या राष्ट्र के भीतरी मामलों (तथा शांति, रक्षा आदि) की व्यवस्था करनेवाला मंत्री। (होम मिनिस्टर)

गृह-मणि—पु० [ष० त०] दीपक। दीया।

गृह-मार्जिका—स्त्री० [स० गृह√मृज् (छिपकर रहना)+ण्वुल्—अक+टाप्, इत्व, उप० स०] चमगादड़।

गृह-मृग—पुं० [स० त०] कुत्ता।

गृह-मेध—पुं० [ष० त०] पंच महायज्ञ।

गृह-मेधी (धिन्)—पुं० [स० गृहमेध+इनि] १. गृह-मेध करनेवाला। २. गृहस्थ।

गृह-युद्ध—पु० [स० त०] १. घर में ही आपस के लोगों में होनेवाला लड़ाई-झगड़ा। २. किसी एक ही राज्य या राष्ट्र के विभिन्न प्रदेशों के निवासियों या राजनीतिक दलों का आपस में होनेवाला युद्ध। (सिविल वार)

गृह-रक्षक—पु० [ष० त०] १. एक प्रकार का अर्द्ध सैनिक संघटन जो स्वतंत्र भारत में स्थानिक शांति और सुरक्षा के उद्देश्य से बनाया गया है। २. इस संघटन का कोई अधिकारी या सदस्य। (होमगार्ड)

गृह-लक्ष्मी—स्त्री० [ष० त०] घर की स्वामिनी, सती और सुशीला स्त्री।

गृह-वाटिका—स्त्री० [मध्य० स०] घर में ही लगाया हुआ छोटा बाग।

गृह-वासी (सिन्)—वि० [स० गृह√वस् (बसना)+णिनि, उप० स०] घर बनाकर उसमें रहनेवाला।
पुं० गृहस्थ।

गृह-वित्त—पु० [ब० स०] गृह-स्वामी।

गृह-सचिव—पु० [ष० त०] गृह-मंत्रालय का प्रधान शासनिक अधिकारी। (होम सेक्रेटरी)

गृह-सज्जा—स्त्री० [ष० त०] घर की सजावट और उसकी सामग्री।

गृहस्त†—पु०=गृहस्थ।

गृहस्थ—पु० [स० गृह√स्था (ठहरना)+क] १. वह जो घर-बार बनाकर उसमें अपने परिवार और बाल-बच्चों के साथ रहता हो। पत्नी और बाल-बच्चोंवाला आदमी। घरबारी। २ हिंदू धर्म-शास्त्रों के अनुसार वह जो ब्रह्मचर्य का पालन समाप्त करके और विवाह करके दूसरे आश्रम में प्रविष्ट हुआ हो। ज्येष्ठाश्रमी। ३. खेती-बारी आदि से जीविका चलानेवाला व्यक्ति। ४ जुलाहा।

गृहस्थाश्रम—पु० [स० गृहस्थ-आश्रम, ष० त०] हिन्दू धर्मशास्त्रों के अनुसार चार आश्रमों में से दूसरा आश्रम जिसमें लोग ब्रह्मचर्य के उपरान्त विवाह करके प्रवेश करते थे और स्त्री-पुत्र आदि के साथ रहते और उनका पालन करते थे।

गृहस्थाश्रमी (मिन्)—पु० [स० गृहस्थाश्रम+इनि] गृहस्थाश्रम में रहनेवाला व्यक्ति।

गृहस्थी—स्त्री०[स०गृहस्थ+ङीष् ई० (प्रत्य०)] १ प्रत्येक व्यक्ति की दृष्टि से उसका घर, परिवार के सब लोग और उसमें रहनेवाली जीवन-निर्वाह की सब सामग्री। घर-बार और बाल-बच्चे। २. घर का सब सामान। माल-असबाब। जैसे—इतनी बड़ी गृहस्थी उठाकर कहीं ले जाना सहज नहीं है। ३. खेती-बारी और उससे संबंध रखनेवाले काम-धंधे। ४. गृहस्थाश्रम। ५ खेती-बारी।

गृह-स्वामी (मिन्)—पु० [ष० त०] [स्त्री० गृह-स्वामिनी] घर का मालिक जो गृहस्थी के सब लोगों का पालन-पोषण और देख-रेख करता हो।

गृहाक्ष—पु० [स० गृह-अक्षि, ष० त० टच् प्रत्य०] घर में बनी हुई खिड़की या झरोखा।

गृहागत—भू० कृ०[सं० गृह-आगत, द्वि० त०] घर में आया हुआ।
पु० अतिथि। मेहमान।

गृहाराम—पुं० [सं० गृह-आराम, मध्य० स०] घर के चारों ओर या सामने लगाया हुआ बाग।

गृहाश्रम—पु० [सं० गृह-आश्रम, कर्म० स०] =गृहस्थाश्रम।

गृहाश्रमी (मिन्)—पु० [स० गृहाश्रम+इनि] =गृहस्थाश्रमी।

गृहासक्त—वि० [गृह-आसक्त, स० त०] १. घर में दूर रहने या होने के कारण जो चिंतित तथा दुःखी हो। (होम सिक) २. हर दम जिसे घर-गृहस्थी, बाल-बच्चों आदि की चिंता लगी रहती हो।

गृहिणी—स्त्री० [सं० गृह+इनि—ङीप्] १. घर की मालकिन जो गृहस्थी के सब कामों की देख-रेख करती हो। २. जोरू। पत्नी। भार्या।

गृही (हिन्)—पुं० [सं० गृह+इनि] [स्त्री० गृहिणी] १. गृहस्थ। गृह-

स्थाश्रमी। २. दर्शनों आदि के लिए तीर्थ में आया हुआ व्यक्ति। (पंडे और मङ्डार)

गृहीत—भू० कृ० [स०√ग्रह् (पकड़ना)+क्त] [स्त्री० गृहीता] १ जो ग्रहण या प्राप्त किया गया हो। २. लिया, पकड़ा या रखा हुआ। ३ जिसने कोई चीज धारण की हो। जैसे—गृहीतगर्भा (गर्भवती स्त्री)। ४ जिस पर किसी उग्र मनोविकार का प्रभाव पड़ा हो। जैसे—गर्व-गृहीत। ५. जाना या समझा हुआ।

गृहीतार्थ—वि० [सं० गृहीत-अर्थ, ब० स०] जिसने अर्थ समझ लिया हो। पुं० किसी पद या वाक्य का गृहीत या प्रचलित अर्थ।

गृहोद्यान—पुं० [स० गृह-उद्यान, मध्य० स०] बहुत बड़े मकान या महल के सामने या अगल-बगल का बगीचा।

गृहोपकरण—पुं० [स० गृह-उपकरण, ष० त०] घर-गृहस्थी के सब सामान।

गृह्य—वि० [स० गृह+यत्] १. घर या घर-बार से संबंध रखनेवाला। घर का। २ घर में किया जाने या होनेवाला। जैसे—गृह्य-कर्म।

पुं० १. घर में रहनेवाली अग्नि या आग। २ दीपक। दीआ। उदा० —देखौ पतंग गृह्य मन रीझा। —जायसी।

वि० [सं०√ग्रह् (पकड़ना)+क्यप्] १. ग्रहण किये जाने के योग्य। जिसे ग्रहण कर सके। २. पकड़कर घर में रखा या पाला हुआ। पालतू।

गृह्यक—वि० [स० गृह्य+कन्] १. जिसने घर में आकर आश्रय लिया हो। आश्रित। २. जो घर में रखकर पाला-पोसा गया हो।

गृह्य-कर्म (र्मन्)—पुं० [कर्म० स०] हिन्दू धर्मशास्त्रों के अनुसार वे सब कर्म जो प्रत्येक गृहस्थ के लिए आवश्यक कर्तव्य के रूप में बतलाये गये हैं। जैसे—अग्निहोत्र, बलि, १६ संस्कार आदि।

गृह्य-सूत्र—पुं० [ष० त०] वे विशिष्ट वैदिक ग्रंथ जिनमें सब प्रकार के गृह्य-कर्मों, संस्कारों आदि के विधान बतलाये गये हैं। जैसे—आश्वलायन, कात्यायन अथवा गोभिलीय गृह्य-सूत्र।

गेंगटा—पुं० [स० कर्कट] केकड़ा।

गेंठी—स्त्री० [स० गुष्टि, प्रा० गिट्ठि, गेट्ठि] वाराही कंद।

गेंड़—पुं० [स० गोष्ठ] १. डंठलों, पत्तियों आदि से बनाया हुआ वह घेरा जिसमें खेतिहर अपना अनाज रखते हैं। २. घेरा। मंडल। ३. ऊख के ऊपर के पत्ते। अगौरा। ४ दे० 'गेड़'।

गेंड़ना—स० [हिं० गेंड़] १ खेतों की सीमा निर्धारित करने के लिए उनके चारों ओर मेड़ बनाना। २ बाड़ आदि लगाकर चारों ओर से घेरना। ३. अन्न रखने के लिए गेंड़ या घेरा बनाना। ४ लकड़ी के टुकड़े काटने के लिए कुल्हाड़ी से उनके चारों ओर छेद लगाना। ५. दे० 'गेंडना'।

गेंडली—स्त्री० [स० कुंडली] मंडलाकार घेरा। कुंडली। (साँपों आदि की)

गेंड़ा—पुं० [स० काड] १. ईख के ऊपर के पत्ते। अगौरी। २. ईख। गन्ना। ३. ईख के छोटे-छोटे टुकड़े। गँडेरी। ४. धातु के टुकड़े पीटने की पत्थर की निहाई।

†पुं० दे० 'गेंडा'।

गेंडु—पुं० [स०] कदूक। गेंद।

गेंडुआ†—पुं० [स० गेंदुक गेंद] १. बड़ा गेंद। २. सिर के नीचे रखने का गोल तकिया।

गेंडुक—पुं० [सं० गेंदुक, पुषो० सिद्धि] कंदुक। गेंद।

गेंडुरी—स्त्री० [सं० कुंडली] १. कपड़े या रस्सी का बना हुआ वह गोल मेड़वा जिस पर घड़ा रखते हैं अथवा जिसे बोझ उठाने के समय सिर पर रखते हैं। इँडुरी। २ कुंडली या फेंटा (साँपों आदि का)।

गेंडुली†—स्त्री० गेंडुरी।

गेंती—स्त्री० [?] १ एक प्रकार का छोटा वृक्ष। २ एक प्रकार की कुदाल।

गेंद—पुं० [स० पा० गेन्दुक, प्रा० गेन्दुआ. उ० गेण्ड, सिं० खेनुरो, प्रा० गेन्डु, चेण्ड, गु०, ने०, मरा० गेंद]१ बच्चों के खेलने के लिए कपड़े, चमड़े रबड़, लकड़ी आदि का बना हुआ एक प्रसिद्ध छोटा गोला। २. वह कलबूत जिस पर रखकर टोपियाँ, पगड़ियाँ आदि बनाई जाती थीं। काणिब। ३ तारों आदि का बना हुआ वह गोलाकार घेरा जिसके अन्दर रखकर दीआ जलाते थे।

गेंदई—वि० [हिं० गेंदा] १. गेंदे से संबंध रखनेवाला। गेंदे का। २. गेंदे के फूल के रंग का। पीला।

पुं० उक्त प्रकार का पीला रंग।

गेंदघर—पुं० [हिं० गेंद+घर] वह स्थान जहाँ लोग गेंद से तरह-तरह के खेल खेलते हैं।

गेंदतड़ी—स्त्री० [हिं० गेंद+तड़ी=चोट या मार] लड़कों का एक खेल जिसमें वे एक दूसरे को गेंद से मारते हैं।

गेंदबल्ला—पुं० [हिं० गेंद+बल्ला] १ गेंद और उस पर आघात करने का लकड़ी का बल्ला। २ गेंद, बल्ले तथा यष्टियों से खेला जानेवाला एक प्रसिद्ध खेल जिसमें स्याड्ह-स्याड्ह खिलाड़ियों की दो टोलियाँ होती हैं और एक दूसरी से अधिक दौड़ें बनाकर विजय प्राप्त करती हैं। (क्रिकेट)

गेंदबा†—पुं० १=गेंडुआ (तकिया)। २ =गेंद।

गेंदा—पुं [हिं० गेंद] १. एक प्रकार का छोटा पौधा जिसमें पीले, लाल, नारंगी आदि रंगों के फूल लगते हैं। २ उक्त पौधे के फूल जिनकी मालाएँ बनती हैं।

गेंदिया†—स्त्री० [हिं० गेंद+ईया (प्रत्य०)] फूलों को मालाओं के नीचे लटकनेवाला फूल-पत्ती आदि का गुच्छा।

गेंदुक*—पुं०[स०√गम् (जाना)+ड, ग-इदु कर्म० स०, गेदु+कन्] कन्दुक। गेंद।

गेंदुवा—पुं०=गेंडुआ।

गेंदौरा†—पुं० =गिंदौड़ा।

गेंवर†—पुं०[स० गज-वर] १. हाथी। २. बड़ा हाथी।

गे†—अव्य०[स० हे] संबोधन का चिह्न। (पूरब)

गेगम—स्त्री०[देश०] एक प्रकार का धारीदार या चारखानेदार कपड़ा। सीरिया।

गेगला—पुं० [?] १. मसूर की जाति का एक प्रकार का जंगली पौधा। २. छोटा बच्चा। ३. निबुद्धि या मूर्ख व्यक्ति।

गेगलापन—पुं० [हिं० गेगला] १. लड़कपन। २. मूर्खता।

गेज—पुं० [अ०] १. किसी चीज को नापने या मापने का कोई साधन। २. रेल की दोनों पटरियों के बीच का विस्तार जो साधारणतः ५६½ इंच होता है।

विशेष—मानक गेज ५६½ इंच ही माना जाता है, वैसे छोटे तथा बड़े गेजों की भी पटरियाँ होती हैं।

गेंदनिया†—पु० [देश०] गुलदुपहरिया (पौधा और फूल)।

गेटिस—पुं० [अं० गेटर] १. सैनिकों आदि के पहनने का कपड़े या चमड़े का वह आवरण जिससे पिंडलियाँ ढकी या बाँधी जाती हैं। २. कपड़े, रबर आदि का वह छोटा तस्मा या पतली पट्टी जिससे पहने हुए मोजे का ऊपरी भाग इसलिए कसा जाता है कि मोजा नीचे न गिरने पावे।

गेड़—स्त्री० [हिं० गेड़ना] गेड़ने की क्रिया या भाव। २. मंडलाकार बनाया हुआ गड्ढा या खींची हुई रेखा। ३. दे० 'गेंड़'।

गेड़ना—स० [स० गंड=चिह्न] १. किसी चीज को घेरने के लिए उसके चारों ओर गड्ढा, मेड़ या और किसी प्रकार की रेखा बनाना। २. किसी चीज के चारों ओर घूमना। परिक्रमा करना। ३. रहट चलाने के लिए उसका हत्था पकड़कर चारो ओर चक्कर लगाना। ४. दे० 'गेंड़ना'।

गेड़ी—स्त्री० [सं० गंड=चिह्न] १ गेड़ने की क्रिया या भाव। २. लड़कों का एक खेल जिसमें किसी मंडलाकार रेखा के बीच में लकड़ी का एक टुकड़ा रखकर और उस पर आघात करके उसे रेखा से बाहर निकालने का प्रयत्न किया जाता है। ३. उक्त खेल की वह लकड़ी जो मंडलाकार रेखा के बीच में रखी जाती है।

गेणा†—पुं० =गहना या आभूषण। (राज०) उदा०—गेणोती म्हरि माला दीवड़ी और चन्दन की कुटकी।—मीरां।

गेदा†—पुं० [?] चिड़िया का वह छोटा बच्चा जिसके पर अभी तक न निकले हों।

गेन†—पु० =गगन (आकाश)। उदा०—कोपि कन्ह धायो बली, जनु अग्नि बिच्छुटी गेन।—चन्दबरदाई।

गेनुर—स्त्री० दे० 'गोनर'।

गेबा—पुं० [देश०] करघे में, कपी की वे तीलियाँ जिनके बीच में से ताने के सूत आपस में उलझने से बचाने के लिए निकाले जाते हैं।

गेय—वि० [सं० √गै (गाना) +यत्] १. गाये जाने के योग्य। २. जो गाया जा सके। जैसे—गेय पद। ३. प्रशंसनीय। श्रेष्ठ।

गेरना†—स० [हिं० गिराना का पुराना रूप] १. (गले आदि में ऊपर से) डालना। उदा०—माला पै लाल गुलाल गुलाब सों गेरि गरे गजरा अलबेलौ।—पद्माकर। २. गिराना।

स० दे० 'गेडना'।

गेरवाँ†—पुं० दे० 'गेरांव।'

गेरांई†—स्त्री० =गेरांव।

गेरांव†—पु० [हिं० गर=गला] १. चौपायों के गले में बाँधी जानेवाली रस्सी। पगहा। २. उक्त रस्सी का वह मंडलाकार बंध जो चौपायों के गले में पड़ा रहता है।

†पुं० हिं० 'गाँव' का अनु०। जैसे—गाँव-गेरांव की चीज।

गेरुआ—वि० [हिं० गेरु+आ (प्रत्य०)] १. गेरु के रंग का। मटमैलापन लिये लाल रंग का। २. गेरु-मिट्टी के रंग से रंगा हुआ। गैरिक। जोगिया। भगवा।

पु० १. गेरु से तैयार किया हुआ रंग। जोगिया। (रँगने) २. गेरु के रंग का एक छोटा कीड़ा जो फसल की हानि करता है। ३. गेहूँ के पौधों का एक रोग जिससे उनकी पैदा बहुत कमजोर हो जाती है।

गेरुआ बाना—पु० [हिं०] त्यागियों, योगियों अथवा साधु-संन्यासियों का पहनावा जो गेरुए रंग का होता है।

गेरुई—स्त्री० [हिं० गेरु] फसल या पौधों को होनेवाला एक रोग जो प्रायः उनकी जड़ों में एक प्रकार के गेरुए रंग के कीड़े लगने से उत्पन्न होता है।

गेरुक—पुं०=गेरु।

गेरुआ†—पु० [?] जूड़ा या वेणी (स्त्रियों की)।

गेरू—पुं० [सं० गैरिक, पा० गेरुकम्, प्रा० गेरिअ, गैरुअ, प०, ब० गेरी, उ०, गु०, ने० गेरु, सि०, मरा० गेरू] एक प्रसिद्ध खनिज लाल मिट्टी जो प्रायः कपड़े, दीवारें आदि रँगने में और कभी-कभी दवाओं के काम आती है।

गेला†—वि० [हिं० गेया, या गया (बीता)?] [स्त्री० गेली] १. नासमझ। मूर्ख। २. गया-बीता। तुच्छ। हेय। उदा०—गेली दुनियाँ बावली ज्यां हूँ राम न भावे।—मीराँ।

गेली—स्त्री०[अं०] छापेखाने में धातु या लकड़ी की वह छिछली किल्ली जिस पर छापे के अक्षर जोड़ या बैठाकर रखे जाते हैं।

पद—गेली प्रूफ—इस प्रकार उक्त किल्ली में जोड़कर रखे हुए अक्षरों पर से छापा जानेवाला कागज जिस पर बैठाये हुए अक्षरों की भूलें ठीक की जाती है।

गेल्हा†—पु०[देश०] तेल रखने का चमड़े का बड़ा कुप्पा। (तेली)

गेवर—पु० [देश०] एक प्रकार का पेड़। गँगवा।

गेसू—पु० [फा०] बालों की लट। जुल्फ़।

गेह—पुं० [स० ग-ईह, ब० स०] १. रहने की जगह। २. घर। मकान।

गेहनी—स्त्री० [हिं० गेह] १. घर की मालिक स्त्री। गृह-स्वामिनी। गृहिणी। २. पत्नी। भार्या।

गेह-पति—पु० [ष० त०] घर का मालिक। गृहपति।

गेही (हिन्)—पुं० [सं०गेह+इनि] घर-बार बनाकर उसमें रहनेवाला व्यक्ति। गृहस्थ। उदा०—गेही संग्रह परिहरै, संग्रह करै विरक्त।—भगवत-रसिक।

गेहूँअन—पु० [हिं० गेहूँ] मटमैले रंग का एक प्रकार का बहुत जहरीला फनदार साँप।

गेहूँआ—वि० [हिं० गेहूँ] १. गेहूँ के रंग का। हलका बादामी। २. (शरीर का वर्ण) जो न बहुत गोरा हो और न बहुत साँवला।

गेहूँ—पुं०[स० गोधूम, पा० गोधूमो, प्रा० गहूअँ, गहुम, प० ग्यूँ, गु० घऊँ-ब० गोध, उ० गहुम्, मरा० गहूँ] १. एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी बालों में लगनेवाले दाने छोटे, लंबोतरे बीजों के रूप में होते हैं और जिनके आटे या चूर्ण से कचौरी, पूरी, रोटी आदि पकवान बनते हैं। २. उक्त पौधे के छोटे लंबोतरे दाने या बीज।

गेहे-सूर—पु० [सं० त०, सप्तमी का अलुक्] वह जो घर में ही बहादुरी दिखानेवाला हो, बाहरी लोगों के सामने कायर हो।

गेंडा†—पुं० [देश०] कुल्हाड़ी।

गैंडा—पुं० [सं० गण्डक, पा० गण्डको, प्रा० गण्डअ, गु० गंडो, मरा०, गेंडा] भैंसे के आकार का एक प्रसिद्ध शाकाहारी स्तनपायी जंगली पशु जिसके थूथने पर एक या दो सींग होते हैं। प्राचीन काल में इसके चमड़े से ढालें बनाई जाती थीं। (रेहाइनोसेरस)

गैती—स्त्री० [देश०] १. जमीन खोदने की कुदाल। २ एक पेड़ जिसकी लकड़ी का रंग लाल होता है।

गैद—पुं० [स० गवय] हाथी। उदा०—जिण वन भूल न जावता, गैद गिनल गिडराज।—कविराजा सूर्यमल।
†पु० =गेंद।

गै°—पु० [सं० गज, प्रा० गय] हाथी।

गैंगहण—वि० [अनु० गहगहाना] आकाश को गुंजानेवाला (शब्द)।
पुं० आकाश गुंजानेवाला शब्द। उदा०—हीद वीर हक गैंगहण।—प्रिथीराज।

गैति—स्त्री० [सं० गज=गय>गै+?] हाथियों का झुंड।
स्त्री० =गैती।

गैम—पु० [स० गमन] १. गमन करना। जाना। २. गैल। मार्ग। ३. कदम। पग। उदा०—कबहुँक ठाढे होत टेकि कर चल न सकै इक गैम।—सूर।
†पु०=गगन (आकाश)।
†पुं०=गयद (हाथी)। उदा०—कोऊ नहिं बरजै, जो इनको बनै मत्त जिमि गैम।—भारतेंदु।

गैया—पु० [हिं० गाय] छोटा और नाटा बैल।

गैरी°—वि० स्त्री० =गामिनी (गामी का स्त्री रूप)। जैसे—गज-गैनी।

गैफल—पुं० [?] जहाज के आगे की तरफ का एक छोटा पाल। (लश०)

गैफल बाँधना—पुं० [?] गैफल नामक पाल को चढ़ाने उतारने की रस्सी। (लश०)

गैब—पु० [अं०] १ वह लोक जो सामने दिखाई न देता हो। अदृश्य लोक। २ परोक्ष।

गैबत—स्त्री० [अं०] किसी के पीठ-पीछे की जानेवाली शिकायत। निन्दा। चुगली।

गैबदाँ—वि० [अ०] [भाव० गैबदानी] ऐसी बातों का जाननेवाला जो प्रत्यक्ष और अनुमान द्वारा न जानी जा सकें। परोक्ष की बातों का ज्ञाता।

गैबर°—पुं० [देश०] लकलक की जाति की एक चिड़िया जिसके डैने और पीठ सफेद, दुम काली तथा चोंच और पैर लाल होते है।
°पु० [सं० गजवर] बड़ा हाथी।

गैबी—वि० [अ० गैब] १. गैब या परोक्ष से सम्बन्ध रखनेवाला। गैब का। २. छिपा हुआ। गुप्त। ३ किसी अज्ञात देश या स्थान से आया हुआ। ४. बिलकुल नया और अपरिचित।

गैमर°—पु० [सं० गजवर] हाथी। बड़ा हाथी।
वि० [हिं० गैया] गौ की तरह सीधे स्वभाववाला। उदा०—मन मतंग गैमर हने मनसा भई मिचान।—कबीर।
स्त्री० दे० 'नीलगाय'।

गैया—स्त्री० [सं० गो] गाय। गौ।

गैर—वि० [अ०] १ प्रस्तुत से भिन्न। कुछ और या कोई और। जैसे—गैर मौक्सी मौक्सी से भिन्न। २ अन्य। दूसरा। ३. जिसके साथ आत्मीयता का संबंध न हो। जैसे—गैर आदमी, गैरमर्द। ४. दूसरे या दूसरों से संबंध रखनेवाला। जैसे—गैर इलाके या गैर मुल्क का।
मुहा०—गैर करना (क) गैरों या परायों का-सा व्यवहार करना। (ख) वैर-विरोध या शत्रुता करना।
५. कथित से भिन्न होने के कारण हीं विपरीत या विरुद्ध। जैसे—गैर जरूरी, गैर मुमकिन, गैर वाजिब, गैर हाजिर आदि।
पु० दे० 'गैयर'।
†स्त्री १ दे० 'गैल'। २. दे० 'चर'।

गैर-आबाद—वि० [अ०+फा०] १. (प्रदेश) जिसमें मनुष्यों की बस्ती न हो। २ (भूमि) जो जोती बोई न गई हो या न जाती हो।

गैर-इंसाफी—स्त्री० [अ०] अन्याय।

गै-रखी—स्त्री० [हिं० गै=गला+रखी] सुनारों की बोली में, हँसुली।

गैर-जबरी—वि० [अ०] अनावश्यक।

गैर-जिम्मेदार—वि० [अ०+फा०] [भाव० गैर-जिम्मेदारी] १. जो जिम्मेदार या जवाबदेह न हो। २. जो अपनी जिम्मेदारी या उत्तर-दायित्व न समझता हो। अनुत्तरदायी।

गैरत—स्त्री० [अ०] मन में होनेवाली अपने ही संबंध में वह खेदजनक भावना जो कोई अनुचित या अशोभन काम करने पर उत्पन्न होती है या होनी चाहिए। लज्जा। शर्म।

गैरतदार—वि० [अ०+फा०] लज्जाशील।

गैरतमंद—वि० =गैरतदार।

गैर-दखीलकार—पु० [अ०+फा०] वह असामी (या खेतिहर) जिसे दखील-कारीवाले अधिकार प्राप्त न हों। (नान्-ऑक्युपेन्सी टेनेन्ट)

गैर-मजरूआ—वि० [अ०] (भूमि) जो जोती-बोई न गई हो या न जाती हो।

गैर-मनकूला—वि० [अ०] (पदार्थ या सम्पत्ति) जिसे एक स्थान से उठाकर दूसरे स्थान पर न ले जाया जा सके। अचल। स्थावर।

गैर-मामूली—वि० [अ०] १. नित्य के नियम से भिन्न। २. असाधारण।

गैर-मिसिल—वि० [अ०] १ जो मिसिल में न हो, बल्कि उसके बाहर हो। २. किसी दूसरे वर्ग या विभाग का। ३. अनुचित। ४. जो उपयुक्त अवसर पर न हो। बे-मौके। ५. अशिष्टतापूर्ण या अश्लील। (परिहास, व्यंग्य आदि के संबंध में प्रयुक्त) जैसे—गैरमिसिल दिल्लगी।

गैर-मुनासिब—वि० [अ०] जो मुनासिब अर्थात् उचित न हो। अनुचित।

गैर-मुमकिन—वि० [अ०] जो मुमकिन अर्थात् संभव न हो। असंभव।

गैर-मुल्की—वि० [अ०] १ गैर या दूसरे देश का। विदेशी। २. दूसरे राज्यों या राष्ट्रों से संबंध रखनेवाला। पर-राष्ट्रीय।

गैर-रस्मी—वि० [अ०+फा०] (कार्य या व्यवहार) जो परंपरा, रीति आदि के अनुसार न किया गया हो।

गैर-वसली—स्त्री० [अ०] कच्चे मकानों की छत छाने की वह प्रणाली जिसमें बाँस की पतली कमाचियों को दृढ़तापूर्वक केवल बुन देते हैं और उन्हें रस्सियों से नहीं बाँधते।

गैर-वसूल—वि० [अ०] [भाव० गैर-वसूली] जो वसूल या प्राप्त न हुआ हो, अभी वसूल होने को बाकी हो।

गैर-वाजिब—वि० [अ०] अनुचित। नामुनासिब।

गैर-सरकारी—वि० [अ०] १. जो सरकारी या राजकीय न हो बल्कि,

उससे भिन्न हो। अराजकीय। २. जिसके लिए सरकार उत्तरदायी न हो। (वक्तव्य आदि)

गैर-हाजिर—वि० [अ०] जो हाजिर या उपस्थित न हो। अनुपस्थित।

गैर-हाजिरी—स्त्री० [अ०] हाजिर या उपस्थित न होने की अवस्था या भाव। अनुपस्थिति।

गैरिक—पुं० [सं० गिरि+ठञ्—इक] १. गेरू। २. सोना। स्वर्ण।

वि० १. गेरू के रंग में रंगा हुआ। २. गेरू के रंग का।

गैरियत—स्त्री० [अ०] गैर (परावा या भिन्न) होने की अवस्था या भाव।

गैरी—स्त्री० [सं०] लांगलिका वृक्ष। विषलांगला।

वि० [?] १. कड़ा-करकट भरकर खाद बनाने का गड्ढा। २. खेत से काटकर लाए हुए डंठलों आदि का ढेर। खरही।

गैरीयत—स्त्री० =गैरियत।

गैरेय—पु० [सं० गिरि+ढक्—एय] शिलाजीत।

गैल—स्त्री० [हिं० गली] १. मार्ग। रास्ता। २ गली।

मुहा०—(किसी को) गैल करना=रास्ते में जाने के लिए किसी को साथ कर देना। (किसी की) गैल जाना=(क) किसी के बतलाये हुए रास्ते पर जाना। अनुकरण या अनुसरण करना। (ख) कोई ऐसा काम करना जिससे किसी का सामना हो या विरोध करना पड़े। (किसी को) गैल बताना=दे० 'रास्ता' के अंतर्गत मुहा०—'(रास्ता बताना'। (किसी को) गैल लेना=रास्ते में चलने के लिए किसी व्यक्ति को अपने साथ लेना।

गैलड़—पु० [अ० गैर+हिं० लड़का] वह लड़का जिसे उसकी माँ अपने साथ लेकर दूसरे पति या यार के यहाँ चली आई हो।

गैलन—पु० [अ०] तरल पदार्थ मापने का एक अँगरेजी मान जो तीन सेर के लगभग होता है।

गैलरी—स्त्री० [अं०] १. सीढ़ियों की तरह ऊपर-नीचे बनी हुई कोई ऐसी रचना जिस पर बहुत-से लोग बैठने या चीजें रखी जाती हों। २. उक्त कार्यों के लिए ऊपर के खंड में बनी हुई कोई समतल रचना।

गैला—पु० [हिं० गैल] १. गाड़ी के पहियों की लीक। २. बैलगाड़ियों आदि के चलने का रास्ता। ३. गैल या रास्ते में चलनेवाला। बटोही। राही। उदा०—गैल चलत गैला हूँ मारे घामल पड़े गरियाले में।—ग्राम्य-गीत।

†वि० [हिं० गया] [स्त्री० गैली] गया-बीता। उदा०—गैली दीखे मीरां बावली, सुपना आल जँजाल।—मीरां।

गैलारा—पु०=गैला।

गैस—स्त्री० [अं०] १. किसी पदार्थ (या द्रव्य) का प्राकृतिक अथवा रासायनिक क्रिया से बना हुआ वह वायुवत् रूप जो अत्यंत प्रसरणशील होता है। २. वह दवा जिसे जलाकर रोशनी की जाती है तथा चीजें गरम की जाती हैं। ३. बड़ी लालटेन की तरह का वह उपकरण जिसमें गैस जलाकर रोशनी उत्पन्न की जाती है। ४. पाखाने आदि में से निकलनेवाली तीव्र गंधयुक्त वायु।

गैस-बत्ती—पुं० [अ०+हिं०] गैस के आग्नान के मुँह पर लगा हुआ वह उपकरण जो गैस बाहर निकलने पर उसका मान या माप बतलाता है। (गैसोमीटर)

गैला†—वि० [?] [स्त्री० गैली]=गहरा। उदा०—सुनहु सूर तुम्हरे छिन छिन मति बड़ी पेट की गैली हौ।—सूर।

गोंहठा†—पु० [सं० गो-विष्ठा] १. गाय के गोबर का सूखा हुआ उपला या चिप्पड़। गोहरा। २. उपला। गोहरा।

गोंइड़—पुं० [हिं० गाँव+मेड़] १. गाँव की सीमा। २ उक्त सीमा के आस-पास का क्षेत्र या भूमि।

गोंइयाँ†—उभय० =गोइयाँ।

गोंई†—स्त्री० [हिं० गोहन] बैलों की जोड़ी।

गोंच†—स्त्री० [सं० गोचंदना] जोंक।

गोंछ—स्त्री० [हिं० गलमोछ] १. गलमुच्छा। २. बहुत बड़ी मूँछ।

गोंजना—स० [?] १. जड़ी तरह से मिला-जुलाकर खराब या गंदा करना। २. घँघोलना। ३. खोंसना।

गोंजिया†—स्त्री०=गोंजी।

गोंटा—पुं० [?] एक प्रकार का छोटा पेड़।

†पुं० दे० 'गोटा'।

गोंठ—स्त्री० [सं० गोष्ठ] धोती की वह लपेट जो कमर पर रहती है। मुरी।

गोंठना—स० [सं० कुंठन] [अस्त्र आदि की] धार या नोक कुंठित या भोथरी करना।

स० [सं० गोष्ठ] १. चारों ओर रेखा या लकीर बनाकर घेरना। २. पकवान के अंदर मसाले, मेवे आदि भरकर उनका मुँह इस प्रकार मोड़ कर बंद करना कि वे मसाले या मेवे बाहर न गिरने पावें।

गोंठनी—स्त्री० [हिं० गोंठना] लोहे, पीतल का एक छोटा औजार जिससे पकवानों का मुँह गोंठते या मोड़कर बंद करते हैं।

गोंड़—पुं० [सं० गोण्ड] १. एक असभ्य जंगली जाति जो प्रायः गोंडवाना प्रदेश (मध्य भारत) में रहती थी और अब चारों ओर फैल गई है। २. उक्त जाति का कोई व्यक्ति। ३. वर्षाऋतु में गाया जानेवाला एक राग।

†पु० [सं० गोरण] १. नाभि के ऊपर का निकला हुआ मांस-पिंड। २ वह व्यक्ति जिसका उक्त मांस-पिंड असाधारण रूप से बड़ा या मोटा हो।

पुं० [सं० गोष्ठ] १. गायों के रहने का स्थान। २ लंगर के ऊपर का गोलाकार भाग।

गोंडरा—पुं० [सं० कुंडल] [स्त्री० गोंडरी] १. चरसे या मोट के ऊपर का काठ का घेरा। मेंडरा। २. गोल आकार की कोई वस्तु। मेंड़रा। ३. गोल घेरा। ४. चारों ओर खींची हुई मंडलाकार रेखा या लकीर।

गोंडरी—स्त्री० [सं० कुंडली] १. कुंडल की तरह की कोई गोलाकार रचना या वस्तु। २. दे० 'डुंडुरी'।

स्त्री० [हिं० गोंड़] गोंडवाने की बोली। गोंड़वानी।

गोंडला†—पु०=गोंडरा।

गोंडवाना—पुं० [हिं० गोंड] मध्यभारत का वह प्रदेश जिसमें मूलतः गोंड़ जाति के लोग रहते थे।

गोंडवाली—स्त्री० [हिं० गोंडवाना] गोंड़वाना प्रदेश की बोली।

वि० गोंडवाने का।

गोंड़ा—पुं० [सं० गोष्ठ] १. घेरा हुआ स्थान। बाड़ा। २. गाँव या ऐसी ही कोई छोटी बस्ती। ३. किसी एक किसान के वे सब खेत या उनका घेरा

जो एक ही स्थान पर एक दूसरे से सटे हुए हों। ४. घर के बीच का आँगन। ५. विवाह के समय की परछन नामक रीति।

मुहा०—गोंडा सीजना=दरवाजे पर बरात आने के समय कन्या-पक्ष से कुछ धन निछावर करके बाँटना या लुटाना।

† पुं० [?] साल के जंगलो मे होनेवाली एक प्रकार की लता।

गोंड़ी—स्त्री० [हिं० गोड़] गोंडवाना प्रदेश में बोली जानेवाली गोंड़ जाति की बोली। गोड़वानी।

गोंद—पुं० [स० कुंदुरु वा हिं० गूदा] १. कुछ विशिष्ट पौधों तथा वृक्षों में से निकलनेवाला चिपचिपा या लसीला तरल निर्यास जो जमकर डलों या दानो के रूप मे हो जाता है। २. उक्त निर्यास को पानी में घोलकर तैयार किया हुआ वह रूप जिससे कागज आदि चिपकाये जाते हैं।

स्त्री० दे० 'गोदी'।

गोंददानी—स्त्री० [हिं० गोंद+फा० दान] वह पात्र जिसमें गोंद भिगोकर रखा रहे।

गोंदनी†—स्त्री० दे० 'गोदी'।

गोंदपँजीरी—स्त्री० [हिं० गोंद+पँजीरी] वह पँजीरी जिसमें गोंद भी मिलाया गया हो।

गोंदपाग—पुं० [हिं० गोंद+पाग] गोंद और चीनी के मेल से बनी हुई एक प्रकार की मिठाई। पपडी।

गोंदरा†—पु० [स० गुद्रा=एक घास] १. गोनरा नामक घास। २. नरम घास या पयाल का बना हुआ एक प्रकार का छोटा आसन।

गोंदरी—स्त्री० [स० गुद्रा] १. एक प्रकार की मुलायम लंबी घास जो पानी में होती है। गोनी। २. उक्त घास की बनी हुई चटाई।

गोंदला—पु० [स० गुद्रा] १. नागरमोथा नामक घास की एक जाति। २. गोनरा या गोनी नामक घास।

गोंदा—पुं० [हिं० गूँधना] १. बुलबुलो को खिलाई जानेवाली गूँधे हुए भूने चने के बेसन की छोटी-छोटी गोलियाँ।

मुहा०—गोंदा दिखाना=(क) बुलबुलों को लड़ाने के लिए उनके आगे गोंदा फेंकना। (ख) दो पक्षों मे लड़ाई लगाना।

२ गीली मिट्टी के वे पिंड जो कच्ची दीवारे बनाने के समय एक पर एक रखे जाते हैं। गारा। उदा०—उसको मिट्टी के गोंदों की ऊँचाई देकर फूस से ढक दिया।—वृन्दावनलाल वर्मा।

गोंदी†—स्त्री० [स० गुन्द्रा] एक प्रकार की घास जिसके डठलो से चटाइयाँ बनती है। गोदरी।

गोंदीला—वि० [हिं० गोंद+ईला (प्रत्य०)] [स्त्री० गोदीली] १. (वृक्ष) जिसमे से गोंद निकलती हो। २. जिसमें गोंद लगी हो। गोंद से युक्त।

गोंवडा—पु० [हिं० गाँव] गाँव के आस-पास के खेत।

गो—स्त्री० [स०√गम् (जाना)+डो] १. गाय। गौ। २. वृष राशि। ३. वृषभ नामक ओषधि। ४. इद्रिय। ५. वाणी। ६. सरस्वती। ७. जिह्वा। जीभ। ८ प्रकाश या उसकी किरण। उदा०—ध्वांत ठौर तजि गो दिसि जाही। —जायसी। ९. देखने की शक्ति। दृष्टि। १०. बिजली। ११. पृथ्वी। १२. दिशा। १३. जननी। माता। १४. दूध देनेवाले पशु। जैसे—बकरी, भैंस आदि।

पु० [स०] १. बैल। २ शिव का नदी नामक गण। ३. घोड़ा। ४. चद्रमा। ५. शिव। ६. आकाश। ७. स्वर्ग। ८. तीर। बाण। ९. वह जो किसी की प्रशंसा करता या यश गाता हो। १०. गवैया। गायक। ११ जल। पानी। १२ वज्र। १३ शरीर के रोएँ। रोम। १४. शब्द। १५ नौ की सख्या।

अव्य० [?] संख्यावाचक विशेषणों के साथ प्रयुक्त होनेवाला एक अव्यय जो गिनती पर जोर देने के लिए 'ठो' की तरह आता है। (पूरब) जैसे—चार गो कपडा।

स्त्री० [फा०] गाय। गौ।

पद—गो-कुशी (देखें)।

अव्य० [फा०] यद्यपि।

पद—गो कि=यद्यपि।

वि० [फा०] १. कहने या बोलनेवाला। जैसे—दरोग-गो=झूठ बोलनेवाला। २. बतलाने, समझाने या व्याख्या करनेवाला। जैसे—कानूनगो=नियम या विधान बतलानेवाला।

अ० भूतकालिक 'गया' क्रिया का स्थानिक रूप।

प्रत्य० हिं० 'गा' प्रत्यय का स्थानिक रूप। (व्रज०)

गोअर†—वि० दे० 'गँवार'। उदा०—सखि हे बुझल कान्ह गोअर। —विद्यापति।

†पु०=ग्वाल।

गोइँजी†—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली जिसका मुँह और सिर देखने में बहुत कुछ एक जैसा लगता है।

गोइँठा—पुं० [सं० गो+विष्ठा] उपला। गोहरा। कडा।

गोइँठौरा—पुं० [हिं० गोइँठा+औरा (प्रत्य०)] व्यक्ति जो उपले या गोहरे बनाता तथा बेचता हो।

गोइँड़(ा)†—पु० [स० गोष्ठ=ग्राम] १. गाँव की सीमा। २. गाँव की सीमा के पास की जमीन। ३. किसी स्थान के आस-पास का प्रदेश।

गोइंदा—पु० [फा० गोयन्द.] गुप्त रूप से समाचार एकत्र करके किसी के पास पहुँचानेवाला व्यक्ति। गुप्तचर। जासूस। भेदिया।

गोइ*—पु० [?] गेंद।

गोइयाँ—उभय० [हिं० गोहनियाँ] बराबर साथ में रहनेवाला संगी या साथी।

गोइयार—पुं० [देश०] खाकी रग का एक प्रकार का पक्षी।

गोई—स्त्री० [फा०] १. कहने की क्रिया या भाव। २ वह जो कुछ कहा जाय। कथन। उक्ति।

स्त्री०=गोइयाँ।

स्त्री० [?] १. रूई की पूनी। २. बैलों की जोड़ी।

गोऊ†—वि० [हिं० गोना+ऊ (प्रत्य०)] १. कोई चीज या बात किसी से छिपानेवाला। २. छीनने या हरण करनेवाला।

गो-कंटक—पुं० [ष० त०] गोक्षुर। गोखरू।

गो-कन्या—स्त्री० [ष० त०] कामधेनु।

गो-कर—पुं० [ब० स०] सूर्य।

गो-कर्ण—वि० [ब० स०] जिसके कान गऊ के कानों की तरह लंबे हों।

पुं० [ष० त०] १. गौ के कान। २. [ब० स०] खच्चर, जिसके कान गौ के कानों की तरह लंबे होते हैं। ३. एक तरह का हिरन। ४. एक तरह का तीर या बाण। ५. एक प्रकार का साँप जिसके कान की तरह के अंग होते हैं। ६. दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध शैव तीर्थ। ७. उक्त

तीर्थ में स्थापित शिव की मूर्ति। ८. शिव के एक गण का नाम। ९. नाप के लिए, बिता। बालिश्त। १०. नृत्य में हाथ की एक प्रकार की मुद्रा।

गोकर्णी—स्त्री० [सं० गोकर्ण+ङीप्] मूर्वा या मुरहरी नाम की लता। वि० जिसका आकार या रूप गौ के कान की तरह समकोणिक त्रिभुज की तरह का हो।

गोका—स्त्री० [सं० गो+कन्–टाप्] १ छोटी गाय। २. नील गाय। †वि० [हिं० गौ+का] गाय का। जैसे—गौ का दूध। (पश्चिम)

गोकिरादी—स्त्री० [सं० गोकिरा=वाणी√अद् (गति)+अच्–ङीप्] सारिका (पक्षी)।

गो-कील—पुं० [ष० त०] १. हल। २. मूसल।

गो-कुंजर—पुं० [स० त०] १. खूब मोटा-ताजा और बलिष्ठ बैल या साँड़। २. शिव का एक गण।

गोकुंभ—स्त्री० [देश०] दक्षिण भारत की नदियों में पाई जानेवाली एक प्रकार की मछली।

गो-कुल—पु० [ष० त०] १ गौओं का झुंड। गो-समूह। २ गोशाला। ३. मथुरा के पास की वह बस्ती जहाँ नंद और यशोदा ने श्रीकृष्ण और बलराम को पाला था।

गोकुल-नाथ—पु० [ष० त०] श्रीकृष्ण।

गोकुल-पति—पु० [ष०त०] श्रीकृष्ण।

गोकुलस्थ—पु० [सं० गोकुल√स्था (ठहरना)+क] १. वल्लभी गोस्वामियों का एक भेद। २ तैलंग ब्राह्मणों का एक भेद।

गो-घाती—स्त्री० [फा०] गौ का मांस खाने के लिए किया जानेवाला गौ का वध। गो-हत्या। गौवध।

गो-घ्न—पु० [तृ० त०] गोबर।

गोकोश—पुं० [?] जोंक नामक कीड़ा।

गोकोस—पु० [सं०गो-क्रोश] १. उतनी दूरी जहाँ तक गाय के रँभाने का शब्द पहुँचता है। २. छोटा या हलका कोस।

गोक्ष—पु० [सं० गो-अक्ष, ष० त०?] गोकोष (जोंक)।

गो-क्षीर—पुं० [ष० त०] गौ का दूध।

गोक्षुर—पुं० [ष० त०] १. गौ का खुर। २. गोखरू नामक क्षुप और उसका फल।

गोख†—पु० [सं० गवाक्ष] झरोखा। (राज०) उदा०—ऊभी गोख अवेसियौ पेलां रौदल सेर।—कविराजा सूर्यमल्ल।

गोखग—पु० [स० गो और खग] पशु और पक्षी।

गोखरू—पुं० [सं० गोक्षुर] १. एक प्रकार का क्षुप जिसमें चने के बराबर कड़े और काँटेदार फल लगते हैं। २. उक्त क्षुप के फल जो दवा के काम आते हैं। ३. उक्त फलों के आकार के धातु के बने वे काँटेदार दाने जो मस्त हाथियों को वश में करने के लिए उनके रास्ते में बिछाये जाते हैं। ये दाने हाथी के पैरों में चुभकर उन्हें चलने या भागने नहीं देते। ४. गोटे और बादले से बनाया हुआ उक्त आकार का वह साज जो कपड़ों में शोभा के लिए टाँका जाता है। ५. शरीर के किसी अंग में काँटा गड़ने या कोई रोग होने के कारण बना हुआ कड़ा गोलाकार उभार। ६. पौधों की बाल। ७. हाथ में पहनने के कड़े के आकार का एक गहना। ८. कान में पहनने का एक प्रकार का गहना।

गोखा—पुं० [सं० गवाक्ष] झरोखा।

पुं० [सं० गो से] गौ या बैल का कच्चा चमड़ा।

गो-खुर—पुं० [ष० त०] १. गौ का पैर। २ जमीन पर पड़ा हुआ गौ के खुरों का निशान।

गोखुरा—पुं० [सं० गोक्षुर] साँप।

गोखा†—पुं० [देश०] [स्त्री० अल्पा० गोखी] छोटा काँटा। मेख।

गोगावीर—पुं० एक पीर जिसकी पूजा प्रायः छोटी जातियों के हिंदू और मुसलमान करते हैं। (पश्चिम)

गो-गृह—पुं० [ष० त०] गोशाला।

गो-ग्रंथि—स्त्री० [मध्य० स०] १ गोबर। २ [ब० स०] गोशाला। ३ [ष० त०] गोजिह्विका नामक ओषधि।

गो-ग्रास—पुं० [ष० त०] भोजन का वह थोड़ा-सा अंश जो खाने से पहले गौ को देने के उद्देश्य से निकालकर अलग रख दिया जाता है।

गोचरी—स्त्री० [देश०] गुजरात में होनेवाली एक प्रकार की कपास।

गो-घात—पुं० [स० गो√हन् (हिंसा)+अण्, उप० स०] १. दे० 'गोघातक'। २ [ष० त०] गोहत्या।

गो-घातक—पुं० [ष० त०] १. गौ की हत्या करनेवाला। २. कसाई।

गो-घाती (तिन्)—पुं० [स० गो√हन्+णिनि, उप० स०] =गोघातक।

गो-घृत—पुं० [ष० त०] गौ के दूध से तैयार किया हुआ घी।

गो-घोष—पुं० [सं० गो-घोष] गोशाला। उदा०—घर हट ताल भमर गोघोख।—पृथीराज।

गोघ्न—वि० [सं० गो√हन्+क] १. गौ को मारने या उसका वध करनेवाला।

पुं० अतिथि या मेहमान जिसके सत्कार के लिए किसी समय गौ का वध करने की प्रथा थी।

गो-चंदन—पु० [मध्य० स०] एक प्रकार का चंदन।

गोचंदना—स्त्री० [सं० गोचन्दन+अच्+टाप्] एक प्रकार की जहरीली जोंक।

गोचना†—पुं० [हिं० गेहूँ+चना] ऐसा गेहूँ जिसमें आधे के लगभग चना मिलाया गया हो।

†स० [?] गति में बाधक होना। रास्ता रोकना।

गोचनी—स्त्री०=गोचना (गेहूँ और चना)।

गो-चर—वि० [सं० गो√चर् (गति)+अच्, उप० स०] जिसका ज्ञान इंद्रियों द्वारा हो सके।

पु० १. वे सब चीजें या बातें जिनका ज्ञान इंद्रियों से होता अथवा हो सकता हो। उदा०—गो गोचर जहँ लगि मन जाई।—तुलसी। २. गौओं के चरने का स्थान। चरागाह। चरी। (पास्चर लैंड) ३. प्रदेश। प्रांत। ४. फलित ज्योतिष में वह गणना जो मनुष्य की जन्मपत्री के अभाव में उसके प्रसिद्ध नाम के आधार पर की जाती और वास्तविक से कुछ भिन्न तथा स्थूल होती है।

गोचर-भूमि—स्त्री० [कर्म० स०] गौओं के चरने के लिए छोड़ी हुई भूमि। चरागाह। चरी। (पास्चर-लैंड)

गोचरी—स्त्री० [सं० गोचर से] भिक्षावृत्ति।

†स्त्री०=गोचर-भूमि।

गोचर्म (र्मन्)—पुं० [ष० त०] १. गौ का चमड़ा। २. जमीन की एक

पुरानी नाप जो २१०० हाथ लंबी और इतनी ही चौड़ी होती थी। चरस। चरखा।

गो-चारक—पुं० [ष० त०] वह जो गौएँ चराने का काम करता हो।

गो-चारण—पु० [ष० त०] गौएँ-जैसे आदि चराने का काम।

गो-चारी (रिन्)—पुं० [स० गो√चर्+णिच्+णिनि, उप० स०]=गोचारक।

गोची—स्त्री० [सं० गो√अच् गति)+क्विप्+ङीष्, नलोप, अलोप] १. एक प्रकार की मछली। २. हिमालय की एक पत्नी का नाम।

गोज—वि० [स० गो√जन् (जन्म लेना)+ड, उप० स०] गौ से उत्पन्न, निकला या बना हुआ।

पुं० १. दूध से बना हुआ एक प्रकार का खाद्य पदार्थ। २. एक प्रकार के प्राचीन क्षत्रिय जो राज्याभिषेक के अधिकारी नहीं होते थे।

पुं० [फा०] १. अपानवायु। पाद। २. चिल्गोजा।

गोजई—स्त्री० [हिं० गेहूँ+जौ] ऐसा गेहूँ जिसमें आधे के लगभग जौ मिला हुआ हो।

गो-जर—पु० [स त०] बूढ़ा बैल या साँड।

पु० दे० 'कनखजूरा'।

गो-जल—पुं० [ष० त०] गो-मूत्र।

गोजा†—पु० [सं० गजाबन] छोटे पौधों का नया कल्ला।

†पु०=बड़ी गोजी (छड़ी या डंडा)।

गोजागरिक—पु०[सं० गो+स्वार्थ-जागर+सावधानी, स०त०, गोजागर+ठन्—इक] १. कँटियारी नाम का क्षुप। २. मुख और सौभाग्य।

गोजिया—स्त्री० [स० गोजिह्वा] बनगोभी नाम की घास।

गो-जिह्वा—स्त्री०[स० ष० त०]बनगोभी नामक घास जो औषध के काम आती है।

गोजी†—स्त्री० [स० गजाबन] १. पशुओं विशेषतः गौओं को हाँकने की लकड़ी। २. बड़ी और मोटी लाठी। ३. उक्त लाठियों से खेला जानेवाला वह खेल जिसमें लाठी चलाने और लाठी रोकने का अभ्यास किया जाता है।

गो-जीत—वि० [सं० गोजित्] जिसने इंद्रियों को जीत लिया हो। जितेंद्रिय।

गोज्जल—पु० [स०?] छोटे जलाशयों में रहनेवाली एक प्रकार की मछली।

गोजनपट†—स्त्री०[देश०] स्त्रियों की साड़ी के अंचल या पल्ले का उतना अंश जो पीठ और सिर पर रहता है।

गोजा—पु० [स० गुह्यक] [स्त्री० अल्पा० गोजिया, गुजिया] १. गुजिया नामक पकवान। २ जेब। खलीता। ३ जोंक। ४. दे० 'गुज्झा'।

गोट—स्त्री० [सं० गोष्ठ] चुनरी, धोती, लिहाफ आदि के किनारों पर सुन्दरता के लिए लगाई जानेवाली कपड़े की पट्टी। मगजी।

स्त्री० [सं० गोष्ठी] गोष्ठी।

स्त्री० [स० गुटक] गोटी। (दे०)

स्त्री० [स० गोष्ठ] गाँठ। गोशाला।

†पु० छोटा गाँव। खेड़ा।

गोट-बस्ती—स्त्री० [हिं० गोट+बस्ती] १. छोटा गाँव। २ छोटी बस्ती।

गोटा—पु० [हिं० गोट] १ रुपहले या सुनहले तारों की बनी हुई बड़ी पट्टी जो गोट के रूप में सिले हुए कपड़ों के किनारों पर टाँकी जाती है।

पद—गोटा-पट्टा। (देखें)

२ भुना हुआ धनिया अथवा उसके बीज। ३. भोजन के बाद खाने के लिए एक में मिलाये हुए इलायची, खरबूजे, सुपारी आदि के कतरे हुए छोटे-छोटे टुकड़े। ४. गरी या नारियल का गोला। ५. पेट के अन्दर का सूखा हुआ मल। कंडी।

†पु०=गोला। उदा०—(क) चदा गोटा टीका करि लै सूरा करि लै बाटी।—गोरखनाथ। (ख) औ घूटहिं तेंह ब्रज के गोटा।—जायसी।

†वि० १. पूरा। समूचा। सारा। २ कुल। सब। (पूरब)

गोटा-पट्टा—पु० [हिं० गोटा+पट्टा] गोटा और पट्टा नामक बादले की पट्टियाँ जो कपड़ों पर प्रायः साथ-साथ टाँकी जाती हैं।

गोटिया-चाल—स्त्री० [हिं० गोटी+चाल] वैसी ही दाँव-पेंच भरी चाल जैसी चौपड़, शतरंज आदि की गोट चलने में चली जाती है। गहरी और छिपी हुई चालबाजी।

गोटी—स्त्री० [स० गुटिका] १ ककड़, पत्थर इत्यादि का छोटा टुकड़ा जिससे लड़के कई तरह के खेल खेलते हैं। २ लकड़ी, हाथीदाँत आदि के बने हुए वे विशिष्ट आकार-प्रकार के टुकड़े जिनसे चौपड़, शतरंज आदि खेलते हैं। नरद। मोहरा। ३ कार्य सिद्ध होने का उपयुक्त अवसर। उदा०—मलरु कोटि जो पाइअ गोटी।—जायसी। ४. कार्य सिद्ध करने के लिए चली जानेवाली चाल या की जानेवाली युक्ति।

मुहा०—गोटी जमना या बैठना=चली हुई चाल या की हुई युक्ति का ठीक बैठना और कार्य सिद्ध होने का निश्चय या संभावना होना। **गोटी लाल होना**=युक्ति ठीक बैठने के कारण कार्य पूरी तरह से सिद्ध होना या पूरा लाभ होना।

५. एक प्रकार का खेल जो ९, १५, १८ या इससे अधिक गोटियों से भूमि पर एक दूसरी को काटती हुई कई आड़ी और सीधी रेखाएँ बनाकर खेला जाता है।

पद—गोटिया-चाल (देखें)।

गोठ—स्त्री० [स० गोष्ठ, पा०प्रा० गोट्ठ, बं०ने० उ० गोठ, सिं० गोठु, गु० गोठो, मरा० गोठा] १. गौएँ बाँधकर रखने का घेरा या स्थान। **गोशाला**। २ गोष्ठी नामक खाद्य। ३ नगर या बस्ती के बाहर किसी रमणीक स्थान में की जानेवाली वह सैर जिसमें लोग वहीं भोजन आदि बनाकर खाते और घूमते-फिरते हैं। (पिकनिक)

गोठा†—पु० [सं० गोष्ठी] परामर्श। सलाह।

गोठि—स्त्री० १. गोठ। २.=गोष्ठी।

गोठिल†—वि० [हिं० गूठना] १. जिसमें गुठले पड़े हों। गूदल। २. जिसकी धार या नोक मुड़कर बेकाम हो गई हो। कुंद। भोथरा।

गोड़—पुं० [सं० गम, गो] १. पाँव। पैर। (पूरब)

क्रि० प्र०—दबाना।

मुहा०—(किसी के) गोड़ पड़ना या लगना=चरण छूना। प्रणाम करना। **गोड़ भरना**=पैरों में आलता या महावर लगाना।

२. टाँग। ३. जहाज के लंगर का फाल जिसके सहारे वह जमीन पर टिकता या ठहरता है।

†पुं० [?] भड़भूँजों की एक जाति।

गोड़इत—पुं० [हिं० गोड़ई+ऐत (प्रत्य०)] १. मध्ययुग में चिट्ठियाँ

आदि ले जानेवाला हरकारा। २. आज-कल गाँव-देहातों में पहरा देने-वाला राजकीय चौकीदार।

गोड़ई—स्त्री० [हिं० गोड़ +पाई] करघे की वे लकड़ियाँ जो पाई करने में पाई के दोनों ओर खड़ी की जाती हैं। (जुलाहे)

†स्त्री०=गोड़ाई।

गोड़गाब—पुं० [हिं०गोंड=पैर +गाब] वह छोटी रस्सी जिसे गिरावँ की तरह बनाकर और पिछाड़ीवाली रस्सी के सिरों पर बाँधकर घोड़े के पिछले पैर में फँसाते हैं।

गोड़न—पुं० [देश०] वह प्रक्रिया जिससे ऐसी मिट्टी से भी नमक बनाया जा सकता है जो नोनी नहीं होती।

गोड़ना—स० [हिं० कोड़ना] फावड़े से अखाड़े, खेत आदि की मिट्टी इस प्रकार खोदना तथा उसे उलट-पलट करना कि वह पोली, भुरभुरी और मुलायम हो जाय।

गोड़ली—उभय० [कर्णाटी] वह जो संगीत विशेषतः नृत्य में पारंगत हो।

गोड़बाँस—पुं० [हिं० गोड़ =पैर+बाँस (प्रत्य०)] पैर विशेषतः पशुओं के पैर बाँधने की रस्सी।

गोड़वाना—स० [हिं० गोड़ना का प्रे०] दूसरे को खेत आदि गोड़ने में प्रवृत्त करना। गोड़ने का काम दूसरे से कराना।

गोड़-सेंकर†—पुं० [हिं० गोड़+सेंकर] पैरों में पहनने का एक प्रकार का गहना।

गोड़-सिहा†—वि० [हिं० गोड़ +सिहाना=ईर्ष्या करना] सिहाने अर्थात् डाह करनेवाला। ईर्ष्यालु।

गोड़-हुरा—पुं० [हिं० गोड़ +हुरा (प्रत्य०)] पैर में पहनने का कोई गहना। जैसे—कड़ा, पाजेब आदि।

गोड़ाँगी†—स्त्री० [हिं० गोड़+अंगी] १ पायजामा। २. जूता।

गोड़ा—पुं० [हिं० गोड =पैर] पैर और जाँघ के बीच का जोड़। घुटना। (पश्चिम)

मुहा०—गोड़े थकना =परिश्रम, वृद्धावस्था आदि के कारण बहुत शिथिल होना।

गोड़ा†—पुं० [हिं० गोड़ =पैर] १. चौकी, तिपाई, पलंग आदि का पाया। २. वह रस्सी जिसमें पानी सींचने की पौरी बाँधी जाती है। ३. वृक्ष का धाँवला या थाला।

गोड़ाई—स्त्री० [हिं० गोड़ना] गोड़ने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

गोड़ाना—स० [हिं० गोड़ना का प्रे०] खेत आदि की गोड़ाई दूसरे से कराना।

†अ० खेत आदि का गोड़ा जाना।

गोड़ा पाई†—स्त्री० [हिं० गोड़ना+पाई (जुलाहों की)] बार-बार कही आते-जाते रहना।

गोड़ारी†—स्त्री० [हिं० गोड़=पैर+आरी (प्रत्य०)] १. खाट, पलंग आदि का वह भाग जिधर पैर रखे जाते हैं। पैताना। २. जूता।

†स्त्री० [हिं० गोड़ना ?] तुरंत खोदकर निकाली हुई घास।

गोड़िया—स्त्री० [हिं० गोड़=पैर का अल्पा०] १. छोटा गोड़ा। २. छोटा पैर।

वि०,पु० [हिं० गोटी ?] तरह-तरह की युक्तियाँ लगाने और जोड़-तोड़ बैठानेवाला। काइयाँ। चालाक।

†पुं० [?] १. मल्लाह। २. सेंपिरा। उदा०—कलपै अकबर काय, गुण पूगीवर गोड़िया।—दुरसाजी।

गोड़ी—स्त्री० [हिं० गोटी] किसी युक्ति के फलस्वरूप उत्पन्न ऐसी स्थिति जिसमें कुछ लाभ की संभावना हो। प्राप्ति का ढौल।

मुहा०—गोड़ी जमना या बैठना=फायदे के लिए जो चाल चली गई हो उसका सफल होना। गोड़ी हाथ से जाना=उक्त प्रकार का प्रयत्न विफल होना।

†स्त्री०=गोड़ (चरण या पैर)।

मुहा०—(कहीं किसी की) गोड़ी आना या पड़ना=किसी का कहीं आकर उपस्थित होना या पहुँचना।

गोड़ु—पुं०=गोठ (गोशाला)।

गोणी—स्त्री० [स० √गुण् (आवृत्ति) +घञ् ? ङीप्] १. दोहरे टाट का बोरा। २. अनाज आदि की एक पुरानी नाप या तौल। ३. ऐसा पतला कपड़ा जिसमें कोई चीज छानी जा सके।

गोत—पुं० [सं० गोत्र] १. गाँव। २ कुल, परिवार या वंश। जैसे—नात का न गोत का, बाँटा माँगे पोत का।—कहा०। ३. समूह। उदा० मनु कागदि कपोत गीत के उड़ाये।—रत्ना०।

†स्त्री० [हिं० गोतना] १ गोते या डुबाये जाने की क्रिया या भाव। २. तह्। ३. चिंता। फिक्र।

गोतम—पुं० [स० ब० स०, पृषो० सिद्धि] १. एक गोत्र-प्रवर्तक ऋषि जो अहल्या के पति थे। २. एक मंत्रकार ऋषि। ३ दे० 'गौतम'।

गोतमी—स्त्री० [स० गोतम+ङीप्] गोतम ऋषि की पत्नी, अहल्या।

गोता—पुं० [अ० गोत:] १. गहरे जलाशय में उतरकर अपने शरीर को जल में इस प्रकार डुबाना कि बाहर कोई अंग न रह जाय। डुबकी।

क्रि० प्र०—मारना।—लगाना।

मुहा०—(किसी को) गोता देना=किसी को जल में उक्त प्रकार से डुबाना और निकालना।

२. नदी, समुद्र आदि के तल में पड़ी हुई चीजें निकालने के लिए उक्त प्रकार से उसके तल तक जाने की क्रिया या भाव। ३. किसी अथाह या बहुत गहरी चीज या बात में से किसी तत्त्व का पता लगाने का प्रयत्न। जैसे—साहित्य में गोता लगाना। ४. इस प्रकार कहीं से अनुपस्थित या गायब हो जाना कि किसी को कुछ पता न चले। जैसे—वह चोरी तो महीने-महीने भर का गोता लगाया करता है। ५. सहसा होनेवाली कोई बहुत बड़ी भूल। (ब०)

मुहा०—गोता खाना=(क) कोई बहुत बड़ी भूल या हानि कर बैठना। (ख) धोखे में आना। छल में फँसना।

†पु० [स० गोत्र] समान गोत्र या वंश। जैसे—नाते-गोते के लोग।

गोताखोर—पुं० [अ०] १. वह जो गहरे पानी में गोता लगाकर नीचे की चीजें निकाल लाने का व्यवसाय करता हो। (डाइवर) २ जल के अंदर गोता लगाकर चलनेवाली डुबकनी नाव। (सब मेरीन)

गोतामार†—पुं०=गोताखोर।

गोतिया†—वि० [स० गोत्र] १. गोत्र-संबंधी। २ अपने गोत्र का। गोती।

गोती—वि० [सं० गोत्रीय] [स्त्री० गोतिन, गोतिनी] (व्यक्ति) जो अपने ही गोत्र का हो।

गीतीत—वि० [गी-अतीत, द्वि० त०] जो इन्द्रियों द्वारा न जाना जा सके। पुं० ईश्वर।

गो-तीर्थ—पुं० [मध्य० स०] गोशाला।

गोतीर्थक—पु० [सं० गोतीर्थ+कन्] सुश्रुत के अनुसार फोड़े आदि चीरने का एक ढंग या प्रकार।

गोत्र—पु० [सं० गै√त्रै (पालन करना)+क] १. संतति। संतान। २. नाम। संज्ञा। ३. क्षेत्र। ४. वर्ग। समूह। ५. गजा का छत्र। ६. बढ़ती। वृद्धि। ७ धन-संपत्ति। दौलत। ८. पर्वत। पहाड़। ९. बंधु। भाई। १० कुल। वंश। ११. भारतीय आर्यों में किसी कुल या वंश का एक प्रकार का अल्ल या संज्ञा जो किसी पूर्वज अथवा कुल-गुरु ऋषि के नाम पर होती है। वंश-नाम। जैसे—काश्यप, शांडिल्य, भारद्वाज आदि गोत्र।

गोत्र-कार—पु० [सं० गोत्र√कृ (करना)+अण्, उप० स०] वह ऋषि जो किसी गोत्र के प्रवर्त्तक माने जाते हों।

गोत्रज—वि० [सं० गोत्र√जन् (उत्पन्न होना)+ड, उप० स०] १. किसी के गोत्र में उत्पन्न। २. वे जो एक ही गोत्र में उत्पन्न हुए हों। गोती।

गोत्र-प्रवर्त्तक—वि० [ष० त०] (ऋषि) जो किसी गोत्र के मूल पुरुष माने जाते हों। जैसे—भारद्वाज, वसिष्ठ आदि।

गोत्र-भुता—स्त्री० [ष० त०] पार्वती।

गोत्रा—स्त्री० [सं० गोत्र+टाप्] १. गौओं का झुंड या समूह। २. पृथ्वी।

गोत्री (त्रिन्)—वि० [सं० गोत्र+इनि] एक ही अर्थात् समान गोत्र में उत्पन्न होनेवाले (व्यक्ति)। गोती।

गोत्रोच्चार—पु० [गोत्र-उच्चार, ष० त०], १. विवाह के समय वर और वधू के वंश, गोत्र और पूर्वजों आदि का दिया जानेवाला परिचय। २ किसी के पूर्वजों तक को दी जानेवाली गालियाँ। (परिहास और व्यंग्य)

गोदंत—पु० [ष० त०] गोदती हरताल।

गोदंती—स्त्री० [स० गोदन्त+ङीप्] वह कच्ची और सफेद हरताल जो अभी शुद्ध न की गई हो।

गोद—स्त्री० [सं० कोड़] १. बैठे हुए व्यक्ति का सामने का कमर और घुटनों के बीच का भाग जिसमें बच्चों आदि को लिया जाता है। २. खड़े हुए मनुष्य का वक्षःस्थल और कमर के बीच का वह स्थान जिस पर बच्चों को बैठाकर हाथ के घेरे से संभाला जाता है।

पद—गोद का बच्चा=ऐसा छोटा बच्चा जो प्रायः गोद में ही रहता हो।

मुहा०—(किसी की) गोद बैठाना या लेना=किसी को अपना दत्तक पुत्र बनाना।

३. स्त्रियों की साड़ी का वह भाग जो पेट तथा वक्षःस्थल पर रहता है। अंचल।

मुहा०—(किसी के आगे) गोद पसारकर विनती करना या माँगना=अत्यन्त अधीनता से माँगना या प्रार्थना करना। अपनी असहाय तथा दीन अवस्था बतलाते हुए किसी से किसी बात की प्रार्थना करना। **गोद भरना**=(क) सौभाग्यवती स्त्रियों के अंचल में मंगल कामना से नारियल, मिठाई आदि रखना जो शुभ समझा जाता है। (ख) संतान होना। औलाद होना।

४. कोई ऐसा स्थान जहाँ किसी को माँ की गोद का-सा आराम तथा सुख मिले। जैसे—प्रकृति की गोद में ही आपका लालन-पालन हुआ था।

गोद-गुदाली—पुं० [देश०] गूलू नाम का पेड़।

गोदनहार—स्त्री०=गोदनहारी।

गोदनहरा—पुं० [हिं० गोदना+हरा (प्रत्य०)] १. गोदना गोदने का व्यवसाय करनेवाला व्यक्ति। २. वह व्यक्ति जो माता छापता या टीका (सूई) लगाता हो।

गोदनहारी—स्त्री० [हिं० गोदना+हारी (प्रत्य०)] कंजड़ या नट जाति की स्त्री जो गोदना गोदती है।

गोदना—स० [हिं० खोदना—गड़ाना] १. कोई नुकीली तथा कड़ी चीज निरर्थक किसी कोमल तल में गड़ाना या चुभाना। जैसे—चमड़े में सूई गोदना। २ बिलकुल निरर्थक रूप में अक्षर, चिह्न आदि बनाना। जैसे—लड़का लिखता क्या है, यों ही बैठा-बैठा गोदा करता है। ३ किसी को उत्तेजित या प्रेरित करनेवाली कोई क्रिया करना या बात कहना। ४. चुभती या लगती हुई कोई कड़वी या कड़ी बात कहना। ५. हाथी के मस्तक में अंकुश गड़ाना।

†स०=गोड़ना (जमीन)।

पुं० १. तिल के आकार का वह विशिष्ट प्रकार का चिह्न या बिंदी जो शरीर के किसी अंग पर सुन्दरता, पहचान आदि के लिए नील या कोयले के पानी में डुबाई हुई सूई बार-बार गड़ाकर बनाई जाती है।

विशेष—ऐसी एक या अनेक बिंदियाँ प्रायः गाल, कलाई, आदि पर यों ही अथवा कुछ विशिष्ट आकृतियों के रूप में बनाई जाती हैं।

२ वह सूई जिसकी सहायता से अनेक प्रकार के रोगों (जैसे—प्लेग, शीतला, हैजा आदि) से रक्षित रखने के लिए कुछ विशिष्ट औषधियाँ शरीर में प्रविष्ट की जाती हैं। सूई। ३ खेत गोड़ने का कोई उपकरण।

गोदनी—स्त्री० [हिं० गोदना] १. कोई ऐसी चीज जिससे गोदा जाय। २. गोदना गोदने की सूई।

गोदर—वि० [हिं० गदराना] १. गदराया हुआ। २ पूरी तरह से युवा अवस्था में आया हुआ।

गोदा—स्त्री० [स० गो√दा (देना)+क—टाप्] १ गोदावरी नदी। २. गायत्री स्वरूपा महादेवी।

पुं० [हिं० गोदना] चित्रकला में वे छोटे-छोटे बिन्दु जो आकृतियों आदि के स्थान और रूप-रेखा स्थिर करने के लिए लगाये जाते हैं।

पुं० [?] १. कटवाँसी बाँस। २. वृक्ष की नई डाल या शाखा। ३. गूलर, पीपल, बड़ आदि के पके हुए फल।

गो-दान—पुं० [ष० त०] १. शास्त्रीय विधि से संकल्प करके ब्राह्मण को गौ दान करने की क्रिया जिसका विधान कुछ विशिष्ट शुभ अवसरों पर अथवा प्रायश्चित आदि के लिए किया गया है। २. एक धार्मिक संस्कार जो विवाह से पहले ब्राह्मण कुमार को १६ वर्ष, क्षत्रिय को २२ वर्ष और वैश्य को २४ वर्ष की अवस्था में करना चाहिए। केशांत।

गोदाना—स० [हिं० गोदना] (गोदना) गोदने का काम किसी से कराना।

गोदाम—पुं० [अ० गोडाउन] वह घर या कमरा जहाँ पर बिक्री के लिए खरीदी हुई वस्तुएँ जमा करके रखी जाती हैं।

गो-दारण—पु० [स० गो√दृ (विदारण)+णिच्+ल्यु—अन, उप० स०] १. जमीन खोदने की दुदाल। २. जमीन जोतने का हल।

गोदावरी—स्त्री० [सं० गो√दा (देना)+वनिप्—ङीप्, र] दक्षिण भारत

की एक प्रसिद्ध पवित्र नदी जो नासिक के पास से निकलकर बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

गोदी†—स्त्री०=गोद।

स्त्री० [मरा०] समुद्र का घाट जहाँ से जहाजों पर माल चढ़ाया-उतारा जाता है। (डाक)

पुं० [देश०] एक प्रकार का बबूल जो प्रायः नहरों के किनारे बाँधों पर लगाया जाता है।

गोदी मजदूर—पुं० [मरा०+फा०] जहाजों पर से माल उतारने तथा चढ़ाने का काम करनेवाला मजदूर।

गो-दुह—पुं० [सं० गो√दुह (दूहना)+क्विप्, उप० स०] १. गौ दुहनेवाला। २. ग्वाला।

गोदूनिका—स्त्री[बं०] बेंत की जाति का एक वृक्ष जो पूर्वीय बंगाल और आसाम में बहुत होता है। इसकी टहनियों से चटाइयाँ बनाई जाती हैं।

गो-दोहन—पुं० [ष० त०] गौ का दूध दुहने की क्रिया या भाव।

गोदोहनी—स्त्री० [सं० दोहन+ङीप्, गो-दोहनी, ष० त०] वह बरतन जिसमें गौ का दूध दूहा जाता है।

गो-द्रव—पुं० [ष० त०] गौ या बैल का मूत्र। गोमूत्र।

गोध—स्त्री० [सं० गोधा] छिपकली की तरह का गोह नामक एक जंगली जानवर।

गो-धन—पुं० [ष० त०] १. गौओं का झुंड या समूह। २. [कर्म० स०] गौ या गौओं के रूप में होनेवाली संपत्ति। ३. [गो-धन=शब्द, ब० स०] चौड़े फलवाला एक प्रकार का तीर। ४. जलाशयों के पास रहनेवाला एक प्रकार का पक्षी जिसका सिर भूरा, पैर हरे और चोंच लाल होती है।

†पुं० =गोवर्धन।

गोधना†—पुं०[सं० गोधन] भाई दूज के दिन का एक कृत्य जिसमें स्त्रियाँ गोबर से भाई के शत्रु की आकृति बनाकर उसे मूसल से मारती हैं।

गो-धर—पुं० [सं० √धृ (धारण)+अच्, गो-धर, ष० त०] पर्वत। पहाड़।

गो-धर्म्म—पुं० [ष० त०] पशुओं की भाँति पराये पुरुषों या स्त्रियों से संभोग करना।

गोधा—स्त्री० [सं० √गुध् (लपेटना)+घ ? टाप्] छिपकली की तरह का एक जंगली जानवर। गोह।

गोधा-पदी—स्त्री० [ब० स०, ङीष्] १. मूसली नाम की ओषधि। २. हंसपदी लता।

गोधावती—स्त्री० [सं० गोधा+मतुप्, वत्व, ङीप्]=गोधापदी।

गोधिका—स्त्री० [सं० √गुध्+ण्वुल्—अक, टाप् इत्व] १. छिपकली। २. घड़ियाल की मादा।

गोधिकात्मज—पुं० [गोधिका-आत्मज, ष० त०] गोह की तरह का एक छोटा जानवर।

गोधिया†—स्त्री० दे० 'गोइयाँ'।

गोधी—स्त्री० [सं० गोधूम] एक प्रकार का गेहूँ जो दक्षिण में अधिकता से होता है और जिसकी भूसी जल्दी नहीं छूटती।

गोधूम—पुं० [सं०√गुध्+ऊम] १. गेहूँ। २. नारंगी।

गोधूमक—पुं० [सं० गोधूम-क=शिर, ब० स०] गेहुँअन नाम का साँप।

गो-धूलि—स्त्री० [मध्य० स०] १. गौओं के चलने-फिरने या दौड़ने से उड़नेवाली धूल। २. सायंकाल का वह समय जब जंगल से चरकर लौटती हुई गौओं के खुरों से धूल उड़ती है और जो शुभ कार्यों के लिए उपयुक्त समझा जाता है।

गोधूली—स्त्री०=गोधूलि।

गो-धेनु—स्त्री० [कर्म० स०] वह गौ जो दूध देती हो और जिसके साथ उसका बच्चा भी हो।

गोध्र—पुं० [सं० गो√धृ (धारण)+क] पहाड़। पर्वत।

गोनंद—पुं० [सं० गो√नन्द् (प्रसन्न होना)+णिच्+अण्] १. कार्तिकेय के एक गण का नाम। २. एक प्राचीन देश।

गोन—स्त्री० [सं० गोणी, गु०, बं० गुण, सिं० गूणी, मरा० गोण] १. वह दोहरा बोरा जो अनाज आदि भरकर बैलों की पीठ पर लादा जाता है। २. अनाज आदि भरने का बोरा। ३. कोई बड़ा थैला। ४. अनाज आदि की एक पुरानी तौल जो १६ मानी (२५६ सेर) की होती थी।

†स्त्री० [?] एक प्रकार का साग।

†स्त्री० दे०'गून'।

*पुं०=गमन।

गोनर†—पुं०=गोनरा।

गोनरखा—पुं० [हिं० गोन=रस्सी+रखना] १. नाव का वह मस्तूल जिसमें गोन बाँधकर उसे खींचते हैं। २. उक्त मस्तूल में रस्सी बाँधकर नाव को खींचनेवाला मल्लाह या मजदूर।

गोनरा—पुं० [सं० गुंद्रा] उत्तरी भारत में होनेवाली एक प्रकार की लम्बी घास जो पशुओं के खाने और चटाइयाँ बनाने के काम आती है।

गोनर्द—पुं० [सं० गो√नर्द् (शब्द)+अच्] १. उत्तर-पश्चिमी भारत का एक प्राचीन देश जहाँ महर्षि पतंजलि का जन्म हुआ था। २. महादेव। शिव। ३. नागरमोथा। ४. सारस पक्षी।

गोनर्दीय—पुं०[सं० गोनर्द+छ—ईय] महर्षि पतंजलि जो गोनर्द देश के थे।

गो-नस—पुं० [सं० गो-नासिका, ब० स०, नस आदेश] १. एक प्रकार का साँप। २. वैक्रांत मणि।

गोना*—स०[सं०गोपन]१. छिपाना। लुकाना। उदा०—होइ मैदान परी अब गोई।—जायसी। २. चुराना। उदा०—नगर नवल कुँवर बर सुंदर मारग जात लेत मन गोई।—सूर।

गो-नाथ—पुं०[ष० त०] १. गोस्वामी। २. बैल।

गोनास—पुं० =गोनस।

गोनिया—स्त्री० [सं० कोण, हिं० कोना+इया (प्रत्य०)] बढ़ई, लोहार आदि का एक समकोण औजार जिससे वे दीवार, लकड़ी आदि की सिधाई जाँचते हैं।

पुं० [हिं० गोन] वह जो अपनी या बैलों की पीठ पर गोन, अर्थात् बोरा लादकर ढोता हो।

पुं० [हिं० गोन=रस्सी+इया (प्रत्य०)] रस्सी बाँधकर उससे नाव खींचनेवाला मल्लाह।

गो-निष्यंद—पुं० [सं० नि√स्यन्द् (बहना)+अच् गो-निष्यंद, ष० त०] गोमूत्र।

गोप—पुं० [सं० गो√पा (पालना)+क] १. गौओं का पालन करनेवाला और स्वामी। २. ग्वाला। अहीर। ३. गोशाला का अध्यक्ष। ४.

राजा। ५. उपकारक, रक्षक और सहायक। ६. गाँव का मुखिया। ७. बैल या सुर नाम की ओषधि।

पुं० [सं० गुंफ] सिकरी या जंजीर की तरह के गले में पहनने की माला।

गोपक—पुं० [स० गोप+कन्] १. गोप जाति का व्यक्ति। २. बहुत से गाँवों का मालिक या सरदार। ३. [√गुप् (रक्षा करना, छिपाना)+ण्वुल्–अक] रक्षा करनेवाला व्यक्ति।

वि० १. गोपन करने या छिपानेवाला। २ रक्षक।

गोप-ज—वि० [स० गोप√जन् (उत्पन्न होना)+ड, उप० स०] [स्त्री० गोपजा] गोप से उत्पन्न।

पं० गोप जाति का पुरुष।

गोपजा—स्त्री० [सं० गोपज+टाप्] १. गोप जाति की स्त्री। २ राधिका।

गो-पति—पुं० [ष० त०] १. शिव। २. विष्णु। ३. श्रीकृष्ण। ४ सूर्य। ५. राजा। ६. नौ उपनदों में से एक। ७. बैल या साँड। ८. ग्वाला। अहीर। ९. ऋषभ नामक ओषधि। १०. वह जो बहुत बोलता हो। मुखर। वाचाल।

गो-पथ—पुं० [ष० त०] अथर्ववेद का एक ब्राह्मण।

गो-पद—पुं० [ष० त०] १. गौओं के रहने का स्थान। २. गौ का खुर। ३. गौ के खुरों या पैरों का चिह्न या निशान। ४. गौ के खुर से जमीन में पड़नेवाला गड्ढा। उदा०—गो-पद जल बूड़हिं घट जोनी।—तुलसी।

गोप-दल—पुं० [गोपद√ला (लेना)+क, उप० स०] सुपारी का पेड़।

गोपदी (दिनु)—वि० [सं० गोपद+इनि] गाय के खुर के समान बहुत छोटा।

गोपन—पु०[स० √गुप(रक्षा करना)+ल्युट्—अन] १ छिपाने या लुकाने की क्रिया या भाव। २. कोई बात किसी दूसरे से छिपाकर रखना। दुराव। ३ रक्षा। ४. व्याकुलता। ५. चमक। दीप्ति। ६. डाँट-डपट। भर्त्सना। ७. निंदा। ८. भय। ९. छिपी हुई जगह। उदा० —दोनों सखियाँ मिल गोपन में करती मर्म निवेदन।—पंत। १० तेजपत्ता।

वि० छिपा हुआ। गुप्त। उदा०—मंद हास्य से गोपन स्वीकृति देती थी। —पंत।

गोपना—स० [सं० गोपन] १. छिपाना। २. मन की बात प्रकट न करना।

गोपनीय—वि० [सं०√गुप्+अनीयर] १. (वस्तु) जिसे दूसरों से छिपाकर रखना आवश्यक हो। २. (बात या रहस्य) जिसे दूसरों पर प्रकट न करना चाहिए।

गोपयिता (तृ)—वि० [स०√गुप्+णिच्+तृच्] छिपानेवाला।

गोप-राष्ट्र—पु० [मध्य० स०] आधुनिक ग्वालियर का प्राचीन नाम।

गोपांगना—स्त्री० [गोप अंगना, ष० त०] १. गोप जाति की स्त्री। गोपी। २. अनंतमूल नाम की ओषधि।

गोपा—वि० [स० गोपक से] १. छिपानेवाला। २. जो मन की बात न बतलाता हो अथवा रहस्य प्रकट न करता हो।

स्त्री० [स० गोप+टाप्] १. गोप जाति की स्त्री। गोपी। २. अहीरिन। ग्वालिन। ३. श्यामा नाम की लता। ४. गौतम बुद्ध की पत्नी यशोधरा का दूसरा नाम।

गोपाचल—पुं० [स० गोप-अचल, मध्य० स०] १. ग्वालियर के पास के पर्वत का पुराना नाम। २. ग्वालियर।

गोपायक—वि० [सं०√गुप्+आय्+ण्वुल्–अक] १. छिपानेवाला। २. रक्षा करनेवाला।

गोपायन—पु० [स०√गुप्+आय्+ल्युट्–अन] १. गोपन। २ रक्षण।

गो-पाल—पु०[स० गो√पाल् (पालन करना)+णिच्+अण, उप० स०] १. गौ का पालक, रक्षक और स्वामी। २ अहीर। ग्वाला। ३. श्रीकृष्ण। ४ मन जो इंद्रियों का पालन और रक्षा करता है। ५. राजा। ६ एक प्रकार का छंद जिसका प्रत्येक चरण १५ मात्राओं का होता है। इसमें ८ और ७ पर यति होती है।

गो-पालक—पु०[ष० त०] १ गौओं का पालन करनेवाला। गो-पाल। ग्वाला। २. शिव। ३. राजा।

गोपाल-कक्षा—स्त्री० [ष० त०] महाभारत के अनुसार पश्चिम भारत का एक प्राचीन देश।

गोपाल-तापन, गोपाल-तापनीय—पु० [सं०√ तप्+णिच्+ल्यु–अन, गोपाल-तापन, ष० त०] [गोपाल-तापनीय-संध्य, ब० स०] एक उपनिषद् जिसकी टीका शंकराचार्य तथा अन्य कई विद्वानों ने की है।

गोपाल-मंदिर—पु० [ष० त०] वैष्णवों का वह बड़ा मन्दिर जिसमें गोपाल जी की मूर्ति रहती है।

गो-पालि—पु० [स० गो √पाल्+णिच्+इन्, उप०स०] १. एक प्रकार। २ महादेव। शिव।

गोपालिका—स्त्री० [स० गोपालक+टाप्, इत्व] १. ग्वालिन। अहीरिन। २ सारिवा नाम की ओषधि। ३. ग्वालिन नामक बरसाती कीड़ा। गिंडाई।

गोपाली—स्त्री० [स० गोपाल+ङीप्] १ गौ पालनेवाली स्त्री। २. कार्तिकेय की एक मातृका।

गोपाष्टमी—स्त्री० [गोप अष्टमी मध्य० स०] कार्तिक शुक्ला अष्टमी। कहते हैं कि इसी दिन श्रीकृष्ण ने गोचारण आरंभ किया था। इस दिन गोपूजन, गो प्रदक्षिणा आदि का माहात्म्य कहा गया है।

गोपिका—स्त्री० [स० गोपी+कन्–टाप्, ह्रस्व] १. गोप जाति की स्त्री। गोपी। २ अहीरिन। ग्वालिन।

वि० स्त्री० 'गोपक' का स्त्री०।

गोपिका-मोदी—स्त्री० [स० गोपिका√मुद् (प्रसन्न होना)+णिच्+अण् ङीप्, उप० स०] एक संकर रागिनी जो कामोद और केदारी के योग से बनती है।

गोपित—भू० कृ०[स० √गुप्+णिच्+क्त] १. छिपा या छिपाया हुआ। गुप्त। २. रक्षित।

गोपिनी—स्त्री० [स० गोपी] १. गोप जाति की स्त्री। गोपी। २. [सं०√गुप्+णिनि—ङीप्] श्यामा लता। ३. तांत्रिकों की तंत्र पूजा के समय की नायिका।

वि० स्त्री० छिपानेवाली।

गोपिया—स्त्री० [हिं० गोफन] गोफन। ढेलवाँस (दे०)।

गोपी (पिनु)—वि० [सं०√गुप्+णिनि] [स्त्री० गोपिनी] १. छिपानेवाला। २. बचाने या रक्षा करनेवाला।

स्त्री० [सं० गोप+ङीप्] १. गोप जाति की स्त्री। २. अहीर या

ग्वाले की स्त्री। ३. ब्रज की उक्त जाति की प्रत्येक स्त्री जो श्रीकृष्ण से प्रेम करती थी। ४. [√गुप्+अच्—ङीष्] सारिवा नाम की ओषधि।

गोपी-चंदन—पुं० [मध्य० स०] द्वारका के सरोवर की वह पीली मिट्टी जिसका तिलक वैष्णव लोग लगाते हैं (आज कल यह नकली भी बनने लगी है।)

गो-पीत—पुं० [सं० गो=गोरोचना-पीत, उपमि० स०] एक प्रकार का खंजन पक्षी।

गोपीता*—स्त्री०=गोपी।

गोपीथ—पुं० [सं० गो√पा (पीना, रक्षा करना)+थक्, नि० ईत्व] १. वह सरोवर जहाँ गौएँ जल पीती हों। २ एक प्राचीन तीर्थ। ३ पालन-पोषण या रक्षण। ४. राजा।

गोपी-नाथ—पु० [ष० त०] गोपियों के स्वामी, श्रीकृष्ण।

गो-पुच्छ—पु० [ष० त०] १. गौ की पूँछ। गाय की दुम। २ एक प्रकार का बंदर। ३ एक प्रकार का गावदुम हार। ४ एक प्रकार का पुराना बाजा।

गो-पुटा—स्त्री० [ब० स०, टाप्] बड़ी इलायची।

गो-पुत्र—पु० [ष० त०] १ सूर्य के पुत्र। कर्ण। २. गाय का बछड़ा।

गोपुर—पु० [स०√गुप्(रक्षा)+उरच्] १ बड़े किले, नगर, मंदिर आदि का ऊँचा, बड़ा और मुख्य द्वार। २. बड़ा दरवाजा। फाटक। ३. गोलोक। स्वर्ग।

गोपेंद्र—पु० [गोप-इंद्र, ष० त०] १. गोपों का राजा या स्वामी। २. श्रीकृष्ण।

गोप्ता(प्तृ)—वि० [स०√गुप्+तृच्] १. छिपानेवाला। २. रक्षक। पु० विष्णु।
स्त्री० गगा।

गोप्य—वि० [सं० √गुप्+ण्यत्] १. गुप्त रखने या छिपाने लायक। गोपनीय। २. बचाकर या रक्षित रखे जाने के योग्य। ३. छिपा या बचाकर रखा हुआ। गुप्त।
पुं० १. दास। सेवक। २. दासी से उत्पन्न की हुई संतान। ३. कोई चीज रेहन या गिरवी रखने का वह प्रकार जिसमें रेहन रखी हुई चीज के आय-व्यय पर उसके स्वामी का ही अधिकार रहता हो और जिसके पास चीज रेहन रखी जाय वह केवल सूद लेने का अधिकारी हो। दृष्टबंधक। ४. [गोपी+यत्] गोपियों का वर्ग या समूह।

गो-प्रचार—पु० [ष० त०] गौओं के घूमने-फिरने और चरने की जगह। चरागाह। चरी।

गो-प्रवेश—पु० [ब० स०] गौओं के चरकर लौटने का समय। संध्या। गोधूलि।

गोफ—पुं० [?] गले में पहनने का सोने का एक प्रकार का गहना।

गो-फण—स्त्री० [सं०?] जख्म, फोड़े आदि पर बाँधने की एक प्रकार की पट्टी या बंधन। (सुश्रुत)

गोफन(ा)—पुं० [सं० गोफण] छींकें की तरह का एक प्रकार का जाल जिसमें भरे हुए छोटे-छोटे कंकड़, पत्थर उसे रस्सी से बाँधकर घुमाने पर चारों ओर वेग से गिरते हैं और चोट पहुँचाते हैं। ढेलवाँस।

गोफा—पुं० [सं० गुम्फ] १. अरुई, केले, सूरन आदि का नया मुँह-बँधा कल्ला। २. एक हाथ की उँगलियों को दूसरे हाथ की उँगलियों में फँसाने से बनने वाली मुद्रा।
क्रि० प्र०—जोड़ना।

गो-बंधन—पुं० [ष० त०] बंधन (रस्सी या साँकल) जिससे गाय बाँधी जाय। उदा०—गोबंधन कंधन पै धारे फेंटा झुकि रह्यो माथ।—हरिश्चन्द्र।

गोबर—पु० [सं० गोमय] गाय का मल या विष्ठा जो हिंदुओं में पवित्र माना जाता और सूख जाने पर ईंधन के रूप में जलाया जाता है।
क्रि० प्र०—पाथना।
मुहा०—गोबर खाना=एक बार अनुपयुक्त ढग से काम करने पर तथा अपनी भूल मालूम होने या सफलता न मिलने पर भी फिर से उपयुक्त ढंग से काम न करना।

गोबर-गणेश—वि० [हिं० गोबर+सं० गणेश] १. जो आकार-प्रकार या रूप-रंग की दृष्टि से बहुत ही भद्दा हो। २. निरा मूर्ख (व्यक्ति)।

गोबर-गिद्धा—पुं० [हिं० गोबर+गिद्धा] गिद्ध की जाति का एक पक्षी।

गोबर-धन—पु०=गोवर्धन।

गोबरहारा—पुं० [हिं० गोबर+हारा (प्रत्य०)] गोबर उठाने तथा पाथनेवाला व्यक्ति।

गोबराना†—स० [हिं० गोबर+ना (प्रत्य०)] जमीन या दीवार पर गोबर पोतना या लीपना।

गोबरिया—पु० [हिं० गोबर] बछनाग की जाति का एक पहाड़ी पौधा।

गोबरी—स्त्री० [हिं० गोबर+ई (प्रत्य०)] १. उपला। कडा। गोहरा। २. जमीन या दीवार पर गोबर से की जानेवाली पोताई या लिपाई।
क्रि० प्र०—करना।—फेरना।
स्त्री० [देश०] जहाज के पेंदे का छेद। (लश०)
मुहा०—गोबरी निकालना=जहाज के पेंदे में छेद करना।

गोबरैला—पुं० [हिं० गोबर+ऐला या औला (प्रत्य०)] गोबर में उत्पन्न होने और रहनेवाला एक छोटा कीड़ा।

गोबरौरा, गोबरौला†— पु०=गोबरैला।

गोबिया—पुं० [देश०] आसाम की पहाड़ियों में होनेवाला एक प्रकार का छोटा बाँस।

गोबी†—स्त्री०=गोभी।

गोभ—पुं० [सं० गुंफ या हिं० गोफा] पौधों का एक रोग जिसमें उनकी जड़ों में से नये-नये अंकुर निकलने के कारण उनकी बाढ़ रुक जाती है।

गोभा—स्त्री० [?] १. पानी की तरंग। लहर। २. मन की तरंग। उमंग। उदा०—जसुमति ढोटा ब्रज की सोभा देखि सखि कछु और गोभा।—सूर।
पुं० दे० 'गाभा'।

गोभिल—पुं० [सं०] सामवेदीय गृह्यसूत्र के रचयिता एक प्रसिद्ध ऋषि।

गोभी—स्त्री० [सं० गोजिह्वा=बन गोभी वा गुंफ=गुच्छा] १. एक प्रकार की जंगली घास। २. एक प्रसिद्ध पौधा जिसमें सफेद रंग का बड़ा फूल लगता है और जिसकी तरकारी बनाई जाती है। ३. उक्त पौधे का फूल।

गो-भुज—पुं० [सं० गो√भुज् पालन करना)+क, उप० स०] राजा।

गो-मूत्र—पुं० [सं० गो√भृ (धारण करना)+क्विप् उप० स०] पर्वत। पहाड़।

गोमंत—पुं० [सं०] १. सह्याद्रि के अंतर्गत एक पहाड़ी जहाँ गोमती देवी का स्थान है। यह सिद्धपीठ माना जाता है। २. वह जो कुत्ते पालता और बेचता हो।

गोम—पुं० [सं० गगन] आकाश। उदा०—मिली सेन दूतों निजरि गज्जे गोम निसान।—चंदबरदाई।

स्त्री० [देश०] १. घोड़ों की नाभि पर होनेवाली एक प्रकार की भँवरी। २. पृथ्वी। (डिं०)

गो-महिषी—स्त्री० [मध्य० स०] कुकुरमाछी। कुकरौंछी।

गोमती—स्त्री० [सं० गो+मतुप्–ङीप्] १. उत्तर प्रदेश की एक नदी जो सैदपुर के समीप गंगा में मिलती है। २. बंगाल की एक नदी। ३. एक देवी जिसका प्रधान स्थान गोमंत पर्वत पर है। ४. एक वैदिक मंत्र। ५. ग्यारह मात्राओं का एक छंद।

गोमती-शिला—स्त्री० [मध्य० स०] हिमालय पर की एक चट्टान या पहाड़ी।

विशेष:—कहते हैं कि अर्जुन का शरीर यहीं पहुँचने पर गला था।

गो-मत्स्य—पुं० [उपमि० स०] एक प्रकार की मछली। (सुश्रुत)

गोमय—पुं० [सं० गो√मय् (बिलोना)+अच्] गोप। ग्वाला।

गोमय—पुं० [सं० गो+मयट्] गाय का मल या विष्ठा। गोबर।

गोमर—पुं० [हि० गौ+मर (प्रत्य०)=मारनेवाला] १. गौ को मारनेवाला व्यक्ति। २. कसाई। बूचर।

गो-मल—पुं० [ष० त०] गोबर।

गो-मांस—पुं० [ष० त०] गाय का मांस जिसे खाना हिंदू शास्त्रों में वर्जित है।

गोमा—स्त्री० [देश०] गोमती नदी।

पुं० [फा०] १. एक प्रकार का वृक्ष जिसके फूलों का रस कान की पीड़ा दूर करता है। २. उक्त वृक्ष का फूल।

गोमाय—पुं०=गोमायु।

गोमायु—पुं० [सं० गो√मा (शब्द करना)+उणु, युक् आगम] १. गीदड़। शृगाल। २. एक प्रकार का मेढक।

गोमी (मिन्)—पुं० [सं० गो+मिनि] गीदड़ (शृगाल)।

स्त्री० [?] पृथ्वी। (डिं०)

गोमुख—पुं० [ष० त०] १. गौ का मुँह। २. [ब० स०] मगर नामक जलजंतु। ३. योग में एक प्रकार का आसन। ४. टेढ़ा-मेढ़ा घर। ५. ऐपन। ६. एक यक्ष का नाम। ७. इंद्र के पुत्र जयंत का सारथी। ८. नरसिंहा नामक बाजा।

वि० गौ के समान मुँहवाला। जिसका मुँह गौ के मुँह के समान हो। जैसे—गोमुख नाली या शंख, गोमुख संधि या सेंध।

पद—**गोमुख नाहर या व्याघ्र**—ऐसा परम क्रूर और हिंसक व्यक्ति जो ऊपर से देखने पर गौ के समान निरीह और सीधा-सादा जान पड़े।

गो-मुखी—स्त्री० [सं० गोमुख+ङीप्] १. कपड़े की वह कोणाकार थैली जिसमें हाथ डालकर जप करते समय माला फेरते हैं। जप-गुथली। २. गंगा का उद्गम स्थान जो गौ के मुख के आकार का है। ३. गौ के मुँह के आकार की घोड़ों की भौंरी। ४. चमड़े से मढ़ा हुआ एक प्रकार का पुराना बाजा। ५. राढ़ देश की एक नदी जिसे आज-कल गोमुड़ कहते हैं।

गो-मूत्र—पुं० [ष० त०] गौ का मूत्र जो हिन्दुओं में बहुत पवित्र तथा अनेक रोगों की औषधि माना गया है।

गो-मूत्रिका—स्त्री० [सं० गोमूत्र+ठन्–इक] १. एक विशेष प्रकार का चित्र-काव्य जो लहरियेदार रेखा के रूप में होता है।

विशेष—इस चित्र-काव्य का नाम इसलिए गो-मूत्रिका पड़ा है कि इसकी पंक्तियाँ प्रायः वैसी ही होती हैं जैसी गौ या बैल के चलते-चलते जमीन पर मूतने से बनती है।

२. अंकन, चित्रण आदि में लहरियेदार बेल। बैलमुतनी। बरगमुतान। (अिण्डर) ३. सुगंधित बीजोंवाली एक प्रकार की घास।

गो-मृग—पुं० [मध्य० स०] नील गाय।

गो-मेद—पुं० [सं० गो√मिद् (चिकना करना)+णिच्+अच्, उप० स०]=गोमेदक।

गोमेदक—पुं० [सं० गोमेद+कन्] १. एक प्रकार का रत्न या बहुमूल्य पत्थर जो कई रंगों का होता है। राहुमणि। (जर्कन) २. काकोल नामक विष। ३. पत्रक नाम का साग। ४. कबाबचीनी। शीतल-चीनी।

गो-मेध—पुं० [सं०√ मेध् (हिंसा)+घञ्, गो-मेध, ब० स०] अश्वमेध की तरह का एक यज्ञ जिसमें गौ के मांस से हवन किया जाता था और जो कलियुग में वर्जित है।

गोमैंड़—स्त्री० [सं० गोष्ठ अथवा हि० गाँव+मेड़] गाँव के आस-पास की भूमि।

गोयंदा—पुं०=गोइंदा।

गोय*—पुं० दे० 'गेंद' (खेलने का)।

गोया—अव्य० [फा०] १. जैसे। २. मानों।

गो-यान—पुं० [मध्य० स०] वह गाड़ी जिसे गाय या बैल खींचते हों।

गो-यंकु—पुं० [तृ० त०] १. वह जो मंत्रों का पाठ करता हो। २. दिगम्बर साधु। ३. कैदी। ४. एक प्रकार का जल-पक्षी।

गोर—स्त्री० [फा०] जमीन में खोदा जानेवाला वह गड्ढा जिसमें मुसल-मान आदि मुर्दा गाड़ते हैं। कब्र।

†पुं० [अ० गोर] फारस देश का एक पुराना प्रान्त।

†वि० [सं० गौर] १. गौर वर्ण का। गोरा। २. सफेद।

गोरका—पुं० [देश०] अरैल नाम का वृक्ष।

गो-रक्ष—पुं० [सं० √रक्ष् (रक्षा करना)+घञ्, गो-रक्ष, ष० त०] १. गौ की रक्षा करने का काम। २. [गो √रक्ष्+अच्, उप० स०] ग्वाला। ३. नेपाल देश का निवासी। गोरखा। ४. नारंगी।

गो-रक्षक—वि० [ष० त०] गौओं की रक्षा करनेवाला।

पुं० १. गोपाल। २. ग्वाला।

गो-रक्षी (क्षिन्)—वि० [सं० गो√रक्ष्+णिनि, उप० स०] [स्त्री० गोर-क्षिणी] गोरक्षक।

गोरख—पुं०=गोरक्षनाथ (योगी)।

गोरख-इमली—स्त्री० [हि० गोरख+इमली] बहुत बड़ा और मोटे तने-वाला एक प्रकार का पेड़।

गोरख-ककड़ी—स्त्री० [हिं० गोरख+ककड़ी] फूट नामक ककड़ी या फल। गोरखी।

गोरख-डिब्बी—स्त्री० [हिं० गोरख+डिब्बी] पानी का वह कुंड या स्रोत जिसमें से गरम अथवा खनिज पदार्थों से युक्त जल निकलता हो।

गोरख-धंधा—पुं० [हिं० गोरखनाथ+धंधा] १. ऐसा कठिन और जटिल काम या बात जिसका निराकरण सहज में न हो सकता हो। २. ऐसी झंझट या बखेड़ा जिससे जल्दी छुटकारा न हो। ३. कई तारों, कड़ियों या लकड़ी के टुकड़ों का वह समूह या रचना जिसे जोड़ने या अलग-अलग करने के लिए विशेष बुद्धिबल की आवश्यकता होती है।

विशेष :—ये एक प्रकार के खिलौने से होते हैं।

गोरख-नाथ—पुं० [गोरक्षनाथ] ई० १५ वीं शताब्दी के एक प्रसिद्ध अवधूत महात्मा और हठयोगी जिनका चलाया हुआ गोरखपंथ नामक संप्रदाय है। इन्हीं के नाम पर गोरखपुर शहर बसा है।

गोरख-पंथ—पुं० [हिं० गोरखनाथ+पंथ] महात्मा गोरखनाथ द्वारा प्रस्थापित एक पंथ या संप्रदाय।

गोरख-पंथी—वि० [हिं० गोरखनाथ+पंथी] गोरखनाथ के चलाये हुए पंथ का अनुयायी।

गोरख-मुंडी—स्त्री० [सं० मुण्डी] एक प्रकार की घास जिसमें घुण्डी की तरह के छोटे गोल फल लगते हैं, ये फल रक्तशोधन के लिए बहुत गुणकारी कहे गये हैं।

गोरखर—पुं० [फा०] गधे की जाति का एक प्रकार का जंगली पशु जो गधे से बड़ा और घोड़े से छोटा होता तथा उत्तर-पश्चिमी भारत में पाया जाता है।

गोरखा—पु० [सं० गोरक्ष अथवा हिं० गो+रखना] १. नेपाल देश का एक प्रदेश। २. उक्त प्रदेश में रहनेवाली एक वीर जाति। ३. उक्त जाति का पुरुष।

गोरखाली—स्त्री० [हिं० गोरख] गोरखा नामक जाति और प्रदेश की बोली।

गोरखी—स्त्री०=गोरख-ककड़ी।

गोर-चकरा—पुं० [देश०] सन की जाति का एक जंगली पौधा।

गो-रज (स्)—स्त्री० [मध्य० स०] गौओं के चलते समय उनके खुरों से उड़नेवाली धूल जो पवित्र मानी गई है।

गोरटा—वि० [हिं० गोरा] [स्त्री० गोरटी] गोरे रंगवाला। गोरा।

गोरड़ा†—वि० [स्त्री० गोरड़ी]=गोरटा। (राज०) उदा०—तियाँ तिहारी गोरड़ी, दिन दिन लाख लहाइ।—ढोलामारू।

†पुं० [हिं० गोड़ना] ईख। ऊख। (अवधी)

गोरन—पुं० [देश०] १. कुछ नदियों तथा समुद्र के किनारे पर होनेवाला एक प्रकार का पेड़ जिसकी लकड़ी का रंग लाल होता है। २. उक्त वृक्ष की लकड़ी जो नावें बनाने के काम आती हैं। ३. उक्त वृक्ष की छाल जो चमड़ा सिझाने के काम आती है।

गोर-मदाइन—स्त्री० [?] इंद्रधनुष। (बुंदेल०)

गोरमा—पुं० [देश०] अगहन में होनेवाला एक प्रकार का धान।

गोरल—पुं० [देश०] एक प्रकार का जंगली बकरा।

†वि० =गोरा (गौर वर्णवाला)।

†स्त्री० गौरी। पार्वती। (राज०) उदा०—म्हाँना गुरु गोविन्द री आण, गोरल ना पूजाँ।—मीराँ।

गो-रव—पुं० [ब० स०] केसर।

गोरवा—पुं० [देश०] एक प्रकार का बाँस जिसकी छोटी तथा पतली टहनियों से हुक्कों के नैचे बनाये जाते हैं।

गो-रस—पुं० [ष० त०] १. गौ का दूध। २. दही। ३. छाछ। मठा। ४. इन्द्रियों के सुख-भोग से मिलनेवाला आनन्द।

गोरसर—पुं० [देश०] बाँस के पंखों में डंडी के पास लगाई जानेवाली कमाची।

गोरसा—पुं० [सं० गोरस] [स्त्री० गोरसी] वह बच्चा जो गाय का दूध पीकर पला हो।

गोरसी—स्त्री० [सं० गोरस+ई (प्रत्य०)] एक प्रकार की छोटी अंगीठी जिस पर दूध गरम किया जाता है।

गोरा—वि० [सं० गौर, प्रा० गोर, बं० उ० पं० मरा० गोरा, सिं० गोरो, गु० गोरूँ, ने० गोरो] (व्यक्ति) जिसके शरीर का वर्ण बरफ की तरह सफेद और स्वच्छ हो। गौर वर्णवाला।

पद—गोरा भभूका =बहुत अधिक गोरा-चिट्टा।

पुं० [स्त्री० गोरी] अमेरिका, यूरोप आदि ठंडे देशों में रहनेवाला ऐसा व्यक्ति जिसका वर्ण गौर हो।

पुं० [देश०] १. एक प्रकार की कल जिससे नील के कारखाने में बट्टियाँ काटी जाती हैं। २. एक प्रकार का नीबू।

गोराई†—स्त्री० [सं० गौर +हिं० आई] १. गोरे होने की अवस्था या भाव। गोरापन। २. व्यक्ति का रूप सम्बन्धी सौन्दर्य।

गोराटी—स्त्री० [सं० गो० √रट् (रटना)+अण्—ङीप्] मैना पक्षी।

गोराडू—पुं० [देश०] ऐंसी मिट्टी जिसमें बालू का भी अंश हो।

गोरा-पत्थर—पुं० [हिं० गोरा+पत्थर] सफेद रंग का एक प्रकार का चिकना तथा मुलायम पत्थर। घीया पत्थर। संग-जराहत। (सोप स्टोन)

गोरामूँग—पुं० [हिं० गोरा+मूँग] एक प्रकार का जगली मूँग।

गो-राष्ट्र—पुं० [मध्य० स०] प्राचीन भारत का एक प्रदेश जिसमें अधिकतर गोप जाति के लोग रहते थे।

गोरिल्ला—पुं० [अफ्रिका] अफ्रीका के जंगलों में रहनेवाला एक प्रकार का बनमानुस।

गोरी—स्त्री० [सं० गौरी] १. वह स्त्री जिसका वर्ण गौर हो। २. रूपवती स्त्री। सुन्दरी।

वि० [अ० गोर देश०] फारस के गोर नामक देश का। जैसे—मुहम्मद गोरी।

गोरू—पुं० [सं० गोरूप; पा० गोरूप; बं० गरू; उ० ने० गोरू; पं० गोरु; मरा० गुरूँ] गौ, बकरी, भैंस आदि सींगवाले पालतू पशु। (कैटिल)

पुं० [सं० गोरुत] दो कोस की दूरी। (राज०)

गोरू-चोर—पुं० [हिं० गोरू+चोर] दूसरों की गौएँ, बकरियाँ, भैंसें आदि चुरानेवाला व्यक्ति। (ए बैक्टर)

गो-रूप—पुं० [ब० स०] महादेव।

गो-रोच—पुं० [सं० गो√रुच् (दीप्ति)+अच्, उप० स०] हरताल।

गो-रोचन—पुं० [मध्य० स०] एक पीला सुगंधित द्रव्य जो गौ के पित्ताशय से निकलता और पवित्र माना जाता है।

गो-रोचना—स्त्री० [मध्य० स०] गोरोचन।

गोर्खा—पुं०=गोरखा।

गोर्खाली—स्त्री०=गोरखाली।

गोर्द, गोर्ध—पु० [स०√गुर् (उद्यम)+ददन् नि० सिद्धि] मस्तिष्क।

गोलंदाज—पुं० [फा०] वह व्यक्ति जो तोप में गोला भरकर चलाता हो।

गोलंदाजी—स्त्री० [फा०] तोप से गोले चलाने का काम या कला।

गोलंबर—पु० [हिं० गोल+अंबर] १. वास्तु में किसी प्रकार की गोलाकार रचना। जैसे—गुंबद, बगीचों आदि में बना हुआ गोल चबूतरा। २. गोलाई। ३. कलबूत जिसपर रखकर जूता, टोपी आदि चीजें सीते हैं। (कालिब)

गोल—पु० [सं० √गुड् (रक्षण)+अच्, डस्य ल.] १. मडलाकार या वृत्ताकार बनावट या रचना। २. गोलाकार पिंड। गोला। ३ ज्योतिष में, गोल यंत्र। ४ विधवा का जारज पुत्र। गोलक। ५. मदन या मैनफल नामक वृक्ष। ६. मुर नामक ओषधि। ७. मिट्टी का गोलाकार घडा। ८ दक्षिण-पश्चिमी युरोप के कुछ विशिष्ट भागों का पुराना नाम।

वि० १ जिसकी गोलाई वृत्त के समान हो। (सर्कुलर) जैसे—अँगूठी, पहिया, सूर्य आदि। २ जो बहुत कुछ वृत्ताकार हो। जैसे—गोल मुँह, गोल सिर। ३ (वस्तु) जिसके बाहरी तल का प्रत्येक बिंदु उसके केंद्र से बराबर दूरी पर हो। (स्फेरिकल) जैसे—खेलने का गेंद, फेंकने का गोला। ४ (वस्तु) जिसकी आकृति बेलन जैसी हो। जैसे—गोल गिलास, गोल पाया।

पु० [स० गोल-योग] उपद्रव। खलबली।

पद—गोल बात=ऐसे रूप में कही जानेवाली बात जिसका ठीक-ठीक आशय या भाव किसी की समझ में न आता हो। कई अर्थोंवाली बात।

मुहा०—गोल करना=कोई चीज कही से चुपके से हटा देना। गायब करना। **गोल रहना**=बिलकुल चुप रहना। **गोल होना**=कहीं से चुपचाप हट जाना। खिसक जाना।

पु० हिं० 'गोला' का संक्षिप्त रूप जो उसे समस्त पदों मे लगने पर प्राप्त होता है। जैसे—गोलंदाज, गोलबर।

पुं० [फा० गोल] १ एक ही जाति के बहुत से पशुओ का समूह। जैसे—भेडों का गोल। २ एक ही प्रकार या वर्ग के बहुत से लोगों का झुंड।

क्रि० प्र०—बाँधना।

पु० [अं०] १. फुटबाल, हाकी आदि खेलने के मैदानों का वह भाग जहाँ एक दल के खेलाड़ी गेंद पहुँचाकर दूसरे दल को हराते हैं। २. उक्त स्थान में गेंद पहुँचाने की अवस्था या भाव।

गोलक—पु० [सं० गोल+कन् वा√गुड्+ण्वुल्—अक,डस्य ल.] १. किसी प्रकार का गोल पिंड या डला। २. विधवा स्त्री की वह सतान जो उसके जार या यार से उत्पन्न हो। ३ मिट्टी का बहुत बड़ा घड़ा। कुडा। ४. फूलो का निकाला हुआ सुगंधित सार भाग। ५ आँख का डेला। ६ आँख की पुतली। ७ वह थैली या संदूक जिसमें किसी विशेष कार्य के लिए धन सग्रह किया जाय। गुल्लक। ८ वह थैली या संदूक जिसमें दूकानदार रोज की बिक्री के रुपए-पैसे रखते हैं। ९. गुबद या उसके आकार की कोई गोल रचना। उदा०—गिर रहा निस्तेज गोलक जलधि में असहाय।—प्रसाद। १०. दे० 'गो-लोक'।

गोल-कलम—स्त्री० [हिं० गोल+कलम] एक प्रकार की छेनी जो धातुओं पर नक्काशी करने के काम में आती है।

गोल-कली—स्त्री० [हिं० गोल+कली] एक प्रकार का अगूर और उसकी लता।

गोल-गप्पा—पु० [हिं० गोल+अनु० गप] घी, तेल आदि में तली हुई एक प्रकार की छोटी फुलकी जो खटाई के रस में डुबा कर खाई जाती है।

वि० (उक्त के आधार पर) जो गोल गप्पे के समान गोलाकार और फूला हुआ हो।

गोल-पंजा—पुं० [हिं० गोल+पंजा] पुरानी चाल का वह जूता जिसकी नोक ऊपर की ओर मुड़ी हुई नही होती थी। मुडा जूता।

गोल-पत्ता—पु०=गोल-फल।

गोल-फल—पु० [देश०] गुलगा नामक ताड (वृक्ष) का फल। [स० ब० स०] मदन वृक्ष।

गोल-मटोल—वि० [हिं० गोल+मटोल (अनु०)] १ बहुत कुछ गोलाकार। २. नाटे कद तथा भारी शरीरवाला। (व्यक्ति)

गोल-माल—पु० [स० गोल (योग)] ऐसी अव्यवस्था या गड़बड़ी जो जान-बूझकर और दुष्ट उद्देश्य से की गई हो।

गोल-मिर्च—स्त्री० [हिं० गोल+मरिच] काली मिर्च।

गोल-मुँहाँ—पु० [हिं० गोल+मुँह] कसेरो की एक प्रकार की गोल मुँहवाली हथौडी।

गोल-मेज—स्त्री० [हिं० गोल+फा० मेज] वह गोल मेज (या मेजो का मडलाकार विन्यास) जिसके चारों ओर बैठकर कुछ दलो या देशो के प्रतिनिधि पूर्ण समानता के भाव से किसी समस्या पर न्यायोचित रूप से और सबको सन्तुष्ट करने के उद्देश्य से विचार करे।

गोल-मेथी—स्त्री० [हिं० गोल+मोथा] मोथे की जाति का एक पेड जिसके डठलो से चटाइयाँ बनाई जाती है।

गोल-यंत्र—पु० [कर्म० स०] ज्योतिषियो का एक प्रकार का यत्र जिससे सूर्य, चन्द्र, पृथिवी आदि ग्रहो और नक्षत्रों की गति-विधि, स्थिति, अयन, परिवर्तन आदि का पता लगाते है। और जो प्राचीन भारत मे बाँस की तीलियों आदि से बनता था।

गोल-योग—पुं० [कर्म० स०] १. ज्योतिष मे एक योग जो एक ही राशि में छ या सात ग्रहों के एकत्र होने से होता और बहुत अनिष्टकारक माना जाता है। २ गडबड़ी। गोल-माल।

गोलर—पुं० [देश०] कसेरू।

गोलरा—पुं० [देश०] एक प्रकार का लम्बा सुन्दर पेड़ जिसके हीर की लकड़ी चमकीली और बहुत कड़ी होती है। इसके पत्तो से चमडा सिझाया जाता है और लकड़ी से नावे, जहाज आदि और खेती के औजार बनाये जाते हैं।

गोल-विद्या—स्त्री० [ष० त०] ज्योतिष विद्या का वह अंग जिसमें आकाशस्थ पिंडो और ग्रहों के आकार-विस्तार, ऋतु-परिवर्तन, गति-विधि आदि का विचार तथा विवेचन होता है।

गो-लांगूल—पु० [सं० ब० स०] एक प्रकार का बंदर जिसकी पूँछ गौ की पूँछ की तरह होती है।

गोला—पु० [स० गोल] [स्त्री० गोली] १. गेंद की तरह का कोई गोलाकार पिंड या वस्तु। २. धागों, रस्सियों आदि को लपेटकर बनाया हुआ उक्त आकार का पिंड। जैसे—डोरी या सूत का गोला। ३. किसी

पिसी हुई वस्तु के चूर्ण को मिगोकर या पानी आदि में सानकर बनाया जानेवाला पिंड। जैसे—आटे या भाँग का गोला। ४. लोहे का वह गोल बडा पिंड जिसे व्यायाम करते समय लोग हाथ से उठाकर दूर फेंकते हैं।

मुहा०—गोला उठाना=प्राचीन काल में अपनी सत्यता प्रमाणित करने के लिए जलता हुआ लोहे का गोला इस प्रतिज्ञा से उठाना कि यदि हम निर्दोष हैं तो हमारा हाथ नहीं जलेगा।

५. धड़ाके से फटनेवाला एक प्रकार का रासायनिक विस्फोटक पिंड।

पद—गोला बारूद=युद्ध में शत्रुओं का नाश करनेवाली सामग्री। अस्त्र-शस्त्र आदि। (अम्यूनिशन्स)

६. वास्तु में, खंभे, दीवार आदि के ऊपर की गोलाकार रचना। ७. मिट्टी, काठ आदि का गोलाकार ढाँचा जिसके ऊपर कपडा लपेटकर पगड़ी तैयार की जाती है। ८. नारियल का वह भाग जो उसके ऊपर की जटा छीलने के बाद बच रहता है। गरी का गोला। ९. कुछ विशिष्ट प्रकार की लकडियों का वह लंबा तना या लट्ठा जो छाजन आदि के काम के लिए छतों पर रखा जाता है। १०. एक प्रकार का ठोस बाँस जो डडे, छड़ियाँ आदि बनाने के काम आता है।

मुहा०—गोला लाठी करना- लडकों का हाथ पैर बाँधकर, नीचे घुटनों के बीच मे डडा डालना। (दुष्टता करने पर, दिया जानेवाला एक प्रकार का दड या सजा)

११. पेट में होनेवाला एक प्रकार का रोग जिसमें थोड़ी थोड़ी देर पर पेट के अन्दर नाभि से गर्दन तक वायु का एक गोला आता-जाता हुआ जान पडता है। १२. अनाज, किराने आदि का बड़ा बाजार या मंडी। १३ घास का गट्ठर। १४. जगली कबूतर। १५. कूएँ के ऊपर की गोलाकार जगत। १६. तालाब या नदी के किनारे का घाट। १७. एक प्रकार का बेत जो बहुत लंबा और मुलायम होता है तथा टोकरे आदि बनाने के काम में आता है।

स्त्री० [स०] १. बच्चों के खेलने का गेंद या गोली। २. छोटा घड़ा या मटकी। ३. गोदावरी नदी। ४. दुर्गा। ५. सखी। सहेली। ६. स्याही। मसि। ७. मैनसिल। ८. मडली।

वि० ठूस के आकार का गोल।

पु० [अ० गोल=झुड] पशु-पक्षियो आदि का झुड।

पु० [हिं० गोली=दासी] गोली (अर्थात् दासी) के गर्भ से उत्पन्न लड़का या व्यक्ति।

विशेष—मध्ययुग में राजपूताने (राजस्थान) में ऐसे लोगों की अलग जाति या वर्ग ही बन गया था।

पु० [अ० गुलाम] ताश में का गुलाम नाम का पत्ता।

गोलाई—स्त्री० [हिं० गोल+आई (प्रत्य०)] १. किसी वस्तु के गोल होने का भाव या स्थिति। २. किसी गोल वस्तु के किनारे पर का बाहरी गोल घेरा।

गोलाकार—वि० [गोल-आकार ब० स०] जिसकी आकृति गोल हो। गोल आकारवाला। जैसे—गोलाकार चबूतरा।

गोलाधार—वि० [हिं० गोला+धार] मूसलाधार। (वर्षा)

गोलाध्याय—पुं० [गोल-अध्याय, ब० स०] भास्कराचार्य का एक ग्रंथ जिसमें भूगोल और खगोल का वर्णन है।

गोलार्द्ध—पु० [गोल-अर्द्ध, ष० त०] १. किसी प्रकार के गोले का आधा भाग। २. गोल या पृथ्वी का आधा भाग। (हेमिस्फियर)

विशेष—भूमध्य रेखा पृथ्वी को उत्तरी और दक्षिणी गोलार्द्धों में विभाजित करती है और खमध्य रेखा पृथ्वी को पूर्वी तथा पश्चिमी गोलार्द्धों में।

३. उक्त किसी आधे भू-भाग का मानचित्र।

गोलासन—पु० [गोल-आसन=क्षेपण, ब० स०] पुरानी चाल की एक प्रकार की तोप।

गोलियाना†—स० [हिं० गोल या गोला] १. कोई चीज गोल करना। गोले के रूप में बनाना या लाना। २. छोटी-छोटी गोलियाँ बनाना। ३ पशुओं को औषध आदि गोली के रूप में बनाकर जबरदस्ती खिलाना। ४. जबरदस्ती कोई चीज या बात किसी के गले में उतारना। ५. कोई चीज कही से गायब करना। गोल करना। उडाना।

गोली—स्त्री० [हिं० गोला का स्त्री० और अल्पा०] १. कोई छोटा गोला या गोलाकार पिंड। बटिका। जैसे—दवा की गोली, बदूक की गोली, रेशम या सूत की गोली। २. मिट्टी का वह छोटा गोलाकार पिंड जिससे बच्चे कई तरह के खेल खेलते हैं। ३. उक्त पिंडों से खेला जानेवाला खेल। ४. उक्त प्रकार का सीसे का वह गोलाकार या लंबोतरा पिंड जो तमंचो, बदूको आदि से शत्रुओं को मारने अथवा पशु-पक्षियों का शिकार करने के लिए चलाया जाता है।

मुहा०—गोली खाना=बंदूक आदि की गोली का आघात सहना। **(किसी काम या व्यक्ति को) गोली मारना**=उपेक्षा या तिरस्कारपूर्वक दूर हटाना। जैसे—गोली मारो ऐसे नौकर को।

५. किसी प्रकार का चातक वार।

मुहा०—गोली बचाना=किसी सकट या आपत्ति से धूर्ततापूर्वक अपना बचाव कर लेना।

स्त्री० [?] १. मिट्टी का छोटा घड़ा। ठिलिया। २. पीले या बादामी रग की गौ। ३. पशुओं का एक प्रकार का रोग।

स्त्री० [स० गोला=सखी] १. मध्य युग में वह स्त्री जो वधुओं की सहेली के रूप में उसके साथ ससुराल भेजी जाती थी।

विशेष—ऐसी स्त्रियाँ प्रायः दासी वर्ग की होती थी। आगे चलकर राजस्थान आदि में ऐसी दासियों की एक अलग जाति या वर्ग ही बन गया था, जो पूर्ण रूप से दास ही माना जाने लगा था। भारत में स्वराज्य होने और सामतशाही का अत होने पर समाज का यह वर्ग भी स्वतन्त्र हो गया।

२ छोटी-मोटी सेवाएँ या टहल करनेवाली दासी।

पु० [अ० गोल] फुटबाल, हाकी आदि का वह खिलाडी जो गोल में खड़ा होता है तथा उसमें गेंद जाने से रोकता है। (गोलकीपर)

गोलीय—वि० [सं० गोल+छ—ईय] १ गोल-संबंधी। २. खगोल, भूगोल आदि से संबंध रखनेवाला।

गोलेदा—पुं० [देश०] बहुए का फल। कोईदा।

गो-लोक—पुं० [मध्य० स०] १. विष्णु या कृष्ण का निवास-स्थान जो पुराणानुसार ब्रह्मांड में सब लोकों से ऊपर और श्रेष्ठ माना गया है। २. स्वर्ग। ३. ब्रजमंडल।

गोलोक-वास—पु० [स० त०] परलोक वास। (मृत्यु के लिए आदरार्थक)

गोलोकेश—पु० [गोलोक-ईश, ष० त०] श्री कृष्णचन्द्र।

गोलोचन—पुं०=गोरोचन।

गो-लोकी—स्त्री० [ब० स०, ङीप्] १. सफेद दूब। २. बेशमा।

गोलोड़ा—पुं० [हिं० गोल] बाँस आदि का बड़ा टोकरा।

गो-वध—पुं० [सं० ष० त०] गौ को मार डालना जो हिन्दुओं में बहुत बड़ा पाप समझा जाता है।

गोवना*—स०=गोना (छिपाना)।

गो-वर्द्धन—पु० [ष० त०] १. गौओं का पालन, रक्षण और वृद्धि करने का काम। २ [गो√वृध् (बढ़ना)+णिच्+ल्यु—अन] वृंदावन का एक प्रसिद्ध पर्वत। कहते हैं अति वर्षा से व्रज की रक्षा करने के लिए श्री कृष्ण ने इसे उँगली पर उठा लिया था। ३. उक्त पर्वत के पास की एक बस्ती।

गोवर्धन-धारी (रिन्)—पु० [गोवर्धन√धृ (धारण करना)+णिनि, उप० स०] श्रीकृष्ण।

गोवल—पुं० [सं० गोबल, ब० स०] गोप। ग्वाला। उदा०—जिम गोवल माँहि सोहइ गोव्यंद।—नरपतिनाल्ह।

गोविंद—पुं० [स० गो√विद् (लाभ)+अ, नुम्] १. परब्रह्म। परमात्मा। २. तत्त्व शास्त्र और वेदान्त का अच्छा ज्ञाता या पंडित। ३. गौओं या गोशाला का मालिक। ४. श्रीकृष्ण। ५. बृहस्पति। ६. शंकराचार्य के गुरु का नाम।

गोविंद-द्वादशी—स्त्री० [मध्य० स०] फागुन महीने के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि।

गोविंद-पद—पु० [ष० त०] मोक्ष। निर्वाण।

गोविं—पुं० [स० ?] संकीर्ण राग का एक भेद।

गो-वीथी—स्त्री० [ष० त०] चन्द्रमा के मार्ग का वह अंश जिसमें भाद्रपद, रेवती और आश्विनी तथा किसी किसी के मत से हस्त, चित्रा और स्वाती नक्षत्रों का समूह है।

गो-वैद्य—पुं० [ष० त०] १. पशुओं की चिकित्सा करनेवाला वैद्य। २. [उपमि० स०] अनाड़ी या ना-समझ चिकित्सक। (परिहास)

गो-व्रज—पु० [ष० त०] १. गौओं का झुंड या समूह। गोठ। २. गोचर भूमि। चरागाह।

गो-व्रत—पु०[सं० त०] गौ-हत्या लगने पर उसके प्रायश्चित के लिए किया जानेवाला व्रत जिसमें बराबर एक मास तक किसी गौ के पीछे-पीछे घूमना और केवल गौ का दूध पीकर रहने का विधान है।

गोश—पुं० [फा०] सुनने की इंद्रिय। कान।

गोश-गुजार—वि० [फा०] किसी के कानों तक पहुँचाया हुआ (विवरण या समाचार)।

गोशपेंच—पुं० [फा०] कान में पहनने का एक प्रकार का गहना।

गोशम—पु० दे० 'कोशम'।

गोशमायल—पुं०[फा०] मोतियों का वह गुच्छा जो कान के पास पगड़ी पर लटकाया जाता था।

गोशमाली—स्त्री० [फा०] १. किसी को दंड देने के लिए उसके कान उमेठना या मलना। २. चेतावनी मिली हुई भर्त्सना। ताड़ना।

गोशवारा—पु० [फा०] १. खजक नामक पेड़ का गोंद जो मस्तगी का-सा होता है और मस्तगी ही की जगह काम में भी लाया जाता है। २. कान में पहनने का कुंडल या बाला। ३. ऐसा बड़ा मोती जो सीप में से अकेला ही निकला हो। ४. कलगी। तुर्रा। ५. कलाबत्तू का बुना हुआ पगड़ी का आँचल जो प्रायः लम्बे के रूप में कान के पास लटकता है। ६. संख्याओं का योग। जोड़। ७. वह संक्षिप्त लेखा जिसमें हर मद का आय-व्यय अलग-अलग दिखाया गया हो। ८. पंजी, बही आदि में भिन्न मदों या विभागों का शीर्षक।

गोशा—पुं० [फा० गोशः] १. अंतराल। कोण। कोना। २. एकान्त स्थान। ३. कमान की नोक। धनुष की कोटि। ४. ओर। दिशा।

गोशा-नशीन—वि० [फा०] [भाव० गोशा-नशीनी] घर-गृहस्थी या संसार से विरक्त होकर एकान्त वास करनेवाला।

गो-शाला—स्त्री० [ष० त०] वह स्थान जहाँ गौएँ पाली तथा रखी जाती हों। बहुत-सी गौओं के रहने का स्थान।

गो-शीर्ष—पुं० [ब० स०] १. एक पर्वत का प्राचीन नाम। २. उक्त पर्वत पर होनेवाला चन्दन। ३ एक प्रकार का प्राचीन अस्त्र।

गो-शृंग—पुं० [ब० स०] १. एक प्राचीन ऋषि। २. एक प्राचीन पर्वत। ३. कीकर। बबूल।

गोश्त—पुं० [फा०] १. शरीर के अन्दर का मांस। २. मारे हुए पशु का मांस जो लोग खाते हैं। जैसे—बकरी या भेड़ का गोश्त।

गोष्ठ—पुं० [सं० गो√स्था (ठहरना)+क] १. गौओं के रहने का स्थान। गोशाला। २. [गो√ष्ठा+अच्] एक ही प्रकार के पशुओं के रहने का स्थान। जैसे—अश्व गोष्ठ। ३. एक प्रकार का प्राचीन श्राद्ध जो बहुत से लोग मिलकर करते थे। ४. परामर्श, सलाह मशविरा। ५. दल। मंडली।

गोष्ठ-शाला—स्त्री० [ष० त०] वह स्थान जहाँ लोग मिल कर परामर्श आदि करते हों। सभा का भवन या स्थल।

गोष्ठागार—पुं० [गोष्ठ-आगार, ष० त०] =गोष्ठ-शाला।

गोष्ठी—स्त्री० [सं० गोष्ठ+ङीप्] १. छोटा गोष्ठ। २. परिचितों या मित्रों की मंडली या समुदाय। ३ औपचारिक रूप से होनेवाली ऐसी बैठक जिसमें किसी विषय पर विचार-विमर्श करने के लिए मित्र-मंडली के सदस्य भाग लेते हैं। जैसे—उद्यान गोष्ठी, साम्य-गोष्ठी। ४. इस प्रकार होनेवाला विचार-विमर्श। ५. एक प्रकार का एकांकी नाटक जिसमें ५ या ७ स्त्रियाँ और ९ या १० पुरुष हों।

गोष्पद—पुं० [सं० ष० त० सुट् नि० वा गो√पद् (गति)+अच्] १. गौओं के रहने का स्थान। गोष्ठ। २. वह गड्ढा जो गीली जमीन पर गौ का खुर पड़ने से बनता है। ३. प्रभास क्षेत्र के अन्तर्गत एक प्राचीन तीर्थ। ४. दे० 'गोपद'।

गोस—पुं०]?] १. एक प्रकार का झाड़ जिसमें से गोंद निकलता है। २. तड़का। प्रभात।

पुं० [फा० गोश] १. कान। २. जहाज का रुख इस प्रकार कुछ टेढ़ा करना कि उसे ठीक प्रकार से हवा लगे। (लश०)

गोसई—स्त्री० [देश०] कपास के पौधों का एक रोग जिसके कारण उनमें फूल नहीं लगते।

गोसल*—स्त्री०=गोष्ठी।

गोसमायल†—पुं०=गोशमायल।

गो-सर्ग—पुं० [ष० त० वा० ब० स०] वह समय जब गौएँ चरने के लिए खोलकर छोड़ी जाती हैं; अर्थात् प्रातःकाल।

गोसली†—स्त्री० दे० 'गोधूलि'।

गोसल्ल—पुं० [अ० गुस्ल] स्नान। उदा०—करि गोसल्ल पवित्र होइ चिन्त्यौ रहमानम्।—मंझनरदाई।

गोसव—पुं० [सं० गो+सू (हिंसा)+अप् (आधारे)] गोमेध-यज्ञ।

गोसहस्री—स्त्री० [गो-सहस्र ष० त०, +अच्-ङीष्] ज्येष्ठ और कार्तिक मासों की अमावास्याएँ।

गोसा—पुं० [सं० गो] उपला। कंडा

†पुं० = गोसा।

गोसाईं—पुं० [सं० गोस्वामी] १. उत्तर भारत की एक जाति जो गृहस्थ होने पर भी प्रायः गेरुए वस्त्र पहनती है (कदाचित् ऐसे त्यागियों के वंशज जो फिर गृहस्थ आश्रम में आ गये थे)। २. साधु-संन्यासियों और त्यागियों के लिए सम्बोधन। ३. जितेंद्रिय। ४. मालिक। स्वामी। ५. ईश्वर। वि० बड़ा। श्रेष्ठ।

गोसाती—स्त्री० [फा० गोशा] विपरीत दिशा से चलनेवाली हवा जो जहाज के मार्ग में बाधक होती है। (लश०)

गोसी—स्त्री० [देश०] समुद्र में चलनेवाली एक प्रकार की नाव जिसमें कई मस्तूल होते हैं।

गोसी परदान—पुं० [देश०] जहाज के मस्तूल में पाल के ऊपरी छोर को हटाने-बढ़ाने के लिए लगाया जानेवाला बाँस का लंबा खंड।

गो-सुत—पुं० [ष० त०] गौ का बच्चा। बछड़ा।

गो-सूक्त—पुं० [स० ष० त०] अथर्ववेद का वह अंश जिसमें ब्रह्माण्ड की रचना का गौ के रूप में वर्णन किया गया है। गोदान के समय इसका पाठ किया जाता है।

गोसेवाँ†—पुं० [सं० गोस्वामी, हिं० गोसाईं] १. गौओं का स्वामी। गोस्वामी। २. मालिक। स्वामी। ३. ईश्वर। प्रभु।

गोस्तना—स्त्री० [ब० स०, टाप्] द्राक्षा। दाख। मुनक्का।

गो-स्तनी—स्त्री० [ष० स० ङीष्] दाख। मुनक्का।

गो-स्वामी (मिन्)—पुं० [ष० त०] १. वह जिसने इन्द्रियों को अपने वश में कर लिया हो। जितेन्द्रिय। २. वैष्णव संप्रदाय में आचार्यों के वंशधर या उनकी गद्दी के अधिकारी।

गोह—स्त्री० [स० गोधा] छिपकली की जाति का एक बड़ा जंतु (लगभग डेढ़ फुट लंबा) जंतु जिसकी फुफकार विषैली होती है।

गोहटा†—पुं० [हिं० गोह+टा (प्रत्य०)] गोह का बच्चा।

गो-हत्या—स्त्री० [ष० त०] गौ को मार डालना, जो बहुत बड़ा पाप माना गया है।

गोहन—पुं० [?] १. संगी। साथी। २. संग। साथ।

क्रि० वि० संग में। साथ-साथ। उदा०—औ तोहि गोहन साँझ सँजीरा।—जायसी।

गोहनियाँ†—पुं० [हिं० गोहन+इया (प्रत्य०)] संगी। साथी।

गोहने—क्रि० वि० [हिं० गोहन] साथ में। संग मिलकर। उदा०—गोहनें गुपाल फिरैं ऐसी आवत मन में।—सूरदास।

गोहर—पुं० [सं० गोधा] जिसकी पीठ सामने जंतु।

गोहरा—पुं० [हिं० गो+ईल या गोहल्ल] [स्त्री० अल्पा० गोहरी] गोबर पाथ कर धूप में सुखाया हुआ उसका गोलाकार पिंड जो ईंधन का काम देता है। उपला। कंडा।

गोहराना†—अ० [हिं० गोहार] १. पुकारना। बुलाना। आवाज देना।

२. जोर से चिल्लाना। उदा०—घर घर मारु मारु गोहरावहिं।—तुलसी।

गोहरोरा—पुं० [हिं० गोहरी+ओरा (प्रत्य०)] १. गोहरों अर्थात् उपलों या कंडों का ढेर। २. वह स्थान जहाँ उक्त प्रकार का ढेर लगा रहता है।

गोहलोत—पुं० [गोह (नाम)] = गहलौत (क्षत्रियों का वर्ग)।

गोहानी†—स्त्री० दे० 'गोहनी'।

गोहार—स्त्री० [सं० गो+हार (हरण)] १. प्राचीन भारत में वह चिल्लाहट या पुकार जो अपनी गौओं के छिन जाने या लुटेरों द्वारा लूट जाने पर मचाई जाती थी। २. कष्ट, संकट, हानि आदि के समय अपनी रक्षा या सहायता के लिए मचाई जानेवाली पुकार।

मुहा०—गोहार मारना =सहायता के लिए पुकार मचाना। गोहार लड़ना=पहलवानों आदि का अखाड़े में उतरकर तथा दूसरे पहलवानों आदि को ललकार कर उनसे लड़ना।

३. चिल्लाकर लोगों को इकट्ठा होने के लिए पुकारना। चिल्लाहट। ४. शोर। हल्ला।

गोहारी†—स्त्री० [हिं० गोहार] १. गोहार। २. किसी की क्षति पूरी करने के लिए दिया जानेवाला धन। (लश०) ३. बंदरगाह में उचित से अधिक समय तक ठहरने के बदले में दिया जानेवाला धन। (लश०)

गोहीं†—स्त्री० [सं० गोपन] १. दुराव। छिपाव। २. गुप्त या छिपी हुई बात-चीत।

†स्त्री० [?] फलों की गुठली या बीज।

गोहुवन†—पुं० =गेहुँअन (साँप)।

गोहूँ†—पुं०=गेहूँ।

गौं—स्त्री० [सं० गम्, प्रा० गवँ] १. अपने स्वार्थ या हित के साधन की प्रबल इच्छा। प्रयोजन। मतलब। जैसे—वह अपनी गौं को आवेगा।

पद—गौं का यार=मतलबी। स्वार्थी।

मुहा०—गौं गाँठना या निकालना= अपना मतलब निकालना। स्वार्थ साधन करना। गौं पड़ना=मतलब होना।

२. प्रयोजन, स्वार्थ आदि सिद्ध होने का उपयुक्त समय। उदा०—

.....समय सवानी कीन्ही जैसी आई गौं परी।—तुलसी।

मुहा०—गौं ताकना=स्वार्थ साधने के लिए उपयुक्त अवसर की ताक में रहना।

३. ढंग। ढब। ४. तरह। प्रकार। उदा०—भोग करौ जोई गौं —सूर। ५. पार्श्व। पक्ष।

गौंच†—स्त्री० = कौंछ।

गौंजक—पुं० [सं० गुञ्जा+ठक्-इक] १. जौहरी। २. सुनार।

वि० गुंजा या घुँघची से संबंध रखनेवाला।

गौंठ—पुं० [?] एक प्रकार का छोटा वृक्ष जिसकी लकड़ी बहुत कड़ी होती है।

गौंड़ा†—पुं० [हिं० गाँव+टा (प्रत्य०)] १. छोटा गाँव। २. गाँव के सब लोगों से लिया जानेवाला चन्दा। बेहरी। ३. गाँव की गली या पगडंडी। ४. बरात के घर लौट आने पर गाँव के लोगों को दिया जानेवाला दान।

गौंड़ा†—स्त्री० = गौं।

गौंहाँ†—वि० [हिं० गाँव+हा (प्रत्य०)] गाँव का। गाँव-संबंधी।

गौ—स्त्री० [सं०गो] १. गाय। गैया। २. रहस्य संप्रदाय में (क) मन की वृत्ति, (ख) आत्मा और (ग) इंद्रियाँ तथा मन।

*अ० हि० 'गया' का स्वाभाविक रूप। उदा०—अलपै लाभ मूलगौ खाई—कबीर।

गौआ†—पुं०=गौखा (गवाक्ष)।

गौखा†—पु० [सं० गवाक्ष] १. छोटी खिड़की। २. आला। ताखा। ३. देहाती मकानों में दरवाजे के पास का छोटा दालान या बैठक।

पुं० [हि० गौ=गाय] १. गाय या बैल का चमड़ा। २. गाबदी। मूर्ख।

गौखी†—स्त्री० [हि० गौखा] १. गाय या बैल की खाल का बना जूता। २. जूता।

गौगा—पु० [अ०] १. शोर। गुल-गपाड़ा। हल्ला। २. अफवाह। जनश्रुति।

गौचरी—स्त्री० [हि० गौ+चरना] मध्य युग में, वह कर जो जमींदार अपने खेतों में गाएँ आदि चरानेवाले किसानों, चरवाहों आदि से वसूल करता था।

गौड़—पु०[स०√गुड़ (रक्षण)+घञ्] १. बंग देश का वह प्राचीन विभाग जो किसी के मत से मध्य बंगाल से उड़ीसा की उत्तरी सीमा तक और किसी के मत से वर्तमान बर्दवान के आस-पास था। २. उक्त देश का निवासी। ३. पुराणानुसार ब्राह्मणों का एक वर्ग जिसके अन्तर्गत सारस्वत, कान्य-कुब्ज, उत्कल, मैथिल और गौड़ ये पाँच भेद हैं और इसी लिए जिन्हें पंच गौड़ भी कहते हैं। ४. उक्त वर्ग के अन्तर्गत ब्राह्मणों की एक जाति जो दिल्ली के आस-पास तथा राजपूताने में रहती है। ५. राजपूतों के ३६ कुलों या वर्गों में से एक। ६. कायस्थों की एक उपजाति। ७. सम्पूर्ण जाति का एक राग जिसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं और जो तीसरे पहर तथा संध्या के समय गाया जाता है।

गौड़-नट—पु० [ष० स०] गौड़ और नट के योग से बना हुआ एक संकर राग। (संगीत)

गौड़-पाद—पु० [ष० स०] स्वामी शंकराचार्य के गुरु के गुरु का नाम।

गौड़-सारंग—पु० [ष० स०] गौड़ और सारंग के योग से बना हुआ एक सकर राग जो दिन के तीसरे पहर में गाया जाता है।

गौड़िक—वि० [सं०गुड़+ठक्-इक] १. गुड़-संबंधी। २. गुड़ का बना हुआ। ३. जिसमें गुड़ मिला हुआ हो।

पुं० १. ईख। २. गुड़ से बनी हुई शराब।

गौड़िया†—वि०, पुं० =गौड़ीय।

गौड़ी—स्त्री० [स० गुड़+अण्-ङीप्] १. गुड़ को सड़ाकर बनाई हुई शराब। २. काव्य में एक प्रकार की रीति या वृत्ति जो ओज गुण प्रधान मानी जाती है तथा जिसमें द्वित्व, टवर्गीय, संयुक्त आदि वर्ण तथा लंबे-लंबे समास अधिक होते हैं। ३. संध्या के समय तथा रात के पहले पहर में गाई जानेवाली संपूर्ण जाति की एक रागिनी।

गौड़ीय—वि० [सं० गौड़+छ—ईय] १. गौड़ देश संबंधी। गौड़ देश का। २. (साहित्यिक रचना) जिसमें गौड़ी वृत्ति के तत्त्व हों।

पु० चैतन्य महाप्रभु का चलाया हुआ एक प्रसिद्ध वैष्णव सम्प्रदाय।

स्त्री० गौड़ देश की बोली या भाषा।

गौड़ेश्वर—पु० [गौड़-ईश्वर, ष० त०] महाप्रभु कृष्ण चैतन्य जिन्हें गौरांग महाप्रभु भी कहते हैं।

गौण—वि० [सं० गुण+अण्] १. जो किसी की तुलना में महत्त्व, बल आदि के विचार से कुछ घटकर हो। जो प्रधान या मुख्य न हो। २. (शब्द का अर्थ) जो मुख्य या मूल अर्थ से भिन्न हो। लाक्षणिक (अर्थ)। ३. बहुत ही सामान्य रूप से पूरक या सहायक बनने या होनेवाला।

गौण-चान्द्र—पु० [कर्म० स०] वह चांद्र मास जिसका आरंभ कृष्ण प्रतिपदा से माना जाता है।

गौणिक—वि० [स० गुण+ठक्—इक] १. गुण-संबंधी। गुण या गुणों का। जैसे—पदार्थों की गौणिक समानता। २. सत्त्व, रज और तम इन तीनों गुणों से संबंध रखनेवाला। ३. गुणवान्। गुणी।

गौणी—स्त्री० [सं० गौण+ङीप्] साहित्य में अस्सी प्रकार की लक्षणाओं में से एक जिसमें किसी पद का अर्थ केवल गुण, रूप आदि के सादृश्यवाले (उसके कार्य, कारण या अंगांगी भाववाले संबंध से भिन्न) तत्त्व से निकलता है। जैसे—यदि कहा जाय 'देवदत्त सिंह है' तो शब्दार्थ के विचार से ऐसा होना असंभव है, पर समझनेवाला लक्षणा के द्वारा इससे यह समझता है कि देवदत्त सिंह के समान बलवान् या पराक्रमी है।

वि० स० गौण का स्त्री० रूप। (क्व०)

गौतम—पुं० [सं० गोतम+अण्] १. गोतम ऋषि के वंशज। २. पुराणों आदि के अनुसार एक ऋषि जिन्होंने अपनी स्त्री अहल्या को इन्द्र के साथ अनुचित संबंध करने के कारण शाप देकर पत्थर की तरह जड़ कर दिया था और जिसका उद्धार भगवान् श्री रामचन्द्र ने किया था। ३. न्याय-शास्त्र के प्रसिद्ध आचार्य और प्रणेता एक ऋषि जो ईसा से प्रायः ६०० वर्ष पहले हुए थे। ४. बौद्ध धर्म के प्रवर्तक बुद्धदेव का एक नाम। ५ एक स्मृतिकार ऋषि। ६ कृपाचार्य। ७. सप्तर्षि मंडल में का एक तारा। ८. नासिक के पास का वह पर्वत जिससे गोदावरी नदी निकलती है। ९ क्षत्रियों का एक वंश या वर्ग। १०. भूमिहारों का एक वंश या वर्ग। ११. एक प्रकार का विष।

गौतमी—स्त्री० [सं० गौतम+ङीप्] १. गौतम ऋषि की पत्नी, अहल्या। २. कृपाचार्य की स्त्री। ३. गोदावरी नदी। ४. गौतम ऋषि की बनाई हुई स्मृति। ५. दुर्गा।

गौद(र्)—पुं० दे० 'गौद'।

गौदान—पुं०=गोदान।

गौदुग्ध—वि० =गोदुग्ध।

गौन—पुं० [देश०] खेत में वह छायादार स्थान जहाँ बैल बाँधे जाते हैं।

†पुं०=गाउन।

पु० [सं० गमन] १. जाना। २. गति। पैठ। ३. प्रवेश।

गौनई†—स्त्री०[सं० गायन] गायन। संगीत।

गौनर्द—पु० [सं० गौनर्द+अण्] पतंजलि ऋषि जो गोनर्द देश के थे।

गौनहर—स्त्री०=गौनहारी।

गौनहाई†—स्त्री० [हि० गौना+हाई (प्रत्य०)] वह वधू जो गौना होने के बाद ससुराल में पहले-पहल आई हो।

गौनहार—स्त्री० [हि० गौन+हार (प्रत्य०)] १. वह स्त्री जो दुलहिन का गौना होने पर उसके साथ उसकी ससुराल जाय। २. दे० 'गौन-हारी'।

गौनहारिन—स्त्री०=गौनहारी।

गौनहारी—स्त्री० [हि० गावना=गाना+हारी प्रत्य०] निम्न कोटि की

गानेवाली स्त्रियों का एक वर्ग या समाज। इस वर्ग की स्त्रियाँ प्रायः टोली बनाकर गाती और वेश्यावृत्ति भी करती हैं।

गौना—पुं० [सं० गमन] विवाह के बाद की एक रसम जिसमें वर अपनी ससुराल से वधू को पहले-पहल अपने साथ अपने घर लाता है। द्विरागमन। मुकलावा।

क्रि० प्र०—देना।—भाँगना।—लाना।

↑पु० [स्त्री० गौनी] बारहसिंघा।

गौपिक—वि० [सं० गोपिका+अण्] गोपी-संबंधी।

पुं० गोपी का वंशज या संतान।

गोपुच्छ—वि० [सं० गोपुच्छ+अण्] गाय की पूँछ के समान। गावदुम।

गौप्तेय—पुं० [स० गुप्ता+ढक्—एय] गुप्त जाति नामवाले (अर्थात् वैश्य) का पुत्र।

गौमुख—पुं०=गोमुख।

गौमुखी—स्त्री०=गोमुखी।

गौमेध—पुं०=गोमेध।

गौरंग—पुं० [सं० गौरांग] गोरों अर्थात् अंगरेजों का देश। विलायत। उदा०—कला कलित गौरंड देस के विज्ञ बनाए।—रत्नाकर।

गौर—वि० [सं० गु (जाना) +र नि० सिद्ध] १. गौर वर्ण का। गोरे रंग का। गोरा। २. उज्ज्वल। स्वच्छ। ३. श्वेत। सफेद।

पुं० १. सफेद या गोरा रंग। २. लाल रंग। ३. पीला रंग। ४. चंद्रमा। ५. सोना। स्वर्ण। ६. प्राचीन काल का एक प्रकार का बहुत छोटा मान जो तीन सरसों के बराबर होता था। ७. एक प्रकार का हिरन। ८. केसर। ९. घी का पेड़। १०. सफेद सरसों। ११. बंगाल के प्रसिद्ध वैष्णव महापुरुष चैतन्य महाप्रभु का एक नाम जो उनके शरीर के गौर वर्ण के कारण पड़ा था। १२. कैलास के उत्तर का एक पर्वत। १३. पद्म केसर। १४. बृहस्पति ग्रह का एक नाम।

स्त्री० [सं० गौरी] हिंदुओं में कहीं-कहीं प्रचलित एक प्रथा जिसमें विवाह निश्चित हो जाने पर कन्या के संबंधी उसकी पूजा करते हैं।

पुं० [?] ऊँचे कद का एक सुन्दर शाकाहारी जंगली पशु जो भूरे रंग का होता है।

↑पुं० दे० 'गौड़'।

पु० [अ०] १. सोच-विचार। चिंतन। २. खयाल। ध्यान।

गौरक्ष्य—पु० [सं० गोरक्ष+ष्यञ्] गौएँ पालने तथा उनकी रक्षा करने का काम। गो-रक्षण।

गौर-गीव—पु० [ब० स०] पुराणानुसार एक देश जो कूर्म विभाग के मध्य में है।

गौर-लक्ष—वि० [अ०] (विषय) जिस पर विचार करना आवश्यक हो। विचारणीय।

गौरता—स्त्री० [स० गौर+तल्+टाप्] १ गौर अर्थात् गोरे होने की अवस्था या भाव। गोराई। गोरापन। २ सफेदी।

गौर-प्रवाहन—पुं० [?] इंद्रधनुष। (मुंदेल०)

गौरव—पुं० [सं० गुरु+अण्] १ गुरु अर्थात् भारी होने की अवस्था या भाव। गुरुता। भारीपन। २. गुरु अर्थात् बड़े होने की अवस्था या भाव। बड़प्पन। महत्त्व। ३. आदर। इज्जत। सम्मान। ४. अभ्युत्थान। उत्कर्ष। उन्नति। ५. गंभीरता। गहराई।

गौरवा०—पुं० [सं० गौर, गौरवत्] गौरैया का नर। चिड़ा पक्षी। उदा०—जाहि बया गहि पिय कंठ लवा। करे मेराउ सोई गौरवा।—जायसी।

वि० गौरवयुक्त।

गौरवान्वित—वि० [गौरव-अन्वित, तृ० त०] गौरव या महिमा से युक्त। सम्मानित।

गौरवित—वि० [सं० गौरव+इतच्] १. जिसका गौरव हुआ हो। २. जो गौरव से युक्त हो। सम्मानित।

गौर-शाक—पुं० [ब० स०] एक प्रकार का महुआ और उसका फल।

गौर-शालि—पुं० [कर्म० स०] एक प्रकार का शालि धान्य।

गौर-सुवर्ण—पुं० [ब० स०] एक प्रकार का साग जिसके पत्ते छोटे, सुनहले और सुगंधित होते हैं।

गौरांग—पुं० [गौर-अंग, ब० स०] १. विष्णु। २. श्रीकृष्ण। ३. चैतन्य महाप्रभु।

वि० [स्त्री० गौरांगी] गोरे अंग या शरीरवाला। जैसे—अमेरिका या यूरोप के निवासी।

गौरा—स्त्री० [सं० गौर+टाप्] १. गोरे रंग की स्त्री। २. पार्वती। गौरी। ३. हल्दी। ४. संगीत में एक प्रकार की रागिनी।

गौरार्क—पुं० [गौर-अर्क, कर्म० स०] अफीम, संखिया, कनेर आदि स्थावर विष।

गौराख्य—पुं० [गौर-आख्य ब० स०] एक प्रकार का बंदर जिसके शरीर का रंग काला और मुँह गोरे रंग का होता है।

गौराहिक—पु० [गौर-अहि, कर्म० स०+कन्] एक प्रकार का साँप।

गौरि—पुं० [सं० गौर+इञ्] आंगिरस ऋषि।

↑स्त्री०=गौरी।

गौरिक—वि० [सं० गौर+ठन्—इक] गोरा।

पुं० सफेद सरसों।

गौरिका—स्त्री० [सं० गौरी+कन्—टाप्, ह्रस्व] आठ वर्ष की कन्या। गौरी।

गौरिया—पुं० [?] १. मिट्टी का बना हुआ छोटा हुक्का। २. एक प्रकार का मोटा कपड़ा।

↑स्त्री० दे० 'गौरैया'।

गौरिल—पुं० [सं० गौर+इलच्] १. सफेद सरसों। २. लोहे का चूरा।

गौरी—स्त्री० [सं० गौर+ङीष्] १. गोरे रंग की स्त्री। २. पार्वती। ३. वरुण की पत्नी। ४. आठ वर्ष की कन्या। ५. तुलसी। ६. मल्लिका। ७. चमेली। ८. हल्दी। ९. दारु हल्दी। १०. मंजीठ। ११. सफेद दूब। १२. संध्या समय गाई जानेवाली संपूर्ण राग की एक रागिनी। १३. चिट्ठों आदि में बिखायी जानेवाली उज्ज्वलता या प्रकाश। १४. भारत (अखंड) की पश्चिमोत्तर सीमा पर बहनेवाली एक प्राचीन नदी।

स्त्री० दे० 'गौड़ी'।

गौरी-अंचल—पुं० [मध्य० स०] लाल चंदन।

गौरीज—पुं० [सं० गौरी+√जन् (उत्पन्न होना) +ड, उप० स०] १. गौरी के पुत्र, कार्तिकेय और गणेश। २. अभ्रक।

वि० गौरी से उत्पन्न।

गौरी-पुष्प—पुं० [ब० स०] त्रिपुंड नाम का वृक्ष।

गौरी बेंत—पुं० [?] एक प्रकार का बेंत जिसे पनका बेंत भी कहते हैं।
गौरी-मल्लिका—पुं० [उपमि० स०] हरताल।
गौरी-शंकर—पुं० [मध्य० स०] १. शिव का वह रूप जिसमें उनके साथ गौरी अर्थात् पार्वती भी रहती हैं। २. हिमालय की एक बहुत ऊँची चोटी।
गौरीश—पुं० [गौरी-ईश, ष० त०] शिव।
गौरीसर—पुं० [?] हंसराज नाम की बूटी। सैमल पत्ती।
गौरुत्त्यिक—पु० [सं० गुरु-तल्प+ठक्-इक] वह शिष्य जिसका गुरु-पत्नी से अनुचित संबंध हो।
गौरैवा†—स्त्री० [?] १. काले रंग का एक प्रकार का जल-पक्षी जिसका सिर भूरा और गरदन सफेद होती है। २. हर जगह घरों में रहनेवाली एक प्रसिद्ध छोटी चिड़िया। चिड़ी।
†पुं० मिट्टी का बना हुआ एक प्रकार का छोटा हुक्का।
गौलक्षणिक—पुं० [सं० गो-लक्षण ष० त०+ठक्-इक] गाय-बैलों के भले-बुरे लक्षण पहचाननेवाला।
गौलना—अ० [?] अनुभूत होना।
गौला—स्त्री०=गौरी (पार्वती)।
गौल्मिक—पुं०[सं० गुड+ठक्-इक 'ड' को 'ल'] १. मुल्लक नामक वृक्ष। २. एक प्रकार का लोध।
गौल्मिक—पुं० [सं० गुल्म+ठक्-इक] सैनिकों के गुल्म का नायक। वि० गुल्म-संबंधी।
गौशाला—पुं०=गोशाला।
गौश्रुंग—पुं०[सं० गोशृंग+अण्] एक प्रकार का साम गान।
गौषी*—स्त्री० [सं० गवाक्ष] खिड़की।
गौसम—पु० [हि० कोसम] १. कोसम नामक वृक्ष और उसका फल। २. उक्त पेड़ की लकड़ी।
गौहर—पुं० [फा०] मोती।
†पुं० [स० गोष्ठ] गोशाला। गोठ।
ग्यांबिर—पुं० [देश०] कीकर की जाति का एक वृक्ष जिसकी लकड़ियों से पपड़िया खैर बनाया जाता है।
ग्याति*—स्त्री० १.=ज्ञाति। २.=जाति।
ग्यान†—पुं०=ज्ञान।
ग्यारस—स्त्री० [हि० ग्यारह] चांद्र मास के कृष्ण या शुक्ल की ग्यारहवीं तिथि। एकादशी।
ग्यारह—वि० [सं० एकादशन्; पा० पं० एकादस, एकारस; अर्धमा० एक्कारस; प्रा० अप० एग्गारह, एआरह; गु० अगियार; सिं० बारहं; पं० ग्यारँ; बं० उ० एगार] जो गिनती में दस और एक हो।
पु० उक्त अंक की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—११।
ग्रंथ—पुं० [स०√ ग्रंथ् (रचना, बाँधना)+घञ्] १. गाँठ। ग्रंथि। २. किताब या पुस्तक जिसके पन्ने या पृष्ठ पहले गाँठ बाँध कर रखे जाते थे। ३. धार्मिक या साहित्यिक दृष्टि से कोई महत्त्वपूर्ण बड़ी पुस्तक। जैसे—गुरु ग्रंथ-साहब। ४. गाँठ में का अर्थात् अपने पास का धन। जमा। पूँजी।
ग्रंथ-कर्त्ता(र्तृ)—पुं०[ष० त०] ग्रंथ या पुस्तक का रचयिता। लेखक।
ग्रंथ-कार—पु० [ग्रंथ √कृ(करना)√अण् उप० स०] दे० 'ग्रंथ-कर्त्ता'।
ग्रंथ-चुंबक—पुं०[ष० त०] वह जो ग्रंथों या पुस्तकों को यों ही सरसरी तौर पर देख जाता हो, उनमें प्रतिपादित विषयों का अध्ययन न करता हो।
ग्रंथ-चुंबन—पुं० [ष० त०] ग्रंथ या पुस्तक यों ही सरसरी तौर पर देख जाना, उसमें प्रतिपादित विषय का ठीक ज्ञान प्राप्त न करना।
ग्रंथन—पुं० [सं०√ग्रंथ्+ल्युट्-अन] १. गाँठ लगाकर जोड़ना, बाँधना या मिलाना। २. गूँथना। ३. ग्रंथ या पुस्तक की रचना करना। ग्रंथ बनाना।
ग्रंथना*—स०=गूथना।
ग्रंथ-माला—स्त्री० [ष० त०] एक ही स्थान से समय-समय पर प्रकाशित होनेवाली एक ही प्रकार अथवा वर्ग की अनेक पुस्तकों की अवली या शृंखला।
ग्रंथ-संधि—स्त्री० [ष० त०] ग्रंथ का कोई विभाग। जैसे—सर्ग, परिच्छेद, अध्याय, अंक, पर्व्व आदि।
ग्रंथ-साहब—पुं० [हि० ग्रंथ+साहब] सिक्खों का धर्म-ग्रंथ जिसमें नानक, कबीर आदि गुरुओं की वाणियाँ संगृहीत हैं।
ग्रंथालय—पुं० [ग्रंथ-आलय, ष० त०] १. वह स्थान जहाँ पुस्तकें रखी जाती हों। २. वह कमरा या घर जिसमें लोगों के पढ़ने के लिए पुस्तकें रखी गई हों। पुस्तकालय।
ग्रंथावलि (ली)—स्त्री० [ग्रंथ-आवलि (ली) ष० त०] ग्रंथमाला।
ग्रंथि—स्त्री० [स०√ग्रंथ्+इन्] १. धागे, रस्सी आदि में पड़ने या डाली जानेवाली गाँठ। २. गाँठ के आकार की कोई कड़ी गोलाकार रचना या वस्तु। ३. वायु आदि के विकार के कारण शरीर के किसी अंग में बननेवाली गाँठ। ४. शरीर के अन्दर कोषाणुओं के योग से बनी हुई कई प्रकार की गाँठों में से हर एक।
विशेष—ये ग्रंथियाँ शरीर के भिन्न भिन्न भागों में अनेक आकार-प्रकार की होती हैं और इनमें से ऐसे तरल तत्त्व या रस निकलते हैं जो शरीर की रक्षा और वृद्धि के लिए उपयोगी होते या अनुपयोगी तत्त्वों को शरीर के बाहर निकालते हैं। जैसे—बीज ग्रंथि, लस ग्रंथि आदि। (दे०) ५. कोई बाँधनेवाली चीज। बंधन। ६. आध्यात्मिक या धार्मिक क्षेत्र में वे बातें जो मनुष्य को इस संसार के साथ बाँधे रहती हैं और उसे आध्यात्मिक दिशा में जाने से रोकती हैं। ७ कुटिलता। टेढ़ापन। ८. आलू। ९. पिपरामूल। १०. भद्रमुस्तक। ११. ग्रंथिपर्णी। गठिबन।
ग्रंथिक—पुं० [सं० ग्रंथ+ठन्-इक] १. पिपरामूल। २. ग्रंथिपर्णी। गठिबन। ३. गुग्गुल। ४. करील। ५. ज्योतिषी। ६. सहदेव पाण्डव का वह नाम जो उन्होंने अज्ञातवास के समय धारण किया था।
ग्रंथित—भू० कृ० [सं० ग्रंथ+इतच्] १. जिसमें गाँठ लगी हो। २. गाँठ लगाकर बाँधा हुआ। ३. गूथा हुआ।
ग्रंथि-दूर्व्वा—स्त्री० [मध्य० स०] गाडर दूब।
ग्रंथि-पत्र—पुं० [ब० स०] चोरक नामक गंध-द्रव्य।
ग्रंथि-पर्ण—पु० [ब० स०] गठिबन का पेड़।
ग्रंथिपर्णी—स्त्री० [सं० ग्रंथिपर्ण+ङीष्] गाडर दूब।
ग्रंथि-फल—पुं० [ब० स०] १. कैथ का पेड़ या फल। २. मैनफल।
ग्रंथि-बंधन—पुं० [ष० त०] १. गाँठ बाँधकर अथवा ऐसी ही और किसी क्रिया से दो या अधिक चीजें एक साथ करना या लगाना। २. विवाह के समय वर और कन्या के कपड़ों के पल्लों को गाँठ देकर आपस में बाँधने

की क्रिया जो पारस्परिक घनिष्ठ संबंध स्थापित करने की सूचक होती है। गँठ-बंधन।

ग्रंथि-मूल—पुं० [ब० स०] ऐसी वनस्पतियाँ जो गाँठों के रूप में होती हैं। कंद। जैसे—गाजर, मूली, शलजम आदि।

ग्रंथि-मोचक—पु० [ष० त०] गिरहकट। जेब-कतरा।

ग्रंथिल—वि० [सं० ग्रन्थि+लच्] जिसमें गाँठ या गाँठें हों। गाँठदार।
पुं० १. करील का वृक्ष। २. पिपरामूल। ३. अदरक। आदी। ४. बिकंकत वृक्ष। ५. चौलाई का साग। ६. आलू या ऐसा ही और कोई गोल कंद। ७ चोरक नामक गंध-द्रव्य।

ग्रंथिला—स्त्री० [सं० ग्रन्थिल+टाप्] १. गाडर दूब। २. माला दूब। ३. भद्रमुस्तक। भद्रमोथा।

ग्रंथीक—पुं० [सं० ग्रन्थिक, पृषो० सिद्धि] पिपरामूल।

ग्रंथ†—पु० [सं० ग्रंथि=कुटिलता] १. कुटिलता। टेढ़ापन। २. कुटिलता या छल-कपट से भरा हुआ आचरण या व्यवहार। ३. मन में रखा जानेवाला द्वेष। ४. दे० 'गाँसी'।

ग्रथन—पु० [सं० ग्रन्थन] [भू० कृ० ग्रन्थित] १. ग्रंथि या गाँठ लगाकर बाँधना। २. ग्रंथ के रूप में प्रस्तुत करना। रचना। ३ गूथना। पिरोना।

ग्रथित—भू० कृ० [स०√ग्रन्थ् (गूथना)+क्त] १. जिसका ग्रथन हुआ हो। गठा या बँधा हुआ। २. बनाया या रचा हुआ। रचित। ३. गूथा या पिरोया हुआ। ४. जिसमें जमने के कारण गाँठें पड़ गई हों। ५. दबाया या जीता हुआ।
पु० दे 'अर्बुद'।

ग्रथ्य*—पुं० =गर्व।

ग्रसन—पु० [सं०√ग्रस् (खाना)+ल्युट्-अन] १. ग्रसने या पकड़ने की क्रिया या भाव। पकड़। २. खाना या निगलना। भक्षण। ३. बुरी तरह से अपने चगुल में फँसाना। ४. कौर। ग्रास। ५. ग्रहण। ६. फलित ज्योतिष में दस प्रकार के ग्रहणों में से एक खंड-ग्रहण जिसके फलस्वरूप अभिमानियों का पतन या नाश होता है।

ग्रसना—स० [स० ग्रसन] १. इस प्रकार किसी को पकड़ना कि वह जल्दी छूटने, निकलने या भागने न पावे। अच्छी तरह से दबाते हुए पकड़ना। २. काम निकालने के लिए बहुत तंग करना या पीछे पड़ना।

ग्रसपति—पुं० [ष० त०?] प्राचीन वास्तु-कला में मनुष्य के मुख की वे आकृतियाँ जो एक पंक्ति में किसी पत्थर में खुदी हुई हों।

ग्रसित—भू० कृ०=ग्रस्त।

ग्रसिष्णु—वि० [सं०√ग्रस्+इष्णुच्] १. जो ग्रसन करने पर उद्यत हो या उसका अभ्यस्त हो। २. निगलने या हड़पनेवाला।
पुं० परमात्मा।

ग्रस्त—भू० कृ० [सं०√ग्रस्+क्त] १. खाया या निगला हुआ। २. ग्रसा या पकड़ा हुआ। जैसे—ग्रह-ग्रस्त। ३. कष्ट, रोग आदि से युक्त। पीड़ित। जैसे—ज्वर-ग्रस्त। ४. किसी के नियंत्रण में आया हुआ।

ग्रस्ता (स्तृ)—वि० [सं०√ग्रस्+तृच्] १. ग्रसन करने या पकड़नेवाला। २. भक्षक।

ग्रस्तास्त—वि० [सं० ग्रस्त-अस्त, कर्म०स०] (चन्द्रमा या सूर्य) जो ग्रहण लगे रहने की दशा में ही अस्त हो जाय।
पुं० ऐसा ग्रहण जो चन्द्रमा या सूर्य के अस्त होने के समय तक न छूटा हो।

ग्रस्ति—स्त्री० [सं०√ग्रस्+क्तिन्] १ निगलने की क्रिया या भाव। २. ग्रसने या पकड़ने की अवस्था, क्रिया या भाव। ग्रास।

ग्रस्तोदय—पुं० [ग्रस्त-उदय, ष० त०] ऐसा ग्रहण जिसमें चन्द्रमा या सूर्य ऐसी अवस्था में उदित हों कि उस पर ग्रहण लगा हुआ हो।

ग्रस्य—वि० [स०√ग्रस्+यत्] १. जिसे खाया या निगला जा सके। २. जिसे ग्रसा जा सके। ग्रस्त होने का पात्र।

ग्रह—पु० [सं०√ग्रह् (ग्रहण करना)+अप्] १. ग्रहण करने, पकड़ने, लेने या वश में करने की क्रिया या भाव। २. [√ग्रह्+अच्] वह जो किसी को पकड़ता, वश में करता या प्रभावित करता हो। ३. वह आकाशस्थ पिंड जो किसी सौर जगत् का अंग हो और उस जगत् के सूर्य की परिक्रमा करता हो। (प्लैनेट) जैसे—पृथ्वी, बुध, शुक्र आदि।
विशेष—कुछ आकाशस्थ पिंडों का नाम ग्रह कदाचित् इसलिए पड़ा था कि वे मनुष्यों के भाग्यों को वश में रखने और प्रभावित करनेवाले माने जाते थे।
४. हमारे सौर जगत् में चन्द्रमा, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतु जो सूर्य की परिक्रमा करनेवाले पिंड माने गये थे और जिनमें स्वयं सूर्य को भी सम्मिलित करके नौ ग्रहों की कल्पना की गई थी।
विशेष—आधुनिक ज्योतिषियों ने अनुसंधान करके दो-तीन और भी ऐसे छोटे तारों और तारा-पुंजों का पता लगाया है जो हमारे सूर्य की परिक्रमा करते हैं, और इसी लिए जिनकी गिनती ग्रहों में होने लगी है।
५. उक्त नौ ग्रहों के आधार पर नौ की संख्या का सूचक शब्द। ६. राहु जो ग्रहण के समय चन्द्रमा अथवा सूर्य को ग्रसनेवाला माना गया है।
७. बालकों को होनेवाले अनेक प्रकार के छोटे-मोटे रोग जो पहले भूत-प्रेत आदि बाधा के फल समझे जाते थे। बाल-ग्रह (देखें)।

ग्रहक—वि० [सं० ग्राहक] ग्रहण करनेवाला।
पुं० १. ग्राहक। २. कैदी।

ग्रह-कल्लोल—पु० [स० त०] राहु नामक ग्रह।

ग्रह-कुज्जांड—पु० [कर्म० स०] एक देव-योनि। (पुराण)

ग्रह-गोचर—पुं० [ष० त०] दे० 'गोचर'।

ग्रह-ग्रस्त—भू० कृ० [तृ० त०] जिस पर भूत-प्रेत आदि की बाधा हो।

ग्रह-चामची—पु० [ष० त०] ग्रहों का स्वामी, सूर्य।

ग्रह-चिंतक—पु० [ष० त०] ग्रहों की गति, स्थिति आदि का विचार करनेवाला व्यक्ति। ज्योतिषी।

ग्रहण—पुं० [सं० ग्रह+ल्युट्-अन] १. पकड़ने या लेने की क्रिया या भाव। २. कोई बात ठीक समझकर मान लेना। ३. अंगीकार या स्वीकार करना। ४. सूर्य या चंद्रमा पर क्रमशः चंद्रमा या पृथ्वी की छाया पड़ने की वह स्थिति जिसमें उनका कुछ अथवा पूरा बिंब अँधेरा या ज्योति-विहीन-सा प्रतीत होने लगता है। (एक्लिप्स) ५. उक्त के आधार पर किसी वस्तु, व्यक्ति आदि की वह स्थिति जिसमें उसकी उज्ज्वलता, महत्त्व, मान आदि पर किसी प्रकार का धब्बा लगा हो। ६. ऐसी वस्तु जिसके कारण किसी की उज्ज्वलता, महत्त्व, मान आदि पर बुरा प्रभाव पड़ता हो। ७. तात्पर्य। मतलब।

ग्रहणांत—पुं० [ग्रहण-अंत, ष० त०] अध्ययन का समाप्ति पर होना।

ग्रहना* —स० =गहना (पकड़ना)।

ग्रहणि, ग्रहणी—स्त्री० [सं०√ग्रह्+अनि] [ग्रहणि+ङीष्] १. पक्वाशय और आमाशय के बीच की एक नाड़ी जो अग्नि या पित्त का प्रधान आधार मानी गयी है। (सुश्रुत) २ उक्त नाड़ी में विकार होने के कारण होनेवाली दस्तों की एक बीमारी। संग्रहणी।

ग्रहणीय—वि० [सं०√ग्रह्+अनीयर्] १ ग्रहण अर्थात् अंगीकार किये जाने के योग्य। २. नियम या विधि के रूप में माने जाने के योग्य।

ग्रह-दशा—स्त्री० [ष० त०] १. गोचर ग्रहों की स्थिति। २. ज्योतिष के अनुसार ग्रहों के किसी विशिष्ट स्थिति मे होने के फलस्वरूप मनुष्य की होनेवाली अवस्था (प्रायः कष्टप्रद या दुःखद अवस्था) ३. अभाग्य। दुर्भाग्य।

ग्रह-दाय—स्त्री० [ष० त०] फलित ज्योतिष में, किसी की वह आयु जो उसके जन्म लेने के समय के ग्रहों की स्थिति के अनुसार निश्चित की जाती है।

ग्रह-दृष्टि—स्त्री० [ष० त०] फलित ज्योतिष में, जन्म-कुंडली के विभिन्न घरों में स्थित ग्रहो का एक दूसरे पर पड़नेवाला प्रभाव।
विशेष—शुभ ग्रह की दृष्टि का फल शुभ और अशुभ ग्रह की दृष्टि का फल अशुभ माना जाता है।

ग्रह-दुम—पु० [मध्य० स०] काकड़ासींगी।

ग्रह-नायक—पु० [ष० त०] सूर्य।

ग्रहनाश—पु०[स० ग्रह√नश् (नष्ट होना) + णिच् +अण्, उप०स०] सतिवन नामक पेड़।
वि० ग्रहों का प्रभाव नष्ट करनेवाला।

ग्रहनेमि—पु० [ष० त०] १. चंद्रमा। २ चद्रमा के मार्ग का वह भाग जो मूल और मृगशिरा नक्षत्रों के बीच में पड़ता है। ३. आकाश। (डिं०)

ग्रह-पति—पुं० [ष० त०] १. सूर्य। २. शनि। ३. आक या मदार का पौधा।

ग्रह-पीड़ा—स्त्री० [मध्य० स०] ग्रह-बाधा।

ग्रह-बाधा—स्त्री० [मध्य० स०] फलित ज्योतिष में ग्रहों की क्रूर दृष्टि या स्थिति के कारण होनेवाला भौतिक कष्ट या पीडा।

ग्रह-युद्ध—पुं० [ष० त०]=ग्रह-युद्ध।

ग्रह-मैत्री—स्त्री०[ष० त०] वर और कन्या के ग्रहों के स्वामियों की मित्रता या अनुकूलता जिसका विचार हिन्दुओं में विवाह के समय किया जाता है। (फलित ज्योतिष)

ग्रह-यज्ञ—पु० [ष० त०] ग्रहों की उग्रता या कोप की शान्ति के लिए किया जानेवाला एक प्रकार का पूजन या यज्ञ ।

ग्रह-युति—स्त्री० [स० ष० त०] एक राशि के एक ही अंश पर एक ही समय में दो या कई ग्रहों का एकत्र होना।

ग्रह-युद्ध—पुं० [ष० त०] सूर्य सिद्धान्त के अनुसार बुध, बृहस्पति, शुक्र शनि या मगल में से किसी एक ग्रह का चद्रमा के साथ अथवा उक्त ग्रहों मे से किसी दो ग्रहों का एक साथ एक राशि के एक अंश पर इस प्रकार एकत्र होना कि उस पर ग्रहण लगा हुआ जान पड़े। इसका फल भयकर कहा गया है।

ग्रह-युद्धज—पु० [ग्रह-युद्ध, ब० स०, ग्रहयुद्ध-ज, कर्म० स०] वह नक्षत्र जिस पर कोई दो ग्रह एक साथ एकत्र हों। ग्रह-युद्ध का केन्द्र।

ग्रह-योग—पुं० [ष० त०] =ग्रहयुति।

ग्रह-राज—पु० [ष० त०] १. सूर्य। २. चंद्रमा। ३. बृहस्पति।

ग्रह-वर्ष—पु० [मध्य० स०] वह सारा समय जितने में कोई ग्रह अपने सूर्य की एक परिक्रमा पूरी करता है।
विशेष—ग्रहों की कक्षाओं के अलग-अलग विस्तारों के अनुसार ही यह वर्ष या समय छोटा या बड़ा होता है।

ग्रह-विप्र—पु० [मध्य० स०] बगाल और दक्षिण में होनेवाले एक प्रकार के ब्राह्मण जो कुछ विशिष्ट क्रियाओं से ग्रहों के शुभाशुभ फल बतलाते है। २. ग्रहों क. फल तथा स्थिति बतलानेवाला ब्राह्मण। ३. ज्योतिषी।

ग्रह-वेध—पु० [ष० त०] शास्त्रीय विधि से वेध (देखें) करके ग्रहों की स्थिति आदि का ठीक पता लगाना।

ग्रह-शांति—स्त्री० [ष० त०] १. वह पूजन जो ग्रहों का प्रकोप शांत करने के उद्देश्य से किया जाता है। २.ग्रहों का प्रकोप शांत होने की अवस्था या भाव।

ग्रह-शृंगाटक—पु० [ष० त०] बृहत्संहिता के अनुसार ग्रहो का एक प्रकार का योग जिसके फल अवस्थानुसार कभी शुभ और कभी अशुभ होते हैं।

ग्रह-समागम—पुं० [ष० त०] किसी राशि में चद्रमा के साथ मगल, बुध आदि ग्रहों का योग।

ग्रह-स्वर—पुं० [ष०त०]सगीत मे वह स्वर जिससे किसी राग का आरंभ होता है।

ग्रहा—स्त्री०=गृहिणी। उदा०—सुरूप धामय तेज दीपक कला, तारुण्य लच्छी ग्रहा।—चन्दवरदाई।

ग्रहागम—पु०[ग्रह-आगम, ष०त०] ग्रहो या भूत-प्रेत आदि की कष्टदायक बाधा होना।

ग्रहाचार्य्य—पु०=ग्रहविप्र।

ग्रहाधार—पु० [ग्रह-आधार ष० त०] ध्रुव नक्षत्र।

ग्रहाधीश—पु० [ग्रह-अधीश, ष० त०] सूर्य।

ग्रहाभय—पु० [ग्रह-आभय, मध्य० स०] ग्रहों या भूत-प्रेतों की बाधा के कारण होनेवाले रोग। (मिरगी, मूर्च्छा, आदि रोग इसी के अन्तर्गत माने जाते हैं।)

ग्रहावर्त—पु० [ग्रह-आवर्त ब०स०] जन्मपत्री।

ग्राहाश्रय—पु० [ग्रह-आश्रय, ष० त०] =ग्रहाधार।

ग्रहाह्वय—पुं० [सं० ग्रह-आ√ह्वे (स्पर्धा) +श] भूतांकुश नामक पौधा।

ग्रहिल—वि० [स० ग्रह+इलच्] १. जिसे किसी ने ग्रस्त किया या बुरी तरह से पकड़ा हो। २. जो किसी ग्रह या भूत-प्रेत की बाधा से पीड़ित हो। ३. दुराग्रही। हठी। ४. किसी विषय का अनुरागी या रसिक।

ग्रहीत—वि० दे० 'गृहीत'।

ग्रहीतव्य—वि० [सं०√ग्रह्+तव्यत्] दे० 'गृहीतव्य'।

ग्रहीता (तृ)—वि० [स०√ग्रह्+तृच्] दे० 'गृहीता'।

ग्रहोपराग—पु० [ग्रह-उपराग, ष० त०] ग्रहों को लगनेवाला ग्रहण।

ग्राह्य—पु० [सं० ग्रह+यत्] एक प्रकार का यज्ञपात्र।
वि० ग्रह-संबंधी।

ग्रांडील—वि० [अं० ग्रैंड=विशाल] १. ऊँचे कद का। २. लंबा, चौड़ा और ऊँचा। ३. खूब मोटे-ताजे शरीरवाला।

ग्राम—पुं० [स०√ग्रम् (खाना)+मन् आत्व] १. मनुष्यों का समूह या उनके रहने का स्थान। आबादी। बस्ती। २. छोटी बस्ती। गाँव। ३. ढेर। राशि। समूह। जैसे—गुण-ग्राम। ४. शिव। ५. षड्ज से निषाद तक क्रम से सातों स्वरों का समूह। सप्तक।
वि० १. गाँव या बस्ती में रहनेवाला। २. पालतू। जैसे—ग्राम-शूकर। ३. गवाँर। देहाती।

ग्राम-कंटक—पुं० [ष० त०] वह जो गाँव या बस्ती में तरह-तरह के उत्पात या उपद्रव करके सब लोगों को कष्ट पहुँचाता या दुःखी रखता हो।

ग्राम-कुक्कुट—पु० [ष० त०] पालतू मुरगा।

ग्राम-कूट (क)—पु० [ष० त०] शूद्र।

ग्राम-गीत—पु० [स० मध्य० स०] गाँवों में गाये जानेवाले गीत। लोक-गीतों के अंतर्गत ग्रामगीतों और जंगली लोगों के गीतों को सम्मिलित किया या माना जाता है।

ग्राम-गेय—पु० [स० त०] एक प्रकार का साम।
वि० गाँव में गाया जाने वाला।

ग्राम-घात—पु० [ष० त०] गाँव को लूटना।

ग्राम-चर—वि० [स० ग्राम√चर् (गति)+ट, उप० स०] गाँव में रहनेवाला।

ग्राम-जर्या—स्त्री० [ष० त०] स्त्री के साथ किया जानेवाला सम्भोग या सहवास।

ग्राम-तरु—पुं० [ष० त०] गाँव का पवित्र और पूज्य वृक्ष।

ग्रामज—वि० [स० ग्राम√जन् (उत्पन्न होना)+ड, उप० स०] गाँव में उत्पन्न होनेवाला। ग्राम में उत्पन्न।

ग्राम-जात—वि० [पं० त०]=ग्रामज।

ग्रामणी—पु०[स०ग्राम√नी (ले जाना)+क्विप्, उप० स०] १. गाँव का मालिक। २. गाँव का मुखिया। ३. लोगों का नेता या प्रधान व्यक्ति। ४. विष्णु। ५. यक्ष। ६. नाई। हज्जाम।
स्त्री० १. वेश्या। २. नील का पौधा।

ग्राम-देव—पु० [ष० त०]=ग्राम देवता।

ग्राम-देवता—पु० [ष० त०] गाँव का वह स्थानिक प्रधान देवता जो उसका रक्षक माना जाता है और जिसकी पूजा गाँव के सब लोग करते हैं।

ग्राम-धर्म—पुं० [ष० त०] स्त्री-संभोग। मैथुन।

ग्राम-पंचायत—स्त्री०[सं० + हिं०] गाँव के चुने हुए लोगों की वह पंचायत जो गाँव भर के झगड़ों-बखेड़ों का निर्णय करती है और वहाँ की सब प्रकार से सुव्यवस्था करती है।

ग्राम-पाल—पु० [स० ग्राम√पाल् (रक्षाकरना)+णिच्+अण्, उप० स०] १. गाँव का मालिक या स्वामी। २. गाँव का प्रधान अधिकारी और रक्षक।

ग्राम-पेय्य—पुं० [ष० त०] वह जो गाँव के सब लोगों की सेवा करता हो। मनु के अनुसार ऐसा मनुष्य यज्ञ और श्राद्ध आदि कार्यों में सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिए।

ग्राम-भूक्ष—पु० [ब० स०] गाँव का बाजार। हाट।

ग्राम-भृग—पुं० [ष०त०] १. गाँव में रहनेवाले पशु। २. कुत्ता।

ग्राम-याजक—पुं० [ष० त०] वह ब्राह्मण जो ऊँच-नीच सभी तरह के लोगों का पुरोहित हो। (ऐसा व्यक्ति प्रायः पतित माना जाता है।)

ग्राम-याची (चिन्)—पु० [सं० ग्राम√यज् (पूजा)+णिच्+णिनि, उप० स०]=ग्राम-याजक।

ग्राम-युद्ध—पु० [ष०त०] गाँव या बस्ती भर में होनेवाला उपद्रव और मार-पीट।

ग्राम-वल्लभा—स्त्री० [ष० त०] १. वेश्या। रंडी। २ पालक का साग।

ग्राम-वासी (सिन्)—वि० [सं० ग्राम√वस् (बसना)+णिनि, उप० स०] १. गाँव में बसने या रहनेवाला। २ पालतू।

ग्राम-सिंह—पुं० [ष० त०] कुत्ता।

ग्राम-सुधार—पु०[सं० ग्राम+हिं० सुधार] गाँव के दोष दूर करने तथा सब क्षेत्रों में उसकी उन्नति करने का काम। गाँव की अवस्था सुधारने का काम। (रूरल अपलिफ्ट)

ग्राम-हासक—पु० [ष०त०] बहनोई, जिससे गाँव भर के सब लोग हँसी-मजाक करते हैं।

ग्रामाचार—पुं० [ग्राम-आचार, ष०त०] किसी गाँव की विशिष्ट प्रथाएँ तथा रीति-रिवाज।

ग्रामाधान—पु० [ग्राम-आधान, ष०त०] आखेट। मृगया। शिकार।

ग्रामाधिप, ग्रामाध्यक्ष—पु० [ग्राम-अधिप, ग्राम अध्यक्ष, ष० त०] गाँव का प्रधान अधिकारी। मुखिया।

ग्रामिक—वि० [सं० ग्राम+ठञ्-इक] १. गाँव में उपजने या होनेवाला। २. ग्रामवासियों से संबंधित।
पु० १. गाँव का चुना या माना हुआ प्रधान अथवा मुखिया। २. ग्रामवासी।

ग्रामिणी—स्त्री०[सं० ग्राम+इनि -ङीप्] नील का पौधा।

ग्रामी (मिन्)—वि० [सं० ग्राम+इनि] १. (व्यक्ति) जो गाँव में रहता हो। २. ग्राम्य।
पुं० १. ग्रामवासी। देहाती। २. गाँव में रहनेवाले पशु। जैसे—कुत्ता, कौआ, मुरगा आदि।
स्त्री० १. पालक का साग। २. नील का पेड़।

ग्रामीय—वि० [सं० ग्राम+छ ईय] ग्राम्य।

ग्रामेय—पु० [सं० ग्राम+ढक्-एय] ग्रामवासी।
वि० ग्राम्य।

ग्रामेयी—स्त्री०[सं० ग्रामेय+ङीष्] वेश्या।

ग्रामेश, ग्रामेश्वर—पुं० [स० ग्राम-ईश, ग्राम-ईश्वर, ष०त०] गाँव का प्रधान या मुखिया।

ग्राम्य—वि० [सं० ग्राम+यत्] १. गाँव से संबंध रखनेवाला। गाँव का। जैसे—ग्राम्य गीत, ग्राम्य-सुधार। २. गाँव में रहने या पाया जानेवाला। ३. ग्रामवासियों के रीति-रिवाज, स्वभाव, व्यवहार आदि से संबंध रखनेवाला। जैसे—ग्राम्य व्यवहार। ४. जो ग्रामवासियों की प्रकृति, स्वभाव, व्यवहार आदि का-सा हो। असभ्य या अशिष्टपूर्ण। ५. अपरिष्कृत। ६. जिसमें किसी प्रकार का संशोधन या सुधार न हुआ हो। अनगढ़ और प्रकृत। ७. (जीव या पशु) जो पाला-पोसा और गाँव या बस्ती में रखा गया हो अथवा रहता आया हो। जैसे—कुत्ता, गधा, गौ आदि ग्राम्य पशु।

पुं० १. अनाड़ी। बेवकूफ। मूर्ख। २. मैथुन की एक मुद्रा या रति-बंध। ३. काव्य का एक दोष, जो किसी साहित्यिक रचना में (क) गँवारू शब्दों के प्रयोग अथवा (ख) गँवारू विषयों के वर्णन के कारण उत्पन्न माना गया है। ४. यह शब्दगत और अर्थगत दो प्रकार का होता है। ४. अश्लिष्ट और अश्लीलतापूर्ण कथन या बात। ५. स्त्री-प्रसंग। मैथुन। ६. मिथुन राशि।

ग्राम्य-कर्म (न्)—पुं० [कर्म० स०] स्त्री-प्रसंग। मैथुन।

ग्राम्य-कुंकुम—पुं० [कर्म०स०] बर्रे का पौधा या फूल। कुसुंभ।

ग्राम्य-देवता—पु०[कर्म० स०] -ग्रामदेवता।

ग्राम्य-दोष—पु० [कर्म० स०] काव्य का 'ग्राम्य' नामक दोष। (दे० 'ग्राम्य')

ग्राम्य-धर्म—पुं० [ष०त०] मैथुन। स्त्री-प्रसंग।

ग्राम्य-पशु—पु० [कर्म० स०] पालतू जानवर।

ग्राम्य-मृग—पु० [कर्म० स०] कुत्ता।

ग्राम्य-वल्लभा—स्त्री०—ग्राम-वल्लभा।

ग्राम्या—स्त्री०[सं० ग्राम्य+टाप्] १. नील का पौधा। २ तुलसी।

ग्राव (न्)—पु०[स०√ग्रस्(भक्षण)+ड-ग्र-आ√वन् (संभ्रम होना)+विच्] १. पत्थर। २. पहाड़। ३ ओला। ४ बादल।
वि० कठोर। कड़ा।

ग्राव-स्तुत्—पु० [स० ग्राव√स्तु(स्तुति करना)+क्विप्, उप० स०] सोलह ऋत्विजों में से तेरहवाँ ऋत्विज्। अच्छावाक।

ग्रावन्—पु० [स० ग्रावा] पत्थर की कील। उदा०—परि पै प्रसस्त परतीत करि, तव काहत ग्रावह जुही।—चन्दबरदाई।

ग्राव-हस्त—पु० [ब०स०] यज्ञ करनेवाला वह ऋत्विज् जिसके हाथ में अभिषव का पत्थर रहता है।

ग्रावायन—पु०[स० ग्राव+फक्—आयन] एक प्रवर का नाम।

ग्रास—पु० [स०√ग्रस्+घञ्] १ ग्रसने अर्थात् बुरी तरह से पकड़ने या दबाने की क्रिया या भाव। २. चंद्रमा या सूर्य को लगनेवाले ग्रहण की स्थिति जो उसके ग्रस्त अंश के विचार से कही जाती है। जैसे—खग्रास, सर्व-ग्रास। ३ उतना भोजन जितना एक बार मुँह में डाला जाय। कौर। निवाला।

ग्रासक—वि० [सं०√ग्रस्+ण्वुल्—अक] १. ग्रस्त करने या बुरी तरह से पकड़नेवाला। २. ग्रास के रूप में खाने या मुँह में रखनेवाला। ३. भक्षक। ४. छिपाने या दबानेवाला।

ग्रासना—पु० [स० ग्रास] १. ग्रस्त करना। बुरी तरह से पकड़ना। २. निगलना। ३. कष्ट पहुँचाना। पीड़ित करना।

ग्राह—पु० [सं०√ग्रह्(पकड़ना)+ण] १. मगर। घड़ियाल। २. भक्त समाज में, वह विशिष्ट मगर जिसके पंजे से भगवान् ने गज को छुड़ाया था। ३. [√ग्रह्+घञ्] चंद्रमा आदि को लगनेवाला ग्रहण। ४. ग्रहण करने, पकड़ने या लेने की क्रिया या भाव। ग्रहण। ५. ज्ञान। ६. [√ग्रह्+ण] ग्राहक।

ग्राहक—पु०[स०√ग्रह्+ण्वुल्—अक] १. ग्रहण करने या लेनेवाला। २. वह जो मूल्य देकर कोई चीज लेता या लेना चाहता हो। खरीदार। ३. आदरपूर्वक कुछ पाने या लेने की इच्छा या प्रवृत्ति रखनेवाला। जैसे—गुण-ग्राहक। ४. वह अवयि जिसके सेवन से पतला दस्त आना बन्द हो जाय और बँधा पैखाना होने लगे। ५. बाज नामक पक्षी। ६. चौपतिया नामक साग। ७. विष आदि के प्रकोपों की चिकित्सा करनेवाला वैद्य। विष-वैद्य।
वि० ग्रहण करनेवाला। जैसे—ग्राहक यंत्र।

ग्राहक-यंत्र—पु० [कर्म० स०] एक वैज्ञानिक उपकरण जो प्रेषक यंत्र द्वारा भेजे गये संदेश ग्रहण करता है। (रिसीवर)

ग्राहना*—स० [स० ग्रहण] १. ग्रहण करना। लेना। उदा०—पै केवल निज नगर माँहि प्रचलित मत ग्राहैं।—रत्ना०। २. ग्रस्त करना। पकड़ना।

ग्राह-मुख—वि० [स० ब० स०] जिसका मुख घड़ियाल का-सा हो।

ग्राहिका—स्त्री० [स० ग्राहक+टाप्, इत्व] त्रिवली का तीसरा बल।

ग्राही (हिन्)—वि० [स०√ ग्रह+णिनि] १. ग्रहण या स्वीकार करनेवाला। लेनेवाला। २ आदरपूर्वक मानने या लेनेवाला। जैसे—गुण-ग्राही। ३. (औषध या खाद्य पदार्थ) जो मल रोकता हो। कब्ज करनेवाला।

ग्राह्य—वि०[स०√ग्रह+ण्यत्] १. जो ग्रहण किये जाने को हो अथवा किये जाने के योग्य हो। २. जो प्राप्त किया या लिया जा सकता हो। ३. जो ठीक होने के कारण माना जा सकता हो। ४. जिसे इंद्रियाँ देख, सुन, पहचान या समझ सकती हों।

ग्राह्य-व्यक्ति—पु० [कर्म० स०] १. वह प्रमुख व्यक्ति जिसे और लोग या दूसरे देशवासी भी प्रमुख मानें और उसकी बातें या मत ग्रहण कर सकें। २. आधुनिक राजनीति में, विदेशी दूतावास का ऐसा अधिकारी जो अपनी ईमानदारी और सचाई के कारण ग्राह्य हो। (पर्सना ग्रैटा)

ग्रिह—पु० १. दे० 'ग्रह'। २.दे० 'गृह'।

ग्रीक—वि० [अ०] यूनान देश अथवा इसके वासियों से संबंध रखनेवाला। यूनानी।
पु० यूनान देश का निवासी।
स्त्री० यूनान देश की प्राचीन भाषा।

ग्रीखम†—पु० =ग्रीष्म।

ग्रीव†—पु० [सं० गृध्र] [स्त्री० ग्रीवणी] गीध। उदा०—चारों पल ग्रीवणी चिड़।—प्रिथीराज।

ग्रीवा—स्त्री० [सं०√गृ (निगलना)+वन्, नि० सिद्धि] सिर और धड़ को जोड़नेवाला अंग। गरदन। गला

ग्रीवी (विन्)—वि० [सं० ग्रीवा+ईनि] लंबी गरदनवाला।
पु० ऊँट।

ग्रीष्व†—पुं०=ग्रीष्म।

ग्रीष्म—स्त्री० [स०√ग्रस्+मक् नि० सिद्धि] [वि० ग्रैष्म, ग्रैष्मिक] १. छ: ऋतुओं में से दूसरी ऋतु जिसमें बहुत अधिक गरमी पड़ती है। जेठ और आषाढ़ के दिन। २. गरमी। ताप।
वि० उष्ण। गरम।

ग्रीष्म-ऋतु—स्त्री० [ष० त०] गरमी के दिन। जेठ और आषाढ़ के महीने।

ग्रीष्म-काल—पु०=ग्रीष्म ऋतु।

ग्रीष्म-द्रवा—स्त्री०[सं०ग्रीष्म√भू(होना)+अच्—टाप्] नेवारी का फूल।

ग्रीष्मावकाश—पुं० [स० ग्रीष्म—अवकाश ष० त०] कुछ विशिष्ट गरम

प्रदेशों में कड़ी गरमी के समय होनेवाली छुट्टियाँ। गरमी की छुट्टियाँ। (समर वोकेशन)

ग्रीष्मी—स्त्री० [सं० ग्रीष्म+अच्-ङीष्] =ग्रीष्मभवा।

ग्रीस—पुं० [अं०] [वि० ग्रीक] यूनान देश।

ग्रेन—पुं० [अं०] एक पाश्चात्य तौल जो प्रायः एक जौ के बराबर होती है।

ग्रेनाइट—पु० [अं०] हलके भूरे रंग का एक तरह का आग्नेय पत्थर जो बहुत कड़ा होता है।

ग्रेह*—पुं०=गेह (घर)।

ग्रेही*—पुं० [सं० गृही] घर-बारवाला अर्थात् संसारी व्यक्ति।

ग्रैजुएट—पुं० [अं०] वह जिसने उच्च कोटि की शिक्षा प्राप्त की हो। स्नातक।

ग्रेन—पुं० [अं०] एक पाश्चात्य तौल जो लगभग १५½ ग्रेन (या औंस के अट्ठाइसवें भाग) के बराबर होती है।

ग्रैवेयक—पुं० [सं० ग्रीवा+ढकञ्—एय] १. गले मे पहनने का कोई गहना। जैसे—हार, माला, हैकल आदि। २. हाथी के गले में बाँधी जानेवाली जंजीर। ३. जैनों के एक प्रकार के नौ देवता जो लोक पुरुष की गरदन पर स्थित माने गये हैं।

ग्रैष्म—वि० [सं० गीष्म+अण्] १. ग्रीष्म-संबंधी। २. ग्रीष्म ऋतु में होनेवाला। जैसे-ग्रैष्म रोग। ३. ग्रीष्म ऋतु में बोया जानेवाला।

ग्रैष्मिक—वि० [सं० ग्रीष्म+ठञ्—इक] =ग्रैष्म।

ग्लान—वि० [सं० √ग्लै (अप्रसन्नता)+क्त] १. ज्वर आदि रोगों से पीड़ित। बीमार। रोगी। २. थका हुआ। शिथिल। ३. कमजोर। दुर्बल।

*स्त्री० = ग्लानि।

ग्लानि—स्त्री० [सं०√ग्लै+क्तिन्] १. मानसिक या शारीरिक शिथिलता।

विशेष—साहित्य में यह एक संचारी भाव माना जाता और अनाहार, निद्रा, परिश्रम, प्यास, रोग, संभोग आदि के कारण होता है। इसके अनुभाव है—शिथिलता, निर्बलता, मंद गति, कांतिहीन दृष्टि आदि आदि।

२. अपने ही किसी कार्य का अनौचित्य मालूम होने पर मन में होनेवाला खेद या हल्का दुःख। मानसिक खेद।

ग्लास—पुं० दे० 'गिलास'।

ग्लौ—पुं० [सं०√ग्लै+डौ] १. चंद्रमा। २. कपूर। ३. पृथ्वी।

ग्वाड़ा†—पु० [सं० गुण्ड] १. घेरा। वृत्त। २. घिरा हुआ स्थान। बाड़ा।

ग्वार—स्त्री० [सं० गोरागी] एक प्रकार का पौधा जिसकी फलियों की तरकारी और उसकी फलियों में से निकलनेवाले बीजों की दाल बनती है।

ग्वार-गट—स्त्री० [अं० गारनेट] एक प्रकार का बढ़िया रंगीन रेशमी कपड़ा।

ग्वार-पाठा—पुं० [सं० कुमारी-पाठा] घी-कुआँर।

ग्वारी*—स्त्री० दे० 'ग्वार'।

ग्वाल—पुं० [स० गोपाल, प्रा० गोवाल, बं० गोयाल, गु० गोवाड़, मरा० गवडी, प० गवाल] [स्त्री० ग्वालिन] गौएँ पालने तथा दूध आदि बेचने का व्यवसाय करनेवाला व्यक्ति। अहीर।

ग्वाल-ककड़ी—स्त्री० [हिं० ग्वाल+ककड़ी] एक वनस्पति जिसकी जड़ें, पत्ते, बीज आदि दवा के काम आते है।

ग्वाल-गीत—पु० [हिं० ग्वाल+गीत] वे गीत जो ग्वाले या चरवाहे पशु चराते समय गाते है। (पैस्चोरल सांग)

ग्वाल-दाड़िम—पुं० [हिं० ग्वाल+दाड़िम] मालकंगनी की जाति का एक छोटा पेड़।

ग्वाल-बाल—पु० [हिं० ग्वाल+बाल] १. अहीरों के लड़के। २. कृष्ण के बाल-सखा।

ग्वाला—पुं० [स० गोपाल, प्रा० गोवाल] १. अहीर। ग्वाल। २. एक प्रकार का वृक्ष जिसकी लकड़ी बहुत मुलायम होती है और जिस पर चित्रों आदि की उकेरी या खुदाई होती है।

ग्वालिन—स्त्री० [हिं० ग्वाल] १. ग्वाल जाति की स्त्री। २. ग्वाले की पत्नी। ३. ग्वार नामक पौधा। ४. गिजाई नामक बरसाती कीड़ा।

ग्वाह*—पुं० = गवाह।

घँटना*—स० [सं० गुंठन, हिं० गुमेठना] १. मरोड़ना। २. दे० 'गोंटना'।

घँटा†—पु० = गोंठा।

घँड़ा*—पुं० [हिं० गाँव+ड़ा] १. गाँव के आस-पास की भूमि। २. खेत या गाँव की सीमा।

घँड़े†—क्रि० वि० [हिं० घँड़ा] १. गाँव के आस-पास। गाँव के नजदीक। २. निकट। पास। करीब।

घँयाँ†—स्त्री० दे० 'गहँयाँ'।

वि० [हिं० गाँव+ऐयाँ (प्रत्य०)] गाँव में रहने या होनेवाला।

पु० देहाती।

घ

घ—देवनागरी वर्णमाला में क-वर्ग का चौथा व्यंजन जो उच्चारण तथा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से कंठ्य, स्पर्शी, महाप्राण तथा सघोष है।

घँचोल†—पुं० [देश०] कुमुद। कोई।

घँचरा†—पुं० [स्त्री० घँघरी] घघरा।

घँचोलना—स०=घँघोलना।

घँघोरना†—स०=घँघोलना।

घँघोलना—स० [हिं० घन+घोलना] १. किसी पात्र में रखे हुए पानी में हाथ या और कोई चीज डालकर उसे इस प्रकार हिलाना-डुलाना कि उसमें नीचे जमी या बैठी हुई कोई वस्तु पानी में अच्छी तरह घुल-मिल जाय। २. नदी, नाले आदि के तल की मिट्टी इस प्रकार पैर, लकड़ी आदि से हिलाना-डुलाना कि वह ऊपर उठकर पानी गँदला कर दे।

घंट—पुं० [सं० घट] १. घड़ा। २. पानी का वह घड़ा जो किसी के मरने पर उसकी आत्मा को जल पहुँचाने के लिए १० या १२ दिनों तक पीपल में बाँधकर लटकाते हैं।
†पुं०=घंटा।

घंटक—पुं० [सं०√घण् (दीप्ति)+क्त+कन्] एक प्रकार का क्षुप।

घंट धातु—स्त्री० [सं० घंटा—धातु] ताँबे और टीन के योग से बनाई जानेवाली एक मिश्र धातु जिससे घंटे आदि बनते हैं। (बेल मेटल)

घंटा—पुं० [सं०√घट् (शब्द करना)+अच्—टाप्] [स्त्री० अल्पा० घंटी] १ घट धातु का बना हुआ गोलाकार टुकड़ा जिसे लकड़ी, लोहे आदि के डंडे या हथौड़े से पीटने या मारने पर जोर की आवाज होती है।
विशेष—हमारे यहाँ इसकी गिनती बाजों में होती है और मंदिरों में आरती आदि के समय यह बजाया जाता है।
मुहा०—(किसी को) घंटे भोरहल से उठाना=किसी वृद्ध का शव बाजे-गाजे और धूम-धाम से श्मशान पर ले जाना।
२. उक्त बाजा बजाने से उत्पन्न होनेवाला शब्द।
क्रि० प्र०—बजना।—बजाना।
३. प्राचीन काल में पहर-पहर पर घंटा बजाकर समय की दी जानेवाली सूचना। ४ आज-कल दिन-रात का चौबीसवाँ भाग जो ६० मिनट का होता है। ५. कोई काम करने की वह निश्चित अवधि या भोग-काल जो ६० मिनटों या कभी-कभी इससे कुछ कम का होता है। जैसे—स्कूल में पहले घंटे में हिसाब सिखाया जाता है और दूसरे घंटे में हिन्दी पढ़ाई जाती है। ६. उक्त अवधि की घंटा बजाकर दी जानेवाली सूचना। ७. पूर्ण अस्वीकृति, विफलता, व्यर्थता आदि का सूचक निराशाजनक शब्द। ठेंगा।
मुहा०—(किसी को) घंटा दिखाना=ऐसा उत्तर देना या मुद्रा बनाना जिससे कोई अर्थी पूरी तरह से निराश हो जाय। **घंटा हिलाना**=(क) व्यर्थ बैठे रहना। (ख) व्यर्थ का काम करना।
८. लिंगेंद्रिय। (बाजारू)

घंटाकरन—पुं० [सं० घंटाकर्ण] १. बड़े पत्तोंवाली एक प्रकार की घास। २. दे० 'घंटा-कर्ण'।

घंटा-कर्ण—पुं० [ब० स०] शिव का एक प्रसिद्ध उपासक जो कानों में इसलिए घंटे बाँधे रहता था कि राम या विष्णु का नाम उसके कानों में न पहुँचने पाये।

घंटाघर—पुं० [हिं० घंटा+घर] वह ऊँची मीनार जिस पर बड़ी घर्म-घड़ी लगी रहती है और जिसके घंटे का शब्द दूर तक सुनाई पड़ता है।

घंटापथ—पुं० [ष० त०] चौड़ी या बड़ी सड़क। राजमार्ग।

घंटिक—पुं० [स० घंटा+ठन्—इक] घड़ियाल या मगर। (जल-जन्तु)

घंटिका—स्त्री० [सं० घंटा+कन्—टाप् इत्व] १. छोटा घंटा। २. घुँघरू। ३. वे छोटे घड़े जो रहट में बाँधे जाते हैं। झुड़-घंटिका।

घंटियार—पुं० [हिं० घंटी] पशुओं का एक प्रकार का रोग जिसमें उनके गले में काँटे निकल आते हैं और उनसे कुछ खाया नहीं जाता।

घंटी—स्त्री० [स० घंटा] १. घंटे की तरह बजाया जानेवाला धातु का वह उपकरण जो औंधे मुँह के अर्ध गोलाकार पात्र की तरह होता है तथा जिसके बीच में बजाने के लिए कोई धातु का टुकड़ा (लोलक) बँधा रहता है और जिसके ऊपरी भाग में डंडी होती है जिसे हाथ में पकड़कर उसे बजाते हैं। २ कोई ऐसा छोटा उपकरण जिस पर आघात करने से शब्द उत्पन्न होता हो। जैसे—साइकिल या मेज पर की घंटी। ३ उक्त उपकरणों के बजने का शब्द। ४. छोटी लुटिया। ५. घुँघरू। ६ गले का वह बाहरी बीचवाला भाग जिसमें हड्डी कुछ उभरी हुई होती है। ७ गले में अन्दर को आगे बढ़ा हुआ मांस-पिंड। कौआ। घाँटी।
मुहा०—घंटी उठाना या बँठाना=घंटी के बढ़ या लटक जाने पर कोई दवा लगाकर उसे मलते हुए बैठाना।

घंटील—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास जो चारे के काम में आती और जमीन पर दूर तक फैलती है।

घंटु—पुं० [सं०√घट्+उन्] १. ताप। २ प्रकाश। ३ गजघंटा।

घईं—स्त्री० [?] १. पानी का भँवर। २ खंभे की जगह लगाई जानेवाली खाँड। टेक। थूनी।
वि० [सं० गभीर ?] बहुत अधिक गहरा।

घघरी—स्त्री० =घाघरी।

घघरबेल—स्त्री० [हिं० घुघराला+बेल] बदाल।

घघरा—पुं० [हिं० घन+घेरा] [स्त्री० अल्पा० घघरी] १ टखनों तक लंबा, गोल तथा बड़े घेरेवाला एक प्रसिद्ध पहनावा जिसे स्त्रियाँ कमर में नाड़े से बाँधती हैं। २. वह लहँगा जो स्त्रियाँ धोती के नीचे पहनती हैं।

घघराघोर†—पुं० [हिं० घँघरा+घोर] १. छुआछूत के विचार का अभाव। २. बहुत अधिक भ्रष्टाचार।

घघरी—स्त्री० [हिं० घघरा] छोटा घघरा या लहँगा।

घट—पुं० [सं०√घट् (शब्द करना)+अच्] १. जल भरकर रखने का बड़ा बरतन विशेषतः मिट्टी का बरतन। कलश। घड़ा।
पद—मंगल घट=मांगलिक अवसर पर जल से भरकर रखा जानेवाला कलश या घड़ा।
२. देह। शरीर। ३ अन्तःकरण। मन।
मुहा०—घट में बसना या बैठना=(क) हृदय में स्थापित होना। मन में बसना। (ख) ध्यान पर चढ़ा रहना।
४. कुंभ राशि। ५. हाथी का कुंभ। ६. २० द्रोण की तौल। ७. किनारा।
वि० [हिं० घटना] किसी की तुलना में कुछ घटा हुआ, कम, थोड़ा या हलका। उदा०—को घट ये वृषभानुजा ये हलधर के बीर—बिहारी।

घट-कंचुकी—स्त्री० [मध्य० स०] तांत्रिकों की एक रीति जिसमें पूजा करनेवाली सब स्त्रियों की कंचुकियाँ या चोलियाँ एक घड़े में भर देते हैं, और तब जिस पुरुष के हाथ में जिस स्त्री की कंचुकी या चोली आ जाती है, वह उसी स्त्री के साथ संभोग करता है।

घटक—वि० [सं०√घट्+णिच्+ण्वुल्—अक] [स्त्री० घटिका] १. कोई चीज घटित करने, बनाने या रचनेवाला (अंश या तत्त्व)। २. कोई घटना या बात घटित या प्रस्तुत करनेवाला (पदार्थ या व्यक्ति)। ३. चतुर। चालाक।
पुं० १. विवाह-संबंध स्थिर करानेवाला ब्राह्मण या और कोई व्यक्ति। बरेखिया। २. दलाल। ३. मध्यस्थ। ४. बीच में पड़कर काम

पूरा करानेवाला चतुर व्यक्ति। ५. घड़ा। ६. बंगाल और मिथिला में एक प्रकार के ब्राह्मण जो सब गोत्रों और परिवारों का लेखा रखते और यह बतलाते हैं कि अमुक-अमुक पक्षों में विवाह संबंध हो सकता है या नहीं। ७. वह चीज या बात जो कोई दूसरी चीज या बात घटित करने या बनाने में मुख्य रूप से अथवा साधन की भाँति सहायक होती है। घटित करनेवाला अंश या तत्त्व। (फैक्टर)

चटकना*—स० =टकना।

चट-कर्कट—पुं० [सं० ?] संगीत में एक प्रकार का ताल।

चट-कर्पर—पुं० [ष० त०] १. कालिदास के सम-कालीन कवि जिनकी गिनती विक्रमादित्य की सभा के नवरत्नों में होती थी। २. घड़े आदि का टूटा हुआ अंश। ठीकरा।

चटका—पुं० [सं० घटक=शरीर, अथवा अनु० घर्र-घर्र] मृत्यु होने से पहले की मनुष्य की वह स्थिति जिसमें उसका साँस घर-घर शब्द करता तथा रुक-रुक कर चलता है। घर्रा।
क्रि० प्र०—लगना।

चट-कार—पुं० [सं० चट√कृ (करना)+अण्, उप० स०] घट अर्थात् घड़े बनानेवाला अर्थात् कुम्हार।

चट-चाट*—वि० [हिं० घटना] किसी की अपेक्षा थोड़ा कम या हलका। घटकर।

चटज—पुं० [सं० चट√जन् (उत्पन्न होना)+ड,उप०स०] अगस्त्य मुनि, जिनके संबंध में कहा जाता है कि ये घड़े में से उत्पन्न हुए थे।
वि० घट से उत्पन्न।

चटती—स्त्री० [हिं० घटना] १. घटने अथवा कम होने की क्रिया या भाव। घटाव। 'बढ़ती' का विपर्याय। २. उच्च स्तर से निम्न स्तर पर आने की अवस्था या स्थिति। ३. मात्रा, मान, मूल्य आदि में घटने या कम होने की अवस्था या भाव।
पद—चढती से=बढ़ते से। (देखें 'बढ़ा' के अन्तर्गत)
४. अवनति। ह्रास।
मुहा०—चढती का वहरा=अवनति या दुर्दशा के दिन। बुरा जमाना।
५. कमी। न्यूनता।
वि० जिसमें कुछ घटी, कमी या न्यूनता हो। (डेफिशिट) (विशेष दे० 'अवर्त्त')

चट-दासी—स्त्री० [सं०√घट्+णिच्+अन्—टाप्, घटा-दासी कर्म०स०] १. नायक और नायिका को एक दूसरे के सन्देश पहुँचानेवाली दूती। २. कुटनी।

चटन—पु० [सं०√घट्+ल्युट्—अन] [वि० चटनीय, चटित] १. घटित होने अर्थात् गढ़े या बनाये जाने की क्रिया या भाव। २. कोई घटना उपस्थित होने या सामने आने की क्रिया या भाव।

चटना—स्त्री० [सं०√घट् +णिच्+युच् अन, टाप्] १. ऐसी बात जो घटित हुई अर्थात् अस्तित्व में आई अथवा प्रत्यक्ष हुई हो। कार्य या क्रिया के रूप में सामने आनेवाली बात। २. कोई अप्रत्याशित या विलक्षण बात जो हो जाय। वाकया। ३. कोई ऐसी अनिष्टकारक बात जो नियम, विधि, व्यवहार आदि के विरुद्ध हो।
अ० [सं० घटन] १. घटित होना। अस्तित्व में आना। उदा०—चटई तेज बल मुख छवि सोई।—तुलसी। २. कार्य के रूप में किया जाना। संपन्न होना। बनना। उदा०—कार्य-वचन-मन अपनेहुँ कबहुँक चटत न काज पराये।—तुलसी। ३. ठीक आना, उतरना या बैठना। ४. चरितार्थ होना। सिद्ध होना।
†स० १. बनाना। रचना। २. पूरा या संपन्न करना। उदा०—सब विधि काज चटब मैं तोरे।—तुलसी।
अ०[सं० घृष्ट, प्रा० घट्ट] १. उच्च स्तर से निम्न स्तर पर आना। जैसे—(क) नदी का पानी घटना। (ख) किसी का मान या प्रतिष्ठा घटना। २. मात्रा, मान, मूल्य आदि में कम ठहरना। कम पड़ना। जैसे—(क) खाने की सामग्री घटना। (ख) पुस्तक का दाम घटना। ३. पूरा न रह जाना। ४. रोगी का अंत समय में मृत्यु के समीप पहुँचना। प्राणवायु का कम होना। ५. मृत होना। मरना। जैसे—उनका चार बरस का लड़का परसों घट गया।

चटनाई†—स्त्री० दे० 'चढ़नई'।

चटना-क्रम—पुं० [ष० त०] एक के बाद एक कुछ घटनाएँ होते रहने का क्रम या भाव। घटनाओं का सिलसिला।

चटना-चक्र—पुं० [ष० त०] एक के बाद एक अथवा एक के साथ एक करके होनेवाली अनेक प्रकार की घटनाओं का समूह। जैसे—घटना-चक्र ने फिर महायुद्ध की सम्भावना उत्पन्न कर दी।

चटनावली—स्त्री० [घटना-आवली, ष० त०] बहुत-सी घटनाओं का सिलसिला या समूह।

चटना-स्थल—पुं० [ष० त०] घटना घटित होने का स्थान। (प्लेस आफ अकरेन्स)

चट-पल्लव—पुं०[द्व० स०, चटपल्लव+अण्?] वास्तु शास्त्र में, वह खंभा जिसका सिरा घड़े और पल्लव के आकार का बना हो।

चट-बढ़—स्त्री० [हिं० घटना+बढ़ना] १. घटने-बढ़ने अर्थात् कम या अधिक होने की अवस्था या भाव। कमी-बेशी। न्यूनाधिक्य। २. उतार-चढ़ाव। परिवर्तन। ३. नृत्य, संगीत आदि में आवश्यकतानुसार लय घटाने और बढ़ाने की क्रिया या भाव।
वि० कमी अथवा कहीं कुछ कम और कमी अथवा कहीं कुछ अधिक।

चट-योनि—पुं० [ब० स०] अगस्त्य मुनि।

चट-राशि—पुं० [मध्य० स०] एक द्रोण की नाप जो लगभग सोलह सेर की होती है।

चटवाई—पुं० [हिं० घाट+वाई] घाट का कर लेनेवाला अधिकारी।
स्त्री० वह कर जो घाट का अधिकारी यात्रियों आदि से घाट पर उतरने-चढ़ने के बदले वसूल करता है।
स्त्री० [हिं० चटवाना] चटवाने अर्थात् कम कराने की क्रिया, भाव अथवा पारिश्रमिक।

चट-वादन—पुं० [ष० त०] संगीत में मिट्टी का घड़ा औंधा करके उसे तबले की तरह बजाने की क्रिया अथवा विद्या।

चटवाना—स० [हिं० चटना का प्रे०] चटाने या कम करने का काम कराना।

चटवार—पुं० [हिं० घाट+पाल या वाला] १. घाट का महसूल लेनेवाला। २. मल्लाह। केवट। ३. घाट का देवता। ४. दे० 'घाटिया'।

चटवारिया—पुं०=चटवालिया।

चटवाल—पुं० चटवार।

चटवालिया—पुं० [हिं० घाट+वाला] १. तीर्थ स्थानों में दान लेनेवाला

पंडा। तीर्थ-पुरोहित। २. नदी आदि के घाट पर दान लेनेवाला ब्राह्मण। घाटिया।

घटवाह—पुं० [हिं० घाट+वाह (प्रत्य०)] घाट का ठेकेदार जो घाट पर महसूल लेता है।

घटवाही—स्त्री० दे० 'घट्ट-कर'।

घट-संभव—पुं० [ब० स०] अगस्त्य मुनि।

घटहा†—पुं० [हिं० घाट+हा (प्रत्य०)] १. घाट का ठेकेदार। घटवाह। २. वह नाव जो घाट पर से सवारियाँ लेकर दूसरी जगह या उस पार ले जाती है।

वि० [स्त्री० घटही] घाट पर का। घाटवाला।

घटा—स्त्री० [सं०√घट्+अङ्—टाप्] १. आकाश में उमड़े या छाए हुए घने बादलों की राशि या समूह। मेघमाला। २. ढेर। राशि। ३. झुंड। समूह। ४. गोष्ठी। ५. एक प्रकार का ढोल।

घटाई—स्त्री० [हिं० घटना+ई (प्रत्य०)] १. घटने या घटाने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक। २. घटे हुए अर्थात् हीन होने की अवस्था या भाव। हीनता। ३. अप्रतिष्ठा। बेइज्जती।

घटाकाश—पुं० [घट-आकाश, मध्य०स०] तर्क या न्याय में घड़े के अन्दर का अवकाश अर्थात् खाली स्थान।

घटाक्ष—पुं० [घट-अक्ष, ष० त०] वास्तु विद्या में खंभे के नौ विभागों में से आठवाँ विभाग।

घटा-टोप—पुं० [सं० घटा-आटोप, तृ० त०] १. घने बादलों की गहरी और चारों ओर छाई हुई घटा जिससे प्रायः बहुत अँधेरा हो जाता है। २. चारों ओर से ढकने के लिए गाड़ी, पालकी आदि के ऊपर डाला जानेवाला ओहार। ३. चारों ओर से खूब घेरनेवाला दल या समूह।

वि० चारों ओर से पूरी तरह घिरा हुआ। उदा०—घटाटोप करि चहुँ-दिसि घेरी।—तुलसी।

घटा-धूम—स्त्री० [हिं०घटा+धूम] किसी काम या बात की अधिकता के कारण मचनेवाली धूम या हलचल। जैसे—सप्ताह के प्रारम्भ में व्यापार कुछ ढीला था, बाद को घटा-धूम के कारण बाजार सँभल गया।

घटाना—स० [हिं० घटना (प्रा० घट्ट)] १. हिन्दी 'घटना' क्रिया का स० रूप। २. उच्च स्तर से निम्न स्तर पर लाना। जैसे—मान घटाना। ३. मात्रा, मान, मूल्य आदि में कमी करना। कम करना। जैसे—दाम घटाना। ४. गणित में, किसी बड़ी राशि में से कोई छोटी राशि निकालना।

स० [हिं० घटना (सं० घटन)] १. घटित करना। २. किसी एक बात के तथ्य या तथ्यों का दूसरी बात पर पूरा उतारना या आरोपित करना।

घटाव—पुं० [हिं० घटना] १. घटने अर्थात् कम होने की अवस्था या भाव। कमी। २. मात्रा, मान आदि घटने अर्थात् उतरने या कम होने की अवस्था या भाव। 'चढ़ाव' या 'बढ़ाव' का विपर्याय। उतार। ३. अवनति।

पद—घटाव-बढ़ाव=कभी घटने और कभी बढ़ने की अवस्था, क्रिया या भाव।

४. दे० 'घटती'।

घटावना†—स० =घटाना।

घटि—वि० [हिं० घटना] किसी की तुलना में घटिया या कम।

कि० वि०=घटकर।

स्त्री० =घटी (कमी)।

घटिक—पुं० [सं० घट+ठन्—इक] वह व्यक्ति जो विशिष्ट समयों पर लोगों की जानकारी के लिए घंटे बजाता हो।

घटिका—स्त्री० [सं०√घट्+णिच्+ण्वुल्—अक, टाप्, इत्व] १. समय का मान बतलानेवाला कोई छोटा यंत्र। घड़ी। २. समय का एक मान जो आज-कल के २४ मिनटों के बराबर होता है। ३. [घट+ङीप्+कन्—टाप्, ह्रस्व] छोटा घड़ा। गगरी।

घटिका-यंत्र—पुं० [ष० त०] =घटी-यंत्र।

घटिकावधान—पुं० [घटिका-अवधान, ब स०] घड़ी भर में ही बहुत से काम एक साथ कर डालने की कला, विद्या अथवा शक्ति।

घटिकाशतक—पुं० [ब० स०] १. वह व्यक्ति जो घड़ी भर में सौ अर्थात् बहुत से काम कर सकता हो। २. वह जो घड़ी भर में सौ श्लोक या पद्य बना सकता हो।

घटित—भू० कृ० [सं०√घट्+णिच्+क्त] १. जो घटना के रूप में उपस्थित या वर्तमान हुआ हो। २. अर्थ आदि के विचार से ठीक या पूरा उतरा हुआ। घटा हुआ। ३ जो गढ़कर अथवा और किसी रूप में बनाया गया हो अथवा किसी रूप में बना हो। निर्मित। रचित।

घटिताई*—स्त्री० [हिं० घटित] घटित होने की अवस्था या भाव।

स्त्री० [हिं० घटना=कम होना] १. कमी। न्यूनता। उदा०—इनहूँ मे घटिताई कीन्ही।—सूर। २ त्रुटि।

घटिया—वि० [हिं० घट+इया (प्रत्य०)] १ जो औरों की तुलना में घटकर अर्थात् खराब या हीन हो। २. जो गुण, धर्म आदि की दृष्टि से प्रसम या मानक स्तर से घटकर हो। जैसे—घटिया कपड़ा, घटिया पुस्तक। 'बढ़िया' का विपर्याय। ३. अधम। नीच।

घटियारी—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास जिसे खबी भी कहते हैं। इसमें अदरक की-सी महक होती है।

घटिहा—वि० [हिं० घात+हा (प्रत्य०)] १. घात या धोखे-बाजी करने-वाला। २. घात पाकर अपना स्वार्थ साधनेवाला। ३. चालाक। धूर्त। ४. दुष्ट और लंपट या व्यभिचारी। ५. नीच। बाहियात।

घटी—स्त्री० [सं० घट+अच्—ङीष्] १ २४ मिनट का समय। घड़ी। २. छोटा घड़ा। गगरी। ३ प्राचीन काल का वह छोटा घड़ा जिसमें जल भरकर और उसमें छेददार कटोरा रखकर उसमें भरनेवाले पानी के हिसाब से समय का मान स्थिर करते थे। ४ आज-कल समय बतलाने-वाला किसी प्रकार का यंत्र। घड़ी। ५. रहट में बाँधी जानेवाली छोटी गगरी या हाँड़िया।

पुं० [सं० घट+इनि=घटिन्] १. कुंभ राशि। २. शिव।

स्त्री० [हिं० घटना] १.घटने अर्थात् कम होने की क्रिया या भाव। कमी। न्यूनता। २. घाटा। टोटा। ३. क्षति। नुकसान। हानि। ४. मूल्य, महत्त्व आदि में होनेवाली कमी। विशेष दे० 'छीज'।

घटी-यंत्र—पुं० [ष० त०] १. प्राचीन काल का समय-सूचक यंत्र जो छोटे घड़े की तरह होता था और जिसमें भरे हुए जल में डूबनेवाले कटोरे की सहायता से समय का मान स्थिर करते थे। २. रहट। ३. संग्रहणी नामक रोग का एक प्रकार का भेद।

घड़ूका*—पुं० =घटोत्कच।

घटोत्कच—पुं० [घट-उत्कच, ब० स०] हिडिंबा के गर्भ से उत्पन्न भीमसेन का पुत्र जिसे महाभारत के युद्ध में कर्ण ने मारा था।

घटोद्भव—पुं० [घट-उद्भव, ब० स०] अगस्त्य मुनि।

घटोर*—पुं० [सं० घटोदर] मेढ़ा। मेष। (डिं०)

घट्ट—पुं० [सं०√घट्ट् (चलाना)+अच्] १. घाट। २. वह स्थान जहाँ चुंगी या महसूल लिया जाता था।

* पुं० =घट।

घट्ट-कर—पुं० [मध्य० स०] वह कर जो किसी घाट पर नदी पार करनेवालों से लिया जाता है। (फेरी टोल)

घट्टन—पुं० [सं० घट्ट+ल्युट्—अन] १. चलाना या हिलाना-डुलाना। २. घोटना। ३. संघटन।

घट्टना—स्त्री० [सं०√घट्ट्+युच्—अन टाप्] १. हिलाना-डुलाना। २. रगड़ना। ३. पेशा। वृत्ति।

घट्टा—पुं० १. दे० 'घाटा'। २. दे० 'घट्ठा'।

घट्टित—पुं० [स०√घट्ट्+क्त] नृत्य में पैर चलाने का एक प्रकार जिसमें एड़ी को जमीन पर दबाकर पंजा नीचे-ऊपर हिलाते हैं।

घट्टी—स्त्री० = घटिका।

घट्ट—पुं० [सं० गोष्ठ] परामर्श आदि के लिए होनेवाला जमावड़ा। (राज०)

घट्ठा—पु० [स० घट्ट] चोट, रगड़ आदि के कारण शरीर के किसी अंग में होनेवाली कड़ी, उभारदार गाँठ। जैसे—बरतन माँजने से हाथ में या लाठी की चोट लगने से सिर पर घट्ठा पड़ गया।

मुहा०—(किसी काम या बात का) **घट्ठा पड़ना**=पूरा पूरा अनुभव और ज्ञान होना।

घठ्ठा—स्त्री० [सं० घट्ट] सेना। (राज०) उदा०—दाटक अवढ़ दंड नह दीधो, दोयण घड़ सिर दाव दियो।—दुरसाजी।

†स्त्री०=घटा। (राज०)

घड़घड़—स्त्री० [अनु०] किसी प्रकार उत्पन्न होनेवाला घड़घड़ शब्द।

घड़घड़ाना—अ० [अनु०] गड़गड़ शब्द होना। गड़गड़ाना। जैसे—गाड़ी या बादलों का घड़घड़ाना।

स० घड़घड़ शब्द उत्पन्न करना।

घड़घड़ाहट—स्त्री० [अनु० घड़घड़] घड़घड़ होने की ध्वनि या भाव।

घड़त—स्त्री० दे० 'गढ़त'।

घड़न—स्त्री० [सं० घटन] बढ़ने या गढ़ने की क्रिया, प्रकार या भाव। गढ़न।

घड़नई—स्त्री० [हिं० घड़ा+नैया (नाव)] घड़ों में बाँस बाँधकर बनाया हुआ वह ढाँचा जिस पर चढ़कर लोग छोटी-छोटी नदियाँ, नाले पार करते हैं।

घड़ना—स० दे० 'गढ़ना'।

घड़वैल†—स्त्री० दे० 'घड़नई'।

घड़ा—पुं० [सं० घट, पा० घटो, प्रा० घडग, घड, बं० घरा, सिं० घरो, गु० घडो, मरा० घड़ा] १. धातु, मिट्टी आदि का बना हुआ एक प्रसिद्ध गोलाकार पात्र जो प्रायः पानी भरने या अनाज आदि रखने के काम आता है। कलसा। गगरा।

मुहा०—(किसी पर) **घड़ों पानी पड़ना**=अपनी त्रुटि या भूल सिद्ध होने पर दूसरों के सम्मुख लज्जित होना।

घड़ा—चिकना घड़ा=ऐसा व्यक्ति जो दूसरों द्वारा लज्जित किये जाने पर भी संकुचित न होता हो। बहुत बड़ा निर्लज्ज।

घड़ाई—स्त्री० दे० 'गढ़ाई'।

घड़ाना—स० दे० 'गढ़ाना'।

घड़ामोड़ा*—वि० [हिं० घड़ा+मोड़ना] शूर-वीर। (डिं०)

घड़िया—स्त्री० [सं० घटिका, हिं० घड़ी] १. छोटी घड़ी, कलसी या गगरी। २. मिट्टी के वे छोटे बरतन जो रहट में बाँधे जाते हैं। ३. गर्भाशय। बच्चेदानी। ४. शहद का छत्ता। ५. मिट्टी का वह छोटा प्याला जिसमें आँच देने से उसमें धातु की मैल कटकर ऊपर आ जाती है। (सुनार)

घड़ियाल—पुं० [सं० घटिकाल, प्रा० घड़ियालि=घटों का समूह] वह बड़ा घंटा जो पूजा में या समय की सूचना के लिए बजाया जाता है।

पुं० [सं० ग्राह?] छिपकली की जाति का, परंतु उससे बहुत बड़ा, भीषण तथा हिंसक एक प्रसिद्ध जलजंतु जिसकी त्वचा काँटीली होती है और मुँह बहुत अधिक लंबा होता है। ग्राह।

घड़ियाली—पुं० [हिं० घड़ियाल] समय की सूचना देने के लिए घड़ियाल बजानेवाला व्यक्ति।

स्त्री० एक प्रकार का छोटा घड़ियाल या घंटा जो प्रायः देव-पूजन के समय बजाया जाता है। विजय-घंट।

घड़ी—स्त्री० [सं० घटी] १. काल का एक प्राचीन मान जो दिन-रात का ३२ वाँ भाग और ६० पलों का होता है। आज-कल के हिसाब से यह २४ मिनट का होता है।

पद—**घड़ी घड़ी**=रह-रहकर थोड़ी देर पर। बार-बार। **घड़ी पहर**=थोड़ी-बेर। उदा०—घड़ी पहर बिलबौरे भाई जरता है।—कबीर।

मुहा०। **घड़ी या घड़ियाँ गिनना**=(क) बहुत उत्सुकतापूर्वक और समय पर ध्यान रखते हुए किसी बात की प्रतीक्षा करना। (ख) मरने के निकट होना। (**किसी का**) **घड़ी सायत पर होना**=ऐसी स्थिति में होना कि थोड़ी ही देर में प्राण निकल जायँगे। मरणासन्न अवस्था।

२. किसी काम या बात के घटित होने का अवसर या समय। जैसे—जब इस काम की घड़ी आवेगी तब यह आप ही हो जायगा।

मुहा०—**घड़ी देना**=ज्योतिषी का मुहूर्त या सायत बतलाना।

३. आज-कल, वह प्रसिद्ध छोटा या बड़ा यंत्र जो नियमित रूप से घंटा, मिनट आदि अर्थात् समय का ठीक मान बतलाता है। यह यंत्र कई प्रकार का होता है। जैसे—जेब घड़ी, दीवार घड़ी, धूप घड़ी आदि। ४. पानी रखने का छोटा घड़ा।

पद—**घड़ी-दीया** (देखें)।

स्त्री० [हिं० घड़ना] कपड़ों आदि की लगाई जानेवाली तह।

घड़ी-दीया—पुं० [हिं० घड़ी+दीया=दीपक] हिन्दुओं में, कर्मकांड का एक कृत्य जो किसी के मरने पर १०, १२ या १३ दिनों तक चलता है। इसमें एक छेदवाले घड़े में जल भरकर उसे चूने या टपकने के लिए कहीं रख-दिया जाता है और उसके पास एक दीया रखा जाता है जो दिन-रात जलता रहता है।

घड़ीसाज—पुं० [हिं० घड़ी+फा० साज] घड़ियों की मरम्मत करनेवाला कारीगर।

घड़ीसाजी—स्त्री० [हिं० घड़ी+फा० साजी] घड़ी (यंत्र) की मरम्मत करने का काम।

चढ़ोत्ता—पुं० [हिं० चढ़ा+ओला (प्रत्य०)] छोटे आकार का चढ़ा। छोटा चढ़ा।

चढ़ौंची—स्त्री० [हिं० चढ़ा+औंची (प्रत्य०)] लकड़ी की बनी हुई वह चौकी या चौखटा जिस पर पानी से भरे हुए घड़े रखे जाते हैं।

चण*—पुं० दे० 'चन'।
वि० दे० 'चना'।

चना*—वि० [स्त्री० चणी] दे० 'चना'।

चत†—पु० [हिं० घात] १. दे० 'घात'। २. ठीक और पूरा ढंग या रीति। उदा०—मैं जानत या व्रत के चत कौं।—सूर।

चतर†—पुं० [?] तड़का। प्रभात का समय।

चतिया—पुं० [हिं० घात+इया (प्रत्य०)] १. घात करनेवाला। २ विश्वासघात करनेवाला। धोखेबाज।

चतियाना—स० [हिं० घात] १. अपनी घात या दाँव में लाना। मतलब पर चढ़ाना। २ कोई चीज चुरा, छिपा या दबाकर रख लेना।

चत्ता—पुं० [?] अपभ्रंश का एक प्रसिद्ध मात्रिक अर्द्धसम छंद जिसके विषम चरणों में १८-१९ और सम चरणों में १३ मात्राएँ तथा तीन लघु होते हैं।

चत्तानंद—पु० [?] एक मात्रिक अर्द्धसम छंद।

चन—पुं० [सं०√हन् (हिंसा)+अप्, घनादेश] १. मेघ। बादल। २. लोहा। ३. लोहा पीटने का बहुत बड़ा हथौड़ा। ४. झुंड। समूह। ५. कपूर। ६. अभ्रक। ७ बजाने का बड़ा घंटा। घड़ियाल। ८. एक प्रकार की सुगंधित घास। ९. कफ। श्लेष्मा। १०. नृत्य का एक प्रकार या भेद। ११. संगीत में धातु का ढला हुआ वह बाजा जो केवल ताल देने के काम आता हो। जैसे—झाँझ, मँजीरा आदि। १२. किसी चीज या बात की अधिकता या यथेष्ट मान। जैसे—आनन्द-घन। उदा०—पवन के घन घिरे पड़ते में बने मधु अंध।—प्रसाद। १३. मुख। (डिं०) १४.गणित में किसी अंक को किसी अंक के वर्ग से गुणा करने पर निकलनेवाला गुणनफल। जैसे—४ का घन (४×१६=)६४ होगा। १५. पदार्थों के मान का वह रूप जिसमें उनकी लंबाई (या ऊँचाई)चौड़ाई (या गहराई) और मोटाई के कुल विस्तारों का अंतर्भाव होता है। १६. ज्यामिति में वह पदार्थ जिसके छ: समान वर्गित पक्ष हों। १७. वैज्ञानिक क्षेत्रों में, पदार्थ की तीन स्थितियों में से एक जिसमें उसके अणु एक साथ इस प्रकार सटे होते हैं कि वे अलग तथा अकेले क्रियाशील या गतिशील नहीं हो सकते हैं।
वि० १. घना (देखें)।

पद—घन का=(क) देखने में बहुत अधिक घना। जैसे—घन का बादल। (ख) मात्रा या मान में बहुत अधिक। जैसे—घन की विपत्ति।
२. (पदार्थ) जिसके अणु एक साथ इस प्रकार सटे हुए हों कि वे अलग-अलग क्रियाशील या गतिमान न हो सकते हों। ठस या ठोस ३. भारी। ४. दृढ़। पक्का।
* पु०=शत्रुघन। उदा०—रघुनंदन बिनु बंधु कुअवसर जथपि घनु दूसरे हैं।—तुलसी।

घनक*—स्त्री० [स० घन] १. गर्जन। २. गड़गड़ाहट। ३. चोट। प्रहार।

घनकना—अ० [हिं० घनक] जोर की आवाज करना। गरजना।
स० चोट या प्रहार करना।

घनकफ—पु० [ष० त०] ओला।

घनकार*—वि० [हिं० घनक] ऊँची आवाज करने या गरजनेवाला।

घन-काल—पु० [ष० त०] वर्षा ऋतु। बरसात।

घन-कोदंड—पुं० [ष० त०] इन्द्रधनुष।

घन-क्षेत्र—पु० [ष० त०] किसी चीज की गहराई, चौड़ाई और लंबाई का समूचा विस्तार।

घनगरज—स्त्री० [हिं० घन+गर्जन] १. बादल के गरजने की ध्वनि। २. खुभी की जाति का एक छोटा पौधा जिसकी नरकारी बनती है। ढिंगरी। ३. एक प्रकार की तोप।

घनघटा—स्त्री० [हिं० घन+घटा] बादलों की गहरी या घनी घटा।

घनघनाना—अ० [अनु०] घन घन शब्द होना। घंटे की ऐसी ध्वनि निकलना।
स० घन-घन शब्द उत्पन्न करना।

घनघनाहट—स्त्री० [अनु०] घन-घन शब्द निकलने की ध्वनि या भाव।

घनघोर—वि० [हिं० घन+घोर] १. बहुत अधिक घना। जैसे—घनघोर बादल। २. भीषण या विकट। जैसे—घनघोर युद्ध। ३ (कलन या गणित) जिसमें लंबाई, चौड़ाई और मोटाई तीनों का योग या विचार हो। (रूप)।
पु० १ तुमुलनाद। भीषण ध्वनि। २. बादलों की गरज।

घनचक्कर—पुं० [हिं० घन+चक्र] १. वह व्यक्ति जिसकी बुद्धि सदा चंचल रहे। बहुत चंचल बुद्धि का आदमी। २ बेवकूफ। मूर्ख। ३. वह जो बराबर इधर-उधर व्यर्थ घूमता फिरे। ४. जंजाल। झंझट। ५. एक प्रकार की आतिशबाजी जो चक्कर के रूप में होती और बहुत जोर का शब्द करती है। ६. सूरजमुखी (पौधा और फूल)।

घनता—स्त्री० [सं० घन+तल्—टाप्] १. घने होने की अवस्था या भाव। घनापन। २. अणुओं आदि की पारस्परिक ठोस गठन। ठोसपन। ३. दृढ़ता। मजबूती। ४. किसी पदार्थ की सारी लंबाई, चौड़ाई और मोटाई का समूह।

घनताल—पु० [स० घनता√अल् (पर्याप्ति) + अच्] १. घातक। पपीहा। २. [घन-ताल, कर्म० स०] करताल की तरह का एक बड़ा बाजा।

घनतोल—पुं० [सं० घन√तुल् (तोलना)+अण्, उप० स०] घातक। पपीहा।

घनत्व—पुं० [सं० घन+त्व] =घनता।

घननाद—पुं० [ष० त०] १. बादलों की गरज। २. मेघनाद (रावण का पुत्र)।

घनपति—पुं० [ष० त०] मेघों के अधिपति, इन्द्र।

घन-प्रिय—वि० [ब० स० वा ष० त०] बादल जिसे प्रिय हों अथवा जो बादलों का प्रिय हो।
पुं० १. मोर। मयूर। २.मोरशिखा नाम की घास।

घन-फल—पुं० [ष० त०] १ वह गुणनफल जो किसी संख्या को उसी संख्या से दो बार गुणा करने से निकलता है। घन। २. वह जो किसी ठोस चीज की लंबाई, चौड़ाई और मोटाई (या गहराई) के मानों को एक दूसरे से गुणा करने पर निकलता है।

घनबहेड़ा—पुं० [हिं० घन+बहेड़ा] अमलतास।

घनबाण—पुं० [हिं० घन + बाण] १. एक प्रकार का बाण।

घन-बेला—पुं० [हिं० घन+बेला] [स्त्री० अल्पा० घन-बेली] एक प्रकार के बेले का पौधा और उसका फूल।

घन-बाल—पुं० [ष० त०] किसी वस्तु की लंबाई, चौड़ाई और मोटाई का सम्मिलित मान। (क्यूब मेजर)

घन-मूल—पुं० [ष० त०] गणित में किसी घन (राशि) का मूल अंक। (क्यूब रूट) जैसे—२७ का घन मूल ३ होता है, क्योंकि ३ को ३ से दो बार गुणा करने पर ही २७ होता है।

घन-रस—पुं० [ष० त०] १. जल। पानी। २. कपूर। ३. हाथियों का एक रोग जिसमें उनका खून बिगड़ जाता और नाखून गलने लगते हैं।

घन-वर्धन—पुं० [तृ० त०] [वि० घनवर्धनीय, भाव० घनवर्धनीयता] धातुओं आदि को हथौड़े से पीटकर बढ़ाना।

घन-वाह—पुं० [घनं√वह् (ले जाना)+णिच्, +अण् उप० स०] वायु।

घनवाहन—पुं० [ब० स०] इन्द्र, जिसका वाहन मेघ माना गया है।

घन-वाही—स्त्री० [हिं० घन+वाही (प्रत्य०)] १. किसी चीज को घन या हथौड़े से कूटने का काम। घन चलाना। २. वह गड्ढा या स्थान जहाँ खड़े होकर घन (हथौड़ा) चलाया जाता है।

घन-श्याम—वि० [उपमि० स०] जिसका रंग बादल के समान श्याम हो। हल्का नीलापन लिये हुए काला।
पुं० १. काला बादल। २. श्रीकृष्ण का एक नाम।

घन-सार—पुं० [ष० त०] १. कपूर। २. चंदन। ३. जल। ४. सुंदर बादल। ५. [ब० स०] पारा।

घनहर*—पुं० [स० घन=बादल] बादल। मेघ।

घनहस्त—वि० [ब० स०] जो लंबाई, चौड़ाई और मोटाई या गहराई तीनों आयामों में एक-एक हाथ भर हो।
पुं० १ क्षेत्र या पिंड जो एक हाथ लंबा, एक हाथ चौड़ा और एक हाथ गहरा या मोटा हो। २. अन्न आदि नापने का एक पुराना मान जो एक हाथ लंबा, एक हाथ चौड़ा और एक हाथ गहरा होता था। खारी। खारिका।

घनांजनी—स्त्री० [घन-अंजन, ब० स०, ङीप्] दुर्गा।

घनांत—पुं० [घन-अंत, ब० स०] वर्षा की समाप्ति पर आनेवाली शरद् ऋतु।

घना—वि० [सं० घन] [स्त्री० घनी] १. (वस्तु) जिसके विभिन्न अंश, अवयव या कण इस प्रकार आपस में मिल या सट गये हों कि वह अविभिन्न समूह जान पड़े। जैसे—घना कोहरा, घना बादल। २. (अवकाश या स्थान) जिसमें बहुत सी वस्तुएँ सट-सटकर खड़ी, पड़ी या रहती हों। जैसे—घना जंगल, घना शहर। ३. (वस्त्र आदि) जिसकी बुनावट के ताने-बाने आपस में खूब सटे हुए हों। गफ। गझिन। ४. जिसमें गाढ़ता या प्रखरता बहुत अधिक हो। जैसे—घना अंधकार, घनी नीलिमा। ५. जिसमें आपसदारी या समीपता बहुत अधिक हो। घनिष्ठ। गहरा। जैसे—घना संबंध। ६. बहुत अधिक। अतिशय। जैसे—घनी पीड़ा। जैसे—जिनके लाड़ बहुतेरे, उनके दुःख भी घनेरे। (कहा०)
स्त्री० [सं० घन+अच्—टाप्] १. मालपर्णी। २. खजटा। जटाधारी लता। ३ एक प्रकार का पुराना बाजा।

घनाकर—पुं० [घन-आकर, ष० त०] वर्षाऋतु।

घनाक्षरी—स्त्री० [घन-अक्षर, ब० स०, ङीप्] एक वर्ण-वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में ३१ वर्ण होते हैं और अंत में प्रायः गुरु वर्ण होता है। इसे कवित्त भी कहते हैं।

घनागम—पुं० [घन-आगम, ष० त०] वर्षाऋतु का आरंभ।

घनाघन—पुं० [सं०√हन् (हिंसा)+अच्, नि० सिद्धि] १. देवताओं का राजा, इंद्र। २. बरसनेवाला बादल। उदा०—गगन-अंगन घनाघन ते सचन तम।—सेनापति। ३. मस्त हाथी।
क्रि० वि० लगातार घन-घन शब्द करते हुए।

घनात्मक—वि० [सं० घन-आत्मन्, ब० स०, कप्] १. (पदार्थ) जिसकी लंबाई, चौड़ाई और मोटाई या गहराई बराबर हो। २. (क्षेत्रफल) जो लंबाई, चौड़ाई और मोटाई को गुणा करने से निकला हो।

घनात्मय—पुं० —[घन-अत्यय, ब० स०]=घनांत।

घनानंद—पुं० [घन-आनंद, ब० स०] गद्य काव्य का एक भेद।

घनाभय—पुं० [घन-आभय, ब० स०] खजूर।

घनाली*—स्त्री० [सं० घन-अवली] बादलों की पंक्ति या समूह। उदा०—अंचला थी चमकी घनाली घहराई थी।—मैथिलीशरण।

घनाश्रय—पुं० [घन-आश्रय, ष० त०] आकाश।

घनिष्ठ—वि० [सं० घन+इष्ठन्] जिसके साथ बहुत अधिक या घना हेल-मेल, मित्रता, संबंध या सहचार हो। जैसे—घनिष्ठ मित्र।

घनिष्ठता—स्त्री० [स० घनिष्ठ+तल—टाप्] १. घनिष्ठ होने की अवस्था, गुण या भाव। २. वह स्थिति जिसमें दो व्यक्तियों में पारस्परिक इतना मेल या स्नेह होता है कि वे एक दूसरे के सुख-दुःख को अपना सुख-दुःख समझने लगते हैं।

घनीभवन—पुं० [सं० घन+च्वि ईत्व√भू (होना)+ल्युट्—अन] किसी तरल या द्रव पदार्थ का जमकर गाढ़ा, घना या ठोस होना।

घनीभाव—पुं० [सं० घन+च्वि, ईत्व√भू+घञ्]=घनीभवन।

घनीभूत—भू० कृ० [सं० घन+च्वि, ईत्व, √भू+क्त] १. जो गाढ़ा होकर या जमकर घना हो गया हो। २. जो किसी प्रकार बढ़कर बहुत अधिक या घोर हो गया हो। जैसे—जो घनीभूत पीड़ा थी''' ।—प्रसाद।

घनेतर—वि० [घन-इतर, पं० त०] १. जो घन न हो, बल्कि उससे भिन्न हो। २. तरल।

घनेरा*—वि०[हिं० घना] १. मान, संख्या आदि में बहुत अधिक या बहुत-सा। २. घना।

घनोदधि—पुं० [घन-उदधि, ब० स०] एक नरक।

घनोदय—पुं० [घन-उदय, ब० स०] वर्षाऋतु का आरम्भ।

घनोपल—पुं० [घन-उपल, ष० त०] ओला।

घबराई*—स्त्री० दे० 'घड़राई'।

घपचियाना—अ० [हिं० घपची] १. असमंजस में पड़कर चकपकाना। चक्कर में आना। २. व्याकुल होना। घबराना।
स० १. किसी को असमंजस या चक्कर में डालना। २. घबराहट पैदा करना।

धपची—स्त्री० [हिं० धन+पंच] वस्तु को पकड़ रखने के लिए दोनों हाथों के पंजों की गठान। दोनों हाथों की मजबूत पकड़।
क्रि० प्र०—बाँधना।

धपला—पु० [अनु०] १. बिना क्रम की मिलावट। २. ठीक प्रकार से कोई काम न करने के कारण होनेवाली अव्यवस्था या गड़बड़ी। ३ वह कार्य जिसके कारण कोई गड़बड़ी विशेषत. अधिक आर्थिक गड़बड़ी हुई हो। गोल-माल।

धपलेबाज—वि [हिं०+फा०] धाँधली करने की प्रवृत्तिवाला।

धपलेबाजी—स्त्री० [हिं०+फा०] धपला करने की अवस्था, गुण या भाव।

धपुआ†—वि०=धप्पू।

धप्पू†—वि० [अनु०] निरा मूर्ख। निर्बुद्धि।

धबड़ाना—अ० =घबराना।

धबड़ाहट—स्त्री० =घबराहट।

धबराना—अ० [सं० गह्वर या हिं० गड़बड़ाना] १. आशंका या भय उत्पन्न होने पर मन में एकाग्रता न होने लगना। डर के कारण हृदय काँपने लगना। कुछ विकल होना। जैसे—(क) अधिकारी के नाम से ये कर्मचारी घबराते हैं। (ख) इन बीमारियों से शहरवाले घबरा गये हैं। २. कोई काम करने से भय आदि के कारण हिचकना। जैसे—थाने जाने से वह न जाने क्यों घबराता है। ३ आश्चर्य आदि के कारण भौचक्का होना। सकपकाना। जैसे—इतने आदमियों को एक साथ देखकर वह घबरा गया। ४. कोई काम करते-करते उससे जी उकता, उचट या ऊब जाना। जैसे—यहाँ रहते-रहते वह घबरा गये हैं। ५. किसी व्यक्ति, समाचार आदि की प्रतीक्षा करते-करते बहुत अधिक बेचैन या विकल होना। जैसे—आपके समय पर न पहुँचने से सारा घर घबरा रहा था।
स० १. ऐसी स्थिति उत्पन्न करना कि कोई अधीर या विकल होकर यह निश्चय न कर सके कि क्या करना चाहिए और क्या न करना चाहिए। २. इतना उद्विग्न करना कि घर होने या हट जाने को जी चाहने लगे। ३. किसी के मन में आतुरता और चंचलता उत्पन्न करना।

घबराहट—स्त्री० [हिं० घबराना] घबराने की अवस्था, क्रिया या भाव।

धमंका†—पु० [अनु०] १. आघात आदि से उत्पन्न होनेवाला धम् शब्द। २ घूँसा। मुक्का।

घमंड—पु० [?] अहं भावना का वह अनुचित तथा उग्र रूप जिसमें मनुष्य अपने बुद्धि-बल, सामर्थ्य आदि को बहुत अधिक महत्त्व देता हुआ दूसरों को अपने सामने तुच्छ या नगण्य समझने लगता है। अभिमान। शेखी।
क्रि० प्र०—करना। —टूटना।—होना।

घमंडी—वि० [हिं० घमंड] [स्त्री० घमंडिन] जिसे घमंड हो। घमंड करनेवाला।

धम—पु० [अनु०] कोमल तल पर कड़ा आघात लगने से उत्पन्न होनेवाला शब्द। जैसे—पीठ पर धम से मुक्का लगना।

धमकना—अ० [अनु० धम] १. धम-धम शब्द होना। २. जोर का शब्द करना। गरजना। जैसे—बादलों का धमकना।
स० १. धम-धम शब्द उत्पन्न करना। २. ऐसा आघात करना जिसमें धम शब्द हो। जैसे—मुक्का धमकना।

धमका—पु० [अनु०] १. आघात आदि से उत्पन्न होनेवाला धम शब्द। धमंका। २. दे० 'उमस'।

धमकाना*—स० [हिं० धमकना] १. धम-धम शब्द उत्पन्न करना। २. बजाना।

धमकोर†—वि० [हिं० धाम+फा० खोर (खानेवाला)] १. धाम या धूप खानेवाला। २. जो धूप में रह सके या धूप सह सके।

धमधमा†—पुं० [हिं० धाम=धूप] दिन का ऐसा समय जिसमें धूप निकली हो।

धमधमाना—अ० [अनु० धम-धम] धम-धम शब्द होना।
स० [अनु०] धम-धम शब्द उत्पन्न करते हुए कई आघात या प्रहार करना। जैसे—दस-पाँच घूँसे या मुक्के धमधमाना।

धमर—पु० [अनु०] १. नगाड़े, ढोल आदि का भारी शब्द। २ गंभीर ध्वनि।

धमरा—पु० [सं० भृंगराज] भृंगराज नाम की बूटी। भँगरैया।

धमरौल—स्त्री० [अनु० धम धम] धाल-मेल की ऐसी स्थिति जिसमें किसी चीज या बात का कुछ भी पता न चले। बहुत बड़ी अव्यवस्था या गड़बड़ी।

धमस—स्त्री० दे० 'धमसा'।

धमसा—पुं० [हिं० घाम] १ वर्षा काल की वह गरमी जो हवा न चलने के कारण होती है। उमस। २. घनापन। घनता।

धमसान—वि०, पुं०=घमासान।

धमाका—पुं० [अनु० धम] भारी आघात से होनेवाला धम शब्द।

धमाधम—क्रि० वि० [अनु०] धम-धम शब्द के साथ। भारी आघात करते हुए। जैसे—उसने धमाधम चार घूँसे लगा दिये।
स्त्री०=धमाधमी।

धमाधमी—स्त्री० [अनु०] १. निरंतर धमधम होनेवाली ध्वनि या जोर का शब्द। २. गहरी या भारी मार-पीट। ३. ऐसी भीड़-भाड़ जिसमें खूब धक्कम-धक्का होता हो। ४. धूम-धाम।

धमाना—अ० [हिं० धाम] सरदी से बचने के लिए धाम या धूप में बैठना। धूप खाना या सेंकना।
स० सुखाने आदि के लिए कोई चीज धूप में रखना। धूप दिखाना।

धमायल—वि० [हिं०धमाना] धाम या धूप की गरमी से पका हुआ (प्रायः फलों के लिए)।

धमासान—पु० [अनु० धम+सान (प्रत्य०)] घोर और भीषण मार-काट अथवा युद्ध। गहरी और भारी लड़ाई।
वि० बहुत ही घोर, भीषण या विकट (उपद्रव या मार-काट)। जैसे—धमासान युद्ध।

धमाह†—पुं० [हिं० धाम] ऐसा बैल जो गरमी में हल जोतने से जल्दी थक जाता हो।

धमीला—वि० [हिं० धाम=धूप] धाम खाया हुआ।

धमूह—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास जो प्रायः करील आदि की झाड़ियों के पास होती और चारे के काम में आती है।

धमोई—स्त्री० [देश०] बाँस का एक प्रकार का रोग जिससे बाँस की जड़ों में बहुत से पतले और घने अंकुर निकलकर उसकी बाढ़ और

नये कल्लों का निकलना रोक देते हैं। २. दे० 'घमोय'।

घमोय—स्त्री० [देश०] गोभी की तरह का एक छोटा पौधा जिसके पत्ते कटावदार तथा काँटों से भरे होते हैं। भड़भाड़। स्वर्णक्षीरी।

घमौरी—स्त्री०=अँभौरी।

घर—पुं० [सं० गृहम्; पा०, प्रा० घरम्; उ०, गु० ने०, पं०, बँ०, मरा० घर; सिं० घरु; कन्न०, सिंह० गर] [वि० घरु, घराऊ, घरेलू] १. ईंट, पत्थर, मिट्टी, लकड़ी आदि की वह विशिष्ट वास्तु रचना जो प्रायः दीवारों से घिरी और छतों से पटी हुई होती हैं और जिसमें लोग अपने परिवार या बाल-बच्चों के साथ रहते हैं; और इसी लिए जिसमें गृहस्थी का भाव भी सम्मिलित है। मकान। (हाउस)

मुहा०—घर आँगन हो जाना=घर का टूट-फूटकर खँडहर या मैदान हो जाना। जैसे—ऐसा सुन्दर घर अब आँगन हो गया है। **घर का आँगन होना**=घर या उसमें रहनेवाले परिवार के सुख-सौभाग्य आदि का ऐसा विस्तार या वृद्धि होना जो सब प्रकार से अभीष्ट तथा शुभ हो। **घर-घर के हो जाना**=अपने रहने का घर न होने के कारण कभी किसी के घर और कभी किसी के घर जाकर रहना। इधर-उधर मारे-मारे फिरना। उदा०—तेरे मारे यातुधान भये घर-घर के।—तुलसी। **घर सिर पर उठाना**=बहुत कोलाहल करना या शोर मचाना। हो-हल्ला करना।

२. (क) उक्त प्रकार के भवन या रचना का कोई ऐसा अलग खंड या विभाग जिसमें स्वतंत्र रूप से कोई परिवार रहता हो। किसी परिवार का निवास-स्थान। (ख) उक्त खंड या विभाग में रहनेवाला परिवार। जैसे—इस मकान के चारों घरों से एक-एक रुपया मिला है। ३. उक्त में एक साथ रहनेवालों की पूरी सामाजिक इकाई। एक ही मकान या उसके विभाग में एक साथ रहनेवाले परिवार या रिश्ते-नाते के सब लोग। जैसे—(क) आज घर भर मेला देखने जायगा। (ख) घर के सब प्राणियों को ब्याह का न्योता मिला है। (ग) हैजे में घर के घर तबाह हो गये।

मुहा०—घर करना=(क) बसने या स्थायी रूप से रहने के लिए अपना निवास स्थान बनाना। जैसे—जंगल में घर करना। (ख) घर-गृहस्थी का ऐसा ठीक और पूरा प्रबंध करना कि परिवार के सब लोगों का ठीक तरह से निर्वाह होता रहे। (ग) पुरुष और स्त्री का पति-पत्नी के रूप में रहकर गृहस्थी चलाना। जैसे—आओ मीता, घर करें, आया सावन मास।—स्त्रियों का गीत। **(किसी काम को) घर का रास्ता समझना**=(क) बहुत ही सरल और सुगम समझना। (ख) सामान्य और सुपरिचित समझना। **घर के घर**=अंदर ही अंदर और गुप्त रूप से। बिना औरों को या बाहरी लोगों को जतलाये। जैसे—सब झगड़े घर के घर तै हो गये। **घर के घर रहना**=लेन-देन, व्यवहार, व्यापार आदि में ऐसी स्थिति में रहना कि न तो कुछ आर्थिक लाभ हो और न हानि ही। **(किसी का) घर घालना**=(क) किसी को इस प्रकार नष्ट या बरबाद करना कि उसकी बहुत बड़ी आर्थिक हानि हो अथवा मान-मर्यादा नष्ट हो जाय। (ख) किसी परिवार में अशांति, कष्ट, वैमनस्य आदि उत्पन्न करना। **घर चलाना**=घर के व्यय आदि का निर्वाह और प्रबंध करना। **घर जमाना**=घर-गृहस्थी की सभी उपयोगी चीजें एकत्र करना जिसमें सब आवश्यकताएँ पूरी होती रहें। **(किसी के) घर तक पहुँचना**=किसी को माँ-बहन तक की गालियाँ देना। **(किसी का) घर देख पाना या देख लेना**=एक बार कहीं से उद्देश्य-सिद्धि या फल-प्राप्ति हो जाने पर परच जाना और प्रायः उसी ओर प्रवृत्त होना। जैसे—अब तो इन्होंने घर देख लिया है; नित्य पहुँचा करेंगे। **(किसी स्त्री का किसी के) घर पड़ना**=किसी के घर जाकर पत्नी भाव से रहना। **(दर, लागत या भाव के विचार से कोई चीज) घर पड़ना**=भाव, लागत, व्यय आदि के विचार से किसी चीज की दर या दाम ज्ञात या स्थिर होना। जैसे—ये मोजे दस रुपये दरजन तो घर पड़ते हैं, यदि ग्यारह रुपये दरजन भी न बिकें तो हमें क्या बचेगा? (दूकानदार) **(किसी का) घर फोड़ना**=किसी परिवार में उपद्रव, कलह या लड़ाई-झगड़ा खड़ा करना जिसमें उस घर के रहनेवाले एक दूसरे से अलग हो जाना चाहें। **(अपना) घर बनाना**=आर्थिक दृष्टि से अपना घर सम्पन्न और सुखी करना। **(किसी का) घर बसना**=विवाह हो जाने और घर में पत्नी के आ जाने के कारण घर आबाद होना। **(किसी) का) घर बिगाड़ना**=(क) किसी के घर की समृद्धि नष्ट करना। घर तबाह करना। (ख) घर में फूट फैलाना। घर के लोगों में परस्पर लड़ाई कराना। (ग) किसी की बहू-बेटी को बुरे मार्ग पर ले जाना। **(स्त्री का किसी पुरुष के) घर बैठना**=किसी के घर जाकर पत्नी भाव से रहने लगना। **घर बैठे**=बिना कोई विशेष परिश्रम या प्रयास किये। जैसे—अब सारा काम घर बैठे हो जायगा। **(अपना या किसी का) घर भरना**=घर को धन-धान्य से पूर्ण करना। जैसे—इन्होंने जन्म भर अपना (या अपने मालिक का) घर भरने के सिवा किया ही क्या है? **(किसी स्त्री को) घर में डालना**=उपपत्नी या रखेली बनाकर अपने घर में रख लेना। **घर से**=अपने पास से। पल्ले से। जैसे—हमें तो घर से सौ रुपए निकाल कर देने पड़े। **घर सेना**=घर में चुपचाप और व्यर्थ पड़े रहना, बाहर न निकलना। **घर से बाहर पाँव या पैर निकालना**=किसी प्रकार के कुमार्ग या दुष्कर्म में प्रवृत्त हो काम करना।

पद—घर का=(क) निज का। अपना। जैसे—घर का मकान या बगीचा, घर के लोग। (ख) आपस के लोगों का। जिससे परायों या बाहरवालों का कोई संबंध न हो। जैसे—घर का झगड़ा, घर की पूँजी। (ग) स्त्री की दृष्टि से उसका पति या स्वामी। उदा०—घर के हमारे परदेस को सिधारे यातें दया करि बूझीए हम रीति राहवारे की।—कविंद। **घर का अच्छा**=(क) कुल, शील आदि के विचार से श्रेष्ठ। (ख) आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न और सुखी। **घर का उजाला**=परिवार, वंश आदि की मान-मर्यादा बढ़ानेवाला व्यक्ति। **घर का न घाट का**=जिसके रहने का ठीक-ठिकाना या कोई निश्चित स्थान न हो। जैसे—धोबी का कुत्ता, घर का न घाट का। (कहा०) **घर का बहादुर, मर्द या शेर**=वह जो अपने घर के अन्दर या घर के लोगों के सामने ही बहादुरी की डींग हाँकता हो, बाहरी लोगों के सामने दब जाता हो। **घर की खेती**=ऐसा काम, चीज या बात जो अपने घर में आप से आप या अपने साधारण परिश्रम से यथेष्ट परिमाण में मिल या हो सकती हो। **घर के बाढ़े**=जो अपने घर में ही रहकर बड़ा हुआ हो, परन्तु जिसे अभी बाहरवालों के सामने कुछ कर दिखाने का अवसर न मिला हो अथवा ऐसी शक्ति न आई हो। घर ही का बहादुर या शेर। उदा०—द्विज देवता घरहिं के बाढ़।—तुलसी। **घर में**=(क) स्त्री। जोरू। घरवाली।

जैसे—उनके घर में बीमार हैं। (ख) पति। स्वामी। जैसे—हमारे घर में परसों बाहर गये हैं। (स्त्रियाँ) **घरवाला**=स्त्री के विचार से उसका पति। जैसे—अपने घरवाले को भी साथ ले आतीं। **घरवाली**=पति के विचार से, उसकी पत्नी। जैसे—जरा घरवाली से भी पूछ लो। **घर से**=(क) पति के विचार से, उसकी पत्नी। घरवाली। जैसे—उनके घर से भी साथ आई हैं। (ख) स्त्री के विचार से, उसका पति। घरवाला। **अँधेरे घर का उजाला**=(क) वह जिससे किसी छोटे या साधारण घर की मर्यादा, शोभा आदि भी बहुत अधिक बढ़ जाती हो। (ख) परम रूपवान् या सुन्दर (अथवा सुन्दरी)।

४. किसी परिवार के रहने के स्थान की सब चीजें। गृहस्थी की सब सामग्री। घर का सारा सामान।

मुहा०—घर फूँककर तमाशा देखना=अपना सब कुछ नष्ट करके किसी प्रकार आनन्द लेना या सुख भोगना। (ऐसे अनुचित या निन्दनीय कार्यों के संबंध में प्रयुक्त जो बहुत अधिक व्यय-साध्य होते हैं।)

५. प्रतिष्ठा, मान-मर्यादा, वैभव आदि के विचार से कोई गृहस्थी या परिवार। खानदान। घराना। जैसे—अब भी वहाँ पुराने रईसों के कई घर बचे हैं। ६. स्थायी रूप से गृहस्थी या परिवार बनाकर रहने के लिए उपयुक्त स्थान। जैसे—लड़की (के विवाह) के लिए कोई अच्छा घर ढूँढना। उदा०—जो घर बर कुल होय अनूपा।—तुलसी। ७ वह स्थान जहाँ रहने पर वैसा ही सुख और सुभीते मिलते हों, जैसा सुख और जितने सुभीते स्वयं अपने घर या निवास स्थान में मिलते हैं। जैसे—(क) इसे भी आप अपना घर ही समझें। (ख) सब बच्चों को उन्होंने सदा घर की तरह रखा था। ८ पशु-पक्षियों आदि के रहने की जगह। जैसे—चूहे जमीन के अन्दर और तोते पेड़ों पर अपना घर बनाते हैं। ९. केला, बाँस, मूँज आदि के पौधों का एक जगह और बहुत पास-पास या एक साथ उगा हुआ समूह। झुरमुट। जैसे—उनके बगीचे में केले के ५-६ घर हैं। १० वह स्थान जहाँ कोई काम, चीज या बात अधिकता या प्रचुरता से देखने में आती अथवा होती हो। जैसे—(क) कश्मीर शोभा और सौन्दर्य का घर है। (ख) यहाँ का जंगली क्षेत्र भलेरिया (या साँपों) का घर है। (ग) नगर का वह भाग गुंडों और बदमाशों का घर है। ११. वह चीज या बात जिससे कोई दूसरी चीज या बात निकलती या पैदा होती हो। जैसे—रोग का घर खाँसी, लड़ाई का घर हाँसी। (कहा०) १२. वह स्थान जहाँ किसी मनुष्य अथवा उसके पूर्वजों का जन्म, पालन-पोषण आदि हुआ हो। जन्म-भूमि या स्वदेश। जैसे—घर तो उनका पंजाब में था पर वे बहुत दिनों से बंगाल में जाकर बस गये थे। १३. वह स्थान जो किसी विशिष्ट उद्देश्य की पूर्ति या कार्य की सिद्धि के लिए उपयुक्त या ठीक हो, अथवा उसके लिए बनाया या रक्षित किया गया हो। जैसे—कल-घर (जिसमें पानी या नल लगा हो), पूजा-घर (जहाँ देवता की मूर्ति और पूजन की सामग्री रहती हो), रसोई घर आदि। १४. वह स्थान जहाँ जनता को कुछ विशिष्ट चीजें या बातें अपने उपयोग या व्यवहार के लिए नियमित रूप से और सुगमतापूर्वक प्राप्त होती हों। जैसे—टिकटघर, रेलघर। १५ वह स्थान जहाँ किसी विशिष्ट प्रकार का उत्पादन कार्य नियमित और व्यवस्थित रूप से होता हो। जैसे—पुतलीघर, बिजलीघर। १६. वह स्थान जहाँ किसी विशिष्ट प्रकार का सार्वजनिक काम करने के लिए अनेक कर्मचारी एकत्र होते हों। जैसे—डाकघर, तारघर। १७. किसी अलमारी, संदूक आदि में अलग-अलग चीजें रखने के लिए बने हुए चौकोर खाने। जैसे—इस संदूक में कागज-पत्र, गहने, रुपए-पैसे आदि रखने के लिए अलग-अलग घर बने हैं। १८. कोई चीज रखने का डिब्बा या चौखा। खाना (केस) जैसे—अँगूठी, चश्मे या तलवार का घर। १९. किसी तल पर खड़ी और बड़ी रेखाओं से किए हुए जाल या विभाग। कोण। खाना। जैसे—चौसर या शतरंज की बिसात के घर। २०. कोई चीज जमाकर बैठने, रखने या लगाने के लिए बना हुआ चौखटा, छेद या स्थान। जैसे—अँगूठी में नगीने का घर, तसवीर का घर (अर्थात् चौखटा)। २१. आकाश में क्षितिज के उत्तर दक्षिणी वृत्त के मुख्य बारह विभागों में से हर एक जो फलित ज्योतिष में जन्म कुंडली बनाने के समय ग्रहों की स्थिति दिखाने के काम आता है। ये विभाग राशि-चक्र के सूचक होते हैं और इनमें से प्रत्येक में किसी ग्रह के पहुँचने का अलग-अलग प्रकार का प्रभाव या फल माना जाता है। जैसे—चौथा, छठा या नवाँ घर। २२ किसी वस्तु के टिके, ठहरे या रुके रहने की कोई जगह। जैसे—पानी ने छत में स्थान-स्थान पर घर कर लिया है।

मुहा०—(किसी चीज का कहीं) घर करना=किसी वस्तु का अपने जमने या ठहरने के लिए उपयुक्त स्थान बनाना। जैसे—दो-चार दिनों में जूते में पैर घर कर लेता है। **(किसी चीज का) चित्त या मन में घर करना**=अपने गुण, रूप आदि के कारण किसी को इतना पसंद आना कि उसका ध्यान सदा बना रहे। अत्यन्त प्रिय होना।

२३. किसी बात या व्यक्ति का उपयुक्त अथवा नियत स्थान या स्थिति। **मुहा०—(कोई काम या बात) घर तक पहुँचाना** पूर्णता या समाप्ति तक पहुँचाना। जैसे—जो काम हाथ में लिया है, पहले उसे घर तक पहुँचाओ। **(किसी व्यक्ति को, उसके) घर तक पहुँचाना**=ऐसी स्थिति में पहुँचाना या ले जाना कि उसका वास्तविक स्वरूप सब लोगों पर प्रकट हो जाय। जैसे—झूठे को उसके घर तक पहुँचाना चाहिए (अर्थात् उसे झूठा सिद्ध कर देना चाहिए)। **(आग या दीया) घर करना**=ठंडा करना। बुझाना। (मंगल-भाषित)

२४. आघात, प्रहार या वार करने अथवा उससे बचने या उसे रोकने का कोई विशिष्ट ढंग या प्रकार। दाँव। पेंच। जैसे—वह कुश्ती (तलवार या पटा-बनेठी) के सब घर जानता है।

पद—घर-घाट। (देखें)

मुहा०—(प्रहार में) घर खाली छोड़ना या देना=वार करते हुए भी आघात या प्रहार न करना, बल्कि जान-बूझकर खाली जाने देना। **(वार का) बर बचाना**=अपने कौशल या चातुरी से प्रहार या वार विफल करना। जैसे—कई घर तो तुम बचा गये, पर इस बार जरा संभलकर रहना।

२५. संगीत में, किसी तान, बोल या स्वर की नियत और मर्यादित सीमा। जैसे—(क) यह तान ठीक नहीं आई; जरा फिर से और ठीक घर में कहो। (ख) यह चिड़िया कई घर बोलती है। २६. गुदा या भग। (बाजारू)

घरऊ†—वि०=घरेलू (चक)।

घर-गृहस्थ—पुं० [हिं० घर+सं० गृहस्थ] वह व्यक्ति जो अपने परिवार के साथ रहता हो और गृहस्थी के निर्वाह के लिए सब काम-काज करता हो।

घर-गृहस्थी—स्त्री० [हिं० घर+गृहस्थी] १. घर में रहनेवाले परिवार के सदस्य और उनकी सब वस्तुएँ। जैसे—घर-गृहस्थी यहाँ से उठाकर अब कहाँ जायँ। २. परिवार के लोग।

घरघराना—अ० [अनु० घर घर] १. भाव० घरघराहट। कफ के कारण गले से साँस लेते समय घर-घर शब्द निकलना या होना। स० घर-घर शब्द उत्पन्न करना।

घर-घराना—पुं० [हिं० घर+घराना] १. आर्थिक, सामाजिक आदि दृष्टियों से संपन्न और प्रतिष्ठित परिवार। २. कुल या वंश और उसकी मर्यादा आदि। जैसे—पहले उनका घर-घराना देख लेना तब विवाह की बात करना।

घरघराहट—स्त्री० [अनु० घर्र घर्र] घर-घर शब्द होने की क्रिया या भाव। जैसे—कफ के कारण गले में होनेवाली घरघराहट।

घर-घाट—पुं० [हिं०] १. किसी काम या बात के वे महत्त्वपूर्ण अंग या पक्ष जिनकी ठीक और पूरी जानकारी होने पर वह काम या बात अच्छी तरह और सुगमतापूर्वक पूरी या सम्पन्न होती है। जैसे—कुश्ती, चित्रकारी, रोजगार या संगीत के घर-घाट। २ किसी चीज की बनावट के विचार से उसके उतार-चढ़ाव या सुडौल गठन। जैसे—कटार या तलवार का घर-घाट। ३. अपनी विशिष्ट प्रकार की मनोवृत्ति के अनुसार किसी व्यक्ति का कार्य अथवा व्यवहार करने का कौशल, ढंग या प्रणाली। जैसे—पहले यह तो समझ लो कि वह किस (या कैसे) घर-घाट का आदमी है। ४. उचित और उपयुक्त स्थिति। ठौर-ठिकाना। जैसे—पहले अपना पेट पालने का तो घर-घाट कर लो; फिर ब्याह भी होता रहेगा।

घर-घालक—वि० [हिं० घर+घालक=घालनेवाला] १. दूसरों का घर घालने या बिगाड़नेवाला। २. अपने कुल या वंश को कलंकित या बरबाद करनेवाला।

घर-घालना†—मु० [हिं० घर+घालना] अपना या दूसरों का घर कलंकित या बरबाद करना।
वि० =घर-घालक।

घर-घुसऊ—वि०=घर-घुसना।

घर-घुसना—वि० [हिं० घर+घुसना=घुसा रहनेवाला] [स्त्री० वि० घर-घुसनी] (व्यक्ति) जो प्रायः घर में और विशेषतः स्त्रियों के पास बैठा रहता हो, बाहर घूमता-फिरता या काम-काज न करता हो अथवा कम करता हो।

घर-घुसा—वि०=घर-घुसना।

घर-चिरा—पुं० [हिं० घर+चीरना] घरों आदि में रहनेवाला एक प्रकार का साँप।

घर-जँवाई—पुं० [हिं० घर+जँवाई=जामाता] वह जँवाई या दामाद जिसे ससुर ने अपने ही घर में रख लिया हो। ससुराल में स्थायी रूप से रहनेवाला दामाद। घर-दमाद।

घर-जाया—पुं० [हिं० घर+जाया=पैदा] [स्त्री० घर-जायी] गृह-स्वामी की दृष्टि से, उसके घर में उत्पन्न होनेवाला दासी-पुत्र।

घर-जुगत—स्त्री० [हिं० घर+सं० युक्ति] घर-गृहस्थी के सब काम-काम या थोड़े खर्च में अच्छी तरह चलाने की युक्ति या योग्यता।

घर-झँकना†—वि० [हिं० घर+झाँकना] [स्त्री० घर-झँकनी] बारी-बारी से लोगों के घर व्यर्थ जाकर तुरन्त ही लौट आनेवाला।

घरट्ट (क)—पुं० [सं० √घृ (सींचना)+चिच्, घर्√ अट्ट (गति) + अण्, उप० स०] [घरट्ट+कन्] [स्त्री० अल्पा० घरट्टिका] हाथ से चलाई जानेवाली चक्की। जाँता।

घरण (णि)†—स्त्री०=धरनी।

घर-दमाद—पुं०=घर-जँवाई।

घरदारी—स्त्री० [हिं० घर+फा० दारी] घर में रहकर किये जानेवाले गृहस्थी के काम-काज।

घर-दासी—स्त्री० [हिं० घर+सं० दासी] १. गृहिणी। २. पत्नी।

घर-द्वार—पुं०=घर-बार।

घरधारी—स्त्री० १. दे० 'घर-पत्नी'। २. दे० 'घर-बारी'।

घरन—स्त्री० [देश०] पहाड़ी भेड़ों की एक जाति। जुँबली।

घरनई†—स्त्री०=घड़नई।

घरनाल—स्त्री० [हिं० घोड़ा+नाली] पुरानी चाल की एक प्रकार की तोप। रहकला।

घरनी—स्त्री० [सं० गृहिणी] १. गृह-स्वामिनी। २ पत्नी। भार्या। जैसे—बिन घरनी घर भूत का डेरा। (कहा०)

घरपत्नी—स्त्री० [हिं० घर+पत्नी=भाग] किसी जातीय या सार्वजनिक कार्य की अभिपूर्ति के लिए संबंधित घरों या परिवारों से लिया जानेवाला सहांश। चंदा। बेहरी।

घरपरना—पुं० [सं० घर+परना=बनाना] कच्ची मिट्टी का गोल पिंडा जिस पर ठठेरे घरिया बनाते हैं।

घर-फोड़ा—वि० [हिं०घर+फोड़ना] [स्त्री०वि०घर-फोड़ी] १. (व्यक्ति) जो दूसरों के घरों में कलह या विरोध उत्पन्न कराता हो अथवा उसके सदस्यों को आपस में लड़ाता हो। २. अपने ही परिवार के सदस्यों से लड़-झगड़ कर उन्हें अलग रहने के लिए विवश करनेवाला।

घर-फोरा†—वि०=घर-फोड़ा।

घर-बंद—वि० [हिं०] १. घर में बंद किया हुआ। २ पूर्णतया अधिकार में लिया हुआ। जैसे—विद्या किसी की घर-बंद नहीं है।

घर-बंदी—स्त्री० [हिं० घर+बंदी=बाँधना] १. अपराधी या अभियुक्त को उसके घर में ही कैद करने की आज्ञा, क्रिया या भाव। २. चित्रकला में, अलग-अलग पदार्थ दिखाने के लिए पहले छोटे-छोटे बिन्दुओं से उनका स्थान घेरकर उनके विभागों के लिए स्थान नियत करना।

घर-बसा†—पुं० [हिं० घर+बसना] [स्त्री० घर-बसी] १. स्त्री की दृष्टि से उसका पति या स्वामी जिसके कारण उसका घर बसा हुआ माना जाता अथवा रहता है। उदा०—एहो घर-बसे, आजु कौन घर बसे हो। —घनानन्द। २. उपपति। यार।

घरबसी—वि०, स्त्री० [हिं० घर+बसना] १. घर बसानेवाली (अर्था[पत्नी)। २. घर की समृद्धि बढ़ानेवाली। भाग्यवती। ३. उपपत्नी। रखेली।

घर-बार—पुं० [हिं० घर+बार=द्वार] १. वह स्थान जहाँ कोई स्थायी रूप से रहता हो तथा काम-काज करता हो। जैसे—आपका घर-बार कहाँ है? २. घर और घर के सब काम-काज। जैसे—अपना घर-बार अच्छी तरह से देखो। ३. घर-गृहस्थी की सब सामग्री।

घरबारी—पुं० [हिं० घर+बार] स्त्री, बाल-बच्चों तथा परिवार के अन्य

सबस्यों के साथ रहने तथा उनका भरण-पोषण करनेवाला व्यक्ति। गृहस्थ।

घरवैली†—स्त्री [हिं० घर+बैठना] वह स्त्री जो पत्नी बनाकर घर में बैठा या रख ली गई हो। उपपत्नी। रखैली।

घरम—पुं० [सं० घर्म] घाम। धूप।

घरमकर†—पुं०=घर्मकर (सूर्य)।

घरवार†—पुं०=घड़ियाल।

घरर-घरर—पुं० [अनु०] वह शब्द जो किसी कड़ी वस्तु को दूसरी कड़ी वस्तु पर रगड़ने से होता है। रगड़ का शब्द।

घररना—स० [अनु० घरर घरर] १. घरर-घरर शब्द उत्पन्न करना। २. किसी कड़ी चीज को किसी दूसरी कड़ी चीज पर इस प्रकार रगड़ना कि वह घरर-घरर शब्द उत्पन्न करने लगे।
अ० घरर-घरर शब्द होना।

घरवात†—स्त्री० [हिं० घर+बात (प्रत्य०)] घर-गृहस्थी का सामान।

घरवाला—पुं० [हिं० घर+वाला (प्रत्य०)] १. घर का मालिक। गृह-स्वामी। २. स्त्री की दृष्टि से उसका पति। जैसे—तुम्हारा घरवाला क्या काम करता है?

घरवाली—स्त्री० [हिं० घर+वाली (प्रत्य०)] १. घर की मालकिन। गृह-स्वामिनी। २. पति की दृष्टि से उसकी पत्नी या स्त्री। जैसे—आज-कल आपकी घरवाली शायद कहीं गई है।

घरवाहा—पुं०[हिं० घर+वा या वाहा (प्रत्य०)] १. छोटा-मोटा घर। २. घरौंदा।

घरसा†—पुं० [सं० घर्ष]=घिस्सा।

घरहाँई—वि० [हिं० घरहाया का स्त्री० रूप] १. अपने घर अथवा दूसरों के घरों में झगड़ा लगाने या फूट डालनेवाली (स्त्री)। २. अपने अथवा दूसरों के घरों की फूट या लड़ाई-झगड़े की बातें इधर-उधर कहनेवाली।

घरहाया—वि० [हिं० घर+घात] [स्त्री० घरहाई] घर में मत-भेद उत्पन्न करने, फूट डालने या लड़ाई-झगड़ा लगानेवाला।

घरांव—पुं० [हिं० घर] घर का-सा संबंध। मेल-जोल। घनिष्ठता। उदा०—दोनों परिवारों में इतना घरांव था कि इस संबंध का हो जाना कोई असाधारण बात न थी। —प्रेमचन्द।

घरा†—पुं०=घड़ा।

घराऊ—वि० [हिं० घर+आऊ (प्रत्य०)] घर में होने अथवा उससे संबंध रखनेवाला। जैसे—घराऊ कलह।

घराट†—वि० [?] भीषण। विकट।

घराड़ी—स्त्री० [हिं० घर+आड़ी (प्रत्य०)] वह स्थान जहाँ कोई व्यक्ति और उसके पूर्वज बहुत दिनों से रहते चले आये हों। डीह।

घराती—पुं० [हिं० घर+आती (प्रत्य०)] विवाह में, कन्या पक्ष के लोग। 'बराती' का विपर्याय।

घराना—पुं० [हिं० घर+आना (प्रत्य०)] कुल। खानदान। वंश। (विशेषतः प्रतिष्ठित और सम्पन्न)

घरिआर†—पुं०=घड़ियाल।

घरियारी—वि०=घड़ियाली।

घरिनी—स्त्री० [सं० घर+इनि-ङीप्] घरनी (पत्नी)।

घरियक*—क्रि० वि० [हिं० घरी (घड़ी)+सं० एक] घड़ी भर। बहुत थोड़े समय तक।

घरिया—स्त्री० [हिं० घरा (घड़ा)+इया (प्रत्य०)] १. छोटा घड़ा। २. मिट्टी का प्याला या हाँड़ी। ३. मिट्टी का वह छोटा प्याला जिसमें आँच देने से धातु की मैल कटकर ऊपर आ जाती है। घड़िया।

घरियाना†—स० [हिं० घरी] कागज, कपड़े आदि की तह लगाना।

घरियार†—पुं०=घड़ियाल।

घरियारी†—पुं०=घड़ियाली (घंटा बजानेवाला व्यक्ति)।

घरी—स्त्री० [?] तह। परत।
स्त्री०=घड़ी।

घरीक†—क्रि० वि० [हिं० घरी+एक] घड़ी भर अर्थात् बहुत थोड़े समय के लिए।

घरेजा†—पुं० [हिं० घर+एा (प्रत्य०)] घर-गृहस्थी का अच्छा प्रबंध।
वि० घर का। घर संबंधी।

घरेजादार†—पुं० [हिं० घर+फा० दार] [स्त्री० घरेजा-दारिन, भाव० घरेजादारी] १. घर या गृहस्थी का उत्तम प्रबंध करनेवाला व्यक्ति। २. वह जो समझ-बूझकर गृहस्थी का खर्च चलाता हो।

घरेजादारी†—स्त्री० [हिं० घर+दारी] घर का उत्तम प्रबंध करने का भाव।

घरेजा†—पुं०=घरेजा।

घरू—वि० [हिं० घर+ऊ (प्रत्य०)] घर का। १. जिसका संबंध स्वयं अपने घर या गृहस्थी से हो। घरेलू। २. आपसदारी का। निजी।

घरेला†—वि०=घरेलू।

घरेलू—वि० [हिं० घर+एलू (प्रत्य०)] १. घर का। घर संबंधी। जैसे-घरेलू झगड़ा। २. (कार्य या व्यवहार) जो अपने घर या आपसदारी से संबंध रखता हो। निजी। ३. (धंधा) जो घर के अंदर बैठ कर किया जाय। जैसे—घरेलू उद्योग-धंधे। ४. (पशु) जो घर में रखकर पाला-पोसा गया हो। पालतू।

घरैया†—वि०=घराऊ।
पुं० १. अपने घर का आदमी। २. बहुत ही निकट का संबंधी।

घरोब—पुं० [हिं० घर+ओब (प्रत्य०)] घर के लोगों का-सा आपसी व्यवहार। घनिष्ठ संबंधी।

घरौंदा—पुं० [हिं० घर+औंदा (प्रत्य०)] १. छोटा घर। २. कागज, मिट्टी आदि का छोटा घर जिससे बच्चे खेलते हैं। ३. लाक्षणिक अर्थ में कोई अस्थायी या नश्वर वस्तु।

घरौला†—पुं० दे० 'घरौंदा'।

घर्घर—पुं० [सं० घर्घ्+रच् (दान)+क] पुरानी चाल का ताल देने का एक प्रकार का बाजा।
पु० [अनु०] किसी भारी चीज के चलने से होनेवाली कर्कश ध्वनि। जैसे—गाड़ी, चक्की या मशीन की घर्घर।

घर्घरक—पुं० [सं० घर्घर+कन्] चावरा नदी।

घर्घरा (री)—स्त्री० [सं० घर्घर+टाप्] [घर्घर+ङीप्] १. एक प्रकार की वीणा। २. घुँघरूदार करधनी। ३. घुँघरू या छोटी घंटी।

घर्म—पुं० [सं०√घृ (क्षरण)+मक्] १. अग्नि या सूर्य का ताप। गरमी।

२. धूप। ३. गरमी के दिन। ग्रीष्म काल। ४. पसीना। ५. पतीला। ६. एक प्रकार का यज्ञ।

घर्म-बिंदु—पुं० [ष० त०] पसीना।

घर्मांबु—पुं० [घर्म-अंबु, ष० स०] पसीना।

घर्मांशु—पुं० [घर्म-अंशु, ब० स०] सूर्य।

घर्माक्त—वि० [घर्म-अक्त, तृ० त०] पसीने से तर या लथ-पथ।

घर्माई—वि० [घर्म-आर्द्र तृ० त०] पसीने से लथ-पथ।

घर्मोदक—पुं० [घर्म-उदक, ष० त०] पसीना।

घर्र—पुं० [अनु० घरर घरर=घिसने या रगड़ने का शब्द] १. एक प्रकार का अंजन जो आँख आने पर लगाया जाता है। २. गले में कफ रुकने के कारण होनेवाली घरघराहट।

मुहा०—घर्र चलना या लगना=भरने के समय गले में कफ रुकने के कारण साँस का घर-घर करते हुए रुक-रुककर चलना। घुँघुक बोलना। घटका लगना।

३. जेल के कैदियों को दिया जानेवाला वह कठोर दंड जिसमें उन्हें मोट खींचने या कोल्हू पेरने के काम में लगाया जाता है।

घर्राटा—पुं० [अनु० घर्र+आटा (प्रत्य०)] १. घर्र-घर्र का शब्द। २. गहरी नींद के समय कुछ लोगों की नाक में से निकलनेवाला शब्द। खर्राटा।

मुहा०—घर्राटा मारना या लेना=गहरी नींद में नाक से घर्र-घर्र शब्द निकालना। गहरी नींद सोना।

घर्राना—पुं० [?] वह राज या मिस्त्री जो छप्पर छाने का काम करता हो। छपरबंद।

घर्ष—पुं० [सं०√घृष् (घिसना)+घञ्] १. रगड़। घर्षण। २. टक्कर। ३. संघर्ष। ४. पीसना।

घर्षण—पुं० [सं०√घृष्+ल्युट्—अन] [भू० कृ० घृष्ट] १. रगड़ने की क्रिया या भाव। घिस्सा। रगड़। (फिक्शन) २. लाक्षणिक अर्थ में, दो व्यक्तियों या विचारधाराओं में होनेवाला पारस्परिक विरोधजन्य संघर्ष।

घर्षणी—स्त्री० [सं० घर्षण+ङीप्] हरिद्रा। हलदी।

घर्षित—भू० कृ० [सं०घृष्ट] १. घिसा, पिसा या रगड़ा हुआ। २. अच्छी तरह माँजा हुआ।

घलना—अ० [हिं० घालना] १. हिं० घालना का अकर्मक रूप। घाला जाना। २. किसी पर शस्त्र या हथियार का चलाया या छोड़ा जाना। अस्त्र का प्रहार होना। ३. मार-पीट या गहरी लड़ाई होना।

घलाघल (ली)— स्त्री० [हिं० घलना] १. गहरा आघात-प्रतिघात। २. मार-पीट।

घलुआ†—पुं० [हिं० घाल] वह वस्तु जो दुकानदार किसी खरीदार को प्रसन्न करने के लिए तौल-से अधिक या सौदे से अतिरिक्त देता है।

वि० घालनेवाला।

पुं० दे० 'घोलुआ'।

घवद*—स्त्री० = चौद।

घवरि†—स्त्री० =चौद।

घसकना†—अ० = खिसकना।

घसखुदा—वि० [हिं० घास+खोदना] १. घास खोदनेवाला। २. किसी काम में घसियारों की तरह बहुत ही अनाड़ी या मूर्ख।

पुं० घसियारा।

घसना—पुं० [?] बकरा। (डिं०)

घसनाr—स० [सं० भक्षन] खाना। भक्षण करना। (डिं०)

†अ०, स० = घिसना।

घसिटना—अ० हिं० 'घसीटना' का अकर्मक रूप। घसीटा जाना।

घसियारा—पुं० [हिं० घास+आरा (प्रत्य०)] [स्त्री० घसियारी वा घसियारिन] घास खोदकर लाने और बेचनेवाला व्यक्ति।

घसीट—स्त्री० [हिं० घसीटना] १. घसीटने की क्रिया या भाव। २. जल्दी-जल्दी लिखने की क्रिया या भाव। ३. बहुत जल्दी में और अशुद्ध आदि घसीट कर लिखी हुई लिखावट। ४. वह पट्टी या फीता जिससे उड़ते हुए पालों को मस्तूल से बाँधा जाता है।

घसीटना—स० [सं० घृष्ट, प्रा० घिट्ठ+ना (प्रत्य०)] १. जमीन पर खड़ी या पड़ी हुई वस्तु, व्यक्ति आदि को इस प्रकार खींचकर आगे ले चलना कि वह जमीन पर गिरता-पड़ता तथा जमीन से रगड़ खाता हुआ खींचनेवाले के पीछे खिंचता चला जाय। २. लाक्षणिक अर्थ में, किसी व्यक्ति को बलपूर्वक किसी कार्य या व्यापार में शामिल करना या फँसाना। जैसे—हमें आप ही तो यहाँ घसीट लाये थे। ३. बहुत जल्दी-जल्दी तथा अस्पष्ट लिखावट लिखना।

घसीटा-घसीटी—स्त्री० [हिं० घसीटना] बार-बार इधर-उधर या अपनी ओर घसीटने की क्रिया या भाव।

घस्मर—वि० [सं०√घस् (खाना)+क्मरच्] भक्षक। खानेवाला।

पुं० वह जिसका ध्यान सदा खाने की ओर ही रहे। पेटू।

घस्सा†—पुं० =घिस्सा।

घहनना—अ० = घहनाना।

घहनाना†—अ० [अनु०] १. घंटा बजने का शब्द होना। घंटे आदि से ध्वनि निकलना। २. जोर की ध्वनि होना। गरजना।

स० उत्त प्रकार की ध्वनि उत्पन्न करना।

घहरना—अ० = घहराना।

घहराना—अ० [अनु०] १. गरजने का-सा भीषण नाद होना। २. वेग-पूर्वक या जोर शब्द करते हुए कहीं आकर गिरना या पहुँचना। सहसा आ उपस्थित होना। टूट पड़ना। ३. चारों ओर से आकर घेरना या छाना।

स० १. भीषण शब्द करना। २. घेरना या छाना।

घहराहि†—स्त्री० [हिं० घहराना] १. घहराने की क्रिया या भाव। २. गंभीर या घोर शब्द। गरज।

घहरारा*—पुं० [हिं० घहराना] [स्त्री० अल्पा० घहरारी] घोर शब्द। गंभीर ध्वनि। गरज।

वि० १. घोर शब्द करने या गरजनेवाला। २. घहराकर अथवा जोर से आकर गिरने या पड़नेवाला।

घहाना—अ०, स० =घहराना।

घाँ*—स्त्री० [सं० ख; या घाट = ओर।] १. दिशा। दिक्। २. ओर। तरफ। ३. जगह। स्थान।

घाँघरा—पुं० [स्त्री० घाँघरी] १. =घाघरा। २. =कोंहिया (फली)।

घाँचल—स्त्री० [?] बखेड़ा। झंझट। (राज०)

घाँची†—पुं० [हिं० घान+ची] तेली। (डिं०)

घाँटिक—वि० [सं० घंटा+ठक्—इक] घंटा या घंटी बजानेवाला।
पुं० १. स्तुति-पाठक। २. धतूरा।

घाँटी†—स्त्री० [सं० घंटिका] १. गले के अंदर की घंटी। कौआ। २. कंठ। गला।

घाँटो—पु० [?] चैती की तरह का एक प्रकार का लोक-गीत जो चैत-बैसाख में गाया जाता है। (पूरब)

घाँह†—स्त्री० = घा (ओर या तरफ)।

घा†—स्त्री० [सं० ख अथवा घाट—ओर] १. ओर। तरफ। जैसे—चहूँघा। २. दिशा।

घाइ†—पु० = घाव।
वि० = घायल।

घाइल*—वि० = घायल।

घाईं†—स्त्री० [हिं० घाँ या घा] १. ओर। तरफ। २. दो चीजों के बीच की जगह। अवकाश। ३ बार। दफा। ४. पानी में का चक्कर। भँवर।
अव्य०=तरह। नाईं। (बुन्देल०)

घाईं—स्त्री० [सं० गर्भस्ति=उँगली] १. दो उँगलियों के बीच की संधि। अंटी। २. कोई ऐसा कोना जहाँ दो रेखाएँ आकर मिलती हों। जैसे—पौधे की पेंडी और डाल के बीच की घाईं। ३. अँगीठी के ऊपरी सिरे पर का उभार।
स्त्री० [सं० घात] १. आघात। प्रहार। वार। जैसे—बनैली या सोटे की घाईं। २. चोट लगने से होनेवाला घाव। जैसे—कुठार की घाईं। ३. चालाकी या धोखे की चाल।
मुहा०—(किसी को) घाईं बताना=धोखा देने के लिए इधर-उधर की बातें करना। झाँसा-पट्टी या दम-बुत्ता देना।
† स्त्री० = गाही।

घाऊ—पु० [सं० घात] १. आघात। चोट। उदा०—यह सुनि परा निसानहिं घाऊ।—तुलसी। २. घाव। जख्म।

घाऊघप—वि० [हिं० घाऊ+गप या घप] १. गुप्त रूप से या चुपचाप दूसरों का माल उड़ाने, खाने या हजम करनेवाला। २ सब कुछ खा-पी या फूँक-तापकर नष्ट करनेवाला। ३. बहुत बड़ा चालाक या धूर्त।

घान—पुं० = घाघ।

घानही†—स्त्री० [देश०] पटसन।

घाघ—पु० [?] १. गोंडे के रहनेवाले एक बहुत चतुर और अनुभवी कवि जिसकी कही हुई बहुत-सी कहावतें उत्तरीय भारत में प्रसिद्ध हैं। ये कहावतें खेती-बारी, ऋतु, काल तथा लग्न, मुहूर्त्त आदि के संबंध में हैं,और देहातों में बहुत प्रचलित हैं। २. बहुत ही अनुभवी, चतुर या धूर्त व्यक्ति। ३. ऐंद्रजालिक। जादूगर। बाजीगर। ४ उल्लू की जाति का एक बड़ा पक्षी।

घाघरा—पु० [सं० घर्घर=क्षुद्रघंटिका] [स्त्री० अल्पा० घाघरी] १. वह चुननदार तथा बड़े घेरेवाला पहनावा जो स्त्रियाँ कमर में पहनती हैं और जिससे कमर से एड़ी तक के अंग ढके रहते हैं। लहँगा। २. एक प्रकार का कबूतर। ३ एक प्रकार का पौधा।
स्त्री० [सं० घर्घर] सरयू नदी का एक स्थानिक नाम।

घाघरापलटन—स्त्री० [हिं०] स्कॉटलैंड देश के पहाड़ी गोरों की सेना जिनका पहनावा कमर से घुटने तक लहँगे की तरह का होता है।

घाघस—पु० [?] १. बटेर की जाति का भूरे रंग का एक पक्षी जिसका मांस खाया जाता है। २. एक प्रकार की मुरगी।
पु० = घाघ (उल्लू की जाति का बड़ा पक्षी)।

घाची—स्त्री० [स० घर्घर] मछलियाँ फाँसने का एक प्रकार का बड़ा जाल।

घाट—पुं० [स० घट्ट] १. जलाशय, नदी आदि के तट पर वह स्थान जहाँ लोग विशेष रूप से नहाते, पीते, जल भरते, नावों पर चढ़ते-उतरते, अथवा उन पर सामान आदि लादते-उतारते हों।
मुहा०—घाट नहाना=किसी के मरने पर उसके लिये दान करना। **(लाश का) घाट लगना**=नाव का सवारियाँ चढ़ाने या उतारने, सामान लादने या उतारने के लिए घाट पर पहुँचना या किनारे पर लगना। **(लोगों का) घाट लगना**=नाव द्वारा नदी पार जाने के इच्छुक व्यक्तियों का घाट पर इकट्ठा होना।
२ तालाब, नदी आदि के तट के आस-पास का वह स्थान जहाँ सीढ़ियाँ आदि बनी होती हैं तथा जिस पर से होकर लोग जल तक पहुँचते हैं। ३ चढ़ाव-उतार का पहाड़ी मार्ग। ४ पहाड़। जैसे—पूर्वी घाट। ५ किसी चीज की बनावट में वह अंश जिसमें कुछ चढ़ाव-उतार या गोल रेखा का-सा रूप हो।
पद—घर-घाट। (देखे)
५ कोई काम पूरा होने की जगह या स्थान। ठिकाना।
मुहा०—घाट-घाट का पानी पीना=(क) अनेक स्थानों की देख आना अथवा वहाँ रह आना। (ख) अनेक अथवा तरह-तरह की चीजों के स्वाद लेना अथवा तरह-तरह के काम करना।
६ ओर। तरफ। दिशा। ७ चाल-चलन। रंग-ढंग। ८ तलवार की धार। ९. जी की गिरी। १०. दुलहिन का लहँगा। ११. रहस्य सम्प्रदाय में, घट या हृदय।
स्त्री० [हिं० घटिया=बुरा] १ धोखा। छल। कपट। २. कुकर्म। बुराई।
स्त्री० [हिं० घटना] घटने या घटकर होने की अवस्था या भाव।
वि० [हिं० घट] १.कम। थोड़ा। २ घटिया।
क्रि० वि० घटकर।
पु० [स०√घट्+घञ्+अच्] [स्त्री० घाटी, घाटिका] १. गरदन का पिछला भाग। २. अँगिया में का गला।

घाटना*—अ० = घटना (कम होना)।

घाट-पहल—पु० [हिं०] गढ़ या तराशकर बनाई जानेवाली चीज में उसकी बनावट का उतार-चढ़ाव और पार्श्व जो उसे सुडौल बनाते हैं। जैसे—इस हीरे का घाट-पहल बहुत बढ़िया है।

घाट-बंदी—स्त्री० [हिं० घाट+बंदी] १. घाट पर नाव लाने-ले जाने अथवा माल आदि चढ़ाने या उतारने का निषेध या रुकावट। (एम्बार्गो) २. घाट बाँधने अर्थात् बनाने की क्रिया, ढंग, भाव या रूप।

घाटवाल—पु० [हिं० घाट+वाला (प्रत्य०)] १. घाट का अधिकारी, मालिक या स्वामी। २. वह ब्राह्मण जो घाट पर बैठकर स्नान करनेवालों से दान-दक्षिणा लेता हो। घाटिया।

घाटा—पुं० [हिं० घटना] १. घटने की क्रिया या भाव। २. वह (धन

या सामग्री) जो कुछ घटे या कम पड़े। ३. लेन-देन, व्यापार आदि में होनेवाली आर्थिक हानि। टोटा। नुकसान। (लाभ)

क्रि० प्र०— आना।—उठाना।—खाना।—देना।—पड़ना।—भरना।—सहना।—होना।

पुं० [हिं० घाटी] पहाड़ी मार्ग।

घाटारोह†—पुं० [हिं० घाट+सं० रोध] घाट पर का आवागमन बंद करना। घाट पर किसी को आने-जाने, उतरने-चढ़ने न देना। घाट रोकना।

घाटि†—वि० [हिं० घटना] कम। न्यून।

क्रि० वि० किसी की तुलना में कम, थोड़ा या हलका।

स्त्री० [स० घात] अनुचित और निंदनीय कर्म। दुष्कर्म।

घाटिका—स्त्री० [सं० घाट+कन्—टाप्, इत्व] गले का पिछला भाग। गरदन।

घाटिया—पुं० [हिं० घाट+इया (प्रत्य०)] १ वह ब्राह्मण जो घाट पर बैठकर नहानेवालों से दान-दक्षिणा आदि लेता हो। २. घाट का स्वामी।

घाटी—स्त्री० [हिं० घाट] १. दो पर्वत-श्रेणियों के बीच का तंग या सँकरा मार्ग। २ पर्वतीय प्रदेशों के बीच में पड़नेवाला मैदान। जैसे—कश्मीर की घाटी। ३ चढ़ाव या उतार का पहाड़ी मार्ग। पहाड़ की ढाल। ४. वह पत्र जिसमें यह लिखा रहता है कि घाट पर आने या वहाँ से जानेवाले माल का महसूल चुका दिया गया है।

स्त्री० [स० घाटिका] गले का पिछला भाग।

घाटी-मार्ग—पुं० [हिं० घाट+स० मार्ग] १. पहाड़ियों के बीच में नदी की धारा आदि से बना हुआ सकीर्ण पथ। २. दर्रा।

घाटो†—पुं० = घाटा।

वि० [हिं० घटना] दरिद्र। गरीब।

पुं० [हिं० घाट] १. एक प्रकार का गीत जो घाट पर पानी भरने के समय स्त्रियाँ गाती थीं। २. दे० 'घाँटी'।

घात—पुं० [स०√हन् (हिंसा)+घञ्, कुत्व, त आदेश] [वि० घातीं] १ अस्त्र-शस्त्र अथवा हाथ-पैर आदि से किसी पर की जानेवाली चोट। प्रहार। मार। २ जान से मार डालना। वध। हत्या। जैसे—गोघात। ३. धोखे में रखकर किया जानेवाला अहित या बुराई। ४. गणित में किसी संख्या को उसी संख्या से गुणा करने से निकलनेवाला गुणनफल। (पावर)

स्त्री० १. अपना स्वार्थ सिद्ध करने का उपयुक्त अवसर।

मुहा०—घात ताकना=उपयुक्त अवसर की ताक में रहना। **(किसी के) घात पर चढ़ना या घात में आना**=ऐसी अवस्था में होना जिससे कोई दूसरा आसानी से अपना मतलब गाँठ सके। **(किसी को) घात में पाना**=किसी को ऐसी स्थिति में पाना जिससे कोई स्वार्थ सिद्ध होता हो। **(किसी की) घात में फिरना, रहना या होना**=किसी की हानि पहुँचाने का अवसर ढूँढ़ते रहना। **(किसी की) घात में बैठना**=ऐसी जगह छिपकर बैठना जहाँ से किसी पर सहज में आघात या वार किया जा सके। **घात लगना**=ऐसा इष्ट और उपयुक्त अवसर मिलना जिसमें कोई दुष्ट उद्देश्य या स्वार्थ सहज में सिद्ध हो सके। **घात लगाना**=कोई काम करने (विशेषतः अपना मतलब साधने) की युक्ति निकालना।

२. वह स्थान या स्थिति जिसमें कोई व्यक्ति ऐसे उपयुक्त अवसर की प्रतीक्षा में हो जिसमें कोई काम बन या उद्देश्य सिद्ध हो सकता हो।

३. दाँव। पेच। छल। ४. रंग-ढंग। तौर-तरीका।

वि० अमंगल या हानि करनेवाला। अशुभ। जैसे—घात तिथि, घात नक्षत्र, घात वार।

घातक—वि० [सं०√हन्+ण्वुल्—अक, कुत्व, त आदेश] १. घात या प्रहार करनेवाला। २. मार डालनेवाला। बधिक। ३ कष्ट या हानि पहुँचानेवाला। जैसे—घातक विचार। ४. जिसके कारण या द्वारा कोई मर सकता हो या मर जाय। (फैटल) जैसे—घातक रोग।

पुं० १. हिंसक। २. हत्यारा। ३. फलित ज्योतिष में, वह योग जिसके फलस्वरूप आदमी मर सकता हो। ४. दुश्मन। शत्रु।

घातकी†—वि०, पुं० = घातक।

घातन—पुं० [सं०√हन्+णिच्+ल्युट्—अन, कुत्व, त आदेश] १. घात करने की क्रिया या भाव। २. मारना।

घात-स्थान—पुं० [ष० त०] वह स्थान जहाँ पर प्रहार किया गया हो या होता हो। वध-स्थान।

घाता—पुं० [?] १. वह चीज जो ग्राहक को तौल या गिनती के ऊपर दी जाय। घाल। २. कोई काम करते समय बीच में अनायास होनेवाला लाभ। जैसे—पुस्तक तो वापस मिली ही, तिस पर जलपान मिल गया घाते में।

घाति—पुं० [सं०√हन्+क्तिन्, कुत्व, त आदेश] पक्षियों को फँसाना या मारना।

स्त्री० चिड़िया फँसाने का जाल।

घातिक—वि० = घातक।

घातिया—वि० = घाती।

घाती (तिन्)—वि० [स०√हन्+णिनि, कुत्व, त आदेश] [स्त्री० घातिनी] १. घात या प्रहार करनेवाला। २. मार डालने या वध करनेवाला। ३. नाश करनेवाला।

घातुक—वि० [सं०√हन्+उकञ्, कुत्व, त आदेश] १. घातक। २. हानि करनेवाला। ३. क्रूर। निर्दय।

घात्य—वि० [सं०√हन्+ण्यत्, कुत्व, त आदेश] १. जिसका या जिसे घात किया जा सके या किया जाने को हो। २. नष्ट किये या मारे जाने के योग्य।

घान—पुं० [सं० घन=समूह] १. किसी वस्तु की उतनी मात्रा जितनी एक बार कड़ाही, कोल्हू, चक्की आदि में तलने, पेरने, पीसने आदि के लिए डाली जाय। २. उतना अंश जितना एक बार में पकाया, बनाया या तैयार किया जाय। ३. हर बार क्रमशः उक्त प्रकार के या ऐसे ही और काम करने की क्रिया या भाव। जैसे—दूसरा या चौथा घान।

मुहा०—घान उतरना=उक्त प्रकार से एक बार काम ठीक उतरना या पूरा होना। **घान डालना**=उक्त प्रकार का कोई काम शुरू करना। **घान पड़ना या लगना**=उक्त प्रकार का कोई काम आरंभ होना।

पुं० [हिं० घन=बड़ा हथौड़ा] १. बड़ा हथौड़ा। घन। २. बहुत बड़ा आघात या प्रहार।

***घान**—पुं० [सं० घ्राण] १. सूँघने की क्रिया या भाव। २. गंध। बू। उदा०—जहाँ न राति न दिवस है, जहाँ न पौन न घानि।—जायसी।

घाना*—स० [सं० घात, प्रा० घाय+ना (प्रत्य०)] १. घात या प्रहार करना। २. नाश या संहार करना।

स० = गहना (पकड़ना)।

घानि*—स्त्री० १ = घान (गंध)। २.=घानी।

धानी—स्त्री० [हिं० धान] १. वह स्थान जहाँ कोई काम करने के लिए एक-एक करके धान डाले जाते हों। २. ऊख, तेल आदि पेरने का कोल्हू या उसकी जगह। ३. ढेर। राशि ४. दे० 'धान'।

मुहा०—धानी करना=पीसना, पेरना या ऐसा ही और कोई काम करना।

धानी की सवारी—स्त्री० [हिं०] मालखंभ की एक कसरत जिसमें एक हाथ में मोंगरा पकड़कर मालखंभ के चारों ओर धानी या कोल्हू की तरह चक्कर लगाते हैं।

धाम†—स्त्री०[?] बादलों की घटा।

धाम†—पु०[सं० घर्म, प्रा० घम्म, पा० गिहन] १. सूर्य का ताप-युक्त प्रकाश। घूप।

मुहा०—धाम खाना=(क) सरदी दूर करने के लिए धूप में रहना। (ख) धूप के अधिक या तीव्र प्रभाव में पड़ना। **धाम लगना**=लू लगना।

२. कष्ट। विपत्ति। संकट।

मुहा०—(कहीं या किसी पर) धाम आना=कठिनाई या संकट आना। **धाम बचाना या बरसना**=कष्टदायक बात से बचना।

† ३. पसीना।

धामड़—वि० [हिं० धाम] १. (पशु) जो अधिक घाम या धूप लगने के कारण विकल हो गया हो। २. ना-समझ। मूर्ख। † ३. आलसी।

धाम-निधि*—पुं० =सूर्य।

धामरी*—स्त्री०[हिं० धामड़ी] १. धूप आदि न सह सकने के कारण होनेवाली विकलता। २. प्रेम के कारण होनेवाली विह्वलता।

धाय†—पुं०=धाव।

धायक*—वि०=घातक।

धायल—वि० [हिं० घाय] १. जिसे घाव या चोट लगी हो, विशेषतः ऐसी चोट लगी हो जिसके कारण उसके शरीर का कोई अंग कट या फट गया हो और रक्त बहने लगा हो। जख्मी। २. (व्यक्ति) जिसे किसी के कुव्यवहार से क्लेश हुआ हो। दूसरे के अनुचित व्यवहार से अपने को अपमानित समझनेवाला (व्यक्ति)। ३. जुए में हारा हुआ (जुआरी)।

पु० कनकौआ या गुड्डी लड़ाने का एक ढंग या प्रकार।

धार†—स्त्री० [सं० गर्त] पानी के बहाव से कटकर बना हुआ गड्ढा या नाला।

धारी†—स्त्री० दे० 'धरिक'।

धार्मिक—वि० [सं० घर्षण + ठक्-इक] घर्षण-संबंधी। घर्षण का।

धाल—पुं०[हिं० धालना=डालना] १. किसी चीज का वह थोड़ा-सा अंश जो सौदा बिक चुकने पर उचित गिनती या तौल के अतिरिक्त अन्त में ग्राहक के माँगने पर दुकानदार उसे प्रसन्न रखने के लिए देता है। घलुआ। २. उक्त के आधार पर बहुत ही तुच्छ या हेय पदार्थ।

मुहा०—धाल न गिनना=कुछ भी न समझना। तुच्छ समझना। उदा०—सरग न धालि गनै बैरागा।—जायसी।

३. आघात। प्रहार। उदा०—को न गएउ एहि रिसि कर धाला। —जायसी।

क्रि० वि० के-फायदा। व्यर्थ।

स्त्री० धालने की क्रिया या भाव। उदा०—तिसकी धाल अजाँई जाइ। —कबीर।

धालक—वि० [हिं० धालना] [स्त्री० धालिका] १. मारने या वध करनेवाला। २. नाशक। ३. बहुत अधिक अपकार या हानि करनेवाला।

धालकता—स्त्री०[धालक+ता (प्रत्य०)] धालक होने की अवस्था, गुण या भाव।

धालना—स० [प्रा० अप० घल्ल, मरा० घालें] १. कोई चीज किसी के अन्दर डालना या रखना। उदा०—को अस हाथ सिंह मुख घालै। —जायसी। २. कोई चीज किसी दूसरी चीज पर बैठाना, रखना या लगाना। उदा०—(क) राजकुँवरि घाली वर-माल।—नरपति नाल्ह। (ख) घालि कनपची टीका सजा।—जायसी। ३ (अस्त्र या शस्त्र किसी पर) चलाना, छोड़ना या फेंकना। ४. कोई कार्य संपन्न या संपादित करना। ५. बुरी तरह से चौपट या नष्ट करना। बिगाड़ना। जैसे—किसी का घर घालना। ६. वध या हत्या करना। मार डालना।

धाल-मेल—पु०[हिं० घालना+मेलना] १. विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की ऐसी मिलावट अथवा विभिन्न बातों का ऐसा सम्मिश्रण जो देखने अथवा सुनने में भला प्रतीत न होता हो। २. अनुचित संबंध। ३. मेल-जोल।

घाव—पुं० [सं० घात, पा० घातो, प्रा० घाअ. गु० पं० घा, सि० घाऊ, मरा० घाव, घाय] १. शरीर के किसी अंग पर किसी वस्तु का आघात लगने से होनेवाला कटाव या पड़नेवाली दरार। क्षत। जख्म।

मुहा०—घाव खाना=आघात या प्रहार सहने के कारण घायल होना। **घाव पूजना या भरना**=क्षत या घाव में नया मांस भर आने के कारण उसका अच्छा होना।

२. शरीर का वह अंग या अंश जो कटने-फटने, सड़ने-गलने आदि के कारण विकृत हो गया हो। ३. मानसिक आघात आदि के कारण होनेवाली मन की दुःखपूर्ण स्थिति।

मुहा०—घाव पर नमक छिड़कना=दुःखी या पीड़ित को और अधिक दुःख या पीड़ा पहुँचाना।

घाव-पत्ता—पु० [हिं० घाव+पत्ता] एक प्रकार की लता जिसके पत्ते घाव पर बाँधने से घाव जल्दी भरता है।

घावरा—पुं० [देश०] एक प्रकार का ऊँचा सुगंधित वृक्ष जिसकी छाल चिकनी और लकड़ी मजबूत तथा चमकीली होती है।

घावरिया†*—पुं० [हिं० घाव+बरिया (वाला)] घावों की चिकित्सा करनेवाला व्यक्ति। जर्राह।

घावा†—वि०=घायल। (राज०)

घास—स्त्री०[सं०√घस् (खाना)+घञ्; पा० प्रा० घास; पं० घाहं; हिं० गाहु; गु० घास्; ने० घाँस्; उ० मरा० घास] १. छोटी हरी वनस्पतियों में से कोई और हर एक जिसके पत्ते चरनेवाले पशु खाते हैं। तृण।

पद—घास-पात या घास-फूस—(क) तृण और वनस्पति। (ख) कूड़ा-करकट। **घास-भूसा**=(क) पशुओं का चारा। (ख) व्यर्थ की रद्दी चीजें।

मुहा०—घास काटना, खोदना, गढ़ना या छीलना=तुच्छ या व्यर्थ का काम करना।

२. घास की आकृति के कटे हुए कागज, पन्ना आदि के पतले लंबोतरे टुकड़े। ३. एक प्रकार का रेशमी कपड़ा।

घासलेट—पु० [अं० गैस लाइट] १. मिट्टी का तेल। २. तुच्छ या अग्राह्य वस्तु।

घासलेटी—वि० [हिं० घासलेट+ई प्रत्य०] १. हलके किस्म का। साधारण या निम्न कोटि का। २. अश्लील या गंदा और रद्दी। जैसे—घासलेटी साहित्य।

घासी†—स्त्री० [हिं० घास] घास। चारा। तृण।

पुं० घसियारा।

घाह—स्त्री० [सं० ख=ओर] ओर। दिशा। उदा०—उतरि समुद्र अथाह, घाह लंका घर धुज्जिय।—चंदवरदाई।

स्त्री०—घाई।

घिअ†—पुं०=घी।

घिआँड़ा—पुं० [हिं० घी+हंडा] वह बरतन जिसमें घी रखा जाता हो।

घिआ—स्त्री०=घीया।

घिऊ†—पु०=घी।

घिग्घी—स्त्री० [अनु०] १. अधिक देर तक रोने से थकावट आदि के कारण माँस में होनेवाली वह रुकावट जिससे आदमी घी-घी शब्द करने लगता है। २. भयभीत होने पर मुँह से ठीक प्रकार से शब्द न निकलने की स्थिति।

क्रि० प्र०—बँधना।

घिघिआना—अ० [हिं० घिग्घी] १. असहाय तथा दीन बनकर करुण स्वर से बार-बार विनती करना। २. चिल्लाना।

घिचपिच—स्त्री० [सं० घृष्ट-पिष्ट] १. लिखावट या लेख जिसके अक्षर या शब्द इस प्रकार आपस में सटे हों कि पाठक सुविधापूर्वक उसे न पढ़ पाता हो। २. अपेक्षाकृत थोड़े मे अत्यधिक वस्तुओं के बिना क्रम से रखे जाने की स्थिति।

वि० अस्पष्ट (लिखावट)।

घिन—स्त्री० [स० घृणा] [क्रि० घिनाना, वि० घिनौना] किसी गंदी अथवा गली-सड़ी वस्तु को देखने पर मन में होनेवाली अरुचिपूर्ण भावना जिसके फल-स्वरूप मनुष्य उस वस्तु से घबराकर दूर भागना चाहता है। घृणा। नफरत।

क्रि० प्र०—आना।—खाना।—लगना।

घिनावना—वि० [स्त्री० घिनावनि] घिनौना। उदा०—देखत कोइ-लरि घिनावनि बोलत सोहावनि हो।—ग्रा० गी०।

घिनौची†—स्त्री०=घड़ौंची।

घिनौना†—वि० [हिं० घिन+औना (प्रत्य०)] [स्त्री० घिनौनी] जिसे देखने पर मन में घिन उत्पन्न होती हो। घृणित।

घिनौरी†—स्त्री० [हिं० घिन] ग्वालिन नामक कीड़ा।

घिन्नी—स्त्री०=घिरनी।

†स्त्री०=गिन्नी।

घिय†—पुं०=घी।

घियाँड़ा—पुं० [हिं० घी+हँडा] घी रखने का पात्र। घृत-पात्र।

घिया—स्त्री०=घीया।

घियाकश—पुं०=घीयाकश।

घियातरोई—स्त्री०=घीयातोरी।

घिरत†—पु०=घृत।

घिरना—अ० [सं० ग्रहण] १. किसी के घेरे में आना। जैसे—शेर घिर गया। २. सब दिशाओं से किसी वस्तु द्वारा ढक लिया जाना। जैसे—बादलों से आकाश घिरना। ३. चारों ओर से आकर उपस्थित होना। जैसे—घटाएँ घिरना।

घिरनी—स्त्री० [सं० घूर्णन] १. गराड़ी। चरखी। २. चक्कर। फेरा।

मुहा०—**घिरनी खाना**=चारों ओर चक्कर लगाना।

३. रस्सी बटने की चरखी। ४. लट्टू नामक खिलौना। ५. दे० 'घिन्नी'।

†स्त्री०=गिनी या गिन्नी। (सोने का अंगरेजी सिक्का)

पु० [?] १. किलकिला या कौड़ियाला नामक जलपक्षी। २. लोटन कबूतर।

घिरवाना—स० [हिं० 'घेरना' का प्रेर०] घेरने का काम किसी से कराना।

घिराई—स्त्री० [हिं० घेरना] १. घेरने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक। २. पशु चराने का काम या पारिश्रमिक।

घिरायँद—स्त्री०=खरायँद (मूत्र की दुर्गन्ध)।

घिराव—पुं० [हिं० घेरना] १. घेरने अथवा घेरे जाने की क्रिया या भाव। २. घेरा।

घिरावना*—स० १. दे० 'घिरवाना'। २. दे० 'घेरना'।

घिरित*—पुं०=घृत।

घिरिन परेवा—पु० [हिं० घिरनी+परेवा] गिरहबाज कबूतर।

घिरिया—स्त्री० [हिं० घिरनी] १. शिकार को घेरने के लिए बनाया जानेवाला मनुष्यों का घेरा। २. बहुत असमंजस या संकट की स्थिति।

घिरौंची—स्त्री०=घड़ौंची।

घिरौरा†—पु० [देश०] घूस नामक जन्तु का बिल।

घिर्तकाँदौ—पु० [?] चम्पारन में होनेवाला एक प्रकार का जड़हन धान। उदा०—घिर्तकाँदौ औ कुँवर बेरासू।—जायसी।

घिर्राना†—स० [अनु० घिर घिर] घसीटना। (पु० हिं०)

अ० दे० 'घिघियाना'।

घिर्री—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास।

स्त्री० [हिं० घेरा] एक ही घेरे में बार-बार घूमने या चक्कर लगाने की क्रिया।

मुहा०—**घिर्री खाना**=कोई काम पूरा करने के लिए बार-बार कही आना-जाना।

†स्त्री०=घिरनी।

घिव†—पु०=घी।

घिसकना†—अ०=खिसकना।

घिसकाना†—स०=खिसकाना।

घिसघिस—स्त्री० [हिं० घिसना] जान-बूझकर और सुस्ती से किया जाने-वाला ऐसा काम जिसमें उचित से बहुत अधिक समय लगे। जैसे—तुम्हारी यह घिस-घिस हमें अच्छी नही लगती।

घिसटना†—अ० [हिं० घसीटना का अ०] १. घसीटा जाना। २. जमीन पर रेंगते या उससे रगड़ खाते हुए बहुत धीरे-धीरे चलना।

घिसना†—स्त्री०[हिं० घिसना] १. घिसने की क्रिया या भाव। २. घिसने के कारण होनेवाली कमी या छीज।

घिसना—स० [सं० घर्षण, प्रा० घसण] १. किसी वस्तु को जोर लगाकर किसी दूसरी चीज पर इस प्रकार रगडना कि वह छीजने लगे। जैसे—पत्थर पर चन्दन या बादाम घिसना। २. किसी बरतन आदि पर जमी हुई काई, मैल आदि छुड़ाने के लिए उस पर कोई चीज मलना, रगड़ना या लगाना। माँजना। ३. संभोग करना।

अ० उपयोग, व्यवहार में आते-आते अथवा अन्य वस्तुओं से रगड़ खाते-खाते किसी वस्तु का क्षीण हो जाना। जैसे—लोटा घिस गया है।

घिसपिस†—स्त्री०[अनु०] १.=मेल-जोल। २.=घिस-घिस।

वि०=घिचपिच।

घिसवाना—स०[हिं० घिसना का प्रे०] घिसने का काम किसी दूसरे से कराना। रगड़वाना।

घिसाई—स्त्री०[हिं० घिसना] घिसने या घिसे जाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

घिसाव—पुं० [हिं० घिसना] घिसने या घिसे जाने की क्रिया या भाव।

घिसावट—स्त्री०=घिसाव।

घिसियाना†—स०=घसीटना।

घिसियाना†स०=घसीटना।

घिसिर-घिसिर—स्त्री० दे० 'घिस-घिस'।

घिस्ट-घिस्ट—स्त्री०=घिस-घिस।

घिस्सम्घिस्सा—पु०[अनु०] १ बार-बार घिसने या रगड़ने की क्रिया। २. बच्चों का एक खेल जिसमें एक दूसरे की डोरी या नख में डोरी या नख फँसाकर इस प्रकार झटका दिया जाता है कि दूसरे की डोरी या नख टूट जाय। ३. रेल-पेल।

घिस्सा—पु०[हिं० घिसना] १. रगड़। २. धक्का। ३. टक्कर। ४. चकमा। धोखा। ५. कलाई या कोहनी से गरदन पर किया जानेवाला आघात। (पहलवान) ६ दे० 'घिस्सम्घिस्सा'।

घींच†—स्त्री०[हिं० घींचना वा सं० ग्रीव] गरदन। ग्रीवा।

*स्त्री०=खींच।

घींचना*—स० =खींचना।

घी—पुं० [सं० घृत, पा० घत, प्रा०, उ० घिअ, मरा० गु० बं० घी, पं० घ्यो, ने० घिउ] मक्खन को तपाकर बनाया हुआ प्रसिद्ध चिकना पदार्थ जो रोटी आदि पर लगाया और तरकारियों आदि में डाला जाता है।

मुहा०—घी का कुप्पा लुढ़कना=(क) किसी धनी का गुजर या मर जाना। (ख) बहुत बड़ी क्षति या हानि होना। घी का डोरा देना=परोसी हुई दाल, सब्जी आदि में ऊपर से घार बाँधकर घी डालना। घी के कुप्पे से आ लगना=किसी ऐसे व्यक्ति के पास अथवा किसी ऐसे स्थान पर पहुँचना कि खूब लाभ हो। घी के चिराग या दीये जलाना=मनोरथ पूर्ण होने पर खुशी मनाना। घी खिचड़ी होना=परस्पर अत्यधिक घनिष्ठता या मेल-जोल होना। पाँचों उँगलियाँ घी में होना=ऐसी सुखद स्थिति में होना कि किसी बात की कमी न रह जाय।

घीउ†—पु०=घी।

घीकुआर—पु०[सं० घृतकुमारी] ग्वारपाठा।

घीकुवाँर—पुं०[सं० घृतकुमारी] ग्वारपाठा।

घीया—स्त्री०[हिं० घी ?] १. एक प्रसिद्ध लता जिसमें लंबौतरे फल लगते हैं और जिनकी सब्जी बनाई जाती है। लौकी। २. उक्त लता का फल।

घीया-कश—पुं०[हिं० घीया+कश] पीतल, लोहे आदि का एक प्रसिद्ध दंतिदार चौकोर उपकरण जिस पर घीया, पेठा आदि रगड़ने से उसके छोटे-छोटे टुकड़े हो जाते हैं।

घीया-तोरी—स्त्री० [हिं० घीया+तोरी] १. एक प्रसिद्ध लता जिसके छोटे लबोतरे फलों की तरकारी बनाई जाती है। २. उक्त लता के फल।

घीस†—स्त्री०=घूस (जतु)।

घीसना†—स०=घसीटना।

घीसा*—पुं० =घिस्सा (रगडा)।

घुंइयाँ—स्त्री० [देश०] अरुई नाम की तरकारी।

घुंघची—स्त्री०[सं० गुजा, प्रा० गुचा] १. एक प्रकार की जंगली बेल जिसमें लाल-लाल रंग के छोटे-छोटे बीज होते हैं। गुजा। २. उक्त बेल के बीज।

घुंघनी—स्त्री०[अनु०] भिगोकर तला हुआ अन्न (चना, मटर आदि)।

घुंघरारा*—वि०=घुँघराला।

घुंघराला—वि० [हिं० घुँघर+बाला] जिसमें कई घुमाव या घुँघर पड़े हों। जिसमें छल्ले की तरह के कई बल पड़े हों। छल्लेदार (बाल)।

घुंघरू—पु०[अनु० घुन् घुन्, +सं० खवाक्] १. पीतल आदि की बनी हुई गोल और पोली गुरिया जिसमें कंकड़, लोहे आदि का छोटा टुकड़ा रहता है और जिसके हिलने से घन-घन ध्वनि होती है। २. पैरों में पहना जानेवाला एक गहना जिसमें छोटे-छोटे अनेक घुँघरू लगे रहते हैं।

मुहा०—घुंघरू बाँधना=नाचने के लिए तैयार होना।

३. गले का वह घुर-घुर शब्द जो मरते समय कफ छेंकने के कारण निकलता है। घुटका।

मुहा०—घुंघरू बोलना=मरने के समय गले से घुर-घुर शब्द निकलना।

घुंघरूदार—वि० [हिं० घुँघरू+फा० दार] (आभूषण या बाजा) जिसमें घुँघरू लगे हुए हों।

†वि०=घुँघराला।

घुंघरूबंद—स्त्री० [हिं० घुँघरू+फा० बंद] (पैरों में घुँघरू बाँधकर) नाचनेवाली वेश्या।

घुंघरू-मोतिया—पुं० [हिं० घुँघरू+मोतिया] एक प्रकार का मोतिया (पौधा और फूल)।

घुंघ (घु) वारा—वि० दे० 'घुँघराला'।

घुंट—पु०[देश०] एक जंगली पेड़ जिसकी छाल और फलियों से चमड़ा सिझाया जाता है।

घुंटना†—अ०, पुं०=घुटना।

घुंडी—स्त्री०[सं० गुंठ से] १. कपड़े की बनी हुई छोटी गोली जिसे अंगरखे, कुरते आदि का पल्ला बंद करने के लिए टाँकते हैं। कपड़े का गोल बटन। गोपक।

क्रि० प्र०—खोलना।—टाँकना।—लगाना।

२. कपड़े, सूत आदि का कोई गोलाकार फुँदना जो शोभा के लिए लगाया जाता है। ३. किसी चीज के सिरे पर बनी हुई कोई गोलाकार छोटी आकृति या रचना। जैसे—हाथ में पहनने के कड़े या जोशन की घुंडी। ४. द्वेष, राग, वैर आदि के कारण मन में रहनेवाली गाँठ या दुर्भाव। मुहा०—जी या मन की घुंडी खोलना=मन में दबी हुई बात कहकर या रोष प्रकट करके दुर्भाव दूर करना।

५. कोई पेचीली बात। ६. धान का अंकुर जो खेत कटने पर जड़ से फूटकर निकलता है। दोहला। ७. एक प्रकार की घास।

घुंडीदार—वि० [हिं० घुंडी+फा० दार] १. (चीज) जिसमें घुंडी टँकी, बनी या लगी हो। २. पेचीला।

पुं० एक प्रकार की सिलाई जिसमें एक टाँके के बाद दूसरा टाँका फंदा डालकर लगाते और जगह-जगह उसे घुंडी का रूप देते चलते हैं।

घुंसा†—पुं० [देश०] वह लकड़ी जिसके सहारे जाठ उठाकर कोल्हू में डालते हैं।

घुआ—पुं०=घूआ।

घुइयाँ†—स्त्री० [?] अरई या अरवी नामक तरकारी।

घुइरना†—स० १. दे० 'घुरना'। २. दे० 'घुड़कना'।

घुइस†—स्त्री०=घूस (जन्तु)।

घुकुआ†—पु० [हिं० घुका] तंग मुँह की बाँस आदि की टोकरी।

घुग्घी—स्त्री० [?] पंडुक या फाख्ता नाम का पक्षी।

†स्त्री०=घोघी।

घुग्घू—पुं० [सं० घूक] १. उल्लू नामक पक्षी। २. मूर्ख व्यक्ति। ३. मिट्टी का एक प्रकार का खिलौना जो फूँककर बजाया जाता है।

घुघुआ—पुं० दे० 'घुग्घू'।

घुघुआना—अ० [हिं० घुग्घू] १. उल्लू पक्षी का बोलना। २. उक्त पक्षी की तरह अस्पष्ट स्वर में बोलना। ३. दे० 'गुराना'।

घुघुरी—स्त्री० दे० 'घुँघनी'।

†स्त्री०=[हिं० घुँघरू] छोटा घुँघरू।

घुघ्घू†—पुं०=घुग्घू।

घुटकना†—स० [सं० घुट् प्रा० घोट्ट] १. घूँट-घूँट करके कोई तरल पदार्थ पीना। २. दे० 'गुटकना'।

घुटकी—स्त्री० [हिं० घुटकना] १. गले की वह नली जिसमें से होकर खाद्य पदार्थ पेट में जाते हैं। २. गले में रुक-रुककर आने-जानेवाला साँस। मुहा०—घुटकी लगना=मरने के समय रुक-रुककर साँस आना-जाना।

घुटन—स्त्री० [हिं० घुटना] १. दम घुटने की-सी अवस्था या भाव। २. ऐसी अवस्था जिसमें कर्तव्य न सूझने पर मन में बहुत घबराहट होती हो। (सफोकेशन)

घुटना—पुं० [सं० घुंटक, दे० प्रा० गोड्डअ, प्रा० गोड्ड, गोअ, बं० गोर, उ० गोरो, पं० गोड्डा, सिं० गोडो, मरा० गुडगा, गुडगा] १.पैर के बीच का वह जोड़ जिसके ऊपर जाँघ और नीचे टाँग होती है।

मुहा०—घुटना टेकना=सुस्ताने के लिए घुटनों के बल बैठना। (किसी के आगे) घुटना या घुटने टेकना=अपनी अधीनता या पराजय मानकर किसी के आगे सिर झुकाना। घुटनों (के बल) चलना=हाथों और घुटनों के बल उस प्रकार धीरे-धीरे खिसकते हुए चलना जिस प्रकार छोटे बच्चे चलते हैं। घुटनों में सिर देना=(क) सिर नीचा किये चिंतित या उदास होकर बैठना। (ख) लज्जित होना। सिर नीचा करना। (किसी के) घुटनों से लगकर बैठना=सदा पास और सटकर बैठे रहना।

२. उक्त गाँठ के आस-पास का स्थान।

घुटना२—अ० [हिं० घोटना] १. हिं० 'घोटना' क्रिया का अ० रूप। घोटा जाना। २. गले में साँस का रुकना। जैसे—धुएँ या धूल से दम घुटना। ३. बहुत अधिक मानसिक कष्ट या वेदना के कारण जीवन बिताना कठिन होना।

मुहा०—घुट-घुटकर मरना=बहुत अधिक मानसिक या शारीरिक कष्ट भोगते हुए और कठिनता से मरना।

४. किसी चीज का बहुत कस या जकड़कर अटकना, फँसना या बंद होना। जैसे—डोरी या रस्सी की गाँठ घुटना। उदा०—आन गाँठ घुटि जाय त्यौं, मान गाँठ छुटि जाय।—बिहारी। ५ अच्छी तरह पीसा या मिलाया जाना। खूब पिसना या मिलना। जैसे—(क) भंग घुटना। (ख) उबलने के बाद अच्छी तरह गलकर दाल का घुटना।

पद—घुटा हुआ=बहुत ही अनुभवी और चालाक (आदमी)।

६. घिसे जाने पर चिकना होना। ७. आपस में बहुत ही घनिष्ठ संबंध होना। जैसे—आज-कल उन दोनों में खूब घुटती है। ८. आपस में गुप्त अथवा घनिष्ठतापूर्ण बातें होना। जैसे—जब मैं वहाँ पहुँचा, तब उन दोनों में खूब घुट रही थी। ९. बार-बार करते रहने से किसी काम या बात का पूरा अभ्यास होना। हाथ बैठना। जैसे—लिखने के समय बच्चों की पट्टी घुटना। १०. उस्तरे से बालों का अच्छी तरह मूँड़ा जाना। जैसे—दाढ़ी घुटना।

स० जकड़ने, बाँधने आदि के लिए अच्छी तरह कसना। बंधन कड़ा करना। जैसे—घुटकर बाँधना।

घुटनी†—स्त्री० [हिं० घुटना का स्त्री० अल्पा० रूप।

घुटन्ना—पुं० [हिं० घुटना] १. घुटनों तक पहुँचनेवाला पायजामा। २. तंग मोहरीवाला पायजामा।

घुटरुवँ—क्रि० वि० [हिं० घुटना] घुटनों के बल, उसी प्रकार घिसटकर जिस प्रकार छोटे बच्चे चलते हैं।

घुटरू†—पुं० [हिं० घुटना] छोटा घुटना। बच्चे का घुटना।

घुटवाना—स० [हिं० घोटना का प्रे०] १. घोटने का काम दूसरे से कराना। २. दाढ़ी, मूँछ आदि मुँड़ाना।

स० [हिं० घुटना] घुटने दबवाना।

घुटाई—स्त्री० [हिं० घुटना या घोटना] १. घोटने या घोटे जाने की क्रिया भाव या मजदूरी। २. खूब रगड़-रगड़कर किसी चीज को चिकना बनाने का काम। ३. दाढ़ी, मूँछ आदि मूँडने या मुँड़वाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

घुटाना—स० [हिं० घोटना का प्रे०] ५. घोटने का काम किसी से कराना। २. कोई चीज रगड़वाकर चमकीला बनवाना। घटवाना। ३. दाढ़ी, मूँछ आदि मुँड़ाना।

घुटाला—पुं०=घोटाला।

घुटी†—स्त्री०=घुट्टी।

घुटुक—पुं० [हिं० घुटुर+अन (प्रत्य०)] घुटनों के बल चलने की क्रिया या भाव।

क्रि० वि० घूटनों के बल। घुटरूँ।

घुरुच†—पुं०=घुटरू।

क्रि० वि०=घुटरूँ।

घुरुवा†—पुं०=घुटना (पैर का)।

घुरूा†—पुं०=घोटा।

घुरी—स्त्री० [हिं० घूँट या घोटना]। देशी दवाओं का एक प्रकार का घोल जो बहुत छोटे बच्चों को उनकी पाचन-शक्ति ठीक करने के लिए पिलाया जाता है।

क्रि० प्र०—देना।—पिलाना।

मुहा०—(कोई चीज या बात) घुट्टी में पड़ना=बहुत छोटी अवस्था से ही प्रकृति का अंग बनना या स्वभाव बनना। जैसे—कह कर मुकर जाना तो उनकी घुट्टी में पड़ा है।

घुड़—पु०[हिं० घोड़ा] हिन्दी 'घोड़ा' का वह संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक शब्दों के आरम्भ में लगने पर प्राप्त होता है। जैसे—घुड़-चढ़ा, घुड़-दौड़, घुड़-मुँहा आदि।

घुड़कना—स० [अनु० घुर घुर] खीझने अथवा क्रुद्ध होने पर खिझाने अथवा क्रोध दिखानेवाले को डाँटते हुए यह कहना कि ऐसा काम मत करो जिससे हम खीझें या क्रुद्ध हों।

घुड़की—स्त्री० [हिं० घुड़कना] १. घुड़कने की क्रिया या भाव। २. क्रुद्ध होकर अथवा खीझकर डाँटते हुए किसी को कही जानेवाली बात।

पद—बंदर-घुड़की (देखें)।

घुड़चढ़ा—पु०[हिं० घोड़ा+चढ़ना] १. वह जो घोड़े पर चढ़ा हो। घुड़सवार। अश्वारोही। २. एक प्रकार का स्वाँग जिसमें घोड़े की-सी आकृति बनाकर उसके बीच में सवार की तरह चलते हैं।

घुड़चढ़ी—स्त्री० [हिं० घोड़ा+चढ़ना] १. हिंदुओं में विवाह की एक रीति जिसमें वर घोड़े पर चढ़कर दुल्हिन के घर जाता है। २. गाँवों में रहनेवाली वेश्या, जो घोड़े पर चढ़कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाती हो। ३. घोड़े की पीठ पर रख या लादकर चलाई जानेवाली एक प्रकार की छोटी तोप। घुड़नाल।

घुड़दौड़—स्त्री० [हिं० घोड़ा+दौड़] १. घोड़ों की दौड़। २. एक प्रतियोगिता जिसमें घोड़ों को खूब तेज दौड़ाया जाता है और सबसे तेज दौड़नेवाले घोड़े (अथवा उसके स्वामी को) पुरस्कृत किया जाता है। ३. चलने में घोड़ों की तरह की बहुत तेज चाल। ४. एक प्रकार की बड़ी नाव जिसके अगले भाग पर घोड़े का मुँह बना होता है। ५. घुड़सवार सेना की कवायद।

क्रि० वि० घोड़ों की तरह तेजी से आगे बढ़ते या दौड़ते हुए।

घुड़नाल—स्त्री० [हिं० घोड़ा+नाल] घोड़े की पीठ पर रखकर चलाई जानेवाली एक प्रकार की पुरानी चाल की छोटी तोप।

घुड़बहली—स्त्री० [हिं० घोड़ा+बहल+ई] एक प्रकार का रथ जिसमें घोड़े जुतते हों।

घुड़मक्खी—स्त्री० [हिं० घोड़ा+मक्खी] भूरे रंग की वह मक्खी जो घोड़ों को काटती है।

घुड़मुँहा—वि० [हिं० घोड़ा+मुँह] जिसका मुख घोड़े की तरह लंबा हो। पु० एक कल्पित मनुष्य जाति जिसका धड़ मनुष्य का-सा और मुँह घोड़े का-सा माना गया है।

घुड़ला—पुं०[हिं० [घोड़ा+ला (प्रत्य०)] १. बच्चों के खेलने के लिए बनाया हुआ काठ, पत्थर, मिट्टी आदि का छोटा घोड़ा। २. छोटा घोड़ा। ३. छोटी रस्सी या सिकड़ी। (लश०)

घुड़सवार—पु० [हिं० घोड़ा+सवार] [भाव० घुड़सवारी] वह जो घोड़े पर सवार हो। अश्वारोही।

घुड़सवारी—स्त्री० [हिं० घोड़ा+सवारी] घोड़े पर सवार होने की क्रिया या भाव।

घुड़सार—स्त्री०=घुड़साल।

घुड़साल—स्त्री०[हिं० घोड़ा+स० शाला] वह जगह या बाड़ा जहाँ घोड़े बाँधे जाते हैं। अस्तबल।

घुड़िया—स्त्री० [हिं० घोड़ी का अल्पा०] बहुत छोटी घोड़ी। विशेष दे० 'घोड़िया'।

घुड़कना†—स०=घुड़कना।

घुन—पुं० [सं०√घुण् (घूमना)+क] घुन।

घुन-लिपि—स्त्री० [मध्य० स०]=घुणाक्षर।

घुणाक्षर—पु० [घुण-अक्षर, मध्य० स०] लिखे हुए अक्षरों की तरह के वे चिह्न जो पत्ते, लकड़ी आदि पर घुन लगने से बन जाते हैं।

घुणाक्षर-न्याय—पुं० [ष०त०] एक प्रकार का न्याय जिसका प्रयोग उस अवस्था में होता है जिसमें कोई घटना संयोगवश वैसे ही हो जाती है जैसे लकड़ी आदि पर घुन लगने से यों ही कुछ अक्षर से बन जाते हैं।

घुन—पुं० [सं० घुण; प्रा० भरा० घुण; ब०घुन; उ० घुण; पं० घुण] १. एक प्रकार का लाल रंग का छोटा कीड़ा जो अनाज के दानों का भीतरी अंश खाकर उन्हें खोखला कर देता है। २. सफेद रंग का एक प्रकार का छोटा पतला कीड़ा जो कागज, लकड़ी आदि खाता है।

मुहा०—घुन लगना=चिन्ता, रोग, शोक आदि के कारण मनुष्य की ऐसी स्थिति होना कि उसका शरीर दिन पर दिन क्षीण होता जाय।

घुनघुना—पुं० [अनु०] बच्चों का झुनझुना नामक खिलौना।

घुनना—अ०[सं० घुण] १. घुन के द्वारा लकड़ी आदि का खाया जाना। जैसे—अनाज या लकड़ी घुनना। २. चिन्ता, रोग आदि के कारण मनुष्य का शरीर दिन पर दिन क्षीण होना।

घुणाक्षरन्याय—पुं०=घुणाक्षर-न्याय।

घुन्ना—वि०[अनु०] [स्त्री० घुन्नी] (व्यक्ति) जो अपने क्रोध, दुःख, द्वेष आदि के भाव मन में उपयुक्त अवसर पर किसी से बदला लेने के लिए छिपाये रखता हो।

घुप—वि० [सं० कूप या अनु०] गहरा (अँधेरा)। निबिड़। (अंधकार)।

घुमँड़ना†—अ०=घुमड़ना।

घुमंतू—वि० [हिं० घूमना] जो बराबर इधर-उधर यों ही घूमता-फिरता रहता हो।

घुमक्का—स्त्री०=घुमड़।

घुमक्कड़—वि०[हिं० घूमना+अक्कड़ (प्रत्य०)] बहुत अधिक घूमनेवाला (व्यक्ति)।

घुमची†—स्त्री०=घुँघची।

घुमटा—पुं०[हिं० घूमना+टा (प्रत्य०)] सिर में चक्कर आने का एक

रोग। इसमें प्रायः मनुष्य का सिर चकराने लगता है, उसकी आँखों के सामने अँधेरा छा जाता है और वह गिर पड़ता है।
क्रि० प्र०—आना।

घुमड़—स्त्री० [हिं० घुमड़ना] बरसनेवाले बादलों का घेर-घार।

घुमड़ना—अ० [हिं० घूम+अटना] १. बादलों का उमड़-उमड़ तथा घूम-घूमकर इकट्ठा होना। गहरे बादल छाना। २. इकट्ठा होना। छा जाना।

घुमरी—स्त्री० [हिं० घुमड़ना=घूमना] १. किसी केन्द्र पर स्थिर रहकर चारों ओर फिरने की क्रिया। २. किसी केन्द्र के चारों ओर घूमते रहने की क्रिया। ३. उक्त प्रकार से घूमते रहने के कारण सिर में आनेवाला चक्कर। ४. एक प्रकार का रोग जिसमें सिर में चक्कर आते हैं। ५. पानी का भँवर। ६. चौपायों का घुमनी नामक रोग।

घुमना†—वि० [हिं० घूमना] [स्त्री० घुमनी] १. बराबर घूमता रहनेवाला। २. घुमक्कड़।
अ०=घूमना।

घुमनी—स्त्री० [हिं० घूमना] १. पशुओं का एक रोग जिसमें उनके पेट में पीड़ा होती है और वे चक्कर खाकर गिर जाते हैं।

घुमरना—अ० [हिं० घूमना] १. चक्कर खाना। घूमना। २. भ्रम में पड़ना।
अ० दे० 'घुमड़ना'।

घुमराना—अ० =घुमड़ना।

घुमरी†—स्त्री० =घुमड़ी।

घुर्रा—पुं० [हिं० घूमना] जमीन की एक नाप जो आठ बीघो के बराबर होती है। (पंजाब)

घुमाऊ—वि० [हिं० घुमाना] घुमानेवाला।
*पुं० दे० 'घुमाव' ४।

घुमाना—स० [हिं० घूमना का स०] १. किसी को घूमने में प्रवृत्त करना। जैसे—आँखें घुमाना। २. चक्कर या फेरा देना। जैसे—घड़ी की सुई घुमाना। ३. कुछ दिखाने या सैर कराने के लिए इधर-उधर ले जाना। जैसे—किसी को शहर घुमाना। ४. एक ओर से हटाकर दूसरी ओर ध्यान प्रवृत्त करना या लगाना। ५. एक दिशा से दूसरी दिशा में ले जाना। ६. वापस करना। लौटाना।
†अ० [हिं० घूम=नींद] शयन करना। सोना।

घुमारा—वि० [हिं० घूमना] १. घूमनेवाला। २. घूमता हुआ।
वि० [हिं० घूम=नींद] १. जिसे नींद आ रही हो। उनींदा। २. मतवाला। मत्त।

घुमाव—पुं० [हिं० घुमाना] १. घूमने या घुमाने की क्रिया या भाव। २. वह स्थान या स्थिति जहाँ से कुछ घूमकर किसी ओर जाता हो। जैसे—रास्ते या सड़क का घुमाव। ३. किसी बात, वाक्य आदि में होनेवाला पेचीलापन या जटिलता। चक्कर। फेर।
पद—घुमाव-फिराव। (देखें)
४. उतनी भूमि जितनी दिन भर में एक हल से जोती-जाती हो। ५. दे० 'घुमाँ'।

घुमावदार—वि० [हिं० घुमाव+दार] १. जिसमें कुछ घुमाव हो। २. चक्करदार।

घुमाव-फिराव—पुं० [हिं० घूमना-फिरना] १. घूमने या फिरने की क्रिया या भाव। २. बात-चीत या व्यवहार में होनेवाला ऐसा पेचीलापन या जटिलता जिसमें कुछ कपट या छल भी हो। जैसे-इसमें घुमाव-फिराव की बातें अच्छी नहीं लगतीं।

घुम्मरना—अ० १. =घुमड़ना। २.=घूमना।

घुरकना†—अ० =घुड़कना।

घुरका—पुं० [हिं० घुरघुराना] चौपायों का एक रोग।

घुरकी†—स्त्री० =घुड़की।

घुरघुर—पुं० [अनु०] १. बिल्ली, सूअर आदि के गले से तथा साँस लेते समय कफ अटकने के कारण मनुष्य के गले से निकलनेवाला शब्द। २. किसी के कान के पास मुँह ले जाकर बहुत ही धीमे स्वर में कही जानेवाली बात।

घुरघुरा†—पं० [अनु०] गले में होनेवाला कंठमाला नामक रोग।

घुरघुराना—अ० [अनु० घुर घुर] गले से घुर-घुर शब्द निकलना।
स० गले से घुर-घुर शब्द उत्पन्न करना।

घुरघुराहट—स्त्री० [हिं० घुरघुराना] घुर-घुर शब्द निकालने की क्रिया या भाव।

घुरचा†—पुं० [देश०] एक प्रकार की चरखी जिससे कपास ओटी जाती है।

घुरन—पुं० [स०√घुर (शब्द)+ल्युट्-अन] घुर-घुर शब्द करने की क्रिया या भाव।

घुरना*—अ० [अनु०] घुर-घुर शब्द होना।
स० १. घुर-घुर शब्द करना। उदा०—घुरत परेखा गीवँ उचावा।—जायसी। २. बजना या बोलना। जैसे—डंका या मृदंग घुरना। उदा० घुरै नीसाण सोइ बनचोर।—प्रिथीराज।
†अ० =घुलना। उदा०—तब पिय उर घुरि सींयो चहै।—नददास।
अ० [सं० घूर्णन] १. घूमना। २. (आँख) झपकना। ३. (अंडे आदि का) फहरना। उदा०—घर घर घुरत निसान कहि न जात कछु आज की।—नंददास।

घुरबिनिया—स्त्री० [हिं० घूरा+बीनना] कूड़े-करकट के ढेर पर से अनाज के दाने आदि चुन या बीनकर एकत्र करने की क्रिया या भाव।
पुं० वह जो उक्त प्रकार से दाने आदि एकत्र करके उन्हीं से अपना निर्वाह करता हो (अर्थात् परम दरिद्र)।

घुरमना*—अ० =घूमना। उदा०—घुरमि घुरमि घायल महि परही।—तुलसी।

घुरमा*—स्त्री० [हिं० घुरना=घूमना] लोगों के आने-जाने से बना हुआ मार्ग। कच्चा छोटा रास्ता। पगडंडी। उदा०—नेह नेह की बहल में घुरमा जानत नाह।—रसनिधि।

घुरहरी†—स्त्री० दे० 'घुरहरी'।

घुराना—अ० [हिं० घुरना] चारों ओर से आकर छा या भर जाना।
स० शब्द उत्पन्न करना। बजाना।
†स० १. =घुलाना। २. =घुमाना। ३.=फहराना (झंडा आदि)।

घुरमना†—अ० =१. घुमड़ना। २.=घूमना।

घुरहरी†—स्त्री० [हिं० खुर+हर (प्रत्य०)] १. जंगल में पशुओं के

चलने से बना हुआ तंग रास्ते का-सा निशान या पगडंडी। २. बहुत ही छोटा और पतला या सँकरा रास्ता। पगडंडी।

घुर्णित—वि० [सं० घूर्णित] घूमता हुआ। चक्कर खाता हुआ।

घुर्राना†—अ० = गुर्राना।

घुर्रुवा—पुं० [देश०] जानवरों का एक सक्रामक रोग।

घुलंच—पुं० [सं०√घुर्+क्विप्, घुर्√अञ्च् (गति)+अण्, उप० स०] गवेधु नामक कदन्न।

घुलना—अ० [सं० घूर्धन, प्रा० घुलन] १. किसी कड़ी या ठोस चीज का तरल पदार्थ में गलकर अच्छी तरह मिल जाना। जल के संयोग से संयोजक अणुओं का अलग-अलग होना। जैसे—दूध या पानी में चीनी घुलना।२. आँच आदि की सहायता से गलकर, नरम होकर या मुलायम पड़कर तरल पदार्थ में मिल जाना। जैसे—दाल जरा और घुलने दो। ३. किसी में या किसी के साथ बहुत अच्छी तरह या खूब मिल जाना। जैसे—किसी के साथ आँखें घुलना। उदा०—तब पिय उर घुरि सोयो यहँ।—नंददास।

मुहा०—(किसी से) घुल घुलकर बातें करना. प्रेमपूर्वक खूब मिलकर बातें करना। बहुत घनिष्ठता से बातें करना। **घुल-मिलकर** =बहुत अच्छी तरह मिलकर। बहुत मेल-जोल से।

४. पकने आदि के कारण ठोस न रहकर मुलायम पड़ जाना। जैसे—ये आम खूब घुल गये हैं।५ बुढ़ापे, रोग, शोक आदि के कारण शारीरिक दृष्टि से बहुत ही क्षीण या दुर्बल हो जाना।

मुहा०—घुल-घुलकर मरना—बहुत दिनों तक मानसिक या शारीरिक कष्ट भोगते हुए बहुत क्षीण तथा दुर्बल होकर मरना।

६. जुए में दाँव का किसी कारण व्यर्थ हो जाना। जैसे—कौड़ी पर कौड़ी टिकने से दाँव घुल गया। ७. समय का व्यर्थ हाथ से निकलना या बीतना। जैसे—कचहरी मे जरा-जरा सी बातों में बरसों घुल जाते हैं।

घुलवाना—स० [हिं० घुलाना का प्रे०] १. घोलने का काम किसी दूसरे से कराना। २. आँख में काजल या सुरमा लगवाना।

घुलाना—स० [हिं० घुलना] १. किसी तरल पदार्थ में कोई कड़ी या ठोस चीज छोड़कर उसे इस प्रकार हिलाना,मिलाना या उबालना कि वह उसमे घुल जाय। २ मुँह में रखी हुई चीज का रस चूसते हुए उसे खा जाना। ३. गरमी या ताप पहुँचाकर नरम करना। ४. शरीर क्षीण या दुर्बल करना। ५. यत्रणा देना। ६. अपनी ओर प्रवृत्त करने का प्रयत्न करना। ७. (सुरमा या काजल) लगाना। सारना। ८. (काल या समय) बिताना। गुजारना।

घुलावट—स्त्री० [हिं० घुलना] १. घुलने या घुलाने की क्रिया या भाव। २. पारस्परिक स्नेहपूर्ण व्यवहार की घनिष्ठता।

घुवा—पुं० = घूआ।

घुसड़ना†—अ० = घुसना।

घुसना—अ० [सं० गुध, पं० घुसणा, गु० घुसवूं, ने० घुस्नु, मरा० घुसणें] १ बलपूर्वक और सामने के निषेधक अथवा बाधक तत्त्वों को इधर-उधर हटाते हुए अन्दर जाना, प्रवेश करना या आगे बढ़ना। जैसे—(क) दरवाजा तोड़कर (अथवा और किसी प्रकार) किसी के मकान के अन्दर घुसना। (ख) तमाशा देखने के लिए धक्कम-धक्का करते हुए भीड़ में घुसना। (ग) पेट में तलवार या तीर घुसना।

क्रि० प्र०—आना।—जाना—पड़ना। —बैठना।

पद—घुस-पैठ। (देखें)

मुहा०—(किसी जगह) घुसकर बैठना =(क) आस-पास के लोगों को दबाते या हटाते हुए कही जाकर बैठना। (ख) लोगों की दृष्टि से बचने के लिए आड़ में छिपकर बैठना। जैसे—सिपाहियों का नाम सुनते ही वह घर में घुसकर बैठ गया।

२. अनावश्यक अथवा अनुचित रूप से परतु बलपूर्वक या हठात् किसी कार्य या चर्चा में सम्मिलित होना। जबरदस्ती किसी के बीच में पड़ना। जैसे—दूसरों की बातों में जबरदस्ती घुसने की आदत अच्छी नहीं। ३. किसी बात या विषय की पूरी जानकारी प्राप्त करने के लिए मनोनिवेशपूर्वक उसके अंगों-उपांगों आदि का अध्ययन या विचार करके उसकी तह तक पहुँचना। जैसे—किसी विषय में अच्छी तरह घुसे बिना कभी उसका पूरा ज्ञान नही होता। ४ किसी चीज या बात का इस प्रकार पूरी तरह से दबना या दूर होना कि सहसा वह दिखाई न दे। जैसे—मुकदमे की पहली पेशी मे ही उनकी सारी अकड और शेखी घुस गई।

घुस-पैठ—स्त्री० [हिं० घुसना+पैठना] १. घुसने और पैठने की क्रिया या भाव। २ गति। पहुँच। प्रवेश। ३ प्रयत्न करके या बलपूर्वक कही पहुँच कर अपने लिए स्थान बनाने की क्रिया या भाव।

घुसवाना—स० [हिं० घुसाना का प्रे०] घुसने या घुसाने का काम किसी से कराना।

घुसाना—स० [हिं० घुसना] १. हिं० 'घुसना' का स० रूप। किसी को घुसने में प्रवृत्त करना। २.कोई चीज गड़ाना, चुभाना या धँसाना।३ किसी अवकाश या स्थान में किसी वस्तु या व्यक्ति को ढकेलना, पहुँचाना या प्रविष्ट करना।

घुसेड़ना—स० = घुसाना।

घूँगची†—स्त्री० = घुँघची।

घूँघट—पु० [स० गुठ] १. स्त्रियो की चुदरी, धोती, साड़ी आदि का वह भाग जिसे वे सिर पर से कुछ नीचे खीचकर अपना मुँह ढँकती हैं।

क्रि० प्र०—उठाना।—उलटना।—करना। —काढ़ना।—खोलना। —डालना। —निकालना।—मारना।

२. वह दीवार जो बाहरी दरवाजे के सामने इसलिए बनी रहती है जिसमे चौक वा आँगन बाहर से दिखाई न पड़े। गुलामगर्दिश। ओट। ३ सैनिक-क्षेत्र में युद्ध के समय सेना का दबकर किसी ओर मुड़ना।

मुहा०—घूँघट खाना= (क) सेना का युद्धस्थल से पीछे की ओर अथवा दाहिने-बाएँ मुडना। (ख) किसी चीज का सामने से हटकर इधर-उधर मुड़ना या लौटना।

घूँघर—पु० [हिं० घुमरना] बालों में पड़ा हुआ मरोड़। छल्ला।

घूँघरा—पु० [देश०] एक प्रकार का बाजा।

घूँघरि†—स्त्री० [हिं० घुमड़ना]? बादलों का समूह। उदा०—घूँघरि दिसनि देखि मय बाढ़ी।—नन्ददास। २. दे० 'घूँघर'।

घूँघरी†—स्त्री० [हिं० घूँघरू] छोटा घुँघरू। नूपुर।

घूँघरू†—पुं० = घुँघरू।

घूँचा—पुं० =घूँसा।

घूँट—पु० [अनु०घुट घुट=गले के नीचे पानी आदि उतरने का शब्द] १. तरल

पदार्थ की उतनी मात्रा जितनी एक बार मुँह में भर कर गले के नीचे उतार दी जाती है।

मुहा०—घूँट लेना=घूँट-घूँट करके या थोड़ा-थोड़ा करके पीना।

पुं० [सं० घूंट] एक प्रकार का पहाड़ी टट्टू। गूंठा। गूँठ।

२. एक प्रकार का झाड़ या छोटा पेड़।

घूंटना—स० [हिं० घूंट] पानी या और कोई तरल पदार्थ घूँट-घूँट या थोड़ा थोड़ा करके गले के नीचे उतारना।

घूंटा†—पुं० [सं० गुफ] पैर के बीच का जोड़। घुटना।

घूंटी—स्त्री० दे० 'घुट्टी'।

घूंघना—अ० =घूमना। उदा०—महि घूँघिअ पाइअ नहि बाक।—जायसी।

घूंस—स्त्री० = घूस (रिश्वत)।

पुं० = घूस (जंतु)।

घूंसा—पुं० [हिं० घिस्सा] १. बँधी हुई मुट्ठी का वह रूप जो किसी को मारने के लिए बनाकर उठाया या ताना जाता है। मुक्का। २. उक्त प्रकार से किया जानेवाला प्रहार।

घूंसेबाज—पुं० [हिं० घूंसा+फा० बाज] वह खिलाड़ी जो घूंसेबाजी के खेल में भाग लेता हो।

घूंसेबाजी—स्त्री० [हिं० घूंसा+फा० बाजी] १. आपस में घूंसों या मुक्कों के प्रहार से होनेवाली लड़ाई। २. एक खेल जिसमें दो खिलाड़ी एक दूसरे को घूंसे मार कर परास्त करते हैं।

घूआ—पुं० [देश०] १. काँस, मूंज वा सरकंडे आदि की गाँठ की तरह का फूल जो लंबे सीकों में लगता है। २. कीचड़, मिट्टी आदि में होनेवाला एक प्रकार का छोटा कीड़ा। रेवाँ। ३. दरवाजे के पास का वह छेद जिसमें किवाड़े की चूल बैठी रहती है।

घूक—पुं० [सं० घू √कै (शब्द)+क] [स्त्री० घूकी] उल्लू पक्षी। घुग्घू।

घूक-नादिनी—स्त्री० [घूक √ नद् (शब्द) + णिनि—ङीए, उप० स०] गंगा।

घूका—पुं० [हिं० घूआ] १. बाँस। बेंत। २. मूंज आदि की बनी हुई सँकरे मुँहवाली डलिया।

घूघस†—पुं० [देश०] ऊँचा बुर्ज। गरगज।

घूघ—स्त्री० [हिं० घोंघी] धातु की वह टोपी जो लड़ाई में सिर को चोट से बचाने के लिए पहनी जाती है।

पुं० [सं० घूक] उल्लू।

घूघरा—पुं० = घुँघुरू।

घूघस—पुं० [?] किले के फाटक से अन्दर जाने के लिए बना हुआ चक्करदार रास्ता। (राज०)

घूघी†—स्त्री० [देश०] १. थैली। २. जेब। बीसा। ३. पंडुक या फाख्ता नाम का जल-पक्षी।

घूघू—पुं० = घुग्घू।

घूटना†—स० १. = घूँटना। २. = घोटना।

घूटन†—पुं० = घुटना।

घूड़ा†—पुं० = घूर।

घूमचा†—स्त्री०[?] पाग (ब्याह की पगड़ी) में लटकनेवाला झब्बा या झालर।

घूमा†—वि० = घुमा।

घूम—स्त्री० [हिं० घूमना] १. घूमने की क्रिया, भाव या स्थिति। घुमाव। २. चक्कर। घेरा। ३. मोड़।

स्त्री० [बँ० मिलाओ हिं० ऊँघ] १. निद्रा। नींद। (पूरब) उदा०—न इस मोह की घूम से घिरो।—मैथिलीशरण। २. नशा।

घूम-घुमारा†—वि० [हिं० घूमना] १. घूमता या चक्कर खाता हुआ। २. अलसता, मद आदि से भरा हुआ। उदा०—कृष्ण रसामृत-पान अलस कछु घूम-घुमारे।—नंददास।

घूमना—अ० [सं० घूर्णन, प्रा० घुम्मइ] १. किसी केंद्र पर स्थित वस्तु का चारों ओर चक्कर लगाना। जैसे—चक्की के पाट, घड़ी की सूई अथवा रथ के पहियों का घूमना। २. किसी एक वस्तु का किसी दूसरी वस्तु को केंद्र बनाकर उसके चारों ओर चक्कर लगाना। जैसे—चंद्रमा पृथ्वी के चारों ओर और पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है। ३. किसी वस्तु का अपने अक्ष या धुरी पर चारों ओर फिरना। जैसे—लट्टू का घूमना। ४. किसी ओर चलते-चलते दाहिने या बाएँ बढ़ना। जैसे—यह रास्ता आगे चलकर दाहिनी ओर घूम गया है। ५. चलते-चलते पीछे की ओर फिरना। लौटना। जैसे—मैंने घूमकर देखा तो वह भी मेरे पीछे-पीछे आ रहा था।

मुहा०—(किसी को) घूम घुमाना=टाल-मटोल या हीला-हवाला करते हुए किसी को किसी काम के लिए बार-बार दौड़ाना।

६. मन बहलाने या सैर करने के लिए इधर-उधर जाना। जैसे—रोज सवेरे वह घूमने निकलता है। ७. अनेक देशों या स्थानों में सैर-सपाटे के लिए अथवा किसी विशिष्ट उद्देश्य से जाना। जैसे—(क) वे अमेरिका या यूरोप घूम आये हैं। (ख) गाँव-गाँव घूमकर गाँधी ने सोये भारतीयों को जगाया था। ८. अचानक एक ओर से किसी दूसरी ओर प्रवृत्त होना।

मुहा०—(किसी की ओर) घूम पड़ना=आवेश या क्रोध में आकर किसी दूसरे से बातें करने लगना। जैसे—उनसे बातें करते-करते वे अचानक मुझ पर घूम पड़े।

† ९. किसी चीज का घेर।

पद—घूम-घुमारा। (देखें)

अ० [बँ० घूम = नींद] १. निद्रा में होना। सोना। २. उन्मत्त या मतवाला होना। ३. तन्मय या लीन होना। उदा०—बिहँसि बुलाय बिलोकि उत प्रौढ़ तिया रस घूमि।—बिहारी।

घूमनी—स्त्री० = चुमरी (चक्कर)।

घूमा—पुं० [देश०] एक प्रकार का साग जिसमें सफेद फूल लगते हैं।

घूर—पुं० [सं० कूट] १. कूड़े-करकट का ढेर। २. वह स्थान जहाँ पर उक्त ढेर लगा हो। ३. पोले गहने को भारी करने के लिए उसके अन्दर भरा हुआ बालू, सुहागा आदि। (सुनार)

घूरचार—स्त्री० =घूरा-चारी।

घूरना—अ० [सं० घूर्णन] इस प्रकार आँखें निकालकर क्रोधपूर्वक किसी की ओर देखना जिससे वह कोई कार्य करने या न करने को विवश होता हो। जैसे—पिता जी के घूरते ही लड़के घर चले आये।

घूरा-बारी—स्त्री० [हिं० घूरना+अनु०] १. घूरने की क्रिया या भाव। २. एक दूसरे की ओर देखने अथवा नजर मिलाने का कार्य।

घूर्ण—पुं० [सं०√घूर्ण् (चक्कर काटना)+घञ्] १. इधर-उधर घूमना। २. किसी वस्तु के चारों ओर घूमना।

वि० घूमता हुआ।

घूर्णन—पुं० [सं० √घूर्ण् + ल्युट्—अन] घूमने या चक्कर लगाने की क्रिया या भाव।

घूर्णिका—स्त्री० [सं० √ घूर्ण् + ण्वुल्—अक, टाप्, इत्व] एक प्रकार का वैज्ञानिक यंत्र जिसकी सहायता से घूमने या चक्कर लगानेवाले पदार्थों या पिंडों के बल, वेग आदि मापे जाते हैं। (आइरोस्टेट)

घूर्णित—वि० [सं० √ घूर्ण् + क्त] घूमा, घूमता या घुमाया हुआ।

घूर्णी (र्णिन्)—वि० [सं० घूर्ण + इनि] घूमनेवाला।

घूर्ण्य—वि० [स० √घूर्ण् + ण्यत्] १. जो घूम सकता या घुमाया जा सकता हो। २. घूमता हुआ।

घूस—स्त्री० [स० गुहाशय = चूहा] चूहे के वर्ग का एक बड़ा जंतु जो प्रायः पृथ्वी के अन्दर बिल खोदकर रहता है। घुंइस।

पुं० [स० गुह्याशय या हिं० घुसना] १. किसी अधिकारी को कोई अनुचित, अवैध या कर्त्तव्य-विरुद्ध कार्य करने के लिए दिया जानेवाला धन। २. अपना काम जल्दी कराने के लिए किसी अधिकारी को दिया जानेवाला धन जो अवैध या अधिक होता है। रिश्वत।

घूस-खोर—वि० [हिं० घूस + फा० खोर] [भाव० घूसखोरी] घूस या रिश्वत लेनेवाला रिश्वती।

घृणा—स्त्री० [स० √घृ (सीचना) + नक्—टाप्] [वि० घृणित] १. अनुचित या मर्यादा के विरुद्ध कार्य करनेवाले व्यक्ति अथवा उसके किये हुए कार्य या कृति के प्रति होनेवाली चोर स्वाभाविक अरुचि। जैसे—अश्लील साहित्य से मुझे घृणा है। २ दया।

घृणित—वि० [स० √घृणा + इतच्] देखने-सुनने से जिसके प्रति मन में घृणा होती या हो सकती हो। घृणा के योग्य। घृण्य।

घृणी (र्णिन्)—वि० [सं० घृणा + इनि] १. घृणा करनेवाला। २. दयालु। ३. दीप्त।

घृण्य—वि० [स० घृणा + यत्] = घृणित।

घृत—पुं० [स० √घृ + क्त] १. मक्खन को तपाकर तैयार किया जानेवाला एक प्रसिद्ध खाद्य द्रव्य। घी। २. पानी।

वि० तर किया या सींचा हुआ।

घृत-कुमारी—स्त्री० [पुं० त०] घी-कुँवार। ग्वार-पाठा।

घृत-धारा—स्त्री० [ष० त०] १. घी की धारा। २. [घृत √धृ (धारण करना) + णिच् + अण्, उप० स०, टाप्] पुराणानुसार कुशद्वीप की एक नदी।

घृत-पूर—पुं० [घृत √पूर् (पूर्ण करना) + अप्, उप० स०] बेवर नाम की मिठाई।

घृत-प्रमेह—पुं० [मध्य० स०] एक प्रकार का प्रमेह जिसमें मूत्र घी के समान चिकना और गाढ़ा होता है।

घृताची—स्त्री० [सं० घृत √अंच् (गति) + क्विप्, ङीप्] १. स्वर्ग की एक अप्सरा। २. यज्ञ में आहुति देने का स्रुवा।

घृताक्त—पुं० [घृत-अक्त, मध्य० स०] १. घी में पकाया या तला हुआ अन्न या खाद्य पदार्थ। २. [ब० स०] अग्नि।

घृताक्ष (क्षि)—पुं० [घृत-अक्षि, ब० स०] अग्नि।

घृती (र्तिन्)—वि० [स० घृत + इनि] जिसमें घी पड़ा हो।

घृतोद—पुं० [घृत-उदक, ब० स०, उद आदेश] घी का समुद्र। (पुराण)

घृष्ट—वि० [स० √घृष् (घिसना) + क्त] घिसा या रगड़ा हुआ।

घृष्टि—स्त्री० [स० √घृष् + क्तिन्] १. घिसने या रगड़ने की क्रिया या भाव। २. संघर्ष। ३. स्पर्धा।

पुं० [√घृष् + क्तिच्] [स्त्री० घृष्टी] सूअर।

घेंघा—पुं० [देश०] १. एक प्रकार का भोजन जो भुने हुए चने को चावलों में मिलाकर पकाने से बनता है।

†पुं०=घेघा (रोग)।

घेंघा†—पुं०=घेघा।

घेंट†—पुं०[हिं० घाँटी] गला। गरदन।

घेंटा—पुं०[अनु० घें-घें] [स्त्री० घेंटी] सूअर का बच्चा।

घेंटी†—स्त्री०[?] चने की फली जिसके अन्दर बीज रूप से चना होता है।

घेंटुला—पुं०[हिं घेंटा] [स्त्री० घेंटुली या घेंटुलिया] सूअर का छोटा बच्चा।

घेंड़ी—स्त्री० [हिं० घी+हंडी] मिट्टी की वह हाँडी जिसमें घी रखा जाता है।

घेघा—पुं० [देश०] १. गले की नली जिसमें से होकर खाद्य पदार्थ पेट में पहुँचता है। २. गलगंड। ३ एक प्रकार का रोग जिसमें गले के चारों ओर बहुत अधिक सूजन हो जाती है और मांस बढ़ जाता है।

घेतला—पुं०[देश०] [स्त्री० अल्पा० घेतली] एक प्रकार का भद्दा जूता जिसका पंजा चपटा और मुंडा हुआ होता है। (महाराष्ट्र)

घेपना†—स० [देश०] १. हाथ या पैर से रौंदकर मिलाना। एक में लथ-पथ करना। २. खुरचना। ३. स्त्री के साथ प्रसंग या संभोग करना। (बाजारू)

घेर—पुं० [हिं० घेरना] १. घेरने की क्रिया या भाव। जैसे—घेर-घार। २. चारों ओर से घेरनेवाली चीज का फैलाव या विस्तार। घेरा। मंडल। ३. परिधि। घेरा।

घेरघार—स्त्री० [हिं० घेरना] १. चारों ओर से घेरने की क्रिया या भाव। जैसे—बादलों की घेर-घार। २. अपना काम निकालने के लिए किसी को प्रायः घेरते रहना और उससे अनुनय-विनय करते रहना। ३. घेरा। फैलाव।

घेरदार—वि०[हिं० घेर+फा० दार]जिसका घेरा या फैलाव अधिक हो। जैसे—घेरदार पायजामा।

घेरना—स० [हिं० घिर, ब० घेरा, उ० घेरिबा, गु० घेरवुं, मरा० घेरणें] १. किसी वस्तु के चारों ओर पंक्ति के रूप में कोई चीज या कुछ चीजें खड़ी करना। जैसे—दीवार आदि बनाकर अथवा पेड़-पौधे उगाकर कोई स्थान घेरना। २. किसी वस्तु, विशेषतः आदि के चारों ओर घेरा या वृत्त बनाना। जैसे—लाल स्याही से घेरे हुए शब्दों की वर्तनी अशुद्ध है। ३. रेखाओं आदि की सहायता से किसी क्षेत्र की सीमा निर्धारित करना। ४. आरक्षी (पुलिस) अथवा सेना का इस प्रकार किसी मकान या स्थान के चारों ओर खड़े हो जाना कि उस मकान या स्थान से कोई बाहर न निकलने या भागने पावे। छेंकना। ५. चारों ओर बिखरी हुई वस्तुओं अथवा चरते हुए पशुओं को एक स्थान पर इकट्ठा करना। ६. किसी वस्तु का चारों ओर से आकर किसी दूसरी वस्तु पर इस प्रकार छा जाना कि वह ढक जाय। जैसे—कई दिनों से बादलों ने आकाश घेर रखा है। ७. चारों ओर से बंधन या रुकावट में लाना। जैसे—कष्टों या रोगों

का आकर घेरना। ८. कहीं बैठ या रुककर कोई स्थान इस प्रकार भरना कि औरों के लिए अवकाश या जगह न रह जाय। जैसे—आगे की सारी कुरसियाँ तो लड़कों ने घेर रखी हैं। ९. किसी को चारों ओर से बहुत दबाव डालकर, कोई काम करने के लिए विवश करना। जैसे—वे मुझे भी घेरकर वहाँ ले गये। १०. बहुत अनुनय, आग्रह या खुशामद करना।

घेरनी†—स्त्री०[?] एक प्रकार का पक्षी।

घेरा—पुं० [हिं० घेरना] १. किसी वस्तु, स्थान आदि को चारों ओर से घेरने की क्रिया या भाव। २. किसी वस्तु या वस्तुओं का वह मंडलाकार रूप या समूह जो किसी दूसरी वस्तु को चारों ओर से घेरे हुए हो। जैसे—दीवार या बाँसों का घेरा। ३. परिधि तथा परिधि का मान। जैसे—गोपियों के घेरे में कृष्ण का नृत्य। ४. दीवार, बाढ़ आदि से घिरा हुआ स्थान। अहाता। (एन्क्लोजर) ५. आरक्षी (पुलिस), सेना आदि के इस प्रकार किसी स्थान को घेरकर खड़े होने की स्थिति जिसमें उस स्थान के निवासी उस स्थान से बाहर न निकल सकें अथवा बाहर से उनके पास कोई सहायता न पहुँच सके। जैसे—किले के चारों ओर मराठा सैनिकों का घेरा पड़ा था। ६. पहनने के कपड़ों में, शरीर की चौड़ाई के बल का कुल विस्तार। जैसे—कमीज या कुरते का घेरा। ७. किसी घन पदार्थ की चौड़ाई और मोटाई का कुल विस्तार। जैसे—इस पेड़ का घेरा चार हाथ है।

घेराई—स्त्री०=घिराई।

घेरा-बंदी—स्त्री०[हिं० घेरा+फा० बंदी] १. किसी के चारों ओर घेरा डालने की क्रिया या भाव। २. आधुनिक राजनीति में, वह स्थिति जिसमें कुछ राज्य मिलकर किसी दूसरे देश अथवा राज्य के चारों ओर इस उद्देश्य से घेरा बनाते हैं कि वह देश उभरने न पावे अथवा अपना प्रभाव और शक्ति बढ़ा न सके। (एन्सर्किलमेंट)

घेराव—पुं०=घिराव।

घेलौना†—पुं०=घाल (घलुआ)।

घेवर—पुं०[सं० घृतपूर, घृतवर; प्रा० घेऊर, घेवर; गु० ने० घेवर; मरा० घीवर] मैदे की बनी हुई एक प्रकार की मिठाई जिसमें घी बहुत अधिक पड़ता या लगता है।

घेवरना—स०[?] पोतना। लगाना। उदा०—पुरुखन्ह खरग संभारे चंदन घेवरे देह।—जायसी।

घेंटा—पुं०=घेंटुला।

घेंसाहर—स्त्री०[?] फौज। सेना। (डिं०)

घैया—स्त्री० [हिं० घी या सं० घात] १. गौ के थन से निकली हुई दूध की धार जो मुँह लगाकर पीई जाय। २. ताजे और बिना मथे हुए दूध के ऊपर उतराते हुए मक्खन को काछकर इकट्ठा करने की क्रिया। ३. वृक्ष के तनों आदि में रस या स्राव निकालने के लिए उस पर लगाया हुआ क्षत। छेव।

†स्त्री०=घा (ओर)।

घैर—पुं०[देश०] १. निन्दामय चर्चा। बदनामी। उदा०—घैर तें डरपि सखी घर लाई।—नंददास। २. चुगली। शिकायत। ३. चर्चा।

घैरनी†—स्त्री०[?] एक प्रकार का कीड़ा जो दीवारों पर मिट्टी से घर बनाता है।

घैरा, घैर*—पुं०=घैर।

घैला†—पुं० [सं० घट] [स्त्री० अल्पा० घैली] मिट्टी का घड़ा।

घैहल†—वि०=घायल।

घैहा†—वि० [हिं० घाव] घायल।

घोंघ—पुं० [देश०] एक प्रकार का पक्षी।

घोंघा—पुं० [सं० कम्बुक] [स्त्री० घोंघी] १. शंख की तरह का एक कीड़ा जो प्रायः नदियों, तालाबों आदि में पाया जाता है। उदा०—भरे समुन्दर घोंघा हाथ।—कहा०। २. अनाजों में छिलके का वह कोश जिसके अन्दर दाना रहता है। ३. निरर्थक या व्यर्थ की वस्तु या व्यक्ति।

वि० बेवकूफ। मूर्ख।

पद—घोंघा बसंत=परम मूर्ख।

घोंघिल—पुं०[?] लगलग की जाति का एक पक्षी।

घोंघी—स्त्री०=घुग्घी।

घोंचा—पुं०[हिं० गुच्छा] [स्त्री०घोंची] १. फलों, फूलों आदि का गुच्छा। घौद। स्तबक। २. ऐसा बैल जिसके सींग मुड़कर कानों तक जा पहुँचे हों।

घोंची—स्त्री०[हिं० घोंचा] वह गाय जिसके सींग कानों की ओर मुड़े हों।

घोंचुआ†—पुं०=घोंसला।

घोंचू†—पुं०[?] मूर्ख। बेवकूफ।

घोंट—पुं०[देश०] एक प्रकार का बहुत बड़ा जंगली वृक्ष जिसकी लकड़ी खेती के औजार बनाने के काम में आती है।

पुं० [हिं० घोंटना] १. घोटने की क्रिया या भाव। २. दे० 'घूंट'।

घोंटना—स० १.=घूंटना। २.=घोटना

घोंटू—वि० [हिं० घोंटना+ऊ (प्रत्य०)] घोंटने अर्थात् चारों ओर से कसकर दबानेवाला। जैसे—गलाघोंटू कानून।

घोंपना—स०[अनु० घप] १. गड़ाना। चुभाना। धँसाना। २. भद्दी और मोटी सिलाई करना। ३. दे० 'घेपना'।

घोंसला—पुं०[सं० कुलाय] १. तिनकों, पत्तों आदि की वह कलापूर्ण रचना जिसमें पक्षी रहते तथा अंडे देते हैं। जैसे—बया का घोंसला। २. वह आला या ताखा जिसमें पक्षी रहते तथा बच्चे देते हों। जैसे—कबूतर का घोंसला। ३. किसी व्यक्ति के रहने का तुच्छ तथा छोटा स्थान।

घोंसुआ†—पुं०=घोंसला।

घोखना—स०[सं० घुष] याद रखने के लिए बार-बार पढ़ना या रटना। स्मरण रखने के लिए बार-बार उच्चारण करना। जैसे—पाठ घोखना।

घोखवाना—स०[हिं० घोखना का प्रे०] किसी को घोखने या रटने में प्रवृत्त करना।

घोगर—पुं० [देश०] खरपत नामक पेड़।

घोघ†—पुं० [देश०] वह जाल, जिसमें बटेर फँसाये जाते हैं।

घोघा—पुं० [देश०] चने आदि की फसल को हानि पहुँचानेवाला एक प्रकार का कीड़ा।

घोघी†—स्त्री० दे० 'घुग्घी'।

घोचिल—स्त्री०[देश०] एक प्रकार की चिड़िया।

घोट—पुं० [सं० घोटक] १. घोड़ा। २. ऐसा पुरुष, जिसमें घोड़े की-सी शक्ति हो। उदा०—काय दहेसइ पोयणी, काय कुँवारा घोट।—ढोला मारू।

पुं०[हिं० घोटना] घोटने की क्रिया या भाव।

घोटक—पुं० [सं०√घुट्(लौटना)+ण्वुल्—अक] घोड़ा। अश्व।

घोटकारि—पुं० [घोटक-अरि ष०त०] भैंसा।

घोटना—स०[सं० घृष्टः√घृष्, घट्ट्; उ० घोटिबा; पं० घोटणा; सिं० घोटणू; मरा० घोटणें] १. किसी कड़ी वस्तु को किसी दूसरी वस्तु पर बार-बार इस प्रकार मलना या रगड़ना कि वह चमकीली या चिकनी हो जाय। जैसे—कपड़ा या दीवार घोटना। २. पत्थर, लकड़ी, लोहे आदि के किसी उपकरण से किसी वस्तु को इस प्रकार बार-बार दबाना या रगड़ना कि वह चूर-चूर या बहुत महीन हो जाय। जैसे—भाँग घोटना, मोती घोटना। ३. किसी का गला इतने जोर से दबाना कि वह मर जाय या उसका दम घुटने अर्थात् रुकने लगे। ४. कुछ सीखने में किसी बात का अभ्यास या मश्क करना। जैसे—पटिया पर अक्षर घोटना। ५. मुँह जबानी याद करना। जैसे—पाठ घोटना। ६ उस्तरे, आदि से बाल साफ करना। जैसे—दाढ़ी घोटना।

पुं०[स्त्री० घोटनी] १. वह वस्तु जिससे कोई चीज घोटी जाय। घोटने का उपकरण। २. लकड़ी का वह कुंदा जो जमीन में कुछ गड़ा रहता है और जिस पर रखकर रँगे कपड़े घोटे जाते हैं। (रँगरेज)

घोटवाना—स०[हिं० घोटना का प्रे०] रगड़वाना। घोटकर चिकना कराना। घोटने का काम दूसरे से कराना। किसी को कुछ घोटने में प्रवृत्त करना। (दे० 'घोटना')

घोटा—पुं०[हिं० घोटना] १. घोटने, पीसने अथवा रगड़ने की क्रिया या भाव। २. पत्थर, लकड़ी, लोहे, शीशे आदि का वह उपकरण जिससे कोई चीज घोंटने का काम किया जाय। (बर्निशर) ३. रँगरेजों का एक उपकरण जिसे वह रंगे हुए कपड़ों पर रगड़ते हैं जिससे कपड़े चमकीले हो जाते हैं। ४. घुटा हुआ चमकीला कपड़ा। ५. पाठ आदि मुँह जबानी याद करने के लिए उसे बार-बार पढ़ने तथा कहने का काम। जैसे—पाठशाला में लड़के घोटा लगाते हैं। ६. बाँस आदि का वह चोंगा जिससे घोड़ों, बैलों आदि को औषधि पिलाई जाती है। ७. नगजड़ियों का एक औजार जिससे वे डाँक को चमकीला करते हैं। ८. छुरे से बाल बनाने या बनवाने की क्रिया या भाव। हजामत।

क्रि० प्र०—फिरवाना।

घोटाई—स्त्री० [हिं० घोटना+आई (प्रत्य०)] १. घोटने की क्रिया, भाव या मजदूरी। (सभी अर्थों में) २. चित्रकला में, पूरी तरह से चित्र अंकित हो जाने पर उसे शीशे पर उलटकर उसकी पीठ पर घोटे से रगड़ना जिससे चित्र में चमक आ जाय।

घोटा-चोबा—पुं०[देश०] रेवद चीनी की जाति का एक पेड़ जिसमें से एक प्रकार की राल निकलती है जो दवा, रँगाई आदि के काम आती है।

घोटाला—पुं० [मरा०] १. किसी काम या बात में होनेवाली बहुत बड़ी अव्यवस्था या गड़बड़ी। २. किसी कार्यालय, संस्था आदि के किसी अधिकारी, कर्मचारी द्वारा उसके हिसाब-किताब में की हुई गड़बड़ी अथवा उसकी सामग्री, धन आदि का किया हुआ दुरुपयोग।

मुहा०—**घोटाले में पड़ना**=(क) किसी कार्य या बात का निपटारे या सुलझने की स्थिति में न होना। (ख) सामग्री, धन आदि का ऐसी स्थिति में होना कि उसका वापस मिलना बहुत कठिन हो।

घोटिका, घोटी—स्त्री०[सं० घोटी+कन्—टाप्, ह्रस्व] [√घुट्+अच्—ङीष्] घोड़ी।

घोटू†—वि० [हिं० घोटना] १. घोटनेवाला। २. चारों ओर से कसकर दबानेवाला। जैसे—गल-घोटू नियम।

पु०१.=घोटा। २=घुटना।

घोड़†—पु० दे० 'घुड़'।

घोड़चढ़ा—पु० दे० 'घुड़-चढ़ा'।

घोड़-दौड़—स्त्री० दे० 'घुड़-दौड़'।

घोड़-मुहाँ—वि० दे० 'घुड़-मुहाँ'।

घोड़रासन—पु०[हिं० घोड़ा+रासन] रास्ना नामक ओषधि का एक भेद।

घोड़-रोज—पु०[हिं० घोड़ा+रोज] एक प्रकार की नीलगाय जो घोड़े की तरह बहुत तेज दौड़ती है।

घोड़-सन—पु०[हिं० घोड़ा+सन] एक प्रकार का सन।

घोड़-सार, घोड़-साल†—स्त्री० दे० 'घुड़-साल'।

घोड़ा—पु०[सं० घोटक प्रा० घोडा] [स्त्री० घोड़ी] १ तेज दौड़नेवाला एक प्रसिद्ध पालतू चौपाया जिस पर लोग सवारी करते हैं तथा जो गाड़ियाँ, टाँगे, रथ आदि भी खींचता है।

मुहा०—**घोड़ा उठाना**=घोड़े को तेज दौड़ाना। **घोड़ा उलाँगना**=किसी नये घोड़े पर पहले-पहल सवारी करना। **घोड़ा कसना**=सवारी के लिए घोड़े पर जीन या चारजामा कसना। **घोड़ा खोलना**=(क) घोड़े का साज या चारजामा उतारना। (ख) घोड़े को बन्धन-मुक्त करना। **घोड़ा छोड़ना**=(क) किसी के पीछे घोड़ा दौड़ाना। (ख) दिग्विजय के लिए अश्वमेध का घोड़ा छोड़ना। (ग) घोड़े का साज या चारजामा उतारकर उसे चरने के लिए खुला छोड़ना। (**किसी के पीछे**) **घोड़ा डालना**=किसी को पकड़ने के लिए उसके पीछे तेजी से जाना। **घोड़ा निकालना**=(क) घोड़े को सिखलाकर सवारी के योग्य बनाना। (ख) दौड़ आदि में घोड़े को आगे बढ़ा ले जाना। **घोड़े पर चढ़े आना**=अपना काम पूरा कराने के लिए बहुत जल्दी मचाना। **घोड़ा फेरना**=घोड़े को दौड़ाने का अभ्यास कराने के लिए एक वृत्त में घुमाना। काबा देना। **घोड़ा बेचकर सोना**=निश्चित या बेफिक्र होकर गहरी नींद सोना।

२. बंदूक, मशीन आदि का वह खटका या पेंच जो घोड़े के मुख के आकार का होता है, और जिसे दबाने से कोई विशिष्ट क्रिया होती है। ३. बच्चों के खेलने का घोड़े की आकृति का खिलौना। ४ शतरंज में घोड़े की आकृति का एक मोहरा जो २½ घर चलता है। ५. घोड़े के मुख के आकार का लकड़ी, पत्थर आदि का बना हुआ टोंटा जो भार सँभालने के लिए छज्जे के नीचे दीवार में लगाया जाता है। ६. कसरत करने के लिए लकड़ी का वह मोटा कुंदा जो चार पायों पर ठहरा होता है और जिसे लड़के दौड़कर लाँघते हैं। ७. दीवार में लगी हुई कपड़े टाँगने की खूँटी।

घोड़ा-करंज—पु० [सं० घृतकरंज] एक प्रकार का करंज जो चर्मरोग और बवासीर को ठीक करता है तथा विष-नाशक माना जाता है।

घोड़ा-गाड़ी—स्त्री०[हिं० घोड़ा+गाड़ी] वह गाड़ी जिसे घोड़ा या घोड़े खींचते हों।

घोड़ाचोली—स्त्री०[हिं० घोड़ा+चोला=शरीर] वैद्यक की एक प्रसिद्ध ओषधि जो अनेक रोगों को दूर करनेवाली मानी गई है।

घोड़ानस—स्त्री० [हिं० घोड़ा+नस] पिंडली के नीचे और एड़ी के पीछे की मोटी नस। कूँच। पै।

घोड़ानीम—स्त्री० [हिं० घोड़+नीम] बकायन (वृक्ष)।

घोड़ापलास—पुं० [देश०] मालखंभ की एक कसरत जिसमें एक हाथ मालखंभ पर घुमाकर सामने रखते और दूसरे से मोंगरा पकड़ते हैं।

घोड़ा-बच—स्त्री० [हिं० घोड़ा+बच] बच नामक वनस्पति का एक भेद जिसका रंग सफेद और गंध उग्र होती है।

घोड़ा-बाँस—पुं० [हिं० घोड़ा+बाँस] एक प्रकार का बड़ा और मोटा बाँस।

घोड़ा-बेल—स्त्री० [हिं० घोड़ा+बेल] एक बेल जिसकी पत्तियाँ एक बालिश्त भर लंबे सींकों में लगती हैं।

घोड़िया—स्त्री० [हिं० घोड़ी+या (प्रत्य०)] १. घोड़ी। २. छोटी घोड़ी। ३. दीवार में कपड़ा आदि टाँगने के लिए लगाई जानेवाली खूँटी। ४. जुलाहों का एक उपकरण।

घोड़ी—स्त्री० [हिं० घोड़ा] १. घोड़ा जाति के पशु की मादा। २. खेल में वह लड़का जिसकी पीठ पर दूसरे लड़के चढ़ते हैं। ३. विवाह की वह रस्म जिसमें वर घोड़ी पर चढ़कर कन्या के घर जाता है।

मुहा०—**घोड़ी चढ़ना**=विवाह के दिन वर का घोड़ी पर चढ़कर कन्या के घर जाना।

४. विवाह के दिनों मे वर-पक्ष में गाये जानेवाले कुछ विशिष्ट प्रकार के गीत। ५. हाथीदाँत आदि का वह छोटा लंबोतरा टुकड़ा जो तंबूरे, सारंगी, सितार आदि में तूँबे के ऊपर लगा हुआ होता है तथा जिस पर उसके तार टिके या ठहरे रहते हैं। ६. दो जोड़ी बाँसों में रस्सी तानकर बनाया हुआ वह ढाँचा जिस पर धोबी गीले कपड़े सूखने के लिए फैलाते हैं। ७. काठ का एक प्रकार का आयताकार ढाँचा (जिसके नीचे चार पाये लगे रहते हैं) जिसे दौड़ आदि के समय दौड़नेवालों के मार्ग में बाधा उत्पन्न करने के लिए रखा जाता है। (हर्डल) ८. दे० 'घोड़िया'।

घोण—पुं० [देश०] पुरानी चाल का एक प्रकार का सितार की तरह का बाजा।

घोणा—स्त्री० [सं०√घुण् (घूमना)+अच्—टाप्] १. नाक। (डिं०) २. थूथन।

घोणी (णिन्)—पुं० [सं० घोण+इनि] शूकर।

घोमस—पुं० [?] सामुद्रिक।

घोमसा—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास।

घोर—वि० [सं०√हन् (हिंसा)√अच्, घुर् आदेश] [स्त्री० घोरा] १. जो आकार, प्रकार, प्रभाव आदि की दृष्टि से विकराल या भीषण हो। डरावना। २. जो मान, मात्रा आदि के विचार से अति तक पहुँचा हुआ हो। जैसे—घोर तपस्या, घोर निद्रा, घोर वर्षा। ३. (स्वर) जो बहुत ही कठोर और भय-उत्पादक हो। जैसे—घोर नाद। ४. बहुत बड़ा। उदा०—ऊँचे घोर मंदिर के अन्दर रहाती हैं।—भूषण। ५. बहुत ही बुरा। जैसे—घोर पाप। ६. बहुत ही घना या सघन। जैसे—घोर जंगल, घोर बियाबान।

क्रि० वि० बहुत अधिक। अत्यन्त।

†पुं०=घोड़ा।

†पुं०=घोल।

उभ०=घोष।

स्त्री० [फा० गोर] कब्र। उदा०—सज्यौ घोर हुस्सैन सथ करयो प्रवेश अपांन।—चंदबरदाई।

घोरना*—अ० [सं० घोर] जोर का या भारी शब्द करना। गरजना। स०=घोलना।

घोरमारी—स्त्री० दे० 'महामारी'।

घोरसार*—पुं०=घुड़साल।

घोरा—स्त्री० [सं० घोर+टाप्] श्रवण, चित्रा, धनिष्ठा और शतभिषा नक्षत्रों में बुध की गति। (ज्योतिष)

पुं० [हिं० घोड़ा] १. घोड़ा। २. खूँटी। ३. टोड़ा।

घोराघोरी†—क्रि० वि० [सं० घोर से अनु०] खूब जोरों से। उदा०—घोरा-घोरी कीन्ह बटोरा।—कबीर।

स्त्री० बहुत अधिक उग्रता, तीव्रता या विकटता।

घोरारा—पुं० [देश०] एक प्रकार का गन्ना।

घोरिया†—स्त्री०=घोड़िया।

घोरिला†—पुं० [हिं० घोड़ी] १. बच्चों के खेलने का मिट्टी का घोड़ा। २. छोटे आकार का घोड़ा। ३. दीवार में लगी हुई खूँटी। उदा०—फूलन के विविध हार घोरिलन ओरमत उदार।—केशव।

घोरी†—स्त्री० १.=अघोरी। २.=घोड़ी।

घोल—पुं० [सं० √घुड् (व्याघात)+घञ्, ड को ल] १. बिना पानी डाले मथा हुआ दही। २. लस्सी। ३. किसी तरल पदार्थ में कोई दूसरी (तरल अथवा घुलनशील) वस्तु मिलाकर तैयार किया हुआ मिश्रण। (सोल्यूशन)

घोल-दही—पुं० [हिं० घोलना+दही] मट्ठा।

घोलना—स० [स० घुण्, घोलय; प्रा० घोलेई; बं० घुलान; उ० घोरिबा; पं० घोलणा; सिं० घोरणु; गु० घोड़वूं; ने० घोल्नु; मरा० घोलणें] किसी तरल पदार्थ में कोई अन्य घुलनशील वस्तु मिलाना। जैसे—दूध में चीनी घोलना।

मुहा०—**(कोई चीज) घोल कर पी जाना**=किसी चीज का संपूर्णतया अंत कर देना। जैसे—तुम तो लज्जा घोल कर पी गये। **घोल पीना**=घोल कर पी जाना।

घोला—पुं० [हिं० घोलना] १. किसी वस्तु को जल में घोलकर बनाया हुआ मिश्रण। जैसे—अफीम या भाँग का घोला।

मुहा०—**घोले में डालना**=(क) रोक या फँसा रखना। उलझन में डाल रखना। (ख) किसी काम में टाल-मटोल करना। **घोले में पड़ना**=झंझट या बखेड़े में पड़ना। ऐसे काम में फँसना जो जल्दी पूरा न हो।

२. वह नाली जिससे खेत सींचने के लिए पानी ले जाते हैं। बरहा।

घोलुआ (लुवा)†—वि० [हिं० घोलना+उवा (प्रत्य०)] घोला हुआ। जो घोल कर बनाया गया हो।

पुं० १. सब्जी, मांस आदि का रसा या शोरबा। २. पीने की तरल ओषधि। ३. पानी में कोई चीज (जैसे—अफीम, भाँग, सीमेंट) घोल कर बनाया हुआ मिश्रण। ४. मिट्टी का पुरवा।

घोष—पुं० [सं०√घुष् (स्तुति आदि)+घञ्] १. अहीरों की बस्ती। आभीर-पल्ली। २. अहीर। ३. गोशाला। ४. छोटी बस्ती। गाँव। ५. बंगालियों की एक जाति। ६. शब्द। नाद। ७. जोर से की हुई पुकार। घोर शब्द। गर्जन। ८. किसी विशेष दल, पक्ष या सिद्धान्त की वह पुकार या पद जो जन-साधारण को अपनी ओर आकृष्ट

करने के लिए बनाया जाता है। नारा। (स्लोगान) ९. व्याकरण में शब्दों के उच्चारण में होनेवाला एक प्रकार का बाह्य प्रयत्न। ग, घ, ङ, ज, झ, ञ, ड, ढ, ण, द, ध, न, ब, भ, म, य, र, ल, व और ह का उच्चारण इसी प्रयत्न से होता है। १०. ईशान कोण का एक प्राचीन देश। ११. ताल के ६० मुख्य भेदों में से एक। (संगीत)

घोषक—पुं० [सं०√घुष्+ण्वुल्–अक] घोषणा करनेवाला अधिकारी या कर्मचारी।
वि० घोष करनेवाला।

घोषण—पुं० [सं०√घुष्+ल्युट्–अन] घोषणा करने की क्रिया या भाव।

घोषणा—स्त्री० [सं०√घुष्+णिच्+युच्–अन, टाप्] १. जन-साधारण को सुनाकर जोर से कही जानेवाली बात। २. सार्वजनिक रूप से निकली हुई राजाज्ञा। (प्रोक्लेमेशन) ३. मुनादी। दुग्गी।

घोषणा-पत्र—पु० [ष०त०] १. वह पत्र जिस पर कोई राजाज्ञा लिखी हो। २. वह पत्र जिस पर कोई व्यक्ति किसी बात की सत्यता घोषित करता हो। (प्रोक्लेमेशन)

घोषवत्ता—स्त्री० [सं० कर्म० स०] कड़ाई तोरई।

घोषवत्—वि० [सं० घोष+मतुप्, व आदेश] (शब्द) जिसमें घोष प्रयत्न-वाले अक्षर अधिक हों।

घोषवती—स्त्री०[सं० घोषवत्+ङीप्] वीणा।

घोषा—स्त्री०[सं० घोष+टाप्] सौंफ।

घोषाल—पुं०[सं० घोष] बंगाली ब्राह्मणों की एक जाति।

घोसना*—स्त्री०=घोषणा।

सं० घोषणा करना।

घोसी—पु० [सं० घोष] अहीर या ग्वाला (विशेषतः मुसलमान)।

घौर (र)—पु०=घौंद।

घौंद—पु० [देश०] फलों का बड़ा गुच्छा। गौंद। जैसे—केले का घौंद।

घौर (र)—पु०=घौंद।

घौरी—स्त्री० [फा० घूरी] १. कूड़े-कचरे की ढेरी। २. राशि। ढेर। ३. घौंदा। उदा०—काहूँ गही केश की घौरी।—जायसी।

घौह (र)—पु०[हिं० घाव] अमरूद, आम आदि का वह फल जिसमें दाग पड़ गया हो। चूटेल फल।

घ्न—वि० [स० पूर्वपद के साथ] नष्ट करनेवाला (यौ० शब्दों के अंत में) जैसे—कृमिघ्न, पापघ्न।

घ्यूँट†—पु०=घूँट।

घ्यूँटना†—स०=घूँटना।

घ्राण—स्त्री० [सं०√घ्रा (सूँघना)+ल्युट्–अन] [वि० घ्रेय] १ सूँघने की इन्द्रिय। नाक। २. सूँघने की शक्ति। ३. सुगंध।

घ्राणेन्द्रिय—स्त्री०[घ्राण-इन्द्रिय, ष० त०] सूँघने की इन्द्रिय अर्थात् नाक।

घ्रात—भू० कृ० [सं०√घ्रा+क्त] सूँघा हुआ।

घ्रातव्य—वि० [सं०√घ्रा+तव्यत्] सूँघे जाने के योग्य।

घ्राता (तृ)—वि०[स०√घ्रा+तृच्] सूँघनेवाला।

घ्राप्ति—स्त्री० [सं०√घ्रा+क्तिन्] सूँघने की क्रिया या भाव।

घ्रेय—वि० [स०√घ्रा+यत्] सूँघे जाने के योग्य। जो सूँघा जा सके।

ङ

ङ—व्यंजन वर्ण का पाँचवाँ और क-वर्ग का अन्तिम अक्षर या वर्ण। यह स्पर्श वर्ण है और इसका उच्चारण-स्थान कंठ और नासिका है। इसमें संवार, नाद, घोष और अल्पप्राण नामक प्रयत्न लगते हैं।

च

च—हिन्दी वर्ण-माला का छठा व्यंजन जो उच्चारण तथा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से तालव्य, स्पर्शसंघर्षी, अल्पप्राण और अघोष माना गया है।

चंक—वि० [सं० चक्र] १. पूरा-पूरा। २. समूचा। सारा। समस्त।
पुं० उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के किसानों का एक उत्सव जो फसल कटने पर होता है।

चंकबर—पुं० दे० 'चकबँड'।

चंकुर—पुं० [सं०√चंक् (घूमना)+उरच्] १. रथ। यान। २. देह। वृक्ष।

चंकमण—पुं०[सं०√क्रम् (गति)+ल्युट्, द्वित्वादि,+ल्युट्–अन] [वि० चंकमित] १. धीरे-धीरे टहलना। घूमना। सैर करना। २. बहुत अधिक या बार-बार घूमना। ३. घूमने, चलने या सैर करने का स्थान। (बौद्ध)

चंग—वि० [सं०√चक् (तृप्त होना)+अच्, नि० सिद्धि] १. दक्ष। कुशल। २. स्वस्थ। तंदुरुस्त। ३. सुन्दर।
स्त्री०[फा०] १. डफ की तरह का एक प्रकार का बाजा। २. बड़ी गुड्डी। पतंग।

मुहा०—(किसी की) चंग उमहना या चढ़ना=(क) किसी बात की अधिकता या जोर होना। (ख) किसी व्यक्ति का प्रताप या वैभव बढ़ा हुआ होना। (ग) किसी व्यक्ति की इच्छा पूरी करनेवाली बात होना या ऐसी बात का अच्छा अवसर मिलना। उदा०—त्यों पद्माकर दीन्ह मिलाइ कौं चंग चबाइन की उमही है।—पद्माकर। **(किसी की) चंग पर चढ़ाना**=कोई काम करने के लिए किसी को बहुत अधिक बढ़ावा देना। मिजाज या हौसला बढ़ाना।
३. वीन, सितार आदि बाजों का ऊँचा या चढ़ा हुआ स्वर। ४. गंजीफे के आठ रंगों में से एक। ५. तिब्बत में होनेवाला एक प्रकार का जौ। ६. भूटान में बननेवाली एक प्रकार के जौ की शराब।

चंगना—स०[फा० चंग या तग] १. कसना। खींचना। २. तंग या परेशान करना।

चंगवाई—स्त्री० [हिं० चंग+वाई] एक वात रोग जिसमें हाथ, पैर आदि अकड़ जाते हैं।

चंगला—स्त्री० [सं०?] एक रागिनी जो मेघराग की पुत्रवधू कही गयी है।

चंगा—वि० [सं० प्रा० चंग; ब० चाना; कच०चांगु; पं० चंगा; सि० चंगी; गु० चांगी; मरा० चांग, चांगलें] [स्त्री० चंगी] १. तंदुरुस्त। नीरोग। स्वस्थ। जैसे—रोगी को चंगा करना। २. अच्छा। उत्तम। बढ़िया या श्रेष्ठ। जैसे—चंगा खेल, चंगा विचार। ३. निर्विकार और पवित्र। शुद्ध। जैसे—मन चगा तो कठौती मे गंगा। (कहा०) अव्य० [पं०] अच्छा।

चंगु—पुं० [हिं० चौ =चार+अगु] १. चंगुल। (दे०) २. पकड़ रखने की क्रिया या भाव। पकड़। ३. अधिकार। वश।

चंगुल—पु० [हिं० चौ =चार+अगुल वा फा० चंगाल] १. पक्षियों (जैसे —कौआ, चील आदि) तथा पशुओं (जैसे— चीते, शेर आदि) का टेढ़ा पंजा जिससे वे किसी पर प्रहार करते अथवा कोई चीज पकड़ते हैं। २. हाथ की उँगलियों को हथेली की ओर कुछ झुकाने पर बननेवाली एक विशिष्ट मुद्रा जो कोई चीज पकड़ने के समय स्वभावतः बन जाती है। जैसे—एक चगुल आटा उठा लाओ। ३. किसी व्यक्ति के प्रभाव अथवा वश मे होने की वह स्थिति जिसमें से निकलना सहज न हो। मुहा०—(किसी के) चंगुल में फँसना =पूरी तरह से किसी के अधिकार या वश मे पड़ना या होना।

चँगेर—स्त्री० [सं० चगेरिका] १. बाँस की खमाचियों की बनी हुई छोटी डलिया जिसमें फल, फूल, मिठाइयाँ आदि रखते हैं। २. धातु आदि का बना हुआ उक्त प्रकार का पात्र। ३. पानी भरने की चमड़े की मशक। पखाल। ४. पालने की तरह की वह टोकरी जिसमें बच्चे लेटाकर झुलाये और सुलाये जाते हैं।

चँगेरा—पु० [स्त्री० चँगेरी] बड़ी चँगेर।

चँगेरिक—पु० [सं०?] [स्त्री० चँगेरिका?] बड़ी चँगेर। टोकरा। डला।

चँगेरी†—स्त्रा० =चँगेर।

चँगेल—स्त्री० [देश०] खँडहरों आदि में होनेवाली एक प्रकार की घास।
†स्त्री० =चँगेर।

चँगेली—स्त्री० =चँगेर।

चंच—पु० [सं० √चंच् (हिलना-डुलना)+अच्] पाँच अगुल की एक नाप।
†पुं० =चंचु।

चंचत्पुट—पु० [सं०√चंच्+शतृ, चचत्-पुट, ब०स०] संगीत में, एक ताल जिसमें पहले दो गुरु, तब एक लघु, फिर एक प्लुत मात्रा होती है।

चँचरी—स्त्री० [देश०] १. पत्थर के ऊपर से होकर बहनेवाला पानी। २. एक प्रकार की चिड़िया जो जमीन पर घास के नीचे घोंसला बनाती है। ३. अनाज का वह दाना जो कूटने-पीटने पर भी बाल में लगा रह जाता है। कोनी। बूदरी।

चंचरी—स्त्री० [सं०√चर् (गति)+अच्, नुक्, ह्रित्वादि, +टक्-ङीप्] १. भौंरी। भ्रमरी। २. चार चरणों का एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रम से रगण, सगण, दो जगण, भगण और तब फिर रगण होता है। ३. छियालिस मात्राओंवाला एक प्रकार का छंद। ४. चाँचर नामक गीत।

चंचरीक—पु० [सं० √चर्+ईकन्, नि० सिद्धि] [स्त्री० चंचरीकी] भौंरा। भ्रमर।

चंचरीकावली—स्त्री० [स० चंचरीक-आवली, ष० त०] १. भौंरो की अवली, पंक्ति या समूह। २. तेरह अक्षरों के एक वर्णवृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः यगण, मगण, दो रगण और एक गुरु होता है।

चंचल—वि० [स० √चंच् (चलना)+अलच्] [स्त्री० चचला, भाव० चंचलता] १. जो एक स्थान पर खड़ा, स्थित या स्थिर न रहकर बराबर इधर-उधर आता-जाता, चलता-फिरता अथवा हिलता-डुलता रहता हो। जैसे—चचल युग, चंचल पवन। २. जिसमें स्थायित्व न हो। ३. (व्यक्ति) जो एक न एक काम, बात आदि में स्वभावतः फँसा या लगा रहता हो। चुलबुला। ४. जो स्थिरचित्त अथवा एकाग्र होकर कोई काम न करता हो। जैसे—चंचल बालक। ५ नटखट। शरारती। ६ जो शांत न हो। उद्विग्न। विकल। जैसे—चचल हृदय।
पु० १. वायु। हवा। २. उपद्रवी, कामुक या रसिक व्यक्ति।

चंचलता—स्त्री० [स० चंचल+तल्—टाप्] १. चंचल होने की अवस्था या भाव। अस्थिरता। २ चपलता। ३. पाजीपन। शरारत। ४. उद्विग्नता।

चंचलताई*—स्त्री० =चंचलता।

चंचला—स्त्री० [स० चंचल+टाप्] १ लक्ष्मी। २. बिजली। विद्युत्। ३ पिप्पली। ४. चार चरणों का एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे रगण, जगण, रगण, जगण, रगण और लघु होता है।

चंचलाई*—स्त्री० = चंचलता।

चंचलास्य—पु० [चचल-आस्य, ब० स०] एक प्रकार का गध-द्रव्य।

चंचलाहट—स्त्री० = चचलता।

चंचली—स्त्री० [स० चचरी, रस्य ल:] चंचरी नामक वर्णवृत्त का दूसरा नाम।

चंचा—स्त्री० [स० चंच+टाप्] १.घास-फूस का पुतला जो खेतों में पक्षियों आदि को डराने के लिए लगाया जाता है। २. बाँस, बेत आदि की बनी हुई चटाई, टोकरी आदि।

चंचा-पुरुष—पु० [कर्म० स०] दे० 'चचा' १.

चंचु—पुं० [स० √चंच्+उन्] १. चँच नाम का साग। २ रेंड़ का पेड़। ३. हिरन।
स्त्री० १. पक्षियों की चोंच। २. किसी चीज के आगे का नुकीला भाग। (बीक)

चंचुका—स्त्री० [स० चचु+कन्—टाप्] चोंच।

चंचु-पत्र—पु० [ब० स०] चँच नाम का साग।

चंचु-पुट—स्त्री० [ष० त०] पक्षियों की चोंच।

चंचु-प्रवेश—पुं० [ष० त०] किसी चीज या बात में होनेवाला बहुत थोड़ा ज्ञान, प्रवेश या सम्पर्क।

चंचूपत्र—पुं० [सं०चंचु√भृ (भरना)+क्विप्, उप० स०] चिड़िया। पक्षी।

चंचूभाक् (क्त)—पुं० [सं० चंचु+भतृप्] पक्षी।

चंचुर—वि० [सं०√चंच्+उरच्] दक्ष। निपुण।
पु० चँच नाम का साग।

चंचुल—पुं० [सं० चंचुर, र को ल] हरिवंश के अनुसार विश्वामित्र के एक पुत्र का नाम।

चंचू—स्त्री० [सं० चंचु+ऊङ्] चोंच।

चंचू-चुंची—पुं० [ब० स०] हंस की जाति का एक पक्षी। वक्रतुंड। कारंडव।

चँचोरना—स० = चिचोड़ना।

चंट—वि० [स० चड] चालाकी अथवा धूर्तता से अपना काम निकाल लेनेवाला। बहुत बड़ा चालाक या धूर्त।

चंड—वि० [स० √चंड् (क्रोध करना) + अच्] [स्त्री० चडा] १. बहुत अधिक तेज या प्रखर। बहुत उग्र या तीव्र। २. प्रबल। बलवान्। ३ बहुत कठिन। विकट। ४. उग्र, उद्धत या क्रोधी स्वभाववाला।

पुं० १. ताप। गरमी। २. क्रोध। गुस्सा। ३. शिव। ४. कार्तिकेय। ५. यम का एक दूत। ६. एक दैत्य जो दुर्गा के हाथों से मारा गया था। ७. शिव का एक गण। ८. एक भैरव का नाम। ९ विष्णु का एक पार्षद। १०. इमली का पेड़। ११ राम की सेना का एक बंदर। १२ कुबेर के आठ पुत्रों में से एक जो शिवपूजन के लिए सूँघकर फूल लाया था और इसी पर पिता के शाप से जन्मांतर में कंस का भाई हुआ था और कृष्ण के हाथ से मारा गया था।

चंडकर—पुं० [ब० स०] सूर्य।

चंडकौशिक—पु०[कर्म० स०] १ एक मुनि का नाम। २. राजा हरिश्चंद्र के चरित्र से संबंध रखनेवाला एक प्रसिद्ध नाटक। ३ वह साँप जिसने महावीर स्वामी के दर्शन करके दूसरों को काटना छोड़ दिया था। (जैन)

चंडता—स्त्री० [सं० चंड+तल्—टाप्] चंड होने की अवस्था या भाव।

चंडत्व—पु० [स० चड+त्व] =चंडता।

चंड-दीधिति—पु० [ब० स०] सूर्य।

चंड-नायिका—स्त्री० [कर्म० स०] १. दुर्गा। २. तांत्रिकों की आठ नायिकाओं में से एक जो दुर्गा की सखी कही गई है।

चंड-भार्गव—पुं० [कर्म० स०] च्यवन वंशी एक ऋषि जो महाराज जनमेजय के सर्प-यज्ञ के होता हुए थे।

चंड-मुंड—पु० [द्व० स०] चंड और मुंड नाम के दो राक्षस जो दुर्गा के हाथों मारे गये थे।

चंड-मुंडा—स्त्री० [स० चंडमुंड+अच्—टाप्] चामुंडा देवी।

चंडमुंडी—स्त्री० [स० चडमुंड+अच्—ङीप्] तांत्रिकों की एक देवी।

चंड-रसा—स्त्री० [ब० स०, टाप्]एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण और एक यगण होता है। इसी को चौबोला, शशिवदना और पादाकुलक भी कहते हैं।

चंड-वटिका—स्त्री० [कर्म० स०] तंत्र में एक प्रकार की सिद्धि जो अष्ट नायिकाओं के पूजन से प्राप्त होती है।

चंडवती—स्त्री० [सं० चंड+मतुप्—म =व—ङीप्] १. दुर्गा। २ तांत्रिकों की आठ नायिकाओं में से एक।

चंड-वात—पु० [कर्म० स०] कुछ अधिक तेज चलनेवाली वह आँधी जिसके बीच-बीच में कुछ वर्षा भी होती है। तूफान। (टाइफून)

चंड-वृष्टि-प्रपात—पु० [चंड-वृष्टि, कर्म० स०, चडवृष्टि-प्रपात, ष० त०] एक प्रकार का दंडक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में दो नगण (।।।) और सात रगण (ऽ।ऽ) होते हैं।

चंडांशु—पु० [चड अशु ब० स०] सूर्य।

चंडा—स्त्री० [स० चंड+टाप्] १. उग्र स्वभाववाली स्त्री। २. तांत्रिकों की आठ नायिकाओं में से एक। ३. केवाँच। कौंछ। ४. चोर नामक गंध द्रव्य। ५. सफेद दूब। ६. सौंफ। ७. सोआ नाम का साग। ८. एक प्राचीन नदी।

चंडाई—स्त्री० [सं० चड+तल्] १. चंडता। २. क्षिप्रता। जल्दी। ३ उतावली। ४. प्रबलता। तेजी। ५. अत्याचार। उपद्रव।

चंडात—पुं० [सं० चंड √अत् (गति) +अण्, उप० स०] एक प्रकार की सुगंधित घास।

चंडातक—पु० [स० √अत् +ण्वुल्—अक, चंडा-आतक, ष० त०] एक प्रकार की छोटी कुरती या चोली।

चंडाल—वि० [सं० √चड् (कोप) +आलच्] [स्त्री० चडालिन, चंडालिनी] =चंडाल।

वि० बहुत ही निकृष्ट तथा नृशंस कर्म करनेवाला।

पु० १. एक बहुत निकृष्ट या निम्न जाति जिसकी उत्पत्ति शूद्र पिता तथा ब्राह्मणी माता से मानी जाती है। २ उक्त जाति का पुरुष।

चंडाल-कंद—पु० [मध्य० स०] एक प्रकार का कंद जो कफ-पित्त-नाशक तथा रक्त-शोधक माना जाता है।

चंडालता—स्त्री० [स० चडाल+तल्—टाप्] चंडाल या चांडाल होने की अवस्था, गुण या भाव।

चंडालत्व—पु० [स० चंडाल+त्व] =चंडालता।

चंडाल-पक्षी (क्षिन्)—पु० [कर्म० स०] कौआ।

चंडाल-बाल—पु० [हि० चंडाल+बाल] कुछ लोगों के माथे पर उगनेवाला वह कड़ा और मोटा बाल जो अशुभ फलदायक माना जाता है।

चंडाल-बल्लकी—स्त्री० = चंडाल-वीणा।

चंडाल-वीणा—स्त्री० [ष० त०] एक प्रकार का चिकारा या तँबूरा।

चंडालिका—स्त्री० [सं० चंडाल+ठन्—इक, टाप्] १. दुर्गा। २. चंडाल-वीणा। ३ एक प्रकार का वृक्ष जिसकी पत्तियाँ दवा के काम आती हैं।

चंडालिनी—पु० [स० चंडाल+इनि—ङीप्] १. चंडाल वर्ण की स्त्री। २ बहुत ही दुष्ट और निकृष्ट स्वभाववाली स्त्री। ३ वह दोहा जिसके आरंभ में जगण पड़ा हो। (अशुभ)

चंडावल—पु० [हि० चड+अवलि] १. सेना के पीछे का भाग। पीछे रहनेवाले सिपाही। हरावल' का विपर्याय। २ बहुत बड़ा योद्धा या वीर। ३ पहरेदार। सतरी।

चँडासा—पुं० [हि० चाँड =जल्दी+आसा (प्रत्य०)] किसी काम के लिए मचाई जानेवाली जल्दी।

मुहा०—चँडासा चढ़ाना = (क) बहुत जल्दी मचाना। (ख) कोई ऐसा काम या युक्ति करना जिससे किसी को विवश होकर कोई काम जल्दी करना पड़े।

चंडाह—पु० [देश०] गाढ़े की तरह का एक मोटा कपड़ा।

चंडि—स्त्री० [सं० √चड्+इन्] =चंडिका।

चंडिक—वि० [सं० चड+ठन्—इक] [स्त्री० चंडिका] १. कर्कश स्वभाववाला और दुष्ट। २ जिसके लिंग के आगे का चमड़ा कटा हो। जिसका खतना हुआ हो।

चंडिक-चंट—पु० [चंडिका-चंटा ब० स०] शिव।

चंडिका—स्त्री० [सं० चंडिक+टाप्] १. दुर्गा का एक रूप। २. बहुत कर्कशा और दुष्ट स्त्री। ३. गायत्री देवी।
वि० कर्कशा, दुष्टा और लड़ाकी।

चंडिमा (मन्)—स्त्री० [सं० चंड+इमनिच्] १. गरमी। ताप। २. उग्रता। तीव्रता। ३. क्रोध। गुस्सा। ४. निष्ठुरता। ५. आवेश। जोश।

चंडिल—पुं० [सं० √चंड्+इलच्] १. रुद्र। २. वधूआ नामक साग। ३. नापित। हज्जाम।

चंडी—स्त्री० [सं० चंड+ङीप्] १. दुर्गा का वह रूप जो उन्होंने महिषासुर के वध के लिए धारण किया था। २. बहुत ही उग्र स्वभाववाली, कर्कशा और दुष्टा स्त्री। ३. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः दो नगण, दो सगण और एक गुरु होता है।

चंडी-कुसुम—पुं० [ब० स०] १. कनेर का वह पौधा जिसमें लाल रंग के फूल लगते हैं। २. [मध्य० स०] उक्त प्रकार का फूल।

चंडी-पति—पुं० [ष० त०] शिव।

चंडीश—पुं० [चंडी-ईश, ष० त०] शिव।

चंडीसुर—पुं० [सं० चंडीश्वर] एक प्राचीन तीर्थ-स्थल।

चंडू—पुं० [स० √चंड्+उन्] १ चूहा। २ छोटा बंदर।

चंडू—पुं० [सं० चंड =तीक्ष्ण से ?] अफीम से बनाया हुआ एक प्रकार का अवलेह जो नशे के लिए तमाकू की तरह पीया जाता है।

चंडूखाना—पुं० [हिं० चंडू+खाना] वह स्थान जहाँ लोग इकट्ठे होकर चंडू पीते हैं।
पद—चंडूखाने की गप=बिलकुल झूठी और बे-सिर-पैर की खबर या गप।

चंडूबाज—पुं० [हिं० चंडू+फा० बाज (प्रत्य०)] वह व्यक्ति जो प्रायः चंडू पीता हो।

चंडूल—पुं० [देश०] १. मधुर स्वरवाली खाकी रंग की एक चिड़िया जो झाड़ियों, पेड़ों आदि में सुंदर घोंसला बनाकर रहती है। २ बहुत बड़ा बेवकूफ या मूर्ख आदमी।

चंडेश्वर—पुं० [चंड-ईश्वर, कर्म० स०] शिव का एक रूप।

चंडोग्रा—स्त्री० [चंडा-उग्रा, कर्म० स०] दुर्गा का एक रूप या शक्ति।

चंडोदरी—स्त्री० [चंड-उदर, ब० स० ङीप्] एक राक्षसी जिसे रावण ने सीता को समझाने के लिए नियत किया था।

चंडोल—पुं० [स० चन्द्र-दोल] १. हाथी के हौदे की तरह की एक प्रकार की पालकी जिसे चार आदमी उठाते हैं। २. मिट्टी का एक प्रकार का खिलौना। चौपड़ा।

चंद—पुं० [सं० √चंद् (आह्लादित करना) +णिच् +अच्] १. चंद्रमा। २. कपूर। ३. पिंगल में रगण का बलवर्ती भेद जिसमें दो लघु, एक दीर्घ और तब फिर दो लघु वर्ण होते हैं। (।ऽ।।)। जैसे—मुतली-धर। ४. लाहौर के रहनेवाले हिंदी के एक बहुत प्राचीन कवि जो दिल्ली के अंतिम हिंदू सम्राट् पृथ्वीराज चौहान की सभा में थे। इनका बनाया हुआ पृथ्वी राज रासो बहुत प्रसिद्ध महाकाव्य है। चंदबरदाई।
वि० [फा०] १. थिलती में थोड़ा। कुछ। २. कई। जैसे—चंद आदमी आने को हैं।

चंदक—पुं० [सं० √चंद् +णिच् + ण्वुल्—अक] १. चंद्रमा। २. चाँदनी। ज्योत्स्ना। ३. चाँद या चाँदा नाम की छोटी मछली। ४. सिर पर पहना जानेवाला एक अर्द्धचंद्राकार गहना। ५. उक्त गहने के आकार की कोई रचना जो मालाओं आदि के नीचे शोभा के लिए लगाई जाती है। ६. एक प्रकार की मछली।

चंदक-पुष्प—पुं० [मध्य० स०] १. लौंग। लवंग। २. [ष० त०] चंद्रकला।

चंदन—पुं० = चंदन।

चंद-बर—पुं० [सं० ष० त० ?] भूपद राग का एक भेद।

चंदन—पुं० [सं० √चंद् +णिच् +ल्युट्—अन] १. दक्षिण भारत में उगनेवाला एक प्रसिद्ध पेड़ जिसके हीर की लकड़ी बहुत सुगंधित होती है। गंधसार। मलयज। श्रीखंड। २. उक्त वृक्ष की लकड़ी। ३. उक्त लकड़ी को जल में घिस या रगड़कर बनाया हुआ गाढ़ा घोल या लेप जिसका टीका आदि लगाया जाता है।
मुहा०—चंदन उतारना=पानी के साथ चंदन की लकड़ी को घिसना जिसमें उसका अंश पानी में घुल जाय। **चंदन चढ़ाना**=किसी चीज पर घिसे हुए चंदन का लेप करना।
४. गंध-प्रसारिणी लता। ५. छप्पय छंद के तेरहवें भेद का नाम। ६. एक प्रकार का बड़ा तोता जो उत्तरीय भारत, मध्य भारत, हिमालय की तराई, कांगड़ा आदि में होता है।
वि० १. बहुत ही शीतल और सुगंधित। २ उत्कृष्ट। उदा०—चंदन तेज त्यौं चंदन की रति . . .। भूषण।

चंदन-गिरि—पुं० [ष० त०] मलय पर्वत।

चंदन-गोह—स्त्री० [हिं० चंदन+गोह] १. चंदन के पेड़ पर रहनेवाली एक प्रकार की गोह। २. छोटी गोह।

चंदन-धेनु—स्त्री० [मध्य० स०] चंदन से लेपी हुई वह गौ जो सौभाग्यवती स्त्रीयाँ माता के उद्देश्य से (वृषोत्सर्ग की तरह) खुली छोड़ दी जाती है।

चंदन-पुष्प—पुं० [ष० त०] १. चंदन का फूल। २. [ब० स०] लौंग। लवंग।

चंदन-यात्रा—स्त्री० [ब० स०] वैशाख सुदी तीज। अक्षय तृतीया।

चंदनवती—वि० स्त्री० [सं० चंदन +मतुप्, वत्व, ङीप्] केरल देश की भूमि जहाँ चंदन के वृक्ष अधिकता से होते हैं।

चंदन-सारिवा—स्त्री० [उपमि० स०] एक प्रकार की सारिवा या अनंत-मूल की लता जिसमें चंदन की-सी सुगंध होती है।

चंदन-सार—पुं० [ष० त०] १. पानी के साथ घिसकर तैयार किया हुआ चंदन। २. [ब० स०] बजसार। ३. नौसादर।

चंदनहार—पुं० = चंदहार।

चंदना—स्त्री० [सं० चंदन +अच्—टाप्] =चंदन-डारिया।
स० [सं० चंदन] शरीर में चंदन पोतना या लगाना।
†पुं० = चंद्रमा।

चंदनादि—पुं० [चंदन-आदि, ब स०] वैद्यक में चंदन, खस, कपूर, बकुची, इलायची आदि पित्तशामक दवाओं का एक वर्ग।

चंदनादि-तैल—पुं० [ष० त०] वैद्यक में लाल-चंदन के योग से बननेवाला एक प्रसिद्ध तैल जो अनेक रोगों में शरीर पर मला जाता है।

चंदनी—वि० [हिं० चंदन+ई (प्रत्य०)] १ चंदन-संबंधी। चंदन का।

२. जिसमें चंदन की सुगंध हो। ३. चंदन की लकड़ी के रंग का। कुछ लाली लिये हुए भूरा।

स्त्री० [स० चन्दन+ङीप्] रामायण के अनुसार एक प्राचीन नदी। पुं० शिव।

†स्त्री० = चाँदनी।

चंदनीया—स्त्री० [सं० √चंद्+अनीयर्+टाप्] गोरोचन।

चँदनौटा†—पुं० [हिं० चदन+औटा (प्रत्य०)] १. वह चकला जिस पर चदन घिसा जाता है। २ एक प्रकार का लहगा। उदा०—चंदनौटा खीरोदक फारी।—जायसी।

चंदनीता—पुं० =चँदनौटा।

चंदबान—पुं० [सं० चद्रबाण] एक प्रकार का बाण जिसके सिरे पर अर्द्धचद्राकार लोहे की गाँसी या फल लगा रहता था और जिससे शत्रुओं का सिर काटा जाता था।

चँदराना†—अ० [स० चंद्रमा] १. पागल या विक्षिप्त होना जो चंद्रमा का प्रभाव माना जाता है। २. जान-बूझकर अनजान बनना।

स० १. (किसी को) झूठा, पागल या मूर्ख बनाना। २ चकमा या धोखा देना।

चँदला—वि० [हिं० चाँद=खोपड़ी] जिसकी चाँद के बाल उड़ या झड़ गये हों। खल्वाट। गंजा।

चँदवा—पुं० [सं० चन्द्रक] १ एक प्रकार का छोटा मंडप जो राजाओं के सिंहासन या गद्दी के ऊपर चाँदी, सोने आदि की चार चोबों के सहारे ताना जाता है। चँदोवा। वितान। चदरछत। २. छाया आदि के लिए ताना जानेवाला लंबा-चौड़ा कपड़ा। ३. किसी चीज के ऊपरी भाग में लगाया जानेवाला कोई गोल या चौकोर टुकड़ा। ४. मोर की पूँछ पर की चंद्रिका। ५. एक प्रकार की मछली। चाँदा। ६. तालाब मे का वह गहरा गड्ढा जिसमे मछलियाँ फँसाकर पकड़ी जाती हैं।

चंदस्तिरी—स्त्री० [स० चंद्र-श्री] एक प्रकार का बड़ा गहना जो हाथी के मस्तक पर बाँधा या पहनाया जाता है।

चंदा—पुं० [स० चन्द्र] चंद्रमा। जैसे—चंदा मामा, दौड़ि आ। दूध भरी कटोरिया।

पुं० [फा० चद] १. किसी परोपकारी अथवा सार्वजनिक कार्य के लिए दी या माँगी जानेवाली व्यक्तिगत आर्थिक सहायता। जैसे—मंत्री जी ने अनाथालय के निर्माण के लिए सभी भाइयों से चदा देने की अपील की है। २. वह नियत धन जो किसी अवधि के लिए किसी संस्था को उसके सदस्य आदि बने रहने अथवा किसी पत्र-पत्रिका के ग्राहक बने रहने के लिए देना पड़ता है। जैसे—इस पत्रिका का वार्षिक चंदा ५) है। (सब्स्क्रिप्शन; उक्त दोनों अर्थों में) ३. किसी प्रकार का बीमा कराने पर उसके लिए समय समय पर दिया जानेवाला धन। (प्रीमियम)

चंदामामा—पुं [हिं० चंदा=चाँद+मामा] बच्चों को बहलाने का एक प्रिय पद जो उनके लिए चंद्रमा का वाचक होता है।

चंदावत—पु० [स० चन्द्र] क्षत्रियों की एक जाति।

चंदावती—स्त्री० [सं० चद्रवती] संगीत मे एक रागिनी जो श्रीराग की सहचरी कही गई है।

चंदावल—पु० [फा०] वे सैनिक जो सेना के पीछे रक्षा के लिए चलते हैं। चंडावल। 'हरावल' का विपर्याय।

चंदिका—स्त्री० चंद्रिका।

चंदिनि, चदनी†—स्त्री० [स० चंद्रिका] १ चाँदनी। चंद्रिका। २. बिछाने की चाँदनी।

चँदिया—स्त्री० [हिं० चाँद का अल्पा०] १ सिर का मध्यभाग। खोपड़ी। चाँद।

मुहा०—चँदिया पर बाल तक न छोड़ना—(क) सिर पर जूते, थप्पड़ आदि मार-मारकर सिर गंजा कर देना। (ख) सर्वस्व छीन या लूट लेना।

चँदिया मूड़ना—चँदिया पर बाल तक न छोड़ना।

२. वह छोटी रोटी जो सब के अन्त मे बचे हुए आटे और पनेथन से बनाई जाती है। ३ तालाब के नीचे का गहरा गड्ढा। ४. चाँदी की छोटी टिकिया।

चंदिर—पु० [स० √चद्+किरच्] १ चद्रमा। २ हाथी। ३ पूरक।

चंदिरा—स्त्री० [स० चंद्रिका] चद्रमा का प्रकाश। ज्योत्स्ना। चाँदनी। उदा०—शरद चदिरा उतर रही धीरे धरती पर।—पत।

चंदे—अ०य० [फा०] १ थोड़े मे। कुछ। २ थोड़ी देर तक।

चँदेरी—स्त्री० [सं० चेदि या हिं० चदेल] राजस्थान के अतर्गत एक प्राचीन नगरी जो शिशुपाल की राजधानी थी।

चँदेरीपति—पु० [हिं० चदेरी+सं० पति] चँदेरी का राजा, शिशुपाल।

चंदेल—पु० [सं० चेदि से] [स्त्री० चदेलिन] क्षत्रियों की एक जाति या शाखा।

चंदेलवरी—स्त्री० चँदेरी। उदा०—प्रोहित चदेलरी पुरी।—प्रिथीराज।

चँदोआ†—पु० =चँदवा।

चँदोवा†—पु० =चँदवा।

चंद्र—पु० [स० √चंद्+रक्] १ चद्रमा। २ जल। पानी। ३. कपूर। ४. सोना। स्वर्ण। ५ रोचनी नाम का पौधा। ६. पुराणानुसार १८. उपद्वीपो मे से एक। ७ लाल रग का मोती। ८. हीरा। ९ मृगशिरा नक्षत्र। १०. नेपाल का एक पर्वत। ११ मोर की पूँछ की चंद्रिका। १२. सानुनासिक वर्ण के ऊपर लगाई जानेवाली बिंदी। १३ हठ योग मे, (क) इडा नाड़ी। (ख) नाभि-मूल मे स्थित वह गाठ जिसमे से अमृत या सोम नामक रस निकलता है। १४ रहस्य सप्रदाय में, ज्ञान।

स्त्री० चंद्रभागा में गिरनेवाली एक नदी।

वि० १. आनंददायक। २ सुदर। ३ श्रेष्ठ।

चंद्रक—पुं० [सं० चंद्र+कन्] १. चंद्रमा। २. चद्रमा की तरह का घेरा या मडल। ३. चंद्रिका। चाँदनी। ४. मोर की पूँछ पर की चंद्रिका। ५. नाखून। नख। ६. कपूर। ७. सफेद मिर्च। ८. सहिजन। ९. जल। पानी। १० एक प्रकार की मछली। ११ एक राग जो मालकोश का पुत्र कहा गया है।

चंद्रकर—पुं० [ष० त०] १. चन्द्रमा की किरण। २. चाँदनी। चंद्रिका।

चंद्र-कला—स्त्री० [ष०त०] १. चद्रमा की १६ कलाएँ या भाग जिनके नाम ये हैं—पूषा, यशा, सुमनसा, रति प्राप्ति, धृति, क्षुद्धि, सौम्या, मरीचि, अंशुमालिनी, अंगिरा, शशिनी, छाया, संपूर्णमंडला, तुष्टि और अमृता। २. उक्त कलाओ में से कोई एक या प्रत्येक। ३. चद्रमा की किरण। ४. माथे पर पहनने का एक गहना। ५. एक प्रकार का छोटा ढोल। ६. एक प्रकार की मछली। बचा। ७. एक प्रकार का सवैया छंद जिसके प्रत्येक चरण में आठ सगण और एक गुरु होता है।

इसका दूसरा नाम सुन्दरी भी है। ८. संगीत में एक प्रकार का सात-ताला ताल जिसमें तीन गुरु और तीन प्लुत के बाद एक लघु होता है। ९. मोर की पूँछ पर की चंद्रिका। १०. एक प्रकार की बंगला मिठाई।

चंद्रकला-धर—पुं० [ष०त०] महादेव। शिव।

चंद्र-कांत—पुं० [उपमि०स०] १. एक प्रकार की प्रसिद्ध कल्पित मणि जो लोक प्रवाद के अनुसार चंद्रमा की किरणें पड़ने पर पसीजने लगती है। २. चंदन। ३. कुमुद। ४. एक राग जो हिंडोल राग का पुत्र कहा गया है। ५. लक्ष्मण के पुत्र चंद्रकेतु की राजधानी का नाम।

चंद्र-कांता—स्त्री० [ष०त०] १. चंद्रमा की स्त्री। २. रात्रि। रात। ३. मल्ल प्रदेश की एक प्राचीन नगरी। ४. वे वर्ण-वृत्त जिनमें पन्द्रह अक्षर होते हों।

चंद्र-कांति—स्त्री० [ब०स०] १. चाँदी। रजत। २. [ष० त०] चाँदनी। चंद्रिका।

चंद्र-काम—पु० [मध्य० स०] तंत्र में वह मानसिक कष्ट या पीड़ा जो किसी पुरुष को उस समय होती है जब कोई स्त्री उसको वशीभूत करने के लिए मंत्र-तंत्र आदि का प्रयोग करती है।

चंद्रकी (किन्)—वि० [सं० चंद्रक+इनि] चंद्रक से युक्त।
पुं० मयूर। मोर।

चंद्र-कुमार—पुं० [ष०त०] बुध ग्रह, जो चंद्रमा का पुत्र माना जाता है।

चंद्र-कुल्या—स्त्री० [ष० त०] कश्मीर की एक प्राचीन नदी।

चंद्र-कूट—पुं० [ष०त०] कामरूप देश का एक पर्वत।

चंद्र-केतु—पु० [ब०स०] लक्ष्मण का एक पुत्र, जिसे चंद्रकांत प्रदेश का राज्य मिला था।

चंद्र-क्रीड—पुं० [ब०स०] संगीत में एक प्रकार का ताल।

चंद्र-क्षय—पु० [ष०त०] अमावास्या।

चंद्र-गिरि—पु० [ष०त०] नैपाल का एक पर्वत जो काठमांडू के पास है।

चंद्र-गुप्त—पुं० [तृ०त०] १. चित्रगुप्त। २. मगध देश का प्रथम मौर्यवंशी राजा जिसकी राजधानी पाटलिपुत्र में थी और जिसने यूनानी राजा सील्यूकस पर विजय प्राप्त करके उसकी कन्या ब्याही थी। समुद्रगुप्त इसी का पुत्र था।

चंद्र-गृह—पुं० [ष०त०] कर्क राशि।

चंद्र-गोल—पुं० [कर्म०स०] १. चंद्र-मंडल। २. चंद्रलोक।

चंद्र-ग्रह—पुं०=चंद्रग्रहण।

चंद्र-ग्रहण—पुं० [ष०त०] १. चंद्रमा की वह स्थिति जिसमें उसका कुछ या सारा बिंब पृथ्वी की छाया पड़ने के कारण दिखाई नहीं देता। २. हठयोग की परिभाषा में वह अवस्था जब प्राण इड़ा नाड़ी के द्वारा कुंडलिनी में पहुँचते हैं।

चंद्र-चंचल—पुं० [उपमि०स०] खरतल या चंद्रक नाम की मछली।

चंद्र-चित्र—पुं० [ष०त०] वाल्मीकि रामायण में उल्लिखित एक देश।

चंद्र-चूड़—पुं० [ब०स०] (मस्तक पर चंद्रमा धारण करनेवाले) शिव। महादेव।

चंद्र-चूड़ामणि—पुं० [ब०स०] १. फलित ज्योतिष में ग्रहों का एक योग। जब नवम स्थान का स्वामी केन्द्रस्थ हो तब यह योग होता है। २. महादेव।

चंद्रज—पुं० [सं० चंद्र√जन् (उत्पन्न होना)+ड, उप०स०] बुध ग्रह, जो चंद्रमा का पुत्र माना जाता है।

चंद्रजोत—स्त्री० [सं० चंद्रज्योति] १. ज्योत्स्ना। चाँदनी। २ एक प्रकार की आतिशबाजी।

चंद्र-ताल—पुं० [मध्य०स०] एक प्रकार का बारहताला ताल जिसे परम भी कहते हैं। (संगीत)

चंद्र-तारा—स्त्री० [ष० त०] चंद्रमा की पत्नियाँ।
विशेष—आकाशस्थ २७ नक्षत्र ही जो दक्ष की कन्याएँ कही जाती हैं, चंद्रमा की पत्नियाँ मानी गई हैं।

चंद्र-दृष्टि—स्त्री० [ष० त०] १. चंद्रमा का प्रकाश या किरण। चाँदनी। २. चंदन वृक्ष की लकड़ी।

चंद्र-धनु (नु)—पुं० [मध्य० स०] रात के समय चंद्रमा के प्रकाश में दिखाई देनेवाला इंद्रधनुष।

चंद्र-धर—वि० [ष० त०] चंद्रमा को धारण करनेवाला।
पुं० महादेव।

चंद्र-पंचांग—पुं० [मध्य०स०] वह पंचांग जिसमें महीनों की तिथियों का आरंभ चान्द्रमास के अनुसार अर्थात् प्रतिपदा से होता हो।

चंद्र-पर्णी—स्त्री० [ब० स०, ङीप्] प्रसारिणी लता।

चंद्र-पाद—पुं० [ष० त०] चंद्रमा की किरणें।

चंद्र-पाषाण—पुं० [मध्य०स०] चंद्रकांत मणि।

चंद्र-पुत्र—पु० [ष०त०] बुध ग्रह, जो पुराणानुसार चंद्रमा का पुत्र माना गया है।

चंद्र-पुष्पा—स्त्री० [ब० स०, टाप्] १. चाँदनी। २. सफेद भटकटैया। ३. बकुची।

चंद्र-पुरी—स्त्री० [सं० चंद्र+देश० पूर] गरी के योग से बननेवाली एक प्रकार की बंगला मिठाई।

चंद्र-प्रभ—वि० [ष०स०] जिसमें चंद्रमा की-सी प्रभा या ज्योति हो।
पुं० १. जैनों के आठवें तीर्थंकर जो महासेन के पुत्र थे। २. तक्षशिला के एक प्राचीन राजा।

चंद्र-प्रभा—स्त्री० [ष०त०] १. चंद्रमा की प्रभा। चाँदनी। २. [ब० स०] बकुची नामक ओषधि। ३. वैद्यक की एक प्रसिद्ध गुटिका जो अर्श, भगंदर आदि के रोगियों को दी जाती है।

चंद्र-प्रासाद—पुं० [मध्य० स०] छत के ऊपर का वह कमरा जिसमें बैठकर लोग चाँदनी का आनंद लेते हैं।

चंद्र-बंधु—पुं० [ष०त०] १. चंद्रमा का भाई शंख (क्योंकि चंद्रमा के साथ वह भी समुद्र में से निकला था)। २. [ब०स०] कुमुद, जो चंद्रमा के निकलने पर खिलता है।

चंद्र-बधूटी—स्त्री० =चंद्रबधू।

चंद्र-बाण—पुं० [मध्य०स०] पुरानी चाल का एक बाण जिसका फल अर्द्ध-चंद्राकार होता था।

चंद्र-बाला—स्त्री० [ष०त०] १. चंद्रमा की पत्नी। २. चंद्रमा की किरण। ३. बड़ी इलायची।

चंद्र-बिंब—पुं० [ष०त०] दिन के पहले पहर में गाया जानेवाला संपूर्ण जाति का एक राग जो हिंडोल का पुत्र कहा गया है।

चंद्रबोड़ा—पुं० [सं० चंद्र–बोड़ ?] एक प्रकार का अजगर।

चंद्र-भवन—पु०[ष० त०] संगीत में एक प्रकार का राग।
चंद्र-भस्म—पु०[उपमि०स०] कपूर।
चंद्र-मा—स्त्री० [ष०त०] १. चंद्रमा का प्रकाश। २. [ब०स०] सफेद भटकटैया।
चंद्र-भाग—पु०[ष०त०] १. चंद्रमा की कला। २. चंद्रमा की सोलह कलाओं के आधार पर सोलह की संख्या। ३. [ब०स०] हिमालय पर्वत का वह भाग जिसमें से चन्द्रभागा या चनाब नदी निकलती है।
चंद्र-भागा—स्त्री०[सं० चंद्रभाग+अच्—टाप्] पश्चिमी पंजाब (पाकिस्तान) में बहनेवाली प्रसिद्ध चनाब नदी का पुराना नाम जो उसके चंद्रभाग नामक हिमालय के एक शिखर से निकलने के कारण पड़ा था।
चंद्र-भाट—पुं०[सं०चंद्र+हिं० भाट] शिव और काली के उपासकों का एक सम्प्रदाय।
चंद्रभानु—पु०[स०] श्रीकृष्ण की पटरानी सत्यभामा के १० पुत्रों में से सातवें पुत्र का नाम।
चंद्र-माल—पु०[ब०स०] वह जिसके मस्तक पर चंद्रमा हो, अर्थात् महादेव।
चंद्र-माल—पु०[ब०स०] तलवार।
चंद्र-मूर्ति—स्त्री०[ब०स०] चाँदी।
चंद्र-भूषण—पु०[ब०स०] वह जिसका भूषण चंद्रमा हो, अर्थात् महादेव।
चंद्र-मंडल—पुं०[ष०त०] चंद्रमा का पूरा बिंब या मंडल।
चंद्र-मणि—पुं०[मध्य० स०] १. चंद्रकांत मणि। २. उल्लाला छंद का दूसरा नाम।
चंद्र-मल्लिका—स्त्री०[मध्य० स०] एक प्रकार की चमेली।
चंद्रमस्—पुं०[सं० चंद्र=आह्लादक√मि (मापना)+असुन्, म् आदेश] चद्रमा।
चंद्रमा—पु०[स० चंद्रमस्] पृथ्वी का एक प्रसिद्ध उपग्रह जो पृथ्वी से २५३०००मील दूर है और जिसका व्यास २१६० मील है तथा जिसके कारण रात के समय पृथ्वी पर चाँदनी या प्रकाश होता है और जो एक चांद्र मास में पृथ्वी की एक परिक्रमा करता है। चाँद। विधु। शशि।
चंद्र-मात्रा—स्त्री० [ष०त० ?] तालों के १४ भेदों में से एक। (संगीत)
चंद्रमा-ललाट—पु० [हिं० चंद्रमा+ललाट] शिव, जिनके ललाट पर चंद्रमा है।
चंद्रमा-ललाम—पु०[हिं० चंद्रमा+ललाम=तिलक] महादेव।
चंद्र-माला—स्त्री०[ष०त०] १. २८ मात्राओं का एक छंद। २. चंद्रहार।
चांद्रमास—पुं०=चांद्रमास।
चंद्र-मुकुट—पु०[ब०स०] शिव।
चंद्र-मुख—वि०[ब०स०] [स्त्री० चंद्रमुखी] चंद्रमा के समान सुन्दर मुखवाला।
चंद्र-मौलि—पुं०[ब०स०] शिव। महादेव।
चंद्र-रत्न—पु०[मध्य० स०] मोती।
चंद्र-रेख (ा)—स्त्री०[ष०त०] १. चंद्रमा की कला। २. चंद्रमा की किरण। ३. द्वितीया का चंद्रमा। ४. बकुची। ५. एक प्रकार का गहना। ६. एक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः यगण, रगण, भगण और दो यगण होते हैं।
चंद्र-ललाम—पु०[ब०स०] महादेव। शिव।
चंद्र-लेखा—स्त्री० =चंद्र-रेख।
चंद्र-लोक—पु०[ष०त०] १. आकाश-मंडल का वह क्षेत्र जिसमें चंद्रमा रहता है। चंद्रमा का लोक २. चन्द्रमा मे स्थित जगत् या संसार।
चंद्र-वंश—पुं०[ष०त०] क्षत्रियों का एक प्राचीन वंश जिसके आदि पुरुष राजा पुरूरवा थे।
चंद्रवंशी (शिन्)—वि०[सं०चंद्रवंश+इनि] १. चद्रवंश-सम्बन्धी २. क्षत्रियों के चद्रवंश मे जन्म लेनेवाला।
चंद्र-वदन—वि० [ब०स०] [स्त्री० चद्रवदनी] चंद्रमा के समान सुन्दर मुखवाला। परम सुन्दर।
चंद्र-बधू—स्त्री०[ष०त०] बीरबहूटी।
चंद्र-वर्त्म (र्त्मन्)—पु०[ष०त०] एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे रगण, नगण भगण और मगण (ऽ।ऽ ।।। ऽ।। ।।ऽ) होते हैं।
चंद्र-वल्लरी—स्त्री०[ष०त०] सोम लता।
चंद्र-वल्ली—स्त्री०[ष०त०] १ सोम लता। २ माधवी लता। २. ३. प्रसारिणी नाम की लता।
चंद्रवा—पुं०=चँदवा।
चंद्र-वार—पु०[ष०त०] सोमवार।
चंद्र-बिंदु—पु०[मध्य०स०] लिखने मे अर्द्धचद्राकार युक्त वह बिन्दु जो सानुनासिक वर्ण के ऊपर लगता है। जैसे—'साँस' मे के ऊपर का'।
चंद्र-वेध—पुं०[ब०स०] शिव। महादेव।
चंद्र-व्रत—पुं०[ष० त०]=चांद्रायण (व्रत)।
चंद्रशाला—स्त्री०[स० चद्र√शाल् (शोभित होना)+अच्—टाप्, उप० स०] १. चाँदनी। चंद्रिका। २. छत के ऊपर का वह कमरा जिसमें बैठकर लोग चाँदनी रात का आनन्द लेते हों।
चंद्रशालिका—स्त्री०[सं० चद्रशाला+कन्—टाप्, ह्रस्व, इत्व]=चंद्रशाला।
चंद्र-शिला—स्त्री०[मध्य०स०] चंद्रकांत मणि।
चंद्र-शूर—पु०[स०त०?] हालो या हालम नाम का पौधा। चसुर।
चंद्र-शृंग—पु०[ष०त०] द्वितीया के चद्रमा के दोनो नुकीले छोर या भाग।
चंद्र-शेखर—पु०[ब०स०] १. महादेव, जिनके मस्तक पर चद्रमा है। २ एक पर्वत का नाम जो अराकान मे है। ३ एक प्राचीन नगर। ४. संगीत मे, एक प्रकार का सात-ताला ताल।
चंद्रसा—पु०[देश०] गधा बिरोजा।
चंद्र-सुत—पु०[ष०त०] बुध (ग्रह)।
चंद्र-हार—पु०[मध्य०स०] एक प्रकार का गले का हार जिसमें अर्द्ध-चंद्राकार धातु के कई टुकड़े लगे रहते हैं और बीच मे पूर्णचन्द्र के आकार का गोल टिकड़ा बना होता है।
चंद्र-हास—पुं०[ब०स०] १. खड्ग। तलवार। २. रावण की तलवार का नाम। ३. [ष०त०] चद्रमा का प्रकाश। चाँदनी।
चंद्रहासा—स्त्री०[स०चद्रहास+टाप्] सोमलता।
चंद्रांकित—पुं०[चंद्र-अंकित, तृ०त०] महादेव। शिव। वि०चंद्रमा की आकृति से अंकित या युक्त।
चंद्रांशु—पु०[चंद्र-अंशु, ष०त०] १.चंद्रमा की किरण। २. [ब०स०] विष्णु।
चंद्रा—स्त्री०[सं० चंद्र+टाप्] १. छोटी इलायची। २. चँदोआ। ३. गुडूची। गुरुच।

स्त्री०[सं० चंद्र] मरने के समय से कुछ पहले की वह अवस्था जिसमें आँखों की टकटकी बँध जाती है, गला कफ से बँध जाता है और बोला नहीं जाता।

चंद्रातप—पुं०[चंद्र-आतप, ष०त०] १. चाँदनी। चंद्रिका। २. [चंद्र-आ√तप्+अच्] चँदवा।

चंद्रात्मज—पुं०[चंद्र-आत्मज, ष०त०] बुध ग्रह।

चंद्रानन—वि०[चंद्र-आनन, ब०स०] [स्त्री० चंद्रानना] =चंद्रवदन। पुं०=कार्तिकेय।

चंद्रापीड़—पुं०[चंद्र-आपीड, ब०स०] १. शिव। महादेव। २. कश्मीर का एक प्रसिद्ध धर्मात्मा राजा जो प्रतापादित्य क. बड़ा पुत्र था और जो शकाब्द ६०४ में सिंहासन पर बैठा था।

चंद्रायण—पुं०=चांद्रायण।

चंद्रायतन—पुं०[ष० त०] चंद्रशाला।

चंद्रार्क—पुं०[चंद्र-अर्क, द्व० स०] १ चंद्रमा और सूर्य। २. चाँदी, ताँबे आदि के योग से बनी हुई एक मिश्र धातु।

चंद्रार्द्ध—पुं०[चंद्र-अर्द्ध, ष० त०] चंद्रमा का आधा भाग जो प्रायः छिलीया के दिन दिखाई देनेवाले रूप का होता है। अर्धचंद्र।

चंद्रार्द्ध-चूड़ामणि—पुं०[ब० स०] महादेव। शिव।

चंद्रालोक—पुं०[चंद्र-आलोक. ष० त०] १. चंद्रमा का प्रकाश। चाँदनी। चंद्रिका। २. कविवर जयदेव कृत संस्कृत का एक प्रसिद्ध अलंकार-ग्रंथ।

चंद्रावती—स्त्री० [चंद्र-आवर्त, ब०स० टाप्] एक प्रकार का वर्ण वृत्त जिसके प्रत्येक पद में ४ नगण पर एक सगण होता है और ८, ७ पर विराम। विराम न होने पर "शशिकला" (मनिगुणसरश्च) वृत्त होता है। इसका दूसरा नाम 'मणिगुणनिकर' है।

चंद्रावली—स्त्री०[चंद्र-आवली ष० त० ?] कृष्ण की सखी एक गोपी जो चंद्रभानु की कन्या थी।

चंद्रिका—स्त्री० [सं० चंद्र+ठन्—इक, टाप्] १. चंद्रमा का प्रकाश। चाँदनी। २. मोर की पूँछ पर का वह अर्द्धचंद्राकार चिह्न जो सुनहले मंडल से घिरा होता है। ३. इलायची। ४. चाँदा नाम की मछली। ५. चन्द्रभागा नदी। ६. कनफोड़ा नाम की बेल। ७. चमेली। ८. सफेद भटकटैया। ९. मेथी। १०. चंचुर या हालम पौधा। ११. एक प्रकार का वर्ण-वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में न, न, त, त, ग (।।। ।।। ऽऽ। ऽऽ। ऽ) और ७-६ पर यति होती है। १२. एक देवी का नाम। १३. माथे पर पहनने का टीका या बेंदी। १४. स्त्रियों के पहनने का एक प्रकार का मुकुट या शिरोभूषण जिसे चंद्रकला भी कहते थे।

चंद्रिकातप—पुं०[चंद्रिका-आतप, मयू० स०] चाँदनी। ज्योत्स्ना।

चंद्रिका-ग्राह—पुं०[ब०स०] चंद्रकांत मणि।

चंद्रिकाचायी (यिन्)—पुं०[सं० चंद्रिका√चा (चीना)+णिनि युच्, उप०स०] चकोर पक्षी जो चन्द्रमा से निकलनेवाले अमृत या रश्मि का पीनेवाला कहा गया है।

चंद्रिकाभिसारिका—स्त्री० [चंद्रिका-अभिसारिका, मध्य० स०]= शुक्लाभिसारिका (नायिका)।

चंद्रोत्सव—पुं०[चंद्रिका-उत्सव, मध्य० स०] शरत् पूर्णिमा के दिन होनेवाला एक प्राचीन उत्सव।

चंद्रिमा—स्त्री०=चंद्रिका।

चंद्रिल—पुं० [सं० चंद्र+इलच्] १. शिव। महादेव। २. नाई। हज्जाम। ३. बबूला नाम का साग।

चंद्रेष्टा—स्त्री० [चंद्र-इष्टा, ब०स०] कुमुदिनी।

चंद्रोदय—पुं०[चंद्र-उदय, ष० त०] १. चंद्रमा के उदित होने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. चँदोआ। ३. वैद्यक में एक रस।

चंद्रोपराग—पुं०[सं० चंद्र-उपराग, ष० त०] चंद्रमा को लगनेवाला ग्रहण। चंद्र-ग्रहण।

चंद्रोपल—पुं०[चंद्र-उपल, मध्य० स०] चंद्रकांत मणि।

चंद्रौल—पुं० [सं० चंद्र] राजपूतों की एक जाति।

चंप—पुं०[सं०√चंप्(गमन)+अच्] १. चंपा। २. कचनार।

चंपई—वि० [हिं० चंपा] चंपा के फूल के रंग का। पीले रंग का।

चंपक—पुं० [सं०√चंप्+ण्वुल्—अक] १. चंपा। २. चंपाकली। ३. चंपा केला। ४. सांख्य में एक सिद्धि जिसे रम्यक भी कहते हैं। ५. संपूर्ण जाति का एक राग जो रात के दूसरे पहर में गाया जाता है।

चंपक-माला—पुं०[ष० त०] १. चंपक के फूलों की माला। २. चपाकली। ३. चार चरणों का एक वर्ण-वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः भगण, मगण, सगण, और युग होता है।

चंपक-रंभा—स्त्री० [मध्य०स०] चंपा केला।

चंपकली—स्त्री० =चंपाकली।

चंपकारण्य—पुं० [चंपक-अरण्य, मध्य०स०] आधुनिक चम्पारन का पुराना नाम।

चंपकालु—पुं० [सं० चंपक√अल् (भूषित करना)+उण्] जाक या रोटी फल का पेड़।

चंपकावती—स्त्री० [सं० चंपक+मतुप्, वत्व, ङीप्, दीर्घ] चंपापुरी।

चंप-खोज—पुं०[ब०स०] कटहल।

चंपत—वि० [देश०] १. (व्यक्ति) जो बिना किसी से कुछ कहे अथवा अपना पता बतलाये कहीं चला अथवा भाग गया हो। २. (वस्तु) जो किसी स्थान पर से गायब कर दी गई हो।

चंपना—अ० [सं० चप्] १. बोझ पड़ने पर झुकना या दबना। २. उपकार, लज्जा आदि के कारण किसी के सामने झुकना या दबना। †स०=चाँपना।

चंपा—पुं०[सं० चंप+टाप्; प्रा० चंपअ, चपय; गु० चांपुं; पं० चंबा; म० चाँफा] [वि० चंपई] १. एक प्रकार का वृक्ष जिसमें उग्र गंधवाले पीले फूलोंके गुच्छे लगते हैं। २. उक्त वृक्ष का फूल। ३. बंगाल में होनेवाला एक प्रकार का केला। ४. एक प्रकार का घोड़ा। ५. एक प्रकार का रेशम का कीड़ा। ६. एक प्रकार का बहुत बड़ा सदाबहार पेड़ जो दक्षिण भारत में अधिकता से होता है। इसकी लकड़ी बहुत मजबूत होती और इमारत के काम के सिवा गाड़ी, पालकी, नाव आदि बनाने के काम में भी आती है। इसे 'सुल्ताना चंपा' भी कहते हैं।

स्त्री० अंग देश की पुरानी राजधानी का नाम।

चंपाकली—स्त्री०[हिं० चंपा+कली] गले में पहनने का एक आभूषण जिसमें चंपा की कली के आकार के सोने के टुकड़े रेशम के डोरे में पिरोये हुए रहते हैं।

चंपानुरी—स्त्री० [सं० मध्य० स०] अंग देश की पुरानी राजधानी, चंपा। कर्णपुरी।

चंपारण्य—पुं० [स० चंपा-अरण्य, मध्य० स०] प्राचीन काल का एक जंगल जो उस स्थान पर था जिसे आज-कल चंपारन कहते हैं।

चंपावती—स्त्री० [सं० चंपा+मतुप्, वत्व, ङीप्, दीर्घ] चंपा नगरी।

चंपू—पुं० [सं०√ चंप्+उ]नाटक का वह प्रकार या भेद जिसका कुछ अंश गद्य में हो और कुछ पद्य में।

चंपेल—पुं० [सं० चंपा-तेल] चमेली अथवा चंपा का तेल। (राज०)

चंपेली†—स्त्री०=चमेली।

चंपैली—स्त्री० [हिं० चांपना] जुलाहों के करघे की भँजनी में लगी हुई एक पतली लकड़ी।

चंबई—पुं० [चंबा प्रदेश से] एक प्रकार का गहरा पीरोजी रंग जिसमें कुछ नीली झलक होती है। (एज्यूरिअन)

वि० उक्त रंग का अथवा उक्त रंग में रंगा हुआ।

चंबल—स्त्री० [सं० चर्मण्वती] १. एक नदी जो विन्ध्य पर्वत से निकलकर इटावे के पास जमुना में मिली है। २ नहरों आदि के किनारे पर लगी हुई वह लकड़ी जिससे उनका पानी ऊपर चढ़ाया जाता है। ३. पानी की बाढ़।

क्रि० प्र०—आना।—लगाना।

पुं० [फा० चंबुल] [स्त्री० अल्पा० चंबली] १. भीख माँगने का कटोरा या खप्पर। भिक्षापात्र. २. चिलम के ऊपर का ढकना।

पु० [?] तलूए या हथेली में होनेवाला एक प्रकार का चर्म रोग जिसमें उनका चमड़ा फटने तथा सड़ने लगता है।

चंबी—स्त्री० [हिं० चाँपना] कागज या मोमजामे का वह तिकोना टुकड़ा जो कपड़ों पर रंग छापते समय उन स्थानों पर रखा जाता है जहाँ रंग चढ़ाना अभीष्ट नहीं होता। पट्टी। कतरनी।

चंबू—पुं०[?] १. एक प्रकार का थाल जो पहाड़ों पर बिना सीधी जमीन पर चैत में होता है। २. धातु का बना छोटे मुँहवाला एक प्रकार का लोटा या लुटिया जिससे देवमूर्तियों पर जल चढ़ाते हैं।

चंबेलिया†—वि०=चमेलिया।

चंबेली†—स्त्री०=चमेली।

चंवर—पु०[स० पा० प्रा० चामर, वै० चमर, उ० चाअर, पं० चौर, मरा० चौरी] [स्त्री० अल्पा० चँवरी] १. पशुओं मुख्यतः सुरा गाय की पूँछ के लंबे बालों का वह गुच्छा जो डंडे के अगले भाग में लगा होता है और जिसे देवमूर्तियों, धर्मग्रंथों, राजाओं आदि के ऊपर और इधर-उधर इसलिए डुलाया जाता है कि उन पर मक्खियाँ आदि न बैठने पावें।

क्रि० प्र०—डुलाना।—हिलाना।

२. घोड़ों, हाथियों आदि के सिर पर लगाई जानेवाली कलगी।

चंवर डार—पुं० [हिं० चँवर+डारना] चँवर डुलानेवाला सेवक।

चंवरी—स्त्री० [?] विवाह-मंडप। उदा०—चँवरी ही पहिचाणियौ, कँवरी मरणौ कत।—कविराजा सूर्यमल।

स्त्री०=छोटा चँवर।

चंसुर—पुं० [सं० चंचूर] एक प्रकार का पौधा जिसके पत्ते पतले और कटावदार होते हैं। इन पत्तों का साग बनाकर खाया जाता है। हालम। हाल्ली।

चइ—पुं० [अनु०] महावतों की बोली का एक आदेश-सूचक शब्द जो हाथी को घूमने के लिए कहा जाता है।

चइता†—पुं०=चैत।

चइना†—पु०=चैन।

चई—स्त्री० [सं० चव्य] चव्य या चाव नामक वनस्पति।

चउहान—पुं०=चौहान।

चउक—पु० =चौक।

चउकी†—स्त्री०=चौकी।

चउतरा†—पुं०=चबूतरा।

चउथा†—वि०, पु०=चौथा।

चउदस†—स्त्री०=चौदस।

चउदह†—वि०=चौदह।

चउपाई†—स्त्री० =चौपाई।

चउपारि—स्त्री० = चौपाल।

चउरं†—पुं० = चँवर।

चउरा—पुं० = चौरा।

चउरास्या—पु० = चौरासिया। उदा०—चउरास्या जे कै बसइ असेस। —नरपति नाल्ह।

चउहट्ट—पुं० =चौहट्ट।

चउहान०—पु० = चौहान।

चक—पुं० [सं० चक्र] १ चक्रवाक (पक्षी)। चकवा। २. २. चक्र नामक अस्त्र। ३. चाक। पहिया। ४. चकई नाम का खिलौना। ५. चक्र (दे०)। ६. जमीन का लंबा-चौड़ा बड़ा टुकड़ा।

पद—चकमेरी (देखें)।

७. छोटा गर्दभ। खेड़ा। ८. करघे की बैसर के कुलवाँसे से लटकती हुई रस्सियों से बँधा हुआ डंडा जिसके दोनों छोरों पर से चकडोर नीचे की ओर जाती है। ९. ओर। तरफ। दिशा। उदा०—पवन विचार चक चक्रमन चित्त चढ़ि भूतल अकास भर्मै धाम जल सील में।—केशव। १०. अधिकता। ज्यादती। बाहुल्य।

मुहा०—चक बँधना=बराबर अधिकता या वृद्धि होना।

११. अधिकार। प्रभुत्व।

मुहा०—चक जमना या बैठना=पूरी तरह से अधिकार या प्रभुत्व स्थापित होना।

१२. एक प्रकार का गहना जिसका आकार गोल और उभारदार होता है। (पंजाब)

वि० बहुत अधिक। भरपूर। यथेष्ट।

वि० =औचक।

पु० [सं०] साधु।

वि० खल। दुष्ट।

चकई—स्त्री० [हिं० चकवा] मादा चकवा। मादा सुरखाब।

स्त्री० [सं० चक्र] काठ का एक प्रसिद्ध खिलौना जो लगी हुई डोरी पर ऊपर-नीचे चढ़ता-उतरता है।

वि० चक्र के आकार का। गोल। जैसे—चकई आड़ या सेब।

चकचकाना—अ० [देश०] १. किसी तरल पदार्थ का किसी चीज में रस कर ऊपर या बाहर निकलना। २. भींग जाना। भींगना।

†अ० = चकना (चकित होना)।

चकमकी†—स्त्री० [अनु०] करताल नाम का बाजा।

चकमचाना†—अ० [देश०] अधिक प्रकाश में नेत्रों का चौंधियाना।

चकमाल†—स्त्री० [सं० चक+हिं० चाल] १. चक्र की गति या चाल। २. चक्कर। फेरा। ३. चक्की तरह घूमते रहने का भाव। ४. पार्थिव आवागमन के चक्र में पड़े या फँसे होने की अवस्था।

चकमाव*— पुं० = चकाचौंध।

चकमून—वि० [सं० चक्र-चूर्ण] १. चूर किया हुआ। चकनाचूर। अच्छी तरह पीस कर बारीक किया हुआ। २. अच्छी तरह तोड़ा-फोड़ा या चकनाचूर किया हुआ।

चक+चूर—वि० = चकचून।

चकचूरना*— स० [हिं० चक+चूरना] १. बहुत महीन पीसना या छोटे-छोटे टुकड़े करना। २. चकनाचूर करना।

चकचोह—स्त्री० = चुहल।

चकचोहा—वि० [हिं० चक (=भरपूर) + चोआ (=रस)] [स्त्री० चकचोही] १. रस से खूब भरा हुआ। २. चिकना-चुपड़ा।

स्त्री० [अनु०] हँसी-ठट्ठा। चुहल।

चकचौंध—स्त्री०=चकाचौंध।

चकचौंधना—अ० [सं० चक्षु और अंध] चकाचौंध होना।

स० चकाचौंध उत्पन्न करना।

चकचौंह—स्त्री०= चकाचौंध।

चका-चौबंद—वि० = चाक-चौबंद।

चकचौहना—अ० [हिं० चक + चौहना] चाह भरी दृष्टि से देखना। प्रेम-पूर्वक देखना।

चकचौहाँ—वि० [हिं० चकचौहना] १. जो नेत्रों को चौंधिया देता हो। २. बहुत ही प्रकाशपूर्ण या चमकीला। ३. सुंदर। सुहावना।

चकड़वा—पुं० = चकरवा।

चक-डोर—पुं० [हिं० चकई+डोर] १. चकई, लट्टू आदि घुमाने या नचाने की डोरी। २. जुलाहों के करघे की वह डोरी जिसमें बेसर बँधी रहती है।

चकडोल—स्त्री० [सं० चक्र-दोला] एक प्रकार की पुरानी चाल की पालकी। (राज०) उदा०—चकडोल लगै इभि भाँति सुँधाली।—त्रिथीराज।

चकत—स्त्री० [हिं० चकी =दाँतों की पकड़] दाँतों से कसकर पकड़ने की क्रिया या भाव। दाँतों की पकड़।

मुहा०—चकत मारना = दाँतों से पकड़कर मांस आदि नोचना।

चकताई†—पुं०=चकत्ता।

चकती—स्त्री० [सं० चक्रवत्] १. कपड़े, चमड़े, धातु आदि का गोल या चौकोर टुकड़ा। २. उक्त प्रकार का कटा हुआ वह टुकड़ा जो वैसी किसी दूसरी ही चीज की कटी-टूटी हुई जगह पर लगाया जाता है। जैसे—कपड़े या परात में लगाई हुई चकती।

मुहा०—आसमान या जमीन में चकती लगाना = (क) अनहोनी या असंभव काम या बात करने का प्रयास करना। (ख) बहुत बढ़-चढ़कर और अपनी शक्ति के बाहर की बातें करना।

३. दुंबे भेड़े की गोल चकाकार दुम।

चकत्ता—पुं० [सं० चक्रवत्त] १. रक्त-विकार आदि के कारण पड़ा हुआ शरीर पर बड़ा गोल दाग। चमड़े पर उभरा हुआ धब्बा या दाग। दद्दोरा। जैसे—कोढ़ या दाद होने पर शरीर में जगह-जगह चकत्ते पड़ जाते हैं। २. शरीर में गड़े या गड़ाये हुए दाँतों का चिह्न या निशान। जैसे—कुत्ते या बंदर के काटने से शरीर पर पड़नेवाला चकत्ता।

मुहा०—चकत्ता भरना या मारना = दाँतों से काटकर मांस निकाल लेना।

पुं० [तु० चगताई] १. मुगल या तातार अमीर चगताई खाँ जिसके वंश में बाबर, अकबर आदि मुगल बादशाह हुए थे। २. उक्त के वंश का कोई व्यक्ति। ३. बहुत बड़ा राजा। महाराज।

चकदार—पुं० [हिं० चक+फा० दार (प्रत्य०)] वह जो किसी दूसरे की जमीन पर कुआँ बनवाकर उस जमीन का लगान देता है।

चकना—अ० [सं० चक्र=भ्रांत] १. चकित या विस्मित होना। चौंधना होना। चकराना। २. भयभीत या सशंकित होना। ३. चौंकना।

चकनाचूर—वि० [हिं० चक =भरपूर+चूर] १. जिसके टूट-फूटकर बहुत से छोटे-छोटे टुकड़े हो गये हों। चूर-चूर। चूर्णित। २. लाक्षणिक रूप में, बहुत अधिक थका हुआ। बहुत शिथिल और श्रांत।

चकपक—वि० [सं० चक =भ्रांत] चकित। भौंचक्का। हक्का-बक्का।

स्त्री० चकित या विस्मित होने की अवस्था या भाव।

चकपकाना—अ० [सं० चक्र=भ्रांत] १. बहुत अधिक चकित या विस्मित होना। भौचक्का या हक्का-बक्का होना। २. भय या शंका से विकल होना। ३. चौंकना।

चकफेरी—स्त्री० [सं० चक्र, हिं० चक+हिं० फेरी] किसी वृत्त या मंडल के चारों ओर घूमने या फिरने की क्रिया या भाव। परिक्रमा। भँवरी।

क्रि० प्र०—करना।—खाना। —फिरना।—लेना।

चकबंद—स्त्री० [हिं० चक+बाँटना] बहुत से खेतों को कुछ आदमियों में बाँटने का वह प्रकार जिसमें कई खेतों के चक या समूह अलग-अलग हिस्सेदार को दिये जाते हैं।

चकबंदी—स्त्री० [हिं० चक+फा० बंदी] १. भूमि के बहुत बड़े खंड को छोटे-छोटे चकों या भागों में बाँटने की क्रिया या भाव। २. छोटे-छोटे खेतों को एक में मिलाकर उनके बड़े-बड़े चक या विभाग बनाने की क्रिया या भाव। (कन्सोलिडेशन आफ होल्डिंग्स)

चकमक—पुं० = चकमक।

चकबस्त—पुं० [फा०] १. चकों में बँटा हुआ भूमि खंड। २. कश्मीरी ब्राह्मणों का एक भेद या वर्ग।

चकमाक—पुं० [तु० चकमाक] एक प्रकार का आग्नेय कड़ा पत्थर जिस पर चोट पड़ने से आग निकलती है। (फ्लिन्ट)

चकमा—पुं० [सं० चक्र=भ्रांत] १. ऐसा धोखा या भुलावा जो किसी का ध्यान किसी दूसरी ओर आकृष्ट करके दिया जाय। किसी का ध्यान दूसरी ओर रखकर उसे दिया जानेवाला धोखा।

क्रि० प्र०—खाना।—देना।

२. लड़कों का एक प्रकार का खेल।

†पुं० [?] एक प्रकार का बंदर।

चकमाक—पुं० = चकमक।

चकमाकी—वि० [तु० चकमक] चकमक का। जिसमें चकमक हो।
स्त्री० पुरानी चाल की एक प्रकार की बंदूक जो चकमक पत्थर के योग से गोली छोड़ती थी।

चकर—पुं० [सं० चक्र] चकवाक पक्षी। चकवा।
†पुं० चक्कर।

चकरबा—पुं० [सं० चक्रव्यूह] १. ऐसी स्थिति जिसमे यह न सूझे कि क्या करना चाहिए। असमंजस की और विकट अवस्था। २. व्यर्थ का झगड़ा या बखेड़ा।

चकर-मकर—पु० [सं० चक्र + फा० मकर] छल-कपट की बात। धोखे-बाजी।

चकरसी—पुं० [देश०] एक प्रकार का बहुत बड़ा पेड़ जो बंगाल और आसाम में होता है। इसके हीर की चमकीली और मजबूत लकड़ी मेज, कुरसी आदि सामान बनाने के काम में आती है।

चकरा†—पु० [हिं० चक्कर] पानी का भँवर।
† वि० [स्त्री० चकरी] चारों ओर घूमने या चक्कर खानेवाला।
वि० [स्त्री० चकरी] चौड़ा। विस्तृत।
†पु० = चकला।

चकराना—अ० [सं० चक्र] १. सिर का चक्कर खाना। सिर घूमना। २ किसी प्रकार के चक्कर या फेर में पड़ना। ३. चारों ओर या इधर-उधर घूमना। भ्रांत होना। भटकना। ४. चकित होना।
स० १. चक्कर देना या खिलाना। २. किसी को चक्कर या फेर में डालना। चकित या स्तंभित करना।

चकरानी—स्त्री० [फा० चाकर का स्त्री०] = चाकरानी (दासी)।

चकरिया—वि० [फा० चाकरी + हा (प्रत्य०)] नौकरी-चाकरी करने-वाला।
पुं० टहलुआ। सेवक।

चकरिहा—वि० = चकरिया।

चकरी†—स्त्री० [स० चक्री] १. चक्की। २. चक्की का पाट। ३. चक्की के पाट की तरह की कोई गोलाकार चिपटी चीज। ४. लड़कों के खेलने का चकई नाम का खिलौना। ५. चारों ओर भटकानेवाला चक्कर या फेर। भ्रांति। उदा०—यह तौ सूर तिन्हैं लै सौंपौ जिनके मन चकरी।—सूर।

चकरी-गिरह—स्त्री० [जहाजी] अर्गल में लगी हुई रस्सी की गाँठ जो उसे रोके रहती है। (लश०)

चकला†—पुं० [हिं० चक्का] १. किसी पौधे को दूसरी जगह लगाने या खोदकर निकालने की क्रिया या भाव। २. वह मिट्टी जो उक्त प्रकार से पौधे को उखाड़कर दूसरी जगह ले जाने पर उसकी जड़ में लिपटी रहती है।

चकलई—स्त्री० [हिं० चकला] चकला (चौड़ा या सपाट) होने की अवस्था या भाव। विस्तार।

चकला—पु० [सं० चक्र, हिं० चक, + ला (प्रत्य०)] १. काठ, पत्थर, लोहे आदि का गोलाकार चिकना खड जिस पर पूरी या रोटी बेली जाती है। २. वह भू-भाग जो एक ही तल में दूर तक फैला हो और जिसमें कई गाँव या बस्तियाँ हों।
पद—चकलेदार (देखे)।

३. व्यभिचार करानेवाली वेश्याओं की बस्ती या मुहल्ला। ४. चक्की।
वि० [स्त्री० चकली] अधिक विस्तारवाला। चौड़ा। जैसे—चकला मैदान।

चकलाना—स० [हिं० चकला] पौधे को एक स्थान से दूसरे स्थान पर लगाने के लिए मिट्टी समेत उखाड़ना। चकल उठाना।
स० [हिं० चकला] चकला अर्थात् चौड़ा या विस्तृत करना।

चकली—स्त्री० [सं० चक्र, हिं० चक] १. छोटा चकला जिस पर चंदन आदि घिसते हैं। चौकी। हिरसा। २ गड़ारी। घिरनी।

चकलेदार—पु० [हिं० चकला + फा० दार] वह अधिकारी जो किसी चकले अर्थात् विस्तृत भू-भाग की मालगुजारी आदि वसूल करता और किसी की ओर से वहाँ की व्यवस्था तथा शासन करता था।

चकल्लस—स्त्री० [?] १. झगड़ा-बखेड़ा। २. मित्रों मे होनेवाला हँसी-मजाक या हास-परिहास।

चकवँड़—पु० [सं० चक्रमर्द] एक प्रकार का जगली बरसाती पौधा जिसकी पत्तियाँ, डंठल या तने की ओर नुकीली और सिरे की ओर गोलाई लिये हुए चौड़ी होती हैं। पमार। पवाड़।
पु० [स० चक्र] मिट्टी का वह छोटा पात्र जिसमे से थोड़ा-थोड़ा हाथ से जल निकालकर चक्र पर चढे हुए पात्र को कुम्हार गीला तथा चिकना करता है।

चकवा†—पु० [सं० चक्रवाक; पा० चक्कवाको; प्रा० चक्कवाअ, चकाअ; गु० चको, सि० चकूओ; पं० चक्का; सि० सक्का; ने० चखेवा; मरा० चकवा] [स्त्री० चकई] १. एक प्रसिद्ध जल-पक्षी जिसके संबंध मे यह कहा जाता है कि यह रात को अपने जोड़े से अलग हो जाता है। सुरखाब। २. रहस्य संप्रदाय में, मन।
पुं० [सं० चक्र] १. एक प्रकार का ऊँचा पेड़ जिसके हीर की लकड़ी बहुत मजबूत और छाल कुछ स्याही लिये सफेद या भूरी होती है। इसके पत्ते चमड़ा सिझाने के काम मे आते हैं। २. जुलाहों की चरखी में लगी हुई बाँस की छड़ी। ३ हाथ से दबा-दबाकर बढ़ाई हुई आटे की लोई।

चकवाना†—अ० = चकपकाना।

चकवार†—पुं० दे० 'कछुआ'।

चकवाह†—पुं० = चकवा।

चकवी—स्त्री० = चकई।

चकवै—पु० १. दे० 'चकवर्त्ती'। २. दे० 'चकोर'।

चकसेनी†—स्त्री० [देश०] काकजघा।

चकहा†—पु० [स० चक्र] गाड़ी आदि का पहिया।
पु० = चकवा।

चकाँड़—पुं० [हिं० चक + आँड़] चिपटा अडकोश।

चका†—पु० [सं० चक्र] १. पहिया। २. चक्र।
*पुं० = चकवा।

चकाचौंध—स्त्री० [हिं० चकवा, चक्का,] काले रंग की मिट्टी जो सूखने पर चिटक जाती और पानी से लसदार होती है। यह कठिनता से जोती जाती है।

चकाचक—स्त्री० [अनु०] तलवार आदि के लगातार शरीर पर पड़ने का शब्द।

क्रि० वि० [अनु०] अच्छी तरह से। अधिक मात्रा में। जैसे—चका-चक खाया था।

वि० १. चटकीला। २. मजेदार। ३. रस आदि में डूबा हुआ। तर। तराबोर।

चकाचौंध—स्त्री० [सं० चक्र = चमकना + चौ = चारों ओर + अंध] १. किसी वस्तु के अत्यधिक प्रकाशित होने की वह स्थिति जिसमें नेत्र अधिक प्रकाश के कारण उस वस्तु को देख न पाते हों और जल्दी-जल्दी खुलने तथा बंद होने (झपकने) लगते हों। २. उक्त प्रकार की वस्तुओं के देखने से आँखों पर होनेवाला परिणाम।

क्रि० प्र० — लगना। —होना।

चकाचौंधी†—स्त्री० = चकाचौंध।

चकातरी—पुं० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष।

चकाना†—अ० १. = चकपकाना। २. =चकराना।

चकाबू—पु० [स० चक्रव्यूह] १. प्राचीन काल में युद्ध के समय किसी वस्तु या व्यक्ति को सुरक्षित रखने के लिए उसके चारों ओर खड़ा किया जानेवाला सैनिक व्यूह। २. भूल-भुलैयाँ (दे०)।

चकार—पु० [स० च + कार] १ वर्णमाला मे छठा व्यंजन वर्ण जो च है। २. मुँह से निकलनेवाला किसी प्रकार का शब्द। जैसे—उसके मुँह से चकार तक न निकला।

†पुं० [हिं० चोर का अनु०] चोर या उचक्का। जैसे—चाईं-चकार चोर और नटखट तोरे बदे।—तेगअली।

चकावल—स्त्री० [देश०] घोड़े के अगले पैर में गामचे की हड्डी का उभार।

चकासना*—अ० = चमकना।

चकित—वि० [सं० √चक् (भ्रांत होना) + क्त] जो अप्रत्याशित या अद्भुत कार्य, बात या व्यवहार देखकर विकल या विस्मित, सशंकित या स्तब्ध हो गया हो। आश्चर्य में आया या पड़ा हुआ।

चकितवंत*—वि० = चकित।

चकिता—स्त्री० [सं० चकित + टाप्] एक प्रकार का वर्ण-वृत्त।

चकिताई*—स्त्री० [हिं० चकित] चकित होने की अवस्था या भाव।

चकिया†—स्त्री० [स० चक्रिका] किसी चीज का गोल या चौकोर छोटा टुकड़ा। जैसे—पत्थर की चकिया।

चकुंदा†—पुं० [सं० चक्रमर्द] चकवँड़ (दे०)।

चकुरी†—स्त्री० [स० चक्र] मिट्टी की छोटी हाँड़ी।

चकुला†—पु० [देश०] चिड़िया का बच्चा। चेंटुआ।

चकुलिया—स्त्री० [सं० चक्रकुल्या] एक प्रकार का पौधा।

चकृत†—वि० = चकित।

चकेठ—पुं० [सं० चक्र-यष्टि] वह डंडा जिससे कुम्हार चाक घुमाते हैं।

चकेड़ी—स्त्री० [स० चक्रभाण्डिका, प्रा० चक्कहंडिया] चकवँड़ (दे०)।

चकेव*—पुं० = चक्रवाक (चकवा पक्षी)। उदा०—कुच-जुग चकेव चरइ गंगाधारे।—विद्यापति।

चकोट—पुं० [हिं० चकोटना] १. चकोटने की क्रिया या भाव। २. गाड़ी के पहिये से जमीन पर पड़नेवाली लकीर।

चकोटना—स० [हिं० चिकोटी] चिकोटी काटना। चुटकी से मांस नोचना।

चकोतरा—पुं० [सं० चक्र = गोला] १ एक प्रकार का नीबू की जाति का पेड़ जिसमें खट-मीठे गोल फल लगते हैं। २. उक्त पेड़ का फल जो प्रायः खरबूजे की तरह बड़ा होता है।

चकोता—पुं० [हिं० चकत्ता] एक प्रकार का रोग जिसमें घुटने के नीचे छोटी-छोटी फुसियाँ निकल आती हैं।

चकोर—पुं० [सं० √चक् (तृप्त होना) + ओरन्] [स्त्री० चकोरी] १. एक प्रकार का बड़ा तीतर जो नैपाल, पंजाब और अफगानिस्तान के पहाड़ी जंगलों में बहुत मिलता है। २. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः सात भगण, एक गुरु और अंत में एक लघु होता है। यह एक प्रकार का सवैया है।

चकोह†—पुं० [सं० चक्रवाह] पानी का भँवर।

चकौंड़†—पु० =चकवँड़।

चकौंध—स्त्री० = चकाचौंध।

चकौटा—पु० [देश०] १. भूमि की लगान का एक पुराना प्रकार। २. ऋण चुकाने के बदले में दिया जानेवाला पशु। मुलवन।

चक्क—पु० [सं० √चक्क् (पीड़ा होना) + अप्] पीड़ा। दर्द।

† वि० भर-पूर। यथेष्ट। जैसे—चक्क माल।

पुं० [सं० चक्र] १. चक्रवाक पक्षी। चकवा। २. कुम्हार का चाक। ३. ओर। तरफ। दिशा। ४. दे० 'चक्र'।

चक्कर—पुं० [सं० चक्र] १. लकड़ी, लोहे आदि का गोलाकार ढाँचा जो छड़ों, तीलियों आदि द्वारा चक्रनाभि पर कसा रहता है और किसी अक्ष या धुरे को केंद्र बनाकर उसके चारों ओर घूमता तथा यान, रथ आदि को आगे खींचता चलता है। २. उक्त आकार की कोई घूमनेवाली वस्तु। चाक। जैसे—(क) अतिशबाजी का चक्कर। (ख) पानी का चक्कर (भँवर)। (ग) सुदर्शन चक्कर। ३. कोई गोलाकार आकृति। मंडल। घेरा। ४. गोल सड़क या रास्ता। ५. किसी गोलाकार मार्ग के किसी बिंदु से चलकर तथा उसके चारों ओर घूमकर फिर उसी बिंदु पर पहुँचने की क्रिया या भाव। गोलाई में घूमना।

मुहा०—चक्कर काटना = किसी चीज के चारों ओर घूमना। मँडराना।

६. एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना और फिर वहाँ से लौटकर आना। जैसे—(क) आज मुझे शहर के चार चक्कर लगाने पड़े हैं। (ख) मैं उनके घर कई चक्कर लगा आया पर वे मिले नही।

क्रि० प्र०—मारना।—लगाना।

७. रास्ते का घुमाव-फिराव। जैसे—इस रास्ते से बहुत चक्कर पड़ेगा। ८. कोई ऐसी कठिन, पेचीली या झंझट की बात या समस्या जिससे आदमी परेशान या दुःखी होता हो। जैसे—कचहरी के चक्कर में इस भले आदमी को व्यर्थ फँसाया गया है। ९. धोखा। भुलावा।

मुहा०—(किसी के) चक्कर मे आना = किसी के फेर में फँसना। धोखा खाना। (किसी को) चक्कर में डालना = (क) किसी ऐसे कठिन काम में किसी को फँसाना कि वह परेशान हो जाय। (ख) चकित करना।

१०. ऐसी असमंजस की स्थिति जिसमें मनुष्य कुछ सोच या निश्चित न कर पाता हो। ११. पीड़ा, रोग आदि के कारण मस्तिष्क में होनेवाला एक विकार जिसमें व्यक्ति के चारों ओर सामने की चीजें घूमने लगती हैं। घुमटा।

चक्कल—वि० [सं० √चक्क् (पीड़ित होना) + अलन्] गोल। वर्तुल।

चक्रवाह°—वि० = चक्रवर्ती।
चक्रवाह°—पु० = चक्रवर्ती (राजा)।
चक्रवा°—पु० = चकवा।
चक्रवी—वि० =चक्रवर्ती। उदा०—अइस चक्रवँ राजा चहूँ खंड मँहोई। —जायसी।
चक्रवाल—पु० [फा० चकस] बुलबुल, बाज आदि पक्षियों के बैठने का अड्डा जो प्रायः लोहे के छड़ का बना होता है।
चक्का—पुं० [सं० चक्रम्; प्रा० पा० चक्क; बं० गु० मरा० चाक; उ० चक; पं० चक्क, सिं० चकु; ने० चाको] स्त्री० अल्पा० चक्की] १. गाड़ी, रथ आदि का पहिया। चाक। २. पहिये की तरह की कोई गोलाकार चीज। ३ किसी चीज का गोलाकार जमा हुआ टुकड़ा। चक्का। जैसे—कत्थे या दही का चक्का। ४. ईंट, पत्थर आदि का टुकड़ा जो प्रायः फेंककर मारा जाता है। ५ ईंट, पत्थर के टुकड़ों आदि का फर्श से और सजाकर लगाया हुआ ढेर। थाक।
चक्की—स्त्री० [सं० चक्री, प्रा० चक्की] १. आटा पीसने, दाल दलने आदि का वह प्रसिद्ध यंत्र जो एक दूसरे पर रखे हुए पत्थर के दो गोलाकार टुकड़ों के रूप में होता है और जिनमें से ऊपरवाले पत्थर के घूमने से उसके नीचे डाली हुई चीजें पिसती या दली जाती हैं। जाँता।
क्रि० प्र०—चलाना।—पीसना।
मुहा०—चक्की पीसना = (क) चक्की मे डालकर गेहूँ आदि पीसना। (ख) बहुत अधिक परिश्रम का काम निरंतर करते रहना।
पद—चक्की का पाट = चक्की के दोनों पत्थरों में से हर एक। **चक्की की नाली** = (क) चक्की के नीचे के पाटे के बीच में गड़ी हुई वह खूँटी जिस पर ऊपर का पाट घूमता है। (ख) ध्रुवतारा। **चलती चक्की** = जगत्। संसार। जैसे—चलती चक्की देख के दिया कबीरा रोय।—कबीर।
स्त्री० [सं० चक्रिका] १ पैर के घुटने की गोल हड्डी। २. ऊँटों के घुटनों पर का गोल घट्ठा। चाकी। बिजली।
चक्की-रहा—पु० [हिं० चक्की +रहाना] चक्की को टाँकी से कूटकर खुरदरी करनेवाला कारीगर।
चक्कू†—पु० = चाकू।
चक्खी—स्त्री० [हिं० चखना] १. स्वाद के लिए चखी अर्थात् थोड़ी-थोड़ी खाई जानेवाली चटपटी और नमकीन चीज। चाट। जैसे—कचालू, गोलगप्पा आदि। २. कोई नशे की चीज पीने के समय या उसके बाद मुँह का स्वाद बदलने के लिए खाई जानेवाली चटपटी या नमकीन चीज। ३. बटेरों को दाना चुगाने की क्रिया।
चक्र—पु० [सं० √कृ (करना) +क, जि० द्वित्व] १. गाड़ी का वर्तुलाकार पहिया। विशेष दे० 'चक्कर'। २. कुम्हार का चाक। ३. कोई वर्तुलाकार चीज। ४. छोटे पहिए के आकार का एक प्राचीन अस्त्र। ५. चक्की। ६. कोल्हू। ७. पानी का भँवर। ८. हवा का बवंडर। चक्रवात। ९. दल। समुदाय। १० एक प्रकार का सैनिक-व्यूह। ११. गाँवों, शहरों का समूह। मंडल। १२. मंडलाकार घेरा। जैसे—राशि-चक्र। १३. ऐसे गोल या चौकोर खाने जो रेखाओं आदि से घिरे हों। जैसे—कुंडली चक्र। १४. सामुद्रिक में हाथ की वह रेखा जो गोलाई में घूमी हो। १५. समय की वह अवधि जिसमें कुछ निश्चित प्रकार की घटनाएँ आदि क्रमशः घटती अथवा अवस्थाएँ बदलती हों और फिर उतने ही समय में जिनकी पुनरावृत्ति होती हो। (साइकिल) जैसे—अर्थशास्त्र में व्यापार चक्र। (ट्रेड साइकिल)। १६ फेरा चक्कर। १७. चकवा। १८. तगर का फूल। १९. योग के अनुसार मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर आदि शरीरस्थ कमल या पद्म। २० एक समुद्र से दूसरे समुद्र तक फैला हुआ प्रवेश। आसमुद्रांत भूमि। २१. दिशा। प्रांत। २२. एक वर्ण-वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक भगण, तीन नगण और अंत मे लघु, गुरु होते हैं। २३. धोखा। २४. (क) शरीर विज्ञान या दैहिकी के अनुसार जीवधारियों के शरीर के अंदर की वह रचना जो तंतु-जाल के रूप में होती और कुछ विशिष्ट प्रक्रियाएँ करती है। (प्लेक्सस) (ख) योग शास्त्र के अनुसार शरीर के उक्त विशिष्ट अंग जो आधुनिक विज्ञान-वेत्ताओं के अनुसार कुछ विशिष्ट जीवनरक्षिणी और विकासकारिणी गिल्टियों के आस-पास पड़ते हैं। (प्लेक्सस)
विशेष—पहले इनकी संख्या ६ मानी गई थी जिससे 'षट्-चक्र' (दे०) पद बना, पर आगे चलकर हठ-योग में जब इनकी संख्या आठ मानी गई जिससे ये अष्टचक्र या अष्टकमल (दे०) कहलाने लगे। और भी आगे चलकर कुछ लोगों ने इनमें 'ललना-चक्र' नामक नवाँ और 'गुरु-चक्र' नामक दसवाँ चक्र भी बढ़ा दिया है।
२५. अपना संघटन दृढ करने के लिए राजनीतिक, सामाजिक आदि कार्य करनेवालों का किसी स्थान पर एकत्र होकर विचार-विनिमय, प्रदर्शन आदि करना। जमाव। (रैली) २६ गुप्त रूप से कहीं आड़ में रहकर की जानेवाली कार्रवाई। अभिसंधि। जैसे—यह सारा चक्र आप ही का चलाया हुआ है। २७. (संख्या के विचार से) बंदूक, राइफल आदि से गोली चलाने की क्रिया। (राउण्ड) जैसे—पुलिस ने चार चक्र गोलियाँ चलाईं। २८. धातु का एक विशेष प्रकार का टुकड़ा जो प्रायः सैनिकों को कोई वीरता-पूर्ण काम करने पर पदक या तमगे के रूप में दिया जाता है। जैसे—महावीर चक्र, वीर चक्र आदि।
चक्रक—पुं० [सं० चक्र √कँ (प्रतीत होना) + क] १ नव्य न्याय में, एक प्रकार का तर्क। २. एक प्रकार का साँप।
वि० पहिये के आकार का। गोलाकार।
चक्र-कारक—पुं० [ष० त०] १. नखी नामक गंध द्रव्य। २. हाथ के नाखून।
चक्र-कुल्या—स्त्री० [ष० त०] चक्रपर्णी लता। पिठवन।
चक्र-क्रम—पु० [उपमि० स०] कुछ विशिष्ट घटनाओं का कई विशिष्ट अवसरों पर क्रमशः तथा बराबर रहने का क्रम। चक्र की तरह बार-बार घूमकर आनेवाला क्रम। (साइक्लिक आर्डर) जैसे—गरमी, बरसात और सरदी का चक्र-क्रम।
चक्र-गंध—पुं० [स० त०] चकवँड़।
चक्र-गति—स्त्री० [ष० त०] १. किसी केंद्र के चारों ओर अथवा अपने ही अक्ष पर चारों ओर घूमने की क्रिया या भाव। २. दे० 'चक्र क्रम'।
चक्र-तीर्थ—पुं० = चक्र-तीर्थ।
चक्र-गुप्त—पुं० [ब० स०] अशोक (वृक्ष)।
चक्र-गोप्ता (प्तृ)—पुं० [ष० त०] १. सेनापति। २. राज्य का रक्षक अधिकारी। ३. रथ और उसके चक्र आदि की रक्षा करनेवाला योद्धा।

चक्र-चर—वि० [सं० चक्र √चर् (चलना) +ट, उप० स०] चक्कर या चक्र में चलनेवाला।
पुं० तेली।

चक्र-जीवक—पुं० [सं० चक्र √जीव् (जीना) +ण्वुल्—अक, उप० स०] कुम्हार।

चक्र-जीवी (विन्)—पु० [सं० चक्र √जीव्+णिनि, उप० स०] =चक्र-जीवक।

चक्र-ताल—पु० [मध्य० स०] संगीत में एक प्रकार का चौदह-मात्रा ताल।

चक्रतीर्थ—पु० [मध्य० स०] १. दक्षिण भारत का वह तीर्थ-स्थान जहाँ ऋष्यमूक पर्वतों के बीच तुंगभद्रा नदी घूमकर बहती है। २. नैमिषारण्य का एक सरोवर।

चक्र-तुंड—पुं० [ब० स०] गोल मुँहवाली एक प्रकार की मछली।

चक्र-दंड—पुं० [उपमि० स०] एक प्रकार की कसरत जिसमें जमीन पर दंड करके सट दोनों पैर समेट लेते हैं और फिर दाहिने पैर को दाहिनी ओर और बाएँ पैर को बाईं ओर चक्कर देते हुए पेट के पास लाते हैं।

चक्र-दत्ती—स्त्री० [ब० स०, ङीप्] १. दंती वृक्ष। २. जमाल गोटा।

चक्र-दंष्ट्र—पुं० [ब० स०] सूअर। शूकर।

चक्रधर—वि० [स० चक्र √भृ (धारण) +अच्, उप० स०] चक्र धारण करनेवाला। जिसके पास या हाथ में चक्र हो।
पु० १. विष्णु। २. श्रीकृष्ण। ३. ऐंद्रजालिक। बाजीगर। ४. किसी छोटे भू-भाग का अधिकारी या शासक। ५ साँप। ६. गाँव का पुरोहित। ७. नटराग से मिलता-जुलता पाडव जाति का एक राग जो संध्या समय गाया जाता है।

चक्रधारा—स्त्री० [ष० त०] चक्र की परिधि।

चक्रधारी (रिन्)—वि०, पुं० [स० चक्र √भृ (धारण) +णिनि, उप० स०] = चक्रधर।

चक्र-नख—पुं० [ब० स०] व्याघ्र नख नामक ओषधि। बघनखा।

चक्र-नदी—स्त्री० [मध्य० स०] गंडकी नदी।

चक्र-नाभि—स्त्री० [ष० त०] पहिये का वह मध्य भाग जिसके बीच में से अक्ष या धुरा होकर जाता है।

चक्र-नाम—पु० [ब० स०] १ मालिक धातु। सोनामक्खी। २. चकवा या चकवाक पक्षी।

चक्र-नायक—पु० [ष० त०] व्याघ्र नख नाम की ओषधि।

चक्र-नेमि—स्त्री० [ष० त०] पहिये का घेरा या परिधि।

चक्र-पर्णी—स्त्री० [ब० स०, ङीप्] पिठवन।

चक्र-पाणि—पु० [ब० स०] हाथ में चक्र धारण करनेवाले, विष्णु।

चक्र-पाद—पुं० [ब०स०] १. गाड़ी। रथ। २. हाथी।

चक्र-पादक—पु० चकपाद (दे०)।

चक्र-पाणि°—पुं० = चक्रपाणि।

चक्र-पाल—पुं० [स० चक्र √पाल् (रक्षा) +विच्+अण्, उप० स०] १. वह जो चक्र धारण करे। २. किसी प्रदेश का शासक या सूबेदार। ३. गोल आकृति। वृत्त। ४. संगीत में शुद्ध राग का एक भेद।

चक्र-पूजा—स्त्री० [स० त०] १. तांत्रिकों की एक प्रकार की पूजा-विधि जिसमें बहुत से उपासक एक चक्र या मंडल के रूप में बैठकर तांत्रिक क्रियाएँ करते हैं। २. दे० 'चरकपूजा'।

चक्र-फल—पु० [ब० स०] एक प्राचीन अस्त्र जिसका फल गोलाकार होता था।

चक्र-बंध—पुं०[ब० स०] कविता-रचना का एक प्रकार जिसमें उसके शब्द खानों में भरे जाते हैं।

चक्र-बंधु—पुं० [ष० त०] १. सूर्य। २. अँगूठी। ३. समूह।

चक्र-बांधव—पुं० [ष० त०] चक्र-बंधु (दे०)।

चक्र-भृत्—पुं० [सं० चक्र+√भृ (धारण) +क्विप्, उप० स०] १. चक्र नामक अस्त्र धारण करनेवाला व्यक्ति। २. विष्णु।

चक्र-मेदिनी—स्त्री० [सं० चक्र √भिद् (विदारण) √णिनि—ङीप्, उप० स०] रात्रि। रात।

चक्र-भोग—पुं० [ष० त०] ज्योतिष में ग्रह की वह गति जिसके अनुसार वह एक स्थान से चलकर फिर उसी स्थान पर पहुँचता है।

चक्र-भ्रम—पुं० [सं० चक्र √भ्रम् (घूमना) +अच्, उप० स०] खराद।

चक्र-भ्रमर—पुं० [ब० स०] एक प्रकार का नृत्य।

चक्र-मंडल—पुं० [ब० स०] एक प्रकार का नृत्य जिसमें नाचनेवाला किसी केंद्र के चारों ओर नाचता हुआ घूमता है।

चक्र-मंडली (लिन्)—पुं० [सं० चक्र-मंडल उपमि० स०, +इनि] अजगर साँप की एक जाति।

चक्र-मर्द—पुं० [सं० चक्र √मृद् (मर्दन) +अण, उप० स०] चकवँड़।

चक्र-मीमांसा—स्त्री० [ष० त०] वैष्णवों की चक्र-मुद्रा धारण करने की विधि।

चक्र-मुख—वि० [ब० स०] गोल मुँहवाला।
पुं० सूअर।

चक्र-मुद्रा—पु० [मध्य० स०] शरीर के विभिन्न अंगों पर दगवाया या लगवाया जानेवाला चक्र के आकार का चिह्न।

चक्र-यंत्र—पुं० [उपमि० स०] ज्योतिष संबंधी वेध करने का एक प्रकार का यंत्र।

चक्र-यान—पु० [मध्य०स०] ऐसी गाड़ी जिसमें पहिये लगे हों।

चक्र-रव—पु० [ब० स०] सूअर।

चक्र-रिपु—स्त्री० [ब० स०] बक। बगला।

चक्र-लतिका—स्त्री० [ब० स०] गुरुच या गुडूची नामक लता।

चक्र-लिप्सा—स्त्री० [ष० त०] ज्योतिष में राशि-चक्र का कलात्मक भाग अर्थात् २१६०० भागों में से एक भाग।

चक्र-लेखिक—पुं० [मध्य० स० (लेखिन्?)] एक प्रकार का छोटा उपकरण जिसकी लेखनी की नोक पर लगे हुए छोटे से चक्र द्वारा एक विशेष प्रकार के कागज पर बनाये हुए अक्षरों की सहायता से किसी लेख आदि की प्रतिलिपियाँ तैयार की जाती हैं। (साइक्लोस्टाइल)

चक्र-वर्द्धनी—स्त्री० [सं०चक्र √वृत् (बरतना) +णिनि, ङीप्, उप० स०] १. किसी दल या समूह की अधीश्वरी। २. जनी या पानड़ी नाम का पौधा जिसकी पत्तियाँ सुगंधित होती हैं।

चक्र-वर्ती (र्त्तिन्)—वि० [सं० चक्र √वृत्+णिनि, उप० स०] [स्त्री० चक्र-वर्तिनी] (राजा) जिसका राज्य बहुत दूर-दूर तक और विशेषतः समुद्र-तट तक फैला हुआ हो। सार्वभौम।
पुं० १. ऐसा सम्राट् जो दो समुद्रों के बीच की सारी भूमि पर एकच्छत्र

राज्य करता हो। २. किसी दल का अधिपति। समूह -नायक। ३. बनुआ (साग)।

चक्र-चाक—पुं० [सं० वाक √वच् (बोलना) +घञ्, ब० स०] [स्त्री० चक्रवाकी] चकवा पक्षी।

चक्रवाड़—पु० = चक्रवाल।

चक्र-वात—पुं० [सं० उपमि० स०] चक्कर खाती हुई बहुत तेज चलनेवाली हवा। बवंडर। (ब्लूर्ल विंड)

चक्रवान् (वत्)—पु० [स० चक्र+मतुप्] पुराणानुसार पाँचवें समुद्र के बीच में स्थित माना जानेवाला एक पर्वत जहाँ विष्णु भगवान ने हयग्रीव और पचजन नामक दैत्यों को मारकर चक्र और शंख दो आयुध प्राप्त किये थे।

चक्रवाल—पु० [सं०] १. पुराणानुसार एक पर्वत जो भूमंडल के चारों ओर स्थित तथा प्रकाश और अंधकार (दिन-रात) का विभाग करनेवाला माना गया है। लोकालोक पर्वत। २. घेरा। मंडल। ३. चंद्रमा के चारों ओर दिखाई देनेवाला धुँधले प्रकाश का घेरा या मंडल।

चक्र-वृत्ति—स्त्री० [मध्य स०] एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः एक भगण, तीन नगण और अंत में लघु-गुरु होते हैं।

चक्र-वृद्धि—स्त्री० [उपमि० स०] १. ऋण का वह प्रकार जिसमें मूल धन पर ब्याज देने के अतिरिक्त उस ब्याज पर भी ब्याज दिया जाता है जो किसी निश्चित अवधि तक चुकाया नहीं जाता। (कम्पाउंड इन्टरेस्ट) २. गाड़ी आदि का भाड़ा।

चक्र-व्यूह—पु० [मध्य० स०] १. युद्ध-क्षेत्र में किसी वस्तु या व्यक्ति को सुरक्षित रखने के लिए उसके चारों ओर असंख्य सैनिकों का किसी क्रम या सिलसिले से खड़े होने की अवस्था या स्थिति। २. सेना का ऐसे ढग से युद्ध-क्षेत्र में खड़ा या स्थित होना कि शत्रु उन्हें सरलता से भेद न सके।

चक्र-शाल्य—स्त्री० [ब० स०]। सफेद धुँधची। २. काक-तुंडी। कौआ, ठोठी।

चक्र-श्रेणी—स्त्री० [ब० स०] मेढ़ासींगी।

चक्र-संज्ञ—पु० [ब० स०] १. वंग नामक धातु। राँगा। २. चकवा पक्षी।

चक्र-संवर—सं० [सं० चक्र-सम्√वृ (रोकना) +अच्, उप० स०] एक बुद्ध का नाम।

चक्र-हस्त—पु० [ब० स०] विष्णु।

चक्रांक—पु० [चक्र-अंक, ष० त०] विष्णु के चक्र का चिह्न जो वैष्णव अपने शरीर के अगों पर दगवाते हैं।

चक्रांक-पुच्छ—पु० [ब० स०] १. मोर। २. मोर का पंख। उदा०—उन्मुक्त गुच्छ चक्रांक-पुच्छ।—निराला।

चक्रांकित—वि० [चक्र-अंकित, तृ० त०] १. जिस पर चक्र का चिह्न अंकित हो। २. (व्यक्ति) जिसने अपने शरीर पर चक्र का चिह्न दगवाया हो। जिसने चक्र की छाप लीया हो।
पुं० वैष्णवों का एक सम्प्रदाय जिस के लोग अपने शरीर पर चक्र का चिह्न दगवाते हैं।

चक्रांग—पु० [चक्र-अंग, ब० स०] १. चकवा पक्षी। २. गाड़ी या रथ। ३. हंस। ४. कुटकी नाम की ओषधि। ५. हिलमोचिका या हुलहुल नाम का साग।

चक्रांगा—स्त्री० [सं० चक्रांग+टाप्] १. काकड़ासिंगी। २. सुवर्चल नाम का पौधा या लता।

चक्रांगी—स्त्री० [सं० चक्रांग+ङीप्] १. कुटकी नाम की ओषधि। २. हंस की मादा। हंसिनी। ३ हुलहुल नाम का साग। ४. मजीठ। ५. काकड़ासिंगी। ६. मूसाकानी।

चक्रांत—पुं० [चक्र-अंत, ब० स०] गुप्त अभिसंधि। षड्यंत्र।

चक्रांतर—पु० [स० चक्रांत √रा (लेना) +क] एक बुद्ध का नाम।

चक्रांश—पु० [चक्र-अंश, ष० त०] १. किसी चक्र का कोई अंश। २. चद्रमा के चक्र का ३६० वाँ अंश।

चक्रा—स्त्री० [स० चक्र+टाप्] १. नागरमोथा। २ काकड़ासिंगी।

चक्राक—पु० [स० चक्र √अक् (गति) +अच्] [स्त्री० चक्राकी] हंस नामक पक्षी।

चक्राकार—वि० [चक्र-आकार, ब० स०] चक्र या पहिये के आकार का। गोलाकार।

चक्राट—पुं० [स० चक्र √अट् (गति) +अण्, उप० स०] १. साँप पकड़नेवाला। २. मदारी। ३. बहुत बड़ा चालाक या धूर्त। ४. सोने का दीनार नाम का सिक्का।

चक्रानुक्रम—पु० [चक्र-अनुक्रम, उपमि० स०] = चक्र-क्रम।

चक्रायुध—पुं० [चक्र-आयुध, ब० स०] विष्णु।

चक्रावाल—पुं० [स०] १ घोड़ों का एक रोग जिसमे उनके पैरों में घाव हो जाता है। २. उक्त रोग से होनेवाला घाव।

चक्राह्व—पु० [चक्र-आह्वान, ब० स०] १. चकवा पक्षी। चक्रवाक। २. चकवँड़।

चक्रिक—वि० [सं० चक्र +ठन्—इक] १. चक्र से युक्त। २. चक्र धारण करनेवाला।

चक्रिका—स्त्री० [स० चक्रिक+टाप्] घुटने की गोल हड्डी। चक्की।

चक्रित†—वि० = चकित।

चक्री (क्रिन्)—पु० [सं० चक्र+इनि] १. वह जो चक्र धारण करे। २. विष्णु। ३. गाँव का पुरोहित। ४. कुम्हार। ५. कुंडली मारकर बैठनेवाला साँप। ६. चकवा पक्षी। ७. गुप्त-चर। जासूस। ८. नेवी। ९. बकरा। १०. चकवँड़। ११ तिनिश नामक वृक्ष। १२. कौआ। १३ व्याघ्र नख या बघनहाँ नामक गहनेका। १४ गधा। १५ रथ का सवार। रथी। १६. चक्रेश्वर के मत से आर्याछंद का २२ वाँ भेद जिसमें ६ गुरु और ४५ लघु होते हैं। १७ एक प्राचीन वर्णसंकर जाति। १८. चक्रवर्ती राजा।
वि० १. (गाड़ी आदि) जिसमें पहिया लगा हो। २. गोलाकार (वस्तु)। ३. चक्र धारण करनेवाला (व्यक्ति)।

चक्रीय—वि० [स०चक्र+छ—ईय] १. चक्र-संबंधी। चक्र का। २. चक्र-क्रम के अनुसार होनेवाला। (साइक्लिक)

चक्रेश्वर—पु० [चक्र-ईश्वर, ष० त०] १. चक्रवर्ती। २. तांत्रिकों में चक्र के अधिष्ठाता देवता।

चक्रेश्वरी—स्त्री० [सं० चक्र-ईश्वरी, ष० त०] जैनों की एक महाविद्या।

चख—पु० [सं० √चख् (देखना, बोलना) +अच्] नकली दोस्त। स्वार्थी मित्र।

चखन—पुं० [सं०√चख्+ल्युट्–अन] १. कृपा-दृष्टि। २. अनुग्रह-पूर्ण व्यवहार। ३. बातचीत। कथन। ४. मद्य आदि के साथ खाने की चाट। चक्खी।

चखव—पुं० [सं०√चख्+अच] १. बृहस्पति। २. उपाध्याय।

चखा (खृ)—पुं० [सं०√चख्+अस्] १. बृहस्पति। २. आचार्य।

चक्षुःपथ—पुं० [ष० त०] १. दृष्टि-पथ। २. क्षितिज।

चक्षुःश्रवा (वस्)—वि० [ब० स०] नेत्रों से सुननेवाला।
पुं० साँप।

चक्षु (क्षुस्)—पुं० [सं०√चक्ष्+उस्] १. देखने की इंद्रिय। आँख। नेत्र। २. पश्चिमी एशिया के वंक्षु नद (आधुनिक आक्सस नदी) का एक पुराना नाम।

चक्षुरपेत—वि० [चक्षुर्-अपेत, तृ० त०] नेत्रहीन। अंधा।

चक्षुरिंद्रिय—स्त्री० [चक्षुर्-इंद्रिय, कर्म० स०] देखने की इंद्रिय। आँख। नेत्र।

चक्षुर्दर्शनावरण—पुं० [चक्षुर्-दर्शन तृ० त०, चक्षुर्दर्शन-आवरण ष० त०] जैन शास्त्र में वे कर्म जिनके उदय होने से चक्षु द्वारा दिखाई पड़ने में बाधा होती है।

चक्षुर्मल—पुं० [ष० त०] आँख से निकलनेवाला मल या कीचड़।

चक्षुर्वन्य—वि० [तृ० त०] नेत्र रोग से ग्रस्त या पीड़ित।

चक्षुर्विषय—पुं० [ष० त०] १. वे सब चीजें या बातें जो आँख से दिखाई देती हैं। २. क्षितिज।
वि० जो चक्षुओं का विषय हो।

चक्षुर्हा (र्हन्)—वि० [सं० चक्षुस् √हन् (मारना) +क्विप्, उप० स०] जिसके देखने मात्र से कोई चीज नष्ट हो जाती हो।

चक्षुष्कर्ण—पुं० [ब० स०] सर्प। साँप।

चक्षुष्पति—पुं० [ष० त०] सूर्य।

चक्षुष्पथ—पुं० [ष० त०] १. दृष्टि-पथ। २. क्षितिज।

चक्षुष्मान् (मत्)—वि० [सं० चक्षुस्+मतुप्] १. आँखोंवाला। २. सुंदर आँखोंवाला।

चक्षुष्य—वि० [सं० चक्षुस्+यत्] १. नेत्र-संबंधी। २. जो देखने में प्रिय लगे। मनोहर। सुंदर। ३. जो नेत्रों के लिए हितकर हो। ४. नेत्रों से उत्पन्न होनेवाला।
पुं० १. आँखों में लगाने का अंजन या सुरमा। २. केतकी। केवड़ा। ३. सहिजन। ४. तूतिया।

चक्षुष्या—स्त्री० [सं० चक्षुष्य+टाप्] १. सुंदर नेत्रोंवाली स्त्री। २. बनकुलथी। चाकसू। ३. मेढ़ासींगी।

चक्षुस्—पुं०=चक्षु।

चख—पुं० [सं० चक्षुस्] आँख।
पुं० [अनु०] झगड़ा। तकरार।
पद—चख-चख=कहा-सुनी या बक-झक। झगड़ा और तकरार।
पुं० १. =नीलकंठ (पक्षी)। २. =निगलहरी।

चख-चख—स्त्री० [अनु०] १. दो व्यक्तियों या पक्षों में किसी बात पर होनेवाली कहा-सुनी। झगड़ा। २. कलह।

चखचौंध†—स्त्री० =चकाचौंध।

चखना—सं० [प्रा० चक्ख, चक्ख; सं० चाखा; उ० चाखिबा; पं० चक्खणा; मरा० चाखणें] १. किसी खाद्य वस्तु का स्वाद जानने के लिए उसका थोड़ा-सा अंश मुँह में रखना या खाना। चीखना। २. किसी चीज या बात की साधारण अनुमति प्राप्त करना। जैसे—लड़ाई का मजा चखना।

चखा—पुं० [हिं० चखना] १. चखनेवाला। २. रस का आस्वादन करनेवाला। प्रेमी। रसिक। उदा०—विपिन बिहारी दोउ लखत एक रूप सिंगार। जुगल रस के चखा।—सत्यनारायण।

चखा-चखी—स्त्री० [फा० चख =झगड़ा] १. जोरों का या बहुत अधिक लड़ाई-झगड़ा या तकरार। २. बहुत अधिक वैर-विरोध या लाग-डाँट।

चखाना—स० [हिं० 'चखना' का प्रे०] किसी को कुछ चखने में प्रवृत्त करना।

चखिया—वि० [फा० चख =झगड़ा] चख-चख या तकरार करनेवाला। झगड़ालू।

चक्षु०—पुं० =चक्षु।

चखौड़ा†—पुं० [हिं० चख+ओड़] बुरी नजर से बचाने के लिए लगाई जानेवाली काली बिंदी। डिठौना। उदा०—बलि रहे रुचिर चखौड़ा गाल।—नंददास।

चखौती—स्त्री० [हिं० चखना] खाने-पीने की चट-पटी और स्वादिष्ट चीजें।

चगड़—वि०=चबड़।

चगताई—पुं० [तु०] मध्य एशिया निवासी तुर्कों का एक प्रसिद्ध वंश जो चगताई खाँ से चला था। बाबर, अकबर, औरंगजेब आदि इसी वंश के थे।

चगत्ता—पुं० दे० 'चगताई'।

चगर—पुं० [देश०] १. चीलों की एक जाति। २. एक प्रकार की शिकारी चिड़िया।

चगुनी—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मछली जो प्रायः १८ इंच लंबी होती है।

चगड़—वि० [देश०] १. चतुर। चालाक। २. धूर्त।

चचर—स्त्री० [देश०] वह जमीन जो बहुत दिन परती रहने के बाद पहली बार जोती तथा बोई गई हो।

चचरा—पुं० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष।
†वि० =चचेरा।

चचा—पुं० [सं० तात] [स्त्री० चची] =चाचा।
मुहा०—(किसी को) चचा बनाना या बनाकर छोड़ना= उचित दंड या प्रतिफल देना। (व्यंग्य)

चचिया—वि० उप० [हिं० चचा] संबंध में चाचा या चाची के स्थान पर पड़ने या होनेवाला। जैसे—चचिया ससुर, चचिया सास अर्थात् पति या पत्नी का चाचा या चाची।

चचींड़ा†—पुं० [सं० चिंचिका] १. एक प्रकार की लता। २. इस लता के फूल जो तरोई की तरह के होते और तरकारी बनाने के काम आते हैं। ३. दे० 'चिचड़ा'।

चचींड़ा†—पुं० =चचींड़ा।

चचेरा—वि० [हिं० चचा] [स्त्री० चचेरी] १. चाचा से उत्पन्न। जैसे—चचेरा भाई, चचेरी बहन। २. संबंध के विचार से चाचा या चाची के स्थान पर पड़ने या होनेवाला। चचिया। जैसे—चचेरी सास।

चचोड़ना—स० [अनु० या० देश०] दाँत से खींच या दबाकर खाना या रस चूसना। दाँतों से दबा-दबाकर खाना या चूसना। जैसे—आम चचोड़ना।

चचोड़वाना—स० [हिं० 'चचोड़ना' का प्रे०] किसी को चचोड़ने में प्रवृत्त करना।

चच्चर—पुं० दे० 'चाँचर'।

चच्चु*—पु० = चञ्चु।

चच्चुलुवासी*—पुं० [सं० चक्षुःश्रवस्] सर्प। साँप। उदा०—सो लट गई तेहि चच्चुलुवासी।—जायसी।

चट—क्रि० वि० [अनु०] १. चट शब्द करते हुए। २. जल्दी से। झट। तुरंत।

पद—चट-पट (देखें)।

मुहा०—चट से = बहुत जल्दी। तुरंत।

पुं० १. वह शब्द जो किसी कड़ी वस्तु के टूटने पर होता है। जैसे—लकड़ी या शीशा चट से टूट गया। २. उँगलियों के पोर जोर से खींचने पर अंदर की हड्डियों की रगड़ से होनेवाला शब्द।

क्रि० प्र०—बोलना।

भू० कृ० [हिं० चाटना] १. (पदार्थ) जो चाट या खाकर समाप्त कर दिया गया हो। २. (धन) जो भोग आदि के द्वारा नष्ट या समाप्त कर दिया गया हो।

मुहा०—चट कर जाना =(क) सब खा जाना। (ख) दूसरे की वस्तु लेकर न देना। दबा रखना। **चट करना** =खाना या निगलना।

पुं० [सं० चित्र, हिं० चित्ती] १. दाग। धब्बा। २. घाव आदि के कारण शरीर पर बना हुआ चिह्न या दाग। ३. चकत्ता। ४. ऐब। दोष। ५. कलंक। लांछन।

†पुं० [?] पटसन का बना हुआ टाट।

चटक—पुं० [सं० √चट् (भेदन करना) +कन्, -अक] [स्त्री० चटका] १. गौरा पक्षी। गौरैया। चिड़ा।

२. पिप्पलामूल।

स्त्री० [सं० चटुल = सुन्दर] चटकीलापन। चमक-दमक। कांति।

पद—चटक-मटक (देखें)।

३. छापें के कपड़ों को साफ करने का एक ढंग।

वि० चटकीला। चमकीला। जैसे—कटक रंग, चटक चाँदनी।

स्त्री० १. फुरतीलापन। तेजी। २. चंचलता। शोखी।

वि० १. फुरतीला। तेज। २. चटपटा। चटकारा।

क्रि० वि० चटपट। शीघ्रता से। तुरंत।

चटकई†—स्त्री० [हिं० चटक] १. चटक होने की अवस्था या भाव। २. चमकीलापन। ३. तेजी। फुरती। ४. जल्दी।

चटकदार—वि० [हिं० चटक +फा० दार (प्रत्य०)] १. जिसमें चटक या चमक-दमक हो। चमकते हुए रंगवाला। चमकीला। २. तेज। फुरतीला।

चटकना—अ० [अनु० चट] १. 'चट' शब्द करते हुए टूटना या फूटना। हलकी आवाज के साथ टूटना या तड़कना। कड़कना। जैसे—शीशा चटकना। २. किसी बीच से कहीं से कुछ कट या फट जाना। झल्ली दरार पड़ना। जैसे—लकड़ी चटकना। ३. कोयले, लकड़ी आदि का जलते समय चट-चट शब्द करना। ४. कलियों आदि का चट-चट शब्द करते हुए खिलना। जैसे—गुलाब की कलियाँ चटकना। ५. चिढ़कर अप्रसन्न होना या हलका क्रोध दिखलाना। रुष्ट होना। जैसे—तुम तो जरा-सी बात में चटक जाते हो। ६. आपस में अनबन या बिगाड़ होना।

वि० जल्दी चटकने या टूटनेवाला।

पुं० तमाचा। थप्पड़।

क्रि० प्र०—देना।—मारना।—लगाना।

चटकनी—स्त्री० = सिटकिनी (दरवाजे की)।

चटक-मटक—स्त्री० [हिं० चटक +मटक] नाज-नखरे से लोगों को अपनी ओर आकृष्ट करने के लिए शरीर के कुछ अंग हिलाने-डुलाने की क्रिया या भाव।

चट-कल—स्त्री० [हिं० चट (पटसन +कल (यंत्र)] वह कारखाना जहाँ जूट या पटसन की चीजें बनती हों।

चटकवाही†—स्त्री० [हिं० चटक + वाही (प्रत्य०)] १. शीघ्रता। जल्दी। २. तेजी। फुरती।

चटका—पुं० [हिं० चटकना] १. चटकने की क्रिया या भाव। २. मन उचटने का भाव या स्थिति। विराग। ३ तमाचा। थप्पड़।

पुं० [हिं० चाट] १. चरपरा स्वाद। २ सूखा या स्वाद मिलने के कारण उत्पन्न होनेवाली लालसा। चसका।

पुं० [देश०] हरे चने की डोंडी। पपटा।

पुं० [सं० चित्र, हिं० चट्टा] १. दाग। धब्बा। २. शरीर पर पड़नेवाला चकत्ता।

†पुं० [हिं० चट] १ शीघ्रता। जल्दी। २. तेजी। फुरती।

चटकाई*—स्त्री० [हिं० चटक +आई (प्रत्य०)] चटकीलापन। उदा०—लगत चित्र सी नदनादि बन की चटकाई।—रत्ना०।

चटकाना—स० [हिं० चटकना हिं० चटकना का स०] १ किसी को चटकने में प्रवृत्त करना। ऐसा करना जिससे कुछ चटके। २. उँगलियों के पोरों को इस प्रकार झटके से खींचना या जोर से दबाना कि उनमें से चट शब्द निकले। ३. किसी चीज से चट चट शब्द उत्पन्न करना। जैसे—जूतियाँ चटकाना। देखें 'जूती' के अन्तर्गत। ४. चट शब्द उत्पन्न करते हुए कोई चीज तोड़ना। ५ किसी व्यक्ति को इस प्रकार अप्रसन्न या उद्विग्न करना कि वह कड़वी और रूखी बातें करने लगे। ६ किसी के मन में विरक्ति उत्पन्न करके उसे कहीं से चले जाने या भगाने में प्रवृत्त करना। जैसे—ये लोग नये नौकर को टिकने नहीं देते, उसे आते ही चटका देते हैं। ७. चिढ़ाना।

चटकारा—पुं० [अनु० चट] १. किसी चटपटी वस्तु के खाते या चाटते समय तालू पर जीभ टकराने से होनेवाला शब्द।

पद—चटकारे का = इतना स्वादिष्ट कि खाने या पीने के समय मुँह से चट चट शब्द होता हो। जैसे—चटकारे की तरकारी या हलुआ। २. कोई स्वादिष्ट चीज खाने या पीने के बाद उसके स्वाद की वह स्मृति जो वह चीज फिर से खाने या पीने का चसका उत्पन्न करे।

मुहा०—चटकारे भरना = खूब चाट-चाटकर और स्वाद लेते हुए

कोई चीज खाना या पीना। खाने-पीने के समय जीभ से होंठ चाटते रहना।
† वि० १. = चटकीला। २. =चटपटा।
वि० [सं० चटुल] [स्त्री० चटकारी] चंचल। चपल।

चटकारी*—स्त्री० [अनु०] चुटकी, जिसे बजाने पर चट-चट शब्द होता है।
क्रि० प्र० —बजाना।—भरना।

चटकाली—स्त्री० [स० चटक-आली, ष० त०] १. चटकों अर्थात् गौरा पक्षियों की पंक्ति या समूह। २. चिड़ियों की पंक्ति या समूह।

चटक-चिरा—स्त्री० [ष० त०] पिपरामूल।

चटकाहट—स्त्री० [हिं० चटकना] १. कोई चीज चटकने से उत्पन्न होनेवाला चट शब्द। उदा०—फूलति कली गुलाब की चटकाहट चहुँ-ओर।—बिहारी। २. चटकने या तड़कने की क्रिया या भाव।

चटकी—स्त्री० [सं० चटक] बुलबुल की तरह की एक चिड़िया।
† स्त्री० = चटका।

चटकीला—वि० [हिं० चटक + ईला (प्रत्य०)] [स्त्री० चटकीली] [भाव० चटकीलापन] १. (रंग) जो चमकीला और तेज हो। जैसे—चटकीला लाल या हरा। २. (पदार्थ) जिसका रंग चमकीला और तेज हो। जैसे—चटकीला कपड़ा, चटकीली धारियाँ। ३. जिसमें खूब आभा और चमक हो। जैसे—मुख की चटकीली ज्योति या छवि। ४. (खाद्य पदार्थ) जिसमें खूब नमक, मिर्च और मसाले पड़े हों। जैसे—चटकीली तरकारी। ५. (बात) जो चित्ताकर्षक तथा सुंदर हो। लुभावना। जैसे—चटकीला राग। ६ (पदार्थ) जिसका स्वाद उग्र या तीव्र हो। जैसे—दाल में नमक कुछ चटकीला है।

चटकीलापन—पुं० [हिं० चटकीला + पन (प्रत्य०)] चटकीले होने की अवस्था, गुण या भाव।

चटकौरा*—पुं० [अनु०] एक प्रकार का खिलौना।

चटखना—अ० = चटकना।
पुं० = चटकना।

चटखनी†—स्त्री० = चटकनी (सिटकिनी)।

चटखारा—वि०, पुं० = चटकारा।

चट-चट—स्त्री० [अनु०] किसी चीज के चटकने या तड़कने के समय होनेवाला चट-चट शब्द। जैसे—चट-चट करके खत की कई कड़ियाँ टूट गईं। २. किसी चीज के जलने या फटने के समय होनेवाला चट-चट शब्द। जैसे—लकड़ियाँ चट चट करती हुई जल रही थीं। ३. उँगलियाँ चटकाने पर होनेवाला चट-चट शब्द।
क्रि० वि० चट-चट शब्द उत्पन्न करते हुए।
मुहा०—चट-चट बलैयाँ लेना = प्रिय व्यक्ति (विशेषतः बच्चे) को विपत्ति, संकट आदि से बचाने के उद्देश्य से उँगलियाँ चटकाते हुए उसकी मंगल-कामना करना। (स्त्रियाँ)

चटचटा—पुं० [अनु०] बार-बार होनेवाला चट-चट शब्द।
वि० [स्त्री० चटचटी] जिसमें से बार-बार चट-चट शब्द होता हो। जैसे—चट-चटी लकड़ी (जलाने की)।

चटचटाना—अ० [हिं० चट चट + आना (प्रत्य०)] १. किसी वस्तु का चट-चट शब्द करना। २. चट-चट शब्द करते हुए किसी वस्तु का टूटना या तड़कना। ३. चट-चट शब्द करते हुए जलना।
स० चट-चट शब्द करते हुए कोई काम करना।

चटनी—स्त्री० [हिं० चाटना] १. चाटकर खाई जानेवाली वस्तु। अवलेह। २. आम, इमली, पुदीना आदि खट्टी वस्तुओं में नमक, मिर्च, धनिया आदि मिलाकर गीला पीसा या घोला हुआ गाढ़ा चरपरा अवलेह जो भोजन का स्वाद तीक्ष्ण करने के लिए उसके साथ खाया जाता है।
मुहा०—(किसी की) चटनी करना या बनाना = (क) पदार्थ आदि तोड़-फोड़कर चूर-चूर करना। (ख) व्यक्ति आदि को बहुत अधिक मारना। (किसी चीज का) चटनी होना या हो जाना = (क) खाद्य पदार्थ का स्वादिष्ट होने के कारण सब में इस प्रकार थोड़ा-थोड़ा बँट जाना कि कुछ भी बाकी न बचे। (ख) किसी चीज का कम होने के कारण थोड़ा-थोड़ा काम में लगने या बँटने पर कुछ भी बाकी न बचना।
३. काठ का चार-पाँच अंगुल लंबा एक खिलौना जिसे छोटे बच्चे मुँह में डालकर चाटते या चूसते हैं।

चटप—स्त्री० [अनु०] १. आक्रमण। २. मनोवेग की प्रबलता। उदा०—काम स्याम तनु चटप कियौ। —सूर।

चट-पट—क्रि० वि० [अनु०] १. बहुत जल्दी। तुरंत। जैसे—चट-पट चले जाओ। २. अपेक्षाकृत बहुत थोड़े समय में। जैसे—काम चट-पट खत्म कर यहाँ चले आना।
वि० [स्त्री० चटपटी] = चटपटा।

चटपटाना†—अ० [हिं० चटपट] जल्दी मचाना।
स० किसी को जल्दी करने में प्रवृत्त करना।

चटपटी—स्त्री० [हिं० चटपट] १. जल्दी। शीघ्रता। २. उतावली। हड़बड़ी।
क्रि० प्र०—पड़ना।—मचना।
३. आकुलता। घबराहट। ४. बेचैनी। विकलता। उदा०—यों दृग लागि रूप, दृगन लगी अति चटपटी।—बिहारी। ५ उत्सुकता। छटपटी।
स्त्री० [हिं० चटपटा] खाने की चटपटी चीज। चाट। जैसे—कचालू आदि।

चटर—पुं० [अनु०] चट-चट शब्द।

चटर-चटर—स्त्री० [अनु०] खड़ाऊँ पहनकर चलने से होनेवाली चट-चट की ध्वनि।

चटरजी—पुं० [सं० चाटुर्ज्या] बंगाली ब्राह्मणों की एक शाखा। चट्टोपाध्याय।

चटरी†—स्त्री० [देश०] १. खेसारी नाम का अन्न। लतरी। २. रबी की फसल के साथ उगनेवाली एक वनस्पति।

चटवाना—स० [हिं० चाटना का प्रे०] किसी को कुछ चाटने में प्रवृत्त करना। चटाना।

चटशाला—स्त्री० [हिं० चट + सं० शाला] छोटे बच्चों की पाठशाला।

चटसार—स्त्री० =चटशाला।

चटसाल—स्त्री० =चटशाला।

चटा—पुं० [हिं० चटशाला] चटशाला में पढ़नेवाला बालक या विद्यार्थी।
उदा०—मनौं बार-चटसार सुधार चटा-से पढ़हीं।

चटाई—स्त्री० [सं० कट=चटाई?] बाँस आदि खर जाति के डंठलों की खपाचियों, ताड़ आदि के पत्तों का एक दूसरे में गूँथकर बनाया हुआ लंबा आसन या बास्तरच।

स्त्री० [हिं० चाटना] चटाने या चाटने की क्रिया या भाव।

चटाईदार—वि० [हिं० चटाई+फा० दार] जिसकी बुनावट या रचना चटाई की बनावट की तरह हो। जैसे—धोती का चटाईदार किनारा, गले में पहनने की चटाईदार सिकड़ी।

चटाक—पुं० [अनु०] १. वह शब्द जो दो वस्तुओं के टकराने अथवा किसी वस्तु के गिरने, टूटने आदि से होता है।

क्रि० वि० चट या चटाक शब्द उत्पन्न करते हुए।

पद—चटाक-पटाक=(क) चटाक या चट-चट शब्द के साथ। (ख) बहुत जल्दी। तुरन्त।

२. थप्पड़ मारने से होनेवाला शब्द।

†पुं०=चकत्ता (दाग)।

चटाकर—पु०[देश०] एक प्रकार का पेड़ जिसका फल खट्टा होता है।

चटाका—पुं०[अनु०] १ लकड़ी या और किसी कड़ी वस्तु के जोर से टूटने का शब्द। २. तीव्रता। प्रबलता।

मुहा०—चटाके का=कड़ाके का। जोरों का।

३. थप्पड़ जिसके लगने से चटाक शब्द होता है। (पश्चिम)

क्रि० वि० चट-पट। तुरन्त।

चटाका†—पुं०=चटाक।

चटाचट—स्त्री० [अनु०] क्रमशः अथवा लगातार टूटती हुई वस्तुओं से होनेवाला चट-चट शब्द।

क्रि० वि० एक पर एक। लगातार। जैसे—उसे चटाचट थप्पड़ लगे।

चटान†—स्त्री० =चट्टान।

चटाना—स० [हिं० चाटना का प्रे०] १. किसी को कुछ चाटने में प्रवृत्त करना। जैसे—बच्चे को शीर चटाना। २. थोड़ा-थोड़ा खिलाना। जैसे—बच्चे को कुछ चटा दो। ३. घूस या रिश्वत देना। जैसे—कचहरी वालों को कुछ चटाकर अपना काम निकालना। ४. छुरी, तलवार आदि की धार रगड़कर या और किसी प्रकार तेज करना। जैसे—चाकू को पत्थर चटाना।

चटापटी—स्त्री० [हिं० चटपट] १. चटपटी। जल्दी। २. ऐसा रोग या महामारी जिसमें लोग चटपट या बहुत जल्दी मर जाते हों।

क्रि० वि०=चट-पट।

चटाबल—पुं०[हिं० चटाना] १. चटाने की क्रिया या भाव। २. हिंदुओं का एक संस्कार जिसमें छोटे बच्चे के मुँह में पहले-पहल अन्न लगाया जाता है। अन्नप्राशन।

चटिक—क्रि० वि० [हिं० चट] चटपट। तत्काल। तुरंत।

चटिका—स्त्री० [स० चटक+टाप्, इत्व] पिपरामूल।

चटियल—वि०[देश०] (मैदान) जिसमें पेड़, पौधे आदि बिलकुल न हों। उजाड़ और सपाट।

चटिया—पुं० [हिं० चटशाला+इया (प्रत्य०)] १. चटशाला में पढ़नेवाला अथवा पढ़ा हुआ विद्यार्थी। २. चेला। शिष्य।

चटियाड—वि०[देश०] १. उजड्ड। २. जड़। मूर्ख।

चटी†—स्त्री०१.=चटसार। २.=चट्टी।

चटु—पुं० [सं०√चट् (भेदन करना)+कु] १. खुशामद। चापलूसी। २. उदर। पेट। ३. गतियों, योगियों आदि का आसन।

चटुक—पुं० [सं० चटु+कन्] काठ का बड़ा बरतन। कठौता।

चटुकार—वि० [सं० चटु+कृ (करना)+अण्, उप० स०] खुशामद करनेवाला।

चटुल—वि० [सं० चट्+लच्] १. चंचल। चपल। २. सुंदर। ३. मधुर-भाषी।

चटुला—स्त्री० [सं० चटुल+टाप्] १. बिजली। २. प्राचीन काल का स्त्रियों का एक प्रकार का केश-विन्यास।

चटु-लालस—वि० [ब०स०] (व्यक्ति) जो अपनी खुशामद करवाना चाहता हो। खुशामद-पसन्द।

चटुलित—भू० कृ० [सं० चटुल+इतच्] १ हिलाया हुआ। २. बनाया-सँवारा या सजाया हुआ।

चटुलोल—वि० [सं० चटुल-लोल, कर्म० स० नि० सिद्धि] १. चंचल। २. सुन्दर। ३ मधुर भाषी।

चटैल†—वि०=चटियल।

चटोर—वि० दे० 'चटोरा'।

चटोरपन—पुं०=चटोरापन।

चटोरा—वि० [हिं० चाट+ओरा (प्रत्य०)] [स्त्री० चटोरी] १. जिसे चटपटी चीजें खाने का शौक हो। २. अधिक खाने का लोभी। ३. जो अपनी संपत्ति या पूँजी खा-पका गया हो।

चटोरापन—पुं० [हिं० चटोरा+पन (प्रत्य०)] चटोरे होने की अवस्था, गुण या भाव।

चट्ट†—वि० [हिं० चाटना] १. (खाद्य पदार्थ) जिसे अच्छी तरह खा या चाट लिया गया हो। २ (माल) जो खा-पीकर खत्म कर दिया गया हो। ३. जिसका कुछ भी अंश न बच रहा हो।

क्रि० वि०=चट।

चट्टा—पुं० [सं० चेटक=दास] चेला। शिष्य।

पुं० [देश०] १. चटियल मैदान। २ चकत्ता। दद्दोरा। ३. ईंटों, बालू, मिट्टी आदि को गिनने या नापने के लिए उनका लगाया या बनाया हुआ सुव्यवस्थित थाक या ढेर।

पुं०[सं० कट+चाई?] बाँस आदि की लंबी चटाई।

चट्टान—स्त्री० [हिं० चट्टा] १ पत्थर का बहुत बड़ा और विशाल खंड। २. किसी वस्तु का बहुत बड़ा और ठोस टुकड़ा। जैसे—नमक की चट्टान। ३. ऐसी वस्तु जिसमें चट्टान की-सी दृढ़ता या स्थिरता हो।

चट्टा-बट्टा—पुं० [हिं० चट्टा=चाटने का खिलौना+ बट्टा=गोला] १. काठ के खिलौनों का समूह जिसमें चट्टू, झुनझुने, गोले आदि रहते हैं।

मुहा०—चट्टे-बट्टे लड़ाना=इधर की बातें उधर कहकर लोगों को आपस में लड़ाना या उनमें वैर-विरोध उत्पन्न कराना।

२. वे गोले जिन्हें बाजीगर छोले में से निकालकर लोगों को दिखाते हैं।

पद—एक ही थैले के चट्टे-बट्टे=एक ही गुट के मनुष्य। एक ही तरह या स्वभाव के लोग।

चट्टी—स्त्री० [हिं० चट्टा या अनु०] टिकान। पड़ाव। मंजिल। (विशेषतः पहाड़ी इलाकों में प्रयुक्त)

स्त्री० [अनु० चट चट] खुली एड़ी का एक प्रकार का जूता।

स्त्री०[हिं० चाँटा=थपत] १. क्षति। २. जुरमाना। दंड।

क्रि० प्र०—भरना।

चढ़ा†—वि०=चटोरा।

पुं० [अनु०] १. पत्थर का बड़ा शरल। २. छोटे बच्चों का एक प्रकार का खिलौना जिसे वे प्रायः मुँह में रखकर चाटते या चूसते रहते हैं। चुसनी।

चड़—पुं० [अनु०] १. लकड़ी आदि के टूटने या फटने से होनेवाला शब्द। २. सूखी लकड़ी के जलने, टूटने आदि से होनेवाला शब्द।

चढ़ना†—अ०=चढ़ना। (पंजाब और राजस्थान)

चड़-बड़—स्त्री० [अनु०] निरर्थक प्रलाप। टें-टें। बक-बक।

चड़ाक—पुं० [अनु०] किसी वस्तु के टूटने, फूटने, नोचे जाने पर होनेवाला चड़ शब्द।

चड़ी—स्त्री० [स० चरण या हिं० चढ़ना?] उछलकर मारी जानेवाली लात।

चड्ढा—पुं० [देश०] जघे का ऊपरी भाग।

वि० मूर्ख।

चड्ढी—स्त्री० [हिं० चड्ढा] एक प्रकार का लँगोट।

चड्ढी—स्त्री० [हिं० चढ़ना] बच्चो का एक खेल जिसमे वे एक दूसरे की पीठ पर चढ़कर सवारी करते हैं।

मुहा०—चड्ढी गाँठना=सवारी करना। **चड्ढी देना**—हारने पर पीठ पर सवार कराना।

चड्ढी—स्त्री० [हिं० चूड=भग] स्त्रियों के लिए एक प्रकार की गाली जो उनकी दुश्चरित्रता की सूचक होती है।

चढ़त—स्त्री० [हिं० चढ़ाना] वह जो कुछ चढ़ाया (श्रद्धापूर्वक देवी-देवता को भेंट किया) गया हो।

चढ़ता—वि० [हिं० चढ़ना] [स्त्री० चढ़ती] १. आरम्भ होकर बढ़ता हुआ। जैसे—चढ़ता दिन। २. जिस की अभिवृद्धि, उन्नति या विकास हो रहा हो। विकासशील। जैसे—चढ़ती जवानी। ३. किसी की तुलना में अच्छा या बढ़िया। जैसे—इससे भी चढ़ती धोती लाओ।

†पुं० पूरब की दिशा जिधर से सूर्य चढ़ता या निकलता है। (पश्चिम)

चढ़न—स्त्री० [हिं० चढ़ना] १. चढ़ने या चढ़ाने की क्रिया या भाव। चढ़ाई। २. देवताओं पर चढ़ाया हुआ धन आदि। चढ़ावा। चढ़त।

चढ़नदार—पुं० [हिं० चढ़ना+फा० दार (प्रत्य०)] वह मनुष्य जिसे व्यापारी गाड़ी, नाव आदि पर चढ़ाकर माल के साथ उसकी रक्षा के लिए भेजते हैं। (लश०)

चढ़ना—अ० [सं० उच्चलन या चलन; प्रा० उच्चउन, चड्डन] १. केवल पैरों की सहायता से यों ही अथवा हाथों का सहारा लेते हुए ऊपर की ओर बढ़ना। जैसे—(क) आदमियों का पहाड़ या सीढ़ियों पर चढ़ना। (ख) गिलहरियों या बंदरों का पेड़ों पर चढ़ना। २. कहीं चलने या जाने के लिए अथवा यों ही किसी चीज, जानवर, सवारी आदि के ऊपर बैठना या स्थित होना। आरोहण करना। जैसे—(क) घोड़े, ऊँट नाव, पालकी या रेल पर चढ़ना। (ख) किसी की गोद अथवा कंधे, पीठ, सिर आदि पर चढ़ना। ३. किसी विशिष्ट उद्देश्य से और जान-बूझकर चल या जाकर पहुँचना। जैसे—(क) मुकदमा चलाने के लिए कचहरी चढ़ना। (ख) मार-पीट करने के लिए किसी के घर या दूकान पर चढ़ना। (ग) युद्ध करने के लिए शत्रु के देश पर चढ़ना।

मुहा०—(किसी पर) चढ़ बैठना=किसी को पूरी तरह से अपने अधीन करते हुए विवश कर देना।

४. किसी प्रकार के क्रमिक विकास में ऊपर की ओर अग्रसर होना या आगे बढ़ना। जैसे—(क) लड़कों का दरजा चढ़ना। (ख) दिन या वर्ष चढ़ना। (ग) ताप-मापक यंत्र का पारा चढ़ना। ५. किसी चीज का मान, मूल्य आदि बढ़ना। जैसे—(क) गाने-बजाने में स्वर चढ़ना। (ख) बाजार में चावल या चीनी का दाम (या भाव) चढ़ना।

मुहा०—(किसी की) चढ़ बनना=यथेष्ट प्रभाव, सफलता आदि के कारण किसी का महत्त्व या मान बहुत बढ़ जाना। जैसे—मंत्री हो जाने पर तो अब उनकी और भी चढ़ बनी है।

६. देवी-देवता आदि के सामने श्रद्धा-भक्ति से निवेदित और समर्पित किया जाना। जैसे—(क) मंदिर में दक्षिणा या मिठाई चढ़ना। (ख) देवी के आगे बकरा या भेड़ा चढ़ना। ७ किसी प्रकार या रूप से ऊपर की ओर उठना, खिचना, तनना या बढ़ना। जैसे—(क) गुड़ही का आसमान में चढ़ना। (ख) तालाब या नदी का पानी चढ़ना। (ग) कुरते की आस्तीन या पायजामे का पाँयचा चढ़ना। ८. एक चीज का दूसरी चीज पर टाँका, बैठाया, मढ़ा, रखा या लगाया जाना। स्थापित या स्थित किया जाना। जैसे—(क) साड़ी पर गोटा-पट्टा या बेल चढ़ना। (ख) चूल्हे पर कड़ाही या तवा चढ़ना। (ग) किताब पर जिल्द, तकिये पर गिलाफ या तसवीर पर चौखटा और शीशा चढ़ना। ९. किसी प्रकार की प्रक्रिया से किसी चीज के ऊपरी तल या भाग पर पोता, फैलाया या लगाया जाना। जैसे—(क) कपड़े या दरवाजे पर रंग चढ़ना। (ख) बिजली की सहायता से चाँदी पर सोना चढ़ना। १०. ग्रहों, नक्षत्रों आदि का उदित होकर आकाश में ऊपर आना या उठना। जैसे—चंद्रमा या सूर्य चढ़ना। ११. कुछ विशिष्ट प्रकार के बाजों की डोरी, तार, बंधन आदि का आवश्यकता से अधिक कड़ा या कसा हुआ होना, जिसके फल-स्वरूप ध्वनि या स्वर अपेक्षया अधिक ऊँचा या तीव्र होता है। जैसे—तबला या सारंगी चढ़ना। १२. किसी प्रकार की क्रिया या प्रक्रिया का आरंभ, सचार या संपादन होना। जैसे—बुखार चढ़ना, रसौई चढ़ना। १३. कुछ विशिष्ट प्रकार की दशाओं, मनोवेगों आदि का उत्कट या तीव्र रूप धारण करते हुए प्रत्यक्ष या स्पष्ट होना। जैसे—(क) जवानी, नशा या मस्ती चढ़ना। (ख) उमंग, गुस्सा, दिमाग, खेती या शौक चढ़ना। १४. बही-खाते आदि में नामों, रकमों आदि का यथास्थान अंकित होना या लिखा जाना। जैसे—(क) रजिस्टर में नाम चढ़ना। (ख) बही में हिसाब चढ़ना।

चढ़वाना—स० [हिं० चढ़ाना का प्रे०] १. किसी को कहीं चढ़ने में प्रवृत्त करना। २. (माल आदि) चढ़ाने का काम कराना।

चढ़ाई—स्त्री० [हिं० चढ़ना] १. चढ़ने अर्थात् ऊँचे स्थल की ओर जाने की क्रिया या भाव। २. ऐसी भूमि जिसका विस्तार एक ओर से बराबर ऊँचा होता गया हो। ऊँचाई की ओर जानेवाली भूमि। ३. विपक्षी या शत्रु-राज्य अथवा व्यक्ति के अधिकार में पहुँचकर उस पर हठात् किया जानेवाला आक्रमण। ४. दे० 'चढ़ान'।

चढ़ाउ†—पुं०=चढ़ाव।

चढ़ा-उतरी—स्त्री० [हिं० चढ़ना+उतरना] १. बार-बार चढ़ने तथा उतरने की क्रिया या भाव। २. दे० 'चढ़ा-ऊपरी'।

चढ़ा-ऊपरी—स्त्री० [हिं० चढ़ना +ऊपर] १. आर्थिक क्षेत्र में, कोई चीज खरीदने के समय उसके खरीददारों का एक दूसरे से बढ़-चढ़कर मूल्य देने को प्रस्तुत होना। २. एक दूसरे से आगे बढ़ने या निकलने का प्रयत्न करना।

चढ़ा-बढ़ी—स्त्री० [हिं० चढ़ना] १. बार-बार लोगों के ऊपर चढ़ने की क्रिया या भाव। २ चढ़ा- ऊपरी।

चढ़ाई† —स्त्री० [हिं० चढ़ना] १. चढ़ने की क्रिया या भाव। २. ऐसा स्थान जो बराबर ऊपर की ओर उठता या चढ़ता चला गया हो। जैसे- पहाड़ की चढ़ाई।

चढ़ाना—स० [हिं० चढ़ना] १. किसी को चढ़ने में अर्थात् ऊपर की ओर जाने में प्रवृत्त करना। २. उठाकर किसी चीज को ऊँचाई पर ले जाना। ३. यान, सवारी आदि पर किसी को बैठाना। जैसे—लड़के को घोड़ी पर (विवाह के समय) चढ़ाना। ४. किसी प्रकार के क्रमिक विकास में ऊपर की ओर अग्रसर करना या बढ़ाना। ५ किसी चीज का मान, मूल्य आदि बढ़ाना।

मुहा०—सिर पर चढ़ाना (दे०)।

६. श्रद्धापूर्वक कोई चीज समर्पित करना। जैसे—भगवान को फल चढ़ाना। ७. कोई ऐसी क्रिया करना जिससे कोई चीज उच्च स्तर पर पहुँचे। जैसे—(क) आस्तीन चढ़ाना। (ख) गुड्डी या पतंग चढ़ाना। ८. कोई चीज या आवरण किसी चीज पर रखना या पहनाना। जैसे—(क) चूल्हे पर कड़ाही चढ़ाना। (ख) तकिये पर खोली चढ़ाना। ९. लेप आदि पोतना या लगाना। जैसे—दीवारों पर रंग चढ़ाना। १०. कोई क्रिया, मनोवेग या व्यापार तीव्र करना। जैसे—किसी को गुस्सा चढ़ाना। ११. बही, खाते आदि पर कोई आय या व्यय की मद लिखना। १२. अपने ऊपर या सिर पर लेना। जैसे—कर्ज चढ़ाना।

चढ़ाव—पुं० [हिं० चढ़ना] १. चढ़ने या चढ़ाने की क्रिया या भाव।

पद—**चढ़ाव-उतार** = ऊँचा-नीचा स्थान।

२. बराबर आगे या ऊपर की ओर होनेवाली गति। ३. बढ़ती। वृद्धि।

पद—**चढ़ाव-उतार**= (क) एक ओर मोटे और दूसरी ओर पतले होने का भाव। (ख) उन्नति और अवनति।

४. दर या भाव की तेजी। ५. वह दिशा जिधर से जल-धारा आ रही हो। ६. स्वर का आरोह। ७. काम -वासना। ८. दरी के करघे का वह बाँस जो बुननेवाले के पास रहता है। ९. दे० 'चढ़ावा' १. और २.।

चढ़ावा—पुं० [हिं० चढ़ाना] १. वे आभूषण जो विवाह के समय कन्या को पहनने के लिए वर-पक्ष के घर से आते हैं। २. कन्या को विवाह के समय उक्त आभूषण पहनाने की एक रीति। ३. वे चीजें जो श्रद्धापूर्वक किसी देवता को चढ़ाई जायँ। पुजापा। ४. उत्तेजना। बढ़ावा। ५. टोटके की वह सामग्री जो बीमारी को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए किसी चौराहे या गाँव के किनारे रखी जाती है। उतारा।

चढ़ैल—वि० [हिं० चढ़ना +ऐल (प्रत्य०)] १. चढ़नेवाला। २. सवार होनेवाला।

चढ़ैया*—वि० [हिं० चढ़ना +ऐया (प्रत्य०)] चढ़ने या चढ़ानेवाला। उदा०—छात्र छत्र को छेम उपरचित चाव-चढ़ैया।—रत्ना०।

चढ़ौना—पुं०—चढ़ावा।

चढ़ौवा—वि० [हिं० चढ़ाना] १. (पदार्थ) जो चढ़ाया जाता हो। २. (जूता) जिसकी एड़ी ऊँची या उठी हुई हो।

चण—पुं० [स० √चण् (देना) +अच्] चना।

चणक—पुं० [स० √चण् +क्वुन्—अक] १. चना। २. एक गोत्र-प्रवर्तक ऋषि।

चणका—स्त्री० [सं० चणक +टाप्] तीसी।

चणकात्मज—पुं०[सं० चणक-आत्मज, ष० त०] चणक के पुत्र, चाणक्य।

चण-द्रुम—पुं० [उपमि० स०] १. क्षुद्र गोखुर। छोटा गोखरू। २. एक प्रकार का रोग।

चणपत्री—स्त्री० [ब० स०, ङीप्] स्वती नामक पौधा।

चणिका—स्त्री० [सं० चणक +टाप्, इत्व] एक प्रकार की घास जो औषध के काम आती है।

चणिया—पुं० [गुज० चणियो] औरतों का छोटा चाघरा।

चतरंग†—पुं० = चतुरंग।

चतर† —वि० = चतुर।

†पुं० = छत्र।

चतरना—अ० [हिं० छितराना] छितराया जाना।

स० छितराना।

† स० = चितरना।

चतरभंग—पुं० [सं० छत्र-भंग] १. बैल के डिल्ले का मांस एक ओर लटक जाने की अवस्था, भाव या दोष। २. दे० 'छत्र-भंग'।

चतरभाँगा—वि० [हिं० चतरभंग] (बैल) जिसके डिल्ले का मांस एक ओर लटक गया हो।

चतुःशाख—वि० [स० चतुर्-शाखा, ब० स०] चार शाखाओंवाला।

पुं० देह। शरीर।

चतुःसीमा (मन्)—स्त्री० [सं० चतुर्-सीमन्, ष० त०] किसी क्षेत्र, भवन आदि के चारों ओर की सीमा। चौहद्दी।

चतुरंग—वि० [स० चतुर्-अंग, ब० स०] [स्त्री० चतुरंगिणी] जिसके चार अंग हों। चार अंगोंवाला।

पुं० १. सेना के चार अंग—हाथी, घोड़ा रथ और पैदल। २. चतुरंगिणी सेना का सेनापति। ३. चतुरंगिणी (सेना)। ४. संगीत में वह गाना जिसमें उसके साधारण बोल के साथ सरगम, तराने और किसी बाद्य (जैसे-तबला, सितार आदि) के बोल भी मिले हों। ५. शतरंज का खेल।

चतुरंगिणी—स्त्री० [स० चतुर्-अंग, कर्म० स०+इनि] ऐसी सेना जिसमें हाथी, घोड़े, रथ और पैदल ये चारों अंग हों।

चतुरंगी—वि० = चतुर। उदा०—चित्रन होर च्यति मनरे चतुरंगी नाह। —चन्दबरदाई।

चतुरंगुल—पुं० [सं० चतुर्-अंगुल, ब० स०] अमलतास।

चतुरंगुला—स्त्री० [स० चतुरंगुल +टाप्] शीतल लता।

चतुरंता—स्त्री० [सं० चतुर्-अंत, ब० स०, टाप्] पृथ्वी।

चतुर—वि० [स० √चत् (याचना करना) + उरच्] १. (व्यक्ति) जिसकी बुद्धि प्रखर हो और इसी लिए जो हर काम बहुत समझ-बूझकर तथा जल्दी करता हो। कार्य और व्यवहार में कुशल। २. अपना मतलब निकाल लेनेवाला। ३ निपुण। दक्ष। ४. चालाक। धूर्त। ५. जिसे बातें बनानी खूब आती हो।

चतुरई—†स्त्री० = चतुराई।

चतुरक—पुं० [सं० चतुर+कन्] चतुर।

चतुर-कम—पुं [ब० स०?] संगीत में ३२ मात्राओं का एक प्रकार का ताल।

चतुरता—स्त्री० [सं० चतुर+तल— टाप्] चतुर होने की अवस्था, गुण या भाव।

चतुरवलगुन*—पुं० = चौबहे विद्या। (दे० 'विद्या')

चतुरानीक—पु० [स० चतुर्-अनीक, ब० स०] चतुरानन। ब्रह्मा।

चतुरपन—पुं० [हिं० चतुर+पन] = चतुरता।

चतुरबीज†—पुं० = चतुर्बीज।

चतुरभुज†—पु० = चतुर्भुज।

चतुरमास†—पु० = चतुर्मास।

चतुरभुज†—वि०, पुं० चतुर्भुज।

चतुरम्ल—पु० [सं० चतुर्-अम्ल द्विगुस०] वद्यक में, अमलबेत, इमली, जंबीरी और कागजी नीबू के रसों को मिलाकर बनाया हुआ खट्टा द्रव्य।

चतुरश्र—वि० [स० चतुर्-अश्रि, ब० स०, अच् नि०] चार कोनोंवाला।
पुं० १ ब्रह्मसंतान नामक केतु। २. ज्योतिष में चौथी या आठवीं राशि।

चतुरसम*—पुं० = चतुस्सम।

चतुरस्र—पुं० [सं० चतुर-अस्रि, ब० स०, अच् नि०] १. संगीत में, एक प्रकार का ताल। २. नृत्य में, हाथ की एक प्रकार की मुद्रा या हस्तक।

चतुरह—पु० [सं० चतुर्-अहन्, द्विगुस०, टच्] वे याग जो चार दिनों में पूरे होते हों।

चतुरा—स्त्री० [हिं० चतुर से] नृत्य में धीरे-धीरे भौंह कँपाने की क्रिया।
वि०, पुं० = चतुर।

चतुराई—स्त्री० [स० चतुर+हिं० आई (प्रत्य०)] १. चतुर होने की अवस्था, गुण या भाव। २. होशियारी। ३. चालाकी। धूर्तता।

चतुरात्मा—पु० [स० चतुर्-आत्मन् ब० स०] १. ईश्वर। २. विष्णु।

चतुरानन—वि०, पु० [सं० चतुर्-आनन, ब० स०] जिसके चार मुँह हों। चार मुखोंवाला।
पुं० ब्रह्मा।

चतुरापन*—पुं० = चतुराई।

चतुराश्रम—पुं० [सं० चतुर्-आश्रम, द्विगुस०] ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ्य, वानप्रस्थ और संन्यास ये चारों आश्रम।

चतुरासीति†—वि० [सं० चतुरशीति] चौरासी।

चतुरिंद्रिय—पुं० [सं० चतुर्-इंद्रिय, ब० स०] चार इंद्रियोंवाले जीव या प्राणी।

चतुरी—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की पतली लंबी नाव जो एक ही पेड़ के तने को खोदकर बनाई जाती है।

चतुरुष्ण—पुं० [सं० चतुर्-ऊष्ण, द्विगुस०] वैद्यक में सोंठ, मिर्च, पीपल, और पिपरामूल, इन चार उष्ण या गरम पदार्थों का समूह।

चतुर्वेति—वि० [सं० ब० स०] चार दिशाओं या प्रकारों की गतिवाला।
पुं० १. विष्णु। २. ईश्वर। ३. कछुआ।

चतुर्गव—पुं० [सं० चतुर्-गो, द्विगुस०] वह गाड़ी जिसे चार बैल मिलकर खींचते हों।

चतुर्गुण—वि० [सं० द्विगुस०] १. चार गुणोंवाला। २. चौपहला। ३. चौगुना।

चतुर्जातक—पुं० [सं० द्विगुस०] वैद्यक में, इलायची (फल), दारचीनी (छाल), तेजपत्ता (पत्ता) और नागकेसर (फूल) इन चारों पदार्थों का समूह।

चतुर्थ—वि० [सं० चतुर्+डट् थुक् आगम] क्रम या गिनती में चार की संख्या पर पड़नेवाला। चौथा। जैसे—चतुर्थ आश्रम, चतुर्थ श्रेणी।
पुं० एक प्रकार का चौतालका ताल। (संगीत)

चतुर्थक—पुं० [सं० चतुर्थ+कन्] वह बुखार जो हर चौथे दिन आता हो। चौथिया ज्वर।

चतुर्थ-काल—पुं० [कर्म० स०] १. दिन का चौथा पहर। २. सन्ध्या का समय।

चतुर्थ-भाज्—वि० [सं० चतुर्थ √भज् (ग्रहण करना) +ण्वि, उप० स०] प्रजा द्वारा उपजाये हुए अन्न आदि में से कर स्वरूप एक चौथाई अंश पानेवाला (अर्थात् राजा)।

चतुर्थांश—पुं० [चतुर्थ-अंश, कर्म० स०] १. किसी चीज के चार बराबर भागों में से हर एक। चौथाई। २. [ब० स०] चार अंशों या भागों में से किसी एक अंश या भाग का मालिक।

चतुर्थांशी (शिन्)—वि० [स० चतुर्थांश+इनि] चतुर्थांश पानेवाला।

चतुर्थाश्रम—पु० [सं० चतुर्थ-आश्रम, कर्म० स०] आश्रमों में चौथा, अर्थात् संन्यास।

चतुर्थिका—स्त्री० [सं० चतुर्थ+कन्, टाप्, इत्व] एक परिमाण जो ४ कर्ष के बराबर होता है। पल।

चतुर्थी—स्त्री० [सं० चतुर्थ+ङीप्] १. चांद्रमास के किसी पक्ष की चौथी तिथि। चौथ। २. संस्कृत व्याकरण में संप्रदान कारक या उसमें लगनेवाली विभक्ति।

चतुर्थी-कर्म (र्मन्)—पुं० [मध्य० स०] विवाह के चौथे दिन के कृत्य जिनमें स्थानिक देवता, नदी आदि के पूजन होते हैं।

चतुर्थी-क्रिया—स्त्री० [मध्य० स०] किसी की मृत्यु के चौथे दिन होनेवाले कृत्य।

चतुर्थी तत्पुरुष—पुं० [तृ० त०] तत्पुरुष समास का वह प्रकार या भेद जिसमें चौथी विभक्ति का लोप होता है।

चतुर्दंत—वि० [सं० ब० स०] चार दाँतोंवाला। जिसके चार दाँत हों।
पुं० ऐरावत नामक हाथी जिसके चार दाँत कहे गये हैं।

चतुर्दंष्ट्र—पुं० [सं० ब० स०] १. ईश्वर। २. कार्तिकेय की सेना। ३. एक राक्षस का नाम।

चतुर्दश (दशी)—वि० [सं० मध्य० स०] चौदह।

चतुर्दश-पदी—स्त्री० [सं० ब० स०, ङीप्] पाश्चात्य ढंग की एक प्रकार की कविता जिसमें कुछ विशिष्ट नियमों के अनुसार कुल चौदह चरण या पद होते हैं। (सॉनेट)

चतुर्दशी—स्त्री० [सं० चतुर्दशन् +डट्-ङीप्] चांद्रमास के किसी पक्ष की चौदहवीं तिथि। चौदस।

चतुर्दिक् (क्)—अव्य० [सं० द्वि गुस०] चारों दिशाओं में। चारों ओर।
पुं० चारों दिशाएँ।

चतुर्दिश—पुं० [सं० द्विगुस०] चारों दिशाएँ।

क्रि० वि० चारों ओर से। चारों दिशाओं में या से।

चतुर्बोल—पु० [सं० चतुर् √दुल् (डोला) +घञ् + बत्] १. चार डंडों का हिंडोला या पालना। २. वह सवारी जिसे चार कहार उठाकर ले चलते हों। ३. चंडोल नाम की सवारी।

चतुर्द्वार—पु० [स० ब० स०] वह घर जिसके चारों ओर चार दरवाजे हों।

चतुर्धाम (न्)—पुं० [सं० द्विगु स०] हिन्दुओं के द्वारका, रामेश्वर, जगन्नाथपुरी और बदरिकाश्रम ये चार मुख्य तीर्थ या धाम।

चतुर्बाहु—वि० [सं० ब० स०] चार बाँहों या भुजाओंवाला।
पु० १ महादेव। शिव। २. विष्णु।

चतुर्बीज—पु० [स० द्विगु०] वैद्यक में, काला जीरा, अजवाइन, मेथी और हालिम इन चार पदार्थों के दानों या बीजों का समूह।

चतुर्भद्र—पु० [सं० द्विगु०] अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष इन चारों पदार्थों का समूह।
वि० उक्त चारों पदार्थों से युक्त।

चतुर्भाव—पु० [स० ब० स०] विष्णु।

चतुर्भुज—वि० [सं० ब० स०] [स्त्री० चतुर्भुजा] १. (व्यक्ति) जिसकी चार भुजाएँ हों। चार भुजाओंवाला। २. (ज्यामिति में वह क्षेत्र) जिसमें चार भुजाएँ या कोण हों। जैसे—सम चतुर्भुज क्षेत्र।
पु० १. विष्णु। २. ज्यामिति में, चार भुजाओंवाला क्षेत्र।

चतुर्भुजा—स्त्री० [स० चतुर्भुज +टाप्] १. गायत्री रूपधारिणी ब्रह्मशक्ति। २. दुर्गा की एक चार भुजाओंवाली विशिष्ट मूर्त्ति।

चतुर्भुजी—पु० [हिं० चतुर्भुज से] १. एक वैष्णव संप्रदाय जिसके आचार, व्यवहार आदि रामानन्दियों से मिलते-जुलते होते हैं। २. उक्त संप्रदाय का अनुयायी या सदस्य।
वि० चार भुजाओंवाला।

चतुर्मास—पु० [स० द्विगु०] आषाढ़ मास की शुक्ला एकादशी से कार्तिक-शुक्ला एकादशी तक की अवधि जिनमें विवाह आदि शुभ काम वर्जित हैं। चौमासा।

चतुर्मुख—वि० [सं० ब० स०] [स्त्री० चतुर्मुखी] जिसके चार मुख हों। चार मुँहोंवाला।
क्रि० वि० चारों ओर।
पु० १. ब्रह्मा। २. संगीत में, एक प्रकार का चौताला ताल। ३. नृत्य में एक प्रकार की चेष्टा।

चतुर्मुखी—वि० [हिं० चतुर्मुख से] चतुर्मुख।

चतुर्मूर्त्ति—पु० [सं० ब० स०] विराट्, सूत्रात्मा, अव्याकृत और तुरीय इन चारों अवस्थाओं या रूपों में रहनेवाला, ईश्वर।

चतुर्युग—पु० [सं० द्विगु०] चारों युगों का समूह। चतुर्युगी।

चतुर्युगी—स्त्री० [सं० चतुर्युग +ङीप्] सत्ययुग, द्वापर, त्रेता और कलियुग इन चारों युगों का समूह। ४३२०००० वर्षों का समय। चौकड़ी।

चतुर्वक्त्र—पु० [सं० ब० स०] ब्रह्मा।

चतुर्वर्ग—पु० [सं० द्विगु०] अर्थ, काम, धर्म और मोक्ष ये चारों पदार्थ या इनका समूह।

चतुर्वर्ण—पु० [स०द्विगु०] हिंदुओं के चारों वर्ण—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र।

चतुर्वाही (हिन्)—वि० [सं० चतुर् √वह् (ढोना) +णिनि, उप० स०] जिसे चार (पशु या व्यक्ति) मिलकर खींचते या वहन करके ले चलते हों।
पु० चार घोड़ों की गाड़ी। चौकड़ी।

चतुर्विंश—वि० [स० चतुर्विंशति +डट्] चौबीसवाँ।
पु० एक दिन में पूरा होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ।

चतुर्विंशति—वि० [स० मध्य० स०] चौबीस।
स्त्री० चौबीस का सूचक अंक या संख्या।

चतुर्विद्य—वि० [सं० ब० स०] १. जिसने चारों वेद पढ़े हों। २. चारों विद्याओं का ज्ञाता। पंडित।

चतुर्विद्या—स्त्री० [स० कर्म० स०] चारों वेदों की विद्या या ज्ञान।

चतुर्विध—वि० [स० ब० स०] १ चार प्रकारों या रूपों का। २. चौतरफा।
क्रि० वि० चार प्रकारों या रूपों में।

चतुर्वीर—पुं० [सं० ब० स०?] चार दिनों में होनेवाला एक प्रकार का सोमयाग।

चतुर्वेद—पु० [सं० ब० स०] १. परमेश्वर। ईश्वर। २. [कर्म० स०] चारों वेद।
वि० [ब० स०] चारों वेदों का ज्ञाता।

चतुर्वेदी (दिन्)—पु० [स० चतुर्वेद +इनि] १. चारों वेदों को जाननेवाला पुरुष। २. ब्राह्मणों का एक भेद या वर्ग।

चतुर्मूह—पु० [स० ष० त०] १ चार मनुष्यों अथवा पदार्थों का समूह। जैसे—(क) राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न। (ख) कृष्ण, बलदेव, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध। (ग) संसार, संसार का हेतु, मोक्ष और मोक्ष का उपाय। २. विष्णु। ३. योग-शास्त्र। ४ चिकित्सा-शास्त्र।

चतुर्होम—पु० [स० ब० स०] १ परमेश्वर। २ विष्णु।

चतुल—वि० [स० √ चत् (गति) + उलच्] स्थापन करनेवाला। स्थापक।

चतुश्चक्र—पु० [स० चतुर्-चक्र, ब० स०] एक प्रकार का चक्र जिसके अनुसार मंत्रों के शुभ या अशुभ होने का विचार किया जाता है। (तंत्र)

चतुश्चत्वारिंश—वि० [स० चतुश्चत्वारिंशत् + डट्] चौवालीसवाँ।

चतुश्चत्वारिंशत्—स्त्री० [स० चतुर्-चत्वारिंशत् मध्य० स०] चौवालीस की संख्या या अंक।

चतुश्चरण—वि० [स० चतुर्-चरण, ब० स०] १. चार पैरोंवाला। २. चार भागों या वर्गोंवाला।
पुं० चौपाया। पशु।

चतुश्शृंग—वि० [स० चतुर्-शृंग, ब० स०] जिसके चार सींग हों। चार सींगोंवाला।
पुं० शकद्वीप के एक पर्वत का नाम। (पुराण)

चतुष्क—वि० [स० चतुर् +कन्] जिसके चार अंग या पार्श्व हों। चौपहल।
पुं० १. चार वस्तुओं का वर्ग या समूह। २. वास्तु में एक प्रकार का चौकोर मकान। ३. एक प्रकार की छड़ी या डंडा।

चतुष्कर—पु० [स० चतुर्-कर, ब० स०] वह जंतु जिसके चारों पैरों के आगे के भाग हाथ के समान हों। पंजेवाले जानवर। जैसे—बंदर।
वि० जिसके चार हाथ हों।

चतुष्करी (रिन्)—वि० [स० चतुर्-कर, द्विगु०,+इनि] =चतुष्कर।

चतुष्कर्ण—वि० [सं० चतुर्-कर्ण, ब० स०] (बात) जिसे चार कान अर्थात् दो ही आदमी जानते हों।

चतुष्कर्णी—स्त्री० [सं० चतुष्कर्ण +ङीप्] कार्तिकेय की अनुचरी एक मातृका।

चतुष्कल—वि० [सं० चतुर्-कला, ब० स०] चार कलाओं या मात्राओंवाला। जिसमें चार कलाएँ या मात्राएँ हों। जैसे—छन्दःशास्त्र में चतुष्कल गण, संगीत में चतुष्कल ताल।

चतुष्की—स्त्री० [सं० चतुष्क +ङीप्] १. एक प्रकार की चौकोर पुष्करिणी। २. मसहरी। ३. चौकी।

चतुष्कोण—वि० [सं० चतुर्-कोण, ब० स०] चार कोणोंवाला। चौकोर। चौकोना। जैसे—चतुष्कोण क्षेत्र।

पु० ज्यामिति में, वह क्षेत्र जिसमें चार कोण हों। (क्वाड्रैंगिल)

चतुष्टय—पु० [सं० चतुर्+तयप्] १. चार की संख्या। २. चार चीजों का वर्ग या समूह। ३. फलित ज्योतिष में जन्म-कुंडली में केन्द्र, लग्न, और लग्न से सातवाँ तथा दसवाँ घर या स्थान।

चतुष्टोम—पु० [स० चतुर्-स्तोम, मध्य० स०] १. चार स्तोमवाला एक प्रकार का यज्ञ। २. अश्वमेध यज्ञ का एक अंग। ३. वायु। हवा।

चतुष्पथ—पु० [स० चतुर्-पथिन्, ब० स०] १. चौराहा। चौमुहानी। २. ब्राह्मण।

चतुष्पद—वि०[स० चतुर्-पद, ब० स०] १. चार पैरोंवाला (जीव या पशु)। २. (पद्य) जिसमे चार चरण या पद हों।

पु० १ चौपाया। २ वैद्यक में बैल, रोगी, औषध और परिचारक इन चारो का समूह। ३. फलित ज्योतिष में एक प्रकार का करण जिसमें जन्म लेनेवाला दुराचारी, दुर्बल और निर्धन होता है। ४. दे० 'चतुष्पदी'।

चतुष्पद-चौहत—पुं० [ष० त०] एक जाति के पशुओं का दूसरी जाति के पशुओं के साथ होनेवाला मैथुन अथवा स्तन-पान।

चतुष्पदा—स्त्री० [सं० चतुष्पद +टाप्] चौपैया छंद जिसके प्रत्येक चरण में तीस मात्राएँ होती हैं।

चतुष्पदी—स्त्री० [स० चतुष्पद +ङीप्] १. चौपाई छंद जिसके प्रत्येक चरण मे १५ मात्राएँ और अन्त में गुरु-लघु होते हैं। २. ऐसा गीत जिसमें चार चरण या पद हों।

चतुष्पर्णी—स्त्री० [सं० चतुर्-पर्ण, ब० स०, ङीप्] १. छोटी अमलोनी। २. सुसना नाम का साग जिसमें चार-चार पत्तियाँ एक साथ होती हैं।

चतुष्पाटी—स्त्री० [सं० चतुर् √पट् (गति) +णिच् +अण्—ङीप्, उप० स०] नदी।

चतुष्पाठी—स्त्री० [सं० चतुर्-पाठ, ब० स०, ङीप्] वह विद्यालय जिसमें बच्चों को चारों वेद पढ़ाये जाते हैं।

चतुष्पाणि—वि० [सं० ब० स०] जिसके चार हाथ हों। चार हाथोंवाला।

पुं० विष्णु।

चतुष्पाद—वि०, पुं० [सं० चतुर्-पाद, ब० स०] = चतुष्पद।

चतुष्पार्श्व—वि० [सं० चतुर्-पार्श्व, ब० स०] चौपहला। चौतरफा।

चतुष्फल—वि० [सं० चतुर्-फल, ब० स०] १. जिसमें चार फल हों। २. जिसमें चार पहल या पार्श्व हों। चौपहला।

चतुष्फलक—पुं० [सं० चतुर्-फल, ब० स०, कप्] ऐसा ठोस पदार्थ जिसमें किसी तल के ऊपर चार त्रिकोणिक तल (जैसे—किसी केलास या रवे में होते हैं) हों। (टेट्राहेड्रन)

चतुष्फला—स्त्री० [सं० चतुष्फल +टाप्] नागबला नाम की बूटी।

चतुस्तन—वि० [सं० चतुर्-स्तन, ब० स०] [स्त्री० चतुस्तनी] चार स्तनोंवाला (प्राणी)।

स्त्री० गाय। गौ।

चतुस्ताल—पुं० [सं० चतुर्-ताल, ब० स०] संगीत में एक प्रकार का चौताला ताल।

चतुस्तन—पुं० [सं० चतुर्-सन्, द्विगुस०] १. सनक, सनत्कुमार, सनंदन और सनातन ये चार ऋषि जिनके नामों के आरंभ में 'सन' है। २. विष्णु।

चतुस्सम—पुं० [सं० चतुर्-सम, ब० स०] १. एक औषध जिसमें लौंग, जीरा, अजवाइन और हड़ बराबर मात्राओं में मिलाये जाते हैं। यह पाचक, भेदक और आमशूल नाशक कहा गया है। २. एक मिश्रित गंध द्रव्य जिसमें २ भाग कस्तूरी, ४ भाग चंदन, ३ भाग कुंकुम और ३ भाग कपूर मिला रहता है।

वि० १. जिसमें चार चीजें बराबर मिली हों। २. जो चारों ओर अथवा प्रकार से बराबर हो।

चतुस्सीमा (मन्)—स्त्री० [सं० चतुर्-सीमन्, द्विगुस०, ङाप्] चौहद्दी।

चतुस्सूत्री—स्त्री० [सं० चतुर्-सूत्र, द्विगुस०, ङीप्] व्यासदेव-कृत वेदांत के आरम्भिक चार सूत्र जो बहुत कठिन हैं और जिन पर भाष्यकारों में बहुत मत-भेद है।

चतुस्सम्प्रदाय—पुं० [सं० चतुर्-सम्प्रदाय, द्विगुस०] वैष्णवों के ये चार प्रधान संप्रदाय—श्री, ब्राह्म, रुद्र और सनक।

चतूरात्र—पुं० [सं० चतुर्-रात्रि, द्विगुस० अच्] चार रात्रियों में समाप्त होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ।

चत्र-भुक्†—वि०, पुं० = चतुर्भुज।

चत्वर—पुं० [सं० √चत् (स्वीकार करना) +क्वरच्] १. कोई चौकोर टुकड़ा या स्थान। २. वह स्थान जहाँ चार भिन्न-भिन्न मार्ग आकर मिलते हों। चौमुहानी। चौराहा। ३. वह स्थान जहाँ भिन्न-भिन्न जातियों, देशों आदि के लोग आकर एकत्र होते या मिलते हों। ४. हवन आदि के लिए बनाया हुआ चौतरा या वेदी। ५. चार रथों का समूह।

चत्वर-वासिनी—स्त्री० [सं० चत्वर √वस् (रहना) +णिनि—ङीप्] कार्तिकेय की एक मातृका।

चत्वाल—पुं० [सं० √चत् +वालच्] १. हवन आदि के लिए जमीन में खोदा हुआ चौकोर गड्ढा। होमकुंड। २. कुश नामक घास। ३. गर्भ। ४. चबूतरा। चौतरा। ५. वेदी।

चदरा†—पुं० दे० 'चादर'।

चदरिया*—स्त्री० =चादर। उदा०—झीनी झीनी बीनी चदरिया। —कबीर।

चद्दिर—पुं०[सं०√चन्द् (चमकना)+किरच्] १. चन्द्रमा। २. कपूर। ३. हाथी। ४. साँप।

चद्दर—स्त्री० [फा० चादर] १. ओढ़ने की चादर। २. धातु का लंबा-चौड़ा चौकोर टुकड़ा या पत्तर। जैसे—पीतल या लोहे की चद्दर। ३. नदी के बहाव में वह स्थिति जिसमें उसका पानी कुछ दूर तक ऊपर

से देखने पर चादर के समान सम-तल रहता है। ४. एक प्रकार की छोटी तोप।

चनक*—पुं० [सं० चणक] चना।

चनकना†—पुं० [देश०] शब्दाम्र।

चनकना†—अ०=चटकना। उदा०—चनकि गई सीसी गयो छिरकत छनकि गुलाब।—भूं०।

चनचना—अ० [?] चिढ़ना। खफा होना। उदा०—श्री हरिदास के स्वामी श्यामा कुंज बिहारी सों प्यारी जब तुं बोलत चनच चनच।—हरिदास।

चनचना—पु० [अनु०] एक प्रकार का कीड़ा जो तमाकू की फसल को हानि पहुँचाता है। झनझना।

चनन†—पु०=चंदन।

चनबर*—पु० [?] ग्रास। कौर।

चना—पुं० [सं० चण, चणक; प्रा० चणअ; ने० बं० चना; सि० चणो; उ० गु० प० मरा० चणा] १. चैती की फसल का एक प्रसिद्ध पौधा जो हाथ भर ऊँचा होता है। २. उक्त पौधे के दाने या बीज जिनकी गिनती अनाजों में होती है। बूट। छोले।

पद—कोहे के चने=बहुत कठिन और परिश्रमसाध्य काम।

चनियारी—स्त्री० [?] एक प्रकार का जल-पक्षी जो सांभर झील के निकट और बरमा में अधिकता से पाया जाता है। इसके पर बहुत सुन्दर होते हैं और टोपियों में लगाने तथा गुलूबंद बनाने के काम में आते हैं। हरगीला।

चनुआरी—स्त्री०=चनोरी।

चनेठ—पुं० [हिं० चना] १. एक प्रकार की घास जिसकी पत्तियाँ चने की पत्तियों से मिलती-जुलती होती हैं। २. इस घास से बनाया हुआ एक औषध जो पशुओं को कुछ रोगों में खिलाया जाता है।

चनोरी—स्त्री० [?] वह भेड़ जिसके सारे शरीर के बाल या रोएँ सफेद हों। (गड़ेरिया)

चन्हारिन—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की जंगली चिड़िया।

चप—स्त्री० [देश०] कोई घोली हुई वस्तु। घोल। जैसे—चूने का चप।

वि० [फा०] बायाँ। वाम।

पद—चप व रास्त=(क) बाएँ और दाहिने भाग। (ख) बाएँ और दाहिने, दोनों ओर।

स्त्री० [हिं० चाप] चाप। दबाव। उदा०—कौन की है चप तोहि तेरी और अरि को?—सेनापति।

चपकन—स्त्री० [हिं० चपकना] १. एक प्रकार का अंगा। बँगरखा। २. किवाड़, संदूक आदि में लोहे, पीतल आदि का वह दोहरा साज जिसमें ताला लगाकर बंद किया जाता है।

चपकना—अ०=चिपकना।

चपका—पुं० [हिं० चपकना] एक प्रकार का कीड़ा।

चपकाना—स०=चिपकाना।

चप-चुलिश—स्त्री० [तु० चपकलश] १. तलवारों से होनेवाली लड़ाई। २. अड़चन, असमंजस या कठिनाई की स्थिति।

क्रि० प्र०—में पड़ना।

३. बहुत अधिक भीड़-भाड़ या रेल-पेल।

चपट—पुं० [सं०√चप् (सांत्वना देना)+क, चप√अट् (जाना)+अच्, परंरूप] चपत। तमाचा।

चपटना—अ० १.=चिपकना। २.=चिमटना।

चपटा†—वि० [स्त्री० चपटी] =चिपटा।

चपटाना—स० १.=चिपकाना। २.=चिमटाना।

चपटी—स्त्री० [हिं० चपटा] १. एक प्रकार की किलनी जो चौपायों को लगती है। २. हाथ से बजाई जानेवाली ताली। थपोड़ी। ३. भग। योनि।

मुहा०—चपटी खेलना या लड़ाना=संभोग की वासना पूरी करने के लिए दो स्त्रियों का परस्पर योनि मिलाकर रगड़ना। (बाजारू)

चपड़-चपड़—स्त्री० [अनु०] वह शब्द जो कुत्ते, बिल्ली, शेर आदि के पानी पीते समय होता है।

क्रि० वि० उक्त प्रकार का शब्द करते हुए।

चपड़ा—पु० [हिं० चपटा] १. साफ की हुई लाख का पत्तर। २. किसी चीज का चिप्पड़ या पत्तर। ३. लाल रंग का एक प्रकार का फतिंगा जो गंदे और सीड़वाले स्थानों में रहता है। ४. मस्तूल में बाँधने की रस्सी।

चपड़ी—स्त्री० [हिं० चपटा] १. तख्ती। पटिया। २. दे० 'चिपड़ी'।

चपत—पु० [स० चपट] १. वह प्रहार जो मनुष्य अपनी हाथ की उँगलियों तथा हथेली के योग से किसी के सिर पर करता है। २. लाक्षणिक अर्थ में, आघात या क्षति।

क्रि० प्र०—उड़ना।—लगना।—लगाना।

चपतगाह—स्त्री० [हिं० चपत+फा० गाह] खोपड़ी जिस पर चपत लगाया जाता है। (परिहास)

चपतियाना—स० [हिं० चपत] किसी को चपत या चपतें लगाना।

चपती—स्त्री० [हिं० चिपटा] काठ का वह चिपटा छड़ जिससे लड़के पट्टी, कागज आदि पर सीधी लकीरें खींचते हैं।

चपदस्त—पुं० [फा० चप+दस्त] ऐसा घोड़ा जिसका अगला दाहिना पैर सफेद हो।

चपना—अ० [हिं० चाँप] १. अदर या नीचे की ओर धँसना। २. किसी के सामने लज्जित भाव से चुप रहना और उससे दबना। ३. दबाव पड़ने से कुचला जाना। ४. चौपट या नष्ट होना। (क्व०)

चपनी—स्त्री० [हिं० चपना] १. छिछली कटोरी। २. बरतनों का ढक्कन। ३. दरियाई नारियल का बना हुआ एक प्रकार का कमंडल। ४. वह लकड़ी जिसमें ताना बाँधकर गड़रिये कंबल बुनते हैं। ५. घुटने की हड्डी। चकती।

चपरकनातिया—वि०=चपर-कनाती।

चपर-कनाती—वि० [हिं० चपर+तु० कनात+ई (प्रत्य०)] बहुत ही तुच्छ कोटि का ऐसा व्यक्ति जो इधर-उधर लोगों की खुशामद और सेवाएँ करके पेट पालता हो।

चपर गट्टू—वि० [हिं० चौपट+गटपट] १. चारो ओर से कसकर पकड़ा या दबाया हुआ। २. विपत्ति का मारा। अभागा।

चपरना†—अ० [हिं० चुपड़ना?] १. आपस में खूब अच्छी तरह मिलना। ओत-प्रोत होना। उदा०—दोउ चपरि ज्यौं तरवर छाया।—सूर। २. भाग या हट जाना।

स० दे० 'चुपड़ना'।

चपरनी†—स्त्री० [देश०] वेश्याओं का गाना। मुजरा। (वेश्याओं की परिभाषा)

चपरा†—वि० [?] कोई बात कहकर या कोई काम करके मुकर जानेवाला। झूठा।

अव्य० १. हठात्। २. जैसे हो, वैसे। ३. क्यांहमव्याह।

पुं० दे० 'चपड़ा'।

चपराना—स० [हिं० चपरा] किसी को झूठा बनाना। झठलाना।

चपरास—स्त्री० [हिं० चपरासी] १. धातु आदि का वह टुकड़ा जिसे पेटी या परतले में लगाकर अरदली, चौकीदार, सिपाही आदि पहनते हैं और जिस पर उनके मालिक, कार्यालय आदि के नाम खुदे या छपे रहते हैं। २. वह कलम जिससे सुनार मुलम्मा करते हैं। ३. मालखंभ की एक कसरत जो दुबगली के समान होती है। दुबगली में पीठ पर से बेंत आता है और इसमें छाती पर से आता है। ४ आरे आदि के दाँतों का दाहिनी या बाईं ओर होनेवाला झुकाव। (बढ़इयों की परिभाषा) ५ कुरतों के मोड़े पर की चौड़ी घज्जी या पट्टी।

चपरासी—पुं० [फा० चप=बायाँ+रास्त=दाहिना] १. वह नौकर जो चपरास पहनकर अपने मालिक के सामने उसकी छोटी-मोटी सेवाएँ करने के लिए सदा उपस्थित रहता है। अरदली। जैसे—किसी अदालत या हाकिम का चपरासी। २. कार्यालय के कागज-पत्र आदि लाने या ले जानेवाला नौकर।

चपरि†—क्रि० वि० [सं० चपल] १. फुरती से। तेजी से। २. जोर से। ३. सहसा। एकबारगी। ४. बलपूर्वक पकड़ या दबाकर। उदा०—चपरि चढ़ायौ चाप चंद्रमा ललाम कौ।—तुलसी।

चपरी—स्त्री० [हिं० चपटा] खेसारी नाम का कदन्न जिसमें चपटी फलियाँ लगती हैं।

चपरैका—पुं० [देश०] एक प्रकार की घास। कूरी।

चपरौनी†—स्त्री० [हिं० चपटा] लोहारों का एक औजार जिससे बालटू का सिरा पीटकर चौड़ा किया जाता है।

चपल—वि० [सं० √चुप् (रेंगना)+कल, उकारस्य अकार] १. जो गति में हो। गतिमान्। २. काँपता या हिलता हुआ। ३. अस्थिर। ४. क्षणिक। ५. चुलबुला। ६. चटपट काम करनेवाला, फुरतीला (व्यक्ति)। ७ उतावली करनेवाला। जल्दबाज। ८. चालाक। धूर्त।

पुं० १. पारा। पारद। २. मछली। ३. चातक। पपीहा। ४. एक प्रकार का पत्थर। ५ चोर नामक गंध-द्रव्य। ६. राई। ७. एक प्रकार का चूहा।

चपलक—वि० [सं० चपल+कन्] १. अस्थिर। चंचल। २. बिना सोचे-समझे काम करनेवाला। अविचारी।

चपलता—स्त्री० [सं० चपल+तल्—टाप्] १. चपल होने की अवस्था या भाव। चंचलता। २. साहित्य में वह अवस्था जब किसी प्रकार के अनुराग के कारण आचरण की गम्भीरता या अपनी मर्यादा का ध्यान नहीं रह जाता। इसकी गिनती संचारी भावों में होती है। ३. तेजी। फुरती। ४. जल्दी। शीघ्रता। ५. चालाकी। ६. ढिठाई। धृष्टता।

चपलत्व—पुं० [सं० चपल+त्व] =चपलता।

चपलफाँदा—पुं० [सं० चपल+हिं० फाँदा=धज्जी] जहाज के फर्श के तख्तों के बीच की खाली जगह में खड़े बल में बैठाए हुए तख्ते या पच्चड़ जिनमें मस्तूल फँसे रहते हैं।

चपलस—पुं० [देश०] एक प्रकार का ऊँचा पेड़ जिसकी लकड़ी से सजावट के सामान, चाय के संदूक, नावों के तख्ते आदि बनते हैं। यह ज्यों-ज्यों पुरानी होती है त्यों-त्यों अधिक कड़ी और मजबूत होती जाती है।

चपला—स्त्री० [सं० चपल+टाप्] १. लक्ष्मी। २. बिजली। विद्युत्। ३. दुश्चरित्रा या पुंश्चली स्त्री। ४. पिप्पली। ५. जीभ। जिह्वा। ६. माँग। विजया। ७. मदिरा। शराब। ८. आर्या छंद का वह भेद जिसके पहले गण के अंत में गुरु हो, दूसरा गण जगण हो, तीसरा गण दो गुरुओं का हो, चौथा गण जगण हो, पाँचवें गण का आदि गुरु हो, छठा गण जगण हो, सातवाँ जगण न हो और अंत में गुरु हो। ९. प्राचीन काल की एक प्रकार की नाव जो ४८ हाथ लंबी, २४ हाथ चौड़ी और २४ हाथ ऊँची होती थी और केवल नदियों में चलती थी।

वि० सं० 'चपल' का स्त्री०।

पुं० [हिं० चप्पड़] जहाज में लोहे या लकड़ी की पट्टी जो पतवार के दोनों ओर उसकी रोक के लिए लगाई जाती है। (लश०)

चपलाई†—स्त्री० =चपलता।

चपलान—पुं० [हिं० चप्पड़] जहाज की गलही के अगल-बगल के कुंदे जो धक्के सँभालने के लिए लगाए जाते हैं। (लश०)

चपलाना—अ० [स० चपल] १. चपलता दिखाना। २. धीरे-धीरे आगे बढ़ना, चलना या हिलना-डोलना।

स० १. किसी को चपल बनाना। २. चलाना-फिराना या हिलाना-डुलाना।

चपली—स्त्री० [हिं० चप्पल+ई (प्रत्य०)] छोटी चप्पल।

चपवाना—स० [हिं० चपना का प्रे०] चपने या चापने का काम किसी से कराना।

चपाक†—क्रि० वि० [अनु०] १. अचानक। २. चटपट।

चपाट—पुं० [हिं० चपटा] वह जूता जिसकी एड़ी उठी न हो। चपटा जूता।

चपाती—स्त्री० [सं० चर्पटी; प्रा० चप्पटी; ब० चापाटी; मु० ने० फा० मरा० चपाती] एक प्रकार की पतली, हलकी और मुख्यतः हाथों से दबाकर बढ़ाई हुई (चकले पर बेली हुई रोटी से भिन्न) रोटी।

पद—चपाती-सा पेट=ऐसा पेट जो बहुत निकला हुआ न हो। कृशोदर।

चपाती-सुमा—पुं० [उ०] चपाती या रोटी की तरह के पतले सुमोंवाला घोड़ा।

चपाना—स० [हिं० चपना] १. किसी को चपने या दबने में प्रवृत्त करना। उदा०—मुफलिस को इस जगह भी चपाती है मुफलिसी।—नजीर। २. एक रस्सी के सिरे को दूसरी रस्सी के सिरे के साथ बटकर जोड़ना या मिलाना।

चपेकना†—स०=चिपकाना।

चपेट—स्त्री० [सं० चप√घट् (गति)+अच्] १. चपेटने की क्रिया, परिणाम या भाव। २. आघात। प्रहार। ३. तमाचा। थप्पड़। ४. कठिनाई या संकट की स्थिति।

चपेटना—स० [सं० चपेट] १. अचानक आक्रमण, प्रहार आदि करके दबाना या संकट में डालना। दबोचना। २. उक्त प्रकार की क्रिया

से दबाते हुए पीछे हटाना। जैसे—सिक्खों की सेना चारों ओर से शत्रुओं को चपेटने लगी। ३ क्रोधपूर्वक डराते-धमकाते हुए किसी पर बिगड़ना।

चपेटा—पुं०=चपेट।
वि० [हिं० चपेटना?] दोगला। वर्ण-संकर।

चपेटिका—स्त्री० [सं० चपेट+कन्—टाप्, इत्व] तमाचा।

चपेटी—स्त्री० [सं० चपेट+ङीप्] भादों सुदी छठ। भाद्रपद की शुक्ला षष्ठी। (इस दिन स्त्रियाँ संतान की रक्षा के उद्देश्य से पूजन आदि करती हैं।)

चपेड़†—स्त्री० [सं० चपेट] तमाचा। थप्पड़।

चपेरना—स०=चपेटना।

चपेहा†—पु०[देश०] एक प्रकार का पौधा और उसका फूल।

चपोटसिरीस—पुं०[देश०] सिरीस की जाति का एक पेड़।

चपौटी†—स्त्री०[देश०] एक प्रकार की छोटी टोपी।

चपौर—पुं०[देश०] १. एक प्रकार का जलपक्षी जिसकी चोंच और पैर पीले तथा सिर गर्दन और छाती हलकी भूरी होती है। २ ऐसा जूता जिसकी एड़ी उठी हुई न हो।

चप्पड़†—पु०=चिप्पड़।

चप्पन—पुं० [हिं० चपना=दबना] छोटे आकार का छिछला कटोरा।

चप्पल—स्त्री० [चपचप से अनु०] १. खुली एड़ी का एक प्रसिद्ध जूता जिसमें चमड़े आदि की पट्टियाँ तल्ले पर लगी रहती हैं और जिनमें पैर फँसाये जाते हैं। २. वह लकड़ी जिस पर जहाज की पतवार या कोई लंभा गड़ा रहता है। (लश०)

चप्पल लेंडुड़—पु०[हिं० चपटा+लेंडुड़] नागफनी।

चप्पा—पु० [सं० चतुष्पाद, प्रा० चउप्पाअ] १. चतुर्थांश। चौथाई भाग। चौथाई हिस्सा। २. कुछ या थोड़ा अंश। टुकड़ा। भाग। ३. चार अंगुल की नाप। ४. भूमि का बहुत छोटा टुकड़ा। उदा०—चप्पे जितनी कोठरी और मियाँ मुहल्लेदार। (कहा०)
वि० एक चौथाई। जैसे—चप्पा रोटी।

चप्पी—स्त्री० [हिं० चपना=दबना] सेवा-भाव से धीरे-धीरे हाथ-पैर दबाने की क्रिया या भाव। चरण-सेवा। चंपी।

चप्पू—पुं० [हिं० चाँपना] नाव का वह डाँड़ जो पतवार का भी काम देता है। किलवारी

चफाल—पु० [हिं० चौ+फाल] ऐसा भू-खंड जिसके चारो ओर कीचड़ या दलदल हो।

चबक—स्त्री० [अनु०] रह-रहकर उठनेवाला दर्द। चिलक। टीस।
वि० कायर। डरपोक।

चबकना—अ०[अनु०] रह-रहकर दर्द करना। टीसना। चमकना।

चबका†—पु०=चाबुक। उदा०—सहज पलांण पवन करि घोड़ा, लँ लगाम चित चबका।—गोरखनाथ।

चबकी—स्त्री० [हिं० चाबुक] स्त्रियों के केश बाँधने की सूत या ऊन की गुथी हुई रस्सी। चोटी। परांदा।

चबनी हड्डी—स्त्री० [हिं० चाबना+हड्डी] वह हड्डी जो मुरमुरी और पतली हो; और फलतः सहज में चबाई जा सकती हो।

चबर-चबर—स्त्री० [अनु०] बकवास। उदा०—हमको यह सब चबर-चबर पसंद नहीं है।—वृन्दावनलाल वर्मा।
क्रि० वि० चब-चब शब्द करते हुए।

चबला—पुं० [देश०] पशुओं के मुँह में होनेवाला एक रोग। लाल रोग।

चबवाना—स० [हिं० चबाना का प्रे०] किसी को कुछ चबाने में प्रवृत्त करना।

चबाई—स्त्री०[हिं० चबाना] चबाने की क्रिया, ढंग या भाव।
पुं०=चबाई।

चबाना—स० [सं० चर्वण] १. खाते समय किसी चीज को दाँतों से बार-बार इस प्रकार दबाते हुए काटना या कुचलना कि वह छोटे-छोटे कणों में विभक्त हो जाय।
मुहा०—चबा-चबाकर बातें करना=बहुत धीरे-धीरे और रुक-रुककर बातें करना। (धूर्तता, बनावट आदि का सूचक)। चबे को चबाना=किए हुए काम को फिर-फिर करना। पिष्टपेषण करना।
२ पशुओं आदि का किसी को दाँतों से काटना। ३ लाक्षणिक अर्थ में, नष्ट करना। जैसे—तुम्हें तो वह चबा डालेगा।

चबारा—पुं० =चौबारा।

चबाव*—पुं०=चबाव।

चबूतरा—पु०[सं० चतुस्-स्तर (प्र-स्तर), प्रा० चउत्थर, ब० चौतारा; पं० चौतरा; गु० चोतरो; ने० चौतारो, मरा० चौथरा] १. मकान के अगले भाग में बैठने के लिए बनाई हुई खुली, चौकोर और चौरस जगह। चौंतरा। २. उक्त प्रकार की कोई बड़ी रचना जो चारो ओर से खुली हो। चौंतरा। ३. मध्ययुग में कोतवाली या थाने में का वह स्थान जहाँ कोतवाल या थानेदार बैठकर अभियोग सुनते और दंड देते थे।

चबेना—पुं०[हिं० चबाना] चबाकर खाने के लिए सूखा भुना हुआ चना अथवा और कोई अन्न। चर्वण। भूँजा।

चबेनी†—स्त्री० [हिं० चबाना] १. जल-पान की सामग्री। २ वह धन या रकम जो जल-पान आदि के लिए दी जाय।

चभा—पु० =चौआ।

चभ्भू—वि० [हिं० चबाना] १ बहुत चबाने अर्थात् खानेवाला। बहुत अधिक भोजन करनेवाला। २ खा-खरचकर धन नष्ट करनेवाला।

चभ्भू—वि० =चभ्भू।

चभ्भो—स्त्री० [हिं० चमक] किसी की गरदन पकड़कर उसे जबरदस्ती पानी में दी जानेवाली डुबकी या गोता।

चभक—स्त्री० [अनु०] १. पानी में किसी वस्तु के डूबने का शब्द। २. काटने या डंक मारने की क्रिया या भाव।

चभचभा—पुं० = चहबच्चा।

चभड़-चभड़—स्त्री० [अनु०] वह शब्द जो कोई वस्तु खाने या पीने के समय मुँह के हिलने आदि से होता है। जैसे—कुत्तों का चभड़-चभड़ पानी पीना।

चभना—अ० [सं० चर्वण] १. चाभा या खाया जाना। २. दरेरा खाना। दबना। पिसना। उदा०—पुरवीन मन मुदवानु, चभि भौ चूरनु चभि चूरू।—बिहारी।

चभाना—स० [हिं० चाभना का प्रे०] १. किसी को चाभने या खाने में प्रवृत्त करना। २. अच्छी तरह भोजन कराना।
† अ० = चबाना।

चभोक—वि० [देश०] बेवकूफ। मूर्ख।

चभोरना—स० [हिं० चुभकी] १. तरल पदार्थ में कोई चीज अच्छी तरह डुबाना। जैसे—घी में रोटी चभोरना। २. गरदन से पकड़कर किसी को गहरे पानी में गोता देना।

चमंक—स्त्री० = चमक।

चमंकना—अ० = चमकना।

चमक—स्त्री० [हिं० चमकना] १. चमकने की क्रिया या भाव। २. किसी वस्तु का वह गुण या तत्त्व जिसके कारण उसमें से प्रकाश निकलता है। जैसे—कपड़े, बिजली या सोने की चमक। ३. प्रकाश। रोशनी। ४. आभा। काति। ५ कमर, पीठ आदि में होनेवाली वह आकस्मिक और क्षणिक पीडा जो अधिक तनाव या बल पड़ने के कारण होती है। झटका लगने से होनेवाला दर्द। ६. चौंकने की क्रिया या भाव। चौंक।

चमक चाँदनी—स्त्री० [हिं०] वह स्त्री जो हर समय खूब बनी-ठनी रहे और खूब चमकती-मटकती रहे।

चमक-दमक—स्त्री० [हिं० चमक + दमक (अनु०)] १. चमकने और दमकने की क्रिया, गुण या भाव। २. तड़क-भड़क। ठाठ-बाट।

चमकदार—वि० [हिं० चमक + फा० दार] जिसमें चमक हो। चमकीला।

चमकना—अ० [सं० चमत्कृ, प्रा० चमक्केइ; बँ० चकान; उ० चमकिबा; मरा० चमकणें] १. किसी प्रकाशमान वस्तु का इतना अधिक तथा सहसा प्रकाश देना कि उस पर आँखें न ठहर सकें। जैसे—बिजली चमकना। २. किसी वस्तु का झिल-मिलाती हुई किरणों के माध्यम से प्रकाश देना। जैसे—आकाश में तारों का चमकना। ३. किसी चिकने तलवाली वस्तु का प्रकाश में अधिक उज्ज्वल तथा प्रकाश-पूर्ण भासित होना। जैसे—धूप में गहना या शीशा चमकना। ४. उक्त प्रकार के प्रकाश का आँखों पर ऐसा प्रभाव पड़ना कि वे निरन्तर खुली न रह सकें। जैसे—धूप में आँखें चमकना। ५. किसी वस्तु का बहुत ही उत्कृष्ट रूप मे प्रकट या प्रस्तुत होना। जैसे—गला या गाना चमकना। ६. (कार्य, वस्तु आदि का) उन्नति या वृद्धि पर होना। जैसे—रोजगार चमकना। ७. (किसी वस्तु, बात आदि का) अपना उग्र या प्रचंड रूप दिखलाना। जैसे—शहर में हैजा चमकना। ८. कीर्ति, प्रताप, वैभव आदि से युक्त होना। जैसे—भाग्य चमकना। ९. किसी को देखने पर घबराते हुए चौंक कर पीछे हटना। बिदकना। जैसे—हाथी को देखकर गौ या घोड़े का चमकना। १०. साधारण रूप से नाराज होना या बिगड़ना। जैसे—गलती तो उन्हीं की थी; पर वे चमके हम पर। ११. जल्दी से दूर हो जाना या हट जाना। चंपत होना। उदा०—सखा साथ के चमकि गए सब, गह्यौ श्याम कर धाइ।—सूर। १२. नाज-नखरे या हाव-भाव से चेष्टाएँ करना। (स्त्रियाँ) जैसे—तुम तो बातों-बातों में चमकने लगती हो।
†वि० [स्त्री० चमकनी] १. खूब चमकनेवाला। २. जरा-सी बात में चिढ़ या बिगड़ जानेवाला। ३. अनुचित रूप से नाज-नखरा या हाव-भाव दिखलानेवाला। ४. जल्दी चौंकने या बिदकनेवाला। जैसे—चमकता घोड़ा या बैल।

चमकवाना—स० [चमकाना का प्रे०] १. चमकाने का काम करवाना। २. किसी चीज में चमक उत्पन्न कराना।

चमकाना—स० [हिं० चमकना का स०] १. कांति, दीप्ति या चमक से युक्त करना। ओप या चमक लाना। उज्ज्वल करना। २. चौंकाना। ३. भड़काना। ४. खिझाना। चिढ़ाना। ५. उत्तेजित करके आगे बढ़ाना। जैसे—लड़ाई के मैदान में घोड़ा चमकाना। ६ नखरे से कोई अग जल्दी-जल्दी हिलाना-डुलाना। जैसे—आँखें या उँगलियाँ चमकाना। ७. कीर्ति, वैभव, सफलता आदि से युक्त करना। जैसे—उनके छोट भाई ने आकर उनका रोजगार चमका दिया।

चमकारा—पुं० [हिं० चमक] चकाचौंध उत्पन्न करनेवाली चमक या प्रकाश।
वि० [स्त्री० चमकारी] खूब चमकनेवाला। चमकता हुआ। चमकीला। उदा०—अधरबिंब दसनन की सोभा, दुति दामिनि चमकारी। —सूर।

चमकारी †—स्त्री० १. = चमक। २. = चमकी।

चमकी—स्त्री० [हिं० चमक] रुपहले या सुनहले तारो के वे छोटे-छोटे गोल या चौकोर चिपटे टुकड़े जो जरदोजी के काम मे लगाये जाते हैं। सितारे। तारे।

चमकीला—वि० [हिं० चमक + ईला (प्रत्य०)] १. जिसमें चमक हो। चमकदार। जैसे—चमकीला कपड़ा, चमकीले तारे।

चमकुल†—वि० [हिं० चमकना] १. चमकीला। २. चटकने-मटकनेवाला। उदा०—बैल मरकहा चमकुल जोय।— घाघ।

चमकौवल—स्त्री० [हिं० चमक + औवल (प्रत्य०)] शरीर के अंगों को नखरे से चमकाने-मटकाने की क्रिया या भाव। जैसे—उँगलियों की चमकौवल।

चमक्को—स्त्री० [हिं० चमकना] १. बहुत अधिक चमकने-मटकनेवाली स्त्री। चंचल और निर्लज्ज स्त्री। २. झगड़ालू स्त्री।

चमगादड़—पु० [सं० चर्मचटक] [स्त्री० चमगिदडी] १. केवल रात के समय उड़नेवाला एक प्रसिद्ध छोटा जन्तु जिसके चारो पैर झिल्लीदार होते हैं और जो दिन में वृक्षों की डालो आदि मे लटका रहता है। इसकी छोटी बड़ी अनेक जातियाँ होती हैं और इसे दिन मे दिखाई नहीं देता। २. ऐसा व्यक्ति जो अपना कोई निश्चित मत या सिद्धान्त न रखता हो और केवल स्वार्थ-साधन के लिए कभी इस पक्ष में और कभी उस पक्ष में जा मिलता हो। (एक प्रसिद्ध कहानी के आधार पर)

चमचम—स्त्री० [अनु०] एक प्रसिद्ध लंबोतरी बगला मिठाई।
वि० [हिं० चमक] खूब चमकता हुआ। चमकीला। दे० 'चमाचम'।
क्रि० वि० खूब चमक-दमक से। दे० 'चमाचम'।

चमचमाना—अ० [हिं० चमक] खूब चम-चम करना या चमकना। प्रकाशमान होना।
स० ऐसी क्रिया करना जिससे कोई चीज खूब चमकने लगे या उसमें से चमक निकलने लगे। जैसे—जूता या तलवार चमचमाना।

चमचा—पुं० [तु० चम्चः मि० सं० चमस] [स्त्री० अल्पा० चमची] १. कलछी की तरह का एक प्रसिद्ध छोटा उपकरण जिसमें अडाकार छोटी कटोरी में लंबी डाँड़ी लगी होती है, और जिससे कोई चीज उठाकर खाई या पी जाती है। चम्मच। २. जहाज की दरजों में अलकतरा ढालने

की कलछी। (लश०) ३. नाव में डाँड़ का चौड़ा अग्रभाग। हाथा। हुलेसा। पँगई। बैठा। ४. इंजन, मट्ठी आदि में से कोयला निकालने का एक प्रकार का बड़ा फावड़ा। † ५. चिमटा।

चमचिच्चड़—वि० [हिं० चाम+चिचड़ी] (व्यक्ति) जो चिचड़ी या किलनी की तरह किसी से या किसी से चिपटा रहे। पिंड या पीछा न छोड़नेवाला।

चमची—स्त्री० [हिं० चमचा] १ छोटा चम्मच। २. आचमनी। ३ वह चिपटे और चौड़े मुँहवाली सलाई जिससे पान पर कत्था और चूना लगाते हैं।

चमचेड़—स्त्री० [सं० चर्मयूका] पशुओं या मनुष्यों के शरीर में से उत्पन्न होनेवाला एक छोटा कीड़ा। चिचड़ी।

वि० स्त्री० = चमचिच्चड़।

चमटना†—स० = चिमटना।

चमटा—पु० =चिमटा।

चमड़ा—पु० [सं० चर्म] १ पशुओं और मनुष्यों के सारे शरीर का वह ऊपरी आवरण जिससे मांस और नसें ढकी रहती हैं और जिस पर प्रायः बाल या रोएँ उगे रहते हैं। त्वचा। (स्किन) २. मरे हुए पशुओं अथवा पशुओं को मार कर उनकी उतारी हुई खाल को छील तथा सिझाकर औद्योगिक कार्यों के लिए तैयार किया हुआ उसका रूप। (हाइड)

मुहा०—चमड़ा उधेड़ना या खींचना = चमड़े को शरीर से अलग करना। चमड़ा सिझाना = (क) चमड़े को बबूल की छाल, सज्जी, नमक आदि के पानी में डाल कर मुलायम करना। (ख) लाक्षणिक रूप में, बहुत अधिक मारना या पीटना।

३. खाल। छिलका।

चमड़ी—स्त्री० [हिं० चमड़ा] चर्म। त्वचा। खाल।

मुहा०—(किसी की) चमड़ी उधेड़ना = इतना अधिक मारना कि शरीर की त्वचा उड़ जाय और उसमें से खून निकलने लगे।

चमत्करण—पु० [स० चमत् √ कृ (करना) +ल्युट्—अन] चमत्कार करने या होने की क्रिया या भाव।

चमत्कार—पु० [सं० चमत् √कृ +घञ्] [वि० चमत्कारी, चमत्कृत] १. कोई ऐसी अनोखी या विलक्षण बात जिसे देखकर सब लोग चौंक पड़ें और यह न समझ सकें कि यह कैसे हो गई। २. ऐसा अद्भुत काम या बात जो इस लोक में सहसा न दिखाई देती हो। अलौकिक-सा जान पड़नेवाला काम या बात। करामात। जैसे—मृत प्राणी को जीवित कर दिखाना; या जलते हुए अंगारों पर दौड़ना और उन्हें उठा-उठाकर खाने लगना। ३. ऐसी अद्भुत या अनोखी बात जिसे देख या सुनकर मन फड़क उठे। जैसे—कविता या कहानी की चमत्कार। ४. आश्चर्य। विस्मय। ५. [चमत् √कृ +अण्] डमरू। ६. अपामार्ग। चिचड़ा।

चमत्कारक—वि० [सं० चमत् √कृ +ण्वुल्—अक] चमत्कार उत्पन्न करनेवाला।

चमत्कारिक—वि० [सं० चमत्कार+ठन्—इक] १. चमत्कार-संबंधी। २. इतना विलक्षण कि चौंका दे। (मार्वलस) ३. अलौकिक या असंभव-सा जान पड़नेवाला। (मिरैकयूलस)

चमत्कारित—भू० कृ० [सं० चमत्कार+इतच्] चमत्कृत। विस्मित।

चमत्कारिता—स्त्री० [सं० चमत्कारिन्+तल्—टाप्] चमत्कारी होने की अवस्था, गुण या भाव। चमत्कारपन।

चमत्कारी (रिन्)—वि० [सं० चमत् √कृ (करना) +णिनि] [स्त्री० चमत्कारिणी] १. (वस्तु) जिसमें चमत्कार हो। जिसमें कुछ विलक्षणता हो। अद्भुत। २ चमत्कार उत्पन्न करनेवाला। ३. चमत्कार दिखानेवाला (व्यक्ति)। करामाती।

चमत्कृत—भू० कृ० [सं० चमत् √कृ +क्त] जो किसी प्रकार का चमत्कार या विलक्षण बात देखकर चौंक पड़ा हो। चकित। विस्मित। उदा०—इतना न चमत्कृत हो बाले! अपने मन का उपचार करो।—प्रसाद।

चमत्कृति—स्त्री० [सं० चमत् √कृ+क्तिन्] १. चमत्कृत होने की अवस्था या भाव। २ चमत्कार।

चमन—पु० [फा०] १. फूल-पत्तों आदि से भरी हुई हरी क्यारी। २. फुलवारी। छोटा बगीचा। ३ ऐसी गुलजार जगह जहाँ खूब रौनक हो।

चमन-बंदी—स्त्री० [फा०] क्यारियाँ आदि बनाकर बाग लगाने या सजाने की कला या क्रिया।

चमर—पु० [सं० √चम् (खाना) +अरच्] १ सुरा गाय। २. सुरा गाय की पूँछ का बना हुआ चँवर। चामर। ३ किसी प्रकार का चँवर। ४. एक दैत्य का नाम।

वि० [हिं० चमार] हिं० 'चमार' का वह संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक पदों में लगने के पहले प्राप्त होता है और जो तुच्छ या हीन का वाचक होता है। जैसे—चमर चलाकी, चमर रग आदि।

चमरख—पु० [स० चमर+कन्] मधुमक्खी।

चमरख—स्त्री० [हिं० चाम+रखा] चरखे में लगी हुई चमड़े, मूँज आदि की वह चकती जिसमें तकला पहनाया जाता है।

चमरखा—पु० [सं० चर्मकशा] एक प्रकार की सुगंधित जड़ जो उबटन आदि में पड़ती है।

चमर-गिद्ध—पुं० [हिं०] एक प्रकार का बड़ा गिद्ध।

चमर-चलाक†—वि० [हिं० चमार+फा० चालाक] बहुत ही तुच्छ या हीन प्रकार का चतुर या चालाक।

चमर-चलाकी—स्त्री० [हिं०] चमारों की-सी तुच्छ या हीन चालाकी या धूर्तता।

चमर-जुलाहा—पु० [हिं० चमार+जुलाहा] हिंदू जुलाहा। कोरी। (मुसलमानों की दृष्टि से, उपेक्षा-सूचक पद)।

चमर-पुच्छ—वि० [ब० स०] (पशु) जिसकी पूँछ चँवर की तरह हो या चँवर बनाने के काम आ सकती हो।

पु० १. चँवर। २ गिलहरी। ३. लोमड़ी।

चमर-पंछलिया†—स्त्री० = चमर-बगली।

चमर-बगली—स्त्री० [हिं० चमार+बगला] बगले की जाति की काले रंग की एक चिड़िया।

चमर-रग—वि० [हिं०] (व्यक्ति) जिसकी रग या स्वभाव चमारों का-सा तुच्छ या हीन हो।

स्त्री० चमारों की-सी तुच्छ या हीन प्रकृति, प्रवृत्ति या स्वभाव।

चमर-शिखा—स्त्री० [उपमि० स०] घोड़ों के सिर पर लगाई जानेवाली कलगी।

चमरस—पुं० [हिं० चाम] चमड़े के जूते की रगड़ से ैर में होनेवाला घाव।

चमरा खारी—पुं० [हिं० चमार+खारी] खारी नमक।

चमरावत—स्त्री० [हिं० चमार] चमड़े के मोट आदि बनाने की मजदूरी जो काश्तकारों या जमींदारों से चमारों को मिलती है।

चमरिक—पुं० [सं० चमर+ठन्—इक] कचनार का पेड़।

चमरिया†—वि० [हिं० चमार] चमारों का-सा तुच्छ। हीन।

चमरिया सेम—पुं० [हिं०] एक प्रकार की सेम। सेम का एक भेद।

चमरी—स्त्री० [सं० चमर+ङीष्] १. सुरा गाय। २. चँवर। ३. पौधों की मंजरी।

चमरू—पुं० [देश०] १. चमड़ा। २. खाल। ३. चरसा। (लश०)

चमरोर—पुं० [देश०] एक प्रकार का बड़ा पेड़ जिसकी छाया बहुत घनी होती है।

चमरौट—स्त्री० [हिं० चमार+औट (प्रत्य०)] खेत, फसल आदि का वह भाग जो चमारों को उनकी सेवाओं के बदले में दिया जाता है।

चमरौधा—पुं० दे० 'चमौआ'

चमला—पुं० [देश०] [स्त्री० अल्पा० चमली] भीख माँगने का ठीकरा। भिक्षा-पात्र।

चमस—पुं० [सं० √चम् (खाना) +असच्] [स्त्री० अल्पा० चमसी] १. सोम-पान करने का यज्ञ-पात्र जो पलाश आदि की लकड़ी का बनता और चम्मच के आकर का होता था। २. कलछा या कलछी। ३. पापड़। ४. लड्डू। ५. उड़द का आटा। धुआँस। ६. एक प्राचीन ऋषि। ७. नौ योगीश्वरों में से एक योगीश्वर का नाम।

चमसा—पुं० [सं० चमस] चमचा। चम्मच।

†पुं० = चौमासा।

चमसी—स्त्री० [सं० चमस+ङीष्] १. चम्मच के आकार का लकड़ी का एक यज्ञ-पात्र। २. उड़द, मसूर, मूँग आदि का आटा या पीठी।

चमाऊ—पुं० [सं० चामर] चामर। चँवर।

†पुं० दे० चमौआ'।

चमाक*—स्त्री० = चमक।

चमाचम—वि० [हिं० चमकना का अनु०] इतना अधिक साफ और स्वच्छ कि चम-चम करता हुआ चमकता हो।

चमार—पुं० [सं० चर्मकार; प्रा० चम्मारअ; बँ० चामार; उ० ने० चमार; सिं० चमारु; सिंह० सोम्मारु; पं० चम्मार; मरा० चांभार] १. एक जाति जो चमड़े के जूते, मोट आदि बनाती तथा उनकी मरम्मत करती है। २. एक जाति जो गलियों आदि में झाड़ू देती है। ३. उक्त जातियों का पुरुष। ४. नीच प्रकृतिवाला आदमी।

चमारनी—स्त्री० = चमारी।

चमारिन—स्त्री० = चमारी।

चमारी—स्त्री० [हिं० चमार] १. चमार जाति की स्त्री। २. गलियों में और सड़कों पर झाड़ू देनेवाली स्त्री। ३. चमार का काम या पेशा। ४. चमारों की-सी वृत्ति या स्वभाव।

वि० १. चमार-संबंधी। चमार का। २. चमारों की तरह का।

स्त्री० [?] कमल का वह फूल जिसमें कमलगट्टे के जीरे खराब हो जाते हैं।

चमियारी—स्त्री० [देश०] पद्म काठ।

चमीकर—पुं० [सं०] प्राचीन काल की एक खान जिससे सोना निकलता था। (इसी से सोने को चामीकर कहते हैं।)

चमू—स्त्री० [सं० √चम् (नष्ट करना) +णिच्+ऊ] १. सेना। फौज। २. प्राचीन भारत में सेना का वह विभाग जिसमें ७२९ हाथी, ७२९ रथ, २१८७ घुड़-सवार और ३६४५ पैदल सैनिक होते थे। ३. कफन। ४. कब्र।

चमूकन—पुं० [देश०] एक प्रकार की किलनी जो चौपायों के शरीर में चिपटी रहती है।

चमू-चर—पुं० [सं० चमू √चर् (चलना) +ट] १. सिपाही। सैनिक। २. सेनापति।

चमू-नाथ—पुं० [ष० त०] = चमूपति।

चमू-नायक—पुं० [ष० त०] = चमूपति।

चमू-पति—पुं० [ष० त०] सेनापति। सेनानायक।

चमूरु—पुं० [सं० √चम् (खाना) +ऊरु] एक प्रकार का हिरन।

चमू-हर—पुं० [सं० चमू √हृ (हरण करना) +अच्, उप० स०] महादेव। शिव।

चमेलिया—वि० [हिं०] १ चमेली के फूल की तरह का ऐसा सफेद (रंग) जिसमें कुछ पीली झलक हो। (लैवेंडर) २. चमेली की गंध से युक्त।

पु० हलका पीलापन लिये सफेद रंग।

चमेली—स्त्री० [सं० चंपावेल्ली; बँ० ने० चमेली; प० मरा० सिं० चँबेली; गु० चँपेली] १. एक प्रसिद्ध लता जिसमें पीलापन लिये सफेद रग के छोटे-छोटे सुगंधित फूल लगते हैं। २. उक्त लता का फल।

पद—चमेली का जाल = एक प्रकार के कसीदे का काम।

३. नदी या समुद्र की ऊँची लहर की वह थपेड़ जिससे नावें आदि डगमगाने लगती और कभी-कभी डूब जाती हैं।

चमोई—स्त्री० [देश०] सिक्किम, भूटान आदि प्रदेशों में होनेवाला एक पेड़ जिसकी छाल से कागज बनाया जाता है। इसे धनकोटा, सतपूरा, सतबरसा इत्यादि भी कहते हैं।

चमोटा—पुं० [सं० चर्मपट्ट] [स्त्री० अल्पा० चमोटी] १. नरम चमड़े का वह टुकड़ा जिस पर नाई छूरे को उसकी धार तेज करने के लिए बार-बार रगड़ते हैं। २. बड़ी चमोटी। कोड़ा।

चमोटी—स्त्री० [हिं० चमोट] १. चाबुक। कोड़ा। २. पतली छड़ी। कमची। बेंत। ३. वह चमड़ा जो बेड़ियों के भीतरी भाग में इसलिए लगाया जाता है कि पैरों में लोहे की रगड़ न लगे। ४. चमड़े का बना छोटा चमोटा। ५. चमड़े का वह पट्टा जिसकी सहायता से खराद का चक्कर खींचा जाता है।

चमौआ—पुं० [हिं० चाम] वह देशी जूता जिसका तला चमड़े से सीया गया हो। चमरौधा।

चम्मच—पुं० [फा० मिलाओ, सं० चमस्] बड़ा चमचा जिससे खाने-पीने की चीजें चलाई तथा निकाली जाती हैं।

चम्मल—पुं० = चमला (भिक्षापात्र)।

चम्मोरानी—पुं० [देश०] बच्चों का एक प्रकार का खेल। सात समुंदर।

चय—पुं० [सं० √चि (बटोरना) +अच्] १. ढेर। राशि। समूह। २. टीला। ढूह। ३. किला। गढ़। ४. किले या शहर की चार-दीवारी।

परकोटा। फसील। ५. इमारत या दीवार की नींव। बुनियाद। ६. चबूतरा। चाँतरा। ७. चौकी या ऐसा ही और कोई ऊँचा आसन। ८. बहुत ही मनोहर और हरा-भरा स्थान। ९. वैद्यक मे कफ, पित्त या वात का विकृत होकर इकट्ठा होना। १०. यज्ञ के लिए अग्नि का चयन जो एक संस्कार के रूप में होता है।

चायक—वि० [स० चायक] चयन करनेवाला।

चयन—पुं० [स० √चि +ल्युट्—अन] १. आवश्यकता, रुचि आदि के अनुसार बहुत-सी वस्तुओं में से कोई एक या कई वस्तुएँ चुन या छाँटकर अलग निकालने की क्रिया या भाव। जैसे—गुलदस्ते के लिए फूलों अथवा सग्रहालय के लिए पुस्तकों का चयन करना। २. इस प्रकार चुनी हुई वस्तुओ का समूह। संकलन। ३. यज्ञ के लिए अग्नि का एक सस्कार।

चयनक—पुं० [हिं० चयन से] चुने हुए व्यक्तियों का वह वर्ग या समूह जिसमें से कोई एक या कई व्यक्ति किसी विशेष कार्य के सपादन या संचालन के लिए किसी उच्च अधिकारी या संस्था द्वारा नियत किये जाते हैं। नामिका। (पैनेल)

चयन-शील—वि० [ब० स०] जो चयन करने या संग्रह करने के काम में लगा हो या लगा रहता हो।

चयना—स० [सं० चयन] चयन करना। इकट्ठा करना। उदा०—रजनी गत बासर मृग तृष्ना रहहरि कौन चयी।—सूर।

चयनिका—स्त्री० [स० चयन +कन् +टाप्—इत्व] १. चुनी हुई कविताओं, कहानियों, लेखों या ऐसी ही और चीजों या बातों आदि का सग्रह। २. पत्र-पत्रिकाओ आदि का वह विभाग या स्तंभ जिसमें दूसरी पत्र-पत्रिकाओ से ली हुई अच्छी टिप्पणियाँ, लेख या उनके सारांश रहते हैं।

चयनीय—वि० [सं०√चि +अनीयर्] जो चयन किये या चुने जाने के योग्य हो।

चयित—भू० कृ० [स० चित] १. चयन किया या चुना हुआ। २. चुनकर इकट्ठा किया हुआ।

चरंद—पुं० [फा० चरिंद] चरनेवाले जीव या प्राणी। जैसे—गौ, घोड़े, बैल आदि।

चर—वि० [सं०√ चर् (गमन) +अच्] १. जो इधर-उधर चलता-फिरता हो। जैसे—चर जीव या प्राणी। २. जो विचरण करता रहता हो। विचरण करनेवाला। जैसे—जेचर, जलचर, निशिचर आदि। ३. जो अपने स्थान से इधर-उधर हटता-बढ़ता रहता हो। जैसे—चर नक्षत्र या राशि। ४. खाने या चरनेवाला।

पुं० १. वह व्यक्ति जो राज्य या राष्ट्र की ओर से देश-विदेश की बातों का छिपकर पता लगाने के लिये नियुक्त हो। गूढ़ पुरुष। जासूस। २. वह जो किसी विशिष्ट उद्देश्य या कार्य की सिद्धि के लिए कहीं भेजा जाय। दूत। ३. ज्योतिष में देशांतर जिसकी सहायता से दिन-मान निकाला जाता है। ४. खंजन या खँडरिच नाम का पक्षी। ५. कौड़ी। ६. कौड़ियों या पासे से खेला जानेवाला जूआ। ७. मंगल ग्रह। ८. मंगलवार। ९. मेष, वृष, मिथुन आदि राशियाँ। १०. कीचड़ या दलदल। ११. वह जमीन जो नदी के साथ बहकर आनेवाली मिट्टी जमने से बनी हो। १२. वह गड्ढा जिसमें बरसात का पानी इकट्ठा हो। १३. नदी के बीच में बना हुआ बालू का टापू या मैदान। १४. नदी का किनारा जहाँ पानी कम हो। (लश०) १५. नाव या जहाज में एक गूढ़े (बाहर की ओर निकला हुआ आडा शहतीर) से दूसरे गूढ़े तक की लंबाई या स्थान। (लश०) १६. वायु। हवा।

पुं० [अनु०] कपड़े, कागज आदि के फटने से होनेवाला शब्द।

चरई—स्त्री० [सं० चारिका] जुलाहो का वह स्थान जहाँ ताने के सूत छोटे तागों से बाँधे जाते हैं।

स्त्री० दे० 'चरनी'।

चरक—पुं० [स० चर +कन्] १ दूत। चर। २. गुप्तचर। जासूस। भेदिया। ३. पथिक। यात्री। ४. वैद्यक के एक प्रसिद्ध आचार्य जो शेष नाग के अवतार कहे गये हैं और जिनका 'चरक-संहिता' नामक ग्रन्थ बहुत प्रामाणिक है। ५ उक्त चरक 'सहिता नामक' ग्रन्थ। ६. बौद्धों का एक संप्रदाय। ७. भिक्षमगा। भिक्षुक।

स्त्री० [?] एक प्रकार की मछली।

†पुं० [स० चक्र] सफेद कोढ का दाग। फूल।

†पुं० = चटक।

चरकटा—पुं० [हिं० चारा +काटना] १. चारा काटनेवाला व्यक्ति। २. अयोग्य या हीन बुद्धिवाला व्यक्ति।

चरकना*—अ० = चिटकना।

चरकसंहिता—स्त्री० [सं० मध्य० स०] चरक मुनि द्वारा रचित एक प्रसिद्ध वैद्यक ग्रन्थ।

चरका—पुं० [फा० चरक:] १. हलके हाथ से किया हुआ वार या घाव या जख्म। २. धातु के गरम टुकड़े से दागने के कारण शरीर पर पड़ा हुआ चिह्न। ३. नुकसान। हानि। ४. चकमा। धोखा।

पुं० [देश०] मडुआ नाम का कदन्न।

चर-काल—पुं० [कर्म० स०] १ ज्योतिष के अनुसार समय का कुछ विशिष्ट अंश जिसका काम दिन-मान स्थिर करने मे पड़ता है। २. उतना समय जितना किसी ग्रह को एक अंश से दूसरे अंश तक जाने या पहुँचने में लगता है।

चरकी—स्त्री० [स० चरक +ङीष्] एक प्रकार की जहरीली मछली।

चरख—पुं० [फा० चर्ख मि० सं० चक्र] १. पहिए के आकार का अथवा इसी प्रकार का और कोई घूमनेवाला गोल चक्कर। चाक। २. खराद। ३. कलाबत्तू, रेशम आदि लपेटने का चरखा। ४. कुम्हार का चाक। ५. गोफन। डेलवाँस। ६. तोप लादकर ले चलने की गाड़ी।

पुं० [फा० चरग] १. लकडबग्घा नाम का जंगली हिंसक पशु। २. बाज की तरह की एक शिकारी चिड़िया।

चरख कश—पुं० [फा० चर्खकश] खराद या चरख की डोरी या पट्टा खींचनेवाला व्यक्ति।

चरखड़ी—स्त्री० [हिं० चरख] एक प्रकार का दरवाजा।

चरखपूजा—स्त्री० [सं० चक्र—पूजा] कुछ जंगली जातियों की एक प्रकार की शिव-पूजा जो चैत की संक्रांति को होती थी। इसमें किसी खम्भे पर बरछा लगाकर लोग गाते, बजाते और नाचते हुए चक्कर लगाते थे और बरछे से अपनी जीभ या शरीर छेदते थे। कहते हैं कि इसी दिन बाण नामक दैत्य राजा ने अपना रक्त चढ़ाकर शिव को प्रसन्न किया था जिसकी स्मृति मे यह पूजा होती थी, जो ब्रिटिश शासन-काल में बंद कर दी गई।

चरखा—पुं० [फा० चरखी मि० स० चक्र] [स्त्री० अल्पा० चरखी] १. पहिए के आकार का अथवा इसी प्रकार का कोई और घूमनेवाला गोल चक्कर। चरख। जैसे—कुएँ से पानी निकालने का चरखा। २. लकड़ी का वह प्रसिद्ध छोटा यंत्र जिससे ऊन, रेशम, सूत आदि कातते हैं। रहट। ३. ऊख का रस पेरने की लोहे की कल। ४. तारकशों का तार खींचने का यंत्र। ५. सूत लपेट कर उसकी पेंचक या लच्छी बनाने का यंत्र। ६. किसी प्रकार की गराड़ी या घिरनी। ७. बड़ी या बेढौल पहियोंवाली गाड़ी। ८. रेशम की लच्छी खोलने का 'डड़ा' नामक उपकरण। ९. गाड़ी का वह ढाँचा जिसमें नया घोड़ा जोतकर सवारी और सिलाया जाता है। खड़-खड़िया। १०. बुढ़ापे के कारण जर्जर और शिथिल व्यक्ति। ११. झंझट से भरा हुआ और प्रायः व्यर्थ का लंबा-चौड़ा काम। (व्यंग्य) १२. बुजदिल में नीचे पड़े हुए विपक्षी को चित करने का एक पेंच। १३ रहस्य संप्रदाय में, चित्त।

चरखी—स्त्री० [हिं० चरखा का स्त्री० अल्पा०] १. पहिए की तरह घूमनेवाली कोई वस्तु। २. गोलाकार घूमनेवाला किसी प्रकार का छोटा उपकरण। जैसे—कपास ओटने या सूत लपेटने की चरखी, रस्सी, बटने की चरखी, कुएँ से पानी निकालने की चरखी। ३. कुम्हार का चाक। ४. चक्कर की तरह गोलाकार घूमनेवाली एक प्रकार की आतिशबाजी। ५. मटमैले रंग की एक प्रकार की चिड़िया जिसे 'सत-बहिनी' भी कहते हैं।

चरग—पुं० [फा० चरग] १. एक प्रकार की शिकारी चिड़िया। २. लकड़-बग्घा।

चर-गेह, चर गेह—पुं० [मध्य० स०] = चर-राशि।

चरचना—स० [सं० चर्चन] १. शरीर में चंदन आदि पोतना या लगाना। २. किसी चीज पर कुछ पोतना। लेप लगाना। ३. अनुभान, कल्पना आदि से कुछ समझना या सोचना। ताड़ना या लखना।
४. चर्चा या जिक्र करना। ५. पहचानना।
स० [सं० अर्चन] अर्चन या पूजा करना।

चरचरा†—वि० [अनु०] [स्त्री० चरचरी] १. = चरपरा। (राज०) उदा०—लूँब सरीसी प्यारी चरचरी जी म्हाँरा राज।—लोक-गीत। २. = चिड़चिड़ा।
पुं० खाकी रंग की एक चिड़िया जिसके शरीर पर धारियाँ होती हैं।

चरचराट†—पुं० [अनु०] दबदबा। रोबदाब। उदा०—अब तो सब तरफ अँगरेजों का चरचराट है।—बालबलाल वर्मा।

चरचराना—अ० [अनु० चरचर] १. चर-चर शब्द करते हुए गिरना, टूटना या जलना। २. घाव के आस-पास का चमड़ा तनने और सूखने के कारण उसमें हलकी पीड़ा होना। चर्राना। ३. दे० 'चर्राना'।
स० चर चर शब्द करते हुए कोई चीज गिराना या तोड़ना।

चरचराहट—स्त्री० [हिं० चरचराना + हट (प्रत्य०)] १. चरचराने की क्रिया या भाव। २. किसी चीज के गिरने या टूटने से होनेवाला चर-चर शब्द।

चरचा—स्त्री० = चर्चा।
विशेष—ब्रजबाले इसके आकारान्त होने के कारण भूल से इसे पुंलिंग मानते हैं।

चरचारी†—वि० [हिं० चरचा] १. चर्चा चलानेवाला। २. दूसरों की निंदात्मक चर्चा करनेवाला।

चरचित*—भू० कृ० = चर्चित।

चरज—पुं० [फा० चरग] चरग नामक शिकारी चिड़िया।
†पुं० = आचरज।

चरजना—अ० [सं० चर्चन] १. धोखा या भुलावा देना। बहकाना। २. अनुमान या कल्पना करना।

चरट—पुं० [सं० √चर् (चलना) + अटच्] खंजन।

चरण—पुं० [सं० √चर् (चलना) + ल्युट्—अन] १. किसी देवता या पूज्य व्यक्ति के पाँव या पैर के लिए आदर-सूचक शब्द। जैसे—(क) हमारा धन्य भाग जो आज यहाँ आपके चरण पधारे हैं। (ख) बड़ों की चरण-पादुका पूजना या चरण-सेवा करना।
मुहा०—(किसी के) चरण छूना = बहुत आदरपूर्वक चरण छूते हुए दंडवत् या प्रणाम करना। (कहीं-कहीं) चरण देना=पैर रखना। (कहीं किसी के) चरण पड़ना=पदार्पण या शुभागमन होना। (किसी के) चरण लेना=चरण छूकर प्रणाम करना। (किसी के) चरणों पड़ना= चरणों पर सिर रखकर प्रणाम करना।
२. बड़ों या महापुरुषों का सान्निध्य या सामीप्य। जैसे—भगवान् के चरण छोड़कर वह कहीं जाना नहीं चाहते। ३. किसी चीज विशेषतः काल, मान आदि का चौथाई भाग। जैसे—यह बीसवीं सदी का तीसरा चरण है। ४. छंद, पद्य, श्लोक आदि का चौथा भाग अथवा कोई एक पूरी पंक्ति। ५. नदी का वह भाग जो तटवर्ती पहाड़ी गुफा या गड्ढे तक चला गया हो। ६. घूमने-फिरने या सैर करने की जगह। ७. जड़। मूल। ८. गोत्र। ९. कम। सिलसिला। १०. आचार-व्यवहार। ११. चक्रमा, सूर्य आदि की किरण। १२. कोई काम पूरा करने के लिए की जानेवाली सब क्रियाएँ। अनुष्ठान। १३. गमन। जाना। १४. पशुओं आदि का चारा चरना। १५. भक्षण करना। खाना। १६. वेद की कोई शाखा। जैसे—कठ, कौथुम आदि चरण। १७. किसी जाति, वर्ग या संप्रदाय के लिए विहित कर्म। १८. आधार। सहारा। १९. खंभा।

चरण-कमल—पुं० [उपमि० स०] कमलों के समान सुन्दर चरण या पैर। (आदर-सूचक)

चरणकरणानुयोग—पुं० [चरण-करण, ष० त०, चरणकरण-अनुयोग, ब० स०] जैन साहित्य में, ऐसा ग्रन्थ जिसमें किसी के चरित्र का बहुत ही सूक्ष्म दृष्टि से विचार या व्याख्या की गई हो।

चरण-गुप्त—पुं० [सं० ब० स०] एक प्रकार का चित्र-काव्य जिसके कई भेद होते हैं। इसमें कोष्ठक बनाकर उनमें कविता के चरणों या पंक्तियों के अक्षर भरे जाते हैं।

चरण-चिह्न—स्त्री० [ष० त०] पैरों से नीचे की ओर की गाँठ। गुल्फ। टखना।

चरण-चिह्न—पुं० [ष० त०] १. पैरों के तलुए की रेखा या लकीरें। २. बालू, मिट्टी आदि पर पड़े हुए किसी के पैरों के चिह्न या निशान जिन्हें देखकर किसी का अनुकरण या अनुसरण किया जाता है। ३. धातु, पत्थर आदि की बनाई हुई देवताओं आदि के चरणों की आकृति जो प्रायः पूजी जाती है।

चरण-तल—पुं० [ष० त०] पैर का तलुवा।

चरण-दास—पुं० [ष० त०] १. चरणों की सेवा करनेवाला दास या सेवक। २. दिल्ली के एक महात्मा साधु जो जाति के धूसर बनिये थे। इनका जन्म संवत् १७६० में और शरीरांत सं० १८३९ में हुआ था। इनके चलाये हुए सम्प्रदाय के साधु चरणदासी साधु कहलाते हैं। ३. जूता। (परिहास)

चरण-दासी—वि० स्त्री० [ष० त०] चरणों की सेवा करनेवाली (दासी या स्त्री)।

स्त्री० १. पत्नी। भार्या। २. जूता।

वि० चरण-दास संबंधी।

पुं० महात्मा चरणदास के चलाये हुए सम्प्रदाय का अनुयायी।

चरण-न्यास—पुं० = चरण-चिह्न।

चरणप—पुं० सं० चरण √पा (रक्षा करना)+क, उप० स०] पेड़। वृक्ष।

चरण-पर्ण (र्णि)—पुं० [ष० त०] गुल्फ। टखना।

चरण-पादुका—स्त्री० [ष० त०] १. खड़ाऊँ। पाँवड़ी। २ धातु, पत्थर आदि की बनी हुई किसी देवी-देवता या महापुरुष के चरणों की आकृति जिसकी पूजा होती है।

चरण-पीठ—पुं० [ष० त०] = चरण-पादुका।

चरण-युग (ल)—पुं० [ष० त०] किसी देवता या पूज्य व्यक्ति के दोनों चरण या पैर।

चरण-रज (ज्)—स्त्री० [ष० त०] किसी पूज्य व्यक्ति के चरणों की धूल जो बहुत पवित्र समझी जाती है।

चरण-शुश्रूषा—स्त्री० = चरण-सेवा।

चरण-सेवा—स्त्री० [ष० त०] किसी पूज्य व्यक्ति के पैर दबाकर की जाने वाली सेवा।

चरण-सेवी (विन्)—पुं० [सं० चरण√सेव् (सेवा करना)+णिनि, उप० स०] १. वह जो किसी की चरण-सेवा करता हो। २. दास। सेवक।

चरना—स्त्री० [सं० चरण +अच्+टाप्] एक रोग जिसमें मैथुन के समय स्त्रियों का रज बहुत जल्दी स्खलित हो जाता है।

†पुं० [?] काछा।

क्रि० प्र०—काछना।

चरनाक्ष—पुं० [चरण-अक्षि, ब० स०] अक्षपाद या गौतम ऋषि का एक नाम।

चरणाद्रि—पुं० [चरण-अद्रि, ब० स०] १. विंध्य पर्वत की एक शिला (चुनार नगरी के समीप) जिस पर बने चरण-चिह्न को हिंदू बुद्धदेव का और मुसलमान जिसे 'कदमे रसूल' बतलाते हैं। २. उत्तर प्रदेश का चुनार नामक स्थान।

चरणानति—स्त्री० [चरण-आनति, स० त०] किसी बड़े के चरणों पर झुकना, गिरना या पड़ना।

चरणानुग—वि० [चरण-अनुग, ष० त०] १. किसी के चरणों या पद-चिह्नों का अनुगमन करनेवाला व्यक्ति। अनुगामी। २. अनुयायी। ३. शरणागत।

चरणामृत—पुं० [सं० चरण-अमृत, ष० त०] वह पानी जिससे किसी देवता या महात्मा के चरण धोये गये हों और इसी लिए जो अमृत के समान पूज्य समझ कर पिया जाता हो। २. दूध, दही, घी, चीनी और शहद का वह मिश्रण जिसमें लक्ष्मी, शालिग्राम आदि को स्नान कराया जाता है और जो उक्त जल की भाँति पवित्र समझकर पिया जाता है। पंचामृत।

मुहा०—चरणामृत लेना = (क) चरणामृत पीना। (ख) बहुत ही थोड़ी मात्रा में कोई तरल पदार्थ पीना।

चरनायुध—पुं० [चरण-आयुध, ब० स०] मुरगा जो अपने पैरों के पंजों से लड़ता है।

चरनार्द्ध—वि० [चरण-अर्द्ध ष० त०] चरण अर्थात् चतुर्थांश का आधा (भाग)।

पुं० १. किसी चीज का आठवाँ भाग। २. किसी कविता या पद्य के चरण का आधा भाग।

चरणि—पुं० [सं० √चर् (चलना)+अनि] मनुष्य।

वि० गमन करने या चलनेवाला। चर।

चरणोदक—पुं० [चरण-उदक, ष० त०] चरणामृत। (दे०)

चरणोपधान—पुं० [चरण-उपधान ष० त०] १. वह चीज जिस पर पैर रखे जायँ। २. पाँवदान।

चरत—पुं० [हिं० बरत (व्रत) का अनु० अथवा हिं० चरना से] १. व्रत या उपवास के दिन व्रत न रखकर या उपवास न करके सब कुछ खाना-पीना। २. ऐसा दिन जिसमें मनुष्य नियमित रूप से अन्न आदि खाता-पीता हो।

चरता—स्त्री० [सं० चर+तल्—टाप्] चर होने की अवस्था या भाव। पृथ्वी।

चरतरिया†—स्त्री० [देश०] मिरजापुर जिले में होनेवाली एक प्रकार की कपास।

चरती—पुं० [हिं० चरत] व्यक्ति, जिसने व्रत न रखा हो। व्रत के दिन भी नियमित रूप से अन्न आदि खानेवाला।

चरत्व—पुं० [सं० चर +त्व] चर होने की अवस्था या भाव। चरता।

चरथ—वि० [स० √चर (चलना)+अथ)] चलनेवाला। चर। जंगम।

चरदास—स्त्री० [?] मथुरा जिले में होनेवाली एक प्रकार की घटिया कपास।

चर-द्रव्य—पुं० [कर्म० स०] वह सपत्ति जिसका स्थान-परिवर्तन हो सकता हो। जैसे—गहने, पशु आदि।

चरनंग—पुं० [स० चरण-अंग] चरण। पैर। उदा०—चरनंग बीर तल बज्जइय, सबर जोर जम दढ्ढ कमि।—चन्दबरदाई।

चरन†—पुं० दे० 'चरण'। ('चरन' के यौ० के लिए दे० 'चरण' के यौ०)

†स्त्री० [?] कौड़ी।

चर-नक्षत्र—पुं० [कर्म० स०] स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण और धनिष्ठा आदि कुछ विशिष्ट नक्षत्र जिनकी संख्या भिन्न-भिन्न आचार्यों के मत से अलग-अलग है।

चरनचर*—पुं० [सं० चरणचर] पैदल चलनेवाला दूत या सिपाही।

चरनदासी—स्त्री० = चरण-दासी।

चरन-धरन*—पुं० [सं० चरण +हिं० धरना] खड़ाऊँ। उदा०—चरन धरन तब राजैं लीन्हा।—जायसी।

चरनबरदार—पुं० [सं० चरण +फा० बरदार] वह नौकर जो बड़े आदमियों को जूते पहनाता, उतारता, लाता, ले जाता तथा यथास्थान रखता हो।

चरना—अ० [सं० पा० चरति; प्रा० चरइ; बँ० चरा; उ० चरिबा; पं०

चरना; सिं० चरणु; गु० चरवूं; ने० चर्नु; मरा० चरणें; मि० फा० चरीदन] १. पशुओं का घास आदि खाने के लिए खेतों और मैदानों में फिरना। जैसे—मैदान में गौएँ चर रही हैं।

मुहा०—अक्ल का चरने जाना =दे० 'अक्ल' के मुहा।

२. इधर-उधर घूमना-फिरना या चलना। विचरण करना।

स० १. पशुओं का खेतों आदि में उगी हुई घास, पौधे आदि खाना। जैसे—घोड़े घास चर रहे हैं। २. (व्यक्तियों का) अभद्रतापूर्वक तथा जल्दी-जल्दी खाना।

पुं० [?] काछा।

क्रि० प्र०—काछना।

३. सुनारों का वह औजार जिससे वे नक्काशी करते समय सीधी लकीरें बनाते हैं।

चरनायुध †—पु० = चरणायुध।

चरनि*—स्त्री० [सं० चर = गमन] चाल। गति।

चरनी*—स्त्री० [हि० चरना] १. पशुओं के चरने का स्थान। चरी। चरागाह। २ वह नाँद या बड़ा पात्र अथवा पात्र के आकार की रचना जिसमें पशुओं को चारा खिलाया जाता है। ३. पशुओं के खाने की घास आदि। चारा।

चरन्नी†—स्त्री० [हिं० चार+आना] = चवन्नी।

चरपट—पु० [सं० चर्पट] १. चपत। तमाचा। थप्पड़। २. उचक्का। उदा०—चरपटचोर धूर्त गँठिछोरा।—जायसी। ३. चर्पट नामक छंद।

चरपर †—वि० = चरपरा।

चरपरा—वि० [अनु०] [वि० स्त्री० चरपरी] (खाद्य पदार्थ) जिसमे खटाई, मिर्च आदि कुछ अधिक मात्रा मे मिली हो और इसी लिए जो स्वाद में कुछ तीखी हो।

वि० [स० चपल] चुस्त। तेज। फुरतीला।

चरपराना—अ० [हिं० चरचर] घाव में खुश्की के कारण तनाव होना और उसके फलस्वरूप पीड़ा होना।

अ० [हिं० चरपर] चरपरी वस्तु खाने पर मुँह में हलकी जलन होना।

चरपराहट—स्त्री० [हिं० चरपरा] १. चरपरा होने की अवस्था, भाव या स्वाद। २. घाव आदि की चरचराहट। ३. ईर्ष्या। डाह।

चरफराना—अ० १. = चरपराना। २. = छटपटाना।

चरब—वि० [फा० चर्ब] तेज। तीखा।

चरब जबान—वि० [फा० चर्ब-जबान] [भाव० चरब-जबानी] १. प्रायः कठोर और तीखी बातें कहनेवाला। कटु-भाषी। २. बहुत बढ़बढ़कर बातें करनेवाला। वाचाल। ३. बिना सोचे-समझे बहुत अधिक या तेज बोलनेवाला।

चरबन—पुं० =चबैना।

चरबाँक—वि० [फा० चर्ब = तेज] १. चतुर। चालाक। होशियार। २. निडर। निर्भय। ३. आचार, व्यवहार, स्वभाव आदि के विचार से उद्दंड तेज या शोख। ४. चंचल। चुलबुला। जैसे—चरबाँक आँखें।

चरबा—पुं० [फा० चर्बः] १. लेखे, हिसाब आदि का लिखा हुआ पूर्व रूप। खाका। २. अनुलिपि। नकल। ३. चित्रकला में वह पतला पारदर्शी कागज जिसकी सहायता से चित्रों की छाप ली जाती है।

क्रि० प्र०—उतारना।

चरबाई—वि० = चरबाँक।

चरबाना—स० [सं० चर्म] ढोल पर चमड़ा मढ़ाना।

चरबी—स्त्री० [फा०] प्राणियों के शरीर में रहनेवाला सफेद या हलके पीले रंग का गाढ़ा, चिकना तथा लसीला पदार्थ।

मुहा०—(शरीर पर) चरबी चढ़ना = मोटा होना। (आँखों में) चरबी छाना = अभिमान या मद में अंधा होना।

चरी—पुं० [कर्म० स०] चर ग्रह या राशि।

चर-भवन—पु० [मध्य० स०] =चर राशि।

चरम—वि० [सं० √चर् (चलना) +अमच्] १. अंतिम सीमा तक पहुँचा हुआ। हद दरजे का। जैसे—चरम पंथ। २. सबसे अधिक या आगे बढ़ा हुआ। जैसे—चरम गति। ३. अंतिम। आखिरी। जैसे—चरम अवस्था (=वृद्धावस्था)। ४. पश्चिमी।

पु० १. पश्चिम दिशा। २. वृद्धावस्था। ३. अंत। ४. उपन्यास, कहानी, नाटक आदि में का वह अंश या अवस्था जहाँ पर कथा की धारा अधिकतम ऊँचाई पर पहुँचती है। (क्लाइमैक्स)

* पु० = चर्म।

चरम-काल—पुं० [कर्म० स०] मृत्यु का समय।

चरम-गिरि—पु० [कर्म० स०] अस्ताचल।

चरम-पंथ—पुं० [सं० चरम +हिं० पंथ] वह विचार-धारा जो यह प्रतिपादित करती है कि समाज को अस्वस्थ बनानेवाले तत्त्वों को सारी शक्ति से और शीघ्रतापूर्वक दूर या नष्ट कर देना चाहिए। (ऐक्स्ट्रीमिज्म)

चरम-पंथी—पु० [हिं० चरमपंथ से] वह जो इस बात का पक्षपाती हो कि सामाजिक दोषों को बलपूर्वक और शीघ्रता से दूर या नष्ट कर देना चाहिए। (एक्स्ट्रीमिस्ट)

चरम-पत्र—पु० [कर्म० स०] अपनी संपत्ति के उत्तराधिकार, व्यवस्था आदि के संबंध में अंतिम अवस्था में लिखा जानेवाला पत्र या लेख। दित्सा-पत्र। वसीयतनामा। (विल)

चरमर—पुं० [अनु०] कसी या तनी हुई चीमड़ चीज के दबने या मुड़ने से होनेवाला शब्द। जैसे—चलने मे जूते का चरमर बोलना।

चरमरा—वि० [अनु०] चरमर शब्द करनेवाला। जिससे चरमर शब्द निकले। जैसे—चरमरा जूता।

पु० [देश०] एक प्रकार की घास जिसे तकड़ी भी कहते हैं।

चरमराना—अ०] हिं० चरमर] चरमर शब्द होना।

स०—चरमर शब्द उत्पन्न करना।

चरमवती—स्त्री० [सं० चर्मण्वती] चंबल नदी।

चरम-वय (स्)—वि० [ब० स०] १. अधिक अवस्थावाला (व्यक्ति)। २. पुराना।

चर-मूर्ति—स्त्री० [कर्म० स०] देवता की वह मूर्ति या विग्रह जो किसी एक जगह स्थापित न हो, बल्कि आवश्यकता के अनुसार एक जगह से उठाकर दूसरी जगह रखी जा सकती हो।

चर-राशि—स्त्री० [मध्य० स०] मेष, कर्क, तुला और मकर ये चार राशियाँ जो चर मानी गई हैं। (ज्योतिष)

चरलीता—पु० [देश०] एक प्रकार की काष्ठौषधि।

चरबाँक—वि० = चरबाँक।

चरवा—पु० [देश०] एक प्रकार का बढ़िया मुलायम चारा जो बारहो महीने अधिकता से उत्पन्न होता है। कहीं-कहीं यह गौओं-भैंसों को उनका दूध बढ़ाने के लिए दिया जाता है। धम्मन।

चरवाई—स्त्री० [हिं० चरवाना] पशु चरवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

चरवाना—स० [हिं० चराना का प्रे०] चराने का काम किसी से कराना। पशु चराने का काम दूसरे से कराना।

चरवाहा—पु० [हिं० चरना+वाहा=वाहक] वह व्यक्ति जो दूसरों के पशुओं को चराकर अपनी जीविका चलाता हो।

चरवाही—स्त्री० [सं० चर+हिं० वाही] १ पशु चराने का काम, भाव या मजदूरी। २. उलटी-सीधी या निर्लज्जता से भरी बातें कर के दूसरों को उपेक्षापूर्वक धोखे में रखना। उदा०—चरवाही जानो करो बेपरवाही बात।—राम सतसई।

चरवी—स्त्री० [सं० चर] कहारों का एक सांकेतिक शब्द जो इस बात का सूचक होता है कि रास्ते में आगे गाड़ी, एक्का आदि है।

चरवैया—वि० [हिं० चरना] १. चरनेवाला। २ चरानेवाला।
पु० चरवाहा।

चरष्य—वि० [सं० चरस+यत] जिसका या जिससे चरस बनाया जा सके।

चरस—स्त्री० [सं० चर्य या रस?] १. गाँजे के पौधों के डंठलों पर से उतारा हुआ एक प्रकार का हरा या हलका पीला गोंद या चेप जो प्रायः मोम की तरह का होता है और जिसे लोग गाँजे या तमाकू की तरह पीते हैं। नशे में यह प्रायः गाँजे के समान ही होता है।
पु० [फा० चर्ज] आसाम में अधिकता से होनेवाला एक प्रकार का पक्षी जिसका मांस बहुत स्वादिष्ट होता है। इसे बनमोर या चीनी-मोर भी कहते हैं।
†पु० दे० 'चरसा'।

चरसा—पु० [सं० चर्म्म] १ भैंस या बैल आदि के चमड़े का बना हुआ वह बड़ा थैला जिसकी सहायता से खेत सींचने के लिए कूएँ से पानी निकाला जाता है। पूर। मोट। २. चमड़े का बना हुआ कोई बड़ा थैला। ३ जमीन की एक नाप जो प्राय. २००० हाथ लंबी और इतनी ही चौड़ी होती थी। गो-चर्म।
†पु० = चरस (पक्षी)।

चरसिया—पु० = चरसी (चरस पीनेवाला)।

चरसी—पु० [हिं० चरस+ई (प्रत्य०)] १. वह जो चरस की सहायता से कूएँ से पानी निकालकर खेत सींचता हो। मोट चलानेवाला। २. वह जो गाँजे, तमाकू आदि की तरह चरस पीता हो।

चरही—स्त्री० दे० 'चरनी'।

चराई—स्त्री० [हिं० चरना] १ चरने की क्रिया या भाव। २. पशु आदि चराने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

चराऊ—पु० [हिं० चरना] पशुओं के चराने का स्थान। चरी।

चराक—पु० [देश०] एक प्रकार की चिड़िया।
* पुं० = चिरंग।

चराग†—पु० = चिराग।

चरागह—पु० [फा०] पशुओं के चरने का स्थान, जहाँ प्राय. घास आदि उगी रहती है। चरनी। चरी।

चराचर—वि० [चर-अचर, द्व० स०] चर और अचर। जड़ और चेतन। स्थावर और जंगम।
पु० १. संसार। २. संसार में रहनेवाले सभी जीव और पदार्थ। ३. कौड़ी।

चराचर-गुरु—पु० [ष० त०] १. ब्रह्मा। २. ईश्वर।

चरान—पुं० [हिं० चर=दल दल] समुद्र के किनारे की वह दल-दल जिसमें से नमक निकाला जाता है।
स्त्री० चरने या चराने की क्रिया या भाव।
†पुं० = चरागाह।

चराना—स० [हिं० चरना] १. पशुओं को खेतों या खुले मैदानों में लाकर वहाँ उगी हुई घास खाने या चरने में उन्हें प्रवृत्त करना। जैसे—गौ-भैंस चराना। २ किसी के साथ इस प्रकार का चातुर्यपूर्ण आचरण या व्यवहार करना कि मानो वह पशु के समान अबोध हो। जैसे—वाह! अब तो तुम हमें चराने लगे।

चराव—पु० [स० चर] पशुओं के चरने का स्थान। चरनी। चरागाह।

चरावना†—स० = चराना।

चरावर—स्त्री० [चरचर से अनु०] व्यर्थ की बातें। बकवाद।

चरिंब—पु० चरिन्दा।

चरिंदा—पु० [फा० चरिन्दः] चरनेवाला जीव या प्राणी। पशु। हैवान। जैसे—गाय भैंस बैल आदि।

चरि—पुं० [स० चर+इनि] जानवर। पशु।

चरित—पुं० [स० √चर् (चलना)+क्त] १ आचरण और व्यवहार या रहन-सहन। २. किसी के जीवन की घटनाओं का उल्लेख या विवरण। जीवन-चरित्र। ३. किसी के किए हुए अनुचित या निंदनीय काम। करतूत। करनी। (व्यंग्य) जैसे—इनके चरित्र सुने तो दंग रह जाओगे।

चरित-कार—पु० [ष० त०] चरित-लेखक।

चरित-नायक—पु० [ष० त०] वह व्यक्ति जिसके जीवन की घटनाओं के आधार पर कोई पुस्तक या जीवनी लिखी गई हो।

चरित्र-लेखक—पु० [ष० त०] किसी के जीवन की घटनाएँ या जीवन-चरित्र लिखनेवाला लेखक।

चरितवान्—वि० दे० 'चरित्रवान्'।

चरितव्य—वि० [स० √चर्+तव्यत्] (कार्य या व्यवहार) जो करने या आचरण के रूप में लाये जाने के योग्य हो।

चरितार्थ—वि० [चरित-अर्थ, ब० स०] १ (व्यक्ति) जिसका अर्थ, अभिप्राय या उद्देश्य पूरा या सिद्ध हो चुका हो। कृतकार्य। कृतार्थ। जैसे—भगवान की भक्ति में लगकर वे चरितार्थ हो गए। २. (बात या विषय) जिसके अस्तित्व का उद्देश्य पूरा या सिद्ध हो गया हो। जैसे—अपना जीवन चरितार्थ करना। ३. (उक्ति या कथन) जो अपने ठीक-ठीक अर्थ में पूरा उतरता या घटित होता हो। जैसे—आपकी उस दिन की भविष्यद्वाणी आज चरितार्थ हो गई।

चरितार्थता—स्त्री० [सं० चरितार्थ+तल्—टाप्] चरितार्थ या कृतार्थ होने की अवस्था या भाव।

चरित्तर†—पुं० [सं० चरित्र] छलपूर्ण अनुचित आचरण या व्यवहार जैसे—तिरिया-चरित्तर।

चरित्र—पुं० [सं०√चर्+इत्र] १. वे सब बातें जो आचरण, व्यवहार आदि के रूप में की जायँ। किया या किये हुए काम। कार्य-कलाप। २. अच्छा आचरण या चाल-चलन। सदाचार। जैसे—चरित्रवान्। ३. जीवन में किये हुए कार्यों का विवरण। जीवन-चरित। जीवनी। ४. कहानी, नाटक आदि में कोई पात्र। ५. कोई महान् अथवा श्रेष्ठ व्यक्ति। ६. स्वभाव। ७. छलपूर्ण अनुचित आचरण और व्यवहार। करतूत। चरित्र। (व्यंग्य) ८. कर्त्तव्य। ९. शील। स्वभाव। १०. चलने की क्रिया या भाव। ११. पग। पाँव। पैर।

चरित्र-नायक—पुं०=चरितनायक।

चरित्र-पंजी—स्त्री० दे० 'आचरण-पजी'।

चरित्र-बंधक—पु० [ष० त०] १. मैत्रीपूर्ण तथा सद्व्यवहार करने की प्रतिज्ञा। २. वह चीज जो किसी के पास कुछ शर्त्तों के साथ बंधक या रेहन रखी जाय। ३. उक्त प्रकार से बंधक या रेहन रखने की प्रणाली।

चरित्रवान् (वत्)—वि०[सं० चरित्र+मतुप्] [स्त्री० चरित्रवती] (व्यक्ति) जिसका चरित्र सद् हो। सदाचारी।

चरित्र-हीन—वि० [तृ० त०] (व्यक्ति) जिसका आचरण या चाल-चलन बहुत ही खराब या निन्दनीय हो। बदचलन।

चरित्रा—स्त्री० [सं० चरित्र+टाप्] इमली का पेड़।

चरिष्णु—वि० [सं०√चर्+इष्णुच्] चलनेवाला। चर। जंगम।

चरी—स्त्री० [हिं० चरना] १. वह जमीन जो किसानो को अपने पशुओं के चारे के लिए जमीदार से बिना लगान मिलती है। २. वह प्रथा जिसके अनुसार किसान उक्त प्रकार से जमीदार से जमीन लेता है। ३. वह स्थान जो पशुओ के चरने के लिए खुला छोडा जाता है। चरागाह। ४ छोटी ज्वार के हरे पेड़ जो पशुओं के चारे के काम आते हैं। कड़बी। स्त्री० [स० चर=दूत] १. संदेशा ले जानेवाली स्त्री। दूती। २. दासी। नौकरानी।

चरीद—पु० [फा० चरिंद या हिं० चरना] खाने या चरने के लिए निकला हुआ जंगली पशु। (शिकारी)

चरु—पु० [स० √चर्+उ] [वि० चरव्य] १. हवन या यज्ञ की आहुति के लिए पकाया हुआ अन्न। हविष्यान्न। हव्यान्न। २. वह पात्र जिसमें उक्त अन्न पकाया जाता है। ३. यज्ञ। ४. ऐसा भात जिसमें से माँड़ न निकाला गया हो। ५ पशुओं के चरने की जगह। चरी। चरागाह। ६. वह महसूल जो पशुओं के चरने की जमीन पर लगता है। ७. बादल। मेघ।

चरुआ†—पुं०[स० चरु] [स्त्री० अल्पा० चरुई] चौड़े मुँहवाला मिट्टी का वह बरतन जिसमे प्रसूता स्त्री के लिए औषध मिला जल पकाया जाता है।

चरुका—स्त्री०[सं० चरु+कन्—टाप्] एक प्रकार का धान। चरक।

चरुखला†—पुं० [हिं० चरखा, पं० चरखला] सूत कातने का छोटा चरखा।

चरुचेली (लिन्)—पुं० [सं० चरु-चेल, उपमि०स०,+इनि] शिव।

चरु-पात्र—पुं० [ष०त०] वह पात्र जिसमें यज्ञ आदि के लिए हविष्यान्न रखा या पकाया जाता है।

चरु-व्रण—पुं०[ष० त०] प्राचीन काल का एक प्रकार का पूआ (पकवान) जिस पर चित्र बनाये जाते थे।

चरु-स्थाली—स्त्री०[ष० त०] =चरु-पात्र।

चरू—पुं० दे० 'चरु'।
स्त्री० दे० 'चरी'।

चरेर—वि०=चरेरा।

चरेरा—वि० [चरचर से अनु०] [स्त्री० चरेरी] १. कडा और खुरदरा। २. कर्कश।
पुं० [देश०] हिमालय में होनेवाला एक प्रकार का वृक्ष जिसकी लकड़ी बहुत मजबूत होती और इमारत के काम में आती है।

चरेरू—पु० [हिं० चरना] चरनेवाला पशु।

चरेली—स्त्री०[?] ब्राह्मी बूटी।

चरैया—पुं० [हिं० चरना] १. चरानेवाला। २. चरनेवाला।
†स्त्री० चिड़िया।

चरैला—पुं० [हिं० चार+ऐल=चूल्हे का मुँह] एक प्रकार का चार मुँहोवाला चूल्हा जिस पर एक साथ चार चीजें पकाई जा सकती हैं।
पुं० [?] चिड़ियाँ फँसाने का एक प्रकार का जाल।

चरोखर—स्त्री० [हिं० चारा+खर] १ पशुओं के चरने की जगह। चरी। चरागाह। २. मिट्टी आदि की वह रचना जिसमें नाँद बैठाई जाती है।

चरोतर—पु० [सं० चिरोत्तर] वह भूमि जो किसी मनुष्य को जीवन भर भोगने के लिए दी गई हो।

चरौआ—पुं०[हिं० चराना] १. पशुओं के चरने का स्थान। चरी। २. चरवाहा।

चर्क—पुं०[देश०] जहाज का मार्ग। रूस। (लश०)

चर्ख†—पु०=चरख।

चर्खकश—पुं० [फा०] खराद की डोरी या पट्टा खीचने या चरख चलानेवाला।

चर्खा†—पुं०=चरखा।

चर्खी†—स्त्री०=चरखी।

चर्च—पुं०[अ०] १. वह मंदिर जिसमें मसीही प्रार्थना करते हैं। गिरजा। २. मसीही धर्म की कोई शाखा या संप्रदाय।
पु०=चर्चन।

चर्चक—वि० [सं०√चर्च् (बोलना)+ण्वुल्—अक] चर्चा करनेवाला।

चर्चन—पुं० [सं० √ चर्च्+ल्युट्—अन] १. चर्चा करने की क्रिया या भाव। २. चर्चा। ३. लेप लगाना। लेपन।

चर्चर—वि० [सं०√चर्च्+अरन्] गमनशील। चलनेवाला। चर।

चर्चरिका—स्त्री० [सं० चर्चरी+कन्—टाप्—ह्रस्व] नाटक में वह गीत जो दर्शकों के मनोरंजन के लिए दो अको के बीच में अर्थात् ऐसे समय में होता है जब कि रगमंच पर अभिनय नही होता।

चर्चरी—स्त्री० [सं० चर्चर+ङीष्] १. एक प्रकार का वर्ण-वृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे रगण, सगण, दो जगण, भगण और तब फिर रगण (र, स, ज,ज, भ, र) होता है। २. वसत या होली के दिनों मे गाया जानेवाला चाँचर नामक गीत। ३. होली की धम-धाम और हुल्लड़। ४. ताली बजने या बजाने का शब्द। ५. ताल के ६० मुख्य भेदों में से एक। (संगीत) ६. प्राचीन काल का एक प्रकार का ढोल। ७. आमोद-प्रमोद के समय की जानेवाली क्रीड़ा। ८. नाच-गाना। ९. दे० 'चर्चरिका'।

चर्चरीक—पुं० [सं०√चर्च् (ताड़ना)+ईकन् नि० सिद्धि] १. महाकाल भैरव। २. साग-भाजी। तरकारी। ३. सिर के बाल गूँथना या बनाना। केश-विन्यास।

चर्चस—पु० [सं०√चर्च्+असुन्] कुबेर की नौ निधियों में से एक।

चर्चा—स्त्री० [सं०√चर्च्+णिच्+अङ्—टाप्] १. किसी विषय पर या व्यक्ति के संबंध में होनेवाली बात-चीत। जिक्र। वार्त्तालाप। २. बहुत-से लोगों में फैली हुई ऐसी बात जिसके संबंध में प्रायः सभी लोग कुछ न कुछ कहते हों। ३. किसी प्रकार का कथन या उल्लेख। ४. विचारपूर्वक किसी बात के सब पक्षों पर होनेवाला विचार। जैसे—आज की गोष्ठी में इन्हीं विषयों पर चर्चा हो सकती है। ५. किंवदंती। अफवाह। ६. किसी चीज के ऊपर कोई गाढ़ी चीज पोतना, लगाना या लेपना। लेपन। ७. गायत्री रूपा महादेवी। ८. दुर्गा।

चर्चिक—वि० [सं० चर्चा+ठन्—इक] वेद आदि जाननेवाला।

चर्चिका—स्त्री० [सं० चर्चा+कन्—टाप्, इत्व] १. चर्चा। जिक्र। २. दुर्गा। ३. एक प्रकार का सेम।

चर्चित—भू० कृ० [स०√चर्च्+क्त] १. चर्चा के रूप में आया हुआ। २. जिसकी चर्चा की गई हो या हुई हो। ३. जो लेप के रूप में ऊपर से पोता या लगाया गया हो। जैसे—चंदनचर्चित ललाट या शरीर।

चर्नाक—पु० दे० 'चरणाद्रि'।

चर्पट—पु० [सं० √चृप् (उद्दीप्त करना)+अटन्] १. हाथ की खुली हुई हथेली। २. उक्त प्रकार की हथेली से लगाया हुआ तमाचा या थप्पड़। वि० बहुत अधिक। विपुल।

चर्पटा—स्त्री० [स० चर्पट+टाप्] भादों सुदी छठ।

चर्पटी—स्त्री० [स० चर्पट+ङीप्] एक प्रकार की चपाती या रोटी।

चर्परा—वि०=चरपरा।

चर्बजबान—वि०[फा०] बहुत अधिक और तेजी से बोलनेवाला।

चर्बण—पु०=चर्वण।

चर्बित—भू० कृ०=चर्वित।

चर्बी—स्त्री०=चरबी।

चर्भट—पु० [सं०√चर्भ्+क्विप्, √भट् (पालना)+अच्, चर्-भट्, कर्म० स०] ककड़ी।

चर्भटी—स्त्री० [सं० चर्भट+१, ङीप्] चर्चरी गीत। २. चर्चा। ३. आनन्द के समय की जानेवाली क्रीड़ा। ४. आनन्दध्वनि।

चर्म (न्)—पु० [स०√चर्+मनिन्] १. शरीर पर का चमड़ा। २. ढाल जो पहले चमड़े की बनती थी।

चर्म-करंड—पुं० [ष० त०] चमड़े का बड़ा कुप्पा जिसके सहारे नदी पार करते थे। (कौ०)

चर्म-करण—पु० [ष० त०] चमड़े की चीजें बनाने का काम।

चर्म-कारी—स्त्री० [सं० चर्म√कृ (करना)+ट—ङीप्, उप० स०] १. एक प्रकार का गंध-द्रव्य। २. मांसरोहिणी नाम की लता।

चर्म-कशा—स्त्री० [सं०=चर्मकषा, पृषो० सिद्धि] १. एक प्रकार का गंध द्रव्य। चमरख। २ मांसरोहिणी लता। ३. सातला नाम का थूहड़।

चर्मकषा—स्त्री० [सं० चर्मन् √कष् (खरोंचना)+अच्—टाप्] चर्म-कशा।

चर्मकार—पु०[सं० चर्मन्√कृ+अण्, उप०स०] [स्त्री० चर्मकारी] चमड़े का काम करने अर्थात् चमड़े की चीजें बनानेवाला व्यक्ति अथवा ऐसे व्यक्तियों की जाति। चमार।

चर्म-कारक—पु०[ष० त०]=चर्मकार।

चर्मकारी—स्त्री०=चर्म-कार्य।

चर्म-कार्य—पुं०[ष० त०] चमड़े की चीजें बनाने का कार्य या पेशा।

चर्म-कील—पु० [स० त०] १. बवासीर नामक रोग। २. एक प्रकार का रोग जिसमें शरीर पर मास की कीलें सी निकल आती और बहुत कष्ट देती है। न्यच्छ।

चर्म-कूप—पु०[ष० त०] चमड़े का कुप्पा।

चर्म-ग्रीव—पु०[ब० स०] शिव का एक अनुचर।

चर्म-घटिका—स्त्री० [ष० त०] जोंक।

चर्मचक्षु (ष्)—पु० [ष० त०] चमड़े की बनी हुई ऊपरी आँख (अतश्चक्षु या ज्ञान चक्षु से भिन्न)। जैसे—खाली चर्म-चक्षुओं से देखने पर ईश्वर नहीं दिखाई देगा।

चर्म-चटका, चर्मचटी—स्त्री० [तृ० त०] [चर्मन्√अट्+अच्—ङीष्] चमगादड़।

चर्म-चित्रक—पु० [ष० त०] श्वेत कुष्ठ नामक रोग।

चर्म-चेल—पु० [मध्य०स०] वह चमड़ा जो उलटकर कपड़े की तरह ओढ़ा या पहना गया हो।

चर्मज—वि० [स० चर्मन्√जन् (उत्पत्ति)+ड, उप०स०] चर्म या चमड़े से उत्पन्न होनेवाला।

पु० १. रोआँ। रोम। २. खून। रक्त। लहू।

चर्मण्वती—स्त्री० [स० चर्मन्+मतुप्—ङीप्] १ चंबल नदी जो विन्ध्याचल पर्वत से निकलकर इटावे के पास यमुना से मिलती है। शिवनद। २ केले का पेड़।

चर्म-तरंग—पु० [स० त०] शरीर के चमड़े पर पड़ी हुई झुर्री।

चर्म-दंड—पु०[मध्य०स०] चमड़े का बना हुआ कोड़ा या चाबुक।

चर्म-दल—पु० [स० चर्मन्√दल् (विदीर्ण करना)+णिच्+अण्, उप०स] एक प्रकार का कोढ़ जिसमें पहले किसी स्थान पर बहुत-सी फुंसियाँ हो जाती हैं और तब वहाँ का चमड़ा फट जाता है।

चर्म-दूषिका—स्त्री० [ष० त०] बाद नामक रोग।

चर्म-दृष्टि—स्त्री० [ष० त०] चर्म-चक्षुओं की अर्थात् साधारण दृष्टि। आँख। (ज्ञान-दृष्टि से भिन्न)

चर्म-देहा—पु०[ब० स०] मशक के ढंग का एक प्रकार का पुराना बाजा जो मुँह से फूँककर बजाया जाता था।

चर्म-द्रुम—पु० [मध्य० स०] भोजपत्र का पेड़।

चर्म-नालिका—स्त्री० [ष० त०] चमड़े का कोड़ा या चाबुक।

चर्म-नालिका—स्त्री० =चर्म-नालिका।

चर्म-पट्टिका—स्त्री० [ष० त०] चमोटी।

चर्म-पत्रा—स्त्री०[ब० स०, टाप्] चमगादड़।

चर्म-पत्री—स्त्री०[ब० स०, ङीप्]=चर्म-पत्रा।

चर्म-पादुका—स्त्री०[मध्य० स०] चमड़े का बना हुआ जूता।

चर्म-पीठिका—स्त्री०[ष० त०] एक प्रकार की शीतला (रोग)।

चर्म-पुट—पु०[मध्य० स०] चमड़े का कुप्पा या थैला।

चर्म-गुदक—पुं० [सं० चर्म-गुद+कन्] =चर्म-गुद।

चर्म-छेदिका—स्त्री० [ष०त०] चमड़ा काटने का सुतारी नामक औजार।

चर्म-जंघ—पु० [ष० त०] १. चमड़े का तस्मा या पट्टी। २. चमड़े का कोड़ा या चाबुक।

चर्म-मंडल—पुं० [मध्य०स०] एक प्राचीन देश का नाम। (महाभारत)

चर्म-मसूरिका—स्त्री० [मध्य०स०] मसूरिका रोग का एक भेद जिसमें रोगी के शरीर में छोटी-छोटी फुंसियाँ या छाले निकल आते हैं।

चर्म-मुंडा—स्त्री० [ब०स०, टाप्] दुर्गा।

चर्म-मुद्रा—स्त्री० [मध्य०स०] १. तंत्र में एक प्रकार की मुद्रा। २. चमड़े का सिक्का।

चर्म-यष्टि—स्त्री० [मध्य०स०] चमड़े का कोड़ा या चाबुक।

चर्म-रेणा—स्त्री० [ब०स०, टाप्] एक प्रकार की लता जिसे आबरसेंकी और मगधवल्ली भी कहते है।

चर्मरी—स्त्री० [सं० चर्मन्√रा (दाने)+क—ङीष्] एक प्रकार की लता जिसका फल बहुत विषैला होता है।

चर्मक—पुं० [स० चर्मन्√रा+कु] =चमार।

चर्म-वंश—पु० [ब०स०] प्राचीन काल का एक प्रकार का बाजा जो मुँह से फूँककर बजाया जाता था।

चर्म-वसन—पु० [ब०स०] महादेव। शिव।

चर्म-वाद्य—पु० [मध्य०स०] ढोल, नगाड़ा आदि ऐसे बाजे जिन पर चमड़ा मढ़ा होता है।

चर्म-वृक्ष—पु० [मध्य०स०] भोजपत्र का पेड़।

चर्म-संभवा—स्त्री० [ब०स०] हलायची।

चर्मसार—पुं० [ष०त०] वैद्यक मे, खाये हुए पदार्थों से शरीर के अंदर बननेवाला रस।

चर्मांत—पु० [चर्मन्-अंत, ब०स०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का यंत्र जिसका व्यवहार चीर-फाड़ आदि मे होता था।

चर्माख्य—पु० [चर्मन्-आख्या, ब०स०] कुष्ठ रोग का एक प्रकार या भेद।

चर्मानिला—स्त्री० [सं०] प्राचीन काल की एक नदी।

चर्मानुरंजन—पु० [चर्मन्-अनुरंजन, ष०त०] बंधन पर लगाने का सिंदूर की तरह का एक द्रव्य।

चर्मारि—पुं० [स० चर्मन्√ऋ (गति)+अण्, उप० स०] चर्मकार। चमार।

चर्मिक—पुं० [सं०चर्मन्+ठन्—इक] हाथ मे ढाल लेकर लड़नेवाला योद्धा।

चर्मी (र्मिन्)—पुं० [सं० चर्मन्+इनि, टिलोप] =चर्मिक।

चर्म्य—वि० [सं√चर् (चलना)+यत्] १. जो चरण अर्थात् आचरण के रूप में किये जाने के योग्य हो। २. कर्तव्य।

चर्म्या—स्त्री० [स० चर्म्य+टाप्] १. वह जो किया जाय। आचरण। जैसे—व्रतचर्म्या, दिनचर्म्या आदि। २. आचरण। चाल-चलन। ३. काम-धंधा। ४. जीविका या वृत्ति। ५. सेवा। ६. धर्मशास्त्र के अनुसार विहित काम करना और निषिद्ध काम न करना। ७. भोजन करना। खाना। ८. चलना। गमन।

चर्राना—अ० [अनु०] १. लकड़ी आदि का टूटने या तड़कने के समय चर चर शब्द होना। २. घाव के सूखने के समय होनेवाले तनाव के कारण हलकी पीड़ा होना। ३. शरीर में चुनचुनाहट या हलकी जलन होना। ४. किसी कार्य, बात, वस्तु आदि की प्रबल इच्छा होना। जैसे—किसी काम या बात का शौक चर्राना।

चर्री—स्त्री० [हिं० चर्राना] ऐसी लगती हुई बात जिससे किसी के मर्म पर आघात होता हो।

चर्वण—पुं० [सं०√चर्व् (चबाना)+ल्युट्—अन] [वि० चर्व्य] १. किसी चीज को मुँह में रखकर दाँतों से बराबर कुचलने की क्रिया। चबाना। २. चबाकर खाई जानेवाली चीज। ३. भुना हुआ अन्न। चबेना। दाना।

चर्वित—भू०कृ० [सं० √चर्व्+क्त] १. चाबा या चबाया हुआ। २. खाया हुआ। भक्षित।

चर्वित-चर्वण—पुं० [ष० त०] किसी किये हुए काम या कही हुई बात को फिर से करना या कहना। पिष्टपेषण।

चर्वित-पात्र—पुं० [ष० त०] उगालदान। पीकदान।

चर्विल—पु० [अ०] गाजर की तरह की एक पाश्चात्य तरकारी जो कुआर-कार्तिक मे क्यारियों में बोई जाती है।

चर्व्य—वि० [स०√चर्व्+ण्यत्] १. चबाये जाने के योग्य। २. जो चबाकर खाया जाय।

चर्षणि—पु० [सं०√कृष् (लिखना)+अनिच्, च आदेश] आदमी। मनुष्य।

चर्षणी—स्त्री० [सं० चर्षणि+ङीष्] १. मानव जाति। २. कुलटा स्त्री।

चर्स—स्त्री० =चरस।

चलंता—वि० [हिं० चलना] १. चलता हुआ। चलता रहनेवाला। २. चलनेवाला।

चलंतरी—स्त्री०=चलनदरी।

चल—वि० [स०चल् (जाना)+अच्] १.जो चल रहा हो, चलता हो या चल सकता हो। जैसे—चल-चित्र। २. चलता या हिलता-डुलता रहनेवाला। जैसे—चल चंचु। ३. अस्थिर। चंचल। ४. जो एक स्थान से उठाकर या हटाकर दूसरे स्थान पर रखा या लाया जा सके। (मूवेबुल) जैसे—चल संपत्ति। ५. नश्वर।

पु० [√चल्+णिच्+अप्] १. काँपने, चलने या हिलने की क्रिया या भाव। २. पारा। ३. महादेव। शिव। ४. विष्णु। ५. ऐब। दोष। ६. चूक। भूल। ७. कपट। छल। धोखा। ८. दोहा छंद का एक भेद जिसमे ११ गुरु और २६ लघु मात्राएँ होती है। ९. नृत्य में अंग की वह चेष्टा जिसमें हाथ के इशारे से किसी को अपनी ओर बुलाया जाता है। १०. नृत्य में शोक, चिंता, परिश्रम या उत्कंठा दिखलाने के लिए गहरा साँस लेना। ११. गणित में वह राशि जिसके कई मान या मूल्य हों। १२. उक्त राशि का प्रतीक चिह्न। (वेरिएब्ल्; उक्त दोनों अर्थों में)

चलक—पु० [सं० चल+कन्] १. माल। असबाब। २. दे० 'चल' ११ तथा १२।

चलकना†—अ०=चिलकना।

चल-कर्ण—वि० [ब०स०] जिसके कान सदा हिलते रहते हों।

पुं०१. हाथी। २. ज्योतिष में, पृथ्वी से ग्रहों का प्रसम अन्तर।

चलका—पुं०[देश०] एक प्रकार की नाव।

चल-केतु—पुं० [कर्म० स०] ज्योतिष में, एक प्रकार का पुच्छलतारा जिसके उदय से अकाल या दुर्भिक्ष पड़ता है।

चल-चंचु—पुं० [ब०स०] जिसकी चोंच हिलती रहती हो अर्थात् चकोर।

चल-चलाव—पुं० [हिं० चलना+चलाव (अनु०)] १. कही से चलने अथवा चल पड़ने की क्रिया, तैयारी या भाव। चलाचली। २. मृत्यु। उदा०—दुनियाँ है चल-चलाव का रस्ता, संभल के चल।—कोई शायर।

चलचा—पुं० [देश०] ढाक। पलास।

चल-चाल—वि० [ब० स०] चलविचल। चंचल। अस्थिर।

चल-चित्त—वि० [ब०स०] (व्यक्ति) जिसका मन कही या किसी निश्चय पर टिकता या लगता न हो। चंचल चित्तवाला।

चल-चित्र—पुं० [कर्म० स०] १. भा या छाया चित्रों का वह अनुक्रम जो इतनी तेजी से परदे पर विक्षेपित किया जाता है कि दृष्टि-भ्रम के कारण उनमें दिखाई देनेवाली वस्तुएँ, व्यक्ति आदि चलते-फिरते नजर आते हैं। २ छाया या भाचित्रित कथा या कहानी। (मूवी)

चल-चित्रण—पु० [प० त०] भा या छाया-चित्रण के द्वारा चल-चित्र तैयार करना। (फिल्मिंग)

चल-चित्रित—वि० [सं० चलचित्र+णिच्+क्त] चल-चित्र के रूप में तैयार किया हुआ। (फिल्मड)

चल-चूक—स्त्री० [स० चल=चवल] धोखा। छल। कपट।

चलता—स्त्री० [स० चल+तल्-टाप्] १. चल अर्थात् गतिमान् या गतिशील होने की अवस्था या भाव। २. अस्थिरता। चचलता।

वि० [हिं० चलना] [स्त्री० चलती] १. जो चल रहा हो। जो गति में हो। जैसे—चलती गाडी में ये मत उतरो।

मुहा०—(किसी को) चलता करना=जैसे-तैसे दूर करना या हटाना। पीछा छुड़ाने के लिए रवाना करना। जैसे—मैंने दो-चार बातें करके उन्हे चलता किया। **(कोई काम) चलता करना**=जैसे-तैसे निपटाना या पूरा करना। जैसे—कई काम तो आज मैंने यो ही चलते किये। **(किसी व्यक्ति का) चलता या चलते बनना या होना**=चुपचाप खिसक या हट जाना। जैसे—झगडा बढ़ता हुआ देखकर मैं तो वहाँ से चलता बना। **चलते-फिरते नजर आना**=चलता या चलते बनना। जैसे—अब आप यहाँ से चलते-फिरते नजर आइए।

२. जो प्रचलन या व्यवहार में बराबर आ रहा हो। जैसे—चलता माल, चलता सिक्का। ३. जिस पर से होकर लोग बराबर आते-जाते रहते हैं। जैसे—चलता रास्ता। ४. जो ठीक प्रकार से काम करने की स्थिति में हो। जैसे—चलती मशीन, चलती घड़ी। ५. जिसका अथवा जहाँ पर काम-काज या कारोबार ठीक प्रकार से चल रहा हो। जैसे—चलती दूकान, चलती बकालत। ६. जिसका क्रम बराबर चलता रहता हो। जैसे—चलता खाता (दे०)। ७. जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से जा अथवा ले जाया जा सकता हो। जैसे—चलता पुस्तकालय, चलता सिनेमा। ८. (व्यक्ति) जो अधिक चतुर या होशियार हो। धूर्त। जैसे—चलता पुरजा (दे०)। ९. (कार्य या वस्तु) जिसे करने अथवा बनाने में विशेष योग्यता अपेक्षित न हो। जैसे—ऐसे चलते काम तो यहाँ नित्य आया करते हैं।

पद—चलता गाना। (देखें)

१०. जिसमे समस्त अगो या ब्योरे की बातों पर विशेष ध्यान न दिया गया हो या न दिया जाय। काम-चलाऊ। जैसे—किसी काम या किताब को चलती निगाह से देखना। ११. जो अपने अंत या समाप्ति के पास तक पहुँच रहा हो। जैसे—चलती अर्थात् ढलती उमर।

पद—चलता समय या समाँ। (देखें)

पु० [हिं० चलना] १. उलटा नाम का पकवान जो पिसी हुई दाल या बेसन से रोटी के रूप में पकाया जाता है। २. रास्ते में वह स्थान जहाँ फिसलन और कीचड़ बहुत अधिक हो।

पुं० [देश०] १. एक प्रकार का बहुत बडा सदाबहार वृक्ष जिसकी लकडी बहुत मजबूत होती है और पानी में भी जल्दी गलती-सड़ती नही है। २. उक्त वृक्ष का फल जो तरकारी बनाने और यों भी खाने के काम आता है। ३ कवच।

†पु०=चिलता (कवच)।

चलता खाता—पु०[हिं० पद] लेन-देन का ऐसा हिसाब जिसका क्रम बराबर चलता या बना रहता हो, बीच मे बद न होता हो। (करेण्ट एकाउण्ट)

चलता गाना—पु० [हिं०] ऐसा गाना जो शुद्ध राग-रागिनियों के अन्तर्गत न हो पर जिसका प्रचार सर्व-साधारण में हो। जैसे—गजल, दादरा, लावनी आदि।

चलता छप्पर—पु० [हि० पद] छाता। (फकीरों की भाषा)

चलता पुरजा—पु०[हिं० पद] व्यवहार-कुशल व्यक्ति। चालाक या चुस्त व्यक्ति।

चलता लेखा—पु०=चलता खाता।

चलता समय—पु०=चलता समाँ।

चलता समाँ—पु० [हिं०] जीवन का अंतिम भाग या समय। वृद्धावस्था।

चलती—स्त्री० [हिं० चलना] कोई कार्य करने या करा सकने का अधिकार। उदा०—आज-कल उस दरबार मे उनकी बडी चलती है।

वि० हिं० 'चलता' का स्त्री० रूप।

चलतू—वि० [हिं० चलना] १ दे० 'चलता'। २. (भूमि) जो जोती-बोई जाती हो।

चलदंग—पु०[ब०स०] झींगा मछली।

चल-दल—पु० [ब०स०] पीपल का वृक्ष।

चलन—पु० [सं०√चल्+ल्युट्-अन] १ गति। चाल। २. कंपन। ३. चरण। पैर। ४. हिरन। ५. ज्योतिष में विषुवत् की वह गति जिससे दिन और रात दोनों बराबर रहते हैं। ६ नृत्य में एक प्रकार की चेष्टा या मुद्रा।

पु० [हिं० चलना] १ चलने की अवस्था, क्रिया या भाव। गति। चाल। २. प्रचलित रहने की अवस्था या भाव। प्रचलन। जैसे—कपडे या सिक्के का चलन। ३. आचार-व्यवहार आदि से संबंध रखने वाली प्रथा। रीति। रवाज। ४. अच्छा आचरण या व्यवहार। जैसे—जो चलन से रहेगा, उसे कभी कोई कष्ट न होगा।

चलन-कलन—पुं० [तृ० त०] ज्योतिष में एक प्रकार का गणित जिसके द्वारा पृथ्वी की गति के अनुसार दिन-रात के घटने-बढ़ने का हिसाब लगाया जाता है।

चलनवरी—स्त्री० [हिं० चलन+वरी] वह स्थान जहाँ यात्रियों को पुण्यार्थ जल पिलाया जाता हो। पौसरा।

चलन-समीकरण—पुं० [ष० त०] गणित में एक प्रकार की क्रिया। दे० 'समीकरण'।

चलनसार—वि० [हिं० चलन+सार (प्रत्य०)] १. जिसका उपयोग, न या व्यवहार बराबर हो रहा हो। जैसे—चलनसार सिक्का। २. जो बहुत दिनों तक चल सके अर्थात् काम में आ सके। जैसे—चलनसार धोती।

चलनहार†—वि० [हिं० चलना+हार (प्रत्य०)] १. जो अभी चलने को उद्यत या प्रस्तुत हो। २. जो अभी चल रहा हो। चलनेवाला। ३. दे० 'चलनसार'।

चलना—अ० [स० चलन] १. पैरों की सहायता से जीव-जंतुओं का एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचने के लिए आगे बढ़ना। जैसे—आदमियों या घोड़ों का चलना।

मुहा०—चल देना=(क) कोई स्थान छोड़कर वहाँ से दूर होना या हट जाना। (ख) बिना कहे-सुने या चुपके से खिसक या हट जाना। जैसे—वह लड़का मेरे सब कपड़े लेकर चल दिया। **चल पड़ना**=चलना आरंभ करना। जैसे—सबेरा होते ही यात्री चल पड़े।

२ पहियों आदि की सहायता से अथवा और किसी प्रकार किसी ओर अग्रसर होना या बढ़ना। जैसे—गाड़ी या जहाज का चलना, मछली या साँप का चलना। ३ किसी प्रकार की गति से युक्त होकर आगे बढ़ना। गति मे होना। जैसे—आँधी या हवा चलना, ग्रहों या नक्षत्रों का चलना। ४ किसी प्रकार की गति से युक्त होकर या हिलने-डोलने हुए, कोई कार्य सपन्न या संपादित करना। जैसे—घड़ी, नाड़ी या यंत्र चलना। ५. कोई काम करते हुए उसमें आगे की ओर बढ़ना। उन्नति करना। अग्रसर होना।

मुहा०—(किसी व्यक्ति का) चल निकलना=किसी काम या बात मे तत्परतापूर्वक लगे रहकर औरों से कुछ आगे बढ़ना या उन्नति करना। जैसे—थोड़े ही दिनों में वह सस्कृत पढ़ने (या दस्तकारी सीखने) में चल निकलेगा। **(किसी काम या बात का) चल निकलना**=उन्नति, वृद्धि आदि के मार्ग पर आगे बढ़ना। जैसे—रोजगार (या वकालत) चल निकलना।

६. उचित या साधारण गति से क्रियाशील रहना। सक्रिय रहना या होना। जैसे—(क) लिखने में कलम चलना। (ख) कारखाना या दूकान चलना। (ग) बिना कहीं अटके या रुके बराबर बढ़ते चलना। ७. किसी कार्य, बात या स्थिति का उचित रूप से निर्वाह या वहन होना। काम निकलना या होता रहना। जैसे—(क) इतने रुपयों से काम नहीं चलेगा। (ख) यह लड़का चौथे दरजे मे चल जायगा।

मुहा०—पेट चलना=खाने-पीने का सुभीता होता रहना। जीविका-निर्वाह होना। जैसे—इसी मकान के किराये से उनका पेट चलता है।

८. किसी चीज का ठीक तरह से उपयोग या व्यवहार में आते रहना। बराबर काम देते रहना। जैसे—(क) यह कपड़ा तो अभी बरसों चलेगा। (ख) बुढ़ापे के कारण अब उनका शरीर नहीं चलता। (ग) पाकिस्तानी नोट और रुपए भारत में नहीं चलते। ९. शरीर के किसी अंग का अपने कार्य में प्रवृत्त या रत होना। जैसे—जबान या मुँह चलना अर्थात् जबान या मुँह से बातें निकलना; मुँह चलना अर्थात् मुँह से खाने या चबाने की क्रिया होना; हाथ चलना अर्थात् हाथ के द्वारा किसी पर प्रहार होना।

१०. किसी काम या बात का आरंभ होना। छिड़ना। जैसे—किसी की चर्चा या जिक्र चलना; कोई प्रसंग या बात चलना; कोई नई प्रथा या रीति चलना। ११. प्रहार के उद्देश्य से अस्त्र-शस्त्र आदि का प्रयोग या व्यवहार होना। जैसे—गोली, तलवार या लाठी चलना। १२. उक्त के आधार पर, लाक्षणिक रूप में आपस में वैर-विरोध या वैमनस्य का व्यवहार होना। जैसे—आज-कल दोनों भाइयों में खूब चल रही है। १३. तरल पदार्थ का अपने आधान या पात्र मे से होते हुए आगे बढ़ते या बहते रहना। जैसे—पानी गिरने या बरसने पर पनाला या मोरी चलना। १४. उक्त के आधार पर लाक्षणिक रूप मे शरीर के किसी अग में से तरल पदार्थ का असाधारण या विकृत रूप में बाहर निकलना या निकलते रहना। जैसे—पेट चलना अर्थात् दस्त के रूप में पेट मे से निरतर बहुत सा मल निकलना; पेट और मुँह चलना अर्थात् लगातार बहुत से दस्त और कै होना। १५ मार्ग या रास्ते के संबंध मे, ऊपर से लोगों का आना-जाना होना। जैसे—(क) यह सड़क रात भर चलती है। (ख) यह गली सबेरे से चलने लगती है। (ग) यह जल-मार्ग आज-कल नहीं चलता। १६. किसी क्रम या परंपरा का बराबर आगे बढ़ते रहना या जारी रहना। जैसे—किसी का नाम या वश चलना। उदा० रघुकुल रीति सदा चलि आई।—तुलसी। १७ मन का किसी प्रकार की वासना से युक्त होकर किसी ओर प्रवृत्त होना। जैसे—खाने-पीने की किसी चीज पर मन चलना। १८. अधिकार, युक्ति बश, शक्ति आदि के सबध में अपना ठीक और पूरा काम करना अथवा परिणाम या फल दिखाना। जैसे—अब तक हमारी (युक्ति या शक्ति) चलेगी, तब तक हम उन्हें ऐसा नहीं करने देंगे।

मुहा०—(किसी की) कुछ चलना=किसी का कुछ अधिकार या वश अथवा उपाय या कौशल सफल या सार्थक होना। जैसे—किसी की कुछ नही चलती कि जब तकदीर फिरती है।—कोई शायर।

१९. किसी लिखावट या लेख का ठीक तरह से पढ़ा जाना और समझ में आना। जैसे—उनका लिखा हुआ पत्र या लेख यहाँ किसी से नहीं चलता (पढ़ा जाता)। २०. खाने या पीने के समय किसी पदार्थ का ठीक तरह से गले के नीचे उतरना। खाया, निगला या पीया जाना। जैसे—(क) पेट बहुत भर गया है; अब एक भी पूरी (या रोटी) नहीं चलेगी। (ख) ले लो अभी दो लड्डू तो और चल ही जायँगे। २१. खाने-पीने की चीजें परोसने के समय अलग-अलग चीजों का क्रम से सामने आना या रखा जाना। जैसे—पहले पूरी-तरकारी और तब मिठाई चलनी चाहिए। २२. लोगों के साथ अच्छा और मेल-जोल का आचरण या व्यवहार करना। जैसे—संसार (या समाज) में सबसे मिलकर चलना चाहिए। २३. आज्ञा, आदेश, उदाहरण आदि के अनुसार आचरण या व्यवहार करना। जैसे—सदा बड़ों की आज्ञा और उपदेश के अनुसार अथवा उनके दिखलाये या बतलाये हुए मार्ग पर चलना चाहिए। २४. किसी प्रकार के कपट, चालाकी या धूर्तता का आचरण या व्यवहार करना। जैसे—हम देखते हैं कि आज-कल तुम हमसे भी चलने लगे हो। २५ किसी काम या चीज का अपने उचित, चलित या नियत क्रम, मार्ग या स्थिति से इधर-उधर या विचलित होना जो दोष, विकार आदि का सूचक होता है। जैसे—(क) ऐसा जान पड़ता है कि छत (या दीवार) भी दो-चार दिन में चली जायगी। (ख) उनका आधा खेत तो इस बरसात में गंगा में चला गया।

मुहा०—(किसी चीज का) चल जाना=किसी चीज का कट-फट, टूट-फूट या गल-सड़कर अथवा और किसी प्रकार खराब या विकृत हो जाना। जैसे—(क) थाल में से टुकड़ा फाड़ने के समय कपड़े का चल जाना अर्थात् सीधा न फटकर इधर-उधर या तिरछा फट जाना। (ख) कढ़ी, दाल या भात का चल जाना अर्थात् बासी होने के कारण सड़ने लगना। (ग) अंगरखा या कुरता चल जाना अर्थात् किसी जगह से कट, फट या मसक जाना। (घ) किसी का दिमाग या मस्तिष्क चल जाना अर्थात् कुछ-कुछ पागल या विक्षिप्त-सा हो जाना। जैसे—जान पड़ता है कि इस लड़के का दिमाग कुछ चल गया है। २६. इस लोक से प्रस्थान करना। काल के मुँह में जाना। मर जाना। जैसे—सबको एक न एक दिन चलना है।

मुहा०—(किसी व्यक्ति का) चल बसना= मर जाना। स्वर्गवासी होना। जैसे—आज मोहन के पिता चल बसे।

२७. नष्ट या समाप्त होना।

मुहा०—(किसी चीज का) चला जाना =नष्ट या समाप्त हो जाना। न रह जाना। जैसे—उनके आने से मेरी भूख और प्यास चली जाती है।

स० १. कुछ विशिष्ट खेलों में किसी चीज के द्वारा अपनी बारी से चलने की-सी क्रिया करना। आगे बढ़ाना या रखना अथवा सामने लाना। जैसे—(क) चौसर की गोटी, ताश का पत्ता या शतरंज का मोहरा चलना। (ख) घोड़ा या हाथी चलना; बादशाह या बेगम चलना। २. किसी प्रकार की चाल, तरकीब या युक्ति को क्रियात्मक रूप देना। जैसे—(क) आपत्ति में तरह-तरह की चालें चलना। (ख) नित्य नई तरकीब चलना।

पु० [हि० चलनी] १. बड़ी चलनी या छलनी। २. चलनी की तरह का लोहे का वह बड़ा कलछा या पौना जिससे उबलते हुए ऊख के रस पर का फेन या मैल उठाते हैं। ३ हलवाइयों का उक्त प्रकार का वह उपकरण जिससे चाशनी या घीरे पर की मैल उठाई जाती है।

चलनि*—स्त्री० = चलन।

चलनिका—स्त्री० [स० चलनी +कन्—टाप्, ह्रस्व] १. स्त्रियों के पहनने का घाघरा। २. झालर।

चलनी—स्त्री० = छलनी।

स्त्री० [स० √चल् +ल्युट्—अन, ङीप्] =चलनिका।

चलनीस—पु० [हि० चालना +ईस (प्रत्य०)] किसी वस्तु में का वह अंश जो उसे चालने या छानने पर चलनी में बच रहता है। चालन। चोकर।

चलनीसन—पु० = चलनीस।

चलपत†—पु० = चलपत्र।

चल-पत्र—पु० [ब० स०] पीपल का पेड़ जिसके पत्ते हरदम कुछ न कुछ हिलते रहते हैं।

चलबंक—वि० [हि० चलना +बाँका] तेज चलनेवाला। शीघ्रगामी।

†वि० =चरबंक।

चलबिचल—वि० = चल-विचल।

चल-मित्र—पु० [कर्म० स०] वह मित्र (राजा) जो सदा साथ न दे सके।

चल-मुद्रा—स्त्री० [कर्म० स०] वह मुद्रा जिसका चलन किसी देश में सब जगह समान रूप से होता हो। (करेन्सी)

चल-रेखा—स्त्री० [कर्म० स०] चंचल रेखा अर्थात् तरंग।

चलवत—पु० [सं० चल +हिं० वत] पैदल सिपाही। प्यादा।

चलवाना—स० [हि० चलाना का प्रे०] १ चलने का काम दूसरे से कराना। २. किसी को कोई चीज चलाने में प्रवृत्त करना।

चल-विचल—वि० [स० कर्म० स०] १. अपने स्थान से हटा हुआ। २. अस्थिर। चंचल। ३. अस्त-व्यस्त।

चलवैया—पु० [हि० चलना] १ चलनेवाला। २ चलानेवाला।

चल-संपत्ति—स्त्री० [कर्म० स०] ऐसी संपत्ति जो एक स्थान से आसानी से हटाई-बढ़ाई जा सकती हो। (मूवेबल प्रापर्टी)

चला—स्त्री० [स० √चल्+अच्—टाप्] १ बिजली। दामिनी। २. पृथ्वी। ३. लक्ष्मी। ४ पीपल। ५. शिलारस नामक गंध-द्रव्य।

†पु० =चाला।

चलाऊ—वि० [हि० चलना] १. जैसे-तैसे काम चलानेवाला। जैसे—काम-चलाऊ पुस्तक। २ अधिक समय तक टिकने या ठहरनेवाला।

चलाक—वि०=चालाक।

चलाकी—स्त्री०=चालाकी।

चलाका—स्त्री० [सं० चला = बिजली] बिजली। दामिनी। विद्युत्।

चलाचल—वि० [स० √चल् +अच्, द्विर्व] चंचल। चपल।

स्त्री० [हि० चलना] १. चलाचली। २. गति।

चलाचली—स्त्री० [हि० चलना] १ चलने की क्रिया या भाव। २. कहीं से चलने के समय की जानेवाली तैयारी। ३ प्रस्थान। ४. एक के बाद दूसरे का भी जाना।

चलातंक—पु० [चल-आतंक, ब० स०] एक वातरोग जिसके कुप्रभाव से हाथ-पाँव आदि काँपने लगते हैं। रागा।

चलान—स्त्री० [हि० चलना] १ चलन या चलाने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. व्यापारिक क्षेत्र में कोई चीज या माल कहीं भेजे जाने या रवाना करने की क्रिया या भाव। जैसे—अनाज या रुई की चलान। ३. उक्त प्रकार से कहीं से चलकर आई हुई चीज या माल। जैसे—नई चलान का कपड़ा। ४. अभियुक्त को पकड़कर न्यायालय में विचार के लिए भेजे जाने की क्रिया या भाव। जैसे—चोर या जुआरी की चलान होना। ५. वह कागज जिसमें सूचना के लिए भेजी हुई चीजों की सूची, विवरण आदि लिखे रहते हैं। रवन्ना।

चलानदार—पु० [हि० चलान +फा० दार] वह व्यक्ति जो माल की चलान रखने के लिए उसके साथ जाता है।

चलाना—स० [हि० चलना का स०] १. हिन्दी 'चलना' क्रिया का सकर्मक रूप। किसी को चलाने में प्रवृत्त करना। ऐसी क्रिया करना जिससे कुछ या कोई चले। जैसे—लड़के को पैदल चलाना। २. ऐसी क्रिया करना जिससे कोई यान या सवारी किसी ओर आगे बढ़े। जैसे—गाड़ी, नाव, मोटर या रेल चलाना। ३. ऐसी क्रिया करना जिससे कोई यंत्र ठीक तरह से अपना काम करने लगे। जैसे—घड़ी, मशीन, रेडियो या हलचलाना। ४. किसी प्रकार की या किसी रूप में गति देना। इधर-उधर करते हुए हिलाना-डुलाना। जैसे—चूल्हे पर चढ़ाई हुई तरकारी या दाल चलाना। ५ किसी के आचरण, गति-विधि, व्यवहार आदि की देख-रेख रखते हुए

उसके सब व्यापार संचालित करना। जैसे—लड़कों को जैसे चलाओगे, वैसे ही वे चलेंगे। ६. उक्त प्रकार या रूप से किसी का संचालन करते हुए उसे अपने साथ निर्वाह के योग्य बनाना। कृष्ण करने के लिए उपयुक्त बनाना। जैसे—(क) इस लड़के को हम छठे दरजे में चला के जायँगे। (ख) ऐसे गँवार नौकर को भी आप चला ही ले गये। ७. उचित अथवा साधारण रूप में किसी काम, चीज या बात को क्रियाशील या सक्रिय रखना। ऐसी व्यवस्था करना जिससे कोई काम अच्छी तरह से चलता रहे। जैसे—कार्यालय, कोठी या पाठशाला चलाना। ८. किसी स्थिति का निर्वाह या उत्तरदायित्व का वहन करना। जैसे—(क) वह गृहस्थी के सब काम अच्छी तरह चला लेता है। (ख) इस महँगी में लोगों के लिए गृहस्थी चलाना बहुत कठिन हो रहा है।

मुहा०—(अपना या किसी का) पेट चलाना = भोजन आदि के व्यय का निर्वाह करना। जीविका चलाना। जैसे—पहले तुम अपना पेट तो चला लो, तब ब्याह की बात सोचना। **(कोई काम या बात) चलाये चलना** =किसी प्रकार निर्वाह करते चलना। जैसे—अभी तो हम जैसे-तैसे चलाये चलते हैं।

९ कौशल, योग्यता तथा तत्परतापूर्वक कोई काम करना। जैसे—शासन चलाना। १०. किसी चीज को बराबर उपयोग या व्यवहार में लाते रहना। जैसे—यह कबल तो वह दस बरस चलावेगा। ११ शरीर के किसी अंग को उसके किसी नियमित कार्य में प्रवृत्त या रत करना। जैसे—(क) मुँह चलाना; अर्थात् भोजन करना या खाना। (ख) हाथ चलाना अर्थात् ठीक तरह सक्रिय रहकर पूरा काम करना। १२. शरीर के किसी अंग को किसी असाधारण रूप में अथवा कुछ उग्र प्रकार से प्रयुक्त या सक्रिय करना। जैसे—(क) जबान चलाना; अर्थात् बहुत बढ़-बढ़कर या उद्दंडतापूर्ण बातें करना। (ख) किसी पर हाथ चलाना अर्थात् उसे थप्पड़ या मुक्का मार बैठना। १३. प्रहार करने के लिए अस्त्र-शस्त्र या किसी और साधन से काम लेना। जैसे—(क) तलवार, तीर या तोप चलाना। (ख) डंडा या लाठी चलाना। (ग) घूँसा या लात चलाना। १४. तंत्र-मंत्र आदि के प्रयोग से कोई ऐसी क्रिया संपादित करना कि जिससे किसी का कोई अनिष्ट हो अथवा वह कोई उद्दिष्ट कार्य करने में प्रवृत्त हो। जैसे—मंत्र-बल से कटोरा या कौड़ी चलाना।

मुहा०—(किसी पर) मूठ चलाना=मुट्ठी में भरी या रखी हुई कोई चीज अभिमंत्रित करके किसी के नाम पर या किसी के उद्देश्य से कहीं फेंकना। १५. भेजने की प्रेरणा करना। भेजवाना। उदा०—...जलभोजन सब दियें चलाई।—तुलसी। १६. तरल पदार्थ इतनी अधिकता से गिराना या डालना कि वह बहने लगे। जैसे—(क) पानी गिराकर मोरी चलाना। (ख) नून की नदियाँ चलाना अर्थात् बहाना। १७. ऐसी क्रिया करना जिससे शरीर के अंदर से कोई तरल पदार्थ अधिक मात्रा में बाहर निकलने लगे। जैसे—इस दवा की एक पुड़िया ही तुम्हारा पेट चला देगी। १८. किसी काम या बात का आरंभ करना। शुरू करना। छेड़ना। जैसे—किसी की चर्चा, जिक्र या प्रसंग चलाना।

मुहा०—किसी को चलाना = किसी के अधिकार, प्रभुत्व, शक्ति आदि की चर्चा या प्रसंग छेड़ना। जैसे—उनकी क्या चलाते हो; वे तो बहुत कुछ कर सकते हैं।

१९. कोई नया नियम, प्रथा, रीति आदि प्रचलित करना। जारी करना। जैसे—नया कानून या नया धर्म चलाना। २०. किसी क्रम, परंपरा आदि का निर्वाह करना या उसे बराबर बनाये रखना। जैसे—पूर्वजों या बड़ों का नाम चलाना। २१. किसी प्रकार की कामना या वासना के वश में होकर अपने मन को उसी के अनुसार प्रवृत्त करना। जैसे—दूसरों के अधिकार या वैभव पर मन चलाना ठीक नहीं। २२. अस्पष्ट लिखावट पढ़ने का प्रयत्न करना। जैसे—हमसे तो यह चिट्ठी नहीं चलती, जरा तुम्हीं चलाकर देखो। २३. खाने-पीने की चीजें परोसने के लिए लोगों के सामने लाना। जैसे—पहले नमकीन चलाओ; तब मिठाई चलाना। २४. सामाजिक रीति-व्यवहार आदि का ठीक तरह से आचरण या पालन करना। जैसे—हम तो बराबर उसी तरह से उसके साथ चलाते हैं; आगे उनकी इच्छा। २५. दूसरों को अपनी आज्ञा, आदेश आदि के अनुसार आचरण या व्यवहार करने में प्रवृत्त करना अथवा ऐसा करने के लिए जोर देना। जैसे—आपसवालों पर इस तरह हुकुम मत चलाया करो। २६. कपड़े आदि के संबंध में अनुचित रूप से या बुरी तरह ऐसी क्रिया करना कि वे कहीं इधर-उधर से कुछ फट जायँ। जैसे—(क) इस खींचातानी में तुमने हमारी कमीज चला दी। (ख) जल्दी में टुकड़ा फाड़ने के समय तुमने यह कपड़ा चला दिया। २७. खोटे या जाली सिक्कों के संबंध में, कोई देन चुकाने के लिए धोखे से किसी को दे देना। जैसे—वह खोटी अठन्नी नौकर ने बाजार में चला दी। २८. विधिक क्षेत्रों में, कोई अभियोग किसी न्यायालय में कार्रवाई या विचार के लिए उपस्थित या प्रस्तुत करना। जैसे—किसी पर मुकदमा चलाना।

चलानी—वि० [हिं० चलान] १. दूसरे स्थान से बिकने के लिए आया हुआ। जैसे—चलानी आम, चलानी परवल। २. चलान संबंधी। जैसे—चलानी मुकदमा।

स्त्री० बिक्री के लिए माल बाहर भेजने का काम या व्यवसाय।

चलायमान—वि० [सं० चल+क्यङ्+शानच्] १ चलनेवाला। जो चलता हो। २. चंचल। ३. विचलित।

चलार्थ—पुं० [स० चल-अर्थ, कर्म०स०] वह धन विशेषतः मुद्रा जिसका प्रयोग या व्यवहार निरंतर होता रहता हो। (करेंसी)

चलार्थ-पत्र—पुं० [प० त०]=चल-पत्र।

चलाव—पुं० [हिं० चलना] १. चलने की क्रिया या भाव। २. प्रयाण। पयान। ३. चलावा (गौना)।

चलावना†—स०=चलाना।

चलावा—पुं० [हिं० चलाना] १. रीति। रस्म। रिवाज। २. द्विरागमन। गौना। ३. गाँव में संक्रामक रोग फैलने पर उसके उपचार के लिए किया जानेवाला उतारा। चलौआ।

चलासन—पुं० [चल-आसन, कर्म०स०] सामयिक व्रत में आसन बदलना जो बौद्धों में एक दोष माना गया है।

चलि—पु० [सं०√चल्+इन्] १. आवरण। २. अँगरखा।

चलित—वि० [स०√चल्+क्त] १. अस्थिर। चलायमान। २. जो चल रहा हो। चलता हुआ। जैसे—चलित ग्रह। ३. जो चलन में हो। (करेंट) जैसे—चलित प्रथा। ४. जिसका प्रचलन या व्यवहार प्रायः सब जगह या सब लोगों में होता हो। (यूजुअल)

पुं० नृत्य में एक प्रकार की चेष्टा जिसमें ठुड्डी की गति से क्रोध या क्षोभ प्रकट हो।

चलित-ग्रह—पुं० [कर्म०स०] ज्योतिष में वह ग्रह जिसमें भोग का आरम्भ हो चुका हो।
चलित्र—पुं० [सं०?] अपनी ही शक्ति से चलनेवाला इंजन। (लोकोमोटिव)
चलुक—पुं० [सं०√चल्+उन्+कन्] १. चुल्लू भर पानी। २. एक छोटा पात्र।
चलैया—पुं० [हि० चलना] चलनेवाला।
चलोर्मि—स्त्री० [स० चल+ऊर्मि, कर्म०स०] चलती या आगे बढ़ती हुई लहर।
चलौना—पु०[हि० चलाना] १. दूध, तरकारी आदि चलाने का लकड़ी का एक उपकरण या डंडा। २. वह लकड़ी का टुकड़ा जिससे चरखा चलाया जाता है।
चलौवा—पुं०=चलावा।
वि०=चलाऊ।
चल्ली—स्त्री० [देश०]तकले पर लपेटा हुआ सूत या ऊन आदि। कुकड़ी।
चल्हवा—पुं०=चेल्हा (मछली)।
चव—वि०=चौ।
पुं० १. =चौ। २. =चव्य।
चवदसु—*वि०=चौदह।
स्त्री० =चौदस (चतुर्दशी)।
चवना—अ०[स० श्यवन] चूना। टपकना।
स० चुआना या टपकाना। उदा०—लता विटप माँगे मधु चवही। —तुलसी।
चवन्नी—स्त्री० [हि० चौ(चार का अल्पा०) +आना+ई (प्रत्य०)] एक सिक्का जिसका मूल्य २५ नये पैसे अथवा पुराने चार आने के बराबर होता है।
चवर—पुं०=चँवर।
चवरा—पु०[सं० चवल] लोबिया।
†पु०=चौरा।
चवर्ग—पुं०[ष० त०] [वि० चवर्गीय] नागरी वर्णमाला के च से ञ तक के अक्षरों का समूह।
चवल—पु० [स√चर्व् (चबाना)+अलच् पृषो०] लोबिया।
चवा—स्त्री० [स० चौ+बात] चारों ओर से एक साथ चलनेवाली वायु। उदा०—मुनि सुन्दरि, सच्चउ चवा...।—ढोलामारू।
चवाइन—स्त्री० 'चवाई' का स्त्री० रूप। उदा०—जदपि चवाइन चीकनी चलति चहूँ दिसि सैन।—बिहारी।
चवाई—वि० [हि० चवाव] [स्त्री० चवाइन] १. बदनामी की चर्चा फैलानेवाला। कलंकसूचक प्रवाद फैलानेवाला। २. दूसरों की बुराई करनेवाला। निंदक।
स्त्री० १ चारों ओर फैली हुई निंदा। २. झूठी अफवाह या खबर।
चवाउ†—पु०=चवाव।
चवायनि—स्त्री०=चवाइन।
चवालीस—वि०=चौवालीस।
चवाव—पु० [हि० चौवाई] १. चारों ओर फैलनेवाली चर्चा। प्रवाद। अफवाह। २ उक्त प्रकार की निन्दा।
चवि—स्त्री० [सं०√चर्व् (चबाना)+इन्, पृषो० सिद्धि]=चविका।
चविक—पुं० [सं० चवि+कन्] एक प्रकार का पेड़।
चविका—स्त्री० [स० चविक+टाप्] चव्य नाम की ओषधि।
चवैया—पुं०=चबाई।
चव्य (का)—पुं० [स०√चर्व+ण्यत्, पृषो० चव्य+कन्-टाप्] चाब नाम की ओषधि। दे० 'चाब'।
चव्यजा—स्त्री०[स० चव्य√जन् (उत्पत्ति)+ड-टाप्] गजपीपल।
चव्या—स्त्री०[स० चव्य+टाप्]=चव्य।
चशक—स्त्री०[हि० चसका] किसी विशिष्ट अवसर पर साहबों के यहाँ से बावर्चियों को मिलनेवाला भोजन।
चशम—स्त्री०=चश्म।
चशमा—पुं०=चश्मा।
चश्म—स्त्री०[फा०] १. आँख। नयन। नेत्र। २. आँख की तरह का कोई छेद या रचना।
पद—चश्म बददूर=इसे बुरी नजर न लगे। (कोई अच्छी या सुन्दर चीज देखने पर)
चश्मक—स्त्री० [फा० चश्म] १. आँखों से किया जानेवाला इशारा या संकेत। २. मनमुटाव। वैमनस्य। ३ ऐनक। चश्मा।
चश्मदीद—वि० [फा०] १ जो आँखों से देखा हुआ हो। प्रत्यक्ष देखा हुआ। २. प्रत्यक्षदर्शी। जैसे—चश्मदीद गवाह।
चश्मदीद गवाह—पु० [फा०] वह साक्षी जो अपनी आँखों से देखी हुई घटना कहे। वह गवाह जो चश्मदीद माजरा (आँखों देखी घटना) बयान करे।
चश्मनुमाई—स्त्री०[फा०] आँख दिखा या निकालकर किसी को डराना। भयभीत करना।
चश्मपोशी—स्त्री०[फा०]जान-बूझकर किसी अनुचित बात को टाल जाना। उपेक्षा करना।
चश्मा—पु० [फा० चश्मः] १. जल-स्रोत। सोता। २ आँखों पर लगाया जानेवाला धातु आदि का एक प्रकार का प्रसिद्ध ढाँचा या कमानी जिसमें लगे हुए शीशों की सहायता से वस्तुएँ अधिक स्पष्ट दिखाई पड़ती हैं। क्रि० प्र—लगाना।
चष—पुं० [स० चक्षुस्] नेत्र। आँख।
चषक—पु० [स०√चष् (पीना)+ क्वुन्-अक] १ वह पात्र जिसमें ढालकर शराब पी जाती है। शराब पीने का प्याला। २. मधु।
चषचोल—पुं०[हि० चष+चोल =वस्त्र] आख पर की पलक।
चषण—पु० [स०√चष् (खाना)+ल्युट्-अन] १. भोजन करना। खाना। २. वध करना। मार डालना। ३. क्षय या नाश करना।
चषाल—पुं० [स०√चष्(बाँधना) आलच्] लकड़ी की वह गराड़ी जो यज्ञ के खंभे में लगी रहती थी और जिसमें बलि-पशु की रस्सी बाँधी जाती थी।
चस—स्त्री० [अनु०] गोटे आदि की पतली धारी जो मगजी के आगे पहने जानेवाले वस्त्रों में लगाई जाती है।
चसक—स्त्री० [अनु०] १ हलका दर्द या पीड़ा। कसक। टीस। २. गोटे आदि की वह पतली गोट जो मगजी के आगे लगाई जाती है।
पु०=चषक।

चसकना—अ०[हिं० चसक] शरीर के किसी अंग में रह-रहकर हल्की पीड़ा होना। टीस उठना।

चसका—पुं०=चस्का।

चसकी—स्त्री० दे० 'चसका'।

चसना—अ०[सं० चषण] १. प्राण त्यागना। मर जाना। २. ठगा जाना।

अ०[हिं० चाशनी] १. दो चीजों का आपस में चिपक, लग या सट जाना। २. कपड़े आदि का खिंचने पर फट या मसक जाना।

चसम—पु० [देश०] रेशम के तागो में निकला हुआ निरर्थक अंश।

स्त्री०=चश्म।

चसमा†—पु० -चश्मा।

चस्का—पु०[सं० चषण] १. किसी काम या बात से होनेवाली तृप्ति या मिलनेवाले सुख के कारण फिर-फिर वैसी ही तृप्ति या सुख पाने के लिए मन में होनेवाली लालसापूर्ण प्रवृत्ति या मनोवृत्ति। चाट। जैसे—जूए या शराब का चस्का; गाना सुनने या बातें करने का चस्का। २. उक्त प्रकार की प्रवृत्ति का वह पुष्ट रूप जो आदत या बान बन गया हो। लत।

क्रि० प्र०—पड़ना।—लगना।—लगाना।

विशेष—इस शब्द का प्रयोग मुख्यतः ऐसे ही कामों या बातों के सबध में होता है जो लोक में या तो कुछ बुरी या प्रायः अनावश्यक और व्यर्थ की समझी जाती हैं। साधारणतः भगवद्भक्ति का चस्का' या 'साहित्य- सेवा का चस्का' सरीखे प्रयोग देखने-सुनने में नहीं आते।

चस्पाँ—वि० [फा०] १. गोंद, लेई, सरेस आदि की सहायता से किसी पर चिपकाया, लगाया या सटाया हुआ। २. किसी के साथ अच्छी तरह चिपका या लगा हुआ।

चस्म†—स्त्री०=चश्म।

चस्सी—स्त्री०[देश०] हथेली या पैर के तलुए मे होनेवाली सुरसुराहट या हलकी खुजली।

चह—पु०[सं० चय] १. नदी के किनारे बनाया हुआ वह चबूतरा जिस पर चढ़कर मनुष्य, पशु आदि नाव पर जाते हैं। पाट। २. नदी पार करने के लिए बनाया हुआ पीपे आदि का अस्थायी पुल।

स्त्री०[फा० चाह] गड्ढा।

चहक—स्त्री०[हिं० चहकना] १. चहकने की क्रिया या भाव। २. चिड़ियों का चहचह शब्द।

†पुं० दे० 'चहला'।

चहकना—अ०[अनु०] १. कुछ पक्षियों का प्रसन्न होकर चहचह शब्द करना। जैसे—चिड़ियों का चहकना। चहचहाना। २. लाक्षणिक अर्थ में, उमंग में आकर प्रसन्नतापूर्वक खूब बोलना या बढ़-बढ़कर या अधिक बातें करना। (परिहास और व्यंग्य)

चहका—पुं०[देश०] १. लकड़ी, जिसका कुछ अंश जल रहा हो। जलती हुई लकड़ी। लुआठी। लूका।

क्रि० प्र०—लगाना।

२. बनेठी।

पुं०[सं० चय] ईंट या पत्थर का बना हुआ फर्श।

†पुं० दे० 'चहला'।

चहकार—स्त्री०[हिं० चहकना+कार (प्रत्य०)] चिड़ियों के चहकने का शब्द।

चहकारना†—अ०=चहकना।

चहचहा—पुं०[हिं० चहचहाना] १. चहचहाने की क्रिया या भाव। चहक। २. खूब जोरों से होनेवाला हँसी-ठट्ठा।

वि० १. आनंद या प्रसन्नता उत्पन्न करनेवाला २.। तुरन्त का। ताजा।

चहचहाना—अ० [अनु०] कुछ पक्षियों का उमंग में आकर या प्रसन्न होकर चहचह शब्द करना। चहकना।

चहचहाहट—स्त्री० [हिं० चहचहाना+हट (प्रत्य०)] चहचहाने या चहकने की क्रिया या भाव।

चहटा—पु० [देश०] १. कीचड़। पक। २. दलदल।

चहता—वि०[स्त्री० चहती] =चहेता (दे०)।

चहनना—स० [हिं० चहलना] १. कुचलना। चहलना। रौंदना। २. अच्छी तरह मिलाना। मिश्रित करना। ३. खूब जी भरकर या अच्छी तरह खाना।

चहना†—अ०=चाहना।

चहनि*—स्त्री० [हिं० चाहना=देखना] १. देखने की क्रिया या भाव। २. दृष्टि। नजर।

†स्त्री०=चाह (अभिलाषा)।

चह-बच्चा—पु० [फा० चाह=कुआँ+बच्चा] १. पानी, विशेषतः गंदा या मैला पानी भरने का छोटा गड्ढा या हौज। २ वह गड्ढा जो गाड़ या छिपाकर धन रखने के लिए बनाया गया हो।

चहर†—वि० [हिं० चाह या चाहना] जो चाहा जा सके; अर्थात् उत्तम, वांछनीय या श्रेष्ठ।

वि०[चहचह से अनु०] १. चपल। चुलबुला। २. तीखा। तेज।

स्त्री० १ जोर की ध्वनियाँ या शब्द। २. शोर-गुल। हो-हल्ला। ३. उत्पात।

स्त्री०[हिं० चहल] आनन्दोत्सव। धूम-धाम।

स्त्री०[हिं० चहरना] चहचहानेवाली चिड़िया।

पद—चहर की बाजी=चिड़ियों का-सा खेल। बहुत ही तुच्छ काम या बात। उदा०—यों संसार चहर की बाजी, साँझ पड्याँ उठ जासी।—मीराँ।

चहरना†—अ०[हिं० चहचह या चहर] १. चहचह शब्द करना। २. आनंदित होना।

स० [?] १. कुचलना। २. खूब अच्छी तरह खाना।

चहराना—स०[हिं० चहरना का स०] किसी को चहरने में प्रवृत्त करना।

अ० १. =चहरना। २. =चर्राना। ३. =चहकना।

चहर्रम—वि० दे०'चहारुम'।

चहल—स्त्री०[हिं० चहलना या चहला] १. चहलने की क्रिया या भाव। २. आनन्द मनाने की क्रिया या भाव।

पद—चहल-पहल। (देखें)

३. कीचड़। ४. दलदल। ५. कीचड़ से भरी हुई वह जमीन जिसमें हल से जोताई करने की आवश्यकता न पडती हो।

वि० १. अच्छा। बढ़िया। २. चटकीला। तेज। ३. चंचल। चुलबुला।

चहल-कदमी—स्त्री०[हिं० चहल+फा० कदम] सुखपूर्वक तथा धीरे-धीरे चलने की क्रिया या भाव।

चहलना—स०[देश०] पैरों से कुचलना या रौंदना।
अ० धीरे-धीरे अथवा मस्ती से चलना या सैर करना। टहलना।

चहल-पहल—स्त्री० [हिं० चहल+पहल, अनु०] १. किसी स्थान पर किसी कारण से बहुत से लोगों के आते-जाते रहने की अवस्था या भाव। रौनक। २. उक्त के कारण होनेवाला आनन्दोत्सव। धूम-धाम।
क्रि० प्र०—मचना।

चहला—पुं० [स० चिकिल] १. कीचड़। २. कीचड़ से भरी हुई जमीन। दलदल। उदा०—इक भीजे चहले परे, बूड़े-बहे हजार।—बिहारी।

चहली—स्त्री० [देश०] कूएँ में से पानी खींचने की चरखी। गराड़ी। चिरनी।

चहलुम†—पु०=चेहलुम।

चहवारा—वि०[हिं० चहना+बारा (वाला)] चहचहानेवाला।
पु० पक्षी।

चहा†—पु०[?] चितकबरे रंग का एक प्रकार का पक्षी जो कीचड़ में के कीड़े-मकोड़े खाता है और जिसका मांस बहुत स्वादिष्ट माना जाता है।

चहार—वि०[फा०] तीन और एक। चार।
पुं० चार की संख्या अथवा उसका सूचक अंक।

चहार-चंद—वि०[फा०] चार गुना। चौगुना।

चहारदीवारी—स्त्री०[फा०] किसी मैदान या स्थान को चारों ओर से घेरने के लिए बनाई जानेवाली दीवार या दीवारें। प्राचीर।

चहार-यारी—पु०[फा०] मुसलमानों का शीया संप्रदाय जो मुहम्मद साहब के चारो यारो या साथियो का भक्त और समर्थक है।

चहारशंबा—पु०[फा० चहारशंबः] बुधवार।

चहारुम—वि०[फा०] चौथाई।
पुं० चौथाई अंश या भाग। चतुर्थांश।

चहियत—अव्य०=चाहिए। (ब्रज)

चही-चहा—पु० [हिं० चाहना=देखना] परस्पर देखने की क्रिया या भाव।

चहुँ*—वि०[हिं० चौ=चार] चारो। जैसे—चहुँ ओर।

चहुँक†—स्त्री०=चिहुँक।

चहुँकना†—अ०=चौकना।

चहुँटना*—अ०=चिहुँकना।
स० [?] चोट पहुँचाना।

चहुँटी—स्त्री०[?] चुटकी।

चहु-मुखा—वि०=चौमुखा।

चहरा—पु०. चौघरा।
वि०. चौहरा।

चहरी†—स्त्री०[?] एक प्रकार का छोटा बरतन।

चहुवान—पु०=चौहान।

चहूँ—वि०=चहुँ (चारो)।

चहूँटना—अ०=चिमटना।

चहेटना—स०[?] १. किसी चीज को दबा या निचोड़कर उसका रस या सार निकालना। गारना। २. खदेड़ना। भगाना। ३. दे०'चपेटना'।

चहेता—वि०[हिं० चाहना+एता (प्रत्य०)] [स्त्री० चहेती] जिसे कोई बहुत अधिक चाहता हो। । प्रिय। जैसे—चहेता लड़का, चहेती स्त्री।

चहेल—स्त्री०[हिं० चहला] १. चहला। कीचड़। २. दलदल।

चहोड़ना—स०[?] १ चारो ओर से अच्छी तरह दबाते हुए पीटना या मारना। उदा०—हुड ब्रह्माड चहोड़िया मानू बेस्या अत।—गोरखनाथ। २ पौधों को एक जगह से उखाड़कर दूसरी जगह लगाना। रोपना। ३. देख-भाल कर अपने अधिकार में लेना। सँभालना। सहेजना। ४. उपस्थित या वर्तमान करना। ५. कर दिखाना। ६. अच्छी तरह से कोई काम करना।

चहोड़ा—पुं० [हिं० चहोड़ना] जड़हन धान, जो चहोड़ या रोपकर तैयार किया जाता है।

चहोरना—स०=चहोड़ना।

चहोरा—पु०=चहोड़ा।

चाँइयाँ—पु०[हिं० चाँई=एक जाति] १. लोगों की चीजें उठा या चुरा ले जानेवाला। उचक्का। २. बहुत बड़ा चालाक या धूर्त।

चाँई—पु०[?] १. नैपाल की एक जंगली जाति, जो किसी समय डाके डाला करती थी। २ दे० 'चाँइयाँ'।
स्त्री०[?] १. एक रोग जिसमे सिर मे बहुत-सी फुंसियाँ निकल आती हैं, जिनसे बाल झड़ जाते हैं। २. उक्त प्रकार की फुंसियाँ।
वि० जिसके सिर के बाल झड गये हों। गंजा।

चाँई चूँई—स्त्री०[?] सिर मे होनेवाली एक प्रकार की छोटी फुंसियाँ जिनसे बाल गिर जाते है।

चाँक—पुं०[हिं० चौ=चार+अंक=चिह्न] १. काठ की वह थापी जिस पर कुछ चिह्न खुदे होते हैं और जिससे खलिहान मे अन्न की राशि के चारो ओर निशान लगाये जाते हैं। २. उक्त प्रकार से लगाया हुआ चिह्न या निशान। ३. टोटके के लिए शरीर के किसी पीड़ित स्थान के चारो ओर खींचा जानेवाला घेरा। गोठ।

चाँकना—स०[हिं० चाँक] १. खलियान मे अनाज की राशि के चारो ओर मिट्टी, राख, ठठे आदि से निशान लगाना। चाकना। २ रेखा खींचकर सीमा निर्धारित करना। ३ पहचान के लिए किसी चीज पर निशान लगाना।

चाँका—पु० १. दे० 'चाँक'। २. दे० 'चक्का'।

चाँगड़—पु०[देश०] एक प्रकार का तिब्बती बकरा।

चाँगला—वि०[मरा० स० चंग से] [स्त्री० चाँगली] १. अच्छा। बढ़िया। २ स्वस्थ। तंदुरुस्त। ३. हृष्ट-पुष्ट। तगड़ा। ४. चतुर। चालाक।
पु० घोड़ों का एक प्रकार का रंग।

चाँगेरी—स्त्री०[सं०] अमलोनी नाम का साग।

चाँच*—स्त्री०=चाँच। (राज०) उदा०—चाँच कटाऊँ पपइयारे।—मीराँ।

चाँचर—स्त्री०[सं० चर्चरी] १. वसन्त ऋतु मे गाया जानेवाला एक राग। जिसके अन्तर्गत होली, पलाश, लेद आदि गाने होते हैं। चर्चरी। २ परती छोड़ी हुई जमीन। ३. एक प्रकार की मटियार जमीन। ४. कच्चे मकानों के दरवाजे पर लगाई जानेवाली टट्टी।
†पु०[देश०] सालपान नामक क्षुप।

चाँचरि—स्त्री०=चाँचर।

चांचल्य—पु० [सं० चचल+ष्यञ्] चचल होने की अवस्था, गुण या भाव। चचलता।

चांचिया—पु० [?] १ एक छोटी जाति जो चोरी, डाके आदि से निर्वाह करती है। २. चोर। ३ उचक्का। ४ डाकू। लुटेरा। ५ बहुत बडा धूर्त व्यक्ति। कांइयाँ।

वि० [हि० चाँई ?] चोरी, डाकुओं आदि का। जैसे—चाँचिया जहाज।

चांचियागिरी—स्त्री० [हि० चाँचिया+फा० गीरी (प्रत्य०)] चाँचिया लोगों का काम या व्यवसाय। चोरी करने या डाके डालने का धधा।

चांचिया जहाज—पु० [हि० चाँई ?] समुद्री डाकुओं का जहाज।

चांची—पु०=चाँचिया।

चांचु†—स्त्री०=चोच।

चांट—पु० [हि० छाँटा] १. हवा मे उडते हुए जल-कणों का प्रवाह जो तूफान आने पर समुद्र मे उठता है। (लश०)

मुहा०—चाँट मारना=जहाज के बाहरी किनारे के तख्तो पर या पाल पर पानी छिडकना। (यह पानी इसलिए छिड़का जाता है जिसमे तख्ते धूप के प्रभाव से चटक न जायँ और पाल कुछ भारी हो जाय।)

चांटा—पु० [हि० चिमटना] [स्त्री० चाँटी] थप्पड़। चौटा।

पु० [अनु०] हथेली तथा हाथ की उँगलियो से किसी के गाल पर किया जानेवाला प्रहार। तमाचा। थप्पड।

क्रि० प्र०—जड़ना।—मारना।—लगाना।

चांटी—स्त्री० [हि० चाँटा] १. चुंटी। चौटी। २ मध्य युग मे कारीगरो पर लगनेवाला एक प्रकार का कर। ३ तबले की सजाफहार मगजी जिस पर तबला बजाते समय तर्जनी उँगली से आघात किया जाता है। ४ तबले के उक्त अश पर तर्जनी उँगली से किया जानेवाला आघात। ५ उक्त आघात के कारण होनेवाली मधुर ध्वनि या शब्द।

चांड़—वि० [स० चड] १ उग्र। तीव्र। प्रबल। २. बलवान्। शक्तिशाली। ३ उद्दंड। उद्धत। ४. किसी की तुलना मे बढ़कर। श्रेष्ठ। ५. अघाया हुआ। तृप्त। सतुष्ट। ६. चतुर। चालाक।

स्त्री० [स० चड=प्रबल] १ वह वस्तु या रचना जो किसी दूसरी वस्तु विशेषत छत या दीवार को गिरने या ढहने से रोकने के लिए लगाई या बनाई जाती है। टेक। थूनी।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

२. ऐसी प्रबल आवश्यकता या कामना जिसकी पूर्ति तत्काल होने की अभिलाषा हो। ३. उक्त प्रकार की आवश्यकता की पूर्ति के लिए मन में होनेवाली आकुलता या बेचैनी।

मुहा०—चाँड़ सरना=उक्त प्रकार की आवश्यकता पूरी हो जाना अथवा उस आवश्यकता की पूर्ति होने पर मन की आकुलता या बेचैनी दूर होना।

४. तीव्रता। प्रबलता। ५. किसी ओर से पड़नेवाला ऐसा दबाव जिसके फलस्वरूप किसी को विवश होकर कोई उद्दिष्ट कार्य करना पड़े। जैसे—जब तक चाँड़ नही लगाओगे, तब तक वह तुम्हारा काम नही करेगा।

चांड़ना—स० [हि० चाँड़] १. चाँड़ या टेक लगाना। २. खोदकर उखाड़ना या गिराना। ३. खोदकर गहरा करना। ४. नष्ट-भ्रष्ट करना। उजाड़ना। ५. कसना या दबाना। उदा०—माया लोभ मोह है चाँड़े, काल नदी की धार।—तुलसी।

चांडाल—पु० [स० चण्डाल+अण्] [स्त्री० चाडाली, चाडालिनी] १. एक प्राचीन अन्त्यज, नीच और बर्बर जाति। पुक्कस। मातग। श्वपच। २. बहुत ही दुष्ट, नीच और पतित व्यक्ति। (गाली)

चांडालिका—स्त्री० [स० चण्डाल+वुञ्—अक, चाडालक+टाप्, इत्व] १. चडालवीणा। २. दुर्गा। ३ एक प्रकार का पौधा।

चांडालिनी—स्त्री० [स० चाडाल+इनि—ङीप्] एक देवी।

चांडाली—स्त्री० [सं० चाडाल+ङीप्] १ चाडाल जाति की स्त्री। २. [हि०] चाडाल होने की अवस्था, गुण या भाव। ३ चांडाल का कार्य।

चांड़िला—वि० [स० चड] [स्त्री० चाँडिली] १ उग्र। प्रचंड। २ उद्धत। नटखट। शोख। ३ बहुत अधिक।

चांड़ी†—स्त्री०=चोंगी या कीप।

चांडू†—पु०=चडू।

चांडा—पु० [हि० चाड] जहाज के दो तख्तो के बीच का जोड। (लश०)

चांद—पु० [स० चद्र, पा० प्रा० प० चद; उ० ब० ग० ने० चाँद, सि० चदु चदू, मरा० चाद, चाँदोबा] १ चद्रमा।

मुहा०—चाँद का खेत करना=चद्रमा के निकलने के समय उसकी आभा का चारो ओर फैलना। **चाँद चढ़ना**=चद्रमा का ऊपर आना या उदय होना। **चाँद पर थूकना**=ऐसा अनुचित और निन्दनाय कार्य करना जिसका परिणाम उल्टे कर्ता पर पड़े। जैसे—किसी ऐसे महात्मा पर कलक लगाना जिसके फल-स्वरूप स्वय अपमानित होना पड़े। (ऊपर की ओर थूकने से अपने ही मुँह पर थूक पड़ती है। इसी से यह मुहा० बना है) **चाँद पर धूल डालना**=किसी निर्दोष अथवा परम पवित्र पर कलक लगाना।

पद—चाँद का कुंडल या मंडल=बहुत हल्की बदली पर प्रकाश पडने के कारण चद्रमा के चारो ओर दिखायी देनेवाला वृत्त या घेरा। **चाँद का टुकड़ा**=परम सुन्दर वस्तु या व्यक्ति। **चाँद दीखे**=शुक्ल पक्ष की द्वितीया के बाद। जैसे—चाँद दीखे आना तुम्हे काम दे दिया जायगा। **चाँद-सा मुखड़ा**=अत्यन्त सुन्दर मुख। **आज किधर चाँद निकला ?**=(क) आज कैसे दिखाई पडे ? (ख) यह नई बात कैसे हुई ? (जब कोई मनुष्य बहुत दिनो पर दिखाई पडता है तब उससे कहा जाता है)।

२. चद्रमास। महीना। जैसे—आज एक चाँद बाद आप दिखाई पडे है। ३ मुसलमानी मास गणना के अनुसार महीने का पहला दिन जो उनके हिसाब से शुक्ल पक्ष की द्वितीया को आरम्भ होता है। जैसे—चाँद के चाँद तनख्वाह मिलना। ४ द्वितीया के चद्रमा के आकार का एक गहना। ५ चद्रमा के आकार-प्रकार का कोई अर्द्ध-गोलाकार अथवा मडलाकार धातु-खड या रचना। जैसे—ढाल पर का चाँद; चाँदमारी में निशाना साधने का चाँद, लप की चिमनी के पीछे उसका प्रकाश प्रत्यावर्तित करने के लिए लगाया जानेवाला चाँद। ६. घोड़े के माथे पर की एक प्रकार की भौरी। ७ भालू की गरदन के नीचे का सफेद बालोवाला घेरा। (कलदर) ८. सिर पर पहना जानेवाला चद्रमा के आकार का मडलाकार ताज। ९ पशुओ के मस्तक पर का गोलाकार सफेद या किसी भिन्न रग का दाग या फूल। १०. कलाई पर गोदा जानेवाला मडलाकार गोदना।

स्त्री० १. खोपड़ी का सबसे ऊँचा और मध्य भाग। २. खोपड़ी।

मुहा०—चाँद पर बाल न छोड़ना=(क) सिर पर इतना मारना कि बाल झड़ जायँ। (ख) सब कुछ ले लेना, कुछ बाकी न छोड़ना।

चाँद-तारा—स्त्री०[हि० चाँद+तारा] १. एक प्रकार की बढ़िया मलमल जिस पर चाँद और तारों के आकार की बूटियाँ बनी होती थीं। २. एक प्रकार का कनकौआ या पतंग जिस पर उक्त प्रकार की आकृतियाँ बनी होती हैं।

चाँदना—पु०[हि० चाँद+ना (प्रत्य०)] १ उजाला। प्रकाश। २ चाँदनी। ज्योत्स्ना।

मुहा०—(किसी जगह) चाँदना कर देना=सब कुछ उड़ा ले जाना। कुछ भी बाकी न छोड़ना। जैसे—चोरों ने घर पर चाँदना कर दिया।

चाँदनिक—वि० [स० चन्दन+ठक्-इक] १ चंदन का। चंदन-संबंधी। २. चंदन में होने, रहने अथवा उससे बननेवाला। ३ जिसमें चंदन की महक हो। चंदन से सुवासित।

चाँदनी—स्त्री० [स० चन्द्र>चंद्रण; दे० प्रा० चदिण; प्रा० चद्दण, बँ०, उ० चांदनी; गु० चांदरणु, मरा० चादणें] १ चाँद का प्रकाश। रात के समय होनेवाला चंद्रमा का उजाला या प्रकाश। कौमुदी। चंद्रिका। ज्योत्स्ना।

क्रि० प्र०—खिलना।—छिटकना।—फैलना।—बिछना।

मुहा०—चाँदनी मारना=(क) लोक-प्रवाद के अनुसार चाँदनी का बुरा प्रभाव पड़ने के कारण घाव या जख्म का अच्छा न होना। (ख) चाँदनी पड़ने या लगने के कारण घोड़ों को एक प्रकार का आकस्मिक रोग होना।

पद—चाँदनी रात=वह रात जिसमें चंद्रमा का प्रकाश चारों ओर फैला हो। शुक्ल पक्ष की रात्रि। **चार दिन की चाँदनी**=अस्थायी या क्षणिक वैभव या सुख। स्त्री० [हि० चंदनी] १. बिछाने की बड़ी सफेद चादर। सफेद फर्श। **विशेष**—कहते हैं कि पहले नूरजहाँ ने अपने महल में चंदन के रंग का एक फर्श बनवाया था; उसी से यह शब्द 'बिछाने की चादर' के अर्थ में चल पड़ा।

२. छत पर या ऊपर की ओर तानने का कपड़ा। छतगीर। ३ गुल-चाँदनी नाम का पौधा और उसका फूल।

चाँद-बाला—पु० [हि० चाँद+बाला (कान में पहनने की बड़ी बाली)] कान में पहनने का एक प्रकार का बाला जिसके नीचे का भाग अर्द्धचन्द्राकार होता है।

चाँदमारी—स्त्री०[हि० चाँद+मारना] १. कपड़े, तख्ते, दीवार आदि पर बने हुए चक्र-चिह्नों पर तीर, बन्दूक आदि से निशाने लगाने की अभ्यासात्मक क्रिया। २. वह मैदान जहाँ उक्त प्रकार की क्रिया होती है।

चाँदला—वि०[हि० चाँद] १. (दूज के चंद्रमा के समान) टेढ़ा। बक्र। २ जिसके सिर के बाल झड़ गये हों। चँदला। गंजा।

चाँद-सूरज—पु०[हि० चाँद+सूरज] एक प्रकार का गहना जिसे स्त्रियाँ चोटी में गूँथकर पहनती हैं।

चाँदा—पु०[हि० चाँद] १ चाँदमारी के मैदान में वह स्थान जहाँ से दूर-बीन लगाई जाती है। २. वह पटरा जिस पर निशाना लगाने या अभ्यास करने के लिए छोटे-छोटे चिह्न बने रहते हैं। ३. खेत, भूमि आदि की नाप में वह केन्द्र-स्थल जहाँ से दूरी की नाप लेकर हद बाँधी जाती है। ४ छप्पर का पाखा जो प्रायः चन्द्राकार होता है। ५ ज्यामिति में, धातु, प्लास्टिक, सींग आदि का अर्द्ध-वृत्ताकार एक प्रसिद्ध उपकरण जिससे कोण आदि नापे जाते हैं। (प्रोट्रेक्टर)

चाँदी—स्त्री०[हि० चाँदनी] १ एक प्रसिद्ध सफेद चमकीली कीमती धातु जो अपेक्षया नरम होती है और जिसके गहने, बरतन, सिक्के आदि बनते हैं। इसका गुरुत्व सोने के गुरुत्व का आधा होता है। इससे कई एक ऐसे क्षार बनाये जाते हैं जिन पर प्रकाश का प्रभाव बहुत विलक्षण पड़ता है। रजत। रौप्य।

मुहा०—चाँदी कर डालना या कर देना=जलाकर राख कर डालना। (गाँजे, तमाकू आदि की भरी हुई चिलम के संबंध में प्रयुक्त।)

२. चाँदी के सिक्कों के आधार पर, धन-संपत्ति। दौलत।

मुहा०—चाँदी बरसना=खूब आमदनी होना। **चाँदी काटना**=प्रायः अनुचित रूप से खूब रुपया पैदा करना। खूब धन कमाना। **चाँदी की ऐनक लगाना**=घूस या रिश्वत लेकर ही किसी का काम करना। जैसे—हमारे तहसीलदार साहब चाँदी की ऐनक लगाते हैं। **(किसी की) चाँदी होना**=बहुत अधिक आय या आर्थिक लाभ होना।

पद—चाँदी का जूता=वह धन जो किसी को अपने अनुकूल या वश में करने को दिया जाता है। घूस या रिश्वत के रूप में दिया जानेवाला धन। **चाँदी का पहरा**=आर्थिक दृष्टि से पूर्णता, सुख-समृद्धि के दिन।

३. खोपड़ी का मध्य भाग। चाँद। चँदिया।

मुहा०—चाँदी मुड़वाना=चाँद के ऊपर के बाल मुड़ाना।

४. एक प्रकार की छोटी मछली। ५ चूने की सफेदी। (क्व०)

६. सफेद रंग अथवा सफेद रंग की कोई वस्तु। ७. जल जाने पर किसी चीज की होनेवाली सफेद राख। जैसे—तमाकू जलकर चाँदी हो गया।

चांद्र—वि०[सं० चन्द्र+अण्] चंद्रमा-संबंधी। चंद्रमा का। जैसे—चांद्र मास, चांद्रवत्सर।

पु० १. चांद्रायण व्रत। २. चंद्रकांत मणि। ३ मृगशिरा नक्षत्र। ४. पुराणानुसार प्लक्ष द्वीप का एक पर्वत। ५ अदरक। आदी।

चांद्रक—पु० [सं० चान्द्र√कै (प्रतीत होना)+क] सोंठ।

चांद्र-पुर—पु०[कर्म०स०] बृहत्संहिता के अनुसार एक नगर जिसमें एक प्रसिद्ध शिवमूर्ति होने का उल्लेख है।

चांद्रमस—वि०[स० चन्द्रमस्+अण्] चंद्रमा संबंधी।

पुं० मृगशिरा नक्षत्र।

चांद्रमसायन—पुं०[सं० चांद्रमसायनि, पृषो० सिद्धि] बुध ग्रह।

चांद्रमसायनि—पु०[स० चंद्रमस्+फिञ्-आयन] बुध ग्रह।

चांद्रमसी—स्त्री० [स० चान्द्रमस+ङीप्] बृहस्पति की पत्नी का नाम।

चांद्र-मास—पु०[कर्म० स०] वह मास जो चंद्रमा की गति के अनुसार निश्चित होता है। उतना काल जितना चंद्रमा को पृथ्वी की एक परिक्रमा करने में लगता है। कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तक का समय।

चांद्र-वत्सर—पु०[कर्म०स०] =चांद्रवर्ष।

चांद्र-वर्ष—पु०[कर्म०स०] बारह चांद्र मासों का समय। (यह सौर वर्ष से लगभग १० दिन छोटा है।)

चांद्रव्रतिक—वि० [स० चान्द्रव्रत+ठन्-इक] चांद्रायण व्रत करनेवाला। पु० राजा।

चांद्रायण—पुं० [चन्द्र-अयन, ब-स०, णत्व, दीर्घ] [वि० चांद्रायणिक] १. महीने भर का एक व्रत जिसमें चंद्रमा के घटने-बढ़ने के अनुसार आहार के कौर या ग्रास घटाने-बढ़ाने पड़ते हैं। २. २१ मात्राओं का एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में ११ और १० पर यति होती है। पहले विराम पर जगण और दूसरे पर रगण होना आवश्यक होता है।

चांद्रायणिक—वि० [स० चान्द्रायण+ठञ्-इक] चांद्रायण व्रत करनेवाला।

चांद्रि—पुं० [स० चन्द्र+इञ्] बुध ग्रह।

चांद्री—स्त्री० [सं० चान्द्र+ङीप्] १ चंद्रमा की स्त्री। २. चाँदनी। ज्योत्स्ना। ३. सफेद भटकटैया।
वि०=चांद्र।

चांप—पुं०, स्त्री० =चाप। (दे०)
पुं० [हिं० चंपा] चंपा का फूल।

चांपना—स०=चापना।

चांपिला—स्त्री० [स०√चम्+अङ्+इलच्-टाप्] एक प्राचीन नदी। (कदाचित् आधुनिक चबल।)

चांपेय—पु० [स० चम्पा+ढक्-एय] १. चंपक। २. नागकेसर। ३. किंजल्क। ४. सुवर्ण। ५. धतूरा।

चांपेयक—पु० [स० चाम्पेय+कन्] किंजल्क। केसर।

चांपैचांपैं—स्त्री० [अनु०] व्यर्थ की बातें। बकवाद।

चांपैं चांपैं—स्त्री० =चांपैं चांपैं।

चांवर†—पु०=चावल।
†स्त्री० =चँवर।

चा†—विभ० [मरा० चा (विभक्ति)] [स्त्री० ची] का (विभक्ति)।
उदा०—देस-देस चा देसपति।—प्रिथीराज।
स्त्री०=चाप।

चाइ*—पुं०=चाव।

चाई†—पुं०=चाँई।

चाउ†—पुं०=चाव।

चाउर†—पुं०=चावल।

चाऊ—पु० [देश०] ऊँट या बकरे का (के) बाल। (पहाड़ी बोली)

चाक—पुं० [सं० चक्र, प्रा० चक्क] १. किसी प्रकार का चक्कर या घूमने वाली गोलाकार चीज। २ वह गोल पत्थर जो एक कील पर घूमता है और जिस पर मिट्टी का लोंदा रखकर कुम्हार बरतन बनाते हैं। कुलाल चक्र। ३. गाड़ी, रथ आदि का पहिया। ४. कूएँ से पानी खींचने की गराड़ी। चरखी। ५. मिट्टी का वह गोलाकार छोटा पात्र जिसमें मिसरी के कूजे जमाये जाते हैं। ६. खलिहान में अन्न की राशि पर लगाया जानेवाला चिह्न या छाप। थापा। ७ हथियारों पर सान रखने या उनकी धार तेज करने का चक्कर। ८ मिट्टी का वह चक्का या लोंदा जो कूएँ से पानी निकालने की डेंकली के दूसरे सिरे पर जमाया रहता है। ९. मिट्टी का वह बरतन जिससे पकाने के लिए ऊख का रस कड़ाहे में डालते हैं। १०. किसी प्रकार का मंडलाकार चिह्न या रेखा।
पुं० [फा०] १. फटी या फाड़ी हुई चीज के बीच में पड़ी हुई दरार या संधि। फटा हुआ अंश या भाग। २. आस्तीन की खुली हुई मोहरी।
वि० फटा या फाड़ा हुआ। जैसे—दामन या सीना चाक करना।
वि० [तु०] १. हृष्ट-पुष्ट। २. दृढ़। पक्का। मजबूत।
पद—चाक-चौबंद। (देखें)
स्त्री० [अं० चॉक] खरिया मिट्टी। दुधी।

चाकचक्य—वि० [सं० चाकचक्य] १. चारों ओर से सुरक्षित। २. दृढ़। मजबूत। ३. दे० 'चाक-चौबंद'।

चाकचक्य—स्त्री० [सं०√चक् (तृप्ति)+अच+ङित्व, चकचक+ष्यञ्] १. चमक-दमक। २. चकाचौंध। ३ सुंदरता। ४. शोभा।

चाकचिक्य—पुं० [स०=चाकचक्य, पृषो० सिद्धि] १ चमक। २. चकाचौंध।

चाक-चौबंद—वि० [तु०+फा०] १ चारो ओर से ठीक और दुरुस्त। २. हर तरह से काम के लायक। ३ चुस्त। फुरतीला।

चाकद—पु० [देश०] हाथ में पहनने का एक प्रकार का कड़ा।

चाकदिल—पु० [फा०] एक प्रकार का बुलबुल (पक्षी)।

चाकना—स० [हिं० चाक=चक्र] १. किसी ढेर या वस्तु को घेरने के लिए उसके चारो ओर विशेषतः वृत्ताकार रेखा खींचना। २ उक्त के आधार पर सीमा निर्धारित करने के लिए रेखा खींचना। ३ खलिहान में पड़े हुए अन्न की राशि पर चिह्न या निशान लगाना, जिसमें से यदि कोई कुछ चुरा ले जाय तो पता लग जाय। ४. पहचान के लिए किसी चीज पर निशान लगाना।
†स० [फा० चाक] चाक करना। फाड़ना।

चाकर—पु० [फा०] [स्त्री० चाकरानी] १. दास। भृत्य। २. नौकर। सेवक। उदा०—म्हाने चाकर राखो जी।—मीराँ।

चाकरी†—स्त्री० =चाकरानी।

चाकरानी—स्त्री० [हिं० चाकर का स्त्री०] दासी। नौकरानी।

चाकरी—स्त्री० [फा०] १ चाकर का काम, पद या भाव। २ नौकरी। ३. टहल। सेवा।
क्रि० प्र०—बजाना।

चाकला†—वि० =चकला (चौड़ा)।

चाकलेट—पु० [अं० चॉकलेट] एक प्रकार की पाश्चात्य मिठाई।

चाकसू—पु० [सं० चक्षुष्य] १ निर्मली या बनकुलथी का पौधा। २. उक्त पौधे के बीज जिनका चूर्ण आँख के कुछ रोगों में उपयोगी होता है।

चाका—पु० १ =चाक। २. =चक्का (पहिया)।

चाकी—स्त्री० [सं० चक्र] बिजली। वज्र।
क्रि० प्र०—गिरना।—पड़ना।
स्त्री० [हिं० चकरी या फा० चाक?] पटे या बनेठी का एक प्रकार का आघात या वार जो सिर पर किया जाता है।
†स्त्री० =चक्की।

चाकू—पु० [तु०] तरकारी, फल आदि चीजें काटने, छीलने आदि के काम आनेवाला लोहे का धारदार एक प्रसिद्ध छोटा उपकरण जो लकड़ी आदि के दस्ते में जड़ा होता है। छुरी।

चाक्र—वि० [सं० चक्र+अण्] १. चक्र या पहिये से संबंध रखनेवाला। २. जिसकी आकृति चक्र या पहिये जैसी हो। ३ जो चक्रों या पहियों की सहायता से चलता हो। ४. (युद्ध) जो चक्रों की सहायता से हो।

चाक्षायण—पुं० [स० चक्ष+फञ्—आयन] चक्ष नामक ऋषि के वंशधर।

चाक्षिक—पु० [स० चक्ष+ठक्—इक] १ दूसरों की स्तुति गानेवाला। चारण। भाट। २. वह जो किसी प्रकार का चक्र चलाकर जीविका निर्वाह करता हो। जैसे—कुम्हार, गाड़ीवान, तेली आदि। ३ सहचर। साथी। वि० १. चक्र के आकार का। गोलाकार। २ चक्र-संबंधी। ३ किसी चक्र या मंडली में रहने या होनेवाला।

चाक्षिका—स्त्री० [स० चाक्षिक+टाप्] एक प्रकार का पौधा और उसका फूल।

चाक्षेय—वि० [सं० चक्ष—ढञ्—एय] चक्ष-संबंधी। चक्ष का।

चाक्षुष—वि० [स० चक्षुस्+अण] १ चक्ष-संबंधी। २ जो चक्षुओं या नेत्रों से जाना या देखा जा सके। जिसका बोध आँखों से होता हो।

पुं० १. न्याय में वह प्रत्यक्ष प्रमाण जिसका बोध आँखों से होता या हो सकता हो। २ पुराणानुसार छठे मन्वंतर का नाम। ३ स्वायंभुव मनु के एक पुत्र का नाम।

चाक्षुष-यज्ञ—पु० [स० कर्म० स०] अच्छी, मनोरंजक और सुंदर चीजों, दृश्य आदि देखकर आँखें तृप्त करने की क्रिया। जैसे—अभिनय, नृत्य आदि देखना।

चाख—पु० [स० चाष] नीलकंठ (पक्षी)।

चाखना†—स० = चखना।

चाखुर†—स्त्री० [देश०] खेनी आदि को तिराकर निकाली हुई घास।

†स्त्री० [स० चिकुर] गिलहरी।

चाचपुट—पु० [स०] संगीत में, ताल के ६० मुख्य भेदों में से एक।

चाचर—पु० [स० चर्च=पायक करना] यज्ञस्थल। रण-भूमि। (राज०) उदा०—चोटियाली कूदैं चौंठि चाचरि।—प्रथीराज।

स्त्री० = चाँचर (होली के गीत)।

चाचरि—स्त्री० = चाँचर।

चाचरी—स्त्री० [स० चर्चरी] योग की एक मुद्रा।

चाचा—पु० [स० तात] [स्त्री० चाची] १ पिता का छोटा भाई। २ बूढ़े या वृद्ध आदमी के लिए संबोधन का एक शब्द। जैसे—चाचा नेहरू।

चाट—स्त्री० [हिं० चाटना] १ चाटने की क्रिया या भाव। २ वह चटपटी चीज जो प्रायः चरपरे और तीखे स्वाद के लिए ही चाटी या खाई जाती है। जैसे—कचालू, गोलगप्पा, दही का बड़ा आदि। ३ उक्त प्रकार की चीजे खाने की इच्छा या कामना। ४ उक्त प्रकार की चीजों से मिलनेवाले स्वाद के फल-स्वरूप पड़नेवाली आदत या लत जो बार-बार वैसी चीजें खाने या पाने की इच्छा उत्पन्न करती या शौक लगाती है। जैसे—अफीम या मिठाई की चाट।

मुहा०—(किसी को) चाट पर लगाना=किसी को किसी चीज या बात का चस्का या स्वाद लगाकर उसका अभ्यस्त करना।

५. किसी प्रकार की प्रबल इच्छा या गहरी चाह। लोलुपता। जैसे—तुम्हें तो बस रुपये की चाट लगी है। ६ बुरी आदत। लत।

क्रि० प्र०—लगना।

पु० [सं० √चट् (भेदन करना)+णिच्+अच्] १ वह जो किसी का विश्वासपात्र बनकर उसका धन हरण करे। ठग। २. उचक्का। उठाईगीर।

चाटना—स० [स० चट्, दे प्रा० चट्ट, प्रा० चट्टई, बं० चाटा; उ० चाटिबा, प० चट्टना, सिं० चटण, गु० चाटवुं, ने० चाटनु; मरा० चाटणे] १ खाने की कोई गाढ़ी या लसीली चीज मुँह में ले जाने के लिए जबान से समेट कर उठाना। जैसे—हथेली पर रखा हुआ घी या शहद चाटना। २ उँगली से उक्त प्रकार की कोई चीज उठाकर जीभ पर रखना या लगाना। जैसे—दवा चाटना। ३ कोई वस्तु अधिक मात्रा में तथा लोलुपतापूर्वक खाना। जैसे—तुम्हें तो खीर अच्छी नहीं लगी, तुम्हारा भाई तो चाट-चाटकर खा गया है। ४ घन, संपत्ति आदि खा-पीकर नष्ट करना। जैसे—लाखों रुपये की संपत्ति वह दो वर्षों में चाट गया। ५ पशुओं का प्रेमपूर्वक किसी के शरीर पर बार-बार जीभ फेरना। जैसे—कुत्ते का अपने पिल्ले या मालिक का हाथ चाटना।

मुहा०—चूना चाटना=बार-बार प्रेमपूर्वक चुंबन करना।

६. कीड़ों का किसी वस्तु को खा जाना। जैसे—ऊनी कपड़े कीड़े चाट गये।

चाटपुट—पु० दे० 'चाणपुट'।

चाटा—पु० [देश०] [स्त्री० अल्पा० चाटी] १ वह बरतन जिसमें कोल्हू का पेरा हुआ रस इकट्ठा होता है। २ मिट्टी का बड़ा और मोटे दल का मटका। जैसे—अचार या आटे का चाटा (या चाटी)।

चाटी—पु० [हिं० चटशाला] मकतब। पाठशाला।

स्त्री० [हिं० चाटा] मिट्टी का एक प्रकार का मटका; छोटा चाटा।

चाटु—पु० [स० √चट् (भेदन करना)+अ, णु] १ बहुत ही प्रिय और मीठी बात। मधुर वचन। २ किसी बड़े को केवल प्रसन्न करने के लिए कही जानेवाली ऐसी बात जिसमें उसकी कुछ प्रशंसा या बड़ाई हो। खुशामद। चापलूसी।

चाटुक—पु० [स० चाटु+कन्] मीठी बात।

चाटुकार—पु० [स० चाटु √कृ (करना)+अण्, उप० स०] १ खुशामद करनेवाला व्यक्ति। चापलूस। २ सोने के तार में पिरोई हुई मोतियों की माला।

चाटुकारी—स्त्री० [स० चाटुकार+हिं० (प्रत्य०)] झूठी प्रशंसा या खुशामद करने का काम। चापलूसी। चाटु।

चाटुता—स्त्री० [स० चाटु] खुशामद। चापलूसी।

चाटु-पटु—वि० [स० त०] १ चाटुकार। खुशामदी। २ भड़। भाँड़।

चाटु-लोल—वि० [स० त०] चाटुकार।

चाटूक्ति—स्त्री० [चाटु-उक्ति, कर्म० स०] चाटुता से भरी हुई बात। खुशामद या चापलूसी की बात।

चाड़†—स्त्री० = चाँड़।

†स्त्री० = चढ़ाई।

चाड़ना—स० = चाँड़ना। उदा०—कुचगिरि चढ़ि अति थकित ह्वै चली डीठि मुख-चाड़।—बिहारी।

चाड़िला—वि० = चाँड़िला (चाड़)।

चाड़ी†—स्त्री० [स० चाटु] किसी की अनुपस्थिति में पीठ पीछे की जानेवाली निंदा। चुगली।

क्रि० प्र०—खाना।

चाडू—पु० = चाटुकार। उदा०—मान करत रिस माने चाडू।—जायसी।

चाड़—स्त्री० [हिं० चाह से] १. इच्छा। चाह। २. अनुराग। प्रेम।

†स्त्री० [हिं० चढ़ना] चढ़ाई।

चढ़ना—स० १. =चढ़ना। २. =चढाना।

चढ़ा—वि० [हि० चढना या चढ़ाना] १ ऊपर चढ़ा या चढ़ाया हुआ। २. जिसकी प्रतिष्ठा या मर्यादा बहुत बढ़ाई गई हो।
वि० [हि० चाँड] १ प्रिय। प्यारा। २ प्रेमी।
पु० दे० 'चाढी'।

चढ़ी—पु० [हि० चाढ] १. चाहने वाला। इच्छुक। २. किसी पर आसक्त होने या प्रेम करनेवाला। अनुरक्त। प्रेमी। उदा०—देखत ही जुग्यामि भए चाढी।—सूर।

चाणक—पु० [स० चाणक्य] १. चालाकी। होशियारी। २. धूर्तता। चालबाजी। उदा०—साच का मबद सोना की रेख निगुरां कौं चाणक सगुरां कौ उपदेस।—गोरखनाथ।

चाणक्य—पु० [स० =चणक+ण्य] १ वह जो चणक ऋषि के वश या गोत्र का हो। २. अर्थशास्त्र के प्रसिद्ध आचार्य और चद्रगुप्त मौर्य के प्रधान मत्री विष्णुगुप्त (कौटिल्य) का एक नाम।

चाणूर—पु० [स०√चण (शब्द करना) +ऊरण] कस का एक मल्ल जो कृष्ण के हाथों मारा गया था।

चातक—पु० [स० √चत् (माँगना) +णवुल्—अक] [स्त्री० चातकी] १ पपीहा पक्षी जो वर्षा-काल मे बहुत बोलता है। विशेष दे० 'पपीहा'। २ रहस्य सप्रदाय में, मन।
* वि० =याचक।

चातकनी*—स्त्री० =चातकी।

चातकानन्दन—पु० [स० चातक+आ √नन्द् (हर्षित करना) +ल्यु—अन] १. वर्षा काल। २. बादल। मेघ।

चातर—पु० [हि० चादर ?] मछली पकड़ने का बडा जाल। २ पक्षत्र।
वि० =चातुर (चतुर)।

चातुर—वि० [स० चतुर+अण्] जो आँखों से दिखाई दे। नेत्र-गोचर।
पु० [चतुर+अण्] १ चार पहियों की गाडी। २ मसनद।
वि० [स० चतुर] १ चतुर। होशियार। २. चालाक। धूर्त। ३. खुशामदी। चापलूस। (नव०)

चातुरई—*स्त्री० =चतुराई।

चातुरक—वि०, पु० [स० चातुर+कन्] =चातुर।

चातुरग—पु० [स० चतुरङ्ग+अण्] १ चार पासो का खेल। २. छोटा गोल तकिया।

चातुरता—स्त्री० =चतुरता।

चातुरिक—पु० [स० चातुरी+ठक्—इक] सारथी। रथवान।

चातुरी—स्त्री० [स० चतुर+ष्यञ्—ङीप्, यलोप] १ चतुरता। व्यवहार-दक्षता। होशियारी। २. चालाकी। धूर्तता। ३. निपुणता।

चातुर्थक—वि० [सं० चतुर्थ+ठक्—क] हर चौथे दिन आने, घटने या होनेवाला। चौथिया।
पु० चौथिया ज्वर।

चातुर्थिक—वि० [स० चतुर्थ+ठक्—इक] =चातुर्थक।

चातुर्दश—पु० [स० चतुर्दशी+अण्] राक्षस।
वि०
१. चतुर्दशी सबधी। २. जो चतुर्दशी को उत्पन्न हुआ हो।

चातुर्भद्र (क)—पु० [सं० चतुर्भद्र+अण्] १. चारों पदार्थ, यथा—अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष। २ वैद्यक मे, ये चार ओषधियाँ—नागर मोथा, पीपल (पिप्पली), अतीस और काकडासिंगी। कोई-कोई चक्रदत्त के अनुसार इन चार चीजो को भी चातुर्भद्र कहते है—जायफल, पुष्कर-मूल, काकड़ा सिंगी और पीपल।

चातुर्महाराजिक—पु० [सं० चतुर्महाराजिक+अण्] १ विष्णु। २ गौतम बुद्ध का एक नाम।

चातुर्मास—वि०[सं० चतुर्मास+अण्] १. चार महीनों मे सपन्न होनेवाला। २. चार महीनों का।

चातुर्मासिक—वि० [स० चतुर्मास+ठक्—इक] चार महीनो मे होनेवाला (यज्ञ, कर्म आदि)।

चातुर्मासी—स्त्री० [सं० चतुर्मास+अण्—ङीप्] पूर्णमासी।
वि० [हि०] चौमासे का।

चातुर्मास्य—पु० [सं० चतुर्मास+ष्य] १ चार महीनों मे होनेवाला एक वैदिक यज्ञ। २. वर्षा ऋतु के चार महीनों में होनेवाला एक प्रकार का पौराणिक व्रत। चौमासा।

चातुर्य्य—पु० [सं० चतुर+ष्यञ्] =चतुरता।

चातुर्वर्ण्य—पु० [सं० चतुर्वर्ण+ष्यञ्] १. हिंदुओं के ये चारो वर्ण,—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। २ चारों वर्णों के पालन के लिए विहित धर्म। जैसे—ब्राह्मण का धर्म यजन, याजन, दान, अध्यापन, अध्ययन और प्रतिग्रह, क्षत्रिय का धर्म बाहुबल से प्रजा-पालन आदि।
वि० चारों वर्णों मे होने अथवा उनसे सबंध रखनेवाला।

चातुर्विद्य—वि० [स० चतुर्विद्या+ष्यञ्] चारों वेदो का ज्ञाता।
पु० चारों वेद।

चातुर्होत्र—पु० [स० चतुर्होतृ+अण्] [वि० चातुर्होत्रिय] चार होताओं द्वारा सपन्न होनेवाला यज्ञ।

चात्र—पु०[स०√चाय् (देखना)+ट्रन्] अग्नि-मथन यत्र का एक अवयव जो बारह अगुल लबा और खैर की लकडी का होता था।

चात्रक—पु०=चात्र।

चात्रिक—पु०=चातक। उदा०—चात्रिक भडउ कहत पिउ पिऊ।—जायसी।

चात्वाल—पु० [स०√चत् (याचना)+वालञ्] १ हवन-कुंड। २. वेदी। ३. कुश। दर्भ। ४. गड्ढा।

चादर—स्त्री०[फा०] १. कपडे का वह आयताकार टुकडा जिसे सोते समय लोग नीचे बिछाते अथवा ऊपर ओढ़ते है। २ उक्त आकार-प्रकार का वह टुकड़ा जिसे स्त्रियाँ धड़ पर लपेटती तथा उसके कुछ अंश से सिर ढकती है; और जो प्रतिष्ठा, मर्यादा आदि का सूचक होता है।
मुहा०—(किसी का) चादर उतारना=अपमानित या अप्रतिष्ठित करना। नष्ट करना। **चादर रहना**=कुल या परिवार की मर्यादा रक्षित रहना। प्रतिष्ठा का बना रहना। **चादर से बाहर पैर फैलाना**=अपनी बिसात, योग्यता या शक्ति से अधिक काम या व्यय करना। **चादर हिलाना**=युद्ध में शत्रुओ से घिरे हुए सैनिकों का आत्म-समर्पण का संकेत करने के लिए कपड़ा हिलाना। युद्ध रोकने का झंडा दिखाना। ३. स्त्रियों के ओढ़ने का उक्त प्रकार का कपड़ा जो उनके सधवा या सौभाग्यवती होने का सूचक होता है।

मुहा०—(किसी स्त्री को) चादर ओढ़ाना=किसी विधवा स्त्री को पत्नी बनाकर अपने घर में रखना।

४. किसी धातु का बहुत बड़ा आयताकार और पतला पत्तर। जैसे—टीन, पीतल या शीशे की चादर। ५. ऊपर से गिरते या बहते हुए पानी की वह धारा जिसकी चौड़ाई अधिक और मोटाई कम हो। ६. बढ़ी हुई नदी के वेगपूर्ण प्रवाह में स्थान-स्थान पर पानी का वह फैलाव जो बिलकुल समतल होता है और जिसमें भँवर या हिलोरा नहीं होता। ७ फूलों आदि की बनी हुई वह लंबी-चौड़ी और चौकोर रचना जो चँदोवा, चादर आदि के रूप में किसी धार्मिक या पूज्य स्थान पर चढ़ाई जाती है। (मुसलमान) जैसे—किसी मजार पर चादर चढ़ाना। ८. एक प्रकार की आतिशबाजी जिसमें बहुत बड़ी और चौड़ाई में फुलझड़ियाँ झड़ती हैं। झरना।

चादर छिपौवल—स्त्री० [हिं०] लड़कों का एक खेल जिसमें वे किसी लड़के के ऊपर चादर डालकर लड़कों से उसका नाम पूछते हैं। जो लड़का ठीक नाम बता देता है, वह चादर से ढके हुए लड़के को स्त्री बनाकर ले जाता है।

चादरा—पु०[हिं० चादर] पुरुषों के ओढ़ने-बिछाने की बड़ी चादर।

चानक†—क्रि० वि० अचानक।

पुं०=चाणक्य।

चानना†—पु०=चाँदना (प्रकाश)।

चानन†—पु० १.=चाँदना। २.=चंदन।

चानस†—पु०[अ० चांस] ताश का एक प्रकार का खेल।

चाप—पु०[सं० चप+अण्] १ धनुष। २. ज्यामिति में वृत्त की परिधि का कोई भाग। (आर्क) ३. मेहराब।

स्त्री० [हिं० चापना=दबाना] १. चापने की क्रिया या भाव। दाब। २. पैरों की आहट।

पुं० [अं० चॉप] आलू, बेसन आदि की बनी तथा घी आदि में तली हुई नमकीन टिकिया।

चापक—पु०[सं० चाप से] धनुष की डोरी। उदा०—क्रीड़त गिलोल जब लालकर, मार जानि चापक सुमन।—चन्दवरदाई।

चाप-कर्ण—पु०[ष० त०] ज्यामिति में वह सरल रेखा जो किसी चाप के एक सिरे से दूसरे सिरे तक गई हो। जीवा। (कॉर्ड)

चाप-जरीब—पु०[हिं० चाप+अ०जरीब] जमीन की लंबाई की एक नाप या मान।

चापट—स्त्री०[हिं० चिपटना] १. चोकर। २. भूसी।

†वि० =चौपट।

चापड़—वि० [सं० चिपिट, हिं० चिपटा, चपटा] १ जो दबकर चिपटा हो गया हो। २ जो कुचले जाने के कारण जमीन के बराबर हो गया हो। ३ सब प्रकार से नष्ट-भ्रष्ट। चौपट।

पु० वह कड़ी जमीन जो अच्छी तरह जोती न गई हो। जैसे—मत बो चापड़, उजड़ेगा टापर।—खेतिहरों की कहावत।

चाप-चंड—पु०[उपमि०स०] वह डंडा जिससे कोई वस्तु आगे की ओर ढकेली जाय।

चापना—स० [सं० चप्, प्रा० चप्पइ, वं० चांपा; उ० चापुआ; गु० चांपवूं मरा० चापणे] ऊपर से जोर लगाकर भार या रगड़कर दबाना। चाँपना २. छाती से लगाकर दबाना। आलिंगन करते समय किसी को दबाना।

चापर†—वि० =चापड़।

चापल—पुं०[सं० चपल+अण्] चचलता। चपलता।

वि० चचल। चपल।

चापलता—स्त्री०=चपलता।

चापलूस—वि० [फा०] [भाव० चापलूसी] जो किसी के सामने उसकी आवश्यकता से अधिक या झूठी प्रशंसा करे। खुशामदी। चाटुकार।

चापलूसी—स्त्री० [फा०] वह झूठी प्रशंसा जो केवल दूसरों को प्रसन्न और अनुकूल करने के लिए की जाय। झूठी बड़ाई या प्रशंसा से भरी बात। खुशामद। चाटुता।

चापी (पिन्)—पुं० [सं० चाप+इनि] १. वह जो हाथ में चाप अर्थात् धनुष रखता हो। धनुर्धर। २ शिव। ३ धनु राशि।

चापू—पु०[देश०] हिमालय के आस-पास के प्रदेशों में होनेवाली एक प्रकार की छोटी बकरी जिसके बाल बहुत लंबे और मुलायम होते और कंबल आदि बनाने के काम आते हैं।

चापेंद—पु०[हिं० चौ=चार+फंदा] मछलियाँ फँसाने का एक प्रकार का जाल।

चाब—स्त्री० [सं० चव्य] १. गजपिप्पली की जाति का एक पौधा जिसकी लकड़ी और जड़ औषध के काम में आती है। इसकी लकड़ी और जड़ से कपड़े आदि रँगने के लिए एक प्रकार का पीला रंग निकाला जाता है। २. उक्त पौधे के छोटे गोल फल जो औषध के रूप में काम आते हैं।

स्त्री० [हिं० चाबना] १. चाबने की क्रिया या भाव। २. ढाढ़। चौमड़। ३ कुछ स्थानों में घर में बच्चा होने के समय का एक उत्सव या रीति।

स्त्री०[सं० चतुः] १. चार की संख्या। (डिं०) २ कपड़ा। वस्त्र। (डिं०)

†पुं० [सं० चप] एक प्रकार का बाँस।

चाबन†—पुं०=चबेना।

चाबना—स० [सं० चर्वण, प्रा० चब्बण] १. दाँतों से कोई कड़ी चीज खाते समय दबाना। चबाना। जैसे—कुत्ते का हड्डी चाबना। २. खूब पेट भरकर भोजन करना। ३ अनुचित रूप से किसी का धन खाते चलना।

चाबस—अव्य० दे० 'शाबाश'।

चाबी—स्त्री०[हिं० चाप=दबाव; पुत्तं० चेव] १. धातु आदि का वह उपकरण जिससे ताला खोला तथा बंद किया जाता है। कुंजी। ताली।

२. किसी यंत्र में लगा हुआ वह अंग जिसे घुमाकर उसकी कमानी इसलिए कसी जाती है कि वह यंत्र चलता रहे या चलने लगे। जैसे—घड़ी या बाजे की चाबी।

क्रि० प्र०—देना।—भरना।

३. कोई ऐसा पच्चड़ जिसे दो जुड़ी हुई वस्तुओं की संधि में ठोंक देने से जोड़ दृढ़ होता हो।

क्रि० प्र०—भरना।

४. कोई ऐसी युक्ति या साधन जिसके प्रयोग से किसी को कुछ करने में प्रवृत्त किया जा सके। जैसे—उनकी चाबी तो हमारे हाथ में है।

चाबुक—पुं० [फा०] १. चमड़े, रस्सी आदि को बटकर बनाया हुआ कोड़ा जिसका प्रयोग किसी को मारने के लिए होता है। छोटा, पतला कोड़ा। जैसे—भले घोड़े को एक चाबुक बहुत है।

पद—चाबुक सवार। (देखें)

२. लाक्षणिक रूप मे कोई ऐसी बात जिससे कोई कार्य करने की उत्तेजना उत्पन्न हो।

चाबुक-सवार—पुं०[फा०] [भाव० चाबुक-सवारी] घोड़े पर सवार होकर उसे विविध प्रकार की चालें सिखाने अथवा उसकी चाल दुरुस्त करने-वाला व्यक्ति।

चाबुक-सवारी—स्त्री०[फा०] चाबुक सवार का काम, पद या पेशा।

चाम—स्त्री० दे० 'चाब'।

चामना—स०=चाबना।

चामा—पु०[हि० चाबना] बैलों का एक रोग जिसमें उनकी जीभ पर काँटे उभड़ आते हैं और उनसे कुछ खाया या चबाया नहीं जाता।

चामी—स्त्री०=चाबी।

चाम—पु०[स०चर्म] चमड़ा। खाल। उदा०—मानवता की मूर्त्ति गढ़ोगे तुम सँवार कर चाम।—पंत।

मुहा०—चाम के दाम चलाना=(क) चमड़े के सिक्के चलाना। (ख) अपने प्रताप, बल, वैभव आदि से उसी प्रकार जबरदस्ती अनोखे और असाधारण कार्य करना, जिस प्रकार निजाम नामक भिश्ती ने हुमायूँ को डूबने से बचाकर फल-स्वरूप थोड़े समय के लिए राज्याधिकार प्राप्त करके चमड़े के सिक्के चलाये थे। (ग) अभिचार से धन कमाना। (बाजारू)

चाम-चोरी—स्त्री० [हि० चाम+चोरी] गुप्त रूप से किया जानेवाला पर-स्त्री-गमन।

चामड़ी—स्त्री० =चमड़ी।

चामर—पुं०[स० चमरी+अण्] १. चँवर। मोरछल। २. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में रगण, जगण, रगण, जगण और रगण होते हैं।

चामर-ग्राह—पु०[सं० चामर√ग्रह् (ग्रहण करना)+अण्, उप० स०] चँवर डुलानेवाला सेवक।

चामर-ग्राहिक—पुं० [स० चामरग्राहिन्+कन्]=चामर-ग्राह।

चामर-ग्राही (हिन्)—पुं० [सं० चामर√ग्रह्+णिनि, उप०स०]= चामर-ग्राह।

चामर पुष्प—पुं०[ब०स०] १. सुपारी का पेड़। २. आम का पेड़। ३. केतकी। ४. काँस।

चामर-व्यजन—पु० [ष० त०] चँवर। मोरछल।

चामरिक—पु० [सं० चामर+ठन्-इक] चँवर डुलानेवाला सेवक।

चामरी—स्त्री०[सं० चामर+अच्+ङीप्] सुरागाय।

चामिल—स्त्री०दे० 'चंबल'।

चामीकर—पुं० [स० चमीकर+अण्] १. सोना। स्वर्ण। २. कनक। धतूरा।

वि० [चामीकर+अण्] १. सोने का बना हुआ। २. सोने की तरह का। सुनहला।

चामीकराचल—पुं०[चामीकर-अचल, ष० त०] सुमेरु पर्वत।

चामुंडा—स्त्री०[स० चमू√ला (आदान)+क, पृषो० सिद्धि] एक देवी जिन्होंने शुंभ-निशुंभ के चंड और मुंड नामक दो सेनापति दैत्यों का वध किया था। कापालिनी। भैरवी।

चाम्य—पु०[सं०√चम् (खाना)+ण्यत्] खाद्य पदार्थ।

चाय—स्त्री०[चीनी चा] १. एक प्रसिद्ध पौधा या झाड़ जिसकी पत्तियाँ १०-१२ अंगुल लंबी, ३-४ अंगुल चौड़ी और दोनों सिरों पर नुकीली होती हैं। २. उक्त पौधे की सुगंधित और सुखाई हुई पत्तियाँ जिन्हें उबालकर पीने की चाल अब ससार भर मे फैल गई है। ३. उक्त पत्तियों का उबालकर तैयार किया हुआ पेय जिसमे चीनी, दूध आदि भी मिलाया जाता है।

†पुं०=चाव (चाह)। उदा०—मौन बदन उर चाय।—नागरीदास।

चायक—पुं० [सं० √चि (चयन करना) ण्वुल्—अक] चुननेवाला। चयन करनेवाला।

वि० [हि० चाय=चाव या चाह] चाहने या प्रेम करनेवाला।

चायदान—पुं०[हि० चाय+फा० दान [करबे की आकृति का एक प्रकार का चीनी-मिट्टी या धातु का एक प्रसिद्ध पात्र जिसमे चाय का गरम पानी रक्खा जाता है।

चायदानी—स्त्री०=चायदान।

चाय-पानी—पुं० [हि० पद] ऐसा जल-पान जिसके साथ पेय रूप में चाय भी हो।

चार—वि०[स० चत्वारि, प्रा० चत्तार, चत्तारी, चत्तारो, अप० उ० बँ० मि० चारि, गु० पं० मरा० चार] १. जो गिनती में तीन से एक अधिक हो। दो का दूना। तीन और एक। जैसे—बार घोड़ों की गाड़ी।

मुहा०—(किसी से) चार आँखें करना=किसी के सामने होकर उसकी ओर देखना। आँखें मिलाना। **(किसी चीज में) चार चाँद लगना**= प्रतिष्ठा, शोभा, सौंदर्य आदि चौगुनी होना या बहुत बढ़ जाना। **चार पगखी करना**=जहाज का लंगर डालना। जहाज ठहराना। (लश०) **चार पाँच करना**=इधर-उधर की बातें या होला-हवाला करना। **चारों खाने चित गिरना**=(क) इस प्रकार चित गिरना जिससे हाथ-पाँव फैल जायँ। (ख) पूरी तरह से या सब प्रकार से ऐसा परास्त होना कि फिर कुछ भी करने योग्य न हो। **चारों कूतना**=चारों आँखें (दो हिये की और दो ऊपर की) फूटना अर्थात् इतना दुर्बुद्धि या मत्त होना कि बुरा-भला कुछ दिखाई न दे।

पद—चार बूरदेवाला=बहादुर और साहसी। जीवटवाला। **चारों ओर**=सभी ओर। हर तरफ। **चारों धाम**=हिंदुओं के ये चारों बड़े तीर्थ या पुण्य धाम—जगन्नाथपुरी, रामेश्वर, द्वारका, और बदरिकाश्रम। **चारों पदार्थ**=हिन्दुओं मे ये चारो काम्य पदार्थ—अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष। **चारों मग्ज**=हकीमी नुसखों में, इन चारो चीजों के बीजों की गिरियाँ—ककड़ी, कद्दू, खरबूजा और खीरा।

२. कई एक। बहुत से। अनेक। जैसे—चार आदमी जो कहे, वह मान लेना चाहिए।

मुहा०—चार के कंधों पर चढ़ना या चलना=मर कर अरथी आदि पर चढ़ना और कुछ लोगों की सहायता से कब्रिस्तान या श्मशान की ओर जाना।

३. गिनती में कुछ कम या थोड़े। कतिपय। कुछ। जैसे—(क) चार

बातें उन्होंने कही तो चार मैंने भी सुनाई। (ख) अभी चार दिन की तो बात है कि वे यहां आकर नौकर हुए है।

पद—चार-तार थोड़े से अच्छे कपड़े और गहने। जैसे—जब से मियाँ का रोजगार चला है, तब से बीबी के पास चार-तार दिखाई देने लगे हैं, नहीं तो पहले क्या था। (स्त्रियाँ) **चार दिन की चाँदनी**—थोड़े समय तक ठहरनेवाला वैभव या सुख-भोग। जैसे—उनकी यह सारी रईसी बस चार दिन की चाँदनी है। **चार पैसे**=थोड़ा धन। कुछ रुपया-पैसा। उदा०—जब पास मे चार पैसे रहेंगे, तभी नाते-रिश्ते के लोग पूछेंगे। पु० चार का सूचक अंक या संख्या। चार का अंक जो इस आकार लिखा जाता है—४।

*†वि०—चार।

पु०[स०√चर् (चलना)+घञ्। चर+अण् (अर्थानुसार ज्ञातव्य)] [भू० कृ० चारित, वि० चारी] १. चलने की क्रिया या भाव। गति। चाल। २. आचार। ३ रसम। रीति। जैसे—द्वारचारी। ४. कारागार। जेलखाना। ५. गुप्तचर। जासूस। ६ दास। सेवक। ७. भोजन करना। खाना। भक्षण। ८ चिरौंजी। पियाल। ९. वह विष जो पशु-पक्षियों आदि को फँसाने या मारने के लिए बनाया जाता है।

चार आइना—पुं०[फा० चार+आइन=लोहे] एक प्रकार का कवच या बकतर जिसमे लोहे की चार पटरियाँ जड़ी रहती है जिनमे से एक छाती पर, एक पीठ पर और दो दोनों बगलो मे (भुजाओं के नीचे) रहती हैं।

चारक—पु० [स० √चर्+णिच्+ण्वुल्—अक। चार+कन्। √चर्+ण्वुल्—अक (अर्थानुसार ज्ञातव्य)] १. चलाने या संचार करानेवाला। संचारक। २ गति। चाल। ३. गाय-भैंस चरानेवाला। चरवाहा। ४ चिरौंजी। पियाल। ५. गुप्त-चर। जासूस। ६ सहचर। साथी। ७ घुड़सवार। ८ वह ब्रह्मचारी या ब्राह्मण जो बराबर इधर-उधर घूमता-फिरता रहे। ९ आदमी। मनुष्य। १०. चरक ऋषि का ग्रंथ या सिद्धान्त। ११. वह कारागार जिसमे अभियुक्त तब तक रखा जाता है, जब तक उसके अभियोग का निर्णय न हो जाय। हवालात।

चार-कर्म (म्)—पु०[ष० त०] चर अर्थात् जासूस का काम। जासूसी। (एस्पायनेज)

चारकाने—पुं० बहु०[हि० चार+काना=मात्रा] चौसर या पासे का एक दाँव।

चारखाना—पु०[फा० चारखान] १ आड़ी और खड़ी धारियों या रेखाओं की ऐसी रचना जिसमे बीच-बीच मे चौकोर खाने पड़ते हों। २. वह कपड़ा जिसमे उक्त प्रकार के चौकोर खाने बने हों।

चारग-चारग—पु०[स० चार। मार्ग] आचरण और व्यवहार की धूर्तता। चालबाजी और ढंग।

चार-चक्षु (क्षु)—पु०[ब० स०]राजा, जो अपने चरों या जासूसों के द्वारा सब बातें देखता है।

चार-चश्म—वि०[फा०] [भाव० चार-चश्मी] १. निर्लज्ज। बेहया। २. जिसमे शील, सौजन्य आदि का अभाव हो। बेमुरौवत। ३. कृतघ्न। नमक-हराम।

चारज—पु० दे० 'चार्ज'।

चारजामा—पु०[फा० चारजामः]चमड़े या कपड़े का वह टुकड़ा जो सवारी करने से पहले घोड़े की पीठ पर कसा जाता है। जीन।

चारटा—स्त्री० [स०√चर् (चलना)+णिच्+अटन्—टाप्] पथचारिणी वृक्ष। भूम्यामलकी।

चारटिका—स्त्री०[स०√चर्+णिच्+अटन्—ङीप्+कन्—टाप्, ह्रस्व] नली नामक गंध-द्रव्य।

चारटी—स्त्री० [सं० √चर्+णिच्+अटन्—ङीप्] =चारटा।

चारण—पु० [स०√चर् (चलना)+णिच्+ल्यु—अन] १. एक जाति जो मध्ययुग मे राजाओं के दरबार मे उनकी तथा उनके पूर्वजों की कीर्ति या यश का वर्णन गाकर करती थी। बदीजन। भाट। २. उक्त जाति का व्यक्ति। ३ वह जो बराबर इधर-उधर घूमता रहता हो।

चार-तूल—पु०[स०त०] चँवर।

चारदा†—पु०[हि० चार+दा (प्रत्य०)] १ चौपाया। २. कुम्हारों की बोली मे उनका गधा।

चारदीवारी—स्त्री०[फा०] १ सुरक्षा अथवा सीमा निर्धारण की दृष्टि से किसी मकान या स्थान के चारों ओर बनाई जानेवाली ऊँची दीवार। २. नगर के चारों ओर का परकोटा। प्राचीर। शहर-पनाह।

चारना—पु०=चारण।

चारना†—स० १. =चराना। २ =चलाना।

चार-ना-चार—क्रि० वि० [फा०] विवश होकर। मजबूर या लाचार होकर।

चार-पथ—पु०[ब०स०] राज-मार्ग।

चारपाई—स्त्री०[हि० चार+पाया] चार पायोंवाला वह प्रसिद्ध उपकरण जो बीच में बाध, मूंजली, निवाड़ आदि से बुना रहता है और जिस पर लोग सोते है। छोटा पलंग। खाट।

पद—चारपाई का कान—चारपाई का वह अंग जो उसके टेढ़े हो जाने के कारण एक ओर ऊपर उठ आया हो।

मुहा०—चारपाई धरना, पकड़ना या लेना—(क) चारपाई पर लेटना। (ख) इतना बीमार होना कि चारपाई से उठ न सकें। अत्यन्त रुग्ण होना। **चारपाई पर पड़ना**=चारपाई पकड़ना। **चारपाई लेना**=रोग आदि के कारण अधिक समय तक चारपाई पर पड़े रहना। **चारपाई से पीठ लगना**=चारपाई पकड़ना। **चारपाई से लगना**=चारपाई पकड़ना।

चारपाया—पुं०[फा० चारपाय] चार पैरोंवाला पशु। चौपाया।

चार-पाल—पु०[स० चार√पाल्(पालन करना)+णिच्+अण्] गुप्तचर। जासूस।

चार-पुरुष—पु०[कर्म० स०] गुप्त-चर। भेदिया।

चार-प्रचार—पु०[ष०त०] किसी काम के लिए जासूस नियुक्त करना। (प्राचीन भारतीय राजतंत्र)

चार-बंद—पु०[फा०] १ शरीर के अंग या अवयव। २. शरीर के अंगों की गाँठ या जोड़।

चार-बाग—पु०[फा०] १ चौकोर बगीचा। २ ऐसा बाग या बगीचा जिसमे फलोंवाले वृक्ष हों। ३. एक प्रकार का बड़ा रूमाल या शाल जिसके चारों बराबर भाग अलग-अलग रंगों के और अलग-अलग प्रकार के बेल-बूटों से युक्त होते है।

चार-बालिश—पु०[फा०] एक प्रकार का बड़ा गोल तकिया। मसनद।

चार-भट—पु०[स० त०] वीर सैनिक।

चार-मेख—स्त्री०[हिं० +फा०] मध्ययुग का एक प्रकार का दंड या सजा जिसमें अपराधी को जमीन पर लेटाकर उसके दोनों हाथ और दोनों पैर चार खूँटों से बाँध दिये जाते थे।

चारयारी—स्त्री०[हिं० चार+फा० यार] १. चार मित्रों का दोस्ताना। २. चार मित्रों की गोष्ठी या मंडली। ३. मुसलमानों में सुन्नियों का वह संप्रदाय जो मुहम्मद के चार मित्रों और सहायकों (अबूबकर, उसर, उस्मान और अली) को खलीफा मानता है। ३. मुसलमानी शासनकाल का चाँदी का एक चौकोर सिक्का जिस पर मुहम्मद साहब के उक्त चारों मित्रों या साथियों के नाम अंकित हैं। और जिसका प्रचार कई तरह के टोने-टोटकों के लिए होता है।

चारवा—पु०=चौपाया।

चार-वायु—स्त्री०[मध्य०भ०] गरम हवा। लू।

चारांतरित—पु०[स० चार-अंतरित तृ० त०] गुप्तचर।

चारा—पु०[हिं० चरना] १. गाय, बैल आदि पशुओं के खाने के लिए दी जानेवाली, पत्ती, घास आदि। २. चिड़ियों, मछलियों आदि को फँसाने अथवा जीवित रखने के लिए खिलाई जानेवाली वस्तु। ३. निकृष्ट भोजन। (व्यंग्य) ४. लाक्षणिक अर्थ में, किसी को फँसाने अथवा अपना काम निकालने के लिए दूसरे को दिया जानेवाला प्रलोभन।

क्रि० प्र०—डालना।—फकना।

†पु०[फा० चार.] १. इलाज। २. उपाय। ३. युक्ति।

चाराजोई—स्त्री० [फा०] दूसरे से पहुँची हुई या पहुँचनेवाली हानि के प्रतिकार या बचाव के लिए न्यायालय या हाकिम से की जानेवाली याचना। नालिश। फरियाद। जैसे—अदालत से चाराजोई करना।

चारायण—पु०[स० चर+फक्—आयन] काम-शास्त्र के एक आचार्य।

चारासाज—वि०[फा० चारः साज] [भाव० चारासाजी] विपत्ति के समय सहायता देकर दूसरे का काम बनानेवाला।

चारि—वि०, पु०=चार।

चारिका—स्त्री० [सं० चारक+टाप्, इत्व] सेविका। दासी।

चारिटी—स्त्री०=चारिती।

चारिणी—स्त्री०[स० √चर्+णिच्+णिनि—ङीप्] करुणी वृक्ष।

वि० स० चारी (चारिन्) का स्त्री० रूप। जैसे—ब्रह्मचारिणी, व्रतचारिणी।

स्त्री० [हिं० चारण] चारण जाति की स्त्री।

चारित—भू० कृ० [स०√चर्+णिच्+क्त] १. जो चलाया गया हो। चलाया हुआ। गतिमान किया हुआ। २. भक्षक आदि से उतारा या खींचा हुआ। जैसे—चारित आसव।

पु० आरा (लकड़ी चीरने का)।

†पुं०=चारा (पशुओं का भोजन)।

चारितार्थ्य—पुं०[स०चरितार्थ+ष्यञ्] चरितार्थ होने की अवस्था या भाव। चरितार्थता।

चारित्र—पु०[सं० चरित्र+अण्] १. किसी कुल या वंश में परम्परा से चला आया हुआ आचार-व्यवहार। कुल की रीति। २. अच्छा चाल-चलन। सदाचार। ३. रीति-व्यवहार। ५. मस्तु गथो में से एक। ४. स्त्री का पातिव्रत या सतीत्व। ६. संन्यास। (जैन)

चारित्रवती—स्त्री०[स० चारित्र+मतुप्, वत्व, ङीप्] योग में एक प्रकार की समाधि।

चारित्र-विनय—पु०[तृ०त०] आचरण या चरित्र द्वारा नम्र और विनीत भाव-प्रदर्शन। शिष्टाचार। नम्रता।

चारित्रा—स्त्री०[स० चारित्र+अच्—टाप्] इमली।

चारित्रिक—वि० [सं० चरित्र+ठक्—इक] १. चरित्र-संबंधी। २. अच्छे चरित्रवाला।

चारित्रिकता—स्त्री०[स० चारित्रिक+तल्—टाप्] १ अच्छा चरित्र। २. चरित्र-चित्रण की कला या कौशल।

चारित्री (त्रिन्)—वि०[स० चारित्र+इनि] अच्छे चरित्रवाला। सदाचारी।

चारित्र्य—पु०[सं० चरित्र+ष्यञ्] चरित्र। आचरण।

चारिम—वि० १.=चौथा। उदा०—आमिनि चारिम पहर पाओल।—विद्यापति। २. चारो।

चारी (रिन्)—वि०[स० (पूर्वपद के साथ होने पर)√चर् (चलना)+णिनि] एक विशेषण जो समस्त पदों के अंत में लग कर निम्नलिखित अर्थ देता है। (क) चलने या विचरण करनेवाला। जैसे—व्योम-चारी। (ख) कोई विशिष्ट आचरण या क्रिया करनेवाला। जैसे—व्यभिचारी। (ग) पालन करनेवाला। जैसे—ब्रह्मचारी, व्रतचारी।

पु० १. पैदल चलनेवाला सिपाही। २. साहित्य में, सचारी भाव। ३ नृत्य में एक प्रकार की क्रिया।

चारु—वि०[सं√चर् (चलना)+उण्] आकर्षक और मनोहर। सुन्दर।

पु०१. बृहस्पति। २. रुक्मिणी के गर्भ से उत्पन्न श्रीकृष्ण का एक पुत्र। ३. कुकुम। केसर।

चारुक—पु० [स० चारु+कन्] सरपत के बीज जो दवा के काम आते हैं।

चारु-केशर—स्त्री०[ब० स०] १. नागरमोथा। २. सेवती का फूल।

चारु-गर्भ—पु०[ब० स०] श्रीकृष्ण के एक पुत्र का नाम।

चारु-गुप्त—पु०[कर्म० स०] श्रीकृष्ण के एक पुत्र का नाम।

चारु-चित्र—पु०[ब० स०?] धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।

चारुता—स्त्री०[स० चारु+तल्—टाप्] चारु होने की अवस्था, गुण या भाव। मनोहरता। सुन्दरता।

चारुत्व—पु०[स० चारु+त्व] चारुता।

चारु-दर्शन—वि०[ब० स०] [स्त्री० चारु-दर्शना] जो देखने में बहुत सुंदर हो। रूपवान्।

चारुदेष्ण—पु०[स०] रुक्मिणी के गर्भ से उत्पन्न कृष्ण के एक पुत्र जिन्होंने निशुंभ आदि दैत्यों के साथ युद्ध किया था। (हरिवंश)

चारु-धामा—स्त्री०[ब० स०] इंद्र की पत्नी, शची।

चारु-धारा—स्त्री०[ब० स०] इंद्र की पत्नी, शची।

चारु-विन्द—पु०[स०] ग्यारहवें मन्वंतर के सप्तर्षियों में से एक।

चारु-शाल्क—पु०[ब० स०, कप्] कोकनद। लाल कमल।

चारु-नेत्र—वि०[ब० स०] [स्त्री० चारुनेत्रा] सुन्दर नेत्रोंवाला।

पु० एक प्रकार का हिरन।

चारु-पर्णी—स्त्री०[ब० स०,ङीष्] प्रसारिणी लता। गंधपसार।

चारु-पुट—पुं०[ब० स०] ताल के ६० मुख्य भेदों में से एक। (संगीत)

चारु-फला—स्त्री०[ब० स०, टाप्] अंगूर या दाख की लता।

चार-लोचन—वि० [ब०स०] [स्त्री० चारु-लोचना] सुन्दर नेत्रोंवाला। पुं० एक प्रकार का हिरन।

चार-वर्धना—स्त्री० [सं० चारु√वृध् (वृद्धि करना)+णिच्+ल्युट-अन-टाप्] सुन्दर स्त्री। सुन्दरी।

चार-शिला—स्त्री०[कर्म०स०] एक प्रकार का रत्न।

चार-शील—वि०[ब०स०] [स्त्री० चारु-शीला] उत्तम शील या स्वभाववाला।

चार-सार—पु०[कर्म०स०] सोना। स्वर्ण।

चारुहासिनी—स्त्री० [स० चारुहासिन्+ङीप्] १. सुन्दर रूप से हँसनेवाली स्त्री। २. बँताली नामक छंद का एक प्रकार या भेद।

चारुहासी (सिन्)—वि० [स० चारु√हस् (हँसना)+णिनि][स्त्री० चारुहासिनी] १. सुंदर रूप से हँसनेवाला। मनोहर मुसकानवाला। २. जो हँसता हुआ सुन्दर तथा भला जान पड़े। पुं० बँताली छंद का एक भेद।

चारेक्षण—पुं० [स० चार-ईक्षण, ब०स०] राजा।

चारोली†—स्त्री०[देश०] फलों आदि की गुठली।

चार्वा—स्त्री०[सं०] प्राचीन भारत में एक प्रकार की सड़क जो छः हाथ चौड़ी होती थी।

चार्चिक—वि०[सं० चर्चा+ठक्-इक] वेद-पाठ में कुशल।

चार्चिक्य—पु०[सं० चर्चिका+ष्यञ्] १. शरीर में अंगराग का लेपन। २. अंगराग। ३. वेद-पाठ-संबंधी कौशल या निपुणता।

चार्ज—पुं०[अं०] १. किसी काम या पद का भार। कार्य-भार। २. रक्षण आदि के लिए की जानेवाली देख-रेख। ३. किसी पर लगाया जानेवाला अभियोग। ४. किसी कार्य या सेवा का पारिश्रमिक। परिव्यय। ५. एक-दम से किया जानेवाला आक्रमण।

चार्टर—पु०[अं०] १. वह लेख जिसमें शासन की ओर से किसी को कोई स्वत्व या अधिकार देने की बात लिखी रहती है। सनद। अधिकार-पत्र। २ कुछ शर्तों पर जहाज या और कोई बड़ी सवारी किराये पर देना या लेना।

चार्म—वि० [सं० चर्मन्+अण्] १. चर्म-संबंधी। २. चमड़े का बना हुआ। ३. चमड़े से मढ़ा हुआ।

चार्मिक—वि०[सं० चर्मन्+ठक्-इक] चमड़े से बना हुआ।

चार्य—पु०[सं० चर+ष्यञ्] १. चर होने की अवस्था या भाव। चरता। २. द्यूतत्व। ३. जासूसी। ४. [√चर्+ण्यत्] एक प्राचीन वर्ण संकर जाति। (ब्रात्य वैश्य की सवर्णा स्त्री से उत्पन्न)

चार्वाक—पु०[सं० चारु-वाक, ब०स०, पृषो० सिद्धि०] १. एक प्रसिद्ध अनीश्वरवादी और नास्तिक विद्वान्। बार्हस्पत्य। (चार्वाक दर्शन के रचयिता) २. उक्त विद्वान् द्वारा चलाया हुआ मत या दर्शन जो 'लोकायत' कहलाता है। चार्वाक दर्शन। ३. एक राक्षस जिसने कौरवों के मारे जाने पर ब्राह्मण वेश में युधिष्ठिर की राजसभा में जाकर उनकी राज्य के लोभ से भाई-बन्धुओं को मारने के लिए धिक्कारा था और जो उस सभा के ब्राह्मणों के हाथों मारा गया था।

चार्वाक-दर्शन—पु०[मध्य०स०] चार्वाक नामक प्रसिद्ध विद्वान् का बनाया हुआ दर्शन-ग्रन्थ जिसमें ईश्वर, पर-लोक, पुनर्जन्म और वेदों के मत का खंडन किया गया है।

चार्वाक-मत—पु०[ष०त०] चार्वाक का चलाया हुआ मत या संप्रदाय।

चार्वी—स्त्री०[सं० चारु+ङीप्] १. बुद्धि। २. चाँदनी। ज्योत्स्ना। ३. चमक। दीप्ति। ४. सुन्दर स्त्री। सुन्दरी। ५. कुबेर की पत्नी का नाम। ६. दारु हल्दी।

चाल—स्त्री०[हि० चलना या सं० चार] १. चलने की क्रिया या भाव। गति। २. वह अवस्था या क्रिया जिसमें कोई जीव या पदार्थ किसी दिशा में अथवा किसी रेखा पर बराबर अपना स्थान बदलता हुआ क्रमशः आगे बढ़ता रहता है। चलने, दौड़ने आदि के समय निरंतर आगे बढ़ते रहने की अवस्था, क्रिया या भाव। जैसे—चलते या दौड़ते आदमी की चाल, डाक या सवारी गाड़ी की चाल। ३ पैर उठाने और रखने के ढंग के विचार से किसी के आगे बढ़ते रहने का प्रकार, मुद्रा या रूप। जैसे—(क) खरीदने से पहले घोड़े की चाल देखी जाती है। (ख) वह झूमती (या लड़खड़ाती) हुई चाल से चला आ रहा था। ४. गति में लगनेवाले समय के विचार से, चलने की क्रिया या भाव। जैसे—कछुए या घ्यूँटी की चाल। ५. किसी आदमी या चीज के चलते रहने की दशा में उसकी गति-विधि आदि की सूचक ध्वनि या शब्द। आहट।

मुहा०—(किसी की) चाल मिलना=किसी के गतिमान होने, चलने-फिरने आदि की आहट, ध्वनि या शब्द सुनाई पड़ना। जैसे—(क) आज तो पिछवाड़ेवाले मकान में कुछ आदमियों की चाल मिल रही है; अर्थात् ऐसा जान पड़ता है कि उसमें कुछ लोग आकर ठहरे हैं। (ख) सन्ध्या हो जाने पर जंगल में पशु-पक्षियों की चाल नहीं मिलती।

६. बहुत से आदमियों या जीवों के चलने-फिरने के कारण होनेवाली चहल-पहल, धूम-धाम, हलचल या हो-हल्ला। जैसे—कूच की आज्ञा मिलते (या नगारा बजने) ही सारी छावनी में चाल पड़ गई।

क्रि० प्र०—पड़ना।

७. फलित ज्योतिष के अनुसार अथवा और किसी प्रकार के शुभाशुभ के विचार से कहीं से चलने या प्रस्थान करने के लिए स्थिर किया हुआ दिन, मुहूर्त या समय। चाला। उदा०—पोथी काढ़ि गवन दिन देखें, कौन दिवस है चाला।—जायसी। ८ किसी पदार्थ (जैसे—यंत्र आदि) अथवा उसके किसी अंग की वह अवस्था जिसमें वह बराबर इधर-उधर आता-जाता, घूमता या हिलता-डोलता रहता है। जैसे—इंजन के पुरजों की चाल; घड़ी के लंगर की चाल। ९. तत्परता, वेग आदि के विचार से किसी काम या बात के होते रहने की अवस्था या गति। जैसे—(क) आज-कल कार्यालय (या ग्रंथ-सम्पादन) का काम बहुत धीमी चाल से हो रहा है। (ख) इमारत (या नहर) के काम की चाल अब तेज होनी चाहिए। १०. किसी चीज की बनावट, रचना, रूप आदि का ढंग या प्रकार। ढब। तर्ज। जैसे—नई चाल का कुरता या टोपी; नई चाल की थाली या लोटा। ११. कोई काम करने का ढंग, प्रकार या युक्ति। जैसे—अब उसे किसी और चाल से समझाना पड़ेगा। १२. ऐसा ढंग, तरकीब या युक्ति जिसमें कुछ विशिष्ट कौशल भी मिला हो। विशिष्ट प्रकार का उपाय। तरकीब। जैसे—अब तो किसी चाल से यहाँ से अपना छुटकारा कराना चाहिए। १३. किसी को धोखा देने या बहकाने के लिए की जानेवाली चालाकी से भरी तरकीब या युक्ति। जैसे—हम तुम्हारी चाल समझते हैं।

मुहा०—(किसी से) चाल चलना=किसी को धोखा देने या भ्रम में रखने

की तरकीब या युक्ति करना। जैसे—तुम कहीं चाल चलने से बाज नहीं आते। (किसी की) चाल में आना या फँसना=किसी के धोखे या बहकावे में आना। जैसे—वह सीधा आदमी तुम्हारी चाल में आ गया। पद—चाल-ढाल, चालबाजी। (देखें स्वतन्त्र पद)।

१४. किसी काम, चीज या बात के चलनसार या प्रचलित रहने की अवस्था या भाव। जैसे—आज-कल इस तरह के गहनों (या साड़ियों) की चाल नहीं है। १४. नैतिक दृष्टि से आचरण, व्यवहार आदि करने का ढंग, प्रकार या स्वरूप। जैसे—(क) तुम अपने लड़के की चाल सुधारो। (ख) यदि तुम्हारी यही चाल रही तो तुम्हारा कहीं ठिकाना न लगेगा। पद—चाल-चलन, चाल-ढाल। (देखें स्वतन्त्र पद)

१६. चौसर, ताश, शतरंज आदि खेलों में अपना दाँव या बारी आने पर गोटी, पत्ता, मोहरा आदि आगे बढ़ाने या सामने लाने की क्रिया। जैसे—(क) हमारी चाल हो चुकी; अब तुम्हारी चाल है। (ख) तुम्हारी इस चाल ने सारी बाजी का रुख पलट दिया। १७. मुद्रणकला में, छापने के लिए यथा-स्थान बैठाये हुए अक्षरों के संबंध में वह स्थिति, जब बीच में कोई नया पद, वाक्य या शब्द घटाये-बढ़ाये जाने के कारण कुछ अक्षरों या शब्दों के आगे-पीछे खिसकाने या हटाने-बढ़ाने की आवश्यकता होती है। १८. यंत्रों के पुरजों के संबंध में, वह स्थिति जिसमें वे किसी त्रुटि या दोष के कारण कुछ आगे-पीछे या इधर-उधर हट-बढ़कर चलते हैं और इसी लिए या तो कुछ खड़-खड़ करते या यंत्र के ठीक तरह से चलने में बाधक होते हैं। जैसे—इस आगेवाले चक्कर (या पहिये) में कुछ चाल आ गई है।

स्त्री० [हिं० चालना = छानना] छलनी आदि में रखकर कोई चीज चालने या छानने की क्रिया, ढंग या भाव।

पु० [स०√चल् (चलना)+ण; णिच्+अच् वा] १. घर के ऊपर का छप्पर या छाजन। २. छत। पाटन। ३. स्वर्णचूड़ पक्षी। ४. आज-कल बड़े नगरों में वह बहुत बड़ा मकान जो गरीबों अथवा साधारण स्थिति के लोगों को किराये पर देने के लिए बनता है। जैसे—बम्बई में उसने सारी उमर एक ही चाल में रहकर बिता दी।

चालक—वि० [सं०√चल् (चलना)+णिच्+ण्वुल्—अक] [स्त्री० चालिका] १. चलानेवाला। जो चलाता हो। २. चलने के लिए प्रेरित करनेवाला। जैसे—चालक शक्ति। ३. चालबाज। धूर्त। उदा०—घर चालक, चालक, कलहप्रिय कहियत् परम परमारथी।—तुलसी।

पुं० १. वह व्यक्ति जो यानों, इंजनों आदि को गतिमान करता हो। २. संवाहक (दे०)। ३. वह हाथी जो अंकुश का दबाव या नियंत्रण न माने। उद्दंड और नटखट हाथी। ४. नृत्य में भाव बताने और सुंदरता लाने के लिए हाथ हिलाने की क्रिया।

चालकुंड—पुं० [स०] चिल्का नाम की झील जो उड़ीसा में है।

चाल-चलन—पुं० [हिं० चाल+चलन] नैतिक दृष्टि से देखा जानेवाला आचरण या व्यवहार। चरित्र। मनुष्य के आचरण और व्यवहार करने का ढंग जिसका मूल्यांकन नैतिक दृष्टि से किया जाता है।

चाल-ढाल—स्त्री० [हिं० चाल+ढाल] १. किसी व्यक्ति के चलने-फिरने का ढंग या मुद्रा। रंग-ढंग। २. किसी व्यक्ति का ऊपरी आचरण और व्यवहार। ३. किसी चीज की बनावट या रचना का ढंग या प्रकार। ४. चाल-चलन।

चालनी—स्त्री० = चलनी (छलनी)।

चालन—पुं० [सं०√चल् (चलना)+णिच्+ल्युट्+अन] १. चलाने की क्रिया या भाव। परिचालन। २. चलने की क्रिया या भाव। गति। ३. चलनी। छाननी।

पु० [हिं० चालना] १. भूसी या चोकर जो आटा चालने के बाद बच रहता है। २. बड़ी चलनी।

चालनहार—वि० [हिं० चालन+हार (प्रत्य०)] १. चलानेवाला। २. ले जाने या ले चलनेवाला।

वि० [हिं० चलना] चलनेवाला।

चालना—स० [सं० चालन] १. किसी को चलने में प्रवृत्त करना। चलाना। २. हिलाना-डुलाना। ३. एक जगह से दूसरी जगह ले जाना। ४. बहू को उसके मैके से विदा कराके लाना। उदा०—पाछहु न बीत्यो चालि आयो हमें पीहर तें।—शिवराम। ५. कार्य या उसके भार का निर्वाह या वहन करना। परिचालन करना। उदा०—बातत सब राज-काज आयसु अनुभरत।—तुलसी। ६. चर्चा या प्रसंग उठाना। ७. आटे को छलनी में रखकर इधर-उधर हिलाना जिसमें महीन आटा नीचे गिर जाय और भूसी या चोकर छलनी में ऊपर रह जाय। छानना। ८ बहुत-सी चीजों में से छाँटकर कोई अच्छी चीज अलग करना या निकालना। उदा०—जाति, वर्ण, संस्कृति समाज से मूल व्यक्ति को फिर से चालो।—पंत।

अ० = चलना।

पद—चालन हार। (देखें)

पुं० [स्त्री० चालनी] चलना (बड़ी चलनी)।

चालनीय—वि० [सं०√चल् (चलना)+णिच्+अनीयर्] चलाये या हिलाये जाने के योग्य। जो चलाया या हिलाया-डुलाया जा सके।

चालबाज—वि० [हिं० चाल+फा० बाज] [भाव० चालबाजी] स्वार्थ साधन के लिए व्यवहार आदि में कपट या छल से भरी हुई चालें चलनेवाला। धूर्तता से अपना काम निकाल लेनेवाला।

चालबाजी—स्त्री० [हिं० चालबाज] १ चालबाज होने की अवस्था या भाव। २. व्यवहार आदि में छल-पूर्ण चालें चलने की क्रिया या भाव। चालाकी। छल। धोखेबाजी।

चाला—पु० [हिं० चाल] १. चलने या प्रस्थान करने की क्रिया या भाव। २. दुल्हिन का पहली बार अपने मायके से ससुराल अथवा ससुराल से मायके जाने की क्रिया। उदा०—चाले की बातें चली सुनत सखिन के टोला।—बिहारी। ३. वह दिन या समय जो किसी दिशा में रवाना होने के लिए शुभ समझा जाता है। जैसे-रविवार को पश्चिम का चाला नहीं है बल्कि सोमवार को है। ४. एक प्रकार का औपचारिक कृत्य जो मृतक की षोडशी आदि हो जाने पर रात के समय किया जाता है। ५. दे० 'चलौज'।

चालाक—वि० [फा०] [भाव० चालाकी] १. कौशलपूर्ण ढंग से कोई काम करनेवाला। होशियार। २. व्यवहार-कुशल। सूझ-बूझ वाला। समझदार। ३. चालबाज। धूर्त।

चालाकी—स्त्री० [फा०] १. चालाक होने की अवस्था या भाव। चतुराई। व्यवहार-कुशलता। दक्षता। २. चालबाजी। धूर्तता।

मुहा०—चालाकी खेलना = धूर्तता-पूर्ण चाल चलना।

३. कौशल या होशियारी से मिली हुई युक्ति।

चालाक—पु० = चलान। (देखे)

चालानदार—पु० =चलानदार।

चालिया—पु० [हिं० चाल + इया (प्रत्य०)] धूर्तता-पूर्ण चाले चलनेवाला। चालबाज।

चालिस—वि० = चालीस।

चाली—वि० [हिं० चाल] १. चालबाज। २. नटखट। पाजी। ३ चचल।
†पु० [?] कँचुआ।
†स्त्री० [हिं० चाल + छाजन] १ नाव के ऊपर का छप्पर या छाजन। २ घोड़े की जीन।
†पु० [हिं० चलाना] व्यक्तियों का वह दल जो अपने काम से अलग कर दिया या हटा दिया गया हो।

चालीस—वि० [स० चत्वारिंशत्, पा० चत्तालीस] जो गिनती में तीस से दस अधिक हो। जैसे—चालीस दिन।
पु० उक्त की सूचक संख्या या अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है—४०।

चालीसवाँ—वि० [हिं० चालीस] गिनती में जिसका स्थान उनतालीसवें के बाद पड़ता हो। जो क्रम में ३० के अंक ९ संख्या पर पड़ता हो।
पुं० मुसलमानों का एक कृत्य जो किसी के मर जाने के चालीसवें दिन किया जाता है। चहलुम।

चालीस-सेरा—वि० [हिं० चालीस + सेर] १ (घी) विशुद्ध या अमिश्रित। २. निरा मूर्ख। (व्यक्ति)

चालीसा—पु० [हिं० चालीस] [स्त्री० चालीसी] १. चालीस वस्तुओं का समूह। जैसे—चालीसा चूरन (जिसमें चालीस चीजें पड़ती है।) २. चालीस पदों का संकलन या समूह। जैसे—हनुमान-चालीसा। ३ चालीस दिनों का समय। चिल्ला। ४. मृत्यु के चालीसवें दिन होनेवाला कृत्य। चालीसवाँ। (मुसल०)

चालुक्य—पुं० [?] दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध प्रतापी राजवंश जिसने ईसवी ५वीं शताब्दी से ईसवी १२वीं शताब्दी तक राज्य किया था।

चालू—वि० [हिं० चलना] १ जो चल रहा हो। जो ठीक प्रकार से काम कर रहा हो। जैसे—चालू घड़ी। २ जो चलन या रिवाज में हो। प्रचलित। जैसे—चालू प्रथा, चालू सिक्का। ३ जो प्रयोग या कार्य रूप में लाया जा रहा हो। ४ चलता हुआ। चालाक। जैसे—चालू आदमी।
†पु० = चाला।

चाल्य—वि० [स० √चल् (चलना) + णिच् + यत्] जो चलाया जा सके। चालनीय।

चाल्ह—स्त्री० = चेल्हा (मछली)।

चाल्ही—स्त्री० [हिं० चलाना ?] नाव में वह स्थान जहाँ मल्लाह बैठकर नाव खेता या चलाता है।

चाँव चाँव—[अनु०] चिड़ियों का या चिड़ियों का सा शोर।

चावंड—पु० = चामुंड।

चाव—पु० [हिं० चाह] १ किसी वस्तु या व्यक्ति के प्रति होनेवाली अनुरागजन्य और स्नेहपूर्ण ऐसी अभिलाषा या लालसा जिसमें यथेष्ट उत्कंठा भी मिली हो। अरमान। उदा०—चित्र केतु पृथ्वीपति राव। सुत हित भयो नास् हिय चाव।—सूर।
मुहा०—चाव निकालना = अभिलाषाएँ या लालसाएँ जी खोलकर पूरी करना।
२. अनुराग। प्रीति। स्नेह। ३ उत्कंठा। ४. प्रिय या प्रेम-पात्र के साथ किया जानेवाला लाड-प्यार। दुलार। उदा०—बिछुड़े सजन मिलाय दे, मैं कर लूँ मन के चाव।—गीत।
पद—चाव-चोचले = नाज-नखरे।
५ उत्साह और उमंग से भरा हुआ आनंद।

चावड़ा—पु० [?] १ एक प्रकार के राजपूत। चावण। २. क्षत्रियों की एक उपजाति या वर्ग।

चावड़ी—स्त्री० [देश०] यात्रियों के टिकने या ठहरने का स्थान। पड़ाव।

चावण—पु० [देश०] गुजरात का एक प्रसिद्ध और प्राचीन राजपूत वंश जिसने कई शताब्दियों तक गुजरात में राज्य किया था। इस वंश की राजधानी अन्हिलवाड़ा में थी। महमूद गजनवी के आक्रमण के समय सोमनाथ चावण राजा के ही अधिकार में था।

चावना*—स० = चाहना।

चावर—पु० = चावल।

चावल—पु० [स० तण्डुल?] १. धान के बीजों के अन्दर के दाने जिनकी गिनती प्रसिद्ध अन्नों में है।
विशेष—इनका उबाला या पकाया हुआ रूप ही भात कहलाता है।
मुहा०—चावल चखवाना = जिन लोगों पर कोई चीज चुराने का संदेह हो, उन्हें जादू-टोने के रूप में इस उद्देश्य से कच्चे चावल चखवाना कि जो चोर होगा उसके मुँह से थूकने पर खून निकलेगा।
२ उबाला या पकाया हुआ चावल। भात। ३ बीजों के छोटे दाने जो किसी प्रकार खाने के काम में आवें। जैसे—तिन्नी या सावें के चावल। ४ लगभग एक चावल की तौल जो रत्ती के आठवें भाग के रूप में मानी जाती है।
पद—चावल भर = (क) रत्ती के आठवें भाग के बराबर। (ख) बहुत ही थोड़ा।

चाशनी—स्त्री० [फा०] १. खाने से पहले चखकर देखी जानेवाली चीज या उसका कोई अंश। खाने की चीज का नमूना। २. गुड़, चीनी, मिसरी आदि के घोल को पकाकर गाढ़ा किया हुआ वह रूप जिसमें दवाएँ, पकवान, मिठाइयाँ आदि पागी जाती है। शीरा।
मुहा०—चाशनी देखना = शीरा पकाने के समय यह देखना कि चाशनी ठीक तरह से तैयार हो गई है या नहीं।
३ किसी चीज का वह थोड़ा-सा अंश जो किसी दूसरी चीज में उसका स्वाद बढ़ाने के लिए मिलाया जाय। जैसे—पीने के तमाकू में मिलाई हुई खमीर की चाशनी। ४ किसी चीज या बात का ऐसा आनंद, मजा या स्वाद जो उस बात के प्रति लालसा उत्पन्न करे। चस्का। जैसे—अब तुम्हें अफीम (या शराब) की चाशनी मिल गई है, तब तुम उसे जल्दी नहीं छोड़ोगे। ५. चाँदी, सोने आदि का वह थोड़ा-सा अंश जो सुनारों को गहने बनाने के लिए देने से पहले इसलिए अपने पास रख लिया जाता है कि जब गहना बन जाय तब उसमें मिलाकर देखा जा सके कि सुनार ने उसमें किसी तरह का खोट तो नहीं मिलाया है।

चाशनीगीर—पु० [फा०] वह कर्मचारी जो नवाबों और बादशाहों के यहाँ उनके खाद्य पदार्थ पहले चखकर देखने के लिए नियुक्त होता था।

चाच—पुं० [स० √चष् (खाना) +णिच् + अच्] १. नीलकंठ पक्षी। २. २. चाहा नामक पक्षी।

†पुं० = चक्षु (नेत्र)।

चाल—स्त्री० [हिं० चाला] १ खेत जोतने की क्रिया या भाव। जोताई। २. जोता हुआ खेत।

स्त्री० [फा० चाशनी] किसी चीज की जाँच या परख के लिए उसमें से निकाला हुआ कुछ अंश। चाशनी।

चालना—अ० [हिं० चास] जोतना।

चालनी—स्त्री० = चाशनी।

चासा—पुं० [देश०] १. उड़ीसा की एक जाति जो खेती-बारी करती है। २. किसान। खेतिहर। ३. हल चलाने या जोतनेवाला। हलवाहा।

चाह—स्त्री० [सं० उत्साह, प्रा० उच्छाह] १ वह मनोवेग जो मनुष्य को कोई ऐसी वस्तु प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है जिससे उसे संतोष या सुख मिल सकता हो। जैसे—मुझे आपके दर्शनों की चाह थी। २. प्रेम या स्नेहपूर्वक किसी को चाहने की अवस्था या भाव। अनुराग। प्रेम। जैसे—दिल को तुम्हारी ही चाह है। ३ चाहे जाने की अवस्था या भाव। आवश्यकता। गरज। जरूरत। जैसे—जिसकी यहाँ चाह है, उसकी वहाँ भी चाह है। ४ इस बात की जानकारी या परिचय कि किसे किस चीज की आवश्यकता या चाह है। उदा०—सब की चाह लेइ दिन राती। —जायसी। ५ दे० 'चाव'।

पु० [फा०] कूआँ। कूप।

†स्त्री० = चाय।

*स्त्री० [हिं० चाल = आहट] १ खबर। समाचार। उदा०—को सिहल पहुँचावै चाहा।—जायसी। २. टोह। ३ गुप्त भेद। रहस्य।

चाहक—वि० [हिं० चाहना] १. चाहनेवाला। २ अनुराग या प्रेम करनेवाला।

चाहत—स्त्री० [हिं० चाहना] किसी को अनुराग तथा उत्कंठापूर्वक चाहने की अवस्था, क्रिया या भाव। चाह। प्रेम।

चाहना—स० [हिं० चाह] १. ऐसी वस्तु की प्राप्ति अथवा ऐसे कार्य या बात की सिद्धि की इच्छा करना जिससे संतोष या सुख मिल सकता हो। जैसे—कौन नहीं चाहता कि मैं धनी हो जाऊँ। २. किसी से कोई चीज लेने या कोई कार्य कर देने की विनयपूर्ण प्रार्थना करना। जैसे—हम तो आपकी ही कृपा-दृष्टि चाहते है। ३. अधिकार या अनधिकारपूर्वक किसी का या किसी से कुछ लेने की उत्कट या उग्र इच्छा व्यक्त करना। जैसे—मेरा भाई तो मेरी जान लेना चाहता है। ४ अनुराग, प्रेम या स्नेह-पूर्वक किसी व्यक्ति को अपने पास और सुख से रखने की अभिलाषा या कामना करना। जैसे—माता अपने छोटे पुत्र को बहुत चाहती है। ५. शृंगारिक क्षेत्र में, स्त्री के मन में किसी पुरुष के प्रति अथवा प्रतिक्रमात् कामवासना से युक्त अनुराग या प्रेम का भाव होना। जैसे—राजा अपनी छोटी रानी को सब से अधिक चाहता था। ६. अनुराग, चाह या प्रेम से युक्त होकर किसी की ओर ताकना या देखना। जोहना। उदा०—अली अली की ओट ह्वै चली भली विधि चाहि।—बिहारी। ७. साधारण रूप से देखना। दृष्टिपात करना। उदा०—चालिया चंदाणी मग चाहि।—पृथ्वीराज।

स्त्री० चाहने की अवस्था या भाव। जैसे—आप की चाहना तो यहाँ भी है।

चाहा—पुं० [सं० चाष] एक प्रकार का जल-पक्षी जिसका सारा शरीर फूलदार और पीठ सुनहरी होती है। लोग मांस के लिए इसका शिकार करते हैं। यह कई प्रकार का होता है। जैसे-चाहा करमाठी =गर्दन सफेद बाकी सब अंग काले। चाहा चुकवा = चोंच और पैर लाल; बाकी सब अंग खाकी; चाहा लमगोड़ा =लंबी और चितकबरी चोंच वाला।

†पुं० [हिं० चाहना] [स्त्री० चाही] वह जिसे चाहा या जिससे प्रेम किया जाय। चहेता। प्रिय।

चाहि*—अव्य० [सं० चैव = और भी?] बनिस्बत। से। किसी की तुलना में अधिक या बढ़कर। उदा०—कहँ धनु कुलिसहु चाहि कठोरा। —तुलसी।

चाहिए—अव्य० [हिं० चाहना] १ आवश्यकता या जरूरत है। जैसे—हमें वह पुस्तक चाहिए। २ उचित, मुनासिब या वाजिब है। जैसे—आगे से तुमको सँभलकर चलना चाहिए।

चाही—वि० [फा० चाह =कूआँ] (खेत) जो कूएँ के पानी से सींचा जाता हो।

चाहे—अव्य० [हिं० चाहना] १. 'यदि जी चाहे' का संक्षिप्त रूप। यदि जी चाहे। यदि मन में आवे। जैसे—(क) चाहे यहाँ रहो, चाहे वहाँ। (ख) जो चाहे सो करो। २. दो में से किसी एक वरण करने के प्रसंग में, जो इच्छा हो। जो चाहते हो। जैसे—चाहे कपड़ा ले लो, चाहे रुपया। ३. जो कुछ हो सकता हो, वह सब; या उनमें से कुछ। जैसे—चाहे जो हो; तुम वहाँ जरूर जाओ।

चिअाँ—पुं० =चीआँ (इमली का बीज)।

चिउँटा—पुं० = चींटा। (देखे)

चिउँटी—स्त्री० = चींटी। (देखे)

चिकारा—पुं० = चिकारा।

चिगट—पुं० [सं०] [स्त्री० अल्पा० चिगटी] झींगा मछली।

चिगड़ा—पुं० [सं० चिगट] झींगा (मछली)।

चिगना—पुं० [सं० चिगट?] १. मुरगी आदि का छोटा बच्चा। २. छोटा बच्चा।

चिगारी—स्त्री० = चिनगारी।

चिगुड़ना—अ० [हिं० सिकुड़ना] १. सूखने आदि के कारण ऊपरी तल में झुर्रियाँ या शिकन पड़ना। जैसे—शरीर का चमड़ा चिगुड़ना। २. एक ही स्थिति में रहने अथवा तनाव या दबाव पड़ने और फलतः खून का दौरा रुकने के कारण नसों आदि का इस प्रकार तनना या सिकुड़ना कि वह अंग सहसा उठाया या फैलाया न जा सके। ३. संकुचित होना। सिकुड़ना। जैसे—कपड़ा चिगुड़ना।

चिगुड़ा—पु० [हिं० चिगुड़ना] बहुत देर तक एक स्थिति में रहने के कारण किसी अंग के चिगुड़ने की स्थिति जिसमें वह अंग फैलाने से जल्दी न फैले।

क्रि० प्र०—लगना।

पु० [?] एक प्रकार का बगला।

चिगुरना—अ० =चिगुड़ना।

चिगुरा—पुं०=चिगुड़ा।

चिचुला—पुं० [देश०] १. बच्चा। बालक। २. पक्षियों आदि का बच्चा।

चिचाड़—स्त्री० [सं० चीत्कार] १. हाथी का बहुत जोर से चिल्लाने या बोलने का शब्द। २. किसी के सहसा उत्तेजित होकर बहुत जोर से चिल्लाने की ध्वनि या शब्द। (क्व०)

चिचाड़ना—अ० [सं० चीत्कार] १. हाथी का बहुत जोर से चिल्लाना या बोलना। २. उक्त प्रकार से सहसा जोर की ध्वनि या शब्द करना। चिल्लाना। चीखना।

चिचाना—अ०=चिचाड़ना।

चिचा—स्त्री० [स० चिञ्√चि (चयन)+ड—टाप्] १ इमली। २. इमली का बीज। चीआँ।

चिचाटक—पु० [सं० चिचा√अट् (गमनादि)+ण्वुल्—अक] चेंच नामक साग।

चिचाम्ल—पुं० [सं० चिचा-अम्ल, उपमि०स०] चूका नामक साग।

चिचिका—स्त्री० [स० चिचा+कन्—टाप्, ह्रस्व, इत्व] घुँचची। गुंजा।

चिचिणी—स्त्री० [सं०] १. इमली का पेड़। २. इमली की फली।

चिची—स्त्री० [स० चिच+ङीष्] गुंजा। घुँचची।

चिचीटक—पु० [स० चिचाटक, पृषो० सिद्धि] चेंच नाम का साग।

चिजा—पु० [स० चिरजीव] [स्त्री० चिजी] १. पुत्र। बेटा। २. बालक। लड़का। ३. जीव-जंतुओं का छोटा बच्चा।

चिड—पु० [स०] नृत्य का एक प्रकार या भेद।

चित—स्त्री० १.=चितन। २.=चिंता।

चितक—वि० [स०√चित् (सोचना-विचारना)+णिच्+ण्वुल्—अक] १. चितन या मनन करनेवाला। २. चिंता करनेवाला। ३. चाहने तथा सोचनेवाला। जैसे—शुभचितक।

चितन—पु० [स०√चित्+णिच्+ल्युट्—अन] [वि० चितनीय, चितित, चित्य] १ कोई बात समझने या सोचने के लिए मन में बार-बार किया जानेवाला उसका ध्यान या विचार। मन ही मन किया जानेवाला विवेचन। गौर। जैसे—यह विषय अच्छी तरह चितन करने के योग्य है। २. किसी वस्तु या विषय का स्वरूप जानने या समझने के लिए मन में रह-रहकर होनेवाला उसका ध्यान या स्मरण। जैसे—ईश्वर चितन में समय बिताना।

चितना—स्त्री० [स०√चित्+णिच्+युच्—अन, टाप्] १. चितन करने की क्रिया या भाव। चितन। २. चिंता। फिक्र। ३. सोच-विचार। *स० १. किसी का चितन या ध्यान करना। २. किसी बात की चिंता या फिक्र करना। ३ किसी विषय का विचार करना। गौर करना। सोचना-समझना।

चितनीय—वि०[स√चित्+णिच्+अनीयर्] १. जिसका चितन किया जा सके या हो सके। जो चितन का विषय हो सके। २. जिसके संबंध में चिंता, फिक्र या सोच करना आवश्यक अथवा उचित हो। जो चिंता का विषय हो। जैसे—रोगी की दशा चितनीय है।

चितवन*—पु०=चितन।

चिंता—स्त्री० [स०√चित्+णिच्+अङ्—टाप्] १. चितन करने का कार्य या भाव। किसी बात या विचार का मन में होनेवाला ध्यान या स्मरण। मन में उठने और कुछ समय तक बनी रहनेवाली भावना। २. मन को विकल करने या विचलित रखनेवाली वह भावना जो कोई कष्ट या संकट उपस्थित होने या सामने आने पर उसका निवारण करने आ उससे बचने के उपाय सोचने के संबंध में होती है। फिक्र। सोच। (बरी)

विशेष—साहित्य में तैंतीस संचारी भावों में से एक जिसके विभाव धन-हानि, वस्तु का अपहरण, निर्धनता आदि और अनुभाव उच्छ्वास, चिंतन, दुर्बलता, नत मुख होना आदि कहे गये हैं। और इसे वियोग की दस दशाओं में दूसरा स्थान दिया गया है।

३. किसी बात के महत्त्व का विचार। परवाह। (सदा नहिक रूप में) जैसे—तुम्हें इसकी क्या चिंता है!

मुहा०—(किसी बात की) चिंता लगना=चिंता का बराबर बना रहना। जैसे—तुम्हें तो दिन-रात खाने की चिंता लगी रहती है।

पद—कुछ चिंता नहीं=कुछ परवाह नहीं। खटके की कोई बात नहीं है। चिंता मत करो।

४. कोई ऐसी बात या विषय जिसके लिए चितन या फिक्र की जाती हो या की जानी चाहिए।

चिंताकुल—वि० [चिंता-आकुल, तृ०त०] चिंता से आकुल या उद्विग्न।

चिंता-जनक—वि०[ष०त०] १. चिंता उत्पन्न करनेवाला। जिसके कारण मन में चिंता हो। २. जिसकी अवस्था गंभीर या शोचनीय हो।

चिंतातुर—वि०[चिंता-आतुर,तृ०त०] चिंता से उद्विग्न या घबराया हुआ।

चिंतापर—वि०[चिंता-पर, ब०स०] जो चितन या चिंता में लगा हुआ या लीन हो।

चिंता-मणि—पु०[स०त०] १.एक प्रसिद्ध कल्पित मणि या रत्न जिसके संबंध में कहा जाता है कि जिसके पास यह रहता है, उसकी सब आवश्यकताएँ आप से आप और तुरत पूरी हो जाती है। २ कोई ऐसी चीज या तत्त्व जो किसी विषय की सभी आवश्यकताएँ और इच्छाएँ पूरी कर दे। ३. ब्रह्मा। ४. परमात्मा। ५ सरस्वती का एक मंत्र जो लड़के की जीभ पर इसलिए लिखा जाता है कि उसे खूब विद्या आवे। ६. एक बुद्ध का नाम। ७. घोड़े के गले की एक भौरी जो शुभ मानी जाती है। ८.वह घोड़ा जिसके गले में उक्त भौंरी हो। ९. फलित ज्योतिष में यात्रा का एक योग। १०. वैद्यक में एक प्रकार का रस जो अभ्रक, गंधक, पारे आदि के योग से बनता है। ११. पुराणानुसार एक गणेश जिन्होंने कपिल के यहाँ जन्म लेकर महाबाढ़ नामक दैत्य से उस चिंतामणि रत्न का उद्धार किया था जो उसने कपिल से छीन लिया था।

चिंता-भवन (नृ)—पु० [ष०त०] गोष्ठी, मंत्रणा, विचार आदि करने का स्थान। मंत्रणागृह।

चिंता-शील—वि०[ब०स०] १. जो किसी बात की प्रायः या बहुत चिंता करता रहता हो: २ दे० 'चिंतन-शील'।

चिंतित—पु० [सं०] १. एक प्राचीन देश। २. उक्त देश का निवासी।

चिंतित—भू०कृ० [स०√चित्+क्त] जो चिंता से विकल हो रहा हो। जिसे किसी बात की चिंता या फिक्र हो रही हो। चिंतायुक्त।

चिंतिति—स्त्री०[स०√चित्+क्तिन्] चिंता।

चिंतीड़ी—स्त्री० [स०=तिंतिड़ी, पृषो० सिद्धि] इमली।

चित्य—वि०[स० चित्+ण्यत्] १. जिसके संबंध में चिंता करना आवश्यक या उचित हो। २. दे० 'चिंतनीय'।

चिंची—स्त्री० [देश०] किसी चीज का बहुत ही छोटा टुकड़ा या चव्वी।

मुहा०—चिंची चिंची करना=किसी चीज को ऐसा तोड़ना-फोड़ना या

चीरना-फाड़ना कि उसके टुकड़े-टुकड़े हो जायँ। धज्जियों के रूप में लाना। **हिंदी की चिंदी निकालना**=बहुत ही सूक्ष्म परन्तु व्यर्थ का तर्क करना या दोष निकालना।

चिंपा—पुं०[देश०] एक प्रकार का काला कीड़ा जो ज्वार, बाजरे, अरहर और तमाखू की फसल में लगकर उसे खा जाता है।

चिंपाजी—पुं०[अ० शिंपैंजी] अफ्रीका में होनेवाला एक प्रकार का बनमानुष जिसकी आकृति मनुष्य से बहुत मिलती-जुलती होती है। इसके सारे शरीर पर काले, घने और मोटे बाल होते हैं। यह प्रायः झुंड बनाकर रहता है।

चिउँटा—पु०=च्यूँटा। (देखें)

चिउँटी—स्त्री०=च्यूँटी। (देखें)

चिउड़ा—पु०=चिड़वा। (देखें)

चिउरा—पु०=चिड़वा।

चिउली—स्त्री०[देश०] १. महुए की जाति का एक जंगली पेड़ जिसमें से एक प्रकार का तेल निकलता है जो मक्खन की तरह जम जाता है। और इसी लिए जो कही-कही घी में मिलाया जाता है। २. एक प्रकार का रंगीन रेशमी कपडा।

स्त्री०[सं० चिपिट, प्रा० चिविड, चिविल] चिकनी सुपारी।

चिक—स्त्री०[तु०चिक] बाँस या सरकडे की तीलियों का बना हुआ झँझरीदार परदा। चिलमन।

पु० मांस बेचनेवाला कसाई। बूचड।

स्त्री०[अनु०] कमर, पीठ आदि में बल पडने के कारण सहसा उत्पन्न होनेवाला दर्द या चिलक।

पु० =चेक (देयादेश)।

चिकट—वि० =चिक्कट।

चिकटना—अ० [हिं० चिकट] चिक्कट से युक्त होना। मैल जमने के कारण चिपचिपा होना।

चिकटा—वि०=चिक्कट।

चिकड़ी—स्त्री०[देश०] एक प्रकार का छोटा पेड़ जिसकी लकड़ी बहुत मजबूत होती है। इस लकड़ी की कघियाँ बहुत अच्छी बनती हैं।

चिकन—पुं०[फा०] एक प्रकार का सूती कपड़ा जिस पर सूई और डोरे से कढ़े हुए उभारदार फूल या बूटियाँ बनी होती हैं।

चिकनकारी—स्त्री० [फा०] कपड़े पर सूई-डोरे की सहायता से उभारदार फूल, बूटियाँ आदि काढ़ने या बनाने की कला या काम।

चिकनगर—पुं०[फा०] चिकन का काम करनेवाला कारीगर।

चिकनदोज—पु० =चिकनगर।

चिकना—वि०[सं० चिक्कण, प्रा० चिक्कण्ण, गु० चिकोणु, मरा० चिक्कण] [वि० स्त्री० चिकनी] १. जिसका ऊपरी तल जरा भी ऊबड़-खाबड़ या खुरदरा न हो, बल्कि इतना समतल हो कि उँगली या हाथ फेरने से कहीं उभार न जान पड़े। जैसे—चिकना पत्थर, चिकनी लकड़ी। २. जिसका ऊपरी तल बहुत ही कोमल और बिलकुल सम हो। जिस पर पैर या हाथ बिना किसी बाधा या रुकावट के आगे बढ़ता या फिसलता जाय। जैसे—चिकनी जमीन, चिकनी मलमल। ३. जिसका ऊपरी तल या रूप बना सँवारकर बहुत ही मोहक और स्वच्छ किया गया हो। जैसे—तुम्हारा यह चिकना मुँह देखकर ही कोई तुम्हें नौकरी नहीं देगा।

मुहा०—चिकने घड़े पर पानी पड़ना=अच्छी बातों का उसी प्रकार व्यर्थ सिद्ध होना जिस प्रकार चिकने घड़े पर पानी पड़ना इसलिए व्यर्थ सिद्ध होता है कि वह पानी तुरंत बहकर नीचे चला जाता है।

पद—चिकना घड़ा=(क) वह जिस पर उपदेश, दड आदि का कुछ भी प्रभाव न पड़ता हो, फलतः निर्लज्ज या लापरवाह। (उक्त मुहावरे के आधार पर) **चिकना-चुपड़ा**=(क) घी, तेल आदि लगाकर अच्छी तरह चिकना और साफ किया हुआ। (ख) अच्छी तरह सजाया हुआ। (ग) ऊपर से देखने पर बहुत अच्छा जान पड़ने या प्रिय लगनेवाला। जैसे—चिकनी-चुपड़ी बातें।

४. जिस पर घी, चरबी, तेल या ऐसा ही और कोई स्निग्ध पदार्थ चुपड़ा या लगा हो। जिसका खुरदरापन या रुखाई किसी प्रकार दूर कर दी गई हो। ५. जिसका ऊपरी रूप केवल दिखाने के विचार से संवारकर सुन्दर बनाया गया हो।

मुहा०—चिकना देखकर फिसल पड़ना=केवल वैभव, सजावट, सौंदर्य आदि देखकर मोहित होना। केवल ऊपरी रूप देखकर रीझना।

६. केवल दूसरों को प्रसन्न करने के लिए चिकनी-चुपड़ी अर्थात् मीठी और सुन्दर बातें कहनेवाला। खुशामदी। चाटुकार। ७ अनुराग, प्रेम या स्नेह करनेवाला। (क्व०)

पुं० घी, चरबी, तेल आदि चिकने पदार्थ। जैसे—इसमें चिकना बहुत अधिक पड़ा है।

चिकनाई—स्त्री०[हिं० चिकना+ई (प्रत्य०)] १. चिकने होने की अवस्था या भाव। चिकनापन। चिकनाहट। २. मन, व्यवहार आदि की सरसता या स्निग्धता। ३. घी, तेल आदि चिकने पदार्थ।

चिकनाना—स०[हिं० चिकना] १. खुरदरापन दूर करके ऊपरी तल चिकना, सम या साफ करना। २. घी, तेल या और कोई चिकना पदार्थ लगा कर रूखापन दूर करना। ३. किसी प्रकार साफ और स्वच्छ करना या बनाना-सँवारना। ४. केवल अनुरक्त या प्रसन्न करने के लिए मीठी बातें कहना। ५. कोई बिगड़ी हुई बात बनाने के लिए बनावटी बातें कहना।

अ० १. चिकना होना। २. चिकने पदार्थ से युक्त होकर स्निग्ध बनना। ३. शरीर में कुछ चरबी भरने और ऊपर से सँवारे-सजाये जाने के कारण डील-डौल या रूप-रंग अच्छा निकलना या बनना। जैसे—जब से उनका रोजगार चला है, तब से बहुत कुछ चिकना गये हैं। ४. अनुराग, स्नेह आदि से युक्त होना। उदा०—ज्यो ज्यों रुख रूखो करति त्यों त्यों चित चिकनाय।—बिहारी।

चिकनापन—पुं०[हिं० चिकना+पन (प्रत्य०)] चिकने होने की अवस्था या भाव। चिकनाई। चिकनाहट।

चिकनावट†—स्त्री०[हिं० चिकना] १. चिकनी-चुपड़ी बातें कहने की अवस्था या भाव। २. बिगड़ा हुआ काम बनाने के लिए मीठी बातें कहने की क्रिया या भाव। जैसे—तुम्हारी यह चिकनावट हमें अच्छी नही लगती। ३. दे० 'चिकनाहट'।

चिकनाहट—स्त्री०[हिं० चिकना+हट (प्रत्य०)] चिकने होने की अवस्था या भाव। चिकनापन।

चिकनिया—वि०[हिं० चिकना] (व्यक्ति) जो प्रायः या सदा तेल-फुलेल आदि लगाकर और खूब बन-ठनकर रहता हो। छैला और बाँका। सज-

वजवाला और सुन्दर। उदा०—सूरदास प्रभु तजी कामरी अब हरि भए चिकनियाँ।—सूर।

चिकनी मिट्टी—स्त्री० [हिं० चिकनी+मिट्टी] १. एक प्रकार की लसदार मिट्टी जो सिर मलने आदि के काम मे आती है। रेवरी मिट्टी। २. पीले या सफेद रग की वह लसीली मिट्टी जो हाथ धोने तथा जमीन, दीवार आदि लीपने-पोतने के काम आती है।

चिकनी सुपारी—स्त्री० [स० चिक्कणी] एक प्रकार की उबाली हुई बढिया सुपारी जो चिपटी और अधिक स्वादिष्ट होती है। चिकनी डली।

चिकर—पु० [देश०] एक प्रकार का रेशमी कपड़ा।

चिकरना—अ० [स० चीत्कार, प्रा० चीक्कार, चिम्कार] १. चीत्कार करना। जोर से चिल्लाना। २. चिंघाडना।

चिकवा—पु० [देश०] १ एक प्रकार का टसर। २. उक्त टसर का बना हुआ कपड़ा। चिकट।
†पुं०=चिक (कसाई)।

चिकार—पु० [स० चीत्कार, प्रा० चिक्कार] १. चीत्कार। चिल्लाहट।
क्रि० प्र०—पड़ना।—मचना।—मचाना।
२. चिंघाड।

चिकारना—अ० [हिं० चिकार] १ चीत्कार करना। चिल्लाना। २. हाथी का चिंघाड़ना।

चिकारा—पु० [हिं० चिकार] [स्त्री० अल्पा० चिकारी] १. सारंगी की तरह का एक बाजा जो घोड़े के बालों की कमानी से बजाया जाता है। २ [स्त्री० चिकारी] हिरन की जाति का एक जानवर जो बहुत तेज दौड़ता है और अपनी बडी तथा सुन्दर आँखों के लिए प्रसिद्ध है। इसके स्वादिष्ट मांस के लिए इसका शिकार किया जाता है। छिकरी। छिगार।

चिकारी—स्त्री० [हिं० चिकारा] १. छोटा चिकारा। २. मच्छर की तरह का एक फतिंगा।
†स्त्री० =चीत्कार।

चिकित—पु० [स०√कित् (ज्ञाने)+यङ्—लुक्,द्वित्वादि, +अच्] एक ऋषि का नाम।

चिकितायन—पु० [स० चिकित+फक्—आयन] चिकित ऋषि के वंशज।

चिकित्सक—पु० [स० √कित्+सन्, द्वित्वादि, +ण्वुल्—अक] रोगों की चिकित्सा करनेवाला, वैद्य।

चिकित्सन—पु० [सं०√कित्। सन्, द्वित्वादि, +ल्युट्—अन] चिकित्सा करना।

चिकित्सन-प्रमाणक—पु० [ष० त०] वह प्रमाण-पत्र जिसमे चिकित्सक किसी की अवस्था या अस्वस्थता को प्रमाणित करता है। (मेडिकल सर्टिफिकेट)

चिकित्सा—स्त्री० [स०√कित्+सन्, द्वित्वादि, +अ—टाप्] १. वे सब उपाय और कार्य जो किसी रोगी का रोग दूर कर उसे स्वस्थ बनाने के लिए किये जाते हैं। इलाज। (ट्रीटमेंट) २ वैद्य का काम या व्यवसाय। ३ उक्त की कोई विशिष्ट प्रणाली या ढग। (थेरेपी) जैसे—जल-चिकित्सा, विद्युत् चिकित्सा।

चिकित्सालय—पु० [चिकित्सा-आलय,ष०त०] वह स्थान जहाँ रोगियों की चिकित्सा की जाती है। अस्पताल। दवाखाना।

चिकित्सावकाश—पुं० [चिकित्सा-अवकाश, च० त०] वह अवकाश या छुट्टी जो किसी रोगी कर्मचारी को चिकित्सा कराने के लिए मिलती है। (मेडिकल लीव)

चिकित्सा-शास्त्र—पु० [ष० त०] वह शास्त्र जिसमें अनेक प्रकार के रोगों के लक्षणों और उनकी चिकित्साओं का विवेचन होता है। (मेडिकल सायन्स)

चिकित्सित—भू० कृ० [स० √कित् मन्, द्वित्वादि, +क्त] जिसकी चिकित्सा या दवा की गई हो। जिसका इलाज किया गया हो।
पु० एक प्राचीन ऋषि का नाम।

चिकित्सु—पु० [स०√कित्+सन्, द्वित्वादि, +उ] चिकित्सक।

चिकित्स्य—वि० [स०√कित् +मन् द्वित्वादि, +यत्] १. (रोग) जिसे दूर किया जा सके। २ (रोगी) जिसे स्वस्थ बनाया जा सके। (क्योरेबुल, उक्त दोनो अर्थों मे)

चिकिन—वि० [स० नि नत नासिका-इनच्, चिक् आदेश] चिपटी नाकवाला।
पु०=चिकन।

चिकिस—पु० [स०√चि (चयन)+ इलच् क् आगम] कीचड। पक।

चिकीर्षक—वि० [स०√कृ (करना)+सन्, द्वित्वादि, +ण्वुल्—अक] (व्यक्ति) जो कोई कार्य करने के लिए इच्छुक हो।

चिकीर्षा—स्त्री० [स०√कृ+सन्, द्वित्वादि, +अ—टाप्] [वि० चिकीर्षित, चिकीर्ष्य] कुछ या कोई काम करने अथवा कोई काम जानने की इच्छा।

चिकुटी†—स्त्री० चिकोटी।

चिकुर—पु० [स० चि√कुर (शब्द करना)+क] १ सिर के बाल। केश। २ पर्वत। पहाड। ३ रेंगकर चलनेवाले जतु। सरीसृप। ४. एक प्रकार का पक्षी। ५. एक प्रकार का वृक्ष। ६ छछूंदर। ७ गिलहरी।
वि० चचल। चपल।

चिकुर-पक्ष—पु० [ष० त०] १ सिर के सँवारे और सजाये हुए बाल। २. बालो की लट। जुल्फ।

चिकुर-भार—पु० [ष० त०] =चिकुर-पक्ष।

चिकुर-हस्त—पु० [ष० त०] =चिकुर-पक्ष।

चिकुरा—पु० [स० चिकुर] १ चिकुर नामक पक्षी का बच्चा। २. चिडिया का बच्चा।

चिकूर—पु० [स०चिकुर, नि०-दीर्घ] =चिकुर (केश)।

चिकोटी—स्त्री० [अनु०] हाथ की चुटकी की वह मुद्रा जिससे किसी के शरीर का थोड़ा-सा मास पकडकर (उसे पीडित अथवा कभी सचेत करने के लिए) दबाया जाता है। चुटकी।

चिक्क—वि० [सं० चिक्√कै (शब्द करना)+क] चिपटी नाकवाला।
पुं० छछूंदर।
पु०=चिक (कसाई)।
स्त्री० =चिक (तीलियों का झँझरीदार परदा)।

चिक्कट—वि० [स० चिक्किल्द] १ चिकनाहट और मैल से भरा हुआ। जिस पर तेल आदि की मैल जमी हो। बहुत गंदा और मैला। २. चिपचिपा। लसीला।

†पुं० [?] १. एक प्रकार का टसर या रेशमी कपड़ा। २. वे कपड़े जो भाई अपनी बहन को उसकी संतान के विवाह के समय देता है।

चिक्कण—वि० [सं० √चिक्क् (शब्द करना)+क] चिकना।
पुं० १. सुपारी का पेड़ और फल। २. हरीतकी। हरें। ३ आयुर्वेद में पाक बनाने के समय उसके नीचे की आँच की एक अवस्था।

चिक्कना—स्त्री०[सं० चिक्कण+टाप्]=चिक्कणी।

चिक्कनी—स्त्री०[स० चिक्कण+ङीप्] १. सुपारी। २. हड़। हरें।

चिक्कस—वि०=चिकना।

चिक्करना—अ० [सं० चीत्कार] चीत्कार करना। जोर से चिल्लाना।

चिक्कस—पुं० [सं०√चिक्क् (पीसना)+असच्] १. जौ का आटा अथवा जौ के आटे का बना हुआ भोजन। २. तेल और हल्दी के योग से बनाया हुआ जौ के आटे का उबटन जो प्रायः यज्ञोपवीत के समय वटु के शरीर पर मला जाता है।
पु०[देश०] लोहे, पीतल आदि के छड़ का बना हुआ वह अड्डा जिस पर तोते, बाज, बुलबुल आदि पक्षी बैठाये जाते हैं।

चिक्का—स्त्री०[सं०√चिक्क्+अच्-टाप्] सुपारी।
पुं०=चिक्कि (चूहा)।
†पु०=चक्का।

चिक्कार—पु०=चीत्कार।

चिक्किर—पु०[स०√चिक्क्+इरच्] १. एक प्रकार का जहरीला चूहा जिसके काटने से सूजन होती है। २ गिलहरी।

चिक्किल्ल—पु० [स०√क्लिद् (गीला करना)+यङ्—लुक्, द्वित्वादि,+अच्] १. आर्द्रता। नमी। २. चंद्रमा।

चिक्ना†—पु० [हिं० चखना] मद्यपान के समय चखी या खाई जानेवाली चटपटी चीज। चाट।
†स०=चखना।

चिक्कर—पु०[सं० चिकुर या चिक्क?] चने का छिलका या भूसी। चने की कराई।

चिक्खल्ल—पु०[सं०]१ कीचड़। २ दलदल।

चिखुरन—स्त्री०[स० चिकुर?] पौधों आदि के आस-पास आप से आप उग आनेवाली घास।

चिखुरना—स०[हिं० चिखुरन] पौधों आदि के आस-पास उगी हुई घास को निकालना।

चिखुरा—पु० [सं० चिक्किर या चिकुर] [स्त्री० चिखुरी] नर गिलहरी। गिलहरा।

चिखुराई—स्त्री०[हिं०चिखुराना] चिखुरने अर्थात् पौधों आदि के आस-पास उगी हुई घास को उखाड़ने तथा निकालने की क्रिया, भाव या मजदूरी।
स्त्री०[हिं० चीखना=चखना] चखने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक।

चिखुरी—स्त्री०[हिं० चिखुरा] गिलहरी।

चिखौनी—स्त्री०[हिं० चीखना] १. चखने या स्वाद देखने की क्रिया या भाव। २. मद्य आदि के साथ चखकर खाई जानेवाली चीज। चाट।

चिग—स्त्री०=चिक (बाँस की तीलियों का झँझरीदार परदा)।

चिचड़ा—पु० [सं० चिचिड] १. डेढ़ हाथ ऊँचा एक प्रकार का बरसाती पौधा जिसकी डालों में थोड़ी-थोड़ी दूर पर गाँठें होती हैं। इसकी जड़, पत्तियाँ आदि दवा के काम आती हैं। इसके फल ककड़ी की तरह के होते और तरकारी के काम आते हैं। २. अपामार्ग। ३. पशुओं के शरीर में चिमटकर उनका खून पीनेवाला एक प्रसिद्ध कीड़ा। किलनी।

चिचड़ी—स्त्री०[देश०] एक प्रकार का छोटा कीड़ा जो गाय, बैल आदि पशुओं के विभिन्न अंगों में चिपका रहता और उनका खून पीता है। किलनी।

चिचान—पु०[सं०सचान] बाज पक्षी।

चिचाना†—अ०=चिल्लाना।

चिचिया—स्त्री०=चिचड़ा।

चिचियाना—अ०[अनु० चीं चीं] [भाव० चिचियाहट] बार-बार जोर से चिल्लाना।

चिचियाहट—स्त्री०=चिल्लाहट।

चिचुकना—अ०=चुचुकना।

चिचेड़ा—पु० =चचींड़ा।

चिचोड़ना—स०=चचोड़ना।

चिचोड़वाना—स०=चचोड़वाना।

चिज्जक्ति—स्त्री०[सं० चिद्-शक्ति, कर्म०स०] चेतना-शक्ति।

चिज्जड़—पुं०[स०] १. महाभारत के अनुसार एक प्राचीन देश। २. उक्त देश का निवासी।

चिज्जारा—पु०[?] मकान बनानेवाला कारीगर। मेमार। राज।

चिज्जड़—वि०[स० चिद्-जड, कर्म० स०] जो कुछ अंशों में चेतन और कुछ अंशों में जड़ हो।

चिट—स्त्री०[हिं० चिट्ठी से?] १ कागज का वह छोटा टुकड़ा जिस पर कोई बात लिखी जाय। छोटा पत्र। रुक्का। २ कागज, कपड़े आदि का फटा हुआ कोई छोटा लंबा टुकड़ा। धज्जी।

चिटक—वि०=चिकट या चीकट (बहुत गंदा और मैला)।

चिटकना—अ० [अनु० चिट चिट+ना (प्रत्य०)] १. कड़े तलवाले पदार्थ का चिट शब्द करते हुए टूटना अथवा उसमें पतली दरार पड़ना। जैसे—लालटेन की चिमनी चिटकना। २. लकड़ी का जलते समय चिट चिट शब्द करते हुए चिंगारियाँ छोड़ना। ३. चिट शब्द करने हुए खिलना। जैसे—कलियों का चिटकना। ४. अपनी इच्छा के अनुसार कोई कार्य न होते देख अथवा अपने विरुद्ध कोई कार्य या बात होते देखकर महसा कुछ बिगड़ खड़े होना। ५. चिढ़ना।

चिटकनी—स्त्री०=सिटकिनी।

चिटका—पुं०=चिता।

चिटकाना—स० [अनु०]१. किसी चीज को चिटखने मे प्रवृत्त करना। २. किसी व्यक्ति को चिढ़ाना या चिढ़ाना।

चिटनवीस—पु०[हिं० चिट+फा० नवीस] मध्ययुग मे दक्षिण भारतीय दरबारों आदि में चिट्ठी-पत्री या हिसाब-किताब लिखनेवाला कर्मचारी। मुहर्रिर। लेखक।

चिटनीस—पुं०=चिटनवीस।

चिट्ठी—स्त्री० [सं०√चिट् (प्रेरणा)+क—ङीप्] चांडाल वेश वारिणी योगिनी, जिसकी उपासना वशीकरण के लिए की जाती है। (तंत्रशास्त्र)

चिटकी—स्त्री०=चुटकी।

चिट्ठ—स्त्री०=चिट।

चिट्ठा—वि०[सं० सित, प्रा० चित] [स्त्री० चिट्ठी] जिसका रंग या वर्ण सफेद हो। जैसे—कपड़ा धोने से चिट्टा हो जाता है।

पुं० १. कुछ विशेष प्रकार की मछलियों के ऊपर का सीप के आकार का बहुत सफेद छिलका या पपड़ी जिससे रेशम के लिए माँड़ी तैयार की जाती है। २. रुपया (दलालों की बोली)।

पु०[चटचट शब्द से अनु०?] वह उत्तेजना जो किसी को कोई ऐसा काम करने के लिए दी जाय जिसमें उसकी हानि या हँसी हो। झूठा बढ़ावा।

क्रि० प्र०—देना।

मुहा०—चिट्ठा लड़ाना=उक्त प्रकार की उत्तेजना देकर किसी को कुछ अनुचित काम करने में प्रवृत्त करना।

चिट्ठा—पु० [हि० चिट्ठी का पु० रूप] १ आय-व्यय या लेन-देन का वह हिसाब जो मुख्यतः एक ही कागज पर लिखा गया हो। उदा०—दिया चिट्ठा चाकरी चुकाई।—कबीर।

मुहा०—चिट्ठा बाँटना (क) दैनिक मजदूरी पर काम करनेवाले मजदूरों की मजदूरी चुकाना। जैसे—अब मगल के दिन चिट्ठा बँटेगा। (ख) बिट्ठे पर लिखे हुए आदमियों को अन्न या रसद बाँटना।

चिट्ठा बाँधना आय-व्यय आदि का लेखा तैयार करना।

२ वह कागज जिसपर नियमित रूप से किसी निश्चित अवधि के आय-व्यय आदि का मोटा हिसाब लिखा रहता है और जिससे यह पता चलता है कि इस काम में कितना आर्थिक लाभ या हानि हुई। जैसे—कोठी या दूकान का छमाही या सालाना चिट्ठा। ३. वह कागज जिसपर प्राप्त या प्राप्य धनराशि का विवरण लिखा रहता है।

मुहा०—चिट्ठा उतारना (क) चिट्ठा तैयार करना या बनाना। (ख) चिट्ठे पर लिखी हुई रकम वसूल करना। (ग) लोगों से रकम वसूल करते हुए चिट्ठे पर क्रमशः लिखते या लिखाते चलना।

४ किसी प्रकार के काम में लगनेवाले धन का विवरण। खरच के मदों की सूची। जैसे—ब्याह का चिट्ठा, मकान की मरम्मत का चिट्ठा।

५ किसी काम या बात का पूरा ब्योरा या विस्तृत विवरण।

पद—कच्चा चिट्ठा (क) आय-व्यय आदि का वह आरंभिक विवरण जो अभी पूरी तरह से जँचा न हो अथवा ठीक और पक्का न माना जा सकता हो। जैसे—पहले कच्चा चिट्ठा तैयार कर लो, तब रोकड़ पर चढ़ाना। (ख) किसी आदमी के आचरण, व्यवहार आदि का अथवा घटना के संबंध की ऐसी बातों का विवरण जो अभी तक पूरी तरह से सबके सामने न आया हो अथवा जिसमें कुछ ऐसी बातें हों जो अनुचित होने के कारण साधारणतः सब लोगों के सामने आने योग्य न हों। जैसे—अब तुम चुपचाप बैठे रहो नहीं तो वह तुम्हारा सारा कच्चा चिट्ठा खोलकर रख देगा।

क्रि० प्र०—खोलना।

चिट्ठी—स्त्री०[सं० चिट् (?) चिट्टीका-चिट्ठी; फा० चिट; उ० बँ० मरा० मि० चिठी, प० चिट्ठी] १. एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा जानेवाला कागज का वह टुकड़ा जिस पर सूचना आदि के लिए कुछ समाचार लिखे हों। खत। पत्र। २. मध्य युग में किसी के नाम लिखा हुआ वह पत्र जिसमें किसी को कुछ रुपए देने का आग्रह या आदेश होता था।

मुहा०—(किसी के नाम) चिट्ठी करना=किसी के नाम इस आशय का पत्र लिखना कि अमुक व्यक्ति या पत्र-वाहक को हमारे हिसाब में इतने रुपए दे दो। **(किसी की) चिट्ठी भरना**=(क) किसी के लिखे हुए पत्र के अनुसार किसी को कुछ रुपए देना। (ख) किसी प्रकार की विवशता के कारण किसी दूसरे का ऋण, देन आदि चुकाना या और किसी तरह का खरच करना। जैसे—नानी खसम करे, दोहता चिट्ठी भरे। —कहा०।

३ कागज का कोई ऐसा छोटा टुकड़ा या पुरजा जिस पर कुछ लिखा हो। जैसे—निमंत्रण या ब्राह्मण भोजन की चिट्ठी। ४. वह कागज या पत्र जिस पर कहीं भेजे जानेवाले माल की तालिका, मूल्य, विवरण आदि लिखे रहते हैं। ५. वह क्रियात्मक प्रणाली जिसके अनुसार कुछ नाम या किसी समस्या के सहित और सहित सूचक संकेत कागज के छोटे-छोटे टुकड़ों पर अलग-अलग लिखकर उन कागजों की छोटी गोलियाँ बनाई जाती हैं; और तब उनमें से कोई गोली उठाकर यह निश्चय किया जाता है कि अमुक काम कौन करे, अमुक चीज किसे मिले अथवा अमुक काम किया जाना चाहिए या नहीं। गोटी। (बैलट)

क्रि० प्र०—उठाना।—डालना।—निकलना।—पड़ना।

चिट्ठी-पत्री—स्त्री०[हि० चिट्ठी+पत्री] १. एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने-जानेवाला खत। पत्र। २. आपस में चिट्ठियों या पत्र भेजने-मँगाने आदि का व्यवहार। पत्र-व्यवहार। पत्राचार। (कारेस्पान्डेन्स)

चिट्ठीरसाँ—पु०[हि०चिट्ठी+फा० रसाँ] डाकखाने से आई हुई चिट्ठियाँ बाँटनेवाला कर्मचारी। डाकिया।

चिड़—स्त्री०[सं० चटक] चिड़िया। पक्षी। उदा०—चारौ पल सीधौ चिड।—प्रिथीराज।

स्त्री०—चिढ़।

चिड़चिड़ा—वि० [हि० चिड़चिड़ाना] [स्त्री० चिड़चिड़ी] १. (व्यक्ति) जो बिना किसी बात के अथवा बहुत ही साधारण बात से चिढ़कर बिगड़ खड़ा होता हो। बात-बात पर क्रुद्ध हो जानेवाला। जैसे—रुपए-पैसे की तंगी से वे चिड़चिड़े हो गये हैं। २. (स्वभाव) जिसमें चिड़चिड़ापन हो। ३. जो चिड़ चिड़ या चिट चिट शब्द करता हुआ जलता हो। जैसे—चिड़ चिड़ लकड़ी।

पु०[अनु०] भूरे रंग का एक प्रकार का छोटा पक्षी।

†पु० चिचड़।

चिड़चिड़ाना—अ०[अनु०] [भाव० चिड़चिड़ाहट] १.(व्यक्ति के संबंध में) जरा-सी बात से चिढ़कर क्रोध-भरी बातें कहना। नाराज होना। बिगड़ बैठना। २ (काठ या जलावन के संबंध में) जलने या जलाने पर चिड़ चिड़ शब्द होना। ३ (पदार्थ के संबंध में) ऊपरी तल का सूख कर जगह-जगह से थोड़ा बहुत उखड़ या फट जाना। जैसे—चमड़े का पट्टा या जूता चिड़चिड़ाना।

स० किसी व्यक्ति को इस प्रकार अप्रसन्न या रुष्ट करना कि वह चिढ़ या बिगड़कर उलटी-सीधी बातें कहने लगे। जैसे—तुमने तो आते ही उन्हें चिड़चिड़ा दिया।

चिड़चिड़ाहट—स्त्री० [हिं० चिड़चिड़ाना+हट (प्रत्य०)] १. चिड़चिड़ाने की अवस्था, क्रिया या भाव।

चिड़वा—पुं० [सं० चिविट] हरे भिगोये या कुछ उबाले हुए धान को भाड़ में भूनकर और फिर कूटकर बनाया हुआ उसका चिपटा दाना। चिउड़ा।

चिड़ा—पुं० [हिं० चिड़ी का पु०] गौरा या गौरैया पक्षी का नर।

चिड़ाना—स० दे० 'चिढ़ाना'।

चिड़ारा—पु० [देश०] नीची जमीन का खेत जिसमे जड़हन बोया जाता है। डबरी।

चिड़िया—स्त्री० [सं० चटिका, प्रा० चडिआ या सं० चिरि =नोना] १. वह जीव जो पक्षी या परों की सहायता से आकाश में उड़ता है। पक्षी।

मुहा०—चिड़िया के छिनाले में पकड़ा जाना=अकारण झंझट में पड़ना या फँसना।

२ गौरैया।

पद—चिड़िया का दूध=ऐसी चीज जो वास्तव मे उसी प्रकार न होती हो, जिस प्रकार चिड़ियों का दूध नहीं होता। **चिड़िया-नोचन**=ऐसी स्थिति जिसमें चारों ओर से लोग उसी प्रकार तंग या परेशान करते हों, जैसे—चिड़िया के पर नोचे जाते हैं।

३ ऐसा मालदार असामी जिसमे कुछ धन ऐंठा या ठगा जा सकता हो।

४ कोई युवती और सुंदर परन्तु कुछ दुश्चरित्रा स्त्री। (बाजारू)

पद—सोने की चिड़िया=(क) बहुत बड़ा और मालदार असामी। (ख) बहुत रूपवती या सुंदरी स्त्री।

५ काठ का वह डंडा जिसके ऊपर दोनों ओर निकला हुआ कुछ लंबोतरा अंश होता है और जो किसी चीज के नीचे बैसाखी की तरह टेक या सहारे के लिए लगाया जाता है। जैसे—डोली या पाल्की रोकने के समय उसके डंडो के नीचे लगाई जानेवाली चिड़िया। ६. उक्त आकार का लोहे का वह टुकड़ा जो तराजू की डांडी के ऊपर और नीचे लगा रहता है। ७ अँगिया, कुरती आदि मे लगे हुए वे गोलाकार टुकड़े जिनमें स्त्रियों के स्तन रहते हैं। कटोरी। ८. पायजामे, लहँगे आदि का वह ऊपरी नलाकार अंश जिसमे इजारबंद या नाला डाला जाता है। नेफा। ९ ताश के चार रंगों मे से एक रंग जो काला और प्रायः पक्षी के आकार का होता है। चिड़ी। (शेष तीन रंग हुकुम, पान और ईंट कहलाते हैं।) १०. एक प्रकार की सिलाई जिसमे पहले कपड़े के दोनों पल्ले सीकर तब सिलाई की ओरवाले उनके दोनों सिरों को अलग-अलग उन्हीं पल्लों पर उलट कर इस प्रकार बखिया कर देते हैं कि एक प्रकार की बेल-सी बन जाती है।

चिड़ियाखाना—पु० = चिड़िया-घर।

चिड़िया-घर—पु० [हिं० पद] वह स्थान जहाँ अनेक प्रकार के पशु-पक्षी आदि जन-साधारण को प्रदर्शित करने के लिए एकत्र करके रखे जाते हैं। चिड़िया-खाना। (जू)

चिड़िया-चुनमुन—पु० [हिं० चिड़िया+अनु०] चिड़िया और उनकी तरह के दूसरे छोटे जीव-जंतु।

चिड़िहार—पु० [हिं० चिड़िया+हार (प्रत्य०)] चिड़िया पकड़नेवाला व्यक्ति। बहेलिया।

चिड़ी—स्त्री० [हिं० चिड़िया] १. चिड़िया। पक्षी। पखेरू। २. ताश का चिड़िया नामक रंग।

चिड़ीमार—पुं० [हिं० चिड़ी + मारना] चिड़िया पकड़ने या फँसानेवाला। बहेलिया।

चिढ़—स्त्री० [हिं० चिढ़ना] १. चिढ़ने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. किसी विशिष्ट काम या बात के प्रति होनेवाली वह मनोवृत्ति जिसमें वह चिढ़ना (अर्थात् अप्रसन्न होता या खीझता) हो। किसी के प्रति होनेवाला रोषपूर्ण विराग। जैसे—मुझे चालबाजी और झूठ से बहुत चिढ़ है। ३. किसी के संबंध में ढूँढकर निकाली या बनाई हुई वह बात जिससे वह बहुत चिढ़ता हो। जैसे—उनकी चिढ़ 'करेला' थी। अर्थात् करेला कहने या दिखाने पर वे बहुत चिढ़ते थे।

मुहा०—(किसी की) चिढ़ निकालना=किसी को चिढ़ाने के लिए कोई खास बात ढूँढ निकालना। जैसे—जब वह सिरके के नाम से बहुत चिढ़ने लगे तो लोगों ने उनके लिए सिरके की चिढ़ निकाली।

चिढ़कना†—अ० = चिढ़ना।

चिढ़काना†—स० = चिढ़ाना।

चिढ़ना—अ० [हिं० चिबचिड़ाना] १. कोई अप्रिय या अरुचिकर घटना देख या बात सुनकर दुःखी तथा क्षुब्ध होना। जैसे—(क) वे पैसे के नाम पर चिढ़ जाते हैं। (ख) उन्हें स्त्री जाति से चिढ़ है। २ वैर-विरोध आदि के कारण किसी का नाम अथवा उसका कार्य या बात सुनना या देखना न पसंद करना। जैसे—वह तुम्हारे नाम से चिढ़ता है।

चिढ़ाना—स० [हिं० चिढ़ाना का प्रे०] किसी को दूसरे से चिढ़ाने का काम कराना।

चिढ़ाना—स० [हिं० चिढ़ना] १. जान-बूझकर कोई ऐसा काम करना या बात कहना जिससे कोई चिढ़े और नाराज हो। अप्रसन्न और खिन्न करना। खिझाना। जैसे—तुम तो मेरा नाम लेकर उन्हें और भी चिढ़ाते हो। २. किसी को अप्रसन्न या खिन्न करने के लिए उसी की तरह की कोई चेष्टा करना या मुद्रा बनाना। नकल उतारना।

मुहा०—(किसी का) मुँह चिढ़ाना=उपहास करने के लिए उपेक्षापूर्वक किसी के बोलने, हँसने आदि अथवा मुख की आकृति का विद्रूपित अनुकरण करना। बहुत बिगाड़कर वैसा ही मुँह बनाना जैसा किसी दूसरे का हो। जैसे—रास्ते में लड़के बुढ़िया को मुँह चिढ़ाते थे।

३. किसी का उपहास करके उसे अप्रसन्न और खिन्न करने के लिए बार-बार कोई काम करना या बात कहना। जैसे—अब तो घर के लड़के भी उन्हें चिढ़ाने लगे हैं।

चिढ़ौनी—स्त्री० [हिं० चिढ़ाना] ऐसी बात जो किसी को केवल चिढ़ाने के लिए प्राय. बार-बार कही जाती हो। छेड़।

चित्—स्त्री० [सं० √चित् (ज्ञाने)+क्विप्] १ सोची, विचारी या अनुभूत की हुई कोई बात। विचार। अनुभूति। २ चेतना। ज्ञान। ३. चित्त की वृत्ति। ४ हृदय। मन। ५. आत्मा। ६. ब्रह्म। ७. रामानुजाचार्य के अनुसार तीन पदार्थों में से एक जो ज्ञान-स्वरूप, नित्य, निर्मल, और भोक्ता कहा गया है। ८. अग्नि।

प्रत्य० संस्कृत का एक अनिश्चयवाचक प्रत्यय जो क, किम् आदि सर्वनाम शब्दों में लगता है। जैसे—कदाचित्, कश्चित्, किंचित् आदि।

चित—वि० [सं० √चि (चयन करना)+क्त] १. चुनकर इकट्ठा किया हुआ। ढेर के रूप में लगाया हुआ। २. ढका हुआ। आच्छादित।

वि० [सं० चित्र] इस प्रकार जमीन पर लंबा पड़ा हुआ कि पीठ या

पीछे की ओर के सब अंग जमीन से लगे हों और छाती, पेट, मुँह आदि ऊपर हों। पीठ के बल सीधा पड़ा हुआ। 'औंधा' या 'पट' का विपर्याय।

विशेष—प्राचीन काल में चित्र प्रायः कपड़ों पर बनाये जाते थे; इसी लिए उन्हें चित्र-पट कहते थे। जिस ओर चित्र बना रहता था उस ओर का भाग चित्र कहलाता था; और उसके विपरीत नीचेवाला भाग पट (कपड़ा) कहलाता था। इसी चित्र-पट में के चित्र और पट शब्द से विशेषण रूप में 'चित' और 'पट' शब्द बने हैं।

मुहा०—(किसी की) चित करना = कुश्ती में पछाड़कर जमीन पर सीधा पटकना जो हराने का सूचक होता है। **चित होना**=बेसुध होकर या और किसी प्रकार सीधे पड़ जाना। जैसे—इतनी भाँग में तो तुम चित हो जाओगे।

पद—चारों खाने (या शाने) चित = (क) हाथ-पैर फैलाये बिलकुल पीठ के बल पड़ा हुआ। (ख) लाक्षणिक रूप में, पूरी तरह से परास्त या हारा हुआ।

क्रि० वि० पीठ के बल। जैसे—चित गिरना या लेटना।

पु० [हिं० चितवन] चितवन। दृष्टि। नजर।

†पु० = चित्र।

चितउन*—स्त्री० = चितवन।

चितउर*—पु० दे० 'चित्तौर'। २. दे० 'चित्त'।

चितकबरा—वि० [सं० चित्र+कर्बुर] [स्त्री० चितकबरी] १. सफेद रंग पर काले, लाल या पीले दागोंवाला। २. रंग-बिरंगा। कबरा। चितला। शबल। जैसे—चितकबरा कबूतर, चितकबरी बिल्ली।

पुं० उक्त प्रकार का रंग या वर्ण।

चितकाबर—वि० = चितकबरा।

चितकूट*—पुं० = चित्रकूट।

चितगुप्ति—पु० = चित्रगुप्त।

चित-चोर—पु० [हिं० चित+चोर] चित्त को चुराने अर्थात् मोहित करने या लुभानेवाला। बलपूर्वक अपनी ओर अनुरक्त और मुग्ध कर लेनेवाला। परम आकर्षक और मनोहर (व्यक्ति)।

चित-पट—पु० [हिं० चित+पट] १ बाजी लगाकर खेला जानेवाला एक प्रकार का खेल जिसमें किसी फेंकी हुई वस्तु (जैसे—सिक्का आदि) के चित या पट पड़ने पर हार या जीत मानी जाती है। २. मल्ल-युद्ध। कुश्ती। (क्व०)

चित-बाहु—पु० [हिं० चित+बाहु] तलवार चलाने के ३२ प्रकारों या हाथों में से एक।

चित-भंग—पु० [हिं० चित+भंग] १. वह अवस्था जिसमें मनुष्य का चित्त या मन एकाग्र और स्वस्थ न रह सके। मानस शांति में होनेवाली बाधा। २. किसी ओर से मन उचटने पर होनेवाली उदासी और बिकलता। ३. चेतना, ज्ञान, बुद्धि आदि का ठिकाने न रहना।

चितरना—स० [सं० चित्र] १. चित्रित करना। चित्र बनाना। २. बेल-बूटों आदि की तरह की आकृतियाँ बनाना। जैसे—आड़ चितरना= किसी रंग या चमकीली चीज से मस्तक या मुख पर बेल-बूटों आदि की आकृतियाँ बनाना। ३. ठीक ढंग से लगाना। जैसे—काजल चितरना।

चितरवा—पु० दे० 'चितरोंग'।

चितरा†—पु० = चीतल (देखे)।

चितराला—पु० [सं० चित्र] एक प्रकार का छोटा जंतु या पशु जो छोटे-छोटे झुंडों में रहता और प्रायः पेड़ों पर चढ़कर गिलहरियाँ, चिड़ियाँ आदि खाता है।

चितरोख†—पु० [सं० चित्रक] लाल रंग की एक प्रकार की छोटी सुंदर चिड़िया जिसकी चोंच और पीठ काली तथा पेट कुछ लाल होते हैं।

चितला—वि० [स० चित्रल] चितकबरा। रंग-बिरंगा।

पु० १. एक प्रकार का खरबूजा जिसके छिलके पर चित्तियाँ होती हैं। २. एक प्रकार की बड़ी मछली जिसकी पीठ उभारदार होती है और जिसके शरीर से यथेष्ट चरबी निकलती है जो खाने और जलाने के काम आती है।

चितवन—स्त्री० [हिं० चितवना] १ किसी की ओर प्रेमपूर्वक या स्नेहपूर्वक देखने की अवस्था, ढंग या भाव। २. दृष्टि। निगाह।

चितवना—स० [सं० चित्+ध्यानपूर्वक देखना] १ अनुराग या स्नेहपूर्वक किसी की ओर देखना। उदा०—जियन मरन झुकि झुकि परत जेहि चितवत इक बार।—बिहारी। २. यों ही या जल्दी में देख जाना। उदा०—फिरि चितवा पाछै प्रभु देखा।—तुलसी।

चितवनि—स्त्री०=चितवन।

चितवाना—स० [हिं० चितवना का प्रे०] किसी को चितवने (देखने) में प्रवृत्त करना।

चितसारी—स्त्री० दे० 'चित्रसारी'।

चिता—स्त्री० [सं० √चि (चयन करना)+क्त—टाप्] १ क्रम से चुनकर रखी या सजाई हुई लकड़ियों का वह ढेर जिस पर मृत शरीर जलाये जाते हैं। चिति। चिन्या। चैत्य।

मुहा०—चिता चुनना या सजाना=शव-दाह के लिए लकड़ियाँ क्रम से सजाकर रखना। चिता तैयार करना। **चिता पर चढ़ना**=मरने पर जलाये जाने के लिए चिता पर रखा जाना। (**स्त्री का**) **चिता पर चढ़ना**=पति के शव के साथ उसकी चिता पर जलने के लिए जाकर बैठना। २. श्मशान। मरघट।

चितागी†—स्त्री० १. = चेतावनी। २ चितवन।

चिताना—स०=चेताना (देखे)।

अ० [सं० चित्रण] चित्रित होना। उदा०—लता सुमन पशु पच्छि चित्र सों चारु चिताए।—रत्नाकर।

स० चित्रित करना।

चिता-प्रताप—पुं० [ष० त०] जीते जी चिता पर रखकर जला देने का दंड।

चिता-भूमि—स्त्री० [ष० त०] मरघट। श्मशान।

चितारना—स० [स० चिंतन] १. चित्त या मन में लाना। किसी ओर चित्त या ध्यान देना। उदा०—युगें चितारैं भी चुगें चुगि चुगि चितारैं।—कबीर। २. ध्यान में लाना। याद करना। उदा०—रे पपइया प्यारे कब को बैर चितारयो।—मीराँ।

†स०=चितरना।

चितारी—पु०=चितेरा।

चितारोहण—पु० [चिता-आरोहण, स० त०] १. चिता पर जल मरने के उद्देश्य से चढ़कर बैठना। २. विधवा स्त्री का सती होने के लिए अपने पति के शव के साथ चिता पर बैठना।

चितावनी—स्त्री० = चेतावनी।

चिता-साधन—पुं० [स० त०] चिता के पास या श्मशान पर बैठकर इष्ट-सिद्धि के लिए मंत्र आदि जपना। (तंत्र)

चिति—स्त्री० [सं० √चि (चयन करना) +क्तिन्] १. चुनकर लगाने या सजाने की क्रिया या भाव। २. चिता। ३. ढेर। राशि। ४. अग्नि का एक प्रकार का वैदिक संस्कार। ५ यज्ञ में वेदी बनाने की ईंटों का एक संस्कार। ६. चेतनता। ७. दुर्गा।

चितिका—स्त्री० [सं० चिति √कै (शब्द करना) +क—टाप्] १. करधनी। मेखला। २. दे० 'चिति'।

चितिया—वि० [हिं० चिती] जिस पर चित्तियाँ या दाग पड़े हों। चितीदार। जैसे—चितिया साँप, चितिया हिरन।

चितिया गुड़—पु० [हि०] खजूर की चीनी की जूमी से जमाया हुआ गुड़।

चिति-व्यवहार—पुं० [ष० त०] गणित की वह क्रिया जिसके द्वारा किसी दीवार या मकान में लगनेवाली ईंटों आदि की संख्या जानी जाती है।

चितु†—पु० = चित्त।

चितेरा—पु० [सं० चित्रकार, गु० चितारो, प० चितेरा, सिंह० मितिरए] [स्त्री० चितेरिन, चितेरी] वह जो चित्र अंकित करने या बनाने का काम करता हो। चित्रकार। मुसौवर।

चितेला—पु० = चितेरा।

चितेना—स० = चितवना।

चितौन—स्त्री० = चितवन।

चितौना—स० = चितवना।

चितौनि (नी)—स्त्री० = चितवन।

चित्कार—पुं० = चीत्कार।

चित्त—पु० [स० √चित् (ज्ञान करना) +क्त] १ अंत करण की चार वृत्तियों में से एक जो अतिरिंद्रिय के रूप में मानी गई है और जिसके द्वारा धारणा, भावना आदि की क्रियाएँ सम्पन्न होती हैं। जी। दिल। मुहा०—**चित्त उचटना** = किसी काम, बात या स्थान से जी विरक्त होना या हटना। दिल को भला न लगना। **चित्त करना** = जी चाहना। इच्छा होना। जैसे—उनसे मिलने को मेरा चित्त नहीं करता। **चित्त चढ़ना**=दे० "चित्त पर चढ़ना'। **चित्त चिहुँटना**=प्रेमासक्त होने के कारण मन में कष्टदायक स्मृति होना। उदा०—नहिं अन्हाय नहिं जाय घर चित चिहुँटयो तकि तीर।—बिहारी। **चित्त चुराना**=मन को मोहित करना। **चित्त देना**=ध्यान देना। मन लगाना। उदा०—चित्त दै सुनो हमारी बात।—सूर। **चित्त धरना**= (क) किसी बात पर ध्यान देना। मन लगाना। (ख) कोई बात या विचार मन में लाना। उदा०—हमारे प्रभु औगुन चित न धरौ—सूर। **चित्त पर चढ़ना** = (क) मन में बसने के कारण बार-बार ध्यान में आना। (ख) स्मृति जाग्रत होना। याद आना या पड़ना। **चित्त बँटना** =एक बात या विषय की ओर ध्यान रहने की दशा में कुछ समय के लिए दूसरी ओर ध्यान जाना जो बाधा के रूप में हो जाता है। **चित्त में जमना, बैठना या बैठना** = अच्छी तरह हृदयंगम होना। दृढ़ निश्चय के रूप में मन में बैठना। **चित्त में होना या चित्त होना** = इच्छा होना। जी चाहना। **चित्त लगना**= किसी काम या बात में मन की वृत्ति लगना। ध्यान लगना। जैसे—चित्त लगाकर काम किया करो। **चित्त से उतरना**=(क) ध्यान में न रहना। भूल जाना। जैसे—वह बात हमारे चित्त से उतर गई थी। (ख) पहले की तरह आदरणीय या प्रिय न रह जाना। जैसे—अब तो वह हमारे चित्त से उतर गया है। **चित्त से न टलना** =ध्यान में बराबर बना रहना। न भूलना।

२. नृत्य में, शृंगारिक प्रसंगों में अनुराग, प्रसन्नता आदि प्रकट करनेवाली चितवन या दृष्टि।

†वि० दे० 'चित्त'।

चित्तक—पुं० दे० 'चित्रक'।

चित्त-कल्पित—वि० [स० त०] १. मन में जिसकी आशा या ध्यान किया गया हो। २. प्रत्याशित।

चित्त-गर्भ—वि० [सं० चित्त √गर्भ् (ग्रहण करना) +अच्, उप० स०] मनोहर। सुंदर।

चित्त-चारी (रिन्)—वि० [सं० चित्त√चर् (चलना) +णिनि, उप० स०] दूसरों की इच्छा के अनुसार आचरण करने या चलनेवाला।

चित्त-चोर—पु० [ष० त०] = चित्त-चोर।

चित्तज—वि० [सं० चित्त √जन् (उत्पन्न होना) +ड, उप० स०] चित्त या मन से उत्पन्न।

पुं० १. प्रेम। २ कामदेव।

चित्त-जन्मा (न्मन्)—पु० [ब० स०] कामदेव।

चित्तज्ञ—वि० [सं० चित्त √ज्ञा (जानना) +क उप० स०] दूसरों के चित्त या मन की बातें जाननेवाला।

चित्त-निवृत्ति—स्त्री० [ष० त०] इच्छा, कष्ट, भावना आदि से होनेवाला चित्त का छुटकारा या निवृत्ति। मन की शांति, संतोष और सुख।

चित्त-प्रसादन—पुं० [ष० त०] योग में चित्त का एक संस्कार जो करुणा, मैत्री, हर्ष आदि के उपयुक्त व्यवहार द्वारा होता है। जैसे—किसी को सुखी देखकर प्रसन्न होना, दुःखी के प्रति करुणा दिखाना, पुण्य के प्रति हर्ष और पाप के प्रति उपेक्षा करना। इस से चित्त में सात्त्विक वृत्ति का प्रादुर्भाव होता है।

चित्त-भंग—पु० [ब० स०] बदरिकाश्रम के समीप स्थित एक पर्वत श्रेणी।

चित्त-भू—पु० [स० चित्त √भू (होना) +क्विप्, उप० स०] १ प्रेम। २. कामदेव।

चित्त-भूमि—स्त्री० [ष० त०] योग-साधन के समय होनेवाली चित्त की भिन्न-भिन्न अवस्थाएँ या वृत्तियाँ जिनमें से कुछ तो अनुकूल और कुछ बाधक होती हैं। मुख्यतः क्षिप्त, मूढ, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध ये पाँच चित्त-भूमियाँ मानी गई हैं जिनमें से अन्तिम दो योग-साधन के लिए अनुकूल होती हैं।

चित्त-भेद—पु० [ष० त०] १. मन की अस्थिरता और चंचलता। २. दृष्टिकोणों या विचारों में होनेवाला भेद।

चित्त-भ्रम—पु० [ष० त०] १. मन में होनेवाला किसी प्रकार का भ्रम या भ्रांति। २. [ब० स०] उन्माद। पागलपन।

चित्त-भ्रांति—स्त्री० [ष० त०] =चित्त-भ्रम।

चित्त-योनि—पु० [ब० स०] कामदेव।

चित्तर†—पु० = चित्र।

चित्तर-शारी*—स्त्री० = चित्रशाला।

चित्तरा†—स्त्री० =चित्रा (नक्षत्र)।

चित्तल—पु० =चीतल। (मृग)।

चित्तवान् (वत्)—वि० [सं० चिंता+मतुप्, म =व] [स्त्री० चित्तवती] जिसके चित्त में सदा अच्छी बातें रहती हों।

चित्त-विक्षेप—पु० [ष० त०] १. चित्त का एकाग्र न हो पाना या न रह जाना। चित्त का स्थिर न रहना। २. चित्त की अस्थिरता या चंचलता।

चित्त-विद्—पु० [सं० चित्त√विद् (जानना)+क्विप्, उप० स०] १. वह जो दूसरों के चित्त की बात जानता हो। २. वह जो चित्त या मन के सब भेद और रहस्य जानता हो।

चित्त-विप्लव—पु० [ब० स०] उन्माद। पागलपन।

चित्त-विभ्रंश—पु० [ब० स०] =चित्त-भ्रम।

चित्त-विभ्रम—पु० =चित्त-भ्रम।

चित्त-विश्लेषण—पु० [ष० त०] मनोविश्लेषण। (दे०)

चित्त-वृत्ति—स्त्री० [ष० त०] १. चित्त की गति। चित्त की अवस्था। २. अभिरुचि। झुकाव।

चित्त-शुद्धि—स्त्री० [ष० त०] बुरे विचारों को मन से हटाकर अच्छी बातों की ओर ध्यान देना जिससे चित्त निर्मल तथा शुद्ध हो जाय।

चित्त-हारी (रिन्)—वि० [सं० चित्त√हृ (हरण करना)+णिनि, उप० स०] चित्त हरण करनेवाला, अर्थात् आकर्षक। मनोहर।

चित्ताकर्षक—वि० [सं० चित्त-आकर्षक, ष० त०] जो चित्त को अपनी ओर आकृष्ट करता हो। मोहित करने या लुभानेवाला।

चित्तापहारक—वि० [सं० चित्त-अपहारक ष० त०] =चित्तहारी।

चित्ताभोग—पु० [सं० चित्त आभोग, ष० त०] १. पूर्ण चेतनता। २. किसी विषय के प्रति मन की आसक्ति।

चित्तासंग—पु० [सं० चित्त-आसंग] अनुराग। प्रेम।

चित्ति—स्त्री० [सं० √चित् (ज्ञान होना)+क्तिन्] १. चित्त का वह वृत्ति जो मनुष्य को सोचने-विचारने में प्रवृत्त या समर्थ करती है। २. ख्याति। प्रसिद्धि। ३. आस्था। श्रद्धा। ४ कर्म। कार्य। ५ ५. उद्देश्य। लक्ष्य। ६. अथर्व ऋषि की पत्नी का नाम।

चित्ती—स्त्री० [सं० चित्र, प्रा० चित्त] १. किसी एक रंगवाली वस्तु पर दूसरे रंग का लगा हुआ चिह्न या दाग।

मुहा०—(रोटी पर) चित्ती पड़ना=रोटी सेकते समय उस पर छोटे-छोटे काले दाग पड़ना।

२. वे छोटे-छोटे चिह्न आदि जो वस्त्रों पर काढ़े या छापे जाते हैं। ३ मादा लाल। मुनिया। ४ एक प्रकार का साँप। चीतल। (दे०)

स्त्री० [हिं० चित=सफेद दाग] एक ओर से कुछ रंगड़ा हुआ इमली का बिचाँ जिससे छोटे लड़के जूआ खेलते हैं।

चित्तोद्रेक—पु० [सं० चित्त-उद्रेक, ष० त०] गर्व। घमंड।

चित्तौर—पु० [सं० चित्रकूट, प्रा० चित्त ऊट्ठ, चित्तउट्ठ] राजपूताने का एक प्रसिद्ध नगर जहाँ किसी समय महाराणा प्रताप की राजधानी थी।

चित्य—वि० [सं० √चि (चयन)+क्यप्, तुक् आगम] १. इकट्ठा किये या चुने जाने के योग्य। २. जो इकट्ठा किया या चुना जा सके। ३. चिता संबंधी।

पु० १. चिता। २ अग्नि।

चित्र—पु० [सं० √चित्र् (लिखना)+अच्] १. चंदन आदि से शरीर के किसी अंग विशेषतः मस्तक पर बनाया जानेवाला चिह्न। तिलक। २. कलम, कूची, पेंसिल आदि की सहायता से कपड़े, कागज, दीवार या किसी चिपटे तलवाली वस्तु पर बनाई हुई किसी वस्तु या व्यक्ति की आकृति।

क्रि० प्र०—उतारना। —बनाना।—लिखना।

३ यंत्र की सहायता से खींचा या छापा जानेवाला चित्र। जैसे—कैमरे का चित्र (फोटो) या समाचार-पत्रों में प्रकाशित होनेवाले चित्र। ४. कल्पना करने या साचने पर मानसिक चक्षुओं के सामने आनेवाली आकृति या रूप। मानसिक चित्र। ५. चित्र-काव्य। (दे०) ६ एक प्रकार का वर्ण-वृत्त जिसका प्रत्येक चरण समानिका वृत्त के दो चरणों के योग से बनता है। ७ काव्य के तीन अंगों में से एक जिसमें व्यंग्य की प्रधानता नहीं होती। अलंकार। ८ चित्रगंध। ९ एक नरक का नाम। १०. धृतराष्ट्र के सौ पुत्रों में से एक। ११. रेंड़ का पेड़। १२ अशोक वृक्ष। १३. चित्रक। चीता। १४ एक प्रकार का कोढ़ जिसमें शरीर में सफेद चित्तियाँ या दाग पड़ जाते हैं।

वि० १. रंग-बिरंगा। कई रंगों का। २. चित्त-कबरा। ३ अनेक प्रकार का। कई तरह का। ४ अद्भुत। विचित्र। विलक्षण। ५ प्रायः बदलता रहनेवाला या तरह-तरह के रंग बदलनेवाला। ६ चित्र की तरह सब प्रकार से ठीक, दुरुस्त और सुंदर।

चित्र-कंठ—पु० [ब० स०] कबूतर।

चित्र-कंबल—पु० [कर्म० स०] १. कालीन, दरी या इसी तरह की और कोई रंगीन बनावटवाला कपड़ा। २ हाथी की झूल।

चित्रक—पु० [सं० चित्र+कन्] १ मस्तक पर लगाया जानेवाला टीका या तिलक। २. चीता नामक पेड़। ३. चीता नाम का जंतु। ४. रेंड़ का पेड़। ५ चिरायता। ६ मूसाकानी का पेड़। ७ चित्रकार। ८ बहादुर। शूर-वीर।

चित्र-कर—पु० [सं० चित्र √कृ (करना)+ट, उप० स०] १ एक संकर जाति जिसकी उत्पत्ति विश्वकर्मा पुरुष और शूद्रा स्त्री से कही गई है। २ उक्त जाति का व्यक्ति। ३ तिनिश का पेड़। ४. चित्रकार।

चित्र-कर्म (न्)—पु० [ष० त०] चित्रकारी।

चित्रकर्मी (र्मिन्)—पु० [सं० चित्रकर्म+इनि] १. चित्रकार। मुसौवर। २. अद्भुत या विलक्षण काम करनेवाला व्यक्ति। ३. तिनिश का पेड़।

चित्र-कला—स्त्री० [ष० त०] चित्र अंकित करने की क्रिया, ढंग, भाव या विद्या। तसवीर बनाने का हुनर।

चित्र-काय—पु० [ब० स०] चीता। (जंतु)

चित्र-कार—पु० [सं० चित्र √कृ (करना)+अण् उप० स०] वह व्यक्ति जो चित्र अंकित करने की कला में दक्ष हो। चित्र बनानेवाला। चितेरा।

चित्रकारी—स्त्री० [हिं० चित्र+कारी] १ चित्र बनाने की कला या विद्या। २. चित्रकार का काम, पद या भाव। ३. बनाये हुए चित्र।

चित्र-काव्य—पु० [मध्य० स०] वह आलंकारिक काव्य जिसके चरणों की रचना ऐसी युक्ति से की गई हो कि वे चरण किसी विशिष्ट क्रम से लिखे जाने पर कमल, खड्ग, घोड़े, रथ, हाथी आदि के चित्रों के समान बन जाते हों। (इसकी गणना अधम प्रकार के काव्यों में होती है।)

चित्र-कुष्ठ—पु० [मध्य० स०] सफेद कोढ़।

चित्र-कूट—पुं० [सं० ब० स०] १. उत्तर प्रदेश का एक प्रसिद्ध रमणीय पर्वत जहाँ वन-वास के समय राम-लक्ष्मण और सीता ने बहुत दिनों तक निवास किया था। यह बाँदा जिले में है और इसके नीचे पयोष्णी नदी बहती है। २. हिमवत् खंड के अनुसार हिमालय की एक चोटी का नाम। ३. राजस्थान के चित्तौर नगर का पुराना नाम।

चित्र-कृत्—पुं०[सं० चित्र √कृ(करना) +क्विप्, तुक्, उप० स०]१. चित्र कार। २. तिनिश का पेड़।
वि० अद्भुत। विलक्षण।

चित्र-केतु—पुं० [ब० स०] १ वह जिसकी पताका चित्रित या रंग-बिरंगी हो। २. लक्ष्मण के एक पुत्र का नाम। (भागवत) ३. वशिष्ठ के एक पुत्र का नाम। ४ गरुड़ के एक पुत्र का नाम। ५. शूरसेन का एक पौराणिक राजा जिसे नारद ने मंत्र का उपदेश दिया था।

चित्र-कोण—पुं० [ब० स०] १. कुटकी। २ काली कपास।

चित्र-गंध—पुं० [ब० स०] हरताल।

चित्रगुप्त—पुं० [ब० स०] पुराणानुसार चौदह यमराजों में से एक जो प्राणियों के पाप और पुण्य का लेखा रखनेवाले कहे गये है।

चित्र-घंटा—स्त्री० [ब० स०] एक देवी जो नौ दुर्गाओं में से एक है।

चित्र-जल्प—पुं० [कर्म० स०] साहित्य में ऐसी बातें जो मान करने-वाली नायिका अथवा रूठा हुआ नायक एक दूसरे से कहते है। (इसके दस भेद कहे गये है।)

चित्र-ज्ञात—पुं० चित्र योग।

चित्रण—पुं० [स० √चित्र + णिच + ल्युट्-अन] १ चित्र अंकित करने या बनाने की क्रिया या भाव। २ चित्र में रंग भरने का भाव। ३. किसी घटना, भाव, वस्तु, व्यक्ति आदि का विशद तथा सजीव रूप से शब्दों में किया जानेवाला वर्णन। जैसे-चरित्र-चित्रण।

चित्र-तंदुल—पुं० [ब० स०] वायविडंग।

चित्र-तल—पुं० [प० त०] वह तल या सतह जिस पर चित्र अंकित हो। जैसे—कपड़ा, कागज, काठ, पत्थर आदि।

चित्र-ताल—पुं० [कर्म० स०] संगीत में एक प्रकार का चौताला ताल।

चित्र-तैल—पुं० [कर्म० स०] अंडी या रेंडी का तेल।

चित्र-त्वक् (च्)—पुं० [ब० स०] भोज-पत्र।

चित्र-दंडक—पुं० [ब० स०, कप्] जमीकंद। सूरन।

चित्र-देव—पुं० [कर्म० स०] कार्तिकेय के एक अनुचर का नाम।

चित्र-देवी—स्त्री० [कर्म० स०] १. एक प्रकार की देवी या शक्ति। २. महेन्द्रवारुणी लता।

चित्र-धर्मा (र्मन्)—पुं० [ब० स०, अनिच्] महाभारत में उल्लिखित एक दैत्य।

चित्र-धाम—पुं० [कर्म० स०] यज्ञादि में पृथ्वी पर बनाया जानेवाला एक चौकूँटा चक्र जिसके खाने भिन्न-भिन्न रंगों से भरे जाते हैं। सर्वतोभद्र चक्र।

चित्रना—स० [स० चित्र + हि० ना (प्रत्य०)] १. चित्र आदि बनाना। २. चित्रों में रंग भरना। ३. किसी तल पर बेल-बूटे आदि बनाना। ४. शोभा के लिए मुँह पर चमकी आदि लगाना।

चित्र-नेत्रा—स्त्री० [ब० स० टाप्] मैना पक्षी।

चित्र-पक्ष—पुं० [ब० स०] तीतर पक्षी।

चित्र-पट—पुं० [प० त०] १. वह पट (वस्त्र) जिस पर प्राचीन भारत में चित्र बनता था। २. कपड़े या चमड़े पर बना हुआ वह चित्र जो लपेट कर रखा जा सकता हो और आवश्यकता पड़ने पर दीवार आदि पर टाँगा जा सकता हो। ३. कोई ऐसा तल (जैसे-कागज, काठ, पत्थर, हाथी दाँत आदि) जिस पर चित्र बना या अंकित हुआ हो। ४. चल-चित्र। (दे०)

चित्र-पटी—स्त्री० [प० त०] छोटा चित्र-पट।

चित्र-पत्र—पुं० [ब० स०] आँख की पुतली के पीछे का वह परदा जिस पर देखी जानेवाली वस्तुओं का प्रतिबिंब पड़ता है।
वि० रंग-बिरंगे और चित्रित पत्तों या परोंवाला।

चित्र-पत्रिका—स्त्री० [ब० स०, कप्, टाप्, इत्व] १. कपित्थपर्णी वृक्ष। २ द्रोणपुष्पी। गूमा।

चित्र-पत्री—स्त्री० [ब० स०, ङीप्] जल-पिप्पली।

चित्र-पथा—स्त्री० [ब० स०, टाप्] प्रभास तीर्थ के अंतर्गत ब्रह्मकुंड के पास की एक छोटी नदी जो अब सूख चली है।

चित्र-पदा—पुं० [ब० स०, टाप्] १ एक प्रकार का छंद जिसके प्रत्येक चरण में २ भगण और २ गुरु होते है। २ मैना पक्षी। ३. लजालू या लज्जावती लता। छुई-मुई।

चित्र-पर्णी—स्त्री० [ब० स०, ङीप्] १. मजीठ। २ कनफोड़ा नाम की लता। ३ जल-पिप्पली। ४ द्रोण पुष्पी। गूमा।

चित्र-पादा—स्त्री० [ब० स०, टाप्] मैना पक्षी।

चित्र-पिच्छक—पुं [ब० स०] मयूर। मोर।

चित्र-पुंख—पुं [ब० स०] बाण। तीर।

चित्र-पुट—पुं० [ब० स०] संगीत में एक प्रकार का छः ताला ताल।

चित्र-पुत्री—स्त्री० [मध्य० स०] कपड़े, लकड़ी आदि की बनी हुई गुड़िया।

चित्रपुष्प—पुं० [ब० स०] शर जाति की एक घास जिसे राम-शर कहते है।

चित्र-पुष्पी—स्त्री० [ब० स०, ङीष्] आमड़ा।

चित्र-पृष्ठ—पुं० [ब० स०] गौरैया पक्षी।

चित्र-फल—पुं० [ब० स०] १ चितला मछली। २. तरबूज।

चित्र-फलक—पुं० [प० त०] काठ, पत्थर, हाथी-दाँत आदि की वह तख्ती या पटिया जिस पर चित्र बना हो।

चित्रफला—स्त्री० [ब० स०, टाप्] १ ककड़ी। २. बैंगन। ३ भट-कटैया। ४. लिंगिनी नाम की लता। ५ महेन्द्र वारुणी लता। ६ फलुई नाम की मछली।

चित्र-बर्ह—पुं० [ब० स०] १ मोर। मयूर। २ गरुड़ के एक पुत्र का नाम।

चित्रभानु—पुं० [ब० स०] १ अग्नि। २. सूर्य। ३. चीते का पेड़। ४. आक। मदार। ५ भैरव का एक नाम। ६. अश्विनीकुमार। ७. साठ संवत्सरों के अंतर्गत सोलहवें वर्ष का नाम। ८. अर्जुन की पत्नी चित्रांगदा के पिता जो मणिपुर में राज्य करते थे।

चित्र-भेजजा—स्त्री० [ब० स०, टाप्] कठगूलर। कठूमर।

चित्र-भोग—पुं०[ब० स०] राजा का वह सहायक और शुभ-चिंतक जो समय पर अनेक प्रकार के पदार्थों तथा गाड़ी, घोड़े आदि से उसकी सहा-यता करे। (कौ०)

चित्र-मंच—पुं० [ब० स०] संगीत में एक प्रकार का ताल।

चित्र-मंडप—पुं० [ब० स०] १. अश्विनीकुमार। २. अर्जुन की पत्नी

चित्रांगदा के पिता का नाम।

चित्र-मंडल—पुं० [ब० स०] एक प्रकार का साँप।

चित्र-मति—वि० [ब० स०] विचित्र या विलक्षण बुद्धिवाला।

चित्र-मद—पु० [तृ० त०] नाटक में किसी स्त्री का अपने पति या प्रेमी का अभिनय या चित्र देखकर मस्त होना और उसके प्रति अपने अनुराग का भाव दिखलाना।

चित्र-मृग—पु० [कर्म० स०] एक प्रकार का चितकबरा हिरन जिसकी पीठ पर सफेद सफेद-चित्तियाँ होती हैं। चीतल।

चित्र-मेखल—पु० [ब० स०] मयूर। मोर।

चित्र-योध—पु० [कर्म० स०] ६४ कलाओं में से एक जिसके द्वारा बुड्ढे को जवान या जवान को बुड्ढा बनाया जाता था।

चित्र-योधी (धिन्)—वि०[सं० चित्र√युध् (युद्ध करना)+णिनि, उप० स०] असाधारण और विलक्षण योद्धा। अद्भुत ढग से युद्ध करनेवाला। पु० १. अर्जुन। २. अर्जुन वृक्ष।

चित्र-रथ—पु० [ब० स०] १. सूर्य। २. कुबेर का सखा एक गधर्व, अंगारपर्ण। ३. गद के एक पुत्र और श्रीकृष्ण के पौत्र का नाम। ४. गधर्वों के एक राजा का नाम जो कश्यप ऋषि का पुत्र था।

चित्ररथा—स्त्री० [सं० चित्ररथ+टाप्] महाभारत में वर्णित एक नदी।

चित्र-रश्मि—पु० [ब० स] ४९ मरुतों में से एक।

चित्र-रेखा—स्त्री० [ब० स०] बाणासुर की कन्या ऊषा की एक सखी का नाम।

चित्र-रेफ—पु० [ब० स०] १. भागवत के अनुसार शाकद्वीप के राजा प्रियव्रत के पुत्र मेधातिथि के सात पुत्रों में से एक। २. उक्त के नाम पर प्रसिद्ध एक वर्ष अर्थात् भूखंड।

चित्रल—वि० [सं० चित्र√ला (लेना)+क] चितकबरा। रग-बिरगा। चितला।

चित्र-लता—स्त्री० [कर्म० स०] मँजीठ।

चित्रला—स्त्री० [सं० चित्रल+टाप्] गोरखइमली।

चित्र-लिखित—भू० कृ० [उपमि० स०] १ जो चित्र की तरह सुन्दर बनाकर या सजा-सँवार कर लिखा गया हो। २. जो लिखे हुए चित्र की तरह निश्चल हो गया हो।

चित्र-लिपि—स्त्री० [मध्य स०] वह लिपि जिसमे अक्षरों या वर्णों की जगह वस्तुओं और क्रियाओं के चित्र बनाकर उनके द्वारा भाव व्यक्त किये जाते हैं। (पिक्टोग्राफी) जैसे—चीन की प्राचीन लिपि।

चित्र-लेखक—पुं० [ष० त०] चित्रकार।

चित्र-लेखन—पु० [ष० त०] १. कलम, कूँची आदि की सहायता से चित्र अंकित करना। २. बहुत बनाकर और सुन्दर अक्षर लिखना।

चित्र-लेखनी—स्त्री० [ष० त०] चित्र अंकित करने की कलम। कूँची।

चित्र-लेखा—स्त्री० [ब० स०] १. एक प्रकार का वर्ण-वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में १ मगण १ मगण १ नगण और ३ यगण होते हैं। २. बाणासुर की कन्या ऊषा की एक सखी जो चित्र बनाने में बहुत निपुण थी। ३ एक अप्सरा का नाम। ४. [ष० त०] चित्र बनाने की कलम या कूँची।

चित्र-लोचना—स्त्री० [ब० स०] मैना पक्षी।

चित्रवत*—पुं० चित्रकार।

चित्रवत्—वि० [सं० चित्र+वति] उसी प्रकार गति-रहित और स्तब्ध जिस प्रकार चित्र होता है। (ला०)

चित्रवती—स्त्री० [सं० चित्र+मतुप्, वत्व,+ङीप्] गांधार स्वर की एक मूर्च्छना। (संगीत)

चित्रवदाल—पु० [सं० आल, आ√अल् (पर्याप्ति)+अच्, चित्रवत्-आल, कर्म स०] पाठीन मत्स्य। पहिना मछली।

चित्र-वन—पु० [कर्म स०] गडकी नदी के किनारे का पुराण-प्रसिद्ध एक वन।

चित्र-वर्मा (र्मन्)—पुं० [ब० स०] धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।

चित्र-वल्ली—स्त्री० [कर्म० स०] १. विचित्र नामक लता। २. महेन्द्र वारुणी।

चित्र-वहा—स्त्री० [स० चित्र√वह् (ढोना)+अच्-टाप्] महाभारत के अनुसार एक नदी।

चित्र-वाह—पु० [ब० स०] धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।

चित्र-विचित्र—वि० [द्व० स०] १. जिसमें कई रग हों। रंग-बिरंगा। २ जिसके कई रूप या प्रकार हों। ३. विलक्षण। ४ बेल-बूटेदार। ५ नक्काशी-दार।

चित्र-विद्या—स्त्री० [ष० त०] चित्र बनाने की विद्या। चित्रकारी। चित्रकला।

चित्र-विन्यास—पुं० [ष० त०] चित्रकारी।

चित्र-वीर्य्य—वि०[ब० स०] विचित्र और बहुत बडा बलवान् या वीर। पु० लाल रेड।

चित्र-शार्दूल—पु० [कर्म स०] चीता नामक हिंसक पशु।

चित्र-शाला—स्त्री० [ष० त०] १ वह स्थान जहाँ चित्र बनते हों या विक्रयार्थ रखे जाते हों। २. वह स्थान जहाँ प्रदर्शन के लिए बहुत-से चित्र रखे रहते हों। ३ वह कमरा जिसमे बहुत-से चित्र टँगे या लगे हों। (पिक्चर गैलरी) ४ मध्य युग में दंगाल के रहने और सोने का कमरा। (राज०)

चित्र-शालिका—स्त्री०- चित्र-शाला।

चित्र-शिखंडिज—पु० [स० चित्र-शिखंडिन्√ जन् (उत्पत्ति)+ड, उप० स०] बृहस्पति।

चित्र-शिखंडी (ण्डिन्)—पु०[स० चित्र-शिखंड कर्म स०, +इनि] मरीचि, अंगिरा, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, वसिष्ठ ये सातों ऋषि। सप्तर्षि।

चित्र-शिर (स्)—पु० [ब० व० स०] १. एक गधर्व का नाम। २. मल-मूत्र के विकार से उत्पन्न होनेवाला एक प्रकार का विष। (सुश्रुत)

चित्र-शिल्पी (ल्पिन्)—पु० [ष० त०] चित्रकार।

चित्र-संग—पु० [ब० स०] १६ अक्षरों का एक वर्ण-वृत्त।

चित्र-सभा—स्त्री० -चित्र-शाला।

चित्र-सर्प—पु० [कर्म० स०] चीतल साँप।

चित्र-सामग्री—स्त्री० [ष० त०] चित्र अकित करने की सामग्री। जैसे—रग, तूलिका, कागज, कपडा आदि।

चित्र-सारी—स्त्री० [स० चित्र-शाला] १. चित्र अंकित करने या बनाने की क्रिया या भाव। २ चित्रशाला। ३. राजाओं के भोग-विलास और शयन का कमरा जिसमे अनेक सुंदर चित्र लगे रहते थे। ४. स्त्रियों की वह ओढनी जिस पर सलमे-सितारे का काम हुआ हो।

चित्र-सेन—पु० [ब० स०] १. धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम। २. एक गंधर्व का नाम। ३. पुरुवंशी राजा परीक्षित के एक पुत्र। ४. पुरानानुसार शंबरासुर का एक पुत्र।

चित्रस्थ—वि० [सं० चित्र/स्था (ठहरना)+क] १. चित्र में अंकित किया हुआ। २. चित्र में अकित व्यक्ति के समान निश्चल या स्तब्ध।

चित्र-हस्त—पु० [ब० स०] तलवार या और कोई हथियार चलाने का एक विशिष्ट ढग या हाथ।

चित्राकन—पु० [चित्र-अंकन, ष० त०] [भू० कृ० चित्राकित] चित्र अकित करने या हाथ से तसवीर बनाने का काम। आलेख्य कर्म। (पेंटिंग)

चित्राकित—भू० कृ० [स० चित्र-अंकित स० त०] जो चित्र के रूप में या चित्र में अकित किया गया हो। चित्रित।

चित्रांग—वि० [चित्र-अंग, ब० स] जिसके अग पर चित्तियाँ, धारियाँ, चिह्न आदि हों।
पु० १. चितक या चीता नाम का पेड़। २. चीतल माँप। ३. ३ ईंगुर। सिंदूर। ४ हरताल।

चित्रांगद—पु० [चित्र-अगद, ब० स०] १. सत्यवती के गर्भ से उत्पन्न राजा शांतनु के एक पुत्र और विचित्रवीर्य्य के छोटे भाई। २. पुरानानुसार एक गंधर्व। ३ महाभारत के अनुसार दशार्ण के एक राजा।

चित्रांगदा—स्त्री० [स० चित्रागद+टाप्] १. मणिपुर के राजा चित्रवाहन की कन्या जो अर्जुन को ब्याही थी। और जो बभ्रुवाहन की माता थी। २. रावण की एक पत्नी जिसके गर्भ से वीरबाहु का जन्म हुआ था।

चित्रांगी—स्त्री० [स० चित्राग+ङीष्] १. मँजीठ। २. कनखजूरा।

चित्रा—स्त्री० [स०√चित्र्+अच्-टाप्] १. सत्ताइस नक्षत्रों में से चौदहवाँ नक्षत्र जिसमें तीन तारे हैं। इसमें गृह-प्रवेश, गृहारभ, और यानों, वाहनों आदि का व्यवहार शुभ कहा गया है। २ मूषिकपर्णी या मूसाकानी लता। ३. ककड़ी, खीरा आदि फल। ४. दंती वृक्ष। ५. गाँडर नामक घास। ६. मँजीठ। ७. बायबिडंग। ८. अजवायन। ९. चितकबरी गाय। १०. एक अप्सरा का नाम। ११. सुभद्रा का एक नाम। १२. एक प्राचीन नदी। १३. एक प्रकार की रागिनी जो भैरव राग की पत्नी कही गई है। १४. संगीत मे एक प्रकार की मूर्च्छना। १५. एक प्रकार का पुराना बाजा। १६. पंद्रह अक्षरों की एक वर्णवृत्ति जिसमें पहले तीन नगण, फिर दो यगण होते हैं। १७. एक प्रकार की चौपाई जिसके प्रत्येक चरण में सोलह मात्राएँ होती हैं और अंत में एक गुरु होता है। इसकी पाँचवीं, आठवीं और नवीं मात्रा लघु तथा अंतिम मात्रा गुरु होती है।।

चित्राक्ष—पु० [चित्र-अक्षि, ब० स०, षच्] धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।
वि० [स्त्री० चित्राक्षी] विचित्र और सुंदर आँखोंवाला।

चित्राक्षी—स्त्री० [सं० चित्राक्ष+ङीष्] मैना पक्षी।

चित्राटीर—पु० [सं० चित्र+√अट् (गति)+ईरच्] १. चंद्रमा। २. शिव का घंटाकर्ण नामक अनुचर।

चित्रादित्य—पु० [चित्र-आदित्य, मध्य० सं०] प्रभास क्षेत्र में चित्रगुप्त की स्थापित सूर्य्य की मूर्ति। (स्कंद पुराण)

चित्राधार—पु० [चित्र-आधार, ष० त०] कोरे पन्नों की नत्थी की हुई वह पुस्तक जिसमें आग्रहण, चित्र, रेखा-चित्र आदि लगाये जाते हैं। (एलबम)

चित्रान्न—पुं० [चित्र-अन्न, कर्म० स०] बकरी के दूध में पकाया और बकरी के कान के रक्त में रंगा हुआ जौ और चावल। (कर्मकांड)

चित्रायस—पु० [चित्र-अयस्, कर्म० स०, टच्] इस्पात। (लोहा)

चित्रायुध—पु० [चित्र-आयुध, कर्म० स०] १. विलक्षण अस्त्र। २. [ब० स०] धृतराष्ट्र का एक पुत्र।
वि० जिसके पास विचित्र या विलक्षण अस्त्र-शस्त्र हों।

चित्रार—पुं०=चित्रकार। उदा०—किरि कठचीव पूतली निज करि चीत्रारै लागी चित्रण—प्रिथीराज।

चित्राल—पुं० [?] कश्मीर के पश्चिम का एक पहाड़ी प्रदेश। चितराल।

चित्रालय—पु०[चित्र-आलय, ष० त०] चित्रशाला। (दे०)

चित्रावसु—स्त्री० [सं०] तारों से शोभित रात।

चित्रा-चिरली—स्त्री० [सं०] एक प्रकार का पुराना कामदार कपड़ा जो आज-कल की जामदानी की तरह का होता था।

चित्राश्व—पु० [चित्र-अश्व, ब० स०] सत्यवान् का एक नाम।

चित्रिक—पु० [स० त्रैत्र+क, पृषो० सिद्धि] चैत का महीना। चैत्र मास।

चित्रिणी—स्त्री० [स० चित्र+इनि—ङीप्] कामशास्त्र तथा साहित्य मे चार प्रकार की नायिकाओ या स्त्रियो में वह नायिका जो अनेक प्रकार की कलाओ तथा बनाव-सिंगार करने में निपुण हो।

चित्रित—भू० कृ० [स०√चित्र्+क्त] १. चित्र के रूप में खींचा या दिखाया हुआ। २ जिसका रंग-रूप चित्र मे दिखाया गया हो। ३. जिस पर चित्तियाँ, बेल-बूटे आदि बने हों। ४. जिसका चित्रण हुआ हो। ५. जो शब्दों में बहुत ही सुन्दर रूप से लिखा गया हो।

चित्री (त्रिन्)—वि० [सं० चित्र+इनि] १, चितकबरा। २ चित्रित।

चित्रीकरण—पुं० [सं० चित्र+चि्व०, ईत्व-दीर्घ,√कृ (करना)+ल्युट् अन] १. विभिन्न वर्णों से रग भरकर चित्रित करना। २. चित्र के रूप मे लाना या उपस्थित करना। ३. सजाना।

चित्रेश—पु० [चित्रा-ईश, ष० त०] चित्रा नक्षत्र के पति चद्रमा।

चित्रोक्ति—स्त्री० [चित्रा-उक्ति, कर्म स०] १. आकाश। २. अलंकृत भाषा में कही हुई बात। ३.सुन्दर अलकारो से युक्त उक्ति या कविता।

चित्रोत्तर—पु० [चित्र-उत्तर, ब० स०] साहित्य में उत्तर अलंकार का एक भेद जिसमें प्रश्न ऐसे विचित्र ढंग से रखे जाते हैं कि उन्ही के शब्दो मे उनके उत्तर भी रहते हैं अथवा कई प्रश्नों का एक ही उत्तर भी रहता है। जैसे--'मुग्धा तियकी केलि रुचि कोन भौन मे होय?' में का उत्तर 'कोन भौन' अर्थात् 'भवन का कोना' है।

चित्रोत्पला—स्त्री० [चित्र-उत्पल, ब० स०] उड़ीसा की एक नदी जिसे आज-कल चितरला कहते हैं। २. पुरानानुसार ऋक्षपाद पर्वत से निकली हुई एक नदी।

चित्र्य—वि० [सं०√चित्र्+ष्यत्] १. पूज्य। २ चुनने या चयन किये जाने के योग्य। ३. जिसे चित्र के रूप मे लाया जा सके। ४. जो चित्र के रूप में अंकित किये जाने के लिए उपयुक्त हो।

चिथड़ा—पु० [हिं० चीथना=दाँत से फाड़ना] १. पुराने तथा घिसे हुए कपड़े का फटा या फाड़ा हुआ ऐसा छोटा टुकड़ा जो किसी काम न आ सकता हो। २. बहुत पुराना, फटा हुआ और मैला कपड़ा।
पद—चिथड़ा-गुदड़ा=फटे-पुराने और रद्दी कपड़े।
मुहा०—चिथड़ा लपेटना=फटा-पुराना कपड़ा पहनना।

वि० बहुत फटा हुआ। जैसे—चिथड़ा कपड़ा।

चिथाड़ना—स० [सं० चीर्ण] १. चादर के रूप की वस्तुओं को फाड़कर टुकड़े-टुकड़े करना। धज्जी-धज्जी करना। २. किसी को खूब खरी-खोटी सुनाकर अपमानित करना। धज्जियाँ उड़ाना। डाँटना।

चिद*—पुं०=चित्।

चिदाकाश—पुं० [सं० चित्-आकाश, उपमि० स०] आकाश के समान निर्लिप्त और सब का आधार भूत ब्रह्म। परब्रह्म।

चिदात्मक—वि० [सं० चित्-आत्मन्, ब० स०, कप्] चेतना से युक्त।

चिदात्मा (त्मन्)—पु० [चित्-आत्मन् ब० स०] १. चैतन्य स्वरूप परब्रह्म। २. चेतना शक्ति।

चिदानंद—पुं० [सं० चित्-आनंद, कर्म० स०] चैतन्य और आनन्दमय पर ब्रह्म।

चिदाभास—पु० [सं० चित्-आभास, ष० त०] १. आत्मा के चैतन्य स्वरूप पर पड़नेवाला ब्रह्म का आभास या प्रतिबिंब। २. जीवात्मा।

चिदालोक—पु० [सं० चित्-आलोक ष० त०] सदा बना रहनेवाला आत्मा का प्रकाश। शाश्वत प्रकाश।

चिद्घन—वि० [स० चित् √हन्+अप्, घन आदेश] जिसमें चेतना शक्ति हो। चेतना से युक्त। उदा०—श्री वृंदावन चिद्घन कछु छवि बरनि न जाई। —नंददास।

पु० ब्रह्म।

चिद्रूप—वि० [सं० चित्-रूप, ब० स०] १. शुद्ध चैतन्य रूप, चिन्मय। २. परम ज्ञानी। ३. अच्छे स्वभाववाला।

पु० चैतन्य-स्वरूप। परब्रह्म।

चिद्विलास—पु० [स० चित्-विलास, ष० त०] १. चैतन्य-स्वरूप ईश्वर की माया। २. शंकराचार्य के एक प्रसिद्ध शिष्य।

चिन—पु० [देश०] १. एक प्रकार का बहुत बड़ा सदाबहार पेड़ जिसकी लकड़ी बहुत मजबूत होती और इमारतों में लगती है। २. एक प्रकार की घास जो चौपायों के खाने के लिए सुखाकर भी रखी जा सकती है।

चिनक—स्त्री० [हिं० चिनगी] १. जलन लिये हुए हलकी स्नायविक पीड़ा। चुनचुनाहट। जैसे—पेशाब करने के समय मूत्रनाली में होने वाली चिनक। २. चिनगारी।

चिनख—स्त्री०=चिनक।

चिनगटा—पु०=चिनड़ा।

चिनगारी—स्त्री० [सं० चूर्ण, हिं० चुन+अंगार] १. जलती हुई वस्तु से निकलकर अलग होनेवाला आग का छोटा कण जो उड़कर इधर-उधर जाता या जा सकता हो।

मुहा०—(किसी की) आँखों से चिनगारी छूटना=अत्यधिक क्रुद्ध होने पर आँखों का लाल हो जाना। चिनगारी छोड़ना=ऐसा काम करना या बात कहना जिससे बहुत बड़ा उपद्रव या लड़ाई खड़ी हो।

२. दो कड़ी वस्तुओं की रगड़ से उत्पन्न होनेवाला आग का कण। ३. लाक्षणिक अर्थ में, कोई ऐसा छोटा कार्य या बात जिसका प्रभाव आगे चलकर बहुत उग्र तथा भीषण हो सकता है।

चिनगी—स्त्री०=चिनगारी।

पु० बाजीगरों और मदारियों के साथ रहनेवाला वह छोटा लड़का जो अनेक प्रकार के कौशलपूर्ण खेल दिखलाता है।

चिनली—स्त्री० [हिं० चना] चना नामक कदन्न के आटे की रोटी।

चिनना*—स०=चुनना।

चिनाई दौड़—स्त्री० [चिनाई ?+दौड] जहाज की घुमाव-फिराव की चाल। (लश०)

चिनाना—स०=चुनवाना।

चिनाब—स्त्री० [स० चन्द्रभागा] पंजाब की एक प्रसिद्ध नदी। चंद्रभागा नामक नदी।

चिनार—पु० [?] एक प्रकार का बड़ा वृक्ष।

चिनिंग—पु० [?] बटेर की जाति का एक पक्षी जो रूप-रंग में चाकस जैसा किंतु उससे कुछ छोटा होता है।

चिनिया—वि० [चीन देश से] १ चीन देश में उपजने, बनने या होनेवाला। जैसे—चिनिया केला। २ जिसका संबंध चीन देश से हो। चीन संबंधी।

पु० एक प्रकार का रेशमी कपड़ा।

वि० [हिं० चीनी] १ चीनी का बना हुआ। २. जिसमें चीनी मिली हुई हो। ३ चीनी के रंग या स्वाद का।

चिनिया केला—पु० [हिं० चिनिया+केला] भारत के पूर्वी प्रदेशों में होनेवाला छोटी जाति का एक केला जिसका स्वाद चीनी की तरह मीठा होता है।

चिनिया घोड़ा—पु० [हिं० चीन या चीनी] वह घोड़ा जिसके पैर सफेद रंग के और शरीर का अधिकांश लाल और कुछ भाग सफेद होता है।

चिनिया बत—पु० [हिं० चिनिया+बत] बत्तख की तरह की एक चिड़िया।

चिनिया बदाम—पु० [हिं० चीन+बादाम] मूँगफली।

चिनियारी—स्त्री० [स० चञ्च्?] सुसना का साग।

चिनिया बेगम—स्त्री० [हिं० चिनिया+बेगम] अफीम। (परिहास)

चिनौटिया—वि० [हिं० चिनना-चुनना] १. जिसमें चुनट पड़ी हुई हो। २. चुना हुआ।

चिनौटिया चीर—पु० [हिं०+स०] चुंदरी या चुनरी नाम का कपड़ा। उदा०—पहिरें चीर चिनौटिया, चटक, चौगुनी होनि।—बिहारी।

चिनौती—स्त्री०=चुनौती।

चिन्न—पु० [सं० चणक] चना।

चिन्मय—पु० [स० चित्+मयट] पूर्ण तथा विशुद्ध ज्ञानमय।

पु० परमात्मा।

चिन्ह—पु०=चिह्न। (अशुद्ध रूप)

चिन्हना†—अ०=चीन्हना (पहचानना)।

चिन्हवाना—स० [हिं० चीन्हना का प्रे०] किसी को कुछ चीन्हने (पहचानने) में प्रवृत्त करना।

चिन्हाना—स० [हिं० चीन्हना का प्रे०] पहचान या परिचय कराना। चीन्हने या पहचानने में प्रवृत्त करना।

चिन्हानी—स्त्री० [हिं० चिह्न] १. निशानी। यादगार। २. पहचान। ३. रेखा आदि के रूप में लगाया हुआ चिह्न या निशान।

चिन्हार—वि० [सं० चिह्न] १. जिसे कोई चीन्हता अर्थात् पहचानता हो। २. जान-पहचान का। परिचित।

चिन्हारना—स० [सं० चिह्न] चिह्नित करना। निशान लगाना।

चिन्हारी—स्त्री० [हिं० चिह्न] १. जान-पहचान। परिचय। २. चिह्नानी। पुं० १. व्यक्ति जिससे जान-पहचान या परिचय हो। परिचित। २. चिह्न। निशान।

चिन्हित—भू० कृ०=चिह्नित। (अशुद्ध रूप)

चिपकना—अ० [अनु० चिपचिप] १. एक वस्तु का दूसरी वस्तु के साथ बीच में कोई लसदार वस्तु होने के कारण लग या सट जाना। जुड़ जाना। जैसे—आँखें चिपकना। २ दो वस्तुओं का तल से तल मिलकर इस प्रकार एक होना कि बीच में अवकाश न रह जाय। जैसे—दरवाजा चिपकना। ३ व्यक्तियों का पास-पास या सटकर बैठना। जैसे—दूर बैठो, चिपको मत। ४. किसी वस्तु या बात का कसकर पकड़ लेना। जैसे—लता का खंभे से चिपकना। ५. किसी व्यक्ति से प्रगाढ प्रेम स्थापित करना और उसके पास या साथ रहना। ६ लीन या रत रहना। जैसे—बच्चे खेल मे चिपके रहते है।

चिपकाना—स० [हिं० चिपकना] १. किसी लसीली वस्तु की सहायता से दो वस्तुओं के तल परस्पर इस प्रकार जोड़ना कि वे जल्दी अलग न हो सकें। श्लिष्ट करना। जैसे—लिफाफे पर टिकट चिपकाना। २ अच्छी तरह आलिंगन करना। गले लगाना। लिपटाना। ३. किसी काम-धंधे या नौकरी मे लगाना। (बोल-चाल) जैसे—इस लड़के को भी कहीं चिपका दो।

चिपचिप—स्त्री० [अनु०] १. वह अनुभूति जो किसी रसदार वस्तु को छूने से होती है। २. लसदार वस्तु को बार-बार छूते और उस पर से उँगली या हाथ हटाने से उत्पन्न होनेवाला शब्द।

चिपचिपा—वि० [हिं० चिपचिप] [स्त्री० चिपचिपी] (पदार्थ) जो गाढ़ा तथा लसदार होने के कारण वस्त्र, शरीर आदि से छूए जाने पर उनसे चिपक जाता हो। जैसे—किवाड़ पर लगा हुआ चिपचिपा रंग।

चिपचिपाना—अ० [हिं० चिपचिप] किसी गाढी तथा लसीली वस्तु का चिपचिप शब्द करना या किसी वस्तु से छूए जाने पर उससे चिपक जाना। जैसे—गोंद या चाशनी का चिपचिपाना।
स० किसी चीज को चिपचिपा करना या बनाना।

चिपचिपाहट—स्त्री० [हिं० चिपचिपा] चिपचिपाने अथवा चिपचिपे होने की अवस्था, गुण या भाव। लसीलापन। लस। लसी।

चिपट—वि० [सं० नि+पट्च्, च्वि आदेश] चिपटी नाकवाला।
पु० चिड़वा।

चिपटना—अ० [सं० चिपिट=चिपटा] १. इस प्रकार जुड़ना कि जल्दी अलग न हो सके। चिपकना। सटना। जैसे—लता या पेड़ से चिपटना। २. दे० 'चिमटना'।

चिपटा—वि० [सं० चर्पट, दे प्रा० चाप्टो, बँ० चाप्टी, उ० चेप्टी, गु० चापट, चपट; ने० चेप्टो, मरा० चापट] [स्त्री० चिपटी] १. जिसके ऊपरी तल में आवश्यक अथवा उचित उभार न हो। जिसकी सतह बहुत कुछ दबी हुई या सम हो। जैसे—चिपटी नाक, चिपटी सुपारी।

चिपटाना—स० [हिं० चिपटना] १. चिपकाना। सटाना। २. आलिंगन करना। लिपटाना।

चिपटी—स्त्री० [हिं० चिपटा] १. कान में पहनने की एक प्रकार की बाली। २. भग। योनि। (बाजारू)

मुहा०—चिपटी खेलना या लड़ाना=कामातुर अथवा दुश्चरित्रा स्त्रियों का आपस में भग या योनि रगड़ना। (बाजारू)
वि० हिं० 'चिटा' का स्त्री० रूप।

चिपड़ा—वि० [हिं० चीपड़ा] जिसकी आँख में अधिक चीपड़ रहता हो।
पु० [स्त्री० चिपड़] जलाने के लिए सुखाए हुए गोबर के बड़े पिंड। उपला। कंडा। गोइठा।

चिपड़ी—स्त्री० [हिं० चिपड़] छोटा चिपड़ा या कंडा। उपली। गोइठी।

चिपिट—वि० [स०√चि (चयन)+पिट्च्] चिपटा।
पुं० १. चिड़वा। २. चिपटी नाकवाला व्यक्ति। ३. आँख में रँगौली लगने, दबने आदि के कारण दृष्टि में होनेवाला वह क्षणिक विकार जिससे चीजें अपने स्थान से कुछ ऊपर-नीचे हटी हुई या एक ही जगह दो दिखाई देती है।

चिपिट-नासिक—पुं० [ब० स०] १. बृहत्संहिता के अनुसार एक देश जो कैलाश पर्वत के उत्तर कहा गया है। २. तातार या मंगोल देश जहाँ के निवासियों की नाक चिपटी होती है। ३. उक्त देश का निवासी। वि० चिपटी नाकवाला।

चिपिटक—पुं० [सं०=चिपिट+कन् पृषो० सिद्धि] चिड़वा।

चिपुआ—पु० [देश०] चेल्हवा या चेल्हा मछली।

चिप्प—पु० [सं०√चिक्क् (पीड़ा देना)+अच्, कक् को प् आदेश] एक रोग जिसमे उँगलियों के नाखूनों के नीचे तथा आस-पास का माँस गलने या पकने लगता है।

चिप्पक—वि० [हिं० चिपकना] १. चिप्का या ध्वा हुआ। २. चिपटा। ३. बहुत ही दुबला-पतला।

चिप्पड़—पु० [सं० चिपिट] [स्त्री० चिप्पी] १. वह छोटा चिपटा टुकड़ा जो किसी चीज के सूख जाने पर उसके ऊपरी तल मे से कुछ अलग हो रहा हो या निकल चला हो। जैसे—जलाने की लकड़ी के ऊपर का चिप्पड़। २. ऊपर से लगाया या सटाया जानेवाला कोई चिपटा खंड। जैसे—इसका छेद बंद करने के लिए ऊपर से एक चिप्पड़ लगा दो।

चिप्पिका—स्त्री० [स० चिप्प+कन्—टाप्, इत्व] १. बृहत्संहिता के अनुसार एक राशिचक्र जंतु। २. एक प्रकार की चिड़िया।

चिप्पी—स्त्री० [हिं० चिप्पड़] १. छोटा चिप्पड जो ऊपर से चिपकावा, लगाया या सटाया जाय। जैसे—कागज की चिप्पी। २. वह बटखरा जिससे तौलकर सब को बराबर-बराबर अनाज या रसद बाँटी जाती है। ३. उक्त प्रकार से बाँटा जानेवाला अनाज या रसद। सीधा। (साधुओं की परिभाषा)
†स्त्री०=चिपड़ी।

चिबि—स्त्री० दे० 'चिबि'।

चिबिल्ला—वि० दे० 'चिलबिल्ला'।

चिबिल्लापन—पु०=चिलबिल्लापन।

चिबुक—पुं० दे० 'चिबुक'।

चिमगादड़—पुं०=चमगादड़।

चिमटना—अ० [सं० स्तिम्, प्रा० तिम्, चिम्, बँ० चिमटा; उ० चिमुटबा; मरा० चिमटणें] १. किसी जीव का दूसरे जीव या पदार्थ को अच्छी तरह पकड़कर उसके साथ लग या सट जाना। जैसे—(क) बच्चे का माँ के गले से चिमटना। (ख) गुड़ से चूँटों का चिमटना। २. स्वाथ

साधन के लिए बुरी तरह से किसी को ग्रसना या पकड़ना। जैसे—मुफ्त-खोरों का किसी रईस से चिमटना। ३. बहुत बुरी तरह से किसी के पीछे पड़ना और जल्दी उसका पिंड न छोड़ना। जैसे—भिखमंगों का यात्रियों से चिमटना। ४. चिपकना। सटना।

चिमटवाना—स० [हि० चिमटना का प्रे०] दूसरे से चिमटाने का काम कराना। किसी को चिमटने या चिमटाने में प्रवृत्त करना।

चिमटा—पु० [हि०चिमटना] [स्त्री० चिमटी] (हाथ की सुरक्षा के लिए) पीतल, लोहे आदि धातुओं का बना हुआ वह लंबा उपकरण जिसमें आगे की ओर दो लंबी फलियां होती हैं और जिनसे पकड़कर चीजें उठाई या रखी जाती हैं। दस्त पनाह। जैसे—रसोई घर मे कोयला उठाने या तवा पकड़ने का चिमटा, साँप पकड़ने का चिमटा।

चिमटाना—स० [हि० चिमटना] १. किसी को चिमटने में प्रवृत्त करना। २. आलिंगन करना। गले लगाना। लिपटाना।

चिमटी—स्त्री० [हि० चिमटा] कई प्रकार के कारीगरों के काम का वह छोटा उपकरण जो चिमटे के आकार-प्रकार का होता है और जिससे वे छोटी-छोटी चीजें उठाते, जमाते या रखते हैं। जैसे—लोहारों, सुनारों या हज्जामों की चिमटी।

चिमड़ा—वि०=चीमड़।

चिमन—पुं०=चमन। (बगीचा)

चिमनी—स्त्री० [अ०] १. भवनों, यंत्रों आदि मे ऊपर की ओर ऊँची उठी हुई वह गोलाकार नली जिसके द्वारा नीचे का धूआं ऊपर उठकर बाहर निकलता है। जैसे—बिजलीघर की चिमनी, रेल के इंजन की चिमनी। २. लंपों आदि में शीशे की वह गोलाकार नली जिससे धूआं ऊपर जाता है और नीचे की ओर प्रकाश फैलता है।

चिमिक—पु० [स०√चि (चयन)+मिक्, चिमि+कन्] तोता।

चिमीट—स्त्री० [हि० चिमटना] १. चिमटने की क्रिया या भाव। २. चिमटने के कारण पड़नेवाला दबाव या भार। उदा०—इनको लक्कड की चिमीट मे भूमि से सटा हुआ कर दो। —वृंदावनलाल वर्मा।

चिमोटा—पु०=चमोटा।

चिमोटी—स्त्री० १. =चिमटी। २.=चमोटी।

चिरंजीव—वि० [सं० चिरम्√जीव् (जीना)+अच्] १. बहुत दिनों तक जीवित रहनेवाला। २. अमर।

अव्य० छोटों के लिए एक आशीर्वादात्मक विशेषण या संबोधन जिसका अर्थ होता है—बहुत दिनों तक जीवित रहो।

पु० १. पुत्र। बेटा। जैसे—हमारे भाई साहब के चिरंजीव आज यहाँ आनेवाले है। २ पुराणों के अनुसार अश्वत्थामा, कृपाचार्य, परशुराम, बलि, विभीषण, व्यास और हनुमान जो सदा जीवित रहनेवाले माने जाते है। ३ विष्णु। ४. कौआ।

चिरंजीवी (विन्)—वि० [स० चिरम्√जीव्+णिनि] =चिरजीवी।

चिरंटी—स्त्री० [स० चिर√अट् (गति)+अच्, ङीप्, पृषो० मुम्] १ वह सयानी लड़की जो पिता के घर रहती हो। २. युवती।

चिरंतन—वि० [स० चिरम्+ट्युञ्—अन, तुट् आगम] जो बहुत दिनों से चला आ रहा हो। पुरातन। पुराना।

चिर—वि० [स०√चि (चयन करना)+रक्] १. जो बहुत दिनों से चला आ रहा हो या बहुत दिनों तक चलता रहे। दीर्घ काल-व्यापी। जैसे—चिरायु=अधिक काल तक बनी रहनेवाली आयु; चिरस्थायी=बहुत दिनों तक बना रहनेवाला। २. दीर्घ या बहुत। (समय)

पु० देर। विलब।

क्रि० वि० बहुत दिनों तक।

पु० तीन मात्राओं का वह गण जिसका पहला वर्ण लघु हो।

चिरई—स्त्री० चिड़िया। (पूरब)

चिरक—स्त्री० [हि० चिरकना] बहुत जोर लगाने पर होनेवाला जरा-सा पाखाना। मल-कण।

चिरक डॉस—स्त्री० [हि० चिरकना+डाँसना] १. कुकरच्वांसी। डाँसी। २. वह अवस्था जिसमे मनुष्य प्राय कुछ न कुछ रोगी बना रहता है। ३ नित्य होता रहनेवाला या प्राय बना रहनेवाला झगड़ा।

चिरकना—अ० [अनु०] बहुत कष्ट से और थोड़ा-थोड़ा मल-त्याग करना। (कोष्ठ-बद्धता का लक्षण)

चिरकार—वि० [स० चिर√कृ (करना)+अण्] हर काम मे बहुत देर लगानेवाला। दीर्घ सूत्री।

चिरकारिक—वि० [स० चिरकारिन्+कन्] =चिरकार।

चिरकारी (रिन्)—वि० [स० चिर√कृ (करना)+णिनि] [स्त्री० चिरकारिणी] चिरकार। (दे०)

चिर-काल—पु० [कर्म० स०] [वि० चिरकालिक] दीर्घकाल। बहुत समय। जैसे—चिरकाल से ऐसा ही होता चला आ रहा है।

चिरकालिक—वि० [स० चिर-काल+ठन्—इक] १ बहुत दिनों से चला आता हुआ। पुराना। २ बहुत दिनों तक बना रहनेवाला।

चिरकालीन—वि० [स० चिरकाल+ख—ईन] चिरकालिक।

चिरकीन—वि० [फा०] १. कोष्ठबद्धता के कारण थोड़ा-थोड़ा मल-त्याग करनेवाला। २ बहुत अधिक कुत्सित, गंदा या मैला।

चिरकुट—पु० [हि० चिरना+कुटना] फटा-पुराना कपड़ा। चिथड़ा।

चिर-कुमार—वि० [च० त०] [स्त्री० चिर कुमारी] सदा कुमार अर्थात् ब्रह्मचारी बना रहनेवाला। विवाह न करनेवाला।

चिर-क्रिय—वि० [ब० स०] काम मे देर लगानेवाला। दीर्घ सूत्री।

चिरक्रियता—स्त्री० [स० चिरक्रिय+तल्—ताप] चिर-क्रिय होने की अवस्था या भाव। दीर्घसूत्रता।

चिरचना—अ० चिड़चिड़ाना।

चिरचिटा—पु० [स० चिचिंडा] १ चिचड़ा। अपामार्ग। २. एक प्रकार की बहुत ऊँची या बड़ी घास जो चौपाये खाते है।

चिरचिरा†—वि० =चिड़चिड़ा।

पु० दे० 'चिचड़ा'।

चिरजीवक—वि० [स० चिर√जीव् (जीना)+ण्वुल्—अक] बहुत दिनों तक जीवित रहनेवाला। चिरजीवी।

पु० जीवक नामक वृक्ष।

चिर-जीवन—पु० [मध्य० स०] सदा बना रहनेवाला जीवन। अमर जीवन।

चिरजीवी (विन्)—वि० [स० चिर√जीव्+णिनि] १. अधिक या बहुत दिनों तक जीनेवाला। दीर्घजीवी। २. सदा जीवित रहनेवाला। अमर। ३. सदा बना रहनेवाला। शाश्वत।

पु० १. विष्णु। २ मार्कंडेय ऋषि। ३. कौआ। ४. जीवक वृक्ष। ५.

सेमर का वृक्ष। ६. अश्वत्थामा, बलि, व्यास, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य और परशुराम जो चिरजीवी माने गये हैं।

चिरता†—पुं० =चिलता (कवच)।

चिर-तिक्त—पुं० [ब० स०] चिरायता।

चिर-तुषार-रेखा—स्त्री० [मध्य० स०] पहाड़ों आदि की ऊँचाई का वह स्तर जिसके ऊपर सदा बरफ जमा रहता है। (स्नोलाइन)

चिरना—अ० [सं० चीर्ण, हिं० चीरना] १. किसी वस्तु का किसी दूसरी धारदार वस्तु द्वारा चीरा जाना। छोटे-छोटे टुकड़ों में आरे, चाकू आदि के द्वारा विभक्त होना। २. किसी सीध में फटना या फाड़ा जाना। जैसे—चाकू से उँगली चिरना।

†पुं० वह औजार जिससे कोई चीज चीरी जाती हो। जैसे—कसेरों, कुम्हारों या सुनारों का चिरना।

चिर-निद्रा—स्त्री० [च० त०] मृत्यु।

चिर-नूतन—वि० [च० त०] बहुत दिनों तक या सदा नया बना रहनेवाला।

चिर-परिचित—वि० [तृ० त०] जिससे बहुत दिनों से परिचय या जान-पहचान हो।

चिरपाकी (किन्)—वि० [सं० चिर √पच् (पकना) +णिनि] १. बहुत देर में पकनेवाला। २. बहुत देर में पचनेवाला।

पुं० कपित्थ। कैथ।

चिरपुष्प—पुं० [ब० स०] बकुल। मौलसिरी।

चिर-प्रतीक्षित—वि० [तृ० त०] जिसकी बहुत दिनों से प्रतीक्षा की जा रही हो।

चिर-प्रसिद्ध—वि० [तृ० त०] जो बहुत दिनों से प्रसिद्ध या मशहूर हो।

चिरबत्ती—वि० [हिं० चिरना + बत्ती] (कपड़ा) जो चिर या फटकर इतने छोटे-छोटे-टुकड़ों के रूप में हो गया हो कि दीए की बत्ती बनाने के सिवा और किसी काम में न आ सकता हो। चिथड़े-चिथड़े किया हुआ।

चिर-बिल्व—पुं० [सं० चिर √बिल् (ढकना) + वन्] करंज वृक्ष। कंजा।

चिरम—स्त्री० [सं० चिर्मरी] गुंजा। घुँघची।

चिरमिटी—स्त्री० [हिं० चिरम] गुंजा। घुँघची।

चिरमी—स्त्री० = चिरमिटी।

चिर-मेही (हिन्)—पुं० [सं० चिर √मिह् (मूत्र करना) +णिनि] गधा, जो बहुत देर तक पेशाब करता रहता है।

चिर-रोगी (गिन्)—वि० [तृ० त०] १ जो बहुत दिनों से बीमार चला आ रहा हो। २. सदा रोगी बना रहनेवाला।

चिरला—पुं० [देश०] एक प्रकार की छोटी झाड़ी।

चिरवल—पुं० [सं० चिरबिल्व या चिरबल्ली] एक प्रकार का पौधा जिसकी जड़ की छाल से कपड़े रंगने के लिए सुंदर लाल रंग निकलता है।

चिरवाई—स्त्री० [हिं० चिरवाना] चिरवाने का काम, भाव या मजदूरी।

स्त्री० [सं० चिर +वाही ?] पानी बरसने पर खेतों में होनेवाली पहली जोताई।

चिरवादार†—पुं० [चिरवा ? +फा० दार] [स्त्री० चिरवा दारिन] साईस।

चिरवाना—स० [हिं० चीरना का प्रे०] चीरने का काम दूसरे से कराना।

चिर-विस्मृत—वि० [तृ० त०] जिसे लोग बहुत दिनों से भूल चुके हों।

चिर-वीर्य्य—पुं० [ब० स०] लाल रेंड़ का वृक्ष।

चिर-शत्रु—वि० [कर्म० स०] [भाव० चिर-शत्रुता] १. पुराना दुश्मन। २. सदा दुश्मन या शत्रु बना रहनेवाला।

चिर-शांति—स्त्री० [च० त०] १. मृत्यु। २. मुक्ति। मोक्ष।

चिर-संगी (गिन्)—वि० [कर्म० स०] बहुत दिनों का या पुराना संगी (साथी)।

चिर-समाधि—स्त्री० [कर्म० स०] ऐसी समाधि जिसका कभी अंत न हो अर्थात् मृत्यु।

चिरस्थ—वि० [सं० चिर √स्था (ठहरना) +क] चिरस्थायी।

चिरस्थायी (यिन्)—वि० [सं० चिर √स्था +णिनि] बहुत दिनों तक बना रहनेवाला। जैसे—चिरस्थायी आदेश।

चिर-स्मरणीय—वि० [सं० कर्म० स०] जिसे लोग बहुत दिनों तक याद या स्मरण करते रहें। जो जल्दी भुलाया या भूला न जा सके। (पूजनीयता, महत्त्व आदि का सूचक)

चिरहँटा—पुं० [हिं० चिड़ी + हँटा] चिड़ीमार। बहेलिया।

चिरहुल—पुं० [?] [स्त्री० चिरहुली] १. चिड़ा। २. पक्षी।

चिरहिंदा—वि० [अनु० चिर चिर =लकड़ी आदि के जलने का शब्द] थोड़ी-थोड़ी बात पर बिगड़ बैठनेवाला। चिड़चिड़ा।

चिराइता—पुं० = चिरायता।

चिराइन—स्त्री० = चिरायँध।

चिराई—स्त्री० [हिं० चीरना] चीरने या चीरे जाने का काम, भाव या मजदूरी।

चिराक—पुं० = चिराग।

चिराग—पुं० [फा० चिराग] दीपक। दीआ।

मुहा०—चिराग का हँसना = दीये की बत्ती से फूल (अर्थात् चिनगारियाँ) झड़ना। **चिराग को हाथ देना** = चिराग बुझाना। **चिराग गुल होना** = (क) दीये का बुझ जाना। (ख) रौनक या शोभा का नष्ट हो जाना। (ग) परिवार या वंश में कोई न बच रहना। **चिराग ठंढा करना** = दीया बुझाना। **चिराग तले अंधेरा होना** = ऐसे स्थान या स्थिति में खराबी या बुराई होना जहाँ साधारणतः वह किसी प्रकार न होता या न हो सकता हो। जैसे—हाकिम के सामने रिश्वत लेना, उदार धनी के संबंधी का भूखों मरना आदि। **चिराग बढ़ाना** = चिराग बुझाना। दीया ठंढा करना। **चिराग में बत्ती पड़ना** = संध्या हो जाने पर दीया जलना। **चिराग लेकर ढूँढ़ना** = बहुत अधिक प्रयत्नपूर्वक ढूँढ़ना। **चिराग से चिराग जलना** = एक से दूसरे का उपकार, लाभ या हित होना। **चिराग से फूल झड़ना** = चिराग की जली हुई बत्ती से चिनगारियाँ निकलना या गिरना।

पद—चिराग जले = अँधेरा होने पर। संध्या समय। **चिराग बत्ती का वक्त** = संध्या का समय जब दीआ जलाया जाता है।

कहा०—चिराग गुल, पगड़ी गायब = मौका मिलते ही धन का उड़ा लिया जाना।

चिराग-गुल—पुं० [फा०] १. युद्ध आदि के समय वह संकट की स्थिति जिसमें शत्रुओं के आक्रमण से लोग या तो रोशनी नहीं करते या अपने घर से रोशनी बाहर नहीं आने देते। २. युद्धाभ्यास के समय नगर में बत्तियाँ न जलाने से उत्पन्न होनेवाली स्थिति। (ब्लैक आउट)

चिराग-दान—पुं० [अ०] वह आधार जिस पर दीया रखा जाता है। दीयट। शमादान।

चिरागी—स्त्री० [अ०] १. किसी स्थान पर दीया-बत्ती करने अर्थात् नित्य और नियमित रूप से दीया जलाते रहने का व्यय। २. किसी पवित्र स्थान पर उक्त प्रकार के व्यय-निर्वाह के लिए चढ़ाई जानेवाली भेंट। ३ वह पुरस्कार जो जुए के अड्डे पर दीया जलाने और सफाई करनेवाले व्यक्ति को जीतनेवाले जुआरियों से मिलता है।

चिरातिका—स्त्री० [स० चिर √अद् +ण्वुल्-अक-टाप्, इत्व] १. सफेद पुनर्नवा। २. चिरायता।

चिरातन—वि० [स० चिर +नप्, दीर्घ] १. पुरातन। पुराना। २ फटा हुआ। जीर्ण-शीर्ण।

चिरातित्त—पुं० = चिरतिक्त।

चिराद्—पु० [स० चिर √अत् (गति) +क्विप्] गरुड़।

चिराद—पुं० [स० चिराद्?] बतक की जाति की एक बड़ी चिड़िया जिसका मांस खाने में स्वादिष्ट होता है।

चिरान†—वि०=चिराना (पुराना)।

चिराना—स० [हि० चीरना] चीरने का काम किसी से कराना। फड़वाना। जैसे—लकड़ी चिराना।

वि० [स० चिरतन] १. पुराना। प्राचीन। २ जीर्ण-शीर्ण। जैसे—पुराने-चिराने कपड़े।

चिरायँध—स्त्री० [स० चर्म + गंध] १ वह दुर्गंध जो चरबी, चमड़े, बाल, मांस आदि के जलने से फैलती है। २. किसी क संबंध में बहुत बुरी तरह से फैलनेवाली बदनामी।

चिरायता—पुं० [सं० चिरतिक्त] एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी पत्तियां और छाल बहुत कड़वी होती और वैद्यक में ज्वर नाशक तथा रक्तशोधक मानी जाती हैं। इसकी छोटी-बड़ी अनेक जातियाँ होती हैं, जैसे—कलपनाथ, गीमा, शिलारस आदि। किरातक। चिरतिक्त। भूनिंब।

चिरायु (ष्)—वि० [स० चिर-आयुस् ब० स०] जिसकी आयु लंबी हो। दीर्घायु।

चिरारी†—स्त्री० [सं० चार] चिरौंजी।

चिराव—पु० [हि० चिरना] १ चीरने या चीरे जाने की अवस्था, क्रिया या भाव। २ चिरने या चीरे जाने के कारण होनेवाला क्षत या घाव।

चिरिटिका, चिरिटी—स्त्री० = चिरटी।

चिरि—पु० [सं० √चि (चयन करना) +रिक्] तोता।

†स्त्री० =चिड़िया।

चिरिका—स्त्री० [सं० चिरि +कन्-टाप्] एक प्रकार का प्राचीन अस्त्र।

चिरिया†—स्त्री० = चिड़िया।

चिरिहार*—पु० [हि० चिड़िया+हार (प्रत्य०)] चिड़ीमार। उदा०—कत चिरिहार ढुकत लैं लाना।—जायसी।

चिरी†—स्त्री० =चिड़ी (चिड़िया)।

चिरु—पु० [सं० चि +रुक्] कंधे और बाँह का जोड़। मोढ़ा।

चिरैता†—पु० चिरायता।

चिरैया—स्त्री० [हि० चिड़िया] १. पक्षी। २. पुष्य नक्षत्र।

चिरौंटा—पु० =चिड़ा (गौरैया पक्षी)।

चिरौंजी—स्त्री० [स० चार +बीज] पयार या पयाल नामक वृक्ष के फलों के बीच की गिरी जो खाने में बहुत स्वादिष्ट होती है और मेवों में गिनी जाती तथा पकवानों और मिठाइयों में पड़ती है।

चिरौरी—स्त्री० [अनु०] दीनतापूर्वक की जानेवाली प्रार्थना या विनती।

चिर्क—पु० [फा०] १. गंदगी। २. गुह। मल। ३. पीब। मवाद।

चिर्मटी—स्त्री० [स० चिर √मट् (पालना) +अच्, पृषो० सिद्धि] ककड़ी।

चिर्म—पु० [फा० मि० सं० चर्म] चमड़ा।

चिर्री—स्त्री० [स० चिरिका] एक अस्त्र] बिजली। वज्र।

क्रि० प्र०—गिरना।—पड़ना।

चिलक—स्त्री० [हि० चिलकना] १ सहसा दिखाई देनेवाली और क्षणिक कांति या चमक। उदा०—चिलक चौंधि मे रूप-ठग हाँसी फाँसी डारि।—बिहारी। २. सहसा अथवा रह-रहकर कुछ समय के लिए उठनेवाली क्षणिक पीड़ा। टीस। चमक।

†पु० निलक (पौधा)।

चिलकना—अ० [हि० चिल्ली (बिजली या अनु०] १. रह-रहकर चमकना। चमचमाना। उदा०—सब ठाठ इसी चिलकी से देखे है चिलकने।—नजीर। २ रह-रहकर दर्द या पीड़ा होना। जैसे—उठने-बैठने मे कमर या पीठ चिलकना।

चिलका†—पु० [?] नवजात शिशु।

†पु० चिलकी (रुपया)।

†स्त्री० उड़ीसा की एक प्रसिद्ध बड़ी झील।

चिलकाई*—स्त्री० [हि० चिलक +आई (प्रत्य०)] १ चमक। उदा०—कै मेघनि मां सुचि चचला की चिलकाई।—रत्नाकर। २ उतार-चढ़ाव। ३ उलेजना।

वि० चमकीला।

चिलकाना—स० [हि० चिलक] १. चिलकने या चमकने मे प्रवृत्त करना। जैसे—मांज या रगड़कर गहने या बरतन चिलकाना। २ चमकाना।

चिलकी†—स्त्री० [हि० चिलकना] १. चांदी का रुपया, विशेषतः नया रुपया जो चमकता हो। उदा०—सब ठाठ इसी चिलकी मे देखे है चिलकने।—नजीर। २. एक प्रकार का रेशमी कपड़ा। उदा०—चिलकी चिक्कन चाह चीर चीनी जापानी। —रत्नाकर।

वि० चमकीला।

चिलगोजा—पु० [फा०] चीड़ या सनोबर का छोटा, लंबोतरा फल जिसके अंदर मीठी और स्वादिष्ट गिरी होती है और इसी लिए जिसकी गिनती मेवों मे होती है।

चिलचिल—पु० [हि० चिलकना] अभ्रक। अबरक। मोडल।

वि० चमकीला।

चिलचिलाना—अ० =चिलकना (चमकना)।

स० चमकाना।

चिलड़ा—पु० [देश०] पिसी हुई दाल, बेसन आदि की बनी हुई पूरी या रोटी के आकार का पकवान। उलटा। चीला।

चिलता—पु० [फा० चिलतः] एक प्रकार का कवच या बकतर।

चिलबिल—पु० [स० चिलबिल्व] १ एक प्रकार का बड़ा जंगली पेड़ जिसकी लकड़ी बहुत मजबूत होती है और खेती के औजार बनाने के काम में आती है। २ एक प्रकार का बरसाती पौधा जिसकी सफेद जड़ मे बर के लिए मुकुट, मौर आदि बनते हैं।

चिलबिला—वि० [सं० चल+बल] [स्त्री० चिलबिल्ली] चंचल। चपल। नटखट।

चिलबिल्ला—वि०=चिलबिला।

चिलम—स्त्री० [फा०] मिट्टी का कटोरीके आकार का नलीदार एक प्रसिद्ध पात्र जिसमें गाँजा, चरस या तमाकू तथा आग रखकर यों ही अथवा हुक्के की नली पर लगाकर पीया जाता है।

क्रि० प्र०—पीना।

मुहा०—**चिलम चढ़ाना या भरना**=चिलम पर तमाकू (गाँजा आदि) और आग रखकर उसे पीने के लिए तैयार करना। (**किसी की**) **चिलमें चढ़ाना या भरना**=किसी की तुच्छ से तुच्छ सेवाएँ करना।

चिलम-चाँदी—स्त्री० [फा०] हुक्के में वह लंबी बाँस की नली जो चूल और जामिन से मिली होती है। इस पर चिलम रखी जाती है। (नैचाबन्द)

चिलम चट—वि० [फा० चिलम+हिं० चाटना] १. वह जो चिलम पीने का बहुत अभ्यस्त हो। २. वह जो इस प्रकार कसकर चिलम पीता हो कि फिर यह दूसरे के पीने योग्य न रह जाय।

चिलमची—स्त्री० [फा०] देग के आकार का एक बरतन जिसके किनारे चारों ओर थाली की तरह दूर तक फैले होते हैं। इसमें लोग हाथ धोते और कुल्ली आदि करते हैं।

चिलमन—स्त्री० [फा०] बाँस की फट्टियों आदि का परदा जो खिड़कियों, दरवाजों आदि के आगे लटकाया जाता है। चिक।

चिलम-पोश—पु० [फा०] धातु का झँझरीदार गहरा ढक्कन जो चिलम पर इसलिए रखा जाता है कि उसमें से चिनगारियाँ उड़कर इधर-उधर न गिरें।

चिलम-बरदार—पु० [फा०] चिलम भरकर हुक्का पिलानेवाला सेवक।

चिलमिलिका—स्त्री० [सं० चिर√मिल्+ण्वुल्—अक, टाप्, इत्व] १. गले में पहनने की एक प्रकार की माला। २. खद्योत। जुगनूँ। ३. बिजली।

चिलमीलिका—स्त्री०=चिलमिलिका।

चिलवाँस—पु [हिं० चिड़िया] चिड़िया फँसाने का एक प्रकार का फंदा।

चिलली—स्त्री० [देश०] १. एक प्रकार का सुरती का पत्ता जो कश्मीर में होता है। २. दे० 'चिलबाँस'।

चिलहुल†—पु० [सं० चिल] एक प्रकार की छोटी मछली।

चिलिम†—स्त्री०=चिलम।

चिलिया—स्त्री० [सं०चिल] चिलहुल मछली।

चिलुआ†—स्त्री०=चेल्हा (मछली)।

चिलकाउर—स्त्री० [?] प्रसूता स्त्री। जच्चा।

चिल्कना —स्त्री० [सं० चिल्क √का (शब्द करना)+क टाप्] झींगुर।

चिल्कड़†—पु०=चीलर (कीड़ा)।

चिल्ल-पौं—स्त्री० [हिं० चिल्लाना+अनु० पों] १. संकट पड़ने पर होनेवाली दीनतापूर्ण चिल्लाहट। जैसे—कुत्ते आदि मार पड़ने पर करते हैं। २. चिल्लाहट। शोर-गुल। जैसे—इस घर में रोज चिल्लपों होती रहती है।

क्रि० प्र०—मचना।—मचाना।

चिल्लमक्खा —स्त्री० [ष० त०] नख या नखी नामक गंध द्रव्य।

चिल्लर्वास—स्त्री० [हिं० चिल्लाना] कष्ट, रोग आदि के समय बच्चों का चिल्लाना।

चिल्लवाना—स० [हिं० चिल्लाना का प्रे०] किसी को चिल्लाने में प्रवृत्त करना।

चिल्ला—पुं० [फा० चिल्क] १. किसी विशिष्ट अवसर पर या किसी विशेष उद्देश्य की सिद्धि के लिए नियत किये हुए ४० दिन जिनमें बहुत-सी बातों का बचाव और बहुत से नियमों का पालन करना पड़ता है। जैसे—(क) प्रसूता के संबंध में प्रसव के दिन से ४० दिनों का समय। (ख) किसी की मृत्यु होने पर ४० दिनों तक मनाया जानेवाला शोक। (ग) व्रत आदि के पालन के लिए ४० दिनों का समय।

मुहा०—**चिल्ला खींचना या बाँधना**=४० दिनों तक धार्मिक दृष्टि से कुछ विशिष्ट प्रकार के व्रतों का आचरण या पालन करना।

२. सौर धनुमास के अंतिम १५ दिनों और मकर मास के आरंभिक २५ दिनों का समय जिसमें बहुत कड़ी सरदी पड़ती है।

पद—**चिल्ले का जाड़ा या सरदी**=बहुत कड़ा जाड़ा या तेज सरदी।

पु० [?] १. कमान या धनुष की डोरी। पनंचिका।

क्रि० प्र०—उतारना। —चढ़ाना।

२. पगड़ी का वह पल्ला या सिरा जिस पर कलाबत्तू का काम बना हो।

३. एक प्रकार का जंगली पेड़। ४. चीला या उलटा नाम का कसवाल।

चिल्लाना—अ० [हिं० चीत्कार] १. अधिक जोर से तीखे स्वर में मुँह से कोई शब्द बार-बार कहना। जैसे—वह पगला दिन भर गलियों में राम राम चिल्लाता फिरता है। २. किसी का ध्यान आकृष्ट करने के लिए गला फाड़कर कुछ कहना। जैसे—इस मिथ्या दोष के लगाये जाने पर वह चिल्लाकर बोल उठे। ३. अस्पष्ट तथा कर्णकटु शब्द या ध्वनि करना। शोर या हल्ला करना। जैसे—गली में कुत्ते चिल्ला रहे थे।

चिल्लाम—पु [स० चिल्ल-आ√भा (प्रतीत होना)+क] १. छोटी-छोटी चीजें करनेवाला व्यक्ति। २. गिरहकट।

चिल्लाहट—स्त्री० [हिं० चिल्लाना] १. चिल्लाने की क्रिया या भाव। ऊँचे तथा अस्पष्ट शब्दों में किया हुआ उच्चारण। २. शोर-गुल। हो-हल्ला।

क्रि० प्र०—मचना। —मचाना।

चिल्लिका—स्त्री० [स० चिल्ल+इनि+कन्, टाप्√] १. दोनों भौंहों के बीच का स्थान। २. छोटी पत्तियोंवाला एक प्रकार का बथुआ नामक साग। ३. झिल्ली नामक कीड़ा।

चिल्ली—स्त्री० [सं० चिल्लि+ङीप्] १. झिल्ली नाम का कीड़ा। २. लोध। ३. बथुआ का साग। ४. एक प्रकार का छोटा वृक्ष जिसकी खाकी छाल पर सफेद चित्तियाँ होती है।

स्त्री० [सं० चिरिका=एक प्रकार का अस्त्र] १. एक प्रकार का लौहमय अस्त्र। चिर्री। २. बिजली। वज्र।

चिल्हवाँस•—पुं०=चिलवाँस।

चिल्हवाड़ा—पुं० [हिं० चील] लड़कों का एक खेल जो पेड़ों पर चढ़कर खेला जाता है। गिलहर।

चिल्ही†—स्त्री०=चील (पक्षी)।

चिल्होर—स्त्री०=चील (पक्षी)।

चिबि—स्त्री० [सं०√चीव् (ढँकना)+इनि, पृषो० सिद्धि] चिबुक। ठोढ़ी।

चिबिट—पुं० [सं० चिपिट, पृषो० सिद्धि] चिडवा।

चिबिल्लिका—स्त्री० [सं० चिबिल्ल+कन्+टाप्, इत्व] एक प्रकार का क्षुप।

चिबुक—पु० [सं०√चीव्+उ, +कन्] १. चिबुक। ठुड्डी। ठोढ़ी। २. मुचकुंद का पेड़।

चिहकार*—पुं० १.=चीत्कार। २. =चहचहा (पक्षियों का)।

चिहल—स्त्री०=चहल (आनंद)।

चिहाना—अ० [?] चकित होना।

चिहार—स्त्री० दे० 'चिंघाड़'।

चिहुँक—स्त्री० [हिं० चिहुँकना] १. चिहुँकने अर्थात् चौंकने की अवस्था या भाव। २. ऐसी आशंका या बात जिससे कोई चौंकता हो।

चिहुँकना—अ० [सं० चमत्कृ, प्रा० चवाँकि] चौंकना। (देखें)

चिहुँटना—स० [सं० चिपिट, हिं० चिमटना] १ चुटकी से किसी के शरीर का माँस इस प्रकार पकड़ना जिसमें कुछ पीड़ा हो। चिकोटी या चुटकी काटना। २ लाक्षणिक रूप में उक्त प्रकार की ऐसी क्रिया करना जिससे किसी को मर्म-भेदी कष्ट या पीड़ा हो। जैसे—किसी का चित्त या मन चिहुँटना। ३ अच्छी तरह से किसी को पकड़कर दबा या दबोच लेना, जैसा आलिंगन आदि के समय होता है। ४ चिपटना। लिपटना।

चिहुँटनी—स्त्री० [चिहुँटना] १. चिहुँटने अर्थात् चिकोटी काटने की क्रिया या भाव। २. चिहुँटी। चुटकी।

स्त्री० [देश०] गुंजा। घुँघची।

चिहु—वि० दे० 'चहुँ'। उदा०—लगन लिद्धिअनु जासु, नाम चिहु चक्क चलायप।—चंदवरदाई।

चिहुर—पु० [सं० चिकुर] सिर के बाल। उदा०—(क) चिहुरे जल लागौ चुवण। —प्रिथीराज। (ख) कटि अति-सात चिउर की नाईं। —जायसी।

चिहुरार†—पुं०=चिहुर। उदा०—लबोजा चिहुरार भार जघना विघना घनानासिनी।—चंदवरदाई।

चिहूँटना—स० =चिहुँटना। उदा०—चतुरनारि चित अधिक चिहूँटी। —जायसी।

चिह्न—पु० [सं०√चिह्न (निशान लगाना)+अच्] १ ऊपर या बाहर से दिखाई देनेवाले कोई विकार-सूचक शारीरिक निशान। जैसे—आघात या प्रहार का चिह्न। २. कोई विकार-सूचक निशान। दाग। धब्बा। ३. किसी वस्तु आदि पर अंकित वह विशेष शब्द, बात या छाप जिससे उस वस्तु के निर्माता या निर्माणशाला का ज्ञान होता है। ४ किसी चीज के संपर्क, संघर्ष या दाब से पड़ा हुआ निशान। जैसे—चरण चिह्न। ५ कोई ऐसी आरंभिक छोटी बात जो किसी भावी बात या घटना की सूचक हो। लक्षण। ६. किसी चीज या बात का पता देनेवाला कोई तत्त्व। ७ झंडा। पताका।

चिह्नकारी (रिन्)—वि० [सं० चिह्न√कृ (करना)+णिनि] १ चिह्न या निशान करने, बनाने या लगानेवाला। २ घाव करनेवाला। ३ वध-करनेवाला। ४. भयानक। भीषण।

चिह्नधारिणी—स्त्री०। [सं० चिह्न√धृ (धारण करना)+णिनि-ङीप्] श्यामा लता। कालीसर।

चिह्नित—भू० कृ० [सं० चिह्न+क्त] पहचान के लिए जिस पर चिह्न लगाया गया हो।

चीं—स्त्री० [अनु०] १. चिड़ियों के बोलने का शब्द। २. कष्ट या पीड़ा के समय किसी दीन के मुँह से निकलनेवाला उक्त प्रकार का शब्द।

मुहा०—**चीं बोलना**=असमर्थता और दीनता के सूचक लक्षण दिखाना।

चींचख—स्त्री० [अनु०] चिल्लाहट। उदा०—उल्लुओं की चीचख सोना को नहीं सुहाती थी।—वृंदावनलाल वर्मा।

चीं-चपड़—स्त्री० [अनु०] वह हल्का प्रतिवाद या विरोध जो किसी बड़े या सबल के सामने किया जाय। जैसे—उसने बिना चीं-चपड़ किये सारा अत्याचार सह लिया।

चीं-चीं—स्त्री० [अनु०] १ पक्षियों अथवा छोटे बच्चों का बहुत ही कोमल और दीनता-सूचक शब्द। २ धीमे स्वर में की जानेवाली बातें।

चींटवा—पु० चींटा (च्यूँटा)।

चींटा—पु० [स्त्री० चींटी] च्यूँटा।

चींतना*—स० [सं० चित्रण] अंकित या चित्रित करना। चित्र बनाना या लिखना। चित्रना।

अ०=चीतना।

चींथना—स० =चीथना।

चीक—स्त्री० चीख।

†पु० चिक (बूचड़)।

†पु०=कीच (कीचड़)।

चीकट—पु०, वि० चिक्कट।

पु० [हिं० कीचड़?] १. मटियार भूमि। २ कीचड़।

पु० चिकट (रेशमी कपड़ा)।

चीकड़†—पु० =कीचड़।

चीकन—वि० =चिकना।

चीकना—अ० [सं० चीत्कार] १ पीड़ा या कष्ट आदि के कारण जोर से चिल्लाना। चीत्कार करना। चीखना। २ बहुत जोर से चिल्लाकर कुछ कहना या बोलना। ३ बहुत जोर से कर्णकटु शब्द करना। जैसे—कुत्तों का चीकना।

वि० [स्त्री० चीकनी] चिकना।

चीकर—पु० [देश०] कूएँ के ऊपर का वह स्थान जिसमें मोट या चरस आदि से निकाला हुआ पानी गिराया जाता है।

चीख—स्त्री० [अनु०] १. तीव्र और कर्णकटु ध्वनि। जैसे—इंजन की चीख। २ भय अथवा अधिक पीड़ा या व्यथा के कारण निकलनेवाली उच्च या तीव्र ध्वनि या शब्द। जैसे—बच्चे की चीख निकल गई।

मुहा०—**चीख मारना**=कष्ट या पीड़ा के समय जोर से चिल्लाना।

चीखना—स० चखना (खाने की चीज)।

अ० =चीकना (चिल्लना)।

चीख-पुकार—स्त्री० [हिं०] कष्ट के समय रक्षा, सहायता आदि के लिए चिल्लाकर मचाई जानेवाली पुकार।

चीकर (ल)—पुं० [हिं० चीकड़ (कीचड़)] १. कीच। कीचड़। २. गारा। (डिं०)

चीज—स्त्री० [फा० चीज़] १. दैनिक उपयोग या व्यवहार में काम आनेवाला कोई भौतिक पदार्थ। जैसे—बाजार से कई चीजें लानी हैं। २. किसी कला-कृति, रचना, वस्तु आदि का कोई अंग या अवयव। जैसे—इस मशीन में कोई चीज खराब जरूर है। ३. कोई उपयोगी, निराली या महत्त्वपूर्ण वस्तु। जैसे—यह भी तो कोई चीज है। ४. स्त्रियों की बोल-चाल में कोई आभूषण। जैसे—उनसे कई बार कहा है कि लड़की को कोई चीज बनवा दें। ५. कोई उत्कृष्ट, महत्त्वपूर्ण या विचारणीय बात। जैसे—इस लेख की कई चीजें समझने और समझाने की है। ६. संगीत, साहित्य आदि में कोई विशिष्ट कृति। जैसे—उन्होंने कई चीजें सुनाई।

चीड—स्त्री० [हिं० चीकड़=कीचड़] गदगी। मैल।

चीठा—पु०=चिट्ठा।

चीठी—स्त्री०=चिट्ठी।

चीड़—पुं० [देश०] १ एक प्रकार का देसी लोहा। २. चमड़ा छीलकर साफ करने की क्रिया। (मोची)

पु०=चीढ़।

चीड़ा—स्त्री० [स० चिड़-टाप्-दीर्घ पृषो०] चीड़ नामक पेड़।

चीड़—पु० [स० चीड़ा] एक प्रसिद्ध बड़ा पेड़ जिसकी चिकनी और नरम लकड़ी इमारत और सदूक आदि बनाने के काम आती है। इस लकड़ी में तेल का अंश अधिक होता है जो निकाला जाता और ताड़पीन के तेल के नाम से बिकता है। गंधा बिरोजा इसी पेड़ का गोंद है। इसके कुछ अंशों का प्रयोग औषध, गंध-द्रव्य आदि के रूप में भी होता है।

†पु०=चौड (लोहा)।

चीत—पु० [स०√चि (चयन करना)+क्त-दीर्घ पृषो०] रोंसा नामक घास।

*पु०=चित्त।

†पु०=चित्रा (नक्षत्र)।

चीतकार†—पु० १=चीतकार। २. =चित्रकार।

चीतना—स० [सं० चेत्] [वि० चीता] १ मन में किसी प्रकार की भावना या सोच-विचार करना। सोचना। जैसे—किसी का बुरा या भला चीतना। २. याद या स्मरण करना। जैसे—विरह में प्रिय को चीतना।

अ० होश में आना। चेतना।

स० [सं० चित्रण] चित्र अंकित या चित्रित करना।

चीतर—पु० दे० 'चीतल'।

चीतल—पु० [स० चित्रल] १. एक प्रकार का बारहसिंघा जिसका चमड़ा चित्तीदार और बहुत सुन्दर होता है। यह जलाशयों के पास झुंड में रहता है और मांस के लिए इसका शिकार किया जाता है। २. एक प्रकार का चित्तीदार बड़ा सांप या छोटा अजगर जो खरगोश, बिल्ली आदि छोटे जंतुओं पर निर्वाह करता है। ३. एक प्रकार का पुराना सिक्का।

चीता—पुं० [सं० चित्रक, पा० चित्रो, चित्तो, प्रा० चित्तअ; बँ० चिता; गु० सिं० चितो, म०† चित्ता] १. बिल्ली, शेर आदि की जाति का एक प्रसिद्ध बड़ा हिंसक जंतु जिसके शरीर पर धारियाँ होती हैं। इसकी कमर पतली होती है और गरदन पर अयाल या बाल नहीं होते। इसकी सहायता से कुछ लोग हिरनों आदि का शिकार भी करते हैं। २. एक प्रकार का बड़ा क्षुप जिसकी पत्तियाँ जामुन की पत्तियों से मिलती-जुलती होती हैं। इसकी कई जातियाँ हैं जिनमें भिन्न-भिन्न रंगों के सुगंधित फूल लगते हैं। इसकी छाल और जड़ औषधि के काम में आती है।

पु० [सं० चित्त] १. चित्त। मन। हृदय। दिल। २. चेतना। संज्ञा। होश-हवास।

वि० [हिं० चेतना] [स्त्री० चीता] मन में विचारा या सोचा हुआ। जैसे—मन-चीती बात होना।

चीतावली—स्त्री० [सं० चेत्] यादगार। स्मारक चिह्न।

चीत्कार—पु० [स० चीत्√कृ (करना)+अण्] १. खूब जोर से चिल्लाने की क्रिया, भाव या शब्द। चिल्लाहट। २. घोर दुःख या संकट में पड़ने पर मुँह से अनायास निकलनेवाली बात या शब्द।

चीथड़ा—पुं०=चिथड़ा (देखें)।

चीथना—स० [सं० चीर्ण] १. टुकड़े-टुकड़े करना। फाड़ना। २. दाँतों से कुचलना।

चीथरा—पुं०=चिथड़ा।

चीद—वि० [फा०] चुना या छाँटा हुआ।

चीन—पु० [स०√चि+नक् दीर्घ, चीन+अण्-लुक्] १. झंडी। पताका। २. सीसा नामक धातु। नाग। ३ तागा। सूत। ४. एक प्रकार का रेशमी कपड़ा। ५ एक प्रकार का हिरन। ६. एक प्रकार की ईख या ऊख। ७. एक प्रकार का साँवाँ (कदन्न)।

पु०[√चि+नक्, दीर्घ] १. दक्षिण-पूर्वी एशिया का एक प्रसिद्ध विशाल देश। २. उक्त देश का निवासी।

†पु० १. =चिह्न (निशान)। २. =चुनन।

चीनक—पु० [स० चीन+कन्] १. चीनी कपूर। २. चेना नामक कदन्न। ३. कंगनी नामक कदन्न।

चीन-कर्पूर—पु० [मध्य० स०] चीनी कपूर।

चीन की दीवार—स्त्री० [चीन देश+फा० दीवार] १. चीन के उत्तरी भाग में प्रायः १५०० मील लंबी एक दीवार जो प्रायः दो हजार वर्ष पहले बनी थी और जिसकी गिनती संसार के सात आश्चर्यजनक वस्तुओं में होती है। २. कोई बहुत बड़ी अड़चन या बाधा।

चीनज—पुं० [सं० चीन√जन्+ड] एक प्रकार का इस्पात या लोहा जो चीन से आता था।

वि० चीन देश में उत्पन्न होनेवाला।

चीनना†—स०=चीन्हना (पहचानना)।

चीन-पिष्ट—पुं० [ष० त० स०] १. सीसा नामक धातु। २. सिंदूर। ३. इस्पात (लोहा)।

चीनबंध—पुं० [मध्य० स०] सीसा नामक धातु।

चीन-वास(स्)—पुं० [मध्य० स०] चीन देश का बना हुआ एक प्रकार का रेशमी कपड़ा।

चीनांशुक—पु० [चीन-अंशुक, मध्य० स०] १. एक प्रकार का लाल ऊनी कपड़ा जो पहले चीन से आता था। २. एक प्रकार का रेशमी कपड़ा।

चीना—पुं० [हिं० चीन] चीन देश का बासी।

पुं० [सं० चिह्न] एक प्रकार का कबूतर जिसके शरीर पर काले या लाल दाग या फूल होते हैं।

वि० चीन देश का। जैसे—चीना कपूर।

†पुं०=चेना (कदन्न)।

चीनाक—पुं० [सं० चीन√अक् (गति)+अण्] चीनी कपूर।

चीना ककड़ी—स्त्री० [हिं०] एक प्रकार की छोटी ककडी।

चीनाचंदन—पु० [हिं० पद] एक प्रकार का पक्षी जिसके पीले शरीर पर काली धारियाँ होती है और जिसका स्वर मनोहर होता है। यह प्राय. पाला जाता है।

चीनाबादाम—पु० [हिं० चीन+फा० बादाम] चिनिया बादाम। मूंगफली।

चीनिया—वि० [देश०] चीन देश का। चीन देश-संबंधी।

चीनी—स्त्री० [चीन (देश)+ई (प्रत्य०)] सफेद रग का एक प्रसिद्ध मीठा चूर्ण जो ईख, चुकंदर, खजूर, आदि कई पदार्थों के मीठे रस को उबाल और गाढ़ा करके बनाया जाता है। इसका व्यवहार प्रायः मिठाइयाँ बनाने और पीने के लिए दूध या पानी आदि मीठा करने में होता है।

वि० चीन देश-संबंधी। चीन देश का। जैसे—चीनी भाषा, चीनी मिट्टी।

पुं० [देश०] एक प्रकार का छोटा पौधा।

चीनी कपूर—पु० [हिं०] एक प्रकार का कपूर जो पहले चीन देश से आता था।

चीनी कबाब—स्त्री० दे० 'कबाब चीनी'।

चीनी-चंपा—पुं० [देश०] एक प्रकार का छोटा बढ़िया केला। चिनिया केला।

चीनी मिट्टी—स्त्री० [हिं०] एक प्रकार की मिट्टी जो पहले-पहल चीन के एक पहाड़ से निकली थी और अब अन्य देशो में भी कहीं-कहीं पाई जाती है। इस पर पालिश बहुत अच्छी होती है, इसी लिए इससे खिलौने, गुलदान और छोटे बरतन बनाए जाते है।

चीनी मोर—पु० [हिं० चीनी+मोर] सोहन चिड़िया की जाति का एक पक्षी जिसका माँस बहुत स्वादिष्ट होता है।

चीन्ह—पु० दे० 'चिह्न'। (अशुद्ध रूप)

चीन्हना—स० [सं० चिह्न] किसी ऐसी वस्तु या व्यक्ति को पहचान लेना जिसे पहले कभी देखा हो।

चीन्हा—पु० दे० 'चिह्न'।

पु०=परिचय (जान-पहचान)।

चीप—स्त्री० [देश०] वह लकड़ी जो जूते के कलबूत में सब से पीछे भरी या चढ़ाई जाती है। (मोची)

†स्त्री०=चिप्पड़।

†स्त्री०=चेप।

चीपड़—पुं० [हिं० कीचड़] १. आँख में से निकलनेवाली सफेद रग की लसदार मैल। आँख का कीचड़। २. दे० 'चिप्पड़'।

चीमड़—वि० [हिं० चमड़ा] १. (वस्तु) जो चमडे की तरह कड़ी हो तथा लचीली न हो। २. (व्यक्ति) जो जल्दी किसी बात या व्यक्ति का पीछा न छोड़ता हो। किसी बात या व्यक्ति के पीछे पड़ा रहनेवाला। ३ (व्यक्ति) जिससे जल्दी पैसा वसूल न किया जा सकता हो।

चीयाँ—पु० [सं० चिचा] इमली का बीज।

चीया*—पु० चित्र। उदा०—अदेषि देषिबा देषि बिचारिबा आदि सिहि राषिबा चीया। —गोरखनाथ।

चीर—पु० [√चि (ढकना)+क्रन्, दीर्घ] १ कपड़ा। वस्त्र। २. आजकल थान, धोती आदि मे लबाई के बल का वह अतिम छोर या सिरा जिसमे बनावट कुछ भिन्न प्रकार की अथवा हलकी होती है। ३. कपड़े, कागज आदि का कम चौडा और अधिक लंबा टुकड़ा। धज्जी। ४. पुराने कपडे का टुकड़ा। चिथडा। लता। ५ योगियो, साधुओं आदि और विशेषत बौद्ध भिक्षुओं के पहनने का कपडा।। ६. पेड़ की छाल। ७ गौ का थन। ८ मोतियो की वह माला जिसमे चार लड हों। ९. एक प्रकार का बडा पक्षी जिसकी लंबी दुम बहुत सुदर होती है। यह प्रायः 'चीर चीर' शब्द करता है। १० धूप या सरल का पेड़। ११ सीसा नामक धातु। १२ छप्पर या छाजन का अगला भाग। मँगरा। मथौत।

पु० [हिं० चीरना] १ चीरने की क्रिया या भाव।

पद—चीर-फाड़=(क) चीरने या फाडने का भाव या क्रिया। (ख) शल्य-चिकित्सा।

२ चीर कर बनाई हुई दरार या सधि। शिगाफ। ३ रेखा। लकीर। ४ कुश्ती का एक दाँव या पेच जिसमे विपक्षी के दोनों हाथ एक दूसरे से बिलकुल अलग और बहुत दूर करके उसे नीचे गिराया जाता है।

चीरक—पु० [सं० चीर+कन्] १ कागज के किसी टुकड़े पर लिखी हुई कोई सार्वजनिक घोषणा। २ लिखने का एक ढग। ३ लेख्य। ४. मुट्ठे की तरह गोलाकार लपेटा हुआ लबा कागज। खर्रा। (रोल, स्क्रोल)

चीर-चरम*—पु० [स० चीर+चर्म] हिरन आदि की खाल जो ओढ़ी और बिछाई जाय। जसे-बाघबर, मृग-छाला आदि।

चीरना—स० [स० चीर्णन] १. किसी चीज को एक जगह या सिरे से दूसरी जगह या सिरे तक सीध मे किसी धारदार उपकरण द्वारा काट या फाड़कर अलग या टुकड़े करना। जैसे—कपडा, फोडा या लकड़ी चीरना। २. कही से कोई चीज निकाल लेना।

मुहा०—माल चीरना=अनुचित रूप से बहुत अधिक आर्थिक लाभ करना।

३ किसी बडी चीज या तल के अश इधर-उधर करते हुए आगे बढ़ने के लिए मार्ग निकालना या रास्ता बनाना। जैसे—(क) पानी चीरते हुए नाव का आगे बढना। (ख) भीड चीर कर सबके आगे पहुँचना।

चीरनिवसन—पु० [स०] १ पुराणानुसार एक देश जो कूर्म विभाग के ईशान कोण मे है। २ उक्त देश का निवासी।

चीर-पत्रिका—स्त्री० [ब० स०] चेंच नाम का साग।

चीर-परिग्रह—पु०, वि० [ब० स]=चीर-वासा।

चीर-पर्ण—पु० [ब० स] साल नामक वृक्ष।

चीर-फाड़—स्त्री० [हिं० चीर+फाड] १. चीरने और फाड़ने की क्रिया या भाव। २. नश्तर आदि से फोडे चीरने का काम। शल्य-चिकित्सा। ३. बहुत ही अनुचित रूप से किया जानेवाला किसी साहित्यिक कृति, तथ्य, वाद आदि का विश्लेषण।

चीरल्लि—पु० [स०] सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का पक्षी।

चीरवासा (सस्)—पु० [सं० चीरवासस्] १. शिव। महादेव। २. यक्ष।

वि० जो चीर (छाल या वल्कल) ओढ़ता या पहनता हो।

चीर-हरण—पुं० [ष० त०] श्रीकृष्ण की एक प्रसिद्ध लीला जो इस अनुश्रुति के आधार पर है कि एक बार यमुना में नहाती हुई गोपियों के चीर या वस्त्र लेकर वे वृक्ष के ऊपर जा बैठे थे।

चीरा—पु० [सं० चीर] १. एक प्रकार का लहरिएदार रंगीन कपड़ा जो पगड़ी बनाने के काम में आता है। २. उक्त प्रकार के कपड़े की बनी या बँधी हुई पगड़ी।

पुं० [हिं० चीरना] १. चीरने की क्रिया या भाव। २. चीरकर बनाया हुआ क्षत या घाव।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

मुहा०—**चीरा उतारना या तोड़ना**=कुमारी के साथ पहले-पहल संभोग या समागम करना। (बाजारू)

३. गाँव की सीमा सूचक खंभा या पत्थर।

चीरा बंद—पु० [हिं० चीरा=पगड़ी+फा० बंद] वह कारीगर जो लोगों के लिए चीरे बाँधकर तैयार करता हो।

वि० (कुमारी या बालिका) जिसके साथ अभी तक किसी पुरुष ने संभोग या समागम न किया हो। (बाजारू)

चीरा बंदी—स्त्री० [हिं० चीरा=पगड़ी का कपड़ा+फा० बंदी] १. चीरा (पगड़ी) बनाने या बाँधने की क्रिया या भाव। २. एक प्रकार की बुनावट जो पगड़ी बनाने के लिए ताश के कपड़े पर कारचोबी के साथ की जाती है।

चीरि—स्त्री० [सं० चि+क्रि, दीर्घ] १. आँख पर बाँधी जानेवाली पट्टी। २. धोती आदि की लाँग। ३. झींगुर।

चीरिका—स्त्री० [सं० चीरि√कै (शब्द करना)+क-टाप्] झींगुर। झिल्ली।

चीरिणी—स्त्री० [सं० चीर+इनि-ङीप्] बदरिकाश्रम के निकट की एक प्राचीन नदी जिसके तट पर वैवस्वत मनु ने तस्पया की थी। (महाभारत)

चीरित—भू० कृ० [सं० चीर+इतच्] फटा हुआ (केवल समास में)।

चीरितच्छदा—स्त्री० [चीरित-छद, ब० स०, टाप्] पालक का साग।

चीरी (रिन्)—वि० [सं० चीर+इनि] १. वल्कलधारी। २. चिथड़े लपटनेवाला।

पुं० १. झिल्ली। झींगुर। २. एक प्रकार की छोटी मछली।

†स्त्री०=चिड़ी (पक्षी)।

†स्त्री० दे० 'चीढ़'।

स्त्री० [सं० चीर] चिट्ठी। पत्र। उदा०—सात बरस पेहलो रह्यो चीरी जणहन मोकल्यें कोई।—नरपति नाल्ह।

चीरी-वाक—पु० [सं० ब० स] एक प्रकार का कीड़ा।

चीरु*—पुं०=चीर।

चीरुक—पु० [सं० ची√रु (शब्द करना)+क] एक प्रकार का फल जो वैद्यक में रुचिकर और कफ-पित्त वर्द्धक माना गया है।

चीरू—पु० [सं० चीर] १. एक प्रकार का लाल रंग का सूत। २. चीर। कपड़ा।

चीरेवाला—पुं० [हिं०] १. घोड़ों आदि की चीर-फाड़ करनेवाला हकीम। जर्राह। २. चिकित्सक। (मुसल० स्त्रियाँ)

चीर्ण—वि० [सं०√चर् (चलना)+नक् पृषो० ईत्व] चिरा या चीरा हुआ।

चीर्ण-पर्ण—पुं० [ब० स०] १. नीम का पेड़। २. खजूर का पेड़।

चील—स्त्री० [सं० चिल्ल] गिद्ध और बाज आदि की जाति की बहुत तेज उड़ने तथा झपट्टा मारकर चीजें छीन ले जानेवाली एक बड़ी चिड़िया जो संसार के प्रायः सभी गरम देशों में पाई जाती है।

पद—**चील का मूत**=कोई दुर्लभ वस्तु।

चील-झपट्टा—पुं० [हिं० चील+झपटना] १. चील की तरह एकाएक झपटकर किसी से कोई चीज छीन कर ले भागना। २. बच्चों का एक खेल जिसमें वे एक दूसरे के सिर पर धौल लगाते हैं।

चीलड़—पुं०=चीलर।

चीलर—पु० [देश०] पहने जानेवाले गदे कपड़ों अथवा कुछ पशुओं के शरीर में पड़नेवाला एक प्रकार का सफेद रंग का छोटा कीड़ा।

चीला†—पुं०=चिल्ला (पकवान)।

चीलिका—स्त्री० [सं०√ला (लेना)+क-टाप्, इत्व] झिल्ली। झींगुर।

चीलू—पुं० [देश०] आड़ू की तरह का एक प्रकार का पहाड़ी फल।

चील्लक—पुं० [सं० ची√लक्क् (शब्द करना)+अच् पृषो० सिद्धि] झिल्ली। झींगुर।

चील्ह†—स्त्री०=चील (पक्षी)।

चील्हर—पुं०=चीलर (कीड़ा)।

चील्ही—स्त्री० [देश०] एक प्रकार का टोटका जो स्त्रियाँ बालकों के कल्याणार्थ करती हैं।

चीवर—पुं० [सं० चि (चयन करना)+ष्वरच्, नि० सिद्धि] १. भिक्षुओं, योगियों, संन्यासियों आदि के पहनने का फटा-पुराना कपड़ा। २. बौद्ध भिक्षुओं का गैरिक उत्तरीय वस्त्र या चादर।

चीवरी (रिन्)—पुं० [सं० चीवर+इनि] १. चीवर पहननेवाला। बौद्ध भिक्षु। २. भिक्षुक। भिखमंगा।

चीस*—स्त्री० १.=टीस। २.=चीख। उदा०—हसति भागि कै चीसा मारै।—कबीर।

चीसना—अ०=चीखना। उदा०—परिभख्खन रख्खिसन, कुइक चीसन मुख सासन।—चन्दवरदाई।

चीह*—स्त्री०=चीख (चीत्कार)। उदा०—मोर सोर कोकिलनि रोर, चीह पप्पहि पुकारत।—चन्दवरदाई।

चुंगना†—स०=चुगना।

चुंगल—पुं० दे० 'चंगुल'।

चुंगली—स्त्री० [देश०] नाक में पहनने की एक प्रकार की नथ, जिसे 'समथा' भी कहते हैं।

चुंगवाना—स०=चुगवाना।

चुंगा†—पुं० दे० 'चोगा'।

चुंगाना—स०=चुगाना।

चुंगी—स्त्री० [हिं० चुंगल या चंगुल] १. चुंगल भर वस्तु। चुटकी भर चीज। २. मध्य युग में बह कर जो पैठों, बाजारों या मंडियों में आकर अन्न, फल आदि बेचनेवालों से उनकी विक्रय वस्तुओं आदि में से एक-एक चुंगल या चंगुल भरकर लिया जाता था। ३. आज-कल नगरपालि-

काओं, जिला मंडलों आदि में उक्त कर का वह विकसित रूप जो बाहर से आनेवाले पदार्थों पर नगद धन के रूप में लगता है। (ऑक्ट्रॉय, अंतिम दोनों अर्थों के लिए)

चुंगी-कचहरी—स्त्री०[हिं० पद] नगरपालिका आदि का प्रधान कार्यालय जहाँ और काम होने के सिवा चुंगी भी वसूल की जाती है।

चुंगीकर—पु०[हिं०] १. नगर की सीमा पर का वह स्थान जहाँ नगरपालिका आदि का चुंगी वसूल करने का काम होता है। २. दे० 'चुंगीकचहरी'।

चुंघाना—स०[हिं० चुसाना] माता का बच्चे को अपना स्तन अथवा पशुओं का अपने बच्चों को थन चूसने में प्रवृत्त करना। चुसाकर बच्चे को दूध पिलाना।

स०=चुगाना।

चुंच—स्त्री०=चोंच।

चुंचरी—स्त्री० [स० चुच√रा (लेना)+क ङीप्] वह जूआ जो इमली के चींओं से खेला जाय।

चुंचली—स्त्री०=चुंचरी।

चुंचु—पु०[सं०√चच् (हिलना)+उ, पृषो० उत्व] १. छछूंदर। २ एक प्राचीन संकर जाति जिसकी उत्पत्ति वैदेहिक माता और ब्राह्मण पिता से कही गई है। ३. चिनियारी नाम का पौधा।

चुंचुक—पु०[सं० चुंचु+कन्] बृहत्संहिता के अनुसार नैर्ऋत्य कोण का एक देश।

चुंचुल—पु०[स०] विश्वामित्र का एक पुत्र जो संगीत शास्त्र का बहुत बड़ा पंडित था।

चुंटली—स्त्री०[देश०] घुंघची। गुंजा।

चुंटा—पु०=चुडा।

चुंडा—पु०[स० चुडि+अच्-टाप्] [स्त्री० अल्पा० चुडी] कूआँ। कूप।

पु० =चोंडा।

चुंडित—वि०[हिं० चुडी=शिखा] चुडी या शिखावाला। शिखाधारी।

चुंडी—स्त्री०=चुदी (शिखा)।

चुंदरी—स्त्री०=चुनरी।

चुंदरीगर—पु०[हिं० चूंदरी+फा० गर] वह रँगरेज जो रँगकर चुनरी तैयार करता हो।

चुंदी—स्त्री०[सं०√चुद् (प्रेरणा देना)+अच्-ङीप्-निया० सिद्ध] कुटनी। दूती।

स्त्री० [सं० चूड़ा ?] हिंदू पुरुषों के सिर पर की चुटिया। चोटी। शिखा।

चुंधलाना†—अ०=चौंधियाना।

अ०=चोंधराना।

चुंधा—वि०[हिं० चौ=चार+अध] [स्त्री० चुधी] १. (जीव) जिसे कुछ दिखाई न देता हो। अंधा। २. अपेक्षाकृत बहुत छोटी आँखोंवाला।

चुंधियाना—अ०=चौंधियाना।

चुंब—पुं०[स०√चुम्ब ('चूमना)+घञ्] चुबन।

चुंबक—वि०[स०√चुम्ब+ण्वुल्-अक] १. चुबन करनेवाला। २ कामुक। ३ धूर्त। ४. जो ग्रथो को ध्यानपूर्वक पूरा न पढ़ता हो, बल्कि इधर-उधर से कुछ देखकर छोड़ देता हो।

पु० १. वह फदा जो कूएँ से पानी भरने के समय घड़े के गले मे फँसाया जाता है। फाँस। २ एक प्रकार का पत्थर जो लोहे आदि के छोटे-छोटे टुकड़ो को अपनी ओर खीच लेता है। ३ लोहे आदि का बनाया हुआ वह कृत्रिम उपकरण जिसमे उक्त पत्थर के गुणो का आरोपण किया गया हो तथा जो लोहे, निकिल आदि के टुकडो को अपनी ओर खीच लेता हो। (मेगनेट) ४ लाक्षणिक अर्थ मे, वह व्यक्ति जो किसी को अपनी ओर आकृष्ट करता हो।

चुंबकत्व—पु०[स० चुम्बक+त्व] चुम्बक पत्थर का गुण या भाव।

चुंबकीय—वि० [स० चुबक+द्द-ईय] १ चुबक-सबधी। २ जिसमें चुबक या उसका गुण हो।

चुंबना—स० =चूमना।

चुंबा—पु० दे० 'सुबा'। (लश०)

पु०=चुम्मा।

चुंबित—भू० कृ० [सं०√चुब+क्त] १ जिसका चुबन किया गया हो। चूमा हुआ। २ किसी के साथ थोड़ा स्पर्श करता हुआ।

चुंबी—वि०[स०√चुब+णिनि] १ चूमनेवाला। २ जो किसी को छूता या स्पर्श करता हुआ हो। बहुत ऊँचा। जैसे—गगन-चुबी पर्वत या प्रासाद।

चुंभना—स० =चूमना।

चुअना†—अ० दे० 'चूना'।

†वि० [स्त्री० चुअनी] जो चूता हो। चूनेवाला। जैसे—चुअना लोटा।

चुआ—पु०[हिं० चौआ =चौपाया] चार पैरोवाला पशु। चौपाया।

पु०[?]१ हड्डी की नली के अन्दर का गाढा लसीला पदार्थ। गूदा। मज्जा। २ एक प्रकार का पहाडी गेहूँ। ३ दे० 'चौआ'।

चुआई—स्त्री०[हिं० चुआना] १ चुआने या टपकाने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. गौ-भैंस आदि दुहने या दुहाने का काम या पारिश्रमिक।

चुआक—पु०[हिं० चूना टपकना] वह छेद जिसमे से पानी चूता (अथवा जहाज के अन्दर आता) हो। (लश०)

चुआना—स० [हिं० चूनाटपकना] १ किसी तरल पदार्थ को चूने या टपकने मे प्रवृत्त करना। बूँद-बूँद गिराना या टपकाना। २ भभके आदि की सहायता से अरक, आसव आदि तैयार करना। जैसे—शराब चुआना। ३ अच्छी तरह परिष्कृत करके सयम और सावधानी से थोडा-थोड़ा प्रस्तुत करना या किसी के सामने लाना। उदा०—वेष सु बनाई सुचि बचन कहै चुआइ जाई तनि जरनि धरनि धन धाम की।—तुलसी।

स० दे० दुहाना'।

चुआव†—स्त्री०=चुआन।

चुकंदर—पु०[फा०] गाजर शलजम आदि की तरह का एक प्रसिद्ध मीठा कद जो लाल रग का होता और तरकारी बनाने के काम आता है। इसके रस से एक प्रकार की चीनी भी बनती है।

चुक†—पु० =चूक।

चुकचुकाना—अ०[हिं० चूना =टपकना] तरल पदार्थ का किसी पात्र या तल मे होनेवाले छोटे छेद के मार्ग से सूक्ष्म कणो के रूप मे बाहर निकलना। पसीजना। जैसे—थप्पड़ लगने पर गाल से खून चुकचुकाना।

चुकचुहिया—स्त्री०[देश०] १ एक प्रकार की छोटी चिड़िया जो बहुत

तड़के बोलने लगती है। २. बच्चों का एक प्रकार का खिलौना जिसे दबाने या हिलाने से चूँ चूँ शब्द होता है।

चुपट —पुं०[हिं० चुटका] १. चंगुल। २. चुटकी।

चुपटी†—स्त्री०=चुटकी।

चुपता—वि०[हिं० चुकना] १ (ऋण या देना) जो चुका दिया गया हो। २. (हिसाब) जिसमें लेना और देना दोनों बराबर हो गये हों।

चुपती—वि०=चुप्ता।

चुपना—अ०[स० च्यव, चुक, प्रा० चुक्कइ, उ० चुकाइबा, प० चुक्कणा; सिं० चुकणु; गु० चुकवुं, मरा० चुकणे] १. (काम या बात का) पूरा या समाप्त होना। बाकी न रहना। २. (पदार्थ का) कम होते होते निःशेष या समाप्त होना। जैसे—घर में आटा चुक गया। ३ (ऋण या देन का) पूरा-पूरा परिशोध होना। देना बाकी न रहना। जैसे—उनका हिसाब तो कभी का चुक गया। ४ (झगड़ा या बखेड़ा) तै हो जाना। निपटना। जैसे—चलो, आज यह झगड़ा भी चुका। ५. एक संयोज्य क्रिया जो मुख्य क्रिया की समाप्ति की सूचक होती है। जैसे—खेल चुकना, लड़ चुकना आदि। ६ दे० 'कूकना'।

†अ० =चूकना। उदा०—बकुरन घात मार मुठ भेरी।—तुलसी।

चुपरी—स्त्री०[देश०] रेवड़ चीनी।

चुपरेड़—पुं०[देश०] दो-मुँहा साँप जिसे गूँगी भी कहते हैं।

चुपवाना—स०[हिं० चुकाना का प्रे०] किसी को कुछ चुकाने में प्रवृत्त करना। जैसे—कर्ज या झगड़ा चुकवाना।

चुपाई—स्त्री०[हिं० चुकना] चुकने या चुकाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

चुपाना—स०[हिं० चुकना का स०] १ किसी से लिया हुआ धन पूरा-पूरा वापस करना। जैसे—ऋण चुकाना। २ किसी की हुई हानि को पूरा करना। क्षति-पूर्ति करना। जैसे—रेल दुर्घटना में मरनेवाले व्यक्ति-के परिवारों को दो दो हजार रुपए सरकार ने चुकाए हैं। ३. झगड़ा या विवाद तै करना। निपटाना।

चुपाव—पुं०[हिं० चुकना] चुकने या चुकाये जाने की क्रिया या भाव।

चुपावरा†—पुं०[हिं० चुकाना] ऋण, देन आदि चुकाने की क्रिया या भाव। (बुन्देल०)

चुपिया—स्त्री०[देश०] तेलियों की घानी में पानी देने का छोटा बरतन। कुल्हिया।

चुपौती†—पुं०[हिं० चुकाना। औता (प्रत्य०)] १. चुकाने की क्रिया या भाव। २ रुपया चुकता पाने के समय लिखी जानेवाली पावती। रसीद।

चुपौती—स्त्री०=चुकौता।

चुफक—पुं०=चूक (खटाई)। उदा०—चुफक लाइकै रीधे भाँटा।—जायसी।

चुफड़—पुं०[?] पानी, शराब आदि पीने का मिट्टी का गोल छोटा बरतन। कुल्हड़। पुरवा।

चुफला—पुं० १. दे० 'चूक'। (खटाई) २. दे० 'चुफड़'।

चुफकार—पुं०[सं०√चुफक (पीड़ा देना)+अच्] चुफक-भा√१३ (लेना)+क] गरजने की क्रिया या भाव। गर्जन। गरज।

चुफी—स्त्री०[हिं० चुकना] १. चूक। भूल। २. छल। धोखा।

चुफ्फीवाली—स्त्री०[?] मुड़े हुए पुटनों को पीठ के सहारे अंगौछे से कुछ ढीला बाँधकर बैठने का एक ढंग। (देहाती)

चुभ—पुं०[सं०√चुभ (तृप्त करना)+रक्, उत्व] १. चूक नाम की खटाई। चुक। महाम्ल। २. चूका नाम का खट्टा साग। ३. अमलबेत। ४. काँजी। संधान।

चुभक—पुं०[सं० चुभ+कम्] चूक नाम का साग।

चुभ-फल—पुं०[ब० स०] इमली।

चुभ-वास्तुक—पुं०[उपमि०स०] अमलोनी नाम का साग।

चुभ-वेतस—पुं०[ष०त०] एक प्रकार की काँजी।

चुभा—स्त्री० [सं० चुक+टाप्] १. अमलोनी नाम का साग। २. इमली।

चुभाम्ल—पुं०[सं० चुक-अम्ल, उपमि० स०] १. चूक नाम की खटाई। २. चूका नाम का साग।

चुभाम्ला—स्त्री० [चुक-अम्ल, ब० स० टाप्] अमलोनी नाम का साग।

चुभिका—स्त्री० [सं० चुक+ठन्-इ+टाप] १. अमलोनी नाम का साग। नोनिया। २. इमली।

चुभिमा (मन्)—स्त्री०[स० चुक+इमनिच्] खट्टापन। खटाई। खटास।

चुमा—स्त्री०[स०√चय् (वध करना)+स० बाहु० पृषो०] हिंसा।

चुमाना—स०[स० चूषण] १ गौ, भैंस आदि दुहने के समय थन से दूध उतारने के लिए पहले उसके बछड़े को थोड़ा-सा अंश पिलाना। २. कोई चीज या उसका स्वाद चखाना। ३. दे० 'चुसाना'।

चुमुच—पुं० [फा०] १. उल्लू पक्षी। २ उल्लू की जाति का, हुदहुद नामक पक्षी।

वि० बहुत बड़ा बेवकूफ। महामूर्ख।

चुगना—स० [स० चयन] पक्षियों आदि का अपनी चोंच से अनाज के कण, कीड़े-मकोड़े आदि उठा-उठाकर खाना।

चुगल—पुं०[फा०] १. चुगलखोर। २. तमाकू आदि पीने के समय चिलम के छेद पर रखा जानेवाला कंकड़। गिट्टक।

चुगलखोर—पुं०[फा०] किसी की परोक्ष में उसकी हानि करने के उद्देश्य से दूसरों के सम्मुख बुराई करनेवाला।

चुगलखोरी—स्त्री०[फा०] किसी की हानि करने के उद्देश्य से परोक्ष में उसकी निन्दा करने की क्रिया या भाव। चुगलखोर का काम।

चुगलस—स्त्री०[देश०] एक प्रकार की लकड़ी।

चुगलाना—स० दे० 'चुगलाना'।

चुगली—स्त्री०[फा०] किसी की हानि करने के उद्देश्य से परोक्ष में दूसरों से की जानेवाली उसकी निंदा या शिकायत। पीठ पीछे की जानेवाली बुराई या लगाया जानेवाला अभियोग।

मुहा०—(किसी की) चुगली खाना=किसी के परोक्ष में दूसरों से की जानेवाली उसकी अभियोगात्मक निंदा।

चुगा—पुं०[हिं० चुगना] अन्न के वे दाने आदि जो चिड़ियों के आगे चुगने के लिए डाले जाते हैं। चिड़ियों का चारा। उदा०—कपट-चुगी दै फिरि निपट करी दुरी।—घनानंद।

†पुं०=चोगा (पहनावा)।

चुगाई—स्त्री०[हिं० चुगाना+ई(प्रत्य०)] चुगने या चुगाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

चुगाना—स० [हिं० चुगना] चिड़ियों को चुगने में प्रवृत्त करना। अनाज के कण इस प्रकार बिखेरना कि चिड़ियाँ चुगने लगें।

चुगुल†—पुं०=चुगलखोर।

चुगुलखोरी—स्त्री०=चुगलखोरी।

चुगुली—स्त्री०=चुगली।

चुग्गा—पुं० १.=चुगा। २. चोगा।

चुग्घी—स्त्री० [देश०] १. चलने की थोड़ी-सी वस्तु। २. चसका। चाट।

चुचकना—अ० [स० शुष्क] १. इस प्रकार सूखना कि ऊपरी या बाहरी तल पर झुर्रियाँ पड़ जायँ। सूखकर सिकुड़ना। जैसे—आम या बेहरा चुचकना। २. मुरझा जाना।

चुचकारना—स०=चुमकारना।

चुचकारी—स्त्री०[अनु०] चुचकारने या चुमकारने की क्रिया या भाव। चुमकार। पुचकार।

चुचाना†—अ० दे० 'चूकचुकाना'।

चुचि—स्त्री०[सं०] स्तन।

चुचु—पुं०[सं० चञ्चु] चेंच नाम का साग।

चुचुआना—अ० दे० 'चुकचुकाना'।

चुचुक—पु०[सं० चुचु√कै (शब्द करना)+क] १ कुच या स्तन के सिरे या नोक पर का भाग जो गोल घुंडी का-सा होता है। डिपनी। २. दक्षिण भारत का एक प्राचीन देश। ३ उक्त देश का निवासी।

चुचुकना—अ० [सं० शुष्क+ना (प्रत्य०)] १. अधिक ताप आदि के कारण किसी वस्तु का सूख जाना। २. फल आदि का इतना अधिक सूख जाना कि उसमें का रस उड़ जाय।
अ०=चुचकना।

चुचुकारना†—स० दे० 'चुमकारना'।

चुच्चु—पुं०[सं०] पालक की तरह का एक प्रकार का साग। चौपतिया।

चुटक—स्त्री०[हिं० चुटकना] १. चुटकने की क्रिया या भाव। २ चुटकी। ३. एक प्रकार का कोड़ा जिसका प्रयोग घोड़ों को चलाना सिखाने के लिए होता है।
पु० [?] एक प्रकार का कालीन या गलीचा।

चुटकना—स० [हिं० चुटकी] १. चुटकी से पकड़कर कोई चीज उखाड़ना या तोड़ना। जैसे—पत्तियाँ, फूल या साग चुटकना। २. चुटकी से पकड़कर शरीर का कुछ अंश जोर से दबाना। चिकोटी काटना। ३. साँप का किसी को काटना। ४. कोड़ा मारना। चाबुक चलाना।
अ० १. चुटकी बजाना। २. चुट चुट शब्द करना। उदा०—करै चाह सौ चुटकि कै खरे उड़ौहैं मैन।—बिहारी।

चुटकला†—पु०=चुटकुला।

चुटका—पु०[हिं० चुटकी] १. बड़ी चुटकी। २. उतनी चीज जो चुटकी में आवे। जैसे—चुटका भर आटा।

चुटकी—स्त्री०[चुट चुट शब्द से अनु०] १. कोई वस्तु उठाने, दबाने, पकड़ने आदि के लिए अथवा कोई विशिष्ट कार्य करने के लिए अँगूठे के सिरे से तर्जनी का सिरा मिलाने की मुद्रा या स्थिति। जैसे—गौ, भैंस दुहने या पत्तों का दोना बनाने के लिए चुटकी से काम लेना।
मुहा०—चुटकी बैठना=चुटकी की सहायता से किये जानेवाले काम का ठीक और पूरा अभ्यास होना। जैसे—जब चुटकी बैठ जायगी, तब दोने ठीक बनने लगेंगे। **चुटकी लगाना**—(क) कोई चीज उठाने, खींचने, तोड़ने, दबाने, पकड़ने आदि के लिए अँगूठे और तर्जनी की उक्त प्रकार की मुद्रा से काम लेना। जैसे—(क) चुक्कके ने चुटकी लगाकर उसके जेब से नोट निकाल लिये। (ख) पत्तों को मोड़कर दोना बनाने के लिए चुटकी लगाना। (ग) चुनरी आदि रंगने के समय जगह-जगह से कपड़े के कुछ अंश पकड़कर डोरी-तागे से इस प्रकार बाँधना कि उतने अंश पर रंग न बढ़ने पावे।
२. किसी के शरीर में पीड़ा उत्पन्न करने अथवा उसका ध्यान किसी बात की ओर आकृष्ट करने के लिए अँगूठे और तर्जनी से उसके शरीर का थोड़ा-सा चमड़ा पकड़ कर दबाने की क्रिया या भाव। चिकोटी। जैसे—(क) उसने ऐसे जोर से चुटकी काटी कि चमड़ा लाल हो गया।
क्रि० प्र०—काटना।
मुहा०—चुटकी भरना उक्त प्रकार की मुद्रा से किसी के शरीर का चमड़ा पकड़कर दबाना। चिकोटी या चुटकी काटना।
३ उक्त के आधार पर लाक्षणिक रूप से किसी को मार्मिक कष्ट पहुँचाने, लज्जित करने या हास्यास्पद बनाने के लिए कही हुई कोई चुभती या लगती हुई व्यंग्यपूर्ण उक्ति या बात। जैसे—आपने भाषण में वे मंत्रियों पर भी चुटकियाँ लेते चलते थे।
क्रि० प्र०—लेना।
मुहा०—(किसी की) चुटकियों में उड़ाना=किसी को बहुत ही तुच्छ या हीन समझते हुए और बहुत सहज में नगण्य और हास्यास्पद ठहराना या सिद्ध करना। जैसे—पंडित जी को तो उन्होंने चुटकियों में ही उड़ा दिया।
४. किसी चीज को उठाने या देने के लिए अँगूठे, तर्जनी और मध्यमा उँगलियों के अगले सिरों को मिलाने की मुद्रा या स्थिति।
पद—चुटकी भर=किसी चीज का उतना अंश जितना उक्त प्रकार की पकड़ में आता हो अर्थात् बहुत थोड़ा। जैसे—मिलमगे को चुटकी भर आटा दे दो।
मुहा०—चुटकी माँगना=उक्त प्रकार से थोड़ा-थोड़ा अन्न घर-घर भीख के रूप में माँगते फिरना।
५. चुमकारने, पुचकारने अथवा अपनी ओर किसी का ध्यान आकृष्ट करने के लिए अँगूठे और मध्यमा के सिरों को मिलाकर इस प्रकार जोर से चटकाने की क्रिया जिससे चुट शब्द होता है। जैसे—चुटकी बजाकर तोते को पढ़ाना या बच्चे को बुलाना।
क्रि० प्र०—बजाना।
मुहा०—चुटकी देना=अँगूठे और तर्जनी की उक्त प्रकार की मुद्रा से चुट-चुट शब्द उत्पन्न करना। चुटकी बजाना। उदा०—सो मूरति तू अपने आँगन दै दै चुटकी नचाई।—सूर। **(किसी की) चुटकी या चुटकियों पर कोई काम करना**=बहुत ही थोड़े या सामान्य संकेत पर कोई काम ठीक या पूरा करना। जैसे—हमारा पुराना नौकर तो चुटकियों पर सब काम करता था। **चुटकी या चुटकियों में**=उतने ही थोड़े समय में जितना चुटकी या चुटकियाँ बजाने में लगता है; अर्थात् बहुत जल्दी या शीघ्र। जैसे—घबराते क्यों हो, सब काम चुटकियों में हुआ जाता है।
६ चालू आदि का बना हुआ वह उपकरण जो देखने में चुटकी की पकड़

के आकार का होता है और जिससे कपड़े, कागज आदि पकड़कर इसलिए दबाये जाते हैं कि वे इधर-उधर उड़ने या बिखरने न पावें। (इस पर पहले हाथ की उँगलियों की-सी आकृति बनी रहती थी; इसी लिए इसे 'पंजा' भी कहते हैं)। ७. जरदोजी के काम में गोटे, लच्के आदि को बीच-बीच में मोड़ते हुए बनाया जानेवाला लहरियेदार और सुंदर रूप जो कई प्रकार का होता है। जैसे—उस ओढ़नी पर किरतनुमा चुटकी बनी थी। ८. एक प्रकार का गुलबदन या मशक जिसमें उक्त प्रकार का कटावदार काम होता है। ९. पैर की उँगलियों में पहना जानेवाला एक प्रकार का चौड़ा छल्ला। १०. कपड़े की छपाई और रँगाई का एक प्रकार का पुराना ढंग जिसमें बीच-बीच में कपड़े का कुछ अंश दबाकर रंग से अलग रखा जाता था। ११ दरी की बुनावट में ताने के सूत। १२. बंदूक का वह स्प्रटका जिसे दबाने से गोली चलती है। बंदूक का घोड़ा। (लश०) १३ पेच कसने और खोलने, बोतल का काग निकालने आदि का पेचकस। (क्व०)

चुटकुला—पु०[हि० चुटकी] १. कोई ऐसी चमत्कारपूर्ण और विलक्षण उक्ति, कहानी आदि जिसे सुनकर सब लोग प्रसन्न हो जायँ या हँस पड़ें। हँसी-विनोद की कोई बढ़िया और मजेदार बात।

मुहा०—चुटकुला छोड़ना=कोई ऐसी अनोखी बात कहना जिससे लोगों को कौतूहल हो और वे उसकी चर्चा करने लगें या उसके सम्बन्ध में आपस में कुछ झगड़ा या विवाद करने लगें।

२ दवा का कोई ऐसा छोटा और सहज अनुयोग या नुस्खा जो बहुत गुण-कारक सिद्ध होता हो। लटका।

चुटकुट—वि०[अनु०] १ इधर-उधर फैला या बिखरा हुआ, परन्तु छोटा और बहुत साधारण। जैसे—घर का चुट-फुट सामान। २ जो सब जगह न होकर कभी थोड़ा यहाँ और कभी थोड़ा वहाँ होता हो। जैसे—नगर में हैजे से चुट-फुट मौतें होने लगी हैं।

स्त्री० इधर-उधर फैली हुई फुटकर और मामूली चीजें।

चुटला—पु०[हि० चोटी] १ एक प्रकार का गहना जो सिर पर चोटी या वेणी के ऊपर पहना जाता है। २ सिर के बालों की वेणी या जूड़ा। वि० दे० 'चुटीला'।

चुटाना—अ० [हि० चोट] चोट खाना। घायल होना।

चुटिया—स्त्री०[हि० चोट.] १ सिर के बालों की वह लट जो हिन्दू पुरुष सिर के बीचोबीच रखते हैं। शिखा। चुंदी। चोटी।

विशेष—विस्तृत विवरण और मुहा० के लिए देखें 'चोटी'।

२. चोरों या ठगों का सरदार।

चुटियाना—स०[हि० चोट] १. घायल या जख्मी करना। चोट पहुँचाना। २. जीव-जन्तुओं का किसी को काट या डसकर घायल करना।

चुटिला†—पु०=चुटला।

चुटीलना—स०[हि० चोट] चोट पहुँचाना।

चुटीला—वि०[हि० चोट+ईला (प्रत्य०)] १. चोट खाया हुआ। जिसे घाव या चोट लगी हो। २. चोट करनेवाला (जन्तु)।

वि०[हि० चोटी] १. चोटीदार का या सिरे का सब से अच्छा और बढ़कर। २. ठाठ-बाटवाला। भड़कीला।

पु०=चुटला।

चुटकी—स्त्री०=चुटकी।

चुड़ैल—वि०[हि० चोट] १. जो चोट खाकर घायल हुआ हो। जिसे चोट लगी हो। जैसे—इस मार-पीट में चार आदमी चुर्टल हुए हैं। २. आक-मण या चोट करनेवाला। (क्व०)

चुड़ना—स० दे० 'चुनना'। (राज०) उदा०—कली न चुड़ई आइ।—डोलामारू।

चुड़ा—पुं०[हि० चोटी] बड़ी और भारी चोटी या उसका बना हुआ जूड़ा। चुटला।

चुड़—स्त्री० दे० 'चुड़ह'।

चुड़ला—पु०[स्त्री० अल्पा० चुड़ली]=चूड़ा (हाथ में पहनने का)।

चुड़ाव—पु०[देश०] एक जंगली जाति।

चुड़िया—स्त्री०=चूड़ी।

चुड़िहारा—पुं०[हि० चूड़ी+हारा (प्रत्य०)] [स्त्री० चुड़िहारिन] १. स्त्रियों के पहनने की चूड़ियाँ बनानेवाला। २. चूड़ियाँ बेचनेवाला व्यक्ति।

चुड़ुक्का—पुं०[हि० चिड़िया] लाल की तरह की एक छोटी चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले, पीठ मटमैली तथा पूँछ कुछ लंबी होती है। चिड़ुक्का।

चुड़ैल—स्त्री०[स० चूड़ा या हि० चुड़ह?] १. भूत की स्त्री। भूतनी। डायन। पिशाचिनी। २. बहुत ही क्रूर या दुष्ट स्वभाववाली स्त्री। ३. बहुत ही कुरूप और घृणित स्त्री।

चुड़्ड—स्त्री०[सं० च्युत=भग] भग। योनि। (पश्चिम)

चुड़ड़ी—स्त्री० [हि० चुड़] स्त्रियों को दी जानेवाली एक गारी। छिनाल स्त्री।

चुत—पुं०[स०√चुत् (बहना)+क] गुदद्वार।

चुत्थल—वि०[हि० चुहल] ठठोल। मसखरा।

वि०=चुतिया।

चुत्या—पुं०[हि० चोथना=नोचना] वह बटेर जिसे लड़ाई में दूसरे बटेर ने घायल किया हो, और उसके पर आदि चोथ या नोच लिये हों।

वि० चोंथा या नोचा-बकोटा हुआ।

चुदक्कड़—वि०[हि० चोदना] बहुत अधिक चोदनेवाला। अत्यन्त कामी।

चुदना—अ० [हि० चोदना] स्त्री का पुरुष के द्वारा चोदा जाना।

चुदवाई—स्त्री०[हि० चुदवाना] चुदवाने की क्रिया, भाव या पुरस्कार।

चुदवाना—अ, स० दे० 'चुदाना'।

चुदवास—स्त्री०[हि० चुदवाना+आस (प्रत्य०)] स्त्री की संभोग कराने की इच्छा। मैथुन कराने की कामना।

चुदवैया—पुं०[हि० चोदना+वैया (प्रत्य०)] स्त्री के साथ प्रसग करने या संभोग करनेवाला।

चुदाई—स्त्री०[हि० चोदना] १. चोदने की क्रिया या भाव। स्त्री-प्रसंग। मैथुन। २. उक्त क्रिया के बदले में लिया या दिया जानेवाला धन।

चुदाना—अ०[हि० चोदने का प्रे०] स्त्री का पुरुष से प्रसंग या संभोग कराना।

चुदास—स्त्री०[हि० चोदना+आस (प्रत्य०)] स्त्री-प्रसंग करने की प्रबल इच्छा या कामना।

चुदासी—पुं०[हि० चोदना] [स्त्री० चुदासी] वह पुरुष जिसे स्त्री-प्रसंग करने की प्रबल इच्छा या कामना हो।

चुहीबाल—स्त्री० [हिं० चोदना] स्त्री के साथ पुरुष के प्रसंग या सभोग करने की क्रिया या भाव।

चून—पु० [स० चूर्ण; हिं० चून] १. गेहूँ, जौ आदि का आटा। २. चूर्ण। बुकनी।

चुनचुना—पुं० [अनु०] पेट में उत्पन्न होनेवाले एक प्रकार के सफेद रंग के लंबोतरे कीड़े जो मलद्वार से मल के साथ बाहर निकलते हैं।

मुहा०—चुनचुना लगना—चुभती या लगती हुई बात सुनने पर बहुत बुरा लगना।

वि० [देश०] जिसके स्पर्श करने से हलकी जलन होती हो।

क्रि० प्र०—लगना।

चुनचुनाना—अ० [अनु०] [भाव० चुनचुनाहट, चुनचुनी] १ शरीर के किसी अंग में रह-रहकर हलकी खुजली और जलन-सी होना। जैसे—घाव चुनचुनाना। २ कोई तीक्ष्ण वस्तु खाने अथवा किसी अंग से उसका स्पर्श होने पर हलकी जलन होना। जैसे—सूरन खाने से गला अथवा राई का लेप करने से किसी अंग का चुनचुनाना। ३ लड़कों का धीरे-धीरे ची-ची शब्द करते हुए रोना। (क्व०)

चुनचुनाहट—स्त्री० =चुनचुनी।

चुनचुनी—स्त्री० [हिं० चुनचुनाना] १ चुनचुनाने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. हलकी जलन।

स्त्री० दे० 'चुलचुली'।

चुनट—स्त्री० दे० 'चुनना'।

चुनत†—स्त्री० =चुनट (चुनन)।

चुनन—स्त्री० [हिं० चुनना] १ चुनने की क्रिया या भाव। २ अनाज में का वह रद्दी अंश जो उसमें से चुनकर अलग किया जाता है। जैसे—सेर भर दाल में से आधा पाव चुनन निकली है। ३ कपड़े को जगह-जगह से मोड़ या दबाकर उसमें सुंदरता लाने के लिए डाली या बनायी जानेवाली परतें। कपड़े में डाला जानेवाला बल या शिकन। जैसे—साड़ी की चुनन। ४ कुरते, दुपट्टे आदि में चुटकी से चुनकर या इमली के चीएँ से रगड़कर डाली या बनाई जानेवाली छोटी-छोटी रेखाएँ या शिकनें जो देखने में सुंदर जान पड़ती हैं।

चुननदार—वि० [हिं० चुनन + फा० दार] जिसमें चुनन पड़ी हो। जो चुना गया हो।

चुनना—स० [स चयन] १. बहुत-सी चीजों में से अपनी आवश्यकता, इच्छा, रुचि आदि के अनुसार अच्छी या काम की चीजें छाँटकर अलग करना। जैसे—(क) पढ़ने के लिए किताब या पहनने के लिए कपड़ा चुनना। (ख) चुन-चुनकर गालियाँ देना। २ आज-कल राजनीतिक क्षेत्र में, कई उम्मीदवारों में से किसी को अपने प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित करना। जैसे—नगरपालिका या राज-सभा के लिए सदस्य चुनना। ३. कही पड़ी या रखी हुई छोटी चीजें उठाना या लेना। जैसे—कबूतरों या मुर्गियों का जमीन पर पड़े हुए दाने चुनना। चुगना। ४ पौधों में लगे हुए फूलों आदि के सम्बन्ध में, उँगलियों या चुटकी से तोड़कर इकट्ठा करना। जैसे—माली का कलियाँ या फूल चुनना। ५. एक में मिली हुई कई तरह की चीजों में से अच्छी और काम की चीजें एक ओर करना और फालतू या रद्दी चीजें अलग करना। जैसे—चावल या दाल चुनना, अर्थात उसमें मिले हुए कंकड़, कंकड़ियाँ आदि उठा-उठाकर अलग करना या फेंकना। ६ किसी स्थान पर बहुत-सी चीजें क्रम से और सजाकर यथा-स्थान रखना। जैसे—अलमारी में किताबें चुनना, मेज पर खाना चुनना। ७ दीवारों की जुड़ाई में क्रम से और ठीक तरह से ईंटें, पत्थर आदि बैठाना या लगाना। जैसे—इस कमरे की दीवारें चुनने में ही दस दिन लग गये।

मुहा०—(किसी को) दीवार में चुनना—मध्य युग में किसी को प्राण-दंड देने के लिए कहीं खड़ा करके उसके आस-पास या चारों ओर ईंट-पत्थर आदि की दीवार या दीवारें बनाना, जिसमें दम घुटने के कारण अभियुक्त उसी में मर जाय।

८ उँगलियों की चटकी, इमली के बड़े चीएँ आदि की सहायता से कपड़े में सुंदरता लाने के लिए उसे बहुत ही थोड़ी-थोड़ी दूर पर दबाते तथा मोड़ते हुए उसमें छोटी-छोटी शिकनें या सिकुड़नें डालना या बनाना। जैसे—कुरता चुनना। ९ हाथ की चारों उँगलियों की सहायता से कपड़े को बार-बार इधर-उधर घमाते या ले जाते हुए उसकी तीन-चार अंगुल चौड़ी तहें लगाना। जैसे—दुपट्टा या धोती चुनकर खूँटी पर टाँगना या रखना।

चुनरिया†—स्त्री० =चुनरी।

चुनरी—स्त्री० [हिं० चुनना] १ पुरानी चाल का एक प्रकार का रंगीन विशेषतः लाल रंग का कपड़ा जिसके बीच में थोड़ी-थोड़ी दूर पर सफेद अथवा किसी दूसरे रंग की बँदकियाँ होती थीं। इस कपड़े का उपयोग स्त्रियाँ साड़ी के रूप में भी और चादर के रूप में भी करती थीं। २. चूड़ी नामक रत्न का छोटा टुकड़ा।

चुनवट—स्त्री० =चुनट।

चुनवाँ—वि० [हिं० चुनना] १ चुना हुआ। २ अच्छा। बढ़िया।

पु० [हिं० चुनी या चुन्ना (लड़कों का नाम)] [स्त्री० चुनियाँ] १ वह छोटा लड़का जो अभी काम सीखता हो। २ बालक। लड़का।

चुनवाना—स० [हिं० चुनना का प्रे०] चुनने का काम किसी दूसरे से कराना। किसी को चुनने में प्रवृत्त कराना।

चुनाँ—वि० [फा०] इस प्रकार का। ऐसा। केवल यौ० में प्रयुक्त। जैसे—चुनाँचे, चुनाँ-चुनी आदि।

चुनाँ, चुनी—स्त्री० [फा०] १ किसी के आदेश, कथन आदि के संबंध में यह कहना या पूछना कि ऐसा क्या होना चाहिए अथवा इसका औचित्य क्या है। २ व्यर्थ की आपत्ति या विरोध। जैसे—अब चनाँ-चुनी मत करो, हम जो कहते हैं, वह करो।

चुनाँचे—अव्य० [फा० चुनाँ + च] इसलिए। अतः।

चुनाई—स्त्री० [हिं० चुनना] १ चुनने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. कोई चीज चुनने का ढंग, प्रणाली या स्वरूप। जैसे—इस दीवार की चुनाई कुछ टेढ़ी हुई है।

चुनाका—पु० [हिं० चना + नख] वृत्त बनाने का कपास या परकार।

चुनाना—स० =चुनवाना।

चुनाव—पु० [हिं० चुनना] १. चुनने की क्रिया या भाव। २. बहुत-सी वस्तुओं आदि में से अपनी रुचि, पसन्द, विवेक आदि के अनुसार कोई चीज अंगीकार, ग्रहण करने या ले लेने का कार्य। जैसे—शिक्षा अधिकारी पुरस्कार के लिए पुस्तकों का चुनाव करेंगे। ३. किसी पद के लिए

कई उम्मीदवारों में से किसी एक को मतों या बहुमत के आधार पर अपना प्रतिनिधि चुनने का कार्य या व्यापार।

मुहा०—चुनाव लड़ना=निर्वाचन में उम्मीदवार के रूप में खड़े होना। ४. वह चीज, बात या वस्तु जो आवश्यकता, रुचि आदि के अनुसार चुनी जाय। जैसे—यह भी तो आप ही का चुनाव है।

चुनावट—स्त्री० =चुनट।

चुनाव-याचिका—स्त्री० [हिं० पद] विधिक क्षेत्र में, वह याचिका या आवेदन-पत्र जो किसी विशिष्ट न्यायालय में इस आधार पर तथा इस उद्देश्य से किया जाता है कि प्रतिनिधि रूप मे अमुक सदस्य का चुनाव अवैध रूप से हुआ है, अतः यह चुनाव रद्द किया जाय। (इलेक्शन पेटिशन)

चुनिंदा—वि० [हिं० चुनना+फा० इंदा (प्रत्य०)] १. चुना या छाँटा हुआ। २. अच्छा। श्रेष्ठ। ३. गण्य-मान्य या प्रतिष्ठित।

चुनिया गाँव—पु०[हिं० चुना+गोद]ढाक या पलास का गोद। कमरकस।

चुनी—स्त्री०[स० चूर्णी]१ मोटे अन्न, दाल, आदि का पीसा हुआ आटा या चूर्ण जो प्रायः गरीब लोग खाते है।

पद—चुनी-भूसी। (देखे)

†स्त्री०=चुन्नी।

चुनी भूसी—स्त्री० [हिं०] मोटे अन्न का पीसा हुआ चूर्ण, चोकर आदि।

चुनौटी†—स्त्री० =चुनौटी।

चुनौटिया—पु० [हिं० चुनौटी] एक प्रकार का खैरा या कत्थई रंग जो आकिलखानी रंग से कुछ अधिक काला होता है।

वि० उक्त प्रकार के रंग का।

चुनौटी—स्त्री०[हिं० चूना+औटी (प्रत्य०)] वह छोटी डिबिया जिसमें पान, सुरती आदि के साथ खाने के लिए गीला चूना रखा जाता है।

चुनौती—स्त्री०[हिं० चुनना या चुनाव]१ किसी को ललकारते हुए उससे यह कहना कि या तो तुम हमारी बात मान लो या यदि अपनी बात पर दृढ़ रहना चाहते हो तो हमसे लड-झगड़कर या वाद-विवाद आदि के द्वारा निपटारा कर लो। अपना कथन या पक्ष पुष्ट या सिद्ध करने अथवा अपनी बात मनवाने के लिए किसी को उत्तेजित करते हुए आकर सामना करने के लिए कहना। प्रचारणा। २. इस प्रकार कही हुई बात।

क्रि० प्र०—देना।

†स्त्री०=चुनट (चुनन)।

चुमट†—स्त्री० =चुनट।

चुम्बन—स्त्री० =चुनन।

चुमा—पुं० दे० 'चूमा'।

स० दे० 'चुमना'।

पु०[मुद्रा का अनु०] छोटे बच्चों को प्यार से बुलाने का शब्द।

चुमी—स्त्री० [सं० चूर्णी]१. किसी प्रकार के रत्न विशेषतः मानिक का बहुत छोटा टुकड़ा या नग। २. सुनहले-रुपहले सितारे जो स्त्रियाँ शोभा के लिए कपोलों और मस्तक पर लगाती हैं। चमकी।

मुहा०—चुमी रचना=मस्तक और कपोलों पर सितारे या चमकी लगाना। ३. अनाज के दानों का चूरा या छोटे-छोटे टुकड़े। ४. लकड़ी को आरे से चीरने पर निकलनेवाला उसका चूरा या बुरादा। सुनाई। ५. एक प्रकार का छोटा कीड़ा।

चुप—वि०[सं० चुप, उ० बँ० चुप; पं० चुप्प; सिं० चुपु; गु०, मरा० चूप] १. जो कुछ भी बोल न रहा हो। जिसके मुँह से कोई बात या शब्द न निकल रहा हो। मौन। जैसे—सब लोग चुप थे।

पद—चुप-चाप। (देखें)

मुहा०—चुप मारना, मारना, लगाना या साधना=बोलने का अवसर या आवश्यकता होने पर भी जान-बूझकर कुछ न बोलना और चुप रहना। उदा०—गुस्सा चुप नाथ के निकालते हैं।—इन्शाउल्ला। २. (मौ० के आरंभ में) इस प्रकार चुपचाप और चोरी से काम करनेवाला कि औरों को पता न लगे। जैसे—चुप छिनाल।

स्त्री० बिलकुल चुप रहने की अवस्था, क्रिया या भाव। चुप्पी। मौन। जैसे—(क) सबसे भली चुप। (ख) एक चुप सौ बातों को हराती है।

स्त्री०[?] पक्के लोहे की वह तलवार जिसे टूटने से बचाने के लिए ऊपर से कच्चा लोहा लगा रहता है।

चुपका—वि०[हिं० चुप] [स्त्री० चुपकी] १. जो बिलकुल चुप हो। मौन।

मुहा०—चुपके से=(क) बिना कुछ भी कहे-सुने। बिलकुल चुपचाप। जैसे—चुपके से हमारे रुपए चुका दो। (ख) इस प्रकार जिसमें किसी को कुछ भी पता न चले। जैसे—वह किताब उठाकर चुपके से चलता बना।

२. दे० 'चुप्पा'।

पु० बिलकुल चुप रहने की अवस्था या भाव। चुप्पी। मौन।

क्रि० प्र०—साधना।

पु० [?] एक प्रकार का चाहा पक्षी जिसकी चोंच नुकीली और लंबी होती है।

चुपकाना—स० [हिं० चुपका]१. चुप या मौन कराना। २. बोलने से रोकना।

चुपकी†—स्त्री०=चुप्पी।

चुपचाप—अव्य० [हिं०चुप+अनु० चाप] १. बिना कुछ भी कहे-सुने। बिलकुल चुप या मौन रहकर। जैसे—वह चुप-चाप यहाँ से उठकर चला गया। २. इस प्रकार छिपे-छिपे या धीरे से कि किसी को पता तक न लगे। जैसे—घर में लोगों के जागते ही चोर चुपचाप निकल भागा। ३. बिना कोई उद्योग या प्रयत्न किये। जैसे—यों चुपचाप बैठे रहना ठीक नहीं है। ४. धीर और शांत भाव से। जैसे—यह लड़का चुपचाप बैठना तो जानता ही नहीं।

चुपचुप=अव्य० दे० 'चुपचाप'।

चुप-चुपाते†—अव्य० वि०=चुपचाप।

चुपछिनाल—स्त्री० [हिं० पद] छिपे-छिपे व्यभिचार करनेवाली स्त्री।

वि० चुप-चाप अथवा छिपे-छिपे सब प्रकार के दुष्कर्म करनेवाला।

चुपड़ना—स०[हिं० चिपचिपा] १. किसी वस्तु के तल पर किसी गाढ़े चिकने पदार्थ का हलका लेप करना। जैसे—रोटी पर घी या सिर पर तेल चुपड़ना। २. लाक्षणिक रूप में, किसी प्रकार की बात का किसी पर आरोप करना या मार रखना। जैसे—सब दोष हमारे ही सिर चुपड़ते चलो। ३. कोई बिगड़ी हुई बात बनाने के लिए चिकनी-चुपड़ी या चापलूसी की बातें करना।

चुपड़ा—वि०[हिं० चुपड़ना] [स्त्री० चुपड़ी] जिसकी आँखों में बहुत कीचड़ हो। कीचड़ से भरी आँखोंवाला।

चुपरना—स०=चुपड़ना।

चुपरी आलू—पुं०=रतालू (पिंडालू)।

चुपाना—अ० [हिं० चुप] चुप हो जाना। मौन रहना। न बोलना। स० किसी को चुप या मौन कराना। उदा०—मैं आज चुपा आई चातक।—महादेवी।

चुप्पा—वि० [हिं० चुप] [स्त्री० चुप्पी] १. बहुत कम बोलनेवाला। जो किसी बात का जल्दी कोई उत्तर न दे। २. जो अपने मन का भाव सहसा दूसरों पर प्रकट न होने दे। मन की बात मन में ही रखनेवाला। घुन्ना।

चुप्पी—स्त्री०[हिं० चुप]बिलकुल चुप रहने की अवस्था या भाव। मौन।

क्रि० प्र०—लगाना।—साधना।

चुबलाना—स०=चुभलाना।

चुभकना—अ० [अनु०]पानी मे डूबते हुए चुभ-चुभ शब्द करते हुए गोता खाना। बार-बार डूबना-उतराना।

चुभकाना—स०[अनु०] पानी में डुबाकर इस प्रकार बार-बार गोते देना कि मुँह से चुभ-चुभ शब्द निकलने लगे।

चुभकी—स्त्री०[अनु० चुभ-चुभ] १. चुभकने की क्रिया या भाव। २. गोता। डुबकी।

चुभन—स्त्री०[हिं० चुभन]१. चुभने की क्रिया या भाव। २. किसी के चुभने के कारण होनेवाली टीस या पीड़ा।

चुभना—अ०[अनु०] १. दाब पड़ने पर किसी नुकीली चीज का सिरा अंदर घुसना या धँसना। जैसे—पैर में काँटा या हाथ में सूई चुभना। २. कोई बात मन को उसी प्रकार कष्टदायक जान पडना जिस प्रकार किसी चीज का चुभना कष्टदायक होता है। जैसे—हँसी में कही हुई उसकी वह बात भी मेरे कलेजे (या मन) में चुभ गई। ३. उक्त कथन आदि का मन मे प्रविष्ट होकर अच्छी तरह स्थित होना। ४. किसी चीज या बात का अपने गुण, रूप आदि के कारण मन में घर करना। उदा०—टरति न टारे यह छबि मन में चुभी।–सूर।

चुभर चुभर—अव्य० वि० [अनु०] इस प्रकार कि मुँह से चुभ-चुभ शब्द निकले। जैसे-कुत्ता चुभर चुभर पानी पीता है।

चुभलाना—स०[अनु०] मुँह में कोई खाद्य पदार्थ रखकर उसे जीभ से बार-बार हिलाकर इधर-उधर करना और इस प्रकार उसका रस चूसना या स्वाद लेना।

चुभवाना—स०[हिं० चुभना का प्रे०] किसी को कुछ चुभाने में प्रवृत्त करना।

चुभाना—स०[हिं० चुभना का प्रे०] ऐसी क्रिया करना जिससे नुकीली चीज या उसका सिरा अन्दर धँसे। गड़ाना। जैसे—किसी के शरीर में काँटा या सूई चुभाना।

चुभीला*—वि०[हिं० चुभना]१. जो शरीर में चुभता हो, अर्थात् नुकीला। २. जो मन में खटकता हो। ३. जो मन में बरबस घर कर लेता हो; अर्थात् मनोहर या मोहक।

चुभौना†—स०=चुभाना।

चुभौना—वि०=चुभीला।

चुमकार—स्त्री०[हिं० चूमना+कार]१ चूमकारने की क्रिया या भाव। पुचकार। २ किसी को चूमने के समय मुँह से निकलनेवाला चुम शब्द।

चुमकारना—स० [हिं० चुमकार] किसी को अनुरक्त, आकृष्ट या शांत करने के लिए चूमने का-सा चुम चुम शब्द मुँह से निकालते हुए उससे दुलार या प्रेम करना। पुचकारना। जैसे—घोड़े या बच्चे को चुमकारना।

चुमकारी—स्त्री० =चुमकार।

चुमवाना—स०[हिं० चूमना का प्रे०] किसी को कुछ चूमने मे प्रवृत्त करना। चुबन कराना।

चुमाना—स०[हिं० चूमना]चूमने मे प्रवृत्त करना।

चुम्मक†—पुं० =चुबक।

चुम्मा—पु० [हिं० चूमना]किसी को, विशेषत प्रिय को चूमने की क्रिया। चुबन।

पद—चुम्मा-चाटी। (देखे)

चुम्मा-चाटी—स्त्री०[हिं० चूमना+चाटना]किसी को बार-बार चूमने और उसके अगों को चाटने या उन पर मुँह रखने की क्रिया या भाव।

चुर—वि० [√चुर् (चुराना)+क]चोरी करनेवाला।

†वि०[स० प्रचुर]बहुत अधिक या ज्यादा।

पुं० १. जंगली हिंसक पशुओं के रहने का गड्ढा। माँद। २. कुछ लोगो के मिलकर बैठने का स्थान। उदा०—घाट, बाट, चौपार, चुर, देवल, हाट, मसान।-भगवतरसिक।

पुं०[अनु०]कडी चीजो; सूखे पत्तो आदि के दबकर टूटने से होनेवाला चुर शब्द।

चुरकट—वि० १=चिरकुट। २.=चुरकुट।

चुरकना—अ० [अनु० चुर चुर] १. चुर-चुर होना। २ चटकना, दरकना या फटना।

†अ०=चुरगना।

चुरकी†—स्त्री०[हिं० चोटी] सिर पर की चुटिया। चोटी। शिखा।

चुरकुट—वि० [हिं० चुर+कूटना]१ चकनाचूर या चुर-चुर किया हुआ। चूर्णित। २. घबराया, डरा या सहमा हुआ। उदा०—चुरकुट मुनि चुरकुट भइ बाला।—नंददास।

चुरकुस—वि०[हिं० चुर] जो चुर-चुर हुआ या किया गया हो। चकनाचूर। पु० चूर्ण। बुकनी।

चुरगना—अ०[चुर चुर से अनु०]१. प्रसन्न या मगन होकर बातें बोलना या मुँह से शब्द निकालना। जैसे—चिड़ियो का चुरगना। २. किसी व्यक्ति का मगन होकर अपने सबध मे कुछ बढ़-बढकर परन्तु धीरे-धीरे बातें करना। जैसे—आज चुपचाप मोहन का चुरगना सुनो।

चुरगम—स्त्री०[हिं० चुरगना]१. आनंद या मगन होकर की जानेवाली बातें। २. आपस में बहुत धीरे-धीरे की जानेवाली बातें। काना-फूसी। जैसे—उन लोगों की आपस में खूब चुरगम हो रही थी।

चुरचुरा—वि०[अनु०]१. (खाद्य वस्तु) जिसे खाने पर मुँह से चुर चुर शब्द निकले। खस्ता। जैसे—चुरचुरा पापड़। २. (वस्तु) जो टूटते समय चुरचुर शब्द करती हो।

चुरचुराना—अ० [अनु०] १. चुरचुर शब्द उत्पन्न होना या निकलना।

२. (किसी वस्तु का) चुर-चुर शब्द करते हुए चूरचूर या टुकड़े-टुकड़े होना।
स० १. चुरचुर शब्द उत्पन्न करना या निकालना।२. इस प्रकार चूर करना या तोड़ना कि चुर चुर शब्द होने लगे।

चुरट—पुं०=चुरुट।

चुरना†—अ०[सं० चूर=जलना, पकना]१. खाद्य पदार्थ का आँच पर पकना विशेषतः खौलते हुए पानी में उबलकर पकना। जैसे—चावल या दाल चुरना। २. आपस में धीरे-धीरे गुप्त या रहस्यपूर्ण बातें होना।
†अ० चोरी जाना। चुराया जाना।
†पुं०=चूनचूना (क्रीड़ा)।

चुरमुर—पुं० [अनु०] करारी, कुरकुरी या खरी वस्तु के टूटने का शब्द। जैसे—भुने हुए चने या सूखी पत्तियों का चुरमुर बोलना।
†वि०=चुरमुरा।

चुरमुरा—वि० [अनु०] (वस्तु) जो दबाये या तोड़े जाने पर चुरमुर शब्द करे। करारा।

चुरमुराना—अ० [अनु०] चुरमुर शब्द करते हुए चूर होना।
स० चुरमुर शब्द करते हुए चूर करना या तोड़ना।

चुरवाना—स०[हिं०चुराना=पकाना] चुरने अर्थात् उबलने और पकने में प्रवृत्त करना।
स०[हिं० चुराना=चोरी करना] चुराने या चोरी करने में प्रवृत्त करना। चोरी कराना।

चुरस—स्त्री० [देश०] दबने, मुड़ने आदि के कारण पड़नेवाली शिकन। सिकुड़न।
पु०=चुरुट।

चुरा†—पुं०=चूरा।
†—पुं०=चुड़ा।

चुराई—स्त्री०[हिं० चुराना] चुराने अर्थात उबलने की क्रिया या भाव।
स्त्री०[हिं० चुराना] चुराने की क्रिया या भाव।

चुराना—स०[स० चुर=चोरी करना] १. किसी की कोई वस्तु बिना उसकी अनुमति के तथा छलपूर्वक वहाँ से उठाकर अपने उपयोग के लिए ले जाना। चोरी करना। जैसे—किसी की कलम या किताब चुराना। २. किसी दूसरे का कोई भाव, विचार आदि अपना बनाकर कहना या लिखना। छलपूर्वक अपना बना लेना। ३. इस प्रकार बरबस अपने अधिकार या वश में कर लेना कि सहसा किसी को पता न चले। जैसे—किसी का चित्त या मन चुराना। ४. किसी वस्तु को इस प्रकार सुरक्षित रखना कि कोई उसे देखने न पावे। छिपाकर रखना। जैसे—गाय का अपने थन में दूध चुराना। ५. भय, संकोच आदि के कारण कोई चीज या बात दबा रखना और दूसरों के सम्मुख न लाना अथवा उन्हें न बतलाना। जैसे—(क)रमणी का आँखें चुराना। (ख) मित्रों से विवाह का समाचार चुराना। ६. आवश्यकता पड़ने पर ठीक या पूरा प्रयोग न करना। जैसे—काम करने से जी चुराना।
स०[हिं० चुरना का स०] किसी तरल पदार्थ को उबालकर अच्छी तरह गरम करते हुए पकाना। चुरने में प्रवृत्त करना। जैसे—हाँड़ी में चावल या दाल चुराना।

चुरिला—पुं०=चुड़िला।

चुरिहार†—पुं०=चुड़िहारा।

चुरी—स्त्री०[सं०]छोटा कूआँ।
†स्त्री०=चूरी।

चुरुट—पुं० [अं० शेरूट—चेरूट] तंबाकू के पत्तों के चूरे की बनाई हुई बड़ी बत्ती जिसका धूआँ लोग पीते हैं। सिगार।

चुरू—पुं०=चुल्लू। उदा०—एक चुरू रस भरैं न हिया।—जायसी।

चुरैल—स्त्री०=चुड़ैल।

चुर्ट—पुं०=चुरुट।

चुर्रा†—पुं०=चुरुट।
†स्त्री०=चुरस।

चुल—स्त्री० [हिं० चुलचुलाना से]१. शरीर के किसी अंग के मले या सहलाए जाने की इच्छा। खुजलाहट। खुजली। २. प्रसंग या संभोग की प्रबल इच्छा या कामना। काम-वासना। ३. किसी प्रकार की प्रबल इच्छा, कामना या वासना।
क्रि० प्र०—उठना।—मिटना।—मिटाना।
†स्त्री०=चुर (मांड)। उदा०—तेंदुओं के आकार स्पष्ट दिखलाई पड़ने लगे उनकी चुल भी दिखलाई पड़ी।—वृंदावनलाल वर्मा।

चुलका—स्त्री०=चुल्का।

चुलबुलाना—अ०[अनु०] १. शरीर के किसी अंग में ऐसी हलकी जलन या सुरसुरी होना कि उसे खुजलाने को जी चाहे। हलकी खुजली होना। २. प्रसंग या संभोग की प्रबल कामना होना। ३. चंचलतापूर्वक इधर-उधर हाथ-पैर करना या चीजें हटाना-बढ़ाना। चिलबिल्लापन करना।

चुलचुलाहट—स्त्री० [हिं० चुलचुलाना] चुलचुलाने की क्रिया या भाव।

चुलचुली—स्त्री० [हिं० चुलचुलाना] १. शरीर में होनेवाली हलकी खुजली। २. काम-वासना। चुल।

चुलबुल—स्त्री०[सं० चल और बल] १. चुलबुलाने की अवस्था, क्रिया या भाव। चुलबुलाहट। २. चंचलता। चपलता।

चुलबुला—वि०[हिं० चुलबुलाना] [स्त्री० चुलबुली] १. उमंग के कारण जिसके अंग बहुत अधिक हिलते-डोलते रहते हों। चंचल। चपल। २. दुष्ट। नटखट। पाजी।

चुलबुलाना—अ० [सं० चल=चंचल अथवा अनु०] १. उमंग, यौवन आदि के कारण बार-बार अंग हिलाना-डुलाना। चुलबुल करना। २. २. चंचलता या चपलता दिखलाना।

चुलबुलापन—पुं० [हिं० चुलबुला+पन (प्रत्य०)] १. चुलबुले होने की अवस्था, क्रिया या भाव। चुलबुलाहट। २. चंचलता। चपलता। ठोली।

चुलबुलाहट—स्त्री०=चुलबुलापन।

चुलबुलिया—वि०=चुलबुला।

चुलहाई—वि०[हिं० चुलहाया का स्त्री०] (स्त्री) जिसमें काम या संभोग की वासना अधिक हो।
स्त्री० छिनाल। पुंश्चली।

चुलहाया—वि० [हिं० चुल+हाया (प्रत्य०)] [स्त्री० चुलहाई] जिसमें काम-वासना की अधिकता या प्रबलता हो।

चुलाना—स० =चुआना।

चुलाव—पु० [हिं० चुलाना=चुआना] चुलाने अर्थात् चुआने की क्रिया या भाव।

पुं०[हिं० पुलाव का अनु०] पुलाव की तरह पकाये हुए ऐसे चावल जिनमें मांस न पड़ा हो।

चुलियाला—पुं० [?] एक प्रकार का मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में १३ और १६ के विश्राम से २९ मात्राएँ होती हैं। इसके अंत में एक जगण और एक लघु होता है। दोहे के अंत में एक जगण और एक लघु जोड़ने से यह छंद बनता है। कोई इसके दो और कोई चार पद मानते हैं। जो दो पद मानते हैं वे दोहे के अंत में एक जगण और एक लघु रखते हैं। जो चार पद मानते हैं, वे दोहे के अंत में एक यगण रखते हैं।

चुली†—स्त्री०[हिं० चुल्लू] १. धार्मिक दृष्टि से कोई चीज दान करने के लिए हथेली में जल लेकर किया जानेवाला संकल्प। २. दे० 'चुल्लू'।

चुलुक—पु० [स० चुल् (ऊँचा होना)+उकक् वा०] १. उतना जल जितने में उड़द का दाना डूब जाय। २. बहुत अधिक कीचड़ या दलदल। ३. हाथ में पानी लेने के लिए हथेली का बनाया हुआ चुल्लू। ४. एक प्रकार का पुराना बरतन जिससे अनाज आदि नापते थे। ५. एक गोत्र प्रवर्तक ऋषि।

चुलुका—स्त्री०[सं० चुलुक+टाप्] एक प्राचीन नदी। (महाभारत)

चुलुपा—स्त्री० [सं० चुलु√पा (रक्षा करना)+क-टाप्] बकरी।

चुलूक*—पुं०=चुल्लू।

चुल्ल—वि०[सं० क्लिश्न+लच्, चुल् आदेश] जिसकी आँखों में कीचड़ भरा हो।

स्त्री०=चुल।

चुल्लक—पुं०[सं० चुल्ल+कन्] चुल्लू।

चुल्लकी—स्त्री० [सं०√चुल्ल् (क्रीड़ा करना)+ण्वुल्—अक+ङीष्] शिशुमार या सूँस नामक जल-जंतु।

चुल्ला—पुं०[स० चूड़ा=वलय] जुलाहों के करघे में का काँच का छोटा छल्ला।

वि०=चुल्ली (चंचल और दुष्ट)।

चुल्लि—स्त्री०[सं०√चुल्ल्+इन्] १. चूल्हा। २. चिता।

चुल्ली—वि०[हिं० चुल] १. चुलबुला। चंचल। २. चिलबिल्ला। नटखट। पाजी।

स्त्री० [सं० चुल्लि+ङीष्]=चुल्लि।

†स्त्री०=चुली।

चुल्लू—पुं० [सं० चुलुक] १. उँगलियों को अंदर की ओर कुछ मोड़कर गहरी की हुई हथेली जिसमें भरकर पानी आदि पी सकें। २. उतनी वस्तु जितनी हाथ की उक्त मुद्रा में आती है।

पद—चुल्लू-भर=उतना कम या थोड़ा (तरल पदार्थ) जितना एक बार चुल्लू में आता हो।

मुहा०—चुल्लू चुल्लू साधना=थोड़ा-थोड़ा करके किसी प्रकार का अभ्यास, संग्रह या साधन करना। **चुल्लू भर पानी में डूब मरना**=बहुत ही लज्जाजनक स्थिति में आना, पड़ना या होना। किसी को मुँह दिखाने या जीवित रहने के योग्य न रह जाना। (तिरस्कार सूचक) जैसे—ऐसा काम (या बात) करने से तो चुल्लू भर पानी में डूब मरना ज्यादा अच्छा है। (**किसी का**) **चुल्लू भर लहू पीना**=बदला चुकाने के लिए उसी तरह किसी को मार कर उसका रक्त पीना जिस प्रकार भीम ने दुःशासन का लहू पीया था। **चुल्लू में उल्लू होना**=बहुत थोड़ी सी नशे की चीज। जैसे—भाँग या शराब पीते ही बेसुध होना। **चुल्लुओं रोना**=बहुत अधिक आँसू बहाना। बहुत रोना। (**किसी का**) **चुल्लुओं लहू पीना**=(क) चुल्लू भर लहू पीना। (ख) बहुत अधिक तंग या दुःखी करना। बहुत सताना।

चुल्हौना†—पु० =चूल्हा।

चुवना—अ० =चूना।

वि०=चूना।

चुवा—पु० दे० 'चुआ'।

चुवाना—स०=चुआना।

चुसकी—स्त्री० चुस्की।

चुसना—अ० [हिं० चूसना का अ०] १ चूसा जाना। २ चूसे जाने के कारण रस या सार भाग से रहित होना। ३ सोखा जाना। ४ लाक्षणिक अर्थ में दूसरों द्वारा किसी का शोषण किया जाना। धन-द्रव्य, बल-वीर्य आदि से रहित हो जाना।

†पु० [स्त्री० अल्पा० चुसनी] बड़ी चुसनी।

चुसनी—स्त्री०[हिं० चूसना] १. चूसने की क्रिया या भाव। २ बच्चों का एक खिलौना जिसे वे मुँह में रखकर चूसते हैं। ३ बच्चों को दूध पिलाने की शीशी।

चुसवाना—स०[हिं० चूसना का प्रे०] १ किसी को कुछ चूसने में प्रवृत्त करना। चूसाना। २ दूसरों से अपना शोषण करवाते जाना।

चुसाई—स्त्री०[हिं० चूसना] १ चूसने या चूसे जाने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. चूसने या चुसाने का पारिश्रमिक।

चुसाना—स०[हिं० चूसना का प्रे०]चूसने का काम किसी और से कराना। किसी को कुछ चूसने में प्रवृत्त करना। चुसवाना।

चुसौअल—स्त्री०[हिं० चूसना] अधिक मात्रा या मान में अथवा परस्पर चूसने और चुसाने की क्रिया या भाव।

चुसौवल—स्त्री० =चुसौअल।

चुस्की—स्त्री०[हिं० चूसना] १ हाठों से कोई तरल पदार्थ थोड़ा-थोड़ा या धीरे-धीरे सुड़कने की क्रिया या भाव। २ तरल पदार्थ का उतना थोड़ा अंश जितना एक बार में चूस या सुड़कर पीया जाय। जैसे—एक चुस्की तो और ले ले।

क्रि० प्र०—लगाना।—लेना।

३ मद्य पीने का पात्र। (राज०)

चुस्त—वि०[फा०] १ (पहनावा) जो खूब कसा हुआ हो। जो कहीं से कुछ भी ढीला न हो। यथा-स्थान ठीक और पूरा बैठनेवाला। जैसे—चुस्त अंगा या पाजामा। २ (व्यक्ति) जिसमें किसी प्रकार का आलस्य या शिथिलता न हो। फुर्तीला।

पद—चुस्त-चालाक=हर काम या बात में ठीक या पूरा और होशियार। ३. जिसमें किसी प्रकार का अभाव या त्रुटि न हो। जो उपयोगिता, औचित्य आदि के विचार से अच्छे और ऊँचे स्तर पर हो। जैसे—चुस्त वन्दिश या लिखावट। ४. दृढ़। पक्का। मजबूत।।

पुं० [?] जहाज का वह भाग जो अन्दर की ओर झुका या दबा हो। मूढ़। (लश०)

चुस्ता—पु०[सं० चुस्त =मांसपिंड विशेष] बकरी के बच्चे का आमाशय जिसमें पीया हुआ दूध भरा रहता है।

चुस्ती—स्त्री०[फा०] १. चुस्त होने की अवस्था या भाव। २. काम करने में दिखाई देनेवाली तेजी या फुरती। ३. कसे हुए या तंग होने की अवस्था या भाव। कसावट। ४. पक्कापन। प्रौढ़ता। ५. दृढ़ता। मजबूती।

चुहँटी†—स्त्री० =चुटकी।

चुहचाहट—स्त्री० =चहचहा।

चुहचुहा—वि०[हिं० चुहचुहाना] [स्त्री० चुहचुही] =चुहचुहाता।

चुहचुहाता—वि०[हिं० चुहचुहाना] जिसमें चटक तथा रसीलापन हो। रंगीला और रसीला। जैसे—चुहचुहाता पद।

चुहचुहाना—अ० [अनु०] रस से इतना अधिक ओत-प्रोत या भरा हुआ होना, कि उसमे से रस टपकता हुआ जान पड़े।

†अ० =चहचहाना (पक्षियो का)।

चुहचुही—स्त्री०[अनु०]काले रंग की एक प्रकार की छोटी चिड़िया। फुलसुंघनी।

चुहट—स्त्री०[हिं० चुहटना] १. चुहटने की क्रिया या भाव। २. कसक। पीड़ा।

चुहटना—स० [अनु०]१ चिकोटी काटना। २. पैरो से रौंदना। ३. कुचलना। मसलना।

अ० चिमटना।

चुहटनी†—स्त्री० [?] गूजा। करजनी।

चुहड़—पु० [देश०] [स्त्री० चुहड़ी] १. भगी। मेहतर। २. चमार। ३. लाक्षणिक अर्थ मे, बहुत ही निकृष्ट और नीच व्यक्ति।

चुहना†—स० =चूसना।

चुहल—स्त्री०[अनु० चुहचुह=चिड़ियो की बोली] मनोरंजन के लिए आपस में होनेवाली रस और विनोद की बात-चीत। हलकी हँसी-दिल्लगी।

चुहलपन—पुं० =चुहलबाजी।

चुहलबाज—वि०[हिं० चुहल+फा० बाज (प्रत्य०)] जो बीच-बीच में हलकी हँसी-दिल्लगी की बातें भी कहता चलता हो। चुहल करनेवाला। विनोदशील।

चुहलबाजी—स्त्री०[हिं० चुहल+फा० बाजी] बार-बार या रह-रहकर चुहल करने की क्रिया या भाव।

चुहिया—स्त्री०[हिं० चूहा का स्त्री० अल्पा०] १. मादा चूहा। चुही। २. छोटा चूहा। चूहे का बच्चा।

चुहिल—वि०[हिं० चुहचुहाना] १. रमणीक। सुन्दर। २. (स्थान) जहाँ चहल-पहल या रौनक हो।

चुहिली—स्त्री०[देश०] चिकनी सुपारी।

चुहँटना°—स०[अनु०] १. चिकोटी काटना। २. तोड़ने, दबाने आदि के लिए चुटकी से कसकर पकड़ना।

वि० [स्त्री० चुहँटनी] १. चिकोटी काटनेवाला। २. कसकर पकड़ने और दबानेवाला।

अ० [हिं० चिमटना] चिपकना।

वि०[स्त्री० चुहँटनी] चिपकनेवाला।

चुहुकना—स०[सं० चूष] बछड़े आदि का भैंस, गाय आदि का स्तन-पान करना। चूसना।

चुहुदना—स०=चुहँटना।

चुहुटनी—स्त्री०[देश०]गुंजा।

चूँ—स्त्री०[अनु०] १. छोटी चिड़ियों या उनके बच्चो के बोलने का शब्द। २. आपत्ति, विरोध आदि के रूप में डरते या सहमते हुए कही जानेवाली कोई छोटी या हलकी बात। जैसे—वहाँ उसने चूँ तक नहीं की, सब कुछ चुपचाप चुका दिए।

मुहा०—चूँ-चिरा करना=आपत्ति या विरोध में डरते या सहमते हुए कुछ कहना।

अ० [फा०] किस कारण से। क्यो।

पद—चूँकि (देखें)।

चूँकि—अ०प० [फा०] कारण यह है कि। क्योंकि।

चूँच—†स्त्री० =चोच।

चूँची—स्त्री०=चूची।

चूँचूँ—स्त्री०[अनु०] १. छोटी चिड़ियों या उनके बच्चों के बोलने का शब्द। २ विरोध में धीरे से कही हुई कोई बात।

पु० एक प्रकार का खिलौना जिसे दबाने से चूँ चूँ शब्द निकलता है।

चूँटना—स०[हिं० चुटकी या चुटकना] तोडने या दबाने के लिए चुटकी से पकड़ना। उदा०—मन लुटिगो लोटनि चढ़त चूँटत ऊँचे फूल। —बिहारी।

चूँदरी†—स्त्री० =चुनरी।

चूँदी—स्त्री०=बूंदी।

चूआरी—स्त्री०[देश०] जरदालू नामक फल। खूबानी।

चूक—पु०[देश०] पहाड़ी प्रदेशो में बननेवाला एक प्रकार का बढ़िया महीन ऊनी कपड़ा।

चूक—स्त्री०[हिं० चूकना] १. चूकने की क्रिया या भाव। २. अनजान में असावधानी से अथवा प्रमाद, विस्मृति आदि के कारण होनेवाली कोई गलती या भूल। उदा०—छमहु चूक अनजानत केरी।—तुलसी। ३. वह अक्षर, शब्द, पद, वाक्य आदि जो कहने, पढ़ने-लिखने आदि के समय अनजान में अथवा असावधानी, जल्दी या विस्मृति के कारण छूट जाता है। (ओमिशन) ४. छल-कपट। धोखा-फरेब। उदा०—अहो हरि बलि सों चूक करी। —परमानंददास। ५. छोटा छेद या दरार। पुं०[सं० चुक] १. किसी खट्टे फल विशेषतः नीबू के रस से बनी एक प्रकार की बहुत तेज खटाई। २. एक प्रकार का खट्टा साग।

चूकना—अ०[सं० च्युत कृत] १. भूल करना। २. कहने, पढ़ने, लिखने आदि के समय कोई अक्षर, शब्द, पद, वाक्य आदि प्रायः असावधानी या विस्मृति के कारण छोड़ देना। जैसा होना चाहिए उससे भिन्न कुछ और कर या कह जाना। ३. किसी लक्ष्य पर ठीक प्रकार से संधान न कर पाना। निशाना या वार खाली जाना। ४. असावधानी ,उपेक्षा आदि के कारण किसी सुअवसर का सदुपयोग करने से रह जाना। ठीक समय पर लाभ न उठा पाना। ५. न रह जाना। समाप्त होना। चुकना। उदा०—सतगुरु मिलै अँधेरा चूकै...।—कबीर।

चूका—पुं०[सं० चुक्र] चूक नामक खट्टा साग।

चूची—स्त्री०[सं० चूचुक] १. स्तन का अगला भाग अथवा उसके ऊपर की घुंडी। २. कुच। स्तन।

मुहा०—चूची पीना=स्तन मे मुँह लगाकर उसमें का दूध पीना।

चूचुक—पुं०[स०√चूष् (पीना) +उक वाहु० व=च] कुच के ऊपर की अगली काली घुंडी। चूची की डेंपी।

चूजना†—स०=चूसना।

चूजा—पुं०[फा० चूज़] १. मुर्गी का बच्चा। २. छोटी उमर का सुंदर लड़का या लड़की (संभोग की दृष्टि से)। (बाजारू)

चूड़—पुं०[सं०चूड़ा] १. चोटी। शिखा। २. पक्षियो आदि के सिर पर की कलगी या चोटी। ३. वास्तु रचना में, लंबे आदि का ऊपरी भाग। ४. पहाड़ की चोटी। ५. छोटा कूआं। ६ शखचूड़ दैत्य का एक नाम।

चूड़क—पुं० [सं० चूड़ा+कन्, ह्रस्व] कूआं।

चूड़ांत—वि०[स० चूड़ा-अन्त, ब० स०] १. जो चरम सीमा या पराकाष्ठा तक पहुँचा हो। २. बहुत अधिक। अत्यन्त।

पु०[ष० त०]चूड़ा या शिखर का अन्तिम और ऊपरी भाग।

चूड़ा—पुं०[सं०√चूल् (ऊँचा होना)+अड्, दीर्घ (नि०), ल को ड; प्रा० चूड, चूडक (भुजा भरण) गु० चूडो, सि० चूरो; मरा० चूडा] १. सिर के बालों की चोटी। शिखर। २ पक्षियों आदि के सिर पर की चोटी। ३. किसी चीज का सबसे ऊँचा और ऊपरी भाग। ४. मस्तक। सिर। ५ कूआँ। ६. घुंघची। ७. प्रधान या मुख्य व्यक्ति। ८. हाथ में पहनी जानेवाली एक प्रकार की चूड़ियाँ जो प्रायः हाथी दाँत की बनती और विवाह के समय कन्या को पहनाई जाती हैं। ९. हाथ में पहनने का कंगन या कडा। १०. दे० 'चूड़ा करण'।

पु० १. दे० 'चूहड़ा'। २. दे० 'चिडवा'।

चूड़ा-करण—पुं०[ष० त०] हिंदुओं के १६ संस्कारो मे से एक, जिसमें बालक का सिर पहले-पहल मुंडा जाता है। मुडन।

चूड़ा-कर्म (र्मन्)—पु०[ष० त०]=चूड़ाकरण।

चूड़ा-मणि—पु०[मध्य० स०] १. सिर पर पहनने का एक गहना। शीशफूल। बीज। २. वह जो अपने कुल, वर्ग आदि मे सब से बढ़कर या श्रेष्ठ हो। ३. गुंजा। घुंघची।

चूड़ाम्ल—पु०[चूडा-अम्ल, ब० स] इमली।

चूड़ार—वि० [सं० चूडाऋ (गति) √+अण्] १. चूड़ा से युक्त। चूड़ावाला। २. (बालक) जिसके सिर पर चुदी या चोटी हो। ३. (पशु या पक्षी)। जिसके सिर पर कलगी हो।

चूड़ाल—वि०[सं० चूड़ा+लच्] चूड़ायुक्त।

पु० सिर।

चूड़ाला—स्त्री०[सं० चूड़ाल+टाप्] १ सफेद घुंघची। २. नागरमोथा। ३. एक प्रकार की निबियी (वनस्पति)।

चूड़िया—पु० [हिं० चूड़ी+इया (प्रत्य०)] एक प्रकार का चारीदार कपड़ा।

चूड़ी—स्त्री० [दे प्रा० चूड; बं० उ० चुरि; गु० पं० चूड़ी, सि० चूरी; ने० चूरि; मरा० चूडा] १ स्त्रियो का एक प्रसिद्ध वृत्ताकार गहना जो धातु, लाख, शीशे, सींग आदि का बनता है और जो स्त्रियाँ हाथ में शोभा के लिए और प्राय. सौभाग्य-सूचक चिह्न के रूप में पहनती हैं।

मुहा०—चूड़ियाँ ठंडी करना या बढ़ाना=(क) बदलने के लिए चूड़ियाँ उतारना। (ख) विधवा होने पर चूड़ियाँ तोड़ डालना। **चूड़ियाँ पहनना**=स्त्रियों का-सा आचरण या व्यवहार करना। (कायरता सूचक व्यंग्य) जैसे—तुम्हें तो चूड़ियाँ पहनकर घर में बैठना चाहिए था। **(किसी पर या किसी के नाम की) चूड़ियाँ पहनना**=स्त्री का किसी को अपना उपपति बना लेना और उसके वशवर्त्ती होकर रहना। **(किसी स्त्री को) चूड़ियाँ पहनाना**=(क) विधवा स्त्री का विवाह करना। (ख) विधवा स्त्री को पत्नी बनाकर अपने घर में रखना।

२. उक्त आकार-प्रकार की वे वृत्ताकार रेखाएँ जो किसी चीज में उसके विभाग नियत करने के लिए बनाई जाती हैं। जैसे—कल के किसी पुरजे या पेंच की चूड़ियाँ, मेहराब की चूड़ियाँ। ३ फोनोग्राफ नामक बाजे का वह उपकरण जो पहले नल के आकार का होता था और जिस पर उक्त प्रकार की रेखाएँ बनी होती थी इसी के योग से उक्त बाजा बजता था, क्योंकि वैज्ञानिक क्रिया से इसी पर कही जानेवाली बात या सुनाई पड़नेवाला गीत अंकित होता था। ४ उक्त के आधार पर और उक्त प्रकार का काम देनेवाला नये की तरह का वह उपकरण जो आजकल ग्रामोफोन नामक बाजे पर रखकर बजाया जाता है। ५. रेशम फेरनेवालो का एक उपकरण जो मोटे कडे के आकार का होता है। यह छत में बँधा रहता है और इसके दोनों सिरों पर दो तकलियाँ होती हैं जिनमें से एक पर उलझा हुआ और दूसरी पर साफ किया हुआ तथा सुलझा हुआ रेशम रहता है।

चूड़ीदार—वि० [चूड़ी+फा० दार] जिसमे बहुत-सी चूड़ी के आकार की वृत्ताकार रेखाएँ या धारियाँ पड़ी हों या पड़ती हो। जैसे—चूड़ीदार पायजामा।

चूड़ीदार पायजामा—पु०[हिं० चूड़ीदार+पायजामा] तंग और लंबी मोहरी का एक प्रकार का पायजामा जिसे पहनने पर टखने पर चूड़ी के आकार की वृत्ताकार अनेक धारियाँ या रेखाएँ बन जाती है।

चूड़ी—पु० १. दे० 'चुहड़ा'। २. दे० 'चूड़ा'।

चूत—पुं०[स०√चूष् (चूसना) +क पृषो० पलोप] आम का पेड़।

स्त्री०[सं० च्युति=भग] स्त्रियो की भग। योनि।

चूतक—पुं०[सं० चूत+कन्] आम का पेड़।

चूतड़—पु० [हिं० चूत+तल] मनुष्य के शरीर का वह मांसल भाग जो अर्द्ध गोलाकार रूप मे जाँघ, कमर के नीचे पीछे की ओर होता है।

मुहा०—चूतड़ दिखाना—कठिन समय पर भाग खड़े होना। पीठ दिखाना। (अपना) **चूतड़ पीटना या बजाना**=ओछेपन से बहुत प्रसन्नता प्रदर्शित करना।

चूतर†—पुं०=चूतड़।

चूतिया—वि०[हिं० चूत+इया (प्रत्य०)] १, बिलकुल नासमझ या मूर्ख। २. चूत-संबंधी। जैसे—चूतिया चक्कर।

क्रि० प्र०—फँसाना।—बनाना।

चूतिया चक्कर—वि०=चूतिया।

पुं० बिलकुल व्यर्थ की झंझट, झगडा या प्रपंच।

चूतिया पंथी—स्त्री०[हिं० चूतिया+पंथी] मूर्खता। बेवकूफी।

चूतिया शाहीब—पु०[हि०+फा०] बहुत बड़ा मूर्ख।

चून—पुं० [सं० चूर्ण] १. गेहूँ, जौ आदि का आटा। २. चूरा। चूर्ण। जैसे—लोह चून=लोहे का चूरा।

पु० [?] पश्चिमी भारत में होनेवाला एक प्रकार का बड़ा धूहर।

†पु०=चूना।

चूनर—स्त्री० चुनरी।

चूनरी—स्त्री०[हि० चुनना] वह रंगीन बुंदकियोंवाला महीन-पतला कपड़ा जिसे स्त्रियां चादर के रूप में कंधों पर रखती हैं और जिससे सिर तथा सारा शरीर ढकती हैं।

चूना—पु०[सं० चूर्ण, पा० प्रा० चुण्ण; दे० प्रा० चुणओ; उ० बं० चून चुना, सि० चुनु; गु० चुनो; मरा० चुना] कुछ विशिष्ट प्रकार के कंकड़-पत्थरों, शख, सीप आदि को फूँककर बनाया जानेवाला एक प्रसिद्ध तीक्ष्ण और दाहक क्षार जिसका उपयोग दीवारों पर सफेदी करने, पान सुरती के साथ खाने और दवाओं आदि में डालने के लिए होता है।

मुहा०—चूना छूना या फेरना=चूने को पानी में घोलकर दीवारों पर उन्हें सफेद करने के लिए लगाना। **(किसी को) चूना लगाना**=दाँव-पेच, छल-कपट आदि के व्यवहार में किसी को बुरी तरह से परास्त करना। नीचा दिखाना।

अ०[स०व्यचन] १ किसी आधान या पात्र में रखे हुए तरल पदार्थ का किसी छेद या सन्धि में से होकर बाहर निकलना। जैसे—घड़ा या बाल्टी चूना। २. भीगे हुए वस्त्र आदि में से जल आदि का निकलना या बूँद चलना ३ घाव में से रक्त निकल कर टपकना। ४. किसी वस्तु का ऊपरी आधार छोड़कर नीचे आ गिरना। जैसे—पेड़ में से फल चूना। ५ किसी चीज में ऐसा छेद या दराज हो जाना जिससे कोई द्रव पदार्थ बूँद-बूँद करके नीचे गिरने लगे। जैसे—छत चूना, लोटा चूना। ६. स्त्री का गर्भ-पात या गर्भ-स्राव होना।

वि०[स्त्री० चूनी] जिसमें किसी चीज के चूने योग्य छेद या दरज हो। जैसे—चूना घड़ा; चूनी छत।

चूनादानी—स्त्री० चूनेदानी।

चूनी—स्त्री०[सं० चूर्णिका] १ गेहूँ, चावल आदि का छोटा कण। कनी।

पद—चूनी-भूसी=माटे अन्न का पीसा हुआ चूर्ण।

२. चुन्नी। ३. बिंदी पर लगाये जानेवाले सितारे। चमकी। उदा०—तिलक सवारि जो चूनी रची।—जायसी।

चूनेदानी—स्त्री०[हि० चूना+फा० दान] पान या सुरती के साथ खाने के लिए चूना रखने की छोटी डिबिया। चुनौटी।

चुनौटी†—स्त्री०=चूनेदानी।

चूमना—स०[सं० चुंब् पा० चुंब; प्रा० चुम्ब, बं० चुमा, उ० चुंबिबा, गु० चुमवुं, सि० चुमणु] १. आदर, प्रेम या स्नेहपूर्वक किसी प्रिय या स्नेह-भाजन व्यक्ति (या वस्तु) के किसी अंग को होंठों से स्पर्श कर कुछ चूसने की-सी क्रिया करना। जैसे—बच्चे या स्त्री का मुँह चूमना।

मुहा०—(कोई चीज) चूमकर छोड़ देना=अपने वश या सामर्थ्य के बाहर का काम या बात देखकर अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा के विचार से उस काम या बात के प्रति अपना आदर-भाव प्रकट करते हुए उससे अलग या दूर होना। जैसे—जब भारी पत्थर दिखाई पड़े तो उसे (न उठा सकने के कारण) चूमकर छोड़ देना चाहिए। (कहा०) **(किसी को) चूमना चाटना**=(बच्चे आदिको) बार-बार चूमना और उसका दुलार करना।

२. हिन्दुओं में विवाह से पहले वर के भिन्न-भिन्न अंगों से हरी दूब का स्पर्श कराके उस दूब पर होठ रखते हुए उक्त प्रकार की क्रिया करना।

चूमा—पु०[स० चुम्बन, हिं० चूमना] चूमने की क्रिया। चुंबन। चुम्मा।

पद—चूमा-चाटी (देखें)।

चूमा-चाटी—पु०[हि० चूमना+चाटना] प्रेम या स्नेह प्रकट करने के लिए बार-बार चूमने की क्रिया या भाव। (बाजारू)

चूर—वि०[सं० चूर्ण] १. बहुत अधिक और बार-बार काटे, कूटे या तोड़े-फोड़े जाने के कारण बहुत ही छोटे-छोटे खंडों या टुकड़ों में बँटा हुआ। जैसे—काँच की प्याली जमीन पर गिरते ही चूर हो गई। २ जो थकावट, परिश्रम आदि के कारण अत्यन्त शिथिल हो गया हो। जैसे—दिन भर काम करते-करते सन्ध्या को हम थककर चूर हो जाते हैं। ३ जो किसी काम या बात में इतना अधिक तन्मय या लीन हो जाता हो कि उसे किसी और काम या बात का ध्यान ही न रह गया हो। जैसे—बातें करने में चूर। ४. आवेश, उमंग आदि के कारण किसी भाव या विषय में बेसुध। जैसे—(क) घमंड में चूर। (ख) नशे में चूर।

चूरण—पुं०=चूरन।

वि०=चूर्ण।

चूरन—पु०[सं० चूर्ण] खूब महीन पीसी हुई अनेक ओषधियों की बुकनी। चूर्ण।

चूरनहार—पु० [सं० चूर्णहार] चिकने, मोटे तथा लंबे पत्तोंवाली एक जंगली बेल, जिसके पत्ते दवा के काम आते हैं।

चूरना—स० [सं० चूर्ण] १. चूर करना। टुकड़े-टुकड़े करना। २. तोड़-फोड़ कर नष्ट करना।

†स०=चुराना। उदा०—तुम्ह अँब राँड लीन्ह का चूरी।—जायसी।

चूरमा—पु०[स० चूर्ण] रोटी को घी में गूँध तथा भूनकर और चीनी मिलाकर बनाया जानेवाला व्यंजन।

चूरमूर—पु०[देश०] जौ या गेहूँ की वे खूँटियाँ जो फसल कट जाने पर खेत में बची रह जाती हैं।

चूरा—पुं०[सं० चूर्ण] १. किसी चीज के टूटे-फूटे या घिसे-पिसे बहुत छोटे-छोटे टुकड़े। जैसे—शीशे का चूरा। २. काठ, धातु आदि को चीरने-रेतने आदि पर उसमें से निकले हुए छोटे-छोटे कण। बुरादा। जैसे—लकड़ी या लोहे का चूरा।

वि०=चूर (देखें)।

पुं०[सं० चूड़] १. पैर या हाथ में पहनने का कड़ा। २. दे० 'चूड़ी'।

†पु०=चिड़वा।

चूरामणि—वि०, पु०=चूड़ामणि।

चूरी—स्त्री०[सं० चूर्ण] १. बहुत महीन चूरा या चूर्ण। बुकनी। २. पूरी, रोटी आदि को चूर-चूर करके घी और चीनी मिलाया हुआ एक प्रकार का खाद्य पदार्थ। चूरमा।

†स्त्री०=चूड़ी।

चूड़—पुं०[हिं० चूर]गाँजे के मादा पेड़ों से निकाली हुई एक प्रकार की चरस जो कुछ घटिया समझी जाती है।

चूर्ण—पु०[स०√चूर्ण् (चूर्ण करना)+अप्] १. किसी चीज के वे बहुत छोटे-छोटे कण जो उसे बहुत अधिक कूटने, पीसने, रेतने आदि से बनते हैं। चूरा। बुकनी। सफूफ। २. वैद्यक में, औषधों आदि का वह पिसा हुआ रूप जो खाने, छिड़कने आदि के काम में आता है। बुकनी। ३. विशिष्ट रूप से उक्त प्रकार से तैयार की हुई कोई ऐसी दवा जो पाचक हो। जैसे—हिंगाष्टक चूर्ण। ४ अबीर। ५. गर्दा। धूल। ६. चूना। ७. कौड़ी।

वि० १. तोड़-फोड़ या काट-चीर कर बहुत छोटे-छोटे टुकड़ो के रूप में लाया हुआ। चूर किया हुआ। २. सब प्रकार से नष्ट-भ्रष्ट या शक्ति-हीन किया हुआ। जैसे—किसी का गर्व या शक्ति चूर्ण करना।

चूर्णक—पु०[सं० चूर्ण+कन्] १. सत्तू। सतुआ। २. एक प्रकार का शालि धान्य। ३. एक प्रकार का वृत्त। ४. साहित्य में ऐसी गद्य रचना जिसमें छोटे-छोटे तथा मधुर शब्द और पद होते हैं।

चूर्ण-कार—वि० [सं० चूर्ण√कृ (करना)+अण्, उप० स०] चूर्ण करनेवाला।

पु० १. आटा पीसने और बेचनेवाला व्यापारी। २. पराशर के अनुसार एक संकर जाति जिसकी उत्पत्ति पुक्कस पुरुष और नट स्त्री से कही गई है।

चूर्ण-कुंतल—पु०[कर्म स०] गूँधे हुए बाल। लट। जुल्फ।

चूर्ण-खंड—पु०[स० च० त०] ककड़।

चूर्णन—पु०[स०√चूर्ण्+ल्युट्-अन] चूर्ण करना। किसी सूखी वस्तु को कूट अथवा पीसकर उसे चूर्ण का रूप देना।

चूर्ण-पारद—पु०[एक० त० स०] शिंगरफ।

चूर्ण-योग—पु०[ष० त० स०] पीसकर एक में मिलाए हुए बहुत से सुगंधित पदार्थ।

चूर्णशाकांक—पु०[सं० चूर्ण-शाक, उपमि० स०, √अक+अण्, उप० स०] गौर सुवर्ण नामक साग।

चूर्ण-शूर—पुं० [ष० त०]चूरनहार नाम की बेल।

चूर्णा—स्त्री०[स० चूर्ण+टाप्] आर्या छंद का एक भेद जिसके प्रत्येक चरण में १८ गुरु और २१ लघु होते हैं।

चूर्णि—स्त्री०[स०√चूर्ण+इन्] १. पतंजलि मुनि का रचा हुआ भाष्य। २. कौड़ी। ३. सौ कौड़ियों का समूह।

चूर्णिका—स्त्री० [स० चूर्ण+ठन्-इक+टाप्] १. सत्तू। सतुआ। २. किसी बहुत कठिन ग्रंथ की किसी टीका या भाष्य जिससे उसके सब प्रसंग या स्थल स्पष्ट हो जायँ। ३. प्राचीन साहित्य में, गद्य की एक शैली।

चूर्णि-कृत्—पुं०[स० चूर्णि√कृ (करना)+क्विप्, उप० स०] १. भाष्यकार। २. महाभाष्यकार पतंजलि मुनि की एक उपाधि।

चूर्णित—भू० कृ० [सं०√चूर्ण+क्त] १. जिसे कूट अथवा पीसकर चूर्ण का रूप दिया गया हो। २. अच्छी तरह तोड़ा-फोड़ा या नष्ट-भ्रष्ट किया हुआ।

चूर्णि-वासी—स्त्री०[मध्य० स०] चक्की पीसनेवाली। पिसनहारी।

चूर्णी—स्त्री०[स० चूर्णि+ङीप्] १. कार्षापण नामक पुराना सिक्का। २. कपर्दिका। कौड़ी। ३. एक प्राचीन नदी का नाम ४ दे० 'चूर्णिका'।

चूर्णी†—पु०=चूरमा।

चूल—पु० [स०+चुल् (ऊँचा होना)+क, पृषो० दीर्घ च+क, र लो पृषो०] १. चोटी। शिखा। २ सिर के बाल। ३. पशुओं आदि के शरीर पर के बाल।

†पु० [?] एक प्रकार का धूहड़।

†पु०=चून।

स्त्री०[देश०] १. किसी आधार पर इधर-उधर घूमनेवाली चीज के वे ऊपर और नीचे के नुकीले, पतले सिरे जो किसी छेद या गड्ढे में जमाये या फँसाये रहते हैं और जिनके सहारे वह चीज इधर-उधर घूमती है। (पिवाँट) जैसे—किवाड़ के पल्ले की चूल। २ वह मुख्य आधार जिसके सहारे कोई काम चलना या कोई चीज ठहरी रहती हो।

मुहा०—(किसी की) चूलें ढीली करना=बहुत अधिक कष्ट पहुँचाकर या परिश्रम करके उसे बहुत कुछ त्रस्त, पराभूत या शिथिल करना।

चूलक—पु० [स० चूल+कन्] १ हाथी की कनपटी। २ हाथी के कान की मैल। ३. सभे का ऊपरी भाग। चूड़ा। ४. किसी घटना या बात की परोक्ष रूप में मिलनेवाली सूचना।

चूलशाल—पु० [स० चूल्लि-आधान] १. पाकशाला। रसोईघर। २. बैठने या चीजें आदि रखने के लिए सीढ़ीनुमा बना हुआ स्थान। (गैलरी)

चूला—स्त्री०[स० चूड+उ ल] १. चोटी। शिखा। २. बालाखाने का कमरा। ३. चंद्रशाला।

चूलिक—पु०[स०√चूल् (उभत होना)+ण्वुल्-अक नि० इत्व] मैदे की पतली पूरी। लूची। लुचुई।

चूलिका—स्त्री०[सं० चूलक+टाप्, इत्व] १ चूलक। २. नाटक में वह स्थिति जिसमें किसी घटना की सूचना नेपथ्य में पात्रों द्वारा दी जाती है।

चूलिकोपनिषद्—स्त्री० [स० चूलिका-उपनिषद्, मध्य० स०] अथर्ववेदीय एक उपनिषद् का नाम।

चूल्हा—पु०[सं० चुल्लि ब० उ० चुल्ली चुला, बि० चुल्ह, प० चुल्ह; गु० चूलो; मे० चुलि, मि० चलही, मरा० चूल] [स्त्री० अल्पा० चूल्ही] मिट्टी, लोहे आदि का वह प्रसिद्ध उपकरण जिसमें चीजें पकाने या गरम करने के लिए कोयले, लकड़ियाँ आदि जलाई जाती हैं।

मुहा०—चूल्हा जलना=भोजन या रसोई बनना। जैसे—आज दो दिन बाद उनके घर चूल्हा जला है। **चूल्हा झोंकना या फूँकना**=भोजन बनाने के लिए चूल्हे में आग सुलगाना। **चूल्हा न्योतना**=किसी के घर के सब लोगों को भोजन का निमंत्रण देना। **चूल्हे में जाना**=(क) नष्ट-भ्रष्ट होना। (ख) किसी के विनाश की ओर से उपेक्षा दिखाने के लिए प्रयुक्त होनेवाला पद। जैसे—हमारी तरफ से वह चूल्हे में जाय। **चूल्हे में झोंकना या डालना**=बहुत ही उपेक्ष्य, तुच्छ या नगण्य समझना। **चूल्हे में पड़ना**=दे० 'चूल्हे में जाना'। **चूल्हे से निकलकर भाड़ में जाना या पड़ना**=छोटी विपत्ति से निकल कर बड़ी विपत्ति में फँसना।

चूषण—पुं०[सं०√चूष् (चूसना)+ल्युट्-अन] [वि० चूषणीय, चूष्य] चूसने की क्रिया या भाव।

चूषणीय—वि०[सं०+चूष्+अनीयर्] जो चूसा जा सके। चूसे जाने के योग्य।

चूषा—स्त्री०[सं०√चूष्+क, टाप्] हाथी की कमर में बाँधा जानेवाला चमड़े का पट्टा।

चूष्य—वि०[स०√चूष्+ण्यत्] १. जो चूसा जा सकता हो। २. जो चूसा जाने को हो।

चूसना—स० [सं० चूषण] १. किसी वस्तु विशेषतः किसी फल को मुँह और होठों से लगाकर उसका रस अन्दर खींचना। जैसे—आम चूसना, अँगूठा चूसना। २. किसी वस्तु को मुँह में डालकर तथा उसे दाँतों से दबाकर उसमें से निकलनेवाला रस पीना। जैसे—गंडेरी चूसना। ३. किसी वस्तु को मुँह में रखकर तथा जीभ से चाटते हुए उसका रस लेना। जैसे—दवा की गोली मुँह में रखकर चूसना। ४. बच्चे का माता के स्तन का दूध पीना। ५ किसी आर्द्र अथवा गीली वस्तु में की आर्द्रता सोख लेना। जैसे—सोखने ने सारी स्याही चूस ली है। ६. बलपूर्वक अथवा अनुचित रूप से, किसी का सत्त्व या सर्वस्व छीन, निकाल या हड़प लेना। जैसे—इसे खुमारियों ने चूस डाला है।

मुहा०—(किसी को) चूस डालना या लेना=किसी का धन खा-पका या हड़पकर उसे कंगाल या निर्धन कर देना।

चूहड़[1]—पुं०=चूहड़ा।

चूहड़ा[2]—पु०[?] [स्त्री० चूहड़ी] १. भंगी या मेहतर। चांडाल। २. बहुत ही गंदा तथा तुच्छ व्यक्ति।

चूहर—पु०=चूहड़ा।

चूहरी—स्त्री० चरिहारिन।

चूहा—पुं०[फा० मूश; बं० चुया, उ० चुआ; प० चूहा; सि० चूहो; गु० चूहे; ने० चुहा; मरा० चुवा] [स्त्री० अल्पा० चुहिया, चुही] लंबी पूंछ तथा चार पैरोंवाला एक प्रसिद्ध छोटा घरेलू जन्तु जो अनाज, कपड़े आदि कुतरकर खा जाता है।

चूहा-दंती—स्त्री०[हिं० चूहा+दाँत] चाँदी या सोने की बनी हुई एक प्रकार की पहुँची जिसे स्त्रियाँ पहनती हैं। इसके दाँत चूहे के दाँत जैसे लंबे और नुकीले होते हैं जो रेशम या सूत में पिरोये रहते हैं।

चूहादान—पुं०[हिं० चूहा+फा० दान]=चूहेदानी।

चूहेदानी—स्त्री०[हिं०] चूहे पकड़ने या फँसाने का एक प्रकार का पिंजड़ा।

चें—स्त्री०[अनु०] चिड़ियों का शब्द।

पद—चें चें=(क) व्यर्थ की बकवाद। (ख) रोने, चिल्लाने आदि का शब्द।

मुहा०—चें बोलना=चीं बोलना। (दे०)

चेंगड़ा—पु०[अनु०] [स्त्री० चिंगड़ी] छोटा बच्चा। शिशु।

चेंगा—पुं० दे० "चेंगड़ा"।

स्त्री० दे० 'चेंगा'।

चेंगी—स्त्री० [देश०] गाड़ियों में चमड़े की वह चकती अथवा लंग का घेरा जिसे पैंजनी और पहिए के बीच में इसलिए पहना देते हैं जिससे दोनों एक दूसरे से रगड़ न खायँ।

चेंची[1]—स्त्री०=चेंगी।

चेंच—पुं०[सं० चंचु] एक प्रकार का बरसाती साग।

चेंचर—वि०[हिं० चें चें से अनु०] चें चें करनेवाला। बकवादी।

२—३५

चेंचुआ—पुं०[चें चें से अनु०] चातक का बच्चा।

चें तुला—पु० [देश०] एक प्रकार का पकवान जिसमें आटे को पूरी की तरह पतला बेलकर गोंठते और चौकूँटा बनाकर कुछ दबा देते हैं फिर घी आदि में तल लेते हैं।

चेंटियारी—स्त्री०[देश०] एक प्रकार का बहुत बड़ा जल-पक्षी जिसके पैर और चोंच लंबी होती है और जिसका शिकार किया जाता है।

चेंटी—स्त्री०=चूँटी।

चेंदुआ—पुं०[हिं० चिड़िया] चिड़िया का बच्चा।

चेंड़ा—पु०=चेंगड़ा।

चेंवरी—स्त्री०[?] मस्तक का ऊपरी भाग। उदा०—अबकल चेंवरी में चढ़ गई।—वृंदावनलाल वर्मा।

चेंवी—स्त्री०=चेंगी।

चेंपु—पु०=चेप। उदा०—दृग खंजन गहि लै गयौ चितवन चेंपु लगाय। —बिहारी।

चेंपें—स्त्री०[अनु०] १. चिल्लाहट। व्यर्थ की बकवाद। २. डरते या सहमते हुए कही जानेवाली बात।

चेंफा[1]—पु०[देश०] ऊख का छिलका।

चेंवरी—स्त्री०[हिं० चेंवड़ी=रस्सी] कुम्हार का वह डोरा जिससे वह चाक पर तैयार किये हुए पात्र आदि को काटकर उतारता है।

चेक—पु०[अं०] १. आड़ी और बेड़ी पड़ी हुई धारियाँ। चारखाना। २. दे० 'धनादेश'।

चेकित—पु० [सं० कित् (ज्ञान)+यङ्-लुक्+अच्] १. एक प्राचीन ऋषि का नाम। २. बहुत बड़ा ज्ञानी।

चेकितान—पु० [स०√कित्+यङ्-लुक्+चानश्] १. महादेव। शिव। २. बहुत बड़ा ज्ञानी। ३ केकय देश का एक राजकुमार जो महाभारत में पांडवों की ओर से लड़ा था।

चेचक—स्त्री० [फा०] शीतला या माता नामक रोग।

चेचकरू—वि०[फा०] (व्यक्ति) जिसके मुँह पर चेचक के दाग हों।

चेजा—पु० [हिं० छेद ?] सुराख। छेद।

चेजारा—पु०[?] दीवारों की चुनाई का काम करनेवाला व्यक्ति। राज।

चेट—पुं० [स०√चिट् (प्रेरणा)+अच्] [स्त्री० चेटी, चेटिका] १. दूसरों की छोटी-मोटी सेवाएँ करनेवाला। टहलुआ। २. पति। स्वामी। ३. पुराचारिणी स्त्रियों को पुरुषों से मिलानेवाला दलाल। ४. भाँड़। ५. एक प्रकार की मछली।

†वि० दे० 'कनौड़ा'।

चेटक—पु०[सं०√चिट्+ण्वुल्—अक] [स्त्री० चेटकनी, चेटकी] १. दास या सेवक, विशेषतः वह दास या सेवक जो किसी विशिष्ट काम में लगाया गया हो। २. दूत। ३. इंद्रजाल। जादूगरी। ४. हास्य रस का खेल या तमाशा। ५. चस्का। ६. फुरती। जल्दी। ७. चटकमटक।

चेटकनी—स्त्री०[सं० चेटक का स्त्री० रूप] गोली। दासी।

चेटका—स्त्री०[सं० चिता] १. शव जलाने की चिता। २. मरघट। श्मशान।

चेटकी (किन्)—पुं०[सं० चेटक+इनि] १. चेटक या जादू के खेल

दिखानेवाला। जादूगर। इंद्रजाली। २. तरह-तरह के कौतुक करने-वाला। कौतुकी।

स्त्री० 'चेटक' का स्त्री० रूप। दासी।

चेटचा—स्त्री० दे० 'तुरमुती'।

पुं०—चेटुआ।

चेटिका—स्त्री०[स० चेटक+टाप्,इत्व] सेविका। दासी।

चेटिकी—स्त्री०[स० चेटी+कन्-ङीप्, ह्रस्व] चेटिका।

चेटिया—पुं० [सं० चेटक] १. चेला। शिष्य। उदा०—सब चेटियन ऐसी मन आई। रहे सबै हरि पद चितलाई।—सूर। २. दास। नौकर।

चेडी—स्त्री०[स० चेट+ङीप्] दासी। नौकरानी।

चेटुआ—पुं० चेटुआ।

चेड़—पुं०[सं०√चिड् (प्रेरणा करना)+अच्] चेट। चेटक।

चेड़क—पुं०=चेटक।

चेड़िका—स्त्री०=चेटिका।

चेड़ी—स्त्री०=चेटी।

चेत्—अव्य०[सं०√चित् (जानना)+विच्-लुक्] १ ऐसा हुआ तो। ऐसी अवस्था या परिस्थिति में। अगर। २. कदाचित्।

चेत (स्)—पुं०[स०√चित्+असुन्] १. चित्त की मुख्य वृत्ति, चेतना। होश। २. ज्ञान। बोध। ३. सावधानी। होशियारी। ४. याद। स्मृति। ५. चित्त। मन।

चेतक—वि०[स०√चित्+णिच्+ण्वुल्-अक] १. सचेत करनेवाला। २. चेतन।

पुं० १. महाराणा प्रताप का प्रसिद्ध और परम-प्रिय घोड़ा जो हल्दी-घाटी की लड़ाई में मारा गया था। २. दे० 'सचेतक'।

पुं०=चेटक।

चेतकी—स्त्री०[स० चेतक+ङीप्] १ एक विशिष्ट प्रकार की हड़ या हरें जिस पर तीन धारियाँ होती हैं। २ हड़। हरें। ३ चमेली का पौधा। ४ सर्पिन में एक प्रकार की रायिनी।

चेतत—स्त्री० दे० 'चेतना'।

चेतन—पुं०[स०√चित् (जानना) +ल्यु-अन] १ आत्मा। २. जीव। प्राणी। ३ आदमी। मनुष्य। ४. परमात्मा।

वि० जिसमें चेतना या ज्ञान हो। चेतनायुक्त। 'जड़' का विपर्याय०। जैसे—जीव, जन्तु आदि।

चेतनकी—स्त्री० [स० चेतन√कृ (करना)+ड-ङीप्] हरीतकी। हड़।

चेतनता—स्त्री०[स० चेतन+तल्—टाप्] १. चेतन होने की अवस्था गुण, धर्म या भाव। चैतन्य। २. सजीवता।

चेतनत्व—पुं०[स० चेतन+त्व] =चेतनता।

चेतना—स्त्री० [स०√चित् +युच्—अन, टाप्] १. मन की वह वृत्ति या शक्ति जिससे जीव या प्राणी को आन्तरिक (अनुभूतियों, भावों, विचारों आदि) और बाह्य (घटनाओं) तत्त्वों या बातों का अनुभव या भान होता है। होश-हवास। २. बुद्धि। समझ। ३ मनोवृत्ति, विशेषत ज्ञानमूलक मनोवृत्ति। ४ याद। स्मृति।

अ० [हि० चेत] १ सजग में युक्त होना। होश में आना। उदा०—नैन तुमारि चेत धन चेनी।—जायसी। २ ऐसी स्थिति में होना कि बुरे परिणामों या बातों से बचकर अच्छी बातों की ओर प्रवृत्त हो सके। ३. सावधान या होशियार होना। ४. सोच-समझकर किसी बात की ओर ध्यान देना।

स० विचारना। समझना। जैसे—किसी का बुरा या भला चेतना।

चेतनीय—वि०[स०√चित् +अनीय] जो चेतन करने या जानने योग्य हो। चेतन का अधिकारी या पात्र।

चेतनीया—स्त्री०[स० चेतना+छ—ईय, टाप्] ऋद्धि नाम की ओषधि।

चेतन्य—पुं० चैतन्य।

चेतवनि*—स्त्री० १. चेतावनी। २. चितवन।

चेतव्य—वि०[स०√चि (चयन करना)√तव्यत्] जो चयन या संग्रह किये जाने के योग्य हो। संग्राह्य।

चेता—वि०[स० चेतस्] (यौ० शब्दों के अन्त में) जिसे चेतना हो। चितवाला। जैसे—दुष्ट चेता।

*पुं० १ चेतना। संज्ञा। बोध। २ याद। स्मृति।

क्रि० प्र०—भूलना।—रहना।

चेताना—स० [हि० चेतना का स०] १. किसी का किसी विस्मृत बात की ओर ध्यान दिलाना। २ उपदेश देना। ३. चेतावनी देना। सावधान करना। ४. (आग) जलाना या सुलगाना। (पू०)

चेतावनी—स्त्री० [हि० चेत+आवनी (प्रत्य०)] १ किसी को चेताने या सावधान करने के लिए कही जानेवाली बात। २. भविष्य में पुन आज्ञा, आदेश, कर्तव्य आदि का पालन न करने अथवा ठीक प्रकार से पालन न करने पर किसी के विरुद्ध की जानेवाली कार्रवाई की पहले से दी जानेवाली आदेशात्मक और आधिकारिक सूचना। (वानिंग) ३ उपदेश। शिक्षा।

चेतिका—स्त्री०[स० चिति] चिता।

चेतुरा—पुं०[देश०] एक प्रकार की चिड़िया।

चेतोजन्मा (न्मन्)—पुं०[स० चेतस्-जन्मन्, ब० स०] कामदेव।

चेतोभव—पुं०[स० चेतस्-भव, ब० स०] कामदेव।

चेतोभू—पुं०[स० चेतस्-भू (होना)+क्विप्] कामदेव।

चेतोविकार—पुं०[स० चेतस्-विकार, ष० त०] चित्त संबंधी विकार।

चेतोहर—वि०[स० चेतस्√हृ (हरण करना)+अच्]चेतना हरने या नष्ट करनेवाला।

चेतौनी—स्त्री० चेतावनी।

चेत्य—वि०[स०√चित् (जानना) ण्यत्] १. जो चेतना का विषय हो। २ जो जाना जा सके। ३ स्तूप।

चेदि—पुं०[स०] १ आधुनिक बुंदेलों के आस-पास का एक प्राचीन जनपद। शिशुपाल यहाँ का राजा था। इसे त्रैपुर और चेद्य भी कहते थे। २. उक्त जनपद का राजा। ३ उक्त जनपद का निवासी। ४. कौशिक मुनि के पुत्र का नाम।

चेदिक—पुं० चेदि (दे०)।

चेदि-राज—पुं०[ष० त०] १ चेदि देश का राजा। २. शिशुपाल, जो चेदि देश का राजा था। ३ एक वसु जिन्हें इन्द्र से एक विमान मिला था। ये जमीन पर नहीं चलते थे और उसी विमान पर घूमा करते थे, इसीलिए इन्हें 'उपरिचर' भी कहते हैं।

चेन—स्त्री० [अं०] एक में गुँथी हुई छोटी-छोटी कड़ियों की लचीली माला या शृंखला। जंजीर। सिकड़ी। जैसे—गले में पहनने की चेन।

चेनआ†—पुं० = चेना।

चेनगा—स्त्री० = चेंगा (मछली)।

चेनवा (वा)—पु० = चेना (साग)।

चेना—पु० [स० चणक] १. सावाँ की जाति का एक मोटा अन्न जिसके दाने छोटे-छोटे और सुन्दर होते है। २. चेच नाम का साग।

पु० = चीना कपूर।

चेप—पु० [हि० चिप-चिपा का भाव०] १. गाढ़ा, चिपचिपा और लसदार रस। लसीला पदार्थ। जैसे—किसी फल या वृक्ष का चेप, चेचक नामक रोग का चेप। २. चिड़ियों को फँसाने के लिए फैलाया या बिछाया जानेवाला लासा।

पु० दे० 'चाव' (ओषधि)।

चेपदार—वि० [हि० चेप + फा० दार] (पदार्थ) जो चिपचिपा या लसदार हो। जिसमें चेप हो। लसीला।

चेपना—स० [हि० चेपना] १ किसी वस्तु पर चेप लगाना। २. चेप लगाकर चिपकाना या सटाना।

चेपांग—पु० [देश०] नेपाल देश की एक जाति।

चेबुला—पु० [देश०] एक प्रकार का पेड़ जिसकी छाल से चमड़ा सिझाया और रंग बनाया जाता है।

चेय—वि० [स० चि यत] चयन किये जाने के योग्य। जिसका चयन किया जा सके या होने का हो।

स्त्री० वह अग्नि जो धार्मिक-विधि-पूर्वक चयन की या लाई गई हो।

चेर—पु० = चेरा (चेला)।

चेरना—पु० [हि० चीरना ?] नक्काशी की एक प्रकार की छेनी जिससे वे काटे, धातु, पत्थर आदि पर सीधी रेखा खींचते है।

चेरा—पु० [स० चेटक, प्रा० चेडा] [स्त्री० चेरी, भाव० चेराई] १ चेला। शिष्य। २. नौकर। सेवक। ३. गुलाम। दास।

†पु० [?] एक प्रकार का गन्नीचा जो मोटे ऊन का बना हुआ होता है।

चेराई—स्त्री० [हि० चेरा+ई (प्रत्य०)] चेरा (अर्थात् चेला अथवा दास) होने की अवस्था या भाव।

चेराण्ता†—पु० = चिरायता।

चेरि—स्त्री० = चेरी।

चेरी—स्त्री० [स० चेटी] हि० 'चेरा' (चेला, दास या सेवक) का स्त्री०।

चेष—वि० [स०√चि (चयन) + घञ] १ जिसे ग्रहण करने का अभ्यास हो। २. संग्रह करनेवाला।

चेष्ठा—पु० [देश०] एक प्रकार का खाद्य पदार्थ जो सत्तू सानकर और पानी में उबालकर बनाया जाता है।

चेहाँ†—स्त्री० [देश०] घड़े के आकार का एक प्रकार का मिट्टी का बड़ा बरतन।

चेह—स्त्री० [?] १. एक प्रकार की जंगली जाति जो मिरजापुर जिले तथा दक्षिण भारत में पाई जाती है। २. उत्तरी भारत के पर्वतों में रहनेवाला एक प्रकार का हिरन।

चेल—पु० [सं०√चिल् (पहनना) + घञ्] कपड़ा। वस्त्र।

वि० (समासांत में) अधम।

चेलक—पु० [सं०] वैदिक काल के एक मुनि।

चेलकाई†—स्त्री० = चेलहाई।

चेल-गंगा—स्त्री० [उपमि० स०] गोकर्ण (आधुनिक मालाबार) प्रदेश की एक नदी।

चेल-प्रक्षालक—वि० [प० त०] कपड़े धोनेवाला।

पुं० धोबी।

चेलवा†—स्त्री० = चेल्हा (मछली)।

†पु० = चेला।

चेलहाई—स्त्री० [हि० चेला+हाई (प्रत्य०)] १. चेलों का समूह। शिष्य वर्ग। २. धार्मिक गुरुओं का चारों ओर घूम-घूमकर अपने चेले बनाने अथवा चेलों से भेंट, पूजा आदि लेने की प्रणाली या प्रथा।

चेला—पु० [सं० चेट; दे प्रा० चेल्ल, चिल्ल] [स्त्री० चेलिन, चेली] १. वह जिसने किसी गुरु से शिक्षा पाई हो। २. वह जो धार्मिक दृष्टि से किसी से उपदेश या गुरु-मंत्र लेकर उसका शिष्य बना हो। ३. वह जो किसी को आदर्श या पूज्य मानकर उसके आचरणों, सिद्धान्तों आदि का अनकरण करता हो। शिष्य।

पद—चेले-चाटी—अनुयायियों, चेलों आदि का वर्ग या समूह।

पु० [देश०] एक प्रकार का साँप जो बंगाल में अधिकता से पाया जाता है।

स्त्री० = चेल्हा (मछली)।

चेलाव—पु० [स०] तरबूज की लता।

†पु० [हि० चेला] चेलों का वर्ग।

चेलाल†—पु० = चेलाव (तरबूज की लता)।

चेलाशक—पु० [चेल—आशक, ष० त०] = चेलाशक।

चेलिका—स्त्री० [स० चेल+कन्—टाप्, इत्व] १. एक प्रकार का रेशमी कपड़ा। चिउली। २ चोली।

चेलिकाई†—स्त्री० = चेलहाई।

चेलिन, चेली—स्त्री० हि० 'चेला' का स्त्री० रूप।

चेलुक—पु० [सं०√चेल् (चलना) + उक] बौद्ध भिक्षुओं का एक वर्ग।

चेल्हवा—स्त्री० = चेल्हा।

चेल्हा—स्त्री० [स० चिल—मछली] एक प्रकार की छोटी मछली।

चेवारी—पु० [देश०] दक्षिण भारत का एक प्रकार का बाँस जिसकी खमाचियों से चटाइयाँ और टोकरियाँ बनाई जाती हैं।

चेवी—स्त्री० [स० चेव—ङीप्] एक प्रकार की रागिनी। (संगीत)

चेष्टा*—स्त्री० दे० 'चेष्टा'।

चेष्टक—वि० [सं०√चेष्टा (चेष्टा करना) + णवुल्—अक] चेष्टा करनेवाला।

पु० काम-शास्त्र में एक प्रकार का आसन या रति-बंध।

चेष्टन—पुं० [सं०√चेष्ट् (इच्छा करना) + ल्युट्—अन] चेष्टा करने की क्रिया या भाव।

चेष्टा—स्त्री० [स०√चेष्ट्+अङ्—टाप्] १. इधर-उधर हाथ-पैर हिलाना। हिलना-डोलना। २. मन में कोई भाव या विचार उत्पन्न होने पर बाह्य आकृति या शरीर पर होनेवाली उसकी प्रतिक्रिया। मन का भाव सूचित करनेवाली अंग-भंगी या शारीरिक व्यापार। ३. मन का भाव प्रकट करनेवाली मुख की आकृति।

मुहा०—चेष्टा बिगड़ना=मरने से कुछ पहले आकृति या चेहरा बिगड़ जाना।

४. वह शारीरिक आयास या व्यापार जो कोई उद्देश्य या काम पूरा करने के लिये किया जाय। कोशिश। प्रयत्न। ५. उक्त के आधार पर साहित्य में वह क्रिया या प्रयत्न जो प्रिय को अनुरक्त करने के लिए उसके प्रति किया जाय। जैसे—प्रिय को देखकर अँखें नचाना, हँसना आदि। ६. काम। कार्य। ७. परिश्रम। मेहनत। ८. इच्छा। कामना।

चेष्टा-नाश—पु० [ष० त०] सृष्टि का अंत। प्रलय।

चेष्टा-बल—पु० [मध्य० स०] फलित ज्योतिष में, ग्रहों का किसी विशिष्ट गति या स्थिति के अनुसार अधिक बलवान हो जाना। जैसे—उत्तरायण में सूर्य या वक्रगामी मंगल।

चेष्टित—भू० कृ० [सं०√चेष्ट् (चेष्टा करना) +क्त] (काम या व्यापार) जिसके लिए चेष्टा या प्रयत्न हुआ हो।

चेस—पु० [अं०] १. लोहे का वह चौखट जिसमें मुद्रण के लिए जोड़े हुए टाइप कसे जाते हैं। २. शतरंज का खेल।

चेहराई—वि० [हिं० चेहरा] हलका गुलाबी (रंग)।

स्त्री० १. चित्र या मूर्ति आदि में चेहरे की रंगत या बनावट। २. चित्रकला में चेहरे में ऐसे रंग भरना जिससे आकृति सजीव-सी जान पड़े। ३. ऐसा रंग जो चेहरे की रंगत ठीक तरह से दिखानेवाला हो।

चेहरा—पु० [फा० चहर:] १. काली खोपड़ी और गरदन के बीच का वह अगला गोलाकार भाग जिसमें मुँह, आँख, नाक आदि रहते हैं। मुखड़ा। वदन। २. आकृति शकल।

मुहा०—चेहरा उतरना=कष्ट, चिन्ता, रोग, लज्जा आदि के कारण मुख की आकृति का तेज या श्री से रहित या हीन हो जाना। **चेहरा तमतमाना**=क्रोध, ताप आदि के कारण चेहरे का लाल हो जाना। **चेहरा बिगड़ना**=इतना अधिक मारना कि सूरत न पहचानी जाय। **(किसी का) चेहरा भाँपना**=शकल-सूरत देखकर किसी के मन का भाव ताड़ लेना। **चेहरा होना**=मुसलमानी शासन काल में, लोगों का सेना में नाम लिखाना या भरती होना।

३. कागज, मिट्टी, धातु आदि का बना हुआ किसी देवता, दानव या पशु आदि की आकृति का वह साँचा जो लीला या स्वांग आदि में चेहरे के ऊपर बाँधा या पहना जाता है।

मुहा०—चेहरा उठाना=नियमपूर्वक पूजन आदि के उपरांत किसी देवी या देवता का चेहरा अपने मुँह पर बाँधना या लगाना। जैसे—काली या हनुमान का चेहरा उठाना।

४. किसी चीज का अगला या सामने का भाग।

चेहल—वि० [फा०] चालीस।

स्त्री०=चहल।

चेहलुम—पु० [फा०] १. मुसलमानों में किसी की मृत्यु के उपरान्त का चालीसवाँ दिन। २. उक्त दिन होनेवाला धार्मिक कृत्य। ३ मुहर्रम में ताजिया दफन होने के दिन से चालीसवाँ दिन, और उस दिन होनेवाला कृत्य।

चेहाना†—अ० [?] चकित या विस्मित होना।

चेही†—स्त्री० =चूँटी।

चै—पु० [सं० चय] ढेर। राशि। समूह।

विभ० [?] १. से। २. के। उदा०—देवाधिदेव चै लार्थ दूर्वा। —पृथ्वीराज।

चैक—पु०=चेक।

चैकित—पु० [सं० चिकित+अण्] एक गोत्र प्रवर्तक ऋषि।

चैकितान—वि० [सं० चैकितान+अण्] चैकितान के वंश में उत्पन्न। चैकितान का वंशज।

चैकितेय—पु० [सं० चैकित+ढक्] वह जो चैकित ऋषि के गोत्र का हो।

चैत—पु० [सं० चैत्र] [वि० चैती] वह चांद्र मास जिसकी पूर्णिमा को चित्रा नक्षत्र पड़े। फागुन के बादवाला महीना।

†पु० दे० 'चैती' (गीत)।

चैतन्य—पु० [सं० चेतन+ष्यञ्] १. चेतन आत्मा। २. न्याय दर्शन के अनुसार प्राणियों में होनेवाला ज्ञान। ३. चेतन होने का भाव। चेतनता। ४ ब्रह्म। ५. परमात्मा। ६. निसर्ग। प्रकृति। ७ बंगाल के एक प्रसिद्ध वैष्णव भक्त श्रीकृष्ण चैतन्य जो गौरांग महाप्रभु भी कहे जाते हैं।

वि० १. जिसमें चेतना या चेतन-शक्ति हो। सचेत। सचेतन। २ जो अपना ठीक और पूरा काम करने और सब बातें सोचने-समझने की स्थिति में हो।

चैतन्यता—स्त्री० [सं० चैतन्य+तल्—टाप्] चैतन्य। (दे०)

चैतन्य-भैरवी—स्त्री० [कर्म० स०] १. तांत्रिकों की एक देवी। २ संगीत में एक प्रकार की रागिनी।

चैता—पु० [सं० चित्रित] काले रंग का एक प्रकार का पक्षी।

पु० [हिं० चैत] चैत मास में गाये जानेवाले एक प्रकार के लोक-गीत जिनकी प्रत्येक पंक्ति के आरंभ में 'रामा' और अंत में 'हो रामा' विशेष रूप से लगता है। जब बाजे के साथ गाया जाता है तब इसे झलकुटिया कहते हैं। (उत्तर प्रदेश)

चैतावर—पु० [हिं० चैता] बिहार में चैत मास में गाये जानेवाले लोक-गीत।

चैती—वि० [हिं० चैत महीना] १. चैत-संबंधी। चैत का। २ चैत महीने में होनेवाला। जैसे—चैती गुलाब, चैती फसल।

स्त्री० १ वह फसल जो चैत में तैयार होती और काटी जाती है। रबी। २. चैत-बैसाख में गाया जानेवाला एक प्रकार का पूरबी चलता गाना। ३. चैत में बोया जानेवाला जमुआ नील। ४ बत्तख की जाति की एक प्रकार की चिड़िया जो प्रायः चैत-बैसाख में मैदानों में दिखाई देती है।

चैती गौरी—स्त्री० [सं० चैत्र-गौडी] चैत के महीने में प्रायः संध्या समय गाई जानेवाली षाडव संपूर्ण जाति की एक रागिनी।

चैतुआ—पु० [हिं० चैत महीना] चैत में रबी की फसल काटनेवाला। मजदूर।

चैत्त—वि० [सं० चित्त+अण्] चित्त-संबंधी। चित्त का।

पु० बौद्ध दर्शन में विज्ञान स्कंध को छोड़कर शेष सब स्कंध।

चैत्य—वि० [सं० चिता+अण्] चिता-संबंधी। चिता का।

पु० १. घर। मकान। २. देवालय। मंदिर। ३. किसी देवी-देवता के नाम पर अथवा किसी की मृत्यु या शव-दाह के स्थान पर बना हुआ भवन या चबूतरा। ४. यज्ञ-शाला। ५. गौतम बुद्ध की मूर्ति। ६ बौद्ध भिक्षुओं के रहने का मठ या विहार। ७. बौद्ध

भिक्षु । ८. गाँव की सीमा पर के वृक्ष । ९. पीपल । १०. बेल । ११. चिता ।

चैत्यक—पुं० [सं० चैत्य√की (प्रतीत होना)+क] १. अश्वत्थ। पीपल। २. राजगृह के पास का एक पुराना पर्वत।

चैत्यतरु—पुं० [कर्म० स०] १. अश्वत्थ। पीपल। २. गाँव या बस्ती का पूज्य या पवित्र बड़ा वृक्ष।

चैत्य-द्रुम—पु० [कर्म० स०] १. पीपल का पेड़। २. अशोक का पेड़।

चैत्यपाल—पुं० [सं० चैत्य√पाल् (रक्षा करना) +णिच्+अच्] चैत्य (घर, चबूतरे, मन्दिर आदि का) अधिकारी, प्रबंधक या रक्षक।

चैत्य-वृक्ष—पु० [ब० स०] कमडल ।

चैत्य-यज्ञ—पुं० [मध्य० स०] एक प्रकार का यज्ञ।

चैत्य-वंदन—पु० [ष० त०] १. जैन या बौद्ध देवता। २. जैन या बौद्ध मंदिर।

चैत्य-वृक्ष—पु०=चैत्य-तरु।

चैत्य-स्थान—पु० [ष० त०] १. वह स्थान जहाँ बुद्धदेव की मूर्ति स्थापित हो। २. कोई पवित्र स्थान ।

चैत्र—पुं० [स०√चि (चयन)+ष्ट्रन्, +अण्] १. वह महीना जिसकी पूर्णिमा को चित्रा नक्षत्र पड़े। चैत। २. पुराणानुसार चित्रा नक्षत्र के गर्भ से उत्पन्न बुधग्रह का एक पुत्र जो सातों द्वीपों का स्वामी कहा गया है। ३ पुराणानुसार सात वर्ष पर्वतों में से एक। ४. चैत्य। ५. बौद्ध भिक्षु। ६. यज्ञ-भूमि। ७. देवालय। मंदिर।

वि० चित्रा नक्षत्र-संबंधी। चित्रा नक्षत्र का।

चैत्रक—पुं० [स० चैत्र+कन्] चैत्र मास। चैत।

चैत्र-गौड़ी—स्त्री० [मध्य० स०] ओडव जाति की एक रागिनी जो चैत्र मास में संध्या समय अथवा रात के पहले पहर में गाई जाती है। कुछ लोग इसे श्रीराग की पुत्र-वधू मानते हैं।

चैत्र-मास—पु० [ष० त०] चैत मास के उत्सव जो प्रायः मदन-संबंधी होते हैं।

चैत्र-रथ—पु० [सं० चित्ररथ+अण्] १. पुराणानुसार कुबेर का वह उपवन या बगीचा जो चित्ररथ ने बनाया था। २ एक प्राचीन ऋषि।

चैत्र-रथ्य—पु० [स० चैत्ररथ+ष्यञ्] =चैत्ररथ।

चैत्रवती—स्त्री० [सं० चैत्र+मतुप्—ङीप्, तत्व] एक पौराणिक नदी। (हरिवंश पुराण)

चैत्रसखा—पुं० [ष० त०] कामदेव।

चैत्रावली—स्त्री० [सं० चैत्र—आ√वृ (वरण करना) +णिच् +अच्—ङीष्, लत्व] १. चैत्र शुक्ला त्रयोदशी। २. चैत्र मास की पूर्णिमा।

चैत्रि—पु० [चैत्री+इञ्] चैत मास। चैत।

चैत्रिक—पुं० [चैत्र+ठक्—इक] चैत्र। चैत।

चैत्री—स्त्री० [सं० चित्रा+अण्—ङीष्] चैत मास की पूर्णिमा।

चैद्यिक—वि० [सं० चेदि+ठञ्—इक] चेदि (प्रदेश, उसके निवासी अथवा उसके राज से) संबंध रखनेवाला।

चैद्य—पुं० [सं० चेदि+ष्यञ्] शिशुपाल।

वि० चेदि-संबंधी। चेदि का।

चैन—पुं० [सं० शयन] १. कष्ट, बकाबट, विकलता आदि का अंत होने पर मिलनेवाला आराम या सुख। २. किसी प्रकार की झंझट, दायित्व, भार आदि से छुटकारा होने पर मिलनेवाली मानसिक शांति।

क्रि० प्र०—आना।—मिलना।

३. आनंद और सुख का भोग।

मुहा०—चैन उड़ाना=आनंद करना। खूब अच्छी तरह और मनमाने ढंग से आराम या सुख भोगना। आनंद-मंगल करना। चैन पड़ना=कष्ट, चिन्ता, विकलता आदि का अन्त होने पर शान्ति का अनुभूत होना। चैन से कटना=आनंद और सुख से समय बीतना।

पु० [सं० चैलक ?] एक छोटी जाति।

चैपला—पु० [देश०] एक प्रकार की पक्षी।

चैयाँ—स्त्री० [?] बाँह। (ब्रज०)

चैराही†—वि० दे० 'चेहरई' (रंग)।

चैल—पु० [सं० चेल+अण्] १. कपड़ा। वस्त्र। २. पहनने का कपड़ा। पोशाक।

चैलक—पु० [सं० चैल+कन्] एक प्राचीन वर्ण संकर जाति जो शूद्र पिता और क्षत्रिया माता से उत्पन्न मानी जाती है।

चैला—पु० [चीरना-छीलना] कुल्हाड़ी से चीरी हुई लकड़ी का बड़ा टुकड़ा जो जलाने के काम में आता है।

चैलाशक—पु० [सं० चैल—आशक, ष० त०] कपड़ों में लगनेवाले कीड़ों को खानेवाला एक छोटा कीड़ा।

चैलिक—पु० [सं० चैल+ठक्—इक] कपड़े का टुकड़ा।

चैली—स्त्री० [हिं० चैला का स्त्री०अल्पा० रूप] १. रँदने पर निकलनेवाले लकड़ी के पतले-पतले टुकड़े जो जलाने के काम आते हैं। २. गरमी के कारण नाक से निकलनेवाला जमे हुए खून का थक्का।

चैलेंज—पु० [अं०] लड़ाई-भिड़ाई, संघर्ष आदि के लिए ललकारने की क्रिया या भाव। ललकार।

चोंक—स्त्री० [?] वह चिह्न जो दाँत गड़ाते हुए चूमने के समय किसी के गाल पर पड़ जाता है।

चोंकना—स० [हिं० चोंका] १. स्तन में मुँह लगा कर दूध पीना। २. पानी पीना।

चोंकर†—पु०=चोकर।

चोंका†—पु० [देश०] चूसने की क्रिया या भाव।

मुहा०—चोंका-पीना=बच्चों का माँ का स्तन-पान करना।

चोंखना†—स०=चोखना।

चोंगा—पु० [सं० चतुर अगुलि ? बँ० चुगी; उ० चुगा] [स्त्री० अल्पा० चोंगी] १. बाँस का वह खोखला टुकड़ा जिसका मुँह तो ऊपर से खुला हो और पेंदा नीचेवाली गाँठ के कारण बंद हो। २. टीन, बाँस आदि की वह नली जिसमें कागज-पत्र रखे जाते हैं।

चोंगी—स्त्री० [हिं० चोंगा का स्त्री० अल्पा०] भाषी में की वह नली जिससे होकर हवा निकलती है।

चोंच—स्त्री० [सं० चंचु] १. पक्षियों के मुँह का नुकीला और प्रायः लंबोतरा भाग जिसमें उनके जबड़ों पर सींग की तरह का कड़ा आवरण रहता है। जैसे—कबूतर, चील या तोते की चोंच। २. लाक्षणिक अर्थ में, ऐसा व्यक्ति या उसका मुँह जो कोई अनुचित, असंगत या विरुद्ध बात कहने को हो या कहता हो।

मुहा०—चोंच बंद करना या कराना=भय आदि के कारण स्वयं चुप हो जाना अथवा भय दिखाकर किसी को कुछ कहने से रोकना।

(किसी से दो-दो) चोंच होना=कुछ हलकी कहा-सुनी या झड़प हो जाना।

चोंचला—पुं०=चोचला।

चोंटना—स० [हिं० चिकोटी या अनु०] हाथ की चुटकी से कोई चीज तोड़ना। जैसे—फूल चोंटना।

चोंटली—स्त्री० [?] सफेद घुँघची।

चोंड़ा—पु० [सं० चूडा] १ स्त्रियों के सिर के बाल। झोटा। २ मस्तक। सिर।

पद—(किसी के) चोंड़े पर चढ़कर=किसी की परवाह न करते हुए उसके सामने होकर। सिर पर चढ कर। जैसे—हमें जो कुछ करना होगा, वह हम उनके चोंडे पर चढकर करेंगे। (स्त्रियाँ)

पु० [स० चूडा] वह कच्चा कुआँ जिससे खेती की सिचाई की जाती है।

चोंड़ी—स्त्री० [हिं० चोड़ा=सिर ?] स्त्रियों के पहनने की साड़ी।

चोंथ—पु० [अनु०] परिमाण के विचार से उतना गोबर जितना एक बार में गाय, भैंस आदि ने किया या गिराया हो।

स्त्री० [हिं० चोंथना] चोथने की क्रिया या भाव।

चोंथना—स० [अनु०] १. किसी चीज में से उसका कुछ अंश बुरी तरह से काट, नोच या बकोटकर निकालना। २. लाक्षणिक रूप में किसी का धन बुरी तरह से और जबरदस्ती उससे लेना।

चोंधना—स० [अनु०] १. पक्षियों का दाने चुगना। २. दे० 'चँधना'।

चोंधर—वि० [स० चक्षुरंध्र] १. बहुत छोटी आँखोंवाला (व्यक्ति या पशु)। २. जिसे अपेक्षया बहुत कम दिखाई देता हो। ३ बेवकूफ। मूर्ख। (अवज्ञा और हास्य में)

चोंप—पु० चोप।

स्त्री०=चोब।

चोंपी†—स्त्री०=चेप।

चोंहका†—पु० [सं० चूषण] १ गाय, बकरी, भैंस आदि को दुहने से पहले उनके बच्चों को चुसाया जानेवाला दूध। २ इस प्रकार दूध चुसाने की क्रिया या भाव। ३ होंठ लगाकर किसी प्रकार का रस चूसने की क्रिया या भाव।

चोआ—पु० [हि० चुआना=टपकाना] १. चुआकर गिराई, निकाली या रखी हुई चीज। २. वह छोटा और हलका दाँव जो जुआरी लोग किसी दूसरे जुआरी के दाँव पर उसके साथ मिलकर हार-जीत के लिए लगाते हैं। ३ वह कंकड़, पत्थर जो तराजू के पल्ले या बटखरे की कमी पूरी करने के लिए पल्ले पर रखा जाता है। ४ अनेक प्रकार के सुगंधित पदार्थों को पकाकर निकाला हुआ रस जिसकी गिनती गन्ध द्रव्यों में होती है। ५ दे० 'चोटा'।

चोई—स्त्री० [देश०] १ मछली आदि कुछ जल-जंतुओं की त्वचा पर होनेवाला गोल चितकबरा तथा चमकीला छिलका। २ दाल आदि का छिलका।

चोई—स्त्री०=चोई।

चोक—पु० [स०√कुच् (रोकना)+क्विप्, क=च, पृषो०, चुक—अच्] भड़भाँड या सत्यानासी नामक पौधे की जड़ जो दवा के काम आती है।

चोकर—पु० [हि० चून=आटा+कराई छिलका] गेहूँ, जौ आदि के आटे को छानने पर उसमें से बचनेवाला छिलके का अंश जो दरदरा तथा मोटे कणों के रूप में होता है।

चोका—पु० दे० 'चोहका'। उदा०—चोका लाई अधर रस लेही।—जायसी।

वि० [स्त्री० चोकी]=चोखा। उदा०—चोकी मेरी देह, तन संजोग काइ लाल को।—सेनापति।

चोकी—स्त्री० चौकी।

चोक्ष—वि० [स०√चक्ष (प्रशस्त होना)+घञ्,—पृषो० सिद्धि] १. पवित्र। शुद्ध। २ चतुर। दक्ष। ३. तीक्ष्ण। तेज। ४. प्रशंसित।

चोख—पु० [हि० चोखा] चोखे अर्थात् प्रखर होने की अवस्था या भाव। चोखापन।

वि० चोखा।

†पु० [स० चक्षु] आँख। (बंगाल)

चोखना—स० [स० चूषण] प्राणियों विशेषतः पशुओं का अपनी माता के थन में मुँह लगाकर उसका दूध पीना। उदा०—नियरावनि चोखनि मन ही में झकि बछियान छबीली।—ललित किशोरी।

चोखनि, चोखनी—स्त्री० [हि० चोखना] चोखने अर्थात् स्तन-पान करने की क्रिया या भाव।

चोखा—वि० [स०, चोक्ष, पा० प्रा० चोख, मरा० ग० प० चोख; आ उ० प० चोखा] १ तेज या पैनी धारवाला। जैसे—चोखा चाक। २ जिसमें किसी प्रकार का खोट या मिलावट न हो। जैसे—चोखा घी, चोखा सोना। ३. व्यवहार आदि में खरा और साफ। जैसे—चोखा असामी। ४ औरों की तुलना में बहुत अच्छा या बढ़कर। जैसे—इस मामले में तो तुम्हीं सब से चोखे रहे। ५ सब प्रकार से अच्छा और ठीक। उदा०—चला विमान तहाँ ते चोखा।—तुलसी। †६ मात्रा, मान आदि में अधिक।

पु० [?] १ एक प्रकार का चटपटा व्यंजन या सालन जो आलू या बैंगन को उबाल या भूनकर बनाया जाता है। भरता। भुरता। २ पकाया हुआ चावल। भात। (राज०)

चोखाई—स्त्री० [हि० चोखना] चोखने या चोखाने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक। चुसाई।

†स्त्री० चोखापन।

चोखाना—स० [हि० चोखना] १ बछड़ों आदि को चोखने अर्थात् स्तन-पान करने में प्रवृत्त करना। २ स्तन-पान कराना।

†३ दूध दुहना। ४ धार चोखी या तेज करना। जैसे—चाक चोखाना।

†अ० १ चोखा अर्थात् स्तन-पान किया जाना। २. दूहा जाना। ३ धार का चोखा या तेज किया जाना।

चोगर—पु० [फा० चुगद] उल्लू की-सी आँखोंवाला घोड़ा।

चोगा—पु० [तु० चुगद] एक प्रकार का पहनावा जो घुटनों तक लंबा और ढीला-ढाला होता है। लबादा।

चोगान—पु० चौगान।

चोच—पु० [स०√कुच (रोकना)+अच्, पृषो० क=च] १. छाल। २ चमड़ा। त्वचा। ३. तेजपत्ता। ४. दालचीनी। ५. नारियल। ६ कदली-फल। केला।

चोचक —पु० [स० चोच+कन्] छाल। वल्कल।

चोचलहाई—स्त्री० [हिं० चोचला+हाई (प्रत्य०)] (स्त्री) जो चोचले करती या दिखाती हो।

चोचला—पु० [अनु०] १. अल्हड़पन या जवानी की उमंग में किसी को लिझाने, रिझाने आदि के उद्देश्य से दिखाई जानेवाली ऐसी अंग-भंगी, कही या की जानेवाली बात या किया जाने वाला व्यवहार जिसकी गिनती निकृष्ट प्रकार के हाव-भावों में होती है। नखरा।

मुहा०—चोचले दिखाना या बघारना=दूसरों को लिझाने, रिझाने आदि के लिए ऐसी अंग-भंगी, हाव-भाव दिखलाना अथवा चेष्टा या बात करना जो प्रिय या रुचिकर न लगे। जैसे—चोचले मत बघारो; सीधी तरह से बातें करो।

२. ऐसा कार्य जो अपनी आन-बान दिखाकर किसी को विशेष रूप से प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। जैसे—ये सब अमीरों के चोचले हैं।

चोच—पु [सं० चोंच ?] १. किसी चटीली उक्ति या बात में का वह चम-कारपूर्ण अश या तत्त्व जिससे लोग प्रसन्न और मुग्ध हो जायँ। अनूठी, सुन्दर और हास्य की बात। २. ऐसी बात जिसमें उक्त प्रकार का चमत्कारपूर्ण तत्त्व दिखाई देता हो।

पद—चोज का=अनोखा, दुष्प्राप्य और बढ़िया। **उदा०**—चोज के चदन खोज खले जहँ आछे उरोज रहे उर मे घिमि। —देव।

चोट—स्त्री० [स० चट=काटना] १ किसी धारदार वस्तु के प्रबल या वेगपूर्ण आघात से शरीर के किसी अग के कट, फट अथवा छिल जाने से होनेवाला घाव। जैसे—तलवार या पत्थर की चोट। २. अस्त्र-शस्त्र आदि के द्वारा किसी जीव पर किया जानेवाला लक्ष्य-भेदन या वार का आघात।

मुहा०—चोट खाली जाना=आघात या वार का चूक जाना। वार खाली जाना **(किसी की) चोट बचाना**=किसी के आघात या प्रहार को युक्ति से विफल करना। **(आपस में) चोटें चलना**=दोनों पक्षों का एक दूसरे पर मौलिक रूप से आघात या वार करना।

३. गिरने-पड़न, टकराने, ठोकर खाने अथवा किसी वस्तु के शरीर पर आ गिरने से होनेवाला बाहरी या भीतरी घाव, विकृति या सूजन।

मुहा०—चोट उभरना=किसी ऐसी पुरानी चोट मे फिर से पीडा, सूजन आदि उत्पन्न होना जो बीच मे अच्छी या ठीक हो गई हो। **चोट खाना**=किसी आघात या प्रहार के फल-स्वरूप कष्टदायक या विकृतिकारक परिणाम, प्रभाव या फल से युक्त होना।

४. किसी हिंसक जंतु या पशु द्वारा किया हुआ आघात, वार या प्रहार जो घातक भी हो सकता है। जैसे—शेर या साँप छेड़ने पर अवश्य चोट करते हैं। ५. कोई ठोस चीज तोड़ने, फोड़ने या चिपटी करने के लिए उस पर किया जानेवाला किसी भारी औजार का आघात। जैसे—पत्थर या लोहे पर की जानेवाली घन या हथौड़े की चोट। ६ लाक्षणिक रूप मे, (क) किसी का कोई ऐसा कथन जिससे कोई अपने को अपमानित या लज्जित समझने लगे। (ख) कोई ऐसी घटना जिससे किसी को कोई बहुत बड़ी क्षति या हानि हुई हो अथवा (ग) अनिष्ट आदि के कारण होनेवाला कष्ट जिसके परिणाम-स्वरूप मनुष्य चिंतित, दुःखी या विकल होता हो। ७. कपट या छलपूर्वक किया जानेवाला कोई ऐसा काम या बात जिससे किसी का कुछ अनिष्ट हो। दगा। धोखा। विश्वासघात। जैसे—तुमने बहुत बुरे समय में मेरा साथ छोड़ कर मुझ पर चोट की है। ८. आक्रमण, आघात, प्रहार आदि के रूप में होनेवाले कार्यों या बातों के संबंध में प्रत्येक बार होनेवाली उक्त प्रकार की क्रिया। जैसे—एक चोट कुम्पनी, दो चोट दगा-फसाद, चार चोट लड़ाई-झगड़ा आदि। ९. वह जो किसी की तुलना में बराबरी या मुकाबले का ठहरता या सिद्ध होता हो। उदा०—उज्ज्वल, अखंड खड मातएँ महल महामडल चवारो चंदमडल की चोट हो।—देव।

मुहा०—(किसी की) चोट का=तुलना या बराबरी का। जोड़ या मुकाबले का।

चोटइल†—वि०=चुटैल।

चोटना-पोटना*—स० [हिं० चोटी-पोटी] १. रूठे हुए को मनाना। २. फुसलाना।

अ० खशामद अथवा चापलूसी की बातें करना।

चोटहा†—वि० [हिं० चोट+हा (प्रत्य०)] [स्त्री० चोटही] १.जिस पर चोट का निशान हो। २. (व्यक्ति या जीव-जतु) जिसे चोट लगी हो। ३. (अग) जिस पर चोट का दाग या निशान बना हुआ हो। ४. चोट करनेवाला।

चोटा—पु० [हिं० चोआ] गुड से चीनी बनाते समय उसे छानने पर निकला हुआ गुड का फसेव। चोआ। माठ।

चोटाना†—अ० [हिं० चोट] चोट से युक्त होना। चोट खाना। २स० चोट या प्रहार करना।

चोटा-पोटा—वि० [?] स्त्री० चोटी-पोटी] खुशामद से भरा हुआ (कथन)। चिकनी-चुपड़ी (बात-चीत)। उदा०—हमसों सदा दुरावति सो यह बात कहत मुख चोटी-पोटी।—सूर।

चोटार—वि०[हिं० चोट आर (प्रत्य०)] १. (जीव) जो चोट करता या कर सकता हो. २. चोट खाया हुआ। चुटैल।

चोटारना—अ० [हिं० चोट] चोट पहुँचाना। चुटैल करना।

चोटिका—स्त्री० [स०√चट (घेरदार)+अण्-ङीप्-कन्-टाप्] लहँगा।

चोटिया—स्त्री०=चुटिया (चोटी)।

चोटियाना—स० [हिं० चोटी] १. मारने पीटने आदि के लिए किसी की चोटी या सिर के बाल हाथ से पकड़ना। २. किसी को इस प्रकार पकड़कर उग करना या दबाना कि मानो उसकी चोटी अपने हाथ मे आ गई हो।

अ० [हिं० चोटी] स्त्रियों का चोटी करना या वेणी बाँधना।

चोटियाला†—वि० [हिं० चोटी] [स्त्री० चोटियाली] सिर पर के बड़े-बड़े बालोंवाला। उदा०—चोटियाली कूदैं चौसठि चाचरि।—प्रिथीराज। पुं० पिशाच, प्रेत, भूत आदि।

चोटी—स्त्री० [स० चूडा ? प्रा० प० चोटी गु० मरा० चोटी, चोटली] १. स्त्रियों के सिर के वे बड़े और लंबे बाल जो कई प्रकार से लट या लटों के रूप में गूँथे रहते है। वेणी।

मुहा०—चोटी करना=स्त्रियों का सिर के बाल गूथ और सँवारकर उनकी लट या वेणी बनाना।

२. हिन्दू पुरुषों में सिर के ऊपर पिछले भाग के मध्य में थोड़े से

बचाकर रखे हुए वे लंबे बाल जो हिन्दुत्व का एक मुख्य चिह्न होता है। चुंदी। शिखा।

पद—चोटीवाला। (देखे)

मुहा०—चोटी कटाना=सिर मुंडाकर साधु-संन्यासी या संसार-त्यागी होना। **(किसी के नीचे) चोटी दबना**=ऐसी स्थिति में होना कि किसी से दबकर रहना पड़े। जैसे— जब तक उनके नीचे तुम्हारी चोटी दबी है, तब तक तुम उनके विरुद्ध नहीं जा सकते। **(किसी की) चोटी (किसी के) हाथ में होना**=किसी का किसी दूसरे के अधीन या वश में होना। जैसे—उनकी चोटी तो हमारे हाथ में है। वे हम से बचकर कहाँ जायँगे। **चोटी रखना**=सिर के पिछले मध्य भाग में थोड़े से बाल आस-पास के बालों से अलग रखकर बढ़ाना जो हिन्दुत्व का चिह्न है। शिखा धारण करना।

१. प्रायः काले धागों या सूतों का वह लंबा लच्छा जो स्त्रियाँ अपने सिर के बालों के साथ गूँथकर उन्हें बाँधने और अपनी चोटी लंबी तथा सुन्दर बनाकर दिखाने के काम में लाती हैं। ४. पान के आकार का वह गहना जो स्त्रियाँ सिर के बालों की जूड़ में खोंसती या अपनी चोटी के नीचे लटकाती है। ५ कुछ विशिष्ट पक्षियों के सिर पर ऊपर उठे हुए कुछ लंबे पर या बाल। कलगी। जैसे—मुरगे या मोर की चोटी। ६. किसी बड़ी या भारी चीज का सब से ऊँचा और ऊपरी भाग। जैसे—पहाड़ या महल की चोटी। ७. किसी चीज का किसी ओर निकला हुआ कुछ नुकीला और लंबा सिरा। जैसे—नीलम, पन्ने या हीरे की चोटी। ८. किसी प्रकार के उतार-चढ़ाव या ऊपरी मोड़ का सब से ऊँचा और ऊपरी अंश या भाग। जैसे—घूस-घाघ ने गेहूँ का भाव चोटी पर पहुँच जाता है।

पद—चोटी का=अपने वर्ग में सब से अच्छा, बढ़कर या श्रेष्ठ। सर्वोत्तम। जैसे—चोटी का ग्रन्थ, चोटी का पंडित या विद्वान्।

चोटीवाला—पु० [हि०] जिन, प्रेत या भूत जिसके संबंध में यह प्रवाद है कि उसकी चोटी बहुत लंबी होती है। (स्त्रियाँ)

विशेष—प्रायः स्त्रियाँ भूत-प्रेत आदि से बहुत डरती हैं और उनका नाम तक नहीं लेना चाहतीं; इसलिए वे इसी नाम से उसकी चर्चा करती हैं।

चोट्टा†—पुं० [हि० चोर] [स्त्री० चोट्टी, भाव० चोट्टापन] वह व्यक्ति जो छोटी-मोटी चीजें दूसरों के घरों से उनकी नजरें बचाकर उठा लाता हो। छोटे दरजे का चोर।

चोड़—पु० [स०√चुड् (संवरण करना)+अच्] १ उत्तरीय वस्त्र। २. चोल देश।

चोड़क—पु० [सं० चोड+कन्] पहनने का एक कपड़ा।

चोड़ा—पुं० [सं० चोड+टाप्] बड़ी गोरखमुंडी।

चोढ़ी—स्त्री० [सं० चोड+ङीप्] स्त्रियों के पहनने की साड़ी।

चोढ़ा†—पुं० [?] उत्साह। उमंग।

चोतक—पुं० [सं० चुद् (टपकना)+ण्वुल्—अक] १. दालचीनी। २. छाल। वल्कल।

चोद—पुं०=चोंप।

†स्त्री०=चौध। (गुजरात)

चोदना†—सं०=चोंधना।

चोद—पु० [स०√चुद् (प्रेरणा करना)+णिच्]+अच्] १. चाबुक। २. ऐसी लंबी लकड़ी जिसके सिरे पर नुकीला लोहा लगा हो।

चोदक—वि० [स०√चुद्+णिच्+ण्वुल्—अक] चोदना या प्रेरणा करनेवाला।

चोदना—स्त्री०[स० √चुद्+णिच्+युच्—अन, टाप्] १. वह वाक्य जिसमें कोई काम करने का विधान हो। विधि-वाक्य। २ प्रेरणा। ३. प्रयत्न।

स० पुरुष का स्त्री के साथ संभोग करना। स्त्री-प्रसंग करना।

चोदू—पु०[हिं० चोदना] चोदने अर्थात् प्रसंग या संभोग करनेवाला।

चोद्दा†—वि०[हि० चोदना]=चूतिया। (राज०)

चोद्य—वि०[स०√चुद्+णिच्+यत्] जो चोदना या प्रेरणा का उपयुक्त पात्र या विषय हो।

पु०१. प्रश्न। सवाल। २ तर्क-वितर्क या वाद-विवाद में पूर्व पक्ष।

चोप—पु०[हिं० चाव] १. उत्साह और उमंग से भरी हुई कामना या वासना। चाव।

क्रि० प्र०—चढ़ना।

२. उत्साह या उमंग बढ़ानेवाला काम, चीज या बात। ३ उत्तेजना। बढ़ावा।

क्रि० प्र०—देना।

पु०[हिं० चूना=टपकना] कच्चे आम के ऊपरी भाग का वह रस जो शरीर में लगने पर खुजली, जलन, फुन्सी आदि उत्पन्न करता है।

†स्त्री०[फा० चोब] १ दे० 'चोब'। २. डंके पर लकड़ी से किया जानेवाला आघात। डंके की चोट। ३ इस प्रकार उत्पन्न होनेवाला शब्द।

चोपदार†—पु०=चोबदार।

चोपी—वि०[हि० चोप] १. जिसे किसी बात का बहुत अधिक चाव या चाह हो। २. जिसमें विशेष उत्साह या उमंग हो।

स्त्री०=चेप (लसीला पदार्थ)। जैसे—आम की चोपी।

चोब—स्त्री०[फा०] १. शामियाना खड़ा करने का बड़ा लंबा या बाँस। २ वह पतली लकड़ी या खंभाची जिससे नगाड़े पर आघात किया जाता है। ३ मोटा डंडा विशेषतः वह मोटा डंडा जिस पर सोने या चाँदी का पत्तर चढ़ा या लगा हो।

चोबकारी—स्त्री०[फा०] जरदोजी।

चोबचीनी—स्त्री०[फा० चोब+हि० चीनी (चीन देश का)] चीन देश में होनेवाली एक लता जिसकी जड़ औषध के काम आती है।

चोबदार—पु०[फा०] [भाव० चोबदारी] वह दरबान या नौकर जिसके हाथ में चोब (मोटा डंडा) रहता हो।

चोबदारी—स्त्री०[फा०] चोबदार का काम या पद।

चोबा—पु०[फा० चोब] १ उबाले हुए चावल। भात। २. दे० 'चोबे'।

†पु०=चौबे। (पंजाब)

चोबी—वि०[फा०] लकड़ी का बना हुआ। जैसे—चोबी इमारत या मकान।

चोभ—स्त्री०[हिं० चुभना] १. चुभने की क्रिया या भाव। २. चुभने-वाली कोई वस्तु या बात।

चोभना—स० =चुभाना।

चोआ—पुं० [हिं० चोमना] १. चोमने या चुभाने की क्रिया या भाव। २. लोहे की सूइयोंवाला वह दस्ता जिससे मुरब्बा बनाने के लिए आँवला, आम, पेठे के टुकड़े आदि कोंचे जाते हैं। ३. दवाओं की बँधी हुई वह पोटली जिससे पीड़ित अंग मुख्यतः आँख सेंकी जाती है। भाषा। ४. उक्त पोटली से शरीर का कोई पीड़ित अंग सेकने की क्रिया या भाव।

चोआकारी—स्त्री० [हिं० चोमना+फा० कारी=काम] पत्थरों, रत्नों आदि का किसी चीज पर होनेवाला ऐसा जड़ाव जो किसी तल में चुभा या धँसाकर कुछ उभारदार रूप में बनाया गया हो।

चोआना†—स० = चुभाना।

चोआ—स्त्री० [अ० जोम] १. उभंग। जोश। २. गर्व। घमंड। (राज०)

चोआ†—पु० = चोआ।

चोर—पुं० [सं० √चुर् (चुराना)+घिञ् अच; प्रा०, पा०, गुज०, पं० बं०, मरा०, चोर; सिं० चोरु; सिंह० होर] १. वह जो लोगों की आँख बचाकर दूसरों की कोई चीज अपने उपयोग के लिए उठा ले जाता या स्वयं ले लेता हो। बिना किसी को जतलाये हुए पराई चीज लेकर उस पर अपना अधिकार या स्वामित्व स्थापित करनेवाला व्यक्ति। चुराने या चोरी करनेवाला। तस्कर। जैसे—(क) चोर उनके घर में घुस कर सब माल-असबाब उठा ले गये। (ख) आजकल नगर में चोरों का ऐसा दल आया है जो मकान किराये पर लेकर आस-पास की दूकानों या मकानों में चोरी करता है।

मुहा०—(कहीं या किसी के घर) चोर पड़ना=चोर या चोरों का आकर बहुत-सी चीजें चुरा ले जाना।

कहा०—चोर के घर (या चोर पर) मोर पड़ना=(क) एक चोर के घर पहुँचकर दूसरे चोर का चीजें चुराना या चोरी करना। (ख) किसी दुष्ट या धूर्त के साथ उससे भी बड़े दुष्ट या धूर्त के द्वारा दुष्टता या धूर्तता का व्यवहार होना।

२. लड़कों के खेल में, वह लड़का जो अपना दाँव हार जाता है, और इसीलिए दूसरे लड़के जिससे कोई दौड़-धूप या परिश्रम का काम कराके अपना दाँव लेते या बदला चुकाते हैं।

विशेष—ऐसे लड़के को प्रायः किसी दूसरे लड़के को छूकर चोर बनाना या अपनी पीठ पर चढ़ाकर कुछ दूर पहुँचाना या ले जाना पड़ता है।

३. क्षत या घाव के संबंध में, वह दूषित और विघातक अंश, तत्त्व या विकार जो किसी प्रकार अन्दर या नीचे छिपा या दबा रह गया हो और आगे चलकर दुष्परिणाम उत्पन्न कर सकता हो। जैसे—इस घाव का मुँह ऊपर से तो बंद हो गया है; पर अभी इसके अन्दर चोर है। (आशय यह कि इसका मुँह फिर से खुलकर दूषित अंश या विकार निकलना चाहिए) ४. किसी तल में वह थोड़ा-सा या सूक्ष्म अंश जो ठीक तरह से बनने, भरने आदि से छूट गया हो, और इसीलिए जो दुष्परिणाम उत्पन्न कर सकता या दोष माना जाता हो। जैसे—(क) जब छत बनने में कहीं चोर रह जाता है, तभी वह चूती या टपकती है। (ख) मेहदी हाथ में ठीक तरह से नहीं लगी है, कई जगह चोर रह गया है। ५. ताश, गंजीफे आदि के खेलों में, वह हलका पत्ता जो किसी खिलाड़ी के हाथ में इसलिए रुका रहता है कि इसे चलने पर उसकी हार की सम्भावना होती है।

पद—मुलाम चोर=ताश का एक विशिष्ट खेल जिसमें कोई एक पत्ता चोर बनाकर अलग कर दिया जाता है। खेल के अंत में जिसके हाथ में उस पत्ते के जोड़ का दूसरा पत्ता बच रहता है, वही खिलाड़ी चोर कहलाता है।

६. लाक्षणिक रूप में, मन में उत्पन्न होने या रहनेवाला कोई अनुचित और कपटपूर्ण उद्देश्य, भाव या विचार। जैसे—यदि तुम उनसे मिलकर सब बातों का निपटारा नहीं करना चाहते तो तुम्हारे मन में जरूर कोई चोर है। ७. चोरक नाम का गंध द्रव्य। ८. रहस्य संप्रदाय में, (क) काम, क्रोध, मोह आदि विकार। (ख) मृत्यु।

वि० (क) समस्त पदों में उत्तर पद के रूप में और व्यक्तियों के संबंध में—१. किसी की कोई चीज चुरानेवाला। चोरी करनेवाला। जैसे—किताब चोर, जूता-चोर। २. किसी प्रकार कुछ चुराने, छिपाने, दबा रखने या सामने न करनेवाला। जैसे—मुँहचोर=जल्दी किसी को मुँह न दिखानेवाला। ३. कर्मव्यपालन, कष्ट, परिश्रम आदि से अपने आप को बचानेवाला। (ख) समस्त पदों में पूर्वपद के रूप में पदार्थों आदि के संबंध में—१. जो इस प्रकार आड़ में छिपा हुआ हो कि ऊपर या बाहर से देखने पर जल्दी दिखाई न दे, जिसका सब लोगों को सहसा पता न चलता हो या जिसे साधारण लोग न जानते हों। जैसे—जलभारी या संदूक में का चोर-खाना या चोर-ताला, किसी बड़ी बस्ती में की चोर गली, किसी तख्ते में का चोर छेद, किसी बड़े मकान में का चोर दरवाजा या चोर सीढ़ी आदि। २. (स्थान) जहाँ या जिसमें कोई ऐसा काम या बात होती हो जो सबके सामने या खुले आम न हो सकती हो, बल्कि चुरा-छिपाकर की जाती हो। जैसे—चोरबाजार, चोर महल आदि। ३ (तल या स्थान) जो ऊपर से देखने पर तो बिलकुल ठीक और पक्का जान पड़े; परन्तु जिसके नीचे कुछ पोलापन हो और इसीलिए जो थोड़ा-सा भार पड़ने पर या सहज में दब अथवा धँस सकता हो। जैसे—चोर जमीन, चोर बालू या चोर मिट्टी आदि। ४. शरीर या उसके किसी अंग के संबंध में, जिसकी क्रिया, शक्ति, स्वरूप आदि का बाहर से देखने पर अनुमान न हो सकता हो या पूरा पता न चलता हो। जैसे—चोर धन, चोर पेट, चोर बवासीर आदि। ५. अनाज के दानों के संबंध में, जो साधारण से बहुत अधिक कड़ा हो और इसलिए कूटने-पीसने आदि पर भी ज्यों का त्यों बचा या बना रहता हो और टूटता या पिसता न हो। जैसे—चोर उड़द, चोर मटर, चोर मूँग आदि।

चोर-कंटक—पुं० [कर्म० स०] चोरक नाम का गंध द्रव्य।

चोरक—पुं० [सं० चोर+कन्] १. एक प्रकार का गठिवन जिसकी गणना गंध द्रव्यों में होती है। २. असवरग जिसकी गिनती गंध द्रव्यों में होती है।

चोरकट—पुं० [हिं० चोर+कट=काटनेवाला] उचक्का। चोट्टा।

चोरकाना—पु० [हिं०] अलमारी, संदूक आदि में का ऐसा छिपा हुआ खाना, घर या विमान जो ऊपर से देखने पर सहसा न दिखाई देता हो।

चोर खिड़की—स्त्री० [हिं०] छोटा चोर दरवाजा। (दे० 'चोर दरवाजा')

चोर-गणेश—पुं० [कर्म० स०] तांत्रिकों के एक गणेश जिनके विषय में कहा जाता है कि यदि जप करने के समय हाथ की उँगलियों में संधि रह जाय, तो वे उसका फल चुरा या हरण कर लेते हैं।

चोरगली—स्त्री०[हिं०] १. नगर या बस्ती की वह छोटी और तंग गली जिसका पता सब लोगों को न हो। २. पाजामे का वह भाग जो दोनों जाँघों के बीच में पड़ता है।

चोर-चकार—पुं०[हिं० चोर+अनु०चकार]१. चोर। २. उचक्का। चोट्टा।

चोर-चमार—वि०[हिं०] [भाव० चोरी-चमारी] (व्यक्ति) जो चोरी आदि निन्दनीय तथा निकृष्ट काम करता हो।

चोर-छेद—पद पु०[हिं०] दो चीजों के बीच का बहुत छोटा और छिपा हुआ अवकाश। संधि। दरज़।

चोर-जमीन—स्त्री०[हिं० चोर+जमीन] ऐसी जमीन जो ऊपर से देखने मे तो ठस या पक्की जान पड़े, पर नीचे से पोली हो और जो भार पड़ते ही नीचे धँस या दब जाय।

चोरटा†—वि० [हिं० चोर+टा (प्रत्य०)] [स्त्री० चोरटी] १. चोरी करने या चुरानेवाला। उदा०—लिये जाति चित चोरटी वह गोरटी नारि।—बिहारी। २. दे० 'चोट्टा'।

पुं० चोर।

चोर-ताला—पुं० [हिं०] ऐसा ताला जो ऊपर से सहसा दिखाई न देता हो; अथवा साधारण से भिन्न और किसी विशिष्ट युक्ति से खुलता हो।

चोर-धन— पु०[हिं०] गौओ-भैंसो का ऐसा धन जिसके अंदर दूध बचा रह जाता या बचा रह सकता हो।

वि०[हिं०] (गौ, बकरी या भैंस) जो अपने बच्चे के लिए थन में कुछ दूध चुरा या बचा रखे; दुही जाने पर पूरा या सारा दूध न दे।

चोर-दंत—पुं०[हिं०] वह दाँत जो बत्तीस दाँतों के अतिरिक्त निकलता और निकलने के समय बहुत कष्ट देता है।

चोर-दरवाजा—पुं०[हिं०] किसी महल या बड़े मकान में प्रायः पिछवाड़े की ओर का वह छोटा दरवाजा जो आड़ में हो और जिसका पता सब लोगों को न हो।

चोर-द्वार—पु०=चोर-दरवाजा।

चोरना*—स०=चुराना।

चोर-पट्ठा—पु०[हिं० चोर+पाट=सन] एक प्रकार का जहरीला पौधा जिसके पत्तों और डंठलों पर बहुत जहरीले रोएँ होते हैं जो शरीर में लगने से सूजन पैदा करते हैं। सूरन।

चोर-पहरा—पु०[हिं० चोर=गुप्त+पहरा] पहरे का वह प्रकार जिसमें पहरेदार या तो छिपे रहते हैं अथवा भेष बदल कर पता लगाने के लिए घूमते-फिरते रहते हैं।

चोर-पुच्छ—पु०=चुरपुच्छी।

चोर-पुच्छिका—स्त्री०[चोरपुच्छी+कन्—टाप्, ह्रस्व]=चोर-पुच्छी।

चोर-पुच्छी—स्त्री०[ब०स०, ङीप्] एक प्रकार का क्षुप जिसमें आसमानी रंग के फूल लगते हैं। अबाहुली। शंखाहुली।

चोर-पेट—पुं०[हिं०] १. स्त्रियों का ऐसा पेट जिसमें गर्भ की स्थिति का ऊपर से देखने पर जल्दी पता न चले। २. ऐसा छोटा उदर या पेट जिसमें साधारण से बहुत अधिक भोजन समा सकता या समाना हो। ३. किसी चीज के अन्दर का कोई ऐसा गुप्त विभाग या स्थान जो ऊपर से दिखाई न दे।

चोर-पैर—पु०[हिं०] ऐसे पैर जिनके चलने की आहट न मिले या शब्द न सुनाई पड़े। उदा०—ऐसा ही मोर के चोर पैर आला के ने उन्हें पाया।—अज्ञेय।

चोर-बत्ती—पद स्त्री०[हिं०] हाथ में रखने की बिजली की वह बत्ती जो खटका या बटन दबाने पर ही जलती है।

चोर-बदन—पद पु०[हिं०] ऐसा बदन या शरीर जो देखने मे विशेष हृष्ट-पुष्ट न होने पर भी यथेष्ट बलवान् या शक्तिशाली हो।

चोर-बदन—वि०[हिं०] (मनुष्य या व्यक्ति) जो देखने में दुबला-पतला या सामान्य जान पड़ने पर भी अपेक्षया अधिक बलवान् या शक्तिशाली हो।

चोर-बाजार—पु०[हिं०] [भाव० चोर बाजारी] व्यापार का वह ढंग जिसमें नियंत्रित अथवा राशन मे मिलनेवाली चीजें चोरी से और अधिक ऊँचे मूल्य पर खरीदी और बेची जाती है।

चोर-बाजारी—स्त्री०[हिं०] नियंत्रित अथवा राशन मे मिलनेवाली वस्तुएँ खुले बाजार में और उचित मूल्य पर न बेचकर चोरी से और अधिक दाम पर बेचने की क्रिया, प्रकार या भाव।

चोर-बालू—पुं०[हिं० चोर+बालू] वह बालू या रेत जिसके नीचे दलदल, धँसाव या पोलापन हो।

चोर-महल—पु०[हिं०] १ राजाओ, रईसों आदि का ऐसा महल या मकान जिसमे वे अपनी रखैली स्त्री या स्त्रियाँ रखते थे। २. घर के अन्दर का वह छिपा हुआ छोटा कमरा जो साधारणतः लोगों की दृष्टि में न आता हो।

चोर-मिचौनी—स्त्री०[हिं० चोर+मीजना=बंद करना] आँख मिचौनी नाम का खेल।

चोर-रास्ता—पु०[हिं०] वह छिपा हुआ मार्ग जिसका जन-साधारण को पता न हो। चोरगली।

चोर-सीढ़ी—स्त्री०[हिं०] किसी बड़े मकान या महल मे वह छोटी और सँकरी सीढ़ी जो कहीं आड़ मे हो और जिसका पता सब लोगों को न हो।

चोर-स्नायु—पु०[ष०त०] कौवा ठोंठी। काकनली।

चोर-हटिया—पु०[हिं० चोर+हटिया] चोरो से अथवा चोरी का माल खरीदनेवाला दूकानदार।

चोर-हुली—स्त्री०=चोर-पुच्ची।

चोरा—स्त्री०[स० चोर+अच्-टाप्] चोर-पुच्ची।

चोराख्य—पु०[स० चोर-आख्या, ब०स०] =चोर-पुच्ची।

चोराना—स०=चुराना।

चोरिका—स्त्री०[स० चोर, ठन्—इक, टाप्] चुराने का काम। चोरी।

चोरित—भ०कृ० [स०√चुर् (चुराना)+णिच्+क्त] चुराया हुआ।

चोरिला—पुं०[स०?] एक प्रकार का बड़िया चारा जिसके दाने या बीज कभी-कभी गरीब लोग अनाज की तरह खाते हैं।

चोरी—स्त्री०[हिं० चोर] १. चुराने या चोरी करने की क्रिया या भाव। २ दूसरो से कोई बात चुराने या छिपाने की क्रिया या भाव। जैसे—खुदा की गर नहीं चोरी की तो फिर बन्दे की क्या चोरी।—कोई शायर।

चोरी-चोरी—क्रि० वि० [हिं० चोरी] १ धीरे-धीरे। २. चुपके-चुपके। ३ बिना किसी को कहे या बतलाये। जैसे—(क) उन्होंने चोरी-चोरी विवाह कर लिया। (ख) आप चोरी-चोरी चले गये; मुझसे मिले तक नहीं।

चोल—पुं०[सं० √चुल् (ऊँचाई)+घञ्] १. दक्षिण भारत का एक प्राचीन देश जो आधुनिक तंजौर, त्रिचनापल्ली आदि के आस-पास और दक्षिणी मैसूर तक विस्तृत था। २. उक्त देश का निवासी। ३. स्त्रियों के पहनने की चोली। ४. मंजीठ। ५. कवच। जिरह-बख्तर। ६. छाल। वल्कल।
वि० लाल (रंग)।

चोलक—पुं०[सं० चोल+कन्]=चोल।

चोलकी (किन्)—पु०[सं० चोलक+इनि] १. बाँस का कल्ला। २. नारंगी का पेड़। ३. करील का पेड़। ४. हाथ की कलाई या पहुँचा।

चोल-खंड—पुं०[मध्य० स०] कपड़े का वह टुकड़ा जो प्रायः साड़ियों के साथ (अथवा अलग भी) इसलिए बुना जाता है कि उससे चोली या कुरती बन सके।

चोलन—स्त्री०[स० चोल+क्विप्+ल्यु—अन]=चोलकी।

चोलना—स०[?] थोड़ीमात्रा में कोई चीज खाना।
मुहा०—मुँह चोलना=नाममात्र के लिए कुछ या थोड़ा-सा खा लेना। †पु०=चोला।

चोल-रंग—पु०[सं० चोल=मंजीठ+रंग] मंजीठ का रंग जो पक्का लाल होता है।

चोल-सुपारी—स्त्री०[स० चोल+हिं० सुपारी] चोल देश की बढ़िया सुपारी।

चोला—पु०[सं० चोड़क, चोलक, प्रा० चोलअ, पा० चोलो; पं० चोल्ला; सिं० चोलो] [स्त्री० अल्पा० चोली] १. एक प्रकार का बहुत लंबा और घेरदार पहनावा जो प्रायः साधु-संत आदि पहनते है। २. वह सिला हुआ नया कपड़ा जो कुछ रसम करने के बाद छोटे बच्चों को पहले-पहल पहनाया जाता है।
मुहा०—चोला पहनाना=कुछ धार्मिक और सामाजिक कृत्यों के बाद छोटे बच्चे को पहले-पहल सिला हुआ नया कपड़ा पहनाया जाना। ३. छोटे बच्चे को पहले-पहल सिला हुआ नया कपड़ा पहनाने की रसम या रीति। ४. तन। बदन। शरीर। जैसे—चोला मगन रहे। (आशीर्वाद।)
मुहा०—चोला छोड़ना=दूसरा और नया जन्म या शरीर धारण करने के लिए यह शरीर छोड़ना। जैसे—स्वामी जी ने अस्सी वर्ष की आयु भोग कर चोला छोड़ा था। चोला बदलना=(क) एक शरीर छोड़कर दूसरा नया शरीर धारण करना। (ख) एक रूप या वेष छोड़कर दूसरा रूप या वेष धारण करना। जैसे—आज तो आप चोला बदल कर आये हैं।

चोली—स्त्री०[सं०चोल+ङीप्, हिं० चोला] १. स्त्रियों का वह मध्य-युगीन पहनावा जिससे उनका वक्ष-स्थल ढका रहता था; और जिसमें नीचे की ओर लगी हुई नसियों या बंद पीठ की ओर खींचकर बाँधे जाते थे। २. आज-कल उक्त पहनावे का वह सुथरा हुआ रूप जो स्त्रियाँ स्तनों को ढकने से बचाने के लिए कुरती आदि के नीचे पहनती हैं। ३. अँगरखे आदि का वह ऊपरी भाग जिसमें बद लगे रहते हैं।
पद—चोली दामन का साथ=वैसा ही अभिन्न, घनिष्ठ और सदा बना रहने-वाला साथ जैसे अँगरखे के उक्त ऊपरी भाग तथा दामन या नीचेवाले भाग में होता है। जैसे—रिश्तेदारों में तो आपस में चोली दामन का साथ होता है।
४. साधु-संतों आदि के पहनने का कुछ छोटा चोला।
स्त्री० [?] तमोलियों की पान रखने की डलिया या दौरी।

चोली-मार्ग—पुं०[मध्य० स०] वाम मार्ग का वह भेद या संप्रदाय जिसमें उपासिकाओं की चोलियाँ एक बरतन में डककर रख दी जाती हैं, और तब निकालने पर जिस स्त्री की चोली जिस उपासक के हाथ में आती है, उसी के साथ वह संभोग करता है।

चोल्ला—पुं०=चोला।

चोवा—पु०=चोआ (दे०)।

चोष—पुं०[सं०√चि (चयन)+ड, च-उप, कर्म० स०] पार्श्व या बगल में जलन होने का एक रोग। (भाव प्रकाश)

चोषक—वि०[सं०√चूष (चूसना)+ण्वुल्—अक, आर्ष० गुण] चोषण करने अर्थात् चूसनेवाला।

चोषण—पुं०[सं०√चूष्+ल्युट्-अन्, आर्ष० गुण] चूसने की क्रिया या भाव। चूसना।

चोषणा*—स०[सं० चोषण] चूसना।

चोष्य—वि०[सं०√चूष्+ण्यत्, आर्ष०] १. जो चूसा जा सके। २. जो चूसा जाने को हो।

चौंर—स्त्री०=चौंसर।

चौंरा—पुं० [देश०] वह रेती जिससे लकड़ी की रगड़ या रेतकर समतल किया जाता है।

चौंरू*—पु०[सं०] १. अच्छी जाति का घोड़ा। २. सिंधुवार वृक्ष।

चौंहट्ट†—पु०=चौहट्टा (बाजार)।

चौंहान†—पु०=चौहान।

चौं†—अव्य०[हिं० क्यों] क्यों। किसलिए। उदा०—शुकि जा बदरिया बरस चौं न जाय। (ब्रज का लोक गीत)

चौंक—स्त्री०[हिं० चौंकना] चौंकने की क्रिया या भाव।

चौंकड़ा†—पुं०[देश०] करील का पौधा।

चौंकना—अ० [?] १. एकाएक किसी प्रकार की आहट, ध्वनि या शब्द सुनकर कुछ उत्तेजित तथा विकल हो उठना। २. सहसा कोई भयभीत करनेवाली बात सुनकर अथवा वस्तु या व्यक्ति को देखकर घबरा जाना। ३. स्वप्न में कोई विलक्षण या भीषण बात, वस्तु आदि देखने पर एका-एक घबराकर जाग उठना। ४. किसी प्रकार की अहित संबंधी अप्रत्याशित सूचना मिलने पर चौकन्ना या सतर्क होना। ५. आशंका, भय आदि से सहमना या काँपने लगना। ६. बिदकना। भड़कना। जैसे—चलते-चलते घोड़े का चौंकना।

चौंकाना—स०[हिं० चौंकना] १. कोई ऐसा काम करना या बात कहना जिसे सहसा देख अथवा सुनकर कोई चौंक उठे। २. समाजित अहित, क्षति या हानि की सूचना किसी को देना और उसे उससे बचने के लिए सतर्क तथा सावधान करना। ३. भड़काना।

चौंचा—पुं०[हिं० चौ+फा० आह] सिंचाई के लिए पानी एकत्र करने का गड्ढा।

चौंटना*—स०[हिं० चुटकी] हाथ की चुटकी से फूल आदि तोड़ना। चौंटना।

चौंडली†—स्त्री० [सं० चूड़ाला या श्वेतोच्चटा] सफ़ेद चुंचची। श्वेत चिरमिटी।

चौंडा—पुं०[सं० चुड़ा] १. वह स्थान जहाँ मोट का पानी गिराया जाता है। २. दे० 'चौंडा'।
पुं०=चौंडा (स्त्रियों के सिर के बाल)।

चौंतरा—पुं०=चबूतरा।

चौंतिस—वि०[सं० चतुस्त्रिंशत्, प्रा० चत्तुत्तिसो, पा० चउतीसो] जो गिनती में तीस और चार हो।
पु० उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—३४।

चौंतिसवाँ—वि० [हिं० चौंतिस+वाँ (प्रत्य०)] क्रम या गिनती में चौंतिस के स्थान पर पड़नेवाला।

चौंतीस—वि०, पु०=चौंतिस।

चौंध—स्त्री०[स०√चक्=चमकना या चौं=चारों ओर+अंध] प्रखर और प्रायः क्षणिक प्रकाश की वह स्थिति जिसे नेत्र सहसा सहन नहीं कर पाते और इसीलिए क्षण भर के लिए मुँद जाते हैं। काँच। चकाचौंध।

चौंधना*—अ०[हिं० चौंध] किसी वस्तु का क्षणिक किन्तु प्रखर प्रकाश से युक्त होना। काँचना। चमकना।

चौंधियाना—अ०[हिं० चौंध] नेत्रों का, किसी वस्तु के चौंधने पर स्वतः पलकें झपकने लगना (जिसके कारण कोई चीज ठीक प्रकार से सुझाई नहीं पड़ती)
स० ऐसा काम करना जिससे किसी की आँखें प्रकाश के कारण क्षण भर के लिए झपक या मुँद जायँ। किसी की आँखों में चौंध उत्पन्न करना।

चौंधियारी—स्त्री० दे० 'कस्तूरी'।

चौंधी—स्त्री०=चौंध।

चौंबक—वि०[सं० चुम्बक+अण्] १. चुंबक-सम्बन्धी। चुंबक का। चुंबकीय। २. चुंबक से युक्त। जिसमें चुंबक मिला या लगा हो।

चौंर—पुं०[स० चामर ?] १. पिंगल में मगण के पहले भेद (ऽ) की संज्ञा। २. भड़भाँड या सत्यानाशी नामक पौधे की जड़।
[पुं० १=चँवर (देखे०)। २. झालर। ३. किसी चीज का गुच्छा।

चौंरागाय—स्त्री०[हिं० चौंर+सं० गो] सुरागाय।

चौंरा—पुं०[सं० चुड=गड्ढा] १. वह गड्ढा जिसमें सुरक्षा के लिए अन्न गाड़ा जाता है। २. 'चौंड़ा'।

चौंराना—स०[हिं० चौंर+आना (प्रत्य०)] १. किसी के ऊपर या चारों ओर चँवर डुलाना। चँवर करना। २. जमीन पर झाड़ देना या लगाना।

चौंरी—स्त्री०[हिं० चौंर+ई (प्रत्य०)] १. छोटा चँवर। चँवरी। २. रेशम या सूत का वह लच्छा जिससे स्त्रियाँ सिर के बाल बाँधती हैं। चोटी। ३. किसी चीज के आगे लटकनेवाला घुँघना। ४. सफ़ेद पूँछवाली गाय। ५. सुरागाय।

चौंवालिस—वि०,पु०=चौवालिस।

चौंसठ—वि०[सं० चतुःषष्टि, प्रा० चउसट्ठि] जो गिनती में साठ से चार अधिक हो।
पु० उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—६४।

चौंसठवाँ—वि०[हिं० चौंसठ+वाँ (प्रत्य०)] क्रम या गिनती में चौंसठ के स्थान पर पड़नेवाला।

चौंह—पुं०[देश०] गलफड़ा।

चौंही—स्त्री०[देश०] हल में की एक लकड़ी। परिहारी।

चौ—वि०[सं० चतु-, प्रा० चउ] चार का संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक पदों के आरंभ में लगने से प्राप्त होता है। जैसे—चौकोना, चौखंडा, चौगुना आदि।
पु०मोती आदि तौलने का एक बहुत छोटा मान। जैसे—यह मोती तौल में चार चौ है।
†वि० सम्बन्ध-कारक की विभक्ति, का या की। (राज०)उदा०—बालकति करि हंस चौ बालक।—प्रिथीराज।

चौअन—वि०, पु०=चौवन।

चौआ—पुं०[सं० चतुष्पाद] गाय, बैल, भैंस आदि पशु। चौपाया।
वि०[हिं० चौ=चार] जिसमें चार हों। चार से युक्त।
पुं० १. हाथ की चार उँगलियों का समूह। २ चौड़े बल में अँगूठे को छोड़ बाकी चार उँगलियों का विस्तार जो नाप का एक मान है। ३. हाथ की उक्त चार उँगलियों को सटाकर उन पर लपेटा हुआ ताग़ा। ४. ताश का वह पत्ता जिस पर चार बूटियाँ हों। जैसे—पान का चौआ।

चौआई—स्त्री०=चौवाई।

चौआना†—अ०[हिं० चौकना] १ चकित या विस्मित होना। चकपकाना। २ चौंकना। ३ चौकन्ना या सतर्क होना।

चौक—पुं०[सं० चतुष्क; प्रा० चउक्क, गु० प० बं० मरा० चौक; उ० चौका; सिं० चउकु, चौको] १ कोई ऐसी चौकोर जमीन जो ऊपर से बिलकुल खुली हो। २. मकान के अंदर का चारों ओर से घिरा और ऊपर से खुला स्थान। आँगन। सहन। जैसे—इस मकान में दो चौक हैं। ३. कोई ऐसा चौकोर तल जो चारों ओर से सीमित, परन्तु ऊपर से खुला हो। जैसे—यज्ञ की वेदी। ४ उक्त के आधार पर कर्मकांड में या मांगलिक अवसरों पर अबीर, आटे, गुलाल आदि से बनाई जानेवाली वह विशिष्ट आकृति जिसमें बहुत से खाने या घर और रेखाएँ या लकीरें बनी रहती हैं।
मुहा०—चौक पूरना=अबीर, आटे आदि से उक्त प्रकार की आकृति बनाना। ५. चौसर खेलने की बिसात जो प्रायः उक्त आकार-प्रकार की होती है। ६ नगर या बस्ती का वह चौकोर मध्यभाग जो कुछ दूर तक बिलकुल खुले मैदान की तरह रहता है। ७ उक्त के आस-पास या चारों ओर के बाजार और मकान जो एक महल्ले के रूप में होते हैं। ८. मकानों के संबंध में प्रयुक्त होनेवाला संख्या-सूचक शब्द। अदद। जैसे—शहर में उनके तीन चौक मकान हैं। ९ चौमुहानी। चौराहा। १०. चार चीजों या बातों का समूह। जैसे—दाँतों का चौक=ठीक सामने के (दो ऊपर के और दो नीचे के) चार दाँत। उदा०—बसन चौक बैठे जनु हीरा।—जायसी।
पद—चारों चौक=(क) चारों ओर या चारों कोनों से। (ख) हर तरह से बिलकुल ठीक, पक्का या बढ़िया। उदा०—पुनि सीरहो सिंगार जस चारिहु चउक (चौक) कुलीन।—जायसी।
११. स्त्रियों के गर्भ-धारण के आठवें महीने होनेवाला सीमंत कर्म नामक संस्कार। अठमासा। अठवाँसा।

चौक गोभी—स्त्री० [हिं० गोभी] एक प्रकार की गोभी।

चौकठ†—पुं०=चौखट।

चौकठा†—पुं०=चौखटा।

चौकड़—वि० [हिं० चौ+सं० कला=अंग, भाग] अच्छा। बढ़िया। (बाजारू) जैसे—चौकड़ माल।

चौकड़ियाऊ—पु०[?] बुंदेलखंड में होली के दिनों में गाया जानेवाला एक प्रकार का गीत।

चौकड़ा—पु०[हिं० चौ+कड़ा] १. कान में पहनने की बाली जिसमें दो-दो मोती हों। २. फसल में का चौथा भाग जो जमींदार का होता है। ३. दे० 'चौकड़ा'।

चौकड़ी—स्त्री०[हिं० चौक (चार चीजों का समूह) का स्त्री०] १. एक में बँधी या लगी हुई एक ही तरह की चार चीजों का वर्ग या समूह। जैसे—घोड़ों, दाँतों या मोतियों की चौकड़ी।

पद—चंडाल चौकड़ी=चार अथवा चार के लगभग गुंडों, बदमाशों या लुच्चों का वर्ग या समूह।

२ वह गाड़ी जिसके आगे चार घोड़े या बैल अथवा ऐसे ही और पशु जुतकर खींचते हों। ३. गले में पहनने का एक प्रकार का गहना जिसमें चार-चार चौकोर खंड एक साथ पिरोये या लगे रहते है। ४. कालमान की सूचना के लिए चार युगों का समूह। चतुर्युगी। ५ बैठने का वह ढंग या प्रकार जिसमें दोनों पैरों और दोनों जाँघों के नीचेवाले भाग जमीन पर समतल रूप से लगे रहते हैं। पलथी। पालथी।

मुहा०—चौकड़ी मारकर बैठना=उक्त प्रकार से आसन या जमीन पर बैठना।

६. चारपाई की वह बुनावट जिसमें चार-चार डोरियाँ इकट्ठी और एक साथ बुनी जाती हैं। ७ हिरन की वह चाल या दौड़ जिसमें वह चारों पैर एक साथ जमीन पर उठाकर कूदता या छलाँग मारता हुआ आगे बढ़ता है।

क्रि० प्र०—भरना।

मुहा०—(किसी की) चौकड़ी भूल जाना=तेजी से आगे बढ़ते रहने की दशा में सहसा बाधा, विपत्ति आदि आने पर इतना घबड़ा जाना कि यह समझ में न आवे कि अब क्या उपाय करना चाहिए अथवा कैसे आगे बढ़ना चाहिए।

८. वास्तु-रचना में, मंदिर की चौकी या मंडप का वह ऊपरी भाग या शिखर जो प्रायः चार खंभों पर स्थित रहता है।

चौकनिकास—पु०[हिं० चौक+निकास] चौक (बाजार) में बैठनेवाले दूकानदार से लिया जानेवाला कर।

चौकन्ना—वि०[हिं० चौ=चारों ओर+कान] १. (जीव) जो काम लगाकर चारों ओर की आहट लेता रहे। जैसे—चौकन्ना कुत्ता। २. (व्यक्ति) जो चारों ओर होनेवाले कार्यों या बातों का ध्यान रखता हो। ३. हर तरह से किसी प्रकार की विपत्ति, संकट आदि का सामना करने को प्रस्तुत। (एलर्ट) ४ जो सतर्क या सावधान रहता हो। जैसे—चौकन्ने कान, चौकनी आँखें। ५. चौंका हुआ। तर्कित।

चौकरी†—स्त्री०=चौकड़ी।

चौकल—पुं०[सं०] पिंगल में चार मात्राओं के समूह की संज्ञा। इसके पाँच भेद हैं। यथा—(ऽऽ, ।।ऽ, ।ऽ।, ऽ।। और ।।।)

चौकस—वि० [हिं० चौ=चार+कस=कसा हुआ] [भाव० चौकसी] १. चारों ओर से अच्छी तरह कसा हुआ। २. जो अपनी अथवा किसी की रक्षा के लिए पूर्णतः सचेत हो। चौकसी करनेवाला। ३. ठीक। दुरुस्त। जैसे—चौकस माल।

चौकसाई—स्त्री०=चौकसी।

चौकसी—स्त्री०[हिं० चौकस+ई(प्रत्य०)] १. चौकस होने की अवस्था या भाव। २. किसी की रक्षा के लिए उस पर सूक्ष्म दृष्टि रखने का कार्य या भाव।

चौका—पुं० [सं० चतुष्क, प्रा० चउक्क, हिं० चौक] १. एक ही तरह की चार चीजों का वर्ग या समूह। जैसे—अँगीठों का चौका (एक साथ बुने हुए चार अँगीठे); दाँतों का चौका (अगले दो ऊपरी और दो नीचे के दाँत); मोतियों का चौका (एक साथ पिरोये हुए चार मोती)। २. एक प्रकार का जंगली बकरा जिसके चार सींग होते हैं। चौसिंघा। ३. ताश का वह पत्ता जिसपर चार बूटियाँ होती हैं। चौआ। जैसे—पान या हुक्कुम का चौका। ४. किसी प्रकार चौकोर कटा हुआ ठोस, बड़ा और भारी टुकड़ा। जैसे—पत्थर या लकड़ी का चौका। ५. एक प्रकार की चौकोर ईंट। ६. पत्थर या लकड़ी का वह गोलाकार टुकड़ा जिस पर रोटी बेलते हैं। चकला। ७. रसोई बनाने और बैठकर भोजन करने का स्थान जो पहले प्रायः चौकोर हुआ करता था। रसोई बनाने के पहले और भोजन कर चुकने के बाद उक्त को धो-पोंछकर अथवा गोबर मिट्टी आदि से लीप-पोतकर की जानेवाली सफाई।

क्रि० प्र०—करना।—लगाना।

पद—चौका-बरतन=रसोई बनने और भोजन होने के बाद चौका धोकर साफ करने और बरतन माँज-धोकर रखने का काम। जैसे—वह मजदूरी चार घरों का चौका-बरतन करती है।

९. किसी स्थान को पवित्र और शुद्ध करने के विचार से गोबर, मिट्टी आदि से पोतने या लीपने की क्रिया या भाव। जैसे—आज यहीं पूजन (या हवन) होगा, इसलिए यहाँ जरा चौका लगा दो।

क्रि० प्र०—लगाना।

मुहा०—चौका देना, फेरना या लगाना=किसी काम या बात को बुरी तरह से चौपट या नष्ट करना। (परिहास और व्यंग्य) जैसे-तुमने जरा सी भूल करके बने-बनाये काम पर चौका फेर या लगा दिया। उदा०—किये तीन तेरह सबै चौका चौका लाय।—भारतेंदु।

पद—चौके की रौंड़=वह स्त्री जो विवाह के कुछ दिन बाद ही विधवा हो गई हो।

१०. सिर के पिछले भाग में बाँधा जानेवाला चौक या सीसफूल नाम का अर्थ गोलाकार गहना। ११. एक प्रकार का मोटा कपड़ा जो मकानों के चौक में (या फर्श पर) बिछाया जाता है। १२. एक प्रकार का पात्र या बरतन जिसमें अलग-अलग तरह की चीजें (जैसे-नमक, मिर्च, मसाले या साग, भाजी, रायता आदि) रखने के लिए अलग-अलग कटोरे या खाने बने होते हैं। चौचड़ा।

चौका-विधि—स्त्री० [हिं० चौका+सं० विधि] कबीर-पंथियों की एक शाखा में प्रचलित एक कर्मकांडीय विधान जिसमें कुछ निश्चित तिथियों या वारों को दिन भर उपवास करके रात को आटे के बनाये हुए चतुर्भुज क्षेत्र की पूजा होती है।

चौकिया सोहागा—पुं० [हिं० चौकी+सोहागा] छोटे-छोटे टुकड़ों मे कटा हुआ सोहागा जो औषध के लिए विशेष उपयुक्त होता है।

चौकी—स्त्री० [स० चतुष्किका; प्रा० चौक्किआ; गु० चोकी; ने० चौकि; उ० पं०, बं०, मरा०, सं०, चौकी] १. लकड़ी, धातु या पत्थर का वह (छोटा या बड़ा) आयताकार आसन जो चार पायों पर कसा या जड़ा रहता है। २ मंदिर के मंडप के नीचे की चौकोर भूमि। ३. किसी पवित्र आसन पर विराजमान किसी देवी, देवता या महा पुरुष को चढ़ाई जानेवाली भेंट।

मुहा०—चौकी भरना=किसी देवी या देवता के दर्शनों का मन्नत पूरी करने के लिए उक्त प्रकार के किसी स्थान पर जाना और वहाँ पूजा करके कुछ भेंट चढ़ाना।

४. कुरसी। (क्व०) ५. गले मे पहनने का एक प्रकार का गहना जिसमें कई छोटे-छोटे चौकोर खंड एक साथ पिरोये रहते हैं। जगनी। पटरी। ६. वह स्थान जहाँ पहरेदार चौकी बिछा कर बैठते या विश्राम करते हों। ७. पहरा। रखवाली।

क्रि० प्र०—बैठना या बैठाना।

८. नगर के बाहरी भाग मे का वह स्थान जहाँ कुछ अधिकारी या कर्मचारी व्यवस्था, सुरक्षा आदि के लिए नियत रहते हों। जैसे—चुंगी, पुलिस या सेना की चौकी।

मुहा०—चौकी जाना=दुराचारिणी या पुश्चली स्त्रियो का सभोग कराने तथा धन कमाने के लिए उक्त किसी स्थान पर जाना।

चौकी भरना=अपनी बारी आने पर घूम-घूमकर पहरा देना। ९. रक्षा आदि के लिए किया जानेवाला जादू या टोना। १० उक्त के आधार पर, रास्ते मे पैदल यात्रियो के ठहरने का स्थान। अड्डा। पड़ाव। ११. खेत की पैदावार बढ़ाने के लिए उसमें इस उद्देश्य से रात भर भेड़-बकरियों को रखवाना कि वही वे मल-मूत्र त्यागें। १२. तेलियो के कोल्हू की एक विशिष्ट लकड़ी। १३ पूरी, रोटी आदि बेलने का गोलाकार चकला। १४. शहनाई और उसके साथ बजनेवाले बाजे। रोशनचौकी। जैसे—आज तो उनके दरवाजे पर चौकी बैठी (या हो रही) है। १५ रोशनचौकीवालों के द्वारा एक बैठक में बजाई जानेवाली चीजें (गीत या धुन)। जैसे-एक चौकी और बजा दो तो तुम्हारी छुट्टी हो जाय।

क्रि० प्र०—बजाना।

१६. प्रासादो, मंदिरों का प्रवेशद्वार जहाँ या जिसके ऊपर शहनाई बजानेवाले बैठते हैं।

चौकी-घर—पु०[हिं० चौकी=पहरा+घर] वह छोटा-सा छाया हुआ स्थान जहाँ चौकीदार पहरा देने के समय धूप, वर्षा आदि से बचने के लिए खडा रहता है।

चौकीदार पु० [हि० चौकी+फा० दार] १ किसी स्थान पर चौकी-पहरे का काम करनेवाला कर्मचारी। २ राज्य द्वारा नियुक्त पुलिस विभाग का एक निम्न कर्मचारी जो गाँव-देहात में पहरा देता है। ३. जुलाहों का वह खूँटा जिसमें भाँज की डोरी फँसा या बाँधकर रखते हैं।

चौकीदारी स्त्री० [हिं०] १. चौकीदार का काम। रखवाली। २. चौकीदार का पद। ३ गाँव-देहातो मे लगनेवाला वह कर जो चौकीदार का वेतन देने के लिए लगाया जाता है।

चौकी-दौड़—स्त्री०[हिं०] कई दलों में प्रतियोगिता के रूप मे होनेवाली एक प्रकार की दौड़ जिसमे दल के हर आदमी को थोड़ी-थोड़ी दूर पर बनी हुई चौकियो पर नये दौड़ाक को प्रतीक रूप मे एक डंडा सौंपना पड़ता है। (रिलेरेस)

चौकुर—पु० [हि० चौ=चार+कुरा] खेत की फसल बाँटने का वह प्रकार जिसमें एक हिस्सा जमीदार को और तीन हिस्सा काश्तकार को मिलता है।

चौकोन, चौकोना—वि० [स० चतुष्कोण, प्रा० चउक्कोण] [स्त्री० चौकोनी] १. जिसके या जिसमे चार कोण हों। २. चार कोनोवाला। चौखूँटा।

चौकोर—वि०[स० चतुष्कोण, प्रा० चउक्काण चउकोड़,] १. (वस्तु या क्षेत्र) जिनके चारो पार्श्व बराबर हों। २ दे० सम 'चतुर्भुज'। ३ हर तरह से ठीक और दुरुस्त।

पु० क्षत्रियो की एक शाखा।

चौक्स—वि०[स० चक्षा+ण] १. निर्मल। स्वच्छ। २ प्रिय या लुभावना। ३ चोखा।

चौखंड, चौखंडा—वि० [हि० चौ (चार) सं० खण्ड] १. जिसके चार खण्ड या विभाग हों। २ जो चार खण्डो मे विभक्त हो।

पु० १. चार खण्डो या तल्लोवाला मकान। २ उक्त मकान का सबसे ऊपर वाला अर्थात् चौथा खंड या तल्ला। ३ वह मकान जिसमे चार चौक हों। (क्व०)

चौखट—स्त्री०[हिं० चौ=चार+काठ] १ चार लकड़ियों का वह चौकोना ढाँचा जो दरवाजे के पल्ले कसने के लिए दीवार मे लगाया जाता है। २. उक्त ढाँचे की ऊपर या नीचेवाली लकड़ी। जैसे—चौखट से सिर (या पैर) में चोट लगी है।

चौखटा—पु०[हिं० चौखट] १. चौखट के आकार का वह चौकोर छोटा ढाँचा जो चित्र, शीशे आदि के चारों ओर उसकी सुरक्षा तथा शोभा के लिए मढ़ा जाता है। २ उक्त प्रकार का कोई चौकोर वस्त्र जिसके बीच का भाग किसी विशिष्ट कार्य के लिए खाली रहता है।

चौखना—वि०[हिं० चौखड] चौखडा या चौमंजिला (मकान)।

चौखा—पु०[हिं० चौ+खाई] वह स्थान जहाँ पर चार गाँवों की सीमाएँ मिलती हों।

चौखाना†—वि०, पु०=चारखाना।

चौखानि—स्त्री०[हिं० चौ=चार+खानि=(जाति या प्रकार)] अडज, पिंडज, स्वेदज और उद्भिज ये चार प्रकार के जीव।

चौखूँट—पु० [हिं० चौ+खूँट] १ चारों दिशाएँ। २. सारी पृथ्वी मंडल।

क्रि० वि० १. चारो ओर। २ सब ओर।

वि०=चौखूँटा।

चौखूँटा—वि०[हिं० चौ+खूँट] जिसमे चार कोने हों। चतुष्कोण। चौकोर।

चौगड़ा—पु०[हिं० चौ+गोड़=पैर] १ खरगोश। खरहा। २. चौपड़ा।

वि० चार पैरोंवाला। (पशु)

चौगड्डा—पु० [हिं० चौ+गड्डबड्ड=मेल] १. चार चीजों का वर्ग या

समूह। २. वह गाँव जहाँ चार गाँवों की सीमाएँ मिली हों। चौहद्दी। चौसिंहा। चौखा।

चौगड्डी—स्त्री० [हिं० चौ+गड्डा] जानवर फँसाने का बाँस की फट्टियों का चौकोर ढाँचा।

चौगान—पु० [फा०] १. गेंद-बल्ले का एक प्रकार का पुराना खेल जो आज-कल के हाकी खेल से बहुत कुछ मिलता-जुलता होता था। यह खेल घोड़ो पर चढ़कर भी खेला जाता था। २. वह मैदान जिसमें उक्त खेल खेला जाता था। ३ उक्त खेल खेलने का बल्ला जिसका अगला भाग कुछ झुका हुआ होता था। ४. नगाड़ा बजाने की लकड़ी। ५. किसी प्रकार की प्रतियोगिता का स्थान।

चौगानी—स्त्री० [फा० चौगान ?] हुक्के के ढाँचे की वह सीधी नली जिससे धुआँ खींचा जाता है। निगाली।

वि० चौगान-सम्बन्धी।

चौगिर्द—क्रि० वि० [हिं० चौ+फा० गिर्द=तरफ] (किसी वस्तु, व्यक्ति या स्थान के) चारों ओर। चारो तरफ।

चौगुन, चौगुना—वि० [स० चतुर्गुण, प्रा० चउगुण] [स्त्री० चौगुनी] मान या मात्रा मे जितनी कोई वस्तु, शक्ति आदि हो उस जैसी चार वस्तुओ या शक्तियोवाला। जैसे—शारीरिक क्षमता मे वह आप से चौगुने तो है ही।

मुहा०—(किसी का मन) चौगुना होना—बहुत अधिक उत्साह या प्रसन्नता बढ़ना।

चौगून—स्त्री० [हिं० चौगुना] १. चौगुना होने का भाव। २. गाना या बजाना आरम्भ करते समय जिस गति से गाया या बजाया जाता है, अन्त में उससे चौगुनी गति मे और चौथाई समय में उसे गाने या बजाने का प्रकार।

चौगोड़ा—वि० [हिं० चौ+गोड़=पैर] चार पैरोंवाला। जिसके चार गोड हों अर्थात् पशु।

चौगोड़िया—स्त्री० [हिं० चौ+गोड=पैर] १. वह ऊँची चौकी जिस पर चढने के लिए उसके पाँवो में सीढ़ियों सदृश डंडे लगे हो। २. चिड़ियों को फँसाने का बाँस की तीलियों का एक प्रकार का ढाँचा।

चौगोशा—पुं० [हिं० चौ+फा० गोशा] एक प्रकार की चौखूँटी तश्तरी जिसमें मेवे, मिठाइयाँ आदि रखकर कहीं भेजते हैं।

चौगोशिया—वि० [हिं० चौ=चार+फा० गोशा=कोना] चार कोनोंवाला। जिसमें चार कोने या सिरे हों।

स्त्री० पुरानी चाल की एक प्रकार की टोपी जो चार तिकोने टुकड़ों को सीकर बनाई जाती थी।

पुं० तुरकी घोड़ा।

चौघड़—पु० [हिं० चौ=चार+दाढ़] दोनों जबड़ों के चारों सिरों पर होनेवाले एक-एक चिपटे तथा चौड़े दाँतों की सामूहिक संज्ञा। चौभड़।

चौघड़ा—पु० [हिं० चौ=चार+घर=खाना] १. वह डिब्बा या बरतन जिसमें अलग-अलग कामों के लिए चार अलग-अलग खाने या घर बने हो। जैसे—नमक, मिर्च आदि रखने या तरकारी-भाजी आदि परोसने का चौघड़ा; दीवाली में मिठाइयाँ, धान का लावा आदि रखने का चौघड़ा। २. वह दीवट जिसमें चारों ओर जलाने के लिए चार दीये या बत्तियाँ रखी जाती हैं। ३. पत्ते में खोंसकर एक साथ बाँधे हुए पान के चार बीड़े। जैसे—दो चौघड़े पान लेते आना। ४. चौडोल नाम का बाजा। ५. बड़ी जाति की गुजराती (या छोटी) इलायची जो प्रायः चौकोर सी होती है।

चौघड़िया—वि० [हिं० चौ=चार+घड़ी+इया (प्रत्य०)] चार घड़ियों का। चार घड़ी-सम्बन्धी। जैसे—चौघड़िया मुहूर्त्त निकालनेवाला।

स्त्री० [हिं० चौ+गोड़ा] एक प्रकार की ऊँचे पाँवो किन्तु छोटे आसनवाली चौकी जिस पर खड़े होकर दीवारो आदि पर चूना आदि छूआ जाता है।

चौघड़िया मुहूर्त—पु० [हिं० चौघड़िया+स० मुहूर्त्त] वह मुहूर्त्त जो कोई आकस्मिक किन्तु आवश्यक कार्य या यात्रा करने के लिए एक दो दिन के अन्दर ही निकाला जाता है। और जो दो-चार घड़ी तक ही रहता है।

चौघड़ी—वि० [हिं० चौ+घेरा] जिसकी अथवा जिसमें चार तहें या परतें हों।

चौघर†—वि० [देश०] घोड़ो की सपाट चाल। चौफाल। पोइयाँ। सरपट।

पु० दे० 'चौघड़'।

चौघरा—पुं० चौघडा।

चौघोड़ी—स्त्री० [हिं० चौ+घोडा] वह गाडी जिसमे चार घोड़े जोते जाते हों। चौकडी।

चौचंद—पु० [हिं० चौथ+चंद वा चबाव+चड] १. कलंक-सूचक चर्चा। अपवाद। बदनामी। २. शोर। हल्ला। ३ क्रीड़ा।

चौचंदहाई—वि० स्त्री० [हिं० चौचद+हाई (प्रत्य०)] (स्त्री) जिसे दूसरों की निंदा करने का व्यसन हो।

चौज—वि० [हिं० चोज ?] सुन्दर। अच्छा। उदा०—सूणिबाई! बचन तै कह्या चौज।—नरपतिनाल्ह।

पुं० दे० 'चोज'।

चौजुगी—स्त्री० [हिं० चौ+स० युग] चार युगो का काल।

वि० चारो युगो मे होने अथवा उन सबसे सबध रखनेवाला।

स्त्री० सतयुग, द्वापर, त्रेता और कलियुग इन चारों युगों का समूह।

चौठी—स्त्री० [स० चतुर्थ] लबनी (ताडी का बर्तन) का चतुर्थांश।

चौड़—पु० [स० चूडा+अण्] चूडाकरण संस्कार।

†वि०=चौपट।

चौड़-कर्म (न्)—पु० [कर्म० स०] चूडाकर्म। मुंडन।

चौड़ा—वि० [सं० चृद् (?) चतर् (चडर>] चडड); दे० प्रा० चाऊड; बं उ० पं० चौड़ा; गु० चोडूँ मरा० चौडे] [स्त्री० चौड़ी, भाव० चौड़ाई] १. जिसके दोनों पार्श्वों के बीच में अधिक विस्तार हो। लंबाई के बल में नहीं, बल्कि उसके विपरीत बल में अधिक विस्तृत। जैसे—चौड़ी नहर। २. जो सँकरा न हो बल्कि खुलता हो। जैसे—चौड़ी गली।

पुं० [सं० चुरा] अनाज रखने का गड्ढा।

चौड़ाई—स्त्री० [हिं० चौड़ा+ई (प्रत्य०)] १. चौड़े होने की अवस्था या भाव। २. वह मान जिससे यह पता चलता हो कि कोई वस्तु कितनी चौड़ी है। जैसे—कपड़े की चौड़ाई दो गज है।

चौड़ान—स्त्री० [हिं० चौड़ा+आन (प्रत्य०)] चौड़ाई। (दे०)

चौड़ाना—स० [हिं० चौड़ा] १. चौड़ा करना। फैलाना। २. व्यर्थ का विस्तार करना। जैसे—बात चौड़ाना।
अ० चौड़ा होना। उदा०—नद चौड़ात चले आगें नित आवै।—रत्नाकर।

चौड़ाव—पु०=चौड़ाई। (दे०)

चौड़े—क्रि० वि० [हिं० चौड़ा] खुले आम। सब के सामने। उदा०—कोई कहै छाने कोई कहै चौड़े लियोरी बजता ढोल।—मीराँ।

चौदोल—पु० १. दे० 'चंदोल' (सवारी)। २. दे० 'चौघड़ा' (बाजा)।

चौतगा—पु० [हिं० चौ+तागा] वह डोरा जिसमें चार तागे एक साथ बटे गये हों।

चौतनिया—स्त्री०=चौतनी।

चौतनी—स्त्री० [हिं० चौ=चार+तनी=बंद] १. पुरानी चाल की बच्चों की टोपी जिसमे चार तनियाँ या बंद लगते थे। २. अंगिया। चोली।

चौतरका—पु० [हिं० चौ+तड़क=लकड़ी, धरन] एक प्रकार का सेमा या तेंदू।

चौतरा—पुं० [हिं० चौ (चार)+तार] सारंगी की तरह का एक बाजा जिसमें चार तार लगे होते हैं।
†वि० चार तारोंवाला।
पु०=चबूतरा।

चौतरिया—स्त्री० [हिं० चौतरा] छोटा चबूतरा।
वि० चार तारोंवाला।

चौतही—स्त्री० [हिं० चौ=चार+तह] एक प्रकार का मोटा और बहुत लंबा खेस जो चार तह करके ओढ़ा-बिछाया जाता है। चौतरा।

चौतार—पु० [स० चतुष्पद] चौपाया। उदा०—ग्यँ होइ तौ पद की आसा, बंनि निपजै चौतार।—गोरखनाथ।

चौताल—पु० [हिं० चौ+ताल] १. मृदंग बजाने का एक ताल जिसमें चार आघात और दो खाली होते हैं। २. उक्त ताल पर गाया जानेवाला कोई गीत।

चौताला—पुं० [हिं० चौताल] संगीत में वह ताल जिसमें चार ताल होते हैं।

चौतासी—स्त्री० [देश०] कपास के पौधे की कली जिसमे से रूई निकलती है। डेंढी। डोंडा।

चौतुका—वि० [हिं० चौ+तुक] जिसमें चार तुक हों।
पुं० एक प्रकार का छन्द जिसके चारों चरणों में अनुप्रास होते अथवा तुक मिलते हैं।

चौथ—स्त्री० [सं० चतुर्थी, प्रा० चउत्थि, हिं० चउथि] १. चौथाई अंश या भाग। चतुर्थांश। २. मराठी शासन काल का एक प्रकार का कर जो अधीनस्थ भू-खंडों से उनकी आय के चतुर्थांश के रूप में लिया जाता था। ३. चांद्रमास के प्रत्येक पक्ष की चौथी तिथि। चतुर्थी।
पद—चौथ का चाँद=माद्र शुक्ल चतुर्थी का चंद्रमा जिसके संबंध में प्रसिद्ध है कि इसे देखने से झूठा कलंक लगता है।
†वि०=चौथा।

चौथपन—पु० [हिं० चौथा+पन] १. मनुष्य के जीवन की चौथी अवस्था। सन्यास आश्रम में रहने का समय। २. बुढ़ापा। वृद्धावस्था।

चौथा—वि० [सं० चतुर्थ, प्रा० चउत्थ] [स्त्री० चौथी] क्रम या गिनती में चार की जगह पड़नेवाला।
पु० कुछ बिरादरियो में मृतक की मृत्यु के चौथे दिन होनेवाला एक सामाजिक कृत्य जिसमे आपस-दारी के लोग एकत्र होकर मृतक के पुत्र अथवा विधवा को कुछ धन या वस्त्र देते हैं।

चौथाई—पु० [हिं० चौथा+ई (प्रत्य०)] किसी वस्तु के चार सम अंशों या भागों में से कोई एक अंश या भाग। चौथा भाग।

चौथि—स्त्री०=चौथ।

चौथिआई—पु०=चौथाई।

चौथिया—पु० [हिं० चौथा] १ हर चौथे दिन अर्थात तीन-तीन दिन के अन्तर पर आनेवाला ज्वर। २. वह व्यक्ति जो किसी व्यवसाय, संपत्ति आदि के चौथे हिस्से का मालिक हो। चौथे हिस्से का हकदार।

चौथी—स्त्री० [हिं० चौथा] १. हिन्दुओं मे विवाह के चौथे दिन होनेवाली एक रसम जिसमें वर और कन्या के हाथ के कंगन खोले जाते हैं।
पद—चौथी का जोड़ा=वस्त्रों का वह जुलक जो वर के घर से कन्या के लिए चौथी के दिन आता है।
मुहा०—चौथी खेलना=चौथी के दिन दूल्हा-दुलहिन का एक दूसरे के ऊपर मेवे, फल आदि फेंकना। **चौथी छूटना**=चौथी के दिन वर-कन्या के हाथों के कंगन खुलना।
२ फसल का चौथाई अंश जो पहले जमींदार का मिला करता था।

चौथैया—पु० [हिं० चौथाई] चौथाई भाग। चतुर्थांश।
स्त्री एक प्रकार की छोटी नाव।

चौदंता—वि० [स० चतुर्दंत] [स्त्री० चौदंती] १ चार दाँतोंवाला। जिसके चार दाँत हों। २ (पशु) जिसके अभी चार ही दाँत निकले हों; फलतः जिसकी जवानी अभी आरंभ होने लगी हो। ३. छोटी उमर का और अल्हड़।
पु० एक प्रकार का हाथी।

चौदंती—स्त्री० [हिं० चौदंता] १. नव-यौवन के समय का अल्हड़पन। २. ढिठाई। धृष्टता। ३ अक्खड़पन। उद्दता।

चौदश†—स्त्री०=चौदस।

चौदस—स्त्री० [सं० चतुर्दशी, प्रा० चउद्दसि] चांद्रमास के कृष्ण या शुक्ल पक्षी की चौदहवी तिथि। चतुर्दशी।

चौदह—वि० [सं० चतुर्दश, प्रा० चउद्दस, अप० पा० चउद्दह] जो गिनती में दस से चार अधिक हो।
पु० उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—१४।

चौदहवाँ—वि० [हिं० चौदह+वाँ (प्रत्य०)] क्रम या गिनती मे चौदह के स्थान पर पड़नेवाला।
पद—चौदहवीं रात का चाँद—(क) शुक्ल पक्ष की चौदस की रात का चाँद। (ख) बहुत ही सुन्दर व्यक्ति।

चौदाँत—वि० [हिं० चौ=चार+दाँत] (दो हाथी) जिनके दाँत लड़ने के लिए आपस मे आमने-सामने आकर मिल गये हों।
पुं० हाथियों की लड़ाई।

चौदाँवा—वि० [हिं० चौ=चार+दाँव] जिसमें चार दाँव एक साथ लगते हों।
पुं० जूए का वह खेल जिसमें चार दाँव एक साथ लगाये जाते हों।

चौदा†—पुं०=चौना।

चौदानिया—स्त्री०=चौदानी।

चौदानी—स्त्री० [हिं० चौ=चार+दाना+ई (प्रत्य०)] १. कान में पहनने की एक प्रकार की बाली जिसमें चार पत्तियाँ लगी रहती हैं। २. कान की वह बाली जिसमें चार मोती पिरोये रहते हैं।

चौदावनि—पुं० [सं०] एक गोत्र प्रवर्तक ऋषि।

चौदौंआ, चौदौवाँ—वि०, पुं०=चौदाँवा।

चौधराई—स्त्री० [हिं० चौधरी] चौधरी होने की अवस्था, काम या पद। चौधरीपन।

चौधरात—स्त्री० [हिं० चौधरी] १. चौधराना। २. चौधराई।

चौधराना—पुं० [हिं० चौधरी] १. चौधरी का काम या पद। २. चौधरी का अधिकार या हक।

चौधरानी—स्त्री० [हिं० चौधरी] चौधरी की स्त्री।

चौधरी—पुं० [सं० चतुः+धर (=धरनेवाला)] [स्त्री० चौधरानी, चौधराइन] १. किसी वर्ग, संप्रदाय या समाज का प्रधान या श्रेष्ठ व्यक्ति। मुखिया। २. लाक्षणिक अर्थ मे, वह व्यक्ति जो अगुआ होकर हर काम में हाथ डालता हो।

विशेष—हमारे यहाँ प्रायः सभी जातियों और वर्गों में कुछ लोग चौधरी बना या मान लिये जाते थे, जो आपस के झगड़ों का निपटारा करते थे।

चौधारी*—स्त्री० [हिं० चौ=चार+धारा] एक रंग का कपड़ा जिस पर दूसरे रंगों की आड़ी तथा बेड़ी धारियाँ या रेखाएँ छपी या बनी हुई हों।

चौना—पुं० [सं० च्यवन] वह ढालुआँ स्थान जिस पर चरस या मोट का पानी उँडेला जाता है।

चौनावा—वि० [हिं० चौ+नाव (रेखा)] [स्त्री० चौनावी] (शस्त्र आदि का वह फल) जिस पर चार नावें अर्थात् खाँचे या लंबे गड्ढे बने हों। जैसे—चौनावा खड्ग, चौनावी तलवार।

चौप†—पुं०=चाप।

चौपई—स्त्री० [सं० चतुष्परी] १५ मात्राओं का एक प्रकार का छंद जिसके चरणों के अन्त मे एक-एक गुरु और एक-एक लघु होता है।

चौपखा†—पुं० [हिं० चौ=चार+सं० पक्ष, हिं० पाख] १. चारों ओर के पाखे या दीवारें। २. चहारदीवारी। परिखा।

चौपग—पुं० [हिं० चौ+पग] वह जिसके चार पैर हों। चौपाया।

चौपट—वि० [हिं० चौ=चार+पट=किवाड़ा, या हिं० चापट] १. चारों ओर से खुला हुआ; और फलतः अरक्षित। जैसे—घर के सब दरवाजे चौपट खुले छोड़कर चल दिये। २. (कार्य या वस्तु) जो नष्ट-भ्रष्ट हो गई हो। जैसे—उन्होंने सारा खेल (या मकान) चौपट कर दिया। ३. (व्यक्ति) जो बुरे संग-साथ के कारण बुरी आदतें सीखकर बिलकुल बिगड़ गया या भ्रष्ट हो चुका हो।

चौपट चरण—पुं० [हिं० चौपट+सं० चरण] वह व्यक्ति जिसके कहीं पहुँचने अथवा किसी काम में हाथ लगाने पर सब कुछ नष्ट-भ्रष्ट हो जाता हो। (परिहास और व्यंग्य)

चौपटहा, चौपटा—वि० [हिं० चौपट+हा (प्रत्य०)] १. किया-धरा काम चौपट करनेवाला। २. तोड़-फोड़ या नष्ट-भ्रष्ट करनेवाला।

चौपड़—स्त्री० [सं० चतुष्पट, प्रा० चउप्पट] १. चौसर (खेल और बिसात)।

मुहा०—चौपड़ मँड़ना, मढ़ना या माँड़ना=चौपड़ खेलने के लिए बिसात बिछाना।

२. खाट, पलंग आदि की बुनावट का वह प्रकार जिसमें चौसर की आकृति बनी होती है। ३. मन्दिर, महल आदि के आँगन की उक्त प्रकार की बनावट। जैसे—मन्दिर के चौपड़ में....भाले गड़वाये। —वृन्दावनलाल वर्मा।

चौपत—वि० [हिं० चौ=चार+परत] १. चार तहों या परतों में लगाया या लपेटा हुआ। २. जिसकी या जिसमें चार तहें हो।

पुं० [?] पत्थर का वह टुकड़ा जिसकी कील पर कुम्हार का चाक रखा रहता है।

चौपतना, चौपताना—स० [हिं० चौपात] १. किसी चीज विशेषतः कपड़े आदि की चार तहें लगाना। २. लपेटकर तह लगाना।

चौपतिया—वि० [हिं० चौ+पत्ती] १. चार पत्तोंवाला। जिसमें चार पत्ते हों। २. जिसमें चार पत्तियाँ एक साथ दिखाई गई हों। जैसे—चौपतिया फूल, चौपतिया कसीदा।

स्त्री० १ कसीदे चिनकली आदि मे, ऐसी बूटी जिसमें चार पत्तियाँ बनी हों। २. एक प्रकार का साग। ३. एक प्रकार की घास जो गेहूँ की खेती को हानि पहुँचाती है।

चौपथ—पुं० [सं० चतुष्पथ] १. चौराहा। चौमुहानी। २. वह पत्थर जिसकी कील पर कुम्हार का चाक रहता है।

चौपद (1)—पुं० [सं० चतुष्पद] १. चार पैरोंवाला पशु। चौपाया। २. एक प्रकार का छंद। चतुष्पद।

चौपया—पुं०=चौपाया।

चौपर—स्त्री०=चौपड़।

चौपरतना—स०=चौपतना।

चौपल—पुं०=चौपथ।

चौपहरा—वि० [हिं० चौ=चार+पहर] [स्त्री० चौपहरी] १. चार पहर का। चार पहर-संबंधी। २. चार-चार पहरों के अंतर पर होनेवाला। ३ चारों पहर अर्थात् हर समय (दिन भर या रात भर) होता रहनेवाला। जैसे—चौपहरी नौबत बजना।

चौपहल—वि० [हिं० चौ+फ़ा० पहलू, सं० फलक] जिसके या जिसमें चार पहल या पार्श्व हों। जिसमें लंबाई, चौड़ाई और मोटाई हो। वर्गात्मक।

चौपहला—पुं०=चौपाल (डोला)।

वि०=चौपहल।

चौपहलू†—वि०=चौपहल।

चौपहिया—वि० [हिं० चौ+पहिया] चार पहियोंवाला। जिसमे चार पहिये हों। जैसे—रेल-गाड़ी का चौपहिया डिब्बा।

पुं० चार पहियोंवाली गाड़ी।

चौपहिलू†—वि०=चौपहल।

चौपा†—पुं०=चौपाया।

चौपाई—स्त्री० [सं० चतुष्पदी] चार चरणों का एक प्रसिद्ध मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में १६ मात्राएँ होती हैं।

†स्त्री० चारपाई।

चौपाड़†—पुं०=चौपाल।

चौपाया—पुं० [सं० चतुष्पाद, चतुष्पदी; प्रा० चौप्पअ, चउपाइअ; बँ० उ० चौपाया; सिं० चौपाई; गु० चोपाई] ऐसा पशु जो चारों (दो अगले और दो पिछले) पैरों से चलता हो। जैसे—गाय, घोड़ा, हिरन आदि।

वि० जिसमें चार पाये या पावे हों।

चौपार†—स्त्री० =चौपाल। उदा०—सब चौपारिन्ह चंदन लंभा।—जायसी।

चौपाल—पुं० [हिं० चौबार] १. ऊपर से छाया हुआ और चारों ओर से खुलता स्थान जहाँ देहात के लोग बैठकर बात-चीत, विचार-विमर्श आदि करते हैं। २. छायादार बड़ा चबूतरा। ३. देहाती मकानों के आगे का दालान या बरामदा। ४. एक प्रकार की पालकी जो ऊपर से छायादार पर चारों ओर से खुली हुई होती है।

चौपुरा—पुं० [हिं० चौ=चार+पुर=परस+आ (प्रत्य०)] वह बड़ा कूआँ जिस पर एक साथ चार पुर या मोट चलते अथवा चल सकते हों।

चौपेची—वि० [हिं० चौ (चार)+अं० पेज] १. चार पृष्ठोंवाला। २. (पुस्तकों आदि की छपाई में कागज) जिसके पूरे ताव को दो बार मोड़कर चार सम पृष्ठों में विभक्त किया गया हो। (क्वार्टो)

चौपैया—पुं० [सं० चतुष्पदी] एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में ३० मात्राएँ और अन्त में गुरु होता है।

चौफला—वि० [हिं० चौ+फल] चाकू या ऐसा ही और कोई धारदार (अस्त्र) जिसमें चार फल लगे हों।

चौफुलिया—वि० [हिं० चार+फूल] १. (पौधा) जिसमें चार फूल एक साथ निकलते हों। २. (अंकन, चित्रण या रचना) जिसमें चार फूल एक-साथ बने या बनाये गये हों।

चौफेर—क्रि० वि० [हिं० चौ+फेर] चारों ओर। चारों तरफ।

वि० चार ओर फेरा या मोड़ा हुआ।

चौफेरी—स्त्री० [हिं० चौ+फेरा] १. चारों ओर लगाई जानेवाली फेरी। परिक्रमा। २. मुगदर भाँजने का एक विशिष्ट प्रकार।

क्रि० वि० चारों ओर।

चौबंदी—स्त्री० [हिं० चौ+बंदी] १. कोई चीज चारों ओर से बाँधने की क्रिया या भाव। जैसे—पल्ले की चौबंदी। २. पुरानी चाल का एक प्रकार का पहनावा जिसके दोनों तरफ दो-दो बंद लगते हैं। बगलबंदी। ३. घोड़े के चारों सुमों में नाल जड़ने की क्रिया।

चौबंसा—पुं० [सं०] एक प्रकार का वर्ण-वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः एक मगण और एक यगण रहता है।

चौबगला—पुं० [हिं०] १. कुरती, अंगे आदि में दोनों ओर बगल के नीचे और कली के ऊपर पड़नेवाला भाग।

क्रि० वि० चारों ओर।

वि० [स्त्री० चौबगली] जिसमें चार बगलें या पार्श्व हों।

चौबगली—स्त्री० [हिं० चौ+अ० बगल] बगलबंदी नाम का पहनावा।

चौबच्चा†—पुं०=चहबच्चा।

चौबरदी—स्त्री० [हिं० चौ=चार+बर्द] वह गाड़ी जिसमें चार बरद या बैल जुते या जुतते हों।

चौबरसी—स्त्री० [हिं० चौ+बरसी] १. वह उत्सव या कृत्य जो किसी घटना के चौथे बरस होता हो। २. हिंदुओं में किसी मृतक की मरण तिथि से चौथे वर्ष होनेवाला श्राद्ध।

चौबरा—पुं० [हिं० चौ=चार+बखरा] जमींदार को मिलनेवाला फसल में का चौथाई अंश।

चौबा—पुं० [स्त्री० चौबाइन] =चौबे।

चौबाई—स्त्री० [हिं० चौ+बाई=हवा] १. चारो ओर से बहनेवाली हवा। २. चारों ओर फैलनेवाली खबर या होनेवाली धूम-धाम। ३. चारों ओर फैलनेवाली निन्दा या बदनामी।

चौबाछा—पुं० [हिं० चौ=चार+बाछना=कर या चदा वसूल करना] मुगल शासन-काल में पाप (प्रति मनुष्य), नाग (प्रति बालक), कूरी (प्रति घर) और पूंछी (प्रति चौपाया) के हिसाब से लगनेवाला एक कर।

चौबारा†—पुं०=चौबारा।

चौबारा—पुं० [हिं० चौ (चार)+बार (द्वार)] १. वह कमरा जिसमें चार विशेषतः चारो ओर एक-एक दरवाजा हो। २. मकान के ऊपरी तल्ले पर का कमरा जिसके चारों ओर प्रायः दरवाजे होते हैं। क्रि० वि० चौथी बार। जैसे—वे चौबारा भी आ सकते हैं।

चौबाहा†—वि० [हिं० चौ+बाहना (जोतना)] (खेत) जो बोने से पहले चार बार जोता गया हो।

पुं० चार बार खेत जोतने की क्रिया या भाव।

चौबिस—वि०=चौबीस।

चौबीस—वि० [सं० चतुर्विंशति; प्रा० चउवीस, चब्बीस, सिं० चोवीह; पं० चौबी;] जो गिनती में बीस से चार अधिक हो।

पु० उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—२४।

चौबीसवाँ—वि० [हिं० चौबीस+वाँ] क्रम या गिनती में चौबीस के स्थान पर पड़नेवाला।

चौबे—पुं० [स० चतुर्वेदी, प्रा० चउव्वेदी] [स्त्री० चौबाइन] व्रज-मंडल में रहनेवाले चतुर्वेदी ब्राह्मण।

चौबोला—पुं० [हिं० चौ+बोल] १५ मात्राओं का एक मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण के अन्त में लघु-गुरु होता है।

चौभड़—स्त्री०=चौघड़। (दे०)

चौभी—स्त्री० [हिं० चौभना] हल में की वह लकड़ी जिसमें फाल जड़ा होता है।

चौमंजिला—वि० [हिं० चौ=चार+फा० मंजिल] (भवन) जिसमें चार मंजिलें या तल्ले हों। चार खंडोंवाला।

चौमासिया—वि० [हिं० चौमासा+इया (प्रत्य०)] १. चौमासे से संबंध रखनेवाला। चौमासे का। २. चौमासे में होनेवाला।

चौमहला—वि० [हिं० चौ+महल] चार खंडों या तल्लोंवाला। चौमंजिला (मकान)।

चौ-माप—स्त्री० [हिं० चौ (चार)+सं० माप] कोई चीज नापने के ये चार अंग—लंबाई, चौडाई, ऊँचाई तथा काल या इन चारों का समन्वित रूप। चारों अयाम। विशेष दे० 'आयाम'।

चौ-मासी—वि० [हिं० चौ-माप] चार आयामोंवाला। उदा०—चौर मुझे वितरण करना है चौमापी धरती अम्बर को।—बच्चन।

चौमार्ग—पुं० [सं० चतुर्मार्ग] चौरस्ता। चौमुहानी।

चौमास—पुं०=चौमासा।

चौमासा—पुं० [सं० चतुर्मास] १. वर्षाऋतु के चार महीने—आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, और आश्विन। २. उक्त ऋतु में गाया जानेवाला एक प्रकार का गीत। ३. किसी स्त्री के गर्भवती होने के चौथे महीने का कृत्य या उत्सव।
वि० १. चातुर्मास में होनेवाला। २. चार महीनों में होनेवाला।
वि० पुं० दे० 'चौमसिया' (तौल)।

चौमासी—स्त्री० [हिं० चौमासा+ई (प्रत्य०)] बरसात में गाया जानेवाला एक प्रकार का शृंगारिक गीत।
वि०=चौमासा।

चौमुख—क्रि० वि० [हिं० चौ=चार+मुख=ओर] चारों ओर। चारों तरफ।
वि०=चौमुखा।

चौमुखा—वि० [हिं० चौ=चार+मुख=ओर] [स्त्री० चौमुखी] १. जिसके चारों ओर चार मुख हों। जैसे—चौमुखा दीया।
मुहा०—चौमुखा दीया जलाना=दीवाला निकालना। दिवालिया बनना।
२. जो चारों अथवा सब ओर उन्मुख या प्रवृत्त हो। जैसे—चौमुखी लड़ाई।

चौमुहानी—स्त्री० [हिं० चौ=चार+फा० मुहाना] वह स्थान जहाँ से चारों ओर चार रास्ते जाते हों। चौरस्ता। चौराहा।

चौमेंड़ा—पु० [हिं० चौ=चार+मेंड़+आ (प्रत्य०)] वह स्थान जहाँ पर चार खेतों की मेंड़ें या सीमाएँ मिलती हों।

चौमेला—वि० [हिं० चौ=चार+मेल] जिसमें चार मेलों या कीले हों। चार मेलोंवाला।
पुं० प्राचीन काल का एक कठोर दंड जिसमें अपराधी के प्राण लेने के लिए उसको जमीन पर चित लेटाकर उसकी हथेलियों और तलुए जमीन में मेखों से इस प्रकार ठोंक देते थे कि वह उठ-बैठ या हिल-डोल नहीं सकता था।

चौरंग—वि० [हिं० चौ=चार+रंग] १. चार रंगोंवाला। चौरंगा। २. चारों ओर समान रूप से होनेवाला। ३. सब प्रकार से एक-जैसा। ४. तलवार से ठीक, पूरा या साफ कटा हुआ।
पुं० तलवार चलाने का वह ढंग या प्रकार जिसमें कड़ी से कड़ी अथवा भारी से भारी चीज एक ही हाथ से ठीक और पूरी कट जाती अथवा मुश्किल से मुश्किल वार एक ही हाथ में पूरा उतरता या सफल होता है।

चौरंगा—वि० [हिं० चौ+रंग] [स्त्री० चौरंगी] चार रंगोंवाला।

चौरंगिया—पुं० [हिं० चौ+रंग] मालखंभ की एक प्रकार की कसरत।

चौर—पुं० [सं० चुरा+ण]। १. दूसरों की चीजें चुरानेवाला। चोर। २. चोर नामक गंध द्रव्य। ३. चोर-पुच्छी।
पुं० [सं० चुंड.?] वह गड्ढा या ताल जिसमें बरसाती पानी इकट्ठा होता हो। खावर।

चौरई†—स्त्री०=चौराई।

चौर-चार—स्त्री० [?] चहल-पहल। (कुन्वेस०) उदा०—बड़ी चौर-चार होगी।—वृन्दावनलाल वर्मा।

चौरछ, चौरछा†—पुं०=चौरेठा।

चौरस—वि० [सं० चतुरस्र, प्रा० चउरस] १. जो चारों ओर से एक रस हो। सब तरफ से एक-जैसा। २. (स्थल) जिसके सब बिंदु एक समान ऊँचाई के हों। ३. जिसका ऊपरी तल सम हो, कहीं पर ऊँचा-नीचा या ऊबड़-खाबड़ न हो। जैसे—चौरस जमीन। ४. चौपहल।
पुं० १. ठठेरों का एक औजार जिससे वे बरतनों का तल खुरचकर चौरस या सम करते हैं। २. एक प्रकार का वर्ण-वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक तगण और एक यगण होता है। इसको 'तनुमध्या' भी कहते हैं।

चौरसा—वि० [हिं० चौ+रस] जिसमें चार प्रकार के रस या स्वाद हों। चार रसोंवाला।
पुं० १. चार कपए भर का बाट। २. मन्दिर में ठाकुर या देवता की शय्या पर बिछाने की चादर।

चौरसाई—स्त्री० [हिं० चौरसाना] १. जमीन आदि चौरस करने या होने की अवस्था या भाव। चौरसपन। २. जमीन चौरस करने की पारिश्रमिक या मजदूरी।

चौरसाना—स० [हिं० चौरस] चौरस करना। बराबर करना। किसी वस्तु का तल चौरस या सम करना या बनाना।

चौरसी—स्त्री० [हिं० चौरस] १. बाँह पर पहनने का एक प्रकार का चौकोर गहना। २. अन्न रखने का कोठा या बखार।

चौरस्ता—पुं० [हिं० चौ+फा० रास्ता] वह स्थान जहाँ पर चार रास्ते मिलते हों अथवा चार ओर रास्ते जाते हों। चौराहा।

चौराहा†—पुं०=चौराहा

चौरा—पुं० [सं० चतुर, प्रा० चउर] [स्त्री० अल्पा० चौरी] १. चबूतरा। वेदी। २. चबूतरे या वेदी के रूप में बनी हुई वास्तु-रचना जिसमें किसी देवी-देवता, भूत-प्रेत, अथवा मृत साधु-संत या सती-साध्वी का निवास माना जाता है और इसी लिए जिसकी पूजा की जाती है।
†पुं० [सं० चामर] सफेद पूँछवाला बैल।
†पुं० [?] दोड़ा या लोबिया नाम की फली।
स्त्री० [सं० चुरा+ण—टाप्] गायत्री का एक नाम।

चौराई—स्त्री० [?] १. एक प्रकार का साग। चौलाई।
मुहा०—चौराई बाँटना=उदारतापूर्वक कोई चीज चारों ओर देते या खिलाते फिरना। (बाजारू)
२. एक प्रकार की चिड़िया जिसके डैने चितकबरे, पूँछ ऊपर से लाल और नीचे से सफेद, गला मटमैले रंग का और चोंच तथा पैर पीले रंग के होते हैं। ३. एक रीति जिसमें किसी व्यक्ति को निमंत्रण देते समय उसके घर के द्वार पर हल्दी में रंगे हुए चावल रखे या छिड़के जाते हैं।

चौरानबे—वि० [सं० चतुर्नवति, प्रा० चउण्णवइ] जो गिनती या संख्या में नब्बे से चार अधिक हो।
पुं० उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—९४।

चौरानयन—पुं० [सं० चौर्य-आनयन] कर, दंड आदि से बचने के लिए कोई चीज चोरी से या छिपाकर एक देश या स्थान से दूसरे देश या स्थान में ले जाना या ले जाना। (स्मगलिंग) जैसे—भारत और पाक की सीमा पर होनेवाला चौरानयन।

चौराष्टक—पुं० [सं० चौर—अष्टक, ब० स०] षाड़व जाति का एक संकर राग जो सबेरे के समय गाया जाता है।

चौरासी—वि० [सं० चतुरशीति, प्रा० चउरासीइ] जो गिनती या संख्या में अस्सी से चार अधिक हो।

पुं० १. उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—८४।

मुहा०—**चौरासी में पड़ना या भरमना**=बार-बार जनमना और मरना। चौरासी लाख योनियों में एक-एक रूप छोड़कर और हर बार दूसरा रूप धारण कर आना-जाना। इस लोक में आत्मा का बार-बार आना-जाना।

२. घुँघरुओं का वह गुच्छा जो नाचते समय पैर में पहनते हैं। ३. छोटा घुँघरू। ४. पत्थर काटने की एक प्रकार की टाँकी। ५. बढ़इयों की एक प्रकार की रुखानी।

चौराहा—पुं० [हिं० चौ=चार+राह=रास्ता] वह स्थान जहाँ चारों ओर से आनेवाले मार्ग मिलते हों अथवा चारों दिशाओं को मार्ग जाते हों। चौमुहानी। चौरस्ता।

चौरिंदी *वि०=चउरिंदी।

चौरी—स्त्री० [सं० चोर+ङीष्] १. चुराने की क्रिया या भाव। चोरी। २. गायत्री देवी का एक नाम।

स्त्री० [हिं० चौरा का स्त्री० रूप] १. छोटा चबूतरा। २. विवाह मंडप।

स्त्री० [देश०] १. एक प्रकार का पेड़ जिसकी छाल से रंग बनता और चमड़ा सिझाया जाता है। २. एक प्रकार का पेड़ जो हिमालय में होता है और जिसकी छाल दवा के काम में आती है।

स्त्री० [स० चाभर] छोटा चँवर।

चौरेठा—पुं० [हिं० चाउर (=चावल)+पीठा] चावल को महीन पीसकर बनाया जानेवाला चूर्ण जो कई प्रकार के पकवान बनाने के काम आता है।

चौर्य—पुं० [स० चोर+ष्यञ्] १. चोर होने की अवस्था या भाव। २. चीजें चुराने की क्रिया या भाव। चोरी।

पुं०=चोल (देश)।

चौर्य-रत—पुं० [मध्य० स०] गुप्त मैथुन।

चौर्य-वृत्ति—स्त्री० [मध्य० स०] १. दूसरों का माल चुराते रहने का स्वभाव। २. चुराये हुए माल से जीविका चलाना।

चौल-कर्म (न्)—पुं० [सं०चौल=चौड+कर्मन्, कर्म० स०] चूड़ाकर्म। मुंडन।

चौ-लड़ा—वि० [हिं० चौ+लड़] [स्त्री० चौ-लड़ी] जिसमें चार लड़ या मालाएँ हो। जैसे—चौ-लड़ा झुमका या हार।

चौला—पुं० [देश०] एक लता और उसके बीज। बोड़ा। लोबिया।

चौलाई—स्त्री० [?] १. एक पौधा जिसका साग खाया जाता है। उदा०—चौलाई लाल्हा अरु पोंई। मध्य मेलि निबुआन निचोई।—सूर। २. छोटी-छोटी पत्तियोंवाला एक प्रसिद्ध पौधा जिसके पत्तों का साग बनाया जाता है। ३. इस पौधे के पत्ते जिनका साग बनता है।

चौलाना—पुं० [हिं० चौ+लाना=लगाना] वह बड़ा कूआँ जिसमें एक साथ चार मोट चल सकें।

चौलि—पुं० [सं० चौल+इञ्] एक प्राचीन ऋषि।

चौलुक्य—पुं० [सं० चुलुक+यञ्] १. चुलुक ऋषि के वंशज। २. दे० 'चालुक्य'।

चौली—पुं० [देश०] बोड़ा या लोबिया नाम की फली।

चौवन—वि० [स० चतुःपञ्चाशत्, पा० चतुपञ्जासो, प्रा० चउवराणं] जो गिनती या संख्या में पचास से चार अधिक हो।

पुं० उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—५४।

चौवा—पुं० =चौआ।

चौवाई—स्त्री०=चौबाई।

चौवालीस—वि० [स० चतुश्चत्वारिंशत्, पा० चतुचत्तालीसति, प्रा० चउव्वालीसइ] जो गिनती या संख्या में चालीस से चार अधिक हो।

पुं० उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—४४।

चौस—पुं० [हिं० चौ=चार+स (प्रत्य०)] १. वह खेत जो चार बार जोता गया हो। २. खेत को चौथी बार जोतने की क्रिया। चौथी जोताई।

पुं० चूर्ण। बुकनी।

चौसठ—वि० दे० 'चौसठ'।

चौंसठ-घड़ी—पद [हिं०] सारा दिन। दिन और रात। आठों पहर। जैसे—चौसठ घड़ी रोना ही बदा है।

चौसर—पुं० [हिं० चौ चार+सर=बाजी अथवा चतुस्सरि] १. एक प्रकार का खेल जो बिसात पर चार रंगों की चार-चार गोटियों और तीन पासों से खेला जाता है। चौपड़। नर्दबाजी। २. उक्त खेल की बिसात। ३. चार लड़ोंवाला हार। ४. खेल में लगातार चार बार होनेवाली जीत। चार सरों की जीत। ५. ताश के नकश नामक खेल में किसी खिलाड़ी के हाथ में एक साथ तीन तसवीरें आना जिससे चौगुनी जीत होती है।

चौसरी—स्त्री०=चौसर।

चौसल्ला—पुं० [हिं० चौ=चार+सालना] १. चौकोर जमीन पर विशेषतः आँगन की चारों दीवारों पर लंबाई के बल रखे हुए चार शहतीर जिन पर इमारत खड़ी की जाती है। २. उक्त शहतीरों के ऊपर बनी हुई इमारत।

चौसिंगा—वि० [हिं० चौ=चार+सींग] चार सींगोंवाला। पुं० एक प्रकार का हिरन जिसके चार सींग होते हैं।

चौसिंघा—वि०, पुं० =चौसिंगा।

पुं०=चौसिंहा।

चौसिंहा—पुं० [हिं० चौ=चार+सीव=सीमा] वह स्थान जहाँ चार गाँवों की सीमाएँ मिलती हों।

चौहट, चौहट्ट—पुं० =चौहट्टा।

चौहट्टा—पुं० [हिं० चौ=चार+हाट] १. वह स्थान जिसके चारों ओर हाट या दुकानें हों। २. उक्त प्रकार का बाजार। ३. चौरस्ता। चौमुहानी।

चौहड़†—पुं०=चौघड़ (दे०)।

चौहत्तर—वि० [स० चतुःसप्तति, प्रा० चौहत्तरि] जो गिनती या संख्या में सत्तर से चार अधिक हो।

पुं० उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—७४।

चौहद्दी—स्त्री० [हिं० चौ=चार+हद=सीमा] १. किसी क्षेत्र या

स्थान के चारों ओर (पूरब, पच्छिम, उत्तर और दक्खिन) की सीमा। जैसे—खेत या मकान की चौहद्दी २. किसी मकान या जमीन के चारों ओर पड़नेवाले मकानों, जमीनों, सड़कों आदि का विस्तृत विवरण।

स्त्री० [स० चातुर्भद्र, प्रा० चाउहद्द+ई (प्रत्य०)] एक प्रकार का अवलेह जो जायफल, पिप्पली, काकड़ासिंगी और पुष्करमूल को पीसकर शहद में मिलाने से बनता है।

चौहरा—वि० [हिं० चौ=चार+हर (प्रत्य०)] [स्त्री० चौहरी] १. जिसमें चार तहें या परतें हों। जैसे—चौहरा कपड़ा। २. चौगुना। पु० १. एक में बँधी हुई एक ही प्रकार की चार चीजें। जैसे—पानों का चौहरा। २. दे० 'चौखड़ा'।

चौहलका—पु० [चौ=चार+फा० हल्क=घेरा?] गलीचे की एक प्रकार की बुनावट।

चौहान—पु० [हिं० चौ=चार+भुजा] अग्निकुल के अंतर्गत क्षत्रियों की एक प्रसिद्ध शाखा जो प्रायः उत्तर भारत में निवास करती है।

चौहीं—क्रि० वि० [देश०] चारों ओर। चारों तरफ।

च्यंतना*—अ० [सं० चिंतन] १. चिंतन करना। २. चिंता करना।

च्यंतामनि—स्त्री० १. दे० 'चेतावनी'। २. दे० 'चिंतामणि'।

च्यवन—पु० [स०√च्यु (टपकना)+ल्युट्—अन] १. बूँद-बूँद करके चूना या टपकना। २ [√च्यु+ल्यु—अन] एक प्राचीन ऋषि जो भृगु के पुत्र थे।

च्यवन-प्राश—पु० [स० मध्य० स०] वैद्यक में आँवले के रस से बना हुआ एक प्रकार का अवलेह। कहते हैं कि यह अवलेह पहले-पहल अश्विनी कुमारों ने च्यवन ऋषि का वृद्धत्व और बंधत्व दूर करने के लिए बनाया था।

च्यारि—वि० =चार। उदा०—च्यारि प्रकार पिष्पि बन-चारण।—चंदबरदाई।

च्यावय—पु० [सं०√च्यु+णिच्+ल्युट्—अन] १. चुआने या टपकाने की क्रिया या भाव। २. निकाल देना।

च्युत—वि० [सं०√च्यु+क्त] [भाव० च्युति] १. ऊपर से गिरा, चूआ, झड़ा या टपका हुआ। २. अपने उचित या नियत स्थान से उतर, गिर या हटकर नीचे आया हुआ। गिरा हुआ। पतित। जैसे—पद-च्युत। ३. औचित्य की सीमा से हटकर अनौचित्य की सीमा में आया हुआ। जैसे—कर्तव्य-च्युत। ४. नष्ट-भ्रष्ट।

च्युत-मध्यम—पुं० [ब० स०] संगीत में दो श्रुतियों का एक विकृत स्वर जो पीति नामक श्रुति से आरंभ होता है।

च्युत-षड्ज—पुं० [ब० स०] संगीत में दो श्रुतियों का एक विकृत स्वर जो मंदा नामक श्रुति से आरंभ होता है।

च्युत-संस्कारता—स्त्री० [सं० च्युत्-संस्कार ब० स०+तल्—टाप्] १. संस्कार से च्युत होने की अवस्था या भाव। २. साहित्य में काव्य या रचना का वह दोष जो व्याकरण-विरुद्ध पदविन्यास करने पर होता है। साहित्यिक रचना का व्याकरण-संबंधी दोष।

च्युत-संस्कृति—स्त्री० [कर्म०स०]=च्युत-संस्कारता।

च्युतात्मा (त्मन्)—वि० [सं० च्युत—आत्मन्, ब० स०] जिसकी आत्मा या विचार औचित्य और मर्यादा की सीमा से गिरे हुए या पतित हों।

च्युताधिकार—वि० [सं० च्युत—अधिकार, ब० स०] अपने अधिकार, पद आदि से हटा या हटाया हुआ।

च्युति—स्त्री० [सं०√च्यु+क्तिन्] १. च्युत होने अर्थात् ऊपर से गिरने, चूने, झड़ने या टपकने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. अपने स्थान से हट जाने विशेषतः नीचे आ जाने का भाव। पतन। ३ तत्परतापूर्वक कोई काम न करने की स्थिति। जैसे—कर्तव्य-च्युति। ४. अभाव। कमी। ५. गुदा। मलद्वार। ६. भग। योनि।

च्युव—पुं० [सं०√च्यु+प कित्] मुख। चेहरा।

च्यूटा—पु० [अल्पा० च्यूँटी] च्यूँटी की जाति और प्रकार का, किन्तु आकार में उससे बड़ा कीड़ा।

च्यूँटी—स्त्री० [हिं० चिमटना] एक प्रकार का बहुत छोटा कीड़ा जो गुड़, चीनी आदि या मीठी और रसवाली चीजें खाता है और जमीन आदि में गड्ढा करके तथा उसी में अपना घर बनाकर रहता है।

मुँहा०—च्यूँटी की चाल चलना=बहुत धीरे-धीरे और प्रायः एक-एक कर चलना। च्यूँटी के पर निकलना=मृत्यु या विनाश का समय समीप आना।

च्यूड़ा—=चिड़वा।

च्यूत—पुं० [सं०√च्युत, पृषो० दीर्घ] आम का पेड़ और फल।

च्योत—पुं० [सं०=च्युत, पृषो०गुण] च्युत होने की क्रिया या भाव। च्युति।

छ

छ—देवनागरी वर्ण-माला में चवर्ग का दूसरा व्यंजन जो उच्चारण की दृष्टि से तालव्य, अघोष, महाप्राण और स्पष्ट है। कभी-कभी इसका प्रयोग ६ संख्या के सूचक के रूप में होता है।

छंअ*—पुं० [हिं० उछंग] गोद।

छंगा—वि० [हिं० छः+उँगली] [स्त्री० छंगी] जिसके हाथ में (पाँच की जगह) छः उँगलियाँ हों।

छँगुलिया*—स्त्री०=छँगुली।

छँगुलिया†—स्त्री०=छँगुली।

छँगुली†—स्त्री० [हिं० छोटी+उँगली)] हाथ की सबसे छोटी उँगली।

छंजू—पुं०=छंगा।

छंछया†—पु० [अनु०] छन छन शब्द (नूपुरों आदि का)।

छंछाल—स्त्री० [?+हिं० उछाल] छोटी धारा। फव्वारा। उदा०—रायजादी घर-अंगणइ छुटे पेट, छुटे पेट छंछाल।—ढोला मारू।

छँछीरी—स्त्री०=छछीरी।

छंट—क्रि० वि० [हिं० झट?] शीघ्र। जल्दी। उदा०—कहै सखी सूँगीर लै रावल छंट उगय।—जटमल।

छँटना—अ०[हिं० छाँटना] १. किसी वस्तु अथवा उसके किसी अंश का कटकर अलग होना। जैसे—सिर के बाल या पेड़ की डाल छँटना। २. किसी का अपने वर्ग या समूह से अलग होना। जैसे—दल में से चार आदमियों का छँटना। ३. किसी वस्तु में से अतिरिक्त, अनावश्यक या फालतू अंश निकलकर अलग होना। जैसे—कार्यालय से कर्मचारियों का छँटना। ४. छिन्न-भिन्न या तितर-बितर होना। जैसे—बादल छँटना, भीड़ छँटना। ५. किसी क्रिया के फल-स्वरूप कम होना या नष्ट हो जाना। न रह जाना। जैसे—आँख की झाली छँटना, कपड़े की मैल छँटना। ६. चुन कर अच्छी वस्तुएँ अलग रखी जाना। जैसे—ये अनार छँटे हुए हैं।

पद—छँटा हुआ=चालाक या धूर्त (व्यक्ति)।

७. आकार या मोटाई में कम होना। क्षीण होना।

छँटनी—स्त्री०[हिं० छाँटना] १. छाँटने या छाँटे जाने की क्रिया या भाव। छँटाई। २. किसी काम या कार्यालय में लगे हुए आवश्यकता से अधिक कर्मचारियों या कार्यकर्त्ताओं को निकालकर अलग करने या सेवा से हटाने का काम। (रिट्रेन्चमेंट)

छँटवाना—स०[हिं० छाँटना का प्रे० रूप] छाँटने का काम दूसरे से कराना।

छँटाई—स्त्री०[हिं० छाँटना] १. छाँटने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. दे० 'छँटनी'।

छँटाना†—स०=छँटवाना।

छँटाव—पुं०[हिं० छाँटना] छाँटने की क्रिया या भाव। छँटाई।

छँटुआ†—वि०[हिं० छाँटना] १. छाँटकर निकाला हुआ। (पदार्थ) २. जिसमें से अच्छी वस्तुएँ छाँटकर निकाल ली गई हों। बचा-खुचा या रद्दी। जैसे—छँटुआ माल।

छँटैल—वि०[हिं० छाँटना] १. छँटुआ। (दे०) २ (व्यक्ति) जो बहुत ही धूर्त हो। छँटा हुआ।

छँटैली†—स्त्री०=छँटनी।

छंड़ना*—स०[हिं० छोड़ना] छोड़ना। छोड़ देना। उदा०—हमि रसाल गुन गरब, बधि बसुधा महि छंड़हि।—चंदबरदाई।

स०[हिं० छड़ना] १ किसी चीज का रद्दी अंश निकालने के लिए उसे कूटना। जैसे—ओखली में धान छंड़ना। २ अच्छी तरह मारना-पीटना।

छंड़ाना*—स०[हिं० छुड़ाना] १. मुक्त कराना। २. छीन लेना। †स०[हिं० छड़ना का प्रे० रूप] छंड़ने का काम दूसरे से कराना।

छंड़ुआ†—वि०[हिं० छाड़ना] १. छोड़ा हुआ। त्यागा हुआ। २. मुक्त किया हुआ।

छंदःशास्त्र—पुं०[ष० त०] वह शास्त्र जिसमें विभिन्न छंदों के रूप और लक्षण बतलाये जाते हैं।

छंद—पुं०[सं०√छंद् (प्रसन्न करना)+घञ्] १. अभिलाषा। इच्छा। २. अभिप्राय। मतलब। ३. उपाय। तरकीब। युक्ति। ४. तरह-तरह के रूप धारण करने की क्रिया या भाव। ५. कपट। छल। ६. संघात। समूह। ७. गाँठ। बंधन।

पुं०[सं० छंदस् (√छंद्+असुन्)] १. मात्राओं या वर्णों का कोई निश्चित मान जिसके अनुसार किसी पद्य के चरण लिखे जाते हैं। आकार, विस्तार आदि के विचार से वे रूप या साँचे जिनमें पद्यात्मक रचना बनती है। (मीटर)

विशेष—हमारे यहाँ छंद दो प्रकार के होते हैं—मात्रिक और वर्णिक। मात्रिक छंद को मात्रा-वृत्त और जाति छंद तथा वर्णिक को वर्ण-वृत्त भी कहते हैं।

२. वह साहित्यिक पद्यात्मक रचना जो किसी छंद के नियमों के अनुसार लिखी गई हो। ३. विवाह के समय वर द्वारा कन्या पक्षवालों को सुनाई जानेवाली एक प्रकार की छोटी कविता। ४. वेद। ५ मनमाना आचरण। स्वेच्छाचार।

पु०[सं० छंदक] कलाई पर पहना जानेवाला एक प्रकार का गहना।

छंदक—पु०[सं० √छंद्+णिच्+ण्वुल्—अक] १. वासुदेव। २. गौतम बुद्ध का सारथी।

वि० रक्षा करनेवाला।

छंदना—अ०[हिं० छद] १ छद बनाना। २. किसी छद में कविता करना। ३. कविता करना। उदा०—हु.ख-प्रद उभय बीच कुछ छंदूं।—निराला।

अ०[हिं० छाँदना का अ० रूप] छाँदा अर्थात् बाँधा जाना। जैसे—गधे या घोड़े का पैर छंदना।

छंदरना†—स०[स० छद] धोखा देना। छलना।

छंदवाली (लिन्)—वि०[स० छद√वस् (रहना)+णिनि] [स्त्री० छदवासिनी] उच्छृंखलतापूर्ण और मनमाना आचरण करनेवाला।

छंदा—वि०[हिं० छानना] [स्त्री०छँदी] चरने के लिए छोड़ा हुआ(पशु) जिसके दोनों पैर बँधे हुए हों।

छंदानुवृत्ति—स्त्री०[छद-अनुवृत्ति तृ० त०] किसी को किसी छल या बहाने से प्रसन्न करने की क्रिया या भाव।

छंदित—भू० कृ०[सं०√छद+क्त] प्रसन्न किया हुआ।

छंदोगति—स्त्री०[सं० छदस्-गति, ष०त०] किसी छद मे शब्दों आदि की वह योजना जिसके द्वारा उसके पढ़ने में एक विशेष प्रकार की गति या लय का अनुभव हो।

छंदोदोष—पुं०[सं० छदस्+दोष, ष० त०] छद मे निश्चित मात्राओं या वर्णों से अधिक या कम मात्राएँ या वर्ण होने का दोष। (छदशास्त्र)

छंदोबद्ध—वि०[स० छंदस्-बद्ध स०त०] (साहित्यिक रचना) जो किसी छद या पद्य के रूप में हो। छद या पद्य के रूप मे बँधा या रचा हुआ (कथन या लेख)। (मीट्रिकल)

छंदोभंग—पुं०[सं० छदस्-भग, ष०त०] छद-रचना में छदःशास्त्र के नियमों के पालन की वह त्रुटि जिससे उसमे ठीक गति या लय का अभाव होता है अथवा ठीक स्थान पर यति या विराम नही होता।

छः—वि०[सं० षट्; पा० प्रा० छ; अप० चह; ब० छय; ओ० छअ; पं० छे, ल्हं० छे, छी; ने० सि० गु० छ; सिंह० स० सय, ह, हय, मरा० सहा] जो गिनती में पाँच मे एक अधिक हो।

पु० उक्त संख्या का सूचक अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है—६।

छई—स्त्री०[हिं० छाना] संतान। औलाद। उदा०—अब की छई की निराली बातें।—कहा०।

†स्त्री०=क्षय (रोग)।

छउँड़ा†—वि०[स्त्री० छउँड़ी]=छोड़ा (छोकरा)।

छउनी†—स्त्री० =छावनी।

छकड़ा—पुं०[सं शकट] [स्त्री० अल्पा० छकड़ी] माल ढोने की वह छोटी गाड़ी जिसे आदमी या बैल खींचते हों।

छकड़ी—स्त्री०[हिं० छः] १. छः का समूह। २. वह पालकी जिसे छः कहार उठाते हैं।

छकना—अ०[सं० चकन] [भाव० छाक] १.किसी प्रकार की यथेष्ट प्राप्ति से पूर्ण संतुष्ट होना। २. कौशल, चातुरी आदि में परास्त होना। हारना।

स० कोई चीज इतनी मात्रा में खाना या पीना कि पूरी तृप्ति हो जाय। जैसे—प्रसाद या भोजन छकना।

अ० [सं० चक्र=भ्रांत] १. चकराना। २. भ्रम में पड़कर परेशान होना।

छकाछक—क्रि० वि०[हिं० छकना] १. पूरी तरह से। भरपूर। २. भली-भाँति।

वि० १. पूर्ण रूप से तृप्त। २. नशे में भरा हुआ।

छकाना—स०[हिं० छकना] १. किसी को कुछ देकर पूरी तरह से तृप्त या सतुष्ट करना। २. किसी को अच्छी तरह खिला-पिलाकर तृप्त करना। जैसे—ब्राह्मणों को हलुआ-पूरी छकाना। ३. किसी को किसी प्रयत्न या प्रयास में परास्त या विफल करने के लिए कौशल, छल आदि से दुःखी और शिथिल करना।

छकित—वि०[हिं० छकना] छका हुआ।

†वि०=चकित।

छकीला*—वि०[हिं० छकना] १. छकनेवाला। जी भरकर कोई चीज खाने या पीनेवाला। २. छका हुआ। तृप्त। उदा०—रंगनि ढरीले हौ छकीले मद-मोह तें।—घनानंद। ३ मस्त। ४. नशे में चूर।

छकौहाँ—वि०[हिं० छकना] १.छकनेवाला। २. छकानेवाला।

छक्करा—पुं०[हिं० छक्का-पंजा या छल] छल-कपट। दाँव-पेंच।

†पुं०=छकड़ा।

छक्कवै*—पु०[सं० चक्रवर्ती] चक्रवर्ती। उदा०—अनंगपाल छक्कवै, बुद्धि जो इसी उकिल्लिय।—चंदवरदाई।

छक्का—पुं०[सं० षट्क, प्रा० छक्को] १. छः का समूह। २. छः अंगों या अवयवोंवाली वस्तु। ३. चौंसर के खेल में पासे का वह पहल जिस पर छः बिंदियाँ होती हैं।

पद—छक्का-पंजा=दाँव-पेंच।

मुहा०—(किसी का या के) छक्का या छक्के छूटना=प्रतियोगिता, प्रयत्न आदि में पूरी तरह से परास्त या विफल होकर निरुपाय और हताश होना। छक्का. पंजा भूलना=परास्त या विफल होकर ऐसी स्थिति में होना कि कोई और युक्ति सूझ न पड़े।

४.सोलही के खेल में वह स्थिति जिसमें छः कौड़ियाँ चित पड़ें। ५. ताश का वह पत्ता जिस पर छः बूटियाँ होती हैं।

छक्का-पंजा—पुं०[हिं० छक्का+पंजा] दाँव-पेंच। छल-कपट।

छक्केबाज—वि०[हिं० छक्का+फा० बाज] [भाव० छक्केबाजी] बहुत बड़ा चालाक या धूर्त।

छगड़ा†—पुं०[सं० छागल] बकरा।

†पुं०=छकड़ा।

छगन—पुं० [सं० छगट=एक छोटी मछली] छोटा बच्चा। छोटा बालक।

छगन-मगन—पु०[हिं० छगन+सं० मग्न] छोटे-छोटे हँसते-खेलते हुए प्यारे बच्चे।

छगना†अ०=छकना।

†स०=छकना।

छगरा—पुं०[सं० छागल] [स्त्री० छगरी] बकरा।

छगलांत्री(त्रिन्)—पुं०[सं० छगलांत्र+इनि ब०स०] भेड़िया।

छगुनिया, छगुनी†—स्त्री०=छँगुली।

छ-गोड़ा—वि० [हिं० छः+गोड़=पैर] [स्त्री० छ-गोड़ी] जिसके छः पैर हों। छः पैरोंवाला।

पुं० मकड़ा (जंतु)।

छग्गर—पुं०[सं० शकट] बोझ ढोने की पुरानी चाल की गाड़ी या ठेला जिसे आदमी खींचते या ठेलते हैं। सग्गड़।

छछंद—वि०[सं० स्वच्छन्द] १. मुक्त। स्वतन्त्र २. स्वच्छन्दता-पूर्वक आचरण करनेवाला। उदा०—छछंद मुक्ता भै भ्रमपारं।—गोरखनाथ।

† पुं०=छल-छंद।

छछार*—पुं०[?] उछले हुए जल-कण। छींटा उदा०—छिछकैं छछारे छिति अधिक उछार के।—सेनापति।

छछिआ†—स्त्री०=छछिया।

छछिया—स्त्री०[हिं० छाछ] छाछ नापने या रखने का एक प्रकार का मिट्टी का छोटा पात्र।

छछूंदर—पुं०[सं० छुच्छुंदर] १. चूहे की जाति का एक प्रसिद्ध जंतु जिसके शरीर से बहुत दुर्गंध निकलती है। २. पश्चिमी भारत में गले में पहना जानेवाला एक प्रकार का ताबीज। ३. एक प्रकार की छोटी आतिशबाजी जो छोड़े जाने पर छू छू शब्द करती है। ४. जगह-जगह छोटे-छोटे उत्पात या उपद्रव करनेवाला व्यक्ति।

छछेद—पुं०[हिं० छाछ] घी गरम करने पर उसमें से निकलनेवाला छाछ का अंश।

छछौरी—स्त्री०[हिं० छाँछ+बरी] एक व्यंजन जो छाँछ में बरी डालकर बनाया जाता है।

छजना*—अ०[हिं० सजना] सुशोभित होना। सुन्दर जान पड़ना।

छजली—स्त्री०[हिं० छज्जा] १. छोटा और पतला छज्जा। २.छज्जे के आकार की वह वास्तु-रचना जो प्रायः दीवार के ऊपरी भाग में कुछ आगे या बाहर की ओर निकली हुई होती है। (कारनिस)

छज्जा—पुं०[सं० छाद्यः; हिं० छाजन] १. दीवार से बाहर निकली या बढ़ी हुई छत का भाग। २. ओलती। ओरी।

छज्जू—वि०[हिं० छीजना] छीजा या फटा हुआ (नया कपड़ा)। (दलाल)

छटंकी—स्त्री०[हिं०छटाँक] छटाँक भर तौल का बटखरा।

वि० बहुत छोटा और हलका।

छटकना—अ०[हिं० छूटना]१. आघात, दाब आदि पड़ने पर अपने स्थान से उछलकर वेगपूर्वक किसी चीज का कुछ दूर जा गिरना। जैसे—मुट्ठी में से रुपए छटकना। २. बंधन या वश में से निकल जाना।

जीवे—गाय का छटकना। ३. उछलना। कूदना। ४ वर्ग, समूह आदि में से अलग या दूर रहना या हो जाना। ५ पकड़, बंधन आदि से निकलने या बचने का प्रयत्न करना।

छटकाना—स० [हि० छटकना] झटके से किसी चीज को दूर गिराना या फेंकना। छटकने मे प्रवृत्त करना।

छटपटाना—अ० [अनु०] [भाव० छटपटी] १. बहुत अधिक पीडा के कारण हाथ-पैर आदि पटकना। जैसे—दरद के कारण मछली की तरह छटपटाना। २ बहुत अधिक दुःखी होने के कारण बेचैन या व्यग्र होना। ३ किसी उद्देश्य की सिद्धि के लिए बहुत अधिक चिंतित और व्यग्र होना।

छटपटी—स्त्री० [हि० छटपटाना] १. छटपटाने की अवस्था, क्रिया या भाव। २ घबराहट। ३ मन में होनेवाली आतुरता या आकुलता।

छटाँक—स्त्री० [सं० षट्+टंक; ७ छटंक ७ छटाँक] १ एक तौल जो ५ तोले अर्थात् सेर के १६ वें भाग के बराबर होती है। २ उक्त तौल का बटखरा।

छटा—स्त्री० [सं०] वह विशिष्ट शोभा या सौन्दर्य जो दूर तक फैलती और देखनेवालो पर यथेष्ट प्रभाव डाल कर उन्हे मुग्ध करती हो। जैसे—वर्षाऋतु में पर्वत की छटा, देव-मंदिर मे मूर्ति की छटा।

छटाना†—क्रि० वि० [हि० छँटना] छाँटकर अलग किया या निकाला हुआ, फलतः निकम्मा या रद्दी।

छठी—स्त्री०=छठी।

छठवाँ—वि० [स्त्री० छठवीं] छठा।

छठा—वि० [सं० षष्ठ, हिं० छः] [स्त्री० छठी] गिनती मे छ के स्थान पर पड़नेवाला।

पद—छठे-छमासे=दो, चार, छः महीनो पर एक-आध बार। साल मे एक-दो बार, फलतः कभी-कभी।

छठी—स्त्री० [हि० छठा का स्त्री०] १ चांद्र मास के कृष्ण या शुक्ल पक्ष की छठवीं तिथि। २. बालक के जन्म से छठे दिन होनेवाला एक कृत्य जो उत्सव के रूप में होता है।

मुहा०—छठी का दूध याद आना=ऐसी कठिन या विकट स्थिति मे पड़ना कि बुद्धि ठिकाने न रहे।

छड़—पु० [स० शर] [स्त्री० अल्पा० छड़ी] किसी धातु का गोल या चौकोर लंबा पतला टुकड़ा।

छड़ना—स०[सं० चट] १ अनाज के दाने कूटकर उनकी भूसी अलग करना या छंटना। जैसे—जौ या धान छड़ना। २ खूब पीटना या मारना। (परिहास)

छड़ा—पु० [हि० छड़] १. पैर मे पहनने का एक प्रकार का गहना। २. मोतियो की लड़ी। ३. हाथ का पंजा। (राज०)

वि० [हि० छोड़ना] [स्त्री० छड़ी] अकेला। एकाकी। जैसे—छड़ी सवारी।

पुं० नौजवान आदमी जिसका अभी विवाह न हुआ हो अथवा जिसके साथ घर-गृहस्थी न हो।

छड़ाना†—स०=छुड़ाना।

छड़िया—वि० [हि० छड़ी] जिसके हाथ मे छड़ी हो।

पु० दरबान जिसके हाथ मे प्रायः मोटा डंडा रहता है। **द्वारोड़ीदार**।

छड़ी—स्त्री० [हि० छड़] १ वह सीधी पतली लकड़ी जिसे लोग सहारे के लिए हाथ मे लेकर चलते हैं। २. उक्त प्रकार की पतली छोटी डंडी या लकड़ी जिस पर फूल-पत्तियाँ बँधी रहती हैं और जो शोभा के लिए कहीं रखी या लगाई जाती है। ३. किसी की कब्र या मजार पर लगाई जानेवाली झंडी। ४ कपड़े आदि मे बनी हुई सीधी धारी या रेखा।

छड़ीदार—पु०=चोबदार।

छड़ीबरदार—पु०=चोबदार।

छड़ीला—पु० छरीला।

छड़ी सवारी—स्त्री० [हि०] ऐसा व्यक्ति जो कहीं अकेला जा रहा हो। वह जिसके साथ और कोई न हो। (परिहास और व्यंग्य)

छत—स्त्री० [स० छत्र] १ वह वास्तु-रचना जिससे कमरा ढका होता है। पाटन। २ उक्त रचना का ऊपरी या निचला तल या भाग। जैसे—(क) छत पर मिट्टी डालना। (ख) छत मे झाड़-फानूस टाँगना। ३. किसी चीज को ऊपर से ढकनेवाला भाग।

पु [स० क्षत] घाव। व्रण।

वि० क्षत।

क्रि० वि० [स० यत्] रहते हुए। आश्रित।

छतगीर—पु० [हि० छत+फा० गीर] १ कमरे मे ऊपरवाली छत के साथ प्रायः उसे ढकने के लिए तथा तानी जानेवाली चाँदनी। २. पलंग के पायो मे बाँधकर खड़े किये हुए बाँसो आदि पर तानी जानेवाली चाँदनी।

छतगीरी—स्त्री० =छतगीर।

छताना—स० [हि० छत] छत डालना या बनाना। कमरा या घर छाना।

अ० छाया जाना। छत आदि से युक्त होना।

अ० [स० क्षत] घाव होना।

अ० [स० यत्] वर्त्तमान रहना।

अ० [?] अदृश्य होना।

पु० [हि० छाना] बड़े-बड़े पत्तो का बनाया हुआ छाता।

छतनार—वि० [हि० छाता या छतना] [स्त्री० छतनारी] (वृक्ष) जिसकी शाखाएँ छत्र की तरह चारो ओर दूर तक फैली हुई हों।

छतराना—अ० [स० छत्रक] १. छत्रक या खुमी की तरह चारों ओर फैलना। जैसे—दाद छतराना। २ अधिक विस्तार से युक्त होना। जैसे—घाव छतराना।

छतरी—स्त्री० [स० छत्र] १ चारों ओर से खुले हुए स्थान के ऊपर का मंडप। २ किसी पूज्य व्यक्ति का समाधि-स्थल जिसके ऊपर मंडप बना हुआ हो। ३. कबूतरों के बैठने के लिए बाँस की पट्टियों का टट्टर। ४. खुम। ५ दे० 'छाता'। ६ एक प्रकार का बहुत बड़ा छाता जिसकी सहायता से हवाई जहाज पर से कूदकर सैनिक नीचे उतरते हैं। (पैराशूट)

पद—छतरी फौज=छतरियों के सहारे हवाई जहाजों से उतरनेवाली सेना।

छतलोट—स्त्री० [हि० छत+लोटना] छत पर पेट के बल लेटकर इधर-उधर लोटते हुए की जानेवाली कसरत या व्यायाम।

छतवंत*—वि० [सं० क्षत+वंत] जिसे क्षत या घाव लगा हो। घायल।

छतां†—क्रि० वि० [हिं० आछत का एक प्रांतिक रूप] विद्यमानता में। रहते हुए। उदा०—देह छतां तुम मिलहु कृपा करि आरतिवंत कबीर। —कबीर।

छता†—पुं० १.=छाता। २.=छत्ता।

छति†—स्त्री०=क्षति।

छतिया—स्त्री०=छाती।

छतियाना—अ० [हिं० छाती] १. छाती से लगाना। २. छाती पर या उसके पास लाना या लाकर रखना। जैसे—गोली चलाने के लिए बंदूक छतियाना।

छतिवन—पुं० [सं० छत्रपर्ण] एक प्रकार का बड़ा पेड़ जिसके कुछ अंग दवा के काम आते हैं।

छतीस*—पुं० [सं० क्षितीश] राजा। उदा०—और दसा परहरौ छतीस।—गोरखनाथ।

छतीसा—वि० [हिं० छत्तीस] [स्त्री० छतीसी] १. बहुत ही चतुर। चालाक। २. ढोंगी। उदा०—आए ही पठाए वा छतीसे छलिया के इतै।—रत्नाकर। ३. व्यभिचारी।

छतुरी†—स्त्री०=छतरी।

छतौना†—पुं०=छाता।

छत्त†—स्त्री०=छत।

छत्तर—पुं० १. दे० 'छत्र'। २. दे० 'अन्नसत्र'।

छत्ता—पुं० [सं० छत्र] १. छाता। छतरी। २. राजा का छत्र। ३. गली आदि की ऊपरी छत। ४. बर्रे, मधुमक्खियों आदि द्वारा निर्मित मोम की वह रचना जिसमें वे स्वयं रहती, अंडे देती तथा शहद जमा करती है। ५. वह पौधा या वृक्ष जिसकी शाखाएँ छितरी या फैली हुई हों। ६. कमल का बीजकोश।

छत्ति—स्त्री० [सं० छत्र] चमड़े का वह कुप्पा जिस पर बैठकर प्राचीन काल में लोग नदी पार करते थे।

छत्ती†—स्त्री०=छत्ति।

पुं०=क्षत्रिय।

छत्तीस—[सं० षट्त्रिंशत्; प्रा०, छत्तीसंती; छत्तीसम्; बँ० सात्रीस; ओ० छत्रीस; पं० छत्ती; सिं० छत्रीह; गु० छत्रीस; ने० छत्तिस् मरा० छत्तीस) जो गिनती में तीस से छः अधिक हो।

पुं० उक्त संख्या का सूचक अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है—३६।

छत्तीसगढ़—पुं० [हिं० छत्तीस+सं० गढ़] आधुनिक मध्यप्रदेश का एक विभाग।

छत्तीसगढ़ी—स्त्री० [हिं० छत्तीसगढ़] छत्तीसगढ़ की बोली।

छत्तीसा—वि० [स्त्री० छत्तीसी, भाव० छत्तीसापन]=छतीसा।

छत्तेदार—वि० [हिं० छत्ता+फा० दार] १. जिसके ऊपर छत्र या छत्ता हो। २. मधुमक्खियों के छत्ते के आकार का।

छत्र—पुं० [सं छद् (ढकना) णिच्+ष्ट्रन्] १. छतरी। २. राजाओं या राज-सिंहासन के ऊपर लगाया जानेवाला बड़ा छाता। ३. कुकुरमुत्ता। ४. एक विष। ५. गुरु का दोषगोपन।

पुं० [सं० सत्र] वह स्थान जहाँ गरीबों या दीन-दुःखियों को धर्मार्थ भोजन कराया जाता है।

छत्रक—पुं० [सं० छत्र√कै (मालूम पड़ना)+क] १. एक प्रकार का छोटा उद्भिज जिसका निचला भाग छड़ी की तरह पतला होता है और जिसका ऊपरी भाग खुले हुए छाते की तरह फैला हुआ होता है। खुमी। (फंगस) २. कुकुरमुत्ता। ३. तालमखाने की जाति का एक पौधा। ४. कौडिल्ला (पक्षी)। ५. मण्डप। ६. [छत्र+कन्] छत्ता।

छत्रकायमान—वि० [सं० छत्रक+क्यङ्+शानच्] छत्रक के रूप में होने या फैलनेवाला। (फंगेटिव)

छत्र-चक्र—पुं० [मध्य०स०] ज्योतिष में, एक प्रकार का चक्र जिससे शुभ-अशुभ फल जाने जाते हैं।

छत्र-छाँह†—स्त्री०=छत्र-छाया।

छत्र-छाया—स्त्री० [ष० त०] छाया, ऐसा आश्रय जो छाते की तरह सुरक्षित रखनेवाला और सुखद हो। संरक्षण।

छत्र-धनी*—पुं०=छत्रधारी।

छत्र-धर—पुं० [छत्र√धृ (धारण)+अच्] १. वह राजा जो छत्र लगाता हो। २. राजा के ऊपर छत्र लगानेवाला सेवक।

छत्रधारी (रिन्)—वि० [सं० छत्र√धृ+णिनि] छत्र-धर।

छत्रप*—पुं०=क्षत्रप।

छत्रपति—पुं० [ष० त०] बहुत बड़ा राजा।

छत्रपन—पुं० [सं० छत्रिय+पन (प्रत्य०)] क्षत्रियत्व।

छत्र-बंध—पुं० [ब०स०] एक प्रकार का चित्रकाव्य जिसमें कविता के अक्षर विशिष्ट प्रकार से सजाने से छत्र या छाते की आकृति बन जाती है।

छत्र-भंग—पुं० [ष०त०] १. राजा का नाश या मृत्यु। २. ज्योतिष का एक योग, जो राजा या उसके शासन के नाश का सूचक माना जाता है। ३. अराजकता।

छत्राक—पुं० [सं० छत्र+टाप्, छत्रा√कै+क] कुकुरमुत्ते, खुमी आदि की जाति के उद्भिजों की सामूहिक संज्ञा।

छत्रिक—पुं० [सं० छत्र+ठन्-इक] छत्र धारण करनेवाला राजा।

छत्री (त्रिन्)—वि० [सं० छत्र+इनि] छत्रयुक्त।

पुं०=क्षत्रिय।

छदंब—पुं० [सं० छद्म] १. छल। २. बहाना।

छद—पुं० [√छद्+अच्] १. ढकनेवाली चीज। आवरण। २. खाल। ३. छाल। ४. खोल। गिलाफ। ५. पत्ता। ६. चिड़िया का पंख।

छद-पत्र—पुं० [ब० स०] १. भोजपत्र। २. तेजपात।

छदन—पुं० [√छद् ल्युट्—अन्] छद। (दे०)

छदाम—पुं० [हिं० छः+दाम] सिक्के का एक मान जो छः दामों अर्थात् पुराने पैसे के चौथाई भाग के बराबर होता था।

छद्दर†—पुं० [हिं० छः+दर ?] वह बैल जिसके मुँह में छः दाँत हों।

छद्दिय*—पुं० [सं० क्षुधा] भूख। उदा०—मरत काल चलि सथ्य, धाम धामन अरु छद्दिय।—चंदबरदाई।

छद्म(न्)—पुं० [√छद्+मनिन्] १. किसी चीज पर आवरण डालकर उसे ढकना या छिपाना। २. वह आवरण जिससे कोई चीज ढकी या छिपाई जाती हो। जैसे—मकान की छत या छाजन। ३. किसी वस्तु या व्यक्ति का वास्तविक बाह्य रूप इस प्रकार कृत्रिम प्रसाधनों,

वस्त्रों आदि से छिपाना या बदलना जिससे उसे कोई पहचान न सके। ऐसा रूप प्रायः किसी को छलने या धोखा देने अथवा दूसरे का मनोरंजन करने के लिए धारण किया जाता है। ४. छल. धोखा।

छद्म-साधक—पुं० [मध्य०स०] वह व्यक्ति जिसने दूसरों को ठगने के लिए अपना साधुओं का-सा वेश बनाया हो।

छद्म-वेश—पुं० [मध्य०स०] दूसरों को छलने या धोखा देने या मन-बहलाव के लिए बनाया हुआ कृत्रिम वेश।

छद्मवेशी (शिन्)—वि० [सं० छद्मवेश+इनि] १. जिसने छद्मवेश धारण किया हो। २. जो प्रायः छद्मवेश धारण करके दूसरों को छलता, धोखा देता अथवा उनका मनोरंजन करता हो।

छद्मी (श्मिन्)—वि० [सं० छद्म+इनि] [स्त्री० छद्मिनी] १. छद्मवेशी। २. छली।

छन—पुं० [सं० क्षण; प्रा० पा० छण; पं० छिण; गु० क्षण; सि० खुणु] १. क्षण। (दे०) २. पर्व का समय। पुण्यकाल।

†पुं० [हिं० छद] हाथों में पहनने का छंद नामक गहना।

पुं० [अनु०] १. तपे हुए धातु के पात्र पर ठंडा तरल पदार्थ पड़ने या छिड़कने से होनेवाला शब्द। २. कड़कड़ाते हुए घी या तेल में किसी वस्तु के तले जाने पर होनेवाला शब्द। ३. घुँघरू या पायल के बजने से होनेवाला शब्द।

छनक—स्त्री० [हिं० छनकना] १. छन-छन शब्द। झनकार। जैसे—घुँघरुओं की छनक। २. छन-छन शब्द होने की अवस्था या भाव।

क्रि० वि० [सं० क्षण+एक] क्षण भर।

वि० [सं० क्षणिक] १. क्षणिक। क्षणभंगुर। २. (व्यक्ति) जो क्षण-क्षण में अपना मत या विचार बदल देता हो। उदा०—छाके है अयान मद छिति के छनक क्षुद्र।—केशव।

छनकना—अ० [अनु० छन छन] छन-छन शब्द होना। जैसे—घुँघरू का छनकना।

अ० [अनु०] चौंकना। भड़कना।

†पुं० दे० 'झुनझुना'।

छनक-भनक—स्त्री० [हिं० छनक+अनु०] १. वह शब्द जो पहने हुए गहनों के आपस में टकराने से उत्पन्न होता है। २. सफ. नखरा।

छनकाना—स० [हिं० छनकना] १. पानी को उबाल तथा खौलाकर उसका परिमाण कम करना। २. तपे हुए पात्र में कोई द्रव पदार्थ डालकर उसे गरम करना। ३. भड़काना। चौंकाना।

स० १. कोई चीज बजाते हुए उसमें से छन-छन शब्द उत्पन्न करना। २. झुनझुना बजाना।

छनछनाना—अ० [अनु०] १. तपी हुई धातु पर जल-कण छोड़ने से छन-छन शब्द होना। २. खौलते हुए घी या तेल में तलने के लिए कोई वस्तु छोड़ने पर छन-छन शब्द होना। ३. कुढ़ होना।

स० १. छन-छन शब्द उत्पन्न करना। २. कुपित या क्रुद्ध करना।

छन-छबि—स्त्री० [सं० क्षण+छवि] बिजली।

छनदा°—स्त्री०=क्षणदा (रात्रि)।

छनन-मनन—पुं० [अनु०] १. घुँघरुओं आदि के बजने से होनेवाला छन-छन शब्द। २. वह शब्द जो खौलते हुए घी या तेल में किसी तली जानेवाली वस्तु को छोड़ने से उत्पन्न होता है।

छनना—अ० [सं० क्षरण] १. चलनी या छलनी अथवा किसी महीन कपड़े में से किसी चूर्ण (जैसे—आटा), छोटे कणों या दानोंवाली वस्तु (जैसे—गेहूँ) अथवा द्रव पदार्थ (जैसे—भाँग) का छाना जाना। २. उक्त के आधार पर किसी नशीले तरल पदार्थ विशेषतः भाँग का पीसा, छाना या पीया जाना। ३. उक्त के आधार पर आपस में गूढ़ वार्त्तालाप या घनिष्ठ संबंध होना।

मुहा०—(आपस में) गहरी छनना=गूढ़ वार्त्तालाप या मेल-जोल होना।

४. उक्त क्रिया से किसी वस्तु या द्रव पदार्थ का अनावश्यक या अनुपयोगी अंश अलग होना। ५. किसी चीज का छोटे-छोटे छेदों में से होकर आना या निकलना। जैसे—पेड़ के पत्तों के बीच से चाँदनी का छनकर आना। ६. किसी आवरण में से किसी चीज का भासित होना या झलक दिखाना। जैसे—घूँघट में से सौंदर्य का छनकर निकलना। ७. छेदों से युक्त होना। जैसे—तीरों के घावों से शरीर छनना। ८. किसी अभियोग, झगड़े या विषय की पूरी तथा सही बातों का पता चलना। जैसे— मामला छनना। ९. किसी प्रकार के जाल या धोखे में फँसना। उदा०—बात मैं लगे हैं ये बिसासी सबै, इनके अनोखे छल छूटनि छनी नहीं।—रत्नाकर।

अ० [हिं० छानना का अ० रूप] १. कड़कड़ाते घी या तेल में खाद्य वस्तुओं का तला जाना। छाना जाना। जैसे—पूरी या बूँदिया छनना। २. इस प्रकार तली हुई चीजों का खाया जाना। जैसे—चलो! वहाँ पूरी-कचौरी छनेगी और खीर उड़ेगी।

अ० [सं० क्षण] १. आच्छादित होना। घिरा होना। २. लिपटा या लपेटा हुआ होना। उदा०—मनों धनी के नेह की बनी छनी पट लाज।—बिहारी।

छनभंगु°—वि०=क्षण भंगुर।

छनभर° क्रि० वि०=क्षण भर।

छनवाना°—स० [हिं०छानना का प्रे०रूप] छानने का काम दूसरे से कराना।

छनिक°—वि०=क्षणिक।

छन्न°—पुं० १.=छन। २.=क्षण।

वि० १.=आच्छन्न। २. =छिन्न।

छन्ना—पु० [हिं० छानना] १ वह कपड़ा जिससे कोई चीज छानी जाय। २. चलनी। छलनी। ३. छोटा कटोरा।

छप—स्त्री० [अनु०] १. किसी तरल पदार्थ (जैसे—जल) अथवा किसी गाढ़े तरल पदार्थ (जैसे—कीचड़) में किसी चीज के आ गिरने से होनेवाला शब्द। २ जोर से छोटा पड़ने का शब्द।

छपकना—स० [हिं० छप (अनु०)] किसी चीज से आघात करना। मारना।

छपका—पुं० [हिं० छपकना] १. बाँस आदि की कमाची। २. पतली छड़ी।

पुं० [अनु०] १. कोई चीज कीचड़, जल आदि में फेंककर उसे उछालने की क्रिया या भाव। २. पानी आदि का छींटा। ३. कीचड़ या पानी के छींटे का कपड़े आदि पर पड़ा हुआ धब्बा। ४. लकड़ी के संदूक के ढक्कन में की वह पटरी जिसमें जंजीर लगी रहती है।

पुं० सिर पर पहनने का एक आभूषण।

छपछप—स्त्री० [अनु०] धारा के किसी चीज से बार-बार टकराने से अथवा किसी चीज को बार-बार धारा में फेंकने से होनेवाला शब्द।

छपछपाना—अ० [हिं० छपछप] छप-छप शब्द होना।
स० छप-छप शब्द उत्पन्न करना।

छपटना—अ० [सं० विपिट] १. चिपकना। २. आलिंगित होना।

छपटाना—स० [हिं० छपटना] १. चिपकाना। २. आलिंगन करना। छाती से लगाना। उदा०—छिति-पति उमगि उठ।इ छोहि छाती छपटायौ।—रत्नाकर।

छपद—पुं० [सं० षट्पद] भौंरा। भ्रमर।

छपन*—वि० [हिं० छिपना] छिपा हुआ।
पुं० [सं० क्षपण] नाश। संहार।

छपनहार—वि०[हिं० छपन+हारा (प्रत्य०)] नाश या संहार करनेवाला।

छपना—अ० [हिं०छापना] १. ठप्पे, साँचे आदि की छाप से युक्त होना। ठप्पे या साँचे से चिह्नित होना। जैसे—धोती छपना। २. कागज, पुस्तक आदि का छप कर तैयार होना। मुद्रित होना। जैसे—कोश छपना ३. किसी कृति, घटना आदि का प्रकाशित होना। जैसे—कविता, लेख या समाचार छपना। ४. छापे में सीसे के बैठाए हुए अक्षरों का अंकित, चिह्नित या मुद्रित होना।
†अ०=छिपना।

छपरखट—स्त्री० [हिं० छप्पर+खाट] वह पलंग जिसके ऊपर डंडों के सहारे कपड़ा तना हो।

छपर खाट—स्त्री०=छपरखट।

छपर छपर—स्त्री०=छपछप।
क्रि० वि० छपछप करते हुए।

छपरबंद—वि०, पुं० छप्परबंद।

छपरबंदी—स्त्री०=छप्परबंदी।

छपरा†—पुं० [हिं० छप्पर] १. छप्पर। २. बाँस का टोकरा जो पत्तों से मढ़ा होता है तथा जिसमें तमोली पान रखते हैं।

छपरिया—स्त्री०=छपरी।

छपरिहाना†—अ० [हिं० छप्पर] १. छप्पर का गिरना या टूटना। २. छप्पर से गिरना या गिरकर टूटना।

छपरी†—स्त्री० [हिं० छप्पर का अल्पा० रूप] १. छोटा छप्पर। २. झोपड़ी (जिसका छोटा-सा छप्पर होता है)।

छपवाई†—स्त्री०=छपाई।

छपवाना†—स०=छपाना।

छपवैया—वि० [हिं० छापना] छापनेवाला।

छपही†—स्त्री० [देश०] उँगलियों में पहनने का एक गहना।

छपा*—स्त्री० [सं० छपा] १. रात्रि। २. हल्दी।

छपाई—स्त्री० [हिं० छापना] छपने या छापने की क्रिया, ढंग, भाव या पारिश्रमिक।

छपाकर*—पुं० [सं० क्षपाकर] १. चंद्रमा। २. कपूर।

छपाका—पुं० [अनु० छपछप] १. कीचड़, पानी आदि में कोई चीज फेंकने से होनेवाला छप शब्द। २. धारा के किसी चीज के टकराने से होनेवाला शब्द। ३. छींटा।

छपाना—स० [हिं० छापना] १. छापने (दे० 'छापना') का काम दूसरे से कराना। २. शीतला का टीका लगवाना।
†स०=छिपाना। उदा०—उठि रेनु रवि गयउ छपाई।—तुलसी।
†अ०=[अनु० छप छप] खेत का सींचा जाना।

छपानाथ—पुं० [सं० क्षपानाथ] चंद्रमा।

छपाव†—पुं०=छिपाव।

छप्पन—वि० [सं० षट्पंचाशत्, प्रा० छप्पणम्, छप्पण] जो गिनती में पचास से छः अधिक हो।
पुं० उक्त संख्या का सूचक अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है—५६।

छप्पन-भोग—पुं० [हिं० छप्पन+सं० भोग] छप्पन प्रकार के व्यंजन। तरह-तरह की खाद्य वस्तुएँ।

छप्पय—पुं० [सं० षट्पद] छः चरणोंवाला एक मात्रिक छंद, जिसके पहले चरण में रोला के और फिर दो चरण उल्लाला के होते हैं।

छप्पर—पुं० [सं० क्षर्पर, प्रा० छप्पर, बं० छापर, ओ० छपर, पं० ह्यां. छप्पर, सिं० छप्प, गु० छापरो, ने० छाप्रो, मरा० छप्पर] १. कच्चे मकानों, झोपड़ियों आदि की वह छाजन जो बाँसों, लकड़ियों तथा फूस की बनी होती है।
मुहा०—(किसी पर) छप्पर टूट पड़ना=एकाएक कोई विपत्ति या संकट आ पड़ना। (किसी को) छप्पर पर रखना=नगण्य समझना। (किसी को) छप्पर फाड़कर देना=अनायास और बहुत अधिक देना। २. झोपड़ी या मकान जिसकी छाजन फूस आदि की हो। ३. किसी प्रकार का आवरण जो रक्षा आदि के लिए ऊपर लगाया जाय। जैसे—नाव पर का छप्पर।

छब*—स्त्री० [सं० छवि] छवि। सौंदर्य।

छबड़ा—पुं० [हिं० छबड़ी का पुं० रूप] बड़ी छबड़ी।

छबड़ी—स्त्री० [पं० छाबड़ी] १. खोंचा। (दे०) २. टोकरी। डलिया।

छब-तबत—स्त्री० [हिं०छवि+अ० तकतीअ] शरीर की सुंदर बनावट।

छबना*—अ० [हिं० छवि] १. छवि या सौंदर्य से युक्त होना। सुशोभित होना। उदा०—उझकि-उझकि पद कंजनि के पंजनि पै पेखि पेखि पाती छाती छोहनि छबै लगि।—रत्नाकर। २. किसी चीज का किसी स्थान पर लगकर ठहर जाना। जैसे—गाल पर कालिख छबना। (बुंदेल०)

छबि—स्त्री०[सं० छवि] छवि। सौंदर्य।
स्त्री०[अ० शबीह] १. ऐसा चित्र या तस्वीर जिसमें किसी व्यक्ति के मुख की आकृति स्पष्ट रूप से दिखाई गई हो। २. चित्र।

छबीला—पुं० [देश०] पड़ाव। उदा०—आध मील चलने के उपरान्त वह अंग्रेजी छबीने के पास पहुँचा।—वृंदावनलाल वर्मा।

छबीला—वि० [सं० प्रा० छवि, दे० प्रा० छाइल्ल; गु० छबिलो; पं० छबीला; मरा० छबिला] [स्त्री० छबीली] १. (व्यक्ति) जो छवि से युक्त हो। सुंदर। २. जो बन-ठन कर रहता हो। छैला। बाँका।

छबुंदा—पुं० [हिं० छ+बुंदा] काले रंग का एक प्रकार का छोटा बहुरीढ़ा कीड़ा जिसकी पीठ पर सफेद रंग की ६ बुंदकियाँ होती हैं।

छब्बीस--वि० [सं० षट्विंशति] जो गिनती में बीस से छः अधिक हो। पुं० उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—२६।

छब्बीसी--स्त्री० [हिं० छब्बीस] फलों आदि की गिनती का एक प्रकार जिसमें २६ गाहियों (अर्थात् १३० दानों) का सैकड़ा माना जाता है।

छम*--वि०=क्षम।

स्त्री० [अनु०] घुंघरू या पायल के बजने का शब्द।

छमक--स्त्री० [हिं० छमकना] छमकने की क्रिया या भाव।

छमकना--अ० [हिं० छम (अनु०)] १. घुंघरुओं आदि के बजने का शब्द होना। २. आभूषणों की झंकार होना। ३. स्त्रियों का गहने पहन कर अथवा यों ही इठलाते या चमकते-मटकते हुए इधर-उधर आना-जाना।

†स०=छौंकना।

†अ०=छौंकना।

छमछम--स्त्री० [अनु०] १. पैरों में पहने हुए गहनों, घुंघरुओं, पायलों आदि के बजने से होनेवाला शब्द। २. जोर से पानी बरसने का शब्द। क्रि० वि० १. छमछम शब्द करते हुए। २. इठलाते या चमकते-मटकते हुए।

छमछमाना--अ० [अनु०] १. छमछम शब्द उत्पन्न होना। २. चमकना। स० छमछम शब्द उत्पन्न करना।

छमता*--स्त्री०=क्षमता।

छमना--सं० [स० क्षमन्] क्षमा करना। माफ करना।

छमवाना*--स० [हिं० छमना का प्रे० रूप] १. किसी को क्षमा करने में प्रवृत्त करना। २. अपने आपको क्षमा या माफ करवाना।

छमाई*--स्त्री० [हिं० छमा] क्षमा।

छमाछम--क्रि० वि० [अनु०] छमछम शब्द करते हुए।

छमाना*--स० [हिं० छमना का प्रे० रूप] १. क्षमा कराना। २ सहन कराना। उदा०--कौ लगि जीव छमावै छपा मैं छपाकर की छबि छाई रहैरी।—देव।

छमाशी--स्त्री० [हिं० छः+माशा] छः माशे की तौल का बाट।

छमासी--स्त्री० [हिं० छः+सं० मास] वह श्राद्ध जो किसी व्यक्ति के मरने के छः महीने बाद किया जाता है। छमाही।

छमाही--स्त्री० [हिं० छः+माह] १ छः महीनों का समय। २ छः महीनों बाद मिलनेवाली अनुवृत्ति। ३ दे० 'छमासी'।

वि० हर छः महीने पर होनेवाला।

छमिच्छा*--स्त्री० १.=समीक्षा। २.=समस्या।

छमुख--वि० [हिं० छः+सं० मुख] जिसके छः मुख हों।

पु० षडानन।

छय--पुं० [स० क्षय] क्षय। नाश।

छयना--अ० [हिं० छय] १. क्षय होना। २. क्षीण होना।

स० क्षय करना। उदा०--ह्वै कै काई जल को छयौ।—सूर।

अ०=छाना।

स०=छाना।

छयल (ल्ल)*--वि०=छैला।

छयासठ--वि०, पु०=छियासठ।

छर*--पु०=छल।

पु०=क्षर।

वि० [स० क्षर] भारी। जैसे--छरभार भारी बोझ।

छरकना†--अ० [अनु० छरछर] किसी पदार्थ का कभी तल या धरातल को स्पर्श करते हुए और कभी वेग से उछलते हुए आगे बढ़ना।

*अ०=छटकना।

†अ०=छलकना।

†अ०=छिटकना।

छरकायल--वि० छरकीला।

छरकीला--वि० [हिं० छड़ी] १. दुबला-पतला। २ बहुत लंबा।

छरछंद*--पु० छलछंद।

छरछराना†--अ० [स० क्षार] [भाव० छरछराहट] घाव में चुनचुनाहट या जलन होना।

स० चुनचुनाहट या जलन उत्पन्न करना।

छरद--स्त्री० [स० छर्दि] कै। वमन।

मु०--छिया छरद करना--दे० 'छिया' के अंतर्गत मुहा०।

छरन--वि० [हिं० छरना छलना] [स्त्री० छरनि] छलनेवाला।

पु० क्षरण।

छरना†--स० [स० क्षरण] सूप में अनाज आदि छींटना या फटकना। अ० १. अनाज आदि का छींटा या फटका जाना। २. दूर होना। न रह जाना। ३. तरल पदार्थ का कहीं से निकलकर धीरे-धीरे बहना। चना। टपकना। रसना।

*स० छलना।

*स० छड़ना।

स्त्री० छलना।

छरबर*--पु० छलबल।

छरहटा--पु० [स० छलहट्ट] १ ऐसा स्थान जहां लोग छले या ठगे जाते हैं। छल का बाजार। २ इन्द्रजाल। उदा०--कतहुँ छरहटा पेखन लावा।—जायसी।

छरहरा--वि० [हिं० छड़ हरा (प्रत्य०)] [स्त्री० छरहरी, भाव० छरहरापन] १. जो शारीरिक दृष्टि से इकहरे शरीर का हो। जिसमें मोटाई सामान्यतः बहुत कम हो। दुबला-पतला। २. चुस्त। फुरतीला।

†वि० [हिं० छल+हारा] बहुरुपिया।

छरा--पु० [स० शर, हिं० छड़] १ माला या हार का लड़। २. इजारबंद। ३ छर्रा।

छरिंदा--वि० छरीदा।

छरी--स्त्री० छड़ी।

†वि०=छली।

*स्त्री० [स० अप्सरा, हिं० अपछरी] अप्सरा।

छरीदा*--वि० [अ० जरीदः] १. अकेला। २. (यात्रा के समय) जिसके पास असबाब या माल न हो।

छरीला--पु० [स० शैलेय] एक सुगंधित वनस्पति।

पु० [?] बकरा।

छरोरा†--पु० [स० क्षर] वह घाव या खरोंच जो शरीर के छिलने से बनती हो।

छर्द—पुं० [सं०√छर्द् (वमन करना)+घञ्] कै। वमन।

छर्दिक—स्त्री० [√छर्द्+णिच्+ण्वुल्—अक,—टाप्, इत्व] १. कै। वमन। २. विष्णुकांता लता।

छर्दिका-घ्न—पुं० [छर्दिका+√हन्(मारना)+टक्] बकाइन। महानिंबा।

छर्रा—पुं० [अनु० छरछर] १ पत्थर आदि का छोटा टुकड़ा। २. कंकड़ का छोटा टुकड़ा जो घुँघरू की कटोरी में बंद रहता है और जो घुँघरू के हिलाए जाने पर शब्द करता है। ३. बंदूक, राइफल के द्वारा छोड़ी जानेवाली किसी धातु की गोली अथवा उसका कोई रूप।

मुहा०—छर्रा पिलाना=बंदूक या राइफल से छर्रे भरना।

छर्लक, छर्लंग†—स्त्री० =छलांग।

छल—पुं० [स०√छो (काटना)+कलच्, पृषो० सिद्धि पा० प्रा छल; ब० छल; आ० छड्; पं० छल, गु० छड, ने० छल० मरा० सद] १. कपट, कौशल, धूर्तता आदि से युक्त वह व्यवहार जो अपना उद्देश्य सिद्ध करने के लिए किसी को धोखे में रखकर, बहकाकर या वास्तविकता छिपाकर उसके साथ किया जाता है। २. बहाना। मिस। ३ धूर्तता। ४. कपट। ५. धोखेबाजी। ६ शत्रु पर युद्ध के नियम के विरुद्ध वार करना। ७. शास्त्रार्थ में, प्रतिपक्षी के कथन का उसके अभिप्राय से भिन्न कोई दूसरा अर्थ करना।

छलक—स्त्री० [हिं० छलकना] छलकने की क्रिया या भाव।

छलकम*—स्त्री० [हिं० छलकना] १ छलका। २ वह अंश जो छलक कर गिरे।

छलकना—अ० [स० क्षर्] १. किसी तरल पदार्थ का अपने आधान या पात्र में पूरी तरह से भर जाने पर उमड़कर इधर-उधर गिरना या गिरने को होना। जैसे—आँखों में आंसू छलकना। २. किसी पात्र में रखे हुए तरल पदार्थ का (पात्र के हिलने पर) झटके से उछलकर पात्र से बाहर गिरना। ३ लाक्षणिक रूप में, किसी चीज का किसी बात से पूरी तरह से भर जाने या युक्त होने पर चारों ओर फूटना या फैला हुआ दिखाई पड़ना। जैसे—आँखों या हृदय से स्नेह छलकना।

छल-कपट—पुं० [द्व० स०] धूर्ततापूर्ण आचरण या व्यवहार। धोखेबाजी।

छलकाना—स० हिं० 'छलकना' का स० रूप।

छल-छंद—पुं० [द्व० स०] दूसरे को छलने के लिए किया जानेवाला छलपूर्ण व्यवहार। चालबाजी।

छलछंदी (न्दिन्)—वि० [सं० छलछन्द+इनि] चालबाज।

छलछलाना—अ० =छलकना।

छल-छाया—स्त्री० [ष० त०] माया। कपट-जाल।

छल-छिद्र—पुं० [द्व० स०] कपट या छलपूर्ण व्यवहार।

छलछिद्री (न्द्रिन्)—वि०[सं० छलछिद्र+इनि] कपटी। धूर्त।

छलन—पुं० [सं० छल+णिच्+ल्युट्—अन] छलने की क्रिया या भाव।

छलना—स्त्री० [सं० छल+णिच्+युच्—अन, टाप्] १. किसी को छलने अर्थात् धोखा देने की क्रिया या भाव। २. वह काम, चीज या बात जिसका उद्देश्य ही दूसरों को छलना या धोखा देना हो। जैसे—यह सारी सृष्टि ही छलना है।

स० [सं० छलन] १. छलपूर्ण आचरण या व्यवहार करना। धोखा देना। भुलावे में डालना। २. अपने गुण, रूप आदि का ऐसा प्रदर्शन करना कि उसकी आड़ में किसी का गुण हर लिया जाय।

छलनी—स्त्री० [सं० क्षरण] १. आटा आदि छानने का छेदोंवाला या जालीदार छोटा उपकरण। चलनी।

मुहा०—छलनी में डालकर छाज उड़ाना=छोटी बात को बड़ी करना। २. ऐसी चीज जिसमें उक्त प्रकार के बहुत से छोटे-छोटे छेद हों। जैसे—काँटों में चलते-चलते पाँव छलनी हो गये।

छल-बल—पुं० [द्व० स०] वे कपटपूर्ण ढंग या व्यवहार जिनसे किसी की खुशामद करके, धोखा देकर अथवा दबाव डालकर अपना काम निकाला जाता है।

छलबल—स्त्री० [अनु०] १. चटक-मटक। २. शोभा।

छलमलना*—अ०=छलकना।

छलमलाना*—अ०=छलकना।

स०=छलकाना।

छलहाया—वि० [सं० छल+हिं० हाया (प्रत्य०)] [स्त्री० छलहाई] छल करने या झाँसेबाज। छली। छलिया।

छलाँग—स्त्री० [हिं० छाल=उछाल+अंग] एक स्थान से खड़े-खड़े वेगपूर्वक उछलकर दूसरे स्थान पर जा खड़े होने की क्रिया या भाव।

क्रि० प्र०—भरना।

मुहा०—छलाँगें मारना=(क) बहुत तेजी से चलना। (ख) जल्दी-जल्दी उन्नति करते हुए ऊँचे पद पर पहुँचना।

छलाँगना—अ० [हिं० छलाँग] छलाँगें भरते हुए आगे बढ़ना।

छला†—पुं० छल्ला।

छलाई*—स्त्री०=छल।

छलाना—स०[हिं० छलना का प्रे० रूप] छलने का काम दूसरे से कराना। अ० छला जाना। धोखे में आना।

छलावरण—पुं० [स० छल—आवरण ष० त०] [वि० छलावृत्त] १. वास्तविक बात या रूप छिपाने के लिए ऊपर से उसे कोई ऐसा रूप देना जिसे देखनेवाले धोखे में पड़ जायँ। २. युद्ध-क्षेत्र में अपनी तोपों, मोरचों आदि को शत्रु की दृष्टि से बचाने के लिए वृक्षों की डालियों, पत्तियों आदि से ढकना। (कैमोफ्लेज)

छलावा—पुं० [हिं० छल] १. भूत-प्रेत आदि की वह छाया जो एक बार सामने आकर अदृश्य हो जाती है। २. दलदल या जंगलों में रह-रहकर दिखाई पड़नेवाला वह प्रकाश जो मृत शरीरों की हड्डियों में छिपे हुए फासफोरस के जल उठने से उत्पन्न होता है।

विशेष—इसी को लोग अगिया बैताल या उल्कामुख (प्रेत के मुख से निकलनेवाली आग) भी कहते हैं।

मुहा०—छलावा खेलना=अगिया बैताल का इधर-उधर दिखाई पड़ना।

छलिक—पुं० [सं० छल+ठन्—इक] रूपक का एक प्रकार।

छलित—वि० [सं० छल+णिच्+क्त] जो छला या ठगा गया हो।

छलिया—वि० [सं० छल] दूसरों को छलनेवाला। छलपूर्ण आचरण या व्यवहार करनेवाला।

छली (लिन्)—वि० [सं० छल+इनि] छलिया।

छलीरी—स्त्री० [हिं० छाला] एक रोग जिसमें उँगलियों के नाखूनों के नीचे का मांस सड़ने लगता है और उसमें छाले पड़ जाते हैं।

छल्ला—पुं०[सं० छल्ली=छाल] १. किसी धातु अथवा किसी पदार्थ

की बनी हुई बेंगूठी के आकार की कोई गोलाकार रचना । २ उक्त की तरह की कोई गोलाकार आकृति । जैसे—बालों का छल्ला । ३. वह गोलाकार रचना या घेरा जो हुक्के के नेचे मे कलावत्तू आदि के तारों का बना होता है । ४. किसी प्रकार का गोल घेरा या मडल ।

छल्लि—स्त्री० [सं० छद्√ला (लेना)+कि] १. छाल । २ लता । ३. संतति ।

छल्ली—स्त्री० [सं० छल्लि+ङीष्] १. छाला । २. लता । ३. वृक्षो की टहनियों आदि से बनी हुई दौरी या लावा । ४. अनाज के बोरो की पंक्ति या क्रम से लगा हुआ ढेर । ५. मक्के की बाल । भुट्टा । (पश्चिम)

छल्लेदार—वि० [हिं० छल्ला+फा० दार] मंडलाकार घेरे या चिह्नो-वाला । जिसकी आकृति छल्ले की तरह घेरदार हो । जैसे—छल्लेदार बाल ।

छवा†—वि०=छः ।

छवाक—वि० [हिं० छकना] छका हुआ । तृप्त ।

छवा†—पुं०=छावा (शावक) ।
पु० [देश०] पैर की ऐड़ी ।

छवाई—स्त्री० [हिं० छाना] छाने या छवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी ।

छवाना—स० [हिं० छाना का प्रे० रूप] छाने का काम दूसरे से कराना ।

छवि—स्त्री० [सं०√छो (छेदन)+कि्] छवि । (दे०)

छवैया†—वि० [हिं० छाना] छवाने या छानेवाला । छाने या छवाने का काम करनेवाला ।

छहर—स्त्री० [हिं० छहरना] बिखरने की क्रिया या भाव ।

छहरना—अ० [सं० क्षरण] छितराना । बिखरना । उदा०—मोती की फुहार सी छहरें—पत ।

छहराना†—स० [हिं० छहरना] छितराना । बिखेरना ।
†अ०=छहरना ।

छहरीला†—वि० [हिं० छहरना] [स्त्री० छहरीली] छितराने या बिखरनेवाला ।

छहियाँ†—स्त्री०=छाँह ।

छही—स्त्री० [देश०] वह मादा पक्षी विशेषत: कबूतरी जो अन्य पक्षियो को बहकाकर अपने बड्डे पर या दल में लाये ।

छाँ°—स्त्री०=छाँह ।

छाँई°—स्त्री०=छाँह ।

छाँक—पुं० [फा० चाक] खंड । भाग ।
†स्त्री०=छाक ।

छाँगना—स० [सं० छिन्न] १. छिन्न या अलग करना । २. कुल्हाड़ी आदि से पेड़ आदि की शाखा काटना ।

छाँगुर—पुं० [हिं० छः+अगुल] वह व्यक्ति जिसके हाथ मे छः उँग-लियाँ हों ।

छाँछ—स्त्री० [हिं० छाछ] १.=छाछ । २. छाछ रखने का एक पात्र । छछिया ।

छाँछी†—स्त्री० [हिं० छाँछ] छाछ रखने का छोटा पात्र । छछिया ।

छाँट—स्त्री० [हिं० छाँटना] १. छाँटने की क्रिया या भाव । २. छाँट कर अलग की हुई निकम्मी वस्तु या रद्दी अंश । ३. दे० 'छँटनी' ।
†स्त्री० [स० आदि] कै । वमन ।

छाँट-छाड़का†—पुं० [हिं० छाँटा+छाड़कना] बूँदा-बाँदी । हलकी वर्षा ।

छाँटना—स० [स० छर्द्, प्रा० छड्ड; २. सं० शत्>शातः>छाट; उर्स, ध्वज; दे प्रा० छाण्ट; ब० छाटा; ओ० छाटिबा; प० छाटणा; गु० छाटवु; मराठी छाट (गे)] १. आगे की ओर निकला या बढ़ा हुआ (फलत अनावश्यक और फालतू अश) काटकर अलग करना । जैसे—पेड की शाखाएँ या सिर के बाल छाँटना । २ कूट-फटक कर अनाज की भूसी अलग करना । ३ गदी या दूषित वस्तु किसी चीज मे से निकालना । साफ करना । जैसे—मैल छाँटना । ४ कै करना । वमन करना । ५ किसी वस्तु को कतरकर विशेष आकार या रूप देना । जैसे—मलमल के टुकड़े मे से कुर्ता छाँटना । ६ कुल सामग्री मे से उपयुक्त वस्तुएँ चुनकर अपने काम के लि अलग कर लेना । जैसे—पुस्तकें छाँटना । ७. लेख आदि मे का वाछनीय अश ले लेना और अवांछनीय अंश काट या छोड़ देना ।
पद—काटना-छाँटना । (दे०)
८. अनावश्यक रूप से अपनी योग्यता दिखाना । जानकारी बघारना । जैसे—अंग्रेजी छाँटना, कानून छाँटना ।

छाँटा—पुं० [हिं० छाँटना] १ छाँटने की क्रिया या भाव । २ किसी को छल से किसी मडली, सभा अथवा उसकी सदस्यता से अलग करना ।
क्रि० प्र०—देना ।

छाँड़ना†—स०=छोड़ना ।

छाँद—स्त्री० [सं० छद=बधन] १. चौपायो के पैरों में बाँधी जानेवाली रस्सी । २. छाँदने की क्रिया या भाव ।

छाँदना—स० [हिं० छाँद+ना (प्रत्य०)] १ रस्सी से बाँधना । जैसे—असबाब बाँधना-छाँदना । २. चौपायो के पिछले दोनो पैरों को सटाकर रस्सी से बाँधना जिससे वह दूर जाने या भागने न पावे ।

छांदसीय—वि० [सं० छन्दस्+अण्+छ—ईय] (वह) जो छदशास्त्र का ज्ञाता हो ।

छाँदा—पुं० [हिं०छाँदना] वह भोजन जो ज्योनार, भडारे आदि से कपड़े आदि मे बाँधकर लाया जाय । परोसा । जैसे—ब्राह्मणों को भोजन कराने के बाद एक-एक छाँदा भी दिया गया था ।

छांदोग्य—पु० [स० छन्दोग+ष्य] एक प्रसिद्ध उपनिषद् जो सामवेद का अंग है और जिसमे सृष्टि की उत्पत्ति,यज्ञो के विधान तथा अनेक प्रकार के उपदेश हैं ।

छाँधना†—स०=छाँदना ।

छाँध—स्त्री० =छाँह ।

छाँवड़ा—पुं०=छौना ।

छाँह†—स्त्री० [स० छाया; पा० छाय, प्रा० छाआ, छाहा; का० छाय; उ० छाइ; पं० छाँ; सि० छाव; गु० छाँइ, मराठी सावली] १. दे० 'छाया' । २. दे० 'प्रतिबिंब' । ३. ऊपर से छाया हुआ स्थान । ४. शरण ।

मुहा०—छाँह न छूने देना=किसी को पास या समीप न आने देना। ५. भूत-प्रेत आदि का प्रभाव

मुहा०—छाँह बचाना=बहुत दूर या परे रहना।

छाँहगीर—पुं० [हिं० छाँह+फा० गीर] १. राजछत्र। २. चँदोआ (दे०)। ३. दर्पण।

छाई†—स्त्री० [सं० क्षार] १. राख। २. जले हुए पत्थर के कोयले के वे छोटे-छोटे कण जिनमें चूना मिलाकर जुड़ाई के लिए गारा बनाया जाता है।

छार्ई†—स्त्री०=छाया।

छाउर*—पुं० [सं० क्षार] राख।

छाक—स्त्री० [हिं० छकना] १. छकने की क्रिया या भाव। २. वह भोजन जो दोपहर के समय खेत पर काम करनेवाले व्यक्ति के लिए भेजा जाता है। दोपहर का कलेवा। ३. शराब पीने के समय खाई जानेवाली चटपटी चीजें। चाट। ४. नशा। मद। उदा०—दिन छिनदा छाकी रहत छुटत न बिनु छबि छाकु।—बिहारी। ५. नशीली चीज। मादक पदार्थ। उदा०—आछू पहर की छाक पीवै।—कबीर। ६. मत्तता। मस्ती।

छाकना—अ० [हिं० छकना] १. तृप्त होना। छकना। २. भर जाना। उदा०—कियो हुमुकि हुंकार छोभि त्रिभुवन भय छाक्यौ।—रत्नाकर। ३. चकित होना।

स० छकना। धोखा खाना।

छाकु—पु० [हिं० छाक] मद्य। मदिरा।

छाग—पुं० [√छो (काटना)+गन] १. बकरा। २. बकरी का दूध। ३. पुरोडाश। ४. मेष राशि।

वि० बकरा-संबंधी। बकरे का।

छागभोजी (जिन्)—वि० [छाग√भुज् (खाना+णिनि] बकरे का मांस खानेवाला।

पु० भेड़िया।

छागमख—पु० [सं० छाग+मयट्] कार्तिकेय का छठा मुख।

छागमुख—पुं० [ब० स०] १. कार्तिकेय। २. कार्तिकेय का एक अनुचर।

छागर—पुं० [सं० छागल] बकरा। उदा०—छागर मेंढ़ा बड़ औ छोटे।—जायसी।

छाग-रथ—पुं० [ब० स०] अग्नि।

छागल—पुं० [स० छगल+अण्] बकरा।

स्त्री० पानी भरने के लिए बनाई हुई चमड़े की मशक। डोल।

स्त्री० [पश्तो] पैर में पहनने का एक गहना।

छाग-वाहन—पुं० [ब० स०] अग्नि।

छागिका—स्त्री० [सं० छागी+कन्, टाप्, ह्रस्व] बकरी।

छागी—स्त्री० [सं० छाग+ङीप्] बकरी।

छाछार—वि० [सं० साक्षात्] मूर्तिमान। साकार। उदा०—रानी का है छाछार वर्ण है।

छाछ—स्त्री० [सं० छिक्किका] दही का वह पोल जिसमें से मक्खन मथकर निकाल लिया गया हो। मट्ठा।

छाछरी*—स्त्री० [?] मछली।

छाछठ—वि० [स० षट्षष्टि] जो गिनती या संख्या में साठ से छः अधिक हो।

पुं० उक्त संख्या का सूचक अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है—६६।

छाछी†—स्त्री०=छाछ।

छाज—पुं० [सं० छाद] १. सरकंडों, सींकों आदि का बना हुआ एक प्रसिद्ध उपकरण जिससे अनाज फटका जाता है। सूप। २. छप्पर। ३. छज्जा।

पुं० [हिं० छजना] १. छजने की क्रिया या भाव। २. किसी को छलने या ठगने के लिए बनाया जानेवाला रूप। स्वाँग ३. सजावट। ४. वेष-भूषा।

छाजन—स्त्री० [सं० छादन] १. छाने की क्रिया, भाव या मजदूरी। छवाई। २. छप्पर। ३. घर के ऊपर की बनावट जो छत के रूप में और छाया के लिए होती है। ४. त्वचा का एक रोग जिसमें जलन होती है।

पु० कपड़ा। वस्त्र।

पु० [हिं० छजना] छलने या ठगने के लिए धारण किया जानेवाला वेश।

छाजना—अ० [हिं० छजना] १. सुंदर जान पड़ना। २. सुशोभित होना। फबना।

स० १. सुंदर बनाना। सजाना। २. सुशोभित करना।

छाड़ना*—स० =छोड़ना।

छात—स्त्री०=छत।

पु० १. छत्र। उदा० —का कहैं बोलि सौहैंभा, पातसाहि कर छात।—जायसी। २. छाता।

छाता—पुं० [सं० छत्रकम्; पा० छत्तकम् सि० छद्म; उ० छाता; मराठी छत्र] १. कपड़े का वह प्रसिद्ध आच्छादन जो छड़ी में लगी हुई तीलियों पर कपड़ा आदि चढ़ाकर बनाया जाता है और जिसे धूप, वर्षा आदि से रक्षित रहने के लिए सिर के ऊपर खोल या तानकर चलते हैं। २. उक्त आकार की कोई वानस्पतिक रचना। छत्ता। जैसे—खुमी का छाता। ३. दे० 'छतरी'।

छाती—स्त्री० [सं० छादिन् छाने या छाया करनेवाला] १. जीवों के शरीर का सामनेवाला वह भाग जो पेट और गरदन के बीच स्थित होता है। वक्षस्थल। २. मनुष्य के शरीर का उक्त भाग, जिसमें स्त्री जाति में स्तन होते हैं।

मुहा०—छाती जलना=अपच के कारण उक्त अंश के भीतरी भागों में जलन होना। छाती पीटना=बहुत दुःखी या शोकमग्न होने पर छाती पर हथेली से बार-बार आघात करना। छाती लगाना=आलिंगन करना।

३. स्त्रियों का स्तन।

मुहा०—छाती खुलना=ऐसी क्रिया करना जिससे शिशुओं के स्तन-पान करने का अभ्यास छूटे। छाती पिलाना=स्त्री का संतान को अपना दूध पिलाना।

४. मन। हृदय।

मुहा०—छाती उमड़ना=प्रसन्नता से फूले न समाना। छाती जलना=कोई कष्टदायक घटना या बात होने पर संतप्त होना। छाती जुड़ाना

या ठंडी होना—अभिलाषा पूर्ण होने पर मन का शान्त होना। **छाती पत्थर की करना**—अपने हृदय को इतना कड़ा करना या बनाना कि उस पर किसी दुःख का प्रभाव न पड़े। **(किसी की) छाती पर कोदों या मूँग दलना**—किसी के सामने जान-बूझकर ऐसा आचरण या काम करना जिससे उसका दिल दुखता हो। **छाती पर पत्थर रखना**—दुःखी या शोकमग्न होने पर अपने दिल को कड़ा करना। **छाती पर साँप फिरना या लोटना**—(क) कलेजा दहल जाना। (ख) ईर्ष्या के कारण व्यथित होना। **छाती फटना**—बहुत अधिक असह्य दुःख या वेदना होना। **छाती भर आना**—हृदय गद्गद् हो जाना।

५. जीवट। साहस। हिम्मत।

छात्र—पुं० [सं० छत्र+ण] [स्त्री० छात्रा] १. विद्यार्थी। २. शिष्य।

वि० १. छात्र—संबंधी। २. गुरु या बड़े पर छत्र लगाकर उसके पीछे-पीछे चलनेवाला।

छात्रवृत्ति—स्त्री० [ष० त०] निर्धन तथा योग्य छात्रों को विद्याध्ययन करने अथवा किसी विषय में अनुसंधान करने के लिए कुछ समय तक नियमित रूप से दी जानेवाली आर्थिक सहायता। (स्कालर शिप)

छात्रालय—पुं० [सं० छात्र-आलय ष०त०] छात्रावास।

छात्रावास—पुं० [सं० छात्र-आवास ष०त०] वह स्थान जहाँ बहुत से छात्र निवास करते हों। छात्रों के रहने का स्थान। (बोर्डिंग हाउस)

छाद—पुं० [सं०√छद् (छाना)+णिच्+घञ्] १. छत। २. छप्पर।

छादक—वि० [सं०√छद्+णिच्+ण्वुल्—अक] आच्छादित करने या छानेवाला।

छादन—पुं० [सं० √छद्+णिच्+ल्युट्—अन] [वि० छादित] १. छाने या ढकने की क्रिया या भाव। २. वह चीज जिससे कुछ छाया या ढका जाय। आच्छादन। आवरण। ३. छिपाव। दुराव। ४. कपड़ा। ५. चादर। दुपट्टा।

छादित—भू०कृ० [सं०√छद्+णिच्+क्त] ऊपर छाया हुआ। उदा०—तुहिन वाष्प के सुरंग जलद से छादित, इन्दु रश्मि के इन्द्र जाल से स्पर्शित।—पंत।

छादिनी—स्त्री० [सं०√छद्+णिच्+णिनि—ङीप्] १. चमड़ा। २. खाल।

छाद्मिक—वि० [सं० छद्मन्+ठक्—इक] १. (व्यक्ति) जो छद्मवेश धारण किये हो। बहुरूपिया। २. ढोंगी। मक्कार।

छान—स्त्री० [सं० छादन] छप्पर। छाजन।

स्त्री० [हिं० छानना] छानने की क्रिया या भाव।

पद—छान-बीन (दे०)।

स्त्री० [सं० छद या हिं० छाँद] चौपायों के पैरों में बाँधी जानेवाली रस्सी।

छानना—स० [सं० चालन] १. (क) चलनी या छाननी में कोई चीज डालकर उसे (चलनी को) बार-बार इस प्रकार हिलाना कि उस चीज के मोटे कण चलनी में बचे रहें और महीन कण नीचे गिर पड़े। जैसे—गेहूँ छानना। (ख) कपड़े के ऊपर चूर्ण या बुकनी रखकर उसे ऊपर से हाथ आदि से इस प्रकार चलाना कि उसमें का महीन अंश नीचे छनकर गिर पड़े। कपड़छान करना। (ग) किसी तरल पदार्थ को चलनी या वस्त्र में से इस प्रकार निकालना कि उसमें मिले या पड़े हुए मोटे कण ऊपर रह जायँ। जैसे—जाय या दूध छानना। (घ) उक्त के आधार पर पिसी या घुली हुई भाँग के संबंध में उक्त क्रिया करना।

मुहा०—भाँग छानना—भाँग पीस तथा घोलकर पीना।

विशेष—कुछ लोग इसी के आधार पर शराब के साथ 'छानना' क्रिया का प्रयोग करते हैं जो ठीक नहीं है।

२. ऐसी रासायनिक क्रिया करना जिससे एक धातु में मिला हुआ दूसरी धातु का अंश अलग हो जाय। जैसे—तेजाब में सोना छानना। ३. कोई चीज ढूँढने के लिए सब जगह या सब चीजें अच्छी तरह देखना-भालना। जैसे—(क) सारा घर या शहर छानना। (ख) पूरी रामायण या महाभारत छानना।

छाननी—स्त्री० चलनी।

छान-बीन—स्त्री० [हिं० छानना-बीनना] १. छानने या बीनने की क्रिया या भाव। २. अनुसंधान। जाँच-पड़ताल।

छाना—स० [सं० छादनकृ, पा० छाद] १. छाया के लिए किसी स्थान पर कोई आवरण डालकर या कोई रचना खड़ी कर उसे ढकना। जैसे—छाजन छाना। २. छाया करने के लिए किसी स्थान से कुछ ऊपर कोई वस्त्र तानना या फैलाना। ३. आवास के प्रसंग में, निर्मित करना। जैसे—घर या झोपड़ी छाना।

अ० १. किसी चीज या बात का इस प्रकार चारों ओर फैल जाना कि अपने क्षेत्र में हर जगह वही दिखाई दे। जैसे—अंधकार छाना, बादल छाना, रोब छाना। २. डेरा डाल कर या जमकर कहीं रहना। उदा०—जोगिया जी छाइ रह्या परदेश।—मीरा।

छानि*—स्त्री० छानी।

छानी—स्त्री० [हिं० छाना] घास-फूस की छाजन।

मुहा०—(किसी की) छानी छवाना—ऐसी व्यवस्था करना कि कोई संरक्षित रूप से रह सके।

वि० छिपा हुआ। गुप्त।

छाने-छाने*—क्रि० वि० [हिं० छाना] चुपके से। छिपे छिपे।

छाप—स्त्री० [हिं० छापना] १. छापने की क्रिया या भाव। २. वह ठप्पा या साँचा जिससे कोई चीज छापी जाय। ३. छापने से बननेवाला विशिष्टता सूचक कोई चित्र या चिह्न। जैसे—वैष्णवों के अंगों पर गरम धातु से अंकित शंख, चक्र आदि का चिह्न। ४. ऐसी अँगूठी जिस पर छापने के लिए कोई अंक या चिह्न बना हो। मुद्रा। ५. अँगूठी (पश्चिम)। ६. कविता के अन्त में रहनेवाला कवि का उपनाम। ७. किसी प्रकार के विशिष्ट प्रभाव के फलस्वरूप दिखाई देनेवाला चिह्न या बात। जैसे—इस कवि पर ब्रजभाषा की छाप स्पष्ट दिखाई पड़ती है। ८. किसी कथन, घटना, दृश्य आदि के प्रभावशाली होने या ठीक जान पड़ने के कारण मन पर पड़नेवाला उसका प्रभाव।

छापना—स० [हिं० छाप] १. ठप्पे आदि पर रंग या स्याही लगाकर उसे किसी वस्तु पर इस प्रकार दबाना कि ठप्पे पर बनी हुई आकृति उस वस्तु पर छप या बन जाय। २. यंत्रों की सहायता से अक्षर, चित्र आदि मुद्रित करना। ३. पुस्तक, लेख, समाचार-पत्र आदि प्रकाशित करना। ४. किसी तल पर काला कागज रख कर उस पर इस प्रकार चित्र बनाना या कुछ लिखना कि उस तल पर उस कागज की सहायता से चिह्न बन जायँ।

स०=छोपना। उदा०--सब मुख कंजनि खिलत सोक पाला परि छाप्यौ।--रत्नाकर।

छापा--पुं०[हिं० छापना] १. धातु अथवा लकड़ी का वह टुकड़ा जिस पर फूल-पत्ती आदि खुदी रहती है और जिस पर रंग या स्याही लगाकर उसकी छाप किसी तल पर लगाई जाती है। ठप्पा। २. उक्त उपकरण की छाप। ३. विष्णु के आयुधों के वे चिह्न जो भक्त लोग तप्त मुद्रा से अपने शरीर पर अंकित कराते हैं।उदा०--जप माला छापे तिलक....।--बिहारी। ४. मोहर, मुद्रा और उसकी छाप। ५. मंगल अवसरों पर हथेली और पाँचों उँगलियों का वह चिह्न जो हल्दी आदि की सहायता से दीवारों आदि पर लगाया जाता है। ६. पुस्तकें, समाचार-पत्र आदि छापने की कला या यंत्र। ७. शत्रु या शिकार पर अचानक किया जानेवाला हमला।

क्रि० प्र०--डालना।--मारना।

८. किसी की तलाशी लेने के लिए और कुछ विशिष्ट वस्तुएँ पकड़ने के लिए पुलिस का अचानक या अप्रत्याशित रूप से कहीं पहुँचकर सब चीजें देखना-भालना।

क्रि-प्र०--मारना।

छापा-खाना--पुं०[हिं०छापना+फा० खान.] वह संस्थान जहाँ यंत्रों आदि की सहायता से छपाई का काम होता हो। मुद्रणालय। (प्रिंटिंग प्रेस)

छापामार--वि०[हिं० छापा+मारना] अचानक किसी पर आक्रमण करनेवाला। छापा मारनेवाला।

छापामारी--स्त्री०[हिं० छापामार] छापा मारने की क्रिया या भाव।

छाब†--पुं०[देश०] घुटना।

छाबड़--पुं०[हिं० छाबड़ी] बड़ी छाबड़ी। उदा०--मिणचर छाबड़ माय, पड़ै न राणप्रतापसी।--दुरसाजी।

छाबड़ी--स्त्री०[हिं० छाबा] वह टोकरी या थाल जिसमें खाने-पीने की चीजें रखकर बेची जाती हैं। खोंचा।

छाबा†--पुं०=झाबा।

छाम†--वि०=छाँह।

वि०=क्षाम।

छामोदर*--वि०[स्त्री० छामोदरी]=क्षामोदर।

छाय†--स्त्री०=छाया।

छायल--स्त्री०[?] स्त्रियों की एक प्रकार की कुरती।

छायांक--पुं०[सं० छाया-अंक ब०स०] चंद्रमा।

छाया--स्त्री०[सं०√ छो (काटना)+य--टाप्] १. वह अंधकार या अंधकारपूर्ण वातावरण जो किसी स्थान (अवकाश) में प्रकाश की किरणें किसी बीच में पड़नेवाली आड़ या आवरण के कारण न पहुँच सकने पर उत्पन्न होता है। २. ऐसा स्थान जहाँ उक्त प्रकार का अंधकार या अंधकारपूर्ण वातावरण हो। ३. ऊपर या सामने रहनेवाली वह चीज जो धूप, वर्षा, शीत आदि से बचाती है। ४. वह अंधकारपूर्ण आकृति जो किसी स्थान पर प्रकाश की किरणें न पहुँच सकने पर बनती है और यह उस वस्तु की आकृति जैसी होती है जो प्रकाश की किरणों को किसी स्थान पर नहीं पहुँचने देती। परछाईं। प्रतिबिंब। ५. प्रायः किसी के पीछे या साथ टोह, रक्षा आदि के लिए लगा रहनेवाला व्यक्ति। ६. किसी वस्तु के अनुकरण पर बनी हुई और कुछ-कुछ वैसी ही जान पड़नेवाली पर कम महत्त्व की चीज। प्रतिकृति। अनुहार। ७. ऐसी तत्त्वहीन या निस्सार बात या पदार्थ जो किसी वास्तविक या महत्त्वपूर्ण बात या पदार्थ की भद्दी नकल भर हो। व्यर्थ की निकम्मी और भ्रामक प्रतिकृति। ८. किसी बात या पदार्थ का बहुत ही क्षीण या नाम-मात्र का अवशेष जो उस मूल बात या पदार्थ का आभास देता हो। ९. चित्र का वह अंश जहाँ पर किसी अंश की छाया पड़ने के कारण अपेक्षाकृत कुछ अधिक कालापन आ गया हो। (शेड) १०. भूत-प्रेत आदि के कारण होनेवाली बाधा। ११. कांति। दीप्ति। १२. एक रागिनी। १३. दुर्गा। १४. सूर्य की पत्नी। १५. आर्या छंद का एक भेद।

छाया-कर--पुं० [छाया √ कृ (करना)+अच्] किसी के पीछे छतरी लेकर चलनेवाला व्यक्ति।

छाया-गणित--पुं०[मध्य०स०] गणित की वह प्रक्रिया जिससे उनकी छाया के सहारे ग्रहों की गति-विधि आदि जानी जाती है।

छाया-गत--वि० दे० 'पार्श्वगत'।

छाया-ग्रह--पुं०[छाया √ग्रह् (ग्रहण)+अच्] आईना। शीशा।

छाया-ग्राहिणी--स्त्री०[सं० छायाग्राहिन्+ङीप्] सिंहिका (दे०) नामक राक्षसी।

छाया-ग्राही--(हिन्) वि० [सं० छाया√ग्रह +णिनि] [स्त्री० छाया-ग्राहिणी] किसी की छाया के आधार पर ही उसे ग्रहण कर लेने या पकड़नेवाला।

छाया-चित्र--पुं०[मध्य० स०] १. वह चित्र जो विशेष प्रकार से निर्मित कागज या शीशे पर किसी वस्तु की छाया मात्र पड़ने से उतर आता है। २. उक्त प्रतिबिम्ब को छापने से बननेवाला चित्र। (फोटो)

छाया-चित्रण--पुं०[ष०त०] वह कला या क्रिया जिससे किसी वस्तु की छाया या प्रतिबिम्ब एक प्रकार के शीशे पर ले लिया जाता है और उसके द्वारा एक विशेष प्रकार के कागज पर उसका चित्र छापा जाता है। (फोटोग्राफी)

छाया-तनय--पुं०[ष०त०] शनि।

छाया-दान--पुं०[मध्य०स०] एक प्रकार का दान जिसमें ग्रहजन्य अरिष्टों की शांति के लिए काँसे की कटोरी में घी या तेल भरकर पहले उसमें अपनी छाया देखी जाती है और तब उस पात्र का घी या तेल दक्षिणा सहित किसी को दे दिया जाता है।

छाया-नट--पुं०[ब०स०] षाड़व संपूर्ण जाति का एक संकर राग जो रात के पहले पहर में गाया जाता है।

छाया नाटक--पुं०[सं०] पुतलियों का एक प्रकार का नाटक जिसमें चमड़े की पुतलियाँ और पुतले बनाकर उन्हें कठपुतलियों की तरह इस प्रकार नचाया और उनसे अभिनय कराया जाता था कि उनकी छाया आगे पड़े हुए उस पद पर पड़ती जो दर्शकों के सामने होता था।

विशेष--इसका आरम्भ चीन में और विकास भारत में हुआ था जहाँ से यह भारत और अरब होता हुआ अफ्रीका और यूरोप में पहुँचा था। यही आधुनिक चलचित्रों का मूल रूप माना गया है।

छाया-पथ--पुं०[मध्य०स०] असंख्य नक्षत्रों का विशिष्ट समूह जो हमें उत्तर-दक्षिण फैला हुआ दिखाई देता है। आकाशगंगा। (गैलेक्सी)

विशेष--वस्तुतः महाशून्य में ऐसे अनेक छाया-पथ जगह-जगह फैले

हुए हैं और हमारी पृथ्वी तथा सौर मंडल इसी प्रकार के एक छाया-पथ के अंतर्गत हैं।

छायावती (त्ति)—पुं०[सं० छाया√ पत् (गिरना)+णिनि] सूर्य।

छायावाद—पुं०[ष० त०] वह छोटा पात्र जिसमें घी या तेल भर कर छाया-दान किया जाता है।

छाया-पुरुष—पुं०[मध्य०स०] हठ योग की एक साधना के फलस्वरूप द्रष्टा को आकाश में दिखाई पड़नेवाली निजी छाया रूपी आकृति।

छायाभ (र)—वि०[सं० छाया-आभा ब०स०] १. जो छाया से युक्त हो। २. जिस पर छाया पड़ी हो।
स्त्री० अंधकार और प्रकाश। उदा०—यह छायाभा है अविच्छिन्न यह आँख मिचौनी चिर सुन्दर।—पंत।

छायामय—वि०[सं० छाया+मयट्] छाया से युक्त।

छायावान—पुं०[ब०स०] चंद्रमा।

छाया-चित्र—पुं०[ष०त०] खतरी।

छाया-मूर्ति—स्त्री०[मध्य०स०] छाया पड़ने से बनी हुई आकृति या रूप।

छाया-मृगचर—पुं० [छाया-मृग मध्य०स०, छायामृग-चर ष०त०] चंद्रमा।

छाया-यंत्र—पुं० [मध्य०स०] धूप-घड़ी।

छाया-लोक—पुं० [मध्य० स०] अदृश्य जगत्। इस लोक से परे माना जानेवाला वह लोक जो दिखाई न देता हो।

छाया-वाद—पुं० [ष०त०] आधुनिक साहित्य में आत्म अभिव्यक्ति का वह नया ढंग या उससे संबंध रखनेवाला सिद्धान्त जिसके अनुसार किसी सौंदर्यमय प्रतीक की कल्पना करके ध्वनि, लक्षणा आदि के द्वारा उसके संबंध में अपनी अनुभूति या आंतरिक भाव प्रकट किए जाते हैं।

छायावादी (दिन्)—वि०[सं० छायावाद+इनि] १. छायावाद संबंधी (रचना)। २. छायावाद के सिद्धान्त माननेवाला या उसका अनुसरण करनेवाला (व्यक्ति)।

छाया-सुत—पुं० [ष० त०]शनि।

छार†—पुं० [सं० क्षार] १. जली हुई वस्तु का वह अंश जो भस्म या राख हो गया हो। २. खारा नमक।

छारना*—स० [हिं० छार] १. पूरी तरह से जलाकर राख करना। २. चौपट या नष्ट करना।

छारा*—पुं०=छाला।

छाल*—स्त्री० [सं०पा०, प्रा० छल्ली] वृक्षों आदि के तने पर का कड़ा, खुरदरा और मोटा छिलका।
*पुं० चिट्ठी या पत्र (जो पहले छाल पर लिखा जाता था)।
पुं० छाला। चर्म। उदा०—बैठ सिंह छाला होइ तपा।—जायसी।
†स्त्री०=उछाल (पश्चिम)।

छालक*—वि० [सं० क्षालक] [स्त्री०छालिका] धोने या धोकर साफ करनेवाला। उदा०—निपथ गासि पुन्य रासि पाप-छालिका।—तुलसी।

छालटी—स्त्री०[हिं० छाल] एक प्रकार का कपड़ा जो लसदी आदि के रेशों से बनाया जाता है।

छालित—भू० कृ०[सं० प्रक्षालित] धोया अथवा धोकर साफ किया हुआ।

छालिया*—वि० [स० स्थाली] एक प्रकार की छिछली तथा छोटी कटोरी।
पुं० [?] १. सुपारी के कटे हुए छोटे-छोटे टुकड़े। २. बादाम, पिस्ते आदि के एक में मिले हुए छोटे टुकड़े।

छाली*—पुं०=छागल (बकरी)।

छाँव—स्त्री०=छाँह।

छावना†—स०= छाना।

छावनी—स्त्री०[हिं० छाना]१. छप्पर आदि छाने की क्रिया या भाव। २. छप्पर। ३. डेरा। पड़ाव।
मुहा०—छावनी छाना=मार्ग में डेरा लगाना। अस्थायी रूप से कहीं परदेश में जाकर रहना।
४. शहर का वह भाग जहाँ सैनिक रहते हों। सैनिकों की बस्ती। (कैंटूनमेंट)

छाहरि—स्त्री०[हिं० छाँह] छाया। उदा०—आपनि छाहरि तेज न पास। —विद्यापति।

छिउँकी—स्त्री० [हिं० चुटी] [पुं० छिउँका]१. एक प्रकार की भूरे रंग की चुटी। २. एक प्रकार का कीड़ा।
†स्त्री०=चिकोटी।

छिकना—अ०=छिकना।

छिकोरा—पुं०[देश०] एक वन्य पशु।

छिछ—पुं० [अनु०] १. फुहारा। फव्वारा। उदा०—ऊँच छिछ ऊछलै अति।—प्रिथीराज। २. छींटा।
†वि० =छूँछा।

छिछना—स०[सं० इच्छ] चाहना। इच्छा करना।

छि—अव्य०[अनु०] अरुचा,घृणा, तिरस्कार आदि का सूचक एक शब्द। जैसे—छि: तुम भी ऐसा करने लगे।

छिअ—वि०=छ: (संख्या)।

छिउकी—स्त्री०=छिउँकी।

छिउल—पुं०[सं० शाल्मलि?] टेसू। पलाश।

छिकना—अ० [हिं० छेंकना] १. (स्थान आदि का) घेरा जाना। २. मार्ग में अवरुद्ध किया या रोक लिया जाना। ३. (लाते में नाम पड़ी हुई रकम का वसूल होने पर) काटा या रद्द किया जाना।

छिकनी—स्त्री० [सं० छिक्कनी] नकछिकनी नाम की एक बूटी।

छिकरा—पुं०=चिकारा।

छिकुला†—पुं०=छिकला।

छिक्कनी—स्त्री० [सं० छिक्√कन् (शब्द करना)+अप् ङीष्] नकछिकनी नाम की बूटी।

छिक्का—स्त्री० [सं० छिक्√कै (शब्द करना)+क—टाप्] छींक।
†पुं०=छींका।

छिगारा†—पुं०=चिकारा।

छिंगुनी—स्त्री०[सं० अङ्ग+हिं० उँगली] हाथ या पैर की सब से छोटी उँगली। काँगी उँगली।

छिंगुली†—स्त्री० छिंगुनी।

छिच्छ*—पुं०=छींटा।

छिछकारना—स०=छिड़कना।

छिछड़ा—पुं०=छीछड़ा।

छिछड़ी—स्त्री०[हिं० छिछड़ा] लिंगेन्द्रिय के अगले भाग का आवरण।

छिछला—वि०[सं० उच्छल] [स्त्री० छिछली] १. जिसमें गहराई न हो। कम गहरा। जैसे—छिछला पात्र। २. (जलाशय) जो कम गहरा हो और इसी लिए जिसमें जल थोड़ी मात्रा में रहता हो। ३. तुच्छ (बात या स्वभाव)।

छिछिल—वि०=छिछला।

छिछोरा—वि०[हिं० छिछला] [स्त्री० छिछोरी, भाव० छिछोरापन] (व्यक्ति) जो स्वभाव से गंभीर न हो।

छिजना†—अ०=छीजना।

छिटकना—अ०[सं० क्षिप्ति] १. किसी पदार्थ के कणों का इधर-उधर बिखरना। २. =छिड़कना।
स० =छिटकाना।

छिटकाना—स०[हिं० छिटकना] किसी पदार्थ के कणों को चारों ओर डालना, फेंकना या बिखेरना। जैसे—अन्न या बालू छिटकाना।

छिटकी†—स्त्री०[हिं० छींटा] कोई चीज छिटकने के कारण पड़ा हुआ उसका कण या चिह्न।

छिट-फुट—क्रि० वि०[हिं० छिटकना+अनु०] १. कुछ यहाँ कुछ वहाँ। थोड़ा यहाँ थोड़ा वहाँ। २. कहीं-कहीं। छुट-फुट।
वि० गिनती या मान में कम।

छिटवा†—पुं०[सं० शिक्य] टोकरा।

छिड़कना—स० [हिं० छींटना] १. जल या कोई तरल पदार्थ को इस प्रकार फेंकना कि उसके छींटे बिखर कर चारों ओर पड़ें। जैसे—आग या जमीन पर पानी छिड़कना, अभ्यागतों पर गुलाब-जल छिड़कना। २.=छिटकना।

छिड़का†—पुं०=छिड़काव।

छिड़काई—स्त्री०[हिं० छिड़कना] १. छिड़कने का कार्य या भाव। २. छिड़कने का पारिश्रमिक या पुरस्कार। जैसे—गुलाब छिड़काई।

छिड़काव—पुं०[हिं० छिड़कना] जल या कोई तरल पदार्थ छिड़कने की क्रिया या भाव।

छिड़ना—अ०[हिं० छेड़ना] १. छेड़ा जाना। जैसे—बात छिड़ना, राग-छिड़ना। २. आरंभ होना। जैसे—युद्ध छिड़ना।

छिण°—पुं०=क्षण।

छित°—वि०[सं० सित] सफेद।

छितनी†—स्त्री० [?] एक प्रकार की छिछली या कम गहरी टोकरी।

छितराना—अ०, स०=छितराना।

छितर-बितर—वि०=तितर-बितर।

छितरा—वि०[हिं०छितराना] छितराया हुआ।

छितराना—अ०[सं० क्षिप्त+करण] १. किसी वस्तु के कणों या छोटे-छोटे टुकड़ों का चारों ओर बिखरना। २. थोड़े से पशुओं, व्यक्तियों, वस्तुओं आदि का विस्तृत भू-भाग में फैलना। जैसे—यहूदी सारे संसार में छितरे हुए हैं।
स० १. किसी वस्तु के कणों को चारों ओर गिराना, फेंकना या बिखेरना। २. दूर-दूर या विरल करना। जैसे—तिनकों छितराना। ३. व्यक्तियों, पशुओं आदि को तितर-बितर करना।

छितराव—पुं०[हिं० छितराना] छितरे या छितराए हुए होने की अवस्था या भाव।

छितिप°—स्त्री०=क्षिति।

छितिई—स्त्री०[स० क्षिति] देवगिरि के राजा की पुत्री।

छिति°—स्त्री० [सं० क्षिति] पृथ्वी। भूमि।

छितिकंत, छितिनाथ, छितिपाल—पुं० [हिं० छिति+सं० कंत, नाथ या पाल] राजा।

छितिरुह—पुं०[हिं० छिति+सं० रुह] वृक्ष।

छितीस°—पुं०[सं० क्षितीश] राजा।

छिति—स्त्री० [सं०√छिद् (छेदना)+क्तिन्] काटने अथवा छेदने की क्रिया या भाव।

छिदक—पुं०[सं०√छिद् (छेदना)+क्वुन्—अक] १. वज्र। २. हीरा।

छिदना—अ० [हिं० छेदना] १. नुकीली वस्तु के धँसने या धँसाये जाने के कारण किसी वस्तु में आर-पार छेद होना। जैसे—कान या नाक छिदना। २. सुराख होना। छेदा जाना। जैसे—तीर से शरीर छिदना। ३. घायल होना। ४. चुभना। धँसना।

छिदवाई—स्त्री०[हिं० छिदवाना] १. छेदने की क्रिया या भाव। २. छेदने का पारिश्रमिक या मजदूरी।

छिदवाना—स०[हिं० छेदना का प्रे० रूप] [भाव० छिदवाई] छेद या सुराख करवाना।

छिदाना—स०=छिदवाना।

छिदि—स्त्री०[√छिद्(काटना)+इन्] १. काटने या छेदने की क्रिया या भाव। २. कुल्हाड़ी। ३. वज्र।

छिदिर—पुं०[सं०√छिद्+किरच्] १. कुल्हाड़ी। २. तलवार। ३. अग्नि। ४. रस्सी।

छिद्र—पुं०[√छिद्+रक्] १. किसी वस्तु के बीच में का दोनों ओर से खुला हुआ छोटा भाग।छेद। जैसे—कपड़े या चलनी में का छिद्र। २. किसी घन या ठोस वस्तु में का वह गहरा स्थान जिसमें उस वस्तु का कुछ अंश निकाल लिया गया हो। जैसे—जमीन, दीवार या फल में का छिद्र। ३. किसी कार्य, वस्तु या व्यक्ति में होनेवाली कोई त्रुटि या दोष। जैसे—छिद्रान्वेषण।

छिद्र-कर्ण—वि०[ब० स०] जिसके कान छिदे या बिंधे हुए हों।

छिद्रदर्शी (र्शिन्)—पुं०[छिद्र√दृश् (देखना)+णिनि] व्यक्ति, जो दूसरों के कार्यों में त्रुटियाँ या दोष ही ढूँढता हो।

छिद्र-पिप्पली—स्त्री०[मध्य० स०] गजपिप्पली।

छिद्र-पीपली—स्त्री०[मध्य० स०] गजपिप्पली।

छिद्रान्वेषण—पुं० [सं० छिद्र-अन्वेषण ष० त०] दूसरों के कार्यों में से त्रुटियाँ या दोष ढूँढने का काम।

छिद्रान्वेषी (षिन्)—पुं०[सं० छिद्र-अनु√इष् (गति+णिनि] वह जो छिद्रान्वेषण करता हो। दूसरों के कार्यों में से त्रुटियाँ या दोष खोजनेवाला।

छिन°—पुं०=क्षण।

छिनक—पुं०[हिं० छिन+एक] एक क्षण।
क्रि० वि० क्षण भर। थोड़ी देर।

छिनकना—स०[हिं० छिड़कना]नाक में से इस प्रकार जोर से हवा निकालना कि उसमें रुका हुआ मल बाहर निकल पड़े। सिनकना।

छिनकु—पुं०, क्रि० वि०=छिनक।

छिनकुरना—अ०[हिं० छिनकु+करना] १. एक क्षण रुकना। २. रुकना। ३. विलंब करना।

छिनछबि—वि०[हिं० छिन+छबि] जिसकी छबि क्षणिक या अस्थायी हो।
स्त्री० बिजली। विद्युत्।

छिनदा—स्त्री०[सं० क्षणदा] रात।

छिनना—अ०[हिं० छीनना](किसी अधिकार, वस्तु आदि का किसी से) छीना जाना। जैसे—धन छिनना।

छिनभंग—वि०[स० क्षणभगुर]१. जो क्षण में नष्ट हो जाने को हो। क्षणिक। २. नश्वर।

छिनरा†—वि०=छिनाल।

छिनवाना—स०[हिं० छीनना का प्रे० रूप] किसी को किसी दूसरे से कोई चीज छीनने में प्रवृत्त करना। छीनने का काम दूसरे से कराना।

छिनाना—अ०[हिं० छिनना] छीन लिया जाना।
स० छीनना।

छिनाल—वि०[सं० छिन्ना] (स्त्री) जिसका संबंध बहुत से पर-पुरुषों से हो।
स्त्री० पुंश्चली। व्यभिचारिणी स्त्री।

छिनाला—पु०[हिं० छिनाल] पर-पुरुष या पर-स्त्री से होनेवाला अनुचित संबंध या सहवास। व्यभिचार।

छिनौछबि*—स्त्री०[हिं० छिनछबि] बिजली।

छिन्न—वि०[सं०√छिद् (छेदना)+क्त] १. (किसी वस्तु का वह अंश) जो मूल वस्तु से कटकर अलग हुआ हो। २. (वस्तु) जिसमें का कोई अंश या भाग काट लिया गया हो अथवा कट कर अलग हो गया हो। खंडित। ३. जो किसी के साथ लगा हुआ न हो। किसी से अलग। ४. नष्ट किया हुआ। ५. क्षीण। ६. थका हुआ। क्लांत।

छिन्नक—वि०[सं० छिन्न+कन्] जिसका कुछ भाग कटकर अलग हो गया हो।
पुं०ज्यामिति में, किसी कोण या कोणाकार गढ़े हुए घन पदार्थ का वह बचा हुआ भाग जो उसका ऊपरी अंश तल के समानान्तर धरातल पर से काट लेने के बाद बच रहे। (फ्रस्टम)

छिन्न-धान्य—वि०[ब० स०] (शत्रुओं द्वारा घिरी हुई वह सेना) जिसके पास धान्य न पहुँच सकता हो।

छिन्न-नास—वि०[ब० स०] जिसकी नाक कटी हुई हो। नकटा।

छिन्न-नासिक—वि०[ब० स०] कटी हुई नाकवाला। नकटा।

छिन्न-पत्री—स्त्री[ब० स०] पाठा।

छिन्न-पुष्प—पुं०[ब० स०] पुन्नाग की जाति का वृक्ष। तिलक।

छिन्न-बंधन—वि०[ब० स०] जिसके बंधन खोल या काट दिये गये हों। मुक्त।

छिन्न-भिन्न—वि०[द्व० स०] १. (वस्तु) जिसके अंग अथवा अंश कट-फट या टूट-फूट कर इधर-उधर बिखर गये हों। २. तितर-बितर। बिखरा या छितराया हुआ।

छिन्न-मस्त (क)—वि०[ब० स०] जिसका सिर कट गया हो।

छिन्न-मस्तका—स्त्री०[ब० स०, टाप्] दस महाविद्याओं में से एक देवी जिसके सबध मे कहा जाता है कि वह अपना सिर हथेली पर रखती है और गले में से निकलती हुई रक्त धारा पीती है।

छिन्न-मस्ता—स्त्री०[ब० स०, टाप्]=छिन्न-मस्तका।

छिन्न-मूल—वि० [ब० स०] जो जड़ से उखाड़ या काट दिया गया हो।

छिन्न-रुह—पु०[छिन्न√रुह् (उगना)+क] तिलक नामक वृक्ष।

छिन्न-रुहा—स्त्री०[छिन्नरुह+टाप्] गुर्च। गुडुची।

छिन्न-वेशिका—स्त्री०[छिन्न-वेश ब० स०, कन्-टाप्, इत्व] पाठा।

छिन्न-व्रण—पु०[कर्म०स०] चोट, हथियार आदि से शरीर में होनेवाला घाव।

छिन्न-श्वास—पु०[कर्म० स०] एक प्रकार का श्वास रोग।

छिन्नांत्र—पु०[स० छिन्न-अत्र ब० स] एक प्रकार का उदर रोग।

छिन्ना—स्त्री० [स० छिन्न+टाप्] १. गुर्च। २. व्याभिचारिणी स्त्री। छिनाल।

छिन्नाधार—वि०[छिन्न+आधार ब० स०] १. जिसका आधार कट या टूट चुका हो। उदा०—पात हत लतिका वह सुकुमार पड़ी है छिन्नाधार।—पत। २. निस्सहाय।

छिपकली—स्त्री०[स० शेप(=दुम) या रोप्यवान्] एक प्रसिद्ध चार पैरों और लंबी दुमवाला सरा-सृप जो दीवारों तथा छतों पर रेंगता है और कीड़े-मकोड़े पकड़कर खाता है।

छिपना—अ० [स० क्षिप् डालना] १. दूसरों की दृष्टि से ओझल होने के लिए किसी आड़ के पीछे खड़े होना अथवा किसी गुप्त स्थान में चले जाना। जैसे—चोर आलमारी के पीछे छिप गया था। २. किसी चीज का इस प्रकार ढका जाना कि वह दृश्य न रहे। जैसे—वस्त्र से अंग छिपना, बादलों मे सूर्य छिपना। ३. किसी ऐसे स्थान या स्थिति मे होना कि दूसरों को जल्दी उसका पता न लग सके। जैसे—वे छिपे-छिपे चालें चलते हैं। ४. जो प्रकट या प्रत्यक्ष न हो। ५. अस्त होना। जैसे—दिन छिपना।

छिपाठी—स्त्री०[?] किनारे का भाग।

छिपाना—स०[हिं० छिपना] १. दूसरों की दृष्टि से बचाकर अथवा उनकी दृष्टि से बचाने के लिए किसी (जीव या वस्तु) को आड़ या गुप्त स्थान मे रखना। जैसे—यह चित्र मैंने सदूक में छिपा दिया था। २. किसी वस्तु या शरीर के किसी अंग को वस्त्र आदि से ढांकना। ३.किसी बात की किसी को जानकारी न कराना अथवा न होने देना। जैसे—भेद छिपाना।

छिपाव—पुं०[हिं० छिपाना] छिपने या छिपाने की क्रिया या भाव। दुराव।

छिपिया—पुं० [?] दर्जी। उदा०—अँगिया जो उघड़ी हरेलाल की छिपिया को नइआँ।
पुं०=छीपी।
स्त्री०[हिं० छीपा] छोटा छीपा या डलिया।

छिपी—पुं०=छीपी।

छिपे-छिपे—क्रि० वि०[हिं० छिपना] इस प्रकार गुप्त रूप से कि दूसरों को पता न चले।

छिप्र—क्रि० वि०=क्षिप्र।

छिमता†—स्त्री०=क्षमता।

स्त्री०=क्षमा।

छिमा—अ०[हिं० छीजना] क्षीण होना। उदा०—काम दंभ मद अवल छिमा है।—निराला।

छिया—स्त्री०[हिं० छी] गूह। मल।

मुहा०—छिया छरद करना=गूह और वमन की तरह घृणित समझकर दूर हटाना। उदा०—जो छिया छरद करि सकल संतति तजी तासौं मैं मूढ़-मति प्रीति ठानी।—सूर।

†स्त्री०[?] युवती।

छियाछ—पुं०[हिं० ब्याज का अनु०] ब्याज की रकम पर भी जोड़ा जाने वाला ब्याज। कटूआँ ब्याज।

छियानबे—वि०[सं० षण्णवति] जो गिनती में नब्बे से छः अधिक हो।

पुं० उक्त की सूचक संख्या—९६।

छियालीस—वि०[सं० षट्चत्वारिंशत्; प्रा० छायालीसम्] जो गिनती में चालीस से छः अधिक हो।

पु० उक्त की सूचक संख्या—४६।

छियासठ—वि०[सं० षट्षष्टि; प्र०० छसठि, छवठिठ्] जो साठ से छः अधिक हो।

पु० उक्त की सूचक संख्या—६६।

छियासी—वि०[सं० षडशीति; या छडसीति; प्रा० छडसीई] जो सस्या मे अस्सी से छः अधिक हो।

पुं० उक्त की सूचक संख्या—८६।

छिरकना†—स०=छिड़कना।

छिरना*—अ०=छिलना।

*अ०=छिड़ना।

*स० =छीजना।

छिरियाना—अ० दे० 'छिटकना'। उदा०—उचसल केस कुसुम छिरियावल।—विद्यापति।

छिलक—पु०[सं० तिलक] तिलक नामक वृक्ष।

छिलकना†—स०=छिड़कना।

छिलका—पु०[सं० छिल्लक] वह आवरण जिसके अन्तर्गत फल का सार भाग रहता है। फल की त्वचा। जैसे—केले या सेव का छिलका।

छिलन—स्त्री०[हिं० छिलना] १. छिलने या छीलने की क्रिया या भाव। २. शरीर के किसी अंग की त्वचा रगड़ आदि के कारण छिल जाने से होनेवाला घाव।

छिलना—अ०[हिं० छीलना] १. फलों आदि का छिलका उतारा जाना। २. वृक्ष आदि की छाल उतारी जाना। ३. पशु आदि की खाल मांसल भाग पर से उतारी जाना। ४. शरीर के किसी अंग में रगड़ लगने से त्वचा का उतर जाना।

छिलवाना—स०[हिं० छीलना का प्रे० रूप] छीलने का काम दूसरे से कराना।

छिलाई—स्त्री०[हिं० छीलना] छिलने या छीलने की क्रिया या भाव। छीलने की मजदूरी।

छिलाना—स०[हिं० छीलना का प्रे०] छीलने का काम दूसरे से कराना।

†अ०=छिलना।

छिल्कना†—पुं०=छिलका।

छींक—स्त्री०[सं० क्षिक्का] १. शरीर का एक प्राकृतिक व्यापार जिसमें श्वास की वायु अकस्मात् नाक और गले से एक साथ ही एक विशिष्ट प्रकार का शब्द करती हुई निकलती है। २. उक्त शारीरिक व्यापार से होनेवाला शब्द।

छींकना—अ०[हिं० छींक] सहसा जोर से नाक और मुँह में से इस प्रकार साँस फेंकना कि जोर का शब्द हो।

छींका—पुं०[सं० शिक्यं,प्रा० सिक्का] १. दीवार की खूँटी अथवा छत में की कड़ी में टाँगा या लटकाया जानेवाला तारों या रस्सियों का वह उपकरण जिसमें खाने, पीने आदि की रखी हुई वस्तुएँ चूहों, बिल्लियों, बच्चों आदि से सुरक्षित रहती हैं।

मुहा०—बिल्ली के भाग से छींका टूटना=संयोग से कोई अभीष्ट या वांछित घटना घटित होना।

२. बैलों के मुँह पर बाँधी जानेवाली रस्सियों की जाली। ३. झूला। (क्व०)

छींट—स्त्री०[सं० क्षिप्त, हिं० छींटना] १. पानी अथवा किसी द्रव पदार्थ का किसी तल से टकराने पर उड़नेवाला छोटा जल-कण या बूँद। २. किसी वस्तु, वस्त्र, शरीर आदि पर उक्त जल-कण या बूँद पड़ने से होनेवाला दाग या धब्बा। ३. एक प्रकार का वह कपड़ा जिस पर छापकर बेल-बूटे या फूल पत्तियाँ बनाई गई हों। ४. चित्र कला में, चित्रों में बनाये जानेवाले बेल-बूटे या फूल-पत्तियाँ।

छींटना—स०=छितराना।

स०=छिड़कना।

छींटा—पुं०[संक्षिप्त हिं० छींटना] १. झटके से उछली या उड़ाई हुई जल अथवा द्रव पदार्थ की बूँदें। जैसे—(क) मुँह पर पानी का छींटा देना। (ख) कीचड़ में पत्थर फेंकने से छींटे उड़ना। २. उक्त बूँदों के वस्त्र आदि पर पड़ने से होनेवाला धब्बा। ३. हलकी पुष्टि। ४. मुट्ठी मे बीज भरकर एक बार में खेत में बिखेरने की प्रक्रिया। ५. बोआई का वह ढंग जिसमें बीज खेत में छींटे जाते हैं। ६. चंदू या मदक की एक मात्रा। दम। ७. किसी को लिक्ष या लक्ष्यित करके के लिए कही जानेवाली चुभती हुई व्यंग्यपूर्ण बात।

छींबी—स्त्री०[सं० शिम्बी] १. पौधे की फली जिसमें बीज रहते हैं। २. मटर की फली। ३. पशुओं विशेषतः गाय, बकरी, भैंस आदि के थन में का गली के आकार का वह अंग जो नीचे लटकता रहता है और जिसे चीर तथा दबाकर दूध निकाला जाता है।

छी—अव्य०[अनु०] घृणा, तिरस्कार, धिक्कार, आदि का सूचक एक अव्यय।

मुहा०—छी छी करना=घृणा करना।

स्त्री०[अनु०] छिया। गूह।

छीकना*—स०=छूना।

छीका—स्त्री०=छिया।

छीजा-छीजा—वि० [अनु०] छिन्न-भिन्न।
छीका—पुं०=छींका।
छीछ—वि०[सं० क्षीण] क्षीण। दुर्बल। उदा०—लाज की आंचनि या चित रावन नाच नचाई हौं नेह न छीछैं।—देव।
छीछड़ा—पुं०[सं० क्षुद्र, प्रा०, छुद्द] १. कटे हुए मांस का रद्दी टुकड़ा। २. पशुओं की अंतड़ी का वह भाग जिसमें मल भरा होता है।
छीजना—अ० [सं० क्षीण] क्षीण होना।
छीजल†—वि०=छिछला।
छीछा—वि०[स्त्री० छी छी]=छिछला।
छीछालेदर—स्त्री०[हिं० छीछी] बुरी तरह से की हुई दुर्गति।
छीज—स्त्री०[हिं० छीजना] १. किसी वस्तु में का वह अंश जो नष्ट हो गया हो। २. कमी। घाटा। हानि।
छीजना—अ०[सं० क्षीण] १. उपयोग, व्यवहार आदि में आते रहने अथवा पुराने पड़ने के कारण किसी चीज का क्षीण होना या घिस जाना। २.उपयोग में आ जाने अथवा व्यय हो जाने के कारण किसी चीज का कम होना। ३. हानि होना। उदा०—लंकापति-तिय कहति पियसों या मैं कछु न छीजौ।—सूर। ४. नष्ट होना।
छीट†—स्त्री०=छींट।
छीटा†—पुं० [सं० शिक्य, हिं० छीका] [स्त्री० अल्पा० छिटनी] १. बाँस की खपाचियों या किसी अन्य वृक्ष की पतली टहनियों का बना हुआ टोकरा। २. चिलमन। चिक।
छीड़—स्त्री० [सं० क्षीण] मनुष्यों के जमघट का अभाव। 'भीड़' का विपर्याय।
छीण—वि० [सं० क्षीण] क्षीण। दुर्बल।
वि०[सं० छिन्न, प्रा० छिण्ण] टूटा हुआ। उदा०—छीणे जाणि छछोहा छूटा।—प्रिथीराज।
छीत (ति)†—स्त्री०[ब्रज० छीना=छूना] १. छूने या स्पर्श करने की क्रिया या भाव। २. सपर्क। सबध। उदा०—सो करु सूर जेहि भाँति रहै पति जनि बल बाँधि बढ़ावहु छीति।—सूर।
†स्त्री०=छीज।
छीदा—वि०[सं० क्षीण] जो घना या सघन न हो। उदा०—माँझिली माँझली छीदा होइ।—नरपतिनाल्ह।
वि०[सं० छिद्र] जिसमें बहुत से छेद हों।
छीन*—वि०=क्षीण।
छीन-झपट—स्त्री०[हिं० छीनना+झपटना] किसी से अथवा आपस में एक दूसरे से कुछ छीनने के लिए झपटने की क्रिया या भाव।
छीनना—स०[स० छिन्न; प्रा० छिण्ण; बं० छिना; सि० छिनो, छिनपु; गु० छिनवुं; मराठी छिण (नें)] १. छिन्न करना। काटकर अलग करना। २. किसी के हाथ से कोई वस्तु बलात् ले लेना। ३. अनुचित रूप से किसी की वस्तु अपने अधिकार में कर लेना। ४. किसी को दिया हुआ अधिकार, सुविधा आदि वापस ले लेना। ५. दे० 'रहना'।
छीना†—स०=छूना। (ब्रज)
छीना झपटी—स्त्री०=छीन-झपट।
छीना-छीनी—स्त्री०=छीन-झपट।
छीना-झपटी—स्त्री०=छीन-झपट।
छीप*—स्त्री०[हिं० छाप] १. मुद्रण का चिह्न। छाप। २. चिह्न। ३. दाग। ४. एक प्रकार का चर्म रोग।
वि०[सं० क्षिप्र] तेज। वेगवान्।
छीपा—पुं०[दे०] [स्त्री० अल्पा० छीपी] १. बाँस आदि की खपाचियों का टोकरा। २. थाली।
छीपी—पुं०[हिं० छापा] [स्त्री० छीपनी, छीपिनी] १. वह व्यक्ति जो कपड़ों पर बेल-बूटे आदि छापने का काम करता हो। २. दरजी। (बुंदेल०)
छीबर—स्त्री०[सं० चीवर] १. छींट नामक कपड़ा। २. एक प्रकार की चुनरी। उदा०—हा हा हमारी सौं साँची कही वह कौन हो छोहरी छीबर वारी।—देव।
छीबर†—स्त्री०=छीबर।
छीमी—†स्त्री०=छींबी।
छीया—पुं०[अनु० छी] गूह। विष्ठा।
छीर—पुं०=क्षीर।
पु०[सं० चीर] १. दे० 'चीर'। २. कपड़े की लम्बाईवाले सिरे का किनारा। ३. उक्त किनारे पर की पट्टी या धारी।
छीरज—पु०[सं० क्षीरज] १. चन्द्रमा। २. दही।
छीरधि—पु०=क्षीरधि (समुद्र)।
छीरप—पु०[स० क्षीरप] दूध-पीता बच्चा। शिशु।
वि० दूध पीनेवाला।
छीर-फेन—पु०[सं० क्षीर(=दूध)+फेन] दूध पर की मलाई।
छीर-सागर—पु०=क्षीर-सागर।
छीलक*—पु०=छिलका।
छीलन—स्त्री०[हिं० छीलना] १. छीलने की क्रिया या भाव। २. किसी वस्तु के वे छोटे टुकड़े जो उसे छीलने पर निकलते हैं। (शेविंग्स)
छीलना—अ०[प्रा० छोल्लइ, पु० हिं० छोलना] १. किसी चीज के ऊपर जमा या सटा हुआ आवरण, तह या परत खींचकर उससे अलग करना। जैसे—(क) फल के ऊपर का छिलका छीलना। (ख) पेड़ पर की छाल छीलना। (ग) प्याज छीलना। २. उगी या जमी हुई चीज को काट, खुरच या नोचकर निकालना या हटाना। जैसे—(क) घास छीलना। (ख) भुयरे उस्तरे से दाढ़ी छीलना। (ग) रंदे से लकड़ी छीलना।
छीलर—पुं०[हिं० छिछला] पानी से भरा हुआ छोटा गड्ढा।
वि० छिछला।
छीव*—पुं०=क्षीव।
छीवना*—स०=छीना (छूना)।
छीवर†—स्त्री०=छीबर।
छुंगली†—स्त्री०=छँगुली।
छुंगली*—स्त्री०=छँगुली।
छुआई—स्त्री०[हिं० छूना] छूने या छुआने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक। जैसे—मकान की चूना छुआई।
छुवाना†—स०=छुलाना।
छुई-मुई—स्त्री०=छुई-मुई (पौधा)।

छुलूँ†—पुं०=घुँघरू।
छुल्ला—वि०[स्त्री० छुल्ली]=छूँछा।
छुल्ली—स्त्री०[हिं० छूछा] १. कोई छोटी नली। जैसे—दीये में की छुल्ली, जिसके अंदर कपड़े की बत्ती रहती है। २. कान या नाक में पहनने के फूल या लौंग का वह पूरक अंश जो बहुत छोटी पतली नली के रूप में होता है और जिसमें फूल या लौंग के नीचे की कील घुमा या बैंसाकर जमाई या बैठाई जाती है। ३. कीप, जिसकी सहायता से बोतलों में तेल डाला जाता है।
छुच्छू—वि०[हिं० छूछा] १. मूर्ख। २. तुच्छ।
छुछमछली—स्त्री०[सं० सूक्ष्म, पुं० हिं० छुछम+मछली] मेंढक आदि कई छोटे जल-जंतुओं के बच्चों का वह आरंभिक रूप जो बहुत-कुछ लंबी पूँछवाले कीड़े अथवा मछली के बच्चे जैसा होता है। (टैडपोल)
छुछहँड़—स्त्री० [हिं० छूछा+हाँड़ी] १. वह हाँड़ी जिसमें से पकाई हुई खाद्य वस्तु निकाल ली गई हो। २. खाली हाँड़ी।
छुछूंदर—स्त्री०=छछूँदर।
छुट—अव्य०[हिं० छूटना]छोड़कर। अतिरिक्त। सिवा। जैसे—जिसमें हिंदी छुट और किसी बोली का पुट न हो।—हंगाउल्ला खाँ।
प्रत्य० एक प्रत्यय जो कुछ यौगिक शब्दों के अंत में लगकर अनियंत्रित आचरण करनेवाले का सूचक होता है। जैसे—बात-छुट, हथ-छुट आदि करनेवाला वि०हिं० छोटा का लघु रूप जो उसे यौगिक शब्दों में प्राप्त होता है। जैसे—छुट-भैया।
छुटकना†—अ०=छूटना (छोड़ा जाना)।
छुटकाना*—स०=छुड़ाना
छुटकारा—पुं०[हिं० छूटना] १. छूटने अथवा छुड़ाये जाने अर्थात् मुक्त होने या मुक्त किये या कराये जाने की अवस्था, क्रिया या भाव। मुक्ति। जैसे—कारागार से छुटकारा पाना या मिलना। २. किसी प्रकार की विपत्ति, संकट आदि से सकुशल बच निकलने का भाव। जैसे—कष्टों से छुटकारा पाना या मिलना।
छुटना†—अ०=छूटना।
छुटपन—पुं०[हिं० छोटा+पन] १. छोटे होने की अवस्था या भाव। छोटाई। २. बचपन। लड़कपन।
छुट-पुट—वि०[हिं० छूटा+फूटा] १. मूल अंग से कटकर छोटे-छोटे टुकड़ों के रूप में इधर-उधर फैला हुआ। २. जो थोड़ा-थोड़ा करके कभी कहीं और कभी कहीं घटित हो। फुट-फुट। (स्पोरैडिक) जैसे—छुट-पुट मुठभेड़, छुट-पुट वर्षा आदि।
छुटभैया—पुं०[हिं० छोटा+भैया] व्यक्ति जिसकी गिनती बड़े आदमियों में न होकर छोटे या साधारण आदमियों में होती हो। बड़ों की तुलना में अपेक्षया निम्न स्थिति का व्यक्ति।
छुटवना*—अ०=छूटना।
छुटाना†—स०=छुड़ाना।
छुटौती—स्त्री०=छूट।
छुट्टा—वि०[हिं० छूटना] [स्त्री० छुट्टी] १. (वह) जो बंधन से मुक्त होकर स्वतंत्रतापूर्वक विचरण कर रहा हो। २. (जंतु या जीव) जो अपने दल, वर्ग से निकल कर अलग हो गया हो। जैसे—छुट्टा कतूर, छुट्टा बन्दर। ३. एकाकी। अकेला। ४. फुटकर।
पुं० छोटे सिक्के। रेजगारी।
छुट्टी—स्त्री०[हिं० छूटना] १. छूटने या छोड़े जाने की क्रिया या भाव। छुटकारा। जैसे—चलो, इस काम से भी छुट्टी मिली। २. कोई काम कर चुकने के उपरान्त अथवा कुछ निश्चित समय तक काम करने के उपरान्त मिलनेवाला अवकाश। जैसे—भोजन करने के लिए दस मिनट की छुट्टी मिलती है। ३. वह दिन जिसमें नियमित रूप से लोग काम पर उपस्थित नहीं होते। जैसे—होली की दो दिन की छुट्टी मिलती है। ४. वह दिन जिसमें काम पर से अनुपस्थित रहने की स्वीकृति मिल गई हो। जैसे—विवाह में चलने के लिए दो दिन की छुट्टी लेनी पड़ेगी। ५. कहीं से चलने या जाने की अथवा इसी प्रकार के और किसी काम की अनुमति या आज्ञा।
छुड़ाई—स्त्री०[हिं० छोड़ना] छोड़ने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक।
स्त्री०[हिं० छुड़ाना] छुड़ाने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक।
छुड़ाना—स०[हिं० छोड़ना] १. बंधन, बाधा आदि से मुक्त कराना। उन्मुक्त या स्वतंत्र कराना। जैसे—जेल से कैदी छुड़ाना। २. जकड़, पकड़ आदि से अलग या रहित करना। जैसे—पल्ला या हाथ छुड़ाना। ३. डोरे, रस्सी आदि में का उलझाव दूर करना। जैसे—गाँठ छुड़ाना। ४. देन चुकाकर अथवा और किसी प्रकार से अपनी वस्तु वापस लेना। जैसे—(क) ऋण चुकाकर बरोहर छुड़ाना। (ख) बंद भरकर कांजी हौज से गाय छुड़ाना। ५. किसी को सेवा से अलग करना। नौकरी से हटाना। ६. किसी के साथ चिपकी, सटी या लगी हुई वस्तु अथवा उसका कोई अंश अलग करना। जैसे—(क) लिफाफे पर से टिकट छुड़ाना।(ख) कपड़े पर का दाग या धब्बा छुड़ाना। ७. (देय धन से) कुछ कमी कराना। जैसे—सौ रुपयों में से दस रुपए तो तुमने छुड़ा ही लिये।८. किसी प्रकार की क्रिया, प्रवृत्ति आदि से रक्षित या रहित करना। जैसे—(क) बालक की पढ़ाई छुड़ाना। (ख) किसी का अभ्यास या आदत छुड़ाना। (ग) हाथा-बाँहीं करने वाले लोगों को छुड़ाना।
स०=छुड़वाना। जैसे—आतिशबाजी छुड़ाना।
छुड़ैया—वि०[हिं० छुड़ाना+ऐया (प्रत्य०)] बंधन से छुड़ाने या मुक्त करानेवाला।
स्त्री० १.छोड़ने की क्रिया या भाव। २. गुड्डी उड़ानेवाले की सहायता के लिए उसकी गुड्डी को कुछ दूर ले जाकर इस प्रकार उसे हवा में छोड़ना कि उड़ानेवाला उसे सहज में उड़ा सके।
क्रि० प्र०—देना।
छुतहा—वि०[हिं० छूत+हा (प्रत्य०)] १. (रोग) जो छूत से फैलता या बढ़ता हो। छूतवाला। संक्रामक। २. जो किसी प्रकार की छूत लगने के कारण अस्पृश्य हो गया हो। ३. जिसे किसी कारण से छूना निषिद्ध हो।
छुतिहर†—वि०=छुतहा।
छुतिहा—वि०=छुतहा।
छुद्र—*वि०=क्षुद्र।
छुद्रघंटिका—स्त्री०=क्षुद्रघंटिका।
छुद्रावली—स्त्री०=क्षुद्रघंटिका।
छुधा†—स्त्री०=क्षुधा।

क्षुधावंत†—वि०[सं० क्षुधा+हिं० वंत (प्रत्य०)] जिसे भूख लगी हो। भूखा।

क्षुधित*—वि०[सं० क्षुधित] भूखा।

क्षुन्य†—वि०=शून्य।

क्षुप*—पुं०=क्षुप।

क्षुपना†—अ०=छिपना।

क्षुभित*—वि०=क्षुब्ध।

क्षुभिराना*—अ०[सं० क्षोभ] क्षुब्ध होना।

छुरधार†—स्त्री०[सं० क्षुरधार] १. छुरे की धार। २. किसी हथियार की तेज धार।

वि० तेज धारवाला (अस्त्र)।

छुरहँड़ी—स्त्री०[सं० क्षुर भांडिक] वह आधान या पात्र जिसमे नाई उस्तरा, कैंची आदि रखते हैं। किस्बत।

छुरा—पुं० [सं० क्षुर] [स्त्री० अल्पा० छुरी] १. लंबे फलवाला बडा चाकू। २. बाल मूँड़नेवाला उस्तरा।

छुरिका—स्त्री० [सं०√छुर (काटना)+कुन्-अक-इत्व-टाप्] छुरी।

छुरित—पुं० [सं०] लास्य नृत्य का वह प्रकार जिसमे नायक और नायिका परस्पर आलिंगन, चुंबन आदि भी करते चलते हैं।

छुरी—स्त्री० [सं० क्षुरिका] लंबे फलवाला एक प्रकार का चाकू।

मुहा०—(किसी पर) छुरी चलाना या फेरना=जान-बूझकर ऐसा काम करना जिससे किसी की बहुत बड़ी हानि हो।

छुलकना—अ०=छुलछुलाना।

छुलछुलाना—अ० [अनु०] थोड़ा-थोड़ा करके मूतना।

छुलाना—स० [स० हिं० छूना] स्पर्श कराना।

छुवना†—स०=छूना।

छुवाना—स०=छुलाना।

छुहना—अ० [हिं० छूना] १. छूआ जाना। २. किसी तरल पदार्थ से लेपा या पोता जाना। उदा०—त्यों त्यों छुही गुलाब सैं छतिया अति सियराति।—बिहारी।

†स०=छूना।

छुहारा—पुं० [?] खजूर की जाति का एक सूखा मेवा।

छुही—स्त्री० [हिं० छूना] खड़िया नाम की सफेद मिट्टी।

छूँछा—वि०=छूछा।

छूँटा—पुं० [देश०] एक प्रकार का गहना जो काले काँच की गुरियो का बना होता है।

छू—पुं० [अनु०] मंत्र पढ़कर फूँक मारने का शब्द। जैसे—दन्त-डाक छू। मियाँ की माई का मूई की भू।—भारतेन्दु।

मुहा०—छू-मंतर होना=चंपत होना। गायब होना।

छूआछूत—स्त्री० [हिं० छूना+छूत] १. अछूत अर्थात् अस्पृश्य को न छूने या उससे अपने को न छुलाने की भावना या विचार। २. धार्मिक या सामाजिक दृष्टि से अस्पृश्य वस्तुओं या व्यक्तियों से छूए जाने का भाव। ३. बच्चों का एक खेल, जिसमें किसी एक लड़के को दूसरे लड़कों को छूना पड़ता है।

छूई-मूई—पुं० [हिं० छूना+मूना=मरना] लजालू या लज्जावंती नाम का पौधा जो स्पर्श किये जाने पर अपनी पत्तियाँ सिकोड़ लेता है।

छूछा—वि० [हिं० तुच्छ] १. (पात्र) जिसमें कुछ भी न हो। खाली। २. (व्यक्ति) जिसके पास या हाथ में धन, हथियार आदि कुछ न हो। जैसे—छूछे हाथ चला आया हूँ। ३. तत्त्वहीन। निःसार।

छूछुम†—वि० [स० सूक्ष्म] १. सूक्ष्म। २. अल्प। थोड़ा। थोड़ी मात्रा का।

छूट—स्त्री० [हिं० छूटना] १. छूटने अर्थात् बंधन आदि से मुक्त होने की अवस्था, क्रिया या भाव। जैसे—बच्चों को मिलनेवाली खेलने की छूट। २. नियम, बधन, मर्यादा आदि से मिली हुई स्वतंत्रता। जैसे—(क) दिल्लगी मे होनेवाली छूट अर्थात् ऐसी स्थिति जिसमें मर्यादा, शिष्टता, श्लीलता आदि का ध्यान न रखा जाता हो। (ख) पटा, बनेठी, बांक आदि खेलो मे की छूट अर्थात् वह स्थिति जिसमें खिलाड़ी अपने विपक्षी के जिस अग पर चाहे चोट कर सकता है। ३. वह रियायत या सुविधा जिसके कारण किसी को कोई कर्तव्य या दायित्व पूरा न करने पर भी दंड का भागी नही समझा जाता है। ४. देय धन चुकाने मे किसी कारण से मिलनेवाली वह सुविधा जिसमें उसका कुछ अश नहीं देना पड़ता। ५. असावधानता, जल्दी आदि के कारण कार्य के किसी अग पर ध्यान न जाने अथवा उसके छूट या रह जाने की अवस्था या भाव। ६. मालखभ की एक कसरत। ७. स्त्री-पुरुष का सबध त्याग। ८. परिहास के समय अशिष्ट, अश्लील आदि बातों का किया जानेवाला प्रयोग। (बोलचाल)

छूटना—अ० [सं० छुट्ट या आच्छोहन] १. बंधन आदि से मुक्त होकर स्वतत्र होना। जैसे—(क) कैदियों का छूटना। (ख) सांसारिक आवागमन या जन्म-मरण से छूटना। २. जकड़, पकड़ आदि से रहित होकर अलग या दूर होना। जैसे—हाथ में पकडा हुआ गिलास या शीशा छूटना (अर्थात् नीचे गिर पडना)। ३. द्रव पदार्थ का बंधन टूटने या हटने पर धारा के रूप मे वेगपूर्वक आगे बढ़ना। जैसे—रक्त की धारा छूटना। ४. द्रव पदार्थ का किसी चीज मे से रस-रसकर निकलना। जैसे—(क) शरीर मे से पसीना छूटना। (ख) पकाते समय तरकारी मे से पानी छूटना। ५. निर्दोष सिद्ध होने पर अभियोग, आरोप आदि की क्रियाओं से मुक्त या रहित होना। बरी होना। जैसे—अदालत मे अभियुक्त का छूटना। ६. व्यवहार, संग-साथ से अलग या विमुक्त होना। वियोग होना। बिछुड़ना। जैसे—(क) नौकरी के कारण घर छूटना। (ख) लड़ाई-झगड़े के कारण भाई-बधु या मित्र छूटना। ७. देन आदि चुकाये जाने पर अथवा और किसी प्रकार से किसी दूसरे के हाथ गई हुई वस्तु का वापस मिलना। जैसे—(क) बधक रखा हुआ मकान छूटना। (ख) वयस्क होने पर अभिभावक के हाथ से सपत्ति छूटना। ८. किसी स्थान पर जमे या लगे हुए तत्त्व या पदार्थ का किसी प्रकार अलग या दूर होना। जैसे—(क) कागज पर लगा हुआ टिकट छूटना। (ख) कपड़े पर लगा हुआ दाग या मैल छूटना। (ग) दीवार पर लगा हुआ रंग छूटना। ९. यांत्रिक, रासायनिक आदि क्रियाओं से चलनेवाली चीजों के संबंध में, पकड़ या, रोक से निकलकर वेगपूर्वक किसी ओर बढ़ना या किसी व्यापार में प्रवृत्त होना। जैसे—आतिशबाजी, गोली, तीर या फुहारा छूटना। १०. आगे बढ़ते या चलते समय मार्ग में किसी का पीछे पड़ या रह जाना। जैसे—(क) यात्रियों में से किसी का पीछे छूटना। (ख)

किसी की दूकान या कोई बाजार पीछे छूटना। ११. किसी यान आदि का गंतव्य स्थान के लिए चल पड़ना। प्रस्थान या यात्रा आरंभ करना। जैसे—गाड़ी या जहाज छूटना। १२. अनुसंधान करने या टोह लेने के लिए किसी के पीछे लगना या लगाया जाना। जैसे—उनके पीछे जासूस छूटे हैं। १३. शारीरिक विकार का दूर होना अथवा न रह जाना। जैसे—खाँसी या बुखार छूटना। १४. कुछ विशिष्ट मानसिक या शारीरिक क्रियाओं के संबंध में, अस्तित्व, गति, व्यवहार, व्यापार आदि से रहित होना। जैसे—(क) रोगी की नाड़ी या प्राण छूटना। (ख) भय या साहस छूटना। (ग) अभ्यास या आदत छूटना। १५. काम-धंधे से अलग किया जाना या होना। जैसे—नौकरी या रोजगार छूटना। १६. कष्ट, विपत्ति, बाधा, विघ्न आदि से मुक्त या रहित होना। जैसे—(क) झगड़े-बखेड़े या मुकदमेबाजी से जान छूटना। १७. औचित्य, मर्यादा आदि का इस प्रकार अतिक्रमण या उल्लंघन होना कि उसके फल-स्वरूप कोई अनुचित या निन्दनीय कार्य या व्यापार घटित हो। जैसे—(क) बात-चीत करने में जबान छूटना। (ख) क्रोध में किसी पर हाथ छूटना। १८. कथन, लेख आदि के प्रसंग में, आवश्यक या उपयुक्त पद, वाक्य या विषय यथा-स्थान आने से रह जाना। जैसे—(क) भाषण में कोई प्रसंग छूटना। (ख) प्रतिलिपि करने में अक्षर, पद या वाक्य छूटना। १९. किसी चीज का भूल से कहीं रह जाना या न लाया जाना। जैसे—न जाने मेरा छाता कहाँ छूट गया है। २०. उपयोग, व्यवहार आदि में आने से बचा या रह जाना। जैसे—(क) थाली में जूठन छूटना (ख) प्रश्न-पत्र में का कोई प्रश्न छूटना। २१. नियम, व्रत आदि का भंग होना। जैसे—रोजा छूटना। २२. संयोग के लिए नर का मादा की ओर प्रवृत्त होना या उस पर आसन जमाना। जैसे—घोड़ी पर घोड़ा छूटना।

छूटा—स्त्री० [हिं० छूटना] एक प्रकार की बरछी।

वि०=छुट्टा।

छूत—स्त्री० [सं० युप्ति, प्रा० छुट्टी] १. छूने की क्रिया या भाव।

मुहा०—छूत छुड़ाना=पीछा छुड़ाने या नाम-मात्र के लिए यों ही अवज्ञापूर्वक कोई काम करना।

२. ऐसा निषिद्ध संसर्ग जिससे रोग आदि का संचार होता हो। ३. गंदी अथवा घृणित वस्तु का संसर्ग। ४. धार्मिक क्षेत्र में अपवित्र होने अथवा अपवित्र वस्तु छूने पर लगनेवाला दोष। ५. यह धारणा कि अमुक वस्तु या व्यक्ति छूने अथवा उससे छूए जाने पर हम अपवित्र हो जायँगे। ६. व्यक्ति पर पड़नेवाली भूत-प्रेत आदि की छाया या उससे होनेवाली बाधा।

मुहा०—छूत झाड़ना=प्रेत बाधा दूर करना।

छूत-छात—स्त्री० [हिं० छूत+अनु० छात] स्पृश्य और अस्पृश्य का भाव। छुआछूत।

छूना—स० [सं० युप्ति, प्रा० छुवइ] १. उँगलियों या हाथ से किसी वस्तु या व्यक्ति को अथवा उसके तल का कोई अंश स्पर्श करना।

मुहा०—आकाश छूना=बहुत ऊँचा होना।

२. शरीर के किसी अंग का अथवा पहने हुए किसी वस्त्र का किसी से लगना या स्पर्श करना। जैसे—तुम्हें चमार ने छू दिया है। ३. दंड के लिए कोई वस्तु स्पर्श करना। जैसे—चावल छूकर भिखमंगे को बाँटना। ४. ऐसा काम करना जिससे किसी चीज में गति उत्पन्न हो। जैसे—हुक्म के तार छूना। ५. किसी विषय के संबंध में कुछ कहना या लिखना। जैसे—इस विषय को भी उन्होंने छुआ है। ६. लीपना। पोतना। जैसे—कमरा छूना।

छेंक—स्त्री० [हिं० छेंकना] १. छेंकने की क्रिया या भाव। २. रोक।

†पुं०=छेद।

छेंकन—स्त्री० [हिं० छेंकना] १. छेंकने की क्रिया या भाव। २. वास्तु-कला में, मकान आदि बनाने से पहले उसके भूमि-तल के संबंध में यह निश्चय या स्थिर करना कि आँगन, कोठरियाँ, बैठक, रसोई आदि विभाग कहाँ-कहाँ रहेंगे। जैसे—इस मकान की छेंकन बहुत अच्छी हुई है।

छेंकना—स० [हिं० छेद] १. स्थान घेरना। २. विभाग आदि करने के लिए लकीरों से अवकाश घेरना। ३. जानेवाले के सामने खड़े होकर उसे जाने से रोकना। ४. किसी का मार्ग अवरुद्ध करना। मिटाना। ५. किसी के नाम लिखी हुई चीज या रकम लौट आने पर काट कर रद्द करना।

छेक†—पुं०=छेद। (पश्चिम)

पुं० [सं०√छो (काटना)+ऐकन्] १. पालतू पशु-पक्षी। २. शब्दालंकार का एक भेद। छेकानुप्रास।

वि० १. पालतू। २. नागरिक।

छेकानुप्रास—पुं० [सं० छेक-अनुप्रास कर्म० स०] कविता में एक प्रकार का अनुप्रास जिसमें एक ही चरण में दो या अधिक वर्णों की आवृत्ति कुछ अन्तर पर होती है।

छेकापह्नुति—स्त्री० [स० छेक-अपह्नुति ष० त०?] साहित्य में अपह्नुति अलंकार का एक भेद जिसमें किसी से कही जानेवाली कोई भेद की बात किसी तीसरे या अनभीष्ट व्यक्ति के सुन लेने पर कोई दूसरी बात बनाकर वह भेद छिपाने का उल्लेख होता है। 'कह मुकरी' या मुकरी में यही अलंकार होता है।

छेकोक्ति—स्त्री० [सं० छेक-उक्ति ष० त०] साहित्य में एक अलंकार जिसमें कोई बात सिद्ध करने के लिए उसके साथ किसी लोकोक्ति या कहावत का भी उल्लेख किया जाता है।

छेड़—स्त्री० [हिं० छेड़ना] १. छेड़ने की क्रिया या भाव। २. ऐसा शब्द, पद या बात जिसके कहने से कोई चिढ़ जाता हो। चिढ़ानेवाली बात। ३. दे० 'चिढ़ौनी'। ४. झगड़ा। ५. किसी कार्य का आरंभ या श्री गणेश। ६. अपनी ओर से कोई ऐसी बात आरंभ करना कि उसका उत्तरदायित्व या भार अपने ऊपर आता हो। पहल। उदा०—हम तो चुपचाप बैठे थे, छेड़ तो तुम्हीं ने की।

मुहा०—छेड़ निकालना=उक्त प्रकार से कोई ऐसा काम या बात करना जिससे कोई लड़ाई-झगड़ा या वैर-विरोध खड़ा हो सकता हो।

छेड़खानी—स्त्री०=छेड़-छाड़।

छेड़छाड़—स्त्री० [हिं० छेड़ना+अनु०] १. किसी को तंग करने के लिए छेड़ने की क्रिया या भाव। २. अनुचित रूप से किसी के प्रति आरंभ किया जानेवाला व्यवहार।

छेड़ना—स० [सं० छिदन या हिं० छेद] १. इस प्रकार कुछ या स्पर्श

करना कि उसके फल-स्वरूप कोई क्रिया या व्यापार घटित हो। जैसे--वीणा या सितार के तार छेड़ना। २. जीव-जन्तुओं आदि को इस प्रकार स्पर्श करना या उन्हें तंग करना जिससे वे क्षुब्ध होकर आक्रमण कर सकते हों। जैसे—कुत्ते, साँड़ या साँप को छेड़ना। ३. व्यक्ति को चिढ़ाने या तंग करने के लिए हँसी-ठट्ठे के रूप में कोई ऐसी बात कहना अथवा कोई ऐसा काम करना जिससे वह चिढ़ या दुःखी होकर प्रतिकार कर सकता हो। जैसे—पागल, बच्चे या स्त्री को छेड़ना। ४. किसी को तंग करने के लिए उसके काम में अड़ंगा लगाना या बाधा खड़ी करना। ५. किसी चीज को अकारण या व्यर्थ में छूना जिससे उसमें विकार उत्पन्न हो सकता हो। जैसे—घाव या उसमें बँधी पट्टी को छेड़ना। ६. किसी को कोई ऐसी बात (छेड़) बार-बार कहना जिससे कोई चिढ़ता हो। जैसे—उसे सब बुद्धू मियाँ कह कर छेड़ते हैं। ७. कोई कार्य या बात आरंभ करना। जैसे—मकान की मरम्मत छेड़ना। ८. संगीत में गीत, बाद्य आदि कलापूर्ण ढंग से आरंभ करना। ९. चिकित्सा के क्षेत्र में, फोड़ा बहाने के लिए नश्तर से उसका मुँह खोलना।

†स०=छेतना (छेदना)।

छेड़खानी--स०[हि० छेड़ना का प्रे० रूप]छेड़ने का काम दूसरे से करवाना।

छेड़ी—स्त्री० [?] छोटी और तंग गली। (बुंदेल०)

स्त्री०=छेरी (बकरी)।

छेत*--पुं० [सं० छेद] १. अलग होने की क्रिया या भाव। पार्थक्य। २. वियोग। ३. छेद।

छेतना† सं०=छेदना।

स० [?] १. ठोंक-पीटकर कोई चीज तैयार करना या बनाना। जैसे—चाँदी की गुल्ली से कड़ा छेतना। २. अच्छी तरह मारना-पीटना या प्रहार करना। जैसे—किसी का मुँह छेतना।

छेत्र*—स्त्री० [सं० छेदन] बाधा।

छेत्ता (त्तृ)—वि० [सं०√छिद् (काटना)+तृच्] छेद करने या छेदनेवाला।

छेद--पुं० १. =क्षेत्र। २. =सत्र (अन्नसत्र)।

छेद—पुं० [सं०√छिद्+घञ्] १. काटने, छेदने या विभक्त करने की क्रिया या भाव। जैसे—उच्छेद, विच्छेद। २. बकरे आदि मारने की 'झटका' नाम की क्रिया। उदा०--कतहूँ मिस मिल कतहूँ छेद।—कबीर। ३. विनाश। बरबादी।

पुं० [सं० छिद्र] १. किसी वस्तु में का दोनों का दोनों ओर से खुला हुआ छोटा अंश। छिद्र। सुराख। जैसे—चलनी में का छेद, कपड़े में का छेद। २. किसी घन या ठोस वस्तु में का वह गहरा स्थान जिसमें से उस वस्तु का कुछ अंश निकाल लिया गया हो। जैसे--जमीन या दीवार में का छेद। ३. विवर। बिल। ४ दोष। दूषण।

छेदक—वि० [सं० छिद्+ण्वुल्—अक] छेदनेवाला।

छेदन—पुं० [सं०√छिद्+ल्युट्-अन] छेदने की क्रिया या भाव।

छेदनहार—वि० [हि० छेदना+हार (प्रत्य०)] १. छेदनेवाला। २. काटनेवाला। ३. नष्ट करने या मिटानेवाला।

छेदना—स० [सं० छेदन] १. किसी तल में नुकीली वस्तु धँसाकर उसमें छेद या सुराख करना। २. शरीर में क्षत या घाव करना। जैसे—तीरों से किसी का शरीर छेदना। ३. छिद्र करना। काटना।

छेदनीय—वि० [सं०√छिद्+अनीयर्] जिसका छेदन हो सकता हो या किया जाने को हो।

छेदि—वि०[सं० छिद्+इन्] छेद करनेवाला।

पुं० बढ़ई।

छेदिका—स्त्री० [स० छेदक+टाप् इत्व] १. छेदन करनेवाली चीज या रेखा। २. ज्यामिति में वह रेखा जो किसी वक्र रेखा को दो या अधिक भागों में काटती हो। (सिकैण्ट)

छेदित—भू० कृ० [सं० छेद+इतच्] १. जिसमें छेद किया गया हो। छेदा हुआ। २. कटा या काटा हुआ।

छेना--पुं० [स० छिन्न] फटे या फाड़े हुए दूध का वह गाढ़ा अंश जो उसका पानी निकाल देने पर बच रहता है।

छेनी—स्त्री० [हि० छेदना] धातु, पत्थर आदि काटने का चौड़े फलवाला एक प्रसिद्ध उपकरण। टाँकी।

छेम*--पुं०=क्षेम।

छेमकरी*--स्त्री०[स० क्षेमकरी] सफेद चील।

छेरी--स्त्री०=छेरी (बकरी)।

छेरना†—अ० [सं० क्षरण] बार-बार पतला मल त्याग करना।

*स०=छेड़ना।

छेरवा--पुं०=छुहारा।

छेरा--पुं० [हि० छेरना] पतला मल। पतला दस्त।

†पुं० [स्त्री० छेरी]। १. बच्चा। २. बकरा।

छेरी—स्त्री० [सं० छेलिका] बकरी।

छेलक--पुं० [सं०√छो (काटना)+ड़ेलकन्] बकरा।

छेलरा--पुं०=छैला।

छेव—पुं० [स० क्षेप] १ किसी वस्तु के तल का कुछ अंश काटने या छीलने की क्रिया या भाव। २. कुछ विशिष्ट वृक्षों का रस निकालने के लिए उनके तने का कुछ अंश काटने या छीलने की क्रिया या भाव।

क्रि० प्र०— लगाना।

३. प्रहार। वार। ४. चोट। घाव। ५. नाश। ६. मृत्यु। ७. विपत्ति। संकट। ८ कपटपूर्ण व्यवहार।

छेवना—स० [हिं० छेव] १. किसी चीज में छेव लगाना। २. आघात, प्रहार या वार करना। ३. चोट पहुँचाना। ४. कष्ट आदि झेलना या सहना। जैसे—अपने जी पर छेवना (अर्थात् मन ही मन कष्ट सहना या दुःखी होना।) उदा०—जो अस कोई जिय पर छेवा।—जायसी। ५. फेंकना।

स्त्री० ताड़ी, जो ताड़ के वृक्ष में छेव लगाकर निकाली जाती है।

स० [हि० छेदना] १. काटना। २. चिह्न लगाना।

छेवला--पुं० [?] पलाश का वृक्ष। (बुंदेल०)

छेवा—पु० [हि० छेव] १. छीलने, काटने आदि का काम। २. काटने, छीलने आदि से पड़ा हुआ निशान। ३. महाजनी बहीखाते में वह चिह्न जो कही से लौटी हुई चीज या रकम के लेख पर यह सूचित करने के लिए लगाया जाता है कि अब वह प्राप्य नहीं रह गई। ४. प्रानी का तेज बहाव। (मल्लाह)

†पुं०=छेद।

छेह*—पुं० [हिं० छेव] १. दे० 'छेव'। २. ध्वंस। नाश। ३. वियोग। विच्छेद। ४. परम्परा का भंग। ५. अंत। समाप्ति।

वि० १. खंडित। २. न्यून।

*स्त्री०=खेद।

छेहर†—स्त्री०=छाया।

छेहरा—पुं०=छेह।

छै†—वि०=छः।

*पुं०=क्षय।

छैदिक—पुं० [सं० छेद+ठञ्-इक] बेत।

छैना—अ० [सं० क्षय] १. क्षय होना। २. क्षीण होना।

स० १. नष्ट करना। २. क्षीण करना।

पुं० [छन छन से अनु०] छोटी झाँझ (बाजा)।

छैया—पुं० [हिं० छवना] बच्चा।

वि० [हिं० छाना] छानेवाला।

छैल—स्त्री० [हिं० छैलाना] छैलने या छैलाने की क्रिया या भाव। लड़कों की-सी मचल या हठ।

*पुं०=छैला।

छैलचिकनिया—पुं०=छैला।

छैल छबीला—पुं०=छैला।

छैलना*—अ०=छैलाना।

छैला—पुं० [सं० छविल्ल, प्रा० छइल्ल] बहुत बन-ठनकर रहनेवाला नवयुवक।

छैलाना—अ० [हिं० छैला] लड़कों का कोई काम करने या कोई चीज पाने के लिए मचलना और हठ करना। उदा०—कोउ छेंकत छैलात देखि कहुँ मजु खिलौना।—रत्नाकर।

स० किसी को छैलाने या हठ करने में प्रवृत्त करना।

छोंच†—पुं०=शौच।

छोंड़ा*—पुं० [सं० क्ष्वे] [स्त्री० अल्पा० छोंड़ी] मथानी।

छोआ†—पुं० दे० 'खोई'।

छोई†—स्त्री० [सं० क्षोद] १. दे० 'खोई'। २. निस्सार वस्तु। रद्दी चीज। उदा०—आन व्रतै मानै सब छोई।—श्री भट्ट

छोकरा—पुं० [सं० शावक+रा; प्रा० छावक+रा; दे प्रा० छाक्कर] [स्त्री० छोकरी] लड़का। बालक। (उपेक्षा सूचक)

छोछा†—वि० [स्त्री० छोछी] दे० 'छूछा'।

छोट†—वि०=छोटा।

छोटा—वि० [सं० क्षुद्र+ट, दे० प्रा० छोट्ट] मान, विस्तार आदि में अपेक्षया कम या थोड़ा। जैसे—(क) छोटा पेड़, छोटा मकान। २. जिसकी अवस्था या उमर किसी की तुलना में कम हो। थोड़े वय का। जैसे—छोटा भाई, छोटा लड़का। ३. प्रतिष्ठा, मान आदि में औरों से घटकर होनेवाला। तुच्छ। हीन। जैसे—छोटा काम, छोटी जाति, छोटी बात।

छोटाई—स्त्री० [हिं० छोटा+ई (प्रत्य०)] छोटे होने की अवस्था या भाव। छोटापन।

छोटापन—पुं० [हिं० छोटा+पन] छोटाई।

छोटिका—स्त्री० [सं०√छुट् (काटना)+ण्वुल्-अक, टाप्, इत्व] चुटकी।

छोटी (टिन्)—पुं० [सं०√छुट्+णिनि] मछुआ।

छोटी इलायची—स्त्री० [हिं०] छोटे आकार की एक प्रकार की इलायची जिसका छिलका पीलापन लिये सफेद होता है।

छोड़—अव्य० [हिं० छोड़कर का संक्षिप्त रूप] छोड़कर। अतिरिक्त। सिवाय। जैसे—तुम्हें छोड़ और कोई ऐसा नहीं कहता।

छोड़ना—स० [सं० छोड़] १. बंधन से मुक्त करना। स्वतंत्र करना। जैसे—कैदियों को छोड़ना। २. अभियोग, आरोप आदि से मुक्त करना। जैसे—अदालत ने उन्हें छोड़ दिया है। ३. कोई काम, चीज या बात कुछ समय के लिए अथवा सदा के लिए न करने का निश्चय करना। त्याग देना अथवा संबंध विच्छेद करना। परित्याग करना। जैसे—(क) आज-कल हमने अन्न खाना छोड़ दिया है। (ख) उसने अब कलकत्ता छोड़ दिया है। (ग) उन्होंने अपनी पत्नी को छोड़ दिया है। ४. कथन, लेख आदि के प्रसंग में, कोई आवश्यक अक्षर, पद या वाक्य का उपयोग या व्यवहार न करना अथवा न लिखना। ५. कोई चीज जान-बूझकर या भूल से कहीं रख देना या रहने देना। जैसे—(क) वह अपना सामान यहीं छोड़ गये हैं। (ख) कोई अपनी छड़ी यहीं छोड़ गया है। ६. उत्तराधिकार आदि के रूप में किसी के लिए कुछ बचा या बाकी रहने देना। जैसे—पिता का पुत्र के लिए ऋण या संपत्ति छोड़ना। ७. अवशिष्ट या बाकी रहने देना। जैसे—आज का काम कल पर छोड़ना। ८. कोई चीज किसी में अथवा किसी पर डालना। जैसे—(क) पत्र-पेटी में पत्र छोड़ना। (ख) जलते अंगारों पर पानी छोड़ना। (ग) खेत में खाद छोड़ना। ९. किसी वस्तु पर से अपना अधिकार, प्रभुत्व या स्वामित्व हटा लेना। जैसे—मकान छोड़ना। १०. कोई चीज किसी से उदारतापूर्वक या रियायत करते हुए न लेना। जैसे—मूलधन लेकर ब्याज छोड़ना। ११. उपेक्षा या तिरस्कारपूर्वक जाने देना। ध्यान न देना। जैसे—ये सब बातें छोड़ो; इनमें क्या रखा है। १२. कोई ऐसी यांत्रिक या रासायनिक क्रिया करना जिससे कोई चीज गति में आ जाय या अपना कार्य करने लगे। जैसे—(क) अग्निबाण या उपग्रह छोड़ना। (ख) तोप, बंदूक, मोटर छोड़ना। १३. अनुसंधान या पीछा करने के लिए किसी को गुप्त रूप से नियुक्त करना। जैसे—उनका पता लगाने के लिए कई आदमी छोड़े गये। हैं। १४. कोई ऐसा कार्य या व्यापार करना जिससे किसी चीज या बात का उपयुक्त परिणाम या फल निकले, उसका कोई प्रभाव पड़े अथवा स्पष्ट रूप से सामने आवे। जैसे—(क) तान छोड़ना। (ख) फुलझड़ी या शगूफा छोड़ना। १५. आश्रय के रूप में रहनेवाली चीज का अपने ऊपर टिकी, ठहरी या लगी हुई चीज को अपने से अलग या दूर करना। जैसे—(क) पेड़ की छाल छोड़ना। (ख) खंभे का छत या दीवार छोड़ना। १६. कर्त्तव्य, कार्य आदि का निर्वाह या पालन न करना। जैसे—तुम आधा काम करते हो और आधा छोड़ देते हो।

छोड़वाना—स० [हिं० छोड़ना का प्रे० रूप] छोड़ने का काम दूसरे से करवाना। छुड़वाना।

छोत†—स्त्री०=छूत।

छोतरा—पुं० [?] १. छिलका। २. अफीम।

छोना—पुं०, स०=छूना।

छोनि*—पुं०=क्षोणिप।

छोनिय*—स्त्री०=क्षोणी (पृथ्वी)।

छोनी—स्त्री०=क्षोणी (पृथ्वी)।

छोप—स्त्री० [हिं० छोपना] १. छोपने की क्रिया या भाव। २. छोपा हुआ अंश। छोपकर जमाई या लगाई हुई तह।

छोपना—स० [सं० क्षेपण] १. बहुत गाढ़ी वस्तु या सानी हुई वस्तु को किसी दूसरी वस्तु पर थोपना या लगाना। २. ढकना। ३. दबोचना।

छोभ†—पुं०=क्षोभ।

छोभन—पु०=क्षोभ।

छोभना*—अ०, स० [सं० क्षोभ] क्षुब्ध होना या करना।

छोभित—वि०=क्षोभित।

छोम—वि० [सं० क्षोम] १. चिकना। २. कोमल।

छोर—पुं० [हिं० ओर का अनु०] किसी वस्तु के किनारे या सिरे पर का अंश, भाग या विस्तार। अंतिम सिरा।

*पु०=छोरा।

छोरटा—पु० [स्त्री० छोरटी]=छोर।

छोरना—स० [सं० छोरण] १. गाँठ आदि खोलना। २ पहने हुए वस्त्र उतारना। उदा०—कोउ ऐंठति तन तोरि छोरि अंगिया कोउ पैठति।—रत्नाकर। ३. किसी की चीज बलात् लेना। छीनना।

*स०=छोड़ना।

छोलंग—पु० [स० छुर+अङ्गच्-रू ल्] नीबू।

छोलना†—स० [हिं० छीलना का पुराना रूप] १ छीलना। २ अनावश्यक और फालतू रूप से अधिक योग्यता दिखाना। छाँटना। उदा०—जाहु चले गुन प्रगट सूर प्रभु कहा चतुराई छोलत हौ।—सूर। पुं० वह उपकरण जिससे कोई चीज छीली जाय।

छोला—पुं० [हिं० छोलना] १. छोलने या छीलने का काम करनेवाला व्यक्ति। २. चना।

छोह—पुं० [सं० क्षोभ] १. प्रेम। स्नेह। २. अनुग्रह। दया।

छोहगर†—वि० [हिं० छोह] छोह या प्रेम करनेवाला। प्रेमी।

छोहना—अ० [हिं० छोह+प्रेम+ना (प्रत्य०)] १ प्रेम या स्नेह करना। उदा०—छितिपति उमगि उठाइ छोहि छाती छपटायौ।—रत्ना० २ विचलित या क्षुब्ध होना।

छोहर† (ा)—पु० [स्त्री० छोहरिया, छोहरी] छोकरा। लड़का।

छोहाना*—अ०=छोहना।

छोहारा†—पु० छुहारा।

छोहिनी*—स्त्री० अक्षौहिणी।

छोही*—वि० [हिं० छोह] १ प्रेम करनेवाला। २. अनुग्रह या दया करनेवाला।

छौंक—स्त्री० [हिं० छौंकना] १ छौंकने की क्रिया या भाव। बघार। २ वह मसाला जिसमें तरकारी, दाल आदि छौंकी जाती है। तड़का। बघार।

छौंकन†—स्त्री० छौंक।

छौंकना—स० [अनु० छौं छौं] दाल, तरकारी को सुगंधित या सोंधा करने के लिए उसमें घी, तिल, हींग आदि में मिला हुआ कड़कड़ाता घी या तेल छोड़ना। बघारना। (स्पाइसिंग)

अ० [अनु० प्रा० स० छौंकना] १ शिकार को पकड़ने के लिए हिंसक जंतु का आकस्मात् उछलकर आगे बढ़ना। जैसे—बकरी पर शेर का छौंकना। २ [illegible] के लिए अचानक उछलकर आगे बढ़ना।

छौंक-बघार—पु० [हिं०] १ दाल, तरकारी आदि छौंकने की क्रिया या भाव। २ किसी बात में उसे आवश्यक या रोचक बनाने के लिए अपनी ओर से कुछ बातें मिलाकर कहना।

छौंड़ा—पु० [स० शकटा, हिं० छौंड़ा] [स्त्री० छौंड़ी] लड़का। बालक।

पु० [स० चूड़ा] अनाज रखने का गड्ढा।

छौना—पु० [स० शाव; प्रा० छाव; प्रा० छाव] १. पशु का बच्चा। जैसे—मृग छौना। २ बच्चा। बालक।

छौर†—पु० क्षौर।

छौलदारी—स्त्री० [हिं० छौल?+फा० दारी] एक प्रकार का छोटा खेमा। रावटी।

छ्वाना*—स०=छुड़ाना।

ज

ज

ज—चवर्ग का तीसरा अक्षर जो उच्चारण तथा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से तालव्य, स्पर्श, संघर्षी अल्प प्राण, सघोष व्यंजन है।

प्रत्य० यह प्रत्यय रूप में कुछ शब्दों के अंत में लगकर 'मे उत्पन्न' या 'से उत्पन्न' का अर्थ देता है। जैसे—जलज, देशज, पित्तज आदि। पुं० 'जगण' का संक्षिप्त रूप। (छंद शास्त्र)

अव्य० ही। भी। तो। (डिं०) उदा०—तिणि तिणि हीज ब्राह्मण तणै।—प्रिथीराज।

जंकशन—पुं०=जंक्शन।

जंक्शन—पु० [अ०] वह रेलवे स्टेशन जहाँ दो से अधिक दिशाओं से गाड़ियाँ आती-जाती हों। (जक्शन)

जंग—स्त्री० [फा०] सशस्त्र सैनिकों की लड़ाई। युद्ध।

पु० [फा० जग] १ लोहे पर जमनेवाली यह मैल या विकृत अंश जो लोहे में वायु और नमी के प्रभाव से उत्पन्न होता है। मोरचा। २. अफ्रीका का जगवार या जंजीबार नामक प्रदेश।

स्त्री० [अं० जंक] एक प्रकार की बहुत बड़ी नाव।

जंगआवर—वि० [फा०] लड़ाका। योद्धा।

जंगजू—वि० [फा०] युद्ध करने की इच्छा रखनेवाला (व्यक्ति)।

जंगबार—पुं० [फा० जंग+बार] पूर्वी अफ्रीका का एक प्रदेश। जंजीबार।

जंगम—वि० [√गम् (जाना) +यङ्—लुक्, द्वित्वादि+अच्] १. जो एक स्थान से चलकर दूसरे स्थान पर जाता हो या जा सकता हो। २. चलनेवाले प्राणियों से उत्पन्न होने या उनसे संबंध रखनेवाला। जैसे—जंगम विष=कीड़े-मकोड़ों, पशु-पक्षियों आदि के शरीर से निकलनेवाला विष। ३. जिसे एक स्थान से उठा या हटाकर दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता हो।

पुं० १. लिंगायत शैव संप्रदाय के गुरुओं की उपाधि। २. एक प्रकार के साधु।

जंगम-गुल्म—पुं० [कर्म० स०] पैदल चलनेवाले सिपाहियों का दस्ता।

जँगरा—पुं० [देश०] कुछ वनस्पतियों के डंठल। जैसे—मूँग का जँगरा।

पुं० [हिं० जाँगर] शारीरिक बल।

जँगरैत—वि० [हिं० जाँगर] [स्त्री० जँगरैतिन] (व्यक्ति) जो कोई काम करने में अपनी पूरी शारीरिक शक्ति लगाता हो। जाँगरवाला। परिश्रमी।

जंगल—पुं० [सं०√गल् (भक्षण) +यङ्+अच्, नि० सिद्धि] १. जल-शून्य भूमि। रेगिस्तान। २. वह स्थान जहाँ बहुत से वृक्ष तथा वनस्पतियाँ आप से आप उग आई हों। वन।

पद—जंगल में मंगल=सूने स्थल में होनेवाली चहल-पहल।

मुहा०—जंगल जाना=शौच के लिए मैदान में जाना। टट्टी जाना।

३. लाक्षणिक अर्थ में, वह स्थान जहाँ पर बहुत-सी वस्तुएँ ऐसे अव्यवस्थित रूप में रखी हुई हों कि जल्दी किसी वस्तु का पता न लगे। ४. मांस।

जंगल-जलेबी—स्त्री० [सं० जंगल+हिं० जलेबी] १. काँटेदार जंगली पौधा, जिसमें जलेबी की तरह फल लगते हैं। २. गू की लेंडी। (परिहास)

जंगल बाड़ी—स्त्री० [हिं० जंगल+बाड़ी] एक प्रकार की बढ़िया मलमल।

जंगला—पुं० [पुर्त० जेगिला] १. बरामदे, छज्जे आदि के किनारे-किनारे खड़ी की हुई वह रचना जिसमें एक पंक्ति में लकड़ी या लोहे के छड़ लगे होते हैं। २. खिड़की का वह चौखट जिसमें लोहे के छड़ लगे हुए हों। ३. खिड़की। ४. वह चित्रण या नक्काशी जिसमें एक दूसरे को काटती हुई बेलें आदि बनी हों। जैसे—जंगले की साड़ी।

पुं० [सं० जांगल्य] १. संगीत के बारह मुकामों में से एक। २. एक राग का नाम। ३. एक प्रकार की मछली जो बंगाल की नदियों में बहुतायत से होती है। ४. वनस्पतियों के डंठल।

जंगली—वि० [सं० जंगल] १. जंगल में उगने, उपजने या होनेवाला। २. (वह वनस्पति) जो आप से आप उग आई हो। ३. जंगल में रहनेवाला। जैसे—जंगली चिड़ियाँ, जंगली जातियाँ। ४. जो घरेलू या पालतू न हो। जैसे—जंगली कुत्ता। ५. जंगल में रहनेवाले पशुओं, व्यक्तियों जैसा (आचरण, स्वभाव)। जैसे—जंगली आदत। ६. असभ्य तथा असंस्कृत। गँवार। ७. मूर्ख। ८. (प्रदेश) जिसमें जंगल हों।

पुं० १. जंगल में रहनेवाला व्यक्ति। २. असभ्य या अशिष्ट व्यक्ति।

जंगली बादाम—पुं० [हिं० जंगली+बादाम] १. कतीले की जाति का एक पेड़ जिसके फलों के बीज को भूनकर खाया या उबालकर तेल निकाला जाता है। २. हर्रे की जाति का एक पेड़ जिसकी छाल से चमड़ा सिझाया जाता है और बीजों से तेल निकाला जाता है। हिंदी-बादाम।

जंगली रेंड़†—पुं०=वन रेंड।

जंगा—पुं० [फा० जगूला] घुँघरू का दाना।

जंगार—पुं० [फा०] [वि० जंगारी] १. ताँबे का कसाव। तूतिया। २. एक प्रकार का नीला रंग जो ताँबे को सिरके में भिगोकर निकाला जाता है। ३. आज-कल कुछ नई प्रक्रियाओं से बनाया हुआ उक्त प्रकार का रंग।

जंगारी—वि० [फा० जंगार] जंगार अर्थात् नीले रंगवाला। नीला।

जंगाल—पुं०=जगार।

†पुं० [फा० जंग] जंग। मोरचा।

जंगाली†—वि०=जंगारी।

पुं० [हिं० जगार] नीले रंग का एक प्रकार का रेशमी कपड़ा।

जंगाली पट्टी†—स्त्री० [हिं० जगारी+पट्टी] फोड़े-फुंसियों पर लगाई जानेवाली गधे बिरोजे की पट्टी।

जंगी—वि० [फा०] १. जंग अर्थात् युद्ध संबंधी। २. युद्ध में भाग लेनेवाला अथवा युद्ध में काम आनेवाला। सामरिक। ३. सेना संबंधी। सैनिक। ४. बहुत बड़ा। दीर्घ काय। ५. लड़ने-झगड़नेवाला। झगड़ालू।

पुं० [देश०] घड़ा। (कहार)

जंगी लाट—पुं० [हिं०] आज-कल किसी देश का प्रधान सेनापति।

जंगीहड़—स्त्री० [फा० जंगी+हड़] काली हड़। छोटी हड़।

जंगुल—पुं० [सं०√गम् (जाना) +यङ्—लुक्+डुल् बा०] जहर। विष।

जंगेला—पुं० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष जिसे चौरी, मामरी या रूही भी कहते हैं।

जंगैं—स्त्री० [सं० जंघा] एक प्रकार की करधनी जिसमें घुँघरू लगे रहते हैं और जिसे नाच के समय अहीर, धोबी आदि कमर में बाँधते हैं।

जंघ*—स्त्री०=जंघा।

†पुं०=जाँघिया।

जंघा—स्त्री० [√हन् (जाना) √यङ्—लुक्+अच्, टाप्] १ पैर का घुटने और पेड़ू के बीच का भाग। २. एक प्रकार का जूता। ३. कैंची का दस्ता जिसमें फल और दस्ताने लगे रहते हैं।

जंघा-त्राण—पुं० [ष० त०] एक प्रकार का कवच जो जाँघ पर बाँधा जाता था।

जंघाफार—पुं० [हिं० जंघा+फारना] रास्ते में पड़नेवाली खाई। (कहार)।

जंघा-बन्धु—पुं० [ब० स०] एक ऋषि का नाम

जंघामथानी—स्त्री० [सं० जंघा+हिं० मथानी] १. छिनाल स्त्री। पुंश्चली। २. वेश्या।

जंघार—पुं० [हिं० जंघा+आर] जाँघ पर होनेवाला एक प्रकार का फोड़ा।

जंघा-रथ—पुं० [ब० स०] १. एक प्राचीन ऋषि। २. उक्त ऋषि के गोत्र में उत्पन्न पुरुष।

जंघारा—पुं० [देश०] राजपूतों की एक जाति।

जंघारि—पुं० [सं० ब० स०] विश्वामित्र के एक पुत्र का नाम।

जंघाल—पुं० [सं० जंघा+लच्] १. धावन। धावक। दूत। २. मृग।

जंघिल—वि० [सं० जंघा+इलच्] १. तेज दौड़नेवाला। २. फुर्तीला।

जँचना—अ० [हिं० जाँचना] १. जाँचा जाना। जाँचा-परखा जाना। जैसे—हिसाब जँचना। २. जाँच में ठीक या पूरा उतरना। ३. जान पड़ना। प्रतीत होना। ४. भला जान पड़ना।

जँचा—वि० [हिं० जँचना] १. जाँचा हुआ। सुपरीक्षित। २. जो ठीक प्रकार से जाँच करने में अभ्यस्त हो। ३. जाँच करते-करते जिसे किसी बात का अभ्यास हो गया हो। जैसे—जँचा हाथ।

पद—जँचा-तुला=ठीक ठीक।

जंज—अव्य० [?] जो।

स्त्री० [सं० यज्ञ] बरात। (पंजाब)

जंज-घर—पुं० [हिं० जंज+घर] १. बरात को ठहराने का स्थान। २. वह स्थान जहाँ पर बरातें आकर ठहरती हों।

जंजपूक—पुं० [सं०√जप् (जपना)+यङ्+ऊक] मंद स्वर में जप करनेवाला व्यक्ति।

जंजबील—स्त्री० [अ०] सोंठ।

जंजर (ल)*—वि० =जर्जर।

जंजाल—पुं० [हिं० जग+जाल] [वि० जंजालिया] १ सांसारिक व्यापार जिसमें मनुष्य फँसा रहता है। मनुष्य को ईश्वर या भगवत् भजन से विमुख करने तथा उसका ध्यान अपनी ओर लगाये रखनेवाली बात। माया। २. प्रपंच। झंझट। बखेड़ा। ३. उलझन। ४. पानी का भँवर। ५. पुराने ढंग की एक प्रकार की पलीतेदार बड़ी बंदूक। ६. चौड़े मुँहवाली एक प्रकार की पुरानी चाल की तोप। ७. मछलियाँ पकड़ने का बड़ा जाल।

जंजालिया—वि० [हिं० जंजाल+इया (प्रत्य०)]=जंजाली।

जंजाली—वि० [हिं० जंजाल+ई (प्रत्य०)] १. जो जंजाल में फँसा हो। सांसारिक बंधनों में पड़ा हुआ। २. झगड़ा-बखेड़ा करनेवाला।

स्त्री० [देश०] वह रस्सी और घिरनी जिससे नावों का पाल चढ़ाया और उतारा जाता है।

जंजीर—स्त्री० [फा०] १. धातु की बहुत-सी कड़ियों को एक दूसरे में पहनाकर बनाई जानेवाली लड़ी। साँकल। २. साँकल की तरह का बना हुआ गले में पहनने का एक आभूषण। सिकड़ी। ३. कैदियों के पावों में बाँधी जानेवाली लोहे की शृंखला। ४. किवाड़े के पल्ले बंद करने की सिकड़ी। साँकल। ५. लाक्षणिक अर्थ में, वह बात जो आगे-पीछे की घटनाओं को जोड़ती या मिलाती है। शृंखला।

जंजीरा—पुं० [हिं० जंजीर] १. कसीदे के काम में, कपड़े आदि पर काढ़ी या निकाली हुई जंजीर की बनावट। लहरिया। २. लहरियेदार कपड़ा। उदा०—जनि बाँधौ जंजीरे की पाग नजर तोहें लगि जायगी।—गीत।

जंजीरी—वि० [हिं० जंजीर] १. गले में पहनने की सिकड़ी। २. हथेली के पिछले भाग पर पहना जानेवाला एक प्रकार का गहना।

वि० जिसमें जंजीर या सिकड़ी लगी हो।

जंट†—पुं० [अं० ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट] [भाव० जंटी] जिला मजिस्ट्रेट का सहायक अधिकारी।

जंटी—स्त्री० [हिं० जंट] ज्वाइंट मजिस्ट्रेट होने की अवस्था, भाव या पद।

जंड—पुं० [देश०] एक जंगली पेड़ जिसकी फलियों का अचार डाला जाता है। सागर।

जंतर—पुं० [सं० यंत्र] १. दे० 'यंत्र'। २. गले आदि में पहनने का धातु का वह छोटा आधान जिसके अंदर मंत्र या टोटके की कोई वस्तु रहती है। तावीज। ३. जंतर-मंतर। ४. यंत्र, जिससे तेल या आसव आदि तैयार किया जाता है। ५. वाद्य यंत्र। बाजा।

जंतर-मंतर—पुं० [सं० यंत्र-मंत्र] १. भूत-बाधा आदि उतारने अथवा किसी पर भूत-बाधा आदि लाने का मंत्र। टोटका। २. वेधशाला, जहाँ पर नक्षत्रों आदि की गति-विधि देखी जाती है।

जंतरा—स्त्री० [सं० यंत्री] वह रस्सी जो गाड़ी के ढाँचे पर कसी, तानी या बाँधी जाती है।

जंतरी—स्त्री० [सं० यंत्र] सोनारों का एक उपकरण जिसमें से वे तार खींचकर पतले तथा लंबे करते हैं। २. पंचांग। तिथिपत्र। (उर्दू) ३. जादूगर। ४. बाजा बजानेवाला।

जंतसर—पुं० [हिं० जाता+सर (प्रत्य०)] वह गीत जिन्हें जाँता अर्थात् चक्की पीसते समय स्त्रियाँ गाती हैं।

जंतसार—स्त्री० [हिं० जाँता+सार=शाल] वह स्थान जहाँ पर जाँता गाड़ा हो।

जंता—पुं० [सं० यंत्र] [स्त्री० जंती, जंतरी] १. यंत्र। कल। २. सुनारों का तार खींचने का उपकरण।

वि० [सं० यंतृ] १. यंत्रणा देनेवाला। २. दंड देनेवाला।

जंताना—अ० [हिं० जाँता] १ (अन्न आदि का) जाँते में पीसा जाना। २. भीड़ में चारों ओर से इस प्रकार दबना जैसे जाँते में दाने पिसते हैं।

जंती—स्त्री० [हिं० जंता] सुनारों का तार खींचने का छोटा जंता।

स्त्री० [सं० जनयित्री] जननी। माता।

जंतु—पुं० [सं०√जन् (प्रादुर्भाव) +तुन्] १ वह जिसने जन्म लिया हो। २. शारीरिक दृष्टि से साधारण या छोटे आकार-प्रकार के पशु, कीड़े-मकोड़े आदि। जैसे—चूहा, मछली, साँप आदि।

जंतुका—स्त्री० [सं० जंतु√क (प्रकाश करना) +क—टाप्] लाख। लाक्षा।

जंतुघ्न—वि० [सं० जंतु√हन् (मारना)+टक्] (औषध या पदार्थ) जंतुओं को नष्ट करनेवाला।

पुं० १. वायविडंग। २. हींग।

जंतुघ्नी—स्त्री० [सं० जंतुघ्न+ङीप्] वायविडंग।

जंतु-नाशक—पुं० [ब० त०] हींग।

वि० जंतुओं या कीड़ों का नाशक।

जंतु-फल—पुं० [ब० स०] गूलर।

जंतुमारी (रिन्)—पुं० [सं० जंतु√मृ (मरना)+णिच्+णिनि] जँवीरी नीबू।

वि०=जंतुघ्न।

जंतुला—स्त्री० [सं० जंतु√ला (लेना)+क—टाप्] काँस नामक घास।

जंतु-विज्ञान—पुं०=जीव-विज्ञान।

जंतु-शाला—स्त्री० [ष० त०] वह स्थान जहाँ पर अनेक प्रकार के पशु-पक्षी और जीव-जंतु प्रदर्शन के लिए रखे गये हों। चिड़ियाघर।

जंतुहन—वि०=जंतुघ्न।

जंतैत—पुं० [हिं० जाँता] वह व्यक्ति जो जाँता अर्थात् चक्की पीसकर अपनी जीविका उपार्जन करता हो।

जंत्र—पुं० [सं० यंत्र] १. यंत्र (दे०)। २. ताला।

जंत्रना*—स० [हिं० जंत्र] १. जंत्र अर्थात् ताला लगना। २. बाँध या रोक (दे०) रखना।

स० स्त्री० [सं० यंत्रणा] १. यंत्रणा देना। दुःख देना। २. दंड देना।

जंत्र-मंत्र—पुं०=जंतर-मंतर।

जंत्रा—स्त्री०=जंतरा।

जंत्रित—वि० [सं० यंत्रित] १. यंत्र द्वारा बाँधा या रोका हुआ। २. जो किसी के वश में हो। पर-वश।

जंत्री—पुं० [सं० यंत्रिन्] वीणा आदि बजानेवाला। बाजा बजानेवाला व्यक्ति।

*पुं० [सं० यंत्र] बाजा।

†स्त्री०=जंतरी।

जंद—पुं० [सं० छन्दस् का ईरानी रूप] पारसियों का प्रसिद्ध धर्म-ग्रन्थ जो जरतुश्त की रचना है। (पहले लोग इसे मूल से उक्त ग्रंथ की भाषा का नाम समझते थे जो वास्तव में अवेस्ता है)

जंदरा—पुं० [सं० यंत्र] ताला। (पश्चिम)

†पुं०=जाँता।

जंघाला—स्त्री० [सं०] पुरानी चाल की एक प्रकार की नाव जो १२८ हाथ लम्बी, १६ हाथ चौड़ी और १२ हाथ ऊँची होती थी।

जंप—पुं० [सं० जल्प ?] शांति। उदा०—जंप जीव नहीं आवती जाणे। —प्रिथीराज।

जंपती—पुं० [सं० जाया-पति द्व० स०, जम् आदेश] दंपती।

जंपना*—स० [हिं० जपना, सं० जल्पन] १. कहना। बोलना। उदा०—यों कवि भूषण जंपत है लखि संपति को अलका-पति लाजै। —भूषण। २. बकना। बकवाद करना।

अ०=झंपना (कूदना)।

जंब—पुं० [सं०√जम्ब्+घञ्] कीचड़।

जंबाल—पुं० [सं० जंब—आ√ला (लेना)+क] १. कीचड़। २. मिट्टी। ३. पानी में होनेवाली एक घास। ४. केवड़े का फूल।

जंबाला—स्त्री० [सं० जंबाल+टाप्] केतकी का पौधा।

जंबालिनी—स्त्री० [सं० जंबाल+इनि—ङीप्] नदी।

जंबीर—पुं० [सं०√जम् (खाना)+ईरन्—मुक्] जँबीरी नीबू (दे०)। स्त्री० [अ० जंबीर] मुँह से बजाने की पुरानी चाल की एक सीटी।

जंबीरी नीबू—पुं० [सं० जंबीर] एक प्रकार का बड़ा नीबू जिसका रस बहुत खट्टा होता है।

जंबील—स्त्री० [फा०] फकीरों, साधुओं, संन्यासियों आदि की किसी कपड़े के चारों कोनों को गाँठ लगाकर बनाई हुई थैली जिसमें वे भिक्षा से मिली हुई वस्तुएँ रखते हैं।

जंबु—पुं० [सं० √जंबू पृषो० ह्रस्व] जामुन का पेड़ और उसका फल।

जंबुक—पुं० [सं० जंबु+कन्] १. बड़ा जामुन। फरेंदा। २. श्योनाक वृक्ष। सोनापाठा। ३. केवड़ा। ४. गीदड़। ५. वरुण। ६. स्कंद का एक अनुचर।

जंबु-खंड—पुं० दे० 'जंबूद्वीप'।

जंबु-द्वीप—पुं०=जंबूद्वीप।

जंबु-प्रस्थ—पुं०=जंबूप्रस्थ (दे०)।

जंबुमती—स्त्री० [सं० जंबुमत+ङीप्] एक अप्सरा का नाम।

जंबुमान् (मत्)—पुं० [सं० जंबु+मतुप्] १. पहाड़। २. जांबवान नामक एक वानर।

जंबुमाली (लिन्)—पुं० [सं० जंबु-माला ष० त०, इनि ?] एक राक्षस का नाम।

जंबुर†—पुं०=जंबूर।

जंबुल—पुं० [सं० जंबु√ला (लेना)+क] जंबूल। (दे०)

जंबू—पुं० [सं० जंबु+ऊङ्]=जंबु। (दे०)

जंबूका—स्त्री० [सं० जंबू√(प्रतीत होना)+क-टाप्] किशमिश।

जंबू-खंड—पुं० [मध्य० स०] जंबूद्वीप।

जंबू-दीप—पुं०=जंबूद्वीप।

जंबू-द्वीप—पुं० [मध्य० स०] पुराणानुसार सात द्वीपों में से एक जिसमें भारतवर्ष की भी स्थिति मानी गई है।

जंबूनद—पुं०=जंबू-नदी।

जंबू-नदी—स्त्री० [मध्य० स०] ब्रह्म लोक से निकली हुई सात नदियों में से एक जिसके संबंध में यह कहा जाता है कि यह जामुन के पेड़ों से चूने वाले जामुनों के रस से निकलती है।

जंबू-प्रस्थ—पुं० [ब० स०] वाल्मीकि रामायण के अनुसार एक नगर का नाम।

जंबूर—पुं० [अ० जन बूर] १. बर्रे। भिड़। २. शहद की मक्खी। ३. पुरानी चाल की एक तोप।

†पुं०=जंबूरा।

जंबूरक—स्त्री० [फा० जंबूर] १. एक प्रकार की छोटी तोप। २. तोप रखने की गाड़ी। ३. भँवर कली।

जंबूरखाना—पुं० [अ० जनबूर+फा० खानः] भिड़ या शहद की मक्खियों का खत्ता।

जंबूरची—पुं० [अ० जंबूर+फा० ची (प्रत्य०) १. तोपची। २. सिपाही।

जंबूरा—पुं० [फा० जंबूर] १. एक प्रकार की छोटी तोप। २. तोप लादने की गाड़ी। ३. भँवर कली (दे०)। ४. खँड़सी या चिमटी की तरह का एक उपकरण जिससे कारीगर चीजों को ऐंठते, दबाते या घुमाते हैं। ५. मस्तूल पर आड़ा बँधा रहनेवाला डंडा।

जंबूरी—स्त्री० [फा०] एक प्रकार का जालीदार कपड़ा।

जंबूल—पुं० [सं० जंबू√ला (लेना)+क] १. जामुन का वृक्ष और उसका फल। २. केवड़ा।

जंबू-वनज—पुं० [जंबू-वन मध्य० स०, जंबूवन√जन (उत्पत्ति)+ड] श्वेत उपाकुल। सफेद गुड़हुल का फूल।

जंभ—पुं०[√जंभ (भक्षण, जमुहाई)+घञ्] १. दाढ़। २ जबड़ा। ३. जँभाई। ४. तरकश। ५. जँबीरी नीबू। ६. [√जंभ+अच्] महिषासुर का पिता जिसका वध इंद्र ने किया था।

जंभक—पुं० [सं०√जंभ्+णिच्+ण्वुल्-अक] १. जँबीरी नीबू। २. शिव। ३. एक राजा।

वि० १. जिसके सेवन से जँभाई आती हो। २. हिंसक। ३ [जंभ् (संभोग)+ण्वुल्-अक] कामुक।

जंभका—स्त्री०[सं० जभा+कन्-टाप्, ह्रस्व] जँभाई।

जंभन—पुं०[सं० √जंभ्+ल्युट्-अन] १. भक्षण। २. रति। ३. जँभाई।

जंभ-भेदी (दिन्)—पुं० [स० जभ√भिद् (विदारण)+णिनि] इंद्र।

जंभ-रिपु—पु०[ष० त०] इंद्र।

जंभा—स्त्री०[सं० √जभ्+णिच्√अ-टाप्] जँभाई।

जँभाई—स्त्री०[सं० जृम्भा] एक शारीरिक व्यापार जिसमें मनुष्य गहरा साँस लेने के लिए पूरा मुँह खोलता है।

विशेष—यह व्यापार थकावट या नींद के आने का सूचक होता है।

क्रि० प्र०-आना।—लेना।

जँभाना—अ०[सं० जृम्भण] पूरा मुँह खोलकर गहरा साँस लेना। जँभाई लेना।

जंभाराति—पुं०[सं० जंभ-अराति ष०त०] जंभारि। (दे०)

जंभारि—पुं०[स०-जभ-अरि ष० त०] १. इंद्र। २. विष्णु। ३ अग्नि। ४. वज्र।

जंभिका—स्त्री०[सं० जंभा+कन्+टाप, इत्व] जंभा।

जंभी—(भिन्)पुं० [सं०√जभ्+णिच्+णिनि] दे० 'जंबीरी'।

जंभीर—पुं०[सं०√जंभ्+ईरन्] दे० 'जबीरी'।

जंभीरी—पु० दे० 'जबीरी नीबू'।

जंभूरा†—पु०=जंबूरा।

जँवाई—पु०[सं० जामातृ] दामाद।

जंवना*—अ०[हिं० झखना] पछताना। पश्चात्ताप करना।

जँहड़ना†—अ०, स०=जहँड़ना।

जइसे*—अव्य०[हिं० जैसे] जिस प्रकार। जैसे।

जई—स्त्री०[हिं० जौ] १. एक प्रसिद्ध मोटा अन्न जिसका पौधा जौ के पौधे से बहुत-कुछ मिलता-जुलता होता है। २. उक्त अन्न का पौधा। ३. जौ का छोटा अंकुर जो मंगल-द्रव्य माना जाता है। ४. किसी पौधे का नया कल्ला। अंकुर। ५. कुछ विशिष्ट प्रकार के पौधों, वृक्षों, लताओं आदि में लगनेवाले वे फूल जिनके मूल में बतिया (फल का आरंभिक रूप) होता है।

वि० [हिं० जयी] विजयी।

जईफ—वि०[अ० ज़ईफ़] [स्त्री० जईफा, भाव० जईफी] बुड्ढा। बूढ़ा। वृद्ध।

जईफी—पुं०[फा० ज़ईफ़ी] जईफ अर्थात् वृद्ध होने की अवस्था या भाव। बुढ़ापा। वृद्धावस्था।

जउँना*—स्त्री०=जमुना।

जउवा†—पुं०=जौ। (पूरब) उदा०—जउवा में फूटेला बालि।—लोकगीत।

जऊ—अव्य० [हिं० जो+ऊ] यद्यपि। अगरचे। उदा०—(क) कहै रतनाकर धरैना मृगछाला अरु धूरि हू परै भी जऊ अग छिलि जाइयौ।—रत्ना०। (ख) लाल हैं प्रबाल फूले देखत बिसाल जऊ।-सेनापति।

जकंद—स्त्री० [फा० जकद] उछाल। छलांग।

जकंदना—अ० [हिं० जकद] १. उछाल भरना। छलांग लगाना। २. २. टूट पड़ना।

जकंदनि—स्त्री०[हिं० जकद] १. उछलने-कूदने की क्रिया या भाव। २. दौड़-धूप। ३. उलझन।

जक—स्त्री० [अ० ज़क] १. पराजय। हार। २. हानि।

स्त्री० [हिं० झक] १. जिद। हठ।

मुहा०—जक पकड़ना=जिद करना। हठ करना। उदा०—अधम समूह उधारन कारन तुम जिय जक पकरी।—सूर।

२. धुन। रट। स्त्री०[?] १. आराम। सुख। २. मन की स्थिरता। शान्ति। चैन। उदा०—जक न परति चकरी भई फिरि आवत फिरि जाति।—बिहारी। *पु० [स० यक्ष] १. यज्ञ। २. कजूस आदमी।

जकड़—स्त्री० [हिं० जकड़ना] १. जकड़ने की क्रिया, ढंग या भाव। २. जकड़े अर्थात् चारों ओर से दृढ़ बंधन में होने की अवस्था या स्थिति।

जकड़ना—स० [सं० युक्त+करण] १. इस प्रकार किसी चीज को कसकर दबाते हुए बाँधना कि वह हिल-डुल न सके। २ इस प्रकार से नियम, बंधन आदि बनाना या लागू करना कि उनसे बच सकना किसी का संभव न हो।

अ० १ जकड़ा जाना। चारों ओर से कसकर बाँधा जाना। २.नियमों, बंधनों आदि से इस प्रकार घिरना कि छुटकारा या बचत न हो सकती हो। ३. शीत आदि के कोप से शरीर अथवा शरीर के किसी अंग का इस प्रकार कस, ऐंठ या तन जाना कि वह हिल-डुल न सके। जैसे—गठिया के रोग से घुटने जकड़ना।

जकड़बंद—वि० [हिं० जकड़+फा० बंद] जिसे अच्छी तरह जकड़कर बाँध लिया गया हो। किसी की जकड़ में आया हुआ।

जकना*—अ० [हिं० जक] [वि० जकित] १ भौचक्का होना। चकित या स्तंभित होना। उदा०—दीन से रहैं संत जन सों, रूप में नैना जके।—अलबेली अली। २. व्यर्थ बोलना। बकना। ३. रटना।

जकर—पु० [अ०] १. पुरुषेंद्रिय। लिंग। २. नर। ३. फौलाद।

जकरना*—स०, अ०=जकड़ना।

जकाजक*—पु०[अनु०] जोरों की लड़ाई। घोर युद्ध।

क्रि० वि० खूब जोरों से। वेग-पूर्वक।

जकात—स्त्री०[अ० ज़कात] १. इस्लाम में विहित आय का वह चालीसवाँ भाग जो दान-धर्म में देना आवश्यक कहा गया है। २.दान। खैरात। ३. कर। महसूल।

जकाती—वि०[अ० ज़कात] कर या महसूल उगाहनेवाला। जगाती।

जकित*—वि०=चकित।

जकी—वि०[हिं० जक] १. जिद्दी। हठी। २. चकित। स्तंभित। उदा०—चकी जकी सी ह्वै रही बूझे बोलति नीठि।—बीसलदेव।

जकुट—पुं० [सं० ज√कुट् (कौटिल्य)+क] १. मलयाचल। २. कुत्ता। ३ बैंगन के पौधे में लगनेवाला फूल।

जक्की—स्त्री० [देश०] बुलबुलों की एक जाति।

वि० दे०'झक्की'।

जगत*—पुं०=जगत्।

जग—पुं०=यज्ञ।

जगण—पुं० [सं०√जक्ष् (भक्षण करना) +ल्युट्-अन] १. भक्षण। २. भोजन। खाना।

जगम—पु०=यक्ष्म।

जगमा†—पुं०=यक्ष्मा (तपेदिक)।

जगन—अव्य०=जब। (पूरब)

जगनी*—स्त्री०=यक्षिणी (यक्ष की पत्नी)।

†स्त्री०=यवनी। (दे०)

जगम—पुं० [फा० जख्म] १. आघात आदि के कारण शरीर मे लगने-वाली ऐसी चोट जिसमें त्वचा कट, फट या छिल जाती है और रक्त बहने लगता है। घाव। जैसे—ईंट सिर पर गिर पड़ने से यह जखम हुआ है। २ फोड़ा आदि फटने से होनेवाला घाव। ३. लाक्षणिक अर्थ में, किसी के द्वारा किया हुआ वह आघात या अपकार जिससे मनुष्य सदा दुखी रहता हो।

मुहा०—जखम पर नमक छिड़कना=ऐसा काम करना जिससे दुखी व्यक्ति और भी अधिक दुखी हो। **जखम ताजा या हरा होना**=किसी के द्वारा किया हुआ अपकार स्मरण हो आना।

जखमी—वि० [फा० जख्मी] जिसे जखम या घाव हुआ हो। घायल।

जखीरा—पु० [अ० जखीर] १. ढेर। राशि। २. कोष। ३. वह प्रदेश जहाँ कोई वस्तु बहुतायत से प्राप्त होती है। जैसे-पंजाब गेहूँ का जखीरा है। ४ वह स्थान जहाँ गौने, बीज आदि बिकते हों।

जखेड़ा†—पुं० जखीरा।

पुं० हि० बखेड़ा का अनु०।

जखैया—पु० [सं० यक्ष] एक कल्पित भूत जिसके संबंध में यह कहा जाता है कि वह लोगों को यों ही बहुत कष्ट देता है।

जख्म*—पु० [स्त्री० जख्मनी] =यक्ष। उदा०—सहस जख्म भक्ख-नियं, मनह अचले चल बद्दियं।—चंदबरदायी।

जग्ग—पु०=जखम।

जग—पु० [सं० जगत्] १. जगत्। संसार। २. चेतन सृष्टि।

*पु०=यज्ञ।

जगकर—पुं० [सं०] ब्रह्मा।

जगकारन—पुं० [हिं० जग+कारन] परमेश्वर जो जगत्कर्ता माना जाता है।

जगचक्षु—पुं० [सं० जगत्-चक्षुस् ष० त०] सूर्य।

जगजग (1)—वि० [हिं० जगजगाना=जगमगाना] जगमगाता हुआ।

जगजगा—पुं० [जगमग से] किसी चमकीली धातु का पतला पत्तर जिसके कटे हुए छोटे-छोटे टुकड़े टिकुली, ताजिए आदि में लगाये जाते हैं।

जगजगाना†—अ०=जगमगाना।

†स०=जगमगाना।

जग-जीवन—पुं० [सं० जगज्जीवन] ईश्वर। परमात्मा।

जगजोनि—पुं० [सं० जगद्योनि] ब्रह्मा।

जगजननी—स्त्री० [सं० जगत्-जननी ष० त०] १. जगदंबा। २. परमेश्वरी। ३. सीता।

जगज्जयी (यिन्)—वि० [सं० जगत्-जयी ष० त०] जग को जिसने जीत लिया हो। विश्वविजयी।

जगज्झंझ—पुं० [सं०?] युद्ध-क्षेत्र में बजाया जानेवाला एक प्रकार का ढोल।

जगज्झाल—पुं० [सं०?] व्यर्थ का आडंबर या बखेड़ा।

जगण—पुं० ष० त०] छंद शास्त्र में, तीन ऐसे अक्षरों के समूह को संज्ञा जिसका पहला अक्षर लघु, दूसरा गु और तीसरा लघु हो। इसका सांकेतिक चिह्न ।ऽ। है।

जगत्—वि० [सं०√गम् (जाना)+क्विप्, क्तिच्, तुगागम] १. जागता हुआ। चेतन। २. जो चलता-फिरता हो।

पुं० १. पृथ्वी का वह अंश या भाग जिसमें जीव या प्राणी चलते-फिरते या रहते हों। चेतन सृष्टि। २. किसी विशिष्ट प्रकार के कार्य-क्षेत्र अथवा उसमें रहनेवाले जीवों, पिंडों आदि का वर्ग या समूह। जैसे—नारी जगत्, और जगत्, हिन्दी जगत् आदि। ३ इस पृथ्वी के निवासी। जैसे—जगत् तो मेरी हँसी उड़ाने पर तुला हुआ है। ४. संसार। दुनिया। जैसे—यह जगत् और उसके सब जंजाल झूठे हैं।

जगत—स्त्री० [सं० नगति=घर की कुरसी] कूएँ के ऊपर चारों ओर बना हुआ वह चबूतरा जिस पर खड़े होकर उसमें से पानी खींचा जाता है।

पु०=जगत्। (दे०)

जगत-जननि—स्त्री०=जगज्जवी।

जगतसेठ—पुं० [सं० जगत्श्रेष्ठी] वह महाजन या सेठ जो किसी नगर या बस्ती में और उसके चारों ओर दूर-दूर तक सब से बड़ा माना जाता हो।

जगतारण—वि० [सं० जगत्-तारण] १. संसार को तारनेवाला। २. संसार की रक्षा करनेवाला।

जगति—स्त्री० [सं० जगत्] द्वारिका।

जगती—स्त्री० [स०√गम्+अति—ङीप्] १. जगत्। २. पृथ्वी। ३. जीवन। ४. एक वैदिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में बारह अक्षर होते हैं। ५. बारह अक्षरों के छंदों की संज्ञा।

जगती-चर—वि० [जगती√चर् (चलना)+ट] जगत् में विचरण करने-वाला।

पुं० मनुष्य।

जगती-जानि—पुं० [जगती-जाया ब० स०, नि०-आदेश] राजा।

जगती-तल—पुं० [ष० त०] १. धरती। पृथ्वी। २. संसार।

जगती-धर—पुं० [ष० त०] पर्वत।

जगती-पति—पुं० [ष० त०] राजा।

जगती-भर्ता (र्तृ)—पुं० [ष त०] राजा।

जगती-वृक्ष—पुं० [सं० जगती√वृह् (उगना)+क] वृक्ष।

जगत्प्राण—पुं० [जगत्-प्राण ष० त०] १. संसार को जीवित रखनेवाले तत्त्व। २. ईश्वर।

जगत्साक्षी (क्षिन्)—पुं० [जगत्-साक्षिन् ष० त०] सूर्य।

जगत्सेतु—पुं० [जगत्-सेतु ष० त०] परमेश्वर।

जगदंतक—पुं० [जगत्-अंतक ष० त०] १. वह जो जगत् का नाश करता हो। मृत्यु। २. यमराज। ३. शिव।

जगदंबा—स्त्री० [जगत्-अंबा ष० त०] दुर्गा।

जगदंबिका—स्त्री० [जगत्-अंबिका ष० त०] दुर्गा।

जगदात्मा (त्मन्)—पुं०[जगत्-आत्मन् ष० त०] १. ईश्वर। २. वायु।
जगदादि—पुं०[जगत्-आदि ष० त०] १. ब्रह्मा। २. परमेश्वर।
जगदाधार—पुं०[जगत्-आधार ष० त०] १. परमेश्वर। २ वायु। वि० जगत् का आधार।
जगदानन्द—पुं०[जगत्-आनंद ष० त०] परमेश्वर।
जगदायु (यु)—पुं०[जगत्-आयु ष० त०] वायु।
जगदीश—पुं०[जगत्-ईश ष० त०] १. ईश्वर। परमेश्वर। २. विष्णु। जगन्नाथ।
जगदीश्वर—पुं०[जगत्-ईश्वर] ईश्वर। परमेश्वर।
जगदीश्वरी—स्त्री०[जगत्-ईश्वरी ष० त०] भगवती।
जगदीस—पुं०=जगदीश।
जगद्गुरु—पु०[जगत्-गुरु ष० त०] १. परमेश्वर। २. शिव। ३. नारद। ४. वह महान व्यक्ति जिसे सब लोग गुरु के समान पूज्य मानते हो। जैसे—जगद्गुरु शंकराचार्य। ५. शंकराचार्य की गद्दी के अधिकारी महंत की उपाधि।
जगद्गौरी—स्त्री०[स० त०] १. दुर्गा। २. नागों की बहन मनसादेवी, जिसका विवाह जरत्कारु ऋषि से हुआ था।
जगद्दीप—पुं०[जगत्-दीप ष० त०] १. ईश्वर। २. महादेव।
जगद्धात्री (त्रु)—पु०[जगत्-धात्रु ष० त०] [स्त्री० जगद्धात्री] १. ब्रह्मा। २. विष्णु। ३. शिव। शंकर।
जगद्धात्री—स्त्री०[जगत्-धात्री ष० त०] १. दुर्गा। २. सरस्वती।
जगद्बल—पुं०[जगत्-बल ब० स०] वायु। हवा
जगद्योनि—पुं०[जगत्-योनि ष० त०] १. शिव। २. विष्णु। ३. ब्रह्मा। ४. परमेश्वर। ५. पृथ्वी।
जगद्वंद्य—वि०[जगत्-वंद्य ष० त०] १. जिसकी वंदना जगत् करता हो। २. जिसकी वंदना जगत् को करनी चाहिए।
जगद्वहा—स्त्री०[सं० जगत्√वह् (ढोना)+अ-टाप्] पृथ्वी।
जगद्विख्यात—वि०[जगत्-विख्यात स० त०] जिसकी ख्याति जगत् में हो।
जगद्विनाश—पुं०[जगत्-विनाश ब० स०] प्रलयकाल।
जगन*—पु०[सं० यज्ञाग्नि] १. यज्ञ की अग्नि। २. यज्ञस्थल। उदा०—जो वै जाँ गृहि गृहि जगन जागवँ। —मिथीराज।
स्त्री०[हिं० जागना] जागने की क्रिया या भाव।
पुं०=जगण।
जगनक—पुं०[देश०] महोबे के राजा परमाल के दरबार का एक प्रसिद्ध कवि।
जगना†—अ०[सं० जागरण] १. जाग्रत होना। जागना। २. अग्नि, दीप-शिखा आदि का प्रज्वलित होना। जैसे—ज्योति जगना।
जगनी—स्त्री०[?] १. एक प्रकार का पौधा। २. उक्त पौधे के बीज जिनका तेल निकाला जाता है।
जगनु—पुं०[सं० जगन्नु] १. अग्नि। २. कीड़ा। ३. वंतु।
पु०=जुगनूँ।
जगन्नाथ—पुं० [जगत्-नाथ ष० त०] १. जगत् के नाथ; ईश्वर। २. विष्णु। ३. उड़ीसा प्रदेश की पुरी नगरी के एक प्रसिद्ध देवता।
जगन्नाथ-क्षेत्र—पुं०[ष० त०] उड़ीसा प्रदेश की पुरी नामक नगरी जो एक तीर्थस्थल है। जगन्नाथपुरी।
जगन्नाथ-धाम (न्)—पु०[ष० त०] जगन्नाथपुरी।
जगन्नियंता (तृ)—पु०[जगत्-नियंतृ ष० त०] वह जो जगत् का नियंत्रण करता हो। ईश्वर।
जगन्निवास—पु०[जगत्-निवास ष० त०] ईश्वर। परमेश्वर।
जगन्नु—पु०[स० जगत्√नम् (नम होना)+डु] १. अग्नि। २. कीड़ा। ३ जंतु।
जगन्मंगल—पु०[जगत्-मंगल ब० स०] काली का एक कवच।
जगन्मय—पु०[स० जगत्+मयट्] विष्णु।
जगन्मयी—स्त्री०[सं० जगन्मय+ङीप्] १ लक्ष्मी। २. वह शक्ति जो जगत् का संचालन करती है।
जगन्माता (तृ)—स्त्री०[जगत्-मातृ ष० त०] दुर्गा।
जगन्मोहिनी—स्त्री०[जगत्-मोहिनी ष० त०] १. दुर्गा। २ महामाया।
जगबंद*—वि०[स० जगत् वंद्य] जगत् जिसकी वंदना करे। जगद्वंद्य।
जगमग, जगमगा—वि० [अनु०] १ जगमगाता हुआ। २ चमकदार।
जगमगाना—अ० [अनु० जग-मग+भाव० जगमगाहट] किसी चीज पर प्रकाश पड़ने से उसका चमकने लगना। जगमग करना। जैसे—बिजली की रोशनी में पंडाल जगमगा रहा था।
स० प्रकाश आदि से प्रज्वलित करना या चमकाना।
जगमगाहट—स्त्री०[हिं० जगमग] जगमगाने की अवस्था या भाव।
जगर—पु०[सं०√जागृ (जागना)+अच् पृषो० सिद्ध] कवच।
जगरन*—पु०=जागरण।
जगरनाथ—पु०=जगन्नाथ।
जगरमगर—वि०=जगमग।
जगरा—स्त्री०[स० शर्करा] खजूर के रस से बनी हुई खांड या चीनी।
जगल—पु० [स०√जन् (उत्पत्ति)+ड√गल्+अच्, ज-गल, कर्म० स०] १. पीठी से बना हुआ मद्य जिसे पृष्टी भी कहते हैं। २. शराब की सीठी। कल्क। ३. मदन वृक्ष। मैनी। ४ कवच। ५. गोमय। गोबर। वि० घूने। चालाक।
जगवाना—स०[हिं० जगाना का प्रे० रूप] किसी को जगाने में प्रवृत्त करना। जगाने का काम दूसरे से कराना।
जगसूर—पु० [स०जगत्-सूर] राजा। उदा०—बिनती कीन्ह चालि गिउ पागा, ए जगसूर सीउ मोहि लागा—जायसी।
जगसेन—स्त्री०[हिं० जग+?] संसार-प्रसिद्ध। उदा०—स्यामि सुमुँद मोर निरमल, रतनसेनि जगसेनि।—जायसी।
जगहँसाई—स्त्री०[हिं० जग+हँसना] लोगों का किसी पर उसके कोई मर्यादा विरुद्ध काम करने पर हँसना। जगत में होनेवाली बदनामी।
जगह—स्त्री० [फा० जायगाह] १. कोई विशिष्ट भू-भाग या उसका विस्तार। स्थान। २. बीच में होनेवाला अवकाश या विस्तार। ३. वह पद या स्थान जहाँ पर कोई काम करता हो। जैसे—इस समय कार्यालय में कोई जगह खाली नहीं है। ४. अवसर। मौका। जैसे—हर बात अपनी जगह पर अच्छी मालूम होती है।
जगहर†—स्त्री०[हिं० जगना] जागते रहने की अवस्था या भाव।
वि० जागता हुआ। जागनेवाला।
जगाजोति*—स्त्री०=जगमगाहट।
जगात†—पुं०=जकात।

जगाती†—पुं० [अ० जकात=कर] १. कर उगाहने की क्रिया या भाव। २. कर उगाहनेवाला अधिकारी। उदा०—काहे को कर माँगतौं बिरह जगाती आइ।—रसनिधि।

जगाना—स०[हिं० जगाना] १. ऐसी क्रिया करना जिससे कोई जाग उठे। जागने में प्रवृत्त करना। २. सचेत या सावधान करना या जागरूक करना। ३. तंत्र, मंत्र आदि के प्रसंग मे, किसी अलौकिक या दैवी शक्ति को जाग्रत करके अपने अनुकूल करने का प्रयत्न करना। जैसे—अलख जगाना, जादू जगाना। ४. धूमिल या मद्धिम चीज को उज्ज्वल और स्पष्ट करना।

जगार—स्त्री०[हिं० जागना] जागरण। जाग्रति।

जगी—स्त्री०[देश०] मोर की जाति की एक प्रसिद्ध बड़ी चिड़िया जिसका शिकार किया जाता है।

जगीत†—स्त्री०=जगत (कूएँ के ऊपर का चबूतरा)।

जगीर†—स्त्री०=जागीर।

जगीला*—वि०[हिं० जागना] [स्त्री० जगीली] १. जागता हुआ। जागा हुआ। २. जागने के कारण थका तथा आलस्य से भरा हुआ।

जगुरि—पु०[सं०√गृ (निगलना)+किन्, द्वित्व, उत्व] जगम।

जगैया—वि०[हिं० जगाना] जगानेवाला।

जगौहाँ—वि०[हिं० जागना] १. बराबर जागता रहनेवाला। २. दूसरों को जगाने का प्रयत्न करता रहनेवाला।

जग्ग†—पुं०[हिं० जग] जगत्।

*पुं०[सं० यज्ञ] यज्ञ।

†पु०=जंग।

जग्य—पुं०=यज्ञ।

जग्युपवीत†—पुं०=यज्ञोपवीत।

जग्मि—पु० [सं०√गम् (जाना)+कि, द्वित्व] वायु। हवा।

वि० जिसमें गति हो। गतिमान। गतिशील।

जघन—पुं०[√हन् (मारना)+अच्, द्वित्व] १. पेड़। (विशेषतः स्त्रियों का)। २. चूतड़। ३. जंघा। जाँघ। ४. सेना का पिछला भाग।

जघन-कूप—पुं०[ष० त०] चूतड़ के ऊपर का गड्ढा।

जघनकूपक—पुं०[जघनकूप√कै (शब्द करना)+क]जघन-कूप। (दे०)।

जघन-चपला—स्त्री० [ब० ०]१. दुश्चरित्रा स्त्री। कुलटा। २. वह स्त्री जो बहुत तेजी से नाचती हो। ३. आर्या छंद का एक भेद जिसका कोई पूर्वार्द्ध आर्या छंद का और उत्तरार्द्ध चपला छंद का होता है।

जघनी (निन्)—वि०[सं० जघन+इनि] जिसके नितंब बड़े-बड़े हों।

जघन्य—वि० [सं० जघन+यत्] [भाव० जघन्यता] १. अंतिम सीमा पर का। चरम। २. बहुत ही निंदनीय और बुरा। गर्हित। ३. क्षुद्र। नीच।

पुं० १. नीच जाति का व्यक्ति। २. पीठ पर का पुट्ठे के पास का भाग।

जघन्यज—पुं०[सं० जघन्य√जन् (उत्पत्ति)+ड] १. शूद्र। २. अंत्यज।

जघन्य-ज—पुं० [कर्म० स०] आर्द्रा, अश्लेषा, स्वाति, ज्येष्ठा, भरणी और शतभिषा ये छः नक्षत्र।

जघ्नि—पुं०[सं०√हन् (मारना)+किन्, द्वित्व] १. वह जो वध करता हो। २. वध करने का अस्त्र।

जघ्नु—वि० [सं०√हन्+कु, द्वित्व] वध करनेवाला।

जघ्रि—पुं०[सं०√घ्रा (सूँघना)+कि, द्वित्व] सूँघनेवाला।

जचगी—स्त्री०[फा०] १. प्रसव। २. प्रसूतावस्था।

जचना—अ०=जँचना।

जच्चा—स्त्री०=जच्चा।

जच्चा—स्त्री० [फा० जच्चः] वह स्त्री जिसको हाल ही में बच्चा हुआ हो। प्रसूता।

जच्चा-खाना—पुं०[फा० जचः खाना] सूतिका-गृह। सौरी।

जच्छ*—पुं०=यक्ष।

जच्छपति*—पुं०=यक्षपति।

जच्छेस*—पुं०=यक्षेश्वर।

जज—पु०[सं०√जज् (युद्ध करना)+अच्] योद्धा।

पु०[अं०] न्यायाधीश (दे०)।

जजना*—स०[सं० यजन] १. आदर करना। २. पूजना।

जजमनिका—स्त्री०[हिं० जजमान] पुरोहिताई।

जजमान—पु०=यजमान।

जजमानी—स्त्री०[सं० यजमान]१. यजमान होने की अवस्था, पद या भाव। २. ऐसी वृत्ति जो यजमानों के कृत्य कराने से चलती हो।

जजा—स्त्री०[अ० जजा] १. बदला। प्रतिफल। २. परलोक में मिलनेवाला अच्छा या बुरा फल।

जजाति*—पुं०=ययाति।

जजित—पुं०[सं० यज्ञ] यज्ञकर्ता। उदा०—सुकरि कमंडल बारि, जजित आह्वान थान दिया।—चंदबरदाई।

जजिमान—पुं०=यजमान।

जजिया—पु०[अ० जजियः] १. दंड। २. मुसलमानी राज्य-काल में अन्य धर्मवालों पर लगनेवाला एक प्रकार का कर।

जजी—स्त्री०[हिं० जज+ई (प्रत्य०)] १. जज होने की अवस्था, पद या भाव। २. जज की कचहरी।

जजीरा—पुं०[अ० जजीरः द्वीप।

जजीरानुमा—[पु० अ०] प्रायद्वीप।

जज्ज—पुं०=जज(न्यायाधीश)।

जज्ञ*—पुं०=यज्ञ।

जज्ब—वि०[अ० जज्ब] १. जो सोख लिया गया हो। शोषित। २. जो हड़प लिया गया हो।

जज्बा—पुं०[अ० जज्बा] १. भाव। भावना। २. जोश। ३. रोष।

जझर—पुं० [हिं० झरना] लोहे की चद्दर का तिकोना टुकड़ा जो उसमें से तवे काटने के बाद बच रहता है।

जट—पुं० [?] एक प्रकार का गोदना जो झाड़ के आकार का होता है।

पुं० [हिं० जाट] १. पंजाब में खेती-बारी करनेवाली एक जाति। २. कृषक। किसान।

जटना—स०[सं० जटन या हिं० जाट] धोखा देकर किसी की कोई चीज ले लेना। ठगना।

†स०=जड़ना।

जटल—स्त्री०[सं० जटिल] व्यर्थ और झूठ-मूठ की बात। गप। बकवास।

मुहा०—जटल काफिये उड़ाना या मलाना=बेसिर-पैर की और व्यर्थ की बातें करना।

जटा—स्त्री० [√जट् (परस्पर संलग्न होना)+अच्—टाप्] १. सिर के लंबे तथा आपस में गुथे और लिपटे हुए बालों की ऐसी लट जो कभी चिकनाई या सुलझाई न गई हो। जैसे—ऋषि-मुनियों या साधुओं की जटा। २. बालों जैसी किसी वस्तु का चिपका हुआ रूप। जैसे—नारियल की जटा। ३. पेड़-पौधों की जड़ों के आपस में गुथे हुए पतले-पतले रेशों या सूतों का समूह। झकरा। ४. जटामांसी। ५. जूट। पाट। ६. केवाँच। ७. वेद-पाठ का एक प्रकार जिसमें मंत्र के दो या तीन पदों को क्रमानुसार पूर्व और उत्तरपद पहले पृथक् पृथक् और फिर मिलाकर दो बार पढ़े जाते हैं। ८. शतावर। ९. बालछड़।

जटा-कीर—पुं० [ब० स०] शिव।

जटा-गूह—पुं०[ष० त०] जटा को लपेटकर बनाया जानेवाला जूड़ा।

जटा-ज्वाल—पुं०[ब०स०] दीया।

जटा-टंक—पुं०[ब०स०] शिव।

जटाधीर—पु०[स० जटा√धट् (प्राप्त होना)+ईरन्] शिव।

जटा-धर—वि०[ष०त०] -जटाधारी।

जटा-धारी (रिन्)—वि०[सं० जटा√धृ (रखना)+णिनि] जिसके सिर पर जटा हो।

पुं० १. शिव। २. ऐसा साधु, जिसके सिर पर जटा हो। ३. भरसे की जाति का एक पौधा।

जटाना—अ० [हिं० जटना] धोखे में आकर ठगा जाना।

जटा-पटल—पुं०[ब०स०] वेदपाठ का एक जटिल क्रम।

जटामांसी—स्त्री० [जटा√मन् (जानना)+स, दीर्घ, ङीष्] औषध के काम आनेवाली एक प्रकार की सुगंधित वनस्पति। बालछड़।

जटा-माली (लिन्)—पु० [जटा-माला, ष०त०+इनि] शिव।

जटामासी—स्त्री०=जटा-मांसी।

जटायु—पु०[सं० जटा+√या (गति)+कु] एक प्रसिद्ध गिद्ध जिसने सीता को हरण करके ले जाते हुए रावण से युद्ध किया था और जो उसी के हाथों मारा गया था। यह सूर्य के सारथी अरुण का पुत्र था जो उसकी श्येनी नामक पत्नी के गर्भ से उत्पन्न हुआ था।

जटाल—वि०[सं० जटा+लच्] जटा से युक्त। जटावाला।

पु० [सं०] १. वट वृक्ष। बरगद। २. कचूर। ३. मुश्कक। मोरवा। ४. गुग्गुल।

जटाला—स्त्री०[सं० जटाल+टाप्] जटामांसी।

जटाव—स्त्री० [देश०] कुम्हारों की बोली में वह मिट्टी जिससे वे बरतन आदि बनाते हैं।

पु०[हिं० जटना] जटने या जटे जाने अर्थात् ठगने या ठगे जाने की क्रिया या भाव।

जटावती—स्त्री०[सं० जटा+ मतुप्, वत्व, ङीप्] जटामांसी।

जटा-वल्ली—स्त्री० [उपमि०स०] १. रुद्र जटा। शंकर जटा। २. गंधमासी नाम की वनस्पति।

जटासुर—पु०[जटा-असुर मध्य०स०] १. एक प्रसिद्ध राक्षस जिसका वध भीम ने उस समय किया था जब वह ब्राह्मण वेश धारण करके द्रौपदी को हर कर ले जा रहा था। २. एक प्राचीन देश।

जटिल—भू०कृ० [सं०√जट् (जुड़ना)+क्त+इत्व] जटा हुआ। जैसे—रत्नजटित मुकुट या सिंहासन।

जटियल—वि०[स० जटिल] निकम्मा। रद्दी।

जटिल—वि० [सं० जटा+इलच्] १ जटावाला। जटाधारी। २. (व्यक्ति)जिसके सिर पर जटा हो। ३ (कार्य) जो इतना अधिक उलझा हुआ हो कि सरलता से सम्पन्न न किया जा सके। ४ (दान) जो इतनी पेचीली हो कि जल्दी समझ में न आ सके। ५ क्रूर।

पु० १. शिव। २. जटामांसी। ३ ब्रह्मचारी। ४ सिंह।

जटिलक—पु०[सं० जटिल+कन्] १ एक प्राचीन ऋषि का नाम। २. उक्त ऋषि के वंशज।

जटिलता—स्त्री०[स० जटिल+तल्—टाप्] जटिल होने की अवस्था, गुण या भाव।

जटिला—स्त्री०[सं० जटिल+टाप्] १ ब्रह्मचारिणी। २. जटामांसी। ३. पिप्पली। पीपल। ४ बच्चा। बच्च। ५. दोना। ६. एक ऋषि-कन्या जिसका विवाह सात ऋषि पुत्रों से हुआ था। (महाभारत)

जटी (टिन्)—वि०[स० जटा+इनि] जटाधारी।

पु०१. शिव। २. बरगद।

स्त्री०[√जट्+इन्—ङीप्] जटामांसी।

जटुल—पु०[स०√जट्+उलच्] १ त्वचा पर का काला प्राकृतिक दाग। लच्छन। २ शरीर के अंगों में होनेवाले चिह्न जो सामुद्रिक के अनुसार (स्थल भेद के कारण) शुभ या अशुभ फलदायक माने जाते हैं।

जट्ट—पु०[हिं० जाट] एक प्रसिद्ध खेतिहर जाति। उदा०—ब्रज के गूजर जट्टा।—भगवत रसिक।

जठर—पु० [√जन् (उत्पन्न होना)+अर, ठ आदेश] १ पेट। २. पेट का भीतरी भाग। ३. किसी वस्तु का भीतरी भाग। ४. एक उदर रोग जिसमें पेट फूलने लगता है और भूख बन्द हो जाती है। ५. शरीर। ६. एक पर्वत। (पुराण)

वि० १ जो कठोर, कड़ा या दृढ़ हो। २. पुराना। ३. वृद्ध। ४. बँधा या बाँधा हुआ।

जठर-जंघ—पु०[ष०त०] आँत में होनेवाला विकार।

जठर ज्वाला—स्त्री० [ष०त०] १. पेट में लगनेवाली भूख अथवा इस भूख से होनेवाला कष्ट। २. शूल। (दे०)

जठराग्नि—स्त्री०[जठर-अग्नि, मध्य०स०] जठर या पेट के अंदर का वह शारीरिक ताप जिससे खाया हुआ अन्न पचता है।

जठराजि*—स्त्री० जठराग्नि।

जठरानल—पुं०[जठर-अनल मध्य०स०] जठराग्नि। (दे०)

जठरामय—पु०[जठर-आमय] १. अनिसार रोग। २. जलोदर (रोग)।

जठारि*—पुं० [देश०] पाला। उदा०—यूस मास जठारि पड़त बा, जस कुठार के घाई।—प्रा० गीत।

जठेरा—वि०[हिं० जेठ, सं० ज्येष्ठ] [स्त्री० जठेरी] जो अवस्था में किसी से अपेक्षाकृत बड़ा हो। जेठा।

जड़—वि० [√जल् (जमना)+अच् ड आदेश] १. जिसमें जीवन न हो। निर्जीव। २. जिसमें चेतना-शक्ति न हो। अचेतन। ३. जिसमें कुछ भी बुद्धि या ज्ञान विशेषतः व्यावहारिक बुद्धि या ज्ञान न हो।

४. बेद पढ़ने में असमर्थ। ५. ठंढा। ६. ठंढ आदि से ठिठुरा हुआ। स्त्री०[स० जटा] १. पेड़-पौधों आदि का नीचेवाला वह मूल भाग जो जमीन के अन्दर रहता है और जो जमीन में से रस खींचकर उन पेड़-पौधों का पोषण और वृद्धि करता है। मूल।

मुहा०—(किसी की) जड़ उखाड़ना, काटना या खोदना=(क) ऐसा काम करना जिससे कोई फिर उभड़ या पनप न सके। (ख) किसी की बहुत बड़ी हानि करना। **(किसी की) जड़ जमना**=ठंढे प्रकार से चल या बढ़ सकने की स्थिति में हो जाना। **जड़ जमाना**=ऐसा काम या प्रयास करना जिससे कोई किसी स्थान पर टिककर अपने कार्य में सफलतापूर्वक अग्रसर होता जाय। **(किसी की) जड़ (में) लगना**=किसी की बहुत बड़ी हानि करने में प्रयत्नशील होना। उदा०—सउतिनि जर लागल हो रामा।—मा० गीत। **जड़ों में तेल या पानी देना**=समूल नाश करने का प्रयत्न करना या कुचक्र रचना।

२ नींव। आधार-स्थल। जैसे—आपको पहले संस्था की जड़ मजबूत करनी चाहिए। ३. किसी चीज का बिलकुल नीचेवाला भाग। जैसे—नाखून की जड़ से मत काटो। ४. वह भाग या स्थल जिसमें कोई चीज गड़ी या फँसी हुई हो। जैसे—दाँत या बाल को जड़ से निकालो। ५. किसी कार्य का मूल कारण या प्रेरक। जैसे—चली, इस झगड़े की जड़ ही कट गई।

जड़ आमला—पुं० [हिं० जड़+आमला] भुँइ आँवला।

जड़कना—अ० [हिं० जड़] जड़ के समान हो जाना। निश्चल या स्तब्ध होना।

जड़-काला—पु० [हिं० जाड़ा+सं० काल] जाड़े का समय। सरदी के दिन।

जड़-जगत्—पुं० [कर्म०स०] ऐसा जगत् जो जड़ के रूप में हो। पाँच भौतिक पदार्थों की समष्टि। जड़-प्रकृति।

जड़ता—स्त्री० [सं० जड़+तल्—टाप्] १. जड़ (अर्थात् निर्जीव, अचेतन या मूर्ख) होने की अवस्था, गुण या भाव। २. साहित्य में एक संचारी भाव और पूर्वराग की दस दशाओं में से एक जो ऐसी अवस्था का सूचक है जिसमें मनुष्य आश्चर्य या भय के कारण इतना अधिक स्तब्ध हो जाता है कि उसे अपने कर्तव्य की ही सुध नहीं रहती।

जड़ताई*—स्त्री०=जड़ता।

जड़त्व—पु०[स० जड़√त्व]=जड़ता।

जड़ना—स०[सं० जटन] १. किसी चीज को किसी दूसरी चीज के तल में ठोंक या बैठाकर इस प्रकार जमाना या बैठाना कि वह अपने स्थान से इधर-उधर न हो सके। जड़ जमाते हुए कहीं कुछ बैठाना या लगाना। जैसे—तख्ते या दीवार में कील जड़ना। २. किसी प्रकार के अवकाश में कोई चीज इस प्रकार जमाकर बैठाना कि वह अपने स्थान से इधर-उधर न हो सके। जैसे—अँगूठी में नगीना जड़ना, दीवार बनाते समय उसमें खिड़की या दरवाजे की चौखट जड़ना। ३. जोर से आघात या प्रहार करना। जैसे—घप्पड़, मुक्का या लाठी जड़ना। ४. किसी के संबंध में कोई बात किसी दूसरे से चोरी से कहना। चुगली खाना। लगाना। जैसे—(क) उन्होंने सब बातें भाई साहब से जड़ दीं। (ख) किसी ने तुम्हें जड़ दिया है इसलिए तुम ऐसी बातें करते हो।

जड़-पदार्थ—पुं० [कर्म०स०] अचेतन पदार्थ।

जड़-प्रकृति—स्त्री०[कर्म०स०] जड़-जगत्। (दे०)

जड़-भरत—पुं० [उपमि० स०] आंगरिस गोत्री एक ब्राह्मण जो संसार की आसक्ति से बचने के लिए जड़वत् रहते थे, इसलिए जड़ भरत कहलाते थे।

जड़-वाद—पु०[ष०त०] एक दार्शनिक सिद्धान्त जिसके अनुसार चेतन आत्मा का अस्तित्व नहीं माना जाता और सब कुछ जड़ता का ही विकार माना जाता है।

जड़वादी (विन्)—वि० [सं० जड़वाद+इनि] जड़वाद का अनुयायी या समर्थक।

जड़वाना—स०[हिं० जड़ना का प्रे० रूप] जड़ने का काम दूसरे से कराना।

जड़-विज्ञान—पु०[ष०त०]=पदार्थ विज्ञान।

जड़ही—स्त्री०[हिं० जड़] धान का वह छोटा पौधा जिसे जमे अभी थोड़े ही दिन हुए हों।

जड़हन—पु०[हिं० जड़+हनन=गाड़ना] वह धान जिसके पौधे को एक जगह से उखाड़कर दूसरी जगह पर रोपा जाता है।

जड़ा—स्त्री०[स० जड +णिच्+अच्—टाप्]१. भुँइआमला। २. केवाँच। कौंछ।

जड़ाई—स्त्री०[हिं० जड़ना] जड़ने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

*स्त्री०=जड़ता।

जड़ाऊ—वि०[हिं० जड़ना] (वह आभूषण) जिसमें नग, मोती, रत्न आदि जड़े हुए हों।

जड़ान—स्त्री०[हिं० जड़ना] जड़े जाने की क्रिया या भाव।

जड़ाना—स०=जड़वाना।

†अ० जड़ा जाना।

अ० [हिं० जाड़ा] सरदी से ठिठुरना। उदा०—नगन जड़ाती तै अब नगन जड़ाती हैं।—भूषण।

जड़ाव—पु०[हिं० जड़ना] जड़ने या जड़े जाने की क्रिया, ढंग या भाव।

जड़ावट—स्त्री०=जड़ाव।

जड़ावर—पु०[हिं० जाड़ा] १. जाड़े में पहनने के वस्त्र। २. वे वस्त्र जो किसी कर्मचारी को अथवा नौकर, मजदूर आदि को पहनने के लिए जाड़े के दिनों में दिये जाते हैं।

जड़ावर्त—पु० [सं० जड़-आवर्त्त ष०त०] दार्शनिक और धार्मिक क्षेत्रों में अज्ञान का आवर्त्त या चक्कर।

जड़ावर्त्त[—पुं०=जड़ावर।

जड़ित—वि० [सं० जटित] १. जड़ा हुआ। २. जकड़ा हुआ। (असिद्ध प्रयोग)

जड़िमा—स्त्री० [सं० जड़+इमनिच्] १. जड़ता। जड़त्व। २. ऐसी अवस्था जिसमें मनुष्य इस प्रकार जड़वत् हो जाता है कि उसे भले-बुरे, सुख-दुःख या हानि-लाभ का ज्ञान ही नहीं होने पाता।

जड़िया—पुं०[हिं० जड़ना] वह सुनार जो गहनों पर नगीनें आदि जड़ने का काम करता हो। कुंदनसाज।

जड़ी—स्त्री०[हिं० जड़] किसी वनस्पति की वह जड़ जो औषध के रूप में काम आती हो।

जड़ी-बूटी—स्त्री० [हिं०] औषध के काम आनेवाली जंगली वनस्पतियाँ और उनकी जड़ें।

जड़ीभूत—वि० [सं०जड़+च्वि√भू (होना)+क्त, दीर्घ] जो जड़ अथवा जड़ के समान अचेतन हो गया हो। जिसमें हिलने-डुलने की शक्ति न रह गई हो।

जड़ीला—वि०[हिं० जड़+ईला (प्रत्य०)] जिसमें जड़ हो। जड़ से युक्त।

जड़ुआ—पुं०[हिं० जड़ना] पैर के अँगूठे में पहनने का एक आभूषण।

जड़ुक—पुं०[सं० जटुल] त्वचा पर का काला दाग। लच्छन।

जड़ैया—स्त्री०[हिं० जड़ा+ऐया (प्रत्य०)] वह ज्वर जिसके आने के समय जाड़ा लगता हो। जूड़ी। मलेरिया।
†वि०=जड़िया (=जड़नेवाले)।

जड़ा†—वि०[भाव० जड़ता]=जड़।
†स्त्री०=जड़।

जड़ाना—अ०=जड़ाना।

जत—पुं०=जन।

जत—वि०[सं० यत्] जितना। जिस मात्रा का।
क्रि० वि० जिस मात्रा में।
पुं०[सं० यति] ढोलक, तबले आदि में, एक प्रकार का ठेका या ताल।
स्त्री०=यति (कविता की)।

जतन†—पुं०=यत्न।

जतनी—वि० [सं० यत्नी] १. यत्न करनेवाला। २. चालाक या धूर्त।
स्त्री०[स०यत्न?] सूत कातने के चर्खे की वह रस्सी जो उसकी चरखी के पंखों पर बँधी रहती है।

जतलाना—स०=बताना।

जतसार—पुं०=जँतसर।

जताना—स०[सं० ज्ञाप्त] १. किसी को किसी बात की जानकारी कराना। ज्ञात कराना। बतलाना। २. पूर्व सूचना देना। सचेत करने के लिए पहले से सूचना देना। चेताना।

जतरा—पु०[स० जाति] कुल। जाति। वंश।

जति*—पुं०=यति।
वि०[सं०√जित्] जीतनेवाला।

जती—पुं०=यति।

जतु—पुं०[सं०√जन् (उत्पन्न होना)+उ, त आदेश] १. वृक्ष में से निकलनेवाला गोंद। २. लाक्षा। लाख। ३. शिलाजीत।

जतुक—पुं० [सं० जतु √कै (प्रतीत होना)+क] १. हींग। २. लाख। ३. त्वचा पर का काला चिह्न। लच्छन।

जतुका—स्त्री० [सं० जतुक+टाप्] १. पहाड़ी नामक लता जिसकी पत्तियाँ ओषधि के काम आती हैं। २. चमगादड़। ३. लाला। लाख।

जतुकारी—स्त्री०[सं० जतुकृ√कृ (गमनादि)+अण्—ङीप्] पपड़ी नामक लता।

जतु-कुल्या—स्त्री०[उपमि०स०] जतुका या पपड़ी नामक लता।

जतु-गृह—पुं०[मध्य०स०] १. घास-फूस की झोपड़ी। २. लाख का वह घर जो दारुणावत में दुर्योधन ने पांडवों के रहने के लिए बनवाया था।

जतुनी—स्त्री०[सं० जतु√नी (पहुँचाना)+क्विप्] चमगादड़।

जतु-मुखक—पुं० [सं० जतु-मुख मध्य०स०, √कै (प्रतीत होना)+क] १. शतरंज का मोहरा। २. चौंवर की गोटी।

जतु-रस—पु०[ष०त०] राख से बनाया जानेवाला लाल रंग जिसे स्त्रियाँ पैरों, हाथों आदि पर लगाती हैं। अलक्तक। आलता। महावर।

जतुका—स्त्री०[स० जतुका, वि० दीर्घ] जतुका। (दे०)

जतेक*—क्रि० वि० [सं० यत् या हिं० जितना+एक] जिस मात्रा में। वि० जितना।

जत—पुं०=जगत्।
*पु०=यति।

जत्था—पुं० [सं० यूथ] एक ही वर्ग, विचार या सम्प्रदाय के लोगों का समूह जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर किसी विशिष्ट उद्देश्य से जाता हो। जैसे—यात्रियों का जत्था, स्वय-सेवकों का जत्था।

जत्र—*क्रि० वि०=यत्र।

जत्राली—स्त्री०[?] रोहतक में बसी हुई जाटों की एक जाति।

जत्रु—पु०[स०√जन् (उत्पत्ति)+त्र, त आदेश] धड के ऊपरी भाग में गले के नीचे और छाती के ऊपर दोनों ओर की अर्द्ध-चद्राकार हड्डियाँ। हँसली।

जत्रुक—पु०[सं० जत्रु+कन्] =जत्रु।

जत्वादमक—पु०[स० जतु-अदमनृ, मध्य० स०,+कन्] शिलाजीत।

जथा*—अव्य० =यथा।
स्त्री०[हिं० गय] पूँजी। धन।
स्त्री०[स यूथ हिं० जत्था] मडली।

जथारथ—वि० =यथार्थ।

जद—अव्य०[स० यदा] १. जिस समय। २. जब कभी। ३ यदि।
स्त्री० [फा० जद] १ आघात। चोट। २. लक्ष्य। निशाना। ३ हानि। नुकसान।

जदनी—वि०[फा०] मारने योग्य। वाध्य।
स्त्री० मारने की क्रिया या भाव।

जदपि*—अव्य०=यद्यपि।

जदबद—पुं०=जद्बद्द।

जदल—पु०[अ०] युद्ध। लड़ाई।

जदवर, जदवार—पु० [अ० जदवार] निविधी नामक ओषधि। निविसी।

जदा—वि०[फा० जदा] १. जिस पर किसी प्रकार का आघात हुआ हो। २. पीड़ित।

जदि*—अव्य०=यदि। २=जब।

जदीद—वि०[अ०] १. नया। नवीन। २. आधुनिक। हाल का।

जदु—पु०=यदु।

जदुकुल*—पुं०=यदुकुल।

जदुपति*—पुं०[सं० यदुपति] श्रीकृष्ण।

जदुपाल—पुं०[सं० यदुपाल] श्रीकृष्ण।

जदुपुर—पुं०=यदुपुर (मथुरा)।

जदुबंसी*—पुं०=यदुवंशी।

जदुबीर*—पुं०=यदुवीर।

जदुराई*—पु०[सं० यदुराज] श्रीकृष्णचंद्र।

जदुराज—पुं०[सं० यदुराज] श्रीकृष्णचंद्र।

जदुराज—पुं० [सं० यदुराज] यदुकुल के राजा, बलदेव।
जदुराय—पुं० [सं० यदुराज] श्रीकृष्णचंद्र।
जदुवर*—पुं० [सं० यदुवर] श्रीकृष्णचंद्र।
जदुवीर—पुं०=यदुवीर।
जद्द—पुं० [अ०] १. दादा। पितामह। २. पूर्वज। वि० [अ० ज्यादा] अधिक। ज्यादा। वि० [फा० जद] प्रचंड। प्रबल। अव्य० [सं० यदि] १. जब। २. जब कभी।
जद्यपि*—अव्य०=यद्यपि।
जद्यद्य—पुं० [सं० यत्+अवद्य] अकथनीय या अश्लील बात।
जद्यव—पुं० [सं० यादव] श्रीकृष्ण। उ०—का चहुआनि कित्ति, जैपि जद्दय रस चंगी।—चंदबरदाई।
जद्दी—वि० [अ०] (वह अधिकार या संपत्ति) जो बाप-दादाओं से उत्तराधिकार में मिलती हो। बाप-दादाओं के समय से चला आनेवाला। स्त्री० कोशिश। प्रयत्न।
जद्दी—पुं० [सं० यादव] यादववंशी राजा।
जनंगम—पुं० [सं० जन√गम् (जाना)+खच्, मुम् आगम] चांडाल।
जन—पुं० [स०√जन् (उत्पन्न होना)+अच्] १. लोक। लोग। २. प्रजा। ३ सेवक। जन। ४. अनुयायी। अनुचर। ५. समुदाय। समूह। ६. सात लोकों में से पाँचवाँ लोक।
अव्य०—जनि (नहीं)।
जन-आंदोलन—पुं० [ष० त०] वह आंदोलन जिसमें जनता अथवा बहुत से लोग भाग लें।
जनक—वि० [√जन्+णिच्+ण्वुल्—अक] जननेवाला। जन्म देनेवाला। पु० १ पिता। २ मिथिला के एक राजवंश की उपाधि। ३. मिथिला के राजा जिनकी संतान कन्या थी। ४. शंबरासुर का चौथा पुत्र। ५. एक वृक्ष का नाम।
जनक-तनया—स्त्री० [ष० त०] सीता।
जनकता—स्त्री० [स० जनक+तल्-टाप्] जनक होने की अवस्था या भाव।
जनक-नंदिनी—स्त्री० [ष० त०] सीता।
जनक-पुर—पुं० [ष० त०] मिथिला की राजधानी।
जनक-सुता—स्त्री० [ष० त०] सीता।
जनकात्मजा—स्त्री० [जनक-आत्मजा ष० त०] सीता।
जन-कारी (रिन्)—पुं० [जन√कृ (बिखेरना)+णिनि, उप० स०] अलक्तक। अलक्तका। अलता।
जनकौर—पुं० [हिं० जनक+औरा (प्रत्य०)] १. जनकपुर। २. राजा जनक के वंशज।
जनखा—पुं० [फा० जन्खः] १. वह व्यक्ति जिसके कार्य-व्यापार या हाव-भाव औरतों जैसे हों। २. वह व्यक्ति जिसमें किसी प्रकार के शारीरिक विकार के कारण बच्चे उत्पन्न करने की शक्ति न हो। नपुंसक।
जन-गणना—स्त्री० [ष० त०] किसी देश या राज्य के समस्त जनों अर्थात् निवासियों की गणना। वह कार्य जिसके द्वारा यह जाना जाता है कि इस देश में कुल कितने व्यक्ति रहते हैं।
जनगी—स्त्री० [देश०] झंझरी।
जनघर—पुं० [सं० जन-गृह] मंडप। (वि०)
जन-चक्षु (क्षु)—पुं० [ष० त०] सूर्य।
जन-चर्चा—स्त्री० [स० त०] वह बात जिसकी चर्चा सब लोग करते या कर रहे हों। सर्वसाधारण में फैली हुई बात। जनश्रुति।
जन-जागरण—पुं० [ष० त०] जनता के जागरूक होने की स्थिति या भाव।
जन-जाति—स्त्री० [ष० त०] जंगलों, पहाड़ों आदि पर रहनेवाली ऐसी असभ्य जाति या लोगों का वर्ग जो साधारणतः एक ही पूर्वज के वंशज होते हैं और जिनका प्रायः एक ही पेशा, एक-जैसे विचार और एक जैसी रहन-सहन होती है।
जनड़ी†—स्त्री० [सं० जननी] माँ। माता। (स्त्रियाँ)
जन-तंत्र—पुं० [ष० त०] वह शासन प्रणाली जिसमें देश या राज्य का शासन जनता द्वारा स्वयं अथवा जनता के प्रतिनिधियों द्वारा होता हो।
जनता—स्त्री० [सं० जन+तल्-टाप्] १. जन का भाव। २. किसी देश या राज्य में रहनेवाले कुल व्यक्तियों की संज्ञा। प्रजा। जन-साधारण।
जन-दा—स्त्री० [जन√दै (रक्षा करना)+क] छाता।
जनदेवी—स्त्री० [देश०] कुकड़ेवेल। बंदाल।
जन-देव—पुं० [ष० त०] १. राजा। २. महाभारत में वर्णित मिथिला का एक राजा।
जन-धन—पुं० [द्व० स०] मनुष्य और उसकी संपत्ति।
जनधा—पुं० [सं० जन√धा (रखना)+क्विप्] अग्नि। आग।
जनन—पुं० [सं०√जन् (उत्पत्ति)+ल्युट्-अन] १. जनने अर्थात् संतान को जन्म देने की क्रिया या भाव। २. उत्पत्ति। ३. आविर्भाव। ४ [√जन्+णिच्+ल्यु—अन] पिता। ५. कुल। वंश। ६. ईश्वर।
जनन-गति—स्त्री० [ष० त०] किसी एक वर्ष में किसी एक स्थान पर बसे हुए एक हजार व्यक्तियों के रोज जन्मे हुए बच्चों की संख्या। (बर्थरेट)
जनना—स० [सं० जनन] जन्म देकर बच्चों को अस्तित्व में लाना। जन्म देना। प्रसव करना।
जननाशौच—पुं० [सं० जनन-अशौच तृ० त०] वह अशौच जो घर में बच्चे के जन्म लेने पर लगता है। सूतक।
जननि—स्त्री०=जननी।
जननिर्वेक्ष—पुं० [सं०] आधुनिक राजनीति में, जनता के प्रतिनिधियों, विधान सभाओं आदि के निश्चयों या प्रस्तावित कार्यों आदि के संबंध में की जानेवाली वह व्यवस्था जिसके अनुसार यह जाना जाता है कि मत-दाता वर्ग उस बात के पक्ष में है या नहीं। (रेफरेण्डम)
जननी—स्त्री० [सं०√जन्+अनि—ङीष्] जन्म देने वाली स्त्री। माँ। माता।
जनर्न्द्रिय—स्त्री० [सं० जनन-इंद्रिय ष० त०] वह इंद्रिय जो जनने (जैसे-योनि) या जनाने (जैसे-लिंग) का काम करती हो।
जन-पद—पुं० [ब० स०] [वि० जान-पद, जानपदिक, जनपदीय] १. मनुष्यों से बसा हुआ स्थान। बस्ती। २. किसी राज्य की वह समस्त भूमि जिसमें केवल राजधानी का क्षेत्र सम्मिलित न हो। राजधानी के अतिरिक्त बाकी सारा राज्य। ३. किसी देश का वह अंश या भाग जिसमें एक ही तरह की बोली बोलनेवाले लोग बसते हों। सूबा।
जनपद-कल्याणी—स्त्री० [ष० त०] देवता।
जनपदी (दिन्)—पुं० [सं० जनपद+इनि] जन-पद का शासक।

जनपदीय—वि० [सं० जनपद+छ—ईय] जनपद-संबंधी। जनपद का।

जन-पाल—पुं० [जन√पल् (पालन करना)+णिच्+अण्, उप० स०] १. मनुष्यों का पालन करनेवाला व्यक्ति। २. राजा। ३ सेवक।

जन-प्रवाद—पुं०[स० त०] जनता में फैली हुई कोई बात।

जन-प्रिय—वि०[ष० त०] [भाव० जनप्रियता] १. (व्यक्ति) जो जनता को प्रिय हो। जैसे—जनप्रिय नेता। २. (बात आदि) जिसे जन-साधारण उचित या वांछनीय समझते हों। जैसे—जनप्रिय विचार या सिद्धांत। ३. धनिया। ४. सहिजन का पेड़।

जन-प्रिया—स्त्री०[ष० त०] हुलहुल का साग।

जनबगूल—पुं०[सं० जन+हिं० बगुला] बगुलों की एक जाति।

जनम*—पुं०[सं० जन्म] १. जन्म। २. जीवन-काल। आयु। जिंदगी।

मुहा०—जनम गँवाना या डालना=व्यर्थ जीवन नष्ट करना। उदा०—देखत जनम आपनौ घाल्यौ। —कबीर। **जनम हारना**=(क) व्यर्थ सारा जीवन बिताना। (ख) जन्म भर किसी का दास होकर रहने की प्रतिज्ञा करना।

जनमघूँटी—स्त्री०[हिं० जनम+घूँटी] वह घूँटी जो बच्चों को जन्म लेने के बाद कुछ दिनों तक दी जाती है।

मुहा० (किसी बात का) जन्म-घूँटी में पड़ना=जन्म से ही (किसी बात का) अभ्यास या चसका होना।

जनम-जला—वि०[हिं० जनम+जलना] [स्त्री० जनम जली] अभागा। भाग्यहीन।

जन-मत—पुं०[ष० त०] १. आधुनिक राजनीति में किसी विशिष्ट प्रदेश या स्थान के वयस्क निवासियों का वह मत जो किसी प्रकार की संधि या सार्वराष्ट्रीय संस्था के निर्णय के अनुसार यह जानने के लिए लिया जाता है कि वे लोग किस अधवा किस के राज्य या शासन में रहना चाहते हैं। (प्लेबिसाइट) २. दे० 'लोकमत'।

जनमभरती—†स्त्री०=जन्मभूमि।

जनमना—अ०[सं० जन्म] १. जन्म लेकर अस्तित्व में आना। २ खेल में मरे हुए व्यक्ति का या मरी हुई गोटी का फिर से खेल में सम्मिलित होने के योग्य होना।

स० संतान को जन्म देना। प्रसव करना।

जनमपत्री†—स्त्री०=जन्मपत्री।

जन-मरक—पुं०[ष० त०] वह बीमारी या रोग जिससे बहुत से लोग मरते हों। महामारी।

जन-मर्यादा—स्त्री०[ष० त०] लौकिक आचार या रीति।

जनमसँघाती—वि०[हिं० जनम+संघाती] १. जिसका साथ जन्म से ही रहा हो। २. जो जन्म भर साथ रहे।

पुं० मित्र। घनिष्ठ मित्र।

जनमाना—स०[हिं० जनम] १. प्रसूता को प्रसव कार्य में सहायता देना। २.=जनमना।

जनमारी*—पुं०=जन्म।

जन-मुरीद—वि०[फा० जन मुरीद] (व्यक्ति) जो अपनी पत्नी का अनन्यभक्त हो। पत्नी का गुलाम।

जनमेजय—पुं [सं० जन√एज् (कँपाना)+णिच्+खश्, मुम्] जन्मेजय।

जन-यात्रा—स्त्री०[सं० ष० त०] बहुत से लोगों का मिल-जुलकर प्रदर्शन आदि के लिए शहर के प्रमुख कूचों, बाजारों आदि में से होकर जाना। जलूस।

जनयिता (तृ)—पुं० [स०√जन् (उत्पत्ति)+णिच्+तृच्] [स्त्री० जनयित्री] पिता। बाप।

जन-रंजन—वि० [ष० त०] जनता का रंजन करनेवाला।

जनरल—पुं०[अं०] सेना का एक बहुत बड़ा अधिकारी। सेनानायक। सेना-पति।

जन-रव—पुं०[ष० त०] १. लोगों का कोलाहल। शोर। २. [सं० त०] अफवाह। जनश्रुति।

जनवरी—स्त्री०[अं० जनअरि] ईसवी सन् का पहला महीना।

जन-वल्लभ—पुं०[ष० त०] श्वेत रोहित का पेड़। सफेद रोहिड़ा।

वि० जनता का प्यारा। जन-प्रिय।

जनवाई—स्त्री०[हिं० जनवाना] १ जनवाने अर्थात् प्रसव में सहायक होने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक। २ दे० 'जनाई'।

जन-वाद—पुं० जनरव। ('दे०')

जनवाना—स० [हिं० 'जनना' का प्रे० रूप] [भाव० जनवाई] जनने अर्थात् प्रसव करने में सहायक होना।

स० [हिं० 'जानना' का प्रे० रू०] जानने या ज्ञान प्राप्त करने में सहायक होना। ज्ञान या विदित कराना। जनाना। (दे०)

जन-वास—पुं०[ष० त०] १ मनुष्यों के बसने या रहने का स्थान। २ जनवासा।

जनवासा—पुं०[स० जनवास] वह स्थान जहाँ पर बराती ठहरते या ठहराये जाते हैं। बरातियों के ठहरने की जगह।

जन-शून्य—वि०[तृ० त०] मनुष्यों से रहित। निर्जन।

जन-श्रुत—वि०[स० त०] १. जिसके संबंध में लोगों ने सुना हो। २ प्रसिद्ध।

जन-श्रुति—स्त्री०[ष० त०] १. वह बात जिसे लोग परंपरा से सुनते चले आये हों। २ अफवाह।

जन-संख्या—स्त्री०[ष० त०] १. किसी प्रदेश, राज्य या स्थान पर बसे हुए कुल लोग। २ उक्त बसे हुए लोगों की संख्या।

जन-साधारण—पुं०[कर्म० स०] १. जनता। २. समाज का कोई एक व्यक्ति।

जन-सेवक—पुं०[ष० त०] १. वह जो जन-साधारण या जनता की सेवा के काम करता हो। २. दे० 'लोक-सेवक'।

जन-सेवा—स्त्री०[ष० त०] ऐसे काम जो जन-साधारण या जनता के उपकार या हित के लिए हों। (पब्लिक सर्विस)

जन-स्थान—पुं०[ष० त०] दंडकारण्य। दंडकवन।

जन-हरण—पुं०[ष० त०] एक दंडक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में तीस लघु और एक गुरु होता है।

जन-हित—पुं० [ष० त०] १. जनता या जन-साधारण का हित। २. जनता के हित का काम।

जन-हीन—वि०[तृ० त०] निर्जन।

जनांत—पुं०[जन-अंत] १. वह स्थान जहाँ मनुष्य न रहते हों। २. वह प्रदेश जिसकी सीमा निश्चित हो। ३. यम।

वि० मनुष्यों का अंत या नाश करनेवाला।

जनांतिक—पुं० [जन-अंतिक ष० त०] नाटक में, ऐसी सांकेतिक बात-चीत जिसका आशय औरों की समझ में न आता हो।

जना—स्त्री० [सं०√जन्+णिच्+अ-टाप्] १. उत्पत्ति। पैदाइश। २. माहिष्मती के राजा नीलध्वज की स्त्री।
पु० =जन (आदमी)।

जनाई—स्त्री० [हिं० जनना] १. जनाने अर्थात् प्रसव कराने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. प्रसव में सहायक होनेवाली दाई।
स्त्री० [हिं० जनाना=जतलाना] किसी बात का परिचय या परिज्ञान कराने की क्रिया या भाव।

जनाउ*—पुं०=जनाव।

जनाकीर्ण—वि० [जन-आकीर्ण तृ० त०] १. (प्रदेश) जिसमें बहुत अधिक व्यक्ति बसे हुए हों। घनी बस्तीवाला। २. (स्थान) जो मनुष्यों से भरा हुआ हो।

जनाचार—पुं० [जन-आचार ष० त०] लोकाचार।

जनाजा—पुं० [अ० जनाज़] १. शव। २. अरथी या वह संदूक जिसमें मुसलमान लोग शव रखकर कब्रिस्तान ले जाते हैं।

जनाती—पुं० [हिं० बराती का अनु०?] विवाह के अवसर पर कन्या-पक्ष के लोग। घराती।

जनाधिनाथ—पुं० [जन-अधिनाथ ष० त०] जनाधिप।

जनाधिप—पुं० [जन-अधिप ष० त०] १. राजा। २. विष्णु।

जनानखाना—पुं० [फा० जनान खान] घर या महल का वह भीतरी भाग जिसमें औरतें या रानियां रहती हैं।

जनाना—स० [स० ज्ञापय, जानाय, प्रा० जाणावेइ] किसी घटना, चीज या बात की जानकारी किसी को कराना। अवगत कराना।
स० [स० जनन, हिं० जनना] प्रसवकाल में गर्भिणी की सहायता करना। प्रसव कराना।
वि० [फा० जनानः] [स्त्री० जनानी, भाव० जनानापन] १. स्त्रियों का-सा आचरण अथवा उन जैसे हाव-भाव दिखलानेवाला (व्यक्ति)। २. स्त्रियों का-सा। ३. केवल स्त्रियों में चलने या होनेवाला। जैसे—जनानी धोती।
पु० १. हीजड़ा। नपुंसक। २. अंतःपुर।
स्त्री० पत्नी। जोरू।

जनानापन—पुं० [फा० जनानः+हिं० पन (प्रत्य०)] स्त्री होने की अवस्था, गुण या भाव। स्त्रीत्व।

जनानी—स्त्री० [हिं० जनाना] १. स्त्री। २. पत्नी। जोरू।

जनाब—पुं० [अ०] महाशय। महोदय।

जनाब-आली—पुं० [अ०] मान्य महोदय।

जनाबा—स्त्री० [अ०] श्रीमती।

जनारदन—पुं० [सं० जनार्दन] विष्णु।

जनार्दन—पुं० [सं० जन√अर्द् (पीड़ित करना)+णिच्+ल्यु—अन] विष्णु।

जनाव—पुं० [हिं० जनाना=जतलाना] जनाने अर्थात् जानकारी कराने की क्रिया या भाव।
पुं० [हिं० जनाना=प्रसव कराना] प्रसव करने या कराने की क्रिया या भाव।

जनावर—पुं०=जानवर।

जनाशन—वि० [सं० जन√अश् (खाना)+ल्यु—अन] मनुष्यों को भक्षण करनेवाला।
पुं० भेड़िया।

जनाश्रय—पुं० [जन-आश्रय ष० त०] वह आश्रम या स्थान जिसमें मनुष्य जाकर कुछ समय के लिए रहते हों। जैसे—धर्मशाला, सराय आदि।

जनाश्रय—पुं० [जन-आश्रय ष० त०] १. घर। मकान। २. धर्मशाला। ३. सराय। ४. किसी विशेष कार्य के लिए बनाया हुआ मंडप।

जनि—स्त्री० [सं० जन्+इन्] १. उत्पत्ति। जन्म। पैदाइश। २. नारी। स्त्री। ३. पत्नी। ४. माता।
अव्य० मत। नहीं। उदा०—नहँ तहँ जनि छिन छोह न छाड़िये। —तुलसी।
स्त्री०=जनी।

जनिक—वि० [स० जनक] १. जन्म देनेवाला। २. उत्पादक।

जनिका—स्त्री० [हिं० जनाना] पहेली। बुझौवल।
स्त्री० [सं० जनि+कन्—टाप्] =जनि। (दे०)

जनित—वि० [सं०√जन्+णिच्+क्त] १. जन्मा या उपजा हुआ। २. जना हुआ। ३. किसी के कारण या फल-स्वरूप उत्पन्न होनेवाला। जैसे—रोगजनित दुर्बलता।

जनिता (तृ)—पुं० [स०√जन्+णिच्+वृच्, णिलोपनि०] वह जो किसी को जनाये अर्थात् जन्म दे। जनक। पिता।

जनित्र—पुं० [सं० जनि+त्रल्] जन्म-स्थान।

जनित्री—स्त्री० [सं० जनितृ+ङीप्] वह जो किसी को जन्म दे। माँ। माता।

जनित्व—पुं० [सं०√जन्+णिच्+इत्व] [स्त्री० जनित्वा=माता] पिता।

जनियाँ*—स्त्री०=जानी।

जनी—स्त्री० [सं० जनि+ङीप्] १. प्रकृति, जो सब को उत्पन्न करनेवाली मानी गई है। २. माता। ३. स्त्री। ४. बेटी। ५. दासी।
वि० स्त्री० जिसे जना गया हो। पैदा की हुई।

जनु—स्त्री० [स०√जन्+उ] जन्म। उत्पत्ति।
*अव्य० [हिं० जानना] मानों।

जनुक—अव्य० [हिं० जनु] जैसे। कि।

जनू—स्त्री० स० जनु+ऊङ्] जन्म।

जनून—पुं० [अ० जुनून] पागलपन। उन्माद।

जनूनी—वि० [अ०] पागल।

जनूब—पुं० [अ०] दक्षिण (दिशा)।

जनूबी—वि० [अ० जनूब] दक्षिण दिशा का। दक्षिणी।

जनेंद्र—पुं० [सं० जन-इंद्र ष० त०] राजा।

जनेऊ—पुं० [सं० यज्ञोपवीत] १. हिन्दुओं में बालकों का यज्ञोपवीत नामक संस्कार। २. सूत के धागे की वह तेहरी माला जो उक्त संस्कार के समय गले में पहनाई जाती है। यज्ञोपवीत। ब्रह्मसूत्र।

जनेत—स्त्री० [सं० जन+एत (प्रत्य०)] बरात। उदा०—जम के-बुरी जनेत।—कहा०।

जनेता—पुं० [सं० जनयिता] पिता। बाप। (डिं०)

जनेरा—पुं० [हिं० ज्वार] बाजरे की एक जाति।

जनेव—पुं०=जनेऊ।

जनेवा—पुं० [हिं० जनेऊ] १. किसी चीज के चारों ओर जनेऊ की तरह पड़ी हुई धारी या लकीर। २. एक प्रकार की घास। ३. तलवार का वह वार जो कंधे पर पड़कर तिरछे बल (दूसरी ओर) कमर तक काट करे।

जनेश—पुं० [सं० जन-ईश ष० त०] १. ईश्वर। २ राजा।

जनेश्वरा—स्त्री० [सं० जन-इष्टा ष० त०] १. हल्दी। २. चमेली का पेड़। ३. पपड़ी। ४. एक औषधि।

जनैया—वि० [हिं० जनना+ऐया (प्रत्य०)] जानने या जनानेवाला। जो स्वयं जानता हो अथवा किसी को कुछ जतलाता हो।

जनौ—पुं०=जनेऊ।

अव्य० [हिं० जनु] मानों।

जनोपयोगी (गिन्)—वि० [सं० जन-उपयोगिन् ष० त०] जन-साधारण के लिए उपयोगी।

जनौ—अव्य० [हिं० जानना] मानों।

जनौघ—पुं० [सं० जन-ओघ ष० त०] मनुष्यों का समूह। भीड़।

जन्नत—पुं० [अ०] १. उद्यान। बाग। २. मुसलमानों के अनुसार स्वर्ग।

जन्नती—वि० [अ०] १. जन्नत में होने या रहनेवाला। २. स्वर्गीय।

जन्म (न्)—पुं० [सं० √जन् (उत्पत्ति)+मनिन्] १. गर्भ से निकलकर जीवन धारण करने की क्रिया या भाव। उत्पत्ति। पैदाइश। २. अस्तित्व में आना। आविर्भाव। जैसे—नये विचार जन्म लेते हैं। ३. जीवन। जिन्दगी। ४. जीवन-काल। आयु। जैसे—जन्म भर वह पछताता रहा।

जन्मअष्टमी—स्त्री०=जन्माष्टमी।

जन्म-कील—पुं० [ष० त०] विष्णु।

जन्म-कुण्डली—स्त्री० [ष० त०] १. फलित ज्योतिष में, वह चक्र जिसमें जन्मकाल के ग्रहों की स्थिति बताई गई हो। † २ दे० 'जन्मपत्री'।

जन्म-कृत्—पुं० [सं० जन्म√कृ (करना)+क्विप्, तुक् आगम] जनक। पिता।

जन्म-क्षेत्र—पुं० [ष० त०] जन्मस्थान। जन्मभूमि।

जन्म-गत—वि० [तृ० त०] जन्म से ही साथ लगा रहने या होनेवाला।

जन्म-ग्रहण—पुं० [ष० त०] गर्भ से निकलकर जीवन प्राप्त करने की क्रिया या भाव।

जन्म-तिथि—स्त्री० [ष० त०] जन्म-दिन।

जन्मतुआ—वि० [हिं० जन्म+तुआ (प्रत्य०)] [स्त्री० जन्मतुई] (बच्चा) जिसको जन्म लिए अभी थोड़े ही दिन हुए हों। शिशु।

जन्म-दिन—पुं० [ष० त०] १. वह दिन जिसमें किसी ने जन्म लिया हो। किसी के जीवन धारण करने का दिन। २ तिथि, तारीख आदि के विचार से प्रति वर्ष पड़नेवाला किसी के जन्म लेने का दिन जो प्रायः उत्सव के रूप में मनाया जाता है। वर्ष गाँठ। (वर्ष डे)

जन्म-दिवस—पुं० [ष० त०] जन्म-दिन। (दे०)

जन्म-नक्षत्र—पुं० [ष० त०] वह नक्षत्र जिसके भोग-काल में किसी का जन्म हुआ हो।

जन्मना—अ० [सं० जन्म+हिं० ना(प्रत्य०)] १ जन्म होना। जन्मग्रहण करना। पैदा होना। २. अस्तित्व में आना।

स० १. जन्म देना। प्रसव करना। २. अस्तित्व में लाना।

अव्य० जन्म के विचार से। जन्म की दृष्टि से। जैसे—जन्मना जाति मानना।

जन्म-पंजी—स्त्री० [ष० त०] वह पंजी जिसमें जन्म लेनेवाले बच्चों का जन्म समय, जन्म स्थान, पिता का नाम आदि लिखा जाता है। (बर्थ रजिस्टर)

जन्म-पति—पुं० [ष० त०] १ कुण्डली में जन्म राशि का मालिक। २. जन्म लग्न का स्वामी।

जन्म-पत्र—पुं०=जन्मपत्री।

जन्म-पत्रिका—स्त्री० =जन्म-पत्री।

जन्म-पत्री—स्त्री० [ष० त०] १. वह पत्र या खर्रा जिसमें किसी के जन्म-काल के समय के ग्रहों की स्थिति, उनकी दशा, अन्तर्दशा आदि और उनके फलों आदि का उल्लेख होता है। (हारस्कोप) २ किसी घटना या कार्य का आदि से अन्त तक का सारा विवरण।

जन्म-पादप—पुं० [ष० त०] वंश वृक्ष। शजरा।

जन्म-प्रतिष्ठा—स्त्री० [तृ० त०] १. माता। माँ। २ जन्म होने का स्थान।

जन्म-प्रमाणक—पुं० [स०] वह प्रमाण-पत्र जिसमें किसी व्यक्ति के जन्म-काल, जन्मतिथि, जन्म-स्थान आदि का आधिकारिक विवरण होता है। (बर्थ सर्टिफिकेट)

जन्म-भूमि—स्त्री० [ष० त०] वह देश या राज्य (अथवा संकुचित अर्थ में नगर या ग्राम) जिसमें किसी का जन्म हुआ हो।

जन्म-भृत्—पुं० [स० जन्म√भृ (भरण), क्विप्, तुक् आगम] जीव। प्राणी।

जन्म-योग—पुं० [ष० त०] फलित ज्योतिष में, ग्रहों की वह स्थिति जो इस बात की सूचक होती है कि अमुक अवसर या समय पर घर में सन्तान का जन्म होगा।

जन्म-राशि—स्त्री० [ष० त०] वह राशि जिसमें किसी का जन्म हुआ हो।

जन्म-वर्त्म (न्)—पुं० [ष० त०] योनि। भग।

जन्म-विधवा—स्त्री० [तृ० त०] अक्षत योनि। बाल-विधवा।

जन्म-सिद्ध—वि० [तृ० त०] जिसकी सिद्धि या प्राप्ति जन्म से ही होती या मानी जाती हो। जैसे—जन्म-सिद्ध अधिकार।

जन्म-स्थान—पुं० [ष० त०] १ जन्मभूमि। २. माता का गर्भ। ३ कुंडली में वह स्थान जिसमें जन्म समय के ग्रहों का उल्लेख होता है।

जन्मांतर—पुं० [जन्म-अंतर मयू० स०] एक बार मरने के बाद होनेवाला दूसरा जन्म।

जन्मांध—वि० [जन्म-अंध तृ० त०] जो जन्म से ही अंधा हो।

जन्मा—पुं० [सं० जन्मन्] समस्तपदों के अंत में; वह जिसका जन्म हुआ हो। जैसे—अग्र जन्मा, नेत्र जन्मा आदि।

वि० जन्मा हुआ। जो पैदा हुआ हो।

जन्माधिप—पुं० [जन्म-अधिप ष० त०] १. शिव का एक नाम। २. जन्म राशि का स्वामी। ३. जन्म लग्न का स्वामी।

जन्माना—स० [हिं० जन्मना] जन्म देना।

जन्माष्टमी—स्त्री० [जन्म-अष्टमी ष० त०] भाद्रपद की कृष्णाष्टमी।
विशेष:—भगवान कृष्ण का जन्म इसी अष्टमी की रात्रि में हुआ था।

जन्मास्पद—पुं० [जन्म-आस्पद ष० त०] जन्मभूमि। जन्मस्थान।

जन्मी (न्मिन्)—पु० [स० जन्म+इनि] प्राणी। जीव।
वि० जन्मा हुआ।

जन्मेजय—पुं० [स० जनमेजय] १. विष्णु। २. एक प्रसिद्ध राजा जो हस्तिनापुर के महाराज परीक्षित का पुत्र था।
विशेष:—इसी राजा ने तक्षक नाग से अपने पिता का बदला लिया था और एक नागमेध यज्ञ किया था।

जन्मेश—पु० [जन्म-ईश ष० त०] फलित ज्योतिष में, वह ग्रह जो किसी की जन्म-राशि का स्वामी हो।

जन्मोत्सव—पुं० [जन्म-उत्सव ष० त०] १. किसी के जन्म के समय होनेवाला उत्सव। २. किसी के जन्म-दिन के स्मरण में होनेवाला उत्सव।

जन्य—वि० [स० जन+यत्; √जन् (उत्पत्ति)+ण्यत्] [भाव० जन्यता] १. जिसका संबंध जन अर्थात् मनुष्य से हो। जन-संबंधी। २. जिसे मनुष्य ने उत्पन्न किया हो। ३. किसी जाति, देश या राष्ट्र से संबंध रखनेवाला। जातीय, देशीय या राष्ट्रीय। ४. किसी चीज से उत्पन्न होनेवाला। जैसे—विचारजन्य।
पु० १. साधारण मनुष्य। २. राष्ट्र। ३. पुत्र। ४. पिता। ५. जन्म। ६. किंवदंती। ७. लड़ाई। ८ बाजार। ९. विवाह के समय दूल्हे के साथ जानेवाला बालक। सहबाला।

जन्यता—स्त्री० [सं० जन्य+तल्—टाप्] जन्म होने की अवस्था या भाव।

जन्या—स्त्री० [स० जन्य+टाप्] १. माता की सखी। २. वधू की सहेली। ३. बधू।

जन्यु—पुं० [सं० जन+युच्] १. जीव। प्राणी। २. अग्नि। ३. ब्रह्मा।

जप—पु० [सं०√जप् (अपना)+अप्] १. जपने या जप करने की क्रिया या भाव। २. वह शब्द, पद या वाक्य जिसका उच्चारण श्रद्धितपूर्वक बार-बार किया जाय। ३. पूजा, संध्या आदि में मंत्रों का संख्या-पूर्वक पाठ करना। जप करने में मंत्र की संख्या का ध्यान रखना पड़ता है, इसलिए जप में माला की भी आवश्यकता होती है।

जपकी—पु० [हिं० जप] सिक्कों का प्रसिद्ध संग्रह जिसका वे प्रायः पाठ करते हैं।

जपतप—पुं० [हिं० जप+तप] संध्या, पूजा, और पाठ आदि। पूजा-पाठ।

जपता—स्त्री० [सं० जप+तल्-टाप्] जपने की क्रिया या भाव।

जपन—पुं० [सं०√जप्+ल्युट्-अन] जपने की क्रिया या भाव। जप।

जपना—स० [सं० जपन] १. धार्मिक फल-प्राप्ति के लिए किसी शब्द, पद, वाक्य आदि को भक्ति या श्रद्धापूर्वक बार-बार कहना। २. पूजा, संध्या, यज्ञ आदि करते समय संख्यानुसार शब्द ही अन्य उच्चारण करना। ३. यज्ञ करना। ४. किसी की कोई चीज हजम करना। हड़पना। (बाजारू)

जपनी—स्त्री० [हिं० जपना] १. माला जिसे जप करते समय फेरा जाता है। जप करने की माला। २. वह थैली जिसमें माला और हाथ डाल-कर जप किया जाता है। गुप्ती। गोमुखी। ३. जपने की क्रिया या भाव। (क्व०) ४. बार-बार कोई बात बहुत आग्रहपूर्वक कहना। रट।

जपनीय—वि० [सं०√जप्+अनीयर्] जिसको जपना चाहिए। जपे जाने योग्य।

जप-माला—स्त्री० [सं० मध्य० स०] वह माला जो जप करने के समय फेरी जाती है। जपनी।

जपा—स्त्री० [सं०√जप्+अच्—टाप्] जवा। अड़हुल।
पुं० [स० जप] जप करनेवाला व्यक्ति। उदा०—तपा जपा सब, आसन मारे।—जायसी।

जपाना—स० [हिं० 'जपना' का प्रे० रूप] दूसरे से जप कराना।

जपालक्त—पुं० [जपा-अलक्त उपमि० स०] एक प्रकार का अलक्तक जो गहरे लाल रंग का होता है।

जपिया*—वि०=जपी।

जपी—वि० [हिं० जपना+ई (प्रत्य०)] जप करनेवाला।

जप्त—वि०=जप्त।

जप्तव्य—वि० [स०√जप्+तव्यत्] जपे जाने के योग्य। जपनीय।

जप्ती—स्त्री०=जप्ती।

जप्य—वि० [सं०√जप्+ण्यत्] जपे जाने के योग्य।

जफर—पुं० [फा० ज़फ़र] ताबीज, यंत्र आदि बनाने की कला या काम। पु० [अ०] विजय।

जफा—स्त्री० [फा०] १. अन्यायपूर्ण कार्य या व्यवहार। २. अत्याचार।

जफाकश—वि० [फा०] १. अन्यायपूर्ण व्यवहार या अत्याचार सहन करनेवाला। सहनशील। २. परिश्रमी।

जफीरी—स्त्री० [अ०] १. सीटी अथवा उससे किया जानेवाला शब्द। २. मुँह में दो उँगलियाँ रखकर बजाई जानेवाली सीटी। ३. एक प्रकार की कपास।

जफील—स्त्री०=जफीरी।

जफीलना—अ० [हिं० जफील] सीटी बजाना। सीटी देना।

जब—अव्य० [स० यावत्] १. जिस समय। जिस वक्त (इस अर्थ में इसका नित्य संबंधी 'तब' है)। जैसे—जब सवेरा होता है तब चंद्र-कार आप से आप नष्ट हो जाता है। २. जिस अवस्था में। जिस दशा या हालत में। (इस अर्थ में इसका नित्य संबंधी 'तो' है)। जैसे—जब उन्हें क्रोध चढ़ता है तो उनका चेहरा लाल हो जाता है।
जब-जब कभी=किसी समय। **जब जब=जिस जिस समय। जब तब=कभी-कभी।** जैसे—यहाँ जब-तब ही जाना होता है। **जब देखो तब=बराबर।** जैसे—जब देखो तब तुम खेलते ही रहते हो।
जब होता है तब=बराबर। प्रायः।

जबड़ा—पुं० [सं० जम्भ] मुँह में की उस दो (ऊपर तथा एक नीचे) हड्डियों में से हर एक जिसमें दाँत जमे या जड़े रहते हैं।
जब-जमीं की लाल=मदनों की एक प्रकार की लाल (कृत्रक की लाल से भिन्न) जो खानों में निम्न कोटि की मानी जाती है।

जबर—वि० [अ० जबर] १. बलवान। बली। २. पक्का। दृढ़। मजबूत।

जबरई—स्त्री० [हिं० जबर] १. जबरदस्ती। २. ज्यादती।

जबर-जंग जबरदस्त,—वि० [फा०] १. बहुत बड़ा या बलवान। २. उच्च। श्रेष्ठ।

वि०=जबरदस्त।

जबरदस्त—वि० [फा०] [भाव०, जबरदस्ती] १. (व्यक्ति) जो बहुत अधिक शक्तिशाली हो तथा स्वभाव से कड़ा हो। जैसे—वह जबरदस्त हाकिम है। २. (वस्तु) जो बहुत ही दृढ़ या मजबूत हो। ३. (कार्य) जो बहुत अधिक कठिन हो। जैसे—जबरदस्त सवाल।

जबरदस्ती—स्त्री० [फा०] १. जबरदस्त या शक्तिशाली होने की अवस्था या भाव। २. कोई ऐसा कार्य या व्यवहार जो बलपूर्वक तथा कड़ाई के साथ किसी के प्रति किया गया हो। जैसे—यह सरासर आपकी जबरदस्ती है।

अव्य० १. बलपूर्वक। जैसे—वे जबरदस्ती अंदर घुस आये। २. दबाव पड़ने पर। जैसे—जबरदस्ती खाना पड़ा।

जबरन्—अव्य० [अ० जब्रन] बलात्। जबरदस्ती। बलपूर्वक।

जबरा—पु० [अ० जेब्रा] घोड़े की तरह का एक जंगली जानवर जिसके सारे शरीर पर लंबी-लंबी सुन्दर काली धारियाँ होती हैं।

† वि०=जबर।

जबरूत—स्त्री० [अ०] १. महत्ता। २. वैभव। ३. ऊपर के नौ लोकों में से तीसरा। (मुसल०)

जबल—पुं० [अ०] पहाड़।

जबह—पु० [अ०] १. गला काटकर प्राण लेने की क्रिया। २. मुसलमानों में मंत्र पढ़ते हुए पशु-पक्षियों आदि का गला रेतकर काटना।

जबहा—पुं० [?] जीवट। साहस।

जबाँ—स्त्री०=जबान।

जबान—स्त्री० [फा०] [वि० जबानी] १. मुँह के अन्दर का वह लचीला लबोतरा चिपटा अंग, जिसके द्वारा चीजों का स्वाद लिया जाता है, मुँह में डाली हुई चीजें गले के नीचे उतारी जाती हैं तथा ध्वनियों का उच्चारण किया जाता है। जीभ।

मुहावरे (क) स्वाद संबंधी (कोई चीज) जबान पर रखना=किसी वस्तु का स्वाद चखना। थोड़ी मात्रा में कोई चीज खाना। **जबान बिगड़ना**=(क) बीमारी आदि के कारण मुँह का स्वाद खराब होना। (ख) अच्छी-अच्छी; विशेषतः चटपटी चीजें खाने का चस्का लगना। **मुहावरे (ख) उच्चारण संबंधी; (किसी की) जबान खींचना या खींच लेना**=कोई अनुचित या विरुद्ध बात कहनेवाले को कठोर दंड देना। **(किसी की) जबान खुलना**=(क) बहुत समय तक चुप रहने पर किसी का कुछ कहना आरंभ करना। (ख) अनुचित या उद्दंडतापूर्ण बातें कहने का अभ्यास पड़ना या होना। **(किसी की) जबान घिस जाना या घिसना**=कोई बात कहते कहते हार जाना। **जबान चलना**=हर समय कुछ न कुछ कहते या बोलते रहना। **जबान चलाना**=(क) जल्दी-जल्दी बातें कहना। (ख) अनुचित बात कहना। **जबान चलाने की रोटी खाना**=केवल लोगों की खुशामद करके जीविका चलाना। **(बच्चे की) जबान दूटना**=छोटे बच्चे की जबान का ऐसी स्थिति में आना कि वह कठिन शब्दों या संयुक्त वर्णों का उच्चारण कर सके। **जबान डालना**=किसी से किसी प्रकार की प्रार्थना या याचना करना। **(किसी की) जबान थामना या पकड़ना**=कहते हुए को कोई बात कहने से रोकना। **(कोई बात) जबान पर आना**=भूली हुई कोई बात अथवा अवसर के अनुकूल कोई बात याद आना। **जबान पर चढ़ना**=कठिन्य होना। **जबान पर रखना**=सदा स्मरण रखना। जैसे—यह गाली तो उनकी जबान पर रखी रहती है। **जबान पर लाना**=चर्चा या बात कहना। **जबान पर होना**=स्मरण रहना। याद होना। **(किसी की) जबान बंद करना**=किसी प्रकार किसी को कुछ कहने से रोकना। **जबान बंद होना**=कुछ न कहने को विशेषतः उत्तर न देने की स्थिति होना। **जबान बंदी करना**=किसी की कही हुई बात को उसी के शब्दों में लिख लेना। **जबान बिगड़ना**=मुँह से अपशब्द निकलने का अभ्यास होना। **जबान में लगाम न होना**=अशिष्टता या धृष्टतापूर्वक अनुचित या कठोर बातें कहने का अभ्यास होना। **जबान रोकना**=(क) कुछ कहते-कहते रुक जाना। (ख) किसी को कुछ कहने से रोकना। **जबान संभालना**=मुँह से अनुचित या अशिष्ट शब्द न निकलने देना। **जबान हिलाना**=बहुत दबते हुए कुछ कहना। २ किसी को दिया हुआ वचन।

मुहा०—जबान देना=कोई काम करने का किसी को वचन देना। **जबान बदलना**=कही हुई बात या दिये हुए वचन से पीछे हट जाना। मुकर जाना। **जबान हारना**=वचन देना।

३. भाषा। बोल-चाल।

जबानदराज—वि० [फा०] [भाव० जबानदराजी] अशिष्टता या धृष्टतापूर्वक बड़ों से बातें करनेवाला। न कहने योग्य बातें भी बढ़-चढ़कर कहनेवाला।

जबानबंदी—स्त्री० [फा०] १. किसी घटना के संबंध में लिखी जानेवाली किसी साक्षी की गवाही। २ मौन। चुप्पी। ३ चुप रहने की आज्ञा।

जबानी—वि० [फा०] १ जबान-संबंधी। २ जो केवल जबान से कहा गया हो। मौखिक। ३ जो कहा तो गया हो परन्तु जिसका आचरण या व्यवहार न किया गया हो। जैसे—जबानी जमा-खरच।

जबाला—स्त्री० [स०] छांदोग्य उपनिषद् के अनुसार सत्यकाम जाबाल ऋषि की माता का नाम जो एक दासी थी।

जबून—वि० [तु०] १ खराब। बुरा। २ निकृष्ट। निकम्मा।

जब्त—वि० [अ०] १ दबाया या रोका हुआ। जैसे—गुस्सा जब्त करना। २ (वह वैयक्तिक संपत्ति) जो किसी अपराध के दंडस्वरूप शासन द्वारा किसी से छीन ली गई हो।

क्रि० प्र०—करना।

जब्ती—स्त्री० [अ० जब्त] जब्त होने की अवस्था, क्रिया या भाव।

जभ्भा†—प० जंभाई।

जभ—वि०=जबर।

जबन—अव्य०=जबरन्।

जबी—वि० [अ०] जबरदस्ती या बलात् किया हुआ।

जभन—पु० [स० यमन] मैथुन। स्त्री-प्रसंग।

जम—पुं० =यम।

जमक†—पु०=यमक।

जमकना*—अ० =चमकना।

जमकात*—स्त्री०=जमकातर (यम का खाँड़ा)। उदा०—बिजुरी चक फिरै चहुँ फेरी। औ जमकात फिरै जम केरी।—जायसी।

जमकातर—पुं०[सं० यम+हिं० कातर] भर्रेर।

स्त्री०[स० यम+कर्तरी] १. यम का खाँड़ा। २. एक प्रकार की तलवार। खाँड़ा।

जमकाना*—स०[हिं० जमकना का सकर्मक रूप] चमकाना।

जमघट—पुं० [हिं० जमना+घट] किसी स्थान पर विशेष काम से आये हुए लोगों की भीड़।

जमघटा†—पुं०=जमघट।

जमघट्ट†—पुं०=जमघट।

जमज*—वि०=यमज।

जमजम—अव्य०[स० जन्म, पुं० हिं० जमना=जन्म लेना] ऐसे आवश्यक और शुभ रूप में जिसका सब लोग हार्दिक स्वागत करें। जैसे—आप हमारे यहाँ आवें और जमजम आवें।

जम-जाई*—स्त्री०[सं० यम+जाया] मृत्यु। मौत।

जमजोहरा—पुं०[देश०] एक प्रकार की छोटी चिड़िया।

जमड़ा*—पु० [हिं० जन्मना] वह जो जन्म दे। पिता। उदा०—अपने जमडा जमड़ी कों छोड़ा बिलकता।—साँपा।

जमडाढ़—स्त्री०[स० यम+हिं० डाढ़] शरीर में भोंकने का कटारी की तरह का एक हथियार जिसकी नोक आगे की ओर झुकी हुई होती है।

जमन—स्त्री०=जमुना।

जमदग्नि—पुं०[स०] एक ऋषि जो भृगुवंशी ऋचीक के पुत्र थे तथा जिनकी गणना सप्तर्षियों में होती है।

जमदंड—स्त्री०=जम-डाढ़।

जम-दिसा*—स्त्री० [सं० यम+दिशा] वह दिशा जिसमें यम का निवास माना जाता है। दक्षिण दिशा।

जमधर†—पुं०=जमदाढ़।

जमन*—पुं० [स० यवन] [स्त्री० जमनी] १. यवन। २. मुसलमान।

पुं०=जमाना।

स्त्री०=यमुना (नदी)।

जमना—अ०[सं० यमन=जकड़ना, मि० अ० जमा] १. किसी तरल पदार्थ का अधिक शीत के कारण ठोस रूप धारण करना। जैसे—पानी जमना। २. उक्त प्रकार से ठोस रूप धारण किये हुए किसी पर स्थिर होना। जैसे—(क) पहाड़ों पर बरफ जमना। (ख) दीवार पर रंग जमना। ३ किसी प्रकार का किसी तरल पदार्थ में विकार उत्पन्न किये जाने पर उसका ठोस रूप धारण करना। जैसे—दही जमना। ४. दृढ़तापूर्वक स्थित होना। जैसे—धाक जमना। ५. हाथ से काम करने का पूरा अभ्यास होना। जैसे—लिखने में हाथ जमना। ६. किसी कार्य का बहुत ही अच्छे तथा प्रभावशाली रूप में निर्वाह होना। जैसे—खेल या गाना जमना। ७. किसी काम का अच्छी तरह चलने योग्य होना। जैसे—रोजगार जमना। ८. एकत्र होना। जमा होना। जैसे—भीड़ जमना। ९. अच्छा प्रहार होना। खूब चोट पड़ना। जैसे—घप्पड़ या लाठी जमना। १०. घोड़े का हुमक-हुमककर चलना।

अ०[सं० जन्म+हिं० ना (प्रत्य०)] उत्पन्न होना। उगना। जैसे—(क) जमीन पर घास या पौधा जमना। (ख) सिर पर बाल जमना।

पुं०[हिं० जमना=उत्पन्न होना] वह घास जो पहली बरसात के बाद खेतों में उगती है।

स्त्री०=यमुना।

जमनिका—स्त्री०[स० जवनिका]१. जवनिका। परदा। २. काई।

जमनोत्तरी—स्त्री० [सं० यमनोत्तरी] हिमालय में वह स्थान जहाँ से यमुना निकलती है।

जमनौता—पुं०[अ० जमानत+औता (प्रत्य०)] वह धन जो अपनी जमानत करने के बदले में जमानत करनेवाले को दिया जाता है।

जमनौती—स्त्री०=जमनौता।

जमराज*—पुं०=यमराज।

जमरूख—पुं०[?] जामुन की तरह का एक प्रकार का छोटा लंबोतरा तथा सस्वेद फल।

जमरूल—पुं०=जमरूद।

जमलट—स्त्री०[सं० जम्बू पट्ट] जामुन की लकड़ी का वह गोल चक्कर या पहिया जो कूआँ बनाने में मेवाड़ में रखा जाता है और जिसके ऊपर कोठी की जोड़ाई होती है।

जमवार*—पुं [सं० यमद्वार] यम का द्वार। न्याय-सभा। उदा०—सिंहल द्वीप भए औतारू। जंबूद्वीप जाइ जमवारू।—जायसी।

जमशेद—पुं०[ईरा०] ईरान का एक प्राचीन राजा जिसके संबंध में यह प्रसिद्ध है कि इसके पास एक ऐसा प्याला था जिसमें संसार में होनेवाली घटनाएँ, बातें आदि दिखाई देती थीं।

जमहूर—पुं०[अ०] १. जन-समूह। २. राष्ट्र।

जमहूरियत—स्त्री०[अ०]=लोकतंत्र।

जमहूरी—वि०[अ०] प्रजातांत्रिक।

जमा—पु०[अ०] 'जमाना' का वह संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक शब्दों के अंत में प्राप्त होता है। जैसे—खर्जलजमाँ, रुस्तमेजमाँ आदि।

जमा—वि०[अ० जमअ] १. बचा अथवा जोड़कर रखा हुआ (धन)। जैसे—दो वर्षों में मैंने केवल सौ रुपये मुश्किल से जमा किए हैं।

पद—कुल जमा=सब मिलाकर। कुल। जैसे—कुल जमा वहाँ दस आदमी आये थे।

२ देन अथवा पावने के रूप में दिया अथवा प्राप्त होनेवाला (धन)। जैसे—(क) सदस्यों का चंदा जमा हो गया है। (ख) २० रुपया इनका गेहूँ मदे जमा कर लो। ३ (धन आदि) सुरक्षा के लिए किसी के पास अमानत रूप में रखा हुआ। जैसे—बैंक में रुपये जमा करना। ४. किसी खाते के आय पक्ष में लिखा हुआ।

स्त्री०[अ०] १. मूलधन। पूँजी। २. धन। रुपया-पैसा।

मुहा०—जमा मारना=अनुचित रीति से किसी का धन हजम कर लेना। ३. भूमिकर। मालगुजारी। ४. जोड़ (गणित)। ५. खाते या बही का वह भाग या कोष्ठक जिसमें प्राप्त हुए धन का ब्योरा दिया जाता है। ६. व्याकरण में किसी शब्द का बहुवचन रूप। जैसे—खबर की जमा अखबार है।

जमाई†—पुं०[सं० जामातृ] जँवाई।

स्त्री०[हिं० जमाना] जमाने को क्रिया, भाव या मजदूरी।

जमाखर्च—पुं०[फा० जमा+खर्च] २. आय और व्यय। २. आय और व्यय का हिसाब और मद।

मुहा०—जमा-खर्च करना=किसी के यहाँ से आई हुई रकम जमा करके उसके नाम पड़ी हुई रकम का हिसाब पूरा करना।

जमाजथा—स्त्री० [हिं० जमा+गथ=पूँजी] धन-संपत्ति। नगदी और माल।

जमाजत—स्त्री० [अ० जमाअत] १. कक्षा (विद्यार्थियों की)। २. समुदाय या संघ (व्यक्तियों का)। ३. गरोह।

जमादार—पुं० [फा०] भाव० जमादारी] छोटे कर्मचारियों के कार्यों का निरीक्षक एक अधिकारी। जैसे—सेना या सिपाहियों का जमादार, भंगियों या मजदूरों का जमादार।

जमादारी—स्त्री० [अ०] जमादार का कार्य या पद।

जमान—पुं० [फा० जामिन] जमानतदार।

जमानत—स्त्री० [अ०] १. जिम्मेदारी। २. वह जिम्मेदारी जो इस रूप में ली जाती है कि यदि कोई व्यक्ति विशेष समय पर कोई काम नहीं करेगा तो उसका दण्ड या हरजाना हम देंगे। जैसे—अदालत ने एक हजार की जमानत पर इसे छोड़ने को कहा है। २. वह धन जो किसी की जिम्मेदारी लेते समय किसी अधिकारी के पास जमा किया जाता है।

जमानतनामा—पुं० [अ० जमानत+फा० नामा] वह लिखा हुआ कागज जो जमानतदार जमानत के प्रमाण में लिखकर देता है।

जमानती—पुं० [अ० जमानत+ई (प्रत्य०)] जमानत करनेवाला व्यक्ति। वह जो जमानत करे। जामिन। जिम्मेदार।

वि० १. जमानत संबंधी। २. जो जमानत के रूप में हो।

जमाना—स० [हिं० जमना का स० रूप] १. किसी तरल पदार्थ को शीत पहुँचाकर अथवा और किसी प्रक्रिया से ठोस बनाना। जैसे—दही या बरफ जमाना। २. एक वस्तु को दूसरी वस्तु पर दृढ़तापूर्वक स्थित करना या बैठाना। जैसे—दीवार पर पत्थर जमाना। ३ अच्छी तरह चलने के योग्य बनाना। जैसे—रोजगार या बकालत जमाना। ४. ऐसे ढंग से कोई काम करना कि वह यथेष्ट प्रभावशाली सिद्ध हो। जैसे—खेल या महफिल जमाना। ५. कोई काम अच्छी तरह कर सकने की योग्यता प्राप्त करने के लिए बराबर उसका अभ्यास या सपादन करना। जैसे—लिखने में हाथ जमाना। ७. अच्छी तरह या जोर लगाकर प्रहार करना। जैसे—घप्पड़ या मुक्का जमाना।

पु० [अ० जमान.] १. काल। समय।

पद—जमाने की गर्दिश=समय का फेर।

मुहा०—(किसी का) जमाना बदलना या पलटना=किसी की अवस्था या स्थिति बदल जाना।

२. सौभाग्य का समय। जैसे—उनका भी जमाना था। ३. सारी सृष्टि। संसार।

मुहा०—जमाना देखना=संसार की गति-विधियाँ देखना। जमाना देखे होना=संसार की गति-विधियों का ज्ञान होना। अनुभवी होना।

पद—जमाने भर का=संसार में जितना हो सकना हो उतना सब। बहुत अधिक। जैसे—उन्हें तो जमाने भर का सुख चाहिए।

४. संसार के लोग। जैसे—जमाना जो चाहे सो कहे आप किसी की नहीं सुनेंगे।

जमानासाज—वि० [फा०] [भाव० जमानासाजी] १ (व्यक्ति) जो समय विशेष के अनुकूल अपने को ढाल सके। २. विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न रूप धारण करनेवाला।

जमाबंदी—स्त्री० [अ०+फा०] पटवारी का वह खाता जिसमें असामियों के नाम, उनमें मिलनेवाले लगान की रकमें आदि लिखी जाती हैं।

जमामार—वि० [हिं० जमा+मारना] दूसरों की संपत्ति अनुचित रूप से ले लेनेवाला।

जमाल—पुं० [अ०] १ बहुत सुन्दर रूप। २. सौंदर्य। खूबसूरती।

जमालगोटा—पुं० [स० जयपाल] एक पौधा जिसका बीज बहुत अधिक रेचक होता है। जयपाल। दंतीफल।

जमाली—वि० [अ०] सुन्दर रूपवाला।

जमाव—पुं० [हिं० जमाना] १ एक स्थान पर बहुत-सी चीजों या व्यक्तियों के इकट्ठे होने की अवस्था या भाव। २. जमने, जमाने या जमे हुए होने की अवस्था या भाव।

जमावट—स्त्री० [हिं० जमाना] जमने या जमाने की क्रिया या भाव।

जमावड़ा—पुं० [हिं० जमना=एकत्र होना] एक स्थान पर इकट्ठे होनेवाले व्यक्तियों का समूह।

जमींकंद—पुं० [फा० जमीन+कंद] सूरन। ओल।

जमींदार—पुं० [फा०] जमीन का मालिक। भूमि का स्वामी। विशेषतः वह व्यक्ति जो किसानों को लगान पर अपनी जमीन जोतने-बोने को देता है।

जमींदारा†—पुं०=जमींदार।

जमींदारी—स्त्री० [फा०] १. जमींदार होने की अवस्था, भाव या पद। २. जमींदार की वह भूमि जिसका लगान वह उन काश्तकारों से वसूल करता है जिसे वे जोतते-बोते हैं।

विशेष—अब इस प्रथा का प्रायः अंत हो चुका है।

जमींदोज—वि० [फा०] १ जमीन से मिला या सटा हुआ। २. जो जमीन पर गिरा या ढाह कर उसके बराबर कर दिया गया हो। ३ भूगर्भ में स्थित।

जमी—स्त्री० [स० यमी] यम की बहन। यमी।

वि० [स० यमिन्] यम या संयमपूर्वक रहनेवाला।

जमीन—स्त्री० [फा०] १ सौर जगत् का वह उपग्रह जिसमें हम लोग रहते हैं। पृथ्वी। २. उक्त उपग्रह का ठोस तल (समुद्र से भिन्न) धरातल।

पद—जमीन आसमान का फरक=बहुत बड़ा तथा स्पष्ट अंतर या भेद। **जमीन का गज**—व्यक्ति जो सदा इधर-उधर घूमता-फिरता रहता हो।

मुहा०—**जमीन आसमान एक करना**=किसी काम के लिए बहुत अधिक प्रयत्न करना। **जमीन आसमान के कुलाबे मिलाना**=(क) शेखी बघारना। लंबी-चौड़ी हाँकना। डींग मारना। (ख) तोड़-जोड़ मिलाना। चालाकी करना। **जमीन का पैरों तले से निकल या सरक जाना**=ऐसी स्थिति उत्पन्न होना कि होश-हवाश ठिकाने न रहें। **जमीन चूमने लगना**=जमीन पर पट गिरना। **(किसी को)| जमीन दिखाना**=जमीन पर गिराना या पटकना। बुरी तरह से पराजित या परास्त करना। **जमीन पर पैर न रखना**=अकड़कर अथवा बड़प्पन दिखाते हुए कोई काम करना। ऐंठ या शेखी दिखलाना। **जमीन पर पैर न पड़ना**=बहुत अभिमान होना।

३. उक्त के आधार पर, ठोस तल अर्थात् धरातल का कोई कोई अंश या भाग। जैसे—ऊँची या नीची जमीन।

मुहा०—**जमीन पकड़ना**=किसी स्थान पर जमकर बैठना।

४. वह आधार या सतह जिस पर बेल-बूटे आदि कढ़े, छपे या बने हुए हों। जैसे—इस धोती की जमीन सफेद और बारियाँ पीली हैं। ५. वह सामग्री जिसका उपयोग किसी द्रव्य के प्रस्तुत करने में आधार रूप से किया जाय। जैसे—अतर खींचने में चंदन की जमीन, फुलेल में मिट्टी के तेल की जमीन। ६. चित्र बनाने के लिए मसाले से तैयार की हुई सतह या तल। आधार पृष्ठ।

मुहा०—जमीन बाँधना=अस्तर या मसाला लगाकर चित्र आदि बनाने के लिए सतह तैयार करना।

७ किसी कार्य के लिए पहले से निश्चित की हुई प्रणाली। उपक्रम। आयोजन।

मुहा०—जमीन बाँधना=कोई काम करने से पहले उसकी प्रणाली निश्चित करना।

जमीनी†—वि०[फा०] जमीन-संबंधी। जमीन का।

जमीमा—पु०[अ० जमीमः] परिशिष्ट। (दे०)

जमीर—पु०[अ० जमीर]१. मन। हृदय। २ अन्तःकरण। ३. विवेक।

जमील—वि० [अ०] [स्त्री० जमीला] जमाल अर्थात् सौन्दर्य से युक्त। सुन्दर।

जमुआ†—पुं० [हिं० जामुन] जामुन का पेड़ और उसका फल।

जमुआर—पु०[हिं० जमुआ+आर (प्रत्य०)] वह स्थान जहाँ जामुन के बहुत से पेड़ हों।

जमुना—अ०[?] आगे बढ़कर या बढ़ते हुए किसी के साथ लगना।

जमुन*—स्त्री०[स० यमुना] यमुना नदी।

जमुना†—स्त्री०=यमुना।

जमुनिया†—वि०[हिं० जामुन] जामुन के रंग का।

पु० उक्त प्रकार का रंग।

जमूरका—पु०[फा० जंबूर] १. कुलाबा। २. एक प्रकार की छोटी तोप।

जमूरी—स्त्री०[फा० जंबूर] १. एक प्रकार की छोटी चिमटी या सँड़सी। २. घोड़ों के नाखून काटने का एक उपकरण।

जमूर्द—पुं०[अ० जमूर्द] पन्ना नामक रत्न।

जमूर्दी—वि०[फा० जमूर्दीन] जमूर्द अर्थात् पन्ने के रंग का। नीलापन लिये हुए हरे रंग का।

पुं० नीलापन लिये हुए हरा रंग।

जमूवाँ—पुं०[हिं० जमुआ] जामुन का रंग। जामुनी।

पुं०=जामुन।

जमूहाना*—अ०[हिं० जम्हाना] जम्हाई लेना। जँभाई लेना।

जमूरक†—पुं०[फा० जंबूरक] एक प्रकार की छोटी तोप।

जमूरा—पुं० =जमूरक।

जमेती*—स्त्री०=जमयंती।

जमैयत—स्त्री०[अ०] परिषद्। संस्था।

जमैयतुलउलेमा—स्त्री०[अ०] आलिमों अर्थात् विद्वानों की परिषद् या संस्था।

जमोगा†—पुं० [हिं० जमोगना] १. जमोगने की क्रिया या भाव। २. ऋण चुकाने की एक प्रथा जिसके अनुसार ऋण लेनेवाला स्वयं ऋण नहीं चुकाता बल्कि ऋण चुकाने का भार किसी दूसरे पर डाल देता है। ३. चित्रकला में, बेल-बूटे आदि एक दूसरे से नियत दूरी और अपने-अपने ठीक स्थान पर बैठाने की क्रिया या भाव।

जमोगदार—पुं०[हिं० जमोग+फा० दार] वह व्यक्ति जो ऋणी का रुपया चुकाता हो। वह जिसने किसी दूसरे का ऋण चुकाने का भार अपने ऊपर लिया हो।

जमोगना—स०[?] १. आय-व्यय या हिसाब-किताब की जाँच करना। २. ब्याज को मूलधन में जोड़ना। ३. अपने उत्तरदायित्व विशेषतः लिए हुए ऋण या देन का भार दूसरे को सौंपकर उससे ऋण चुकाने की स्वीकृति दिला देना। सरेखना। ३. किसी बात का दूसरे व्यक्ति से समर्थन कराना।

जमोगवाना—स०[हिं० जमोगना] जमोगने का काम किसी दूसरे से कराना। सरेखवाना।

जमौआ†—वि० [हिं०जमाना] बुनकर नहीं, बल्कि जमा कर बनाया हुआ। जैसे—जमौआ कपड़ा, जमौआ बनात।

जम्म*—पुं०१.=यम। २.=जन्म।

जम्हाई—स्त्री०=जँभाई।

जम्हाना†—अ०=जँभाना।

जयंत—वि०[सं०√जि (जीतना)+झच्—अन्त] [स्त्री० जयंती] १. जय प्राप्त करनेवाला। विजयी। २. तरह-तरह के भेस बनानेवाला। बहुरूपिया।

पुं० १. रुद्र। २. कार्तिकेय, इंद्र के पुत्र, धर्म के पुत्र, अक्रूर के पिता, दशरथ के मंत्री आदि लोगों का नाम। ३. संगीत में ध्रुवक जाति का एक ताल। ४. फलित ज्योतिष में एक योग जिसमें युद्ध के समय यात्रा करने पर विजय निश्चित मानी जाती है।

जयंत-पुर—पुं०[मध्य०स०] एक प्राचीन नगर जिसकी स्थापना निमिराज ने की थी और जिसका अवस्थान गौतम ऋषि के आश्रम के निकट था।

जयंतिका—स्त्री०[सं० जयंती+कन्—टाप्, ह्रस्व]=जयंती।

जयंती—वि० [सं०√जि (जीतना) +शतृ—ङीप्] विजय प्राप्त करनेवाली। विजयिनी।

स्त्री०१. वह स्त्री जिसने विजय प्राप्त की हो। २. दुर्गा। ३. पार्वती। ४. ध्वजा। ५. हल्दी। ६. अरणी और जैन नामक पेड़ों की संज्ञा। ७. वैजंती का पौधा। ८. ज्योतिष का एक योग जो श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी की आधी रात के समय रोहिणी नक्षत्र पड़ने पर होता है। ९. जन्माष्टमी। १०. जौ के छोटे पौधे जो ब्राह्मण अपने यजमान को मंगल द्रव्य के रूप में विजयादशमी के दिन भेंट करता है। ११. किसी महापुरुष की जन्म-तिथि पर मनाया जानेवाला उत्सव। १२. किसी महत्त्वपूर्ण कार्य के आरम्भ होने की वार्षिक तिथि पर होनेवाला उत्सव। जैसे—स्वर्ण या हीरक जयंती।

जय—स्त्री०[सं० √जि+अच्] किसी बहुत बड़े कार्य में मिलनेवाली महत्त्वपूर्ण विजय या सफलता।

पद—जय गोपाल=भेंट होने पर पारस्परिक अभिवादन के लिए कहा जानेवाला एक पद।

मुहा०—जय बोलना या मनाना=विजय, सफलता आदि की कामना करना।

पुं०१. विष्णु के एक पार्षद का नाम। २. 'महाभारत' नामक महाकाव्य

का पुराना नाम। ३. संगीत में एक प्रकार का ताल। ४ ज्योतिष के अनुसार बृहस्पति के प्रौष्ठपद नामक युग का तीसरा वर्ष। ५. युधिष्ठिर का उस समय का कल्पित नाम जब वे विराट् के यहाँ अज्ञातवास कर रहे थे। ६. जयंती नामक पेड़। ७ लाभ। ८ अयन। मार्ग। ९. वशीकरण। १०. एक नाग। ११ दसवें मन्वन्तर के एक ऋषि।

जय-कंकण—पुं० [मध्य० स०] विजय का सूचक ककण जो प्राचीन काल मे विजयी को पहनाया जाता था।

जयक—वि० [स० जय+कन्] जीतनेवाला। विजयी।

जयकरी—स्त्री० [स० जय√कृ (करना)+ट—ङीप्?] चौपाई नामक छंद का दूसरा नाम।

जय-कार—पुं० [ष०त०] १. किसी की 'जय' कहने की क्रिया या भाव। २. वह पद या वाक्य जिसमे किसी की जय कही जाय। जैसे—बोलेगा सो निहाल सत् श्री अकाल।

जय-गोलाहल—पु० [ब०स०] पासे का एक प्राचीन खेल।

जय जाता—पु० [हि० जय+लाभ+खाता] वह बही जिसमे बनिये प्रतिदिन होनेवाले लाभ का हिसाब लिखते हैं।

जय-घोष—पु० [ष०त०] जोर से कही जानेवाली किसी की जय।

जय-चिह्न—पु० [ष०त०] १ कोई ऐसा चिह्न या स्मारक जो किसी प्रकार की जीत का सूचक हो। जैसे—आल्वर्ट, युद्ध आदि मे प्राप्त की हुई और अपने पास स्मृति के रूप मे रखी जानेवाली कोई चीज। २ खेल, प्रतियोगिता आदि में विजयी को मिलनेवाली कोई ऐसी चीज जो स्मारक के रूप मे पास रखी जाय। (ट्राफी)

जय जयकार—स्त्री० [हि०] सामूहिक रूप से किसी की बार-बार जय कहने की क्रिया या भाव।

जयजयवंती—स्त्री० [हि०] रात के दूसरे पहर मे गाई जानेवाली सपूर्ण जाति की एक रागिनी जिसे कुछ लोग मेघराज की भार्या और कुछ लोग मालकोश की सहचरी बताते है।

जय-जीव—पु० [हि० जय+जी] एक प्रकार का अभिवादन जिसका अर्थ है कि तुम्हारी जय हो और तुम चिरजीवी होओ।

जय-ढक—पु०=जयढक्का।

जय-ढक्का—स्त्री० [मध्य० स०] युद्ध मे जीत होने पर बजाया जानेवाला बाजा।

जय-ताल—पु० [मध्य० स०] संगीत में एक ताल का नाम।

जयति—पु० [स० जयत्] एक संकर राग जिसे कुछ लोग गौरी और ललित तथा कुछ लोग पूरिया और कल्याण के योग से बना हुआ मानते है।

जयति-श्री—स्त्री० [हि०] एक रागिनी जिसे दीपक राग की भार्या कहा गया है।

जयती—स्त्री०=जयति।

जयत्कल्याण—पु० [स०] रात के पहले पहर मे गाया जानेवाला संपूर्ण जाति का एक संकर राग जो कल्याण और जयति-श्री के योग से बनता है।

जयत्सेन—पुं० [स० जयन्ती-सेना ष०स०] नकुल का वह नाम जो उसने स्वय विराट् नगर में अज्ञातवास करते समय अपने लिए रखा था।

जय-दुंदुभी—स्त्री० [मध्य०स०] जीत होने पर बजाया जानेवाला डंका।

जय-दुर्गा—स्त्री० [कर्म०स०] दुर्गा की एक मूर्ति। (तंत्र)

जयदेव—पु० [स०] संस्कृत के एक प्रसिद्ध कवि का नाम जो 'गीत गोविंद' के रचयिता थे।

जयद्बल—पु० [स०जयत्-बल ब०स०] सहदेव का वह नाम जो उसने स्वयं विराट् नगर मे अज्ञातवास करते समय अपने लिये रखा था।

जयद्रथ—पु० [स० जयत्-रथ ब०स०] महाभारत में वर्णित एक राजा जिसने अभिमन्यु को मारा था और जिसका वध अर्जुन ने किया था।

जय-ध्वज—पु० [मध्य० स०] विजय पताका।

जयना*—स० [स० जयन्] जय प्राप्त करना। जीतना।

जयनी—स्त्री० [स०√जि+ल्युट्—अन, ङीप्] इन्द्र की कन्या का नाम।

जय-पत्र—पु० [मध्य०स०] १. वह पत्र जो प्राचीन काल में पराजित राजा विजयी राजा को अपनी पराजय स्वीकार करते हुए लिखकर देते थे। २. न्यायालय द्वारा किसी व्यक्ति को दिया हुआ वह पत्र जिसमें उसकी मुकदमे मे होनेवाली जीत का उल्लेख होता है।

जय-पत्री—स्त्री० [मध्य०स०] जावित्री।

जय-पाल—पु० [जय√पाल् (रक्षा करना)+अण्] १. जमालगोटा। २ विष्णु। ३. राजा।

जय-पुत्रक—पु० [मध्य०स०] पुरानी चाल का एक प्रकार का पासा।

जय-प्रिय—पु० [ब०स०] १. राजा विराट् के भाई का नाम। २. ताल का एक भेद।

जयफर—पु० जायफल। उदा०—जयफर, लौंग सुपारि छाहारा। मिरिच होइ जो सहे न झारा।—जायसी।

जय-मंगल—पु० [ब०स०] १. वह हाथी जिस पर विजयी राजा सवारी करता था। २. संगीत में एक प्रकार का ताल।

जय-मल्लार—[पु० [स०] सपूर्ण जाति का एक राग जिसमें सभी शुद्ध स्वर लगते हैं।

जय-माल—स्त्री० =जय-माला।

जय-माला—स्त्री० [मध्य०स०] १. विजेता को पहनाई जानेवाली माला। २ विवाह के समय फूलों आदि की वह माला जो कन्या अपने भावी पति के गले में डालती है।

जय-यज्ञ—पु० [मध्य०स०] अश्वमेध यज्ञ।

जयरात—पु० [स०] महाभारत में वर्णित कलिंग देश का एक राजकुमार जो युद्ध में भीम के हाथों मारा गया था।

जय-लक्ष्मी—स्त्री० [मध्य०स०] जय-श्री। विजय-श्री।

जय-लेख—पु० =जय-पत्र। (दे०)

जय-वाहिनी—स्त्री० [ष०त०] इंद्राणी। शची।

जयशाल—पु० [सं०] यादव वंश के प्रसिद्ध राजा जिन्होंने जैसलमेर नगर बसाया था।

जय-शृंग—पु० [मध्य०स०] जय-ध्वनि करनेवाला। नरसिंघा।

जय-श्री—स्त्री० [ष०त०] १. विजय। २. विजय की अधिष्ठात्री देवी। ३ सध्या के समय गाई जानेवाली संपूर्ण राग की एक रागिनी।

जय-स्तंभ—पुं० [मध्य०स०] वह स्तम्भ या बहुत ऊँची वास्तु-रचना जो किसी देश पर विजय होने की स्मृति में बनाई जाती है।

जया—स्त्री० [स०√जि (जीतना)+अच्—टाप्] १. दुर्गा, दुर्गा की सहचरी तथा पार्वती जी का नाम। २. अरणी, जयंती तथा शमी के वृक्षों की सज्ञा। ३. अड़हुल का फूल। ४. हरी दूब। ५. हरीतकी। हड़।

६. भाँग। ७. पताका। ८. सोलह मातृकाओं में से एक। ९. माघ शुक्ला एकादशी। १०. कृष्ण तथा शुक्ल पक्षों की तृतीया, अष्टमी और त्रयोदशी तिथियाँ।
वि० स्त्री० जय दिलानेवाली।

जयादित्य—पुं०[स०] काश्मीर के एक प्राचीन राजा जो 'काशिकावृत्ति' के कर्त्ता माने जाते हैं।

जया-द्वय—स्त्री०[ष०त०] जयंती और हड़।

जयानीक—पुं० [स०] १. राजा द्रुपद के एक पुत्र का नाम। २. राजा विराट् के भाई का नाम।

जयावती—स्त्री०[स० जया+मतुप, मत्व-ङीप्] १. कार्त्तिकेय की एक मातृका का नाम। २. सकर जाति की एक रागिनी।

जयावह—वि०[सं० जय-आ√वह् (पहुँचाना)+अच्] जय दिलानेवाला।

जयाश्व—पुं०[स०] राजा विराट् के एक भाई का नाम।

जयिष्णु—वि० [सं०√जि (जीतना)+इष्णुच्] १ जय दिलानेवाला। विजय प्राप्त करनेवाला। २. जो बराबर जीतता रहता हो।

जयी (यिन्)—वि० [स०√जि (जीतना)+इनि] जिसकी जय अर्थात् विजय हुई हो।
†स्त्री० जई।

जयेंद्र—पु०[स०] काश्मीर के राजा विजय के एक पुत्र का नाम।

जयेती—स्त्री०[स०] एक सकर रागिनी।

जयोल्लास—पु०[जय-उल्लास, ष०त०]जय अर्थात् विजय मिलने पर होनेवाला उल्लास।

जय्य—वि० [स०√जि यत्] जो जीता जा सकता हो। जीते जाने के योग्य।

जरंड—वि०[स०] १. क्षीण। २. वृद्ध।

जरंत—प० [सं०√जु (जीर्ण होना)+अत्—अन्] १ अधिक अवस्थावाला व्यक्ति। २. भैंसा।

जर—पु० [स०√जृ+अप्] १ जीर्ण या नष्ट होने की अवस्था या भाव। २. वह कर्म जिससे शुभाशुभ कर्मों का क्षय होता है।
वि०[√जृ+अच्] १. वृद्ध होनेवाला। २. क्षीण या वृद्ध करनेवाला।
पु०[स० जरा] जरा। वृद्धावस्था।
†पुं०=ज्वर।
पुं०[फा० ज़र] १. सोना। २. धन।
पुं० [हिं० जड़] जड़।
पुं० [देश०] एक प्रकार की समूची सेवार।

जरई—स्त्री० [सं० जीरक] १. बोये हुए बीज में से निकलनेवाला नया अंकुर। २. जौ या धान के छोटे अंकुर जो विशिष्ट अवसरों पर मंगल-कामना प्रकट करने के लिए भेंट किये जाते हैं।

जर-कंबर—पुं० [फा० ज़री+हिं० कंबल] वह आवरण या ओढ़ना जिस पर जरी का काम बना हो। उदा०—जुरा जर कंबर सो पहिरायो। केशव।

जरक—स्त्री०=झलक।

जरकटी—स्त्री०[देश०] एक शिकारी चिड़िया।

जरकस—वि०[फा० जरकश] (वस्त्र) जिस पर जरी का काम हुआ हो।
पुं० जरी का काम।

जरकसी—वि०=जरकस।

जरकान—पुं०[अ०] गोमेद नामक रत्न।

जर-खरीद—वि०[फा०] धन देकर खरीदा हुआ। क्रीत।

जरखेज—वि०[फा०] [भाव० जरखेजी] (भूमि) जिसमें फसल अधिक मात्रा में होती हो। उपजाऊ।

जरग्रह, जरगा—पुं०=जिरगा।

जरछार—वि०[हिं० जरना+सं० क्षार] १. जो जलकर राख हो गया हो। २. नष्ट।

जरज—पुं०[देश०] एक प्रकार का कंद।

जरजर—वि०=जर्जर।

जरजरना—अ०[हिं० जरजर] जर्जर होना या जीर्ण-शीर्ण होना।

जरठ—वि०[स० √जृ+अठच्] १. वृद्ध। बूढ़ा। २. जीर्ण। ३. कठिन। कठोर। ४ कर्कश। ५. निर्दय। ६. जिसका रंग कुछ पीलापन लिये हुए सफेद हो।
पु० बुढ़ापा।

जरठाई—स्त्री०[स० जरठ+हिं० आई (प्रत्य०)] बुढ़ापा।

जरठा—स्त्री०[√जृ(बूढ़ापा)+ष्वञ्—ङीप्] एक प्रकार की घास।

जरण—पुं० [सं०√जृ+णिच्+ल्यु—अन] १. होम। २. जौरा। ३. काला नमक। ४. कासमर्द। कसौंजा। ५. बुढ़ापा। ६. दस प्रकार के ग्रहणों में से वह जिसमें पश्चिम से मोक्ष होना आरम्भ होता है।
वि० जीर्ण। पुराना।

जरण-द्रुम—पुं०[कर्म०स०] १. साखू का वृक्ष। २. सागौन।

जरणा—स्त्री०[स० जरण+टाप्] १. काला जीरा। २. वृद्धावस्था। ३. स्तुति। ४. मोक्ष।

जरत्—वि०[सं०√जृ+अतृन] [स्त्री० जरती] १. बुड्ढा। वृद्ध। २. क्षीण। ३. पुराना।

जरतार—पुं०[फा० जर+हिं० तार] जरी अर्थात् सोने, चाँदी आदि के वे तार जिनसे कपड़ों पर बेल-बूटे आदि बनाये जाते हैं।

जरतारा†—वि० [हिं० जरतार] [स्त्री० जरतारी] (वस्त्र) जिस पर जरी का काम हुआ हो।

जरतारी—स्त्री०[हिं० जरतार] जरी से बना हुआ बेल-बूटों का काम।

जरतिका—स्त्री०[स० जरती+कन्—टाप्, ह्रस्व] बूढ़ी स्त्री।

जरती—स्त्री०[सं० जरत्+ङीप्] =जरतिका।

जरतुआ—वि०[हिं० जलना] दूसरे की अच्छाई या समृद्धि को देखकर मन ही मन कुढ़ने या जलनेवाला।

जर तुश्त—पुं० =जरथुश्त।

जरत्कर्ण—पुं०[सं०] एक वैदिक ऋषि।

जरत्कारु—पुं०[सं०] एक ऋषि जिन्होंने वासुकि नाग की कन्या मनसा से विवाह किया था।
स्त्री० उक्त ऋषि की पत्नी मनसा का दूसरा नाम।

जरद—वि०[फा० ज़र्द] पीले रंग का।

जरद अंडी—स्त्री०[हिं० जरद+अंडी] काली अंडी की तरह की एक झाड़ी।

जरदक—पुं०[फा० ज़र्दक] जरदा या पीलू नाम का पक्षी।

जरद्धि—वि०[सं०]१. वृद्ध। २. बुड्ढा। दीर्घजीवी।

स्त्री०१. बुढ़ापा। २. दीर्घ जीवन।

जरदा—पुं०[फा० जरद:] १. विशेष प्रकार से पकाये हुए मीठे पीले चावल। २. पान के साथ खाने के लिए विशेष प्रकार से बनाई हुए मसालेदार सुगंधित सुरती जो प्राय. पीले रग की और कभी-कभी काले या लाल रग की भी होती है। ३. पीले रग का घोड़ा।

पुं०[स० जरदक] एक प्रकार का पक्षी जिसकी कनपटी तथा पैर पीले होते हैं। पीलू।

जर-दार—वि०[फा०] [भाव० जरदारी] १. (व्यक्ति) जिसके पास जर अर्थात् धन हो। २ अमीर। धनवान।

जरदालू—पुं०[फा० जरद+आलू] खुबानी।

जरदी—स्त्री०[फा०]१. जरद अर्थात् पीले होने की अवस्था, गुण या भाव।

मुहा०—(किसी पर) जरदी छाना=रोग आदि के कारण किसी के शरीर का रग पीला पड़ना।

२. अंडे में से निकलनेवाला पीला अश।

जरदुश्त—पुं०[फा० मि० स० जरदष्टि दीर्घजीवी, वृद्ध] फारस का एक प्रसिद्ध विद्वान् जिसका जन्म ईसा से छ सौ वर्ष पूर्व हुआ था।

जरदोज—पुं०[फा० जरदोज] [भाव० जरदोजी] वह व्यक्ति जो सोने, चाँदी आदि की तारों से कपड़ों पर बेल-बूटे बनाता हो। जरदोजी का काम करनेवाला।

जरदोजी—स्त्री०[फा० जरदोजी]१. सोने, चाँदी आदि के तारों से वस्त्रों आदि पर बेल-बूटे बनाने का काम। २. उक्त प्रकार का बना हुआ काम।

वि० (कपडा) जिस पर उक्त प्रकार का काम बना हो।

जरद्गव—पुं०[स० जरत्-गो कर्म० स०, टच्] १ बूढ़ा बैल। २. बृहत्संहिता के अनुसार एक वीथी जिसमे विशाखा और अनुराधा नक्षत्र हैं।

जरद्विष—पुं०[स०] जल।

जरन०—स्त्री०=जलन।

जरना०—अ०=जलना।

†स०=जड़ना।

जरनि०—स्त्री०[हि० जलन] जलन। उदा०—हृदय की कबहुँ न जरनि घटी।—सूर।

जरनिशाँ—पुं०[फा० जरनिशाँ] लोहे पर सोने, चाँदी आदि से की जानेवाली पच्चीकारी।

जरनैल—पुं०=जनरल (सेनापति)।

जरब—स्त्री०[अ० जर्ब]१. आघात। चोट। प्रहार। २. तबले, मृदंग आदि पर किया जानेवाला आघात। चाँटी। ३. गुणा। ४. कपड़े आदि पर काढ़ी या छापी हुई बेल।

जर-बफ्त—पुं०[फा० जरबफ्त] वह रेशमी कपड़ा जिस पर कलाबत्तू का काम हुआ हो।

जर-बफ्ती—वि०[फा० जरबफ्ती]१. जर बफ्त संबधी। २. (कपड़ा) जिस पर जरबफ्त का काम हुआ हो।

जर-बाफ—पुं०[फा०] वह व्यक्ति जो कपड़े पर जरबफ्त का काम करता हो।

जरबाफी—वि०[फा०] जर-बफ्त या जरबाफ संबधी।

स्त्री० कपड़े आदि पर कलाबत्तू से बेल-बूटे आदि काढ़ने की क्रिया या भाव।

जरबीला—वि०[फा० जरब] चमक-दमकवाला। भड़कीला।

जरम—पुं०=जन्म। उदा०—कहुँ सुच राखै की दुख दहु कस जरम निबाहु।—जायसी।

जरमन—पुं०[अ०] यूरोप के जर्मनी नामक देश का नागरिक या निवासी।

स्त्री० उक्त देश की भाषा।

वि० १. जरमनी देश मे होने या रहनेवाला। २. जरमन देश-संबधी।

जरमनसिलवर—पुं०[अ०] एक चमकीली मिश्र धातु जो जस्ते, ताँबे, निकल आदि के योग से बनाई जाती है।

जरमनी—पुं०[अ०] यूरोप का एक प्रसिद्ध राज्य।

जरमुजा—वि०[हि० जरना+मुजना=मरना] [स्त्री० जरमुई] ईर्ष्या, द्वेष आदि के कारण जलनेवाला।

जरर—पुं० [अ० जरर] १. नुकसान। हानि। २. आघात। चोट। ३. विपत्ति।

जरल†—स्त्री०[देश०] एक प्रकार की घास। मेवाती।

*स्त्री०=जलन।

जरवारा†—वि०[फा० जर(=धन)+हि० वाला (प्रत्य०)] [स्त्री० जरवारी] १. जिसके पास जर अर्थात् धन हो। २. अमीर। धनी।

जरस—पुं०[देश०] समुद्र मे होनेवाली एक प्रकार की घास।

जरांकुश—पुं०[स० ज्वरांकुश] एक प्रकार की घास जिसकी पत्तियाँ सुगंधित होती हैं।

जरा—स्त्री०[स०√जॄ (वृद्ध होना)+अङ्—टाप्] १. वृद्ध होने का अवस्था। बुढ़ापा। वृद्धावस्था। २. बुढ़ापे मे होनेवाला कमजोरी। ३. काल की कन्या का नाम। (पुराण)

पुं० एक व्याध जिसके बाण से कृष्ण जी देवलोक सिधारे थे।

वि०[अ० जर:] मात्र या मात्रा में थोड़ा। अल्प। कम।

पद—जरा-सा=(क) बहुत ही कम। नहीं के बराबर। जैसे—जरा सा चूर्ण खा लो। (ख) तुच्छ या हेय। जैसे—जरा सी बात।

अव्य० किसी काम या बात की अल्पता, तुच्छता, सामान्यता आदि पर जोर देने के लिए प्रयुक्त होनेवाला अव्यय। जैसे—(क) जरा तुम भी चले चलो। (ख) जरा कलम उठा दो।

जराअत—स्त्री०[अ० जिराअत] [वि० जराअती] खेती-बारी।

जराऊ†—वि०[हि० जड़ाऊ] जिसमें नगीने जड़े हों। उदा०—पाँवरि कबक जराऊ पाऊँ। दीन्हि असीस आइ तेहि ठाऊँ।—जायसी।

जरा-कुमार—पुं०[ष०त०] जरासंध।

जरा-ग्रस्त—वि०[तृ० त०] जो जरा से पीड़ित हो। वृद्धावस्था के कारण कमजोर तथा शिथिल।

जरा-जीर्ण—वि०[तृ०त०] जो पुराना अथवा वृद्ध होने के कारण जर्जर हो गया हो। जरा से जर्जर।

जरातुर—वि०[जरा-आतुर तृ० त०] जरा-ग्रस्त। बूढ़ा।

जराव—पुं०[स० जरा√अ (खाना)+अण्?] टिड्डी।

जराना—स०=जलाना।

जरा-गुप्त—पुं०[तृ० त०] जरासंध।

जराफत—स्त्री० [अ० ज़राफ़त] जरीफ अर्थात् हँसोड़ होने की अवस्था या भाव। मसखरापन।

जराफा—पुं० [अ० ज़राफ़ः] ऊँट की तरह का लंबी गरदन तथा लंबी टाँगोंवाला एक पशु।

जराभीत—वि० [तृ०त०] वृद्धावस्था से डरनेवाला।
पुं० कामदेव।

जरायम—पु० [अ० 'जुर्म' का बहु०] अनेक प्रकार के अपराध।

जरायम पेशा—वि० [अ० जरायम +फा० पेश] (वह) जो अनेक प्रकार के अपराधों के द्वारा ही जीविका चलाता हो। अपराधशील।

जरायु—पु० [स० जरा√इ (गति)+अण्] १. वह झिल्ली जिसमें माता के गर्भ से निकलते समय बच्चा लिपटा हुआ होता है। आँवल। खेड़ी। २. गर्भाशय। ३. योनि।

जरायुज—पु० [स० जरायु√जन् (उत्पन्न होना)+ड] वह प्राणी जो माता के गर्भ में से निकलते समय खेड़ी में लिपटा हुआ होता है। पिंडज।

जराव—वि० =जड़ाऊ।
पु० =जड़ाव।

जरा-शोथ—पुं० [मध्य०स०] वृद्धावस्था में होनेवाला एक शोथ रोग।

जरा-संध—पु० [ब०स०] मगध का एक प्रसिद्ध प्राचीन राजा जो कंस का श्वसुर था।

जरा-सुत—पुं० [ष० त०] जरासंध।

जराह†—पु० =जर्राह।

जरिणी—स्त्री० [स० जरा+इनि—ङीप्?] अधिक अवस्थावाली स्त्री। बूढ़िया।

जरित—वि० [स० जरा+इतच्] बूढ़ा।
*वि० =जटिल।

जरिमा(मन्)—स्त्री० [सं० जरा+इमनिच्] जरा। बुढ़ापा। वृद्धावस्था।

जरिया—पु० [अ० ज़रीअ] १ संबंध। लगाव। २. कारण। हेतु। ३ साधन।
पद—के जरिये द्वारा।
†वि० [हिं० जड़ना] जड़नेवाला।
†वि० [हिं० जलना] १. जला हुआ। २. जलाने से बननेवाला। जैसे—जरिया नमक।

जरिश्क—पुं० [फा० जरिश्क] दारुहल्दी।

जरी (रिन्)—वि० [सं० जरा+इनि] बूढ़ा। वृद्ध।
†स्त्री० जड़ी।
स्त्री० [फा०] १. बादले से बुना हुआ ताश नामक कपड़ा। २. सोने के वे तार जिनसे कपड़ों पर बेल-बूटे आदि बनाये जाते हैं।

जरीनाल—स्त्री० [?] वह स्थान जहाँ पर ईंटें और रोड़े पड़े हों।

जरीफ—वि० [अ० ज़रीफ़] १. परिहास-प्रिय। २. हँसोड़।

जरीब—स्त्री० [फा०] १. खेत या जमीन नापने की एक प्रकार की जंजीर या डोरी जो लगभग ६० गज लंबी होती है।
क्रि० प्र०—डालना।
२. डंडा। लाठी।

जरीबकश—पुं० [फा०] जरीब खींचने अर्थात् जरीब से जमीन नापनेवाला व्यक्ति।

जरी-बाफ—पुं० [फा० ज़रीबाफ़] जरी के काम के कपड़े आदि बुननेवाला कारीगर।

जरीमाना†—पुं० =जुरमाना।

जरीया—पुं० =जरिया।

जरूथ—पुं० [सं०√जृ (जीर्ण होना)+ऊथन्] गोश्त। मांस।

जरूर—अव्य० वि० [अ०] अवश्य। अवश्यमेव।

जरूरत—स्त्री० [अ० ज़रूरत] १. आवश्यकता। २. प्रयोजन।

जरूरी—वि० [फा० ज़रूरी] १ जिसके बिना किसी का काम ठीक प्रकार से न चले। जैसे—रोगी को नींद आना जरूरी है। २. जिसका होना या घटित होना टलने को न हो। जैसे—मृत्यु जरूरी है। ३. प्रस्तुत परिस्थितियों में जो किया ही जाना चाहिए। जैसे—उन पर मुकदमा चलाना जरूरी है। ४. जो तुरन्त किया जाने को हो। जैसे—एक जरूरी काम आ गया है।

जरोल—पुं० [देश०] आसाम और नीलगिरि के पहाड़ों पर होनेवाला एक पेड़ जिसकी लकड़ी बहुत मजबूत होती है।

जर्दा†—वि० [हिं० जर्द+आ] जड़ाऊ।

जर्कबर्क—वि० [फा०] चमक-दमकवाला। चमकीला।

जर्क्वाफ—पुं० =जरकबाफ।

जर्जर—वि० [सं०√जर्ज् (झिड़कना)+अरच्] १. (वस्तु) जो पुरानी हो जाने के कारण या अधिक उपयोग में आने के कारण कमजोर तथा बेकाम हो चली हो। जैसे—जर्जर मकान या जर्जर वस्त्र। २. लाक्षणिक अर्थ में कोई चीज या बात जिसका महत्त्व या मान पुराने पड़ने के कारण बहुत ही कम हो गया हो। जैसे—ये साहित्यिक परम्पराएँ अब जर्जर हो चुकी हैं। ३. खंडित। टूटा-फूटा। ४. वृद्ध। बुड्ढा।
पुं० छरीला। पत्थर फूल।

जर्जराना—स्त्री० [सं० जर्जर-आनन ब०स०] कार्तिकेय की अनुचरी एक मातृका का नाम।

जर्जरित—वि० [स० जर्जर+णिच्+क्त] जर्जर किया हुआ।

जर्ण—पुं० [सं०√जृ+नन्] १. चंद्रमा। २. वृक्ष।

जर्त—पुं० [√जन् (उत्पत्ति)+त, र आदेश] १. हाथी। २. योनि।

जर्तिक—पुं० [सं०√जृ+तिकन्] १. प्राचीन बाह्लीक देश का नाम। २. उक्त देश का निवासी।

जर्तिल—पुं० [सं०√जृ+विच्<जर्—तिल, कर्म०स०] जंगली तिल। बन तिलवा।

जर्तु—पुं० [सं०√जन्+तु, र आदेश]=जर्त।

जर्द—वि० [फा० ज़र्द] पीले रंगवाला। पीला। जरद।

जर्दा—पुं० =जरदा।

जर्दालू—पुं० =जरदालू।

जर्दी—स्त्री० [फा०]=जरदी।

जर्दीज—पुं० [भाव० जर्दीजी]=जरदोज। (दे०)

जर्रा—पुं० [अ० ज़र्रः] १. किसी वस्तु का बहुत छोटा टुकड़ा। अणु। कण। २. धूल आदि का कण विशेषतः वह कण जो प्रकाश में उड़ता तथा चमकता हुआ दिखाई देता है। रेणु। ३. तौल में एक जौ का बीसवाँ भाग।

जर्राह—वि० [अ०] [भाव० जर्राही] बहादुर। वीर।

जर्राह—पु०[अ०] [भाव० जर्राही] वह चिकित्सक जो विकृत अंगों की शस्त्र-चिकित्सा करता हो। चीर-फाड़ करनेवाला व्यक्ति।

जर्राही—स्त्री०[अ०] जर्राह का काम या पेशा।

जर्व—पुं०[स०] नागों के एक पुरोहित।

जर्हिल—पु० [स० जर्तिल पृषो० सिद्धि] जंगली तिल। जर्तिल।

जर्ण—पुं०[स० जल√गम् (जाना)+ड, मुम्] महाकाल नामक लता।

जर्णगंज—पु०[स० जल√गम्+खच्, मुम्] चांडाल।

जर्णधर—पु०[सं० जल√धृ (धारण)+खच्, मुम्] १. एक प्रसिद्ध राक्षस जिसका जन्म समुद्र से माना जाता है, और जिसका वध विष्णु ने किया था। २. नाथपंथी एक सिद्ध।
पु०=जलोदर (रोग)।

जर्णबंधल—पु०[सं०] १. नदी। २. अंजन।

जर्ण—पुं०[√जल (जीवन देना)+अच्] १ गंध तथा स्वाद से रहित वह प्रसिद्ध सफेद तरल पदार्थ जो बादल वर्षा के रूप में पृथ्वी पर गिराते है। और जिससे झीलें, नदियाँ, समुद्र आदि बनते हैं। पानी। २. उशीर। खस। ३. पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र। ४. जन्म कुंडली में का चौथा घर। ५. सुगंधवाला। ६. तेल। उदा०—मेरे अंतरतम के दीपक वे क्या जल बिन जल न सकेंगे।—नरेंद्र। ७ एक प्रकार का दिव्य (परीक्षा)। ८. रहस्य सम्प्रदाय में, (क) माया। (ख) शरीर। (ग) संसार।

जर्ण-मक्षि—पु० [ष० त०] १. पानी का भँवर। २. पानी पर तैरने-वाला काले रंग का एक छोटा कीड़ा। भौंरा।

जर्णई—स्त्री० [?] एक प्रकार की कील या काटा जिसके दोनों ओर अँकुड़े होते हैं।

जर्ण-कंटक—पु० [स० त०] १. सिंघाड़ा। २. कुमी।

जर्ण-कंदु—पु० [मध्य० स०] पैरों में होनेवाली वह खुजली जो उनके जल में भीगते रहने के कारण उत्पन्न होती है।

जर्ण-कंद—पु० [मध्य० स०] १. केला। २. कांदा नामक गुल्म।

जर्णक—पुं० [स० जल√कै (प्रकाशित होना)+क] १. शंख। २. कौड़ी।

जर्ण-कपि—पु० [स० त०] सूँस नामक जल-जंतु।

जर्ण-कपोत—पु० [मध्य० स०] जलाशयों के किनारे रहनेवाली एक चिड़िया।

जर्ण-कारंक—पुं० [मध्य० स०] १. नारियल। २. कमल। ३. शंख। ४. तरंग। लहर। ५. बादल।

जर्ण-कर—पु० [मध्य० स०] १. वह कर जो किसानों को नहर से सिंचाई के लिए जल लेने के बदले में देना पड़ता है। २. जलाशयों में होनेवाले पदार्थ। जैसे—कमल गट्टा, मछली, सिंघाड़ा आदि। ३. उक्त प्रकार के पदार्थों पर लगनेवाला कर।

जर्ण-कल—स्त्री० [स० जल+हिं० कल] १. वह यंत्र जिसकी सहायता से नलों द्वारा किसी नगर के घर-घर में पानी पहुँचाया जाता है। २. उक्त कार्य की व्यवस्था करनेवाला विभाग।

जर्ण-कल्क—पु० [ष० त०] १. कीचड़। २. सेवार। ३. काई।

जर्ण-कल्प—पु० [ष० त०] हलाहल।

जर्ण-कांस—पु० [जल√कांक्ष् (चाहना)+अण्] हाथी।

जर्ण-कांसी (सिन्)—पु० [जल√कांक्ष्+णिनि] हाथी।

जर्ण-कांच—पुं० [स० जल+हिं० कांच] १. कांच का वह बड़ा पात्र जिसमें इसलिए जल भरकर रखते हैं कि उसमें मछलियाँ, वनस्पतियाँ आदि रह सकें। २ एक प्रकार का यंत्र जो ऐसी बालटी के रूप में होता है जिसके पेंदे में शीशा लगा रहता है और जिसकी सहायता से जल के अंदर की चीजें देखी जाती हैं। (वाटर ग्लास)

जर्ण-कांत—पु० [ष० त०] १ वायु। २. वरुण।

जर्ण-कांतार—पु० [ब० स०] वरुण।

जर्ण-काक—पु० [स० त०] जल-कौआ नामक पक्षी।

जर्ण-कामुक—पु० [ष० त०] कुटहिनी नामक वृक्ष।

जर्णकिनार—पु० [हिं० जल+किनारा] एक प्रकार का रेशमी कपड़ा।

जर्ण-किराट—पु० [जल—किर स० त०,√अट् (गति)+अच्] ग्राह। घड़ियाल।

जर्ण-कुंतल—पुं० [ष० त०] सेवार।

जर्णकुंभी—स्त्री० [हिं० जल+कुंभी] कुंभी।

जर्ण-कुक्कुट—पु० [स० त०] मुरगाबी नामक पक्षी।

जर्ण-कुक्कुभ—पु० [स० त०] एक जल-पक्षी।

जर्ण-कुक्षज—पु० [जल-कुक्ष स० त०, √कै (प्रतीत होना)+क] १ सेवार। २. काई।

जर्ण-कूपी—स्त्री० [ष० त०] १ तालाब। २ भँवर।

जर्ण-कूर्म—पु० [स० त०] सूँस नामक जल-जंतु।

जर्ण-केतु—पु० [ष० त०] एक पुच्छल तारे का नाम।

जर्ण-केलि—स्त्री० [स० त०] जलाशय में नहाते या तैरते समय की जानेवाली क्रीड़ाएँ।

जर्ण-केश—पु० [ष० त०] सेवार।

जर्णकौआ—पु० [हिं० जल+कौआ] काले रंग का एक प्रसिद्ध जल-पक्षी जिसकी गर्दन सफेद और चोंच भूरे रंग की होती है।

जर्ण-क्रिया—स्त्री० [मध्य० स०] तर्पण।

जर्ण-क्रीड़ा—स्त्री० [स० त०] जलाशय में नहाते समय की जानेवाली क्रीड़ा। जल-विहार।

जर्ण-खग—पु० [ष० त०] जलाशयों के किनारे रहनेवाला एक पक्षी।

जर्णखर—पु० [हिं० जाल] [स्त्री० अल्पा० जर्णखरी] धागों या रस्सियों की बनी हुई वह बड़ी जाली जिसमें फल आदि रखकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाये जाते हैं।

जर्णखाबा†—पु० [स० जल+हिं० खाना] जलपान। कलेवा।

जर्ण-गर्व—पु० [स० त०] जल में रहनेवाला साँप। डेंड़ुहा।

जर्ण-गर्भ—पु० [मध्य० त०] बुद्ध के प्रसिद्ध शिष्य आनंद का पूर्व जन्म का नाम।
वि० [ब० स०] जिसके गर्भ में जल हो। पानी बरसानेवाला (बादल)।

जर्णग्रथक—वि०=जल-गर्भ।

जर्णगुल्म—पुं० [ष० त०] १. पानी में का भँवर। २. कछुआ। ३. ऐसा प्रदेश जिसमें जल की कमी हो।

जर्ण-घड़ी—स्त्री० [स० जल+हिं० घड़ी] समय का बोध करानेवाला एक प्राचीन यंत्र।
विशेष—एक विशेष प्रकार की कटोरी को जिस में एक छोटा-सा छेद

होता था, पानी से भरी हुई नाँद में छोड़ा जाता है और इसमें भरे जानेवाले जल के परिमाण से समय का ज्ञान होता था।

जलघूमर†—पुं० [हिं० जल+घूमना] पानी का भँवर। जलावर्त। चक्कर।

जल-चक्कर—पुं० [तृ० त०] वह भू-भाग जहाँ जल की कमी हो।

जल-चर—पु० [जल√चर् (चलना)+ट] जल में रहनेवाले जीव-जंतु।

जलचरी—स्त्री० [जलचर+ङीप्] मछली।

जल-चादर—स्त्री० [सं० जल+हिं० चादर] ऊँचे स्थान से चादर के रूप में गिरनेवाला जल का चौड़ा प्रवाह। झरना।

जल-चारी (रिन्)—पुं० [जल√चर् +णिनि] जल में रहनेवाला जीव।

जल-चिह्न—पुं० [ष० त०] १. एक जल-जंतु। कुंभीर। नाक। २. वह चिह्न या रेखा जो यह सूचित करने के लिए बनाई जाती है कि नदी की बाढ़ आदि का पानी कब कितना ऊँचा पहुँचता था या पहुँचा था। ३. कागज बनाने के समय एक विशिष्ट प्रक्रिया से बनाया जानेवाला वह चिह्न जो उसकी किसी विशिष्टता का सूचक होता है और जो कागज को केवल प्रकाश के सामने रखने पर दिखाई देता है। (वाटर मार्क)

जलचौलाई†—स्त्री०=चौलाई।

जल-जन्तु—पु० [ष० त०] जल में रहनेवाले जीव या प्राणी।

जलजन्तुका—स्त्री० [सं० जलजंतु+कन्—टाप्] जोंक।

जलजंबुका—स्त्री० [सं० जल—जंबु मध्य० स०, +कन्—टाप्] जल-जामुन नामक पेड़ और उसका फल।

जलज—वि० [सं० जल√जन् (उत्पत्ति) +ड] जल में से उत्पन्न होनेवाला।

पु० १. कमल। २. जल-जंतु। ३. मोती। ४. शंख।

जल-जन्य—पु० [तृ० त०] कमल।

जलजला—पु० [अ० जल् जलः] भूकंप। भूडोल।

जल-जात—वि० [सं० त०] जो जल में उत्पन्न हो। जलज।

पु० कमल।

जलजामुन—पुं० [सं० जल+हिं० जामुन] १. नदियों के किनारे होनेवाला एक प्रकार का जंगली जामुन का वृक्ष। २. उक्त पेड़ का फल।

जलजासन—पु० [जलज—आसन ब० स०] वह जिसका आसन कमल हो अर्थात् ब्रह्मा।

जल-जिह्व—पुं० [ब० स०] घड़ियाल।

जल-जीवी (विन्)—पु० [जल√जीव् (जीना)+णिनि] मछुआ।

जल-डमरुमध्य—पुं० [सं०] भूगोल में जल की वह पतली जलधारा जो दो बड़े समुद्रों को मिलाती हो।

जल-डिंब—पु० [सं० त०] घोंघा।

जलत्व—स्त्री० [सं० ज्वलन्] अग्नि।

जल-तरंग—पु० [ष० त०] १. जल से भरी हुई कटोरियों का वर्ग या समूह जिस पर अलग-अलग आघात कर के सप्तों स्वर निकाले जाते हैं। २. उक्त कटोरियों पर आघात करने से होनेवाली ध्वनि या शब्द।

जल-तरोई—स्त्री० [हिं० जल+तरोई] मछली। (व्यंग्य और हास्य)

जल-ताड़न—पुं० [ष० त०] जल पर आघात करने के समान व्यर्थ का काम करना।

जल-तापिक—पु० [सं० जलतापिन्+कन्] एक प्रकार की बड़ी समुद्री मछली।

जल-तापी (पिन्)—पुं० [सं० जल√तप् (तपना) +णिनि]=जल-तापिक।

जलताल—पु० [स० जल+तल्—टाप्, जलता√अल् (पूरा होना) +अच्] सलई का पेड़ और उसकी लकड़ी।

जल-तिक्तिका—स्त्री० [मध्य० स०] सलई का पेड़ और उसकी लकड़ी।

जलत्रा—स्त्री० [जल√त्रा (बचाना)+क—टाप्] छाता।

जल-त्रास—पुं० [तृ० त०] जलातंक। (दे०)

जलथंभ—पु० [स० जलस्तंभन] १. जल की धारा को बाँधने या रोकने की क्रिया या भाव। २. दे० 'जलस्तंभ'।

जलद—वि० [जल√दा (देना) +क] जल देनेवाला।

पु० १. बादल। २. श्रवण, जो पितरों को जल देते हैं।

जलद-काल—पु० [ष० स०] वर्षाऋतु।

जलद-शरद्—पु० [ब० स०] शरद ऋतु।

जलद्वंदुर—पुं० [उपमि० स०] एक प्रकार का पुराना बाजा।

जल-पद्यु—पुं० [मध्य० स०] [भाव० जलपद्युता] वह जो समुद्री जहाजों के यात्रियों आदि का सामान लूटता हो।

जलदागम—पुं० [स० जलद-आगम, ब० स०] वर्षाकाल।

जल-दान—पु० [ष० त०] तर्पण।

जलदाभ—पु० [स० जलद—आभा, ब० स०] वह जिसकी आभा बादल के रंग जैसी हो।

जल-दारुण—पु० [स० जलद-अरुण, ष० त०] सालू का पेड़ और उसकी लकड़ी।

जल-दुर्ग—पु० [मध्य० स०] वह दुर्ग जो किसी झील, नदी, समुद्र आदि से घिरा हुआ हो।

जल-देव—पु० [ब० स०] १. पूर्वाषाढ़ा नामक नक्षत्र। २. [ष० त०] वरुण।

जल-देवता—पु० [स० ष० त०] वरुण।

जलदोदो—पु० [?] जलाशयों में होनेवाला एक प्रकार का पौधा जिसके शरीर से स्पर्श होने पर खुजली उत्पन्न होती है।

जल-द्रव्य—पु० [मध्य० स०] जल में उत्पन्न होनेवाली वस्तुएँ। जैसे—मुक्ता, शंख आदि।

जल-धर—पुं० [√धृ (धारण)+अच्—धर, जल-धर ष० त०] १. बादल। २. समुद्र। ३. जलाशय।

जलधर-केदारा—पुं० [सं० जलधर+हिं० केदारा] मेघ और केदारा के योग से बननेवाला एक संकर राग।

जलधर-माला—स्त्री० [ष० त०] १. बादलों की श्रेणी या समूह। २. बारह वर्णों का एक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः एक मगण, एक भगण, एक सगण, और एक यगण होता है।

जलधरी—स्त्री० [सं० जलधर+ङीप्] धातु, पत्थर आदि का बना हुआ वह आधान जिसके बीच में शिवलिंग स्थापित किया जाता है और जो

तीन ओर से गोलाकार होता है और एक ओर से लंबोतरा। अर्धा।

जलधार—पुं० [सं० जल√धृ(रखना) +णिच्+अच्] शाक द्वीप का एक पर्वत।

स्त्री० [सं० जल+धारा] जल की धारा।

जल-धारा—स्त्री० [ष० त०] १. जल की वह राशि जो पृथ्वी पर बह रही हो। जल का प्रवाह। २. एक प्रकार की तपस्या जिसमें ध्यान-मग्न तपस्वी पर धारा के रूप में जल कुछ समय तक छोड़ा जाता है।

जलधारी (रिन्)—वि० [स० जल√धृ +णिनि] (स्त्री०जलधारिणी) जलधारण करनेवाला।

पुं० मेघ। बादल।

जलधि—पुं० [स० जल√धा+कि] १. समुद्र। २ दस शब्द की सूचक संख्या की संज्ञा। ३. महापथ ।

जलधिगा—स्त्री०[स० जलधि√गम् (जाना) +ड—टाप्] १. लक्ष्मी। २. नदी।

जलधिज—पु० [सं० जलधि√जन् (उत्पत्ति) +ड] चंद्रमा।

जल-धेनु—स्त्री० [मध्य० स०] एक कल्पित गाय। (पुराण)

जलन—स्त्री० [हिं० जलना] १. जलने की अवस्था, क्रिया या भाव। २ शरीर के किसी अंग के जलने पर उसमें होनेवाली कष्टकारक चुन-चुनाहट या पीड़ा। ३. शरीर में अथवा उसके किसी अंग में किसी प्रकार का रोग या विकार होने के कारण होनेवाली कष्टकारक चुन-चुनाहट। जैसे—खुजली के कारण शरीर में जलन होना। ४. किसी की उन्नति, वैभव, सुख आदि देखकर ईर्ष्या और द्वेष के कारण होनेवाला मानसिक कष्ट।

जलनकुल—पु० [स० स० त०] ऊदबिलाव।

जलना—अ० [सं० ज्वलन] १. आग का संयोग या संपर्क होने पर किसी वस्तु का ऐसी स्थिति में होना कि उसमें से (क) लपट (जैसे—कोयला जलना) (ख) प्रकाश (जैसे—दीया जलना) (ग) ताप (जैसे—कड़ाही या तावा जलना) (घ) धूआँ (जैसे—गीली लकड़ी जलने पर) आदि उत्पन्न होने या निकलने लगे।

विशेष—प्रयोग की दृष्टि से 'जलना' का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हमारे यहाँ स्वयं आग भी जलती है, आग की भट्ठी या चूल्हा भी जलता है, भट्ठी या चूल्हे में का ईंधन भी जलता है, इस ईंधन पर पकाई जानेवाली वस्तु भी जलती है और स्वयं वह पात्र भी जलता है जिसमें कोई चीज पकाई जाती है। इसी प्रकार दीया भी जलता है, उसमें का तेल भी जलता है और उसमें की बत्ती भी जलती है।

पद—जलती आग=भयावह या संकट-पूर्ण वातावरण या स्थिति।

मुहा०—जलती आग में कूदना=जान-बूझकर अपनी जान जोखिम में या विशेष संकट की स्थिति में डालना।

२. उक्त के आधार पर किसी वस्तु का आग से संयोग या संपर्क होने पर जलकर भस्म हो जाना। जैसे—घर या शव जलना। ३. किसी विशिष्ट प्रक्रिया से किसी वस्तु के साथ अग्नि का ऐसा संयोग होना कि उस वस्तु को कोई दूसरा या नया रूप प्राप्त हो। ४. शरीर के किसी अंग का अग्नि या ताप के कारण विकृत अवस्था को प्राप्त होना। जैसे—(क) रोटी पकाते समय तवे से हाथ जलना। (ख) गरम बालू पर चलते समय पैर जलना। (ग) गरम दूध पीने से मुँह जलना।

मुहा०—जले पर नमक छिड़कना=ऐसा काम करना जिससे दुखिया का दुख और अधिक बढ़े।

५ पेड़-पौधों के संबंध में, अधिक ताप के प्रभाव के कारण मुरझा या झुलस जाना। जैसे—इस भीषण गरमी में खेत के खेत जल गये हैं। ६ (आंतरिक ताप) के कारण शरीर का बहुत अधिक तप जाना। जैसे—ज्वर के कारण शरीर जलना। ७ किसी प्रकार की भौतिक या रासायनिक प्रक्रिया के कारण किसी वस्तु के विशिष्ट गुणों का नष्ट होना। जैसे—(क) बिजली का तार जलना। (ख) तेजाब की बूँद पड़ने पर कपड़ा जलना। ८ लाक्षणिक अर्थ में. ईर्ष्या, क्रोध, राग-द्वेष आदि के कारण बहुत अधिक उत्तप्त होना।

मुहा०—जली कटी सुनाना=ईर्ष्या या क्रोध आदि के कारण बहुत सी कटु बातें कहना। **जल मरना**=ईर्ष्या, द्वेष आदि के कारण बहुत अधिक दुःखी होना।

जल-नाथ—पु० [ष० त०] १ इंद्र। २. वरुण। ३ समुद्र।

जल-निधि—पु० [ष० त०] १ समुद्र। २ चार की संख्या की सूचक संज्ञा।

जल-निवास—पु० [स० त०] वह झोंपड़ी या छोटा मकान जो कुछ देवों के जंगली लोग बड़ी झील के किनारे या बीच में खंभों पर अपने रहने के लिए बनाते हैं। (लेक डवेलिंग)

जलनीम—स्त्री० [स० जल निंब] जलाशयों की दलदली भूमि में उपजनेवाली एक प्रकार की लौनिया।

जलनीलिका—स्त्री० [स०जलनीली+कन्—टाप्, ह्रस्व] सेवार।

जलनीली—स्त्री०[स० जल√निल्(नीला करना) +णिच्+अच्—ङीप्] सेवार।

जलपक्व—वि० जलाक।

जल-पक्षी (क्षिन्)—पु०[मध्य०स०]वे पक्षी जो जलाशयों के किनारे रहते तथा उनमें की मछलियाँ पकड़कर खाते हैं।

जल-पति—पु० [ष० त०] १. वरुण। २. समुद्र। ३. पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र।

जल-पथ—पु० [ष० त०] १ दे० 'जलमार्ग'। २ नहर।

जलपना†—अ० [सं० जल्पन] १. निरर्थक या व्यर्थ की बातें कहना। बकना। उदा०—बाए बुद्धि विरुद्ध कुछ जलपत दुर्भाषा।—रत्ना०। २. लंबी चौड़ी हाँकना। डींग मारना।

जल-परी—स्त्री०[सं० जल+फा० परी] एक कल्पित जल-जंतु जिसका कमर से ऊपरी भाग स्त्रियों का-सा और नीचे का भाग मछलियों का-सा माना जाता है। (मर्मेड)

जलपाई—स्त्री०[देश०] श्लाक्ष की जाति का एक पेड़ और उसका फल।

जलपाटल—पु०[सं० जल और पटल] काजल।

जल-पान—पुं०[सं० जल और पान] भोजन से पहले या बाद में (प्रायः प्रातःकाल और सायंकाल) किया जानेवाला हलका भोजन। कलेवा। नाश्ता।

जल-पारावत—पुं० [स०त०] जलाशयों के किनारे रहनेवाली जल-कपोत नामक चिड़िया।

जल-पिंड—पुं०[ष० त०] अग्नि। आग।

जल-पिप्पलिका—स्त्री० [मध्य स०] जलपीपल।

जल-पिप्पली—स्त्री० [मध्य० स०] जलपीपल नामक ओषधि।

जल-पिप्पिका—स्त्री०[प० त०] मछली।

जल-पीपल—स्त्री०[सं० जलपिप्पली] १ पीपल की जाति का एक प्रकार का छोटा पेड़ जो खड़े या स्थिर पानी में होता है। २. उक्त पेड़ की फली जो पाचक होती है और ओषधि के काम आती है।

जल-पुष्प—पु०[मध्य० स०] १. जलाशयों में उत्पन्न होनेवाले फूलों की संज्ञा। २. लज्जावती की जाति का एक पौधा जो प्रायः दलदलों में होता है।

जल-पृष्ठ-जा—स्त्री०[सं०जल-पृष्ठ ष० त०,√जन्(उत्पत्ति)+ड–टाप्] सेवार।

जल-प्रदान—पु०[ष० त०] जल देने विशेषतः तर्पण करते समय पितरों आदि को जल देने की क्रिया या भाव।

जल-प्रपा—पु०[ष० त०] पौंसरा। प्याऊ।

जल-प्रपात—पु०[ष० त०] १. पहाड़ों आदि में बहुत ऊँचाई से गिरनेवाला पानी का प्राकृतिक झरना। प्रपात। (वाटर फाल) २. वह स्थान या ऊँचा पहाड़ जहाँ पर से जल की धारा नीचे गिरती हो।

जल-प्रवाह—पु०[ष० त०] १. कोई चीज जल में प्रवाहित करने अर्थात् बहाने की क्रिया या भाव। २. जल की धारा के किसी ओर बहने की क्रिया, गति या भाव।

जल-प्रांगण—पु०[ष० त०] समुद्र का उतना भाग जितने पर उसके तट पर स्थित राज्य का अधिकार समझा जाता है। (टेरिटोरियल वाटर्स) **विशेष**—अन्तर्राष्ट्रीय विधान के अनुसार यह क्षेत्र तट से तीन मील की दूरी तक होता है। पर अब कुछ राष्ट्र इसे १२ मील तक रखना चाहते हैं।

जल-प्रांत—पु०[ष० त०] जलाशय के आस-पास का प्रदेश।

जल-प्राय—वि०[ब० स०] (ऐसा भू-भाग) जिसमें जलाशय अर्थात् ताल, नदियां, नहरें आदि बहुत अधिक हों।

जल-प्रिय—पु०[ष० स०] १. मछली। २. चातक। पपीहा।

जलप्लव—पु०[स० जल√प्लु(कूदना)+अच्] ऊदबिलाव।

जल-प्लावन—पु०[ष० त०] १. ऐसी भीषण बाढ़ जिसमें चारों ओर बहुत दूर-दूर तक जल ही जल दिखाई देता हो और धरातल उक्त बाढ़ के फलस्वरूप पानी से ढक जाता हो। २. एक प्रकार का प्रलय जिसमें सब देश डूब जाते हैं। (पुराण)

जल-फल—पुं०[मध्य० स०] सिंघाड़ा।

जलबंध—पु०[सं० जल√बंध् (बांधना)+अच्] मछली।

जल-बंधक—वि०[ष० त०] जल को बांधनेवाला।
पुं० बांध।

जल-बंधु—पुं०[ब० स०] मछली।

जल-बम—पुं०[सं० जल+अं० बाम्ब] जल में छोड़ा जानेवाला एक प्रकार का रासायनिक विस्फोटक गोला जो आस-पास के जहाजों, पनडुब्बियों आदि को नष्ट कर देता है।

जलबालक—पुं०[सं० जल√बल् (जिलाना)+णिच्+ण्वुल्—अक] विंध्याचल पर्वत।

जल-बाला—स्त्री०[ष० त०] बिजली। उदा०—जलबाला न समाइ जलदि।—प्रियीरासज।

जल-बालिका—स्त्री०[ष० त०] बिजली। विद्युत्।

जल-बिंब—पु०[ष० त०] पानी का बुलबुला। बुल्ला।

जल-बिडाल—पु०[स० त०] ऊदबिलाव।

जल-बिल्व—पु०[मध्य० स०] १. केकड़ा। २. वह प्रदेश जहाँ जल की कमी हो।

जल-बुद्बुद—पु०[ष० त०] पानी का बुलबुला। बुल्ला।

जलबेंत—पु०[स० जलवेत्र] जलाशयों या दलदल में लता के रूप में उपजनेवाला एक प्रकार का बेंत का पौधा जिसके छिलकों से कुर्सियाँ आदि बुनी जाती हैं।

जल-ब्राह्मी—स्त्री०[स० त०] हरहर का साग।

जल-भँगरा—पु० [स० जल+हिं० भँगरा] जलाशयों में होनेवाला एक प्रकार का भँगरा।

जल भालू—पुं० [हिं० जल+भालू] सील की जाति का आठ-दस हाथ लंबा एक समुद्री जंतु जिसके सारे शरीर पर बड़े-बड़े बाल होते हैं।

जलभू—पुं०[सं० जल√भू (होना)+क्विप्] १ मेघ। २ एक प्रकार का कपूर। ३. जलचौलाई।।
स्त्री० जल-प्राय भूमि। कछ।

जल-भूषण—पु०[ष० त०] वायु। हवा।

जलभृत्—पु० [सं० जल√भृ (धारण)+क्विप्] १. बादल। मेघ। २. वह पात्र, जिसमें जल रखा जाता हो। ३. एक प्रकार का कपूर।

जल-भौंरा—पु०[स० जल+हिं० भौंरा] काले रंग का एक प्रसिद्ध छोटा कीड़ा जो जल के ऊपरी स्तर पर चलता, दौड़ता या तैरता रहता है। भौतुआ।

जल-मंडल—पु० [ब० स०] एक प्रकार की बड़ी विषैली मकड़ी जिसके स्पर्श से कभी-कभी मनुष्य मर जाता है। चिरैयाबुदकर।

जल-मंडूक—पुं०[उपमि० स०] पुरानी चाल का एक प्रकार का बाजा।

जलम†—पु०=जन्म।

जल-मक्षु—पु०[उपमि० स०] कौड़िल्ला (पक्षी)।

जल-मधूक—पु[मध्य० स०] जल-महुआ।

जलमय—पु०[सं० जल+मयट्] १. चंद्रमा। २. शिव की एक मूर्त्ति।

जल-मल—पु०[ष० त०] झाग। फेन।

जल-मसि—पुं०[तृ० त०] १. बादल। मेघ। २. एक प्रकार का कपूर।

जल-महुआ—पुं०[सं० जलमधूक] जलाशयों के समीप होनेवाला एक प्रकार का महुआ (पेड़) और उसका फल।

जल-मातृका—स्त्री०[मध्य० स०] जल में रहनेवाली सात देवियों—मत्सी, कूर्मी, वाराही, दर्दुरी, मकरी, जलूका और जंतुका में से कोई एक। (पुराण)

जल-मानुष—पुं०[मध्य० स०] [स्त्री० जलमानुषी] दे० 'जल-परी'।

जल-मापक—पु०[ष० त०] घड़ी के आकार का वह यंत्र जो जल आदि में से निकले हुए जल का मान बतलाता है। (हाइड्रो मीटर)

जल-माया—स्त्री०[ष० त०] मृग-तृष्णा।

जल-मार्ग—पुं०[ष० त०] नहर, नदी, समुद्र आदि में का वह मार्ग या

रास्ता जिससे जहाज, नावें आदि आती-जाती रहती हैं। (वाटरवेज)

जल-मार्जार—पुं०[ष० त०] ऊदबिलाव।

जलमुच्—पुं०[सं० जल√मुच् (छोड़ना)+क्विप्] १. बादल। मेघ। २. एक प्रकार का कपूर।

जल-मुरेठी—स्त्री० [सं० जलयष्टी] जलाशय में होनेवाली एक प्रकार की मुरेठी।

जल-मूर्ति—पुं०[ब० स०] शिव।

जलमूर्तिका—स्त्री०[सं० जल-मूर्ति ष० त०, +कन्-टाप्] ओला। करका

जलमोद—पु०[सं० जल√मुद् (प्रसन्न होना)+ णिच्+अण्] खस।।

जल-यंत्र—पुं०[ष० त०] १. वह उपकरण जिससे कूएँ आदि से पानी ऊपर उठाकर नलों की सहायता से दूर-दूर तक पहुँचाया जाता है। २. फुहारा। ३. जलघड़ी।

जल-यात्रा—स्त्री०[मध्य० स०] १. नदी, समुद्र आदि के द्वारा होनेवाली यात्रा। २. अभिषेक आदि के समय पवित्र जल लाने के लिए कहीं जाना। ३. ज्येष्ठ की पूर्णिमा को होनेवाला वैष्णवों का एक उत्सव जिसमें विष्णु की मूर्त्ति को ठंडे जल से स्नान कराया जाता है। ४. राजपूताने में कार्त्तिक शुक्ल चतुर्दशी को मनाया जानेवाला एक उत्सव।

जल-यान—पुं०[ष०त०] वह यान या सवारी जो जल में चलती हो। जैसे—जहाज, नाव आदि।

जल-रंक—पुं०[सं० स० त०] बगुला।

जल-रंकु—पुं०[सं० स० त०] बनमुर्गी।

जल-रंग—पु० [मध्य० स०] १. चित्र-कला मे, तैल-रंग से भिन्न वह रंग जो जल और गोंद आदि के योग से तैयार किया जाता है। (वाटर-कलर) २. उक्त प्रकार के रंगों से चित्र अंकित करने की प्रणाली। ३. उक्त प्रकार के रंगों से अंकित चित्र।

जलरंग—पुं०[सं० जल√रंज् (अनुरक्त होना)+अच्] बगुलों की एक जाति।

जल-रंढ—पुं०[ष० त०] १. भवँर। २ जलकण। ३. साँप।

जल-रस—पुं०[मध्य०] नमक।

जल-राशि—पुं०[ष० त०] १. अथाह जल। २. समुद्र। ३. ज्योतिष में, कर्क, मकर, कुंभ और मीन राशियाँ।

जल-रुह—वि०[तृ० त०] १. जल से घिरा या ढँका हुआ। २. इतना कड़ा या ठोस (पदार्थ) कि उसके छेदों में जल का प्रवेश न हो सकता हो। (वाटर टाइट)

जल-रुह—वि०[सं० जल√रुह् (उगना)+क] जल में उत्पन्न होनेवाला।

पुं० जल में उत्पन्न होनेवाली वनस्पतियों तथा उनके फल-फूलों आदि की संज्ञा। जैसे—कमल, सिंघाड़ा आदि।

जल-रूप—पु०[ब० स०] ज्योतिष में, मकर राशि।

जल-लता—स्त्री०[स० त०] तरंग। लहर।

जल-लोहित—पुं०[ब० स० ?] एक राक्षस का नाम।

जल-वर्त—पुं०[ष० त०] १. एक प्रकार के मेघ। २. जलावर्त।

जल-वल्कल—पुं०[ष० त०] जलकुंभी।

जल-वल्ली—स्त्री०[मध्य० स०] सिंघाड़ा।

जलवाना—स० [हिं० जलाना का प्रे० रूप] जलाने का काम किसी दूसरे से कराना।

जल-वानीर—पु०[मध्य० स०] जलबेंत।

जल-वायस—पु०[स० त०] कौड़िल्ला (पक्षी)।

जल-वायु—पुं०[द्व० स०] किसी प्रदेश की प्राकृतिक या वातावरणिक स्थिति जिसका विशेष प्रभाव जीवों, जंतुओं, वनस्पतियों आदि की उपज, विकास तथा स्वास्थ्य पर पड़ता है। (क्लाइमेट)

जल-वायुयान—पु०[ष० त०] वह वायुयान जो समुद्र या बड़े जलाशयों के तल पर भी उतर सकता और फिर वहीं से उड़कर आकाश में भी जा सकता हो। (हाइड्रो प्लेन)

जल-वाष्प—पु०[ष० त०] पानी की वह भाप जो वेग से किसी चमकीले पदार्थ पर डाल कर ताप, प्रकाश आदि उत्पन्न करने के काम में लाई जाती है। (वाटरगैस)

जल-वास—पु०[स० त०] १. जल में वास करने अर्थात् रहने की क्रिया या भाव। २ साँस रोककर तथा पानी में डुबकी लगाकर बैठने की क्रिया या साधना। उदा०—कुशल बली है जलवास की कला में भी। मैथिलीशरण। ३. [ब० स०] खस। ४. [जल√वस्] विष्णुकंद।

जलवाह—पुं०[स० जल√वह् (ढोना)+अण्] मेघ।

जलविद्युजा—स्त्री०[स० जल-विद्युत् ष० त०,√जन् (उत्पत्ति)+ड—टाप्] एक प्रकार की रेचक ओषधि।

जल-विद्युत—पु०[मध्य० स०] ज्योतिष में वह योग या स्थिति जब सूर्य कन्या राशि से तुला राशि में संक्रमण करता है।

जल-विश्लेषण—पु०[ष० त०] जल के संयोजक तत्त्वों को अलग-अलग करने की क्रिया या भाव। (हाइड्रोलिसिस)

जल-वीर्य—पु०[व० स०] भरत के एक पुत्र का नाम।

जल-वृश्चिक—पु०[स० त०] झींगा मछली।

जल-वेतस—पुं०[मध्य० स०] जलबेंत।

जल-वेत्रत—पु०[ष० त०] जलाशयों, नदियों आदि के संबंध में होनेवाली कुछ अनोखी और असाधारण बातें जो भावी दैवी उत्पात आदि की सूचक होती हैं। जैसे—नदी का अपने स्थान से हटना, जलाशयों का अचानक सूख जाना आदि आदि।

जल-व्याघ्र—पु० [स० त०] [स्त्री० जल-व्याघ्री] सील की जाति का एक हिंसक जल-जंतु।

जल-व्याल—पुं०[मध्य० स०] पानी में रहनेवाला साँप।

जल-शायन—पु०[ब० स०] विष्णु।

जलशायी (यिन्)—पु० [जल√शी (शयन करना)+णिनि] विष्णु।

जलशुंडी—स्त्री०=जलस्तंभ।

जल-शूक—पु०[स० त०] सेवार।

जल-शूकर—पु०[ष० त०] कुमीर नाक नामक जल-जंतु।

जल-संघात—पु०[ष० त०] जल-राशि।

जल-संत्रास—पु०=जलांतक।

जल-संध—पु०[ब० स०] धृतराष्ट्र का एक पुत्र।

जल-संस्कार—पु०[स० त०] १. स्नान करना। नहाना। २. धोना। ३. शव को नदी आदि में प्रवाहित करना।

जल-समाधि—स्त्री०[स० त०] १. जल में डूबकर प्राण देना। २. जल में डुबाया या प्रवाहित किया जाना।

जल-समुद्र—पु०[मध्य० स०] सात समुद्रों में से अंतिम समुद्र। (पुराण)

जल-सर्पिणी—स्त्री० [स० त०] जोंक।

जलसा—पुं०[अ०] १. दे० 'उत्सव' तथा 'समारोह'। २. दे० 'अधिवेशन'।

जलसाई—पुं०[हिं० जलाना] मुरदे जलाने का स्थान। मरघट।

जलसिंह—पुं०[स० त०] [स्त्री० जलसिंही] सील की जाति का एक प्रकार का बड़ा तथा हिंसक जल-जंतु।

जलसिरस—पु०[सं० जलशिरीष] जलाशयों में पैदा होनेवाला एक प्रकार का सिरस का वृक्ष।

जलसीप—स्त्री०[सं० जलशुक्ति] वह सीप जिसके अंदर मोती हो।

जलसीम—स्त्री०[सं० जल+ शिवा] जल की सेम अर्थात् मछली।

जल-सूचि—पुं० [स० त०] १. सूंस। २. बड़ा कछुआ। ३ जोंक। ४. जल में होनेवाला एक पौधा। ५. सिंघाड़ा। ६. कौआ। ७. कौआ नामक मछली।

जल-सूत—पु०[स० त०] नहरुआ (रोग)।

जल-सेना—स्त्री०[मध्य० स०] किसी राष्ट्र की वह सेना (वायु तथा स्थल-सेना से भिन्न) जो समुद्र-तटों की शत्रुओं से रक्षा करती तथा समुद्र में पहुँचकर विपक्षियों के जहाजों से युद्ध करती है। (नेवी)

जल-सेमी—पु०[सं०] एक प्रकार की मछली।

जल-स्तंभ—पुं० [प० त०] एक प्राकृतिक घटना जिसमें जलाशय या समुद्र में आकाश से बादल झुक पड़ते हैं और जलाशय या समुद्र का जल कुछ समय के लिए ऊपर उठकर स्तंभ का रूप धारण कर लेता है। सूँडी। (वाटर स्पाउट)

जल-स्तंभन—पु०[ष० त०] मंत्रों आदि की शक्ति से जल की गति या प्रवाह रोकना या बंद करना।

जलस्था—स्त्री०[सं० जल √स्था (रहना)+क-टाप्] गंडदूर्वा।

जलहर†—वि०=जलहल।

पु०=जलधर।

जल-हरण—पु० [ष० त०] मुक्तक दंडक का एक भेद जिसके प्रत्येक चरण में ३२ वर्ण होते हैं और आठ, आठ, नौ और फिर सात पर यति होती है।

जलहरी—स्त्री०=जलधरी।

जलहल†—वि०[हिं० जल] जल से भरा हुआ। जलमय।

†पुं० १=जलाशय।

२=सागर

जल-हस्ती (स्तिन्)—पुं०[स० त०] सील की जाति का एक स्तनपायी जल-जंतु।

जलहारु—पु०[सं० जल √हृ (हरण)+अण्] [स्त्री० जलहारी] पानी भरनेवाला मजदूर। पनिहारा।

जलहालम—पु० [स० जल+हालम ?] जलाशयों के किनारे होनेवाला एक प्रकार का हालम वृक्ष।

जल-हाल—पुं०[ष० त०] समुद्र-फेन।

जल-होम—पुं[स० त०]हवन का एक प्रकार जिसमें जल में ही आहुति दी जाती है।

जलांक—पुं०[सं० जल-अंक, ष० त०] [वि० जलांकित] जल-चिह्न। (वै०)

जलांकन—पुं०[सं० जल-अंकन, ष० त०] जलांक या जल-चिह्न अंकित करने की क्रिया या भाव।

जलांचल—पुं० [सं० जल-अंचल ष० त०] पानी की नहर।

जलांजल—पुं० [सं० जल √अंज् (व्याप्त करना)+अलच्] १. सेवार। २. तोता। ३. स्रोत।

जलांजलि—स्त्री०[सं० जल-अंजलि, मध्य० स०] १. जल से भरी अंजुली। २. तर्पण के समय पितरों आदि को दी जानेवाली जल की अंजुलि।

जलांटक—पुं०[सं० जल √अंट् (घूमना)+ण्वुल्—अक] मगर।

जलांतक—पुं०[सं० जल-अंतक ब० स०, कप्] १. सात समुद्रों में से एक। २. श्री कृष्ण का एक पुत्र जो सत्यभामा के गर्भ से उत्पन्न हुआ था। (हरिवंश)

जलांधिका—स्त्री०[सं० जल-अंधिका ष० त०] कूआँ। कूप।

जलांड—वि० [हिं० जलाना+आऊ (प्रत्य०)] १. जलानेवाला। २. (वह) जो जलाया जाय या जलाये जाने को हो। जैसे—जलाऊ लकड़ी।

जलांत्र—स्त्री०[हिं० जलाना] १. पेट की जलन। २. तेज धूप की लपट। ३. लू।

जलाकर—पुं०[सं० जल-आकर ष० त०] वह स्थान जहाँ बहुत अधिक जल हो। जलाशय। जैसे—नदी, समुद्र आदि।

जलाकांक्ष—पुं०[सं० जल-आ √कांक्ष् (चाहना)+अण् ब० स०] हाथी।

जलाका—स्त्री० [सं० जल-आ √का (जाहिर होना)+क-टाप्] जोंक।

जलाकी—स्त्री० [सं० जल √अक् (व्याप्त होना)+अच्-ङीष्] जलपीपल। जलपिप्पली।

जलाकु—पुं०[सं० जल-आकु] ऊदबिलाव (जंतु)।

जलाजल†—वि०=अलाजल।

†पुं०=अलाजल।

जलाटन—पुं०[सं० जल √अट् (घूमना)+ल्यु—अन] सफेद चील।

जलाटनी—स्त्री०[सं० जलाटन+ङीप्] जोंक।

जलाटीन—पु०=जेलाटीन।

जलातंक—पु०[सं० जल-आतंक, पं० त०] १. जल से लगनेवाला भय। २. पागल कुत्तों, गीदड़ों आदि के काटने से होनेवाला एक प्रकार का रोग जिसमें मनुष्य को जल देखने भर से बहुत अधिक डर लगता है। (हाइड्रोफोबिया)

जलातल—वि०[हिं० जलना+तल] १. जिसका तन जला हो अर्थात् बहुत अधिक दुःखी या संतप्त। २. क्रोधी। ३. ईर्ष्यालु।

पुं० कष्ट देने की क्रिया या भाव। जैसे—इतना जलातल करोगे तो मैं चला जाऊँगा।

जलात्मिका—स्त्री०[सं० जल-आत्मन् ब० स०, कप्, टाप्, इत्व ब० स०] १. जोंक। २. कूआँ।

जलात्यय—पुं०[सं० जल-अत्यय, ष० स०] शरत्काल।

जलाद†—पुं०=जल्लाद।

जलाधार—पुं०[सं० जल-आधार, ष० त०] जलाशय।

जलाधिदैवत—पुं०[सं० जल-अधिदैवत, ष० त०] १. वरुण। २. पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र।

जलाधिप—पुं०[सं० जल-अधिप, ष० त०] १. व ण। २. ज्योतिष में, वह ग्रह जो किसी विशिष्ट संवत्सर में जल का अधिपति होता है।

जलाना—स०[हिं० जलना क्रिया का स० रूप] १. आग के संयोग से किसी चीज को जलने में प्रवृत्त करना। प्रज्वलित करना।
विशेष—कोई चीज या तो (क) ताप उत्पन्न करने के लिए जलाई जाती है, जैसे—ईंधन जलाना; या (ख) प्रकाश उत्पन्न करने के लिए; जैसे—लालटेन जलाना; अथवा (ग) नष्ट या भस्म करने के लिए; जैसे—मकान या शहर जलाना।
२. आज-कल उक्त क्रियाएँ आग के अतिरिक्त कुछ दूसरी क्रियाओं से भी की जाती हैं। जैसे— बिजली की बत्ती या लट्टू जलाना। ३. ऐसा काम करना जिससे अधिक ताप लगने के कारण कोई चीज जलकर विकृत दशा को प्राप्त हो जाय। जैसे—तरकारी या रोटी जलाना। ३. किसी पदार्थ को आग पर रखकर इस प्रकार गरम करना कि उसका कुछ अंश भाप के रूप में उड़ जाय। जैसे—दूध में का पानी जलाना। ४. कुछ विशिष्ट रासायनिक पदार्थों के संयोग से ऐसी क्रिया करना जिससे कोई तल निर्जीव या विकृत हो जाय। जैसे—क्षार या तेजाब से कपड़ा या फोड़ा-फुंसी जलाना। ५. किसी को ऐसी चुभती हुई बात कहना अथवा कोई ऐसा काम करना जिससे कोई बहुत अधिक मन ही मन दुःखी हो। ६. ऐसा काम करना जिससे किसी के मन में ईर्ष्या-जन्य कष्ट उत्पन्न हो।

जलाना—पुं० [हिं० जलना+आपा (प्रत्य०)] बराबर बहुत समय तक मन ही मन जलते रहने की अवस्था या भाव।

जलापात—पुं०[जल-आपात, ष० त०] जलप्रपात (दे०)।

जलायुका—स्त्री०[जल-आयुस्, ब० स०, कप्, पृथो० सलोप] जोंक।

जलार्क—पुं०[जल-अर्क, मध्य० स०] जल में दिखाई पड़नेवाला सूर्य का प्रतिबिंब।

जलार्णव—पुं०[जल-अर्णव, मध्य० स०] १. जल-समूह। २. बरसात। वर्षाकाल।

जलार्द्र—वि०[जल-आर्द्र, तृ० त०] पानी में या से भींगा हुआ। गीला।

जलार्द्रा—स्त्री०[स० जालार्द्र+टाप्] १. गीला वस्त्र। २. भींगा पंखा।

जलाल—पुं०[अ०] १. तेज। प्रकाश। २. प्रताप। महिमा। ३. वैभव और सपन्नता।

जलाली—वि०[अ० जलाल] तेज या प्रकाश से युक्त।

जलालु—पुं०[जल-आलु, मध्य० स०] जमींकंद। सूरन।

जलालुक—पु०[स० जलालु√कै (जाहिर होना)+उक] कमल की जड़। भसींड।

जलालुका—स्त्री०[सं० जल√अल् (जाना)+उक-टाप्] जोंक।

जलाव—पु०[हिं० जलना+आव (प्रत्य०)]१. जलने या जलाने की क्रिया या भाव। २. जलने के कारण कम होनेवाला अंश। ३. खमीर। ४. पतला घीरा।

जलावतन—वि०[अ०] [स्त्री० जलावतनी] देश या राज्य से निर्वासित।

जलावतनी—स्त्री०[अ०] देश-द्रोह आदि के अभियोग में किसी को देश छोड़कर विदेश चले जाने की दी जानेवाली आज्ञा या दंड। निर्वासन। देश निकाला।

जलावतार—पुं०[जल-अवतार, ष० त०] नाव आदि पर से उतरने का घाट।

जलावन—पुं०[हिं० जलाना] १. जलाने की वस्तुएँ। ईंधन। २. किसी वस्तु का वह अंश जो जलकर विकृत या नष्ट हो गया हो।

जलावर्त्त—पु०[जल-आवर्त्त, ष० त०] पानी का भँवर।

जलाशय—पु०[जल-आशय, ष० त०] १. वह स्थल (प्रायः गहरा स्थल) जिसमें जल भरा हो। जैसे—गड्ढा, झील, नदी, नहर आदि। २. खस। उशीर। ३. सिंघाड़ा। ४ लामज्जक नामक तृण।

जलाशया—स्त्री०[स० जलाशय+टाप्] नागरमोथा।

जलाश्रय—पु०[जल-आश्रय ब० स० १ दीर्घनाल या वृत्तगुंड नामक तृण। २. सिंघाड़ा।

जलाश्रया—स्त्री०[स० जलाश्रय+टाप्] शूली घास।

जलाष्ठीला—स्त्री०[जल-अष्ठीला, तृ० त०] बहुत बड़ा तथा चौकोर तालाब।

जलासुका—स्त्री०[जल-असु, ब० स०, कप्-टाप्] जोंक।

जलाहल—वि० [हिं० जलाजल अथवा स० जलस्थल] जल से भरा हुआ। जलमय। उदा०—जगत जलाहल होइ कुलाहल त्रिभुवन व्यापै।—रत्ना०।

जलाह्वय—पुं०[सं० जल-आह्वय, ब० स०] १. कमल। २. कुई। कुमुद।

जलिका—स्त्री०[सं० जल+ठन्-इक-टाप्] जोंक।

जलिया†—पुं०[स० जल] केवट। मल्लाह।

जलीय—वि० [स० जल+छ-ईय] १. जल-संबंधी। जल का। जैसे—जलीय क्षेत्र। २. जल में उपजने, रहने या होनेवाला। जैसे—जलीय जंतु। ३. जिसमें जल का अंश हो।

जलीय-क्षेत्र—पु०[कर्म० स०] दे० 'जल-प्रांगण'।

जलील—वि० [अ०] [भाव० जलाल] पूज्य या महान (व्यक्ति)। वि० [अ० ज़लील] [भाव० जिल्लत] १. जिसका अपमान हुआ हो। अपमानित। २ जो अपमानित किये जाने पर भी हठ वश वही काम करता हो। ३. तुच्छ। नीच।

जलूका—स्त्री०[सं०√जल् (तेज होना)+उक-टाप्] जोंक।

जलू—स्त्री०[स० जलौका] जोंक।

जलूका—स्त्री०[जल-ओक, ब० स०, पृथो० सिद्धि] जोंक।

जलूस—पुं०[अ० जुलूस] १ गलियों, बाजारों, सड़कों आदि पर प्रचार, प्रदर्शन आदि के लिए निकलनेवाला व्यक्तियों का समूह।
क्रि० प्र०—निकलना।—निकालना।
२. बहुत ही ठाठ-बाट या सजावट की अवस्था या स्थान। उदा०—बैठी जमन जलूस करि फरस फबी सुखयान।—विक्रम सतसई।

जलूसी—वि०[अ० जुलूस] १. जलूस संबंधी। जलूस का। २. (सन या संवत्) जिसका आरंभ किसी राजा के सिंहासन पर बैठने के दिन से हुआ हो।

जलेंद्र—पु०[जल-इंद्र, ष० त०] १. वरुण। २. महासागर।

जलेंधन—पु०[जल-इंधन, ब० स०] बड़वाग्नि।

जलेचर—वि०[स० जले√चर् (चलना)+ट] जलचर।

जलेच्छया—पुं० [सं० जल√इ (गति)+क्विप्, √शी (सोना)+अच्, टाप्] जलाशय में होनेवाला हाथी सूँड़ नामक पौधा।

जलेज—पुं० [सं० जले√जन् (उत्पत्ति)+ड] कमल।

जलेतन—वि० [हिं० जलना+तन] १. जिसे बहुत अधिक शारीरिक या मानसिक कष्ट पहुँचा हो। २. ईर्ष्या, द्रोह आदि के कारण बहुत अधिक दुःखी या संतप्त। ३. क्रुद्ध।

जलेबा—पुं० [हिं० जलेबी] बड़ी जलेबी।

जलेबी—स्त्री० [देश०] १. घी में तलकर शीरे में पगाई हुई मैदे की कुंडलाकार एक प्रसिद्ध मिठाई। २. बरियारे की जाति का एक पौधा जिसमें पीले रंग के फूल लगते हैं। ३. एक प्रकार की छोटी अतिशबाजी। †४. घेरा। लपेट।

जलेभ—पुं० [जल-इभ, मध्य० स०] जलहस्ती नामक जल-जंतु।

जलेरुहा—स्त्री० [सं० जले√रुह (उगना)+क—टाप्] सूरजमुखी नाम का पौधा और उसका फूल।

जलेला—स्त्री० [सं० जले√ला (लेना)+क—टाप्] एक मातृका जो कार्त्तिकेय की अनुचरी कही गई है।

जलेवाह—पुं० [सं० जले√वाह् (प्रयत्न)+अण्] गोताखोर। पनडुब्बा।

जलेशय—पुं० [सं० जले√शी (शयन करना)+अच्] १. मछली। २. विष्णु।

जलेश्वर—पुं० [जल-ईश्वर, ष० त०] १. वरुण। २. समुद्र।

जलोका—स्त्री० [जल-ओक ब० स०, पृषो० सिद्धि] जोंक।

जलोच्छ्वास—पुं० [जल-उच्छ्वास ष० त०] जलाशय में उठनेवाली वह बड़ी लहर जो तट की भूमि को भी स्पर्श करती है।

जलोत्सर्ग—पुं० [जल-उत्सर्ग, ष० त०] पुराणानुसार ताल, कूआँ या बावली आदि का विवाह।

जलोदर—पुं० [जल-उदर, ब० स०] एक रोग जिसमें पेट में पानी जमा होने लगता है और उसके फलस्वरूप पेट फूलने लगता है।

जलोद्धतिगति—स्त्री० [जल-उद्धति, ष० त०, जलउद्धति-गति, ब० स०] बारह अक्षरों की एक वर्ण-वृत्ति जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः जगण, सगण, जगण और सगण होता है।

जलोद्भवा—स्त्री० [जल-उद्भव, ब० स०, टाप्] १. गुंदला नाम की घास। २. छोटी ब्राह्मी।

जलोद्भूता—स्त्री० [जल-उद्भूता, स० त०] गुंदला नामक घास।

जलोन्नाद—पुं० [जल-उन्नाद, ब० स०] शिव का एक अनुचर।

जलोरगी—स्त्री० [जल-उरगी, स०त०] जोंक।

जलौकस—पुं० [जल-ओकस्, कर्म० स०,+अच्] जोंक।

जलौका—स्त्री० [जल-ओक, ब० स०, टाप्] जोंक।

जल्द—अव्य० [अ०] जल्दी। (दे०)

जल्दबाज—वि० [फा०] [भाव० जल्दबाजी] (किसी काम में) आवश्यकता से अधिक जल्दी करनेवाला। हर काम या बात में जल्दी मचानेवाला।

जल्दबाजी—स्त्री० [फा०] जल्दबाज होने की अवस्था या भाव। आवश्यक या उचित से अधिक जल्दी या शीघ्रता करना।

जल्दी—स्त्री० [अ०] तीव्र गति से आगे बढ़ने या कोई काम करने की अवस्था, क्रिया या भाव। जैसे—हर काम में जल्दी करना ठीक नहीं। अव्य० १. शीघ्रता से। जैसे—जल्दी चलो। २. आनेवाले थोड़े समय में। जैसे—अभी जल्दी पानी नहीं बरसेगा। ३. सहज में। सुगमता से। जैसे—यह बात जल्दी तुम्हारी समझ में न आयगी।

जल्प—पुं० [सं० √जल्प् (कहना)+घञ्] १. कथन। २. बकवाद। प्रलाप। ३. ऐसा तर्क-वितर्क या विवाद जिसमें औचित्य, न्याय, सत्य आदि का विचार छोड़कर केवल अपनी बात ठीक सिद्ध करने का प्रयत्न किया जाय। ४. सोलह पदार्थों में से एक पदार्थ। (न्याय)

जल्पक—वि० [सं० √जल्प्+ण्वुल्—अक] १. कहनेवाला। २. बकवादी। वाचाल। ३. झूठ-मूठ तर्क-वितर्क करनेवाला।

जल्पन—पुं० [सं० √जल्प्+ल्युट्—अन] १. जल्प करने की क्रिया या भाव। २. डींग।

जल्पना—अ० [सं० जल्पन] १. कहना। बोलना। २. व्यर्थ में या बेफायदा बोलना। बकवाद करना। ३. व्यर्थ में तर्क-वितर्क करना। ४. डींग मारना।

जल्पाक—वि० [सं० √जल्प्+षाकन्]=जल्पक।

जल्पित—भू० कृ० [सं० √जल्प्+क्त] १ कहा हुआ। २ बका हुआ। ३. मनगढ़ंत और मिथ्या (बात)।

जल्ला—पुं० [सं० जल] १. झील। (लश०) २. ताल। ३. हौज। ४. वह स्थान जहाँ जल अधिक होता या ठहरता हो।

जल्लाद—पुं० [अ०] १. मुस्लिम शासन-काल में, राज्य द्वारा नियुक्त वह कर्मचारी जो दंडित अपराधी का किसी तेज धारवाले अस्त्र से सिर काटता था। २. लाक्षणिक अर्थ में, बहुत बड़ा क्रूर तथा निर्दय (व्यक्ति)।

जल्वा—पुं० [अ० जल्वः] १. प्रकाश। तेज। २. शोभा। सौंदर्य।

जल्सा—पुं०=जलसा।

जल्होर†—पुं० [देश०] एक प्रकार का धान।

जव—पुं० [सं० √जु (जाना)+अप्] १. वेग। तेजी। २. जल्दी। शीघ्रता।

वि० १. [√जु+अच्] १. वेगवान्। २. जल्दी या शीघ्रता करनेवाला।

पुं०=जौ।

जवन—वि० [सं० √जु (जाना)+ल्यु—अन] [स्त्री० जवनी] तेज। वेगवान्।

पुं० [√जु+ल्युट्] वेग।

पुं०=यवन।

जवनाल—पुं०=यवनाल।

जवनिका—स्त्री०=यवनिका।

जवनिमा (मन्)—स्त्री० [सं० जवन+इमनिच्] वेग।

जवनी—स्त्री० [सं० जवन+ङीप्] १. अजवायन। २. वेग। तेजी। स्त्री०=यवनी (यवन जाति की स्त्री)।

जवस्—पुं० [सं० √जु+असुन्] वेग।

जवस—पुं० [सं० √जु+असच्] घास।

जवाँ—वि० [फा०] जवान का संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक पदों के आरंभ में प्राप्त होता है। जैसे—जवाँमर्द।

जवाँमर्द—पुं० [फा०] [भाव० जवाँमर्दी] १. नौजवान आदमी। २. वीर पुरुष। बहादुर।

जवांमर्दी—स्त्री० [फा०] १. जवान अर्थात् युवा होने की अवस्था या भाव। २. बहादुरी। वीरता।

जव—स्त्री० [सं० √जु (प्राप्त होना)+अच्-टाप्] अड़हुल। जपा।
पुं० [सं० यव] १. जौ के आकार का दाना। २. लहसुन का दाना। ३. एक प्रकार की सिलाई।

जवाइन†—स्त्री०=अजवायन।

जवाई†—स्त्री०[हिं० जाना] १. जाने की क्रिया या भाव। गमन। २. वह धन जो किसी को कहीं जाने पर उपहार या पारिश्रमिक के रूप में दिया जाय।
†पुं०=जँवाई (दामाद)।

जवा-कुसुम—पुं० [मध्य० स०] अड़हुल का फूल।

जवाखार—पु० [सं० यवक्षार] बैद्यक में जौ के क्षार से बनाया जानेवाला एक प्रकार का नमक।

जवाड़ी—स्त्री० [हिं० जौ+आड़ी (प्रत्य०)] गेहूँ में मिले हुए जौ के दाने।

जवाबानी†—स्त्री० [हिं० जौ+दानी] गले में पहनने का एक प्रकार का आभूषण। चंपाकली।

जवादि—पुं० [अ० जव्वाद, जवाद] कस्तूरी की तरह का एक प्रकार का सुगंधित द्रव्य जो गध-मार्जार की नाभि में से निकलता है।

जवाधिक—पुं० [सं० जव-अधिक, ब० स०] बहुत तेज चलनेवाला घोड़ा।

जवान—वि० [फा०] [भाव० जवानी] १. युवा। तरुण। २. (व्यक्ति) जो तरुण अवस्था प्राप्त कर चुका हो। बचपन और प्रौढ़ता के बीच की अवस्थावाला। ३. वीर।
पद—जवान-जहान=पूर्ण यौवन प्राप्त। जैसे—जवान-जहान लड़की।
पुं० १. वीर पुरुष। २. पुलिस या सेना का सिपाही।

जवानी—स्त्री० [फा०] जवान होने की अवस्था या भाव। तरुणाई। यौवन।
क्रि० प्र०—आना।—उतरना।—चढ़ना।—ढलना।
पद—उतरी या चढ़ती जवानी=वह अवस्था जिसमे किसी का यौवन-काल आरंभ हो रहा हो।
मुहा०—उतरती या ढलती जवानी=यौवन-काल समाप्त होने का समय।
स्त्री० [सं०] अजवायन।

जवाब—पु० [अ०] [वि० जवाबी] १. वह बात जो किसी के प्रश्न, अभियोग, तर्क आदि के संबंध में उसके समाधान के लिए कही जाय। उत्तर। जैसे—पत्र का जवाब दिया गया है।
मुहा०—जवाब तलब करना=अधिकारपूर्वक किसी से उसके अनुचित या अवैधानिक आचरण या व्यवहार का कारण पूछना।
२. ऐसा कार्य जो बदला चुकाने के लिए किया जाय। जैसे—उन्होंने थप्पड़ का जवाब मुक्के से या ईंट का जवाब पत्थर से दिया है। ३. किसी वस्तु के जोड़ की कोई दूसरी वस्तु। जैसे—(क) ताजमहल का जवाब देनेवाली रचना संसार में नहीं है। (ख) वह ऐसा लूला है जिसका जवाब नहीं। (ग) यह कंगूरा उस कंगूरे का जवाब है। ४. नहिक या नकारात्मक आदेश या उत्तर। जैसे—उन्हें नौकरी से जवाब मिल गया है।

जवाबतलब—वि०=जवाबदेही।

जवाबदावा—पु० [अ०] वह लिखित पत्र जो वादी के अभियोग या कथन के उत्तर मे प्रतिवादी की ओर से न्यायालय में उपस्थित किया जाता है।

जवाबदेह—वि० [फा०] (व्यक्ति) जिस पर किसी कार्य का पूरा उत्तर-दायित्व हो। दायी।

जवाबदेही—स्त्री० [फा०] जवाबदेह होने की अवस्था या भाव। उत्तर-दायित्व।

जवाब सवाल—पु० [अ० जवाब+सवाल] १. किसी द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नो का दिया जानेवाला उत्तर। प्रश्न और उत्तर। २. वाद-विवाद।

जवाबी—वि० [फा० जवाब] १ जवाब संबंधी। २ जिसका जवाब दिया जाने को हो। ३ जो किसी के जवाब के रूप मे हो। जैसे—जवाबी कगूरा।

जवार—पु० [अ०] १ आस-पास का स्थान। २ पड़ोस। ३. मार्ग। रास्ता।
पु०=जवाल।
†स्त्री०=ज्वार।

जवारा—पु० [हिं० जौ] १ जौ के नये निकले हुए अंकुर। २. नवरात्र की नवमी को होनेवाला एक उत्सव जिसमें लोग दल बाँधकर जौ के अंकुर प्रवाह करने के लिए निकलते है।

जवारी—स्त्री० [हिं० जव] १ एक प्रकार की माला जिसमें जौ, छुहारे, तालमखाने के बीज आदि गूँथे जाते हैं। २. ऊन या रेशम का वह धागा जो तबूरे के तार के नीचे उस अश पर लपेटा जाता है जो घोड़ी पर रहता है।
पद—जवारीदार गला=संगीत में ऐसा गला जिसमे गाने के समय उसी के साथ कंप या छाया के रूप में उस स्वर की बहुत महीन या हलकी रेखा भी सुनाई पड़ती है।
३ जवारा।

जवाल—पु० [अ० जवाल] १. अवनति। उतार। ह्रास। २ आफत। झंझट।
मुहा०—जवाल में डालना=संकट में फँसाना। जवाल में पड़ना=आफत या संकट में पड़ना।

जवाशीर—पु० [फा० गावशीर] एक प्रकार का गधा चिरौंजा।

जवास (र)—पु० [स० यवासक, प्रा० यवासअ] एक प्रकार का काँटीला क्षुप जिसके कई अंग औषध के रूप मे काम आते हैं।

जवाहा†—पु० [?] प्रवाल नामक रोग।

जवाहड़—स्त्री० [हिं० जवा=दाना+हड़] एक प्रकार की छोटी हड़।

जवाहर—पु० [अ० जौहर का बहु० रूप] रत्न। मणि।

जवाहर खाना—पु० [अ० जवाहर+फा० खानः] वह स्थान जहाँ पर जवाहर अर्थात् रत्न आदि रखे जायँ।

जवाहरात—पु० [अ० जवाहर का बहुवचन रूप] अनेक प्रकार की मणियों या रत्नों का संग्रह या समूह।

जवाहिर—पु०=जवाहर।

जवाहिरात—पु०=जवाहरात।

जवाही—वि० [हिं० जवाह] जवाह अर्थात् प्रवाल रोग से पीड़ित।

जवी (जविन्)—वि० [सं० जव+इनि] वेगवान्। तेज।
पु० १. घोड़ा। २. ऊँट।
जवीय (स्)—वि० [सं० जव+ईयसुन्] बहुत तेज। वेगवान्।
जवैया†—वि० [हिं० जाना+ऐया (प्रत्य०)] प्रस्थान करने या रवाना होनेवाला। जानेवाला। उदा०—बरसत में कोऊ घर सों न निकसत तुमही अनोखे बिदेस जवैया।—कोई कवि।
जशन—पुं० [फा० मि० सं० यजन] १. बहुत धूमधाम से मनाया जानेवाला कोई धार्मिक या सामाजिक उत्सव। आनन्दोत्सव। जलसा। २. बड़ी महफिलों के अन्त में होनेवाला वह नृत्य जिसमें खब नर्तकियाँ या वेश्याएँ एक साथ मिलकर नाचती और गाती हों।
जष्ट—स्त्री०=यष्टि।
जस—वि० =जैसा।
पद—**जस का तस**=ज्यों का त्यों। जैसा था वैसा ही। उदा०—जस दूलहा तस बनी बराता।—तुलसी।
क्रि० वि०=जैसे।
†पु०=यश।
जसद—पुं० [सं० जस√दा (देना)+क] जस्ता।
जसन†—पु०=जशन।
जसर्ब—स्त्री०=यक्षोदा।
जसामत—स्त्री० [अ० जिस्म का भाव० रूप] शारीरिक स्थूलता। मोटापा।
जसीम—वि० [अ० जिस्म का वि०] स्थूल आकारवाला। भारी भरकम।
जसु—पु० [स०√जस् (छोड़ना आदि)+उ] १. अस्त्र। हथियार। २ अशक्तता। ३. थकावट।
†पु०=जस (यश)।
†सर्व० [स० यत्र प्रा० जस्स] जिसका।
*स्त्री०=यक्षोदा।
जसुरि—पु० [स०√जस्+उरिन्] वज्र।
जसुंद—पु० [देश०] एक वृक्ष जिसके रेशों को बटकर रस्से बनाये जाते हैं। नतावल।
जसोदा†—स्त्री०=यशोदा।
जसोमति—स्त्री०=यशोदा।
जसोवा*—स्त्री०=यशोदा।
जसोवै—स्त्री०=यशोदा।
जस्त—पुं०= जस्ता (धातु)।
स्त्री० [फा०] छलाँग। चौकड़ी।
जस्ताई—वि० [हिं० जस्ता] १. जस्ते का बना हुआ। २ जस्ते के रंग का। खाकी।
पुं० उक्त प्रकार का रंग जो प्रायः मटमैला होता है।
जस्ता—पु० [सं० जसद] १. कुछ मटमैले रंग की एक प्रसिद्ध धातु। २. कपड़ों में, बुनावट के सूतों का इधर-उधर हट जाने के कारण दिखाई देनेवाला झीनापन।
जहाँ†—अव्य०=जहाँ।
जहँड़ना†—अ० [सं० जहन, हिं० जँहड़ना] १. घाटा उठाना। २. धोखे में आना। ठगा जाना। ३. निष्फल या व्यर्थ होना। उदा०—ई जग तो जहँड़े गया, भया जोग ना भोग।—कबीर।
स० धोखा देना। ठगना।
जहँड़ाना—अ०, स०=जहँड़ना।
जाहक—वि० [सं०√हा (त्याग)+कन्, द्वित्वादि] त्याग करनेवाला।
स्त्री० [हिं० जहकना] जहकने की क्रिया या भाव।
जहकना†—अ० [हिं० झकना] १. चिढ़ना। २. कुढ़ना। ३. बढ़-बढ़कर बातें करना।
जहका—स्त्री० [सं० जहक-टाप्] कटास, नेवले आदि की तरह का एक जन्तु।
जहटना—स०=जटना (ठगना)।
जहत्—पुं० [सं०√हा (त्याग)+शतृ, द्वित्वादि] परित्याग।
जहत्-लक्षणा—स्त्री० [ब० स०] साहित्य में लक्षणा का एक भेद जिसमें पद या वाक्य अपना वाच्यार्थ छोड़कर सामीप्य-सबंध से किसी और अर्थ का बोध कराता है। जैसे—'हमारा घर गंगा पार है' का अर्थ होगा हमारा घर गंगा के किनारे है।
जहत्-स्वार्था—स्त्री० [ब० स०]=जहद जहल्लक्षणा।
जहतिधा—पु० [हिं० जगात+कर] वह जो कर उगाहता या वसूल करता हो। जगाती।
जहद—स्त्री० [अ०] १. उद्योग। प्रयत्न। २. परिश्रम। मेहनत।
जहदजहल्लक्षणा—स्त्री० [स० जहत्-अजहत्-लक्षणा, ब० स०] लक्षणा का वह भेद जिसमें वक्ता के शब्दों से निकलनेवाले कई अर्थों या आशयों में से केवल एक विशिष्ट और सबद्ध अर्थ या आशय ग्रहण किया जाता है।
जहदना—अ० [हिं० जहदा] १. कीचड़ होना। २. शिथिल होना।
जहदा—पुं० [?] १. कीचड़। २ दलदल।
जहद्दुम—पुं०=जहन्नुम।
जहन्ना*†—स० [स० जहन] १. छोड़ना। त्यागना। २. नष्ट करना।
जहन्नुम—पुं० [अ०] मुसलमानों के अनुसार नरक। २. लाक्षणिक अर्थ में, ऐसा स्थान जहाँ बहुत कष्ट भुगतना पड़े।
जहन्नुमी—वि० [फा०] १. नरक-सबंधी। २ नरक में जाने या वास करनेवाला। नारकीय।
जहमत—स्त्री० [अ० जहमत] [वि० जहमती] १. आपत्ति। विपत्ति। २. झंझट। बखेड़ा।
मुहा०—**जहमत उठाना**=कष्ट उठाना। विपत्ति भोगना।
जहर—स्त्री० [फा० जह्र] १. ऐसी वस्तु जिसका सेवन या स्पर्श करने पर जीवन के लिए घातक परिणाम होता या हो सकता हो। विष।
क्रि० प्र०—खाना।—देना।—पीना।
२. लाक्षणिक अर्थ में, कोई ऐसा अग्नि, कटु या दोषपूर्ण कार्य या बात जिससे कोई बहुत अधिक दुःखी या संतप्त होता हो।
पद—**जहर का बुझाया हुआ**=(क) (व्यक्ति) जो बहुत अधिक उपद्रवी तथा दुष्ट हो। (ख) (कथन या वचन) जो बहुत ही अग्नि और कटु हो। (ग) (अस्त्रों के संबंध में) जिसे किसी विषाक्त घोल या तरल पदार्थ में इस उद्देश्य से बुझा लिया गया हो कि उससे प्रहार करने पर उस विष का प्रभाव आहत व्यक्ति के सारे शरीर में फैलकर अंत में

उसके प्राण ले ले। जैसे—बहुत-सी जंगली जातियाँ जहर में बुझाए हुए तीर चलाती हैं। **जहर की गाँठ**=दे० 'विष की गाँठ'। **मुहा०—जहर उगलना**=बहुत ही कटु, चुभती या लगती हुई बातें कहना। (**कोई चीज या बात**) **जहर कर देना**=अत्यन्त अप्रिय या कटु अथवा प्रायः असंभव कर देना। जैसे—तुमने झगड़ा करके खाना० पीना जहर कर दिया है। **जहर का घूँट पीना**=बहुत ही अप्रिय बात सुनकर भी चुपचाप सहन कर लेना। **जहर मार करना**=अनिच्छा, अरुचि या भूख न होने पर भी जबरदस्ती खाना।

वि० १. विषाक्त। २. घातक। ३. बहुत ही कड़ुआ।

जहरमत—स्त्री० [हिं० जहर?+सं० गति] घूँघट काढ़कर नाचने का एक प्रकार।

जहरबार—वि० [फा०] जिसमें जहर हो। जहरीला। विषाक्त।

जहरबाद—पुं० [फा०] एक प्रकार का फोड़ा जिसमें उत्पन्न होनेवाले जहर के कारण मनुष्य के प्राण संकट में पड़ जाते हैं।

जहरमोहरा—पुं० [फा० जहर मुहरा] एक प्रकार का पत्थर जिसमें जहरीला तत्त्व सोख लेने फलतः जहर के प्रभाव से किसी को मुक्त करने की शक्ति होती है।

जहरी—वि० [हिं० जहर] जिसमें जहर हो। विषैला।

जहरीला—वि० [हिं० जहर+ईला (प्रत्य०)] १. जिसमें जहर भरा या मिला हो। विषैला। २. बहुत अधिक अप्रिय या कटु बातें कहनेवाला। ३. बहुत अधिक उग्र वी या दुष्ट। ४. बहुत अधिक अप्रिय। कटु।

जहल०—स्त्री० [अ०] [भाव० जहालत] अज्ञान। मूर्खता।

स्त्री० [?] ताप।

जहल्लक्षणा—स्त्री० [सं० जहत्-लक्षणा, ब० स०]=जहदजहल्लक्षणा।

जहाँ—अव्य० [सं० यत्र, पा० यत्थ, प्रा० जह] जिस स्थान पर। जिस जगह। जैसे—जहाँ गये वहीं के हो गये।

पद—जहाँ का तहाँ=जिस स्थान पर कोई चीज है या थी उसी स्थान पर। जैसे—गिलास जहाँ का तहाँ रख देना। **जहाँ-तहाँ**=इधर-उधर। किसी जगह। जैसे—उनके दूत जहाँ-तहाँ फैले हुए थे।

पुं० [फा० जहान] लोक। संसार।

जहाँगीर—वि० [फा०] [भाव० जहाँगीरी] संसार को अपने अधिकार में रखनेवाला।

जहाँगीरी—स्त्री० [फा०] हथेली के पिछले भाग पर पहना जानेवाला एक गहना जिसके आगे पाँचों उँगलियों में पहनने के लिए पाँच अँगूठियाँ लगी रहती हैं।

जहाँदीद (ा)—वि०[फा०] जिसने संसार को देखा-परखा हो। अनुभवी।

जहाँपनाह—वि० [फा०] संसार की रक्षा करनेवाला।

पुं० १. ईश्वर। २ राजा।

जहा—स्त्री० [सं०] गोरखमुंडी।

जहाज—पुं० [अ० जहाज] १. समुद्रों में चलनेवाली बहुत बड़ी नाव। **पद—जहाज का पंछी**=ऐसा व्यक्ति जिसका आधार या आश्रय एक ही व्यक्ति या स्थान हो। एक को छोड़कर जिसका और कहीं ठिकाना न लगे।

२. दे० 'जलयान'। ३. दे० 'वायुयान'।

विशेष—जो पक्षी कहीं से जहाज पर आ बैठता है, वह जहाज के बीच समुद्र में पहुँच जाने पर इधर-उधर कहीं आश्रय नहीं पाता और चारों ओर से घूम-फिर कर उसी जहाज पर आ बैठने के लिए विवश होता है। इसी आधार पर यह पद बना है।

जहाजी—वि०[अ०] १. जहाज या जहाजों पर बनने, रहने या होनेवाला। **पद—जहाजी कौआ**=(क) जहाज के अन्तर्गत जहाज का पंछी। (ख) बहुत बड़ा चालाक या धूर्त।

२. जहाज के कर्मचारियों से संबंध रखनेवाला।

पुं० १. जहाज का कर्मचारी। खलासी। २. जहाज पर यात्रा करनेवाला व्यक्ति।

स्त्री० पुरानी चाल की एक प्रकार की तलवार।

जहाजी सुपारी—स्त्री० [हिं०] एक प्रकार की सुपारी जो साधारण सुपारी से कुछ बड़ी होती है।

जहाद—पुं० [अ० जिहाद] धर्म की सुरक्षा अथवा अपने सहधर्मियों के लिए किया जानेवाला युद्ध। (मुसलमान)

जहादी—वि० [हिं० जहाद] जहाद-संबंधी। जहाद का।

—० वह व्यक्ति जो जहाद में सम्मिलित होता हो।

जहान—पुं० [फा०] जगत। लोक। संसार।

जहानक—पुं० [स०√हा (त्याग)+शानच्, द्वित्वादि+कन्] प्रलय।

जहालत—स्त्री० [अ०] १ अज्ञान। २ मूर्खता।

जहिया०—वि० [स० यद्+हिं० हिया] १ जिस समय। जब। २. जिस दिन।

जहीं†—क्रि० वि० [सं० यत्र, पा० यत्थ] [हिं० जहाँ+ही (प्रत्य०)] जिस स्थान पर ही। जहाँ ही।

विशेष—तहीं और वहीं इसके नित्य संबंधी हैं। जैसे—जहीं देखो तहीं या वहीं लोग यही चर्चा कर रहे थे।

†अव्य० ज्यों ही।

जहीन—वि० [अ० जहीन] १ हर बात को जल्दी सीख या समझ लेनेवाला। २. समझदार। बुद्धिमान्।

जहु—पुं० [स०√हा+उण्, द्वित्वादि] संतान।

जहूर—पुं० [अ० जहूर] जाहिर अर्थात् प्रकट करने या होने की अवस्था, क्रिया या भाव। प्रकाश में आना या होना।

जहूरा†—पुं० [अ० जहूर] १. प्रताप। २. अभिव्यक्ति। ३. दृश्य। ४. ठाठ-बाट।

जहेज—पुं०=दहेज।

जह्नु—पुं० [सं०√हा (छोड़ना)+नु, द्वित्वादि] १. विष्णु। २. एक ऋषि जिन्होंने गंगा नदी का पान कर लिया था और फिर राजा भगीरथ के प्रार्थना करने पर उसे कान के रास्ते से बाहर निकाल दिया था।

जह्नु-तनया—स्त्री० [ष० त०] गंगा नदी।

जह्नु-नंदिनी—स्त्री० [ष० त०] गंगा नदी।

जह्नु-सप्तमी—स्त्री [ष० त०] दे० 'गंगा सप्तमी'।

जह्नु-सुता—स्त्री० [ष० त०] गंगा।

जह्वु—पुं० [फा० जह्वु] जहर।

जाँ—अव्य० [स० यत्र] जहाँ। उदा—जो वै जाँ गृहि गृहि जगन जागवै। —प्रिथीराज।

स्त्री०=जान।

वि० [फा० जा] उचित। वाजिब।

जाँजल†—पुं०=जामुन।

जाँघ—पुं० [देश०] घोड़ों की एक जाति।
†स्त्री०=जाँघ।

जाँघड़ा—पुं० [देश०] प्राचीन काल में राजाओं का यश गानेवाला। भाट या बंदी।

जाँघर—पुं० [हिं० जान या जाँघ] १. देह। शरीर।
क्रि० प्र०—चलना।
२. शरीर का बल विशेषतः कोई काम करते समय उसमें लगनेवाला बल। श्लेष।
पद—जाँगरचोर। (दे०)
पुं० [देश०] ऐसा डंठल जिसमें से अन्न झाड़ या निकाल लिया गया हो। उदा०—तुलसी त्रिलोक की समृद्धि सौज संपदा अकेलि चाकि राखी रासि जाँगर जहान भो।—तुलसी।

जाँगरचोर—पुं० [हिं० जाँगर+चोर] वह व्यक्ति जो आलस्य आदि के कारण जान-बूझकर अपनी पूरी शक्ति किसी काम में न लगाता हो।

जाँगरा*—पुं०=जाँगड़ा (भाट)।

जांगल—पुं० [सं० जगल+अण्] १. ऐसा ऊसर तथा निर्जन प्रदेश जिसमें वर्षा कम होने तथा गरमी अधिक पड़ने के कारण वनस्पतियाँ, वृक्ष आदि बहुत थोड़े हों। २. उक्त प्रदेश में रहने तथा होनेवाला जीव या वस्तु। जैसे—जल, लकड़ी, हिरन आदि। ३. हिरन आदि पशुओं का मांस। ४. तीतर।
वि० १. जंगल-संबंधी। २. जंगली या वन्य अर्थात् जो पालतू न हो।

जांगलि—पुं० [सं० जंगल+इञ्] जांगलिक।

जांगलिक—वि० [सं० जंगल+ठक्—इक] १. जंगल-संबंधी। २. जंगली।
पुं० [जांगली+ठन्—इक] १. साँप पकड़नेवाला व्यक्ति। २. साँप के काट खाने पर चढ़नेवाले विष उतारने या दूर करनेवाला। गारुडी।

जांगली—स्त्री० [सं० जांगल+ङीप्] केवाँच। कौंछ।

जांगलू—वि० [सं० जांगल] १. जंगल संबंधी। २. जंगली। ३. अशिष्ट और असभ्य। उजड्ड।

जाँघी—पुं० [?] नगाड़ा।

जांगुल—पुं० [सं० जगुल+अण्] १. तोरी नामक पौधा और उसकी फली। २. विष।

जांगुलि (इ)—वि०, पु० [सं० जंगुल+इञ्]=जांगलिक।

जांगुली—स्त्री० [सं० जांगुल+ङीप्] वह विद्या या मंत्र-शक्ति जिसके द्वारा विष के प्रभाव को दूर किया जाता है।

जाँघ—स्त्री० [सं० जंघा=पिंडली] मनुष्यों और चौपायों के घुटने और कमर के बीच का अंग।
मुहा०—(अपनी) जाँघ उघाड़ना या नंगी करना=अपनी बदनामी या कलंक की बात स्वयं करना। उदा०—करिये कहा लाज मरिये जब अपनी जाँघ उघारी।— सूर।
पद—जाँघ का कीड़ा=बहुत ही तुच्छ और हीन व्यक्ति।

जाँघा—पुं० [देश०] १. हल। (पूरब) २. कूएँ पर बना हुआ गड़ारी रखने का खंभा। ३. वह चुरा जिसमें उक्त गड़ारी पहनाई जाती है।

जांघिक—वि० [सं० जंघा+ठन्—इक] १. जांघ-संबंधी। २. बहुत तेज चलनेवाला।
पुं० १. ऐसा जीव जो बहुत तेज चलता हो। जैसे—ऊँट, हिरन, हरकारा आदि। २. मृगों की एक जाति। श्रीकारी जाति के मृग।

जाँघिया—पुं० [हिं० जाँघ+इया (प्रत्य०)] १. कमर में पहना जानेवाला एक प्रकार का सिला हुआ छोटा पहनावा जिससे दोनों चूतड़ और जाँघें ढकी जाती हैं। २. मालखंभ की एक प्रकार की कसरत।

जांघिल—वि० [सं० जंघा+इलच्] बहुत तेज दौड़नेवाला।
वि० [हिं० जाँघ] चलने में जिसका पैर कुछ लचकता हो। (पशु)
स्त्री० [देश०] खाकी या मटमैले रंग की एक शिकारी चिड़िया।

जाँघ—स्त्री० [हिं० जाँचना] १. जाँचने की क्रिया या भाव। (क) वस्तु के संबंध में, उसकी शुद्धता या उसमें के शुद्ध अंश का किसी प्रक्रिया से पता लगाना। (ख) बात के संबंध में, उसकी सत्यता का पता लगाना। (ग) घटना आदि के संबंध में, उसके घटित होने के कारण का पता लगाना। (घ) कार्य के औचित्य या अनौचित्य का पता लगाना। (ङ) व्यक्ति के संबंध में, उसकी कार्य कुशलता, योग्यता, स्थिति आदि का पता लगाना। २. अनुसंधान या छान-बीन करने का काम। ३. पूछ-ताछ।

जाँचक*—पुं० दे० 'याचक'।
वि० [हिं० जाँचना] जाँचनेवाला।
*वि०=याचक।

जाँचकता—स्त्री० [हिं० जाँचक+ता (प्रत्य०)] जाँचक होने की अवस्था या भाव।

जाँचना—स० [सं० याचन] १. किसी प्रक्रिया, प्रयोग आदि द्वारा (क) किसी वस्तु की प्रामाणिकता, शुद्धता आदि का पता लगाना, जैसे—घी, तेल या दूध जाँचना। (ख) किसी मिश्रण के संयोजक तत्त्वों अथवा उसमें मिली हुई अन्य वस्तुओं का पता लगाना। जैसे—खून, थूक या पेशाब जाँचना। २. किसी बात, सिद्धांत आदि की उपयुक्तता, सत्यता का पता लगाना। जैसे—कविता की परिभाषा जाँचना। ३. घटना आदि के घटित होने के कारणों का पता लगाना। ४. किसी कृत्य या क्रिया के औचित्य, अनौचित्य अथवा ठीक होने या न होने का पता लगाना। जैसे—हिसाब जाँचना। ५. किसी की शारीरिक या मानसिक कार्य-कुशलता, योग्यता, समर्थता, स्थिति आदि का पता लगाना। जैसे—(क) डाक्टर का रोगी को जाँचना। (ख) सेना में भरती करने से पहले रंग-रूटों को जाँचना। ६. अनुसंधान या छान-बीन करना। ७. पूछ-ताछ करना। ८. याचना करना। माँगना।
*स० [सं० यातना] १. यातना या कष्ट देना। २. नष्ट करना। उदा०—हूँ गई छान छपाकर की छवि जामिनि जोन्ह मनौं जम जाँची।—देव।

जाँजर*—वि० [सं० जर्जर] जीर्ण-शीर्ण। जर्जर।

जाँझ (ट)—पुं० [सं० झंझा] वह गहरी वर्षा जिसके साथ तेज हवा भी चल रही हो।

जाँटि—पुं० [देश०] एक प्रकार का पेड़। रोंया।

जाँत—पुं०=जाँता।

जांतव—वि० [सं० जंतु+अण्] १. जीव-जंतुओं से सम्बन्धित। २. जीव-जंतुओं से उत्पन्न होने या मिलनेवाला। जैसे—जांतव विष।

जांतविक—वि० [सं० जंतु+ठक्—इक] =जांतव।

जांता—पुं० [सं० यंत्र; पा० यन्त्र; प्रा० जन्त्र; बँ० जात; जाति; सिं० जण्डु; मरा० जातें] १. गेहूँ, आदि पीसने की हाथ से चलाई जानेवाली पत्थर की बड़ी चक्की जो प्रायः किसी स्थान पर गाड़ दी जाती है। २. सोनारों, तारकशों आदि का जंती नामक औजार।

जांपना*—स० [? अथवा हिंदी चाँपना का अनु०] चाँपना। दबाना।

जांपनाह—पुं०=जहाँपनाह।

जांब†—पुं० [सं० जांबव] जामुन का वृक्ष और उसका फल।

जांबव—पुं० [सं० जंबू+अण्] १. जामुन का वृक्ष और उसका फल। वि० १. जामुन संबंधी। २. जामुन के रस से बना हुआ। जैसे—शराब, सिरका आदि।

जांबवंत—पुं०=जांबवान्।

जांबवक—पु० [जंबू+वुन्—अक] =जांबव।

जांबवती—स्त्री० [सं० जांबवत्+अण्—ङीप्] १. द्वापर युग के जांबवान की वह कन्या जिसके साथ श्रीकृष्ण ने विवाह किया था। २. नागदौनी।

जांबवान् (वत्)—पु० [सं०] राम की सेना का एक रीछ जो राजा सुग्रीव का मंत्री था।

जांबवि—पु० [सं०जबू०+इञ्] वज्र।
स्त्री० जांबवती।

जांबवौष्ठ—पुं० [सं० जांबव-ओष्ठ ब०स०] दे० 'जाबोष्ठ'।

जां-बाज—वि० [फा०] [भाव० जाँबाजी] प्राणों की बाजी लगानेवाला। प्राण तक देने को तैयार रहनेवाला।

जांबीर—पुं० [सं० जबीर+अण्] जंबीरी नीबू।

जांभील—पुं० [सं०] घुटने पर की गोल हड्डी। चक्की।

जांबु—पुं०=जामुन।

जांबुक—वि० [सं० जंबुक+अण्] जंबुक अर्थात् सियार संबंधी।

जांबुमाली (लिन्)—पुं० [सं०] एक राक्षस जिसका वध हनुमान् जी ने अशोक वाटिका में किया था।

जांबुवत्—पुं०=जांबवान्।

जांबुवान—पु०=जांबवान्।

जांबू—पुं०=जबू (द्वीप)।

जांबूनद—पुं० [सं० जबू-नदी+अण्] १. धतूरा। २. सोना।

जांबोष्ठ—पु० [सं० जाबवौष्ठ] एक प्रकार का प्राचीन अस्त्र जिसकी सहायता से फोड़ों आदि को जलाया या दागा जाता था। (शल्य-चिकित्सा)

जांय†—कि० वि० [फा० बेजा] व्यर्थ। बे-फायदे। उदा०—भरतहि दोसु देइ को जायें।—तुलसी।

जांर—पुं० [देश०] एक प्रकार का पेड़।

जांवत—वि० [सं० यावत्] १. सब। २. जितना। उदा०—जाँवत गरब गहीलि हुति।—जायसी।
अव्य०=यावत्।

जांवर*—पु० [हिं० जाना] गमन। जाना।

जा—स्त्री० [सं०√जन् (उत्पत्ति)+ड—टाप्] १. माँ। माता। २. देवरानी।
वि० स्त्री० समस्त पदों के अंत में, उत्पन्न होनेवाली। जैसे—गिरिजा, जनकजा।

सर्व० [हिं० जो] जिस।
वि० [फा०] उचित। मुनासिब।
पद—जा-बेजा=उचित और अनुचित।
स्त्री० [फा०] जगह। स्थान।

जाइ—वि० [हिं० जाना] व्यर्थ। निष्प्रयोजन। बे-फायदा।
क्रि० वि० व्यर्थ। बे-फायदे।
वि० [फा० जा] उचित।
†वि० [सं० यावत्] जितना।
*सर्व० [स० यत्] जिसका।

जाइफर (फल)—पुं० =जायफल।

जाइस†—पु०=जायस।

जाई—स्त्री० [हिं० जाया (वि०) का स्त्री० रूप] कन्या। पुत्री।
स्त्री०=जाही (पौधा और फूल)।

जाईदा—वि० [फा० जाइद] समस्त पदों के अन्त में, उत्पन्न या पैदा किया हुआ। जना या जाया हुआ। जात। जैसे—नवाब जाईदा=नवाब का पैदा किया हुआ।

जाउक—पु० जावक (अलता)।

जाउर†—स्त्री० [हिं० चाउर=चावल।] खीर।

जाउरि†—स्त्री०=जाउर। (खीर)

जाएँ—क्रि० वि० =जाय।

जाएल†—वि० [देश०] (खेत) जो दो बार जोता गया हो।
पु० दो बार जोता हुआ खेत।
वि० [अ० ज़ायल] १ नष्ट-भ्रष्ट। २. जो व्यर्थ हो गया हो।

जाएस†—पु०=जायस।

जाक*—पु० [स० यक्ष] यक्ष।
स्त्री० [हिं० जकना] जकने की क्रिया या भाव।

जाकट†—स्त्री०=जाकेट।

जाकड़—पु० [हिं० जाकर] १. कोई चीज इस शर्त पर लेना कि यदि पसंद न आई तो वापस कर दी जायगी। २. उक्त शर्त पर दी या ली जानेवाली वस्तु।

जाकड़-बही—स्त्री० [हिं० जाकड़+बही] वह बही जिसमें दूकानदार जाकड़ दी जानेवाली वस्तुओं का विवरण आदि लिखता है।

जाकिट—स्त्री०=जाकेट।

जाकिर—वि० [अ० ज़ाकिर] जिक्र अर्थात् उल्लेख, चर्चा या वर्णन करनेवाला।

जाकेट—स्त्री० [अ० जैकेट] सदरी की तरह का एक आधुनिक पहनावा।

जाखन†—स्त्री० [देश०] जमवट (दे०)।=जमवट (कूएँ में की)।

जाखिनी—स्त्री०=यक्षिणी।

जाग—पु० [स० यज्ञ] यज्ञ।
स्त्री० [हिं० जगह] १. जगह। स्थान। २. गृह। घर।
स्त्री० [हिं० जागना] जागने अथवा जागते रहने की अवस्था, क्रिया या भाव।
†पु०=जामन।
पु० [देश०] बिलकुल काले रंग का कबूतर।

जागत—पुं० [सं० जगती+अण्] जगती छंद।

जागता—वि० [हिं० जागना] [स्त्री० जागती] १. जागा हुआ। २. जो जाग रहा हो। ३. सतर्क। सावधान। ४. जो अपने अस्तित्व, शक्ति आदि का पूरा और स्पष्ट परिचय या प्रमाण दे रहा हो। जैसे—जागती कला, जागता जादू।

जागतिक—वि० [सं० जगत्+ठक्—इक] १. जगत्-सम्बन्धी। जगत का। २. जगत् या संसार में रहने या होनेवाला।

जागती-कला—स्त्री० [हिं० जागती+सं० कला] देवी-देवता आदि का ऐसा प्रभाव जो स्पष्ट दिखाई देता हुआ माना जाता हो।

जागती ज्योत—स्त्री० [हिं० जागना+सं० ज्योति] १. कोई देवीय चमत्कार। २. दीपक। दीया।

जागना—अ० [सं० जागरण] १. सोकर उठना। नींद खुलने पर चेतन होना। २. जागता हुआ होना। निद्रारहित होना। ३. सजग या सावधान होना। ४. प्रत्यक्ष और स्पष्ट रूप से अपने अस्तित्व, प्रभाव आदि का प्रमाण दे सकने की अवस्था में होना। ५. देवी-देवताओं का अपना प्रभाव दिखलाना। ६. उत्तेजित होना। ७. विख्यात होना। ८. (आग का) अच्छी तरह जलना।

जागनील—स्त्री० [देश०] प्राचीन काल का एक अस्त्र।

जागबलिक†—पु० याज्ञवल्क्य।

जागर—पु० [स० √जागृ (जागना)+घञ्] १. जागरण। जागने की क्रिया। २. वह स्थिति जिसमें अंतःकरण की सब वृत्तियाँ जाग्रत अवस्था में होती है। ३. गायन।

जागरक—वि० [स० √जागृ+ण्वुल्—अक] १ जागता हुआ। २. जागनेवाला।

जागरण—पु० [स० √जागृ+ल्युट्—अन] [वि० जागरित] १. जागते रहने की अवस्था या भाव। २. किसी उत्सव, पर्व आदि की रात को जागते रहने का भाव। ३ लाक्षणिक अर्थ मे, वह अवस्था जिसमे किसी जाति, देश, समाज आदि को अपनी वास्तविक परिस्थितियों और उनके कारणों का ज्ञान हो जाता है और वह अपनी उन्नति तथा रक्षा करने के लिए सचेष्ट हो जाता है।

जागरन— पुं० = जागरण।

जागरा—स्त्री० [सं० √जागृ+अच्-टाप्] जागरण।

जागरित—वि० [सं० √जागृ+क्त] १. जाग्रत या जागता हुआ। २. (वह अवस्था) जिसमें मनुष्य को इंद्रियों द्वारा सब प्रकार के व्यवहारों और कार्यों का अनुभव और ज्ञान होता हो। (सांख्य)

जागल†—पुं० [देश०] १. दाँसी हुई फसल में का वह अंश जिसमें भूसा और कुछ अन्न-कण भी मिले हुए हों। २. भूसा।

जागरूक—वि० [सं० √जागृ+ऊक] १. (व्यक्ति) जो जाग्रत अवस्था में हो। २. (वह) जो अच्छी तरह सावधान होकर सब ओर निगाह या ध्यान रखता हो। (विजिलेन्ट)

पुं० पहरेदार।

जागरूप—वि० [हिं० जागना+सं० रूप] जिसका रूप बहुत ही प्रत्यक्ष और स्पष्ट हो।

जागर्ति—स्त्री० [सं० √जागृ+क्तिन्] १. जाग्रत होने की अवस्था या भाव। २. जागरण। ३. चैतनता।

जागर्या—स्त्री० [सं० √जागृ+यक्—टाप्] जागरण।

जागा—पुं० [हिं० जागना] किसी धार्मिक उपलक्ष्य में रात भर जागते रहने की क्रिया या भाव।

स्त्री०=जगह।

जागी†—पुं० [सं० यज्ञ] भाट।

जागीर—स्त्री० [फा०] वह भूमि जो मध्ययुग में राजाओं, बादशाहों आदि की ओर से बड़े बड़े लोगों को विशिष्ट सेवाओं के उपलक्ष्य में सदा के लिए दी जाती थी।

जागीरदार—पुं० [फा०] वह जिसे जागीर मिली हो। जागीर का मालिक।

जागीरी†—स्त्री० [फा० जागीर+ई (प्रत्य०)] १. जागीरदार होने की अवस्था, पद या भाव। २. रईसी।

वि० जागीर संबंधी। जैसे—जागीरी आमदनी।

जागुड़—पुं० [सं० जगुड़+अण्] १. केसर। २. एक प्राचीन देश। ३. उक्त देश का निवासी।

जागृति—स्त्री० [सं० √जागृ+क्तिन्]=जाग्रति।

जागृवि—पुं० [सं० √जागृ+क्विन्] १. राजा। २. आग।

वि०=जाग्रत।

जाग्रत्—वि० [सं० √जागृ+शतृ] १. जागता हुआ। २. सचेत। सावधान। ३. जो अपने दूषित वातावरण को बदलने और अपनी उन्नति तथा रक्षा करने के लिए तत्पर हो चुका हो। ४. प्रकाशमान।

पु० दर्शनशास्त्र में, जीव या मनुष्य की वह अवस्था जिसमें उसे सब बातों का परिज्ञान होता हो और वह अपनी इंद्रियों के सब विषयों का भोग कर सकता हो।

जाग्रति—स्त्री० [सं० जागृति] १. जाग्रत होने की अवस्था या भाव। २. जागते रहने की क्रिया। जागरण।

जाघनी—स्त्री० [सं० जघन+अण्—ङीप्] जंघा। जाँघ।

जाचक—वि०, पुं०=याचक (माँगनेवाला या भिखमंगा)।

जाचकता†—स्त्री०=याचकता।

जाचना*—स० [सं० याचन] याचना करना। माँगना।

†सं०=जाँचना।

जाजम—स्त्री० दे० 'जाजिम'।

जाज सारंग—पुं० [देश०] संपूर्ण जाति का एक संकर राग जिसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं।

जाजरा—वि० [सं० जर्जर] [वि० स्त्री० जाजरी] १. बहुत पुराना। जर्जर। जैसे—जाजरा शरीर। २. जिसमें बहुत से छेद हों। जैसे—जाजरी नाव।

जाजरी—पुं० [देश०] चिड़ीमार। बहेलिया।

जाजरू—पुं० [फा० जा+अ० जरूर] वह विशिष्ट स्थान जहाँ पर टट्टी की जाय। मल-त्याग करने का स्थान। पाखाना।

जाजल—पुं० [सं०] अथर्ववेद की एक शाखा।

जाजलि—पुं० [सं०] एक प्रवर-प्रवर्तक ऋषि।

जाजात†—स्त्री०=जायदाद।

जाजिब—वि० [फा० जाजिब] १. (तरल पदार्थ) जज्ब करने या सोखने-वाला। २. अपनी ओर खींचनेवाला। आकर्षक।

जाजिम—स्त्री०[तु० जाजम] १. फर्श आदि पर बिछाई जानेवाली छपी हुई चादर। २. बिछाने की कोई चादर। ३. कालीन।

जाजी (जिन्)—पुं०[सं०√जज् (युद्ध)+णिनि] योद्धा।

जाज्वल्लित—वि० =जाज्वलित। 'जाज्वलित'

जाज्वल्लित—वि० (सं०)—चमकता हुआ। प्रकाशमान।

जाज्वल्य—वि०=जाज्वल्यमान।

जाज्वल्यमान—वि०[सं०√ज्वल् (दीप्ति)+यङ्, द्वित्व, +शानच्] १. खूब चमकता हुआ या प्रकाशमान्। २. खूब अच्छी तरह सब को दिखाई देनेवाला। ३. तेजपूर्ण।

जाट—पुं०[?] १. भारत की एक प्रसिद्ध जाति जो समस्त पंजाब, सिंध, राजपूताना और उत्तर प्रदेश के कुछ भागों में रहती और मुख्यतः खेती-बारी करती है। २. खेती-बारी करनेवाला व्यक्ति। कृषक। ३. एक प्रकार का चलता गाना।

वि० उजड्ड। गँवार। उदा०—ऐसे कुमति जाट सूरज कौं प्रभु बिनु कोउ न पात्र।—सूर।

पुं०=आठ।

जाटालि—स्त्री०[सं०] पलाश की जाति का मोरवा नामक पेड़।

जाटालिका—स्त्री०[सं०] कार्तिकेय की एक मातृका।

जातिकायन—पुं०[सं०] अथर्ववेद के एक ऋषि।

जाटू—स्त्री०[हिं० जाट] करनाल, रोहतक, हिसार, आदि के जाटों की बोली। बाँगरू। हरियानी।

जाठ—पुं०[सं० यष्टि] १. लकड़ी का वह मोटा तथा लंबोतरा लट्ठा जो कोल्हू की खूँटी में लगा रहता है और जिसकी दाब से ऊख की गँड़ेरियों में से रस अथवा तिलहन में से तेल निकलता है। २. उक्त के आधार पर लकड़ी का कोई मोटा तथा लंबोतरा लट्ठा, विशेषतः तालाब आदि के बीच में गड़ा हुआ।

जाठर—वि०[सं० जठर+अण्] जठर अर्थात् पेट-संबंधी। जठर का। जैसे—जाठर अग्नि या रोग।

पुं०१. जठर। पेट। २. उदर या पेट की वह अग्नि जिसकी सहायता से भोजन पचता है। जठराग्नि। ३. क्षुधा। भूख। ४. संतति। संतान।

जाठराग्नि—स्त्री०=जठराग्नि।

जाठरानल—पुं०=जठराग्नि।

जाठि—स्त्री०=जाठ।

जाड़—पुं०[सं० जाड्य] जड़ता।

वि० बहुत अधिक। अत्यन्त।

†पु०=जाड़ा।

जाड़ा—पुं०[सं० जड़] १. छः ऋतुओं में से एक जो हमारे यहाँ मुख्यतः पूस-माघ में पड़ती है और जिसमें तापमान अन्य ऋतुओं की अपेक्षा बहुत कम हो जाता है और अधिकतर जीव इसके फलस्वरूप ठिठुरने लगते हैं। शीतकाल। २. शीत। सरदी।

जाड्य—पुं०[सं० जड+ष्यञ्] जड़ होने की दशा या भाव। जड़ता।

जाड्यारि—पुं०[सं० जाड्य-अरि, ष० त०] जंभीरी नीबू।

जाणगर—वि० [हिं० जाण+फा० गर] जानकार। जाननेवाला। (राजस्थान)

जाणि—अव्य०[सं० ज्ञान] जानों। मानों। जैसे—उदा०—छीणे जाणि छल्लोहा छूटा।—प्रिथीराज।

जाणिक—अव्य० [सं० ज्ञान] जानो। मानों। उदा०—जाणिक रोहणीड तपइ सूर।—नरपतिनाल्ह।

जात—वि०[सं०√जन् (उत्पत्ति)+क्त] १ जिसने जन्म लिया हो। उत्पन्न। जैसे—नवजात। २ यौगिक के आरम्भ में, (क) जिसमें या जिसे कुछ उत्पन्न हुआ हो। जैसे—जात-दंत=जिसके दाँत निकल आये हों, (ख) जिसने कुछ उत्पन्न किया हो। जैसे—जात-पुत्रा=जिसने पुत्र जन्माया हो। ३. यौगिक के अंत में, जो किसी में या किसी से उत्पन्न हुआ हो। जैसे—जल-जात=जल में या जल से उत्पन्न। ४. जन्म से संबंध रखनेवाला। जैसे—जातकर्म। (दे०) ५. जो घटना के रूप में हुआ हो। घटित। ६ एकत्र किया हुआ। संगृहीत। ७. प्रकट। व्यक्त। ८. उत्तम। श्रेष्ठ।

पु० १. पुत्र। बेटा। २. चार प्रकार की संतानों में से वह, जिसमें प्रधानतः उसकी माता के से गुण हों। ३ जीव। प्राणी। ४. वर्ग। ५. समूह।

स्त्री०[सं० जाति से फा० जात] १ व्यक्तित्व। जैसे—किसी की जात से फायदा उठाना। २ देह।

†स्त्री०=जाति।

जातक—पु०[सं० जात+कन्] [स्त्री० जातकी] १. नवजात शिशु। २. बच्चा। बालक। ३. फलित ज्योतिष में, फल कहने का वह प्रकार जिसमें जन्म कुंडली देखकर उसी आधार पर भविष्य की सब बातें बतलाई जाती हैं। ४ बौद्धों में भगवान् बुद्ध के पूर्व जन्मों की कथाएँ या कहानियाँ जो ५०० से ऊपर हैं। ५ बौद्ध भिक्षु। ६. बेंत। ७. हींग का वृक्ष।

जात-कर्म(न्)—पु०[स०] हिंदुओं में, बालक के जन्म के समय होनेवाला एक संस्कार।

जात-कलाप—पु०[ब०स०] मोर।

जात-क्रिया—स्त्री०[ष०त०] जातकर्म। (दे०)

जात-दंत—वि०[ब०स०] (बच्चा) जिसके दाँत निकल आये हों।

जात-दोष—वि०[ब०स०] दोषी।

जातना†—स्त्री०=यातना।

स० √ताड़ना=दबाने हुए पीसना।

जात-पक्ष—वि०[ब०स०] जिसमें से पर निकले हों।

पुं० पक्षी।

जात-पाँति—स्त्री०[सं० जाति+पंक्ति] जातियों और उपजातियों से संबंध रखनेवाले विभाग।

जातभ्रात—वि०[सं० जात+भ्रातृच्] हाल का जन्मा हुआ।

जात-मृत—वि०[कर्म०स०] जो जन्मते ही मर गया हो।

जातरा†—स्त्री०=यात्रा।

जात-रूप—वि०[ब० स०] रूपवान्। सुन्दर।

पु०[जात+रूप] १. सोना। स्वर्ण। २. धतूरा।

जात-वेद (स्)—पु०[ब०स०] १. अग्नि। २. सूर्य। ३. परमेश्वर। ४. चीता नामक वृक्ष। चित्रक।

जातवेदसी—स्त्री०[जातवेदस्+ङीष्] दुर्गा।

जात-वेदस (न्)—पुं० [ष०त०] १. वह कमरा, कोठरी या घर जिसमें बालक जन्मा हो। सौरी। सूतिकागार।

जाता—स्त्री० [स० जात+टाप्] कन्या। पुत्री। बेटी।
वि० स्त्री०, सं० जात (विशेषण) का स्त्री०।
†पुं०=जाता।

जाति—स्त्री० [सं०√जन् (उत्पत्ति)+क्तिन्] १. जन्म। पैदाइश। २. हिंदुओं में, समाज के उन मुख्य चार विभागों में से हर एक जिसमें जन्म लेने पर मनुष्य को जीविका निर्वाह करने के लिए विशिष्ट कार्य-क्षेत्र अपनाने का विधान है। वर्ण। विशेष दे० 'वर्ण'। ३. उक्त में से हर एक बहुत से छोटे-छोटे विभाग और उपविभाग। जैसे—पाढेय, शुक्ल, लोहार, सोनार आदि। ४. किसी राष्ट्र (या राष्ट्रों) के वे निवासी जिनकी नसल एक हो। जैसे—अंगरेज जाति, हिंदू जाति।
विशेष—ऐसी जातियों के सदस्यों की शारीरिक बनावट, उनके स्वभाव, परम्पराएँ, विचारधाराएँ भी प्राय एक-सी होती हैं। जैसे—आर्य, मंगोल या हब्शी जातियाँ।
५. पदार्थों या जीव-जन्तुओं की आकृति, गुण, धर्म आदि की समानता के विचार से किया हुआ विभाग। कोटि। वर्ग। (जेनस) जैसे—पशु जाति, पक्षी जाति। ६ उक्त में के छोटे-छोटे विभाग और उप-विभाग। जैसे—घोड़े या हिरन की जाति का पशु। ७. कुल। वंश। ८. गोत्र। ९ तर्कशास्त्र और न्यायदर्शन में, किसी हेतु का वह अनुपयुक्त खंडन या उत्तर जो तथ्य के आधार पर नहीं, बल्कि केवल साधर्म्य या वैधर्म्य के आधार पर हो। १०. मात्रिक छंद। ११. छोटा आँवला. चमेली, जायफल, जावित्री आदि पौधों की संज्ञा। ११. मालती नामक लता और उसका फूल।

जाति-कर्म (न्)—पुं० [ष० त०] जातकर्म।

जाति-कोश (ष)—पुं० [ष० त०] जायफल।

जाति-कोशी (षी)—स्त्री० [जातिकोश+ङीष्] जावित्री।

जातिच्युत—वि० [तृ०त०] (व्यक्ति) जिसके साथ किसी (उसी की) जाति के लोगों ने व्यवहार करना छोड़ दिया हो।

जातित्व—पुं० [सं० जाति+त्व] जातीयता।

जातिधर्म—पुं० [ष०त०] १. वे सब कार्य, गुण या बातें जो किसी जाति में समान रूप से होती हैं। २. ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र का अपना अपना अथवा अपनी अपनी जाति के प्रति होनेवाला विशिष्ट कर्त्तव्य।

जाति-पत्र—पुं० [ष०त०] जावित्री।

जाति-पत्री—स्त्री० [ष० त०] जावित्री।

जाति-पर्ण—पुं० [ष०त०] जावित्री।

जाति-पाँति—स्त्री०दे० 'जात-पाँत'।

जाति-फल—पुं० मध्य०स०] जायफल।

जाति-ब्राह्मण—पुं० [तृ० त०] वह ब्राह्मण जिसका केवल जन्म किसी ब्राह्मण कुल में हुआ हो परन्तु अपने जाति-धर्म का पालन न करता हो।

जाति-भ्रंश—पुं० [ष०त०] जाति भ्रष्टता।

जातिभ्रंशकर—पुं० [सं० जातिभ्रंश√कृ (करना)+ट] मनु के अनुसार नौ प्रकार के पापों में से एक जिसमें मनुष्य अपनी जाति, आश्रम आदि से भ्रष्ट हो जाता है।

जाति-भ्रष्ट—वि० [तृ०त०] जाति-च्युत।

जाति-लक्षण—पुं० [ष०त०] किसी जाति में विशिष्ट रूप से पाये जानेवाले चिह्न या लक्षण।

जाति-वाचक—वि० [ष० त०] १. जाति बतानेवाला। २. जाति के हर सदस्य का समान रूप से सूचक। जैसे—जातिवाचक संज्ञा।

जाति-वाद—पुं० [ष०त०] [वि० जातिवादी] वह विचार-धारा या सिद्धान्त कि हमारी अथवा अमुक जाति और सब जातियों की तुलना में श्रेष्ठ है। (रेशियलिज्म)

जाति-विद्वेष—पुं० [तृ०त०] जाति-वैर।

जाति-वैर—पुं० [तृ०त०] एक जाति के जीवों का दूसरी जाति के जीवों के प्रति होनेवाला प्राकृतिक या वंशगत वैर।

जाति-शास्त्र—पुं० [ष०त०] जायफल।

जाति-शास्त्र—पुं० [ष०त०] वह शास्त्र जिसमें मनुष्यों की जातियों के विभागों, पारस्परिक संबंधों, जातीय गुणों आदि का विवेचन होता है। (एन्थालोजी)

जाति-संकर—पु० [ष०त०] दोगला। वर्णसंकर।

जाति-सार—पुं० [ष०त०] जायफल।

जाति-स्मर—पुं० [ष०त०] वह अवस्था जिसमें मनुष्य को अपने पूर्वजन्म की बातें याद आती या रहती हैं।

जाति-स्वभाव—पुं० [ष०त०] एक अलंकार जिसमें आकृति और गुण का वर्णन किया जाता है।

जाति-हीन—वि० [तृ०त०] नीच जाति का।

जाती—स्त्री० [स०√जन् (उत्पत्ति)+क्तिच्—ङीष्] १. चमेली। २. मालती। ३. जायफल। ४. छोटा आँवला।
†पुं० [?] हाथी। (डिं०)
†स्त्री०=जाति।
वि० [सं० जातीय से फा० जाती] १. स्वयं अपना। निजी। २. व्यक्तिगत।

जाती-कोश (ष)—पुं० [ष० त०] जायफल।

जाती-पत्री—स्त्री० [ष० त०] जावित्री।

जातीपूग—पुं० [ष० त०] जायफल।

जाती-फल—पुं० [मध्य० स०] जायफल।

जातीय—वि० [सं० जाति+छ—ईय] १. जाति-संबंधी। जाति का। २. जाति में होनेवाला। ३. सारी जाति अर्थात् राष्ट्र या समाज का। (नैशनल)

जातीयता—स्त्री० [सं० जातीय+तल्—टाप्] १. जाति का भाव। २. किसी जाति के आदर्शों, गुणों, मान्यताओं, विचारधाराओं आदि की सामूहिक संज्ञा। जैसे—प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जातीयता का अभिमान होना चाहिए।

जाती-रस—पुं० [ष०स०] बोल नामक गंध द्रव्य।

जातु—अव्य० [सं०√जन्+क्तुन् पृषो० सिद्धि] कदाचित्।

जातु-क—ब० [जातु=निपात क=अल ब०स०] हींग।

जातुष—पुं० [सं० जातु√जन्+ड] गर्भिणी की इच्छा। दोहद।

जातु-धान—पु० [जातु=निपात+धान=सामीप्य ब०स०] असुर। राक्षस।

जातुष—वि० [सं० जतु+अण्, वृद्ध आगम] १. लाख-संबंधी। २. लाख का बना हुआ।

जालू—पुं० [सं० ज√जुवृं (मारना)+क्विप्, दीर्घ] वज्र।

जालूकर्ण—पु०[सं०] हरिवंश के अनुसार एक उपस्मृतिकार ऋषि जिनका जन्म अट्ठाइसवें द्वापर में हुआ था। (हरिवंश)

जातेष्टि—स्त्री०[सं० जात-इष्टि ष०त०] जातकर्म।

जातोक्ष—वि०[जात-उक्षन कर्म०स०, टच्] (वह बैल) जिसे छोटी अवस्था में ही बधिया किया गया हो।

जात्यंध—वि०[सं० जाति-अंध तृ०त०] (जीव) जो जन्म से ही अंधा हो।

जात्य—वि०[सं० जाति+यत्]१. किसी की दृष्टि में, जो उसी की जाति का हो। नातेदार। सजातीय। जैसे—जात्य भाई। २. जो अच्छे कुल या जाति में उत्पन्न हुआ हो। कुलीन। ३. उत्तम। श्रेष्ठ। ४. सुन्दर। सुरूप।

जात्यारोह—पुं०[सं० जात्य-आरोह, कर्म०स०]खगोल के अक्षांश की गिनती में वह दूरी जो मेष से पूर्व की ओर प्रथम अंश से ली जाती है।

जात्यासन—पुं०[सं० जात्य-आसन, कर्म०स०] तांत्रिक साधना में, एक विशिष्ट आसन जिसमें हाथ और पैर साथ-साथ जमीन पर रखते हुए चला जाता है।

जात्रा†—स्त्री०=यात्रा।

जात्री—†पु०=यात्री।

जात्रका—स्त्री०[सं० जुधिका] ढेर। राशि।

जादव†—पुं० [सं० यादव] यादव। यदुवंशी।

जादव-पति—पुं०[सं० यादवपति] श्रीकृष्णचन्द्र।

जादसपति, (सी)—पुं० [सं० यादसांपति] जल-जंतुओं के स्वामी। वरुण।

जादा†—वि०=ज्यादा।

वि० [सं० जात से फा० जादः] [स्त्री० जादी] जो किसी से उत्पन्न हुआ हो। उत्पन्न। जात। जैसे—नवाबजादा, शाहबजादा।

जादुई—वि०[हिं० जादू] जादू का। जादू संबंधी।

जादू—पुं०[फा०]१. वह क्रिया या विद्या जिसकी सहायता से किसी दैवी शक्ति (जैसे—आत्मा, देवता भूत-प्रेत आदि) का आराधन किया जाता है और उसी के द्वारा कोई अभिप्रेत कार्य संपन्न कराया जाता है। जैसे—उसकी पर किसी ने जादू कर दिया है।

पद—जादू टोना=तंत्र-मंत्र, भूत-प्रेतों आदि के द्वारा कोई काम कराने की क्रिया या भाव।

२. बुद्धि के कौशल और हाथ की सफाई से दिखाया जानेवाला कोई ऐसा खेल जिसका रहस्य न समझने के कारण लोग उसे अलौकिक कृत्य समझें। ३. किसी वस्तु में का वह गुण या शक्ति जिसके कारण उस वस्तु की ओर लोग बरबस आकृष्ट हो जाते हैं। जैसे—इनकी आँखों में भी जादू है। ४. उक्त गुण या शक्ति का किसी पर पड़नेवाला प्रभाव। क्रि० प्र०—डालना।

मुहा०—जादू जगाना=ऐसा कार्य या प्रयोग करना कि लोगों को जादू का-सा प्रभाव दिखाई दे। **जादू जमाना**=किसी पर प्रभाव डालकर उसे पूरी तरह अपने वश में करना।

पुं०=वदु।

जादूगर—पुं०[फा०] [स्त्री० जादूगरनी] १. जादू के खेल दिखानेवाले व्यक्ति। २. लाक्षणिक अर्थ में, कोई ऐसा व्यक्ति जो आश्चर्यजनक रीति से कोई कठिन या विलक्षण कार्य कर दिखलाता हो।

जादूगरी—स्त्री०[फा०] १. जादूगर का काम, पेशा या वृत्ति। २. लाक्षणिक अर्थ में, कोई बहुत ही अद्भुत तथा विलक्षण काम जो अलौकिक-सा जान पड़ता हो।

जादूनजर—वि०[फा०] (व्यक्ति) जिसकी आँखों में जादू हो। बहुत ही सुन्दर तथा लुभावनी आँखोंवाला।

जादौ†—वि०,पु०=यादव (यदुवंशी)।

जादौराय•—पु०[सं० यादव] यादवराय (श्रीकृष्ण)।

जान—स्त्री०[फा०]१. वह प्राकृतिक गुण या तत्व जिसके द्वारा मनुष्य जीव-जंतु, पशु पक्षी, वनस्पतियाँ आदि जीवित रहती तथा अपने सब काम (जैसे—खाना-पीना, फलना फूलना, अपने वर्ग का अभिवर्धन आदि) अच्छी तरह करती चलती हैं। जीवन। प्राण।

पद—जान का गाहक=(क) ऐसा व्यक्ति जो किसी की जान लेने अथवा उसका अन्त कर देने पर उतारू हो। (ख) बहुत दिक, तंग या परेशान करनेवाला व्यक्ति। **जान का लागू**=दे० 'जान का गाहक'। **जान जोखिम या जान जोखों**=ऐसा काम या बात जिसमें जान जाने या मरने का डर हो।

मुहा०—(किसी में) जान आना=किसी मरती हुई या बेदम वस्तु का फिर से सक्रिय और स्वस्थ होना। **(जान में) जान आना**=धैर्य तथा स्थिरता होना। **जान के लाले पड़ना**=ऐसे संकट में फँसना कि जान बचना कठिन हो जाय। प्राण संकट में पड़ना। **(किसी की) जान को रोना**=ऐसे व्यक्ति को कोसना जिसके कारण बहुत दुःख उठाना पड़ा हो। **(किसी की) जान खाना**=बार-बार दिक या परेशान करना। **जान खोना**=प्राण गवाना। **(किसी काम से) जान चुराना**=परिश्रम का काम करने से कतराना या भागना। जी चुराना। **जान छुड़ाना**=झंझट या संकट से पीछा छुड़ाना या छुटकारा पाने का प्रयत्न करना। **जान छूटना**=झंझट या संकट से छुटकारा मिलना। **जान जाना**=प्राण निकलना। मरना। **जान तोड़कर**=बहुत अधिक परिश्रम करके। **जान दूभर होना**=जीवन-यापन में बहुत अधिक कष्ट होना। जीना कठिन होना। **(अपनी) जान देना**=(क) प्राण-त्यागना। (ख) बहुत अधिक परिश्रम करना। **(किसी पर) जान देना**=(क) प्यार करना। बहुत अधिक प्रेम या स्नेह करना। (ख) जान निछावर करना। **(किसी वस्तु के पीछे या लिए) जान देना**=किसी वस्तु की प्राप्ति के लिए बहुत अधिक व्यग्र होना। **(अपनी जान को) जान न समझना**=किसी बहुत बड़े काम की सिद्धि में अपने प्राणों तक को संकट में डालना। **(दूसरे की जान को) जान न समझना**=किसी के साथ बहुत ही निष्ठुरतापूर्ण व्यवहार करना। **जान निकलना**=(क) प्राण निकलना। मरना। (ख) किसी से बहुत अधिक भयभीत होना। जैसे—वहाँ जाने पर अथवा उनके सामने होने पर उसकी जान निकलती है। **(किसी में) जान पड़ना**=(क) मृत शरीर में प्राणों का फिर से संचार होना। (ख) फिर से प्रफुल्लित, प्रसन्न तथा स्वस्थ होना। **(किसी की) जान पर आ बनना**=ऐसी स्थिति उत्पन्न होना जिससे जीवित रहना बहुत कठिन जान पड़ता हो। **(अपनी) जान पर खेलना**=(क) प्राणों को संकट में डालकर जोखिम का काम करना।

(ख) (किसी के लिए) वीरतापूर्वक जान देना। जान पर खेलना=जान पर आ बनना। (दे०) जान बचाना--(क) प्राण रक्षा करना। (ख) पीछा छुड़ाना। (किसी की) जान मारना या लेना=(क) वध या हत्या करना। (ख) अधिक कष्ट देना या सताना। जान सूखना=चिंता, भय आदि के कारण निर्जीव-सा होना। जान से जाना=प्राण गवाँना। मर जाना। जान से मारना=वध या हत्या करना। जान से हाथ धोना=जान से जाना। (देखें) जान हलकान करना=बहुत अधिक दुःखी और परेशान करना (या होना)।

२. शारीरिक बल या सामर्थ्य। ३. कोई ऐसी चीज या बात जो किसी दूसरी चीज या बात को सजीव या सार्थक करती अथवा उसे यथेष्ट प्रभावशाली तथा सबल बनाती हो। मूल तत्त्व। सार भाग। जैसे—यही पंक्ति तो इस कविता की जान है। ४. लाक्षणिक रूप में, वह चीज जिसके कारण किसी दूसरी वस्तु की महत्ता या शोभा बहुत अधिक बढ़ जाती हो।

मुहा०—(किसी चीज में) जान आना=बहुत अधिक शोभा बढ़ाना। जैसे—चित्र टाँगने से इस कमरे में जान आ गई है।

वि० प्रिय। उदा०—जान महा सहजे रिझवार।—आनंदघन।

स्त्री० [सं० ज्ञान] १. जानकारी। परिचय। परिज्ञान।

पद—जान-पहचान=परिचय। जान में=ध्यान या जानकारी में।

२. स्थान। समझ।

वि० जाननेवाला। जानकार।

†पु० १. यान। २. जानु।

जानकार—वि० [हिं० जानना+कार (प्रत्य०)] १. जाननेवाला। अभिज्ञ। २. परिचित। ३. किसी बात या विषय में कुशल या उसका अच्छा ज्ञाता।

जानकारी—स्त्री० [हिं० जानकार] जानकार होने की अवस्था, गुण या भाव।

जानकी—स्त्री० [सं० जनक+अण्—ङीप्] जनक की पुत्री, सीता।

जानकी-जानि—पुं० [सं० जानकी-जाया ष० स०, नि आदेश] श्री रामचंद्र।

जानकी-नाथ—पुं० [ष० त०] श्री रामचंद्र।

जानकी-रमण—पुं० [ष० त०] श्री रामचंद्र।

जानकी रमण—पुं० दे० 'जानकी रमण'।

जानदार—वि० [फा०] १. जिसमें जान हो। सजीव। जीवधारी। २. जिसमें जीवनी-शक्ति हो। प्रबल। शक्तिशाली। जैसे—जानदार पौधा। ३. बहुत ही महत्त्वपूर्ण। जैसे—जानदार बात।

पुं० प्राणी।

जानदार*—पुं० [हिं० जानना+हार (प्रत्य०)] जाननेवाला। ज्ञाता।

जानना—सं० [सं० ज्ञान] १. किसी बात, वस्तु, विषय आदि के संबंध की वस्तु-स्थिति का ज्ञान होना। जैसे—(क) किसी का घर या पता जानना। (ख) अँगरेजी या हिंदी जानना।

पद—जान बूझकर=अच्छी तरह समझते हुए और इच्छापूर्वक।

मुहा०—जान कर अनजान बनना=किसी बात के विषय में जानकारी रखते हुए भी किसी को चिढ़ाने, धोखा देने या अपना मतलब निकालने के लिए अपनी अनभिज्ञता प्रकट करना। जान रखना=सचेत तथा सावधान रहना। जैसे—जान रखो, ईंट का जवाब पत्थर से मिलेगा। २. परिचय या सूचना पाना।

पद—जानकर=सूचना मिलने पर। जैसे—आप के पत्र से यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आप काशी पधार रहे हैं।

३. इस बात की जानकारी तथा समर्थता होना कि कोई काम कैसे किया जाता है। जैसे—वह इंजन या मोटर चलाना जानता है। ४. किसी क्रिया, बात आदि की सत्यता पर विश्वास होना। जैसे—मैं जानता हूँ कि पिता जी ऐसे कामों से अवश्य असंतुष्ट होंगे। ५. मनोभाव के संबंध में, (क) भाँप लेना। जैसे—मेरे बिना कुछ कहे ही वह मेरे आंतरिक भाव जान लेता है। (ख) अनुभूत करना। जैसे—वैष्णव जन तो तेने कहिए जो पीर पराई जाने रे।—नरसी मेहता।

जानपद—वि० [सं० जनपद+अण्] १. जनपद संबंधी। जनपद का।

पुं० १. जनपद। प्रदेश। २. जनपद का निवासी। जन। ३. जमींदार पर लगनेवाला कर। माल्गुजारी। ४. मिताक्षरा के अनुसार लेख्य (दस्तावेज) के दो भेदों में एक जो प्रजाओं के पारस्परिक व्यवहार के संबंध में होता है।

जानपदी—स्त्री० [सं० जानपद+ङीप्] १. वृत्ति। २. महाभारत में एक अप्सरा जिसने इन्द्र के कहने के अनुसार शरद्वान ऋषि की तपस्या भंग की थी।

जानपना*†—पुं० [हिं० जान+पन (प्रत्य०)] १. जानकार होने का भाव। २. चतुराई। बुद्धिमत्ता।

जानपनी*—स्त्री० =जानपना।

जान-पहचान—स्त्री० हिं० [हिं० जानना+पहचानना] आपस में एक दूसरे को जानने तथा पहचानने की क्रिया, अवस्था या भाव (केवल व्यक्तियों के संबंध में प्रयुक्त।

विशेष—दो व्यक्तियों में जान-पहचान होने के लिए यह आवश्यक है कि उनमें परस्पर प्रत्यक्ष परिचय हुआ हो और कई बार बात-चीत भी हुई हो।

जान-पहचानी—वि० [हिं० जान-पहचान] (व्यक्ति) जिससे जान-पहचान हो। परिचित।

जान-बख्शी—स्त्री० [फा०] १. प्राण-दंड जिसे दिया जा सकता हो उसे कृपाकर छोड़ देने की क्रिया या भाव। २. किसी को दिया जानेवाला ऐसा आश्वासन या वचन कि तुम्हें प्राण-दंड नहीं दिया जायगा।

जान-बीमा—पुं० [फा० जान+अ० बीमा] वह संविदा या व्यवस्था जिसमें बीमा करनेवाला कुछ निश्चित समय के अनंतर बीमा करानेवाले को अथवा उसकी मृत्यु हो जाने पर उसके उत्तराधिकारी को कुछ निश्चित धन देता है।

विशेष—बीमा करानेवाले को भी संविदा के अनुसार कुछ धन किस्तों के रूप में कुछ समय तक देना पड़ता है।

जानमणि*—पुं० [हिं० जान+सं० मणि] बहुत बड़ा ज्ञानी या विद्वान्।

जा-नमाज—पुं० [फा० जा (=जगह)+अ० नमाज] वह छोटी जाजिम या दरी जिस पर बैठकर मुसलमान नमाज पढ़ते हैं।

जानराव—पुं० [हिं० जान+राव] बहुत बड़ा जानकार या ज्ञानी पुरुष।

जानवर—पुं० [फा०] १. वह जिसमे जान या प्राण हों। प्राणी। २. मनुष्य से भिन्न, चलने-फिरने, उड़ने या तैरनेवाले अन्य जीव। जैसे—समुद्र में हजारो प्रकार के जानवर होते हैं। ३. उक्त जीवों मे से विशेषतः वे जीव जिनके चार पैर हों। चौपाया पशु। जैसे—यह जानवर चराने गया है। ४. लाक्षणिक अर्थ में, कम अक्लवाला, उजड्ड या गँवार आदमी। ५. पशुओ का-सा आचरण या व्यवहार करनेवाला।

जा-नशीन—पुं० [फा०] [भा०व० जा-नशीनी] १. किसी दूसरे के स्थान पर विशेषतः किसी अधिकारी के न रहने या हट जाने पर उसके पद या स्थान पर बैठनेवाला व्यक्ति। उत्तराधिकारी।

जानहार†—वि० [हिं० जाना+हार (प्रत्य०)] १. जानेवाला। २. जो हाथ से निकल जाने को हो। ३ जो नष्ट होने को हो।

वि० [हिं० जानना+हार (प्रत्य०)] जाननेवाला।

जानहु†—अव्य० [हिं० जानना] जानो। मानो।

जानाँ—स्त्री० [फा० 'जान' का बहु०] प्रेमपात्र। प्रेयसी।

जाना—अ० [सं० या, प्रा० जा+हि० प्र० ना] १. एक स्थान से चलकर अथवा और किसी प्रकार की गति मे होकर दूसरे स्थान तक पहुँचने के लिए आगे या उसकी ओर बढ़ना। गमन या प्रस्थान करना। जैसे—(क) अपने मित्र के घर जाना। (ख) रेल पर बैठकर कलकत्ते अथवा हवाई जहाज पर बैठकर अमेरिका जाना।

मुहा०—(कहीं) जा पड़ना=अचानक कही पहुँचना या उपस्थित होना।

२. किसी उद्देश्य की सिद्धि या कार्य की पूर्ति के लिए कही प्रस्थान करना। जैसे—लड़के का कही खेलने या पढ़ने जाना। (ख) कर्मचारी का अधिकारी के पास जाना। (ग) सेना का युद्ध पर जाना। ३. यानो आदि के संबंध में, अथवा उनसे भेजी जानेवाली चीजों के संबध में, नियत या नियमित रूप से यात्रा आरम्भ करना। जैसे—(क) यहाँ से रोज सन्ध्या को एक नाव या मोटर जाती है। (ख) हजारो रुपये के बरतन बाहर जाते हैं। ४. भौतिक या यान्त्रिक प्रक्रियाओं से होनेवाले कामों या बातों के संबंध में, किसी प्रकार के वाहक साधन के द्वारा प्रसारित या प्रेषित होना। जैसे—(क) अब अनेक स्थानों से हिंदी में भी तार जाने लगे हैं। (ख) अब तो रेडियो से सब जगह खबरें जाने लगी हैं। (ग) हवा चलने पर इस फूल की सुगंध बहुत दूर तक जाती है। ५. तरल पदार्थ का आधार या पात्र में से निकलना, बहना या रसना। जैसे—आँखों से पानी जाना, फोड़ा से मवाद जाना, गले या नाक से खून जाना। ६. रेखा आदि के रूप में होनेवाली कृतियों, रचनाओं आदि के संबंध में, एक बिंदु या स्थान से दूसरे बिंदु या स्थान तक विस्तृत रहना या होना। जैसे—यह गली उनके मकान तक अथवा यह सड़क दिल्ली से अमृतसर तक जाती है। ७. मन, विचार आदि के संबंध में, किसी की ओर उन्मुख या प्रवृत्त होना। जैसे—किसी काम, बात या व्यक्ति की ओर ध्यान या मन जाना।

मुहा०—किसी बात पर या किसी की बात पर जाना=महत्त्वपूर्ण समझकर उसकी ओर ध्यान देना। जैसे—आप इनकी बातों पर न जायँ, ये तो यों ही बकते रहते हैं।

८. किसी स्थान से किसी चीज का उठाने या हटाने पर वर्तमान न रहना। जैसे—मेज पर से घड़ी चोरी जाना, घर से माल या सामान जाना। ९. किसी के अधिकार, कार्यक्षेत्र, वश आदि से निकलना या बाहर होना। जैसे—(क) मुकदमेबाजी में उनके दोनों मकान गये। (ख) हमारी घड़ी जायगी तो तुम्हें दाम देना पड़ेगा।

मुहा०—जाने देना=(क) अधिकार, नियम आदि शिथिल रखकर किसी को प्रस्थान आदि की अनुमति देना। जैसे—लड़कों को खेलने-कूदने के लिए भी जाने दिया करो। (ख) किसी को उपेक्ष्य या तुच्छ समझकर उसकी चिंता या विचार न करना अथवा उस पर ध्यान न देना। जैसे—अब लड़ाई-झगड़े की बातें जाने दो, और काम की बातें करो। १०. कहीं या किसी से छूटकर अलग होना या रहना। जैसे—(क) घर से बीमारी या रोग जाना। (ख) किसी की नौकरी या यजमानी जाना। ११. न रह जाना। नष्ट होना। जैसे—आँखों की ज्योति जाना।

पद—गया गुजरा या गया बीता=जो बहुत कुछ नष्ट या विकृत हो चुका हो।

मुहा०—क्या जाता है=कुछ चिंता नही। कोई हानि नही है। जैसे—हमारा क्या जाता है, वह जो चाहे सो करे।

१२ मरना। जैसे—(क) उसके माँ-बाप तो पहले ही जा चुके थे। (ख) जो आया है, वह जायगा ही। १३. काल या समय अतीत होना। गुजरना। बीतना। जैसे—इस महीने में भी चार दिन जा चुके हैं। १४. बेचा जाना या बिकना। जैसे—यह मकान दस हजार रुपए से कम में नही जायगा।

विशेष—'जाना' क्रिया प्रायः दूसरी क्रियाओं के साथ सयोज्य क्रिया के रूप में प्रयुक्त होकर कई प्रकार के अर्थ देता या भाव सूचित करता है। यथा—(क) मुख्य क्रिया की पूर्णता या समाप्ति। जैसे—बन जाना, मर जाना, मिट जाना, हो जाना। (ख) कुछ जल्दी या सहज मे, परन्तु पूरी तरह से। जैसे—खा जाना, निगल जाना, समझ जाना। (ग) कोई कठिन, बड़ा या महत्त्वपूर्ण कार्य कौशलपूर्वक कर डालना। जैसे—(क) आप भी कभी-कभी बहुत-कुछ कह जाते है। (ख) वह भी बहुत-कुछ कर जायेंगे।

जानि—स्त्री० [सं० जाया] स्त्री। भार्या।

वि० [सं० ज्ञानी] जानकार। उदा०—सेनापति देखत ही जानि सब जानि गई।—सेनापति।

अव्य० तुल्य। समान। उदा०—बानी पानि सुबानि जानि दधिजा हसा रसा आसनी।—बदबरदायी।

जानिब—स्त्री० [अ०] ओर। तरफ। दिशा।

जानिबदार—वि० [फा०] [भाव० जानिबदारी] तरफदारी या पक्षपात करनेवाला।

जानिबदारी—स्त्री० [फा०] विवाद आदि में, किसी का पक्ष लेने की क्रिया या भाव। तरफदारी करना।

जानी—वि० [फा०] १. जान या प्राणों से संबंध रखनेवाला। जैसे—जानी दुश्मन। २. जान या प्राणों के समान परम प्रिय। जैसे—जानी दोस्त या जानी मित्र।

स्त्री० [फा० जान] परमप्रिय स्त्री।

जानु—पुं० [सं०√ जन्+अुण्] १.टाँग के बीच का जोड़। घुटना। स्त्री० [फा० जान] परमप्रिय स्त्री।
२. उक्त जोड़ तथा उसके आस-पास का स्थान। जैसे—जानू में दर्द होता है। ३. जंघा। रान।

जानु-पाणि—क्रि० वि० [द्व० स०] घुटनों और हाथों से। घुटनों और हाथों के बल।

जानुपाणि—क्रि० वि०=जानु-पाणि।

जानुर्वा—पुं० [स० जानु] पशुओं विशेषतः हाथियों को होनेवाला एक रोग जिसमे उनके घुटनों में पीड़ा होती है तथा जिसमें कभी-कभी घुटनों की हड्डियाँ उभर भी आती हैं।

जानु-विजानु—पुं० [सं०] तलवार चलाने का एक ढंग।

जानू—पु० [सं० जानु से फा० जानू] जंघा। जाँघ।

जाने—अव्य० [हिं० न जाने] ज्ञान या जानकारी नहीं कि। मालूम नही कि। उदा०—जाने किसकी दौलत हूँ मैं—दिनकर।
पद—न जाने=नहीं जानता हूँ कि।

जानो†—अव्य० [हिं० जानना] १. ऐसा या इस प्रकार प्रतीत या भासित होता है कि। २. इस प्रकार जान या समझ लो कि।

जाग्य—पुं० [स०] एक प्राचीन ऋषि। (हरिवंश)

जाप—पुं० [स०√जप् (जप करना)+घञ्] इष्ट देवता के नाम, मंत्र आदि का बार-बार उच्चारण। जप। (दे०)
†स्त्री०=जय-माला। (बंद०)
स्त्री० [स० जप] नाम, मंत्र आदि जपने की माला। रूप-माला। उदा०—बिरह भभूत जटा बैरागी। छाला काँध जाप कँठ लागी। जायसी।

जापक—वि० [सं०√जप्+ण्वुल्—अक] जाप करने या जपनेवाला।

जापन—पुं० [सं०√जप् +णिच्—ल्युट्—अन] १. जपने की क्रिया या भाव। २. जप।

जापना—अ० [सं० ज्ञपन] ज्ञात पड़ना। मालूम होना। उदा०—अनमिल आखर अरथ न जापू।—तुलसी।
स०=जपना।

जापा—पुं० [सं० जनन] १. स्त्री का संतान उत्पन्न करना। प्रसव। २. प्रसूतिका-गृह। सौरी।

जापान—पुं० [हिं०] १. एशिया के पूर्वी समुद्र-तट पर के कई द्वीपों का सामूहिक संज्ञा। २. उक्त द्वीपों का राष्ट्र।

जापानी—वि० [हिं० जापान (देश)] १. जापान देश का। जापान संबंधी। २. जापान में बनने या होनेवाला।
पुं० जापान देश का निवासी।
स्त्री० जापान देश की भाषा।

जापी (पिन्)—वि० [सं०√जप्+णिनि] जाप या जप करनेवाला।

जाप्य—वि० [सं०√जप् +ण्यत्] १. जप करने या जपने योग्य। २. जो जपा जाने को हो।

जाफ†—स्त्री० [अ० जोफ़] १. दुर्बलता, रोग आदि के कारण होनेवाली बेहोशी। मूर्च्छा। २. घुमटा। चक्कर।

जाफ्त—स्त्री० [अ० जियाफ़त] बन्धु-बान्धवों, मित्रों आदि को दिया जानेवाला प्रीति-भोज। दावत।

जाफरान—पुं० [अ० ज़ाफ़रान] [वि० ज़ाफ़रानी] १. केसर २. अफगानिस्तान में रहनेवाली एक तातारी जाति।

जाफरानी—वि० [अ०] १. जिसमें जाफरान या केसर पड़ा हो। केसरिया। २ जाफरान या केसर के रंग का पीला। केसरिया।

जाफरानी तांबा—पुं० [हिं०] एक प्रकार का बढ़िया ताँबा जिसका रंग केसर की तरह पीला होता है।

जाफरी—स्त्री० [अ० जअफर] १. बाँसो अथवा उसकी खपचियों की बनी हुई टट्टी अथवा परदा। २. एक प्रकार का गेदा (पौधा और उसका फूल)।

जाब†—पुं०=जवाब।

जा-बजा—क्रि० वि० [फा०] जगह-जगह पर। बहुत-सी जगहों में।

जाबड़ा†—पुं०=जबड़ा।

जाबता†—पुं०=जाब्ता।

जाबरा—वि० [?] बुड्ढा। वृद्ध। (डिं०)
†पुं०=हाबर।

जाबाल—पुं० [सं० जबाला+अण्] सत्यकाम नामक एक वैदिक ऋषि।

जाबालि—पुं० [स० जबाला+इञ्] महाराज दशरथ के एक मंत्री का नाम जो उनके गुरु भी थे।

जाबित—वि० [अ० जाबित] जब्त करनेवाला।

जाबिर—वि० [फा०] १. (वह) जो जबर हो। जबरदस्ती करनेवाला। २. अत्याचारी। ३. उग्र। प्रचंड।

जाब्ता—पुं० [अ० ज़ाब्त] १. नियम। २. कानून। विधान। जैसे—जाब्ता दीवानी या जाब्ता फौजदारी (अर्थात् आर्थिक व्यवहार से या दंडनीय अपराधों से संबंध रखनेवाला विधान)। ३. प्रबंध। व्यवस्था।

जाम†—पुं० [सं० जम्बु] १. जामुन का पेड़ या फल। २. एक प्रकार का वृक्ष जिसमें छोटे मीठे फल लगते हैं। ३. उक्त वृक्ष का फल।
†पुं० जिमि (जिस प्रकार या ज्यों ही)। उदा०—जाम हड्ड पल कटे, ताम बंधत वीर दम।—चंद्रबरदाई।
पुं०=याम। (पहर)
पुं० [फा०] १. एक विशिष्ट प्रकार का कटोरा या प्याला जो प्रायः मद्य पीने के काम आता था। २. मद्य पीने का पात्र।
मुहा०—जाम चलना=शराब का दौर शुरू होना।
पुं० [अ० ज़म=जल्दी] जहाज की दौड़। (लश०)
वि० [अ० जैम, मि० हिं० जमना] अधिकता, दबाव आदि के कारण चारों ओर से कसे या दबे होने के कारण अपने स्थान पर अड़ा या थका हुआ। जैसे—काँटा या कील जाम होना, रास्ता जाम होना।

जामदिरी—स्त्री० [?] बंदूक का पलीता।

जामनी—स्त्री०=जामगिरी।

जामन†—पुं० [सं० जन्मन्] १. जन्म। उदा०—छूटा जामण मरण सूं, भवसागर तिरियाह।—बाँकीदास २. दे० 'जामन'।

जामदग्न्य—पुं० [सं० जमदग्नि+ष्यञ्] जमदग्नि ऋषि के पुत्र, परशुराम।

जामदानी—पुं० [फा० जामःदानी] १. पहनने के कपड़े रखने की पेटी या बक्स। २. वह पेटी जिसमें बच्चे अपने खिलौने आदि रखते हैं।

३. कपड़ों पर होनेवाला एक प्रकार का कसीदे का काम या कढ़ाई। ४. एक प्रकार की मलमल जिस पर उक्त प्रकार का काम होता था।

जामन—पुं० [हिं० जमाना] वह खट्टा दही जो दूध को जमाने के लिए उसमें छोड़ा जाता है।

†पुं०=जामुन।

†पुं० [हिं० जन्मना] जन्म लेने की क्रिया या भाव।

जामना—अ०=जमना।

स०=जन्मना।

जामनी—स्त्री० [सं० यामिनी] रात।

†वि०=यवनी (यवनों का)।

जामबेतुसा—पुं० [हिं० जाम+बेत] १. बाँसों की एक जाति। २. उक्त जाति का बाँस।

जामल—पुं०=रक्तयामल।

जामवंत—पुं०=जांबवान्।

जामा—पु० [फा० जामः] १. पहनने का वह सिला हुआ कपड़ा जिससे गला, छाती, पीठ तथा पेट ढका रहे।

मुहा०—जामे से बाहर होना=इतना अधिक क्रुद्ध होना कि अपनी मर्यादा का ध्यान न रह जाय।

२. घुटने तक लम्बा एक विशेष प्रकार का पहनावा जिसमे कमर के नीचे का भाग घेरदार होता है और जो प्रायः विवाह के समय वर को पहनाया जाता है।

जामात—पुं०=जमायत।

जामाता (तृ)—पु० [सं० जाया√मा (मान करना)+तृच्] १. संबंध में वह व्यक्ति जिसके साथ किसी ने अपनी कन्या का विवाह किया हो। दामाद। २. हुलहुल का पौधा।

जामातु*—पुं०=जामाता।

जामा मसजिद—स्त्री० [अ०] नगर की सब से बड़ी और मुख्य मसजिद जिसमें सब मुसलमान पहुँचकर नमाज पढ़ते हों।

जामि—स्त्री० [सं०√जम्+(खाना) इञ्] १. बहन। भगिनी। २. कन्या। लड़की। ३. पुत्री। बेटी। ४. पुत्र-वधू। ५. अपने कुल, गोत्र या परिवार की स्त्री। ६. अच्छे कुल की स्त्री। महिला।

जामिक—पुं० [सं० यामिक] १. पहरा देनेवाला २. रक्षक। रखवाला।

जामिन—पुं० [अ०] १. वह व्यक्ति जो अभियुक्त की जमानत करे। २. वह व्यक्ति जो किसी दूसरे के कार्य करने का उत्तरदायित्व अपने ऊपर ले।

पुं० [हिं०जमाना] वह छोटी लकड़ी या लकड़ी का टुकड़ा जो नीचे की दोनों नलियों को अलग रखने के लिए चिलमगर्दे और चूल के बीच में बाँधा जाता है।

जामित्र—पुं० [सं० जायामित्र] जन्म-कुंडली मे लग्न से सातवाँ स्थान जिसका विचार विवाह के समय इस दृष्टि से होता है कि भावी जाया या पत्नी से कितना और कैसा सुख-दुःख मिलेगा।

जामित्र-दोष—पुं० [ष० त०] ज्योतिष का एक अशुभ योग जो लग्न से सातवें स्थान में सूर्य, शनि या मंगल होने पर होता है। यह भावी पत्नी से प्राप्त होनेवाले सुख में बाधक होता है।

जामिनदार—पु० [अ० जामिन+फा० दार] जमानत करनेवाला। जमानतदार।

जामिनी—स्त्री०=यामिनी।

†स्त्री०—जमानत।

जामी—स्त्री० १. दे० 'यामी'। २. दे० 'जामि'।

†पु० [स० जन्म] जन्म देनेवाला अर्थात् पिता। बाप। (डिं०)

जामुन—पु० [सं० जंबु] १. गरम देशों मे होनेवाला एक सदा बहार पेड़ जिसके गोल, छोटे, काले फल कसैलापन लिये मीठे होते हैं। २. उक्त वृक्ष के फल जो खाने और सिरका बनाने के काम आते हैं।

जामुनी—वि० [हिं० जामुन] १. जामुन का वृक्ष अथवा उसके फल से बनने, होने या संबंध रखनेवाला। जैसे—जामुनी लकड़ी, जामुनी सिरका। २. जामुन के रंग का। कुछ नीलापन लिये हुए काले रंग का।

पु० जामुन के फल की तरह का नीलापन लिये काला रंग।

जामेय—पु० [सं० जामि+ढञ्—एय] बहन का लड़का। भांजा।

जामेवार—पु० [देश०] १ एक प्रकार का दुशाला जिस पर बेल-बूटे कढ़े रहते हैं। २. उक्त प्रकार की छपी हुई छींट।

जार्य†—क्रि० वि० -जाँय (व्यर्थ)।

जाय*—वि० [फा० जा =ठीक] उचित। वाजिब।

वि० [अ० जाय =नष्ट] निष्फल। व्यर्थ।

क्रि० वि० व्यर्थ।

स्त्री० [देश०] भूने हुए चने और उड़द की पकाई हुई दाल।

जायक—पु० [स०√जि (जीतना) +ण्वुल्—अक] पीला चदन।

जायका—पु० [अ० जायक़ा] किसी वस्तु का वह गुण जिसके कारण वह खाई जाने पर प्रिय लगती या रुचिकर होती है। स्वाद।

जायकेदार—वि० [अ० जायक़ः+फा० दार] (खाद्य-पदार्थ) जिसमे अच्छा जायका या स्वाद हो। स्वादिष्ठ।

जायचा—पु० [फा० जायच.] जन्म-कुंडली।

जायज—वि० [अ० जायज़] १. जो नियम, विधान आदि के अनुसार ठीक हो। वैध। २. उचित। मुनासिब। वाजिब।

जायजगर—पुं० [फा० जा+अ० जगर] वह स्थान जहाँ लोग पाखाना फिरते हों। टट्टी। शौचालय।

जायजा—पु० [अ० जायज़:] १. जाँच-पड़ताल। २. किये हुए कामो का दिया या लिया जानेवाला विवरण। कैफियत।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।

३. नित्य और नियमित रूप से लिखाई जानेवाली उपस्थिति। हाजिरी।

जायद—वि० [फा० जायद] १. अधिक। ज्यादा। २. अतिरिक्त।

जायदाद—स्त्री० [फा०] १. वह वस्तु अथवा वस्तुएँ जो किसी के निजी अधिकार में हो अथवा जिनपर कोई निजी अधिकार जतलाता हो। जैसे—हमारी जायदाद का उपभोग हमारे शत्रु करें, यह हमें सह्य नहीं हो सकता। २. उक्त के आधार पर विशेषतः वह वस्तु या वस्तुएँ जिन्हें उपभोग करने, बेचने आदि का पूरा अधिकार किसी को न्यायतः प्राप्त होता है।

जाय नमाज—स्त्री०=जा-नमाज।

जायपत्री—स्त्री०=जावित्री।

जायफर—पुं०=जायफल।

जायफल—पुं० [सं० जातीफल] एक प्रकार का सुगंधित फल जो औषध और मसाले के काम आता है।

जायरी—पुं० [देश०] नदियों के किनारे की पथरीली भूमि में होनेवाली एक प्रकार की लता।

जायल—वि० [फा०] जिसका नाश हो गया हो। जो नष्ट हो चुका हो। विनष्ट।

जायस—पुं० [देश०] उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में का एक गाँव। (मलिक मुहम्मद जायसी की जन्म-भूमि)

जायसवाल—पुं० [हिं० जायस] १. जायस नामक गाँव में अथवा उसके आस-पास रहनेवाला व्यक्ति। २. कुरमियो, कलवारों आदि का एक वर्ग।

जायसी—वि० [हिं० जायस] १. जायस गाँव मे होने अथवा उससे संबंध रखनेवाला। २. जायस गाँव में रहनेवाला (व्यक्ति)।

जाया—स्त्री० [सं०√जन् (उत्पत्ति) +यक्,--आत्व,--टाप्] १. विवाहिता स्त्री, विशेषतः ऐसी स्त्री जो किसी बालक को जन्म दे चुकी हो। २. जोरू। पत्नी। ३. जन्म कुंडली में लग्न से सातवाँ स्थान जहाँ से पत्नी के सबंध मे गणना या विचार किया जाता है।

पुं० [हिं० जाना=जन्म देना] १. वह जो प्रसव कर के उत्पन्न किया गया हो। २. पुत्र। बेटा।

वि० [अ० जायः] जो उपयोग या उपभोग में ठीक प्रकार से न लाया गया हो और फलतः यों ही नष्ट हो गया हो।

जायाघ्न—पुं० [सं० जाया√हन् (मारना) +टक्] १. फलित ज्योतिष में एक योग जो पत्नी के जीवन के लिए घातक माना जाता है। २. व्यक्ति, जिसकी कुंडली में उक्त योग हो। ३. शरीर में का तिल।

जायाजीव—पुं० [सं० जाया—आजीव, ब० स०] १. वह जो अपनी पत्नी से व्यभिचार अथवा और कोई काम कराके अपनी जीविका चलाता हो। २. बगला पक्षी।

जायानुजीवी (विन्)—पुं० [सं० जाया--अनु√जीव् (जीना) +णिनि] =जायाजीव।

जायी (यिन्)--पुं० [सं०√जि (जीतना) + णिनि] संगीत में एक ताल।

जायु—पुं०[सं०√जि+उण्] औषध। दवा।

वि० जीतनेवाला। जेता।

जार—पुं०[सं०√जॄ (जीर्ण होना) +घञ्] १. किसी स्त्री के विचार से, वह पर-पुरुष जिसके साथ उसका अनुचित संबंध हो। उपपति। यार।

†पुं०=यार (मित्र)।

†वि०[हिं० जलाना] जलाने, नष्ट करने या मारनेवाला।

पुं० जलने की क्रिया या भाव।

†पुं०=जाल।

पुं०[फा० जार] स्थान। जैसे—गुलजार, सब्जजार।

पुं०[लै० सीजर] रूस के पुराने बादशाहों की उपाधि।

जारक—वि० [सं०√जॄ+ण्वुल्—अक] १. जलानेवाला। २. क्षीण या नष्ट करनेवाला। ३. पाचक।

जार-कर्म (न्)—पुं०[ष० त०] छिनाला। व्यभिचार।

जारज—पुं०[सं० जार√जन्+ड] वह बालक जो किसी स्त्री के उप-पति के योग से उत्पन्न हुआ हो।

जार-जन्मा(न्मन्)—वि०]ब० स०] जारज।

जारज-योग—पुं०[मध्य स०] फलित ज्योतिष में एक योग जिसमे उत्पन्न होनेवाला बालक जारज समझा जाता है।

जार-जात—वि०[तृ० त०] स्त्री के उपपति या जार से उत्पन्न। जारज।

जारजेट—स्त्री० [अं० जार्जेट] एक प्रकार का बढ़िया महीन कपड़ा।

जारण—पुं०[सं०√जॄ+णिच्+ल्युट्-अन] १. जलाने की क्रिया, भाव या विधि। २. पारे की भस्म बनाने के समय होनेवाली एक क्रिया या संस्कार।

जारणी—स्त्री०[सं० जारण+ङीष्] सफेद जीरा।

जारदवी—स्त्री० [सं० जरद्गव+अण्-ङीप्] ज्योतिष में एक वीथी का नाम जिसमें वराहमिहिर के अनुसार श्रवण, धनिष्ठा तथा शतभिषा और विष्णु पुराण के अनुसार विशाखा, अनुराधा तथा ज्येष्ठा नक्षत्र हैं।

जारन—पुं०[सं० जारण] १. जलाने की क्रिया या भाव। २. जलाने की लकड़ी। ईंधन। जलावन।

जारना—सं०=जलाना।

जार-भरा—स्त्री० [जार√भृ (पोषण करना)+अच्-टाप्] अपने पति के अतिरिक्त किसी अन्य पुरुष से संबंध रखनेवाली स्त्री।

जारा†—पुं०=जाला।

जारिणी—स्त्री० [सं० जार+इनि--ङीप्] वह स्त्री जो किसी अन्य पुरुष से प्रेम करती हो।

जारी—वि०[अ०] १. जिसका चलन या प्रचलन बराबर हो रहा हो। जो चल रहा हो। जैसे--कार-बार या रोजगार जारी रहना। २.जिसका प्रवाह या बहाव बराबर होरहा हो। प्रवाहित। जैसे—गले से कफ या खून जारी होना। ३. (नियम आदि) जो इस समय लागू हो। जैसे—अध्यादेश आज ही जारी होगा।

पुं०[अ० जारी=रोना] मुहर्रम में ताजियों के सामने गाया जानेवाला एक प्रकार का गीत।

स्त्री०[सं० जार+ई (प्रत्य०)] पर-स्त्री गमन। जार-कर्म। जैसे—चोरी-जारी करना।

पुं०[देश०] झरबेरी का पौधा।

जारुत्थ—पुं०=जारूथ्य।

जारुथी—स्त्री०[सं० जरुथ+अण्-ङीप्] एक प्राचीन नगरी। (हरिवंश)

जारुधि—पुं०[सं० जारु√धा (रखना)+कि] एक पर्वत का नाम।

जारूथ्य—पुं०[सं० जरूथ+यञ्] वह अश्वमेध जिसमें तिगुनी दक्षिणा दी जाय।

जारोब—स्त्री०[फा०] झाड़ू। बुहारी।

जारोब कश—पुं०[फा०] झाड़ू देने या लगानेवाला व्यक्ति।

जार्य्यक—पुं०[सं०√जॄ (जीर्ण होना)+ण्यत्+कन्] मृगों की एक जाति।

जालंधर—पुं०[सं०] १. एक प्राचीन ऋषि। २. जलंधर नामक दैत्य।

जालंधरी विद्या—स्त्री०[सं० जालंधर+अण्-ङीप्, जालंधरी और विद्या व्यस्त पद] इन्द्र-जाल।

जाल—पुं० [सं०√जल् (घात)+ण; बँ०पं०जाल्; सिं० जारु; गु० जाडू;

मरा० जाळें] [स्त्री० अल्पा० जाली] १. धागे, सुतली आदि की बुनी हुई वह छेदोंवाली रचना जो चिड़ियाँ, मछलियाँ आदि फँसाने के काम आती है।

मुहा०—जाल डालना या फैलाना=मछलियाँ आदि पकड़ने के लिए जलाशय या नदी में जाल छोड़ना। जाल फैलाना या बिछाना=चिड़ियों, पशु-पक्षियों आदि को फँसाने के लिए जाल लगाना। २. उक्त के आधार पर छेदोंवाली कोई रचना जिसमें कोई चीज फँसती या फँसाई जाती हो। जैसे—मकड़ी का जाल (जाला)। ३. बुनी या बनाई हुई कोई छेदोंवाली रचना। जैसे—टेनिस या फुटबाल के खेल में खंभों में बाँधा जानेवाला जाल। ४. झरोखा। ५. जाल की तरह का तंतुओं, रेखों आदि का उलझा हुआ रूप। जैसे—जटा या जड़ों का जाल। ६. रेखा या रेखाओं के आकार की वस्तुओं के एक दूसरे को काटते हुए मिलने से बननेवाला उक्त प्रकार का रूप। जैसे—(क) किसी देश में बिछा हुआ नदियों का जाल। (ख) साड़ी में बना हुआ जरदोजी के तारों का जाल। ७. आपस में गुथी हुई तथा दूर तक फैली हुई चीजों का विस्तार या समूह। जैसे—पथ जाल। ८. लाक्षणिक अर्थ में, कोई ऐसी युक्ति जिसके कारण कोई दूसरा व्यक्ति प्रायः असावधानता के कारण धोखा खाता हो। जैसे—तुम्हारे जाल में वे भी फँस जायँगे। मुहा०—(बातों के संबंध में) जाल बिछाना या फैलाना=कोई ऐसी युक्ति निकालना जिससे कोई दूसरा व्यक्ति धोखा खा जाय। (व्यक्ति के संबंध में) जाल बिछाना=स्थान-स्थान पर किसी को पकड़ने के लिए व्यक्ति खड़े करना। ९. इंद्र-जाल। १०. अभिमान। घमंड। ११. वनस्पतियों आदि को जलाकर तैयार किया हुआ क्षार। खार। १२. कबंध का वृक्ष। १३. फूल की कली।† १४. पुरानी चाल की एक प्रकार की तोप। पुं० [अ० जअल मि० सं० जाल] [वि० जाली] १. कोई दुष्ट उद्देश्य सिद्ध करने के लिए किसी वास्तविक वस्तु का तैयार किया हुआ नकली रूप। २. विविध क्षेत्र में, ऐसे पत्र, लेख आदि जो वास्तविक न होने पर भी वास्तविक के रूप में उपस्थित करना। (फोरजरी)

जालक—पुं० [सं०√जल् (संघरण)+घञ्,√कै (प्रतीत होना)+क] १. चिड़ियाँ, मछलियाँ आदि फँसाने का जाल। २. घास, भूसा आदि बाँधने का जाल। ३. झुंड। समूह। ४. कली। ५. झरोखा। ६. केला। कदली। ७. चिड़ियों का चाँसला। ८. अभिमान। घमंड। ९. गले में पहनने का मोतियों का एक गहना।

जाल-कारक—पुं०[ष० त०] मकड़ा।

जालकि—पुं०[सं०] १. जाल लगाकर पशु-पक्षी या मछलियाँ पकड़नेवाला व्यक्ति। २. बाज। ३. मकड़ा। ४. जौहरी।

जालकिनी—स्त्री०[सं० जालक+इनि-ङीप्] भेड़ी। मेषी।

जालकिरण—स्त्री०[हिं० जाल+किरण] बहु पेटी जिसके ऊपर परतला लगा हो और नीचे तल्ला लटकती हो।

जालकी (किन्)—पुं०[सं० जालक+इनि] बादल। मेघ।

जाल-गीट—पुं० [ब० स०] १. मकड़ी। २. [मध्य० स०] मकड़ी के जाल में फँसा हुआ कीड़ा।

जाल-गर्दभ—पु०[मध्य० स०] एक क्षुद्र रोग जिसमें शरीर में सूजन, ज्वर आदि होते हैं। (सुश्रुत)।

जाल-जीवी (विन्)—पुं० [सं० जाल√जीव् (जीना)+णिनि] मछुआ। धीवर।

जालदार—वि० [हिं० जाल+फा० दार] १. जिसमें जाल की तरह बहुत से छोटे-छोटे छेद हों। जालीदार। २. (वस्त्र) जिस पर धागों अथवा जरदोजी आदि के तारों का जाल बुना हुआ हो। जैसे—जालदार साड़ी।

जालना†—स०=जलाना।

जाल-पाद—पुं०[ब० स०] १. हंस। २ एक प्राचीन देश। ३. ऐसा जंतु या पक्षी जिसके पैर जालीदार झिल्ली से ढके हों। जैसे—चमगादड़, बत्तख आदि।

जाल-प्राया—स्त्री०[ब० स०] कवच। जिरह-बकतर।

जालबंद—पु०[हिं० जाल+फा० बंद] एक प्रकार का गलीचा जिस पर कढ़ी हुई बहुत-सी लताओं, बेल-बूटों आदि के एक दूसरे को काटने के कारण जाल-सा बन जाता है।

जाल-बदरुक—पु[मध्य० स०] बबूल की जाति का एक प्रकार का पेड़।

जाल-रंध्र—पुं० [ब० स०] जालीदार खिड़की। झरोखा।

जालव—पुं० [सं०] एक दैत्य जिसका वध बलदेव जी ने किया था। (पुराण)

जालसाज—पु० [अ० जअल+फा० साज] ऐसा व्यक्ति जो धोखा देकर अपना काम निकालने के लिए किसी असल चीज की जगह वैसी ही नकली चीज तैयार करता हो।

जालसाजी—स्त्री०[फा०] १. जाल साज होने की अवस्था या भाव। २. जालसाज का वह काम जो जाल के रूप में हो।

जाला—पुं०[सं० जाल][स्त्री० अल्पा० जाली] १ घास भूसा आदि बाँधने की बड़ी जाली। २. बहुत से तंतुओं का वह विस्तार जो मकड़ी अपना शिकार फँसाने के लिए दीवारों के कोनों आदि में बनाती है। ३. आँख का एक रोग जिसमें अंदर की ओर मैल के बहुत से तंतु इधर-उधर फैल कर दृष्टि में बाधक होते हैं। ४. सरपत की जाति की एक घास जिससे चीनी साफ की जाती है। ५. पानी रखने का मिट्टी का एक प्रकार का घड़ा।
†पुं०=जाल।
*स्त्री०=ज्वाला।

जालाख—पु० [सं० जाल-अक्षि ब० स०,पच्] झरोखा। गवाक्ष।

जालिक—पु० [सं० जाल+ठन्-इक] १. वह जो रस्सियों आदि का जाल बनाता या बुनता हो। २. वह जो जाल में जीव-जंतु फँसाता हो। बहेलिया। ३. बाजीगर। इंद्रजालिक। ४. मकड़ी। (डिं०)

जालिका—स्त्री०[सं० जाल+ठन्-इक्, टाप्] १. जाली। २. पाश। फंदा। ३. विधवा स्त्री। ४. मकड़ी। ५. कवच या जिरह-बक्तर। ६. लोहा। ७. झुंड। समूह।

जालिनी—स्त्री०[सं० जाल-इनि-ङीप्] १. कद्दू, घीया, तरोई आदि फल जिनकी तरकारी बनती है। २. परवल की लता। ३. चित्रशाला। ४. प्रमेह के रोगियों को होनेवाला एक रोग जिसमें मांसल अंगों में फुन्सियाँ होती हैं।

जालिनी-फल—पुं०[ष० त०] तरोई। घीया।

जालिम—वि० [अ०] जुल्म अर्थात् अत्याचार करनेवाला। अत्याचारी।

जालिमाना—वि०[अ०] अत्याचार-संबंधी। अत्याचारपूर्ण।

जालिया—पुं०[अ० जअल=फरेब+इया (प्रत्य०)] वह जो नकली दस्तावेज आदि बनाकर जालसाजी करता हो और इस प्रकार दूसरों की सम्पत्ति छीनता हो। जालसाज।

†पुं० [हिं० जाल+इया (प्रत्य०)] वह जो जाल में जीव-जंतु फँसाकर जीविका चलाता हो।

जाली—स्त्री०[हिं० जाल] १. कोई ऐसी रचना जिसमें प्रायः नियत और नियमित रूप से थोड़ी दूर पर छेद या कटाव हो। जैसे—दीवार में बनी हुई सीमेंट की जाली। २. एक प्रकार का कपड़ा जिसमें उक्त प्रकार के बहुत छोटे-छोटे छेद होते हैं। ३. कच्चे आम के अंदर का तंतुजाल। ४. वह क्षेत्र जिसका पानी ढलकर किसी नदी में मिलता हो। ढलान। (कैचमेंट एरिया) ५. दे० 'रंध्र' (किले का)। ६. कुट्टी या चारा काटने का गड़ांसा। ७. डोरियों आदि की वह जालदार रचना जिसमें घास-भूसा आदि बाँधते हैं।

वि० जो जाल रचकर धोखा देने के लिए बनाया गया हो। झूठा और नकली या बनावटी। जैसे—जाली दस्तावेज, जाली सिक्का।

जालीदार—वि० [देश०] (रचना) जिसमें जाली कटी या बनी हो।

जाल्म—वि० [सं० √जल् (दूर करना) + णिच् + म] १. नीच। २. मूर्ख।

जाल्मक—वि०[सं० जाल्म+कन्] १. घृणित। २. नीच।

जाव†—पुं०=जवाब।

जावक—पुं०[सं० यावक] १. अलता। अलक्तक। २. मेंहदी।

जावत—अव्य०=यावत्।

जावन—पुं०=जामन।

जावन्य—पुं०[सं० जवन+ष्यञ्] १. तेजी। वेग। २. जल्दी। शीघ्रता।

जावर†—पुं०[?] १. ऊख के रस में पकाई हुई एक प्रकार की खीर। २ कद्दू के टुकड़ों के साथ पकाया हुआ चावल।

जावा—पुं० [हिं० जामन या जमना] वह मसाला जिससे शराब चुआई जाती है। पाँस। बेसवार।

जावित्री—स्त्री०[सं० जातिपत्री] जायफल के ऊपर का सुगंधित छिलका जो दवा, मसाले आदि के काम आता है।

जावक—पुं०[सं०√जस् (छोड़ना)+ण्वुल्-अक, पृषो० षत्व] पीला चंदन।

जाविणी—यक्षिणी।

जासु—सर्व०[हिं० जो] १. जिसको। जिसे। २. जिसका।

जासू—पुं०[देश०] वे पान जो मदक बनाने के लिए अफीम में मिलाये जाते हैं।

*सर्व०=जासु।

जासूस—पुं०[अ०] वह व्यक्ति, जो प्रायः छिपकर अपराधियों, प्रतिपक्षियों आदि की काररवाइयों का पता लगाता हो। गुप्तचर। भेदिया।

जासूसी—स्त्री०[अ०] १. जासूस होने की अवस्था या भाव। २. जासूस का काम, पद या विद्या।

वि० १. जासूस संबंधी। २. (साहित्य में उपन्यास, कहानी आदि) जिसमें जासूसों की कारगुजारियों का उल्लेख हो।

जासौं—अव्य०[हिं० जासु] १. जिसकी ओर। २. जिस ओर।

उदा०—जासौं वै हेरहिं चख नारी।। बाँक नैन जनु हनहिं कटारी। —जायसी।

सर्व० जिसको।

जास्ती—वि०=ज्यादा।

स्त्री०=ज्यादती।

जास्पति—पुं० [सं० जाया-पति ष० त०, नि० सिद्धि।] जामाता। दामाद।

जाह—पुं० [फा०] १. पद। पदवी। २. वैभव। ३. गौरव। मर्यादा।

जाहक—पुं० [सं०√दह् (चमकना)+ण्वुल्—अक, पृषो० सिद्धि] १. गिरगिट। २. जोंक। ३. घोंघा। ४. बिस्तर। बिछौना।

जाहर पीर—पुं०[फा० जहर+पीर] १४ वीं शताब्दी के पंजाब के एक प्रसिद्ध संत जो विषवैद्य भी थे। पंजाब तथा मारवाड़ में अब भी नाग-पंचमी के दिन इनकी धूमधाम से पूजा की जाती है।

जाहि—स्त्री०[सं० जाति] मालती नामक लता और उसका फूल।

जाहिद—पुं०[अ०] ऐसा व्यक्ति जो सांसारिक प्रपंचों, बखेड़ों, बुराइयों आदि से दूर रहकर ईश्वर का ध्यान करता हो।

जाहिर—वि०[अ०] जो स्पष्ट रूप से सबके सामने हो। २. प्रकट। ज्ञात। विदित।

जाहिरदारी—स्त्री०[अ०] केवल ऊपर से दिखाने के लिए (शुद्ध हृदय से नहीं) किया जानेवाला सद्व्यवहार। दिखौआ शिष्टाचार।

जाहिरा—क्रि० वि०[अ०] ऊपर से देखने पर।

वि० ऊपर या बाहर से दिखाई देनेवाला।

जाहिरी—वि०[अ०] १. जो जाहिर हो। २. ऊपर या बाहर से दिखाई देनेवाला। ३. ऊपरी। दिखौआ। बनावटी।

जाहिल—वि०[अ०] जो न तो पढ़ा-लिखा हो और न समझदार हो। निरा अशिक्षित और मूर्ख।

जाहिली—स्त्री०[अ०] जाहिल होने की अवस्था या भाव। मूर्खता।

जाही—स्त्री० [सं० जाती] १. चमेली की जाति का एक पौधा। २. उक्त पौधे के छोटे सुगंधित फूल। ३. एक प्रकार की आतिशबाजी जिसमें से उक्त प्रकार के फूल छूटते हैं।

जाहूत—पुं०[अ० लाहूत का अनु०] ऊपर के नौ लोकों में से अंतिम या नवाँ लोक। (मुसल०)

जाह्नवी—स्त्री०[सं० जह्नु+अण्-ङीप्] जह्नु ऋषि की पुत्री। गंगा।

जिंगिनी—स्त्री०[√जिंग् (गति)+णिनि—ङीप्] जिंगिन का पेड़।

जिंगी—स्त्री० [सं०√जिंग्+अच् ङीष्] मजीठ।

जिंद—पुं०=जिन (भूत-प्रेत)।

स्त्री०=जंद (फारस की पुरानी भाषा)।

†स्त्री०=जिंदगी। (पंजाब)

जिंदगानी—स्त्री०[फा०] जिंदगी।

जिंदगी—स्त्री०[फा०] १. जीवित रहने की अवस्था। जीवन। २. पूरी आयु या जीवन-काल।

मुहा०—जिंदगी के दिन पूरे करना=जैसे-तैसे या बहुत कष्ट से जीवन बिताना।

३. निश्चिंत और प्रसन्न रहने की मनोवृत्ति।

जिंदा—वि०[फा० जिंदः] १. जिसमें जीवन या प्राण हो। जीवित।

२. जिसमें जीवनी-शक्ति हो। सक्रिय और सचेष्ट। ३. प्रफुल्ल। हरा-भरा।

पद—जिन्दाबाद=अमर हो। सदा जीवित रहे।

जिंदादिल—वि० [फा०] [भाव० जिंदादिली] १. (व्यक्ति) जो सदा प्रसन्न रहता हो। हँसमुख। २. उत्साही।

जिंदु—स्त्री०=जिंदगी।

जिंदाना†—स०=जिमाना।

जिंस—स्त्री०[फा० जिन्स] १. चीज। पदार्थ। २. गेहूँ, चावल आदि अनाज। ३. जीवों, पदार्थों आदि की जाति, प्रकार या वर्ग।

जिंसवार—पुं०[फा०] पटवारियों या लेखपालों का वह कागज जिसमें वे परताल के समय खेत में बोई हुई फसल का नाम लिखते हैं।

जिंसी लगान—पु०[हि० जिंस+लगान] १. पकी हुई फसल का वह अंश जो जमींदार या सरकार की ओर से लगान के रूप में लिया जाय। २. जिंस के रूप में लगान उगाहने की प्रथा।

जिअना†—पुं०[सं० जीवन] १. जीवन। २. जल। अ०=जीना (जीवित रहना)।

जिआ—स्त्री० पुं०=जिया।

जिआना†—स० १=जिलाना। २=पालना।

जिउ†—पु०=जीव।

जिउका†—स्त्री० दे० 'जीविका'।

जिउकिया—पुं०[सं० जीविका] किसी विशिष्ट कार्य से जीविका निर्वाह करनेवाला व्यापारी; विशेषतः जंगलों और पहाड़ों से चीजें लाकर नगरों में बेचनेवाला व्यापारी।

जिउतिया—स्त्री०=जीवित-पुत्रिका (व्रत)।

जिउलेवा†—वि० [सं० जीव+हि० लेना] जीवन या प्राण लेनेवाला। प्राण-घातक।

जिकड़ी—स्त्री०[देश०] व्रज में गाये जानेवाले एक तरह के गीत जिनमें दो दल में प्रायः होड़ बद कर एक दूसरे के प्रश्नों का उत्तर देते हैं।

जिकिर†—पु०=जिक्र।

जिक्र—पुं०[अ०जिक्र] १. किसी घटना या विषय का विवेचनात्मक वर्णन। चर्चा। २. भाषण, लेख आदि में होनेवाला किसी असंबद्ध या गौण घटना या विषय का उल्लेख। संक्षिप्त कथन। ३. परमात्मा के नाम का स्मरण। (सूफी संप्रदाय)

जिगन—स्त्री०=जिगिन।

जिगर—पु०[स० यकृत् से फा०] १. कलेजा। यकृत्। २. साहस। हिम्मत। ३. चित्त। मन। ४. किसी चीज का वह भीतरी अंश जिसमें उसका सार भाग रहता हो। जैसे—इमारती लकड़ी का जिगर।

जिगर कीड़ा—पुं०[फा० जिगर+हि० कीड़ा] १. भेड़ों आदि का एक रोग जिसमें उनके कलेजे में कीड़े पड़ जाते हैं। २. उक्त रोग का कीड़ा।

जिगरा†—पु०[हि० जिगर] वह मनोभाव जिसके कारण मनुष्य बिना भय-भीत हुए बहुत बड़ा और प्रायः विकट काम करने के लिए उद्यत होता है।

जिगरी—वि० [फा०] १. जिगर-संबंधी। जिगर का। २. आंतरिक और हार्दिक। जैसे—जिगरी बात। ३. अभिन्न हृदय। घनिष्ठ। जैसे—जिगरी दोस्त।

जिगिन—स्त्री० [स० जिगनी] एक प्रकार का जंगली पेड़।

जिगीषा—स्त्री० [स० √जि (जीतना)+सन् द्वित्वादि, +अ—टाप्] १ किसी पर विजय प्राप्त करने अथवा किसी को अधीन या वशीभूत करने की इच्छा। २. लड़ने-भिड़ने या युद्ध करने की इच्छा। ३. उद्योग। प्रयत्न।

जिगीषु—वि० [स०√जि+सन्, द्वित्वादि,+उ] १. (व्यक्ति) जिसमें जिगीषा हो। विजय का इच्छुक। २ युद्ध करने या चाहनेवाला। युयुत्सु।

जिगुरन—पु० [देश०] चकोरों की एक जाति।

जिघांसक—वि० [सं०√हन् (मारना)+सन्, द्वित्वादि√ण्वुल्—अक] (व्यक्ति) जो किसी का वध करना चाहता हो।

जिघांसा—स्त्री० [स०√हन्+सन्, द्वित्वादि, +अ—टाप्] वध करने की इच्छा।

जिघांसु—वि० [सं०√हन् +सन्, द्वित्वादि, +उ]=जिघांसक।

जिघ्र—वि०[स०√घ्रा (सूँघना)+श, जिघ्र आदेश] १ सूँघनेवाला। २. शंका या संदेह करनेवाला।

जिच—स्त्री०[फा० जिच्च] १. शतरंज के खेल में वह स्थिति जिसमें बादशाह की शह तो न लगे पर उसके चलने के लिए कोई घर न रह जाय। २. उक्त के आधार पर प्रतियोगिता, विवाद मे उत्पन्न होनेवाली ऐसी स्थिति जिसमें दोनो पक्ष अपनी-अपनी बात पर अड़े रहें और समझौते आदि के लिए आगे कोई रास्ता न दिखाई देता हो। (डेड-लॉक)

जिजिया—स्त्री०=जीजी।

†पुं०=जजिया (मुसलमानी कर)।

जिजीविषा—स्त्री० [स०√जीव् (जीना)+सन्, द्वित्वादि,+अ—टाप्] जीने की इच्छा।

जिजीविषु—वि०[सं०√जीव्+सन् द्वित्वादि,+उ] जो अधिक समय तक जीवित रहना चाहता हो।

जिज्ञासा—स्त्री० [सं०√ज्ञा (जानना)+सन् द्वित्वादि, +अ—टाप्] १. मनुष्य की वह इच्छा या भावना जिसके कारण वह नई तथा अद्भुत चीजों, बातो आदि के संबध मे जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रवृत्त होता है। २. जानने अथवा जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी से कुछ पूछना।

जिज्ञासित—भू० कृ०[स०√ज्ञा+सन्, द्वित्वादि,+क्त] (वस्तु या विषय) जिसके संबध मे किसी से जिज्ञासा की गई हो। पूछा हुआ।

जिज्ञासु—वि०[स०√ज्ञा+सन्, द्वित्वादि, +उ] १. जिज्ञासा करनेवाला। २. (वह) जो किसी विषय के संबध मे नई बातों का पता लगा रहा हो।

जिज्ञासु—वि० =जिज्ञासु।

जिज्ञास्य—वि० [सं०√ज्ञा+सन्, द्वित्वादि, +ण्यत्] १. जिसके संबंध में जिज्ञासा की जाय। २. जिज्ञासा किये जाने के योग्य।

जिठाई†—स्त्री०=जेठाई।

जिठानी—स्त्री०=जेठानी।

जित्—वि०[सं० (पूर्व पद रहने पर) √जि (जीतना)+क्विप्, तुक्] यौगिक शब्दों में, जिसने किसी को जीत लिया हो। जैसे—इन्द्र-जित् (जिसने इंद्र को जीता हो)।

पुं० जीत। विजय।

क्रि० वि० जिस ओर। जिधर।

जितना—वि० [सं० द्वयत् अथवा हिं० जिस+तना (प्रत्य०)] [वि० स्त्री० जितनी] जिस मान, मात्रा या संख्या में हो या हो सकता हो। जैसे—(क) जितना धन चाहो लुटा दो। (ख) जितने लड़के आये हैं उनमें मिठाई बाँट दो।

क्रि० वि० जिस मात्रा या परिमाण में। जैसे—जितना चाहो उतना बोलो। स०=जीतना।

जित-मन्यु—वि० [ब०स०] जिसने क्रोध आदि मनोविकारों को जीत लिया हो।

जितरा†—पु०[हिं० जिता] वह कृषक जो किसी दूसरे कृषक की मजदूरी करने के बदले उससे हल, बैल आदि लेकर अपने खेत जोतता हो।

जित-लोक—वि०[ब० स०] (वह) जिसने स्वर्ग को जीत लिया हो।

जितवना*—स० [हिं०-जताना का पुराना रूप] जतलाना। परिचित कराना। उदा० -जितवत जितवत हित हिए किये तिरीछे नैन। बिहारी। स०=जितावना (जीत कराना)।

जितवाना—स०[हिं० जीतना का प्रे० रूप] दूसरे की जीत कराना।

जितवार†—वि० [हिं० जीतना] १. जीतनेवाला। विजेता। २.जितेंद्रिय।

जितवैया†—वि०[हिं० जीतना +वैया] जीतने या विजय प्राप्त करनेवाला।

जित-शत्रु—वि०[ब० स०] जिसने शत्रु पर विजय पाई हो।

जित-स्वर्ग—वि०[ब० स०] जिसने स्वर्ग को जीत लिया हो।

जिता†—वि०=जितना।

पुं० [हिं० जोतना] वह सहायता जो किसान लोग परस्पर जोताई, बोआई आदि के समय करते हैं।

जिताक्ष—वि०[जित-अक्ष, ब० स०] जितेंद्रिय।

जिताक्षर—वि० [जित-अक्षर, ब० स०] अच्छी तरह पढ़ने-लिखनेवाला।

जितात्मा (त्मन्)—वि० [जित-आत्मन् ब० स०] जितेंद्रिय।

जिताना—स० [हिं० जीतना का प्रे० रूप] १. ऐसा काम करना जिससे कोई दूसरा जीत जाय। २. कुश्ती जीतने में किसी की सहायता करना।

जितारा†—वि०[स० जित्वर] १. जीतनेवाला। विजेता। २. प्रबल। बलवान। ३. भारी। वजनी। (क्व०)

जितारि—वि० [जित-अरि, ब० स०] १. शत्रुओं को जीतनेवाला। २. काम, क्रोध आदि मनोविकारों को जीतनेवाला।

पु०गौतम बुद्ध का एक नाम।

जिताष्टमी—स्त्री०[सं० जिता-अष्टमी, कर्म० स०] आश्विन कृष्ण अष्टमी जिस दिन हिन्दू स्त्रियाँ अपने पुत्रों के कल्याण के लिए उपासना, व्रत आदि करती हैं। जीवित-पुत्रिका।

जिति—स्त्री०[स०√जि (जितना)+क्तिन्] १. जीत। विजय। २. प्राप्ति। लाभ।

जितुम—पुं०[यू० डिड्युमाइ] मिथुन राशि।

जितेंद्रिय—वि०[जित-इंद्रिय, ब० स०] जिसने अपनी इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर ली हो। अर्थात् उन्हें अपने वश में कर लिया हो।

जितै*—क्रि० वि०[सं० यत्र, प्रा० यत्त] जिस ओर। जिस दिशा में। जिधर।

जितैया*—वि० [हिं० जीतना+ऐया (प्रत्य०)] जीतनेवाला।

जितो†—क्रि० वि०[हिं० जिस] जितना।

जित्तम—पुं०[यू० डिड्माइ] मिथुन राशि।

जित्य—पुं०[सं०√जि+क्यप्, तुक्] [स्त्री० जित्या] १ एक प्रकार का बड़ा हल। २. पाटा। हेंगा।

जित्या—स्त्री० [सं० जित्य+टाप्] १. विजय। २. प्राप्ति। लाभ। ३. हल और उसका फाल।

जित्वर—वि० [सं०√जि+क्वरप्, तुक्] वह जिसे विजय मिली हो। जीतनेवाला। विजयी।

जित्वरी—स्त्री० [सं० जित्वर+ङीप्] काशी पुरी का एक प्राचीन नाम।

जिद—स्त्री० [अ० जिद] [वि० जिद्दी] १. अपनी बात किसी से पूरी कराने के लिए उस पर अड़े रहने और दूसरे की बात न मानने की अवस्था या भाव। हठ। २. अनुचित रूप से किसी बात के लिए किया जानेवाला आग्रह या हठ। दुराग्रह।

क्रि० प्र०—करना।—चढ़ना।—ठानना।—पकड़ना।—बाँधना।

जिदियाना—अ० [हिं० जिद] जिद करना।

स० किसी को जिद करने में प्रवृत्त करना।

जिद्द†—स्त्री०=जिद।

जिद्दन्—क्रि० वि० [अ०] जिद अर्थात् दुराग्रह या हठ करते हुए।

जिद्दी—वि० [फा०] वह जो बहुत अधिक जिद (दुराग्रह या हठ) करता हो और दूसरों की बात न मानता हो। दुराग्रही।

जिधर—क्रि० वि० [हिं० जिस्+धर (प्रत्य०)] जिस ओर। जिस तरफ। जैसे—जिधर जी चाहे, उधर चले जाओ।

पद—जिधर-तिधर=अधिकतर स्थानों में। जहाँ-तहाँ।

जिन—पुं० [सं०√जि+नक्] १. विष्णु। २. सूर्य। ३. गौतम बुद्ध। ४. जैनों के एक तीर्थंकर।

वि० १. जयी। २. राग-द्वेष आदि को जीतनेवाला। ३. बहुत बुद्धू।

वि० सर्व० हिं० 'जिस' का विभक्ति युक्त बहु-वचन रूप। जैसे—जिन (लोगों) को चलना हो, वे यहाँ आ जायँ।

पु० [फा०] भूत-प्रेत।

जिनगी†—स्त्री०=जिंदगी।

जिनस†—पुं०=जिंस।

जिना—पुं० [अ० जिना] पर-पुरुष या पर-स्त्री से होनेवाला अनुचित-संबंध। छिनाला। व्यभिचार।

जिनाकार—वि० [अ० जिना+फा० कार] [भाव० जिनाकारी] पर-स्त्री गमन करनेवाला।

जिना-बिल-जब्र—पुं० [अ०] पर-स्त्री से बलात् किया जानेवाला संभोग जो विधिक दृष्टि से बहुत बड़ा अपराध है। बलात्कार।

जिनि—अव्य० [हिं० जनि] मत। नहीं।

जिनिस—स्त्री०=जिंस।

जिनिसदार—पुं०=जिंसवार।

जिनेंद्र—पुं० [जिन-इंद्र, ष० त०] १. एक बुद्ध। २. एक जैन संत।

जिन्नात—पुं० [अ० 'जिन' का बहु० रूप] भूत-प्रेत आदि।

जिन्नी—वि० [अ०] जिन या भूत संबंधी।

पुं० वह व्यक्ति जिसके वश में कोई जिन या भूत हो।

जिन्न—स्त्री०=जिंस ।
जिन्ह†—सर्व०=जिन ।
पुं०=जिन (भूत-प्रेत)।
जिप्सी—पुं० [ई० जिप्ट (मिस्र देश)] १. भारतीय मूल से उत्पन्न एक यायावर जाति जो पहले मिस्र देश में रहती थी और जो अब संसार के अनेक भागों में फैल गई है। २. उक्त जाति का व्यक्ति।
जिबह*—पुं०=जबह ।
जिब्या†—स्त्री०=जिह्वा (जीभ)।
जिब्रील—पुं० [अ० जिब्रईल] इस्लाम में, एक देव-दूत ।
जिमखा†—वि० [हिं० जीभ+का (प्रत्य०)] चटोरा।
जिमखाना—पुं० [अं० जिमनास्टिक में का जिम+फा० खानः] वह सार्वजनिक स्थान जहाँ तरह-तरह के खेलाड़ी इकट्ठे होकर व्यायाम करते और शारीरिक श्रम के खेल खेलते हों।
जिमाना—स० [हिं० जीमना का स० रूप] भोजन कराना। खिलाना।
जिमि—क्रि० वि० [हिं० जिस+इमि (प्रत्य०)] जिस प्रकार से। जैसे।
जिमित—पुं० [सं०√जिम् (खाना) +क्त] भोजन ।
जिमींदार—पुं०=जमींदार ।
जिम्मा—पुं० [अ० जिम्म:] १. किसी वस्तु के संरक्षण का भार। २. कोई कार्य संपादित करने या कराने का भार। ३. किसी प्रकार के परिणाम या फल की जवाबदेही। उत्तरदायित्व।
जिम्मादार (दार)—पुं० [भाव० जिम्मादारी (दारी)] जिम्मेदार।
जिम्मेदार—पुं० [फा०] वह जिस पर किसी कार्य, वस्तु अथवा और किसी बात की जवाबदेही हो।
जिम्मेदारी—स्त्री० [फा०] जिम्मेदार होने की अवस्था या भाव।
जिम्मेवार—वि० [भाव० जिम्मेवारी]=जिम्मेदार ।
जिय†—पुं० [सं० जीव] जी। चित्त। मन ।
जियन†—पुं० =जीवन ।
जिय-बध*—वि० [सं० जीव+वध] जीवों को बधने या उनकी हत्या करनेवाला। हत्यारा।
पुं० जल्लाद ।
जियरा*—पुं० [हिं० जी] मन। हृदय ।
जिया—स्त्री० [हिं० जी या जिलाना] दूध पिलानेवाली धाई। (मुसल० स्त्रियाँ)
पुं०=जी (मन)।
जिया जंतु†—पुं०=जीव-जंतु ।
जियादा—वि० [भाव० जियादती] =ज्यादा।
जियान†—पुं० [अ०] १. नुकसान। हानि। २. आर्थिक हानि। घाटा।
जियाना†—स०=जिलाना। (पूरब)
जिया पोता—पुं०=पुत्र जीवा (पेड़)।
जियाफत—स्त्री० [अ०] १. आतिथ्य। मेहमानदारी। २. दावत। भोज।
जियारत—स्त्री० [अ० जियारत] मुसलमानों में, किसी महापुरुष अथवा किसी पवित्र स्थान के दर्शनार्थ की जानेवाली यात्रा ।
जियारतगाह—पुं० [जियारत+फा० गाह] १. धार्मिक दृष्टि से वह पवित्र और पूज्य स्थान जहाँ लोग दर्शन, पूजन आदि के लिए जाते हों।
जियारती—वि० [फा० जियारती] १. जियारत (दर्शन, पूजन आदि) से संबंध रखनेवाला। २. जियारत करने के लिए कहीं जानेवाला।
जियारी†—स्त्री० [हिं० जिय=जीव] १. जीवन । जिंदगी। २. जीविका। ३. जीवट। साहस। हिम्मत।
जिरगा—पुं० [फा० जिरगः] १. दल। मंडली । २. पठानों आदि में किसी एक ही कुल, परिवार आदि के ऐसे लोगों का समूह जो प्रायः एक ही क्षेत्र या स्थान में रहते हों। ३ उक्त प्रकार के लोगों की सामूहिक सभा या सम्मेलन ।
जिरण—पुं० [सं०√जिर् (हिंसा करना) +क्यूट्--अन्] जीरा ।
जिरह—पुं० [अ० जुरह] १. व्यर्थ में किया जानेवाला तर्क। २. न्यायालय में, किसी की कही हुई बातों की सत्यता की जाँच के लिए की जानेवाली पूछ-ताछ।
स्त्री० [फा० जिरह] लोहे की कड़ियों का बना हुआ एक प्रकार का जाल जिसे युद्ध के समय छाती पर पहना जाता था।
जिरही—वि० [हिं० जिरह] (योद्धा) जिसने जिरह पहना हो।
जिराअत—स्त्री० [अ० जिराअत] खेती। कृषि।
क्रि० प्र०—करना।
पद—जिराअत पेशा=किसान। खेतिहर ।
जिराफा—पुं० [अं० जेराफ़] अफ्रीका के जंगलों में रहनेवाला हिरन की जाति का एक पशु ।
जिरायत—स्त्री०=जिराअत ।
जिरिश्ता—पुं० [हिं० जीरा] एक प्रकार का धान जिसमें से निकलनेवाले चावल जीरे के समान छोटे तथा पतले होते हैं।
जिला—स्त्री० [अ०] १. अच्छी तरह साफ करके खूब चमकाने की क्रिया या भाव। २. उक्त प्रकार से उत्पन्न की हुई चमक-दमक। ओप।
क्रि० प्र०—करना।—देना।
पुं० [अ० ज़िलअ] १. प्रदेश। प्रांत। २. आज-कल किसी राज्य का वह छोटा विभाग जो किसी एक प्रधान अधिकारी (कलक्टर या डिप्टी कमिश्नर) की देख-रेख में हो और जिसमें कई तहसीलें हों। ३. किसी इलाके या प्रदेश का कोई छोटा विभाग। ४. किसी बात या विषय की वह निश्चित सीमा जिसका उल्लघन अनुचित माना जाता हो। जैसे—जिले की दिल्लगी=शिष्ट-सम्मत परिहास ('छूट की दिल्लगी' से भिन्न)।
जिलाकार—पुं० [अ० जिला+फा० कार] धातुओं को माँजकर तथा रोगन आदि के द्वारा उन्हें चमकानेवाला कारीगर ।
जिला-जज—पुं० [अ० ज़िला+अं० जज] न्यायालय में, वह अधिकारी जिसे जिले भर के दीवानी और फौजदारी मुकदमों की अपीलें सुनने का अधिकार होता है।
जिलाद—पुं० [?] पुरानी चाल का एक प्रकार का चमड़े का बाजा।
जिलादार—पुं०=जिलेदार ।
जिलादारी—स्त्री०=जिलेदारी ।
जिलाना—स० [हिं० जीना का स०] १. मृत शरीर को फिर से जीवित करना। जीवन डालना या देना। २. मरते हुए को मरने से बचाना।

३. ऐसा उपाय, प्रयत्न या व्यवस्था करना जिसमें कोई अच्छी तरह जीवित रह सके। ४. (पशु-पक्षी आदि) पालना-पोसना। ५. धातु की भस्म को फिर से धातु के रूप में परिवर्तित करना। (कल्पित)

जिला बोर्ड—पुं० [अ० जिला+अं० बोर्ड] वह अर्द्ध सरकारी संस्था जिसे किसी जिले की जनता चुनती है और जो स्थानीय प्रशासन तथा लोक-सेवा संबंधी कार्य करती है।

जिलासाज—पुं० [फा०] धातुओं के बरतनों, हथियारों आदि पर ओप चढ़ानेवाला कारीगर।

जिलाह*—वि० [अ० जल्लाद ?] अत्याचारी।

जिलेदार—पुं०[फा०]मध्य युग में, बड़े जमींदारों या छोटे राजाओं का वह अधिकारी जो किसी छोटे भू-भाग या जिले की देख-रेख करता और वहाँ से कर, लगान आदि वसूल करता था।

जिलेदारी—स्त्री० [फा०] जिलेदार का काम, पद या भाव।

जिलेबी†—स्त्री०=जलेबी।

जिल्द—स्त्री० [अ०] [वि० जिल्दी] १. शरीर के ऊपर की खाल या चमड़ा। त्वचा। २. कागज, चमड़े आदि से मढ़ी हुई वह दफ्ती जो किसी पुस्तक के ऊपर और नीचे उसके पृष्ठों की रक्षा के लिए लगाई जाती है।

क्रि० प्र०—चढ़ाना।—बाँधना।—मढ़ना।

३. पुस्तक की प्रति। ४. पुस्तक का ऐसा खंड जो अलग भाग के रूप में हो। भाग।

जिल्दगर—पुं० [फा०] जिल्द बंद।

जिल्दबंद—पुं० [फा०] पुस्तकों पर जिल्दें बाँधनेवाला कारीगर।

जिल्दबंदी—स्त्री० [फा०] जिल्द बाँधने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

जिल्दसाज—पु० [फा०] [भाव० जिल्दसाजी] जिल्द बाँधनेवाला व्यक्ति। जिल्दबंद।

जिल्दसाजी—स्त्री० [फा०] जिल्द बाँधने का काम या पेशा।

जिल्दी—वि० [अ०] त्वचा संबंधी। जैसे—जिल्दी-बीमारी।

जिल्लत—स्त्री० [अ०] अपमानित, तिरस्कृत और तुच्छ या दुर्दशा-ग्रस्त होने की अवस्था या भाव। दुर्गति।

क्रि० प्र०—उठाना।

जिल्ली—पुं०[देश०] बाँसों की एक जाति।

जिल्होर—पुं० [देश०] एक प्रकार का अगहनी धान।

जिव†—पुं०=जीव।

जिवड़ा—पुं० [सं० जीव] प्राण। उदा०—स्याम बिना जिवड़ो मुरझावे। —मीराँ।

जिवड़ी—स्त्री० [सं० जीव] शरीर। उदा०—जो हहाँ परि पालै जिवड़ी।—गिरीराज।

जिवाँना†—स० १. =जिमाना। २. =जिलाना।

जिवाजिव—पुं० [सं०=जीव+जीव, पृथो० सिद्धि] चकोर (पक्षी)।

जिवाना*—स० १.=जिलाना। २. =जिमाना।

जिष्णु—वि० [सं०√ जि(जीतना)+स्नु] विजय प्राप्त करनेवाला। जेता। विजयी।

पुं० १. विष्णु। २. सूर्य। ३. इंद्र। ४. वसु। ५. अर्जुन।

जिस—वि० [सं० यः, यस्] हिंदी विशेषण 'जो' का वह रूप जो उसे विभक्ति से युक्त विशेष्य के पहले लगने पर प्राप्त होता है। जैसे—जिस व्यक्ति को, जिस जीवन का, जिस नौकर ने, जिस कमरे में आदि। सर्व० हिं० सर्वनाम 'जो' का वह रूप जो उसे विभक्ति लगने से पहले प्राप्त होता है। जैसे—जिसने, जिससे, जिस पर, जिसमें, जिसको आदि।

यह—जिसका तिसका=किसी निश्चित व्यक्ति का नहीं। चाहे किसी व्यक्ति का। जैसे—सारी संपत्ति जिसकी तिसकी हो जायगी।

जिसिम—पुं०=जिस्म (शरीर)।

जिस्त—वि० [?] १. बड़ा। २. भारी। उदा०—अग्य जिस्त उचिष्ट करै, क.तर कृत ह.रिय।—चन्दबरदाई।

जिस्ता—पुं० १=जस्ता। २=दस्ता।

जिस्म—पुं० [फा०] [वि० जिस्मानी] १. देह। बदन। शरीर। २. स्त्री या पुरुष का गुप्त अंग। भग या लिंग। (क्व०)।

जिस्मानी—वि० [फा०] जिस्म या शरीर से संबंध रखने या उसमें होने-वाला। शारीरिक।

जिस्मी—वि०=जिस्मानी।

जिह्म—स्त्री० [फा०, सं० ज्या] धनुष का चिल्ला। ज्या।

वि०, सर्व०=जिस। उदा०—जिह जिह विधि रीझे हरी सोई विधि कीजै हो।—मीराँ।

जिह्मन—पुं० [अ० जिहन]=जेहन (बुद्धि)।

जिह्माद—पुं० [अ०] [वि० जिहादी] १. धार्मिक उद्देश्य की सिद्धि के लिए किया जानेवाला युद्ध। २. वह युद्ध जो मध्य-युग में मुसलमान अपने धार्मिक प्रचार करने के लिए दूसरे धर्मावलम्बियों से करते थे। मुहा०—जिहाद का झंडा खड़ा करना=मजहब के नाम पर लड़ाई छेड़ना।

जिहादी—वि० [अ०] १. जिहाद-संबंधी। २. जिहाद करनेवाला।

जिहानक—पुं० [सं०√हा (गति)+शानच्, +कन्] प्रलय।

जिहालत—स्त्री०=जहालत (मूर्खता)।

जिह्मासा—स्त्री० [सं०√हा (त्यागना) +सन् द्वित्वादि+अ—टाप्] त्याग की इच्छा।

जिहासु—वि० [सं०√हा +सन्, द्वित्वादि+उ] त्याग की इच्छा रखनेवाला।

जिहीर्षा—स्त्री० [सं०√हृ(हरण करना) +सन्। द्वित्वादि+अ—टाप्] हरने या हरण करने की इच्छा।

जिहीर्षु—वि० [सं०√हृ+सन् द्वित्वादि,+—उ] हरण करने की इच्छा या कामना करनेवाला।

जिह्म—वि० [सं०√हा (त्याग)+मन्, सन्वद्भाव, द्वित्वादि] १. टेढ़ा। वक्र। २. क्रूर। निर्दय। ३. कपटी। छली। ४. दुष्ट। पाजी। ५. खिन्न। दुःखी। ६. धीमा। मंद।

पुं० १. अजर्म। २. तगर का फूल।

जिह्मग—वि० [सं० जिह्म+√गम् (जाना) +ड] १. टेढ़ी-तिरछी चाल चलनेवाला। २. धीमी चाल से चलनेवाला। ३. चालबाज। धूर्त।

पुं० सर्प। साँप।

जिह्म-गति—वि० [ब० स०] जिसकी गति या चाल टेढ़ी हो। टेढ़ा चलनेवाला।

पुं० साँप ।

जिह्वामणी (णिन्)—वि० [सं० जिह्वा√गम्+णिनि] [स्त्री० जिह्वा-गामिनी]=जिह्वग ।

जिह्वता—स्त्री० [सं० जिह्व+तल्—टाप्] १. टेढ़ापन। वक्रता । २. धीमापन । मंदता । ३. कुटिलता। ४. दुष्टता। ५. धूर्त्तता।

जिह्वाग्र—वि० [जिह्वा-अग्र] टेढ़ी या तिरछी आँखवाला । ऐंचा या भेंगा ।

जिह्वित—वि० [सं०जिह्व+इतच्] १ टेढ़ा। २. घूमा हुआ। ३ चकित। विस्मित ।

जिह्वीकृत—वि० [सं० जिह्व+च्वि√कृ (करना) +क्त, दीर्घ] झुकाया या टेढ़ा किया हुआ ।

जिह्वुक—पु० [सं० √ह्वे (बुलाना) +ड, द्वित्वादि,+कन्] एक प्रकार का सन्निपात रोग जिसमें रोगी से स्पष्ट बोला नही जाता और उसकी जीभ लड़खड़ाती है । इसके रोगी प्रायः गूगे या बहरे हो जाते हैं ।

जिह्वल—वि० [स० जिह्व√ला (लेना) +क] चटोरा ।

जिह्वा—स्त्री० [स०√लिह् (चाटना)+व, नि० सिद्धि] १. जीभ। २. आग की लपट ।

जिह्वाग्र—पुं० [जिह्वा--अग्र, ष० त०] जीभ का अगला भाग । वि० (कथन, बात या विषय) जो जीभ के अगले भाग पर अर्थात् हर समय उपस्थित या प्रस्तुत रहे । जैसे--सारी गीता उन्हें जिह्वाग्र है।

जिह्वाच्छेद—पुं० [ष० त०] वह दंड जिसमे किसी की जीभ काट ली जाती है।

जिह्वाजप—वि० [तृ० त०] एक प्रकार का जप जिसमें केवल जीभ हिले ।

जिह्वाप—वि० [सं० जिह्वा√पा (पीना) +क] जीभ से जल पीनेवाला। जैसे- -कुत्ता, गदहा, घोडा आदि।

जिह्वामूलीय—वि० [सं० जिह्वा—मूल ष० त०, +छ—ईय] १. जो जिह्वा के मूल से संबध रखता या उसमें होता हो। २. (व्याकरण में उच्चारण की दृष्टि से वर्ण) जिसका उच्चारण जीभ के मूल या बिलकुल पिछले भाग से होता है । जैसे—यदि क या ख से पहले विसर्ग हो तो क या ख का उच्चारण (जैसे—दुःख में के 'ख' का उच्चारण) जिह्वा-मूलीय हो जाता है ।

जिह्वा-रव—पु० [ब० स०] पक्षी ।

जिह्वा-रोग—पुं० [ष० त०] जीभ में होनेवाले रोग जो सुश्रुत मे ५ प्रकार के माने गये हैं।

जिह्वालिह्—पु० [जिह्वा√लिह् (चाटना) +क्विप्] कुत्ता ।

जिह्विका—स्त्री० [सं० जिह्वा+ठन्--इक, टाप्] जीभी।

जिह्वोल्लेखनी—स्त्री० [जिह्वा—उल्लेखनी, ष० त०] जीभी।

जींगन†—पुं० —जुगनू ।

जी—पुं० [सं० जीव] चित्त, मन, हृदय, विशेषतः इनका वह पक्ष या रूप जिसमें इच्छा, कामना, दुःख-सुख, प्रवृत्ति, सकल्प-विकल्प, साहस आदि का अवस्थान होता है ।

विशेष—'जी' हमारे शारीरिक अस्तित्व, रुचि, विचार आदि सभी का प्रतिनिधित्व करता या प्रतीक होता है, और इसी लिए अनेक अवसरों पर कलेजा, चित्त, जान, मन, हृदय आदि से संबद्ध कुछ मुहावरे भी 'जी' के साथ चलते और प्रायः उसी प्रकार के अर्थ देते हैं। जैसे—**जी** या मन उदास या दुःखी होना, जी या मन फिर जाना, जी या चित्त चाहना, जी या मन करना या चाहना, जी या मन का बुखार निकालना आदि।

पद—जी का-जीवटवाला। साहसी। हिम्मती। **जी चला**=मन-चला। (देखे) **जी जानता है**--हृदय ही अनुभव करता है, कहा नहीं जा सकता है। **जी से**- चित्त या मन लगाकर। पूरी तरह से ध्यान देते हुए।

मुहा०—जी अच्छा होना शारीरिक आरोग्य के फल-स्वरूप चित्त शात, सुखी और स्वस्थ होना। **(किसी व्यक्ति पर) जी आना**=शृंगारिक दृष्टि से, मन मे किसी के प्रति अनुराग या प्रेम उत्पन्न होना। **जी उकताना या उचटना** किसी काम, बात या स्थान से प्रवृत्ति या मन हटना और विकलता या विरक्ति होना। **जी काँपना**-मन ही मन बहुत अधिक भय होना। **जी उड़ जाना**=आशंका, भय आदि से चित्त सहसा व्यग्र हो जाना। धैर्य और होश-हवास जाता रहना। **जी करना या चाहना**-कुछ करने, पाने आदि की इच्छा या प्रवृत्ति होना। **(किसी बात से) जी काँपना**=बहुत अधिक दुर्भावना या भय होना। बहुत डर लगना। **जी का बुखार निकालना**-कुछ कठोर बातें कहकर मन में दबा हुआ कष्ट या सताप दूर या हल्का करना। **जी का बोझ हल्का होना**-इच्छा पूरी होने, खटका या चिंता दूर होने आदि पर मन निश्चिंत और स्वस्थ होना। **जी की जी में रहना** अभिलाषा, कामना अथवा ऐसी ही और कोई बात पूरी न होना और मन में ही रह जाना। **जी की निकालना** (क) मन मे दबी हुई कटु या कठोर बात मुँह से कहकर जी हल्का करना। (ख) जी की उमग, वासना या हौसला पूरा करना। **जी को पड़ना**=प्राण बचाना कठिन हो जाना। **(किसी के) जी को जी समझना**-दूसरे को क्लेश न पहुँचाना दूसरे पर दया करना। **जी को मार कर रखना**=प्रवृत्ति, वासना आदि को दबा या रोककर रखना। **(कोई बात) जी को लगना**-(क) चिंता आदि का मन मे घर करना या स्थायी होना। (ख) मन पर पूरा प्रभाव डालना। जैसे—उनकी बात हमारे जी मे लग गई। **(किसी के) जी को लगना**—किसी के पीछे पड़ना। किसी को सुख से न रहने देना। जैसे—यह लड़का तो स्त्रियों के लिए जी को लग जाता है। **जी खटकना**=मन मे कुछ आशका या खटका होना। **(किसी से) जी छूटा होना**—किसी की ओर से (कष्ट पहुँचने पर) चित्त या मन में विरक्ति उत्पन्न होना। **जी खपाना**-बहुत अधिक परिश्रम या सिर-पच्ची करना। **जी खरा-खोटा होना**=मन कभी स्थिर और कभी चंचल होना। यह निश्चय न कर पाना कि अमुक अच्छा काम करें या अमुक बुरा काम। **जी खोलकर**-(क) खूब अच्छी या पूरी तरह से और शुद्ध हृदय से। यथेच्छ। जैसे—जी खोलकर दान देना या बाते करना। **जी गिरा जाना** जी बैठा जाना। **जी घबराना**=मन में विकलता, व्यग्रता आदि उत्पन्न होना। **(किसी चीज पर) जी चलना**=कुछ पाने या लेने की इच्छा या प्रवृत्ति होना। **जी चाहना**=इच्छा या कामना होना। **जी चुराना**=कोई काम करने से बचने के लिए इधर-उधर हटना या होना। **जी छूटना**-(क) मन में उत्साह, साहस आदि न रह जाना। (ख) पिंड या पीछा छूटना। छुटकारा मिलना। जैसे—चलो, इस झगड़े से तो जी छूटा। **जी छोटा करना**=(क)

निराश या विफल होने पर उदास या खिन्न होना। (ख) उदारता के भावों से रहित या संकीर्णता के विचारों से युक्त होना। **जी छोड़ना** =हृदय की दृढ़ता या साहस खोना। हिम्मत हारना। **जी छोड़कर भागना**=अपने बचाव या रक्षा के लिए पूरी शक्ति से दूर निकल जाने का प्रयत्न करना। **जी जलना**=चित्त बहुत ही दुःखी और संतप्त होना। मन में बहुत अधिक कष्ट या संताप होना। **(किसी का) जी जलाना**= किसी को बहुत अधिक दुःखी और संतप्त करना।

मुहा०—**(किसी काम में) जी जान लड़ाना या जी जान से लगना**=किसी कार्य या प्रयत्न में अपनी सारी शक्ति लगा देना। **(कोई काम या बात) जी जान को या जी जान से लगना**=किसी काम या बात की इतनी अधिक चिंता होना कि हर समय उसका ध्यान बना रहे या उसकी सिद्धि का प्रयत्न होता रहे। **(किसी ओर) जी टँगा या लगा रहना**=हर समय चिंता बनी रहना और ध्यान लगा रहना। **जी टूट जाना**=उत्साह भग हो जाना। नैराश्य होना। **जी ठंडा होना**=अभिलाषा पूरी होने से चित्त शांत और संतुष्ट होना। प्रसन्नता होना। **(किसी में) जी डालना** =(क) मृत शरीर में प्राणों का सचार करना। (ख) किसी के मन में आशा, उत्साह, बल आदि का संचार करना। **(किसी के) जी में जी डालना**=प्रेम, सौहार्द आदि दिखाकर किसी को अपनी ओर अनुरक्त करना। **जी डूबना या ढहा जाना**=चिंता, निराशा, व्याकुलता आदि के कारण बहुत ही शिथिल और हतोत्साह होना। **जी दहलना**=मन मे कुछ भय का सचार होना। **जी दुखना**=मन मे कष्ट या दुःख होना। **(किसी के लिए) जी देना**=किसी पर जीवन या प्राण निछावर करना। **जी दौड़ना**=कुछ करने या पाने के लिए मन का प्रवृत्त होना। **जी बैठा जाना**=दे० 'जी बैठा जाना।' **जी धक धक करना या धड़कना**= भय या आशंका से चित्त का स्थिर न रहना और उसमे धड़कन होना। **जी निकलना**=प्राणों के निकलने की-सी अनुभूति या कष्ट होना। (व्यय) जैसे—रुपया खरच करते हुए तो इनका जी निकलता है। **जी निढाल होना**=दुःख, चिंता शिथिलता आदि के कारण चित्त ठिकाने न रहना। **(किसी से) जी पक जाना**=बहुत दुःखी या संतप्त होने के कारण बहुत अधिक उदासीनता या विरक्ति हो जाना। **जी पकड़ा जाना**=लुटका, विपत्ति आदि बात सुन या सभावना देखकर मन में बहुत चिंता और विकलता होना। **जी पर आ बनना**=किसी घटना या बात के कारण ऐसी स्थिति होना कि प्राणों पर संकट आ जाय और फलतः सुख शान्ति का अंत हो जाय। **जी पर खेलना**=कोई विकट काम पूरा करने के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा देना। अपना जीवन संकट में डालना। **(किसी से) जी फट जाना**=किसी से बहुत दुःखी होने के कारण पूरी तरह से विरक्त हो जाना। **(किसी की ओर से) जी फिर जाना**=चित्त का उदासीन, खिन्न और विरक्त हो जाना। **(किसी से) जी फीका होना**=किसी के साथ होनेवाले व्यवहार या संबंध में पहले की-सी सरसता न रह जाना। **जी बँधना**=(क) मन लगाकर कोई काम करते रहने की दशा में किसी बाधा के कारण चित्त या ध्यान इधर-उधर होना। (ख) दे० 'जी बहलना'। **(किसी ओर अथवा) जी बढ़ाना**=अपना ध्यान, मन या विचार किसी ओर प्रवृत्त करना। **(किसी का) जी बढ़ाना**=प्रोत्साहित करना। बढ़ावा देना। **जी बहलना**=ऐसा काम या बात करना जिससे खिन्न, चिंतित या दुःखी मन कुछ समय के लिए प्रसन्न हो और खेद, चिंता या दुःख न रह जाय अथवा कम हो जाय। **जी बिगड़ना या बुरा होना**=(क) उदासीनता खिन्नता या विरक्ति होना। (ख) कै या उलटी करने को जी चाहना। मिचली होना। (ग) मन में कोई अनुचित या बुरा भाव उत्पन्न होना। **जी बैठा जाना**=आशंका, चिंता, दुर्बलता आदि के कारण आंतरिक शक्ति या साहस का बहुत ही क्षीण होने लगना। **जी भर आना**=करुणा आदि के कारण मन का द्रवित होना। **जी भरकर**=जितना जी चाहे उतना। मनमाना। यथेष्ट। **(किसी काम, चीज या बात की ओर से) जी भर जाना**=(क) कटु अनुभव होने के कारण प्रवृत्ति न रह जाना। (ख) भोग आदि की अधिकता के कारण मन में पहले का सा अनुराग या उत्साह न रह जाना। **(अपना जी) भरना**=संदेह आदि दूर करके आश्वस्त, निश्चित या सतुष्ट होना। **(किसी का) जी भरना**= किसी की शका, सदेह आदि दूर करके उसका पूरा समाधान करना। **जी भरभराना**=करुणा आदि के कारण हलका सा रोमांच होना। **जी भारी होना**=रोग आदि के आगमन से कुछ पहले मन में अस्वस्थता का बोध होना। **जी भिटकना** घृणा का अनुभव होने के कारण मन में विरक्ति होना। **जी मलमलाना**=विवशता की दशा मे मन में खेद और पछतावा होना। **जी मारना**=कामना, वासना आदि का दमन करना। **जी मिचलाना या मितलाना**=उलटी या कै करने की इच्छा या प्रवृत्ति होना। **(किसी से) जी मिलना**=प्रकृति, व्यवहार आदि की अनुकूलता दिखाई देने पर परस्पर प्रीति और सद्भाव उत्पन्न होना। **जी मे आना**=किसी काम या बात की इच्छा, कामना या प्रवृत्ति होना। जैसे—जो हमारे जी में आयेगा, एह हम करेंगे। **जी में घुमना, गड़ना या धर करना**=बहुत ही प्रिय और सुखद होने के कारण मन मे अपने लिए विशिष्ट स्थान बनाना। **जी मे जी आना**=चिंता भय आदि का कारण दूर होने पर मन निश्चिन्त और शांत होना। **जी में जी डालना**=चिंता, भय आदि का कारण दूर करके आश्वस्त और निश्चिंत करना। **(कोई बात) जी में धरना**=किसी बात या विचार को अपने मन मे स्थान देना और उसके अनुसार आचरण करने का निश्चय करना। **(कोई बात) जी में बैठना**=बिलकुल उचित या ठीक जान पड़ना। मन पर पूरा प्रभाव होना। **(कोई बात) जी में रखना**=अपने मन में छिपा या दबाकर रखना। जल्दी किसी पर प्रकट न होने देना। **(किसी का) जी रखना**=इसलिए किसी का अनुरोध या आग्रह मान लेना कि वह अपने मन में दुःखी या हताश न हो। **(किसी काम में) जी लगना**= अनुकूल, रुचिकर आदि जान पड़ने के कारण यथेष्ट रूप से तत्पर या सलग्न होना। काम में अच्छी तरह चित्त लगाना। **(किसी व्यक्ति से) जी लगना**=अनुराग या प्रेम होना। **(किसी ओर) जी लगा रहना** =चिंता आदि के कारण बराबर ध्यान लगा रहना। **जी लरजना**=दे० 'जी काँपना'। **जी ललचाना**=कुछ पाने के लिए मन में बहुत अधिक लालच या लोभ होना। **(किसी का) जी लुभाना**=किसी को मोहित करके अपनी ओर आकृष्ट करना। **(किसी का) जी लेना**=(क) बातों ही बातों में किसी की इच्छा, प्रवृत्ति या विचार का पता लगाने का प्रयत्न करना। (ख) जीवन या प्राण लेना। **जी सन्न होना**= बहुत अधिक घबराहट, चिंता आदि के कारण स्तब्ध हो जाना। **जी से उतर जाना**=कटु अनुभव होने या दोष आदि दिखाई देने पर

किसी वस्तु या व्यक्ति के प्रति होनेवाला अनुराग नष्ट हो जाना। जी से उतरना=जीवन या प्राण गवाँना। मरना। (किसी व्यक्ति या वस्तु से) जी हट जाना=पहले का-सा अनुराग या प्रवृत्ति न रह जाने के कारण उदासीनता या विरक्ति होना। जी हवा हो जाना=भय या आशंका आदि के कारण चित्त ठिकाने न रह जाना। होश-हवास गुम हो जाना। (किसी का) जी हाथ में करना, रखना या लेना=किसी को अपने अनुकूल या वश में करना या रखना। जी हारना=उत्साह, साहस आदि से रहित या हीन हो जाना। हिम्मत हारना। जी हिलना=(क) मन में करुणा, दया आदि का आविर्भाव होना। (ख) दे० 'जी बहलना'। जी ही में जी जलना=ईर्ष्या, क्रोध, दुर्भाव आदि के कारण मन ही मन बहुत दुःखी होना।

अव्य० १. धार्मिक स्थानों, मान्य व्यक्तियों आदि के अल्लों और नामों के पीछे लगनेवाला आदर-सूचक अव्यय। जैसे—गया जी, गाँधी जी, शुक्ल जी आदि। २. किसी के द्वारा बुलाये जाने पर उत्तर में कहा जानेवाला एक आदर-सूचक शब्द। जैसे—जी, शहर जा रहा हूँ।

३. किसी मान्य व्यक्ति के आदेश, कथन आदि के उत्तर में सहमति, स्वीकृति आदि ज्ञातलानेवाला अव्यय। जैसे—जी, ऐसी ही होगा।

जीउ*—पु० =जीव।

अव्य०=जी।

जीअन——पुं०=जीवन।

जीउ—पुं०=जीव।

जीकाब—पुं० [अ० जीक़ाद] हिजरी सन् के ग्यारहवें महीने का नाम।

जीगन*—पुं०=जुगनूँ।

जीगा—पुं० [तु०] कलगी। तुर्रा।

जीजना*—अ०=जीना (जीवित रहना)।

जीजा—पुं० [हिं० जीजी] भाई (या बहन) की दृष्टि में उसकी किसी बहन का पति। बहनोई।

जीजी—स्त्री० [सं० देवी, हिं० देई, दीदी] भाई (या बहन) की दृष्टि में, उसकी बड़ी बहन।

जीजूराना—पुं० [देश०] एक प्रकार की चिड़िया।

जीट—स्त्री० [हिं० सीटना] डींग।

जीत*—पुं०=जीवन।

जीत—स्त्री० [सं० जिति] १. युद्ध में, जीतने की अवस्था या भाव। विजय। २. उक्त के आधार पर, किसी प्रतियोगिता, मुठभेड़, शर्त आदि में मिलनेवाली या होनेवाली सफलता। ३. लाभ।

स्त्री० [?] जहाज में पाल का बुताम या बटन। (लश०)

जीतना—स० [हिं० जीत+ना (प्रत्य०)] १. युद्ध में शत्रु को हराकर विजय प्राप्त करना। विजयी होना। २. किसी प्रतियोगिता, मुठभेड़, शर्त में सफल होना। जैसे—दौड़ जीतना। ३. उक्त के आधार पर तथा जीत के उपलक्ष्य में कोई चीज प्राप्त करना। जैसे—देश जीतना, दौड़ में सफल होने पर पुस्तक या पुरस्कार जीतना।

जीता—वि० [हिं० जीना] १. जिसमें अभी जीवन या प्राण हो। जिन्दा। जीवित। २. तौल, नाप आदि के प्रसंग में, जो आवश्यक या उचित से थोड़ा अधिक या बढ़ा हुआ हो। जिंदा।

जीतालू—पुं० [सं० आलू] अरारोट।

जीता लोहा—पु० [हिं० जीना+लोहा] चुंबक।

जीति—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की लता जिसका मोटा तना धनुष की डोरी के रूप में काम में लाया जाता था।

जीन—पुं० [फा० जीन] १. घोड़े आदि की पीठ पर रखने की गद्दी। चारजामा। काठी। २. कजावा। पलान। ३. एक प्रकार का बढ़िया, मजबूत तथा मोटा सूती कपड़ा।

वि०=जीर्ण।

जीनत—स्त्री० [फा० जीनत] १. शोभा। २. सजावट।

जीनपोश—पु० [फा० जीन पोश] जीन पर बिछाया जानेवाला कपड़ा।

जीनपोशी—स्त्री०=जीनपोश।

जीन साजारी—स्त्री० [देश०] घोड़े की पीठ पर जीन रखकर की जानेवाली सवारी।

जीनसाज—पुं० [फा०] [भाव० जीनसाजी] घोड़ों की जीनें बनानेवाला कारीगर।

जीना—अ० [सं० जीवति, प्रा० जिअइ, जीअन्त, मरा० जिणे] १. जीवित रहना। काया या शरीर में प्राण रहना।

मुहा०—जीती मक्खी निगलना=जान-बूझकर कोई अनुचित और घृणित कार्य करना। **जीते जी मरना**=बहुत अधिक कष्ट भोगना। **जीना भारी हो जाना**=जीवन बहुत अधिक दुःखमय हो जाना।

पद—जीता जागता=जीवित और सशक्त। भला-चंगा। स्वस्थ।

जीते जी=जीवनकाल में। जीवित अवस्था में।

२. जीवन या जिन्दगी के दिन बिताना। ३. अभीष्ट फल या वस्तु प्राप्त होने पर बहुत अधिक प्रसन्न या प्रफुल्लित होना।

***वि० [स्त्री० जीनी]** १. जीर्ण। २. क्षीना।

पुं० [फा जीन] सीढ़ी।

जीपना*—स०[स० जिति] जीतना। उदा०—हल जीपिस्यै जू वाहि-स्यइ हाथ।—प्रिथीराज।

जीभ—स्त्री० [सं० जिह्वा, जिह्विका, प्रा० जिब्भा, जिब्भया, जैन प्रा० जिब्भा, जीहा] १. मुँह में तालु के नीचे का वह चिपटा, लंबा तथा लचीला टुकड़ा जिससे रसों का आस्वादन और ध्वनियों का उच्चारण किया जाता है। जबान। रसना।

पद—छोटी जीभ=गले के अंदर की घंटी। कौआ। गलशुंडी।

मुहा०—जीभ करना=ढिठाई से जवाब देना। **जीभ खींलना**=कुछ कहना। **जीभ चलना**=(क) विभिन्न वस्तुओं के स्वाद लेने की इच्छा होना। (ख) बहुत उग्र या कटु बातें कहना। **जीभ निकालना**=दंड देने के लिए जीभ उखाड़ना या काट लेना। (**किसी की**) **जीभ पकड़ना**=(क) किसी को कोई बात कहने न देना। किसी को विवश करना कि वह कोई विशिष्ट बात न कहे। (ख) किसी को उसकी कही हुई बात के पालन के लिए विवश करना। **जीभ हिलना**=मुँह से कुछ कहना। (**किसी की**) **जीभ के नीचे जीभ होना**=किसी का अपने सुभीते के अनुसार कई तरह की बातें कहना। अपने कथन या वचन का ध्यान न रखना।

२. जीभ के आकार की कोई चिपटी तथा लंबोतरी वस्तु। जैसे—निब।

जीभा—पु०[हिं० जीभ] १. जीभ के आकार की कोई बड़ी वस्तु। जैसे—कोल्हू का पच्चर। २. एक रोग जिसमें चौपायों की जीभ के कंटि कुछ

सूज तथा बढ़ जाते हैं और जिसके कारण उन्हें कुछ खाने में बहुत कष्ट होता है। ३. एक रोग जिसमें बैलों की आँख के आगे का मांस बढ़कर लटकने लगता है।

जीभी—स्त्री०[हिं० जीभ] १. धातु आदि का बना हुआ वह पतला बनुषाकार पत्तर जिससे जीभ पर जमी हुई मैल उतारी या छीली जाती है। २. मैल साफ करने के लिए जीभ छीलने को क्रिया। ३. कलम की निब। ४. छोटी जीभ। गलथुडी।

जीमट—पु०[सं० जीमूत=गोपण करनेवाला] पेड़, पौधे आदि की टहनी या घड़ में का गूदा।

जीमणवार—स्त्री०=ज्योनार।

जीमना—स०[सं० जेमन] कहीं बैठकर अच्छी तरह भोजन करना।

जीमूत—पु०[स०√जि (जीतना)+क्त, मूट्, दीर्घ]१. पर्वत। पहाड़। २. बादल। मेघ। ३. नागरमोथा। ४. देव-ताड़ नामक वृक्ष। ५. घोषा नाम की लता। ६. शाल्मलि द्वीप के एक वर्ष का नाम। ७. इन्द्र। ८. सूर्य। ९. विराट् की सभा का एक मल्ल। १०. एक प्रकार का दंडक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में दो नगण और ग्यारह रगण होते हैं।
वि० जीवित रखने या पोषण करनेवाला।

जीमूत-केतु—पु०[ष०स०] शिव।

जीमूत-फूट—पु०[ब०स०] पर्वत।

जीमूत भुक्ता—स्त्री०[मध्य०ब०] एक प्रकार का कल्पित मोती जिसकी उत्पत्ति बादलों से मानी गयी है।

जीमूत मूल—पुं०[ब०स०] गंधमूली।

जीमूत वाहन—पु०[सं०]इंद्र।

जीमूतवाही (हिन्)—पुं० [स० जीमूत+√वह् (ले जाना)+णिनि] धुआँ।

जीय†—पु०=जीव।

जीयट†—पुं०=जीवट।

जीयति†—स्त्री०[हिं० जीना] जीवन। जिंदगी।

जीयदान—पुं०=जीव-दान।

जीर—पुं०[सं०√जू (गति)+रक्, ई आदेश]१. जीरा। २. फूलों का केसर। ३. तलवार।
वि० जल्दी या तेज चलनेवाला।
पुं०[फा० जिरह] जिरह। कवच।
*वि०=जीर्ण।

जीरक—पुं०[सं० जीर+कन्] जीरा।

जीरण (रन)—वि०=जीर्ण।

जीरना*—अ०[सं० जीर्ण]१. जीर्ण या पुराना होना। उदा०—वह हाले वह जीरई साकर संग निबेदि।—कबीर।
२. कुम्हलाना। मुरझाना। ३. फटना।

जीरह—पुं०=जिरह।

जीरा—पुं०[सं० जीरक]१. एक पौधा जिसके सुगंधित छोटे फूल सुखाकर मसाले के काम में लाये जाते हैं। २. उक्त पौधे के सुखाये या सूखे हुए फूल। ३. उक्त आकार की कोई छोटी महीन गंधी चीज। ४. फूलों का केसर।

जीरिका—स्त्री०[सं०√जू (जीर्ण होना)+रिक, ई आदेश,+कन्—टाप्] वंशपत्री नामक घास।

जीरी—पुं०[हिं० जीरा]१. फूलों आदि का छोटा कण। २. एक प्रकार का लगहनी धान। ३. काली जीरी।

जीरोपद्म—पुं०[ब०स०] एक पौधा और उसका फूल।

जीर्ण—वि०[सं०√जृ+क्त, ईत्व, नत्व] [स्त्री० जीर्णा] १. जो बहुत पुराना होने के कारण इतना कट-फट या टूट-फूट गया हो कि ठीक तरह से काम में न आ सकता हो। जैसे—जीर्ण दुर्ग, जीर्ण वस्त्र। २. (व्यक्ति) जो बुढ़ापा होने के कारण अर्जर और शिथिल हो गया हो। ३. बहुत दिनों का पुराना। जैसे—जीर्ण रोग। ४. जो पुराना होने के कारण अपना महत्त्व गँवा चुका हो। जैसे—जीर्ण विचार। ५. पेट में पहुँचकर अच्छी तरह पचा हुआ। पचित या पाचित। जैसे—जीर्ण अन्न।

जीर्णक—वि०[सं० जीर्ण+कन्]=जीर्ण।

जीर्ण-ज्वर—पुं०[कर्म० स०] वैद्यक में, वह ज्वर जो २१ या अधिक दिनों तक आता हो। पुराना बुखार।

जीर्णता—स्त्री०[सं० जीर्ण+तल्—टाप्] १. जीर्ण होने की अवस्था या भाव। २. बुढ़ापा।

जीर्ण-दारु—पुं०[ब०स०] वृद्धदारक वृक्ष। विधारा।

जीर्ण-पत्र—पुं०[ब०स०] कदंब का पेड़।

जीर्ण-पत्रक—पुं०[कर्म०स०] वैक्रांत मणि।

जीर्णा—स्त्री०[सं० जीर्ण+टाप्] काली जीरी।

जीर्णि—स्त्री०[सं० जृ+क्तिन्, ईत्व, नत्व] १. जीर्णता। २. पाचन।

जीर्णोद्धार—पु०[सं० जीर्ण-उद्धार, ष०त०] किसी पुरानी वास्तु-रचना का फिर से होनेवाला उद्धार, सुधार या मरम्मत। टूटी-फूटी इमारत या चीज फिर से ठीक और दुरुस्त करना।

जील—स्त्री०[फा० जीर]१. धीमा या हलका शब्द। २. संगीत में, नीचा या मध्यम स्वर। ३. तबले आदि में का बाँया (बाजा)।

जीला†—वि०[सं० झिल्ली] [स्त्री० जीली] १. झीना। पतला। २. बारीक। महीन।

जीलमी—पुं०[अ०] एक प्रकार का लाल रंग।
वि० उक्त प्रकार का, लाल।

जीव-जीव—पुं० [सं० जीव√जीव् (जीना)+णिच्,+अच्, मुम्,+] १. चकोर पक्षी। २. एक वृक्ष का नाम।

जीवंत—पुं० [सं०√जीव्+झ—अन्त] १. जीवनी शक्ति। प्राण। २. औषध। दवा। ३. जीव नाम का साग।
वि० जिसमें प्राण हों। जीता जागता। जीवित।

जीवंतक—पुं०[सं० जीवंत+कन्] जीव शाक।

जीवंतिका—स्त्री०[सं० जीवंत+कन्—टाप्, इत्व]१. वह वनस्पति जो दूसरे वृक्षों पर रहकर और उन्हीं के शरीर से रस चूसकर फैलती या बढ़ती हो। बंदा। बांदा। २. गुडूची। गुरुच। ३. जीव नामक साग। ४. जीवंती लता। ५. एक प्रकार की पीली हरें। ६. शमी वृक्ष।

जीवंती—स्त्री० [सं० जीवंत+ङीष्] १. एक प्रकार की लता जिसकी टहनियों में बूर होता है और जिसकी पत्तियाँ दवा के काम में आती हैं।

२. एक प्रकार की पीली हरें। ३. गुडूची। गुरुच। ४. परमाछा। बाँदा। ५. शमी वृक्ष।

जीव—पु०[स०√जीव+घञ्] १. वह जिसमें चेतना और जीवन या प्राण हो और जो अपनी इच्छा के अनुसार खा-पी और हिल-डुल सकता हो। जीवधारी। प्राणी। २. प्राणियों में रहनेवाला चेतन तत्त्व। जीवात्मा। ३. ज्ञान। प्राण। ४. विष्णु। ५. बृहस्पति। ६. आश्लेषा नक्षत्र। ७. बकायन का पेड़।

जीवक—पु०[सं० जीव+कन्] १. जीवधारी। प्राणी। २. [√जीव्+णिच्+ण्वुल्—अक] बौद्ध क्षपणक या भिक्षु। ३. सूद-ब्याज से जीविका निर्वाह करनेवाला व्यक्ति। महाजन। ४. मनुष्य के वे सब कार्य जो सामूहिक रूप मे उसकी उन्नति या अवनति के सूचक होते हैं। (केरियर) ५. सेंवरा। ६ नौकर। सेवक। ७ पीतसाल नामक वृक्ष। ८. वैद्यक मे अष्ट-वर्ग के अन्तर्गत एक प्रकार का कद जो कामोद्दीपक और बलवर्द्धक कहा गया है।

जीवजीव—पु०[स०=जीवञ्जीव पृषो० सिद्धि] चकोर पक्षी।

जीवट—पुं०[स० जीवक] हृदय की वह दृढ़ता जिसके कारण मनुष्य साहसिक कार्यों मे निर्भय होकर अवृत्त होता है। दम। साहस। हिम्मत।

जीवड़ा—पु०[स० जीव] १. जीव, विशेषतः तुच्छ जीव। २. जीवन। ३. जोबट। ४. धोबी, नाई आदि को उनकी सेवाओं के बदले दिया जानेवाला अनाज।

जीवत्—वि०[√जीव्+शतृ] -जीवित। (मुख्यतः यौगिक पदों के आरम्भ मे, जैसे—जीवत्पति=सधवा स्त्री)

जीवति*—स्त्री० [स० जीवत्] जीविका।

जीवत्तोका—स्त्री०[जीवत-तोक ब०स०] वह स्त्री जिसके बच्चे जीते हों।

जीवत्पति—स्त्री०[ब० स०] वह स्त्री जिसका पति जीवित हो। सधवा या सौभाग्यवती स्त्री।

जीवत्पितृक—पुं० [ब० स० कप्] वह जिसका पिता जीवित हो।

जीवत्पुत्रिका—वि० [जीवत्-पुत्र ब० स०,+कन्—टाप् इत्व] (स्त्री) जिसका पुत्र या जिसके पुत्र जीवित हो अर्थात् वर्तमान हो।

जीवत्पुत्रिका-व्रत—पु०[स०] आश्विन कृष्ण अष्टमी को होनेवाला स्त्रियों का एक व्रत जो वे अपनी सन्तान के कल्याण की कामना से करती हैं।

जीवध—पुं० [सं०√जीव्+अध] १. जीवनी-शक्ति। प्राण। २. बादल। मेघ। ३. मोर। ४. कछुआ।
वि०१. दीर्घ-जीवी। २. धर्म-निष्ठ।

जीवद—वि० [सं० जीव√दा (देना)+क] जीवन या प्राण देनेवाला। पुं०१. वैद्य। २. जीवक पौधा। ३. जीवती। ४. शत्रु।

जीव-दया—स्त्री०[स०त०] जीवों पर उनके जीवन की रक्षा के विचार से की जानेवाली दया।

जीव-दान—पुं०[ष० त०] १. वश में आये हुए अपराधी या शत्रु को बिना उसके प्राण लिये छोड़ देना। २. किसी मरते हुए प्राणी की रक्षा करके उसे मरने से बचाना।

जीवद्भर्तृका—स्त्री० [स० जीवत्-भर्तृ ब० स० कप्-टाप्]=जीवत्पति।

जीवद्वत्सा—वि० स्त्री०[सं०जीवत्-वत्स, ब०स०] जिसका पुत्र जीवित हो।

जीव-धन—पु० [ब० स०] वह जो जीवों अर्थात् पशु-पक्षियों आदि को रखकर उनसे जीविका चलाता हो। वह जिसके लिए जीव या जानवर ही धन हो।
वि० जो किसी के जीवन का धन या सर्वस्व हो। परमप्रिय। जीवन-धन।

जीव-धातु—स्त्री०[ष० त०] कुछ विशिष्ट रासायनिक तत्त्वों से बना हुआ वह पारदर्शक स्वच्छ तत्त्व या धातु जिसमे जीवनी-शक्ति होती है और जो आधुनिक विज्ञान में जीवों, जंतुओं, वनस्पतियों आदि के भौतिक स्वरूप का मूल आधार माना जाता है। (प्रोटो प्लाज्म)

जीव-धानी—स्त्री०[ष०त०] वह आधार जिस पर जीव रहते हैं। पृथ्वी।

जीवधारी (रिन्)—वि०[स० जीव√धृ(धारण)+णिनि] (वह) जिसमें जीव अर्थात् जीवनीशक्ति हो। जीव-युक्त।
पुं० प्राणी।

जीवन—पु०[स०√जीव्+ल्युट्—अन] [वि० जीवित] १. वह नैसर्गिक शक्ति जो प्राणियों, वृक्षों आदि को अंगों और उपांगों से युक्त करके सक्रिय और सचेष्ट बनाती है और जिसके फलस्वरूप वे अपना भरण-पोषण करते हुए अपने वंश की वृद्धि करते है। आत्मा या प्राणों से पिंड या शरीर मे युक्त रहने की दशा या भाव। जान। प्राण।
विशेष—आधुनिक विज्ञान के मत से वह विशिष्ट प्रकार की क्रियाशीलता है जो समस्त जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों और मानव जाति में पाई जाती है। इसके ये मुख्य पाँच लक्षण माने गये है—गतिशीलता, अनुभूति या संवेदन, आत्मपोषण, आत्म-वर्धन और प्रजनन। जब तक भौतिक तत्त्वों मे बने हुए पिंड या शरीर मे आत्मा या प्राण रहते है, तब तक वह चेतन और जीवित रहता है। इसकी विपरीत दशा मे वह नष्ट हो जाता या मर जाता है। जिन प्राणों मे आत्मा या प्राण होते ही नहीं, वे अचेतन और निर्जीव कहलाते है।
२ किसी विशिष्ट रूप या शरीर मे आत्मा के बने रहने की सारी अवधि या समय। जिंदगी। जैसे—अमर या शाश्वत जीवन, पार्थिव या भौतिक जीवन। ३. किसी वस्तु या व्यक्ति के आदि से अन्त तक अथवा जन्म से मरण तक की सारी अवधि या समय। जैसे—(क) इस प्रकार के भवनों (या मंदिरों) का जीवन कई सौ वर्षों का होता है। (ख) बहुत से कीड़ों-मकोड़ों का जीवन कुछ घंटों या (दिनों) का होता है। ४. भौतिक शरीर में प्राणों के बने रहने की अवस्था या दशा। जैसे—(क) हमारे लिए यह जीवन-मरण का प्रश्न है। (ख) डूबे हुए बच्चे को तुरंत जल से निकाल कर उसमें फिर से जीवन लाया गया। ५. किसी प्राणी के अस्तित्व काल का वह विशिष्ट अंग, अश या पक्ष जिसमे वह किसी विशेष प्रकार से या विशेष रूप में रहकर अपने दिन बिताता हो। जैसे—(क) आध्यात्मिक या वैवाहिक जीवन। (ख) ग्राम्य, नागरिक, सभ्य या सैनिक जीवन। (ग) दरिद्रता या पराधीनता का जीवन। ६. किसी विशिष्ट प्रकार के क्रिया-कलाप, व्यवसाय या व्यापार में बिताई जानेवाली कोई अवधि या उसका कोई अंश। जैसे—(क) खेल-कूद या भोग-विलास का जीवन। (ख) बढ़इयों, लोहारों या सुनारों का जीवन। ७. वह तत्त्व, पदार्थ या शक्ति जो किसी दूसरे तत्त्व, पदार्थ या व्यक्ति का अस्तित्व बनाये रखने के लिए अनिवार्य अथवा उसे सुखमय रखने के लिए परम आवश्यक हो। जैसे—जल (या वायु) ही सब प्राणियों का जीवन है। ८. उक्त के आधार पर, कोई परम प्रिय वस्तु या व्यक्ति। उदा०—जीवन मूरि हमारी अली यह कौन कही तोहि नंद-लला है।—बलबीर। ९. वह जिसके किसी को

कुछ करने या अपना अस्तित्व बनाये रखने की पूरी प्रेरणा या शक्ति प्राप्त होती हो। जान। प्राण। जैसे—आप ही तो इस संस्था के जीवन हैं। १०. वह तत्त्व या बात जिसके वर्तमान होने पर किसी दूसरे तत्त्व या बात में यथेष्ट ऊर्जा, ओज आदि अथवा यथेष्ट वांछित प्रभाव उत्पन्न करने या फल दिखाने की शक्ति दिखाई देती है। जैसे—किसी जाति, दल या संगठन में दिखाई देनेवाला जीवन। ११. वायु। हवा। १२. जल। पानी। १३. नवनीत। मक्खन। १४. हड्डियों के अन्दर का गूदा। मज्जा। १५. जीविका निर्वाह का साधन। वृत्ति। १६. पुत्र। बेटा। १७. परमात्मा। परमेश्वर। १८. जीवक नामक ओषधि। वि० परम प्रिय। बहुत प्यारा।

जीवनक—पुं० [सं० जीवन+कन्] १. आहार। २. अन्न।

जीवन-कारण—पु०[ष०त०] न्याय-दर्शन में जीव या प्राणी के वे कृत्य या प्रयत्न जो बिना इच्छा, द्वेष आदि के आप से आप और प्राकृतिक रूप से बराबर होते रहते हैं। जैसे—श्वास, प्रश्वास आदि।

जीवन-चरित—पु०[ष०त०] १. सारे जीवन में किसी के किये हुए कार्यों आदि का विवरण। २. वह पुस्तक जिस में किसी के जीवन के मुख्य-मुख्य कार्यों का विवरण हो।

जीवन-चरित्र—पु०=जीवन-चरित।

जीवन-धन—वि०[ष०त०]१. जो किसी के जीवन का धन अर्थात् सर्वस्व हो। परम प्रिय। २. प्राणाधार। प्राण-प्रिय।

जीवन-नौका—स्त्री० [ष० त०] वह छोटी नौका जो बड़े जहाजों पर इसलिए रखी रहती है कि जब जहाज डूबने लगे तब लोग उस पर सवार होकर अपनी जान बचा सकें। (लाइफ-बोट)

जीवन-प्रभा—स्त्री० [ष० त०] आत्मा।

जीवन-प्रमाणक—पुं०[ष०त०] इस बात का प्रमाण कि अमुक व्यक्ति अमुक दिन या तिथि तक जीवित था अथवा इस समय जीवित है। (लाइफ-सर्टिफिकेट)

जीवन-बूटी—स्त्री०[स० जीवन+हि० बूटी]१. वह कल्पित जड़ी या बूटी जिसके संबंध में प्रसिद्ध है कि वह मरे हुए आदमी को जिला देती है। संजीवनी। २. लाक्षणिक अर्थ में, वह चीज जो किसी के जीवन का आधार हो। ३. प्राण-प्रिय वस्तु।

जीवनमूरि—स्त्री०=जीवन-बूटी।

जीवन-वृत्त—पु०[ष० त०] १. जीवन-चरित। जीवनी। २ किसी जीव या प्राणी के आदि से अंत तक की सब घटनाओं या बातों का वर्णन या इतिहास। (लाइफ-हिस्ट्री)

जीवन-वृत्तांत—पुं० [ष० त०] जीवन-वृत्त।

जीवनवृत्ति—स्त्री० [ष० त०] जीविका। रोजी।

जीवन-संग्राम—पुं० =जीवन-संघर्ष।

जीवन-संघर्ष—पुं०[ष० त०] प्रतिकूल परिस्थितियों में जीवित बने रहने या जीविका उपार्जन करने के लिए किया जानेवाला विकट प्रयत्न या प्रयास। (स्ट्रगल फार एक्जिस्टेन्स)

जीवन-हेतु—पुं० [ष० त०] जीविका। रोजी।

जीवनांत—पुं०[जीवन-अंत, ष० त०] जीवन का अंत अर्थात् मृत्यु।

जीवना—स्त्री० [सं०√जीव्+णिच्+युच्—अन, टाप्] १. महौषध। २. जीवंती लता।

†अ०=जीना (जीवित रहना)।

†स०=जीमना (भोजन करना)।

जीवनाधात—पुं० [स० जीवन-आधात, ब० स०] विष।

जीवनावास—वि० [स० जीवन-आवास, ब० स०] जल में रहनेवाला। पु० १. वरुण। २. देह। शरीर।

जीवनार्ह—पुं०[सं० जीवन-अर्ह, ष०त०] १. अन्न। २. दूध।

जीवनि—वि० [सं० जीवनी] १. (ऐसी ओषधि या वस्तु) जो किसी को जीवित रखने में विशिष्ट रूप से समर्थ हो। २. अत्यन्त प्रिय (वस्तु या व्यक्ति)।

स्त्री०१. संजीवनी बूटी। २. काकोली। ३. तिक्त जीवंती। डोडी। ४. मेदा नाम की ओषधि।

स्त्री० जीवनी।

जीवनी—स्त्री० [स० जीवन+ङीप्] १. काकोली। २. जीवंती। ३. महामेदा। ४. डोडी। तिक्त जीवंती।

स्त्री०=जीवन-चरित।

जीवनीय—वि० [सं०√जीव्+अनीयर्] १. जो जीवित रखने या रहने योग्य हो। जो सकनेवाला। २ जीवन या जीवनीशक्ति प्रदान करनेवाला। ३. अपनी जीविका आप चलानेवाला।

पु०१. जल। पानी। २. जयंती वृक्ष। ३. दूध। (डिं०)।

जीवनीय-गण—पु०[ष०त०] वैद्यक में बलकारक औषधों का एक वर्ग जिसके अंतर्गत अष्टवर्ग पर्णिनी, जीवंती, मधूक और जीवन नामक वनस्पतियाँ है।

जीवनीया—स्त्री० [सं० जीवनीय+टाप्] जीवंती नामक लता।

जीवनेत्री—स्त्री०[स० जीव√नी(ढोना)+तृच्—ङीप] सँहली वृक्ष।

जीवनोपाय—पु०[स० जीवन-उपाय ष०त०] जीवन के निर्वाह और रक्षा का उपाय या साधन। जीविका। रोजी।

जीवनौषध—स्त्री० [जीवन-औषध, ष० त०] वह औषध जिससे मरता हुआ प्राणी जी जाय। जीवन बूटी। संजीवनी।

जीवन्मुक्त—वि० [स०√जीव्+क्त, जीवत्-मुक्त कर्म० स०] [भाव० जीवन्मुक्ति] (जीव) जिसने आत्मज्ञान प्राप्त कर लिया हो और इसीलिए जो आवागमन के बंधन से मुक्त हो गया हो।

जीवन्मुक्ति—स्त्री० [सं० जीवत्-मुक्ति, ष० त०] जीवन्मुक्त होने की अवस्था या भाव।

जीवन्मृत—वि०[सं० जीवत्-मृत, कर्म०स०] (अधम प्राणी) जो जीवित होने पर भी मरे हुए के समान हो।

जीव-न्यास—पु० [ष० त०] मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा करते समय कहा जानेवाला एक मन्त्र।

जीव-पति—पुं० [ष० त०] धर्मराज।

जीव-पत्नी—स्त्री० [ष० स०] स्त्री, जिसका पति जीवित हो। सधवा।

जीव-पत्नी—स्त्री० [ब० स०, ङीप्] जीवंती नामक लता।

जीव-पुत्र—पुं०[ब० स०] [स्त्री० जीवपुत्रा] वह जिसका पुत्र जीवित हो।

जीवपुत्रक—पु०[सं० जीवपुत्र+कन्] १. जिया-पोता या पुत्रजीव नामक वृक्ष। २. इंगुदी का पेड़। हिंगोट।

जीव-पुत्रा—स्त्री० [ब० स०, टाप्] बड़ी जीवंती।

जीव-प्रजा—स्त्री० [ष० त०] आत्मा। रूह।

जीव-प्रिया—स्त्री० [ष० त०] हरीतकी। हर्रे।

जीवबंधु*—पुं०=जीवबधु।

जीव-बन्धु—पुं० [ष०त०] गुल दुपहरिया या बधूक नामक पौधा और उसका फूल।

जीव-भद्रा—स्त्री० [ब० स०, टाप्] जीवंती नामक लता।

जीव-मातृका—स्त्री० [ष० त०] १. वे सात देवियाँ जो जीवो का कल्याण, पालन आदि माता के समान करती हैं।

विशेष—ये सात देवियाँ हैं— कुमारी, धनदा, नंदा, विमला, मगला, बला और पद्मा।

२. उक्त देवियो में से हर एक।

जीव-याज्ञ—पु० [तृ० त०] वह यज्ञ जिसमें पशुओ की बलि दी जाती हो।

जीव-योनि—स्त्री० [कर्म० स०] १. सजीव सृष्टि। २. [ष० त०] जीव-जतु का वर्ग या समूह।

पुं० वह जीव या प्राणी जो इंद्रियो के द्वारा ज्ञान प्राप्त करता हो।

जीव-रक्त—पुं० [मध्य० स०] रजस्वला स्त्री की योनि से आनेवाला रक्त।

जीवरा*—पु०=जीव।

जीवरी†—स्त्री०=जीवन।

जीवला—स्त्री० [सं० जीव√ला (लेना)+क—टाप्] सिह-पिप्पली।

जीव-लोक—पु० [ष० त०] वह लोक जिसमे जीव रहते हों। भू-लोक।

जीव-वल्ली—स्त्री० [कर्म० स०] क्षीर काकोली (पौधा)।

जीव-विज्ञान—पु० [ष०त०] वह विज्ञान जिसमे जीवो की उत्पत्ति, विकास, शारीरिक रचना तथा उनके रहन-सहन के सबध मे विचार किया जाता है। इसी विज्ञान की शाखाओ के रूप में, वनस्पति विज्ञान, प्राणिविज्ञान, आकारिकी आदि की गिनती होती है। (बायलॉजी)

जीव-वृत्ति—स्त्री० [ष० त०] १ जीव की वृत्ति अर्थात् गुण, धर्म और व्यापार। २. [कर्म० स०] जीव-जतुओ का पालन-पोषण करके चलाई जानेवाली जीविका।

जीव-शाक—पु० [कर्म०स०] मलाया मे बहुतायत से पाया जानेवाला एक प्रकार का साग। सुसना।

जीव-शुक्ला—स्त्री० [कर्म० स०] क्षीर काकोली (पौधा)।

जीव-संक्रमण—पुं० [ष० त०] जीव का एक योनि से दूसरी योनि अथवा एक शरीर से दूसरे शरीर मे जाना।

जीव-साधन—पुं० [ष० त०] धान।

जीव-सुत—पुं० [ष०त०] [स्त्री० जीव-सुता] वह जिसका पुत्र जीवित हो।

जीवसू—स्त्री० [सं० जीव√सू (प्रसव) क्विप्] वह स्त्री जिसकी सन्तान जीवित हो।

जीव-स्थान—पुं० [ष०त०] हृदय, जिसमे जीव निवास करता है।

जीव-हत्या—स्त्री० [ष० त०] १. जीवों को मारने की क्रिया या भाव। २. धार्मिक दृष्टि से वह पाप जो जीवों को मारने से लगता है।

जीव-हिंसा—स्त्री० [ष०त०] जीव-हत्या।

जीवांतक—वि० [जीव-अतक, ष०त०] जीव या प्राण अथवा जीवो या प्राणियों का अन्त या नाश करनेवाला।

पुं० १. यमराज। २. वधिक। ३. बहेलिया। व्याध।

जीवा—स्त्री० [सं०√जीव्+णिच्+अच्—टाप्] १. एक सिरे से दूसरे सिरे तक जानेवाली सीधी रेखा। ज्या। २. धनुष की डोरी। ३. जीवंती नामक लता। ४. बच। बचा। ५. जमीन। भूमि। ६. जीविका। ७. जीवन।

जीवाकूत—स्त्री० =जीव-योनि।

जीवाणु—पु० [जीव-अणु, ष० त०] १. सेन्द्रिय जीवों का वह सूक्ष्म और बहुत सूक्ष्म रूप जो विकसित होकर नये जीव का रूप धारण करता है। २. जीवनी-शक्ति से मुक्त ऐसे अणु जो प्रायः अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न करते हैं। (जर्म)

जीवातु—पुं० [सं०√जीव्+आतु] वह ओषधि जिससे प्राणो की रक्षा होती हो। प्राण-दान करनेवाली ओषधि।

जीवातुमत्—पु० [स० जीवातु+मतुप्] आयुष्काम यज्ञ के एक देवता जिनसे आयुवृद्धि की प्रार्थना की जाती है।

जीवात्मा (त्मन्)—पुं० [जीव-आत्मन्, ष० त०] १. जीव या प्राणियों में रहनेवाली आत्मा। वह शक्ति जिसके कारण प्राणी जीवित रहते हैं। †२. हृदय। जैसे—किसी की जीवात्मा नहीं दुखानी चाहिए।

जीवादान—पु० [जीव-आदान, ष० त०] बेहोशी। मूर्च्छा।

जीवाधार—पु० [जीव-आधार, ष०त०] हृदय, जो आत्मा का आधार या आश्रय माना जाता है।

जीवानुज—पु० [जीव-अनुज, ष०त०] गर्गाचार्य मुनि जो बृहस्पति के वशज और किसी के मत से बृहस्पति के भाई कहे जाते हैं।

जीवावशेष—पु० [जीव-अवशेष, ष० त०]=जीवाश्म।

जीवाश्म (न्)—पु० [जीव-अश्मन्, ष० त०] बहुत प्राचीन काल के जीव-जतुओ, वनस्पतियो आदि के वे अवशिष्ट रूप जो जमीन की खोदाई करने पर निकलते हैं। जीवावशेष। पुराजीव। (फ़ासिल)

जीवाश्म-विज्ञान—पुं० [ष०त०] वह विज्ञान जिसमें इस बात का विवेचन होता है कि भिन्न-भिन्न प्राचीन युगों में कहाँ-कहाँ और किस प्रकार के जीव होते थे। पुराजैविकी। (पेलिएन्टालोजी)

जीवास्तिकाय—पुं० [जीव-अस्तिकाय, ष० त०] जैन दर्शन के अनुसार विशिष्ट कर्म करने और उनके फल भोगनेवाले जीवो का एक वर्ग।

जीविका—स्त्री० [सं०√जीव्+अ+कन्—टाप, इत्व] वह काम-धधा, पेशा या वृत्ति जिसके द्वारा मनुष्य को जीवन-निर्वाह के लिए धन तथा अन्य आवश्यक पदार्थ मिलते हों।

क्रि० प्र०—चलना।—चलाना।—लगना।—लगाना।

जीवित—वि० [सं०√जीव्+क्त] १. जिसे फिर से जीवन या प्राण मिले हों। २. जो अभी जी रहा हो। जिसमे जीवन या प्राण हो। ३. (पदार्थ) जिसकी क्रियात्मक शक्ति काम कर रही हो या वर्त्तमान हो। (एलाइव) जैसे—जीवित कारतूस, बिजली का जीवित तार।

पु० १. जीवन। २. जीवन-काल।

जीवित-काल—पुं० [ष० त०] जीवित रहने का पूरा या सारा समय। आयु। उमर।

जीवित-नाथ—पुं० [ष० त०] पति।

जीवितव्य—वि० [स०√जीव+तव्यत्] जीवित रखने या रहने योग्य।

जीवितांतक—पुं० [जीवित-अंतक, ष० त०] शिव।

जीवितेश—पु० [जीवित-ईश, ष०त०] १. जीवन का स्वामी। २. यम। ३. इन्द्र। ४. सूर्य। ५. इड़ा और पिंगला नाड़ियाँ।

वि० प्राणों से भी बढ़कर प्रिय। प्राणाधार।

जीवी (विन्)—वि० [सं० जीव+इनि] १. जीनेवाला। २. किसी विशिष्ट प्रकार की जीविका से अपना निर्वाह करनेवाला। जैसे—श्रम-जीवी शस्त्र-जीवी।

जीवेश—पुं० [जीव-ईश, ष० त०] १. जीव या जीवों का स्वामी। ईश्वर। २. प्रियतम।

जीवोपाधि—स्त्री० [सं० जीव-उपाधि] जीव की ये तीन उपाधियाँ या अवस्थाएँ—स्वप्न, सुषुप्ति और जाग्रत।

जीसो†—वि०=जैसा।

जीस्त—स्त्री० [फा० जीस्त] जीवन।

जीह*—स्त्री० [सं० जिह्वा] जीभ।

जीहि*—स्त्री०=जीह।

जूई—स्त्री०=जुई।

जुंग—पुं०[सं०√जुंग् (त्यागना)+अच्] बिचारा नामक वृक्ष।

जुंगित—वि० [सं०√जुंग्+क्त] १. परित्यक्त। २. नीच या शूद्र जाति का।

जुंडी†—स्त्री०=जुन्हरी।

जुंदर—पुं०[?]बंदर का बच्चा। (कलंदर)

जुंबली—स्त्री०[हिं० दुबा] एक प्रकार की पहाड़ी भेड़।

जुंबिश—स्त्री०[फा०] १. हिलने-डुलने की क्रिया या भाव। गति। २. अपने स्थान से थोड़ा हटकर इधर-उधर होने की क्रिया या भाव।

मुहा०—जुंबिश खाना=किसी पदार्थ का अपने स्थान से थोड़ा हटकर इधर-उधर होना।

जु—अव्य० १.=जो। २.=क्यों। ३=जी।

जुअ—अव्य०[?]अलग। (दूर या पृथक्)। उदा०—बक्कर पक्कर टुट्टि, टुट्टि हय खंड परिय जुअ।—चंदबरदाई।

जुअती†—स्त्री०=युवती।

जुअना†—स०=जोवना (देखना)। उदा०—बिरदैत दमित आजान भुज, उर किवार वर वज्ज जुअ।—चंदबरदाई।

जुअलि—वि०[सं० युगल] दो। उदा०—जुअलि नालि तसु गरभ जेहवी। —प्रिथीराज।

जुआँ—स्त्री०=जूँ।

जुआँरी†—स्त्री०[हिं० जूँ] बहुत छोटी जूँ (कीड़ा) या उसका बच्चा। †स्त्री०=ज्वार।

जुआ†—पुं०=जुआ।

जुआठा—पुं० दे० 'जूआ' (हल का)।

जुआनी†—स्त्री०=जवानी।

जुआर†—स्त्री०=ज्वार।

जुआर बासी—स्त्री०[?] एक प्रकार का पौधा और उसका फूल।

जुआर भाटा†—पुं०=ज्वारभाटा।

जुआरा—पुं०[हिं० जोतार] वह भूखंड जिसे एक जोड़ी बैल एक दिन में जोत सकते हों।

जुआरी—पुं०[हिं० जुआ] वह व्यक्ति जिसे जुआ खेलने का व्यसन हो।

जुआल*—स्त्री०=ज्वाला।

जुआना—पुं०[सं० यूनि=बंधन या जोड़] घास, फूस आदि को बटकर बनाई जानेवाली रस्सी।

जुई—स्त्री०[हिं० जूँ] १. बहुत छोटी जूँ (कीड़ा) या उसका बच्चा। २. मटर, सेम आदि की फलियों में लगनेवाला एक प्रकार का छोटा कीड़ा।

जुई—स्त्री०[?]लंबा पतला पात्र जिससे हवन करते समय अग्नि में घी छोड़ा जाता है। श्रुवा।

जुक्तिय*—स्त्री०=युक्ति।

जुकाम—पुं०[अ०] सरदी-गरमी के योग से होनेवाला वह रोग जिसमें नाक से कफ मिला हुआ पानी निकलता और सिर भारी जान पड़ता है। प्रतिश्याय सरदी। (कोल्ड)

मुहा०—बँदकी को भी जुकाम होना=किसी छोटे व्यक्ति का भी बड़े बनने या बड़प्पन दिखलाने के लिए बड़े आदमियों का अनुकरण, बराबरी या रीस करना।

जुकिहारा—पुं० [हिं० जोंक] [स्त्री० जुकिहारी] जोक लगानेवाला। उदा०—जुकिहारी जीवन लिए हाथ फिरैं रस हेत। —रहीम।

जुकुट—पुं०[सं०]१. कुत्ता। २. मलय पर्वत।

जुगंतें—वि०=जाग्रत। उदा०—जानि जुगंतें जम लै करण प्रथीपुर अन्त। —रासो।

जुग—पुं०[सं० युग्म]१. एक ही तरह की दो चीजों का जोड़ा। जोड़। युग्म।

मुहा०—जुग टूटना या फूटना=प्रायः साथ रहनेवाली दो वस्तुओं या व्यक्तियों का किसी प्रकार एक दूसरों से अलग हो जाना। जुग बैठना या मिलना=एक ही तरह की दो वस्तुओं या व्यक्तियों का घनिष्ठ संपर्क या साथ-साथ होना।

२ चौसर के खेल में दो गोटियों का एक ही घर में एक साथ बैठने की अवस्था।

विशेष—ऐसी गोटियों में से कोई गोटी तब तक मारी नहीं जा सकती, जब तक वे दोनों एक दूसरी से अलग या आगे-पीछे न हो जायँ।

३ करघे में का वह डोरा जो ताने के सूतों को अलग-अलग रखने के लिए होता है।

पर्या० पुं०=युग (काल-विभाग)।

जुगजुग—अव्य० [हिं० जुग] अनेक युगों अर्थात् बहुत दिनों तक। जैसे—बच्चा तुम जुग-जुग जीओ (आशीष)।

जुगजुगाना—अ०[हिं० जगना=प्रज्वलित होना] १. रह-रहकर थोड़ा थोड़ा चमकना। टिमटिमाना। २. अपने अस्तित्व का परिचय या प्रमाण देते रहना।३ नया जीवन पाकर हीन दशा से कुछ अच्छी दशा में आना। उभरना।

जुगजुगी—स्त्री०[हिं० जुगजुगाना] १. शकरखोरा नाम की चिड़िया। २. गले में पहनने का एक आभूषण। जुगनूँ।

जुगत—स्त्री०[सं० युक्ति] [कर्त्ता जुगती] १. बहुत सोच-समझकर किया जानेवाला उपाय। तरकीब। युक्ति। २. आचार, व्यवहार आदि में दिखाई देनेवाला कौशल। जैसे—खूब जुगत से गृहस्थी चलाना।

जुगती—पुं०[हिं० जगत] १. व्यक्ति जो समझ-बूझकर कोई विकट काम करने का उत्तम उपाय निकाले। २. किफायत से घर-गृहस्थी का खरच चलानेवाला व्यक्ति।

स्त्री०=जुगत (युक्ति)।

जुगनी—स्त्री०=जुगनूँ।

जुगनूँ—पु०[हिं० जुगजुगाना] १. एक प्रसिद्ध कीड़ा जिसका पिछला भाग रात में खूब चमकता है। खद्योत। २. पान के पत्ते के आकार का गले का एक गहना। जुगजुगी। रामनामी। ३ गले में पहनने के गहनों में नीचे लटकनेवाला खड। (पेन्डेन्ट)

जुगम—वि०=युग्म।

जुगराफ़िया—पु०[अं०] भूगोल।

जुगल—वि०=युगल।

जुगलिया—पुं०[?] जैन कथाओं के अनुसार वह कल्पित प्राणी जिसके ४०९६ बाल मिलकर आज कल के मनुष्यों के एक बाल के बराबर हों।

जुगवना—स० [सं० योग+अवना (प्रत्य०)] यत्न अथवा युक्तिपूर्वक थोड़ा-थोड़ा इकट्ठा करके और सँभाल कर रखना। युक्तिपूर्वक बचा-कर रखना।

जुगाड़-पुं० [सं० योग, हिं० जुगवना] १. कोई आवश्यक वस्तु कहीं से लाकर उपस्थित करना। २. कोई कठिन कार्य सिद्ध करने की युक्ति। क्रि० प्र०—बैठाना।

जुगादरी—वि०[सं० युगादि से] बहुत पुराना।

जुगादि—*पुं०[सं० युगादि] १. युग का आरंभिक समय। २. बहुत पुराना समय।

जुगाना—स०=जुगवना।

जुगार†—स्त्री०=जुगाली।

जुगारना—अ०=जुगालना।

जुगालना—अ० [सं० उद्गिलन=उगलना] सींगवाले पशुओं (जैसे—गाय भैंस, बकरी आदि), का जुगाली या पागुर करना।

जुगाली—स्त्री० [हिं० जुगालना] सींगवाले पशुओं का जल्दी-जल्दी खाये या निगले हुए चारे को गले से थोड़ा निकालकर फिर से अच्छी तरह चबाना। पागुर।

जुगुप्त, जुगुप्ति—स्त्री०=जुगत।

जुगुप्सक—वि० [सं०√ गुप् (निंदा करना)+सन्, द्वित्वादि,+ण्वुल्-अक] दूसरे की व्यर्थ में निंदा करनेवाला। निंदक।

जुगुप्सन—पुं०[सं०√गुप्+सन्, द्वित्वादि+ल्युट्-अन] [वि० जुगुप्सु, जुगुप्सित] जुगुप्सा या निंदा करना।

जुगुप्सा—स्त्री० [सं०√गुप्+सन्, द्वित्वादि,+अ—टाप्] १. दूसरों की की जानेवाली निंदा या बुराई। २. उपेक्षापूर्वक की जानेवाली घृणा। ३. योग शास्त्र के अनुसार अपने शरीर तथा संसार के लोगों के प्रति होनेवाली वह घृणा जो मन के परम शुद्ध हो जाने पर होती है।

जुगुप्सित—भू० कृ० [सं०√गुप्+सन्, द्वित्वादि,+क्त] १. जिसकी जुगुप्सा हुई हो। निंदक। २. घृणित।

जुगुप्सु—वि० [सं०√गुप्+सन्, द्वित्वादि,+उ] बुराई करनेवाला। निंदक।

जुगुल†—वि०=युगल।

जुग्ग—पुं०=युग।

जुग्गिनवे*—पुं० [सं० योगिनी+पति] दिल्ली का राजा पृथ्वीराज।

जुग्गिनी—स्त्री० [सं० योगिनी] योगिनीपुर। दिल्ली।

जुज़—पुं० [फा० मि० स० युज़] १. अंश। भाग। २. छपे हुए कागज के मुड़े हुए ८ या १६ पृष्ठों का समूह। एक फारम।

जुजबंदी—स्त्री०[फा०] पुस्तकों की सिलाई का वह प्रकार जिसमें प्रत्येक फरमा एक ओर तो अलग-अलग और दूसरी ओर बाकी सब फरमों के साथ मिलाकर भी सीया जाता है। (दफ्तरी)

जुजवी—वि०[फा०] १. जो जुज या बहुत छोटे अंश के रूप में अथवा बहुत थोड़ी मात्रा में किसी के अंतर्गत हो। २. बहुत कम।

जुजीठल†—पु०=युधिष्ठिर।

जुज़्ज़*—स्त्री०[?] १. जूझने की क्रिया या भाव। जूझ। २. युद्ध। लड़ाई।

जुझवाना*—स०[हिं० जूझना का प्रे०] किसी को जूझने में प्रवृत्त करना।

जुझाऊ—वि०[हिं० जूझ+आऊ (प्रत्य०)] १. प्राय: जूझता या लड़ता रहनेवाला। लड़ाका। २. युद्ध या लड़ाई के उपयोग में आनेवाला। युद्ध-संबंधी। जैसे—जुझाऊ जहाज।

जुझाना—स० =जुझवाना।

जुझार—वि०[हिं० जुज्झ+आर (प्रत्य०)] योद्धा। लड़ाका।
पु० युद्ध। लड़ाई। उदा०—का जानसि कस होइ जुझारा। —जायसी।

जुझारू—वि०,पुं०=जुझार।

जुझ्झ—पु०[स० युद्ध] १. जूझने की क्रिया या भाव। जूझ। २ युद्ध। लड़ाई।

जुट—पु०[हिं० जुटना] १. एक ही तरह की दो चीजों का जोड़ा। जुग। २. एक साथ काम आनेवाली कई वस्तुओं का समूह। जोड़ा। जैसे—कपड़ों या गहनों का जुट। ३. किसी के जोड़ या मुकाबले की कोई दूसरी चीज। जोड़ा। ४. एक साथ बँधी या लगी हुई चीजों का एक वर्ग या समूह जो प्राय: गुच्छे के रूप में हो। ५. जत्था। दल। मंडली। ६. दे० 'जुम'।

जुटक—पु०[स०√जुट् (मिलना)+क+कन्] १. जटा। २. कबरी। जूड़ा।

जुटना—अ० [सं० युक्त, प्रा० जुत्त+ना (प्रत्य०)] १. एक चीज का दूसरी चीज के बिलकुल पास पहुँचकर उससे लगना या सटना। जुड़ना। जैसे—इमारत में पत्थर के पास पत्थर जुटना। २. इस प्रकार पास या समीप होना कि बीच में बहुत ही थोड़ा अवकाश रह जाय। ३. किसी काम में जी लगाकर योग देना। जैसे—तुम भी आकर जुट जाओ तो काम जल्दी हो जाय। ४. एक या अनेक प्रकार की चीजों, व्यक्तियों आदि का एक जगह इकट्ठा होना। जैसे—(क) बन या पत्थर, लकड़ी आदि जुटना। (ख) तमाशा देखने के लिए भीड़ जुटना। ५. किसी प्रकार प्राप्त या हस्तगत होना। मयस्सर होना। ६. स्त्री का पुरुष से अथवा पुरुष का स्त्री से प्रसंग या संभोग करना। (बाजारू)

जुटला—वि०[हिं० जूट] [स्त्री० जुटली] लंबे-लंबे बालों की लटोंवाला।
पुं०[अल्पा० जुटली] लंबे लंबे बालों की लटा। जटा-जूट।

जुटाना—स०[हिं० जुटना] १. जुटने या एकत्र होने में प्रवृत्त करना। २. इकट्ठा करना। ३. बहुत पास लाकर मिलाना या सटाना।

जुटाव—पुं०[हिं० जुटना] जुटाने की क्रिया या भाव।

जुहिका—स्त्री० [सं० जुटक+टाप्,—इत्व] १. चोटी। शिखा। २. बालों का जूड़ा। ३. गुच्छा। ४. एक प्रकार का कपूर।

जुड़ा—वि० [हिं० जुटना =मिलना] [स्त्री० जुड़ी] आपस में मिले या सटे हुए (पदार्थ)। जैसे—जुड़ी भौंहें।

पुं०[स्त्री० अल्पा० जुड़ी] १. घास, डंठलों आदि का बड़ा पूला। २. दे० 'जुट्टी'।

जुड़ी—स्त्री०[हिं० जुटना] १. घास, डंठलों आदि का पूला। २. ऐसे डंठलों, पत्तों आदि का कल्ला जो आरम्भ में प्रायः एक में मिले या सटे हुए रहते हैं। ३. एक दूसरी पर रखी हुई एक ही तरह की चीजों की गड्डी या थाक। ४. बेसन में लपेट कर तले हुए पत्ते या साग।

जुठारना—स० [हिं० जूठा] १ खाने-पीने की चीज कुछ खा या पीकर जूठी करना। जैसे—कुत्ते का दूध जुठारना। २. नाम मात्र के लिए थोड़ा-सा खाकर बाकी छोड़ देना। जैसे—थाली जुठारना। ३. नाम मात्र के लिए या बहुत थोड़ा-सा खाना, जैसे—मुँह जुठारना।

जुठिहारा—पु०[हिं० जूठा+हारा] [स्त्री० जुठिहारी] दूसरों का जूठा खानेवाला।

जुठैल*—वि०[सं० जुष्ट+ऐल]जूठा। उच्छिष्ट। उदा०—कातिक राति जगी जम जोड़ जुठैल जठेरि सुअ० की जेगी।—देव।

जठौली—स्त्री०[देश०] झुंड में रहनेवाली हलके बादामी रंग की एक चिड़िया जिसके पैर छोटे, शरीर कुछ चौड़ा तथा चिपटा होता है। इसके नर का सिर भूरा होता है

जुड़गी—वि०[हिं० जुड़ना+अग] जिसके साथ अंग और अंगीवाला संबंध हो। बहुत ही निकट का संबंधी।

जुड़ना—अ०[हिं० जोड़ना का अ०] १. हिंदी 'जोड़ना' का अकर्मक रूप। जोड़ा जाना। २. दो या अधिक वस्तुओं का आपस में इस प्रकार मिलना कि एक का कोई भाग या अंग दूसरे के साथ दृढ़तापूर्वक लगा या सटा रहे। दृढतापूर्वक संबद्ध, संश्लिष्ट या संयुक्त होना। जैसे—बरेह से कुरसी के पाये जुड़ना।

संयो० क्रि०—जाना।

३. संगृहीत या संचित होकर एक स्थान पर एकत्र होना। जुटना। जैसे—किसी के पास धन जुड़ना। ४. किसी प्रकार उपलब्ध, प्राप्त या हस्तगत होना। मयस्सर होना। जैसे— हमें ऐसे कपड़े भला कहाँ जुड़ेंगे। ५. गाड़ी, घोड़े, बैल आदि के संबंध में, जोता जाना। जुतना। जैसे—इस गाड़ी में दो घोड़े जुड़ते हैं। ६. किसी प्रकार के कठिन या श्रमसाध्य कार्य में किसी व्यक्ति या कुछ व्यक्तियों का योग देने के लिए सम्मिलित होना। ७. दे० 'जुतना'।

जुड़पित्ती—स्त्री०[हिं० जूड़+पित्त] शीत और पित्त के प्रकोप के कारण होनेवाला एक रोग जिसमें सारे शरीर में बड़े-बड़े चकत्ते पड़ जाते हैं और उनमें खुजली या जलन होती है।

जुड़वाँ—वि०[हिं० जुड़ना] १. (बच्चे) जो एक साथ जुड़े हुए जन्मे हों। २. (बच्चे) जिनका जन्म एक ही समय में कुछ आगे-पीछे हुआ हो। ३. (कोई ऐसे दो या अधिक पदार्थ) जो आपस में एक साथ जुड़े, लगे या सटे हों। जैसे—जुड़वाँ केले या फलियाँ।

जुड़वाई—स्त्री०[हिं० जुड़वाना] जुड़वाने या जोड़ लगवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

जुड़वाना—स० [हिं० जुड़ाना=ठंडा होना] ठंडा या शीतल करना। २. किसी संतप्त को शांत, संतुष्ट या सुखी करना।

स०[हिं० जोड़ना का प्रे०] १. जोड़-बैठवाना, मिलवाना या लगवाना। २. जुड़ाना

जुड़ाई†—स्त्री०=जोड़ाई।

स्त्री०[हिं० जुड़ाना] १. ठंढे या शीतल होने की क्रिया या भाव। ठंढक। शीतलता। २. तृप्ति।

स्त्री०=जुड़वाई।

जुड़ाना—स०[हिं० जुड़ना का स०] १. जुड़ने या जोड़ने में प्रवृत्त करना। २. फलित ज्योतिष के अनुसार योग और फल का मिलान करना। जैसे—जन्म पत्र जुड़ाना अर्थात् वर और कन्या के ग्रहों का मिलान कराके यह जानना कि दोनों का वैवाहिक संबंध कैसा होगा।

अ०[हिं० जाड़ा, पु० हिं० जूड़ ¬ठंढा] १. ठंढा या शीतल होना। २. शांत और सुखी होना। जैसे—किसी को देखकर कलेजा जुड़ाना। ३. तृप्त होना।

स० ठंढा या शीतल करना। २. शांत और सुखी करना।

जुड़ावना†—स०=जुड़ाना।

जुड़िया†—वि०, पुं०=जुड़वाँ।

जुत†—वि० =युक्त।

जुतना—अ०[सं० युक्त, प्रा० जुत्त] १. घोड़े, बैल आदि का गाड़ी में जोता जाना। २. खेत आदि का जोता जाना। ३. जी लगाकर किसी ऐसे काम में सम्मिलित होना जिसमें बहुत अधिक परिश्रम करना पड़ता हो। जैसे—वह दिन भर काम में जुता रहता है।

जुतवाना—स०[हिं० जोतना का प्रे०] १. जोतने का काम किसी दूसरे से कराना। २. ऐसा काम करना जिससे कुछ (जैसे-खेत) या कोई (जैसे-घोड़ा या बैल) जोता जाय।

जुताई†—स्त्री०[हिं० जोतना] जुतने या जोते जाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

जुतानां†—स०=जुतवाना।

+अ०=जुतना।

जुतिलीबाज—स्त्री० [हिं० जूता] ऐसी लड़ाई जिसमें दोनों पक्ष एक दूसरे पर जूतों से प्रहार करते हों। जूतों से होनेवाली लड़ाई।

जुतियाना—स० [हिं० जूता+इयाना (प्रत्य०)] १. जूतों से किसी पर प्रहार करना। २. किसी को बहुत अधिक खरी-खोटी सुनाकर अपमानित तथा लज्जित करना।

जुत्थ†—पुं०=यूथ।

जुधोली—स्त्री०=जुठौली।

जुदा—वि०[फा०] [स्त्री० जुदी (क्व०)] १. किसी से दूर हटा या बिछुड़ा हुआ। अलग। पृथक्। जैसे—माँ का बेटी से जुदा होना। २. आकार, गुण, महत्त्व, रंग-रूप आदि की दृष्टि से भिन्न प्रकार का। भिन्न। जैसे—यह बात जुदा है कि आप भी जायेंगे या नहीं।

जुदाई—स्त्री०[फा०] १. जुदा या भिन्न होने की अवस्था या भाव। भिन्नता। २. जुदा या पृथक् होने की अवस्था या भाव। पार्थक्य। ३. प्रेमियों, मित्रों आदि का पारस्परिक वियोग। बिछोह।

जुद्दा†—पुं०=युद्ध।

जुझवान—पुं०[सं० युद्ध] १. युद्ध करनेवाला। योद्धा। उदा०—अग्गेयं जुझवानं, कुंभेनयं कंक लंकायं।—चंद वरदाई। २. जो युद्ध कर रहा हो। लड़ता हुआ।

जुग†—स्त्री०१.=जून (काल या समय)। २.='जोंग'।

जुगब्बा†—स्त्री० [अ० जुनूब=दक्षिण] [स्त्री० अल्पा० जुगब्बी] पुरानी चाल की एक प्रकार की तलवार।

जुगरी—स्त्री०=जुन्हरी (ज्वार)।

जुगून—पुं०[फा०] उन्माद। पागलपन।

जुगूनी—वि०[अ०] उन्मत्त। पागल।

जुगूब—पुं०=जनूब। (दक्षिण)।

जुन्हरी—स्त्री०[सं० यवनाल] ज्वार नाम का अन्न।

जुन्हाई—स्त्री० [सं० ज्योत्स्ना, प्रा० जोन्हा, हिं० जोन्हीं+ऐया] १. चन्द्रमा का प्रकाश। चाँदनी। २. चन्द्रमा।

जुन्हैया†—स्त्री०=जुन्हाई।

जुफ्त—पुं०[फा०] १. जोड़ा। २. सम संख्या।

जुब-राज†—पुं०=युवराज।

जुबाद—पुं०[अ०] एक प्रकार का तरल गंध द्रव्य जो गंध मार्जार या मुश्क बिलाव के अंडकोश से निकलता है।

जुबान†—स्त्री०=जबान।

जुबानी†—वि०=जबानी।

जुमकना†—अ०[हिं० जमना या सं० युग्म] १. झुकतापूर्वक किसी जगह खड़े रहना। डटना। २. पास या समीप आना। ३. इकट्ठा होना।

जुमना—स०[?] खेत में उगी या पड़ी हुई झाड़ियों को जलाकर उनकी खाद बनाना।

पुं० खाद बनाने की उक्त क्रिया।

जुमला—वि०[फा० जुम्लः] कुल। पूरा। सब।

पुं० वाक्य।

जुमा—पुं०[अ० जुमः] शुक्रवार।

जुमा मस्जिद—स्त्री०[अ०]जामा मस्जिद।

जुमिल्ला—पुं० [?] एक प्रकार का चौड़ा।

जुमिल्ला—पुं० [?] करघे की लपेटन की बाईं ओर गड़ा रहनेवाला खूँटा।

जुमुरना—अ०=जुमकना।

जुमेरात—स्त्री०[अ०] गुरुवार। बृहस्पतिवार।

जुम्मा—पुं०[अ० जुमा] शुक्रवार।

†पुं०=जिम्मा।

जुयाग—पुं०[?] सिंह भूमि के पास पाई जानेवाली एक जंगली जाति जो कोलों से मिलती-जुलती है।

जुर*—पुं०[सं० ज्वर] ज्वर। बुखार। उदा०—बासर रैनि नाँव लै बोलत भयो बिरह जुर कारो।—सूर।

जुरअत—स्त्री०[फा०] साहस। हिम्मत।

जुरअना†—अ०, स०=झुरझुरना।

जुरझरी†—स्त्री०=झुरझुरी।

जुरना*—अ०[हिं० जुड़ना का पुराना रूप] १. एक में मिलना। जुड़ना। २. अँगड़ाई लेना। उदा०—झुकि झुकि अंपकौं हैं पलनु फिरि फिरि जुरि जमुहाई।—बिहारी।

अ०=जुड़ाना (ठंडा होना)।

जुरबाना†—पुं०=जुरमाना।

जुरमाना—पुं०[फा० जुर्मानः] १. किसी अपराध के फल-स्वरूप न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दिया जानेवाला अर्थ-दंड। २. किसी प्रकार की चूक, त्रुटि या भूल करने पर किसी अधिकारी द्वारा दिया जानेवाला अर्थ दंड। जैसे—पुस्तकालय से १५ दिन के अंदर पुस्तक न लौटाने पर एक आना रोज जुरमाना लगता है। ३. वह धन जो किसी प्रकार का अपराध, दोष या भूल करने पर दंड-स्वरूप देना पड़ता है।

जुरा*†—स्त्री० [सं० जरा] १. बुढ़ापा। वृद्धावस्था। २. मृत्यु।

जुराना—अ०, स०=जुड़ाना।

जुराफा—पुं०[अ० जुर्राफः] ऊँट की तरह का पद्रह-सोलह फुट ऊँचा अफ्रीका का एक जंगली पशु जो संसार का सबसे ऊँचा प्राणी माना जाता है। कहते हैं कि मादा से बिछोह होते ही नर की मृत्यु हो जाती है।

जुराबना*—अ०, स०=जुड़ाना।

जुरी†—स्त्री०=जूरी।

जुरूर—क्रि० वि०=जरूर।

जुर्म—पुं०[अ०] १. ऐसा अनुचित कार्य जो विधिक दृष्टि से दंडनीय हो। अपराध। २. कोई ऐसा दोष या भूल जिसके लिए दंड मिल सकता हो।

जुर्माना†—पुं०=जुरमाना।

जुर्रत—स्त्री०[अ० जुरअत] साहस।

जुर्रा—पु०[फा० जुर्रः] बाज नामक पक्षी में का नर।

जुर्राब—स्त्री०[तु०] बागो आदि का बुना हुआ पैरों का एक प्रसिद्ध पहनावा। मोजा।

जुल—पु०[सं० छल?] [वि० जुलबाज] कोई ऐसी बात जो किसी को धोखा देकर अपना काम निकालने के लिए कही गई हो।

क्रि० प्र०—देना।—में आना।

जुलकरन—पुं०[अ० जुलकरनैन] सुप्रसिद्ध यूनानी बादशाह सिकंदर की एक उपाधि।

जुलकरनैन—पुं०=जुलकरन।

जुलकर्रा—पुं०=जुलकरन।

जुलना—स०[हिं० मिलना का अनु० या हिं० जुड़ना] १. मेल-मिलाप करना या रखना। जैसे—मित्रो से मिलना-जुलना। (केवल 'मिलना' के साथ प्रयुक्त)

जुलफ—स्त्री०[अ० जुल्फ] बालों की लट।

जुलफिकार—पुं०[अ० जुल्फिकार] अली (मुसलमानों के चौथे खलीफा) की तलवार का नाम।

जुलबाज—वि०[हिं० जुल+फा० बाज] [भाव० जुलबाजी] दूसरों को जुल देनेवाला। धोखेबाज।

जुल्म†—पुं०=जुल्म (अत्याचार)।

जुल्हा†—पुं०=जुलाहा।

जुलाई—वि०[हि० जुल+आई (प्रत्य०)] जुल देनेवाला। धोखेबाज। उदा०—बाती, बुटिल, ढीठ अतिकोधी, कपटी कुमति जुलाई।—सूर। स्त्री०=जुलाई (अँगरेजी का सातवाँ महीना)।

जुलाब—पुं०[फा० गुलाब, अ० जुल्लाब] १. रेचन। दस्त। २. दस्त लानेवाली दवा। रेचक औषध।
क्रि० प्र०—देना।—लेना।
मुहा०—जुलाब पचना=रेचक औषध लाने पर भी उसका प्रभाव या फल न होना।
३. किसी से कुछ व्यय कराने की तरकीब या युक्ति। (बाजारू)

जुलाहा—पुं०[फा० जौलाह] १. करघे पर कपड़ा बुननेवाला शिल्पी। कोरी। तंतुवाय। २. कपड़ा बुननेवालों की एक विशिष्ट जाति। ३. योग साधना में साधक। ४. पानी पर तैरनेवाला एक प्रकार का छोटा बरसाती कीड़ा।

जुलूफ—स्त्री०[अ० जुल्फ़] बालों की लट।

जुलूम—पुं०=जुल्म (अत्याचार)।

जुलूस—पुं०[अ०] १. सिंहासनारोहण। २. दे० 'जलूस'।

जुलोक—पुं०[सं० द्युलोक] स्वर्ग।

जुल्फ—स्त्री०[फा० जुल्फ़] सिर के वे लंबे बाल जो पीछे या इधर-उधर लटों के रूप में लटकते रहते हैं।

जुल्की—स्त्री०=जुल्फ।

जुल्म—पुं०[अ०] १. किसी प्रबल या शक्तिशाली व्यक्ति का अनीति या अन्यायपूर्ण ऐसा कार्य जिससे असहायों, दुर्बलों तथा निरीहों को कष्ट होता हो। अत्याचार। २. कोई कठोर आचरण या व्यवहार। जैसे—शरीर के साथ जुल्म मत करो।
मुहा०—जुल्म ढाना=(क) कोई बहुत बड़ा अत्याचार करना। (ख) कोई अद्भुत या विलक्षण काम कर दिखाना।

जुल्मत—स्त्री०[अ० जुल्मत] अंधकार।

जुल्मात—पु०[अ० जुल्मात का बहु० रूप] १. अंधकार। २. कुछ विशिष्ट अंधकारपूर्ण स्थान। जैसे—स्त्रियों का गर्भाशय, समुद्र का बिलकुल नीचेवाला भाग।

जुल्मी—वि० [अ० जुल्मी] १. जुल्म अर्थात् अत्याचार करनेवाला। २. बहुत अधिक उग्र, तीव्र या विकट। प्रचंड। प्रबल।

जुलाब—पुं०=जुलाब।

जुवा†—पुं०=युवक।

जुवजन—पुं०[सं० युवा+जन] नवजवान आदमी। उदा०—मनु जग-जुवजन जीतन एकहि विधिना रची बनाय—भारतेन्दु।

जुवती†—स्त्री०=युवती।

जुवराज*—पुं०=युवराज।

जुवा—वि०=युवा।
पुं०=जूआ।

जुवान†—पुं०=जवान।

जुवानी†—स्त्री०=जवानी।

जुवार—स्त्री०=ज्वार।

जुवारी—पुं०=जुआरी।

जुविराज*—पुं०=युवराज।

जुष्ट—वि०[सं०√जुष् (प्रीति, सेवा)+क्त] १. प्रसन्न। २. सेवित।
३. जूठा।
पुं० जूठन।

जुष्य—वि०[सं०√जुष्+क्यप्] १. पूज्य। २. सेव्य।

जुस्तजू—स्त्री०[फा०] खोज। तलाश।

जूआना†—स०[सं० यूथ, प्रा० जूह+आना (प्रत्य०)] १. एकत्र करना। जुटाना। २. वास्तु-रचना में एक पत्थर या लकड़ी को ठीक तरह से दूसरे पत्थर या लकड़ी पर या उसके साथ जमाना या बैठाना। (बढ़ई और राज) ३. चित्र में प्रभाव या रमणीयता लाने के लिए आकृतियों को यथा-स्थान बैठाना। संयोजन करना।

जुहार—स्त्री०[सं० अवहार=युद्ध का रुकना या बंद होना?] १. राजपूतों में प्रचलित एक प्रकार का अभिवादन। २. अभिवादन। प्रणाम।
†स्त्री०=ज्वार।

जुहारना—अ०[हिं० जुहार] अभिवादन या प्रणाम करना। उदा०—मंत्री, मित्र कलत्र पुत्र सब आइ जुहारहीं।—? सं० [जीवहार] किसी से कुछ सहायता माँगना। किसी का एहसान लेना।

जुहावना—स०=जुहाना।

जुही—स्त्री० [सं० यूथी]=जूही (एक पौधा और उसका सुगंधित फूल)।

जुहुराना—वि०[सं० √हुच्छ् (कुटिलता)+सन्, द्वित्वादि, आनच्, सन्-लुक् लोप] कुटिल।
पुं० चंद्रमा।

जुहुवान—पुं०[सं०√हु (देना, लेना)+कानच्] १. अग्नि। आग। २. पेड़। वृक्ष। ३. क्रूर या निष्ठुर आदमी।

जुहू—पुं०[सं०√हु+क्विप्] १. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्द्ध चंद्राकार यज्ञ-पात्र। २. पूर्व दिशा।

जुहूर—पुं० [अ० जहूर] प्रकट या प्रत्यक्ष होने की अवस्था, क्रिया या भाव।

जुहू-राज—पुं०[सं० जुहू√राज् (शब्द करना)+अच्] १. अग्नि। २. अश्वत्थ। ३. चंद्रमा।

जुहू-वाद्य—पुं०[सं० जुहू√वद् (शब्द करना)+अच्] दे० 'जुहूराज'।

जुहूवान् (वत्)—पुं०[सं० जुहू+मतुप्] अग्नि।

जुहोता—पुं०=होता।

जूँ—स्त्री० [सं० यूका, पा० ऊका] काले रंग का एक बहुत छोटा स्वेदज कीड़ा जो सिर के बालों में पड़ जाता है। (लाउस)
क्रि० प्र०—पड़ना।
पद-जूँ की चाल=बहुत ही धीमी चाल।
मुहा०—(किसी के) कानों पर जूँ तक न रेंगना=किसी के कुछ कहने-सुनने पर जूँ की उसका नाम आत्म को भी परिणाम या फल न होना।
†पुं० [सं० यूथ, प्रा० जूथ] जूआ (गाड़ी या हल का)। उदा०—जूँ सहरी जूह नवख मृग जूता।—अिथीराज।

जूँठ†—स्त्री०=जूठन।

जूँठन—स्त्री०=जूठन।

जूँड़िहा—पुं०[हिं० जूंड] वह बैल जो झुंड में सबके आगे चलता हो।

जूँवन—पुं०[देश०] [स्त्री० जूँवनी] बंदर। (मदारी)

घूँघूँहा—वि० [हिं० घूँ+मुँह] (वह व्यक्ति) जो देखने में सीधा-सादा होने पर भी वास्तव में बहुत बड़ा धूर्त हो।

घू—स्त्री० [सं०√जू (गमनादि)+क्विप्] १. सरस्वती। २ वायु-मंडल। ३. घोड़े, बैल आदि पशुओं के मस्तक पर का टीका।

†अव्य०=जो।

अव्य०=जी।

जूआ—पुं० [सं० यूप] १. गाड़ी, हल आदि के आगे की वह लकड़ी जो जोते जानेवाले पशुओं के कंधे पर रखी तथा बाँधी जाती है। २. चक्की में की वह लकड़ी जिसे पकड़कर उसे चलाया जाता है। मूठ।

पुं० [सं० द्यूत, प्रा० जूअ] १. वह खेल जिसमें हार या जीत होने पर कुछ निश्चित या नियत धन विपक्षी से लिया या उसे दिया जाता है। २. इस प्रकार धन लगाकर खेल खेलने की क्रिया या भाव। ३. कोई ऐसा जोखिम का काम जिसमें हानि और लाभ दोनों अनिश्चित होते हैं।

जूआ-खाना—पुं० [हिं० जूआ+फा० खानः] वह घर या स्थान जहाँ बैठकर लोग जूआ खेलते हों।

जूआघर—पु०=जूआ-खाना।

जूआ-चोर—पुं० [हिं० जूआ+चोर] [भाव० जूआ-चोरी] बहुत बड़ा ठग या धूर्त।

जूक—पुं० [यूना० ज्यूकस] तुला राशि।

जूकू—पुं० [अनु०] एक कल्पित जीव जिसका नाम लेकर छोटे बच्चों को डराया जाता है। हौआ।

जूझ—स्त्री० [हिं० जूझना] १. जूझने की क्रिया या भाव। २. युद्ध। लड़ाई।

जूझना—अ० [सं० युद्ध वा हिं० जूझ] १. शारीरिक बल लगाते हुए किसी से लड़ना। उठा-पटक और हाथा-बाँही करना। जैसे—योद्धाओं का आपस में जूझना। २. शारीरिक बल लगाते हुए कोई प्रयत्न करना। जैसे—कुश्ती या मेज से जूझना। ३. व्यर्थ ही बहुत अधिक तकरार या हुज्जत करना।

जूट—पु० [सं०√जूट् (मिलना)+अच्] १. सिर के उलझे हुए और घने तथा बड़े बालों की लट या उन्हें लपेटकर बाँधा हुआ जूड़ा। जैसे—सिर पर जटा-जूट रखना। २. शिव की जटा।

पुं० [अं०] पटसन।

जूटना—स० [हिं० जुटना का स० रूप] जुटाना।

जूटि°—स्त्री० [सं० जूटि] १. जोड़ी। २. मेल। ३. संधि।

जूठ—वि० =जूठा।

स्त्री०=जूठन।

जूठन—स्त्री० [हिं० जूठा] १. वह खाद्य पदार्थ जो किसी ने जूठे छोड़े हों। किसी के खाने-पीने से बची हुई जूठी वस्तु।

मुहा०—(किसी के यहाँ) जूठन गिराना=किसी के यहाँ निमंत्रित होकर भोजन करना। जैसे—प्रार्थना है कि आज संध्या को मेरे यहाँ आकर जूठन गिराइये।

२ वह पदार्थ जो किसी दूसरे के द्वारा एक या अनेक बार काम में लाया जा चुका हो और जिसमें किसी प्रकार की नवलता या नवीनता न रह गई हो।

जूठा—वि० [सं० जुष्ट, प्रा० जुट्ठ] १. (खाद्य पदार्थ) जो किसी के खाने-पीने के बाद बच रहा हो। उच्छिष्ट। २. (खाद्य पदार्थ) जिसे किसी ने मुँह लगाकर या उसमें का कुछ अंश खा-पीकर अपवित्र या अशुद्ध कर दिया हो। जैसे—कुत्ते या बिल्ली का जूठा भोजन। ३. (पात्र या साधन) जिसके द्वारा अथवा जिसमें कुछ खाया-पीया गया हो। जैसे—जूठा बरतन, जूठा हाथ। ४. (कथन या विषय) जिसका किसी ने पहले उपभोग, प्रयोग या व्यवहार कर लिया हो और इसीलिए जिसमें कोई चमत्कार या नवलता न रह गई हो। जैसे—दूसरों की जूठी उक्ति।

पुं०=जूठन।

जूड़—वि० [सं० जड] [क्रि० जुड़वाना, जुड़ाना] ठंडा। शीतल।

पुं०=जूड़ा।

जूड़म—पुं० [देश०] कुछ कालापन लिये खैरे रंग का एक प्रकार का बड़ा पहाड़ी बिच्छू।

जूड़ना—अ०=जुड़ना।

जूड़ा—पुं० [सं० जूट] १. सिर के बड़े-बड़े बालों को लपेटकर गोलाकार बाँधने या गाँठ लगाने से बननेवाला रूप। २. चोटी। बलगी। ३. मूँज आदि का पूला।

जूड़ी—स्त्री० [हिं० जूड़] जाड़ा देकर आनेवाला ज्वर। विषम ज्वर। शीत ज्वर।

जूण°—स्त्री०=योनि।

जूत—पु० [हिं० जूता] १. जूता। २. बड़ा और भारी या मोटा जूता।

जूता—पुं० [सं० युक्त, प्रा० जुत्त] १. कंकड़, काँटे, कीचड़, मिट्टी आदि से पैरों की रक्षा करने के लिए उनमें पहने जानेवाले उपकरण की जोड़ी जो चमड़े, टाट, रबर आदि की बनी होती है। उपानह्। जोड़ा।

विशेष—(क) हमारे देश में इसकी गिनती बहुत ही उपेक्ष्य और तुच्छ चीजों में होती है और इससे मारना बहुत ही अपमान-जनक और तिरस्कार सूचक होता है। (ख) मुहावरों आदि में इसका प्रयोग एक-वचन में भी होता है और बहुवचन में भी।

मुहा०—(आपस में) जूता उछलना—(क) आपस में जूतों से मार-पीट होना। (ख) आपस में बहुत ही निकृष्ट प्रकार की कहा-सुनी और धक्का-फजीहत होना। **(किसी पर) जूता उछालना**—किसी के संबंध में बहुत ही अपमान-जनक बातें कहना। **(किसी का) जूता उठाना**=बहुत ही तुच्छ या हीन बनकर छोटी-छोटी सेवाएँ तक करना। **(किसी पर) जूता उठाना**—जूते से आघात या प्रहार करने पर उद्यत होना। **जूता खाना**=(क) जूतों की मार खाना। (ख) बहुत ही बुरी तरह से अपमानित और तिरस्कृत होना। **जूता घुमाना**=जूता चलाना। (देखें) **(आपस में) जूता चलना**=(क) आपस में जूतों से मार-पीट होना। (ख) आपस में बहुत बुरी तरह से कहा-सुनी या धक्का-फजीहत होना। **जूता चलाना**=छोटे-मोटे चोर का पता लगाने के लिए वह टोना या तांत्रिक उपचार करना जिसमें जूता चारों तरफ घूमता रहता है, पर चोर का नाम लेने पर ठहर या थक जाता है। **(किसी पर) जूता चलाना**=किसी को मारने के लिए उस पर जूता फेंकना। **(किसी का) जूता चाटना**=स्वार्थवश बहुत ही दीन-हीन बनकर किसी की खुशामद और तुच्छ सेवाओं में लगे रहना। **(किसी को) जूता देना**=जूते से प्रहार करना। **(किसी पर) जूता पड़ना**=बहुत ही बुरी तरह से अपमानित, तिरस्कृत या लांछित होना। **जूता मारना**=बहुत ही बुरी तरह से अप-

मानित या तिरस्कृत करना। (किसी पर) जूता पड़ना या बैठना= बहुत ही अपमान-जनक या तिरस्कार-सूचक व्यवहार होना। (किसी पर) जूता लगाना=जूता पड़ना। (देखें ऊपर) (पैर में) जूता लगना= पैर में जूते की रगड़ के कारण घाव होना (आपस में) जूतों दाल बँटना= बहुत ही बुरी तरह से या नीचों की तरह लड़ाई-झगड़ा होना। (किसी के साथ) जूतों से आना=मारने के लिए तैयार होना। (किसी के साथ) जूतों से बात करना=(क) जूतों से मारना। (ख) बहुत ही बुरी तरह से अपमानित और तिरस्कृत करना। अत्यन्त अनादरपूर्ण व्यवहार करना।

२. ऐसा व्यय जो बहुत ही बुरे आघात या प्रहार के रूप में हो। जैसे—इनके फेर में सौ रुपये का जूता तुम्हें भी लगा (अर्थात् तुम्हें भी व्यर्थ सौ रुपए खर्च करने पड़े)।

पद—चाँदी का जूता=चूस आदि के रूप मे धन का ऐसा व्यय जो किसी को दबाकर अपने अनुकूल या वश में करने के लिए हो। नगद रिश्वत। जैसे—चाँदी का जूता तुम्हें भी ठीक या (सीधा) कर देगा।

जूताखोर—वि० [हि० जूता+फा० खोर] जो बार-बार अपमानित और तिरस्कृत होने पर भी निंदनीय आचरण या व्यवहार न छोड़ता हो। परम निर्लज्ज और हीन।

जूति—पुं० [सं०√जू (वेग)+क्तिन्] वेग। तेजी।

जूतिका—स्त्री० [सं० जूति√कै (प्रकाशित होना)+क—टाप्] एक तरह का कपूर।

जूतिया—पुं० =जीवत्पुत्रिका (व्रत)।

जूती—स्त्री० [हि० जूता] १. स्त्रियों के पहनने का जूता जो अपेक्षया कुछ छोटा और हलका होता है।

विशेष—इससे संबद्ध अधिकतर मुहावरे मुख्यतः स्त्रियों में ही चलते हैं।

मुहा०—जूतियाँ चटकाना=व्यर्थ इधर-उधर घूमते रहना या मारे-मारे फिरना। (किसी की) जूतियाँ सीधी करना=बहुत ही तुच्छ और हीन बनकर किसी की छोटी-छोटी सेवाएँ तक करना। (किसी को) जूती की नोक पर मारना=बहुत ही उपेक्ष्य, तुच्छ या हेय समझना। जूती के बराबर=बहुत ही तुच्छ, नगण्य या महत्त्वहीन। (किसी की) जूती के बराबर न होना=किसी की तुलना में बिलकुल तुच्छ या नगण्य होना। (किसी को) जूती पर रखकर रोटी देना=किसी को बहुत ही तुच्छ और हीन ठहराते हुए अपने पास रखकर खिलाना-पिलाना।

जूतीकारी—स्त्री० [हि० जूती+कार] लगातार जूतों की मार। (परिहास) जैसे—जब तक इसकी जूतीकारी न होगी तब तक यह सीधा न होगा।

जूतीखोर—वि०=जूताखोर।

जूतीछिपाई—स्त्री० [हि० जूती+छिपाना] १. विवाह के समय की एक रस्म जिसमें वधू की बहनें और सहेलियाँ वर को तंग करने के लिए उसके जूते कहीं छिपाकर रख देती हैं। २. उक्त रस्म के बाद वह धन या नेग जो जूता चुरानेवाली लड़कियों को दिया जाता है।

जूती-पैजार—स्त्री० [हि० जूती+फा० पैजार] १. आपस में होनेवाली जूतों की मार-पीट। २. बहुत ही बुरी तरह से या नीच लोगों की तरह होनेवाली कहा-सुनी या लड़ाई झगड़ा।

जूथ—पुं०=यूथ।

जूथका—स्त्री०=यूथिका (जूही)।

जूथिक—स्त्री०=यूथिका (जूही)।

जून—पुं० [सं० ज्युवन्=सूर्य] समय। बेला।

पुं० [सं० जूर्ण] तिनका। तृण।

पुं० [अं०] ईसवी सन् का छठा महीना।

†स्त्री० [सं० योनि] योनि। जैसे—कुत्ते-बिल्ली की जून पाना।

जूना—पुं० [सं० जूर्ण=एक तृण] १. घास-फूस आदि बटकर बनाई हुई रस्सी जो बोझ आदि बाँधने के काम आती है। २. घास-फूस आदि का पूला।

†वि० [सं० जीर्ण] १. पुराना। २. बुड्ढा। वृद्ध।

पुं० [देश०] १. एक प्रकार का पौधा जो प्रायः बागों में शोभा के लिए लगाया जाता है। २. उक्त पौधे का पीले रंग का सुन्दर फूल।

जूप†—पुं० [सं० द्यूत, प्रा० जूअ] १. जूआ (खेल)। २. विवाह के उपरान्त वर और वधू को खेलाया जानेवाला जूए का एक खेल।

पुं० [सं० यूप] खंभा। स्तम्भ। उदा०—फिर गए वे सब भूप जूप लारे बजमारे।—गंदास।

जूमना—अ० [अ० जमा] इकट्ठा होना। जुटना।

†स० इकट्ठा करना। जुटाना।

जूर—पु० [हि० जुरना] १. जोड़कर रखी हुई चीजों का समूह। संचय। २. ढेर। राशि।

जूरना†—स०=जोड़ना।

स० [हि० जूरी] एक पर एक रखकर गड्डियाँ या थाक लगाना।

जूरा†—पु० [सं० यूत्र] [स्त्री० अल्पा० जूरी] घास या पत्तों का पूला। जुट्टी।

पुं०=जूड़ा।

जूर्ण—पुं० [सं०√जूर् (बढ़ना)+क्त] एक प्रकार का तृण।

जूर्ति—स्त्री० [सं० ज्वर् (रोग)+क्ति] १. तेजी। वेग। २. देह। शरीर। ३. स्त्रियों का एक रोग।

वि० १. वेगवान्। तेज। २. गला हुआ। द्रवित। ३. तपानेवाला। ४. प्रशंसा या स्तुति करनेवाला। ५. खुशामदी।

पुं० १. सूर्य। २. ब्रह्मा। ३. क्रोध। गुस्सा।

जूर्ति—स्त्री० [सं०√ज्वर्+क्तिन्] ज्वर।

जूलाई—स्त्री० [अं०] अंगरेजी सन् का सातवाँ महीना।

जूव—वि० [सं० युवा] नौजवान। युवक।

स्त्री०=युवती।

जूवक—पुं० [सं०√जूष् (सेवा करना)+ण्वुल्—अक] १. धाय का पेड़, जो फूलों के लिए लगाया जाता है। २. उक्त पेड़ का फूल।

जूस—पुं० [सं० जूष्] १. तरकारी, दाल आदि उबालने पर उसका वह पानी या रसा जो प्रायः दुर्बल रोगियों को पथ्य के रूप में दिया जाता है। २. रोगी को दिया जानेवाला पथ्य या बहुत हलका पेय पदार्थ। ३. तरकारियों आदि का झोल या रसा। शोरवा। ४. पके हुए फल का निचोड़ा हुआ रस।

वि० [फा० जुफ्त, मि० सं० युक्त] जो गिनती या संख्या में युग्म या सम

ठहरे। ताक या विषम का विपर्याय। जैसे—२, ४, १०, २० सब गिनती के विचार से जूस और ३, ५, ११, १९ ताक हैं।

जूस ताक—पुं० [हिं० जूस+फा० ताक] एक प्रकार का जूआ जिसमें, मुट्ठी में कौड़ियाँ भरकर बिपक्षी से पूछा जाता है कि इनकी संख्या सम है या विषम।

जूसी—स्त्री० [हिं० जूस] ऊख के रस को उबालकर गाढ़ा करते समय उसमें से निकलने वाली गाढ़ी तल-छट। चोटा।

जूह—पुं० [सं० यूथ, प्रा० जूह] १. झुंड। २. समूह।

जूहर——पुं०=जौहर।

जूही—स्त्री० [सं० यूथी] १. चमेली की तरह का एक प्रसिद्ध पौधा जिसके फूलों की गंध भीनी तथा मधुर होती है। २. उक्त पौधे का फूल।

जृंभ—पुं० [सं०√जृंभ् (जँभाई लेना)+घञ्] १. जँभाई। २. आलस्य।

जृंभक—वि० [सं०√जृम्भ्+ण्वुल्-अक] जँभाई लेनेवाला।
पुं० १. रुद्र या शिव का एक गण। २. एक प्रकार का प्राचीन अस्त्र। (कहते हैं कि इसके चलने पर विपक्षी योद्धाओं को जँभाइयाँ आने लगती थीं और वे सो जाते थे।)

जृंभण—पुं० [सं०√जृम्भ्+ल्युट्-अन] जँभाई लेना।

जृंभमान—वि० [स०√जृम्भ्+शानच्] १. जो जँभाई ले रहा हो। जँभाइयाँ लेता हुआ। २. चमकता हुआ। प्रकाशमान्।

जृंभा—स्त्री० [सं०√जृंभ्+अ-टाप्] १. जँभाई। २. आलस्य। ३. साहित्य में, एक सात्विक अनुभाव जो आलस्य से उत्पन्न माना गया है।

जृंभिका—स्त्री० [सं० जृंभा+कन्+टाप्, इत्व] १. जृम्भा। जँभाई। २. आलस्य। ३. एक रोग जिसमें रोगी को प्रायः जँभाई आती रहती हैं और वह धीरे-धीरे शिथिल होता जाता है।

जृंभी (भिन्)—वि० [सं०√जृंभ्+णिनि] १. जम्हाई लेनेवाला। २. विकसित होनेवाला।

जेंगना*—पुं०=जुगनूँ।

जेंगरा—पुं० [देश०] वह कटा हुआ ढंठल जिसमें से अनाज के दाने निकाल लिए गए हों।

जेंताक—पुं० [सं०] एक प्रक्रिया जिसके द्वारा रोगी को शरीर में इसलिए गरमाहट पहुँचाई जाती है कि उसे पसीना आये और उसके साथ ही रोग के कीटाणु आदि भी निकल जायँ।

जेंना*—स०=जीमना (भोजन करना)।

जेंवना†—पु० [हिं० जेंवना] १. जीमने अर्थात् भोजन करने की क्रिया या भाव। २. खाने के लिए बनी या परोसी हुई सामग्री। भोज्य पदार्थ।

जेंवना—स० [सं० जेमन] भोजन करना। जीमना।
पु०=जेंवन (भोज्य पदार्थ)।

जेंवनार—स्त्री०=ज्योनार।

जेंवाना—स० [हिं० जेंवना] अच्छी तरह से भोजन कराना। जिमाना।

जे—सर्व० [सं० ये] १. =जो। २. =जो' का बहु० रूप।
अव्य० जो। यदि। (भोजपुरी)।

जेइ—सर्व० १. =जो। २. =जिसने।

जेउँ*—क्रि० वि० [सं० यः+इव] ज्यों। जिस प्रकार। उदा०—आपु करैं सब भेस मुहमद चादर ओट जेउँ।—जायसी।

जेऊ†—सर्व०=जो।

जेकर—सर्व० [हिं० जे=जो+कर=का] जिसका।

जेकरा—सर्व०=जेकर (जिसका)।

जेज*—पु० [देश०] देर। विलम्ब। उदा०—हजरत गढ़ कीधे हलो, करो जेज किण कज्ज।—बाँकीदास।

जेट—स्त्री० [सं० यूथ] १. ढेर। समूह। २. एक पर एक करके रखी हुई एक तरह की चीजों की तही। थाक। जैसे—कसोरों या हँड़ियों की जेट; पूरियों या रोटियों की जेट।
†स्त्री० [?] फोड़। गोद।

जेटी—स्त्री० [अ०] समुद्र तट पर बना हुआ वह स्थान जहाँ पर से जहाजों पर माल लादा तथा उतारा जाता है। गोदी।

जेठंस—पुं० [हिं० जेठ (ज्येष्ठ)+अंस (अंश)] १. पैतृक संपत्ति में होनेवाला बड़े भाई का अंश। २. उक्त अंश प्राप्त करने का बड़े भाई का अधिकार।

जेठंसी—स्त्री०=जेठंस।

जेठ—वि० [स० ज्येष्ठ; प्रा०-जिट्ठ; गु० पं० जेठ; सिं० जेठु; का० जेठ; पं० बं० और मरा० जेठ] १. बड़ा। २. मुख्य। ३. उत्तम।
पु० *[स्त्री० जेठानी] १. पति का बड़ा भाई। २. वैशाख और आषाढ़ के बीच का महीना।

जेठरा—वि०=जेठा।

जेठरैत—पु० [हिं० जेठा+अ० रैत] १. गाँव में सब से बड़ा या सयाना आदमी। २. गाँव का मुखिया।
वि० जेठा। बड़ा।

जेठवा—वि० [हिं० जेठ] १. जेठ-संबंधी। २. जेठ में होनेवाला।
पु० एक प्रकार की बढ़िया कपास जो जेठ मास में तैयार होती है। झुलवा।

जेठा—वि० [सं० ज्येष्ठ] [स्त्री० जेठी] [भाव० जेठाई] १. अवस्था या वय में औरों से बड़ा। जैसे—जेठा लड़का। २. अपेक्षया अच्छा या बढ़िया। ३. सब के अन्त में और सब से बढ़कर आने या होनेवाला। जैसे—कपड़े की रँगाई में जेठा रंग।

जेठाई—स्त्री० [हिं० जेठा] १. जेठ होने की अवस्था या भाव। जेठापन। २. बड़प्पन। महत्त्व।

जेठानी—स्त्री० [हिं० जेठ] विवाहिता स्त्री की दृष्टि से, उसके पति के बड़े भाई की स्त्री।

जेठी—वि० [हिं० जेठ+ई (प्रत्य०)] १. जेठ-संबंधी। जेठ मास का। २. जेठ मास में होनेवाला। जैसे—जेठी धान। ३. हिं० 'जेठा' का स्त्री० रूप।
स्त्री० १. जेठ मास का वेयांश जिसमें अगली फसल के लिए जमीन जोती जाती है। २. जेठ में होनेवाली एक प्रकार की कपास। ३. जेठ में होनेवाला एक प्रकार का धान।

जेठी-मधु—स्त्री० [सं० यष्टिमधु] मुलेठी।

जेठुआ—वि० [हिं० जेठ] १. =जेठा। २. दे० 'जेठी'।

जेठौत (ौ)†—पुं० [सं० ज्येष्ठ+पुत्र] [स्त्री० जेठौती] जेठ अर्थात् पति के बड़े भाई का पुत्र।

जेणि—सर्व० [सं० येन] जिसने। उदा०—आरंभ मैं कियो जेणि उपायौ। —प्रिथीराज।

जेतवाह†—वि०=जैतवार (जीतनेवाला)।

जेतव्य—वि० [सं०√जि (जीतना)+तव्यत्] १. जीते जाने के योग्य। २. जो जीता जा सके।

जेता (तृ)—वि० [सं०√जि+तृच्] जिसे जय या विजय प्राप्त हुई हो। जीतनेवाला। विजयी।

पुं० विष्णु।

†वि०, क्रि० वि० [स्त्री० जेती]=जितना।

जेतार—वि० [सं० जित्वर] जीतनेवाला। जेता।

जेतिक—क्रि० वि० [हिं० जितना] जितना।

जेन-केन—क्रि० वि० =येन-केन (जैसे-तैसे)।

जेना†—स०=जीमना।

†वि०=जितना।

जेप्यावसु—पुं० [स०√जि या√जन् (उत्पत्ति)+णिच्+ढेन्य,+वसु, ब० स०] १. इन्द्र। २. अग्नि।

जेब—पु० [फा०] कमीज, कुरते, कोट आदि में प्रायः अन्दर की ओर लगी हुई वह थैली जिसमें छोटी-मोटी चीजें रखी जाती हैं। खीसा।

स्त्री० [फा० जेब] १. शोभा। फबन। २. प्रोत्साहन। बढ़ावा। (व्यं०)

क्रि० प्र०—देना।—पाना।

†अव्य०=जिमि।

जेबकट†—पुं०=जेबकतरा।

जेबकतरा—पुं० [हिं० जेब+कतरना] वह व्यक्ति जो दूसरों के जेब काट कर उनमें से रुपये-पैसे निकाल लेता हो।

जेब खरच—पुं० [हिं०] वह धन जो निजी या वैयक्तिक (पारिवारिक से भिन्न) आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए व्यय किया जाता हो, अथवा किसी को मिलता हो।

जेबघड़ी—स्त्री० [फा० जेब+हिं० घड़ी] जेब में रखी जानेवाली चिपटी गोल घड़ी।

जेबदार—वि० [फा०] शोभा से युक्त। सुन्दर।

जेबरा†—पुं०=जेबरा (पशु)।

जेबा—पुं० [?] जिरह बक्तर। कवच। उदा०—जेबा खोलि राग सों मढ़े। लेजिम चालि इराकिन्ह चढ़े।—जायसी।

†पुं०=जेब।

वि० [फा० जेबा] शोभाजनक।

जेबी—वि० [फा०] १. जो साधारणतः जेब में रखा जाता हो या रहता हो। जैसे—जेबी घड़ी, जेबी रूमाल। २. जो इतना छोटा हो कि जेब में रखा जा सके। जैसे—किताब का जेबी संस्करण।

जेम—अव्य०=जिमि (जैसे)।

जेमन—पुं० [सं०√जिम् (भक्षण)+ल्युट्—अन] १. भोजन करना। जीमना। २. ज्योनार।

जेय—वि० [सं०√जि (जीतना)+यत्] जीते जाने के योग्य। जो जीता जा सके।

वि० [सं० जय] जीतनेवाला। जेता। उदा०—अदेव देव जेय भीत रक्षमान लेखिए।—केशव।

जेर—वि० [फा० जेर] [भाव० जेरबारी] १. नीचे आया या लाया हुआ। २. पराजित। परास्त। ३. अधिकार या वश में किया हुआ। ४. जिसे बहुत तंग या परेशान किया गया हो।

क्रि० वि० नीचे। तले।

पुं० [?] सुन्दर वन में होनेवाला एक प्रकार का वृक्ष।

स्त्री० दे० 'अंबल' (खेड़ी)।

जेरना*—स० [हिं० जेर] १. पराजित करना। २ अधिकार या वश में करना। ३. तंग या परेशान करना।

जेरपाई—स्त्री० [फा०] १. स्त्रियों की जूती। २. जूता।

जेरबंद—पुं० [फा०] घोड़े के साज की मोहरी में लगा हुआ तस्मा जिसका दूसरा सिरा तंग में बाँधा जाता है।

जेर-बार—वि० [फा० ज़ेरबार] [भाव० जेरबारी] १. विपत्ति, संकट आदि से दबा हुआ। २. व्यय आदि के भार से दबा हुआ।

जेरी—स्त्री० [?] १. चरवाहों के हाथ में रहनेवाला डंडा या लाठी। २. खेती-बारी का एक उपकरण।

स्त्री० [फा० ज़ेर=नीचे] तंग या परेशान होने की अवस्था या भाव।

जेल—पुं० [अं०] वह घिरा हुआ स्थान जिसमें राज्य द्वारा दंडित अपराधी कुछ समय तक दंड भोगने के लिए बंद करके रखे जाते हैं।

क्रि० प्र०—काटना।—भोगना।

†स्त्री० [फा० जेर] परेशानी।

जेलखाना—पुं० [अं० जेल+फा० खानः] वह इमारत जिसमें अपराधी दंड भोगने के लिए बंद करके रखे जाते हैं। कारागार।

जेलर—पुं० [अं०] जेल का अधिकारी या प्रबंधक।

जेलाटीन—स्त्री० [अं०] एक प्रकार का बढ़िया गंधहीन और पारदर्शक सरेस जो हलके पीले रंग का होता है और जिसका प्रयोग औषधों, छाया-चित्रों और रासायनिक प्रक्रियाओं में होता है।

जेली—स्त्री० [हिं० जेरी] घास या भूसा इकट्ठा करने का एक उपकरण। पाँचा।

जेवड़ी—स्त्री०=जेवरी।

जेवना†—स०=जीमना।

जेवनार—स्त्री० [हिं० जेवना] बहुत से लोगों का प्रायः किसी विशिष्ट अवसर पर एक साथ बैठकर खाना। प्रीति-भोज। दावत।

जेवर—पु० [फा० ज़ेवर] आभूषण। गहना।

पुं० [देश०] एक प्रकार का पक्षी।

†स्त्री०=जेवरी।

जेवरा—पुं०=ज्योरा।

पुं० [हिं० जेवरी] मोटा रस्सा।

जेवरात—पुं० [फा० 'ज़ेवर' का बहु० रूप] बहुत से आभूषण।

जेवरी—स्त्री० [सं० जीवा] रस्सी।

जेवाँ—पुं०[हिं० जेवना] भोजन। उदा०—बिनु ससि सूरहि भाव न जेवाँ।—जायसी।

जेष्ठ—पुं० [सं० ज्येष्ठ] जेठ या ज्येष्ठ मास।

वि० अवस्था या वय में बड़ा। जेठा।

पुं०=जेठ (सभी अर्थों में)।

जेष्ठा—स्त्री० [सं० ज्येष्ठा]=ज्येष्ठा।

जेसिड घनंग—पुं० [?] कपास की पत्तियों में लगनेवाला एक प्रकार का कीड़ा जिसके पर शरीर के दोनों ओर छप्पर की तरह लटके होते हैं।

जेह—स्त्री० [सं० ज्या से फा० जिह्=चिल्ला] १. धनुष की डोरी में का वह अंश जो खींचकर आँख के पास लाया जाता है तथा निशाने की सीध में रखा जाता है। चिल्ला। २. दीवार के नीचेवाले भाग में होनेवाला पलस्तर जो साधारणतः कुछ अधिक मोटा होता है।

क्रि० प्र०—उतारना।—निकालना।

जेहड़—स्त्री० [हिं० जेट+घट] एक के ऊपर एक करके रखे हुए जल से भरे घड़े।

जेहड़ि—अव्य० [?] १. ज्यों ही। २. जैसे ही। (डिं०)

जेहन—पुं० [अ० ज़ेहन] [वि० जेहनी] समझने-बूझने की योग्यता या शक्ति। धारणा-शक्ति। बुद्धि।

जेहनदार—वि०=जेहनी (तीक्ष्ण बुद्धिवाला)।

जेहर—स्त्री० [?] पैर में पहनने की पाजेब।

जेहरि—स्त्री०=जेहर (पाजेब)।

जेहल—स्त्री० [फा० जिहल] [वि० जेहली] १. बेवकूफी। मूर्खता। २. हठ। जिद।

†पुं०=जेल।

जेहलखाना†—पुं०=जेलखाना।

जेहली†—वि० [फा० जिहल] जो कोई बात समझाने-बुझाने पर जल्दी न समझता हो।

जेहवा—क्रि० वि० [स्त्री० जेहवी]=जैसा।

जेहा—क्रि० वि० [स्त्री० जेही]=जैसा।

जेहि*—सर्व० [सं० यस्] १. जिसको। जिसे। २. जिससे।

जेता—पुं० [सं० जयंती] जैत का पेड़।

जै†—स्त्री०=जय।

†वि०=जितने।

जैकरी†—पुं०=जयकरी।

जैकार†—स्त्री०=जयकार।

जैगीषव्य—पुं० [सं० जिगीषु+यञ्] एक मुनि जो योग शास्त्र के वेत्ता थे।

जैजैकार†—स्त्री०=जयजयकार।

जैजैवंती—स्त्री० [सं० जयजयवंती] प्रातःकाल गाई जानेवाली भैरव राग की एक रागिनी।

जैडंक—पुं० [सं० जय+हिं० डंका] एक प्रकार का बड़ा ढोल। जंगी ढोल।

जैत—स्त्री० [सं० जिति] जीत। जय। विजय।

पु० [सं० जयंती] अगस्त की तरह का एक पेड़।

†पुं०=जैतून।

जैतपत्र†—पुं० [सं० जितिपत्र] जयपत्र।

जैतवार—वि० [सं० जित्वर] जीतनेवाला। विजयी। उदा०—सूर सरदार जैतवार दिगपालन कौं —सेनापति।

जैतश्री—स्त्री० [सं० जितिश्री] एक रागिनी।

जैती—स्त्री० [सं० जयंतिका] एक तरह की घास।

जैतून—पुं० [अ०] जैतून का तेल।

जैतून—पुं० [अ०] १. एक सदाबहार पेड़ जिसके फल दवा के काम आते हैं। २. उक्त वृक्ष के फल अथवा उनका तेल जो दवा के काम आता है।

जैत्र—पु० [स० जेतृ+अण्] [स्त्री० जैत्री] १. विजेता। विजयी। २. पारा। ३. औषध। दवा।

जैत्री—स्त्री० [सं० जैत्र+ङीप्] जैत का पेड़। जयती।

जैन—पु० [स० जिन+अण्] १. भारत का एक प्रसिद्ध अनीश्वरवादी धार्मिक संप्रदाय जिसका प्रवर्तन महावीर स्वामी ने बुद्ध के समय में किया था। २. उक्त धार्मिक संप्रदाय का व्यक्ति।

जैनी—वि० [हिं० जैन] १. जैन धर्म-संबंधी। २. जैनियों का।

पु० जैन धर्म को माननेवाला व्यक्ति। जैन-धर्मावलंबी।

जैनु—पु० [हिं० जेवना] आहार। भोजन।

जैन्य—वि० [स० जैन+यत्] जैन संबंधी।

जैपत्र†—पु०=जयपत्र।

जैफर†—पु०=जायफल।

जैबो †—अ०=जाना।

जैमंगल—पु० [स० जयमंगल] १. एक तरह का वृक्ष। जयमंगल। २. राजा की सवारी का हाथी।

जैमाल(ल)†—स्त्री०=जयमाल।

जैमिनि—पुं० [सं०] एक ऋषि जो महर्षि वेद व्यास के शिष्य तथा जो पूर्व मीमांसा के रचयिता थे।

जैमिनीय—वि० [सं० जैमिनि+छ—ईय] १. जैमिनी सम्बन्धी। २. जैमिनी द्वारा बनाया हुआ। जैमिनीकृत।

जैयद—वि० [अ० जद्=बहुत बड़ा] १. बहुत बड़ा या भारी। २. प्रचंड। प्रबल। ३. घोर। विकट।

जैल—पुं० [अ०] १. पहनने के कपड़े का अगला भाग। आगा। दामन। २. नीचे की ओर का अंश या स्थान। ३. किसी मद, विभाग या शीर्षक के अंतर्गत आनेवाली बातें। ४. इलाका। भू-भाग।

जैलदार—पु० [अ० जैल+फा० दार] मुसलिम शासन-काल में किसी इलाके का प्रधान शासनिक अधिकारी।

जैव—वि० [स० जीव+अण्] १. जीव-संबंधी। जीव का। २. जीवों से उत्पन्न होने, निकलने, बनने या मिलनेवाला। ३. बृहस्पति-संबंधी।

पु० १. बृहस्पति के क्षेत्र में पड़नेवाली धनु राशि और मीन राशि। २. पुष्य नक्षत्र।

जैवातृक—पुं० [सं०√जीव् (जीना)+णिच्+आतृ+कन्] १. कपूर। २. चंद्रमा। ३. औषधि। दवा।

वि० बड़ी उमरवाला। दीर्घायु।

जैवेय—पुं० [सं० जीव+ढक्-एय] बृहस्पति के पुत्र कच।

जैस*—वि०=जैसा।

जैसवार†—पुं०=जायसवाल।

जैसा—वि० [सं० यादृश, प्रा० जारिस, पैशा० जइस्सो] [स्त्री० जैसी] १. जिस आकार-प्रकार या रूप-रंग का। जिस तरह का।

पद—जैसा का तैसा=जिस रूप में पहले था, वैसा ही। **जैसे को तैसा**=(क) जोड़ या मुकाबले का। (ख) पूरी शक्ति से जवाब देने या सामना

करनेवाला। जैसा उपयुक्त या समीचीन हो। जैसा होना चाहिए या होता हो।

मुहा०—(किसी की) जैसी की तैसी करना =किसी की शेखी दूर करके उसे फिर पूर्व अवस्था या रूप में कर दिखाना। (उपेक्षा और तिरस्कार-सूचक)

२. समान। सदृश। ३. जितना। (क्व०)

जैसे—अव्य० [हिं० जैसा] १. जिस तरह से। जिस प्रकार।

पद—जैसे-जैसे =जिस क्रम से। ज्यों-ज्यों। **जैसे-तैसे**—(क) बहुत ही साधारण और तुच्छ रूप में। किसी प्रकार। जैसे—वह तो जैसे-तैसे काम-चलता करता है। (ख) बहुत कुछ कठिनता से। जैसे—जैसे-तैसे यह झगड़ा भी खतम हुआ। **जैसे बने वैसे** =जिस प्रकार संभव हो। जिस तरह हो सके।

२. उदाहरणार्थ। यथा।

जैसो—वि०=जैसा।

जोंक—स्त्री० [सं० जलौका] १. पानी में रहनेवाला एक प्रसिद्ध कीड़ा जो अन्य जीवों के शरीर में चिपक कर उनका रक्त चूसता है।

क्रि० प्र०—लगवाना।—लगना।

२. ऐसा व्यक्ति जो अपना काम निकालने के लिए बुरी तरह से पीछे पड़ता हो। ३. सेवार की बनी हुई चीनी साफ करने की एक प्रकार की चलनी या छाननी।

जोंकी—स्त्री० [हिं० जोंक] १. जोक नाम का कीड़ा। २. वह जलज जो पशुओं के पेट में पानी के साथ जोंक उतर जाने के कारण होती है। ३. पानी में रहनेवाला एक प्रकार का लाल कीड़ा। ४. लोहे का एक प्रकार का काँटा जो दो तख्तों या पत्थरों को मजबूती के साथ जोड़ने के काम में आता है। ५. चित्र कला में ऐसी फदेदार या लहरिएदार बेल जो देखने में जोक की तरह जान पड़ती हो।

जोंग—पु० [√जुंग् (वर्जन) +अप्, पृषो० सिद्धि] अगर या अगरु नाम की सुगंधित लकड़ी।

जोंगट—पु० [सं०√जुंग् +अटन्] गर्भिणी स्त्री की इच्छा। दोहद।

जों जों—अव्य०=ज्यों-ज्यों।

जों तों—अव्य०=ज्यों-त्यों।

जोंधरी—स्त्री०=जोंधरी (ज्वार)।

जोंधरा—पुं० [हिं० जोंधरी] बड़े दानोंवाली ज्वार।

जोंधरी—स्त्री० [स० जूर्ण] एक तरह की ज्वार जिसके दाने अपेक्षया कुछ छोटे होते हैं।

जोंधैया*—स्त्री० [सं० ज्योत्स्ना] चंद्रमा की चाँदनी। चंद्रिका।

जो—सर्व० [सं० यत्; प्रा० जो; गु० हिं० पं० बं० जे; मरा० जो] एक संबंधवाचक सर्वनाम जिसका प्रयोग पहले कही हुई किसी बात अथवा पहले आई हुई संज्ञा, सर्वनाम या पद के संबंध में कुछ और कहने से पहले किया जाता है। जैसे—वही कविता सुनाइये जो आपने उस दिन सुनाई थी।

वि० किसी अज्ञात या अनिश्चित बात का सूचक विशेषण। जैसे—(क) जो बात कहनी हो कह डालो। (ख) जो चाहो सो करो।

अव्य० [सं० यद्] यदि। अगर। (पु० हिं०)

जोअना†—स०=जोवना (देखना)।

२—४९

जोइ—स्त्री० [स० जाया] पत्नी। भार्या। स्त्री।

†स्त्री० [?] बड़ा खेमा या तंबू। (डिं०)

सर्व०=जो।

जोइअर†—पु० [हिं० जोइ+फा० गर] वह जिसकी पत्नी जीवित या वर्त्तमान हो।

जोइनि—स्त्री० [सं० योनि] १. योनि। २. खान।

जोइसी†—पुं०=ज्योतिषी।

जोई—स्त्री०[स० जाया]पत्नी। स्त्री०। उदा०—तुमहिं पुरुष हमही तोर जोई।—कबीर।

अव्य०=जो ही।

स्त्री० [फा०] १. ढूँढने की क्रिया या भाव। जैसे—ऐबजोई। २. अनुकूल, प्रसन्न या सन्तुष्ट रखने की क्रिया या भाव। जैसे—दिल-जोई।

जोउ—सर्व०, अव्य०=जो।

जोक†—स्त्री०=जोंक।

जोख—स्त्री० [हिं० जोखना] जोखने अर्थात् तौल या वजन करने की क्रिया या भाव।

जोखता—स्त्री०=योषिता (पत्नी)।

जोखना—स०[स० जोषण] १. तौलना। वजन करना। २. किसी बात पर मन ही मन अच्छी तरह विचार करके उसका ऊँच-नीच या भला-बुरा समझना।

जोखव†—स्त्री०=जोखिम।

जोखा—पु०[हिं० जोखना]१. जोखने अर्थात् तौलने की क्रिया या भाव। २. अच्छी तरह समझ कर ठीक करने की क्रिया या भाव। जैसे—लेखा-जोखा।

स्त्री०[स० योषा] स्त्री।

जोखाई—स्त्री०[हिं० जोखना] जोखने या तौलने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

जोखिउँ*—स्त्री०=जोखिम।

जोखिता*—स्त्री० [सं० योषिता] पत्नी। स्त्री।

जोखिम—स्त्री० [सं० जोषण]:[वि० जोखिमी]१. ऐसी स्थिति जिसमें लाभ या हित की संभावना तो हो, पर साथ ही अहित, संकट या हानि की संभावना भी कम न हो। जैसे—जिस काम में जोखिम हो, उसमें बहुत सोच-समझकर हाथ डालना चाहिए।

क्रि० प्र०—उठाना।—में डालना या पड़ना।—सहना।

पद—जान-जोखिम =ऐसी स्थिति जिसमें प्राण तक जाने की संभावना हो। **जोखिम धनी-लिए**=एक पद जिसका प्रयोग व्यापारिक क्षेत्रों में माल बेचने या भेजने के समय लिखा-पढ़ी में यह सूचित करने के लिए होता है कि यदि रास्ते में हानि होगी तो उसका जिम्मेदार खरीदने-वाला होगा। (ओनर्स रिस्क)

२. अर्थ-शास्त्र में, ऐसा काम जिसके लिए बहुत अधिक धन-शक्ति तथा साहस की अपेक्षा हो, फिर भी जिसकी सिद्धि अनिश्चित हो। झाँकी। (देखें) ३. कोई ऐसा बहुमूल्य पदार्थ जिसके नष्ट होने या हारे जाने की संभावना हो। जैसे—जोखिम (गहने, धन आदि) साथ में ले चलना ठीक नहीं है।

जोखिमी—वि० [हिं० जोखम] जिसमें कोई जोखिम हो या हो सकती हो। जिसमें बहुत कुछ अहित, संकट या हानि की संभावना हो। जोखिम का। जैसे—जोखिमी काम, जोखिमी माल।

जोखुआ—पुं० [हिं० जोखना+उआ (प्रत्य०)] माल जोखने या तौलनेवाला। बया।

वि० जोखा या तौला हुआ। जैसे—जोखुआ अनाज।

जोखुवा—पु०=जोखुआ।

जोखों—स्त्री०=जोखिम।

जोगंधर—पुं० [सं० योगधर] शत्रु के अस्त्रों से आत्म-रक्षा करने की एक प्राचीन युक्ति।

जोग—पुं० [सं० योग] १. एक प्रकार के गीत जो कन्या और वर दोनों पक्षों में विवाह से पहले गाये जाते हैं, जिनमें प्रायः वैवाहिक विधियों का वर्णन होता है। २. जादू। टोना। (पूरब)

मुहा०—जोग करना=जादू या टोना करना।

३. दे० 'योग'। ४. दे० 'जोड'।

वि०=योग्य।

अव्य० पुरानी चाल की चिट्ठी-पत्रियों में, के लिए। को। जैसे—पत्री भाई किशनचन्द्र जोग लिखा काशी से—।

जोगड़ा—पुं० [हिं० जोगी+ड़ा (प्रत्य०)] १. जोगी (उपेक्षा-सूचक)। २. बना हुआ जोगी। नकली या बनावटी योगी।

जोगता†—स्त्री० योग्यता।

जोगन†—स्त्री०=जोगिन।

जोगनिया—स्त्री० =जोगिनिया।

जोगनैर—पु० [सं० योगिनीपुर] दिल्ली। उदा०—जोगनैर जोतिग कहै, प्रभुसु होइ प्रथुराव।—चंदवरदाई।

जोगमाया†—स्त्री०=योगमाया।

जोगवना—स०[सं० योग+अवना (प्रत्य०)] १. योगियों का योगाभ्यास करना। २. उक्त के आधार पर कोई कठिन काम परिश्रम तथा यत्न-पूर्वक करना। ३. यत्नपूर्वक कोई चीज सम्हाल कर रखना। ४ एकत्र या संचित करना। ५. किसी का आदर या सम्मान करने के लिए उसकी अच्छी-बुरी सभी तरह की बातें मानना, सहना और सुनना। ६. पूरा करना। ७. परखना। ८. प्रतीक्षा करना। रास्ता देखना।

जोगवाह†—पुं०=जोगीटा।

जोगसाधन—पु०[सं० योगसाधन] १. तपस्या। २. परिश्रमपूर्वक किया जानेवाला कोई काम।

जोगा—वि०[सं० योग्य] किसी काम के लिए उपयुक्त, योग्य या लायक। यौ० के अन्त में। (स्त्रियाँ) जैसे—मरन-जोगा।

पुं० [देश०] अफीम छानने पर उसमें से निकलनेवाली मैल। खूदड़।

जोगाड़†—पुं०=जुगाड़।

जोगानल—स्त्री० [सं० योगानल] वह अग्नि, जो योगबल से उत्पन्न की गई हो।

जोगिंद—पुं० १.=योगीन्द्र। २. महादेव। (डिं०)

जोगि†—स्त्री०=योगिन।

जोगिनी—स्त्री०=योगिनी।

जोगिन—स्त्री० [सं० योगिनी] १. योग साधनेवाली विरक्त स्त्री। २. जोगियों या योगियों की तरह आचार-विचार, गेरुए वस्त्र पहनने और नियम, व्रत आदि का पालन करते हुए संयमपूर्वक रहनेवाली स्त्री; विशेषतः किसी प्रकार के आराधन या प्रेम से युक्त उक्त प्रकार की स्त्री। ३. एक प्रकार की रण देवी। ४. पिशाचिनी। ५. एक प्रकार का झाड़ीदार पौधा जिसमें नीले रंग के फूल लगते हैं। ६. दे० 'योगिनी'।

जोगिनिया—स्त्री०[हिं० जोगिन]=जोगिन।

पु०१. एक प्रकार का बढ़िया अगहनी धान जिसका चावल कई वर्ष तक ठहरता है। २. एक प्रकार का आम।

जोगिनी—स्त्री०=जोगिन।

जोगिया—वि०[हिं० जोगी+इया (प्रत्य०)] १. जोगी संबंधी। जोगी का। जैसे—जोगिया भेस। २. योगियों के वस्त्रों के रंग का। मटमैलापन लिये लाल। गेरुआ। गैरिक। जैसे—जोगिया कपड़ा।

पु०१. गेरु के रंग की तरह का एक प्रकार का लाल रंग जो कुछ मटमैलापन लिये हुए रहता है। २. जोगीड़ा। ३. जोगी। ४. संपूर्ण जाति का एक राग जो प्रातःकाल गाया जाता है।

जोगीट—पुं०=योगीट।

जोगी—पु०[सं० योगी] १. नाथ-पंथी जगम शैव साधु। २. इस वर्ग के कुछ गृहस्थ जो प्रायः सारंगी पर भजन गाकर भीख माँगते हैं। ३. संपूर्ण जाति का एक राग जो प्रातःकाल गाया जाता है। जोगिया राग। ४. रहस्य सप्रदाय में, मन। ५. दे० 'योगी'।

जोगीड़ा—पुं०[हिं० जोगी+ड़ा (प्रत्य०)] १. होली के दिनों में गाया जानेवाला एक प्रकार का गँवारू गाना। २. उक्त गीत गाने-बजानेवाला व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का दल।

जोगीश्वर†—पुं०=योगेश्वर।

जोगेश्वर—पु०=योगेश्वर।

जोगोटा†—वि० =जोगड़ा।

जोगौटा—पुं०[सं० योगपट्ट] १. जोगी। २. योगियों की वह चादर जिसे वे योग-साधना करते समय सिर से पैर तक ओढ़ते हैं। ३. जोगियों की झोली।

जोग्य†—वि०[भाव० जोग्यता] योग्य।

जोजन†—पुं०=योजन।

जोट—पुं० [सं० योटक] १. जोड़ा। जोड़ी। २. संगी। साथी। ३. झुंड। ४. समूह। उदा०—बाहर जुन्हाई जगी जोतिन की जोट ही।—देव।

वि० बराबरी का।

जोटा—पुं०[सं० योटक]१. दो चीजों का जोड़ा। २. संगी। साथी। ३. पशुओं की पीठ पर लादा जानेवाला दोहरा थैला या बोरा। गोन। ४. दे० 'जोड़ा'।

वि०[स्त्री० जोटी]१. बराबरी का। २. साथ रहने या होनेवाला।

जोटिंग—पुं०[सं० जोट√इंगृ (प्रकाशित करना)+अच्, पृषो०] संकर। शिव।

जोटी†—स्त्री०=जोड़ी।

जोड़—पुं०[सं० जुड़] १. जुड़ने या जुड़े हुए होने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. दो वस्तुओं का आपस में इस प्रकार जुड़ा, मिला या सटा होना कि वे या तो एक हो जायँ या देखने में एक जान पड़ें। ३. वह संधि

या स्थान जहाँ दो या अधिक चीजें आपस में मिली या सटी हुई हों। जैसे—हड्डियों का जोड़, पहुँचे और बाँह का जोड़, तख्तों या पत्थरों में का जोड़।

क्रि० प्र०—उखड़ना।—बैठाना।—लगाना।

४. वह अंग या अंश जो किसी दूसरी चीज के साथ जोड़ा या उसमें लगाया गया हो। ५. दो या अधिक चीजों को आपस में जोड़ने या मिलाने पर उनके संधि स्थान में दिखाई देनेवाला चिह्न या लक्षण। जैसे—कुरसी के हत्थे में का जोड़ साफ दिखाई पड़ता है।

पद—जोड़-तोड़। (दे०)

६. ऐसा मिलान या संयोग जो उपयुक्त, तुल्य अथवा सुंदर जान पड़े। जैसे—उन दोनों पहलवानों का जोड़ तो अच्छा है। ७. उक्त के आधार पर होनेवाली बराबरी। गुण, धर्म आदि के विचार से होनेवाली समानता। जैसे—उस लड़के के साथ तुम्हारा क्या जोड़ है।

क्रि० प्र०—बैठाना।—मिलाना।

८. एक ही तरह की अथवा साथ-साथ काम में आनेवाली दो या अधिक चीजें। जैसे—एक जोड़ कपड़ा (अर्थात् कुरता, टोपी और धोती अथवा कमीज या कोट, टोपी और पाजामा) भी साथ रख लो। ९. दे० 'जोड़'। १०. गणित में, दो या दो से अधिक अंकों, संख्याओं आदि के जुड़े हुए होने या जोड़ने की क्रिया, अवस्था या भाव। ११. इस प्रकार जोड़ने से प्राप्त होनेवाली संख्या। †१२. धन आदि का संग्रह।

जोड़ती—स्त्री० [हि० जोड़ + ती (प्रत्य०)] जोड़ (गणित का)।

जोड़-तोड़—पुं० [हि०] १. कमी जोड़ने और कमी तोड़ने की क्रिया या भाव। २. कौशल या धूर्तता से की जानेवाली ऐसी युक्तियाँ जिनसे कहीं कोई क्रम या परंपरा जुड़ती और कहीं टूटती हो। कार्य-साधन के लिए चालाकी और दाँव-पेंच से मिली हुई कार्रवाई।

क्रि० प्र०—बैठाना।—लगाना।

जोड़ना†—स्त्री० [हि० जोड़ना] १. जोड़ने की क्रिया या भाव। २. वह दही या और कोई खट्टा पदार्थ जो दूध में उसे जमाकर दही बनाने के लिए मिलाया जाता है। जामन।

जोड़ना—स० [सं० √जुड़, हि० जोड़ + ना (प्रत्य०)] १. दो या अधिक चीजों को किसी क्रिया या युक्ति से आपस में इस प्रकार साथ बैठाना, लगाना या सटाना कि वे या तो एक हो जायँ या एक के समान काम में और जान पड़ें। अच्छी तरह बुद्धिपूर्वक किसी के साथ मिलाना। जैसे—लकड़ी के तख्ते और पाये जोड़ कर कुरसी या मेज बनाना; कपड़े के टुकड़े जोड़ कर कुरता या चादर बनाना, लेई से फटे हुए कागज या पुस्तक के पन्ने जोड़ना। २. किसी चीज में का टूटा हुआ अंग या अंश उसमें फिर से इस प्रकार जकड़ना, बैठाना या लगाना कि वह चीज फिर से पूरी हो जाय और पहले की तरह काम देने लगे। जैसे—पैर या हाथ की टूटी हुई हड्डी जोड़ना। ३. किसी चीज के भिन्न-भिन्न या संयोजक अंगों को इस प्रकार क्रम से यथा-स्थान बैठाना, रखना या लगाना कि वह चीज पूरी तैयार होकर अपना काम करने लगे। जैसे—घड़ी के पुरजे या छापे के अक्षर जोड़ना, दीवार बनाने के लिए ईंटें, पत्थर आदि (मसाले से) जोड़ना। ४. पहले से जो शुरू रहा हो अथवा मूलतः जो शुरू हो, उसमें अपनी ओर से कुछ और मिलाना या लगाना। वृद्धि करना। बढ़ाना। जैसे—उसने वहाँ का हाल कहते समय अपनी तरफ से भी कई बातें जोड़ दीं। ५. एक ही तरह की बहुत-सी चीजें इकट्ठी करके एक केन्द्र में लाना या एक स्थान पर रखना। एकत्र या संगृहीत करना। जैसे—धन-संपत्ति जोड़ना, संग्रहालय के लिए चित्र, पुस्तकें, मूर्तियाँ आदि जोड़ना। उदा०—कौड़ी-कौड़ी माया जोड़ी, जोड़ जमी में धरता है। ६. गणित में दो या अधिक संख्याओं का योग-फल प्रस्तुत करना। मीजान लगाना। ७. लिखना-पढ़ना सीखने अथवा साहित्यिक रचना का अभ्यास करने के लिए अक्षर, पद, वाक्य आदि उपयुक्त क्रम से बैठाना, रखना या लिखना। जैसे—अक्षर जोड़ कर शब्द बनाना; शब्द जोड़कर कविता का चरण या पंक्ति बनाना। ८. किसी के साथ किसी प्रकार का संबंध स्थापित करना। जैसे—किसी के साथ नाता या मित्रता जोड़ना। ९. अग्नि, दीपक आदि के संबंध में, जलनेवाली चीज के साथ अग्नि का संयोग कराना। जैसे—रसोई बनाने के लिए आग जोड़ना, प्रकाश करने के लिए दीआ जोड़ना। १०. गाड़ी, हल आदि के संबंध में, घोड़े या बैल लाकर आगे बाँधना। जोतना। (क्व०) जैसे—तुरंत रथ जोड़ा गया और वे चल पड़े।

जोड़ला†—वि० = जुड़वाँ।

जोड़वाँ†—वि० = जुड़वाँ।

जोड़वाई—स्त्री० [हि० जोड़वाना] जोड़वाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

जोड़वाना—स० [हि० जोड़ना का प्रे०] जोड़ने का काम दूसरे से कराना। किसी को कुछ जोड़ने में प्रवृत्त करना।

जोड़ा—पुं० [हि० जोड़ना] [स्त्री० जोड़ी] १. प्रायः एक साथ रहने, साथ-साथ काम आने या साथ रहने पर उपयुक्त जान पड़नेवाले दो पदार्थ या व्यक्ति। जोड़ी। युग्म। जैसे—जोतियो का जोड़ा, हाथ में पहनने के कड़ो या पहुँचियो का जोड़ा।

क्रि० प्र०—मिलाना।—लगाना।

२. एक साथ पहने जानेवाले दो या अधिक कपड़े। जोड़।

पद—जोड़ा-जामा। (दे०)

३. एक ही प्रकार के जीवों, पशु-पक्षियों आदि के नर और मादा का युग्म। जैसे—वर और कन्या का जोड़ा, शेर और शेरनी का जोड़ा, बिच्छुओं और साँपों का जोड़ा।

मुहा०—जोड़ा खाना=पशु-पक्षियों का मैथुन या संभोग करना।

४. दोनों पैरों में पहनने के दोनो जूते। ५. वह जो किसी दूसरे की बराबरी या समता का हो। जोड़। ६. दे० 'जोड़'।

जोड़ाई—स्त्री० [हि० जोड़ना + आई (प्रत्य०)] १. जोड़ने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. दीवार बनाने के समय क्रम से ईंटें रखने या लगाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

जोड़ा-जामा—पुं० [हि० जोड़ा + फा० जामः] १. विवाह के समय वर के पहनने के सब कपड़े जो प्रायः उसकी ससुराल से आते हैं। २. पहनने के वे कपड़े जो राजाओं आदि से लोगों को पुरस्कार-स्वरूप मिलते थे। खिलअत।

जोड़ासिंघा—पुं० [देश०] छेने की एक बँगला मिठाई।

जोड़ी—स्त्री० [हि० जोड़ा] १. एक ही आकार-प्रकार, गुण और धर्मवाली दो चीजें। जैसे—मृगदरों की जोड़ी। २. संग-साथ रहनेवाले दो जीवों विशेषतः एक ही जाति के एक नर और एक मादा (जीवों) की सामूहिक संज्ञा। जैसे—बैलों की जोड़ी, भैंसो की जोड़ी। ३. वह गाड़ी जिसे दो घोड़े या दो बैल खींचते हैं। जैसे—पहले के रईस जोड़ी पर निकला

करते थे। ४. एक साथ रहनेवाले दो मुगदर जो कसरत करने के समय दोनों हाथों में पकड़ कर घुमाये जाते हैं।

क्रि० प्र०—भाँजना।

५. एक में बँधी हुई कटोरियों के तरह की वे दोनों चीजें जो गाने-बजाने के समय ताल देने के काम आती हैं। मंजीरा।

क्रि० प्र०—बजाना।

६. दे० 'जोड'।

जोड़ी की बैठक स्त्री० [हि० जोडी=मुगदर+बैठक=कसरत] वह बैठकी (कसरत) जो मुदगरों की जोड़ी पर हाथ टेक कर की जाती है।

जोड़ीदार—पुं० [हि० जोड़ी+फा० दार] वह जो किसी के साथ उसकी बराबरी का होकर रहता हो।

वि० मुकाबले का।

जोड़ीवाल—पुं० [हि० जोड़ी+वाला (प्रत्य०)] १. गाने-बजानेवालों के साथ जोड़ी या मंजीरा बजानेवाला। २. दे० 'जोड़ीदार'।

जोड़ुआ—पु० [हि० जोड़ा+उआ (प्रत्य०)] पैर में पहनने का चाँदी का एक प्रकार का सिकड़ीदार गहना।

†वि० जुड़वाँ।

जोड़ू—स्त्री०=जोरू।

जोत—स्त्री० [हि० जोतना] १. जोतने की क्रिया या भाव। २. वह विशिष्ट अधिकार जो किसी असामी को कोई जमीन जोतने-बोने पर उसके संबंध में प्राप्त होता है।

क्रि० प्र०—लगना।

३. उतनी भूमि जितनी एक असामी को जोतने-बोने आदि के लिए मिली हो अथवा उसके अधिकार में हो। ४. चमड़े आदि की वे लंबी पट्टियाँ या रस्सियाँ जो घोड़ों, बैलों आदि के पार्श्वों में उनकी गरदन से एक्के, गाड़ी, हल तक इस लिए बँधी रहती हैं कि उन पशुओं के चलने से वह चीज भी चलने लगे जिसमे वे बँधे रहते हैं। ५. वह रस्सी जिससे तराजू की डंडी से बँधे हुए उसके पल्ले लटकते रहते हैं।

†स्त्री० [सं० ज्योति] १. ज्योति। २. शरीर में रहनेवाली आत्मा जो परमात्मा की ज्योति के रूप मे मानी जाती है।

मुहा०—जोत में जोत समाना=आत्मा का शरीर मे से निकलकर परमात्मा के साथ मिल जाना। उदा०—इक मुरछा गत सी आय गई और जोत में जोत समाय गई।—नजीर।

३. देवी-देवता आदि के सामने जलाया जानेवाला घी का दीआ।

४. चित्रकला में, चेहरे के चारो ओर दिखाया जानेवाला प्रभा-मडल।

जोतकी—पु०=ज्योतिषी।

जोतगी—पु०=ज्योतिषी।

जोतदार—पुं० [हि० जोत+दार] वह असामी जो दूसरे की भूमि पर खेती-बारी करता हो।

जोतना—स० [सं० योजन या युक्त, प्रा० जुत्त+ना] १. कोई चीज घुमाने या चलाने के लिए उसके आगे कोई पशु लाकर बाँधना। जैसे—एक्के, गाड़ी आदि में घोड़ा (या घोड़े) अथवा कोल्हू, मोट, रथ आदि में बैल जोतना।

विशेष—इस क्रिया का प्रयोग स्वयं उन यानों के संबध में भी होता है जिनके आगे पशु बाँधे जाते हैं (जैसे—एक्का, गाड़ी या रथ जोतना) और उन पशुओं के संबध में भी होता है जो उनके आगे बाँधे जाते हैं (जैसे—घोड़ा या बैल जोतना)।

२. उक्त के आधार पर किसी को जबरदस्ती या विवश करके किसी काम मे लगाना। जैसे—शिक्षक ने लड़कों को भी उस काम में जोत दिया। ३. खेत को बोये जाने के योग्य बनाने के लिए उसमें हल चलाना।

४. एक दम से, ऊपर से या कहीं से कोई चीज या बात लाकर उसी का क्रम चलाने लगना। जैसे—तुम अपनी ही जोतते रहोगे या दूसरे किसी को भी कुछ करने (या कहने) दोगे।

जोतनी—स्त्री० [हि० जोतना] जुए मे लगी हुई वह रस्सी जो जोते जानेवाले पशु के गले मे बाँधी जाती है।

जोतसी†—पु०=ज्योतिषी।

जोतांत—स्त्री० [हि० जोतना] खेत की मिट्टी की ऊपरी तह।

जोता—पु० [हि० जोतना] १. जूआठे मे बँधी हुई वह रस्सी जिसमे बैलो की गरदन फँसाई जाती है। २. करघे मे दोनों ओर बँधी हुई वह रस्सियाँ जो ताने के दोनों सिरों पर सूतों को यथास्थान रखने के लिए बँधी रहती हैं। ३ वह बड़ी धरन या शहतीर जो खभो या उनकी पंक्तियो पर इसलिए रखते है कि उसके ऊपर और इमारत उठाई जा सके।

†वि० जोतनेवाला (यौ० के अंत मे)। जैसे—हल-जोता=हल जोतनेवाला।

†पु०=किसान (खेतिहर)।

जोताई—स्त्री० [हि० जोतना+आई (प्रत्य०)] जोते जाने या जोतने की अवस्था, क्रिया, भाव या मजदूरी।

जोतात†—स्त्री०=जोतांत।

जोताना—स० [हि० जोतना का प्रे० रूप] जोतने का काम किसी दूसरे से कराना।

जोति—स्त्री० [स० ज्योति] १. किसी देवी-देवता के सामने जलाया जानेवाला दीया। जोत।

क्रि० प्र०—जलाना।

२. दे० 'ज्योति'।

†स्त्री० [हि० जोतना] ऐसी भूमि जो जोती-बोई जाती हो या जोती-बोई जा सकती हो।

जोतिक†—पुं०=ज्योतिषी।

जोतिख†—पु०=ज्योतिष।

जोतिखी†—पु०=ज्योतिषी।

जोतिलिंग†—पुं०=ज्योतिर्लिंग।

जोतिवंत*—वि० [सं० ज्योतिवान्] १. ज्योति अर्थात् प्रकाश से युक्त। प्रकाशमान्। २. चमकदार।

जोतिष†—पु०=ज्योतिष।

जोतिषी†—पु०=ज्योतिषी।

जोतिस†—पु०=ज्योतिष।

जोतिहा—पु० [हि० जोतना+हा (प्रत्य०)] १. खेत जोतनेवाला मजदूर। २. कृषक। खेतिहर।

जोती—स्त्री० [हि० जोतना या जोत] १. घोड़े, बैल आदि की लगाम। रास। २. चक्की में की वह रस्सी जो उसके बीचवाली कीली और

हत्थे में बँधी रहती है। ३. वह रस्सी जो खेत सींचने की दौरी में बँधी रहती है। ४. वह रस्सी जिससे तराजू के पल्ले बँधे रहते हैं।

†स्त्री०=ज्योति।

जोत्स्ना†—स्त्री०=ज्योत्स्ना।

जोध—पुं०=योद्धा।

जोधन—स्त्री०[सं० योग+धन] वह रस्सी जिससे जूए के ऊपर और नीचे वाले भाग आपस में बँधे रहते हैं।

जोधा—पु०=योद्धा।

जोधार†—पुं०[हिं० जोधा] योद्धा।

जोन†—स्त्री०=योनि।

जोनरी—स्त्री०=जोन्हरी (ज्वार)।

जोना†—स० [हिं० जोवना] १. देखना। २. प्रतीक्षा करना। बाट देखना।

जोनि†—स्त्री०=योनि।

जोन्ह—स्त्री०[सं० ज्योत्स्ना] चंद्रमा की चाँदनी। चंद्रिका। ज्योत्स्ना।

जोन्हरी—स्त्री०[?]=जोंधरी (ज्वार)।

जोन्हाई—स्त्री०[सं० ज्योत्स्ना]=जोन्ह।

जोन्हार—पु०=जोंधरी (ज्वार)।

जोन्हि—स्त्री०=जुन्हाई (चाँदनी)।

जोप—पु०=यूप (यज्ञ का)।

जोर्ब—अव्य० [हिं०जो+पर] १. अगर। यदि। २. यद्यपि।

जोफ़—पु०[अ०]१. बुढ़ापन्ना। बुढ़ापा। २. शारीरिक दुर्बलता। कमजोरी। जैसे—जिगर, दिमाग या मेदे का जोफ।

जोबन—पु०[स०]१. युवा होने की अवस्था या भाव। यौवन। २. युवावस्था में होनेवाली तेज, लावण्य और सौन्दर्य मिश्रित शारीरिक गठन। जैसे—पेड़ या पौधे में जोबन आना।

मुहा०—जोबन पर आना=पूर्ण यौवनावस्था प्राप्त करना।

३. युवा स्त्रियों में स्पष्ट दिखाई देनेवाला आकर्षक और मोहक रूप या रौनक। सौन्दर्य।

क्रि० प्र०—आना।—उतरना।—चढ़ना।—ढलना।

मुहा०—(किसी का) जोबन लूटना=किसी स्त्री के साथ भोग-विलास करना। (बाजारू)

४. स्त्रियों के कुच। स्तन। ५. एक प्रकार का पौधा और उसका फूल।

जोबना—स०=जोवना।

†पु०=जोबन।

जोम—पु० [अ० ज़ोम] १. उमंग। उत्साह। २. आवेश। जोश। ३. शक्ति आदि का अभिमान। घमंड।

क्रि० प्र०—दिखाना।

४. तीक्ष्णता। तीव्रता।

†पुं०[?]१. झुंड। २. समूह।

जोय—स्त्री०[सं० जाया]१. जोरू। पत्नी। २. औरत। स्त्री।

†सर्व०१.=जो। २.=जिस।

जोयण—पुं०=योजन।

जोयना—स०[सं० ज्योति]आग, दीया आदि जलाना। उदा०—दीपक जोय कहा कर्ह सजनि पिय परदेस रहावे।—मीरां।

स०=जोवना (देखना)।

जोयसी†—पुं०=ज्योतिषी।

जोर—पु०[फा० ज़ोर][वि० जोरदार, जोरावर]१. शरीर का बल या शक्ति। ताकत।

मुहा०—(किसी चीज पर) जोर डालना या देना=शरीर का भार आश्रित या स्थिर करना।

२. शारीरिक बल या शक्ति के फल-स्वरूप दिखाई देनेवाला उत्साह, तेज, दृढ़ता, सामर्थ्य आदि। ओज।

मुहा०—किसी काम के लिए जोर करना, बाँधना, मारना या लगाना=विशेष शक्ति लगाकर प्रयत्न करना। जैसे—तुम लाख जोर मारो पर होगा कुछ नहीं।

३ आर्थिक, मानसिक, शारीरिक या और किसी प्रकार की योग्यता या सामर्थ्य। जैसे—धन का जोर, विद्या का जोर आदि। ४. कोई ऐसी क्रियात्मक प्रबल शक्ति जो अपना गुण, प्रभाव या फल स्पष्ट दिखाती हो। जैसे—दवा, नशे या बीमारी का जोर।

मुहा०—जोर करना या बाँधना उग्र, उत्कट या विकट रूप धारण करना। जैसे—शहर में आजकल हैजे ने जोर बाँधा है।

५ वृत्ति, वेग आदि के रूप में दिखाई देनेवाली क्रिया की प्रबलता। जैसे—नदी में पानी के बहाव का जोर, आँधी या तूफान के समय हवा का जोर।

पद—जोरों का=बहुत उग्र, प्रबल या विकट। जैसे—जोरों की वर्षा।

६. किसी कृति में दिखाई देनेवाली रचना-कौशल, विशिष्ट वक्तता या योग्यता अथवा आकर्षक, उत्साहवर्द्धक या मनोरंजक तत्त्व। ओज। दम। जैसे—कलम, कविता या कहानी का जोर। ७. अनुभूति, आग्रह, तर्क आदि में दिखाई देनेवाला बल या शक्ति। जैसे—किसी बात पर दिया जानेवाला जोर, खून या मुहब्बत का जोर। ८. उत्कर्ष, प्रबलता, वृद्धि आदि की ओर होनेवाली प्रवृत्ति।

मुहा०—जोर में आना या जोरों पर होना=जल्दी-जल्दी बढ़ना या तेज होना। जैसे—(क) अब यह पेड़ जोरों में आया है, अगले साल खूब फलेगा। (ख) आज-कल शहरों में चोरियाँ और देहातों में डाके खूब जोरों पर है।

९ ऐसा आधार या साधन जिससे किसी को कुछ विशेष बल या साहस प्राप्त हो। सहारा। जैसे—उनकी यह सारी उछल-कूद राजकीय अधिकारियों के जोर पर है। १०. अधिकार। वश। जैसे—आप पर हमारा कोई जोर तो है नहीं। ११. कसरत। व्यायाम। जैसे—अखाड़े में लड़के जोर करने जाते हैं। १२. किसी अंग से अधिक अथवा अनुचित रूप से काम लिए जाने के फलस्वरूप होनेवाला हानिकारक परिणाम या प्रभाव। जैसे—आँखों या आँतों पर जोर पड़ना।

१३. शतरंज के खेल में, वह स्थिति जिसमें किसी मोहरे को मुफ्त में या व्यर्थ मारे जाने से रोकने के लिए कोई और मोहरे भी किसी तरफ लगा रहता है। जैसे—घोड़े पर हाथी का जोर है, हमारा घोड़ा मारोगे तो तुम्हारा वजीर मरेगा।

मुहा०—जोर पहुँचाना=उक्त के आधार पर ऐसा काम करना जिससे किसी पर दबाव या प्रभाव पड़े। जैसे—अफसर या हाकिम पर जोर पहुँचाना।

क्रि० वि० अपने कार्य, फल आदि के विचार से असाधारण तेज या बहुत

अधिक। काफी। खूब। जैसे—बना जोर गरम। उदा०—तौ मैं बहुत कठोर जोर इन चने चबाये।—दीनदयालगिरि।

*पुं०=जोड़ (जोड़ी या युग्म)।

जोरई—स्त्री०[हिं० जोड़]१. एक ही में बंधे हुए दो बाँस जिसके सिरे पर मोटी रस्सी का फंदा लगा रहता है। २. हरे रंग का एक प्रकार का कीड़ा।

जोरदार—वि० [फा०] १. (व्यक्ति) जिसमें जोर अर्थात् बल हो। २. (बात) जो तथ्यपूर्ण और प्रभावशाली हो।

जोरन†—स्त्री०=जोड़न (देखे)।

जोरना—स०१=जोड़ना। २.=जोतना।

जोर शोर—पु०[फा०]किसी काम को पूरा करने के लिए लगाया जानेवाला जोर और दिखाया जानेवाला उत्साह तथा प्रयास।

जोरा†—पुं०=जोड़ा।

जोराजोर†—पु०=जोर शोर।

जोरा जोरी—स्त्री०[फा० जोर]किसी से हठात् कुछ लेने या छीन लेने के लिए किया जानेवाला प्रयत्न। जबरदस्ती।

क्रि० वि० बलपूर्वक। बलात्।

जोरावर—वि० [फा०] १. बलवान। २. जबरदस्त। शक्तिशाली।

जोरावरी—स्त्री० [फा०] १. जोरावर या बलवान होने की अवस्था, गुण या भाव। २. जबरदस्ती। धींगा-धींगी।

जोरिला—पुं० [देश०] एक प्रकार का गंध बिलाव।

जोरी†—स्त्री० १=जोरावरी। २=जोड़ी।

जोरू—स्त्री० [हिं० जोड़ा] पत्नी। भार्या। स्त्री।

पद—जोरू का गुलाम=ऐसा व्यक्ति जो पत्नी के वश में रहकर उसके कहे अनुसार चलता हो। स्त्री-भगत। **जोरू जाँता**—पत्नी, घर-गृहस्थी और बाल-बच्चे।

जोल†—पु० [?] झुंड। समूह।

†पुं० =जोर। (क्व०)

जोलाह=†—पुं०=जुलाहा।

जोलाहल—स्त्री०=ज्वाला।

जोलाहा†—पुं०=जुलाहा।

जोली—वि० [हिं० जोड़ी] १. वह जिसके साथ बहुत मेल-जोल हो। संगी। साथी। २. बराबरी का। समवयस्क। ३. प्रायः साथ रहनेवाला। जैसे—हम-जोली।

स्त्री० [हिं० झोली] १. जाली या किरमिच का बना हुआ एक प्रकार का बिस्तर जिसके दोनों सिरों पर अदवान की तरह कई रस्सियाँ होती हैं और जो बुर्जों आदि में लटकाकर काम में लाया जाता है। २. वह रस्सी जो जहाजों के पाल चढ़ाने-उतारने के काम में आती है। (लश०) ३. रस्सों के सिरों को बाँधने के लिए उनमें लगाई जानेवाली एक प्रकार की गाँठ।

जोलो*—पुं०[?]अंतर। फरक।

जोवन*—पुं०=यौवन।

जोवना—स०[सं० जुषण=सेवन]१. ध्यानपूर्वक देखना। २. प्रतीक्षा करना। जोहना। ३. तलाश करना। ढूँढ़ना।

जोवारी—स्त्री०[देश०] मैना पक्षी की एक जाति।

जोश—पु०[फा०]१. आँच या गरमी के कारण द्रव-पदार्थ में आनेवाला उफान। उबाल।

क्रि० प्र०—खाना।—देना।

२. वह मनोवेग जिसके कारण मनुष्य अकर्मण्यता, **आलस्य या तटस्थता** छोड़कर किसी कार्य में आवेश, उत्साह या तत्परतापूर्वक अग्रसर या **प्रवृत्त** होता है।

क्रि० प्र०—आना।—दिलाना।

पद—खून का जोश=प्रेम का वह वेग जो अपने कुल, **परिवार या वंश** के किसी मनुष्य के प्रति हो। जैसे—वह उसके खून का **जोश** ही था जिसमें वह अपने लड़के (या भाई) का बचाने के लिए **जलते हुए** मकान में घुस गया था। **जोश-खरोश**=बहुत उत्सुकतापूर्ण **आवेश या** मनोवेग।

जोशन—पु०[फा०] १. बाँह पर पहनने का एक प्रकार का **गहना**। २. कवच। जिरहबख्तर। (क्व०)

जोशांदा—पु०[फा०]१. ओषधियों, जड़ी-बूटियों आदि को **उबालकर** बनाया हुआ काढ़ा। २. एक में मिली हुई वे सब ओषधियाँ जिनका काढ़ा बनाया जाता है। जैसे—जोशांदे की पुड़िया।

जोशी—पु०=जोषी।

जोशीला—वि०[फा० जोश+ईला (प्रत्य०)]१ (व्यक्ति) जो जोश में हो अथवा जिसे बहुत जल्दी जोश आ जाता हो। २ जोश में भरकर अथवा दूसरों को जोश में लाने के लिए कहा या किया हुआ। जैसे—जोशीला भाषण।

जोष—पु०[सं०√जुष् (प्रेम करना)+घञ्] १ प्रीति। प्रेम। २ आराम। सुख। ३. सेवा।

*स्त्री०[सं० योषा] १ पत्नी। भार्या। २. नारी। स्त्री।

*स्त्री०=जोख।

जोषक—पु०[सं०√जुष्+ण्वुल्-अक] सेवक।

जोषण—पु०[सं०√जुष्+ल्युट्-अन] १. प्रेम। प्रीति। २ सेवा।

जोषा—स्त्री०[सं० जोष+टाप्] नारी। स्त्री।

जोषिका—स्त्री०[सं० जोषक+टाप्, इत्व] १. स्त्री। २ कलियों का गुच्छा।

जोषिता—स्त्री०[सं०=योषिता, पृषो० य को ज] औरत। नारी। स्त्री।

जोषी—पु० [स० ज्योतिषी] १. गुजराती, महाराष्ट्र आदि ब्राह्मणों की एक जाति का जल्ल। २. दे० 'ज्योतिषी'।

जोस†—पु०=जोश।

जोसीड़ा—पु०[सं० ज्योतिषी] पुरोहित। उदा०—जोसिड़ा ने लाल बचाई रे।—मीराँ।

जोह—स्त्री०[हिं० जोहना] १. जोहने की क्रिया या भाव। २. खोज। तलाश। ३. प्रतीक्षा। ४. कृपापूर्ण दृष्टि। कृपा-दृष्टि।

जोहड़—पुं०[देश०] कच्चा तालाब।

जोहन—स्त्री०[हिं० जोहना] जोहने की क्रिया या भाव। दे० 'जोह'।

जोहना—स० [स० जुषण=सेवन] १. अच्छी तरह ध्यानपूर्वक देखना २. कुछ ढूँढ़ने या पाने के लिए इधर-उधर देखना। तलाश करना। ढूँढ़ना। ३. प्रतीक्षा करना। रास्ता देखना।

जोहर†—पुं०=जोहड़।
पुं०=जौहर।

जोहार†—स्त्री०[सं० जुषण=सेवन] मुख्यतः क्षत्रियों में प्रचलित एक प्रकार का अभिवादन या नमस्कार।
†पुं०=जौहर।

जोहारना—अ० [हिं०] प्रणाम या नमस्कार करना। अभिवादन करना।

जौं—अव्य०[सं० यदि] जो। यदि।
†अव्य०=ज्यों।

जौंकना—स०[अनु० झाँव-झाँव] १. रोष जतलाते हुए ऊँचे स्वर में बोलना। २. एकाएक बहुत जोर से चिल्ला या बोल उठना।

जौंची—स्त्री०[देश०] एक रोग जिसमें पौधों की बालें (जैसे—गेहूँ, चने आदि की बालें) काली पड़ कर मुरझा जाती हैं।

जौंड़—स्त्री०=जेवड़ी (रस्सी)।

जौंड़ा†—पुं०=जौरा।

जौंरा—पुं० =जौरा।

जौंरा भौंरा—पुं०[हिं० भुइँहरा] १. किले या राजमहल का वह तहखाना जिसमें प्राचीन काल में राजे, नवाब आदि सुरक्षा की दृष्टि से सोना-चाँदी, हीरे-मोती रखते थे। २. एक साथ जन्म लेनेवाले दो बालक। ३ प्रायः या बराबर साथ रहनेवाले दो व्यक्ति।

जौरे—क्रि० वि०[फा० जवार] निकट। समीप।

जौ—पुं०[सं० यव] १. एक प्रसिद्ध पौधा जिसके दानों या बीजों को पीसकर बनाया हुआ चूर्ण रोटी बनाने के काम आता है।
विशेष—यह पौधा गेहूँ के पौधे से बहुत-कुछ मिलता-जुलता होता है। २. उक्त पौधे का दाना या बीज जो गेहूँ के दाने की अपेक्षा कुछ बड़ा तथा लंबोतरा होता है। ३. ६ राई की एक तौल। ४. एक पौधा जिसकी लचीली टहनियों से टोकरे आदि बनते हैं। मध्य एशिया के प्राचीन खंडहरों में इसकी बनी हुई टट्टियाँ भी पाई गई हैं।
*अव्य० १.=जो (अगर या यदि)। २=जब।
सर्व०=जो।

जौक—पुं०[तु०जूक=सेना] १. सेना। फौज। २. गोल। झुंड। ३. जत्था मंडली। ४. पंक्ति। श्रेणी।
पुं०[अ० जौक] किसी वस्तु या वस्तु से प्राप्त होनेवाला आनंद या सुख।
पद-जौक शौक=आनंद, उत्साह और प्रसन्नता।

जौ केराई—स्त्री०[हिं० जौ+केराव] केराव या मटर के साथ मिला हुआ जौ।

जौख†—पुं०=जौक।

जौगड़ा—पुं०[जौगढ़=कोई प्रदेश] अगहन में तैयार होनेवाला एक प्रकार का धान।

जौचनी—स्त्री० [हिं० जौ+चना] एक में मिले हुए जौ तथा चने के दाने या बीज।

जौजा—स्त्री० [अ० जौजः] जोरू। पत्नी।

जौजियत—स्त्री०[फा० जौजियत] जौजा अर्थात् जोरू या पत्नी होने की अवस्था या भाव।

जौतुक—पुं०=यौतुक (दहेज)।

जौधिक—पुं० [स० यौधिक] तलवार चलाने का एक ढंग, प्रकार या हाथ।

जौन—सर्व०[स० यः हिं० जो] जो।
वि०=जो।
पुं०=यवन।
स्त्री०=योनि।

जौनाल—स्त्री० [सं० यव+नाल] १. जौ के पौधे का डंठल और बाल। २. वह भूमि जिसमें जौ बोया जाता हो। ३. ऐसी भूमि जिसमें रबी की कोई सफल होती हो।

जौन्ह†—स्त्री०=जोन्ह (चाँदनी)।

जौपै—अव्य०[हिं० जौ+पै=पर] अगर। यदि।

जौबति†—स्त्री०=युवती।

जौबन†—पुं०=जोबन।

जौम†—पुं०=जोम (ताकत)।

जौर—पुं० [फा०] अत्याचार। जुल्म।

जौरा—पुं०[हिं० जुरा] वह अनाज जो गाँवों में नाई, बारी आदि पौनियों को उनके काम के बदले में प्रति वर्ष दिया जाता है।
†पुं०[हिं० जेवड़ी] बड़ा रस्सा।
†पुं०=यमराज।

जौलाई† स्त्री०=जूलाई (महीना)।

जौलाए—वि० [?] बारह। (दलाल)

जौशन—पुं०=जोशन।

जौहड़†—पुं० [पहलवी आबे-जोहर=पवित्र-जल] १. वह गड्ढा जिसमें बरसाती जल जमा होता हो। २. छोटा ताल।

जौहर—पुं०[फा० गौहर का अरबी रूप] १. कोई बहुमूल्य पत्थर। जैसे—नीलम, पन्ना, हीरा आदि। २. किसी बात, वस्तु या व्यक्ति में निहित वे तात्त्विक और मौलिक बातें जो उसके गुणों, दोषों, विशेषताओं, त्रुटियों आदि की परिचायक या सूचक होती हैं। जैसे—आदमी का जौहर विकट परिस्थितियों में, बहादुरों का जौहर लड़ाई के मैदान में अथवा सोने का जौहर उसे तपाने पर खुलते हैं।
क्रि० प्र०—खुलना।
३. उक्त के आधार पर लोहे के धारदार औजारों, हथियारों आदि के संबंध में विशिष्ट प्रकार के वे चिह्न या धारियाँ जो लोहे की उत्तमता की सूचक होती हैं। जैसे—तलवार या कटार का जौहर। ४. उत्तमता। श्रेष्ठता।
पुं०[सं० जीव-हर] १. मध्य-युग में राजपूत स्त्रियों की एक प्रथा जिसमें गढ़ या नगर के शत्रुओं से घिर जाने और अपने पक्ष की हार निश्चित होने पर वे एक साथ इस उद्देश्य से जलती चिता में कूद पड़ती थीं कि विजयी शत्रु हमारा अपमान तथा हम पर अत्याचार न करने पावें। २. उक्त उद्देश्य से बनाई हुई बहुत बड़ी चिता।
क्रि० प्र०—सँजोना।—सजाना।
३. आत्म-सम्मान की रक्षा के लिए की जानेवाली आत्म-हत्या।
पुं०=जौहड़।

जौहरी—पुं०[फा०] १. हीरा, लाल आदि बहुमूल्य रत्न परखने और बेचनेवाला व्यापारी। २. किसी काम, चीज या बात के गुण-दोष

आदि अच्छी तरह जानने और समझने वाला व्यक्ति। पारखी। जैसे—शब्दों का जौहरी।

ज्ञ—ज और ञ के योग से बना हुआ एक अक्षर जिसका उच्चारण हिंदी में ग्य, मराठी में 'द्न्य' और गुजराती में 'ज्ञ' होता है।

पु०[स०√ज्ञा (जाना)+क] १. ज्ञानी पुरुष। २. ब्रह्म। ३. बुध नामक ग्रह। ४. मंगल ग्रह। ५. ज्ञान। बोध।

वि० जाननेवाला। ज्ञाता। (शब्दों के अन्त में) जैसे—गणितज्ञ, वैद्यज्ञ, शास्त्रज्ञ आदि।

ज्ञपित—वि० [सं०√ज्ञा+णिच्+क्त, पुक्] १. जाना हुआ। ज्ञात। २. दूसरों को जतलाया या बतलाया हुआ। ३. तृप्त या संतुष्ट किया हुआ। ५. मारा हुआ। हत। ६ (शस्त्र) चोखा या तेज किया हुआ। ७. प्रशंसित या स्तुत।

ज्ञप्ति—स्त्री०[स०√ज्ञप् (जानना)+क्तिन्] १ कोई बात जानने या जनाने की क्रिया या भाव। २ जानी या जनाई हुई बात। ३. बुद्धि ४. मार डालना। मारण। ५. तुष्टि या तृप्ति। ६ प्रशंसा। स्तुति। ७. जलाना।

ज्ञ-भार—पुं०[सं० ष० त०] बुधवार।

ज्ञा—स्त्री०[स० ज्ञ+टाप्] ज्ञान। जानकारी।

ज्ञात—भू० कृ० [स०√ज्ञा+क्त] जिसके विषय में सब बातें मालूम हों। विदित। जाना हुआ।

पुं०=ज्ञान।

ज्ञात-नंदन—पुं०[सं० ज्ञात√नंद (प्रसन्न होना)+णिच्+ल्यु-अन] जैनों के तीर्थंकर महावीर स्वामी का एक नाम।

ज्ञात-यौवना—स्त्री०[ब० स०] साहित्य में वह मुग्धा नायिका जिसे अपने तारुण्य या यौवन के आगमन का स्पष्ट रूप से आभास या भान होने लगा हो।

ज्ञातव्य—वि०[स०√ज्ञा+तव्यत्] १ जानने के योग्य (कोई महत्व पूर्ण बात)। २. जो जाना जा सके। बोध गम्य। ३ जो दूसरों को जतलाया जाने को हो।

ज्ञाता (तृ)—वि०[सं०√ज्ञा+तृच्] [स्त्री० ज्ञात्री] जिसने किसी बात, विषय आदि का पूरा ज्ञान हो। जानकार।

ज्ञाति—पुं०[सं०√ज्ञा+क्तिच्] एक ही गोत्र या वंश से उत्पन्न मनुष्य। गोती। भाई-बंधु। बांधव।

स्त्री०=जाति।

ज्ञाति-पुत्र—पुं० [ष० त०] १. गोत्रज का पुत्र। २ जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी का एक नाम।

ज्ञातृत्व—पुं०[सं० ज्ञातृ+त्व] अभिज्ञता। जानकारी।

ज्ञान—पुं०[सं०√ज्ञा+ल्युट्-अन] १. चेतन अवस्थाओं में इंद्रियों आदि के द्वारा बाहरी वस्तुओं, विषयों आदि का मन को होनेवाला परिचय या बोध। मन में होनेवाली वह धारणा या भावना जो चीजों या बातों को देखने, समझने, सुनने आदि से होती है।

विशेष—न्यायदर्शन में प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द इन चारों प्रमाणों को ज्ञान का मूल कारण या स्रोत माना गया है।

२. लोक-व्यवहार में, शरीर की वह चेतना-शक्ति जिसके द्वारा जीवों, प्राणियों आदि को अपनी आवश्यकताओं और स्थितियों के अनुसार अनेक प्रकार की अनुभूतियों और सब बातों की जानकारी या परिचय होता है। कुछ जानने, समझने आदि की योग्यता, वृत्ति या शक्ति। जैसे—(क) वनस्पतियों आदि में भी इतना ज्ञान होता है कि वे गरमी, सरदी और दिन-रात का अनुभव करते हैं। (ख) उसकी चेष्टाओं से पता चलता था कि मरते समय तक उसका ज्ञान बना रहा।

विशेष—प्राणि-विज्ञान के अनुसार, हमारे सारे शरीर में स्नायविक तंतुओं का जो जाल फैला हुआ है, उसी की कुछ क्रियाओं से हमें सब बातों और विषयों का ज्ञान होता है। चेतना की दृष्टि से उक्त तंतु-जाल का केन्द्र हमारे मस्तिष्क में है, जहां सारा ज्ञान पहुँचकर एकत्र होता और हमसे सब प्रकार के काम कराता है।

३ किसी बात या विषय के संबंध में होनेवाली वह तथ्यपूर्ण, वास्तविक और सगत जानकारी या परिचय जो अध्ययन, अनुभव, निरीक्षण, प्रयोग आदि के द्वारा प्राप्त होता है। जैसे—किसी कला, भाषा या विद्या का ज्ञान। ४. आध्यात्मिक और धार्मिक क्षेत्रों में, आत्मा और परमात्मा के पारमार्थिक संबंध, वास्तविक स्वरूप आदि और भौतिक जगत समार की अनित्यता, नश्वरता आदि से संबंध की होनेवाली अनुभूति, जानकारी या परिचय जो आवागमन के बंधन से छुड़ाकर मुक्ति या मोक्ष देनेवाला माना गया है। तत्त्व-ज्ञान, ब्रह्म-ज्ञान।

मुहा०—ज्ञान छाँटना या बघारना=अनावश्यक रूप से, बहुत बढ़-बढ़कर और केवल अपनी जानकारी या पांडित्य दिखाने के उद्देश्य से ज्ञान संबंधी तरह-तरह की बातें कहना।

ज्ञान-कांड—पुं०[ष० त०] वेद के तीन कांडों या विभागों में से एक जिसमें जीव और ब्रह्म के पारमार्थिक संबंधों, स्वरूपों आदि पर विचार किया गया है।

ज्ञान-कृत—वि० [तृ० त०] (कार्य, व्यापार या पाप) जो ज्ञान रहते अर्थात् जान-बूझकर तथा सचेत अवस्था में किया गया हो।

ज्ञान-गम्य—वि०[तृ० त०] (विषय) जिसका ज्ञान प्राप्त किया जा सकता हो।

ज्ञान-गोचर—वि०[ष० त०] जो ज्ञान के द्वारा जाना जा सके।

ज्ञान-चक्षु (षु)—पुं० [ष० त०] १ अंतर्दृष्टि। २ बहुत बड़ा विद्वान्।

ज्ञानतः (तस्)—क्रि० वि० [स० ज्ञान+तस्] ज्ञान रहने या होने की दशा में। जान-बूझकर।

ज्ञानद—वि० [सं० ज्ञान√दा (देना)+क] [स्त्री० ज्ञानदा] ज्ञान कराने या देनेवाला।

पु० गुरु।

ज्ञान-दा—स्त्री०[सं० ज्ञानद+टाप्] सरस्वती।

ज्ञान-दाता (तृ)—वि० [ष० त०] ज्ञान कराने या देनेवाला।

पु० गुरु।

ज्ञान-दात्री—स्त्री०[ष० त०] सरस्वती।

ज्ञान-पति—पुं०[ष० त०] १. परमेश्वर। २. गुरु।

ज्ञान-पिपासु—वि०[ष० त०] जो ज्ञान अर्थात् किसी विषय की पूरी जानकारी प्राप्त करना चाहता हो। ज्ञान का जिज्ञासु।

ज्ञान-प्रभ—पुं०[ब० स०] एक तथागत का नाम।

ज्ञानमय—वि०[सं० ज्ञान+मयट्] ज्ञान से युक्त। ज्ञान से भरा हुआ। पुं० ईश्वर।

ज्ञान-मुद्रा—स्त्री० [मध्य० स०] राम की पूजा की एक मुद्रा। (तंत्रसार)

ज्ञान-मूढ़—पुं०[मध्य०स०] वह जो ज्ञानी होने पर भी मूढ़ों या मूर्खों का-सा आचरण या व्यवहार करता हो।

ज्ञान-यज्ञ—पुं०[तृ० त०] आत्मा और परमात्मा के अ-भेद का पूरा ज्ञान प्राप्त करके अपने आपको पूर्ण रूप से ईश्वर में लीन कर देने की क्रिया या भाव।

ज्ञान-योग—पुं०[कर्म०स०] वह योग या साधन जिसमें परमात्मा या ब्रह्म के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान प्राप्त करके मनुष्य मोक्ष का अधिकारी बनता है।

ज्ञानवान् (वत्)—वि०[सं० ज्ञान+मतुप्, वत्व] १. जिसे बहुत-सी बातों, विषयों आदि की जानकारी हो। २. योग्य तथा समझदार। ३. आत्मा और परमात्मा के अभेद का ज्ञाता।

ज्ञान-साधन—पुं०[ष० त०] १. इंद्रियाँ जिनकी सहायता से ज्ञान प्राप्त किया जाता है। २. किसी प्रकार का ज्ञान प्राप्त करने का प्रयत्न।

ज्ञानांजन—पुं०[ज्ञान-अंजन, कर्म० स०] ब्रह्मज्ञान।

ज्ञानाकर—पुं०[ज्ञान-आकर, ष० त०] बुद्ध।

ज्ञानाकार—पुं०[ज्ञान-आकार, ष० त०] गौतम बुद्ध।

ज्ञानालय—पुं०[ज्ञान-आलय, ष० त०] वह स्थान जहाँ ज्ञान संबंधी चर्चा या विवेचन हो और ज्ञान का लोक में प्रचार होता हो। (इन्स्टिट्यूट)

ज्ञानावरण—पुं०[ज्ञान-आवरण, ष० त०] १. वह चीज या परदा जो ज्ञान की प्राप्ति में बाधक हो। २. वह पाप जिसका उदय होने पर ज्ञान प्राप्त नहीं होता।

ज्ञानावरणीयकर्म (र्मन्)—पुं० [ज्ञान-आवरणीय, ष० त०, ज्ञानावरणीय कर्मन्, कर्म० स०] ज्ञानावरण।

ज्ञानाश्रयी—वि० [सं०] १. ज्ञान पर आश्रित। २. ज्ञान-संबंधी।

ज्ञानाश्रयी शाखा—स्त्री०[स०] १. आध्यात्म एवं धार्मिक साधना आदि में एक प्रवृत्ति जिसमें भक्त भगवान् को ज्ञान द्वारा प्राप्त करने के सिद्धांत का समर्थक होता है। २. हिन्दी साहित्य के इतिहास में भक्तिकाल की एक धारा।

ज्ञानासन—पुं०[ज्ञान-आसन, मध्य० स०] योग की सिद्धि का एक आसन।

ज्ञानी (नित्)—वि० [सं० ज्ञान+इनि] १. जिसे ज्ञान या जानकारी हो। २. योग्य तथा समझदार।
पुं० १. वह जिसे आत्म और ब्रह्म के स्वरूप का ठीक-ठीक ज्ञान हो चुका हो। ब्रह्मज्ञानी। २. चार प्रकार के भक्तों में से एक जो सब बातों का ज्ञान रखकर भक्ति करता और इसी लिए सब में श्रेष्ठ माना जाता है।

ज्ञानेंद्रिय—स्त्री० [ज्ञान-इंद्रिय, मध्य० स०] आँख, कान, नाक, जीभ और त्वचा ये पाँच इंद्रियाँ जिनसे भौतिक विषयों का ज्ञान होता है।

ज्ञानोदय—पुं०[ज्ञान-उदय, ष० त०] किसी प्रकार के ज्ञान का (मन में) होनेवाला उदय।

ज्ञापक—वि० [सं०√ज्ञा+णिच्+ण्वुल्—अक] १. ज्ञान प्राप्त करानेवाला। २. जतलाने, बतलाने या परिचय देनेवाला। व्यंजक या सूचक (तत्त्व या बात)।

ज्ञापन—पुं०[सं०√ज्ञा+णिच्+ल्युट्—अन] [भू० कृ० ज्ञापित, वि० ज्ञाप्य] कोई बात किसी को जतलाने, बतलाने या सूचित करने की क्रिया या भाव।

ज्ञापित—भू० कृ० [सं०√ज्ञा+णिच्+क्त] जिसकी जानकारी किसी को कराई जा चुकी हो। जतलाया या बतलाया हुआ।

ज्ञाप्य—वि० [सं०√ज्ञा+णिच्+यत्] जिसका ज्ञान प्राप्त किया या कराया जा सकता हो।

ज्ञेय—वि०[सं०√ज्ञा+यत्] १. जिसे जानना आवश्यक या कर्तव्य हो। जानने योग्य। २. जो जाना जा सके।

ज्या—स्त्री०[सं०√ज्या (जीर्ण होना)+अङ—टाप्] १. धनुष की डोरी। २. वह रेखा जो किसी चाप के एक सिरे से दूसरे सिरे तक अथवा किसी वृत्त के व्यास तक गई हो। ३. किसी वृत्त का व्यास। ४. माता। माँ। ५. पृथ्वी।

ज्यायसी—स्त्री०[फा०] १. ज्यादा अर्थात् अधिक होने की अवस्था या भाव। अधिकता। २. अतिरिक्त होने की अवस्था या भाव। अतिरेक। ३. आवश्यक से अधिक अथवा अनावश्यक रूप से किया हुआ कड़ा या कठोर व्यवहार। अत्याचार।

ज्यादा—वि०[फा० ज़ियादः] मान या मात्रा में आवश्यकता से अधिक। अतिरिक्त। अधिक। बहुत। जैसे-किसी को ज्यादा बात नहीं कहनी चाहिए।

ज्याल*—पुं०[फा० ज़ियान] घाटा। नुकसान। हानि।
पुं०=ज्ञान।

ज्याला*—स०[हिं० जिलाना] १. जीवित करना। प्राण डालना। जिलाना। २. जीवित रखना। ३. (पशु-पक्षी आदि) पालना-पोसना। उदा०—सुक सारिका जानकी ज्याए।—तुलसी।

ज्याफ़त—स्त्री०[अ० ज़ियाफ़त] १. दावत। भोज। २. आतिथ्य-सत्कार।

ज्या-विधि—स्त्री०[ष० स०] गणित का वह विभाग जिसमें त्रिभुजों की नाप-जोख, रेखा, कोण, तल आदि का विचार किया जाता है। रेखा-गणित। (ज्यामेट्री)

ज्यारना—स०=ज्याना (जिलाना)।

ज्यारा*—वि०[हिं० ज्याना] १. जीवन-दान देनेवाला। २. जिलाने अर्थात् पालने-पोसनेवाला।

ज्यारी—स्त्री०[हिं० जी=जीवट] १. कड़े जी या दिलवाला। २. साहसी। हिम्मती।

ज्यालना†—स०=जिलाना।

ज्युति—स्त्री०=ज्योति।

ज्यूं—अव्य०=ज्यों।

ज्येष्ठ—वि० [सं०वृद्ध+इष्ठन्, ज्य आदेश] [स्त्री० ज्येष्ठा] १. अवस्था में जो अपने वर्ग के अन्य जीवों से सब से बड़ा हो। जैसे-ज्येष्ठ पुत्र। २. अधिक अवस्थावाला। वृद्ध। बुजुर्ग। ३. जो किसी से पद, मर्यादा आदि की दृष्टि से ऊँचा या बढ़कर हो।
पुं० १. ग्रीष्म ऋतु का वह महीना जो वैशाख के बाद और असाढ़ से पहले पड़ता है। २. फलित ज्योतिष में वह वर्ष जिसमें बृहस्पति का उदय ज्येष्ठा नक्षत्र में हो। ३. एक प्रकार का सामयज्ञ।

४. परमात्मा। परमेश्वर। ५. जीवनी-शक्ति। प्राण।

ज्यैष्ठक—पुं० [सं० ज्येष्ठ+कन्] किसी नगर का प्रधान अधिकारी। (प्राचीन भारत)

ज्यैष्ठता—स्त्री० [सं० ज्येष्ठ+तल्-टाप्] १. ज्येष्ठ होने की अवस्था या भाव। २. बड़प्पन। श्रेष्ठता।

ज्यैष्ठ-दला—स्त्री० [मध्य० स०] सहदेई नाम की वनस्पति।

ज्यैष्ठ-साम (न्)—पुं० [सं० कर्म० स०] एक प्रकार का साम। आरण्यक साम।

ज्यैष्ठसामग—पुं० [सं० ज्येष्ठसामन्√गै (गाना)+क] आरण्यक साम पढ़नेवाला।

ज्यैष्ठीवृ—पुं० [सं० ज्येष्ठ-अंबु, कर्म० स०] वह पानी जिसमें चावल धोये गये हों। चावलों की धोवन।

ज्यैष्ठ्या—स्त्री० [सं० ज्येष्ठ+टाप्] १. २७ नक्षत्रों में से अठारहवाँ नक्षत्र जो तीन तारों से मिलकर बना और कुंडल के आकार का है। २. किसी व्यक्ति की कई पत्नियों में से वह जो उसे सब से अधिक प्रिय हो। ३. हाथ की उँगलियों में बीच की उँगली जो और सब उँगलियों से बड़ी होती है। ४. गंगा नदी। ५. पुराणानुसार अ-लक्ष्मी जो समुद्र मथने के समय लक्ष्मी से पहले निकली थी। ६. छिपकली।

ज्यैष्ठ्याश्रम—पुं० [सं० ज्येष्ठ-आश्रम, कर्म० स०] गृहस्थाश्रम जो शेष सब आश्रमों का पोषक होने के कारण उनमें बड़ा माना गया है।

ज्यैष्ठ्याश्रमी (मिन्)—पुं० [सं० कर्म० स०] गृहस्थाश्रम में रहनेवाला व्यक्ति। गृहस्थ।

ज्यैष्ठी—स्त्री० [सं० ज्येष्ठ+ङीप्] छिपकली।

ज्यों—अव्य० [सं० यः+इव] १. जिस तरह। जिस प्रकार। जैसे—उदा०—ज्यों मुख मुकुर मुकुर निज पानी।—तुलसी।

पद—ज्यों का त्यों=(क) जैसा पहले हो, या रहा है, वैसा ही या उसी रूप में। जैसे—वह ज्यों का त्यों नकल करके ले आया। (ख) जिसके पूर्व रूप के संबंध में कुछ भी काम न हुआ हो। जैसे—सारा द्रव्य ज्यों का त्यों पड़ा है। (ग) जिसमें कुछ भी अन्तर, परिवर्त्तन या फेर-बदल न हो या न किया जाय। जैसे—वह समूचा पेड़ ज्यों का त्यों उखाड़ लाओ। **ज्यों ज्यों**=जिस क्रम से। जिस मात्रा या मान में। जितना। (वाक्य-रचना में इसका नित्य संबंधी त्यों त्यों होता है) जैसे—ज्यों ज्यों वह सयाना होता गया, त्यों त्यों वह स्वयं अपने सब काम देखने और करने लगा। उदा०—ज्यों ज्यों भीजे कामरी त्यों त्यों गरुई होय। **ज्यों त्यों**=(क) कठिनाइयों और झंझटों के रहते हुए भी किसी न किसी प्रकार। सहज में या अच्छी तरह नहीं। जैसे—ज्यों त्यों ब्याह के कामों से छुट्टी पाई। (ख) जी न चाहते हुए भी। अनिच्छा या अरुचिपूर्वक। जैसे—ज्यों त्यों उनसे भी मेल ही गया। (ग) जिस प्रकार हो सके। जैसे—ज्यों त्यों सबको बुलवाओ। **ज्यों ही**=ठीक उसी क्षण या समय, जब कोई पहला काम पूरा हुआ हो। कोई काम होते ही ठीक उसी वक्त (इस अर्थ में 'त्यों ही' इसका नित्य-संबंधी होता है।) जैसे—ज्यों ही मैं घर से निकला, त्यों ही पानी बरसने लगा, (अथवा, आपका संदेसा मिला)।

२. किसी के ढंग, प्रकार या रूप से। किसी के अनुकरण पर। उदा०—भीम तैरते समय मगर ज्यों डुबकी साधे आते।—मैथलीशरण।

३. ठीक किसी दूसरे की तरह। किसी के तुल्य या समान। उदा०—प्रिय न था विदुर ज्यों जिसे अनय।—मैथलीशरण।

ज्योतिःशास्त्र—पुं० [ज्योतिस्-शास्त्र, ष० त०] ज्योतिष। (वेद)

ज्योतिःशिखा—स्त्री० [ज्योतिस्-शिखा, ष० त०] १. जलती हुई लपट या लौ। २ एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके चरण के पहले दल में १२ लघु और दूसरे दल में १६ गुरु वर्ण होते हैं।

ज्योतिःसर—वि० [ज्योतिस्√सृ (गति)+ट, उप० स०] ज्योति में चलने या सरकनेवाला। उदा०—पहले का-सा उन्नत विशाल ज्योतिःसर।—निराला।

ज्योति (त्तिस्)—स्त्री० [स०√द्युत् (प्रकाश)+इसुन्, ज आदेश] १ वह चमक और प्रकाश जो किसी चीज के जलने से उत्पन्न होता है। जैसे—अग्नि, दीपक या बिजली की ज्योति।

मुहा०—ज्योति जगाना या जलाना=किसी देवी देवता के पूजन के समय घी का दीया जलाना। २ कहीं से निकलनेवाला उज्ज्वल और चमकीला प्रकाश। जैसे—किसी महापुरुष की आँखों या मुखड़े की ज्योति। ३. अग्नि। ४. ब्रह्म। ५ सूर्य। ६ विष्णु। ७. नक्षत्र। ८ आँख की पुतली के बीच का काला बिन्दु। तिल। ९ दृष्टि। नजर। १० मेथी। ११ संगीत में अष्ट-ताल का एक भेद।

ज्योतिक—पुं०=ज्योतिषी।

ज्योतित—वि० [स० द्योतित] १. ज्योति के रूप में आया या लाया हुआ। २. ज्योति या प्रकाश से युक्त किया हुआ।

ज्योतिमान—वि०=ज्योतिष्मान्।

ज्योतिरिंगण—पुं० [स० ज्योतिस्√इङ् (गमनादि)+अच्] जुगनूँ।

ज्योतिरिंगण—पुं० [सं० ज्योतिस्√इङ्+न्यु-अन] जुगनूँ।

ज्योतिर्बीज—पुं० [ज्योतिस्-बीज, ब०स०] जुगनूँ।

ज्योतिर्मंडल—पुं० [ज्योतिस्-मंडल, ष० त०] आकाशस्थ तारों, नक्षत्रों आदि का मंडल या लोक।

ज्योतिर्मय—वि० [सं० ज्योतिस्+मयट्] बहुत अधिक ज्योति से युक्त। जगमगाता हुआ। परम प्रकाशमान्।

ज्योतिर्लिंग—पुं० [ज्योतिस्-लिंग, मध्य० स०] १. महादेव। शिव। २. शिव के मुख्य १२ लिंग जो भारत के भिन्न-भिन्न भागों में स्थापित हैं।

ज्योतिर्लोक—पुं० [ज्योतिस्-लोक, ष० त०] १. ध्रुव लोक जो काल-चक्र का प्रवर्त्तक माना गया है। २. उक्त लोक के अधिष्ठाता देवता, विष्णु। ३. परमात्मा। परमेश्वर।

ज्योतिर्विद्—पुं० [सं० ज्योतिस्√विद् (जानना)+क्विप्] ज्योतिषी।

ज्योतिर्विद्या—स्त्री० [ज्योतिस्-विद्या ष० त०] ज्योतिष।

ज्योतिर्हस्ता—स्त्री० [ज्योतिस्+हस्त ब० स०] दुर्गा।

ज्योतिश्चक्र—पुं० [ज्योतिस्-चक्र मध्य० स०] ग्रहों, नक्षत्रों, राशियों आदि का चक्र या मंडल।

ज्योतिश्चुंबी (म्बिन्)—वि० [सं०ज्योतिस्√चुंब् (चूमना)+णिनि] [स्त्री० ज्योतिश्चुंबिनी] आकाशस्थ ज्योति को चूमने अर्थात् उसके बहुत पास तक पहुँचनेवाला; अर्थात् बहुत ऊँचा। गगनचुंबी। उदा०—ज्योतिश्चुंबिनी कलश-मधुकर छाया में।—निराला।

ज्योतिश्छाया—स्त्री० [ज्योतिस्-छाया मध्य० स०] १. ज्योति अथवा

प्रकाश से युक्त छाया। २. ज्योति अथवा प्रकाश में पड़नेवाली छाया। उदा०—ज्योतिश्छाय केश-मुख वाली।—निराला।

ज्योतिष—पुं० [सं० ज्योतिस्+अच्] १. एक प्रसिद्ध विद्या या शास्त्र जिसमें इस बात का विचार होता है कि आकाशस्थ ग्रह, नक्षत्र आदि पिंड कितनी दूरी पर हैं, कितने दिनों में फिर मार्गों से चक्कर लगाते हैं, उनके कितने प्रकार के वर्ग या विभाग हैं आदि आदि।

विशेष—बहुत दिनों से इस शास्त्र के मुख्य दो विभाग चले आ रहे हैं—गणित और फलित। गणित ज्योतिष में पहले प्रायः उन्हीं बातों का अनुसंधान होता था जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है। प्राचीन भारत में इस शास्त्र की गणना छः वेदांगों के अन्तर्गत होती थी। आजकल पाश्चात्य ज्योतिष में इस बात का भी विचार होने लगा है कि आकाशस्थ पिंडों की उत्पत्ति या जन्म किस प्रकार होता है, वे किन-किन तत्वों के बने हुए होते हैं और वे हमारी पृथ्वी से भी और आपस में एक दूसरे से भी कितनी दूरी पर स्थित हैं।

२. आज-कल लोक-व्यवहार में उक्त विद्या या शास्त्र का वह पक्ष या विभाग जिसमें इस बात का विचार होता है कि इस पृथ्वी के निवासियों, प्रदेशों आदि पर हमारे सौर जगत् के भिन्न-भिन्न ग्रहों, नक्षत्रों, राशियों आदि की स्थितियों पर कैसे-कैसे भौतिक प्रभाव पड़ते हैं। इसी आधार पर अनेक प्रकार के भविष्य कथन भी होते हैं और अनेक प्रकार के कार्यों के लिए शुभाशुभ मुहूर्त्त या समय भी बतलाये जाते हैं। ३. प्राचीन भारत में अस्त्रों आदि का एक प्रकार का मारक या रोक जिससे शत्रुओं के चलाये हुए अस्त्र निष्फल किये जाते थे।

ज्योतिषिक—वि० [सं० ज्योतिस्+ठक्-इक] ज्योतिष संबंधी। ज्योतिष का। पुं०=ज्योतिषी।

ज्योतिषी (षिन्)—पुं० [सं० ज्योतिष+इनि] १. ज्योतिष शास्त्र का जाननेवाला विद्वान्। दैवज्ञ। गणक। २. आज-कल मुख्यतः फलित ज्योतिष का ज्ञाता या पंडित जो ग्रहों की गति-विधि आदि के आधार पर भविष्यद्वाणी करता और पर्व, मुहूर्त्त आदि का समय स्थिर करता हो। स्त्री० [सं० ज्योतिष+ङीप्] तारा।

ज्योतिष्क—पुं० [सं० ज्योतिष्√कै (प्रकाशित होना)+क] १. ग्रह, तारे, नक्षत्र आदि आकाश में रहनेवाले पिंड जो रात के समय चमकते हुए दिखाई देते हैं। २. जैनों के अनुसार एक प्रकार के देवता जिनमें आकाशस्थ ग्रह, नक्षत्र और सूर्य, चन्द्रमा आदि भी हैं। ३. मेरु पर्वत की एक चोटी का नाम। ४. चित्रक वृक्ष। चीता। ५. मेथी। ६. गनियारी।

ज्योतिष्का—स्त्री० [सं० ज्योतिष्क+टाप्] मालकंगनी।

ज्योतिष्टोम—पुं० [ज्योतिस्-स्तोम, ष० स०] एक प्रकार का यज्ञ जिसमें १६ ऋत्विक् होते थे।

ज्योतिष्मा†—स्त्री०=ज्योत्स्ना।

ज्योतिष्मत्—पुं० [ज्योतिस्-मत्वि, ष० त०] आकाश।

ज्योतिष्मुख—पुं० [ज्योतिस्-मुख, ष० त०] आकाशस्थ ग्रहों, नक्षत्रों आदि का समूह।

ज्योतिष्मती—स्त्री० [सं० ज्योतिस्+मतुप्-ङीप्] १. रात्रि। रात। २. एक प्रकार का वैदिक छंद। ३. एक प्राचीन नदी। ४. एक प्रकार का पुराना बाजा। ५. मालकंगनी।

ज्योतिष्मान् (त्)—वि० [सं० ज्योतिस्+मतुप्] १. जिसमें ज्योति हो। ज्योतिवाला। २. खूब चमकता हुआ। प्रकाशमान्।
पुं० १. सूर्य। २. प्लक्ष द्वीप का एक पर्वत। (पुराण)

ज्योतीरथ—पुं० [ज्योतिस्-रथ, ब० स०] ध्रुव।

ज्योतीरस—पुं० [ज्योतिस्-रस, ष० स०] एक प्रकार का बहुमूल्य पत्थर।

ज्योत्स्ना—स्त्री० [सं० ज्योतिस्+न, इलोप नि०] १. चंद्रमा का प्रकाश। २. पृथ्वी पर छिटका या फैला हुआ उक्त प्रकाश। चाँदनी। ३. शुक्ल पक्ष की या चाँदनी रात। ४. सौंफ।

ज्योत्स्नाकाली—स्त्री० [सं०] वरुण के पुत्र पुष्कर की पत्नी जो सोम की कन्या थी।

ज्योत्स्ना-प्रिय—पुं० [ब० स०] चकोर।

ज्योत्स्ना-भुज—पुं० [ष० त०] दीपाधार। दीवट।

ज्योत्स्निका—स्त्री० [सं० ज्योत्स्ना+कन्+टाप्, इत्व]=ज्योत्स्ना।

ज्योत्स्नी—स्त्री०=ज्योत्स्ना।

ज्योत्स्नेश—पुं० [ज्योत्स्ना-ईश, ष० त०] चंद्रमा।

ज्योनार—स्त्री० [सं० जेमन=भोजन] १. पका हुआ भोजन। रसोई। २. बहुत से लोगों को बुलाकर एक साथ कराया जानेवाला भोजन। भोज। दावत।

मुहा०—ज्योनार बैठना=आये हुए लोगों का भोजन करने बैठना।

ज्योनार लगाना=आये हुए लोगों के लिए खाने-पीने की चीजें परोसना।

ज्योरा—पुं० [सं० जीव=जीविका] गाँवों में, चमारों, नाइयों आदि को उनकी सेवाओं के बदले दिया जानेवाला अन्न।

ज्योरी—स्त्री० [सं० जीवा] डोरी। रस्सी।

ज्योहूल—वि० [सं० जीव+हृल] जिसने जीव की हत्या की हो।
पुं० १. =आत्म-हत्या। २.=जौहर।

ज्यों*—क्रि० वि०=ज्यों।

ज्यो*—पुं० [सं० जीव] १. आत्मा। जीव। उदा०—तनमाया ज्यौ ब्रह्म कहावत सूर सुमिल बिगरौ।—सूर। २. जीवन। प्राण। उदा०—बधी बधी ज्यौ लेत हैं, ए बदरा बदराह।—बिहारी। ३. जी। मन।
अव्य० [सं० यदि] जो। यदि।

ज्यौतिष—वि० [सं० ज्योतिष+अण्] ज्योतिष-संबंधी।
पुं०=ज्योतिष।

ज्यौतिषिक—पुं० [ष० ज्योतिष+ठक्—इक] ज्योतिषी।

ज्यौत्स्नी—स्त्री० [सं० ज्योत्स्ना+अण्-ङीप्] पूर्णिमा की रात।

ज्यौनार—स्त्री०=ज्योनार।

ज्यौरा—पुं०=ज्योरा।

ज्यौहर—पुं०=जौहर

ज्वर—पुं० [सं० √ज्वर् (जीर्ण होना)+अच्] १. अनेक प्रकार के शारीरिक विकारों के कारण होनेवाला एक रोग जिसमें शरीर का तापमान प्रबल या साधारण से बहुत-कुछ बढ़ जाता है और जिसके फलस्वरूप नाड़ी की गति बहुत तीव्र हो जाती है और कभी-कभी मनुष्य बकने झकने लगता या अचेत हो जाता है। ताप। बुखार।
क्रि० प्र०—आना।—चढ़ना।—होना।
२. इसी स्थिति जिसमें आशंका, आवेग, उत्तेजना, मानसिक चंचलता

आदि बातें बहुत बढ़ी हुई हों। जैसे--युद्ध भी देशों और राष्ट्रों को चढ़नेवाला ज्वर-ही समझना चाहिए।

ज्वर-कुटुंब—पुं० [ष० त०] ज्वर के फलस्वरूप या साथ-साथ होनेवाले दूसरे उपद्रव। जैसे--शरीरिक शिथिलता, अधिक प्यास, भोजन के प्रति अरुचि, सिर में दरद आदि आदि।

ज्वरघ्न—वि० [सं० ज्वर√हन् (नाश)+टक्] जिससे ज्वर का अन्त या नाश होता हो।

पुं० १. गुडूच। २. बधुआ नामक साग।

ज्वर-मंजी—स्त्री० [ष० त०] मजीठ।

ज्वरांकुश—पुं० [ज्वर-अंकुश, ष० त०] १ कुश की जाति की एक घास जिसकी जड़ में नीबू की-सी सुगंध होती है। २ वैद्यक में ज्वर की एक दवा जो गंधक, पारे आदि के योग से बनती है।

ज्वरांगी—स्त्री० [सं० ज्वर√अग् (गति)+अच्-ङीप्] भद्रदती नामक पौधा।

ज्वरांतक—वि० [ज्वर-अंतक, ष० त०] ज्वर का अन्त या नाश करनेवाला।

पुं० १. चिरायता। २. अमलतास।

ज्वरांश—पुं० [ज्वर-अंश, ष० त०] मद या हलका ज्वर जैसा प्राय. जुकाम आदि के साथ होता है और जो कभी-कभी दूसरे रोग के आगमन का सूचक माना जाता है। हरारत।

ज्वरा—स्त्री० [सं० जरा] १. बुढ़ापा। २. मृत्यु।

ज्वरापह—स्त्री० [सं० ज्वर-अप√हन् (मारना)+ड] बेलपत्री।

ज्वरार्त—वि० [ज्वर-आर्त, तृ० त०] ज्वर से पीड़ित।

ज्वरित—वि० [सं० ज्वर+इतच्] जिसे ज्वर या बुखार चढ़ा हुआ हो।

ज्वरी (रिन्)—वि० [सं० ज्वर+इनि] ज्वर से पीड़ित।

ज्वर्री†—पु०=जुर्री (पक्षी)।

ज्वलंत—वि० [सं० ज्वलत्] १ जलता और चमकता हुआ। देदीप्यमान। २. बहुत अच्छी तरह और स्पष्ट रूप से दिखाई देनेवाला। जैसे—ज्वलंत उदाहरण या प्रमाण।

ज्वल—पुं० [स०√ज्वल् (दीप्ति)+अच्] १. ज्वाला। अग्नि। २. दीप्ति। प्रकाश।

ज्वलका—स्त्री० [सं०√ज्वल्+ण्वुल्-अक, टाप्] आग की लपट। अग्निशिखा।

ज्वलन—पुं० [सं०√ज्वल्+ल्युट्-अन] १. कोई चीज जलने की क्रिया या भाव। दहन। जलना। २. जलन। दाह। ३. [√ज्वल्+युच्-अन] अग्नि। आग। ४. आग की लपट। लौ। ५. चित्रक या चीता नामक वृक्ष।

ज्वलनांक—पुं० [ज्वलन-अंक, ष० त०] तीव्र तापमान की वह मात्रा या स्थिति जो किसी चीज को जला देने में समर्थ होती है। (बर्निंग प्वाईंट)

ज्वलनांत—पुं० [ज्वलन-अंत, ब० स०] एक बौद्ध का नाम।

ज्वलनाश्मा (श्मन्)—पुं० [ज्वलन-अश्मन्, कर्म० स०] सूर्यकांत मणि।

ज्वलित—भू० कृ० [सं०√ज्वल्+क्त] १. जलता या जलाया हुआ। २. जला हुआ। दग्ध। ३. खूब चमकता हुआ। ४. स्पष्ट रूप से सामने दिखाई देनेवाला।

ज्वलिनी—स्त्री० [सं० ज्वल+इनि+ङीप्] मूर्वा लता। मरोड़फली।

ज्वलिनी सीमा—स्त्री० [सं० व्यस्त पद] दो गाँवों के बीच की वह सीमा जो ऊँचे पेड़ लगाकर बनाई गई हो।

ज्वान†—वि० [भाव० ज्वानी]=जवान।

ज्वाब—पुं०=जवाब।

ज्वार—स्त्री० [स० यवनाल, यवाकार या जूर्ण] १. एक प्रसिद्ध पौधा और उसके दाने या बीज जिनकी गिनती अनाजों में होती है। २. समुद्र, उससे सबद्ध नदियों की वह स्थिति जब कि उनमें ऊँची-ऊँची तरंगें उठ रही हों। 'भाटा' का विपर्याय।

विशेष—चन्द्रमा और सूर्य के आकर्षण के फलस्वरूप दिन-रात में एक बार बहुत ऊँची-ऊँची लहरें उठती हैं जिसे ज्वार कहते हैं और दूसरी बार यह लहरें बिलकुल थम जाती हैं जिससे सबद्ध नदियों का पानी बहुत उतर या घट जाता है। इसी को भाटा कहते हैं। अमावास्या और पूर्णिमा के दिन ज्वार का रूप बहुत ही उग्र या प्रबल होता है।

*स्त्री०=ज्वाला।

ज्वार भाटा—पुं० [हिं० ज्वार+भाटा] समुद्र में लहरों का वेगपूर्वक बहुत ऊँचे उठना और बराबर नीचे गिरना।

ज्वारी†—पुं०=जुआरी।

ज्वाल—पुं० [सं०√ज्वल् (दीप्ति)+ण वा घञ्]=ज्वाला।

ज्वालक—वि० [सं०√ज्वल्+णिच्+ण्वुल्-अक] जलाने या प्रज्वलित करनेवाला।

पुं० दीपक, लंप आदि का वह भाग जो बत्ती के जलनेवाले अंश के नीचे रहता है और जिसके कारण दीप-शिखा बत्ती के नीचेवाले अंश तक नहीं पहुँचने पाती। (बर्नर)

ज्वालमाली (लिन्)—पुं० [स० ज्वाल-माला ष० त०+इनि] सूर्य।

ज्वाला—स्त्री० [सं० ज्वाल+टाप्] १. आग की लपट या लौ। अग्निशिखा। २. ताप, विष आदि के प्रभाव से जान पड़नेवाली बहुत अधिक गर्मी। ३ कष्ट, दुःख आदि के कारण मन में होनेवाली पीड़ा। संताप। ४. तक्षक की एक कन्या जिसका विवाह ऋक्ष से हुआ था।

ज्वाला-जिह्व—पुं० [ब० स०] १. अग्नि। आग। २. एक प्रकार का चित्रक या चीता (वृक्ष)।

ज्वाला-देवी—स्त्री० [मध्य० स०] काँगड़े के पास की एक देवी जिसका स्थान सिद्ध पीठों में माना जाता है।

ज्वाला-मालिनी—स्त्री० [सं० ज्वाला-माला, ष० त०+इनि-ङीप्] तंत्र के अनुसार एक देवी।

ज्वाला-मुखी—पुं० [ब० स०, ङीप्] पृथ्वी तल के कुछ विशिष्ट स्थानों और मुख्यतः पर्वतों में होनेवाले मुख के आकार के बड़े-बड़े गड्ढे जिनमें से कभी आग की लपटें, कभी गली हुई धातुएँ, पत्थर आदि और कभी धुएँ या राख के बादल निकलते हैं।

विशेष—ऐसे गड्ढे जल और स्थल दोनों में होते हैं। जिन पर्वतों की चोटियों पर ऐसे गड्ढे होते हैं उन्हें ज्वालामुखी पर्वत कहते हैं।

ज्वाला हलदी—स्त्री० [हिं०] एक प्रकार की हलदी जिससे चीजें रंगी जाती हैं।

ज्वाली (लिन्)—वि० [सं० ज्वाल+इनि] ज्वालायुक्त।

पुं० शिव।

ज्वना†—स०=जीवना।

झ

झ—देवनागरी वर्णमाला में च वर्ग का चौथा अक्षर जो उच्चारण तथा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से तालव्य, स्पर्श संघर्षी, महाप्राण तथा सघोष व्यंजन है।

झं—पुं० [अव्यक्त ध्वनि] १. धातु के किसी पात्र पर आघात होने से उसमें से निकलनेवाला शब्द। २. हाथी की चिंघाड़।

झंकना—अ० दे० 'झींकना'।

झंकाड़†—पु०=झंखाड़।

झंकार—स्त्री० [स० झन्-कार, ब० स०] १. धातु के किसी पात्र पर आघात लगने पर कुछ समय तक उसमें से बराबर निकलता रहनेवाला झनझन शब्द। झनकार। २. कुछ कीड़ों के बोलने का झन झन शब्द। जैसे—झिल्ली या झींगुर की झंकार।

झंकारना—स० [स० झंकार] धातु के किसी टुकड़े का पात्र पर इस प्रकार आघात करना कि वह झन झन शब्द करने लगे।
अ० झन झन शब्द उत्पन्न होना।

झंकारिणी—स्त्री० [सं० झंकार+इनि—ङीप्] गंगा।

झाँकिया—स्त्री० [हिं० झाँकना] १ छोटी खिड़की। झरोखा। २. झँझरी। जाली।

झंकृत—भू० कृ० [सं०-झन् √कृ (करना)+क्त] जिसमें से झंकार निकली या उत्पन्न हुई हो।

झंकृता—स्त्री० [स० झंकृत+टाप्] तारा देवी।

झंकृति—स्त्री० [सं० झन्√कृ (करना)+क्तिन्] झंकार।

झंकोर†पु०=झकोरा।

झँकोरना†—अ०=झकोरना।

झँकोलना†—अ०=झकोरना।

झँकोला†—पुं०=झकोरा।

झंखना—अ० १. दे० 'झींखना'। २. दे० 'झाँकना'।

झंखर†—पु०=झखाड़।

झंखाड़†—वि०=झंखाड़।

झंखाड़—पुं० [हिं० झाड़ का अनु०] १. काँटेदार अथवा और प्रकार के जंगली घने पौधे या उनका समूह। २. व्यर्थ के कूड़े-करकट का ढेर।
वि० (वृक्ष) जिसके पत्ते झड़ गये हों।

झँगरा†—पुं० [देश०] [स्त्री० अल्पा० झँगरी] बाँस की खपच्चियों का बना हुआ जालीदार बड़ा टोकरा।

झंगा†—पुं०=झगा।

झंगिया†—स्त्री०=झँगुली।

झँगुला—पुं० [हिं० झगा] [स्त्री० अल्पा० झँगुलिया, झँगुली] बच्चों के पहनने का छोटा कुरता।

झँगुली—स्त्री० [हिं० झँगुला का स्त्री०] छोटा झँगुला।

झगूला—पुं० [स्त्री० अल्पा० झँगूली]=झँगुला।

झंझोड़ना—स०=झझोड़ना।

झंझा†—स्त्री० १. दे० 'झाँझ'। २. दे० 'झंझा'।

झंझट—स्त्री० [झंगु०] ऐसा काम या बात जिसके साधन में कई प्रकार की छोटी-मोटी कठिनाइयाँ हों और जिसके लिए विशेष परिश्रम या प्रयत्न करना पड़े। बखेड़ा।

झंझटी—वि० [हिं० झंझट] १. (काय या बात) जिसे संपादन करने में अनेक प्रकार की झंझटें खड़ी होती हों। २. (व्यक्ति) जो हर बात को उलझाता तथा उसे झगड़े का रूप देता हो। ३. झगड़ालू।

झंझन—पुं० [सं०] झंकार।

झंझनाना—अ० [हिं० झन झन] झन झन शब्द उत्पन्न होना।
स० झन झन शब्द उत्पन्न करना।

झंझर—स्त्री० [सं० अञ्जिर] मिट्टी का जल रखने का एक छोटा पात्र।
†वि०=झँझरा।

झँझरा—पु० [हिं०] मिट्टी का छोटे-छोटे छेदोंवाला वह ढकना जिससे लौलता हुआ दूध ढका जाता है।
वि० [स्त्री० झँझरी] १. जिसमें बहुत से छोटे-छोटे छेद हों। २. बहुत ही झीना और महीन (कपड़ा)।

झंझरि—वि० [स० जर्जर] जर्जर। क्षत-विक्षत।
स्त्री०=झँझरी।

झँझरी—स्त्री० [हिं० झर झर से अनु०] १. किसी चीज में बने हुए बहुत से छोटे-छोटे छेदों का समूह। जाली। २. दीवारों आदि की जालीदार खिड़की या झरोखा। ३. लोहे के चूल्हे की वह जाली जिस पर जलते हुए कोयले रहते हैं। ४. छेद। सुराख। ५. आटा छानने की चलनी। छाननी। ६. लोहे का जालीदार पौना। झरना। ७. एक प्रकार की जल-क्रीड़ा जिसमें छोटी नावों पर बैठकर उन्हें चक्कर देते हैं।

झँझरीदार—वि० [हिं० झँझरी+फा० दार] जिसमें बहुत से छोटे-छोटे छेद पास-पास बने हुए हों।

झंझा—स्त्री० [सं० झम्√झद् (इकट्ठा होना)+ड—टाप्] १. वह तेज आँधी जिसके साथ पानी भी जोरों से बरसता हो। २. अंधड़। आँधी।
†वि० तेज। प्रचंड।
†स्त्री०=झाँझ।

झंझानिल—पुं० [सं० झञ्झा-अनिल, मध्य० स०] १. प्रचंड वायु। आँधी। २. ऐसी आँधी जिसके साथ पानी भी बरसे।

झंझा-मरुत्—पुं०=झंझानिल।

झंझार—पुं० [सं० झंझा] आग की ऊँची तथा बड़ी लपट।

झंझावात—पुं०=झंझानिल।

झंझी—स्त्री० [देश०] १. फूटी कौड़ी। २. दलालों को दलाली में मिलनेवाली रकम। (दलाल)

झंझोड़ना—स० [सं० झञ्जन] किसी चीज को अच्छी तरह पकड़कर जोर-जोर से तथा बार-बार झटकना या हिलाना जिससे वह टूट-फूट जाय या बेदम हो जाय। झकझोरना। जैसे—बिल्ली का कबूतर या चूहे को झँझोड़ना।

झँझोरा—पुं० [देश०] कचनार का पेड़।

झँझोरी, झँझोली†—स्त्री०=झिंझोटी।

झंड—स्त्री० [सं० जट] छोटे बालकों के जन्म-काल के सिर के बाल।

बच्चों के मुंडन से पहले के बाल जो प्रायः कटवाये न जाने के कारण बड़े बड़े हो जाते हैं।

मुहा०—झंड उतारना=बच्चे का मुंडन-संस्कार करना।

†पुं०=अंड (करौंदे का वृक्ष)।

झंडा†—पुं० [सं० ध्वज+दंड; पा० धजोदंड; प्रा० झयअंड; गु०, ति० झंडो; मरा० झेंडा] [स्त्री० अल्पा० झंडी] १. डंडे के सिर पर लगा हुआ कपड़ा का वह आयताकार या तिकोना टुकड़ा जिस पर कुछ विशिष्ट चिह्न बने होते हैं तथा जो किसी जाति, दल, राष्ट्र, संप्रदाय या समाज का प्रतीक चिह्न होता तथा जो भवनों, मंदिरों आदि पर फहराया जाता है। ध्वजा। पताका।

मुहा०—(किसी बात का) झंडा खड़ा करना=इस रूप में कोई नया काम आरंभ करना कि और लोग भी आकर उसमें सम्मिलित हों तथा उसके अनुयायी बनें। जैसे—विद्रोह का झंडा खड़ा करना। **(किसी स्थान पर) झंडा गाड़ना**=किसी स्थान पर अधिकार कर लेने के उपरांत वहाँ अपना झंडा लगाना, जो विजय का सूचक होता है। **झंडा फहराना**=झंडा गाड़ना। **(किसी के) झंडे तले आना**=किसी की अधीनता स्वीकार करना तथा उसी के पक्ष में सम्मिलित होना या उसका अनुयायी बनना।

पद—झंडे तले की दोस्ती=बहुत ही साधारण या आकस्मिक रूप से होनेवाली जान-पहचान।

२. उक्त झंडे का प्रतीक कागज का वह छोटा टुकड़ा जिस पर किसी राष्ट्र, संप्रदाय आदि के चिह्न बने होते हैं। (फ्लेग)

पद—झंडा विक्रय (दे०)।

पुं० [सं० जयंत] ज्वार, बाजरे आदि पौधे के ऊपर का नर-फूल। जीरा।

झंडा विक्रय—पुं० [हिं० झंडा+सं० विक्रय] किसी विशिष्ट आंदोलन या लोकोपकारी कार्य से लोगों को परिचित कराने और उनकी सहानुभूति प्राप्त करने के लिए मनाया जानेवाला कोई विशिष्ट दिन जिसमें स्वयंसेवक लोग प्रतीक रूप में छोटे-छोटे झंडे बेचते और बड़े-बड़े झंडे घरों, दूकानों आदि पर लगाते हैं। (फ्लेग डे)

झंडी—स्त्री० [हिं० झंडा का स्त्री० अल्पा० रूप] कपड़े, कागज आदि का बना हुआ बहुत छोटा झंडा जिसका व्यवहार प्रायः दीवारों पर सजावट आदि के लिए लगाने और सेना आदि में संकेत करने के लिए होता है।

पद—लाल झंडी=किसी प्रकार के अनिष्ट या संकट की सूचना देनेवाला पदार्थ या संकेत।

झंडीदार—वि० [हिं० झंडी+फा० दार] जिसमें झंडी लगी हो।

झंडूला†—पुं० दे० 'झँडूला'।

झंडूला—वि० [हिं० झंड+ऊला (प्रत्य०)] १. (बालक) जिसके सिर पर जन्म-काल के बाल अभी तक वर्त्तमान हों। जिसका अभी तक मुंडन-संस्कार न हुआ हो। २. (सिर के बाल) जो गर्भ-काल से ही चले आ रहे हों और अभी तक मूँड़े न गये हों। ३. घनी डालियों और पत्तियों-वाला। सघन (वृक्ष)।

पुं० १. वह बालक जिसके सिर पर अभी तक गर्भ के बाल हों। २. गर्भ-समय से चले आये हुए बाल जो अभी तक मूँड़े न गये हों। ३. घनी डालियों और पत्तियोंवाला वृक्ष।

†४.=झुंड।

झडोत्तोलन—पुं० [हिं० झंडा+उत्तोलन] झंडा फहराने की क्रिया या रस्म। ध्वजोत्तलन। (असिद्ध रूप)

झंप—पुं० [सं०झम्√पत् (गिरना)+ड] १. उछलने की क्रिया या भाव। उछाल। २. कूदने की क्रिया या भाव। कुदान।

क्रि० प्र०—देना।—मारना।

३. बहुत शीघ्रता से होनेवाली उन्नति या वृद्धि।

पुं०=झाँप।

झँपकना—अ० १.=झपकना। २. झँपना।

झँपकी†—स्त्री०=झपकी।

झँपताल†—पुं०=झपताल।

झँपना—अ० [सं० झप] १. उछलना। २ कूदना। ३ झपटना। ४. एकदम से आ पहुँचना। टूट पड़ना। ५ झँपना। ६. पलकों का गिरना या बंद होना। ७ आड में होना। छिपना। ८ सो जाना। उदा०—वृक्ष मानों व्यर्थ बाट निहार। झँप उठे हैं श्रीम, झुक, थक, हार।—मैथिलीशरण।

स० १ आड़ में करना। छिपाना। २. ढकना। ३. बन्द करना। मूँदना।

झँपरिया†—स्त्री०=झँपरी।

झँपरी—स्त्री० [हिं० झापना=ढकना] वह कपड़ा जो डोली या पालकी के ऊपर डाला जाता है। ओहार।

झंपा†—पुं० १. दे० 'झब्बा'। २. दे० 'बाल' (अनाज की)।

झंपाक—पुं० [सं० झप√अक् (जाना)+अण्] [स्त्री० झंपाकी] बंदर।

झंपान—पुं० [सं० झप] पहाड़ों पर सवारी के काम आनेवाली एक प्रकार की खटोली।

झंपाब—पुं० [स० झप-आ√रा (लेना)+डु] बंदर।

झंपित—भू० कृ० [स० झप] १. ढका हुआ। २ छिपा हुआ।

झँपिया—स्त्री० [हिं० झाँपा] छोटा झाँपा।

झंपी (पिन्)—पुं० [सं० झप+इनि] बंदर।

झँपोला—पुं० [हिं० झाँपा+ओला (प्रत्य०)] [स्त्री० अल्पा० झँपोली या झँपोलिया] १ छोटा झाँपा। २. पिटारा।

झंब—पुं० [देश०] गुच्छा (प्रायः फलों का गुच्छा)।

झँवकार†—वि० [हिं० झाँवला=काला] झाँवें के रंग का। कुछ-कुछ काला।

झँवन—स्त्री० [हिं० झँवाना] १. झँवाने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. किसी चीज का वह अंश जो झँवाने या किंचित् जल जाने के कारण कम हो जाय। जैसे—मशीन में पीसे जाने पर गेहूँ या आटे की झँवन।

झँवराना—अ० [हिं० झाँवर] १ झाँवला या कुछ काला पड़ना। २. कुम्हलाना। मुरझाना।

स० १. झाँवला या कुछ-कुछ काला करना। २. कुम्हलाने या मुरझाने में प्रवृत्त करना।

झँवा†—पुं०=झाँवाँ।

झँवाना—अ० [हिं० झाँवाँ] १. ताप आदि के प्रभाव से झाँवें के रंग का हो जाना। कुछ काला या झाँवला हो जाना। जैसे—धूप से शरीर का

रंग झाँवाना। २. अग्नि का जलते-जलते बुझने को होना। आँच धीमी या मन्द पड़ना। ३. जलने, सूखने आदि के कारण किसी चीज का कुछ अंश कम होना या घट जाना। ४. कुम्हलाना। मुरझाना। ५. निर्जीव या बेदम होना। उदा०—मुरछित अवनी परी झाँवाई।—तुलसी। ६. शरीर के किसी अंग का झाँवे से रगड़ कर साफ किया जाना। ७. झँपना। स० १. ताप आदि के प्रभाव से किसी चीज को झाँवे के रंग का अर्थात् झाँवला या कुछ-कुछ काला कर देना। २. ऐसा करना कि आग धीमी या मंद पड़कर बुझने लगे। ३. जला या सुखाकर किसी चीज का कुछ अंश कम करना या घटाना। ४. कुम्हलाने या मुरझाने में प्रवृत्त करना। ५. शरीर का कोई अंग साफ करने के लिए उसे झाँवे से रगड़ना। ६. निर्जीव या बेदम करना। ७. लज्जित या शरमिंदा करना।

झाँवलना†—स० [हिं० झाँवाना] झाँवाने का काम किसी दूसरे से कराना।

झाँवला†—वि० [हिं० झाँवाँ+ऐला (प्रत्य०)] [स्त्री० झाँवली] १. जो जलकर झाँवे के रंग का हो गया हो। झाँवाया हुआ। २. झाँवे के रंग का। कुछ-कुछ काला। ३. झावे से रगड़ा हुआ।

झाँसना—अ० [अनु०] १. शरीर के किसी अंग में तेल या और कोई चीज कोई प्रभाव उत्पन्न करने के लिए बार-बार रगड़ते हुए मलना। जैसे—सिर में तेल झाँसना, पैरों के तलुओं में कड़ू या फूल की कटोरी झाँसना। २. झाँसा देकर किसी से कुछ धन वसूल करना। तिकड़म से किसी की कोई चीज ले लेना।

झाइ*—स्त्री०=झाई।

झउवा—पुं०=झावा।

झक—स्त्री० [अनु०] १. मन की वह वृत्ति जिसके फलस्वरूप मनुष्य बिना समझे-बूझे और प्रायः हठवश किसी काम में प्रवृत्त होता है। इसकी गिनती कुछ हलके पागलपन में होती है।

क्रि० प्र०—चढ़ना।—लगना।—सवार होना।

२. दुर्गंध या बू। जैसे—सड़ी तरकारी की झक।

वि० [हिं० झकाझक] १. स्वच्छ तथा उज्ज्वल। २. चमकदार। चमकीला।

†स्त्री०=झख।

झकेतु*—पुं०=झषकेतु।

झकझक—स्त्री० [अनु०] व्यर्थ की तकरार या हुज्जत। किचकिच।

झकझका—वि० [हिं० झकझक] १. जो बिलकुल साफ या स्वच्छ हो। उज्ज्वल। जैसे—झकझका कुरता। २. जिसमें ओप या चमक हो। चमकीला।

झकझकाहट—स्त्री० [अनु०] ओप। चमक।

झकझोर—पुं० [अनु०] १. झकझोरने की क्रिया या भाव। २. हवा का झकोरा या झोंका। ३. झटका।

वि० १. झकझोरा हुआ। २. जिसमें किसी तरह का झोंका या गति की तीव्रता हो। तीव्र। तेज।

झकझोरना—स० [अनु०] १. किसी चीज या जीव को उठा या पकड़कर इस प्रकार झटकना या जोर-जोर से हिलाना कि वह टूट-फूट जाय या बेदम हो जाय। २. पेड़ या उसकी शाखा को इस प्रकार हिलाना कि उसके पत्ते या फल नीचे गिर पड़ें।

झकझोरा—पुं० [अनु०] झटका। धक्का।

झकझोलना—स०=झकझोरना।

झकड़†—पुं०=झकड़।

झकड़ी†—स्त्री० [देश०] वह बरतन जिसमें दूध दूहा जाता है।

झकना अ० हिं० बकना का अनु०।

अ० [हिं० झक+ना (प्रत्य०)] झख मारना।

झकर†—पुं०=झकड़।

झका*—वि०=झक।

झकाझक—वि० [अनु०] १. स्वच्छ तथा उज्ज्वल। २. चमकीला।

झकुरना—अ० [?] उदास होना। (बुंदेल)

झकुराना†—अ० [हिं० झकोरा] झकोरा लेना। झूमना।

स० झकोरा देना। हिलाना।

झकूटा—पु० [?] छोटा पेड़। क्षुप।

झकोर*—स्त्री० [अनु०]=झकोरने की क्रिया या भाव।

स्त्री०=झकोरा (हवा का झोंका)।

झकोरना—अ० [अनु०] हवा का झोंका मारना।

†स०=झकझोरना।

झकोरा—पु० [अनु०] हवा का झोंका।

झकोलना—स० [?] १. टालना। २. मिलाना।

झकोला†—पुं०=झकोरा।

झकोला—पु० [हिं० झोंका] १. हवा का झोंका। २. तेज हवा के कारण उठ-नेवाली पानी की लहर।

वि० जिसमें कुछ भी कसाव या तनाव न हो। ढीला-ढाला। उदा०—पारसाई बिलकुल झकोला थी।—वृन्दावनलाल।

झक्क—वि०, स्त्री०=झक।

झक्कड़—पुं० [अनु०] तेज आँधी। अंधड़।

क्रि० प्र०—उठना।—चलना।

पुं० दे० 'झक्की'।

झक्का—पुं० [अनु०] १. हवा का तेज झोंका। २. तेज आँधी। झक्कड़। (लश०)

झक्की—वि० [हिं० झक] जिसे किसी बात की झक या सनक हो। नासमझी से और केवल हठ-वश किसी काम में लगा रहनेवाला। सनकी।

झक्खड़†—पुं०=झक्कड़।

झक्खना*—अ०=झींखना।

झख—स्त्री० [हिं० झींखना] १. झींखने की क्रिया या भाव।

मुहा०—झख मारना=(क) ऐसा तुच्छ और व्यर्थ का काम करना जिसमें विफलता निश्चित हो, अथवा जिसका कुछ भी परिणाम या फल न हो सकता हो। (उपेक्षा और तिरस्कार-सूचक)। जैसे—आप भी वहाँ झख मारने गये थे। (ख) बहुत ही विवशता की दशा में झींखना। जैसे—तुम्हें भी झखमार कर वहाँ जाना पड़ेगा।

विशेष—कुछ लोग 'झख' को सं० झष से व्युत्पन्न मानकर उक्त मुहावरे का अर्थ करते हैं मछली मारने की तरह का व्यर्थ-सा काम बहुत-सा समय लगाकर और चुपचाप बैठकर प्रतीक्षा करते हुए पूरा करना। पर यह व्युत्पत्ति ठीक नहीं जान पड़ती।

†स्त्री० [सं० झष] मछली। उदा०—लखौ बिलखि दुरि जात जल लखि बलजात लजात।—बिहारी।

झषकेतु—पुं०=झषकेतु।
झषना*—अ०=झीखना।
झषनिकेत—पुं०=झषनिकेत।
झषराज†—पुं०=झषराज।
झषलगन*—पुं०=झषलग्न।
झषिया†—स्त्री०=झखी।
झषी*—स्त्री०[सं० झष] मछली।
झगड़ना—अ०[हिं० झंझक से अनु०] अपना पक्ष ठीक सिद्ध करने के लिए दो व्यक्तियों या पक्षों का आवेश या क्रोध में आकर आपस में कुछ कहा-सुनी करना। झगड़ा करना।
झगड़ा—पुं०[हिं० झगड़ना का भाव]१. दो पक्षों में होनेवाली ऐसी कहा-सुनी या विवाद जिसमें प्रत्येक अपना पक्ष ठीक बतलाता हुआ दूसरे को अन्यायी या दोषी ठहराता है। २. वह चीज या बात जिसके कारण लोग आपस में लड़ते हों। ३. मुकदमा।
झगड़ालू—वि०[हिं० झगड़ा+आलू (प्रत्य०)]जो प्रायः दूसरों से झगड़ा किया करता हो।
झगड़ी*—वि०=झगड़ालू।
†स्त्री०=झगड़ा।
झगर—पुं०[देश०]एक प्रकार की चिड़िया।
झगरना†—अ०=झगड़ना।
झगरा†—पुं०=झगड़ा।
झगराऊ†—वि०=झगड़ालू।
झगरी†—स्त्री०=झगड़ी।
झगला—पुं०=झगा।
झगा—पुं०[?]१. छोटे बच्चों के पहनने का एक प्रकार का ढीला-ढाला छोटा कुरता। उदा०—सीस पगा न झगा तन पै, प्रभु जाने को आहि बसे केहि ग्रामा।—तरोलम। २. ढीला कुरता।
झगुलिया—स्त्री०=झगुली।
झगुली*—स्त्री०[हिं० झगा का अल्पा०]झगा।
झज्झर—स्त्री०=झंझर।
झज्झी—स्त्री०=झंझी।
झझक—स्त्री०[हिं० झझकना]१. झझकने की क्रिया या भाव। २. क्रोध में आकर पागलों की तरह या झुँझलाते हुए बिगड़ खड़े होने की अवस्था या भाव। ३. कभी-कभी होनेवाला पागल का सा हलका दौरा। जैसे—अब कभी इन्हें झझक आ जाती है तब ये इसी तरह बकते हैं। ४. किसी पदार्थ में से रह-रहकर निकलनेवाली हल्की दुर्गन्ध। जैसे—इस नल में से कभी-कभी कुछ झझक आती है।
क्रि० प्र०—आना।—निकलना।
†स्त्री०=झिझक।
झझकन*†—स्त्री०=झझक।
झझकना—अ०[अनु०]१. झझक में आकर अर्थात् झक या सनक में आकर बिगड़ खड़े होना। २. दे०'झिझकना'।
झझकाना—स०[हिं०झझकना का प्रे०]किसी को झझकने में प्रवृत्त करना। चौकाना।
स०[हिं० झिझकना]झिझकने में प्रवृत्त करना।
झझकार—स्त्री०[झझकारना]१. झझकारने की क्रिया या भाव। २. दे०'झझक'।
झझकारना—स०[अनु०]१ डाँटना। डपटना। २. तुच्छ समझकर दुरदुराना।
झझिया—स्त्री०=झिझिया।
झट—अव्य०[स० झटिति]१. बहुत तेजी या फुरती से। २. चट-पट। तत्काल। तुरन्त।
झटकना—स०[स० झट्ट]१. इस प्रकार किसी चीज को एकाएक जोर से हिलाना कि वह गिर पड़े। झटका देना। २ धोखा देकर अथवा जबरदस्ती किसी की कोई चीज ले लेना।
अ० चिंता, रोग आदि के कारण बहुत अधिक अशक्त या दुर्बल होना।
झटका—पुं०[हिं० झटकना]१. झटकने की क्रिया या भाव। २. ऐसा आघात या हलकी ठोकर जिससे गति सहसा रुक जाय और इधर उधर हटना या गिरना पड़े। हलका धक्का। झोंका। (जर्क) ३. आपत्ति, रोग, शोक आदि का ऐसा आघात जो बहुत कुछ निकम्मा कर दे। ४ मांस खाने के लिए पशु-पक्षी आदि काटने का वह प्रकार (जबह या हलालवाले प्रकार से भिन्न) जिसमें हथियार के एकही आघात से गरदन काट देते हैं।
झटकारना—स०[हिं० झटकना]जोर से झटका देना। जैसे—कपड़ा झटकारना।
झटपट—अव्य० [हिं० झट+अनु० पट]अति शीघ्र। तुरंत ही। फौरन।
झटा—स्त्री०[स०√झट्+अच्—टाप्]भू-आँवला।
झटाका—क्रि० वि०=झटाका।
झटास†—स्त्री०[हिं० झड़ी]बौछार।
झटि—स्त्री०[स०√झट्+इन्]झाड़। झाड़ी।
झटिका—स्त्री०[?]तेज हवा।
झटिति†—क्रि० वि० [स०√झट्+क्विप्,√ष्ट+क्तिन्]१ झट से। चटपट। तुरत। २ बिना कुछ सोचे-समझे और तुरन्त।
झट्ट†—क्रि० वि०=झट।
झड़—स्त्री०=झड़ी।
झड़कना—स०=झिड़कना।
झड़क्का†—पुं०=झड़ाका।
झड़झड़ाना—स०[अनु०]१. झड़ झड़ शब्द उत्पन्न करना। २. झड़ झड़ शब्द करते हुए कुछ गिराना, फेंकना या हटाना। झटकारना। ३ झँझोड़ना। ४. झिड़कना।
अ०१. झड़झड़ शब्द होना। २. झड़ झड़ शब्द करते हुए गिरना।
झड़न—स्त्री०[हिं० झड़ना]१. झड़ने की क्रिया या भाव। २. झड़ने या झाड़ने से निकलनेवाली चीज। ३. दलाली, मुनाफे, सूद आदि के रूप में मिलनेवाली रकम जो किये हुए परिश्रम या लगाई हुई पूँजी में से अलग या निकली हुई होती है।
झड़ना—अ०[सं० क्षरण]१. किसी चीज में से उसके छोटे-छोटे अंगों या अंशों का टूट-टूटकर गिरना। जैसे—पेड़ में से पत्तियाँ झड़ना। २. ऊपर पड़े हुए बहुत छोटे छोटे कणों का अलग होकर गिरना। जैसे—

कपड़े या शरीर पर की धूल झड़ना। ३. बीयें का स्खलित होना। (बाजारू)

अ० [हि० झाड़ना का अ०] झाड़ा या साफ किया जाना।

झड़प—स्त्री० [अनु०] १. झड़पने की क्रिया या भाव। २. दो जीवों या प्राणियों में कुछ समय के लिए होनेवाली ऐसी छोटी लड़ाई जिसमें वे एक दूसरे पर रह-रहकर झपटते हों। ३. दो व्यक्तियों में उक्त प्रकार से होने वाली कहा-सुनी। आवेश और क्रोध के वश में होकर की जाने वाली अप्रिय, आक्षेपपूर्ण और कटु बात-चीत।

झड़पना—अ० [अनु०] आवेश और क्रोधपूर्वक किसी पर आक्रमण करना। टूट पड़ना।

स० उक्त प्रकार से आक्रमण करके किसी से कुछ छीन लेना। जैसे—लड़के के हाथ से बंदर ने अमरूद झड़प लिया।

झड़पा-झड़पी—स्त्री० [अनु०] १. झड़प। २. गुत्थमगुत्था। हाथापाई।

झड़पाना—स० [हि० झड़पना] १. दो जीवों विशेषतः पक्षियों को झड़पने या झपटने में प्रवृत्त करना। २. दूसरों को लड़ने-झगड़ने में प्रवृत्त करना।

झड़बेरी—स्त्री० [हि० झाड़ + बेर] १ जंगली बेर का वृक्ष। २. उक्त वृक्ष का फल।

पद—झड़-बेरी का काँटा=ऐसा व्यक्ति जो सदा उलझने या लड़ने-भिड़ने को तैयार रहता हो और जिससे जल्दी पीछा छुड़ाना कठिन हो।

झड़बेरी†—स्त्री०=झड़-बेरी।

झड़वाई—स्त्री० [हि० झड़वाना] झाड़ने या झड़वाने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक।

झड़वाना—स० [हि० झाड़ना का प्रे० रूप] १ झाड़ने का काम दूसरे से कराना। २. नजर या भूत-प्रेत आदि लगने पर ओझे से झाड़-फूँक कराना।

झड़ाई—स्त्री० [हि० झाड़ना] झाड़ने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

†स्त्री०=झड़वाई।

स्त्री० [हि० झड़ना] झड़ने की क्रिया या भाव।

झड़ाक—पुं०, क्रि० वि०=झड़ाका।

झड़ाका—क्रि० वि० [अनु०] बहुत जल्दी से। चटपट। झट से।

†पुं०=झड़प।

झड़ाझड़—क्रि० वि० [अनु०] १. बराबर एक के बाद एक। निरंतर। लगातार। २. बहुत जल्दी जल्दी या तेजी से।

झड़ी—स्त्री० [हि० झड़ना] १. झड़ने की क्रिया या भाव। २. कुछ समय तक लगातार झड़ते रहने की क्रिया या भाव। ३. ऐसी वर्षा जो लगातार अधिक समय तक होती रहे। जैसे—तीन दिन से पानी की झड़ी लगी है। ४. लगातार एक पर एक होती रहनेवाली क्रिया या बात। जैसे—गालियों की झड़ी, प्रश्नों की झड़ी।

क्रि० प्र०—बँधना।—लगना।

५. ताले के अंदर का वह खटका जो चाबी के आघात से इधर-उधर होता रहता है और जिसके कारण ताला खुलता और बंद होता है।

झड़ूका—वि०=झंडूका।

झन-झन—पुं० [सं० अव्यक्त शब्द] झनझन शब्द।

झनत्कार—पुं० [सं० झनत् (=अव्यक्त शब्द)+कार ब०स०] झनकार।

झन—स्त्री० [अनु०] धातु के किसी पटल या पात्र पर आघात होने से उसमें से निकलनेवाला शब्द।

झनक—स्त्री० [अनु०] झन झन शब्द।

झनकना—अ० [अनु०] १. धातु के किसी पटल या पात्र पर आघात होने पर उसमें से झन झन शब्द निकलना। २. कुछ क्रुद्ध और बहुत दुःखी होकर बड़बड़ाते रहना। बकना-झकना। ३ झीखना। ४. आवेश तथा क्रोध में आकर हाथ-पाँव पटकना।

झनक-झनक—स्त्री० [अनु०] १. पहने हुए गहनों की एक दूसरे से टकराने पर होनेवाली झंकार। २. घुँघरुओं के बजने का शब्द।

झनकवात—स्त्री० [अनु० झनक+सं० वात] पाँवों को होनेवाला एक वात रोग जिसमें उनकी टाँगों में एक प्रकार की कँपकपी होती है।

झनकार—स्त्री०=झंकार।

झनकारना†—अ०, स०=झंकारना।

झनझन—स्त्री० [अनु०] झनझन शब्द। झंकार।

झनझना—पुं० [देश०] लगातार लगनेवाला एक कीड़ा जो उसकी नसों को छेद कर देता है। घनचक्कर।

वि० झनझन शब्द करनेवाला।

झनझनाना—अ० [अनु०] १. झनझन शब्द होना। २. दे० 'झनझना'।

स० झनझन शब्द उत्पन्न करना या निकालना।

झनझनाहट—स्त्री० [अनु०] १. झनझन शब्द होने की अवस्था, क्रिया या रूप। झंकार। २. दे० 'झुनझुनी'।

झनझीरा—पुं० [देश०] एक प्रकार का पेड़।

झनझन—पुं० [अनु०] घुँघरू या दूसरे के बजने से होनेवाला शब्द।

झनझनाना—अ० [हि० झनझन] झन झन शब्द होना।

स० झन झन शब्द उत्पन्न करना या निकालना।

झनडी—पुं० [देश०] एक प्रकार का धान।

झनझन—पुं० [?] पुरानी चाल का एक प्रकार का बाजा जिस पर चमड़ा मढ़ा हुआ होता था।

झनझनाहट—स्त्री० [अनु०] झनझन शब्द। झंकार।

क्रि० वि० झन झन शब्द करते हुए।

झनिया†—वि०=झीना।

झनाना†—अ०=झनझनाना।

झनाहट—स्त्री०=झनझनाहट।

झप—स्त्री० [सं० झंप या हि० झपना] एकाएक किसी चीज के ऊँचाई पर से गिर पड़ने की अवस्था या भाव।

मुहा०—(चुड़ी या पतंग का) झप खाना=उड़ती हुई चुड़ी या पतंग का एकाएक पेंचे के बल नीचे गिर पड़ना।

क्रि० वि० जल्दी से। झटपट।

झपक—स्त्री० [हि० झपकना] १. झपकने अर्थात् बार-बार पलकें खोलने और बंद करने की क्रिया या भाव। २. एक बार पलक गिरने में लगने-वाला समय। ३. झपकी।

झपकना—अ० [सं० झंप] १. पलकें गिरना। २. पलकों का उठना और गिरना या खुलना और बंद होना। ३. झपकी लेना। ऊँघना।

स०=झपकाना।

†अ०=ऊँघना।

†अ०=झपटना।

झपका—पु०[अनु०]हवा का झोंका। (लश०)

झपकाना—स०[अनु०]१. पलकें गिराना। २. पलकें उठा तथा गिराकर आँखें खोलना और बंद करना।

झपकी—स्त्री०[हि० झपकना] १. झपकने या झपकाने की क्रिया या भाव। २. वह नींद जो पलकें गिरने से आरम्भ होती है और कुछ ही क्षणों बाद पलकें खुल जाने के कारण टूट जाती हो। हलकी नींद।
क्रि० प्र०—आना।—लगना।—लेना।
स्त्री०[अनु०]१. वह कपड़ा जिससे अनाज ओसाते हैं। २. धोखा।

झपकौहाँ*—वि० [हि० झपना] [स्त्री० झपकौही] बार बार या रह-रहकर झपकनेवाला या झपकता हुआ। (आलस्य, तंद्रा, निद्रा आदि के आगमन का सूचक) जैसे—झपकौहैं नयन, झपकौही पलकें।

झपट—स्त्री०[सं० झप]१. झपटने अर्थात् तेजी से आगे बढ़कर किसी पर आक्रमण करने की क्रिया या भाव। २. दे० 'झड़प'।

झपटना—अ०[सं० झप=झटना] १. वेगपूर्वक किसी की ओर बढ़ना। २. किसी को पकड़ने अथवा किसी के हाथ से कोई चीज छीन लेने के लिए उस पर वेगपूर्वक आक्रमण करना। जैसे—बिल्ली का चूहे पर झपटना। चील का मांस पर झपटना।
स० झपटकर या तेजी से बढ़कर कोई चीज ले लेना।

झपटान†—स्त्री०=झपट।

झपटाना—स० [हि० झपटना का प्रे० रूप] किसी को झपटने में प्रवृत्त करना। जैसे—कुत्ते को बिल्ली पर झपटाना।

झपट्ट†—स्त्री०=झपट।

झपट्टा—पु० [हि० झपट] १. झपटने की क्रिया या भाव। झपट। २. किसी से कुछ सहसा छीन लेने के लिए उस पर किया जानेवाला आक्रमण।
क्रि० प्र०—मारना।
पद—चील झपट्टा=चील की तरह किसी पर झपटकर कोई चीज छीन लेने की क्रिया या भाव।

झपड़ियाना—अ०[हिं० झापड+इयाना (प्रत्य०)]लगातार कई झापड़ या थप्पड़ लगाना।

झपताल—पु०[देश०] संगीत में पांच मात्राओं का एक ताल।

झपना—अ०[हि० झपकना]१ पलक गिरना। २. किसी वस्तु का ऊपर से नीचे की ओर एकाएक आना। जैसे—गुड़ही या पतंग का झपना।
†अ०=झँपना।
पु०[स्त्री० अल्पा० झपनी]किसी पात्र का ढकना।

झपनी†—स्त्री०[हि० झाँपना=ढकना] १. वह जिससे कोई चीज ढकी जाय। ढकना। ढक्कन। २. छोटी ढक्कनदार पिटारी।

झपलैया†—स्त्री०[हिं० झँपोला] छोटी टोकरी।

झपवाना—स०[हि० झपाना का प्रे० रूप] किसी को झपाने अर्थात् पलकें मूँदने में प्रवृत्त करना।

झपस—स्त्री०[हि० झपसना] १. झपसने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. मार्ग में बाधक होनेवाले पेड़ की झुकी हुई डाल। (कहार)

झपसट†—स्त्री० [अनु०] छल। धांधे-बाजी। जैसे—तुम तो अपना काम झपसट से ही निकाल लेते हो।

झपसना—अ०[हि० झँपना 'ढँकना] पेड़-पौधो, लताओं आदि का खूब अच्छी तरह चारो ओर फैलना।

झपाका—पु०[हि० झप] जल्दी। शीघ्रता।
क्रि० वि० बहुत जल्दी या तेजी से। चटपट। तुरन्त।

झपाट†—क्रि० वि०=झटपट।

झपाटा†—पु०=झपट्टा।

झपाना—स०[हि० झपना]१ पलकें गिराना या मूँदना। झपकाना। २ झुकाना।
अ०=झँपना (लज्जित होना)।
स० ऐसा काम करना जिसमें कोई छिपे। लज्जित करना।

झपाव—पु०[देश०] घास काटने का एक उपकरण।

झपित—वि०[हि० झपना]१ झपा या मूँदा हुआ। २ जो झप या झपक रहा हो। बार बार बन्द होता हुआ। ३. झँपा हुआ। लज्जित।

झपिया—स्त्री०[देश०]१ गले में पहनने का पुरानी चाल का हँसुली के आकार का एक गहना जिसके बीच में कोई नग जड़ा होता है। २. पिटारी।

झपेट†—स्त्री०[हि० झपेटना] १ झपेटने की क्रिया या भाव। २. झपेटे जाने की अवस्था या भाव।

झपेटना—स०[हि० झपटना] १ सहसा आक्रमण करना। झपटना। २. झपटकर किसी से कुछ छीन अथवा किसी को पकड़ या दबोच लेना।

झपेटा—पु० [हि० झपेटना] १. झपेटे जाने या किसी की झपट में आने की अवस्था, क्रिया या भाव। जैसे—भूत-प्रेत के झपेटे में आना या पड़ना। २. हवा का झोंका। झकोरा। ३ दे० 'झपट'। ४. दे० 'झड़की'।

झपोला—पु०[स्त्री० झपोली] =झँपोला (छोटी टोकरी)।

झप्पड़†—पुं०=झापड़।

झप्पर†—पु० झापड़।

झप्पान†—पुं०=झँपान (एक प्रकार की पालकी या सवारी)।

झप्पानी—पु०[हिं० झप्पान] झप्पान अर्थात् पालकी उठानेवाला आदमी।

झब-झबी—स्त्री०[देश०] कान में पहनने का एक प्रकार का तिकोना गहना।

झबड़ा†—वि०=झबरा।

झबरी—स्त्री०[देश०] एक प्रकार की घास जो गेहूँ की फसल के लिए हानिकारक होती है।

झबरा—वि०[अनु०] [स्त्री० झबरी] (पशु) जिसके अंगों या शरीर में बड़े-बड़े बाल हों। जैसे—झबरा कुत्ता, झबरी बिल्ली।
†पु०=भालू। (कलंदर)

झबरीला†—वि०[स्त्री० झबरीली]=झबरा।

झबरैरा—वि० =झबरीला (झबरा)।

झबा†—पुं०=झब्बा।

झबार†—पु० दे० 'झगड़'।

झब्बा—स्त्री०[हि० झब्बा का स्त्री० अल्पा०] १. छोटा झब्बा। छोटा फुँदना। २. बहुत छोटी कटोरियों के आकार के वे छोटे-छोटे टुकड़े जो शोभा के लिए जोशन, बाजूबंद आदि गहनों में लगाए जाते हैं।

स्त्री०[हिं० झाबा का स्त्री० अल्पा०] छोटा झाबा।

झबूला†—वि०=झबरा।

झलूकना—अ०१.=चमकना। २.=चौंकना।

झब्बा—पुं०[अनु०] १. धागे के छोटे-छोटे टुकड़ों को बीच में एक साथ बाँधकर बनाया जानेवाला गुच्छा या फुँदना जो कपड़ों, गहनों आदि में शोभा के लिए लगाया जाता है। २. गुच्छा।

झमक—स्त्री०[हिं० झमकना]१. झमकने की क्रिया या भाव। २. झम झम के रूप में होनेवाला शब्द। ३. तीव्र उजाला या प्रकाश। ४. ठसक। नखरा। (क्व०)

झमकड़ा†—पुं०=झमक।

झमकना—अ०[अनु० झमझम]१ रह-रहकर परन्तु तेजी से चमकना। २ झमझम शब्द होना। ३ झमझम शब्द करते हुए चलना-फिरना या उछलना-कूदना। ४. अकड़, ऐंठ या ठसक दिखाना। ५. अधिक मात्रा या तीव्र रूप में उपस्थित होना। छाना। जैसे—आँखों में नींद झमकना।

स०=झमकाना।

झमकाना—स०[हिं० झमकना का स० रूप]१. ऐसा काम करना जिससे कोई चीज खूब झमके या अपनी चमक-दमक दिखलावे। जैसे—कपड़े, गहने या हथियार झमकाना। २. झमझम शब्द उत्पन्न करना।

झमकारा—वि० [हिं० झमझम] १. झमकनेवाला। २ (बादल) जो बरसने को हो।

झमकीला†—वि०[हिं० झमकना+इला(प्रत्य०)] १. चमकीला। २. अकड़ या ऐंठ दिखानेवाला।

झमक्का†—पुं०=झमाका।

झमझम—स्त्री०[अनु०]१. घुँघरुओं आदि के बजने से उत्पन्न होनेवाला शब्द। २. छोटी छोटी बूंदों की वर्षा का शब्द। ३. चमक-दमक। वि०१. झमझम शब्द करता हुआ। जैसे—झमझम पानी बरसना। २. खूब चमकता या दमकता हुआ।

क्रि० वि० १. झमझम शब्द करते हुए। जैसे—पानी का झमझम बरसना। २. दे० 'झमाझम'।

झमझमाना—अ०[अनु०]१. झमझम शब्द होना। २. खूब चमक-दमक से युक्त होना। चमचमाना।

स०१. झमझम शब्द उत्पन्न करना। २. चमक-दमक से युक्त करना। ३. चमक-दमक दिखलाना। जैसे—कपड़े या गहने झमझमाना।

झमझमाहट—स्त्री०[अनु०]१. झमझम शब्द होने की अवस्था या भाव। २. खूब चमकते हुए होने की अवस्था या भाव।

झमना—अ०[अनु०]१. पलकों आदि का गिरना। झपकना। २. किसी के आगे नम्रतापूर्वक झुकना। ३. चारों ओर से आकर एकत्र होना। ४. दे० 'झमाना'।

झमाका—पुं०[अनु०]१. किसी प्रकार उत्पन्न होनेवाला झमझम शब्द। जैसे—गहनों या घुँघरुओं का झमाका। २. ठसक। नखरा। (क्व०)

क्रि० वि०१. झमझम शब्द करते हुए। २. झट से। झटपट। तुरन्त।

झमाझम—क्रि० वि०[अनु०]१. झमझम शब्द करते हुए। जैसे—पानी झमाझम बरस रहा था। २. चमचमाते हुए। कांति या दमक के साथ। जैसे—रेशमी कपड़ों का झमाझम चमकना।

वि०१. झमाझम शब्द करता हुआ। २. खूब चमकता-दमकता हुआ।

झमाट†—पुं०=झुरमुट।

झमाना—अ०[अनु०]१. पलकों का गिरना या झपकना। २ कुंठित या लज्जित होना। (पूरब)

स० कुछ या कोई चीज झमने में प्रवृत्त करना।

अ०[हिं० झाम=झुंड] इकट्ठा होना। एकत्र होना।

अ०, स०=झँवाना।

झमूरा—वि०[?](पशु) जिसके सारे शरीर पर घने और लंबे बाल हों। झबरा।

पुं०१. घने और घुँघराले बालोंवाला छोटा सुन्दर बच्चा। २. नटों और बाजीगरों के साथ रहनेवाला लड़का जो प्रायः अनेक प्रकार के करतब या खेल दिखलाता है। ३. भालू। (कलंदर और मदारी)

झमेला—पुं०[अनु० झाँव झाँव]१. कोई ऐसी पेचीली बात जिसमें दोनों पक्ष आपस में झाँव-काँव करते हों। २. ऐसी झंझट या बखेड़ा जिसका निपटारा सहज में न हो सकता हो। ३. ऐसा काम जिसके संपादन में अनेक प्रकार की विघ्न-बाधाएँ खड़ी होती हों। बखेड़ा। ४. अव्यवस्थित या विशृंखल व्यक्ति-समूह। बहुत से लोगों की भीड़-भाड़। (क्व०)

झमेलिया—पुं०[हिं० झमेला+इया (प्रत्य०)]१. वह जो जान-बूझकर और प्रायः झमेला खड़ा किया करता हो। २ झगड़ा करनेवाला व्यक्ति।

झर—स्त्री०[सं० √झृ (झरना)+अच्]१. पानी का झरना। निर्झर। सोता। २. समूह। ३. ढेर। ४. पानी की (या और किसी चीज की) लगातार होनेवाली झड़ी। ५. आग की लपट। ६. दे० 'झड़ी'।

स्त्री० [हिं० झाल का पु०रूप झर]१. ज्वाला। जलन। २. गरमी। ताप। उदा०—नैंक न सुरसी बिरह-झर नेह लता कुम्हलाति।—बिहारी।

झरक†—स्त्री०=झलक।

झरकना—अ०१.=झिड़कना। २. झनकना।

झरझर—स्त्री०[अनु०] तेज हवा के चलने से अथवा उसके किसी चीज के टकराने से होनेवाला शब्द।

क्रि० वि० झरझर शब्द करते हुए।

झरझराना—अ०[हिं० झरझर]१. झरझर शब्द होना। २. झरझर शब्द करते हुए किसी चीज का चलना, जलना या बहना।

स० इस प्रकार किसी चीज को गिराना कि वह झरझर शब्द करे।

झरना—स्त्री०[हिं० झरना]१. झरने की क्रिया या भाव। २. झर कर निकलनेवाली या निकली हुई चीज। ३. दे० 'झड़न'।

झरना—पुं०[सं० झर][स्त्री० अल्पा० झरनी]१. पहाड़ों आदि में ऊँचे स्थान से नीचे गिरनेवाला जल-प्रवाह। २. लगातार बहनेवाली पानी की कोई प्राकृतिक छोटी जल-धारा। चश्मा। सोता। ३. कपड़ों की बुनाई का वह प्रकार जिसमें थोड़ी-थोड़ी दूर पर दूसरे रंग के सूत इस प्रकार लगाये जाते हैं कि देखने में धाराओं के समान जान पड़ते हैं। जैसे—झरने की साड़ी।

वि० झरनेवाला।

अ० ऊँचे स्थान से पानी या और किसी चीज का लगातार नीचे गिरना।

पुं०[सं० झारण][स्त्री० अल्पा० झरनी]१. अनाज छानने की एक प्रकार

की बड़ी छलनी। २. लंबी डंडी की एक झँझरीदार चिपटी कलछी। पौना।

†अ०=झड़ना।

झरनी—स्त्री०हिं० 'झरना' का स्त्री० अल्पा० रूप।

झरपा†—स्त्री० [अनु०] १.=झड़प। २.=झकोरा। ३.=तेजी। वेग। ४.=चाँड़। टेक। ५. चिक। चिलमन। ६. झरोखा।

झरपना—अ०, स०=झड़पना।

अ० [अनु०] बौछार मारना।

झरपैया†—पुं०=झपेटा।

झरफ *—स्त्री०=झरिफ (चिलमन)।

झरबेर†—पुं०=झड़-बेरी।

झरबेरी†—स्त्री०=झड़-बेरी।

झरवाना†—स०=झड़वाना।

झरझना*—अ० [अनु०] १. झुलसना। २. मुरझाना।

स०१. झुलसना। २. मुरझाने या सूखने में प्रवृत्त करना।

झरहरना†—अ०=झरझराना।

झरहरा†—वि०=झँझरा।

झरहराना† स०=झरझराना।

झरहिल—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की चिड़िया।

झरा—पुं० [देश०] एक प्रकार का बाल।

झराझर—क्रि० वि० [अनु०] १. झरझर शब्द करते हुए। २. निरंतर। लगातार। ३. जल्दी-जल्दी या वेगपूर्वक।

झरापना†—अ०=झरपना (झड़पना)।

झराबोर—पुं०, वि०=झलाबोर।

झरार—वि० [हिं० झाल] झालदार। चरपरा।

झराहर—पुं० [सं० ज्वालाधर] सूर्य।

झरि—स्त्री०=झड़ी।

अव्य० [?] १ बिलकुल। २. धुल। सब।

पु०=झार।

झरिफ*—पुं० [हिं० झरप] १. चिक। चिलमन। २. परदा।

झरी—स्त्री० [हिं० झरना] १. पानी का झरना। सोता। चश्मा। २ वह घन जो हाट या बाजार में बैठकर सौदा बेचनेवाले छोटे दूकानदारों से नित्य प्रति कर के रूप में उगाहा जाता है। ३. दो तख्तों, पत्थरों आदि के बीच में पड़नेवाला थोड़ा-सा अवकाश। दरज। ४. दे० 'झड़ी'।

झरुवा—पु० [देश०] एक प्रकार की घास।

झरोखा—पुं० [अनु० झरझर=वायु बहने का शब्द+ओख=गवाक्ष] १. दीवार में बनी हुई आलीदार छोटी खिड़की। २. खिड़की।

झर्दर—पुं० [सं० झर्द√ रा (दान)+क] १. एक प्रकार का पुराना बाजा जिस पर चमड़ा मढ़ा हुआ होता था। २. झाँझ। ३. पैर में पहनने की झाँझन। ४. कलियुग। ५. एक प्राचीन नद। ६. रसोई में काम आनेवाला झरना नामक उपकरण। पौना।

झर्दरक—पुं० [सं० झर्दर+कन्] कलियुग।

झर्दरा—स्त्री० [सं० झर्दर+टाप्] १. तारादेवी का एक नाम। २. रंडी। वेश्या।

झर्झरावती—स्त्री० [सं० झर्झरा+मतुप्, वत्व, ङीप्] १. गंगा। २. कटसरैया (क्षुप)।

झर्झरिका—स्त्री० [सं० झर्झरा+कन्, टाप्, इत्व] तारादेवी।

झर्झरी (रिन्)—पुं० [सं० झर्झर+इनि] शिव।

स्त्री० [सं० झर्झर+ङीप्] झाँझ नामक बाजा।

झर्झरीक—पु० [सं० झर्झर+ईकन्] १ देश। २ देह। शरीर। ३. चित्र। तस्वीर।

झर्प†—स्त्री०=झड़प।

झर्र†—पुं० [देश०] १. एक प्रकार की छोटी चिड़िया। २ बया नामक पक्षी।

झर्राटा—पु० [अनु०] कपड़ा फटने अथवा फाड़े जाने पर होनेवाला शब्द।

†क्रि० वि० चटपट। तुरन्त।

झर्रैया—पुं० [देश०] बया (पक्षी)।

झल—पु० [हिं० झार; सं० झल=ताप] १ स्वाद आदि की तीक्ष्णता। झाल। २. जलन। ताप। दाह। ३. काम-वासना। सभोग की प्रबल इच्छा। ४. किसी बात की प्रबल कामना या इच्छा। ५. क्रोध। गुस्सा। ६. शक। सनक। ७. उन्माद। पागलपन। ८. दल। ९. राशि। समूह।

झलक—स्त्री० [सं० झल्लिका=चमक] १. झलकने की क्रिया, अवस्था या भाव। २. ऐसा क्षणिक दर्शन या प्रत्यक्षीकरण जिसमें किसी चीज के रूप-रंग, आकार-प्रकार आदि का पूरा-पूरा ज्ञान तो न हो, पर उसका कुछ आभास अवश्य मिल जाय। ३. ऐसा दृश्य जिससे किसी चीज का संक्षिप्त परिचय मात्र मिलता हो। ४. चित्रकला में, वह आभा या रंगत जो किसी समूचे चित्र में व्याप्त हो। ५. चमक। प्रभा।

झलकदार—वि०[हिं० झलक+फा० दार] जिसमें आभा या चमक हो। चमकीला।

झलकना—अ० [हिं० झलक+ना (प्रत्य०)] १. इस प्रकार किसी के सामने एकाएक कुछ ही क्षणों के लिए उपस्थित होना और तुरंत ही अंतर्धान या अदृश्य हो जाना कि उसके आकार-प्रकार, रूप-रंग आदि का ठीक और पूरा भान न हो पाये। २. लाक्षणिक अर्थ में किसी बात आदि का आभास मात्र मिलना। जैसे—उसकी बात से झलकता था कि पुलक उसी ने चुराई है। ३. चमकना।

झलकनि†—स्त्री०=झलक।

झलका—पु० [सं० ज्वल=जलना] छाला। फफोला। उदा०—झलका झलकत पायन ऐसे।—तुलसी।

झलकाना—स० [हिं० झलकना का स० रूप] १. ऐसी क्रिया करना जिससे कोई चीज झलके या कुछ चमकती हुई थोड़ी देर के लिए सामने आये। २ चमकाना। ३. बात-चीत, व्यवहार आदि में कोई अभिप्राय या आशय बहुत ही अस्पष्ट या कुछ छिपे हुए रूप में लक्षित कराना। आभास देना। दरसाना।

झलकी—स्त्री० [हिं० झलक] १. आकाशवाणी रेडियो से प्रसारित होनेवाली एक प्रकार की बहुत छोटी नाटिका जिसके अंगों को परस्पर सम्बद्ध करने के लिए व्याख्यात्मक छोटी वार्ता भी होती है। इनमें दैनिक जीवन की सामान्य घटनाओं का उल्लेख होता है। (आधुनिक) २.=झलक।

झलझल—स्त्री० [सं० झलज्झल:] चमक-दमक, विशेषतः गहनों की चमक-दमक।
वि० खूब चमकता-दमकता हुआ।
क्रि० वि० १. चमक-दमक से। २. तीव्र आभा या प्रकाश से युक्त होकर। जैसे—गहनों का झलझल चमकना।

झलझलाना—अ० [अनु०] खूब चमकना।
स० खूब चमकाना।

झलझलाहट—स्त्री० [हिं० झल झल +आहट (प्रत्य०)] झलझलाने अर्थात् चमकने की अवस्था, क्रिया या भाव।

झलना—स० [हिं० झलझल (हिलना) से अनु०] १. हवा करने के लिए पंखा या और कोई चीज बार-बार चलाना या हिलाना-डुलाना। २. धक्का देकर आगे बढ़ाना। ढकेलना।
अ० किसी चीज के अगले भाग का इधर-उधर हिलना-डोलना। (स्व०) स०=झेलना। (दे०)
अ० [हिं० झल्ला=पागल ?] शेखी बघारना। डींग हाँकना।
अ० [हिं० झालना का अ०] धातु आदि की चीजों का झाला या टाँके से जोड़ा जाना।

झलमल—स्त्री० [सं० ज्वल=दीप्ति] १. अँधेरे के बीच में रह-रहकर होने वाला मध्यम या हलका प्रकाश। २. अंधकार। अँधेरा। ३. चमक-दमक।
वि० १. जिसमें अंधकार के साथ कुछ-कुछ प्रकाश भी हो। २. चमकीला।

झलमलाना†—वि०=झिलमिलाना।

झलमलाना—अ० [हिं० झलमल] १. रह-रहकर चमकना। चमचमाना। २. (दीपक का) रह-रहकर कभी तीव्र और कभी मंद प्रकाश देना।
स० १. रह-रहकर चमकाना। २. ऐसी क्रिया करना जिससे कभी कुछ तीव्र और कभी कुछ मंद प्रकाश निकले।

झलरा† पुं०=झालर (पकवान)।

झलराना—स० [हिं० झालर] १. झालर के रूप में बनाना। झालर का रूप देना। २. झालर टाँकना या लगाना।
अ० झालर के रूप में या यों ही फैलकर छाना या छितराना।

झलरी—स्त्री० [सं० झल√रा+ड-ङीष्] १. हुडुक नाम का बाजा। २. झाँझ।

झलवाना—स० [हिं० झलना] झलने का काम दूसरे से कराना। जैसे—पंखा झलवाना।
स० [हिं० झालना] झालने का काम दूसरे से कराना।

झलहल—वि० [अनु० झलझल] चमकदार।
पुं०=झलमल।
क्रि० वि०=झल झल।

झलहाया—वि० [हिं० झल] [स्त्री० झलहाई] १. जिसे किसी प्रकार की झल या सनक हो। २. दाह करनेवाला। ईर्ष्यालु।

झला—स्त्री० [सं०] आतप। धूप।
पुं० [हिं० झड़] १. हलकी वर्षा। २. ढेर। राशि। ३. झुंड। दल।
पुं० [हिं० झलना] पंखा जो झला जाता है।
स्त्री०=झालर।

झलाई—स्त्री० [हिं० झालना] कड़ी धातुओं को मुलायम धातुओं के टाँके से जोड़ने की क्रिया, भाव या मजदूरी। (सोल्डरिंग)

झलाऊ—वि० [हिं० झोल?] १. जिसमें झोल हो। झोलदार। २. ढीला-ढाला।

झलाझल—वि० [अनु०] [भाव० झलाझली] बहुत अधिक चमक-दमक वाला। चमकता हुआ।
क्रि० वि० चमकते हुए। प्रकाश के साथ।
पुं० एक प्रकार का झकीला कपड़ा।

झलाझली—स्त्री० [अनु०] झलझल या बहुत अधिक चमकीले होने की अवस्था या भाव।
वि०, क्रि० वि०=झलाझल।
स्त्री० [हिं० झलना] पंखे आदि का बराबर झला और झलवाया जाना।

झलाना—स० [हिं० झलना] झलने का काम दूसरे से कराना। झलवाना।

झलाबोर—पुं० [हिं० झलझल=चमक] १. जरी आदि के बने हुए दुपट्टों या साड़ियों का आँचल। २. कोई ऐसी चीज जिस पर कारचोबी या जरी का काम किया हुआ हो। ३. एक प्रकार की आतिशबाजी। ४. चमक-दमक। ५. कँटीली झाड़ी।
वि० खूब चमक-दमकवाला।

झलामल†—स्त्री०=झलमल।

झलारा—वि० [हिं० झाल] [स्त्री० झलारी] बहुत ही तीक्ष्ण स्वाद-वाला। झालदार।

झलाहा—वि० [हिं० झाल] [स्त्री० झलाही] १. बहुत तीक्ष्ण स्वाद-वाला। झालदार। २. ईर्ष्यालु या डाह करनेवाला। ३. बहुत ही उग्र या कठोर स्वभाववाला। उदा०—मैं अपने बनड़े से पानी भराऊँ, ननदी झलाही को क्या है मलोला।—स्त्रियों का गीत।

झलि—स्त्री० [सं०] एक तरह की सुपारी।

झल्ल—पुं० [सं०√झल्ल्+क्विप्√ला+क] १. वह जिसके वैदिक संस्कार न हुए हों। व्रात्य। २. एक प्राचीन वर्ण-संकर जाति। ३. भाँड़। विदूषक। ४. हुडुक नाम का बाजा। पटह। ५. आग की लपट। ज्वाला।
स्त्री० [हिं० झल्ला] झल्ले होने की अवस्था या भाव। पागलपन। सनक।

झल्ल-कंठ—पुं० [ब०स०] कबूतर।

झल्लक—पुं० [सं० झल्ल+कन्] १. कसि का बना हुआ करताल। झाँझ। २. मँजीरा।

झल्लकी—स्त्री० [सं० झल्लक+ङीष्]=झल्लक।

झल्लना†—अ० [हिं० झल्ल] १. बावला या पागल होना। २. कुढ़ होना। ३. डींग मारना।
स०=झलना।

झल्लरी—स्त्री० [√झल्ल्+अरन्, पृषो० सिद्धि] १. पुरानी चाल का चमड़े से मढ़ा हुआ एक बाजा। हुडुक। २. झाँझ। ३. पसीना। स्वेद। ४. घुँघराले बाल। ५. सुश्रुता।

झल्लरी—स्त्री० [सं० झल्लर+ङीष्]=झल्लरा।

झल्ला—पुं० [देश०] [स्त्री० झल्ली] १. बहुत बड़ा टोकरा। झाबा। २. वर्षा की ऐसी झड़ी जिसके साथ तेज हवा भी हो। झंझा। ३. तमाकू के पत्तों पर उभरनेवाले चकत्ते या दाने।

वि०[हिं० झल्लाना] [स्त्री० झल्ली] कम बुद्धि होने के कारण पागलों जैसा आचरण करनेवाला। सिड़ी।

वि०[हिं० झाल] [स्त्री० झल्ली] बहुत ही तरल या पतला। जैसे—झल्ली दाल, तरकारी का झाल्ला रसा।

झल्लाना—अ०[हिं० झल] १. क्रुद्ध होकर या खीझकर बहुत ही तीक्ष्ण स्वर में बोलना। २. बिगड़ते हुए बोलना।

स० किसी को खिजलाने या खीझने में प्रवृत्त करना।

झल्लिक्का—स्त्री०[सं० झल्ली+√कै (प्रकाश करना)+क, पृषो० मित्रि] १. शरीर पोंछने का कपड़ा। अँगोछा। २. शरीर को मलकर पोंछने पर निकलनेवाली मैल। ३. चमक। दीप्ति। ४. सूर्य की किरणों का तेज या प्रकाश।

झल्ली—स्त्री०[सं० झल+ङीष्] एक प्रकार का चमड़े से मढा हुआ छोटा बाजा।

वि० हिं० 'झल्ला' का स्त्री० रूप।

झल्लीवाला—पुं०[हिं० झल्ली] [स्त्री० झल्लीवाली] वह व्यक्ति जो टोकरे में बोझ रखकर ढोता हो।

झल्लीवाद्य—पुं०[सं०] एक तरह का नृत्य।

झवर†—पुं०[हिं० झगड़ा] झगड़ा।

झवारि†—स्त्री०=झवर(झगड़ा)।

झष—पुं०[सं०√झष् (मारना)+अच्] १. मछली। २ मगर। ३. मकर राशि। ४. मीन राशि। ५. ताप। ६. बन।

†स्त्री०=झख।

झष-केतु(केतन)—पु० [ब० स०] कामदेव। मदन।

झष-ध्वज—पुं०[ब० स०] कामदेव।

झषना†—अ० [हिं० झख] १. झख मारना। २. दे० 'झीखना'।

झष-निकेत—पुं०[ष० त०] वह स्थान जहाँ मछलियाँ रहती हों। जैसे—जलाशय, समुद्र आदि।

झष-राज—पुं०[ष० त०] मकर या मगर नामक जल-जन्तु।

झषांक—पु०[झष-अंक, ब० स०] कामदेव। मदन।

झष,†—स्त्री०[सं०√झष्+अच्-टाप्] नागबला। गुलसकरी।

झष,शन—पु०[सं० झष√अश् (भक्षण)+ल्यु-अन] सूँस (जल-जन्तु)।

झषोदरी—स्त्री०[झष-उदर, ब० स०, ङीष्] व्यास की माता मत्स्यगंधा का एक नाम।

झसना†—सं०=झँसना।

झाँझी—वि०[फा० जंगी] १. जंग अर्थात् युद्ध-संबंधी। २. युद्ध में काम आनेवाला। ३. बहुत बड़ा। (राज०)

झहराना*—अ०[अनु०] १. झन झन शब्द होना। २. झल्लाना। ३. शरीर के रोएँ खड़े होना। रोमांच होना। ४ चकित या स्तब्ध होना। सन्नाटे में आना। सकपका जाना।

स०=झहराना।

झहराना—स०[हिं० झहराना का सकर्मक] १. झनझन शब्द उत्पन्न करना। २. किसी प्रकार किसी के शरीर में रोमांच उत्पन्न करना। ३. ऐसा काम करना जिससे कोई चकित हो जाय या सन्नाटे में आ जाय।

झहरना—अ० [अनु०] १. झर झर शब्द होना। जैसे—हवा से पत्तों का झहरना। २ हिलते-डुलते रहना। ३ सामने आना। उपस्थित होना। ४. शिथिल या ढीला होना। ५ दुखी होना।

अ० १.=झल्लाना। २.=झरना।

झहराना—स० [हिं० झहरना] किसी को झहरने में प्रवृत्त करना।

अ०=झहरना।

झाँई—स्त्री० [स० छाया] १. छाया। परछाईं। उदा०—जा तन की झाँई परे स्याम हरित दुति होय।—बिहारी। २ अंधकार। अँधेरा। ३. छल। धोखा।

मुहा०—झाँई देना या बताना=झाँसे बनाकर धोखा देना। ४. रक्त-विकार से मुँह पर पड़नेवाले काले धब्बे। ५ किसी प्रकार की काली छाया या हलका दाग। ६. आभा। झलक।

झाँई-सप्पा†—पु०=झाँसा।

झाँई-माँई—स्त्री०[अनु०] बहुत छोटे बच्चों का एक खेल जिसमें वे कुछ गाते हुए घूमते और झूमते हैं।

मुहा०—(कोई चीज) झाँई माँई हो जाना=गायब, गुम या लुप्त हो जाना।

झाँक—स्त्री०[हिं० झाँकना] १ झाँकने की क्रिया या भाव। २ झाँकी। स्त्री०[?] आग। अग्नि। उदा०—नई गोरी नये बालमा नई होरी की झाँक।—बुंदेल० लो० गी०।

†पु०=चीलर (जंगली हिरन)।

झाँकना—अ०[स० अध्यक्ष, प्रा० अज्झक्ख] १. नीचे की ओर की चीज देखने के लिए गरदन झुकाकर तथा आँखें नीची करके उसकी ओर ताकना। देखने के लिए झुकना। जैसे—खिड़की में से या छत पर से झाँकना। २ आड़ में से दाहिने या बाएँ कुछ झुककर या किसी संधि में से टोह लेने के लिए देखना। ३ कोई काम करने के लिए उसकी ओर प्रवृत्त होना। उदा०—यही ठीक है धनुष छोड़कर कोड़ा झाँको।—मैथिलीशरण।

झाँकनी—स्त्री०=झाँकी।

झाँकर†—पु०=झरोखा।

झाँका—पु० [हिं० झाँकना] झरोखा, जिसमें से झाँककर देखते हैं। पु०=बाँचा (रहठे आदि का दौरा)।

झाँकी—स्त्री० [हिं० झाँकना] १. झाँकने की क्रिया या भाव। २. किसी पूज्य या प्रिय वस्तु या व्यक्ति का सुखद अवलोकन। दर्शन। ३ महत्ता कुछ देर के लिए एक बार दिखाई पड़ने या सामने आने की क्रिया या भाव। (ग्लास) ४. कोई मनोहर या सुंदर दृश्य। ५. किसी बात का किया जानेवाला संक्षिप्त परिचय या परिज्ञान। जैसे—कश्मीर और बुंदेलखंड की झाँकी। ६ छोटी खिड़की।

झाँकृत—पु०[स० झंकृत+अण्] १ पैरों में पहनने का झाँझन नामक आभूषण। २. झनझन करने या झरने का शब्द।

झाँख—पु०[देश०] जंगली हिरनों की एक जाति।

झाँखना*—अ०=झींखना।

झाँखर—पु०[हिं० झंखाड़] १ अरहर की वे खूँटियाँ जो फसल काटने के बाद खेत में रह जाती हैं। २. झाड़-झंखाड़।

वि० १. जिसके भीतर तल में बहुत से छोटे-छोटे छेद हों। २. ढीली बुनावटवाला।

झाँगला—वि०[देश०] ढीला-ढाला (कपड़ा)।
पुं० एक प्रकार का ढीला-ढाला कुरता। झगा।

झाँगा†—पुं०[?] चितकबरे रंग का एक छोटा कीड़ा जो गोभी, सरसों आदि के पत्तों में लगकर उन्हें खाता या उनका रस चूसता है।
पु०=झगा (बच्चों का कुरता)।

झाँजन—स्त्री०=झाँझन।

झाँझ—स्त्री०[सं० झर्झर] [स्त्री० अल्पा० झाँझड़ी] १ काँसे, पीतल आदि के मोटे पत्तर की बनी हुई एक प्रकार की कम उभारदार कटोरियों का जोड़ा जो पूजन आदि के समय एक दूसरी पर आघात करके बजाई जाती है। छैना।
क्रि० प्र०—पीटना।—बजाना।
२ क्रोध। गुस्सा। ३. किसी दूषित मनोविकार का आवेग। ४. पाजीपन। शरारत।
क्रि० प्र०—उतरना।—चढ़ना।—निकलना।
५ ऐसा जलाशय जिसका जल सूख गया हो।
†स्त्री०=झाँझन।

झाँझड़ी*—स्त्री० १ =छोटी झाँझी। २.=झाँझन (पैर में पहनने का गहना)।

झाँझन*—स्त्री०[अनु०] चाँदी आदि का बना हुआ नक्काशीदार कड़ा जिसे स्त्रियाँ पैरों में पहनती हैं और जिससे झनझन शब्द निकलता है। पैजनी। पायल।

झाँझर†—स्त्री०[अनु०] १. झाँझन। पैजनी नाम का गहना जो पैर में पहना जाता है। २. आटा आदि छानने की छाननी।
वि०[स० जर्जर] १. झँझरा। २ जर्जर। ३. बहुत ही खिन्न और दुःखी। कष्ट या दुःख से क्षीण या जर्जर। (पूरब) उदा०—एक हम झाँझरि हरि बिनु हो, पीतम मेल त्यागी।—स्त्रियों का गीत।

झाँझरी—स्त्री०[देश०] १. झाँझ नाम का बाजा। झाल। २. झाँझन या पैजनी नाम का पैर में पहनने का गहना।

झाँझा—पु०[हिं० झंझारा] १. फसल के पत्ते आदि खा जानेवाले कुछ छोटे कीड़ों का एक वर्ग। २. वह बड़ा पौना जिससे कड़ाही में सेव (नमकीन पकवान) छाना या गिराया जाता है। ३. घी में भूनकर चीनी के साथ मिलाई हुई भाँग की पत्तियाँ जो यों ही फाँक ली जाती हैं।
पु० १. झंझट या बखेड़े की बात। २. तकरार। हुज्जत।
पुं०=बड़ी झाँझ।

झाँझिया—पुं० [हिं० झाँझ+इया (प्रत्य०)] वह जो झाँझ बजाता हो।

झाँझी—स्त्री० [हिं० झँझरी] १. एक उत्सव जिसमे बालिकाएँ रात के समय झँझरीदार हाँड़ी में दीपक रखकर गीत गाती हुई घर-घर जाती और वहाँ से पैसे या अनाज पाती हैं। २. उक्त अवसर या उत्सव पर गाये जानेवाले गीत।

झाँट—स्त्री०[सं० जट, हिं० झंड=बाल] १. पुरुष या स्त्री की जननेंद्रिय पर के बाल। उपस्थ पर के बाल। शष्प। पशम। २. बहुत ही तुच्छ और निकम्मी चीज।
पद—झाँट की झँटुल्ली=बहुत ही तुच्छ या हीन।

झाँटा†—पुं०[देश०] झंझट।
पुं०=झाड़ू। (पूरब)

झाँटि†—स्त्री०=झाँट।

झाँप—स्त्री०[हिं० झाँपना] १. वह चीज जिससे कोई दूसरी चीज झाँपी या ढकी जाती हो। ऊपरी आवरण। जैसे—पिटारी की झाँप। २. वास्तु कला में, खिड़की, दरवाजे आदि के ऊपर दीवार से बाहर निकली हुई वह रचना जो धूप, वर्षा के जल आदि को कमरे के अन्दर आने में रुकावट उत्पन्न करती है। (शेड) ३. परदा। ४. टट्टी। ५. मस्तूल का झुकाव। ६. कान का एक आभूषण। ७ घोड़े को गले में पहनाई जानेवाली एक प्रकार की हुमेल या हैकल।
स्त्री०=झपकी।
†स्त्री०=उछल-कूद।

झाँपना—स०[सं० उत्थापन, हिं० ढाँपना] १. ऊपर से आवरण डाल कर ढाँकना। ढकना। २. मलना। रगड़ना। उदा०—फिरि फिरि झाँपति है कहा रुचिर चरन के रंग।—मतिराम। ३. पकड़कर दबाना या दबोचना।
अ०=झेंपना।

झाँपा—पुं०[हिं० झाँपना] [स्त्री० झाँपी] १. वह बड़ी टोकरी या दौरी जिससे दही, दूध आदि ढाँके जाते हैं। २. मूँज की बनी हुई एक प्रकार की बड़ी पिटारी।
†स्त्री०=झपकी।

झाँपी—स्त्री०[देश] १. खंजन पक्षी। २. दुश्चरित्रा या पुंश्चली स्त्री। (गाली)

झाँवना—स०[हिं० झाँवा+ना (प्रत्य०)] झाँवें से रगड़कर (हाथ-पैर आदि) धोना।
स०, अ०=झँवाना।

झाँवर—पु०[?] वह नीची भूमि जिसमें वर्षा का पानी अधिक मात्रा में रुकने के कारण मोटा अन्न अधिकता से उपजता हो। २. धान के लिए उपयुक्त नीची भूमि।
वि०[हिं० झाँवला] [स्त्री० झाँवली] १. झाँवे के रंग का। काला। २. मलिन। मैला। ३. कुम्हलाया या मुरझाया हुआ। ४. धीमा। मंद। ५. सुस्त।

झाँवली—स्त्री०[हिं० झाँई] १. बहुत ही थोड़े समय के लिए या एकाध क्षण कुछ दिखाई पड़ने की अवस्था या भाव। २. झलक। ३. आँख के कोने से देखने की अवस्था या भाव। कनखी।
मुहा०—झाँवली दना=आँख हिलाकर हलका-सा संकेत करना।

झाँवाँ—पुं०[सं० झामक] १. भट्ठे में पकी हुई वह ईंट जो अधिक ताप लगने के कारण काली पड़ गई हो और कुछ टेढ़ी भी हो गई हो। २. उक्त जली हुई ईंट का टुकड़ा जिसमें प्रायः छोटे-छोटे छेद होते हैं तथा जिसका प्रयोग चीजों पर से दाग छुड़ाने और विशेषतः पाँवों पर जमी हुई मैल रगड़कर छुड़ाने के लिए होता है।

झाँसना—स० [हिं० झाँसा] झाँसा या धोखा देना। २. झाँसा या धोखा देकर किसी से कुछ ले लेना। झँसना।

झाँसा—पुं०[सं० अध्यास=मिथ्या ज्ञान; प्रा० अज्झास] १. किसी से कुछ झँसने या वसूल करने के लिए उसे समझाई जानेवाली उलटी-

सीधी बात। २. अपने काम निकालने के लिए कही जानेवाली कोई छलपूर्ण बात।
क्रि० प्र०—देना।—बताना।—में आना।
पद—झाँसा-पट्टी। (देखें)

झाँसा-पट्टी—स्त्री०[हिं०] किसी को छल-कपट की बातों में फुसलाकर दिया जानेवाला धोखा।

झाँसिया—पुं०[हिं० झाँसा+इया (प्रत्य०)] वह जो लोगों को झाँसा देकर अपना स्वार्थ सिद्ध करता हो।

झाँझी—पुं०[देश०] तमालू, दाल आदि की फसल में लगनेवाला एक प्रकार का गुबरैला कीड़ा।

झाँपू—पुं०[हिं० झाँसा] झाँसिया। (दे०)

झा—पुं०[सं० उपाध्याय, प्रा० उज्झाओ, हिं० ओझा]१ मैथिल ब्राह्मणों की एक उपाधि। २. गुजराती ब्राह्मणों की एक उपाधि।

झाँई—स्त्री०=झाँई।

झाऊ—पुं०[सं० झावुक] मोर पंखी की जाति का एक पौधा जिसकी पत्तियाँ औषध के काम आती हैं।

झाग—पुं०[हिं० गाज] १. किसी तरल पदार्थ को फेंटने आदि पर उसमें से निकलनेवाले तथा एक में मिले हुए असंख्य बुलबुलों का समूह। फेन। जैसे—तेल या दूध की झाग। २. रोग आदि के कारण मुँह में से निकलनेवाली वह थूक जिसमें बहुत अधिक बुलबुले हों।
क्रि० प्र०—उठना।—छूटना।—छोड़ना।—निकासना।—फेंकना।

झागड़†—पुं०=झगड़ा।

झागना†—अ०[हिं० झाग] झाग या फेन निकलना।
स० झाग या फेन उत्पन्न करना।

झाज†—स्त्री०=झाँझ।
†पुं०=जहाज।

झाझन—स्त्री०=झाँझन।
पुं०=झाऊ (पेड़)।

झाझा†—वि० [स० दग्ध?] [स्त्री० झाझी] १. जला हुआ। दग्ध। २. गहरा-गाढ़ा या तेज। जैसे—झाझा नशा।

झाट—पुं०[सं० √झट् (शीघ्रता)+घञ्] १. कुंज। २. झाड़ी। ३. घाव को धोकर साफ करना।

झाटक-पट—पुं०[हिं० झटपट?] एक प्रकार की ताजीम जो राजपूताने के राज-दरबारों में अधिक प्रतिष्ठित सरदारों को मिला करती थी।

झाटल—पुं०[स० झाट√ला (लेना)+क] एक प्रकार का पेड़ जिसके बड़े-बड़े पत्ते होते हैं और फल घंटियों के समान लटकते हैं। आक की तरह इसकी शाखाओं से भी दूध निकलता है।

झाटा†—स्त्री०[सं०√झट्+णिच्+अच्—टाप्] १. जूही। २. भुई आँवला।

झाटात्रक—पुं०[सं० झाट-अस्त्र, ब०स०] तरबूज।

झाटिका—स्त्री०[सं० झाट+कन्—टाप्, इत्व] भुई आँवला।

झाटी—स्त्री०=झाटिका।

झाड़—पुं०[सं० झाट] [स्त्री० अल्पा० झाड़ी] ऐसे छोटे पेड़ों या पौधों का वर्ग जिनकी पतली-पतली शाखाएँ आपस में उलझी हुई और जमीन से थोड़ी ही ऊँचाई पर छितरी या फैली हुई रहती हैं।

पद—झाड़ का काँटा=ऐसा झगड़ालू या हुज्जती आदमी जिससे पीछा छुड़ाना कठिन हो। **झाड़-झंखाड़। (देखें स्वतंत्र शब्द)**
२ उक्त झाड की तरह का एक प्रकार का अनेक शाखाओंवाला दीये, मोमबत्तियाँ आदि जलाने का शीशे का बहुत बड़ा आधान जो कमरे की छत में शोभा के लिए लटकाया जाता है। ३. उक्त आकार या रूप की एक प्रकार की आतिशबाजी। ४. उक्त आकार या रूप का छींपियों का एक प्रकार का छापा। ५ एक प्रकार की सुगंधी घास। जरस। जार। ६ एक ही तरह की बहुत सी छोटी-बड़ी चीजों का बड़ा गुच्छा या लच्छा।
स्त्री०[हिं० झाड़ना] १. झाड़ने की क्रिया या भाव। २ झाड़ने पर निकलने वाली धूल आदि। झाड़न। ३ मंत्र आदि पढ़कर किसी की प्रेत-बाधा, रोग आदि दूर करने का काम।
पद—झाड़-फूंक। (देखें)
४. क्रोधपूर्वक डाँटकर कही जानेवाली बात।
क्रि० प्र०—देना।—पड़ना।—बताना।—पुनाना।
५. कुश्ती में विपक्षी के किसी अंग को दिया जानेवाला झटका।

झाड़कंस—पुं०=झारखंड।

झाड़-झंखाड़—पुं०[हिं० झाड़+झंखाड़] १ काँटेदार झाड़ियों का समूह। २. व्यर्थ के पेड़-पौधों का समूह। निकम्मी, रद्दी और व्यर्थ की चीजों, विशेषत. काट-कबाड़ का लगा हुआ ढेर।

झाड़दार—वि०[हिं० झाड़+फा० दार] १ (पौधा या वृक्ष) जिसमें बहुत-सी घनी डालियाँ लगती हों। घना। सघन। २. काँटेदार। कटीला। ३. जिस पर झाड़ी अर्थात् पेड़-पौधों की आकृतियाँ बनी हों।
पुं० १. एक प्रकार का कसीदा जिसमें पौधों और बेल-बूटों की आकृतियाँ बनी होती हैं। २. उक्त प्रकार के बेल-बूटोंवाला कालीन या गलीचा।

झाड़न—स्त्री०[हिं० झाड़ना] १. झाड़ने पर निकलनेवाली धूल अथवा रद्दी चीजें या उनके टुकड़े। २. वह कपड़ा जिससे अलमारियों, कुर्सियों, चौकियों दरवाजों आदि पर पड़ी हुई धूल आदि झाड़ी और पोंछी जाती है।

झाड़ना—स०[स० झर्च आघात करना] १. कोई चीज उठाकर उसे इस प्रकार झटका देना कि उस पर पड़ी या लगी हुई फालतू और रद्दी चीजें दूर जा गिरें। जैसे—चाँदनी या दरी झाड़ना। २. झाड़ू, झाड़न आदि की सहायता से किसी चीज के ऊपर पड़ी हुई धूल आदि साफ करना। जैसे—कमरे का फरश झाड़ना। ३ ऐसा आघात करना कि कही लगी या सटी हुई चीज या चीजें कटकर या टूटकर अलग हो जायँ या नीचे गिर पड़ें। जैसे—पेड़ में से आम या इमली झाड़ना। ४. डरा धमका कर या और किसी युक्ति से कुछ धन वसूल करना या रकम ऐंठना। झटकना। जैसे—जरा-सी बात में पुलिस ने दो सौ रुपए झाड़ लिये। ५ कुछ विशिष्ट प्रकार के शस्त्र इस प्रकार चारों ओर घुमाते हुए चलाना कि कोई पास आने का साहस न करे। जैसे—तलवार, पटा या लाठी झाड़ना। ६. जोर का आघात या प्रहार करना। जैसे—थप्पड़ या मुक्का झाड़ना। **(क्व०) ७. पक्षियों** का कुछ विशिष्ट ऋतुओं में, प्रकृत रूप से अपने पुराने पंख या पर गिराना जिससे उनके स्थान पर फिर से नये पंख या पर निकलें।

जैसे—यह पक्षी ग्रीष्मऋतु में अपने पुराने पंख झाड़ता है।८. कंघी फेर कर सिर के बाल साफ करना। ९. संभोग या समागम करके वीर्य-पात करना। (बाजारू) १०. तंत्र-मंत्र आदि का ऐसा प्रयोग करना कि किसी का कोई रोग अथवा उस (व्यक्ति) पर चढ़ा हुआ प्रेत या भूत उतर जाय। जैसे—ओझा लोग देहातियों को भूत-प्रेत झाड़ने के नाम पर खूब ठगते हैं। ११. किसी की अकड़, ऐंठ या शेखी दूर करनेवाली कड़ी-कड़ी बातें सुनाना। फटकारना। जैसे—आज मैंने उन्हें ऐसा झाड़ा कि वे ठंढे हो गये। उदा०—ऐसे वचन कहूँगी इनतें, चतुराई इनकी मैं झारति।—सूर। १२. अपनी योग्यता दिखाकर धाक जमाने के लिए किसी भाषा या विषय में बहुत सी उलटी-सीधी बातें कह जाना। जैसे—देहातियों के सामने अँगरेजी या कानून झाड़ना, मूर्खों के सामने वेदांत झाड़ना।

झाड़-फानूस—पुं० [हिं० झाड़+फा० फ़ानूस] शीशे के झाड़, हाँड़ियाँ आदि जो छत पर टाँगी जाती हैं तथा जिनमें दीये, मोमबत्तियाँ आदि जलाई जाती है।

झाड़-फूँक—स्त्री० [हिं० झाड़ना+फूँकना] मंत्र-बल के द्वारा किसी का रोग या प्रेत-बाधा दूर करने की क्रिया या भाव।

झाड़ बुहार—स्त्री० [हिं० झाड़ना+बुहारना] कूड़ा-करकट, धूल आदि झाड़ने की क्रिया या भाव।

झाड़ा†—पुं० [हिं० झाड़ना] १. भूत-प्रेत की बाधा, रोग आदि दूर करने के लिए की जानेवाली झाड़-फूँक या मंत्रोपचार। २. किसी के पहने हुए कपड़े आदि झाड़कर ली जानेवाली तलाशी। ३. पाखाना फिरने या मल त्याग करने की क्रिया।

क्रि० प्र०—फिरना (हगना)।

४ मल-त्याग करने की कोठरी। पाखाना। शौचालय। ५. गुह। मल। ६. दे० 'झाला' (सितार का)।

झाड़ी—स्त्री० [हिं० झाड़] १. हिं० झाड़ का स्त्री० अल्पा० रूप। छोटा झाड़। २. बहुत से छोटे-छोटे झाड़ों या पेड़-पौधों का झुरमुट।

स्त्री० [हिं० झाड़ना] सूअर के बालों की बनी हुई कूची। बलौंछी।

झाड़ीदार—वि० [हिं० झाड़ी+फा० दार] १. आकार, रूप आदि के विचार से झाड़ी की तरह का। छोटे झाड़ का-सा। २. काँटेदार। कँटीला। ३. (स्थान) जहाँ पर बहुत सी झाड़ियाँ हों। ४. दे० 'झाड़-दार'।

झाड़ू—पुं० [हिं० झाड़ना] १. लंबी सींकों आदि का वह मुट्ठा जिससे फर्श पर पड़ा हुआ कूड़ा-करकट, धूल आदि साफ करते हैं।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

मुहा०—झाड़ू देना=(क) झाड़ू की सहायता से जमीन या फर्श पर का कूड़ा-करकट साफ करना। (ख) इस प्रकार सब कुछ नष्ट करना कि कुछ भी बाकी न रह जाय। झाड़ू फिरना=ऐसा अपव्यय या नाश होना कि कुछ भी बाकी न बच रहे। झाड़ू फेरना=पूरी तरह नाश करके कुछ भी बाकी न रहने देना। पूरा सफाया करना। (किसी को) झाड़ू मारना=बहुत ही उपेक्षा तथा तिरस्कारपूर्वक दूर हटाना। (स्त्रियाँ) जैसे—झाड़ू मारो ऐसे धोबी (या नौकर) को।

२. दुमदार सितारा। पुच्छलतारा। धूम-केतु।

झाड़ूदुमा—पुं० [हिं० झाड़+फा० दुम] हाथी, जिसकी दुम के बाल झाड़ू के अगले भाग की तरह छितरे या फैले हुए हों। ऐसा हाथी ऐबी माना जाता है।

झाड़ूबरदार—पुं० [हिं० झाड़+फा० बरदार] [भाव० झाड़ बरदारी] १. वह सेवक जो घर मे झाड़ लगाता हो। २. गलियों में और सड़कों पर झाड़ू देनेवाला मेहतर।

झाड़वाला—पुं० [हिं० झाड़+वाला (प्रत्य०)] झाड़ू देने या लगाने-वाला व्यक्ति। झाड़बरदार।

झाण—पुं० [सं० ध्यान] हठ-योग में, एक प्रकार की साधना जिसमें पंच महाभूतों का ध्यान करके उन्हें ऊपर की ओर प्रवृत्त किया जाता था, और इसके लिए शरीर के अन्दर के पाँच चक्रों का भी ध्यान किया जाता था। (बौद्ध)

झापड़—पुं० [?] थप्पड़। तमाचा।

क्रि० प्र०—देना।—मारना।—लगाना।

झाबड़-झल्ला—वि० [हिं०] बहुत अधिक ढीला-ढाला।

झाबर—पुं० [?] दलदली भूमि।

†पुं०=झाबा।

†वि०=झबरा।

झाबा—पुं० [हिं० झाँपना=ढाँकना] [स्त्री० अल्पा० झाबी] १. रहठे का बना हुआ बड़ा टोकरा या दौरा। खाँचा। २. घी, तेल आदि रखने का चमड़े का बड़ा कुप्पा जिसमे टोंटी भी लगी रहती है। ३. चमड़े का एक प्रकार का बड़ा थाल। उफरा। (पश्चिम) ४. शीशे का बड़ा झाड़ जो रोशनी के लिए छत में लटकाया जाता है।

†पुं०=झब्बा।

झाम*—पुं० [देश०] १. गुच्छा। २. समूह। ३. झब्बा। तुर्रा। ४. मिट्टी खोदने की एक प्रकार की कुदाल। ५. एक प्रकार का बड़ा यंत्र जो नदियों आदि के तल की मिट्टी खोदने के काम आता है। ६. डाँट-फटकार। ७. घुड़की। ८. कपट। छल। धोखा।

झामक—पुं० [सं० झम् (खाना)+ण्वुल्—अक] जली हुई ईंट। झाँवाँ।

झामर—पुं० [सं० झाम√रा (देना)+क] १. टेकुआ रगड़ने की सान। सिल्ली। २. पैजनी की तरह का पैर में पहनने का एक गहना।

झामर-झूमर—पुं० [अनु०] ऐसी चीज या बात जिसमें ऊपरी आडंबर, झंझटें या बखेड़े तो बहुत से हों परन्तु जिसमें तत्त्व या सार कुछ भी न हो। उदा०—दुनिया झामर-झूमर उलझी सत्तमान के बकरा लाये, कान पकड़ सिर काटा।—कबीर।

झामरा—वि० [हिं० झाँवला?] १. झाँवें के रंग का। झाँवला। २. मलिन। उदा०—झामरि हे झामरि तोर देह।—विद्यापति।

झामा—वि०=झाँवला।

पुं०=झाँवाँ।

झामी†—वि० [हिं० झाम=धोखा] धोखा देनेवाला। धोखेबाज।

स्त्री० [अनु०] १. झन् झन् शब्द। झनकार। २. सुनसान जगह में तेज हवा चलने पर होनेवाला शब्द जो प्रायः डरावना होता है।

झार†—वि० [सं० सर्व, प्रा० सारो, हिं० सारा] १. आदि से अन्त तक का सब। कुल। पूरा। समस्त। सारा। २. जिसमें कुछ भी मिलावट न हो। खालिस।

पुं० १. झुंड। दल। २. समूह।
अव्य० १. केवल। निपट। निरा। २. एक दम से। एक सिरे से।
स्त्री० [हिं० झाल] १. स्वाद में चरपरे या तीखे होने की अवस्था या भाव। झाल। २. आग की लपट। ज्वाला। ३. जलन। ताप। ४. ईर्ष्या के कारण होनेवाला मनस्ताप। डाह।
पुं० [हिं० झरना] रसोई का झरना या पौना नामक उपकरण।
पुं० [?] एक प्रकार का पेड़।

झारखंड—पुं० [हिं० झार सं०+खंड] १. उजाड़ जगह। २. जंगल। ३. बिहार राज्य के एक छोटे भू-भाग का नाम। ४. एक पर्वत जो वैद्यनाथ धाम से जगन्नाथ पुरी तक विस्तृत है।

झारन—स्त्री०=झाड़न।

झारना—स० =झाड़ना।

झारा—पुं० [हिं० झार] बहुत पतली घुली हुई भाँग।
पुं० [हिं० झारना] १. अनाज फटकने का सूप। २. अनाज छानने का झरना। ३. पटा, बनेठी, लाठी आदि चलाने की कला या विद्या।
†पुं०=झाड़ा।

झारि†—स्त्री०=झार।

झारी—स्त्री० [हिं० झरना] १. लंबी गरदनवाली एक प्रकार की टोंटीदार लुटिया जिससे जल बँधी हुई धार के रूप में निकलता है। २. पानी में अमचूर, जीरा, नमक आदि मिलाकर बनाया जानेवाला एक प्रकार का स्वादिष्ठ पेय।
†स्त्री०=झाड़ी।
*स्त्री० [हिं० झार] समष्टि। समूह। उदा०—गई जहाँ सुर नर मुनि झारी।—तुलसी।
*क्रि० वि० एक दम से। एक सिरे से।

झार्क—पुं०=झाड़।

झार्झर—पुं० [सं० झर्झर+अण्] हुडुक्क या ढोल बजानेवाला व्यक्ति।

झाल—स्त्री० [सं० झालि:=आम का पना या पन्ना] १. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता। जैसे—मिर्च, राई आदि की झाल। २. स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता। जैसे—तरकारी या दाल की झाल, आम या इमली के पने की झाल।
स्त्री० [हिं० झालना] १. झालने (अर्थात् धातु की चीजों को टाँका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव। २. धातु की चीजों का वह अंश जिसमें उक्त प्रकार का टाँका लगा हो।
स्त्री० [सं० ज्वाल] १. जलन। ताप। दाह। २. लपट। लौ। ३. उत्कट या प्रबल काम-वासना। ४. मन की तरंग। मौज। (स्व०)
पुं० [सं० झल्लक] कांसे आदि की बनी हुई बड़ी झाँझ।
स्त्री० [हिं० झड़ी] १. (वर्षा की) झड़ी। २. बादल के कारण होनेवाला अँधेरा।

झालड़—स्त्री०=झालर।

झालना—स० [?] [भाव० झलाई] १. धातु की बनी हुई चीजों के भिन्न-भिन्न अंगों को टाँका लगाकर उन्हें आपस में जोड़ना। २. किसी पात्र का मुँह धातु का टाँका लगाकर चारों ओर से अच्छी तरह बंद करना। जैसे—गंगा जल से भरी हुई लुटिया झालना। ३. पेय पदार्थों की बोतलें आदि बरफ या शोरे में रखकर खूब ठंडी करना।
†स० १. =झेलना। (सहना)। २. =झलना। (ग्रहण या धारण करना)।

झालर—स्त्री० [स० झल्लरी] १. किसी विस्तार में उसके एक या कई सिरों पर शोभा या सजावट के लिए टाँका, बनाया या लगाया जानेवाला लहरियेदार किनारा या हाशिया। जैसे—तकिये, पर्दे या परदे में लगी हुई झालर; सायबान में लगाई जानेवाली झालर। २. वास्तु-रचना में पत्थर, लकड़ी आदि को गढ़ या तराशकर प्रस्तुत की जानेवाली उक्त प्रकार की बनावट। जैसे—दरवाजे के पल्ले या मेहराब में की झालर। ३. उक्त आकार-प्रकार की कोई ऐसी लटकती हुई चीज जो प्रायः हिलती रहती हो। जैसे—गौ या बैल के गले की झालर। ४. किनारा। छोर। सिरा। (क्व०) ५. एक प्रकार का बहुत बड़ा छैना या झाँझ जो पूजा आदि के समय देवताओं के सामने बजाते हैं।
†पुं०=झलरा (पकवान)। उदा०—झालर माँडे आए पोई।—जायसी।

झालरदार—वि० [हिं० झालर+फा० दार] जिसमें झालर टँकी, बनी या लगी हो।

झालरना—अ० [हिं० झालर+ना (प्रत्य०)] १ झालर का हिलना या हवा में लहराना। २. हवा में किसी वस्तु का लहराना। ३. (पेड़-पौधों का) शाखाओं, पत्तियों, फूलों आदि से युक्त या संपन्न होना। उदा०—नित नित होति हरी हरी खरी झालरति जाति।—बिहारी।

झालरा†—पु० [हिं० झालर] एक प्रकार का कुएहला हार। हुमेल।
पुं० [?] कुछ विशिष्ट प्रकार का बना हुआ चौकोर और बड़ा कूआँ। बावली।

झाला—पु० [देश०] १. गुजरात, मारवाड़ आदि प्रदेशों में बसी हुई एक राजपूत जाति। २. उक्त जाति का व्यक्ति। ३. सितार आदि बजाने में उत्पन्न होनेवाली एक विशेष प्रकार की कलात्मक झंकार।

झालि—स्त्री० [स०] एक प्रकार की कांजी जो कच्चे आम को पीसकर और उसमें राई, नमक आदि मिलाकर बनाई जाती है। झारी।
†स्त्री०=झाल (वर्षा की झड़ी)।

झार्झ—पु०=झाँझ।

झावर—वि०=झाबर (झबरा)।

झावु—पुं० [सं० झा√वा (गति)+डु] झाऊ। (एक क्षुप)

झावुक—पु० [स० झावु+कन्] झाऊ।

झिकार†—पुं० [?] बारहसिंघा।

झिंगन—पुं० [देश०] एक प्रकार का पेड़ जिसकी पत्तियों से लाल रंग बनता है।
†पुं०[?] सारस्वत ब्राह्मणों की एक जाति या वर्ग।

झिंगनी†—स्त्री०=झर-तरोई।

झिंगवा—स्त्री० [सं० झिण्ट] एक प्रकार की छोटी मछली जिसके अगले और पिछले दोनों भागों पर बाल होते हैं।

झिंगाक—पुं० [सं०√लिंग् (गमनादि)+आकन्, पृषो० सिद्धि] तरोई। तोरी।

झिंगारना†—अ० [हिं० झींगुर] झींगुर का बोलना या शब्द करना।
स० उक्त प्रकार का शब्द उत्पन्न करना।

झिंगिन—पुं०=जुगनूँ।

झिंगिनी—स्त्री० [सं० √लिंग्+इनि, पृषो० सिद्धि] एक जंगली पेड़ जिसके फल बेर के समान छोटे-छोटे और सफेद रंग के फूल होते हैं जो औषध के काम आते हैं।

झिंगी†—स्त्री०=झिंगिनी।

झिंगुला—पुं० [स्त्री० अल्पा० झिंगुली] झगा (बच्चों का)।

झिंझा†—वि० [?] [स्त्री० झिंझी] चिपटी नाकवाला।

झिंझिम—पुं० [सं० झिम्√झम्+अच्, पृषो० सिद्धि] ऐसा वन जिसमें आग लगी हो।

झिंझिया†—स्त्री०=झाँझी।

झिंझिरिष्टा—स्त्री० [सं०] झिंझिरोटा।

झिंझिरोटा—पुं० [सं० झिंझिरिष्टा] एक प्रकार का क्षुप।

झिंझी—स्त्री० [सं०] झींगुर। झिल्ली।

†स्त्री०=झंझी या झज्झी।

झिंझोटी—स्त्री० [देश०] दिन के चौथे पहर में गाई जानेवाली सम्पूर्ण जाति की रागिनी जिसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं।

झिंटी—स्त्री० [सं० झिम्√रट् (रटना)+अच्-ङीष्, पृषो० सिद्धि।] कटसरैया। पियाबासा।

झिंगड़ना*—अ०=झगड़ना।

झिंगड़ा†—पुं०=झगड़ा।

झिझक†—स्त्री० [हिं० झिझकना] झिझकने की क्रिया या भाव।

†स्त्री० दे० 'झझक'।

झिझकना†—अ० [अनु०] [भाव० झिझक] भय, लज्जा, संकोच आदि के कारण कुछ कहने या करने से आनाकानी करना, पीछे हटना या रुकना।

†अ० दे० 'झझकना'।

झिझकार†—स्त्री०=झझकार।

झिझकारना†—स०=झझकारना।

झिटकारना†—स०=झटकारना।

झिड़क†—स्त्री० [हिं० झिड़कना] १. झिड़कने की क्रिया या भाव। २. =झिड़की।

झिड़कना—स० [हिं० झटकना या झाड़ना] १. पुरानी हिन्दी में झटका देकर या झटकारते हुए दूर करना या हटाना। उदा०—कोटि सुर को दंड आजा झिरकि डारै वारि।—सूर। २. आज-कल किसी के अनुचित आचरण या व्यवहार से क्रुद्ध या रुष्ट होकर उसे तिरस्कारपूर्वक बिगड़कर कोई कठोर बात कहना।

झिड़की—स्त्री० [हिं० झिड़कना] १. झिड़कने की क्रिया या भाव। झिड़क। २. क्रोध में आकर या बिगड़ते हुए किसी अधीनस्थ या छोटे व्यक्ति से कही हुई वह बात जिसमें उसके अनुचित कामों के प्रति असन्तोष या रोष प्रकट किया गया हो और जिसमें आगे से सचेत रखने का उद्देश्य भी निहित हो।

क्रि० प्र०—देना।—मिलना।—सुनना।

झिड़झिड़ाना†—अ० [भाव० झिड़झिड़ाहट]=चिड़चिड़ाना।

झिनवा—पुं० [देश०] एक प्रकार का बढ़िया धान जिसके चावल बारीक होते हैं।

वि०=झीना।

झिपना†—अ०=झेंपना।

झिपाना—स० [हिं० 'झेंपना' का स० रूप] किसी को झेंपने में प्रवृत्त करना। लज्जित करना।

झिमकना†—अ०=झमकना।

झिमिटना—अ० [अनु०] एकत्र होना। उदा०—झिमिट जाते हैं जहाँ जो लोग....।—मैथिलीशरण।

झिर†—स्त्री०=झिरी।

झिरकना†—स०=झिड़कना।

झिरझिर—क्रि० वि० [अनु०] १. थोड़ा-थोड़ा करके और मन्द गति से। धीरे-धीरे। जैसे—झिरझिर झरना (पानी का सोता) बहना। २. उक्त प्रकार से और झिरझिर शब्द करते हुए। जैसे—झिरझिर हवा बहना।

झिरझिरा†—वि०=झीना।

झिरझिराना†—अ०=झिड़झिड़ाना (चिड़चिड़ाना)।

झिरना—पुं० [हिं० झरना] १. झरना। २. झिरी।

अ०=झरना।

झिरहर†—वि०=झीना।

झिरा†—स्त्री० [हिं० झरना=रसकर निकलना] आमदनी। आय।

झिराना—अ०, स०=झुराना।

झिरिका—स्त्री० [सं०] झींगुर।

झिरिया†—स्त्री० [हिं० झरना] छोटा झरना।

झिरी†—स्त्री० [हिं० झरना] १. वह छोटा छेद या संधि जिसमें से कोई चीज धीरे-धीरे निकल या बह जाय। दरज। २. वह गड्ढा जिसमें आस-पास का पानी झिर-झिरकर इकट्ठा होता है। ३. किसी बड़े जलाशय के आस-पास का वह छोटा झरना या सोता जिसमें से पानी झिर या रसकर निकलता हो। ४. तुषार। पाला। ५. ऐसी फसल जो पाला पड़ने से खराब हो गई हो।

झिरीका—स्त्री० [सं० झिरी√कै (शब्द)+क—टाप्] झींगुर।

झिरीं†—स्त्री० [हिं० झरना या झिरी] वह छोटा गड्ढा जो नाली आदि का पानी रोकने के लिए खोदा जाता है। घेरुआ।

झिलँगा—वि० [हिं० ढीला+अंग] १. ढीले अंगोंवाला। २. झीनी बुनावटवाला। उदा०—झिलँगा खटिया बातल देह।—चाँद। ३. दुबला-पतला।

पुं० १. वह छोटी, हलकी खाट जिसकी बुनावट दूर दूर या विरल हो। २. ऐसी टूटी-फूटी और पुरानी खाट जिसकी बुनावट ढीली पड़ गई हो।

†पुं०=झींगा (मछली)।

झिलना—अ० [हिं० झेलना] १. हिं० 'झेलना' का अ० रूप। झेला या सहा जाना। २. कष्ट सहते और जोर लगाते हुए अन्दर घुसना, धँसना या पैठना। उदा०—बाणी की वीणा-ध्वनि सी भर उठी शून्य में झिलकर।—प्रसाद। ३. कष्ट सहते हुए अपनी कामना या वासना पूरी करना। ४. तृप्त होना। अघाना। ५. किसी काम या बात में पूरी तरह से तन्मय या लीन होना।

†पुं० [सं० झिल्ली] झींगुर।

झिलम—स्त्री० [हिं० झिलमिला] युद्ध के समय पहने जानेवाले टोप में

पीछे की ओर लगी हुई सिकड़ियो की वह झालर जो गरदन पर लटकी रहती थी।

झिलमटोप—पुं०=झिलम।

झिलमा—पुं० [देश०] एक प्रकार का धान।

झिलमिल—स्त्री० [सं० ज्वल्+झला] १. सध्या या सवेरे की वह स्थिति जब कि कुछ-कुछ अंधकार भी हो और कुछ-कुछ प्रकाश भी; और जिसमे चीजें साफ न दिखाई देती हों। झिलमिला। २. प्रकाश की किरणो या लौ के हिलते रहने की वह स्थिति जिसमें कभी तो कुछ अँधेरा हो जाता हो और कभी-कभी कुछ उजाला। ३. किसी चमकीली चीज की वह स्थिति जिसमें रह-रहकर प्रकाश की किरणे दिखाई देती या निकलती हों। जैसे—पानी की झिलमिल। ४. पुरानी चाल की एक प्रकार की बहुत बढ़िया मलमल जिसकी प्रायः साड़ियाँ बनती थी।

वि०=झिलमिला।

झिलमिला— वि० [स०√ज्वल्+झला] १. (समय) जिसमे न तो पूरा अंधकार ही हो और न पूरा प्रकाश ही। मिला-जुला थोडा अँधेरा और थोड़ा उजाला। २. (प्रकाश) जो हिलते रहने के कारण रह-रहकर चमकता हो और फिर बीच-बीच मे आँखो से ओझल हो जाता हो। रह-रहकर चमकनेवाला। ३. (आवरण) जिसमें जगह-जगह बहुत-से छोटे-छोटे अवकाश या छेद हों और इसी लिए जिसके कारण कही तो प्रकाश आ जाता हो और कही अँधेरा बना रहता हो। ४ जिसका कुछ-कुछ आभास तो मिलता हो, फिर भी जो पूरी तरह से स्पष्ट न हो।

पुं०=झिलमिल।

झिलमिलाना—अ० [अनु०] [भाव० झिलमिलाहट, झिलमिली] हिलते रहने के कारण रह-रहकर चमकना। जैसे—लौ का झिलमिलाना। स० किसी चमकीली चीज को इस प्रकार थोडा-थोड़ा हिलाना कि उसमें से रह-रहकर प्रकाश या उसकी किरणें निकलें।

झिलमिलाहट—स्त्री० [अनु०] झिलमिलाने की क्रिया, अवस्था या भाव।

झिलमिली—स्त्री० [हिं० झिलमिल] १ बेड़े बल मे एक दूसरी पर जडी या बैठाई हुई पटरियो का वह ढाँचा जो किवाडो के पल्लो के कुछ भागो में इसलिए जड़ा रहता है कि खडे बल मे लगी हुई लकड़ी के सहारे आवश्यकतानुसार प्रकाश, वायु आदि के आने के लिए कुछ अवकाश निकाला जा सके। खड़खड़िया।

क्रि० प्र०—उठाना।—खोलना।—गिराना। —चढ़ाना।

२. चिक। चिलमन। ३. कान मे पहनने का एक प्रकार का गहना। ४. झिलमिलाहट।

झिलवाना—स० [हि० 'झेलना' का प्रे० रूप] किसी को कुछ झेलने मे प्रवृत्त करना।

झिली†—स्त्री०=झींगुर।

झिल्ल—पुं० [सं०] छोटे-छोटे पत्तोंवाला एक पौधा जिसमे लाल रग के फूल लगते हैं।

झिल्लड़—वि० [हिं० झिल्ला] (वह कपड़ा) जिसकी बुनावट दूर दूर पर हो। पतला और झँझरा। झीना। 'गफ' का विपर्याय।

झिल्लन—स्त्री० [देश०] दरी बुनने के करघे की वह लकड़ी जिसमे बय का बाँस लगा रहता है। गुरिया।

झिल्ला†—वि० [अनु०] [स्त्री० झिल्ली] १. पतला। बारीक। महीन। २. दे० 'झिल्लड'।

झिल्लि—स्त्री० [स० झिर्√लिश् (गमनादि)+डि] १. एक प्रकार का बाजा। २ झींगुर।

झिल्लिका—स्त्री० [स० झिल्लि+कन्—टाप्] १. झींगुर। २. झिल्ली। २ झींगुर की झनकार। ३ सूर्य का प्रकाश।

झिल्ली—स्त्री० [सं० झिल्लि+ङीप्] झींगुर।

स्त्री० [?] १ किसी चीज के ऊपर या चारो ओर प्राकृतिक रूप से लगा या लिपटा हुआ बहुत ही पतला और पारदर्शक आवरण। जैसे—गर्भस्थ शिशु के चारो ओर लिपटी हुई झिल्ली, आँख, त्वचा अथवा फेफड़े के ऊपर की झिल्ली। २ फलों आदि के ऊपर का उक्त प्रकार का बहुत पतला छिलका। जैसे—अगूर या जामुन पर की झिल्ली। ३ आँख का जाला नामक रोग।

झिल्लीक—पु० [सं० झिल्ली+कन्] झींगुर।

झिल्लीका—स्त्री० [स० झिल्लीक+टाप्] झींगुर।

झिल्लीदार—वि० [हि० झिल्ली+फा० दार] जिसमे या जिसके ऊपर झिल्ली हो। झिल्ली से युक्त।

झींक—स्त्री० झींका।

झींकना†—स० [?] १ पटकना। २ फेंकना। ३ मडित या सज्जित करना।

अ० १ मडित या सज्जित होना। उदा०—आनद-कद चन्द्र के ऊपर तो तारा-गण झींके।—लोक-गीत। २ दे० 'झींखना'।

झींका—पु० [देश०] पीसे जानेवाले अन्न की उतनी मात्रा जितनी एक बार चक्की मे डाली जाती है।

झींख—स्त्री०=झीख।

झींखना—अ०=झीखना।

झींगट—पु० [देश०] मल्लाह। माँझी। (लश०)

झींगन—पु० [देश०] मोटे तने तथा कम शाखाओंवाला मँझोले कद का एक पेड़।

झींगा—पु० [स० चिगट] १. एक प्रकार की छोटी मछली जो प्रायः नदियों और जलाशयो मे पाई जाती है। इसका मांस खाने में बहुत स्वादिष्ट होता है। २. एक प्रकार का बढिया अगहनी धान जिसका चावल बहुत दिनो तक रह सकता है। ३. कपास की फसल मे लगनेवाला एक प्रकार का कीडा।

झींगुर—पु० [झी+कर से अनु०] एक प्रकार का छोटा बरसाती कीड़ा जो झी झी शब्द करने के लिए प्रसिद्ध है।

झींझना†—अ० [अनु०] झुंझलाना।

झींझो—पु०=झाँझी।

झींटना†—अ०=झीखना।

झींपना—अ०=झेंपना।

स० दे० 'ढकना'।

झींवर†—पु०=झीवर (मल्लाह)।

झींसी—स्त्री० [अनु० या हिं० झीना=बहुत महीन] ऐसी हलकी वर्षा जिसमे पानी बहुत ही छोटी-छोटी या महीन बूँदों के रूप में बरसता हो

क्रि० प्र०—पड़ना।

झीका—पु० [सं० शिक्य] छीका। सिकहर।

झीख—स्त्री० [हिं० झीखना] झीखने की अवस्था, क्रिया या भाव।

झीखना—अ० [अनु०] मानसिक कष्ट, चिंता आदि से व्यथित होकर बहुत ही दुःखी भाव से रह-रहकर और समय-कुसमय उसकी चर्चा करते रहना। कुढ़-कुढ़ कर अपना दुखड़ा रोते रहना।

पु० वह कथन या बात जो उक्त प्रकार से कुढ़-कुढ़कर कहीं जाती हो।

झीझा†—वि० [स्त्री० झीझी]=झीना।

†वि० [?] धीमा। मन्द।

झीठ†—वि०=झूठ। (ब्रज)

झीड़ना*—अ० [अनु०] १ बलपूर्वक प्रविष्ट होना। घुसना। २. धँसना।

झीणा†—वि०=झीना।

झीत—पुं० [?] जहाज के पाल में लगा हुआ बटन। (लश०)

झीन†—वि०=झीना।

झीना—वि० [सं० क्षीण] [स्त्री० झीनी] १. क्षीण शरीरवाला। दुबला-पतला। २. पतला। बारीक। महीन। ३. (कपड़ा) जिसके ताने तथा बाने के सूतों की बुनावट ठस न होकर विरल हो। उदा०—झीनी झीनी बीनी चदरिया।—कबीर।

मुहा०—**झीना ओढ़ाना**=चित्रकला में आकृतियों पर ऐसा झीना या पतला वस्त्र अंकित करना कि नीचे के अंग दिखाई दें।

४ (रचना) जिसके दोनों बल के डोरे, तार आदि अपेक्षया एक दूसरे से दूर या विरल हों। जैसे—खाट या पलंग की झीनी बुनावट। ५. जिसमें बहुत से छोटे-छोटे छेद हों। झँझरा। ६. धीमा। मंद।

झीनासारी†—पु० [?] एक प्रकार का धान और उसका चावल।

झीमना†—अ० [अनु०] १. झूमना। उदा०—नवनील कुंज है झीम रहे कुसुमों की कथा न बंद हुई।—प्रसाद। २. ऊँघना।

झींमर—पु०=झीवर (मल्लाह)।

झीमस†—स्त्री० [हिं० झीमना] ऊँघ। झपकी।

झीरिका—स्त्री० [सं०] झीगुर।

झीरुका—स्त्री० [सं०] झीगुर।

झील—स्त्री० [सं० क्षीर=जल] १. वह बहुत बड़ा प्राकृतिक जलाशय जिसमें पानी रुका रहता हो। बहुत बड़ा ताल। २. उक्त प्रकार का कोई कृत्रिम छोटा जलाशय।

स्त्री० [?] झोंका।

झीलना—स०=झेलना।

झीलम†—स्त्री०=झिलम।

झीलर—पुं० [हिं० झील] छोटी झील। ताल।

झीली—स्त्री० [हिं० झिल्ली] १. दही, दूध आदि के ऊपर की मलाई। २. दे० 'झिल्ली'।

झीवर—पुं० [सं० धीवर] मल्लाह। माँझी।

झुंकवाई†—स्त्री०=झोंकवाई।

झुंकवाना†—स०=झोंकवाना।

झुंकाई†—स्त्री०=झोंकवाई।

झुंगना†—पुं०=जुगनूँ।

झुंगरा—पुं० [देश०] साँवाँ (कदल)।

झुंझना†—पुं० [हिं० झुनझुना] १. घर में बालक के जन्म लेने पर गाये जानेवाले वे गीत जिनमें शिशु के झुनझुना बजाने या उससे खेलने का उल्लेख होता है। २. दे० 'झुनझुना'।

झुंझलाना—अ० [अनु०] [भाव० झुंझलाहट] इस प्रकार कुछ क्रुद्ध तथा व्यथित होकर कोई बात कहना जिससे अप्रसन्नता, असंतोष या असहमति सूचित होती हों।

झुंझलाहट—स्त्री० [हिं० झुंझलाना] झुंझलाने की अवस्था, क्रिया या भाव।

झुंट—पु० [सं०√लुंट् (गति)+अच्, पृषो० सिद्धि] झाड़ी।

झुंड—पु० [सं० यूथ, प्रा० जूट] १. एक ही जाति या वर्ग के बहुत से पक्षियों, पशुओं आदि के एक स्थान पर एकत्र रहने या होने की अवस्था या भाव। जैसे—कबूतरों या हिरनों का झुंड।

मुहा०—**झुंड में रहना**=पशु-पक्षियों का अकेले नहीं, बल्कि अपने वर्ग के अन्य जीवों के साथ मिलकर रहना।

२. व्यक्तियों का समूह।

झुंडी—स्त्री० [?] १. पौधों का ऊपरी भाग काट लेने पर नीचे बची रह जानेवाली उसकी जड़ या खूँटी। २ वह कुलाबा जिसमें चिलमन या परदा टाँगा जाता है।

झुकझोरना†—स०=झकझोरना।

झुकना—अ० [सं० युज्=किसी ओर प्रवृत्त होना] १. किसी ऊर्ध्व या खड़े बल में रहनेवाली चीज के ऊपरी भाग का कुछ टेढ़ा होकर किसी दिशा या पार्श्व में कुछ नीचे की ओर आना या होना।—जैसे—(क) पढ़ने-लिखने के समय आदमी की गरदन या सिर झुकना। (ख) बरसात में पानी भरने के कारण मकान की दीवार या बरामदा झुकना। २ क्षैतिज या बेड़े बल में रहनेवाली अथवा सीधी चीज का कोई अंश या सिरा नीचे की ओर आना, मुड़ना या होना। जैसे—(क) लकड़ी की धरन का बीच में झुकना। (ख) लोहे के छड़ का एक या दोनों सिरे झुकना। ३. बोझ, भार आदि के कारण किसी चीज का अपनी प्रसम और स्वाभाविक अवस्था या स्थिति से हटकर कुछ नीचे की ओर आना या प्रवृत्त होना। जैसे—फलों के भार से वृक्ष की डालियाँ झुकना। ४. आकाशस्थ ग्रहों, नक्षत्रों आदि की अपनी पूरी ऊँचाई तक पहुँच चुकने के बाद क्षितिज की ओर उन्मुख या प्रवृत्त होना। जैसे—चंद्रमा या सूर्य का (अस्तमित होने के समय या उससे पहले) झुकना। ५. दुर्बलता, रोग, वार्धक्य, शिथिलता आदि के कारण शरीर के किसी ऐसे अंग का कुछ नीचे की ओर आना या प्रवृत्त होना जो साधारणतः खड़ा या सीधा रहता हो अथवा जिसे खड़ा या सीधा रहना चाहिए। जैसे—(क) नशे या लज्जा से आँखें या सिर झुकना। (ख) बुढ़ापे में कमर या गरदन झुकना। ६. उद्देश्य की पूर्ति या कार्य की सिद्धि के लिए थोड़ा आगे बढ़ते हुए नीचे की ओर प्रवृत्त होना। जैसे—किसी के चरण छूने या कोई चीज उठाने के लिए झुकना। ७. प्रतियोगिता, वैर, विरोध आदि के प्रसंगों में प्रतिपक्षी की प्रबलता या महत्ता मानते हुए उसके सामने दबना अथवा नम्र भाव से आचरण या व्यवहार करना। अभिमान, बल आदि का प्रदर्शन छोड़कर विनीत और सरल होना। जैसे—(क) युद्ध में शत्रु के सामने झुकना। (ख) लड़ाई-झगड़े में भाइयों के आगे झुकना। ८. आवेश, क्रोध आदि से युक्त होकर कठोर बातें कहने या रोष प्रकट करने के लिए किसी की ओर प्रवृत्त होना। जैसे—पहले तो वे अपने भाई से उलझ रहे थे फिर मेरी ओर (या मुझ पर) झुक पड़े। उदा०—(क)

नहिं जान्यौ बियोग सो रोग है आगे झुकी। तब हौं तेहि सों तरजी।—तुलसी। (ख) तऊ लाज आई झुकत खरे लजौंहैं देखि।—बिहारी। ९. विशेष ध्यान देते हुए किसी काम या बात की ओर प्रवृत्त होना। दत्त-चित्त होकर कुछ करने लगना। जैसे—आज-कल वह इतिहास छोड़कर दर्शन (या वेदांत) की ओर झुके हैं।

झुकमुख—पुं० दे० 'झुट-पुटा'।

झुकरना†—अ० [अनु०] १.=झुँझलाना। २. =झुकराना।

झुकराना†—अ० [हिं० झोंका] वायु, वेग आदि के कारण इधर-उधर झुकना। झोंके खाना।

झुकवाई—स्त्री० [हिं० झुकवाना] झुकवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

झुकवाना—स० [हिं० झुकाना का प्रे० रूप] १. किसी को झुकने में प्रवृत्त करना। २. किसी के द्वारा ऐसा काम करना जिससे कोई दूसरा झुके। स० दे० 'झोंकवाना'।

झुकाई—स्त्री० [हिं० झुकाना] झुकाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

झुकाना—स० [हिं० झुकना का स०] १. किसी खड़ी या सीधी चीज का कोई अंश या तल किसी प्रकार कुछ नीचे की ओर लाना। ऐसा काम करना जिससे कुछ झुके। नीचे की ओर प्रवृत्त करना। जैसे—दबाकर लकड़ी या ठोंक-पीटकर लोहे का छड़ झुकाना। २. जो चीज ऊँचाई पर अथवा ऊपर हो उसे या उसका कोई अंश नीचे की ओर लाना। जैसे—राजा या सेनापति की मृत्यु होने पर किले का झडा झुकाना। ३. अपना कोई अंग किसी ओर कुछ नीचे करना या ले जाना। जैसे—किसी के सामने आँखें या सिर झुकाना, किसी ओर कधा, पैर या हाथ झुकाना। ४. किसी को किसी प्रकार दबाते हुए अथवा उसका अभिमान, विरोध, हठ आदि दूर करते हुए उसे नम्र या विनीत बनाना। जैसे—उदारता अथवा कौशल से विरोधी को अपने सामने झुकाना। ५. उक्त के आधार पर बैरी या शत्रु को पराजित या परास्त करना। ६. कुछ बल प्रयोग करते हुए किसी को किसी काम या बात की ओर प्रवृत्त करना या उसमें लगाना। जैसे—लड़का तो अभी पढ़ना चाहता था, पर पिता ने उसे नौकरी (या रोजगार) में झुका दिया। ७. कोई चीज या बात किसी ओर अग्रसर या प्रवृत्त करना। जैसे—आप लोगों ने आपस के लड़ाई-झगड़े (या हँसी-मजाक) की बात लाकर मुझ पर झुका दी। ८. प्रायः या सदा खड़ी अथवा सीधी रहनेवाली चीज कुछ टेढ़ी करके किसी ओर नत या प्रवृत्त करना। जैसे—बीमारी या बुढ़ापे ने उसकी कमर झुका दी।

झुकामुकी (मुखी)—स्त्री०=झुकमुख (झुटपुटा)।

झुकार—पुं० [हिं० झकोरा] हवा का झोंका। झकोरा।

झुकाव—पुं० [हिं० झुकना] १. झुकने की क्रिया या भाव। २. झुके हुए होने की अवस्था या भाव। ३. किसी विशेष कार्य या विषय की ओर होनेवाली सामान्य से कुछ आगे बढ़ी हुई प्रवृत्ति जिसके कारण वह कार्य या विषय अपेक्षया अधिक प्रिय और रुचिकर होता है। जैसे—गणित की ओर इस लड़के का शुरू से ही झुकाव है।

झुकावट—स्त्री०=झुकाव।

झुगिया†—स्त्री०=झुग्गी।

झुग्गी—स्त्री० [?] १. फकीरों, साधुओं आदि के रहने की झोंपड़ी। २. कोई बहुत छोटा मकान।

झुझकावना—स०=जुझाना (जूझने में प्रवृत्त करना)।

झुझ्झ*—पु०=युद्ध।

झुट-पुटा—पु० [अनु०] सूर्योदय होने से कुछ पहले और सूर्यास्त होने के कुछ बाद का वह समय जिसमें प्रकाश धुँधला होने के कारण चीजे स्पष्ट रूप से नहीं दिखाई देती।

झुटलाना†—स०=झुठलाना।

झुटालना†—स०=जुठारना (जूठा करना)।

झुटुंग—वि० [हिं० झोटा] जिसके सिर पर बहुत बडा या भारी झोटा हो।

झुट्ठल—वि० [हिं० झूठ] झूठा।

क्रि० वि० झूठ-मूठ। व्यर्थ में।

झुट्ठा†—वि०=झूठा।

झुठकाना—स० [हिं० झूठ] झूठ-मूठ कोई बात कह कर किसी को धोखे या भ्रम में डालना।

झुठलाना—स० [हिं० झूठ+लाना (प्रत्य०)] १. किसी को झूठा ठहराना या सिद्ध करना। जैसे—तुम तो अपनी बातो से सच्चो को भी झुठला देते हो। २. झूठ-मूठ कोई बात कहकर किसी को धोखे या भ्रम मे डालना। जैसे—खेल मे बच्चो को झुठलाना।

झुठाई†—स्त्री० [हिं० झूठ+आई (प्रत्य०)] झूठे होने की अवस्था या भाव। झूठापन। मिथ्यात्व।

झुठाना—स० [हिं० झूठ+आना (प्रत्य०)] १. (किसी विषय या बात को) झूठा सिद्ध करना। २. झुठलाना।

झुठामूठी†—क्रि० वि० =झूठ-मूठ।

झुठालना†—स०=झुठलाना।

झुन्—स्त्री०=झुनझुनी।

झुनक—पु० [अनु०] घुँघरुओं या नूपुरों के बजने का शब्द।

झुनकना—अ० [अनु० झुनझुन शब्द निकलना या होना।

स० झुनझुन शब्द उत्पन्न करना या निकालना।

†पु०=झुनझुना (खिलौना)।

झुनका—पु० [?] छल। धोखा।

झुनकारा—वि० [स्त्री० झुनकारी]=झीना।

झुनझुन—स्त्री० [अनु०] घुँघरुओं आदि के बजने से होनेवाला शब्द।

झुनझुना—पु० [हिं० झुनझुन] बच्चो के खेलने का एक प्रकार का खिलौना।

झुनझुनाना—अ० [अनु०] १. झुनझुन शब्द निकलना या होना। २. शरीर के किसी अग में झुनझुनी होना।

स० झुनझुन शब्द उत्पन्न करना या निकालना।

झुनझुनियाँ—स्त्री० [अनु०] १. पैरों मे पहनने का एक गहना जिसके घुँघरुओ से झुनझुन शब्द निकलता है। २. अपराधियों के पैरों मे पहनाई जानेवाली बेड़ी। ३. सनई का पौधा। ४. दे० 'झुनझुनी'।

झुनझुनी—स्त्री० [हिं० झुनझुनाना] शरीर के किसी अंग विशेषतः हाथ या पैर की वह अस्थायी या क्षणिक अवस्था जिसमे रक्त का संचार रुकने के कारण उस अंग में कुछ देर तक हलकी चुनचुनाहट और कुछ सनसनी-सी होती है।

क्रि० प्र०—चढ़ना।

झुनी†—स्त्री० [देश०] जलाने की पतली लकड़ी।

झुपझुपी†—स्त्री०=झुबझुबी।

झुरी†—स्त्री०=झाँपड़ी।

झुल्फा—पुं०=झल्फा।

झुलझुली—स्त्री०[अनु०] कानों में पहनने का एक आभूषण। झुपझुपी।

झुलका—पुं० [प्रा० झुम्ब+अक (प्रत्य०)] १. कानों में पहनने का एक प्रकार का आभूषण जो नीचे लटकता रहता है। २. एक प्रकार का पौधा जिसमें उक्त आभूषण के आकार के फूल लगते हैं। ३. इस पौधे का फूल। ४. उक्त गहने या फूल के आकार का गुच्छा।

झुलना†—वि०[हिं० झूलना] जो प्रायः या बराबर झूलता रहता हो। जिसकी प्रवृत्ति झूलने या झूलते रहने की हो।

पुं० वह बैल जो बँधा रहने पर प्रायः झूलता रहता हो। (ऐसा बैल ऐबी या बुरा समझा जाता है)

अ०=झूलना।

झुलरा†—पुं०[देश०] एक प्रकार का बहुत बड़ा हथौड़ा।

झुलरि—स्त्री०[सं०] एक रागिनी।

झुलरी—स्त्री०[देश०]छत, दीवार का पलस्तर आदि पीटने की काठ की छोटी मुँगरी।

झुलाङ्ग—वि०=झुलना।

झुलाना—स०[हिं०झूलना का स०रूप] किसी को झूलने में प्रवृत्त करना। ऐसी क्रिया करना जिससे कोई झूलने लगे।

झुलिरना†—अ०=झूलना।

झुरकुट—वि०[अनु०] १. मुरझाया या सूखा हुआ। २. कृश और क्षीण शरीरवाला। दुबला-पतला।

झुरकुटिया—पुं०[देश०] एक प्रकार का बढ़िया पक्का लोहा जिसे खेड़ी भी कहते हैं।

वि०=झुरकुट।

झुरकुन†—पुं० [हिं० झड़+कण] १. झड़ी हुई चीज। झड़ना। २. किसी चीज के बहुत छोटे-छोटे टुकड़े। चूर।

झुरझुरी—स्त्री०[अनु०]शरीर में होनेवाली कुछ हलकी कँपकँपी; विशेषतः वह कँपकँपी जो जूड़ी या शीत-ज्वर चढ़ने के समय होती है।

झुरना—अ०[सं० क्षर, प्रा० झूरइ; या सं० ज्वल्]१. किसी विकट चिंता या दुःख के कारण मन ही मन इतना अधिक संतप्त तथा विकल रहना कि शरीर धीरे-धीरे सूखता जाय। अन्दर ही अन्दर दुःखी रहकर अपना शरीर सुखाना। २. सूखना। ३. कुम्हलाना। मुरझाना।

झुरमुट—पुं०[सं० झुंट=झाड़ी]१. पास-पास उगी तथा एक दूसरी से उलझी हुई घनी झाड़ियों का समूह। २. बहुत से लोगों का समूह।

मुहा०—झुरमुट बाँधना=बहुत से लोगों का घेरा बनाकर खड़े होना। जैसे—जगह-जगह छिपाही झुरमुट मार कर खड़े रहे हैं।

३. बच्चों का एक खेल जिसमें वे घेरा बनाकर नाचते हैं। ४. चादर से सिर, मुँह तथा सारा शरीर के लपेटे हुए होने की अवस्था। ५. उक्त प्रकार से कोई ओढ़ना ओढ़ने या लपेटने का ढंग या प्रकार।

झुरवन—स्त्री०[हिं० झुरना]१. झुरने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. किसी चीज के झुरने अर्थात् सूखने के कारण उसमें होनेवाली कमी या छीज।

झुरवाना—स०[हिं० झुराना]१. ऐसा काम करना जिससे कोई मन ही मन चिंतित और दुःखी होकर सूखता चला जाय। किसी को झुरने में प्रवृत्त करना। २. कोई चीज धूप आदि में रखकर या और किसी प्रकार सुखाना।

झुरसना†—अ, स०=झुलसना।

झुरसाना†—स०=झुलसाना।

झुरहुरी—स्त्री०=झुरझुरी (कँपकँपी)।

झुराना—स० [हिं० झुरना] १. किसी को झुरने में प्रवृत्त करना। २. सुखाना।

†अ०१.=झुरना। २.=सूखना।

झुरावन—स्त्री०[हिं० झुराना+वन (प्रत्य०)]=झुरवन।

झुर्री—स्त्री०[हिं० झुरना]१. वृद्धावस्था में शरीर के दुर्बल और शुष्क हो जाने पर त्वचा पर पड़नेवाली शिकन। २. किसी वस्तु के सूखने पर उसके चिकने या सपाट ऊपरी आवरण या तल पर पड़नेवाली शिकन। जैसे—सूखे हुए आम या परवल पर झुर्री।

झुलका†—पुं०=झुलझुला। (खिलौना)।

झुलना—पुं०=झूला (स्त्रियों का)।

वि०, पुं०= झूलना।

झुलनी—स्त्री० [हिं० झुलना]१ नाक में पहनने की नथ में लटकता रहनेवाला मोतियों का छोटा गुच्छा। २. झूमर (गहना)।

झुलनी बाँह—पुं०[देश०] पान की बाल। (कहार)

झुलमुला†—वि०[स्त्री० झुलमुली]=झिलमिला।

झुलाझुलाना—अ०[?]१. झिलमिलाना। २. सिर में चक्कर आने के कारण लड़खड़ाना।

झुलमुली†—स्त्री०=१ झिलगिली। २=झिलर।

झुलवा†—पुं० दे० 'जेठवा'।

पुं०=झूला।

झुलवाना—स०[हिं० 'झुलाना' का प्रे० रूप]किसी को झुलाने का काम किसी दूसरे से कराना।

झुलस—स्त्री०=झुलसन।

झुलसन—स्त्री० [हिं० झुलसना] १. झुलसने की क्रिया या भाव। २. झुलसे हुए होने की अवस्था या भाव। ३. ऐसी गरमी या ताप जिससे शरीर झुलस जाय।

झुलसना—अ०[सं०√ज्वल्]१. आग की लपट से सहसा स्पर्श होने पर किसी अंग की त्वचा का कुछ-कुछ जल जाने के कारण काला पड़ जाना। जैसे—रोटी पकाते समय हाथ झुलसना। २. अत्यधिक ताप या गरमी के कारण किसी वस्तु के ऊपरी या बाहरी तल का सूखकर काला पड़ जाना। जैसे—लू से पौधों के पत्ते या शरीर झुलसना।

स० किसी वस्तु को इस प्रकार जलाना या तप्त करना कि उसके ऊपरी आवरण या त्वचा का रंग काला पड़ जाय। जैसे—जलती हुई लकड़ी से किसी का मुँह झुलसना।

झुलसवाना—स०[हिं० झुलसाना का प्रे०रूप]कोई चीज झुलसने का काम किसी दूसरे से कराना।

झुलसाना—स०१.=झुलसना। २.=झुलसवाना।

†अ०=झुलसना।

झुलाना—स०[हिं० झूलना का स०]१. टँगी या लटकी हुई चीज को बार-बार इधर-उधर हिलाना। जैसे—पालना झुलाना। २. ऐसी क्रिया

करना जिससे कोई झूलने लगे। जैसे—बच्चे को झुलाना। ३. किसी काम या बात के लिए किसी को बराबर आसरा देते रहना या प्रतीक्षा में रखना (परन्तु वह काम या बात पूरी न करना)। जैसे—यह सुनार तो चीज बनाकर देने में महीनों झुलाता है।

झुलवाना—स०=झुलाना।

झुलाबनि†—स्त्री०[हिं० झुलाना]झुलाने की क्रिया, ढंग या भाव।

झुलुआ†—पुं०[हिं० झूला]छोटा झूला।

झुलौआ†—वि०=झूलना।
†पु०१.=झूला। २.=झुल्ला।

झुल्ला—पु०[देश०] स्त्रियों के पहनने का एक प्रकार का पुरानी चाल का कुरता।
†पुं०=झूला।

झुहिराना—अ०[?] लादा जाना। लदना।

झुहिराना—स०[हिं० झुहिरना] लादना।
अ०=झुहिरना।

झूँक†—स्त्री०१.=झोंक। २.=झाँका।

झूँकना†—स०=झोंकना।
अ०=झींकना।

झूँका†—पुं०=झोंका।

झूँखना†—अ०=झींखना।

झूँसल†—स्त्री०=झुँसलाहट।

झूँटा—पु०[हिं० झोंका] झूले पर चढ़कर तथा उसे झुलाकर एक बार आगे जाने और फिर उसी स्थान पर लौट आने की क्रिया या भाव। पेंग।
†वि० झूठा।

झूँठ†—पुं०=झूठ।
वि०=झूठा।

झूँठा†—वि०१.=झूठा। २.=जूठा।

झूँठी—स्त्री०[?] वे डठल जो नील के पौधों की डालियों को सड़ाने पर बच रहते हैं।

झूँपड़ा†—पुं०=झोंपड़ा।

झूँमना—अ०=झूमना।

झूँसना†—स०=झाँसना (धोखा देकर लेना)।
अ०, स०=झुलसना।

झूँसा—पुं०[देश०] एक तरह की घास।

झूकरी—स्त्री०[देश०] झाड़ी।

झूझ†—पुं०=जूझ।

झूझना†—अ०=जूझना।

झूठ—पु०=झूठ।

झूटना—पुं०[?] कानों में पहनने का झुमका।

झूठ—पुं०[सं० अयुक्त; प्रा० अजुत] ऐसा कथन या बात जो वस्तुतः यथार्थ या सत्य न हो फिर भी जो यथार्थ या सत्य के रूप में कही गई हो।
पद—झूठ का पुतला=बहुत बड़ा झूठा आदमी। **झूठ की पीढ़**=सरासर झूठी बात।
मुहा०—झूठ का पुल बाँधना=बराबर एक पर एक झूठ बोलते चलना। **झूठ सच जोड़ना**=किसी सच्ची बात में अपनी ओर से भी झूठी बातें मिलाकर कहना।
वि०=झूठा।
†स्त्री०=जूठ।

झूठन—स्त्री०[?] ऐसी भूमि जिसमें दो फसलें पैदा होती हों। दु-फसली जमीन।
†स्त्री०=जूठन।

झूठ-मूठ—अव्य०[हिं० झूठ अनु० मूठ] १. बिना किसी वास्तविक या सत्य आधार के। झूठ ही। जैसे—झूठमूठ किसी को दौड़ाना। २. यों ही या व्यर्थ किसी को बहकाने या बहलाने के लिए।

झूठा—वि०[हिं० झूठ][स्त्री० झूठी]१ (कथन) जो सत्य न हो, बल्कि उसके विपरीत हो। वास्तव से अन्यथा या भिन्न। मिथ्या। जैसे—झूठा बयान, झूठी शिकायत। २. (व्यक्ति) जो उक्त प्रकार की बात कहता हो या जिसने उक्त प्रकार की बात कही हो। जैसे—झूठा गवाह। ३ (व्यक्ति) जो वास्तव में विश्वसनीय और सत्यनिष्ठ न हो, पर स्वार्थ साधन के लिए अपने आपको विश्वसनीय और सत्य-निष्ठ बतलाता हो या सिद्ध करना चाहता हो। जैसे—झूठा मित्र। ४ (स्थिति) जिसमें उक्त प्रकार की विश्वसनीयता और सत्यनिष्ठा का अभाव हो। जैसे—झूठी दोस्ती, झूठी मुहब्बत। ५. (पदार्थ) जो नकली या बनावटी होने पर भी देखने में असल की तरह जान पड़ता हो और असल की जगह काम देने के लिए बनाया गया हो। जो केवल दिखाने और धोखा देने भर को हो। जैसे—झूठा गहना, झूठा ताला, झूठा सिक्का।
मुहा०—(किसी चीज का) झूठा पड़ना—खराब हो जाने या बिगड़ जाने के कारण जो ऊपर से देखने में तो ज्यों का त्यों हो, पर ठीक या पूरा काम न दे सकता हो। जैसे—(क) उसका बायाँ हाथ झूठा पड़ गया है। (ख) इस कल के कई पुरजे झूठे पड़ गये हैं।
६ (तथ्य या पदार्थ) जो अपेक्षया या तुलनात्मक दृष्टि से बहुत घटकर, तथ्यहीन या निरर्थक-सा हो। जैसे—इसके सामने तुम्हारे (क) सब व्यवहार या (ख) सब कपड़े झूठे है।
†वि० दे०'जूठा'।

झूठों—अव्य० [हिं० झूठा]१. केवल किसी को बहकाने भर के लिए। झूठ-मूठ। यों ही। २. सिर्फ कहने भर के लिए। नाम मात्र को। जैसे—उन्होंने झूठों भी मुझसे साथ चलने को नहीं कहा।

झूथि—पु०[स०] १. एक तरह की सुपारी। २. एक प्रकार का अपशकुन।

झूना†—वि०=झीना।

झूबना†—अ०=झूमना।

झूम—स्त्री० [हिं० झूमना] १. झूमने की अवस्था, क्रिया या भाव। उदा०—होती थी प्रकट एक झूम पद पद में।—मैथिलीशरण। २. ऊँघने की अवस्था या भाव।

झूमक—पु० [हिं झूमना] १. देहाती स्त्रियों का एक प्रकार का नाच जिसमें वे दल बाँधकर और झूम-झूमकर नाचती हैं। झूमकरा। झूमर। २. इस नृत्य के साथ गाये जानेवाले गीत। ३. विवाह आदि मांगलिक अवसरों पर गाये जानेवाले एक प्रकार के गीत। ४. चादर, साड़ी आदि से टाँकी जानेवाली वह झालर जिसमें मोतियों आदि के छोटे-छोटे गुच्छे या झुमके लटकते रहते हैं। ५. झुमका।

झूमक साड़ी—स्त्री० [हिं० झूमक+साड़ी] वह साड़ी जिसमें झूमक अर्थात् ऐसी झालर लगी हो जिसमें मोतियों के गुच्छे आदि टँके हुए हों।

झूमका—पुं० १. =झूमक। २. =झुमका।

झूमड़†—पुं०=झूमर।

झूमड़ झामड़—पुं० [हिं० झूमड़] व्यर्थ का प्रपंच। आडंबर।

झूमड़ा—पुं०=झूमरा।

झूमना—अ० [सं० झंप=घूमना] १. किसी चीज के अगले भाग या ऊपरी सिरे का बार-बार या रह-रहकर आगे-पीछे और इधर-उधर झुकने और उठते या हिलते-डुलते रहना। कुछ झोंका खाते हुए कभी किसी ओर और कभी किसी ओर हलकी गति में होना। जैसे—हवा के झोंके से पेड़ों की डालियों का झूमना। २. नशे या नींद के कारण अथवा प्रसन्नता और मस्ती में आने पर किसी जीव या प्राणी के धड़ और सिर में उक्त प्रकार की हलकी गति होना। जैसे—(क) बहुत सुन्दर गीत, भजन या व्याख्यान सुनकर श्रोताओं का झूमना। (ख) मस्ती में आकर साँप या हाथी का झूमना। ३. एक जगह इकट्ठे होकर कभी कुछ इधर और कभी कुछ उधर होते रहना। जैसे—आकाश में बादलों का झूमना।

झूमर—पुं० [हिं० झूमना] १. सिर पर पहनने का एक गहना जिसमें एक या कई लड़ों में आगे की ओर एक छोटी पटरी-सी बनी होती है जो सिर की गति-विधि के अनुसार इधर-उधर झूमती या लहराती रहती है। २. कान में पहनने का झुमका। ३. पूरब में, देहाती स्त्रियों का एक प्रकार का नाच जिसमें वे घेरा बाँधकर झूमती हुई नाचती हैं। ४. उक्त नाच के साथ गाये जानेवाले गीत। ५. विवाह आदि मांगलिक अवसरों पर गाये जानेवाले एक प्रकार के गीत जो प्रायः उक्त प्रकार से नाचते हुए गाये जाते हैं। ६. होली के दिनों में गाये जानेवाले झूमक नामक गीत। ७. एक ही तरह की बहुत-सी चीजों का ऐसा समूह कि उनके कारण एक गोल घेरा-सा बन जाय। जमघटा। जैसे—नावों का झूमर।

†पुं०=झूमक।

क्रि० प्र०—डालना।—पड़ना।

८. एक प्रकार की मोंगरी जिससे गाड़ीवान आदि अपनी गाड़ियों की मरम्मत करते हैं। ९. काठ का एक प्रकार का खिलौना जिसमें एक गोले या डंडे के साथ छोटी-छोटी गोलियाँ बँधी रहती हैं। १०. दे० 'झूमरा' (ताल)।

झूमरा—पुं० [हिं० झूमर] चौदह मात्राओं का एक ताल।

झूमरि†—स्त्री०=झूमर।

झूमरी—स्त्री० [देश०] शाकल राग के पाँच भेदों में से एक।

झूर†—वि० [सं० रुक्ष] रूखा।

स्त्री० [हिं० झूरना] १. झुरने की क्रिया या भाव। २. उग्र संतप। जलन। दाह।

वि०=झूरा (सूखा)।

वि०=झूठा।

क्रि० वि०=झूठ-मूठ।

झूरना†—अ०=झुरना।

उ०=झुराना।

झूरा—वि० [हिं० झूर] १. सूखा। शुष्क। उदा०—काछु आहि अधिक सो झूरा।—जायसी। २. रस-हीन। नीरस। ३. जिसके साथ और कुछ या कोई न हो। १. अकेला। ४. (वेतन) जिसके साथ भोजन आदि न मिलता हो। विशेष दे० 'सूखा'।

पुं० १. ऐसा स्थान जहाँ जल का अभाव हो। २. ऐसा समय जिसमें वृष्टि का अभाव हो। सूखा। ३. कमी। न्यूनता। विशेष दे० 'सूखा'।

क्रि० प्र०—पड़ना।

झूरि—स्त्री०=झूर।

झूरे—क्रि० वि० [हिं० झूर] १. बिना किसी अर्थ या प्रयोजन के। यों ही। व्यर्थ। २. बिना किसी और उपकरण या सामग्री के। खाली।

†क्रि० वि०=झूठमूठ।

झूल—स्त्री० [हिं० झूलना] १. झूलने की क्रिया या भाव। २. वह चौकोर कपड़ा जो प्रायः शोभा के लिए घोड़ों, बैलों, हाथियों आदि की पीठ पर डाला जाता है और जो दाहिने-बाएँ झूलता या लटकता रहता है।

मुहा०—गधे पर झूल पड़ना=अनुपयुक्त या अयोग्य या कुपात्र पर कोई बहुत अच्छा अलंकरण या आवरण पड़ना।

३. वह कपड़ा जो पहनने पर ढीला-ढाला, भद्दा या भोंडा जान पड़े। (व्यंग्य) जैसे?—किसी का ढीला-ढाला कोट देखकर कहना—यह झूल आपको कहाँ से मिल गई।

†पुं०=झूला।

झूल-दंड—पुं० [हिं० झूलना+सं० दंड] एक प्रकार का व्यायाम जिसमें बारी-बारी से बैठक और झूलते हुए दंड किया जाता है।

झूलना†—स्त्री० [हिं० झूलना] झूलने की क्रिया या भाव। झूल।

पुं० १. सावन के महीने में ठाकुरों, देवताओं आदि के संबंध में होनेवाला वह उत्सव जिसमें उनकी मूर्तियाँ हिंडोले में बैठाकर झुलाई जाती हैं और उनके सामने नृत्य, गीत आदि होते हैं। हिंडोला। २. उक्त अवसर पर अथवा सावन-भादों में गाये जानेवाले एक प्रकार के गीत।

झूलना—अ० [सं० झुल, प्रा० झुलइ, झुल्ल, उ० झुलिबा, गु० झूलवुं, मरा० झूलणें, सिं० झुलणु] १. किसी आधार या सहारे पर लटकी हुई चीज का रह-रहकर आगे-पीछे या इधर-उधर लहराना अथवा हिलना-डोलना। जैसे—टँगा हुआ परदा या उसमें बँधी हुई डोरी का झूलना, पेड़ों में लगे हुए फलों का झूलना। २. झूले पर बैठकर पेंग लेना या बार-बार आगे बढ़ना और पीछे हटना। ३. किसी उद्देश्य या कार्य की सिद्धि की आशा अथवा प्रतीक्षा में बार-बार किसी के यहाँ आना-जाना, अथवा अनिश्चित दशा में पड़े रहना। जैसे—किसी कार्यालय में नौकरी पाने की आशा में झूलना।

स० झूले पर बैठकर पेंग लेते हुए उसका आनन्द या सुख भोगना। जैसे—बरसात में लड़के-लड़कियाँ दिन भर झूला झूलती रहती हैं।

वि० [स्त्री० झूलनी] (पदार्थ) जो रह-रहकर इधर-उधर हिलता-डोलता हो। झूलता रहनेवाला या झूलता हुआ। जैसे—पहाड़ी झरने या नदी पर बना हुआ झूलना पुल।

पुं० १. मात्रिक सम दंडक छंदों का एक भेद या वर्ग जिसे प्राकृत में झूलणय कहते थे। इसके प्रत्येक चरण में २७ मात्राएँ और पहली तथा दूसरी १०-मात्राओं के बाद यति या विश्राम होता है। यतियों पर तुक मिलना और अन्त में यगण होना आवश्यक है। २. एक प्रकार का

वर्णिक समवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में स, ज, ज, भ, र, स और लघु होता है। रूप-माला के प्रत्येक चरण के आरंभ में दो लघु रखने से भी यह छंद बन जाता है। इसमें १२ और ७ वर्णों पर यति होती है। इसे मणि-माल भी कहते हैं। ३. दे० 'झूला'।

झूलनी बगली—स्त्री० [हिं० झूलना+बगली] बगली की तरह की सुंदर की एक प्रकार की कसरत।

झूलनी बैठक—स्त्री० [हिं० झूलना+बैठक=कसरत] एक प्रकार की कसरत जिसमें बैठक करके पैर को हाथी के सूँड़ की तरह झुलाया जाता है।

झूलरि†—स्त्री० [हिं० झूलना] झूलता हुआ छोटा गुच्छा या झुमका।

झूला—पुं० [सं० दोल या हिं० झूलना] १. पेड़ की डाल, छत या किसी और ऊँचे स्थान में बाँधकर लटकाई हुई दोहरी या चौहरी जंजीरें या रस्सियाँ जिन पर तख्ता, पीढ़ा या और कोई आसन लगाकर लोग खड़े होकर या बैठकर आनन्द और मनोविनोद के लिए झूलते हैं।

क्रि० प्र०—झूलना।—डालना।—पड़ना।

२. जंगली या पहाड़ी नदियाँ और नाले पार करने के लिए उनके दोनों किनारों पर किसी ऊँचे खंभों, चट्टानों या पेड़ों की डालों पर रस्से बाँधकर बनाया जानेवाला वह पुल जिसका बीचवाला भाग अधर में लटकता और इसी लिए प्रायः इधर उधर झूलता रहता है। झूलना पुल। जैसे—लक्ष्मन झूला। ३. यात्रा आदि में काम आनेवाला वह बिस्तर जिसके दोनों सिरे दो ओर रस्सियों से वृक्षों की डालों आदि में बाँध देते हैं और जो उक्त प्रकार से बीच में झूलता या लटकता रहता है। ४. हवा का ऐसा झटका या झोंका जिससे चीजें इधर-उधर झूलने या हिलने-डोलने लगें। (लव०) ५. दे० 'झूल'।

†पुं० [?] तरबूज।

†पुं०=झूल्ला (स्त्रियों का पहनावा)।

झूलि—स्त्री० १. =झूल। २. =झूली।

झूली—स्त्री० [हिं० झूलना] १. वह कपड़ा जिससे हवा करके अन्न ओसाया जाता है। २. ऐसा बिस्तर जिसके दोनों सिरे दोनों ओर किसी ऊँची चीज या जगह में बँधे हों और जिसका बीचवाला भाग झूलता रहता हो। (दे० 'झूला' के अन्तर्गत)

झूला—पु० [देश०] एक प्रकार की बरसाती घास जिसे चौपाये बहुत चाव से खाते हैं। गुलगुला। पलंजी।

झेंपना—अ० [?] कोई लगती हुई बात सुनकर लज्जित भाव से सिर झुकाना या आँखें नीची करना। कुछ लज्जित होना।

संयो० क्रि०—जाना।

झेंपू—वि० [हिं० झेंपना] जो साधारण-सी बात होने पर भी लज्जित भाव से सिर या आँखें झुकाकर चुप रह जाता हो। प्रायः झेंप जानेवाला।

झेंपना—अ०=झेंपना।

झेंपू—वि०=झेंपू।

झेर†—स्त्री० [?] १. झगड़ा। बखेड़ा। २. उलझन। पेच। ३. देर। विलंब।

झेरना†—स० १.=छेड़ना (आरंभ करना)। २.=झेलना।

झेरा†—पुं० [?] १. गिरा या ढहा हुआ कूआँ। २. गड्ढा।

पुं०=झेर।

झेल—स्त्री० [हिं० झेलना] १. झेलने की क्रिया या भाव। २. हलका और सुखद आघात, धक्का या हिलोरा। ३. तैरने के समय पानी हटाने के लिए हाथ-पैर चलाने की क्रिया या भाव।

†स्त्री०=झेर (देर)।

झेलना—स० [स० √जल् धेरकर फेंकाना?] १. कठिन या विकट परिस्थिति आने या प्रसंग पड़ने पर उगसे पार पाने के लिए धैर्य और साहस पूर्वक तत्संबंधी कष्ट सहना। विपत्तियों आदि से न घबराते हुए या उनकी परवाह न करते हुए उन्हें बरदाश्त या सहन करना। जैसे—(क) इतने बड़े परिवार का पालन करने में उन्हें बड़े-बड़े कष्ट झेलने पड़े। (ख) यहाँ तक आने में हमें रास्ते में कमर और छाती तक पानी झेलना पड़ा। २. लाक्षणिक रूप में, अभ और सुखद परिस्थितियों का आनन्द लेते हुए भोग करना। उदा०—बाल केलि को विशद परम सुख, सुख समुद्र नृप झेलत।—सूर। ३. उचित ध्यान देते हुए ग्राह्य या मान्य करना। कोई बात सुनकर मान लेना। उदा०—पावन आनि परे तो परे रहे, केतो करी मनहार न झेली।—मतिराम। ४ (कोई चीज या बात) हजम करना। पचाना।

झेलनी—स्त्री० [हिं० झेलना] वह जंजीर जो गहनों आदि में उनका भार सँभालने अथवा उन्हें यथास्थान ठहराये रखने के लिए उनमें लगी रहती है और जिसका दूसरा सिरा ऊपर कहीं अटकाया या खोसा जाता है। जैसे—नथ या बाली की झेलनी।

झेली—स्त्री० [हिं० झेलना] प्रसव के समय प्रसूता स्त्री को विशेष प्रकार से हिलाने-डुलाने की क्रिया।

क्रि० प्र०—देना।

झोंक—स्त्री० [स० जुटक (जटा)] १. झोंकने की क्रिया या भाव। २. सहसा किसी बात की ओर वेगपूर्वक झुक पड़ने अथवा मन के प्रवृत्त होने की अवस्था या भाव। जैसे—झोंक में आकर कोई काम कर बैठना। ३. नशे, मनोविकार, रोग आदि की अवस्था में सहसा मन में होनेवाली वह प्रवृत्ति जिसमें भले-बुरे का ज्ञान अथवा ध्यान न रह जाता हो। जैसे—पागलपन (या बीमारी) की झोंक में वह दिन भर बकता-झकता रहा। ४. किसी कार्य में होनेवाली ऐसी तल्लीनता जिसमें कुछ प्रमाद या भूल हो जाने की संभावना बनी रहती हो अथवा औचित्य की सीमा का उल्लंघन हो सकता हो। जैसे—(क) लिखने की झोंक में कलम से कुछ ऐसी बातें भी निकल गई जो नहीं आनी चाहिए थीं। (ख) पहली ही झोंक में उसने आधा काम निपटा डाला। ५. गति की ऐसी तीव्रता या वेग जो सहसा रुक न सकता हो अथवा जिसे सँभालना प्रायः कठिन होता हो। जैसे—(क) मोटर इतनी झोंक से जा रही थी कि चालक उसे ढाल पर रोक न सका। (ख) नींद की झोंक में वह पलंग से गिरता-गिरता बच गया। ६. किसी चीज के या ही अथवा वेगपूर्वक किसी ओर झुकने की क्रिया, प्रवृत्ति या भाव। जैसे—(क) नदी के बहाव की किनारे पर पड़नेवाली झोंक। (ख) तराजू की डंडी या पलड़े में होनेवाली झोंक (पासंग की सूचक)।

मुहा०—झोंक मारना=कौशल या वेगपूर्वक तराजू का आगेवाला पलड़ा इस प्रकार आगे झुकाना कि देखनेवाला समझ ले कि चीज तौल में पूरी हो गई। डाँडी मारना।

७. उक्त प्रकार के झुकाव, नति या प्रवृत्ति के कारण किसी ओर अथवा

किसी चीज पर पड़नेवाला वेग या भार।—जैसे—दीवार (या बरामदे) की हलकी झोंक इसी खंभे पर पड़ती है।

पद—रोक-झोंक। (देखें)

८. बैलगाड़ी में वे दोनों लट्ठे जो दोनों ओर उसका झुकाव या भार रोकने के लिए लगे रहते हैं। ९. दे० 'झाँका'। १०. दे० 'झोंकी'।

झोंकवार—वि० [हिं० झोंक+वार (प्रत्य०)] (वास्तु कला में, ऐसी रचना) जो सम रेखा के नीचे की ओर झुकी हुई हो। जैसे—झोंकदार छज्जा।

झोंकना—स० [हिं० झोंक] १. झोंक या वेग से एक चीज किसी दूसरी चीज में गिराना, डालना या फेंकना। जैसे—(क) इंजन में कोयला, भट्ठी में लकड़ी या भाड़ में झाड़-झंखाड़ झोंकना। (ख) लड़के को कूएँ में झोंकना।

मुहा०—भाड़ झोंकना =दे० 'भाड़' के मुहावरे।

२. ढकेलते या धक्का देते हुए अथवा बलपूर्वक किसी अनिष्ट, अप्रिय अथवा कष्टप्रद स्थिति की ओर अग्रसर करना। जान-बूझकर विपत्ति या संकट में डालना या फँसाना। जैसे—तुम तो मजे में घर बैठे रहे, और मुझे तुमने इस झंझट (मुकदमेबाजी, लड़ाई-झगड़े आदि) में झोंक दिया। ३ किसी प्रकार का कार्य या भार जबरदस्ती किसी पर रखना या लादना। जैसे—यह काम भी तुमने मुझ पर ही झोंक दिया। ४. धन आदि के संबंध में बिना परिणाम आदि का विशेष विचार किये आवश्यकता से कहीं अधिक व्यय करना। जैसे—अमेरिका आज-कल अरबों रुपए संसार के पिछड़े हुए देशों में झोंक रहा है।

झोंकवा†—पुं० [हिं० झोंकना] १. वह जो कोई चीज झोंकते रहने की सेवा पर नियुक्त हो। २. भट्ठे, भाड़ आदि में ईंधन झोंकनेवाला व्यक्ति।

झोंकवाई—स्त्री० [हिं० झोंकना] १. झोंकवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २.=झोंकाई।

झोंकवाना†—स० [हिं० झोंकना का प्रे०] झोंकने का काम किसी दूसरे से कराना। किसी को कुछ झोंकने में प्रवृत्त करना।

झोंका—पुं० [हिं० झोंक] १. शांत या स्तब्ध वातावरण में थोड़े समय के लिए सहसा वेगपूर्वक चलनेवाली वायुलहरी। २. थोड़े समय के लिए परन्तु सहसा तथा वेगपूर्वक होनेवाली वर्षा। ३. पानी की लहर। हिलोरा। ४. थोड़े समय के लिए परन्तु सहसा आनेवाली पीड़। ५. वेगपूर्वक चलनेवाली वस्तु का लगनेवाला आघात या झटका। ६. वेगपूर्वक इधर-उधर झुकने या हिलने की क्रिया या भाव। ७. उक्त प्रकार के हिलने-डोलने के कारण लगनेवाला आघात, झटका या धक्का। ८. किसी प्रकार के उत्कर्ष आदि में दिखाई देनेवाली अनोखी असाधारणता या विशेषता। उदा०—कटि लहँगा लीलो बन्यो झोंको जो देखि मन मोहै।—सूर। ९. कुश्ती का एक पेंच जिसमें विपक्षी की बाँह के नीचे से हाथ ले जाकर उसके कन्धे पर रखते और तब उसे झटके या झोंके के नीचे गिरा देते हैं।

झोंकाई—स्त्री० [हिं० झोंकना] १. झोंकने की क्रिया, भाव या मजदूरी। **झोंकिया**†—पुं०=झोंकवा।

झोंकी—स्त्री० [हिं० झोंका] १. ऐसी स्थिति जिसमें अनिष्ट, संकट, हानि आदि की विशेष आशंका या संभावना हो। क्रोशिश। २. ऐसा साहसपूर्ण कार-बार या लेन-देन जिसमें लाभ और हानि दोनों की बराबर बराबर संभावना हो। (व्यापारी)

क्रि० प्र०—उठाना।—लेना।—सहना।

३ उत्तरदायित्व। जवाबदेही।

झोंझ†—पुं० [देश०] १. पक्षियों का घोंसला। २. कुछ विशिष्ट प्रकार के पक्षियों के गले में लटकनेवाली मांस की थैली या झालर। जैसे—गिद्ध का झोंझ। ३. उदर। पेट। ४. कोलाहल। हल्ला। ५. खुजली। चुल।

मुहा०—झोंझ मारना=किसी अनिष्ट या अनुचित बात की कामना या वासना होना।

झोंझल—स्त्री०=झुँझल (झुँझलाहट)।

झोंट—पुं० [सं० झुट] १. झाड़ी। २. झाड़ियों या पौधों का झुरमुट। ३. घास-फूस आदि का पूला। जूरी। ४. झुंड। समूह।

†पुं०=झोंटा।

झोंटा—पुं० [सं० जूट] [स्त्री० अल्पा० झोंटी] १. सिर पर के बड़े हुए लंबे-लंबे बालों का समूह। उदा०—लगे घनीटन धरि धरि झोंटी। —तुलसी।

पद—झोंटा-झोंटी=ऐसी लड़ाई जिसमें दोनों पक्ष एक दूसरे का झोंटा ही पकड़कर खींचते हैं। झोंटी-झोंटा=झोंटा-झोंटी।

२. पतली और लंबी वस्तुओं का इतना बड़ा समूह जो एक बार हाथ में आ सके।

पुं०=झँटा (पेंग)।

पुं० [हिं० डोटा] १. भैंसा। २ भैंस का बच्चा। पड़वा।

झोंपड़ा—पुं० [सं० झोप्य या झोम्ब] [स्त्री० अल्पा० झोंपड़ी] गाँव, जंगल आदि में बना हुआ वह छोटा घर जिसकी दीवारें मिट्टी की और छाजन घास-फूस आदि की होती है। कुटी। पर्णशाला।

झोंपड़ी—स्त्री० [हिं० झोंपड़ा का स्त्री० अल्पा० रूप] छोटा झोंपड़ा।

झोंपा—पुं० [हिं० झब्बा] १. झब्बा। फूँदना। २. गुच्छा।

झोकना—स०=झोंकना।

झोकवाना—स० [भाव० झोकवाई] झोंकवाना।

झोका—पुं०=झोंका।

झोज—पुं०=झोंझ।

झोजर—पुं० [अनु०]=झोझर।

झोझक—पुं० [देश०] एक प्रकार की घास।

झोझा—वि० [हिं० झोंझ=पेट] जिसका पेट फूला तथा बड़ा हुआ हो। तोंदवाला।

झोंटिम—वि० [हिं० झोंटा] जिसके सिर पर झोंटा अर्थात् लंबे-लंबे बाल हों। झोंटेवाला।

पुं०=झोंटा।

झोड—पुं० [सं०] सुपारी का वृक्ष।

झोड़ी†—स्त्री०=झोली।

झोपड़ा—पुं० [स्त्री० अल्पा० झोपड़ी]=झोंपड़ा।

झोर†—पुं०=झोल।

झोरदार†—वि० [हिं० झोल] (तरकारी) जिसमें झोल, रसा या शोरबा हो। रसेदार।

स्त्री० रसेदार तरकारी।

झोरना†—स० [सं० दोलन या हिं० झकझोरना] १. सहसा ज़ोर से हिलाकर गति में लाना। २. इस प्रकार किसी चीज को हिलाना या झटकारना कि उस पर पड़ी या लगी हुई दूसरी चीजें गिर जायँ। ३. झकझोरना। ४. बलपूर्वक या धोखे से धन ऐंठना। ५. अच्छी तरह तृप्त होकर खाना। ६. इकट्ठा या एकत्र करना।

झोरा†—पुं० [स्त्री० अल्पा० झोरी]=झोला।

पुं० [?] गुच्छा। झब्बा।

झोरिन†—स्त्री०=झोली।

झोरी—स्त्री० [?] एक प्रकार की रोटी।

†स्त्री०=झोली।

झोल—पुं० [हिं० झूलना या झूला] १. ताने जानेवाले कपड़ों का वह अंश या भाग जो उचित कसाव या तनाव के अभाव में किसी ओर कुछ झुका, दबा या फूला रहता है। जैसे—छत में टंगी हुई चादर या शामियाने में का झोल। २. पहनने के कपड़ों में उक्त प्रकार का ढीला-ढाला अंश जो प्रायः कटाई-सिलाई आदि के दोषों के कारण होता है। जैसे—कमीज, कुरते या कोट में का झोल। ३. ओढ़े या बाँधे जानेवाले कपड़े का आँचल, पल्ला या सिरा जो किसी ओर झूलता या लटकता रहता है। जैसे—पगड़ी या साड़ी का झोल। ४. झिल्ली की वह थैली जिसमें गर्भ से निकलने के समय अंडे या बच्चे बंद या लिपटे रहते हैं।

मुहा०—झोल बैठाना=सेने के लिए मुरगी के नीचे अंडे रखना। ५. खिड़कियों, दरवाजों आदि में टाँगने का परदा। ६. किसी प्रकार की खड़ी की हुई आड़ या ओट। ७. तरकारियों आदि में का रसा या शोरबा जिसमें उनके टुकड़े झूलते या इधर-उधर हिलते हुए दिखाई देते हैं। ८. उक्त प्रकार की अथवा कढ़ी की तरह की खाने या पीने की कोई चीज। जैसे—आम या इमली का झोल। ९. भात में से निकाली हुई पीच। माँड़। १०. धातु की चीजों पर किया जानेवाला गिलट या मुलम्मा।

क्रि० प्र०—चढ़ाना।—फेरना।

११. हाथी की वह दोषपूर्ण चाल जिसमें वह कुछ इधर-उधर झूलता हुआ-सा चलता है। १२ किसी प्रकार की कमी, त्रुटि या दोष। उदा०—कैधौं तुम पावन प्रभु नाही, कै कछु मो मैं झोलो।—सूर। १३. झंझट, धांधे या बखेड़े की बात। जैसे—यह सब झोल है, पहले हमारा रुपया चुकाकर तब और कोई बात करो। १४. चूक। भूल।

पद—झोल-झाल। (देखें)

वि० १. जिसमें उचित कसाव या तनाव न हो। २. निकम्मा और व्यर्थ का अथवा निस्सार। ३. दूषित। बुरा।

पुं० [हिं० झाल] १. जलन। दाह। २. भस्म। राख। उदा०—तेहि पर बिरह जराइ कै चहै उड़ावा झोल। —जायसी।

झोल-झाल—पुं० [हिं० झोल+अनु० झाल]. १. कपड़ों में का झोल। २. निकम्मी या व्यर्थ की चीज या बात।

वि० १. ढीला-ढाला। २. निकम्मा या व्यर्थ। ३. दूषित। बुरा।

झोलदार—वि० [हिं० झोल+फा० दार] १. (तरकारी) जिसमें झोल अर्थात् रसा हो। रसेदार। २. (धातु) जिस पर मुलम्मा हुआ हो। ३. (वस्त्र) जिसमें झोल पड़ता हो।

झोलना—स० [सं० ज्वलन] १. तपाना या जलाना। २. संतप्त या दुःखी करना।

स० १. दे० 'झुलाना'। २. दे० 'झकझोरना'।

†अ० दे० 'झूलना'।

झोला—पुं० [हिं० झूलना या झोली] [स्त्री० अल्पा० झोली] १. कपड़े आदि की सिली हुई एक प्रकार की प्रसिद्ध लंबोतरी थैली जिसके मुँह पर डोरी या तनी उसे पकड़ने या लटकाने के लिए लगी रहती है। थैला। २. कपड़े का सिला हुआ आवरण। खोली। जैसे—बंदूक का झोला। ३. साधुओं के पहनने का ढीला-ढाला कुरता। ४. वात रोग के कारण होनेवाला एक प्रकार का पक्षाघात जिसमें हाथ या पैर निष्प्राण होकर झूलने लगते हैं।

क्रि० प्र०—मारना।

५. पाले, लू आदि के कारण पेड़ों के कुम्हला या सूख जाने का एक रोग। ६. आघात। धक्का। ७. झोंका। झकोरा। उदा०—कोई खाहि पवन कर झोला।—जायसी। ८. पाल की रस्सी को ढीला करने की क्रिया। ९. इशारा। संकेत।

झोलिहारा—पुं० [हिं० झोली+हारा (प्रत्य०)] १ वह जो गले या हाथ में अथवा कंधे पर झोली लटकाकर चलता हो। २. बहार।

झोली—स्त्री० [प्रा० झोल्लिअ] १. छोटा झोला। थैली। २. ओढ़े या पहने हुए कपड़े का पेट पर पड़नेवाला वह अंश जिसे दोनों हाथों से फैलाकर उसमें कोई चीज ग्रहण की जाती है। जैसे—फकीर अपनी झोली में रोटियाँ रखता जाता था।

क्रि० प्र०—फैलाना।

मुहा०—झोली डालना भिक्षा ग्रहण करने के लिए झोली फैलाना। **(किसी की) झोली भरना**=देवी, देवता आदि का प्रसाद किसी की झोली में डालना। (मंगल सूचक)

३. वह कपड़ा जिसकी सहायता से अनाज ओसाया या बरसाया जाता है। ४. घास-भूसा आदि बाँधने का बड़ा जाल। ५. चीजें फँसाने के लिए बनाया जानेवाला रस्सियों का एक प्रकार का फंदा। ६. चरसा। मोट। ७. एक प्रकार का सफरी बिस्तर। विशेष दे० 'झूला' के अन्तर्गत।

स्त्री० [सं० ज्वाल या झाला] राख। भस्म।

मुहा०—झोली बुझाना=(क) कार्य का संपादन या बात की सिद्धि हो जाने के उपरान्त किसी का उसे करने का ढोंग रचना। (ख) निराश होकर या व्यर्थ बैठना।

झौंझट†—स्त्री०=झंझट।

झौंर†—पुं०=झोंझ (पेट)।

झौंर†—पुं०=झौर।

झौंरना†—स०=झोरना।

अ० [?] गूँजना। गुंजारना।

झौंरा†—पुं०=झौर।

झौंराना—अ०, स०=झँवाना।

†अ०=झूमना।

स० झूमने में प्रवृत्त करना।

झौंलना†—स०=झुलसना।

झौंझा†—पु० [हिं० झावा] [स्त्री० अल्पा० झौंझी] मिट्टी आदि होने का खाँचा।

झौंड़—स्त्री० [हिं० झाँव झाँव से अनु०] १. कहा-सुनी। २. हुज्जत। ३. डाँट-फटकार। ४. झंझट। बखेड़ा।

झौंनी†—स्त्री० [देश०] टोकरी। दौरी।
स्त्री० हिं० 'झौंआ' का स्त्री अल्पा० रूप। छोटा खाँचा।

झौर—पु० [?] १. फूलों आदि का गुच्छा। उदा०—माधुरी झौरनि फूलनि झौरनि झौरनि झौरनि बेली बची है।—देव। २. सूत आदि का अंबा। ३. झुंड। समूह। उदा०—कहै रत्नाकर गुवालिनि की झौरि झौरि दौरि दौरि नन्द पौरि आवन तबै लगीं।—रत्नाकर।
४. झुमका नाम का गहना।

†स्त्री०=झौंड़ (कहा-सुनी, तकरार आदि)।

झौरना—स० [प्रा० झोडण] १. दबाने के लिए झपट कर पकड़ना। २. छोप लेना।
स० [हिं० झौर+ना (प्रत्य०)] झुंड बनाना।

झौरा—पु० १. =झौर। २. =झौंड़।

झौरी—क्रि० वि० [हिं० झौरे] १. समीप। पास। निकट। २. संग। साथ।

झौवा†—पुं०=झौआ।

झौहाना—अ० [अनु०] क्रुद्ध होकर झल्लाते हुए बोलना।

ञ

ञ—देवनागरी वर्ण-माला का दसवाँ व्यंजन जो उच्चारण तथा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से तालव्य, अनुनासिक, अल्प-प्राण तथा सघोष है।

ट

ट—देवनागरी वर्ण-माला का ग्यारहवाँ व्यंजन जो उच्चारण तथा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से मूर्द्धन्य, स्पर्शी, अल्पप्राण तथा अघोष है।

पु० [स०√टल् (उपद्रव करना)+ड] १. नारियल का खोपड़ा २. वामन। बौना। ३. किसी चीज का चौथाई भाग। चतुर्थांश। ४. आवाज। शब्द।

टंक—पु० [स०√टंक् (बाँधना, कसना'आदि)+घञ्] १. प्राचीन भारत में चाँदी की एक तौल जो प्राय. चार मासे के बराबर होती थी। २ उक्त तौल का बटखरा या बाट जिसके भार के हिसाब से टकसाल में सिक्के ढाले जाते थे। ३ उक्त तौल का चाँदी का एक पुराना सिक्का। ४. मोती की एक तौल जो लगभग २१ रत्ती की होती थी। ५ पत्थर काटने और गढ़ने की टाँकी। ६. कुदाल। फरसा। फावड़ा। ७ कुल्हाड़ी। ८. तलवार। ९. तलवार की म्यान। १०. टाँग। पैर। ११. अभिमान। घमंड। १२. क्रोध। गुस्सा। १३. सुहागा। १४. पहाड़ का लड्डू। १५. नीला कैथ। १६. बेल की तरह का एक प्रकार का कँटीला पेड़ और उसका फल। १७. सम्पूर्ण जाति का एक संकर राग जो रात के समय गाया जाता है।
पु० [अं० टैंक] १. तालाब। २. पानी रखने का बड़ा हौज। ३. स्थल पर चलनेवाला एक युद्धयान जिस पर तोपें चढ़ी रहती हैं।

टंकण—पुं० [सं० टंक+कन्] १. सिक्का, विशेषतः चाँदी का ऐसा सिक्का जिस पर छाप आदि लगी हुई हो। २. हुंडाल।
पुं० [सं० टंकण से] आज-कल वह व्यक्ति जो टंकण यंत्र पर चिट्ठी-पत्री आदि छापता हो। (टाइपिस्ट)

टंकण-शाला—स्त्री० [ष० त०] धातुओं के सिक्के ढालने का कारखाना। टकसाल।

टंकटीक—पुं० [सं० ब० स०] महादेव। शिव।

टंकण—पुं० [सं०√टंक्+ल्युट—अन, अत्य] १. टाँकी से कोई चीज काटने, गढ़ने, तोड़ने आदि का काम। २. टाँका या जोड़ लगाने का काम। ३. दक्षिण भारत का एक प्राचीन देश। ४. उक्त देश में होने-वाला एक प्रकार का घोड़ा। ५. सुहागा। सिक्के ढालने तथा उन पर चित्र, चिह्न आदि की छाप लगाने की क्रिया या भाव। ६. आज-कल टंकण-यंत्र पर चिट्ठी-पत्री आदि छापने का काम। (टाइपराइटिंग)

टंकण-यंत्र—पुं० [ष० त०] आज-कल छापे की एक प्रकार की छोटी कल जिसमें अलग-अलग पत्तियों पर अक्षर खुदे होते हैं और उन पत्तियों को जोर से दबाने पर वे अक्षर ऊपर लगे हुए कागज पर छपते चलते हैं। इससे प्रायः चिट्ठियाँ, छोटे लेख आदि छापे जाते हैं। (टाइप-राइटर)

टंकना—अ० [हिं० टाँकना का अ० रूप] १. टाँका जाना। २. कपड़े आदि के टुकड़ों के जोड़ पर सूई-धागे से टाँका लगाया जाना। ३. टाँका लगने के कारण कपड़े के एक टुकड़े का दूसरे टुकड़े के साथ अथवा किसी चीज का कपड़े पर अटकाया जाना। जैसे—साड़ी में बेल या कमीज में बटन टंकना। ४. धातुखंडों या पात्रों का टाँके के योग से जोड़ा जाना। ५. टाँकी आदि के द्वारा चमकी, सिल आदि का रेहा जाना। ६. स्मरण रखने के लिए संक्षिप्त रूप में कहीं लिखा जाना। जैसे—बाते में रकम टँकना। ७. अनुचित रूप से हड़प लिया जाना।

टंक-पति—पुं० [ष० त०] टंक-शाला अर्थात् टकसाल का प्रधान अधि-कारी।

टंक-भार—स्त्री० [अं० टैंक+हिं० भारना] एक प्रकार की बहुत बड़ी तोप जिसका उपयोग टैंकों पर मढ़ी हुई इस्पात की मोटी चादरें तोड़ने में होता है।

टंकवान् (वत्)—पुं० [सं० टंक+मतुप्] वाल्मीकि-रामायण में वर्णित एक पर्वत।

टँकवाना—स० [हिं० टाँकना का प्रे० रूप] १. टाँकने का काम दूसरे से कराना। टँकाना। २. टाँका लगवाना। ३. स्मरण रखने के लिए लिखवाना। †४. (सिक्का) परखवाना। जँचवाना। ५. खिलाना। ६. जाल कराना। (दलाल)

टंकशाला—स्त्री० [ष० त०] टंक अर्थात् सिक्के ढालने तथा उन पर अंक, चित्र, चिह्न आदि छापने का कारखाना। टकसाल।

टंका—स्त्री० [सं०√टंक्+अच्—टाप्] १. तारादेवी का एक नाम। २. जाँघ। रान। ३. संपूर्ण जाति की एक रागिनी।

पुं० [सं० टंक] १. टंक नाम की पुरानी तौल। २. टका नाग का ताँबे का पुराना सिक्का।

†पुं० [देश०] एक प्रकार का गन्ना। टनका।

टँकाई—स्त्री० [हिं० टाँकना] टाँकने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

टंकालक—पुं० [सं० टंक√अल् (प्रदीप्त करना)+ण्वुल्—अक] शहतूत।

टँकाना—स० [हिं० टाँकना का प्रे० रूप]=टँकवाना।

टंकार—स्त्री० [सं० टम्√कृ (करना)+अण्] १. धनुष की प्रत्यंचा (डोरी) को तानकर सहसा ढीला छोड़ने पर टन-टन होनेवाली कर्कश ध्वनि। २. धातु-खड, विशेषतः धातु के कसे या तने हुए तार पर आघात लगने से होनेवाला टन टन शब्द। टनाका। ३. तर्जनी या मध्यमा उँगली का नाखून अँगूठे से दबाकर वह उँगली झटके से छोड़ते हुए इस प्रकार किसी चीज पर आघात करना कि उससे टन का शब्द हो। ४. चिल्लाहट। ५. ख्याति। ६. कुख्याति। ७ आश्चर्य। अचरज।

टंकारना—स० [सं० टंकार] १ धनुष की प्रत्यंचा (डोरी) को तानकर सहसा ढीला छोड़ना जिससे वह टन-टन शब्द करने लगे। २ टन-टन शब्द उत्पन्न करना।

टंकारी (रिन्)—वि० [सं० टंकार+इनि] टंकार उत्पन्न करनेवाला।

स्त्री० [सं० टंक√ऋ (गति)+अण्—ङीप्] लंबी-तरी पत्तियोंवाला एक प्रकार का वृक्ष जिसमें कई रंगों के फूल लगते हैं और जिसके कुछ अंग औषध के काम आते हैं।

टंकिका—स्त्री० [सं० टंक+टाप्, इत्व] लोहे की वह छोटी टाँकी जिससे चक्की, सिल आदि रेती जाती है।

टंकी—स्त्री० [अं० टैंक, मि० सं० टक=गड्ढा] १. गारे-चूने-ईंट, पत्थर, लोहे आदि का वह चौकोर आधान जिसमें पानी भर कर रखा जाता है। कुंड। हौज। २. पानी रखने का एक प्रकार का बरतन।

स्त्री० [?] एक प्रकार की रागिनी।

†स्त्री०=पंक्ति।

टँकुआ†—वि० [हिं० टाँकना] [स्त्री० टँकुई] (वस्त्र) जिस पर कोई चीज टाँकी गई हो। जैसे—टँकुआ दुपट्टा। टँकुई साड़ी।

टंकोर†—स्त्री०=टंकार।

टंकोरना†—स०=टंकारना।

टंकौरी—स्त्री० [सं० टंक] टंक अर्थात् सिक्के आदि तौलने की छोटी तुला। तराजू।

विशेष—प्राचीन काल में सिक्कों को तौलकर देखा जाता था कि कहीं इसमें धातु की मात्रा कम या अधिक तो नहीं है।

टंग—पुं० [सं० टंक√पृषो० सिद्धि] १. टाँग। २. कुल्हाड़ी। ३. बुद्धाल। फरसा। ४. सुहागा। ५. चार माशे की एक तौल। टंक।

टँगड़ी—स्त्री०=टाँग। (टँगड़ी के मुहा० के लिए दे० 'टाँग' के मुहा०)।

टंगण—पुं० [सं० टंकण, पृषो० सिद्धि] सोहागा।

टँगना—अ० [सं० टंकण] १. टाँगा जाना। २. किसी चीज का ऊपरी भाग किसी ऊँचे आधार के साथ या स्थान पर इस प्रकार अटकाया, जड़ा, बाँधा या लगाया जाना कि वह चीज उसी के सहारे टिकी या ठहरी रहे। ३. फाँसी पर चढ़ाया जाना।

पु० १. दो खूँटियों आदि में बेड़े बल में बँधा हुआ तार, बाँस, रस्सी आदि जिस पर वस्त्र आदि टाँगे जाते हैं। २. उक्त काम के लिए लकड़ी का बनाया हुआ एक प्रकार का ऊँचा चौखटा।

टँगरी†—स्त्री०=टँगड़ी (टाँग)।

टँगवाना—स० [हिं० टाँगना का प्रे० रूप] किसी को कुछ टाँगने में प्रवृत्त करना।

टँगा†—पुं० [देश०] मूँज।

टँगाना—स०=टँगवाना।

अ०=टँगना।

टँगारी†—स्त्री० [सं० टंग] कुल्हाड़ी।

टंगिनी—स्त्री० [स०√टंक् (गलाना आदि)+णिनि, पृषो० सिद्धि] पाठा।

टंच—वि० [सं० चट, हिं० चट] १. बहुत बड़ा कंजूस या कृपण। २ बहुत बड़ा चालाक या धूर्त। उदा०—पायो जनि जगत में सब कपटी कुटिल कलिजुगी टचू।—हरिवंश। ३. निष्ठुर।

वि० दे० 'टिचन'।

टंट-घंट—पुं० [अनु० टन-टन+सं० घंटा] १. पूजा-पाठ का भारी आडंबर या आडंबरपूर्ण सामग्री। २ फालतू, रद्दी या व्यर्थ की चीजें।

टंटा—पुं० [अनु० टन-टन] १ ऐसा व्यर्थ का उपद्रव, झगड़ा या बखेड़ा जिसमें बहुत-सी पेचीदी बातें हों। सारहीन लड़ाई या वैर-विरोध।

क्रि० प्र०—मचाना।

२ निकम्मी, रद्दी या व्यर्थ की चीजें या विस्तार।

टंडर—पुं०=टेंडर।

टंडल—पुं०=टैंडल।

†पुं०=टेंडर।

टँडिया—स्त्री० [स० ताड़] बाँह पर पहनने का टाड़ नामक गहना।

टँडुलिया—स्त्री० [देश०] बन-चौलाई।

टंडैल—पुं० [अं० टेंडर] १. मजदूरों का सरदार। २. हृष्ट-पुष्ट जवान।

टंसरी—स्त्री० [?] एक प्रकार की वीणा।

टँसहा†—पुं० [हिं० टाँस+हा (प्रत्य०)] वह बैल जिसकी टाँग की नसें सिकुड़ गई हों और जो इसी कारण लँगड़ा कर चलता हो।

टई†—स्त्री० १. =टही (थाक)। २. =टहल।

टक—स्त्री० [सं० टक=बाँधना या सं० ग्राटक] अनुराग, आश्चर्य, प्रतीक्षा आदि के कारण किसी ओर मनोनिवेशपूर्वक स्थिर दृष्टि से देखते रहने की अवस्था, क्रिया या भाव। नजर गड़ाकर लगातार किसी ओर देखते रहना। टकटकी।

क्रि० प्र०—बँधना।—बाँधना।—लगना।—लगाना।

मुहा०—टक-टक देखना=विवशता की दशा में स्थिर दृष्टि से देखते रहना। **टक लगाना**=आसरा देखते रहना। दृष्टि लगाकर ध्यानपूर्वक किसी ओर देखते रहना।

स्त्री० [?] चीजें या बोझ तौलने का बड़ा तराजू।

टकटका†—पुं०=टकटकी।

टकटकाना†—स० [हिं० टक] टकटकी लगाकर किसी ओर देखना। स्थिर दृष्टि किए हुए किसी ओर देखते रहना।
स० [अ०] टक-टक शब्द उत्पन्न करना।
अ० टक-टक शब्द होना।

टकटकी—स्त्री० [हिं० टक या सं० वाटकी] टक लगाकर, मनोनिवेशपूर्वक स्थिर दृष्टि से किसी ओर देखते रहने की क्रिया या भाव।
क्रि० प्र०—बँधना।—बाँधना।—लगना।—लगाना।

टकटोना—स०=टकटोरना। उदा०—सबै देस टकटोये।—नागरीदास।

टकटोरना†—स० [हिं० टकटकी] अन्धकार आदि में किसी चीज के आकार, रूप आदि का पता लगाने के लिए उसे जगह-जगह से छूकर देखना। टटोलना।

टकटोलना—स० [अनु०]=टकटोरना।

टकटोहन†—पु० [हिं० टकटोना] टटोलने की क्रिया या भाव।

टकटोहना†—स०=टकटोरना।

टकतंत्री—स्त्री० [स०] पुरानी चाल का एक प्रकार का सितार की तरह का बाजा।

टकना—पु० दे० 'टकना'।
अ०=टँकना।

टकबीड़†—पु० [देश०] प्राचीन काल में मंगल तथा शुभ अवसरों पर प्रजा द्वारा जमींदार को दी जानेवाली भेंट।

टकराना—अ० [हिं० टक्कर] १. विपरीत दिशाओं में वेगपूर्वक आगे बढ़नेवाली दो वस्तुओं, व्यक्तियों आदि अथवा उनके अगले भागों या सिरों का आपस में इस प्रकार भिड़ना या जोर से लगना कि उनमें से किसी एक अथवा दोनों को भारी आघात लगे। जैसे—बाइसिकिलों या मोटरों का टकराना। २. किसी दिशा में चलती या बहती हुई वस्तु का मार्ग में खड़ी किसी बड़ी या भारी चीज से सहसा तथा जोर से आ लगना अथवा आघात करना। जैसे—किनारे से लहरों का टकराना। ३. किसी के मार्ग में बाधक होना अथवा किसी का मुकाबला या सामना करने के लिए उसके मार्ग में आना या पड़ना। संघर्ष होना। जैसे—जो हमसे टकरायेगा चूर-चूर हो जायगा। ४. इधर-उधर मारे-मारे फिरना। टक्करें खाना।
स० एक चीज पर दूसरी चीज मारना।
स० दो चीजों के अगले भागों या सिरों को एक दूसरे से इस प्रकार जोर से भिड़ाना कि उनमें से एक या दोनों को चोट लगे या उनकी कोई विशेष हानि हो। आपस में टक्कर खिलाना या लगाना।

टकरी—स्त्री० [देश०] एक तरह का पेड़।

टकसरा†—पुं० [देश०] भारत के पूर्वी प्रदेशों में होनेवाला एक तरह का बाँस।

टकसार†—स्त्री०=टकसाल।

टकसाल—स्त्री० [सं० टकशाला] [वि० टकसाली] १. प्राचीन भारत में वह कारखाना जहाँ पैसे, रुपए आदि के सिक्के ढाले जाते थे। २. आज-कल वह स्थान जहाँ आधुनिक यंत्रों से रुपयों आदि की सहायता से रुपए, पैसे आदि के सिक्के तैयार किये या बनाये जाते हैं। ३. लाक्षणिक रूप में, वह स्थान जहाँ मानक चीजें बनती हों।
मुहा०—टकसाल चढ़ाना=(क) प्राचीन भारत में खरे-खोटे की परख के लिए सिक्कों का टकसाल में पहुँचना। (ख) लाक्षणिक रूप में, किसी चीज का ऐसे स्थान में पहुँचना जहाँ उसकी बुराई-भलाई की परख हो सके। (ग) दुष्कर्मों आदि में पराकाष्ठा या पूर्णता तक पहुँचना। (परिहास और व्यंग्य)
पद—टकसाल-बाहर=(चीज या बात) जो ठीक, प्रामाणिक या मानक न मानी जाती हो। जैसे—इस प्रकार के प्रयोग आधुनिक भाषा में टकसाल बाहर माने जाते हैं। ४. वह चीज या बात जो सब प्रकार से ठीक, निर्दोष, प्रामाणिक या मानक मानी जाती हो। उदा०—सार शब्द टकसार (रू) है, हिरदय माँहिं विवेक।—कबीर।

टकसाली—वि० [हिं० टकसाल] १. टकसाल-संबंधी। टकसाल का। २. टकसाल में ढला या बना हुआ। ३. उतना ही प्रामाणिक और लोकमान्य जितना टकसाल में ढाला हुआ असली सिक्का होता है। सब तरह से चलनसार, ठीक और पाच्य। ४. शास्त्र-सम्मत। जैसे—बा० बालमुकुंद गुप्त की भाषा टकसाली हो चली। ४. सब प्रकार से परीक्षित और प्रामाणिक। जैसे—आप की हर बात टकसाली होती है।
पु० मध्य युग में टकसाल या सिक्के ढालनेवाले विभाग का प्रधान अधिकारी।

टकहा†—पुं०=टंका।
वि०=टंकाहा।

टकहाया—वि० [स्त्री० टकहाई]=टंकाहा।

टका—पुं० [सं० टंक] १. प्राचीन भारत में चाँदी का एक सिक्का जो प्रायः आज-कल के एक रुपये के बराबर होता था। २. उक्त के आधार पर वैद्यक में तीन तोले की तौल। ३. अँगरेजी शासन में ताँबे का एक सिक्का जो दो पैसे मूल्य का होता था। अधन्ना।
पद—टका भर=बहुत ही अल्प या थोड़ी मात्रा में। जैसे—टका भर भी दे दो। **टका सा**=बहुत ही छोटा, तुच्छ, थोड़ा या हीन। जैसे—टके-सी जान, और इतना गुमान। **टके गज की चाल**=(क) बहुत ही मद्धिम या सामान्य अथवा पुराने ढंग की चाल-ढाल या रहन-सहन। जैसे—वह तो जनम भर वही टके गज की चाल चलते रहे। (ख) बहुत ही धीमी गति या सुस्त चाल। जैसे—छोटी लाइन की गाड़ियाँ तो बस वही टके गज की चाल चलती हैं।
मुहा०—टका-सा जवाब देना=उसी प्रकार तिरस्कारपूर्वक और निकारात्मक उत्तर देना जैसे किसी भिक्षुक के आगे टका फेंका जाता था। इनकार करते हुए साफ जवाब देना। **टका-सा मुँह लेकर रह जाना**=अपमानित या तिरस्कृत होने पर लज्जित भाव से चुप रह जाना।
४. धन-सम्पत्ति। रुपया-पैसा। ५. गढ़वाल के पहाड़ी इलाकों की एक तौल जो प्रायः सवा सेर के लगभग होती है।

टकाई—वि०, स्त्री०=टकहाई(टकहाया का स्त्री० रूप)।
स्त्री०=टकाली।

टकारोल—स्त्री० [देश०] समुद्री चट्टानों पर की एक प्रकार की छोटी तोप।

टकाना†—स०=टँकवाना।

टकानी—स्त्री०=टँकानी।

टकाली—स्त्री० [हिं० टका] १. एक रुपये पर प्रतिमास दो पैसे का सूद

या ब्याज देने-लेने का एक ढंग। २. मध्य युग में व्यक्ति पीछे एक टके के हिसाब से लगनेवाला कर या चंदा।
स्त्री०=टकाही।

टकाहा†—वि०[हिं० टका] [स्त्री० टकाही] टके-टके पर बिकने या मिलनेवाला; अर्थात् बहुत ही तुच्छ या हीन। जैसे—टकाहा कपड़ा, टकाही रंडी।

टकाही—वि० हिं० 'टकाहा' का स्त्री० रूप।
स्त्री० बहुत ही निम्न कोटि की वेश्या या दुश्चरित्रा स्त्री।
†स्त्री दे० 'टकासी'।

टकी†—स्त्री०=टकटकी।

टकुआ—पु०[सं० तर्कुक, प्रा० तक्कुअ] [स्त्री० अल्पा० टकुई, टकुली] १. चरखे में का तकला। (देखें) २. कई प्रकार के छोटे अँकुसीदार या टेढ़े औजारों की संज्ञा। जैसे— बिनौले निकालने का टकुआ; मोची का टकुआ।

टकुली—स्त्री०[हिं० टकुआ] १. छोटा टकुआ। २. नक्काशी करनेवालों का एक औजार।
स्त्री० [?] सिरिस की जाति का एक प्रकार का वृक्ष।

टकूचना—स०[हिं० टाँकना=खाना] खाना। (दलाल)

टकैत—वि०=टकैत।

टकैत—वि०[हिं० टक+ऐत (प्रत्य०)] जिसके पास टके हो अर्थात् धनी। धनवान।

टकोर—स्त्री०[स० टंकार] १. धनुष की डोरी खींचने से होनेवाला शब्द। टंकार। २. नगाड़े पर होनेवाला आघात। ३. आघात। ठेस।
क्रि० प्र०—देना।—लगाना।
४. शरीर के किसी विकारग्रस्त विशेषतः सूजे हुए अंग पर दबा की पोटली को बार-बार गरम करके उससे किया जानेवाला हलका सेंक। ५. खट्टी या चरपरी चीज खाने से दाँतों या मसूड़ों में होनेवाली चुनचुनी या ठीस। ६. लाक्षणिक अर्थ में, ऐसी बात जिससे दुःखी व्यक्ति और अधिक दुःखी होता हो। (पश्चिम)

टकोरना—स०[हिं० टकोर] १. टकोर या हलका सेंक करना। २. हलका आघात लगाना। जैसे—डंका बजाने के लिए उसे टकोरना। ३. ठेस लगाना। ४. ऐसी बात कहना जिससे दुःखी व्यक्ति और अधिक दुःखी हो।

टकोरा—पुं०[सं० टंकार] १. डंके की चोट। २. आघात। ठेस।

टकोरी†—स्त्री०[स० टंकार] हलकी चोट या आघात।

टकोसा†—पु०=टका।

टकौरी—स्त्री०[स० टंक] सोना, चाँदी आदि तौलने का पुरानी चाल का एक प्रकार का काँटा या तराजू।
स्त्री०१.=टकासी। २.=टकाही।

टक्क—पु०[√टक् (बाँधना)+कक्, पृषो० सिद्धि] १. वाहीक जाति का आदमी। २. कंजूस व्यक्ति।

टक्क-देश—पु०[सं० मध्य० स०] चनाब और ब्यास नदियों के बीच के प्रदेश का पुराना नाम।

टक्कदेशीय—वि०[स० टक्कदेश+छ—ईय] १. टक्क देश का। २. टक्क देश में होनेवाला।
पुं० बथुआ नामक साग।

टक्कर—स्त्री०[प्रा०] १. दो या अधिक चीजों के आपस में टकराने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. एक ही सीध में, परन्तु दो विपरीत दिशाओं में वेगपूर्वक आगे बढ़ने या चलनेवाली दो वस्तुओं, व्यक्तियों आदि के अगले भाग या सिरे के सहसा एक दूसरे से टकराने या भिड़ने की अवस्था, क्रिया या भाव। जैसे—रेल-गाड़ियों की टक्कर। ३. बल-परीक्षा, मनोविनोद, व्यायाम आदि के लिए दो प्राणियों के आपस में मस्तक या सिर से एक दूसरे पर आघात करने या धक्का देने की क्रिया या भाव। जैसे—मेढ़ों या लड़कों में होनेवाली टक्कर।
क्रि० प्र०—लड़ना।—लड़ाना।
४. वेगपूर्वक आगे बढ़ने के समय किसी वस्तु या व्यक्ति के अगले या ऊपरी भाग का मार्ग में पड़नेवाली किसी बड़ी या भारी चीज के साथ इस प्रकार लगनेवाली ठोकर या होनेवाली भिड़न्त कि उनमें से किसी एक अथवा दोनों को किसी प्रकार की आघात लगे। जैसे—अँधेरे में चलते समय खंभे या दीवार से लगनेवाली टक्कर।
मुहा०—इधर-उधर टक्करें खाना या मारना=जगह-जगह मारे-मारे फिरना। दुर्दशा भोगते हुए कभी कहीं और कभी कहीं आना-जाना।
५. बराबर के दो पक्षों में होनेवाला ऐसा मुकाबला या सामना जिसमें दोनों एक दूसरे को गिराना या दबाना चाहते हों या उन्हें हानि पहुँचाना चाहते हों। जैसे—दो देशों या विचारधाराओं में होनेवाली टक्कर।
पद—टक्कर का=जोड़, बराबरी या मुकाबले का। जैसे—भगवद्गीता या रामचरितमानस की टक्कर की पुस्तक विश्व-साहित्य में मिलना दुर्लभ है।
मुहा०—(किसी से) टक्कर लेना=बराबरी या मुकाबला करना। जैसे—यह घोड़ा दौड़ में रेलगाड़ी से टक्कर लेता है।
६. घाटा। हानि। (क्व०)

टक्कल—पु०[स० टक्क=टाँग] १ पिंडली और एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हुई हड्डी। २. उक्त हड्डी के आस-पास का भाग।

टग†—स्त्री०=टकटकी।

टगटगाना†—स०=टकटकाना।

टगण—पु०[स० मध्य० स०] साहित्य शास्त्र में, छः मात्राओं के गणों की सामूहिक संज्ञा।

टगर—पु०[अनु०] १. टकण। सोहागा। २. भोग-विलास के लिए की जानेवाली क्रीड़ा। ३. तगर का वृक्ष।

टगरगोड़ा—पु० [?] कौड़ियों से खेला जानेवाला एक खेल।

टगरना†—अ० १.=टघरना (पिघलना)। २. खिसकना।

टगरा†—वि०[स० टेरक] ऐंचा-ताना। भेंगा।

टघरना—अ० दे० 'पिघलना'।

टघराना—स०=पिघलाना।

टघार—पु०[हिं० टघरना] १. टघरने अर्थात् पिघलने की क्रिया या भाव। २. किसी जमी हुई चीज के टघरने या पिघलने पर उसकी बहनेवाली धार।

टघटघ—स्त्री०[अनु०] आग के जलने का शब्द।

टघना—अ०[अनु० टघटघ से] आग का जलना।

टचनी—स्त्री०[स० टंक] बरतनों पर नक्काशी करने का कसेरों का एक उपकरण।

टट*—पुं० [सं०] तट। उदा०—आएउँ भागि समुद टट...।—जायसी।

टटका—वि० [सं० तत्काल] [भाव० टटकाई, स्त्री० टटकी] १. (फलों आदि के संबंध में) जो अभी-अभी (खेत, पौधे आदि से तोड़कर) लाया गया हो, फलतः जो बासी न हो। ताजा। जैसे—टटका आम, टटकी तरकारी। २. (समाचार) जिसकी सूचना अब या अभी मिली हो। ताजा। जैसे—टटकी खबर। ३. नया।

टटकाई*—स्त्री० [हिं० टटका] टटके या ताजे होने की अवस्था या भाव। ताजापन।

टटड़ी†—स्त्री० =टटरी।

टटरी†—स्त्री० १=टट्टी। २=ठठरी।

टटरूँ—पुं० [अनु०] पेंडुकी (चिड़िया)।

टटल-बटल—वि० [अनु०] ऊटपटाँग।

पुं० अंगड़-खगड़। काठ-कबाड़।

टटाना†—अ० [हिं० ठाँठ] शुष्क होना। सूखना। २. खुश्की, थकावट आदि के कारण शरीर या उसके अंगों में हलकी पीड़ा होना। ३. भूख आदि से विकल होना।

स० १ सुखाना। २ भूखे रखकर विकल करना।

टटावक—पुं० [?] काला टीका। उदा०—मोर चन्द सिर अस कछु लौनौ। मानहु अली टटावक टौनौ।—नन्ददास।

टटावली—स्त्री० [सं० टिटिट्भ] कुररी या टिटिहरी नाम की चिड़िया।

टटिया†—स्त्री० =टट्टी।

टटियाना†—अ०, स०=टटाना।

टटोबा—पुं० [अनु०] १ चारो ओर घूमनेवाला चक्कर या चरखी। २ घिरनी। ३ चारों ओर घूमने या चक्कर खाने की क्रिया या भाव।

क्रि० प्र०—खाना।

४. दे० 'टिटिबा'।

टटीरी—स्त्री० =टिटिहरी (चिड़िया)।

टटुआ†—पुं० [स्त्री० टटुई] =टट्टू।

†पुं० दे० 'टेटुआ'।

टटोना†—स० =टटोलना।

टटोरना†—स० =टटोलना।

टटोल—स्त्री० [हिं० टटोलना] टटोलने की क्रिया, ढंग या भाव।

टटोलना—स० [सं० तुला से अनु०] १. अन्धकार में अथवा स्पष्ट दिखाई न देने पर किसी चीज के आकार-प्रकार, रूप-रंग आदि का पता लगाने के लिए उसके अंगों आदि पर उँगलियाँ या हाथ फेरना। २. किसी आवरण में रखी हुई वस्तु का अनुमान करने के लिए उसे बाहर से छूना, दबाना या हिलाना। जैसे—किसी का जेब टटोलना। ३. ठीक पता न चलने पर अन्दाज से इधर-उधर ढूँढ़ना या तलाश करना। ४. किसी का आशय या विचार जानने अथवा उसके मन की थाह लेने के लिए उससे जिज्ञासात्मक बात-चीत करना। ५. जाँचने, परखने आदि के लिए किसी प्रकार की ऊपरी या बाहरी क्रिया करना।

टटोहना*—स० =टटोलना।

टट्टड़†—पुं० =टट्टर।

टट्टनी—स्त्री० [सं० टट्ट√नी (ढोना)+ड—ङीष्] छिपकली।

टट्टर—पुं० [सं० तट=ऊँचा किनारा या सं० स्थाता=जो खड़ा हो] गाँवों, देहातों आदि के कच्चे मकानों में दरवाजे के स्थान पर मार्ग अवरुद्ध करने के लिए लगाया जानेवाला बाँस की फट्टियों का चौकोर जालीदार ढाँचा।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

पुं० [सं० टट्ट√रा (देना)+क] भेरी का शब्द।

टट्टरी—स्त्री० [सं० टट्टर+ङीष्] १. ढोल, नगाड़े आदि के बजने का शब्द। २. लंबा या विस्तृत कथन या विवरण। ३. हँसी-मजाक। ठट्ठा।

टट्टा—पुं० [सं० तट=ऊँचा किनारा या सं० स्थाता=जो खड़ा हो]। [स्त्री० टट्टी] १. टट्टर। बड़ी टट्टी। २. लकड़ी का तख्ता या पल्ला। ३. अंडकोश। (पंजाब)

टट्टी—स्त्री० [सं० तटी=ऊँचा किनारा या सं० स्थायी] १. तिनकों, तीलियों आदि को आपस में फँसा या बाँधकर तैयार किया हुआ परदा। जैसे—खस की टट्टी। २ टट्टर। ३. आड़ या ओट के लिए सामने खड़ा किया हुआ वह आवरण या परदा जो प्रायः वृक्षों की डालियों, बाँसों आदि से बनाया जाता है।

पद—धोखे की टट्टी=(क) ऐसा आवरण या परदा जो लोगों को धोखे में रखकर अपना काम निकालने के लिए खड़ा किया जाय। (ख) ऐसी चीज या बात जो ऊपर से देखने पर कुछ और जान पड़े, परन्तु जिसके अन्दर कुछ और ही हो।

मुहा०—टट्टी की आड़ (या ओट) से शिकार खेलना=स्वयं आड़ में रहकर या छिपकर किसी पर आघात या वार करना अथवा किसी प्रकार के स्वार्थ-साधन का प्रयत्न करना। टट्टी में छेद करना=ढकने या परदा करनेवाली चीज में ऐसा अवकाश निकालना जिससे बाहरवालों को अन्दर की चीजों या बातों का पता लगने लगे। टट्टी लगाना=ऐसा आवरण या परदा खड़ा करना जिसके अन्दर लुक-छिप कर कोई काम किया जा सके।

४. बाँस की फट्टियों आदि का वह ढाँचा जो बेलें आदि चढ़ाने के लिए खड़ा किया जाता है। जैसे—अंगूर की टट्टी। ५. वे तख्ते या पटरियाँ जिन पर नकली पेड़-पौधे आदि बनाकर रखे या लगाये जाते हैं और जो शोभा के लिए जुलूसों, बरातों आदि के साथ ले जाये जाते हैं। ६. किसी प्रकार की आड़ या ओट करने के लिए बनाई जानेवाली छोटी, पतली दीवार। ७ चारों ओर उक्त प्रकार का दीवारों से घेरा हुआ वह स्थान जो केवल शौच आदि के लिए नियत हो। पाखाना।

मुहा०—टट्टी जाना—मल-मूत्र आदि का विसर्जन करने के लिए उक्त प्रकार के स्थान में अथवा खेत आदि में जाना।

८. मल। गूह। पाखाना। ९. चिक। चिलमन। १० कोई पतली, चौकोर या लंबी-चौड़ी रचना।

पद—टट्टी का शीशा=बहुत ही पतले दल का और साधारण शीशा, जैसा तसवीरों, दरवाजों आदि की चौखट में लगाया जाता है।

टट्टूर—पुं० [सं० टट्ट√रा (देना)+क] नगाड़े का शब्द।

टट्टू—पुं० [अनु०] [स्त्री० टटुआनी, टटुई] १. छोटे या नाटे कद का घोड़ा। टाँगन।

पद—भाड़े का टट्टू=ऐसा व्यक्ति जो अपने पद, मर्यादा, विवेक आदि का ध्यान छोड़कर पैसे के लालच से दूसरों का काम करता हो अथवा उनकी बातों का समर्थन करता हो।

मुहा०—टड्डू पार होना=काम पूरा होना। प्रयोजन सिद्ध हो जाना।
२. पुरुष की लिंगेंद्रिय। (बाजारू)

टड्डा—पुं०=टाड़ (गहना)।

टड़िया—स्त्री० [?] १. एक प्रकार की भाँग जो राजपूताने में होती है।
स्त्री०=टाड़ (बाँह में पहनने का गहना)।
†स्त्री०=टट्टी।

टड़िया†—स्त्री०=टाड़ (गहना)।

टण—पुं०=टना।

टन—पुं० [अनु०] घंटा बजने का शब्द। टंकार।
वि० नशे आदि में चूर। बेसुध। टन्न।
पुं० [अं०] एक प्रकार की पाश्चात्य तौल जो लगभग २७॥ मन के बराबर होती है।

टनकना—अ० [अनु० टन] १. टन टन शब्द होना। २. गरमी, धूप आदि के कारण सिर में धमक या पीड़ा होना।

टनटन—स्त्री० [अनु०] घंटा बजने का शब्द।

टनटनाना—स० [हिं० टनटन] घंटे पर आघात करके उसमें से 'टनटन' शब्द उत्पन्न करना। जैसे—घंटा टनटनाना।
अ० किसी चीज में से टन-टन शब्द निकलना या होना।

टनमन—पुं० [सं० तंत्र मंत्र] जादू-टोना। तंत्र-मंत्र।
वि०=टनमना।

टनमना—वि० [सं० तन्मनस्] १. सब प्रकार से नीरोग और स्वस्थ। २. प्रसन्न-चित्त और मगन। 'अनमना' का विपर्याय।

टना—पुं० [सं० तुंड] १. स्त्रियों की योनि में का वह निकला हुआ मांस का टुकड़ा जो दोनों किनारों के बीच में होता है। टिंगा। २. भग। योनि।

टनाका†—पुं० [अनु० टन] १. घंटा बजने का शब्द। जोर से होनेवाला टन शब्द। २. कुछ समय तक टनटन शब्द बजते या होते रहने की अवस्था या भाव।
वि० उभ्य० बहुत उग्र, तीव्र या विकट। जैसे—टनाका धूप या सरदी।

टनाटन—स्त्री० [अनु०] लगातार घंटा बजने के कारण होनेवाला टन-टन शब्द।
क्रि० वि० १. टनटन शब्द करते हुए। २. अच्छी तथा ठीक अवस्था में। जैसे—वहाँ वे टनाटन हैं।

टनी—स्त्री०=टना।

टनेल—स्त्री० [अं० टनल] पहाड़ के बीच में से अथवा नदी के नीचे से बनायी हुई। सुरंग।

टप—स्त्री० [अनु०] १. वर्षा अथवा किसी तरल पदार्थ की बूँद पृथ्वी तल पर अथवा धातुओं आदि पर गिरने से होनेवाला शब्द। २. एकाएक किसी भारी चीज के जमीन पर गिरने से होनेवाला शब्द। जैसे—जामुनो का टप-टप पेड़ से गिरना।
मुहा०—टप से=एकाएक या सहसा। जैसे—वह वहाँ पर टप से आ पहुँचा।
स्त्री०=टोप (बूँद)।
पुं० [अं० टेब ?] १. गाड़ियों आदि के ऊपर छाया के लिए बनाया हुआ आच्छादन। जैसे—गाड़ी का टप। २. लटकनेवाले लंप के ऊपर की छतरी।
पुं० [अं० टब] टीन आदि का बना हुआ चौड़े मुँह का पानी रखने का बड़ा पात्र।
पुं० [देश०] कान मे पहनने का एक प्रकार का फूल।
पुं० [अं० ट्यूब] जहाजों की गति का पता लगाने का एक उपकरण। (लश०)
पु० [हिं० ठप्पा] एक औजार जिससे डिबरी का पेच घुमावदार बनाया जाता है।

टपक—स्त्री० [हिं० टपकना] १. टपकने की क्रिया या भाव। २. किसी चीज के ऊपर से गिरने पर होनेवाला टपटप शब्द। ३ शरीर के किसी अंग में मवाद आदि अथवा और कोई विकार उत्पन्न होने के कारण रह-रह कर होनेवाला हलका दरद या पीडा। टीस।

टपकन—स्त्री०=टपक।

टपकना—अ० [सं० √टिप् या अनु०] १ किसी चीज मे से बूँद बूँद करके किसी तरल पदार्थ का धरातल पर टपटप शब्द करते हुए गिरना। जैसे—(क) छत में से वर्षा का पानी टपकना। (ख) आम में से रस टपकना। २. (फलों आदि का पेड से टूटकर) ऊपर से सहसा नीचे गिरना। जैसे—अमरूद या जामुन टपकना। ३. (व्यक्तियों का) सहसा कही आ पहुँचना। जैसे—इतने मे न जाने वह कहाँ से टपक पड़ा। ४ कोई भाव प्रकट होना। जाहिर होना। झलकना। ५. शरीर के किसी अग मे मवाद भरा होने के कारण रह-रह कर पीड़ा होना। ६. फोडे मे से मवाद का निकलना। ७. (हृदय का) झट आकर्षित होना। लुभा जाना। मोहित हो जाना। ८. स्त्री का संभोग की ओर प्रवृत्त होना। ढल पडना। (बाजारू) ९. युद्ध में घायल होकर गिरना।

टपकवाना—स० हिं० 'टपकाना' का प्रे० रूप।

टपका—पु० [हिं० टपकना] १. टप-टप शब्द करते हुए बूँदों के गिरने की अवस्था या भाव। २. उक्त प्रकार से गिर, चू या रसकर निकली हुई चीज। रसाव। ३. ऐसा फल जो पककर या हवा के झोंके से जमीन पर गिरा हो। जैसे—टपका आम। ४. चौपायो के खुर मे होनेवाला एक रोग जिसमे टपक या टीस होती है। ५. दे० 'टपक'।

टपका-टपकी—स्त्री० [हिं० टपकना] १. बार-बार या रह-रह कर कभी इधर और कभी उधर कुछ टपकने की क्रिया या भाव। जैसे—आम या जामुन की टपका-टपकी। २. रह-रहकर होनेवाली बूँदा-बाँदी या हलकी वर्षा। ३. लाक्षणिक रूप मे महामारी आदि के प्रकोप से होनेवाली छुट-पुट मौतें।
क्रि० प्र०—लगना।

टपकाना—स० [हिं० टपकना] १. कोई चीज रह-रहकर बूँदों या छोटे-छोटे टुकड़ो के रूप में कही गिराना। २. भभके आदि के द्वारा अरक, आसव आदि तैयार करना। चुआना।

टपकाव—पुं० [हिं० टपकना] टपकने अथवा टपकाने की क्रिया या भाव।

टपकी—स्त्री० [हिं० टपकना] १. टपकने की क्रिया या भाव। २. अचानक होनेवाली मृत्यु।
मुहा०—टपकी पड़े=नष्ट या बरबाद हो जाय। (बोल-चाल)

टपना—अ० [हिं० टापना] १. बिना कुछ खाये-पिये अथवा किसी प्रकार की प्राप्ति या फल-सिद्धि के यों ही चुप-चाप कष्ट सहते हुए समय बिताना। जैसे—(क) बिना कुछ खाये-पीये सबेरे से टप रहे हैं। (ख)

ये तो महीनों से नौकरी की आशा में यहाँ बैठे हुए टप रहे हैं। २. पशु-पक्षियों आदि का जोड़ा खाना या संभोग करना। ३. उछलना। कूदना। स० १. उछल या कूदकर किसी चीज को लाँघते हुए उसके पार जाना। (पश्चिम) जैसे—दीवार या मुँडेरा टपना। २. आच्छादित करना। ढकना। तोपना। (क०)

टपनामा—पुं० [हि० टिप्पन] वह रजिस्टर जिसमें समुद्री जहाजों पर तूफानों आदि का लेखा रखा जाता है।

टपमाल—पुं० [अं० टापमाल] जहाजों पर काम आनेवाला लोहे का भारी बन।

टपरना†—स० [अनु०] दीवार में, मसाला भरने से पहले उसके कहीं की दरजों को कुछ खोदकर चौड़ी या बड़ी करना जिससे उनमें मसाला अच्छी तरह से भरा जा सके।

टपरा†—पुं० [स्त्री० अल्पा० टपरी] =टप्पर।

टपरियाना†—अ०=टपरना।

टपाटप—क्रि० वि० [अनु० टप टप] १. टप टप शब्द करते हुए। जैसे—टपाटप आँसू गिरना। २. निरन्तर। लगातार। ३. चटपट। तुरन्त। जैसे—टपाटप काम निपटाना।

टपाना—स० [हि० टपना का स०] १. किसी को टपने (अर्थात् निराश भाव से कष्टपूर्वक समय बिताने) में प्रवृत्त करना। ऐसा काम करना जिसमें किसी को टपना पड़े। २. पशु-पक्षियों आदि को जोड़ा खिलाना या संभोग कराना। ३. कूदने-फाँदने या लाँघने में प्रवृत्त करना। जैसे—नाले पर से घोड़ा टपाना। (पश्चिम)

टपाल—स्त्री० [तेलगु तप्पालु] भेजी जानेवाली चिट्ठी-पत्री आदि। डाक। (महाराष्ट्र)

टप्पर†—पुं० [?] १. झोंपड़ा। २. छप्पर। ३. बिछाने का टाट।

मुहा०—टप्पर उलटना=दे० 'टाट' के अन्तर्गत मुहा० 'टाट उलटना'।

टप्पा—पुं० [हि० टाप या फा० तप्पा] १. उतनी दूरी या फासला जितना कोई चीज उछाली, कुदाई या फेंकी जाने पर एक बार में पार करे। जैसे—गेंद या गोली का टप्पा।

मुहा०—टप्पा खाना=किसी फेंकी हुई वस्तु का बीच में गिरकर जमीन से छू जाना और फिर उछलकर आगे बढ़ना।

२. उछाल। फलाँग। ३. दो चीजों या स्थानों के बीच की दूरी या फासला। ४. जमीन का छोटा टुकड़ा। ५. टिकने का स्थान। पड़ाव। ६. डाक-घर। ७. वह बेड़ा जिसमें पाल लगी हो। ८. बड़ी या मोटी सीवन। ९. एक प्रकार का पंजाबी लोकगीत, जिसकी तीन-तीन पंक्तियों में स्वतंत्र भाव सँजोये हुए होते हैं।

विशेष—इसका आरंभ पंजाब के तारवानों से हुआ था।

१०. एक प्रकार का पक्का गाना जिसमें गले से स्वरों के बहुत छोटे-छोटे टुकड़े या दाने एक विशेष प्रकार से निकाले जाते हैं।

विशेष—इसका प्रचलन लखनऊ के गुलाम नबी कोरी ने किया था।

११. संगीत में एक प्रकार का ठेका जो सितारवाले साज पर बजाया जाता है। १२. एक प्रकार का हुक या काँटा।

टब—पुं० [अं० टब] पानी रखने का एक प्रकार का चौड़े मुँह का चौड़ा और बड़ा बरतन।

†पुं० दे० 'टप' (कान में पहनने का गहना)।

टब्बर†—पुं० [?] कुटुंब। परिवार। (पंजाब)

टभकी—स्त्री० [सं० टंकार] डुगडुगी नाम का बाजा।

टमटम—स्त्री० [अं० टैंबम] एक प्रकार की ऊँची और बड़ी दो पहियोंवाली घोड़ा-गाड़ी।

टमटी—स्त्री० [देश०] पुरानी चाल का एक प्रकार का बरतन।

टमस—स्त्री० [सं० तमसा] टौंस नदी। तमसा।

टमाटर—पुं० [अं० टमैटो] १. बैंगन की जाति का एक प्रसिद्ध पौधा जिसमें लाल रंग के गोल-गोल फल लगते हैं। २. उक्त फल जिनकी तरकारी बनाई जाती है।

टमुकी—स्त्री०=टमकी।

टर—स्त्री० [अनु०] १. तीव्र तथा कर्कश ध्वनि। जैसे—मेंढक का टर-टर बोलना। २. ऊँचे स्वर में कही हुई थोथी बात।

मुहा०—टर-टर करना या लगाना=हठपूर्वक बढ़-बढ़कर बोलते चलना। ३. अविलीत आचरण या चेष्टा। उद्दंडता। ४. जिद। हठ। ५. मुसलमानों का, एक त्यौहार।

टरकना—अ०=टलना।

अ० [अनु०] १. टर-टर शब्द होना। २. टर-टर या व्यर्थ की बकवाद करना।

टरकाना†—स्त्री० [देश०] खेत की (विशेषतः ऊख के खेत की) की जाने वाली दुबारा सिंचाई।

टरकाना—स०=टालना।

टरकी—स्त्री० [अनु० टर्क टर्क से] मुरगे की जाति का एक प्रकार का पक्षी जो अनेक देशों में मुरगों की तरह पाला जाता है।

विशेष—यह पक्षी मूलतः उत्तरी अमेरिका का है; और टरकी (तुर्क) देश से इसका कोई संबंध नहीं है। यह टर्क-टर्क शब्द करता है; इसी से इसका यह नाम पड़ा है।

टरकुस—वि० [हि० टरकना] बहुत ही साधारण या घटिया। निकम्मा।

टरकैल—वि० [?] बुद्धू। (घृणासूचक)

टरकौ—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की घास।

टरटराना—स० [हि० टर] १. टर-टर शब्द करना। २. धृष्टतापूर्वक बहुत अधिक या बढ़-बढ़ कर तथा जोर से बोलना।

टरना†—अ०=टलना।

पुं० [देश०] तेली के कोल्हू की वह रस्सी जो बैंका और कतरी से बँधी होती है।

टरनि†—स्त्री० [हि० टरना] टलने की अवस्था, क्रिया या भाव।

टरना†—अ०=टरना (टलना)।

स०=टारना (टालना)।

टर्र टर्र—स्त्री० [अनु०] १. मेंढक का तीव्र तथा कर्कश शब्द। २. उद्दण्डतापूर्वक ऊँचे स्वर में बढ़-बढ़कर कही जानेवाली बातें जिनसे लड़ाई-झगड़ा छिड़ सकता हो।

टर्रा—वि० [अनु० टर टर] १. (व्यक्ति) जो उद्दण्डतापूर्वक ऊँचे स्वर में बढ़-बढ़कर बातें करता हो। कटुवादी। २. जो जरा-सी बात पर लड़ने को तैयार हो जाय। ३. कठोर तथा कर्णकटु (शब्द)।

टर्राना—अ० [अनु० टर] ऐसी उद्दण्डतापूर्ण और घमंडभरी बातें करना जिनसे झगड़ा या लड़ाई हो सकती हो।

टर्राना—पु० [हिं० टर्रा] उद्दंडतापूर्वक घमंड-भरी बातें करने का ढंग या भाव।

टर्र—पुं० [हिं० टर-टर] १. बहुत टर-टर करने अर्थात् अनावश्यक रूप से बकने या बोलनेवाला व्यक्ति। २. बहुत ही कठोर और रूखे स्वभाव का ऐसा व्यक्ति जो जरा सी बात पर भी लड़ने को तैयार हो जाता हो। टर्रा आदमी। ३. मेंढक। ४. कौआ या भौंरा नामक खिलौना जिसे घुमाने से मेंढक की तरह का टर-टर शब्द होता है।

टर्रा—पुं० [सं०√टल् (बेचैन होना)+ल्युट्—अन] घबड़ाहट। विह्वलता। स्त्री० [हिं० टलना] टलने की अवस्था, क्रिया या भाव।

टलना—अ० [सं० टलन=विचलित होना] १ हि० 'टालना' का अ० रूप। किसी चीज का अपने स्थान से कुछ खिसकना, सरकना या हटना। २. किसी काम से आए हुए व्यक्ति का बिना अपना काम पूरा किये चले जाना या हट जाना। जैसे—आज तो वह जैसे-तैसे टल गया; कल देखा जायगा। किसी अनिष्ट घटना या स्थिति का किसी प्रकार घटित होने से रुक जाना या कुछ समय के लिए स्थगित हो जाना। जैसे—चलो यह बला भी टली। ४. किसी काम का अपने पूर्व निश्चित समय पर न होकर स्थगित होना। जैसे—मुकदमे की तारीख टलना। ५. किसी के अनुरोध, आग्रह, आदेश, निश्चय आदि का पालन न होना। किसी की बात का न माना जाना। जैसे—उनकी आज्ञा टल नहीं सकती। ६. अपने कार्य, निश्चय, विचार आदि छोड़ना या उनसे हटना। जैसे—यह लड़का इतनी मार खाता है, पर अपनी आदतों (या शरारतों) से किसी तरह नहीं टलता। ७. बहुत कठिनता से या जैसे-तैसे समय बिताना। जैसे—आज का दिन तो किसी तरह टाले नहीं टलता।

टलमल—वि० [हिं० टलना+अनु०] हिलता हुआ। चंचल।

टलवा†—पुं० [देश०] बैल।

टलहा†—वि० [देश०] [स्त्री० टलही] १. निकम्मा। रद्दी। २. जिसमें रद्दी चीजों की मिलावट हो। खोटा। जैसे—टलही चाँदी।

टलाटली—स्त्री०=टाल-मटोल।

टलाना—स० हिं० 'टालना' का प्रे० रूप।

टलुआ—वि० [हिं० टाल] टाल-संबंधी।
पु० टाल का स्वामी।

टल्ला†—पुं० [अनु०] १. ठोकर। २. धक्का।
मुहा०—टल्ले मारना=व्यर्थ इधर-उधर घूमते रहना। ३. टाल-मटोल।

टल्ली—पु० [देश०] एक प्रकार का बाँस जिसे 'टोली' भी कहते हैं।

टल्लेबाजी—स्त्री० [हिं० टल्ला+फा० नवीसी] १. टाल-मटोल। बहानेबाजी। २. निकम्मे या निठल्ले होने की अवस्था या भाव। ३. बहुत छोटे, व्यर्थ के या इधर-उधर के काम।

टल्ली†—स्त्री० [सं० पल्लव] छोटी हरी टहनी। जैसे—आम की टल्ली।

ट-वर्ग—पु० [ट० त०] वर्णमाला के ट ठ ड ढ और ण इन पाँच व्यंजनों का समूह।

टवाई—स्त्री० [स० भटन=घूमना] १ भ्रमण। २. व्यर्थ का घूमना-फिरना।

टस—स्त्री० [अनु०] १. किसी भारी चीज के खिसकने का शब्द। २. जोर लगाये जाने पर भी भारी चीज के अपने स्थान से न हिलने की अवस्था या भाव।
मुहा०—टस से मस न होना=(क) भारी चीज का अपने स्थान से न हिलना। (ख) समझाने-बुझाने आदि पर भी अपनी अड़ या बात न छोड़ना।

टसक—स्त्री० [हिं० टसकना] १ टसकने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. टीस।

टसकना—अ० [स० तस=डगमगाना; करण] १ अपने स्थान से थोड़ा खिसकना या हटना। २ निश्चय, विचार आदि से थोड़ा इधर-उधर या विचलित होना। ३. रह-रहकर हलकी पीड़ा होना। टीस उठना। ४ फोड़ा आदि का पककर गदराना।
अ० [हिं० टसुआ=आँसू] धीरे धीरे-रुक-रुककर आँसू बहाना। बिसूरना।

टसकाना—स० [हिं० टसकना] १ खिसकाना। हटाना। २. विचलित करना। ३. आँसू बहाना।

टसना†—अ० [अनु० टस] खींच पड़ने के कारण कपड़े आदि का फटना, मसकना या दरकना।

टसर—पु० [स० तसर] १ मटमैले, पीले रंग का एक प्रकार का रेशम। २. उक्त रेशम से बुना हुआ कपड़ा।

टसरी—वि० [हिं० टसर] टसर के रंग का। मटमैला और पीला। गरदी।
पु० उक्त प्रकार का रंग। गरदी।

टसुआ†—पु० [हिं० अँसुआ (आँसू) का अनु०] अश्रु। आँसू।
क्रि० प्र०—बहाना।

टहक—स्त्री० [हिं० टहकना] १ टहकने की क्रिया, अवस्था या भाव। २ शरीर के अंगों में रह-रहकर दरद होने की अवस्था या भाव।

टहकना—अ० [अनु०] १ रह-रहकर शरीर के अंगों में दरद होना। २. पिघलना। ३. टक-टक शब्द करना।

टहकाना—स० [हिं० टहकना का स० रूप] पिघलाना।

टहटह—वि० [हिं० टहटहाना] १ हरा-भरा। लहलहाता हुआ। २. टटका। ताजा।

टहटहाना—अ०=लहलहाना।

टहना—पु० [हिं० टहनी] बहुत बड़ी तथा मोटी टहनी।

टहनी—स्त्री० [स० तनु] वृक्ष की शाखा। डाल। डाली।

टहरकट्ठा†—पु० [हिं० टहर+काठ] काठ का वह टुकड़ा जिस पर तकले से उतारा हुआ सूत लपेटा जाता है।

टहरना†—अ०=टहलना।

टहल—स्त्री० [हिं० टहलना] १. टहलने की क्रिया या भाव। २. किसी को शारीरिक सुख पहुँचाने के लिए की जानेवाली उसकी छोटी या निम्न कोटि की सेवा। खिदमत। जैसे—पैर या सिर दबाना, बदन में तेल मलना आदि।

टहलना—अ० [स० तनु+चलन=चलना] केवल जी बहलाने, स्वास्थ्य ठीक रखने, हवा खाने आदि के उद्देश्य से धीरे-धीरे इधर-उधर चलना-फिरना या कहीं जाना।
मुहा०—(कहीं से) टहल जाना=किसी जगह से चुपचाप या धीरे से खिसक या हट जाना। चल देना।

टहलनी—स्त्री० [हिं० टहलुआ का स्त्री० रूप] १. टहल करनेवाली दासी। सेविका। २. मजदूरनी।

†स्त्री० [?] दीए की बत्ती उसकाने की छोटी लकड़ी या सीक।

टहलाना—स० [हिं० टहलना] १. किसी को टहलने में प्रवृत्त करना। मनोविनोद, स्वास्थ्य-रक्षा आदि के लिए धीरे-धीरे चलाना या घुमाना-फिराना। २ चिकनी-चुपड़ी बातों में फँसाकर किसी को अपने साथ कहीं ले जाना।

टहलुआ—पु० [हिं० टहल] [स्त्री० टहलुई, टहलनी] टहल या सेवा करनेवाला व्यक्ति।

टहलुई—स्त्री० [हिं० टहलुआ का स्त्री० रूप] =टहलनी।

टहलुवा†—पु०=टहलुआ।

टहलू†—पुं० =टहलुआ।

टही†—स्त्री० [हिं० तह या तही] १ एक पर एक करके रखी हुई चीजों का ढेर या थाक। २ कोई उद्देश्य पूरा करने या काम निकालने के लिए की जाने वाली छोटी-मोटी युक्ति।

क्रि० प्र०—जमाना।—बैठाना।—लगाना।

टहुआटारी†—स्त्री० [देश०] दुष्ट उद्देश्य से एक की बात दूसरों से कहने की क्रिया या भाव। चुगलखोरी।

टहूका—पु० [अनु०] १ कोयल के बोलने का शब्द। २. ऊँट के बोलने का शब्द।

पु०—टहका।

टहूका—पु० [हिं० ठक या ठहाका] १. पहेली। २. चमत्कारपूर्ण या हास्य रस की छोटी कहानी या बात। चुटकुला।

†पु०—टहूका।

टहोका—पु० [हिं० ठोकर] १. हाथ या पैर से किया हुआ बहुत हलका आघात। २. लाक्षणिक रूप में, मन पर लगनेवाला हलका आघात या ठेस।

टाँक—स्त्री० [सं० टंक] १. तीन या चार मासे की एक पुरानी तौल। २. प्रायः २५ सेर का एक पुराना बाट जिसकी सहायता से धनुष की शक्ति की परीक्षा की जाती थी। ३. अंश। भाग। हिस्सा।

स्त्री० [हिं० टाँकना] १. टाँकने की क्रिया या भाव। २. लिखावट या लेख। ३. लिखने की कलम का अगला भाग या सिरा।

स्त्री० [हिं० आँकना] मान, मूल्य आदि का अनुमान। कूत।

टाँकना—स० [सं० टंकण=बाँधना] १. सूई, डोरे आदि से सीकर कोई चीज कपड़ों पर लगाना। जैसे—साड़ी पर बेल या सलमा-सितारे टाँकना; कमीज या कोट में बटन टाँकना। २. दो चीजों को आपस में जोड़ने, मिलाने आदि के लिए किसी प्रकार उनमें टाँका (देखें) लगाना। ३. किसी क्रिया से कोई चीज किसी दूसरी चीज के साथ अटकाना या लगाना। ४. चक्की, सिल आदि को टाँकी से रेहना। ५. आरी, रेती आदि के दाँत किसी क्रिया से खोलें, तेज या नुकीले करना। ६. स्मरण रखने के लिए अथवा हिसाब ठीक रखने के लिए कोई बात या रकम कहीं लिखना। जैसे—(क) जाकड़ दिया हुआ माल बही पर टाँकना, कापी पर किसी का पता टाँकना। ७. लिखित रूप में कोई चीज; या बात किसी के सामने उपस्थित करना। (क०) ८. भोजन करना। खाना। जैसे—वह सारी मलाई टाँक गया। ९. किसी प्रकार के लेन-देन में, बीच में से कुछ रकम निकाल या हथिया लेना। (दलाल) जैसे—मकान की बिक्री में सौ रुपये वह भी टाँक गया।

टाँकर—पुं० [सं० टंक+अण्, टांक√रा (देना)+क] १. व्यभिचारी। २. कामुक या विषयी व्यक्ति।

टाँकली—स्त्री० [सं० टंकक] पुरानी चाल का एक तरह का बड़ा ढोल।

स्त्री० [देश०] वह गराड़ी या घिरनी जिसकी सहायता से जहाज के पाल लपेटे जाते हैं। (लश०)

टाँका—पुं० [हिं० टाँकना] १ हाथ की सिलाई में, धागे आदि की वह सीवन जो एक बार सूई को एक स्थान से गड़ाकर दूसरे स्थान पर निकालने से बनती है। जैसे—(क) इस लिहाफ में टाँके बहुत दूर-दूर पर लगे हैं। (ख) उसके पाव में चार टाँके लगे हैं। २. उक्त प्रकार से जोड़ी, टाँकी या लगाई हुई चीजों का वह अंश जहाँ जोड़ दिखाई पड़ता हो। ३. सूई, तागे आदि से की हुई सिलाई या ऊपर से दिखाई देनेवाले उसके चिह्न। सीवन। ४. उक्त प्रकार से टाँके लगाकर जोड़ा जानेवाला टुकड़ा। चकती। पियली। ५. कड़ी धातुओं को आपस में जोड़ने या सटाने के लिए उनके बीच में मुलायम धातु या मसाले से लगाया हुआ जोड़। जैसे—इस थाली (या लोटे) का टाँका बहुत कमजोर है।

मुहा०—(किसी के) टाँके उचड़ना=बहुत ही दुर्गत या दुर्दशा होना। जैसे—इस मुकदमे में उनके टाँके उचड़ गये।

६ धातुएँ जोड़ने का मसाला।

पु० [सं० टंक=गड्ढा या अ० टैंक] [स्त्री० अल्पा० टंकी टाँकी] १. पानी आदि भरकर रखने के लिए वह आधान जो चारों ओर छोटी दीवारें खड़ी करके बनाया जाता है। चहबच्चा। हौज। २. पानी रखने का बड़ा गोलाकार बरतन। कंडाल। लोहे की बड़ी छेनी या टाँकी। ३. दे० 'टाँकी'।

टाँकादूक—वि० [हिं० टाँक+तौल] तौल में ठीक-ठीक। वजन में पूरा-पूरा। (दुकानदार)

टाँकार—पु० =टंकार।

टाँकी—स्त्री० [सं० टंक] १. दो चीजों को जोड़नेवाला छोटा टाँका। २. छेनी की तरह का संगतराशों का एक औजार जिससे पत्थर काटे और तोड़े जाते हैं।

मुहा०—(किसी चीज पर) टाँकी बजना=टाँकी का आघात होना। ३. फलों आदि में से काटकर निकाला हुआ कुछ गोलाकार अंश, अथवा इस प्रकार काटने से उनमें बननेवाला छेद या सूराख जिससे उनकी भीतरी स्थिति का पता चलता है। ४ गरमी, सूजाक आदि दोषों के कारण शरीर में होनेवाला घाव या व्रण। ५. एक प्रकार का फोड़ा। घुंबल। ६. आरी का नुकीला दाँत या दाँता।

†स्त्री० दे० (टंकी)।

टाँकीबंद—वि० [हिं० टाँकी=का० बंद] (वस्तु या रचना) जिसके विभिन्न अंगों को टाँके लगाकर जोड़ा गया हो। जैसे—टाँकीबंद जोड़ाई, टाँकीबंद इमारत।

टाँग—स्त्री० [सं० टंग] १. मनुष्य के शरीर का घुटने और एड़ी के बीच का अंग जिसमें रान, घुटना, पिंडली, टखना आदि अवयव सम्मिलित हैं।

विशेष—कभी कभी टाँग से घुटने और एड़ी केवीच के अंग मात्र का बीच होता है।

मुहा०—(किसी काम या बात में) टाँग अड़ाना=किसी काम में प्रायः अनावश्यक रूप से और केवल अपना अधिकार या जानकारी दिखलाने के लिए हस्तक्षेप करना। **(किसी की) टाँग तले से या नीचे से निकलना**=नीचा देखना, अपनी छोटाई या हार मान लेना।

विशेष—इस मुहावरे का प्रयोग ऐसी ही अवस्था में होता है जब कि वक्ता को अपने कथन या पक्ष की प्रामाणिकता सिद्ध करनी होती है और किसी दूसरे को इसके विपरीत चुनौती देनी होती है।

(किसी की) टाँग तोड़ना=पंगु बनाना। नष्ट-भ्रष्ट करना। जैसे—भाषा की तो आपने टाँग तोड़ दी है। **(किसी की) टाँग से टाँग बाँध कर बैठना**=किसी के पास बैठ रहना अथवा उसे अपने पास से न हटने देना। **टाँगें पसार कर सोना**=निश्चिंत होकर सोना।

पद—टाँग बराबर=बहुत छोटा।

२. कुश्ती का एक पेंच जिसमें विपक्षी की टाँग में टाँग अड़ाकर उसे चित्त गिराते हैं। ३. चतुर्थांश। चौथाई भाग। चहारुम। (दलाल)

टाँगन—पुं० [सं० तुरंगम] छोटे कद का घोड़ा। टट्टू।

टाँगना—स० [हिं० टाँगना का स०] १. किसी चीज को किसी ऊँचे स्थान पर इस प्रकार अटकाना, बाँधना या लगाना कि वह बिना आधार के अधर में खड़ी, झूलती या लटकती रहे। जैसे—(क) रस्सी पर कपड़े या खूँटी में छीका टाँगना। (ख) दीवार पर घड़ी या चित्र टाँगना। २. छीके आदि पर कोई चीज सुरक्षा के लिए रखना। जैसे—दही, दूध या तरकारी टाँगना। ३. फाँसी पर चढ़ाना या लटकाना।

विशेष—'टाँगना' में मुख्य भाव किसी चीज के ऊपरी भाग को कहीं लगाने का और 'लटकाना' में चीज के नीचवाले भाग के झूलते या लटकते रहने का है।

टाँगा—पुं० [सं० टंग] [स्त्री० अल्पा० टाँगी] बड़ी कुल्हाड़ी। पुं० [हिं० टाँगन ?] दो ऊँचे पहियोंवाली एक प्रकार की गाड़ी जिसमें एक घोड़ा जोता जाता है।

टाँगाचोचन—स्त्री० [हिं० टाँग+नोचना] खींचा-खींची। खींचा-तानी।

टाँगी†—स्त्री० [हिं० टाँगा] कुल्हाड़ी।

टाँगुन—स्त्री० [देश०] बाजरे की तरह का एक कदन्न जिसे उबालकर गरीब लोग खाते हैं।

टाँगन†—पु०=टाँगन।

टाँच—स्त्री० [हिं० टाँचना] १. टाँचने की क्रिया या भाव। २. किसी चीज में लगाया जानेवाला टाँका। ३. कहीं टाँककर लगाई हुई वस्तु। ४. किसी चीज को काट या छीलकर ठीक करने की क्रिया या भाव। ५. किसी चीज में से काटकर निकाला हुआ अंश। ६. ऐसी उक्ति या कथन जिसके फलस्वरूप किसी का बना या होता हुआ काम बिगड़ जाय या न होने पाये।

क्रि० प्र०—मारना।

टाँचना—स० [हिं० टाँकना] १. टाँका लगाना। टाँकना। २. काट या छीलकर किसी चीज को कोई रूप देना। ३. किसी चीज में से काटकर कुछ अंश निकाल लेना। ४. कोई उलटी-सीधी बात कहकर किसी के बनते या होते हुए काम में बाधा खड़ी करना। टाँच मारना।

टाँची—स्त्री० [स० टंक=रुपया] रुपए रखने की एक प्रकार की पतली लंबी थैली। बसनी।

स्त्री० टाँच।

टाँचू†—स्त्री०=टाँच।

टाँट—स्त्री० [?] सिर का ऊपरी भाग। खोपड़ी।

मुहा०—टाँट के बाल तक उड़ जाना—बहुत अधिक दुर्दशा होना। **टाँट खुजलाना (अकर्मक)**—दुर्दशा कराने या मार खाने की इच्छा या प्रवृत्ति होना। **टाँट खुजलाना (सकर्मक)**—दुर्दशा होने पर लज्जित भाव से पछताना। **टाँट मंजी होना**—टाँट के बाल तक उड़ जाना। (देखें ऊपर)

टाँटर†—स्त्री०=टाँट।

टाँटा—वि० =ठाँठा (हृष्ट-पुष्ट)।

वि० =ठाँठा (सूखा हुआ)।

टाँठ†—वि० =ठाँठा।

टाँठा—वि० [अनु० ठन-ठन या स० स्थाणु] जो पक या सूखकर कड़ा और नीरस हो गया हो।

वि० =ठाँठा।

टाँड़—स्त्री० [हिं० स्थाणु या हिं० टाँड़ा?] १ चीजें रखने के लिए दो दीवारों या आलमारी के बीच में बेड़े बल में लगा हुआ लकड़ी का तख्ता या पत्थर। २ लकड़ी के लंबो या पायो से युक्त वह रचना जिसमें सामान रखने के लिए बेड़े बल में कुछ तख्ते लगे हुए होते हैं। (रैक) ३. लकड़ी आदि के लंबो पर बनी हुई कोई छोटी रचना। जैसे—मचान। ४. बाँस का पोला डंडा जो हल मे जुआ रहता है और जिसके ऊपरी सिरे पर लकड़ी का कटोरेनुमा टुकड़ा संबद्ध रहता है। ५. गुल्ली-डंडे के खेल मे डंडे से गुल्ली पर किया जानेवाला आघात।

क्रि० प्र०—मारना।—लगाना।

६ कंकरीली मिट्टी।

पु० १ =टाँडा। २. ढाल (ढेर या राशि)।

स्त्री० =टाड़।

टाँड़ा—पु० [हिं० टाँड़=समूह] १ चौपायों का वह झुंड या दल जिस पर व्यापारी लोग माल लादकर एक जगह से दूसरी जगह ले जाते थे। २. उक्त प्रकार से माल कहीं ले जाने या कहीं से लाने की क्रिया अथवा व्यवस्था। ३. उक्त प्रकार से लादकर लाया या ले जाया जानेवाला माल।

क्रि० प्र०—लादना।

४. पैदल यात्रियो, बंजारों, व्यापारियो आदि के दलों का कूच या प्रस्थान। ५. उक्त प्रकार के लोगो का जत्था या दल। उदा०—लीजे बेगि निबेरि सूर प्रभु यह पतितन को टाँड़ा।—सूर। ६. वह स्थान जहाँ उक्त प्रकार के यात्री अथवा जंगली यायावर जातियों के लोग कुछ समय के लिए ठहरते या अस्थायी रूप से घर बनाकर अथवा पड़ाव डालकर रहते हैं। जैसे—आज-कल कंजरों का टाँड़ा पड़ा है। ७. कुटुंब। परिवार।

पु० [स० टंड, हिं० टूड़] एक प्रकार का हरा कीड़ा जो गन्ने आदि की जड़ो मे लगकर फसल को हानि पहुँचाता है।

क्रि० प्र०—लगना।

टांड़ी†—स्त्री० =टिट्टी।

टांय-टांय—स्त्री० [अनु०] कर्कश स्वर में कही जानेवाली व्यर्थ की बात। बक-बक।

मुहा०—टांय टांय फिस होना—बहुत ही लम्बी-चौड़ी बातों के बाद भी उनका कोई परिणाम या फल न निकलना।

टांस—स्त्री० [हिं० टाँसना] १. हाथ या पैर के मुड़ने या मोड़े जाने पर उसमें होनेवाला तनाव। २. उक्त तनाव के फलस्वरूप होनेवाली पीड़ा।

टाँसना—स० [?] किसी का हाथ या पैर मरोड़कर उसमें तनाव उत्पन्न करना।

अ० तनाव उत्पन्न होने के फलस्वरूप अंग में पीड़ा होना।

स० १.=टाँचना। २.=टाँकना।

टा—स्त्री० [सं० ट—टाप] १. पृथ्वी। २. शपथ।

टाइटिल—स्त्री० [अं०] १. आवरण-पत्र। २. उपाधि। ३. लेख आदि का शीर्षक। शीर्ष-नाम।

टाइप—पुं० [अं०] धातु या लकड़ी का वह टुकड़ा, जिसके एक सिरे पर कोई अक्षर या चिह्न बना रहता है।

विशेष—इन्हीं टुकड़ों को जोड़कर पुस्तकें, समाचार-पत्र आदि छापे जाते हैं।

टाइप राइटर—पुं० दे० 'टंकण यंत्र'।

टाइपिस्ट—पुं० दे० 'टंकक'।

टाइफायड—पुं० [अं०] एक प्रकार का रोग जिसमें ज्वर किसी निश्चित अवधि में उतरता है। मियादी बुखार।

टाइफून—पुं० दे० 'तूफान'।

टाइम—पुं० [अं०] समय।

टाइम-टेबुल—पुं० दे० 'समय सारिणी'।

टाइम पीस—स्त्री० [अं०] एक प्रकार की छोटी घड़ी जिसे मेज आदि पर रखा जाता है। (बाँधी या लटकाई जानेवाली घड़ियों से भिन्न)

टाई—स्त्री० [अं०] १. अँगरेजी पहनावे के अन्तर्गत विशेष ढंग से सिली हुई कपड़े की वह पट्टी जिसे गले में कमीज के कालर के ऊपर बाँधा जाता है और जिसके दोनों सिरे सामने लटकते रहते हैं। २. प्रतियोगिता आदि में होनेवाली जिच्च। ३. जहाज के ऊपर के पाल की वह रस्सी जिसकी मूठी मस्तूल के छेदों में लगाई जाती है।

टाउन—पुं० [अँ०] दे० 'नगर'।

टाउन-हाल—पुं० [अं०] किसी नगर का वह सार्वजनिक भवन जिसमें बड़ी-बड़ी सभाओं के अधिवेशन आदि होते हों।

टाकरा—पुं०=टाकरी (लिपि)।

टाकरी—स्त्री० [टक्क देश] टक्क देश अर्थात् पंजाब और व्यास नदियों के बीच के प्रदेश में प्रचलित एक प्रकार की लिपि जो देवनागरी वर्णमाला का ही एक लेखन-प्रकार है।

टाकू†—पुं०=तकला।

टाट—पुं० [अनु०] १. पटुए, सन आदि की डोरियों से बुनकर तैयार की हुई मोटे कपड़े की तरह की वह रचना जो प्रायः बिछाने, परदों आदि के रूप में टाँगने और बाहर भेजा जानेवाला माल बाँधने आदि के काम आती है।

पद—टाट में मूँज का बखिया=एक मही चीज की सजावट में लगी हुई दूसरी मही चीज। टाट में पाट का बखिया=एक मही चीज की सजावट में लगी हुई दूसरी बढ़िया चीज।

२. एक ही बिरादरी के वे सब लोग जो मध्ययुग में पंचायतों आदि के समय एक ही टाट पर बैठा करते थे। ३. उक्त के आधार पर कोई उप-जाति या बिरादरी।

पद—टाट बाहर=जो किसी उप-जाति या बिरादरी से निकाला या बहिष्कृत किया हुआ हो।

४. महाजनों, साहूकारों आदि के बैठने की गद्दी और उसके आस-पास का बिछावन जो एक टाट के ऊपर बिछा हुआ होता है, और जिस पर बैठकर वे रोजगार या लेन-देन करते हैं। जैसे—अपने टाट पर बैठकर किया जानेवाला सौदा अच्छा होता है।

मुहा०—(महाजन या साहूकार का) टाट उलटना=दिवालिया बनकर पावनेदारों का भुगतान बंद कर देना। जैसे—लक्षणों से तो ऐसा जान पड़ता है कि दस-पाँच दिन में वह टाट उलट देगा।

५. टाट की वह थैली जिसमें एक हजार रुपये आते हैं। ६. महाजनी बोलचाल में एक हजार रुपये। जैसे—इस मुकदमे में चार टाट लग गये।

†वि० [अं० टाइट] अच्छी तरह कसा, बैठाया या जमाया हुआ। (क्व०)

टाटक†—वि०=टटका।

टाटबाफी जूता—पुं० [फा० तारबाफी] कामदार जूता।

टाटर†—पुं० १. =टट्टर। २. =टाँट (खोपड़ी)।

टाटिका†—स्त्री०=टट्टी।

टाटी†—स्त्री०=टट्टी।

टाठ†—पुं० [सं० स्थाली] [स्त्री० अल्पा० टाठी] १. बड़ी थाली। थाल। २. बटुआ या बटलोई नाम का बरतन।

टाठा—वि० [सं० दृढ़ांग] [स्त्री० टाठी] १. मोटा-ताजा। हृष्ट-पुष्ट। २. उग्र। विकट।

वि०=ठाठा (सूजा हुआ)।

टाड़—स्त्री० [सं० ताड़] भुजाओं पर पहनने का एक प्रकार का चौड़ी पट्टीवाला बाजूबंद।

†स्त्री०=टाँड़।

टाडर—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की चिड़िया।

टाड़ा—पुं० [देश०] १. मिट्टी का तेल रखने का एक प्रकार का बरतन। २. लकड़ियों में लगनेवाला एक प्रकार का कीड़ा।

टान—स्त्री० [सं० तान=फैलाव, खिंचाव] १. तनाव। खिंचाव। २. आकर्षण। ३. छापे के यंत्र में, कागज हर बार छापे जाने का भाव। ४. सारंगी, सितार आदि के परदों पर उँगली रखकर उसे इस प्रकार खींचना कि कमाल कई स्वर या उनकी श्रुतियाँ निकलती चलें। ५. साँप के दाँत लगने का एक प्रकार जिससे दाँत कुछ दूर तक खरोंच डालता हुआ बाहर निकलता है।

स्त्री०=टाँड।

टानना—स० [हिं० टान+ना (प्रत्य०)] १. तानना। २. खींचना। ३. छापे के यंत्र में, कागज लगाकर कूछ छापना।

टाप—स्त्री० [सं० स्तप्] १. गधे और घोड़े के पैर का वह निचला भाग जिसमें खुर होता है और जमीन पर पड़ता है। २. उक्त भाग के जमीन पर पड़ने से होनेवाला शब्द। ३. खंभे, पाए आदि का जमीन से लगा रहनेवाला अंश। ४. वह खाँचा जिसकी सहायता से तालाबों आदि मे से मछलियाँ पकड़ी जाती हैं। ५. वह खाँचा जिसके नीचे मुरगियाँ बन्द करके रखी जाती हैं।

टापड़—पुं० [हिं० टप्पा] ऊसर मैदान।

टापदार—वि० [हिं० टाप+फा० दार] जिसके ऊपर या नीचे का हाँर कुछ फैला हुआ और चौड़ा हो। जैसे—टापदार पाया।

टापना—अ० [हिं० टाप+ना (प्रत्य०)] घोड़ो का इस प्रकार पैर पटकना जिससे टप-टप शब्द हो। खूँद करना।

†अ०=टपना।

टापर(ा)—पुं० [देश०] १. ओढ़ने का मोटा कपड़ा। चादर। २. टट्टू, टाँघन या ऐसे ही किसी और चौपाये की सवारी। ३. तिरपाल। ४. झाँपड़ा।

टापा—पुं० [हिं० टापना] १. भूमि का वह विस्तार जिसे टापकर पार करने में कुछ समय लगता हो। टप्पा। २. ऊसर या बंजर मैदान। ३. चलने के समय भरा जानेवाला डग।

मुहा०—टापा देना या भरना=लंबे-लंबे डग बढ़ाते हुए आगे बढ़ना या चलते बनना। उदा०—राम नाम जाने नहीं,आयेटापा दीन।—कबीर।

४. व्यर्थ की उछल-कूद। ५. चीजें ढकने का एक प्रकार का टोकरा। ६. वह खाँचा या टोकरा जिसमे मुरगियाँ आदि बन्द करके रखी जाती हैं। ७. खाँचे या टोकरे की तरह का वह ढाँचा जो बहुत-सी मछलियाँ एक साथ पकड़ने या फँसाने के काम आता है।

टापू—पुं० [हिं० टापा या टप्पा=ऐसा स्थान जहाँ टाप या लाँघकर जाना पड़े] १. स्थल का वह भाग जो चारो ओर जल से घिरा हो। द्वीप। २. दे० 'टापा'।

टाबर—पुं० [पंजाबी टब्बर] १. बाल-बच्चे। सन्तान। (राज०) २. परिवार।

पु०[?] छोटा जलाशय या झील।

टाबू—पुं० [देश०] पशुओं के मुँह पर बाँधी जानेवाली जाली।

टामक—पुं० [अनु०] १. डुग्गी का शब्द। २ डुग्गी।

टामन—पुं० [सं० तत्र] तत्रविधि। टोटका।

टामी—पुं० [अं० टॉमी] सेना का साधारण विशेषतः गोरा सिपाही।

टार—पुं० [सं० टा√ऋ (गति)+अण्] १. घोड़ा। २. लौंडा। ३. कुटना। दलाल।

†पुं० टाल।

टारकोल—पुं०[अं०] बलकतरा।

टारन—पुं०[हिं० टारना] १. टारन अर्थात् टालने की क्रिया या भाव। २. वह उपकरण जिससे कोई चीज टाल या हटाकर एक जगह इकट्ठी की जाती है। ३. वह लकड़ी जिससे कोल्हू में की गँडेरियाँ चलाई जाती हैं।

वि० टालने, हटाने या दूर करनेवाला।

टारना—स०=टालना।

टारपीडो—पुं०[अं०] समुद्री जहाजो को नष्ट करने के लिए जल में छोड़ा जानेवाला एक प्रकार का लंबोतरा गोला।

टाल—पुं[स० अट्टाल, हिं० अटाला] १. एक दूसरी पर लादकर रखी हुई बहुत-सी चीजो का ऊँचा और बड़ा ढेर। अबार। अटाला। राशि। जैसे—पत्थरो या लकड़ियो का टाल। २. पयाल, भूसे, लकड़ी आदि की दूकान जहाँ इन चीजों का उक्त प्रकार का ढेर लगा रहता है।

पु० [देश०] १. गौओं, बैलों आदि के गले मे बाँधा जानेवाला एक प्रकार का घंटा। २ बैल-गाड़ी के पहिए का किनारा।

पु०[हिं० टालना] १. किसी काम या बात के लिए किसी को टालने की क्रिया या भाव। हीला-हवाला।

पद—टाल-मटोल। (देखे)

मुहा०—टाल मारना=कोई चीज तौलने के समय कोई ऐसी चालाकी या युक्ति करना कि वह चीज तौल मे पूरी न होने पावे।

पु०[स० टार=अप्राकृतिक गर्भाधान करानेवाला लड़का] व्यभिचार के लिए स्त्री और पुरुष को आपस मे मिलानेवाला व्यक्ति। औरतो का दलाल। कुटना।

टाल-टूल—स्त्री० टाल-मटोल।

टालना—स०[हिं० टलना] १ किसी को उसके स्थान से खिसकाना या हटाना। २. अपना कोई उद्देश्य सिद्ध करने के लिए किसी को किसी बहाने से अपने सामने से दूर करना या हटाना। जैसे—जब वह शराब पीने बैठता था, तब लड़का को अपने कमरे से टाल देता था। ३. किसी उद्देश्य से आये हुए व्यक्ति का उद्देश्य पूरा न करके किसी बहाने से उसे कुछ समय के लिए दूर कर देना या हटा देना। टरकाना। जैसे—जब उसने रुपए माँगने चाहे, तब किसी न किसी बहाने से हमें वह टाल देता है। ४. अनिष्ट घटना या स्थिति से किसी को रक्षित रखने अथवा स्वय रक्षित रहने के लिए किसी युक्ति से उसे घटित न होने देना या दूर करना। जैसे—(क) किसी की विपत्ति या सकट टालना। (ख) अपने मन मे आया हुआ बुरा विचार टालना। ५. कोई काम अपने पूर्व-निश्चित समय पर न करके उसे किसी और समय के लिए छोड़ रखना। जैसे—परीक्षा या विवाह की तिथि टालना। ६ जो काम अभी किया जाने को हो, उसे किसी और समय के लिए छोड़ रखना। जैसे—इस तरह हर काम टालने की आदत छोड़ दो।

मुहा०—(कोई काम या बात) किसी पर टालना=स्वय कोई काम या बात न करके यह कह देना कि इसे अमुक व्यक्ति कर सकता है या करेगा। जैसे—तुम तो अपना सारा काम मुझ पर टाल दिया करते हो।

७. किसी के अनुरोध, आज्ञा, परामर्श आदि की उपेक्षा करना या उस पर उचित ध्यान न देना। जैसे—आप की बात मैं किसी तरह टाल नहीं सकता। ८. कोई अनुचित काम या बात होती हुई देखकर भी उसकी उपेक्षा करना या उस पर ध्यान न देना। तरह दे जाना। बचा जाना। जैसे—अब तक तुम्हारे सब दुर्व्यवहार हम टालते आये है, पर आगे के लिए तुम्हे सावधान रहना चाहिए। ९. बहुत कठिनता से समय व्यतीत करना। ज्यों-त्यों करके वक्त बिताना। उदा०—राम वियोग अशोक बिटप तर सीय निमेष कलप सम टारति।—तुलसी।

टाल-मटाल—स्त्री० टाल-मटोल।

टालम-टाल—वि०[हिं० टाला आधा] (धन, सम्पत्ति) जिसका आधा

भाग एक व्यक्ति के हिस्से में और आधा भाग किसी दूसरे व्यक्ति के हिस्से में आया हो या आने को हो। आधा-आधा। (दलाल) जैसे—यह रकम हम लोग आपस में टालम-टाल बाँट लेंगे।

टाल-मटूल—पुं० =टाल-मटोल।

टाल-मटोल—स्त्री० [हिं० टालना मे का टाल+अनु० मटोल] १. सामने आया हुआ काम तुरंत पूरा न करके उसे बार-बार दूसरे समय के लिए टालते रहने की क्रिया या भाव। २. किसी विशिष्ट उद्देश्य से आये हुए व्यक्ति का काम पूरा न करके उसे बार-बार टालते रहने की क्रिया या भाव।

टाला—वि० [हिं० टाली] आधा। (दलाल)

टाली—स्त्री० [देश० टलटल से अनु०] १ गाय, बैल आदि के गले में बाँधने की घंटी। २. बहुत चंचल बछिया या छोटी गौ। ३. एक प्रकार का बाजा।

स्त्री० [देश०] आठ आने का सिक्का। अठन्नी। (दलाल)

पु० [देश०] शीशम का पेड़ और उसकी लकड़ी। (पश्चिम)

टाल्ही—पु० =टाली (शीशम)।

टाहली†—पु० =टहलुआ।

टिटिनिका—स्त्री० [सं०] १. जल सिरिस का पेड़। दाढ़ौन। २. जोंक।

टिड—स्त्री० [देश०] रहट में लगा हुआ मिट्टी, धातु आदि का वह पात्र जिसके द्वारा कूएँ का पानी सिंचाई के लिए ऊपर खींचा तथा बाहर निकाला जाता है। (पश्चिम)

पु० [?] घुटा या मुँड़ा हुआ सिर। (परिहास और व्यंग्य)

स्त्री० =टिडा।

टिडर—स्त्री० =टिड।

टिडसी—स्त्री० =टिडा।

टिंडा—पु० [सं० टिंडिश] १. एक लता जिसके छोटे गोल फलों की तरकारी बनाई जाती है। २. उक्त लता का फल। डेंडसी।

टिंडी—स्त्री० [देश०] १. हल की मूठिया। २. वह लूँटा जिसे पकड़कर चक्की का पाट घुमाया या चलाया जाता है।

टिक—स्त्री० [अनु०] किसी यंत्र विशेषतः घड़ी के चलने से होनेवाला शब्द। टिकटिक।

पु० आटे आदि का टिककर या लिट्टी नाम का पकवान।

टिकई—वि० [हिं० टीका] जिसमें या जिस पर टीका लगा हुआ हो अथवा टीके के आकार के चिह्न बने हुए हों।

स्त्री० वह गाय जिसके माथे पर दूसरे रंग के ऐसे बाल होते हैं जो लगाये हुए टीके की तरह जान पड़ते हैं।

टिकट—पुं० [अं०] कागज, दफ्ती आदि का कुछ विशिष्ट चिह्नों से युक्त वह छोटा टुकड़ा जो कुछ निश्चित मूल्य पर बिकता और खरीदनेवाले को कोई विशिष्ट कार्य करने, कहीं आने-जाने या कुछ भेजने-मँगाने आदि का अधिकारी बनाता है अथवा इस बात का प्रमाण-पत्र होता है कि खरीदनेवाले ने देय चुकाकर कोई काम करने का अधिकार प्राप्त कर लिया है। जैसे—डाक, रेल या सिनेमा का टिकट।

†पुं० दे० 'टैक्स'।

टिकट-घर—पुं० [अं०+हिं०] वह स्थान जहाँ कुछ विशिष्ट कार्यों के लिए टिकट बिकते हों। जैसे—रेलवे या सिनेमा का टिकट-घर।

टिकटिक—स्त्री० [अनु०] १. घोड़े, बैल आदि हाँकने के लिए किया जानेवाला टिकटिक शब्द। २. घड़ी के चलते रहने की दशा में उसमें होनेवाला शब्द।

टिकटिकी—स्त्री० [अनु०] १. भूरापन लिये लाल रंग की एक प्रकार की चिड़िया। २. दे० 'टिकठी'।

टिकठी—स्त्री० [सं० त्रिकाष्ठ या हिं० तीन+काठ] १. मध्ययुग में लकड़ियों का वह ढाँचा जिसमें अपराधियों के हाथ-पैर उन्हें मारने-पीटने के समय बाँध या जकड़ दिये जाते थे। २. उक्त प्रकार का वह चौखटा या ढाँचा जिसमें फाँसी पानेवाले अपराधियों को खड़ा करके उनके गले में फाँसी का फंदा लगाया जाता है। ३. मृत शरीर या शव को श्मशान तक ले जाने के लिए बनाया जानेवाला बाँसों, लकड़ियों आदि का ढाँचा। अरथी। ४. जुलाहों का वह ढाँचा जिस पर वे कलफ या माँडी लगाने के लिए कपड़ा फैलाते हैं। ५. दे० 'तिपाई'।

टिकड़ा—पुं० [हिं० टिकिया] [स्त्री० अल्पा० टिकड़ी] १ किसी चीज का छोटा, विशेषतः चिपटा गोल टुकड़ा। २. गले में पहने जानेवाले आभूषणों में लटकता रहनेवाला धातु का वह गोल खंड जिसमें नग आदि जड़े रहते हैं। ३. जड़ाऊ गहनों में बना हुआ उक्त आकार-प्रकार का विभाग। ४. आँच पर सेंककर पकाई हुई छोटी चिपटी मोटी रोटी।

क्रि० प्र०—लगाना।

५. प्रसूता स्त्रियों को खिलाई जानेवाली वह रोटी जिसके आटे में अजवाइन, सोंठ आदि मसाले मिले रहते हैं।

टिकड़ी—स्त्री० [हिं० टिकड़ा] आँच पर सेंककर पकाई हुई छोटी चिपटी रोटी। टिकड़ा।

टिकना—अ० [स० टिक] १. किसी आधार पर ठीक प्रकार से खड़ा या स्थित होना। जैसे—(क) चौकी पर मोमबत्ती का टिकना। (ख) छड़ी की नोक पर तश्तरी का टिकना। २. यात्रा के समय विश्राम के लिए बीच में कहीं ठहरना या रुकना। जैसे—धर्मशाला में यात्रियों का टिकना। ३. प्रवास में किसी के यहाँ अतिथि के रूप में ठहरना। ४. कुछ समय के लिए अस्तित्व में बने रहना। जैसे—प्रथा का टिकना। ५. किसी चीज का ठीक या प्रसंग स्थिति में बने रहना फलतः दूषित या विकृत न होना। जैसे—(क) गरमी की अपेक्षा सरदी में पकाई या पकी हुई चीजें अधिक टिकती हैं। (ख) यह कपड़ा या जूता अधिक टिकेगा। ६. (ध्यान आदि के संबंध में) केंद्रित होना। जैसे—ध्यान टिकना। ७. किसी घुली हुई वस्तु का नीचे बैठना। तल में जमना।

टिकरी—स्त्री० [हिं० टिकिया] १. एक नमकीन पकवान जो बेसन और मैदे की टिकियों को एक में बेलकर और घी में तलकर बनाया जाता है। २. टिकिया। ३. सिर पर पहनने का एक प्रकार का गहना। ४. हलके काले या मटमैले रंग का एक प्रकार का बड़ा जल-पक्षी।

†स्त्री० =टोकरी (छोटा टीला)।

टिकली—स्त्री० [हिं० टीका] १. काँच, पन्नी आदि का छोटा टुकड़ा जिसे स्त्रियाँ माथे पर लगाती हैं। २. टीका नामक आभूषण।

स्त्री० [हिं० टिकिया] छोटी टिकिया।

स्त्री० =तकली।

टिकस†—पुं० =१. टिकट। २. =टैक्स (कर)।

टिकसार†—वि० =टिकाऊ।

टिक्का†—पुं०=टीका।

टिकाई†—पुं०=टिकैत।

टिकाऊ—वि०[हिं० टिकना](चीज) जो अधिक समय तक टिके अर्थात् उपयोग या व्यवहार मे आती रहे या आ सके। जैसे—टिकाऊ कपड़ा।

टिकान—स्त्री०[हिं० टिकना]१. टिकने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. वह स्थान जहाँ पर कोई टिके या बराबर टिकता हो। ३ दे० 'ठिकाना'।

टिकाना—स० [हिं० टिकना]१. किसी आधार पर किसी चीज को खडा करना या ठहराना। टिकने मे प्रवृत्त करना। २. किसी के टिकने अर्थात् कुछ समय तक ठहरने या रहने की व्यवस्था करना। ३. किसी को वहीं टिकने या रहने देना। जैसे—बरात धर्मशाला मे टिकाई जायगी। ४. किसी को अपने यहाँ अतिथि रूप मे ठहराना या रखना। ५ सहारे पर खड़ा करना। ६. सहारा देना। ७. चुप-चाप या धीरे-से किसी के हाथ में कोई चीज दे देना। (दलाल)

टिकानी—स्त्री०[हिं० टिकाना] छकड़ा गाड़ी की वे दोनों लकड़ियाँ जिनमें रस्सी से पैजनी बँधी होती है।

टिकाव—पुं०[हिं० टिकना] १ टिके हुए होने की अवस्था या भाव। २. स्थिरता। ३. टिकने का स्थान। ४. पड़ाव।

टिकिया—स्त्री०[सं० वटिका] १. कोई गोलाकार चिपटी कड़ी तथा छोटी वस्तु। जैसे—दवा या स्याही की टिकिया। २. कोयले की बुकनी से बना हुआ वह गोल टुकड़ा जिसे सुलगाकर तमाखू पीते है। ३. उक्त आकार की एक मिठाई। ४. बाटी। लिट्टी। ५ बरतन के साँचे का ऊपरी भाग जिसका सिरा बाहर निकला रहता है।

स्त्री०[हिं० टीका]१. माथा। ललाट। २ माथे पर लगी हुई बिंदी। ३.=टिक्की।

टिकुरा†—पुं०[देश०] टीला। भीटा।

पुं०=टिकड़ा।

टिकुरी—स्त्री०=टिकली (तकली)।

†स्त्री०=दे० 'निसोथ'।

टिकुला—पुं०[स्त्री०टिकुली]=टीका (माथे पर का)।

†पुं०=टिकोरा (छोटा कच्चा आम)।

टिकुली†—स्त्री०=टिकली।

टिकुवा†—पुं०=टेकुआ (तकला)।

टिकैत—पु०[हिं० टीका+ऐत (प्रत्य०)]१. राजा का वह पुत्र जो उसके बाद राजतिलक का अधिकारी हो। राजा का उत्तराधिकारी कुमार। युवराज। २. अधिष्ठाता। ३. जिसके मस्तक पर नेतृत्व का तिलक लगाया गया हो; अर्थात् सरदार।

टिकोर†—स्त्री०=टकोर।

टिकोरा†—पुं०[हिं० टिकिया] आम का कच्चा छोटा फल।

टिकोला†—पु०=टिकोरा।

टिक्क†—पुं० [हिं० टिकिया] १ बड़ी टिकिया। २. आग पर सेंकी हुई मोटी रोटी।

टिक्का—पु० १ =टिकड़ा। २.=टीका। ३ टिर्कन (पश्चिम)।

पु०[देश०] मूँगफली की फसल मे होनेवाला एक रोग।

टिक्की†—स्त्री०[हिं० टिकिया] १ छोटी टिकिया। २. छोटी पूरी या रोटी। ३ ताश के पत्ते पर की बूटी। बुंदकी। ४ सकेत आदि के लिए किसी रग की वह बिंदी जो उँगली के पोर से लगाई जाती है।

टिक्टी—स्त्री०=टिकठी।

टिघलना—अ०=पिघलना।

टिघलाना†—स०=पिघलाना।

टिचन—वि०[अ० अटचन] १ जो हर तरह से बिलकुल ठीक या दुरुस्त हो। २. किसी काम के लिए तैयार या लैस। प्रस्तुत।

टिट*—स्त्री० [हिं० टेक] जिद। हठ।

टिटकारना—स०[अनु०] [भाव० टिटकारी] टिटकिट शब्द करते हुए घोड़ों आदि को हाँकना।

टिटकारी—स्त्री०[हिं० टिटकारना] १ टिटकिट शब्द करते हुए पशुओं को हाँकने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. मुंह से निकलनेवाला टिटकिट शब्द।

क्रि० प्र०—देना।

टिटिंबा—पु०[अ० तनिम्म, परिशिष्ट] १ व्यर्थ का आडंबर। २ आडबर। ढकोसला।

टिटिभी—स्त्री०=टिटिहरी।

टिटिह—पु०=टिटिहा।

टिटिहरी—स्त्री०[स० टिट्टिभ] जलाशयों के समीप रहनेवाली एक छोटी चिड़िया जिसके सिर, गले तथा पीठ पर के बाल काले रंग के, पीठ तथा डैने भूरे रंग के, और सिवला भाग सफेद होता है। कुररी।

विशेष—यह अपना घोंसला नहीं बनाती बल्कि बालू मे ही अंडे देती है।

टिटिहा—पु०[?] नर टिटिहरी।

टिटिहारोर—पु०[हिं० टिटिहा+रोर] १ टिटिहरी के बोलने का शब्द। २. टिटिहरियों की तरह की अत्यत और निरर्थक चिल्लाहट, पुकार या हल्ला-गुल्ला।

टिट्टिभ—पु०[टिट्टि√भण् (शब्द करना)+ड] [स्त्री० टिटिट्भा, टिटिभी] १ कुररी या टिटिहरी नामक पक्षी। २ टिड्डी।

टिड्डा—पु०[स० टिट्टिभ] एक प्रकार का उड़नेवाला बड़ा फतिंगा।

टिड्डी—स्त्री०[स० टिट्टिभ] १ दल बाँधकर उड़नेवाला एक प्रकार का बड़ा फतिंगा जो फसलों को नष्ट कर देता है। २ घरों में रहनेवाला एक छोटा कीड़ा जो कपड़ों आदि को खाता है।

टिढ़-बिढंगा—वि०[हिं० टेढ़ा+बेढंगा] जो सीधा या सुडौल न हो। टेढ़ा-मेढ़ा।

टिन—पुं०=टीन।

टिप—स्त्री०[हिं० टीपना] वह अवस्था जिसमे साँप के काटने पर विष रक्त मे प्रविष्ट हो चुका हो।

टिपकना†—अ०=टपकना।

टिपका†—पु०=टपका।

टिपटिप—स्त्री० [अनु०] १ जल की बूँदें गिरने से होनेवाला शब्द। २ छोटी-छोटी बूँदो के रूप मे होनेवाली थोड़ी या हलकी वर्षा।

क्रि० वि० टिप-टिप शब्द करते हुए। जैसे—टिप-टिप पानी बरसना।

टिपवाना—स०[हिं० टीपना का प्रे० रूप] टीपने का काम किसी दूसरे से कराना। किसी को टीपने मे प्रवृत्त करना।

टिपाई—स्त्री० [हिं० टीपना] १. टीपने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. चित्रकला में, आकृतियों आदि की आरंभिक रूपरेखा अंकित करने या बनाने की क्रिया या भाव। ३. दे० 'टीप'।

टिपारा—पुं० [हिं० तीन+फा० पारः=टुकड़ा] पुराना चाल की एक प्रकार की तिकोनी टोपी जो मुसलमान फकीर पहना करते थे।
†पुं०=पिटारा।

टिपुर—पुं०=टिपोर।

टिपोर†—पुं० [देश०] १. अभिमान। घमंड। २. आडंबर। पाखंड।

टिप्पणी—स्त्री० [सं०√टिप् (प्रेरणा)+क्विप्, टिप्√पन् (स्तुति)+अच्—ङीप्, णत्व] १ स्मरण रखने के लिए कोई बात टीपने या संक्षिप्त रूप में लिख रखने की क्रिया। २. उक्त प्रकार से लिखा हुआ लेख। ३. जन्म-पत्री। ४. किसी के संबंध में प्रकट किया जानेवाला संक्षिप्त विचार। उप-कथन। ४. आज-कल पत्रिकाओं, पुस्तकों आदि में किसी शब्द, पद या वाक्य के संबंध में कुछ नवीन तथ्य, तर्क या मत उपस्थित करने के लिए लिखा जानेवाला छोटा लेख। ५. समाचार पत्रों में संपादक की ओर से किसी घटना के संबंध में लिखा हुआ छोटा लेख। (अप्रलेख में भिन्न)

टिप्पन—पुं० [सं० टिप्पणी] १ टीका। २. व्याख्या। ३ जन्मपत्री।

टिप्पनी—स्त्री०=टिप्पणी।

टिप्पस†—स्त्री० [देश०] अपना काम या मतलब निकालने के लिए की जानेवाली छोटी-मोटी युक्ति।
क्रि० प्र०—जमाना।—बैठाना।—भिड़ाना।—लगाना।

टिप्पी—स्त्री०=टिक्की।

टिफिन—पुं० [अं०] दोपहर के समय किया जानेवाला जलपान।

टिबरी†—स्त्री० [देश०] पहाड़ की छोटी चोटी।

टिमकी†—स्त्री० [अनु०] १. छोटा-मोटा बरतन। २. बच्चे का पेट।

टिमटिमाना—अ० [सं० तिम=ठंढा होना] १. किसी चीज में से रह-रहकर मंद या हलका प्रकाश निकलना। जैसे—जुगनूँ, तारे या दिये का टिमटिमाना। २. (दिये की लौ का) बुझने से कुछ पहले रह-रहकर कुछ प्रकाश देना।

टिमाक—स्त्री० [देश०] १. बनाव-सिंगार। २. ठसक।

टिमिला—पुं० [देश०] [स्त्री० टिमिली] छोकरा। लड़का।

टिम्मा†—वि० [देश०] छोटे डील-डौलवाला। ठेगना। नाटा।

टिर—स्त्री०=टेर।

टिरफिस—स्त्री० [हिं० टिर+फिस] १. बहुत ही तुच्छ कोटि का प्रतिवाद या विरोध। २. व्यर्थ का टर्राना।

टिर्रा†—वि०=टर्रा।

टिर्राना†—अ०=टर्राना।

टिलटिलाना†—अ० [अनु०] [भाव० टिलटिली] पतला दस्त करना या फिरना।

टिलटिली—स्त्री० [अनु०] १. पतला दस्त फिरने की क्रिया या भाव। †२. पतला दस्त।

टिल्वा—पुं० [देश०] १. लकड़ी का टेढ़ा-मेढ़ा छोटा टुकड़ा। कुंदा। २. नाटे कद का आदमी। ३. खूबसूरती या चापलूस व्यक्ति।

टिल्ली†—स्त्री० [देश०] १. छोटी मुर्गी। २. मुर्गी का बच्चा।

टिली-लिली—स्त्री० [अनु०] बच्चों की आपस में एक दूसरे को चिढ़ाने की वह क्रिया जिसमें वे टिली-लिली करते हुए अपनी मध्यमा उँगली नचाते हैं।

टिल्लू—पुं० [देश०] नेवले की जाति का एक जंतु जिसके शरीर से बहुत अधिक दुर्गंध निकलती है।

टिलोरिया†—स्त्री० [देश०] मुरगी का बच्चा।
स्त्री०=टिलिया।

टिल्ला—पुं० [हिं० टेलना] १. चोट। २. धक्का।
वि०=निठल्ला।

टिल्लेनवीसी—स्त्री० [हिं० टिल्ला=फा० नवीसी] १. निकृष्ट या निम्न कोटि की सेवा। २. निठल्लापन। ३. टाल-मटोल। बहानेबाजी।
क्रि० प्र०—करना।

टिसुआ†—पुं० [सं० अश्रु] आँसू। (क्रौंचम)

टिहक—स्त्री०=ठिठक।

टिहकना—अ०=ठिठकना।

टिहुकना—अ० १.=ठिठकना। २. चौंकना।

टिहुनी†—स्त्री० [सं० घुंट, हिं० घुटना] १. घुटना। २. कोहनी।

टिहूक—स्त्री० [हिं० टिहुकना] टिहुकने (अर्थात् १. ठिठकने; और २. चौंकने) की अवस्था, क्रिया या भाव।

टिहूकना—अ०=टिहुकना।

टींड—स्त्री०=टिंड (रहट की)।
पुं०=टिंडा।

टींडसी—स्त्री० [सं० टिंडिस]=टिंडा।

टींडा—पुं० [देश०] १. ऊँचा खुमाने का खूँटा। २. जाँते का जुवा।
पुं०=टिंडा।

टींडी—स्त्री०=टिंडसी।

टीक—स्त्री० [सं० तिलक] १. गले में पहनने का एक आभूषण। २. माथे पर पहनने का टीका नामक आभूषण।

टीकड़†—पु० [हिं० टिकना] रीढ़ की हड्डी।

टीकन—स्त्री०=टेकन।

टीकना†—स० [हिं० टीका] १. टीका या तिलक लगाना। २. संकेत के लिए टिक्की या बिंदी लगाना।

टीका—पुं० [सं० टीक=चलना] १. धार्मिक हिंदुओं में वह सांप्रदायिक चिह्न जो केसर, चंदन, रोली आदि से मुख्यतः मस्तक पर और गौणतः छाती, बाँह आदि पर लगाया जाता है। तिलक। २. विवाह स्थिर करने के समय का वह कृत्य जिसमें कन्या-पक्ष से वर को केसर का तिलक लगाकर कुछ धन, मिठाई आदि देते हैं। तिलक। ३. कुछ विशिष्ट धार्मिक संस्कारों के अवसर पर संबंधियों के यहाँ दी या भेजी जानेवाली मिठाई, धन आदि। (टीका लगाने का औपचारिक लक्षण)
क्रि० प्र०—चढ़ना।—चढ़ाना।—भेजना।
४. किसी नये राजा के राजसिंहासन पर बैठने के समय का वह कृत्य जिसमें पुरोहित उसके मस्तक पर तिलक लगाकर नियमतः या चिरानतः उसे सिंहासन का अधिकारी नियत या स्थिर करता है। ५. वह राजकुमार जो राजा के उपरान्त उसका उत्तराधिकारी होने को हो या जिसे टीका लगने को हो। टिकैत। ६. दोनों भौंहों या ललाट के बीच का वह

ब्रह्म भाग जहाँ उक्त प्रकार का चिह्न लगाया जाता है। ७. पशुओं के मस्तक या ललाट का उक्त भाग। जैसे—घोड़े या बैल का टीका। ८. वह जो किसी कुल, वर्ग, समाज, समूह आदि मे सबसे बढ़कर या मुख्य माना जाता हो। शिरोमणि। ९. आधिपत्य, प्रधानता आदि का चिह्न या लक्षण। जैसे—क्या तुम्हारे सिर पर कोई टीका है जिससे तुम्हारी ही बात मानी जाय?

पद—टीके का=सब से बढ़कर। अच्छा। उत्तम।

१०. मध्य युग में धन आदि के रूप में वह भेंट जो असामी या प्रजावर्ग के लोग किसी बड़े जमींदार या राजा को कुछ विशिष्ट मांगलिक अवसरों पर देते थे। ११. माथे या ललाट पर पहना जानेवाला एक प्रकार का लंबोतरा गहना। १२. किसी प्रकार का लंबोतरा चिह्न या निशान। १३. आज-कल कुछ विशिष्ट रोगों का वह लेप या रस जो रासायनिक प्रक्रिया से प्रस्तुत करके प्राणियों के शरीर में सूइयो आदि से इसलिए प्रविष्ट किया जाता है कि प्राणी उस रोग से रक्षित रहें। जैसे—चेचक, प्लेग या हैजे का टीका।

स्त्री०[सं०] किसी ग्रंथ, पद या वाक्य का अर्थ स्पष्ट करनेवाला कथन या लेख। अर्थ का विवरण। विवृति। व्याख्या। जैसे—(क) महाभारत या रामायण की टीका। (ख) किसी के उपदेश या गूढ़ बात की टीका।

टीकाकार—पुं०[सं० टीका+√कृ (करना)+अण्] १. वह जो किसी कठिन या दुर्बोध ग्रंथ की टीका करता हो। २. गूढ़ शब्दों, पदो, वाक्यो आदि की सुबोध भाषा में व्याख्या लिखनेवाला व्यक्ति।

टीका-टिप्पणी—स्त्री०[सं० व्यस्त शब्द] कोई प्रसंग छिड़ने या बात सामने आने पर उसके गुणों, दोषों आदि के संबंध में प्रकट किये जानेवाले विचार।

टीकी†—स्त्री०[हिं० टीका] १. टिकुली। २. टिकिया। ३. बिंदी। ४. पुरुषों की चुटिया। चोटी। शिखा।

टीकुर†—पुं०[देश०] १. ऊँची भूमि। २. जलाशयों के तट की ऊँची सूखी भूमि। ३ जंगल। वन।

टीटा—पु०[देश०] स्त्रियो की योनि में का वह ऊँचा मांस-पिंड जो दोनो भगोष्ठों के बीच निकला रहता है। टना।

टीड़ी†—स्त्री०=टिड्डी।

टीन—पुं०[अं० टिन] १. रांगा। २. रांगे की कलई की हुई लोहे की पतली चद्दर जिससे कनस्तर, डिब्बे आदि बनाये जाते हैं। ३. टीन की चद्दर का बना हुआ कनस्तर या डिब्बा।

टीप—स्त्री०[हिं० टीपना, मि० अं० टिप] १. टीपने की क्रिया या भाव। २. धीरे-धीरे ठोकने, पीटने या दबाने की क्रिया या भाव। जैसे—गच, छत या दीवार के पलस्तर पर होनेवाली टीप। ३. ईंटों की बनी हुई दीवार, फरश आदि पर पलस्तर न करके केवल उसकी दरजों, संधियों में मसाला भरकर उन्हें बंद करने की क्रिया या भाव। ४. जोर की ध्वनि या शब्द। ५. संगीत में, किसी एक स्वर पर बहुत जोर देते हुए कुछ देर तक किया जानेवाला उसका ऐसा उच्चारण जिसकी तीव्रता बराबर बढ़ती चलती हो।

क्रि० प्र०—लगाना।

मुहा०—टीप लड़ाना=ऊँचे स्वर में या गले का पूरा जोर लगाते हुए कोई चीज गाना।

६. पानी मिला हुआ वह दूध जिससे चीनी या क्षीरा बनाने के समय उसकी मैल साफ की जाती है। ७ हाथी के शरीर पर औषध का किया जानेवाला लेप। ८. सेना की टुकड़ी या दल। ९. गंजीफे के खेल में विपली के एक पत्ते को अपने दो पत्तों से मारने की क्रिया। १०. स्मरण रखने के लिए संक्षेप में लिखी हुई संक्षिप्त बात या उसका मुख्य अंश। ११. सूचना, व्याख्या या आलोचना के रूप में लिखी हुई कोई बात। (नोट) १२. वह कागज जिस पर दोनों पक्षों की ओर से लेन-देन, व्यवहार आदि से संबंध रखनेवाला कोई निश्चय या उसकी शरतें लिखी रहती हैं। दस्तावेज। लेख्य। १३. वह कागज जिस पर किसी को निश्चित समय पर कुछ धन देने का आदेश या प्रतिज्ञा लिखी हो। जैसे—चेक, हुंडी आदि। १४. जन्म पत्री। टीपन।

वि० बहुत अच्छा या बढ़िया।

टीपटाप—स्त्री[अनु०] १ टीप करने अर्थात दरजो या दरारों में मसाला भरने का काम। २. दे० 'टीम-टाम'।

टीपना—स्त्री०[हिं० टीपना] ककड़, कांटे आदि के चुभने के कारण पड़नेवाली गाँठ या घट्टा।

स्त्री०=टीप (जन्म-पत्री)।

टीपना—स० [स० टेपन=फेंकना] १ उँगलियों या हथेलियों से दबाना। जैसे—किसी के पैर या हाथ टीपना। २ काटे चीज ठीक तरह से बनाने या सुन्दर रूप देने के लिए उस पर धीरे-धीरे हलका आघात या प्रहार करना। जैसे—गच या पलस्तर टीपना। ३. ईंटो की बनी हुई दीवार, फरश आदि पर सीमेंट आदि का पलस्तर न करके उसकी दरजों या संधियो को बंद करने के लिए उनमे मसाला भरना। ४. हलके हाथों से लेप आदि लगाना। ५ गाने के समय किसी स्वर को बहुत खींचते हुए और पूरी शक्ति लगाकर उसका उच्चारण करना। ६. गंजी के खेल मे अपने दो पत्तों से विपली का एक पत्ता मारना। स०[सं० टिप्पनी] १. याद रखने के लिए कुछ लिख या टाँक लेना। २. अंकित करना। निशान लगाना। उदा०—कुकुम चंदन चारु चून ऐपन सौ टीपे।—रत्ना०।

टीबा—पु०[हिं० टीला] [स्त्री० टिबरी, टीबी] टीला।

टीम—स्त्री०[अं०] किसी खेल, प्रतियोगिता में सम्मिलित होनेवाले एक पक्ष के सब लोग। टोली।

टीम-टाम—स्त्री०[देश०] १ ऊपरी बनाव-सिंगार या सजावट। २. ठाट-बाट। तड़क-भड़क। ३. व्यर्थ का आडंबर।

टीला—पु०[स० अष्टीला] १ छोटी पहाड़ी की तरह उभड़ा तथा ऊँचा उठा हुआ भूखंड। ढूह। २. मिट्टी का वह ऊँचा ढेर जो प्राकृतिक रूप से बना हो। २. छोटी पहाड़ी।

† पुं० [देश०] एक जल-पक्षी।

टीस—स्त्री०[देश०] १. सहसा तथा रह-रहकर उठनेवाली वह पीड़ा जो शरीर का भीतरी भाग चीरती हुई-सी जान पड़े। हूल।

क्रि० प्र०—उठना।—मारना।

२. दुश्मनी। बैर। शत्रुता। (पूरब)

†स्त्री०[अं० स्टिच] पुस्तको की सिलाई का वह प्रकार जिसमें उसके फरमें पहले अलग-अलग और तब एक साथ सीये जाते हैं।

टीसना—अ०[हिं० टीस] शरीर के किसी अंग मे रह-रहकर ऐसी तीव्र

पीड़ा होना जो शरीर के उस अंग को अंदर से चीरती हुई-सी जान पड़े।

टीसा—पुं० [देश०] खैरे रंग का एक शिकारी पक्षी जिसके डैने भूरे होते हैं।

टुंगना—स०=टूँगना।

टुंच—वि० [सं० तुच्छ] १. क्षुद्र। तुच्छ। २. दे० 'टुच्चा'।

स्त्री० बहुत ही थोड़ा धन या पूँजी।

टुंटा—वि०=टूँटा।

टुंडुक—पुं० [सं० टुटु√कँ (शब्द)+क] १ मोला पाठा। २. काला खैर।

टुंटुका—स्त्री० [सं० टुटुक+टाप्] पाठा।

टुंड(ण्ड)—वि० [सं० तुण्ड] [स्त्री० टुंडी] १. (वृक्ष) जिसकी डाले या पत्तियाँ कट, गिर या झड़ गई हों। २ (व्यक्ति) जिसका एक या दोनों हाथ कटे हुए हों। ३. (पशु) जिसका एक या दोनों सींग कटकर या और किसी प्रकार गिर गये हों। ४. (चीज) जिसका कोई अंग खंडित हो।

पुं० १. ठूँठ वृक्ष। २ लूला। ३ पशु जिसका एक सींग टूट चुका हो। ४ एक काल्पनिक प्रेत जिसके संबंध में यह प्रसिद्ध है कि वह रात के समय अपना कटा हुआ सिर हथेली पर रखकर तथा घोड़े पर सवार होकर निकलता है।

टुंडी—स्त्री० [सं० तुण्डि] नाभि। ढोंढी।

स्त्री० [?] वाह। मुश्क।

मुहा०—टुंडियाँ कसना या बाँधना=दे० 'मुश्कें कसना या बाँधना'।

टुइयाँ—पुं० [देश०] १. तोतों या सुग्गों की एक जाति। २. उक्त जाति का तोता जिसकी चोंच पीले रंग की और परदम बैंगनी होती है। यह अपेक्षाकृत छोटे आकार का होता है।

वि० १. बहुत छोटा। २. बहुत ठिगना या नाटा।

टुक—वि० [सं० स्तोक=थोड़ा] थोड़ा। जरा-सा।

क्रि० वि० जरा। तनिक।

पुं० टुकड़ा। उदा०—इक टुक कपड़े पर तेहिं जनि अधि छुड़ाओ। —रत्ना०।

टुक-टुक—अव्य०=टुकुर-टुकुर। जैसे—लोग टुक-टुक देखते रहे।—राहुल।

टुकड़—पुं० हिं० 'टुकड़ा' का संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक शब्दों के आरंभ में लगने पर प्राप्त होता है। जैसे—टुकड़गदा, टुकड़तोड़ आदि।

टुकड़गदा—पुं० [हिं० टुकड़ा+फा० गदा=भिक्षमंगा] १. रोटी के टुकड़े घर-घर से माँगकर निर्वाह करनेवाला भिखारी। २. वह व्यक्ति जो दूसरों के टुकड़ों पर पलता हो।

वि० १. बहुत ही तुच्छ और हीन (व्यक्ति)। २. परम दरिद्र। ३. कंगाल।

टुकड़गदाई—स्त्री० [हिं० टुकड़ा+फा० गदाई=भिक्षमंगापन] घर-घर से रोटी के टुकड़े भीख माँगने की क्रिया या भाव। भिखारीपन।

वि०, पुं०=टुकड़गदा।

टुकड़तोड़—पुं० [हिं० टुकड़ा+तोड़ना] वह निठल्ला व्यक्ति जो दूसरों के दिये हुए टुकड़े खाकर दिन बिताता हो।

टुकड़ा—पुं० [सं० त्रोटक या स्तोक] [स्त्री० अल्पा० टुकड़ी] १. किसी वस्तु का वह छोटा अंश या भाग जो मूल वस्तु से कट, फट या टूटकर अलग हो गया हो। जैसे—(क) कपड़े या कागज का टुकड़ा। (ख) बादल का टुकड़ा। (ग) ईंट या पत्थर का टुकड़ा।

मुहा०—(किसी चीज के) टुकड़े उड़ाना=किसी चीज को इस प्रकार काटना, तोड़ना या फोड़ना कि उसके बहुत से छोटे-छोटे टुकड़े हो जायँ। २. रोटी आदि में से काट या तोड़कर निकाला हुआ अंश या भाग।

मुहा०—टुकड़ा या टुकड़े माँगना=घर-घर घूमकर भिक्षा के रूप में रोटी का टुकड़ा माँगना। **टुकड़ा-तोड़ या टुकड़ा-सा जवाब देना**=बहुत ही रुखाई से इन्कार करना या साफ जवाब देना। **(किसी के) टुकड़े तोड़ना**=बहुत ही दीन-हीन बनकर किसी के दिये हुए रूखे-सूखे भोजन से निर्वाह करना। दीन रूप में आश्रित बनकर दिन बिताना या रहना। **(किसी के) टुकड़ों पर पड़ना या पलना**=(किसी के) टुकड़े तोड़ना। ३. जमीन का वह अंश जो मूल में नदी, पहाड़, मेड़ आदि बीच में पड़ने या बनने के कारण अलग हो गया हो। जैसे—खेत के इस टुकड़े में खरबूज और उस टुकड़े में तरबूज बोया गया है। ४. किसी कृति या रचना का कोई विशिष्ट अंश, खंड या भाग। जैसे—कविता, गीत या शेर का टुकड़ा।

टुकड़ी—स्त्री० [हिं० टुकड़ा] १. छोटा टुकड़ा। जैसे—नमक या मिसरी की टुकड़ी। २. छोटे-छोटे खंडों या टुकड़ों में काटी या बनाई हुई चीज। जैसे—चार टुकड़ी मिठाई। ३. कुछ विशिष्ट प्रकार के प्राणियों अथवा कोई विशिष्ट कार्य करनेवाले लोगों का छोटा दल, वर्ग या समुदाय। जैसे—(क) कबूतरों की टुकड़ी। (ख) ठगों, डाकुओं या सैनिकों की टुकड़ी। ४. कपड़े का वह टुकड़ा जो स्त्रियाँ महीन साड़ी पहनने से पहले कमर में लपेट लेती हैं। ५ कार्तिक-स्नान का मेला जिसमें लोग छोटे-छोटे दलों के रूप में आया करते थे।

टुकनी†—स्त्री०=टोकनी (टोकरी)।

टुकरी†—स्त्री० [?] सलग्म की तरह का एक प्रकार का मोटा कपड़ा।

†स्त्री०=टुकड़ी।

टुकुर-टुकुर—अव्य० [अनु०] ललचाई हुई नजर से या विवशता की दशा में।

मुहा०—टुकुर टुकुर देखना=ललचाई हुई नजरों से या विवशता की दशा में किसी की ओर चुपचाप टक लगाकर देखना।

टुकड़ (र)†—पुं० [सं० स्तोक] रोटी का टुकड़ा। (पंजाब) उदा०—वह पायेगी सदा दया का टुकड़ा।—कोई कवि।

टुच्चा—पुं० [हिं० टूक] १. किसी चीज का बहुत छोटा अंश।

मुहा०—टुच्चा-सा जवाब देना=साफ इनकार करना। कोरा जवाब देना। **टुच्चा-सा मुँह लेकर रह जाना**=लज्जित होकर चुप रह जाना। २. किसी वस्तु का चौथाई अंश।

टुचलाना—अ०=चुमलाना।

टुच्चा—वि० [सं० तुच्छ] [स्त्री० टुच्ची] १. (व्यक्ति) जो बहुत ही निम्न या हीन विचारों का या क्षुद्र प्रकृतिवाला हो। २. (कथन) जो अनुचित तथा ओछा या हेय हो। जैसे—टुच्ची बात। ३. जो देखने में बहुत ही तुच्छ या हेय जान पड़ता हो। ४. (पहनने का कपड़ा) जिसकी ऊँचाई, लंबाई या घेरा उचित या साधारण से कम हो। टुच्ची कमीज, टुच्चा पाजामा।

टुटका †—पुं०=टोटका।

टुटनी—स्त्री० [हिं० टोंटी] झारी या गडुवे की पतली नली। छोटी टोंटी।

टुटपुंजिया—वि० [हिं० टूटना+पूँजी] (व्यक्ति) जिसके पास बहुत ही थोड़ी पूँजी हो।

टुटरूँ—स्त्री० [अनु० टुटरूँटूँ] छोटी पंडुकी।

टुटरूँ-टूँ—स्त्री० [अनु०] पंडुकी के बोलने का शब्द। पेडुकी या फाख्ता की बोली।

वि० १. अकेला। २. बहुत कम। थोड़ा। ३. क्षीण-काय। दुबला-पतला। ४. तुच्छ। हीन।

टुटहा†—पुं० [देश०] एक तरह की चिड़िया।

वि० [हिं० टूटना+हा (प्रत्य०)] [स्त्री० टुटही] १. टूटा हुआ। २. जो अपनी जाति, पंक्ति या वर्ग से छूटकर अलग हो गया हो।

टुटियल—वि० [हिं० टूटना] १. जो टूटा-फूटा हो अथवा टूटने-फूटने की अवस्था में हो। जर्जर। २. कमजोर। दुर्बल। ३. टुटपुंजिया।

टुटुका—स्त्री० [देश०] एक प्रकार का नगाड़ा।

टुटुहा—पुं०=टुटहा।

टुटेला†—वि०=टुटहा।

टुड़ी†—स्त्री० [सं० तुंडि] नाभि।

स्त्री०=टुकड़ी।

टुनका†—पुं० [देश०] एक रोग जिसमें मूत्र जल्दी-जल्दी होता और उसके साथ वीर्य भी गिरता है।

टुनकी—स्त्री० [देश०] एक प्रकार का फतिंगा।

टुनगा†—पुं० [सं० तनु=पतला+अग्र=अगला] [स्त्री० टुनगी] १. डाल या टहनी का सिरा या अगला भाग। २. टहनी।

टुनटुना †—पुं० [देश०] मैदे आदि का एक नमकीन पकवान।

टुनहाया—पुं० [हिं० टोना] [स्त्री० टुनहाई] टोना करनेवाला व्यक्ति। टोनहा।

टुनाका—स्त्री० [सं०] तालमूली। मुसली।

टुनियाँ—स्त्री० [सं० तुंड] एक प्रकार का मिट्टी का छोटा पात्र जिसमें टोंटी भी लगी होती है।

टुनिहाया—पुं० [स्त्री० टुनिहाई]=टुनहाया।

टुन्ना—पुं० [सं० तुंड] वह नाल जिसमे फल लगते तथा लटकते हैं। जैसे—कद्दू या कमल का टुन्ना।

टुपकना†—अ० [अनु०] १. धीरे से ऊपरी भाग काटना या कुतरना। २. जीव-जन्तुओं का चुपचाप या धीरे से किसी को काटना या डंक मारना। ३. धीरे से या बहुत ही सीधे-सादे बनकर कोई ऐसी छोटी-सी बात कहना जो किसी का अनिष्ट कर सकती या किसी को कुछ हानि पहुँचा सकती हो।

टुबी†—स्त्री० [हिं० डूबना] गोता। डुबकी। (पश्चिम)

टुमकना—अ०=टुपकना।

टुम्मा—पुं० [देश०] कच्ची रसीद।

टुरा—पुं० [देश०] [स्त्री० टुरिन, टुरिया] बच्चा। लड़का।

टुर्रा—पुं० [?] १. किसी चीज का जमा हुआ या ठोस टुकड़ा या डला। जैसे—मिसरी का टुर्रा। २. ज्वार, बाजरे आदि मोटे अन्नों का बड़ा दाना।

टुलकना—अ०=ढुलकना।

टुलकाना†—स०=ढुलकाना।

टुलड़ा—पु० [देश०] भारत के पूर्वी प्रदेशों में होनेवाला एक तरह का बाँस।

टुसकना—अ०=टसकना।

टूँ—स्त्री० [अनु०] पादने पर होनेवाला शब्द।

टूँक—पु०=टूक।

टूँगना—स० [हिं० टुनगा] १. (चौपायों का) टहनी के सिरे की कोमल पत्तियों को दाँत से काटना। कुतरना। २. थोडा-थोडा करके और धीरे-धीरे खाना। (व्यग्य)

टूँगा—वि० [सं० तुग] ऊँचा। उदा०—तहाँ एक परबत हा टूँगा।—जायसी।

टूँड़—पु० [स० तुड] [स्त्री० अल्पा० टूँडी] १ मक्खी, मच्छड आदि के मुँह पर का रोआँ जो नली के समान लबा होता है तथा जिसके द्वारा वे किसी चीज का रस चूसते अथवा उसे छूकर उसका पता लगाते हैं। २. गेहूँ, जौ आदि की बालो मे आगे या ऊपर की ओर निकला हुआ उक्त प्रकार का पतला लबा अंश। सीगुर। ३ कन्दों, फलों आदि का अगला नुकीला और पतला भाग। जैसे—गाजर, बैंगन या मूली की टूँड़। ४. किसी चीज की पतली, लबी नोक। ५ ढोंढी। नाभि।

टूक†—पु० [स० स्तोक] १ खड। टुकड़ा।

मुहा०—**दो टूक जवाब देना**=थोड़े में तथा स्पष्ट रूप से नकारात्मक उत्तर देना। साफ इनकार करना।

२. कपड़े का थान। (बजाज) जैसे—दस टूक मलमल पाँच टूक मारकीन।

टूकर†—पुं०=टुक्कड़।

टूका†—पु० [हिं० टूक] १ टुकड़ा। २. भिक्षा। भीख। ३. किसी चीज का चौथाई अंश या भाग।

टूकी†—स्त्री० [हिं० टूक] १ खंड। टुकड़ा। २. पहनने की अँगिया मे मुलकट के ऊपर लगनेवाला कपड़े का टुकड़ा।

टूक्यो*—पु० [?] भालू। (डिं०)

टूगर—वि० [?] अनाथ।

टूट†—स्त्री० [स० त्रुट्, हिं० टूटना] १. टूटने की क्रिया या भाव। २. कटने, टूटने आदि पर निकला हुआ अश या भाग। खड। ३. ऐसी स्थिति जिसमे बीच का कोई अंश कटा या टूटा हुआ हो। ४. क्रम के निर्वाह के प्रसंग मे कही बीच मे होनेवाला थोड़ा-सा अभाव या छूट। जैसे—किसी कविता या लेख मे की टूट। ५. कमी। त्रुटि। ६. घाटा। टोटा।

टूटन—स्त्री० [हिं० टूटना] १. टूटने की क्रिया, भाव या स्थिति। टूट। २. टूटी हुई चीज के टुकड़े।

टूटना—अ० [सं०√त्रुट्, हिं० तोड़ना का अ०] १. किसी चीज के अंग, अंश या अवयव का कटकर अपने मूल से अलग हो जाना। जैसे—पेड़ की डाल या उसमें लगा हुआ फल टूटना। २. किसी चीज का इस प्रकार खडित या भग्न होना कि उसके दो या बहुत से टुकड़े हो जायँ। जैसे—घन की चोट से पत्थर टूटना। ३. किसी चीज के इस प्रकार खंड या टुकड़े होना कि वह काम में आने योग्य अथवा अपने पूर्व रूप में न रह

जाय। जैसे—(क) छत, दीवार या मकान टूटना। (ख) गिलास, थाली या लोटा टूटना। (ग) तालाब या नदी का बाँध टूटना।

पद—टूटा-फूटा=(क) जो खंडित या भग्न होने के कारण अपने पूर्व रूप में न रह गया हो अथवा ठीक तरह से काम न दे सके। जैसे—टूटी-फूटी घड़ी, टूटा-फूटा मकान। (ख) जो नियम, विधान आदि की दृष्टि से अधूरा या असंगत हो अथवा ठीक या समीचीन न जान पड़े। जैसे—बच्चों का टूटी-फूटी बातें करना या बोली बोलना। (ग) इतर भाषा-भाषियों का टूटी-फूटी हिंदी लिखना।

४. आघात आदि के कारण किसी चीज का कहीं बीच में से इस प्रकार कुछ खंडित होना कि उसमें कुछ अवकाश, दरज या लकीर पड़ जाय। जैसे—(क) पैर या हाथ की हड्डी टूटना। (ख) टक्कर लगने से आरसी या घड़ी का शीशा टूटना। ५. अपने दल, पक्ष, वर्ग, समाज आदि से किसी प्रकार अलग या दूर हो जाना अथवा निकल जाना। अलगाव या पार्थक्य हो जाना। जैसे—(क) कबूतर का अपने झुंड से टूटना। (ख) मुकदमे का गवाह टूटना। (ग) जाति या बिरादरी से टूटना (अर्थात् अलग होना या निकाला जाना)। ६. किसी प्रकार के निश्चित या परम्परागत संपर्क या संबंध का अंत या विच्छेद होना। पहले का-सा लगाव या व्यवहार न रह जाना। जैसे—(क) नाता या रिश्ता टूटना। (ख) आपस की संधि, संविदा या समझौता टूटना। ७. किसी चलते हुए कार्य या व्यवहार का इस प्रकार अन्त या समाप्त हो जाना कि उसकी सब क्रियाएँ बिलकुल बन्द हो जायँ। जैसे—(क) कोठी, पाठशाला, महकमा या संस्था टूटना। (ख) दल, मंडली या संघटन टूटना। (ग) पदाधिकार की जगह या पद टूटना (समाप्त हो जाना)। ८. किसी प्रकार के क्रम, निश्चय या परम्परा का अन्त होना अथवा उसमें किसी प्रकार की बाधा या व्यतिक्रम होना। जैसे—(क) खाँसते-खाँसते (या हिचकियाँ लेते लेते) उसका दम टूट गया। (ख) पंद्रह दिन बाद अब बुखार टूटा है। (ग) बकवाद बंद करो, हमारा ध्यान टूटता है। (घ) उनका मौन (या व्रत) टूट गया। ९. किसी पदार्थ के किसी अंश या भाग का कहीं इस प्रकार दब या रुक जाना कि वह काम में न आ सके या मिल न सके। घटकर या और किसी प्रकार नहीं के बराबर हो जाना। जैसे—(क) गरमी में कूओं का पानी टूटना। (ख) लेन-देन या व्यवहार में सौ-पचास रुपए टूटना (कम मिलना)। १०. किसी प्रकार के तत्त्व या शक्ति में इस प्रकार कमी या ह्रास होना कि पहले की-सी सबल और स्वस्थ स्थिति न रह जाय अथवा बहुत कुछ नष्ट हो जाय। जैसे—(क) रोग से शरीर टूटना अर्थात् बहुत कृश या दुर्बल होना। (ख) बाजार गिरने से महाजन या व्यापारी का टूटना अर्थात् बहुत कुछ निर्धन हो जाना। (ग) युद्ध के कारण देशों या राष्ट्रों का बल टूटना। ११. किसी प्रकार की अनिष्ट, अप्रिय, बाधक या विपरीत घटना अथवा परिस्थिति के कारण किसी मनोदशा या स्थिति का अपने पहले के सबल और स्वस्थ रूप में न रह जाना। जैसे—उत्साह, दिल या हिम्मत टूटना।

संयो० क्रि०—जाना (उक्त सभी अर्थों में)।

१२. दुर्बलता, रोग, शिथिलता, श्रम आदि के कारण शरीर के अंगों का इस प्रकार पीड़ा से युक्त होना कि वे अपनी जगह से अलग होते या हटते हुए से जान पड़ें। जैसे—ज्वर आने या बहुत अधिक परिश्रम करने पर शरीर या उसके अंग-अंग टूटना। १३. किसी विशिष्ट उद्देश्य या विचार से बहुत से लोगों का एक साथ दल बाँधकर अथवा प्रायः एक ही समय में कहीं जाना या पहुँचना। जैसे—(क) डाकुओं का यात्रियों पर (अथवा सैनिकों का शत्रु के नगर पर) टूटना। (ख) मेला देखने के लिए (या राशन की दूकान पर) लोगों का टूटना।

संयो० क्रि०—पड़ना।

१४. पूरे वेग या शक्ति से किसी ओर अथवा किसी काम में प्रवृत्त होना या लगना। जुटना। जैसे—भुक्खड़ों का भोजन पर टूटना।

संयो० क्रि०—पड़ना।

१५. किसी चीज का प्रायः अनायास और बहुत अधिक मात्रा या मान में आने लगना या प्राप्त होना। जैसे—दौलत तो उनके घर मानो टूटी पड़ती है।

संयो० क्रि०—पड़ना।

पद—टूटकर या टूट-टूटकर=बहुत अधिक मात्रा या मान में। जैसे—टूटकर पानी बरसना (अर्थात् मूसलधार वर्षा होना)।

१६. युद्ध के प्रसंग में, किले या गढ़ के संबंध में, शत्रु के आक्रमण से ध्वस्त या नष्ट होकर आक्रमणकारियों या विरोधियों के हाथ में चला जाना। जैसे—मुगलों के शासन-काल में एक-एक करके राजपूताने के बहुत से गढ़ टूट गये।

संयो० क्रि०—जाना।

१७. प्रतियोगिता, होड़ आदि के प्रसंग में, पहले के किसी कीर्तिमान या सीमा का किसी नये कृत्य या कौशल से उल्लंघित होना या पीछे छूट जाना। जैसे—इस बार के सर्वराष्ट्रीय खेलों की प्रतियोगिता में कई क्षेत्रों के पुराने कीर्ति-मान टूट गये और उनके स्थान पर नये कीर्ति-मान स्थापित हुए हैं।

संयो० क्रि०—जाना।

१८. आर्थिक, व्यापारिक आदि प्रसंगों में, किसी चल-पत्र, देयादेश या सिक्के का नगद धन या छोटे सिक्कों के रूप में परिवर्तित होना। भुनना। जैसे—नोट, रुपया या हुंडी टूटना।

संयो० क्रि०—जाना।

टूठना—अ०, स० =तूठना

टूठनि—स्त्री० [हिं० टूठना] तुष्टि। संतोष।

टूनरोटी†—स्त्री० [अं० टाउन-ड्यूटी] चुंगी।

टूना†—पुं० =टोना।

टूम—स्त्री० [अनु० टुन टुन] १. आभूषण। गहना।

पद—टूम-छल्ला=छोटे-छोटे गहने।

२. बनाव-सिंगार। सजावट।

पद—टूम-टाम=बढ़िया कपड़े, गहने आदि; अथवा सजावट और शृंगार की सामग्री।

३. धनी या सुन्दर स्त्री जिसके प्रति लोगों के मन में लोभ उत्पन्न होता हो। ४. बहुत ही चतुर या चालाक या छँटा हुआ आदमी जिससे सहसा कोई पार न पा सकता हो। ५. चेतावनी, संकेत आदि के रूप में किया जानेवाला बहुत हलका आघात या दिया जानेवाला झटका। जैसे—कबूतरों को छतरी पर से टूम देकर उड़ाना।

क्रि० प्र०—देना।

६. ताने के रूप में कही हुई कोई व्यंग्यपूर्ण बात। (क्व०)

दूबना†—स० [अनु०] १. झटका या धक्का देना। २ व्यग्यपूर्ण बात कहना। ताना देना।

दूरनामेंट—स्त्री० दे० 'चक-स्पर्धा'।

दूल—पुं० [अं० स्टूल] एक प्रकार की छोटी तिपाई।

दूस—पुं०=तूस।

दूसा†—पु० [सं० तुष] १. मंदार का फल। २ पाकर का फूल। ३. तंतु। रेशा। ४. खंड। टुकड़ा।

दूसी†—स्त्री० [हिं० दूसा] बिना खिला फूल। कली।

दें—स्त्री० [अनु०] १. तोते की बोली। २. कर्कश या तीखा स्वर।

पद—दें दें=व्यर्थ की बकवाद।

मुहा०—दें बोलना या होना=चट-पट मर जाना।

देंगी—स्त्री० [स०] १. संगीत में शुद्ध जाति का एक प्रकार का राग। २. एक प्रकार का नृत्य।

देंगड़—स्त्री०=देंगर।

देंगन—स्त्री०=देंगर।

देंगनि—स्त्री०=देंगर।

देंगर—स्त्री० [सं० तुंड=एक प्रकार की मछली] एक प्रकार की मछली जिसकी रीढ़ में केवल एक काँटा होता है।

देंघुना†—पु०=घुटना।

देंघुनी—स्त्री० १.=देघुना। २ =कोहनी।

देंचन†—पुं० [हिं० देंक] चाँप। थूनी।

देंट—स्त्री० [?] कमर में पड़नेवाली धोती की वह लपेट जिसमें रुपये, पैसे आदि भी रखे जाते हैं।

मुहा०—देंट में कुछ होना=पास में कुछ रुपया-पैसा होना।

स्त्री० [सं० तुंड] १. कपास की डोंढ़। २ करील का फल। ३. भीतरी घाव।

देंटर†—पु०=डेंडर।

देंटा—पु० [देश०] बगुले की जाति का चितकबरे रंग का एक बड़ा पक्षी।

देंटार—पुं०=देंटा।

देंटिहा†—पु० [?] क्षत्रियों की एक शाखा।
वि०=देंटी।

देंटी—स्त्री० [देश०] १. करील नामक पौधा और उसका फल। कनड़ा। उदा०—फेंट किमी देंटिन पै मेवन की नमों स्वाद बिसारयौ।—भारतेन्दु। वि० [अनु० दे दे] जिद्दी और झगड़ालू।

देंदुआ—पुं० [देश०] १. गरदन। २. अँगूठा।

देंदू*—स्त्री० [सं० टुटक] गोनापाठा।
वि०=देंटी।

देंदें—स्त्री० [अनु०] १. तोते के बोलने का शब्द। २. बार बार होने-वाला कोई कर्कश या तीखा स्वर। ३. व्यर्थ की बकवाद या बात-चीत।

देंठा—वि० [?] [स्त्री० देंठी] चंचल।

देंड़†—स्त्री०=देंड।

देंडर—पुं० [अं०] किसी काम या सेवा का ठेका लेने से पहले उपस्थित किया जानेवाला वह पत्र जिसमें लिखा रहता है कि हम अमुक अमुक काम इतने दिनों के अन्दर और इतने रुपये लेकर पूरा कर देंगे।
पुं०=डेंडर (आँख का रोग)।

देंडसी†—स्त्री० डेंडसी (टिड्डा)।

देंउ*—स्त्री०=देंव।

देउकन—स्त्री०=देंकन।

देउकी†—स्त्री०=देंवकी (साधुओं की अधारी)।

देंक—स्त्री० [हिं० देंकना] १. देंकने की क्रिया या भाव। २. वह बड़ी लकड़ी या ऐसी ही और कोई चीज जो किसी दूसरी बड़ी या भारी चीज को गिरने, लुढ़कने आदि से बचाने तथा रोकने के लिए अथवा किसी प्रकार के सहारे के लिए उसके नीचे लगाई जाती है। चाँड। थूनी। जैसे—छत के नीचे या दीवार के पार्श्व में लगाई जानेवाली देंक।
क्रि० प्र०—देना।—लगाना।
३ कोई ऐसी चीज जो उठने-बैठने आदि के समय सहारा देती हो। जैसे—देंक लगाकर बैठना=खंभे, दीवार आदि के सहारे पीठ देंककर बैठना। ४ साधुओं की अधारी। देंवकी। ५ अवलंब। आश्रय। सहारा। ६. टीला। देंकरी। जैसे—राम-देंक। ७. आग्रह, प्रतिज्ञा, हठ आदि की कोई ऐसी बात जिस पर आदमी दृढ़तापूर्वक अड़ा रहे और जल्दी इधर-उधर न हो।

मुहा०—देंक गहना देंक पकड़ना। (देखे नीचे) **देंक निभाना**=अपनी की हुई प्रतिज्ञा या हठ पूरा करना। **देंक पकड़ना**=अपनी कही हुई बात पूरी करने या कराने के लिए जिद या हठ करना। **देंक रहना**=कही हुई बात या जिद पूरी होना। देंक का निर्वाह होना।
८. वह बात जो अभ्यास पड़ जाने के कारण कोई मनुष्य अवश्य या प्रायः करता हो। आदत। देंव। बान।
क्रि० प्र०—पड़ना।
९. गीत के आरंभ का वह पद जो प्रायः शेष पदों से छोटा होता और हर पद के बाद दोहराया जाता है। १०. स्थल का यह नुकीला, लंबोतरा भाग जो जल में कुछ दूर तक चला गया हो। (लश०)

देंकड़ी—स्त्री० देंकरी (छोटी पहाड़ी)।

देंकन—स्त्री० [हिं० देंकना] वह बड़ी लकड़ी या ऐसी ही और कोई चीज जो किसी दूसरी बड़ी या भारी चीज को गिरने, लुढ़कने आदि से बचाने तथा रोकने के लिए अथवा किसी प्रकार के सहारे के लिए उसके नीचे लगाई जाती है। चाँड। थूनी।

देंकना—स० [हिं० टिकना का स० रूप] १. किसी चीज को किसी दूसरी चीज के सहारे खड़ा करना, बैठाना या लेटाना। टिकाना। ठहराना। २. किसी चीज को गिरने, लुढ़कने आदि से बचाने के लिए उसके नीचे या बगल में देंक लगाना। ३. थकावट, दुर्बलता, शिथिलता आदि के समय सीधे खड़े रहने, चलने-फिरने या बैठ सकने के योग्य न रहने पर उठने-बैठने आदि में सहारे के लिए शरीर के बोझ का कुछ अंश किसी चीज पर डालना या स्थित करना। जैसे—उठते समय दीवार देंकना, चलते समय किसी का कंधा देंकना। बैठते समय लकड़ी देंकना।

मुहा०—(किसी के आगे) घुटने देंकना=हार मानकर अधीनता सूचित करना। **माथा देंकना**=दंडवत करना। नमस्कार या प्रणाम करना।
४. अपनी देंक या हठ पर दृढ़ रहना। ५. देंक ग्रहण करना। दृढ़ प्रतिज्ञा या हठ करना। जैसे—आज तो तुमने यह नई देंक देंकी है।
†पु० [देश०] एक प्रकार का जंगली धान।

देंकनी—स्त्री०=देंकन।

टेकरा—पुं० [हिं० टेक] [स्त्री० अल्पा० टेकरी] १. प्राकृतिक रूप से ऊँची उठी हुई भूमि या छोटी-सी पहाड़ी। टीला। (देखें)
†पुं०=टिकरा।

टेकरी—स्त्री० [हिं० टेकरा का स्त्री० अल्पा० रूप] छोटी-सी पहाड़ी। टीला।

टेकला*—स्त्री० [हिं० टेक] १. मन में ठानी हुई बात। टेक। संकल्प। २. धुन। रट।
पु० [?] [स्त्री० टेकली] एक उपकरण जिससे चीजें उठाई तथा गिराई जाती हैं।

टेकाम—स्त्री० [हिं० टेकना] १. टेकने या टेके जाने की अवस्था या भाव। २. वह चीज जो किसी दूसरी चीज के साथ उसे सहारा देने के लिए लगाई जाती है। टेक। चाँड़। ३. वह ऊँचा चबूतरा जहाँ बोझ ढोनेवाले मजदूर बोझ रखकर थोड़ी देर के लिए सुस्ताते हैं। ४. वह स्थान जहाँ से जुआरियों को जूए के अड्डे का पता मिलता है।

टेकाना—स० [हिं० टेकना का स०] १. किसी चीज को सहारा देने के लिए उसके साथ कोई दूसरी चीज खड़ी करना या लगाना। २. किसी भारी चीज का कुछ अंश किसी आधार पर स्थित करना। ३. चुप-चाप या धीरे से कोई चीज किसी को थमाना या देना। (दलाल)

टेकानी†—स्त्री० [हिं० टेकाना] १. वह चीज जो किसी को गिरने से रोकने के लिए उसके नीचे या बगल में लगाई जाय। टेक। २. बैलगाडी का जूआ। ३. वह कील जो पहिये को धुरे में पहनाने पर इसलिए जडी जाती है कि वह बाहर निकलकर गिर न जाय।

टेकी—वि० [हिं० टेक] १. अपनी टेक या प्रतिज्ञा या हठ पर अड़ा रहनेवाला। २. जिद्दी।

टेकुआ†—पुं०=तकला।
†पुं०=टेकानी।

टेकुरा—पुं० [देश०] पान।

टेकुरी—स्त्री० [सं० तर्कु, हिं० टेकुआ] १. रस्सी बटने या सूत कातने की तकली। २. चरखे में का तकला। ३. चमड़ा सीने का सूआ या सूजा। ४. सुनारों का एक औजार जिससे सोने आदि के तार खींचकर उनमें फंदा लगाया जाता है। ५. संगतराशों का एक औजार जिससे मूर्तियो आदि का तल चिकना किया जाता है। ६. जुलाहों की बाँस की वह फिरकी जिसकी नोक में रेशम के डोरे अटकाये या फँसाये जाते हैं।

टेघरना†—अ० दे० 'पिघलना'।

टेटका†—पुं० [सं० ताटंक] कानों में पहनने का एक लटकौआ आभूषण। लोलक।

टेढ़—स्त्री० [हिं० टेढ़ा] १. टेढ़ापन। वक्रता। २. बात-चीत या व्यवहार में दिखाई देनेवाला लड़ाकापन।
मुहा०—**टेढ़ की लेना**=जहाँ सीधी तरह की बात होनी चाहिए वहाँ भी ऐंठ या लड़ाई-झगड़े की बात करना।
†वि०=टेढ़ा। उदा०—टेढ़ जानि संका सब काहू।—तुलसी।

टेढ़ बिड़ंगा—वि०=टिढ़-बिड़ंगा।

टेढ़ा—वि० [सं० त्रेधा, मरा० तेढ़ा, सिं० टेडो, पु० हिं० टेढ़] [स्त्री० टेढ़ी, भाव टेढ़ाई] १. जो लंबाई के बल में किसी एक सीध में न गया हो, बल्कि बीच में कहीं इधर-उधर कुछ घूम या मुड़ गया हो। वक्र। 'सीधा' का विपर्याय। जैसे—टेढ़ा बाँस, टेढ़ी लकीर। २. जिसकी क्रिया, गति या मार्ग में किसी प्रकार की कुटिलता या वक्रता आ गई हो। जैसे—टेढ़ी आँख या चितवन। ३. जिसमें सरलता, सुगमता आदि का बहुत कुछ अभाव हो। जैसे—टेढ़ा रास्ता। ४. जिसमें अनेक प्रकार की कठिनाइयाँ, विकटताएँ आदि हों। जो सहज मे ठीक या संपन्न न हो सकता हो। जैसे— टेढा काम, टेढ़ा मुकदमा, टेढ़ी समस्या।
पद—**टेढ़ी खीर**=बहुत ही कठिन या विकट काम। जैसे—चद्रमा या मंगल तक पहुँचना टेढ़ी खीर है।
विशेष—यह पद उस कहानी के आधार पर बना है, जिसमे किसी अंधे ब्राह्मण को खीर का परिचय कराने के लिए पहले उसके सफेद होने का और फिर सफेदी का बोध कराने के लिए बगले का उल्लेख किया गया था और अंत में बगले का बोध कराने के लिए उसके आगे हाथ टेढ़ा करके रखा गया था, जिसे टटोलकर उसने कहा था कि खीर तो टेढ़ी होती है। वह मेरे गले में अटक जायगी।
५. व्यावहारिक दृष्टि से जिसमें उग्रता, उद्दंडता, कठोरता आदि हो, फलतः जिसमें कोमलता, नम्रता, शिष्टता आदि का बहुत-कुछ अभाव हो। जैसे—टेढ़ा आदमी, टेढ़ा स्वभाव।
मुहा०—**(किसी को) टेढ़ी आँख से देखना**=वैर-विरोध, शत्रुता आदि के भाव से देखना। **(किसी से) टेढ़े पड़ना या होना**=क्रुद्ध या रुष्ट होकर कठोरतापूर्ण बातें कहना या लड़ने-झगड़ने को तैयार होना। **टेढ़े-टेढ़े चलना**=इतरा या ऐंठ कर चलना।
पद—**टेढ़ी-सीधी बातें**=ऐसी बातें जिनमे से कुछ तो ठीक या सीधे ढंग से और कुछ क्रुद्ध या रुष्ट होकर कही गई हो। जैसे—उस दिन वे अकारण ही मुझे बहुत-सी टेढ़ी-सीधी बातें सुना गये।

टेढ़ाई—स्त्री० [हिं० टेढ़ा] =टेढ़ापन।

टेढ़ापन—पुं० [हिं० टेढ़ा+पन (प्रत्य०)] टेढ़े होने की अवस्था या भाव।

टेढ़ा-मेढ़ा—वि० [हिं० टेढ़ा+अनु० मेढ़ा अथवा हिं० बेड़ा] [स्त्री० टेढ़ी-मेढ़ी] १. (वस्तु) जिसमें बहुत अधिक घुमाव-फिराव या मोड़ हों। २. (कार्य) जो कठिन या मुश्किल हो।

टेढ़े, टेढ़े मेढ़े—क्रि० वि० [हिं० टेढ़ा] सीधी तरह से नही, बल्कि टेढ़ेपन या घुमाव-फिराव के साथ।
मुहा०—**टेढ़े टेढ़े चलना**=सरल या सीधा व्यवहार न करके छल-कपट या लड़ाई-झगड़े की बात करना।

टेना—स० [देश०] १. धार तेज करने के निमित्त अस्त्र आदि को पत्थर पर रगड़ना। २. धार चोखी या तेज करना। ३. मूँछों के बालों में बल डालकर उन्हें खड़ा या तना रखने के लिए उमेठना।

टेनिस—पुं० [अं०] गेंद का एक विदेशी खेल। टेनिस।

टेनी†—स्त्री० [देश०] १. कानी अर्थात् सबसे छोटी उँगली।
मुहा०—**टेनी मारना**=कोई चीज तौलने के समय तराजू की डंडी में कानी उँगली से इस प्रकार सहारा लगाना कि चीज उचित से कम तौली जाय।
२. एक प्रकार की छोटी चिड़िया।

टेपारा—पुं०=टिपारा।

टेबुल—पुं० [अं०] १. मेज। २. सारिणी। (दे०)

टेम—स्त्री० [हिं० टिमटिमाना] दीप-शिखा। दीये की लौ या ज्योति।
पुं०=टाइम (समय)।

टेमन—पुं० [देश०] १. साँपों की एक जाति। २ उक्त जाति का साँप।

टेमा†—पुं० [देश०] चारे की छोटी अँटिया।

टेर—स्त्री० [सं० तार=संगीत में ऊँचा स्वर] १. टेरने की क्रिया या भाव। २. किसी को बुलाने के लिए ऊँचे स्वर से की जानेवाली पुकार। ३. संगीत में वह ऊँचा स्वर जिसका उच्चारण एक साथ निरन्तर कुछ समय के लिए किया जाय। ४ गुजर। निर्वाह।

टेरक—वि० [सं० केकर, पृषो० सिद्ध] ऐंचाताना। भेंगा।

टेरना—स० [हिं० टेर+ना (प्रत्य०)] १ किसी को अपने पास बुलाने के लिए कुछ ऊँचे स्वर से या चिल्लाकर पुकारना। २ किसी प्रकार के संकेत के रूप में या यों ही ऊँचा स्वर निकालना। जैसे—मुरली या वंशी टेरना।
स० [?] १. (काम, बात या समय) टालना। २. (किसी व्यक्ति को) टरकाना।

टेरवा—पुं० [देश०] हुक्के की वह नली जिस पर चिलम रखी जाती है।

टेरा—पुं० [?] १. अंकोल का पेड़। २. पेड़ का तना या धड़। ३. पेड़ की डाल या शाखा।
†वि० दे० 'भेंगा'।

टेराकोटा—पुं० [अं०] मृण्मूर्ति। (दे०)

टेरी—स्त्री० [देश०] १. पतली शाखा। टहनी। २. कुंती या बम्बरी नाम का पौधा जिसकी कलियाँ चमड़ा सिझाने के काम आती हैं। ३. बकचम की फली। ४. दरी की बुनाई में काम आनेवाला एक प्रकार का सूजा।

टेरी—स्त्री० [देश०] एक तरह की सरसों। उलटी।

टेलिग्राफ—पुं० [अं०]=दूरलेख।

टेलिग्राम—पुं० [अं०]=दूरलेख।

टेलिपैथी—स्त्री० [अं०]=दूरबोध।

टेलि-प्रिंटर—पुं० [अ०]=दूर मुद्रक।

टेलि-प्रिंटिंग—पुं० [अ०]=दूरमुद्रण।

टेलिफोन—पुं० [अं०]=दूरभाषक।

टेलिविजन—पुं० [अं०]=दूरदर्शन।

टेलिस्कोप—पुं० [अं०]=दूरवीक्षक।

टेली—स्त्री० [देश०] मझोले आकार का एक पेड़ जिसकी लकड़ी का रंग लाल होता है।

टेव—स्त्री० [हिं० टेक] आदत। बान।
क्रि० प्र०—पड़ना।—लगना।

टेवकी—स्त्री० [हिं० टेवकन, टेकन] १ किसी चीज को गिरने से बचाने या सहारा देने के लिए उसके नीचे लगाई जानेवाली छोटी पतली लकड़ी। टेक। २. जुलाहों की वह लकड़ी जो ताने के सूतों को जमीन पर गिरने से बचाने के लिए उनके नीचे लगाई जाती है। ३. नाव में सबसे ऊपर-वाला पाल जो प्रायः सबसे छोटा होता है।

टेवना†—स०=टेना (अस्त्र की धार रगड़ कर तेज करना)।

टेवा—पुं० [सं० टिप्पन] १ जन्मपत्री। जन्मकुंडली। २. लग्न-पत्री जिसमें विवाह सम्बन्धी भिन्न-भिन्न कृत्यों का समय लिखा रहता है।

टेवैया†—वि० [हिं० टेवना] १ टेने (टेवने) अर्थात् अस्त्रों आदि की धारें रगड़कर तेज करनेवाला। २. मूँछ के बाल टेने अर्थात् उमेठने-वाला।

टेसुआ†—पुं०=टेसू।

टेसू—पुं० [सं० किंशुक] १. पलाश का फूल। २ शारदीय नवरात्र का एक उत्सव जिसमें लड़के गाते हुए घर-घर जाते और वहाँ से पैसे या अनाज पाते हैं। (इसी अवसर पर इस प्रकार का लड़कियों का जो उत्सव होता है वह 'झाँझी' कहलाता है।) ३ इस उत्सव पर गाये जानेवाले गीत।

टेहलो†—पुं० [देश०] विवाह के समय होनेवाली अनेक छोटी रस्मों में से कोई एक या हर एक।

टेहुना—पुं०=घुटना।

टेहुनी†—स्त्री०=कोहनी।

टेक—पुं० [अ०] १ तालाब। २ स्थल पर चलनेवाला एक प्रकार का बड़ा युद्धयान जिस पर तोपें लगी होती हैं।

टैंटी—स्त्री०, वि० दे० 'टेंटी'।

टैया—स्त्री० [देश०] चित्ती कौड़ी।
वि० छोटा या नाटा होने पर भी हृष्ट-पुष्ट।

टैक्स—पुं० [अं०] १ =कर। २ =शुल्क।

टैक्सी—स्त्री० [अ०] किराये पर चलनेवाली छोटी मोटरगाड़ी (निजी मोटरगाड़ी से भिन्न)।

टैन—स्त्री० [देश०] एक तरह की घास जिससे चमड़ा सिझाया जाता है।

टैना†—पुं० [देश०] वह पुतला या हाँड़ी जिसे खेत में इसलिए खड़ा किया या टाँगा जाता है कि पशु-पक्षी उससे भयभीत हों और फलतः फसल की क्षति न करने पावें।

टैनी†—स्त्री० [देश०] भेड़ों का झुंड।
†स्त्री०=टहनी।

टैरा†—पुं० [स्त्री० टैरी]=टेरा।

टोंक†—स्त्री०=टोंक।
पुं०=टोंका (सिरा)।

टोंका†—पुं०=टोंका।

टोंगा†—पुं०=टाँगा।

टोंगू—पुं० [देश०] एक प्रकार का पौधा जिसके रेशों से रस्सियाँ बनती हैं।

टोंच—स्त्री० [हिं० टोंचना] १. टोंचने की क्रिया या भाव। २. सिलाई का टाँका। सीवन।

टोंचना—स० [सं० टङ्क] १. सिलाई करना। सीना। २. गड़ाना। चुभाना।

टोंट—स्त्री० [सं० तुंड] चोंच।

टोंटरी—स्त्री०=टोंटी।

टोंटा—पुं० [सं० तुंड] [स्त्री० अल्पा० टोंटी] १. कोई ऐसी खोखली, गोलाकार लंबी चीज जो नौक की तरह आगे निकली हो। जैसे—बाँस का टोंटा, आतिशबाजी का टोंटा। २. बन्दूक की गोली का ऊपरी आवरण। कारतूस। ३. कच्चे देहाती मकानों में छाजन के नीचे लगाई जानेवाली लकड़ी की घोड़िया।

टोंडी—स्त्री० [सं० तुंड] १. किसी पात्र या नल में आने की ओर लगा हुआ वह छोटा मुँह जिसमें से होकर कोई तरल पदार्थ गिरता या निकलता है। (टैप) २. सूअर आदि पशुओं का थूथन।

टोंस—स्त्री०=टौंस (तमसा नदी)।

टोआ—स्त्री० [?] आम के वृक्ष के आरंभिक अंकुर जो कुछ समय बाद मंजरी का रूप धारण करते हैं। डाभ।

पुं० [हिं० टोना=छूकर देखना] जहाज या नाव का वह मल्लाह जो आगे की ओर बैठकर पानी की गहराई नापता या थाह लेता चलता हो।

टोइयाँ—पुं० [देश०] एक तरह का छोटे आकार का तोता जिसकी चोंच पीले रंग की तथा गला और सिर बैंगनी रंग का होता है।

टोई†—स्त्री० [देश०] उँगली का खंड। पोर।

टोक—स्त्री० [सं० स्तोक या हिं० टोकना] १. टोकने की क्रिया या भाव। २. वह प्रश्नात्मक छोटी बात जो किसी को कुछ करने या कहने से टोक या रोककर बीच में कही या पूछी जाती है। साधारणतः ऐसी बात कुछ बाधक या विघ्नकारक समझी जाती है।

मुहा०—**किसी की टोक में आना**=किसी के टोकने पर उसके अनिष्टकारक प्रभाव में पड़ना। **टोक लगना**=किसी के बीच में टोकने पर उसका कुछ अनिष्टकारक या विघ्नकारक प्रभाव पड़ना। जैसे—(क) तुम्हारी टोक लग गई; इसी से वहाँ जाने पर हमारा काम नहीं हुआ। (ख) बच्चे को किसी की टोक लगी है; इसी से वह बीमार हो गया।

पद—**टोक-टाक**=किसी को कोई काम करते देखकर उसके संबंध में किये जानेवाले छोटे-मोटे प्रश्न जो साधारणतः लोक में उस काम के लिए बाधक लक्षण या अपशकुन समझे जाते हैं।

३. बुरी दृष्टि का प्रभाव। नजर।

†पुं०=टोका (सिरा)।

टोकना—स० [हिं० टोक+ना (प्रत्य०)] १. वक्ता के बोलते समय बीच में ही श्रोता का उसे कोई बात कहने से रोकना अथवा किसी बात के संबंध में अपनी शंका प्रकट करना।

विशेष—साधारणतः लोक में इस प्रकार के प्रश्न अपशकुन के रूप में माने जाते हैं।

२. किसी को कोई काम करते हुए देखकर अथवा कोई काम करने के लिए प्रस्तुत देखकर उसे वह काम न करने के लिए अथवा उसे ठीक तरह से करने के लिए कहना। ३. लड़ने आदि के लिए आह्वान करना।

पुं० [?] [स्त्री० अल्पा० टोकनी] १. टोकरा। २. एक प्रकार का हंडा।

टोकनी—स्त्री० [हिं० टोकना] १. पानी रखने का चौड़े मुँह का एक प्रकार का बड़ा बरतन। २. बड़ी बेंगची या बटलोई।

†स्त्री०=टोकरी।

टोकरा—पुं० [?] [स्त्री० अल्पा० टोकरी] बाँस की खपाचियों या तीलियों अथवा बेंत, सरकंडे आदि का बना हुआ खुले तथा चौड़े मुँहवाला बड़ा आधान। खाँचा। डाला।

टोकरिया†—स्त्री० [हिं० टोकरा का स्त्री० अल्पा० रूप] टोकरी।

टोकरी†—स्त्री० [हिं० टोकरा का स्त्री० अल्पा० रूप] छोटा टोकरा।

स्त्री०=टोकनी।

टोकवा†—पुं० [देश०] उत्पाती या उपद्रवी लड़का।

टोकसी†—स्त्री० [देश०] नारियल की आधी खोपड़ी।

पुं० [देश०] एक तरह का कीड़ा जो उर्द की फसल को हानि पहुँचाता है।

टोका†—पुं० [हिं० टूक] १. किसी चीज का किनारा या सिरा। जैसे—डोरे या धागे का टोका। २. कपड़े आदि का कोना या पल्ला। ३. नोक। ४. स्थल का वह भाग जो कुछ दूर तक जल में चला गया हो।

पुं० [हिं० टूक] १. चारा काटने का गँडासा नामक उपकरण। (पश्चिम) २. चारा काटने की कल या यंत्र।

टोकारा†—पुं० [हिं० टोक] १. वह बात जो किसी को टोकने अथवा टोक कर कुछ याद दिलाने या सचेत करने के लिए कही जाय। २. उक्त उद्देश्य से किया जानेवाला कोई संकेत। उदा०—उसने उँगली से उसके गाल पर टोकारा दिया।—नागार्जुन।

क्रि० प्र०—देना।

टोट—स्त्री० [हिं० टूट] १. टोटा। कमी। २. घाटा। हानि।

टोटक—पु०=टोटका।

टोटक-हाय—पुं० [हिं० टोटका+हाया (प्रत्य०)] [स्त्री० टोटक-हाई] वह व्यक्ति जो टोटका या टोना करता हो।

टोटका—पुं० [स० तांत्रिक स] तांत्रिक प्रयोगों के अंतर्गत, वह छोटा उपचार या औपचारिक कृत्य जो कष्ट, बाधा, रोग आदि दूर करने या इनसे बचने-बचाने अथवा इसी प्रकार के दूसरे उद्देश्य सिद्ध करने के लिए यह समझकर किया जाता है कि इसमें कुछ अलौकिक या दैवी शक्ति होती है अथवा यह कुछ विलक्षण चमत्कार या प्रभाव दिखाता है।

विशेष—टोटका बहुधा औपचारिक कृत्य के रूप में ही होता है; और इसमें मंत्रों आदि का प्रयोग नहीं होता। रोगी के सिर पर से उतारा उतारकर चौमुहानी या किसी विशिष्ट स्थान पर रखना, वर्षा कराने अथवा रोकने के लिए नंगे होकर कोई कृत्य करना, नजर या भूत-प्रेत का प्रभाव या कोई रोग दूर करने के लिए कुछ चीजें जलाना, अपने बच्चे को जीवित या नीरोग रखने के लिए दूसरों के बच्चों के कपड़े फाड़कर कहीं गाड़ना आदि छोटे-मोटे कृत्य टोटकों के वर्ग में आते हैं।

मुहा०—**(किसी के यहाँ) टोटका करने आना**=बहुत ही थोड़ी देर के लिए या केवल नाम करने के लिए आना। (स्त्रियों का परिहास और व्यंग्य) जैसे—तुम तो आते ही इस प्रकार उठकर चलने लगी कि मानों टोटका करने के लिए आई थी। (साधारणतः जब और जहाँ कोई टोटका किया जाता है, तब टोटका करनेवाला व्यक्ति प्रायः तुरंत वहाँ से हट जाता है।)

†पुं० दे०'टोआ'।

टोटके-हाया—पुं० [स्त्री० टोटके-हाई]=टोटक-हाया।

टोटल—पुं० [अं०] संख्याओं का जोड़ या योग। मीजान।

मुहा०—**टोटल मिलाना**=आय-व्यय आदि के ठीक होने की जाँच या मिलान करना।

टोटा—पुं० [सं०√त्रुट्, हिं० टूटना] १. लेन-देन, व्यवहार आदि में होनेवाली आर्थिक क्षति। घाटा। हानि। २. खटकनेवाला अभाव या कमी। जैसे—आज-कल बाजार में गेहूँ का टोटा है। ३. किसी वस्तु का कोई छोटा अंश या खंड। टुकड़ा। जैसे—कपड़े का टोटा। ४. एक प्रकार की छोटी गरम चादर जिसे स्त्रियाँ ओढ़ती हैं। (पश्चिम)

टीवा—पु० [सं० तुङ] देहाती कच्चे मकानों में छाजन के नीचे बाहर की ओर लगाई जानेवाली काठ की चौड़िया। टोंटा।

टोंडिक—पु० [हिं० टोंड] वह जिसे सदा पेट भरने की चिन्ता रहे। पेटू। उदा०—टोंडिक ह्वै घनआनन्द डींटत काटत क्यौं नहि दीनता सों दिन। —घनानन्द।

टोंडिल†—वि० [?] उत्पाती। उपद्रवी।

टोंडी—स्त्री० [सं० षोटकी] १. प्रातःकाल गाई जानेवाली सम्पूर्ण जाति की एक रागिनी। २. संगीत में चार मात्राओं का एक ताल।

पु० [अं०] नीच प्रकृति का मनुष्य। खुशामदी तथा कमीना व्यक्ति।

टोंनहा†—वि० [हिं० टोना+हा (प्रत्य०)] [स्त्री० टोंनही] टोना करनेवाला।

टोंनहाई—स्त्री० [हिं० टोना+हाई (प्रत्य०)] टोना-टोटका करने की क्रिया या भाव।

स्त्री० हिं० 'टोंनहाया' का स्त्री०।

टोंनहाया—वि० [स्त्री० टोंनहाई] =टोंनहा।

टोंना—पुं० [हिं० टोटका या तन्त्र] १. वह टोटका या छोटा-मोटा तांत्रिक उपचार जो प्रायः किसी को अनुरक्त या वशीभूत करने, मूढ बनाकर अपना काम निकालने या सहज में अपना कोई उद्देश्य सिद्ध करने के लिए कुछ मंत्र पढ़कर किया जाता है।

क्रि० प्र०—चलाना।—डालना।—पढ़ना।—मारना।

२. विवाह के समय गाया जानेवाला एक प्रकार का गीत जिसके हर चरण या पद में 'टोना' शब्द आता है; और जिसका मुख्य उद्देश्य वरन्वधू को परस्पर अनुरक्त करना और उनके अनुराग को दूसरों की नजर या बुरी दृष्टि से बचाना होता है।

स० [हिं० टोहना] किसी चीज के रूप आदि का ज्ञान प्राप्त करने के लिए उस पर उँगलियाँ या हथेली रखना। जानने या समझने के लिए छूना या छूकर देखना। टटोलना।

†पुं० [?] एक प्रकार की शिकारी चिड़िया।

टोप—पु० [हिं० तोपना=ढाँकना] १. बड़ी टोपी। २. युद्ध में सिर पर पहना जानेवाला खोद। शिरस्त्राण। ३. अंगुश्ताना। ४. खोली। गिलाफ।

†स्त्री० [अनु०] पानी की बूँद।

टोपन—पु० [देश०] टोकरा।

टोपरा†—पुं०=टोकरा।

टोपरी†—स्त्री०=टोकरी।

टोपही—स्त्री० [हिं० टोप] बरतन ढालने के साँचे का ऊपरी भाग जो कटोरे के आकार का होता है।

टोपा—पु० [हिं० तोपना] १. बड़ी टोपी। २. टोकरा। दौरा। ३. काठ का एक पात्र जिसमें भरकर अनाज आदि नापे (तौले) जाते थे और जिसमे लगभग सवा सेर अन्न आता था। (पंजाब)

†पुं०=तोपा (सिलाई का)।

पु० [हिं० तोपना] टोकरा।

टोपी—स्त्री० [सं० √स्तुप्/स्तूप्; दे० प्रा० टिपिआ, टोप्पर] १. सिर पर रखने का एक विशिष्ट प्रकार का हलका पहनावा जो लंबोतरा, तिकोना, चौकोर या ऐसे ही किसी और रूप का होता है। जैसे—गांधी या तुर्की टोपी।

क्रि० प्र०—पहनना।—रखना।—लगाना।

मुहा०—(किसी की) टोपी उछालना=किसी को सबके सामने अपमानित या बेइज्जत करना। **(किसी से) टोपी बदलना**=भाई भाई का-सा संबंध जोड़ना।

२ राजमुकुट। ताज।

मुहा०—टोपी बदलना=राज्य के एक राजा या शासक के न रह जाने पर उसके स्थान पर दूसरे राजा या शासक का आना या बैठना।

३. टोपी के आकार की कोई गोल और गहरी वस्तु जिसमें प्रायः कोई चीज ढकी जाती है। जैसे—चिलम ढकने की टोपी। ४ बोतल आदि का मुँह बंद करने का धातु का ढक्कन। ५ टोपी के आकार का धातु का गहरा ढक्कन जिसे बटुक पर चढ़ा कर घोड़ा गिराने से आग पैदा होती है। ६. दरजी का वह चौड़ा छल्ला जिसे वह हाथ से सिलाई आदि करते समय उँगली में पहन लेता है। अंगुश्ताना। ७ वह थैली जो कुछ जानवरों के मुँह पर इसलिए चढ़ाई या बाँधी जाती है कि वे किसी को काट न सकें अथवा कुछ खाने न पावें। ८ लिंग का अग्रभाग।

टोपीदार—वि० [हिं० टोपी+फा० दार] टोपी से युक्त। जिस पर टोपी लगी हो।

टोपीवाला—पु० [हिं० टोपी] वह जो कुछ विशिष्ट प्रकार की या बड़ी टोपी पहनता हो।

विशेष—मध्ययुग मे अहमदशाह और नादिरशाह के सिपाही एक विशिष्ट प्रकार की लाल टोपी पहनने के कारण और परवर्ती काल मे यूरोप के निवासी हैट पहनने के कारण 'टोपीवाले' कहे जाते थे।

टोभ†—पुं० [हिं० डोभ] टाँका।

टोवा†—पुं० [स० तोय] गड्ढा। (पश्चिम)

टोर—स्त्री० [देश०] १. वह पानी जो घोले हुए क्षार में से नमक निकाल लेने पर बच रहता है और जिसे उबाल तथा छानकर शोरा निकाला जाता है। २ कटार।

टोरना—स० [?] १ इधर-उधर करना, फिराना या हटाना। जैसे—लज्जित होकर आँखें टोरना। २. दे० 'तोड़ना'।

पु० [देश०] सूत तौलने का जुलाहों का तराजू।

टोरा†—पु० [स० तोक] [स्त्री० टोरी] लड़का।

†पु०=टोडा।

टोरी†—स्त्री०=टोड़ी (रागिनी)।

टोरी†—पुं०=दुर्रा।

टोल—पुं० [सं० चटशाला?] १. पाठशाला। २ मध्ययुग मे वह बड़ी पाठशाला जिसमे कोई बहुत बड़ा पंडित अपने शिष्यों को दर्शन, न्याय, व्याकरण आदि की ऊँची शिक्षा दिया करता था। (बंगाल)

पु० [?] संपूर्ण जाति का एक राग जिसमे सब शुद्ध स्वर लगते हैं।

†स्त्री० दे० 'टोली'।

पु० दे० 'टोला' (महल्ला)।

पुं० [अं०] किसी विशिष्ट मार्ग पर चलने के समय यात्रियों पर लगनेवाला मार्ग-कर।

टोला—पुं० [हिं० टोली का पु०] १. किसी बस्ती का कोई विशिष्ट विभाग

जो किसी स्वतंत्र नाम से प्रसिद्ध हो। मुहल्ला। जैसे—महाजनी टोला।
२. ईंट-पत्थर आदि का बड़ा तथा भारी टुकड़ा।
पुं० [देश०] १. गुल्ली पर किया जानेवाला डंडे का आघात या चोट।
२. उँगली मोड़कर उसकी हड्डी से किया जानेवाला आघात।
क्रि० प्र०—मारना।—लगाना।
२. बेंत आदि की चोट का निशान।
क्रि० प्र०—पड़ना।
३. बड़ी कौड़ी। कौड़ा।

टोली—स्त्री० [स० टोलिका=घेरा बाड़ा] १. किसी बस्ती का कोई ऐसा छोटा विभाग जो किसी विशिष्ट नाम से प्रसिद्ध हो। छोटा टोला या मुहल्ला। जैसे—ग्वाल टोली। २. जीव-जन्तु या प्राणियों का झुंड। जैसे—बंदरों की टोली। ३. मनुष्यों का दल या मंडली। जैसे—यात्रियों की टोली। ४. पत्थर की चौकोर पटिया। बड़ी सिल। ५. पूर्वी हिमालय में होनेवाला एक प्रकार का बाँस जिसे 'नाल' भी कहते हैं।

टोली बनना—पुं० [हि० टोली+बान] एक तरह की घास जिसके पत्ते घास के पत्तों जैसे होते हैं।

टोवना†—स०=टोना। उदा०—जोबन रतन कहाँ भूँइ टोवा।—जायसी।

टोवा—पु०=टोआ।

टोह—स्त्री० [हि० टोहना] १. टोहने अर्थात् टटोलने या टोने की क्रिया या भाव।
क्रि० प्र०—पाना।—मिलना।—लगना।
२. किसी अज्ञात बात का लगनेवाला कुछ पता। अंधेरे में छिपी या दबी हुई बात की होनेवाली थोड़ी बहुत जानकारी। थाह।

टोहना—स० [हि० टोह] १. किसी अज्ञात बात की टोह लेना या पता लगाना। थाह लेना। २. जानने के लिए कुछ छूकर देखना।

टोहा-टाई—स्त्री० [हि० टोह] बार-बार टोहने या टोह लेने की क्रिया या भाव।

टोहिया—वि०=टोही।

टोहियाना†—स०=टोहना।

टोही—वि० [हि० टोह] खोज या टोह लेने या पता लगानेवाला।
पुं० जासूस।

टौंस—स्त्री० [सं० तमसा] १. एक छोटी नदी जो अयोध्या के पश्चिम से निकलकर बेतिया के पास गंगा में मिलती है। २. विन्ध्य-प्रदेश की एक नदी जो रीवाँ की ओर से आकर प्रयाग के पूर्व सिरसा के पास गंगा में मिलती है। ३. टेहरी और देहरादून के पास की एक नदी जो जमुना में मिलती है।

टौनहाल—पुं० =टाउनहाल।

टौर†—स्त्री०=टोह। [हि० टोरना] १. टौरने की क्रिया या भाव। २. किसी बात की होनेवाली जानकारी या लगनेवाला पता। उदा०—बैठी रही अभिमान सौं टाह टौर नहिं पायौ।—सूर। ३. घात। दाव। ४. उपयुक्त अवसर।

टौरना—स० [हि० टेरना?] १. जाँच करना। परखना। २. पता लगाना।

टौरिया—स्त्री०=टेकरी।

ट्वोंझा—पु० [देश०] व्यर्थ का झगड़ा या बखेड़ा।

ट्रंक—पुं० [अं०] टीन की चद्दर का बड़ा संदूक।

ट्रक—स्त्री० [अं०] माल ढोनेवाली एक प्रकार की बड़ी मोटर-गाड़ी।

ट्रस्ट—पु० [अं०] न्यास। (दे०)

ट्रस्टी—पुं० [अं०] न्यासी। (दे०)

ट्राम—स्त्री० [अं०] कुछ नगरों की सड़कों पर बिछी हुई पटरियों पर बिजली की सहायता से चलनेवाली एक प्रकार की छोटी गाड़ी।

ट्रेडमार्क—पु० [अं०] किसी वस्तु पर अंकित वह विशेष चिह्न जो यह सूचित करता है कि इस वस्तु का निर्माता अमुक व्यक्ति या संस्था है।

ट्रेडिल मशीन—स्त्री० [अं०] छापे की छोटी मशीन।

ट्रेन—स्त्री० [अं०] रेलगाड़ी।

ट्रेनिंग—स्त्री० [अं०] दे० 'प्रशिक्षण'।

ट्रौली—स्त्री० [अं०] १. रेल की पटरियों पर चलनेवाली ठेला-गाड़ी।
२. ठेला गाड़ी।

ठ

ठ—देवनागरी वर्णमाला का बारहवाँ तथा टवर्ग का दूसरा व्यंजन जो उच्चारण तथा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से मूर्द्धन्य, स्पर्शी, महाप्राण तथा अघोष है।
पुं० [सं० पृषो० सिद्धि] १. शिव। २. महाध्वनि। ३. चंद्रमंडल। ४. मंडल। ५. शून्य। ६. वह वस्तु जिसका ग्रहण इंद्रियों से हो सकता हो।

ठंठ—वि० [सं० स्थाणु] १. (पेड़) जिसकी डालें तथा पत्तियाँ सूख और झड़ गई हों। २. (गाय या भैंस) जिसका दूध सूख गया हो।
३. (व्यक्ति) जिसके पास कुछ भी धन न रह गया हो। निर्धन।

ठंडा†—स्त्री० [सं० डिंडिश] टिंडा। ढेंढ़सी।

ठंडार—वि० [हि० ठंठ] १. (व्यक्ति) जिसके पास कुछ भी न हो या न रह गया हो। २. (पात्र) खाली। रीता।

ठंडी—स्त्री० [हि० ठंठ] ज्वार, मूँग आदि की वह बाल जिसमें पीट लेने के बाद भी कुछ दाने लगे रह गये हों।
वि०=ठंठ।

ठंढ†—स्त्री०=ठंढ (सरदी)।

ठंढई—स्त्री०=ठंडाई।

ठंढक—स्त्री०=ठंडक।

ठंढा—वि०=ठंडा।

ठंढाई—स्त्री०=ठंडाई।

ठंड—स्त्री० [हिं० ठंडा] १. तापमान अधिक गिर जाने के कारण ऋतु या वातावरण की बढ़ी हुई वह शीतलता जो कुछ अप्रिय और कष्टकर जान पड़े। शीत। सरदी।

क्रि० प्र०—पड़ना।—लगना।

२. उक्त शीतलता की होनेवाली अनुभूति या प्रभाव। जैसे—बच्चे को ठंड लग गई है।

ठंडाई—स्त्री०=ठंडाई।

ठंडक—स्त्री० [हिं० ठंडा] १. वातावरण की ऐसी स्थिति जिसमें हलकी ठंड हो। । ऐसी हलकी ठंड जो प्रिय और सुखद हो। २. लाक्षणिक रूप में, किसी प्रकार की अभीष्ट सिद्ध होने पर मन में होनेवाली तृप्ति या सन्तोष। जैसे—हमाशरे सौ रुपये खरच करा दिये; अब तो तुम्हें ठंडक पड़ी न। ३. उत्पात, उपद्रव, रोग आदि का शमन होने पर मन में होनेवाली तृप्ति या सन्तोष।

क्रि० प्र०—पड़ना।

ठंडा†—वि० [सं० स्तब्ध; प्रा० थड्ढ; मरा० थंड; गु० थंढु] [स्त्री० ठंडी] १. जिसमें किसी प्रकार की और कुछ भी उष्णता या ताप न हो जिसका तापमान प्रसम स्तर से निश्चित रूप से नीचा हो। 'गरम' का विपर्याय। जसे—ठंडा पानी। २. जिसमें कष्टदायक गरमी या प्रकर ताप का अभाव हो और इसी लिए जो प्रिय, वांछित या सुखद हो। जैसे—ठंडा दिन।

पद०—ठंडे-ठंडे=ऐसे समय में जब गरमी या धूप न हो अथवा होने पर भी अधिक कष्टदायक न हो। जैसे—पैदल यात्री प्राय: कुछ रात रहते ही उठकर चल पड़ते हैं और ठंडे-ठंडे अगले पड़ाव पर पहुँच जाते हैं।

३. (पदार्थ) जो पूरी तरह से जल चुकने पर अथवा बीच में ही बिलकुल बुझ चुका हो। जो गरम या जलता हुआ न रह गया हो। जैसे—आग या चूल्हा ठंडा करना या होना।

पद—ठंडी आग। (देखें)

विशेष—कुछ विशिष्ट प्रसंगों में 'ठंडा करना' का प्रयोग मंगल-भावित के रूप में कई विशिष्ट प्रकार के अर्थ और भाव सूचित करने के लिए होता है। इसी आधार पर 'ठंडा करना' के योग से कई मुहावरे बन गये हैं। (देखें नीचे)

मुहा०—कड़ाही ठंडी करना=किसी शुभ कार्य के अवसर पर सब पकवान, मिठाइयाँ आदि बन चुकने पर सब के अंत में बाँटने के लिए थोड़ा-सा हलुआ बनाना और तब चूल्हा या भट्ठी बुझाना। **चूड़ियाँ ठंडी करना**=नई चूड़ियाँ पहनने के समय पुरानी चूड़ियाँ उतारना या तोड़ना। **चूल्हा ठंडा करना**= चूल्हा बुझाना। **ताजिया ठंडा करना**=मुहर्रम के दस दिन बीत जाने पर विधिपूर्वक ताजिया गाड़ना। **दीया ठंडा करना**=दीया बुझाना। **माता या शीतला ठंडी करना**=रोगी के शरीर पर चेचक या शीतला का प्रकोप शांत हो जाने पर शीतला देवी की पूजा करना। **मूर्त्ति (या उसके पूजन की सामग्री) ठंडी करना**=पूजन की समाप्ति पर विधि और सम्मानपूर्वक मूर्ति या पूजा की सामग्री जलाशय, नदी आदि में डालना या बहाना।

४. (शरीर) जिसमें आवश्यक या उचित ताप न रह गया हो। जिसमें उतनी गरमी न रह गई हो, जितनी साधारणत: रहनी चाहिए या होती है। जैसे—मरने से कुछ पहले हाथ-पैर ठंडे हो जाते हैं। ५. (शरीर का तापमान) जो मानव-शरीर के प्रसम तापमान से कम या घटकर हो, और फलत: कष्टदायक तथा चिंताजनक या रोग का सूचक हो। जैसे—सन्ध्या-सबेरे इस लड़के के हाथ-पैर बिलकुल ठंडे हो जाते हैं। ६. जिसकी उष्णता या ताप बहुत घट गया हो अथवा कम होता हुआ बिलकुल निकल गया हो। जो गरम न रह गया हो। जैसे—ठंडा भात, ठंडी रोटी। ७. (पदार्थ) जो गरमी या ताप की अनुभूति या विकलता कम करने मे सहायक हो। जैसे—ठंडे कपड़े, ठंडे पेय पदार्थ। ८. (औषध या खाद्य पदार्थ) जो शरीर के अन्दर पहुँचकर कुछ ठंडक लाता या शीतलता उत्पन्न करता हो। जैसे—ठंडी दवा, ठंडे फल। ९. (व्यक्ति) जिसमे आवेश, उत्तेजना, क्रोध, चंचलता, दुर्भाव आदि उग्र या तीव्र मनोविकारो का पूरा या बहुत-कुछ अभाव हो। गभीर, धीर और शांत। जैसे—ठंडे मिजाज का आदमी; ठंडे होकर किसी बात पर विचार करना।

मुहा०—(किसी को) ठंडा करना=किसी का आवेश, क्रोध, चंचलता आदि दूर करके उसे प्रकृतिस्थ और शांत करना।

१०. (व्यक्ति) जो सब तरह से निश्चिन्त, सन्तुष्ट और सुखी हो। जिसे किसी बात का कष्ट या दु:ख न हो।

पद—ठंडी रहो=सधवा स्त्रियों के लिए आशीर्वाद का पद जिसका आशय होता है—धन और सन्तान का सुख भोगनी हुई सौभाग्यवती बनी रहो। (स्त्रियाँ)

११ (व्यक्ति) जो अपना उद्देश्य सिद्ध हो जाने या कामना पूरी हो जाने के कारण तृप्त या सन्तुष्ट हो गया हो। जैसे—अब तक हमारे सौ दो सौ रुपये खरच न करा लोगे, तब तक तुम ठंडे नहीं होगे। १२. (व्यक्ति) जिसमें उद्यम, क्रिया-शीलता, तत्परता, प्रबलता आदि का बहुत-कुछ या बिलकुल अभाव अथवा ह्रास हो गया हो। जैसे—(क) खरी-खरी बाते सुनते ही वे ठंडे पड़ (या हो) जाते हैं। (ख) इस मुकदमे ने उन्हे ठंडा कर दिया है।

पद—ठंडा साँस। (देखें स्वतन्त्र शब्द)

१३. (व्यक्ति) जिसमें काम की उमंग या संभोग-शक्ति बिलकुल न हो या बहुत ही कम हो। जैसे—लड़का तो देखने मे बिलकुल ठंडा मालूम पड़ता है, इसका विवाह व्यर्थ किया जा रहा है। १४. (आवेग या उत्साह) जो केवल ऊपरी, दिखौआ या बनावटी हो।

पद—ठंडी गरमी। (देखें स्वतन्त्र शब्द)

१५ (कार्य या क्रिया) जिसमे ऊपर से देखने पर वे दुष्परिणाम, दोष या विकार न दिखाई देते हों जो साधारण अवस्थाओ में दिखाई देते, रहते या होते हैं।

पद—ठंडा युद्ध, ठंडी आग, ठंडी मार, ठंडी सिट्टी। (देखे अलग-अलग स्वतन्त्र शब्द)

मुहा०—ठंडे कलेजे, ठंडे ठंडे या ठंडे पेटों=बिना किसी प्रकार का प्रतिवाद या विरोध किये। चुपचाप या धीर और शांत भाव से। जैसे—अब आप ठंडे कलेजे (ठंडे ठंडे या ठंडे पेटों) हमारा हिसाब चुकता करके यह झगड़ा खतम कीजिए।

१६. जो या तो मर गया हो, या मरे हुए के समान जड़, निश्चेष्ट या निष्क्रिय हो गया हो। जैसे—पहली लाठी लगते ही वह गिर कर ठंडा हो गया। १७. (कार्य या स्थान) जिसमें नित्य का-सा व्यवहार या

व्यापार न हो रहा हो, बल्कि जो बहुत-कुछ मंदा या हलका पड़ गया हो। जैसे—युद्ध की सम्भावना न रह जाने (अथवा बाहर से माल आने की आशा होने) पर किसी चीज का बाजार ठंडा पड़ना या होना। १८. जिसमें किसी तरह की खराबी या बुराई न हो।

मुहा०—(किसी काम या बात में) ठंडा गरम न देखना=यह न देखना या समझना कि यह काम अच्छा, उचित अथवा लाभदायक है या नहीं। ऊँच-नीच या बुरा-भला न देखना या न समझना।

१९. (पदार्थ) जिसमें अग्नि, विद्युत् आदि का संयोग न हो अथवा इनका काम किसी और तरह से चलाया जाता हो। जैसे—ठंडा तार, ठंडा मुलम्मा।

ठंडाई—स्त्री० [हिं० ठंडा] १ एक में मिले हुए कासनी, सौफ, गुलाब की पत्तियों और ककड़ी, खरबूजे आदि के बीज। २. उक्त पत्तियों तथा बीजों का वह मिश्रण जो प्रायः गरमी के दिनों में घोट और घोलकर शरबत के रूप में बनाया तथा पीया जाता है। ३. दे० 'ठंढक'।

ठंडा मुलम्मा—पु० [हिं० ठंडा। अ० मुलम्मा।] कुछ विशिष्ट धातुओं पर सोने या चाँदी का पानी चढ़ाने की वह रीति जिसमें उक्त धातुओं को गरम नहीं करना पड़ता। इस प्रकार किया हुआ मुलम्मा।

ठंडा युद्ध—पु० [हिं०+सं०] राजनीतिक क्षेत्रों में एक दूसरे के प्रति चली जानेवाली ऐसी चाले या दाँव-पेच जिसमें शस्त्रास्त्रों का प्रयोग न होने पर भी परिणाम या फल वैसा ही नाशकारक और भीषण होता है जैसा शस्त्रास्त्रों से होनेवाले प्रत्यक्ष युद्ध का होता है। (कोल्ड वार)

ठंडा साँस—पुं० [हिं०] बहुत खींचकर लिया जानेवाला वह साँस जो बहुत अधिक दुःख, निराशा, विफलता आदि के समय प्राकृतिक रूप से निकलता है। गहरा साँस। जैसे—चुनाव में अपनी हार का समाचार सुनने पर वे केवल ठंडा साँस लेकर रह गये।

ठंडी—वि० हिं० ठंडा का स्त्री० रूप।

स्त्री० १. वेचक या शीतला नामक रोग। (प्रायः बहुवचन रूप में प्रयुक्त) जैसे—बच्चे को ठंडियाँ निकली हैं।

क्रि० प्र०—निकलना।

मुहा०—ठंडी छलना=शीतल नामक रोग के वेग का उतार या कमी होना।

२. दे० 'ठंढ'। ३. दे० 'ठंढक'।

ठंडी आग—स्त्री० [हिं०] १. बरफ। हिम। २. तुषार। पाला। ३. ऐसी धूर्ततापूर्ण चाल जिससे किसी को अन्दर ही अन्दर बहुत अधिक कष्ट या संताप हो; या उसकी कोई बहुत बड़ी हानि हो। जैसे—उस दुष्ट (या नीच) को तो ठंडी आग से जलाना (या मारना) चाहिए।

ठंडी गरमी—स्त्री० [हिं०] ऐसा उत्साह, प्रेम या सद्भाव जो वास्तविक या हार्दिक न हो, केवल ऊपर से दिखाने या नाम करने के लिए हो। जैसे—उनकी यह ठंडी गरमी देखकर मुझे तो अन्दर ही अन्दर हँसी आ रही थी।

ठंडी मार—स्त्री० [हिं०] ऐसा प्रहार या मार जिसमें ऊपर से देखने पर चोट के निशान तो न दिखाई दें, पर भीतरी अंगों पर अधिक या गहरी चोट आवे। जैसे—जेलों और थानों में लोगों पर अक्सर ठंडी मार पड़ती है।

ठंडी सिट्टी—स्त्री० [हिं०] ऐसा शारीरिक संघटन जिसमें जवानी के लक्षण अधिक दिनों तक बने रहें और बुढ़ापे की झलक अपेक्षया देर में आवे।

ठई—स्त्री० [हिं० ठाँवँ] १. अवस्था। दशा। २. स्थिति।

ठउर†—पुं०=ठौर।

ठक—स्त्री० [अनु०] आघात करने या ठोकने से होनेवाला ठक शब्द।

वि० सन्नाटे में आया हुआ। भौंचक्का। स्तब्ध।

पु० चंडूबाजों की सलाई या सूजा जिसमें अफीम का किवाम लथाड़कर सेंकते हैं।

ठक-ठक—स्त्री० [अनु०] १ बार-बार आघात करने से होनेवाला शब्द। २. लाक्षणिक अर्थ में, कहा-सुनी या तू-तू मैं-मैं।

ठकठकाना—स० [अनु० ठक-ठक] १. ठक-ठक शब्द उत्पन्न करना। २. अच्छी तरह या खूब पीटना।

अ० ठक-ठक शब्द होना।

ठकठकिया—वि० [अनु० ठक-ठक] १. ठक-ठक शब्द उत्पन्न करनेवाला। २. जो स्वभावतः दूसरों से लड़ता-झगड़ता रहता हो।

ठकठेल†—स्त्री० [अनु० ठक+हिं० ठेलना] अड़। जिद। हठ।

ठकठोला—पु० [अनु०] १. एक प्रकार का करताल। २. वह जो उक्त करताल बजाकर भीख माँगता हो। ३. एक प्रकार की छोटी नाव।

ठकना—अ० [अनु०] सहारा लगाकर बैठना। टिकना। उदा०—ठकि गो पीय पलँगिया आलस पाई।—रहीम।

स०=टेकना।

ठकमूरी—स्त्री० [हिं० ठग+मूरि] १. वह स्थिति जिसमें आदमी बहुत अधिक चकित या भौचक्का होकर स्तब्ध रह जाय। जैसे—उसे देखकर हमें तो ठकमूरी लग गई।

क्रि० प्र०—लगना।

२. दे० 'ठगमूरि'।

ठकार—पुं० [सं० ठ+कार] 'ठ' अक्षर।

ठकुआ—पुं०=ठकुवा (पकवान)।

ठकुरई†—स्त्री०=ठकुराई।

ठकुरसुहाती—स्त्री० [हिं० ठाकुर=स्वामी+सुहाना] स्वामी अथवा किसी बड़े व्यक्ति को प्रसन्न करने या रखने के लिए कही जानेवाली खुशामद भरी बात।

ठकुराइत—स्त्री०=ठकुरायत।

ठकुराइन—स्त्री०=ठकुरानी।

ठकुराइत†—स्त्री०=ठकुरायत।

ठकुराई—स्त्री० [हिं० ठाकुर] १. ठाकुर होने की अवस्था या भाव। २. ठाकुरों का-सा आधिपत्य, प्रभुत्व या स्वामित्व। ३. वह प्रदेश या भू-भाग जो किसी ठाकुर के अधिकार में या अधीन हो। ४. ठाकुरों की-सी प्रतिष्ठा या महत्त्व। उदा०—हरि के जन की अति ठकुराई। —सूर। ५. बड़प्पन। महत्त्व।

†पुं० ठाकुर। राजपूत क्षत्रिय।

ठकुराना—पुं० [हिं० ठाकुर] गाँव या बस्ती का विभाग जिसमें अधिकतर ठाकुर या क्षत्रिय रहते हों।

ठकुरानी—स्त्री० [हिं० ठाकुर] १. ठाकुर या राजपूत जाति की स्त्री। २. ठाकुर अर्थात् राजा या सरदार की पत्नी। ३. भाकक्षिन। स्वामिनी।

ठकुरात्व—पुं० [हिं० ठाकुर] ठाकुरों या राजपूत क्षत्रियों की एक जाति या वर्ग।

ठकुरायत—स्त्री० [हिं० ठाकुर] १. ठाकुर (अधिपति, प्रभु, आदि) होने की अवस्था, पद या भाव। २. किसी ठाकुर (अधिपति आदि) का अधीनस्थ प्रदेश या भू-भाग।

ठकौरी—स्त्री० [हिं० ठेकना+औरी (प्रत्य०)] वह लकड़ी या छड़ी जिसके सहारे अथवा जिसे टेकता हुआ कोई चलता हो।

ठक्क—पुं० [सं०] व्यापारी।

ठक्कर—स्त्री०=ठक्कर।

ठक्कुर—पुं० [सं०] ठाकुर। देवता। पूज्य प्रतिमा।

ठग—पुं० [सं० स्थग] [स्त्री० ठगनी, ठगिन, भाव० ठगी] १ वह जो धोखा देकर दूसरों का धन ले लेता हो। जैसे—आज-कल तरह-तरह के ठग चारों ओर घूमते रहते हैं। २. मध्य युग मे, वह व्यक्ति जो भोले-भाले लोगों पर अपना विश्वास जमा लेता था और धोखे से उन्हें कोई जहरीली या नशीली जड़ी-बूटी या मिठाई खिलाकर और उनका माल-असबाब लेकर चम्पत होता था।

विशेष—आरंभ में प्राय. इक्के-दुक्के लोग ही ठग होते थे। वे जो जहरीली या नशीली, जडी-बूटियाँ या मिठाइयाँ लोगो को खिलाते थे, उन्हें जन-साधारण ठग-मूरि या ठग-मोदक कहते थे। बाद मे मुख्यत. अंगरेजी शासन के आरंभिक काल में ये लोग बडे-बडे दल बनाकर घूमने लगे थे, और प्रायः यात्रियों, व्यापारियों आदि के दलों के साथ स्वय भी यात्री या व्यापारी बनकर दो-चार दिन यात्रा करते थे। जब कहीं जंगल या सुनसान मैदान में उन्हें अवसर मिलता था, तब वे उन यात्रियों या व्यापारियों के गले कुछ विशिष्ट प्रक्रिया से घोटकर उन्हें मार डालते और उनकी लाशें वहीं गाड़कर और माल लूटकर आगे बढ़ जाते थे। इनमें हिंदू और मुसलमान दोनों होते थे और ये काली की उपासना करते थे।

३. आज-कल अधिक प्राप्ति या लाभ के लिए अपनी चीज या सेवा के बदले में उचित से अधिक दाम या धन वसूल करनेवाला व्यक्ति। जैसे—यह दूकानदार बहुत बड़ा ठग है।

ठगई†—स्त्री० [हिं० ठग+ई (प्रत्य०)] १. ठग का काम या भाव। ठगी। २. कपट। छल। धोखा।

ठगण—पुं० [ष० त०] छंदशास्त्र में, पाँच मात्राओं का एक गण।

ठगना—स० [हिं० ठग+ना (प्रत्य०)] १. किसी से उसकी कोई चीज छल या धोखे से लेना। २. क्रय-विक्रय में अधिक लाभ करने के लिए किसी से लिए हुए धन के अनुपात में उचित से कम या रद्दी चीज देना। जैसे—यह दुकानदार ग्राहकों को बहुत ठगता है।

पद—ठगा-सा—ऐसा हक्का-बक्का कि मानों किसी ने उसे ठग लिया हो।

३. किसी को धोखे में रखकर उसके उद्देश्य की सिद्धि या संकल्प की पूर्ति से वंचित करना। जैसे—मुझे मेरे ही मित्रों ने ठगा। ४. किसी प्रकार का छल या धूर्तता का व्यवहार करना। ५. पूरी तरह से अनुरक्त या मोहित करके अपना वशवर्ती बनाना।

†अ० १.=ठगाना। २.=चकित होना।

ठगनी—स्त्री० [हिं० ठग] १. ठग की पत्नी। २. दूसरों को ठगने या धोखा देनेवाली स्त्री। छली या धूर्त स्त्री। ३. कुटनी। ४. धार्मिक क्षेत्रों मे माया (सांसारिक) का एक नाम।

ठग-पना—पु० [हिं० ठग+पन] १ दूसरों को ठगने की क्रिया या भाव। ठगी। २ चालबाजी। धूर्तता।

ठग-मूरि—स्त्री० [हिं० ठग+मूरि] वह नशीली जडी जिसे खिलाकर ठग पथिकों को बेहोश करते और उनका धन लूट लेते थे।

ठग-मूरी—स्त्री०=ठग-मूरि।

ठग-मोदक—पु० [हिं० ठग+स० मोदक] वह मोदक या लड्डू जिसमें कुछ नशीली चीज होती थी, और जिसे ठग लोग भोले-भाले यात्रियों को खिलाकर बेहोश कर देते और तब उनका माल लूट लेते थे।

ठग-लाडू—पु० ठग-मोदक।

ठगवाना—स० [हिं० ठगना का प्रे०] किसी को ठगने मे किसी दूसरे को प्रवृत्त करना। ठगे जाने मे प्रवर्त्तक या सहायक होना।

ठग-विद्या—स्त्री० [हिं० ठग विद्या] लोगों को ठगने की कला या विद्या।

ठगाई†—स्त्री० [हिं० ठग] =ठगपना।

ठगारी†—स्त्री० [हिं० ठग+हारी (प्रत्य०)] ठगपना। ठगई।

ठगाई†—स्त्री० [हिं० ठग+आई (प्रत्य०)] ठगी।

ठगाठगी—स्त्री० [हिं० ठग] धोखेबाजी। वंचकता।

ठगाना†—अ० [हिं० ठगना] १. किसी ठग के द्वारा ठगा जाना। २ किसी धूर्त व्यापारी के फेर मे पडकर और उचित मे अधिक मूल्य देकर धन गँवाना। ३. अपना धन अथवा और कोई चीज किसी अविश्वासी को दे या सौंप बैठना। ४ अनुरक्त होना।

ठगाही†—स्त्री०=ठगी।

ठगिन—स्त्री० ठगनी।

ठगिनी—स्त्री० ठगनी।

ठगिया—पु०=ठग।

ठगी—स्त्री० [हिं० ठग] १ किसी को ठगने की क्रिया या भाव। २. ठगों का काम या पेशा। ३ चालबाजी। धूर्तता। ४. मध्य युग की एक प्रथा जिसमें ठग लोग भोले-भाले यात्रियों को विष आदि के प्रभाव से मूर्छित करके अथवा उनकी हत्या करके उनका धन छीन लेते थे। ५. मोहित करनेवाला जादू या बात। उदा०—ठगी लगी तिहारिएँ मु आप लौ निहारिएँ।—आनन्दघन।

ठगोरी—स्त्री० [हिं० ठग-मूरि] १. ठगने की क्रिया, भाव या विद्या। २. ठगे जाने का भाव या परिणाम। उदा०—चोरन गए स्वाथ अँग सोभ। उत गिरपरी ठगोरी।—सूर। ३. ऐसी चीज या बात जिससे किसी को ठगा या धोखा दिया जाय। उदा०—जोग ठगोरी ब्रज न बिकै है।—सूर। ४ टोना। जादू। ५. मिथ्या भ्रम। माया। ६. सुध-बुध भुलानेवाली अवस्था, बात या शक्ति। उदा०—जानहु लाई काहु ठगोरी।—जायसी।

मुहा०—(किसी पर) ठगोरी डालना या लगाना=(क) मोहित करके अथवा और किसी प्रकार विश्वास जमाकर अपने वश में कर लेना। बहकाकर धोखे मे रखना।

ठठ—पु० १.=ठठ्ठ। २.=ठाठ।

ठठई—वि०, स्त्री०=ठठई।

ठठकारी†—स्त्री०=ठठकारी।

ठठकीला†—वि० =ठठकीला।
ठठना—अ०, स०=ठठना।
ठठनि†—स्त्री०=ठठनि।
ठठबा—पुं०[देश०] एक तरह का जंगली जानवर।
ठठरी—स्त्री०=ठठरी।
ठठा—पुं०=ठठ्ठ (शूंब)। उदा०—जबहिं आइ जुरिहैं वह ठटा।—जायसी।
†पुं०=ठट्ठा
ठठिया†—स्त्री०=ठठिया(भांग)।
ठठ्ठ—पुं० १. =ठट्ठ। २. =ठाठ।
ठठ्ठी—स्त्री०=ठठरी।
ठठ्ठ—पुं०=ठट्ठ
ठठ्ठा—पुं०=ठट्ठा।
ठठ—पुं० १.=ठट्ठ। २.=ठाठ।
ठठाई—वि०[हिं० ठठ्ठा] हँसी-ठट्ठा करनेवाला।
†स्त्री०=ठट्ठा।
ठठकना†—अ०=ठिठकना।
ठठकान†—स्त्री०=ठिठकान।
ठठकारी†—स्त्री०[हिं० ठाठ+फा० कारी] वह टट्टी जिसकी आड़ में शिकार किया जाता है।
ठठना—अ०[हिं० ठाठ] १. खड़ा या स्थित रहना या होना। २. किसी चीज का अंधर घुसकर ठहर या रुक जाना। अड़ना। ३. निश्चित होना। ४. ठाठ से युक्त होना। सुसज्जित होना।
स० १. खड़ा या स्थित करना। ठहराना। २. निश्चित करना। ३. सुसज्जित करना। सजाना। ४. बनाना। रचना।
स०[हिं० ठठ] 'ठठ' अर्थात् दल या समूह बनाना।
ठठनि—स्त्री०[हिं० ठाठ] १. ठठने की क्रिया या भाव। २. ठाठ। सजावट। ३. बनावट। रचना।
ठठरी†—स्त्री०[हिं० ठाठ] १. मनुष्य या पशु के शरीर में की हड्डियों का पूरा ढाँचा। कंकाल। २. किसी ढाँचे या रचना का ढाँचा। ३. बरेठी, चिक पर मूरचा के आसा बाँधा है। ४. घास, भूसा आदि बाँधने का जाल।
ठठरा†—पुं०[हिं० ठाठ] एक तरह का मोटा कपड़ा। इकतारा। खमसजा।
ठठ्ठा†—पुं०=ठट्ठा।
ठठाना—स०[अनु० ठक-ठक] १. आघात करना। २. खूब अच्छी तरह किसी को मारना-पीटना।
अ०[हिं० ठट्ठा या अनु० ठह-ठह=हँसने का शब्द] इस प्रकार खूब जी खोलकर हँसना कि मुँह से ठह-ठह या इसी प्रकार का कोई ज़ोर शब्द स्वतः निकलने लगे।
अ०[हिं० ठाठ] कोई चीज या बात खूब ठाठ से, अच्छी तरह या बहुत अधिक होना। उदा०—चारों ओर छाई हुई ठठाती हुई अम्बरत्या के बीच से उसे हटाने के लिए उसे खींचने लगा।—अज्ञेय।
ठठिया—स्त्री०[देश०] राजस्थान के कुछ भागों में होनेवाली एक प्रकार की ज्वार।
ठठियार—पुं०[देश०] अनेकार्थों को बरावरकाल चुरवाहा। (बैसाख-जलाई)

ठठियाना—स०[हिं० ठठना] १. सुसज्जित करना।* २. किसी से सब-कुछ लेकर उसे कंगाल या निर्धन करना।
ठठियारा†—वि०[हिं० ठठियाना] जिसके पास कुछ भी न रह गया हो।
उदा०—तस सिंगार सब लीन्हेसि, मोहि कीन्हेसि ठठियारि।—जायसी।
ठठियारिन—स्त्री०[हिं० 'ठठेरा' का स्त्री० रूप] ठठेरिन।
ठठुकना†—अ०=ठिठकना।
ठठेर-बंजारिका—दे० 'ठठेरा' के अंतर्गत पद 'ठठेरे की बिल्ली'।
ठठेरा—पुं०[अनु० ठन-ठन] [स्त्री० ठठेरिन, ठठेरी] १. वह कारीगर जो ताँबे, पीतल आदि के बरतन बनाता हो। †२. उक्त प्रकार के बरतन बेचनेवाला दूकानदार।
पद—ठठेरे-ठठेरे बराबरी=ऐसे दो आदमियों के बीच का व्यवहार जो चालाकी, धूर्तता, बल आदि में एक दूसरे से कम न हों। ठठेरे की बिल्ली=ऐसा व्यक्ति जो कोई अनधिकार या विकट काम देखते-देखते या सुनते-सुनते उसका अभ्यस्त हो गया हो।
३. एक प्रकार की चिड़िया जिसके बोलने पर ऐसा जान पड़ता है कि कोई ठठेरा ताँबा या पीतल पीटकर उसके बरतन बना रहा है।
पुं०[हिं० ठाठ] ज्वार, बाजरे आदि का डंठल।
ठठेरिन—स्त्री०[हिं० 'ठठेरा' का स्त्री० रूप] ठठेरे की स्त्री। ठठेरी।
ठठेरी—स्त्री०[हिं० ठठेरा] १. ठठेरे की स्त्री। २. ठठेरे का काम या व्यवसाय।
वि० ठठेरों का। ठठेरों से सम्बन्ध रखनेवाला। जैसे—ठठेरी बाजार।
ठठोल—वि०[हिं० ठठोली] ठठोली करनेवाला। हँसोड़।
पुं०=ठठोली।
ठठोली—स्त्री०[हिं० ठठ्ठा] किसी को हँसी का पात्र या हास्यास्पद बनाने के लिए उसके संबंध में कही जानेवाली कोई कुतूहलजनक तथा व्यंग्यपूर्ण परंतु हँसी की बात।
ठड्ढ—पुं०[सं० तट, हिं० टट्टी या सं० स्थाता] १. एक स्थान पर स्थित बहुत सी वस्तुओं का समूह। २. बहुत से लोगों का जमावड़ा या भीड़-भाड़। उदा०—पियें भट्ट के ठड्ढ अस गुजरातिन के वृन्द।—भारतेन्दु।
ठड्ढा—पुं०[हिं० ठठाना] १. वह परिहास या हँसी-दिल्लगी जो कुतूहलजनक या विलक्षण बातों के आधार पर केवल मनोविनोद के लिए होती है। (वैन्टर) २. परिहास। हँसी-मजाक।
क्रि० प्र०—उड़ाना।—करना।
ठड्ढुकना†—अ०=ठिठकना।
ठड्ढा†—वि०=खड़ा।
ठड्ढिया—पुं०[हिं० ठाढ़] एक प्रकार का खड़ी निगालीवाला हुक्के का गैचा।
ठड्ढुआ—पुं०[हिं० ठड्ढा] १. पीठ के बीच की खड़ी हड्डी। रीढ़। २. बंदूकी या पर्वत में खड़े बल में लगनेवाली कमानी। ३. ठड्ढा। ढाँचा।
ठढ़—अ०, स०=ठठना।
वि०[सं० स्थातृ] खड़ा।
ठढ़ुक—स्त्री०[हिं० ठाढ़=खड़ा] काठ की कैंची सदृश खड़ी ऊखल।
ठढ़ियाना†—स०[हिं० ठढ़ा=खड़ा] खड़ा करना।

अ० खड़ा होना।

ठइँ†—स्त्री०=ठइँया।

ठइठा—वि०=ठठा (खड़ा)।
पुं०=ठइठा। (देखें)

ठक—स्त्री० [अनु०] किसी धातु खंड अथवा धातु के किसी पात्र पर आघात लगने से होनेवाला शब्द।

ठनक—स्त्री० [अनु० ठन-ठन] १. बार-बार ठन-ठन होने का शब्द। जैसे—(क) धातुखंड पर आघात करने से होनेवाली ठनक। (ख) ढोल, तबले, मृदंग आदि के बजने से होनेवाली ठनक। २. रह-रहकर उठने या होनेवाली पीड़ा। टीस।

ठनकना—अ० [अनु० ठन-ठन] १. ठन-ठन शब्द होना। जैसे—गिरने से पीतल या लोटा ठनकना। २. ढोल, तबले, मृदंग आदि ऐसे बाजे बजना जिनमें बीच-बीच में ठन-ठन शब्द होता हो। जैसे—तबला ठनकना।
मुहा०—तबला ठनकना=नाच-गाना होना।
३. रह-रहकर आघात पड़ने की-सी पीड़ा होना। जैसे—माथा ठनकना।
मुहा०—माथा ठनकना=सहसा किसी बात या व्यक्ति के संबंध में मन में कुछ आशंका या संदेह उत्पन्न होना। जैसे—उसका रंग-ढंग देखकर पहले ही मेरा माथा ठनका था।

ठनका—पुं० [हिं० ठनक] १. दे० 'ठनक'। २. गरजता हुआ बादल। उदा०—भादौ रैन भयावनी अधी गरजै औ घहराय। लवका लौके ठनका ठनकै, छति दरद उठ जाय।—गीत।

ठनकाना—स० [हिं० 'ठनकना' का स०] १. इस प्रकार आघात करना जिससे कोई चीज ठन-ठन शब्द करने लगे। जैसे—परखने के लिए रुपया ठनकाना। २. ढोल, तबला आदि ऐसे बाजे बजाना, जिनमें से ठन-ठन शब्द निकलता है।

ठनकार—स्त्री० [अनु०] 'ठन' की तरह का शब्द। ठनक।

ठनगन—स्त्री० [अनु० ठन-ठन] उपर्युक्त दाता से अपना अधिकार जतलाते हुए कुछ पाने या लेने के लिए बार-बार किया जानेवाला आग्रह या हठ। जैसे—मांगलिक अवसरों पर नाई आदि नेगी अपने नेग के लिए यजमानों से ठनगन करते ही हैं।

ठन-ठन—स्त्री० [अनु०] १. ठन-ठन शब्द। ठनक। २. दे० 'ठन-गन'।

ठन-ठन गोपाल—वि० [अनु० ठन-ठन+गोपाल=कोई व्यक्ति] १. (व्यक्ति) जिसके पास कुछ भी धन न हो या न रह गया हो। २. (वस्तु) जिसमें कुछ भी सार न हो।
पुं० रुपये-पैसे का अभाव।

ठनठनाना—स० [अनु०] ठन-ठन शब्द उत्पन्न करना।
अ० ठन-ठन शब्द उत्पन्न होना।

ठनना—अ० [हिं० ठानना] १. (किसी कार्य या व्यापार का) तत्परतापूर्वक या जोर-शोर से आरम्भ होना या किया जाना। जैसे—युद्ध ठनना। २. (विचार या संकल्प का मन में) निर्धारित या पक्का होना। जैसे—अब तो तुम्हारे मन में उनसे लड़ने की ठन गई है। ३. (व्यक्ति आदि का) तत्परतापूर्वक किसी कार्य या व्यापार में लगने को उद्यत होना। ४. किसी विशिष्ट रूप में दृढ़तापूर्वक सामने आकर उपस्थित होना। उदा०—बुलरी कल कोकिला कंठ बनी, मृग खंजन अंजन भाँति ठनी।—केशव।

ठनठनाना†—अ०=ठनमनाना।

ठनाका—पु० [अनु० ठन] १ जोर से तथा सहसा होनेवाली ठन-ठन ध्वनि। २. कुछ समय तक निरंतर होती रहनेवाली ठन-ठन ध्वनि।

ठनाठन—क्रि० वि० [अनु० ठन-ठन] १. ठन-ठन शब्द करते हुए। जैसे—घंटा ठनाठन बज रहा था। २. टनाटन।

ठप—वि० [अनु०] १ (कार्य या व्यापार) जो पूरी तरह से बन्द हो गया हो। जैसे—घोर वर्षा के कारण आज दिन भर सब काम ठप रहे। २. (पदार्थ) जो खुला न हो या खोला न गया हो; अथवा जिसका उपयोग न हो रहा हो। जैसे—(क) पुस्तक ठप होना। (ख) बाजे या यंत्र का ठप पड़ा रहना।
पु० १ खुली पुस्तक सहसा बन्द करने से होनेवाला शब्द। २. उपर्युक्त अर्थात् बन्द करने की अवस्था, क्रिया या भाव।

ठपका—पु० [हिं० ठप] १ ठप शब्द। २. खुली पुस्तक बंद करने की क्रिया। ३ आघात। धक्का।

ठपना—स० [हिं० ठप] १ कोई चीज इस प्रकार बन्द करना कि ठप शब्द हो। २. कोई कार्य या व्यापार बन्द करना। ३. कोई चीज बन्द करके कहीं रखना।

ठप्पा—पु० [ठप से अनु०] १ धातु, लकड़ी आदि का वह टुकड़ा जिस पर चित्र, चिह्न आदि खुदे रहते हैं और जिसमें कपड़ों आदि पर रंग या स्याही की सहायता से छाप लगाई जाती है। जैसे—कपड़े छापने या सिक्के बनाने का ठप्पा। २ उक्त उपकरण से लगी या लगाई हुई छाप। ३. एक प्रकार का चौड़ा नकाशीदार गोटा जो ठप्पे से दबाकर बनाया जाता है। ४. वह साँचा जिसमें उक्त प्रकार के उभारदार बेल-बूटे बनाये जाते हैं।

ठमक—स्त्री० [हिं० ठमकना] १. ठमकने की अवस्था, क्रिया या भाव। †२. दे० 'ठुमक'।

ठमकना—अ० [स० स्तम्भ, हिं० थम+करना] १. चलते-चलते सहसा कुछ रुकना। ठिठकना। (प्रायः आशंका, भय आदि के कारण; अथवा हाव-भाव दिखलाने के लिए) २. दे० 'ठुमकना'।
अ० [अनु०] किसी चीज में से ठम-ठम शब्द निकलना।

ठमकाना—स० [हिं० ठमकना] १. कोई ऐसी बात कहना जिससे किसी के मन में शंका या संदेह उत्पन्न हो जाय और वह चलता-चलता या कोई काम करता करता रुक जाय। २. ठसक दिखलाते हुए अंगों का संचालन करना। ३. ठम-ठम शब्द उत्पन्न करना।

ठमकारना†—स०=ठमकाना।

ठयक*—पुं०=ठौर।

ठयना†—स० [सं० स्थापन, प्रा० ठावण] १. स्थापित करना। ठहराना, बैठाना या स्थित करना। २. प्रयुक्त करना। लगाना। ३. दे० 'ठानना'।
अ० १. स्थापित या स्थित होना। २. प्रयुक्त होना। लगना। ३. दे० 'ठानना'।

ठरगजी—स्त्री० [?] बहनोई की बहन। बहन की ननद। (ब्रज)

ठरना—अ० [हिं० ठार=बहुत ठंढा] १. बहुत अधिक सरदी के कारण ठिठुरना। २. बहुत अधिक जाड़ा या सरदी पड़ना।

ठरमरुआ—वि० [हिं० ठार=पाला+मरुआ=मरा हुआ] १. जो अधिक

सरदी के कारण अकड़ या ठिठुर कर मर गया हो या मरे हुए के समान हो गया हो। २. (फसल) जिसे पाला मार गया हो।

ठरवा—स० [हिं० ठरना] किसी को सरदी से ठरने में प्रवृत्त करना।

†अ०=ठरना।

ठरुआ†—वि०[हिं० ठार]=ठरमरुआ।

ठर्री—पुं०[हिं० ठड़ा=खड़ा]१. बटा हुआ मोटा डोरा या सूत जिसमें प्रायः कुछ अकड़ या ऐंठ रहती है। २. महुए के फलों के रस से बनी हुई एक प्रकार की देशी शराब। ३. अधपकी बड़ी ईंट। ४. एक तरह का भद्दा जूता। ५. बेडौल तथा भद्दा मोती। ६. अँगिया या चोली का बंद। तनी।

ठर्री—स्त्री०[देश०] १. बिना अंकुर का धान का बीज जो छितराकर बोया जाता है। २. ऐसे धान की बोआई।

ठलाना*—स०[?] १. गिराना। २. निकलवाना।

ठवन—स्त्री०[सं० स्थापन] १. किसी ऐसी विशिष्ट अवस्था में होने का भाव या अंगन्यास जिससे शरीर के अंगों से कलापूर्ण सौंदर्य प्रकट होने लगे। २. किसी विशिष्ट भाव की अभिव्यक्ति के लिए बनाई हुई मुद्रा। ३. खड़े होने, बैठने आदि की कोई विशिष्ट मुद्रा। (पोज)

ठवना—स०=ठयना।

ठवनि†—स्त्री०=ठवन।

ठवनी†—स्त्री०=ठवन।

ठवर†—पुं०=ठौर।

ठस—वि०[सं० स्वस्तु] १. (पदार्थ) जो बहुत ही कड़ा या ठोस और फलतः दृढ़ या मजबूत हो। जैसे—ठस मकान। २. (वस्त्र) जिसके ताने और बाने के सूत परस्पर इस प्रकार सटे हुए हों कि उनमें बिरखता न दिखाई पड़े। ३. (बुनावट) जो उक्त प्रकार की हो। ४. जो इतना अधिक भारी हो कि अपने स्थान से हिलाये जाने पर भी जल्दी न हिले। ५. (सिक्का) जो खनकाने पर ठीक ध्वनि न दे। ६. (व्यक्ति) जो बहुत कंजूस हो और जल्दी पैसा खरच करनेवाला न हो। ७. आलसी। सुस्त। ८. जिद्दी। हठी।

वि० मंजीर। उदा०—परंतु वातावरण बिलकुल ठस जान पड़ा।—वृंदावनलाल वर्मा।

ठसक—स्त्री०[हिं० ठस]१. बड़प्पन, योग्यता आदि दिखलाने के उद्देश्य से की जानेवाली साधारण से भिन्न कोई शारीरिक चेष्टा। २. नखरा। ३. अभिमान। गर्व।

ठसकदार—वि० [हिं० ठसक+फा० दार]१. (व्यक्ति) जिसमें ठसक हो। अपना बड़प्पन या योग्यता प्रदर्शित करने के लिए कोई विशिष्ट शारीरिक चेष्टा करनेवाला। २. घमंडी।

ठसका†—पुं०=ठसक।

पुं०[अनु०]१. एक तरह की सूखी खाँसी। २. धक्का।

ठसाठस—वि०[हिं० ठस] (अवकाश) जो इतना अधिक भर गया हो कि उसमें और अधिक समाई न हो सकती हो। जैसे—बक्सियों से रेल का डिब्बा ठसाठस था।

क्रि० वि० ऐसी अवस्था में जिसमें और अधिक भरने, रखने आदि के लिए अवकाश न बच रहा हो।

ठस्सा—पुं०[अनु०]१.एक प्रकार की छोटी खलनी जिससे धातुओं पर नक्काशी की जाती है। २. दे० 'ठसक'।

†पुं०=ठवन।

ठहक—स्त्री०[अनु०] नगाड़े, मृदंग आदि का शब्द।

ठहना—अ०[अनु०]१. घोड़े का हिनहिनाना। २. घंटे आदि का शब्द होना।

अ०[सं० संस्थापन]१. बनाना। सँवारना। २. रक्षा करना। बचाना। उदा०—द्रुपद-सुता की हरि जू लाज ठही।—सूर।

†अ०=ठहराना।

ठहर†—पुं० [सं० स्थल] १. जगह। स्थान। २. रसोईघर। चौका। ३. रसोईघर को गोबर आदि से लीपने-पोतने का काम।

क्रि० प्र०—देना।

४. अवसर। मौका।

ठहरना—अ० [हिं० ठहर] १. चलते-चलते किसी स्थान पर रुकना। गति से रहित होकर स्थित होना। जैसे—डाक-गाड़ी इस छोटे स्टेशन पर भी ठहरती है। २. किसी स्थान पर विश्राम करने अथवा थोड़े समय के लिए रहने के लिए रुकना। टिकना। जैसे—अगली बार यहाँ आने पर हम लोग आप ही के यहाँ ठहरेंगे। ३. किसी स्थान पर किसी की धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करना या रुके रहना। जैसे—अदालत का फैसला सुनने के लिए हम ठहरे हुए हैं। ४. कुछ समय तक किसी विशिष्ट अवस्था या स्थिति में बने रहना। जैसे—(क) दूध या दही का ठहरना। (ख) इनका बुखार १००° पर ठहरा रहता है। ५. किसी विशिष्ट स्थिति में खड़ा रहना; फलतः किसी ओर न झुकना या नीचे न गिरना। जैसे—अधर में योगी या आकाश में पतंग का ठहरना। ६. किसी विशिष्ट आधार पर स्थित होना। जैसे—यह छत चारों खंभों पर ठहरी है। ७. किसी प्रकार की क्रिया, चेष्टा या व्यापार से रहित या हीन होना। जैसे—(क) हवा या वर्षा का ठहरना। (ख) खाँसी या बुखार ठहरना। ८. किसी अशांत या उद्विग्न स्थिति का फिर से प्रसन्न या शांत होना। जैसे—अब कुछ तबीयत ठहरी है। ९. घुली हुई वस्तु के नीचे बैठ जाने पर पानी का थिराना। १०. निश्चित या पक्का होना। जैसे—(क) दर, भाव या मूल्य ठहरना। (ख) सौदा ठहरना। ११. गर्भ रहना। १२. किसी विशिष्ट स्थिति में होना। (केवल जोर देने के लिए) जैसे—(क) तुम तो भाई ठहरे। (ख) आप तो रईस ठहरे।

ठहराई—स्त्री०[हिं० ठहराना]१. ठहराने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. अधिकार। कब्जा। (नव०)

ठहराउ†—पुं०=ठहराव।

ठहराऊ—वि०[हिं० ठहराना]१. ठहरने या ठहरानेवाला। २. टिकाऊ।

ठहराना—स०[हिं० ठहरना का स०]१. ठहराने में प्रवृत्त करना। २. किसी चलती हुई चीज को रोककर किसी स्थान पर खड़ा या स्थित करना। जैसे—गाड़ी या नाव ठहराना। २. किसी को किसी आधार पर इस प्रकार खड़ा या स्थित करना कि वह इधर-उधर होने या हिलने न पावे। जैसे—उँगली पर छड़ी ठहराना। ४. किसी प्रकार के आधार पर दृढ़तापूर्वक स्थापित करना। जैसे—खंभों पर छत ठहराना। ५. किसी को अतिथि के रूप में अपने यहाँ अथवा और कहीं ठहरने या

कुछ समय तक रखने अथवा रहने की व्यवस्था करना। जैसे—(क) मित्र को अपने यहाँ ठहराना। (ख) धर्मशाला में बरात ठहराना। ६. किसी चलते या होते हुए काम को बंद करना या रोकना। ७ कोई काम चीज या बात इस प्रकार निश्चित करना, कराना कि सहसा उसमे कोई परिवर्तन न हो सके। जैसे—(क) लड़की या लड़के का ब्याह ठहराना। (ख) किराये की गाड़ी या मोटर ठहराना। ८. किसी चीज को नीचे गिरने से रोकने के लिए कोई आड़ या टेक लगाना।

ठहराव—पु०[हिं० ठहरना+आव (प्रत्य०)]१. ठहरने, ठहराने या ठहरे हुए होने की अवस्था या भाव। २. वह स्थिति जिसमें किसी प्रकार की अशांति, उपद्रव, चंचलता आदि न हो। स्थिरता। ३. दो पक्षों में क्रय-विक्रय, विवाद आदि निपटाने के संबंध में होनेवाला निश्चय। ४. दे०'ठहरौनी'।

ठहुवा†—पुं०=ठहर।

ठहरौनी—स्त्री०[हिं० ठहराना]१. दो पक्षों में होनेवाला वह निश्चय जिसके अनुसार एक पक्ष दूसरे पक्ष को निश्चित धन आदि समय-समय पर देता है। २. विवाह के अवसर पर दहेज आदि के लेन-देन का करार या निश्चय। ३.=ठहराव।

ठहाका†—पुं०[अनु०]१. ठठाकर या जोर से हँसने का शब्द। २. जोर की हँसी।

वि० चटपट। तुरंत।

ठहिया—स्त्री०[हिं० ठाँव] ठाँव। जगह।

ठाँ—स्त्री० १.=ठाँव। २.=ठाँय।

ठाँई—स्त्री०[हिं० ठाँव] जगह। स्थान।

वि० निकट। पास।

†अ०य० १. किसी के प्रति। २. किसी से।

ठाँउँ†—पुं०=ठाँव।

अव्य०=ठाँव।

ठाँठ—वि०[सं० स्थाणु (ठूँठा पेड़) या ठन-ठन से अनु०]१. जिसका रस सूख गया हो। नीरस। शुष्क। २. (गौ या भैंस) जिसने दूध देना बन्द कर दिया हो। जिसके स्तनों में दूध न रह गया हो।

ठाँठर*—पुं० दे० 'ठठरी'।

पुं०[सं० स्थान, प्रा० ठान] जगह। स्थान।

ठाँय—स्त्री०[अनु०] बंदूक के चलने या ऐसी ही और कोई क्रिया होने का शब्द।

अव्य० निकट। पास। समीप।

ठाँय-ठाँय—स्त्री०[अनु०]१. लगातार बंदूक से गोलियाँ छोड़ते चलने से होनेवाला शब्द। २. ऐसा झगड़ा या टंटा जिसमे व्यर्थ की बहुत-सी बक-बक हो।

ठाँव—पुं०[सं० स्थान; प्रा० ठान]१. स्थान। जगह। २. ठिकाना।

ठाँसना—स० [हिं० खाँसना का अनु०] ठन-ठन शब्द करते हुए खाँसना।

स०=ठूसना।

ठाँह (ँ)—स्त्री०=ठाँव।

ठाई—स्त्री०=ठाँव।

ठाउ—पुं०=ठाँव।

ठाक—स्त्री०[हिं० ठाकना] ठाकने अर्थात् रोकने या मना करने की क्रिया या भाव।

पु० हिं० 'ठीक' का निरर्थक अनुकरण। जैसे—ठीक-ठाक करना।

ठाकना†—पुं०[स० स्था] कोई ऐसा काम करने से रोकना जिसका परिणाम या प्रभाव प्रायः बुरा होता हो। मना करना। जैसे—बच्चे को गाली देने से ठाकना।

ठाकुर—पुं०[स० ठक्कुर] [स्त्री० ठकुराइन, ठकुरानी]१. देवमूर्ति, विशेषकर विष्णु या उनके अवतारों की प्रतिमा। देवता। २. ईश्वर। भगवान। ३. मालिक। स्वामी। ४. किसी भूखंड का स्वामी। ५. नायक। सरदार। ६. गाँव का जमींदार या मुखिया। ७. पूज्य व्यक्ति। ८. क्षत्रियों की एक उपाधि। ९. नाइयों के लिए एक संबोधन।

ठाकुरद्वारा—पुं०[हिं० ठाकुर+सं० द्वार]१. देवालय। मंदिर। जैसे—माई का ठाकुरद्वारा। २. सिक्खों का गुरुद्वारा।

ठाकुरप्रसाद—पु०[हिं०]१ देवता को भोग लगाई हुई वस्तु। नैवेद्य। २. भादों मे तैयार होनेवाला एक प्रकार का धान।

ठाकुरबाड़ी†—स्त्री०=ठाकुरद्वारा।

ठाकुर-सेवा—स्त्री०[हिं० ठाकुर+सं० सेवा]१. देवता का पूजन और सेवा। २ देवता के भोग-राग के लिए मंदिर के नाम अर्पित की हुई संपत्ति।

ठाकुरी—स्त्री०[हिं० ठाकुर+ई (प्रत्य०)]१. ठाकुर होने की अवस्था, पद या भाव। २. वह प्रदेश जो किसी ठाकुर के अधिकार में हो। ३. शासन। ४. प्रधानता। ५. महत्त्व।

ठाट—पुं०=ठाठ।

ठाटना—स०=ठाठना।

ठाट बंदी—स्त्री०=ठाठ-बंदी।

ठाट-बाट—पुं०=ठाठ-बाट।

ठाटर—पुं०=ठाठर।

ठाटी†—स्त्री०=ठठ्ठ (समूह)।

ठाठ—पुं०[सं० स्थातृ=खड़ा होनेवाला]१. बाँसों, लकड़ियों आदि का बना हुआ वह ढाँचा जिसके आधार पर कोई रचना तैयार या पूरी की जाती है। जैसे—छप्पर या नाव का ठाठ।

क्रि० प्र०—खड़ा करना।—बनाना।

पद—ठाठ बंदी=नवठट। (देखे)

२. किसी प्रकार की लंबी-चौड़ी बनावट या रचना। जैसे—कालीन या दरी बुनने का ठाठ, अर्थात् करघा और उसके साथ की दूसरी सांघ-स्यक सामग्री। ३. ऐसी बनावट या रचना जो तड़क-भड़क, वैभव, शोभा, सजावट आदि दिखाने के उद्देश्य से तैयार की या बनाई जाय। आडंबर। ४. तड़क-भड़कवाला। वेश-विन्यास।

मुहा०—ठाठ पर रह जाना=उद्देश्य सिद्ध करने में विफल होकर ज्यों का त्यों रह जाना। **ठाठ बदलना**=(क) नया रूप धारण करने के लिए वेश बदलना। (ख) बल, महत्ता, श्रेष्ठता आदि दिखाने या स्थापित करने के लिए नया रूप धारण करना। जैसे—पहले तो वह सीधी तरह से बातें करता था; पर आज तो उसने अपना ठाठ ही बदल दिया। **ठाठ माँजना**=ठाठ बदलना।

५. तड़क-भड़कवाला ढंग, प्रकार या शैली।

मुहा०—ठाठ से बिताना या रहना=बहुत अच्छी तरह, चैन या सुख से रहना या समय बिताना।

६. कोई काम करने का आयोजन, तैयारी, युक्ति या व्यवस्था। जैसे—(क) अब यहाँ कहीं ठहरने या रहने का ठाठ करना चाहिए। (ख) यह सब अपना मतलब निकालने का ठाठ है। उदा०—यह ठाठ तुझी ने बाँधा है, यह रंग तुझी ने रच्चा है। —नजीर।

क्रि० प्र०—बाँधना।

७. कुश्ती या पटेबाजी में खड़े होने या वार करने का ढंग। पैंतरा।

मुहा०—ठाठ बदलना=पुराना पैंतरा छोड़कर नये पैंतरे से खड़े होना या वार करना। ठाठ बाँधना=प्रतिपक्षी पर वार करने के लिए पैंतरे से खड़े होना।

८. संगीत में ऐसे क्रमिक सात स्वरों का वर्ग जो किसी विशेष प्रचलित तथा प्रसिद्ध अथवा शास्त्रीय महत्त्व के राग में लगता हो। जैसे—भैरवी का ठाठ। ९. कबूतरों, मुरगों आदि का प्रसन्न होकर पर फड़फड़ाने की अवस्था या ढंग।

मुहा०—ठाठ मारना=उक्त पक्षियों का प्रसन्न होकर पर फड़फड़ाना।

पुं० [हिं० ठठ्ठ] १. झुंड, दल या समूह। ठठ्ठ। जैसे—घोड़ों या हाथियों का ठाठ। २. अधिकता। बहुतायत। ३. बैल या साँड़ की गरदन पर का डिल्ला।

ठाठना—स० [हिं० ठाठ] १. ठाठ खड़ा करना या बनाना। २. सजाना। ३. किसी कार्य के अनुष्ठान या आरम्भ का उपक्रम करना।

अ० १. ठाठ का खड़ा होना या बनना। २. सजना। ३. कार्य आदि का अनुष्ठान या आरंभ होना।

ठ.ठ-बंदी—स्त्री० [हिं० ठाठ+फा० बंदी] १. किसी प्रकार का ठाठ अर्थात् ढाँचा खड़ा करने या बाँधने की क्रिया अथवा भाव। जैसे—छाजन या नाव की ठाठ-बंदी। २. आयोजन। तैयारी।

ठ.ठ-बाट—स्त्री० [हिं० ठाठ+अनु० बाट] १. आडंबर, तड़क-भड़क तथा विलासपूर्ण आयोजन या प्रदर्शन। जैसे—वे ठाठ-बाट से रहते या ठाठ-बाट से बाजार निकलते हैं। २. सज-धज। सजावट।

ठाठर—पुं०=ठ.ठ।

ठाढ़—वि०=ठाढ़ा। उदा०—ठाढ़ करत हैं कारन तबही।—तुलसी।

ठाढ़ा—वि० [सं० स्थातृ=जो खड़ा हो] [स्त्री० ठाढ़ी] १. जो सीधा खड़ा हो। दंडायमान। २. जो अपने पूर्व या मूलरूप में वर्तमान या स्थित हो। उदा०—गाढ़ै ठाढ़ै कुचनु ठिलि पिय हिय को ठहराइ।—बिहारी।

मुहा०—ठाढ़ा देना=किसी चीज को यत्नपूर्वक सँभालकर ज्यों का त्यों रखना।

३. (अनाज का दाना) जो कूटा या पीसा न गया हो, बल्कि ज्यों का त्यों अपने मूल रूप में हो। जैसे—ठाढ़ा गेहूँ या चना। ४. हृष्ट-पुष्ट। हट्टा-कट्टा। ५. जो खड़े बल में हो या सीधा ऊपर की ओर गया हो। ६. जो सामने आकर उपस्थित या प्रस्तुत हुआ हो। वर्तमान।

ठाढ़ेश्वरी—पुं० [हिं० ठाढ़ा+सं० ईश्वर+ई (प्रत्य०)] साधुओं का एक वर्ग जो रात-दिन खड़ा रहता है।

विशेष—ये साधु या तो चलते-फिरते रहते हैं या खड़े रहते हैं, बैठते या लेटते बिलकुल नहीं।

ठादर—पुं० [देश०] झगड़ा।

ठान—स्त्री० [हिं० ठानना] १. ठानने की क्रिया या भाव। २. किसी काम को करने के संबंध में किया हुआ दृढ़ निश्चय या हठ। ३. निश्चय या हठ-पूर्वक ठाना या आरंभ किया हुआ कार्य।

ठानना—स० [सं० अनुष्ठान] १. कोई काम तत्परता और दृढ़तापूर्वक आरंभ करना। जैसे—युद्ध ठानना। २. कोई काम करने के लिए दृढ़ निश्चय या संकल्प करना। ३. पक्का करना। ठहराना।

ठाना—स०=ठानना।

स० [?] नष्ट करना। उदा०—लाज की और कहा कहि केशव जो सुनिये गुण ते सब ठाए।—केशव।

†पुं०=थाना।

ठाम†—पुं० [सं० धामन् या स्थान] १. जगह। स्थान। २. ठवन। मुद्रा। ३. शरीर की गठन। अँगलेट।

ठाय—स्त्री० [अनु०] बंदूक आदि के चलने से होनेवाला शब्द। ठाँय

स्त्री०=ठाँव।

ठार—वि० [सं० स्थावर] बहुत अधिक ठंढा।

पुं० १. कड़ा जाड़ा। गहरी सरदी। २. पाला। हिम।

ठाल—वि०=ठाला।

पुं०=ठाला।

ठाला—पुं० [हिं० निठल्ला] [स्त्री० ठाली] १. (व्यक्ति) जो कुछ भी काम-धंधा न करता हो। निठल्ला।

मुहा०—ठाला बताना या ठाली देना=(वास्तविक काम न करके) व्यर्थ इधर-उधर की बातें करना या बताना।

पुं० १. व्यापार की ऐसी स्थिति जिसमें विशेष बिक्री-बट्टा न होता हो। जैसे—आज तो बाजार में ठाला है। २. किसी बात या वस्तु का होनेवाला प्रत्यक्ष और विशेष अभाव। जैसे—रुपए-पैसे या बुद्धि का ठाला।

ठालिनी—स्त्री० [सं०] करधनी।

ठावँ—पुं०=ठाँव।

ठावण—पुं० [सं० स्थान] १. स्थान। जगह। २. ठिकाना।

ठावना—स०=ठानना।

ठासा—पुं० [हिं० ठाँसना] लोहारों का एक उपकरण जिससे वे तंग जगह में लोटे की कोर निकालते और उभारते हैं।

†पुं०=ठाह (संगीत का)।

ठाह†—स्त्री० [हिं० स्थान] १. जगह। स्थान। २. ठिकाना। ३. थाह। पता। उदा०—बैठी रही अभिमान सौं ठाह ठौर नहिं पायौ।—सूर।

स्त्री० [हिं० ठाहना] १. दृढ़ निश्चय। संकल्प। २. हठ।

स्त्री० [हिं० ठहरना या ठहराव] संगीत में, राग-रागिनी गाने या वाद्य बजाने का वह ढंग या प्रकार जिसमें गाने-बजाने में अपेक्षया अधिक समय लगाया जाता है। विलंबित। 'द्रुत' का विपर्याय।

ठाहना—स०=ठानना।

ठाहर—पुं०=ठहर (ठौर)।

ठाहरना†—अ०=ठहरना।

ठाहर—पुं०=ठाहर (ठौर)।

ठक्कुरफक—पुं० [सं० स्थान+रूपक] सात मात्राओं का मृदंग का एक ताल जो आड़ा-चौताल से मिलता-जुलता होता है।

ठाहीं—स्त्री०=ठाँव (जगह)।

ठिंगला—वि० [?] [स्त्री० ठिंगली] (व्यक्ति) जो ऊँचाई में सामान्य स्तर से अधिक कम हो। छोटे कदवाला।

ठिक—स्त्री० [हिं० टिकिया] धातु की चद्दर का कटा हुआ छोटा टुकड़ा जो जोड़ आदि लगाने के काम आता है। थिगली। चकती।

वि०=ठीक।

स्त्री०=स्थिरता।

ठिक-ठान*—पु०=ठौर-ठिकाना।

ठिकठौर*—वि० [हिं० ठीक+ठयना] १. ठीक। २. सुन्दर।

स्त्री० १. ठीक या उत्तम व्यवस्था। २. आयोजन।

ठिकड़ा†—पुं० [स्त्री० ठिकड़ी]=ठीकरा।

ठिकना†—अ० १.=टिकना। २. किसी स्थान पर जमकर बैठना। (दलाल) ३. ठिकाना।

ठिकरा†—पुं० [स्त्री० ठिकरी]=ठीकरा।

ठिकरौर—वि० [हिं० ठीकरा] ठीकरों से युक्त।

पृ० ऐसा स्थान जहाँ बहुत से ठीकरे पड़े हुए हों।

ठिकाई—स्त्री० [हिं० ठीक] १. ठीक होने की अवस्था या भाव। २. पाल के यथास्थान जमकर ठीक बैठने की अवस्था या भाव। (लश०)

ठिकान—स्त्री० [हिं० ठिकना] ठिकने की अवस्था, क्रिया या भाव।

†पुं०=ठिकाना।

ठिकाना—पुं० [हिं० टिकान या टिघान] १. टिकने अर्थात् ठहरने का उपयुक्त स्थान। २. वह जगह जहाँ कुछ या कोई टिक, ठहर या रह सके। जैसे—पहले तो इनके लिए कोई ठिकाना ढूँढ़ना चाहिए। ३. अवलंब, आश्रय, सहारे आदि का उपयुक्त या काम-चलाऊ द्वार, साधन या स्थान। जैसे—कोई नौकरी मिले तो यहाँ रहने का ठिकाना हो जाय।

क्रि० प्र०—निकलना।—मिलना।—लगना।

४. टिकने, ठहरने या रहने की नियत, निश्चित या स्थिर स्थान। जैसे—पहले इनका पता-ठिकाना तो पूछ लो। ५. किसी चीज या बात का वह उचित या उपयुक्त स्थान जहाँ उसे रहना या होना चाहिए।

क्रि० प्र०—मिलना।—लगना।

मुहा०—(किसी चीज, बात या व्यक्ति का) ठिकाने आना=जहाँ रहना या होना चाहिए, वहाँ आना या पहुँचना। जैसे—(क) जब ठोकर खाओगे, तब अक्ल ठिकाने आवेगी अर्थात् जैसी होनी चाहिए, वैसी हो जायगी। (ख) इतना समझाने पर अब आप ठिकाने आये हैं; अर्थात् मूल तत्त्व या वास्तविक तथ्य की बात अथवा विचार तक पहुँचे हैं। **(कोई काम या बात) ठिकाने पहुँचाना या लगाना**=उचित रूप से पूरा या समाप्त करना। जैसे—जो काम हाथ में लिया है, उसे पहले ठिकाने पहुँचाओ (या लगाओ)। **(कोई काम या उसके लिए किया जानेवाला परिश्रम) ठिकाने लगना**=सफल या सार्थक होना। जैसे—आपका काम हो जाय तो सारी मेहनत ठिकाने लगे। **(कोई चीज) ठिकाने लगाना**=(क) उपयोग या व्यवहार करके सफल या सार्थक करना। जैसे—जितना भोजन बनाकर रखा है, वह सब ठिकाने लगाओ। (ख) दुरुपयोग करके नष्ट या समाप्त करना। (व्यंग्य) जैसे—कुछ ही दिनों में उसने बाप-दादा की सारी कमाई ठिकाने लगा दी। **(किसी व्यक्ति को) ठिकाने पहुँचाना या लगाना**=किसी प्रकार मार डालना या समाप्त कर देना। जैसे—महीनों से जो लोग उसके पीछे पड़े थे, उन्होंने उसे ठिकाने लगाया अर्थात् मार डाला।

पद—ठिकाने की बात=ऐसी बात जो हर तरह से उचित या न्याय-संगत हो।

६. राजा की ओर से सरदार को मिली हुई जागीर। (राजस्थान) ७ किसी कथन या बात की प्रामाणिकता या विश्वसनीयता। जैसे—इनकी बातों का कोई ठिकाना नहीं। ८. अस्तित्व, आधार आदि की दृढ़ता या पुष्टता। जैसे—इनके जीवन का अब कोई ठिकाना नहीं। ९. चरम सीमा या आखिरी हद। अंत। पार। जैसे—उसकी नीचता का कोई ठिकाना नहीं।

स० १. टिकने, ठहरने या स्थिर होने में प्रवृत्त करना अथवा सहायक होना। २. गुप्त रूप से या छिपाकर दबा रखना या ले लेना। हथियाना। (दलाल) जैसे—एक रुपया उसने धीरे से उठाकर कमर (या जेब) में ठिका लिया। ३. किसी स्त्री को गुप्त रूप से उपपत्नी बनाकर रख लेना। (बाजारू) जैसे—उसने दो औरतें ठिकाई हुई हैं।

ठिकानेदार—पु० [हिं० ठिकाना+फा० दार] किसी ठिकाने या जागीर का स्वामी। (राजस्थान)

ठिकियाना—स० [हिं० ठीक+इयाना (प्रत्य०)] ठीक करना।

ठिठक—स्त्री० [हिं० ठिठकना] १. ठिठकने की अवस्था, क्रिया या भाव। २ सकोच।

ठिठकना—अ० [सं० स्थित+करण] १. आशंका, भय आदि की कोई बात देखकर चलते-चलते एकबारगी ठहर या रुक जाना। सकोच-वश या सहमकर आगे बढ़ने या कोई काम करने से रुकना। जैसे—शेर की गन्ध आते ही घोड़ा ठिठक गया। २. चकित या स्तम्भित होकर रुकना। ठक रह जाना।

ठिठकान—स्त्री०=ठिठक।

ठिठरना—अ०=ठिठुरना।

ठिठुरना—अ० [सं० स्थित या ठार से अनु०] शरीर अथवा उसके किसी अंग का बहुत अधिक सरदी लगने के कारण काँपना या स्तब्ध होना। जैसे—सरदी से पैर या हाथ ठिठुरना।

ठिठोली—स्त्री०=ठठोली।

ठिनकना—अ० [अनु०] १ बच्चों का रह-रहकर रोने का-सा शब्द निकालना। ठुनकना। २. नखरा दिखाते हुए मचलना। ३. ठनकना। जैसे—तबला ठिनकना।

ठिया†—पुं०=ठीहा।

ठिर—स्त्री० [सं० स्थिर या स्तब्ध] १. ठिठरने (ठिठुरने) की अवस्था, क्रिया या भाव। २. शीत। सरदी। पाला।

ठिरना—अ० १.=ठिठुरना। २. ठरना।

ठिलना—अ० [हिं० ठेलना का अ० रूप] १. किसी चीज का ठेला जाना। ढकेले जाने पर किसी दिशा में आगे की ओर बढ़ना। जैसे—मोटर या गाड़ी का ठिलना। २. दबाव पड़ने या आघात होने पर किसी चीज का किसी दूसरी चीज में धँसना।

ठिलाठिल—स्त्री०=ठेलमठेल।

ठिलिया—स्त्री० [हिं० 'ठिल्ल' का स्त्री० अल्पा०] पानी रखने की मिट्टी की गगरी।

ठिलुआ—वि० [हिं० ठिलना] जो ठिलता हो अथवा ठेला जाता हो।
वि० †=निठल्ला।

ठिल्ला—पुं० [सं० स्थाली, प्रा० ठाली=हाँडी] मिट्टी की बड़ी ठिलिया या गगरी।

ठिल्ली—स्त्री०=ठिलिया।

ठिल्ही—स्त्री०=ठिलिया।

ठिहार—वि० [सं० स्थिर] १. विश्वास करने योग्य। विश्वसनीय। २. ठीक। ३. निश्चित।

ठिहारी—स्त्री० [हिं० ठिहार] १. ठहराव। स्थिति। २. निश्चय। ३. विश्वास।

ठीक—वि० [हिं० ठिकाना] १. जो अपने ठिकाने अर्थात् उचित या उपयुक्त स्थान पर हो। जो मुनासिब जगह पर हो। जैसे—यह तस्वीर यहीं ठीक रहेगी। २. जो अपने स्थान पर अच्छी या पूरी तरह से आता, बैठता या लगता हो। जैसे—यह कुरता तुम्हें ठीक होगा। ३. जो क्रम, परम्परा, व्यवस्था आदि के विचार से वैसा ही हो जैसा होना चाहिए। जैसे—अलमारी में सब चीजें फिर से ठीक करके रखो। ४. जो नियम, नीति, प्रकृति, न्याय आदि की दृष्टि से उचित, उपयुक्त या संगत हो। जैसा होता हो या होना चाहिए, बिलकुल वैसा। जैसे—ठीक रास्ता, ठीक व्यवहार। ५. जो तर्क, वास्तविकता आदि के विचार से यथातथ्य या यथार्थ हो। जो मिथ्या न हो। जैसे—आखिर आप की ही बात ठीक निकली। ६. जो बहुत-कुछ या हर तरह से अनुकूल अथवा सुभीते का हो। जैसे—ठहरने के लिए यही जगह ठीक होगी। ७. जिसमें किसी प्रकार की अशुद्धि, चूक या भूल न हो। जैसे—(क) इन प्रश्नों के हमें ठीक उत्तर मिलने चाहिएँ। (ख) यह हिसाब गलत है, इसे ठीक करो। ८. जिसमें कोई कोर-कसर, खराबी, दोष या विकार न हो। जैसे—(क) आज तरकारी ठीक बनी है। (ख) मशीन ठीक है। ९. जो अच्छी, प्रसन्न या स्वस्थ दशा में हो। जैसे—आज-कल उनकी तबीयत बिलकुल ठीक है। १०. जो हर तरह से वैसा ही हो, जैसा होता है या होना चाहिए। जैसे—यह घी (या तेल) ठीक नहीं है। ११. जो कुछ भी आगे-पीछे, इधर-उधर अथवा घट-बढ़कर न हो। जैसे—(क) गाड़ी ठीक चार बजे जाती है। (ख) यह कपड़ा ठीक वैसा ही है, जैसा तुम चाहते थे। १२. नियत, निश्चित या स्थिर किया हुआ। ठहराया या पक्का किया हुआ। जैसे—(क) वे लड़की का ब्याह ठीक करने गये हैं। १३. (व्यक्ति) जो हर तरह से नीतिमान, न्यायज्ञ, प्रामाणिक, विश्वसनीय या सद्गुणी हो। जैसे—हमें यह आदमी ठीक नहीं मालूम होता। १४. (व्यक्ति) जिसका आचरण या व्यवहार वैसा ही हो, जैसा होना चाहिए। जो कोई अनुचित, निंदनीय या प्रतिकूल काम न करता हो। जैसे—इधर अनेक प्रकार के कष्ट भोगकर वह बिलकुल ठीक हो गया है।

पुं० 'ठीक' अर्थात् निश्चित या स्थिर होने की अवस्था या भाव। जैसे—उनके आने का कोई ठीक नहीं है।

क्रि० वि० १. उचित प्रकार या रीति से। जैसे—घड़ी ठीक चल रही है। २. अवधि, सीमा आदि के विचार से नियत समय पर। जैसे—ठीक साल भर बाद वह वापस आया। ३. ठहरे हुए या नियत होने की अवस्था या भाव। ठहराव। जैसे—पहले रहने का तो ठीक हो जाय; तब और बातें होती रहेंगी। ४. अंकों, संख्याओं आदि का जोड़। योग। मीजान। जैसे—इन रकमों का ठीक लगाओ।

क्रि० प्र०—देना।—निकालना।—लगाना।

ठीक ठाक—वि० [हिं० ठीक+अनु० ठाक] जो बिलकुल ठीक अवस्था में हो।
पुं० १. ठीक होने की अवस्था या भाव। जैसे—गाँव पर सब ठीक-ठाक है। २. निश्चय।

ठीकड़ा—पुं०=ठीकरा।

ठीकरा—पुं० [हिं० टुकड़ा] [स्त्री० अल्पा० ठीकरी] १. मिट्टी के टूटे-फूटे बरतन का कोई बड़ा टुकड़ा।

मुहा०—(किसी के सिर) **ठीकरा फूटना**=व्यर्थ किसी बात के लिए कलंक लगना। **ठीकरा समझना**=तुच्छ, निरर्थक या व्यर्थ समझना।

२. प्राचीन काल के मिट्टी के बरतन का वह टुकड़ा जो कहीं से खुदाई में निकलता है और जो इतिहास तथा पुरातत्व की दृष्टि से महत्त्व का होता है। (पॉट-शर्ड) ३. भीख माँगने का मिट्टी का बरतन। भिक्षा-पात्र। ४. तुच्छ वस्तु। ५. रुपया। (साधु)

ठीकरी—स्त्री० [हिं० ठीकरा का अल्पा० स्त्री०] १. छोटा ठीकरा। २. तुच्छ या निकम्मी वस्तु। ३. चिलम के ऊपर रखा जानेवाला मिट्टी का तवा। ४. स्त्रियों की योनि का उभरा हुआ तल। उपस्थ।

ठीका—पुं० [हिं० ठीक] १. आपस में ठीक करके तै की हुई ऐसी बात जिसमें कोई काम करने-कराने और उसका पारिश्रमिक (वेतन से भिन्न) लेने-देने का निश्चय हुआ हो। जैसे—पुल या मकान बनाने का ठीका। (कॉन्ट्रैक्ट) २. कुछ काल के लिए कोई सम्पत्ति या किसी व्यापार का अधिकार इस शर्त पर किसी को देना या किसी से लेना कि उसकी आय, देख-रेख आदि की व्यवस्था ठीक तरह से होती रहेगी। जैसे—अफीम, गाँजे या शराब का ठीका। ३. अफीम, गाँजे, भाँग, शराब आदि की दूकान जो प्रायः ठीके पर ली जाती है। ४. उत्तरदायित्व। जिम्मेदारी। जैसे—हमने तुम्हें नौकरी दिलाने का ठीका नहीं लिया है।

ठीका-पत्र—पुं० [हिं० ठीका+सं० पत्र] वह पत्र या लेख्य जिसमें किसी के ठीके के संबंध की ऐसी बातें या शर्तें लिखी हों जिनका पालन दोनों पक्षों के लिए आवश्यक हो। संविदा-पत्र। (कॉन्ट्रैक्ट डीड)

ठीका-भेंट—स्त्री० [हिं० ठीका+सं० भेंट] वह धन जो ठीका लेनेवाला उस व्यक्ति को भेंट-स्वरूप देता है जिससे वह कोई ठीका लेता है।

ठीकुरी—स्त्री०=ठीकरी।

ठीकेदार—पुं० [हिं० ठीका+फा० दार] वह व्यक्ति जो ठीके पर दूसरों के काम करता या करवाता हो। ठीका लेनेवाला व्यक्ति। (कन्ट्रैक्टर)

ठीठा—पुं०=ठेंठा।

ठीठी—स्त्री० [अनु०] अशिष्टतापूर्वक और तुच्छ भाव से ठी-ठी शब्द करते हुए हँसने का शब्द। जैसे—हरदम हाहा ठीठी करनी ठीक नहीं।

ठीलना—स०=ठेलना।

ठीवन*—पुं० [सं० ष्ठीवन] १. थूक। २. खखार। ३. कफ।

ठीहँ—स्त्री० [अनु०] घोड़े के हिनहिनाने का शब्द।

ठीहा—पुं० [ठाह से अनु] १. लकड़ी का वह गोलाकार या चौकोर छोटा टुकड़ा जो जमीन में गड़ा या धँसा रहता है तथा जिस पर रखकर चरी

आदि काटी जाती है। २. बढ़इयों, लोहारों आदि का वह कुंदा जिस पर वे लकड़ी या लोहा रखकर छीलते या पीटते हैं। ३. किसी चीज को लुढ़काने या हिलने-डोलने से बचाने के लिए उसके इधर-उधर या नीचे रखा जानेवाला ईंट, पत्थर, लकड़ी आदि का टुकड़ा। जैसे—गाड़ी के पहिये के नीचे रखा जानेवाला ठीहा। ४. लकड़ी का वह ढाँचा जिसमें फँसाकर बढ़ई लकड़ी चीरते हैं। ५. वह कुछ ऊँचा स्थान जिस पर बैठकर छोटे दुकानदार सौदा बेचते हैं। ६. गाँव, बगीचे आदि की सीमा या हद जो पहले पत्थर या लट्ठा गाड़कर सूचित की जाती थी। ७. उक्त प्रकार का गाड़ा हुआ पत्थर या लट्ठा। ८. चाँड़। थूनी।

ठुंड—मुं०=ठुंठ।

ठुक—स्त्री० [हिं० ठुकना] १. ठुकने की अवस्था, क्रिया या भाव। ठोक। २. रुपये-पैसे का व्यर्थ में होनेवाला व्यय। जैसे—उन्हें दस रुपये की ठुक लग गई।

ठुकना—अ० [हिं० ठोकना का अ०] १. ठोका जाना। २. आघात या प्रहार लगना। ३. आर्थिक हानि या व्यर्थ व्यय होना। जैसे—व्यर्थ सौ रुपये ठुके। ४. जबरदस्ती आगे बढ़ना।

मुहा०—ठुक ठुक कर लड़ना=जबरदस्ती लड़ना। उदा०—दिन-दिन दैन उरहनो आवै ठुकि-ठुकि करत लरैया।—सूर।

५. परास्त होना।

ठुकराना—स० [हिं० ठोकर] १. पैर, विशेषतः पैर के पंजे से ठोकर लगाना। २. (व्यक्ति आदि को) उपेक्षा या तिरस्कारपूर्वक दूर करना या हटाना। ३. (प्रस्ताव, सुझाव आदि) अवज्ञा या उपेक्षापूर्वक न मानना।

ठुकवाना—स० [हिं० ठोकना का प्रे० रूप] १. ठोकने का काम दूसरे से कराना। २. मार खिलवाना। पिटवाना। ३. स्त्री का पर-पुरुष से संभोग कराना। (बाजारू)

ठुड्डी—स्त्री० [हिं० ठुड्ढा=बड्ढा] किसी अन्न का वह भूना हुआ दाना जो फूटकर खिला न हो। दुर्री। जैसे—कमलगट्टे, मकके या मखाने की ठुड्डी।

†स्त्री०=ठोढ़ी।

ठुनकना—स० [ठुन से अनु०] १. किसी प्रकार ठुन शब्द उत्पन्न करना। २. ठोकना।

अ० [हिं० ठिनकना] बच्चों का अथवा बच्चों की तरह रुक-रुककर रोना।

ठुनका—पुं० [हिं० ठुनकाना] तर्जनी या मध्यमा (उँगली) की नोक से किया जानेवाला वेगपूर्वक आघात।

ठुनकाना—स० [ठुन-ठुन से अनु०] १. ठुन-ठुन शब्द उत्पन्न करना। २ तर्जनी या मध्यमा की नोक से किसी चीज पर इस प्रकार आघात करना कि ठुन शब्द उत्पन्न हो।

स० [हिं० ठुनकना] ठुनकने में प्रवृत्त करना। ऐसा काम करना जिससे कोई ठुनके। ठिनकाना।

ठुन-ठुन—पु० [अनु०] १. धातु के बरतन या टुकड़ों के बजने का शब्द। २. बच्चों आदि के रुक-रुककर और ठुन-ठुन करते हुए रोने का शब्द। जैसे—यह लड़का हरदम ठुन-ठुन लगाये रहता है, अर्थात् प्रायः रोता रहता है।

ठुमक—स्त्री० [हिं० ठुमकना] १. ठुमकने की क्रिया या भाव। २. बच्चों, युवती स्त्रियों की ऐसी आकर्षक और लुभावनी चाल जिसमें वे कुछ ठिठकती या रुकती हुई चलती हैं। ठसक-भरी चाल।

ठुमकना—अ० [अनु०] १. बच्चे का उमंग में आकर धीरे-धीरे पैर पटकते तथा इठलाते हुए चलना। उदा०—ठुमुक चलत रामचन्द्र बाजत पैंजनिया।—तुलसी। २. नाच में, इस प्रकार धीरे-धीरे पैर पटकते हुए आगे बढ़ना कि पैर के घुँघरू बजते रहें।

ठुमका—पुं० [अनु०] [स्त्री० ठुमकी] धीरे से किया जानेवाला आघात या दिया जानेवाला झटका। जैसे—पतंग उड़ाने के समय उसे ठुमका देना।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

†वि० [स्त्री० ठुमकी] दे० 'ठिगना'।

ठुमकारना—स० [हिं० ठुमका] (पतंग की डोरी को) ठुमका देना।

ठुमकी—स्त्री० [देश०] १. ठुमककर चलने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. धीरे से किया जानेवाला आघात। थपकी। ३ दे० 'ठुमका'। ४. एक प्रकार की छोटी खरी पूरी (पकवान)।

ठुमरी—स्त्री० [अनु०] १. एक प्रकार का चलता गाना जिसमें एक स्थायी और एक अंतरा होता है।

विशेष—ठुमरी कई हलके रागों और तरह-तरह की पदों में गाई जाती है। इसका विकास लखनऊ के नवाब वाजिदअली शाह के दरबार में हुआ था।

२. उड़ती खबर। अफवाह।

क्रि० प्र०—उड़ना।

ठुरियाना†—अ०=ठिठुरना।

ठुर्री—स्त्री०=ठुड्डी।

ठुसकना—अ० [अनु०] १ ठुस-ठुस शब्द करते हुए रोना। ठुन-ठुन करना। २. ठुस शब्द करते हुए पादना।

ठुसकी—स्त्री० [अनु०] १. ठुस शब्द करते हुए पादने की क्रिया। २. हलका पाद जिसमें ठुस शब्द हो।

ठुसना—अ० [हिं० ठूसना] १. किसी चीज का किसी आधान में ठूस-ठूसकर भरा जाना। २ अन्न या भोजन का पेट भर कर खाया जाना। (उपेक्षा)

ठुसवाना—स० [हिं० ठूसना का प्रे०] ठूसने का काम किसी और से कराना।

ठुसाना—स० [हिं० ठूसना] १. किसी को ठूसने में प्रवृत्त करना। २. भोजन कराना। खिलाना। (उपेक्षासूचक)

ठूँग—स्त्री०=ठोंग।

ठूँगना—स०=ठूँगना।

ठूँगा—पु०=ठोंगा।

ठूँठ—पु० [सं० स्थाणु] १. वह वृक्ष जिसका धड़ ही बच रहा हो तथा जिसकी टहनियाँ टूट गई हों। २. कटा हुआ हाथ। ठूँठ। ठंठ। ३. कटे हुए हाथवाला व्यक्ति। ४. ज्वार, बाजरे, ईख आदि की फसलों में लगनेवाला एक तरह का कीड़ा।

ठूँठा—वि० [हिं० ठूँठ] [स्त्री० ठूँठी] १. (पेड़) जो शाखाओं से रहित हो गया हो। २. (व्यक्ति) जिसका हाथ कटा हुआ हो। लूंज। ३. खाली। रिक्त। ४. थोथा। निस्सार।

ठूँठिया†—वि० [हिं० ठूँठ] १. लूला-लँगड़ा। २. नपुंसक। हिजड़ा।

ठूठी—स्त्री० [हि० ठूँठ] फसल काट लिए जाने के बाद पौधे की जड़ के पास रह जानेवाले ज्वार, बाजरे, अरहर आदि के डंठल। खूँटी।

ठूँसना—स० =ठूसना।

ठूसा—पुं० [हि० घूँसा से अनु०] घूँसा।

†पुं० =ठोसा।

ठूनी—पुं० [देश०] पटवों की वह टेढ़ी कील जिस पर वे लोग गहने आदि अटकाकर गूँथते हैं।

ठूसना—स० [हि० ठस] १. खूब अच्छी तरह कसकर दबाते हुए कोई चीज किसी अवकाश या आधान में भरना। २. जबरदस्ती कोई चीज किसी में डालना या भरना। ३. खूब कसकर और बुरी तरह से खाना या पेट भरना। (व्यंग्य)

ठेंगना†—वि० =ठिगना (नाटे कद का)।

ठेंगा—पुं० [हि० हेठ=अंग या अँगूठा] १. किसी को उसकी विफलता पर चिढ़ाने या लज्जित करने के लिए दिखाया जानेवाला दाहिने हाथ का अँगूठा।

क्रि० प्र०—दिखाना।

पद—ठेंगे से=हमारी बला से। हमें कुछ चिन्ता या परवाह नहीं है। (बाजारू)

मुहा०—ठेंगा बजना=लज्जाजनक विफलता होना।

२. लिंगेंद्रिय। (अशिष्ट) ३ डंडा। सोटा। उदा०—जम का ठेंगा बुरा है आहु नहि सहिआ जाई।—कबीर।

मुहा०—ठेंगा बजाना=लाठियों से मार-पीट होना।

४. मध्ययुग में, बिक्री के माल पर लिया जानेवाला महसूल। चुंगी।

ठेंगुर—पुं० [हि० ठेंगा=सोंटा] वह डंडा या लकड़ी का टुकड़ा जो उच्छृंखल पशुओं के गले में इसलिए बाँधा जाता है कि वे भाग कर दूर न जाने पावें।

ठेंघा—पुं० =टेक।

ठेंठ—वि० =ठेठ।

ठेंठा—पुं० [हि० ठूँठ या ठूँठी] सूखा डंठल। उदा०—राजो एक मजूर से बैलों के लिए जोन्हरी का ठेंठा कटवा रही थी।—प्रसाद।

ठेंठी—स्त्री० [देश०] १. कान की मैल। २. वह कपड़ा या रूई जो कान के भीतरी छेद या मुँह पर इसलिए लगाई जाती है कि बाहर का जोर का शब्द भी न सुनाई पड़े। ३. बोतल, शीशी आदि का मुँह बंद करने के लिए उसके ऊपर लगाया जानेवाला काग या डाट।

क्रि० प्र०—लगाना।

ठेंपी†—स्त्री० =ठेंठी।

ठेक—स्त्री० [हि० ठेकना] १. ठेकने की क्रिया या भाव। २. किसी चीज को ठेकने या उसके नीचे सहारा देने के लिए लगाई जानेवाली चीज। टेक। जैसे—मटके या हुंडे के नीचे ठेक लगाना। ३. चाँड़। टेक। ४. किसी वस्तु को कसने के लिए उसके बीच में ठोंकी जानेवाली चीज। पच्चर। ५. पाग का तल या पेंदा। टहनियों आदि से घिरा हुआ वह स्थान जिसमें अनाज भरकर रखा जाता है। ६. अनाज रखने के लिए टहनियों आदि से घेरकर बनाया हुआ स्थान।

ठेकना—स० [हि० टेक] १. किसी चीज पर शरीर का बोझ डालते या रखते हुए उसका सहारा लेना। २. किसी चीज को गिरने से रोकने के लिए उसके नीचे टेक या सहारा लगाना।

स० [अनु०] छापे या ठप्पे से अंकित करना।

ठेकवा बाँस—पुं० [देश०] बंगाल, आसाम आदि प्रदेशों में होनेवाला एक प्रकार का बाँस।

ठेका—पुं० [हि० ठेकना] १. ठेकने अर्थात् टिकने-टिकाने या ठहरने-ठहराने की जगह। २. वह वस्तु जिसकी ठेक लगाई जाय। ठेकनेवाली वस्तु। अड्डा। ३. हलका आघात। थपेड़ा। जैसे—लहरों का ठेका। ४. तबले के साथ का वह भूतिरा बाजा जो बाईं ओर रहता और बाएँ हाथ से बजाया जाता है। डग्गी। ५. तबला या ढोल बजाने की वह रीति जिसमें पूरे बोल न निकाले जायँ, केवल ताल दिया जाय। यह प्रायः डुग्गी या बाएँ पर बजाया जाता है।

क्रि० प्र०—देना।—बजाना।

मुहा०—घोड़े का ठेका भरना=घोड़े का रह-रहकर जमीन पर टाप या पैर पटकना।

६. संगीत में, कौवाली नाम का ताल।

†पुं० दे० 'ठीका'।

ठेकाई—स्त्री० [हि० ठेकना] ठेकना या ठेकाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

ठेकाना—स० [हि० ठेकना का प्रे० रूप] किसी चीज को ठिकने या ठेकने में प्रवृत्त करना। वि० दे० 'ठिकाना'।

†पुं० =ठिकाना।

ठेकी—स्त्री० [हि० ठेक] १. टेक। सहारा। २. चाँड़। थूनी।

ठेकेदार†—पुं० =ठीकेदार।

ठेगड़ी*—पुं० [देश०] कुत्ता। (डिं०)

ठेगना†—स० १. =ठेकना। २. =ठाकना (मना करना)।

ठेगनी—स्त्री० =टेकनी।

ठेघना†—स० =ठेगना (ठेकना)।

ठेघनी—स्त्री० =ठेगनी (टेकनी)।

ठेघा—पुं० =ठेका (टेक)।

ठेघुना—पुं० =ठेहुना (घुटना)।

ठेठ—वि० [देश०] १. जो अपने विशुद्ध मूलरूप में हो। जिसमें कृत्रिमता, बनावट या किसी तरह की मिलावट न हो। प्ररूपी। (टिपिकल) जैसे—ठेठ बनारसी (=विशिष्ट रूप से बनारस का ही; अर्थात और कहीं का नहीं)। २ जिसमें किसी प्रकार की भूल, संदेह आदि के लिए अवकाश न हो। जैसे—उन्हें ठेठ घर तक पहुँचा आओ।

पुं० आदि। आरंभ। शुरू। जैसे—अब सारा काम ठेठ से करना चाहिए।

ठेठर—पुं० =थिएटर।

ठेप—स्त्री० [देश०] सोने, चाँदी का ऐसा टुकड़ा जो अंटी में आ सके। (सुनार)

क्रि० प्र०—चढ़ाना।—लगाना।

†पुं० [सं० दीप ?] दीआ। दीपक।

ठेपी—स्त्री० १. ठेंठी। २. छोटा ढक्कन।

ठेल—स्त्री० [हि० ठेलना] ठेलने की क्रिया या भाव।

ठेल-ठाल—स्त्री० =ठेल।

ठेलना—स० [हिं० ठालना] १. किसी भारी चीज के पीछे बल लगाकर उसे आगे खिसकाना या बढ़ाना।

मुहा०—(कोई काम) ठेले चलना=जैसे-तैसे काम चलाये चलना। किसी प्रकार निबाहते चलना।

२. अपना भार या दायित्व अपने ऊपर से हटाते हुए किसी दूसरे की ओर बढ़ाना।

*अ० बल-प्रयोग या जबरदस्ती करना। उदा०—ताहीं पै ठगार्व ठेलि जाही को ठगतु है।—केशव।

ठेलम-ठेल—स्त्री० [हिं० ठेलना से] बार-बार बहुत से लोगों का आपस में एक दूसरे को ठेलने या धक्के देने की क्रिया या भाव।

क्रि० वि० एक दूसरे को ठेलते हुए।

ठेला—पुं० [हिं० ठेलना] १. ठेलने की क्रिया या भाव। २ माल ढोने की एक तरह की दो या तीन पहियोंवाली छोटी गाड़ी जिसे आदमी ठेल या ढकेलकर चलाते हैं। ३. उक्त प्रकार की चार पहियोंवाली छोटी गाड़ी जो केवल रेल की पटरियों पर चलती है। ट्रॉली। ४. छिछली नदियों में चलनेवाली एक तरह की कम गहरी नाव। ५. धक्का। ६. भीड़-भाड़।

ठेलाठेल—स्त्री०=ठेलमठेल।

ठेलवा—पुं० [हिं० ठेलना या सं० थापक] वह स्थान जहाँ मोट का पानी खेत सींचते समय गिराया जाता है। चवना।

ठेलवी—स्त्री०=ठेक।

ठेस—स्त्री० [देश०] १. ऐसा हलका आघात जिससे किसी चीज या व्यक्ति की थोड़ी-बहुत या सामान्य हानि हो। जैसे—ठेस लगने से शीशा टूट गया। २. किसी प्रकार के अपकृत्य के फलस्वरूप होनेवाला क्षुब्ध या सामान्य मानसिक कष्ट। जैसे—आपके व्यवहार से मेरे मन को ठेस लगी है। ३. किसी तत्त्व पर होनेवाला आघात। जैसे—किसी की प्रतिष्ठा या मान को ठेस लगना।

क्रि० प्र०—पहुँचना।—पहुँचाना।—लगना।—लगाना।

४. आश्रय। सहारा। ढासना। जैसे—तकिये पर ठेस लगाकर बैठना।

ठेसना—अ० [हिं० ठेस] आश्रय या सहारा लेना। ठेस लगाकर बैठना। †स०=ठूसना।

ठेसमठेस—क्रि० वि० [हिं० ठेस] सब पास एक साथ खेले हुए (जहाज का चलना)। (लश०)

ठेहरी—स्त्री० [देश०] जमीन में गड़ा हुआ लकड़ी का वह टुकड़ा जिसपर दरवाजे (पुरानी चाल के एक प्रकार के दरवाजे) की चूल घूमती है।

ठेहुना†—पुं० [हिं० ठेक] वह पशु जिसके चलते समय पिछले दोनों पैरों के घुटने आपस में टकराते हों।

ठेहुना†—पु० [सं० अष्ठीवान्] घुटना।

ठेहुनी†—स्त्री० [हिं० ठेहुना] कोहनी।

ठेकर—पुं० [देश०] एक प्रकार का खट्टा फल जिससे पीला रंग बनाया जाता है।

ठैं†—स्त्री०=ठवन।

ठैर†—स्त्री०=ठाँव।

ठैरना†—अ०=ठहरना।

ठैराई—स्त्री०=ठहराई।

ठैराना—स०=ठहराना।

ठैल-पैल†—स्त्री०=ठेलपेल।

ठोंक—स्त्री०=ठोक।

ठोंकना†—स०=ठोकना।

ठोंग—स्त्री० [स० नृङ्] १. चोंच। २ चोंच की मार। ३. उँगली की नोक से किया जानेवाला आघात।

ठोंगना—स० [हिं० ठोंग] १. ठोंग या चोंच मारना। २. उँगली की नोक से आघात करना।

ठोंगा—पु० [देश०] कागज की एक प्रकार की थैली जिसमें दूकानदार सूखा चीजें डालकर ग्राहकों को देते हैं।

ठोंचना†—स०=ठोंगना।

ठोंठ—पु० [स० ओंठ] होंठ।

पु०=ठोंठ।

ठोंठा—पु० [देश०] ज्वार, बाजरे आदि को हानि पहुँचानेवाला एक तरह का कीड़ा।

ठोंठी—स्त्री० [स० नृङ्] १ चने के दाने का कोश या खोल। २. पोस्ते की डोड़ी या डेंढ़ी।

ठो†—अव्य० [स० स्था] संख्यासूचक शब्दों के साथ लगनेवाला एक अव्यय जो उनकी इकाइयों या मान पर जोर देता है। जैसे—एक ठो, दो ठो, दस ठो, बीस ठो आदि।

ठोक—स्त्री० [हिं० ठोकना] १ ठोकने की क्रिया या भाव। **आघात**। प्रहार। २. वह लकड़ी जिससे ठोक लगाकर दरी की बुनावट ठस की जाती है। ३ अन्न के दानों, फलों आदि पर कीड़े-मकोड़ों के डंश या पक्षियों की चोंच से लगा हुआ आघात या उसका **चिह्न**।

ठोकचा—पु० [देश०] आम की गुठली का ऊपरी कड़ा **आवरण**। **खोल**।

ठोकना—स० [अनु० ठक-ठक से] १ किसी चीज को किसी दूसरी चीज के अन्दर गड़ाने जमाने, धँसाने, बैठाने आदि के लिए उसके पिछले भाग पर हथौड़े आदि से जोर से आघात करना। जैसे—जमीन में खूँटा या दीवार में कील ठोकना। २ किसी छेद या दरज में उक्त प्रकार का आघात करते हुए कोई चीज धँसाना या बैठाना। जैसे—चूल में पच्चर ठोकना। ३ किसी चीज के विभिन्न संयोजक अंगों को यथास्थान बैठाने के लिए उन पर किसी प्रकार आघात करना। जैसे—(क) खाट या चौखट ठोकना। (ख) किसी के पैरों में **बेड़ियाँ** या हाथों में हथकड़ियाँ ठोकना। ४. कोई विशिष्ट प्रकार का कार्य सम्पादित करने के लिए किसी चीज पर ऐसा आघात करना कि वह कुछ दबे भी और उसमें से कुछ शब्द भी निकले। जैसे—(क) **पहलवानों का ताल ठोकना**। (ख) पकाने के लिए बाटी या रोटी ठोकना।

मुहा०—(किसी की) पीठ ठोकना=(क) कोई अच्छा काम करने पर उसको प्रशंसा करते हुए उत्साहित करना, उसकाना या बढ़ावा देना। जैसे—तुम्हारे ही पीठ ठोकने से तो वह मुकदमेबाजी पर उतारू हुआ है। ५ किसी चीज की दृढ़ता, प्रामाणिकता आदि की परीक्षा करने के लिए कोई आवश्यक या उपयुक्त क्रिया करना।

मुहा०—ठोकना-ठाकना या ठोकना-बजाना=हर तरह से आँककर देखना कि यह ठीक है या नहीं। जैसे—ठोक-बजा कर सौदा करना।

६. अधिकार या बलपूर्वक अभियोग आदि उपस्थित करना। जैसे—किसी पर दावा या नालिश ठोकना। ७. अच्छी तरह पीटना या मारना। जैसे—जब तक यह लड़का ठोका नहीं जायगा तब तक सीधा नहीं होगा।

ठोकर—स्त्री० [हिं० ठुकना या ठोकना] १. किसी चीज के ठुकने अर्थात टकराने आदि से लगनेवाला ऐसा आघात जिसमें कुछ टूटने-फूटने या हानि पहुँचाने की आशंका या संभावना हो। जैसे—यह तसवीर (या शीशा) सँभालकर ले जाना; रास्ते में कहीं ठोकर न लगने पावे।

क्रि० प्र०—लगना।

२. वह आघात जो चलते समय रास्ते में पड़ी हुई किसी उभरी हुई कड़ी चीज से मुख्यतः पैर में लगता हो। जैसे—चलते समय ईंट, कंकड़ या पत्थर से लगनेवाली ठोकर।

क्रि० प्र०—खाना।—लगना।

३. मार्ग में पड़ी हुई कोई ऐसी (उक्त प्रकार की) चीज जिससे पैरों को आघात लगना या लग सकता हो। जैसे—अँधेरे में उधर मत जाया करो; रास्ते में कई जगह ठोकरें हैं। ४. नंगे पैर के अगले भाग अथवा पहने हुए जूते की नोक या पंजे से किसी वस्तु या व्यक्ति पर किया जानेवाला आघात। जैसे—नौकर या भिखमंगे को ठोकर लगाना या ठोकरों से मारना।

क्रि० प्र०—देना।—मारना।—लगाना।

मुहा०—**(किसी की) ठोकरों पर पड़े रहना**=बहुत ही दीन-हीन बनकर और सब तरह की दुर्दशाएँ भोगते हुए किसी के आश्रित बने रहना। ५ कुश्ती का एक दाँव-पेंच जिसमें विपक्षी को पैर से कुछ विशिष्ट प्रकार की ठोकर लगाकर नीचे गिराया जाता है। ६. लाक्षणिक रूप में लोक-व्यवहार में किसी प्रकार का ऐसा कड़ा या भारी आघात जो बहुत-कुछ अनिष्ट या हानि करनेवाला सिद्ध हो। जैसे—उन्होंने अपने जीवन में कई बार ठोकरें खाई हैं; इसलिए अब उनकी बुद्धि बहुत-कुछ ठिकाने आ गई है।

क्रि० प्र०।—खाना।—लगाना।

मुहा०—**ठोकर या ठोकरें खाते फिरना**=इधर-उधर अपमानित होते हुए और दुःख भोगते हुए भ्रमना। दुर्दशा-ग्रस्त होकर मारे-मारे फिरना।

ठोकरी—स्त्री० [देश०] ऐसी गाय जिसे ब्याये कुछ या कई मास हो चुके हों और इसी लिए जिसका दूध गाढ़ा तथा मीठा हो गया हो।

ठोकवाँ†—पुं० [हिं० ठोकना] भुना नाज का मीठा पकवान।

ठोकवाँ†—पुं० [देश०] हाथ में पहनने का एक प्रकार का पुरानी चाल का गहना।

ठोढ़—वि० [हिं० ठूँठ] १. तत्वहीन। २. मूर्ख।

ठोठ†—पुं०=ठूँठ।

†वि०=ठूँठा।

ठोडरा—वि० [हिं० ठूँठ?] [स्त्री० ठोडरी] भीतर से खाली खोखला। पोला।

ठोढ़ी—स्त्री०=ठोढ़ी।

ठोढ़ी—स्त्री० [सं० तुंड] चेहरे का निचला सामनेवाला भाग जो आगे की ओर कुछ झुका हुआ होता है। ठुड्डी। चिबुक। (चिन्)

मुहा०—**(किसी की) ठोढ़ी पकड़ना**=प्रेमपूर्वक या अनुनय-विनय करते हुए किसी की ठोढ़ी छूना या दबाना।

ठोढ़ी-तारा—पुं० [हिं०] स्त्री की ठुड्डी पर का गोदना या तिल।

ठोप†—पुं० [अनु० टप-टप] जल-कण। पानी की बूँद।

ठोर—पुं० [देश०] एक प्रकार का मीठा पकवान जो मैदे की मोयनदार पूरी को घी में तलने और चाशनी में पकाने से बनता है। वल्लभ-संप्रदाय के मंदिरों में प्रायः इसका भोग लगता है।

पुं० [सं० तुंड] पक्षियों की चोंच।

ठोला—पुं० [देश०] रेशम फेंटनेवालों की वह चौकोर छोटी पटरी जिसमें लकड़ी का लूँटा लगा रहता है।

ठोली—स्त्री० [देश०] उपपत्नी के रूप में रखी हुई स्त्री। रखेल। (पूरब)

ठोस—वि० [हिं० ठस] १. (पदार्थ) जिसकी रचना में अन्दर कहीं खोखलापन न हो; और इसलिए जो बहुत कड़ा, ठस और पक्का हो। जैसे—धातुएँ, पत्थर और लकड़ियाँ अपने प्राकृतिक या मूल रूप में सदा ठोस होती हैं। २. (रचना) जिसके अन्दर न तो किसी प्रकार का पोलापन हो और न पोलेपन की पूर्ति के लिए किसी प्रकार का भराव हो। जैसे—चाँदी या सोने की ठोस कड़ा या ठोस मूर्ति। ३. (तत्त्व या विषय) जिसमें भर-पूर तथ्य, पुष्टता या सारभूत बातें हों और इसी लिए जिसमें यथेष्ट उपयोगिता, दृढ़ता, प्रामाणिकता, मान्यता आदि गुण वर्तमान हों। जैसे—उनकी सारी पुस्तक ऐसे विचारों से भरी पड़ी है। ४. जिसका कोई ठीक, दृश्य या मूर्त रूप सामने हो। जिसमें अव्यावहारिक, असगत या सारहीन बातों की अधिकता या प्रधानता न हो। जैसे—जब तक कोई ठोस प्रस्ताव या सुझाव सामने न आवे, तब तक इस विषय पर विचार नहीं हो सकता। ५. (व्यक्ति) जिसके पास या जिसमें कुछ आधार-भूत तथा दृढ़ तत्त्व या बातें हों; और इसी लिए जिसे प्रामाणिक या विश्वसनीय माना जा सकता हो। जैसे—ठोस आसामी, ठोस महाजन।

ठोसना—स० [हिं० ठाँसना या ठूसना ?] १. धक्का देते हुए आघात या प्रहार करना। २. किसी को जलाने या कुढ़ाने के लिए बहुत कठोर या लगती हुई बात कहना। ठोसा देना।

ठोसा—पुं० [हिं० ठोसना] १. वह आघात या प्रहार जो किसी को धक्के देते हुए किया जाय। २. वह व्यंग्यपूर्ण बात जो किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही जाय। उदा०—एक हरि के दरसन बिनु मरियत, अब कुब्जा के ठोसनि।—सूर। ३. कुढ़ाने या चिढ़ाने के लिए दिखाया जानेवाला हाथ का अँगूठा। ठेंगा।

ठोहर—पुं० [हिं० ठिठोहर] १. अकाल। २. महँगी।

ठौंका—पुं०=ठेवका।

ठौंनि*—स्त्री०=ठवनि।

ठौर—पुं० [सं० स्थान; प्रा० ठान; हिं० ठाँव+र (प्रत्य०)] १. जगह। स्थान।

पद—**ठौर-कुठौर**=अच्छी और बुरी जगह। उचित तथा अनुचित स्थान।

मुहा०—**ठौर न आना**=किसी ठिकाने पर न पहुँचना या न लगना। **(किसी को) ठौर रखना**=जिस स्थान पर कोई हो उसे वहीं ढेर कर देना अर्थात् मार डालना। **ठौर रहना**=कहीं पड़े रहना।

२. अवसर। मौका।

ठ्याया†—वि० [देश०] [स्त्री० ठ्यायी] उपद्रवी। शरारती।

ड

ड—नागरी वर्णमाला का १३वाँ व्यंजन जो उच्चारण तथा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से मूर्द्धन्य, स्पर्शी, अल्पप्राण तथा सघोष व्यंजन है। जब इसके नीचे बिन्दी लगती है तब इसके उच्चारण में विशेष अन्तर होता है। जैसे—लड़का, लड़ी आदि में का ड़। ड मूर्द्धन्य, उत्क्षिप्त, अल्पप्राण तथा सघोष व्यंजन है।

पुं० [सं०√डी (उड़ना)+ड] १. शब्द। २. बड़वाग्नि। ३. शिव। ४. एक प्रकार का नगाड़ा। ५. भय।

डंक—पुं० [सं० दंश; प्रा० डक्क; दे० प्रा० डंक; उ० डाँकवा; गु० मरा० डख; पं० डंक] १. कुछ विशिष्ट प्रकार के कीड़ों और जन्तुओं का वह कड़ा नुकीला काँटे के आकार का अंग जो प्रायः उनके पिछले भाग में होता है तथा जिसे वे दूसरे जीवों या प्राणियों के शरीर में गड़ा या धँसाकर कुछ विष प्रविष्ट करते हैं। और जिसके फलस्वरूप या तो प्राणियों को जलन या पीड़ा होती है और या वे मर जाते हैं। जैसे—बर्रे या बिच्छू का डंक। २. कुछ कीड़े-मकोड़ों के मुँह पर का वह लंबा पतला अंग जिसे वे किसी चीज में उसका रस चूसने के लिए गड़ाते हैं।

क्रि० प्र०—मारना।

३. लाक्षणिक रूप में, कोई ऐसी खटकने या चुभनेवाली बात जो राग-द्वेष से भरी हो और किसी को बहुत अधिक कष्ट पहुँचाने के उद्देश्य से कही जाय। ४. देशी कलम का वह अगला भाग जिससे लिखा जाता है। उदा०—सूखि लागि स्याही लेखनी कै नेकु डंक लागै।—रत्नाकर।

५. पाश्चात्य ढंग की कलमों की जीभ जो धातु की बनी हुई और बहुत नुकीली होती है। (निब)

†पु० [हि० डंका] पूरा एकाधिपत्य। जैसे—इस स्थान पर हमारा ही डंक है।

डंकबार—वि० [हि० डंक+फा० दार] (कीड़ा) जिसमें डंक हो।

डंकवाला।

डंकना—स० [हि० डंका] १. डंका बजाना। २. डंके की तरह का घोर शब्द उत्पन्न करना।

अ० गरजना।

डंका—पुं० [टंक या डक्का=दुदुभि का शब्द] १ बड़ी नाद के आकार का धातु, मिट्टी आदि का बना हुआ एक प्रसिद्ध बाजा जिसके मुँह पर चमड़ा मढ़ा होता है। दमामा।

मुहा०—(कोई बात) डंके की चोट कहना=खुल्लमखुल्ला, दृढ़तापूर्वक और सबको सुनाकर कहना। (किसी बात का) डंका पीटना=चारों ओर सबसे खुलेआम कहते फिरना। डंका देना=डंका बजाकर सैनिकों को सावधान होने या कूच करने की सूचना देना। (कहीं किसी का) डंका बजना=एकाधिपत्य या पूर्ण अधिकार होने की सबको सूचना मिलना। डंका बजाना=एकत्र होने के लिए डंका देना।

२. मुरगों में होनेवाली लड़ाई।

मुहा०—डंका डालना=मुरगों को आपस में लड़ाना।

पुं० [अ० डाँक] समुद्र के किनारे जहाजों के ठहरने का पक्का घाट।

डंका-निशान—पुं० [हि० डंका+निशान=झंडा] राजाओं की सवारी के आगे बजानेवाला डंका और उसके साथ चलनेवाला झंडा।

डंकिनी—स्त्री० =डाकिनी।

डंकिनी-बंदोबस्त—पुं० =दवामी बन्दोबस्त।

डंकियाना—स० [हि० डंक+आना (प्रत्य०)] १. डंक से चोट करना। २ डंक मारना या लगाना।

अ० [हि० डंकना] १. कोई स्थान डाँकने अर्थात् पार करने के लिए चलना। २. चलकर आना या पहुँचना।

डंकी—स्त्री० [देश०] १. कुश्ती का एक दाव। २. मालखंभ की एक कसरत।

वि० [हि० डंक] डंकवाला (जंतु)।

डंकीला†—वि० [हि० डंक+ईला (प्रत्य०)] (जंतु) जिसके शरीर में डंकवाला अंग होता हो। डंकदार।

डंकुर—पुं० [हि० डंका] पुरानी चाल का एक तरह का ताल देने का बाजा।

डंकौरी†—स्त्री० [हि० डंक+औरी (प्रत्य०)] बर्रे। भिड़।

डंख†—पुं०=डंक।

डंग—वि० [देश०] जो पूरा पका न हो। अधपका।

पुं०=पहर। (पश्चिम)

डंगम—पुं० [देश०] एक तरह का वृक्ष।

डंगर—पुं० [देश०] चौपाया। पशु।

वि० पशुओं की तरह निर्बुद्धि या मूर्ख।

डंगरा—पुं० [सं० दर्शागुल] खरबूजा।

वि० दे० 'डंगर'।

डंगरी—स्त्री० [हि० डंगर] १ लंबी ककड़ी। २. हिमालय में होनेवाला एक प्रकार का मोटा बैंत।

स्त्री० हि० 'डाँगर' का स्त्री०। उदा०—डाइन डँगरी नरन चबावत। —गोपाल।

डंगवारा—पुं० [हि० डगर=चौपाया] किसानों में होनेवाला डंगरों (बैलों आदि) का पारस्परिक लेन-देन, व्यवहार या सहायता।

डंगू-ज्वर—पुं० [अ०] एक तरह का ज्वर जिसमें शरीर जकड़ सा जाता है।

डंगोरी—स्त्री० [देश०] १ डाँग। लाठी। २. वह लाठी जिसे वृद्ध लोग टेकते हुए चलते हैं। जैसे—अंधे की डँगोरी।

डंठरी†—स्त्री० [हि० डठल] छोटा तथा पतला डठल।

डंठल—पुं० [सं० दंड] कुछ विशिष्ट छोटी वनस्पतियों, पौधों आदि का वह जो पतला और कुछ लंबा होता है। जैसे—अरहर या चौलाई का डंठल।

डंठी†—स्त्री० [स० दंड] १. डठल। २. किसी चीज में लगा हुआ कोई लंबा अंश।

डंड—पुं० [स० दंड] १. डंडा। सोंटा। २. बाहु-दंड। बाँह। भुजा। ३. एक प्रकार का प्रसिद्ध भारतीय व्यायाम जो मुख्य रूप से बाँहों को पुष्ट और सबल करने के लिए जमीन पर पेट के बल झुककर बाँहों के सहारे बार-बार कुछ ऊपर उठने के रूप में होता है।

क्रि० प्र०—करना।—पेलना।

मुहा०—डंड पेलना=खूब मौज से समय बिताना। जैसे—बाप इतनी दौलत छोड़ गये हैं, इसलिए बेटा दिन-भर खूब डंड पेलता है।

पद—डंड-पेल। (देखें)

४. अपराध आदि के लिए मिलनेवाला दंड। सजा। ५. जुरमाना।

क्रि० प्र०—भोगना।

६. किसी की हानि के बदले में उसकी पूर्ति के लिए दिया जानेवाला धन या रकम।

मुहा०—(किसी पर) डंड डालना=किसी पर क्षति-पूर्ति का भार डालना। डंड भरना=किसी की किसी प्रकार की हानि होने पर उसकी पूर्ति के लिए या बदले में अपने पास से धन देना। जैसे—उनकी कलम खो जाने से हमें १०) डंड भरने पड़े हैं।

७. समय का 'दंड' नामक बहुत छोटा मान। ८. दे० 'डंड'।

डंडक—पुं०=दंडक।

डंडखा†—पुं०[हि० डंडा]सीढ़ी का डंडा।

डंडकारण्य*—पु०=दण्डकारण्य।

डंडना—स०[हि० डंड; सं० दंड]१. दंडित करना। दंड या सजा देना। २. जुरमाना लगाना।

डंड-पेल—पु०[हि० डंड पेलना] १. वह जो डंड पेलता हो। डंड करनेवाला व्यक्ति अर्थात् तनदुरुस्त और हट्टा-कट्टा। २. वह जो खूब मौज-मस्ती करता और आनन्द लेता हो।

डंडल—स्त्री०[देश०] बंगाल, बरमा आदि की नदियों में मिलनेवाली एक तरह की लंबी मछली।

डंडवत्*—पुं०=दंडवत्।

डँडवारा†—पुं०[हि० डाँड=खेत की मेंड़+वारा (प्रत्य०)] [स्त्री० अल्पा० डँडवारी] किसी खुले स्थान को किसी ओर से घेरने के लिए उठाई जानेवाली ऊँची दीवार।

क्रि० प्र०—उठाना।

मुहा०—डँडवारा खींचना=डँडवारा उठाना या खड़ा करना।

पु०[हि० दक्खिन+वारा (प्रत्य०)] दक्षिण दिशा की वायु। दखिनैया।

क्रि० प्र०—चलना।

डँडवारी—स्त्री०[हि० डँडवारा का स्त्री०] छोटा डँडवारा।

डँडवी—पुं० [हि० डंड=दंड] वह अधिकारी जो दंड दे अथवा जिसमें दंड देने की क्षमता हो।

डँडवै—पुं०=डँडवी। उदा०—डंडवै डांड दीन्ह जहँ ताईं, आइ सो डँडवत कीन्ह सबाईं।—जायसी।

डँडहरा†—पुं०[हि० डंडा] १. वह पतली, गोल लंबोतरी लकड़ी जो दरवाजों को खुलने से रोकने के लिए अंदर से लगाई जाती है। २. दरवाजों को बंद करने के लिए उनमें लगाया जानेवाला लोहे आदि का वह उपकरण जिसमें ताला आदि भी लगता है।

डँडहरी—स्त्री०[देश०] एक तरह की छोटी मछली।

डँड़हिया—पुं०[हि०डंडा] वह डंडा जिसकी सहायता से बैलों की पीठ पर लदे दो बोरे फँसाए रहते हैं।

डंडा—पुं०[हि० दंड] १. पेड़ की शाखा, बाँस आदि का टुकड़ा, विशेषतः सीधा और लंबा सूखा तथा छीला और गढ़ा हुआ टुकड़ा। जैसे—गुल्ली के साथ खेलने का डंडा।

विशेष—डंडे की लंबाई अपेक्षया अधिक होती है और मोटाई तथा चौड़ाई कम।

मुहा०—डंडा चलाना=डंडे से किसी पर आघात या प्रहार करना। डंडे के जोर से=डंडे या बाहुबल के आधार पर। जैसे—आप तो डंडे के जोर से सब काम कराना चाहते हैं।

२. कुछ विशिष्ट प्रकार से गढ़कर बनाये हुए उक्त प्रकार के छोटे टुकड़ों का जोड़ा जो प्रायः खेलों में एक दूसरे पर आघात करके बजाने के काम आता है। ३. उक्त प्रकार के लकड़ी के टुकड़ों को बजाते हुए खेले जानेवाले कई प्रकार के खेल।

क्रि० प्र०—खेलना।

मुहा०—डंडे बजाते फिरना=व्यर्थ या यों ही इधर-उधर घूमते रहना। कुछ काम न करके केवल घूम-घूमकर समय बिताना।

४. लकड़ी की सीढ़ी में के छोटे-लंबे खंडों में से हर एक जिस पर पैर रख कर ऊपर चढ़ा जाता है। ५. किसी पदार्थ का अपेक्षाकृत कम चौड़ा तथा कम मोटा परन्तु अधिक लंबा टुकड़ा। जैसे—साबुन का डंडा।

६पु०=डाँड (सीमा पर की छोटी दीवार या मेंड़)।

क्रि० प्र०—उठाना।—बाँधना।

डंडा-डोली—स्त्री०[हि० डंडा+डोली]=डोली-डंडा (खेल)।

डंडा-बेड़ी—स्त्री०[हि०] बेड़ियाँ और उनके साथ लगा रहनेवाला लोहे का डंडा जो विकट अपराधियों को इसलिए पहनाया जाता है कि वे बैठ न सकें।

डंडाबूटी—स्त्री० दे० 'पचक' (चित्रकला की बेल)।

डंडाल—पुं०[हि० डंडा] दुंदुभी। नगारा।

डँड़िया—स्त्री०[हि० डाँड़ी=रेखा] १. पुराने चाल की वह साड़ी जिसमें दाँड़ या लंबी लकीरों के रूप में गोटा-पट्टा टँका होता था। २. गेहूँ, जौ आदि की बालों की लंबी सींक।

पु०[हि० डाँड़=सीमा-रेखा] वह व्यक्ति जो सीमा पर रहकर कर या महसूल उगाहने का काम करता हो।

डँड़ियाना—स०[हि० डाँड़ी] १. किसी कपड़े के दो या अधिक पाटों को सी कर जोड़ना। दो कपड़ों की लंबाई के किनारों को एक में सीना। २. साड़ी में गोटे आदि टाँककर डंडे अर्थात् लकीरें बनाना।

डँड़ियारा गोला—पु० [हि० डंडा+गोला] दोहरे सिरे का लंबा (तोप का) गोला। लठिया। (लश०)

डंडी—स्त्री०[हि० डंडा का स्त्री० अल्पा०] १. लकड़ी या धातु का गढ़ा हुआ कोई छोटा, पतला, लंबा टुकड़ा जो कई प्रकार के उपकरणों में प्रायः उन्हें पकड़कर चलाने, रखने, हिलाने आदि के काम में आता है। जैसे—कलछी, छाते या पंखे की डंडी। २. धातु या लकड़ी का उक्त प्रकार का वह लंबा टुकड़ा जिसके दोनों सिरों पर तराजू के पलड़े बँधे रहते हैं।

मुहा०—डंडी मारना=तराजू की डंडी इस प्रकार चालाकी से कुछ दबाते हुए पकड़ना कि तौली जानेवाली चीज उचित मान से कुछ कम रहे। जैसे—वह बनिया डंडी मारकर लोगों को ठगता है।

३. कुछ विशिष्ट प्रकार के पौधों का वह बड़ा और लंबा डंठल जिसके सिरे पर कई और भारी पत्ते या फूल लगते हैं। जैसे—कमल की डंडी।

४. पेड़-पौधों में की वह छोटी पतली सींक जिसमें पत्तियाँ और छोटे फूल लगते हैं। जैसे—गुलाब या गेंदे की डंडी। ५. कुछ विशिष्ट प्रकार के गहनों में उक्त आकार-प्रकार का लंबा हुआ वह छोटा पतला टुकड़ा जिसके सहारे वे गहने शरीर के अंग पर लटकाये, खोंसे या पहनाये जाते हैं। जैसे—आरसी या सीसफूल की डंडी। ६. झंपान या डाँडी नाम की

पहाड़ी सवारी। ७. पुरुष की लिंगेन्द्रिय। (बाजारू) वि० [हिं० डंड=दंड ?] आपस में लड़ाई-झगड़ा करानेवाला।
पुं०=दंडी (दंड धारण करनेवाला सन्यासी)।
*वि०[सं० द्वंद्व] चुगलखोर।

डँड़ीर—स्त्री०[हिं० डाँड़ी] सीधी लकीर।

डंडूरना—अ०[?] हवा का धूल से भर जाना।

डँड़ोरना—स०=ढूँढ़ना।

डंडौत—पुं०=दंडवत्।

डंबर—पुं०[सं०]१. आडंबर। २ विस्तार। ३. बहुत बड़ा समूह या झुंड। उदा०—डका के दिए तै दल डंबर उमड्यो।—भूषण। ४ एक तरह का चँदवा।
पद—मेघ-डंबर=बड़ा शामियाना। दल-बादल। अंबर-डंबर=वह लाली जो संध्या समय आकाश में दिखाई देती है।

डंबेल—पुं०[अं०]१ लोहे का एक तरह का छोटा किंतु भारी उपकरण जिसे हाथों में उठाकर कुछ विशेष कसरते की जाती है। २ वह कसरत जो उक्त उपकरण की सहायता से की जाती है।

डंमरिय—पुं०[सं० डमरू+धारी] शिव। उदा०—डंमरिय डहकि बिज्जुल लहकि, खग कढ़यौ सोमेसजा।—चंदबरदाई।

डँवरुआ—पुं० [सं० डमरू] एक तरह का वात रोग जिसमे शरीर के विभिन्न जोड़ों में पीडा तथा सूजन होती है। गठिया।

डँवरुआ-साल—पुं०[सं० डमरू+हिं० सालना] किसी धातु या लकडी के दो टुकडों को परस्पर जोडने का एक विशेष ढंग जिसमे एक टुकडे को एक ओर से चौड़ा और दूसरी ओर से पतला काटते हैं और दूसरे टुकडे में उसी काट की नाप से गड्ढा करते हैं और उस कटे हुए अश को उसी गड्ढे मे बैठा देते है।

डँवरू—पु०=डमरू।

डँवाँडोल†—वि०=डाँवाँडोल।

डंस—पु०[स० दंश]१. गहरा और तेज डक मारनेवाला एक प्रकर का बड़ा मच्छर। डाँस। २. दे० 'दंश'।

डँसना†—स०=डसना।

डऊ—वि०[हिं० डील?]१. लबा-चौड़ा तथा हृष्ट-पुष्ट (व्यक्ति)। २. पशुओं की तरह निर्बुद्धि और मूर्ख।

डक—पुं०[अं० डाक]१ एक प्रकार का गफ कपड़ा जिससे जहाजों की पाले बनाई जाती हैं। २. एक प्रकार का मोटा कपड़ा जो कमीज, कोट आदि के कफ, कालर आदि में लगाया जाता है।
पु०[अ० डेक] जहाज की ऊपरी छत।

डकइत†—पुं०=डकैत।

डकई—पु० [ढाका नगर]१. केले की एक जाति। २. उक्त जाति का केला।
†पु०=१. डाका। २. डकैती।

डकरना—अ०[अनु०]१. बैल, भैंसे आदि का बोलना। २. डकार लेना।

डकरा—पुं० [देश०] ताल सूखने पर उसके तले की वह मिट्टी जिसमे अधिक गरमी के कारण दरारें पड़ जाती हैं।

डकराना†—अ०=डकरना।
†स० डकरने में प्रवृत्त करना।

डकवाहा†—पु०=डाकिया।

डकार—पु०[स० डक्क=पुकार]१. वह शारीरिक व्यापार जिसमें पेट भरने पर उसके अन्दर की हवा एकाएक शब्द करती हुई मुँह के रास्ते बाहर निकलती है। २. उक्त हवा के मुँह से निकलते समय होनेवाला शब्द।
मुहा०—डकार तक न लेना=किसी का धन इस प्रकार हजम कर जाना कि किसी को खबर तक न लगे।
३. बाघ, सिंह आदि की गरज। दहाड़।
क्रि० प्र०—लेना।

डकारना—अ०[हिं० डकार+ना (प्रत्य०)] १. डकार लेना। २ दे० 'डकरना'।
स० किसी का धन या माल लेकर पचा जाना। हजम कर जाना।

डकैत—पु०[हिं० डाक+ऐत (प्रत्य०)] वह डाकू जो प्रायः डाके डाला करता हो।

डकैती—स्त्री०[हिं० डकैत]१. डकैत का काम। २ डाका। ३ व्यापारिक, साहित्यिक आदि क्षेत्रों मे, किसी की चीज या धन बलपूर्वक अपने अधिकार या हाथ मे कर लेना।

डकोटा—पु०[अ०] एक प्रकार का बडा वायुयान।

डकौत—पु०[देश०] भड्डर। भड्डरी। (दे०)

डक्क—पु०[स० डक्कारी] वीणा। उदा०—भरै पत्र जोगिनी डक्क नारद्द बजावै।—चदबरदाई।

डक्कारी—स्त्री०[स०] चडाल वीणा।

डग—पु०[डाँकना या अनु०] १ चलते या दौडते समय एक पैर को एक स्थान से उठाकर दूसरे स्थान पर रखने की क्रिया या भाव।
क्रि० प्र०—देना।—भरना।—मारना।
२. उतना अवकाश या दूरी जितनी चलते या दौडते समय एक पैर एक बार उठाकर फिर रखने मे पार की जाती है।

डगक*—पु०[हिं० डग+एक] एक या दो डग। एक या दो कदम। उदा०—डगकु डगति सी चलि ठठुठि चितई चली निहारि।—बिहारी।

डगडगाना†—अ०, स०=डगमगाना।

डगड़ी*—स्त्री०=डगरी। उदा०—डगड़ी गडती गड जाय मही।—निराला।

डगडोलना†—अ०, स०=डगमगाना।

डगडौर†—वि०[हिं० डग+डोलना]=डाँवाँडोल।

डगण—पु०[सं० मध्य०स०] पिंगल मे एक गण जिसमें चार मात्राएँ होती है।

डगना—अ०[हिं० डग+ना (प्रत्य०)]१. डग भरना। कदम या पैर उठाकर चलना। २. डगमगाना। ३. अपने स्थान से इधर-उधर होना। हिलना। ४. चूक या भूल करना।
†अ०=डिगना।

डग-मग—वि० [हिं० डग (कदम)+मग (मार्ग, अनु०)] १. मार्ग में अर्थात् चलते समय जिसके कदम लड़खडा रहे हो। २. जो बहुत अधिक हिल-डुल रहा हो। ३. (व्यक्ति) जो विचलित हो गया हो और इसी लिए कोई ठीक निश्चय न कर पाता हो।

पुं० डगमगाने या अस्थिर रहने की अवस्था या भाव। उदा०—डगमग छाँड़ि दे मन बौरा।—कबीर।

डगमगना†—अ०=डगमगाना।

डगमगाना—अ०[हिं० डगमग+ना (प्रत्य०)] १. चलते समय मार्ग में कदमों का ठीक प्रकार से न पड़ना। २. इस प्रकार हिलना-डुलना कि पैर ठीक प्रकार से न पड़ें। ३. (नाव आदि का) बहुत जोर से इधर-उधर हिलना-डुलना। ४. विचलित होना।

स० १. ऐसा काम करना जिससे कोई डगमग करने लगे। २. विचलित करना।

डगर—स्त्री०[हिं० डग=कदम] १. मार्ग। रास्ता। २. गाँव-देहात का छोटा और तंग रास्ता।

डगरना†—अ०[हिं० डगर] डगर या रास्ता चलना।

डगरा—पुं०[देश०] [स्त्री० अल्पा० डगरी] बाँस की फट्टियों का बना हुआ छिछला बरतन। छाबड़ा। डलरा।

†पु०=डगर (रास्ता)।

डगराना—अ०=डगरना।

स० रास्ते पर चलाना या लगाना।

डगरिया†—स्त्री०[हिं० डगर का स्त्री० रूप] छोटा और तंग रास्ता।

डगरी—स्त्री०=डगर।

डगा—पुं०[हिं० डागा] वह लकड़ी जिससे डुग्गी बजाई जाती है। डाग।

†पु०=डग्गा।

डगाना†—स०=डिगाना।

डगर—पु०[स० तर्कु] भेड़िये की तरह का एक मांसाहारी हिंसक पशु।

वि० दे० 'डाँगर'।

डग्गा—पुं०[हिं० डग] पतली और लंबी टाँगोंवाला दुबला घोड़ा।

†पुं०=डग्गा।

डच—पु०[अं०] हालैण्ड का निवासी।

वि० हालैंड का। हालैंड-संबंधी।

डट—पुं०[देश०] निशाना।

डटना—अ०[हिं० डाट]१. किसी स्थान पर विशेषतः उसकी सुरक्षा के लिए साहसपूर्वक खड़े रहना। जैसे—युद्ध-भूमि में सैनिक डटे हुए थे।

पद—डटकर=(क) दृढ़ता तथा साहसपूर्वक और सारा बल लगाकर। जैसे—ग्रामीणों ने चोरों का डटकर मुकाबला किया। (ख) अच्छी तरह। जैसे—उन्होंने डटकर खाया।

†२. मार्ग में किसी चीज के बाधक होने पर रुकना। जैसे—नदी की बालू पर चलती हुई नाव का डटना।

†३. ठहरना। रुकना। जैसे— गाड़ी का डटना। (ब्रज)

*४. सुशोभित होना। भला लगना। उदा०—लटकि लटकि लटकतु चलतु डटतु मुकुट की छाँह।—बिहारी।

†स०[सं० दृष्टि या हिं० डीठ] देखना।

डटाई—स्त्री०[हिं० डटाना]१. डटे हुए होने की अवस्था या भाव। २. डटाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

डटाना—स०[हिं० डटना]१. डटने में प्रवृत्त करना। २. ठहराना। रोकना। ३. एक वस्तु को दूसरी वस्तु से सटाना या चिपकाना।

डट्ठा—पु०[हिं० डाटना]१. हुक्के का नेचा। टेढ़ुआ। २. वह ठप्पा जिससे छींट छापते हैं। साँचा। ३. दे० 'डाट'।

डडकना†—अ० [अनु०] १. जोर से शब्द उत्पन्न होना। २. बजना।

स० १. जोर से शब्द उत्पन्न करना। २. बजाना।

डड्ढी—स्त्री०[देश०] एक तरह की मछली।

डड्ढा†—पुं०[?] बाँह पर पहनने का टाड नाम का गहना।

डड्ढार(ा)—वि०=डडार।

डड्ढ*—स्त्री०[सं० दग्ध; प्रा० डड्ढ] जलन। ताप।

डड्ढना—अ०[हिं० डड्ढ] १. जलना। तपना। २. बहुत दुःखी या संतप्त होना।

डड्ढाना—स०[हिं० डड्ढना]१. जलाना। २. बहुत दुःखी या संतप्त करना।

डड्ढार†—वि०=डड्ढारा।

डड्ढारा—वि०[हिं० डाढ़]१. डाढ़वाला। २. डाढ़ी या दाढ़ीवाला। ३. जिसकी डाढ़ी या दाढ़ी के बाल बहुत बड़े या लंबे हों। बड़ी और लंबी दाढ़ीवाला। ४. बहुत बलवान और साहसी।

डढ़ियल†—वि०=डढ़ियल (दाढ़ीवाला)।

डड्ढा†—पु०[सं० दृढ] मोट में मजबूती के लिए लगाया जानेवाला बर्रे, नेहूँ, चने आदि का तेरा।

डड्ढ—वि०[स० दग्ध]१. जला हुआ। २ तप्त। ३. बहुत दुःखी और संतप्त।

डड्ढना—अ०[स० दग्ध, प्रा० डड्ढ+ना (प्रत्य०)]१. जलाना। तपाना। २. बहुत दुःखी और संतप्त करना।

डड्ढोरा†—वि०=डड्ढारा (डाढ़ीवाला)।

डपट—स्त्री० [सं० दर्प] १. डपटने की क्रिया या भाव। २. किसी को डाँटते-डपटते हुए कही जानेवाली कोई बात।

स्त्री० [हिं० रपट] १. खूब तेजी से आगे बढ़ते रहने की क्रिया या भाव। २. घोड़े की तेज चाल।

डपटना—स० [हिं० डपट] आज्ञा, आदेश आदि का न पालन करने पर, ठीक प्रकार से काम न करने पर अथवा अनधिकार या अनुचित चेष्टा करने पर किसी को दबाने के लिए क्रोधपूर्वक कटु बातें कहना।

अ० [हिं० रपटना] तेज दौड़ना।

डपोर-संख—पु० [अनु० डपोर=बड़ा+संख] १. ऐसा व्यक्ति जो बातें तो लंबी-चौड़ी हाँकता हो पर करता कुछ भी न हो। २. ढील-ढाल का बड़ा, पर मूर्ख।

डप्पू—वि० [देश०] लंबे-चौड़े आकारवाला।

डफ—पुं० [अं० दफ] १. एक तरह का बाजा जिस पर चमड़ा मढ़ा हुआ होता है। २. लावनी गानेवालों का एक तरह का बाजा। चंग।

डफर—पुं० [अं० ड्राफर] जहाज का एक तरफ का पाल।

डफला—पुं० [अं० दफ] डफ नामक बाजा।

पुं० [?] असम देश की एक जंगली जाति।

डफली—स्त्री० [अं० दफ] छोटा डफ। खंजरी।

कहा०—अपनी अपनी डफली अपना-अपना राग=वह स्थिति जिसमें किसी विषय पर सब लोगों के परस्पर विभिन्न मत हों।

डबार†—स्त्री० [अनु०] १. डफ के बजने का शब्द। २. गला फाड़कर रोने-चिल्लाने से होनेवाला शब्द।

डकार—स्त्री० [हिं० डाकना] १. खाए हुए अन्न का कुछ अंश मुँह से बाहर निकलना। २. खाए हुए अन्न के कुछ अंश का मुँह से बाहर निकलने की क्रिया या भाव।

मु०—डकार जाना=(क) खाए हुए अन्न के कुछ अंश का मुँह से बाहर निकलना। (ख) किसी का धन आदि लेकर उसे वापस न करना। हजम कर जाना।

डकारना—अ० [अनु०] गला फाड़कर चिल्लाना या रोना ।

डकावली—पुं०=डफाली ।

डकाली—पुं० [हि० डफ] १. डफ बजानेवाला व्यक्ति। २ मुसलमानों का एक वर्ग जो डफ बजाने का पेशा करता है ।

डकोरना—अ०=डकारना ।

डब—पुं० [हि० डब्बा] १. कमर पर पहनी हुई धोती, लुगी आदि का पल्ला जिसमें रुपए-पैसे आदि लपेटकर रखे जाते है ।

मुहा०—(कोई चीज) डब करना=(क) कमर मे खासकर या और किसी प्रकार अपने अधिकार या हाथ मे करना । (ख) किसी को अपने अधीन या वश में करना । **डब पकड़कर कुछ कराना**=जोर से कुछ काम कराना । **जैसे**—रुपया कैसे नही देगा, डब पकड़कर लूँगा । २. जेब । ३. थैला । ४. वह चमडा जिससे कुप्पे बनाये जाते है।

डबकना—स० [हि० डब] दबा या पीटकर कटोरी या कटोरे की तरह गहरा करना ।

अ० १. शरीर के किसी अंग में टीस या रह-रहकर दर्द होना । २ लँगड़ाकर चलना ।

अ० [?] आँखों मे आँसू भर आना । डबडबाना ।

डबकौंहा—वि० [अनु०] [स्त्री० डबकौंही] (नेत्र) जिसमे आँसू उतर या भर आये हों । **डबडबाता हुआ** ।

डबडबाना—अ० [अनु०] (नेत्रो का) अश्रुपूर्ण होना । आँसुओ से भर आना ।

डबरा—पु० [स० दभ्र=समुद्र या झील] [स्त्री० अल्पा० डबरी] १ गंदे पानी का छिछला लंबा गड्ढा। २. वह खेत जिसमे आस-पास का पानी आकर जमा होता हो और इसी लिए जो जड़हन धान बोने के लिए उपयुक्त हो। ३. खेत का वह कोना जो जोताई मे योंही या बिना जोता हुआ छूट गया हो।

डबरी—स्त्री० [हि० डबरा] छोटा गड्ढा या ताल ।

†स्त्री० दे० 'डिबरी' ।

डबल—वि० [अं०] १. दोहरा । २. दो-गुना । दूना ।

पुं० एक पैसे का ताँबे का पुराना सिक्का ।

डबल रोटी—स्त्री० [अं० डबल+हि० रोटी] खमीर उठाकर पकाई हुई एक प्रकार की बड़ी और मोटी रोटी। पाव रोटी।

डबला—पु० [देश०] मिट्टी का पुरवा। कुलहड़ ।

डबा†—पुं०=डिब्बा ।

डबिया†—स्त्री०=डिबिया (डिब्बी) ।

डबिरना†—स० [देश०] मेड़ों को खेत से बाहर निकालना । (गड़रिये)

डबी—स्त्री०=डिब्बी ।

डबुलिया†—स्त्री० [हि० डिब्बा] छोट पुरवा। कुल्हिया ।

डबोना—स०=डुबाना ।

डब्बा†—पुं०=डब ।

डब्बल—पुं०=डबल ।

डब्बा—पु०=डिब्बा ।

डब्बू—पु० [हि० डिब्बा] खाने की चीजें रखने का एक प्रकार का डिब्बा या ढकनेदार कटोरा। कटोरदान ।

डभकना†—अ० [अनु०] १. जल मे इस प्रकार बार-बार डूबना-उतराना कि डभ-डभ शब्द हो। २ इतना भर जाना कि बाहर निकलने लगे। छलकना। उदा०—बदन पियर जल डभकहिं नैना।—जायसी। ३ जी भरकर कुछ खाना या पीना।

डभका—पु० [देश०] १. कुछ-कुछ भुना हुआ चना, मटर आदि। कोहरा। २ कूएँ का ताजा या तुरत का निकाला हुआ पानी।

डभकाना—स० [?] कोई चीज इस प्रकार पानी मे डुबाना कि डभ-डभ शब्द हो।

डभकौंहा—वि० [अ०] [स्त्री० डभकौंही] डभ-डभ शब्द करता हुआ। २ इतना भरा हुआ कि छलकने लगे। **डबडबाता हुआ**। **जैसे**—(आसुओ से भरी हुई) डभकौंही आँखे ।

डभकौरी—स्त्री०=डभकौरी ।

डम—पु० [स० ड=भाति√मा (मापना)+क] पुराणानुसार लेट पिता और चाडाल माता से उत्पन्न एक वर्ण सकर जाति ।

डमर—पु० [स० ड याम मर=मृत्यु, तृ० त०] १ दो गाँवो के बीच मे होनेवाली लडाई। २ उत्पात। उपद्रव। ३. हलचल। ४. भगदड़।

डमरु—पु० [स० डम√डप् (प्राप्ति) रु] १ हाथ मे हिलाकर बजाया जानेवाला एक प्रकार का बाजा जो बीच मे पतला होता है और जिसके दोनो सिरे अधिक बड़े तथा चौड़े होते है और जिन पर चमड़ा मढा होता है।

विशेष—इसके बीच मे गोठदार दो रस्सिया लगी रहती हैं जो चमडे पर आघात करती है जिससे शब्द उत्पन्न होता है।

२. उक्त आकार-प्रकार की कोई ऐसी वस्तु जिसका बीचवाला भाग पतला और दोनो सिरे चौड़े या मोटे हों। दे० 'डमरू-मध्य'। ३. दडक वृत्त का एक भेद जिसके प्रत्येक चरण मे ३२ लघुवर्ण होते हैं।

डमरुआ—पु० [स० डमरु] घेघा नामक रोग।

डमरुका—स्त्री० [स० डमरु+कन्—टाप्] हाथ की एक तरह की तांत्रिक मुद्रा ।

डमरु-मध्य—पु० [ब० स०] १. कोई ऐसा पदार्थ जिसका मध्य भाग डमरु के मध्य भाग की तरह पतला हो और दोनो सिरे अधिक चौड़े, बडे या विस्तृत हो। जैसे—भूगोल मे जल-डमरु-मध्य, स्थल-डमरु-मध्य। २. स्थल का वह पतला या सँकरा खड जिसके दोनो ओर लंबे-चौड़े भूखड हों। दे० 'स्थल-डमरु-मध्य'।

डमरु-यंत्र—पु० [उपमि० स०] दो हाँडियो के मुँह जोड़कर बनाया जानेवाला एक उपकरण जिसका उपयोग धातुओं, औषधों आदि के रस फूँकने मे होता है। (वैद्यक)

डमरू—पुं० दे० 'डमरु'।

डयन—पु० [स० डी (उड़ना)+ल्युट्—अन] १ हवा मे उड़ने की क्रिया या भाव। उड़ान। २. पालकी।

पु०=डैना (पख)।

डर—पु० [स० दर] १. मन का वह क्षोभ या विकलता पूर्ण अनुभूति जो किसी प्रकार के उपस्थित या भावी कष्ट, विपत्ति, संकट आदि की आशका से होती है। २. किसी बड़े या श्रद्धेय व्यक्ति से कुछ कहने अथवा उसके समक्ष उपस्थित होने के संबध में होनेवाला संकोच। **जैसे**—दादा

से कुछ कहने में डर लगता है। ३. भविष्य के सम्बन्ध में किसी चिंता के कारण होनेवाली बेचैनी। आशंका। जैसे—हमें डर है कि कहीं लड़का खो न जाय। ४. वह चीज या बात जिससे कोई डरे अथवा किसी को डराया जाय। जैसे—बच्चे को मारना नहीं चाहिए, उसके लिए तो आँख का डर काफी है।

डर-डंबर†—पुं०=मेघ।

डरना—अ० [हिं० डर से] १. किसी उपस्थित या भावी कष्ट, विपत्ति, संकट आदि की आशंका से क्षुब्ध तथा विकल होना। जैसे—बीमारी या मौत से डरना। २. संकोचपूर्वक कुछ करने या कहने से पीछे हटना। जैसे—कचहरी जाने से डरना। उदा०—जेहि तेहि भाँति डरो रहौं, परो रहौं दरबार।—बिहारी। ३. किसी चिंता के कारण बेचैन होना।

संयो० क्रि०—जाना।

*अ० [हिं० डलना] १.=डलना (डाला जाना)। २. पड़ा रहना।

डरपना†—अ०=डरना।

डरपाना†—स०=डराना।

डरपोक—वि० [हिं० डरना+पोंकना] जो (साहस के अभाव के कारण) बहुत जल्दी डर जाता हो। भीरु।

डरपोकना—वि०=डरपोक।

डरवाना—स०=डलवाना।

†स०=डराना।

डरा†—पुं० [स्त्री० डरी] =डला। उदा०—छिनकु छ्वाइ छबि गुर-डरी छलै छबीलैं छैल।—बिहारी।

डराकू†—वि०=डरपोक।

डरा-डरी†—स्त्री० [हिं० डर] बार-बार मन में होनेवाला डर या भय।

डराना—स० [हिं० डरना] ऐसा काम करना जिससे कोई डर जाय। किसी के मन में डर उत्पन्न करना।

†अ०=डरना।

डरापना*—वि०=डरावना।

स०=डरपाना (डराना)।

डरावना—वि० [हिं० डर+आवना (प्रत्य०)] [स्त्री० डरावनी] (चीज या बात) जो दूसरे के मन में डर उत्पन्न करे। भय-कारक। जैसे—डरावनी आँखें, डरावनी रात।

†स०=डराना।

डरावा—पुं० [हिं० डराना] १. ऐसी बात जो किसी को डराने या भय-भीत करने के लिए कही जाय।

क्रि० प्र०—दिखाना।

२. पक्षियों आदि को डराकर फलदार वृक्षों, फसल आदि से दूर रखने के लिए बनाई जानेवाली विकराल आकृति।

डराहुक†—वि०=डरपोक।

डरिया†—स्त्री०=डलिया।

†स्त्री०=छोटी डार या डाल।

डरीला†—वि० [हिं० डार] जिसमें, डारें (डालें या शाखाएँ) हों। जैसे—डरीला पेड़।

†वि०=डरपोक। जैसे—डरीला स्वभाव।

डरैला—वि० [हिं० डर] १. डरानेवाला। डरावना। २. डरपोक।

डल—स्त्री० [सं० तल्ल] १. झील। २. कश्मीर की एक प्रसिद्ध बहुत बड़ी झील का नाम।

†पुं०=डला।

डलई†—स्त्री०=डलिया

डलक—पुं० [सं०] बड़ी डलिया।

डलना—अ० [हिं० डालना का अ० रूप] १. किसी आधान या पात्र में किसी चीज का गिराया, छोड़ा या रखा जाना। डाला जाना। पड़ना। २. किसी आधार या तल पर किसी चीज का गिराया या छोड़ा जाना। जैसे—बालों में तेल डलना। ३. किसी चीज का दिया, रखा या सौंपा जाना। जैसे—(क) चिड़ियों को दाना डलना। (ख) शस्त्र या हथियार डलना। ४. किसी कार्य या बात का किसी के जिम्मे किया जाना। पड़ना। जैसे—किसी के सिर कोई भार डलना। ५. पहना या पहनाया जाना। ६ किसी चीज का लटकाया जाना। ७. लगना या लगाया जाना। ८. घुसाया या घुसेड़ा जाना। ९. किसी चीज के ऊपर उसको ढकने के उद्देश्य से कुछ ओढ़ाया, पसारा या फैलाया जाना। १०. अंकित होना या किया जाना।

डलना†—पुं०=डला (बड़ी डलिया)।

डलवाना—स० [हिं० 'डालना' का प्रे०] डालने का काम दूसरे से कराना। किसी को कुछ डालने में प्रवृत्त करना।

डला—पुं० [सं० दल] [स्त्री० अल्पा० डली] किसी जमी हुई या ठोस चीज का टुकड़ा। जैसे—नमक या मिश्री का डला; पत्थर या मिट्टी का डला।

पुं० [सं० डलक] [स्त्री० अल्पा० डलिया] बाँस, बेत आदि की पतली फट्टियों या कमचियों से बनाया हुआ बड़ा आधान या पात्र जो प्रायः थाल के आकार का होता है।

डलिया—स्त्री० [हिं० डला का स्त्री० अल्पा०] १. छोटा डला या टोकरा। दौरी। २. एक प्रकार की तश्तरी।

डली—स्त्री० [हिं० डला का स्त्री० रूप] १. छोटा टुकड़ा या ढेला। खंड। जैसे—नमक की डली। २. सुपारी।

स्त्री०=डलिया ('डला' का अल्पा० रूप)।

डल्लक—पुं० [सं०] बाँसों आदि का डला या दौरा।

डल्ला†—पुं०=डला।

डवँरू—पुं०=डमरू।

डवरा—पुं० [?] एक तरह का कटोरा।

डवित्थ—पुं० [सं०] काठ का बना हुआ हिरन (खिलौना)।

डस—स्त्री० [देश०] १. एक प्रकार की शराब। २. वह डोरी जिसमें तराजू के पलड़े-बँधे रहते हैं। ३. कपड़े के थान का वह छोर जिसमें ताने-बाने के पूरे तागे नहीं कसे रहते। छीर। दसी।

†स्त्री०=डसन।

डसन—स्त्री० [हिं० डसना] १. डसने की क्रिया या भाव। २. डसने या डंक मारने का ढंग।

डसना—स० [सं० दंशन] १. किसी जहरीले कीड़े का किसी को इस प्रकार काटना कि उसके शरीर में जहर का प्रवेश हो जाय। जैसे—साँप का डसना। २. डंक मारना।

डसवाना—स०=डसाना।

डसा†—पुं० [सं० दंश] डाढ़। चौभड़।

डसाना†—स० [हिं० डसना का प्रे०] किसी को डसने में प्रवृत्त करना।
†स० [हिं० डासना] बिछौना बिछाना। उदा०—जागे पुनि न डसैहौं।—तुलसी।

डसी†—स्त्री० [?] १. पहचान कराने के लिए रखी या दी जानेवाली चीज। निशानी। २. याद कराने के लिए दी जानेवाली चीज। निशानी।
†स्त्री० दे० 'दसी'।

डस्टर—पुं० [अं०] कुरसी, मेज, दरवाजों आदि की धूल झाड़ने का कपड़ा। झाड़न।

डहँक—वि० [?] पाँच और एक। छः। (दलाल)

डहँकलाय—वि० [?] सोलह। (दलाल)

डहकन—स्त्री० [हिं० डहकना] डहकने की क्रिया या भाव।
†वि० जितना चाहिए उतना। भर-पूर। यथेष्ट।

डहकना—अ० [हिं० डह-डह से] १. कलियों, फूलों आदि का विकसित होना। फूलना। २. शोभा से युक्त होकर अच्छी तरह चारों ओर फैलना। जैसे—पूर्णिमा की रात में चाँदनी डहकना। ३. हुंकार भरते हुए गरजना। ४. डह-डह शब्द करते हुए जोर से रोना। ५. किसी प्रकार के धोखे या लालच में पड़कर कष्ट या हानि उठाना। ठगा जाना।
स० १. छल या धोखा करना। भुलावे में रखकर मूर्ख बनाना। २. ललचाकर भी न देना।
अ० [देश०] छितराना। फैलाना।

डहकाना—अ० [हिं० डहकना] किसी के धोखे या भुलावे में आकर कुछ गवाँना या अपनी हानि करना। ठगा जाना।
स० १. किसी को धोखे में रखकर अपना लाभ करना। डहकना। (क्व०) २. कोई वस्तु दिखाकर या ललचाकर भी न देना।

डहडहा—वि० [डह-डह से अनु०] [स्त्री० डहडही] १. (पौधा) जो हरा-भरा हो। जो सूखा या मुरझाया हुआ न हो। २. (व्यक्ति) जो खूब प्रसन्न हो। ३. टटका। ताजा।

डहडहाट*—स्त्री० [हिं० डहडहा] १. डहडहे होने की अवस्था या भाव। २. हरियाली। ३. प्रसन्नता।

डहडहाना—अ० [हिं० डहडहा] १. हराभरा होना। लहलहाना। २. आनंदित या प्रफुल्लित होना।
स० १. लहलहा या हरा-भरा करना। जैसे—एक ही वर्षा ने पेड़, पौधों को डहडहा दिया। २ आनन्दित या प्रफुल्लित करना।

डहडहाव—पु०=डहडहाट।

डहन—पुं० [सं० उड्डयन=उड़ना] डैना। पंख। पर।
†पुं०=दहन।
†स्त्री०=डाह। (क्व०)

डहना—अ० [सं० दहन] १. जलना। भस्म होना। २. कुढ़ना। चिढ़ना।
स० १. भस्म करना। जलाना। २. किसी के मन में कुढ़न या डाह उत्पन्न करना। डाहना।
†पुं०=डैना (पख या पर)।

डहर—स्त्री० [हिं० डगर] १. पथ। मार्ग। रास्ता। २. आकाश-गंगा।

डहरना—अ० [हिं० डहर] १. रास्ता चलना। २. टहलना।

डहराना—स०=चलाना।

डहरिया†—स्त्री० १.=डेहरी। २. दहलीज।

डहार*—पु० [हिं० डाहना] १. ईर्ष्या करनेवाला व्यक्ति। ईर्ष्यालु। २. दुःख देने या संतप्त करनेवाला व्यक्ति। ३. ऐसी घटना या बात जिससे कोई दुःखी या संतप्त होता हो।

डहुडहु—पु० [स० डहु-डहु, √ दह् (जलाना) +कु, निपा० सिद्ध] १ लकुच। २. बड़हर।

डाँक—स्त्री० [हिं० दमक, दर्वक] ताँबे या चाँदी का कागज की तरह का वह पतला पत्तर जो नगीनों के नीचे उनकी चमक बढ़ाने के लिए लगाया जाता है।
स्त्री० [हिं० डाँकना] १ डाँकने या लाँघने की क्रिया या भाव। २. कै। वमन।
†स्त्री०=डाक।
†पु० १ =डक। २ =डका।

डाँकना—स० [स० √तक से] १ रास्ते में पड़ी हुई किसी चीज अथवा होनेवाले किसी गड्ढे को कूदते हुए लाँघना। २ (खेल मे) किसी रोक को दौड़ते तथा कूदते हुए पार करना। जैसे—रस्सी डाँकना। ३. बीच का कुछ अश छोड़ते हुए उसके आगे या पार जाना।
अ० [हिं० डाँक] वमन करना। उलटी करना।

डाँग†—स्त्री० [स० टंक] १. किसी चीज का ऊपरी बड़ा या भारी भाग। २ पहाड़ की ऊँची चोटी। ३. पहाड़ी। ४ जगल। वन। ५. उछल-कूद। ६. छलाँग। फलाँग। ७. कोई उद्देश्य सिद्ध होने का अवसर या सुयोग जिसकी प्रतीक्षा में रहा जाय। ताक। (बुन्देल०) उदा०—सागर सिंह इसी डाँग मे हैं।—वृन्दावनलाल। ८. बहुत बड़ा डडा या लाठी। सोंटा। (पश्चिम)

डाँगर—वि० [?] १. इतना दुबला-पतला कि शरीर की हड्डियाँ तक दिखाई दें। २. बेवकूफ। मूर्ख।
पु० १. चौपाया। डगर। २. मरा हुआ पशु या उसकी लाश। (पूरब) ३. एक प्रकार की छोटी जाति।

डाँगा—पुं० [स० दंडक] १ जहाज के मस्तूल में रस्सियों को फैलाने के लिए आड़ी लगी हुई धरन। २. लंगर के बीच का मोटा छड़। (लश०)

डाँट—स्त्री० [सं० दान्ति=दमन, वश] १. किसी को डाँटने या डपटने की क्रिया या भाव। २. क्रोध में आकर कही जानेवाली ऐसी कड़ी बात जो भविष्य में किसी को सचेत रखने के लिए कही जाय।
क्रि० प्र०—बताना।
३. उक्त प्रकार की बातें करते हुए किसी की उच्छृंखलता, उद्दंडता आदि नियंत्रित रखने के लिए उसके साथ किया जानेवाला आतंकपूर्ण व्यवहार। जैसे—लड़कों को डाँट मे रखना।
क्रि० प्र०—मानना।
मुहा०—किसी को डाँट में रखना=वश या शासन में रखना।

डाँडा—स० [हिं० डाँट से] क्रोध में आकर किसी दोषी को कोई कड़ी बात ऊँचे स्वर में कहना।
सं० क्रि०—देना।

डाँड—पुं० [सं० दंड] दंडल।

डाँड़—पुं० [सं० दंडक; प्रा० दंडअ] १. लड़की का डंडा विशेषतः सीधा डंडा। जैसे—डंडे का डाँड़, छत की धरन आदि। २. किसी चीज में उसे चलाने, पकड़ने आदि के लिये लगा हुआ डंडा। दस्ता। हत्था। ३. नाव खेने का डाँड़। ४. गदका। ५. कोई ऐसी चीज जो एक सीध में चली गई हो। जैसे—रेखा, मेंड़, रीढ़ की हड्डी आदि। ६. करघे में वह ऊँची लकड़ी जिसमें ऊरी फँसाई जाती है। ७. ऊँचा स्थान। ८. समुद्र का ढालुआँ रेतीला किनारा। ९. सीमा। हद। १०. वह मैदान जिसमें का जंगल कट गया हो। ११. कमर। १२. अतिपूर्ति के रूप में दिया जानेवाला धन या वस्तु। दंड। १३. अर्थ-दंड। जुरमाना। १४. दे० 'कद्दा' (लम्बाई का मान)।

डाँड़ना—स० [हिं० डाँड़+ना (प्रत्य०)] अर्थ-दंड से दंडित करना। जुरमाना करना।
†स०=डाँटना।

डाँड़र—पुं० [हिं० डाँठ] बाजरे की फसल कट जाने पर खेत में बची रह जानेवाली उसकी जूँटी।

डाँडा—पुं० [हिं० डाँड] १. डंडा। २. वह बड़ा डंडा जिसके आगे चप्पू लगा रहता है और जिसकी सहायता से नाव खेते या चलाते हैं। डाँडा। ३. सीमा। हद।
पद—डाँडा मेंड़ा=(देखें) होली का डाँडा= लकड़ियों और घास-फूस आदि का वह ढेर जो होली की रात को जलाने के लिए पहले से ही अपने गाँव या मुहल्ले की सीमा पर इकट्ठा किया जाता है।
४. समुद्र का ढालुआँ रेतीला किनारा। (लश०)

डाँडा-मेंड़ा—पुं० [हिं० डाँड+मेंड़] १. खेत, गाँव आदि की वह सीमा या हद जिस पर डाँडा या मेंड़ बनी हो। २. ऐसी स्थिति जिसमें न तो विशेष आर्थिक लाभ ही हो और न विशेष हानि ही। जैसे—हम तो समझते थे कि इस सौदे में बहुत घाटा होगा; पर चलो, डाँडे-मेंड़े रह गये। ३. बीच की ऐसी स्थिति जिसमें आपस के लड़ाई-झगड़े का उतना ही अवकाश या संभावना हो जितना अवकाश खेतों या डाँडों का साथ-साथ या एक ही जगह पड़ने से होता है।

डाँड़ा-मेड़ी—स्त्री०=डाँड़ा-मेंड़ा।

डाँड़ा-सहेंड़—पुं० [देश०] साँपों की एक जाति।

डाँड़ी—स्त्री० [हिं० डाँड़] १. पतली लंबी लकड़ी। २. मूल आदि की पतली लंबी शाखा। टहनी। ३. पौधों का वह लंबा डंठल जिसमें फूल, फल आदि लगते हैं। ४. व्यवहार में लाये जानेवाले उपकरणों का वह पतला लंबोतरा अंश, जिसे पकड़कर उस उपकरण को चलाया या हिलाया-डुलाया जाता है। जैसे—कलछी या पंखे की डाँड़ी। ५. तराजू की डंडी। ६. हिंडोले में की वे चारों लकड़ियाँ या डोरी की लड़ें जिन पर बैठने की पटरी रखी जाती है। ७. डंडे में बँधी हुई एक तरह की झोली के आकार की पहाड़ी सवारी। झप्पान। ८. जुलाहों की वह लकड़ी जो चरखी की बगली में डाली जाती है। ९. लड़ाई का वह निचला भाग जिसमें से हुवा बाहर निकलती है। १०. छोटी रेखा। ११. मर्यादा। १२. चिड़ियों के बैठने का अड्डा। उदा०—औ सोनहा सोने की डाँड़ी।—जायसी। १३. अनवट नामक गहने का वह भाग जो दूसरी और तीसरी उँगलियों के बीच में रहता है और उसे घूमने से रोकता है।
पुं० १. डाँड़ खेनेवाला आदमी। (लश०) २. सुस्त आदमी।

डाँड़ी—स्त्री० [सं० दग्ध; हिं० डाढ़ा] मटर की भुनी हुई फली।

डाँडुर—पुं० [सं० डिंब] (स्त्री० डाँडरी) लड़का। बेटा। पुत्र।

डाँडुक—पुं० [हिं० डाँडुर] १. लड़का। पुत्र। २. बाघ का बच्चा।
†पुं०=डमरू।

डाँडू—पुं० [देश०] दलदल में होनेवाला एक तरह का नरकट।

डाँनना†—स०=दागना।

डाँरी†—स्त्री०=डोली।

डाँवर—पुं० [स्त्री० डाँवरी] =डाँवरा।

डाँवाँ-डोल—वि० [डाँवाँ (अनु०)+हिं० डोलना] १. साधारणतया अचल या स्थिर रहनेवाली वस्तु के संबंध में, जो सहसा किसी आघात के फलस्वरूप इधर-उधर हिलने-डुलने लगे। जैसे—हिलोर के कारण नाव या मूर्छा के कारण पृथ्वी का डाँवाँडोल होना। २. व्यक्ति अथवा उसके चित्त के संबंध में, जो अधिक चिंतित या भावुक होने के कारण किसी निश्चय तक न पहुँच पाता हो। ३. स्थिति के संबंध में, जिसमें दो विभिन्न पक्षों में संतुलन न होने के कारण किसी परिणाम का ठीक-ठीक अनुमान न होना हो। जैसे—व्यापार का डाँवाँडोल होना।

डाँवाडोल—पुं० [देश०] संगीत में ब्रह्मताल के ग्यारह भेदों में से एक जिसमें ५ आघात के पश्चात् एक-एक शून्य होता है।

डाँस—पुं० [सं० दंश] १. बड़ा मच्छर। दंश। २. एक तरह की मक्खी जो पशुओं को काटती तथा उन्हें तंग करती है। ३. कुकरौंछी।

डाँसर—पुं० [देश०] इमली का बीज। चीयाँ।

डा—पुं० [अनु०] सितार का एक बोल। उदा०—डा डिड़ डा ड़ा डा डा ड़ा।

डाइन—स्त्री० [सं० डाकिनी] १. भूत-प्रेत योनि की स्त्री। भूतनी। २. वह स्त्री जिसकी कुदृष्टि के प्रभाव से कोई मर जाता हो या बीमार पड़ जाता हो। टोनहाई। ३. क्रूरता और डरावनी स्त्री। ४. बहुत ही दुष्ट प्रभाववाली तथा क्रूर स्त्री।

डाक—स्त्री० [हिं० डाँकना] १. डाँकने की क्रिया या भाव। २. सवारी का ऐसा प्रबन्ध जिसमें हर पड़ाव पर बराबर जानवर या यान आदि बदले जाते हों।
मुहा०—डाक बैठाना=शीघ्र यात्रा के लिए स्थान-स्थान पर सवारी बदलने की चौकी नियत करना। डाक लगना=(क) शीघ्र संवाद पहुँचाने या यात्रा करने के लिए मार्ग में स्थान-स्थान पर आदमियों या सवारियों का प्रबन्ध होना। (ख) किसी चीज के आने या जाने का क्रम बराबर चलता रहना। डाक लगाना=डाक बैठाना।
३. पत्रों, बंडलों आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाने की सरकारी व्यवस्था। ४. उक्त व्यवस्था द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचने या पहुँचाया जानेवाला पत्र या डाकथैली।
स्त्री० [अनु०] कै। वमन।
स्त्री० [सं० हाक या सं० हाकिवा] १. पुकार। २. नीलाम की बोली।

पुं०[अं०] बंदरगाह का वह विशिष्ट अंश जहाँ जहाजों पर का माल लादा-उतारा जाता है। गोदी।

डाक-खाना—पुं० [हिं० डाक+फा० खान:] वह सरकारी कार्यालय या उसका भवन जो डाक द्वारा चिट्ठियाँ आदि बाहर भेजवाने तथा बाहर से आई हुई चिट्ठियाँ आदि बँटवाने की व्यवस्था करता है।

डाक-गाड़ी—स्त्री०[हिं०] वह रेल-गाड़ी जो साधारण गाड़ियों से बहुत तेज चलती है, केवल बड़े-बड़े स्टेशनों पर रुकती है तथा जिसमें डाक लाने ले जाने की भी व्यवस्था होती है।

डाकघर—पुं०=डाकखाना।

डाक-चौकी—स्त्री०[हिं०] १. प्राचीन तथा मध्य काल में वह स्थान जहाँ कई स्थानों या प्रदेशों के हरकारे चिट्ठियाँ लाते थे तथा अन्य स्थानों से आई हुई चिट्ठियाँ छाँटकर ले जाते थे। २. वह स्थान जहाँ डाक के घोड़े, सवारियाँ आदि आगे जाने के लिए बदली जाती थीं।

डाकना—स०[हिं० डाँकना] फाँदना। लाँघना।
अ० क० वमन करना।
†स०[हिं० डाक] १. पुकारना। २. नीलाम के समय दाम की बोली बोलना।

डाक-बँगला—पुं०[हिं०] वह सरकारी भवन जो मुख्य रूप से दौरे पर जानेवाले सरकारी अधिकारियों के ठहरने के लिए बने होते हैं।

डाक-महसूल—पु०[हिं० डाक+अ० महसूल] डाक के द्वारा कोई चीज भेजने का महसूल।

डाकर—पु०[देश०] १. सूखे हुए तालों की चिटली तथा सूखी मिट्टी। †२. कड़ी किंतु उपजाऊ भूमि।

डाक-व्यय—पु०[हिं० डाक+सं० व्यय]वह व्यय जो डाक द्वारा कोई चीज भेजने पर करना पड़ता हो। डाक-महसूल।

डाका—पु०[हिं० डाकना=कूदना या सं० दस्यु] दल-बल-सहित बल-पूर्वक तथा डरा-धमकाकर लूट-मार करने के लिए किया जानेवाला धावा।
क्रि० प्र०—पड़ना।—मारना।

डाकाजनी—स्त्री०[हिं० डाका+फा० जनी] डाके डालने का काम।

डाकिन—स्त्री०=डाकिनी।

डाकिनी—स्त्री० [सं० ड (त्रास) √अक् (वक्रगति)+णिनि—ङीप्] १. एक पिशाची या देवी जो काली के गणों में समझी जाती है। २. भूत या प्रेत योनि की स्त्री।

डाकिया—पुं०[हिं० डाक+इया (प्रत्य०)] वह सरकारी कर्मचारी जो घर-घर डाक द्वारा आई हुई चिट्ठियाँ आदि पहुँचाने का काम करता है।

डाकी—स्त्री०[हिं० डाक] वमन। कै।
वि० [?] १. बहुत अधिक खानेवाला। २. प्रचंड।

डाकू—पु०[हिं० डाकना या सं० दस्यु] वह व्यक्ति जो दूसरों के यहाँ पहुँचकर और उन्हें डरा-धमकाकर या मार-पीटकर उनसे अवैध रूप से धन छीन लेता हो।

डाकोर—पुं०[सं० ठक्कुर; हिं० ठाकुर] १. ठाकुर। देवता। २. विष्णु भगवान। (गुजराती)

डाक्टर—पुं०[अं०] १. किसी विद्या या विषय का आचार्य या पूर्ण पंडित। २. उक्त प्रकार के आचार्य या पूर्ण पंडित की उपाधि। ३. लोक-व्यवहार में वह व्यक्ति जो पाश्चात्य शैली से रोगियों की चिकित्सा करता हो। ४. वह व्यक्ति जिसे उक्त प्रकार की उपाधि मिली हो।

डाक्टरी—स्त्री० [अं० डाक्टर+ई (प्रत्य०)] १. डाक्टर होने की अवस्था, पद या भाव। २ डाक्टर का काम या पेशा। ३. पाश्चात्य ढंग की चिकित्सा-प्रणाली या उसका शास्त्र।

डाक्टर—पु०=डाक्टर।

डाचा†—पु०=डाक (पलाश)।

डाड—स्त्री०[सं० दडक] डुग्गी, ढोल, नगाड़ा आदि बजाने की लकड़ी।
मुहा०—डाड देना=डुग्गी,नगाड़े आदि पर चोट लगाकर उनसे शब्द उत्पन्न करना।

डाडरि—स्त्री०=डगर।

डाडा—पु०=डाड।

डाडुर—पु०[देश०] जाटों की एक जाति या वर्ग।

डाढ—पु० [?] मुँह। मुख। उदा०—बबक्कत डाढ किनेकन बैन। मनों बड बक्कर टक्कर मैन।—कविगजा सूर्यमल।

डाढ—स्त्री०[सं० दार्ढि] १ दीवार या ऐसी ही किसी और चीज को गिरने से बचाने या रोकने के लिए सामने या बड़े बल से लगाई जानेवाली चाड या रोक। २ किसी चीज का छेद या मुँह बन्द करने के लिए उसमें कसकर जमाई, बैठाई या लगाई जानेवाली वस्तु। ३ वह ईंट या पत्थर जो मेहराब के बीचो-बीच दोनों ओर की ईंटों आदि को यथा-स्थान दृढ़तापूर्वक जमाये रखने के लिए लगाया जाता है।
क्रि० प्र०—बैठाना।—लगाना।
४ मेहराब बनाने का वह प्रकार जिसमें दोनों ओर अर्ध-गोलाकार रूप में ईंटें जोड़ी या बैठाई जाती हैं।
†स्त्री० दे० 'डाँट'।

डाढना—स०[हिं० डाढ+ना (प्रत्य०) १ दीवार आदि को गिरने से रोकने के लिए उसमें डाढ लगाना। टेक लगाना। २ किसी चीज का छेद या मुँह डाट लगाकर बंद करना। ३ एक वस्तु के साथ दूसरी वस्तु अच्छी तरह जमाकर बैठाना या स्थिर करना। जैसे—किसी की ओर निगाह डाटना। ४ कोई चीज अदर घुसाने या धँसाने के लिए उस पर भरपूर दबाव डालना। ५ कसकर ठूसना, दबाना या भरना। ६. खूब अच्छी तरह पेट भरकर कोई चीज खाना। (व्यंग्य) ७. ठाठ से या शान दिखलाने के लिए कपड़े, गहने आदि पहनना। जैसे—अँगरखा या अँगूठी डाटना। (व्यंग्य)
अ० १. डटकर सामने बैठना। २. ठाठ या वेष बनाना।
स० दे० 'डाँटना'।

डाढ़ना—स० दे० 'डाहना'।
अ० दे० 'दहाड़ना'।

डाढ़ा†—स्त्री०=दाढ़।

डाढ़ना†—स०[सं० दग्ध,प्रा०डड्ढ+ना (प्रत्य०)]=दाहना (जलाना)।

डाढ़ा—पुं० [सं० दग्ध प्रा० डड्ढ] १. दावानल। वन की आग। २. अग्नि। आग। ३. जलन। ताप। ४. दे० 'दाह'।
†पु०=दाढ़ा (बड़ी दाढ़ी)।

डाढ़ी†—स्त्री०=दाढ़ी। (देखें)

डाढ़ीवार†—पु० दे० 'दारी-वार'।

डाण†—पुं०=डाँड (दंड या अर्थ-दंड)।

डाब†—स्त्री०=डाभ।

डाबक—वि०=डाभक।

डाबर—पुं०[सं० दभ्र=समुद्र या झील] १. वह गड्ढा या नीची जमीन जिसमें आस-पास का पानी विशेषतः बरसाती पानी आकर जमा होता हो। झाँवर। ऐसी जमीन धान के लिए उपयुक्त होती है। २. छोटा तालाब। ३. गंदा या मैला पानी। ४. चिलमची नामक पात्र जिसमें हाथ-मुँह धोने का पानी रहता है।

†वि० १. गँदला। २ मटमैला।

पुं० डाबरा।

डाबर-नैनी—वि० [हिं०] बड़ी-बड़ी और सुदर आँखोंवाली (स्त्री)।

डाबा†—पुं०[स्त्री० डाबी] =डिब्बा।

डाबी—स्त्री०[?] १. फसल का दसवाँ अंश जो मजदूरी के रूप में काटनेवाले मजदूर को दिया जाता है। २. कटी हुई घास, पुआल आदि का पूला।

†स्त्री० =डिबिया।

डाभ—स्त्री०[सं० दर्भ] १. ऊसर भूमि में होनेवाली एक तरह की घास। २. कुश। दर्भ। ३. आम के वृक्ष के वे आरंभिक अंकुर जो कुछ समय बाद मंजरी के रूप में आते हैं। टोस। मौर। ४. आम की ढेपनी या मुँह से निकलनेवाला तीखा रस। चोप। उदा०—जो लहि अंबहि डाभ न होई।—जायसी। ५ कच्चा नारियल जिसके अन्दर का पानी बहुत गुणकारक और स्वादिष्ट होने के कारण पीया जाता है।

†पुं०[हिं० डब=कमर] कमर में बाँधा जानेवाला परताला।

डाभक†—वि० [अनु० डभक-डभक से अनु०] कूएँ से तुरंत का निकाला हुआ। ताजा। जैसे—डाभक पानी।

डाभर—पुं०=डाबर (बरसाती पानी का गड्ढा)।

डाम—पुं०=दाम।

डामचा—पुं०[देश०] वह मचान जिस पर बैठकर जंगली पशु-पक्षियों से फसल की रक्षा की जाती है।

डामर—पुं०[सं०] १. शिव-प्रणीत माना जानेवाला एक तंत्र, जिसके छः भेद हैं—योग डामर, शिव डामर, दुर्गा डामर, सारस्वत डामर, ब्रह्म डामर और गंधर्व डामर। २. प्राचीन भारत में एक प्रकार का चक्र जिसके द्वारा दुर्ग के शुभाशुभ फल जाने जाते थे। ३. धूम-धाम। ४. आडंबर। ५. ठाठ-बाट। ६. हलचल। ७. चमत्कार। ८. उनचास क्षेत्रपाल भैरवों में से एक भैरव का नाम। ९. साल वृक्ष का गोंद। राल। १०. दक्षिण भारत में होनेवाला एक प्रकार का सफेद गोंद। ११. एक प्रकार की छोटी मधु-मक्खी। १२. उक्त छोटी मधु-मक्खियों के छत्ते से निकलनेवाला एक प्रकार का गोंद या राल। १३. अलकतरा।

†पुं० दे० 'डामल'।

पुं०=डाबर (बरसाती पानी का गड्ढा)। उदा०—यह सच है कि मनोहर बोला तुम उथले पानी के डामर।—पन्त।

डामल—पुं०[अ० दायमुल्दब्स] १. सदा के लिए बंदी बनाकर रखने की सजा। २. अपराधियों को दिया जानेवाला देश-निकाले का दंड।

डामाडोल—वि०=डाँवाँडोल।

डामिल—पुं०=डामल।

डायँ डायँ—क्रि० वि०[अनु०] बिना किसी काम या प्रयोजन के। व्यर्थ। जैसे—दिन भर डायँ-डायँ घूमते रहना।

डायन—स्त्री०=डाइन।

डायरी—स्त्री०[अं०] दैनिकी।

डार†—स्त्री०=डाल।

स्त्री०[स० डलक] डलिया।

डारना†—स०=डालना।

डारा—पुं०[हिं० डाल] १ वह रस्सी जिस पर कपड़े लटकाये या सुखाये जाते हैं। २. किसी प्रकार का आधार या आश्रय। सहारा।

मुहा०—(किसी के) डारे लगना=किसी के सहारे पर चलना या होना। उदा०—सौंधे के डारे लगी, अली, चली सँग जाइ।—बिहारी।

डारियास—पुं०[देश०] बाबून बंदर की एक जाति।

डारी—स्त्री०=डार।

डाल—स्त्री०[सं० दारु=लकड़ी] १ पेड़-पौधे आदि के तने में से निकला हुआ बड़ा अंग जिसमें फल, फूल आदि लगते हैं। टहनी। शाखा।

पद—डाल का टूटा- (क) डाल से पककर गिरा हुआ (फल)। (ख) बिलकुल तुरंत या हाल का। बिलकुल नया आया हुआ। ताजा। जैसे—डाल का टूटा हुआ स्नातक। (ग) जिसे अभी तक विशेष अनुभव या ज्ञान न हुआ हो। (घ) अनोखा। विलक्षण। **डाल का पका**=(फल) जो पेड़ की डाल में लगे रहने की दशा में पका हो। उससे उतारकर पाल में न पकाया गया हो।

२. किसी चीज में से निकली हुई उक्त आकार-प्रकार की कोई शाखा। जैसे—झाड़ या फानूस की डाल जिसमे गिलास लगाये जाते हैं। ३. तलवार का फल जो शाखा के रूप मे आगे की ओर निकला रहता है। ४. मध्य भारत और मारवाड़ में पहना जानेवाला एक प्रकार का गहना।

स्त्री० [सं० डलक; हिं० डला] १. फल-फूल आदि रखने की डलिया। चँगेरी। २ वे कपड़े, गहने, फल आदि जो विवाह के समय किश्तियों, चँगरों आदि में सजाकर लड़कीवालों के यहाँ वधू के लिए भेजे जाते हैं।

डालना—स०[हिं० तलन] १. किसी आधान या पात्र में कोई चीज कुछ ऊँचाई से गिराना, छोड़ना, फेंकना या रखना। जैसे—(क) गिलास में पानी डालना (ख) कड़ाही में घी डालना। २. किसी आधान या पात्र में कोई चीज प्रायः सुरक्षा के उद्देश्य से भरना या रखना। जैसे—(क) झोले में पुस्तकें या बोरे में गेहूँ डालना। (ख) संदूक में कपड़े डालना। (ग) कैदी को जेल में डालना। ३. कोई चीज किसी आधार या तल पर गिराना, छोड़ना या फेंकना। जैसे—(क) पेड़ की जड़ में पानी डालना। (ख) सिर या बालों में तेल डालना। ४. कोई चीज किसी को देने या सौंपने के उद्देश्य से उसके आगे रखना या गिराना। जैसे—(क) विजयी के आगे हथियार डालना। (ख) कुत्ते या बिजली को रोटी डालना। ५. लाक्षणिक अर्थ में, कोई काम या बात किसी के जिम्मे करना। जैसे—किसी पर खरच या काम का बोझ डालना। ६. कोई चीज किसी को पहनाना। जैसे—(क) हाथ में चूँड़ियाँ या पैर में जूता डालना। (ख) कन्या का वर के गले में जय-माल

डालना। ७. कोई चीज किसी पर से या किसी में लटकाना। जैसे—(क) पेड़ की डाली पर झूला डालना। (ख) पानी निकालने के लिए कूएँ में बाल्टी डालना। ८. कोई चीज किसी में लगाना। जैसे—आँखों में काजल या सुरमा डालना। ९. घुसाना। घुसेड़ना। १०. किसी चीज को ढकने के लिए उसके ऊपर कोई दूसरी चीज फैलाना। जैसे—(क) सिर पर चादर डालना। (ख) आग पर पानी या राखी डालना। ११. वस्त्र आदि फैलाना। जैसे—(क) बिछे हुए गद्दे पर चादर डालना। (ख) टंगने पर सूखने के लिए गीली धोती डालना। १२. (स्त्री को रखैली के रूप में) घर में रख लेना। १३. परित्याग करना। १४. पशुओं के सम्बन्ध में गर्भपात करना। १५. किसी मद या विभाग में सम्मिलित करना। जैसे—खाते में किसी के नाम रकम डालना।

विशेष—संयोज्य क्रिया के रूप में 'डालना' कुछ सकर्मक क्रियाओं के साथ लगकर यह सूचित करता है कि कर्त्ता वह काम या क्रिया पूरी तरह से समाप्त करके उससे अलग या निवृत्त हो चुका है अथवा वह काम या चीज उसने अपने से बिलकुल अलग या दूर कर दी है। जैसे—खा डालना, दे डालना, बेच डालना, मार डालना आदि।

डालर—पुं०[अं०] एक अमेरिकन सिक्का जो भारतीय ३ रुपयों से कुछ अधिक मूल्य का होता है।

डाला†—पुं०[हिं० डला] बड़ी चँगेर या डलिया।

डाला छठ—स्त्री०[हिं०] कार्तिक शुक्ला छठ, जिस दिन बड़ी चँगेर में फल आदि रखकर उदित होते हुए सूर्य की पूजा की जाती है।

डालिम—पुं०=दाडिम (अनार)।

डाली—स्त्री०[हिं० डाला या डला] १. छोटा डला या डाला। डलिया। २. वह डलिया जिसमें कोई चीज विशेषतः फल, फूल, मिठाइयाँ आदि रखकर किसी के यहाँ उपहार या भेंट स्वरूप भेजी जाती हैं। ३. उक्त प्रकार से भेजा जानेवाला उपहार या भेंट।

क्रि० प्र०—भेजना।—लगाना।

४. दाँई हुई फसल का अनाज हवा में उड़ाकर भूसे से अलग करने की क्रिया या भाव। ओसाने या बरसाने की क्रिया या भाव।

क्रि० प्र०—देना।

स्त्री०[हिं० डाल] वृक्ष की छोटी या पतली टहनी।

डावाँ—पुं०[हिं० दाँव का पुराना रूप] १. दाँव। बाजी। २. अवसर। मौका। उदा०—राम भगति निज जम कौ डाव।—कबीर।

डावड़ा—पुं०[देश०] पिठवन। पृश्निपर्णी।

पुं०[स्त्री० डावड़ी] =डावरा (लड़का)।

डावरा—पुं०[सं० डिंब?] [स्त्री० डावरी] १. पुत्र। बेटा। २ बालक। लड़का।

डाल—पुं०[देश०] चमारों का एक औजार जिससे वे चमड़े का निचला भाग खुरचकर साफ करते हैं।

डासन—पुं०[सं० दर्भ, हिं०डाभ+आसन] १. वह चीज जिसे बिछाकर उसके ऊपर बैठा जाय। २. बिछौना। ३. शय्या।

पुं०[हिं० डसना] वह जो डसे अर्थात् सर्प। उदा०—डासन डासन भयउ पियारी।—जायसी।

डासना—स० दे० 'बिछाना'।

स०=डसना।

डासनी—स्त्री०[हिं० डासन] चारपाई। शय्या।

डाह—स्त्री०[सं० दाह] १. मन में होनेवाली वह जलन जो ईर्ष्याजन्य हो। २. ईर्ष्या। (देखें)

डाहना—स० [सं० दाहन] १. किसी के मन में डाह उत्पन्न करके उसे दुःखी करना। २. बहुत अधिक कष्ट देना या दुःखी करना। दाहना।

डाहुक—पुं०[देश०] टिटिहरी की तरह का एक जल-पक्षी।

डिंगर—पुं०[स० डगर+पृथो० सिद्ध] १. मोटा आदमी।

२. दुष्ट या नीच प्रकृति का आदमी। ३. गुलाम। दास।

पुं० दे० 'डिंगुरा'।

डिंगल—स्त्री०[?] मध्ययुग में राजस्थान में बोली जानेवाली एक भाषा जिसमें यथेष्ट साहित्य मिलता है।

वि०[स० डिगर] दूषित और नीच।

डिंगसा—पुं०[देश०] एक तरह का चीड (वृक्ष)।

डिंडस—पु०[सं० टिंडिश] टिंडा। डेंडसी।

डिंडिम—पु०[स०] जल में रहनेवाला साँप। डेड़हा।

डिंडिम—पु०[स० डिडि√मा (मापना)+क] १. पुरानी चाल की एक प्रकार की दुग्गी। २. करौंदे की झाड़ी और उसका फल।

डिंडिमी—स्त्री०=डिंडिम।

डिंडिर—पु०[सं०=हिंडिर, पृषो० सिद्धि] १. समुद्र फेन। २. पानी की झाग।

डिंडिर-पोथक—पु०[सं० उपमि० स०] १. गाजर। २. लहसुन।

डिंडिश—पु०[सं०] टिंडा। डेंडसी।

डिंब—पुं०[स०√डिंब् (प्रेरणा)+घञ्] १. भयभीत होकर मचाई जानेवाली पुकार। २. दंगा। फसाद। ३. कोलाहल। शोर। ४. हिल्ली। प्लीहा। ५ फुफ्फुस। फेफड़ा। ६ गेंद। ७. पक्षियों, मछलियों आदि का अंडा। ८. स्त्री के गर्भ की वह आरंभिक अवस्था जिसमें जीव केवल अंडे के रूप में रहता है। ९. गर्भाशय।

डिंब-युद्ध—पु०[मध्य० स०] लोगों में होनेवाली आपसी मार-पीट या लड़ाई। (सैनिक युद्ध से भिन्न)

डिंबाशय—पुं०[सं०] स्त्री जाति के जीवों में वह भीतरी अंग जिसमें डिंब रहता या उत्पन्न होता है।

डिंबाहव—पु०[डिंब-आहव, मध्य० स०]=डिंब-युद्ध।

डिंबिका—स्त्री० [स०√डिंब्+णुवुल्-अक् टापु, इत्व] १. मदमाती स्त्री। मस्त औरत। २. ध्योनाक। सोनापाढ़ा।

डिंभ—पुं०[सं०√डिभ् (प्रेरणा)+अच्] १. छोटा बच्चा। २. छौना। शावक। ३ मूर्ख। ४. एक प्रकार का उदर रोग।

†पुं०=दंभ।

डिंभक—पु०[स० डिभ+कन्] छोटा बच्चा।

डिंभचक्र—पु० [उपमि० स०] एक प्रकार का तांत्रिक चक्र जिसकी सहायता से शुभाशुभ फल जाने जाते हैं।

डिंभिया—वि०[सं० दंभ; हिं० डिंभ] १. पाखंडी। २. घमंडी।

डिकामाली—स्त्री०[देश०] एक तरह का पेड़ जिसका गोंद औषधि के रूप में काम में लाया जाता है।

डिण्डरी—स्त्री०[सं० डिण्डक√रा (देना)+क—ङीप्] पृथ्वी।

डिग्गी—स्त्री०[हिं० धक्का] १. मेढ़े द्वारा किया जानेवाला सींगों से आघात। २. आक्रमण। ३. वार।

डिग्री—स्त्री० दे० 'डिगरी'।

डिगना—अ० [हिं० डग] १. डग का चलते समय ठीक प्रकार से न पड़ना। २. इधर-उधर होना। हिलना-डुलना। ३. निश्चय, विचार आदि से इधर-उधर होना। विचलित होना। †४. गिरना। (पश्चिम)

डिगमिगाना—अ०=डगमगाना।

डिगरी—स्त्री०[अं० डिक्री] १. किसी अधिकारी की दी हुई आज्ञा या किया हुआ निर्णय। २. लोक व्यवहार में, दीवानी न्यायालय का वह निर्णय या फैसला जिसमें यह कहा जाता है कि अमुक पक्ष दूसरे पक्ष से इतना धन पाने अथवा अमुक सम्पत्ति लेने का अधिकारी है।

क्रि० प्र०—पाना।—मिलना।

पद—डिगरीदार। (देखें)

मुहा०—डिगरी जारी करना=अदालत के फैसले के मुताबिक किसी जायदाद पर कब्जा करने या प्रतिपक्षी से प्राप्य धन प्राप्त करने की विधिक प्रक्रिया करना या कराना। डिगरी देना=दीवानी न्यायालय का किसी के पक्ष में यह निर्णय करना कि इसे प्रतिपक्षी से अमुक सम्पत्ति या इतना धन मिले।

पद—झूठ डिगरी=वह रकम जिसके सम्बन्ध में किसी को दीवानी न्यायालय से डिगरी मिली हो।

स्त्री०[अं०] १. किसी प्रकार के क्रम या शृंखला में का कोई निश्चित विभाग। अंश। कला। जैसे—ज्वर (या तापमान) १०२ डिगरी है। २. विश्वविद्यालय की वह उपाधि या प्रमाण-पत्र जो इस बात का सूचक होता है कि अमुक व्यक्ति अमुक संज्ञावाली उच्च परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुका है।

डिगरीदार—पुं०[अं० डिक्री+फा० दार] वह व्यक्ति जिसके पक्ष में दीवानी अदालत की डिगरी हुई हो।

डिगलाना†—स०=डिगाना।

†अ०१.=डिगना। २.=डगमगाना। उदा०—डिगत पानि डिगुलात गिरि लखि सब ब्रज बे-हाल।—बिहारी।

डिगवा—पुं०[देश०] एक प्रकार का पक्षी।

डिगाना—स०[हिं० डिगना का स०] १. ऐसा काम करना जिससे कोई डिगे। किसी को डिगने में प्रवृत्त करना। विचलित करना। २. किसी को अपने वचन, स्थान आदि से हटाकर इधर-उधर करना। ३. ऐसा काम करना जिससे किसी का आसन या पद डगमगाने या हिलने-डुलने लगे।

संयो० क्रि०—देना।

डिग्घी—स्त्री०[सं० दीर्घिका; मं० दीर्घी=बावली या तालाब] छोटा तालाब। पोखरा। जैसे—साल डिग्घी।

स्त्री०[हिं० डिगना?] साहस। हिम्मत।

†स्त्री० दे० 'डुग्गी'।

डिजार—वि०[हिं० डीठ=नजर] जिसकी डीठ या दृष्टि ठीक और पूरा काम करती हो। जिसे अच्छी तरह दिखाई देता हो।

डिजियार (†)—वि०=डिजार।

डिजौहरी—स्त्री०[हिं० डिठौना+हरना] एक प्रसिद्ध जंगली वृक्ष जिसके फल के बीज को ताबे में पिरो कर बच्चों के गले में उन्हें नजर से बचाने के लिए डाला जाता है।

डिठौना—पुं०[हिं० डीठ] बच्चों के माथे पर उन्हें कुदृष्टि से बचाने के लिए लगाई जानेवाली काली बिंदी।

डिड़ई—पुं०[देश०] अगहन में तैयार होनेवाला एक प्रकार का धान।

डिडका—स्त्री०[सं० डिड+कन्-टाप्] मूँहासा।

डिडकारी*—स्त्री०[हिं० डाढ़] डाढ़ मारकर रोने की क्रिया।

डिड़वा—पुं०=डिड़ई।

डिड़ही—स्त्री०=डेंड़सी।

डिडिका—स्त्री०[सं०] एक रोग जिसमें युवावस्था में ही सिर के बाल सफेद होने लगते हैं।

डिढ़†—वि०=दृढ़ (पक्का)।

डिढ़ाना*—स०[हिं० डिढ़] १. दृढ़ अर्थात् पक्का या मजबूत करना। २. विचार आदि निश्चित करना। ठानना।

†अ० दृढ़ अर्थात् पक्का या मजबूत होना।

डिढ़ुआ—स्त्री०[स० तृष्णा] १. ऐसी उत्कट तृष्णा या लोभ जिसकी तत्काल तृप्ति न होती हो। २. लोभ-पूर्ण दृष्टि। लालच भरी निगाह।

डिद्म्—पुं०[सं०] १. काठ का बना हुआ हाथी। २. ऐसा व्यक्ति जिसमें कुछ उत्कृष्ट और विशिष्ट लक्षण हों।

डिपटी—पुं०[अं०] १. नायब। २. किसी बड़े अधिकारी का अधीनस्थ और मुख्य सहायक अधिकारी।

डिपार्टमेंट—पुं०[सं०]=विभाग।

डिपो—स्त्री०[अ०] गोदाम।

डिबिया—स्त्री०[हिं० डिब्बा] छोटा डिब्बा।

डिबिया डेंगही—स्त्री०[?] कुश्ती का एक पेंच जो उस समय किया जाता है जब जोड़ (विपक्षी) कमर पर होता है और उसका दाहिना हाथ कमर पर लिपटा होता है।

डिब्बा—पुं०[सं० डिंब=गोला] [स्त्री० अल्पा० डिबिया, डिब्बी] १. टीन, लकड़ी आदि का बना हुआ ढक्कनदार छोटा आधान। २. रेलगाड़ी में की कोई एक गाड़ी। जैसे—माल या सवारी गाड़ी का डिब्बा।

डिबयमना†—स० [देश०] १. किसी को अपनी ओर आकृष्ट या मोहित करना। २. छलना। ठगना।

†अ० १. =डगमगाना। २. =डिगना।

डिम—पुं०[सं०]एक प्रकार का रूपक या नाटक जिसमें इंद्रजाल, क्रोध, लड़ाई आदि के दृश्य होते हैं।

डिमडिमी—स्त्री०=डुग्गी।

डिमाई—स्त्री० [अं०] छापे जानेवाले कागजों की कई नापों में से एक जिसमें कागज की लंबाई साढ़े बाईस इंच और चौड़ाई साढ़े सत्रह इंच होती है।

डिमोक्रेसी—स्त्री० [अं०] लोक-तंत्र। (दे०)

डिलना—पुं० [देश०] गीली भूमि में होनेवाली एक तरह की घास।

पुं० [सं० दल] ऊन का लच्छा।

डिलिवरी—स्त्री०[अं०] डाक, रेल आदि विभागों में बाहर से आई हुई

चिड़ियों या पारसल ऐसे लोगों को दिया जाना जो उन्हें पाने या लेने के अधिकारी हों।

डिल्ला—पुं० [सं०] १. एक प्रकार का छंद जिसके प्रत्येक चरण में १६ मात्राएँ और अंत में मगण होता है। २. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में दो सगण (।।ऽ) होते हैं। इसे तिलका, तिल्ला और तिल्लाना भी कहते हैं।

पुं० [सं० डेल्ल] बैलों के कंधे पर का उभरा हुआ मोटा भाग। कुब्बा। ककुत्थ।

डिसमिस—वि० [अं० डिसमिस्ड] १. (मुकदमा) जो खारिज कर दिया गया हो। २. (व्यक्ति) जो नौकरी, पद या सेवा से हटा दिया गया हो।

डिहरी—स्त्री० [देश०] १. कालीनों या गलीचों की बुनावट में लगने-वाली ६००० गाँठों का एक मान जिसके अनुसार उनका मूल्य निर्धा-रित किया जाता है। २. अनाज भरकर रखने का मिट्टी का एक प्रकार का ऊँचा और बड़ा पात्र।

डिहुला—पुं० [हिं० डीह=गाँव] [स्त्री० डिहुली] (गाँव में साथ रहने-वाला)। संगी। सखा। साथी। (मिथिला)

डींग—स्त्री० [सं० डीन] १. अपने बल, योग्यता, साहस आदि के सम्बन्ध में अभिमानपूर्वक बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कही जानेवाली बात। शेखी। (बैग, बेवेडो)

क्रि० प्र०—मारना।—हाँकना।

मुहा०—डींग की लेना=बहुत बढ़-चढ़कर डींग भरी बातें कहना।

डींगू—पुं० [?] बर्रे। भिड़। (राज०)

डीक—स्त्री० [देश०] आँखों का जाला नामक रोग।

डीकरा*—पुं० [सं० डिम्भक] [स्त्री० डीकरी] १ पुत्र। बेटा। २ बालक। लड़का।

डीठ—स्त्री० [सं० दृष्टि] १. दृष्टि। नजर। निगाह।

मुहा०—(किसी की) डीठ बाँधना=जादू, मंत्र आदि के बल से ऐसी अवस्था उत्पन्न करना कि किसी को कुछ का कुछ दिखाई पड़े। (अन्य मुहावरों के लिए देखें आँख, नजर और निगाह के महा०)

२. देखने की शक्ति। ३. अंतर्दृष्टि। ज्ञान-चक्षु। ४. ऐसी दृष्टि जो किसी अच्छी चीज पर पड़कर उसकी अच्छाई या गुण नष्ट अथवा कम कर दे। नजर।

मुहा०—(किसी को) डीठ लगना=नजर लगना।

डीठना†—अ० [हिं० डीठ+ना (प्रत्य०)] दृष्टिगोचर होना। दिखाई पड़ना।

स०=देखना।

डीठ-बंध—पुं० [सं० दृष्टिबंध] १. ऐसी माया या जादू जिससे सामने की घटना या चीज के बदले कोई और ही घटना या चीज दिखाई दे। इंद्र जाल। नजरबंदी। २ वह जो उक्त प्रकार का इंद्रजाल या माया प्रत्यक्ष रूप में दिखाता हो। नजर-बंदी।

डीठि—स्त्री०=डीठ।

डीठि-मूठि†—स्त्री० [हिं० डीठि+मूठ] किसी को मुग्ध या मोहित करने के लिए मंत्र पढ़ते हुए मोहक दृष्टि से देखने की क्रिया या भाव।

डीन—पुं० [सं० √डी (उड़ना)+क्त] १ चिड़ियों आदि की उड़ान। २. चिड़ियों की एक विशिष्ट प्रकार की उड़ान। ३. उड़ने से होनेवाला शब्द।

डीनक—वि० [सं० डायक] उड़नेवाला।

डीबी—स्त्री० [?] १ शक्ति। २ कुंडलिनी।

†स्त्री०=डिबिया।

डीबुआ†—पुं०=ढेउआ (पैसा)।

डीम (१)—पुं०=ढेला।

डीमडाम†—स्त्री०=टीम-टाम।

डील—पुं० [?] १ जीव-जन्तुओं, मनुष्यों आदि के शरीर की ऊँचाई, लंबाई-चौड़ाई या विस्तार।

पद—डील-डौल। (देखें)

२. संख्या के विचार से प्राणियों, व्यक्तियों आदि के शरीर का वाचक शब्द। जैसे—चार डील बैल। ३ व्यक्तित्व। जैसे—जितने डील, उतनी बातें।

डील-डौल—पुं० [हिं०] १ बनावट या रचना के विचार से जीव-जन्तुओं, प्राणियों आदि के शरीर का विस्तार। २ देह। शरीर।

डीला—पुं० [देश०] एक प्रकार का नरकट जो पश्चिमोत्तर भारत में होता है।

पुं०=डिल्ला।

डीली*—स्त्री० दिल्ली (नगरी)।

डीह—पुं० [हिं०] १ आबादी। बस्ती। २. छोटा गाँव। ३. उजड़े हुए गाँव का भग्नावशेष। उदा०—डहकर जैसे बन रहा डीह।—प्रसाद। ४ टीला। ५ वह स्थान जहाँ ग्राम-देवता का पूजन होता है। ६. पूर्वजों का निवास-स्थान।

डीहवारी—स्त्री० [हिं० डीह+फा० दार] एक प्रकार का हक जो उन जमींदारों को मिलता था जो अपनी जमीन बेच डालते थे।

डुंगा—पुं० [सं० तुंग ऊँचा] १. ढेर। राशि। २ टीला।

डुंडा—पुं० [सं० दंड] १ पेड़ की ऐसी मूसी डाल जिसमें पत्ते आदि न हों। २ दे० 'ठूँठ'।

डुंडु—पुं०=डुडुभ।

डुंडुभ—पुं० [सं० डुडु+भा (प्रतीत होना)+क] जल में रहनेवाला एक तरह का साँप जिसमें बहुत कम विष होता है। **डेड़हा साँप।**

डुंडुल—पुं० [सं० डुडु+ला (लेना)+क] **छोटा उल्लू।**

डुंब—पुं० [सं०] डोम (जाति)।

डुंबर—पुं० [सं० डंब] १. आडंबर। २. डंबर।

डुक—पुं० [अनु०] घूँसा। मुक्का।

डुकरिया†—स्त्री०=डोकरी (डोकरा का स्त्री०)।

डुकिया—स्त्री०=डोंकी (काठ आदि का तेल रखने का छोटा प्याला)।

डुकियाना—स० [हिं० डुक] १. घूँसे मारना। २. खूब मारना।

डुकरा†—स० [सं० दुष्कर] कठिन या मुश्किल काम।

डुगडुगाना—स० [अनु०] चमड़ा मढ़े बाजे को लकड़ी से बजाकर डुगडुग शब्द उत्पन्न करना।

अ० उक्त प्रकार से डुग डुग शब्द उत्पन्न होना।

डुगडुगी—स्त्री० [अनु०] चमड़ा मढ़ा हुआ। **एक प्रकार का छोटा बाजा** जिससे डुग डुग शब्द निकलता है। डुग्गी। डौंडी।

क्रि० प्र०—पीटना।—बजाना।

मुहा०—डुगडुगी फेरना=डुगडुगी बजाते हुए चारों ओर सब को सार्वजनिक रूप से कोई सूचना देना। मुनादी करना।

डुग्गा—पुं०=डग्गा (नगाड़ा बजाने का डंडा)। उदा०—किछु कहि तबल दइ डुग्गा।—जायसी।

डुगी—स्त्री०=डुगडुगी।

डुग्गी—स्त्री०=डुगडुगी।

डुड्ढ़—पुं० [सं० दादुर] मेंढ़क।

डुड्ढ़ा—पुं० [देश०] धान की फसल में होनेवाला एक रोग।

डुड्ढ़ा—पुं० [हिं० डाँड़] खेत में की दो नालियों (बरहों) के बीच की मेंड़।

डुपटना†—स० [हिं० दो+पट] १. कपड़ा या और कुछ दोहरा करना। दो परत करना। २. चुनना। घुनियाना।

डुपट्टा—पु०=दुपट्टा।

डुबकी—स्त्री० [हिं० डूबना] १. जल में प्रविष्ट होने की ऐसी क्रिया कि सारे अंग जल में छिप जायँ। २. जल में एक स्थान से गोता लगाकर दूसरे स्थान पर निकलने की क्रिया या भाव। ३. पानी में दिया या लगाया जानेवाला गोता। ४. बीच में अचानक या अनियमित रूप से होनेवाली अनुपस्थिति या गैरहाजिरी।

मुहा०—डुबकी मारना या लगाना=बीच में अचानक कुछ समय के लिए अनुपस्थित या गायब हो जाना। जैसे—यह डूबवाला प्रायः कई-कई दिनों की डुबकी लगा जाता है।

डुबडुबी—स्त्री०=दुदुभी। उदा०—बाजा बाजइ डुबडुबी।—तरपति नाल्ह।

डुबवाना—स०[हिं० डुबाना का प्रे०] किसी को कुछ डुबाने में प्रवृत्त करना। डुबाने का काम किसी से कराना।

डुबाना—स० [हिं० डूबना का स०] १. ऐसा काम करना जिससे कोई चीज डूब जाय। जैसे—नाव या पत्थर डुबाना। २. जीव को इस प्रकार जल या जलाशय में प्रविष्ट करना या कोई ऐसी क्रिया करना जिस के फलस्वरूप वह डूबकर मर जाय। ३. लाक्षणिक रूप में, कोई ऐसा काम करना जिससे कोई चीज नष्ट या समाप्त हो जाय अथवा उस पर गहरा आघात लगे। जैसे—घर, धन या प्रतिष्ठा डुबाना।

डुबाव—पुं० [हिं० डूबना] १. डूबने या डुबाने की क्रिया या भाव। २. पानी की इतनी गहराई जिसमें कुछ या कोई डूब जाय। जैसे—आदमी भर का डुबाव; हाथी का डुबाव।

डुबोना†—स०=डुबाना।

डुब्बा—पुं० [हिं० डूबना] वह जो कूएँ, नदी आदि में डुबकी लगाकर उसके तल की चीजें निकालने का काम करता हो। पनडुब्बा।

डुबकी—स्त्री० १.=डुबकी। २.=पनडुब्बी (नाव)।

डुमकौरी—स्त्री० [हिं० डुबकी+बरी] पीठी की पूरी आदि में सुखाई हुई बरी जिसे पीठी ही के झोल में डालकर पकाया जाता है।

डुबई—स्त्री [देश०] नदी, समुद्र आदि के किनारे की गीली और नीची भूमि में होनेवाला एक प्रकार का चावल।

डुबना—अ० [हिं० डोबना] १.किसी स्थान पर जमी, बैठी या ठहरी हुई अथवा किसी अवस्था में स्थित किसी चीज का थोड़ा-बहुत इधर-उधर होना। जैसे—यह पत्थर अभी तक अपने स्थान से डुबा नहीं।

पद—हिलना-डुबना। (देखें)

२. किसी चीज का किसी उद्देश्य से बार-बार हिलाया जाना। डुबना। जैसे—चँवर या पंखा डुबना।

डुबाना—स० [हिं० डोलना का स०] १. किसी को डोलने अर्थात् अपने स्थान से कुछ इधर-उधर होने में प्रवृत्त करना। २. कोई पदार्थ बार-बार गति में लाना या हिलाना। चलाना। जैसे—चँवर या पंखा डुलाना। ३. किसी प्राणी को चलने-फिरने में प्रवृत्त करना। घुमाना या टहलाना। ४. किसी का मन चंचल, चलायमान या विचलित करना। जैसे—किसी का चित्त या मन डुलाना।

डुलि—स्त्री० [सं० दुलि, पृषो० सिद्धि] कछुई। कच्छपी।

डुलिका—स्त्री० [स० डुलि√कै (प्रतीत होना)+क—टाप्] खंजन की तरह की एक चिड़िया।

डुली—स्त्री० [सं० डुलि+ङीप्] चिल्ली नाम का साग। लाल पत्ती का बथुआ।

डूँगर—पुं० [फा० दांग] [स्त्री० अल्पा० डूँगरी] १. छोटी पहाड़ी। २. टीला। ३. कंकड़-पत्थर और मिट्टी आदि का ऊँचा या बड़ा ढेर। दूह। भीटा।

डूँगरफल—पुं० [हिं० डूँगर+फल] बंदाल या देवदाली का फल जो बहुत कड़ुआ होता है।

डूँगरी—स्त्री० [हिं० डूँगर का स्त्री० अल्पा०] छोटी सी पहाड़ी।

डूंगा—पु० [सं० द्रोण] १. चम्मच। चमचा। २. एक ही काठ में से खोद कर बनाई हुई नाव। (लश०) ३. गोले के रूप में लपेटा हुआ रस्सा।

पुं० १.=डाँगा। २.=डूँगर।

स्त्री० [?] संगीत में २४ श्रोआओं में से एक।

डूंडा†—स्त्री० [देश०] आँधी। तेज हवा। (डिं०)

डूंडा—वि० [हिं० दुडा] १. (पशु) जिसका एक सींग टूट गया हो और एक ही बच रहा हो। २. हर तरह से दुर्दशाग्रस्त या नष्ट-भ्रष्ट। उदा०—कुछ दिनों में हरा-भरा बंगाल डूंडा हो गया।—निराला।

डूक—स्त्री० [देश०] पशुओं के फेफड़े में होनेवाला एक रोग।

स्त्री० [हिं० डूकना] डूकने अर्थात् चूकने की क्रिया या भाव। चूक।

डूकना†—स० [सं० च्युति+करण] गलती या भूल करना। चूकना।

डूब—स्त्री० [हिं० डूबना] १. डूबने की क्रिया या भाव। २. डुबकी। गोता।

डूबना—अ० [डुब डुब से-अनु०] १. जल या तरल पदार्थ में व्यक्ति अथवा किसी चीज का इस प्रकार स्थित होना कि उसका कोई अंग या अंश उससे बाहर न निकला रहे। जल में पूरी तरह से समाना। जैसे—समुद्र में जहाज डूबना, नदी की बाढ़ से खेत डूबना। २. जीवों के संबंध में, जल में इस प्रकार समाना कि प्राण निकल जायँ। जैसे—उनका लड़का तालाब में डूब गया था।

मुहा०—डूब मरना=निंदनीय आचरण करने के कारण मुँह दिखाने के योग्य न रह जाना। जैसे—तुम्हारे लिए यह डूब मरने की बात है।

३. उक्त के आधार पर नष्ट होना। जैसे—घर, नाम या रकम डूबना।

मुहा०—डूबा माल उछालना=फिर से प्रतिष्ठा प्राप्त करना।

४. ग्रह, नक्षत्रों आदि के संबंध में, अस्त होना या क्षितिज में नीचे हो जाना। जैसे—सूर्य या तारों का डूबना। ५. दिन का पूरी तरह से अंत

या समाप्ति तक पहुँचना। ६. लाक्षणिक अर्थ में, किसी कार्य या व्यापार में मग्न या लीन होना। जैसे-प्रेम या भक्ति में डूबना।

मुहा०—डूबना-उतराना=रह-रहकर चिंता में मग्न होना।

७. शोक, निराशा, रोग आदि के कारण हृदय का बैठा जाना। ऐसा जान पड़ना कि हृदय में अब शक्ति नहीं रह गई और वह अपना काम अभी बंद कर देगा।

डेंड़ही—स्त्री० [सं० टिंडिश] १. कंकड़ी की तरह की एक लता जिसमे छोटे गोल फल लगते हैं। २. उक्त लता के फल जिनकी तरकारी बनती है। टिंडा।

डेंड़ुआ†—वि० =डुयोढ़ा।

डेंड़ौरी†—स्त्री० =डयोढ़ी।

डेक—पुं० [अं०] लकड़ी के तख्तों आदि की बनी हुई जहाज की पाटन।

पुं० [?] बकायन। महानिंब।

डेग—पुं० १. दे० 'देग'। २. दे० 'डग'।

डेगची†—स्त्री० =देगची।

डेढ़रा—पुं० [सं० डुंडुभ] मेंढक।

डेढ़हा—पुं० [सं० डुंडुभ] जलाशयों में रहनेवाले और अल्प विषैले साँपों की संज्ञा।

डेढ़—वि० [सं० अध्यर्द्ध; प्रा० डिवड्ढ] माल, मात्रा, संख्या आदि की किसी एक इकाई और उसकी आधी इकाई के योग का सूचक विशेषण। जैसे—डेढ़ गज, डेढ़ दिन, डेढ़ सेर आदि।

मुहा०—डेढ़ ईंट की जुदा मस्जिद बनाना=अनुचित रूप के कारण सब से अलग काम करना या रहना। **डेढ़ चावल की खिचड़ी पकना**=अपना तुच्छ या अमान्य विचार या कार्य सबसे अलग रखना या चलाना। **(किसी का) डेढ़ चुल्लू लहू पीना**=बहुत ही कठोर दंड देना। (क्रोध-सूचक उक्ति)

पद—डेढ़ गाँठ=धागे, डोरी आदि की लगाई जानेवाली एक पूरी और उसके ऊपर एक आधी गाँठ जो आवश्यकता पड़ने पर बहुत सहज मे खोली जा सकती है।

डेढ़ खम्भान—स्त्री० [हिं० डेढ़+फा० खम] एक प्रकार की गोल रुबाबी।

डेढ़ खम्मा—पुं [हिं० डेढ़+फा० खम=टेढ़ा] हुक्के का एक प्रकार का नैचा जिसमें कुलफी नही होती।

डेढ़-चोखी—पुं० [हिं० डेढ़+फा० =गोशी] मध्य युग में एक प्रकार का बहुत छोटा पर मजबूत जहाज।

डेढ़ा—वि०=डयोढ़ा।

पुं०=डयोढ़ा (पहाड़ा)।

डेढ़िया—पुं० [देश०] सुगंधित पत्तोंवाला एक प्रकार का ऊँचा पेड़ जो दारजिलिंग, सिकिम, भूटान आदि में पाया जाता है।

स्त्री० [हिं० डेढ़] १. स्त्रियों की चादर या धोती का आँचल। (पूरब) २. दे० 'डेढ़ी'।

डेढ़ी—स्त्री० [हिं० डेढ़] वह लेन-देन या व्यवहार जिसमें उधार ली हुई वस्तु डेढ़ गुनी मात्रा में चुकानी या वापस करनी पड़ती है।

डेपुटेशन—पुं० [अं०] किसी वर्ग या समुदाय का वह प्रतिनिधि मंडल जो किसी विशिष्ट उद्देश्य से कही जाता या भेजा जाता है। शिष्ट-मंडल।

डेबरा†—वि० [हिं० डेरा=बायाँ] [स्त्री० डेबरी] (व्यक्ति) जो अधिकतर काम अपने बाएँ हाथ से ही करता हो।

डेबरी†—स्त्री० [देश०] खेत का वह कोना जो जोतने में छूट जाता है। कौंतर।

स्त्री०=डिबरी।

डेमरेज—पुं० [अं०] १ वह हरजाना जो माल भेजने या मँगानेवाले को उस दशा में देना पड़ता है जब वह नियत समय के अन्दर जहाज, रेल, गाड़ी आदि पर अपना माल न लादे अथवा उस पर से उतार न ले जाय। २ आज-कल भारतीय रेलो मे, वह हरजाना जो रेल द्वारा माल मँगाने वालों को उस दशा मे देना पड़ता है जब कि वह नियत समय के अन्दर आया हुआ पारसल या माल न छुटा ले।

डेयरी—पुं० [अ०] वह स्थान जहाँ दूध देनेवाले पशुओं को पाला जाता तथा उनका दूध, मक्खन आदि बेचा जाता है।

डेर—पुं०=डर (भय)।

डेरा—पुं० [?] १. पैदल यात्रा आदि के समय अस्थायी रूप से बीच में ठहरने का स्थान। टिकान। पड़ाव। २. छाया आदि का प्रबंध करके अस्थायी रूप से ठहरने के लिए किया जानेवाला आयोजन या व्यवस्था।

क्रि० प्र०—डालना।—देना।—पड़ना।

पद—डेरा-डंडा। (देखे)

मुहा०—डेरा डालना (क) किसी स्थान पर अस्थायी रूप से ठहरने की व्यवस्था करना। (ख) कहीं जाकर इस प्रकार ठहर या बैठ जाना कि जल्दी उठाने या चलने का ध्यान ही न रहे।

३. ठहरने या रहने का स्थान। निवास स्थान। जैसे—उनका डेरा यहाँ से बहुत दूर है। ४ विशिष्ट रूप से वह स्थान जहाँ गाने-नाचने आदि का पेशा करनेवालों का दल या मंडली रहती हो। जैसे—भाँड़ों या रंडियों का डेरा। ५. खेमा। तंबू। शामियाना। ६. शांत और स्थिर रहने की अवस्था या भाव। उदा०—हुई नहिं डेरा सुधि ज्ञान की न पान की।—हठी।

पुं० [देश०] एक प्रकार का छोटा जंगली पेड़ जिसकी लकड़ी सजावट के सामान बनाने के काम मे आती है। इसकी छाल और जड़ साँप काटने पर पिलाई जाती है। घरोली।

वि० [?] [स्त्री० डेरी]। बायाँ 'दाहिने' का उलटा। जैसे—डेरा हाथ।

डेरा-डंडा—पुं० [हिं०] वह खेमा, तंबू या कनात तथा उसके साथ की रस्सियाँ, डंडे, खूँटे आदि जिनके योग से डेरा तैयार किया या बनाया जाता है। डेरा डालने की आवश्यक सामग्री।

क्रि० प्र०—उखाड़ना।—उठाना। हटाना।

डेराना†—अ०=डरना।

†स०=डराना।

डेरी—स्त्री० [अं०]=डेयरी।

डेल—पुं० [हिं० डला] १.बड़ी डलिया या झाबा, विशेषतः ऐसा झाबा जिसमे बहेलिए फँसाई हुई चिड़ियाँ आदि बन्द करके रखते हैं। २. चिड़ियाँ फँसाने का जाल या झाबा। ३. मिट्टी का ढेला।

पुं० [स० डुंडुल] उल्लू पक्षी।

पु० [देश०] १. कटहल की तरह का एक बड़ा और ऊँचा पेड़ जिसकी

हीर की लकड़ी चमकदार और मजबूत होती है। २. वह भूमि जो जोत कर रबी की फसल के लिए खाली छोड़ दी जाय।

डेलटा—पुं० [अं०] नदी के मुहाने का वह भू-भाग जिसमें नदी कई शाखाओं में बँटकर समुद्र में गिरती है।

विशेष—ऐसा भूभाग नदी द्वारा लाई हुई मिट्टी, रेत आदि से बन जाता और प्रायः तिकोना-सा होता है।

डेला—पुं० [सं० दल] १. आँख में का वह सफेद उभरा हुआ भाग जिसमें पुतली रहती है। आँख का कोआ। २.=ढेला।

पुं० दे० 'ठेंगुर'।

डेलिगेट—पुं० [अं०] किसी शासन-संस्था आदि का वह प्रतिनिधि जो किसी प्रकार का अधिकार देकर कहीं भेजा जाता हो।

डेलिया—पुं० [देश०] एक प्रकार का पौधा जिसका फूल लाल और पीला होता है।

डेली†—स्त्री०=डलिया।

वि० [अं०] दैनिक।

डेवढ़—पुं० [हिं० ड्योढ़ा] किसी उद्देश्य की पूर्ति या कार्य की सिद्धि की ऐसी स्थिति जो विशेष युक्ति से उत्पन्न की गई हो।

क्रि० प्र०—बैठना।—बैठाना।

वि०=ड्योढ़ा।

डेवढ़ना—अ० [हिं० डेवढ़] १. डेढ़ गुना या ड्योढ़ा होना। २. आँच पर पकने के समय रोटी का फूलकर बहुत-कुछ डेढ़ परतों के रूप में होना।

स० १. डेढ़ गुना या ड्योढ़ा करना। २. कपड़े, कागज आदि को कई परतों में मोड़ना। ३. रोटी पकाते समय उसे आँच पर इस प्रकार फुलाना कि मानों वह डेढ़ परतों की हो जाय।

डेवढ़ा—वि०, पुं०=ड्योढ़ा।

डेवढ़ी—स्त्री० १.=ड्योढ़ी। २.=डेढ़ी।

डेस्क—पुं० [अं०] एक प्रकार की खानेदार छोटी चौकी जिस पर कागज, पुस्तक आदि रखकर लिखने-पढ़ने का काम करते हैं।

डेहरी—स्त्री० [सं० देहली] १. दीवार में लगे हुए दरवाजे के चौखट की निचली लकड़ी और उसके आस-पास की जमीन। दहलीज। २. मूल निवास-स्थान।

स्त्री० [?] अनाज रखने का एक प्रकार का मिट्टी का छोटा बरतन।

डेहल—पुं० [सं० देहली] डेहरी। दहलीज।

डैगना—पुं० [हिं० डग] नटखट पशुओं के गले में बाँधा जानेवाला बाँस या लकड़ी का डंडा। ठेंगुर।

डैन*—पुं०='डैना'।

डैना—पुं० [सं० उड्डयन=उड़ना] १. चिड़ियों के दोनों ओर के वे अंग जिनमें पर निकले होते हैं और जिन्हें फड़फड़ाते हुए वे हवा में उड़ते हैं। पक्ष। पंखा। २ नाव खेने का डंडा। डाँडा।

डैन—पुं० [अं०] एक प्रकार की परम तिरस्कार-सूचक (अँगरेजी) गाली।

डैरी—पुं०=डमरू।

डैश—स्त्री० [अं०] लिखते समय दो पदों, वाक्यों आदि के बीच में खींची जानेवाली लंबी बेड़ी रेखा। 'हाइफन' से कुछ बड़ा और उससे भिन्न, जिसका रूप यह है—।

डोंका†—पुं०=घोंघा।

डोंगर†—पुं०=डुँगर (टीला)।

डोंगा†—पुं० [सं० द्रोण] [स्त्री० अल्पा० डोंगी] १. बिना पाल की नाव। २. बड़ी नाव।

मुहा०—डोंगा पार होना=दे० 'बेड़ा' के अन्तर्गत 'बेड़ा पार होना' (मुहा०)।

डोंगी—स्त्री० [सं० द्रोणी; पा०, प्रा० डोणी] १. एक प्रकार की छोटी खुली नाव। २. वह बरतन जिसमें लोहार तपा हुआ लोहा बुझाते हैं।

डोंड़ा—पुं० [सं० डंड] १. बड़ी इलायची। २. दे० 'टोंटा'। ३. दे० 'डोडा'।

डोंड़ी—स्त्री० १.=डोडी (डोडा का स्त्री० अल्पा०) २.=टोंटी। ३.=डोंडी।

डोंब—पुं०=डोम।

डोंबी—स्त्री० दे० 'बंगाली' (बौद्ध तांत्रिक साधना की वृत्ति)।

डोई—स्त्री० [हिं० डोकी] १ लकड़ी की बनी हुई एक प्रकार की छोटी कलछी। २. मालपूए की तरह की एक प्रकार की छोटी मीठी रोटी।

डोई फोड़िया—पुं० [हिं० डोई+फोड़ना] १. एक प्रकार के साधु जो अपनी बात सुनवाने के लिए पत्थर पर सिर तक पटकने लगते हैं। २. बहुत बड़ा दुराग्रही।

डोक—पुं० [देश०] खजूर जो पककर पीली हो गई हो।

डोकर—पुं०=डोकरा।

डोकरड़ी†—पुं०=डोकरा।

डोकरा—पुं० [सं० दुष्कर; प्रा० डुक्कर?] [स्त्री० डोकरिया, डोकरी] १. बुड्ढा आदमी। २. पिता या दादा (जो बहुत बुड्ढा हो गया हो)।

डोकरिया†—स्त्री० [हिं० 'डोकरा' का स्त्री० रूप] डोकरी।

डोकरी—स्त्री० [हिं० डोकरा] १. बुड्ढी स्त्री। २. बूढ़ा माता या दादी। ३ औरत। स्त्री। ४. कन्या। पुत्री। (क्व०)

डोका—पुं० [सं० द्रोणक] [स्त्री० अल्पा० डोकी] १. तेल, उबटन आदि रखने का लकड़ी का बना हुआ पुरानी चाल का कटोरा। २. पशुओं के खाने के लिए सूखे डंठल।

डोगर—पुं०=डूँगर।

†पुं०=डोगरा।

डोगरा—पुं० [हिं० डोंगर?] १. काँगड़े, जम्मू आदि प्रदेशों में बसी हुई एक प्रसिद्ध जाति। २. उक्त जाति का व्यक्ति।

डोगरी—स्त्री० [हिं० डोगरा] डोगरे लोगों की बोली जो पंजाबी की एक विभाषा है और 'टाकरी' लिपि में लिखी जाती है।

डोड़हथी—स्त्री० [हिं० डाँडा+हाथ] तलवार। (डिं०)

डोड़हा†—पुं०=डेड़हा।

डोडा—पुं० [देश०] [स्त्री० डोडी] कुछ विशिष्ट पौधों की बड़ी कली जिसमें उस पौधे के फल या बीज रहते हैं। बाँडी। जैसे—पोस्ते या सेमल का डोडा।

डोडी—स्त्री० [हिं० डोडा का स्त्री० अल्पा० रूप] १. छोटी डोडी। २. एक लता जो औषध के काम में आती है।

डोडो—पुं० [अं०] एक प्रकार की चिड़िया जिसका वंश अब समाप्त हो गया है। और इधर तीन सौ वर्षों से कहीं देखी नहीं गई।

डोब—पुं० [हिं० डुबना] किसी तरल पदार्थ में कोई चीज डुबाने की क्रिया या भाव। जैसे—रंगते समय कपड़े को कई डोब देने चाहिए।

[पुं०=डोम।

डोबना—स०=डुबाना।

डोमरी—स्त्री० [देश०] ताजा महुआ।

डोम—पुं० [सं०] [स्त्री डोमिनी, डोमनी] १. हिंदुओं में एक अस्पृश्य जाति जो सारे उत्तरीय भारत मे पाई जाती है। २. इस जाति के लोग जो श्मशान पर रहकर मृतकों के शवों के लिए आग देते हैं और पशुओं की लाशें उठाकर ले जाते हैं। २. गाने-बजाने का पेशा करनेवाली एक जाति। भीरासी।

डोमकौआ—पुं० [हिं० डोम+कौआ] गहरे काले रंग का एक प्रकार का बड़ा कौआ।

डोमड़ा—पुं० [हिं० डोम+ड़ा (प्रत्य०)] डोम जाति का व्यक्ति। (उपेक्षा सूचक)

डोम-तमोड़ा—पुं० [देश०] एक पहाड़ी जाति जो पीतल, तांबे आदि का काम करती है।

डोमनी—स्त्री० [हिं० डोम] १. डोम जाति की स्त्री। २. गंदे तथा घृणित काम करनेवाली स्त्री। ३. गाने-बजाने का पेशा करनेवाली डोम जाति की स्त्री।

डोमा—पुं० [देश०] एक तरह का साँप।

डोमिन—स्त्री०=डोमनी।

डोर—स्त्री० [सं० दोर√रा+ड, पृषो० सिद्धि] १. सूतों आदि का बटा हुआ पतला मजबूत मोटा तागा।

मुहा०—डोर भरना=कपड़े का किनारा कुछ मोड़कर उसके अन्दर डोर रखना और तब उसे ऊपर से सीना।

२. गुड्डी, पतंग आदि उड़ाने का वह तागा जिस पर माँझा लगा होता है। ३. किसी प्रकार का ऐसा क्रम जो तागे की तरह निरंतर बहुत दूर तक चला गया हो। सूत्र।

मुहा०—(किसी को) डोर पर लगाना या लाना=(क) ठीक रास्ते पर लाकर प्रयोजन सिद्धि के अनुकूल करना। (ख) परचाना। **(किसी की) डोर मजबूत होना**=जीवन का सूत्र दृढ़ होना। दीर्घ-जीवी होना। **(किसी पर) डोर होना**=किसी के प्रेम-सूत्र में बँधकर प्रायः उसके पीछे या साथ लगे फिरना।

४. आसरा। सहारा।

डोरक—पुं० [सं० डोर+कन्] डोरा। तागा। सूत्र।

डोरना—अ० [हिं० डोर] किसी की डोर या सहारे पर उसके साथ या पीछे चलना। उदा०—बैनन बंचक ताई रची रति नैनन के सैंग डोलति डोरी।—केशव।

डोरही—स्त्री० [देश०] बड़ी भटकटैया।

डोरा—पुं० [सं० डोरक] १. रूई, सन, रेशम आदि के सूतों का बटकर बनाया हुआ वह पतला धागा जो प्रायः कपड़े आदि सीने और छोटी-मोटी चीजें बाँधने के काम आता है। मोटा तागा। २. कोई ऐसी धारी, रेखा या लकीर जो उक्त खंड की तरह दूर तक चली गई हो। जैसे—(क) कपड़ों की बुनावट में अलग से धारियाँ या लहरिया दिखाने के लिए डाला जानेवाला डोरा। (ख) आँखों में काजल या सुरमे का डोरा। ३ उक्त के आधार पर कोई गोलाकार पतली लंबी धारी या रेखा। जैसे—भोजन के समय रसोई परोस चुकने पर दाल, भात आदि में तपे हुए घी का दिया जानेवाला डोरा। ४. कोई ऐसा तथ्य या बात जिसका अनुसरण करने पर किसी घटना के रहस्य का पता लग सके या अनुसंधान मे किसी प्रकार की सहायता मिले। सुराग। सूत्र। ५. आँखों की वे बहुत महीन लाल नसें जो साधारणतः मनुष्यों की आँखों में उस समय दिखाई देती है जब वे सोकर उठते या नशे, प्रेम आदि की उमंग में होते है। ६ उक्त के आधार पर प्रेम या स्नेह का बंधन या सूत्र।

मुहा०—(किसी का) डोरा लगना=किसी के प्रेम-सूत्र के बन्धन में पड़ना। **(किसी पर) डोरे डालना**=किसी को अपने प्रेम-पाश में बाँधने के लिए उसके साथ बहुत ही मधुर या मृदुल आचरण अथवा व्यवहार करना।

७. नृत्य में गरदन हिलाने की वह अवस्था जिसमे वह बहुत कुछ हवा में लहराते हुए डोरे या सूत की तरह कभी कुछ इधर और कभी कुछ उधर होती हो। ८ कलछी की तरह वह बरतन जिस मे नीचे बड़ा कटोरा और ऊपर खड़े बल मे काठ का कुछ मोटा दस्ता या हत्था लगा होता है और इसी मे कड़ाही मे से जलता हुआ घी, दूध, शीरा आदि निकालते हैं।

९ रहस्य सप्रदाय मे, श्वास या साँस।

पुं० [हिं० डोंड] पॉसने आदि का डोंडा।

डोरिया—पुं० [हिं० डोरा] १ एक प्रकार का सूती कपड़ा जिसकी बुनावट मे बीच-बीच मे कुछ मोटे डोरे या सूत होते हैं। २. कोई ऐसा कपड़ा जिसमे थोड़ी-थोड़ी दूर पर लंबी धारियाँ हों। ३. जुलाहों का वह सहकारी लड़का जो आवश्यकतानुसार डोरे उठाने का काम करता है।

पुं० [हिं० डोर=सीधा क्रम या डोरियाना] एक पुरानी छोटी जाति जो राजाओं के शिकारी कुत्तों की देख-रेख करती और उन्हीं कुत्तों की सहायता से शिकार का पता लगाती या पीछा करती थी।

पुं० [?] एक प्रकार का बगला जो ऋतु के अनुसार अपने शरीर का रंग बदलता है।

डोरियाना—स० [हिं० डोरी आना (प्रत्य०)] १. डोरी से मुक्त करना। २ (पशुओं को) डोरी से बाँधना या बाँधकर साथ के चलना। ३. लाक्षणिक रूप मे, किसी को अपना अनुयायी और वशवर्ती बनाना।

डोरिहार—पुं० [हिं० डोरी+हारा] [स्त्री० डोरिहारिन] पटवा (गहने गूथनेवाला)।

डोरी—स्त्री० [हिं० डोरा] १ रूई, सन आदि के डोरों या तारों को बटकर बनाया हुआ वह बहुत लंबा और डोरा या तागे से कुछ मोटा खंड जो चीजें बाँधने आदि के काम मे आता है। रस्सी। जैसे—*कूएँ से पानी निकालने या गठरी बाँधने की डोरी*। २. कलाबत्तू रेशम आदि की उक्त प्रकार की वह रचना जो प्रायः शोभा के लिए कपड़ों पर टाँकी या लगाई जाती है। ३. वे रस्सियाँ या रस्से जो जुलूसों, सवारियों आदि के आगे दोनों ओर कुछ दूरी तक लोग इसलिए लेकर चलते हैं कि बीच का बीचवाला रास्ता भीड़-भाड़ से साफ रहे।

क्रि० प्र०—लगाना।—ले चलना।

४. लाक्षणिक रूप में, किसी प्रकार का आकर्षण, पाश या बन्धन। जैसे—आखिर यमराज की डोरी से कब तक बचे रहोगे?

मुहा०—(किसी की) डोरी खींचना=किसी प्रकार के आकर्षण के द्वारा अपने पास बुलाना। जैसे—अब भगवती को दर्शन देना होगा, तब वे आप ही डोरी खींचेंगी। डोरी ढीली छोड़ना=चौकसी या देख-रेख कम करना। थोड़ी-बहुत स्वतंत्रता देना। जैसे—यहाँ डोरी ढीली छोड़ी कि बच्चा बिगड़ा। (किसी की) डोरी लगना=किसी की ओर बराबर ध्यान बँधा या लगा रहना जिसमें किसी प्रकार का आकर्षण हो। जैसे—अब तो घर की डोरी लगी है अर्थात् जल्दी घर पहुँचने की चिन्ता है।

५. कड़ाही आदि में से खौलती हुई या गरम चीजें निकालने के लिए वह कटोरी जिसके ऊपर खड़े बल में मूठ लगी रहती है।

डोरी-डंडा—पु० [हि०] चित्र-कला में, चित्र के हाशिए पर चारों ओर होनेवाला एक प्रकार का अंकन जो फ़ीदेदार जालों के रूप में होता है।

डोरे*—क्रि० वि० [हि० डोर] किसी के संग। साथ-साथ।

डोल—पुं० [सं० दोल; हिं० डोलना] [स्त्री० अल्पा० डोलची] १. डोलने की क्रिया या भाव। जैसे—कुछ हिल-डोल किया करो। २. कोई हिलने-डुलनेवाली वस्तु। जैसे—झूला, पालना आदि। ३. डोली नाम की सवारी। ४. धार्मिक उत्सवों के समय निकलनेवाली चौकियाँ या विमान जिन पर देव मूर्तियाँ या अनेक प्रकार के दृश्य रहते थे। ५. लोहे का चौड़े मुँहवाला एक प्रकार का बरतन जिसके द्वारा कूएँ से पानी खींचा जाता है। ६ जहाज का मस्तूल। (लश०)

वि० [हि० डोलना] १ हिलता-डुलता हुआ। २. अस्थिर। चंचल।

स्त्री० एक प्रकार की काली उपजाऊ मिट्टी।

डोलक—पुं० [सं०] ताल देने का एक प्रकार का पुराना बाजा।

डोलची—स्त्री० [हि० डोल+ची (प्रत्य०)] १. छोटी डोल (पानी रखने का बरतन)। २. डोल के आकार की एक प्रकार की छोटी टोकरी।

डोल-डाल—पुं० [हि० डोलना+डाल अनु०] १. चलने-फिरने, हिलने-डुलने आदि की क्रिया या भाव। २. गाँव-देहातों में, शौच आदि के लिए बाहर खेत या जंगल में जाने की क्रिया। (बुन्देल०)

डोलना—अ० [सं० दोलन] १. किसी चीज का इधर-उधर आना-जाना या हिलना। जैसे—भूकंप से पृथ्वी का डोलना। २. लटकती हुई चीज का इधर से उधर और उधर से इधर आते-जाते रहना। जैसे—घड़ी के लंगर का डोलना। ३. किसी चीज के अपने रहने की स्थिति में अस्थिरता तथा शंका होना। अपने स्थान से कुछ इधर-उधर होना। जैसे—आसन या सिंहासन डोलना। ४. व्यक्ति अथवा उसके मन का किसी दूसरे मत या विचार की ओर उन्मुख या प्रवृत्त होने लगना। मन का चलायमान या विचलित होना। ५. घूमना, चलना या टहलना।

पद—डोलना फिरना=इधर-उधर घूमना। चलना या टहलना।

६. कहीं से दूर चले जाना या हट जाना।

†स०=डुलाना।

†पुं०=डोला (सवारी)।

डोलरी†—स्त्री० [हि० डोल] खाट। चारपाई।

डोला—पुं० [सं० दोल या दोला] [स्त्री० अल्पा० डोली] १. पालकी की तरह की एक प्रसिद्ध चौकोर छाई हुई सवारी जिसे कहार उठाकर ले चलते हैं और जिस पर प्रायः वधू बैठकर पहले-पहल ससुराल जाती है।

मुहा०—(किसी को) डोला देना=डोले पर बैठाकर अपनी कन्या को इस उद्देश्य से वर-पक्ष के घर भेजना कि वहाँ वर के अभिभावक वर के साथ उसका विवाह कर लें।

विशेष—प्रायः मध्य युग में ऐसे लोग अपनी कन्या को डोले पर बैठा कर रईसों, राजाओं या सरदारों के यहाँ भेजते थे जिनके यहाँ या तो बड़े आदमियों की बरात आ नहीं सकती थी या जो उन बड़े आदमियों की बरात का उचित आदर-सत्कार करने में असमर्थ होते थे। इसी लिए डोला भेजना एक प्रकार की अधीनता या हीनता का सूचक होता है।

मुहा०—(किसी के) कांधे या सिर पर (किसी का) डोला उठालना=किसी स्त्री के सामने उसके पति का दूसरा विवाह करना और जलाने के लिए उसको सौत लाकर बैठाना।

२. झूले को दिया जानेवाला झोंका। पेंग।

डोलाना—स० दे० 'डुलाना'।

डोला यंत्र—पुं०=दोला यंत्र'।

डोलियाना—स० [हि० डोली+आना (प्रत्य०)] १. किसी को डोली में बैठाकर कहीं ले जाना। २. वधू को डोली में बैठाकर ससुराल भेजना।

३ कोई चीज चुपके से लेकर चल देना। (बाजारू)

अ० चपत होना। खिसक जाना।

डोली—स्त्री० [हि० डोला] १. छोटा डोला (सवारी) जिसे दो कहार कंधों पर लेकर चलते हैं।

मुहा०—डोली करना=(क) किसी को जैसे-तैसे दूर करना या हटाना। (ख) कोई चीज चुपके से उठाकर चल देना।

पद—डोली-डंडा। (बेर्रे)

२. हिंदुओं की एक प्रथा या रस्म जिसमें विवाह के उपरान्त वधू को डोली या किसी दूसरी सवारी में बैठाकर वर पक्षवाले ले जाते हैं। ३. रहस्य संप्रदाय में, शरीर।

डोली-डंडा—पु० [हि०] लड़कों का एक खेल जिसमें दो लड़के अपनी बाँहों को मिलाकर उन्हें चौकी-का रूप देते और उस पर किसी तीसरे छोटे लड़के को बैठाकर, 'डोली-डंडा पालकी', कहकर इधर-उधर घुमाते हैं।

डोलू—स्त्री० [देश०] १. एक ओषधि जिसे रेनंद्र भीनी भी कहते हैं। २. पूरबी भारत में होनेवाला एक प्रकार का बाँस।

†वि० [हि० डोलना] जो चुपके से कुछ लेकर चंपत हो गया हो। (बाजारू) जैसे—किताब लेकर डोलू हो गया।

डोला—पुं० [?] उलटे या चिलड़े की तरह का एक दक्षिण भारतीय पकवान जो पीसे तथा खमीर उठाये हुए चावल तथा उड़द की दाल से बनता है।

डोहा†—पुं०=दोह।

डोहुरा†—पुं० [देश०] [स्त्री० अल्पा० डोहरी] काठ का एक प्रकार का बरतन जिससे कोल्हू में से रस निकाला जाता है।

डोही—स्त्री० दे० 'डोई'।

डौलाना†—अ० [हिं० डावाँडोल] १. डाँवाडोल रहना। २. विचलित होना। चकराना।
स० १. डाँवाडोल करना। २. विकल या विचलित करना।

डौंड़ी—स्त्री० [सं० डिंडिम] १. बुग्गी नाम का छोटा बाजा जिसे बजाकर लोगों को कोई बात जतलाने के लिए घोषणा की जाती है।
क्रि० प्र०—पीटना।—बजाना।
मुहा०—डौंड़ी देना—(क) ढोल बजाकर सर्वसाधारण को सूचित करना। मुनादी करना। (ख) कोई बात चारो ओर लोगो से कहते फिरना। डौंड़ी बजना=(क) घोषणा होना। (ख) दुहाई फिरना। (ग) किसी का तेज और प्रताप सब पर प्रकट होना।
२. डौंड़ी पीटकर की जानेवाली घोषणा।

डौरा—पुं० [देश०] एक प्रकार की घास जिसमें सांवाँ की तरह के परन्तु खाने में कदुए दाने होते हैं।

डौंरी†—पुं०=डमरू।

डौवा—पुं० [हिं० डोंई] बड़ी डोंई।

डौंसी—स्त्री० [?] पंडुकी।

डौर*—पु० १=डोल। २.=डोर।

डौल—पु० [हिं० डील का अनु०] १. किसी वस्तु या व्यक्ति की वह बाहरी आकृति या स्वरूप जो उसकी विशिष्ट प्रकार की रचना—शैली, अंगों और उपांगों के संघटन आदि के आधार पर जानी जाती या स्थिर होती है। बनावट का ढंग या रचना का प्रकार। जैसे—(क) आदमी या औरत का डौल-डौल। (ख) नये डौल की थाली या लोटा।
२. किसी प्रकार की बनावट या रचना का आरम्भिक ढाँचा या रूप। ठाठ।
क्रि० प्र०—डालना।
३. चित्रों और मूर्तियों के अवयवों मे दिखाई पड़नेवाली गोलाई, उभार और गहराई जिससे उनमें सुडरता आती है।
मुहा०—(कोई चीज) डौल पर लाना=सुदर आकार या रूप में प्रस्तुत करना। अच्छे या सुदर रूप मे लाना।
४. कोई काम करने का अच्छा ढग या प्रकार। सलीका। जैसे—ये सब पुस्तकें डौल से लगाकर अलमारी मे रख दो। ५. उपाय। युक्ति।
मुहा०—(किसी व्यक्ति को) डौल पर लाना=युक्ति से अनुकूल बनाना। ऐसा उपाय करना जिससे कोई मतलब निकाला या उद्देश्य सिद्ध किया जा सके। जैसे—मैं तो समझा कर हार गया, अब तुम्ही उन्हें डौल पर ला सकते हो।
पद—डौल-डाल। (देखें)
मुहा०—(किसी काम का) डौल बाँधना या लगाना=उपाय या युक्ति करना। जैसे—कहीं से कुछ कपड़ों का डौल लगाओ।
६. रंग-ढंग। तौर-तरीका। लक्षण। ७. आशा या संभावना। रंग-ढंग। जैसे—अभी तो दो-चार दिन वर्षा का डौल नही दिखाई देता।
८. जमीन के बन्दोबस्त में जमा या लगान का अनुमान।
क्रि० प्र०—लगाना।
९. खेतों की मेंड़। डाँड़।

डौल डाल—पुं० [हिं० डौल] किसी काम का उपाय या युक्ति। क्रि० वि०।

डौलदार—वि० [हिं० डौल+फा० दार (प्रत्य०)] अच्छे डौलवाला। सुडौल।

डौलना†—स० [हिं० डौलना] १. किसी रचना को सुडौल बनाना। २. डौल या बनावट का ढंग निकालना।
अ० डौल या उपाय निकालना। युक्ति निकालना।

डौलियाना—स० [हिं० डौल+इयाना (प्रत्य०)] १. काट-छाँटकर किसी ठीक आकार का बनाना। गढ़कर डौल या रूप दुरुस्त करना। २. अपना प्रयोजन सिद्ध करने केलिए किसी व्यक्ति को डौल या ढंग पर लाना मीठी-मीठी बातें करके अपने अनुकूल बनाना।

डौवर—पु० [देश०] एक प्रकार की चिड़िया जिसका धड़ सफेद, दुम काली और चोंच लाल रग की होती है।

डौवा—पु०=डौआ (बड़ी डोंई)।

ड्यूटी—स्त्री० [अं०] १ ऐसा काम जिसे करना नैतिक, धार्मिक, विधिक आदि दृष्टियो से आवश्यक हो। कर्तव्य। २. वह काम जिसे पूरा करने के लिए कोई नियुक्त किया गया हो। ३. विदेशों से आनेवाले तथा विदेश भेजे जानेवाले माल पर लगनेवाला कर या शुल्क।

ड्योढ़ा—वि० [हिं० डेढ़] [स्त्री० ड्योढ़ी] एक पूरा और उसके साथ मिला या लगा हुआ उसका आधा। डेढ़-गुना। जैसे—इस साल हर चीज का दाम पर साल से ड्योढ़ा हो गया है।
पद—ड्योढ़ी गाँठ=रस्सी आदि मे दी जानेवाली वह गाँठ जिसमें एक पूरी गाँठ के बाद उसके ऊपर दूसरी गाँठ या फंदा इस प्रकार लगाया जाता है कि रस्सी का एक सिरा खींचते ही गाँठ तुरंत खुल जाय।
पुं० १. एक प्रकार का पहाड़ा जिसमे क्रम से अकों की डेढ़ गुनी संख्या बतलाई जाती है। जैसे—एक ड्योढ़े डेढ़, दो ड्योढ़े तीन, तीन ड्योढ़े साढ़े चार आदि। २. गाने का वह प्रकार जिसमें स्वर साधारण से ड्योढ़े ऊँचे कर दिये जाते है। ३ ऐसा तग रास्ता जिसके एक किनारे पर गड्ढा या ढाल हो। (कहार)

ड्योढ़ी—स्त्री० [स० देहली] १. किसी भवन या मकान के मुख्य प्रवेश-द्वार के आस-पास की भूमि या स्थान।
पद—ड्योढ़ीदार, ड्योढ़ीवान। (देखें)
२. उक्त प्रवेश-द्वार के अन्दर का वह स्थान जिस पर प्राय: पाटन होती है। पौरी।
मुहा०—(किसी की) ड्योढ़ी झूलना=राजाओं आदि के यहाँ दरबार मे आने-जाने की अनुमति या आज्ञा मिलना। (किसी की) ड्योढ़ी बंद होना=किसी व्यक्ति के लिए राजा के यहाँ आने-जाने की मनाही या निषेध होना। (किसी के यहाँ) ड्योढ़ी लगना=ड्योढ़ी पर ऐसा द्वारपाल बैठना जो बिना आज्ञा पाये लोगों को अन्दर न जाने दे।

ड्योढ़ीदार—पुं० [हिं० ड्योढ़ी+फा०दार (प्रत्य०)] वह नौकर या सिपाही जो बड़े आदमियों के मकान की ड्योढ़ी पर रखवाली आदि के लिए रहता है। दरबान। द्वारपाल।

ड्योढ़ीवान—पु०=ड्योढ़ीदार।

ड्रम—पु० [अं०] १. ढोल। नगाड़ा। २. ढोल के आकार का बड़ा पात्र। पीपा।

ड्राइवर—पुं० [अं०] वह व्यक्ति जो यंत्रों से चलनेवाला यान चलाता हो।

जैसे—इंजन-ड्राइवर, मोटर ड्राइवर आदि।

ड्राम—पुं० [अं०] तीन माशे के बराबर की एक अंगरेजी तौल।

ड्रामा—पुं० [अं०] नाटक।

ड्रिल—स्त्री० [अं०] बच्चों, सिपाहियों आदि के समूह को एक साथ कराया जानेवाला शारीरिक व्यायाम जिसके साथ उन्हें कम-बढ़ क्रम में चलने-फिरने आदि की शिक्षा भी मिलती है।

ड

ड—हिन्दी वर्णमाला का चौदहवाँ व्यंजन वर्ण जो उच्चारण तथा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से मूर्द्धन्य, स्पर्शी, महाप्राण तथा सघोष व्यंजन है। इसका एक रूप ढ़ भी है जो मूर्द्धन्य उत्क्षिप्त, महाप्राण, सघोष व्यंजन है।

पुं० [सं० डीक् (गति) +ड] १. बड़ा ढोल। २. कुत्ता। ३. कुत्ते की दुम। ४. ध्वनि। नाद। ५. साँप।

डंकना†—स०=ढकना।

पु०=ढकना (ढक्कन)।

डंकी†—स्त्री०=ढक्कन।

डंगुली†—स्त्री० दे० 'डेंगी'।

डंड—पुं० [सं० आषाढ़क या हिं० ढाक] १. ढाक या पलाश का पौधा। २. वह स्थान जहाँ पलाश के बहुत-से पौधे हों।

डंग—पुं० [स० तंग (तंगन)] १ कोई काम करने की रीति, विशेषत. ऐसी रीति जिसके अनुसार प्रायः कोई काम किया जाता या होता हो। जैसे—उनके उठने-बैठने या चलने-फिरने का ढंग निराला है। २ कोई काम करने या रचना प्रस्तुत करने की प्रचलित तथा व्यवस्थित शैली। जैसे—साड़ी पर जाल बनाने का ढंग मैं वह जानता है।

३. किसी चीज की बनावट या रचना का वह विशिष्ट प्रकार जिससे उसका स्वरूप स्थिर होता है। जैसे—आज-कल इस ढंग के कपड़े नहीं चलते। ४. भेद-विभेद आदि के विचार से स्थिर होनेवाला प्रकार।

पद—ढंग का=(क) अच्छे और उपयुक्त प्रकार का। जैसे—कोई ढंग की नौकरी तो पहले मिले। (ख) कार्य-व्यवहार आदि में कुशल या चतुर। जैसे—कोई ढंग का नौकर रखो।

५. किसी चीज की बनावट या रचना का प्रकार जिससे उसका स्वरूप स्थिर होता है। जैसे—आज-कल इस ढंग के कपड़ों का चलन नहीं है। ६. अभिप्राय या कार्य सिद्ध करने का उपाय या युक्ति। तरकीब। जैसे—किसी ढंग से अपनी रकम निकाल लेनी चाहिए।

क्रि० प्र०—निकालना।

मुहा०—(किसी के) ढंग पर चढ़ना=किसी की तरकीब या युक्ति के फेर में पड़कर उसके उद्देश्य-साधन में अनुकूल होकर सहायक बनना। (किसी को) ढंग पर लाना=अपना अभिप्राय सिद्ध करने के लिए किसी को अपने अनुकूल करना या बनाना। किसी को इस प्रकार प्रवृत्त करना जिससे कुछ मतलब निकले।

७. अभिप्राय या कार्य सिद्ध करने के लिए धारण किया जानेवाला ऐसा रूप जो केवल दूसरों को धोखे में रखने के लिए हो। जैसे—यह लड़का मिठाई खाने के लिए तरह-तरह के ढंग रचता है।

क्रि० प्र०—रचना।—बनाना।

८. ऐसा आचरण, बरताव या व्यवहार जो किसी विशिष्ट कार्य के लिए उपयुक्त या पात्र बनाता हो। जैसे—यह सब तो जाति (या देश) के चौपट होने का ढंग है।

मुहा०—ढंग बरतना=पात्र-परिक व्यवहार में ठीक तरह से आचरण करना। जैसे—जरा ढंग बरतना सीखो।

९. कोई ऐसी अवस्था या स्थिति जो किसी विशिष्ट बात की सूचक हो। चिह्न। लक्षण। जैसे—अभी पानी बरसने का कोई ढंग नहीं दिखाई देता।

पद—रंग-ढंग=स्वरूप और कार्य-प्रणाली। जैसे—इस कार्यालय का रंग-ढंग कुछ अच्छा नहीं जान पड़ता।

ढंग-उजाड़—पुं० [हिं० ढंग+उजाड़] कुछ घोड़ों की दुम के नीचे होनेवाली भौंरी जो अशुभ मानी जाती है।

ढँगलाना†—स० [?] लुढ़काना।

ढ०=लुढ़काना।

ढंगी—वि० [हिं० ढंग] १. (व्यक्ति) जो ढंग से कोई काम करता हो।

२. बहुत बड़ा चालबाज या धूर्त (व्यक्ति)। ३. दे० 'डोंगी'।

ढँढरच—स्त्री० [हिं० ढंग+रचना] ढकोसला।

ढंढल—पुं० दे० 'ढँढरच'।

ढंढार—वि० [हिं० ढंग?] जिसे कोई ढंग न आता हो। अकुशल तथा मूर्ख।

ढँढोर—पुं० [अनु० धार्य धार्य] १. आग की लपट। २. लंगूर।

†पुं०=ढँढोरा।

ढँढोरची—पुं० [हिं० ढँढोर+फा० ची (प्रत्य०)] ढँढोरा फेरनेवाला। दुम दुगी बजाकर घोषणा करनेवाला। ढँढोरिया।

ढँढोरना—स० [हिं० ढँढोरा] १. ढँढोरा पीटना या बजाना। २. ढँढोरा फेरना। मुनादी कराना।

†स० [हिं० ढूँढ़ना] तलाश करना। उदा०—सारद उपमा सकल ढँढोरी—तुलसी।

ढँढोरा—पुं० [अनु० डम+ढोल] १. वह ढोल जो जन-साधारण को किसी बात की सूचना देने या सार्वजनिक रूप से घोषणा करने के समय बजाया जाता है। दुगदुगी। दुग्गी। डौंडी।

क्रि० प्र०—पीटना।—बजाना।

२. ढोल बजाकर की जानेवाली घोषणा। मुनादी।

मुहा०—ढँढोरा फेरना=(क) किसी बात की सूचना सबको ढोल बजाकर देना। जैसे—लड़के के खोने पर उन्होंने ढँढोरा फिरवाया था। (ख) किसी बात की सूचना सब को देते फिरना। जैसे—घर की बातों का ढँढोरा नहीं फेरा जाता।

ढँढोरिया—पुं०=ढँढोरची।

ढँढोलना—स०=ढँढोरना (ढूँढ़ना)।

ढँपना—अ० [हिं० ढाँपना का अ०] किसी प्रकार की आड़ में या आवरण के नीचे होने के कारण आँखों से ओझल होना। ढाँपा जाना।

†स०=ढकना ।
†पुं०=ढकना (ढक्कन) ।

डई—स्त्री० [हिं० डहना=गिराना] १. डह या गिर पड़ने की अवस्था या भाव। २. किसी स्थान पर इस प्रकार बैठना कि जल्दी उठने का ध्यान ही न आवे।
मुहा०—(कहीं या किसी के यहाँ) डई देना=(क) जमकर बैठ जाना और जल्दी उठने का नाम न लेना। (ख) धरना देना।

डकई—वि०, पुं०=डाकई।

डकना—स० [सं० स्थग; प्रा० ढक्क, ढकण] १. किसी चीज के ऊपर या सामने कोई ऐसी आड़ या आवरण खड़ा करना कि वह चीज ऊपर या बाहर से दिखाई न पड़े अथवा सुरक्षित रहे। जैसे—(क) देगची को कटोरी या ढक्कन से ढकना। (ख) कपड़े से दूध या मलाई ढकना। २. ओढ़े या पहने हुए वस्त्र से शरीर का कोई अंग छिपाना। जैसे—घूँघट से मुँह ढकना अथवा चादर से छाती ढकना। ३. किसी चीज के ऊपर किसी दूसरी बात का आकर उसे आड़ में करना। जैसे—बादलों का आसमान को ढकना। ४. लाक्षणिक अर्थ में, ऐसा उपाय करना जिससे दूसरे के सामने दूषित बात या रूप न प्रकट होने पाये। जैसे—किसी की इज्जत या ऐब ढकना।
अ० आड़, आवरण आदि के कारण ऐसी स्थिति में होना कि ऊपर या बाहर से दिखाई न दे अथवा वातावरण आदि के प्रभाव से रक्षित रहे। जैसे—कपड़े या कागज से ढकी हुई मिठाई।
पुं० [स्त्री० अल्पा० ढकनी] वह चीज या रचना जिससे कोई चीज ढकी जाती हो। ढक्कन। जैसे—डिब्बे या सन्दूक का ढकना।

ढकनिया—स्त्री०=ढकनी।

ढकनी—स्त्री० [हिं० ढकना] १. छोटा ढकना या ढक्कन। २. फूल के आकार का एक प्रकार का छोटा गोदना।

ढक-पेंडुक—पुं० [देश०] एक तरह की चिड़िया।

ढका—पुं० [सं० आढक] १. तीन सेर की एक तौल। २. उक्त तौल का बटखरा या बाट।
†पुं० [अं० डॉक] जहाजों के ठहरने का घाट। (लश०)
†पुं० [अनु०] जोर से लगाई जानेवाली टक्कर या दिया जानेवाला धक्का।
†पुं०=ढक्का (बड़ा ढोल)।

ढकिल—स्त्री० [हिं० ढकेलना] १. एक दूसरे को ढकेलने की क्रिया या भाव। २. आक्रमण। चढ़ाई।

ढकेलना—स० [हिं०धक्का] १. किसी भारी चीज या यान को पीछे से इस प्रकार धक्का देना कि वह आगे बढ़े या चले। २. किसी व्यक्ति अथवा किसी चीज को इस प्रकार धक्का देना कि वह गिर या लुढ़क पड़े। जैसे—(क) आदमी का बच्चे को ढकेलना। (ख) पहाड़ पर से पत्थर ढकेलना। ३. अनादरपूर्वक धक्का देते हुए किसी को कहीं से बाहर निकालना। ४. किसी को किसी ओर बढ़ने में प्रवृत्त या विवश करना। जैसे—भीड़ को आगे या पीछे ढकेलना। ५. कोई काम जैसे-तैसे आगे बढ़ाना या चलाना। ६. किसी को इस प्रकार बुरी तरह से दूर करना या हटाना कि वह हीन स्थिति में पहुँचे। जैसे—लड़की का ब्याह क्या किया है किसी तरह उसे घर से ढकेला है। ७. भोजन करना। खाना। (व्यंग्य)। ८. किसी के साथ प्रसंग या संभोग करना। (बाजारू)

ढकेला-ढकेली—स्त्री० [हिं० ढकेलना] आपस में एक दूसरे को बार-बार ढकेलने या धक्के देने की क्रिया या भाव।

ढकोरना†—स०=ढकेलना। (पूरब)

ढकोसना—स० [ढक-ढक से अनु०] एक बारगी या भुखमरों की तरह कोई चीज बहुत अधिक खाना या पीना। भकोसना।

ढकोसला—पुं० [हिं० ढंग+स० कौशल] १. दूसरों को धोखा देकर अपना कोई उद्देश्य सिद्ध करने के लिए धारण किया या बनाया हुआ झूठा रूप। आडंबर। २. एक प्रकार की कविता जिसमें कई अन-मेल या असंगत बातें एक साथ कही जाती हैं। उदा०—भादो पक्की पींपली, झड़-झड़ पड़े कपास। बी मेहतरानी दाल पकाओगी या नगा ही सो रहूँ। —खुसरो।

ढक्क—पुं० [स०] एक प्राचीन देश का नाम। (कदाचित् आधुनिक ढाका के आस-पास का प्रदेश)

ढक्कन—पुं० [हिं० ढकना] किसी आधान का वह अंग जो उसके मुँह पर उसे बंद करने के लिए रखा या कसा जाता है। जैसे—डिब्बे या देगची का ढक्कन, टोकरी या संदूक का ढक्कन।
विशेष—कुछ आधानों के ढक्कन उनके साथ लगे होते हैं, और कुछ के अलग होते हैं।

ढक्का—स्त्री० [सं० ढक्√ के (शब्द) +क—टाप्] [स्त्री० अल्पा० ढक्की] १. बड़ा ढोल। २. डंका। नगाड़ा।
†पुं० दे० 'धक्का'।

ढक्कारी—स्त्री० [स० ढक्√क (करना)+अण्—ङीप्] तारा देवी।

ढक्की—स्त्री० [हिं० ढाल] १. पहाड़ी प्रदेशों में वह स्थान जहाँ से ऊपर की ओर चढ़ना पड़ता है। (पश्चिम) २ ढालुआँ भू-भाग।

ढगण—पुं० [मध्य० स०] पिंगल में तीन मात्राओं का एक गण।

ढचर—पुं० [हिं० ढाँचा] १ कोई काम करने या चीज बनाने से पहला खड़ा या तैयार किया जानेवाला उसका ढाँचा।
क्रि० प्र०—बाँधना।
क्रि० प्र०—फैलाना।—रचना।
२. आडंबर। ढकोसला। ढोंग। ३. व्यर्थ का जंजाल या झंझट।
वि० बहुत ही क्षीण, जर्जर या दुबला-पतला।

ढटोंगड़ (र)—वि० [सं० डिंगर] १. बड़े ढील-ढौल वाला। ढींग। २. खूब मोटा-ताजा। हृष्ट-पुष्ट। ३. देखने में अच्छा, पर वस्तुतः निकम्मा या व्यर्थ का।

ढटोंगड़ (रा)—पुं०=ढटोंगड़।

ढट्ठा—पुं० [स्त्री० अल्पा० ढट्ठी] १.=ढाटा। २.=ढड्ढा ३.=ढट्टा (ढाट)।

ढट्ठी—स्त्री० [हिं० ढाड़] १. छोट ढाटा। २. कपड़े की वह चौड़ी पट्टी जिससे दाढ़ी बाँधी जाती है।

ढड्ढा—वि० [हिं० ठाठ] बहुत से व्यर्थ के अंगों या बातों से युक्त होने के कारण जिसका आकार या रूप व्यर्थ बहुत बढ़ गया हो।
पुं० १. बाँसों आदि की वह रचना जिस पर खड़े होकर राज, मिस्त्री आदि ऊँची दीवारें आदि बनाते हैं। २. किसी वस्तु या रचना के अंगों की वह

स्थूल योजना जो उसके आरंभ में की जाती है और जो उसके भावी रूप की परिचायक होती है। ठाठ। ढाँचा। ३. कोई ऐसी बहुत बड़ी या विस्तृत चीज जिसके बहुत-से अंश फालतू या व्यर्थ के हों। ४. व्यर्थ का आडंबर या ठाठ-बाट।

ढड्ढो—स्त्री० [हिं० ढड्ढा] १. वह बहुत बुड्ढी स्त्री जिसके शरीर में हड्डियों का ढाँचा ही रह गया हो। २. मटमैले रंग की एक चिड़िया जो बहुत शोर करती और प्रायः अपने वर्ग की दूसरी चिड़ियों से लड़ती रहती है। चरखी।

ढनमनाना†—अ० [अनु०] लुढ़कना।
स०=लुढ़काना।

ढप—पुं०=डफ।

ढपना—पु० [हिं० ढाँपना] ढकने की वस्तु। ढक्कन।
स०=ढकना (ढाँकना)।

ढपरी—स्त्री० [हिं० ढाँपना] १. ढाँपने या ढकने की कोई छोटी चीज। २. अंगीठी ढकने का ढक्कन। (चूड़ीवाले)

ढपला†—पु० [स्त्री० ढपली] =डफला।

ढप्पू—वि० [देश०] १. बहुत बड़ा, परन्तु प्रायः निकम्मा या व्यर्थ का।

ढफ—पु० डफ (बाजा)।

ढब—पु० [सं० धव ?] १. कोई काम ठीक प्रकार से संपादित करने की क्रिया-प्रणाली या रीति। २. ठीक प्रकार से कोई काम संपादित करने का गुण या योग्यता।
पद—ढब का=(व्यक्ति) जो ठीक प्रकार से काम करता हो। जैसे—कोई ढब का नौकर मिले तो रख लिया जायगा।
३. बनावट, रचना आदि का कोई विशिष्ट प्रकार। ४. उपाय। युक्ति।
मुहा०—ढब पर चढ़ाना, लगाना या लाना=किसी को इस प्रकार फुसलाना कि उससे अपना काम निकाला जा सके।
५. प्रकृति। स्वभाव। ६. आदत। बान।

ढबका†—पु० [हिं० ढब] उपाय। तरकीब।

ढबरा†—वि०=ढाबर।

ढबरी—=स्त्री०=ढिबरी।

ढबीला†—वि० [हिं० ढब] [स्त्री० ढबीली] १. (वस्तु) जो अच्छे रूप-रंग या प्रकार की हो तथा काम में आने योग्य हो। ढब का। २. (व्यक्ति) जो ठीक ढंग से काम करता हो।

ढबुआ†—पुं०=ढेउआ (पैसा)।
पु० [देश०] खेत की मचान की छाजन।

ढबैला—वि० [हिं० ढाबर] (पानी) जिसमें मिट्टी और कीचड़ मिला हुआ हो।
†वि०=ढबीला।

ढमकना—अ० [अनु०] ढम ढम शब्द उत्पन्न होना।
स०=ढमकाना।

ढमकाना—स० [हिं० ढमकना] ढम ढम शब्द उत्पन्न करना। उदा०—कोउ उमंग सौं संग संग ढोलक ढमकावत—रत्ना०।

ढमढम—पुं० [अनु०] ढोल, नगाड़े आदि के बजने का शब्द।
क्रि० वि० ढम-ढम शब्द करते हुए।

ढमलाना†—स०=लुढ़काना।
अ०=लुढ़कना।

ढयना—अ०=ढहना (गिरना)।

ढरक†—स्त्री० [हिं० ढरकना] १. ढरकने की क्रिया या भाव। २. दयालुता। ३. अनुरक्ति। ४. प्रवृत्ति।

ढरकना—अ० [हिं० ढार] १. ढलकना। २. लेटना।

ढरका†—पुं०=ढलका।

ढरकाना—स०=ढलकाना।

ढरकी—स्त्री० [हिं० ढरकना] करघे में छोटे खाने की तरह का वह अंग जिसमें बाने का सूत रहता है और जिसके दाहिने-बाएँ आते-जाते रहने से ताने में बाने का सूत भरता है।

ढरकीरा—वि० [हिं० ढरकना] ढलने या ढलकनेवाला।

ढरना—अ०=ढलना।

ढरनि—स्त्री० [हिं० ढरना] १. ढलने या ढरने की क्रिया या भाव। ढाल। २. बार-बार इधर-उधर प्रवृत्त होने अथवा हिलने-डुलने की क्रिया या भाव। ३. किसी पर अनुरक्त या किसी ओर प्रवृत्त होने की अवस्था, क्रिया या भाव। ४. किसी की दीन-हीन दशा पर मन के द्रवित होने की अवस्था या भाव। ५. नीचे की ओर गिरने या पतित होने की क्रिया या भाव। पतन।

ढरहरना—अ० [हिं० ढरना या ढलना] १. ढाला जाना। उँडेला जाना। २ पूरी तरह से भरा जाना। ३. खिसकना या लुढ़कना। ४. किसी ओर झुकना या ढलना।

ढरहरा—वि० [हिं० ढार+हरा (प्रत्य०)] [स्त्री० ढरहरी] १. ढलने, बहने या लुढ़कनेवाला। २. ढालुआँ। ३. किसी ओर प्रवृत्त होनेवाला।

ढरहरी—स्त्री० [देश०] १. एक प्रकार का पकवान। २. पकौड़ी।
†स्त्री० [हिं=ढलना] ढालुई जमीन। ढाल।

ढराई†—स्त्री०=ढलाई।

ढराना—स० [?] १. दे० 'ढलाना' या 'ढलवाना'। २. दे० 'ढलकाना'।

ढरारा—वि० [हिं० ढार] [स्त्री० ढरारी] १. किसी ओर ढलने या बहनेवाला। २. ढालुआँ। ३. जल्दी इधर-उधर लुढ़कनेवाला। ४. किसी की ओर प्रवृत्त होनेवाला। ५. सहज में किसी के साथ अनुराग या स्नेह करनेवाला। उदा०—नीके अनियारे अति चपल ढरारे प्यारे ...।—सेनापति।

ढरियाना†—स० [हिं० ढारना] १. ढालना। २. ढलकाना।

ढरैया—वि०, पुं०=ढलैया।

ढरी—पुं० [हिं० ढरना=ढलना] १. किसी वस्तु या व्यक्ति के ढरने (ढलने) या किसी ओर प्रवृत्त होने का प्रकार, मार्ग या रूप। २. कोई काम करने की निश्चित या बँधी हुई पद्धति, प्रणाली या शैली।
मुहा०—ढर्रे पर आना या लगना=कार्य-सिद्धि के लिए अनुकूल, ठीक ढंग या रास्ते पर आना। जैसे—अब तो वह बहुत-कुछ ढर्रे पर आ चला है।
३. उपाय। तदबीर। युक्ति। ४. आचार, व्यवहार आदि का प्रकार या रूप। जैसे—उसका यह ढर्रा तो ठीक नहीं है।

ढलकना—अ० [हिं० ढलना] १. पानी या और किसी द्रव पदार्थ का नीचे की ओर प्रवृत्त होना या बहना। ढलना। जैसे—आँखों से आँसू

ढलकना। २. लुढ़कना। ३. नीचे की ओर प्रवृत्त होना। ४. किसी पर अनुरक्त होना। विशेष दे० 'ढलना'।

ढलका—पुं० [हिं० ढलकना] १. आँख का एक रोग जिसमें आँख से बराबर पानी बहा करता है। २. बाँस का वह चोंगा या नली जिसकी सहायता से चौपायों के गले के नीचे दवा उतारी या ढलकाई जाती है।

ढलकाना—स० [हिं० ढलकना का स०] १. पानी या और किसी द्रव पदार्थ को ढलकने में प्रवृत्त करना। २. नीचे की ओर प्रवृत्त करना। ३. लुढ़काना।

संयो० क्रि०—देना।

ढलकी†—स्त्री०=ढरकी।

ढलना—अ० [हिं० ढालना का अ०] १. द्रव पदार्थ का नीचे की ओर गिरना या गिराया जाना। जैसे—बोतल की दवा गिलास में ढलना। २. साँचे मे किसी पिघले हुए पदार्थ का, उसे कोई विशेष आकार-प्रकार देने के लिए उँडेला या डाला जाना। ३. उक्त प्रकार से पिघले हुए पदार्थ का साँचे में जम या ठंढा होकर ठोस रूप धारण करना। जैसे—मूर्ति ढलना। ४. अवनति या ह्रास अथवा अंत या समाप्ति की ओर बढ़ना। जैसे—उमर या जवानी ढलना, दिन ढलना। ५ ग्रह, नक्षत्र आदि के संबंध में, अस्त होने पर आना। जैसे—चाँद या सूर्य का ढलना।

पद—ढलती फिरती छाँह=ऐसी स्थिति जो कभी बिगड़ती और कभी सुधरती हो।

६. समय का बीतने को होना। जैसे—अवधि ढलना। ७. दया, प्रेम आदि के वश में होकर किसी ओर अनुरक्त या प्रवृत्त होना। जसे—भगवान का भक्तों पर ढलना। ८. विशिष्ट रूप से केवल मद्य के संबंध में, पीने के लिए पात्र में उँडेला जाना। जैसे—बोतल या शराब ढलना। ९. लुढ़कना। १०. दे० 'ढुलना'।

ढलमल—वि० [अनु०] जो कभी इधर और कभी उधर प्रवृत्त होता या लुढ़कता हो। ढुलमुल।

ढलवाँ—वि० [हिं० ढालना] १. जो साँचे में ढालकर बनाया गया हो। ढाला हुआ। २. दे० 'ढालुआँ।'

ढलवाना—स० [हिं० ढालना का प्रे०] ढालने का काम किसी और से कराना। किसी को कुछ ढालने में प्रवृत्त करना।

ढलाई—स्त्री० [हिं० ढालना] १. ढालने की क्रिया या भाव। २. पिघली हुई धातु को साँचे में ढालकर बरतन, मूर्त्तियाँ आदि बनाने की क्रिया, भाव और मजदूरी। ३. ढलान। (दे०)

ढलान—स्त्री० [हिं० ढलना] १. ढलने या ढालने की क्रिया या भाव। २. कोई ऐसा भू-खंड जो चिपटा और समतल न हो, बल्कि तिरछा हो; अर्थात् जिसमें नीचे की ओर ढाल हो। ३. ऐसा ढालुआँ स्थान जहाँ से वर्षा का पानी ढलकर किसी नदी में मिलता हो।

ढलाना—स०=ढलवाना।

ढलाव—पु० [हिं० ढालना+आव (प्रत्य०)] ढलने या ढालने की क्रिया, ढंग या भाव।

ढलुआँ—वि०=ढलवाँ।

ढलैत—पुं० [हिं० ढाल] प्राचीन काल में, वह योद्धा जो ढाल बाँधे रहता था।

ढलैया†—वि० [हिं० ढालना] ढालनेवाला।

पुं० वह कारीगर जो गलाई हुई धातुओ को ढालकर कोई चीज बनाता हो।

ढवरी—स्त्री० [हिं० ढलना] १ ढलने अर्थात् किसी ओर प्रवृत्त होने अथवा किसी पर अनुरक्त होने की अवस्था या भाव। २ निरतर किसी की ओर बना रहनेवाला ध्यान। लगन। लौ।

ढसक—स्त्री० [अनु० ढस ढस] सूखी खाँसी। ढाँसी।

ढहना—अ० [स० ध्वसन] १ इमारत, भवन आदि का टूट-फूटकर जमीन पर गिरना। २ पूर्णत नष्ट या समाप्त होना।

संयो० क्रि०—जाना।—पड़ना।

ढहरना*—अ०=ढलना। उदा०—पै उठि लहर समूह नैकुं इन उत नहिं ढहरै।—रत्ना०।

ढहरा†—पु० [?] १ जगल। वन। २ खली और नीची भूमि। (राज०)

ढहराना†—स० [अनु०] १. ढरकाना। २ ढाना। ३ सूप मे अनाज रखकर फटकना।

ढहरी—स्त्री० [स० देहली] डेहरी। दहलीज।

†स्त्री० [?] मिट्टी का घड़ा या मटका।

ढहवाना—स० [हिं० ढहाना का प्रे०] ढाने का काम दूसरे से कराना। गिरवाना। ढहाना।

ढहाना—स०=ढहवाना।

ढाँक—पु० [हिं० ढाँकना ?] कुश्ती का एक पेंच।

†पु०=ढाक (पलाश)।

ढाँकना—स०=ढकना।

ढाँखा—पु० [हिं० ढाक] ढाक या पलाश का जगल। उदा०—जावंत जग साखा बन ढाँखा।—जायसी।

ढाँगाँ—वि० दे० 'ढालुआँ'।

ढाँच—पुं०=ढाँचा।

ढाँचा—पु० [सं० स्थाता] १ कोई वस्तु या रचना बनाते समय उसके विभिन्न मुख्य अगों को जोड़ या बाँधकर खड़ा किया हुआ वह आरंभिक या स्थूल रूप जिस पर बाकी सारी रचना प्रस्तुत होती है। जैसे—मकान का ढाँचा, कुरसी का ढाँचा। २ कोई ऐसी रचना जिसमे कोई दूसरी चीज जड़ी, बैठाई या लगाई जाती हो। ३ ग्रथ, लेख, नक्शे आदि का आरंभिक तथा आधारिक रूप। ४. ठठरी। पजर। ५. गठन। बनावट।

ढाँपना—स०=ढकना (ढाँकना)।

ढाँस—स्त्री० [अनु०] १. ढाँसने की क्रिया या भाव। दे० 'ढाँसी।

ढाँसना—अ० [हिं० ढाँस] इस प्रकार बार-बार खाँसना कि गले से वैसा ही ढाँ ढाँ शब्द निकले जैसा प्रायः कुत्तों के खाँसने के समय निकलता है।

ढाँसी—स्त्री० [अनु०] एक प्रकार की सूखी खाँसी जिसमें लगातार कुछ समय तक गले से उसी प्रकार का ढाँ ढाँ शब्द निकलता है जैसा कुत्तों के खाँसने पर होता है।

ढाई—वि० [स० अर्द्ध—द्वितीय; प्रा० अड्ढाइय; पु० हिं० अढ़ाई] १. (इकाई या मान) जिसमे दो पूरे के साथ आधा और मिला हुआ हो।

जैसे—ढाई गज कपड़ा, ढाई सेर चीनी, ढाई रुपए। २. जो गिनती में दो से आधा अधिक हो। जैसे—ढाई बजे की गाड़ी।

मुहा०—(किसी को) ढाई घड़ी की आना=अचानक और झटपट मौत आना। (स्त्रियों का कोसना) जैसे—तुझे ढाई घड़ी को आवे।

पद—ढाई दिनों की बादशाहत=(क) थोड़े समय का ऐश्वर्य या सुख-भोग। (ख) किसी के विवाह के समय के दो-तीन दिन।

स्त्री० [हिं० ढाना] १. लड़कों का एक खेल जो कौड़ियों से खेला जाता है। २. उक्त खेल खेलने की कौड़ियाँ।

डाक—पुं० [स० आपाढक=पलाश] पलाश का पेड़। छिउला। छीउल।

पद—डाक के तीन पात→(क) ऐसा तुच्छ या हीन रूप या स्थिति जो सहायक सी बनी रहे और जिसमें जल्दी कोई परिवर्तन होता हुआ न दिखाई दे। (ख) बहुत ही निर्धन, मूर्ख या हठी होने की अवस्था या भाव।

†पु०=डकवा (बड़ा ढोल)।

डाकई—वि० [हिं० डाका नगर]। डाके का। जैसे—डाकई नाव, डाकई साड़ी। पु० डाके की तरफ होने वाला एक प्रकार का खेल।

डाकना—स०=ढकना (ढाँकना)।

डाक-पाटन—पु० [डाका नगर] एक प्रकार की बढिया मलमल जिसकी बुनावट में फूल या बूटियाँ बनी होती थीं।

डाकेवाल—वि०=डाकई। जैसे—डाकेवाल पटैला।

डाटा—पु० [हिं० डाढ़] १. कपड़े की वह चौड़ी पट्टी जिससे दाढ़ी बाँधी जाती है। २. वह पगड़ी जिसका एक फेंटा या बल गालो और दाढ़ी पर भी लपेटा जाता है। ३. वह कपड़ा जो मुरदे के कफन पर उसका मुँह बँधा रखने के लिए बाँधा जाता है।

क्रि० प्र०—बाँधना।

डाढ—स्त्री० [अनु०] १. दहाड़। २. दाढ़। ३. डाह (चिल्ला कर रोना)।

मुहा०—डाह मारकर रोना=खूब जोर से चिल्लाते हुए रोना।

डाढना†—अ०=दहाड़ना।

डाढी—पुं०=डाढ़ी।

डाढ़—स्त्री०=डाढ़।

डाढ़ना†—स० १. दे० 'डाहना'। २. दे० 'दहाड़ना'।

डाढ़स—पु०=ढारस।

डाढ़िन—स्त्री० [हिं०] 'डाढ़ी' का स्त्री० रूप।

डाढ़ी—पुं० [देश०] [स्त्री० डाढ़िन] १. गाने-बजानेवालों की एक जाति या वर्ग जो मंगल-अवसरों पर बधाइयाँ आदि गाती हैं। २. मुसलमान गवैयों की एक जाति या वर्ग जो प्रायः अच्छे संगीतज्ञ होते हैं।

डाढ़ौन—पुं० [सं० ढिंढिणी] जल-सिरिस का पेड़।

डाना—स०[सं० ध्वंसन, हिं० ढाहना] १. कोई ऊँची उठी या बनी हुई इमारत या रचना तोड़-फोड़कर गिराना। जैसे—दीवार या मकान डाना। २. किसी प्रकार के काम करके जमीन पर गिराना। जैसे—कुश्ती में प्रतिपक्षी को या लड़ाई में शत्रु को डाना। ३. कोई विकट बात उपस्थित या प्रस्तुत करना। जैसे—गजब डाना।

संयो० क्रि०—देना।

†४. मिटाना। (पश्चिम)

डाबना—स०=ढाँपना (ढकना)।

डाब—पुं०[हिं० डाबर] छोटा ताल। तलैया।

डाबर—वि०, पु०=डाबर।

डाबा—पुं० [देश०] १. ओलती। २. जाल। ३. परछत्ती। मियानी। ४. वह स्थान जहाँ पकी हुई कच्ची रसोई बिकती या दाम लेकर लोगों को खिलाई जाती हो।

†पुं०=घाबा।

डाभक—पुं०[अनु०] ढोल, नगाड़े आदि के बजने का शब्द।

डामना†—पु०[देश०] एक प्रकार का साँप।

डामरा—स्त्री०[सं० डाम+'रा (देना)+क-टाप्] मादा हंस। हंसी।

डार—पुं०[सं० धार] १. दे० 'धार'। मार्ग। रास्ता। २. ढंग। प्रकार। ३. ढाँचा। ४. वस्तुएँ डालने का साँचा। ५. साँचे में ढाली हुई वस्तु। ६. रचना। बनावट। ७. दे० 'डरनि'।

†स्त्री० १. कान में पहनने का बिरिया नाम का गहना। २. हाथ में पहनने की पिछेले।

†स्त्री०=डाल।

डारना—†स० १.=डालना। २.=डालना।

डारस—पु०[सं० धृष् या दार्ढ्य ?] १. किसी दुःखी, निराश या हतोत्साह व्यक्ति के प्रति कही जानेवाली ऐसी आशाप्रद बात जिससे उसके मन में फिर से कुछ उत्साह या धैर्य का संचार हो। आश्वासन।

क्रि० प्र०—देना।—बँधाना।

२. कष्ट, विपत्ति आदि के समय भी मन में बना रहनेवाला साहस या हिम्मत। ३. मन या विचार की दृढ़ता। (क्व०)

डारा—पि०[हिं० डारना] डारने अर्थात् डालनेवाला। उदा०—रखेउ छात चँवर औ डारा।—जायसी।

ढाल—स्त्री०[सं०√ढौक् (चलाना)+अच्, पृषो०सिद्धि] चमड़े, धातु आदि का बना हुआ वह गोलाकार उपकरण जिसे युद्ध-क्षेत्र में सैनिक लोग तलवार, भाले आदि का वार रोकने के लिए अपने बाँए हाथ में रखते थे। चर्म। फलक।

मुहा०—ढाल-तलवार बाँधना=वीरों का-सा वेश धारण करके योद्धा बनना।

स्त्री०[सं० धार] किसी भूखंड का ऐसा तल जो क्षितिज के समतल न हो बल्कि तिरछा या नीचे की ओर झुका हुआ हो।

स्त्री०[हिं० डालना] १. डालने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. वह प्रकार या रूप जिसमें कोई चीज ढली या डालकर बनी हो। ३. रंग-ढंग। तौर-तरीका।

पद—चाल-ढाल। (देखें)

४. चन्दे, प्राप्य धन आदि की उगाही। (पश्चिम)

डालना—स०[सं० ध्वल्; प्रा० ढाल, वल्ल; गु०ढालवूं; मरा०ढालणें; सिं० ढारराड] १. कोई द्रव पदार्थ धार बाँधकर किसी पात्र में या यों ही कहीं गिराना या डालना। उँड़ेलना। जैसे—(क) गिलास में दूध डालना। (ख) हंडे का पानी जमीन पर डालना। २. कोई चीज बनाने के लिए गली या पिघली हुई धातु किसी साँचे में उँड़ेलना या गिराना। जैसे—पीतल के खिलौने या कोई के कल-पुरजे डालना। ३. पीने के लिए बोतल में से गिलास आदि में शराब उलटना या गिराना ४. मद्य-पान करना। शराब पीना। जैसे—आज-कल मित्र-मंडली में

वह भी डालने लगे हैं। ५. व्यंग्य, हास्य आदि के रूप में कही हुई बात किसी दूसरे व्यक्ति पर लगाना या उसकी ओर प्रवृत्त करना। जैसे—साधारण हँसी की बात भी तुम मुझ पर ही डालने लगते हो। ६. दाम लेकर कोई चीज बेचना। (दलाल) जैसे—वे अपने दोनों मकान डाल रहे हैं। ७. प्राप्य धन, वस्त्र आदि उगाहना। (पंजाब)

डालवाँ—वि०=डालुआँ।

डालिया—पु०[हिं० डालना] वह कारीगर जो साँचो में चीजें डालकर बनाता हो।

पुं०[हिं० डाल] वह योद्धा जो अपने पास ढाल (रक्षा का उपकरण) रखता हो।

डाली (ल्लि)—पु०[सं० डाल+इनि]वह सैनिक जो ढाल धारण किये हो।

डालुआँ—वि०[हिं० डाल] [स्त्री० डालुई] १. (तल या स्तर) जो बराबर आगे की ओर नीचा होता गया हो। जिसमें ढाल अर्थात् आगे की ओर बराबर उतार हो। जैसे—गहाड़ का डालवाँ किनारा। वि०[हिं० ढालना] (पदार्थ) जो साँचे आदि में ढालकर बनाया गया हो। जैसे—डालवाँ लोंदा।

डालू—वि०[हिं० डालना=बेचना] जो कोई चीज बेचने को हो। (दलाल)

वि०=डालुआँ (तल)।

डावना†—स०=ढाना (गिराना)।

डास†—पुं०[सं० दंश्]१. डंग। २. छुटेरा। ३. डाकू।

स्त्री०[हिं० डासना] १. डासना लगाने की क्रिया या भाव।

क्रि० प्र०—लगाना।

२. वह चीज जिसपर डासना लगाकर बैठा जाय।

डासना—पु०[सं० धा=धारण करना+आसन] वह तकिया या और कोई ऊँची खड़ी वस्तु जिस पर टेक लगाकर कहीं बैठा जाता है। जैसे—दीवार का डासना लगाकर बैठना।

डाहना†—स०=ढाना (गिराना)।

डाहा†—पुं०[हिं० डाहना] नदी का ऊँचा किनारा (जिसके आगे की मिट्टी ढह गई हो)।

डिंडोरना—स०[हिं० डिंडोरा] डिंडोरा पीटना या फेरना।

स०[हिं० ढूँढ़ना] १. तलाश करना। ढूँढ़ना। २. बिलोड़ना। मथना।

डिंडोरा—पुं०[अनु० डम+डोल] १. वह डुग्गी या ढोल जिसे बजाकर किसी बात की सार्वजनिक घोषणा की जाती है।

मुहा०—**डिंडोरा पीटना या बजाना**=ढोल बजाकर किसी बात की सूचना सर्वसाधारण को देना। मुनादी करना। **डिंडोरा फेरना**=(क) डिंडोरा बजवाकर चारों ओर सूचना दिलवाना। मुनादी कराना। (ख) किसी घटना या बात की सूचना बहुत से लोगों को देना।

२. उक्त प्रकार से की हुई घोषणा या सब को दी जानेवाली सूचना।

डिकचन†—पुं०[देश०] एक प्रकार का गन्ना।

डिकुली—स्त्री०=डेंकली।

डिग—क्रि० वि०[सं० डिङ्=ओर] पास। समीप। निकट। नजदीक।

स्त्री० १. नजदीकी। सामीप्य। २. जलाशय का किनारा या तट। ३. छोर। सिरा। ४. चावर, धोती आदि का किनारा। पाड़।

डिठाँ*—स्त्री०=ढिठाई (धृष्टता)।

ढिठाई—स्त्री०[हिं० ढीठ+आई (प्रत्य०)] १. ढीठ अर्थात् धृष्ट होने की अवस्था या भाव। धृष्टता। २. बड़ों के सामने लज्जा छोड़कर दुस्साहसपूर्वक किया जानेवाला कोई अनुचित,अशोभन या उद्दंडतापूर्ण आचरण या व्यवहार। ३. ऐसा साहस जो उचित या उपयुक्त न हो अथवा जिसके फल-स्वरूप कोई हानि हो सकती हो।

डिपनी—स्त्री०[देश०] १. पत्ते, फल, फूल आदि का वह भाग जो गोल छेद या मुँह के आकार का होता है और जहाँ से वह टहनी या डाल के साथ जुड़ा रहता तथा तोड़कर अलग किया जाता है। २. उक्त छेद या मुँह का वह रूप जो वानस्पतिक रस के जमने से उभरी हुई घुंडी के आकार का हो जाता है। जैसे—आम, जामुन, या लीची की डिपनी। ३. स्तन का अग्र भाग।

डिपुनी†—स्त्री०=डिपनी।

डिबरी—स्त्री०[स० डिब्ब या हिं० ढपना] १ टीन, मिट्टी, शीशे आदि की वह कुप्पी जिसके मुँह पर चोंगी लगी रहती है।

विशेष—कुप्पी मे मिट्टी का तेल और चोंगी मे बत्ती डालकर यह प्रकाश करने के लिए जलाई जाती है।

२. बरतन बनाने के साँचे मे सबसे नीचे का वह भाग जिसकी सहायता से ऊपर के दोनों खंड कसे जाते हैं। ३ किसी चीज मे कसे हुए पेच को हिलने-डुलने से रोकने के लिए उसके मुँह पर लगाया जानेवाला चूड़ीदार छल्ला। ४. चमड़े या मूँज की वह चकती जो चरखे मे इस लिए लगाई जाती है कि तकला घिरने न पावे।

डिमका—सर्व०[हिं० अमका-अमुका, सं० अमुक का अनु०] [स्त्री० डिमकी] अमुक। फलाना।

पद—अमका डिमका=कोई अज्ञात, तुच्छ या सामान्य (पदार्थ या व्यक्ति)।

डिमराड़—वि०[हिं० डीमर] डीमर या धीवर जाति का।

पु० वे विशिष्ट प्रकार के गीत जो डीमर या धीवर जाति के लोग गाते है।

डिमरिया†—वि०[हिं० डीमर] डीमर या धीवर सबधी।

स्त्री० डीमर या धीवर जाति की स्त्री।

डिलडिला—वि०[हिं० ढीला] १. ढीला-ढाला। २. (रस या रसा) जो बहुत गाढ़ा न हो, बल्कि कुछ पतला हो।

डिलाई—स्त्री०[हिं० ढीला+आई (प्रत्यय०)]१. ढीले होने की अवस्था या भाव। ढील। २. नियंत्रण, रुकावट आदि में होनेवाली कमी या शिथिलता। ३. कार्य, प्रबंध आदि में होनेवाली शिथिलता। सुस्ती।

डिलाना—स०[हिं० ढीलना का प्रे०] किसी को कुछ ढीलने या ढीला करने मे प्रवृत्त करना।

डिल्ला—वि०[हिं० ढीला] जो ढिलाई या बहुत सुस्ती से काम करता हो। शिथिलतापूर्वक काम करनेवाला। मट्ठर। सुस्त।

डिल्ली—स्त्री०=दिल्ली (नगरी)।

डिल्ली वै—पुं०=दिल्लीपति। उदा०—डिल्ली वै स्वपनतं मात कहिय प्रगट विप्पायं।—बंदबरदाई।

डिसरना†—अ०[सं० ध्वंसन]१. फिसल पड़ना। २. सरककर कुछ आगे बढ़ना। ३. उन्मुख या प्रवृत्त होना। ४. फलों का कुछ-कुछ पकना।

डींगर†—पुं० [सं० डिंगर] १. लंबा-चौड़ा तथा मोटा ताजा आदमी। २. पत्नी की दृष्टि से उसका पति। ३. उपपति।

डींड़—पुं०=डींडा।

डींडस—पुं० [सं० टिंडिश] केंडसी। टिंडा।

डींडा†—पु० [सं० डुंडि-=लंबोदर, गणेश] १. बड़ा, भारी या निकला हुआ पेट।

मुहा०—डींडा फूलना=पेट में बच्चा होने पर (स्त्री का) पेट बढ़ना या निकलना।

२. गर्भ। हमल।

मुहा०—डींडा गिरना=गर्भपात होना।

डींमे*—क्रि० वि०=डिंग (पास)।

डींचा†—पु० [?] १ सफेद चील। २. कूबड़। (राज०)

डींट†—वि०=डीठ (धृष्ट)।

डीठ—वि० [सं० धृष्ट] [भाव० डिठाई] १. जो जल्दी किसी से डरता न हो और जो भय या संकट के समय भी अपने स्थान या हठ पर अड़ा रहता हो। जैसे—शहरी के बन्दर बहुत डीठ होते हैं। २. जो प्रायः ऐसे अवसरों पर भी संकोच न करता हो जहाँ बड़ों की मान-मर्यादा का ध्यान रखना आवश्यक हो। जैसे—स्त्रियों को इतना डीठ नहीं होना चाहिए। ३. जो जान-बूझ कर और हठ-वश ही बड़ों की आज्ञा पालन न करता हो या उनका निषेध न मानता हो। जैसे—यह लड़का दिन-पर-दिन बहुत डीठ होता जा रहा है। ४. ताहमी। हिम्मतवर।

डीठता—स्त्री० [हिं० डीठ+ता (प्रत्य०)] डीठ होने की अवस्था, गुण या भाव। ढिठाई। धृष्टता। (असिद्ध रूप)

डीठा†—वि०=डीठ।

डीठ्यौ*—स्त्री० [हिं० डीठ] धृष्टता। ढिठाई। उदा०—त्यौं त्यौं अति मीठी लगति ज्यों-ज्यों डीठ्यौ देह।—बिहारी।

डीम—पु० [देश०] १. पत्थर का बड़ा टुकड़ा। पत्थर या ढोका। २. मिट्टी आदि का बड़ा डला।

डीमड़ी*—पु० [देश०] कूँआ। (डिं०)

डीमर—पुं० [सं० धीवर] १. मल्लाह। २. कहारों की एक जाति।

डीमा—पुं०=डीम।

डील—स्त्री० [हिं० डीला] १. ढीले होने की अवस्था, गुण या भाव। तनाव का अभाव। २. नियंत्रण, रुकावट आदि में किसी के साथ की जानेवाली ढिलाई शिथिलता।

क्रि० प्र०—देना।

३. विलंब। देर।

वि०=ढीला।

स्त्री० [देश०] सिर के बालों में पड़नेवाला एक प्रसिद्ध छोटा कीड़ा। जूँ।

डीलना—स० [हिं० ढीला] १. किसी कसी हुई चीज को ढीला करना या छोड़ना। ऐसा काम करना जिससे कसाव या तनाव दूर होता हो। २. पकड़ी हुई रस्सी आदि इस प्रकार ढीली छोड़ना जिसमें वह बराबर आगे की ओर बढ़ती जाय। जैसे—पतंग की डोर ढीलना। ३. नियंत्रण, रुकावट आदि में शिथिलता करना। ४. बंधन मुक्त करना। छोड़ देना। ५. देर या विलंब करना। ६. किसी गाढ़े द्रव में पानी मिलाकर पतला करना। ७. किसी को किसी ओर ले जाना। (क्व०) जैसे—पूरब की तरफ बैल ढीलना।

डीला—वि० [सं० शिथिल; प्रा० सिढिल, ढिला] [स्त्री० ढीली, भाव० ढिलाई] १. बन्धन जिसमें आवश्यक या उचित कसाव न आने पाया हो। जैसे—ढीली गाँठ, ढीली मूँठ। २. पदार्थ जो कसकर बाँधा न गया हो। जैसे—ढीली धोती, ढीली पगड़ी। ३. जिसमें उचित कसाव-खिचाव या तनाव का अभाव हो। जैसे—ढीली चारपाई, ढीली रस्सी, ढीली लगाम।

मुहा०—(किसी को) ढील छोड़ना=आवश्यक अथवा उचित अंकुश नियंत्रण या दबाव न रखना और बहुत-कुछ स्वतंत्रता दे रखना। जैसे—तुमने लड़के को ढीला छोड़ रखा है; इसी लिए वह बिगड़ता जा रहा है।

४. जो अपने स्थान पर अच्छी तरह या ठीक जमा या बैठा न हो। जैसे—ढीला ढकना, ढीला पेंच। ५. जो नाप आदि के विचार से आवश्यकता से अधिक गहरा, चौड़ा या लंबा हो। जैसे—ढीला कुरता, ढीला जूता।

६. जिसमें उतना गाढ़ापन या पनता न हो जितनी होनी चाहिए। जैसे—ढीली चाशनी, ढीली दाल या तरकारी। ७. मंद। मद्धिम।

पद—**ढीली आँख**=धीमी परन्तु मधुर चितवन या दृष्टि।

८. अलसी। मठ्ठर। सुस्त। जैसे—ढीला नौकर। ९. जो अपने कर्त्तव्य-पालन, प्रयत्न, विचार, संकल्प आदि में यथेष्ट दृढ़ न रहता हो। जैसे—ढीला अफसर, ढीला मालिक। १०. जिसका आवेश, क्रोध या और कोई मनोविकार मन्द पड गया हो या पड़ने लगा हो। जैसे—बात-चीत या व्यवहार में किसी के साथ ढीला पड़ना।

क्रि० प्र०—पड़ना।

११. जिसमें काम का वेग या स्त्री-प्रसंग की शक्ति उचित या स्वाभाविक से बहुत कम हो।

ढीलापन—पुं० [हिं० ढीला+पन (प्रत्य०)] ढीले होने की अवस्था या भाव। ढिलाई। शिथिलता।

ढीह†—पुं० १.=ढूह (ऊँचा टीला)। २.=ढीह।

ढुंढ†—पुं० [हिं० ढूँढना] १. चाई। उचक्का। २. ठग। लुटेरा।

ढुंढन—पुं० [सं०√ढुंढ् (खोजना)+ल्युट्-अन] ढूँढने की क्रिया या भाव।

ढुंढपाणि*—पुं० [सं० ढंढपाणि] १.ढंढपाणि। भैरव। २.शिव का एक गण।

ढुंढा—स्त्री० [सं०] राक्षस हिरण्य कश्यप की एक बहन जो प्रह्लाद को जलाने के निमित्त उसे गोद में लेकर आग में बैठी थी। भगवान शिव का यह वर कि तुम आग में नहीं जलोगी', प्राप्त होने पर भी विष्णु भगवान की कृपा से यह जलकर भस्म हो गई थी।

ढुंढि—पुं० [सं०√ढुंढ्+इन्] गणेश का एक नाम। ढुंढिराज। ये ५६ विनायकों में से एक हैं।

ढुंढित—वि० [सं०√ढुंढ् (खोजना)+क्त] ढूँढा हुआ।

ढुंढिराज—पुं० [सं०] ढुंढि नामक गणेश।

ढुंढी—स्त्री० [देश०] बाँह

मुहा०—**ढुंढियाँ पहाना**=भुजकें बाँधना।

ढुंढी†—स्त्री०=डोंडी।

ढुकना—अ० [सं० ढुक्क; प्रा० ढुक्कइ] १. अन्दर प्रवेश करना; विशेषतः झुक या छिपकर अथवा सिर झुकाकर प्रवेश करना। २. किसी के पास या समीप पहुँचना। ३. टोह लेने के लिए आड़ मे छिपना। ४. किसी पर टूट पड़ना। धावा करना।

ढुकास†—स्त्री० [अनु० ढुक-ढुक] बहुत तृषित होने पर जल्दी-जल्दी बहुत सा जल पीने की प्रबल इच्छा। कडी या तेज प्यास।

क्रि० प्र०—लगना।

ढुक्का—पुं०=ढूका।

ढुच्च†—पुं० [अनु०] घूँसा। मुक्का।

ढुटौना†—पुं०=ढोटा (लड़का)।

ढुनमुनिया—स्त्री० [हिं० ढनमनाना] १. बराबर लुढ़कते हुए या बार-बार कलाबाजी खाते हुए आगे बढ़ने की क्रिया या भाव। २. स्त्रियो का घेरा बाँधकर नाचते हुए कजली गाना।

ढुर—अव्य०=धुर (ठिकाने तक)।

ढुरकना†—अ० [हिं० ढार] १. लुढ़कना। २. झुकना। ३. प्रवृत्त होना। ४. अनुकूल या प्रसन्न होना।

ढुरकी—स्त्री० [हिं० ढुरकना] ढुरकने की क्रिया या भाव।

स्त्री०=ढरकी (करघे की)।

ढुर-ढुर—वि० [?] १. साफ-सुथरा। २. चिकना।

ढुरन—स्त्री० [हिं० ढुरना] ढुरने की अवस्था, क्रिया या भाव।

ढुरना—अ० [हिं० ढार] १. नीचे की ओर प्रवृत्त होना। ढलना। २. किसी ओर अथवा किसी पर अनुरक्त या कृपालु होना। अनुकूल या प्रसन्न होना। ३. कभी इधर और कभी उधर गिरना, झुकना या लुढ़कना जैसे—किसी के सिर पर चँवर ढुरना। ४. ढुलकना। लुढ़कना। ५. ढलकना।

ढुरहरी—स्त्री० [हिं० ढुरना] १. बार-बार इधर-उधर, ढुरने या हिलने-डोलने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. नथ में लगी हुई सोने के गोल दानों, मोतियों आदि की पंक्ति जो प्रायः इधर-उधर लुढ़कती रहती है। ३. ढुर्री। पगडंडी।

ढुराना—स० [हिं० ढुरना का स०] १. ढुरने अर्थात् नीचे की ओर गिरने जाने आदि में प्रवृत्त करना। ढलकाना। २. बार बार इधर, उधर हिलने-डोलने में प्रवृत्त करना। जैसे—चँवर ढुराना। ३ लुढ़काना।

ढुरावना—स०=ढुराना।

ढुरुआ—पुं० [हिं० ढुरना] गोल मटर। केराव मटर।

ढुरुकना*—अ०=ढुलकना।

ढुर्री—स्त्री० [हिं० ढुरना] खेतो जंगलों, पहाड़ों आदि में का वह पतला रास्ता जो लोगों के चलते रहने या आने-जाने से आप से आप रेखा के रूप में बन जाता है। पगडडी।

ढुलकना—अ० [हिं० ढुरना या ढलना] १. द्रव पदार्थ का नीचे की ओर प्रवृत्त होना। २. बराबर ऊपर नीचे चक्कर खाते हुए नीचे गिरना। लुढ़कना। ३. किसी पर अनुरक्त या प्रसन्न होना। ४. दे० 'ढलना'।

ढुलकाना—स० [हिं० ढुलकना का स०] १. किसी चीज को ढुलकने में प्रवृत्त करना। २. लुढ़काना।

ढुलढुल—वि० [हिं० ढुलना=ढुलकना] जो बराबर लुढ़कता रहता हो।

ढुलना—अ० [हिं० ढोना का अ०] एक स्थान से उठाकर किसी भारी चीज या चीजों का दूसरे स्थान पर पहुँचाया, रखा या लाया जाना। ढोया जाना। जैसे—असबाब या माल का ढुलना।

†अ० १.=ढुलकना (सभी अर्थों में)। २. =डुलना (चँवर आदि का)।

ढुलमुल—वि० [हिं० ढुलना मे का ढुल+अनु० मुल] १ (पदार्थ) जो किसी स्थान पर स्थिर न रहने के कारण बराबर हिलता-डुलता रहे। २. (व्यक्ति) जो विचारों की दृढ़ता या निश्चय के अभाव मे किसी बात के दोनों पक्षो मे से कभी एक ओर और कभी दूसरी ओर प्रवृत्त होता हो। जिसमे किसी बात या विषय के सबध मे अंतिम निर्णय करने की समर्थता न हो। जैसे—ढुलमुल-यकीन=जल्दी हर बात पर अथवा कभी एक बात पर और कभी दूसरी बात पर विश्वास कर लेनेवाला।

ढुलवाई—स्त्री० [हिं० ढुलवाना] ढुलवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

ढुलवाना—स० [हिं० ढोना का प्रे०] किसी को कुछ ढोने मे प्रवृत्त करना। ढोने का काम किसी दूसरे से कराना।

ढुलाई—स्त्री० [हिं० ढोना या ढुलवाना] १ ढोने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २ दे० 'ढुलवाई'।

ढुलाना—स० [हिं० ढोना का प्रे०] कोई चीज ढोने का काम किसी से कराना। ढुलवाना। जैसे—असबाब ढुलाना।

†स० १. नीचे की ओर गिराना, बहाना या लाना। ढलकाना। २. किसी ओर अनुरक्त या प्रवृत्त कराना, अनुकूल या प्रसन्न कराना। ३ लुढकाना। ४. इधर-उधर चलाना-फिराना या लाना-ले जाना। ५. लेप आदि के रूप मे किसी चीज पर पोतना या लगाना। ६. डुलाना। (दे०)

ढुलुआ—पु० [देश०] खजूर की बनी हुई चीनी।

ढुवारा†—पु० [देश०] घुन (कीड़ा)।

ढूंकना—अ०=ढुकना।

ढूंका†—पु०=ढूका।

ढूंढ़—स्त्री० [हिं० ढूँढ़ना] ढूँढ़ने की क्रिया या भाव। खोज।

ढूंढ़ना—स० [सं० ढुढ] किसी छिपी या खोई हुई अथवा इधर-उधर पड़ी हुई या आँखों से ओझल वस्तु, व्यक्ति आदि का पता लगाने के लिए इधर-उधर देखना-भालना। जैसे—आलमारी मे से किताब ढूँढ़ना। (ख) किसी वकील का घर या डाक्टर की दूकान ढूँढ़ना।

ढूंढला—स्त्री० [सं० ढुढा] हिरण्य कश्यप की बहन ढुँढा।

ढूकड़ा†—अव्य० [सं० ढौक] पास। समीप। (राज०) उदा०—साल्ह महलहूँ ढूकड़ा ढाठी डेरउ लीध।—ढोला मारू।

ढूका—पु० [हिं० ढुकना] १. ढुकने या प्रविष्ट होने की क्रिया या भाव। २. किसी की बात सुनने या रंग-ढंग देखने के लिए आड मे छिप या लुककर बैठना।

मुहा०—**ढूका देना या लगाना**=छिप या लुककर किसी की बात-चीत सुनना या रंग-ढंग देखना। **(किसी के) ढूके लगाना**=ढूका लगाना। (देखें ऊपर)

ढूढ़िया—पु० [देश०] एक तरह के श्वेताम्बर जैन साधु जो मुँह पर पट्टी बाँधे रहते हैं।

ढूल*—पुं०=ढोल। उदा०—असप सारहली बाजइ ढूल।—नरपतिनाल्ह।

ढूलड़ी†—स्त्री० [?] गुड़िया। (डिं०) उदा०—राजकुँमारि ढूलड़ी रमांति।—प्रिथीराज।

डूसर—पुं० [देश०] वैश्यों का एक वर्ग जो आज-कल प्रायः 'भार्गव' नाम से प्रसिद्ध हो रहा है।

डूसा†—पुं० [अनु०] कुश्ती के समय नीचे गिरे या पट पड़े हुए पहलवान की गरदन पर कलाई और कोहनी के बीच की हड्डी से बार बार रगड़ते हुए किया जानेवाला आघात। रद्दा।

डूहा†—पुं० [सं० स्तूप] १. ढेर। अटाला। २. टीला। भीटा। ३. सीमा आदि का सूचक मिट्टी का छोटा, ऊँचा ढेर।

डूहा—पु०=डूह।

डेंक—स्त्री० [सं० डेक] लंबी गरदनवाला एक प्रकार का जलपक्षी।

डेंकली—स्त्री० [हिं० डेंक=लंबी गरदनवाली एक चिड़िया] १. चावल निकालने के लिए धान कूटने का एक प्रसिद्ध यंत्र जो लंबी मोटी लकड़ी का बना होता और जो बार बार पैर से दबाकर चलाया जाता है। डेंकी। मुहा०—(किसी की) डेंकली में डालना=ऐसी अवस्था में रखना जिसमें बहुत कष्ट या संकट हो।

२ सिंचाई आदि के लिए कूएँ से पानी निकालने का एक यंत्र जिसमें एक ढाँचे पर बड़े ऊँचे बाँस के सिरे पर पानी भरने के लिए कोई पात्र विशेषतः डोल बँधा रहता है। ३. कपड़े जोड़ने के लिए एक प्रकार की आड़ी सिलाई।

क्रि० प्र०—मारना।

४. अरक, असव आदि खींचने का बक-तुंड नामक यंत्र। ५. सिर नीचे करके सारे शरीर को उलटकर दूसरी ओर ले जाने की क्रिया। कलाबाजी। कलैया।

क्रि० प्र०—खाना।

डेंगा—पु० [हिं० डेंक=पक्षी] १ कोल्हू में का वह बाँस जो जाट के सिरे से कतरी तक लगा रहता है। २. दे० 'डेंकली'।

डेंकिया—स्त्री० [सं०] एक प्रकार का नृत्य।

डेंकिया—स्त्री० [हिं० डेंकी] सिलाई में, कपड़े काटने का एक ढंग या काट जिसके फलस्वरूप किसी कपड़े की लंबाई एक तिहाई घट जाती है और चौड़ाई एक तिहाई बढ़ जाती है।

डेंकी—स्त्री० [सं०] नृत्य का एक प्रकार।

स्त्री०=डेंकली।

डेंगुर—पुं० [स्त्री० डेंगुरी] दे० 'डेंकली'।

डेंगुला†—पु०=बड़ी डेंकली।

डेंगुली—स्त्री०=डेंकली।

डेंडी—स्त्री० [देश०] – धव का पेड़।

डेंड़†—पुं० [देश०] १. हिन्दुओं में एक जाति जिसकी गिनती अन्त्यजों में होती थी। २. कौआ।

वि० जिसे कुछ भी बुद्धि न हो। परम मूर्ख। जड़।

†पुं०=डोडा (वनस्पतियों का)।

डेंडर—पुं० [हिं० टेंटर] १. एक रोग जिसमें आँख के ढेले पर मांस निकल आता है। २. इस प्रकार आँख के ढेले पर उभरा या निकला हुआ मांस।

डेंडवा—पुं० [देश०] लंगूर।

डेंडा†—पुं० १.=डेंड़। २.=डेंडवा।

डेंढ़ी—स्त्री० [हिं० डेंढा] १ कपास पौंसे आदि की डोरी। २. काम में पहनने का एक गहना।

डेंप—स्त्री०=डेंपनी (डिपनी)।

डेंपनी—स्त्री०=डिपनी।

डेउआ†—पुं० [सं० डेव्युका] पैसा नाम का तांबे का सिक्का।

डेऊ†—पु० [देश०] पानी की तरंग। लहर।

डेक—स्त्री० =डेंक (जल-पक्षी)।

डेंगुला—पुं० =डेंकुला (बड़ी डेंकली)।

डेढ़—पुं०=डेंढ़।

डेढ़सि—स्त्री०=डेंढ़सी।

डेंपनी†—स्त्री०=डिपनी।

डेंढरी—स्त्री०=डिंढरी।

डेंढुआ—पु०=डेउआ (पैसा)।

डेंढुक—पुं०=डेउआ (पैसा)।

डेम मौज—स्त्री० [देश० डेऊ+फा० मौज] ऊँची या बड़ी लहर।

डेर—पुं० [हिं० धरना ?] [स्त्री० अल्प० डेरी] एक स्थान पर विशेषतः एक दूसरी पर रखी हुई बहुत सी वस्तुओं का ऊँचा समूह।

विशेष—ढेर सदा निर्जीव पदार्थों का होता है।

मुहा०—ढेर करना=किसी को मारकर इस प्रकार गिरा देना कि वह निर्जीव पदार्थ का ढेर या राशि जान पड़े अथवा हो जाय।

पद—ढेर-सा=गाल, मात्रा आदि में अधिक या बहुत। जैसे—ढेर-सा, कपड़ा।

डेरण†—पुं० [देश०] सूत या रस्सी बटने की फिरकी।

डेरा—†पुं० [देश०] १. सुतली बटने की फिरकी जो परस्पर काटनी हुई दो आड़ी लकड़ियों के बीच में एक चढ़ा डंडा जड़कर बनाई जाती है। २. लकड़ी का वह घेरा जो मोट के मुँह पर लगा होता है। ३. चकई नाम का खिलौना। ४. अंकोल वृक्ष।

†पुं०=डेला।

पु० [?] सिहोर नामक वृक्ष। उदा०—हैसि मकोई ढाँक औ डेरा।—नूर मुहम्मद।

डेरा डाँक—स्त्री० [देश०] एक तरह की मछली।

डेरी—स्त्री० [हिं० ढेर] छोटा ढेर। जैसे—आमों की डेरी।

डेल—पुं०=डेला।

डेलबाँस—स्त्री० [हिं० डेला+सं० पाश] एक प्रकार की जालीदार थैली जिसके एक सिरे पर लंबी रस्सी बंधी रहती है।

विशेष—थैली में बहुत से छोटे-मोटे कंकड़ पत्थर भरे जाते हैं और तब उस रस्सी से पकड़कर उसे चारों ओर आकाश में घुमाया जाता है जिससे कंकड़ पत्थर चुट-फुट इधर-उधर गिरकर आघात करते हैं।

डेला—पुं० [सं० दल; हिं० डला] १. किसी जमी हुई चीज का कड़ा और ठोस छोटा टुकड़ा जिसका आकार या रूप नियमित न हो और जो हाथ में उठाया जा सके। जैसे—मिट्टी या पत्थर का डेला, गुड़ या नमक का डेला। २. अवय में होनेवाला एक तरह का घान। उदा०—मधुकर डेलाजीरा सारी।—जायसी।

डेला चौथ—स्त्री० [हिं० डेला+चौथ] भादों सुदी चौथ जिस दिन चंद्रमा देख लेने पर उसके कलंकात्मक दोष से बचने के लिए आस-पास के मकानों पर डेले फेंके जाते और गालियाँ सुनी जाती हैं।

ढेबुका—स्त्री० [सं०] प्राचीन काल का एक सिक्का जो एक पैसे के मूल्य के बराबर होता था।

ढेंक†—पुं० [?] मेंढ़क।

ढेंकली—स्त्री०=ढेंकली।

ढैंचा—पुं० [देश०] १. चकवँड़ की तरह का एक पेड़ जिसकी छाल से रस्सियाँ बनाई जाती हैं। जयंती। २. सन या पटवे के डंठल जिससे प्रायः भीटा छाया जाता है।

†पुं०=ढौंचा (पहाड़ा)।

ढैया—स्त्री० [हिं० ढाई] १. ढाई सेर का बाट। २. ढाई सेर की तौल। ३. ढाई गुने का पहाड़ा। ढौंचा। ४. फलित ज्योतिष में, शनि का भोग-काल जो ढाई पहर, ढाई दिन, ढाई महीने, ढाई वर्ष आदि का होता है।

ढोंक—स्त्री०=ढोक (मछली)।

ढोंकना—स० [अनु०] कोई चीज अधिक मात्रा में और जल्दी जल्दी पीना। (व्यंग्य)

ढोंका—पुं० [देश०] १. किसी चीज का ठोस, कड़ा तथा बड़ा टुकड़ा। बड़ा ढेला। जैसे—पत्थर या मिट्टी का ढोंका। २. वह बाँस जो कोल्हू मे जाट के सिरे से लेकर कोल्हू तक बँधा रहता है। ३. दो ढोली अर्थात् ४०० पानों के मान की संज्ञा।

ढोंग—पुं० [हिं० ढंग] दूसरों की दया, सहानुभूति आदि प्राप्त करने के लिए खड़ा किया हुआ ढकोसला या रचा हुआ पाखंड।

ढोंगधतूर—पुं० [हिं० ढोंग+धूर्त] १. ऐसा व्यक्ति जो ढोंग रचकर अपना काम निकाल लेता हो। २. धूर्त्त विद्या।

ढोंग-बाज—वि०=ढोंगी।

ढोंग-बाजी—स्त्री० [हिं० ढोंग+फा० बाजी] झूठ-मूठ ढोंग रचने की क्रिया या भाव।

ढोंगी—वि० [हिं० ढोंग] ढोंग रचनेवाला झूठा आडंबर खड़ा करनेवाला। (व्यक्ति)

ढोंटा—पुं०=ढोटा।

ढोंढ़—पुं० [सं० तुंड] १. कपास, पोस्ते आदि की कली। २. कली।

ढोंढी—स्त्री० [हिं० ढोंढ़] १. नाभि। धुन्नी। २. कली। डोडी।

ढोक—स्त्री० [देश०] एक तरह की मछली जो १२ इंच लंबी होती है। ढेरी। ढोक।

ढोका—पुं०=ढोंका।

ढोटा—पुं० [हिं० ढोटी का पुं०] १ पुत्र। बेटा। २. बालक। लड़का।

ढोटी—स्त्री० [सं० दुहितृ] १ पुत्री। बेटी। २. बालिका। लड़की।

ढोटौना—पुं०=ढोटा।

ढोड़†—पुं० [देश०] ऊँट। (डिं०)

ढोना—स० [सं० वोढ=वहन करना, ले जाना; आद्यंत विपर्यय—ढोव] १. पीठ या सिर पर रखकर या हाथ मे लटकाकर कोई भारी चीज एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना। जैसे—मजदूरों का माल ढोना। २ पशु, यान गादि पर लादकर भारी चीजे एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना। जैसे—गधो पर ईंटें ढोना। ट्रक या बैलगाडी पर अनाज या माल ढोना। ३. कही से बहुत-सी संपत्ति आदि अनुचित रूप से उठाकर ले जाना। ४ विपत्ति, कष्ट आदि में निर्वाह करना।

ढोर—पुं० [हिं० ढुरना] गाय, बैल आदि पशु। चौपाया।

स्त्री० [हिं० ढुरना] १ ढुरने की क्रिया या भाव। २. अंगों आदि का कोमलतापूर्ण और मोहक संचालन। नजाकत की दशा। उदा०—कोमल चरन कौल नटवर ढोर मोर, पोर-पोर छोरै छवि कोटिन अनंग की। —भारतेन्दु।

ढोरना†—स० [हिं० ढारना] १. ढालना। ढरकाना। २. लुढ़काना। ३. हिलाना-डुलाना। ४. (अपने या किसी के) पीछे या साथ चलने मे प्रवृत्त करना। पीछे लगाना।

अ० १ जमीन पर लोटना या लुढ़कना। २. किसी का अनुयायी बनकर उसके पीछे या साथ चलना।

ढोरा—पुं०=ढोर।

ढोरी—स्त्री० [हिं० ढोरना] १ ढोरने का भाव। २ उत्कट अभिलाषा। ३. धुन। लगन। उदा०—ढोरी लाई सुनन की कहि गोरी मुसकात। —बिहारी।

ढोल—पुं० [सं० ढक्का√ला (लेना)+क, पृषो० सिद्धि, मि० फा० दुहुल] १ एक प्रकार का लंबोतरा बाजा जिसके दोनो ओर चमड़ा मढ़ा होता है।

मुहा०—(किसी बात का) ढोल पीटना या बजाना—कोई बात खुले आम सबसे कहते फिरना। २. कान की वह झिल्ली या परदा जिसपर वायु का आघात पड़ने से शब्द का ज्ञान होता है।

ढोलक—स्त्री० [सं० ढोल+कन्] एक तरह का छोटा ढोल। ढोलकी।

ढोलकिया—पुं० [हिं० ढोलक] ढोल बजानेवाला व्यक्ति।

ढोलकी—स्त्री०=ढोलक।

ढोल-ढमक्का—पुं० [हिं० ढोल+अनु० ढमक्का] १. ढोल और उसके साथ बजनेवाले कई तरह के बाजे। २. व्यर्थ का बहुत अधिक आडंबर।

ढोलन—पुं० [हिं० ढोला] १. दूल्हा। २ पति।

ढोलना—पुं० [हिं० ढोल] ढोलक के आकार का एक तरह का छोटा जंतर जिसे तागे में पिरोकर गले में पहना जाता है।

स० १.=ढालना। २=ढोरना या डोलाना।

ढोलनी—स्त्री० [सं० ढोलन] बच्चों का छोटा झूला। पालना।

ढोलवाई—स्त्री० दे० 'ढुलवाई'।

ढोला—पुं० [हिं० ढोल] १ सड़ी हुई वनस्पतियों, शरीरों आदि में पड़नेवाला एक तरह का सफेद छोटा कीड़ा। २ हद या सीमा का निशाना। ३. देह। शरीर।

†पुं० [सं० दुर्लभ, प्रा० दुल्लह] १. वर। दूल्हा। २. पति। ३. प्रियतम। ४ विवाह के समय गाये जानेवाले एक प्रकार के गीत। (पश्चिम) ५. कलवाहा वंश के राजा नल के पुत्र का नाम जिसका प्रेम माखणी पूगल के राजा पिंगल की कन्या मारू से हुआ था। इनकी प्रेम गाथा अति प्रसिद्ध है।

ढोलिनी—स्त्री० [हिं० ढोलिया का स्त्री० रूप] ढोल बजानेवाली।

ढोलिया—पुं० [हिं० ढोल] [स्त्री० ढोलिनी] ढोल बजानेवाला व्यक्ति।

ढोली—स्त्री० [हिं० ढोल] दो सौ पानों की गड्डी या थाक।

†स्त्री०=ठठोली।

ढोव—पुं० [हिं० ढोवना (ढोना)] १. ढोने की क्रिया या भाव। २. ढोकर ले जाई जानेवाली चीज। ३. प्राचीन काल में, वह भेंट जो राजा को

सरदार लोग मंगल अवसरों पर देते थे और जो मात्रा, मान आदि की अधिकता के कारण ढोकर ले जाई जाती थी।

डोबना†—स०=डोना।

डोबा—पुं०[हिं० डोना]१. डोंगे जाने की क्रिया या भाव। ढुलाई। २. माल ढोनेवाला व्यक्ति। ३. दूसरों का माल या संपत्ति अनुचित रूप से उठाकर ले जाना। लूट। †४.=डोंग।

डोबाई†—स्त्री०=ढुलाई।

डोहना*—स०१.=ढोना। २.=ढूँढना।

डोंगा—पुं० [सं० अर्द्ध प्रा० अड्ढ=हिं० चार] साढ़े चार का पहाड़ा।

डौंडना—अ०[हिं० डौंडा से अनु०,] आनंद ध्वनि करना।

डौंडम—पुं०[सं०√डौंड् (गमनादि)+ल्युट्—अन]१. मूसल। रिश्वत। २. उपहार। भेंट।

डौंडना—स०[देश०] तरल पदार्थ जल्दी-जल्दी और बहुत अधिक पीना। (अंग्य)

डौरना†—स०[हिं० डाल] इधर-उधर घुमाना। दुराना।

डौरा—वि० [सं० धवल] [स्त्री० डौरी] १. सफेद। २. साफ स्वच्छ।

डौरी*—स्त्री०[हिं०] घुन। लगन।
स्त्री०[हिं० डरना] डंग। तर्क।

ण

ण—देवनागरी वर्णमाला का पन्द्रहवाँ व्यंजन जो उच्चारण तथा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से मूर्द्धन्य, अनुनासिक, अल्पप्राण तथा सघोष व्यंजन है।
पु०[सं० √नह् (गति)+ड, पृषो० सिद्धि]१. आभूषण। गहना। २. ज्ञान। ३. निर्णय। फैसला। ४. वह स्थान जहाँ पीने का पानी रखा जाता हो। ५ दान। ६. शिव का एक नाम। ७ बुद्ध का एक नाम। ८. पिंगल में नगण का संक्षिप्त रूप।
वि० गुणों आदि से रहित या शून्य।

ण-गण—पुं०[मध्य०स०] छन्द शास्त्र मे, दो मात्राओ का एक मात्रिक गण। इसके ये दो रूप होते हैं—(क)श्री (ऽ) और(ख) हरि (।।)।

त

त—देवनागरी वर्णमाला का १६वाँ और तवर्ग का पहला व्यंजन जो उच्चारण तथा भाषाविज्ञान की दृष्टि से दंत्य, स्पर्शी, अल्पप्राण तथा अघोष होता है। छन्दशास्त्र में यह तगण का संक्षिप्त रूप माना जाता है और कविता में यह 'तो' का अर्थ देता है। उदा०—साहित मौन रहब दिन राती।—तुलसी।
पुं०[सं० √तक् (हँसना)+ड]१. पुष्प। २. रत्न। ३. अमृत। ४. एक बुद्ध का नाम। ५. स्तन। ६. गोद। ७. गर्भाशय। ८. नाव। ९. योद्धा। १०. बर्बर ११. शठ। १२. म्लेच्छ। १३. चोर। १४. झूठ। १५. दुम। पूँछ।
*कि० वि०=तो।

तई—अव्य०=तईं।

तंक—पुं० [सं० √तंक् (कष्ट से जीना)+अच्] १. दुःखी जीवन। २. प्रिय के वियोग से होनेवाला कष्ट या दुःख। ३. डर। भय। ४. पत्थर की टाँकी। ५. पहनने के कपड़े।

तंकन—पुं०[सं०√तंक्+ल्युट्—अन] कष्टमय जीवन व्यतीत करना।

तंकारी—स्त्री०=टँगारी (कुल्हाड़ी)।

तंग—वि०[फा०]१. जिसमें आवश्यक या उचित चौड़ाई या विस्तार का अभाव या कमी हो। सँकरा। संकीर्ण। जैसे—तंग कमरा, तंग गली। २. (पहनने की चीज) जिसमें कष्टदायक कसावट या संकीर्णता हो। आवश्यकता से अधिक कसा हुआ और कुछ छोटा जैसे—तंग कुरता, तंग जूता। ३. (व्यक्ति) जो किसी बात से बहुत चिन्तित और दुःखी या पीड़ित हो रहा हो। परेशान। हैरान। जैसे—(क) लड़का सब को बहुत तंग करता है। (ख) महीनों से उसे बुखार ने तंग कर रखा है। ४. (काम या बात) जिसमें आवश्यक या उचित विस्तार के लिए यथेष्ट अवकाश न हो। जैसे—आज-कल उनका हाथ बहुत तंग है, अर्थात् उनके हाथ में काम चलाने योग्य धन नहीं है। ५. (मन या हृदय) जिसमें उदारता, सहृदयता आदि का अभाव हो। जैसे—वह बहुत तंग दिल का आदमी है; उससे सहायता की कोई आशा नहीं रखनी चाहिए।
पुं०वह तस्मा जिससे घोड़ों की पीठपर जीन या साज कसकर (उसके पेट के नीचे से) बाँधा जाता है।
पुं०[?] १. टाट का बोरा। २. धन-संपत्ति। ३. ज्ञान। उदा० —आवत जात दोऊ विधि लूटें सर्व तंगहरि लीन्हो हो।—कबीर।

तंगदस्त—वि०[फा०] [भाव० तंग-दस्ती]१. कृपण। २. धनहीन। ३. जिसके हाथ में अपनी आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए यथेष्ट धन न हो।

तंगदस्ती—स्त्री० [फा०] १. कृपणता। कंजूसी। २. आर्थिक कष्ट या संकट।

तंगहाल—वि०[फा०+अ०][भाव० तंग-हाली]१. कष्ट विपत्ति या या संकट में पड़ा हुआ। २. आर्थिक कष्ट या संकट में पड़ा हुआ। ३. रोग-ग्रस्त। बीमार।

तंगहाली—स्त्री०[फा०+अ०]तंगहाल होने की अवस्था या भाव।

तंगा—पुं०[?]१. एक प्रकार का पेड़। २. तांबे का एक छोटा सिक्का जो प्रायः दो पैसे मूल्य का होता था। टका।

तँगिया—स्त्री०[फा० तंग]१. छोटा तग या तस्मा। २. पहनने के कपड़ों में लगाई जानेवाली तनी। बन्द। जैसे—अँगिया या मिरजई की तँगिया।

तंगी—स्त्री०[फा०]१. तंग होने की अवस्था या भाव। संकीर्णता। २. विपत्ति या संकट में पड़कर चिंतित और दुःखी होने की अवस्था या भाव। ३. आर्थिक संकट। धन आदि का अभाव। ४. ऐसी अवस्था जिसमें किसी चीज की पूर्ति की अपेक्षा माँग अधिक होने के कारण उसका यथेष्ट मात्रा में उपलब्ध होना संभव न हो। जैसे—शहर में बच्चों से पानी की तंगी है।

तंचेब—स्त्री० [फा०] एक प्रकार की बढ़िया महीन मलमल।

तंड—पुं० [सं०√तड् (मारण)+अच्] एक प्राचीन ऋषि का नाम। पुं०[सं० ताडव] नाच। नृत्य।

तंडक—पु०[सं०√तंड्(नृत्य)+ण्वुल्—अक]१. खंजन पक्षी। २. फेन। ३. वृक्ष का तना या धड़। ४. साहित्य में, ऐसी पदावली जिसमें समासों की अधिकता हो। ५. बहुरूपिया।

तंडव—पुं०=ताँडव।

तंडा—स्त्री०[सं०√तंड्+अच्—टाप्] वध। हत्या।

तंडि—पुं०[सं०√तंड्+इन् (बा०)] एक वैदिक ऋषि।

तंडु—पु०[सं० √तंड्+उन्]महादेव जी के नदिकेश्वर।

तंडुरक्ष—पुं०[सं०]१. चावल का पानी। २ कीडा-मकोड़ा।

तंडुरीण—पुं०[सं० तडा+उरच्+ल—ईन]१. चावल की धोवन। २ छोटे-मोटे कीड़े या फतिंगे। ३. बर्बर व्यक्ति। ४. वज्र मूर्ख।

तंडुल—पु० [सं०√तड्+उलच्] १. चावल। २. बायविडंग। ३ चौलाई का साग। ४. हीरे की एक पुरानी तौल जो सरसों के बराबर होती थी।

तंडुल-जल—पुं०[मध्य०स०] वह पानी जिसमें चावल भिगोया अथवा पकाया गया हो। वैद्यक में यह बल-वर्द्धक तथा सहज में पचनेवाला माना जाता है।

तंडुलांबु—पु० [स० तंडुल-अंबु, मध्य०स०]१. तंडुल-जल। २. पके हुए चावल की माँड। पीच।

तंडुला—स्त्री०[सं०√तड्+उलच्—टाप्]१. बायविडंग। २. कंकही या कंघी नाम का पौधा।

तंडुलिया—स्त्री०[सं० तंडुली] चौलाई (साग)।

तंडुली—स्त्री० [स० तंडुल+ङीष्] १. एक प्रकार की कंकड़ी। २. चौलाई का साग। ३. यव-तिक्ता लता।

तंडुलीक—पुं०[सं० तंडुली√कै (प्रतीत होना)+क] चौलाई का साग।

तंडुलीय—पुं०[सं० तंडुल+छ—ईय]चौलाई का साग।
वि० तंडुल-संबंधी।

तंडुलीयक—पु० [सं० तण्डुलीय + क(स्वार्थ)] १. बायविडंग। २. चौलाई का साग।

तंडुलीयिका—स्त्री०[सं० तंडुलीय+कन्—टाप्, इत्व]बायविडंग।

तंडुलु—पु०[सं०=तंडुल, पृषो० उत्व] बायविडंग।

तंडुलेर (रक)—पुं० [स० तंडुल+ढ—एय] चौलाई का साग।

तंडुलोत्थ—पु०[सं० तंडुल-उद्√स्था (ठहरना)+क]=तंडुल-जल।

तंडुलोदक—पु०[सं० तंडुल-उदक, प०त०]=तंडुल-जल।

तंडुलीय—पु०[स० तंडुल-आंच, प०त०] एक प्रकार का बाँस।

तंत†—पु०[स० ततु] १. तंतु। तांत। २. निरन्तर चलता रहनेवाला क्रम। ३. सूत्र। ४ किसी बात के लिए मन में होनेवाली ऐसी जता-वली जो लगन या लौ की सूचक हो। ५. प्रबल इच्छा या कामना।
६. अधीनता। वश।
क्रि० प्र०—लगना।
७. दे० 'तंतु'।
पु०[स० तत्र]१. ऐसा बाजा जिसमे बजाने के लिए तार लगे होते हैं। जैसे—बीन, सितार आदि। २. क्रिया। ३ तंत्र-शास्त्र। ४. किसी के अधीन या वशवर्ती होना।
वि० जो तौल में ठीक या बराबर हो।
†पु० =तत्त्व।

तंत-मंत—पु०=तंत्र-मंत्र।

तंतरी*—पु०, वि० तंत्री।

तंति—स्त्री०[सं० √तन् (विस्तार)+क्तिच्]१ डोरी, तांत अथवा इसी तरह की कोई और वस्तु। २. कतार। पंक्ति। ३. विस्तार। ४. गाय। गौ। ५ बुनकर। जुलाहा।

तंतिपाल—पु०[सं० तंति√पाल् (पालन)+णिच्+अण्] १. सहदेव का वह नाम जिससे वह अज्ञातवास के समय विराट के यहाँ प्रसिद्ध थे। २ गौओं का पालन और रक्षा करनेवाला व्यक्ति।

तंतिसर†—पु०[स० तन्त्री स्वर] ऐसे बाजे, जिसमें बजाने के लिए तार लगे हों। जैसे—सारंगी, सितार आदि।

तंतु—पु०[स०√तन्(विस्तार)+तुन्]१ ऊन, रेशम, सूत आदि का बटा हुआ डोरा। तागा। २ सूत की तरह के वे पतले, लंबे रेशे जिनके योग से प्राणियों, वनस्पतियों आदि के भिन्न-भिन्न अंग बने होते हैं। ३. धातु का वह विशिष्ट प्रकार का बहुत ही महीन तार जो बिजली के लट्टुओं, निर्वात नलियों आदि में लगा रहता है और जो विद्युत्धारा से तपकर चमकने और प्रकाश देने लगता है। **(फिलामेण्ट)** ४. पौधों का वह पतला अंग जो आस-पास की टहनियों आदि से लग-कर चक्कर खाता हुआ उनका आश्रय लेता है। ५. मकड़ी का छाता।
पद—तंतु कीट। (दे०)
६. चमड़े की बटी हुई डोरी। तांत। ७. अष्ट-पाद जाति की मछली जो बहुत ही घातक और हिंसक होती है। ८. फैलाव। विस्तार। ९ बाल-बच्चे। औलाद। संतान। १०. किसी प्रकार की परम्परा। निरंतर चलनेवाला क्रम। जैसे—वंश या यज्ञ का तंतु।
*पु० =तत्र।

तंतुक—पु० [स० तंतु√कै (प्रतीत होना)+क] १. सरसों। २. रस्सी।

तंतुका—स्त्री०[स० तंतुक+टाप्]नाड़ी।

तंतुकाष्ठ—पु०[मध्य०स०] जुलाहों की एक प्रकार की लकड़ी या कुंदा जिससे ताना साफ किया जाता है। तुली।

तंतुकी—स्त्री०[सं० तंतुक+ङीप्] नाड़ी।

तंतुकीट—पु०[मध्य०स०]१. मकड़ी। २. रेशम का कीड़ा।

तंतु-जाल—पुं०[प०त०] शरीर के अन्दर जाल के रूप में फैली हुई नसें। (वैद्यक)।

तंतुज, तंतुन—पु०[सं०√तन्+तुनन्] 'मगर' नामक जल-जंतु।

तंतु-नाभ—पुं० [उपमि०स०] मगर नामक जल-जंतु।

तंतु-नाभ—पुं० [ब०स०, अच्] मकड़ा।

तंतु-निर्यास—पुं० [ब० स०] ताड़ का वृक्ष।

तंतु-पर्व (र्वन्)—पुं० [ब०स०] तागा अर्थात् राखी बाँधने का पर्व। रक्षा-बंधन।

तंतुभ—पुं० [सं० तंतु√भा (प्रकाशित होना)+क]१. सरसों। २. गौ का बच्चा। बछड़ा।

तंतुमत्—पु०=तंतुमान्।

तंतुमान् (मत्)—पुं० [सं० तंतु + मतुप्] अग्नि। आग।

तंतुर—पुं० [सं० तंतु+र] कमल की जड़। भसीड़। मृणाल।

तंतुल—पुं० [सं० तंतु√लच्] मृणाल। कमलनाल।

तंतुवाद्यक—पु० [सं० ष०त०] वह व्यक्ति जो तारवाले बाजे (जैसे—सारंगी, सितार आदि) बजाता हो।

तंतुवाय—पुं० [सं० तंतु√वप् (बुनना) +अण] दे० 'तंतुवाय'।

तंतुवाय—पु० [सं०तंतु√वेञ् (बुनना) +अण्] १. कपड़े बुननेवाला। जुलाहा। तांती। बुनकर। २. मकड़ी।

तंतुविग्रह—स्त्री० [ब०स०] केले का पेड़।

तंतु-शाला—स्त्री० [मध्य०स०] १. वह स्थान जहाँ तंतु बनाये जाते हों। २. वह स्थान जहाँ कपड़े बुने जाते हों।

तंतु-सार—पुं० [ब०स०] सुपारी का पेड़।

तंत्र—पुं० [सं०√तन् (विस्तार)+ष्ट्रन]१. डोरा या सूत। तंतु। २. चमड़े की डोरी। तांत। ३. जुलाहा। ४. कपड़े बुनने की सामग्री। ५. कपड़ा। वस्त्र। ६. काम। कार्य। ७. प्रबंध। व्यवस्था। ८. कारण। वजह। ९. उपाय। युक्ति। १०. दल। समूह। ११. आनन्द। प्रसन्नता। १२. घर। मकान। १३. धन-सम्पत्ति। १४. कोटि। वर्ग। श्रेणी। १५. उद्देश्य। १६. कुल। वंश। १७. कसम। शपथ। १८. कायदा। नियम। १९. सजावट। २०. औषध। दवा। २१. प्रमाण। सबूत। २२. अधिकार। स्वत्व। २३. अधीनता। परवशता। २४. निश्चित सिद्धान्त। २५. वह पद जिस पर रहकर किसी कर्तव्य का पालन किया जाता है। २६. ऐसा प्रबन्ध या व्यवस्था जिसके अनुसार घर-गृहस्थी, राज्य, समाज आदि का नियंत्रण और संचालन किया जाता है। २७. राज्य और उसके अन्तर्गत काम करनेवाले सभी राजकीय कर्मचारी। २८. व्यवस्था,शासन आदि करने की कोई निश्चित या विशिष्ट प्रणाली या रीति। जैसे—हिन्दू राज-तंत्र, पाश्चात्य समाज-तंत्र। ३०. हिन्दुओं का प्रसिद्ध शास्त्र जो शिव-प्रोक्त कहा जाता है और जिसमें शिव तथा शक्ति की उपासना, पूजन आदि के द्वारा कुछ प्रकार की सिद्धियों और मंत्रों से अनेक प्रकार के लौकिक तथा पारलौकिक उद्देश्य सिद्ध करने के विधान हैं।

विशेष—इस शास्त्र का मुख्य सिद्धान्त यह है कि कलियुग में वैदिक मंत्रों, यज्ञों आदि का नहीं, बल्कि तांत्रिक उपासना, विधि और यंत्र-मंत्रों का ही अनुष्ठान होना चाहिए। सब प्रकार के अभिचार, झाड़-फूँक पुरश्चरण, चौकी चक्र-पूजन, उच्चाटन, मारण, मोहन आदि षट्कर्म इसी तंत्रशास्त्र के अन्तर्गत आते हैं। यह मुख्यतः बौद्धों का ज्ञान शास्त्र है और इसके मंत्र प्रायः एकाक्षरी और अर्थहीन होते हैं। बौद्धों ने हिन्दुओं से ये यह शास्त्र लेकर चीन तथा तिब्बत में इसका विशेष प्रचार तथा विकास किया था। आधुनिक विद्वान् इसे ३ई हजार वर्षों से अधिक पुराना नहीं मानते।

तंत्रक—पु०[सं० तंत्र+कन्] नया कपड़ा।

तंत्रकार—पुं०[सं०] बाजा बजानेवाला।

तंत्रय—पु०[सं०√तंत्र् (शासन करना)+ल्युट्—अन] १. किसी को अपने तंत्र या शासन में रखना। २. तंत्र के अनुसार चलना या चलाना।

तंत्रता—स्त्री०[सं०तंत्र+तल्—टाप्] १. किसी तंत्र के अनसार होने-होनेवाली व्यवस्था। २. ऐसी योग्यता या स्थिति जिसमें एक काम करने पर उसके साथ और भी कई काम आपसे आप हो जाँय।

तंत्रधारक—पु० [ष० त०] यज्ञ आदि कार्यों में वह व्यक्ति जो कर्म-कांड की पुस्तक लेकर याज्ञिक आदि के साथ बैठता हो।

तंत्र-मंत्र—पुं० [द्व० स०] तंत्र शास्त्र के विधानों के अनुसार किये जाने वाले अभिचार, पुरश्चरण आदि कृत्य।

तंत्र-युक्ति—स्त्री० [ष० त०] सुश्रुत संहिता के अनुसार वह युक्ति जिसके द्वारा किसी वाक्य का आशय समझा जाय। ये २८ प्रकार की कही गई हैं।

तंत्रवाय—पुं० [सं० तंत्र √वप् (बुनना) +अण्] १. तंतुवाय। तांती। २. मकड़ी।

तंत्रवाय—पुं० [सं० तंत्र√वेञ् (बुनना)+अण्] १. तंतुवाय। तांती। जुलाहा। २. मकड़ी। ३. तांत।

तंत्रवाहिका—स्त्री० [सं० ष० त०] वह संस्था जो तंत्र अर्थात् शासन करती हो।

तंत्रशास्त्र—पुं० [सं०] ज्योतिष शास्त्र का वह अंग जिसमें गणित के द्वारा ग्रहों की गति आदि का निरूपण होता है। गणित ज्योतिष।

तंत्रसंस्थिति—स्त्री० [ष० स०] राज्य के शासन की प्रणाली।

तंत्र-होम—पुं० [तृ० त०] तंत्र शास्त्र के अनुसार होनेवाला होम।

तंत्रा—स्त्री० [सं०√तंत्र्+अ+टाप्] तंद्रा।

तंत्रावी (विन्)—पुं० [सं० तंत्र√इ (गति)+णिनि] सूर्य।

तंत्रि—स्त्री० [सं० √तंत्र्+इ] १. तंत्री। २. तंद्रा।

तंत्रिका—स्त्री० [सं० तंत्री+कन्—टाप्, ह्रस्व] १. गूदूची। गुरुच। २. तांत।

तंत्रिपाल—पुं० [सं० तन्त्रि√पाल्+घिच्+अण्] तंतिपाल। (दे०)

तंत्रि-पालक—पुं० [सं० ष० त०] जयद्रथ का एक नाम।

तंत्री—पुं० [सं० तंत्र+ङीष्] १. वह जो बाजों आदि की सहायता से गाने-बजाने का काम करता हो। २. गवैया। संगीतज्ञ। ३. सैनिक।

वि० १. तंत्र-सम्बन्धी। २. जिसमें पतार लगे हों। ३. तंत्र-शास्त्र का अनुयायी। ४. जो किसी तंत्र के अधीन हो। ५. परवश। पराधीन।

स्त्री० [सं०√तन्+ई] १. वीन, सितार आदि बाजों में लगा हुआ तार। २. ऐसे बाजे जिनमें बजाने के लिए तार लगे हों। ३. तांत। ४. डोरी। रस्सी। ५. शरीर के अन्दर की नस। ६. वीणा। बीन। ७. एक प्राचीन नदी का नाम। ८. गूदूची। गुरुच।

तंत्री-मुख—पुं० [ब० व०] तंत्र में हाथ की एक मुद्रा।

तंदरा—स्त्री० =तंद्रा।

तंदान—पुं० [पश्तो] क्वेटा (पाकिस्तान) के आस-पास के प्रदेशों मे होनेवाला एक तरह का अंगूर।

तंदिही—स्त्री० =तंदेही।

तंदुआ—पुं०[देश०] ऊसर जमीन में होनेवाली एक तरह की घास।

तंदुरुस्त—वि० [फा०] १. जो शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ हो। नीरोग। २. जिसका स्वास्थ्य अच्छा हो।

तंदुरुस्ती—स्त्री० [फा०] १. तंदुरुस्त या स्वस्थ होने की अवस्था या भाव। २. शारीरिक स्थिति। स्वास्थ्य।

तंदुल—पुं० =तंडुल।

तंदुलीयक—पुं० [सं० तण्डुलीयक] चौलाई का साग।

तंदूर—पुं० [फा० तनूर] मिट्टी में घास, मूँज आदि मिलाकर बनाई हुई रोटियाँ पकाने की एक प्रकार की भट्ठी जिसकी ऊँची गोलाकार दीवार के भीतरी भाग में आटे की लोई को हाथ से चिपटाकर के चिपकाया जाता है।

तंदूरी—पु० [हि० तंदूर] छोटा तंदूर।
वि० १. तंदूर-संबंधी। २. तंदूर मे पका हुआ। जैसे—तंदूरी रोटी।
पु० [देश०] एक तरह का बढ़िया रेशम जिसका रंग पीला होता है।

तंदेही—स्त्री० [फा० तनदिही] १. कोई काम करने के लिए खूब मन लगाकर किया जानेवाला परिश्रम या प्रयत्न। २ ताकीद। ३ तल्लीनता।

तंद्रवाय, तंद्रवाय—पु० [सं० तन्त्रवाप, तन्त्रवाय, पृषो० सिद्धि] तंतुवाय। बुनकर।

तंद्रा—स्त्री० [सं० √तन्द् (अवसाद)+अ–टाप्] १. हलकी नींद। २. दुर्बलता, रोग, विष आदि के प्रभाव के कारण होनेवाली वह स्थिति जिसमें मनुष्य या पशु-पक्षी को हलकी नींद-सी आ जाती है और वह प्रायः निश्चेतन अवस्था में कुछ समय तक पड़ा रहता है।

तंद्रालु—वि० [सं०] १. जो तंद्रा मे पड़ा हुआ हो। २. =तंद्रालु।

तंद्रालस—पुं० [सं० तंद्रा-आलस्य] वह आलस्य या शिथिलता जो तंद्रा के फलस्वरूप होती है। उदा०—निस्तब्ध मौन या अखिल लोक तंद्रालस का वह विजन प्रान्त।—प्रसाद।

तंद्रालु—वि० [सं० तत्√द्रा (निन्दित गति)+आलुच्] जिसे तंद्रा आ रही हो।

तंद्रि—स्त्री० [सं० √तंद्+क्रिन] =तंद्रा।

तंद्रिक—वि० [स० तंद्रा+ठन्–इक] १. तंद्रा-संबंधी। २. (रोग) जिसमें तंद्रा भी आती हो।
पुं०=तंद्रिक ज्वर।

तंद्रिक-ज्वर—पुं० [कर्म० स०] एक तरह का संक्रामक ज्वर जिसमे रोगी प्रायः तंद्रा की अवस्था में पड़ा रहता है। (टाइफस)

तंद्रिक-सन्निपात—पुं० [कर्म० स०] वैद्यक में, एक तरह का सन्निपात जिसमें ज्वर बहुत तेजी से बढ़ता है, दम फूलने लगता, दस्त आने लगते हैं, प्यास अधिक लगने लगती है तथा जीभ काली पड़ जाती है। इसकी अवधि साधारणतः २५ दिनों की कही गई है।

तंद्रिका—स्त्री० [सं० तंद्रि+कन्–टाप्] तंद्रा।

तंद्रिता—स्त्री० [सं० तंद्रिन्+तल्–टाप्] तंद्रा में पड़े हुए होने की अवस्था या भाव।

तंद्रिल—वि० [स० तंद्रा+इलच्] १. तंद्रा-संबंधी। २. तंद्रालु।

तंद्री—स्त्री० [स० तंद्रि+ङीप्] १ तंद्रा। २.भृकुटी। भौंह।
वि० [तंद्रा+इनि] १. थका हुआ। शिथिल। २. मट्ठर। सुस्त।

तंबा—स्त्री० [स०√तम्ब् (जाना)+अच्-टाप] गौ। गाय।
पु० [फा० तबान] [स्त्री० अल्पा० तंबी] ढीली मोहरीवाला एक तरह का पाजामा।

तंबाकू—पु० =तमाकू।

तंबिया—वि० [हि० तांबा+इया (प्रत्य०)] तांबे का बना हुआ।
पु० १. तांबे या पीतल का बना हुआ तरकारी आदि बनाने का चौड़े मुँहवाला एक तरह का पात्र। ताबिया। २. तसला।

तँबियाना—अ० [हि० तांबा] १ किसी पदार्थ का तांबे के रंग का हो जाना। पीला पड़ना। जैसे—आँखें तांबियाना। २. खाद्य पदार्थ का कुछ समय तक तांबे के बरतन मे रखे रहने पर तांबे की गंध और स्वाद से युक्त होना। जैसे—तरकारी या दही तांबियाना।

तंबीर—पु० [स०√तंत्र् (जाना)+ईरन् (बा०)] ज्योतिष का एक योग।

तंबीह—स्त्री० [अ०] १. किसी की भलाई के लिए अथवा भविष्य मे होनेवाले किसी अपकार या अहित से सावधान रहने के लिए उसे कही जानेवाली बात या दी जानेवाली सूचना। २ दंड। सजा।

तंबू—पु० [हि० तानना] १ मोटे कपड़े, टाट आदि को बाँसों, खूँटों, रस्सियों आदि की सहायता से तानकर बनाया हुआ अस्थायी आश्रय स्थान। खेमा।
क्रि० प्र०—खड़ा करना।—तानना।
२. एक तरह की मछली।

तंबूर—पु० [फा०] एक तरह का छोटा ढोल।
पु० =तंबूरा।

तंबूरची—पु० [फा० तंबूर+ची (प्रत्य०)] वह व्यक्ति जो तंबूरा बजाता हो।

तंबूरा—पु० [हि० तानपूरा] सितार की तरह का तीन तारोंवाला एक बाजा जो स्वर मे सहायता देने के लिए बजाया जाता है। तानपूरा।

तंबूरातोप—स्त्री० [हि० तंबूरा+तोप] एक तरह की तंबूरे के आकार की बड़ी तोप।

तंबूल—पु० = तांबूल।

तंबेरण—पु० [?] हाथी। (डिं०)

तंबोरा—पु० १. दे० 'नैनोली'। २. दे० 'तंबूरा'।

तंबोल—पु० [स० ताम्बूल] पान। उदा०—मुख तंबोल रँग वारहिं रसा।—जायसी।
†पु० = तमोल।

तंबोलिन—स्त्री० 'तंबोली' का स्त्री० रूप।

तँबोलिया =स्त्री० [सं० नबूल+हि० इया (प्रत्य०)] एक तरह की पान के आकार की मछली।
पु० = तंबोली।

तंबोली—पुं० [हिं० तंबोल +ई (प्रत्य०)] वह जो पान लगाकर बेचता हो। पान का व्यवसाय करनेवाला व्यक्ति। तमोली।

तंभ—पुं० =स्तंभ।

तंभन—पुं० =स्तंभन।

तंभाचली—स्त्री० [सं०] रात के दूसरे पहर में गाई जानेवाली संपूर्ण जाति की एक रागिनी।

तंबीर—पुं० [सं० तांबूल] पान।

तंबीर—पुं० =तंबोर (पान)।

तँबार—स्त्री० [हिं० ताव] १. थकावट, रोग आदि के कारण सिर में आनेवाला चक्कर। घुमटा। २. ज्वरांश। हरारत।

तँबयरी—स्त्री० =तँबार।

तअज्जुब—पु० [अ०] किसी अनोखी, अप्रत्याशित या विलक्षण घटना, बात, व्यवहार आदि का मूल या रहस्यपूर्ण कारण समझ में न आने पर उत्पन्न होनेवाला मनोविकार। आश्चर्य।

तअम्मुल—पुं० [अ०] १. सोच-विचार। २. सोच-विचार के कारण किसी काम में लगनेवाली देर। विलम्ब। ३. धैर्य। सब्र।

तअल्लुक—पुं० [अ०] लगाव। संबंध।

तअल्लुका—पु० [अ०] वह बहुत से गाँव जो किसी एक जमींदार के अधिकार में होते थे।

पद—अतअल्लुकेदार।

तअल्लुकेदार—पु० [अ० तअल्लुक:+फा० दार] वह जो किसी बड़े तअल्लुके या इलाके का अधिकारी या स्वामी हो।

तअल्लुकेदारी—स्त्री० [अ० तअल्लुक:+फा० दारी] १. तअल्लुकेदार होने की अवस्था या भाव। २. वह सारी भूमि या क्षेत्र जो किसी तअल्लुकेदार के अधिकार में हो।

तअस्सुब—पु० [अ०] [वि० तअस्सुबी] वह असहनशील और पक्षपातपूर्ण मनोवृत्ति जो पराई जातियों, धर्मों, व्यक्तियों अथवा उनके आचार, विचारों आदि के साथ उचित और न्यायपूर्ण व्यवहार नहीं करने देती और जिसके फलस्वरूप मनुष्य उन्हें उपेक्षा, घृणा, भय, संदेह आदि की दृष्टि से देखता है।

तई—सर्व०=तैं (तू)।

तइनात—वि० =तैनात।

तइसा—वि० =तैसा।

तईं—अव्य० [सं० तत्] १. एक अव्यय जिसका प्रयोग व्यक्तियों के सम्बन्ध में 'को' 'प्रति' या 'सम्बन्ध में' के अर्थ में होता है। जैसे—आपके तईं=आपको या आपके प्रति अथवा सम्बन्ध में। अपने तईं=अपने प्रति या अपने सम्बन्ध में। २. लिए। वास्ते।

तई—स्त्री० [हिं० तवा या तया का स्त्री०] थाली के आकार की एक प्रकार की छिछली कड़ाही जिसमें प्रायः जलेबी और माल-पुआ बनाया जाता है।

अव्य० [सं० तदा] उस समय। तब। (राज०) उदा०—कहीं तई करुणा मैं केसव।—प्रिथीराज।

तउ*—अव्य० [सं० ततः] १. उस समय। तब। २. उस प्रकार।

त्यों। ३. से। प्रति। उदा०—तुम्ह उह भरत मोर मत एहू।—तुलसी। ४. तो।

तऊ†—अव्य० [हिं० तब+ऊ (प्रत्य०)] तिस पर भी। तो भी। तथापि।

तक—अव्य० [सं० अंत+क] संज्ञाओं अथवा संज्ञाओं के समान प्रयुक्त होनेवाले शब्दों के साथ लगकर अवधि, सीमा आदि का अन्तिम या अधिकतम छोर सूचित करनेवाला एक संबंध सूचक अव्यय। जैसे—(क) आखिर आप कहाँ तक (सीमा) जायेंगे। (ख) आप कब तक (अवधि) आयेंगे।

स्त्री० [पं० तकड़ी] १. तराजू। २. तराजू का पल्ला। हिं० स्त्री० [हिं० ताकना] १. ताकने की क्रिया या भाव। २. टकटकी। टक।

तकड़ा†—वि० = तगड़ा।

तकड़ी—स्त्री० [देश०] एक तरह की बारहमासी घास जो रेतीली जमीन में होती है। इसे घोड़े चाव से खाते हैं। चरमरा। हैंन।

†स्त्री० =तराजू। (पंजाब)

तकदमा—पुं० [अ० तकद्दुम] अटकल। अनुमान। कूत।

तकदीर—स्त्री० [अ०] [वि० तकदीरी] वह प्राकृतिक या लोकोत्तर शक्ति जो घटित होनेवाली बातों को पहले ही निश्चित कर देती है। किस्मत। भाग्य। उदा०—तकदीर में लिखा था फिरने का आवीदाना। —इकबाल।

पद—तकदीरवर।

तकदीरवर—वि० [अ० तकदीर+फा० वर] जिसकी तकदीर या भाग्य बहुत अच्छा हो। भाग्यवान्।

तकदीरी—वि० [अ०] तकदीर या भाग्य-संबंधी। जैसे—यह सब तकदीरी खेल या मामला है।

स्त्री० [हि०+ताकना] तकने ताकने या, तकन की क्रिया या भाव।

तकना*—स० [हिं० तकना] १. ताकना। देखना। २. आश्रय, सहायता आदि पाने के लिए किसी की ओर देखना। जैसे—अकाल में प्रजा राजा की ओर तकती है। ३. किसी की ओर बुरी दृष्टि या भाव से देखना। जैसे—किसी की बहू-बेटी को तकना अच्छा नहीं है। ४. आसरा देखना। प्रतीक्षा करना। शरण लेना।

पुं० वह व्यक्ति जो बुरी दृष्टि से दूसरों विशेषतः पराई स्त्रियों की ओर ताकता रहता हो।

तकबीर—स्त्री० [अ०] ईश्वर और उसके कार्यों तथा देनों की हार्दिक प्रशंसा या स्तुति।

तकब्बुर—पु० [अ०] [वि० तकब्बरी] अभिमान। घमंड।

तकमा—पुं० १. दे० 'तुकमा'। २. दे० 'तमगा'।

तकमील—स्त्री० [अ०] किसी काम के पूरे होने की अवस्था या भाव। पूर्णता।

तकर-मछली—स्त्री० [देश०] भेड़ों के शरीर से ऊन काटने की एक तरह की हँसिया। (गड़रिया)

तकरार—स्त्री० [अ०] १. ऐसी कहा-सुनी जो अपना-अपना पक्ष ठीक सिद्ध करने के लिए कुछ उग्रता या कटुतापूर्वक हो। विवाद। हुज्जत। २. साधारण झगड़ा या लड़ाई।

पुं० १. धान का वह खेत जो फसल काटने के बाद फिर खाद देकर जोता गया हो। २. वह खेत जिसमें गेहूँ, चना, जौ आदि एक साथ बोये गये हों।

तकरारी—वि० [अ०] १. तकरार-संबंधी। २. तकरार करने वाला। झगड़ालू।

तकरीब—स्त्री० [अ०] १. पास होने की अवस्था या भाव। समीपता। २. किसी कार्य या विषय का उपलक्ष्य। ३. विवाह आदि शुभ अवसरों पर होनेवाला उत्सव।

तकरीबन्—अव्य० [अ०] करीब-करीब। प्रायः। लगभग। जैसे—कचहरी यहाँ से तकरीबन् दो मील है।

तकरीर—स्त्री० [अ०][वि० तकरीरी] १. बातें करना या कहना। बात-चीत। २. भाषण। वक्तृता।

तकरीरी—वि० [अ० तकरीर] १. तकरीर के रूप में होनेवाला। तकरीर-संबंधी। २. जिसमें कुछ कहने-सुनने की जगह हो। विवाद-ग्रस्त। ३. जबानी। मौखिक।

तकर्री—स्त्री० [अ०] किसी पद या स्थान पर नियुक्त या मुकर्रर होने की अवस्था, क्रिया या भाव।

तकला—पुं० [सं० तर्कु] [स्त्री० अल्पा० तकली] १. लोहे की वह सलाई जो सूत कातने के चरखे में लगी होती है और जिस पर कता हुआ सूत लिपटता चलता है। टेकुआ। २. टेकुरी की वह सलाई जिस पर बटा हुआ कलाबत्तू लपेटा जाता है। ३. वह सलाई जिसकी सहायता से सुनार सिकड़ी के गोल दाने बनाते हैं। ४. रस्सी बटने की टेकुरी।

मुहा०—**(किसी के) तकले का बल निकालना**=किसी की अकड़, पाजीपन या शेखी दूर करना।

तकली—स्त्री० [हिं० तकला] सूत कातने का एक प्रकार का छोटा यंत्र जिसमें काठ के एक लट्टू में छोटा-सा तकला या सूजा लगा रहता है।

तकलीफ—स्त्री० [अ०] १. कष्ट। दुःख। पीड़ा। जैसे—(क) उनकी ऐसी बातों से हमें तकलीफ होती है। (ख) इस तरह उठाने से बच्चे को तकलीफ होती होगी। २. विपत्ति। संकट। जैसे—सब पर कभी न कभी तकलीफ आती ही है। ३. बीमारी। रोग। जैसे—खाँसी या बुखार की तकलीफ।

विशेष—औपचारिक रूप से इस शब्द का प्रयोग ऐसे अवसरों पर भी होता है जहाँ किसी को किसी दूसरे के अनुरोध-स्वरूप कोई कार्य या श्रम करना पड़ता है। जैसे—आप ही तकलीफ करके यहाँ आ जाँय।

तकल्लुफ—पुं० [अ०] ऐसा शिष्टाचार जो केवल सौजन्य का परिचय देने के लिए किया जाय।

पद—**तकल्लुफ का**=बहुत अच्छा या बढ़िया।

तकवाना—स० [हिं० ताकना का प्रे०] [भाव तकवाही] किसी को ताकने में प्रवृत्त करना।

तकसना†—अ०=ताकना (देखना)।

तकसी—स्त्री० [?] १. नाश। २. दुर्दशा।

तकसीम—स्त्री० [अ०] १. बाँटने की क्रिया या भाव। बँटाई। जैसे—बच्चों में पुस्तकें या मिठाइयाँ तकसीम करना। २. गणित में किसी संख्या को भाग देने की क्रिया। भाग।

क्रि० प्र०—करना।

तकसीर—स्त्री० [अ०] १. अपराध। कसूर। २. चूक। भूल।

तकाई—स्त्री० [हिं० ताकना+ई० (प्रत्य०)] १. तकने या ताकने की क्रिया ढंग या भाव। २. दूसरों को कुछ दिलवाने की क्रिया या भाव।

तकाजा—पुं० [अ० तकाजः=इच्छा, कामना] १. किसी आवश्यकता, प्रवृत्ति, स्थिति आदि के फलस्वरूप प्राकृतिक या स्वाभाविक रूप से होनेवाला कोई कार्य या परिणाम अथवा आन्तरिक प्रेरणा। जैसे—लड़को का बहुत अधिक उछल-कूद या पाजीपन करना उनकी उमर का तकाजा है। २. वह बात जो किसी से कोई काम करने, कराने या अपना प्राप्य प्राप्त करने के उद्देश्य से उसे स्मरण कराने और जल्दी करने के लिए कही या कहलाई जाती है। तगादा। जैसे—उनकी किताब दे आओ; कई बार उनका तकाजा आ चुका है।

तकान—स्त्री० १.=तकाई। †२ =थकान।

तकाना—स० [हिं० ताकना का प्रे०] किसी को कुछ तकने या ताकने में प्रवृत्त करना। दिखाना।

तकाव—पुं० [हिं० तकना+आव (प्रत्य०)] तकने या ताकने की क्रिया ढंग या भाव।

तकावी—स्त्री० [अ०] वह धन जो जमींदार, राजा या सरकार की ओर से गरीब खेतिहरों को खेती के औजार बनवाने, बीज खरीदने या कुएँ आदि बनवाने के लिए अथवा किसी विशिष्ट संकट से पार पाने के लिए ऋण के रूप में दिया जाता है।

तकिया—पुं० [फा०] १ एक प्रकार की बड़ी मूँह-बद थैली जिसमें रूई आदि भरी हुई होती है और जिसे सोते समय सिर के नीचे लगाया जाता है। बालिश। २. पत्थर की वह पटिया जो छज्जे में रोक या सहारे के लिए लगाई जाती है। मुतक्का। ३. आश्रय या विश्राम स्थान। ४. कब्रिस्तान के पास का वह स्थान जहाँ कोई फकीर रहता हो। ५. आश्रय। सहारा। ६. चारजामा। (क्व०)

तकिया कलाम—पुं० दे० 'सखुन तकिया'।

तकियादार—पुं० [फा०] मुसलमानी कब्रिस्तान अथवा किसी पीर या फकीर की समाधि पर रहनेवाला प्रधान अधिकारी।

तकिल—पुं० [सं०√तक् (हँसना)+इलच्] १ धूर्त। २. औषध। दवा।

तकिला—स्त्री० [स० तकिल+टाप्] औषध। दवा।

तकुआ†—पुं०१.=तकला। २. =तकना (ताकनेवाला)।

तकैया†—वि० [हिं० ताकना+ऐया (प्रत्य०)] ताकनेवाला।

तकोली†—स्त्री० [देश०] शीशम की जाति का एक तरह का बड़ा वृक्ष। वि० दे० 'पस्सी'।

तक्कर†—वि० दे० 'तक्कड़'।

तक्की†—स्त्री० [हिं० ताकना] किसी ओर ताकते रहने की क्रिया या भाव। क्रि० प्र०—लगाना।

तक्मा (क्मन्)—स्त्री० [सं० √तक्+मनिन्] वसंत या शीतला नामक रोग।

†पुं० १. दे० 'तुकमा'। २. दे० 'तमगा'।

तक्र—पुं० [स०√तञ् (सकुचित करना)+रक्] १. छाछ। मट्ठा। २. शहतूत के पेड़ का एक रोग।

तक्र-कूर्चिका—स्त्री० [सं० मध्य० स०] १. फटा हुआ दूध। २. फटे हुए दूध में से निकलनेवाला पदार्थ। छेना।

तक्र-पिंड—पुं० [सं० मध्य० स०] छेना।

तक्रभिद्—पुं० [सं० तक्र√भिद् (फाड़ना)+क्विप्] एक तरह का कँटीला पेड़। कैथ।

तक्र-प्रमेह—पुं० [मध्य० स०] एक रोग जिसमें मूत्र छाछ की तरह गाढ़ा और सफेद होता है।

तक्र-मांस—पुं० [मध्य० स०] मांस का रसा। यखनी।

तक्रवामन—पुं० [सं० तक्र√वम् (वमन करना)+णिच्+ल्युट्—अन] नागरंग।

तक्र-संधान—पुं० [सं० मध्य० स०] सौ टके भर छाछ में एक एक टके भर सांभर नमक, राई और हल्दी का चूर्ण डालकर बनाई जानेवाली काँजी। (वैद्यक)

तक्र-सार—पुं० [सं० ष० त०] मट्ठे में से निकलनेवाला सार तत्त्व। नवनीत। मक्खन।

तक्राट—पुं० [सं० तक्र√अट् (चलना)+अच्] मथानी।

तक्रार—स्त्री० =तकरार।

तक्रारिष्ट—पुं० [सं० तक्र-अरिष्ट, मध्य० स०] एक प्रकार का अरिष्ट जो मट्ठे में हड और आँवले आदि का चूर्ण मिलाकर बनाया जाता है। (वैद्यक)

तक्राह्वा—स्त्री० [सं० तक्र—आह्वा, ब० स०] एक प्रकार का क्षुप।

तक्वा (क्वन्)—पुं० [सं०√तक् (गति)+वनिप्] १. चोर। २. शिकारी चिड़िया।

तक्ष—पुं० [सं० √तक्ष् (काटना, छीलना)+घञ्] १. पतला करने की क्रिया या भाव। २. रामचन्द्र के भाई भरत का बड़ा पुत्र जिसने तक्षशिला नामकी नगरी बसाई थी।

तक्षक—पुं० [सं०√तक्ष्+ण्वुल्—अक] १. पुराणानुसार पाताल के आठ नागों में से एक जो कश्यप का पुत्र था और कद्रु के गर्भ से उत्पन्न हुआ था। राजा परीक्षित की मृत्यु इसी के काटने से हुई थी। २. सर्प। साँप। ३. विश्वकर्मा। ४. बढ़ई। ५. सूत्रधार। ६. नाग नामक वायु जो दस वायुओं में से एक है। ७. एक प्रकार का पेड़। ८. प्राचीन काल की एक संकर जाति जिसकी उत्पत्ति सूत्रिक पिता और ब्रह्मणी माता से कही गई है।

वि० १. तक्षण करनेवाला। २. काटने या छेदनेवाला।

तक्षण—पुं० [सं०√तक्ष्+ल्युट्—अन] १. लकड़ी काट, छील या रँदकर ठीक और सुडौल करने का काम। २. उक्त काम करनेवाला कारीगर। बढ़ई। ३. पत्थर, लकड़ी आदि में बेल-बूटे या उनसे मूर्तियाँ बनाने का काम।

तक्षणी—स्त्री० [सं० तक्षण+ङीप्] बढ़इयों का रंदा नाम का औजार।

तक्ष-शिला—स्त्री० [ब० स०] भरत के पुत्र तक्ष की बसाई हुई नगरी और बाद में पूर्वी गान्धार की राजधानी जिसके खँडहर रावलपिंडी के पास खोदकर निकाले गये हैं।

तक्षा (क्षन्)—पुं० [सं०√तक्ष्+कनिन्] बढ़ई।

तखड़ी†—स्त्री० =तकड़ी (तराजू)।

तखता—पुं०=तख्ता।

तखफीफ—स्त्री० [अ०] खफीफ अर्थात् कम या हल्का करने की क्रिया या भाव। कमी। न्यूनता।

तखमीनन—क्रि० वि० [अ०] अंदाज से। अटकल से। अनुमानतः।

तखमीना—पुं० [अ० तरख्मीनः] मात्रा, मान आदि की कल्पना करने के लिए अंकों संख्याओं आदि के संबंध में किया जानेवाला अनुमान या लगाई जानेवाली अटकल। अंदाज।

क्रि० प्र०—करना।—लगाना।

तखरी†—स्त्री० =तकड़ी।

तखलिया—पुं० [अ० तख्लियः] एकांत या निर्जन स्थान।

तखल्लुस—पुं० [अ०] वह उपनाम जिसका प्रयोग कोई कवि या लेखक अपनी रचनाओं में अपने नाम के स्थान पर करता है।

तखान—पुं० [सं० तक्षण] बढ़ाई।

तखिहा†—पुं० [अ० ताक] ऐसा बैल जिसकी एक आँख एक रंग की और दूसरी आँख दूसरे रंग की हो।

तखीत†—स्त्री० [अ० तहकीक] १. तलाशी। २. जाँच। तहकीकात।

तखैयुल—पुं० [अ०] खयाल करने की क्रिया, भाव या शक्ति। ध्यान।

तख्त—पुं० [फा०] १. राजसिंहासन।

मुहा०—**तख्त उलटना**=एक राजा या शासक को गद्दी से हटाकर उसके स्थान पर दूसरे को बैठना।

२. तख्तों की बनी हुई बड़ी चौकी।

पद—**तख्त की रात**=वधू की सुहाग-रात।

तख्तगाह—स्त्री० [फा०] राजधानी।

तख्तेताऊस—पुं० [फा०+अ०] एक प्रसिद्ध बहुमूल्य और जड़ाऊ सिंहासन जो भारत के मुगल सम्राट् शाहजहाँ ने बनवाया था और जिसे सन् १७३९ में नादिरशाह लूट ले गया था।

तख्त-नशीन—वि० [फा०] जो राजसिंहासन पर बैठा हो। सिंहासनारूढ़।

तख्त-नशीनी—स्त्री० [फा०] राजा का पहले-पहल अधिकार पाकर राज-सिंहासन पर बैठना। राज्यारोहण।

तख्तपोश—पुं० [फा०] १. तख्त या चौकी पर बिछाने की चादर। २. काठ की बड़ी चौकी। तख्त।

तख्तबंदी—स्त्री० [फा०+अ०] १. तख्तों की बनी हुई दीवार जो प्रायः कमरों में आड़, विभाग आदि के लिए खड़ी की जाती है। २. उक्त प्रकार की दीवार खड़ी करने की क्रिया।

तख्तरवाँ—पुं० [फा०] १. वह तख्त जिस पर बादशाह सवार होकर निकला करते थे। हवादार। २. वह बड़ी चौकी जिस पर जलूस, बरात आदि के चलने के समय नाच-गाना होता चलता था। ३. उड़न-खटोला।

तख्ता—पुं० [फा० तख्तः] १. लकड़ी का आयताकार या चौकोर बड़ा तथा समतल टुकड़ा।

मुहा०—**तख्ता हो जाना**=अकड़, ऐंठ या सूखकर काठ के समान कड़ा, जड़ या निश्चेष्ट हो जाना।

२. लकड़ी का उक्त आकार-प्रकार का वह टुकड़ा जिस पर कुछ लिखा जाता है अथवा सूचनाएँ आदि चिपकाई जाती हैं। ३. बैठने, सोने आदि के लिए बनी हुई काठ की बड़ी चौकी। तख्त।

मुहा०—**किसी का तख्ता उलटना**=(क) बना बनाया काम बिगाड़ना। (ख) किसी प्रकार का प्रबन्ध या व्यवस्था नष्ट-भ्रष्ट करना। ४. शव ले जाने की अरथी। टिकटी। ५. खेतों में, बगीचों आदि में की क्यारी। ६. कागज का बड़ा और लंबा-चौड़ा टुकड़ा। तख्त।

तख्ता-गरदन—पुं०[फा०] वह घोड़ा जिसकी गरदन बहुत मोटी हो; और इसी लिए लगाम खीचने पर भी जल्दी मुड़ती न हो।

तख्ता-पुल—पुं०[फा० तख्ता+पुल] लकड़ी का वह पुल जो काठ की पटरियाँ जड़कर या बिछाकर बनाया जाता है।

तख्ती—स्त्री०[फा० तख्तः] १. छोटा तख्ता। पटरी। २. काठ की वह छोटी पटरी जिसपर बच्चे अक्षर लिखने का अभ्यास करते हैं। पटिया।

तख्मीना—पुं०=तखमीना।

तगड़ा—वि०[सं० त्वक्ष, तृक्ष; प्रा० तर्ग, तग्ग; पा० तज्जे] [स्त्री० तगड़ी]१. जो शारीरिक दृष्टि से बलवान और हृष्ट-पुष्ट हो। मजबूत और हट्टा-कट्टा। २. अच्छा बड़ा और भारी। ३. (पक्ष) जो किसी दृष्टि से दूसरे से अधिक प्रबल या सशक्त हो।

तगड़ी—स्त्री० हिं० तगड़ा का स्त्री० रूप।
स्त्री०=तकड़ी।

त-गण—पुं० [मध्य० स०] छंद शास्त्र मे, उन तीन वर्णों का समूह जिसके पहले दो वर्ण गुरु हों और अतिम लघु हो (ऽऽ।)।

तगदमा†—पु०=तकदमा।

तगना—अ०[हिं० तागना का अ०]तागों से भरा जाना या युक्त होना। तागा जाना।

तगनी—स्त्री०[हिं० तागना] (रुईदार कपडे) तागने की क्रिया या भाव। तगाई।

तग-पहनी—स्त्री०[हिं० तागा+पहनना] जुलाहों का एक औजार जिससे टूटा हुआ सूत जोड़ा जाता है।

तगमा—पु० दे० 'तमगा'।

तगर—पु०[स० ष०त०]१. प्रायः नदियों के किनारे होनेवाला एक प्रकार का बड़ा वृक्ष जिसकी सुगधित लकड़ी से तेल निकाला जाता है। २. इस वृक्ष की जड़ जिसकी गिनती गध-द्रव्यो में होती है। ३. मदन नामक वृक्ष। मैनफल। ४. एक प्रकार की शहद की मक्खी।

तगला†—पु०[हिं० तकला] . तकला। २. सरकंडे का वह छड़ जिससे जुलाहे ताने के सूत ठीक करते या मिलाते हैं।

तगसा—पु०[देश०]वह लकड़ी जिससे ऊन पीटकर मुलायम और साफ किया जाता है।

तगा—पुं०[?]एक जाति जो रुहेलखंड मे बसती है। इस जाति के लोग अपने आपको ब्राह्मण कहते हैं।
†पुं०=तगा।

तगाई—स्त्री०[हिं० तागना]१. तागने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. तागों से भरे जाने या युक्त होने की अवस्था या भाव। जैसे—रजाई या लिहाफ की तगाई।

तगाड़—पुं०=तगार।

तगाड़ा—पुं०=तगारा।

तगादा—पुं०[अ० तकाजः] वह कथन या बात जो किसी से कोई काम करने या कराने या उससे अपना प्राप्य धन अथवा पदार्थ प्राप्त करने के उद्देश्य से उसे याद दिलाने और जल्दी करने के लिए कही या कहलाई जाती है। तकाजा। जैसे—(क) किरायेदार से किराये के रुपयों का तगादा करना। (ख) छापेखाने से किताब जल्दी छापने का तगादा करना।

तगाना—स०[हिं० तागना का प्रे०]तागने का काम कराना। तागने मे किसी को प्रवृत्त करना।

तगाफुल—पु०[अ०] ध्यान न देना। उपेक्षा। गफलत।

तगार—पु०[फा०] [स्त्री० अल्पा० तगारी]१. मिट्टी का बड़ा कूँड़ा या नाँद। २. वह गड्ढा या छोटा घेरा जिसमें इमारत के काम के लिए ईंटें भिगोई जाती है अथवा चूने, सुरखी आदि का गारा बनाया जाता है। ३. वह तसला जिसमे गारा या मसाला भरकर राज मिस्तरियों के पास ईंटो की जोड़ाई आदि करने के लिए पहुँचाया जाता है। ४. दे० 'तगारा'।

तगारा—पु० [फा० तगार=बडा कूँआ या नाँद] [स्त्री० अल्पा० तगारी] १. मिट्टी की वह नांद जिसका उपयोग हलवाई लोग मिठाइयाँ आदि बनाने मे करते हैं। २ तरकारी, दाल आदि पकाने का पीतल का एक प्रकार का बडा बरतन।

तगियाना—स० तागना।

तगीर*—पु० [अ० तगय्युर] बदलने की अवस्था, क्रिया या भाव। परिवर्तन।

तगीरी—स्त्री०[अ० तगैयुर] तगीर (परिवर्तन)।

तग्य†—पु० तज्ञ।

तघार—पु०=तगार।

तचना—अ०[हिं० तपना]१. तप्त होना। तपना। २. मन ही मन बहुत दुखी या सतप्त होना। जलना। उदा०—तरफराति तमकति तचति मुसुकति सूखत जाति।—पद्माकर।
स० दे० 'तचाना'।

तचा†—स्त्री० त्वचा।

तचाना—स० [हिं० तपाना] १ तप्त करना। तपाना। २. बहुत अधिक मानसिक कष्ट देना। सतप्त करना। जलाना।

तचित*—वि० [हिं० तचना] १. तपा हुआ। तप्त। २. जिसे बहुत अधिक मानसिक कष्ट पहुँचा या पहुँचाया गया हो। सतप्त।

तच्छ†—पु० =तक्ष।

तच्छक—पु० =तक्षक।

तच्छना—स०[स० तक्षण]१ विदीर्ण करना। फाड़ना। उदा०—तीर तुपक तरवारि, तच्छि निकरै उर औरणि। —चन्दबरदाई। २. नष्ट करना। ३. काटकर टुकड़े करना।

तच्छप—पुं०=तक्षक।

तच्छिन*—क्रि० वि०[सं० तत्क्षण] उसी समय। तत्काल।
†वि० =तीक्ष्ण। (क्व०)

तज—पु० [सं० त्वच्] १ तमाल और दारचीनी की जाति का मझोले कद का एक सदाबहार पेड जिसके पत्ते 'तेज पत्ता' कहलाते हैं। २ इस पेड की सुगधित छाल जो औषध के काम आती है।

तजकिरा—पु०[अ० तज्किरः] चर्चा। जिक्र।
क्रि० प्र०—करना।—चलाना।—छेड़ना।

तजगिरी—स्त्री०[फा० तेजगरी] सिकलीगरों की दो अंगुल चौड़ी और

प्रायः डेढ़ बालिश्त लंबी लोहे की पटरी जिसपर तेल चिराकर रंदा तेज करते हैं।

तजना†—पुं० [सं० त्यजन, √त्यज् (त्यागना)+ल्युट्—अन्] तजने की क्रिया या भाव।

पुं० [फा० ताज़ियान.] आघात करने का कोड़ा या चाबुक।

तजना—सं० [सं० त्यजन] सदा के लिए त्याग या छोड़ देना। परित्याग करना।

तजम्मुल—पु० [अ०] १. शृंगार। सजावट। २. शोभा। शान-शौकत।

तजरबा—पु० [अ० तज्रिबः] १. अनुभव। २. परीक्षण। प्रयोग।

तजरबाकार—पु० [अ० तज्रिबः+फा० कार] अनुभवी।

तजरबाकारी—स्त्री० [अ० तज्रिबः+फा० कारी] तजरबे से होनेवाली जानकारी या ज्ञान। अनुभव।

तजरबा†—पु०=तजरबा।

तजरबाकार—पु०=तरजबाकार।

तजरबाकारी†—स्त्री०=तजरबाकारी।

तजवीज—स्त्री० [अ०तज्वीज] १. किसी कार्य के संपादन के संबंध में सोच-कर सम्मति के रूप में कही जानेवाली बात। २ निर्णय। फैसला। ३ प्रबंध। व्यवस्था। ४. तरकीब। युक्ति।

तजवीज-तलबी—स्त्री० [अ०] १. किसी अदालत से स्वयं उसके निर्णय पर फिर से विचार करने के लिए की जानेवाली प्रार्थना या दिया जानेवाला आवेदन-पत्र। २. उक्त प्रकार से की हुई प्रार्थना पर फिर से होनेवाला विचार।

तजिया—स्त्री० [?] बहुत छोटा तराजू। काँटा।

तज्जनित—वि० [सं० तद्-जनित, तृ० त०] उसके द्वारा उत्पन्न किया हुआ।

तज्जातीय—वि० [सं० तद्-जाति कर्म०स०, तज्जाति+छ—ईय] उस जाति से संबंध रखनेवाला।

तज्जी—स्त्री० [सं० त √जु (गति)+क्विप्+ङीप्] हिंगुपत्री।

तज्ज्ञ—वि० [सं० त √ज्ञा (जानना)+क] १. तत्त्व जाननेवाला। तत्त्वज्ञ। २. ज्ञानी। ३. अच्छा जानकार।

तटंक—पु० [सं० टाटंक] कर्णफूल नामक कान का आभूषण।

तट—पुं० [सं० √तट् (ऊँचा होना)+अच्] १. ढालुई जमीन। ढाल। २. आकाश। ३. क्षितिज। ४. खेत। ५. भूमिखंड। प्रांत। ६. स्थल का वह भाग जो जलाशय के किसी पार्श्व से ठीक मिला या सटा हो। ७. शिव का एक नाम।

क्रि० वि० निकट। पास।

तटक—पुं० [सं० तट+कन्] नदी आदि का किनारा। तट।

तटका—वि०=टटका।

तटाग—पुं० [सं०=तड़ाग, पृषो० सिद्धि] तड़ाग।

तटनी*—स्त्री०=तटिनी (नदी)।

तटवर्ती—वि० [सं०] जलाशय, झील, नदी आदि के तट से संबंध रखने या उस पर होनेवाला। (राइपेरियन)

तटस्थ—वि० [सं० तट √स्था (ठहरना)+क] [भाव० तटस्थता] १. तीर पर रहनेवाला। किनारे पर रहनेवाला। २. पास रहनेवाला। समीपवर्ती। ३. विरोध, विवाद आदि के प्रसंगों में दोनों दलों से अलग और दूर रहनेवाला। किसी का पक्ष न लेनेवाला। उदासीन। निरपेक्ष।

पुं० किसी वस्तु का वह लक्षण जो उसके स्वरूप के आधार पर नहीं, बल्कि उसके गुण और धर्म के आधार पर बतलाया जाता है।

तटस्थता—स्त्री० [सं०] १. तटस्थ रहने या होने की अवस्था या भाव। २. लड़ने-झगड़ने या वैर-विरोध रखनेवाले पक्षों से अलग रहने की अवस्था या भाव। ३. आधुनिक राजनीति में (क) किसी देश या राज्य की वह स्थिति जिसमें वह दूसरे राज्यों के युद्ध में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित नहीं होता, बल्कि बिलकुल अलग रहता है। (ख) किसी प्रदेश या स्थान के संबंध में संधि द्वारा निश्चित वह स्थिति जिसके संधि करनेवाले राज्य आपस में युद्ध छिड़ने पर भी उस प्रदेश या स्थान का न तो उपयोग ही कर सकते हैं और न उस पर आक्रमण ही कर सकते हैं। (न्यूट्रैलिटी)

तटाक—पु० [सं० तट √अक् (गति) +अण्] तड़ाग। तालाब।

तटाकिनी—स्त्री० [सं० तटाक+इनि—ङीप्] बड़ा तालाब।

तटाघात—पु० [सं० तट-आघात, स०त०] पशुओं का अपने सींगों या दाँतों से जमीन खोदना। खूँद।

तटिनी—स्त्री० [सं० तट+इनि+ङीप्] नदी। दरिया।

तटी—स्त्री० [सं० तट+ङीप्] १. नदी का किनारा। कूल। तट। तीर। २. नदी। ३. घाटी। ४. तराई।

तट्य—वि० [सं० तट+यत्] १. तट-संबंधी। २. तट पर बसने, रहने या होनेवाला।

पु० सिंघ।

तत्र†—अव्य० [सं० तत्र] उस जगह या स्थान पर। वहाँ। उदा०—काढ़ काढ़ तलवार तरल ताहन तठ आये।—केशव।

तड़—पु० [सं० तट] १. किसी बिरादरी या वर्ग में से निकला हुआ कोई दल, वर्ग या विभाग। जैसे—आज-कल हमारी बिरादरी में दो तड़ हो गये हैं।

पद—तड़-बंदी।

२. सूखी भूमि। स्थल। (लश०)

पु० [अनु०] किसी चीज के टूटने, फटने, फूटने अथवा उस पर अचानक लगने से होनेवाला शब्द। जैसे—भूनते समय भुट्टे के दानों का तड़-तड़ शब्द करना।

पद—तड़ातड़।(दे०)

३. थप्पड़। (दलाल)

क्रि० प्र०—जड़ना।—जमाना।—देना।—लगाना।

४. आमदनी या लाभ का आयोजन या उपक्रम। (दलाल)

क्रि० प्र०—जमाना।—बैठाना।

तड़क—स्त्री० [हिं० तड़कना] १. तड़कने की क्रिया या भाव। २. किसी चीज के तड़कने के कारण उस पर पड़ा हुआ चिह्न जो प्रायः सीधी धारी के रूप में होता है। ३. चमकने की क्रिया या भाव।

पद—तड़क-भड़क।

४. बरों की छाजन में वह बड़ी लकड़ी जो दीवार और बँडेर पर रखी जाती है और जिस पर बाँस रखकर छप्पर या छाजन डालते हैं।

तड़कना—अ० [सं०√चुट् या अनु० तड़] १. किसी चीज का तड़ शब्द करते

हुए टूटना, फटना या फूटना। चटकना। जैसे—(क) चिमनी या शीशा तड़कना। (ख) भूनते समय मक्के के दाने तड़कना। २. किसी चीज के सूखने आदि के कारण उसका ऊपरी तल फटना। दरार पड़ना। ३. जोर का 'तड़' शब्द होना। ४. क्रोधपूर्ण व्यवहार करना। बिगड़ना। ५. दे० 'तड़पना' (उछलना)।

स०[हि० तड़का=छौंक] दाल, तरकारी आदि को सुगंधित करने के लिए उसमें तड़का देना या लगाना। छौंकना। बघारना।

तड़क-भड़क—स्त्री०[अनु०]अपना बल, योग्यता, वैभव आदि दिखाने के लिए की जानेवाली ऊपरी बाहरी सजावट। (पांप) जैसे—तड़क-भड़क से सवारी निकालना।

तड़का—पुं०[हि० तड़कना]१. दिन निकलने का समय, जिसमें रात्रि का अन्धकार घटने लगता है और कुछ-कुछ प्रकाश होने लगता है।

मुहा०—**(किसी बात का) तड़का होना**=(क) पूर्ण रूप से अभाव होना। जैसे—पूँजी निकल जाने से घर में तड़का हो गया। **(किसी व्यक्ति का) तड़का होना**=आघात, प्रहार आदि के कारण होश-हवास गुम हो जाना।

२. खाने-पीने की चीजों को तड़कने या छौंकने की क्रिया या भाव। बघार। ३. वह मसाला जिससे दाल आदि तड़की जाती है।

क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

तड़काना—स०[हि० तड़कना का स० रूप]१. किसी वस्तु को इस तरह से तोड़ना जिससे 'तड़' शब्द हो। २. सुखाकर बीच से फाड़ना। ३. जोर का शब्द उत्पन्न करना। ४. क्रोध दिलाना या खिजाना। चटकाना।

तड़कीला†—वि० [हि० तड़कना+ईला (प्रत्य०)] १. तड़क-भड़क वाला। भड़कीला। २. चमकीला। ३. फुरतीला। ४. सहज में तड़क या टूट जानेवाला।

तड़क्का†—पुं०[अनु० तड़] जोर से होनेवाला 'तड़' शब्द।

क्रि० वि० चटपट। तुरंत।

तड़ग—पुं०[सं०]तड़ाग। तालाब।

तड़तड़ाना—अ०[अनु० तड़-तड़] [भाव० तड़तड़ाहट] तड-तड शब्द करते हुए किसी चीज का चटकना, टूटना, फटना या फूटना।

स० इस प्रकार आघात करना कि तड़-तड़ शब्द हो। जैसे—दस-पाच थप्पड़ तड़तड़ाना।

तड़तड़ाहट—स्त्री० [हि० तड़तड़ाना] तड़-तड़ शब्द होने की क्रिया या भाव। २. तड़-तड़ होनेवाला शब्द।

तड़ता*—स्त्री०[सं० तडित्] बिजली। विद्युत्। (डिं०)

तड़प—स्त्री०[हि०तड़पना] १. तड़पने की अवस्था, क्रिया या भाव। छटपटाहट। २. सहसा कुछ समय के लिए उत्पन्न होनेवाली चमक। भड़क। जैसे—पन्ने या हीरे की तड़प।

तड़पदार—वि० [हि० तड़प+फा० दार] चमकीला। भड़कीला।

तड़पन—स्त्री०=तड़प।

तड़पना—अ०[सं० तप] १. असह्य शारीरिक पीड़ा होने पर छटपटाना। जैसे—दरद के मारे तड़पना। २. कोई काम करने के लिए आवश्यकता से अधिक अधीर या बेचैन होना। जैसे—किसी से मिलने या कुछ कहने के लिए तड़पना। ३. आवेश के कारण सहसा जोरो से बोलने लगना। ४. जोर से उछलना। जैसे—शेर का तड़पना।

तड़पाना—स० [हि० तडपना का स० रूप] [प्रे० क्रि० तड़पवाना] १.किसी को बहुत अधिक मानसिक या शारीरिक कष्ट देकर तड़पने में प्रवृत्त करना। २. किसी को दिखाने के लिए बार-बार चमकाना। जैसे—अँगूठी या उसका हीरा तड़पाना। ३. तड़पने या उछलने में प्रवृत्त करना। जैसे—पटाके की आवाज करके शेर को तड़पाना।

तड़फड़—स्त्री०=तड़प।

तड़फड़ाना—अ०=तड़पना।

स०=तड़पाना।

तड़फना—अ०=तड़पना।

तड़बन्दी—स्त्री० [हि० तड़+फा० बंदी] १. किसी बिरादरी, समाज आदि के अन्तर्गत कोई दूसरा दल या गुट बनाना। २. गुटबंदी।

तड़ाक—पु० [स० √तड़ +आक] तड़ाग। तालाब। स्त्री०=तड़ (शब्द)।

क्रि० वि० १. तड़तड़ शब्द करते हुए। २. जल्दी-जल्दी। चटपट। ३. निरंतर। लगातार।

तड़ाका—पु [अनु०] किसी चीज के चिटकने, टूटने फटने या फूटने से होनेवाला तड शब्द।

क्रि० वि० चट-पट। तुरंत।

तड़ाग—पु [स०√तड+आग] १. तालाब। २. हिरन फँसाने का फंदा।

तड़ागना*—अ० [अनु०] १ डींग मारना। २. उछल-कूद मचाना। ३ प्रयत्न करना।

तड़ागी—स्त्री० [स० तड़ाग] १. करघनी। २. कटि। कमर।

तड़ाघात—पुं०= तटाघात।

तड़ातड़—क्रि० वि० [अनु०] १. तड-तड़ शब्द करते हुए। जैसे—तड़ातड़ थप्पड़ लगाना। २. जल्दी जल्दी और निरंतर। लगातार। जैसे—तड़ातड जवाब देना।

तड़ातड़ी—स्त्री०[हि० तड तड़]१. किसी काम के लिए मचाई जानेवाली जल्दी। २. उतावलापन। व्यग्रता।

तड़ाना—स० [हि० ताड़ना का प्रे० रूप] किसी को कुछ ताड़ने में प्रवृत्त करना।

तड़ावा—स्त्री० [हि० तडना=दिखाना] १. वह रूप जो किसी को अपना बल, वैभव आदि तड़ाने के लिए बनाया या धारण किया जाता है। २. धोखा।

तड़ि—स्त्री० [स०√तड्+इन्] १. आघात। २. वह चीज जिससे आघात किया जाय।

तड़िता—स्त्री० =तड़ित्।

*स्त्री०=तड़ित (बिजली)।

तड़ित्—स्त्री० [स०√तड्+णिच्+इत्, णिलुक्] आकाश में बादलों के टकराने से होनेवाला क्षणिक परन्तु चकाचौंध उत्पन्न करनेवाला प्रकाश। बिजली।

तड़ित्-रक्षक—पुं० [प० त०] ऊँचे मकानों आदि पर लगाया जानेवाला एक उपकरण जो बिजली के गिरने पर उसके प्रभाव को नष्ट करता है तथा मकानों आदि की सुरक्षा (उसके कु-परिणाम से) करता है। (लाइटनिंग एरेस्टर)

तडित्कुमार—पुं०[सं० ष०त०] जैनों के एक देवता जो भुवनपति देवगण में से हैं।

तडित्पति—पुं०[सं० ष०त०] बादल। मेघ।

तडित्प्रभा—स्त्री०[सं० ब०स०] कार्त्तिकेय की एक मातृका।

तडित्वान् (त्वत्)—पुं०[सं० तडित्+मतुप्] १. नागरमोथा। २. बादल। मेघ।

तडित्गर्भ—पुं०[सं० ब०स०] बादल। मेघ।

तडिद्दाम (मन्)—[सं०ष०त०]बिजली कौंधने के समय दिखाई पड़नेवाली उसके प्रकाश की रेखा। विद्युल्लता।

तडिन्मय—वि०[सं० तडित्+मयट्] जो बिजली के समान कौंधता हो।

तड़िपाना*—अ०=तड़पना।

स०=तड़पाना।

तडिल्लता—स्त्री० [सं० तडित्-लता, ष० त०] बिजली की वह रेखा जो लता के समान टेढ़ी तिरछी हो तथा जिसमे बहुत सी रेखाएँ हो। विद्युल्लता।

तडिल्लेखा—स्त्री०[सं० तडित्-लेखा] बिजली की रेखा।

तड़ी—स्त्री०[तड़ शब्द से अनु०]१. चपत। थप्पड़।

क्रि० प्र०—जड़ना।—जमाना।—देना।—लगाना।

२. किसी को ठगने के लिए किया जानेवाला छल। धोखा। (बुलाल)

क्रि० प्र०—देना।—बताना।

३. बहाना। ४ तड़ातड़ी।

तड़ीत*—स्त्री०=तडित् (बिजली)।

तण—अव्य० [सं० तनु] की ओर। की तरफ।

तणई—स्त्री०[सं० तनया] कन्या। उदा०—भोज तणई नउँतई मील्यौ। —नरपति नाल्ह।

तणक्कना—अ०[अनु०]तण तण शब्द होना।

स० तण तण शब्द उत्पन्न करना।

तणतु*—पुं० १. =तंतु। २. =तंत्री।

तणमीट—पुं० [?] मुसलमान। (डिं०)

तणी—स्त्री० =तनी।

अव्य० [सं० तनु] १. की ओर। की तरफ। २. प्रति। सम्मुख।

†अव्य०= तनिक।

तणु*—पुं० = तनु।

तणौ—अव्य० [सं० तनु] की ओर। तरफ।

तत्—पुं० [सं० √तन्(विस्तार)+क्विप्] १. ब्रह्म या परमात्मा का एक नाम। २. वायु। हवा।

सर्व० १. वही या वह। २. उस या उसी। जैसे—तत्संबंधी, तत्क.ल, तत्क्षण।

तत—पुं० [सं०√तन्+क्त] १. वायु। हवा। २. लंबाई चौड़ाई। फैलाव। विस्तार। ३. पिता। बाप। ४. पुत्र। बेटा। ५. [√तन् +तन्] वे बाजे जिनमें बजाने के लिए तार लगे होते हैं। तंत्री। जैसे—बीन, सितार आदि।

†पुं० = तत्त्व।

†वि० = तप्त।

†सर्व० [सं० तत्] वह। जैसे—तत्-छन =उस समय।

ततकार—स्त्री० [हिं० तत+कार] तत्तायई। (दे०)

†अव्य०=तत्काल।

ततकाल—अव्य० =तत्काल।

ततखन—अव्य०=तत्क्षण।

ततछन*—अव्य०=तत्क्षण।

ततताथेई—स्त्री० [अनु०] =तत्ताथेई (नाच के बोल)।

तत-पत्री—पुं० [सं० ब० स०, ङीष्] केले का पेड़।

ततपर—वि० =तत्पर।

ततबाउ*—पुं०=तंतुवाय।

ततबीर†—स्त्री०= तदबीर।

ततरी—स्त्री० [देश०] एक तरह का पेड़।

ततसार*—स्त्री० [सं० तप्तशाला] वह स्थान जहाँ कोई चीज तपाई जाती है।

ततहँड़ा—पुं० [सं० तप्त+हिं० हाँड़ी] [स्त्री० अल्प० ततहँड़ी] मिट्टी की बड़ी हाँडी जिसमें नहाने आदि के लिए पानी गरम किया जाता है।

तताई*—स्त्री० [हिं० तत्ता] १. तत्ते अर्थात् गरम होने की अवस्था या भाव। २ उग्रता। प्रचंडता।

ततामह—पुं० [सं० तत्—डामह] पितामह।

ततारना—स० [हिं० तत्ता=गरम] १. गरम जल से धोना। २. किसी चीज पर जल आदि की धार गिराना या छोड़ना।

तति—स्त्री० [सं० √तन् (विस्तार)+क्तिन्] १. श्रेणी। ताँता। २. समूह। ३. लंबाई-चौड़ाई। फैलाव। विस्तार।

वि० लंबाचौड़ा या फैला हुआ। विस्तृत।

ततु†—पुं० =तत्त्व।

ततुबाऊ†—पुं० =ततुवाय।

ततुरि—वि० [सं० √तुर्व् (मारना)+कि,पृषो० सिद्धि] १. हिंसा करनेवाला। हिंसक। २. उबारने या तारनेवाला। उद्धारक।

ततैया—स्त्री० [सं० तिक्त] १. बर्रे। भिड़। २. एक प्रकार की छोटी पतली मिर्च जो बहुत कड़वी होती है।

वि० १. बहुत तेज या तीखा। तीक्ष्ण। ३. बहुत अधिक चपल और तीव्र बुद्धिवाला।

ततोधिक—वि० [सं० ततस्-अधिक, पं० त०] १. उससे अधिक। २. उससे बढ़कर।

तत्काल—अव्य० [सं० कर्म० स०] फौरन। उसी समय। उसी क्षण।

तत्कालीन—वि० [सं० तत्काल+ख-ईन] १. उस समय का। २. उन दिनों का।

तत्क्षण—अव्य० [सं० कर्म० स०] उसी क्षण। तुरन्त।

तत्त†—पुं० = तत्त्व।

तत्तत्—सर्व० [सं० द्व० स०] उन उन। जैसे—इनमें से कुछ शब्दों की व्याख्या तत्तत् शास्त्रों में की गई है।

तत्ता*—वि० [सं० तप्त] [स्त्री० तत्ती] १. जो छूने में अधिक गरम लगे। अधिक तपा हुआ। गरम। जैसे—तत्ता दूध या तत्ती कड़ाही।

पद—तत्ता तवा=गरम मिजाजवाला व्यक्ति।

२. तेजगतिवाला। उदा०—दिन महि तत्ते हयनि तजि महि मडे अति धाइ। चंदबरदाई।

तत्तातेई—स्त्री० [अनु०] नाच के समय जमीन पर पैर पड़ने के शब्द जो नाच के बोल कहे जाते हैं।

तत्तिम्मा—पुं० [अ० तत्तिम्] १ परिशिष्ट। २. क्रोड पत्र।

तत्तोथंबो—पु० [हि० तत्ता=गरम+ थामना] १ लड़ाई-झगड़ा रोकने के लिए दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शान्त करने की क्रिया या भाव। बीच-बचाव। २. बार-बार आशा दिलाते हुए किसी को उग्र रूप धारण करने से रोक रखने की क्रिया या भाव। बहलावा। जैसे-पावनेदारों को तत्तो-थंबो करके टाल चलना।

तत्त्व—पुं० [सं० तत्+त्व] १. आकाश, अग्नि, जल, थल और पवन ये पाँच गुण (अथवा इनमें से हर एक) जो प्राचीन भारतीय विचारधारा के अनुसार किसी पदार्थ को अस्तित्व में लाते हैं और जो जगत् या सृष्टि के मूल कारण कहे जाते हैं।

विशेष—सांख्य में तत्त्वों की संख्या २५ मानी गई है।

२. आधुनिक रसायन शास्त्र के अनुसार कोई ऐसा पदार्थ जिसमें दूसरे पदार्थों का कुछ भी अंश या मेल न पाया जाता हो; अर्थात् जो सब प्रकार से अमिश्र और विशुद्ध हो। (एलिमेन्ट)

विशेष—पाश्चात्य वैज्ञानिकों ने अब तक १०० से ऊपर ऐसे तत्त्व ढूँढ निकाले हैं जो अमिश्र और विशुद्ध रूप में मिलते हैं।

३. कोई मूल, मौलिक या वास्तविक आधार, गुण या बात। सार वस्तु। ४. ईश्वर। ५. यथार्थता।

तत्त्वज्ञ—पुं० [सं० तत्त्व√ज्ञा (जानना)+क] १. वह जो ईश्वर या ब्रह्म को जानता हो। तत्त्वज्ञानी। २. किसी बात या विषय का तत्त्व जानने या समझने वाला व्यक्ति। ३ दार्शनिक।

तत्त्वज्ञान—पुं० [ष० त०] आत्मा, परमात्मा तथा उसकी सृष्टि के संबंध में होनेवाला सच्चा या यथार्थ ज्ञान जो मोक्ष का कारण माना गया है। ब्रह्मज्ञान।

तत्त्वज्ञानी (निन्)—पुं० [सं० तत्त्वज्ञान+इनि] तत्त्वज्ञ। (दे०)

तत्त्वतः—अव्य० [स०] तत्त्व या सार-भूत गुण के विचार से। यथार्थतः वस्तुतः।

तत्त्वता—स्त्री० [सं० तत्त्व+तल-टाप्] १. तत्त्व होने की अवस्था, गुण या भाव। २. यथार्थता। वास्तविकता।

तत्त्ववर्ज्ञ—पु० [सं० तत्त्व√दृश् (देखना)+अण्] १. तत्त्वज्ञ। २. सावर्णि मन्वन्तर के एक ऋषि का नाम।

तत्त्ववर्ज्ञी (ज्ञिन्)—पु० [सं० तत्त्व√दृश+णिनि] १. तत्त्वज्ञ। २. रैवत मनु के एक पुत्र का नाम।

तत्त्व-दृष्टि—स्त्री० [मध्य० स०] १. वह दृष्टि जो किसी बात के मूल-कारण या गुण का पता लगाती या उस तक पहुँचती हो। २. दिव्य दृष्टि।

तत्त्व-न्यास—पुं० [मध्य० स०] तंत्र के अनुसार विष्णु पूजा में एक अंग न्यास जो सिद्धि प्राप्त करने के लिए किया जाता है।

तत्त्व-भाव—पुं० [ष० त०] प्रकृति। स्वभाव।

तत्त्ववादी (दिन्)—पुं० [स० तत्त्व√वाद् (कहना)+णिनि] वह व्यक्ति जो यथार्थ या सच्ची बात कहता हो। यथार्थ भाषी।

तत्त्वमसि—पद [स० तत्-त्वम्-असि, व्यास पद] वेदान्त का एक प्रसिद्ध वाक्य जिसका अर्थ है, तू वही अर्थात् ब्रह्म है।

तत्त्व-रश्मि—पुं० [ष० त०] तंत्र के अनुसार स्त्री देवता का बीज। वधू बीज।

तत्त्ववाद—पु० [स० ष० त०] १. दर्शन-शास्त्र संबंधी विचार। २ किसी प्रकार की दार्शनिक विचार-प्रणाली या मत-निरूपण का ढंग। (फिलासिफिकल सिस्टम)

तत्त्ववादी (दिन्)—पु० [स० तत्त्व√वद्+णिनि] जो तत्त्ववाद का ज्ञाता और समर्थक हो।

वि० १. तत्त्ववाद संबंधी। तत्त्वकी। २. सच्ची और साफ बात कहने-वाला।

तत्त्वविद्—पुं० [सं० तत्त्व√विद् (जानना)+क्विप्] १. तत्त्वज्ञ। (दे०) २ परमात्मा।

तत्त्व-विद्या—स्त्री० [ष० त०] दर्शन शास्त्र।

तत्त्व-वेत्ता (त्तृ)—पु० [ष०त०] १. जिसे तत्त्व का ज्ञान हो। तत्त्वविद्। २. दार्शनिक।

तत्त्व-शास्त्र—पु० [सं० ष० त०] दर्शन-शास्त्र।

तत्त्वावधान—पु० [स० तत्त्व-अवधान, ष० त०] किसी काम के ऊपर होनेवाली देख-रेख या निरीक्षण।

तत्त्वावधायक—पु०[सं० तत्त्व-अवधायक, ष० त०] देख-रेख या निरी-क्षण करनेवाला।

तत्त्व†—वि० [स० तत्त्व] मुख्य। प्रधान।

†पु० = तथ्य।

तत्त्वत्री—स्त्री० [सं० ब० स०, ङीप्] १. केले का पेड़। २. वशपत्री नाम की घास।

तत्पद—पु० [स० कर्म० स०] परमपद। निर्वाण।

तत्पदार्थ—पु० [स० तत्पद-अर्थ, ष० त०] सृष्टि-कर्त्ता। परमात्मा।

तत्पर—वि० [सं० ब० स०] [भाव० तत्परता] १. जो कोई काम करने के लिए तैयार हो। उद्यत। मुस्तैद। २. जो किसी काम में मनोयोगपूर्वक लगा हुआ हो या लगने को हो। ३ दक्ष। निपुण। होशियार। ४. चतुर। चालाक।

पु० समय का एक बहुत छोटा मान जो एक निमेष का तीसवाँ भाग होता है।

तत्परता—स्त्री० [सं० तत्पर+तल्-टाप्] १. तत्पर होने की अवस्था, गुण या भाव। सन्नद्धता। मुस्तैदी। २. मनोयोगपूर्वक काम करने का भाव। जैसे—उन्होंने यह काम पूरी तत्परता से किया है। ३. दक्षता। निपुणता। ४. चालाकी।

तत्पश्चात्—अव्य० [सं० ष० त०] उसके बाद। अनंतर।

तत्पुरुष—पु० [सं० कर्म० स०] १. ईश्वर। परमेश्वर। २. एक रुद्र का नाम। ३. एक कल्प या बड़े काल विभाग का नाम। ४. संस्कृत व्याकरण में एक प्रकार का समास जिसके अनुसार दो संज्ञाओं के बीच की विभक्ति लुप्त हो जाती है; और जिसमें दूसरा पद प्रधान होकर यह सूचित करता है कि वह पहले पद का कार्य या परिणाम है अथवा उस पहले पद 'से' 'में' 'को' होता है। जैसे—

ईश्वर दत्त=ईश्वर का दिया हुआ; देश-भक्ति=देश की भक्ति; ऋण मुक्त=ऋण से मुक्त; निशाचर=निशा में विचरण करनेवाला।

विशेष—व्याकरण में यह समास दो प्रकार का माना गया है—व्यधिकरण और समानाधिकरण और इसके विग्रह में कर्त्ता तथा संबोधन कारकों को छोड़कर शेष सभी कारकों की विभक्तियाँ लगती हैं।

तत्प्रतिरूपक व्यवहार—पुं० [सं० तत्-प्रतिरूपक ष० त०, तत्प्रतिरूपक-व्यवहार, कर्म० स०] जैनियों के मत से एक अतिचार जो बेची जानेवाली खालिस वस्तुओं में मिलावट करने से होता है।

तत्फल—पुं० [सं० तत्√फल् (फलना)+अच्] १. कूट नामक औषध। कुट। २. बेर का फल। ३. नीला कमल। ४. चोर नामक गंध-द्रव्य।

तत्र—अव्य० [सं० तत् +त्रल्] उस स्थान पर। उस जगह। वहाँ।

तत्रक—पुं० [देश०] एक तरह का पेड़ जिसकी पत्तियों आदि से चमड़ा सिझाया जाता है।

तत्रत्य—वि० [सं० तत्र+त्यप्] वहाँ रहनेवाला।

तत्रभवान् (वत्)—पुं० [सं० पूज्य अर्थ में नित्य० स०] माननीय। पूज्य श्रेष्ठ।

तत्रापि—अव्य० [सं० तत्र-अपि, द्व० स०] तथापि। तो भी।

तत्संबंधी (धिन्)—वि० [सं० ष० त०] उससे संबंध रखनेवाला।

तत्सम—पुं० [सं० तृ० त०] किसी भाषा का वह शब्द जो किसी दूसरी भाषा में अपने मूल रूप में (बिना विकृत हुए) चलता हो।' 'तद्भव' से भिन्न। जैसे—हिन्दी में प्रयुक्त होनेवाले कृपा, महत्व, सेवा आदि संस्कृत के और खराब, मिजाज, हाजिर आदि अरबी-फारसी के शब्द तत्सम रूप में ही चलते हैं।

तत्सामयिक—वि० [सं० ष० त०] उस समय का।

तथा—अव्य० [सं० तद्+थाल्] १. दो चीजों, बातों आदि में योग या संगति स्थापित करनेवाला एक योजक अव्यय। और। जैसे—कृष्ण तथा राम दोनों गये। २. किसी के अनुरूप या अनुसार। वैसा ही। जैसे—यथा नाम, तथा गुण।

पुं० १. सत्य। २. निश्चय। ३. समता। समानता। ४. सीमा। हद।

†स्त्री० =तत्थ या तथ्य। (क्व०)

तथा-कथित—वि० [सं० तृ० त०] जो इस नाम से अथवा इस रूप में कहा जाता हो अथवा प्रसिद्ध हो, परन्तु जिसका ऐसा होना विवादास्पद अथवा संदिग्ध हो। जैसे—देश के तथा-कथित नेता=ऐसे लोग जो अपने आपको 'नेता' कहते हैं अथवा जिन्हें लोग 'नेता' कहते हैं फिर भी वक्ता को जिनके 'नेता' होने में संदेह है।

तथा-कथ्य—वि० दे० 'तथा-कथित'।

तथागत—पुं० [सं० तथा=सत्य+गत=ज्ञान, ब० स०] बुद्ध का एक नाम।

तथाता—स्त्री० [सं० तथा+तल्-टाप्] १. 'तथा' का भाव। २. दार्शनिक क्षेत्रों में जो वस्तु वास्तव में जैसी हो उसका ठीक वैसा ही निरूपण। (विश्व के समस्त धर्मों का यही नित्य और स्थायी तत्त्व या मूल धर्म है)।

तथापि—अव्य० [सं० तथा-अपि, द्व० स०] तो भी। तिस पर भी। फिर भी।

तथाराज—पुं० [सं० तथा√राज् (शोभित होना)+अच्] बुद्ध का एक नाम।

तथास्तु—पद [सं० तथा अस्तु—व्यस्त पद] (जैसा कहते हो) वैसा ही हो। एवमस्तु (आशीर्वाद, शुभ-कामना आदि का सूचक)।

तथैव—अव्य० [सं० तथा-एव, द्व० स०] उसी प्रकार का। वैसा ही। यथैव का नित्य-संबंधी। उदा०—तथैव मैं हूँ मलिन, यथैव तू।—हरिऔध। २. उसी प्रकार। वैसे ही।

तथोक्त—वि० [सं० तथा-उक्त, तृ० त०] १. उस प्रकारा कहा हुआ। २. तथा-कथित। (दे०)

तथ्य†—पुं० [सं० तथ्य] १. यथार्थ बात। २. तथ्य। ३. रहस्य।

†अव्य० [सं० तत्त] उस जगह। वहाँ।

तथ्यु—अव्य० [सं० तथापि ?] तो भी। तथापि। (राज०)

तथ्थे†—वि०=तथैव।

तथ्य—पुं० [सं० तथा+यत्] १. यथार्थता। सत्यता। २. वास्तविकता या मूल कारण। ३. कोई ऐसी घटना बात या संबंध जो वस्तुतः अस्तित्व में हो।

तथ्यक—वि० [सं० साध्यिक] तथ्य-संबंधी।

तथ्यभाषी (षिन्)—वि० [सं० तथ्य√भाष् (बोलना) +णिनि] तथ्यपूर्ण और वास्तविक बात कहनेवाला।

तथ्यवादी (दिन्)—वि० [सं० तथ्य√वद् (बोलना)+णिनि] =तथ्य भाषी।

तद्—वि० [सं०√तन् (फैलना)+क्विप्] वह।

क्रि० वि० [सं० तदा] उस समय। तब। (पश्चिम)

तदंतर—अव्य०= [सं० तदनंतर] उसके बाद।

तदनंत†—अव्य०=तदनतर।

तदनंतर—अव्य० [सं० तद्-अनंतर, ष० त०] उसके उपरान्त। उसके पीछे या बाद।

तदनन्यत्व—पुं० [सं० तद्-अनन्यत्व, ष० त०] वेदांत के अनुसार कार्य और कारण में होनेवाली एकता।

तदनु—अव्य० [सं० तद्-अनु, ष० त०] १. उसके पीछे। उसके अनुसार। ३. उसी तरह। उसी प्रकार।

तदनुकूल—वि० [सं० तद्-अनुकूल, ष० त०] उसके अनुकूल।

तदनुकूलतः—अव्य० [सं० तदनुकूल+तस्] उसके अनुकूल भाव या विचार से।

तदनुरूप—वि० [सं० तद्-अनुरूप, ष० त०] उसी के रूप का। उसी के जैसा या समान।

तदनुसार—अव्य० [सं० तद्-अनुसार, ष० त०] उसी के अनुसार। वि० उसके अनुसार होनेवाला।

तदन्यबाधितार्थ—पुं० [सं० तदन्य पं० त०, बाधितार्थ कर्म० स०, तदन्य-बाधितार्थ कर्म० स०] नव्य न्याय में तर्क के पांच प्रकारों में से एक।

तदपि—अव्य० [सं० तद्-अपि, द्व० स०] तो भी। तिस पर भी। तथापि।

तदबीर—स्त्री० [अ०] १. विचारपूर्वक निकाली या सोची हुई युक्ति। २. काम करने या निकालने का कोई ढंग। उपाय।

तदर्थ—अव्य० [सं० तद्-अर्थ, ष० त०] उसके वास्ते।

तदर्थ समिति—स्त्री० [तद्-अर्थ, ब० स०, तदर्थ-समिति, कर्म० स०]

किसी विशिष्ट कार्य के संपादन के लिए बनी हुई समिति। (एड-हॉक कमिटी।)

तदर्थी—वि० = तदर्थीय।

तदर्थीय—वि० [सं० तदर्थ+छ—ईय] उसके अर्थ जैसा अर्थ रखनेवाला। समानार्थक। समानक।

तदा—अव्य० [सं० तद्+दा] उस समय। तब।

तदाकार—वि० [सं० तद्-आकार, ब० स०] १. उसी के आकार का। २. जो किसी के आकार या रूप में मिलकर उसी के समान हो गया हो। ३. तन्मय। तल्लीन।

तदारूक—पुं० [अ०] १. खोई हुई चीज या भागे हुए अपराधी आदि की खोज या किसी दुर्घटना आदि के सम्बन्ध में की जानेवाली जांच। २. किसी दुर्घटना को रोकने या उससे बचने के लिए पहले से किया जानेवाला उपाय या प्रबन्ध। ३. दंड। सजा।

तदि—अव्य० [सं० तदा] तब। उदा०—किरि नी पापौ तदि निकुटी। —पृथीराज।

तदीय—सर्व० [सं० तद्+छ—ईय] १. उसका। २. उससे संबंधित।

तदुपरांत—अव्य० [स० तद्-उपरांत, ष० त०] उसके उपरांत। उसके पीछे या बाद।

तद्गत—वि० [सं० द्वि० त०] १. उससे संबंध रखनेवाला। उसके संबंध का। २. उसमें अन्तर्युक्त या व्याप्त।

तद्गुण—पुं० [सं० ब० स०] साहित्य में, एक प्रकार का अलंकार जिसमें एक वस्तु के अपने समीप की किसी दूसरी वस्तु का कोई गुण ग्रहण करने का वर्णन होता है।

तद्देशीय—वि० [सं० तद्देश, कर्म० स०+छ—ईय] उस देश का।

तद्धन—पुं० [सं० ब० स०] कंजूस। कृपण।

तद्धर्म (न्)—वि० [सं० ब० स०] उस धर्म का।

तद्धित—पु० [सं० च० त०] १. व्याकरण में, वे प्रत्यय जो विशेषण शब्दों में लगकर उन्हें संज्ञाएँ और संज्ञाओं में लगकर उन्हें विशेषण का रूप देते हैं। २. उक्त प्रकार के प्रत्यय लगने से बननेवाले शब्द रूप या उनके रूप।

तद्बल—पुं० [सं० ब० स०] एक प्रकार का बाण।

तद्भव—पुं० [सं० ब० स०] किसी भाषा में चलनेवाला वह शब्द जो किसी दूसरी भाषा के किसी शब्द का बिकृत रूप हो। जैसे—'काम' सं० के 'कर्म्म' शब्द का तद्भव है।

तद्यपि—अव्य० [सं० तदापि] तथापि।

तद्रूप—वि० [सं० ब० स०] [भाव० तद्रूपता] उसी के रूप का। वैसा ही।

पु० साहित्य में एक अर्थालंकार जिसमें उपमेय को उपमान से पृथक् मानते हुए भी उसे उपमान का दूसरा रूप और उसके कार्य का कर्ता बतलाया जाता है।

तद्रूपता—स्त्री० [स० तद्रूप+तल्—टाप्] तद्रूप होने की अवस्था या भाव।

तद्वत्—वि० [सं० तद्+वति] उसके समान। उसी के जैसा।

अव्य० उसी की तरह।

तधी†—अव्य० [सं० तदा] तभी। (क्व०)

तन—पु० [सं० तनु] १. जीव का स्थूल ढाँचा। देह। शरीर।

मुहा०—तन कसना=तपस्या के द्वारा अपने आपको सहनशील बनाना। **तन तोड़ना**=(क) अँगड़ाई लेना। (ख) बहुत अधिक परिश्रम करना। **तन देना**=ध्यान देना। **तन मन वारना**=इंद्रियों को वश में रखना। **(किसी के) तन लगना**=(क) किसी के उपयोग में आना। (ख) किसी के प्रति परिणाम होना या प्रभाव पड़ना। जैसे—जिसके तन लगती है वही जानता है।

२. स्त्री की मूत्रेंद्रिय। भग।

मुहा०—(किसी को) तन दिखाना=किसी के साथ प्रसंग या संभोग करना। जैसे—वेश्याएँ सौ आदमियों को तन दिखाती हैं।

*अव्य० [सं० तनु] ओर। तरफ।

तनक—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की रागिनी जिसे कोई कोई मेघ राग की रागिनी मानते हैं।

स्त्री० [हि० तिनगना] १. तनने या रूख होने की क्रिया या भाव। †वि०=तनिक।

तनकना*—अ०=तिनकना।

तनकीद—स्त्री० [अ०] आलोचना। समीक्षा। २. परख। पहचान।

तनकीह—स्त्री० [अ०] १. कोई मूल कारण या तथ्य जानने या निकालने के लिए किसी से की जानेवाली पूछ-ताछ। २. आज-कल विधिक क्षेत्रों में, दीवानी मुकदमों आदि के सम्बन्ध में दोनों पक्षों के कथन और उत्तर के आधार पर न्यायालय का यह निश्चित करना कि मुख्यतः कौन-कौन सी बातें विचारणीय हैं।

तनखाह—स्त्री० [फा० तनख्वाह] वेतन। (दे०)

तनखाहदार—पु० [फा०] वेतन लेकर काम करनेवाला व्यक्ति। वेतन-भोगी।

तनख्वाह—स्त्री०=तनखाह (वेतन)।

तनगना†—अ०=तिनकना।

तनजीम—स्त्री० [अ० तन्जीम] अपने दल वर्ग, समाज आदि के लोगों को एकत्र तथा संघटित करना। संघटन।

तन-तनहा—अव्य० [हि० तन+फा० तनहा] केवल अपना शरीर लेकर। अकेले ही। जैसे—वह तन-तनहा ही घर से निकल पड़ा।

ततनना—पु० [अ० तनतनः] १. रोब-दाब। दबदबा। २. आतंक। ३. आवेश में आकर प्रकट किया जानेवाला क्रोध गुस्सा।

क्रि० प्र०—दिखाना।

ततनतनाना—अ० [हि० तनना] बहुत तन या खिंचकर अपनी शान दिखाते हुए क्रोध प्रकट करना।

तनत्राण†—पु०=तनुत्राण।

तनधिही—स्त्री०=तनेही।

तनधर—वि० [हि० तन+सं० धर] शरीरधारी। शरीरवाला।

तनना—अ० [हि० तानना का अ० रूप] १. ताना जाना। २. किसी चीज का इस प्रकार खींचा जाना या ऐसी स्थिति में होना कि उसमें पड़े हुए झोल, बल, सिकुड़नें आदि निकल जायँ। जैसे—रस्सी तनना। ३. किसी स्थान को आच्छादित करने के लिए उसके ऊपर किसी चीज का खींचकर फैलाया जाना। जैसे—चँदोवा या चाँदनी तनना। ४. किसी रचना का रस्सियों आदि की सहायता से खींचकर खड़ी

किया या बाँधा जाना। जैसे—छोया तनना। ५. खिंचाव से युक्त होकर किसी एक पार्श्व में होना। जैसे—भौंहें तनना। ६. लाक्षणिक अर्थ में व्यक्ति का क्रोध या हठपूर्वक अपने पक्ष या बात पर अड़े रहना और किसी की ओर उन्मुख या प्रवृत्त न होना। ७. आघात करने के लिए किसी चीज का उठाया जाना। जैसे—दोनों ओर से लाठियाँ तन गईं।

तनपात—पुं०=तनुपात (मृत्यु)।

तनपोषक—वि० [हिं० तन+सं० पोषक] जो अपने ही तन या शरीर का ध्यान रखे अर्थात् स्वार्थी।

तनबाल—पुं० [सं०] १. एक प्राचीन देश। (महाभारत) २. उक्त देश का निवासी।

तनमय†—वि०=तन्मय।

तनमात्रा†—स्त्री० दे० 'तन्मात्रा'।

तनमानसा—स्त्री० [स०?] ज्ञान की सात भूमिकाओं में तीसरी भूमिका।

तनय—पुं० [सं०√तन् (फैलाना)+कयन्] [स्त्री० तनया] १. पुत्र। बेटा। २. ज्योतिष में जन्म लग्न से पाँचवाँ स्थान जिसके आधार पर यह जाना जाता है कि कितने पुत्र या लड़के-बाले होंगे।

तनया—स्त्री० [सं० तनय+टाप्] १. पुत्री। बेटी। लड़की। २. पिप्पल नाम की लता।

तनराग—पुं०=तनुराग।

तनरुह—पुं०=तनूरुह (रोआँ)।

तनवाना—स० [हिं० 'तानना' का प्रे० रूप] किसी को कुछ तानने में प्रवृत्त करना। तानने का काम किसी और से कराना।

तनवाल—पुं० [देश०] वैद्यों की एक उपजाति।

तनसक—पुं० [देश०] स्फटिक पत्थर। बिल्लौर।

तनसीख—स्त्री० [अ०] १. नष्ट करना। मिटाना। २. निरर्थक कर या व्यर्थ करना। मिटाना।

तनसुख—पुं० [हिं० तन+सुख] एक प्रकार की फूलदार बढ़िया महीन मलमल।

तनहा—वि०[फा०] [भाव० तनहाई] (व्यक्ति) जिसके साथ और कोई व्यक्ति न हो।
अव्य० बिना किसी संगी या साथी के।

तनहाई—स्त्री० [फा०] १. तनहा अर्थात् अकेले होने की अवस्था। २. एकान्त या निर्जन स्थान।

तना—पुं० [फा०] पेड़-पौधों का जमीन से ऊपर निकला हुआ वह मोटा भाग जिसके ऊपरी सिरे पर डालियाँ निकली होती हैं। धड़।
*अव्य० वि० दे० 'तनु'।

तनाई—स्त्री० [हिं० तानना] तानने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

तनाऊ*—पुं०=तनाव।

तनाकु—क्रि० वि०=तनिक।

तनाजा—पुं० [अ० तनाज:] १. दो पक्षों में कुछ समय तक बराबर चलता रहनेवाला झगड़ा। २. वैर। शत्रुता।

तनाना—स० [हिं० तानना का प्रे०] कोई चीज किसी को तानने में प्रवृत्त करना। तनवाना।

तनाब—स्त्री० [अ० तिनाब] १. वह डोरी या रस्सी जिससे खेमे या तंबू के बाँस आदि खींचकर खूँटों से बाँधे जाते हैं। २. बाजीगरों का वह रस्सा जिसपर चलकर वे तरह तरह के करतब दिखाते हैं। ३. वह डोरी या रस्सी जिसपर धोबी कपड़े सुखाने के लिए टांगते है। ४. डोरी। रस्सी।

तनाय*—पुं०=तनाव।

तनाव†—पुं० [हिं० तानना] १. तने अर्थात् कसे या खिंचे हुए होने की अवस्था या भाव। २. राग-द्वेष आदि के कारण उत्पन्न होनेवाली वह स्थिति जिसमें दोनों पक्ष एक दूसरे की ओर प्रवृत्त नहीं होते। स्त्री० दे० 'तनाव'।

तनासुख—पुं० [अ०] इस लोक में आत्मा का होनेवाला आवागमन या बार बार शरीर धारण।

तनि*—अव्य०[स० तनु] और। तरफ।
पु० [सं० तनु] शरीर। देह। उदा०—बधिया तनि सरवरि बेस बघंती।—प्रिथीराज।
†क्रि० वि०=तनिक।

तनिक—वि० [सं० तनु=अल्प] १. जो अल्प मात्रा या मान में हो। जरा-सा। थोड़ा। २. छोटा-सा।
अव्य० कुछ। जरा। टुक। जैसे—तनिक देर हो गई।

तनिका—स्त्री० [सं० √तनु (विस्तार)+इन्+कन्—टाप्, इत्व] किसी वस्त्र, पात्र आदि में लगी हुई वह डोरी जिससे कोई चीज कसकर बाँधी जाती है। तनी। बंद।

तनिमा (मन्)—स्त्री० [सं० तनु+इमनिच्] १. शारीरिक कृशता। दुबलापन। २. सुकुमारता। नजाकत।
पु० जिगर। यकृत।

तनिया†—स्त्री० [हिं० तनी] १. कौपीन। लँगोटी। २. काछा। जाँघिया। ३. चोली। ४. दे० 'तनी'।

तनिष्ठ—वि० [सं० तनु+इष्ठन्] जो शारीरिक दृष्टि से दुबला हो। कृश।

तनिस†—पु० [सं० तृण या हिं० तिनका?] पुआल। उदा०—तनिस बिछा के जब हम सोयन गाती बांध चार हाथ को।—लोकगीत।

तनी—स्त्री० [सं० तनिका] १. कुरती, चोली, मिरजई आदि में लगी हुई वह डोरी जिससे पहनी हुई कुरती या चोली या मिरजई कसी जाती है। २. कोई चीज कसने या बाँधने के लिए किसी चीज में लगी हुई डोरी। जैसे—तकिये या बैली की तनी। ३. दे० 'तनिया'।
†वि०, अव्य०=तनिक।

तनीदार—वि० [हिं० तनी+फा० दार] जिसमें तनी या बंद लगे हों।

तनु—वि० [सं०√तन् (विस्तार)+उन्] १. दुबला-पतला। कृश। २. अल्प। थोड़ा। ३. कोमल। सुकुमार। ४. अच्छा। बढ़िया। ५. तुच्छ। ६. छिछला।
पुं० १. देह। शरीर २. शरीर की खाल या चमड़ा। त्वचा। ३. ज्योतिष में जन्म-कुंडली में का जन्म-स्थान।
स्त्री० १. औरत। स्त्री। २. कँचुली। ३. योग में अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश इन चारों क्लेशों का एक भेद जिसमें चित्त में क्लेश की अवस्थिति तो होती है पर साधन या सामग्री आदि के कारण उसकी अनुभूति या परिणाम नहीं होता।

क्रि० वि० [सं० तनु] और। तरफ। उदा०—विहँसे करुना ऐन चितै जागकी ललन तनु।—तुलसी।

तनुक*—क्रि० वि०=तनिक।

पुं०=तनु।

तनु-कूप—पुं० [सं० ष० त०] त्वचा में होनेवाला सूक्ष्म छेद (जिसमे से पसीना आदि निकलता है।

तनुकेशी—स्त्री० [सं० ब० स०, ङीष्] सुन्दर बालोंवाली स्त्री।

तनु-खीर—पुं० [सं० ब० स०] आमडे का वृक्ष।

तनु-गृह—पुं० [सं०] अश्विनी नक्षत्र।

तनुच्छद—पुं० [सं० तनु√छद् (ढकना)+णिच्+घ, ह्रस्व] १. कवच। २. वस्त्र।

तनुच्छाय—पु० [सं० ब० स०] बबूल का पेड़।

तनुज—पुं० [सं० तनु√जन् (पैदा होना)+ड] [स्त्री० तनुजा] १ बेटा। पुत्र। २. रोआँ। ३. जन्म-कुंडली मे लग्न से पचवाँ स्थान जहाँ से पुत्र भाव देखा जाता है।

तनुजा—स्त्री० [सं० तनुज+टाप्] कन्या। पुत्री। बेटी।

तनुता—स्त्री० [सं० तनु+तल्—टाप्] १ तनु अर्थात् दुबले-पतले होने की अवस्था या भाव। २. सुकुमारता। ३. छोटाई। ४. तुच्छता। ५. अल्पता। ६. छिछलापन।

तनु-ताप—पु० [ष० त०] १. शारीरिक ताप। २. मन को कष्ट देनेवाली बात। दुःख। व्यथा।

तनुत्र—पु० [सं० तनु√त्रै (रक्षा करना)+क] =तनुत्राण।

तनु-त्राण—पु० [ष० त०] १. वह चीज जो शरीर की रक्षा करे। २. कवच। बकतर।

तनुत्राण—पु०=तनुत्राण।

तनु-त्वच्—वि० [ब० स०] जिसकी त्वचा पतली हो।

स्त्री० छोटी अरणी।

तनुधारी (रिन्)—वि० [सं० तनु√धृ (धारण करना)+णिनि] तनु अर्थात् शरीर धारण करनेवाला। शरीरधारी।

तनु-पत्र—पुं० [ब० स०] गोंदी का पेड़। इंगुदी।

तनु-पात—पुं० [ष० त०] शरीर का गिर अर्थात् मर जाना। मृत्यु।

तनु-प्रकाश—वि० [कर्म० स०] धुंधले या मद प्रकाशवाला।

तनु-बीज—वि० [ब० स०] जिसके बीज छोटे हों।

पुं० राजबेर।

तनुभव—पुं० [सं० तनु√भू (होना)+अच्] [स्त्री० तनुभवा] पुत्र। बेटा।

तनु-मूलि—स्त्री० [कर्म० स०] बौद्ध श्रावको के जीवन की एक अवस्था।

तनुभृत—वि० [सं० तनु√भृ (धारण)+क्विप्] देहधारी।

तनु-मध्य—वि० [ब० स०] [स्त्री० तनुमध्या] पतली कमरवाला।

तनु-मध्या—स्त्री० [ब० स०, टाप्] एक वर्ण-वृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे क्रमशः एक एक तगण और एक एक यगण होता है।

तनु-रस—पुं० [ष० त०] पसीना। स्वेद।

तनु-राग—पुं० [ब० स०] १. केसर, कस्तूरी, चंदन, कपूर आदि को मिलाकर बनाया हुआ एक सुगंधित उबटन। बटन। २. केसर, कस्तूरी, चंदन, कपूर आदि सुगंधित द्रव्य।

तनुरुह—पु० [स० तनु√रुह् (उगना) +क] १. रोआँ। २. पंख। पर। ३. पुत्र। बेटा।

तनुरुह—वि० [स०√तन् (विस्तार)+उरुच्] फैला या फैलाया हुआ।

तनुवात—पु० [ब० स०] १. ऊँचे स्थानों पर की वह पतली हवा जिसमें श्वास लेना कठिन होता है। २. ऐसा स्थान जहाँ उक्त प्रकार की वायु हो। ३. जैनियो के अनुसार एक प्रकार का नरक।

तनुवार—पु० [सं० तनु√वृ (ढकना)+अण्] कवच।

तनु-बीज—पु०=तनुबीज।

तनु-व्रण—पु० [ब० स०] बल्मीक रोग। फील-पाँव।

तनु-शिरा (रस्)—वि० [ब० स०] छोटे सिरवाला।

पु० एक प्रकार का छंद।

तनु-संचारिणी—स्त्री० [म० तनु-सम्√चर् (गति)+णि—ङीप्] १. युवा स्त्री। २. दस वर्ष की बालिका।

तनु-स्वर—पु० [स० तनु√स्वृ (गति)+अच्] पसीना। स्वेद।

तनु-हृद—पु० [ष० त०] गुदा।

तनू—पु० [स०√तन् (विस्तार)+ऊ] १ शरीर। २. व्यक्ति। ३. शरीर का कोई अवयव। ४. पुत्र। बेटा। ५ प्रजापति।

स्त्री० गाय। गौ।

तनूकरण—पु० [म० तनु+च्वि, दीर्घ√कृ+ल्युट्—अन] [भू० कृ० तनूकृत] किसी चीज को जल मे घोलकर या मिलाकर उसकी घनता, लोवता आदि कम करना। (डाइल्यूशन)

तनूज—वि० [स० तनु√जन् (पैदा होना)+ड] [स्त्री० तनूजा] तन से उत्पन्न। शरीर से उद्भूत।

पु० १. बेटा। पुत्र। २. पंख। पर।

तनूजा*—स्त्री०[सं० तनूज+टाप्]बेटी। पुत्री।

तनूताप—पु०=तनुताप।

तनूत्रप—पु०[म० तनू-ऊन, प०त०, ननून√पा (रक्षा)+क]घी। घृत।

तनूनपात्, तनूनपाद्—पु० [सं० तनून√पत् (गिरना)+णिच्+क्विप्] १. चीते का वृक्ष। चीता। चित्रक। २. अग्नि। आग। ३. घी। घृत। ४ नवनीत। मक्खन।

तनूपा—पु०[स० तनू√पा+क्विप्] अठराग्नि।

तनू-पाल—पु०[ष० त०] अंगरक्षक।

तनू-पूष्ठ—पुं०[ब०स०] एक तरह का सोमयज्ञ जिसमें सोमपान किया जाता था।

तनूरा—पु०=तनूर।

तनूरुह—पुं०[म० तनू√रुह (उगना)+क]=तनूरुह।

तनें*—अव्य० [म० तन] की ओर। की तरफ। उदा०—राम तने रग राची.... ।—मीरां।

तनेना—वि०[हिं० तानना+एना (प्रत्य०)] [स्त्री० तनेनी] १. तना या खिचा हुआ। २. टेढ़ा। तिरछा। ३. (व्यक्ति) जो तनकर क्रोधपूर्वक बातें करता हो। ४. रुष्ट।

तनें*—पु०=तनय।

*अव्य०=तने (की ओर)।

तनैना—वि०=तनेना।

तनैया*—वि०[हिं० तानना+ऐया (प्रत्य०)] तानेनेवाला।

†स्त्री०[सं० तनया] कन्या। बेटी। पुत्री। स्त्री०=तनी।

तनैला—पुं०[देश०] एक तरह के सफेद रंग के सुगंधित फूलवाला छोटा वृक्ष।

तनोवा†—पुं०[हिं० तानना] १. वह कपड़ा जो छाया आदि के लिए ताना जाता है। २. चँदोवा।

तनोज—वि०, पुं०=तनूज।

तनोरुहं†—पुं०=तनुरुह।

तनोवा—पु०=तनोवा।

तन्दुरुस्त—वि० [फा०]=तंदुरुस्त।

तन्दुरुस्ती—स्त्री०=तंदुरुस्ती।

तन्ना—पु०[हिं० तानना] १. बुनाई करते समय लंबे बल में ताना हुआ सूत। २. वह जिससे कोई चीज तानी जाय।

तन्नाना—अ०१. तनना। २.=तनकना।

तन्नि—स्त्री०[सं० तनु√नी (ले जाना)+क्ति (वा०)] १. पिठवन। २. कश्मीर की चन्द्र-कुल्या नदी का एक नाम।

तन्नी—स्त्री०[सं० तनिका, हिं० तनी] १. तनी विशेषतः वह डोरी जिससे तराजू की डंडी में पलड़ा लटकाया जाता है। २. लोहे की मैल खुरचने की एक तरह की अँकुसी। ३. वह रस्सी जिसकी सहायता से पाल चढ़ाया जाता है। ४. व्यापारी जहाज का एक अधिकारी जो व्यापार संबंधी कार्य करता है।

†पुं० दे० 'तरनी'।

तन्मनस्क—वि०[सं० तत्-मनस् ब०स०, कप्] तन्मय। तल्लीन।

तन्मय—वि०[सं० तद्+मयट्][भाव० तन्मयता] १. उस (पूर्वोक्त) से बना हुआ। २. जो दत्तचित होकर कोई काम कर रहा हो। किसी कार्य या व्यापार में खोया हुआ। मग्न। लवलीन।

तन्मयता—स्त्री०[सं० तन्मय+तल्—टाप्] तन्मय होने की अवस्था, गुण या भाव।

तन्मयासक्ति—स्त्री० [सं० तन्मयी-आसक्ति, कर्म०स०] भगवान के प्रति होनेवाला वह दिव्य प्रेम जिसमें मनुष्य अपनी सत्ता भूल जाता है।

तन्मात्र—वि०[सं० तद्+मात्रच्] बहुत थोड़ी मात्रा का।

पुं० पंचभूतों का मूल सूक्ष्म रूप।

तन्मात्रा—स्त्री०=तन्मात्र।

तन्मूलक—वि० [सं० तद्-मूल, ब०स०, कप्] उस (पूर्वोक्त) से निकला हुआ। तज्जन्य।

तन्य—वि०[सं० तान्य] [भाव० तन्यता] १. जो खींचा या ताना जा सके। २. (पदार्थ) जो खींचे, तान या घसीटकर बढ़ाया या लंबा किया जा सके, और ऐसा करने पर भी बीच में से कहीं टूटे-फूटे नहीं। जैसे—धातुएँ तन्य होती हैं और उनके तार या पत्तर बनाये जा सकते हैं। (डक्टाइल)

तन्यक—वि० तन्य। (दे०)

तन्यता—स्त्री०[सं० तान्यता] १. तन्य होने की अवस्था या भाव। २. वस्तुओं का वह गुण जिससे वे खींचने, तानने या पीटने पर बिना बीच में से टूटे, बढ़कर लंबी हो सकती हैं। (डक्टिलिटी)

तन्यतु—पुं०[सं०√तन् (फैलाना)+यतुच्] १. वायु। हवा। २. राद। रात्रि। ३. गर्जन। ४. एक प्रकार का पुराना बाजा।

तन्वंग—वि०[सं० तनु-अंग, ब०स०][स्त्री० तन्वंगी] सुकुमार अंगोंवाला। कोमलांग।

तन्वंगी—स्त्री०[सं० तन्वंग+ङीप्] सुकुमार अंगोंवाली स्त्री।

तन्वि—स्त्री०[सं०] १. चन्द्रकुल्या नदी का एक नाम जो कश्मीर में है। २. तन्वंगी।

तन्विनी—स्त्री०=तन्वंगी।

तन्वी—वि०[सं० तनु+ङीए] दुबले-पतले शरीर या कोमल अंगोंवाली। स्त्री० १. सुकुमार अंगोंवाली स्त्री। २. एक प्रकार का वर्ण-वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः एक-एक भगण, तगण, नगण और अंत में यगण होता है।

तपःकर—पुं०[सं० तपस्√कृ (करना)+ट] तपस्वी।

तपःकृश—वि०[सं० तृ० त॰Δ] तपस्या के फलस्वरूप जिसका शरीर क्षीण या कृश हो गया हो।

तपःभूत—वि०[सं०तृ० त०] जिसने तपस्या के द्वारा आत्मशुद्धि कर ली हो।

तपःसाध्य—वि०[स० तृ० त०] जिसका साधन तपस्या से होता या हो सकता हो।

तपःसुत—पुं० [सं०] युधिष्ठिर।

तपःस्थल—पुं०[सं० ष०त०] तप करने का स्थान। तपोवन।

तपःस्थली—स्त्री० [सं० ष० त०] काशी।

तप (सु)—पुं०[सं०√तप् (शरीर को कष्ट देना)+असुन्] १. स्वेच्छा से शारीरिक कष्ट सहते हुए इन्द्रियों तथा मन को वश में रखना और यम, नियम आदि का पालन करना। शरीर को तपाना। तपस्या। २. किये हुए अपराध या पाप के प्रायश्चित्त स्वरूप स्वेच्छा से किया जानेवाला ऐसा कठोर आचरण जिससे शरीर को कष्ट होता हो। तपस्या। ३. अग्नि। आग। ४. गरमी। ताप। ५. गरमी के दिन। ग्रीष्म ऋतु। ६. ज्वर। बुखार। ७. एक कल्प का नाम। ८. माघ नाम का महीना। ९. ज्योतिष में, लग्न से नवाँ स्थान। १० दे० 'तपोलोक'।

तपकना*—अ० [हिं० टपकना या तमकना] १. (छाती या हृदय का) रह-रहकर धड़कना। २. चमकना। ३. दे० 'टपकना'।

तपचाक—पुं०[देश०] तुर्की (देश) का एक तरह का घोड़ा।

तपड़ी—स्त्री०[देश०] १. छोटा टीला। ढूह। २. एक प्रकार का वृक्ष जिसमें जाड़े में लाल रंग के फल लगते हैं। ३. उक्त वृक्ष का फल।

तपत†—स्त्री०=तपन। उदा०—मेरे मन की तपत बुझाई।—कबीर।

तपती—स्त्री०[सं०] छाया के गर्भ से उत्पन्न सूर्य की कन्या। (महाभारत)

तपन—वि०[सं०√तप्+ल्युं—अन] १. तपनेवाला। २. कष्ट या दुःख देनेवाला।

पुं० १. सूर्य। २. सूर्यकांतमणि। ३. एक प्रकार की अग्नि। ४. धूप। ५. साहित्य में वे कष्टसूचक शारीरिक व्यापार जो प्रिय के वियोग में स्वाभाविक रूप से होते हैं। ६. एक नरक जिसमें ताप की बहुत अधिकता कही गई है। ७. अरनी, भिलावाँ, मंदार आदि वृक्षों की संज्ञा।

स्त्री०[हिं० तपना] १. तपे हुए होने की अवस्था या भाव। २. किसी

धीप के तपे हुए होने की वह स्थिति जिसमें अधिक ताप की अनुभूति होती है। तपिश। जैसे—कमरे में तपन है।

तपन-कर—पुं० [ष० त०] सूर्य की किरण। रश्मि।

तपनच्छद—पु०[ब०स०] मदार का पेड़।

तपन-तनय—पुं० [ष०त०] सूर्य का पुत्र।
विशेष—कर्ण, यम, शनि, सुग्रीव, आदि सूर्य के पुत्र माने गये हैं।

तपन-तनया—स्त्री०[ष०त०]१. सूर्य की पुत्री, यमुना नदी। २ शमी वृक्ष।

तपन-मणि—पु०[मध्य०स०] सूर्यकांत मणि।

तपनांशु—पु०[सं० तपन-अंशु, ष०त०] सूर्य की किरण। रश्मि।

तपना—अ०[सं० तपन]१. अधिक ताप से युक्त होना। तप्त होना। जैसे—तंदूर या तवा तपना। २. ताप या तपस्या करना। ३. मन ही मन बहुत अधिक कष्ट या दुःख भोगना। संतप्त होना। उदा०—निरखि सहचरी को अति तपनौ, कहा लगी तब अपनौ सपनौ।—नंददास। ४. लोगों पर आतंक फैलाते हुए अपने तेज या प्रभुत्व का सिक्का जमाना। जैसे—वह कोतवाल अपने समय में बहुत तपा था। ५. केवल शान दिखाने के लिए आवश्यकता से अधिक प्रायः व्यर्थ के कामों मे धन व्यय करना। जैसे—बाप के मरने पर कंजूस रईसी के लड़के खूब तपते हैं। ६. किसी काम में निरंतर लगे रहकर उसके लिए बहुत कष्ट भोगना। जैसे—आप तमे हुए देश-सेवी हैं।
अ०[सं० तप्] तपस्या करना। उदा०—पहुँचे आनि तुरंत तपति भूपति जिहि कानन।—रत्नाकर।

तपनाराधन—पुं०[सं० तपन-आराधन]तपस्या।

तपनि*—स्त्री०=तपन।

तपनी†—स्त्री० [हिं० तपना] १. वह स्थान जहाँ आग जलाकर तापी जाती है। कौड़ा। अलाव।
क्रि० प्र०—तापना।
२. तप। तपस्या। ३. तपन।
स्त्री०[सं० तपन+ङीप्]१. गोदावरी नदी। २. पाठा लता।

तपनीय—पुं०[स०√तप्+अनीयर्] सोना।
वि० तपने या तपाने के योग्य।

तपनीयक—पुं०[सं० तपनीय+कन्]=तपनीय।

तपनेष्ट—पुं०[तपन-इष्ट, ष० त०] ताँबा।

तपनोपल—पु० [तपन-उपल मध्य० स०] सूर्यकांत मणि।

तपभूमि—स्त्री०=तपोभूमि।

तपराशि—पु०=तपोराशि।

तपरितु—स्त्री०[हिं० तपना+सं० ऋतु] गरमी का मौसम।

तपलोक—पुं० =तपोलोक।

तपवाना—स०[हिं० तपाना का प्रे०]१. तपने या तपाने का काम दूसरे से कराना। २. किसी को बहुत अधिक और व्यर्थ व्यय करने में प्रवृत्त करना।

तपवृद्ध—वि०=तपोवृद्ध।

तपशील—वि०[स० तपःशील] तपस्या करनेवाला।

तपश्चरण—पु०[स० तपस्-चरण, ष०त०] तप। तपस्या।

तपश्चर्या—स्त्री०[सं० तपस्-चर्या, ष०त०] तपस्या। तप।

तपस—पु० [स०√तप्+असच्] १ चंद्रमा। २. सूर्य। ३. चिड़िया। पक्षी।
†पु०=तपस्वी।
†स्त्री०=तपस्या।

तपसा—स्त्री०[स० तपस्या]१. तपस्या। तप। २. ताप्ती नदी का दूसरा नाम।

तपसाली—पु०[सं० तपःशालिन्] तपस्वी।

तपसी—पु०[तपस्वी] तपस्वी।
स्त्री०[स० तपस्या मत्स्य]बंगाल की खाड़ी में होनेवाली एक प्रकार की छोटी मछली।

तपसोभूति—पु०[स० अलक् स०] बारहवें मन्वतर के चौथे सावर्णि के सप्तर्षियों में से एक। (हरिवंश)

तपस्तप्त—पु०[ष० तपस्√तप्त (क्षीणकरना)+अण्] ब्रह्म।

तपस्पति—पु०[स० ष०त०] विष्णु।

तपस्य—पुं० [सं० तपस्+यत्] १ तप। तपस्या। २. तापस मनु के दस पुत्रों मे से एक। ३. फाल्गुन का महीना। ४. कुंद का फूल।

तपस्या—स्त्री० [सं० तपस्+क्यङ+अ—टाप्] १. मन की शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति के उद्देश्य से किये जानेवाले वे कठोर और कष्ट-दायक आचरण तथा नियम पालन जो एकांत मे रहकर किए जाते हैं। तप। २. ब्रह्मचर्य। ३. अपराध, पाप आदि के प्रायश्चित स्वरूप किया जानेवाला ऐसा आचरण जिससे शरीर को कष्ट हो। ४ इंतजार या प्रतीक्षा।
स्त्री०=तपसी (मछली)।

तपस्वत्—पु०[सं० तपस्+मतुप्, वत्व] तपस्वी।

तपस्विता—स्त्री०[सं० तपस्विन्+तल्—टाप्]तपस्वी होने की अवस्था, गुण या भाव।

तपस्विनी—स्त्री०[सं० तपस्विन्+ङीप्] १. तपस्या करनेवाली स्त्री। २. तपस्वी की पत्नी। ३ पतिव्रता और सती स्त्री। ४. वह स्त्री जो पति के मरने पर केवल सन्तान के पालन-पोषण के विचार से सती न हो और ब्रह्मचर्यपूर्वक शेष जीवन बिताये। ५ गोरखमुंडी। ६. कुटकी नाम की वनस्पति। ७. जटामासी।

तपस्वि-पत्र—पु०[सं० ब०स०] दौने का पौधा। दमनक।

तपस्वी (स्विन्)—पु०[स० तपस्+विनि] [स्त्री० तपस्विनी]१. वह जो बराबर तपस्या करता रहता हो। तपी। २. तपसी (मछली)। ३. तपमीमूति का एक नाम। ४. चीकुआर।
वि० दीन-हीन और दया का पात्र।

तपा*—पुं०[हिं० तप] तपस्वी।

तपाक—पुं०[फा०] १. आवेश। जोश। २. व्यावहारिक क्षेत्र में किसी के प्रति दिखाया जानेवाला उत्साह और प्रेम। जैसे—वे बहुत तपाक से मुझसे मिले थे।
मुहा०—तपाक बदलना=आवेश में आकर कोधपूर्ण व्यवहार करना। नाराज होना। बिगड़ना।
३. तेजी। वेग।

तपात्यय—पुं०[सं० तप-अत्यय, ब०स०] (ग्रीष्म ऋतु के अन्त में आनेवाला) वर्षाकाल। बरसात।

तपानल—पुं० [सं० तप-अनल, मध्य०स०] १. तप की अग्नि अर्थात् तपस्या करने के फलस्वरूप प्राप्त होनेवाला कष्ट। २. उक्त प्रकार से प्राप्त होनेवाला तेज।

तपाना—स० [हिं० तपना] १. ताप से युक्त करके खूब गरम करना। जैसे—आग में रखकर लोहा तपाना।
विशेष—कुछ विशिष्ट धातुओं को तपाकर उनकी शुद्धता भी परखी जाती है। जैसे—सोना या चाँदी तपाना।
२. आग पर रखकर पकाना या पिघलाना। जैसे—घी तपाना। ३. तप करके अपने शरीर को अनेक प्रकार के कष्ट देना। ४. किसी को दुःखी या संतप्त करना।

तपारी—पुं०=तपस्वी। उदा०—दीर्घ तपारी देवि आप दीनो कुपि तामें।—चंदबरदाई।

तपार्चंड—पुं० [हिं० ताप+चंड (प्रत्य०)] तपस्वी।

तपाव—पुं० [हिं० तपना+आव (प्रत्य०)] १. तपने या तपे हुए होने की अवस्था या भाव। २. तपाने की क्रिया या भाव। ३. ताप। गरमी।

तपित*—भू० कृ० [सं० तप्त] १. ताप से युक्त किया हुआ। तपाया हुआ। २. तपा हुआ।

तपिया—पुं० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष जिसकी पत्तियाँ औषध के काम में आती हैं।
†पुं०=तपस्वी।

तपिश—स्त्री० [स० तप से फा०] १. किसी चीज के तपने के फलस्वरूप फैलनेवाला ताप। जैसे—जमीन की तपिश। २. बहुत बड़ा हुआ ताप। ३. ग्रीष्म ऋतु में होनेवाली तपन।

तपी—पुं० [हिं० तप+ई (प्रत्य०)] १. तपस्वी। २. सूर्य।

तपु (पुष्)—वि० [धं०√तप् (दाह)+उस्] १. तपा हुआ। उष्ण। गरम। २. तपाने या गरम करनेवाला।
पु० १. अग्नि। आग। २. सूर्य। ३. दुश्मन। शत्रु।

तपुरग्र—वि० [सं० तपुस्-अग्र, ब०स०] [स्त्री० तपुरग्रा] जिसका अगला भाग तपा या तपाया हुआ हो।

तपुरग्रा—स्त्री० [सं० तपुरग्र+टाप्] बरछी या भाला।

तपेदिक—पुं० [फा० तप+अ० दिक] एक प्रसिद्ध संक्रामक रोग जिसमें रोगी को खाँसी और बुखार दीर्घकाल तक बना रहता है और जिसके फल-स्वरूप उसके फेफड़े सड़ जाते हैं। क्षय। यक्ष्मा।

तपेला—पुं० [हिं० तपाना] [स्त्री० अल्पा० तपेली] १. पानी गरम करने का एक प्रकार का बड़ा पात्र। उदा०—तन मन कीन्हें बिरसाहि के तपेला हैं —रत्नाकर। २. बड़ी बटुली। भटठा।

तपेस्वा*—स्त्री०=तपस्या।

तपोज—वि० [सं० तपस्√जन् (उत्पन्न होना)+ड] १. जो तप के फलस्वरूप या प्रभाव से उत्पन्न हुआ हो। २. अग्नि से उत्पन्न।

तपोजा—स्त्री० [सं० तपोज+टाप्] जल। पानी।

तपोड़ी—स्त्री० [देश०] काठ का एक प्रकार का बरतन। (लश०)
†स्त्री० [पं० थपोड़ी] करतल-ध्वनि। ताली।

तपोधन—पुं० [सं० तपस्-धन, ब०स०] महाभारत में वर्णित एक तीर्थ-स्थल।

तपोधृति—पुं० [सं० तपस्-धृति, ब०स०] बारहवें मन्वंतर के एक ऋषि।

तपोधन—पुं० [सं० तपस्-धन, ब०स०] १. वह जिसका सारा धन या सर्वस्व तप या तपस्या ही हो; अर्थात् बहुत बड़ा तपस्वी। २. दीने का पौधा।

तपोधना—स्त्री० [सं० तपोधन+टाप्] गोरखमुंडी।

तपोधर्म—पुं० [सं० तपस्-धर्म, ब०स०] तपस्वी।

तपोधाम (मन्)—पुं० [सं० तपस्-धामन्, ष०त०] १. तप या तपस्या करने के लिए उपयुक्त स्थान। २. एक प्राचीन तीर्थ।

तपोधृति—पुं० [सं० तपस्-धृति, ब०स०] बारहवें मन्वंतर के चौथे सावर्णि के सप्तर्षियों में से एक ऋषि।

तपोनिधि—पुं० [सं० तपस्-निधि, ब०स०] १. तप की निधि अर्थात् बहुत बड़ा तपस्वी। २. वह जो उक्त निधि का स्वामी हो, अर्थात् बहुत बड़ा तपस्वी।

तपोनिष्ठ—वि० [सं० तपस्-निष्ठा, ब० स०] सदा तप या तपस्या पर निष्ठा रखकर उसमें लगा रहनेवाला।
पुं० तपस्वी।

तपोधन*—पुं०=तपोधन।

तपोबल—पुं० [सं० तपस्-बल, मध्य०स०] तप या तपस्या करने के फल-स्वरूप प्राप्त होनेवाला तेज या शक्ति।

तपोभंग—पुं० [सं० तपस्-भंग, ष०त०] बाधा, विघ्न, आदि के फलस्वरूप तप या तपस्या का बीच में ही भंग होना।

तपोभूमि—स्त्री० [स० तपस्-भूमि, ष०त०] १. ऐसी भूमि या स्थान जहाँ तपस्या होती हो; अथवा जो तपस्या के लिए सब प्रकार से उपयुक्त हो। २. वह भूमि या देश जिसमें बहुत से तपस्वियों ने तपस्या की हो।

तपोमय—पुं० [सं० तपस्+मयट्]=ईश्वर।

तपोमूर्ति—पुं० [सं० तपस्-मूर्ति, ष०त०] १. वह जो मूर्तिमान् तप या तपस्वी हो अर्थात् बहुत बड़ा तपस्वी। २. परमात्मा। परमेश्वर। ३. बारहवें मन्वंतर के चौथे सावर्णि के सप्तर्षियों में से एक। (पुराण)

तपोमूल—पुं० [सं० तपस्-मूल, ब०स०] तापस मनु के पुत्र का नाम।

तपोरति—पुं० [सं० तपस्-रति, ब०स०] १. तपस्वी। २. तापस मनु के एक पुत्र का नाम।

तपोरवि—पुं० [सं० तपस्-रवि, तु० त०] बारहवें मन्वंतर के चौथे सावर्णि के समय के सप्तर्षियों में से एक। (पुराण)

तपोराज—पुं० [सं० तपस्-राजन्, ष०त०] चंद्रमा।

तपोराशि—पुं० [सं० तपस्-राशि, ष०त०] बहुत बड़ा तपस्वी।

तपोलोक—पुं० [सं० तपस्-लोक, मध्य० स०] पुराणानुसार ऊपर के सात लोकों में से छठा लोक जो जन-लोक के बाद और सत्य-लोक के पहले पड़ता है।

तपोवट—पुं० [सं० तपस्-वट, ष० त०] प्राचीन भारत के मध्य में स्थित एक देश। ब्रह्मावर्त देश।

तपोवन—पुं० [सं० तपस्-वन, ष० त०] वह वन या आश्रम जिसमें बहुत से तपस्वी तपस्या करते हों।

तपोवरजा†—वि० [सं० तपोवारणी] तप से च्युत करनेवाली। उदा०—रे असुन्दर, सुघर घर तू, एक तेरी तपोवरजा।—निराला।

तपोवृद्ध—वि० [सं० तपस्-वृद्ध तु०त०] तपस्या में बढ़ा-चढ़ा।
पुं० बड़ा-बड़ा तपस्वी।

तपोव्रत—पुं०[सं० तपस्-व्रत, ष०त०] १. तपस्या-संबंधी व्रत। २. [ब०स०] वह जिसने उक्त व्रत धारण किया हो।

तपोऽशन—पुं०[सं० तपस्, अशन ब०स०] तापस मनु के पुत्र तपस्य।

तपौनी—स्त्री०[हिं० तपाना] १. तपाकर ठीक करने या उपयुक्त बनाने की क्रिया या भाव। २. मध्ययुग में ठगों की एक रसम जिसमें लूट-मार, हत्या आदि कर चुकने के बाद देवी की पूजा करके सब ठगों को प्रसाद रूप में गुड़ बाँटा जाता था।

मुहा०—(किसी को) तपौनी का गुड़ खिलाना=किसी नये आदमी को दीक्षित करके अथवा और कोई रसम करके अपनी मंडली या वर्ग में मिलाना। (परिहास)

३. दे० 'तपनी'।

तप्त—वि०[सं०√तप् (दाह)+क्त] १. (पदार्थ) जो तपा या तपाया हुआ हो। गरम। २. (व्यक्ति) जिसने खूब तपस्या की हो। ३. जिसे बहुत अधिक मानसिक कष्ट पहुँचा हो। परम दुःखी। ४. आवेश आदि के कारण विकल।

तप्तक—पुं०[सं० तप्त+कन्] कड़ाही।

तप्तकुंड—पुं०[कर्म०स०] वह जलाशय जिसका जल प्राकृतिक रूप से ही गरम रहता हो।

तप्तकुंभ—पुं०[ब०स०] पुराणानुसार एक नरक जिसमें जीवों को तपे हुए तेल के कड़ाहों में फेंका जाता है।

तप्त-कच्छू—पुं०[ब०स०] एक व्रत जिसमें बराबर तीन दिन तक गरम पानी, गरम दूध या गरम घी पीया जाता है और गरम श्वास बराबर निकाला जाता है।

तप्त-पाषाण—पुं०[ब०स०] पुराणानुसार एक नरक।

तप्त-बालुक—पुं०[ब०स०] पुराणानुसार एक नरक।

तप्तभाव—पुं०[ब० स०] प्राचीन काल की एक परीक्षा जिसमें तपे हुए तेल में अभियुक्त के हाथ की उँगलियाँ डलवाकर यह देखा जाता था कि वह अपराधी था दोषी है या नहीं। यदि उसकी उँगलियाँ जल जाती थीं तो वह अपराधी समझा जाता था और यदि उँगलियाँ नहीं जलती थीं तो वह निर्दोष माना जाता था।

तप्त-मुद्रा—पुं०[कर्म०स०] वह चिह्न जो वैष्णव-संप्रदाय के लोग चातुओं के गरम ठप्पे से शरीर पर लगवाते हैं।

तप्त-कपक—पुं०[कर्म०स०] तपाई हुई (और फलतः साफ) चाँदी।

तप्त-सूर्मी—पुं०[ब०स०] पुराणानुसार एक नरक जिसमें जीवों को लोहे के गरम खंभों का आलिंगन करना पड़ता है।

तप्त-सुरा-कुंड—पुं०[सं० तप्त-सुरा, कर्म० स०, तप्त-सुरा-कुंड, ब० स०] पुराणानुसार एक नरक।

तप्ता (त्तृ)—वि०[सं०√तप्(दाह)+तृच्] तप्त करनेवाला।

तप्तायरण—पुं०[सं० तप्त-आभरण, ष०त०] तपाये हुए (फलतः शुद्ध) सोने का बना हुआ गहना।

तप्तायन—पुं०=तप्तायनी।

तप्तायनी—स्त्री०[सं० तप्त-अयनी, ष०त०] पृथ्वी, जो दुःखी प्राणियों का निवास-स्थान मानी गयी है।

तप्ति—स्त्री०[सं०√तप्+क्तिन्] तप्त होने की अवस्था, गुण या भाव। ताप। गरमी।

तप्ता—पुं०=तप।

तप्य—वि० [सं०√तप्+यत्] १. तपाने योग्य। २. जो तपा करके शुद्ध किया जा सके। ३. तप करनेवाला।

पुं० शिव।

तबड्बुज—पुं०[अ०] श्रेष्ठता। बड़प्पन।

तफतीश—स्त्री०[अ०] छान-बीन, जाँच-पड़ताल या पूछ-ताछकर किसी भेद या रहस्यपूर्ण बात अथवा उसके मूल कारण का पता लगाना।

तफरका—पुं०[अ० तफ़र्क़ः] आपस में होनेवाला वैर-विरोध-मूलक अन्तर। मन-मुटाव।

क्रि० प्र०—डालना।—पड़ना।

तफरीक—स्त्री०[अ०] १. फरक होने की अवस्था या भाव। अन्तर। २. भिन्नता। ३. अलग होने की अवस्था या भाव। पार्थक्य। ४. बँटवारा। विभाजन। ५. गणित में घटाने या बाकी निकालने की क्रिया।

क्रि० प्र०—निकालना।

तफरीह—स्त्री० [अ०] १. मन-बहलाव। मनोविनोद। २. मन बहलाने के लिए इधर-उधर घूमना फिरना। सैर। ३ मन में होनेवाली प्रफुल्लता। ४. आपस में होनेवाला हास परिहास। हँसी-दिल्लगी।

तफरीहन—अव्य० [अ०] १. मन बहलाने के निमित्त। २. हँसी-दिल्लगी के लिए।

तफसीर—स्त्री० [अ०] १. किसी क्लिष्ट, गहन या दुरूह पद या वाक्य का सरल शब्दों में किया हुआ विवेचन या स्पष्टीकरण। टीका। २. कुरान की आयतों की व्याख्या।

तफसील—स्त्री० [अ०] १. विस्तृत वर्णन। २. कैफियत। विवरण। ३. कठिन पदों, वाक्यों आदि की टीका या स्पष्टीकरण। ४. ब्यौरेवार बनाई हुई तालिका। सूची।

तफावत—पुं० [अ०] १. अन्तर। फरक। २. दूरी। फासला। ३. वैर-विरोध आदि के कारण आपस में होनेवाला अन्तर। मन-मुटाव।

तब—अव्य० [सं० तदा] १. किसी उल्लिखित या विशिष्ट परिस्थिति या समय में। जैसे—(क) तब हम वहाँ रहते थे। (ख) इतना हो जाय, तब तुम्हारा काम करूँगा। २ इसके पश्चात् या तुरंत बाद। जैसे—वहाँ तब निस्तब्धता छा गई। ३. इस कारण या वजह से। जैसे—मुझे जरूरत थी; तब तो मैंने माँगा था।

तबक—पुं० [अ०] १. परत। तह। २. चाँदी, सोने आदि धातुओं को खूब कूटकर बनाया हुआ बहुत पतला पत्तर जो औषधों आदि में मिलाया और शोभा के लिए मिठाइयों आदि पर लगाया जाता है। वरक। ३. एक प्रकार की चौड़ी और छिछली थाली। ४. वह उपचार जो मुसलमान स्त्रियाँ भूत-प्रेत और परियों की बाधा से बचने के लिए करती हैं।

क्रि० प्र०—छोड़ना।

४. इसलामी, पौराणिक कथाओं के अनुसार पृथ्वी के ऊपर और नीचे के तल या लोक। ५. रक्त-विकार आदि के कारण शरीर पर पड़नेवाला चकत्ता। ६. घोड़ों का एक रोग जिसमें उनके शरीर के किसी भाग में सूजन हो जाती और चकत्ता पड़ जाता है।

तबकगर—पुं० [अ० तबक+फा० गर] वह व्यक्ति जो सोने-चाँदी आदि के बरक बनाता हो। तबकिया।

तबकड़ी—स्त्री० [अ० तबक+ड़ी (प्रत्य०)] छोटी रिकाबी।

तबक-झाड़—पु० [अ० तबक+हिं० झाड़] बुश्ती का एक पेंच।

तबका—पुं० [अ० तबक:] १. पृथ्वी या भूमि का कोई बड़ा खंड या विभाग। भू-खंड। २. पृथ्वी के ऊपर और नीचे के तल या लोक। ३. परत। तह। ४. मनुष्यों का वर्ग या समूह।

तबकिया—वि० [हिं० तबक] तबक-संबंधी। जिसमें तबक या परतें हों। जैसे—तबकिया हरताल।
पु०=तबकगर। (देखे)

तबकिया हरताल—पुं० [हिं० तबकिया+सं० हरताल] एक प्रकार की हरताल जिसके टुकड़ों में तबक या परतें होती हैं।

तबदील—वि० [अ०] [भाव० तबदीली] १. (पदार्थ) जिसे परिवर्तित कर या बदल दिया गया हो। २. (व्यक्ति) जो एक स्थान या पद से दूसरे स्थान या पद पर भेजा गया हो।

तबदीली—स्त्री० [अ०] १. तबदील होने की अवस्था या भाव। परिवर्तन। २. एक स्थान या पद से दूसरे स्थान या पद पर जाना। तबादला।

तबद्दुल—पु०=तबदीली।

तबर—पुं० [फा०] १. कुल्हाड़ी। टाँगी। २. कुल्हाड़ी के आकार का लड़ाई का एक हथियार। परशु।
पुं० [देश०] मस्तूल के ऊपरी भाग में लगाया जानेवाला पाल। (लश०)

तबरदार—वि० [फा०] (व्यक्ति) जिसके पास तबर (कुल्हाड़ी) हो या जो तबर चलाना जानता हो।

तबरदारी—स्त्री० [फा०] तबर या कुल्हाड़ी चलाने की क्रिया या भाव।

तबर्रा—पुं० [अ०] १. घृणा। नफरत। २. वे घृणासूचक दुर्वचन जो शीया लोग मुहम्मद साहब के कुछ मित्रों के संबंध में (मुख्यियों की 'यदहे तहाबा' के उत्तर में) कहते हैं। ३. उक्त दुर्वचनों के पद या गीत।

तबल—पुं० [फा०] १. बड़ा ढोल। २. डंका। नगाड़ा। उदा०—तबल बाज तिण ही समै, लिय से सुभट अपार।—जटमल।

तबलची—पुं० [अ० तबल:+ची (प्रत्य०)] वह व्यक्ति जो तबला बजाने का काम करता हो। तबलिया।

तबला—पुं० [अ० तबल:] १. ताल देने का एक प्रसिद्ध बाजा जिस पर चमड़ा मढ़ा होता है, और जो साधारणतः 'डुगी' या 'बायाँ' नामक दूसरे बाजे के साथ बजाया जाता है।
विशेष—तबला और बायाँ दोनों पास-पास रखे जाते हैं; और तबला दाहिने हाथ से और बायाँ बाएँ हाथ से बजाया जाता है।
मुहा०—तबला खनकना या खनखना=ऐसा नाच-गाना होना जिसके साथ तबला भी बजता हो। तबला सिखाना=तबले का बंधन या बद्धी आवश्यकतानुसार कसकर या ढीली करके ऐसी स्थिति उत्पन्न करना जिसमें तबले के ठीक स्वर निकलें।

तबलिया—पुं० [अ० तबल:+इया (प्रत्य०)] दे० 'तबलची'।

तबलीग—पुं० [अ०] १. किसी के पास कुछ पहुँचाना। २. अपने धर्म का प्रचार करना। ३. दूसरों को दीक्षित करके अपने धर्म का अनुयायी बनाना।

तबस्सुम—पुं० [अ०] मधुर तथा हलकी हँसी। मुस्कराहट।

तबाकू—पुं० [अ० तबाक] बड़ी काली पराल।

तबाकी—पु० [हिं० तबाकू] खाने या पराल में रखकर सौदा बेचनेवाला।

तबाकी कुत्ता—पुं० [हिं०] ऐसा साथी जो अपना स्वार्थ सिद्ध होने के समय तक साथ दे और दुर्दिन में साथ छोड़ दे।

तबादला—पु० [अ० तबादल:] १. लेन-देन के क्षेत्र में होनेवाला चीजों का विनिमय। २. रूप आदि में होनेवाला परिवर्तन। ३. व्यक्ति को एक स्थान या पद से दूसरे स्थान या पद पर भेजा जाना। अंतरण। बदली।

तबाबत—स्त्री० [अ०] हकीम अर्थात् चिकित्सक का काम या पेशा। चिकित्सा का व्यवसाय।

तबाशीर—पुं० [सं० तबक्षीर] बंसलोचन।

तबाह—वि० [फा०] [भाव० तबाही] १. जो बिलकुल नष्ट-भ्रष्ट या ध्वस्त हो गया हो। जड़े—भूकंप ने नगरी को तबाह कर डाला। २. (व्यक्ति) जिसकी बहुत बड़ी हानि हुई हो अथवा जिसका सर्वस्व लुट गया हो।

तबाही—स्त्री० [फा०] १. तबाह करने या होने की अवस्था या भाव। २. बरबादी। विनाश।
मुहा०—तबाही खाना=जहाज का टूट-फूट कर रही होना। (लश०)

तबियत—स्त्री०=तबीअत।

तबीअत—स्त्री० [अ०] १. स्वास्थ्य की दृष्टि से किसी की शारीरिक या मानसिक स्थिति। मिजाज।
मुहा०—तबीअत खराब होना=शरीर अस्वस्थ या रोगी होना। बीमार होना। जैसे—इधर महीनों से उनकी तबीअत खराब है। तबीअत बिगड़ना=(क) कै या मिचली मालूम होना। (ख) अस्वस्थता या रोग का आक्रमण होता हुआ जान पड़ना।
२. आचरण या व्यवहार की दृष्टि से किसी की प्रवृत्ति या मनोवृत्ति। मन की उड़ान। ३. जी। मन। हृदय।
मुहा०—(किसी पर) तबीअत आना=मन में किसी के प्रति अनुराग या प्रेम उत्पन्न होना। (किसी चीज पर) तबीअत आना=मन में कोई चीज पाने या लेने की इच्छा होना। तबीअत फड़क उठना या आना=कोई अच्छी चीज या बात देखकर चित्त या मन बहुत अधिक प्रसन्न होना। तबीअत पाना=अच्छे स्वभाववाला होना। जैसे—उन्होंने अच्छी तबीअत पाई है। (किसी काम या बात से) तबीअत भर जाना=मन में अनुराग, कामना आदि न रह जाना और विरक्ति-सी उत्पन्न होना। (अपनी) तबीअत भरना=अपनी तसल्ली या समाधान करना। जैसे—पहले मकान देखकर अपनी तबीअत भर लो; तब उसे लेने का विचार करना। (किसी की) तबीअत भरना=किसी का पूरा संतोष या समाधान करना। (किसी काम में) तबीअत लगना=कोई काम करने में चित्त, ध्यान या मन लगना। जैसे—लिखने-पढ़ने में तो उसकी तबीअत ही नहीं लगती। (किसी से) तबीअत लगाना=अनुराग या प्रेम करना।
४. बुद्धि। समझ।
मुहा०—तबीअत पर जोर डालना या देना=अच्छी तरह मन लगाते

हुए समझदारी से काम लेना। जैसे—जरा तबीअत पर जोर डालोगे तो कोई न कोई रास्ता निकल ही आवेगा। **तबीअत लड़ाना**=तबीअत पर जोर डालना।

तबीअतदार—वि० [अ० तबीअत+फा० दार] [भाव० तबीअतदारी] १. अच्छी तबीअत या बुद्धिवाला। २. सहज में औरों से मेल-मिलाप करने और रसपूर्ण कामों या बातों में सम्मिलित होनेवाला। भावुक। रसिक।

तबीअतदारी—स्त्री० [अ० तबीअत+फा० दारी] १. तबीअतदार होने की अवस्था या भाव। २. समझदारी। ३. भावुकता। रसिकता।

तबीब—पु० [अ०] १. यूनानी चिकित्सा पद्धति के अनुसार जड़ी-बूटियो आदि के द्वारा इलाज करनेवाला चिकित्सक। हकीम। २. चिकित्सक। वैद्य।

तबीयत—स्त्री०=तबीअत।

तबेला—पुं० [अ० तवेलः] वह घिरा हुआ स्थान जहाँ पशु बाँधे जाते हों। अस्तबल।

मुहा०—**तबेले में लत्ती चलना**=कोई विशिष्ट काम करनेवाले व्यक्तियों में आपस में लड़ाई-झगड़ा होना।

†पुं० [हिं० ताँबा] ताँबे का बना हुआ एक प्रकार का बडा पात्र।

तबोरी—स्त्री० [सं० तांबोल या हिं० तंबूल] लगाया हुआ पान। उदा०—अधर अधर सों भीज तबोरी।—जायसी।

तब्बर*—पुं० १=तबर। २=टावर।

तभी—अव्य० [हिं० तब+ही] १. उसी वक्त। उसी समय। २. किसी उल्लिखित या विशिष्ट अवस्था या स्थिति में ही। जैसे—तभी तो आप भी आये हैं। ३. उसी कारण या वजह से।

तमंग—पुं० [सं०] १. रंग-मंच। २. मंच।

तमंगक—पु० [सं०] छत या छाजन का बाहर निकला हुआ भाग। छज्जा।

तमंचा—पुं० [फा० तबान्चः] १. पुरानी चाल की एक प्रकार की छोटी बन्दूक। (आज-कल की पिस्तौल इसी का विकसित रूप है) २. वे लंबे पत्थर जो दरवाजे के दोनों ओर मजबूती के लिए खड़े बल में लगाये जाते हैं।

तमःप्रभ—पुं० [सं० तमस्-प्रभा, ब० स०] एक नरक।

तमःप्रभा—स्त्री०=तमः प्रभ।

तमःप्रवेश—पुं० [सं० तमस्-प्रवेश, स० त०] १. अधकारपूर्ण स्थिति में प्रवेश करना या होना। २. ऐसी मानसिक स्थिति जिसमें बुद्धि कुछ काम न करती हो।

तम—पु० [सं०√तम् (विकल होना)+क] १. अंधकार। अँधेरा। २. कालिख। कालिमा। ३. पाप। ४. नरक। ५. अज्ञान। अविद्या। ६. माया। मोह। ७. राहु का एक नाम। ८. क्रोध। गुस्सा। ९. पैर का अगला भाग। १०. तमाल वृक्ष। ११. वराह। सूअर। १२. प्रकृति के तीन गुणों में से अंतिम गुण (शेष दो गुण सत्त्व और रज हैं)।

विशेष—इसी गुण की प्रबलता से काम, क्रोध, हिंसा आदि की प्रवृत्ति मानी गई है।

वि० १. काला। २. दूषित। ३. बुरा।

प्रत्य० एक प्रत्यय जो संस्कृत विशेषणों के अंत में लगकर सबसे बढ़कर का अर्थ देता है। जैसे—अधिकतम, श्रेष्ठतम।

तमअ—स्त्री० [अ०] १ लालच। लोभ। २. इच्छा। चाह।

तमक—स्त्री० [हिं० तमकना] १. तमकने की क्रिया या भाव। २. आवेश। जोश। ३. तीव्रता। तेजी। ४. क्रोध। गुस्सा।

पु० दे० 'तमक श्वास' (रोग)।

तमकनत—स्त्री० [अ०] १. अधिकार। जोर। वश। २. गौरव। प्रतिष्ठा। ३. गौरव या प्रतिष्ठा का अनुचित प्रदर्शन। ४. आडंबर। टीम-टाम। ५. अभिमान। घमंड।

तमकना—अ० [अनु०] १. आवेश या क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना। उदा०—सो सुनि तमक उठी कैकेई।—तुलसी। २. क्रोध के कारण चेहरा लाल होना। तमतमाना।

तमक-श्वास—पु० [सं०√तम्+वुन्—अक, तमक-श्वास, कर्म० स०] सुश्रुत के अनुसार श्वास रोग का एक भेद जिसमें दम फूलने के साथ-साथ बहुत प्यास लगती है, पसीना आता है और मतली तथा घबराहट होती है।

तमकाना—स० [हिं० तमकना का स०] १ किसी को तमकने में प्रवृत्त करना। २. क्रोध के आवेश मे कुछ (हाथ आदि) उठाना। उदा०—दोउ भुजदंड उद्दंड तोलि ताने तमकाए।—रत्नाकर।

तमगा—पु० [तु० तमग] पदक। (मेडल)

तमगुन—पु०=तमोगुण।

तमगेही—वि० [स० तम+हिं० गेही] अधकार रूपी घर में रहनेवाला। पु० पतगा। उदा०—दीपक कहाँ कहाँ तमगेही।—नूरमुहम्मद।

तमचर—पु० [स० तमीचर] १. राक्षस। निशाचर। २. उल्लू। ३. पक्षी।

वि० तम या अँधेरे में विचरण करनेवाला।

तमचुर*—पुं० [स० ताम्रचूड] मुरगा।

तमचोर†—पु०=तमचुर।

तमच्छन्न—वि०=तमाच्छन्न।

तमजित्—वि० [सं० तम√जि (जीतना)+क्विप्] अधकार को जीतनेवाला। उदा०—तेजस्वी हे तमजिज्जीवन।—निराला।

तमतमाना—अ० [सं० ताम्र हिं०, ताँबा] [भाव० तमतमाहट] १. अधिक ताप के कारण किसी चीज का लाल होना। २. आवेश या क्रोध मे चेहरा लाल होना। ३. चमकना।

तमतमाहट—स्त्री० [हिं० तमतमाना] तमतमाने की अवस्था या भाव।

तमता—स्त्री० [सं० तम+तल्—टाप्] १. तम का भाव। २. अंधकार। अंधेरा। ३. कालापन।

तमद्दुन—पुं० [अ०] १. नगर मे रहना। नगर-निवास। २. नागरिकता। ३. सभ्यता। संस्कृति।

तमन—पु० [सं०√तम्+ल्युट्—अन] ऐसी स्थिति जिसमें साँस लेना कठिन हो जाता हो। दम घुटने की अवस्था।

तमना—अ०=तमकना।

तमन्ना—स्त्री० [अ०] आकांक्षा। कामना।

तम-प्रभ—पुं० [सं० ब० स०] पुराणानुसार एक नरक।

तमची—स्त्री० [सं० तममयी] रात ।

तमरंग†—पुं० [देश०] एक प्रकार का नींबू ।

तमर—पुं० [सं० तम√रा (दान)+क] बंग ।
पुं० [सं० तम] अन्धकार । अँधेरा ।

तमराज—पुं० [सं० तम√राज् (चमकना)+अच्] एक तरह की खाँड़ ।

तमलूक—पु०=तामलूक ।

तमलेट—पुं० [अं० टम्बलर] १. लुक फेरा हुआ टीन या लोहे का बरतन । २. फौजी सिपाहियों का लोटा ।

तमस्—पुं० [सं०√तम् (बिकल होना)+असच्] १. अंधकार । अँधेरा । २. अज्ञान । अविद्या । ३. प्रकृति का 'तम' नामक तीसरा गुण । ४. नगर । शहर । ५. कूआँ । ६. तमसा नदी ।

तमसा—स्त्री० [स० तमस्+अच्—टाप्] इस नाम की तीन नदियाँ; एक जो बलिया के पास गंगा में मिलती है, दूसरी जो अमरकंटक से निकल कर इलाहाबाद में सिरसा के पास गंगा में मिलती है और तीसरी जो हिमालय के पहाड़ी प्रदेश में बहती है। टौंस ।

तमस्क—पु० [स० तमस्+कन्] अंधकार ।

तमस्काड—पु० [ष० त०] घोर अंधकार ।

तमस्तति—स्त्री० [ष० त०] घोर अंधकार ।

तमस्तूर्य—पुं० [ष० त०] तम का तूर्य । अँधेरे की तुरही । उदा०—अस्तमिन आजरे तमस्तूर्य दिइ मडल ।—निगला ।

तमस्वती—स्त्री० [स० तमस्+मतुप्+ङीप्] अँधेरी रात ।

तमस्विनी—स्त्री० [सं० तमस्विन्+ङीप्] १. अँधेरी रात । २. रात्रि । ३. हल्दी ।

तमस्वी (स्विन्)—वि० [सं० तमस्+विनि] अंधकारपूर्ण ।

तमस्सुक—पु० [अ०] १. वह लेख्य जो ऋण लेनेवाला महाजन को लिखकर देता है । २. किसी प्रकार का विधिक लेख्य । दस्तावेज ।

तमहाँड़ी—स्त्री० [हि० ताँबा+हाँड़ी] तांबे की बनी हुई एक तरह की छोटी हाँड़ी ।

तमहर—पु० [सं० तमोहर] तम अर्थात् अंधकार हरने या दूर करनेवाला ।

तमहारा—वि० [सं० तम+हि० हारा (प्रत्य०)] १. अंधकारपूर्ण । २. तमोगुण से युक्त ।

तमहीद—स्त्री० [अ०] १. प्राक्कथन । प्रस्तावना ।
क्रि० प्र०—बाँधना ।
२. ग्रंथ आदि की भूमिका ।

तमाँचा—पुं०=तमाचा ।

तमा—स्त्री० [सं०तम+अच्—टाप्] रात । रात्रि । रजनी ।
पुं० [सं० तामाः तमस्] राहु ।
स्त्री० [अ० तमअ] लालच । लोभ ।

तमाई—स्त्री० [सं० तम+हि० आई (प्रत्य०)] तम । अंधकार । अँधेरा । उदा०—कहैं रत्नाकर जौं कंचन बनाई काम ज्ञान अभिमान की तमाई बिनसाई कै ।—रत्नाकर ।
स्त्री० [देश०] खेत जोतने के पूर्व उसकी घास आदि साफ करना ।

तमालू—पुं० [पुर्त० टबैको, सं० ताम्रकूट] १. एक प्रसिद्ध पौधा जिसके पत्ते अनेक रूपों में नशे के लिए काम में लाये जाते हैं।२.उक्त पौधे का पत्ता। ३.उक्त पत्तों से तैयार की हुई एक प्रकार की गीली पिट्ठी जिसे चिलम पर रख और सुलगाकर उसका धूआँ पीते हैं। ४. दे० 'तुरती'।

तमाचा—पुं० [फा० तबनचः या तबानूचः] हथेली विशषतः उसकी पाँचों सटी हुई उंगलियों से किसी के गाल पर किया जानेवाला जोर का आघात । थप्पड़ ।
क्रि० प्र०—जड़ना ।—देना ।—मारना ।—लगाना ।

तमाचारी (रिन्)—वि० [तमा√चर् (चलना)+णिनि] अंधकार में विचरण करनेवाला ।
पुं० राक्षस ।

तमाबी—वि० [अ०] जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी हो । अवधि-बाधित । (बार्ड बाइ लिमिटेशन)
स्त्री० १. किसी काम या बात की मीयाद अर्थात् अवधि का बीत जाना । २.विधिक क्षेत्रों में वह अवधि बीत जाना या मीयाद गुजर जाना जिसके अन्दर दीवानी न्यायालय में कोई अभियोग उपस्थित किया जाना चाहिए ।

तमान—पुं० [१] तंग मोहरीवाला एक प्रकार का पाजामा ।

तमाम—वि० [अ०] १. कुल । सब । समस्त । २. पूरा । सारा । ३. खतम । समाप्त ।
मुहा०—(किसी का) काम तमाम करना =किसी को जान से मार डालना ।

तमामी—स्त्री० [फा०] एक तरह का देसी रेशमी कपड़ा जिस पर कला-बत्तू की धारियाँ बनी होती हैं ।

तमारि—पुं० [तम-अरि, ष० त०] सूर्य ।
†स्त्री० दे० 'तँवारि' ।

तमाल—पुं० [सं०√तम्+कालन्] १. एक प्रकार का बड़ा सदाबहार पेड़, जिसके दो भेद हैं—साधारण तमाल और श्याम तमाल । २. एक पकार का बड़ा वृक्ष जिससे गोंद निकलता है। इस गोंद से कहीं-कहीं सिरका भी बनता है। उनवेल। मन्होला। ३. काले खैर का पेड़। ४. वरुण नामक वृक्ष। ५. तिलक का पेड़। ६. तेजपत्ता। ७. बाँस की छाल। ८.पुरानी चाल की एक प्रकार की तलवार ।

तमालक—पुं० [सं० तमाल+कन्] १. तेजपत्ता । २. तमाल ।

तमालिका—स्त्री० [सं० तमाली+कन्—टाप्, ह्रस्व] १. भुँईआवला। २. ताम्रवल्ली लता। ३. काले खैर का पेड़। ४. ताम्रलिप्त देश।

तमाली—स्त्री० [सं० तमाल+ङीष्] १. वरुण वृक्ष। २. ताम्रावल्ली लता ।

तमाशगीर—पुं० [अ० तमाशः+फा० गीर] [भाव० तमाशागीरी] १. वह जो तमाशा देखना पसंद करता हो। २. दे० 'तमाशबीन'।

तमाशबीन—पुं० [अ० तमाशः+फा० बीन (देखनेवाला)] [भाव० तमाशबीनी] १. तमाशा देखनेवाला व्यक्ति । २. वेश्यागामी। रंडीबाज ।

तमाशबीनी—स्त्री० [हि० तमाशबीन+ई (प्रत्य०)] १. तमाशा देखने की क्रिया या भाव । २. रंडीबाजी ।

तमाशा—पुं० [अ०तमाशः] १. कोई ऐसा अनोखा, विलक्षण या मनोरंजक काम या बात जिसे देखने में लोगों का जी रमे। चित्त को प्रसन्न करनेवाला दृश्य । २. इस प्रकार दिखाया जानेवाला खेल या प्रदर्शित

की जानेवाली घटना या दृश्य। ३. ऐसा कार्य जिसका संपादन सरलता या सुगमता से किया जा सके। जैसे—लेख लिखना कोई तमाशा नहीं है। ४. बहुत ही बढ़िया या हास्यास्पद बात या वस्तु। जैसे—सभा क्या है, तमाशा है। ५. पुरानी चाल की एक तरह की तलवार।

तमाशाई—पुं० [अ०] १. वह जो तमाशा देख रहा हो। तमाशा देखनेवाला। २. तमाशा दिखलानेवाला व्यक्ति।

तमाशबीन—पुं० = तमाशा।

तमाह्वय—पुं० [सं० तम-आह्वय, ब० स०] तालीश-पत्र।

तमि—पुं० [सं०√तम् (खेद)+इन्] १ रात। रात्रि। २. हल्दी।

तमिताभ—पुं० [ष० त०] चंद्रमा।

तमिल—पुं० [?] १. दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध देश। २. उक्त देश में बसनेवाली एक जाति जो द्रविड़ जातियों के अन्तर्गत है।
स्त्री० उक्त जाति (और देश) की बोली या भाषा।

तमिस्र—वि० [सं० तमस्+र, नि० सिद्धि [स्त्री० तमिस्रा] अंधकारपूर्ण।
पुं० १. अंधकार। अँधेरा। २. क्रोध। गुस्सा। ३. पुराणानुसार एक नरक।

तमिस्र-पक्ष—पुं० [मध्य० स०] चांद्र मास का अँधेरा पक्ष। कृष्ण-पक्ष।

तमिस्रा—स्त्री० [सं० तमिस्र+टाप्] अँधेरी रात।

तमी—स्त्री० [सं० तमि+ङीष्] १ रात। २ हल्दी।
पु० [सं० तमीचर] राक्षस।

तमीचर—वि० [सं० तमी√चर् (गति)+ट] १. जो अंधकार में चलता हो। २. रात के समय विचरण करनेवाला।
पुं० राक्षस।

तमीज—स्त्री० [अ० तमीज़] १. भले-बुरे की पहचान। विवेक। २ किसी चीज या बात को परखने की बुद्धि या योग्यता। ३. कोई काम अच्छी तरह से करने की जानकारी या योग्यता। ४. आचार, व्यवहार आदि के पालन का उचित ज्ञान या बोध।

तमी-पति—पुं० [ष० त०] चंद्रमा।

तमीश—पुं० [सं० तमी-ईश, ष० त०] चंद्रमा।

तमु†—पु०=तम।

तमूरा†—पु०=तंबूरा।

तमूल†—पु०=तांबूल।

तमेड़ा†—पु०[सं० ताम्र+भांड] [स्त्री० अल्पा० तमेड़ी] तांबे का एक प्रकार का बड़ा गोलाकार बरतन।

तमेरा—पुं० [हिं० ताँबा+एरा (प्रत्य०)] वह जो तांबे के बरतन आदि बनाने का काम करता हो।

तमोऽन्य—वि० [सं०] ग्रहण के दस भेदों में से एक जिसमें चंद्रमंडल की पिछली सीमा में राहु की छाया बहुत अधिक और बीच के भाग में थोड़ी-सी जान पड़ती है। फलित ज्योतिष के अनुसार ऐसे ग्रहण से फसल को हानि पहुँचती है और चोरी का भय होता है।

तमोऽन्ध—वि० [सं० तमस्—अन्ध, तृ० त०] १. अज्ञानी। २. क्रोधी।

तमोगुण—पुं० [सं० तमस्-गुण, ष० त०] सृष्टि को अस्तित्व में लाने वाले तीन गुणों या अवयवों में से एक (अन्य दो गुण, सतोगुण और रजोगुण हैं) जो अंधकार, अज्ञान, भ्रम, क्रोध, दुःख आदि का कारण होना है।

तमोगुणी (णिन्)—वि० [सं० तमोगुण+इनि] जिसमें सतोगुण तथा रजोगुण की अपेक्षा तमोगुण की अधिकता हो। फलतः अज्ञानी या अभिमानी।

तमोघ्न—वि० [स० तमस्√हन् (मारना)+टक्] तम अर्थात् अन्धकार नाश करनेवाला।
पुं० १. सूर्य। २. चंद्रमा। ३. दीपक। दीया। ४. अग्नि। आग। ५ ज्ञान। ६. विष्णु। ७. शिव। ८. गौतम बुद्ध। ९. बौद्ध धर्म के आचार और नियम।

तमोज्योति(स्)—पुं० [स० तमस्-ज्योतिस्, ब० स०] जुगनूँ।

तमोदर्शन—पुं० [ग० तमस्-दर्शन ब० स०] वैद्यक में पित्त के प्रकोप से होनेवाला ज्वर।

तमोनुद—पु० [सं० तमस्√नुद् (प्रेरणा)+क्विप्] १. ईश्वर। २. चन्द्रमा। ३. अग्नि। आग।

तमोऽपह—पु० [सं० तमस्-अप√हन्+ड] १. सूर्य। २. चन्द्रमा। ३ दीपक। दीया। ४. अग्नि। आग।

तमोभिद्—वि० [स० तमस्√भिद् (विदारण)+क्विप्] अंधकार को भेदने अर्थात् उसका नाश करनेवाला।
पु० जुगनूँ (कीड़ा)।

तमोमणि—पु० [स० तमस्—मणि, स० त०] १. जुगनूँ। २. गोमेद नामक मणि।

तमोमय—वि० [त० तमस्+मयट्] १. अंधकारपूर्ण। २. तमोगुणी। (दे०)
पु० राहु।

तमोर*—पुं० [सं० ताम्बूल] पान।

तमोरि—पु० [सं० तमस्-अरि, ष० त०] सूर्य।

तमोरी†—पु०=तमोली।

तमोल—पु० [सं० ताम्बूल] १. पान का बीड़ा। २ विवाह के समय, बरात चलने से पहले वर को लगाया जानेवाला टीका या दिया जानेवाला धन। (पश्चिम) ३. इस प्रकार वर को टीका लगाकर धन देने की रीति।

तमोलिन—स्त्री० [हिं० तमोली का स्त्री० रूप] १. तमोली की स्त्री। २. पान बेचनेवाली स्त्री।

तमोलिप्ती—स्त्री० दे० 'ताम्रलिप्त'।

तमोली—पुं० [सं० तांबूलिक] १. एक जाति जो पान पकाने और बेचने का काम करती है। २. वह जो पान बेचता हो।

तमोविकार—पु० [सं० तमस्-विकार, ष० त०] तमोगुण की अधिकता के कारण होनेवाले विकार। जैसे—अज्ञान, क्रोध आदि।

तमोहंत—पुं० [सं०] 'ग्रहण' के दस भेदों में से एक।
वि० १. तम या अन्धकार दूर करनेवाला। २. सांसारिक मोह-माया का नाश करनेवाला।

तमोहर—वि० [सं० तमस्√हृ (हरना)+अच्] १. तम या अंधकार का नाश करनेवाला। २. अज्ञान, अविद्या, मोह, माया आदि का नाश करनेवाला।
पुं० १. सूर्य। २. चन्द्रमा। ३. अग्नि। आग। ४. ज्ञान।

तमोहरि—पुं० [सं० तमस्-हरि, ष० त०] = तमोहर

तय—वि० = तै।

तयना*—अ० = तपना।
स० = तपाना।

तयनाल—वि० = तैनात।

तया†—पुं० = तवा।

तयार—वि० [भाव० तयारी] = तैयार।

तय्यार—वि० [भाव० तय्यारी] = तैयार।

तरंग—स्त्री० [सं०√तृ(तैरना)+अंगच्] १. पानी की लहर हिलोर।
क्रि० प्र०—उठना।
२. किसी चीज या बात का ऐसा सामंजस्यपूर्ण उतार-चढ़ाव जो लहरों के समान जान पड़े। जैसे—संगीत में तान की तरंग। ३. उक्त के आधार पर कुछ विशिष्ट प्रकार के बाजों के नाम के साथ लगकर, उत्पन्न की जानेवाली स्वर-लहरी। जैसे—जल-तरंग, तबला तरंग। ४. सहसा मन में उत्पन्न होनेवाली कोई उमंग या भावना। जैसे—अब मन में तरंग आई, तब उठकर चल पड़े। ५. हाथ में पहनने की एक प्रकार की चूड़ी जिसके ऊपर की बनावट लहरियेदार होती है। ६. घोड़े की उछाल या फलांग। ७ कपड़ा। वस्त्र।

तरंगक—पुं० [सं० तरङ्ग+कन्] [स्त्री० तरंगिका] १. पानी की लहर। हिलोर। २ स्वरलहरी।

तरंगभीरु—पुं० [ष० त०] चौदहवें मनु के एक पुत्र।

तरंगवती—स्त्री० [सं० तरंग+मतुप्+ङीप्] नदी।

तरंगायति—वि० [स० तरंगित] १. जिसमें तरंग या तरंगें उठ रही हों। २ तरंगों की तरह का। लहरियेदार। लहरदार५

तरंगालि—स्त्री० [सं० तरंग-अलि. ब० स०] ‘ली।

तरंगिणि—वि० स्त्री० [सं० तरंग+इनि+ङीप्] जिसमें तरंगें या लहरें उठती हों।
स्त्री० नदी। सरिता

तरंगित—वि० [सं० तरंग+इतच्] [स्त्री० तरंगिता] १. (जलाशय) जिसमें तरंगें या लहरें उठ रही हों। २. (हृदय) जो तरंग या उमंग से प्रफुल्लित या मग्न हो रहा हो। ३. जो बार-बार कुछ नीचे गिरकर फिर ऊपर उठता हो।

तरंगी (गिन्)—वि० [सं० तरंग+इनि] [स्त्री० तरंगिणी] १. जिसमें तरंगें या लहरें उठती हों। २. जो मन की तरंग या मौज (आकस्मिक भावावेश या स्फूर्ति) के अनुसार सब काम करता हो। ३. भावुक। रसिक।
पुं० बहुत बड़ी नदी। नद।

तरंड—पुं० [सं० √तृ (तैरना) +अंडच्] १. नाव। नौका। २. नाव खेने का डाँड़। ३. मछलियाँ मारने की बंसी में बँधी हुई वह छोटी लकड़ी जो पानी के ऊपर तैरती रहती है।

तरंडा—स्त्री० [सं० तरंड+टाप्] नौका।

तरंडी—स्त्री० [सं० तरंड+ङीष्] = तरंडा।

तरंत—पुं० [सं०√तॄ+अच्-अन्त] १. समुद्र। २. मंथुक। मेंढक। ३. राक्षस।

तरंती—स्त्री० [सं० तरन्त+ङीष्] नाव। नौका।

तरंबुज—पुं० [सं० तर-अम्बु कर्म० स०, तरंबु√जन्+ड] तरबूज।
२—६५

तरँगुल—क्रि० वि० [सं० तल या हिं० तले] १. नीचे। २. नीचे की ओर। वि० १. नीचे की ओर का। नीचेवाला। २. नीचा।

तर—वि० [फा०] १. किसी तरल पदार्थ में भीगा हुआ। आर्द्र। गीला। नम। जैसे—तर कपड़ा, तर जमीन। २. जिसमें यथेष्ट आर्द्रता या नमी हो। जैसे—तर हवा। ३. ठंढा। शीतल। जैसे—तर पानी। ४ जो शरीर में ठंढक पैदा करता हो। जैसे—कोई तर दवा लाओ। ५. चित्त को प्रफुल्लित या प्रसन्न करनेवाला। बहुत अच्छा और बढ़िया। जैसे—तर माल। ६. खूब हरा-भरा। ७. तरह-तरह से भरा-पूरा। यथेष्ट रूप में वांछनीय गुणों या ज्ञानों से युक्त। जैसे—तर असामी=धनवान व्यक्ति।
पुं० [सं० √तृ (पार करना)+अप्] १. नदी आदि पार करने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक। २. अग्नि। आग। ३. पेड़। वृक्ष। ४. मार्ग। रास्ता। ५. गति। चाल।
प्रत्य० [सं०] एक संस्कृत प्रत्यय जो गुणवाचक विशेषणों में लगकर उनकी विशेषता अपेक्षाकृत कुछ अधिक बढ़ा देता है। जैसे—अधिकतर, गुरुतर, श्रेष्ठतर।
*पुं० [सं० तल] तल।
अव्य० १. तले। नीचे। उदा०—प्रभु तज तर कपि डार पर।—तुलसी। २. तो। उदा०—नहिं तरहोती हानि।—कबीर।
*पुं० = तरु (वृक्ष)।

तरई†—स्त्री० [सं० तारा] नक्षत्र।

तरक†—पुं० [सं० तर्क] १. सोच-विचार। २. उक्ति। कथन। ३. अड़चन। बाधा। ४ गड़बड़ी। व्यतिक्रम। ५. भूल। चूक।
६. दे० तर्क।
पुं० [हिं० तर=नीचे] लेख आदि का कोई पृष्ठ समाप्त होने पर उसके नीचे लिखा जानेवाला वह शब्द जिससे बादवाला पृष्ठ आरंभ होता है।
†स्त्री० = तड़क।

तरकना†—अ० [सं० तर्क] १. तर्क करना। २. सोच-विचार करना। ३. बहस या विवाद करना। ४. झगड़ना। ५. अनुमान या कल्पना करना।
अ० [?] उछलना-कूदना।
अ० दे० ‘तड़कना’।
†वि० जल्दी चौंकने या भड़कनेवाला (बैल)। उदा०—बैल तरकना टूटी नाव, या काहू दिन दैहैं दाँव।—कहा०।

तरकश—पुं० [फा०] कंधे पर लटकाया जानेवाला वह आधान जिसमें तीर रखे जाते हैं। तूणीर।

तरकश-बंध—पुं० [फा०] वह जो तरकश रखता हो।

तरकस—पुं० [स्त्री० अल्पा० तरकसी] =तरकश।

तरका—पुं० [अ० तर्क] १. वह संपत्ति जो कोई व्यक्ति छोड़कर मरा हो। २. उत्तराधिकारी या वारिस को मिलनेवाली संपत्ति। ३. उत्तराधिकार।
†पुं०=तड़का।

तरकारी—स्त्री० [फा० तर=सब्जी, शाक+कारी] १. वे हरे और विशेषतः कच्चे फल आदि जिन्हें आग पर भून या पकाकर रोटी आदि

के साथ खाया जाता है। हरी सब्जी। २. आम पर भून या पकाकर खाने के योग्य बनाई हुई सब्जी। ३. पकाया हुआ गोश्त या मांस।

तरकी—स्त्री०[सं० तांडकी] कान में पहनने का एक तरह का गहना।

तरकीब—स्त्री० [अ०] १. मिलाव। मेल। २. बनावट। रचना। ३. रचना का प्रकार या शैली। ४. सोच-समझकर निकाला हुआ उपाय या युक्ति।

तरकुल†—पुं०[सं० ताल+कुल] ताड़ का पेड़।

तरकुला—पुं०[हिं०] कान में पहनने की बड़ी तरकी।

तरकुली—स्त्री०=तरकी (कान में पहनने की)।

तरक्की—स्त्री०[अ०] १. शारीरिक अवस्था में होनेवाली अभिवृद्धि तथा सुधार। जैसे—यह पौधा तरक्की कर रहा है। २. किसी कार्य या व्यापार का बराबर उन्नत दशा प्राप्त करना। जैसे—लड़का हिसाब में तरक्की कर रहा है। ३. पदोन्नति। जैसे—पिछले वर्ष उनकी तरक्की हुई थी।

तरकु—पुं०[सं० तर√क्षि (हिंसा करना)+डु] एक प्रकार का छोटा बाघ। लकड़बग्घा।

तरखा†—पुं०[सं० तरंग] नदी आदि के पानी का तेज बहाव।

तरखान—पुं०[सं० तक्षन्] लकड़ी का काम करनेवाला। बढ़ई। (पश्चिम)

तरगुलिया—स्त्री०[देश०] एक प्रकार का छोटा छिछला पात्र जिसमें अक्षत रखे जाते हैं।

तरजनी—स्त्री०[देश०] सजावट के लिए बगीचों में लगाया जानेवाला एक तरह का पौधा।

तरछट†—स्त्री०=तलछट।

तरछत*—क्रि० वि०[हिं० तर]१. नीचे। तले। २. नीचे की ओर से। नीचे से।
स्त्री०=तलछट।

तरछन†—स्त्री०=तलछट।

तरछा—पुं०[हिं० तर=नीचे] वह स्थान जहाँ गोबर इकट्ठा किया जाता है। (तेली)

तरछाना*—अ०[हिं० तिरछा]१. तिरछी नजर से किसी की ओर देखना। २. आँखों से संकेत करना।

तरज—पुं०=तर्ज।

तरजना—अ०[सं० तर्जन]१.क्रोधपूर्वक या बिगड़ते हुए कोई बात कहना। भला-बुरा कहते हुए डाँटना। २. भविष्य में सचेत रहने के लिए कुछ धमकी देते हुए कोई बात कहना।

तरजनी—स्त्री०[सं० तर्जन] डर। भय।
स्त्री०=तर्जनी।

तरजीला—वि०[सं० तर्जन] १. तर्जन करनेवाला। २. क्रोधपूर्ण। ३. उग्र। प्रचंड।

तरजीह—स्त्री०[अ०] दे० 'वरीयता'।

तरजुई†—स्त्री०[फा० तराजू] छोटा तराजू।

तरजुमा—पुं०[अ०]१. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की क्रिया या भाव। २. इस प्रकार किया हुआ अनुवाद। उल्था। भाषान्तर।

तरजुमान—पु० [अ०] अनुवाद करनेवाला व्यक्ति। अनुवादक।

तरजौहाँ*—वि० तरजीला।

तरण—पु०[सं०√तृ (पार करना)+ल्युट्—अन] १. नदी आदि को पार करना। पार जाना। २. अलाशय आदि पार करने का साधन। जैसे—नाव, बेड़ा आदि। ३ छुटकारा। निस्तार। ४. उबारने की क्रिया या भाव। उद्धार। ५. स्वर्ग।

तरणि—पु०[स०√तृ+अनि]१. सूर्य। २. सूर्य की किरण। ३. आक। मदार। ४. तांबा।
स्त्री०=तरणी।

तरणि-कुमार—पुं०[ष०त०] तरणिसुत। (दे०)

तरणिजा—स्त्री०[स० तरणि√जन्+ड—टाप्] १. सूर्य की कन्या। यमुना। २. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः एक नगण और एक गुरु होता है।

तरणि-तनय—पुं०[ष०त०] तरणिसुत। (दे०)

तरणि-तनुजा—स्त्री०[ष०त०] सूर्य की पुत्री, यमुना।

तरणिसुत—पु०[ष०त०] १. सूर्य का पुत्र। २. यमराज। ३. शनि। ४ कर्ण।

तरणि-सुता—स्त्री०[ष० त०] सूर्य की पुत्री। यमुना।

तरणी—स्त्री०[स० तरण+ङीप्]१. नाव। नौका। २. घीकुँआर। ३. स्थल-कमलिनी।

तरतराना—वि०[हिं० तरतराना=तड़तड़ाना] तड तड़ शब्द करता हुआ।
वि०[हिं० तर] घी में अच्छी तरह डूबा हुआ (पकवान)। जिसमें से घी निकलता या बहता हो (खाद्य पदार्थ)।

तरतराना*—अ०, स० तड़तड़ाना।

तरतीब—स्त्री०[अ०] विशेष प्रकार से वस्तुएँ रखने या लगाने का क्रम। सिलसिला।
क्रि० प्र०—देना।—लगाना।

तरदी—स्त्री०[सं० तर√दी (खंडन करना)+क+ङीप्] एक प्रकार का कँटीला पेड़।

तरदीद—स्त्री०[अ०]१ काटने या रद्द करने की क्रिया। मंसूखी। २. किसी की उक्ति या कथन का किया जानेवाला खंडन।

तरद्दुद—पुं०[अ०]१. किसी काम या बात के सम्बन्ध में होनेवाली चिंता। परेशानी। २. झंझट। बखेड़ा।

तरद्दी—स्त्री० [सं०√तृ+मनुप्+ङीप्] आटे को घी, दही आदि में सानकर बनाया जानेवाला एक तरह का पकवान।

तरन*—पुं० १. दे० 'तरण'। २ दे० 'तरौना'।

तरनतार—पुं०[सं० तरण] निस्तार। मोक्ष।
वि०=तरन-तारन।

तरन-तारन—पुं०[सं० तरण; हिं० तरना]१. उद्धार। २. वह जो भवसागर में किसी को पार उतारता हो। ईश्वर।
वि० १ डूबते हुए को तारने या उबारनेवाला। २. भवसागर से पार करनेवाला।

तरना—अ०[सं० तरण]१. पानी के तल के ऊपर ऊपर रहना। 'डूबना' का विपर्याय। जैसे—पानी में तेल का तैरना। २. अंगों के संचालन अथवा किसी अन्य शारीरिक व्यापार के द्वारा जल को चीरते हुए आगे

बढ़ना। तैरना। ३. आवागमन या सांसारिक बंधनों से मुक्त होना। सद्गति प्राप्त करना। ४. व्यापारिक लेखों में, ऐसी रकम का वसूल होना या वसूल हो सकने के योग्य होना जो प्रायः डूबी हुई समझ ली गई हो। जैसे—वे मुकदमा जीत गये हैं, इसलिए हमारी रकम भी तर गई। स० नदी आदि को तैरकर या नाव से पार करना।

पुं० माल ढोनेवाले जहाजों का वह अधिकारी जो रास्ते मे व्यापारिक कार्यों की देख-रेख और व्यवस्था करता है।

†अ० दे० 'तलना'।

तरनाव—पुं०[देश०] एक तरह की चिड़िया।

तरनाल—पु०[?] पुरानी चाल के जहाजों में लगा रहनेवाला वह रस्सा जिससे पाल को घरन में बाँधते थे। (लश०)

तरनि—स्त्री०[सं० तरणि] नदी। सरिता।

तरनिजा—स्त्री०=तरणिजा (यमुना)।

तरनी—स्त्री० [स० तरणी] नाव। नौका।

पु०[सं० तरणि] सूर्य। उदा०—तेज राशि डिग छोर हुए मानों सत तरनी।—रत्ना०।

स्त्री०[हिं० तरे=तले] डमरू के आकार की वह लंबी रचना जिस पर खोलवेवाले अपना पाल रखकर सोदा बेचते हैं।

तरनि*—स्त्री०=तरनी (नदी)।

तरप†—स्त्री०=तड़प।

तरपट—वि०[हिं० तिरपट ?] (चारपाई) जिसमें टेढ़ापन हो। जिसमें कनेव पड़ी हो।

पुं० १. टेढ़ापन। २. अंतर। भेद।

तरपत†—पुं०[सं० तृप्ति] १. सुभीता। २. आराम। चैन। सुख।

तरपन†—पुं०=तर्पण।

तरपना†—अ०=तड़पना।

तर-पर—अ० व्य० [हिं० तर=तले+पर=ऊपर] १. एक दूसरे के ऊपर तथा नीचे। जैसे—पहलवान कुश्ती में तर-पर होते ही रहते हैं। २. एक के ऊपर एक-एक करके। जैसे—साड़ियों का तर-पर ढाक लगा हुआ था। ३. एक के बाद एक-एक करके। जैसे—ये घटनाएँ तर-पर होती रहीं। ४. बिना क्रम भंग किए हुए। निरंतर। जैसे—वह सवाल-जवाब तर-पर पूछे तथा दिये जाते थे।

तरपरिया†—वि०[हिं० तर-पर] १. क्रम या स्थिति के विचार से ऊपर और नीचे का। २. जो एक के बाद दूसरे के क्रम से हो। जो क्रम के विचार से दूसरे के ठीक बाद पड़ता हो। ३. (बच्चे) जो ठीक आगे-पीछे के क्रम से एक के बाद हुए हों। जैसे—तर-परिया भाई-बहन।

तरपीला—वि०[हिं० तड़प+ईला (प्रत्य०)] तड़पदार। चमकीला।

तरपु—पुं०[देश०] एक तरह का वृक्ष जिसकी लकड़ी कुछ भूरे रंग की होती और इमारत के काम आती है।

तरफ—स्त्री०[अ०] १. ओर। दिशा। जैसे—आप किस तरफ जायँगे। २. दो या अधिक दलों, पक्षों आदि में से हर एक। जैसे—इस तरफ राम थे और उस तरफ रावण। ३. किसी वस्तु के दो या अधिक तलों में से कोई तल। जैसे—इस की दूसरी तरफ भी तो देखो। ४. किनारा। तट। (क्व०)

तरफदार—वि०[अ० तरफ़+फा० दार] [भाव० तरफदारी] जो किसी तरफ अर्थात् पक्ष में हो। किसी का पक्ष लेने या समर्थन करनेवाला।

तरफदारी—स्त्री०[अ० तरफ़+फा० दारी] १. तरफदार होने की अवस्था या भाव। २. पक्ष-पात।

तरफराना†—अ०=तड़फड़ाना।

तरब—पुं०[हिं० तरपना, तड़पना] सारंगी में तांत के नीचे एक विशेष क्रम से लगे हुए तार जो बजने के समय एक प्रकार की गूँज उत्पन्न करते हैं।

तर-बतर—वि०[फा०] जल या किसी तरल पदार्थ से बहुत अधिक भींगा हुआ। जैसे—खून बा पसीने से तर-बतर।

तर-बहना—पुं०[हिं० तर=तले+बहना] वह छोटा कटोरा जिसमें छोटी देव-मूर्तियों को पूजा के समय स्नान कराया जाता है।

तरबियत—स्त्री०[अ०] १. पालने-पोसने का काम। पालन-पोषण। २. देख-रेख करके जीवित रखने और बढ़ाने का काम। संवर्धन। ३. शिक्षा।

तरबूज—पुं०[फा० तर्बूज] १. एक प्रसिद्ध गोल बड़ा फल जिसका ऊपरी छिलका मोटा, कड़ा तथा गहरे हरे रंग का होता है और जिसमें गुलाबी रंग का गूदा होता है जो खाया जाता है। २. वह लता जिसमें उक्त फल लगता है।

तरबूजई—वि० [हिं० तरबूज+ई (प्रत्य०)] तरबूज की तरह गहरे हरे रंग का।

पुं० गहरा हरा रंग।

तरबूजा—पुं०=तरबूज।

तरबूजिया—वि०[हिं० तरबूज] तरबूजे के छिलके के रंग का गहरा हरा।

पुं० उक्त प्रकार का रंग।

तरबोना—स०[फा० तर+हिं० बोरना] अच्छी तरह तर या गीला करना। भिगोना।

अ० तर होना। भीगना। उदा०—पर-निद्रा रसना के रस में अपने पर तरबोरी।—सूर।

तरभाली—स्त्री०[हिं० तर+भाला] बैलों के जुए में नीचे लगी हुई लकड़ी। मकैरी।

तरमाना†—अ०[?] नाराज होना। बिगड़ना। उदा०—सूर रोम अति लोचन देखी बिचना पर तरमात।—सूर।

स० किसी को कुद्ध या नाराज करना।

अ०[फा० तर+हिं० माना (प्रत्य०)] तर होना। तरी से युक्त होना। स० गीला या तर करना।

तरमानी—स्त्री०[हिं० तरमाना] जोती हुई भूमि में होनेवाली तरी।

क्रि० प्र०—आना।

तरमिरा—पुं०=तरामीरा।

तरमीम—स्त्री०[अ०] १. किसी कार्य या बात में किया जानेवाला सुधार। २. प्रस्तावों, लेखों आदि में होनेवाला संशोधन।

तरमाना†—अ०[अनु०] ऐंठ या ऐंठ दिखाना। गर्व-सूचक चेष्टा करना। स० ऐंठना। मरोड़ना।

तरल—वि०[सं०√तृ+कलच्] [भाव० तरलता] १. तेल, पानी आदि की तरह पतला और बहनेवाला। द्रव। २. हिलता-डोलता हुआ।

चलायमान। ३. अस्थिर। चंचल। ४. जल्दी नष्ट हो जानेवाला। ५. चमकीला। कांतिवान्। ६. खोखला। पोला। ७. अथाह रूप से बराबर चलता रहनेवाला। उदा०—स्मित बन जाती है तरल हँसी।—प्रसाद।

पुं० १. गले में पहनने का हार। २. हार के बीच में लगा हुआ लटकन। लोलक। ३. हीरा। ४. लोहा। ५. तल। पेंदा। ६. महाभारत के अनुसार एक प्राचीन देश। ७. उक्त देश के निवासी। ८. घोड़ा।

तरलता—स्त्री० [सं० तरल+तल—टाप्] १. तरल होने की अवस्था या भाव। द्रवता। २. चंचलता। चपलता।

तरल-नयन—पुं० [ब०स०] एक तरह का वर्ण-वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में चार नगण होते हैं।

तरल-भाव—पुं० [ष० त०] १. तरलता। द्रवता। २. चंचलता।

तरला—स्त्री० [स० तरल+टाप्] १. जौ का मांड। यवागू। २. मदिरा। शराब। ३. शहद की मक्खी। मधु-मक्खी। ४ छाजन के नीचे लगे हुए बाँस।

तरलाई*—स्त्री०=तरलता।

तरलायित—वि० [सं० तरल+क्यङ्+क्त] लहर की तरह काँपता या हिलता हुआ।

स्त्री० बड़ी तरंग। हिलोर।

तरलित—भू० कृ० [सं० तरल+णिच्+क्त] १. तरल किया या बनाया हुआ। द्रव रूप में लाया हुआ। २. उदारता, दया, प्रेम आदि से युक्त। जिसका चित्त कोमल हो।

तरवंछ†—स्त्री० दे० 'तरमाची'।

तरवड़ी†—स्त्री० [सं० तुला+ड़ी (प्रत्य०)] १. छोटा तराजू। २ तराजू का पल्ला।

तरवन—पुं० [हि० तरौना] १. कान में पहनने का तरकी नाम का गहना। २. करन-फूल।

तरवर—पुं० [स० तरु+वर] १. पेड़। वृक्ष। २. एक प्रकार का बड़ा पेड़ जिसकी छाल से चमड़ा सिझाया जाता है। तरोना।

तरवरा†—पुं०=तिरमिरा। (दे०)

तरवरिया—पु० [हि० तरवर] १. वह जो तलवार चलाता हो। २. तलवार से युद्ध करनेवाली एक जाति।

तरवरिहा†—पुं० =तरवरिया।

तरवाँची—स्त्री० =तरमाची।

तरवाँसी†—स्त्री० =तरवाँची (तरमाची)।

तरवा†—पुं०=तलवा।

तरवाई-तिरवाई—स्त्री० [हि० तर+सिर] १. किसी चीज के ऊपरी और नीचेवाले भाग। २. ऊँची और नीची जमीन। ३. पहाड़ और घाटी।

तरवाना—स० [हि० तारना का प्रे०] तारने का काम किसी से कराना।

†स०=तलवाना।

अ० [हि० तलवा] पैर के तलवे का घिसना। विशेषतः बैल का पैरों के तलवों को घिसना।

तरवार†—स्त्री०=तलवार।

पुं०=तरवर (वृक्ष)।

तरवारि—स्त्री० [स० तर√वृ+णिच् (रोकना)+इन्]=तलवार।

तरवारी—पु०=तरवरिया।

तरस्—पु० [सं०√तृ (तरना)+असुन्] १. बल। शक्ति। २. तेजी। वेग। ३. बीमारी। रोग। ४. तट। किनारा। ५. बानर। बन्दर।

तरस—पु० [सं०√त्रस्—अरन] अभागे, दंडित, दुःखी या पीड़ित के प्रति मन में उत्पन्न होनेवाली करुणा या दया।

क्रि० प्र०—आना।

मुहा०—(किसी पर) तरस खाना=किसी के प्रति करुणा या दया दिखलाना और फलतः उसका कष्ट या दुःख दूर करने का प्रयत्न करना।

तरसना—अ० [सं० तर्षण] अभीष्ट तथा प्रिय वस्तु के अभाव के कारण दुःखी या निराश व्यक्ति का उसके दर्शन या प्राप्ति के लिए लालायित या विकल होना। जैसे—(क) किसी को मिलने के लिए अथवा कुछ खाने के लिए मन तरसना (ख) प्रिय को मिलने के लिए आँखें तरसना।

अ० [स० त्रसन] त्रस्त या पीड़ित होना।

स० त्रस्त या पीड़ित करना।

तरसान—पु० [सं०] नौका।

तरसाना—स० [हि० तरसना का प्रे०] १. ऐसा काम करना जिससे कोई तरसे। २. किसी प्रकार के अभाव का अनुभव कराते हुए किसी को ललचाना। आशा दिलाकर या प्रवृत्ति उत्पन्न करके खिन्न या दुःखी करना।

संयो० क्रि०—डालना।—मारना।

तरसौंहाँ—वि० [हि० तरसना+औंहाँ (प्रत्य०)] [स्त्री० तरसौंही] जो तरस रहा हो। तरसनेवाला। जैसे—तरसौंहे नेत्र।

तरस्वान् (स्वत्)—वि० [स० तरस्+मतुप्] १. जिसकी गति बहुत अधिक या तीव्र हो। २. वीर। बहादुर। साहसी।

पुं० १. वायु। २. गरुड़। ३. शिव।

तरस्वी (स्विन्)—वि० पु० [सं० तरस्+विनि] तरस्वान्।

तरह—स्त्री० [फा०] १ आकार-प्रकार, गुण, धर्म, बनावट, रूप आदि के विचार से वस्तुओं, व्यक्तियों आदि का कोई विशिष्ट और स्वतन्त्र वर्ग। जैसे—(क) इसी तरह का कोई कपड़ा लेना चाहिए। (ख) यहाँ तरह-तरह के आदमी आते रहते हैं। २. ढंग। प्रकार। जैसे—तुम यह भी नहीं जानते कि किस तरह किसी से बात की जाती है।

मुहा०—तरह देना=किसी की त्रुटि, भूल आदि पर ध्यान न देना। जाने देना।

तरहटी—स्त्री०=तलहटी।

तरहदार—वि० [फा०] [भाव० तरहदारी] १. अच्छे ढब या प्रकार का। २. अनोखी और सुन्दर बनावटवाला। ३. सज-धज से युक्त। सजीला।

तरहदारी—स्त्री० [फा०] तरहदार होने की अवस्था या भाव।

तरहरा†—क्रि० वि० [हि० तर+हर (प्रत्य०)] तले। नीचे।

पुं० नीचे का भाग। तला। पेंदा।

वि० १. जो सब के नीचे का हो। २. निकृष्ट। बुरा।

तरहरि—स्त्री०=तलहटी।

तरहा—पु०[हिं० तर]१. कूँए की खुदाई में एक माप जो प्रायः एक हाथ की होती है। २. वह कपड़ा जिस पर मिट्टी फैलाकर चीजें डालने के लिए साँचा बनाते हैं।

तरहेला†—वि०[हिं० तर+हर, हल (प्रत्य०)]१. अधीन। निम्नस्थ। २. वश में किया हुआ। ३. हारा या हराया हुआ। पराजित।

तराकु—पुं०[सं० तर-अंकु, च०त०] एक तरह की चौड़े पेंदेवाली नाव। तराकू।

पुं०[देश०] पटुआ। पटमन। पाट।

तराँ†—पु०१.=तला। २.=तलवा।

तराइन—स्त्री०[सं० तारक] तारों का समूह। तारावली।

तराई—स्त्री०[हिं० तर=नीचे]१. पहाड़ के नीचे का समतल मैदानी-भू-भाग। २. दे० 'घाटी'। ३. मूँज के वे मुट्ठे जो छाजन में खपरैल के नीचे लगाये जाते हैं।

स्त्री०[हिं० तारा+ई] तारों का समूह। तारागण।

तराजू—पुं०[फा०] बस्तुएँ तौलने का एक प्रसिद्ध उपकरण जिसमें दोनों ओर वे दो पल्ले रहते हैं जिनमें से एक पर बटखरा या बाट और दूसरे पर तौली जानेवाली चीज रखी जाती है। तुला।

मुहा०—(किसी से) तराजू होना=किसी की बराबरी या सामना करने अथवा उसके समान बनने के लिए मुकाबले पर या सामने आना।

तरात्थय—पु०[स० तर-अत्यय, ष०त०]प्राचीन काल में वह दंड जो बिना आज्ञा के नदी पार करनेवाले पर लगाया जाता था।

तराना—पु०[फा० तरानः]१. अच्छे ढंग में गाया जानेवाला सुन्दर गीत। २. एक प्रकार का गाना जिसके बोल इस प्रकार के होते हैं—तानूम, तानूम ता दारा दारा, दिर दिर दारा आदि। (इसे प्रायः सितार और तबले के बोल मिले हुए होते हैं।)

†स०=तैराना (तैरने में प्रवृत्त करना)।

तराप†—[अनु०] तड़ाक (शब्द)।

तरापा—पु०[हिं० तरना] पानी में तैरता हुआ वह गहतीर जिस पर बैठकर नदी आदि पार करते हैं। (लश०)

पुं०[हिं०आहि से,स्यापा का अनु०] आहि आहि की पुकार। हाहाकार।

क्रि० प्र०—पड़ना।—मचना।

तरावीर—वि०[फा० तर+हिं० बोरना] पानी या और किसी तरल पदार्थ में अच्छी तरह डूबा या भीगा हुआ। शराबोर।

तरावल—पुं०[हिं० तर=नीचे]१. मूँज के वे मुट्ठे जो छाजन में खपरैल के नीचे लगे होते हैं। २. बैलों के गले के जूए में की नीचेवाली लकड़ी।

तरावीरा—पुं०[देश० पं० तारामीरा]एक तरह का पौधा जिसके बीजों से तेल निकाला जाता है।

तरावला†—वि०[?]१. तेज। २. चंचल।

तराश—पुं०[?]१. उछाल। कुलाँच। छलांग।

मुहा०—तराश भरना या मारना=(क) खूब उछल-कूद करना। (ख) किसी काम में बहुत जल्दी-जल्दी आगे बढ़ते चलना। (ग) बहुत बढ़-बढ़कर बातें करना। खूब डींगें हाँकना।

२. किसी चीज पर गिराई जानेवाली पानी की पतली धार।

क्रि० प्र०—देना।

तराशु—पुं०[सं० तर√अल् (पर्याप्त होना)+उण्] चौड़े पेंदेवाली एक तरह की नाव। तराकु।

तराबट—स्त्री०[फा० तर+आबट (प्रत्य०)]१. तर अर्थात् आर्द्र या नम होने की अवस्था या भाव। तरी। जैसे—वातावरण में आज तराबट है। २. प्रिय और वांछित ठंढक या शीतलता। ३. ऐसा पदार्थ जिसके सेवन से शारीरिक गरमी शांत होती हो और प्रिय और सुखद ठंढक मिलती हो। ४. स्निग्ध भोजन।

तराश—स्त्री०[फा०]१. तराशने अर्थात् धारदार उपकरण से किसी चीज के टुकड़े करने की क्रिया, ढंग या भाव। २. किसी रचना में की वह काट-छाँट या बनावट जिससे उसका रूप प्रस्तुत हुआ हो। ३. ढंग। तर्ज।

तराश खराश—स्त्री०[फा०] किसी प्रकार की रचना में की जानेवाली काट-छाँट।

तराशना—स०[फा०]१. धारदार उपकरण से किसी चीज विशेषतः किसी फल को कई टुकड़ों में विभाजित करना। काटना। जैसे—अमरूद या सेब तराशना। २. कतरना (कपड़े आदि का)।

तरास—पुं०=त्रास।

स्त्री०=तराश।

तरासना*—स०[सं० त्रास+ना (अव्य०)]१. त्रास या कष्ट देना। त्रस्त करना। २. भयभीत करना।

†स०=तराशना।

तरासा†—वि०[सं० तृषित]प्यासा।

स्त्री०=तृषा (प्यास)।

तराहिं†—अव्य०=त्राहि।

तराहीं*—क्रि० वि०[हिं० तले] नीचे।

तरिंदा—पुं०[हिं० तरना+इंदा (प्रत्य०)] नदी, समुद्र आदि में तैरता हुआ वह पीपा जो किसी लंगर से बँधा होता है। तरेंदा।

तरि—स्त्री०[सं०√तृ (तरना)+इ]१. नाव। नौका। २. बड़ी पिटारी। पिटारा। ३. कपड़े का छोर या सिरा।

तरिक—पुं०[सं०तर+अन्—इक]१. लकड़ियों का बहुढाँचा जो जलाशय पार करने के लिए बनाया जाता है। बेड़ा। २. वह जो नदी आदि पार करने का पारिश्रमिक लेता हो। ३. केवट। मल्लाह।

तरिका—स्त्री०[सं० तरिक+टाप्]नाव। नौका।

*स्त्री०[सं० तड़ित्] बिजली।

तरिकी (किन्)—पु०[सं० तरिका+इनि] नदी आदि के पार उतारने वाला। माँझी। मल्लाह।

तरिकी—पुं० दे० 'तरौना'।

तरिणी—स्त्री०[सं० तर+इनि—ङीप्]=तरणी।

तरिता—स्त्री०[सं० तर+इतच्—टाप्]१. तर्जनी उँगली। २. भाँग। भंग। ३. गांजा।

†स्त्री०=तड़ित् (बिजली)।

तरित्र—पुं०[सं०√तृ+ष्ट्रन्]बड़ी नाव। पोत।

तरित्री—स्त्री०[सं० तरित्र+ङीप्]छोटा तरित्र।

तरिया†—पुं०[हिं० तरना] तैराक।

वि० तैरनेवाला।

तरियाना—स० [हिं० तरे=नीचे] १. किसी चीज को तले या नीचे रखना। २. किसी चीज को झुकाकर नीची कर देना। ३. बटुए के पेंदे में इसलिए मिट्टी का लेवा लगाना कि आग पर चढ़ाने से उसका पेंदा जलने न पावे। लेवा लगाना। ४. धन-संपत्ति आदि अथवा और कोई चीज चुपचाप अपने अधिकार में करते जाना या छिपाकर रखते चलना।

†अ० तले या तल में बैठ जाना या जमना।

स० [फा० तर] पानी आदि के छींटे देकर तर या गीला करना। जैसे—चुनाई करने से पहले ईंटें तरियाना।

तरिवन†—पुं०=तरवन (तरौना)।

तरिवर†—पुं०=तरुवर।

तरिहँत—क्रि० वि० [हिं० तर+अंत, हँत (प्रत्य०)] नीचे। तले।

तरी—स्त्री० [सं० तरि+ङीष्] १. नाव। नौका। २. गदा। ३. धूआँ। धूम। ४. कपड़े रखने का पिटारा। ५. कपड़े का छोर या सिरा।

स्त्री० [फा० तर] १. तर होने की अवस्था या भाव। आर्द्रता। गीलापन। २. वातावरण में होनेवाली आर्द्रता। ३. प्रिय और सुखद। ठंढक। शीतलता। ४. तलहटी। तराई। ५. तलछट। तलौंछ। ६. वह नीची भूमि जहाँ बरसात का पानी इकट्ठा होता हो।

†स्त्री०=तरकी (कान का गहना)।

†स्त्री०=तल्ला (जूते का)। उदा०—जो पहिरी तन त्राण को माणिक तरी बनाय।—केशव।

तरीका—पुं० [अ० तरीकः] १. काम करने का कोई उपयुक्त, मान्य या विशेष ढंग। २. आचार या व्यवहार की चाल-ढाल। ३. उपाय। युक्ति।

तरीनि—स्त्री० [हिं० तर=तले] पहाड़ के नीचे का भाग। तलहटी। (बुंदेल) उदा०—फूटे हैं सुगंध घट श्रवन तरिनि में।—केशव।

तरीष—पु० [सं०√तॄ (तरना)+ईषन्] १. सूखा गोबर। २. नाव। ३. जलाशय पार करने का बेड़ा। ४. समुद्र। सागर। ५. स्वर्ग। ६. रोजगार। व्यवसाय।

तरीषी—स्त्री० [स० तरीष+ङीष्] इंद्र की एक कन्या।

तरु—पुं० [सं०√तॄ+उन्] १ पेड़। वृक्ष। २. पूर्वी भारत मे होनेवाला एक प्रकार का चीड़ जिससे तारपीन का बढ़िया तेल निकलता है।

तरुआ†—पुं० [हिं० तरना=तलना] उबाले हुए धान का चावल। भुजिया चावल।

पुं०=तलवा (पैर का)।

तरुण—वि० [सं०√तॄ+उनन्] १. जो बाल्यावस्था पार करके सांसारिक जीवन की आरंभिक अवस्था में प्रवेश कर रहा हो। जवान। जैसे—तरुण व्यक्ति। २. जो जीवन की आरभिक अवस्था में हो। जैसे—तरुण पौधा। ३. जिसमें ओज, नवजीवन या शक्ति हो। जैसे—तरुण हँसी। ४. नया। नवीन।

पुं० १. बड़ा जीरा। २. मोतिया (पौधा और उसका फूल)। ३. रेंड़।

तरुणक—पुं० [सं० तरुण+कन्] अंकुर।

तरुण-ज्वर—पुं० [कर्म० स०] ऐसा ज्वर जो सात दिन पार कर के और आगे चल रहा हो।

तरुण-तरणी—पुं० [कर्म० स०] मध्याह्न का सूर्य।

तरुणता—स्त्री० [स० तरुण+तल्—टाप्] तरुण होने की अवस्था या भाव।

तरुण-दधि—पु० [कर्म० स०] पाँच या अधिक दिन से पड़ा हुआ बासी दही जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। (वैद्यक)

तरुण-पीतिका—स्त्री० [कर्म० स०] मैनसिल।

तरुण-सूर्य—पु० [कर्म० स०] मध्याह्न का सूर्य।

तरुणाई*—स्त्री० [सं० तरुण+हिं० आई (प्रत्य०)] तरुण होने की अवस्था या भाव। जवानी।

तरुणाना—अ० [स० तरुण+हि० आना (प्रत्य०)] तरुण होना। जवानी पर आना।

तरुणास्थि—स्त्री० [सं० तरुण—अस्थि, कर्म० स०] पतली लचीली हड्डी।

तरुणिमा (मन्)—स्त्री० [सं० तरुण+इमनिच्] तरुण होने की अवस्था या भाव। तरुणाई।

तरुणी—वि० स्त्री० [सं० तरुण+ङीष्] जवान। युवा।

स्त्री० १ जवान स्त्री। युवती। २. चीड़ नामक वृक्ष। ३. घीकुंआर। ४. जमाल गोटा। दंती। ५. मोतिया नाम का पौधा और उनका फूल। ६. सगीत में, मेघ राग की एक रागिनी।

तरु-तलिका—स्त्री० [स० मध्य० स०] चमगादर।

तरुन*—वि०, पु०=तरुण।

तरुनई*—स्त्री०=तरुणाई।

तरुनाई*—स्त्री०=तरुणाई।

तरुनापन*—पुं० [हिं० तरुन+पन (प्रत्य०)] तारुण्य। जवानी।

तरुनापा—पु० [हिं० तरुन+पा (प्रत्य०)] युवावस्था। जवानी।

तरुबाँहीं*—स्त्री० [स० तर+हि० बाँह] वृक्ष की बाँह अर्थात् शाखा।

तरुभुक्—पु० [सं० तरु√भुज् (खाना)+क्विप्] बाँदा। बंदाक।

तरुभुज—पुं० [सं० तरु√भुज्+क] दे० 'तरुभुक्'।

तरु-राग—पु० [ब० स०] नया कोमल पत्ता। किशलय।

तरु-राज—पु० [ष० त०] १. कल्पवृक्ष। २. ताड़ का पेड़।

तरुरुहा—स्त्री० [सं० तरु√रुह् (उगना)+रु—टाप्] बाँदा।

तरु-रोपण—पुं० [ष० त०] २. वृक्ष लगाने की क्रिया। २. वह विद्या जिसमे वृक्ष लगाने, बढ़ाने और उनकी रक्षा करनेकी कला सिखाई जाती है। (आरबोरी कलचर)

तरुरोहिणी—स्त्री० [सं० तरु√रुह्+णिनि—ङीप्] बाँदा।

तरुवर—पुं० [स० त०] १. श्रेष्ठ या बडा वृक्ष। २ रहस्य संप्रदाय मे, (क) प्राण। (ख) परमात्मा या ब्रह्म।

तरुवरिया†—स्त्री० [हिं० तरवारि] तलवार। उदा०—लिहलन ढाल तरुवरिया; त अवरु कटरिया नु हो।—गीत।

तरु-वल्ली—स्त्री० [स० त०] जतुका लता। पानड़ी।

तरुसार—पुं० [ष० त०] कपूर।

तरुस्था—स्त्री० [स०तरु√स्था (ठहरना)+क—टाप्] बाँदा।

तरूट—पुं० [सं० तरु—उट, ष० त०] भसीड़। कमल की जड़।

तरेंदा—पुं० [सं० तरंड] जलाशय पार करने का लकड़ियों आदि का ढाँचा। बेड़ा।

तरे†—क्रि० वि०=तले (नीचे)।

तरेट—पुं० [हिं० तर+एट (प्रत्य०)] पेड़ू।

तरेटी—स्त्री०=तलहटी (तराई)।

तरेड़ा—पुं०=तरेरा।

तरेरना—स० [सं० तर्ज=डाटना+हिं० हेरना=देखना] रोषपूर्वक या तिरछी आँखों से घूरते हुए किसी की ओर अथवा इधर-उधर देखना।

तरेरा—पुं० [अ० तरारः] १. लगातार डाली जानेवाली पानी की धार। २ जल की लहरों का आघात। थपेड़ा।

पुं० रोष-भरी दृष्टि।

तरैनी—स्त्री० [हिं० तर=नीचे] हरिस और हल को मिलाने के लिए दिया जानेवाला पच्चर।

तरैया—स्त्री० [हिं० तारा] तारा।

वि० [तरना] १. तरनेवाला। २. तारनेवाला।

तरैला—पुं० [हिं० तरे] [स्त्री० तरैली] १. किसी स्त्री के दूसरे पति का वह पुत्र जो उसकी पहली पत्नी के गर्भ से उत्पन्न हुआ हो। २. किसी पुरुष की दूसरी स्त्री का वह पुत्र जो उसके पहले पति के वीर्य से उत्पन्न हो।

तरैली†—स्त्री०=तरैनी।

तरोंच—स्त्री० [हिं० तर=नीचे] १. कंघी के नीचे की लकड़ी। २. दे० 'तलौछ'।

तरोंचा†—पुं० [हिं० तर=नीचे] [स्त्री० तरोंची] जूए की निचली लकड़ी।

तरोंडा—पुं० [देश०] फसल का वह अंश जो हलवाहों, मजदूरों आदि को देने के लिए अलग कर दिया जाता है।

तरोई†—स्त्री०=तोरी (तरकारी)।

तरोता—पुं० [सं० तरवट] मध्य तथा दक्षिण भारत में होनेवाला एक तरह का ऊँचा पेड़ जिसकी छाल चमड़ा सिझाने के काम आती है।

तरोवर*—पुं० [सं० तरुवर] श्रेष्ठ वृक्ष।

†वि०=तरोबोर।

तरौंछ—स्त्री०=तलछट।

तरौंछी—स्त्री० [हिं० तर+ओंछी (प्रत्य०)] १. करघे के हत्थे के नीचे लगी हुई लकड़ी। २. बैलगाड़ी के सुजावे के नीचे लगी हुई लकड़ी।

तरौंटा—पुं० [हिं० तर+पाट] नीचेवाला पाट (चक्की आदि का)।

तरौंता—पुं० [हिं० तर+औंता (प्रत्य०)] छाजन में की वह लकड़ी जो ठाट के नीचे रखी या लगाई जाती है।

तरौंस*—पुं० [हिं० तट+औंस (प्रत्य०)] जलाशय का तट। किनारा।

तरौना—पुं० [सं० तालपर्ण, प्रा० तालउन्न] कानों में पहनने का एक आभूषण जो ताड़ के पत्ते की तरह फाँकदार और गोल होता है। तरकी। तरवन।

तर्क—पुं० [सं०√तर्क् (अनुमान)+अच्] १. कोई बात जानने या समझाने के लिए किया जानेवाला प्रयत्न। २. किसी तथ्य, धारणा, विचार, विश्वास आदि की सत्यता जाँचने के लिए अथवा उसके समर्थन या विरोध में कही हुई कोई तथ्यपूर्ण युक्ति-संगत तथा सुविचारित बात। दलील। (आर्ग्यूमेन्ट) ३. कोई चमत्कारक कथन या बात। व्यंग्यपूर्ण बात। ४. ताना। ५. बहस।

पुं० [अ०] छोड़ने या त्यागने की क्रिया या भाव। जैसे—उन्होंने यह ख्याल तर्क दिया है।

तर्कक—वि० [सं०√तर्क्+णिच्+ण्वुल्—अक] १. तर्क करनेवाला। २. [तर्क√कै (प्रकाश)+क] माँगनेवाला। याचक।

तर्कण—पुं० [सं० √तर्क्+ल्युट्—अन] [वि० तर्कणीय, तर्क्य] तर्क करने की क्रिया या भाव।

तर्कणा—स्त्री० [सं०√तर्क्+णिच्+युच्—अन, टाप्] १. किसी बात या विषय के सब अंगों पर किया जानेवाला विचार। विवेचन। २. किसी पक्ष या विचार के समर्थन में उपस्थित की जानेवाली युक्ति। दलील।

तर्कना—स्त्री०=तर्कणा।

अ०=तरकना।

तर्क-मुद्रा—स्त्री० [मध्य० स०] १. तांत्रिक उपासना में एक प्रकार की शारीरिक मुद्रा।

तर्क-वितर्क—पुं० [द्व० स०] १. यह सोचना कि यह बात होगी या वह। ऊहा-पोह। २. दो पक्षों में परस्पर एक दूसरे द्वारा प्रस्तुत की हुई सुविचारित बातों का किया जानेवाला खंडन या विरोध और अपनी बातों का किया जानेवाला समर्थन। ३. वाद-विवाद। बहस।

तर्कश—पुं०=तरकश।

तर्क-शास्त्र—पुं० [मध्य० स०] १. वह विद्या या शास्त्र जिसमें किसी के द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों आदि के खंडन-मंडन करने की पद्धतियों का विवेचन होता है। (लाजिक) २. दे० 'न्याय शास्त्र'।

तर्क-संगत—वि० [तृ० त०] १. (बात) जो तर्क के आधार पर ठीक बैठे या सिद्ध हो। २. (मत) तर्क-वितर्क करने पर उसके परिणाम के रूप में निकलने या ठीक सिद्ध होनेवाला। (लॉजिकल) ३.=युक्ति-युक्त।

तर्कस—पुं० [स्त्री० अल्पा० तर्कसी] =तरकश।

तर्क-सिद्ध—वि० [तृ० त०] जो तर्क की दृष्टि से बिलकुल ठीक या प्रमाणित हो।

तर्काभास—पुं० [तर्क—आभास, ष० त०] ऐसा तर्क जो ऊपर से देखने पर ठीक-सा जान पड़ता हो परन्तु जो वास्तव में ठीक न हो।

तर्कारी—स्त्री० [सं० तर्क√ऋ (गति) +अण्—ङीप्] १. अँगेथू या अरणी का वृक्ष। २. जैंत नामक वृक्ष।

स्त्री०=तरकारी।

तर्किण—पुं० [सं०] चकवँड। पँवार।

तर्कित—वि० [सं०√तर्क्+क्त] (विषय या सिद्धांत) जिस पर तर्क किया गया हो।

तर्किल—पुं० [सं०√तर्क्+इलच्] चकवँड। पँवार।

तर्की (किन्)—पुं० [सं०√तर्क्+णिनि] [स्त्री० तर्किनी] वह जो प्रायः तर्क करता रहता हो।

†स्त्री०=टरकी (पक्षी)।

तर्कीब—स्त्री०=तरकीब।

तर्कु—पुं० [सं०√कृत् (काटना)+उ, नि० सिद्धि] सूत कातने का तकला। टेकुआ।

तर्कुक—वि० [सं० तर्कु+कन्] प्रार्थना या निवेदन करनेवाला।

पुं० १. प्रार्थी। २. अभियोग उपस्थित करनेवाला। मुद्दई। वादी।

तर्कुटी—स्त्री० [सं०√तर्क्+डटन्—ङीप्] छोटा तकला।

तर्कु-पिंड—पुं० [मध्य० स०] तकले की फिरकी।

तर्कुल—पुं० [हिं० ताड़+कुल] १. ताड़ का पेड़। २. ताड़ का फल।

तर्क्य—वि० [सं०√तर्क्+ण्यत्] १. जिसके संबंध में तर्क किया जा सके। २. विचारणीय।

तर्क्षु—पुं० [सं० =तरक्षु, पृषो० सिद्धि] लकड़बग्घा।

तर्क्ष्य—पुं० [सं०√तृक्ष् (गति)+ण्यत्, बा० गुण] जवाखार।

तर्ज—पुं० [अ०] १. बनावट या रचना-प्रणाली के विचार से किसी वस्तु का आकार-प्रकार या स्वरूप। किस्म। प्रकार। २. किसी वस्तु को आकार-प्रकार या स्वरूप देने का विशिष्ट ढंग, प्रकार या प्रणाली। तरह।

तर्जन—पुं० [सं०√तर्ज् (भर्त्सना करना)+ल्युट्—अन] १. कोई काम करने से किसी को रोकने के लिए क्रोधपूर्वक कुछ कहना या संकेत करना। २. डराना-धमकाना।

तर्जना*—अ० [हिं० तर्जन] तर्जन करना।

तर्जनी—स्त्री० [सं० तर्जन+ङीप्] अँगूठे के पास की उँगली।

विशेष—इस उँगली को होंठों पर रखकर अथवा खड़ी करके किसी को तर्जित किया जाता है इसी लिए इसका यह नाम पड़ा है।

तर्जनी-मुद्रा—स्त्री० [मध्य० स०] तंत्र की एक मुद्रा जिसमें बाँए हाथ की मुट्ठी बांधकर तर्जनी और मध्यमा को फैलाते हैं।

तर्जिक—पुं० [सं०√तर्ज्+घञ्+ठन्—इक] एक प्राचीन देश।

तर्जित—भू० कृ० [सं०√तर्ज्+क्त] जिसका तर्जन किया गया हो। जिसे डाँटा-डपटा या डराया-धमकाया गया हो।

तर्जुमा—पुं० [अ०] अनुवाद। उलथा। भाषांतर।

तर्ण—पुं० [सं०√तृण् (भक्षण)+अच्] गाय का बछड़ा। बछवा।

तर्णक—पुं० [सं० तर्ण+कन्] १. तुरंत का जनमा गाय का बछड़ा। २. बच्चा। शिशु।

तर्णि—पुं० =तरणि (नाव)।

तर्तरीक—वि० [सं०√तॄ+ईक, नि० सिद्धि] १. पार जानेवाला। २. पार करने या ले जानेवाला।

पु० नाव। नौका।

तर्पण—पुं० [सं०√तृप् (संतुष्ट करना)+ल्युट्—अन] [वि० तर्पणीय, तर्पित, तर्पी] १. तृप्त करने की क्रिया। २. हिंदुओं का वह कर्मकांडी कृत्य जिसमें वे देवताओं, ऋषियों पितरों आदि को तृप्त करने के लिए अंजुली या अरघे में जल भर कर देते हैं।

तर्पणी—वि० [सं० तर्पण+ङीप्] तृप्ति देनेवाली।

स्त्री० १. गंगा नदी। २. खिरनी का पेड़ और फल।

तर्पणीय—वि० [सं०√तृप्+अनीयर्] १. जिसका तर्पण करना आवश्यक या उचित हो। २. जिसका तर्पण किया जा सकता हो। ३. जिसे तृप्त करना आवश्यक हो।

तर्पणेच्छु—वि० [सं० तर्पण-इच्छु, ष० त०] १. जिसे तर्पण करने की इच्छा हो। २. जो अपना तर्पण कराना चाहता हो।

पुं० भीष्म।

तर्पिणी—स्त्री० [सं०√तृप्+णिच्+णिनि—ङीप्] पद्मचारिणी लता। स्थल कमलिनी। स्थलपद्म।

तर्पित—भू० कृ० [सं०√तृप्+णिच्+क्त] १ तृप्त किया हुआ २. जिसका तर्पण हुआ हो।

तर्पी (पिन्)—पु० [सं०√तृप्+णिच्+णिनि] [स्त्री० तर्पिणी] १. वह जो दूसरों को तृप्त करता हो। २. तर्पण करनेवाला व्यक्ति।

तर्बट—पु० [सं०] १. चकवँड़। पँवार। २ चांद्र वर्ष।

तर्बूज—पु० =तरबूज।

तर्योना*—पु० =तरौना। (दे०)

तर्रा—पु० [देश०] चाबुक की डोरी या फीता।

तर्राना—पु० दे० 'तराना'।

†अ० दे० 'चर्राना'।

तर्री—स्त्री० [देश०] एक तरह की घास।

तर्ष—पु० [सं०√तृष् (तृष्णा)+घञ्] १ अभिलाषा। इच्छा। २. तृष्णा। ३ सूर्य। ४. समुद्र। ५ जलाशय पार करने का बेड़ा।

तर्षण—पु० [सं०√तृष्+ल्युट्—अन] [वि० तर्षित] १. पिपासा। प्यास। २. अभिलाषा। इच्छा।

तर्षित—वि० [सं० तर्ष+इतच्] १ प्यासा। २. अभिलाषा करनेवाला। इच्छुक।

तर्षुल—वि० [सं०√तृष्+उलच्] तर्षित। (दे०)

तल—पु० [सं०√तल् (स्थिर होना)+अच्] १. किसी चीज के बिलकुल नीचे का अंश या भाग। तला। पेंदा। २ जलाशय आदि के बिलकुल नीचे की जमीन जिस पर जल होता है। जैसे—नदी या समुद्र का तल। ३. किसी चीज के नीचेवाला भाग या स्थान। जैसे—तरु-तल। ४. सात पातालों में से पहला पाताल। ५ एक नरक का नाम। ६. किसी चीज की ऊपरी सतह। जैसे—धरातल या समुद्रतल से १००० फुट की ऊँचाई। ७. किसी पदार्थ के किसी पार्श्व का फैलाव या विस्तार। जैसे—चौकोर वस्तु के चारों तल। ८ चमड़े का वह पट्टा जो धनुष की डोरी की रगड़ से बचने के लिए बायीं बाँह पर पहना जाता था। ९. बाएँ हाथ से वीणा बजाने की कला या क्रिया। १०. हाथ की हथेली। ११. कलाई। पहुँचा। १२ बित्ता। बालिश्त। १३. पैर का तलवा। १४. गड्ढा। १५. ताड़ का पेड़ और फल। १६. दस्ता। मुठिया। हत्था। १७. गोह नामक जंतु। १८. आधार। सहारा। १९. चपत। थप्पड़। २० जंगल। वन। २१. शिव का एक नाम। २२. कारण। मूल। २३. उद्देश्य। २४. स्वभाव।

तलक—पुं० [सं० तल√कै (प्रकाश)+क] ताल। पोखरा।

*अव्य० हिं० 'तक' का पुराना रूप।

तल-कर—पु० [ष० त०] ताल या तालाब में होनेवाली वस्तुओं पर लगनेवाला कर।

तलकी—स्त्री० [देश०] एक तरह का पेड़ जिसकी लकड़ी का रंग ललाई लिये हुए भूरा होता है।

तलकीन—स्त्री० [अ० तल्कीनः] शिक्षा।

तलख—वि० [फा०] १. जिसमें कड़ुआपन हो। २. उग्र। प्रचंड।

तलघी—स्त्री० [फा० तल्घी] १. कड़ुआपन। कड़ुआहट। २. स्वभाव का चिड़चिड़ापन।

तलचू—स्त्री०=तेलचू।

तलघरा—पुं० [सं० तल+हिं० घर] तल अर्थात् नीचे का कमरा या घर। तहखाना।

तल-छट—स्त्री० [हिं० तल+छँटना] १. किसी तरल या द्रव पदार्थ के नीचे बैठी हुई गाद या मैल। तलीछ। २. तरल पदार्थ में घुली या मिली हुई चीज का वह अंश जो भारी होने के कारण नीचे बैठ जाता है। कल्क। (सेडिमेन्ट)

तलछटी—वि० [हिं० तल-छट+ई (प्रत्य०)] १. तल-छट-संबंधी। २. जिसमें तल-छट हो।

तलना—स० [सं० तरण=तिराना] पिघले हुए गरम स्निग्ध द्रव्य में कोई खाद्य-वस्तु छोड़कर पकाना। जैसे—पापड़, पकौड़े या पूरियाँ तलना।

तलप*—पुं० =तल्प।

तल-पट—पुं० [मध्य० स०] आय-व्यय फलक।

वि० [हिं० तले+पट] चौपट। नष्ट। बरबाद। उदा०—कही न मुफ्त में देवां ये माल तलपट हो।—नानिग।

तलपना†—अ०=तड़पना।

तलफ—वि० [अ०] [भाव० तलफी] नष्ट। बर्बाद।

तलफना†—अ०=तड़पना।

तलफाना†—स०=तड़पाना।

तलफी—स्त्री० [फा०] १. तलफ अर्थात् नष्ट होने की अवस्था या भाव। नाश। बरबादी। २. नुकसान। हानि।

पद—हक-तलफी। (दे०)

तलफ्फुज—पुं० [अ०] अक्षरों तथा शब्दों का उच्चारण।

तलब—स्त्री० [अ०] १. खोज। तलाश। २. प्राप्त करने की इच्छा।

मुहा०—तलब करना=किसी से अधिकारपूर्वक कुछ माँगना। ३. आवश्यकता। ४ बुलाना। बुलाहट। उदा०—आवै तलब बाँधि लै चालै बहुरि न करिहैं फेरा।—कबीर। ५. तनख्वाह। वेतन।

तलबगार—वि० [फा०] १. तलब करने या चाहनेवाला। २ माँगनेवाला।

तलबाना—पुं० [फा० तल्बानः] १. गवाहों को कचहरी में तलब करने अर्थात् बुलाने के लिए अदालत के अधिकारी के पास जमा किया जानेवाला व्यय। २. वह अर्थखंड जो जमींदार को समय पर मालगुजारी न जमा करने पर प्रजा पर लगाना पड़ता था।

तलबी—स्त्री० [अ०] १. बुलाहट। २. माँग।

तलबेली—स्त्री० [हिं० तलफना] १. कुछ प्राप्त करने के लिए मन में होनेवाली व्यग्रता। छटपटी। २. चिकलता। बेचैनी।

तल-मल—पुं० [मध्य० स०] तल-छट। तलीछ।

तलमलाना*—अ० [भाव० तलमलाहट] दे० 'तिलमिलाना'।

तलव—पुं० [सं० तल√वा (गति) +क] गानेवाला। गवैया।

तलव-कार—पुं० [ष० त०] १. सामवेद की एक शाखा। २. एक उपनिषद्।

तलवा—पुं० [स० तल] पैर के बिलकुल नीचे का वह चिपटा अंश जो खड़े होने और चलने के समय जमीन पर पड़ता है। पद-तल।

मुहा०—तलवा (या तलवे) खुजलाना=तलवे (या तलवों) में खुजली होना जो लोक में इस बात का सूचक माना जाता है कि शीघ्र ही कोई यात्रा करनी पड़ेगी या कहीं बाहर जाना पड़ेगा। तलवा (या तलवे) न टिकना=एक जगह कुछ देर बैठे न रहा जाना। बराबर इधर-उधर आते-जाते या घूमते रहना। चलते-चलते तलवे जलना या झलसी होना=इतनी अधिक दौड़-धूप करना कि पैरों में दम न रह जाय। (किसी के) तलवे चाटना=किसी को प्रसन्न करने के लिए उसकी छोटी-से छोटी सेवाएँ करना। (किसी के) तलवे धो-धो कर पीना=अत्यंत सेवा-शुश्रूषा करना। अत्यंत प्रेम प्रकट करना। (किसी के) तलवे सहलाना=प्रसन्न करने के लिए बहुत ही दीन बनकर सभी तरह की सेवाएँ करना। (कोई चीज) तलवों तले मेटना=कुचल कर नष्ट करना। रौंद डालना। (स्त्री०) (कोई बात) तलवों तले मेटना=पूरी तरह से अवज्ञा या उपेक्षा करना। तुच्छ या हेय समझना। (किसी के) तलवों से आँख मलना=दीन भाव से बहुत अधिक आदर-सत्कार और सेवा-शुश्रूषा करना। (कोई चीज) तलवों से मलना=पैरों से कुचल या रौंदकर नष्ट करना। (कोई बात) बेख या सुनकर) तलवों से लगना, सिर में जाकर बुझना=इतना अधिक क्रोध चढ़ना कि मानों सारा शरीर जल रहा हो। नीचे से ऊपर तक सारा शरीर जल जाना। (कभी-कभी इस मुहावरे का संक्षिप्त रूप होता है—तलवों से लगना; जैसे—उसकी बातें सुनकर मुझे तो तलवों से (आग) लग गई।)

तलवार—स्त्री० [सं० तरवारि] लोहे का एक लंबा धारदार प्रसिद्ध हथियार जिसके आघात से प्राणियों के अंग काटकर अलग किये जाते अथवा सिर काटकर उनकी हत्या की जाती है।

मुहा०—तलवार करना=तलवार की महायता से युद्ध या वार करना। तलवार चलाना। तलवार कसना=तलवार का फल झुकाकर उसके लोहे की उत्तमता की परीक्षा करना। (किसी को) तलवार का पानी दिखाना=तलवार से आघात या वार करना। तलवार की छाँह (या छाहीं) में=ऐसी स्थिति में जहाँ चारों ओर अपने सिर पर नंगी तलवारें ही दिखाई देती हों। (किसी को) तलवार के घाट उतारना=तलवार का आघात करके प्राण लेना। तलवार खींचना=आघात या वार करने के लिए म्यान से तलवार बाहर निकालना। तलवार तौलना=भरपूर वार करने के लिए तलवार ठीक ढंग से ऊपर उठाना। तलवार पर हाथ रखना (या ले जाना)=तलवार से वार या आघात करने को उद्यत होना। तलवार बाँधना=इस उद्देश्य से तलवार सदा अपनी कमर में लटकाये रखना कि जब आवश्यकता हो, तब उसका उपयोग किया जा सके। तलवार सौंतना=तलवार तौलना। (देखे ऊपर)

पद—तलवार का खेत=लड़ाई का मैदान। युद्ध-क्षेत्र। तलवार का छाला=तलवार के फल पर उभरा हुआ चिह्न या दाग। तलवार का डौरा=तलवार की धार या बाढ़ को डोरे या सूत की तरह जाल पड़ती है। तलवार का पट्टा या पट्ठा=तलवार का चौड़ा फल। तलवार का पानी=तलवार की चमकीली रंगत जो उसके बढ़िया होने की सूचक होती है। तलवार का फल=मूठ के आगे का सारा भाग। तलवार का बल=तलवार के फल का टेढ़ापन जो काट करने में

सहायक होता है। **तलवार का बाट**=तलवार में वह स्थान जहाँ से उसका टेढ़ापन आरंभ होता है। **तलवार का मुँह**=तलवार की धार। **तलवार का हाथ**=(क) तलवार का आघात। (ख) तलवार चलाने का ढंग या प्रकार। **तलवार की आँच**=तलवार का आघात या वार। **तलवार की वाला**=तलवार की मूठ और फल का वह जोड़ जो दुधाले के पास होता है।

तलवारिया—पुं० [हिं० तलवार] वह व्यक्ति जो अच्छी तरह तलवार चलाना जानता हो।

तलवारी—वि० [हिं० तलवार] तलवार-संबंधी। जैसे—तलवारी हाथ।

तलहटी—स्त्री० दे० 'तराई'।

तलहा†—वि० [हिं० ताल] ताल-संबंधी। ताल का या ताल में होनेवाला।

वि० [हिं० तल] तल अर्थात् नीचेवाले भाग में होने या रहनेवाला।

तलांगुलि—स्त्री० [सं० तल-अंगुलि, ष० त०] पैर की उँगली।

तला—पुं० [सं० तल] १=तल (पेंदा)। २. तलवा। ३. जूते के नीचे का वह चमड़ा जो चलते समय जमीन पर पड़ता है।

तलाई—स्त्री० [हिं० ताल] छोटा ताल। तलैया।

स्त्री० [हिं० तलना] तलने की क्रिया, भाव और मजदूरी।

स्त्री० [हिं० तलाना] तलाने का भाव या मजदूरी।

तलाउ†—पुं०=तलाव।

तलाक—पुं० [अ०] १. पति और पत्नी का विधि या नियम के अनुसार वैवाहिक संबंधों का होनेवाला पूर्ण विच्छेद। २. बोल-चाल में, किसी चीज को सदा के लिए छोड़ या त्याग देने की क्रिया या भाव।

क्रि० प्र०—देना।

तलाची—स्त्री० [सं०] चटाई।

तलातल—पुं० [सं० तल-अतल, पं० त०] पुराणानुसार सात पातालों में से एक।

तलाफी—स्त्री० [अ० तलाफ़ी] क्षति-पूर्ति।

तलाब†—पुं०=तालाब।

तलाबेली—स्त्री०=तलबेली (बेचैनी)।

तलाबेली†—स्त्री०=तलाबेली (तलबेली)।

तलाव—पुं० [हिं० तलना] तलने की क्रिया, ढंग या भाव।

†पुं० [सं० तल] तालाब।

तलाश—स्त्री० [तु०] १. किसी खोई हुई अथवा लुप्त वस्तु, व्यक्ति आदि का पता लगाने का काम। अन्वेषण। खोज। २. किसी नई चीज या बात का पता लगाने के लिए किया जानेवाला प्रयत्न। ३. आवश्यकता की पूर्ति के लिए होनेवाली चाह।

तलाशना—स० [फा० तलाश] १. तलाश करना। खोजना। ढूँढ़ना। २. किसी बात या विषय का अनुसंधान करना।

तलाशा—स्त्री० [सं०] एक तरह का पेड़।

तलाशी—स्त्री० [फा०] १. तलाश करने के लिए किया जानेवाला प्रयत्न। २. अवैध रूप से छिपाई गई वस्तु का पता लगाने के लिए किसी संदिग्ध व्यक्ति के शरीर, घर आदि की होनेवाली देख-भाल।

क्रि० प्र०—देना।—लेना।

तलि†—क्रि० वि०, पु० हिं० में तले का एक रूप। उदा०—तलि कर साखा ऊपरि करि मूल।—कबीर।

तलिका—स्त्री० [सं० तल+ठन्—इक+टाप्] पशुओं विशेषतः घोड़ों के मुँह पर बाँधी जानेवाली वह थैली जिसमें दाना आदि भरा होता है। तोबड़ा।

तलित्—स्त्री० [स०=तडित्, ड—ल] दे० 'तड़ित्'।

तलित—भू० कृ० [हिं० तलना से ?] तला हुआ।

तलिन—वि० [स०√तल्+इनन्] १. दुबला-पतला। २. जीर्ण-शीर्ण। टूटा-फूटा। ३. इधर-उधर छितरा या फैला हुआ। विरल। ४. कम। थोड़ा। ५. साफ। स्वच्छ।

स्त्री० शय्या। सेज।

तलिम—पु० [स०√तल्+इमन्] १. छत। पाटन। २. खाट या पलंग। शय्या। ३. चँदोआ। ४. खाँगा। ५. बड़ी छुरी। छुरा। ६. जमीन पर का पक्का फर्श।

तलिया—स्त्री० [स० तल] समुद्र की थाह। (डिं०)

तली—स्त्री० [स० तल] १. तल। पेंदा। २ हाथ और पैर का तल। जैसे—हाथ की तली, पैर की तली। ३. पूजन आदि के समय पैर की तली के नीचे रखा जानेवाला पैसा। ४. दे० 'तलछट'।

तलुआ†—पुं०=तालू।

तलुन—पु० [सं०√तु (गति)+उनन्] १. वायु। हवा। २. जवान आदमी। मरद।

तले—क्रि० वि० [सं० तल] १. किसी चीज के तल या नीचेवाले भाग में। २. किसी ऊँची या ऊपर टँगी हुई वस्तु से नीचे।

पद—तले-ऊपर—(क) एक के ऊपर दूसरा। (ख) उलट-पलट किया हुआ। **तले-ऊपर के**=ऐसे दो बच्चे जिनमें एक दूसरे के ठीक बाद उत्पन्न हुए हों। **तले-ऊपर होना**=उलट-पलट हो जाना। विशृंखल होना। **(किसी के साथ) तले-ऊपर होना**=प्रसंग या संभोग करना। **(जी) तले-ऊपर होना**=(क) घबराहट या विकलता होना। (ख) जी मिचलाना। मितली होना।

३. किसी के वश या शासन में। जैसे—इस अधिकारी के तले पाँच आदमी काम करते हैं।

तलेक्ष—पुं० [सं० तल-ईक्षण, ब०स०] सूअर (जन्तु)।

तलेटी—स्त्री० [सं० तल] १.=पेंदी। २.=तलहटी (तराई)।

तलेड—वि० [स० तल] १. तल में होने या नीचे रहनेवाला। २. तुच्छ। हीन।

तलैया—पुं० [हिं० तले] वास्तु शास्त्र में, छत और मेहराब के बीच का भाग या रचना।

तलैया—स्त्री० [हिं० ताल] छोटा ताल या तालाब।

तलोदर—वि० [स० तल-उदर, ब०स०] [स्त्री० तलोदरी] तोंदवाला।

तलोदरी—स्त्री० [सं० तलोदर+ङीष्] स्त्री। भार्या।

वि०'तलोदर' का स्त्री० रूप।

तलोदा—स्त्री० [स० तल-उदक, ब०स०, उदादेश] नदी।

तलौंछ—स्त्री० [सं० तल=नीचे] द्रव पदार्थ के पात्र के तल में जमी हुई मैल। तल-छट।

तल्लीकरण—पुं० [अ०] १. मत, विचार, सिद्धांत, स्थिति आदि में होनेवाला परिवर्तन। २. किसी बात या विचार पर स्थिर न होने का भाव।

तल्क—पु० [सं०√तल्+कन्] वन। जंगल।

तल्ख—वि० [फा० तल्ख] [भाव० तल्खी] १. (पदार्थ) कड़ुआ। कटु। २. (स्वभाव) जिसमें कटुता, चिड़चिड़ापन आदि बातें अधिक हों।

तल्प—पुं० [सं०√तल+पच्] १. पलंग। सेज। शय्या। २. बिछौना। बिस्तर। उदा०—दूर्वादल ही तल्प तुम्हारा।—पंत। ३. मकान का ऊपरी खंड। ४. अटारी।

तल्पक—पुं० [सं० तल्प+कन्] १. पलंग। २. पलंग पर बिस्तर करनेवाला सेवक।

तल्प-क्रीड—पुं० [मध्य०स०] पलंग में रहनेवाला कीड़ा। खटमल।

तल्पज—पुं० [सं०तल्प√जन् (उत्पन्न होना)+ड] क्षेत्रज पुत्र।

तल्पन—पुं० [सं० तल्प+क्विप्(नाम धातु)+ल्युट्—अन] १. हाथी की पीठ। २. हाथी की पीठ का मांस।

तल्पल—पुं० [सं० तल्प√ला (लेना)+क] हाथी की रीढ़।

तल्ल—पुं० [सं० तल्√ली (लीन होना)+ड] १. बिल। बिवर। २. गड्ढा। ३. ताल। तालाब।

तल्लज—वि० [सं० तल्√लज् (कान्ति)+अच्] उत्तम। श्रेष्ठ।

तल्लह—पुं० [सं० तल्ल√हा(त्यागना)+क] कुत्ता।

तल्ला—पुं० [स० तल] १. तल। पेंदा। २. जूते में चमड़े का वह अंश या भाग जो तलवे के नीचे रहता है और जमीन पर पड़ता है। तला। ३ किसी प्रकार की दोहरी चीज में तले या नीचे की परत या पल्ला। ४. कपड़े में लगाया जानेवाला अस्तर। ५. निकटता। समीपता। पु० [सं० तल्प] मकान का कोई खंड या मंजिल। जैसे—तीन तल्ले का मकान।

तल्लिका—स्त्री० [स० तल्ल+कन्—टाप्, इत्व] ताले की कुंजी। ताली।

तल्ली—स्त्री० [सं० तत्√लस् (शोभित होना)+ड—ङीप्] १. तरुणी। युवती। २. नौका। नाव। ३. वरुण की पत्नी का नाम।
स्त्री० [स० तल] १. जूते का तल्ला। तला। २ दे० 'तल-छट'।

तल्लीन—वि० [स०तत्-लीन, स०त०] जो किसी काम या बात के संपादन में दत्तचित्त होकर लगा हो। मग्न।

तल्लुआ—पुं० [देश०] मध्य युग में गाढ़े या सल्लम की तरह का एक प्रकार का मोटा कपड़ा। तुकरी। महमूदी।

तल्ली†—पुं० [स० तल] जाँते का नीचेवाला पाट।

तल्वकार—पुं० =तलवकार।

तल्लैचुर*—पुं० [सं० ताम्रचूड; हिं० तमचुर] मुर्गा।

तव—सर्व० [सं०] तुम्हारा।

तवक्का—स्त्री० [अ० तवक्कुअ] आशा। भरोसा।

तवक्कु—पुं० [अ० तवक्कुफ] १. देर। विलंब। २. ढील।

तव-क्षीर—पुं० [सं०√तु (पूर्ति)+अच्, तव-क्षीर, ब० स०, फा०तवाशीर] १. तीखुर। २. वंशलोचन।

तवखीरी—स्त्री० [सं० तवक्षीर+ङीप्] कनकचूर जिसकी जड़ से एक प्रकार का तीखुर बनता है। अबीर इसी तीखुर का बनता है।

तवज्जह—स्त्री० [अ०] १. कोई कार्य या बात जानने, समझने, सीखने, सुनने आदि के लिए उसकी ओर एकाग्रचित्त होकर दिया जानेवाला ध्यान।
क्रि० प्र०—देना।
२. अनुग्रह या कृपा की दृष्टि और व्यवहार।

तवन*—स्त्री० [स० तपन] १. तपन। २. गरमी। ताप। ३. अग्नि। आग।
†सर्व०=वह।

तवना—अ० [स० स्तवन] स्तुति करना। उदा०—स्त्री पति कृण सुमति तूम गुण जुगवति।—प्रिथीराज।
†अ० [स० तपन] १. तपना। उदा०—साँसों का पाकर वेग देश की हवा तवी सी जाती है।—दिनकर। २. दुःखी या पीड़ित होना। ३. गुस्से से लाल होना। ४. तेज या प्रताप दिखलाना।
†स०=तपाना।

तवनी—स्त्री० [हिं० तवा] छोटा और हलका तवा। तई।

तवर—पुं०=तोमर (अस्त्रिया का कुल)।

तवरक—पुं० [सं० तुवर] जलाशयों के किनारे होनेवाला एक तरह का पेड़।

तवराज—पुं० [स०√तु (पूर्ति)+अच्, तव√राज् (शोभित होना)+अच्] तुरजबीन। यवास शर्करा।

तवर्ग—पुं० [ष०त०] देवनागरी वर्ण-माला के त, थ, द, ध और न इन पाँचों वर्णों का वर्ग या समूह।

तवलची†—पुं०=तबलची।

तवल्ला†—पुं०=तबला।

तवा—पुं० [हिं० तपना=जलना] [स्त्री०अल्पा० तई, तवी, तोई, तौनी] १. लोहे की चादर का बना हुआ गोलाकार छोटा टुकड़ा जिस पर रोटी आदि पकाई जाती है।
मुहा०—तवा सिर से बाँधना=(क) बड़े-बड़े आघात या प्रहार सहने के लिए तैयार होना। (ख) अपने को खूब दृढ़ और सुरक्षित करना।
तवे का हंसना=तवे के नीचे जली हुई कालिख का तपकर लाल हो जाना और चमकने लगना जो घर में लड़ाई-झगड़ा होने का सूचक समझा जाता है।
पर—**तवे की बूँद**=(क) इतना अल्प या कम जो तवे पर पड़ी हुई घी, तेल या पानी की बूँद के समान हो और तुरंत समाप्त हो जाय। (ख) बहुत ही अस्थायी और नश्वर। **तवे सा मुँह**=तवे के नीचेवाले भाग की तरह काली और कुरूप आकृति।
२. उक्त आकार-प्रकार का लोहे का बहुत बड़ा गोल टुकड़ा। ३. मिट्टी या खपड़े का गोल ढोकरा जो चिलम में तमाकू के ऊपर और अंगारों या आग के नीचे रखा जाता है।
पुं० [?] एक प्रकार की लाल मिट्टी जो प्रायः हींग में मिलावट करने के काम आती है।

तवाई†—स्त्री० [हिं० ताप=ताप] १. ताप। २. लू।

तवाशीर—पुं० [सं० त्वक्षीर या तवक्षीर] १. तवाशीर। तीखुर। २. वंशलोचन।

तवाजा—स्त्री० [अ० तवाज़ः] आदर-सत्कार। खातिरदारी।

तवाना—वि० [फा०] मोटा-ताजा। हृष्ट-पुष्ट।
†स० [हिं० तवा] ढक्कन चिपका या बैठाकर बरतन का मुँह बन्द करना।
†स०=तपाना।

तवायफ—स्त्री० [अ०] गाने-नाचने का पेशा करनेवाली वेश्या।

तवारा—पुं० [सं० ताप; हिं० ताव] १. अत्यधिक गरमी। २. अत्यधिक गर्मी के कारण होनेवाला कष्ट। ३. जलन।

तवारीख—स्त्री० [अ०] इतिहास। (दे०)

तवारीखी—वि० [अ०] ऐतिहासिक।

तवालत—स्त्री० [अ०] १. तवील अर्थात् लंबे होने की अवस्था या भाव। लंबाई। २. किसी काम में होनेवाली ऐसी झंझट या बखेड़ा जिससे उसके संपादन में प्रायः व्यर्थ का विस्तार हो या अधिक समय लगे।

तविष—पुं० [सं०√तु (पूर्ण करना)+टिषच्] १. स्वर्ग। २ समुद्र। सागर। ३. बल। शक्ति। ४. रोजगार। व्यवसाय।
वि० १. पूज्य और बड़ा। वृद्ध। २. महत्त्वपूर्ण या महान्। ३. बलवान। शक्तिशाली।

तविषी—स्त्री० [सं० तविष+ङीष्] १. पृथ्वी। २. शक्ति। ३. नदी। ४. इन्द्र की एक कन्या।

तवी—स्त्री० [हिं० तवा] १. छोटा तवा। २. ऊँचे किनारोंवाली थाली की तरह का लोहे का वह पात्र जिसमें इमरती, जलेबी आदि तली जाती है।

तवीयत—पुं० तबीब (चिकित्सक)।

तवीष—पुं० [सं०=तविष] १. स्वर्ग। २. समुद्र। ३. सोना।

तवेला†—पुं०=तबेला।

तश्तीस—स्त्री० [अ०] १. अच्छी तरह की जानेवाली जाँच-पड़ताल या उसके फलस्वरूप होनेवाला निश्चय। २. लक्षण आदि देखकर की जानेवाली रोग की पहचान। निदान।

तश्वुद—पुं० [अ०] १. आक्रमण। २ किसी के प्रति किया जानेवाला कठोर या कष्टदायक व्यवहार।

तशरीफ—स्त्री० [अ०] १. महत्त्व। बड़प्पन। २ बड़ों के व्यक्तित्व के सम्बन्ध में सम्मानसूचक संज्ञा। जैसे—(क) तशरीफ रखिए या लाइए=पधारिये या विराजिए। (ख) आप भी वहाँ तशरीफ ले गये थे? अर्थात् पधारे थे।

तश्त—पुं० [फा०] १. थाली के आकर का हल्का छिछला बरतन। बड़ी रिकाबी। २. परात। ३ वह पात्र जिसमें मल-त्याग किया जाता है। गमला।

तश्तरी—स्त्री० [फा०] धातु की चादर की बनी हुई छोटी, चिपटी तथा छिछली थाली।

तश्त—वि० [सं०√तश् (छीलना)+क्त] १. छीला हुआ। २. कूटा, दला या पीसा हुआ। ३. पीटा हुआ।

तष्टा (ष्ट्)—पुं० [सं०√तक्ष् +तृच्] १. छीलनेवाला। २ काट-छाँट कर गढ़नेवाला। २. कूटने, दलने या पीसनेवाला।
पुं० १. विश्वकर्म्मा। २. एक आदित्य या सूर्य का नाम।
पुं० [फा० तश्त] ताँबे की एक प्रकार की छोटी रिकाबी जिसमें पूजन की सामग्री रखते अथवा छोटी मूर्तियों को स्नान कराते हैं।

तस—वि० [सं० तादृश; प्रा० तारिस; पु० हिं० तइस] वैसा। वैसा।
पद—जस का तस=ज्यों का त्यों। जैसा था, वैसा ही।

तसकर†—पुं०=तस्कर।

तसकीन—स्त्री० [अ० तस्कीन] ढाढस। सांत्वना।

तसगर—पु० [देश०] नाने में नौलक्खी के पास की दो लकड़ियों में से एक। (जुलाहे)

तसगीर—स्त्री० [अ० तस्गीर] १ हलका या छोटा रूप देने की क्रिया या भाव। संक्षेपण। २. उक्त प्रकार से दिया हुआ रूप। संक्षेप।

तसदीक—स्त्री० [अ० तस्दीक] १. सच्चे होने की अवस्था या भाव। सचाई। सत्यता। २ इस बात की जाँच और निर्णय कि जो कुछ सामने रखा या लगाया गया है, वह वस्तुत. वही है जो होना चाहिए। जैसे—दस्तावेज या उस पर के दस्तखत की तसदीक। ३. किसी बात की सत्यता के सम्बन्ध में किया जानेवाला समर्थन। ४. गवाही।

तसदीह—स्त्री० [अ० तस्दीअ] १. कष्ट। तकलीफ। २. झंझट। बखेड़ा। ३. परेशानी।

तसद्दुक—पुं० [अ०] १ सदके अर्थात् निछावर करने की क्रिया या भाव। २ सदके या निछावर की हुई चीज। ३ कुरबानी। बलिदान।

तसनीफ—स्त्री० [अ० तस्नीफ] किसी प्रकार की साहित्यिक कृति या रचना।

तसफ़ीया—पु० [अ० तस्फिय] १ फैसला। २ समझौता।

तसबी*—स्त्री०=तसबीह।

तसबीह—स्त्री० [अ० तस्बीह] वह जप-माला या सुमिरनी जो मुसलमान लोग ईश्वर का नाम लेने के समय फेरते हैं।
मुहा०—तसबीह फेरना=नाम की माला जपना। जप करना।

तसमा—पु० [फा० तस्म] कोई चीज कसकर बाँधने के लिए उसमें लगा या लगाया हुआ चमड़े, सूत आदि का फीता या डोरी। जैसे—जूते का तसमा।
मुहा०—तसमा खींचना=मध्ययुग में तसमा लपेटकर किसी-किसी का गला घोटना और उसकी हत्या करना।

तसला—पु० [फा० तश्त+ला (प्रत्य०)] [स्त्री० अल्पा० तसली] खड़ी तथा ऊँची दीवारवाला एक तरह का गोल पात्र जिसमें तरकारी, दाल आदि पकाई जाती है।

तसलीम—स्त्री० [अ० तस्लीम] १ कोई बात मान लेने या कोई आदेश पालन करने की क्रिया या भाव। २. किसी का महत्त्व मानते हुए किया जानेवाला अभिवादन। नमस्कार। सलाम।

तसल्ली—स्त्री० [अ०] ऐसी बात जिससे किसी निराश या हतोत्साह व्यक्ति का धैर्य बँधता हो। ढाढस। सांत्वना।

तसवीर—स्त्री० [अ०] १. वह कलापूर्ण रचना जिससे किसी वस्तु के बाहरी आकार-प्रकार या स्वरूप का ज्ञान होता हो। चित्र। (दे०)
क्रि० प्र०—उतारना।—खींचना।—बनाना।
२. किसी घटना या स्थिति की यथार्थता बतलानेवाला विवरण।
वि० बहुत सुन्दर।

तसी†—स्त्री० [देश०] ऐसा खेत जो बोये जाने से पहले तीन बार जोता गया हो।

तसु—सर्व० [सं० तस्य] उसका। उसके। **उदा०—जुआलि नालि तसु गरभ जेहवी।**—प्रिथीराज।

तसू—पु० [सं० त्रि+थुक्—जो की तरह का एक अन्न] प्रायः सवा इंच के बराबर की एक देशी नाप।

तस्कर—पुं० [सं०तद्√कृ (करना)+अच्, (लि० सुट्-लोप)] १. दूसरों

की चीजें चुरानेवाला। चोर। २. चोर नामक गन्ध-द्रव्य। ३. सुनने की इन्द्रिय। कान। ४. मदन नाम का वृक्ष। मैनफल। ५. बृहत्संहिता के अनुसार एक प्रकार के केतु जो बुध ग्रह के पुत्र माने गये हैं और जिनकी संख्या ५१ कही गई है।

तस्करता—स्त्री० [सं० तस्कर+तल्—टाप्] तस्कर का कार्य या भाव। चोरी।

तस्कर-स्नायु—पुं० [ब०स०] काकनासा लता।

तस्करी—स्त्री० [सं० तद्√कृ+ट—ङीप्] १. चोर की स्त्री। २. चोर स्त्री। चोरनी। ३. चोरी।

तस्थु—वि० [सं०√स्था (ठहरना)+कु, द्वि०] एक ही स्थान पर दृढ़तापूर्वक स्थित रहनेवाला। अचल।

तस्नीफ—स्त्री०=तसनीफ।

तस्बीह—स्त्री०=तसबीह।

तस्मा—पुं०=तसमा।

तस्मात्—अव्य० [सं०] इसलिए। अतः।

तस्य—सर्व० [सं०] उसका।

तस्लीम—स्त्री०=तसलीम।

तस्वीर—स्त्री०=तसवीर।

तस्सू—पुं०=तसू।

तहँ—क्रि० वि० [हिं० तहाँ] उस स्थान पर। वहाँ।

तहँवाँ—क्रि० वि०=तहाँ (वहाँ)।

तह—स्त्री० [फा०] १. कागज, कपड़े आदि के बड़े टुकड़े का वह अंश जो मोड़ने पर उसके दूसरे अंश के ऊपर या नीचे पड़ता हो। परत। जैसे—इस कपड़े की चार तहें लगाओ।

क्रि० प्र०—जमाना।—बैठाना।—लगाना।

मुहा०—**तह करना**=किसी फैली हुई (चद्दर आदि के आकार की) वस्तु के भागों को कई ओर से मोड़ और एक दूसरे के ऊपर लाकर उस वस्तु को समेटना। चौपरत करना। **तह कर रखना**=छिपा या दबाकर रोक रखना। (व्यंग्य) जैसे—आप अपनी लियाकत तह कर रखिए। **(किसी चीज पर) तह चढ़ाना या देना**=(क) लेप आदि के रूप में ऊपर परत या स्तर चढ़ाना या जमाना। (ख) हलका रंग चढ़ाना।

२. किसी पदार्थ का बिलकुल नीचेवाला भाग या स्तर। जैसे—(क) किसी बात की तह तक पहुँचना। (ख) गिलास की तह में मिट्टी जमना या बैठना।

मुहा०—**(किसी बात की) तह तोड़ना**=मूल आधार नष्ट करना। जैसे—झगड़े या बखेड़े की तह तोड़ना। **(कूएँ की) तह तोड़ना**=कूआँ साफ करने के लिए या उसकी मरम्मत करने के लिए उसका सारा पानी बाहर निकाल देना। **(किसी चीज की) तह देना**=नीचे का या मूल स्तर प्रस्तुत या स्थापित करना। जैसे—फुलेल में मिट्टी के तेल की तह दी जाती है। **(जानवरों की) तह मिलाना**=संभोग के लिए नर और मादा को एक साथ रखना।

पद—**तह का सच्चा**=वह कबूतर जो बराबर सीधा अपने छत्ते पर चला आवे, अपना स्थान न भूले। **तह की बात**=(क) अन्दर की, छिपी हुई या रहस्य की बात। (ख) यथार्थ ज्ञान या तत्त्व की बात।

३. पानी के नीचे की जमीन। तल। ४. बहुत पतला या महीन पटल। झिल्ली।

क्रि० प्र०—जमना।—बैठना।

तहकीक—स्त्री० [अ०] १. यथार्थता, वास्तविकता या सत्यता। २. यथार्थता या सत्यता के सम्बन्ध में होनेवाली छान-बीन या जाँच-पड़ताल। ३. जिज्ञासा। पूछ-ताछ।

तहकीकात—स्त्री० [अ० 'तहकीक' का बहु०] यथार्थता या सत्यता का पता लगाने के लिए की जानेवाली छान-बीन या जाँच-पड़ताल।

तहखाना—पुं० [फा०] किसी मकान, महल आदि का वह कमरा जो आस-पास की जमीन या उस मकान की कुरसी के नीचे पड़ता हो।

तहजीब—स्त्री० [अ०] १. किसी चीज को दर्शनीय और सुन्दर बनाने का काम। २. शिष्टाचार। ३. सभ्यता। (देखें)

तहत—पुं० [अ०] १. अधिकार। वश। २. अधीनता। मातहती।

तह-दरज—वि० [फा०] (कपड़ा) या और कोई पदार्थ जिसकी तह अभी तक न खुली हो अर्थात् जिसका उपयोग या व्यवहार न हुआ हो। बिलकुल नया।

तहना†—अ० [हिं० तेह] तेहा दिखाना। क्रुद्ध होना।

तहनिशाँ—पुं० [फा०] १. लोहे पर सोने, चाँदी आदि की की हुई पच्चीकारी। २. उक्त प्रकार से पच्चीकारी करने का काम।

तहपेच—पुं० [फा०] वह कपड़ा जिसे पहले सिर पर लपेटकर उपर से पगड़ी बाँधी जाती है।

तह-बाजारी—स्त्री० [फा०] हाट, बाजार, सट्टी आदि में दुकान लगानेवालों से लिया जानेवाला कर।

तहमत—पुं० [फा० तहमंद या तहमद] कमर मे लपेटी जानेवाली लूंगी।

तहम्मुल—पुं० [अ०] बरदाश्त करने या सहने की शक्ति। सहनशीलता।

तहरा—पुं०=ततहँड़ा।

तहरी—स्त्री० [अ० ताहिरी=ताहिर नामक व्यक्ति का?] १. चावलों की वह खिचड़ी जो चने, मटर, पेठे की बरी आदि मिलाकर बनाई जाती है। उदा०—तहरी पाकि लोनि और बरी।—जायसी। २. कालीन बुनने के करघे में की ढरकी।

तहरीक—स्त्री० [अ०] १. ऐसी क्रिया या बात जिससे किसी को बढ़ावा मिलता हो अथवा वह उत्तेजित होता हो। २. प्रस्ताव।

तहरीर—स्त्री० [अ०] १ लिखाई। लिखावट। २. अक्षरों के रूप आदि के विचार से लिखने का ढंग या शैली। ३. लिखी हुई चीज या बात। ४. लिखा हुआ कागज। लेख्य। ५. अदालतों में मुहर्रिरों, मुंशियों आदि को लिखने आदि के बदले में दिया जानेवाला पारिश्रमिक या पुरस्कार। ६. कपड़ों पर होनेवाले गेरू की कच्ची छपाई जो कसीदा काढ़ने के लिए की जाती है। (छीपी) ७. दे० 'खुलाई' (चित्रकला की)।

तहरीरी—वि० [फा०] जो तहरीर या लेख के रूप में हो। लिखा हुआ। लिखित। जैसे—तहरीरी सबूत।

तहलका—पुं० [अ० तहल्कः=हलाक करना या मार डालना]? १. बहुत बड़ा उत्पात या उपद्रव। २. बहुत बड़ी खलबली या हलचल। जैसे—यह खून हो जाने से महल्ले भर में तहलका मच गया है।

क्रि० प्र०—पड़ना।—मचना।

३. बरबादी। विनाश। (सब०)

तहवाँ—अव्य०=तहाँ (वहाँ पर)।

तहवील—स्त्री०[अ०]१. किसी के हवाले या सुपुर्द करने की क्रिया या भाव। सपुर्दगी। २. अमानत। धरोहर। ३. वह स्थान जहाँ धन या रोकड़ रखी जाती हो।

तहवीलदार—पुं०[अ० तहवील+फा० दार] वह जिसके पास तहवील रहती हो। खजानची।

तहस-नहस—वि०[अ० नहस] १. पूरी तरह से तोड़ा-फोड़ा या नष्ट किया हुआ। नष्ट-भ्रष्ट। २. ध्वस्त।

तहसील—स्त्री०[अ०]१. लोगों से चीजें या रुपए वसूल करने की क्रिया या भाव। २. इस प्रकार वसूल किया हुआ धन या पदार्थ। ३. आधुनिक भारत में शासन की सुविधा के लिए जिले के विभक्त भागों मे से कोई एक जिसका प्रधान अधिकारी तहसीलदार कहलाता है। ४. तहसीलदार का कार्यालय।

तहसीलदार—पुं०[अ० तहसील+फा० दार] १. भूमिकर या लगान तहसीलने अर्थात् वसूल करनेवाला अधिकारी। २. आज-कल किसी तहसील (जिले के विभाग) का प्रधान अधिकारी।

तहसीलदारी—पुं०[अ० तहसील+फा० दार+ई] तहसीलदार का काम, पद या भाव।

तहसीलना—स०[अ० तहसील] (कर, लगान, मालगुजारी, चंदा आदि) वसूल करना। उगाहना।

तहाँ—क्रि० वि०[सं० तत्+स्थान; प्रा० थाण, थान] उस स्थान पर। वहाँ।

तहाना—स०[हिं० तह] कपड़े, कागज आदि के बड़े टुकड़े की तहें या परतें लगाना। तह करना।

तहाना—पु०[अ०]१. परवाह। २. डर। भय।

तहियाँ—क्रि० वि०[सं० तदाहि]१. उस समय। तब। २. वहीं।

तहियाना—स०=तहाना।

तहीं†—क्रि० वि०[हिं० तहाँ] उसी जगह। वहीं।

तही—स्त्री०[हिं० तह]१. तह। परत। २. एक के ऊपर एक करके रखी हुई चीजों का थाक।

क्रि० प्र०—लगाना।

३. किसी चीज का जमा हुआ थक्का।

तहोबाला—पुं०[फा०] उलट-पुलट।

ता—प्रत्य०[सं० तल् और टाप् प्रत्य० से निष्पन्न] एक प्रत्यय जिससे विशेषणों और संज्ञाओं के भाववाचक रूप बनाए जाते हैं। जैसे—विशेष से विशेषता, मानव से मानवता।

अव्य०[फा०]तक। पर्यन्त।

*सर्व[सं० तद्] उस।

वि०=उस।

ताई—क्रि० वि०=ताईं।

ताकना*अ०, स०=ताकना।

ताँगा—पुं०=टाँगा।

ताँडव—पुं०[सं० तंडु+अण्]१. वह बहुत ही उग्र और विकट नृत्य जो शिव जी प्रलय या ऐसे ही दूसरे महत्वपूर्ण अवसरों पर करते हैं। २. पुरुषों के द्वारा होनेवाला नृत्य (स्त्रियों के नृत्य या लास्य से भिन्न)। ३. उग्र और उद्धत नृत्य। ४. एक प्रकार का तृण।

ताँडवी—पुं०[स० ताडव+ङीप्] संगीत के १४ तालों में से एक।

ताँडि—पुं०[सं० तांड्य+इञ्, यलोप] (तंडि मुनि का निकाला हुआ) नृत्य-शास्त्र।

ताँडी (ण्डिन्)—पुं०[सं० तांड्य+इनि, यलोप]१. सामवेद की ताड्य शाखा का अध्ययन करनेवाला। २. यजुर्वेद के एक कल्प सूत्रकार का नाम।

ताँड्य—पु०[स० तंडि+यञ्]१. तंडि मुनि के वंशज। २. सामवेद के एक ब्राह्मण (भाग) की संज्ञा।

ताँन*—पुं०[हिं० तानना] खिंचाव।

ताँत—स्त्री०[सं० तंतु]१ पशुओं की अँतड़ियों, नसों आदि से अथवा चमड़े को बटकर बनाई हुई पतली डोरी। २. धनुष की डोरी जो पहले प्रायः उक्त प्रकार की होती थी। ३ डोरी। रस्सी। ४ सारंगी आदि बाजों मे लगा हुआ तार। ५. जुलाहों की राछ।

वि० [सं० त-अत, ब०म०] १ (शब्द) जिसके अंत मे न हो। २ [√तम्(थकावट)+क्त] थका हुआ। श्रांत।

ताँतड़ी—स्त्री०[हिं० ताँत+ड़ी (प्रत्य०)] ताँत।

पद—ताँतड़ी-सा=ताँत की तरह क्षीणकाय और लंबा।

ताँतव—वि०[सं० तंतु+अञ्]१. तंतु-संबंधी। २. तंतुओं से बना हुआ। ३. जिससे तंतु या तार निकल अथवा बन सकें।

ताँतवा—पुं०[हिं० आँत] एक रोग जिसमे आँत अंडकोश में उतर आती है। आँत उतरने का रोग।

ताँता—पु०[स० तति=श्रेणी]१. किसी काम, चीज या बात का कुछ समय तक लगातार चलता रहनेवाला क्रम। जैसे—बरसनेवाले पानी का ताँता। २. निरन्तर एक के बाद एक घटना घटित होते चलने का भाव। जैसे—(क) मौतों का ताँता। (ख) बातों का ताँता। ३. जीवों या प्राणियों की कतार। पंक्ति। जैसे—(क) आदमियों का ताँता। (ख) चिड़ियों का ताँता।

क्रि० प्र०—लगना।—लगाना।

मुहा०—ताँता बाँधना=बहुत से लोगो का एक पंक्ति में खड़ा होना या खड़ा किया जाना।

ताँति†—स्त्री०=ताँत।

पुं०=ताँती।

ताँतिया—वि०[हिं० ताँत]१. ताँत-संबंधी। २. ताँत की तरह क्षीणकाय और लंबा।

ताँती—पुं०[हिं० ताँत]१. कपड़ा बुननेवाला। जुलाहा। २. जुलाहों की राछ।

स्त्री० [हिं० ताँता] १. कतार। पंक्ति। श्रेणी। २. बाल-बच्चे। औलाद। सन्तान।

ताँतुवाय—पुं०[सं० तंतुवाय+इञ्] जुलाहे का लड़का।

ताँत्रिक—वि०[सं० तंत्र+ठक्—इक] [स्त्री० ताँत्रिकी] १.तंत्र-संबंधी। २. तंत्र-शास्त्र संबंधी।

पुं०१. वह जो तंत्र-शास्त्र का अच्छा ज्ञाता हो और तंत्र-मंत्र के प्रयोगों से सब काम सिद्ध करता हो। २. वैद्यक में एक प्रकार का सन्निपात।

तांबुल†—पुं०=तंदुल (चावल)।

तांबई—वि० [हिं० तांबा] तांबे के रंग का।
पुं० उक्त प्रकार का रंग।

तांबा—पुं० [सं० ताम्र] लाल रंग की एक प्रसिद्ध धातु जो खानों में गंधक, लोहे आदि के साथ मिली हुई मिलती है। इसमें ताप और विद्युत् के प्रवाह का संचार बहुत जल्दी और अधिक होता है। इसी लिए इसका प्रयोग प्रायः इंजनों और बिजली के काम में होता है। भारत में इसके अनेक प्रकार के पात्र भी बनते हैं जो धार्मिक दृष्टि से बहुत पवित्र माने जाते हैं।
पुं० [अ० तअम:] हिंसक पक्षियों को खिलाये जानेवाले मांस के छोटे-छोटे टुकड़े।

तांबिया—वि० [हिं० तांबा] १. तांबे का बना हुआ। २. तांबे के रंग का। ३. तांबे से संबंध रखनेवाला।
पुं० चौबे मुँह का एक प्रकार का छोटा बरतन।

तांबी—स्त्री० [हिं० तांबा] १. तांबे की बनी हुई एक प्रकार की करछी। २. छोटा तांबिया।

तांबूल—पुं० [स०√तम् (ग्लानि)+उलच्, बुक् आगम, दीर्घ] १.पान का पत्ता। २. पान का लगा हुआ बीड़ा। ३. मुख-शुद्धि के लिए भोजन के बाद खाई जानेवाली कोई सुगंधित चीज। (जैन)

तांबूल-करंक—पुं० [ष० त०] १. पान और उसके लगाने की सामग्री का बरतन। पानदान। २. पान के लगे हुए बीड़े रखने की डिबिया। बिलहरा। पन-बट्टा।

तांबूल-नियम—पुं० [ष०त०] पान, सुपारी लवंग, इलायची आदि रखने का नियम। (जैन)

तांबूल-पत्र—पुं० [ष० त०] १. पान का पत्ता। २. अरुआ या पिंडालू नाम की लता जिसके पत्ते पान के आकार के होते हैं।

तांबूल-पीडिका—स्त्री० [ष० त०] लगे हुए पान का बीड़ा।

तांबूल-राग—पुं० [मध्य० स०] १. पान की पीक। २. मधूर नामक कदंब जिसकी दाल बनती है।

तांबूल-वल्ली—स्त्री० [ष० त०] पान की बेल। नागवल्ली।

तांबूल-वाहक—पुं० [ष० त०] प्राचीन तथा मध्य काल में राजा, नवाबों आदि का वह सेवक जो उनके साथ पानदान लेकर चलता था।

तांबूलिक—पुं० [सं० तांबूल+ठन्—इक] पान बेचनेवाला व्यक्ति। तमोली।

तांबूली (लिन्)—पुं० [सं० तांबूल+इनि] तमोली। पनवाड़ी।
स्त्री० [सं० तांबूल+ङीप्] पान की बेल।

तांबेकारी—स्त्री० [हिं० तांबा+फा० कारी] एक प्रकार का लाल रंग।

तांबेल—पुं० [?] कम्बल। कंबूला।

तांबर—पुं०=तांबरा।

तांबरना—अ० [हिं० तांबर] १. ताप से युक्त होना। तप्त होना। २. ज्वर के कारण शारीरिक तापमान अधिक होना। बुखार होना। ३. अधिक ताप के कारण मूर्च्छित या बेसुध होना। ४. क्रुद्ध या नाराज होना। बिगड़ना।

तांबरा—पुं० [सं० ताप; हिं० ताव] १. शरीर का ताप जनक रोग। ज्वर। बुखार। २. जाड़ा देकर आनेवाला बुखार। जूड़ी।
३. बहुत अधिक गरमी या ताप। ४. गरमी आदि के कारण होनेवाली बेहोशी। मूर्च्छा। उदा०—रीती परयी जबै फल चाख्यो उड़ि गयौ मूल तांबरो आयो।—सूर।

तांबरी—स्त्री०=तांबरा।

तांबलना†—स० [सं० त्रास] १. किसी को त्रास देना। डाँट-डपटकर डराना-धमकाना। २. अनुचित व्यवहार करके किसी को बहुत कष्ट देना और दुःखी करना। सताना। जैसे—वह दिन भर अपनी बहू-बेटियों को तांबलती रहती है।

ताईं—अव्य० [हिं० सईं] १. किसी की ओर या किसी के प्रति। २. किसी के विषय या संबंध में। ३. निमित्त। लिए। वास्ते। उदा०—कीन्ह सिंगार मिलन के ताईं।—कबीर।
अव्य० [सं० तावत् या फा० ता] १. तक। पर्यंत। २. निकट। पास।

ताई—स्त्री० [सं० ताप, हिं० ताप+ई (प्रत्य०)] १. ताप। हलका ज्वर। हरारत। २. जाड़ा देकर आनेवाला बुखार। जूड़ी।
स्त्री० [हिं० ताया का स्त्री०] ताया अर्थात् पिता के बड़े भाई की पत्नी।
†स्त्री०=ताई (छोटा तवा)।

ताईत—पु०=तावीज (बन्तर)।

ताईद—स्त्री० [अ०] १. पक्षपात। तरफदारी। २. किसी के कथन, पक्ष, प्रस्ताव आदि का किया जानेवाला समर्थन।
पुं० १. किसी के अधीन या साथ रहकर काम सीखनेवाला व्यक्ति। २ किसी मुख्तार या वकील का मुंशी, मुहर्रिर या लेखक।

ताऊ†—पु०=ताव।

ताऊल†—स्त्री० [हिं० उतावला] उतावली। जल्दी। उदा०—बहुत ताऊल है तो छप्पर से मूँह पोंछ।—खुसरो।

ताऊ—पुं० [सं० तात] [स्त्री० ताई] संबंध के विचार से पिता का बड़ा भाई। ताया।
पद—बछिया का ताऊ=बैल की तरह निरा मूर्ख। गावदी।

ताऊन—पुं० [अ०] एक प्रसिद्ध घातक और संक्रामक रोग जिसमें बुखार के साथ गिलटी निकलती है। प्लेग।

ताऊस—पुं० [अ०] १. मोर। मयूर।
पद—तख्ते-ताऊस। (देखें)
२. सारंगी की तरह का एक बाजा जिसके ऊपरी सिरे की आकृति मोर की तरह होती है।

ताऊसी—वि० [अ०] १. मोर-संबंधी। मोर का। २. आकार, रूप आदि में मोर की तरह का। ३. मोर के पर की तरह का अथवा या बैंगनी।
पुं० एक प्रकार का रंग जो मोर के पर की तरह गहरा अथवा नीला या बैंगनी होता है। मोर-पंखी।

ताक—स्त्री० [हिं० ताकना] १. ताकने की क्रिया, ढंग या भाव।
पद—ताक-झांक। (देखें)
मुहा०—(किसी पर) ताक रखना=किसी के कामों, व्यवहारों आदि पर दृष्टि, ध्यान या निगाह रखना। देखते रहना कि क्या किया जाता है या क्या होता है।
२. स्थिर दृष्टि। टकटकी।

मुहा०—ताक बाँधना=टकटकी लगाकर या निगाह जमाकर देखते रहना।

३. स्वार्थ-साधन के विचार से आघात, लाभ आदि के उपयुक्त अवसर की प्रतीक्षा करते हुए पूरा ध्यान रखना। घात।

मुहा०—(किसी की) ताक में निकलना=किसी को ढूँढ़ने या पाने के लिए कहीं जाना या निकलना **(किसी की) ताक में रहना**=किसी पर आक्रमण, प्रहार आदि करने के लिए उपयुक्त अवसर, स्थान आदि की प्रतीक्षा करना। **ताक लगाना**=कहीं ठहर या बैठकर उपयुक्त अवसर की प्रतीक्षा करते रहना। **ताक में रहना**=उपयुक्त अवसर की प्रतीक्षा करना। अवसर या मौका देखते रहना।

पुं० [अ० ताक] १. दीवार की चुनाई मे प्रायः चौकोर गड्ढे की तरह छोड़ा हुआ वह खाली स्थान जो छोटी-छोटी चीजे रखने के काम आता है। आला। ताखा।

मुहा०— ताक पर धरना या रखना=व्यर्थ समझकर पड़ा रहने देना या ध्यान न देना। जैसे—हमारी बातें तो तुम ताक पर रखने चलते हो। **ताक पर रहना या होना**=यों ही पडा रहना। किसी काम मे न आना। व्यर्थ जाना। जैसे—उनका यह हुकुम ताक पर ही रह जायगा। **ताक भरना**=मुसलमानों का एक धार्मिक कृत्य जिसमे वे किसी मसजिद या दूसरे पवित्र स्थान मे जाकर (मन्नत पूरी करने के लिए) वहाँ के ताकों या आलो में मिठाइयाँ, फल आदि रखते है और तब उन्हें प्रसाद के रूप में लोगो को बाँटते हैं।

वि० १. जिसके साथ और कोई न हो। अकेला। २. जिसके जोड़ या बराबरी का और कोई न हो। अद्वितीय। निरुपम। बेजोड़। ३. जो सख्या में समान हो अर्थात् जिसे दो से भाग देने पर पूरा एक बच रहे। विषम। जैसे—३, ५, ७, ९ आदि ताक हैं, और ४, ६, ८, १० आदि जुफ्त या जूस हैं।

ताकजुफ्त—पुं० [अ० ताक=विषम+फा० जुफ्त=जोड़ा] कौडियों से खेला जानेवाला जूस, ताक (देखें) नाम का खेल।

ताक-झाँक—स्त्री० [हिं० ताकना+झाँकना] १. टोह लेने, ढूँढने, पाने आदि के उद्देश्य से रह-रहकर इधर-उधर बराबर ताकते या देखते और झाँकते रहने की क्रिया या भाव। २. छिपकर या औरो की दृष्टि बचाकर बुरे भाव से ताकने की क्रिया या भाव।

ताकत—स्त्री० [अ०] १. कोई काम कर सकने की शक्ति या सामर्थ्य। जैसे—(क) आँखों में इतनी दूरी तक देखने की ताकत नही रही। (ख) इस कुरसी मे इतनी ताकत नही है कि वह तुम्हारा बोझ सह सके। २. शारीरिक या मानसिक बल। जैसे—बच्चे मे नदी पार करने की या अँगरेजी बोलने की ताकत कैसे हो सकती है।

ताकतवर—वि० [फा०] जिसमे ताकत हो। शक्तिशाली। जैसे—वह दल इसकी अपेक्षा अधिक ताकतवर है।

ताकना—स० [सं० तर्कण] १. तर्क या बुद्धि के द्वारा कोई बात जानना या समझना। (क्व०) २. देखना। ३. ध्यानपूर्वक या आँख गड़ाकर किसी की ओर देखना। ४. बुरे उद्देश्य या दुष्ट भाव से किसी की ओर देखना। उदा०—जे ताकहिं पर धन पर दारा।—तुलसी। ५. पहले से देखकर कुछ स्थिर करना। ६. अवसर की प्रतीक्षा या घात में रहना। ७. आघात या वार करने के लिए लक्ष्य की ओर ध्यानपूर्वक देखना। उदा०—नावक सर से लाइकै तिलक तरुनिहत ताकि।—बिहारी। ८. देख-रेख या रखवाली करना।

ताकरी—स्त्री० =टाकरा (देश और लिपि)।

ताकि—अव्य० [फा०] इसलिए कि। जिसमें। जैसे—तुम यहाँ बैठे रहो, ताकि यहाँ से कोई चीज गायब न होने पावे।

ताकीद—स्त्री० [अ०] कोई काम करने, न करने आदि के संबंध में जोर देकर या कई बार कही जानेवाली बात। जैसे—नौकर को ताकीद कर दो कि वह सौदा लेकर तुरन्त लौट आवे।

क्रि० प्र०—करना।

ताकोली—स्त्री० [देश०] एक प्रकार का पौधा।

ताख—पुं० =ताखा।

वि०=ताक।

ताखड़ा†—वि० तगडा। (राज०)

ताखड़ी—स्त्री० [स० त्रि+हिं० कड़ी] तराजू।

ताखा—पुं० [अ० ताक] १. दीवार मे छूटा हुआ वह चौकोर स्थान जिसमे चीजे आदि रखी जाती है। आला। ताक। २ गत्ते पर लपेटा हुआ कपडे का थान।

ताखी—वि० [अ० ताक] (प्राणी) जिसकी एक आँख दूसरी आँख से आकार, रंग, रचना आदि की दृष्टि से कुछ भिन्न हो।

ताग—पुं०=तागा।

तागड़—स्त्री० [देश०] रस्सों आदि की बनी हुई सीढ़ी जिसके सहारे बडे-बडे जहाजों से समुद्र मे उतरा तथा चढ़ा जाता है। (लश०)

तागड़ी—स्त्री० [हिं० तागा+कड़ी] १. कमर मे बाँधने की डोरी। करधनी। २ एक तरह की करधनी जिसमे सोने-चाँदी आदि के घुंघुरू लगे रहते है।

तागना—स० [?] १. तागे से सीना या बखिया करना। पिरोना। २ रूईदार कपड़ों को बीच-बीच मे इसलिए मोटे डोरो से लबाई के बल सीना कि रूई इधर-उधर खिसकने न पाये।

ताग-पहनी—स्त्री० [हिं० ताग+पहनाना] करघे मे की एक लकड़ी जिससे बय मे तागा पहनाया जाता है।

ताग-पाट—पुं० [हिं० तागा+पाट=रेशम] एक प्रकार का गहना जो रेशम के तागे मे सोने-चाँदी के टिकड़े आदि पिरोकर बनाया जाता है और जो विवाह के समय पहना जाता है।

क्रि० प्र०—डालना।

विशेष—यह गहना प्रायः वधू का जेठ उसे देता या पहनाता है।

तागा—पुं० [स० तार्कव; प्रा० ताग्गो] १. वह पतला तंतु जो ऊन, रूई, रेशम आदि को तकले आदि पर कातने से तैयार होता है। सूत २. इस प्रकार काते हुए ततुओं या सूतो को बटकर तैयार किया हुआ वह रूप जिससे कपड़े सीये या मालाएँ आदि गूँथी जाती हैं।

मुहा०—कपड़े में तागा डालना=(क) सीये जानेवाले कपड़े मे दूर-दूर पर कच्ची सिलाई करना। (ख) दे० 'तागना'।

३. जनेऊ। यज्ञोपवीत। ४. वह कर जो मध्य-युग में घर के प्रति व्यक्ति के हिसाब से लिया जाता था।

ताछन—पुं० [स० तक्षण] १. शत्रु का वार बचाने के निमित्त उसके बगल से होकर आगे बढ़ना। कावा। २. घोड़े का काबा काटना।

उदा०—उड़त अमित गति कटि कटि ताछन।—पद्माकर।

ताछना[१]—अ० [हिं० ताछन] बार बचाने के लिए शत्रु के बगल से होकर आगे बढ़ना।

ताज—पुं० [अ०] बड़े राजाओं या बादशाहों के पहनने का मुकुट। राज-मुकुट। २. गंजीफे के पत्तों का एक रंग जिसमें ताज या मुकुट की आकृति बनी रहती है। ३. अपने वर्ग में सर्वश्रेष्ठ पदार्थ।

पद—ताज-महल। (देखें)

४. कलगी। तुर्रा। ५. मुरगे, मोर आदि कुछ विशिष्ट पक्षियों के सिर पर के खड़े बाल। कलगी। चोटी। शिखा। ६. मकान के ऊपरी भाग में शोभा के लिए बनाई जानेवाली, छोटे बुर्ज के आकार की रचना। ७. दीवार के ऊपरी भाग में शोभा के लिए बनाई जानेवाली उभारदार रचना। कँगनी। कारनिस। ८. दे० 'ताज महल'।

ताँपुं०=ताजन (कोड़ा)।

ताजक—पुं० [फा०] १. एक ईरानी जाति जो तुर्किस्तान के बुखारा प्रदेश से काबुल और बलोचिस्तान तक पाई जाती है। २. ज्योतिष का एक प्रसिद्ध ग्रंथ जो पहले अरबी और फारसी भाषाओं में था और जिसका भारत में संस्कृत में अनुवाद हुआ था। यह यवनाचार्य कृत माना जाता है।

ताजगी—स्त्री० [फा०] १. 'ताजा' होने की अवस्था, गुण या भाव। ताजापन। २. फूल-पौधों आदि का हरापन। ३ शिथिलता आदि दूर होने पर प्राप्त होनेवाली मन की प्रफुल्लता और स्वस्थता। जैसे—जरा छाँह में बैठकर ठंडी हवा खाओ, अभी थकावट दूर हो जायगी और ताजगी आ जायगी।

ताजदार—वि० [फा०] १. ताज के ढंग का। २. जिसमें ताज की-सी आकृति या रचना बनी हो। जैसे—ताजदार कँगूरा।

पुं० ताज पहननेवाला, अर्थात् बादशाह या बहुत बड़ा राजा।

ताजन—पुं० [फा० ताजियाना] १. कोड़ा। चाबुक। २. दंड। सजा।

ताजना—पुं० = ताजन।

ताजपोशी—स्त्री० [फा०] १. नये राजा का पहले-पहल राज-सिंहासन पर बैठने के समय ताज पहनने या राजमुकुट धारण करने का कृत्य या रीति। २. उक्त अवसर पर होनेवाला उत्सव या समारोह।

ताजबीबी—स्त्री० [फा० ताज+बीबी] मुगलकालीन भारत सम्राट् शाहजहाँ की पत्नी मुमताजमहल का एक नाम।

विशेष—इसी की स्मृति में शाहजहाँ ने ताजमहल बनवाया था।

ताजमहल—पुं० [अ०] उत्तर प्रदेश के आगरा शहर में यमुना नदी के तट पर संगमरमर का बना हुआ एक भव्य तथा विशाल मकबरा जिसे भारत सम्राट् शाहजहाँ ने अपनी पत्नी ताजबीबी की स्मृति में बनवाया था। (इसकी गणना संसार की सर्वश्रेष्ठ सात सुंदर वास्तुओं में होती है।)

ताजा—वि० [फा० ताज़ः] [स्त्री० ताज़ी, भाव० ताजगी] १. (वानस्पतिक पदार्थ) जिसे अभी-अभी चयन किया गया हो। जो अधिक समय से पड़ा या रखा हुआ न हो, फलतः जो हरा-भरा हो, तथा जिसके मूल गुण नष्ट न हुए हों। जैसे—ताजा फल या फूल। २. (खाद्य पदार्थ) जो अभी-अभी या आज ही बना हो। जो बासी न हो। जैसे—ताजी रोटी, ताजा दूध। ३. (पदार्थ) जिसे तैयार हुए या बने अधिक समय न बीता हो। जैसे—उनके यहाँ अभी दिसावर से ताजा माल आया है। ४. (पदार्थ) जो अपने उद्गम या मूल स्थान से अभी-अभी निकला हो और जिसमें अभी तक कोई मिश्रण या विकार न हुआ हो। जैसे—ताजा खून, ताजा दूध, ताजा पानी। ५. (बात या विचार) जिसकी अनुभूति या बोध पहले-पहल हो रहा हो। जैसे—ताजी खबर। ६. (बात या विचार) जो फिर से नये रूप में या नये उद्देश्य से सामने लाया गया हो। जैसे—(क) बीता हुआ झगड़ा फिर से ताजा करना। (ख) कोई चीज या बात देखकर किसी की याद ताजी होना। ७. (चीज) जो शुद्ध तथा स्वच्छ हो। जैसे—ताजी हवा। ८. (चीज) जिसकी गंदगी या विकार दूर करके ठीक किया गया हो और जो फिर से काम में आने के योग्य हो गया हो। जैसे—ताजी भरी हुई चिलम, ताजा किया हुआ (पानी बदला हुआ) हुक्का। ९. (व्यक्ति) जिसकी क्लांति या शिथिलता दूर हो चुकी हो और जो प्रफुल्लित या स्वस्थ होकर फिर से अपना पूरा काम ठीक तरह से करने के लिए तैयार हो गया हो। जैसे—थोड़ा देर तक सुस्ता लेने (अथवा नहा लेने या जलपान कर लेने) पर आदमी ताजा हो जाता है।

ताजिया—पुं० [अ०] बाँस की कमानियों पर रंग-बिरंगे कागज, पन्नी आदि चिपका कर बनाया हुआ मकबरे के आकार का वह मंडप जो मुहर्रम के दिनों में मुसलमान लोग हजरत इमाम हुसेन की कब्र के प्रतीक रूप में बनाते हैं; और जिसके आगे बैठकर मातम करते और मर्सिये पढ़ते हैं। ग्यारहवें दिन जलूस के साथ ले जाकर इसे दफन किया जाता है।

मुहा०—ताजिया ठंडा करना=मुहर्रम के आरंभिक दस दिन समाप्त हो जाने पर नियत स्थान पर ताजिया गाड़ना। (मंगल-भावित)

(किसी का) ताजिया ठंडा होना=सारा आवेश, क्रोध या प्रयत्न विफल होने के कारण नष्ट या समाप्त हो जाना। (परिहास और व्यंग्य)

ताजियादारी—स्त्री० [फा०] मुसलमानों में एक प्रथा जिसमें वे मुहर्रम के आरंभिक दस दिनों तक ताजिया रखकर उसके आगे मातम करते या शोक मनाते हैं।

ताजियाना—पुं० [फा०] कोड़ा। चाबुक।

ताजी—वि० [फा०] अरब संबंधी। अरब का। अरबी।

पुं० १. अरब देश का घोड़ा जो बढ़िया समझा जाता है। २. एक प्रकार का शिकारी कुत्ता।

स्त्री० अरब देश की भाषा। अरबी।

स्त्री० हिं० 'ताजा' का स्त्री०।

ताजीम—स्त्री० [अ०] किसी बड़े के सामने उसके आदर के लिए उठ कर खड़े होना और सम्मान प्रदर्शित करते हुए झुककर अभिवादन करना।

ताजीमी सरदार—पुं० [फा० ताजीमः+अ० सरदार] वह बड़ा सरदार जिसके दरबार में आने पर राजा या बादशाह सम्मान प्रदर्शित करने के लिए थोड़ा उठकर खड़े हो जाते थे।

ताजीर—स्त्री० [अ०] दंड। सजा।

ताजीरात—पुं० [अ०] आपराधिक दंडों से संबंध रखनेवाली विधियों का संग्रह।

ताजीरी—वि० [अ०] १. दंड या दंड-विधान संबंधी। २. जो किसी को किसी प्रकार का दंड देने के उद्देश्य से हो।

तालीरी पुलिस—स्त्री० [हिं०] पुलिस का वह दस्ता या सिपाहियों का दल जो ऐसे स्थान पर रखा जाता है जहाँ के लोग अधिक या प्रायः उपद्रव करते हों। (ऐसी पुलिस रखने का सारा व्यय उस स्थान के निवासियों से दंड-स्वरूप लिया जाता है।)

तालुज—पुं० =तलज्जुब।

तालुज—पुं० [सं० ताड—अंक, ब० स०, पूर्व० ड—ट] १. एक तरह का करनफूल। २. छप्पय का २४ वाँ भेद। ३. एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में ३० मात्राएँ और अंत में एक भगण होता है।

तालस्थ्य—पुं० [सं० तटस्थ+ष्यञ्] तटस्थ होने की अवस्था या भाव। तटस्थता। (देखें)

तालंक—पुं० =तालंक (करनफूल)।

ताड़—पुं० [सं० ताल] १. एक प्रकार का बहुत अधिक ऊँचा और लंबा पेड़ जिसमें डालें या शाखाएँ नहीं होतीं; केवल ऊपरी सिरे पर कुछ बड़े और लंबे पत्ते होते हैं। इसी का मादक रस 'ताड़ी' कहलाता है। पद—ताड़पत्र। (देखें)
२. मारना-पीटना या डाँटना-डपटना। ताड़ना। ३. ध्वनि। शब्द। ४. पर्वत। पहाड़। ५. मूर्ति का ऊपरी भाग या सिरा। ६. बाँह पर पहनने का टाड़ नाम का गहना। ७. डंडों आदि का पुला। जुट्टा।

ताड़क—वि० [सं०√तड् (ताड़ना)+णिच्+ण्वुल्—अक] ताड़ना करनेवाला।
पुं० १. वधिक। २. जल्लाद।

ताड़का—स्त्री० [सं०] एक राक्षसी जिसे रामचंद्रजी ने मारा था।

ताड़का-फल—पुं० [सं० तारका-फल, ब० स०, नि० र—ड] बड़ी इलायची।

ताड़कायन—पु० [सं० ताडक+फक्—आयन] विश्वामित्र के एक पुत्र का नाम।

ताड़कारि—पुं० [सं० ताडका-अरि, ष० त०] (ताड़का के शत्रु) रामचंद्र।

ताड़केय—पुं० [सं० ताडका+ढक्—एय] ताड़का का पुत्र, मारीच।

ताड़घ—पुं० [सं० ताल√हन् (मारना)+क, नि० ल—ड] प्राचीन काल में वह राज-पुरुष जो अपराधियों को कोड़े लगाता था।

ताड़घात—पुं० [सं० ताड√हन्+अण्] हथौड़े आदि से चीजें पीटकर काम करनेवाला कारीगर। जैसे—लोहार, सुनार आदि।

ताड़न—पुं० [सं०√तड्+णिच्+ल्युट्—अन] १. आघात या प्रहार करना। मारना-पीटना। २. डाँट-डपट। धुड़की, झिड़की आदि। ३. दंड। सजा। ४. गणित में गुणा करने की क्रिया। गुणन। जरब। ५. तंत्र-शास्त्र का एक विधान जिसमें किसी चीज पर मंत्र के वर्ण लिखकर वह चीज कुछ दूसरे मंत्र पढ़ते हुए किसी पर या कहीं फेंकी या मारी जाती है।

ताड़ना—स्त्री० [सं०√तड्+णिच्+युच्—अन] १. ताड़न करने अर्थात् मारने-पीटने की क्रिया या भाव। २. किसी के कार्य, व्यवहार आदि से असंतुष्ट होकर उसे सचेत करने तथा कर्तव्यपरायण बनाने के उद्देश्य से कही हुई कड़ी बात। ३. प्रहार। मार। ४. दंड। सजा। ५. किसी को दिया जानेवाला कष्ट, दुःख आदि।
स० १. मारना-पीटना। २. किसी के कार्य, व्यवहार आदि से असंतुष्टता प्रकट करते हुए उस व्यक्ति को सचेत करना और उसका ध्यान कर्तव्यपालन की ओर आकृष्ट करना। ३. दंड या सजा देना।
स० [स० तर्कण या ताड़न ?] कुछ दूरी पर, लोगों की आँखें बचाकर या लुक-छिपकर किये जाते हुए काम को अपने कौशल या बुद्धि-बल से जान या देख लेना।

ताड़नी—स्त्री० [सं० ताडन+ङीप्] कोड़ा। चाबुक।

ताड़नीय—वि० [सं०√तड्+णिच्+अनीयर्] जिसे ताड़ना देना आवश्यक या उचित हो।

ताड़पत्र—पुं० [सं० तालपत्र] ताड़ वृक्ष के पत्ते जिन पर प्राचीन काल में ग्रन्थ, लेख आदि लिखे जाते थे।

ताड़बाज—वि० [हिं० ताड़ना+फा० बाज] जो प्रायः और सहज में कोई बात ताड़ या भाँप लेता हो।

ताड़ित—भू० कृ० [स०√तड्+णिच्+क्त] १ जिसे ताड़ना दी गई हो या मिली हो। २ जो मारा-पीटा गया हो। ३. जिसे धुड़का या डाँटा गया हो। ४ जिसे दंड या सजा मिली हो। ५. जिसे डाँट-डपट कर या मार-पीट कर कहीं से निकाल, भगा या हटा दिया गया हो।

ताड़ी—स्त्री० [स० √तड्+णिच्+इन्+ङीप्] १ एक प्रकार का ताड़ वृक्ष। २. एक प्रकार का गहना। ३ ताड़ के फूलते हुए डंठलों से निकाला हुआ नशीला रस जिसका व्यवहार मादक द्रव्य के रूप में होता है।
†स्त्री० दे० 'तारी' (अरबी)।

ताड़ुल—वि० [सं०√तड्+णिच्+उल] ताड़ना करनेवाला।

ताड़ू—वि० [हिं० ताड़ना] (वह) जो हर बात बहुत जल्दी ताड़ या भाँप लेता हो। ताड़ने या भाँपनेवाला।

ताड्य—वि० [सं०√तड्+णिच्+यत्] १. जिसका ताड़न हो सके। ताड़ना का अधिकारी या पात्र। २. जिसे डाँटा-डपटा जा सकता हो या डाँटना-डपटना उचित हो। ३ जिसे दंड दिया जा सकता हो या दिया जाने को हो। दंडनीय।

ताड्यमान—वि० [सं०√तड्+णिच्+शानच् (कर्म में)] १. जो पीटा जाता हो। जिस पर मार पड़ती हो। २. जिसे डाँटा-डपटा जाता हो।
पुं० डंडे से बजाया जानेवाला एक प्रकार का बड़ा ढोल। डंक्का।

तात—पु० [स०√तन् (विस्तार)+क्त, दीर्घ, नलोप] १. पिता। बाप। २ पूज्य और बड़ा या माननीय व्यक्ति। ३. आपसदारी के लोगों, इष्ट-मित्रों के लिए आदरसूचक और प्रेमपूर्ण संबोधन।
वि० [स० तप्त] तपा हुआ। गरम। तत्ता।
पुं० १. कष्ट। दुःख २. चिन्ता। फिकर। उदा०—तुम्ह जावउ घर आपणोइ म्हारी केही तात।—ढो० मा०।

तातपु—पु० [सं० तात+पो (वाचक शब्द), ब० स०, ह्रस्व] चाचा।

तातल—पुं० [स० तात√नृत् (नाचना)+ड] खंजन पक्षी। खँडरिच।

तातरी—स्त्री० [देश०] एक तरह का पेड़।

तातल—पु० [सं० तात√ला (लाना)+क] १. संबंध में वह पूज्य और बड़ा व्यक्ति जो पिता के समान या उसके स्थान पर हो। २. बीमारी। रोग। ३. पूर्ण या पक्के होने की अवस्था या भाव। पक्कापन। पक्वता। ४. लोहे का काँटा या कील।

+वि०=तप्त (तप्त या गरम)।

तातना†—वि०[सं० तप्त; प्रा० तत्त] [स्त्री० तातीं] तपा या तपाया हुआ। बहुत गरम।

तातापेई—स्त्री०[अनु०]१. नृत्य में विशेष प्रकार से पैर रखने के बोल। २. नाच। नृत्य।

तातार—पुं०[फा०] मध्य एशिया का एक प्रदेश।

तातारी—वि०[फा०] १. तातार प्रदेश में होनेवाला। २. तातार प्रदेश-संबंधी।
पुं० तातार प्रदेश का निवासी।
स्त्री० तातार प्रदेश की भाषा।

तातिल—पु०[सं०√ताय्(पालन करना)+क्तिच्] पुत्र। लड़का।

तातील—स्त्री०[अ०] छुट्टी का दिन।

तात्कालिक—वि०[सं० तत्काल+ठञ्—इक]१ तत्काल या तुरंत का। २. उस समय का।

तात्त्विक—वि०[सं० तत्त्व+ठक्—इक]१. तत्त्व-संबंधी। २. तत्त्व से युक्त। ३. मूल सिद्धांत-संबंधी। जैसे—तात्त्विक विचार। ४. यथार्थ। वास्तविक।
पु० वह जो तत्त्व या तत्त्वों का अच्छा ज्ञाता हो।

तात्पर्य—पु०[सं० तत्पर+ष्यञ्]१. शब्द, पद, वाक्य आदि का मुख्य आशय। २. अभिप्राय। हेतु।

तात्पर्यार्थ—पुं०[सं० तात्पर्य-अर्थ, ष०त०] वाक्यार्थ से और शब्दार्थ से कुछ भिन्न अर्थ जो वक्ता के अभिप्राय या आशय का बोध कराता है।

तात्स्थ्य—पुं०[सं० तत्स्थ+ष्यञ्]१. एक चीज या स्थान के अन्तर्गत दूसरी चीज या बात रहने की अवस्था या भाव। २. तर्क-शास्त्र और साहित्य में व्यंजनात्मक अर्थ बोध का वह भेद जिसमें किसी चीज के नाम से उस चीज के अन्दर की और सब चीजों, बातों आदि का आशय ग्रहण किया जाता है। जैसे—यदि कहा जाय, 'सारा घर मेला देखने गया है।' तो उसका आशय यही माना जायगा कि घर में रहनेवाले सभी लोग या परिवार के सभी सदस्य मेला देखने गये हैं।

ताथ†—अव्य०[?]तिससे। उससे।

ताथेई—स्त्री०=तातापेई।

तादर्थ्य—पुं०[सं० तदर्थ+ष्यञ्]१. तदर्थी होने की अवस्था या भाव। २. अर्थ की एकरूपता या समानता। ३. उद्देश्य या प्रयोजन की समानता। ४. उद्देश्य। प्रयोजन।

तादात्म्य—पुं०[सं० तदात्मन्+ष्यञ्] ऐसी अवस्था जिसमें कोई एक चीज किसी दूसरी वस्तु के साथ तदाकार हो जाय या उसके साथ मिलकर उसका रूप धारण कर ले। अभेद मिश्रण या संबंध।

तादात्मिक—वि० [सं०] (ऐसा राजा) जिसका खजाना खाली रहता हो। (को०)

तादाद—स्त्री०[अ० तअदाद] वस्तुओं, व्यक्तियों आदि की कुछ इकाइयों का जोड़। संख्या।

तादृक्ष—वि०[सं० तद्√दृश् (देखना)+क्विप्] [स्त्री० तादृक्षी] जो उसी अर्थात् किसी इंगित या उल्लिखित वस्तु, व्यक्ति आदि के समान दिखाई देता हो। उसके समान। वैसा।

ताधा—स्त्री० दे०'तातापेई'।

ताना—स्त्री०[सं०√तन् (विस्तार)+क्त्र] १. तानने या तानने अथवा किसी ओर खिंचे हुए होने या खींचे जाने की अवस्था या भाव। २. वह चीज जो किसी दूसरी चीज के अंगों को कस या खींचकर आपस में मिलाये रखती हो और उन्हें एक दूसरे से अलग न होने देती हो। जैसे—पलंग, हौदे आदि में अन्दर की ओर मजबूती के लिए लगाये हुए लोहे के छड़ 'ताना' कहलाते हैं। ३. नदी या समुद्र की तरंग या लहर जो नावों को किसी एक ओर ले जाती है। ४. कोई ऐसी चीज या बात जिसका ज्ञान इंद्रियों से होता हो।

पद—ताने की आन=किसी चीज या बात का मूल तत्त्व या सार।
५. कंबल बुनने के समय उसमें लगनेवाला ताना। (गडेरिए)६. संगीत में गाने-बजाने का वह अंग जिसमें सौन्दर्य लाने के लिए बीच-बीच में कुछ स्वरों को खींचते हुए अर्थात् अधिक समय तक उतार-चढ़ाव के साथ उच्चारण करते हुए कलात्मक रूप से उनका विस्तार किया जाता है।

विशेष—आज-कल व्यवहारतः गवैयों में दो प्रकार की तानें प्रचलित हैं। एक तो हलक (या गले) की तान जो बहुत ही स्पष्ट रूप में गले से निकाली या की जाती है और जो विशेष अभ्यास-साध्य होती है। दूसरी जबड़े की तान जिसमें गले पर बहुत थोड़ा जोर पड़ता है और इसीलिए जो निम्न कोटि की मानी जाती है।
कि० प्र०—लगाना।

मुहा०—तान उड़ाना=यों ही मन में मौज आने पर कुछ गाने लगना। **तान तोड़ना**=संगीत का अभ्यास न होने पर भी तान लेते हुए गाना। (व्यंग्य) (किसी पर) **तान तोड़ना**=किसी को अपने कोध, रोष, व्यंग्य आदि का लक्ष्य बनाना। **तान लगाना या लेना**=कलात्मक ढंग से गाते हुए स्वरों के उतार-चढ़ाव आदि का विस्तार करना।
†पुं०[?]एक प्रकार का पेड़।

तान-तरंग—स्त्री०[ष०त०] संगीत में, कलात्मक रूप से होनेवाला अनेक प्रकार की तानों का उपयोग या प्रयोग।

तानना—स० [सं०√तन् (विस्तृत करना या फैलाना)]१. किसी वस्तु के एक या अनेक सिरे को इस प्रकार उपयुक्त दिशा या दिशाओं में खींचना कि उसमें किसी प्रकार का झोल, बल या सिकुड़न न रह जाय। जैसे—(क) ताना तानना, रस्सी तानना। (ख) छाया आदि के लिए चँदोवा तानना। २. कोई चीज ठीक तरह से खड़ी करने के लिए अथवा खड़ी की हुई वस्तु को गिरने से रोकने के लिए उसे कई ओर से रस्सियों आदि से खींचकर बाँधना। जैसे—(क) खेमा या तंबू तानना। (ख) रामलीला में मेघनाद, रावण आदि के कागजी पुतले तानना। ३. किसी प्रकार का विचार उत्पन्न करनेवाली कोई क्रिया करना। जैसे—भौंहें तानना। ४. आघात, प्रहार आदि करने के लिए कोई चीज ऊपर उठाना। जैसे—डंडा, मुक्का या लाठी तानना। ५. कोई चीज किसी दूसरी चीज के ऊपर फैलाना। जैसे—सोते समय शरीर पर चादर तानना।

मुहा०—ताल कर सोना=किसी बात से बिलकुल निश्चिन्त हो जाना। किसी प्रकार की आशंका, चिंता या भय से रहित होकर रहना।
६. किसी को हानि पहुँचाने या दंड देने के अभिप्राय से कोई बात उपस्थित या खड़ी करना। ७. बलपूर्वक किसी ओर पहुँचाना, प्रहार

करना या भेजना। जैसे—अदालत ने उन्हें साल भर के लिए तान दिया; अर्थात् जेल भेज दिया। ९. किसी व्यक्ति को ऐसा परामर्श देना कि वह दूसरे की ओर प्रवृत्त न हो या उससे मेल-जोल की बात न करे। जैसे—आप ने ही उन्हें तान दिया; नहीं तो अब तक समझौता हो जाता।

तानपूरा—पुं० [सं० त,न+हिं० पूरना] सितार के आकार का पर उससे कुछ बड़ा एक प्रसिद्ध बाजा जिसका उपयोग बड़े-बड़े गवैये गाने के समय स्वर का सहारा लेने के लिए करते हैं।

ताना बाना†—पुं०=ताना-बाना।

तानव—पुं० [स० तनु+अण्] तनु अर्थात् कृश होने की अवस्था या भाव। तनुता।

तानसेन—पुं० मुगल सम्राट् अकबर के दरबार का प्रसिद्ध गवैया त्रिलोचन मिश्र जो संगीतज्ञ स्वामी हरिदास का शिष्य था और जिसे अकबर ने तानसेन की उपाधि से विभूषित किया था; और जो अन्त में मुहम्मद गौस नामक मुसलमान फकीर से दीक्षित हो मुसलमान हो गया था। मध्य तथा आधुनिक युग मे वह भारत का सर्वश्रेष्ठ गायक माना जाता है। उसकी कब्र ग्वालियर में है।

ताना—पुं० [हिं० तानना] १. तानने की क्रिया या भाव। २. तनी या तानी हुई वस्तु। ३. करघे की बुनाई में वे सूत य. तागे जो लंबे बल मे ताने जाते हैं।

विशेष—जो सूत या तागे चौड़ाई के बल बुने जाते हैं, उन्हे 'बाना' कहते हैं।

क्रि० प्र०—तानना।—फैलाना।—लगाना।

पद—ताना-बाना। (दे०)

३. कालीन, दरी आदि बुनने का करघा।

स० [हिं० ताव+ना (प्रत्य०)] १ आग से अथवा किसी और प्रक्रिया से किसी चीज को खूब गरम करना। तपाना। जैसे—(क) तदूर ताना। (ख) घी या मक्खन ताना। २ परीक्षा करने के लिए धातुओं आदि को तपाना। ३. किसी को दुखी या सतप्त करना। स० [हिं० तवा] गीली मिट्टी या आटे आदि से ढकन चिपकाकर किसी बरतन का मुँह बंद करना। मूँदना।

पुं० [अ० तअनs] ऐसा कथन जिसमे किसी को उसके द्वारा किए हुए अनुचित या अशोभनीय व्यवहार का उसे स्पष्ट किंतु कटु शब्दों मे स्मरण कराकर लज्जित किया जाय।

क्रि० प्र०—देना।—मारना।

ताना-पाई—स्त्री० [हिं० ताना+पाई=ताने का सूत फैलाने का ढाँचा] १. पाइयों पर तागा तानने या फैलाने की क्रिया या भाव। २. इस प्रकार पाइयों पर फैलाए हुए ताने को बार-बार इधर-उधर आ जा कर कूची आदि से साफ करना तथा सीधे मे लाना। ३. बार-बार इधर-उधर आना-जाना।

ताना-बाना—पुं० [हिं० ताना+बाना] बुनाई के समय लंबाई के बल ताने या फैलाये जानेवाले और चौड़ाई के बल बुने जानेवाले सूत।

मुहा०—ताना-बाना करना=बार-बार इधर-उधर आना-जाना।

ताना-रीरी—स्त्री० [हिं० तान+अनु० रीरी] साधारण गाना।

तानाशाह—पुं० [हिं० तनना या तानना+फा० शाह] १. अब्दुल हसन नामक एक स्वेच्छाचारी बादशाह का लोक प्रसिद्ध नाम। २. ऐसा शासक जो मनमाने ढग से सब काम करता हो और किसी प्रकार के नियम या बधन न मानता हो। ३. ऐसा व्यक्ति जो अपने अधिकारों का बहुत दुरुपयोग करता हो।

तानाशाही—स्त्री० [हिं० तानाशाह] तानाशाह होने की अवस्था या भाव। मनमाना आचरण या शासन करने की वृत्ति। स्वेच्छाचारी।

तानी—स्त्री० [हिं० ताना] उन सब सूतों, तागों का समूह जो करघे आदि मे कपडा बनते समय लबाई के बल लगाये जाते हैं।

स्त्री०=तनी (बद)।

तानूर—पुं० [स० √तन् (विस्तार)+ऊर्] १. पानी का भँवर। २. वायु का भँवर। चक्रवात। बवडर।

तानो—पुं० [देश०] ऐसा भूखड जिसमे कई खेत होते हैं। चक।

तान्व—पुं० [स० तनु+अञ्, गुणाभाव] १ पुत्र। बेटा। २. तनु नामक ऋषि के पुत्र एक प्राचीन ऋषि।

ताप—पुं० [स० √तप् (तपना)+घञ्] १. एक प्रसिद्ध ऊर्जा या शक्ति जो अग्नि, घर्षण अथवा कुछ रासायनिक क्रियाओं के द्वारा उत्पन्न होती है और जिसके प्रभाव से चीजें गलती, जलती, पिघलती, फैलती अथवा भाप बनकर हवा मे उडने लगती है। (हीट) २. गरमी। तपिश। ३. आँच। आग। ४. ज्वर। बुखार। ५. कोई ऐसा मानसिक या शारीरिक कष्ट जिससे प्राणी दग्ध होता हो।

विशेष—हमारे यहाँ, शास्त्रिक क्षेत्रों मे ताप तीन प्रकार के कहे गये हैं। आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक। (देखे ये तीनों शब्द)

तापक—वि० [स० √तप्+णिच ण्वुल्—अक] १. ताप या गर्मी उत्पन्न करनेवाला। २. ताप या कष्ट देनेवाला।

पुं० १ रजोगुण। २ ज्वर। ताप। बुखार। ३. एक वैद्युतिक उपकरण जो चीजों या वातावरण को गरम करता है। (हीटर)

तापकी—वि० [स० तापक] ताप उत्पन्न करनेवाला। उदा०—तापकी तरनि मानी मरनि करत है।—मतिराम।

ताप-क्रम—पुं० [प०त०] किसी विशिष्ट स्थान या पदार्थ का वह ताप जो विशेष अवस्थाओं मे घटता-बढ़ता रहता है।

ताप-क्रम-यंत्र—पुं० [प०त०] वह यत्र जिससे किसी स्थान या पदार्थ के तापक्रम के घटने या बढने का पता चलता है। (थैरोमीटर)

ताप-चालक—पुं० [ष०त०] ऐसा पदार्थ जिसमे ताप एक सिरे से चलकर दूसरे सिरे तक पहुँच जाय।

तापचालकता—स्त्री० [सं० तापचालक+तल्—टाप्] वस्तुओं का वह गुण जिससे वे ताप-चालक होती हैं।

ताप-तरंग—स्त्री० [ष०त०] वातावरण की वह विशिष्ट स्थिति जिसमें कुछ समय के लिए हवा बहुत गरम और तेज हो जाती है और गरमी बहुत बढ जाती है। (हीट वेव)

तापतिल्ली—स्त्री० [हिं० ताप+तिल्ली] एक रोग जिसमें पेट के अन्दर की तिल्ली या प्लीहा मे सूजन होती है और इसी लिए वह कुछ बढ़ी हो जाती है तथा ज्वर उत्पन्न करती है।

तापती—स्त्री० [सं०] १. सूर्य की एक कन्या का नाम। २. ताप्ती नदी जो सतपुडा पर्वत से निकलकर खंभात की खाड़ी में गिरती है।

तापत्य—वि० [सं० तापती+ष्यञ्] तापती-संबंधी।

पुं० अर्जुन।

ताप-त्रय—पुं०[ष०त०] भारतीय धार्मिक क्षेत्रों में आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक ये तीनों ताप।

ताप-दुःख—पुं०[मध्य०स०] पातंजल दर्शन के अनुसार एक तरह का दुःख।

तापन—वि०[सं० √तप् (तपना)+णिच्+ल्यु—अन] १. ताप या गरमी देनेवाला। २. ताप या कष्ट देनेवाला।

पुं० १. तप्त करने या तपाने की क्रिया या भाव। २. सूर्य। ३. सूर्यकांत मणि। ४. कामदेव के पाँच बाणों मे से एक जो विरही प्रेमी को ताप या कष्ट पहुँचाता है। ५. एक नरक का नाम। ६. एक प्रकार का तांत्रिक प्रयोग जो शत्रु को ताप या कष्ट पहुँचाने के लिए किया जाता है। ७. आक का पौधा। मदार। ८. ढोल।

तापना—अ०[सं० तापन] १ अधिक सरदी लगने पर आग जलाकर उसके ताप से अपना शरीर या कोई अंग गरम करना। २. तपस्या आदि के प्रसग में, ताप सहने के लिए आग जलाकर उसके पास या सामने बैठना। जैसे—धूनी तापना, पंचाग्नि तापना।

स०१ आग पर रखकर गरम करना या तपाना। २. जलाना। ३. बहुत बुरी तरह से व्यय करते हुए धन-संपत्ति नष्ट करना। जैसे—दो-तीन बरस के अन्दर ही उन्होंने लाखों रुपए फूँक ताप डाले।

विशेष—ऐसे अवसरों पर मुख्य आशय यही होता है कि जिस प्रकार शीत का कष्ट दूर करने और गरमी का सुख लेने के लिए लकड़ियाँ जलाते हैं उसी प्रकार धन को लकड़ियों की तरह जलाकर उसकी गरमी या ताप का सुख भोगा गया है।

४. दे० 'तपाना'।

तापनिक—वि०[सं० तापन+ठक्—इक] १. तापने या तपाने से संबंध रखनेवाला। २. तापन या तपाने के रूप मे होनेवाला।

तापनीय—वि०[सं० तपनीय+अण्] सोनहला।

पुं० एक उपनिषद् का नाम।

ताप-मान—पुं०[ष०त०] शरीर अथवा किसी पदार्थ मे की अधिक या कम गरमी की कोई विशिष्ट स्थिति जो कुछ विशेष प्रकार के उपकरणों से जानी जाती है। (टेम्परेचर)

तापमान-यंत्र—पुं० =तापमापक-यंत्र।

ताप-मापक-यंत्र—पुं०[सं०ताप-मापक,ष०त०, तापमापक-यंत्र,कर्म०स०] वह यत्र या उपकरण जिससे शरीर, पदार्थ, वातावरण आदि का तापमान जाना जाता है। (थरमामीटर)

तापमापी—पुं० =तापमापक-यंत्र।

तापल—पुं०[सं० ताप] क्रोध। (डिं०)

तापलेखी(खिन्)—पुं०[सं० ताप√लिख्(लिखना)+णिनि] एक प्रकार का तापमापक-यंत्र जिसमें ताप मात्रा के घटने-बढ़ने का क्रम आप से आप अंकित होता रहता है। (थरमोग्राफ)

ताप-व्यंजन—पुं०[मध्य०स०] साधु के वेश में रहनेवाला गुप्तचर।

तापश्चित—पुं०[सं० तपस्-चित्, स०त०, +अण्] एक प्रकार का यज्ञ।

तापस—पुं०[सं० तपस्+ण] [स्त्री० तापसी] १. तपस्या करनेवाला साधु। तपस्वी। २. तमाल। ३. तेजपत्ता। ४. दमनक। दौना। ५. एक प्रकार की ईख। ६. बगला (पक्षी)।

तापसक—पुं०[तापस+कन्] १. छोटा तपस्वी। २. तपस्वी। (व्यंग्य)

तापसज—पुं०[सं० तापस√जन् (उत्पन्न होना)+ड] तेजपत्ता।

तापस-तरु—पुं०[मध्य०स०] इगुदी या हिंगोट का पेड़।

तापस-द्रुम—पुं० [सं० मध्य स०] इंगुदी का पेड़।

तापस-प्रिय—वि०[ष०त०]१. जो तपस्वियों को प्रिय हो। २. जिसे तपस्वी प्रिय हों।

पुं०१. इंगुदी या हिंगोट का पेड़। २. चिरौंजी का पेड़।

तापस-प्रिया—स्त्री०[ष०त०] १. दाख। अंगूर। २. मुनक्का।

तापस-वृक्ष—पुं०[मध्य०स०] इंगुदी का पेड़।

तापसह*—पुं०[सं० तापस] तपस्वी। उदा०—श्राप दियौ तापसह।—चंदवरदाई।

तापसी—वि०[सं० तापस+ङीष्]१. तापस-संबंधी। २. तपस्या-संबंधी।

स्त्री०१. तपस्विनी। २ तपस्वी की स्त्री।

तापसेक्षु—पुं०[तापस-इक्षु, मध्य०स०] एक प्रकार की ईख।

तापस्य—पुं०[सं० तापस+ष्यञ्]१. तापस धर्म। ३. संन्यास। वैराग्य।

ताप-स्वेद—पुं० [तृ०त०] वैद्यक में उष्णता पहुँचाकर उत्पन्न किया हुआ पसीना। जैसे—गरम बालू या गरम कपड़े से सेंककर लाया जानेवाला पसीना।

तापहरी—स्त्री०[सं० ताप√हृ (हरना)+ट+ङीप्] एक तरह का व्यजन। (भाव प्रकाश)

तापा†—पुं० =टापा।

तापायन—पुं०[सं० ताप+फक्—आयन] वाजसनेयी शाखा का एक भेद।

तापावरोध—पुं०[सं० ताप-अवरोध, ष०त०] किसी वस्तु का वह गुण या तत्त्व जो उसे ताप सहन करने की शक्ति देता है। (रिफ्रैक्टरीनेस)

तापावरोधक—पुं०[सं० ताप-अवरोधक, ष०त०] ताप का प्रभाव रोकने या सहन करनेवाला। (रिफ्रैक्टरी)

तापिंछ—पुं० दे० 'तापिज'।

तापिंज—पुं०[सं० तापिन्√जि (जीतना)+ड] १. सोनामक्खी। २. श्याम तमाल।

तापिच्छ—पुं० [सं० तापिन्√छद् (ढकना)+ड, पृषो० सिद्धि] १. तमाल का वृक्ष। २ उक्त वृक्ष का फूल।

तापित—भू० कृ०[सं०√तप् (तपना)+णिच्+क्त] जो तपाया गया हो। तप्त। तापयुक्त। २. जिसे कष्ट या दुःख पहुँचाया गया हो।

तापी (पिन्)—वि० [सं०√तप्+णिच्+णिनि] १. ताप देनेवाला। २. [ताप+इनि] जिसमें ताप हो। ताप से युक्त। तप्त।

पुं० बुद्धदेव का एक नाम।

स्त्री०[√तप्+णिच्+अच्—ङीष्] १. सूर्य की एक कन्या। २. तापती या ताप्ती नदी जो सूरत के समीप समुद्र में गिरती है। ३. यमुना नदी।

तापीज—पुं०[सं० तापी√जन् (पैदा होना)+ड] सोनामाखी। माक्षिक धातु।

तापीय—वि०[सं० ताप+छ—ईय] ताप-संबंधी। ताप का।

तापेंद्र—पुं०[सं० ताप-इंद्र, ष०त०] सूर्य।

तापोपचार—पुं०[सं०ताप-उपचार, ष०त०] कोई विशेष प्रकार का प्रभाव

उत्पन्न करने के लिए कोई चीज आग पर चढ़ाना या गरम करना। (हीट ट्रीटमेंट)

तापी—स्त्री०=तापती (नदी)।

ताप्य—पुं०[सं० ताप+यत्] सोना-मक्खी।

ताप्ता—पं०[फा० ताफ्तः] एक तरह का रेशमी कपड़ा जिस पर प्रकाश की किरणें पड़ने से कई रंग झलकते हैं। धूपछाँह।

ताब—स्त्री०[सं० ताप से फा०] १. ताप। गरमी। २ चमक। दीप्ति। जैसे—मोती या हीरे की ताब। ३. शक्ति। सामर्थ्य। जैसे—अब तो उनमें उठने-बैठने की भी ताब नहीं है। ४. कष्ट, दुःख आदि सहने की शक्ति। ५. विरोध, सामना आदि करने की शक्ति। मजाल। जैसे—किसी की क्या ताब है जो तुम्हारी तरफ आँख उठाकर भी देखे।

मुहा०—(किसी काम या बात की) ताब लाना=सहने या सामना करने का साहस करना।

ताबड़-तोड़—अव्य० [हिं० ताब+ तोड़ना] कोई घटना या बात होने पर उसके प्रतिकार, समर्थन आदि के उद्देश्य से, तत्काल। तुरंत।

ताबा—वि०=ताबे।

ताबूत—पु०[अ०] वह संदूक जिसमें मृत शरीर बंद करके गाड़े जाते हैं।

ताबे—वि०[अ० ताबअ] १. जो किसी के अधीन या वश में हो। मातहत। २. अनुगामी या अनुवर्ती।

ताबेदार—वि०[अ० ताबअ+फा० दार] [भाव० ताबेदारी] सब प्रकार से आज्ञा और वश में रहनेवाला। आज्ञाकारी।

पु० नौकर। सेवक।

ताबेदारी—स्त्री० [फा०] १. ताबेदार अर्थात् आज्ञाकारी होने की अवस्था या भाव। २. तुच्छ कामों की नौकरी। चाकरी। ३. टहल। सेवा।

तामंस†—पुं०=तामस।

ताम—प्र० [सं०√तप् (खेद करना) + घञ्] १. दोष। विकार। २. चित्त या मन का विकार। मनोविकार। ३. कष्ट। तकलीफ। ४. क्लेश। व्यथा। ५. ग्लानि।

वि० १. डरावना। भीषण। विकराल। २. दुखी। पीड़ित। ३ परेशान। व्याकुल।

पुं०[सं० तामस]१. क्रोध। रोष। २. अन्धकार। अँधेरा।

†अव्य०[सं० तु?] तब। तो।

†वि०[सं० ताम्र] ताँबे की तरह का लाल।

तामजान (न)—पुं०[हिं० थामना+सं० यान=सवारी] एक तरह की खुली पालकी (सवारी) जिसे दो या चार कहार कन्धे पर लेकर चलते हैं।

तामड़ा—वि०[सं० ताम्र, हिं० ताँबा+ डा (प्रत्य०)] ताँबे के रंग का। लाली लिये हुए भूरा।

पुं० १. ताँबे के रंग का-सा स्वच्छ आकाश। २. गंजी खोपड़ी जिसका रंग प्रायः ताँबे का-सा होता है।

मुहा०—तामड़ा चिकन आना=सिर के बाल झड़ जाने के कारण खोपड़ी गंजी होना।

३. उक्त रंग का एक प्रकार का मोटा देशी कागज। ४. भट्ठे में पकी हुई वह ईंट जिसका रंग अधिक ताप लगने के कारण कुछ-कुछ काला पड़ गया हो।

पु० [सं० ताम्रअम] ताँबे के रंग का एक प्रकार का रत्न। पद्मराग मणि।

तामना—स०[देश०] खेत जोतने से पहले उसमें की घास आदि खोदकर निकालना।

तामर—पु०[सं० ताम√रा (दान)+क]१. पानी। २. घी।

तामरस—पु०[सं० तामर√सस् (सोना)+अ]१. कमल। २. सोना। स्वर्ण। ३. धतूरा। ४. ताँबा। ५. सारस पक्षी। ६. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण, दो जगण और तब एक यगण होता है।

तामरसी—स्त्री०[सं० तामरस+ङीप्] वह तालाब जिसमें कमल खिले या खिलते हों।

तामलकी—स्त्री०[सं०] भूम्यामलकी। भू-आँवला।

तामलूक—पु०[स० ताम्रलिप्त] बंगाल राज्य के मेदिनीपुर जिले के आस-पास के प्रदेश का पुराना नाम।

तामलेट—पु०[अ० टबलर] टीन का गिलास जिस पर चमकदार रोगन या लूक लगाया गया हो।

तामलोट—पु०=तामलेट।

तामस—वि०[सं० तमस्+अण्]१. जिसमें तमोगुण की अधिकता या प्रधानता हो। जैसे—तामस स्वभाव।

पु०१. अंधकार। अँधेरा। २. अज्ञान और उससे उत्पन्न होनेवाला मोह। ३. दुष्ट प्रकृति का मनुष्य। खल। ४. क्रोध। गुस्सा। ५ सर्प। साँप। ६. उल्लू। ७. पुराणानुसार चौथे मनु का नाम। ८ प्राचीन काल का एक प्रकार का अस्त्र। ९ दे० 'तामस-कीलक'।

तामस-कीलक—पु० [उपमि०स०] एक प्रकार के केतु जो राहु के पुत्र माने और संख्या में ३३ कहे गये हैं, इनका चन्द्रमंडल में दिखाई पड़ना धूम और सूर्यमंडल में दिखाई पड़ना अशुभ माना जाता है।

तामस-मद्य—पुं०[कर्म० स०] कई बार की खींची हुई शराब जो बहुत तेज हो जाती है।

तामस-वाद्य—पुं०[कर्म० स०] एक तरह का शस्त्र।

तामसिक—वि० [सं० तमस्+ठञ्—इक] १. अंधकार संबंधी। २. तमोगुण संबंधी।

तामसी—वि० [सं० तामस+ङीप्] तमोगुण संबंधी। तामसिक। जैसे—तामसी प्रकृति।

स्त्री०१ अँधेरी रात। २. महाकाली। ३. जटामासी पौधा। बालछड़। ४. पुराणानुसार माया फैलाने की एक कला या विद्या जो शिव ने मेघनाद के निकुंभिला यज्ञ से प्रसन्न होकर उसे सिखाई थी।

तामस्त—पुं०=तामस।

तामा†—पुं०[सं० ताम्र] ताँबा नामक धातु।

तामिल—पुं०, स्त्री०=तमिल।

तामिस्र—पुं०[सं० तमिस्रा+अण्]१. क्रोध, द्वेष, राग आदि द्वारा और तामसिक मनोविकार। २. पुराणानुसार अविद्या का वह रूप जो भोग-विलास की पूर्ति में बाधा पड़ने पर उत्पन्न होता है और जिससे मनुष्य क्रोध, वैर आदि करने लगता है।

तामी—स्त्री०[हिं० ताँबा]१. ताँबे का तसला। २. एक प्रकार का बरतन जिससे मध्ययुग में द्रव पदार्थ नापे जाते थे।

तामीर—स्त्री०[अ०] [वि० तामीरी, बहु० तामीरात]१. इमारत या भवन आदि बनाने का काम। निर्माण। २. इमारत। भवन। ३. रचना।

तामील—स्त्री०[?]१. अमल में लाने अर्थात् कार्य रूप में परिणत करने की क्रिया या भाव। २. आज्ञा, निर्णय आदि का निर्वहण या पालन।

तामेसरी—स्त्री० [देश०] गेरू के मेल से बनाया हुआ एक तरह का तामड़ा रंग।

तामोल†—पुं०१ =तांबूल।२.=तमोल।

ताम्मुल—पु० [अ० तअम्मुल] १. सोच-विचार। आगा-पीछा। संकोच। २. देर। बिलंब।

ताम्र—पु०[सं०√तम् (आकांक्षा)+रक, दीर्घ]१. एक प्रसिद्ध धातु। ताँबा। २. एक प्रकार का कुष्ठ रोग या कोढ़।

ताम्रक—पु०[सं० ताम्र+कन्] ताँबा।

ताम्रकर्णी—स्त्री०[सं० ब०स०, ङीष्] पश्चिम के दिग्गज अंजन की पत्नी का नाम।

ताम्रकार—पु०[सं० ताम्र√कृ (करना)+अण्] ताँबे के बरतन आदि बनानेवाला कारीगर।

ताम्रकूट—पुं०[ष० त०] तमाकू का पौधा।

ताम्रकृमि—पुं०[मध्य० स०] इन्द्रगोप या बीरबहूटी नामक कीड़ा।

ताम्रगर्भ—पु०[ब०स०] तूतिया।

ताम्रचूड़—पुं० [ब० स०] १. कुकरौंधा नामक पौधा। २. कुक्कुट। मुरगा।

ताम्र-दुग्धा—स्त्री०[ब०स०, टाप्] छोटी दुद्धी।

ताम्र-पट्ट—पुं०[मध्य०स०] ताम्र-पत्र।

ताम्र-पत्र—पु०[ष० त०]१. ताँबे का पत्तर। २. ताँबे का वह पत्तर जिस पर स्थायी रूप से रहने के लिए कोई महत्त्वपूर्ण बात लिखी गई हो।

विशेष—प्राचीन काल में प्रायः ताँबे के पत्तर पर अक्षर खोदकर दान-पत्र, विजय-पत्र आदि लिखे जाते थे जो अब तक कहीं-कहीं मिलते और ऐतिहासिक शोधों में सहायक होते हैं।

ताम्र-पर्णी—स्त्री०[ब०स०, ङीष्]१. छोटा पक्का तालाब। बावली। २. दक्षिण भारत की एक छोटी नदी।

ताम्र-पल्लव—पुं०[ब०स०] अशोक वृक्ष।

ताम्रपाकी(किन्)—पुं०[सं०ताम्र-पाक, कर्म०स०,+इनि] पाकर का पेड़।

ताम्र-पादी—स्त्री० [ब०स०, ङीष्] लाल रंग की लज्जालु लता। हंस-पदी।

ताम्र-पुष्प—पुं०[ब०स०] लाल फूल का कचनार।

ताम्र-पुष्पिका—स्त्री०[ब०स०, कप्—टाप्,—इत्व] निसोथ।

ताम्र-पुष्पी—स्त्री०[ब०स०, ङीष्] १. धव का पेड़। धातकी। २. पाढ़र का पेड़। पाटल।

ताम्र-फल—पुं०[ब०स०] अंकोल का वृक्ष। ढेरा।

ताम्र-मूला—स्त्री०[ब०स०, टाप्]१. जवासा। धमासा। २. सूई-मूई। लज्जावंती। ३. कौंछ। केवाँच।

ताम्र-युग—पुं०[मध्य०स०] इतिहास का वह आरंभिक युग जब लोग ताँबे के औजार, पात्र आदि काम में लाया करते थे।

विशेष—आधुनिक पुरातत्त्व-विदों के अनुसार यह युग लौह-युग से पहले और पत्थर युग के बाद का है।

ताम्रलिप्त—पुं०[सं०] तमलूक। (दे०)

ताम्र-वर्ण—वि०[ब०स०]१. तामड़ा रंग का। २. लाल रंग का। रक्त-वर्ण का।

पुं०१. पुराणानुसार सिंहल द्वीप का पुराना नाम। २. वैद्यक में, मनुष्य के शरीर पर की चौथी त्वचा।

ताम्र-वर्णा—स्त्री०[ब०स०, टाप्] गुड़हर का पेड़। अड़हुल।

ताम्र-वल्ली—स्त्री०[कर्म०स०]१. मजीठ। २. चित्रकूट के आस-पास होनेवाली एक प्रकार की लता।

ताम्रबीज—पुं०[ब०स०] कुलथी।

ताम्र-वृंत—पु०[ब०स०] कुलथी।

ताम्र-वृंता—पुं०[ब०स०, टाप्] कुलथी।

ताम्र-वृक्ष—पु०[कर्म०स०]१. कुलथी। २. लाल चन्दन का वृक्ष।

ताम्रशिखी(खिन्)—पु०[सं० ताम्रा, शिखा कर्म०स०,+इनि] मुरगा।

ताम्र-सार—पुं०[ब०स०] लाल चदन का वृक्ष।

ताम्रसारक—पु०[सं० ताम्रसार+कन्] १. लाल चंदन का पेड़। २. [ब०स०, कप्] लाल खैर।

ताम्रा—स्त्री०[सं० ताम्र+टाप्]१. सिंहली पीपल। २. दक्ष प्रजापति की एक कन्या जो कश्यप ऋषि को ब्याही थी और जिसके गर्भ से पाँच कन्याएँ उत्पन्न हुई थी।

ताम्राक्ष—पु० [ताम्र-अक्षि, ब० स०, षच् समा०] कोकिल।

वि० लाल आँखोंवाला।

ताम्राभ—पुं० [ताम्रा-आभा ब० स०] लाल चदन।

ताम्रार्द्ध—पुं० [ताम्र-अर्ध, ब० स०] काँसा।

ताम्राश्म (न्)—पु० [ताम्र-अश्मन्, कर्म० स०] पद्मराग मणि।

ताम्रिक—पुं० [सं० ताम्र+ठञ्—इक] वह जो ताँबे के बरतन आदि बनाता हो।

ताम्रिका—स्त्री० [सं० ताम्रिक+टाप्] गुंजा। घुंघची।

ताम्रिमा (मन्)—स्त्री० [सं० ताम्र+इमनिच्] ताँबे का रंग।

ताम्री—स्त्री० [सं० ताम्र+अण्+ङीप्] एक तरह का ताँबे का बाजा।

ताम्रेश्वर—पुं० [ताम्र-ईश्वर, ष० त० ?] ताँबे की भस्म।

ताम्रोपजीवी (विन्)—पुं० [सं० ताम्र+उप√जीव् (जीना)+णिनि] १. वह जिसकी जीविका का साधन ताँबा हो। ताँबे का रोजगारी। २. कसेरा।

तायँ*—अव्य० १. से। २. तक।

ताय*—पुं० १.=ताप। २.=ताव।

सर्व० = ताहि (उसे)।

तायत—स्त्री० [अ० इताअत]१. आज्ञाकारिता। २. चेष्टा। प्रयत्न। (क्व०)

तायदाद†—स्त्री० = तादाद।

तायना†—स०=ताना (तपाना)।

तायनि*—स्त्री० [हिं० तायना=तपाना] १. ताने अर्थात् तपाने की

क्रिया या भाव। २. तपने की अवस्था या भाव। ३. दुःख। व्यथा।

तायफ़ा—पुं० [अ० तायफ़ः=गरोह या दल] नाचने-गाने आदि का व्यवसाय करनेवाले लोगों का संघटित दल। जैसे—भाँड़ों या रंडियों का तायफ़ा।

स्त्री० नाचने-गाने का व्यवसाय करनेवाली वेश्या। तवायफ़।

तायां—पुं० [सं० तात] [स्त्री० ताई] संबंध के विचार से पिता का बड़ा भाई।

तार—वि० [सं०√तॄ (विस्तार, तरना)+णिच्+अच्] १. जोर का। ऊँचा। जैसे—तार ध्वनि या स्वर। २. चमकता हुआ। प्रकाशमान। ३ अच्छा। बढ़िया। ४. स्वादिष्ट। ५. साफ। स्वच्छ। ६. बहुत कम या थोड़ा। अल्प (क्व०) उदा०—कांचा घड़ौं कसूर पिण, किलौं कसूर न तार।—बाँकीदास।

पुं० ऊँचाई और नीचाई अथवा कोमलता और तीव्रता के विचार से ध्वनि या स्वर की कोई स्थिति। (पिच)

पुं० [सं० तारा] १. तारा। नक्षत्र। २. आँख की पुतली। ३. ज्योति। प्रकाश। उदा०—तेज कि रतन कि तार कि तारा।—प्रिथीराज। ४. ओंकार। प्रणव। ५. शिव। ६. विष्णु। ७. असल या सच्चा मोती। ८. किनारा। तट। ९. राम की सेना का एक बंदर जो तारा का पिता था और बृहस्पति के अंश से उत्पन्न हुआ था। १०. सांख्य के अनुसार एक प्रकार की गौण सिद्धि जो गुरु से विधिपूर्वक वेदों का अध्ययन करने पर प्राप्त होती है। ११. अठारह अक्षरों का एक वर्ण-वृत्त। १२. संगीत के तीन सप्तकों (सातों स्वरों के समूह) में से अंतिम और सब से ऊँचा सप्तक जिसका उच्चारण कंठ से आरंभ होकर कपाल के भीतरी स्थानों तक होता है। इसे 'उच्च' भी कहते हैं।

पुं० [सं० करताल] करताल या मँजीरा नाम का बाजा।

पु० [सं० ताटंक] कान में पहनने का ताटंक नाम का गहना।

*पुं० [सं० ताड़न] १. डाँट-फटकार। २. डर। भय।

पुं० [फा०] डोरा। तागा। सूत।

मुहा०—तार तार करना=कपड़े आदि के इस प्रकार टुकड़े-टुकड़े करना कि उसके तागे या सूत तक अलग-अलग हो जायँ। धज्जियाँ उड़ाना।

३. किसी धातु से तैयार किया हुआ डोर या लंबे तागेवाला रूप। जैसे—चाँदी या सोने का तार, सारंगी या सितार का तार।

क्रि० प्र०—खींचना।

मुहा०—तार बंधना=गोटा, पट्टा आदि तैयार करने के लिए चाँदी या सोने का तार पीटकर चिपटा और चौड़ा करना।

४. धातु का वह पतला लंबा खंड जिसके द्वारा बिजली की सहायता से एक स्थान से दूसरे स्थान पर समाचार आदि भेजे जाते हैं। जैसे—सारे भारत में तारों का जाल फैला हुआ है। ५. उक्त के द्वारा भेजा जानेवाला समाचार अथवा वह कागज जिस पर उक्त समाचार लिखा रहता है। जैसे—उनके लड़के के ब्याह का तार आया है।

मुहा०—तार देना=तार के द्वारा किसी के पास कोई समाचार भेजना।

६. सोने-चाँदी के थोड़े से गहने। (तुच्छता-सूचक) जैसे—घर में जो चार तार थे, वे बेचकर लड़की के ब्याह में लगा दिये। ७. चाँदी। रूपा। (सुनार) ८. डोरी। रस्सी। (लश०) ९. किसी काम या बात का बराबर कुछ दूरी या समय तक चलता रहनेवाला क्रम। ताँता। सिलसिला। जैसे—आज कई दिनों से पानी का तार लगा है।

क्रि० प्र०—टूटना।—बँधना।—लगना।

१०. किसी प्रकार की उद्देश्य-सिद्धि का सुभीता या सुयोग। जैसे—वहाँ तुम्हारा तार न लगेगा।

पद—तार-घाट। (देखें)

मुहा०—तार जमना, बंधना बैठना या लगना=कार्य-सिद्धि का सुभीता या सुयोग होना।

११. पहनी जानेवाली चीजों का ठीक नाप। जैसे—इस लड़के के तार का एक कुरता ले आओ। १२ भेद। रहस्य। उदा०—अंत्र-मंत्र औ वेद तंत्र मे सर्व तार को तार।—हरिराम व्यास।

तारक—वि० [सं०√तॄ+णिच्+ण्वुल्-अक] तारने या तैरानेवाला। २. भव-सागर से उद्धार करनेवाला। जैसे—तारक मंत्र।

पु० १ आकाश का तारा। नक्षत्र। २. आँख की पुतली। ३ आख। ४. राम का छः अक्षरोंवाला वह मंत्र 'ओं रामाय नमः' जिसे सुनने से मनुष्य का मोक्ष होना माना जाता है। ५ इन्द्र का शत्रु एक असुर जिसे नारायण ने नपुंसक का रूप धरकर मारा था। ६. एक असुर जिसे कार्तिकेय ने मारा था और जो तारकासुर के नाम से प्रसिद्ध है। ७ भिलावाँ। ८ नाविक। मल्लाह। ९ एक प्रकार का वर्ण-वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में चार सगण और एक गुरु वर्ण होता है। १०. एक संकेत या चिह्न जो ग्रंथ, लेख आदि में किसी शब्द, पद या वाक्य के साथ लगाया जाता है, जिसका पाद-टिप्पणी में विवरण आदि देना होता है। इसका रूप है—*।

तारकजित—पु० [सं० तारक √जि (जीतना)+क्विप्] कार्तिकेय।

तारक-टोड़ी—स्त्री० [सं० तारक+हिं० टोड़ी] एक प्रकार की टोडी रागिनी जिसमें ऋषभ और कोमल स्वर लगते हैं और पंचम वर्जित होता है। (संगीत रत्नाकर)

तारक-तीर्थ—पु० [कर्म० स०] गया। (जहाँ पिंडदान करने से पुरखे तर जाते हैं)

तारक-मंत्र—पु० [कर्म० स०] 'ओं रामाय नमः' का मंत्र।

तार-कमानी—स्त्री० [हिं० तार+कमानी] नगीने आदि काटने की धनुष के आकार की कमानी जिसमें डोरी के स्थान पर लोहे का तार लगा रहता है।

तारकश—पु० [हिं० तार+फा० कश=(खींचनेवाला)] [भाव० तारकशी] वह कारीगर जो धातुओं के तार खींचने या बनाने का काम करता हो।

तारकशी—स्त्री० [हिं० तारकश] तारकश का काम या पेशा।

तारकस—पुं० =तारकश।

तारकांकित—वि० [तारक-अंकित, तृ० त०] (शब्द, पद या वाक्य) जिस पर तारक (*चिह्न) लगा हो।

तारका—स्त्री० [सं० तारक+टाप्] १. तारा। नक्षत्र। २. आँख की

पुतली। कनीनिका। ३. इंद्र वारुणी लता। ४. नाराच छंद का दूसरा नाम। ५. बालि की पत्नी का नाम। ६. दे० 'तारिका'।

*स्त्री० दे० 'तारका'।

तारकाक्ष—पुं० [सं० तारक-अक्षि, ब० स०] तारकासुर का बड़ा लड़का।

तारकामय—पुं० [सं० तारका+मयट्] शिव। महादेव।

तारकायण—पुं० [सं० तारक+फक्-आयन] विश्वामित्र के एक पुत्र का नाम।

तारकारि—पुं० [सं० तारक-अरि, ष० त०] कार्तिकेय।

तारकासुर—पुं० [सं० तारक-असुर, कर्म० स०] एक असुर जिसका वध कार्तिकेय ने किया था। (शिव पुराण)

तारकिणी—वि० [सं० तारकिन्+ङीप्] तारों से भरी। स्त्री० रात।

तारकित—वि० [सं० तारका+इतच्] तारों से भरा हुआ।

तारकी (किन्)—वि० [सं० तारका+इनि] [स्त्री० तारकिणी] =तारकित।

तार-कूट—पुं० [सं० तार =चाँदी+कूट =नकली] चाँदी, पीतल आदि के योग से बननेवाली एक मिश्र धातु।

तारकेश—पुं० [स० तारका-ईश, ष० त०] चंद्रमा।

तारकेश्वर—पुं० [सं० तारका-ईश्वर, ष० त०] १. शिव। २. शिव की एक विशिष्ट मूर्ति या रूप। ३. वैद्यक में एक प्रकार का रस (औषध)।

तारकोल—पुं० [अं० टार=कोल] अलकतरा। (दे०)

तार-क्षिति—पुं० [सं० ब० स०] पश्चिम दिशा में एक देश जहाँ म्लेच्छों का निवास है। (बृहत्संहिता)

तारक्ष*—पुं० [सं० तार्क्ष्य] गरुड़। (डिं०)

तारक्षी*—पुं० [सं० तार्क्ष्य] घोड़ा। (डिं०)

तारघर—पुं० [देश०] वह कार्यालय जहाँ से तार द्वारा समाचार भेजे जाते और आये हुए समाचार लोगों के पास भेजे जाते हैं।

तार-घाट—पुं० [हिं० तार+घाट] तार लगने अर्थात् कार्य सिद्ध होने की संभावना या घाट अर्थात् संभावित स्थिति। जैसे—ही सके तो वहाँ हमारा भी कुछ तार-घाट लगाओ।

तार-चरबी—पुं० [देश०] मोम चीना का पेड़।

तार-जाली—स्त्री० [हिं०] बहुत ही पतले तारों से बनी हुई जाली जिसका उपयोग यांत्रिक और रासायनिक कार्यों में होता है। (वायर गेज)

तारण—पुं० [सं०√तॄ+णिच्+ल्युट्—अन] १. जलाशय आदि से तारने या पार करने की क्रिया या भाव। २. कठिनता, संकट आदि से उद्धार करने की क्रिया। निस्तार। ३. भव-सागर के पार करके मोक्ष दिलाने की क्रिया या भाव। ४. [√तॄ+णिच्+ल्यु—अन] विष्णु। ५. साठ संवत्सरों में से एक संवत्सर।

वि० १. तारने या पार करनेवाला। २. उद्धार या निस्तार करनेवाला।

तारणी—स्त्री० [सं० तारण+ङीप्] कश्यप की एक पत्नी जिसके गर्भ से बाज और उपबाज उत्पन्न हुए थे।

तार-तंबूल—पुं० [स० ब० पं०] सफेद ज्वार।

तारतम्य—पुं० [सं० तारतम+ष्यञ्] [वि० तारतम्यिक] १. 'तर' और 'तम' होने की अवस्था या भाव। एक दूसरे की तुलना में घट और बढ़कर होने की अवस्था या भाव। २. उक्त प्रकार की दृष्टि से की जानेवाली तुलना या पारस्परिक मिलान। ३. उक्त प्रकार के विचारों से लगाया जानेवाला कम या सिलसिला।

तारतम्य-बोध—पुं० [ष० त०] आपेक्षिक स्थितियों या चीजों के घट-बढ़ होने का ज्ञान। सापेक्ष संबंध का ज्ञान।

तार-तार—पुं० [सं०, प्रकार अर्थ में द्वित्व] सांख्य के अनुसार एक गौण सिद्धि जो आगम या शास्त्र अच्छी तरह समझ-बूझकर पढ़ने से प्राप्त होता है।

वि० [हिं०] १. जो इस प्रकार फटा या फाड़ा गया हो कि उसके तार या सूत अलग-अलग हो गये हों; अर्थात् जिसके बहुत से छोटे-छोटे टुकड़े या धज्जियाँ हो गई हों। २. पूरी तरह से छिन्न-भिन्न।

तार-तोड़—पुं० [हिं०तार+तोड़ना] कपड़ों आदि पर किया हुआ कारचोबी या जरदोजी का काम।

तारदी—स्त्री० [सं० तरदी। अण् (स्वार्थे में)+ङीप्] १. कटैदार पेड़। २. तरदी वृक्ष।

तारदा—पुं० [हिं० तार=नीचे?] १. छत या छाजन की ढाल अर्थात् नीचे की ओर का उतार। २ छाजन के वे बाँस जो कड़ियों के नीचे रहते हैं।

वि०, पुं० =तारण।

तारना—स० [सं० तारण] १ ऐसा काम या यत्न करना जिससे कोई (नदी, नाला आदि) तर कर उसके पार उतर जाय। पार लगाना। २. डूबते हुए को सहारा देकर किनारे पर पहुँचाना। ३ भव-सागर में जनमने-मरने से मुक्त करना। मोक्ष या सद्गति देना।

तार-पत्र—पुं० [सं०] भारतीय सेना में प्रचलित एक प्रकार का पत्र (चिट्ठी) जो स्वदेश की सीमा के अन्तर्गत एक जगह से दूसरी जगह भेजा जाता है। (पोस्टग्राम)

तारपीन—पुं० [अं० टरपेंटाइन] चीड़ के पेड़ से निकला हुआ एक तरह का तेल। (टरपेन्टाइन)

तार-पुष्प—पुं० [सं० ब०स०] कुश का पेड़।

तारबर्की—पुं० [हिं० तार+फा० बर्की=बिजली का] धातु का वह तार जिसके द्वारा बिजली की शक्ति से समाचार दूर तक भेजे जाते हैं।

तार-माक्षिक—पु० [सं० उपमि०स०] रूपामक्षी नाम की उपधातु।

तारयिता (तृ)—पुं० [सं०√तॄ+णिच्+तृच्] [स्त्री० तारयित्+ङीप्, तारयित्री] १. तारनेवाला। २. उद्धार करनेवाला। २. मोक्ष देनेवाला।

तारल्य—पुं० [सं० तरल+ष्यञ्] १. तरल होने की अवस्था या भाव। तरलता। २. चंचलता।

तार-पिचल्या—स्त्री० [सं० उपमि०स०] रूपामक्षी नामक उपधातु।

तार-सार—पुं० [सं० ब०स०] एक उपनिषद्।

तारहीन—वि० [हिं० तार+सं० हीन] १. जिसमें तार न हो। २. (सूचना, समाचार आदि) जो बिजली के द्वारा तार-हीन प्रणाली से आवे या जाय। बिना तार की सहायता के भेजा जानेवाला।

पुं० विद्युत् की सहायता से समाचार भेजने की एक प्रणाली या प्रक्रिया जिसमें समाचार, सूचनाएँ आदि भेजनेवाले और पानेवाले स्थानों के बीच में तार का संबंध नहीं रहता। (वायरलेस)

तारा—पुं० [सं० तार+टाप्] १. आकाश में चमकनेवाला नक्षत्र। सितारा।

मुहा०—**तारा डूबना**=तारे का आकाश से अपनी कक्षा से निकलकर पृथ्वी पर या आकाश में किसी ओर गिरना। **तारा डूबना**=(क) किसी तारे या नक्षत्र का अस्त होना। (ख) शुक्र का अस्त होना। (शुक्रास्त में हिंदुओं के यहाँ मंगल कार्य नहीं किये जाते) **तारा सी आँख हो जाना**=इतनी ऊँचाई या दूरी पर पहुँच जाना कि तारे की तरह बहुत छोटा जान पड़ने लगे। **तारे छिटना या छिटकना**=आकाश में तारों का चमकते हुए दिखाई देना। **तारे गिनना**=चिंता, विकलता आदि से नींद न आने के कारण कष्टपूर्वक जागकर रात बिताना। **(आकाश के) तारे तोड़ लाना**=कठिन से कठिन अथवा प्रायः असंभव से काम कर दिखाना। **तारे दिखाई देना**=दुर्बलता, रोग आदि के कारण आँखों के सामने रह-रहकर प्रकाश के छोटे-छोटे कण दिखाई देना। **तारे दिखाना**=प्रसूता स्त्री को छठी के दिन बाहर लाकर आकाश की ओर इसलिए तकाना कि भूत-प्रेत आदि की बाधा दूर हो जाय। (मुसल०)

पद—**तारों की छाँह**=इतने तड़के या सवेरे कि तारों का धुँधला प्रकाश दिखाई दे।

२. आँख की पुतली। जैसे—यह लड़का हमारी आँखों का तारा है। ३. किस्मत या भाग्य जिसका बनना-बिगड़ना आकाश के तारों या नक्षत्रों की स्थिति का परिणाम या फल माना जाता है। सितारा। (मुहा० के लिए दे० 'सितारा' के मुहा०)

पुं० [?] सिर पर पगड़ी की तरह बाँधा जानेवाला पुरानी चाल का चीरा।

†पुं०=ताला।

स्त्री० [सं०] १. बृहस्पति की स्त्री जिसे चंद्रमा ने अपने पास रख लिया था। २. तांत्रिकों की दस महाविद्याओं में से एक। ३ जैनों के अनुसार एक देवी या शक्ति। ४. बालि नामक बंदर की स्त्री जिसने बालि के मारे जाने पर उसके भाई सुग्रीव के साथ विवाह कर लिया था।

तारा-कूट—पुं० [ष० त०] वर-कन्या के शुभाशुभ फल को सूचित करनेवाला एक कूट जिसका विचार विवाह स्थिर करने से पहले किया जाता है। (फलित ज्योतिष)

तारा-ज—पुं० [सं० तार—अजि, ब० ष०] तारकाक्ष दैत्य।

तारा-ग्रह—पुं० [सं० मयू० स०] मंगल, बुध, गुरु, शुक्र और शनि इन पाँच ग्रहों का समूह। (बृहत्संहिता)

तारा-ज—पुं० [फा०] १. लूट-पाट। २. ध्वंस। नाश। बरबादी।

तारात्मक-नक्षत्र—पुं० [सं० तारा-आत्मन्, ब० स०, कप्, तारात्मक-नक्षत्र, कर्म० स०] आकाश में कांति वृत्त के उत्तर और दक्षिण दिशाओं के तारों का समूह जिनमें अश्विनी, भरणी आदि नक्षत्र हैं।

तारा-धिप—पुं० [तारा—अधिप, ष० त०] १. चंद्रमा। २. शिव। ३. बृहस्पति। ४. तारा के पति बालि और सुग्रीव।

तारा-धीश—पुं० [तारा-अधीश, ष० त०]=तारा-धिप।

तारा-नाथ—पुं० [ष० त०]=तारा-धिप।

तारा-पति—पुं० [ष० त०]=तारा-धिप।

तारा-पथ—पुं० [तारा-पथिन्, ष० त०, समा० अच्] आकाश।

तारा-पीड़—पुं० [तारा-आपीड, ष० त०] १. चंद्रमा। २. अयोध्या के एक प्राचीन राजा।

तारा-पुंज—पुं० [ष० त०] पास-पास और सदा साथ रहनेवाले विशिष्ट तारों का वर्ग या समूह। (एस्टेरिज्म)

तारा-भ—पुं० [तारा-आभा, ब० स०] पारद। पारा।

तारा-भूषा—स्त्री० [ब० स०] रात्रि। रात।

तारा-भ्र—पुं० [तार-अभ्र, कर्म० स०] कपूर।

तारा-मंडल—पु० [ष० त०] १. नक्षत्रों का समूह या घेरा। २. पुरानी चाल का एक प्रकार का बूटीदार कपड़ा। ३. एक प्रकार की आतिशबाजी जिसमें जगह-जगह चमकते हुए तारे दिखाई पड़ते हैं।

तारा-मंडूर—पुं० [मध्य० स०] एक प्रकार का मंडूर जो अनेक द्रव्यों के योग से बनाया जाता है। (वैद्यक)

तारा-मृग—पुं० [मध्य० स०] मृगशिरा नक्षत्र।

तारायण—पुं० [तारा-अयन, ष० त०, गत्व] आकाश।

तारारि—पुं० [तारा-अरि, ष० त०] बिटमालिक नाम की उपधातु।

तारावती—स्त्री० [सं० तारा+मतुप्+ङीप्] एक दुर्गा।

तारावली—स्त्री० [तारा-आवली, ष० त०] तारों की पंक्ति।

तारा-हर—पुं० [सं० तारा√हृ (हरना)+अच्] १. सूर्य। २. दिन।

तारा-हार—पुं० [ब० स०?] वह जिसके गले में तारों या नक्षत्रों का हार हो।

तारिक—पुं० [सं० तार+ठन्—इक] १. नाव से नदी पार करने का भाड़ा। २. नदी आर-पार करने का महसूल।

तारिका—स्त्री० [सं० तारिका, ह—र] ताड़ नामक वृक्ष का रस। ताड़ी।

स्त्री० [सं० तारका] १. आज-कल सिनेमा आदि की प्रसिद्ध और सफल अभिनेत्री। २. दे० 'तारका'।

तारिका-धूलि—स्त्री० [स०] सारे विश्व में, तारों-तारिकाओं के बीच के अवकाश में सब जगह व्याप्त एक प्रकार की बहुत ही बारीक तथा सूक्ष्म धूल या रज। (स्टार-डस्ट)

तारिणी—वि० स्त्री० [सं०√तॄ (तरना)+णिच्+णिनि—ङीप्] तारने या उद्धार करनेवाली।

स्त्री० १. एक प्रकार की बहुत लंबी पुरानी नाव जो ४८ हाथ लंबी, ५. हाथ चौड़ी और ५ हाथ ऊँची होती थी। २. दे० 'तारा' (देवी)।

तारित—वि० [सं०√तॄ+णिच्+क्त] १. पार कराया हुआ। २. जिसका उद्धार किया गया हो।

तारी—स्त्री० [देश०] एक चिड़िया।

स्त्री० [फा० तारीक का संक्षि० रूप] १. अंधकार। अँधेरा। २. बेहोशी। मूर्च्छा। ३. किसी प्रकार के ध्यान में मग्न होने के समय की तन्मयता। उदा०—सुन्नि समाधि लागि गौ तारी।—जायसी। ४. समाधि। उदा०—हाट बजार लावै तारी।—कबीर। ५. उत्कट इच्छा। लगन। लौ। उदा०—लागी दरसन की तारी।—मीराँ।

†स्त्री० [सं० तडित्] बिजली। विद्युत्।

†स्त्री० १.=ताली। २.=ताड़ी।

तारीक—वि० [फा०] [भाव० तारीकी] १. काला। स्याह। २. अंधकारपूर्ण। अँधेरा। धूँधला।

तारीकी—स्त्री० [फा०] १. कालिमा। स्याही। २. अन्धकार। अँधेरा।

तारीख—स्त्री० [अ०] १. गिनती के हिसाब से पड़नेवाला महीने का दिन जो संख्याओं में सूचित किया जाता है। दिनांक। (डेट) जैसे—(क) अगस्त की १५ वीं तारीख को भारत में स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। (ख) मुकदमा ७ तारीख को पेश होगा। २. घटना के घटित होने, लेख आदि के लिखे जाने का दिन जो कहीं अंकित होता है। जैसे—इस किताब पर तारीख नहीं लिखी है। ३. दे० 'तवारीख' (इतिहास)।

तारीखी—वि०=तवारीखी (ऐतिहासिक)।

तारीफ—स्त्री० [अ०] १. लक्षणों आदि से युक्त परिभाषा। २. उक्त प्रकार की परिभाषा से युक्त वर्णन या विवरण। ३. प्रशंसा। श्लाघा। ४. प्रशंसनीय काम या बात। ५. विशिष्टता। जैसे—यही तो आप में तारीफ है।

तारीफी†—स्त्री०=तारीफ (प्रशंसा)।

तारुण—वि० [सं० तरुण+अञ्] जवान। युवा।

तारुण्य—पु० [सं० तरुण+ष्यञ्] तरुण होने की अवस्था, गुण या भाव। तरुणता। यौवन।

तारू—पु० [हि० तरना=तैरना] तैरनेवाला। तैराक। उदा०—तारू कवण जु समुद्र तरै। —प्रिथीराज।

†पुं०=ताल।

तारेय—पुं० [सं० तारा+ढक्—एय] १. तारा का पुत्र अंगद। २. बृहस्पति (की स्त्री तारा) का पुत्र बुध।

तार्किक—वि० [सं०तर्क+ठक्—इक] तर्क संबंधी। तर्क का।

पुं० १. वह जो तर्क-शास्त्र का अच्छा ज्ञाता हो। २. तत्त्ववेत्ता। ३. वे नास्तिक(आध्यात्मिक से भिन्न) जो केवल तर्क के आधार पर सब बातें मानते हों। इनके दो भेद हैं—क्षणिकवादी (बौद्ध) और स्याद्वादी (जैन)।

तार्क्ष—पुं० [सं० तृक्ष+अण्] १. कश्यप। २. कश्यप के पुत्र गरुड़।

तार्क्षज—पुं० [सं० तार्क्ष√जन् (पैदा होना)+ड] रसांजन।

तार्क्षी—स्त्री० [सं० तार्क्ष+ङीष्] पाताल गारुड़ी लता। छिरैटी। छिरिहटा।

तार्क्ष्य—पुं० [सं० तृक्ष+यञ्] १. तृक्ष मुनि के गोत्रज। २. गरुड़ और उनके बड़े भाई अरुण। ३. घोड़ा। ४. रसांजन। ५. साँप। ६. एक प्रकार का साग वृक्ष। अश्वकर्ण। ७. महादेव। शिव। ८. सोना। स्वर्ण। ९. रथ। १०. एक प्राचीन पर्वत।

तार्क्ष्यज—पुं० [सं० तार्क्ष्य√जन्+ड] रसौंत। रसांजन।

तार्क्ष्य-तरु—पुं० [ब० स०] अश्वकर्ण वृक्ष।

तार्क्ष्य-शैल—पुं० [सं० मध्य० स०+अण्] रसांजन। रसौंत।

तार्क्षी—स्त्री० [सं० तार्क्ष्य+ङीप्] एक प्रकार की जंगली लता।

तार्ण—पुं० [सं० तृण+अण्] तृण नामक लता से बनाया हुआ वस्त्र जिसका व्यवहार वैदिक काल में होता था।

तार्य—वि० [सं० तॄ+णिच्+यत्] १. पार करने योग्य। २. विजित करने योग्य।

पुं० [तर+अण्] नाव आदि का किराया।

तार्व्यक—पुं० [सं०=तार्क्ष्य (नि० लत्व)] तार्क्ष्य।

ताल—पुं० [सं० तल+अण्] १. हाथ की हथेली। कर-तल। २. [√तड्+णिच्+अच्, ड—ल] हथेलियों के आघात से उत्पन्न होनेवाला शब्द। करतल-ध्वनि। ताली। ३. संगीत में समय का परिमाण ठीक रखने के लिए थोड़े-थोड़े, परन्तु नियत अंतर पर हथेली या और किसी चीज से किया जानेवाला आघात। ४. संगीत में उक्त प्रकार के आघातों का क्रम, मात्रा, रुकावट आदि स्थिर रखने के लिए कुछ निश्चित आघातों का (जिनमें से प्रत्येक 'आघात्', मात्रा कहलाता है) अलग और विशिष्ट वर्ग या समूह। जैसे—तीन मात्राओं का ताल, पाँच मात्राओं का ताल आदि। ५. संगीत में तबले, मृदंग, ढोल आदि बजाने का कोई विशिष्ट प्रकार जो उक्त अनेक तालों के योग से बना और किसी विशिष्ट राग या लय के विचार से स्थिर किया गया हो। जैसे—चौताल, झूमर, रूद्र या कंपक ताल।

मुहा०—ताल देना=गाने-बजाने के समय, कालमान ठीक रखने के लिए राग-रागिनी आदि के अनुरूप विशिष्ट प्रकार के आघात करना। ताल टूटना (अकर्मक)=ताल का आकार ठीक समय पर पूरा होना। ताल का काम ठीक बैठना। उदा०—इस मनु आगे पूरै ताल।—कबीर। ताल पूरना (सकर्मक)=संगीत के समय उक्त प्रकार का आघात करते हुए ताल देना।

६. झाँझ, मंजीरा आदि बाजे जो उक्त विचार से समय का परिमाण ठीक रखने के लिए बजाये जाते हैं। ७. कुश्ती लड़ने के समय जाँघ या बाँह पर हथेली के आघात से उत्पन्न किया जानेवाला शब्द।

मुहा०—ताल ठोंकना=उक्त प्रकार का आघात करके या और किसी प्रकार यह सूचित करना कि आओ हम से लड़कर बल-परीक्षा कर लो। ८. ताड़ का पेड़। ९. ताला। १०. ऐनक या चश्मे में लगा हुआ काँच, बिल्लौर आदि का टुकड़ा।

पुं० [सं० तल्ल] [स्त्री० अल्पा० तलैया] छोटा जलाशय।

ताल-कंद—पुं० [ब० स०] तालमूली। मुसली।

तालक—पुं० [सं० ताल+कन्] १. हरताल। २. ताला। ३. गोपी चंदन।

†पुं०=तजलूक (संबंध)।

तालकंद—पं० [सं० ताल+कटच्] बृहत्संहिता के अनुसार दक्षिण भारत का एक प्राचीन प्रदेश।

तालकाभ—वि० [तालक-आभा, ब० स०] हरा।

पुं० हरा रंग।

तालकी—स्त्री० [सं० तालक+अच्+ङीप्] ताड़ वृक्ष का रस। ताड़ी।

तालकूटा—पुं० [हि० ताल+कूटना] १. ताल देने के लिए झाँझ आदि बजानेवाला। २. वह भजनीक जो गाते समय झाँझ आदि बजाता हो।

ताल-केतु—पुं० [ब० स०] १. केतु जिस पर ताल के पेड़ का चिह्न हो। २. वह जिसकी पताका पर ताड़ के पेड़ का चिह्न हो। ३. भीष्म। ४. बलराम।

तालकेश्वर—पुं० [सं० दे० तारकेश्वर] एक तरह की ओषधि।

तालक्रीशा—स्त्री० [सं० ताल√क्रुश् (शब्द करना)+अच्—टाप्] एक तरह का पेड़।

ताल-क्षीर—पुं० [मध्य० स०] खजूर या ताड़ के रस को पाग कर बनाई जानेवाली चीनी।

तालचर—पुं० [सं० ताल√चर् (गति)+ट] १. एक प्राचीन देश का नाम। २. उक्त देश का निवासी।

ताल-जंघ—पुं० [ब० स०] १. एक प्राचीन देश का नाम। २. उक्त देश का निवासी। ३. एक यदुवंशी राजा जिसके पुत्रों ने राजा सगर के पिता को राज्य से अलग किया था।

ताल-ध्वज—पुं० [ब० स०] १. दे० 'तालकेतु'। २. एक प्राचीन पर्वत का नाम।

ताल-नवमी—स्त्री० [मध्य० स०] भाद्रपद शुक्ला नवमी।

ताल-पत्र—पु० [ष० त०] ताड़ के वृक्ष का पत्ता। ताड़-पत्र।

विशेष—प्राचीन काल में ताल-पत्रों पर ही लेख आदि लिखे जाते थे।

तालपत्रिका—स्त्री० [सं० तालपत्री+कन्—टाप्, ह्रस्व] तालमूली। मुसली।

तालपत्री—स्त्री० [ब० स०, ङीष्] मूसाकर्णी। मूषकपर्णी। मूसाकानी बूटी।

ताल-पर्ण—पु० [ब० स०] कपूर कचरी।

ताल-पर्णी—स्त्री० [ब० स०, ङीष्] १. सौंफ। २. कपूर कचरी। ३. तालमूली। मुसली। ४. सोआ नाम का साग।

ताल-पुष्पक—पु० [ब० स०, +कप्] पुंडरिया। प्रपौंडरीकि।

तालबंद—पु० [सं० तालिक—बंध] वह लेखा जिसमे आमदनी की समस्त मदें दिखलाई गई हों।

तालबेन—स्त्री० [सं० तालवेणु] एक तरह का बाजा।

ताल-बैताल—पुं० [सं० तालवेताल] ताल और बैताल नाम के दो यक्ष जिनके सबंध मे यह प्रसिद्ध है कि राजा विक्रमादित्य ने इन्हें सिद्ध किया था और ये बराबर उनकी सेवा मे रहते थे।

तालमखाना—पुं० [हिं० ताल+मक्खन] १. गीली जमीन या दलदलों के आस-पास होनेवाला एक पौधा जिसकी पत्तियो का साग बनता है। २. दे० 'मखाना'।

तालमतूल—वि० [हिं० ताल?+मतूल (अनु०)] किसी के जोड़ या बराबरी का। एक-सा।

ताल-मूल—पु० [ब० स०] लकड़ी की बनी हुई ढाल।

तालमूलिका—स्त्री० [सं० तालमूली+कन्—टाप्, ह्रस्व] दे० 'तालमूली'।

ताल-मूली—स्त्री० [ब० स०, ङीष्] मुसली।

ताल-मेल—पुं० [हिं० ताल+मेल] १. ताल का सुरो के साथ होनेवाला मेल या संगति। २. किसी के साथ होनेवाली उपयुक्त या ठीक योजना। संगति। उदा०—ताल-मेल सौं मेलि रतन बहु रंग लगाए।—रत्ना०।

क्रि० प्र०—खाना। —बैठना।

३. उपयुक्त अवसर। मौका।

ताल-रंग—पुं० [ब०स०] ताल देने का एक तरह का पुरानी चाल का बाजा।

ताल-रस—पु० [ष०त०] ताड़ के वृक्ष का रस। ताड़ी।

ताल-लक्षण—पुं० [ब०स०] तालध्वजा। बलराम।

ताल-वन—पुं० [ष०त०] १ ताड़ के पेड़ों का जंगल। २. व्रज में गोवर्धन पर्वत के पास का एक वन जहाँ बलराम ने धेनुक को मारा था।

तालवाही (हिन्)—वि० [सं० ताल√वह् (वहन करना)+णिनि] (बाजा) जिससे ताल दिया जाय।

ताल-वृंत—पु० [ब०स०] १ ताड़ के पत्ते का बना हुआ पंखा। २. सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का सोम (प्राचीन वनस्पति)।

तालव्य—वि० [सं० तालु+यत्] १. तालू सबधी। २. (ध्वनि, वर्ण या शब्द) जिसका उच्चारण मुख्यतः तालू की सहायता से होता हो। पुं० वह वर्ण जिसका उच्चारण मुख्यतः तालू की सहायता से होता हो। जैसे—इ, ई, च्, छ्, ज्, झ्, ञ् और थ्।

ताल-षष्ठी—स्त्री० [मध्य०स०] भादों के कृष्ण पक्ष की छठ जिस दिन स्त्रियाँ पुत्र की कामना से व्रत करती है। ललही छठ।

तालसाँस—पुं० [सं० ताल+बं० साँस=गूदा] ताड के फल का गूदा जो प्रायः खाया जाता है।

ताल-स्कंध—पु० [ब०स०] एक प्रकार का पुराना अस्त्र।

तालांक—पु० [ताल-अंक, ब०स०] १, वह जिसका चिह्न ताड हो। २. भीष्म। ३. बलराम। ४. आरा। ५. एक प्रकार का साग। ६. शिव। महादेव। ७. किताब। पुस्तक। ८. ऐसा पुरुष जिसमे सामुद्रिक के अनुसार अनेक शुभ लक्षण हो।

तालांकुर—पु० [ताल-अंकुर, ष०त०] मैनसिल धातु।

ताला—पु० [तालक] एक प्रसिद्ध उपकरण जो ढकने, दरवाजे आदि बन्द करने के लिए होता और ताली की सहायता से खुलता और बद होता है।

क्रि० प्र०—खोलना।—जडना।—बद करना।—लगाना।

मुहा०—(किसी के घर में) ताला लगना=ऐसी अवस्था होना कि घर में कोई रहनेवाला न बच जाय।

२. किसी प्रकार के आने-जाने का मार्ग या मुँह बद करने का कोई उपकरण या साधन। जैसे—नहर का ताला।

मुहा०—ताला जड़ना पूरी तरह से रोकना या बंद करना।

३. आवरण के रूप में रहनेवाला वह बाधक तत्त्व जिसे बिना हटाये अन्दर की बात या रहस्य का पता न चल सकता हो। ४. तवे के आकार का लोहे का वह उपकरण जिसे प्राचीन काल मे योद्धा छाती पर बाँधते थे।

ताला-कुंजी—स्त्री० [हिं० ताला+कुंजी] १. किवाड़, संदूक, आदि बंद करने का ताला और उसे खोलने-बद करने की कुजी या ताली।

मुहा०—(किसी के हाथ में) ताला-कुंजी होना=(क) आय-व्यय आदि का सारा अधिकार होना। (ख) सपत्ति पर पूर्ण अधिकार होना।

२. लड़कों का एक प्रकार का खेल।

तालाख्या—स्त्री० [सं० ताल-आख्या, ब०स०] कपूर कचरी।

ताला-ताली—स्त्री०=ताला-कुंजी।

तालाबंदी—स्त्री० [हिं० ताला+फा० बंदी] १. तालाबंद करने या लगाने की क्रिया, अवस्था या भाव। २. औद्योगिक क्षेत्र में किसी कारखाने का अनिश्चित काल के लिए उसके स्वामी या स्वामियों के द्वारा बन्द किया जाना। (लॉक आउट)

तालाब—पुं० [हिं० ताल+फा० आब] वह छोटा जलाशय जिसके चारों ओर स्नानार्थियों की सुविधा के लिए सीढ़ियाँ आदि बनी होती हैं।

तालि—स्त्री० [?] समय। उदा०—तिणि तालि सखी गलि स्वामा तेही। —भिखीराज।

तालिक—पुं० [सं० ताल+ठक्—इक] १. फैली या फैलाई हुई हथेली। २. वह डोरा जिससे ताड़-पत्र या उन पर लिखे हुए लेख नत्थी करके एक में बाँधे जाते थे। ३. ताड़पत्रों का पुलिंदा।

तालिका—स्त्री० [सं० ताली+कन्—टाप्, ह्रस्व] १. ताली। कुंजी। २. लिखित ताल-पत्रों, कागजों आदि का पृथक् और स्वतन्त्र पुलिंदा। नत्थी। ३. ऐसी सूची जिसमें बहुत-सी वस्तुओं आदि के नामों का उल्लेख हो। फेहरिस्त। सूची। ४. [तलिक+टाप्] चपत। थप्पड़। ५. ताल-मूली। मुसली। ६. मजीठ।

तालिब—वि० [अ०] १. तलब करनेवाला। २. खोजने या ढूँढ़नेवाला। ३. चाहनेवाला।

तालिब इल्म—पुं० [अ०] [भाव० तालिब-इल्मी] १. वह जिसे इल्म अर्थात् विद्या की चाह हो। २. विद्यार्थी।

तालिम*—स्त्री० [सं० तल्प] १. शय्या। २. बिस्तर। (डिं०)

तालियागार—पुं० [हिं० ताली+भारना] जहाज का आगे या सामने का वह निचला अंश जो पानी को काटता है। गलही। (लश०)

तालिश—पुं० [स०√तल् (प्रतिष्ठा)+इश, णित्—वृद्धि] पर्वत। पहाड़।

ताली—स्त्री० [सं०√तल्+णिच्+अच्—ङीष्] १. एक प्रकार का पहाड़ी ताड़। बजर-बट्टू। २. ताल-मूली। मुसली। ३. भ०√वला। ४. ताम्रवल्ली लता। ५. अरहर। ६. एक प्रकार का वर्ण-वृत्त। ७. मेहराब के बीचोबीच का पत्थर या ईंट जो दोनों ओर के पत्थरों या ईंटों को गिरने से रोके रहती है। ८. [ताल+अण्] ताड़ का रस। ताड़ी।

स्त्री० [हिं० ताला] १. ताले के साथ रहनेवाला वह छोटा उपकरण जिसकी सहायता से ताला खोला और बंद किया जाता है। कुंजी। चाबी।

क्रि० प्र०—खोलना।—लगाना।

२. किसी प्रकार का आवागमन या मार्ग खोलने और बंद करने का कोई उपकरण या साधन। जैसे—बिजली के तार में उसका प्रवाह रोकने की ताली। विशेष दे० 'कुंजी'।

स्त्री० [सं० ताल] १. थप थप शब्द उत्पन्न करने के लिए दोनों हाथों की हथेलियों को एक दूसरी पर मारने की क्रिया। २. उक्त क्रिया से उत्पन्न होनेवाला शब्द जो किसी की प्रशंसा और अपनी प्रसन्नता का सूचक होता है। करतल-ध्वनि। थपोड़ी।

विशेष—कभी-कभी दूसरों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए ऐसा शब्द उत्पन्न किया जाता है।

क्रि० प्र०—बजना।—बजाना।

मुहा०—ताली पिटना—किसी की दुर्दशा होने पर लोगों में उसका उपहास होना। ताली पीटना—कोई अच्छा काम या बात देखकर और उससे प्रसन्न होकर उसकी प्रशंसा और अपना समाधान सूचित करने के लिए हथेलियों से कई बार उक्त प्रकार का शब्द करना।

कहा०—एक हाथ से ताली नहीं बजती—कोई क्रिया या व्यवहार एक पक्ष से तब तक नहीं पूरा होता जब तक दूसरे पक्ष से भी वैसी ही क्रिया या व्यवहार न हो।

पुं० शिव।

स्त्री० [हिं० ताल=जलाशय] छोटा ताल। तलैया। गड़ही।

स्त्री० [?] पैर की बिचली उँगली का अगला भाग।

तालीका—पुं० [अ० तलकीक] १. माल-असबाब की कुर्की या जब्ती। २. कुर्क या जब्त किए हुए माल-असबाब की सूची। तालिका।

ताली-पत्र—पुं० [ब०स०] तालीश-पत्र।

तालीम—स्त्री० [अ०] १. निपुण तथा योग्य बनाने के लिए किसी को सिखाई जानेवाली बातें या दिये जानेवाले उपदेश। २. पढ़ना-लिखना सीखने या सिखाने का कार्य या कार्य-प्रणाली। शिक्षा।

तालीश-पत्र—पुं० [ब०स०] १. तमाल या तेजपत्ते की जाति का एक पेड़ जिसके कई अंगों का उपयोग औषधि के काम में होता है। २. भू-आँवले की जाति का एक प्रकार का छोटा पौधा।

तालीश-पत्री—स्त्री० [सं० ब०स०, ङीप्] तालीश-पत्र।

तालु—पुं० [सं०√तृ (तैरना)+बुण्, लत्व] [वि० तालव्य] तालू।

तालु-कंटक—पुं० [ब०स०] एक रोग जिसमें तालू में काँटे निकल आते हैं।

तालुक—पुं० [सं० तालु+कन्] १. तालू। २. तालू में होनेवाला एक तरह का रोग।

†पुं०=तालुक्य (संबंध)।

तालुका—स्त्री० [सं० तालुक+टाप्] तालू के अन्दर की एक नाड़ी।

†पुं०=तालुक्या।

तालु-जिह्व—पुं० [ब०स०] खड़ियाल।

तालु-पाक—पुं० [ब०स०] तालू में होनेवाला एक रोग।

तालु-पुप्पुट—पुं० [ब०स०] तालुपाक रोग।

तालुशोष—पुं० [ब०स०] तालू में होनेवाला एक तरह का रोग।

तालू—पुं० [सं० तालू] १. मुँह के अन्दर का वह ऊपरी भाग जो ऊपरवाले दाँतों की पंक्ति और गले के कौए या घंटी तक विस्तृत रहता है तथा जिसके नीचे जीभ रहती है। (पैलेट)

मुहा०—तालू उठाना=पुरस्त के जन्मे हुए बच्चे के तालू को दबाकर कुछ ऊपर और ठीक स्थान पर करना जिसमें मुँह अच्छी तरह खुल सके और उसके अन्दर कुछ अवकाश या जगह निकल आवे। (किसी के) तालू में दाँत जमना=किसी का ऐसे बहुत बुरे या विकट काम की ओर प्रवृत्त होना जिससे अंत में स्वयं उसी की बहुत बड़ी हानि हो। (किसी के) तालू में दाँत निकलना=दे० 'दाँत' के मुहा० के अंतर्गत। तालू से जीभ न लगना=बराबर कुछ न कुछ बकते-बोलते रहना। कभी चुप न रहना। २. खोपड़ी के अन्दर और मुँह के उक्त अंग के ऊपर का सारा भाग। विज्ञान। मस्तिष्क।

मुहा०—तालू सूखना=प्यास, रोग आदि के कारण सिर में बहुत अधिक गरमी जान पड़ना।

३. घोड़ों का एक अशुभ लक्षण जो ऐब या दोष माना जाता है।

तालूकाढ़—पुं० [हिं० तालू+काढ़ना] हाथियों के तालू में होनेवाला एक तरह का रोग जिसमें घाव हो जाते हैं।

तालूर—पुं० [सं०√तल् (प्रतिष्ठा करना)+णिच्+ऊर] पानी का भँवर।

तालूषक—पुं०[सं०√तल्+णिच्+ऊषक]=तालु।

तालेवर—वि०[अ० ताला=भाग्य+फा० वर (प्रत्य०)]१. धनाढ्य। धनी। २. भाग्यवान। सौभाग्यशाली।

ताल्लुक—पुं०[अ० तअल्लुक]१. संबंध। २. लगाव।

ताल्लुका—पुं०[अ०तअल्लुकः] आस-पास के कई गाँवों का समूह जो किसी एक ही जमींदार के अधिकार में होता था। इलाका।

ताल्लुकेदार—पुं० [अ० तअल्लुकः+फा० दार] १. किसी ताल्लुके का जमींदार। २. अंगरेजी शासन में अवध प्रदेश में वह जमीदार जिसे सरकार से कुछ विशिष्ट अधिकार प्राप्त होते थे।

ताल्वर्बुद—पुं०[सं० तालु-अर्बुद, ष०त०] तालू में उत्पन्न होनेवाला एक तरह का काँटा जिससे बहुत कष्ट होता है।

ताव—पुं०[सं० ताप; प्रा० ताव]१. आँच, धूप आदि के कारण उत्पन्न होनेवाली वह गरमी जो वस्तुओं को लगकर तपाती या पकाती और व्यक्तियों को लगकर शारीरिक कष्ट देती है। गरमी। ताप।

क्रि० प्र०—लगना।

मुहा०—(किसी वस्तु में) ताव आना=किसी वस्तु का जितना चाहिए, उतना गरम हो जाना। जैसे—जब तक तवे में ताव न आवे तब तक उस पर रोटी नहीं डालनी चाहिए। **(किसी वस्तु का) ताव खा जाना**=तेज आँच लगने पर आवश्यकता से अधिक गरम होकर जल या बिगड़ जाना अथवा बे-सवाद हो जाना। कुछ या बहुत जल जाना। जैसे—शीरा ताव खा जायगा तो कड़ुआ हो जायगा। **(किसी व्यक्ति का) ताव खाना**=अधिक गरमी या धूप लगने से अस्वस्थ या विकल हो जाना। जैसे—लड़का कल दोपहर में ताव खा गया था; इसी से रात को उसे बुखार आ गया। **(आँच का) ताव बिगड़ना**=आँच का इस प्रकार आवश्यकता से कम या ज्यादा हो जाना कि उस पर पकाई जानेवाली चीज ठीक तरह से न पकने पावे।

२. वह आवेश या मनोवेग का उद्दीप्त रूप जो काम, क्रोध, घमड आदि दूषित भावों या विचारों के फलस्वरूप अथवा बढ़ावा देने, ललकारने आदि पर उत्पन्न होता और भले-बुरे का ध्यान भुलाकर मनुष्य को किसी काम या बात में वेगपूर्वक अग्रसर या प्रवृत्त करता है।

मुहा०—ताव चढ़ना=मन में उक्त प्रकार का विकार या स्थिति उत्पन्न होना। जैसे—अभी इन्हें ताव चढ़ेगा तो बात की बात में सौ-दो-सौ रुपए खर्च कर डालेंगे। **(किसी को) ताव दिखाना** उक्त प्रकार की स्थिति में आकर अभिमानपूर्वक किसी को दबाने, नीचा दिखाने, हराने आदि की तत्परता प्रकट करना। जैसे—बहुत ताव मत दिखाओ, नहीं तो अभी तुम्हें दुरुस्त कर दूँगा। **ताव-पेंच खाना**=रह-रहकर क्रोध का आवेश दिखाते हुए रुक-रुक जाना। **(किसी व्यक्ति का) ताव में आना**=अभिमान, आवेश, क्रोध, दूषित मनोविकार आदि से युक्त होकर कोई दुस्साहसपूर्ण काम करने पर उतारू होना या किसी ओर प्रवृत्त होना।

३. कोई काम या बात तुरंत या बहुत जल्दी पूरी करने या होने की प्रबल उत्कंठा या कामना। उतावलेपन से युक्त चाह या वासना।

क्रि० प्र०—चढ़ना।

पद—ताव पर=प्रबल आवश्यकता, इच्छा, मनोवेग आदि उत्पन्न होने की दशा में अथवा उत्पन्न होते ही तत्काल या तुरंत। जैसे—तुम्हारे ताव पर तो पुस्तक छप नहीं जायगी, उसमें समय लगेगा।

पद—ताव-भाव।

४. पदार्थों आदि की वह स्थिति जिसमे वे कृत्रिम उपायों या स्वाभाविक रूप से कुछ कड़े, खड़े या सीधे रहते हैं और उनमें लचक या लुजलुजाहट या शिथिलता नही रहती। जैसे—(क) इस्तरी करने से कपड़ों मे ताव आ जाता है। (ख) लाखों रुपए के कर्जदार होने पर भी वे बाजार में बहुत ताव से चलते हैं।

मुहा०—मूँछों पर ताव देना=मूँछें उमेठ या मरोडकर खड़ी या सीधी करते हुए अपनी ऐंठ, पराक्रम या शान दिखाना।

५. मन को दुःखी या शरीर को पीडित करनेवाली कोई बात। कष्ट। तकलीफ। ताप। उदा०—चद्रावत तज साम घ्रम, विणही पड़ियों ताव।—बाँकीदास।

पुं० [फा० ता=संख्या] कागज का चौकोर और बडा टुकड़ा जो पूरी इकाई के रूप में बनकर आता और बाजारों में मिलता है। तख्ता। जैसे—दो-तीन ताव कागज भी लेते आना।

विशेष—यद्यपि फरहग आसफिया के आधार पर हिंदी शब्द-सागर में भी इस अर्थ में 'ताव' शब्द फा० 'ता' से व्युत्पन्न माना गया है, परन्तु यह व्युत्पत्ति कुछ ठीक नही जान पड़ती। हो सकता है कि 'ताव' का कागज के तख्तेवाला यह अर्थ भी 'ताव' के उस चौथे अर्थ का ही विस्तृत रूप हो जो ऊपर 'ताप' से व्युत्पन्न प्रसंग मे बतलाया गया है और जिसके अन्तर्गत कपड़े में ताव आने और बाजार में ताव से चलने के उदाहरण दिये गये हैं।

तावत—अव्य०[सं० तद्+डावतु] १. उस अवधि या समय तक। तब तक। २. उस सीमा या हद तक। वहाँ तक। ३. उस परिमाण या मात्रा तक। (यावत् का नित्य-संबंधी या सबंध-पूरक)

तावदार—वि०[हिं० ताव+फा० दार][भाव० तावदारी] १. (व्यक्ति) जिसमें ताव हो। जो उमंग या जोश में आकर अथवा साहसपूर्वक कोई काम कर सकता हो। २. (पदार्थ) जिसमें कुछ विशेष कड़ापन तथा सौंदर्य हो। जैसे—तावदार कपड़ा या जूता।

तावना*—स०[तपाना]१. गरम करना। जलाना। २. कष्ट या दुःख देना।

तावबंद—पुं०[हिं० ताव+फा० बंद] वह रसायन जिसके चाँदी का खोट उसे तपाने पर भी दृष्टिगत नही होता।

ताव-भाव—पुं०[हिं० ताव+भाव]१. वह स्थिति जो किसी काम, बात या व्यक्ति की विशिष्ट प्रवृत्ति या स्वरूप के कारण उत्पन्न होती है और जिससे उसके बल, मान, वेग आदि का अनुमान किया जाता है। जैसे—जरा उनका ताव-भाव तो देख लो; फिर समझौते की बातचीत चलाना।

२. किसी काम, चीज या बात का ठीक-ठीक अन्दाज या हिसाब। जैसे—वह तरकारी में बहुत ताव-भाव से मसाले डालता है।

३. ऐंठ। ठसक। शेखी। जैसे—जरा देखिए तो आप कैसे ताव-भाव से चले आ रहे हैं। ४. रंग-ढंग। तौर-तरीका।

तावर†—पुं०=तावरा।

तावरा†—पुं०[सं० ताप] १. गरमी। ताप। २. आँच, धूप आदि के कारण होनेवाली गरमी। ३. गरमी के कारण सिर में आनेवाला चक्कर या होनेवाली बेहोशी।

क्रि० प्र०—आना।

तावरी—स्त्री० [सं० ताप, हिं० ताव+री (प्रत्य०)] १. गरमी। ताप। २. जलन। दाह। ३. घाम। धूप। ४. गरमी लगने पर सिर में आनेवाला घुमटा या चक्कर। ५. ज्वर। बुखार। ६. ईर्ष्या। जलन।

तावरो*—पुं०=तावरा।

तावल—स्त्री० [हिं० ताव] उतावलापन। हड़बड़ी।

तावला—वि०=उतावला।

तावा†—पुं० [हिं० ताव] १. तवा। २. वह कच्चा खपड़ा जिसके किनारे अभी मोड़े न गये हों और इसीलिए जिसका रूप तवे का-सा हो। (कुम्हार)

तावान—पुं० [फा०] आर्थिक क्षति आदि होने पर उसकी पूर्ति के लिए या बदले में दिया अथवा लिया जानेवाला धन। डाँड़।

क्रि० प्र०—देना।—लगना।—लगाना।—लेना।

ताविष—पुं० [सं० √तव् (गति)+टिषच्, णित्वात् वृद्धि]=तावीष।

ताविषी—स्त्री० [सं० ताविष+ङीप्] १. देवकन्या। २. नदी। ३. पृथ्वी। भूमि।

तावीज—पुं० [अ० तअवीज] १. कागज, भोज-पत्र आदि पर लिखा हुआ वह यंत्र-मंत्र जो अपनी रक्षा आदि के विचार से छोटी डिबिया के आकार के संपुट में बन्द करके गले में या बाँह पर पहना अथवा कमर में बाँधा जाता है। रक्षा-कवच।

क्रि० प्र०—पहनना।—बाँधना।

२. चाँदी, सोने आदि का वह गोलाकार या चौकोरे छोटा संपुट जो गहने के रूप में गले में या बाँह पर पहना जाता है।

क्रि० प्र०—पहनना।

तावीष—पुं० [सं०=ताविष, पृषो० दीर्घ] १. सोना। स्वर्ण। २. स्वर्ग। ३. समुद्र। सागर।

विशेष—वाचस्पत्य अभिधान में शब्द का यह रूप अशुद्ध और असिद्ध कहा गया है।

तावुरि—पुं० [पूना० टारस] वृष राशि।

ताश—पुं० [अ० तास=तश्य या चौड़ा बरतन] १. एक तरह का चमकीला कपड़ा जिसका ताना रेशम का और बाना बादले का होता है। २. गत्ते या दफ्ती के ५२ चौखूँटे पत्तों की गड्डी जिसके पत्तों पर काले और लाल रंगों की बूटियाँ, तसवीरें आदि बनी होती हैं तथा जिससे विभिन्न खेल खेले जाते हैं। ३. उक्त गड्डी में का कोई पत्ता। ४. उक्त पत्तों से खेला जानेवाला खेल। ५. वह छोटी दफ्ती जिस पर कपड़े सीने का तागा लपेटा रहता है।

ताशा—पुं० [फा० तासः] डुग्गी की तरह का परन्तु उससे कुछ बड़ा और चिपटा बाजा जो गले में लटकाकर तीलियों के आघात से बजाया जाता है।

तास*—सर्व० पु० हिं० में 'तिस' या 'उस' का एक रूप। उदा०—जास का सेवक तास की पाइहै।—कबीर।

†पुं०=ताश।

तासन, तासों*—सर्व० [हिं० तास] उससे।

तासला—पुं० [देश०] भालू को नचाने के लिए उसके गले में बाँधी जानेवाली रस्सी।

तासा—स्त्री० [सं० त्रय=तिहरा] तीन बार की जोती हुई भूमि।

†पुं०=ताशा (बाजा)।

तासीर—स्त्री० [अ०] किसी वस्तु को उपयोग में लाने अथवा उसका सेवन करने पर उसके तात्त्विक गुण का पड़नेवाला प्रभाव। जैसे—इस दवा की तासीर गरम (या ठंडी) है।

तासु—सर्व० [हिं० ता+सु (प्रत्य०)] १. उसका। २. उसको।

तासूँ†—सर्व०=तासों।

तासों†—सर्व० [हिं० ता+सों (प्रत्य०)] उससे।

तास्कर्य—पुं० [सं० तस्कर+ष्यञ्] तस्कर होने की अवस्था या भाव। तस्करता।

तास्सुब—पुं०=तअस्सुब।

ताहम—अव्य० [फा०] इतना या ऐसा होने पर भी। (प्रायः विरोधी भाव सूचित करने के प्रसंग में) जैसे—ताहम आप तो चले ही जायेंगे।

ताहि†—सर्व० [हिं० ता० हिं० (प्रत्य०)] उसको। उसे।

ताहिरी—स्त्री० [अ०] तहरी नाम की खिचड़ी।

ताहीं†—अव्य० दे० 'ताई' या 'तई'।

तिंतिड़—पुं० [सं०=तितिडी, पृषो० सिद्धि] इमली।

तिंतिड़िका—स्त्री० [सं० तिंतिडी+कन्—टाप्, ह्रस्व] इमली।

तिंतिड़ी—स्त्री० [सं० √तिम् (आर्द्र होना)+ईकन्, पृषो० सिद्धि] इमली।

तिंतिड़ीक—पुं० [सं० √तिम्+ईकन्, नि० सिद्धि] इमली।

तिंतिड़ीका—स्त्री० [सं० तिंतिडीक+टाप्] इमली।

तिंतिरांग—पुं० [सं० तिंतिर-अंग, ब०स०] इसपात। वज्रलोह।

तिंतिलिका—स्त्री० [सं०=तिंतिडिका, ड—ल]=तिंतिड़िका।

तिंतिली—स्त्री० [सं०=तिंतिडी, ड—ल]=तिंतिड़ी।

तिंदिश—पुं० [सं०=ढिंडिश, नि० सिद्धि] टिंडसी नाम की तरकारी। डेंडसी। टिंडा।

तिंदु—पुं० [सं० √तिम्+कु, नि० सिद्धि] तेंदू का पेड़।

तिंदुक—पुं० [सं० तिंदु+कन्] १. तेंदू का पेड़। २. [तिंदु √क (प्रतीत होना)+क] एक कर्ष या दो तोले की तौल।

तिंदुकतीर्थ—पुं० [मध्य०—० ?] ब्रज मंडल के अन्तर्गत एक तीर्थ।

तिंदुकी—स्त्री० [सं० तिंदुक+ङीष्] तेंदू का पेड़।

तिंदुकिनी—स्त्री० [सं० तिंदुक+इनि—ङीप्] आवर्तकी। भगवतवल्ली।

तिंदुल—पुं०=[सं० तिंदुक, पृषो० क—ल] तेंदू का पेड़।

ति—सर्व० [सं० तद् या त] वह।

वि० हिं० तीन का संक्षिप्त रूप जो उपसर्ग के रूप में कुछ शब्दों के आरम्भ में लगता है। जैसे—तिआह, तिकोना आदि।

तिआ—स्त्री०=तिय (स्त्री)।

पुं० दे० 'तीया'।

तिआह†—पुं० [हिं० ति+सं० विवाह] १. किसी का (दो बार विधवा या विधुर हो चुकने पर) तीसरी बार होनेवाला विवाह। २. वह व्यक्ति जिसका इस प्रकार तीसरी बार विवाह हुआ हो।

पुं० [सं० त्रि+पक्ष] वह श्राद्ध जो किसी की मृत्यु के पैंतालीसवें दिन अर्थात् तीन पक्ष पूरे होने पर किया जाता है।

तिउरा†—पुं० [देश०] केसारी या खेसारी नामक कदन्न।

स्त्री० [देश०] केसारी। खेसारी।

तिजरी —स्त्री०=त्योरी।

तिजहारा—पुं०=त्योहार।

तिकड़म—पुं०[सं० त्रि+कम] ऐसी गहरी अनैतिक चाल या तरकीब जिससे कोई कठिन और प्रायः असंभव प्रतीत होनेवाला काम सहज में हो जाय।

तिकड़मी—वि०[हिं० तिकड़म] जो तिकड़म से काम करता हो।

तिकड़ा—पुं०[सं० त्रिक]१. एक साथ बनी या रहनेवाली तीन चीजों का समूह। २. पहनने की वे धोतियाँ जो तीन एक साथ बुनी गई हों। **विशेष**—आज-कल जिस प्रकार धोतियों के जोड़े बनते और बिकते हैं, उसी प्रकार पहले मोटी धोतियों के तिकड़े भी बनते और बिकते थे।

तिकड़ी—स्त्री०[हिं० तीन+कड़ी] १. जिसमें तीन कड़ियाँ हों। २. चारपाई की बुनावट का वह प्रकार या रूप जिसमें तीन-तीन रस्सियाँ एक साथ बुनी जाती हैं।

स्त्री०=तिक्का या तिक्की (ताश का पत्ता)।

तिक तिक—स्त्री० [अनु०] किसी पशु को हाँकते समय मुँह से किया जानेवाला तिक तिक शब्द।

तिकरि—अव्य०[सं० त्वत्कृते] तुम्हारे लिए। उदा०—बाँहाँ तिकरि पसारी बेड़ा।—प्रिथीराज।

तिकानी—स्त्री०[हिं० तीन+कान] धुरी में लगाई जानेवाली वह तिकोनी लकड़ी जो पहिये को धुरी से बाहर निकलने से रोकती है।

तिकार†—पुं०[सं० त्रि+कार]१. तीसरी बार जोता हुआ खेत। २. तीन बार खेत जोतने का काम।

तिकुरा—पुं०[हिं० तीन+कूरा]उपज का तीसरा अंश या भाग।

तिकोन —पुं०=त्रिकोण।

वि०=तिकोना।

तिकोना—वि०[सं० त्रिकोण]स्त्री० तिकोनी] जिसके या जिसमें तीन कोने हों। जैसे—तिकोना मकान।

पु०१. समोसा नाम का पकवान। २. धातुओं पर नक्काशी करने की एक प्रकार की छेनी। ३. क्रोध-सूचक या चढ़ी हुई त्योरी।

तिकोनिया†—वि० [हिं० तिकोना] तीन कोनोंवाला।

स्त्री०[हिं० तिकोना] बढ़इयों का लकड़ी का एक तिकोना उपकरण या औजार जिससे कोनों की सीध नापते हैं।

तिक्का—पुं०[सं० त्रिक]ताश का वह पत्ता जिस पर तीन बूटियाँ होती हैं। तिक्की। तिड़ी।

पुं०[फा० तिक्कः] मांस की कटी हुई बोटी।

मुहा०—तिक्का बोटी करना=पूरी तरह से काटकर खंड-खंड करना।

तिक्की—स्त्री०[सं० त्रिक्]१. ताश का वह पत्ता जिस पर तीन बूटियाँ होती हैं। तिड़ी। २. शंजीफे का उक्त प्रकार का पत्ता।

तिक्ख*—वि०[सं०तीक्ष्ण;प्रा० तिक्ख]१. तीखा। तीक्ष्ण। २. चोखा। तेज। ३. तीव्र बुद्धिवाला। चालाक।

तिक्त—वि०[सं०√तिज्(तीखा करना)+क्त]जो गुरुच, चिरायते आदि के स्वाद की तरह का हो। तीता।

पुं०१. पित्त-पापड़ा। २. कुटज। कुरैया। ३. वरुण वृक्ष। ४. खुशबू। सुगंध।

तिक्तकंदिका—स्त्री०[सं० तिक्त-कंद, मध्य०स०,+कन्—टाप्, इत्व] गंधपत्रा। बनकचूर।

तिक्तक—वि०[स० तिक्त+कन्] तिक्त।

पुं०१. चिरायता। २. नीम। ३. काला खैर। ४. इंगुदी। हिंगोट। ५. परवल। पटोल। ६. कुटज। कुरैया।

तिक्त-कांड—पु०[ब० स०] चिरायता।

तिक्तका—स्त्री०[स० तिक्त√कै (प्रकाशित होना)+क—टाप्] कड़वा कद्दू। तितलौकी।

तिक्त-गंधा—स्त्री०[ब०स०, टाप्] वराहीकंद।

तिक्तगंधिका—स्त्री०[सं०तिक्तगन्धा+कन्—टाप्, ह्रस्व,इत्व]वराहीकंद।

तिक्त-गुंजा—स्त्री०[उपमि०स०, परनिपात]कजा। करंज।

तिक्त-घृत—पु०[कर्म०स०] वैद्यक में, कुछ विशिष्ट औषधियों के योग से बनाया हुआ घी जो बहुत से रोगों का नाशक माना जाता है।

तिक्त-तंडुला—स्त्री०[ब०स०] पिप्पली। पीपल।

तिक्तता—स्त्री०[स० तिक्त+तल—टाप्] तिक्त होने की अवस्था, गुण या भाव। तीतापन।

तिक्त-तुंडी—स्त्री०[म० तिक्त-तुंडी, पृषो० सिद्धि] कड़ई तुरई।

तिक्त-तुंबी—स्त्री०[कर्म०स०] कड़वा कद्दू। तितलौकी।

तिक्त-पुष्पा—स्त्री०[ब०स०]१. खिरनी। २. मेंढाशिंगी।

तिक्त-धातु—स्त्री०[कर्म०स०] शरीर के अंदर का पित्त जो तिक्त या तीता होता है।

तिक्त-पत्र—पु०[ब०स०] ककोड़ा। खेखसा।

तिक्त-पर्णी—स्त्री०[स० ब०स०, ङीप्] कचरी। पेंहटा।

तिक्त-पर्या—पुं०[ब०स०,टाप्]१. दूब। दूर्वा। २ हुलहुल। ३. जेठी मधु। मुलेठी। ४. गिलोय। गुडूच।

तिक्त-पुष्पा—स्त्री०[ब०स०, टाप्] पाठा।

तिक्त-फल—पु०[ब०स०] रीठा। निर्मलफल।

तिक्त-फला—स्त्री० [सं० ब०स०,टाप्] १. भटकटैया। २. खरबूजा। ३. कचरी।

तिक्त-भद्रक—पु०[कर्म०स०] परवल। पटोल।

तिक्त-यवा—स्त्री०[म० ब०स०, टाप्] शालिनी।

तिक्तरोहिणिका—स्त्री०[स० तिक्तरोहिणी+कन्,—टाप्,ह्रस्व]कुटकी।

तिक्तरोहिणी—स्त्री० [सं० तिक्त√रुह् (उगना)+णिनि—ङीप्] कुटकी।

तिक्त-वल्ली—स्त्री०[कर्म०स०] मूर्वालता। मरोड़फली। चुरनहार।

तिक्त-वीजा—स्त्री०[ब०स०, टाप्] तितलौकी। कड़ुआ कद्दू।

तिक्त-शाक—पुं० [ब० स०] १. खैर का पेड़। २. वरुण वृक्ष। ३. पत्र-सुन्दर नाम का साग।

तिक्त-सार—पुं० [ब० स०] १. रोहिस नाम की घास। २. खैर का पेड़।

तिक्तांगा—स्त्री० [सं० तिक्त-अग, ब० स०, टाप्] +अच्+टाप्] पाताल गारुड़ी लता। छिरैटा।

तिक्ता—स्त्री० [सं० तिक्त+अच्—टाप्] १. कुटकी। २. पाठा। पाढ़ा। ३. खरबूजा। ४. नक-छिकनी। ५. यवतिक्ता नाम की लता।

तिक्तातिक्ता—स्त्री० [सं० तिक्त से] एक प्रकार का वाद्य (बैंस) जो

वर्ण-हीन और उग्र गंधवाला होता है। इसके योग से जमे हुए कण प्रायः औषध, खाद आदि के काम आते हैं। (एमोनिया)

तिक्ताख्या—स्त्री० [सं० तिक्त-आख्या, ब० स०] तितलौकी।

तिक्तिका—स्त्री० [सं० तिक्ता+कन्—टाप्, इत्व] १. तितलौकी। २. काक-माछी।

तिक्तिरी—स्त्री० [?] सँपेरों की बीन। तूमड़ी।

तिक्ष—वि० [भाव० तिक्षता]=तीक्ष्ण।

तिख—वि० [सं० त्रि] (खेत) जो बीज बोये जाने से पहले तीन बार जोता गया हो।

तिखटी†-स्त्री० =तिकठी।

तिखरा—वि० दे० 'तिख'।

तिखाई—स्त्री० [हिं० तीखा] तीखे होने की अवस्था, गुण या भाव। तीखापन।

तिखारना—स० [सं० त्रि+हिं० आखर] ताकीद करते हुए किसी से कोई बात तीन अथवा कई बार कहना।

तिखूंट†—वि०=तिखूंटा।

तिखूंटा—वि० [हिं० तीन+खूंट] जिसके तीन खूंट अर्थात् तीन कोने हों। तिकोना।

तिग†—पुं० =त्रिक्।

तिगना†—स० [देश०] देखना। (दलाल)
वि० दे० 'तिगुना'।

तिगला†—पुं० [हिं० तीन+गली] [स्त्री० अल्पा० तिगली] वह स्थान जहाँ से तीन गलियों को रास्ते जाते हों। तिरमुहानी।

तिगुना—वि० [सं० त्रिगुण] [स्त्री० तिगुनी] जो किसी मान या मात्रा के अनुपात में तीन गुना हो। जितना होता हो, उतना तथा उससे दूना और।

तिगूचना—स०=तिगना (देखना)।

तिगून—पुं० [हिं० तिगुना] १. तिगुने होने की अवस्था या भाव। २. गाने-बजाने में, क्रमशः आगे बढ़ते और तेज होते हुए ऐसी स्थिति में पहुँचना जब कि आरंभवाले मान से तिहाई समय में गाना-बजाना होता है और गति या वेग तिगुना बढ़ जाता है।

तिग्म—वि० [सं० √तिज् (तीखा करना)+मक्] [भाव० तिग्मता] तीक्ष्ण। तेज।
पुं० १. वज्र। २. पीपल।

तिग्म-कर—पुं० [ब० स०] सूर्य।

तिग्म-केतु—पुं० [ब० स०] भागवत में वर्णित एक ध्रुववंशीय राजा।

तिग्मता—स्त्री० [सं० तिग्म+तल्—टाप्] तिग्म अर्थात् तीक्ष्ण होने की अवस्था या भाव।

तिग्म-दीधिति—पुं० [ब० स०] सूर्य।

तिग्म-नम्यु—पुं० [ब० स०] महादेव। शिव।

तिग्म-रश्मि—पुं० [ब० स०] सूर्य।

तिग्मांशु—पुं० [तिग्म-अंशु, ब० स०] सूर्य।

तिघरा—पुं० [सं० त्रिघट] चौड़े मुँहवाला एक तरह का घड़ा या मटका जिसमें दही, दूध आदि रखते हैं।

तिचिया—पुं० [?] जहाज पर का वह आदमी जो नक्षत्रों आदि की गति-विधियाँ देखता है।

तिच्छ (न)—वि०=तीक्ष्ण।

तिजरा—पुं० [सं० त्रि+ज्वर] हर तीसरे दिन आने, चढ़ने या होनेवाला ज्वर। तिजारी।

तिजवाँसा—पुं० [हिं० तीजा=तीसरा+मास=महीना] कुछ विशेष जातियों में होनेवाला वह उत्सव जो किसी स्त्री को तीन महीने का गर्भ होने पर मनाया जाता है।

तिजहरिया†—पुं०=तिजारी (बुखार)।

तिजार†—पुं०=तिजारी (ज्वर)।

तिजारत—स्त्री० [अ०] [वि० तिजारती] १. रोजगार। व्यापार। व्यवसाय। २. वाणिज्य।

तिजारी—स्त्री० [हिं० तीन+ज्वर] हर तीसरे दिन आनेवाला ज्वर या बुखार जो मलेरिया का एक प्रकार है।

तिजिया†—वि० [हिं० तीजा=तीसरा] (व्यक्ति) जिसके तीन विवाह हो चुके हों।

तिजिल—पुं० [?] १. चंद्रमा। २. राक्षस।

तिजोरी—स्त्री० [देश०] लोहे की वह मजबूत छोटी किंतु भारी अलमारी या पेटी जिसमें गहने, नकदी आदि सुरक्षा की दृष्टि से रखी जाती है।

तिड़†—पुं० [?] पक्ष। (डिं०)

तिड़लना—स० [?] खींचना। उदा०—जनि अनुरागे पाछ धरि पेललि कर धरि काम तिड़ली। —विद्यापति।

तिड़ी—स्त्री० [सं० त्रि=तीन] ताश का वह पत्ता जिस पर तीन बूटियाँ बनी होती हैं। तिक्की।
वि० [सं० तिर्यक्?] (व्यक्ति) जो कहीं से खिसक, टल या हट गया हो। (बाजारू) जैसे—मुझे देखते ही वहाँ वहाँ से तिड़ी हो गया।

तिड़ी-बिड़ी†—वि०=तितर-बितर। (दे०)

तिणि—अव्य० [सं० तेन] इसलिए। उदा०—तथापि रहे न हूँ सकूँ बकूँ तिणि।—प्रिथीराज।

तित*—क्रि० वि० [सं० तत्र] १. उस स्थान पर। वहाँ। २. उस ओर। उधर।

तितना—वि०=उतना।

तितर-बितर—वि० [हिं० तीतर+बटेर=कुछ एक तरह का, कुछ दूसरी तरह का] १. जो अपने क्रम या स्थान से हट-बढ़ कर या अव्यवस्थित रूप से कुछ इधर और उधर हो गया हो। अस्त-व्यस्त। जैसे—भीड़ (या सेना) तितर-बितर हो गई। २. अनियमित रूप से बिखरा हुआ। जैसे—घर का सारा सामान तितर-बितर पड़ा है।

तितरात—पुं० [?] एक पौधा जिसकी जड़ औषध के काम में आती है।

तितरोखी—स्त्री० [हिं० तीतर+रोख] एक प्रकार की छोटी चिड़िया।

तितल†—वि०=शीतल।

तितली†—स्त्री० [सं० तित्तरीक] १. एक तरह का उड़नेवाला छोटा कीड़ा जिसके पंख रंग-बिरंगे और बहुत सुंदर होते हैं और जो प्रायः फूलों पर मँड़राता रहता तथा उनका रस चूसता है। २. लाक्षणिक रूप में, सुन्दर बालिका या स्त्री जो बहुत चंचल हो और प्रायः खूब बनी-ठनी रहती हो। ३. वन-गोभी का एक नाम।

तितलौआ—पुं० दे० 'तितलौकी'।

तितलौकी† स्त्री० [देश०] १. एक प्रसिद्ध लता जिसमें कद्दू के आकार-प्रकार के ऐसे फल लगते हैं जो स्वाद में कड़वे या तीते होते हैं। २. उक्त लता का फल।

तितारा†—पुं० [सं० त्रि+हि० तार] १. सितार की तरह का तीन तारों-वाला ताल देने का एक बाजा। २. फसल की तीसरी बार की सिंचाई।

वि० तीन तारोंवाला। जैसे—तितारा डोरा या ताना।

तितिंबा†—पुं०=तितिम्मा।

तितिक्ष—वि० [सं०√तिज् (सहन करना)+सन्+अच्] तितिक्षु।

पुं० एक प्राचीन ऋषि।

तितिक्षा—स्त्री० [सं०√तिज्+सन्+अ—टाप्] सरदी, गरमी आदि सहन करने की शारीरिक शक्ति। २. कष्ट, दुःख आदि झेलने का सामर्थ्य। ३. धैर्यपूर्वक या चुप-चाप कोई आघात, आक्षेप आदि सहन करने का भाव। ४. क्षमाशीलता। ५. दे० 'मर्षण'।

तितिक्षु—वि० [सं०√तिज्+सन्+उ] १. जिसमें तितिक्षा अर्थात् सहन-शक्ति हो। सहनशील। २. क्षमाशील। क्षांत।

पुं० एक पुरुवंशी राजा जो महामना का पुत्र था।

तितिभ—पुं० [सं० तिति√भण् (बोलना)+ड] १. वीर बहूटी। २. जुगनूं।

तितिम्बा—पुं० [अ०] १. शेष बचा हुआ अंश। अवशिष्ट अंश। २. पुस्तकों आदि का परिशिष्ट। ३. व्यर्थ का झंझट या विस्तार। ४. व्यर्थ का आडंबर। डकोसला।

तितिर (तिरि)—पुं० [सं०=तितिरि, पृषो० सिद्धि] तीतर (पक्षी)।

तितिल—पुं० [सं०√तिल् (चिकना करना)+क, द्वित्व] १ मिट्टी की नांद। २. ज्योतिष में, तैत्तिल नामक करण।

तितीर्षा—स्त्री० [सं०√तॄ (तैरना)+सन्+अ—टाप्] १. तैरने की इच्छा। २. तरने अर्थात् भव-सागर में पार होने की इच्छा।

तितीर्षु—वि० [सं०√तॄ +सन्+उ] १ जो तैरने अर्थात् पार उतरने की इच्छुक हो। २. मोक्ष प्राप्ति की इच्छा करनेवाला।

तितुआ†—पुं० [देश०] गाड़ी के पहिये का आरा।

तितें*—वि० [सं० तति] उतने। (संख्या वाचक)

तितेक—वि० [हि० तितो+एक] उस मान या मात्रा का। उतना।

तितें*—क्रि० वि० [हि० तित+ई (प्रत्य०)] १ उस ओर। उधर। २. उस जगह। वहाँ। ३. वहाँ ही। वहीं।

तितो*—क्रि० वि०=तेता (उतना)।

तित्तह*—अव्य० [सं० तत्र] उस स्थान पर। वहाँ।

तित्तिर—पुं० [सं० तित्ति√रा (दान)+क] [स्त्री० तित्तिरी] १ तीतर नामक पक्षी। २. तितली नाम की घास।

तित्तिरी—पुं० [सं० तित्ति√रु (शब्द करना)+ङि] १. तीतर पक्षी। २. यास्क मुनि के एक शिष्य जिन्होंने यजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा चलाई थी। ४. यजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा।

तित्थ—पुं० [सं०√तिज् (तीक्ष्ण करना)+थक्] १. अग्नि। आग। २. कामदेव। ३. काल। समय। ४. वर्षा। काल। बरसात।

†स्त्री०=तिथि।

तिथि—स्त्री० [स०√अत् (सतत गमन)+इथिन्] १. चांद्रमास के किसी पक्ष का कोई दिन अथवा उसे सूचित करनेवाली कोई संख्या। मिती।

विशेष—प्रतिपदा से अमावस या पूर्णिमा तक साधारणतः १५ तिथियाँ होती हैं।

२. उक्त के आधार पर पंद्रह की संख्या। ३. श्राद्ध आदि करने के विचार से किसी की मृत्यु की तिथि। ४. दे० 'दिनांक'।

तिथि-क्षय—पुं० [ष०त०] चांद्र गणना के अनुसार पक्ष में किसी तिथि का घटना या मान न होना। तिथिहानि।

तिथित—भू०कृ० [सं० तिथि से] जिस पर तिथि या तारीख डाली गई या पड़ी हुई हो। (डेटेड)

तिथि-पति—पुं० [ष०त०] वह देवता जो किसी तिथि का स्वामी हो।

विशेष—बृहन्महिना के अनुसार प्रतिपदा के ब्रह्मा, दूज के विधाता, पाठी के पंडानन आदि आदि देवता माने गये हैं।

तिथि-पत्र—पुं० [ष०त०] पंचांग। पत्रा।

तिथिमणी—पुं० [सं० तिथि+प्र√नी (लेजाना)+विवप्] चंद्रमा।

तिथ्या—स्त्री० तिथि।

पुं०=तथ्य।

तिथ्यर्ध—पुं० [तिथि-अर्ध, ष०त०] करण। (ज्योतिष)

तिदरा—वि० [हि० तीन+फा० दर=दरवाजा] [स्त्री० अल्पा० तिदरी] तीन दरीवाला।

पुं० तीन दरीवाला कमरा।

तिदारी—स्त्री० [देश०] बत्तख की तरह की एक शिकारी चिड़िया।

तिदुआग—वि०, पुं० [स्त्री० तिदुआरी]=तिदरा।

तिधरां—क्रि० वि० [सं० तत्र] उधर। उस ओर।

तिधारा—पुं० [सं० त्रिधार] एक प्रकार का शूहर (सेहुड) जिसमें पत्ते नहीं होते। इसे वज्री या नरसेज भी कहते हैं।

तिधारी कांडवेल—स्त्री० [सं०] हड़जोड़ (पौधा)।

तिन—सर्व० हि० 'तिस' का अवधी भाषा में बहुवचन रूप।

पुं० तृण।

मुहा०—*तिन तूरना=दे० (तिनका के अंतर्गत) 'तिनका तोड़ना'।

तिनउर—पुं० [सं० तृण+हि० उर या और (प्रत्य०)] तिनकों का ढेर।

तिनकना—अ० [हि० चिनगारी, चिनगी या अनु०] अपने विरुद्ध कोई बात अप्रत्याशित रूप से या सहसा सूनकर क्रुद्ध हो जाना। तिनगना।

तिनका—पुं० [सं० तृण] सूखी घास या वनस्पति के डंठलों आदि का छोटा टुकड़ा। तृण।

मुहा०—(अपने सिर से) तिनका उतारना=नाममात्र को थोड़ा बहुत काम करके यह जतलाना कि हमने बड़ा उपकार किया है। बला टालना। **(किसी से) तिनका तोड़ना**=स्थायी रूप से संबंध छोड़ना। कुछ भी लगाव या वास्ता न रखना। जैसे—हमने तो उसी दिन तिनका तोड़ दिया था।

विशेष—हिन्दुओं में मृतक का श्राद्धादि कर चुकने पर उपस्थित मित्र और संबंधी एक साथ बैठकर तिनका तोड़ने की एक रस्म पूरी करते हैं। इसी से यह मुहा० बना है।

मुहा०—(किसी के सिर से) तिनका तोड़ना=(क) रूपवान या

सुन्दर व्यक्ति को देखकर उसे नजर लगने से बचाने के लिए स्त्रियों का उसके सिर पर से तिनका उतारकर तोड़ते हुए फेंकना। (ख) उक्त प्रकार से तिनका तोड़ते हुए किसी का कष्ट या संकट अपने ऊपर लेना। बलाएँ लेना। (क्रीड़ा में) तिनका पकड़ना या लेना=किसी की अनुग्रह या कृपा प्राप्त करने के लिए उसके आगे उसी प्रकार परम दीन या विनीत बनना जिस प्रकार गौ मुँह में तिनका लेकर दीनतापूर्वक सामने आती है। तिनके का पहाड़ करना=जरा-सी या बहुत छोटी बात को बहुत अधिक बढ़ा-चढ़ा देना। तिनके चुनना=विरह, शोक आदि के कारण पागलों की तरह और बहुत उदास होकर बिलकुल तुच्छ और निरर्थक काम करते हुए समय बिताना।

पद—तिनके का सहारा=बहुत ही थोड़ा या नाम-मात्र का वैसा ही सहारा जैसा 'डूबते को तिनके का सहारा' वाली कहावत में कहा जाता है। तिनके की आड़ या ओट=नियम, मर्यादा आदि के पालन के लिए बीच में रखा जानेवाला नाम-मात्र का परदा या व्यवधान।

कहा०—तिनके की ओट पहाड़=कभी-कभी किसी छोटी-सी बात की आड़ में भी बहुत बड़ी बात होती या हो सकती है।

तिनका-तोड़—पु०[हिं० तिनका+तोड़ना]पारस्परिक संबंध इस प्रकार टूटना कि फिर स्थापित न हो सके। ('किसी से तिनका तोड़ना' वाले मुहा० के आधार पर)

तिनगना†—अ०=तिनकना।

तिनगरी—स्त्री०[देश०] एक तरह का मीठा पकवान।

तिनतिरिया—स्त्री०[हिं० तीन+तार?]मनुआ नाम की कपास।

तिन-बरी—स्त्री०[हिं० तीन+फा० दर] वह कमरा जिसमें तीन दर या दरवाजे हों।

तिनधरा—स्त्री०[देश०] एक तरह की रेती जो तिकोनी होती है और जिससे आरी के दाँते तेज किये जाते हैं।

तिनपहल—वि०=तिनपहला।

तिनपहला—वि०[हिं० तीन+पहल][स्त्री० तिनपहली] जिसमें तीन परतें, पहलू या पार्श्व हों।

तिनबिना—पुं०[हिं० तीन+बनिया] ऐसी माला जिसके बीच में जड़ाऊ जुगनूँ हो।

तिनबा—पुं०[देश०] एक तरह का बाँस।

तिनबना*—अ०=तिनकना।

तिनस—पुं०[सं० तिनिश] शीशम की तरह का एक पेड़।

तिनसुना—पुं०=तिनस। (दे०)

तिनाबा—वि०[हिं० तीन+नाब=खाँचा या गहरी रेखा][स्त्री० तिनाबी] (कटार, तलवार आदि का फल) जिसपर तीन नावें (खाँचे या धारियाँ) हों। जैसे—तिनाबा तेगा।

तिनाशक—पुं०[सं० तिनिश+कन्, पृषो० आत्व] तिनिश वृक्ष।

तिनास—पुं०=तिनस।

तिनिश—पुं०[सं० अति√निंश् (समाधि)+क, पृषो० अकोप] बबूल या बेर की तरह का एक वृक्ष जिसके फल वैद्यक में कफ, पित्त, रुधिर विकार आदि दूर करनेवाले माने जाते हैं।

तिनुअर—वि०[सं० तृण] तिनके के समान पतला-दुबला। क्षीण-काय। उदा०—तन तिनुअर भा छूरी खरी।—जायसी।

पुं० तिनका या तिनकों का ढेर।

तिनुका†—पुं०=तिनका।

तिनुबर—वि०, पुं०=तिनुअर।

तिनूका†—पुं०=तिनका।

तिन्नक—पुं०[हिं० तनिक]१. तुच्छ वस्तु। २. छोटा बच्चा। उदा०—अलख धतिंगड़, जोबू तिन्नक। (कहा०)

तिन्नस—पुं०[सं०]१. तिन्नी नाम का पौधा या उसके चावल। २. रसेदार तरकारी या सालन। ३. सती नामक वर्ण-वृत्त।

तिन्नी—स्त्री०[सं० तृण; हिं० तिन]१. आप से आप जलीय किन्तु बिना जोती-बोई जमीन में होनेवाला धान्य। २. उक्त के बीज जिनकी गिनती फलाहार में होती है। वैद्यक में ये पित्त, कफ और वातनाशक माने जाते हैं।

स्त्री०[देश०] नीवी। फुफुदी।

तिन्हं†—सर्व० हिं० 'तिस' का अवधी भाषा में होनेवाला बहुवचन रूप।

तिपड़ा—पुं०[हिं० तीन+पट]कमख्वाब बुननेवालों के करघे की वह लकड़ी जिसमें तागा लपेटा रहता है और जो दोनों बैसरों के बीच में होती है।

तिप्ति*—स्त्री०=तृप्ति।

तिपल्ला—वि०[हिं० तीन+पल्ला][स्त्री० तिपल्ली]१. जिसमें तीन पल्ले या परतें हों। तीन पल्लोंवाला। २. तीन तागों या तारोंवाला।

तिपहला—वि०[हिं० तीन+पहल][स्त्री० तिपहली] तीन पहलों, पार्श्वों या परतोंवाला।

तिपाई—स्त्री०[हिं० तीन+पाय] तीन पाड़ोंवाली एक तरह की बैठने अथवा सामान आदि रखने की ऊँची चौकी।

तिपाड़—पुं०[हिं० तीन+पाड़] १. वह कपड़ा जो तीन पाट जोड़कर बनाया गया हो। जैसे—तिपाड़ चादर, तिपाड़ लहँगा। २. वह कपड़ा जिसमें तीन परतें या पल्ले हों। ३. वह धोती या साड़ी जिसमें तीन पाड़ या चौड़े किनारे हों (दो ऊपर नीचे और एक बीच में)।

तिपारी—स्त्री०[देश०] एक तरह का झाड़ जिसमें रसभरी की तरह के छोटे फल लगते हैं।

तिपैरा†—पुं०[हिं० तीन+पुर] वह बड़ा कूआँ जिसमें तीन चरसे या मोट एक साथ चल सकें।

तिफ्ल—पुं०[अ० तिफ्ल] [भाव० तिफ्ली] छोटा नन्हा बच्चा।

तिफ्ली—स्त्री०[अ० तिफ्ली] बचपन।

तिब्ब—स्त्री०[अ० तिब्ब] यूनानी चिकित्सा-शास्त्र। हकीमी।

तिबड़ी—स्त्री०[हिं० तीन+बाँध]चारपाई बुनने का एक ढंग जिसमें हर बार तीन-तीन रस्सियाँ साथ खींची जाती हैं।

तिबाई†—स्त्री०[देश०] एक तरह की छिछली थाली जिसमें प्रायः आटा गूँधते हैं।

तिबारा—वि० वि०[हिं० तीन+बार] तीसरी बार।

पुं० वह शराब जो तीन बार चुआने पर तैयार की गई हो।

वि०, पुं० दे० 'तिबरा'।

तिबासी—वि०[हिं० तीन+बासी] तीन दिन का बासी (खाद्य पदार्थ)।

तिबीं†—स्त्री०[देश०] खेसारी।

तिब्ब—स्त्री०=तिब्ब।

तिब्बत—पुं० [सं० त्रिविष्टप] हिमालय के उत्तर का एक देश जिसकी सीमा भारत से मिली हुई है।

तिब्बती—वि० [तिब्बत देश] तिब्बत-संबंधी। तिब्बत का। तिब्बत में उत्पन्न।
पुं० तिब्बत देश का निवासी।
स्त्री० तिब्बत देश की भाषा।

तिमंजिला—वि० [हिं० तीन+अ० मंजिल] [स्त्री० तिमंजिली] (भवन) जिसके तीन खंड या मंजिलें हों।

तिम—पुं० [हिं० डिंडिम] डंका। नगाड़ा। (डिं०)

तिमाना—सं० [देश०] मिगोना।

तिमाशा—स्त्री० [हिं० तीन+माशा] १. तीन माशे की एक तौल। २. उक्त तौल का बटखरा या बाट। ३. पहाड़ी देशों की एक तौल जो ४० जौ की होती है।

तिमिंगिल—पुं० [सं० तिमि√गृ (लीलना)+क, मुम्] १. समुद्र में रहनेवाला एक प्रकार का बहुत बड़ा और भारी जंतु जो तिमि नामक बड़े मत्स्य को भी निगल सकता है। बड़ी भारी झूल। २. एक प्राचीन द्वीप का नाम। ३. उक्त द्वीप का निवासी।

तिमिंगिलाशन—पुं० [सं० तिमिंगिल-अशन, ष०त०] १. दक्षिण का एक देश जिसके अंतर्गत लंका आदि हैं और जहाँ के निवासी तिमिंगिल मत्स्य का मांस खाते हैं। (बृहत्संहिता) २. उक्त देश का निवासी।

तिमि—पुं० [स०√तिम् (गीला होना)+इन्] १. एक तरह की समुद्री बड़ी मछली। २. समुद्र। सागर। ३. आँखों का रतौंधी नामक रोग।
†अव्य० [सं० तर्+इमि] उस प्रकार। वैसे।

तिमिकोश—पुं० [ष०त०] समुद्र।

तिमिज—पुं० [सं० तिमि√जन् (पैदा होना)+ड] तिमि नामक मत्स्य से निकलनेवाला मोती। (बृहत्संहिता)

तिमित—वि० [सं०√तिम्+क्त] १. अचल। निश्चल। स्थिर। २. भीगा हुआ। आर्द्र। गीला।

तिमि-ध्वज—पुं० [ब०स०] शंबर नामक दैत्य जिसे मारकर रामचन्द्र ने ब्रह्मा से दिव्यास्त्र प्राप्त किया था।

तिमिर—पुं० [सं०√तिम्+किरच्] १. अंधकार। अंधेरा। २. आँखों का एक रोग जिसमें चीजें धुँधली, फीके रंग की या रंग-बिरंगी दिखाई देती हैं। वैद्यक में रतौंधी नामक रोग को भी इसी के अन्तर्गत माना है। ३. एक प्रकार का वृक्ष।

तिमिरघ्न—वि० [सं० तिमिर√नुद् (नष्ट करना)+क्विप्] अंधकार का नाश करनेवाला।
पुं० सूर्य।

तिमिरभिद्—वि० [सं० तिमिर√भिद् (भेदना)+क्विप्] अंधकार को भेदने या नष्ट करनेवाला।
पु० सूर्य।

तिमिरमय—वि० [सं० तिमिर+मयट्] जिसमें अंधकार हो। अंधकार-पूर्ण। अंधकार से युक्त।
पुं० १. राहु। २. ग्रहण। (सूर्य, चंद्र आदि का)

तिमिर-रिपु—पुं० [ष०त०] अंधकार का शत्रु, सूर्य।

तिमिरहर—वि० [स० तिमिर√हृ (हरना)+अच्] तिमिर या अंधकार दूर करनेवाला।
पुं० १. सूर्य। २. दीपक। दीया।

तिमिरांत—पुं० [तिमिर-अंत, ष०त०] १. तिमिर या अंधेरे का अंत। २. प्रभात। तड़का।

तिमिरारि—पुं० [तिमिर-अरि, ष०त०] अंधकार का शत्रु अर्थात् सूर्य।

तिमिरारी—स्त्री० [सं० तिमिराली] अंधकार। अँधेरा।

तिमिला—स्त्री० [सं०] पुरानी चाल का एक तरह का बाजा।

तिमिश—पुं० =तिनिश (वृक्ष)।

तिमिष—पुं० [स०√तिम् (गीला होना)+इसक् (षत्व)] १. ककड़ी। २. सफेद कुम्हड़ा। ३. पेठा। ४. तरबूज।

तिमी—पु० [सं० तिमि+ङीष्] १. तिमि नाम की मछली। २. दक्ष की एक कन्या जो कश्यप को ब्याही थी और जिससे तिमिंगलों की उत्पत्ति कही गई है।

तिमीर—पु० [स० तिमि√ईर् (गति)+अच्] एक तरह का पेड़।

तिमुहानी†—स्त्री० =तिरमुहानी।

तिय—स्त्री० [स० स्त्री] १ स्त्री। औरत। २. पत्नी। भार्या।

तियतरा—वि० [स० त्रि-अतर] तीन पुत्रियों के उपरांत जन्मनेवाला (पुत्र)।

तियला—पु० [हिं० तिय+ला (प्रत्य०)] १ कपड़ा। २. पहनने के कपड़े। ३ पोशाक।

तिया*—स्त्री० तिय (स्त्री)।
पु०=तीया।

तियगना†—स०=त्यागना।

तियागी*—वि०, पुं० त्यागी।

तिर—वि० [स० त्रि] हिं० तीन का संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक शब्दों के आरम्भ में लगने पर प्राप्त होता है। जैसे—तिरभुता, तिरपाई, तिरमुहानी।

तिरक—पुं० [स० त्रिक] १ रीढ़ के नीचे का वह स्थान जहाँ दोनों कूल्हों की हड्डियाँ मिलती हैं। २ दोनों टाँगों के ऊपरवाले जोड़ का स्थान। ३. हाथी के शरीर का वह पिछला भाग जहाँ से दुम निकलती है।

तिरकट—पु० [?] आगे का पाल। अगला पाल। (लश०)

तिरकट गावा लवाई—पुं० [?] जहाज का आगे का और सबसे ऊपरवाला पाल। (लश०)

तिरकट गावी—पु० [?] सिरे पर का पाल। (लश०)

तिरकट डोल—पुं० [?] आगे का मस्तूल। (लश०)

तिरकट तबर—पुं० [?] एक तरह का छोटा पाल जो जहाज के सब से ऊँचे मस्तूल पर लगाया जाता है। (लश०)

तिरकट तबर—पु० [?] जहाज में लगा रहनेवाला सबसे ऊँचा पाल। (लश०)

तिरकट लवाई—पुं० [?] एक तरह का पाल। (लश०)

तिरकना—अ० [अनु०] 'तिर' शब्द करते हुए किसी चीज का टूटना या फटना।
अ०=चिरकना।

तिरकस†—वि० [सं० तिरस्] १. तिरछा। २. टेढ़ा।

तिरछाना—स० [?] रस्सा या और कोई बन्धन ढीला छोड़ना। (ल०) †अ०=थिरकना।

तिरछुडा—पुं० [सं० त्रिकटु] पीपल, मिर्च और सोंठ ये तीनों एक में मिली हुई कड़वी वस्तुएँ।

तिरखा—स्त्री० [सं० तृषा] १. प्यास। उदा०—जाट का मैं लाड़ला तिरखा लगी सरीर।—लोकगीत। २. लोभ।

तिरखावंत—वि०=तृषित।

तिरखित—वि० [सं० तृषित; हिं० तिरखा] १. प्यासा। २. जिसे किसी बात की कामना हो।

तिरखूँटा—वि० [सं० त्रि+हिं० खूँट] [स्त्री० अल्पा० तिरखूँटी] तीन खूँटों या कोनोंवाला। तिकोना।

तिरच्छ—पुं० [?] तिनिश (वृक्ष)।

तिरछ†—स्त्री० [हिं० तिरछा] तिरछापन।

तिरछा—वि० [सं० तिर्यक् या तिरस्] [स्त्री० तिरछी] १. कोई सीधी रेखा या इसी तरह की कोई और चीज जो लंब रूप में तथा क्षितिज के समानान्तर न हो बल्कि कुछ या अधिक ढालुई हो। २. जिसमें टेढ़ापन या वक्रता हो।

पद—तिरछी चितवन या नजर=बिना सिर घुमाये पार्श्व या बगल में कुछ देखने का भाव। **तिरछी बात या वचन**=मन को कष्ट पहुँचानेवाली कटु या अप्रिय बात।

३. एक प्रकार का रेशमी कपड़ा जो प्रायः अस्तर के काम में आता है।

तिरछाई†—स्त्री० [हिं० तिरछा+ई (प्रत्य०)] तिरछापन।

तिरछाना—अ० [हिं० तिरछा] तिरछा होना।

स० तिरछा करना।

तिरछापन—पुं० [हिं० तिरछा+पन (प्रत्य०)] 'तिरछा' करने या होने की अवस्था, क्रिया या भाव।

तिरछी उड़ी—स्त्री० [हिं० तिरछा+उड़ना] माल खंभ की एक कसरत।

तिरछी बैठक—स्त्री० [हिं० तिरछी+बैठक] माल खंभ की एक कसरत जिसमें दोनों पैरों को कुछ घुमाकर एक दूसरे पर चढ़ाया जाता है।

तिरछे—क्रि० वि० [हिं० तिरछा] १. तिरछेपन की अवस्था में। २ वक्रता से।

तिरछौंहाँ†—वि० [हिं० तिरछा] १. जिसमें कुछ या थोड़ा तिरछापन हो। २. तिरछा।

तिरछौंहें—क्रि० वि० [हिं० तिरछौंहा] १. तिरछापन लिये हुए। २. वक्रता से।

तिरतालीस—वि०=तैंतालिस (४३)।

तिरतिराना†—अ० [अनु०] द्रव पदार्थ का बूँद बूँद करके टपकना।

तिरना—अ० १.=तरना। २=तैरना।

तिरनी—स्त्री० [?] १. वह डोरी जिससे घाघरा आदि कमर में बाँधा जाता है। नीवी। तिड़ी। चूनड़ी। २. घाघरे या धोती का वह भाग जो कमर पर या नाभि के नीचे पड़ता है।

तिरप—स्त्री० [सं० त्रिपट] नृत्य में एक प्रकार का ताल जिसे त्रिसम या तिहाई कहते हैं।

क्रि० प्र०—देना।

तिरपत†—वि० [देश०] १. (लकड़ी की धरन, पत्ते आदि के संबंध में) जो सूखकर ऐंठ गया हो। २. टेढ़ा-मेढ़ा। तिड़विडंगा। ३. कठिन। मुश्किल।

तिरपट—वि० [हिं० तिरपट] (व्यक्ति या पशु) जिसकी सामने की ओर ताकते समय पुतलियाँ कोनों में चली जाती हों। ऐंचा-ताना। भेंगा।

तिरपन—वि० [सं० त्रिपंचाशत्; प्रा० तिपण्ण] जो गिनती में पचास से तीन अधिक हो। पचास से तीन ऊपर।

पुं० उक्त के सूचक अंक या संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—५३।

तिरपाई—स्त्री०=तिपाई।

तिरपाल—पुं० [सं० तुल+हिं० पालना=बिछाना] फूस, सरकंडे आदि के लंबे पूले जो खपड़ों आदि के नीचे बिछाये जाते हैं। मुठा।

पुं० [अं० टारपालिन] एक प्रकार का मोटा कपड़ा जिस पर राल या रोगन चढ़ाया गया हो। इसको जल नहीं भेदता।

तिरपित*—वि०=तृप्त।

तिरपौलिया—वि० [सं० त्रि+हिं० पोल=फाटक] (वह बाजार, मकान आदि) जिसमें जाने के तीन बड़े द्वार या रास्ते हों।

तिरफला—स्त्री०=त्रिफला।

तिरबेनी—स्त्री०=त्रिवेणी।

तिरबेड़ा—स्त्री० [हिं० तिरवा] एक तरह की नाव। (सिंध)

तिरमिट—पुं० [सं० तिमिर] १. एक रोग जिसमें अधिक प्रकाश के कारण आँखें चौंधिया जाती हैं और कभी अँधेरा और कभी उजाला दिखाई देने लगता है। २. चकाचौंध।

पुं० [हिं० तेल+मिलना] घी, तेल या चिकनाई के छींटे जो पानी, दूध या और किसी द्रव पदार्थ के ऊपर तैरते हुए दिखाई पड़ते हैं।

तिरमिराना—अ० [हिं० तिरमिरा] (तिरमिरा के रोगी की) अधिक प्रकाश के कारण आँखें चौंधियाना।

अ०=तिलमिलाना।

तिरमुहानी—स्त्री० [हिं० तीन+फा० मुहाना] १. वह स्थान जहाँ तीन ओर जाने के तीन मार्ग या रास्ते हों। २. वह स्थान जहाँ तीन ओर से तीन नदियाँ आकर मिलती हों।

तिरयाक—पुं० [अ० तिर्याक] १. जहर-मोहरा जिससे साँप के विष का प्रभाव नष्ट होता है। २. सब रोगों की रामबाण औषधि।

तिरलोक†—पुं०=त्रिलोक।

तिरलोकी—स्त्री०=त्रिलोक।

तिरवट—पुं० [देश०] तराने (राग) का एक भेद। (संगीत)

तिरवराना—अ० १=तिरमिराना। २=तिलमिलाना।

तिरवाह—पुं० [सं० तीर+वाह] नदी के तीर की भूमि। किनारा। तट।

क्रि० वि० नदी के किनारे किनारे।

तिरवा—पुं० [फा०] वह चूरी जो उड़ान भरते समय तीर आदि पार करे। प्राश।

तिरविष्ट—पुं०=त्रिविष्टप (स्वर्ग)।

तिरश्चीन—वि० [सं० तिर्यक्+अ—ईन] १. तिरछा। २. टेढ़ा। बंक।

तिरश्चीन-गति—पुं० [कर्म० स०] कुश्ती का एक पेंच या पैंतरा।

तिरसठ—वि० [सं० त्रिषष्टि; प्रा० तिसट्ठि] जो गिनती में साठ से तीन अधिक हो।
पुं० उक्त के सूचक अंक या संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है।—६३।

तिरसा—पुं० [?] वह पाल जिसका एक सिरा दूसरे सिरे की अपेक्षा अधिक चौड़ा होता है।

तिरसूल†—पुं०=त्रिशूल।

तिरस्कर—वि० [सं० तिरस्√कृ (करना)+ट] १. जो दूसरे से अधिक अच्छा या बढ़ा-चढ़ा हो। २. ढाँकनेवाला।

तिरस्करिणी—स्त्री० [सं० तिरस्करिन्+ङीप्] १. ओट। आड़। २. आड़ करने का परदा। चिक। चिलमन। ३. एक प्रकार की प्राचीन विद्या जिसकी सहायता से मनुष्य सब की दृष्टि से अदृश्य हो जाता था।

तिरस्करी (रिन्)—पुं० [सं०तिरस्√कृ+णिनि] परदा।

तिरस्कार—पुं० [सं० तिरस्√कृ+घञ्] [वि० तिरस्कृत] १. वह मनोभाव जो किसी को निकृष्ट या हेय समझने के कारण उत्पन्न होता है और उसका अनादर करने को प्रवृत्त करता है। २. वह स्थिति जिसमें उपयुक्त स्वागत, सत्कार आदि न किये जाने के फलस्वरूप अपने को अपमानित समझता हो। ३. डाँट-फटकार। भर्त्सना। ४. साहित्य में एक अलंकार जिसमें किसी अच्छी चीज में भी कोई दोष दिखलाकर उसका अनादरपूर्वक त्याग तथा उसे तुच्छ सिद्ध किया जाता है।

तिरस्कृत—भू० कृ० [सं० तिरस्√कृ+क्त] १ जिसका तिरस्कार किया गया हो। अनादरपूर्वक त्यागा या दूर किया हुआ। ३. आड़ या परदे में छिपा हुआ।

तिरस्क्रिया—स्त्री० [सं० तिरस्√कृ+क्ष, इयङ्, टाप्] १. तिरस्कार २. ढकने का कपड़ा। आच्छादन। ३. पहनने के कपड़े। पोशाक। वस्त्र।

तिरहा—पुं० [देश०] एक तरह का उड़नेवाला कीड़ा जो धान को क्षति पहुँचाता है।

तिरहुत—पुं० [सं० तीरभुक्ति] [वि० तिरहुतिया] बिहार के उस प्रदेश का पुराना नाम जिसमें इस समय मुजफ्फरपुर, दरभंगा आदि नगर हैं।

तिरहुति—स्त्री० [हिं० तिरहुत] तिरहुत में गाया जानेवाला एक तरह का गीत।

तिरहुतिया—वि०, पुं० स्त्री०=तिरहुती।

तिरहुती—वि० [हिं० तिरहुत] तिरहुत देश का। तिरहुत संबंधी।
पु० तिरहुत का निवासी।
स्त्री० तिरहुत देश की बोली।

तिरहेल—वि० [सं० त्रि] जो गणना में तीसरे स्थान पर हो अथवा तीसरी बार आया या हुआ हो उदा०—जो तिरहेल रहै सो तिया। —जायसी।

तिरा—पुं० [देश०] १. एक पौधा जिसके बीजों की गिनती तेलहन में होती है। २. उक्त पौधे के बीज।

तिराठी—स्त्री० [?] निसोत।

तिरानवे—वि० [सं० त्रि+हि० नब्बे] जो गिनती में नब्बे से तीन अधिक हो।
पुं० उक्त के सूचक अंक या संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—९३।

तिराना—स० [हिं० तिरना] १. तिरने (अर्थात् तरने या तैरने) में प्रवृत्त करना। २. दे० 'तारना'।

तिरास†—पुं०=त्रास।

तिरासना—अ० [सं० त्रासन] भयभीत या त्रस्त होना।
स० भयभीत या त्रस्त करना।

तिरासी—वि० [सं० त्र्यशीति; प्रा० तियासिसं] जो गिनती में अस्सी से तीन अधिक हो।
पुं० उक्त के सूचक अंक या संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—८३।

तिराहा—पुं० [हिं० तीन+फा० राह] वह स्थान जहाँ से तीन ओर रास्ते जाते या आकर मिलते हों। तिरमुहानी।

तिराही—वि० [हिं० तिराह एक प्रदेश] १. तिराह प्रदेश में बनने या होनेवाला। २. तिराह प्रदेश-संबंधी।
स्त्री० उक्त प्रदेश में बननेवाली एक तरह की कटारी।
क्रि० वि० [?] नीचे।

तिरि†—वि० [सं० त्रि] तीन। उदा०—पुनि तिहि ठाउ परी तिरि रेखा।—जायसी।
स्त्री० तिरिया (स्त्री)।

तिरिगत—पुं०=त्रिगर्त (देश)।

तिरिच्छ—पुं० [सं तिरिश्च] दे० 'तिनिश'।

तिरिजिहिंधक—पुं० [सं०] एक प्रकार का पेड़।

तिरिबिस—पुं०=त्रिदिवस (स्वर्ग)।

तिरिनि*—पुं०=तृण।

तिरिम—पुं० [सं०√तृ (तैरना)+इमक्] एक प्रकार का धान।

तिरिया—स्त्री० [सं० स्त्री] स्त्री। औरत।
पद—**तिरिया चरित्तर**=स्त्रियों द्वारा होनेवाला कोई ऐसा चालाकी भरा विलक्षण तथा हेय काम जिसका रहस्य जल्दी सब की समझ में न आता हो।
पु० [देश०] नैपाल में होनेवाला एक तरह का बाँस।

तिरीछा†—वि०=तिरछा।

तिरीट—पुं० [सं०√तृ (तैरना)+कीटन्] १. लोध्र। लोध। २. दे० 'किरीट'।

तिरीफल—पुं०=त्रिफला।

तिरी-बिरी—वि०=तिरी-बिरी।

तिरेंदा—पुं०=तरेंदा।

तिरें—पुं० [अनु०] हाथियों को जल में लेटने के लिए दी जानेवाली आज्ञा का सूचक शब्द या संकेत।

तिरोजनपद—पुं० [सं० तिरस्-जनपद, ब० स०] अन्य राष्ट्र का मनुष्य विदेशी (कौ०)

तिरोधान—पुं० [तिरस्√धा (धारण करना)+ल्युट्—अन] १. अंतर्धान या लुप्त होने की अवस्था या भाव। २. इस प्रकार किसी चीज का हटाया-बढ़ाया जाना कि वह फिर जल्दी दिखाई न पड़े।

तिरोधायक—वि० [सं० तिरस्√धा+ण्वुल्—अक] कोई चीज आड़ में करने या छिपानेवाला।

तिरोभाव—पुं० [तिरस्√भू (होना)+घञ्] १. आँखों से ओट होकर

अदृश्य हो जाना । अंतर्धान । अदर्शन । २. गोपन । छिपाव । दुराव ।

तिरोभूत—भू० कृ० [सं० तिरस्√भू+क्त] जो अदृश्य या गायब हो गया हो । अंतर्हित ।

तिरोहित—भू०कृ० [सं० तिरस्√धा (धारण करना)+क्त, हि आदेश] १. छिपा हुआ । अंतर्हित । अदृश्य । २. ढका हुआ । आच्छादित ।

तिरौंछा†—वि०=तिरछा ।

तिरौंहा†—पुं०=तरेंदा ।

तिर्यक्‌यानुपूर्वी—स्त्री० [सं० तिर्यक्-आनुपूर्वी, ष० स०] जैनियों के अनुसार वह अवस्था जिसमे जीव को तिर्यग्योनी में जाने से पहले रहना पड़ता है ।

तिर्यकी—स्त्री० [सं० तिर्यच्+ङीप्] पशु-पक्षियों की मादा ।

तिर्यक् (च्)—वि० [सं० तिरस्√अञ्च् (जाना)+क्विन्] ढालुआँ ।

तिर्यक्ता—स्त्री० [स० तिर्यच्+तल्—टाप्] तिरछापन । आड़ापन ।

तिर्यक्त्व—पु० [सं० तिर्यच्+त्व] तिरछापन । आड़ापन ।

तिर्यक्पाती (तिन्)—वि० [सं० तिर्यक्√पत् (गिरना)+णिनि] आडा फैलाया या रखा हुआ । बेढ़ा रखा हुआ ।

तिर्यक्-भेद—पु० [तृ० त०] दो खंभो आदि पर स्थित किसी वस्तु का अधिक दाब के कारण बीच में से टूट जाना ।

तिर्यक्-स्रोतस्—पुं० [ब० स०] १. वह जिसका फैलाव आड़ा हो। २.ऐसा जंतु या जीव जिसके गले मे की आहार-नलिका सीधी नही, बल्कि टेढ़ी हो और जिसके पेट में आहार टेढ़ा या तिरछा होकर पहुँचता हो ।

विशेष—प्रायः सभी पक्षी और पशु इसी वर्ग में आते हैं ।

तिर्यगयन—पुं० [तिर्यक्-अयन, कर्म० स०] सूर्य की वार्षिक परिक्रमा ।

तिर्यगीक्ष—वि० [स०तिर्यक्√ईक्ष् (देखना)+अच्] तिरछे देखनेवाला ।

तिर्यग्गति—स्त्री० [कर्म० स०] १. तिरछी या टेढ़ी चाल । २. जीव का पशु योनि में जन्म लेना ।

तिर्यग्गामी (मिन्)—पुं० [सं० तिर्यक्√गम् (जाना)+णिनि] केकड़ा ।

तिर्यग्दिक् (श्)—स्त्री० [कर्म० स०] उत्तर दिशा ।

तिर्यग्दिशा—स्त्री० [कर्म स०] उत्तर दिशा ।

तिर्यग्यान—पुं० [ब० स०] केकड़ा ।

तिर्यग्योनि—स्त्री० [ष० त०] पशु-पक्षियों आदि की योनि । विशेष दे० 'तिर्यक् स्रोतस्' ।

तिर्यच—अव्य=तिर्यक् ।

तिलंगनी—स्त्री० [हिं० तिल+अंगिनी] एक प्रकार की मिठाई जो तिलों को चीनी की चाशनी में पागकर बनाई जाती है ।

तिलंगसा—पुं० [देश०] एक तरह का पेड़ ।

तिलंगा—पुं० [हिं० तिलंगाना, सं० तैलंग] १. तिलंगाने या तैलंग देश का निवासी । २. भारतीय सेना का सिपाही ।

विशेष—पहले-पहले अँगरेजों ने तैलंग देश के आदमियों की ही भारतीय सेना बनाई थी; इसी से यह नाम पड़ा था ।

३. एक प्रकार का कन-कौआ या पतंग ।

तिलंगाना—पुं० [सं० तैलंग] तैलंग देश ।

तिलंगी—पुं० [सं० तैलंग] तिलंगाने का निवासी । तैलंग ।

स्त्री० तिलंगाने की बोली ।

स्त्री० [हिं० तीन+लंग] एक तरह की गुड़ही या पतंग ।

तिलंतुद—पुं०[सं० तिल√तुद् (पीड़ित करना)+खश्, मुम्] तेली ।

तिल—पुं० [सं०√तिल् (चिकना होना)+क] १. एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी खेती उसके दानों या बीजों के लिए की जाती है। २. उक्त पौधे के दाने या बीज जो काले, सफेद और लाल तीन प्रकार के होते हैं और जिन्हें पेरकर तेल निकाला जाता है । हिंदुओं में यह पवित्र माना जाता है; इसीलिए इसे पापघ्न और पूतधान्य भी कहते हैं । इसे दान करने और इससे तर्पण, होम आदि करने का माहात्म्य है । यह कई प्रकार के पकवानों और मिठाइयों के रूप में खाया भी जाता है । वैद्यक में तिल कफ, पित्त, वातनाशक तथा अग्नि को दीपित करनेवाले माने गये हैं ।

पद—तिल तिल करके=बहुत थोड़ा-थोड़ा करके । जैसे—बरसात के शुरू में तिल तिल करके दिन छोटा होने लगता है । **तिल भर**=(क) बहुत ही जरा-सा या थोड़ा । जैसे—तिल भर नमक तो ले आओ । (ख) बहुत थोड़ी देर । क्षण भर । जैसे—तुम तो तिल भर ठहरते नहीं; बात किससे करे ।

मुहा०—तिल का ताड़ करना=किसी बहुत छोटी-सी बात को बहुत बड़ा देना । बात का बतंगड़ करना या बनाना । **तिल चाटना**=मुसलमानों में एक प्रकार का टोटका जिसमें दूल्हा अपनी दुलहिन के वश में रहना सूचित करने के लिए उसकी हथेली पर रखे हुए तिल चाटकर खाता है । **(किसी के) कांचे तिल चाबना**=किसी का इस प्रकार बहुत अधिक अनुगृहीत या ऋणी होना कि आगे चलकर उसका कोई बुरा परिणाम भोगना पड़े । जैसे—मैंने तुम्हारे काले तिल चाबे थे, जिसका फल भोग रहा हूँ ।

विशेष—तिल का दान प्रायः लोग शनि ग्रह का अरिष्ट या दोष टालने के लिए करते हैं; इसी आधार पर यह मुहा० बना है ।

मुहा०—(किसी स्थान पर) तिल धरने को भी जगह न होना=जरा सी भी जगह खाली न रहना । पूरा स्थान ठसाठस भरा रहना । जैसे—कमरे में इतने अधिक आदमी थे (या इतना अधिक सामान भरा था) कि कहीं तिल धरने की भी जगह नहीं थी । **(किसी के) तिलों से तिल निकालना**=किसी से बहुत कठिनतापूर्वक अपना कोई काम निकालना या स्वार्थ सिद्ध करना ।

कहा०—तिल की ओट पहाड़=किसी छोटी-सी बात की आड़ में होनेवाली कोई बहुत बड़ी बात । इन तिलों में तेल नहीं है=इनसे किसी प्रकार की सहायता नहीं मिल सकती; अथवा कोई कार्य अथवा स्वार्थ सिद्ध नहीं हो सकता ।

२. काले रंग का वह छोटा दाग जो शरीर पर प्राकृतिक रूप से लक्षण आदि के रूप में होता है । जैसे—गाल, ठोढ़ी या बाहु पर का तिल । ३. काली बिंदी के आकार का गोदना जो स्त्रियाँ शोभा के लिए गाल, ठोढ़ी आदि पर गोदाती हैं । ४. आँख की पुतली के बीच की गोल बिंदी जिस पर दिखाई पड़नेवाली चीज का छोटा-सा प्रतिबिंब पड़ता है । तारा । ५. किसी प्रकार का छोटा काला, गोल बिंदु । जैसे—कुछ स्त्रियाँ काजल से गाल या ठोढ़ी पर तिल बनाती हैं ।

मुहा०—तिल बोना=सूर्यकांत शीशे से होकर आये हुए सूर्य के प्रकाश का केंद्रीभूत होकर बिंदु के रूप में एक स्थान पर पड़ना ।

६. किसी वस्तु का तुच्छ से तुच्छ या बहुत ही थोड़ा अंश या कोई बहुत छोटी चीज। जैसे—तिल चोर, सो बज्जर चोर।—कहा०। ७. बहुत ही थोड़ा समय, क्षण या पल।उदा०—(क) एहि जीवन कै आस का, जस सपना तिल आधु।—जायसी। (ख) तिल में दिल लेके यूँ मुकरते हैं कि गोया इन तिलों में तेल नहीं।—कोई शायर।

तिल-कंठी—स्त्री० [ब० स०, ङीष्] विष्णु काँची। काली कौवा ठोंठी।

तिलक—पुं० [सं० तिल+कन्] १. केसर, चंदन, रोली आदि से ललाट पर लगाई जानेवाली गोल बिंदी। लंबी रेखा आदि के आकार का लगाया जानेवाला चिह्न।

विशेष—ऐसा चिह्न मुख्यतः विशिष्ट धार्मिक संप्रदायों के अनुयायी होने का सूचक होता है; और प्रायः प्रत्येक सप्रदाय का तिलक कुछ अलग आकार-प्रकार का रहता तथा कभी कभी माथे के सिवा छाती, बाहों आदि पर भी लगाया जाता है। परन्तु प्रायः शारीरिक शोभा के लिए भी और कुछ विशिष्ट मांगलिक अवसरों पर प्रथा या रीति के रूप मे भी तिलक लगाया जाता है।

क्रि० प्र०—धारना।—लगाना।—सारना।

२. उक्त प्रकार का वह चिह्न जो नये राजा के अभिषेक अथवा पहले-पहल राज-सिंहासन पर बैठने के समय उसके मस्तक पर लगाया जाता है। राज-तिलक। ३. भावी वर के मस्तक पर लगाया जानेवाला उक्त प्रकार का वह चिह्न जो विवाह-संबंध स्थिर होने का सूचक होता है और जिसके साथ कन्या-पक्ष की ओर से कुछ धन, फल, मिठाइयाँ आदि भी दी जाती हैं। टीका।

क्रि० प्र०—चढ़ना।—चढ़ाना।

मुहा०—तिलक देना या भेजना=उक्त अवसर पर धन, मिठाइयाँ आदि देना या भेजना।

४. माथे पर पहनने का स्त्रियों का एक गहना। टीका। ५. वह जो अपने वर्ग में सब से श्रेष्ठ हो। शिरोमणि। जैसे—रघुकुल तिलक श्रीराम चंद्र। ६. किसी ग्रंथ के कठिन पदों, वाक्यो आदि की विशद और विस्तृत व्याख्या। टीका। ७. पुन्नाग की जाति का एक पेड़ जिसके पुष्प तिल के पुष्प से मिलते-जुलते होते हैं। इसकी लकड़ी और छाल दवा के काम आती है। ८. मूँज आदि का धूआ या फूल। ९. लोध का पेड़। १०. मरुअक। मरुआ। ११. एक प्रकार का अश्वत्थ। १२. एक प्रकार का घोड़ा। १३. पेट के अन्दर की तिल्ली। क्लोम। १४. साँचर नमक। १५. संगीत में ध्रुवक का एक भेद जिसमें एक-एक चरण पचीस पचीस अक्षरों के होते हैं।

पुं० [तु० तिरलीक का संक्षिप्त रूप] १. एक प्रकार का ढीला-ढाला जनाना कुरता जो प्रायः मुसलमान स्त्रियाँ सूथन के साथ पहनती हैं। २. राजा या बादशाह की ओर से सम्मानार्थ मिलनेवाले पहनने के कपड़े। खिलअत। सिरोपाव।

वि० १. उत्तम। श्रेष्ठ। २. कीर्ति, शोभा आदि बढ़ानेवाला। जैसे—रघुकुल तिलक।

तिलक-कामोद—पुं० [कर्म० स०] ओड़व-सम्पूर्ण जाति का एक राग जो रात के दूसरे पहर में गाया जाता है।

तिलकट—पुं० [सं० तिल+कटच्] तिल का चूर्ण।

तिलकड़िया—पु० [सं० तिलक] एक प्रकार का छंद जिसके प्रत्येक चरण में एक जगण और एक गुरु होते हैं। उगाध। यशोदा।

तिलकना—अ० [हिं० तड़कना] गीली मिट्टी का सूखकर स्थान-स्थान पर दरकना या फटना। ताल आदि की मिट्टी का सूखकर दरार के साथ फटना।

†अ० = फिसलना। (पश्चिम)

तिलक-मार्ग—पु० [सं०] १. माथे पर का वह स्थान जहाँ तिलक लगाया जाता है। २. माथे पर लगा हुआ तिलक या उसका चिह्न।

तिलक-मुद्रा—पुं० [सं० मध्य० स०] धार्मिक क्षेत्र में माथे पर लगा हुआ तिलक और शरीर पर अंकित किए हुए सांप्रदायिक चिह्न।

तिल-कल्क—पु० [ष० त०] तिल का चूर्ण। तिलकुट।

तिलकहरु†—पु० दे० 'तिलकहार'।

तिलकहार—पुं० [हिं० तिलक+हार (प्रत्य०)] वह व्यक्ति जो कन्या-पक्ष की ओर से वर को तिलक चढ़ाने के लिए भेजा जाता है।

तिलका—स्त्री० [स०तिल√कै (शब्द करना)+क+टाप्] १. एक प्रकार का वृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे दो सगण (।।ऽ) होते हैं। इसे 'तिल्ला' 'तिल्लाना' और डिल्ला' भी कहते है। २. गले में पहनने का एक गहना।

तिल-कालक—पु० [उपमि० स०] १. शरीर पर का तिल के आकार का काला चिह्न। तिल। २. एक प्रकार का रोग जिसमें पुरुष की लिंगेंद्रिय पक जाती है और उस पर काले दाग पड़ जाते हैं।

तिलकावल—वि० [स० तिलक+अव√ला (लाना)+क?] १. जिसने अपने शरीर के किसी अग पर तिल का चिह्न बनाया हो। २. तिल सरीखे चिह्न से युक्त।

तिलकाश्रय—पुं० [स० तिलक-आश्रय, ष० त०] तिलक लगाने का स्थान। ललाट।

तिल-किट्ट—पु० [ष० त०] तिल की खली। पीना।

तिलकित—भू० कृ० [स० तिलक+इतच्] जिस पर या जिसे तिलक लगा हो।

तिलकुट—पु० [स० तिलकल्क] १. एक प्रकार की मिठाई जो गुड़, चीनी आदि की चाशनी मे तिल पागकर बनाई जाती है। २. [सं० तिलवलि] तिल की खली।

तिलकोड़ा—पु० [देश०] एक तरह का जंगली कुंदरू जिसकी पत्तियों का साग बनाया जाता है।

तिलखलि—स्त्री० [सं०] तिल की खली।

तिलखा—पुं० [देश०] एक तरह का पक्षी।

तिलचटा—पु० [हिं० तिल+चाटना] एक तरह का झींगुर। चपड़ा।

तिल-चतुर्थी—स्त्री० [मध्य० स०] माघ कृष्ण चतुर्थी।

तिल-चाँवरा†—वि० = तिल-चावला।

तिल-चावला—वि० [हिं० तिल+चावल] [स्त्री० तिल-चावली] जो तिलों और चावलों के मेल की तरह कुछ काला और कुछ सफेद हो। जैसे—तिल-चावलीदाढ़ी, तिल-चावले बाल।

तिल-चावली—स्त्री०[हिं० तिल+चावल] तिलों और चावलों की खिचड़ी। उदा०—जैसी तरी तिल चावली वैसे मेरे गीत।—कहावत।

तिल-चित्र-पत्रक—पुं० [ब० स०, कप्] तैलकंद।

तिल-चूर्ण—पुं० [ष० त०] तिलकुट।

तिलछवा—अ० [अनु०] १. बिफल तथा व्यग्र होना। २. छटपटाना।
तिलड़ा—वि० [हिं० तीन लड़] [स्त्री० तिलड़ी] जिसमें तीन लड़ हों। तीन लड़ोंवाला। जैसे—तिलड़ी करधनी, तिलड़ा हार।
पुं० [देश०] धातु पर नक्काशी करने की छेनी।
तिलड़ी—स्त्री० [हिं० तीन+लड़] तीन लड़ियों की एक माला जिसके बीच में एक जुगनी लटकती है।
तिल-तंडुलक—पुं० [सं० तिल-तंडुल, ष० त०, √कै (प्रतीत होना)+क] १. गले लगाना। आलिंगन। २. भेंट। मिलन।
तिल-तैल—पुं० [ष० त०] तिलों को पेरकर निकाला हुआ तेल। तिल का तेल।
तिलदानी—स्त्री० [हिं० तिल्ला+सं० आधान] सूई, तागा, अंगूठा आदि रखने की थैली। (दरजी)
तिल-धेनु—स्त्री० [सं० मध्य० स०] दान करने के लिए तिलों की बनाई हुई गौ की आकृति।
तिलपट्टी—स्त्री० [हिं० तिल+पट्टी] खाँड़ या गुड़ में पगे हुए तिलों का जमा हुआ टुकड़ा।
तिल-पपड़ी—स्त्री० =तिलपट्टी।
तिल-पर्ण—पुं० [सं० ब० स०] १. चंदन। २. साल का भौंर।
तिलपर्णिका—स्त्री० [सं० तिलपर्णी+कन्—टाप्, ह्रस्व]=तिल-पर्णी।
तिलपर्णी—स्त्री० [सं० तिलपर्ण+ङीप्] रक्त चंदन।
तिलपिंज—पुं० [सं० तिल+पिंज] तिल का वह पौधा जिसमें बीज आदि न लगें।
तिल-पिण्याट—पुं० [ष० त०] तिलों की पीठी। तिलकुट।
तिलपीड—पुं० [सं० तिल√पीड् (पीड़ित करना)+अच्] तेली जो तिल पेरकर तेल निकालता है।
तिल-पुष्प—पुं० [ष० त०] १. तिल का फूल। २. व्याघ्रनख या बघनखा नासक गन्ध-द्रव्य।
तिल-पुष्पक—पुं० [ष० स०, कप्] १. बहेड़ा। २. नाक जिसकी उपमा तिल के फूल से दी जाती है।
तिलकरा—पुं० [देश०] एक तरह का वृक्ष।
तिलबड़ा—पुं० [देश०] पशुओं को होनेवाला एक रोग जिसमें उनके गले में सूजन हो जाती है और जिसके कारण उनसे कुछ खाया-पीया नहीं जाता।
तिलभट—पुं० [देश०] एक तरह का पक्षी।
तिलभार—पुं० [ष० स०] एक प्राचीन देश।
तिलभाविनी—स्त्री० [सं० तिल√भू (होना)+णिच्+णिनि—ङीप्] चमेली। मल्लिका।
तिलभुग्धा—पुं० [हिं० तिल+सं० भुक्त] तिल तथा खोवे आदि के योग से बननेवाला एक तरह का चूर्ण।
तिल-भृष्ट—वि० [तृ० त०] तिल के साथ भूना या पकाया हुआ। (खाद्य पदार्थ)
तिल-मेह—पुं० [ष० त०] पोस्ते का दाना।
तिल-मक्षिका—पुं० [मध्य० स०] एक मक्खी जिसके परों पर तिलों के समान काले-काले चिह्न होते हैं।

तिलमाषपट्टी—स्त्री० [देश०] दक्षिण भारत के कुछ प्रदेशों में होनेवाली एक तरह की कपास।
तिलमिल—स्त्री० [हिं० तिरमिर] १. ऐसी अवस्था जिसमें अधिक प्रकाश के कारण अथवा रोग आदि के कारण आँखों के सामने कभी प्रकाश और कभी अँधेरा आ जाता है। २. चकाचौंध।
तिलमिलाना—अ० [हिं० तिरमिल] [भाव० तिलमिलाहट] १. तिलमिल होना। आँखों के आगे कभी अँधेरा और कभी प्रकाश आना। २. चकाचौंध होना।
अ० [अनु०] [भाव० तिलमिलाहट, तिलमिली] १. पीड़ा के कारण बिकल होना। २. फड़काना।
तिलमिलाहट—स्त्री० [हिं० तिलमिलाना] तिलमिलाने की अवस्था या भाव। बेचैनी।
तिलमिली—स्त्री० =तिलमिलाहट।
तिल-रस—पुं० [ष० त०] तिलों का तेल।
तिलरा—पुं० [देश०] कसेरों की एक तरह की छेनी।
†पुं० =तिलड़ा।
तिलरिया†—स्त्री० = तिलड़ी।
तिलरी—स्त्री० = तिलड़ी (तीन लड़ोंवाला हार)।
तिलपट्ट—पुं० = तिल-पट्टी।
तिलवन—स्त्री० [देश०] एक तरह का जंगली पौधा जिसकी पत्तियाँ औषधि के काम आती हैं।
तिलवा†—पुं० [हिं० तिल] तिलों का लड्डू।
तिलशक्करी—स्त्री० [हिं० तिल+शक्कर] तिलों और शक्कर के योग से बना हुआ एक तरह का पकवान। तिलपपड़ी।
तिल-शिखी (खिन्)—पुं० [मध्य० स०]=तिल-मयूर।
तिल-शैल—पुं० [मध्य० स०] दान करने के लिए तिलों का लगाया हुआ ऊँचा ढेर या राशि।
तिलस्म—पुं० [यू० टेलिस्मा] १. इन्द्रजाल या जादू के जोर से कोई अलौकिक काम कर या करा सकने की शक्ति। २. इस प्रकार किया या कराया हुआ कोई काम। अलौकिक व्यापार।
मुहा०—तिलस्म तोड़ना=ऐसी प्रतिक्रिया करना जिससे किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किया हुआ तिलस्म या जादू का सारा स्वरूप नष्ट हो जाय।
तिलस्मात—पुं० [यू० टेलिस्मान] १. जादू। २. अद्भुत या अलौकिक काम। चमत्कार। करामात।
तिलस्मी—वि० [हिं० तिलस्म] तिलस्म या जादू-संबंधी।
तिलहन—पुं० =तेलहन।
तिलांकित दल—पुं० [सं० तिल-अंकित-दल, ब० स०] तैलकंद।
तिलांजली—स्त्री० [सं० तिल-अंजली, मध्य० स०] १. किसी के मरने पर उसके संबंधियों द्वारा किया जानेवाला एक कृत्य जिसमें वे हाथ में तिल और जल लेकर उसके नाम से छोड़ते हैं। २. सदा के लिए किसी का संग या साथ छोड़ना। जैसे—लड़का चरवाहों को तिलांजली देकर चला गया।
क्रि० प्र०—देना।
तिलांधु—पुं० [सं० तिल-अंधु, मध्य० ष०]=तिलांजली।

तिल—पुं० [हिं० तेल] एक तरह का तेल जिसे लिंगेंद्रिय पर मलने से पुंसत्व शक्ति बढ़ती है।
†पुं० = तिल्ला।

तिलक—पुं०=तलाक।

तिलदानी†—स्त्री०=तिलदानी।

तिलकुट—पुं० [सं० तिल-अन्न, मध्य० स०] तिल की खिचड़ी।

तिलकपत्या—स्त्री० [सं० तिल-अपत्य, ब० स०, टाप्] काला जीरा।

तिलाम—पुं० [अ० गुलाम का अनु०] गुलाम का गुलाम। दासानुदास।

तिलंगा—पुं० [हिं० तीन+लंगा, लागा, ?] १. वह बड़ा कूआँ जिस पर एक साथ तीन पुरवट चल सकें। २. नगर-रक्षकों, पुलिस आदि का रात के समय बस्ती में लगनेवाला गश्त।

तिलिंग—पुं० [सं०] दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध देश।

तिलिंगा†—पुं०=तिलंगा (तैलंग देश का निवासी या सिपाही)।

तिलिस्त—पुं० [सं० √तिल् (चिकना करना)+इन्, तिलि√रंस्+उ] (कुटिल गति)+उ] गोनस साँप।

तिलिया—पुं० [देश०] सरपत।
†वि०, पुं० = तेलिया

तिलिस्म—पुं० = तिलस्म।

तिलिस्मी—वि० = तिलस्मी।

तिली—स्त्री० १.=तिल्ली। २. =तिल।

तिलेगू—पुं० = तेलगू।

तिलेती—स्त्री० [हिं० तेलहन+एती (प्रत्य०)] तेलहन (तिल, सरसों आदि पौधे) काटने पर खेत में बची रहनेवाली खूँटी।

तिलेदानी—स्त्री० =तिलदानी।

तिलोक—पुं० =त्रिलोक।

तिलोकपति—पुं०=त्रिलोकपति (विष्णु)।

तिलोकी—पुं० [सं० त्रिलोकी] १ इक्कीस मात्राओं का एक छंद जिसके प्रत्येक चरण के अन्त में लघु और गुरु होता है। २. त्रैलोक्य। जैसे—त्रिलोकी नाथ।

तिलोचन—पुं० =त्रिलोचन।

तिलोत्तमा—स्त्री० [सं० तिल-उत्तमा, मध्य० स०] एक अप्सरा जिसके संबंध में कहा जाता है कि ब्रह्मा ने संसार के सभी सुन्दरतम पदार्थों में एक-एक तिल भर अंश लेकर इसके शरीर की रचना की थी।

तिलोदक—पुं० [सं० तिल-उदक, मध्य० स०] तिलांजलि।

तिलोना—वि० =तेलौना (स्निग्ध)।

तिलौरी—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की मैना जिसे तेलिया मैना भी कहते हैं।
†स्त्री० = तिलौरी।

तिल्होरा†—पुं० [देश०] पटसन का रेशा।

तिल्ली—स्त्री० [हिं० तिल+औंछ (प्रत्य०)] तेल की वह उग्र गंध जो उसमें तली हुई या उससे मिली हुई वस्तुओं में से निकलती है।

तिल्लीना—स० [हिं० तेल+औंछना (प्रत्य०)] १ किसी चीज पर तेल लगाना या रगड़ना। २. चिकना करना।

तिल्लीला—वि० [हिं० तेल+औंछा (प्रत्य०)] १. जिसमें तिल्ली हो। २. जिसमें तेल की-सी गंध, रंग या स्वाद हो।

तिलौरी—स्त्री० [हिं० तिल+बरी] वह बरी जिसमें तिल भी मिले हुए हों।
स्त्री० = तिलौरी।

तिल्य—वि० [स० तिल+यत्] (खेत) जिसमें तेलहन की खेती हो सकती हो।
पु० उक्त प्रकार का खेत।

तिल्लना—पुं० [स० निलका] तिलका नाम का वर्ण-वृत्त।

तिल्लर—पुं० [देश०] हीरक नामक पक्षी का एक नाम।

तिल्ला—पुं० [अ० तिला=स्वर्ण] १. कलाबत्तू, बादले आदि के तार जो कपड़ों में ताने-बाने के साथ बुने जाते हैं।
पद—तिल्लेदार। (देखें)
२ दफ्तरे, पगड़ी, साड़ी आदि का वह आँचल जिसमें उक्त प्रकार का कलाबत्तू या बादले का काम किया हो।
पद—नक्शा तिल्ला। (देखें)
३. वह सुंदर पदार्थ जो किसी वस्तु की शोभा बढ़ाने के लिए उसमें जोड़ दिया जाता है। (ठग०)
पु० तिलका (वर्ण-वृत्त) का दूसरा नाम।

तिल्लाना†—पुं० = तराना।

तिल्ली—स्त्री० [स० तिलक] १ पेट के भीतर का गुठली के आकार का वह छोटा अवयव जो बाईं ओर की पसलियों के नीचे होता है। २. एक रोग जिसमें उक्त अवयव में सूजन आ जाती है।
स्त्री० [स० क्षिप्र] तिल (बीज)।
स्त्री० [देश०] एक तरह का बाँस।
†स्त्री० = तिल्ला।

तिल्लेदार—वि० [हिं० तिल्ला+फा० दार (प्रत्य०)] जिसमें कलाबत्तू, बादले आदि के तार भी बुने या लगे हों।
जैसे—तिल्लेदार पगड़ी या साड़ी।

तिल्व—पुं० [स०√तिल् (चिकना करना)+वन्] लोध्र। लोध।

तिल्वक—पुं० [स० तिल्व+कन्] १. लोध। २. तिलिश वृक्ष।

तिल्हारी†—स्त्री० [?] घोड़े के माथे पर बाँधी जानेवाली झालर। नुकना।

तिवाड़ी—पुं०=तिवारी (त्रिपाठी)।

तिवास—पुं० [?] चिंता। फिक्र।

तिवारी†—पुं० त्रिपाठी।

तिवासा†—पुं० [स० त्रिवासर] तीन दिन।

तिवासी†—वि०=तिवासी।

तिवी—स्त्री० [देश०] खेसारी।

तिशना—पुं० [फा० तशनीय] ताना। मेहना।
†स्त्री०=तृष्णा।

तिष्ट*—वि० [हिं० तिष्टना] बनाया हुआ। रचित।

तिष्टना—स० [स० स्थिति] रचना। बनाना। उदा०—कोउ कहै यह काल उचाबत कोई कहै यह ईसुर तिष्टी।—सुन्दर।

तिष्ठद्गु—पुं० [स० अव्य० स० (नि०)] गोधूली का समय। संध्या।

तिष्ठना—अ० [सं० तिष्ठत्] १. ठहरना। २. बैठना। ३. स्थिर रहना। बने रहना।

तिष्ठा—स्त्री० [?] एक नदी जो हिमालय से निकलकर नवाबगंज के पास गंगा में मिली है।

तिष्य—पुं० [सं० √तुष् (सन्तोष करना)+क्यप्, नि०सिद्धि] १. पुष्य नक्षत्र। २. पौष मास। पूस। ३. कल्युग।
वि० कल्याण या मंगल करनेवाला।

तिष्यक—पुं० [सं० तिष्य+कन्] पौष मास।

तिष्य-पुष्या—स्त्री० [ब० स०, टाप्] आमलकी।

तिष्या—स्त्री० [सं० तिष्य+अच्—टाप्] आमलकी।

तिष्वन*—वि०=तीक्ष्ण।

तिस†—सर्व० [सं० तस्मिन्; पा० तिस्स] 'ता' का वह रूप जो उसे विभक्ति लगने से पहले प्राप्त होता है। 'उस' का पुराना और स्वाभाविक रूप। जैसे—तिसने, तिसको, तिससे इत्यादि।
पद—तिस पर इतना होने पर। ऐसी अवस्था में भी। जैसे—सौ रुपये तो ले गये; तिस पर अभी तक नाराज ही हैं।

तिसकार—पुं०=तिरस्कार।

तिसखुट†—स्त्री० [हिं० तीसी+खूँटी] तीसी के पौधे की खूँटी।

तिसखुर†—स्त्री०=तिसखुट।

तिसन*—स्त्री०=तृष्णा।

तिसरा†—वि०=तीसरा।

तिसरायबे—अव्य० [हिं० तिसरा] तीसरी बार।

तिसरायत—स्त्री० [हिं० तीसरा] तीसरा अर्थात् गैर या पराया होने का भाव।
†पु०=तिसरैत।

तिसरैत—पुं० [हिं० तीसरा] १. दो विरोधी दलों, पक्षों, व्यक्तियों से भिन्न ऐसा तीसरा व्यक्ति जिसका उनके वैर-विरोध से कोई सम्बन्ध न हो। तटस्थ। जैसे—किसी तिसरैत को बीच में डालकर झगड़ा निबटा लो। २. लाभ, संपत्ति आदि में तीसरे अंश या हिस्से का अधिकारी अथवा मालिक।

तिसा†—वि० [सं० तादृश] [स्त्री० तिसी] वैसा। वैसे।
*स्त्री०=तृषा।

तिसाना†—अ० [सं० तृषा] प्यासा होना। तृषित होना। उदा०—सरवर तटि हंसिनी तिसाई।—कबीर।

तिसार†—पुं०=अतिसार।

तिसूत—पुं० [?] एक प्रकार की ओषधि।

तिसूती—वि० [हिं० तीन+सूत] (कपड़ा) जिसमें तीन-तीन सूत एक साथ ताने और बाने में होते हैं।
स्त्री० उक्त प्रकार से बुना हुआ कपड़ा।

तिसे*—सर्व०=उसे।

तिस्वा—स्त्री०=तृष्णा।

तिस्सा—स्त्री० [?] शंख-पुष्पी।

तिस्स—पुं० [सं० तिष्य] सम्राट् अशोक के एक भाई का नाम।

तिहत्तर—वि० [सं० त्रिसप्तति; पा० तिसत्तति; प्रा० तिहत्तरि] जो गिनती में सत्तर से तीन अधिक हो।
पुं० उक्त के सूचक अंक या संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—७३।

तिहद्द†—पुं० [हिं० तीन+हद्द=सीमा] वह स्थान जहाँ तीन हदें मिलती हों।

तिहरा—पुं० [?] [स्त्री० अल्पा० तिहरी] दही जमाने या दूध दुहने का मिट्टी का बरतन।
†वि०=तेहरा।

तिहराना†—स०=तेहराना।

तिहरी†—स्त्री० [हिं० तीन+हार] तीन लड़ों की माला।
+वि०=तेहरा' का स्त्री०।

तिहवार†—पुं०=त्योहार।

तिहवारी—स्त्री०=त्योहारी।

तिहा (हन्)—पु० [सं०√तृह् (पीड़ित करना)+कनिन्, नि० सिद्धि] १. रोग। व्याधि। २. सद्भाव। ३. चावल। ४ धनुष।

तिहाई—स्त्री० [स०+हिं० हाई (प्रत्य०)] १. किसी चीज के तीन समान भागों में कोई या हर एक। तीसरा अंश, भाग या हिस्सा। २. खेत की उपज या पैदावार जिसका केवल तीसरा भाग काश्तकारों को मिला करता था और दो-तिहाई जमींदार ले लेता था। ३ दे० 'तिहैया'। ४. उपज। फसल। (पहले खेत की उपज का तृतीयांश काश्तकार लेता था इसी से यह नाम पड़ा।)
मुहा०—तिहाई मारी जाना=फसल का न उपजना या नष्ट हो जाना।

तिहड़ा—पुं०=तिहाव (गुस्सा)।

तिहाली—स्त्री० [देश०] चूड़ियाँ बनानेवालों की एक लकड़ी जो तीन बालिश्त लंबी और एक बालिश्त चौड़ी होती है।

तिहायत†पुं० दे० 'तिसरैत'।

तिहारा, तिहारो*—क्रे० [हिं०] तुम्हारा का ब्रज रूप।

तिहाली—स्त्री० [देश०] कपास की बौड़ी।

तिहाव†—पु० [हिं० तेह=गुस्सा+ताव] १. क्रोध। गुस्सा। २. आपस की अनबन। बिगाड़।

तिहिं—सर्व०=तेहि।

तिहीं—क्रि० वि० [?] १. उसी में। २. उसी जगह।

तिहूँ—वि० [हिं० तीन+हूँ (प्रत्य०)] तीनों। जैसे—तिहूँ लोक।

तिहैया—पु० [हिं० तिहाई] १. किसी चीज का तीसरा अंश या भाग। तिहाई। २. ढोलक, तबला, पखावज आदि बजाने में कलापूर्ण सौन्दर्य लानेवाली तीन थापें जिनमें से प्रत्येक थाप जो अंतिम या समवाले ताल को तीन भागों में बाँटकर प्रत्येक भाग पर दी जाती है और जिसकी अंतिम थाप ठीक सम पर पड़ती है।

ती—स्त्री० [सं० स्त्री] १. स्त्री। औरत। उदा०—(क) तीरथ चलत मन ती-रथ चलत है।—सेनापति। (ख) औ तैसे यह लच्छन ती के।—रत्नाकर। २. जोरू। पत्नी। ३. नलिनी या मनोहरा छन्द का एक नाम।

तीअना—स्त्री० [सं० तुणाम्र] शाक। भाजी। तरकारी।

तीकरा†—पुं० [देश०] अँखुआ। अंकुर।

तीकुर—पुं० [हिं० तीन+कूरा=अंश] १. दे० 'तिहाई' चीज का बहुत छोटा टुकड़ा।
†पुं०=तीखुर।

तीक्ष्ण*—वि०=तीक्ष्ण।

तीक्ष्ण—वि० =तीक्ष्ण।

तीक्ष्ण—वि० [सं०√तिज् (तीक्ष्ण करना)+क्त, दीर्घ] १. (पदार्थ) जिसका स्वाद चरपरा, झालदार या हलकी चुनचुनी उत्पन्न करनेवाला हो। तीखे स्वादवाला। जैसे—प्याज, लहसुन आदि। २. (शस्त्र) जिसकी धार बहुत चोखी या तेज अथवा नोक बहुत पैनी हो। जैसे—तलवार, बरछी आदि। ३. जिसकी गति या वेग बहुत अधिक हो। प्रचंड। जैसे—तीक्ष्ण वायु। ४. जिसका परिणाम या प्रभाव बहुत उग्र या तीव्र हो। जैसे—तीक्ष्ण स्वभाव। ५. जो किसी बात में औरों से बहुत बढ़-चढ़कर हो या अधिक गहराई तक पहुँच सके। जैसे—तीक्ष्ण बुद्धि। ६. (कथन) जो अप्रिय और कटु हो। जैसे—तीक्ष्ण वचन। ७. आत्मत्यागी। ८. जो कभी आलस्य न करता हो। निरालस्य। ९. जिसे सहना कठिन हो। जैसे—तीक्ष्ण ताप या शीत।

पुं० [सं०] १. उत्ताप। गरमी। २. जहर। विष। ३. वत्सनाभ। बछनाग। ४. मृत्यु। मौत। ५. युद्ध। लड़ाई। ६. महामारी। मरी। ७. चव्य। चाब। ८. मुस्तक। मोथा। ९. जवाखार। १०. सफेद कुश। ११. समुद्री नमक। करकच। १२. कुदरू गोंद। १३. इस्पात। १४. शास्त्र। १५. योगी। १६. ज्योतिष में मूल, आर्द्रा, ज्येष्ठा और अश्लेषा नक्षत्र। १७. पूर्वा और उत्तरा भाद्रपदा, ज्येष्ठा, अश्विनी और रेवती नक्षत्रों में बुध की गति।

तीक्ष्ण-कंटक—पुं० [ब० स] १. धतूरे का पेड़। २ बबूल का पेड़। ३. करील का पेड़। ४. इंगुदी या हिंगोट का पेड़।

तीक्ष्ण-कंटक—स्त्री० [सं० तीक्ष्णकंटक+टाप्] एक प्रकार का वृक्ष जिसे कंकारी कहते हैं।

तीक्ष्ण-कंद—पुं० [ब० स०] प्याज।

तीक्ष्णक—पुं० [सं० तीक्ष्ण+कन्] १. मोखा वृक्ष। २. सफेद सरसो।

तीक्ष्ण-कांड—पुं० [ब० स०] तुंबर का पेड़।

तीक्ष्ण-कांता—स्त्री० [कर्म० स०] पुराणानुसार तारा देवी का एक नाम।

तीक्ष्ण-चारी—स्त्री० [ब० ह०, ङीप्] बंसलोचन।

तीक्ष्ण-गंध—पुं० [ब० स०] १. शोभांजन। सहिजन। २. लाल तुलसी। ३. सफेद तुलसी। ४. छोटी इलायची। ५. लोबान।

तीक्ष्ण-गंधक—पुं० [सं० तीक्ष्ण-गंध+कन्] सहिजन।

तीक्ष्णगंधा—स्त्री० [सं० तीक्ष्णगंध+टाप्] १. राई। २. छोटी इलायची। ३. सफेद बच। ४. जीवंती। ५. कंथारी का वृक्ष।

तीक्ष्ण-तंडुला—स्त्री० [सं० ब० स०, +टाप्] पिप्पली। पीपल।

तीक्ष्णता—स्त्री० [सं० तीक्ष्ण+तल —टाप्] तीक्ष्ण होने की अवस्था या भाव।

तीक्ष्ण-नाथ—पुं० [ब० स०] महादेव। शिव।

तीक्ष्ण-तेल—पुं०=तीक्ष्ण-तैल।

तीक्ष्ण-तैल—पुं० [सं० तीक्ष्ण+तैलच्] १. सरसों का तेल। २. सेंहुड़ का दूध। ३. मद्य। शराब। ४. राल।

तीक्ष्ण-दंत—वि० [ब० स०] जिसके दाँत बहुत तेज या नुकीले हों।

तीक्ष्ण-दंष्ट्र—वि० [ब० स०] तीखे या तेज दाँतोंवाला।

पुं० बाघ (हिं० क जंतु)।

तीक्ष्ण-दृष्टि—वि० [ब० स०] जिसकी दृष्टि तीक्ष्ण हो। सूक्ष्म दृष्टिवाला (व्यक्ति)।

तीक्ष्ण-धार—वि० [ब० स०] जिसकी धार बहुत तेज हो।

पुं० खड्ग, तलवार आदि शस्त्र।

तीक्ष्ण-पत्र—वि० [ब० स०] जिसके पत्तों के पार्श्व तेज धारवाले हों।

पुं० १. एक प्रकार का गन्ना। २. धनिया।

तीक्ष्ण-पुष्प—पुं० [सं० ब० स०] लवंग। लौंग।

तीक्ष्ण-पुष्पा—स्त्री० [सं० तीक्ष्णपुष्प+टाप्] केतकी।

तीक्ष्ण-प्रिय—पुं० [कर्म० स० ?] जौ।

तीक्ष्ण-फल—पुं० [ब० स०] तुंबरू। धनिया।

तीक्ष्ण-फला—स्त्री० [सं० तीक्ष्णफल+टाप्] राई।

तीक्ष्ण-बुद्धि—वि० [ब० स०] (व्यक्ति) जिसकी बुद्धि प्रखर हो।

तीक्ष्ण-मंजरी—स्त्री० [ब० स०] पान का पौधा।

तीक्ष्ण-मूल—वि० [ब० स०] जिसकी जड़ में से उग्र या तीव्र गंध आती हो।

पुं० १ कुलंजन। २ सहिजन।

तीक्ष्ण-रश्मि—वि० [ब० स०] जिसकी किरणें बहुत तेज हों।

पुं० सूर्य।

तीक्ष्ण-रस—पुं० [ब० स०] १. जवाखार। यवक्षार। २. शोरा।

तीक्ष्ण-लौह—पुं० [कर्म० स०] इस्पात।

तीक्ष्ण-शूक—पुं० [ब० स०] यव। जौ।

तीक्ष्ण-सारा—स्त्री० [ब० स०, टाप्] शीशम का पेड़।

तीक्ष्णांशु—पुं० [तीक्ष्ण-अंशु, ब० स०] सूर्य।

तीक्ष्णा—स्त्री० [स० तीक्ष्ण+टाप्] १. बच। २. केवांच। कौंछ। ३. बड़ी माल-कंगनी। ४. मिर्च। ५. सर्पकंकाली नामक पौधा। ६. अत्यन्तपर्णी नाम की लता। ७. जोंक। ८. तारा देवी का एक नाम।

तीक्ष्णाग्नि—स्त्री० [तीक्ष्ण-अग्नि, कर्म० स०] १. प्रबल जठराग्नि। २. अजीर्ण या अपच नाम का रोग।

तीक्ष्णाग्र—वि० [तीक्ष्ण-अग्र, ब० स०] (अस्त्र) जिसका अगला भाग नुकीला हो।

तीक्ष्णायस—पुं० [तीक्ष्ण-आयस, कर्म० स०] इस्पात। लोहा।

तीखा†—वि०=तीक्ष्ण।

तीक्खन†—वि०=तीक्ष्ण।

तीक्खर†—पुं०=तीखुर।

तीक्खल†—पुं०=तीखुर।

तीक्ष्ण—वि० [सं० तीक्ष्ण] [स्त्री० तीक्ष्णी] [भाव० तीक्ष्णपन] १. (शस्त्र) जिसकी धार या नोक बहुत तेज या पैनी हो। चोखा। जैसे—तीखी छुरी। २. (व्यक्ति या उसका व्यवहार) जिसमें किसी प्रकार की उग्रता, तीव्रता या प्रखरता हो। कोमलता, मृदुता, सरलता, आदि से रहित। जैसे—तीखी नजर, तीखा स्वभाव। ३. (पदार्थ) जिसका स्वाद उग्र, चरपरा या तेज हो। जैसे—सरकारी में पड़ा हुआ तीखा मसाला। ४. (कथन या बात) जिसमें अप्रियता या कटुता हो। जैसे—मैं किसी की तीखी बातें नहीं सुनना चाहता। ५. किसी की तुलना में अच्छा या बढ़कर। चोखा। जैसे—वह भी

(या तेल) उससे तीखा पड़ता है। ६. (वृष्टि) तिरछा। तिर्यक्। जैसे—सुंदरी का किसी को तीखी नजर से देखना।

पुं० [?] एक प्रकार की चिड़िया।

तीखापन—पुं० [हिं० तीखा+पन (प्रत्य०)] तीखे होने की अवस्था या भाव।

तीखी—स्त्री० [हिं० तीखा] एक उपकरण जिससे रेशम फेरा या बटा जाता है।

तीखुर—पुं० [सं० तवक्षीर] हल्दी की जाति का एक पौधा जिसकी जड़ का सार सफेद चूर्ण के रूप में होता और खीर, हलुआ आदि बनाने के काम आता है। अब एक प्रकार का तीखुर विदेशों से भी आता है जिसे आरारूट (देखें) कहते हैं।

तीखुल†—पुं०=तीखुर।

तीछन†—वि०=तीक्ष्ण।

तीछा*—वि०=तीखा।

तीज—स्त्री० [सं० तृतीया] १. प्रत्येक पक्ष की तीसरी तिथि। तृतीया। २. भादों सुदी तीज जिस दिन सुहागनि स्त्रियाँ निजल व्रत रखती हैं। ३. हरितालिका।

तीजा—वि० [हिं० तीज] तीसरा।

पुं० किसी के मरने के बाद का तीसरा दिन। इस दिन मृतक के संबंधी गरीबों को भोजन बाँटते हैं। (मुसलमान)

तीत*—वि०=तीता। (तिक्त)

तीतर—पुं० [सं० तित्तिरि] मुरगी की जाति का एक पक्षी जिसका मांस खाया जाता है। काले रंग का तीतर काला और चित्रित रंग का तीतर गौर कहलाता है।

कहा०—आधा तीतर और आधा बटेर=ऐसी वस्तु जिसके दो विभिन्न अंगों या अंशों का अनुपात या सौंदर्य एक-सा न हो।

विशेष—वैद्यक में तीतर का मांस खाँसी, ज्वर आदि का नाशक माना गया है।

तीता—वि० [सं० तिक्त] १. जिसका स्वाद तीखा और चरपरा हो। तिक्त। जैसे—मिर्च। २. कड़ुआ। कटु।

वि० [?] भींगा हुआ। आर्द्र। तर।

पुं० १. जोती-बोई जानेवाली जमीन की तरी या नमी। २. ऊसर भूमि। ३. ढेंकी और रहट का अगला भाग। ४. ममीरे का पौधा।

तीतुर*—पुं०=तीतर।

तीतुरी†—स्त्री०=तितली।

तीतुल†—पुं०=तीतर।

तीन—वि० [सं० त्रीणि] जो गिनती में दो से एक अधिक हो।

पुं० १. दो और एक के योग की संख्या। २. उक्त संख्या का सूचक अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है—३

मुहा०—तीन पाँच करना=घुमाव-फिराव, बहानेबाजी या हुज्जत की बात करना।

३. सरयूपारी ब्राह्मणों में गर्ग, गौतम और सांडिल्य इन तीन विशिष्ट गोत्रों का एक वर्ग।

मुहा०—तीन तेरह करना=(क) अनेक प्रकार के वर्ग या विभेद उत्पन्न करना। (ख) इधर-उधर छितराना या बेखेरना। तितर-बितर करना।

कहा०—न तीन में न तेरह में=जिसकी कहीं गिनती या पूछ न हो।

† स्त्री०=तिन्नी (धान्य)।

तीन काने—पुं० [हिं०] चौपड़ के खेल में वह दाँव जो तीनों पासों पर एक ही एक बिंदी ऊपर रहने पर माना जाता है। (खेल का सबसे छोटा दाँव)

तीनपान—पुं० [देश०] एक तरह का बहुत मोटा रस्सा। (लश०)

तीनपाल—पुं०=तीनपान।

तीनलड़ी—स्त्री० [हिं० तीन+लड़ी] तीन लड़ियोंवाला गले में पहनने का हार।

तीनि†—वि०, पुं०=तीन।

तीनी—स्त्री० [हिं० तिन्नी] तिन्नी का चावल।

तीपड़ा—पुं० [देश०] रेशमी कपड़ा बुननेवालों का एक उपकरण जिसके नीचे-ऊपर वे दो लकड़ियाँ लगी रहती हैं जिन्हें बेसर कहते हैं।

तीमन—पुं० [?] बनी हुई तरकारी या उसका रसा। (पूरब)

तीमार—पुं० [फा०] १. टहल। सेवा-शुश्रूषा। २. रक्षा।

तीमारदारी—स्त्री० [फा०] रोगी की की जानेवाली सेवा-शुश्रूषा।

तीय—स्त्री० [सं० स्त्री] १. स्त्री। औरत। नारी। २. पत्नी। जोरू।

तीरंदाज—पुं० [फा०] [भाव० तीरंदाजी] तीर से लक्ष्य-भेद करनेवाला व्यक्ति।

तीरंदाजी—स्त्री० [फा०] तीर से लक्ष्य-भेद करने की क्रिया या भाव।

तीर—पुं० [सं०√तीर् (पार जाना)+अच्] १. नदी का किनारा। तट।

मुहा०—तीर पकड़ना या लगना=किनारे पर पहुँचना।

२. किसी चीज का किनारा। ३. निकटता। सामीप्य। ४. सीसा नामक धातु। ५. रांगा।

अव्य० निकट। पास। समीप।

पुं० [फा०] १. धनुष से छोड़ा जानेवाला बाण। शर।

क्रि० प्र०—चलाना। छोड़ना।—फेंकना।—लगाना।

२. लाक्षणिक रूप में, कौशल या चालाकी से भरी हुई तरकीब। चाल।

मुहा०—तीर चलाना या फेंकना=ऐसी तरकीब या युक्ति लगाना जिससे काम निकलने की बहुत-कुछ संभावना हो। तीर लगना=युक्ति सफल होना। काम बनना।

पुं० [?] जहाज का मस्तूल। (लश०)

तीरगर—पुं० [फा०] तीर बनानेवाला कारीगर।

तीरण—पुं० [सं०√तीर् (पार जाना)+ल्युट्—अन] करंज।

तीरथ—पुं०=तीर्थ।

तीर-युक्ति—स्त्री० [सं० ब० स०] गंगा, गंडकी और कौशिकी इन तीन नदियों से घिरा हुआ तिरहुत प्रदेश।

तीरवर्ती (र्तिन्)—वि० [सं० तीर√वृत् (रहना)+णिनि] १. तट पर रहनेवाला। २. तीर या तट पर स्थित होनेवाला।

तीरस्थ—पुं० [सं० तीर√स्था (स्थित होना)+क] नदी के तीर पर पहुँचाया हुआ मरणासन्न व्यक्ति।

तीरा†—पु० [?] गुलहजारा नामक फूल।
पुं०=तीर।

तीराट—पुं० [सं० तीर√अट् (घूमना)+अच्] लोध।

तीरित—भू० कृ०[सं०√तीर् (कार्य समाप्त होना)+क्त] निर्णीत।

तीरु—पुं० [सं०√तॄ (तैरना)+क्रु (बा०)] १. शिव। महादेव। २. शिव की स्तुति।

तीर्ण—वि० [सं०√तॄ (पार करना)+क्त] १. जो पार हो गया हो। उत्तीर्ण। २. जिसने सीमा का उल्लंघन किया हो। ३. भीगा हुआ। गीला। तर।

तीर्णपदा—स्त्री० [ब० स०, टाप्] तालमूल। मूसली।

तीर्णपदी—स्त्री० [ब० स०, ङीष्]=तीर्णपदा।

तीर्ण—स्त्री० [सं० तीर्ण+टाप्] एक प्रकार का छंद।

तीर्थंकर—पुं० [सं० तीर्थ√कृ (करना)+ख,] जैनियों के प्रमुख देवता।
विशेष—कुल ४८ तीर्थंकर माने गये हैं जिनमें से २४ गत उत्सर्पिणी में और २४ वर्त्तमान उत्सर्पिणी मे हुए है।

तीर्थ—पु० [सं०√तॄ (पार करना)+थक्] १. जलाशय आदि मे उतरने अथवा नाव के यात्रियों के उतरने-चढ़ने के लिए बनी हुई सीढ़ियाँ। घाट। २. मार्ग। रास्ता। ३. वह जिसके द्वारा या सहायता से कोई काम होता या हो सकता हो। कार्य सिद्ध करने का उपाय, युक्ति या साधन। ४. कोई ऐसा स्थान, विशेषतः जलाशय, नदी, समुद्र आदि के पास का स्थान जिसे लोग धार्मिक दृष्टि से पवित्र या मोक्षदायक समझते हों और श्रद्धापूर्वक दर्शन, पूजन आदि के लिए जाते हों। जैसे—काशी हिंदुओं का और मक्का मुसलमानों का बहुत बड़ा तीर्थ है। ५. कोई ऐसा स्थान जिसे लोग अन्य स्थानों से विशिष्ट महत्त्व का या कार्य-सिद्धि में सहायक समझते हों। जैसे—आज-कल के राजनीतिज्ञों का तीर्थ तो बस दिल्ली है। ६. कोई ऐसा महात्मा या महापुरुष जिसे लोग पूज्य और श्रद्धेय समझते हों। जैसे—गुरु, पिता, माता आदि तीर्थ है। ७. धार्मिक गुरु या शिक्षक। उपाध्याय। ८. किसी चीज या बात का मूल कारण या स्रोत अथवा मुख्य साधन। ९ उपयुक्त अथवा योग्य परामर्श या सूचना। १०. किसी काम या बात के लिए उपयुक्त अवसर या स्थल। ११. धार्मिक ग्रंथ, विज्ञान या शास्त्र। १२. यज्ञ। १३. हथेली और उँगलियों के कुछ विशिष्ट स्थान जिनमे कुछ विशिष्ट देवी-देवताओं का अवस्थान माना जाता है। १४. ईश्वर अथवा उसका कोई अवतार। १५. किसी देवता या देवी का चरणामृत। १६. दर्शन-शास्त्र की कोई शाखा या सिद्धांत। १७ ब्राह्मण। १८.अग्नि। आग। १९. पुण्य-काल। २०. अतिथि। मेहमान। २१. दशनामी सन्यासियो का एक भेद और उनकी उपाधि। २२ योनि। भग। २३. रजस्वला स्त्री का रज। २४. वैर-भाव छोड़कर किया जानेवाला सद्व्यवहार या सदाचरण। २५. परामर्श देनेवाला व्यक्ति। मंत्री। २६. प्राचीन भारत मे, वे विशिष्ट अठारह अधिकारी जो राष्ट्र की संपति माने जाते थे। यथा—मंत्री-पुरोहित, युवराज, भूपति, द्वारपाल, अंतर्वेशिक, कारागार का अध्यक्ष, द्रव्य या धन एकत्र करनेवाला अधिकारी, कृत्याकृत्य अर्थ का विनियोजक प्रदेष्टा, नगराध्यक्ष, कार्यनिर्माण कारक, धर्माध्यक्ष, सभाध्यक्ष, दडपाल, दुर्गपाल, राष्ट्रान्तपाल और अटवीपाल। २७. रोग का निदान या पहचान।
वि० १. तारने या पार उतारनेवाला। २. उद्धार करने या बचानेवाला।

तीर्थकृत्—पुं० [स० तीर्थ√कृ (करना)+क्विप्] १. जैनियों के देवता। जिन। देव। २. शास्त्रकार।

तीर्थक—पु० [सं० तीर्थ√कै (शब्द करना)+क] १. ब्राह्मण। २.तीर्थंकर। ३. तीर्थों की यात्रा करनेवाला व्यक्ति।

तीर्थंकर—पु० [स० तीर्थ√कृ+ट] १. विष्णु। २. जैनो के विशिष्ट महापुरुष जो संख्या मे २४ हैं और जिन कहे जाते है।

तीर्थ-काक—पु० [स० त०] वह जो तीर्थ में रह कर धर्म के नाम पर लोगों से धन ऐंठता हो।

तीर्थ-देव—पु० [ष० त० वा उपमि० स०] शिव। महादेव।

तीर्थ-पति—पु [ष० त०] तीर्थराज।

तीर्थ-पाद्—पु० [ब० स०] विष्णु।

तीर्थपादीय—पु० [स० तीर्थपाद छ—ईय] वैष्णव।

तीर्थ-पुरोहित—पु० [स० त०] वह जो किसी विशिष्ट तीर्थ मे रहकर आनेवाले यात्रियों का पौरोहित्य करता और उन्हे स्नान, दर्शन आदि कराता हो। पंडा।

तीर्थयात्रा—स्त्री० [मध्य० स०] तीर्थ-स्थानों के दर्शनार्थ की जानेवाली यात्रा।

तीर्थ-राज—पु० [ष० त०] प्रयाग।

तीर्थन्राजि—स्त्री० [ब० स०] काशी।

तीर्थ-व्यास—पु०=तीर्थ-काक।

तीर्थसेनि—स्त्री० [स०] कार्तिकेय की एक मातृका का नाम।

तीर्थ-सेवी (विन्)—पु० [सं० तीर्थ√सेव् (सेवन करना)+णिनि] वह जो पुण्य, मोक्ष आदि प्राप्त करने के विचार से और धार्मिक भावनाओं से सदाचारपूर्वक किसी तीर्थ में जाकर रहने लगता हो।

तीर्थाटन—पु० [स० तीर्थ-अटन, मध्य० स०] तीर्थ यात्रा।

तीर्थिक—पु० [स० तीर्थ+ठन्—इक] १. तीर्थ का ब्राह्मण। पंडा। २. तीर्थंकर। ३ बौद्धो की दृष्टि मे वह ब्राह्मण जो बौद्ध-धर्म का द्वेषी हो।

तीर्थिया—पु० [स० तीर्थ+हिं० इया (प्रत्य०)] जैनी जो तीर्थंकरो के उपासक होते है।

तीर्थोदक—पु० [सं० तीर्थ-उदक, ष० त०] किसी तीर्थ-स्थल का जल जो पवित्र माना जाता है।

तीर्थ्य—पुं० [स० तीर्थ+यत्] १. एक रुद्र का नाम। २. सहपाठी।

तीर्न—वि० [सं० तीर्ण] १. उतीर्ण। २. भींगा हुआ।

तीलखा—पु० [देश०] एक तरह का पक्षी।

तीला—पु० [फा० तीर=बाण] [स्त्री० अल्पा० तीली] तिनका, विशेषतः बड़ा या लंबा तिनका।

तीली—स्त्री० [हिं० तीला] १. वनस्पति आदि का बड़ा तिनका। सींक। २. धातु आदि का पतला कड़ा तार। ३. तीलियों की वह कूँची जिससे जुलाहे करघे पर का सूत साफ करते हैं। ४. जुलाहों की ढरकी में की वह सींक जिसमें नरी पहनाई रहती है।

तीवई*—स्त्री० [सं० स्त्री] स्त्री।

तीवट—पुं० [सं० त्रिवण] १. एक राग जो दोपहर के समय गाया जाता है। २. संगीत में १४ मात्राओं का एक ताल जिसे तेवर या तेवरा भी कहते हैं।

तीवन—पुं० [सं० तेमन=व्यंजन] १. पकवान। २. रसेदार तरकारी।

तीवर—पुं० [सं०√तॄ (तैरना)+ष्वरच्, नि० सिद्धि] १. समुद्र। सागर। २. [√तीर् (कर्म-समाप्ति)+ष्वरच्] व्याध। शिकारी। ३ मछुआ। ४. पुराणानुसार एक वर्ण-संकर जाति जिसकी उत्पत्ति राजपूत माता और क्षत्रिय पिता से कही गई है।

†वि०=तीव्र।

तीव्र—वि० [सं०√तीव् (मोटा होना)+रक्] १. बहुत अधिक। अतिशय। अत्यंत। २. बहुत अधिक तीक्ष्ण या तीखा। तेज। ३. बहुत गरम। ४. मान, सीमा आदि में बहुत बढ़ा हुआ। बेहद। ५. कड़ुआ। कटु। ६. जो सहा न जा सके। असह्य। ७. उग्र, प्रचंड, या विकट। ८. जिसमें यथेष्ट वेग हो। ९. (संगीत में स्वर) जो अपने मानक या साधारण रूप से कुछ ऊँचा या बढ़ा हुआ हो। 'कोमल' का विपर्याय।

विशेष—ऋषभ गान्धार, मध्यम, धैवत और निषाद ये पांचों स्वर दो प्रकार के होते हैं—कोमल और तीव्र।

पुं० १. लोहा। २. नदी का किनारा या तट। ३. महादेव। शिव।

तीव्र-कंठ—पुं० [ब० स०] सूरन। जमीकंद। ओल।

तीव्र-गंधा—स्त्री० [ब० स०, टाप्] अजवायन। यवानी।

तीव्रगंधिका—स्त्री० [सं० तीव्रगन्धा+कन्—टाप्, ह्रस्व, इत्व] अजवायन।

तीव्र-गति—स्त्री० [ब० स०] वायु। हवा।

तीव्र-ज्वाला—स्त्री० [सं० तीव्र√ज्वल् (जलना)+णिच्+अच्—टाप्] धव का फूल जिसे छूने से लोगों का विश्वास था कि शरीर में घाव हो जाता है।

तीव्रता—स्त्री० [सं० तीव्र+तल्—टाप्] तीव्र होने की अवस्था या भाव। (सभी अर्थों में)

तीव्र-सव—पुं० [कर्म० स०] एक दिन में होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ।

तीव्रा—स्त्री० [सं० तीव्र+टाप्] १. षड्ज स्वर की चार श्रुतियों में से पहली श्रुति। २. खुरासानी अजवायन। ३. राई। ४. गाँडर दूब। गंड-दूर्वा। ५. तुलसी। ६. कुटकी। ७. बड़ी मालकँगनी। ८. तरवी नामक वृक्ष।

तीव्रानन्द—पुं० [तीव्र-आनन्द, ब० स०] शिव। महादेव।

तीव्रानुराग—पुं० [तीव्र-अनुराग, कर्म० स०] १. किसी वस्तु के प्रति होनेवाला अत्यधिक अनुराग। २. उक्त प्रकार का अनुराग जो जैनों में अतिचार माना गया है।

तीस—वि० [सं० त्रिंशति; पा० तीसा] जो गिनती में बीस से दस अधिक हो।

स्त्री० उक्त के सूचक अंक या संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—३०।

पद—तीस मार खाँ=बहुत बड़ा बहादुर। (व्यंग्य) तीसों दिन=सदा। नित्य।

तीसरा†—स्त्री० [हिं० तीसरा] खेत की तीसरी जुताई।

वि०=तीसरा।

तीसरा—वि० [हिं० तीन+सरा (प्रत्य०)] १. क्रम में तीन के स्थान में पड़नेवाला जो गिनती में दो के उपरांत और चार से पहले हो। २. जिसका प्रस्तुत विषय अथवा दोनों पक्षों में से किसी एक से भी कोई संबंध या लगाव न हो।

तीसवाँ—वि० [हिं० तीस+वाँ (प्रत्य०)] क्रम में तीस के स्थान में पड़नेवाला। तीसवाँ दिन।

तीसी—स्त्री० [सं० अतसी] १. डेढ़ हाथ ऊँचा एक पौधा जिसमें नीले रंग के फूल तथा बीज मटमैले रंग के घुंडीदार गोल होते हैं। २. उक्त बीज जो वैद्यक के अनुसार वात, पित और कफनाशक होते हैं।

स्त्री० [हिं० तीस+ई (प्रत्य०)] वस्तुएँ गिनने का एक मान जिसका सैंकड़ा तीस माहियों का अर्थात् १५० का होता है।

स्त्री० [?] एक प्रकार की छेनी जिससे लोहे की बालियों आदि पर नक्काशी करते हैं।

तीहा†—पुं० [सं० तुष्टि ?] तसल्ली। आश्वासन।

वि०=तिहाई। जैसे—आधा-तीहा माल।

तुंग—वि० [सं०√तुंज् (हिंसा करना)+घञ्, कुत्व] १. बहुत ऊँचा। २. उग्र। तीव्र। ३. प्रधान। मुख्य।

पुं० १. महादेव। शिव। २. बुध नामक ग्रह। ३. ज्योतिष में ग्रहों के उच्च होने की अवस्था। दे० 'उच्च'। ४. चतुर व्यक्ति। ५. पर्वत। पहाड़। ६. पुन्नाग वृक्ष। ७. नारियल। ८. कमल का केसर। किंजल्क। ९ झुंड। समूह। १०. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में दो नगण और दो गुरु होते हैं। ११. एक प्रकार का झाड़दार छोटा पेड़ जो पश्चिमी हिमालय में होता है। इसे आमी और एरंडी भी कहते हैं।

तुंगक—पुं० [सं० तुंग+कन्] १. पुन्नाग वृक्ष। नागकेसर। २. एक प्राचीन तीर्थ जहाँ सारस्वत मुनि ऋषियों को वेद पढ़ाते थे।

तुंग-नाथ—पुं० [मध्य० स०] हिमालय पर एक शिवलिंग और तीर्थस्थान।

तुंग-नाभ—पुं० [ब० स०] एक तरह का कीड़ा जिसके काट लेने पर शरीर में जलन होती है।

तुंग-बाहु—पुं० [ब० स०] तलवार चलाने का एक पुराना ढंग या प्रकार।

तुंग-बीज—पुं० [ब० स०] पारद। पारा।

तुंग-भद्र—पुं० [कर्म० स०] मतवाला हाथी।

तुंगभद्रा—स्त्री० [सं० तुंग-भद्र+टाप्] दक्षिण भारत की एक प्रसिद्ध नदी जो सह्याद्रि पर्वत से निकलती है और कृष्णा नदी में मिलती है।

तुंग-मुख—पुं० [ब० स०] गैंडा।

तुंगरस—पुं० [ब० स०] एक प्रकार का गंध-द्रव्य।

तुंगला—पुं० [देश०] एक तरह की छोटी झाड़ी।

तुंगवेणा—स्त्री० [सं०] तुंगभद्रा नदी का पुराना नाम।

तुंग-शेखर—पुं० [ब० स०] पर्वत। पहाड़।

तुंगा—स्त्री० [सं० तुंग+टाप्] १. वंशलोचन। २. शमी वृक्ष। ३. तुंग नामक वर्णवृत्त।

तुंगारण्य—पुं० [तुंग-अरण्य, कर्म० स०] झाँसी, ओड़छा आदि प्रदेशों के आस-पास के जंगलों का पुराना नाम।

तुंगारण्य*—पुं०=तुंगारण्य।

तुंगारि—पुं० [तुंग—अरि, ष० त० ?] सफेद कनेर का पेड़।
तुंगिनी—स्त्री० [सं० तुंग+इनि—ङीप्] महाशतावरी। बड़ी सतावर।
तुंगिमा (मन्)—स्त्री० [सं० तुंग+इमनिच्] ऊँचाई।
तुंगी (गिन्)—वि० [सं० तुंग+इनि] ऊँचा।
पुं० उच्चस्थ ग्रह।
स्त्री० [सं० तुंग+ङीप्] १. हल्दी। २. रात्रि। रात। ३. बनतुलसी। मंजरी।
तुंगी-नाथ—पुं० [ष० स०] दे० 'तुंगनाथ'।
तुंगी-पति—पुं० [ष० त०] चंद्रमा।
तुंगीश—पुं० [तुंगि-ईश, कर्म० स०] १. शिव। २. सूर्य। ३. कृष्ण।
तुंज—पुं० [सं०√तुज् (हिंसा करना)+अच्] वज्र।
तुंजाल—पुं० [सं० तुरंग—जाल] घोड़ों की पीठ पर डाली जानेवाली एक तरह की जाली या जालीदार कपड़ा जिससे मक्खियाँ उन्हें तंग नहीं करने पातीं।
तुंजीन—पुं० [सं०तुंज+ख—ईन?] प्राचीन काल के कश्मीरी नरेशों की उपाधि।
तुंड—पुं० [सं०√तुंड् (तोड़ना)+अच्] १. मुख। मुँह। २. चोंच। ३. कुछ बड़ा तथा आगे निकला हुआ मुँह। थूथन। ४. तलवार का अगला भाग। ५. शिव। ६. एक राक्षस।
तुंडकेरिका—स्त्री० [सं० तुंडकेरी+कन्—टाप्, ह्रस्व] कपास का पौधा।
तुंडकेरी—स्त्री० [सं० तुंड+कन्√ईर् (प्रेरित करना)+अण्—ङीप्] १. कपास। २. बिंबाफल। कुंदरू।
तुंडके-हारी—पुं० [सं० मध्य० स०?] वैद्यक के अनुसार तालु में होनेवाली एक तरह की सूजन (रोग)।
तुंडि—स्त्री० [सं०√तुंड्+इन्] १. नाभि। २. बिंबाफल। कुंदरू। ३. दे० 'तुंड'।
तुंडिक—वि० [सं० तुंडि+कै (शब्द करना)+क] जिसका मुँह आगे की ओर निकला हुआ हो। थूथनवाला।
तुंडिका—स्त्री० [सं० तुंड+कन्—टाप्] १. टोंटी। २. बिंबाफल। कुंदरू। ३. चोंच। ४. गले के अंदर जीभ की जड़ के पास की दो अंडाकार ग्रंथियाँ। कौआ। घंटी। (टांसिल्स)
तुंडिका-शोथ—पुं० [ष० त०] तुंडिका अर्थात् घंटी में होनेवाली सूजन। (टॉन्सिलाइटिस)
तुंडिकेरी—स्त्री० [सं० पृषो० सिद्धि] कुंदरू।
तुंडिल—वि० [सं० तुंडि+मतुप्] जिसकी तोंद या नाभि आगे निकली तथा बड़ी हुई हो।
तुंडिल—वि० [सं० तुंडि+लच्] १. तोंद या निकले हुए पेटवाला। तोंदिल। २. जिसकी नाभि मोटी और बाहर निकली हुई हो।
तुंडी (डिन्)—वि० [सं० तुंड+इनि] १. तुंडवाला। तुंड से युक्त। २. चोंचवाला। ३. थूथनवाला।
पुं० गणेश।
स्त्री० [सं० तुंडि+ङीप्] डोंडी। नाभि।
तुंडी-गुद-पाक—पुं० [सं० तुंडी-गुद, इ० स०, तुंडीगुद+पाक, स० त०] एक रोग जिसमें नाभि और गुदा दोनों में सूजन हो जाती है।
तुंडीर-मंडल—पुं० [ब० स०] एक प्राचीन देश जो दक्षिण में था।
तुंद—पुं० [सं०√तुद् (व्यथा)+दन्, नुम्] उदर। पेट।
वि० [फा०] तीव्र। तेज। प्रचंड। जैसे—तुंद हवा।
तुंदि—पुं० [स०√तुंद्+इन्, नुम्] १. नाभि। २. एक गंधर्व का नाम।
तुंदिक—वि० [सं० तुंद+ठन्—इक] जिसकी तोंद निकली या बढ़ी हुई हो। तोंदिल।
तुंदिक-फला—स्त्री० [सं० ब स०, टाप्] खीरे की बेल।
तुंदिका—स्त्री० [सं० तुंदिक+टाप्] नाभि।
तुंदिल, तुंदिम—वि० [सं० तुंद+इतच्; तुंदि+म] तुंदिल। (दे०)
तुंदियाना†—अ० [हिं० तोंद] तोंद बढ़ाना।
स० तोंद बढ़ाना।
तुंदिल—वि० [सं० तुंद+इलच्] जिसकी तोंद निकली या बढ़ी हुई हो।
तुंदिलीकरण—पुं० [सं० तुंदिल+च्वि, ह्रस्व, दीर्घ,√कृ+ल्युट्—अन] १. फुलाना। २. बढ़ाना।
तुंदी—स्त्री० [सं० तुन्द+ङीप्] नाभि।
तुंदैल†—वि०=तुंदिल।
तुंदैला†—वि०=तुंदिल।
तुंब—पुं० [स०√तुंब् (नष्ट करना)+अच्] १. घीया। लौकी। २. सुखाई हुई लौकी का तूंबा।
तुंबड़ी—स्त्री० [देश०] एक प्रकार का छोटा पेड़ जिसकी लकड़ी अंदर से सफेद और चिकनी होती तथा मकानों में लगती है।
स्त्री०=तूंबड़ी।
तुंबर—पुं० [स०तुंब√रा (लाना)+क] तुंबुरु। (दे०)
तुंबरी—स्त्री० [स० तुम्बर+ङीप्] एक कदम्ब।
तुंबवन—पुं० [स०] दक्षिण दिशा का एक प्राचीन देश। (बृहत्संहिता)
तुंबा—पुं० [सं० तुंब+टाप्] स्त्री० अल्पा० तुंबी] १. कड़ुआ कद्दू। गोल कद्दू का घीया। तूंबा। २. सुखाये हुए कद्दू को बीच में से काट कर बनाया हुआ कटोरे के आकार का पात्र। ३. एक प्रकार का जंगली घास जो जलाशयों के किनारे होता है।
तुंबिका—स्त्री० [स०√तुंब्+ण्वुल्—अक, टाप्, इत्व]=तुंबी।
तुंबी—स्त्री० [सं०√तुंब्+इन्—ङीप्] १. छोटा कड़ुवा कद्दू। तितलौकी। २. उक्त को सुखाकर बनाया हुआ पात्र। छोटा तूंबा।
तुंबुक—पुं० [सं०√तुंब् (पीड़ित करना)+उक] कद्दू का फल। घीया।
तुंबुरी—स्त्री० [सं० तुंब√रा+क—ङीप्, पृषो० उत्व] १. धनिया। २. कुतिया।
तुंबुरु—पुं०[सं०=तुंबर, पृषो० सिद्धि] १. धनिया। २. चैत्र मास में सूर्य के रथ पर रहनेवाला एक गंधर्व जो बहुत बड़ा संगीतज्ञ माना गया है। ३. धनिये की तरह के एक प्रकार के बीज जो बहुत जायकेदार और तीखे स्वादवाले होते हैं।
तुअ*—सर्व०=तव (तुम्हारा)।
तुअना†—अ० [हिं० चूना, चुवना] १. चूना। टपकना। २. गर्भपात या गर्भस्राव होना। ३. गिर पड़ना। गिरना।
तुअर—पुं० [स० तुवरी] अरहर।
तुइ—सर्व०=तू।

तुई—स्त्री० [?] कपड़े पर बनी हुई एक प्रकार की बेल जो स्त्रियाँ दुपट्टों पर लगाती हैं।

तुक—स्त्री० [हिं० टूक=टुकड़ा] १ कविता, गीत आदि के चरण का वह अंतिम व्यंजन (या स्वरयुक्त व्यंजन), शब्द या पद जिसके अनुप्रास का निर्वाह आगे के चरणों, पदों आदि में करना आवश्यक होता है। अन्त्यानुप्रास। अक्षर-मैत्री। काफिया।

पद—तुक-बंदी। (देखें)

मुहा०—तुक जोड़ना=कविता, गीत आदि के लिए ऐसे चरण या पद बनाना जिनके अंतिम वर्णों, शब्दों आदि में ध्वनिसाम्य मात्र हो, कौशलपूर्ण या भावमय कवित्वगुण का अभाव हो। जैसे—हम तुक जोड़नेवाले कवियों की बात नहीं कहते।

२. बोल-चाल में आनेवाले किसी शब्द के जोड़ का वह दूसरा शब्द जो उच्चारण या ध्वनि के विचार से उस पहले शब्द के जोड़ या बराबरी का होता है। काफिया। जैसे—'कच्चा' का तुक 'बच्चा' और 'कड़ा' का तुक 'बड़ा' है। ३. दो बातों या कार्यों का पारस्परिक सामंजस्य। ४ ऐसा औचित्य जिसका निर्वाह पूर्वापर संबंध को देखते हुए आवश्यक, उपयुक्त या शोभन हो। जैसे—आप उनके प्रीति-भोज में जो बिना बुलाये चले गये, इसमें क्या तुक था? ५. तीर के अगले भाग में लगी हुई घुंडी।

तुकना—स० [हिं० 'तुकना' का अनु०।

तुकबंदी—स्त्री० [हिं० तुक+फा० बंदी] ऐसी साधारण कविता करना जिसके चरणों के अंत में एक-सी तुक या अंत्यानुप्रास के सिवा कोई विशेष भाव या रस न हो। यही या साधारण कविता जिसमें भाव या भाषा का कुछ भी सौंदर्य न हो। (व्यंग्य)

तुकमा—पुं० [फा०] वह फंदा जिसमें पहनने के कपड़ों की घुंडी फँसाई जाती है। पाशक। मुद्धी।

तुकांत—स्त्री० [हिं० तुक+सं० अंत] चरणों के अंत में होनेवाला तुक का मेल। अंत्यानुप्रास।

तुक्का—पुं० [फा० तुक] १. बिना सोची हुई का तीर। तुक्का। २. ऐसा उपाय या तरकीब जिससे कार्य की सिद्धि होने की संभावना न हो।

तुकार—स्त्री० [हिं० तू+सं० कार] 'तू' कहकर किसी को पुकारने की क्रिया या भाव। (अपमान-सूचक)

तुकारना—स० [हिं० तुकार] 'तू' कहकर किसी को पुकारना या संबोधित करना।

तुकारी*—स्त्री० [हिं० तुकारना] तुकारने की क्रिया या भाव। तुकार।

तुकड़—पुं० [हिं० तुक+अक्कड़ (प्रत्य०)] केवल तुक जोड़नेवाला अर्थात् बहुत ही निम्नकोटि का कवि।

तुक्कल—स्त्री० [फा० तुक्कः] एक तरह की बड़ी पतंग।

तुक्का—पुं० [फा० तुक्कः] १. वह तीर जिसमें गांसी के स्थान पर घुंडी सी बनी होती है। २. नरकट, सरकंडे आदि का वह टुकड़ा जो लड़के खेल में छोटी सी कमान पर इधर-उधर चलाते या फेंकते हैं। जैसे—लगा तो तीर, नहीं तो तुक्का है ही। ३. कोई लंबी और सीधी चीज या उसका टुकड़ा। जैसे—वह अपने दरवाजे पर तुक्का-सा खड़ा था। ४. छोटा टीला। टेकरी।

तुक्कार—पुं० [सं०]=तुक्कार।

तुक्ष—पुं० [सं० तुष] १. भूसी। छिलका। २. अंडे के ऊपर का छिलका।

तुक्षम—पुं० [फा० तुख्म] १. बीज। २. वीर्य-कण।

तुखार—पुं० [सं०] १. एक प्राचीन देश जिसका उल्लेख अथर्ववेद, रामायण, महाभारत आदि में है। यहाँ के घोड़े बहुत अच्छे माने जाते थे। वि० देश 'तुखार'। २. उक्त देश का निवासी। ३. उक्त देश का घोड़ा। ४. घोड़ा।

पुं०=तुषार।

तुखारा—वि० [सं० तुषार] [स्त्री० तुखारी] तुषार देश-संबंधी।

पुं० तुषार देश का घोड़ा।

तुखारी—पुं० [हिं० तुखार] तुखार देश का घोड़ा।

वि० तुखार-संबंधी।

तुख्म—पुं० [अ० तुख्म] १. फलों, वृक्षों आदि का बीज। २. वीर्य-कण जिससे संतान उत्पन्न होती है।

तुगलक—पुं० [अ०] १. सरदार। २. एक प्राचीन मुसलमान राजवंश जिसने मध्य युग में थोड़े समय के लिए भारत पर शासन किया था। मुहम्मद शाह तुगलक' सी वंश के थे।

तुगा—स्त्री० [सं० √तुज् (हिंसा)+घ—टाप्] वंशलोचन।

तुगाक्षीरी—स्त्री० [मयू०स०] वंशलोचन।

तुग्र—पुं० [स०√तुज्+रक, कुत्व] वैदिक काल के एक राजर्षि जिन्होंने अश्विनीकुमारों की उपासना की थी।

तुग्र्य—पुं० [सं० तुग्र+यत्] तुग्र का वंशज।

वि० तुग्र-संबंधी। तुग्र का।

तुचा†—पुं० [सं० त्वच्] १. चमड़ा। २. छाल।

तुचा†—स्त्री०=त्वचा।

तुच्छ—वि० [सं०√तुद् (पीड़ित करना)+क्विप्, तुद्√छो (काटना)+क] [भाव० तुच्छता] १. जो अंदर से खाली हो। खोखला। २. जिसमें कोई सत्व या सार न हो। निस्सार। ३. जिसका कुछ भी महत्त्व, मान या मूल्य न हो। क्षुद्र। हीन। ४. अल्प। थोड़ा।

पुं० १. अन्न के ऊपर का छिलका। भूसी। २. तूतिया। ३. नील का पौधा।

तुच्छक—पुं० [सं० तुच्छ√कै (मालूम पड़ना)+क] एक तरह का काले और हरे रंग का मरकत जो घटिया माना जाता है।

तुच्छता—स्त्री० [सं० तुच्छ+तल्—टाप्] तुच्छ होने की अवस्था या भाव।

तुच्छत्व—पुं० [सं० तुच्छ+त्व] तुच्छता।

तुच्छद्रु—पुं० [कर्म०स०] रेंड़ का पेड़।

तुच्छधान्यक—पुं० [कर्म०स०] भूसी। तुस।

तुच्छा—स्त्री० [सं० तुच्छ+टाप्] १. नील का पौधा। २. छोटी इलायची। ३. नीला थोथा। तूतिया।

तुच्छातितुच्छ—वि० [तुच्छ-अतितुच्छ स०त०] तुच्छों में भी तुच्छ। अत्यन्त तुच्छ।

तुच्छार्थक—वि० [सं० तुच्छ-अर्थ, ब०स०, कप्] (शब्द का वह) विकृत रूप जो वस्तु या व्यक्ति के वाचक शब्द की तुलना में तुच्छता सूचित करनेवाला हो। तुच्छता के भाव से युक्त अर्थ देने या रखनेवाला।

(डिमिन्यूटिव) जैसे—'बात' का तुच्छार्थक 'बतोला', 'घोड़ा' का तुच्छार्थक 'घोड़वा'।

तुछ*—वि०=तुच्छ।

तुजीह्—स्त्री०[हिं०] धनुष।

तुजुक—पुं०[तु०]१. वैभव आदि की शोभा। शान। २. नियम। ३. प्रथा। ४. अभिनंदन। उदा०—भूषण भनत भीसिला के आय आगे ठाढ़े बाजे भर उमराय तुजुक करन के।—भूषण।

तुझ—सर्व०[सं० तुभ्यम्; पा० तुहं; प्रा० तुज्झ] तू का वह रूप जो उसे द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पंचमी और सप्तमी की विभक्तियाँ लगने पर प्राप्त होता है। जैसे—तुझको, तुझसे, तुझमें आदि आदि।

तुझे—सर्व०[हिं० तुझ] 'तू' का वह रूप जो उसे द्वितीया और चतुर्थी की विभक्तियाँ लगने पर प्राप्त होता है। तुझको। जैसे—(क) तुझे मारूँगा। (ख) तुझे भी मिलेगा।

तुट*—वि०[सं० त्रुट=टूटना] बहुत थोड़ा।

तुडितुड—पुं०[सं०] शिव।

तुदना*—स०[सं० तुष्ट; प्रा० तुट्ठ] तुष्ट या प्रसन्न करना।
अ० तुष्ट या प्रसन्न होना।

तुदना—अ०[सं तुष्ट] संतुष्ट होना। उदा०—तुठी सारदा त्रिभुवन-माई।—नरपति नाल्ह।
स० संतुष्ट करना।

तुड़ाई—स्त्री०[हिं० तुड़वाना] तुड़वाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

तुड़ाना—स०[हिं० 'तोड़ना' का प्रे०] १. किसी को कोई चीज तोड़ने में प्रवृत्त करना। तुड़ाना। २. बड़े सिक्के को उतने ही मूल्य के छोटे-छोटे सिक्कों में बदलवाना। भुनाना।

तुड़ाई—स्त्री०[हिं० तोड़ना] तोड़ने की क्रिया, भाव या मजदूरी।
†स्त्री०=तुड़वाई।

तुड़ाना—स०[हिं० तोड़ना का प्रे०] १. तोड़ने का काम कराना। तुड़वाना। २. बन्धन तोड़कर उससे अलग या मुक्त होना। जैसे—गौ रस्सा तुड़ाकर भाग गई। ३. सम्बन्ध-विच्छेद करके अलग करना। जैसे—बच्चे को माँ से तुड़ाना; अर्थात् अलग या दूर करना। ४. बड़े सिक्के को छोटे-छोटे सिक्कों के रूप में परिवर्तित कराना। जैसे—नोट या रुपया तुड़ाना। ५. कुछ खरीदने के समय चीज का दाम कम कराना।

तुडी—स्त्री० [सं०√तुड् (तोड़ना)+इन—ङीप्] एक प्रकार की रागिनी। (कदाचित् आधुनिक टोड़ी)

तुतुम—पुं०[सं० तुरम] तुरही। बिगुल।

तुत्थि—पुं०[सं०√तुण् (संकोच)+इन्] तुन का पेड़।

तुतरा†—वि०[स्त्री० तुतरी]=तोतला।

तुतराना†—अ०=तुतलाना।

तुतरौहाँ†—वि०=तोतला। उदा०—बोलत है बतियाँ तुतरौही चलि चरननि न सकात।—सूर।

तुतला—वि०[स्त्री० तुतली]=तोतला।

तुतलाना—अ०[सं० त्रुट्=टूटना या अनु० अथवा हिं० तोट]१. कंठ और जीभ में किसी प्रकार का प्राकृतिक विकार होने के कारण कोई शब्द कहने से पहले 'तुतु' 'तुतु' शब्द निकलना। २. बोलने में शब्द का मुँह से रुक-रुक कर तथा अस्पष्ट रूप से निकलना।

तुतुई†—स्त्री०=तुतुही।

तुतुही—स्त्री०[सं० तुड] मिट्टी की एक तरह की छोटी झारी।

तुत्थ—पुं०[सं०√तुद् (पीडित करना)+थक्] तूतिया। नीला थोथा।

तुत्थक—पुं०[स० तुत्थ+कन्]=तुत्थ।

तुत्थांजन—पु०[सं० तुत्थ-अंजन, कर्म० स०] तूतिया। नीलाथोथा।

तुत्था—स्त्री०[सं० तुत्थ+टाप्] १ नील का पौधा। २. छोटी इलायची।

तुत्थों—अव्य०=त्थों त्थो। उदा०—तुत्थो गुलाल झुठी मुठी झझकावत पिय जात।—बिहारी।

तुदन—पु०[स०√तुद्+ल्युट्—अन्]१. कष्ट या व्यथा देने की क्रिया। पीड़न। २. गड़ाने या चुभाने की क्रिया। ३. कष्ट। ४. पीड़ा।

तुन—पुं०[अनु०] तुन तुन शब्द।
मुहा०—तुन-फुन करना=किसी बात में सहमत न होने पर कुछ रोष दिखाते हुए आना-कानी करना।
पु० तूनी नामक वृक्ष।

तुनक—वि०[फा०] १ दुर्बल। कमजोर। २. नाजुक। कोमल। ३. हलका। सूक्ष्म।
स्त्री०[हिं० तुनकना] १. तुनकने की क्रिया या भाव। २. गुड्डी या पतंग उड़ाते समय डोर या नख को दिया जानेवाला झटका।

तुनकना—अ० [फा० तुनक] छोटी सी बात से अप्रसन्न या रुष्ट होना।
वि० तुनक-मिजाज।
अ० [देश०] उँगली से डोर को झटका देना।

तुनक-मिजाज—वि०[फा०] [भाव० तुनक-मिजाजी] जो बात-बात पर अप्रसन्न या रुष्ट हो जाता हो अथवा बिगड़ या रूठ जाता हो।

तुनकमिजाज—पु० [फा० तुनक=छोटा+मौज=लहर] छोटा समुद्र।

तुनकी—स्त्री०[फा०] १ तुनक (अर्थात् कोमल, दुबले या हलके) होने की क्रिया या भाव। २. एक प्रकार की खस्ता रोटी।

तुनतुना—स्त्री० [अनु०] १. एक प्रकार का बाजा जिसमें से तुन तुन शब्द निकलता है। २. सारंगी। (परिहास और व्यंग्य)

तुनना†—स० =बुनना। (पश्चिम)

तुनी—स्त्री०[हिं० तुन] तूनी का पेड़।

तुनीर†—पुं०=तूणीर।

तुनुक—वि० स्त्री०=तुनक।

तुन्न—वि०[सं०√तुद्+क्त] कटा या फटा हुआ।
पुं०१ कपड़े का टुकड़ा। २. तुन नाम का पेड़।

तुन्नवाय—पु०[स० तुन्न+√वे (सीना, बुनना)+अण्] दरजी।

तुपक—स्त्री०[तु० तोप]१ छोटी तोप। २. पुरानी ढाल की बन्दूक। कड़ाबीन।

तुपकची—पुं०[हिं० तुपक] वह जो छोटी तोप या बन्दूक चलाता हो।

तुफंग—स्त्री०[तु० तोप, हिं० तुपक]१ प्राचीन काल की वह नली जिसमें मिट्टी की गोलियाँ, लोहे के छोटे टुकड़े आदि भरकर जोर से फूँककर दूसरों पर चलाए या फेंके जाते थे। २. हवाई बन्दूक।

तुफ—पुं०[फा०]१. मुँह की थूक या लार। २. उम्र के आधार पर धिक्कार, लानत। जैसे—तुफ है तुम्हारे मुँह पर; अर्थात् थुड़ी है या तुम इस योग्य हो कि लोग तुम्हारे मुँह पर थूकें।

तुफान†—पुं०=तूफान।

तुर्फ़ैल—पुं० [अ० तुर्फ़ैल] किसी के अनुग्रह या कृपा के द्वारा प्राप्त होने वाला साधन। जैसे—मेरी सारी योग्यता (या विद्या) आप के ही तुर्फ़ैल से है।

तुवक—पुं०=तुपक।

तुवना—अ० [सं० स्तुभ, स्तोभन] स्तब्ध होना।

तुव—सर्व० [सं० त्वम्] 'तू' शब्द का वह बहुवचन रूप जिसका व्यवहार संबोधित व्यक्ति के लिए होता है तथा जो कहनेवाले की तुलना में छोटा या बराबरी का होता है। जैसे—तुम भी साथ चल सकते हो।

तुवड़ी—स्त्री०=तूँबड़ी।

तुवतड़ाक—स्त्री०=तूमतड़ाक।

तुवरा—सर्व०=तुम्हारा।

तुवरी†—स्त्री०=तूँबड़ी।

तुवक—पुं०=तूँबुरू।

तुवल*—पुं०, वि०=तुमुल।

तुवाना—स० [हिं० 'तूमना' का प्रे०] किसी को कुछ तूमने मे प्रवृत्त करना।

तुवारा—सर्व०=तुम्हारा।

तुवुली—स्त्री० [देश०] एक प्रकार की चिड़िया।

तुषुर—पुं० [सं० तुमुल, ल—र] क्षत्रियों की एक प्राचीन जाति या वंश।
†वि०, पु०=तुमुल।

तुषुल—पुं० [सं०√तु (हिंसा करना)+मुलन्] १. सेना का कोलाहल। लड़ाई की हलचल। २. सेना की भिड़ंत। ३. बहेड़े का पेड़।
वि० बहुत उत्कट, तीव्र या विकट। घोर। प्रचंड। जैसे—तुमुल ध्वनि।

तुमुली—स्त्री० [?] पुरातत्त्व में एक दूसरे पर चुने हुए पत्थरों का वह ढेर या स्तूप जो प्रायः किसी स्थान की विशेषता या समाधि-स्थल आदि सूचित करने के लिए बनाया जाता था। (फेर्गन)

तुम्ह*—सर्व०=तुम।

तुम्हारा—सर्व० [हिं० तुम] [स्त्री० तुम्हारी] 'तुम' का षष्ठी की विभक्ति लगने पर बननेवाला रूप। जैसे—तुम्हारा भाई।

तुम्हीं*—सर्व०=तुमहीं।

तुम्हें—सर्व० [हिं० तुम] 'तुम' का वह विभक्तियुक्त रूप जो उसे द्वितीया और चतुर्थी लगने पर प्राप्त होता है। जैसे—तुम्हें पकड़ूंगा या दूँगा।

तुरंग—वि० [सं० तुर√गम् (जाना)+ड, घुम्] जल्दी चलनेवाला।
पुं० १. घोड़ा। २. चित्त या मन जो बहुत जल्दी हर जगह पहुँच सकता है। ३. सात की संख्या।

तुरंगक—पुं० [सं० तुरंग√कै (शब्द करना)+क] बड़ी तोरी (फल)।

तुरंग-गीड़—पुं० [सं० कर्म० स० ?] संगीत में गौड़ राग का एक भेद।

तुरंग-द्वेषिणी—स्त्री० [सं० तुरंग√द्विष् (द्वेष करना)+णिनि=ङीप्] भैंस। महिषी।

तुरंगप्रिय—पुं० [ब० स०] जौ। यव।

तुरंगम—वि० [सं० तुर√गम् (जाना)+अच्, घुम्] जल्दी चलनेवाला।
पुं० १. घोड़ा। २. चित्त। मन। ३. एक वर्ण-वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में दो नगण और दो गुरु होते हैं।

तुरंगमी (मिन्)—पुं० [सं० तुरङ्गम+इनि] अश्वारोही। घुड़सवार।

तुरंग-वक्त्र—वि० [ब० स०] जिसका मुँह घोड़े के मुँह की तरह लंबा हो।
पुं० किन्नर।

तुरंग-वक्त्र—पुं० [ब० स०] किन्नर।

तुरंग-शाला—स्त्री० [ष० त०] घुड़साल। अस्तबल।

तुरंगारि—पुं० [तुरंग-अरि, ष० त०] १. कनेर। करवीर। २. भैंसा।

तुरंगिका—स्त्री० [सं० तुरंग+ठन्—इक्] देवदाली। चमरबेल।

तुरंगी—स्त्री० [सं० तुरंग+अच्—ङीप्] अश्वगंधा। असगंध।

तुरंज—पुं० [फा० तुर्ंज] १. चकोतरा नीबू। २. बिजौरा नीबू। ३. सूई-धागे से कपड़े पर बनाई जानेवाली एक तरह की बूटी।

तुरंजबीन—स्त्री० [फा०] १. एक प्रकार की चीनी जो खुरासान देश में प्रायः ऊँटकटारे के पौधों पर ओस के साथ जमती है। २. नींबू के रस का शरबत। शिकंजबी।

तुरंत—क्रि० वि० [सं० तुर—वेग, जल्दी] १. ठीक इसी समय। २. जितनी जल्दी हो सके। जल्दी से जल्दी।

तुरंता—पुं० [हिं० तुरंत] गाँजा (जिसका नशा पीते ही तुरंत चढ़ता है)।

तुरंजीन—स्त्री० [?] घुड़ास की जड़ की शर्करा जो दवा के काम आती है तथा जो बैद्यक में ज्वरहर तथा अग्निप्रदीपक मानी जाती है और पुरानी होने पर हस्तावर होती है।

तुर—अव्य० [सं०√तुर् (जल्दी करना)+क] शीघ्र। जल्द।
वि० बहुत तेज चलनेवाला। वेगवान्। शीघ्रगामी।
पुं० [?] १. करघे की वह मोटी लकड़ी जिस पर बुना हुआ कपड़ा लपेटा जाता है। २. वह बेलन जिस पर बुना हुआ गोटा लपेटा जाता है।

तुरई—स्त्री० [सं० तूर=तुरही बाजा] तोरी नाम की बेल जिसके लंबे फलों की तरकारी बनाई जाती है। तोरी।
पद—**तुरई के फूल-सा**=(क) बहुत ही कोमल और हलका। (ख) जिसका कोई विशेष महत्त्व, मान या मूल्य न हो। जैसे—तुरई के फूल-से इतने रुपए उड़ गये; पर काम कुछ भी न हुआ।
†स्त्री०=तुरही।

तुरक—पुं०=तुर्क।

तुरकड़ा—पुं० [फा० तुर्क+हिं० टा (प्रत्य०)] मुसलमान। (उपेक्षा तथा घृणा-सूचक)

तुरकाना—पुं० [फा० तुर्क] १. तुर्क देश। २. तुर्की की बस्ती।

तुरकाना—पुं० [फा० तुर्क] मुसलमान।
वि० तुर्की का-सा।

तुरकिन—स्त्री० [फा० तुर्क] १. तुर्क जाति की स्त्री। † २. मुसलमान स्त्री।

तुरकिस्तान—पुं०=तुर्की (देश)।

तुरकी—वि० [फा०] तुर्क देश का।
पुं० पश्चिमी एशिया का एक प्रसिद्ध देश। तुर्की।
स्त्री० उक्त देश की भाषा।

तुरग—वि० [सं० तुर√गम् (जाना)+ड] तेज चलनेवाला।
पुं० १. घोड़ा। २. चित्त। मन।

तुरग-गंधा—स्त्री० [ब० स०, टाप्] अश्वगंधा। असगंध।

तुरग-बांधव—पुं० [मध्य० स०] एक दैत्य जो कंस के आदेशानुसार घोड़े का रूप धारण करके कृष्ण को मारने गया था।

तुरग-ब्रह्मचर्य—पुं० [ष० त०] वह ब्रह्मचर्य जो केवल स्त्री की अप्राप्ति के कारण चलता हो।

तुरगारोह—पुं० [सं० तुरग+आ√रुह् (चढ़ना)+अच्] अश्वारोही।

तुरगास्तरण—पुं० [सं० तुरग-आस्तरण, मध्य० स०] घोड़े की पीठ पर बिछाया जानेवाला कपड़ा। पलान।

तुरगी—स्त्री० [सं० तुरग+ङीप्] १. घोड़ी। २. [तुरग+अच्—ङीप्] अश्वगंधा या असगंध नाम की ओषधि।
पुं० [सं० तुरग+इनि] घुड़सवार।

तुरगुला—पुं० [देश०] १. कान में पहनने का झुमका। २. लटकन। लोलक।

तुरगोपचारक—पुं० [सं० तुरग-उपचारक, ष० त०] साईस।

तुरत†—अव्य०=तुरंत।

तुरतुरा—वि० [सं० त्वरा] [स्त्री० तुरतुरी] १. वेगवान्। तेज। २. जल्दबाज। ३. जल्दी-जल्दी या तेज बोलनेवाला।

तुरतुरिया—वि०=तुरतुरा।

तुरपई—स्त्री० [हिं० तुरपना] एक प्रकार की सिलाई। तुरपन।

तुरपन—स्त्री० [हिं० तुरपना] १. तुरपने की क्रिया या भाव। २. सीवन।

तुरपना—स० [हिं० तूर=नीचे+पर=ऊपर+ना (प्रत्य०)] १. सुई-धागे से बड़े बड़े और कच्चे टाँके लगाना। तोपे भरना या लगाना। २. सीना।

तुरपवाना—स० [हि० 'तुरपना' का प्रे०] तुरपने का काम किसी से कराना।

तुरपाना—स०=तुरपवाना।

तुरबत—स्त्री० [अ० तुर्बत] कब्र।

तुरम—पु० [सं० तूरम] तुरही।

तुरमती—स्त्री० [सु० तुरमता] एक प्रकार की शिकारी चिड़िया।

तुरमती—स्त्री० [देश०] नारियल की खोपड़ी रेतने की एक तरह की रेती।

तुरय*—पुं० [सं० तुरग] [स्त्री० तुरी] घोड़ा।

तुररा—पु०=तुर्रा।

तुरराला—वि० [फा० तुर्रा=खट्टा] १. तीखा। २. घायल करनेवाला। उदा०—करुनी सब्द है तुरसीले। —नारायण स्वामी।

तुरही—स्त्री० [सं० तूर] फूँककर बजाया जानेवाला एक तरह का लंबा बाजा।

तुरा†—पुं० [सं० तुरग] घोड़ा।
स्त्री० [सं० त्वरा] जल्दी। शीघ्रता।
†पुं०=तुर्रा।

तुराई—अव्य० [हिं० तुराना] १. आतुरतापूर्वक। २. जल्दी से।

तुराई—स्त्री० [सं० तूल=रूई, तूलिका=गद्दा] १. रुई भरा हुआ गुदगुदा बिछावन। गद्दा। तोशक। २ ओढ़ने की हलकी रजाई। दुलाई। दुलाई।

तुराद*—पुं० [सं० तुरग] घोड़ा। (डिं०)

तुराना*—अ० [सं० त्वर] १. आतुर होना। २. जल्दी मचाना।
†स०=तुड़ाना।

तुरायण—पु० [सं०√त्वर् (शीघ्रता)+क, तुर+फक्—आयन] चैत्र शुक्ल पंचमी और वैशाख शुक्ल पंचमी को होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ।

तुरावत—वि० [स० त्वरावत्] [स्त्री० तुरावती] वेगपूर्वक चलनेवाला।

तुरावान—वि०=तुरावत।

तुराषाह—पुं० [स० तुर√सह् (सहना)+णिच्+क्विप्, दीर्घ] इंद्र।

तुरास*—पुं० [सं० तुर] वेग।
क्रि० वि० १. वेगपूर्वक। २. जल्दी से।

तुरासाह—पुं०=तुराषाट्।

तुरिया*—वि०, स्त्री०=तुरीय।
स्त्री० दे० 'तोरिया'।

तुरी—स्त्री० [स० तुरगी] १ घोड़ी। २. घोड़े की लगाम।
पु० घुड़सवार।
स्त्री० [स० त्वरा] जल्दबाजी। शीघ्रता।
वि० स्त्री० जल्दी या तेज चलनेवाली।
स्त्री० [अ० तुर्रा] १. फूलों का गुच्छा। २ मोतियों, सूतों आदि का वह लच्छा जो शोभा के लिए पगड़ी आदि में लगाया जाता है। ३. जुलाहों की वह कूँची जिसमें वे ताने के सूत बराबर करते हैं।
स्त्री०=तुरही।

तुरी-यंत्र—पुं० [स०] वह यंत्र जिसके द्वारा सूर्य की गति जानी जाती है।

तुरीय—वि० [स० चतुर+छ—ईय, चलोप] चतुर्थ। चौथा।
स्त्री० १. वाणी का वह रूप या अवस्था जब वह मुँह से उच्चरित होती है। वैखरी। २ प्राणियों की चार अवस्थाओं में से अन्तिम अवस्था जो ब्रह्म में होनेवाली लीनता या मोक्ष है। (वेदान्त)
पु० निर्गुण ब्रह्म।

तुरीय-वर्ण—वि० [ब० स०] (व्यक्ति) जो चौथे वर्ण का अर्थात् शूद्र हो।
पु० शूद्र।

तुरुक—पु० तुर्क।

तुरुप—पुं० [अ० ट्रंप] कुछ विशिष्ट ताश के खेलों में वह रंग जो प्रधान मान लिया जाता है तथा जिसके छोटे से छोटा पत्ता दूसरे रंग के बड़े से बड़े पत्ते को काट या मार सकता है।
पु० [अ० ट्रंप=सेना] १ सेना की टुकड़ी या दस्ता। २. घुड़सवारों का रिसाला।

तुरुपना—स०=तुरपना।

तुरुष्क—पुं० [स० तुरुस्+कन्] १. तुर्किस्तान का रहनेवाला व्यक्ति। २. तुर्क देश में बसनेवाली जाति। तुर्क। ३. तुर्किस्तान या तुर्की देश। ४. उक्त देश का घोड़ा। ५ लोबान जो पहले उक्त देश से आता था।

तुरुष्क गौड़—पुं० तुरंग गौड़।

तुरुही†—स्त्री०=तुरही।

तुर्रे—पु० [सं० तुरग] घोड़ा। उदा०—जोबन तुरै हाथ हाथ गहि लीजै।—जायसी।

तुर्रेया—स्त्री०=तोरी।

तुर्क—पुं० [सं० तुरुष्क से तु०] १. तुर्किस्तान का निवासी। २. मुसलमान। ३. सैनिक।

तुर्क-चीन—पुं० [?] सूर्य।

तुर्कमान—पुं० [फा० तुर्क] १. तुर्क जाति का व्यक्ति। २. तुर्की घोड़ा जो बहुत बढ़िया होता है।

तुर्क-सवार—पुं० [फा० तुर्क+फा० सवार] घुड़सवार।

तुर्किन—स्त्री०=तुरकिन।

तुर्किनी—स्त्री०=तुरकिन।

तुर्किस्तान—पुं० [फा०] पश्चिमी एशिया का एक राज्य जहाँ तुर्क जाति रहती है।

तुर्की—वि० [फा०] तुर्किस्तान का। तुर्किस्तान में होनेवाला। जैसे—तुर्की घोड़ा।

पुं० १. तुर्किस्तान देश। २. तुर्किस्तान का घोड़ा।

स्त्री० १. तुर्किस्तान की भाषा। २. तुर्कों की-सी ऐंठ, शान या शेखी। अकड़।

मुहा०—(किसी को) तुर्की-बतुर्की जवाब देना=किसी के उग्र या तीव्र कथन या व्यवहार का वैसा ही उत्तर देना। (किसी की) तुर्की तमाम होना=अकड़, ऐंठ या घमंड नष्ट या समाप्त होना।

तुर्की टोपी—स्त्री० [हिं०] एक प्रकार की गोलाकार ऊँची या कुछ लंबी और फूँदनेदार टोपी जो पहले तुर्क लोग पहना करते थे।

तुर्कौरी—पुं० [सं०√तृप् (हिंसा करना)+अरी (बा०)] अंकुश का अगला नुकीला सिरा।

तुर्य—वि० [सं० चतुर+यत्, च का लोप] १. चौथा। २. चौगुना।

तुर्या—स्त्री० [सं० तुर्य+टाप्] प्राणियों की चार अवस्थाओं में से अन्तिम अवस्था जो ब्रह्म में होनेवाली लीनता या मोक्ष है। (वेदांत)

तुर्याश्रम—पुं० [सं० तुर्य-आश्रम, कर्म० स०] चौथा आश्रम। संन्यास।

तुर्रा—पुं० [अ० तुर्रः] १. घुँघराले बालों की लट जो इधर-उधर या माथे पर लटकती है। काकुल। २. कुछ पक्षियों के सिर पर की परों या बालों की चोटी। कलगी। ३. टोपी, पगड़ी आदि में खोंसा या लगाया जानेवाला पक्षियों का सुंदर पर, फूलों का गुच्छा अथवा बादले, मोतियों आदि का लच्छा। कलगी। गोशवारा। ४. किसी चीज या बात में होनेवाली ऐसी विलक्षण विशेषता जो उस चीज या बात को दूसरी चीजों या बातों से भिन्न और श्रेष्ठ सिद्ध करती हो।

विशेष—परिहास या व्यंग्य में इस शब्द का प्रयोग अनोखी असंबद्धता सूचित करने के लिए होता है। जैसे—जबरदस्ती हमारी किताब भी उठा के गये; तिस पर तुर्रा यह कि हमें ही चोर (या झूठा) बनाते हैं। ५. किसी चीज में लगाया हुआ सुंदर किनारा या हाशिया। ६. मकान का छज्जा। ७. कोड़ा। चाबुक।

मुहा०—तुर्रा करना=(क) कोड़ा या चाबुक मारना। (ख) उत्तेजित या प्रोत्साहित करना।

८. एक प्रकार की बुलबुल जो जाड़े भर भारतवर्ष के पूर्वीय भागों में रहती है, पर गरमी में चीन और साइबेरिया की ओर चली जाती है। ९. एक प्रकार का बटेर। बुलबुली। १०. जटाधारी या मुर्गकेश नाम का पौधा और उसका फूल। गुलतर्रा। ११. मुहर्रिर आदि का ऊपरी नुकीला भाग। कीलक।

वि० [फा०] अनोखा। विलक्षण।

पुं० [?] दूध, भाँग आदि का थोड़ा-थोड़ा करके लिया जानेवाला घूँट। (लव०)

मुहा०—तुर्रा चढ़ाना या जमाना=खूब डेर-सी भाँग पीना।

तुर्वसु—पुं० [स०] राजा ययाति का एक पुत्र जो देवयानी के गर्भ से उत्पन्न हुआ था और जिसने पिता के माँगने पर उसे अपना यौवन नहीं दिया था।

तुर्श—वि० [फा०] [भाव० तुर्शी] खट्टा।

तुर्शक—वि० [फा०] तीखे मिजाजवाला। कटु-भाषी।

तुर्शाई—स्त्री०=तुर्शी।

तुर्शाना—अ० [फा० तुर्श] खट्टा हो जाना।

स० खट्टा करना या बनाना।

तुर्शी—स्त्री० [फा०] १. तुर्श होने की अवस्था या भाव। अम्लता। खट्टापन। २. खटाई।

तुर्शीदंदाँ—स्त्री० [फा०] घोड़ों का एक रोग जिसमें उसके दाँतों पर मैल जमने लगती है।

तुर्स—वि०=तुर्श।

तुलक—पुं० [?] राज-मंत्री।

तुलन—पुं० [सं०√तुल् (तौलना)+ल्युट्—अन] तुलने या तौलने की अवस्था, क्रिया या भाव।

तुलना—अ० [हिं० तौलना का अ०] १. काँटे, तराजू आदि पर रखकर तौला जाना। २. भार या मान का हिसाब लगाया जाना या विचार होना। ३. उक्त प्रकार का विचार होने या हिसाब लगने पर किसी की बराबरी का या किसी के समान ठहरना। ४. किसी की बराबरी में होकर या उसके साथ अच्छी तरह मिलकर उसी के समान हो जाना। उदा०—सौकन ने पायजामा पहना है गुल-बदन का। फूलों में तुल रहा है, काँटा मेरे चमन का।—जाँनिसार। ५. किसी आधार पर इस प्रकार ठहरना कि आधार से बाहर निकला हुआ कोई भाग अधिक बोझ के कारण किसी ओर झुका न हो। ठीक अंदाज के साथ टिकना। जैसे—बाइसिकल पर तुलकर बैठना। ६. अस्त्र, शस्त्र आदि का इस प्रकार ठीक स्थान पर और ऐसे अन्दाज या हिसाब से स्थित होना कि वह लक्ष्य तक पहुँचकर अपना ठीक और पूरा काम करे। ७. कोई काम करने के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध या सन्नद्ध होना। जैसे—किसी के साथ झगड़ा करने पर तुलना।

संयो० क्रि०—जाना।

८. किसी चीज या बात का ठीक-ठीक अनुमान या कल्पना होना। ९. किसी चीज में पूरी तरह से भरा जाना।

अ० [हिं० तुलना का अ०] गाड़ी के पहिए का आँगा जाना या उसमें तेल दिया जाना। तुका जाना।

स्त्री० [सं०√तुल्+णिच्+युच्—अन, टाप्] १. दो या अधिक वस्तुओं के गुण, मान आदि के एक दूसरे के घट या बढ़कर होने का विचार। मिलान। तारतम्य। २. बराबरी। समता। ३. सादृश्य। ४. उपमा। ५. तौल। वजन। ६. गणना। गिनती।

तुलनात्मक—वि० [सं० तुलना-आत्मन्, ब० स०, कप्] जिसमें दो या कई चीजों के गुणों की समानता और असमानता दिखलाई गई हो।

जिसमें किसी के साथ तुलना करते हुए विचार किया गया हो। जैसे—कबीर और नानक का तुलनात्मक अध्ययन।

तुलनी—स्त्री० [सं० तुला] तराजू या काँटे की सूई में का दोनों तरफ का लोहा।

तुलनीय—वि० [सं०√तुल्+अनीयर्] तुलना किये जाने के योग्य। जिसकी या जिससे तुलना की जा सके।

तुलबुद्धी†—स्त्री० [अनु०] जल्दबाजी।

तुलवाई—स्त्री० [हिं० तौलवाना, तुलना] १. तौलाने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. दे० 'तुलाई'। ३. पहियों को आँगने या तूलने (उनमें तेल देने) का पारिश्रमिक या मजदूरी।

तुलवाना—स० [हिं० तौलना का प्रे० रूप] [स्त्री० तुलवाई] १. किसी को कुछ तौलने में प्रवृत्त करना। २. गाड़ी के पहिये की धुरी में तेल दिलाना। आँगवाना।

तुलसारिची—स्त्री० [सं० तुर√सृ (जाना)+णिनि—ङीप्, र—ल] तूमीर।

तुलसी—स्त्री० [सं० तुला√सो (नष्ट करना)+क—ङीप्, पररूप] १. एक प्रसिद्ध पौधा जो बहुत पवित्र माना गया है और जिसकी पत्तियाँ में तीक्ष्ण गंध होती है। यह काली और धौली दो प्रकार की होती है। २. उक्त पौधे की पत्ती जो अनेक प्रकार के रोगों की नाशक तथा कफ और पित्त तथा अग्नि प्रदीपक, हृदय को हितकारी, पित्त को बढ़ानेवाली मानी जाती है। ३. उक्त के बीज जो क्षार को कम करते तथा शुक्र को बढ़ा करते हैं।

पुं० गोस्वामी तुलसीदास (हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि)।

तुलसीचरा—पुं० [सं० तुलसी+हिं० चर] आँगन के मध्य का वह स्थान जहाँ कुछ हिंदू घरों में तुलसी के पौधे लगे होते हैं।

तुलसी दल—पुं० [ष० त०] तुलसी के पौधे का पत्ता। तुलसी पत्र।

तुलसीदाना—पु० [हिं० तुलसी+फा० दाना] एक तरह का आभूषण।

तुलसीदास—पु० [सं०] मध्यकाल के एक प्रसिद्ध सगुणोपासक भक्त कवि जिन्होंने रामचरितमानस, विनय पत्रिका आदि बारह ग्रंथ रचे थे।

तुलसी-द्वेष—स्त्री० [स० तुलसी√द्विष् (द्वेष करना)+अण्—टाप्] बन-तुलसी। बबरी। ममरी।

तुलसी पत्र—पुं० [ष० त०] तुलसी का पत्ता।

तुलसीबास—पुं० [हिं० तुलसी+बास=महक] एक तरह का अगहनी धान जिसका चावल सुगंधित होता है।

तुलसी-वन—पुं० [ष० त०] १. वह स्थान जहाँ पर तुलसी के बहुत अधिक पौधे हों। तुलसी का जंगल। २. वृंदावन।

तुला—स्त्री० [सं०√तुल् (तोलना)+अङ्—टाप्] १. सादृश्य का मिलान। तुलना। २. चीजों का भार तौलने का तराजू। काँटा। पद—तुला-दंड।

३. भार का मान। तौल। ४. अनाज नापने का बरतन। भाड़। ५. प्राचीन काल की एक तौल जो १०० पल या लगभग ५ सेर की होती थी। ६. ज्योतिष की बारह राशियों में से सातवीं राशि जिसके तारों की आकृति बहुत-कुछ तराजू की तरह होती है। ७. प्राचीन वास्तु कला में, खंभे का एक विशिष्ट अंश या विभाग। ८. दे० 'तुला-परीक्षा'।

तुलाई—स्त्री० [सं० तूल=रूई] कुछ छोटी, पतली और हलकी रजाई। दुलाई।

स्त्री० [हिं० तौलना] तौलने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

स्त्री० [हिं० तूलना या तुलाना] गाड़ी के पहियों को आँगने या धुरी में चिकना दिलवाने की क्रिया।

तुला-कूट—पुं० [ष० त०] १. इस प्रकार कोई चीज तौलना कि वह तुला पर अपने उचित तौल से कम चढ़े। तौलने में धोखेबाजी या बेईमानी करना। २. इस तरह तौलने में होनेवाली कमी या कसर। वि० [सं० तुला√कूट (निन्दा करना)+घञ्] तौल में कमी या कसर करनेवाला। डाँडी मारनेवाला।

तुला-कोटि—स्त्री० [ष० त०] १. तराजू की डंडी के दोनों छोर जिनमें पलड़े की रस्सी बँधी रहती है। २. प्राचीन काल की एक प्रकार की तौल या मान। ३. गणित में अर्बुद की संख्या। ४. घुँघरू। नूपुर।

तुला-कोश—पु० [ष० त०] तुला-परीक्षा। (दे०)

तुला-दंड—पुं० [ष० त०] तराजू की वह डंडी जिसके दोनों सिरों पर पलड़े बँधे रहते हैं।

तुलादान—पुं० [तृ० त०] अपने शरीर के भार के बराबर तौलकर दिया जानेवाला अन्न, वस्त्र आदि का दान।

तुलाधार—पुं० [स० तुला√धृ (धारण)+अण्] १. तुलाराशि। २. तराजू की वे रस्सियाँ जिनमें पलड़े बँधे रहते हैं। ३. वणिक्। बनिया। ४. एक प्रसिद्ध व्याध जिसने केवल माता-पिता की सेवा के बल पर मुक्ति पाई थी।

वि० तुला धारण करने अर्थात् तराजू से चीजें तौलने का काम करनेवाला।

तुलाना—अ० [हिं० तुलना=तौल में बराबर आना] १ किसी चीज का तौला जाना। २. तुल्य या समान होना। पूरा पड़ना या होना। ३. नष्ट या समाप्त हो जाना। उदा०—नाचहिं राकस आस तुलानी। —जायसी। ४. आ पहुँचना। उदा०—काल समय जब आनि तुलानी।—ध्रुवदास।

स० तुलवाना।

स० [हिं० तुलना] गाड़ी के पहियों में तेल डलवाना। आँगवाना।

तुला-पत्र—पुं० [ष० त०] वह पत्र जिसमें आय-व्यय तथा लाभ-हानि का लेखा लिखा रहता है। तल-पट। (बैलेन्स शीट)

तुला-परीक्षा—स्त्री०[तृ० त०] प्राचीन काल में होनेवाली एक तरह की परीक्षा जिससे यह जाना जाता था कि अभियुक्त दोषी है या निर्दोष।

तुला-पुरुष-कृच्छ्र—पु० [सं० तुला-पुरुष मध्य० स०, तुला पुरुष-कृच्छ्र, ष० त०] एक प्रकार का व्रत जिसमें पिण्याक (तिल की खली) भात, मट्ठा, जल और सत्तू में से प्रत्येक क्रमशः तीन तीन दिन तक खाकर पड़ह दिनों तक रहना पड़ता है।

तुला-पुरुष-दान—पु०[स० तुला-पुरुष, मध्य० स०, तुलापुरुष-दान, ष० त०] तुलादान।

तुला-बीज—पुं० [ष० त०] घुँघची के बीच।

तुलाभवानी—स्त्री० [सं०] शंकर दिग्विजय के अनुसार एक नदी और उसके किनारे बसी हुई नगरी का नाम।

तुला-मान—पुं० [ष० त०] १. वह मान जो तौलकर निश्चित किया

जाय। तौल कर निकाला हुआ भार या वजन। २. तराजू की डाँड़ी। ३. बटखरा। बाट।

तुला-यंत्र—पुं० [ष० त०] तराजू।

तुला-यष्टि—स्त्री० [ष० त०] तुला-दंड।

तुलावा—पुं० [हिं० तुलना] ठेले आदि के अगले भाग में टेक या सहारे के रूप में लगाई जानेवाली वह लंबी लकड़ी जिससे ठेले का अगला भाग कुछ ऊँचा उठा रहता है और पिछला भाग कुछ नीचे झुक जाता है।

तुला-सूत्र—पुं० [ष० त०] वह मोटी रस्सी जो तराजू की डंडी के बीच पिरोई रहती है और जिसे पकड़कर तराजू उठाते हैं।

तुलि—स्त्री० [सं० √तुर् (शीघ्रता)+इन्, र—ल] १. जुलाहों की कूँची। हत्थी। २. चित्रकारों की कूँची। कलम।

तुलिका—स्त्री० [सं० √तुल् (तोलना)+क्वुन्—अक, टाप्, इत्व] एक तरह की चिड़िया।

तुलित—वि० [सं० √तुल्+क्त] १ तुला हुआ। २. समान। बराबर।

तुलिनी—स्त्री० [सं० तूल+इनि—ङीप्, पृषो० ह्रस्व] शाल्मली वृक्ष। सेमर का पेड़।

तुलि-फला—स्त्री० [सं० ब० स०, पृषो० ह्रस्व] सेमर का पेड़।

तुली—स्त्री० [सं० तुलि+ङीप्?] छोटा तराजू। काँटा।

स्त्री० [?] १ तमाकू। २. सुरती का पत्ता।

स्त्री० =तुलि।

तुलुव—पुं० [?] उत्तर कनाडा का एक प्राचीन नाम।

तुलूली—स्त्री० [अनु० तुलतुल] द्रव पदार्थ की पतली किंतु बँधी हुई धार। जैसे—पेशाब की तुलूली।

क्रि० प्र०—बँधना।

तुल्य—वि० [सं० तुला+यत्] १. जो किसी की तुलना में समान हो। बराबर। २. अनुरूप। सदृश्य।

तुल्यता—स्त्री० [सं० तुल्य+तल्—टाप्] तुल्य होने की अवस्था या भाव। बराबरी। समता।

तुल्य-पान—पुं० [तृ० त०] छोटे-बड़े सब तरह के लोगों का एक साथ मिलकर मद्य आदि पीना।

तुल्य-प्रधान व्यंग्य—पुं० [सं० तुल्य-प्रधान, ब० स०, तुल्य-प्रधान-व्यंग्य, कर्म० स०] साहित्य में ऐसा व्यंग्य जिसमें वाच्यार्थ और व्यंग्यार्थ बराबर हों। गुणीभूत व्यंग्य का एक भेद।

तुल्ययोगिता—स्त्री० [सं० तुल्ययोगिन्+तल्—टाप्] साहित्य में एक अलंकार जिसमें अप्रस्तुत अथवा प्रस्तुत पदार्थों के किसी एक धर्म से युक्त या सम्बद्ध होने का उल्लेख होता है। जैसे—उस सुन्दरी की कोमलता को देखकर किस तरुण के हृदय में मालती के फूल, चन्द्रमा की कला और केले के पत्ते कठोर नहीं जँचने लगे।

तुल्ययोगी (गिन्)—वि० [सं० तुल्य√युज् (जोड़ना)+णिनि] समान संबंध रखनेवाला।

तुल्ल*—वि० =तुल्य।

तुव—सर्व० =तव (तुम्हारा)।

तुवर—वि० [सं० √तु (नष्ट करना)+ष्वरच्] १. कसैला। २. जिसे दाढ़ी और मूँछ न हो।

पुं० १. कषाय रस। कसैला स्वाद। २. जलाशयों के किनारे होनेवाला एक पेड़ जिसके बीज खाने से मादा पशुओं का दूध बढ़ता है। ३. अरहर।

तुवर-यावनाल—पुं० [सं० कर्म० स०] लाल जोंधरी या ज्वार।

तुवरिका—स्त्री० [सं० तुवर+ठन्—इक, टाप्] १. गोपीचंदन। २. अरहर।

तुवरी—स्त्री० [सं० तुवर+ङीष्] १. तुवरिका। (दे०) २. वैद्यक में एक तरह का तैल जो रक्त, विकार दूर करने तथा चर्म रोगों का नाशक माना जाता है।

तुवरीशिंब—पुं० [सं० ब० स०] चँकवड़ का पेड़। पवाँर।

तुवि—स्त्री० [सं० =तुम्बी, पृषो० सिद्धि] तूँबी।

तुशियार—पुं० [सं० तुष] एक तरह का झाड़ जिसकी छाल को बटकर रस्सियाँ आदि बनाई जाती है। पुरुनी।

तुष—पुं० [सं० √तुष्+क] १. अन्न-कण के ऊपर का छिलका। भूसी। २. अंडे के ऊपर का छिलका। ३. बहेड़े का पेड़।

तुषग्रह—पुं० [सं० तुष√ग्रह् (पकड़ना)+अप्] अग्नि। आग।

तुष-धान्य—पुं० [सं० मध्य० स०] ऐसा अन्न जिसके दानों के ऊपर छिलका रहता हो।

तुषसार—पुं० [सं० तुष√सृ (जाना)+अण्] अग्नि। आग।

तुषांबु—पुं० [सं० तुष-अंबु, ष० त०] एक तरह की कांजी। (वैद्यक)

वि० दे० 'तुषोदक'।

तुषाग्नि—स्त्री० [सं० तुष-अग्नि, ष० त०] तुषानल। (दे०)

तुषानल—पुं० [सं० तुष-अनल, ष० त०] १. भूसी की आग। घास-फूस की आग। करसी की आँच। २. उक्त प्रकार की वह आग जिसमें प्रायश्चित्त करने के लिए लोग जल मरते थे।

तुषार—पुं० [सं० √तुष् (प्रसन्न होना)+आरन्] १. हवा में उड़नेवाले वे जलकण जो जम जाने के फलस्वरूप जमीन पर गिर पड़ते हैं। पाला। २. लाक्षणिक रूप में, ऐसी बात जो किसी चीज को नष्ट कर दे। ३. बरफ। हिम। ४. एक प्रकार का कपूर। चीनिया कपूर। ५. हिमालय के उत्तर का एक प्राचीन प्रदेश जहाँ के घोड़े प्रसिद्ध थे। ६. उक्त प्रदेश में रहनेवाली एक जाति।

वि० बरफ की तरह ठंढा।

तुषार-कर—पुं० [सं० ब० स०] हिमकर। चंद्रमा।

तुषार-गौर—पुं० [सं० उपमि० स०] कपूर।

तुषार-मूर्ति—पुं० [ब० स०] चंद्रमा।

तुषार-पाषाण—पुं० [ष० त०] १. ओला। २. बरफ। हिम।

तुषार-रश्मि—पुं० [ब० स०] चंद्रमा।

तुषार-रेखा—स्त्री० [ष० त०] पर्वतों पर की वह कल्पित रेखा जिससे ऊपरवाले भाग पर बरफ बराबर जमा रहता है। (स्नो लाइन)

तुषारर्तु—स्त्री० [तुषार-ऋतु, ष० त०] जाड़े का मौसम। शीतकाल।

तुषारांशु—पुं० [तुषार-अंशु, ब० स०] चंद्रमा।

तुषाराद्रि—पुं० [तुषार-अद्रि, ष० त०] हिमालय पर्वत।

तुषित—पुं० [सं० √तुष् (प्रसन्न होना)+कितच् (बा०)] १. एक प्रकार के गण देवता जो संख्या में १२ हैं। २. विष्णु। ३. बौद्धों के अनुसार एक स्वर्ग।

तुषोत्थ—पुं० [सं० तुष-उद्√स्था (उठना)+क] तुषोदक। (दे०)

तुषोदक—पुं०[तुष-उदक, ष० त०]१. छिलके समेत कूटे हुए जौ को पानी में सड़ाकर बनाई हुई काँजी, जो वैद्यक में अग्नि को दीप्त करनेवाली मानी गई है। २ भूसी को सड़ाकर तैयार किया हुआ खट्टा जल।

तुष्ट—भू० कृ० [सं०√तुष्+क्त][भाव० तुष्टता]१. जिसका तोष या तृप्ति हो चुकी हो या कर दी गई हो। तृप्त। २. जो अपना अभीष्ट सिद्ध होने के कारण प्रसन्न हो गया हो।

तुष्टता—स्त्री०[सं० तुष्ट+तल्—टाप्]१. तुष्ट होने की अवस्था या भाव। २. संतोष। प्रसन्नता।

तुष्टना—अ०[सं० तुष्ट] तुष्ट होना।
स० तुष्ट करना।

तुष्टि—स्त्री०[सं०√तुष्+क्तिन्]१. तुष्ट होने की अवस्था या भाव। २. प्रसन्नता। ३. कंस का एक भाई।

तुष्टीकरण—पु०[सं०तुष्टि+च्वि, इत्व, दीर्घ,√कृ(करना)+ल्युट्—अन] किसी को तुष्ट या प्रसन्न करने की क्रिया या भाव। (एपीजमेंट)

तुस—पुं०[सं०=तुष, पृषो० सत्व] तुष (भूसी)।

तुसार—पुं०=तुषार।

तुसी—स्त्री०[सं० तुष] भूसी।

तुस्त—स्त्री०[सं० √तुस् (शब्द करना)+क्त]धूल। गर्द।

तुहफा†—पुं०=तोहफा।

तुहमत—स्त्री०=तोहमत।

तुहार—सर्व० हिं०'तुम्हारा' का भोजपुरी रूप।

तुहिं—सर्व०[हिं० तू+हिं(प्रत्य०)] तुझको। तुझे। (भोजपुरी)

तुहिन—पुं०[सं०√तुह् (पीड़ित करना)+इनन्] १. तुषार। पाला। २. बरफ। हिम। ३. चंद्रमा की चाँदनी। ४ ठंडक। शीतलता। ५. कपूर।

तुहिन-कर—पुं०[ष०त०]१. चंद्रमा। २. कपूर।

तुहिन-किरण—पुं०=तुहिन-कर।

तुहिन-गिरी—पुं०[ष०त०] हिमालय पर्वत।

तुहिन-शर्करा—पुं०[ष०त०] बरफ। हिम।

तुहिन-शैल—पु०=तुहिन-गिरि।

तुहिनांशु—पुं०[सं० तुहिन-अंशु, ब०स०] १. चंद्रमा। २. कपूर।

तुहिनाचल—पुं०[तुहिन-अचल, ष०त०] तुहिन-गिरि। (दे०)

तुहिनाद्रि—पुं०[तुहिन-अद्रि, ष० त०] तुहिन-गिरि। (दे०)

तुहें†—सर्व०=तुम्हें। (भोजपुरी)

तूँ—सर्व०=तू।

तूँगी†—स्त्री०[देश०]१. पृथ्वी। भूमि। २. नाव। नौका।

तूँबड़ा—पुं०=तूँबा।

तूँबना—स०=तूमना।

तूँबा—पुं०[सं० तुम्बक] [स्त्री० अल्पा० तूँबी]१. कड़ुआ गोल कद्दू। कड़ुई गोल घीया। तितलौकी। २. उक्त का सूखा हुआ वह रूप जिसके सहारे नदी-नाले आदि पार किये जाते है। ३. उक्त को सुखाकर और खोखला करके बनाया हुआ पात्र जो प्रायः साधु-संन्यासी और भिखमंगे अपने पास खाने-पीने की चीजें रखने के लिए रखते है।

पद—तूँबा पलटी या तूँबा फेरी=इधर की चीजें उठाकर उधर करना या एक की चीजें दूसरों को देना। चोरों, चालबाजों आदि का लक्षण।

उदा०—ऐसी तूमा-(तूँबा) पलटी के गुन नेति नेति स्तुति गावैं।—सत्यनारायण।

तूँबी—स्त्री०[हिं० तूँबा] १ छोटा तूँबा। २. उक्त का बना हुआ छोटा तूँबा या पात्र।

मुहा०—तूँबी लगाना=वात से पीड़ित या सूजे हुए स्थान का रक्त या वायु खींचने के लिए तूबी की विशिष्ट प्रकार की प्रक्रिया करना।

तू—सर्व० [सं० त्वम्] एक सर्वनाम जिसका प्रयोग मध्यम पुरुष एकवचन मे ऐसे व्यक्ति के लिए होता है जो अपने से बहुत छोटा, तुच्छ या हीन हो। जैसे—तू चुप रह।

मुहा०—तू तड़ाक या तू तुकार=किसी को तू कहकर उपेक्षा या तिरस्कारपूर्वक सबोधित करना। **तू-तू मैं-मैं करना** आपस में अशिष्टता पूर्वक कहा-सुनी, तकरार या हुज्जत करना।

विशेष—कुछ अवसरों पर इसका प्रयोग ईश्वर अथवा सर्वशक्तिमान् सत्ता के लिए भी होता है। जैसे—(क) हे ईश्वर, तू हम पर दया कर। (ख) हे राजन् तू यज्ञ कर।

पुं०[अनु०]कुत्तों, कौओं आदि को बुलाने का शब्द। जैसे—तू! तू! आओ।

तूअर—पु०[स० तूवरी]१ अरहर का पौधा। २ उक्त पौधे के बीज।

तूख†—पुं०[स० तुष-तिनका] दो पत्तों को (दोना या पत्तल बनाते समय) जोड़ने के लिए उनमें लगाई जानेवाली सीक। खरका।

तूखना—अ०[स० तोषण] तुष्ट होना।
स० तुष्ट करना।

तूझ—सर्व०[स० तुभ्यम्; प्रा० तुज्झं] तेरा। मेरे। उदा०—स्त्री पति कुण सुमति तूझ गुण जू नवति।—प्रिथीराज।

तूटना†—अ० टूटना।

तूठाना*—अ०[स० तुष्ट; प्रा० तुट्ठ]१ तुष्ट होना। तृप्त होना। अघाना। उदा०—मानि कामना सिद्ध जानि तूठे दुखहारी—रत्ना०। २. प्रसन्न होना।

तूण—पु०[स०√तूण् (पूरा करना)+घञ्]१ तीर रखने का चोंगा। तरकश। २ चामर वृत्त का दूसरा नाम।

तूणक—पुं०[स० तूण+कन्] एक प्रकार का छद जिसके चरणों में १५-१५ वर्ण होते है।

तूण-छेड़—पु०[स० ब०स०] बाण। तीर।

तूणव—पुं०[स० तूण+व] बाँसुरी।

तूणि—वि०[स०√तूण्(पूरा करना)+इन्] तेज या वेगपूर्वक चलने या कोई काम करनेवाला।
पुं० १. मन। २. श्लोक। ३. गर्द। ४. मल।

तूणी (णिन्)—वि०[स० तूण+इनि] तूण अर्थात् तरकशवाला।
स्त्री०[स० तूण+ङीप्]१ तरकश। निषंग। २. नील का पौधा। ३ एक प्रकार का वात-रोग जिसमे मूत्राशय के पास से दर्द उठकर गुदा और पेड़ू तक पहुँचता है।
†पु०[स० तूणीक] तूनी (वृक्ष)।

तूणीक—पुं०[स० तूणी√कै (शब्द करना)+क] तुन का पेड़।

तूणी-धर—पुं०[सं० ष०त०] तूण या तरकश रखनेवाला योद्धा।

तूणीर—पुं०[स०√तूण+ईरन्] तूण। तरकश। भाथा।

तूत—पुं० [सं० नूद] १. मँझोले आकार का एक प्रकार का पेड़ जिसके पत्ते पान की तरह तथा अनीदार होते हैं। २. उक्त पेड़ की मीठी फलियाँ जो फल के रूप में खाई जाती हैं। शहतूत।

तूतक—पुं० [सं०=तुत्थ, पृषो० सिद्धि] तूतिया। नीलाथोथा।

तूतिया—पुं० [सं० तुत्थ] ताँबे का क्षार या लवण जो कुछ नीले रंग का होता है और जिसे वैद्यक में ताँबे की उप-धातु कहा गया है। यह खानों में प्राकृतिक रूप में भी मिलता है और गंधक के तेजाब और ताँबे के योग से बनाया भी जाता है। नीलाथोथा। वैद्यक में यह वमनकारक और दस्तावर माना जाता है तथा रंगाई के काम में भी आता है।

तूती—स्त्री० [फा०] १. छोटी जाति का एक प्रकार का तोता जिसकी चोंच पीली, गरदन बैंगनी और पर हरे होते हैं। २. कनेरी नाम की छोटी सुन्दर चिड़िया। ३. मटमैले रंग की एक प्रकार की छोटी चिड़िया। जो बहुत मधुर स्वर में बोलती है। ४. बाँसुरी या शहनाई की तरह का एक प्रकार का पतला लंबा बाजा।

विशेष—उर्दूवाले यह शब्द उक्त अर्थों में प्रायः पुंलिंग बोलते हैं। यथा—जहाँ में है शरारत-पेशा जितने। उन्हीं का आज तूती बोलती है।—कोई शायर।

मुहा०—(किसी की) तूती बोलना=किसी की खूब चलती होना। किसी का खूब प्रभाव जमना।

कहा०—नक्कार खाने में तूती की आवाज कौन सुनता है=(क) बहुत भीड़-भाड़ या शोरगुल में कही हुई किसी साधारण आदमी की बात कोई नहीं सुनता। (ख) बड़े लोगों के सामने छोटों की कुछ नहीं चलती।

५. मिट्टी की एक प्रकार की छोटी टोंटीदार घरिया या पुरवा जिससे छोटे बच्चे पानी पीते हैं।

तू-तू मैं-मैं—स्त्री० [हिं०] आपस में अशिष्टतापूर्वक होनेवाली कहा-सुनी या झगड़ा।

तूद—पुं०=तूत (शहतूत)।

तूदह—पुं० = तूदा।

तूदा—पुं० [फा० तूदः] १. ढेर। राशि। २. सीमा का चिह्न जो पहले मिट्टी का ढेर खड़ा करके बनाया जाता था। ३. मिट्टी की वह ऊँची और बड़ी राशि या टीला जिस पर तीर, बन्दूक आदि चलाकर निशाना साधने का अभ्यास किया जाता है।

तून—पुं० [सं० तुन्नक] १. तुन का पेड़। दे० 'तुन'। २. तूल नाम का लाल रंग का कपड़ा।

†पुं० = तूण (तूणीर)।

तूना—अ० [हिं० चूना] १. तरल पदार्थ का बूँद-बूँद करके गिरना। चूना। टपकना। उदा०—रति रूप लुनाई तुई सीप रै।—प्रतापशाह। २. खड़ा या स्थिर न रहकर गिर पड़ना। ३. गर्भपात या गर्भ-स्राव होना।

तूनी—पुं० [सं० तूणी] एक तरह का बड़ा पेड़ जिसकी पत्ती नीम के पेड़ की तरह होती है और लकड़ी लाल रंग की और हलकी किंतु मजबूत होती है। तुन।

तूनीर*—पुं० = तूणीर (तरकश)।

तूफाँ—पुं० = तूफान।

तूफान—पुं० [अ०; चीनी ताई फू] १. वह बड़ी बाढ़ जो आस-पास की चीजों या स्थानों को डुबा दे। २. बहुत तेज चलनेवाली, विशेषतः समुद्र-तल पर उठने या चलनेवाली वह आँधी जिसके साथ खूब बादल गरजते और जोरों की वर्षा होती है। ३. ऐसा भीषण या विकट उत्पात या उपद्रव जिसमें या तो बहुत से लोग सम्मिलित हों या जिससे बहुतों की भारी हानि हो। भारी आफत, झंझट या बखेड़ा। जैसे—तुम तो जरा-सी बात में तूफान खड़ाकर देते हो।

क्रि० प्र०—उठाना।—खड़ा करना।

४. ऐसी बहुत अधिक चीख-पुकार या हो-हल्ला जिसे सुनकर आस-पास के लोग घबरा जायँ। ५. किसी पर लगाया जानेवाला झूठा कलंक या दोष। तोहमत।

मुहा०—तूफान जोड़ना या बाँधना=किसी पर झूठा आरोप करना या कलंक लगाना।

तूफानी—वि० [फा०] १. तूफान-सम्बन्धी। तूफान का। जैसे—तूफानी रात। २. तूफान की तरह का तेज या प्रबल और चारों ओर वेगपूर्वक फैलने या होनेवाला। जैसे—उन दिनों देश में कई बड़े-बड़े नेताओं के तूफानी दौरे हो रहे थे। ३. तूफान अर्थात् बहुत बड़ा उपद्रव या बखेड़ा खड़ा करनेवाला। जैसे—उसकी बातों में मत आना; वह बहुत बड़ा तूफानी है।

तूबर—पुं० [सं० तूवर] १. ऐसा बैल जिसके सिर पर सींग न हों। २. नपुंसक। हिजड़ा।

तूबरक—पुं० [सं० तूबर+कन्] नपुंसक। हिजड़ा।

तूबरी—स्त्री० [सं० तूबर+ङीष्] १. गोपी चंदन। २. अरहर।

तूमड़ी—स्त्री० [हिं० तूबाँ+ड़ी (प्रत्य०)] १. तूँबी। २. तूँबी से बनाया हुआ एक प्रकार का बाजा जो प्रायः सँपेरे बजाते हैं।

तूम-तड़ाक—स्त्री० [अनु० तूम+तड़क (भड़क)] १. तड़क-भड़क। २. व्यर्थ का दिखौआ आडंबर। ३. ठसक।

तूमना—स० [सं० स्तोम=ढेर+हिं० ना (प्रत्य०)] १. रूई आदि के पहल या रेशे नोचकर अलग-अलग करना। २. किसी चीज को काट-पीट कर उसके बहुत छोटे-छोटे टुकड़े करना। धज्जियाँ उड़ाना। ३. मसलना। ४. अच्छी तरह सारा रहस्य खोलना। ५. बहुत मारना पीटना। ६. गालियाँ आदि देते हुए पूरी दुर्दशा करना। उदा०—तरुन तरुन तन तूमत फिरत है।—देव। ७. इकट्ठा करना। चुनना। उदा०—सजा दे प्रिय पथ पर प्रति बार लजाती रहे स्नेह दल-तूम—निराला।

तूमरा—पुं० [स्त्री० तूमरी] =तूंबा।

तूमा—पुं० = तूंबा।

तूमार—पुं० [अ०] साधारण बात का होनेवाला व्यर्थ का विस्तार। बात का बंतगड़।

क्रि० प्र०—खड़ा करना।—बाँधना।

तूमारिया सूत—पुं० [हिं० तुमना+सूत] ऐसा महीन सूत जो तूमी हुई रूई से काता गया हो।

तूया—स्त्री० [देश०] काली सरसों।

तूरंत—पुं० [देश०] एक तरह का पक्षी।

तूर—पुं० [सं०√तूर् (ताड़न करना)+क] १. एक प्रकार का नगाड़ा। २. तुरही या नरसिंहा नाम का बाजा।

†स्त्री० [सं० तुवरि] १. अरहर का पौधा और उसके बीज। २. अनाज। अन्न। उदा०—पूर्वाषाढ़ा धूल किन उपजै साती तूर।—भड्डरी।

पुं० [अ०] शाम देश का एक प्रसिद्ध पर्वत जिसके संबंध में कहा जाता है कि हजरत मूसा को इसी पर अलौकिक प्रकाश दिखाई पड़ा था।

मुहा०—**तूर चमकना**=ज्ञान का प्रकाश दिखाई पड़ना।

स्त्री० [फा० तूल=लंबाई] १. गज-डेढ़ गज लंबी एक लकड़ी जो जुलाहों के करघे में लगी रहती है और जिसमें तानी लपेटी जाती है। लपेटनी। फनियाला। २. डोली, पालकी आदि पर डाले हुए परदे को यथा स्थान रखने के लिए उसके चारों ओर बाँधी जानेवाली रस्सी। चौबंदी।

स्त्री० [सं० तूल] १. कपास। २. रूई।

तूरज*—पुं० = तूर्य।

तूरण*—अव्य० [सं० तूर्ण] १. चट-पट। तुरंत। २. शीघ्र। जल्दी।

तूरण*—क्रि० वि० [सं० तूर्ण] १. चट-पट। तुरन्त। २. शीघ्र जल्दी।

तूरन*—पुं० = तूर्ण।

क्रि० वि०=तूरण।

तूरना†—पुं० [सं० तूर] तुरही।

†पुं० [?] एक प्रकार की चिड़िया।

†स० = तोड़ना। (पूरब) उदा०—मन तन वचन तजे तिन तूरी।—तुलसी।

†अ० =टूटना। उदा०—परिहैं तूरि लटी कटि ताकी। —नन्ददास।

तूरा—पुं० [सं० तूर] तुरही नामक बाजा।

तूरान—पुं० [फा०] मध्य एशिया; जो तुर्क, तातारी, मंगोल आदि जातियों का निवास स्थान है।

तूरानी—वि० [फा०] तूरान देश का। तूरान-संबंधी।

पुं० तूरान देश का निवासी।

स्त्री० १. तूरान देश की भाषा। २. उक्त भाषा की लिपि।

तूरी—स्त्री० [सं०√तूर्+अच्+ङीष्] धतूरे का पेड़।

तूर्ण—क्रि० वि० [सं०√त्वर् (शीघ्रता करना)+क्त, नत्व] शीघ्र। जल्दी।

वि० १. जल्दी या शीघ्रता करनेवाला। २. शीघ्रगामी। तेज।

तूर्णक—पुं० [सं० तूर्ण+कन्] सुश्रुत के अनुसार एक तरह का चावल।

तूर्त—अव्य० [सं०√त्वर्+क्त, ऊठ्] १. तुरंत। तत्काल। २. जल्दी। शीघ्र।

तूर्य—पुं० [सं० √तूर् (पूर्ण करना)+ण्यत्] १. तुरही या नरसिंहा नाम का बाजा। २. मृदंग।

तूर्य-खंड—पुं० [ष० त०] एक प्रकार का ढोल।

तूर्व—अव्य० [सं०√तुर्व् (हिंसा करना) +अच्, दीर्घ] तुरंत। शीघ्र।

तूल—पुं० [सं०√तूल् (पूर्ति करना) +क] १. आकाश। २. कपास, मदार, सेमल, आदि के डोडों के अंदर का धूआ जो रूई की तरह होता है। ३. शहतूत का पेड़। ४. धतूरा। ५. तृण की नोक।

पुं० [हिं० तून=एक पेड़ जिसके फूलों से कपड़े रंगे जाते हैं] १. सूती कपड़ा जो चटकीले रंग का होता था और पहले तूल के फूलों के रंग से रंगा जाता था। २. गहरा और चटकीला लाल रंग।

*वि० = तुल्य (समान)।

पु० [अ०] लंबाई के बल का विस्तार। लंबाई।

पद—**तूल व अर्ज** = लंबाई और चौड़ाई। **तूल-कलाम**=(क) लंबी-चौड़ी बातें। (ख) कहासुनी। **तूल-तवील** =बहुत लंबा-चौड़ा।

मुहा०—**(किसी बात का) तूल खींचना** किसी बात या कार्य का आवश्यकता से बहुत अधिक बढ़ जाना। **तूल देना**=व्यर्थ का विस्तार करना। **तूल पकड़ना**=तूल खींचना। (देखे ऊपर)

तूलक—पु० [सं० तूल+कन्] रूई।

तूल-कार्मुक—पु० [च० त०] १ इंद्र-धनुष। २. रूई धुनने की धुनकी।

तूल-चाप—पु० = तूल-कार्मुक।

तूलत—स्त्री० [हिं० तलना] जहाज की रेलिंग में लगी हुई एक खूँटी।

तूलता*—स्त्री० तुल्यता। (समता)

तूलना—स० [सं० तूलन या तुलना] गाड़ी के पहिए निकाल करके उनके भीतरी छेद में तेल डालना। औंगना।

*अ० [सं० तुलना] १. तौला जाना। २. किसी से होड़ लगाना। बराबर होने का प्रयत्न करना। उदा०—रंग न तेरो है कछू सुबरन रंग न तूनि।—दीनदयाल गिरि। ३. किसी के बराबर या समान होना। ४. किसी की बराबरी का या समान बनकर उसके संपर्क में या साथ रहना अथवा विचरण करना। उदा०—मंजुल रसातल की मंजरी के पुंजन में, पाय कै प्रसाद तहाँ गूँज गूँज तूलेहो।—प्रसाद। ५. तुलना करना। उपमा देना।

तूलम-तूल—अव्य० [अ० तूल = लंबा] १. लंबाई के बल। २. आमने सामने।

तूलवती—स्त्री० [सं० तूल+मतुप्—ङीप्] नील का पौधा।

तूल-वृक्ष—पु० [ष० त०] शाल्मली वृक्ष। सेमर का पेड़।

तूल-शर्करा—स्त्री० [ष० त०] कपास का बीज। बिनौला।

तूल-सेचन—पु० [ष० त०] रूई से सूत कातने का काम।

तूला—स्त्री० [सं० तूल+टाप्] १. कपास। २. दीए की बत्ती।

* वि० तुल्य।

तूलि—स्त्री० [सं०√तूल् (पूर्ति करना)+इन्] १. तकिया। २. चित्रकार की कूची। तूलिया।

तूलिका—स्त्री० [सं० तूलि+कन्—टाप्] १. हलकी रजाई। दुलाई। २. चित्र अंकित करने की कूँची।

तूलिनी—स्त्री० [सं० तूल+इनि—ङीष्] १. लक्ष्मण कंद। २. सेमल का पेड़।

तूलि-फला—स्त्री० [स० ब० स०] सेमर का पेड़।

तूली—स्त्री० [सं० तूलि+ङीष्] १ नील का पौधा। २. चित्रों आदि में रंग भरने की कूँची। उदा०—आज क्षितिज पर जाँच रहा है तूली कौन चितेरा।—महादेवी। ३. जुलाहों की कूँची जिससे वे ताने का फैला हुआ सूत ठीक जगह पर बैठाते हैं।

तूवर—पु० [सं० तु+वरच्, दीर्घ]=तूवरक।

तूवरक—पुं० [सं० तुवर+कन्] १. बिना सींग का बैल। बूँढ़ा।

२. बिना दाढ़ी-मूँछों का आदमी। ३. कषाय रस। ४ कसैला स्वाद। ५. अरहर।

तूवरिका—स्त्री० [सं० तूवरक+टाप्, इत्व] १. अरहर। २. गोपी चंदन।

तूवरी—स्त्री० [सं० तूवर+ङीष्] १. अरहर। २. गोपी चंदन।

तूष—पुं० [सं०√तूष् (सन्तोष करना)+अच्] किनारा (कपड़े का)।

तूष्णी—वि० [सं० तूष्णीम् (अव्य०)] मौन। चुप।
स्त्री० चुप्पी। मौन।

तूष्णीक—वि० [सं० तूष्णीम्+कन्, मकार-लोप] मौनावलम्बी। मौन रहनेवाला।

तूष्णीयुद्ध—पुं० [सं० कर्म० स०] वह युद्ध या होड़ जिसमें कौशल, षड्यंत्र आदि के द्वारा शत्रु पक्ष के मुख्य मुख्य लोगों को अपनी ओर मिलाने का प्रयत्न किया जाय।

तूस—पुं० [तिब्बती थोश] [वि० तूसी] १. एक प्रकार का बहुत बढ़िया और मुलायम ऊन जो काश्मीर से लेकर नैपाल तक की एक तरह की पहाड़ी बकरियों के शरीर पर होता है। पशम। २. उक्त ऊन का जमाया हुआ कंबल या नमदा। ३. उक्त ऊन की बुनी हुई बढ़िया चादर। पशमीना।
†पु०=तुष (भूसी)।

तूसदान—पु० [पुर्त्त० काटूश+दान (प्रत्य०)] कारतूस।

तूसना*—अ० [सं० तुष्ट] १. संतुष्ट होना। २. प्रसन्न होना।
स० १. संतुष्ट करना। २. प्रसन्न करना।

तूसा†—पुं० [सं० तुष] चोकर। भूसी।

तूसी—वि० [सं० तुष] धान के छिलके के रंग का।
पु० उक्त प्रकार का रंग। (हस्क)

तूस्त—पुं० [सं०√तुस् (शब्द करना)+तन् (दीर्घ)] १. धूल। रज। रेणु। २. किसी चीज का बहुत छोटा टुकड़ा। कण। ३. जटा। ४. धनुष।

तृक्ष—पु० [सं०√तृक्ष् (जाना)+अच्] कश्यप ऋषि।

तृक्षाक—पुं० [सं०√तृक्ष्+आकन्] एक प्राचीन ऋषि।

तृख—पुं० [सं०√तृष् (प्यासा होना)+क, पृषो० ष—ख] जातीफल। जायफल।

तृखा*—स्त्री०=तृषा।

तृजग*—वि०=तिर्यक्।

तृण—पुं० [सं०√तृह् (हिंसा करना)+क्न, हकारलोप] १. कुछ विशिष्ट प्रकार की वनस्पतियों की एक जाति या वर्ग जिसके कांड या पेड़ी में काठ या लकड़ीवाला अंश नहीं होता, गूदा ही गूदा होता है। इस वर्ग के पौधों में ऐसी लंबी-लंबी पत्तियाँ होती हैं जिनमें केवल लंबाई के बल नसें होती हैं। जैसे—ऊख, नरकट, सरकंडा आदि। २. घास या उसका डंठल।
मुहा०—(मुँह या दाँतों में) तृण गहना या पकड़ना=उसी प्रकार दीन-हीन बनकर सामने आना जिस प्रकार सीधी-सादी गौ मुँह में घास या उसका डंठल लिये हुए आती है। तृण गहाना या पकड़ाना=पूरी तरह से दीन और नम्र बनाकर वशीभूत करना। तृण तोड़ना=किसी सुंदर वस्तु को देखकर उसे बुरी नजर से बचाने के लिए तिनका तोड़ने का टोटका करना। (किसी से) तृण तोड़ना=सदा के लिए संबंध तोड़ना। (दे० 'तिनका' के अंतर्गत 'तिनका तोड़ना' मुहा०)
पद—तृणवत्=अत्यंत तुच्छ।

तृणक—पु० [सं० तृण+कन्] तृण। घास।

तृण-कर्ण—पु० [ब० स०] एक ऋषि।

तृणकीया—स्त्री० [सं० तृण+छ—ईय, कुक्, टाप्] ऐसी जमीन जहाँ घास उगी हुई हो।

तृण-कुंकुम—पुं० [मध्य० स०] एक सुगंधित घास। रोहिश घास।

तृणकुटी—स्त्री० [मध्य० स०] घास-फूस की बनी हुई कुटिया या झोंपड़ी।

तृण-कूर्म—पुं० [मध्य स०] गोल कद्दू।

तृण-केतु—पुं० [स० त०] १. बाँस। २. ताड़।

तृणकेतुक—पुं० [सं० तृणकेतु+कन्] तृण-केतु।

तृण-ग्रंथी—स्त्री० [ब० स०,+ङीष्] स्वर्ण जीवती।

तृणा-ग्राही (हिन्)—पुं० [सं० तृण√ग्रह् (पकड़ना)+णिनि] १. नीलम। २. कहरुवा।

तृणचर—वि० [सं० तृण√चर् (गति)+अच्] तृण चरनेवाला।
पुं० १. पशु। २. गोमेदक मणि।

तृण-जलायुका—पुं० [मध्य० स०] तृण-जलौका। (दे०)

तृण-जलौका—पुं० [मध्य० स०] एक तरह की जोंक।

तृण-ज्योतिष—पु० [स० त०] ज्योतिष्मती लता।

तृण-द्रुम—पुं० [उपमि० स०] १. ताड़ का पेड़। २. सुपारी का पेड़। ३. खजूर का पेड़। ४. नारियल का पेड़। ५. हिंताल। ६. केतकी का पौधा।

तृण-धान्य—पुं० [मध्य० स०] १. तिन्नी या धान का चावल। २. साँवा।

तृण-ध्वज—पुं० [स० त०] १. बाँस। २ ताड़ का पेड़।

तृण-निंब—पुं० [मध्य० स०] चिरायता।

तृणप—पुं० [सं० तृण√पा (रक्षा करना)+क] एक गंधर्व का नाम।

तृण-पत्रिका—स्त्री० [ब० स०, कप्, टाप्, इत्व] इक्षुदर्भ नामक तृण।

तृण-पत्री—स्त्री० [ब० स०, ङीष्]=तृण-पत्रिका।

तृण-पीड़—पुं० [ब० स०] आपस में होनेवाला गुत्थम-गुत्था या हाथा-पाई।

तृण-पुष्प—पुं० [ष० त०] १. गठिवन। २. सिन्दूर पुष्पी।

तृण-पूली—स्त्री० [ब० स०, ङीष्] घास-फूस या नरकट की चटाई।

तृण-बीज—पुं० [ब० स०] साँवाँ।

तृण-मणि—पुं० [मध्य० स०] तृण को अपनी ओर आकृष्ट करनेवाला एक तरह के गोंद का डला। कहरुवा। कपूरमणि।
विशेष—प्राचीन साहित्यकारों ने इसे पत्थर माना था।

तृणमय—वि० [सं० तृण+मयट्] [स्त्री० तृणमयी] घास-फूस का बना हुआ।

तृणवत्—वि० [सं० तृण+वति] जिसका महत्त्व तृण के समान कुछ भी न हो अर्थात् नगण्य। तुच्छ।

तृणराज—पुं० [ष० त०] १. खजूर का पेड़। २. नारियल का पेड़। ३. ताड़ का पेड़।

तृण-मूल—पुं० =तृण-मूल ।

तृण-राजा—स्त्री० [ष० त०] १. घास का बिछौना । २. चटाई ।

तृणवीरुध—पुं० [स० त०] १. रोहिस घास, जिसमें से नीबू की-सी सुगंध आती है। २. जल-पिप्पली ।

तृण-शून्य—वि० [तृ० त०] जिसमें तृण न हो। तृण से रहित । पुं० १. चमेली । मल्लिका । २. केतकी ।

तृण-सूची—स्त्री० [ब० स०, ङीप्] एक प्रकार की लता ।

तृणसोमक—पुं० [सं० तृण√सूद् (सूखना)+णिच्+ण्वुल्—अक] एक प्रकार का साँप ।

तृण-हदयद—पुं० [उपमि० स०] बरें। भिड़ ।

तृण-संवाहु—पुं० [सं० तृण-सम्√वह् (ढोना)+णिच्+अच्] वायु। हवा ।

तृण-सारा—स्त्री० [ब० स०, टाप्] कदली। केला ।

तृण-सिंह—पुं० [स० त०] कुठार । कुल्हाड़ा ।

तृण-स्पर्श-परीषह—पुं० [ष० त०] दर्भादि कठोर तृणों को बिछाकर उन पर सोने का व्रत । (जैन)

तृण-हर्म्य—पुं० [मध्य० स०] कुटिया। झोंपड़ी ।

तृणांजन—पुं० [तृण-अंजन, उपमि० स०] एक तरह का गिरगिट ।

तृणाग्नि—स्त्री० [तृण-अग्नि, मध्य० स०] तृणानल । (दे०)

तृणाद्य—पुं० [तृण-आद्य, स० त०] एक तरह का तृण जो औषध के काम में आता है। पर्वतृण ।

तृणान्न—पुं० [तृण-अन्न, ष० त०] सिन्नी का जंगली धान ।

तृणाम्ल—पुं० [तृण-अम्ल स० त०] लोनिया नामक घास ।

तृणारणिमणि न्याय—पुं० [तृण-अरणि मणि, द्व० स०, तृणारणिमणि-न्याय, ष० त०] तर्क-शास्त्र में तृण, अरणी और मणि की तरह का स्पष्ट निर्देशन ।

विशेष—इन तीनों चीजों से आग जलाई जाती है परन्तु इन तीनों के जलाने के ढंग अलग-अलग हैं।

तृणावर्त्त—पुं० [सं० तृण+आ+वृत् (घूमना)+णिच्+अच्] १. बवंडर। चक्रवात। २. एक दैत्य जिसे कंस ने कृष्ण को मार डालने के लिए गोकुल भेजा था।

तृणेंद्र—पुं० [तृण—इंद्र, उपमि० स०] ताड़ का पेड़।

तृणोत्तम—पुं० [तृण-उत्तम, स० त०] ऊलल तृण। उखर्वल ।

तृणोद्भव—पुं० [सं० तृण+उद्√भू (उत्पन्न होना)+अच्] तिन्नी (धान)।

तृणोल्का—स्त्री० [तृण—उल्का, मध्य० स०] घास-फूस की बनी हुई मशाल।

तृणौक (स्)—पुं० [तृण—ओकस्, मध्य० स०] घास-फूस की झोंपड़ी।

तृतीयक—पुं० [तृण-औषध, मध्य० स०] एलुवा।

तृप्ता—स्त्री० [सं० तृप+य—टाप्] तृणों अर्थात् घास-पात का ढेर।

तृतीय—वि० [सं० त्रि+तीय (सम्प्रसारण)] जो क्रम संख्या, महत्त्व आदि के विचार से दूसरे के बाद का हो। तीसरा।

तृतीयक—पुं० [सं० तृतीय+कन्] वह ज्वर जो हर तीसरे दिन आता हो। तिजारी ।

तृतीय-प्रकृति—स्त्री० [कर्म० स०] पुंलिंग और स्त्री लिंग से भिन्न और तीसरा अर्थात् नपुंसक । हिजड़ा ।

तृतीय-सवन—पु० [कर्म० स०] अग्निष्टोम आदि यज्ञों का तीसरा सवन जिसे सांय सवन भी कहते हैं। दे० 'सवन'।

तृतीयांश—पु० [तृतीय-अंश, कर्म० स०] तीसरा उपांश या भाग। तिहाई।

तृतीया—स्त्री० [सं० तृतीय+टाप्] १. चांद्रमास के प्रत्येक पक्ष का तीसरा दिन। तीज। २ व्याकरण में, करण कारक या उसकी विभक्ति की संज्ञा।

तृतीया प्रकृति—वि० [सं०] नपुंसक। हिजड़ा।

तृतीयाश्रम—पु० [तृतीय-आश्रम, कर्म० स०] चार आश्रमों में से तीसरा आश्रम। वानप्रस्थ ।

तृतीयी (यिन्)—वि० [सं० तृतीय+इनि] तीन बराबर भागों में से एक का हकदार।

तृन†—पु० =तृण ।

तृपत्—पु० [स०√तृप् (प्रसन्न करना)+अति] चंद्रमा ।

तृपति†—स्त्री० =तृप्ति ।

तृपल—पु० [स०√तृप्+कलच्] १ उपल। २. पत्थर।

तृपला—स्त्री० [सं० तृपल+टाप्] १ लता। बेल। २. त्रिफला।

तृपित†—वि० =तृप्त ।

तृपिता*—स्त्री० =तृप्ति ।

तृपिताना—अ० [हि० तृपित, स० तृप्त] तृप्त होना। म० तृप्त करना।

तृप्त—वि० [स०√तृप्+क्त] १. जो अपनी आवश्यकता पूरी हो जाने पर संतुष्ट हो चुका हो। २ अघाया हुआ। ३. प्रसन्न।

तृप्ताना*—अ० [स० तृप्त] तृप्त होना। स० तृप्त करना ।

तृप्ति—स्त्री० [सं०√तृप्+क्तिन्] आवश्यकता अथवा इच्छा की पूर्ति हो जाने पर होनेवाली मानसिक शान्ति या मिलनेवाला आनंद ।

तृप्र—पु० [स०√तृप्+रक्] १. घी। घृत। २. पुरोडाश । वि० तृप्त करनेवाला।

तृफला—स्त्री० =त्रिफला ।

तृषा—स्त्री० [स०√तृष् (लालच करना)+क्विप्—टाप्] [वि० तृषित, तृष्य] १. पानी अथवा कोई तरल पदार्थ पीने की आवश्यकता से उत्पन्न होनेवाली इच्छा। प्यास। २ अभिलाषा। इच्छा। ३. लालच। लोभ। ४. कलिहारी नाम की वनस्पति।

तृषातुर—वि० [तृषा-आतुर] तृषा से आतुर या विकल। बहुत अधिक प्यासा।

तृषा-द्रुम—पु० [मध्य० स०] वह वृक्ष जिसमें से प्यास बुझाने का साधन अर्थात् जल मिलता हो। जैसे—नारियल, ताड़ आदि।

तृषाभू—स्त्री० [ष० त०] पेट में जल रहने का स्थान। (क्लोम)

तृषालु—वि० [सं०√तृष् (प्यास लगना)+आलुच्] बहुत अधिक प्यासा। तृषित ।

तृषावंत—वि० [सं० तृषावान्] प्यासा।

तृषावान् (वत्)—वि० [सं० तृषा+मतुप्] प्यासा।

तृषा-स्थान—पु० [ष० त०] पेट के अन्दर का वह स्थान जहाँ जल रहता है। (क्लोम)

तृषाहा—स्त्री० [सं० तृषा√हन् (मारना)+ड—टाप्] सौंफ।

तृषित—वि० [सं० तृषा+इतच्] १. प्यासा। २. विशेष इच्छा या कामना रखनेवाला। ३. घबराया हुआ। विकल। उदा०—कुआर मास तन तृषित घाम से कातिक चहुँदिसि दियरी बराई।—लोक-गीत।

तृषितोत्तरा—स्त्री० [तृषित-उत्तर, ब० स०, टाप्] पटसन।

तृष्णा—स्त्री० [सं०√तृष्+न—टाप्] १. प्यास। तृषा। २. लाक्षणिक अर्थ में, मन में होनेवाली वह प्रबल वासना जो बहुत कुछ विकल रखती हो और जिसकी सहज में तृप्ति न होती हो। ३. प्रायः अधिक समय तक बनी रहनेवाली कामना।

तृष्णारि—पुं० [तृष्णा-अरि, ष० त०] पित्त-पापड़ा जिसके सेवन से रोगी को प्रायः लगनेवाली प्यास बहुत-कुछ कम हो जाती है।

तृष्णालु—वि० [सं० तृष्णा+आलु] १. तृषित। प्यासा। २. लालची। लोभी।

तृष्य—पुं० [सं०√तृष् (लालच करना)+क्यप्] १. लालच। लोभ। २ तृषा। प्यास।

वि० लोभ उत्पन्न करने वाला।

तृसालवाँ†—वि० [सं० तृषालु] प्यासा। तृषित।

तृस्ना—स्त्री०=तृष्णा।

तें*—अव्य० [सं० तस् (प्रत्य०)] १. द्वारा। २. से अधिक या बढ़कर। उदा०—चपला तें चमकत अति फारी, कहा करौगी श्यामहिं।—सूर। ३. किसी समय या स्थान से।

तेंतरा—पुं० [देश०] बैलगाड़ी में फड़ के नीचे की लकड़ी।

तेंतालीस—वि० [सं० त्रिचत्वारिंशत्; प्रा० तिचत्तालीसा] जो गिनती या संख्या में चालिस से तीन अधिक हो।

पुं० उक्त के सूचक अंक या संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है।—४३।

तेंतालिसवाँ—वि० [हिं० तेंतालिस+वाँ (प्रत्य०)] क्रम में तेंतालिस के स्थान पर पड़ने या होनेवाला।

तेंतिस—वि० [सं० त्रयस्त्रिंशत्; पा० तितिंसति; प्रा० तितीसा] जो गिनती में तीस से तीन अधिक हो।

पुं० उक्त की सूचक संख्या जो अंकों में इस प्रकार लिखी जाती है—३३।

तेंतिसवाँ—वि० [हिं० तेंतिस+वाँ (प्रत्य०)] जो क्रम या गिनती में तेंतिस के स्थान पर पड़े।

तेंदुआ—पुं० [देश०] चीते की जाति का एक हिंसक पशु।

तेंदुस—पुं० [सं० टिंडिश] डेंडसी नामक पौधा और उसका फल।

तेंदू—पुं० [सं० तिंदुक] १. ऊँचे कद का एक प्रसिद्ध वृक्ष जिसके पत्ते शीशम की तरह गोल, नोकदार और चिकने होते हैं और लकड़ी काली और बहुत मजबूत होती है। आबनूस। २. उक्त पेड़ का फल जो नींबू के आकार का होता है और वैद्यक में वातकारक माना गया है। ३. एक तरह का तरबूज। (पश्चिम)

ते—विभ० [हिं०] से।

सर्व०= [सं० तद् का बहु०] वे (वे लोग)।

तेइ*—सर्व० [सं० ते] वे लोग ही।

तेइस—वि०, पुं०=तेईस।

तेइसवाँ—वि०=तेईसवाँ।

तेईस—वि० [सं० त्रिविंशति; पा० तेवीसति; प्रा० तेवीस] गिनती में बीस से तीन अधिक। बीस और तीन।

पुं० उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—२३।

तेईसवाँ—वि० [हिं० तेईस+वाँ (प्रत्य०)] गिनती के क्रम में बाईस के बाद तेईस पर स्थान पर पड़नेवाला।

तेखना*—अ० [हिं० तेहा] क्रुद्ध होना।

तेखी—वि०=क्रोधी।

तेग—स्त्री० [अ० तेग़] तलवार।

तेगा—पुं० [अ० तेग़] १. खड्ग या खाँडा नाम का अस्त्र। २. दरवाजे, मेहराब आदि के बीच का खाली स्थान बन्द करने या भरने के लिए उसमें ईंट, पत्थर आदि की जोड़ाई करके भरने की क्रिया। ३. दे० 'कमरतेगा' (कुश्ती का पेंच)।

तेज—पुं० [सं० तेजस्] १. पाँच महाभूतों में से अग्नि या आग नामक महाभूत। २. गरमी। ताप। ३. कोई ऐसी तीव्रता या प्रभावकारक विशेषता जिसके सामने ठहरना या जिसे सहना कठिन हो। जैसे—महात्माओं के चेहरे पर एक विशेष प्रकार का तेज होता है। ४. प्रताप। ५. पराक्रम। बल। ६. कांति। चमक। ७. तत्त्व। सार। ८ वीर। ९. पित्त। १०. लज्जा। ११. सत्त्व गुण से उत्पन्न लिंग शरीर। १२. घोड़ों आदि के चलने की तेजी या वेग। १३. सोना। स्वर्ण। १४. नवनीत। मक्खन।

वि० [सं० तेजस् से फा० तेज] १. ऐसा उग्र, प्रबल या विकट जिसे सहना कठिन हो। जैसे—तेज धूप। २. जिसकी गति में बहुत अधिक वेग हो। शीघ्रगामी। जैसे—तेज घोड़ा, तेज हवा। ३. जिसकी धार बहुत चोखी या पैनी हो। जैसे—तेज चाकू। ४. जिसका स्वाद बहुत चरपरा, झालदार या तीखा हो। जैसे—तेज मिर्च। ५. जिसमें कोई काम बहुत अच्छी तरह और जल्दी करने की विशेष बुद्धि, योग्यता या सामर्थ्य हो। जैसे—पढ़ने-लिखने में तेज लड़का। ६. बहुत जल्दी और यथेष्ट प्रभाव उत्पन्न करनेवाला। जैसे—तेज दवा। ७. बहुत अधिक या बढ़-चढ़कर बोलनेवाला। जैसे—उनकी औरत बहुत तेज है। ८. जिसमें चंचलता या चपलता की अधिकता हो। जैसे—यह बच्चा अभी से बहुत तेज है। ९. जिसका दाम या भाव अपेक्षया अधिक हो या पहले से बढ़ गया हो। जैसे—आज-कल अनाज और कपड़ा बहुत तेज हो गया है।

तेजक—पुं० [सं०√तिज् (क्षमा करना)+ण्वुल्—अक] १. मूँज। २. सरपत।

तेजग*—वि०=तेज।

तेजधारी—वि० [सं० तेजोधारिन्] (व्यक्ति) जिसके चेहरे पर तेज हो। तेजस्वी।

तेजन—वि० [सं०√तिज्+णिच्+ल्यु—अन] १. तेज उत्पन्न करनेवाला। २. दीप्त करनेवाला। ३. जल्दी जलने या जलानेवाला।

पुं० १. बाँस। २. सरपत। ३. मूँज।

तेजनक—पुं० [सं० तेजन+कन्] शर। सरपत।

तेजना*—स० [हिं० तजना] छोड़ देना। त्यागना। उदा०—तेजि अहं गुरु-चरन गहु जम से बाचें जीव।—कबीर।

तेजनाख्य—पुं० [सं० तेजन-आख्या, ब० स०] मूँज।

तेजनी—पुं० [सं० तेजन+ङीप्] १. मूर्वा लता। २. मालकंगनी। ३. चव्य। चाव। ४. तेजबल।

तेजपत्ता—पुं०[सं० तेजपत्र] १. दारचीनी की जाति का एक पेड़ जिसकी पत्तियाँ दाल, तरकारी आदि में मसाले की तरह डाली जाती हैं।
२. उक्त वृक्ष का पत्ता जो बैद्यक में बवासीर, हृदयरोग, पीनस आदि को दूर करनेवाला माना गया है।

तेजपत्र—पुं० [सं० √ तिज् (सहन) + णिच्+अच्, तेज-पत्र, ब० स०] तेजपत्ता। तेजपात।

तेजपात—पुं०=तेजपत्ता।

तेजबल—पुं० [सं० तेजोवती] १. एक तरह की लता जिसकी छाल लाल रंग की होती है और बीज काली मिरच की तरह के होते हैं जो दवा के काम आते हैं। २. उक्त वृक्ष की छाल और बीज जो सुगंधित होते हैं।

तेजल—पु० [सं०√तिज् (सहना)+कलच्] चातक। पपीहा।

तेजवंत—वि०=तेजवान्।

तेजवान्—वि० [सं० तेजोवान्] [स्त्री० तेजवती] १. जिसमें तेज हो। तेज से युक्त। तेजस्वी। २. वीर्यवान्। ३. बलवान्। शक्तिशाली। ४. कांतिमान्। चमकीला।

तेजस्—पुं० [सं०√तिज् (सहना)+असुन्] दे० 'तेज'।

तेजस्-चिकित्सा—स्त्री० [तृ० त०] दे० 'रश्मि चिकित्सा'।

तेजस्वी—वि० [हिं० तेजस्वी] जिसमें तेज हो। तेजस्वी।

तेजस्कर—वि० [सं० तेजस्√कृ (करना)+ट] तेज को प्रदीप्त करने या बढ़ानेवाला। तेज उत्पन्न करनेवाला।

तेजस्काम—वि० [सं० तेजस्√कम् (चाहना)+अण्] शक्ति या प्रताप की कामना करनेवाला।

तेजस्क्रिय—वि० [सं० ब० स०] (वह पदार्थ) जिसमें से तेज निकलकर दूसरे पदार्थों को प्रभावित करता हो। (रेडियो-एक्टिव)

तेजस्क्रियता—स्त्री० [सं० तेजस्क्रिय+तल्—टाप्] कुछ विशिष्ट मौलिक तत्त्वों या पदार्थों में निहित वह विद्युत् शक्ति जो विशेष अवस्थाओं में तेज या रश्मि के रूप में बाहर निकलकर दूसरे पदार्थों पर प्रभाव डालती है। (रेडियो एक्टिविटी)

तेजस्वत्—वि० [सं० तेजस्+मतुप् (वत्व)] तेजस्वी।

तेजस्वान्—वि० [सं० तेजस्वत्] तेजस्वी।

तेजस्विता—स्त्री० [सं० तेजस्विन्+तल्—टाप्] तेजस्वी होने की अवस्था, गुण या भाव।

तेजस्विनी—स्त्री० [सं० तेजस्विन्+ङीप्] मालकंगनी।

तेजस्वी (स्विन्)—वि०[सं० तेजस्+विनि] [स्त्री० तेजस्विनी] १.जिसमें यथेष्ट तेज हो। २. जिसके बल, बुद्धि, वैभव आदि का दूसरों पर यथेष्ट प्रभाव पड़ता हो। प्रतापी।
पुं० इंद्र के एक पुत्र का नाम।

तेजा—पुं० [फा० तेज] १. एक प्रकार का काला रंग जिससे कपड़ा रंगनेवाले रंगरेज मोरपंखी रंग बनाते हैं। २. चीजों का दाम तेज या बढ़ा हुआ होने की अवस्था या भाव। तेजी।

तेजाब—पुं० [फा०] [वि० तेजाबी] एक तरह के रासायनिक खट्टे तरल पदार्थ जो जल में घुलनशील होते हैं और जो नीले शेवलपत्र को लाल कर देते हैं। अम्ल। (एसिड)

तेजाबी—वि० [फा०] १. तेजाब-संबंधी। २. जिसमें तेजाब मिला हुआ हो। ३. तेजाब की सहायता से तैयार किया, बना या साफ किया हुआ। जैसे—तेजाबी सोना।

तेजाबी सोना—पुं० [फा० तेजाबी+हिं० सोना] वह सोना जो पुराने गहनों को गलाकर और तेजाब की सहायता से अच्छी तरह साफ करके तैयार किया जाता है।

तेजायन—पु० [सं० तेज+आयतन] तेज का भंडार। परम तेजस्वी। उदा०—घोर तेजायतन घोर राशी।—तुलसी।

तेजारत† —स्त्री०=तिजारत।

तेजारती† —वि०=तिजारती।

तेजिका—स्त्री० [सं० तेजक+टाप्, इत्व] मालकंगनी।

तेजित—वि० [सं०√तिज् (सहना)+णिच्+क्त] १. तेज से युक्त किया हुआ। २. उत्तेजित।

तेजिनी—स्त्री० [स०√तिज्+णिच्+णिनि—ङीप्] तेजबल।

तेजिष्ठ—वि० [सं० तेजस्विन्+इष्ठन्] तेजस्वी।

तेजी—स्त्री० [फा० तेज] १. तेज होने की अवस्था, क्रिया, गुण या भाव। २. उग्रता। प्रचंडता। ३. तीव्रता। प्रबलता। ४. गति आदि में होनेवाली शीघ्रता। ५. चीजों की दर या भाव में होनेवाली असाधारण या विशिष्ट वृद्धि। महँगी। 'मन्दी' का विपर्याय।

तेजोज—पु० [सं० तेजस्√जन् (उत्पन्न होना)+ड] रक्त। खून।

तेजोजल—पुं० [स० तेजस्-जल, ष० त०] आँख का वह ऊपरी अर्द्ध गोलाकार भाग जो शीशे के ताल की तरह जान पड़ता है। (लेंस)

तेजोन्वेष—पुं० [सं० तेजस्-अन्वेष, ष० त०] एक प्रकार का बहुत बड़ा वैज्ञानिक यंत्र जिसकी सहायता से परावर्तित ध्वनि-तरंगों के आधार पर यह जाना जाता है कि आकाश अथवा स्थल में किस दिशा में और कितनी दूरी पर अन्य आकाशयान जल-यान अथवा सैनिक महत्व के संघटन स्थित हैं, अथवा कोई आकाशयान या जलयान किधर से आ रहा है या किधर जा रहा है। (राडार)

तेजोबल—पुं० [सं० तेजस्—बल, ब० स०] एक तरह का कँटीला जंगली पेड़ जिसका छिलका दवा और मसाले के काम आता है।

तेजोभंग—पुं० [सं० तेजस्-भंग, ष० त०] अपमान। बेइज्जती।

तेजोभीरु—स्त्री० [सं० तेजस्-भीरु, ष० त०] छाया।

तेजोमंडल—पुं० [सं० तेजस्-मंडल, ष० त०] सूर्य, चंद्रमा आदि आकाशीय पिंडों के चारों ओर का मंडल। छटा मंडल। भा-मंडल।

तेजोमंथ—पुं० [सं० तेजस्√मन्थ् (मथना)+अण्] गनियारी का पेड़।

तेजोमय—वि० [सं० तेजस्+मयट्] १. तेज से परिपूर्ण। २. शक्ति से परिपूर्ण। ३. तेजस्वी।

तेजोमूर्त्ति—वि० [सं० तेजस्-मूर्ति, ब० स०] तेजस्वी।
पुं० सूर्य।

तेजोरूप—वि० [सं० तेजस्-रूप, ब०स०] जो अग्नि या तेज के रूप में हो।
पुं० ब्रह्म।

तेजोवती—स्त्री० [सं० तेजस्+मतुप्+ङीप्] १. गजपिप्पली। २. चाव। चव्य। ३. मालकंगनी। ४. तेजबल।

तेजोवान्, (वत्)—वि० [सं० तेजस्+मतुप्] [स्त्री० तेजोवती] तेजवाला। तेजस्वी।

तेजोवृक्ष—पुं० [सं० तेजस्-वृक्ष, मध्य० स०] छोटी बरणी का वृक्ष।

तेजोहत—वि० [स० तेजस्-हत, ब० स०] जिसका तेज नष्ट हो चुका हो।

तेजोह्व—स्त्री० [सं० तेजस्√ह्वे (स्पर्धा करना)+क] १. तेजबल। २. चाव। चव्य।

तेड़ना†—स०=टेरना (पुकारना)।

तेंति—अव्य० [सं० तेन] से। उदा०—वैदे कहियौ तेंति विसेखि।—त्रिथीराज।

तेतना†—वि०=तितना (उतना)।

तेतर—वि० [हिं० तोतला] (व्यक्ति) जो तुतला कर बोलता हो।

तेता†—वि० [स्त्री० तेती]=तितना (उतना)।

तेतालिस†—वि०, पुं०=तेंतालिस।

तेतिक†—वि० [हिं० तेता] उस मात्रा या मान का। उतना।

तेती†—वि० स्त्री० हिं० तेता (उतना) का स्त्री रूप।

तेतो*—वि०=तेता (उतना)।

तेव—पुं० [सं०√तिव् (गीला होना)+घञ्] आर्द्र होने की अवस्था या भाव। आर्द्रता।

†अव्य०=तिमि (उस प्रकार)।

तेवन—पुं० [सं०√तिव्+ल्युट्—अन्] १. आर्द्रता। २. चटनी। ३. व्यंजन।

तेवनी—स्त्री० [सं० तेवन+ङीप्] चूल्हा।

तेवक—पुं० [देश०] १. तेंदू का पेड़। आबनूस। २. उक्त पेड़ की लकड़ी।

तेरज—पुं० [देश०] वह लेखा जिसमें आय-व्यय की विभिन्न मदों का उल्लेख हो। क्षतियौनी का गोशवारा।

तेरवाँ†—वि०=तेरहवाँ।

तेरस—स्त्री० [सं० त्रयोदश] चांद्रमास के किसी पक्ष की तेरहवीं तिथि या दिन।

तेरह—वि० [सं० त्रयोदश; प्रा० तेद्दह, अर्द्धमा० तेरस] जो गिनती या संख्या में दस से तीन अधिक हो।

पुं० उक्त की सूचक संख्या और अंक जो इस प्रकार लिखा जाता है—१३।

मुहा०—तीन तेरह होना—दे० 'तीन' के अन्तर्गत मुहा०। **तेरह बहत्तर करना**=दाल-मटोल या बहानेबाजी करना।

तेरहवाँ—वि० [हिं० तेरह+वाँ (प्रत्य०)] क्रम या संख्या के विचार से तेरह के स्थान पर पड़ने या होनेवाला।

तेरहीं—स्त्री० [हिं० तेरह+ईं (प्रत्य०)] हिंदुओं में, किसी के मरने के दिन से तेरहवाँ दिन।

विशेष—इसी दिन अनेक प्रकार के कृत्य और विषदान आदि कराकर मृतक के संबंधी शुद्ध होते हैं।

तेरहुआ†—पुं०=तिरहुत।

तेरा†—सर्व० [सं० त्वच्] [स्त्री० तेरी] मध्यम पुरुष एकवचन संबंध कारक अर्थात् षष्ठी का सूचक सर्वनाम। 'तू' का संबंधकारक रूप। जैसे—तेरा नाम क्या है?

मुहा०—तेरा मेरा करना=यह कहना कि यह तुम्हारा और वह हमारा है; अर्थात् दुजावगी या पार्थक्य के भाव से युक्त बातें करना।

तेरस*—पुं०=त्रयोदस।

स्त्री०=तेरस।

तेरे—सर्व० [हिं० तेरा] १. हिं० 'तेरा' का बहुवचन रूप। जैसे—तेरे बाल-बच्चे। २. हिं० 'तेरा' का वह रूप जो उसे विभक्ति लगने पर प्राप्त होता है। जैसे—तेरे सिर पर।

†अव्य० [हिं० तें या ते] १. से। २. तुझसे।

तेरौ†—सर्व०=तेरा।

तेलंग†—पुं०=तैलंग।

तेल—पुं० [सं० तैल] १. तिल अथवा किसी तेलहन के बीजों अथवा कुछ विशिष्ट वनस्पतियों को पेरकर निकाला हुआ प्रसिद्ध स्निग्ध द्रव्य तरल पदार्थ जो खाने-पकाने, जलाने, शरीर में मलने अथवा औषध आदि के रूप में काम आता है। चिकना। स्नेह। जैसे—तिल, नीम बदाम या सरसों का तेल।

मुहा०—तेल में हाथ डालना=अपनी सत्यता प्रमाणित करने के लिए खौलते हुए तेल में हाथ डालना। (मध्य युग की एक प्रकार की परीक्षा) **आँखों का तेल निकालना**=ऐसा परिश्रम करना जिससे आँखों को बहुत अधिक कष्ट हो।

२. विवाह की एक रीति जो साधारणतः विवाह से दो दिन और कहीं कहीं चार-पाँच दिन पहले भी होती है और जिसमें वर अथवा वधू के शरीर में हल्दी मिला हुआ तेल लगाया जाता है।

मुहा०—तेल उठना या चढ़ना=विवाह से पहले उक्त रीति का सम्पादन होना। **तेल चढ़ाना**=उक्त रीति का सपादन करना।

३. ऋतुओं के शरीर से निकलनेवाली पतली चरबी जो सहज में जल सकती और दवा, रंगाई आदि के काम में आती है। जैसे—मगर या सूंस का तेल। ४. कुछ विशिष्ट प्रकार के खनिज द्रव्य पदार्थ जो सहज में जल सकते हैं। जैसे—मिट्टी का तेल।

तेलगू—पुं०, स्त्री०=तेलुगू।

तेलचलाई—स्त्री० [हिं० तेल+चलाना] दे० 'भिड़ाई' (छींट की छपाई की)।

तेलचाई—पुं० [हिं० तेल+चाई (प्रत्य०)] १. शरीर में तेल मलने या लगाने की क्रिया, भाव या मजदूरी। २. विवाह की एक रसम जिसमें कन्या-पक्ष की ओर से जनवासे में वर के लगाने के लिए तेल और कुछ रुपए भेजते हैं।

तेलचुर—पुं० [?] एक तरह का लंबा वृक्ष जिसकी लकड़ी नावें आदि बनाने के काम आती है।

तेलचूहा†—पुं० [हिं० तेल+हंडा] [स्त्री० अल्पा० तेलचूहिया] १. मिट्टी की वह हाँडी जिसमें तेल रखा जाता हो। २. तेल रखने का कोई पात्र।

तेलचूहा—पुं० [सं० तैल धान्य] कुछ वनस्पतियों के वे बीज जिन्हें पेरने से उनमें से चिकना और तरल पदार्थ (अर्थात् तेल) निकलता हो।

तेलहा—वि० [हिं० तेल] [स्त्री० तेलही] १. जिसमें तेल हो (बीज

वा पौधा)। २. तेल के योग से बना या पका हुआ। जैसे—तेल-ही जलेबी। ३. जिस पर तेल गिरा या लगा हो ४. जिसमें तेल की गंध या चिकनाहट हो।

तेलड़ा—पुं० [हिं० तीन] वह उपवास जो तीन दिनों तक बराबर चले।

तेलिन—स्त्री० [हिं० तेली की स्त्री०] १. तेली की या तेली जाति की स्त्री। २. एक प्रकार का छोटा बरसाती कीड़ा जिसके स्पर्श से शरीर में जलन होने लगती है।

तेलियर—पुं० [देश०] एक तरह का पक्षी जिसके काले रंग के शरीर पर सफेद रंग की बहुत सी चित्तियाँ होती हैं।

तेलिया—वि० [हिं० तेल] १. जो तेल की तरह चमकीला और चिकना हो। २. तेल की तरह हलके काले रंगवाला। ३. जिसमें तेल होता या रहता हो। तेल से युक्त।

पुं० १. तेल की तरह का काला और चमकीला रंग। २. उक्त रंग का घोड़ा। ३. एक प्रकार का कीकर या बबूल। ४. कोई ऐसा पक्षी या पशु जिसका रंग तेल की तरह काला और चिकना हो। ५. सीगिया नामक विष।

स्त्री० एक प्रकार की छोटी मछली।

तेलिया-कंद—पुं० [सं० तैल कंद] एक प्रकार का कद।

विशेष:—यह कंद जिस भूमि मे होता है वह तेल से सींची हुई जान पड़ती है।

तेलिया कत्था—पुं० [हिं० तेलिया+कत्था] एक तरह का कत्था या खैर जो तेल की तरह कुछ कालापन लिये होता है।

तेलिया काकरेजी—पु० [हिं० तेलिया+काकरेजी] कालापन लिये गहरा ऊदा रंग।

वि० उक्त प्रकार के रंग का।

तेलिया कुमैत—पु० [हिं० तेलिया+कुमैत] १. घोड़े का एक रंग जो अधिक कालापन लिये लाल या कुमैत होता है। २. उक्त रग का घोड़ा।

तेलिया गर्जन—पुं० [सं०] = गर्जन।

तेलिया पाखान—पुं० [हिं० तेलिया+पखान] एक तरह का चिकना और मजबूत पत्थर।

तेलिया पानी—पुं० [हिं० तेलिया+पानी] वह जल जिसमें कुछ चिकनाहट हो अथवा जिसका स्वाद तेल जैसा हो।

तेलिया मुनिया—स्त्री० [हिं०] मुनिया पक्षी की एक जाति। इस मुनिया के ऊपर और नीचे के पर बादामी रंग के, सिर, ठोड़ी तथा गला कत्थई रंग का होता है।

तेलिया मैना—स्त्री० [हिं०] एक तरह की मैना। तिलारी।

तेलिया सुर्रम—पुं० = तेलिया कुमैत।

तेलिया सुहागा—पुं० [हिं० तेलिया+सुहागा] एक तरह का सुहागा जिसमें कुछ चिकनापन होता है।

तेली—पुं० [हिं० तेल+ई (प्रत्य०)] [स्त्री० तेलिन] १. वह जो तेलहन पेरकर तेल निकालता और बेचता हो। २. हिन्दुओं में एक जाति जो उक्त काम व्यवसाय के रूप में करती है।

पद—तेली का बैल=वह जो अपना अधिकतर समय बहुत ही तुच्छ और परिश्रम के कामों में लगाता हो।

तेलुगु—पुं० [सं० तैलंग] १. तैलंग देश का आधुनिक नाम। २. उक्त देश का निवासी।

स्त्री० तैलंग देश की भाषा।

तेलौंची—स्त्री० [हिं० तेल+औंची (प्रत्य०)] तेल रखने की प्याली।

तेलौना—वि० [हिं० तेल+औना (प्रत्य०)] [स्त्री० तेलौनी] दे० 'तेलहा'।

तेवई—स्त्री० =तिरिया (स्त्री)।

तेवट—स्त्री० [देश०] संगीत मे, सात दीर्घ अथवा चौदह लघु मात्राओं का एक ताल जिसमें तीन आघात और एक खाली रहता है।

तेवड़ा—पुं० [?] एक तरह का ताल।

तेवन†—पुं० [सं०√तेव् (खेलना)+ल्युट्-अन] १. महल के आगे का एक छोटा बाग। नजरबाग। २. आमोद-प्रमोद, क्रीडा आदि करने का वन। ३. आमोद-प्रमोद। क्रीड़ा।

तेवर—पु० [स० त्रिकुटि; पु० हिं० तिउरी] १. किसी विशिष्ट उद्देश्य या भाव मे किसी की ओर फेरी जानेवाली या किसी पर डाली जानेवाली दृष्टि। त्यौरी। जैसे—उनके तेवर देखकर ही मैंने उनके मन का भाव समझ लिया था।

मुहा०—तेवर चढ़ना=भौंहों का इस प्रकार ऊपर की ओर खिचना कि उनसे कुछ-कुछ क्रोध या नाराजगी झलकने लगे। **तेवर बदलना या बिगड़ना**=व्यवहार में क्रोध या रुखाई प्रकट करना।

२. भौंह। भृकुटी।

पु० [हिं० तीन] स्त्रियो के पहनने के तीन कपड़ों (साड़ी, ओढ़नी और चोली) की सामूहिक संज्ञा।

तेवरसी—स्त्री० [देश०] १. ककड़ी। २. खीरा। ३. फूट।

तेवरा—पुं० [देश०] दस मे बजनेवाला रूपक ताल।

तेवराना—अ० [हिं० तेवर+आना (प्रत्य०)] १. तेवर का इस प्रकार ऊपर की ओर खिचना कि उससे कुछ आश्चर्य, क्रोध या चिन्ता प्रकट हो। २. बेसुध या मूर्च्छित होना।

तेवरी—स्त्री० = त्यौरी।

तेवहार—पु० = त्योहार।

तेवान*—पु० [देश०] सोच-विचार। चिंता। फिक्र।

तेवाना—अ० [हिं० तेवान] चिंतित होना। फिक्र करना। उदा०—ठाढ़ि तेवानि टेकिकर लंका।—जायसी।

तेहाँ—पुं० [सं० तम्=तिरस्कृत करना, दूर हटाना] १. क्रोध। गुस्सा। तेहा। २. अभिमान। घमंड। ३. तेजी। तीव्रता। ४. प्रचंडता।

तेहर—स्त्री० [सं० त्रि+हिं० हार] तीन लड़ों की करधनी जो स्त्रियाँ कमर में पहनती हैं।

तेहरा—वि० [हिं० तीन+हरा] [स्त्री० तेहरी] १. तीन तहों या परतों में लपेटा हुआ। २. जिसमें तीन तहें या परतें हों। ३. जो दो बार हो चुकने के बाद फिर से तीसरी बार करना पड़े या किया गया हो। जैसे—तेहरा काम, तेहरी मेहनत। ४. जो एक साथ तीन हों। ५. तिगुना। (स्व०)

तेहराना—स० [हिं० तेहरा] १. लपेटकर तीन तहों या परतों में करना।

२. कोई काम दो बार कर चुकने के बाद कोर-कसर ठीक करने के लिए फिर से तीसरी बार करना, जाँचना या देखना।

तेहवार†—पु० = त्योहार।

तेहा—पुं० [सं० तम्=तिरस्कृत या दूर करना] १. अपने अभिमान, बड़प्पन, महत्त्व आदि की भावना से उत्पन्न होनेवाला ऐसा हलका क्रोध या गुस्सा जो जल्दी उत्पन्न होने पर भी सहसा उग्र या विकट रूप न धारण करता हो। २. क्रोध। गुस्सा। ३. अभिमान। घमंड।

तेहिं†—सर्व० [सं० ते] उसे। उसको।

तेही—पु० [हिं० तेह+ई (प्रत्य०)] १. जिसमें तेहा हो या जो तेहा दिखलाता हो। क्रोधी। २. अभिमानी। घमंडी।

तेहेवार—पु० = तेही।

तेहेवाज—पु० = तेही।

तैं†—सर्व० = तू।

विभ० = ते (से)।

तैंतिडीक—वि० [सं० तिन्तिडीक+अण्] इमली की कांजी से बनाया हुआ।

तैंतिस, तैंतीस—वि०, पुं० = तेंतिस।

तैं†—अव्य० [सं० तत्] उस मात्रा या मान का। उतना जिं० 'जैं' का नित्य-सम्बन्धी। जैसे—जैं आदमी कहीं, तैं आदमी आवें।

† वि० [अ०] १. जो ठीक और पूरा या समाप्त हो चुका हो। जैसे—काम तै करना। २. (झगड़ा) जिसका निपटारा निर्णय या फैसला हो चुका हो। जैसे—आपस का झगड़ा या मुकदमा तै करना। ३. जो निर्णीत या निश्चित हो चुका हो। जैसे—किराया या दाम तै करना।

स्त्री० तह।

तैकायन—पु० [सं० तिक+फक्—आयन] तिक ऋषि के वंशज या शिष्य।

तैक्त—पुं० [सं० तिक्त+अण्] तिक्त होने का भाव। तीतापन। चरपराहट।

तैक्ष्ण्य—पु० [सं० तीक्ष्ण+ष्यञ्] तीक्ष्णता।

तैखाना†—पु० = तहखाना।

तैजस—वि० [सं० तेजस् +अण्] १. तेज-सम्बन्धी या तेज से युक्त। २. तेज से उत्पन्न।

पुं० १. भारतीय दर्शन में, राजस अवस्था में, उत्पन्न होनेवाला अहंकार जिससे शरीर की ग्यारहों इन्द्रियों और पंच तन्मात्राओं का विकास होता है। २. कोई ऐसा पदार्थ जो चूब चमकता हो। जैसे—धातुएँ, रक्त आदि। ३. परमात्मा जो स्वयं प्रकाश है और जिससे सूर्य आदि को प्रकाश प्राप्त होता है। ४. वैद्यक में वह शारीरिक शक्ति जो भोजन को रस के रूप में तथा रस को धातु के रूप में परिवर्तित करती है। ५. पराक्रम। पौरुष। बल। ६. घी। घृत। ७. महाभारत के समय का एक प्राचीन तीर्थ। ८. बहुत तेज चलनेवाला घोड़ा।

तैजसवर्तनी—स्त्री० [सं० तैजस-आवर्तनी, ष० त०] चाँदी, सोना आदि गलाने की घरिया।

तैजसी—स्त्री० [सं० तैजस+ङीप्] गजपिप्पली।

तैतालीस—वि० = तैंतालिस।

तैतिल—वि० [सं० तितिक्षा+ण] बरदाश्त या सहन करनेवाला। सहनशील।

तैतिर—पुं० [सं० तैत्तिर=पृषो० सिद्धि] तीतर।

तैतिल—पु० [सं०] १. फलित ज्योतिष में, ग्यारह करणों में से चौथा करण जिसमें जन्म लेनेवाला कलाकुशल, रूपवान, वक्ता, गुणी और सुशील होता है। २. देवता। ३. गेंडा।

तैतीस—वि० = तेंतिस।

तैत्तिर—पुं० [सं० तित्तिर+अण्] १. तीतर पक्षी। २. तीतरों का समूह। ३. गैंडा (पशु)।

तैत्तिरि—पुं० [सं०] कृष्ण यजुर्वेद के प्रवर्तक ऋषि का नाम।

तैत्तिरिक—पुं० [सं० तैत्तिर+ठक्—इक] तीतर पकड़नेवाला बहेलिया।

तैत्तिरीय—स्त्री० [सं० तित्तिर+छण्—ईय] १. कृष्ण यजुर्वेद की छियासी शाखाओं में से एक जो आत्रेय अनुक्रमणिका और पाणिनि के अनुसार तित्तिरि नामक ऋषि प्रोक्त है। २. उक्त शाखा का एक प्रसिद्ध उपनिषद्।

तैत्तिरीयक—पु० [सं० तैत्तिरीय+कन्] तैत्तिरीय शाखा का अनुयायी या अध्येता।

तैत्तिल—पुं०=तैत्तिल।

तैथिक—पु० [सं०] १५ मात्राओं के छंदों की संज्ञा।

तैना—अ० [सं० तपन] १. तप्त होना। तपना। २. दुःखी होना। स०=ताना (तपाना)।

तैनात—वि० [अ० तअय्युन] [भाव० तैनाती] (वह) जो किसी स्थान की सुरक्षा अथवा किसी विशिष्ट काम के लिए कहीं नियत या नियुक्त हुआ हो। मुकर्रर।

तैनाती—स्त्री० [हिं० तैनात+ई (प्रत्य०)] तैनात करने की अवस्था, क्रिया या भाव।

तैमिर—पुं० [सं० तिमिर+अण्] तिरमिरा (दे०)।

तैया—पुं० [देश०] छीपियों का रंग घोलने का छोटा प्याला।

तैयार—वि० [अ० तय्यार] १. जो कुछ करने के लिए हर तरह से उद्यत, तत्पर या प्रस्तुत हो चुका हो। जैसे—चलने को तैयार। २. जो हर तरह से उपयुक्त ठीक या दुरुस्त हो चुका हो। जिसमें कोई कोर-कसर न रह गई हो। जैसे—भोजन (या मकान) तैयार होना। ३. सामने आया, रखा या लाया हुआ। उपस्थित, प्रस्तुत, मौजूद। जैसे—जितनी पुस्तकें तैयार हैं, वे सब ले लो। ४. (शरीर) जो हर तरह से स्वस्थ और हृष्ट-पुष्ट हो। जैसे—इधर कुछ दिनों से उसका बदन खूब तैयार हो रहा था। ५. (काम करने के लिए हाथ) जिसमें यथेष्ट अभ्यास के फलस्वरूप पूरा कौशल या दक्षता आ चुकी हो। जैसे—चित्र बनाने या तबला बजाने में हाथ तैयार होना। ६. (संगीत के क्षेत्र में कंठ या गला) जिससे सब तरह के खटके, तानें, पलटे, मुरकियाँ आदि अनायास या सहज में और बहुत ही मधुर या सुन्दर रूप में निकलती हों। पूर्ण रूप से अभ्यस्त और कुशल। जैसे—इतना तैयार गला बहुत कम देखने में आता है।

तैयारी—स्त्री० [फा० तय्यारी] १. तैयार होने की अवस्था, क्रिया या भाव। २. तत्परता। मुस्तैदी। ३. शरीर की अच्छी गठन और पुष्टता तथा स्वास्थ्य। ४. वैभव, शोभा, सौन्दर्य आदि दिखाने के लिए, की जानेवाली धूम-धाम या सजावट। ५. संगीत कला की वह पटुता

जो बहुत अधिक अभ्यास से आती है, जिससे गवैया कठिन-कठिन ताने बहुत सहज में सुनाता है।

तैयो*—क्रि० वि० [सं० तद्यपि] तिस पर भी। तो भी।

तैर—वि० [सं० तीर+अण्] तीर या तट-संबंधी। तट का।

तैरणी—स्त्री० [सं० तीर√नम् (नमस्कार करना) +ड, तीरण+अण् +ङीष्] एक प्रकार का क्षुप जिसकी पत्तियाँ ओषधि के काम आती है।

तैरना—अ० [सं० तरण] १. प्राणियों का अपने हाथ-पैर, पख या डैने अथवा दुम हिलाते हुए पानी के ऊपरी तल पर इस प्रकार इधर-उधर घूमना या आगे बढ़ना कि वे डूबने से बचे रहें। ऐसी युक्ति से पानी मे चलना कि डूब न जायँ। २. मनुष्यो का अपने हाथ-पैर इस प्रकार चलाते या हिलाते हुए आगे बढ़ना कि शरीर पानी के तल मे बैठने न पावे। पैरना।

विशेष—प्रायः सभी जीव-जन्तु प्राकृतिक रूप से पानी पर तैरना जानते हैं; परन्तु मनुष्य को प्रयत्नपूर्वक तैरने की कला सीखनी पड़ती है। ३. पानी से हलकी चीज का पानी अथवा किसी द्रव पदार्थ की ऊपरी तह पर ठहरा रहना, अथवा उसके प्रवाह या बहाव के साथ-साथ आगे बढ़ना। जैसे—लकड़ी का पानी पर तैरना। ४. लाक्षणिक रूप मे, किसी प्राणी अथवा वस्तु का इस प्रकार सहज मे और सरल गति से इधर-उधर हटना-बढ़ना जिस प्रकार जीव-जन्तु जल के ऊपरी भाग पर तैरते हैं। जैसे—कीटाणुओं अथवा गुड्डी (या पतग) का हवा मे तैरना।

तैराई—स्त्री० [हिं० तैरना+ई (प्रत्य०)] १ तैरने की क्रिया या भाव। २. तैरने या तैराने के बदले में मिलनेवाला पारिश्रमिक।

तैराक—वि० [हिं० तैरना+आक (प्रत्य०)] (वह) जो खूब अच्छी तरह तैरना जानता हो।

तैराकी—स्त्री० [हिं० तैराक+ई (प्रत्य०) १. तैरने की क्रिया या भाव। २. वह उत्सव या मेला जिसमें तैरने की कलाओं, जल-क्रीड़ाओं आदि का प्रदर्शन या प्रतियोगिता हो।

तैराना—स० [हिं० तैरना का प्रे०] १. दूसरे को तैरने मे प्रवृत्त करना। तैरने का काम दूसरे से कराना। २ धारदार शस्त्रो के सम्बन्ध मे, शरीर के अन्दर अच्छी तरह धँसाना या प्रविष्ट कराना। जैसे—किसी के पेट में कटार तैराना।

तैर्थ—वि० [स० तीर्थ+अण्] १. तीर्थ-संबधी। तीर्थ का। २. तीर्थ मे होनेवाला।

पुं० वे धार्मिक कृत्य जो किसी तीर्थ मे जाने पर करने पड़ते है।

तैर्थक—वि० [स० तीर्थ+वुञ्—अक] १. स्थल-संबधी। २ तीर्थ-स्थल में बनने, मिलने या होनेवाला।

तैर्थिक—पु० [सं० तीर्थ+ठञ्—इक] शास्त्रकार।

तैर्यगयनिक—पुं० [सं० तिर्यक—अयन, ष० त०,+ठञ्—इक] एक प्रकार का यज्ञ।

तैलंग—पु० [स० त्रिकलिंग] आधुनिक आंध्र प्रदेश का पुराना नाम तैलग।

तैलंगा—पु० = तिलंगा।

तैलंगी—वि० [हिं० तैलंग+ई (प्रत्य०)] तैलग देश का।

पुं० तैलंग देश का निवासी।

स्त्री० तैलंग देश की भाषा। तेलगू।

तैल—वि० [स० तिल+अञ्] तिल-सबंधी। तिल या तिलों का।

पु० १. तिल के दानों या बीजो को पेरकर निकाला हुआ तेल। २ दे० 'तेल'।

तैल-कंद—पु० [मध्य० स०] तेलिया-कद।

तैलकार—पु० [स० तैल√कृ (करना)+अण्) तेल पेरने और बेचनेवाला व्यक्ति। तेली।

तैल-किट्ट—पु० [ष० त०] खली।

तैल-कीट—पु० [मध्य० स०] तेलिन नाम का कीडा।

तैल-चित्र—पु० [मध्य० स०] बहुत मोटे कपडे पर तैल रगो की सहायता से अकित किया हुआ चित्र। (आयल पेंटिग)

तैलत्व—पु० [ष० तैल+त्व] तेल का भाव या गुण।

तैल-द्रोणी—स्त्री० [मध्य० स०] तेल रखने का एक तरह का बहुत बड़ा पात्र जिसमे कुछ विशिष्ट रोगियो को प्राचीन काल में लेटाया जाता था।

तैल-धान्य—पु० [मध्य० स०] १. धान्य का एक वर्ग जिसके अतर्गत तीनो प्रकार की सरसों, दोनों प्रकार की राई, खस और कुसुम के बीज है। २. तेलहन।

तैलपक—पु० [स० तैल√पा(पीना)+क+कन्] झींगुर नामक कीड़ा।

तैल-पर्णक—पु० [ब० स०, कप्] गठिवन।

तैलपर्णिक—पु० [स० तिलपर्ण+ठन्—इक] सलई का गोंद।

तैलपर्णी—स्त्री० [स० तिलपर्ण+अण्—ङीप्] १ चन्दन। २. लोबान। ३. तुरुष्क। शिलारस।

तैलपायी (यिन्)—पु० [स० तैल√पा(पीना)+णिनि] झींगुर। चपडा। (कीडा)

वि० तेल पीनेवाला।

तैल-पिष्टक—पु० [ष० त०] खली।

तैलपिपीलिका—स्त्री० [मध्य० स०] एक तरह की चीटी।

तैल-फल—पु० [ब० स०] १ इगुदी। २ बहेड़ा।

तैल-भाविनी—स्त्री० [स० तैल√भू (होना)+णिच्+णिनि—ङीप्] चमेली का पेड़।

तैलमाली—स्त्री० [ब० स०, ङीप्] तेल की बत्ती।

तैल-यंत्र—पु० [मध्य० स०] कोल्हू।

तैल-रंग—पु० [स०] चित्र कला मे, जल रग से भिन्न वे रग जो कई तरह के तेलो या साफ किए हुए पेट्रोल मे मिलाकर तैयार किये जाते हैं। ऐसे रग जल-रग की अपेक्षा अच्छे समझे जाते और अधिक स्थायी होते है। (आयल कलर)

तैल-वल्ली—स्त्री० [मध्य० स०] शतावरी। शतमूली।

तैल-साधन—पु० [स० तैल√साध् (सिद्ध करना)+णिच्+ल्यु—अन] शीतलचीनी। कबाबचीनी।

तैलस्फटिक—पु० [मध्य० स०] १ अबर नामक गध-द्रव्य। २.कहरुवा। तृण-मणि।

तैलस्यंदा—स्त्री० [स० तैल√स्यन्द् (चूना)+अच्—टाप्] १. गोकर्णी नाम की लता। मुरहटी। २. काकोली।

तैलाक्त—वि० [सं० तैल-अक्त, तृ० त०] जिसमे तेल लगा हो। तेल से सना हुआ।

तैलाक्ष्य—पुं० [सं० तैल-आख्या, ब०स०] शिला रस या तुरुक्क नाम का गंध द्रव्य ।

तैलानुद—पुं० [सं० तैल-अनुद, मध्य० स०] अजगर की लकड़ी ।

तैलाटी—स्त्री० [सं० तैल√अट् (जाना)+अच्—ङीप्] बर्रे । भिड़ ।

तैलाभ्यंग—पुं० [स० तैल-अभ्यंग, ष०त०] शरीर में तेल लगाने की क्रिया या भाव ।

तैलिक—वि० [सं० तैल+ठक्—इक] तेल-संबंधी ।

पु० [तैल+ठन्—इक] तेली ।

तैलिक-यंत्र—पुं० [कर्म० स०] तिल आदि पेरने का यंत्र । कोल्हू ।

तैलिनी—स्त्री० [सं० तैल+इनि—ङीप्] बत्ती ।

तैलि-शाला—स्त्री० [सं० ष०त०] वह घर या स्थान जहाँ कोल्हू चलता हो ।

तैली (लिन्)—पुं० [स० तैल+इनि] तेली ।

तैलीन—पुं० [स० तिल+लच्—ईन] तिल का खेत ।

तैल्वक—वि० [स० तिल्व+वुञ्—अक] लोध की लकड़ी से बना हुआ ।

पु० लोध ।

तैश—पुं० [अ०] अत्यधिक क्रुद्ध होने पर चढ़नेवाला आवेश ।

क्रि० प्र०—दिखाना ।

मुहा०—तैश में आना=मारे क्रोध के कोई अनुचित बात कहने या काम करने के लिए आवेशपूर्वक प्रस्तुत होना ।

तैष—पुं० [सं० तिष्य+अण्, य-लोप] चांद्र पौष मास ।

विशेष—पौष मास की पूर्णिमा के दिन तिष्य (पुष्य नक्षत्र) होने के कारण यह नाम पड़ा है ।

तैषी—स्त्री० [सं० तैष+ङीप्] पुष्य-नक्षत्र से युक्त पूस की पूर्णिमा ।

तैस—वि० =तैसा ।

तैसा—वि० [स० तादृश; प्रा० ताइस] उस आकार, प्रकार, रूप, गुण आदि का । उस जैसा । वैसा ।

तैसे—क्रि० वि०=वैसे ।

तौं†—क्रि० वि०=त्यों ।

तौंदर†—पुं०=तोमर ।

तौंद—स्त्री० [सं० तुंद] छाती या वक्ष से अधिक फूला तथा बढ़ा हुआ पेट ।

क्रि० प्र०—निकलना ।—बढ़ना ।

मुहा०—तौंद घटना=(क) मोटाई कम होना । (ख) घमंड या शेखी दूर होना ।

तौंदरी—स्त्री० [?] एक तरह के बीज जो मसूर से कुछ छोटे होते हैं और सूखे हुए अन्न पर बाँधे जाने पर सूजन दूर करते हैं ।

तौंदल—वि० [हिं० तोंद+ल (प्रत्य०)] जिसकी तोंद निकली या बढ़ी हुई हो । तोंदवाला ।

तौंदा—पुं० [देश०] वह मार्ग जिसमें से होकर तालाब का पानी बाहर निकलता है ।

पुं० दे० 'तोदा' ।

तौंदी—स्त्री० [सं० तुंडी] नाभी । ढोंढ़ी ।

तौंदीला—वि०=तौंदल ।

तौंदेल—वि०=तौंदल (तौंदवाला) ।

तौंबा—पुं० [स्त्री० तौंबी]=तूँबा ।

तौंर—पुं०=तोमर ।

तौंहका—सर्व०=तुम्हें ।

तौ—अव्य० [सं० तु] एक अव्यय जिसका प्रयोग वाक्य में किसी कथन, पद या संभावित बात पर जोर देने या पार्थक्य, विशिष्टता आदि सूचित करने के लिए अथवा कभी-कभी यों ही किया जाता है । जैसे—(क) अरा दिन तो चढ़ लेने दो । (ख) वे किसी तरह आवें तो सही । (ग) मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई ।—मीरां । (घ) अब तो बात फैल गई, जानत सब कोई ।—मीरां ।

अव्य० [सं० तत्] उस अवस्था या दशा में । तब । जैसे—यदि आप चलेंगे तो हम भी आप के साथ हो लेंगे ।

*सर्व० [स० तव] १. ब्रजभाषा में 'तु' का वह रूप जो उसे विभक्ति लगने के समय प्राप्त होता है । जैसे—तोको, तोसों आदि । २. तेरा ।

†अ० [पु० हिं० हतो=था का संक्षि०] था । (क्व०)

तौअर†—पुं०=तोमर ।

तोइ*—पुं० [सं० तोय] जल । पानी ।

तोई—स्त्री० [देश०] १ अंगे, कुरते आदि में कमर पर लगी हुई गोट या पट्टी । २. चादर आदि की गोट । ३. लहँगे का नेफा ।

†स्त्री० [हिं० तवा] छोटा तवा । तौनी ।

तोईक—अव्य० [हिं०] तभी । तदा०—भला भलो संति तोईक भंजिया ।—प्रिथीराज ।

तोक—पुं० [सं० √तु (बरतना)+क] १. श्रीकृष्णचंद्र के एक सखा । २. बच्चा । शिशु ।

तोकक—पुं० [सं० तोक+कन्] चातक । पपीहा ।

तोकरा—स्त्री० [देश०] एक तरह की लता जो अफीम के पौधों से लिपटती है और उन्हें सुखा डालती है ।

तोकम—पुं० [सं०√तक् (हँसना)+म, पृषो० सिद्धि] १. अंकुर । २ बच्चा या हरा जौ । ३. हरा रंग । ४. बादल । मेघ । ५. कान की मैल ।

तोकर*—पुं०=तोता ।

तोखार—पुं० १. =तुखार (एक प्रदेश) । २. =तुखार ।

तोखों—सर्व० [सं० तव; हिं० तो+खों (को)] तुझको । उदा०—जननी जनम दियो है तोखों बस आजहि के लालें ।—लोकगीत ।

तोटा†—पुं० [सं० त्रुटि या हिं० टूटना] १. टूटने की क्रिया या भाव । २. कमी । त्रुटि । ३. घाटा । ४. दोष । बुराई ।

तोटक—पुं० [सं० त्रोटक] १. एक प्रकार का वर्ण-वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में चार सगण होते हैं । २. शंकराचार्य के चार मुख्य शिष्यों में से एक जिनका दूसरा नाम गंदीश्वर भी था ।

तोटका†—पुं०=टोटका ।

तोटरी—स्त्री० [देश०] एक तरह की बनस्पति जो प्रायः घास के साथ होती है ।

तोटना*—अ०=टूटना ।

स०=तोड़ना ।

तोड़—पुं० [हिं० तोड़ना] १. तोड़े या तोड़े जाने की क्रिया, दशा या भाव । २. पानी, हवा आदि का वह तेज बहाव जो सामने पड़नेवाली

चीजों को तोड़-फोड़ डालता हो या तोड़-फोड़ सकता हो। जैसे—(क) इस घाट पर पानी का जबरदस्त तोड़ पड़ता है। (ख) छोटे-मोटे पेड़ हवा का तोड़ नहीं सह सकते। ३. कोई ऐसा काम, चीज या बात जो किसी दूसरे बड़े काम, चीज या बात का प्रभाव नष्ट कर सकता या उसे व्यर्थ कर सकता हो। जैसे—नशे का तोड़ खटाई है। ४. कुश्ती में वह दाँव-पेंच जो विपक्षी का दाँव-पेंच व्यर्थ कर सकता हो। ५. किले की दीवार का वह अंश जो गोलों की मार से टूट-फूट गया हो। ६ दफा। बार। जैसे—उनसे कई तोड़ लड़ाई या मुकदमेबाजी हो चुकी है। ७. दही का पानी (जो उसके छूटने अर्थात् गलने से बनता है)

तोड़क—वि० [सं०√तुद् (तोड़ना)+ण्वुल्—अक] तोड़नेवाला। जैसे—जात-पाँत तोड़क मंडल। (अभिद्ध रूप)

पुं० [?] स्त्रियों का माँग-टीका नाम का गहना। (पूरब)

तोड़-जोड़—पु० [हि० तोड़+जोड़] १. कही से कुछ तोड़ने और कही कुछ जोड़ने की अवस्था, क्रिया या भाव। उदा०—तोड़ी जो उसने मुझसे जोड़ी रकबी से। इन्शा तू अपने यार के ये तोड-जोड़ देख।—इन्शा। २. ऐसा उपाय, युक्ति या साधन जो किसी बिगडती हुई बात को बना सके अथवा बनी-बनाई बात बिगाड़ सके। जैसे—वह तोड़-जोडकर जैसे-तैसे अपना काम निकाल ही लेता है।

क्रि० प्र०—करना।—भिडना।—मिलाना।—लगाना।

तोड़न—पु० [सं०√तुद्+ल्युट्—अन] १. तोड़ने की क्रिया या भाव। २. भेदन करना। ३. आघात या चोट पहुँचाना।

तोड़ना—स० [हि० टूटना] १. किसी चीज पर बराबर आघात करते हुए उसे छोटे-छोटे खंडो में विभक्त करना। जैसे—पत्थर या मिट्टी तोड़ना। २. ऐसा काम करना जिससे कोई वस्तु खंडित, भग्न या नष्ट-भ्रष्ट हो जाय तथा काम में आने योग्य न रह जाय। जैसे—शीशे का गिलास तोड़ना।

सं० क्रि०—डालना।—देना।

३. किसी वस्तु के कोई अंग अथवा उसमें लगी हुई कोई दूसरी वस्तु काट-कर या और किसी प्रकार उससे अलग करना या निकाल लेना। जैसे—वृक्ष से फल या फूल तोड़ना, किताब की जिल्द तोडना, जानवर के दाँत तोड़ना। ४. किसी वस्तु का कोई अग इस प्रकार खंडित या भग्न करना कि वह ठीक तरह से या पूरा काम करने योग्य न रह जाय। जैसे—(क) चड्डी या सिलाई की मशीन तोड़ना। (ख) किसी के हाथ-पैर तोडना। ५. नियम, निश्चय आदि का पालन न करके अपनी दृष्टि से उसे निरर्थक या व्यर्थ करना। जैसे—(क) अपनी प्रतिज्ञा (या किसी के साथ किया हुआ समझौता) तोड़ना। (ख) व्रत तोड़ना। ६. किसी चलते या होते हुए काम, व्यवस्था, संघटन आदि का स्थायी रूप से अन्त या नाश करना। जैसे—शासन का कोई पद या विभाग तोड़ना। ७. बल, प्रभाव, महत्त्व, विस्तार आदि घटाना या नष्ट करना। अशक्त, क्षीण या दुर्बल करना। जैसे—(क) बाजार की मन्दी ने बहुत से व्यापारियों को तोड़ दिया। (ख) दमे (या यक्ष्मा) ने उनका शरीर तोड़ दिया। ८. किसी प्रकार नष्ट या विच्छिन्न करके समाप्त कर देना। चलता या बना न रहने देना। जैसे—(क) किसी का घमंड तोड़ना। (ख) किसी से नाता (या संबंध) तोड़ना। किसी की दृढ़ता, बल आदि घटाकर या नष्ट करके उसे उसके पूर्व रूप में स्थित या स्थिर न रहने देना। जैसे—(क) मुकदमे में विपक्षी के गवाह तोडना। (ख) कमर या हिम्मत तोडना। १०. खरीदने के समय किसी चीज का दाम घटाकर कुछ कम करना। जैसे—तुमने भी तोड़कर दस रुपये कम करा ही लिये। ११. खेत में हल चलाकर उसकी सतह की मिट्टी खंडित करके ढेलो के रूप में लाना। १२. किसी कुमारी के साथ पहले-पहल समागम करना। (बाजारू) १३. चोरी करने के लिए सेंध लगाना। जैसे—चोर लाला तोड़कर सब माल उठा ले गये। १४. बड़े सिक्को को छोटे-छोटे सिक्को में बदलवा देना।

विशेष—यह क्रिया अनेक संज्ञाओं के साथ लगकर उन्हें मुहावरों का रूप देती है; और ऐसे अवसरो पर उसके भिन्न प्रकार के अर्थ होते हैं। जैसे—किसी के पैर या मुँह तोडना, किसी से निनका तोडना, किसी की रोटी (रोटियो) तोडना आदि। ऐसे मुहावरो के लिए सम्बद्ध शब्द या संज्ञाएँ देखनी चाहिएँ।

तोड़-फोड़—स्त्री० [हि० तोड़ना+फोडना] १ तोड़ने और फोड़ने की क्रिया या भाव। २. जान-बूझकर हानि पहुँचाने के उद्देश्य से किसी भवन या रचना के कुछ अशो को खडित करना। ३ दे० 'ध्वसन'।

तोड़ा—पु०=तोडा।

तोड़वाना—स० [भाव० तुड़वाई] तुड़वाना।

तोड़ा—पु० [सं० त्रुट्; हि० तोडना] १. टूटने या तोड़ने की क्रिया या भाव। टूट। २ किसी चीज को तोडकर उसमे से अलग किया या निकाला हुआ अश या भाग। खंड। टुकड़ा। जैसे—रस्सी या रस्से का तोड़ा। ३ घाटा। टोटा। (देखे)

क्रि० प्र०—आना।—पड़ना।

४. वह मैदान या स्थान जो नदी के तोड के कारण कटकर अलग हो गया हो। ५. वह स्थान जो प्रायः नदियों के सगम पर उस बालू और मिट्टी के इकट्ठे होने से बनता है जो नदी अपने साथ मैदानों मे से तोड़कर लाती है।

क्रि० प्र०—पड़ना।

६. नदी का किनारा। तट। ७ नाच का उतना टुकड़ा जितना एक बार मे नाचा जाता है और जिसमे प्रायः एक ही वर्ग की गतियाँ अथवा एक ही प्रकार के भावों की सूचक अंग-भगियाँ या मुद्राएँ होती हैं। क्रि० प्र०—नाचना।

८. चाँदी आदि की लच्छेदार और चौडी जंजीर या सिकरी जिसका व्यवहार आभूषण की तरह पहनने मे होता है। जैसे—गले, पैर या हाथ मे पहनने का तोडा ९. टाट की वह थैली जिसमे चाँदी के १००० आते या रखे जाते हों।

मुहा०—(किसी के आगे) तोड़ा उलटना या गिराना=(किसी को) सैकड़ो, हजारो रुपए देना। बहुत-सा धन देना।

१०. हल के आगे की वह लंबी लकड़ी जिसके अगले सिरे पर जुआ लगा रहता है। हरिस। ११. खूब अच्छी तरह साफ की हुई वह चीनी जिसके दाने या रवे कुछ बड़े होते हैं और जिससे ओला बनता था। कन्द। १२ अभिमान। घमड।

मुहा०—तोड़ा लगाना=अभिमान या घमंड दिखाना।

पद—नकतोड़। (देखें)

पु० [सं० तुड या टोंटा] १. नारियल की जटा की वह रस्सी जिसके ऊपर

सूत बुना रहता था और जिसकी सहायता से पुरानी चाल की तोड़दार बंदूक छोड़ी जाती थी। पलीता।

पद—तोड़दार बंदूक=पुरानी चाल की वह बन्दूक जो तोड़ा दागकर छोड़ी जाती थी।

२. वह लोहा जिसे चकमक पर मारने से आग निकलती है और जिसकी सहायता से तोड़ेदार बन्दूक चलाने का तोड़ा या पलीता सुलगाया जाता था।

तोड़ाई†—स्त्री० =तुड़वाई।

तोतक*—पुं० [हिं० तोता?] पपीहा।

तोतरंगी—स्त्री० [देश०] एक तरह की चिड़िया।

तोतर†—वि० =तोतला।

तोतरा—वि० =तोतला।

तोतराना—अ० तुतलाना।

तोतला—वि० [हिं० तुतलाना] [स्त्री० तोतली] १. जो तुतलाकर बोलता हो। अस्पष्ट बोलनेवाला। जैसे—तोतला बालक। २. (जबान) जिससे रुक-रुककर और तुतलाकर उच्चारण होता हो। ३. (उच्चारण) जो बच्चों की तरह का अस्पष्ट और रुक-रुककर होता हो।

तोतलाना—अ० तुतलाना।

तोता—पुं० [फा०] [स्त्री० तोती] १. एक विशिष्ट प्रकार के पक्षियों की प्रसिद्ध जाति या वर्ग जिसमें से कुछ उप-जातियाँ ऐसी होती हैं जिनके तोते मनुष्य की बोली की ठीक-ठीक नकल उतारते हुए बोलना सीख लेते और प्रायः इसी लिए घरों में पाले जाते हैं। कीर। सुग्गा। सूआ।

विशेष—इस जाति के पक्षियों की चोंच अंकुड़ीदार या नीचे की ओर घूमी हुई होती है; पर कई तरह के चमकीले रंगों के होते हैं और पैरों में दो उँगलियाँ आगे की ओर तथा दो पीछे की ओर होती हैं।

मुहा०—तोता पालना=दीर्घ, दुर्व्यसन, रोग को जान-बूझकर अपने साथ लगाये रहना, उससे छूटने का प्रयत्न न करना। **तोते की तरह आँखें फेरना या बदलना**=बहुत बेमुरौवत होना।

विशेष—कहते हैं कि तोता चाहे कितने दिनों का पालतू क्यों न हो; पर जब एक बार पिंजरे के बाहर निकल जाता है, तब वह फिर अपने पिंजरे या मालिक की तरफ देखता तक नहीं। इसी आधार पर यह मुहावरा बना है।

मुहा०—तोते की तरह पढ़ना=बिना समझे-बूझे पढ़ते या रटते चलना। **हवाओं के तोते उड़ना**=इस प्रकार बहुत घबरा जाना कि समझ में न आवे कि अब क्या करना चाहिए।

पद—तोता-चश्म।

२. बन्दूक का घोड़ा।

तोता-चश्म—वि० [फा०] [भाव० तोता-चश्मी] १. जिसकी आँखों में तोते की तरह लिहाज या संकोच का पूर्ण अभाव हो। २. बे-मुरौवत।

तोता-चश्मी—स्त्री० [फा० तोताचश्म+ई (प्रत्य०)] तोताचश्म होने की अवस्था, गुण या भाव।

तोतापरी—पुं० [देश०] एक तरह का बढ़िया आम।

तोती—स्त्री० [फा० तोता] १. तोते की मादा। २. रखेली स्त्री। रखनी।

तोती—पुं० [अनु०] कुत्तों, कौओं की तरह तिरस्कारपूर्वक किसी व्यक्ति को बुलाने का शब्द।

तोद—पुं० [स०√तुद् (पीड़ित करना)+ड्रन्] पशु हाँकने की चाबुक या छड़ी।

तोद-क्षेत्र—पुं० [कर्म०स०] विष्णु के हाथ का दंड।

तोद—वि० [सं०√तुद्+घञ्] कष्ट या पीड़ा देनेवाला।

पु० पीड़ा। व्यथा।

तोदन—पुं० [सं०√तुद्+ल्युट्—अन] १. पशुओं को हाँकने का उपकरण। २. पीड़ा। व्यथा। ३. एक प्रकार का वृक्ष जिसके फल वैद्यक में कसैले, रूखे और कफ तथा वायु नाशक कहे गये है।

तोदरी—स्त्री० [फा०] फारस देश में होनेवाला एक तरह का पेड़ और उसका फल।

तोदा—पुं० [फा० तोदः] वह मिट्टी की दीवार या टीला जिस पर तीर या बंदूक बरसाने का अभ्यास करने के लिए निशाना लगाते हैं। २. ढेर। राशि।

तोदी—स्त्री० [देश०] संगीत में, एक प्रकार का ख्याल।

तोन*—पुं० [सं० तूण] तूणीर। तरकश।

तोप—स्त्री० [तु०] एक आधुनिक यंत्र जिसकी सहायता से युद्ध के समय शत्रुओं पर गोले, बम आदि बहुत दूर-दूर तक फेंके जाते हैं।

विशेष—आज-कल समुद्री और हवाई जहाजों पर रखने के लिए और हवा में उड़ते हुए हवाई जहाज आदि नष्ट करने के लिए अनेक आकार-प्रकार की तोपें बनती हैं।

क्रि० प्र०—चलाना।—छोड़ना। दागना।—मारना।

मुहा०—तोप कीलना=तोप की नाली में लकड़ी का कुंदा कसकर ठीक देना जिसमें वह गोला छोड़ने के योग्य न रह जाय। **तोप की सलामी उतारना**=किसी प्रसिद्ध और बड़े अधिकारी के आने पर अथवा किसी महत्त्वपूर्ण घटना के अवसर पर तोप चलाना जिससे बहुत जोरों का शब्द होता है। **तोप के मुँह पर रखकर उड़ाना**=किसी को तोप की नाली के आगे बाँध, बैठा या रखकर उस पर गोला छोड़ना जिससे उसका शरीर टुकड़े-टुकड़े हो जाय। **तोप दम करना**=तोप के मुँह पर रखकर उड़ाना।

पद—तोप का ईंधन या चारा=युद्ध-क्षेत्र में वे सैनिक जो जान-बूझकर इसलिए आगे किए जाते हैं कि शत्रुओं की तोपों के गोलों के शिकार बनें। (व्यंग्य)

२. आतिशबाजों का लोहे का वह बड़ा नल जिसमें रखकर वे बहुत जोर की आवाज करनेवाले गोले छोड़ते हैं। पाली।

तोपखाना—पुं० [अ० तोप+फा० खाना] १. वह स्थान जहाँ तोपें, गोला, बारूद आदि रहता हो। २. कई तोपों का कोई स्वतन्त्र वर्ग या समूह जो प्रायः एक साथ रहता और एक इकाई के रूप में काम करता है।

तोपची—पुं० [अ० तोप+ची (प्रत्य०)] वह व्यक्ति जो तोप से गोले छोड़ता हो।

तोपड़ा—पुं०[देश०] १. एक प्रकार का कबूतर। २. एक प्रकार की मक्खी।

तोपना—स०[सं० √तुप्][भाव० तोपाई]१. किसी चीज के ऊपर कोई दूसरी चीज इस प्रकार रखना कि नीचेवाली चीज बिलकुल ढक जाय।†२. (गड्ढा आदि) भरना। पाटना।

तोपवाना—स० [हिं० तोपना का प्रे०] तोपने का काम दूसरे से कराना।

तोपा—पुं०[हिं० तुरपना]१. सूई से होनेवाली उतनी सिलाई जितनी एक बार में एक छेद से दूसरे छेद तक की जाती है। सिलाई में का कोई टाँका।

मुहा०—तोपा भरना या लगाना—टाँके लगाते हुए सीना। सीधी सिलाई करना।

तोपाई—स्त्री०[हिं० तोपना] तोपने की क्रिया, भाव या मजदूरी।

तोपाना—स०=तोपवाना।

तोपासा†—पुं०[देश०] झाड़ू देनेवाला। झाड़ूबरदार।

तोपी†—स्त्री०=टोपी।

तोफगी—स्त्री० तोहफगी।

तोफा—वि०[अ० तोहफ़ा] बहुत बढ़िया।
पु०=तोहफा।

तोबड़ा—पुं०[फा० तोबरा या तुबरा]चमड़े, टाट आदि का वह थैला जिसमें चने भरकर घोड़े के खाने के लिए उसके मुँह पर बाँध देते हैं। क्रि० प्र०—चढ़ाना।—बाँधना।—लगाना।

मुहा०—(किसी के मुँह) तोबड़ा लगाना—बलपूर्वक किसी को बोलने से रोकना। (बाजारू)

तोबा—स्त्री०[अ० तौबः] १. भविष्य में फिर वैसा काम न करने की प्रतिज्ञा। क्रि० प्र०—करना।—तोड़ना।

मुहा०—तोबा तिल्ला करना या मचाना—रोते-चिल्लाते या दीनता दिखलाते हुए यह कहना कि हम पर दया करो; अब हम ऐसा नहीं करेंगे। २. किसी बुरे काम से बाज रहने की प्रतिज्ञा। जैसे—ऐसे कामों (या बातों) से तो तोबा ही भली।

मुहा०—तोबा करके (कोई बात) कहना—अभिमान छोड़कर या ईश्वर से डरकर (कोई बात) कहना। **(किसी से) तोबा बुलवाना**—किसी को दबाने या परेशान करते हुए इतना अधिक दीन और विवश बनाना कि फिर कभी वह कोई अनुचित काम या विरोध करने का साहस न कर सके। पूर्ण रूप से परास्त करना।

अव्य० ईश्वर न करे कि फिर ऐसा कभी हो। जैसे—तोबा! भला अब मैं कभी उनसे बात करूँगा। (उपेक्षा तथा घृणा सूचक)

तोय—पु०[सं० क्लीब] समूह। ढेर।

तोमड़ी—स्त्री०[?] एक प्रकार की आतिशबाजी।
स्त्री०=तुँबड़ी।

तोमर—पु०[सं०√ तुम्प्(मारना)+अर, पृषो० सिद्धि]१ भाले की तरह का एक प्राचीन अस्त्र। २. पुराणानुसार एक प्राचीन देश। ३. उक्त देश का निवासी। ४. राजपूतों की एक जाति।

विशेष—इसी जाति ने ८वीं से १२वीं शती तक दिल्ली में शासन किया था। अनंगपाल, जयपाल इसी वंश के राजा थे।

५. बारह मात्राओं का एक छंद जिसके अंत में एक गुरु और एक लघु होता है।

तोमरिका—स्त्री०[सं० तोमर+कन्—टाप्, इत्व] १. गोपी चंदन। २ अरहर।

तोमरी*—स्त्री०[हिं० तुमड़ी] तूँबड़ी।

तोय—पु० [स०√तु+विच्, तो√या (जाना)+क] १. जल। पानी। २. पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र।

तोयकाम—पुं०[स० तोय√कम् (चाहना)+अण्] एक प्रकार का बेत जो जल के पास होता है। वानीर।

तोय-कुंभ—पु०[ष०त०] सेवार।

तोय-कुच्छ—पु०[तृ०त०] एक प्रकार का व्रत जिसमें जल के सिवा और कुछ ग्रहण नहीं किया जाता।

तोयडिंब—पु०[ष०त०] ओला। पत्थर। करका।

तोय-डिंभ—पु०[ष०त०] ओला।

तोयद—पु०[स० तोय√दा(देना)+क] १ मेघ। बादल। २. नागरमोथा। ३. घी। घृत। ४. वह जो किसी को जल देता हो। ५. उत्तराधिकारी जो किसी का तर्पण करता है।
वि० जल देनेवाला।

तोयदागम—पु० [स० तोयद-आगम, ष०त०] वर्षाऋतु। बरसात।

तोय-धर—पु०[ष०त०] १ बादल। मेघ। २. मोथा।

तोय—पु० [ब० स०] =तोयधर।

तोय-धि—पु०[स० तोय√धा(धारण करना)+कि] समुद्र। सागर।

तोयधि-प्रिय—पु०[ब०स०] लौंग।

तोय-निधि—पुं०[ष०त०] समुद्र। सागर।

तोयनीवी—स्त्री०[ब०स०] पृथ्वी।

तोयपर्णी—स्त्री०[ब०स०, ङीप्] करेला।

तोय-पिप्पली—स्त्री०=जलपिप्पली।

तोय-पुष्पी—स्त्री०[ब०स०, ङीप्] पाटला वृक्ष। पाँडर।

तोय-प्रसादन—पु०[ष०त०] निर्मली।

तोय-बला—स्त्री०[ब०स०, टाप्] तरबूज या ककड़ी आदि की बेल।

तोय-मल—पु०[ष०त०] समुद्र-फेन।

तोयमुच—पु०[स० तोय√मुच्(छोड़ना)+विवप्, उप०स०] १.बादल। मेघ। २. मोथा।

तोय-यंत्र—पुं०[मध्य०स०]१. पानी के द्वारा समय बताने का यंत्र। जल-घड़ी। २. फुहारा।

तोय-राज—पु०[ष०त०] समुद्र। सागर।

तोयराशि—पु०[ष०त०] १. बड़ा तालाब। झील। २. समुद्र। सागर।

तोयवल्ली—स्त्री०[मध्य०स०] करेले की बेल।

तोय-वृक्ष—पु०[स०त०] बेंवार।

तोय शुक्ति—स्त्री०[मध्य०स०] सीपी।

तोय-शूक—पुं०[ष०त०]=तोय-वृक्ष।

तोय-सर्पिका—स्त्री०[स०त०] मेंढक।

तोय-सूचक—पु०[ष०त०] १ ज्योतिष का वह योग जिसमें वर्षा होने की संभावना मानी जाती है। २ मेंढक।

तोयाधार—पुं० [तोय-आधार, ष०त०] पुष्करिणी। तालाब।

तोयाधिवासिनी—स्त्री० [सं० तोय-अधि√वस् (रहना)+णिनि—ङीप्, उप०स०] पाटला वृक्ष।

तोयाल्य—पुं० [तोय-आलय, ष०त०] समुद्र।

तोयालिक—वि० [स० तोय से]१. तोय या जल से संबंध रखनेवाला। २. तोय या जल के प्रवाह अथवा शक्ति से चलनेवाला। (हाइड्रॉलिक)

तोयालिकी—स्त्री० [सं० तोय से] वह विद्या जिसमें जलाशयों, नदियों, समुद्रों आदि की गहराई और प्रवाह का इस दृष्टि से अध्ययन या विचार किया जाता है कि उनमें जहाज या नावें कब और कैसे चलाई जानी चाहिए। (हाइड्रोग्रैफी)

तोयालेख—पुं० [तोय-आलेख, ष०त] वह आलेख या नकशा जिसमें किसी जलाशय की गहराई, प्रवाहों की दिशाएँ आदि अंकित होती हैं। (हाइड्रोग्राफ)

तोयाशय—पुं० [तोय-आशय, ष०त०] तोयाधार।

तोयेश—पुं० [तोय-ईश, ष० त०] १. वरुण। २. शतभिषा नक्षत्र। ३ पूर्वाषाढा नक्षत्र।

तोयोत्सर्ग—पुं० [तोय-उत्सर्ग, ष०त०] वर्षा।

तोर—पुं० [सं० तुवर] अरहर।
†वि० तेज।
†पुं० तोड़।

तोरई—स्त्री० =तोरी।

तोरण—पुं० [सं० √तुर् (जल्दी करना)+ल्युट्—अन्]१. किसी बडी इमारत या नगर का वह बड़ा और बाहरी फाटक जिसका ऊपरी भाग मंडपाकार हो और प्रायः पताकाओं, मालाओं आदि से सजाया जाता हो। २. उक्त फाटक को सजाने के लिए लगाई जानेवाली पताकाएँ, मालाएँ आदि। ३. ऐसी बनावट या वास्तु-रचना जिसका ऊपरी भाग अर्द्ध-गोलाकार और बेल-बूटेदार हो। मेहराब। (आर्च) ४. उक्त फाटक के आकार-प्रकार की कोई अस्थायी रचना जो प्रायः शोभा-सजावट आदि के लिए की जाती है। ५. वे मालाएँ आदि जो सजावट के लिए खंभों और दीवारों आदि में बाँधकर लटकाई जाती हैं। बंदनवार।
पुं० [सं०√तुल (तौलना)+ल्युट्, ल—र] १. ग्रीवा। गला। २. महादेव। शिव।

तोरण-द्वार—पुं० [ष०स०] अवंतिकापुरी।

तोरण-स्थदिका—स्त्री० [ष०स०] दुर्योधन की वह सभा जो उसने पांडवों की मयदानव वाली सभा देखकर उसके जोड़ की बनवाई थी।

तोरण*—पुं०=तोरण।

तोरना†—स०=तोड़ना।

तोरभवा—पुं० [सं०] अंगिरा ऋषि का एक नाम।

तोरा—पुं० [पुं० तोरह]१. भेंट रूप में देने या स्वागत-सत्कार के लिए रखा जानेवाला वह बड़ा थाल जिसमें स्वादिष्ट पकवान, मांस, मिठाइयाँ आदि रखी जाती हैं। २. विवाह के अवसर पर वर-पक्ष को उक्त प्रकार के थाल भेंट करने या भेजने की रस्म। (मुसल०)
†सर्व० दे० 'तेरा'।
†पुं०=तोड़ा।
†पुं०=तुर्रा (कलगी)।

तोराई*—अ० [अव्य० स्त्र०] १. वेगपूर्वक। तेजी से। २. जल्दी। शीघ्र।

तोराना*—स०=तुड़ाना।

तोराबान†—वि० [सं० त्वरावत्] [स्त्री० तोर,वली] वेगवान्। तेज।

तोरिया—स्त्री० [सं० तूरी] गोटा-किनारी बुननेवालों का वह छोटा बेलन जिस पर वे बुना हुआ गोटा-आदि लपेटते चलते हैं।
स्त्री० [देश०]१. वह गाय या भैंस जिसका बच्चा मर गया हो और जिसका दूध दूहने के लिए कोई युक्ति करनी पड़ती हो। २. एक प्रकार की सरसों।

तोरी—स्त्री० [सं० तूर]१ एक प्रकार की बेल जिसकी फलियों की तरकारी बनती है। २. उक्त बेल की फली जो प्रायः ननुए की तरह की होती और तरकारी बनाने के काम आती है। ३. काली सरसों।

तोल—पुं० [सं०√तुल्(तौलना)+घञ्] बारह माशे की तौल। तोला।
स्त्री० [हि०] =तौल।
†वि० =तुल्य (समान)। उदा०—मदने पाओल आपन तोल।—विद्यापति।
†पुं० [देश०] नाव का डाँडा। (लश०)

तोलक—पुं० [सं० तोल+कन्] तोला (तौल)। बारह माशे का वजन।

तोलन—पुं० [सं०√तुल् (तौलना)+ल्युट्—अन]१. तौलने की क्रिया या भाव। २. ऊपर उठाने की क्रिया।
स्त्री० चाँड़। धूनी।

तोलना—स०=तौलना।

तोलवाना—स०=तौलवाना।

तोला—पुं० [सं० तौलक]१. एक तौल जो बारह माशे या छानवे रत्ती की होती है। २. उक्त तौल का बाट।

तोलाना—स०=तौलाना।

तोलिया—पुं० दे० 'तौलिया'।

तोल्य—वि० [सं०√तुल् (तौलना)+ण्यत्] तौले जाने योग्य।
पुं० तौलने की क्रिया या भाव।

तोष—वि० [सं०√तुष् (वध करना)+घञ्] हिंसा करनेवाला। हिंसक।
पुं०१. हिंसा। २. हिंसक पशु या प्राणी।

तोषक—स्त्री० [तु०] दोहरी चादर या खोल में रूई, नारियल की जटा आदि भरकर बनाया हुआ गुदगुदा बिछौना। हलका गद्दा।

तोषक खाना—पुं० दे० 'तोशाखाना'।

तोशदान—पुं० [फा० तोशः दान]१. वह झोला या थैली जिसमें मार्ग के लिए यात्री विशेषतः सैनिक अपना जलपान आदि या दूसरी आवश्यक चीजें रखते हैं। २. चमड़े की वह पेटी जिसमें सैनिक कारतूस या गोलियाँ रखते हैं।

तोशल—पुं०=तोषल।

तोशा—पुं० [फा० तोशः]१. वह खाद्य पदार्थ जो यात्री मार्ग के लिए अपने साथ रख लेता है। पाथेय। २. खाने-पीने का सामान। ३. बाँह पर पहनने का एक प्रकार का गहना।

तोशाखाना—पुं० [तु० तोशक+फा० खाना] वह बड़ा कमरा या स्थान जहाँ राजाओं और अमीरों के पहनने के बढ़िया कपड़े, गहने आदि रहते हों। बर्तनों और आभूषणों आदि का भण्डार।

तोष—पुं० [सं०√तुष् (सन्तोष करना)+घञ्]१. अघाने या मन भरने

की क्रिया या भाव। तुष्टि। तृप्ति। २. असंतोष, कष्ट, हानि आदि का प्रतिकार हो जाने पर मन में होनेवाली तृप्ति। (सोलेस) ३. खुशी। प्रसन्नता। ४. पुराणानुसार स्वायंभुव मनु के एक देवता। ५. श्रीकृष्ण के एक सखा।
अव्य० अल्प। कुछ। थोड़ा।

तोषक—वि०[सं०√तुष्+णिच्+ण्वुल्—अक] तोष देने या तृप्त करनेवाला। सन्तुष्ट करनेवाला

तोषण—पुं०[सं०√तुष्+णिच्+ल्युट्—अन] १. किसी को तुष्ट या तृप्त करने की क्रिया या भाव। २. [√तुष्+ल्युट्] तृप्ति।
वि०[√तुष्+णिच्+ल्यु—अन] तुष्ट या प्रसन्न करनेवाला। (यौ० पदों के अन्त में)

तोषता*—स्त्री०=तोष (तुष्टि)।

तोषणिक—पुं० [स० तोषण+ठन्—इक] वह धन जो किसी को तुष्ट करने के उद्देश्य से दिया जाय।

तोषना*—स०[सं० तोष] तृप्त या संतुष्ट करना। तृप्त करना। उदा०—विप्र, पितर, सुर, दान, मान, पूजा सौं तोषे।—रत्नाकर।
अ० तृप्त या सन्तुष्ट होना।

तोष-पत्र—पुं० [मध्य०स०] वह पत्र जिसमें राज्य की ओर से जागीर मिलने का उल्लेख रहता है। बख्शीशनामा।

तोषल—पुं०[सं०]१. कंस का एक असुर मल्ल जिसे धनुर्यज्ञ में श्रीकृष्ण ने मार डाला था। २. मूसल।

तोषार*—पु०१.=तुषार'। २.=तुखार। (देश०)

तोषित—वि०[सं०√तुष्+णिच्+क्त] जिसका तोष हो गया हो, अथवा जिसे तृप्त किया गया हो। तुष्ट। तृप्त।

तोषी (षिन्)—वि०[सं०√तुष्+णिनि] समस्तप दों के अन्त में; (क)संतुष्ट होनेवाला। थोड़ी-सी चीज या बात से तुष्टहोनेवाला। जैसे—अल्प-तोषी। (ख) [√तुष्+णिच्+णिनि] तुष्ट या संतुष्ट करनेवाला। जैसे—सर्व-तोषी=सबको तुष्ट करनेवाला।

तोस*—पुं०=तोष।

तोसक*—स्त्री० तोशक।
पुं०=तौषक।

तोसल*—पुं०=तोषल।

तोसा*—पुं० =तोशा।

तोसाखाना—पुं०=तोशाखाना।

तोसागार*—पुं० दे०'तोशाखाना'।

तोहफगी—स्त्री० [अ० तोहफा+फा० गी (प्रत्य०)] तोहफा अर्थात् बढ़िया और विलक्षण होने की अवस्था या भाव।

तोहफा—पुं०[अ० तुहफ़ः] १. अद्भुत और सुन्दर पदार्थ। बढ़िया और विलक्षण चीज। २. उपायन। भेंट। सौगात। ३. उपहार। भेंट।
वि० अच्छा। उत्तम। बढ़िया।

तोहमत—स्त्री०[अ०] किसी पर लगाया जानेवाला झूठा और व्यर्थ का अभियोग या आरोप। झूठा दोषारोपण।
क्रि० प्र०—जोड़ना।—धरना।—लगाना।

तोहमती—वि०[अ० तोहमत+ई (प्रत्य०)]दूसरों पर झूठा अभियोग या तोहमत लगानेवाला। मिथ्या कलंक लगानेवाला।

तोहरा†—सर्व० दे० 'तुम्हारा'।

तोहार—सर्व० दे० 'तुम्हारा'।

तोहिं—सर्व०[हिं० तू या तैं] मुझको। तुझे।

तौंस†—स्त्री०=तौंस।

तौंसना—अ०=तौसना।

तौं†—स्त्री०[सं० ताप, हिं० ताव+स० उष्म; हिं० ऊमस, औंस] वह प्यास जो बहुत अधिक गरमी या धूप लगने से होती है और जल्दी शान्त नहीं होती।

तौंसना—अ०[हिं० तौंस] गरमी के कारण संतप्त होना।
स० १. गरमी पहुँचाकर विकल या संतप्त करना। २. झुलसना। उदा०—तात नाल तौंसियत झौंसियत झारहिं।—तुलसी।

तौंसा—पुं०[स० ताप; हिं० ताव+स० ऊष्म; हिं० ऊमस, औंस] बहुत अधिक ताप। कड़ी गरमी।

तौ—अ०[हिं० हतौ का संक्षि०] था।
क्रि० वि०=तौं।
†अव्य० हाँ, ठीक है। ऐसा ही है।

तौक—पुं०[अ०]१ हँसुली के आकार का गले में पहनने का एक प्रकार का गहना। २. अपराधियों, पागलों आदि के गले में पहनाया जानेवाला लोहे का वह भारी घेरा या मंडल जिसके कारण वे इधर-उधर जा या भाग नहीं सकते। ३. पक्षियों आदि के गले में होनेवाला प्राकृतिक गोलाकार चिह्न या मंडल। ४ कोई गोल घेरा या पदार्थ। ५. गले में लटकाई जानेवाली चपरास या उसका परतला।

तौकीर—स्त्री०[अ०]आदर। सम्मान। प्रतिष्ठा।

तौक्षिक—पु०[स०] धनु राशि।

तौघा—पुं०[देश०] एक प्रकार का गहना जो देहाती स्त्रियां सिर पर पहनती हैं।

तौजा—पुं० [अ० तौजीह] १. वह धन जो विवाहादि में खर्च करने के लिए पेशगी दिया जाता था। बिसाही। २. उधार दिया हुआ धन।
वि० यों ही कुछ समय के लिए उधार दिया या लिया हुआ।

तौतातिक—पु०[स० तुतात+ठक्—इक] कुमारिल भट्ट कृत मीमांसा शास्त्र।

तौतातित—पु०[स०] १ ऋषियों का एक भेद या वर्ग। २. कुमारिल भट्ट का एक नाम।

तौतिक—पु०[स० मुक्ता+ठक् सिद्धि]१ मुक्ता। मोती। २. शुक्ति। सीप।

तौन—स्त्री०[देश०] वह रस्सी जिसमें गौ दुहने के समय उसका बछवा उसके अगले पैर से बाँध दिया जाता है।
†सर्व०=तवन (वह)।
†अव्य० सो।

तौनी—स्त्री०[हिं० तवा का स्त्री० अल्पा०] रोटी सेंकने का छोटा तवा। नई। तवी।
वि०, स्त्री०=नौन।

तौफीक—पुं० [अ०] १. शक्ति। सामर्थ्य। २. हिम्मत। हौसला। ३. ईश्वर के प्रति होनेवाली भक्ति और श्रद्धा।

तौबा—स्त्री० =तोबा।

तौर—पुं० [सं० √तुर्व् (हिंसा करना)+कञ् बा०] एक प्रकार का यज्ञ।

पुं० [अ०] १. ढंग। तरीका।

पद—तौर-तरीका। (देखें)

२. चाल-चलन। चाल-ढाल।

मुहा०—तौर बे-तौर होना=रंग-ढंग खराब होना। लक्षण बुरे जान पड़ना।

३. अवस्था। दशा। हालत।

†पुं० [देश०] मथानी मथने की रस्सी। नेत्री।

तौर-तरीका—पुं० [अ०] १. चाल-ढाल। २. रंग-ढंग।

तौरश्रवस—पुं० [सं० तोरश्रवस्+अण्] एक प्रकार का साम (गान)।

तौरात—पुं० दे० 'तौरेत'।

तौरायणिक—पुं० [सं० तूरायण+ठञ्—इक] वह जो तूरायण यज्ञ करता हो।

तौरि*—स्त्री० [हिं० ताँवरि] सिर में आनेवाली घुमरी या चक्कर।

तौरीत—पुं० दे० 'तौरेत'।

तौरेत—पुं० [इब्रा०] यहूदियों का प्रधान धर्म-ग्रंथ जो हजरत मूसा पर प्रकट हुआ था। इसमें सृष्टि और आदम की उत्पत्ति आदि का उल्लेख है।

तौर्य—पुं० [सं० तूर्य+अण्] १. ढोल, मँजीरा आदि बाजे। २. उक्त बाजे बजाने की क्रिया।

तौर्य-त्रिक—पुं० [मध्य०स०] नाचना, गाना और बाजे बजाना आदि काम।

तौल—पुं० [सं० तुला+अण्] १. तराजू। २. तुला राशि।

स्त्री० [हिं० तौलना] १. कोई चीज तौलने की क्रिया या भाव। २. किसी पदार्थ का वह भार या मान जो उसे तौलने पर जाना जाता है। वजन। (वेट) ३. बटखरों के अलग-अलग प्रकार के मान के विचार से तौलने की नियत प्रणाली या मानक। जैसे—कच्ची या पक्की तौल; छोटी या बड़ी तौल। ४. किसी प्रकार की जांच की कसौटी या मानक। सर्व-मान्य परिमाण। ५. गम्भीरता, परिमाणु, महत्त्व आदि का अनुमान। कल्पना या थाह। उदा०—बालपना की प्रीत रमइया जी कदे गहीं आयो थारो तोल (तौल)।—मीराँ।

तौलना—स० [सं० तोलना] १. काँटे, तराजू, बटखरे आदि की सहायता से यह पता लगाना कि अमुक वस्तु का गुरुत्व या भार कितना है। जोखनी। २. कोई चीज हाथ में लेकर या हाथ से उठाकर यह अनुमान करना कि वह तौल, भार या वजन में कितनी होगी।

संयो० क्रि०—डालना।—देना।—लेना।

३. अस्त्र-शस्त्र आदि चलाने के समय, उसे हाथ में लेकर ऐसी मुद्रा या स्थिति में लाना कि वह ठीक तरह से अपने लक्ष्य पर पहुँचकर पूरा काम कर दिखलावे। सानना। जैसे—डंडा या तलवार तौलना। ४. दो या अधिक वस्तुओं के गुण, मान आदि की परस्पर तुलना करके उनके महत्त्व आदि का विचार करना। तारतम्य जानना। मिलान करना। ५. किसी बात का ठीक महत्त्व, मान, स्वरूप आदि जानने के लिए अथवा किसी व्यक्ति के मन की थाह लेने के लिए उसकी सब बातों, व्यवहारों आदि को अच्छी तरह देखते हुए उसके सम्बन्ध में मन में अनुभव या कल्पना करना। जैसे—किसी का मन (या किसी को) तौलना (या तौलकर देखना)। ६. गाड़ी के पहिये के छेद में इसलिए तेल डालना कि वह बिना रगड़ खाये सहज में घूमता रहे। औंगना।

तौलनिक—वि० =तुलनात्मक।

तौलवाई—स्त्री० =तौलाई।

तौलवाना—स० [हिं० तौलना का प्रे०] तौलने का काम दूसरे से कराना। दूसरे को तौलने में प्रवृत्त करना। तौलाना।

तौला—पुं० [हिं० तौलना] १. वह जो चीजें तौलने का काम या पेशा करता हो। २. दूध नापने का मिट्टी का बरतन।

पुं० [फा० तबल] [स्त्री० अल्पा० तौली] १. एक प्रकार का बड़ा कटोरा। २. मिट्टी का घड़ा।

पुं० [?] महुए की शराब।

तौलाई—स्त्री० [हिं० तौल+आई (प्रत्य०)] १. तौलने की क्रिया या भाव। २. तौलने का पारिश्रमिक या मजदूरी।

तौलाना—स० = तौलवाना।

तौलिक, तौलिकिक—पुं० [सं० तूली+ठक्—इक, तूलिका+ठक—इक] चित्रकार।

तौलिया—पुं० [अं० टावेल] एक प्रकार का मोटा अँगोछा जिससे स्नान आदि करने के उपरांत शरीर पोंछते हैं।

तौली—स्त्री० [अ० तबल] १. एक प्रकार की मिट्टी की छोटी प्याली। २. मिट्टी का घड़ा जिसमें अनाज, गुड़ आदि रखते हैं।

तौलैया—पुं० [हिं० तौलना+ऐया (प्रत्य०)] अनाज तौलने का काम करनेवाला व्यक्ति। बया।

तौल्य—पुं० [सं० तुला+ष्यञ्] १. वजन। तौल। २. सादृश्य। समानता।

तौषार—पुं० [सं० तुषार+अण्] तुषार का जल। पाले का पानी।

तौस†—स्त्री० = तौस।

तौसना—अ०, स० =तौंसना।

तौहीद—स्त्री० [अ०] यह मानना कि ईश्वर एक ही है। एकेश्वरवाद।

तौहीन—स्त्री० [अ०] अपमान। अप्रतिष्ठा। बेइज्जती।

तौहीनी—स्त्री० = तौहीन।

त्यक्त—भू० कृ० [सं० √त्यज् (त्यागना)+क्त] [स्त्री० त्यक्ता] १. (पदार्थ) जिसका त्याग कर दिया गया हो। छोड़ा या त्यागा हुआ। २. यौ० पदों के आरंभ में, जिसने छोड़ या त्याग दिया हो। जैसे—त्यक्त प्राण = मृत; त्यक्त-लज्ज=निर्लज्ज। ३. यौ० पदों के आरंभ में, जो किसी के द्वारा छोड़ या त्याग दिया गया हो। जैसे—त्यक्त श्री=जिसे श्री या लक्ष्मी ने त्याग दिया हो। अर्थात् अभागा या दरिद्र।

त्यक्तव्य—वि० [सं० √त्यज्+तव्यत्] जो छोड़े जाने के योग्य हो। जिसे त्यागना उचित हो।

त्यक्ता (क्तृ)—वि० [सं० √त्यज्+तृच्] त्यागने वाला। जिसने त्याग किया हो।

त्यक्ताग्नि—वि० [सं० त्यक्त-अग्नि; ब० स०] गृहाग्नि की उपेक्षा करनेवाला। (ब्राह्मण)

त्यक्तात्मा (त्मन्)—वि० [सं० त्यक्त-आत्मन्, ब० स०] हताश। निराश।

त्यक्तादि—पुं० [सं०] एक प्रकार का लौंग।

त्यजन—पुं० [सं० त्यज्+ल्युट्—अन] [वि० त्यजनीय, त्याज्य; भू० कृ० त्यक्त] छोड़ने की क्रिया या भाव। त्याग।

त्यजित—भू० कृ० दे० 'त्यक्त'।

त्यजनीय—वि० [सं०√त्यज्+अनीयर] जो त्यागे जाने के योग्य हो। त्याज्य।

त्यजमान—वि० [सं०√त्यज्+शानच्, मक्] जिसका त्याग कर दिया गया हो। जो छोड़ दिया गया हो।

त्यहि—सर्व० [सं० तेषाम्] उनका या उनके। उदा०—अरि देखे आराम मैं, तुम सुख मंजिल त्याहि।—बाँकीदास।

त्याग—पुं० [सं०√त्यज्(त्यागना)+घञ्] १. किसी चीज पर से अपना अधिकार या स्वत्व हटा लेने अथवा उसे सदा के लिए अपने पास से अलग करने की क्रिया। पूरी तरह से छोड़ देना। उत्सर्ग। जैसे—घर-गृहस्थी, संपत्ति या सांसारिक संबंधों का त्याग।

पद—त्याग-पत्र। (देखें)

२. किसी काम, चीज या बात से लगाव या सम्बन्ध हटा लेने अथवा उसे छोड़ने की क्रिया या भाव। जैसे—(क) मोह-माया का त्याग। (ख) दुर्व्यसनों का त्याग। ३. मन में विरक्ति या वैराग्य उत्पन्न होने पर सांसारिक व्यवहार, सम्बन्ध आदि छोड़ने की क्रिया या भाव। जैसे—संन्यास ग्रहण करने से पहले मन में त्याग की भावना उत्पन्न होना आवश्यक है। ४. दूसरों के उपकार या हित के विचार से स्वयं कष्ट उठाने या अपना सुख-सुभीता छोड़ने की क्रिया या भाव। जैसे—लोकमान्य तिलक (या अरविन्द घोष) का त्याग अनुकरणीय है। ५. इस प्रकार सम्बन्ध तोड़ना कि अपने ऊपर कोई उत्तरदायित्व न रह जाय। जैसे—पत्नी या पुत्र को त्याग करके उनसे अलग होना। ६. उदारता पूर्वक किया जानेवाला उत्सर्ग या दान। ७. कन्या-दान। (वि०)

त्यागना—स० [सं० त्याग] त्याग करना। छोड़ना। तजना।

संयो० क्रि०—देना।

त्याग-पत्र—पुं० [सं० मध्य० स०] १. वह पत्र जिसमें यह लिखा हुआ हो कि हमने अमुक काम, चीज या बात सदा के लिए छोड़ दी है। २. वह पत्र जो कोई कार्यकर्ता या सेवक अपने अधिकारी या स्वामी की नौकरी या पद छोड़ने के समय लिखकर देता है और जिसमें यह लिखा रहता है कि अब मैं अपने पद पर नहीं रहूँगा या उसका काम नहीं करूँगा। इस्तीफा। (रेजिग्नेशन)

त्यागवान् (वत्)—वि० [सं० त्याग+मतुप्] जिसने त्याग किया हो अथवा जिसमें त्याग करने की शक्ति हो। त्यागी।

त्यागि (गिन्)—वि० [सं०√त्यज्+घिनुण्] १. त्यागने या छोड़नेवाला। २. संसार की झंझटों से विरक्त होकर वैभव या सुख-भोग के सब साधनों या सामग्री का त्याग करनेवाला। 'संन्यासी' का विपर्याय। ३. किसी अच्छे काम के लिए अपने स्वार्थ या हित का त्याग करनेवाला।

त्यागना*—स०=त्यागना।

त्यागित—भू० कृ० [सं० √त्यज्+णिच्+क्त] १. जिससे परित्याग कराया गया हो। २. जिसकी उपेक्षा कराई गयी हो। ३. दे० 'त्यक्त'।

त्याज्य—वि० [सं०√त्यज्+ण्यत्] जिसे त्याग देना उचित हो। छोड़े या त्यागे जाने के योग्य।

त्यार†—वि० दे० 'तैयार'।

त्यारन*—पुं०, वि०=तारन।

त्यारा†—वि० [स्त्री० त्यारी] =तेरा या तुम्हारा।

त्यूँ†—क्रि० वि० दे० 'त्यों'।

त्यूरस—पु० दे० 'त्योरस'।

त्यों—क्रि० वि० [सं० तत्-एवम्] १. उस प्रकार। उस तरह। २. उसी समय। उसी वक्त।

†अव्य० [सं० तनु] ओर। तरफ। उदा०—(क) हरि त्यों टुक डीठि पसारत ही.....। —केशव। (ख) सब ही त्यौं (त्यों) समुहाति छिनु, चलित सबनि दै पीठि।—बिहारी।

त्योंनार—पुं० [हिं० तेवर ?] १. ढंग। तर्ज। २. तेवर। (देखें)

त्योर*—पुं० दे० 'त्योरी'।

त्योरस—पु० [हिं० ति(तीन)+बरस] १. गत वर्ष से पहले का अर्थात् वर्तमान वर्ष के विचार से बीता हुआ तीसरा वर्ष। २. आनेवाले वर्ष के बाद का अर्थात् वर्तमान वर्ष के विचार से तीसरा वर्ष।

त्योरी—स्त्री० [हिं० त्रिकुटी; सं० त्रिकूट (चक्र)] किसी विशिष्ट उद्देश्य से देखनेवाली दृष्टि। निगाह। तेवर।

मुहा०—त्योरी चढ़ना दृष्टि का ऐसी अवस्था में हो जाना जिससे कुछ असन्तोष या रोष प्रकट हो। आँखें चढ़ना। त्योरी चढ़ाना या बदलना=दृष्टि या आकृति से क्रोध के चिह्न प्रकट करना। भौंहें चढ़ाना। त्योरी में बल पड़ना=त्योरी चढ़ना।

त्योरस—पुं०=त्योरस।

त्योहार—पु० [सं० तिथि+वार] १. वह दिन जिसमें कोई बड़ा धार्मिक या जातीय उत्सव मनाया जाता हो। पर्व दिन। (फेस्टिवल) जैसे—जन्माष्टमी, दशहरा, दीवाली, होली आदि हिन्दुओं के प्रसिद्ध त्योहार हैं। २. वह दिन या समय जिसमें बहुत से लोग मिलकर उत्सव मनाते हों।

क्रि० प्र०—मनाना।

त्योहारी—स्त्री० [हिं० त्योहार+ई (प्रत्य०)] वह धन जो किसी त्योहार के उपलक्ष्य में छोटों, लड़कों या नौकरों आदि को दिया जाता है।

त्यौं—क्रि० वि० दे० 'त्यों'।

त्यौनार—पुं०=त्योनार।

त्यौर—पुं० १. दे० 'त्योरी'। २. दे० 'त्यौनार'।

त्यौराना—अ० [हिं० तेवर] सिर में चक्कर आना। सिर घूमना।

त्यौरी—स्त्री०=त्योरी।

त्यौरस—पुं० दे० 'त्योरस'।

त्यौहार—पुं० दे० 'त्योहार'।

त्यौहारी—स्त्री०=त्योहारी।

त्र—त् और र के योग से बना हुआ एक संयुक्त वर्ण जिसकी गिनती स्वतंत्र वर्ण के रूप में होने लगी है। यह कुछ शब्दों के अंत में प्रत्यय के रूप में लगकर नीचे लिखे अर्थ देता है—(क) त्राण या रक्षा करनेवाला। जैसे—अंगुत्रि, आतपत्र। (ख) किसी स्थान पर आया या लाया हुआ; जैसे—अपत्र, एकत्र, पूर्वत्र, सर्वत्र आदि। और (ग) उपकरण

या यंत्र के रूप में कोई काम करनेवाला। जैसे—चूषित्र, प्रेषित्र, वाष्पित्र आदि।

त्रंब—पुं० [सं०√त्रङ्ग् (जाना)+अच्] राजा हरिश्चंद्र के राज्य की राजधानी।

त्रंबाल†—पुं० [?] नगाड़ा। (राज०) उदा०—गुड़ै धणीचा गाजणा, तो माथे त्रंबाल।—कविराजा सूर्यमल।

त्रपा—स्त्री० [सं०√त्रप् (लज्जा करना)+अङ्-टाप्] [वि० त्रपमान्] १. कीर्ति। यश। २. लज्जा। शरम। ३. छिनाल स्त्री। पुंश्चली।
वि० १. कीर्तिमान्। २. लज्जित। शरमिन्दा।

त्रपा-रंडा—स्त्री० [स० त०] १. छिनाल स्त्री। २. रंडी। वेश्या। ३. कीर्ति। यश। ४. कुल। वंश।

त्रपित—भू० कृ० [सं० √त्रप्+क्त] लज्जित।

त्रपु—पुं० [सं०√त्रप्+उन्] १. सीसा। २. रांगा।

त्रपु-कर्कटी—स्त्री० [मध्य० स० ?] १. खीरा। २. ककड़ी।

त्रपुटी—स्त्री० [सं०√त्रप्+उटक् (बा०)-ङीप्] छोटी इलायची।

त्रपुरी—स्त्री० = त्रपुटी।

त्रपुल—पुं० [सं०√त्रप्+उलच् (बा०)] राँगा।

त्रपुष—पुं० [सं०√त्रप्+उष (बा०)] १. राँगा। २. खीरा, ककड़ी आदि।

त्रपुषी—स्त्री० [सं० त्रपुष+ङीष्] १. ककड़ी। २. खीरा।

त्रपुस—पुं० [सं०√त्रप्+उस (बा०)] १. राँगा। २. खीरा, ककड़ी आदि।

त्रपुसी—स्त्री० [सं० त्रपुस+ङीष्] १. ककड़ी। २. खीरा। ३. बड़ा इन्द्रायन।

त्रप्सा—स्त्री० [सं०√त्रप्+सन्+अङ्-टाप्] जमा हुआ कफ या श्लेष्मा।

त्रप्स्य—पुं० [सं०√त्रप्+सन्+ण्यत्] मठा। झस्सी।

त्रय—वि० [सं० त्रि+अयच्] १. तीन अंगों, अंशों, इकाइयों या रूपों-वाला। २. तीसरा। ३. तीनों। जैसे—ताप-त्रय।

त्रय-ताप—पुं० [मध्य० स०] आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक ये तीनों प्रकार के ताप।

त्रयारुण—पुं० [सं०] पंद्रहवें द्वापर के एक व्यास का नाम।

त्रयारुणि—पुं० [सं०] एक प्राचीन ऋषि का नाम जो भागवत के अनुसार लोमहर्षण ऋषि के शिष्य थे।

त्रयी—स्त्री० [सं०त्रय+ङीप्] १. तीन विभिन्न इकाइयों का योग, संग्रह या समूह। (ट्रिपलेट) जैसे—वेदत्रयी (अथर्ववेद के अतिरिक्त तीनों वेद), लोकत्रयी (स्वर्गलोक, मृत्युलोक, पाताललोक) देवत्रयी (ब्रह्मा, विष्णु, महेश)। २. इस प्रकार ली जाने वाली तीनों वस्तुएँ। ३. वह विवाहिता स्त्री जिसका पति और बच्चे जीवित हों। ४. दुर्गा। ५. सोमराजी लता।

त्रयी-तनु—पुं० [ब० स०] १. सूर्य। २. शिव।

त्रयी-धर्म—पुं० [मध्य० स०] ऋग्वेद, यजुर्वेद, और सामवेद तीनों में बतलाया हुआ या इन तीनों के अनुसार विहित धर्म।

त्रयीमय—पुं० [सं० त्रयी+मयट्] १. सूर्य। २. परमेश्वर।

त्रयी-मुख—पुं० [ब० स०] ब्राह्मण।

त्रयो-दश (न्)—वि० [सं० त्रि-दशन्, द्व० स०] तेरह।

त्रयोदशी—स्त्री० [सं० त्रयोदशन्+डट्-ङीप्] चांद्र मास के किसी पक्ष की तेरहवीं तिथि। तेरस।

त्रष्टा—पुं० [सं० तष्टा] बढ़ई।
पु० [फा० तश्त] ताँबे की छिछली और छोटी तश्तरी।

त्रस—वि० [सं०√त्रस् (भय करना)+क] चलनेवाला। चलनशील।
पुं० १. वन। जंगल। २. चलने-फिरनेवाले समस्त जीव। जैसे—पशु, मनुष्य आदि। ३. धूल का वह कण जो प्रकाश-किरणों में उड़ता तथा चमकता हुआ दिखाई देता है।

त्रसन—पुं० [सं०√त्रस्+ल्युट्-अन] १. किसी के मन में त्रास या भय उत्पन्न करने की क्रिया या भाव। २. डर। भय। ३. भयभीत होने की अवस्था या भाव। ४. चिंता। फिक्र। ५. वह आभूषण जो पहनने पर झूलता या हिलता-डुलता रहे।

त्रसना*—अ० [सं० त्रसन] १. भयभीत होना। २. त्रस्त होना।
स० चिंतित या भयभीत करना।

त्रसर—पुं० [सं०√त्रस्+अरन् (बा०)] जुलाहों की ढरकी। तसर।

त्रस-रेणु—पुं० [सं० उपमि० स०] धूल का वह कण जो प्रकाश-रश्मियों में उड़ता तथा चमकता हुआ दिखाई देता है।
स्त्री० सूर्य की एक पत्नी।

त्रसाना—स० [हिं० त्रासना का प्रे० रूप] किसी को किसी दूसरे के द्वारा त्रस्त या भयभीत कराना।

त्रसित—भू० कृ० [सं० त्रस्त] १. डरा हुआ। २. पीड़ित।

त्रसुर—वि० [सं०√त्रस्+उरच्] १. जो भय से काँप रहा हो। २. डरपोक। भीरु।

त्रस्त—भू०कृ० [सं०√त्रस्+क्त] १. बहुत अधिक डरा हुआ। भयभीत। २. पीड़ित।

त्रस्नु—वि० [सं०√त्रस्+क्नु] जो भय से काँप रहा हो। बहुत अधिक डरा हुआ।

त्रहक्कना†—अ० दे० 'बजना'। (राज०)

त्रागा†—पुं० = तागा। (राज०) उदा०—तितरै हेक दी पवित्र गलित्रागी। —प्रिथीराज।

त्राटक—पुं० दे० 'त्राटिका'।

त्राटिका—स्त्री० [सं०] योग की एक क्रिया जिसमें दृष्टि तीव्र या प्रखर करने के लिए कुछ समय तक किसी सूक्ष्म बिंदु को एकटक देखना पड़ता है।

त्राण—पुं० [सं०√त्रै (रक्षा करना)+ल्युट्-अन] १. किसी को विपत्ति या संकट से छुटकारा दिलाने तथा उससे सुरक्षित रखने की क्रिया या भाव। २. शरण। ३. सहायता। ४. रक्षा का साधन। बचाने वाली चीज (यौ० के अन्त में)। जैसे—पादत्राण, शिरस्त्राण। ५. कवच। बक्तर। ६. त्रायमाणा लता।

त्राणक—पुं० [सं० त्रायक] त्राण करने या बचानेवाला। रक्षक।

त्राणा—स्त्री० [सं० त्राण+टाप्] बनफशे की जाति की एक लता।

त्रात—भू० कृ० [सं०√त्रै (रक्षा करना)+क्त] जिसे त्राण दिया गया हो। विपत्ति या संकट से बचाया हुआ।

त्रातव्य—वि० [सं०√त्रै+तव्यत्] विपत्ति, संकट आदि से जिसकी रक्षा करना उचित या वांछनीय हो। त्राण पाने का अधिकारी या पात्र।

त्रातृ (तृ)—वि० [सं०√त्रै (रक्षा करना)+तृच्] त्राण या रक्षा करनेवाला।

पुं० वह जो किसी का त्राण या रक्षा करे।

त्रातार—पुं० = त्राता।

त्रायंतु—वि० [सं० त्रयुष+अण्] १. त्रयुष-सम्बन्धी। २. त्रयुष अर्थात् टीन, राँगे आदि का बना हुआ।

त्रायक—वि० [सं०√त्रै (रक्षा करना)+ण्वुल्-अक] त्राण या रक्षा करनेवाला।

त्रायंती—स्त्री० [सं० त्रा√त्रै+विच्, त्रा√इ (जाना)+शतृ—ङीप्] त्रायमाण (लता)।

त्रायमाण—वि० [सं०√त्रै +शानच्] त्राता। रक्षक।

पुं० बनफशे की तरह की एक लता।

त्रायमाणा—स्त्री० [सं० त्रायमाण+टाप्] त्रायमाण (लता)।

त्रायमाणिका—स्त्री० [सं० त्रायमाणा+कन्-टाप्, ह्रस्व, इत्व।] =त्रायमाणा।

त्राय-नूत—पुं० [सं०√त्रै+क, त्राय-नूत, ब० स०] गंडीर या मुंडिरी नामक साग।

त्रास—स्त्री० [सं०√त्रस् (डरना)+घञ्] १. ऐसा भय जिससे विशेष अनिष्ट, क्षति, हानि आदि की आशंका हो। २. कष्ट। तकलीफ। २. मणि का एक अवगुण या दोष।

त्रासक—वि० [सं०√त्रस्+णिच्+ण्वुल्—अक] १. त्रास देनेवाला। डरानेवाला। २. दूर करने या हटानेवाला। निवारक।

त्रासन—पुं० [सं०√त्रस्+णिच्+ल्युट्—अन] [वि० त्रासनीय] त्रास देने अर्थात् डराने का कार्य।

वि० =त्रास देने या डरानेवाला। (यौ० के अन्त में)

त्रासना*—स० [सं० त्रासन] किसी को त्रस्त या भयभीत करना। डराना।

त्रासित—भू० कृ० [सं०√त्रस्+णिच्+क्त] १. जिसे त्रास दिया गया हो। डराया-धमकाया हुआ। २. जिसे कष्ट पहुँचा या पहुँचाया गया हो।

त्रासी (सिन्)—वि० [सं०√त्रस्+णिच्+णिनि] =त्रासक।

त्राहि—अव्य० [सं०√त्रै+लोट्—हि] इस घोर कष्ट या संकट से त्राण दो। रक्षा करो! बचाओ!

त्रिंश—वि० [सं० त्रिशत्+डट्] तीसवाँ।

त्रिंशत्—वि० [सं० त्रि-दश, त्रि० सिद्धि] तीस।

त्रिंशत्पत्र—पुं० [सं० ब० स०] कोई का फूल। कुमुदनी।

त्रिंशांश—पुं० [सं० त्रिंश-अंश, कर्म० स०] १. किसी पदार्थ का तीसवाँ भाग। २. फलित ज्योतिष में, राशि का तीसवाँ अंश या भाग जिसका उपयोग जन्मपत्री बनाने और शुभाशुभ फल निकालने में होता है।

त्रि—वि० [सं०√तृ (तैरना)+कि] तीन अंगों, अवयवों, इकाइयों, खंडों या रूपोंवाला (यौ० के आरंभ में)। जैसे—त्रिवेद, त्रिदोष, त्रिवर्ग आदि।

त्रि-कंद—पुं० [सं० ब० स०] =त्रिकंटक।

त्रि-कंदक—पुं० [सं० ब० स०, कप्] १. त्रिशूल। २. गोखरू। ३. तिधारा। थूहर। ४. जवासा। ५. टेंगरा नाम की मछली।

त्रिक—वि० [सं० त्रि+कन्] १. तीन अंगों, इकाइयों या रूपोंवाला। २. तीसरी बार होनेवाला। ३. तीन प्रतिशत।

पुं० १. एक ही तरह की तीन चीजों का वर्ग या समूह। २. रीढ़ के नीचे का वह भाग जो कूल्हे की हड्डियों के पास पड़ता है। ३. कटि। कमर। ४. कर्णों के बीच का भाग। ५. त्रिकटु। ६. त्रिफला। ७. त्रिभंग। ८. त्रिमुहानी। ९. मनु के अनुसार ३ प्रतिशत होनेवाला लाभ या मिलनेवाला ब्याज।

त्रि-ककुद्—वि० [सं० ब० स०] जिसके तीन शृंग हों।

पुं० १. त्रिकूट पर्वत। २. जंगली सूअर। बाराह। ३. विष्णु जिन्होंने एक बार बाराह का अवतार लिया था। ४. दस दिनों में पूरा होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ।

त्रि-ककुभ्—पुं० [सं० त्रि-क(जल) √ स्कुम्भ् (रोकना)+क्विप्] १. इंद्र। २. वज्र।

त्रिकट—पुं० [सं० त्रि√कट् (ढकना)+अच्, उप० स०] त्रिकटु। (दे०)

त्रि-कटु—पुं० [स० द्विगु स०] १. तीन कड़वी वस्तुओं का वर्ग। २. ये तीन कड़वी वस्तुएँ—सोंठ, मिर्च और पीपल। (वैद्यक)

त्रिकटुक—पुं० [स० त्रिकटु+क (स्वार्थे)] त्रिकटु। (दे०)

त्रिक-त्रय—पुं० [सं० प० त०] त्रिफला, त्रिकुटा और त्रिभेद अर्थात् हड़, बहेड़ा और आँवला, सोंठ, मिर्च और पीपल तथा मोथा, चीता और बायबिडंग इन सब का समूह।

त्रि-कर्मा (र्मन्)—पुं० [स० ब० स०] ब्राह्मण, जो वेदों का अध्ययन, यज्ञ और दान ये तीन मुख्य कर्म करते है।

त्रि-कल—वि० [स० ब० स०] तीन कलाओं या मात्राओंवाला।

पुं० १. तीन मात्राओं का शब्द। प्लुत। २. दोहे का एक भेद जिसमें ९ गुरु और ३० लघु होते हैं।

त्रिकलिंग—पुं० = तैलंग।

त्रिक-शूल—पुं० [सं० ष० त०] एक तरह का वात रोग जिसमें कमर, पीठ और रीढ़ तीनों में पीड़ा होती है।

त्रि-कांड—वि० [सं० ब० स०] जिसमें तीन कांड हों।

पुं० १. अमरकोश, जिसमें तीन कांड है। २. निरुक्त शास्त्र का एक नाम। ३. बाण तीर।

त्रिकांडी—वि० = त्रिकांडीय।

त्रिकांडीय—वि० [सं० त्रि-कांड, द्विगु स०, +छ—ईय] जिसमें तीन कांड हों। तीन कांडोंवाला।

पुं० वेद, जिनमें कर्म, उपासना और ज्ञान तीनों की चर्चा या विवेचन है।

त्रिका—स्त्री [सं० त्रि√कै (शासित होना)+क—टाप्] कूएँ में से पानी निकालने के लिए लगी हुई गरारी।

त्रि-काय—पुं० [सं० ब० स०] गौतम बुद्ध।

त्रि-कार्षिक—पुं० [सं० कर्ष+ठक्-इक, त्रि-कार्षिक, ब० स०] सोंठ, बतीस और मोथा इन तीनों समूह।

त्रि-काल—पुं० [सं० द्विगु स०] १. भूत, वर्त्तमान और भविष्य ये तीनों काल। २. प्रातः, मध्याह्न और सायं ये तीनों काल।

त्रिकालज्ञ—पुं० [सं० त्रिकाल+ज्ञा (जानना)+क] [भाव० त्रिकालज्ञता] वह जो भूत, वर्त्तमान और भविष्य तीनों कालों में हुई अथवा होनेवाली बातों को जानता हो।

त्रिकालज्ञता—स्त्री० [सं० त्रिकालज्ञ+तल्—टाप्] त्रिकालज्ञ होने की अवस्था, भाव या शक्ति।

त्रिकाल-दर्शक—वि० [सं० ब० त०] त्रिकालज्ञ।
पुं० ऋषि।

त्रिकालदर्शिता—स्त्री० [सं० त्रिकालदर्शिन्+तल्—टाप्] त्रिकालदर्शी होने की अवस्था, गुण, भाव या शक्ति।

त्रिकालदर्शी (र्शिन्)—पुं०[सं० त्रिकाल√दृश् (देखना)+णिनि, उप० स०] वह जिसे भूत, भविष्य और वर्त्तमान तीनों कालों में होनेवाली घटनाएँ या बातें दिखाई देती हों।

त्रिकुट—पुं० =त्रिकूट।

त्रिकुटा—पु० [सं० त्रिकुट] सोंठ, मिर्च और पीपल इन तीनों वस्तुओं का समूह।
†वि० [सं० त्रिक] [स्त्री० त्रिकुटी] तीखरा। तृतीय। उदा०—इकुटी, त्रिकुटी, त्रिकुटी संधि।—गोरखनाथ।

त्रिकुटी—स्त्री० [सं० त्रिकूट] दोनों भौंहों के बीच के कुछ ऊपर का स्थान जिसमे हठ योग के अनुसार त्रिकूट का अवस्थान माना गया है।

त्रि-कूट—पुं० [सं० ब० स०] १. वह पर्वत जिसकी तीन चोटियाँ हों। २. पुराणानुसार वह पर्वत जिस पर लंका बसी हुई मानी गई है और जो रूप-सुन्दरी नामक देवी का निवास-स्थान कहा गया है। इसकी गिनती पीठ-स्थानों में होती है। ३. क्षीरोद समुद्र मे स्थित एक कल्पित पर्वत। ४. हठयोग के अनुसार मस्तक के कुछ चक्रों में पहला चक्र जिसका स्थान दोनों भौंहों के बीच में माना गया है।

त्रिकूट-गढ़—पुं० [सं० त्रिकूट+हिं० गढ़] त्रिकूट पर्वत पर स्थित लंका।

त्रिकूटा—स्त्री० [सं० त्रिकूट+टाप्] तांत्रिकों की एक भैरवी।

त्रि-कूर्चक—पुं० [सं० ब० स०] एक तरह की छुरी जिसमें तीन तरफ धारें होती हैं।

त्रि-कोण—वि० [सं० ब० स०] तीन कोनोंवाला।
पुं० १. तीन कोनों वाली कोई वस्तु। २. भग। योनि। ३. ज्यामिति में ऐसी आकृति या क्षेत्र जिसके तीन कोण हों। जैसे—△। ४. कामरूप के अंतर्गत एक तीर्थ जो सिद्ध-पीठ माना जाता है। ५. कच्ची कुंडली में लग्न स्थान से पाँचवाँ और नवाँ स्थान।

त्रिकोण-गंडा—पुं० [कर्म० स०?] लोहे के छड़ का बीच-बीच एक प्रकार का टिकोना बनाया जिस पर लोहे के एक छूटते टुकड़े से आघात करके छाल देते हैं।

त्रिकोण-चक्र—पुं० [ब० स०] त्रिभंडा।

त्रिकोण-फल—पुं० [कर्म० स०] अन्नकुंडली में लग्न के पाँचवाँ और नवाँ स्थान।

त्रिकोण-मिति—स्त्री० [सं० ब० स०?] गणित शास्त्र की वह शाखा जिसमें त्रिभुजों के कोण, बाहु, वर्ग, क्षितस्तर आदि का परस्पर संबंध बताया जाता है।

त्रि-क्षार—पुं० [सं० द्विगु स०] जवाखार, सज्जी और सुहागा ये तीनों क्षार अथवा इनका समूह।

त्रि-क्षुर—पुं० [सं० ब० स०] ताल-मखाना।

त्रि-क्ष—पुं० [सं० ब० स०] खीरा।

त्रिक्षा†—स्त्री० तृषा।

त्रिक्षीत—वि० = तृषित।

त्रि-गंग—पुं० [सं० अव्य० स०] एक प्राचीन तीर्थ। (महाभारत)

त्रि-गंधक—पुं० [सं० द्विगु० स०] इलायची, दारचीनी और तेज पत्ता ये तीनों पदार्थ अथवा इनका समूह। त्रिजातक।

त्रि-गंभीर—पुं० [सं०तृ० त०] वह जिसका स्वत्व (आचरण), स्वर और नाभि ये तीनों गंभीर हों। कहते हैं कि ऐसा पुरुष सदा सुखी रहता है।

त्रि-गण—पुं० [सं० ब० त०] त्रिवर्ग। (दे०)

त्रि-गर्त—पुं० [सं०ब० स०] १. रावी, व्यास, और सतलज की घाटियों का अर्थात् आधुनिक काँगड़े और जालंधर के आस-पास के प्रदेश का पुराना नाम। २. उक्त देश का निवासी।

त्रि-गर्ता—स्त्री० [सं० ब० स०, टाप्] छिनाल स्त्री। पुंश्चली।

त्रिगर्तिक—पुं० =त्रिगर्त।

त्रि-गुण—पुं० [सं० द्विगु स०] सत्त्व, रज और तम ये तीनों गुण।
†वि० [ब० स०] =तिगुना।

त्रि-गुणा—स्त्री० [स० ब० स०, टाप्] १. दुर्गा। २. माया। ३. तंत्र में एक प्रकार का बीज।

त्रिगुणात्मक—वि० [सं० त्रिगुण-आत्मन्, ब० स०, कप्] [स्त्री० त्रिगुणात्मिका] १. सत, रज और तम नामक तीनों गुणों से युक्त। जिसमें तीनों गुण हों। २. किसी प्रकार के तीन गुणों से युक्त।

त्रिगुणी—स्त्री० वि० [स० त्रिगुण] जिसमें तीन गुण हों। त्रिगुणात्मक।
स्त्री० [ब० स०, ङीप्] बेल का पेड़।

त्रि-गुह—पुं० [सं० ब० स०] पुरुष का ऐसा नृत्य जो वह स्त्री का वेष धारण करके करता है।

त्रि-गंडा—स्त्री० [सं० ब० स०] एक कल्पित नगरी जो हिमालय की चोटी पर अवस्थित मानी जाती है। कहते हैं यहाँ विद्याधर आदि रहते हैं।

त्रि-चक्र—पुं० [सं० ब० स०] अश्विनीकुमारों का रथ।

त्रि-चक्षु (क्षुस्)—पुं० [सं० ब० स०] महादेव।

त्रिचित्—पुं० [सं० वि√चि (बटोरना)+क्विप्, उप० स०] गाहे-पत्थाग्नि।

त्रि-चीवर—पुं० [सं० ब० स०?] एक प्रकार का वस्त्र।

त्रिचत्वत्—पुं० १. =त्रिलोक। २. =तिर्यक्।

त्रि-जट—पुं० [सं० ब० स०] महादेव। शिव।
वि० [स्त्री० त्रिजटा] तीन जटाओंवाला।

त्रि-जटा—स्त्री० [सं० ब० स०] १. त्रिजटवन की वह वृद्धा जो अशोक वाटिका में सीता जी के पास रहा करती थी। २. बेल का पेड़।

त्रिजटी (टिन्)—पुं० [सं० त्रिजटा+इनि] महादेव। शिव।
स्त्री० = त्रिजटा।

त्रि-जड़—पुं० [सं०] १. कटसरैया। २. सफेदार।

त्रि-जात—पुं० [सं० द्विगु स०] त्रिजातक। (दे०)

त्रिफलाखंड—पुं० [सं० त्रिफला+खण्ड] हलायची (फल), दारचीनी (छाल) और तेजपत्ता (पत्ता) ये तीनों पदार्थ अथवा इन तीनों का मिश्रण।

त्रिबाम—स्त्री० [सं० त्रियामा] रात। रात्रि।

त्रि-बीवा—स्त्री० [सं० स० त०] तीन राशियों अर्थात् ९० अंशों तक फैले हुए चाप की ज्या।

त्रि-ब्या—स्त्री० [सं० ष० त०?] किसी वृत्त के केन्द्र से परिधि तक खिंची हुई रेखा जो व्यास की आधी होती है। व्यासार्द्ध। (रेडियस)

त्रिण*—पुं० = तृण।

त्रिण-ता—स्त्री० [सं० स० त०, णत्व] धनुष।

त्रि-त्रव—पुं० [स० मध्य० स०, णत्व] सामगान की एक प्रणाली जिसमें एक विशेष प्रकार से उसकी (३+९) सत्ताईस आवृत्तियाँ करते हैं।

त्रि-त्राचिकेत—पुं० [स० ब० स०, णत्व] १. यजुर्वेद का एक विशेष भाग। २. वह जो उक्त भाग का अध्ययन करता हो या उसका अनुयायी हो। ३. परमात्मा।

त्रिण*—वि० = तीन।

त्रि-तंत्री—स्त्री० [सं० मध्य० स०] पुरानी चाल की एक तरह की तीन तारोंवाली वीणा।

त्रित—पुं० [सं०] १. एक ऋषि जो ब्रह्मा के मानस पुत्र माने जाते हैं। २. गौतम मुनि के तीन पुत्रों में से एक।

त्रितय—पुं० [सं० त्रि+तयप्] धर्म, अर्थ और काम इन तीनों का समूह।

त्रि-ताप—पुं० [सं० द्विगु स०] दैहिक, दैविक और भौतिक ये तीनों ताप या कष्ट।

त्रि-दंड—पुं० [सं० द्विगु स०] संन्यासियों का वह पतला लंबा डंडा जिसके ऊपरी सिरे पर दो छोटी लकड़ियाँ बँधी होती हैं तथा जिसे वे हाथ में लेकर चलते हैं।

त्रिदंडी (ण्डिन्)—पुं० [सं० त्रिदण्ड+इनि] १. वह संन्यासी जो त्रिदंड लिये रहता हो। २. मन, वचन और कर्म तीनों का दमन करने या इन्हें वश में रखनेवाला व्यक्ति। ३. यज्ञोपवीत। जनेऊ।

त्रि-दल—पुं० [सं० ब० स०] बेल का वृक्ष।

त्रि-दला—स्त्री० [सं० ब० स०, टाप्] गोभापदी। हंसपदी।

त्रि-दलिका—स्त्री० [सं० ब० स०, कप्, टाप्, इत्व] एक प्रकार का मूहर। चर्मकशा। सातला।

त्रि-दश—पुं० [सं० ब० स०] १. वह जो भूत, भविष्य और वर्त्तमान अथवा बचपन, जवानी और बुढ़ापे की तीनों दशाओं में एक-सा बना रहे। २. देवता। ३. जिह्वा। जीभ।

त्रिदश-गुरु—पुं० [ष० त०] देवताओं के गुरु बृहस्पति।

त्रिदश-पीठ—पुं० [ब० स०] बीरबहूटी नामक कीड़ा।

त्रिदश-वीथिका—स्त्री० [ष० त०] आकाश-गंगा।

त्रिदश-पति—पुं० [ष० त०] इंद्र।

त्रिदश-मुख्य—पुं० [मध्य० स०] लौंग।

त्रिदश-मंजरी—स्त्री० [ब० स०] तुलसी।

त्रिदश-वधू—स्त्री० [ष० त०] अप्सरा।

त्रिदश-सर्षप—पुं० [मध्य० स०] एक तरह की सरसों। देवसर्षप।

त्रिदशांकुश—पुं० [सं० त्रिदश-अंकुश, ष० त०] वज्र।

त्रिदशाचार्य—पुं० [सं० त्रिदश-आचार्य, ष० त०] बृहस्पति।

त्रिदशाधिप—पुं० [सं० त्रिदश-अधिप, ष० त०] इंद्र।

त्रिदशाभ्यक्ष—पुं० [सं० त्रिदश-अभ्यक्ष, ष० त०] विष्णु।

त्रिदशायन—पुं० [सं० त्रिदश-अयन, ष० त०] विष्णु।

त्रिदशायुध—पुं० [सं० त्रिदश-आयुध, ष० त०] वज्र।

त्रिदशारि—पुं० [सं० त्रिदश-अरि, ष० त०] असुर।

त्रिदशालय—पुं० [सं० त्रिदश-आलय, ष० त०] १. स्वर्ग। २. सुमेरु पर्वत।

त्रिदशाहार—पुं० [सं० त्रिदश-आहार, ष० त०] अमृत।

त्रिदशेश्वर—पुं० [सं० त्रिदश-ईश्वर, ष० त०] इंद्र।

त्रिदशेश्वरी—स्त्री० [सं० त्रिदश-ईश्वरी, ष० त०] दुर्गा।

त्रिदिवस्पृश्—पुं० [सं० त्रि-दिव, द्विगु स०, √स्पृश् (छूना)+क्विप] वह तिथि जिसका थोड़ा बहुत अंश या मान तीन दिनों तक रहता हो। एक दिन आरम्भ होकर पूरे दूसरे दिन तक बनी रहनेवाली और तीसरे दिन समाप्त होनेवाली तिथि।

त्रि-दिव—पुं० [सं०√दिव (क्रीड़ा)+क, त्रि-दिव, ब० स०] १. स्वर्ग। २. आकाश। ३. सुख।

त्रिदिवाधीश—पुं० [सं० त्रिदिव-अधीश, ष० त०] इंद्र।

त्रिदिवेश—पुं० [सं० त्रिदिव-ईश, ष० त०] देवता।

त्रिदिवोद्भवा—स्त्री० [सं० त्रिदिव-उद्भव, ब० स०, टाप्] १. गंगा। २. बड़ी इलायची।

त्रि-दृश—पुं० [सं० ब० स०] शिव। महादेव।

त्रि-देव—पु० [सं० द्विगु स०] ब्रह्मा, विष्णु और महेश ये तीनों देवता अथवा इन तीनों देवताओं का समूह।

त्रि-दोष—पुं० [सं० द्विगु स०] १. ये तीन दोष या शारीरिक विकार—वात, पित्त और कफ। २. सन्निपात नामक रोग जो इन तीनों के कुपित होने से होता है। ३. काम, क्रोध और लोभ, ये तीनों मानसिक दोष या विकार।

त्रिदोषज—वि० [सं० त्रिदोष√जन् (उत्पत्ति)+ड] जो त्रिदोष से उत्पन्न हुआ हो।

पुं० सन्निपात नामक रोग।

त्रिदोषना—अ० [सं० त्रिदोष] १. वात, पित्त और कफ इन तीन दोषों या विकारों से पीड़ित होना। २. काम, क्रोध और लोभ नामक तीनों दोषों से युक्त होना।

त्रिधनी—स्त्री० [सं० ?] एक रागिनी का नाम।

त्रि-धन्वा (न्वन्)—पुं० [सं० त्रि-धनुस्, ब० स० (अनङ्)] हरिवंश के अनुसार सुधन्वा राजा का एक पुत्र।

त्रि-धर्मा (र्मन्)—पुं० [स० ब० स०, अनिच्] शंकर। शिव।

त्रिधा—क्रि० वि० [सं० त्रि+धाच्] तीन तरह से। तीन रूपों में।

वि० १. तीन तरह या प्रकार का। २. तीन रूपों वाला।

त्रिधातु—पुं० [सं० द्विगु स०] १. चाँदी, ताँबा और सोना ये तीनों धातुएँ। २. [त्रि√धा (पोषण करना)+तुन्] गणेश का एक नाम।

त्रि-धाम(न्)—पुं० [स० ब० स०] १. विष्णु। २. अग्नि। ३. शिव। ४. स्वर्ग। ५. मृत्यु।

त्रिधा-मूर्ति—पुं० [ब० स०] परमेश्वर जिसके अंतर्गत ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों हैं।

त्रि-धारक—पुं० [सं० ब० स०, कप्] १. बड़ा नागरमोथा। गुँदला। २. कसेरू का पौधा।

त्रि-धारा—स्त्री० [सं०ब०स०] १. तीन धाराओंवाला सेंहुड़। तिधारा। २. गंगा जिसकी स्वर्ग, मृत्यु और पाताल तीनों में तीन धाराएँ बहती हैं।

त्रिधा-विशेष—पुं० [कर्म० स०] सांख्य के अनुसार सूक्ष्म मातृ, पितृज और महाभूत तीनों प्रकार के रूप धारण करनेवाला शरीर।

त्रिधा-सर्ग—पुं० [कर्म० स०] दैव, तिर्यग् और मानुष ये तीनों सर्ग जिसके अंतर्गत सारी सृष्टि आ जाती है।

त्रिन†—पुं० =तृण।

त्रि-नयन—वि० [सं० ब० स०] [स्त्री० त्रिनयना] तीन आँखों या नेत्रोंवाला।

पुं० महादेव। शिव।

त्रि-नयना—स्त्री० [सं० ब० स०, टाप्] दुर्गा।

त्रि-नाभ—पुं० [सं० त्रि-नाभि, ब० स०, अच्] विष्णु।

त्रि-नेत्र—वि० [सं० ब० स०] तीन नेत्रोंवाला।

पुं० १. महादेव। शिव। २. सोना। स्वर्ण।

त्रिनेत्र-चूड़ामणि—पुं० [ष० त०] चन्द्रमा।

त्रिनेत्ररस—पुं० [सं० मध्य० स०] (शोधे हुए) पारे, गंधक और फूँके हुए ताँबे के योग से बनाया हुआ एक तरह का रस। (वैद्यक)

त्रिनेत्रा—स्त्री० [सं० त्रिनेत्र+टाप्] वाराही कंद।

त्रि-पटु—पुं० [सं०] काँच। शीशा।

त्रिपत†—वि० = तृप्त।

त्रि-पताक—पुं० [सं० ब० स०] ऐसा मस्तक जिस पर तीन प्राकृतिक बेड़ी रेखाएँ बनी या बनती हों।

त्रि-पत्र—वि० [सं० ब० स०] जिसमें तीन पत्ते या तीन-तीन पत्तों के समूह हों।

पुं० बेल का वृक्ष।

त्रिपत्रक—पुं० [सं० त्रिपत्र+कन्] १. पलाश या ढाक का पेड़। २. कुंद, तुलसी और बेल, के पत्तों का समूह।

त्रिपत्रा—स्त्री० [सं० त्रिपत्र+टाप्] १. अरहर का पौधा। २. तिपतिया नाम की घास।

त्रि-पथ—पुं० [सं० द्विगु स०, अच्] १. आकाश, पाताल और भूमि ये तीनों मार्ग। २. कर्म, ज्ञान और उपासना जो आत्म-लाभ के तीन मार्ग कहे गये हैं। ३. तिर-मुहानी।

त्रिपथगा—स्त्री० [सं० त्रिपथ√गम् (जाना)+ड-टाप्] गंगा नदी।

विशेष—गंगा नदी के संबंध में कहा गया है कि इसकी तीनों लोकों में एक-एक धारा बहती है।

त्रिपथगामिनी—स्त्री० [सं० त्रिपथ√गम्+णिनि—ङीप्] गंगा।

त्रिपथा—स्त्री० [सं० ब० स०, टाप्] मथुरा।

त्रिपद—वि० [सं० ब० स०] १. तीन पैरोंवाला। २. तीन पदोंवाला।

पुं० १. यज्ञों की वेदी नापने की एक नाप जो प्रायः तीन कदम या डग की होती थी। २. त्रिभुज। ३. तिपाई। ४. तीन पदों अर्थात् चरणों-वाला छंद।

त्रिपदा—स्त्री० [सं० त्रिपद+टाप्] १. वैदिक छंदों का एक भेद। गायत्री। २. लाल लज्जावंती। हंसपदी।

त्रिपदिका—स्त्री० [सं० त्रिपदा+कन्-टाप्, इत्व] १. शंख आदि रखने के लिए पीतल की बनी हुई छोटी तिपाई। २. तिपाई। ३. संगीत में, संकीर्ण राग का एक भेद।

त्रिपदी—स्त्री० [सं० त्रिपद+ङीप्] १. गायत्री। २. हंसपदी। लाल लज्जावंती। ३. हाथी की पलान बाँधने का रस्सा। ४. तिपाई। ५. तिपाई के आकार का वह चौखटा जिस पर शंख रखा जाता है।

त्रिपन्न—पुं० [सं०] चंद्रमा के दस घोड़ों में से एक।

त्रि-परिक्रांत—पुं० [सं० स० त०] ऐसा ब्राह्मण जो यज्ञ करता हो, वेदों का अध्ययन करता हो और दान देता हो।

त्रिपर्ण—पुं० [सं० ब० स०] पलाश (वृक्ष)।

त्रिपर्णा—स्त्री० [सं० त्रिपर्ण+टाप्] पलाश (वृक्ष)।

त्रिपर्णिका—स्त्री० [सं० त्रिपर्ण+कन्, टाप्-इत्व] १. शालपर्णी। २. वन-कपास। ३. एक प्रकार की पिठवन लता।

त्रिपर्णी—स्त्री० [सं० त्रिपर्ण+ङीष्] १. एक प्रकार का क्षुप जिसका कंद औषध के काम आता है। २. शालपर्णी।

त्रिपल†—स्त्री० = त्रिफला।

त्रिपाठी (ठिन्)—पुं० [सं० त्रि√पठ् (पढ़ना)+णिनि] १. तीन वेदों का जाननेवाला व्यक्ति। त्रिवेदी। २. ब्राह्मणों की एक जाति या वर्ग। त्रिवेदी। तिवारी।

त्रि-पाण—पुं० [सं० त्रि-पान, ब० स०, णत्व] १. वह सूत जो तीन बार भिगोया गया हो। (कर्मकांड) २. छाल। वल्कल।

त्रि-पाद—वि० [सं० ब० स०] १. तीन पैरोंवाला।

पुं० १. परमेश्वर। २. ज्वर। बुखार।

त्रिपादिका—स्त्री० [सं० त्रिपाद+कन्-टाप्, इत्व] १. तिपाई। २. हंसपदी लता। लाल लज्जालू।

त्रि-पाप—पुं० [सं० ब० स०] फलित ज्योतिष में, एक प्रकार का चक्र जिससे किसी मनुष्य के किसी वर्ष का शुभाशुभ फल जाना जाता है।

त्रि-पिंड—पुं० [सं० द्विगु० स०] पार्वण श्राद्ध में पिता, पितामह और प्रपितामह के निमित्त दिये जानेवाले तीनों पिंड। (कर्मकांड)

त्रि-पिटक—पुं० [सं० ब० स०] बौद्धों का एक धर्म-ग्रंथ जिसके तीन पिटक या खंड हैं और जिसमें गौतम बुद्ध के उपदेशों का संग्रह है।

त्रिपिताना*—अ० [सं० तृप्त] तृप्त होना।

स० तृप्त करना।

त्रिपिब—पुं० [सं० त्रि√पा (पीना) + क, नि० पिब] वह खसी जिसके दोनों कान पानी पीने के समय पानी से छू जाते हों। ऐसा बकरा मनु के अनुसार पितृकर्म के लिए बहुत उपयुक्त होता है।

त्रि-पिष्टप—पुं० [सं० कर्म० स०] १. स्वर्ग। २. आकाश।

त्रिपुंड—पुं० [सं० त्रिपुंड्र] मस्तक पर लगाया जानेवाला तीन आड़ी रेखाओं का तिलक।

क्रि० प्र०—देना।—रमाना।—लगाना।

त्रिपुंडी—वि० [हिं० त्रिपुंड] माथे पर त्रिपुंड लगानेवाला।

त्रि-पुंड्र—पुं० [सं० द्विगु स०]—त्रिपुंड।

त्रि-पुट—पुं० [सं० ब० स०] १. गोखरू का पेड़। २. मटर। ३. खेसाखे। ४. तीर। ५. ताला।

त्रिपुटक—पुं० [सं० त्रिपुट+कन्] १. खेसारी। २. फोड़े का एक आकार।

त्रि-पुटा—स्त्री० [सं० ब० स०, टाप्] १. बेल का वृक्ष। २. छोटी इलायची। ३. बड़ी इलायची। ४. निसोथ। ५. कनफोड़ा बेला। ६. मोतिया। ७. तांत्रिकों की एक अधिष्ठात्री देवी।

त्रि-पुटी—स्त्री० [सं० ब० स०, ङीप्] १. निसोथ। २. छोटी इलायची। ३. तीन वस्तुओं का समूह। जैसे—ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय।

पुं० [सं० त्रिपुट+इनि] १. रेंड का पेड़। २. खेसारी।

त्रि-पुर—पुं० [सं० द्विगु स०] १. वे तीनों नगरियाँ जो मयदानव ने तारकासुर के तीन पुत्रों के रहने के लिए बनाई थीं और जिन्हें शिव ने एक ही बाण से नष्ट कर दिया था। २. बाणासुर का एक नाम। ३. तीनों लोक। ४. चंदेरी नगर।

त्रिपुरघ्न—पुं० [सं० त्रिपुर√हन् (मारना)+टक्] महादेव जिन्होंने एक ही बाण से तारकासुर के तीनों पुत्रों के तीनों पुर या नगर नष्ट कर दिये थे।

त्रिपुर-दहन—पुं० [ष० त०] महादेव।

त्रिपुर-भैरव—पुं० [उपमि० स०] वैद्यक में एक प्रकार का रस जो सन्निपात का नाशक कहा गया है।

त्रिपुर-भैरवी—स्त्री० [त्रिपुरा-भैरवी, कर्म० स०] एक देवी।

त्रिपुर-मल्लिका—स्त्री० [मध्य० स०?] एक तरह की मल्लिका।

त्रिपुरांतक—पुं० [त्रिपुर-अंतक, ष० त०] महादेव। शिव।

त्रिपुरा—स्त्री० [सं० त्रि√पुर् (देना)+क—टाप्] १. कामाख्या देवी की एक मूर्ति। २. भारत के पूर्वी आँचल का एक नगर और उसके आस-पास का प्रदेश।

त्रिपुरारि—पुं० [त्रिपुर-अरि, ष० त०] महादेव। शंकर।

त्रिपुरासुर—पुं० [त्रिपुर-असुर, कर्म० स०] =त्रिपुर।

त्रि-पुरुष—पुं० [सं० द्विगु स०] १. पिता, पितामह और प्रपितामह ये तीनों पुरखे। २. सम्पत्ति का ऐसा भोग जो लगातार तीन पीढ़ियों तक चला हो।

त्रिपुष—पुं० [सं० त्रि√पुष् (पुष्टि करना)+क] १. ककड़ी। २. खीरा। ३. गेहूँ।

त्रिपुषा—स्त्री० [सं० त्रिपुष+टाप्] काली निसोथ।

त्रि-पुष्कर—पुं० [सं० द्विगु स०] फलित ज्योतिष में, एक योग जो पुनर्वसु-उत्तराषाढ़ा, कृत्तिका, उत्तराफाल्गुनी पूर्वभाद्रपद और विशाखा नक्षत्रों रवि, मंगल और शनि वारों तथा द्वितीया, सप्तमी और द्वादशी तिथियों में से किसी एक नक्षत्र, वार या तिथि के एक साथ पड़ने से होता है। बालक के जन्म के लिए ये यह योग जारज योग समझा जाता है।

त्रि-पुष्प—पुं० [सं० ब० स०?] जैनमत के अनुसार प्रथम वासुदेव।

त्रिपृष्ठ—पुं० [सं० त्रिपृष्ठ+अण्, उत्तरपदवृद्धि] =त्रिपृष्ठ।

त्रिपैलिया—पुं० =तिरपैलिया।

त्रि-प्रकार—पुं० [सं० ष० त०] दिशा, देश और काल संबंधी भ्रम। (फलित ज्योतिष)

त्रि-प्रलुप्त—पुं० [सं० स० त०] वह हाथी जिसके मस्तक, कपोल और नेत्र इन तीनों स्थानों से मद निकलता हो।

त्रि-प्लक्ष—पुं० [सं० ब० स०] वैदिक संज्ञों में उल्लिखित एक देश।

त्रि-फला—स्त्री० [सं० द्विगु स०, टाप्] आँवले, हर्र और बहेड़े के फल अथवा इन तीनों फलों का मिश्रण जो अनेक प्रकार के रोगों का नाशक माना गया है।

त्रि-बलि—स्त्री० =त्रिवली।

त्रि-वली—स्त्री० [सं० मध्य० स०] व्यक्ति विशेषतः स्त्री के पेट पर नाभि से कुछ ऊपर पड़ने या बननेवाली तीन रेखाएँ। (सौंदर्य सूचक)

त्रि-वल्लीक—पुं० [सं० ब० स०, कप्] १. बाबू। २. गुद्दा। ३. मल्लाह।

त्रि-बाहु—पुं० [सं० ब० स०] १. इंद्र का एक अनुचर। २. तलवार चलाने का एक ढंग या हाथ।

वि० जिसकी तीन बाहें हों।

त्रिबेनी—स्त्री०=त्रिवेणी।

त्रि-भंग—वि० [सं० ब० स०] जिसमें तीन बल पड़े हुए हों।

पुं० खड़े होने की मुद्रा जिसमें टाँग, कमर और गरदन में कुछ टेढ़ापन रहता है। यह मुद्रा बाँकपन, सुकुमारता और सौन्दर्य की सूचक मानी गई है।

त्रिभंगी (गिन्)—वि० [सं० त्रि-भंग, द्विगु स०,+इनि] १. जिसमें तीन बल पड़े हुए हों। २. त्रिभंगवाली मुद्रा से जो खड़ा हुआ हो।

पुं० [स० त्रिभंग+ङीप्] १. ताल के साठ मुख्य भेदों में से एक जिसमें एक गुरु, एक लघु और एक प्लुत मात्रा होती है। २. शुद्ध राग का एक भेद। ३. ३२ मात्राओं का एक तरह का छंद जिसमें १०, ८, ८, और ६ मात्राओं पर विश्राम होता है। ४. दण्डक का भेद। ५. दे० 'त्रिभंग'।

त्रिभंडी—स्त्री० [सं० त्रि√भंड् (परिहास)+अण्—ङीप्] निसोथ।

त्रिभ—वि० [सं० ब० स०] तीन नक्षत्रोंवाला।

पुं० [सं०] चंत्रमा के हिसाब से रेवती, अश्विनी और भरणी नक्षत्र युक्त आश्विन मास; शतभिषा पूर्वभाद्रपद और उत्तरभाद्रपद नक्षत्रयुक्त भाद्रमास और पूर्वफाल्गुणी उत्तर फाल्गुणी और हस्त नक्षत्र युक्त फाल्गुन मास।

त्रिभ-जीवा—स्त्री० [सं० ष० त०] त्रिज्या। व्यासार्द्ध।

त्रि-भज्या—स्त्री० [सं० ष० त०] =त्रिज्या। व्यासार्द्ध।

त्रि-भद्र—पुं० [सं० ब० स०] स्त्री-प्रसंग। संभोग।

त्रि-भुक्ति—पुं० [स० ब० स०] तिरहुत या मिथिला देश।

त्रि-भुज—पुं० [सं० ब० स०] ज्यामिति, वे वह आकृति या क्षेत्र जिसकी तीन भुजाएँ हों।

त्रि-भुवन—पुं० [स०द्विगु० स०] स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल ये तीनों लोक।

त्रिभुवन-नाथ—पुं० [ष० त०] ईश्वर। परमेश्वर।

त्रिभुवन-सुन्दरी—स्त्री० [स० स० त०] १. दुर्गा। २. पार्वती।

त्रिभूम—पुं० [सं० त्रि-भूमि, ब० स०,+अच्] वह भवन जिसमें तीन खंड हों।

त्रिभोलग्न—पुं० [सं०] क्षितिज वृत्त पर पड़नेवाले क्रांतिवृत्त का ऊपरी मध्य भाग।

त्रि-मंडला—स्त्री० [सं० ब० स०, टाप्] मकड़ियों की एक जाति।

त्रि-मद—स्त्री० [स० द्विगु स०] १. मोथा, चीता और बायविडंग ये तीनों पदार्थ अथवा इनका मिश्रण। २. [मध्य० स०] परिवार, विद्या और धन तीनों के कारण होनेवाला अभिमान या मद।

त्रि-मधु—पुं० [सं० ब० स०] १. ऋग्वेद का एक अंश। २. वह जो त्रि-

पूर्वक उक्त अंश पढ़ता हो। ३. ऋग्वेद का एक यज्ञ। ४. [द्विगु स०] घी, चीनी और शहद का समूह।

त्रि-मधुर—पुं० [सं० द्विगु स०] घी, मधु और चीनी ये तीनो पदार्थ।

त्रिमात—वि०=त्रिमात्रिक।

त्रि-मात्र—वि० [सं० ब० स०] (स्वर) जिसमें तीन मात्राएँ हों। प्लुत।

त्रिमात्रिक—वि० [सं० त्रिमात्र+ठन्—इक] (स्वर) जिसमें तीन मात्राएँ हों। प्लुत।

त्रि-मार्ग-गामिनी—स्त्री० [सं० त्रिमार्ग, द्विगु स०, त्रिमार्ग√गम् (जाना)+णिनि—ङीप्] गंगा।

त्रि-मार्गा—स्त्री० [सं० ब० स०, टाप्] १. गंगा। २. तिरमुहानी।

त्रिमास—पु० [सं० द्विगु स०] [वि० त्रैमासिक] १. तीन महीनों का समय। २ वर्ष के तीन महीनों के चार विभागों में कोई एक। (क्वार्टर) जैसे—यह चंदा इस वर्ष के तीसरे त्रिमास का है।

त्रि-मुंड—वि० [स० ब० स०] जिसके तीन मुंड या सिर हों।
पु० १ त्रिशिर राक्षस का दूसरा नाम। २. उजर। बुलार।

त्रि-मुकुट—वि० [स० ब० स०] तीन मुकुटोंवाला।
पु० त्रिकुट।

त्रि-मुख—वि० [सं० ब० स०] जिसके तीन मुख हों। तीन मुँहोंवाला।
पुं० १. गायत्री जपने की चौबीस मुद्राओं में से एक मुद्रा की संज्ञा। २. शाक्य मुनि।

त्रिमुखा—स्त्री० =त्रिमुखी।

त्रिमुखी—स्त्री० [सं० त्रिमुख+ङीप्] बुद्ध की माता। माया देवी।
वि० [सं० त्रिमुखिन्] तीन मुखों या मुँहोंवाला।

त्रि-मुनि—पुं० [सं० द्विगु स०] पाणिनि, कात्यायन और पतञ्जलि ये तीनों मुनि।

त्रिमुहानी—स्त्री० =तिरमुहानी।

त्रि-मूर्ति—पुं०[सं० ब० स०] १.ब्रह्मा, विष्णु और शिव ये तीनों देवता। २. सूर्य।
स्त्री० १. ब्रह्मा की एक शक्ति। २. बौद्धों की एक देवी।

त्रिमूत—पु० [सं०?] निशोथ।

त्रिमूता—स्त्री० = त्रिमूत।

त्रिय°—स्त्री० = त्रिया।
वि० = त्रय (तीन)।

त्रियना°—अ० = तरना।

त्रि-यव—पुं० [सं० ब० स०] तीन जौ का एक तौल।

त्रि-यष्टि—पुं० [सं० द्विगु स०] पितपापड़ा। शाहतरा।

त्रिया°—स्त्री० [सं० स्त्री] औरत। स्त्री।

त्रि-याम—पुं० [सं० द्विगु स०] महायम, हीनयान और मध्यम यान, बौद्धों के ये तीन सम्प्रदाय।

त्रियामक—पुं० [सं० त्रि√यम् (नियन्त्रण करना)+णिच्+ण्वुल्—अक] पाप।

त्रि-यामा—स्त्री० [सं० ब० स०, टाप्] १. रात्रि। २. वसुधा देवी। ३. हलदी। ४. नील का पेड़। ५. काला निशोथ।

त्रि-युग—पुं० [सं० द्विगु स०] १. सतयुग, द्वापर और त्रेता ये तीनों युग। २. [ब० स०] वसंत, पावस और शरद ये तीनों ऋतुएँ। ३. विष्णु।

त्रियूह—पु० [सं०] सफेद रंग का घोड़ा।

त्रि-रत्न—पुं० [सं० द्विगु स०] बौद्ध धर्म में बुद्ध, धर्म और संघ इन तीनों का वर्ण या समूह।

त्रिरशिम—स्त्री० =त्रिकोण।

त्रि-रसक—पुं० [सं० ब० स०, कप्] वह मदिरा, जिसमें तीन प्रकार के रस या स्वाद हों।

त्रि-रात्रि—पुं० [सं० द्विगु स०] १. तीन रात्रियों (और दिनों) का समय। २. उक्त समय तक चलनेवाला उपवास या व्रत। ३. एक प्रकार का यज्ञ।

त्रि-रूप—पु० [सं० ब० स०] अश्वमेध यज्ञ के लिए उपयुक्त माना जानेवाला एक प्रकार का घोड़ा।

त्रि-रेख—वि० [सं० ब० स०] जिसमें तीन रेखाएँ हों।
पुं० शंख।

त्रिल—पु० [सं० ब० स०] नगण, जिसमें तीनों लघु वर्ण होते हैं।

त्रि-लघु—पुं० [सं० ब० स०] १. नगण, जिसमें तीनों वर्ण लघु होते हैं। २. ऐसा व्यक्ति जिसकी गरदन, जाँघ और मूत्रेंद्रिय तीनों छोटी हों। (शुभ)

त्रि-लवण—पुं० [सं० द्विगु स०] सेंधा, साँभर और सोंचर (काला) ये तीनों प्रकार के नमक।

त्रि-लिंग—पुं० [सं० द्विगु स०] १. पुल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग, तथा नपुंसक तीनों लिंग। २. तैलंग शब्द का वह रूप जो उसे संस्कृत व्याकरण के अनुसार मिला है।

त्रिलोक—पुं० [सं० द्विगु स०] स्वर्ग, मर्त्य और पाताल ये तीनों लोक।

त्रिलोक-नाथ—पुं० [सं० ष० त०] १. तीनों लोकों का मालिक ईश्वर। २. राम। ३. कृष्ण। ४. विष्णु का कोई अवतार। ५. सूर्य।

त्रिलोक-पति—पु० [सं० ष० त०] = त्रिलोकनाथ।

त्रिलोकी—स्त्री० [सं० त्रिलोक+ङीप्] = त्रिलोक।

त्रिलोकी-नाथ—पुं० = त्रिलोकनाथ।

त्रिलोकेश—पु० [सं० त्रिलोक-ईश, ष० त०] १. ईश्वर। २. सूर्य।

त्रिलोचन—पु० [सं० ब० स०] महादेव। शिव।

त्रि-लोचना—स्त्री० [सं० ब० स०, टाप्] = त्रिलोचनी।

त्रि-लोचनी—स्त्री० [सं० ब० स०, ङीप्] दुर्गा।

त्रिलौह—पुं० [सं० द्विगु स०] सोना, चाँदी और ताँबा ये तीनों धातुएँ।

त्रि-लौही—स्त्री० [सं० त्रिलौह, ब० स०, +ङीप्] प्राचीन काल की वह मुद्रा या सिक्का जो सोने, चाँदी और ताँबे को मिलाकर बनाया जाता था।

त्रिवट—पुं०=त्रिवण।

त्रि-वन—पुं० [सं०] संपूर्ण जाति का एक राग। यह दीपहर के समय गाया जाता है। इसे हिंडोल राग का पुत्र कुछ लोग मानते हैं।

त्रिवणी—स्त्री० [सं० त्रिवण से] संकराभरण, जयश्री और नरनारायण के मेल से बननेवाली एक संकर रागिनी।

त्रि-वर्ग—पुं [सं० द्विगु स०] १. तीन चीजों का वर्ग या समूह। २. धर्म, अर्थ और काम जो सांसारिक जीवन के तीन मुख्य उद्देश्य हैं। ३. सत्व,

रज और तम इन तीनों गुणों का समूह। ४. ब्राह्मण,क्षत्रिय और वैश्य ये तीनों वर्ण। ५. त्रिफला। ६. त्रिकुटा।

त्रि-वर्ण—पुं [सं० द्विगु स०] ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य ये तीनों वर्ण।

त्रिवर्णक—पुं [सं० त्रिवर्ण+कन्] १. गोखरू। २. त्रिफला। ३. त्रिकुटा ४. लाल, काला, और पीला रंग। ५. ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य ये तीनों जातियाँ।

त्रि-वल्की—स्त्री० [सं० ब० स०, ङीप्] बन कपास।

त्रिवर्त—पुं [सं० त्रि√वृत् (रहना)+अण्] एक तरह का मोती, जिसे अपने पास रखने से आदमी दरिद्र हो जाता है।

त्रिवलि—स्त्री०=त्रिवली।

त्रिवलिका—स्त्री०=त्रिवली।

त्रिवली—स्त्री०=त्रिवली।

त्रिवल्य—पुं [सं० त्रिवलि+यत्] पुराने जमाने का एक बाजा, जिसपर चमड़ा मढ़ा होता था। पुरानी चाल का एक तरह का ढोल।

त्रि-वाचा—स्त्री०[सं० मध्य०स०] कोई बात जोर देने के लिए तीन बार कहने की क्रिया। उदा०—कहहिं प्रतीति प्रीति नीतिहूँ त्रिवाचा बाँधि ऊधौ साँच मानको हिये की अरु जी के हौं।—रत्ना०।

क्रि० प्र०—देना।—बाँधना।

त्रिवार—पुं० [सं०] गरुड़ के एक पुत्र का नाम।

त्रिवाह—पुं०=त्रिवाहु।

त्रि-विक्रम—पुं [सं० ब० स०] १. वामन अवतार। २. विष्णु।

त्रिविद्—पुं० [सं० त्रि√विद् (जानना)+क्विप्] वह जिसने तीन वेद पढ़े हों। तीन वेदों का ज्ञाता।

त्रि-विध—वि० [सं० ब० स०] तीन तरह का। तीन रूपोंवाला।

क्रि० वि० तीन प्रकार से।

त्रि-विनत—पुं० [सं० स० त०], देवता, ब्राह्मण और गुरु के प्रति श्रद्धा-भक्ति रखनेवाला व्यक्ति।

त्रि-विष्टप—पुं० [सं० कर्म० स०] १. स्वर्ग। २. तिब्बत।

त्रि-विस्तीर्ण—पु० [सं० तृ० त०] ऐसा व्यक्ति जिसका ललाट, कमर और छाती विस्तीर्ण हों। (शुभ)

त्रि-वीज—पु० [स० ब० स०] साँवाँ।

त्रिवृत्—वि० [स० त्रि√वृ (वरण करना)+क्विप्] जिसके तीन भाग हों।

पुं० १. एक यज्ञ। २. निसोथ।

त्रिवृता—वि०=त्रिवृत्त।

त्रिवृत्करण—पुं० [सं० त्रिवृत्-करण, ष० त०] अग्नि, जल और पृथ्वी इन तीनों तत्त्वों में से प्रत्येक में शेष दोनों तत्त्वों का समावेश करके प्रत्येक को अलग-अलग तीन भागों में विभक्त करने की क्रिया। (दर्शन शास्त्र)

त्रि-वृत्त—वि० [सं० तृ० त०] तिगुना।

त्रिवृत्ता—स्त्री० [सं० त्रिवृत्+टाप्] =त्रिवृत्ति।

त्रिवृत्ति—स्त्री० [स० ब० स०] निसोथ।

त्रिवृत्पर्णी—स्त्री० [सं० त्रिवृत्-पर्ण, ब० स०, ङीप्] हुरहुर। हिंगमोचिका।

त्रिवृद्वेद—पुं० [सं० त्रिवृत्-वेद, कर्म० स०] १. ऋक्, यजुः और साम तीनों वेद। २. प्रणव।

त्रि-वृध—पुं० [सं० ब० स०] ग्यारहवें द्वापर के व्यास का नाम। (पुराण)

त्रि-वेणी—स्त्री० [सं० ब० स०, ङीप्] १. वह स्थान जहाँ तीन नदियाँ आकर मिलती हों। २. तीन नदियों की संयुक्त धारा। ३. गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों का संगम जो प्रयाग में है। ४. हठयोग में इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना नाड़ियों का संगम स्थान, जो मस्तक में दोनों भौंहों के बीच माना जाता है। ५. संगीत में एक प्रकार की रागिनी।

त्रि-वेणु—पु० [सं० ब० स०] रथ के अगले भाग का एक अंग।

त्रि-वेद—पु० [स० द्विगु स०] १. ऋक्, यजुः और साम ये तीनों वेद। २. [त्रि√विद् (जानना) +अण्] इन तीनों वेदों का ज्ञाता या पंडित।

त्रिवेदी (दिन्)—पु० [स० त्रिवेद+इनि] १. ऋक्, यजुः और साम इन तीनों वेदों का ज्ञाता। २ ब्राह्मणों की एक जाति या वर्ग।

स्त्री० [सं० निपदी] १. तिपाई। २ छोटी चौकी।

त्रिवेणी†—स्त्री०=त्रिवेणी।

त्रि-वेला—स्त्री० [स० ब० स०] निसोथ।

त्रि-शंकु—पु० [स० ब० स०] १. एक प्रसिद्ध सूर्यवंशी राजा, जो यज्ञ करके स-शरीर स्वर्ग पहुँचना चाहते थे, परंतु देवताओं के विरोध के कारण वहाँ नहीं पहुँच सके थे। पुराणों की कथा के अनुसार जब विश्वामित्र अपनी तपस्या के बल से इन्हें स्वर्ग भेजने लगे, तब इन्द्र ने इन्हें बीच में ही रोककर लौटना चाहा, जब ये उलटे होकर गिरने लगे, तब विश्वामित्र ने इन्हें मध्यआकाश में ही रोक दिया, जहाँ ये अब तक एक तारे के रूप में स्थित हैं। २. एक प्राचीन पर्वत। ३. पपीहा। ४. बिल्ली। ५. जुगनूँ।

त्रिशंकुज—पुं० [सं० त्रिशङ्कु√जन् (पैदा होना)+ड] त्रिशंकु के पुत्र, राजा हरिश्चन्द्र।

त्रिशंकुयाजी (जिन्)—पु० [स० त्रिशंकु√यज् (यज्ञ करना)+णिच्+णिनि] त्रिशंकु को यज्ञ करानेवाले, विश्वामित्र ऋषि।

त्रि-शक्ति—स्त्री० [स० द्विगु स०] १. इच्छा, ज्ञान और क्रिया रूपी तीन ईश्वरीय शक्तियाँ। २. बुद्धितत्त्व या महत्तत्त्व जो त्रिगुणात्मक हैं। ३. गायत्री। ४. तांत्रिकों की काली, तारा और त्रिपुरा नाम की तीनों देवियाँ।

त्रिशक्तिभृत्—पु० [सं० त्रिशक्ति√भृ (धारण करना)+क्विप्] १ परमेश्वर। २. राजा विजिगीषु का दूसरा नाम।

त्रि-शरण—पु० [सं० ब० स०] १. महात्मा गौतम बुद्ध। २. एक जैन आचार्य।

त्रि-शर्करा—स्त्री० [स० द्विगु स०] गुड़, शक्कर और मिश्री तीनों का समूह।

त्रि-शाला—स्त्री० [सं० त्रि-शाला, ब० स०, पृषो० सिद्धि] वर्तमान अवसर्पिणी के चौबीसवें तीर्थंकर महावीर की माता का नाम।

त्रि-शाख—वि० [सं० ब० स०] तीन शाखाओंवाला।

त्रिशाख-पत्र—पुं० [सं० ब० स०] बेल का पेड़।

त्रि-शाल—पुं० [स० ब० स०] वह घर जिसमें तीन बड़े-बड़े कमरे हों।

त्रि-शालक—पुं० [सं० ब० स०, कप्] वह मकान, जिसकी उत्तर दिशा में कोई और मकान बना हुआ न हो।

त्रि-शिख—वि० [सं० ब० स०] तीन शिखाओं या चोटियोंवाला।

पुं० १. त्रिशूल। २. किरीट। ३. रावण का एक पुत्र। बेल का वृक्ष। ४. तामस मन्वन्तर के इन्द्र।

त्रि-शिखर—पुं० [सं० ब० स०] १. तीन चोटियोंवाला पहाड़। २. त्रिकूट।

त्रिशिखि-वल्ला—स्त्री० [सं० ब० स०,+टाप्] मालाकंद लता और उसका कंद।

त्रिशिखी (खिन्)—वि०, पुं० [सं० त्रिशिखा+इनि]=त्रिशिख।

त्रि-शिर (र्)—वि० [सं० ब० स०] तीन सिरोंवाला।

पुं० १. खर-दूषण की सेना का एक राक्षस जिसका वध राम ने दंडक-वन में किया था। २. कुबेर। ३. त्वष्टा प्रजापति का एक पुत्र।

त्रिशिरा—स्त्री० = त्रिजटा।

पुं०=त्रिशिर।

त्रिशिरारि—पुं० [सं० त्रिशिर-अरि, ष० त०] त्रिशिर को मारनेवाले रामचन्द्र।

त्रि-शीर्ष—वि० [स० ब० स०] तीन चोटियोंवाला।

पुं० १. त्रिकूट नामक पर्वत। २. त्वष्टा प्रजापति का एक पुत्र।

त्रि-शीर्षक—पु० [स० ब० स०,+कप्] त्रिशूल।

त्रिशुक्—पु० [सं० ब० स०] १. धर्म, जिसका प्रकाश स्वर्ग, अंतरिक्ष और पृथ्वी तीनों स्थानों में है। २. वह जिसे दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों प्रकार के कष्ट या दुःख हों।

त्रि-शूल—पुं० [सं० ब० स०] १. लोहे का एक अस्त्र जिसके सिरे पर तीन नुकीले फल होते हैं और शिव जी का अस्त्र माना जाता है। २. दैहिक, दैविक और भौतिक ये तीनों ताप या दुःख। त्रिताप। ३. एक मुद्रा, जिसमें अँगूठे को कनिष्ठा उँगली के साथ मिलाकर बाकी तीनों उँगलियों को फैला देते हैं। (तंत्र) ४. हिमालय की एक प्रसिद्ध चोटी जो २३४०४ फुट ऊँची है।

त्रिशूल-पात—पुं० [सं० ब० स०] महाभारत के अनुसार एक तीर्थ जहाँ स्नान और तर्पण करने से पाशुपत्य देह प्राप्त होती है।

त्रिशूलधारी (रिन्)—पुं० [सं० त्रिशूल√धृ (धारण करना)+णिनि] त्रिशूल धारण करनेवाले शिव।

त्रिशूल-मुद्रा—स्त्री० [सं० मध्य० स०] तंत्र में हाथ की एक मुद्रा।

त्रिशूली (लिन्)—पुं० [सं० त्रिशूल+इनि] त्रिशूल धारण करने-वाले शिव।

स्त्री० [त्रिशूल+अच्—ङीप्] दुर्गा।

त्रि-शोक—पुं० [सं० ब० स०] १. जीव, जिसे आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक ये तीन प्रकार के शोक (दुःख) सताते हों। २. कण्व ऋषि के एक पुत्र का नाम।

त्रिशृंग—पुं० [सं० ब० स०] १. त्रिकूट पर्वत जिस पर लंका बसी थी। २. त्रिकोण।

त्रिशृंगी—स्त्री० [सं० त्रिशृंग+ङीप्] एक तरह की मछली जिसके सिर पर तीन काँटे होते हैं। टेंगर।

त्रिश्रुतिमध्यम—पुं० [सं०] एक प्रकार का विकृत स्वर, जो संवीपनी नाम की श्रुति से आरंभ होता है। (संगीत)

त्रि-श्रवण—पुं० [सं० द्विगु स०] प्रातः, मध्याह्न और सायं ये तीनों काल। त्रिकाल।

त्रिश्वङ्—वि० [सं० त्रिश्वञ्चि+ड] तिरसठवाँ।

त्रि-श्वञ्चि—स्त्री० [सं० मध्य० स०] तिरसठ की संख्या।

त्रिषा—स्त्री० = तृषा।

त्रिषित—वि० = तृषित।

त्रिसुपर्ण—पु० = त्रिसुपर्ण।

त्रिष्टक—पु० = त्रीष्टक।

त्रिष्टुप्—पु० = त्रिष्टुभ्।

त्रिष्टुभ्—पु० [सं० त्रि√स्तृभ् (रोकना)+क्विप्, षत्व] एक वैदिक छंद, जिसके चरणों में ग्यारह-ग्यारह अक्षर होते हैं।

त्रि-ष्टोम—पु० [स० ब० स०] एक प्रकार का यज्ञ, जो क्षत्रधृति यज्ञ करने से पहले या बाद में किया जाता था।

त्रिष्ठ—पु० [सं० त्रि√स्था (स्थित होना) +क, षत्व] ऐसी गाड़ी या रथ जिसके तीन पहिये हों।

त्रि-संगम—पुं० [सं० ष० त०] १. तीन नदियों के मिलने का स्थान। त्रिवेणी। २. तीन प्रकार की चीजों का मिश्रण या मेल।

त्रि-संधि—स्त्री० [सं० ब० स०] १. एक वृक्ष, जिसका फूल लाल, सफेद और काले तीन रंगोंवाला होता है। २. उक्त वृक्ष का फूल।

त्रिसंध्य—पुं० [सं० द्विगु स०] दिन के तीन भाग प्रातः, मध्याह्न और साय। (ये तीनों संधि-काल हैं।)

त्रिसंध्यव्यापिनी—वि० [सं० त्रिसन्ध्य—वि√आप् (व्याप्ति)+णिनि—ङीप्] तिथि, जिसका भोगकाल सूर्योदय के पहले से सूर्यास्त के बाद तक रहे।

त्रि-संध्या—स्त्री० [सं० द्विगु स०] प्रातः, मध्याह्न और सायं ये तीनों संध्याएँ, या संधि-काल।

त्रिस*—स्त्री० [सं० तृषा] प्यास। उदा०—त्रिगुण परसतै क्षुधा त्रिस।—प्रिथीराज।

त्रि-सप्तति—स्त्री० [सं० मध्य० स०] तिहत्तर की संख्या।

पुं० उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—७३।

त्रिसप्तति-तम—वि० [सं० त्रिसप्तति+तमप्] तिहत्तरवाँ।

त्रि-सम—वि० [सं० ब० स०] (क्षेत्र) जिसकी तीनों भुजाएँ बराबर हों।

पुं० [द्विगु स०] सोंठ, गुड़ और हर्रे इन तीनों का समूह।

त्रि-सर—पुं० [सं० त्रि√सृ (गति)+अप्] खेसारी।

त्रि-सर्ग—पुं० [सं० ष० त०] सत्व, रज और तम, इन तीनों गुणों का सर्ग या सृष्टि।

त्रि-सामा (मन्)—पुं० [सं० ब० स०] परमेश्वर।

स्त्री० पुराणप्रसिद्ध एक नदी, जो महेन्द्र पर्वत से निकली है।

त्रि-सिता—स्त्री० = त्रि-शर्करा।

त्रि-सुगंधि—स्त्री० [सं० द्विगु स०] दालचीनी, इलायची और तेजपात इन तीनों सुगंधित मसालों का समूह।

त्रि-सुपर्ण—पुं० [सं० ब० स०] १. ऋग्वेद के तीन विशिष्ट मंत्रों की संज्ञा। २. यजुर्वेद के तीन विशिष्ट मंत्रों की संज्ञा।

त्रिसुपर्णिक—पुं० [सं० त्रिसुपर्ण+ठक्—इक] त्रिसुपर्ण का ज्ञाता।

त्रिसौपर्ण—पुं० [सं० त्रिसुपर्ण+अण्] १. त्रिसुपर्णिक। २. परमेश्वर।

त्रि-स्कंध—पुं० [सं० ब० स०] ज्योतिषशास्त्र, जिसके संहिता, तंत्र और होरा ये तीन स्कंध या विभाग है।

त्रि-स्तनी—स्त्री० [सं० ब० स०, ङीप्] १. गायत्री। २. महाभारत के अनुसार तीन स्तनोंवाली एक राक्षसी।

त्रि-स्तवन—पुं० [स० मध्य० स०] तीन दिनों तक बराबर चलनेवाला एक तरह का यज्ञ।

त्रि-स्ताया—स्त्री० [सं० मध्य० स०, अच्—टाप्, टिलोप नि०] अश्वमेध यज्ञ की वेदी (जो साधारण वेदी से तिगुनी बड़ी होती थी)।

त्रि-स्थली—स्त्री० [सं० द्विगु स०, ङीप्] ये तीन पवित्र नगरियाँ—काशी, प्रयाग और गया।

त्रि-स्थान—पुं० [सं० द्विगु स०] १. सिर, ग्रीवा और वक्ष इन तीनों का समूह। २. [ब० स०] तीन स्थानों या तीनों लोकों में रहनेवाला व्यक्ति या ईश्वर।

त्रि-स्नान—पुं० [स० ब० त०] सबेरे, दोपहर और संध्या इन तीन समयों में किये जानेवाले स्नान।

त्रिस्पृशा—स्त्री० [सं० त्रि√स्पृश् (छूना)+क—टाप्] वह एकादशी, जिससे एक ही सायन दिन में उदयकाल के समय थोड़ी-सी एकादशी और रात के अंत में त्रयोदशी होती है।

त्रिस्रोता (स्रोतस्)—स्त्री० [सं० ब० स०] १. गंगा। २. उत्तरी बंगाल की एक नदी।

त्रि-हायन—वि० [सं० ब० स०, णत्व] जिसकी अवस्था तीन वर्ष की हो चुकी हो।

त्रि-हायनी—स्त्री० [सं० ब० स०], ङीप् णत्व] द्रौपदी।

त्रिहुँ*—वि० १. = तीन। २. = तीनों।

त्रिहुत—पुं० = तिरहुत।

त्री*—स्त्री० = स्त्री।

त्रीक्रम—पुं० [सं० त्रिक्रम] भगवान् का वामन अवतार। (तीन कदम चलने के कारण उनका यह नाम पड़ा है) उदा०—तिणि ही पार न पायौ त्रीक्रम।—प्रिथीराज।

त्रीचु—पु० [सं० त्रि-इषु, ब० स०, +कप् (लुक्)] तीन बाणों की दूरी का स्थान।

त्रीचुक—पु० [सं० त्रि-इषु, ब० स०,+कप्] वह धनुष जिससे एक साथ तीन बाण छोड़े जा सकें।

त्रीष्टक—पु० [सं० त्रि-इष्टका,ब० स०] एक प्रकार की अग्नि।

त्रुटि—स्त्री० [सं० √त्रुट् (टूटना)+इन्] १. तोड़ने-फोड़ने आदि की क्रिया या भाव। २. ऐसा अभाव जिसके फलस्वरूप कोई कार्य, बात या वस्तु ठीक, पूर्ण या शुद्ध न मानी जा सकती हो। कमी। (डिफेक्ट) ३. भूल। ४. प्रतिज्ञा या वचन का भंग। ५. संदेह। संशय। ६. कार्तिकेय की एक मातृका। ७. छोटी इलायची। ८. समय का एक मान जो आधे लव के बराबर माना गया है।

त्रुटित—वि० [सं०√त्रुट्+क्त] १. जिसमें कोई त्रुटि (अभाव या कमी) हो। २. त्रुटि-पूर्ण। ३. चोट खाया हुआ। ४. आहत।

त्रुटि-बीज—पुं० [सं० ब० स०] अरबी। सुइयाँ।

त्रुटी—स्त्री० [सं० त्रुटि+ङीप्] =त्रुटि।

त्रूटना—अ० [स० त्रुट्] टूटना। उदा०—त्रूटै कंध मूल जड़ त्रूटै।—प्रिथीराज।

त्रेता—पुं० [स० त्रि—इता, पृषो० सिद्धि] १. तीन चीजों का समूह। २. गार्हपत्य, दक्षिण और आहवनीय ये तीन अग्नियाँ। ३. हिंदुओं के अनुसार चार युगों में से दूसरा युग, जिसका भोगकाल १२९६०० वर्षों का था तथा जिसमे भगवान् राम का अवतार हुआ था। ४. जूए मे तीन कौड़ियों का अथवा पासे के उस भाग का चित पड़ना, जिसपर तीन बिंदियाँ हों। तीया।

त्रेताग्नि—स्त्री० [स० त्रेता-अग्नि, कर्म० स०] दक्षिण, गार्हपत्य और आहवनीय—ये तीन अग्नियाँ।

त्रेतिनी—स्त्री० [स० त्रेता+इनि—ङीप्] दक्षिण, गार्हपत्य और आहवनीय तीनो प्रकार की अग्नियो से होनेवाली क्रिया।

त्रेधा—अव्य० [स० त्रि+धाच्] तीन प्रकारों या रूपों मे।

त्रै—वि० [स० त्रय] तीन।

त्रैकंटक—वि० [सं० त्रिकटक+अण्] जिसमें तीन काँटे हों।
पुं० = त्रिकटक।

त्रैककुद्—पुं० [स० त्रिककुद्+अण्] १ त्रिकूट पर्वत। २. विष्णु।

त्रैककुभ—पु० [स० त्रिककुभ्+अण्] = त्रिककुभ।

त्रैकालज्ञ—पु० [स० त्रिकालज्ञ+अण्] = त्रिकालज्ञ।

त्रैकालिक—वि० [स०त्रिकाल+ठञ्—इक] १. भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों कालों मे अर्थात् सदा होनेवाला। २. प्रातः, मध्याह्न और संध्या तीनों कालों में होनेवाला।

त्रैकाल्य—पुं० [स० त्रिकाल+ष्यञ्] १ भूत, वर्तमान और भविष्यत् ये तीनो काल। २. प्रातःकाल, मध्याह्न और सायकाल। ३. जीवन की आरंभिक, मध्यम और अंतिम ये तीनो स्थितियाँ। बचपन, जवानी और बुढ़ापा।

त्रैकूटक—पु० [स० त्रिकूटक (त्रिकूट+कन्)+अण्] एक प्राचीन राजवंश।

त्रैकोणिक—वि० [सं० त्रिकोण+ठञ्—इक] १. जिसमे तीन कोण हों। २ जिसके तीन पार्श्व हों। तिपहला।

त्रैगर्त—पु० [सं० त्रिगर्त+अण्] १ त्रिगर्त देश का राजा। २. त्रिगर्त देश का निवासी।

त्रैगुणिक—भू० कृ० [स०त्रिगुण+ठक्—इक] १. तिगुना किया हुआ। २. तीन बार किया हुआ।

त्रैगुण्य—पुं० [स० त्रिगुण+ष्यञ्] सत्व, रज और तम इन तीन गुणों का भाव या समूह।

त्रैचशिक—पु० [सं० त्रिदशा+ठञ्—इक] उँगली का अगला भाग जो तीर्थ कहलाता है।

त्रैध—वि० [सं० त्रि+धमुञ्] १. तिगुना। २. तेहरा।
अव्य० तीन प्रकार से।

त्रैधातवी—स्त्री० [सं० त्रिधातु+अण्—ङीप्] एक प्रकार का यज्ञ।

त्रैपिष्टप—वि० पु० [स० त्रिपिष्टप+अण्] दे० 'त्रैविष्टप'।

त्रैपुर—पुं० [सं० त्रिपुर+अण्] = त्रिपुर।

त्रैफल—पु० [सं० त्रिफला+अण्] वैद्यक में त्रिफला के योग से तैयार किया हुआ घी।

त्रैयक्षि—पुं० [सं०] महाभारत के समय के एक ऋषि।
त्रैयातुर—पुं० [सं० त्रिमातृ+अण्, उत्व] लक्ष्मण।
त्रैमासिक—वि० [सं० त्रिमास+ठञ्–इक] हर तीसरे महीने होनेवाला। जैसे—त्रैमासिक पत्रिका।
त्रैमास्य—पुं० [सं० त्रिमास+ष्यञ्] तीन महीनों का समय।
त्रैयंबक—वि० [सं० त्र्यम्बक+अण्] त्र्यंबक-संबंधी। त्र्यंबक का।
पुं० एक प्रकार का होम।
त्रैयंबिका—स्त्री० [सं० त्रैयम्बक+टाप्, इत्व] गायत्री।
त्रैराशिक—पुं० [सं० त्रिराशि+ठञ्–इक] गणित की एक क्रिया, जिसमें तीन ज्ञात राशियों की सहायता से चौथी अज्ञात राशि का मान निकाला जाता है। (रूल ऑफ थ्री)
त्रैरूप्य—पुं० [सं० त्रिरूप+ष्यञ्] तीन रूपों का भाव।
त्रैलोक—पुं० [सं० त्रिलोक+अण्] = त्रैलोक्य।
त्रैलोक्य—पुं० [सं० त्रिलोकी+ष्यञ्] १. स्वर्ग, मर्त्य और पाताल तीनों लोक। २. इक्कीस मात्राओं के छंदों की संज्ञा।
त्रैलोक्य-चिंतामणि—पुं० [सं० स० त०] वैद्यक में एक प्रकार का रस, जो (क) सोने, चाँदी और अभ्रक के योग से अथवा (ख) मोती, सोने और हीरे के योग से बनता है।
त्रैलोक्य-विजया—स्त्री० [सं० ब० स०] भाँग।
त्रैलोक्य-सुंदर—पुं० [सं० स० त०] पारे, अभ्रक, लोहे, त्रिफला आदि के योग से बननेवाला एक तरह का रस। (वैद्यक)
त्रैलोक्य-सुंदरी—स्त्री० [स० स० त०] दुर्गा या देवी का एक रूप।
त्रैवर्गिक—पुं० [सं० त्रिवर्ग+ठञ्–इक] वह कर्म, जिससे धर्म, अर्थ और काम इन तीनों की साधना हो।
वि० १. त्रिवर्ग-संबंधी। तीन वर्गों का। २. तीन वर्गों में होनेवाला।
त्रैवर्ग्य—पुं० [सं० त्रिवर्ग+ष्यञ्] धर्म, अर्थ, काम ये तीनों वर्ग या जीवन के उद्देश्य अथवा साधन।
त्रैविद्यिक—वि० [त्रिवर्ण+ठञ्–इक] जिसका संबंध तीन वर्णों से हो। तीन वर्णोंवाला।
पुं० ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य इन तीनों जातियों का धर्म।
त्रैविक्रम—वि० [सं० त्रिवर्ग+ठञ्–इक] हर तीसरे वर्ष होनेवाला। (ट्रीनियल)
त्रैविक्रम—पुं० [सं० त्रिविक्रम+अण्] विष्णु।
त्रैविद्य—वि० [सं० त्रिविद्या+अण्] तीन वेदों का ज्ञाता। २. बहुत बड़ा चालाक। चलता-पुरजा। (व्यंग्य)
त्रैविष्टप—पुं० [सं० त्रिविष्टप+अण्] स्वर्ग में रहनेवाले अर्थात् देवता।
त्रैशंकव—पुं० [सं० त्रिशंकु+अण्] त्रिशंकु के पुत्र राजा हरिश्चन्द्र।
त्रैस्वर्य—पुं० [सं० त्रिस्वर+ष्यञ्] उदात्त, अनुदात्त और स्वरित तीनों प्रकार के स्वर।
त्रैहायन—वि० [सं० त्रिहायन+अण्] = त्रैवर्षिक।
त्रोटक—पुं० [सं०√तृट् (टूटना)+णिच्+ण्वुल्—अक] १. नाटक का एक भेद, जिसका नायक कोई विख्यात पुरुष होता है तथा जिसमें ५, ७, ८ या ९ अंक होते हैं और प्रत्येक अंक में विदूषक रहता है। २. संगीत में एक प्रकार का राग।
त्रोटकी—स्त्री० [सं० त्रोटक+ङीप्] एक प्रकार की रागिनी। (संगीत)
त्रोटि—स्त्री० [सं०√तृट् (छेदन)+णिच्+इ] १. कायफल। २. चौंच।
पुं० एक पक्षी।
त्रोण—पुं० [सं०] तरकस।
त्रोतस—वि० [सं०] तीतला।
त्रोत्र—पुं० [सं०√त्रै (रक्षा करना)+उत्र] १. अस्त्र। २. चाबुक। ३. एक रोग।
त्रोन°—पुं० = त्रोण।
त्र्यंबर—पुं० [सं०] १. ईश्वर। २. चंद्रमा। ३. छीका। सिकहर।
त्र्यंशुक—वि० [सं० त्रि-अंशुक, तद्धितार्थ द्विगु स०,+ह्रयसच् (लुक्)+अण्] जो नाप में तीन उँगलियों की चौड़ाई के बराबर हो।
त्र्यंजन—पुं० [सं० त्रि-अंजन, द्विगु स०] कालांजन, रसांजन और पुष्पांजन ये तीनों अंजन। काला सुरमा, रसौत और वे फूल जो अंजनों में मिलाये जाते हैं। जैसे—बबूल, तिल, नीम, लौंग, अगस्त्य इत्यादि।
त्र्यंबक—पुं० [सं० त्रि-अम्बक, ब० स०] १. महादेव। शिव। २. ग्यारह रुद्रों में से एक रुद्र का नाम। ३. संगीत में कर्नाटकी पद्धति का एक राग।
वि० तीन आँखों या नेत्रोंवाला।
त्र्यंबक-सखा—पुं० [सं० ष० त०, टच् समा०] कुबेर।
त्र्यंबका—स्त्री० [सं० त्र्यम्बक+टाप्] दुर्गा, जिसके सोम, सूर्य और अनल ये तीनों नेत्र माने जाते हैं।
त्र्यंबुक—पुं० [सं०] एक तरह की मक्खी।
त्र्यक्ष—वि० [सं० त्रि-अक्षि, ब० स०, टच् समा०] तीन आँखोंवाला। जिसके तीन नेत्र हों।
पुं० १. महादेव। शिव। २. पुराणानुसार एक दैत्य जिसकी तीन आँखें थीं।
त्र्यक्षक—पुं० [सं० त्र्यक्ष+क (स्वार्थे)] शिव।
त्र्यक्षर—वि० [सं० त्रि-अक्षर, ब० स०] त्र्यक्षरक। (दे०)
त्र्यक्षरक—वि० [सं० त्र्यक्षर+कन्] जो तीन अक्षरों से मिलकर बना हो।
पुं० १. ओंकार या प्रणव। २. एक प्रकार का वैदिक छंद। ३. तंत्र में तीन अक्षरोंवाला मंत्र।
त्र्यक्षी—स्त्री० [सं० त्र्यक्ष+ङीप्] एक राक्षसी का नाम।
त्र्यधिपति—पुं० [सं० त्रि-अधिपति, ष० त०] तीनों लोकों के स्वामी, विष्णु।
त्र्यध्वगा—स्त्री० [सं० त्रि-अध्वन्, द्विगु स०, त्र्यध्व√गम् (जाना)+ड–टाप्] = त्रिपथगा (गंगा)।
त्र्यनूपयोग—पुं० [सं० अनूप-योग, उपनि० स०, त्रि-अनूपयोग, ष० त०] एक योग, जो कुछ विशिष्ट वारों, तिथियों और नक्षत्रों के योग्य से होता है। (ज्योतिष)
त्र्यवरा—स्त्री० [सं० त्रि-अवर, ब० स०, टाप्] तीन सदस्योंवाली परिषद्।
त्र्यशीति—स्त्री० [सं० त्रि-अशीति, मध्य० स०] अस्सी और तीन की संख्या, सिरासी।

त्र्यस्त—पुं० [सं० त्रि-अस्त, स० त०] त्रिकोण।

त्र्यहस्पर्श—पुं० [सं० त्रि-अहन्, द्विगु स०, त्र्यह√स्पृश् (छूना)+अण्] वह सावन दिन, जो तीन तिथियाँ स्पर्श करता हो।

स्त्री० [सं० त्र्यह√स्पृश्+क्विन्] वह तिथि, जो तीन सावन दिनों को स्पर्श करती हो। ऐसी तिथि विवाह, यात्रा आदि के लिए निषिद्ध मानी जाती है।

त्र्यहिकारि रस—पुं० [सं०] पारा, गंधक, तूतिया और शंख आदि के योग से बनाया जानेवाला रस। (वैद्यक)

त्र्यहीन—पुं० [सं० त्र्यह+ख—ईन] तीन दिनों में होनेवाला एक यज्ञ।

त्र्यहैहिक—वि० [सं० त्र्यह-ऐहिक, ब० स०] जिसके पास तीन दिन तक के निर्वाह के लिए यथेष्ट सामग्री हो।

त्र्यार्षेय—पुं० [सं० त्रि-आर्षेय, ब० स०] १. वह गोत्र जिसके तीन प्रवर हों। त्रिप्रवर गोत्र। २. अंधे, गूंगे और बहरे लोग, जिन्हें यज्ञों मे नहीं जाने दिया जाता था।

त्र्याहण—पुं० [सं० त्रि-आ√हन् (मारना)+अच्] १. सुश्रुत के अनुसार एक प्रकार का पक्षी।

त्र्याहिक—वि० [सं० त्र्यह+ठञ्—इक] तीन दिनों में होनेवाला।

पु० हर तीसरे दिन आनेवाला ज्वर। तिजारी।

त्र्यूषण—पु० [सं० त्रि-उषण, द्विगु स०, पृषो० दीर्घ] १. सोठ, पीपल और मिर्च इन तीनों का समूह या मिश्रण। २. वैद्यक में उक्त तीनों चीजों के योग से बनाया जानेवाला एक प्रकार का घृत।

त्वक्(च्)—पुं० [सं०√त्वच् (ढकना)+क्विप्] १. वृक्ष की छाल। २. फलों आदि का छिलका। ३. शरीर पर की खाल। चमड़ा। त्वचा। ४. पाँच ज्ञानेंद्रियों में से एक जो सारे शरीर के ऊपरी भाग में व्याप्त है। इसके द्वारा स्पर्श होता है। ५. दारचीनी।

त्वक्-क्षीरा—स्त्री० [ब० स०, टाप्] = त्वक्क्षीरी।

त्वक्-क्षीरी—स्त्री० [ब० स०, ङीष्] बंसलोचन।

त्वक्-छद—पु० [ब० स०] क्षीरीश का वृक्ष। क्षीरकंचुकी।

त्वक्-पंचक—पुं० [ष० त०] वट, गूलर, अश्वत्थ, सिरिस और पाकर ये पाँचों वृक्ष।

त्वक्-पत्र—पुं० [ब० स०] १. तेजपत्ता। तेजपात। २. दारचीनी।

त्वक्पत्री—स्त्री० [सं० त्वक्पत्र+ङीष्] १. हिंगुपत्री। २. केले का पेड़।

त्वक्-पाक—पु० [ब० स०] एक रोग, जिसमें पित्त और रक्त के कुपित होने से शरीर में फुंसियाँ निकल आती हैं। (सुश्रुत)

त्वक्-पुष्प—पुं० [ष० त०] एक रोग जिसमें त्वचा पर सफेद रंग की चित्तियाँ निकलने या पड़ने लगती हैं। सेहुआँ रोग। २. शरीर के रोएँ खड़े होने की अवस्था। रोमांच।

त्वक्पुष्पिका—स्त्री० [स० त्वक्पुष्पी+क (स्वार्थे)—टाप्, ह्रस्व] = त्वक्पुष्प।

त्वक्-पुष्पी—स्त्री० [सं० त्वक्पुष्प+ङीष्] = त्वक्पुष्प।

त्वक्-सार—पुं० [ब० स०] १. बाँस। २. दारचीनी। ३. सन का पेड़।

त्वक्-सारा—स्त्री० [सं० त्वक्सार+अच्-टाप्] बंसलोचन।

त्वक्-सुगंधा—पुं० [ब० स०, टाप्] १. एलुआ। २. छोटी इलायची।

त्वगंकुर—पु० [सं० त्वच्-अकुर, ष० त०] रोमांच।

त्वगाक्षीरी—स्त्री० [सं० त्वक्क्षीरी, पृषो० सिद्धि] बंसलोचन।

त्वगिंद्रिय—स्त्री० [स० त्वच्-इंद्रिय, कर्म० स०] स्पर्शेंद्रिय।

त्वग्गंध—पु० [स० त्वच्-गध, ब० स०] नारंगी का पेड़।

त्वाज—पु० [स० त्वच्√जन् (उत्पन्न होना)+ड] १. रोआँ। रोम। २. रक्त। खून।

त्वग्जल—पु० [सं० त्वच्-जल, ष० त०] पसीना।

त्वग्दोष—पु० [सं० त्वच्-दोष, ब० स०] कुष्ट। कोढ़।

त्वग्दोषापहा—स्त्री० [स० त्वग्दोष-अप√हन् (नष्ट करना)+ड—टाप्] बकुची। बावची।

त्वग्दोषारि—पु० [स० त्वग्दोष-अरि, ष० त०] हस्तिकंद।

त्वग्दोषी (षिन्)—पु० [स० त्वग्दोष+इनि] कोढ़ी।

वि० जिसे कुष्ट या कोढ़ नामक रोग हो।

त्वच—पु० [स० त्वच्+अच्] १. दारचीनी। २. तेजपात। ३. त्वचा। चमड़ा।

त्वचकना—अ० [स० त्वचा] १. वृद्धावस्था के कारण शरीर का चमड़ा झूलना। २ भीतर की ओर धँसना। ३. पुराना पड़ना।

त्वचा—स्त्री० [सं० त्वच्+टाप्] १. जीव की काया का ऊपरी और प्रायः रोओं से युक्त कोमल आवरण। चमड़ा। २. छाल।

त्वचा-ज्ञान—पु० [ष० त०] किसी विषय की केवल ऊपरी या बाहरी बातों का स्थूल ज्ञान।

त्वचा-पत्र—पु० [ब० स०] १. तेजपत्ता। २. दारचीनी।

त्वचि-सार—पु० [स० ब० स०, अलुक् समा०] बाँस।

त्वचि-सुगंधा—स्त्री० [स० ब० स०, अलुक् समा०] छोटी इलायची।

त्वदीय—सर्व० [स० युष्मद्+छ—ईय, त्वद् आदेश)] तुम्हारा।

त्वन्मय—वि० [सं० त्वच्+मयट्] त्वचा से युक्त।

त्वम्—सर्व० [स०] तुम।

पु० जीव।

त्वरण—पु० [स० √ त्वर् (वेग)+ल्युट्—अन] [वि० त्वरणीय] १. शीघ्रतापूर्वक कोई काम होने की अवस्था, गुण या भाव। २. अधिक वेग से किसी यत्र के चलने का भाव। (एक्सलेरेशन)

त्वरा—स्त्री० [सं०√त्वर्+अङ्—टाप्] १. शीघ्रता। जल्दी। २. वेग। तेजी।

त्वरारोह—पु० [स० त्वरा-आरोह, ब० स०] कबूतर।

त्वरावान्(वत्)—वि० [स० त्वरा+मतुप्] १. शीघ्रता करनेवाला। २. वेगपूर्वक चलनेवाला। २. जल्दबाज।

त्वरि—स्त्री० [स०√त्वर् (शीघ्रता करना)+इन्] =त्वरा।

त्वरित—वि० [सं०√त्वर्+क्त] तेजी से या वेगपूर्वक चलता हुआ।

क्रि० वि० जल्दी या तेजी से।

त्वरितक—पु० [स० त्वरित√कै (प्रकाशित होना)+क] एक प्रकार का चावल। तूर्णक। (सुश्रुत)

त्वरित-गति—पुं० [सं० ब० स०] एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में नगण, जगण, नगण और एक गुरु होता है। इसे अमृतगति भी कहते हैं।

त्वरिता—स्त्री० [सं० त्वरित+टाप्] एक देवी, जिसकी पूजा युद्ध में जल्दी विजय पाने के लिए की जाती है। (तंत्र)

त्वलम—पुं० [सं० पृषो० सिद्धि] पानी में रहनेवाला साँप। डेड़हा।

त्वष्टा (ष्ट्टृ)—पु० [सं० √त्वक्ष् (छीलना, पतला करना)+तृच्] १. बढ़ई। विश्वकर्मा। ३. प्रजापति। ४. ग्यारहवें आदित्य, जो आँखों के अधिष्ठाता देव माने गये हैं। ५. वृत्रासुर के पिता का नाम। ६. शिव। ७. पशुओं और मनुष्यों के गर्भ में वीर्य का विभाग करनेवाले एक वैदिक देवता। ८. सूत्रधार नामक प्राचीन जाति। ९. चित्रा नक्षत्र के अधिष्ठाता देवता।

त्वष्टि—पुं० [सं०√त्वक्ष्+क्तिन्] एक संकर जाति। (मनु)

त्वाच—वि० [सं० त्वच्+अण्] त्वचा-संबंधी। त्वचा का।

त्वाष्टी—स्त्री० [सं० तुष्टि, नि० सिद्धि] दुर्गा।

त्वाष्ट्र—पु० [सं० त्वष्टृ+अण्] १. वज्र नामक अस्त्र, जो विश्वकर्मा ने बनाया था। २. चित्रा नक्षत्र। ३. वृत्रासुर का एक नाम।

त्वाष्ट्री—स्त्री० [सं० त्वाष्ट्र+ङीप्] १. विश्वकर्मा की पुत्री, जो सूर्य की पत्नी तथा अश्विनी कुमारों की माता थी। २. चित्रा नक्षत्र।

त्विषा—स्त्री० [सं० त्विष्+टाप्] चमक। दीप्ति। प्रभा।

त्विषामीश—पुं० [सं० ष० त०, अलुक् समा०] १. सूर्य। २. आक का पेड़।

त्विषि—स्त्री० [सं०√त्विष् (दीप्ति)+इन्] किरण।

त्वेष—वि० [सं०√त्विष्+अच्] १. दीप्त। २. प्रकाशित।

त्सर—पुं० [सं०√त्सर् (टेढ़ी चाल)+उन्] १ तलवार की मूठ। २. सर्प। साँप।

त्सारक—पुं० [सं० त्सर+कन्+अण् (स्वार्थे)] तलवार चलाने मे निपुण व्यक्ति।